CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

2-2

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

* श्रीरामकृष्णो विजयेतमाम् *

श्रीमध्वगौराङ्गौ जयतः

श्रीश्रीमन्माध्वगौडेश्वरसम्प्रदायाचार्यवर्येण हस्तामलकवन्निजहृदयविन्यस्त-
समस्तसद्ग्रन्थतात्पर्येण वेद-वेदाङ्ग-षड्दर्शनेतिहास-पुराण-स्मृति-
वाकोवाक्य-काव्यालंकारादि-निखिलशास्त्रपारावाराऽवार-
पारीणेन सन्देहग्रन्थिच्छेदनसमर्थेन वैष्णवसिद्धान्त-
साम्राज्यसंरक्षकेन श्रीमद्रूप-सनातनानुगतेन
श्रीमद्वल्लभात्मजेन जीवजीवातुना

श्रीजीवगोस्वामिना विरचिता

श्रीगोपालचम्पूः

(पूर्वचम्पूः)

"श्रीकृष्णानन्दिनी"

हिन्दी भाषाटीकाकारः

निखिलशास्त्रपारावारपारदृश्व-सख्यावताराष्टोत्तरशतस्वामिश्रीकृष्णानन्ददासजी-
महाराजानां शिष्यः काव्यवेदान्ततीर्थो घटिकाशतको वृन्दाटवीवसति-
लब्धकवित्वशक्तिः, महाकविः

श्रीवनमालिदासशास्त्री

तेनैव
संशोधिता प्रकाशिता च
श्रीकृष्णानन्दस्वर्गाश्रम,
वृन्दावन (मथुरा), उ० प्र०

श्रीगुरुपूर्णिमा वि० संवत् २०२५
दिनांक १०-७-१९६८

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रकाशक:
वनमालिदासशास्त्री,
श्रीकृष्णानन्दस्वर्गाश्रम,
रेलवे फाटक के पास,
वृन्दावन (मथुरा), उ० प्र०

*

प्रथमावृत्तिः—१००० प्रति

*

अगस्त १९६८ ई०

*

न्योछावर १६) रु०

*

मुद्रक :
वनवारीलाल शर्मा,
श्रीसर्वेश्वर प्रेस, वृन्दावन।

*

अस्याः पुनर्मुद्रणाधिकारः प्रकाशकाधीनः

प्राप्तिस्थान :—

१. वनमालिदासशास्त्री, श्रीकृष्णानन्दस्वर्गाश्रम, रेलवे फाटक के पास, वृन्दावन (मथुरा), उ० प्र०

२. पुरुषोत्तमदास, ११७ गोपीनाथ घेरा, वृन्दावन (मथुरा), उ० प्र०

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम् ।

राधा विनोद गोस्वामी
संग्रह

भूमिका

राधा गोविन्द संगीतकारि गुरोर्निजस्य चरितं काव्यं कविप्रीतिदं
चौक-वाराणसी चक्रे "सख्यसुधाकरं" य उ महाकाव्यं "हरिप्रेष्ठकम्" ।
टीकां यश्च लिलेख भाववलितां गोपालचम्पूद्वये
तेनेयं वनमालिदासकविना लेलिख्यते भूमिका ॥१॥

आनन्दचिन्मयसदुज्ज्वलविग्रहस्य भगवतः श्रीकृष्णस्य सृष्टि-स्थिति-प्रलय-साधनभूतया मायया परिवर्तनशीलेऽनादिलीले असारेऽस्मिन् संसारेऽतन्द्रितं यातायातं कुर्वतां न कापि न्यूनता, परन्तु येऽमुतो यानात्पूर्वं निजसुकृतीनां कृतीनां चिदङ्कानि स्थापयित्वा यान्ति, तेषां नरश्रेष्ठानामेव यातायातं सफलम् । इयमेका वार्ता, द्वितीया चेयं यद्—भक्षणं, पानं, शयनं, आनन्दानुभवः, धनकीर्तिलाभः, इत्यादयः प्राकृतप्रवृत्तयस्तु प्रायः सर्वेष्वेव न्यूनाधिकरूपेण भवन्ति, किन्तु पारमार्थिकनिःस्वार्थप्रवृत्त्या युक्ता ये जना निजजीवने एतादृशीं कांचन विलक्षणां सत्सेवां कुर्वन्ति त एव "कीर्तिर्यस्य स जीवति" इतिन्यायेन सदाऽमृता भवन्ति । एतादृशस्य पारमार्थिकजगतोऽन्यतमा रसिककविकुलचक्रचूडामणयो महानुभावाः श्रीजीवगोस्वामिपादा आसन् । येषां हृदयाकाशे चम्पूद्वयाऽऽत्मकोऽयं ग्रन्थो दिवाकरनिशाकराविव प्रादुर्बभूव ।

जगत्यस्मिन् सन्ति बहूनि काव्यप्रहसनचम्पूनाटकादीनि पठनपाठने च तेषामधिकतया वर्तेते । किन्तु तानि तु प्राकृतनायकनायिकाभावभावितत्वाच्छ्रीभगवच्चरणसरसीरुहाऽऽरूढभावभावुकानां भव्यजनानां भावनाऽभावायैव कल्पन्ते, अतो न तेषां प्रीतिमापादयितुं समर्थानि । मन्ये तदर्थमेव निखिलविद्वत्कुलचूडामणिः प्रज्ञाविक्रमाक्रान्तविबुधगुरुः प्रकटितकाव्यकृतिविजिताऽविबुधगुरुः सकलकविकुलविमदीकृतकाव्यघटनाघटमानकीर्तिकदम्बः श्रीमन्माध्वगौडेश्वरसम्प्रदायाचार्यः श्रीकृष्णपदपङ्केरुहचञ्चरीकः श्रीकृष्णचैतन्यपार्षदप्रवरः श्रीमज्जीवगोस्वामिपादः कृतवान् श्रीगोपालचम्पूसमाख्यमेतद् ग्रन्थरत्नम् । यत्खलु नीरधिरिव निखिलकाव्यलक्ष्मीप्रसूति, सुधाकरमिव सिद्धान्तनिचयसुधाकरं, शुचिरसयुक्तमपि न शुचिरसयुक्तं, मधुसूदनास्वाद्यमपि न मधुसूदनास्वाद्यं, सर्वश्रुतिरसायनमपि न कर्मठश्रुतिरसायनं, नवभक्तिगम्यमपि न नवभक्तिगम्यं, जीवकृतिसिद्धमपि न जीवकृतिसिद्धं, प्राकृतकाव्यविशेषकमपि न प्राकृतकाव्यविशेषकम् । श्रीमद्भागवताभिधकल्पतरोर्दशमस्कन्धस्याभिनवनवतिशाखानां परमोपादेयफलं च । समवर्णि चात्र कविना श्रीमद्भागवतदशमस्कन्धीया श्रीभगवत्त्रिधाविष्कृतधाम-श्रीवृन्दावन-मथुरा-द्वारकाभिधधामाचरित-चरितरीतिः । क्वचित् क्वचिच्च भाववशात् परममाधुर्यधुर्यश्रीमन्नन्दनन्दनललितलीलामृतसुरधुनीनिमज्जीकृतान्तःकरणाबहिर्वृत्तिकश्रीशुकदेवविपर्यस्तवर्णिततल्लीलाचयपर्यायक्रममनुक्रम्यैव । उक्तं च प्रान्ते "प्रायः सर्वा हरेर्लीलाः क्रमशः सूचिता मया । यथास्वं लब्धरुचिभिरूपास्यन्तां महात्मभिः" इति ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चनाचातुरीचतुरशिरोमणिः स्वयं कृती गोपगोपिकारमणविदग्धस्य श्रीकृष्णस्य रसिकस्वजनाभिरस्यमानरस्यलीलासन्दोहसुधां तल्लीलारसिकरसनभक्तकुलदेवान् पाययितुमरसिकबहिर्मुखपूर्वदेवान् वञ्चयितुं सुदुर्बोधदुर्बाधशब्दविलासद्रढिमभाण्डागारं विधाय वसुधायां मोहिनीचित्रचरित्रमभिनीतवान् ।

अये ! श्रीमन्नन्दराजजीवनकन्दनन्दनपरममाधुरीवहित्रचित्रचरित्रपवित्ररसविशेषभावनचतुराः सन्तः! आस्वाद्यतामास्वाद्यतां कलयद्भिः सद्भिस्तत्रभवद्भिः सन्ततमस्याममृतवाहिन्यां वाण्यामाप्यायनमनोहरहरिलीलापीयूषम् । हंहो ! संख्यावन्तः ! प्रेक्षावन्तश्चेद्भवन्तस्तर्हि श्रीहरिलीलासन्दर्भगर्भसमीक्षादीक्षया प्रेक्षया प्रेक्ष्यतां प्रेक्ष्यतां नयद्भिर्नयविद्भिर्भवद्भिर्विषमविषमयसंसृतिसृतिपर्यटनसंघटनतृट्परीतपरीतदखिलवासनाभावभावनभवभावनगोकुलकुललललनारमणाकुलश्रीमद्गोकुलपतेरनुपमस्वोपमपवित्रचित्रचरित्रवर्णनमाधुर्य - चित्तचमत्कृतिचातुर्यपूरणं पूरणकुलं श्रीमद्गोपालचम्पूग्रन्थरत्नस्य ।

ग्रन्थोऽयं पूर्वचम्पूत्तरचम्पूसमाख्यविभागद्वयेन समजनि । तत्र पूर्वचम्पूमनु मनुष्यलीलाभिनयवतः श्रीभगवतः कृष्णस्य ललितलीलामाधुरीपूराणि त्रयस्त्रिंशत्पूरणानि सन्ति । तेषु पूर्ववर्तिभ्यां द्वाभ्यां श्रीगोलोकविलासः कथितः । एकेन तु वर्णितोऽवनीतलावतीर्णस्यास्य भक्तवृन्दावनश्रीवृन्दावननामवनस्य कस्मिंश्चिद् गोकुलाकुलश्रीगोकुलसमाख्यस्थानविशेषे आनन्दयशोदातुः श्रीनन्दयशोदातस्त्रैलोक्यमोहनमदनमोहनस्य श्रीराधामोहनस्यानुपमाविर्भावः । ततस्त्वेकेन नवाविर्भूतस्य तस्य जातकर्मनन्दोत्सवादिकं चाकलितम् । तदनन्तरमवशिष्टैर्विशिष्टैः स्तुतैस्तु तैस्तस्याद्यबालस्य बालाद्यकैशोरान्तलीलामाधुरीलहरीसन्दोहः संकलितः । उत्तरचम्पूस्तु सप्तत्रिंशत्पूरणैः संपूरिता । तत्र च श्रीमथुराद्वारकाभिधधामद्वये वसतः सतः श्रीकृष्णस्य कंसासुरमारणादिविक्रमा अनुक्रमिताः । अत्र किंचिद् विशेषविविदिषा चेदस्य ग्रन्थस्य [illegible]ं द्रष्टव्यं सुधीभिः । मयापीदमनुभूय विलिख्यते—

श्रीमद्भिः काव्यग्रन्था यदपि च बहवो भूरि दृष्टा भवेयुः
किन्त्वेतावान् विशालः क्वचिदपि भवतां दृष्टिमार्गं किमागात् ।
सिद्धान्तेनापि पूर्णः सरसरचनयाऽलंकृतिश्रेणिपूर्णः
पूर्णश्चित्रैश्चरित्रैर्मनसि हि पठतामादधातीव चित्रम् ॥२॥

अन्ये ग्रन्थास्तु टीकाभिष्टिप्पणीभिर्विशालताम् ।
दधते किन्त्वयं मूलाद् विशालः प्रतिभाति मे ॥३॥

षोडशवर्षपूर्वं मयाऽयं ग्रन्थो वारमेकमाद्योपान्तमालोकितः । संस्कृतभाषायां हिन्दीभाषायां वा सर्वाङ्गपरिपूर्णा काचनाप्यस्य टीका नासीत् । अयं ग्रन्थ ऋजुबुद्धीनामपि सरलतया बोधविषयो यथा स्यादिति धियाऽन्तर्यामिप्रबलप्रेरणया सरलसरसहिन्दीभाषाटीकाकरणे प्रथमं प्रवृत्तोऽभूवम् । वर्षद्वयेन चम्पूद्वयस्यापि टीका परिपूर्णा । कीदृशीयं टीका समजनीति तु निखिलशास्त्रपारावारीणा भक्तिरसामृतपारावारावारणारीणा प्रसंगपूर्वकमक्षरार्थस्य निरूपणे पारीणा अवारीणा अत्यन्तीना गुणैकपक्षपातिनो विबुधा एव ज्ञास्यन्तीत्यलं पल्लवितेन ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीलश्रीग्वारियाख्यः स भवतु मुदितो ग्रन्थमेतं विलोक्य
सौजन्यं यस्य दृष्ट्वा प्रमदमुपययौ भूरि चेतो मदीयम् ।
यस्यैवाऽनुग्रहेण प्रकटितविभवेनाऽस्मि दत्तावलम्बः
श्रीमद्गोपालचम्प्वाः प्रकटनविधये साहसेन प्रवृत्तः ॥४॥

चम्पूद्वयस्य प्रकाशनसमये प्रूफसंशोधनवेलायां विश्वव्यापिश्रीचैतन्यश्रीगौडीयमठप्रतिष्ठापयितुः श्रीगौडीयसंप्रदायैकसंरक्षयितुः ॐ विष्णुपाद-परमहंस १०८ श्रीश्रीमद्भक्तिसिद्धान्तसरस्वतीगोस्वामिप्रभुपादस्य शिष्येण नित्यवृन्दावनवास्तव्येन श्रीपुरुषोत्तमदासेन यन्निरपेक्षं साहाय्यमाचरितं तत्किं क्षरैर्द्वित्रैरक्षरैर्व्यक्तीकर्तुं शक्यते । तस्य भारं त्वहं शिरसा बिभर्मि । अथवा मित्रस्य कार्याणि मित्रजन एव करोतीति मत्वा स निजसौजन्येन मां निर्भारं करिष्यतीति मन्ये । कृपामयविज्ञपाठकेषु विनिवेदनमिदं यदतिशीघ्रतया मुद्रापणेन शीशकाक्षरसंयोजकव्यापारेण दृष्टिदोषात्प्रमादाद्वा त्रुटयोभूवँस्ताः सर्वा अपि संमर्ष्य संशोध्य पठनीयेयं चम्पूद्वयी ।

बाणांघ्रिशून्यकरसम्मितविक्रमाब्दे, वृन्दावने च शुचिमासि सिते च पक्षे ।
वृन्दाटवीवसतिलब्धकवित्वशक्तिः, श्रीभूमिकां लिखितवान् वनमालिदासः ॥५॥

श्रीकृष्णानन्दस्वर्गाश्रम
वृन्दावन
श्रीगुरुपूर्णिमा वि. सं. २०२५
१०-७-१९६८

रसिकविदुषामाश्रवः—
वनमालिदासशास्त्री

सूक्ष्मं श्रीचैतन्यलीलामृतम्

अद्वैताऽर्थनया पुरा तु जननं शच्यां जगन्नाथतः
पश्चादध्ययनं च कीर्तनमहायज्ञस्य सञ्चारणम् ।
काजीशाक्तमनुष्यमाधवजगन्नाथद्विजोद्धारणं
संन्यासग्रहणं ततश्च भगवत्प्रेम्णा जगत्तारणम् ॥१॥
षड्गोस्वामिगणं ततः स्वकृपया प्रापय्य वृन्दावनं
गूढस्थानविघाटनं तदनु भक्तेस्तत्त्वकोद्घाटनम् ।
नीलाद्रिस्थितसार्वभौममतमायावादिनां खण्डनं
इत्युक्तं वनमालिदासकविना चैतन्यलीलामृतम् ॥२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीमते मध्वाचार्याय नमः

सम्मतिपत्रम्

दिनांक ६-४-१९६५

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकैर्जगद्गुरुश्रीमन्मध्वाचार्यपीठस्थैः श्रीमदुडुपिस्थभंडारकेरिमठाधीशैरनन्त-श्रीविभूषितैः श्रीविद्यामान्यतीर्थश्रीपादैः परमपावने वृन्दावने विराजमानेभ्यः श्रीमन्मध्वसम्प्रदायानुगेभ्यः सकलशास्त्रविचक्षणेभ्यः श्रीवनमालिदासशास्त्रिभ्यः श्रीमन्नारायणस्मरणपूर्वकं लिखितमिदं—

श्रीगोपालचम्पू-टीका-सम्मतिपत्रम्

युष्माभिर्बहुकोशव्याकरणसिद्धपदपुञ्जमंजुलस्य तन्त्रान्तरानभिज्ञाऽव्याख्येयस्य अत एवातिकठिनस्य श्रीगोपालचम्पूग्रन्थस्य या व्याख्या कृता, साऽस्माभिर्दृष्टा। तेन वयं युष्मदीयप्रामाणिकानन्यसाध्यमहा-प्रयत्नदर्शनेन युष्मासु भृशं सन्तुष्टाः स्मः। टीका चेयं सकललोकोपकारिणीति सर्वैर्गाह्या। श्रीमन्मध्वान्तर्गतः श्रीवेदव्यास एव प्रसन्नः सन् युष्मन्मुखेन एतादृशीं सेवां कारयतीति ज्ञात्वा श्रीभगवतस्तस्यैवात्यर्थप्रसादेन एतादृशी महासेवा यावदायुर्युष्मन्मुखेन प्रवर्ततामिति स भगवान् वेदव्यास एव पुनः पुनः प्रार्थ्यते।

सम्मतिदाता—श्रीप्रकाशचन्द्र गौड़, एम० ए० व्याकरणाचार्य

निरीक्षक—संस्कृत पाठशालाएँ, उत्तरप्रदेश, इलाहाबाद (दिनांक ३-४-१९६८)

श्रीवनमालिदासशास्त्री द्वारा वृन्दावनयात्रा के अवसरपर मुझे श्रीजीवगोस्वामी द्वारा विरचित "श्रीगोपालचम्पू" ग्रन्थ का परिचय प्राप्त हुआ। ग्रन्थ को देखकर मैं यह विचार करने लगा कि—इस ग्रन्थ की रचना में ग्रन्थकार को कितना परिश्रम करना पड़ा होगा। मैंने संस्कृतसाहित्य के अनेक काव्य, नाटक, प्रहसन, एवं चम्पू आदि ग्रन्थ देखे हैं, किन्तु वे प्रायः प्राकृतिक विषय का ही प्रतिपादन करते हैं। श्रीगोपालचम्पू ग्रन्थ की यह विशेषता है कि, वह अपनी विचित्रशैली से अलौकिक भागवततत्त्व का विश्लेषणात्मक प्रणाली से प्रतिपादन करता है। "भट्टिकाव्य" के समान पाणिनीय व्याकरण के प्रयोगों का प्रचुर प्रयोग इस ग्रन्थ में है। विभिन्न छन्दों, अलङ्कारों, तथा विरुदावली विभूषित सङ्गीतों (जो प्रत्येक लीला के अन्त में विद्यमान हैं) से "श्रीगीतगोविन्द" की सरस परम्परा का पोषण होता है। यह ग्रन्थ श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध में उल्लिखित रहस्यमय तथा दार्शनिक श्रीकृष्णलीलाओं का एक भावात्मक विशाल भाष्य है, और इसमें प्रायः ३० सहस्र श्लोक ग्रन्थकार के महान् कवित्व को प्रदर्शित करते हैं।

जैसा कि यह ग्रन्थ है, उसीके अनुरूप हिन्दी अनुवाद भी, कविवर श्रीवनमालिदासशास्त्री द्वारा किया गया है। मैंने इस अनुवाद को स्वयं देखा है, और उनकी शैली, उनकी भाषा, तथा हृदयस्पर्शिनी अनुभूतियों से मैं प्रभावित हूँ। भाषा बड़ी परिमार्जित तथा ग्रन्थकार के हृदय को स्पष्ट करनेवाली है। श्रीशास्त्रीजी के इस विशाल प्रयास से न केवल भक्तजगत्, प्रत्युत साहित्यरस के आस्वादक भी विशेषरूप से लाभान्वित होंगे। इस ग्रन्थ का प्रकाशन हो रहा है, और उसके लिए प्रचुर धनराशि की आवश्यकता है। मेरे विचार से इस प्रकाशन योजना में राजकीय सहयोग भी अवश्य प्राप्त होना चाहिये।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) - Vrat Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

* श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम् *

अनुवादकीय वक्तव्य

अनादिकाल से परिवर्तनशील इस संसार में आने और जानेवालों की तो कमी नहीं है, परन्तु जो जाने से पहले अपनी सुकृतियों की छाप छोड़ जाते हैं, उन्हीं नरपुङ्गवों का आना जाना सफल है, एक बात। दूसरी बात यह है कि खाने, पीने, सोने, और धन, कीर्ति, लाभ आदि की पार्थिव प्रवृत्तियाँ प्रायः सभी में न्यूनाधिकरूप में होती हैं, परन्तु पारमार्थिक निःस्वार्थ प्रवृत्ति से युक्त होकर, जो व्यक्ति अपने जीवन में ऐसी कुछ सत्सेवा कर जाते हैं, वे ही "कीर्तिर्यस्य स जीवति" इस न्याय से सदा अमर कहाते हैं। ऐसे ही पारमार्थिक जगत् के अन्यतम महानुभाव रसिककविकुल चक्रचूडामणि श्रीजीव गोस्वामीजी महाराज हैं। जिनके हृदयरूप आकाश में चम्पूद्वयात्मक यह ग्रन्थ सूर्य चन्द्रमा की तरह प्रगट हुआ है। आपके पूर्वपुरुष भारद्वाज गोत्रीय यजुर्वेदी जगद्गुरु ब्राह्मणराज 'श्रीसर्वज्ञजी' कर्णाटकदेश के राजा थे। उनके पुत्र श्रीअनिरुद्ध, उनके श्रीरूपेश्वर, उनके श्रीपद्मनाभ, उनके श्रीमुकुन्ददेव, उनके श्रीकुमारदेव नामक पुत्ररत्न उत्पन्न हुए। श्रीकुमारदेव का विवाह काश्यपकुलोत्पन्न श्रीहरिनारायण विशारद की कन्या श्रीमती रेवतीदेवी के साथ हुआ था। श्रीकुमारदेव के तीन पुत्ररत्न प्रादुर्भूत हुए थे। उनमें सर्वप्रथम श्रीसनातन गोस्वामी, द्वितीय श्रीरूप गोस्वामी, एवं तृतीय पुत्र श्रीवल्लभ नामक थे। जिनका नाम श्रीचैतन्यमहाप्रभुजी ने 'अनुपम' रखा था। वस्तुतः श्रीराघवेन्द्र के भक्तों में अनुपम होने के कारण उनका नाम यथार्थ ही अनुपम था। श्रीअनुपम गोस्वामी बाल्यकालसे ही स्थिर चित्त से श्रीरघुनाथजी की उपासना करते थे। रातदिन उन्हीं के ध्यान में एवं नामजाप में तल्लीन रहते थे, वाल्मीकीय रामायण का निरन्तर श्रवण एवं गायन भी करते रहते थे। तथा निरन्तर अपने दोनों बड़े भाइयों के साथ ही रहते थे। एक दिन उनके दोनों बड़े भाइयों ने उनकी परीक्षा के बहाने उनसे कहा कि, हे भैया ! अनुपम ! देखो, श्रीकृष्ण परममधुर हैं, सौन्दर्य, माधुर्य, एवं प्रेमविलास आदि के चातुर्य में सभी अवतारों की अपेक्षा अधिक हैं। अतः तुम भी हम दोनों भाइयों के साथ श्रीकृष्ण का ही भजन करो, तो अच्छा हो। इस प्रकार तीनों भाई श्रीकृष्ण की उपासना के रङ्ग में मस्त होकर एकसाथ रहेंगे। दोनों भाइयों के बारंबार इस प्रकार कहने-पर उनके गौरव के संकोच से अनुपमजी का मन कुछ पलट गया, और बोले कि भैयाजी ! मैं आप दोनों की आज्ञा किस प्रकार लाँघ सकता हूँ ? अतः दीक्षामन्त्र दे दीजिये। मैं भी श्रीकृष्ण का भजन किया करूँगा। इतना कहकर अनुपमजी रात्रि में एकान्त में विचारने लगे कि—हाय ! मैं श्रीरघुनाथजी के श्रीचरणों को कैसे त्याग दूँ ? इस प्रकार कहते हुए एवं भावावेश में रोते रोते सारी रात जागते ही बिता दी। प्रातःकाल दोनों भाइयों से निवेदन किया कि—भैयाजी ! मैंने अपना मस्तक तो श्रीरघुनाथजी के चरणकमलों में समर्पित कर दिया है, दुबारा लौटाने में बड़ी पीडा होती है। आप दोनों तो कृपा करके मुझे यही आज्ञा दीजिये कि, जन्मजन्मान्तर श्रीरघुनाथजी की सेवा करता रहूँ। क्योंकि उनके श्रीचरण मुझसे छोड़े नहीं जाते है, छोड़ने का विचार करते ही हृदय फटने लगता है। यह सुनते ही श्रीरूप-सनातन ने उनको हृदय से लगा लिया एवं उनकी निष्ठा की भारी प्रशंसा की। हाय, भैया ! तुम्हारे जैसा दृढ अनुराग हम दोनों का हमारे इष्ट में कब होगा ? इन्हीं अनन्य रामभक्त श्रीअनुपम (वल्लभ) जी के सुपात्र पुत्ररत्न हैं श्रीजीव गोस्वामीजी महाराज। आपका प्रादुर्भाव वि० सं० १५८०, शाके १४४५ में पौष शुक्ला तृतीया को हुआ था। २० वर्ष की आयुतक गृहनिवास एवं अध्ययन आदि हुआ, पश्चात् ६५ वर्षतक निरन्तर वृन्दावन वास हुआ। अतः वि० सं० १६६५ एवं शाके १५३० में पौष शुक्ला तृतीया को ही

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अन्तर्धान लीला हुई। इस प्रकार ८५ वर्षतक प्रपञ्च में स्थिति रही। श्रीचैतन्यमहाप्रभुजी के अन्तर्धान के समय श्रीजीव गोस्वामीजी १० वर्ष के थे ऐसा प्राचीन जनों के मुख से सुना जाता है। श्रीभक्तिरत्नाकर में भी लिखा है कि—श्रीचैतन्यदेव श्रीरूप-सनातन को अङ्गीकार करने के लिए जब रामकेलि ग्राम में पधारे थे, तब बहुत छोटी अवस्था में श्रीजीव गोस्वामी ने श्रीचैतन्यमहाप्रभु का गुप्तरूप से दर्शन किया था।

श्रीकृष्ण-बलदेव से अभिन्न श्रीगौर-नित्यानन्द की कृपा

एकदिन सन्ध्या के समय श्रीजीव गोस्वामीजी अकेले ही प्रेमाश्रु प्रवाहपूर्वक श्रीहरिनामसंकीर्तन कर रहे थे। और भुजाओं को उठाकर भावावेश में यह कह रहे थे कि—हे श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभो! नित्यानन्द प्रभो! हे कृपासिन्धो! श्रीअद्वैतचन्द्र! हे महाप्रभु के प्रिय पार्षदगण! मुझ पतित को भी अपनी अहैतुकी कृपा का भाजन बना लीजिये। इस प्रकार कहते कहते गला रुक जाता था। उस रात्रि में इसी भावावेश में निद्रा भी नहीं आई। पश्चात् रात्रि के अन्त में श्रीमन्महाप्रभु ने अपने परिकरसहित स्वप्न में संकीर्तन करते हुए दर्शन दिया। भूमि एवं आकाश में हरि, हरि ध्वनि छा रही थी। चारों ओर से लाखों नर नारी संकीर्तन में सम्मिलित हो रहे थे। इस प्रकार दर्शन देकर अन्तर्हित हो गये। स्वप्न भङ्ग होते ही श्रीजीव गोस्वामी व्याकुल हो उठे। उनका चरित्र अद्भुत है। वे बाल्यकाल में बालकों के साथ होनेवाली बाललीला में भी प्राकृत बालकों के से खेल नहीं करते थे, अपितु श्रीउद्धवजी की तरह श्रीकृष्ण-बलदेव की मूर्ति बनाकर पत्र पुष्प आदि से पूजा करते थे। अनेक वस्त्र भूषणों से सजाकर टकटकी लगाकर योगी की तरह, निरन्तर निहारते रहते थे। नेत्रों में आँसू भरकर कनकदण्ड की तरह साष्टाङ्ग प्रणाम करते थे। पश्चात् भोग लगाकर बालकों सहित प्रसाद पाते थे। श्रीकृष्ण-बलराम के बिना कुछ भी अच्छा नहीं लगता था। एकान्त में भी दोनों को लेकर खेलते रहते थे। सोते समय भी दोनों को छातीपर धरकर शयन करते थे। स्वप्न में कभी श्रीकृष्ण-बलदेव को एवं कभी श्रीगौर-नित्यानन्द को देखते रहते थे। इस प्रकार कुमारावस्था में भी प्रभु के महान् कृपापात्र थे। "होनहार विरवान के होत चीकने पात" वाली कहावत अक्षरशः चरितार्थ थी।

गृहत्याग

श्रीजीव गोस्वामीजी अध्ययन के बहाने नवद्वीप चले गये, उनको देखते ही नवद्वीपवासी अपने मन में यही कहने लगे कि—श्रीजीव गोस्वामी अवश्य वृन्दावन जायँगे। नवद्वीप की गलियोंमें पदार्पण करते ही श्रीजीव गोस्वामी प्रेमाविष्ट हो गये। उनकी दशा को देखकर दर्शकजन बोले कि—अरे भाइयो! देखो, यह तो कोई राजकुमार सा प्रतीत होता है, क्योंकि इस बालक का शरीर सुवर्ण के चम्पक पुष्प के समान मनोहर है। इसके श्रीमुख की माधुरी, विशाल नेत्र, विस्तीर्ण ललाट, कीरसम नासिका, कपोल, ग्रीवा, वक्षःस्थल, क्षीण कटिप्रदेश, एवं हस्त, पद, नख आदि की शोभा अपूर्व है। गले में मनोहर तुलसीमाला है, तथा कन्धेपर शुभ्र यज्ञोपवीत शोभा पा रहा है। हाय! मेरा मन तो यह कहता है कि, इस वैष्णव बालक को निरन्तर निहारता ही रहूँ। कोई बोला—भाई! देख, यह बालक अवश्य ही विरक्त हो जायगा। इस प्रकार कहते कहते कुछ जन व्याकुल हो जाते थे। श्रीजीव गोस्वामी के नवद्वीप में प्रविष्ट होते ही यह ध्वनि चारों ओर फैल गई कि—श्रीरूप-सनातन के छोटे भाई के पुत्र आ गये हैं। श्री जीवगोस्वामी को देखकर सभी हर्षित हो रहे थे। तब श्रीजीवगोस्वामी श्रीश्रीवास पण्डित के घर पधारे।

श्रीनित्यानन्द कृपा

वहाँपर प्रेमानन्द में विभोर श्रीनित्यानन्दप्रभु श्रीवास पण्डित से कह रहे थे कि—मेरे मन में तो ऐसा भान हो रहा है कि—श्रीजीव आयँगे। इतने में ही किसी वैष्णव ने आकर धीरे से कहा कि प्रभो!

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीजीव तो आपके भवन के द्वारपर उपस्थित हैं। यह वचन सुनते ही श्रीनित्यानन्द प्रभु आनन्दित हो गये। उनकी आज्ञा से श्रीजीव गोस्वामी भीतर उपस्थित हुए। प्रभु के दर्शन करते ही अधीर हो गये, अश्रुधारा बहने लगी, लोटपोट होकर प्रभु के श्रीचरणों में गिर पड़े। उस समय महान् वात्सल्य में विह्वल श्रीनित्यानन्द प्रभु ने उनके मस्तकपर अपने दोनों चरण धरते धरते महान् अनुग्रह प्रकाशित कर दिया, और चरणों में से उठाकर छाती से लगा लिया। प्रेमावेश में भरे हुए प्रभु ने कहा कि—मैं खडदह ग्राम से तुम्हारे निमित्त ही नवद्वीप में आया हूँ। इस प्रकार कहकर कुछ दिन अपने निकट रखकर, श्रीवास आदि गौरभक्तों की कृपा कराकर, श्रीप्रभु ने कहा कि—हे जीव! अब तुम शीघ्र ही श्रीव्रज में चले जाओ। क्योंकि श्रीगौराङ्गदेव ने तुम्हारे वंशजों को वही स्थान समर्पित कर दिया है। प्रभु आज्ञा पाते ही श्रीजीव, श्रीनीलाचल होकर व्रज की ओर चल दिये।

अध्ययनलीला

श्रीजीव गोस्वामी बाल्यकाल से ही श्रीमद्भागवत के अनुरागी थे। उन्होंने थोड़े से दिनों में ही व्याकरण, काव्य, कोष, अलंकार, एवं वेद आदि सब शास्त्रों में असाधारण अधिकार प्राप्तकर लिया था। तो भी श्रीनित्यानन्द प्रभु की आज्ञा से श्रीवृन्दावन की यात्रा के समय काशी में श्रीमधुसूदन वाचस्पति के निकट कुछ कालतक न्याय वेदान्त आदि का भी अध्ययन किया। ऐसी किंवदन्ती भी है कि—श्रीजगन्नाथजी में श्रीसार्वभौम भट्टाचार्य ने चिद्विलासमय जिस वेदान्त के सिद्धान्त को श्रीचैतन्यदेव से सुना था, वह समस्त सिद्धान्त भट्टाचार्य ने अपने शिष्य मधुसूदन वाचस्पति को सिखा दिया था। अतः श्रीनित्यानन्द प्रभु की आज्ञा से श्रीजीव गोस्वामी ने भी वह सिद्धान्त वाचस्पतिजी से सुन लिया।

श्रीव्रजवास

श्रीजीव गोस्वामी ने काशी से श्रीवृन्दावन में आकर श्रीरूप गोस्वामी एवं श्रीसनातन गोस्वामी की छत्रछाया में रहकर, उन्हीं के द्वारा श्रीमद्भागवत आदि भक्तिशास्त्रों का विधिपूर्वक अध्ययन कर, श्रीरूप गोस्वामी से ही गोपालमन्त्र की दीक्षा लेकर, निरन्तर श्रीव्रजमण्डल में ही निवास किया।

श्रीजीव गोस्वामी के अलौकिक स्वाभाविक पाण्डित्य एवं भक्तिसिद्धान्त के विचारों की परिपाटी को देखकर, सन्तुष्ट होकर, श्रीरूप-सनातन दोनों ही स्वरचित ग्रन्थों का उनसे संशोधन भी करवाते थे। श्रीनिवासाचार्य ठाकुर, श्रीनरोत्तमदास ठाकुर, एवं श्रीश्यामानन्द प्रभु ये तीनों ही श्रीजीव गोस्वामी के शिक्षा शिष्य थे। इन तीनों को भक्तिसिद्धान्त की शिक्षा में विचक्षण बनाकर, श्रीजीव गोस्वामी ने गौड़मण्डल में एवं श्रीजगन्नाथक्षेत्र में भक्ति प्रचारार्थ वृन्दावन से सभी गोस्वामीग्रन्थों के सहित भेज दिया। रास्ते में पश्चिमवङ्ग में बांकुड़ा जिला के अन्तर्गत वनविष्णुपुर के राजा वीरहाम्बीर ने उनके समस्त ग्रन्थ चुरवा लिए। ग्रन्थ चोरी में चले जानेपर श्रीनिवासाचार्य आदि इन तीनों की दशा तो वर्णनातीत हुई ही, किन्तु इस समाचार को सुनकर श्रीजीव गोस्वामी, श्रीरघुनाथदास, एवं श्रीकृष्णदास कविराज आदि व्रजस्थ महात्माओं के प्राणमात्र ही शेष रह गये। कारण भक्तिग्रन्थ ही तो उन सबके जीवनरूप थे। श्रीकविराज गोस्वामी तो प्राणोत्सर्ग निमित्त श्रीराधाकुण्ड में भी कूद पड़े, किन्तु वैष्णवों ने कष्टपूर्वक उनको कुण्ड से निकाल लिया। पश्चात् कुछ दिन बाद ग्रन्थों की प्राप्ति के संवाद को सुनकर आनन्दातिरेक से नित्यलीला में प्रविष्ट हो गये।

इधर श्रीनिवासाचार्य ने श्रीनरोत्तमदास, एवं श्रीश्यामानन्दजी को अनेक प्रकार से सान्त्वना देकर, श्रीगुरुदेव के आदेशानुसार गौड़देश में वैष्णवधर्म प्रचारार्थ भेज दिया। स्वयं ग्रन्थों के अन्वेषण में तत्पर हो गये। इधर श्रीजीव गोस्वामी अपने मन में विचारने लगे कि—चोरगण पुस्तकों को लेकर क्या करेंगे? इसमें कुछ प्रभु की ही लीला छिपी हुई है। ठीक, हुआ भी वही। देखो, एकदिन कृष्णवल्लभ नामक एक ब्राह्मण ने श्रीनिवासाचार्यजी से कहा कि, वीरहाम्बीर एक अद्भुत प्रकृति का राजा है। दिन में पुराणों की

CC-0. Swami Atmanand Puri (Bhuvaneshwari Asram Trust). Digitized by eGangotri

कथा सुनता है, एवं रात में चोरी डकैती करता है। पुत्र के समान प्रजा का पालन करता है, देश की क्षति नहीं करता है। आपके ग्रन्थों की पेटी तो धन के भ्रम में चुराई गई हैं, ऐसा मेरा अनुमान है। यह सुनकर श्रीनिवासाचार्य उस ब्राह्मण के साथ कथा सुनने को राजा की सभा में चले गये। वहाँ रासपञ्चाध्यायी की व्याख्या हो रही थी, किन्तु व्याख्या असद्वृत्ति से हो रही थी। दूसरे दिन श्रीनिवासाचार्य ने कुछ प्रतिवाद उठा दिया, तब राजा ने उन्हीं को व्याख्या करने में नियुक्त कर दिया। श्रीगोपालभट्ट के दीक्षित शिष्य एवं श्रीजीव गोस्वामी के शिक्षित शिष्य श्रीनिवासाचार्य के मुख से अपूर्व व्याख्या सुनकर, राजा वीरहाम्बीर एवं श्रोतागण सभी भक्तिभाव से द्रवीभूत होकर प्रेमाश्रु बहाने लगे। पश्चात् लज्जित होकर राजा ने समस्त गोस्वामीग्रन्थ लौटा दिये, एवं वह राजा, कथावाचक, तथा कृष्णवल्लभ ब्राह्मण ये तीनों ही श्रीनिवासाचार्य के शिष्य होकर कृतार्थ हो गये। दीक्षा के बाद राजा का नाम श्रीहरिचरणदास हुआ एवं श्रीजीव गोस्वामी का दिया हुआ श्रीचैतन्यदास नाम हुआ। इस संवाद से सभी जगह आनन्द छा गया था।

एकदिन गोकुल में बैठकर श्रीरूप गोस्वामीजी 'श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु' की रचना कर रहे थे, निकट बैठकर श्रीजीव गोस्वामीजी पंखा कर रहे थे, उसी समय वल्लभभट्ट नाम से प्रसिद्ध किसी विद्वान् ने पूछा कि, गोस्वामीजी ! कौन से ग्रन्थ की रचना हो रही है ? श्रीरूप गोस्वामी ने उत्तर दिया कि 'श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु' की। भट्टजी बोले कि—बहुत अच्छा। ग्रन्थ पूरा लिख जानेपर मैं इसका संशोधन कर दूँगा। यह कहकर भट्टजी श्रीयमुनास्नान करने चले गये। श्रीजीव, भट्टजी के अहंकार को न सह सके, श्रीगुरुदेव के निकट कुछ कह भी नहीं सके। अतः यमुनाजल लाने के बहाने वहाँ से चुपचाप चल दिये। जाते ही भट्टजी से कहा कि—ग्रन्थ में कौन से स्थानपर भ्रम देखा, जो कि आपने शुद्ध करने को कहा ? बात बात में दोनों में शास्त्रार्थ छिड़ गया। भट्टजी परास्त होकर श्रीजीव गोस्वामी के लोकोत्तर पाण्डित्यपर विमुग्ध हो गये। आकर श्रीरूप गोस्वामी से पूछा कि—आपके निकट रहनेवाला बालक आपका क्या लगता है ? गोस्वामीजी ने कहा कि 'जीव' नामक वह बालक मेरा शिष्य एवं भतीजा है। भट्टजी बालक के असाधारण पाण्डित्य की प्रशंसा करते हुए अपने स्थानपर चले गये।

श्रीरूप गोस्वामी श्रीजीव गोस्वामी के स्वभाव को जानते थे, तो भी विशेषविशिष्ट एवं विनम्र बनाने के लिए उनको बुलाकर उनसे बोले कि—हे मूढमते ! तुमने असमय में ही वैराग्यवेष धारण कर लिया है। तुमने अपने क्रोध के ऊपर क्रोध क्यों नहीं किया ? अतः मैं तुम्हारा मुख नहीं देखना चाहता। श्रीभट्टजी तो मेरे ऊपर कृपा करके, मेरे हित के लिए ग्रन्थ शुद्ध करने को मेरे निकट आये थे। उनके थोड़े से वचनको भी तू नहीं सह सका। अतः यहाँ से शीघ्र ही पूर्व की ओर चला जा। श्रीगुरुदेव की आज्ञा अनतिक्रमणीय होने के कारण, श्रीजीव गोस्वामी वहाँ से श्रीनन्दघाटपर चले आये। वहाँपर श्रीगुरुदेव के वियोग में प्राण छोड़ने के ध्येय से कच्चा आटा घोलकर पी लेते थे। वहींपर 'सर्वसंवादिनी' एवं 'षट्सन्दर्भ' आदि की रचना की। यह समाचार सुनते ही श्रीसनातन गोस्वामी श्रीरूप गोस्वामी के निकट आकर बोले कि—बताओ भैयाजी ! श्रीगौराङ्ग महाप्रभुजी का क्या सिद्धान्त है ? उत्तर देते हुए श्रीरूप बोले कि—श्रीहरिनाम में रुचि, जीवमात्र पर दया, एवं वैष्णवों की सेवा करना। तब सनातनजी बोले कि—तुम्हारा 'जीव' तो नन्दघाटपर महान् कष्ट पा रहा है, अस्थिमात्र है। तब श्रीरूपजी की अनुमति के अनुसार श्रीसनातनजी के द्वारा श्रीजीव गोस्वामी नन्दघाट से श्रीवृन्दावन में लाये गये। श्रीगुरुकृपा से पुनः स्वस्थ हो गये। इस चरित्र से गुरु की गुरुता, एवं शिष्य की शिष्यता का अपूर्व परिचय मिलता है। अतः श्रीनाभाजी अपनी भक्तमाल में कहते हैं कि—

(श्री) रूप-सनातन भक्तिजल जीवगुसाँई सर गँभीर।
वेला भजन सुपक्व कषाय न कबहु लागी।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वृन्दावन दृढ़वास युगलचरणन अनुरागी ॥
पोथी लेखन पान अघट अक्षर चित दीनौ ।
सद्ग्रन्थन को सार सबै हस्तामल कीनौ ॥
सन्देह ग्रन्थि छेदन समर्थ, रसराज उपासक परम धीर ।
रूप-सनातन भक्तिजल, जीवगुसाँई सर गँभीर ॥

भावार्थ—श्रीजीव गोस्वामीजी श्रीरूप-सनातन की भक्तिरूपजल के आधारभूत परमगंभीर सरोवर के समान थे। अर्थात् दोनों की भक्ति एवं विद्या श्रीजीव के हृदय में समा गई थी। श्रीजीव गोस्वामीरूप सरोवर का भजनरूप घाट सुपरिपक्व था। जिसमें मल, विक्षेप, आवरणरूप कषाय (काई) कभी भी नहीं लगी। आपका वृन्दावनवास दृढ़तापूर्वक हुआ। एक समय अकबर बादशाह के अधीनस्थ गंगातीरवासी एवं राजपूतानानिवासी राजाओं में गंगा एवं यमुना की परस्पर श्रेष्ठता के सम्बन्ध में एक वितर्क उठा था। उसकी मीमांसा के लिए बादशाह ने श्रीजीव गोस्वामी को सादर आगरा में बुलवाया, तब उन्होंने कहा कि—मैं श्रीवृन्दावन से बाहर एकरात भी निवास नहीं कर सकता हूँ। यह मेरा व्रत है। राजा ने घोड़ा-गाड़ी के द्वारा उसी दिन श्रीधाम लौटने का जब प्रबन्ध कर दिया, तब गोस्वामीजी ने आगरा में आकर राजसभा में शास्त्रीय प्रमाण एवं युक्ति प्रदर्शन करते हुए कहा कि—श्रीगंगा तो श्रीभगवान् का चरणामृत है एवं श्रीयमुनाजी श्रीकृष्ण की पटरानी हैं, अतः इस तारतम्य की दृष्टि से श्रीगंगाजी की अपेक्षा श्रीयमुनाजी की ही श्रेष्ठता निश्चित है। बादशाह के सहित सभी सामन्तों ने श्रीजीव गोस्वामीजी का सिद्धान्त सहर्ष स्वीकार किया, एवं सम्मानपूर्वक बिदाई की। श्रीजीव गोस्वामीजी श्रीराधाकृष्ण के युगलचरणों के महान् अनुरागी थे। आप पुस्तक लिखने में अतिप्रवीण चमत्कारयुक्त महापुरुष थे। अर्थात् अतिशीघ्र; अतिमनोहर, एवं स्पष्ट अक्षर लिखते थे, तथा एक पृष्ठ लिखकर सूखने को रख, दूसरे पत्रा के पृष्ठ को लिखकर फिर पहले पत्रा के पृष्ठ को लिखते थे, परन्तु एक अक्षर भी घटबढ़ नहीं होता था। और वेद, पुराण, इतिहास, वाकोवाक्य, उपनिषद् आदि सद्ग्रन्थों का समस्त सार हाथ में रखे हुए आँवले की तरह हृदयङ्गम कर लिया था। आप सन्देहरूप ग्रन्थी को तोड़ने में समर्थ थे, एवं रसराज (शृङ्गार) के उपासक थे। आपने अनेक ग्रन्थ बनाये जो हृदय की ग्रन्थियों को भली प्रकार खोल देते हैं। आपके पास सेवकों के द्वारा चारों ओर से जो धन आता था, उसको आदरपूर्वक श्रीयमुनाजी में फेंक देते थे। एक शिष्य ने उस धन को साधुसेवा में लगाने की प्रार्थना की। गोस्वामीजी ने उत्तर दिया कि—साधुसेवा करने की योग्यता तुम सबमें नहीं है। सेवक बोला कि—मैं भलीभाँति सेवा करूँगा। वह आज्ञा लेकर सन्तों की सेवा करने लगा। कुछ काल के अनन्तर एकदिन एक सन्त ने कुसमय में कुछ भोजन माँगा, उस सेवक ने क्रोध करके सन्त से कटुवचन कहे। तब श्रीजीव गोस्वामीजी ने सन्तों की महिमा बताकर कहा कि—"मैं इसीलिए कहता था कि साधुसेवा अति कठिन है" अर्थात् स्वामी जो वस्तु जब माँगे तभी देना सेवक का धर्म है। सभी को मीठे बोलने की शिक्षा दी। आपके चरित अपार हैं, आपकी भक्तिभाव का पार कौन पा सकता है? वैराग्य धारण करनेपर भी आपकी गूढवृत्ति भावभक्तिपर पहुँचना सहज नहीं है। आपने अकबर बादशाह के प्रार्थनामय विशेष आग्रह से उसी के द्वारा श्रीवृन्दावन में संस्कृत की सर्वविध पुस्तकमय एक विशाल पुस्तकालय का उद्घाटन भी करवाया था।

श्रीजीवगोस्वामिकृत ग्रन्थावली

१. श्रीहरिनामामृतव्याकरण, २. सूत्रमालिका, ३. धातुसंग्रह, ४. राधाकृष्णार्चनदीपिका, ५. गोपाल-विरुदावली, ६. भक्तिरसामृतशेष, ७. श्रीमाधवमहोत्सव, ८. संकल्पकल्पद्रुमः, ९. सर्वसंवादिनी, १०. षट्-सन्दर्भ, अर्थात् तत्त्व, भगवत्, परमात्म, कृष्ण, भक्ति, प्रीति नामक छः सन्दर्भ, ११. गोपालचम्पूः, १२. गोपाल-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तापनीटीका, १३. ब्रह्मसंहिताटीका, १४. भक्तिरसामृतसिन्धुटीका, १५. उज्ज्वलनीलमणिटीका, १६. अग्नि-पुराणस्थगायत्रीभाष्य, १७. पद्मपुराणोक्त श्रीराधाकृष्णचरणचिह्न, १८. योगसारस्तवटीका, १९. क्रमसन्दर्भ-नामक श्रीभागवतटीका, २०. बृहत्क्रमसन्दर्भ श्रीभागवतटीका, २१. संक्षेपवैष्णवतोषिणी श्रीभागवतटीका, इत्यादि। आपके द्वारा रचित श्लोकों की गणना अनुष्टुप् छन्द के अनुसार चार लाख है। अतः आपको यदि द्वितीय वेदव्यास कह दें तो कोई अत्युक्ति न होगी। और व्रजलीला में तो श्रीजीव गोस्वामी प्रभु को "गौरगणोद्देशदीपिका" में "श्रीविलासमञ्जरी" का अवतार कहा है।

ग्रन्थ परिचय

अब श्रीगोपालचम्पू की ओर दृष्टि आकर्षित कीजिये। चम्पू का लक्षण साहित्यदर्पण में इस प्रकार है—"गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते" अर्थात् गद्य एवं पद्यमयी रचना से युक्त जो काव्य है, उसको 'चम्पू' कहते हैं। चम्पू शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है—चमत्कृत्य पुनाति, अर्थात् सहृदयान् विस्मितीकृत्य प्रसादयतीति चम्पूः पृषोदरादित्वात् साधुः। अर्थात् जो काव्य चमत्कृत करके श्रोता वक्ता को पवित्र करता है। तात्पर्य—सहृदय सज्जनों को चकित करके प्रसन्न कर देता है, वह चम्पू कहलाता है। आजतक संसार में जितने चम्पू लिखे गये हैं, उनमें से आकार प्रकार में एक भी गोपालचम्पू की तुलनावाला नहीं है। इसकी रचना अपूर्व है, ध्यानमयी है। इसके श्रोता वक्ता भी आश्चर्यमय हैं। इसकी कथा श्रीगोलोक में हुई है। प्रातःकाल व्रजराज श्रीनन्दजी की सभा में, एवं रात्रि में श्रीराधिका की सभा में हुई है। जिसका वर्णन मूल में ही आयेगा। दिन की कथा में श्रीव्रजराज आदि सभी गोपगण श्रीकृष्ण-बलदेव के सहित श्रवण करते हैं। वहींपर एक ओर जालीदार परदे की बनी हुई बैठक में बैठकर श्रीयशोदा, रोहिणी, एवं श्रीराधिका आदि सभी गोपियाँ श्रवण करती हैं। गोपियों को कथावाचक का दर्शन होता रहता है, परन्तु अन्य सभासद् गोपियों को नहीं देख पाते हैं.। रात्रि की सभा में श्रीराधा-कृष्ण, पौर्णमासीदेवी जो योगमाया की अवतार हैं, वृन्दावनाधिष्ठात्री वृन्दादेवी, ललिता, विशाखा आदि तथा चन्द्रावली आदि सभी गोपियाँ उपस्थित होती हैं। समयानुसार सुबल एवं मधुमङ्गल आदि कुछ प्रियनर्मसखा भी कभी कभी उपस्थित हो जाते हैं। किन्तु यशोदा रोहिणी आदि वात्सल्यभाव की गोपियाँ वहाँ नहीं आती हैं। कारण—शृङ्गाररस प्रधान रासलीला आदि कथाएँ रात्रि की सभा में होती हैं। अन्य सब कथाएँ दिन की सभा में होती हैं। इस ग्रन्थ में रस एवं भाव की मर्यादा की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके वक्ता मधुकण्ठ एवं स्निग्धकण्ठ नामक दो सूतपुत्र हैं। ये दोनों भाई वे ही हैं कि, जो नलकूबर एवं मणिग्रीव नाम से प्रसिद्ध, कुबेर के पुत्र, श्रीनारदजी के शाप से व्रज में यमलार्जुन नामक वृक्ष हुए थे। जिनका उद्धार श्रीकृष्ण ने दामबन्धनलीला में किया था। वृक्षयोनि से मुक्त होते ही इन्होंने श्रीकृष्ण से "वाणी गुणानुकथने" इत्यादिरूप से जो वर माँगा था, वह श्रीकृष्ण द्वारा प्राप्त हुआ। और श्रीकृष्ण की गोलोकप्रवेशलीला के अनन्तर ये दोनों गोलोक में प्रविष्ट हुए हैं। इनका सम्पूर्ण चरित्र पूर्वचम्पू के द्वितीयपूरण में एवं कुछ अंश नवम पूरण में है। यह श्रीगोपालचम्पू, पूर्व एवं उत्तर के भेद से दो भागों में विभक्त होकर, पुनः तीन तीन के भेद से छः भागों में विभक्त है। पृथक् पृथक् ग्रन्थरूप है। अर्थात् तैंतीस पूरणवाली पूर्वचम्पू 'गोलोक-विलास', 'बाल्यविलास', एवं 'कैशोरविलास' इन तीन भागों में विभक्त है। और सैंतीस पूरणवाली उत्तरचम्पू प्रथमविलास, द्वितीयविलास, तृतीयविलासरूप तीन भागों में विभक्त है।

इसकी रचनाशैली इतनी विचित्र है कि, पूर्वचम्पू की समस्त कथा उत्तरचम्पू में, एवं उत्तरचम्पू की सारी कथा पूर्वचम्पू में दृष्टिगोचर होती है। पदे पदे सुस्वादु है। और 'भट्टिकाव्य' जिस प्रकार समस्त पाणिनीय व्याकरण का उदाहरणस्वरूप है, उसी प्रकार गोपालचम्पू भी है। मैंने प्रायः सभी काव्य, अलंकार, नाटक, चम्पू देखे, उनमें जो शब्द कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए, वे हजारों अप्रसिद्ध शब्द इसमें प्रयुक्त हैं। वनौषधिवर्ग को छोड़कर, समस्त 'अमरकोष', एवं 'मेदिनीकोष', 'त्रिकाण्डशेष' के प्रयोग यथेष्ट प्रयुक्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

है। अनेक अलंकार, छन्द, एवं विरुदावलियों से यह परिपूर्ण है। 'गीतगोविन्द' के से सैंकड़ों गीत भी इसमें विद्यमान हैं। नाटकों की सी छटा इसमें पद पदपर दिखाई देती है। यह सर्वाङ्ग परिपूर्ण है। यह केवल दशमस्कन्ध का ही भाष्यरूप नहीं है, अपितु समस्त पुराणों का ही भाष्यरूप है। इसके अध्ययन से श्रीकृष्ण के नाम, रूप, लीला, एवं धाम का तत्त्व 'हस्तामलकवत्' प्रतीत हो जाता है। अधिक क्या कहें ? इसी श्रीवृन्दावन में विद्यमान चर्मचक्षुओं के अगोचर 'श्रीगोलोक' का भी स्वरूपज्ञान सुलभ है।

भाषाटीका निर्माण प्रयोजन

सोलह वर्ष पहले यह चम्पूग्रन्थ मैंने मनोयोगपूर्वक आद्योपान्त देखा था। इसकी लोकोत्तर रचना एवं वैष्णवसिद्धान्त के निरूपण की परिपाटी को देखकर यह भाव उदय होते रहते थे कि, इस ग्रन्थ की यदि भाषाटीका हो जाय तो, यह सर्वसाधारण के बोधगम्य हो जायगा, एवं संस्कृत से अनभिज्ञ भक्तजनता का महान् उपकार होगा। अतः अन्तर्यामी की प्रबल प्रेरणा से प्रयुक्त होकर वि० सं० २०२० की कार्तिक शुक्ला अक्षयनवमी सोमवार से टीका लिखनी प्रारम्भ करदी। कार्यक्षेत्र तो महान् विशाल एवं दुरूह था, तथापि श्रीहरि-गुरु-वैष्णवकृपा से दो वर्ष में दोनों चम्पुओं की टीका लिखकर निर्विघ्न परिपूर्ण हो गई। टीका कैसी हुई इस बात के मर्म को तो सकलशास्त्रपारंगत, भक्तिशास्त्रनिरूपणनिपुण, एवं प्रसंगानुसार अक्षरार्थविज्ञ-विज्ञजन ही जान सकेंगे। भक्तजनता को इससे यदि किंचिद् भी सुख मिलेगा तो मेरा सारा परिश्रम सफल हो जायगा।

टीका समझने की शैली

ग्रन्थ की कठिनता के कारण यद्यपि यह टीका कहीं कहीं कठिन सी प्रतीत होगी, तथापि बारंबार पढ़ने से अवश्य ही समझ में आजायगी। मेरी दृष्टि मूल अक्षरार्थ को प्रकट करने की ओर विशेष रही है, तो भी सर्वसाधारणजनों को दृष्टि में रखकर सभी जगह भावार्थ-तात्पर्यार्थ-अर्थात् अर्थात् लिख करके खोला गया है। श्रीजीव-गोस्वामी का पाण्डित्य लोकोत्तर है, एक ही वाक्य में सातों विभक्ति आ जाती हैं। मैंने सभी जगह विशेषणों को पहले रखकर, पश्चात् विशेष्य को रखकर दण्डान्वयपूर्वक व्याख्या की है। कहीं कहीं अतिशय कठिन स्थलों में खण्डान्वयपूर्वक व्याख्या है। श्लेषात्मक स्थलों में संस्कृत व्याख्या भी करदी है। एवं जो शब्द अप्रसिद्ध या कठिन हैं उनको पहले लिखकर ( ) इस प्रकार के कोष्ठक में उनका अर्थ प्रकरणानुसार प्रमाण गवेषणापूर्वक लिख दिया है। प्रत्येक गद्यपद्य का अर्थ विशेष गंभीर विचारपूर्वक लिखा गया है। इतनेपर भी श्लेषस्थलों में किसी विज्ञविशेष को यदि दूसरे अर्थ की प्रतीति होती है, तो ठीक है; प्रकरणानुसार मेरा अर्थ भी ग्राह्य है। क्योंकि "श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष इष्यते" इस उक्ति के अनुसार किसी को भ्रान्त होने की आवश्यकता नहीं है। मूल का गूढार्थ या प्रकरणार्थ समझाने के लिए कहीं कहींपर मैंने टिप्पणी भी लिख दी हैं। एवं विद्वज्जन सुखार्थ कहीं कहीं पाणिनिसूत्रों का भी विन्यास कर दिया है। इस टीका में या मूल में 'श्रीव्रजराज' शब्द सभी जगह श्रीनन्दजी के लिए प्रयुक्त हुआ है, अतः श्रीव्रजराज शब्द से सभी जगह श्रीनन्दजी को ही समझना चाहिये। श्रीकृष्ण के लिए तो श्रीव्रजराजकुमार, व्रजराजनन्दन, व्रजराजतनय, व्रजराजपुत्र इत्यादि शब्दों का प्रयोग हुआ है।

इसके प्रकाशन में हमारे बड़े गुरुभाई पूज्यपाद ग्वारियाबाबा श्रीमदनमोहनदासजी महाराज का सब ओर से महान् प्रोत्साहन विशेष प्रशंसनीय है। एवं जिन भक्तों ने इसके प्रकाशन में पारमार्थिक सहयोग दिया है, वे भी धन्यवाद के पात्र हैं, एवं प्रभु की प्रबल कृपा के भागी हैं।

इस ग्रन्थ की टीका के आदि में मङ्गलाचरण के जो आठ श्लोक मैंने लिखे हैं, उनका अर्थ पाठकों की जानकारी के लिए यहींपर क्रमशः अङ्क देकर लिखता हूँ। यथा—अपने विशुद्ध हृदय में अनन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु आचार्यवर्य श्रीमन्मध्वाचार्य का विशेष ध्यान करके, एवं मित्रभाव ही जिनकी धन सम्पत्ति है,

CC-0. Swami Vishwanand Giri (Prabuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथवा मित्रभाव का प्रादुर्भाव भी जिनके द्वारा हुआ है, तथा जो सकल शास्त्रार्थनिरूपण निपुण हमारे श्रीगुरुदेव हैं, उन्हीं पूज्यपाद श्रीश्री १०८ श्रीकृष्णानन्ददासजी महाराज का अपने स्वच्छ हृदय में ध्यान करके, तथा श्री, यश, एवं आनन्ददायक; अथवा श्रीयशोदामाता एवं श्रीनन्दजी के सहित, एवं सखामण्डल के सहित श्रीकृष्ण-बलदेव का ध्यान करके, और अपने परिकर से परिवेष्टित श्रीगौराङ्गमहाप्रभु एवं श्रीनित्यानन्द प्रभु का ध्यान करके, श्रीगोपालचम्पू के भाषाभाष्य की रचना करता हूँ ॥१॥

जो श्रीजीव गोस्वामी स्वरचित षट्सन्दर्भ नामक ग्रन्थरूप मन्दराचल के द्वारा श्रीमद्भागवतरूप महान् अमृतमय समुद्र को मथकर, श्रीकृष्णरूप परिपूर्णतम चन्द्रमा को प्रकाशित कर हाथ में धरे हुए आँवले की तरह स्वयं जानते हैं, तथा निज चरणाश्रित जीवों को उनके अज्ञानरूप अन्धकार को दूर करके, विधिपूर्वक उन्हीं श्रीकृष्णचन्द्र का दर्शन एवं ज्ञान कराते हुए सदैव जीवित करते रहते हैं; अतः मैं, सन्देह-ग्रन्थिच्छेदनसमर्थ सद्गुणगणसम्पन्न उन्हीं श्रीजीव गोस्वामीजी का भजन करता हूँ ॥२॥ महान् अज्ञान से अन्धे, अतएव श्रीव्रजराजकुमार के प्रेम से रहित, नास्तिकजनों को जीतकर, जिन्होंने श्रीहरिप्रेम का मार्ग बतलाया, एवं जिन्होंने १. तत्त्वसन्दर्भ, २. भगवत्सन्दर्भ, ३. परमात्मसन्दर्भ, ४. श्रीकृष्णसन्दर्भ, ५. भक्ति-सन्दर्भ, एवं ६. प्रीतिसन्दर्भ नामक छः सन्दर्भ आदि अनेक ग्रन्थों की रचना की थी, वे ही श्रीजीव गोस्वामी मुझ दीनहीनपर प्रेमरूपी अमृत के बिन्दु की वर्षा कर दें ॥३॥ हे श्रीजीव गोस्वामिन् ! यदि आपरूपी सूर्य, नवधाभक्तिरूप नई नई किरणों के सहित उदय नहीं होता तो, श्रीरूप गोस्वामि आदि महात्माओं के पुस्तकरूपी कमलों को कौन विकसित करता ? अर्थात् यदि श्रीजीव गोस्वामी का प्रादुर्भाव न होता तो, श्रीरूप-सनातन आदि महापुरुषों के ग्रन्थों के गूढतात्पर्य को कौन बताता ? ॥४॥ देवगुरु जो बृहस्पति पहले (सत्ययुग में) स्वर्ग की सभा में इन्द्र द्वारा तिरस्कृत होने से रुष्ट होकर, स्वर्ग से अन्तर्धान हो गये थे, मानो वे ही जीव (बृहस्पतिजी) कलियुग में पुनः श्रीजीव गोस्वामी के रूप से प्रगट हुए हैं। यह मेरी उत्प्रेक्षा है ॥५॥

विज्ञवर्य श्रीजीव गोस्वामी ने दो भागों में विभक्त जिस श्रीगोपालचम्पू की रचना की थी, वह परममधुर एवं गूढभावों से युक्त है, तथा विशाल तात्पर्यार्थों से युक्त है, और विद्वत्ता के सुन्दर मद को तो देखते ही दमन कर देती है। अर्थात् इसकी रचनाशैली को देखकर, बड़े बड़े विद्वान् अवाक् रह जाते हैं। प्रश्न—यदि ऐसी बात है तो तुम टीका लिखने में कैसे प्रवृत्त हो रहे हो ? उत्तर—मैं तो श्रीगोपालचम्पू के अन्तर्गत गूढभावों को प्राप्त करना चाहता हूँ। अतः प्रार्थना करता हूँ कि—दया से युक्त हृदयवाले पूज्यपाद वे श्रीजीव गोस्वामी दोनों चम्पुओं में विद्यमान गूढभावों की स्फूर्ति मेरे हृदय में कर दें। अर्थात् मेरे हृदय में श्रीजीव गोस्वामी ने जिन भावों की स्फूर्ति की है, वे ही भाव मैंने टीका में लिख दिये हैं, स्वयं लिखने की कोई सामर्थ्य नहीं है ॥६॥

विक्रम संवत् २०२० में शरद् ऋतु में कार्तिक शुक्लपक्ष में अक्षयनवमी सोमवार के दिन श्रीवृन्दावन में वनमालिदास नामक व्यक्तिविशेष श्रीगोपालचम्पू को सर्वसाधारण के अतिशय जानने योग्य बनाने के लिए इस भाषाटीका का विस्तार कर रहा है ॥७॥ यह जो भाषाटीका लिखी जा रही है, वह श्रीकृष्ण को आनन्दित करनेवाली है, अतः इसका नाम "श्रीकृष्णानन्दिनी" है। अथवा—"नामैकदेशे नाममात्रग्रहणम्" इस न्याय के अनुसार "श्रीकृष्णानन्ददास" नामक हमारे श्रीगुरुदेव को आनन्दप्रद होने के नाते भी इसका नाम "श्रीकृष्णानन्दिनी" रखा है, अतः यह टीका श्रीकृष्णभक्ति में प्रीति करनेवाले सभी जनों को सुखप्रद हो जाय, यह मेरी हार्दिक अभिलाषा है ॥८॥

प्रकाशन में दृष्टि के दोष से जो त्रुटियाँ रह गई हों उन्हें सज्जनगण स्वयं मार्जन कर लेंगे।

श्रीकृष्णानन्दस्वर्गाश्रम
वृन्दावन (मथुरा)

श्रीगुरुपूर्णिमा वि० सं० २०२५
दि० १०-७-१९६८

भक्तजनकृपाभिलाषी-
वनमालिदास शास्त्री

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीपूर्वगोपालचम्पू-विषयसूची

वामपार्श्वस्थाङ्का गद्यपद्यसंख्यासूचकास्तथा दक्षिणपार्श्वस्थाङ्काः पृष्ठसंख्यासूचका ज्ञेयाः ।

प्रथमं पूरणम्

[श्रीगोलोकरूपनिरूपणम्]

मङ्गलाचरणम् १।१
मङ्गलाचरण-व्याख्या ३।२
श्रीकृष्णशब्दस्य व्युत्पत्तिलभ्यार्थकथनम् ३।३
ग्रन्थसूचना ४।५
श्रीवृन्दावनधामवर्णनम् ६।६
श्रीगोवर्धनगिरिः ११।७
मानसगङ्गा १२।७
राधाकुण्ड-श्यामकुण्ड-वर्णनम् १३।८
यमुनावर्णनम् १४।८
यमुनापुलिनवर्णनम् १६।८
भाण्डीरवटवर्णनम् १७।९
व्रज (गोलोक) वर्णनम् २०।९
श्रीराधायाः परमत्वम् ३१।१४
कृष्णस्य परमपुरुषत्वम् ३४।१५
गोष्ठवर्णनम् ८७।२८
कुञ्जवर्णनम् ९०।२९
व्रजपुरीवर्णनम् १०७।३४
प्रेममहिमा १२८।४०

द्वितीयं पूरणम्

[श्रीगोलोक-विलासः]

कथाप्रस्तावना २।४३
गोपीनां गोपाललीलागानम् ४।४४
श्रीराधाया यशोदागृहे गमनम् १२।४६
श्रीकृष्णजन्मतिथौ श्रीराधाया रन्धने नियोगः २०।४८
गोपबालकानां समागमः २३।४८
श्रीकृष्णस्य प्रातःकृत्यादिकम् २७।४९
श्रीपौर्णमासी-मधुमङ्गलागमनम् ३६।५१
अभिषेकादिमङ्गलानुष्ठानम् ४०।५२
रामकृष्णयोरुत्सवसभागमनम् ४६।५३
सर्वसभ्यानां भोजनलीला ५८।५६
रामकृष्णादीनां वनगमनवर्णनम् ७१।६०
वनगमनमध्य एव श्रीरामकृष्णयोः श्रीव्रजराजसभायां गमनम् ८२।६३
मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठयोः सभायामागमनम् ८५।६४
रामकृष्णमधुमङ्गलादीनां नर्मपरिहासः ९८।६८
वनात् प्रत्यागमनम् ११३।७१
सायंकालीनभोजनादिकम् १२१।७३
पुनः सभागृहगमनं तत्र मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठाभ्यां सह सुमति-रत्नचूडयोरागमनवर्णनम् १२२।७३
रात्रौ शयनम् १३३।७५

तृतीयं पूरणम्

[श्रीकृष्णजन्म]

परेद्युः प्रातर्नन्दादेशतो रामकृष्णयोः सभामण्डपागमनम् ५।७७
सभासमावेशवर्णनम् ७।७८
सूतकुमारेण मधुकण्ठनाम्ना श्रीकृष्णजन्मकथारंभः २०।८३
श्रीकृष्णस्य पितृवंशावतारः २३।८३
श्रीनन्दयशोदयोः कृष्णप्राप्तिकारणम् ५०।९१
श्रीकृष्णजन्मरहस्यम् ५९।९५
पौर्णमासी-मधुमङ्गलयोर्व्रजागमनम् ६३।९६
श्रीरोहिण्या व्रजागमनम् ६७।९८
यशोदायाः स्वप्नानुभूतिः, गर्भलक्षणं च ६९।९८
श्रीबलरामजन्म ७७।९९
श्रीकृष्णजन्म ८२।१००
कृष्णरूपवर्णनम् ९०।१०२
कृष्ण-जन्म-रूप-रहस्यकथनम् ९७।१०४
श्रीवसुदेवेन कृष्णस्य गोकुलानयनम् १०५।१०८
पुत्रदर्शनेन यशोदाया अन्यासाश्चानन्दातिरेकः ११२।११०

चतुर्थं पूरणम्

[श्रीकृष्णजन्मोत्सवः]

सूतकुमारेण स्निग्धकण्ठनाम्ना कृष्णजन्मोत्सव-कथारंभः १।११५

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पुरवासिभिर्नन्दाभिनन्दनम् १०।११७
शिशोर्जातकर्म १७।११९
श्रीनन्देन दानारंभः २८।१२२
दानमध्ये व्रज-व्रजवासिनामानन्दातिरेकः ३५।१२३

पञ्चमं पूरणम्

[पूतना-वधः]

कंसकारागारे विदितजन्मनः कन्याया विवरणम् १।१३१
तदनु कंसचेष्टितानि ८।१३२
नन्दस्य पुत्रमुखदर्शनम् १७।१३५
नन्दस्य मथुरागमनम् २६।१३७
नन्द-वसुदेवमिलनम् ३३।१३९
पूतनाया व्रजागमनम् ३६।१४०
पूतनाया नन्दगृहे गमनम्, कृष्णाय स्तन्यदानं च ३७।१४१
पूतनाया मृत्युः ४६।१४४
नन्दस्य मथुरातः प्रत्यावर्तनम्, पुत्रमुखदर्शनं च ६९।१४९

षष्ठं पूरणम्

[शकटभञ्जनादिः]

कृष्णस्य तृतीयमासान्तेऽभिषेकोत्सवः ७।१५५
शकटभञ्जनमिषेण कंसप्रहितासुरवधः १७।१५७
बालयो रामकृष्णयोर्मिलनकरणम् ३५।१६०
एतयोर्नामकरणोत्सवः ४३।१६२
गर्गागमनम् ४५।१६३
गर्गाचार्येणानुष्ठानारंभो बालयोर्नामकरणं च ६७।१६७
बालयो रिङ्गणलीला १०७।१७५
तयोर्गतिशिक्षा ११४।१७७
गोःशिक्षा ११८।१७८
अपरचरित्राणि १२५।१८०

सप्तमं पूरणम्

[तृणावर्तवध-मृद्भक्षणादिकथा]

तृणावर्तेनागत्य कृष्णदर्शनम् ७।१८२
तेन वातावर्तरूपेण कृष्णस्योत्तोलनम् १०।१८३
तृणावर्तवधः २०।१८५
अनन्तरं बालयो रामकृष्णयोर्गृहे निरोधो नानाक्रीडाश्च ४३।१८९
जृम्भमाणस्य कृष्णस्य वदने स्वमात्रा विश्वदर्शनम् ५७।१९१
कृष्णस्य मृद्भक्षणलीला, तदवसरे स्वमात्रे स्वमुखाभ्यन्तरे विश्वप्रदर्शनम् ६५।१९२
कृष्णस्य फलक्रयलीला ७३।१९५
रामकृष्णयोर्गृहे गोदोहनचारण-क्रीडा ७९।१९६
यशोदया सह अन्यासां कृष्णदुर्नय-संबंधिवाकोवाक्यम् ९२।२००

अष्टमं पूरणम्

[दामबन्धननिबन्धनं यमलार्जुनमोचनम्]

यशोदाया दधिमन्थनं गानं च १।२०४
जननीवात्सल्यविलासविचारः ६।२०६
क्रुद्धस्य कृष्णस्य हैयङ्गवीनचौर्यम् १६।२०९
मात्रा कृष्णस्य ग्रहणम् ३३।२११
मात्रा शिशोर्बन्धनचेष्टा ४७।२१४
कृष्णस्योलूखले बन्धनम् ५९।२१६
कृष्णस्य यमलार्जुनान्तरे गमनम् ६१।२१६
यमलार्जुनपतनम् ६५।२१७
जनन्यै कृष्णस्य कोपः ८२।२२१
मात्रा कृष्णस्य मिलनम् ८६।२२२

नवमं पूरणम्

[श्रीवृन्दावन-प्रवेशः]

यमलार्जुनयोः पूर्वापरपरिचयः १।२२५
रामकृष्णयोर्नदीतीरगमनम् ९।२२७
मात्रा गृहे प्रत्यानयनम् ११।२२७
बृहद् वनं त्यक्त्वा वृन्दावनगमनप्रस्तावः २४।२३०
वृन्दावनगमनोद्योगः ४२।२३३
यमुनां तीर्त्वा वृन्दावने प्रवेशः, वासस्थानं च ६५।२३९

दशमं पूरणम्

[वत्सासुरादिवधः]

रामकृष्णयोर्वस्त्रपरिधानारंभः २।२४४
तयोर्गोचारणस्पृहा ६।२४५
गोरक्षकैः खेला १०।२४५
यथावद्गोवत्सपालनारंभः ११।२४६
वनगमनम्, वनविहारलीला १७।२४७
कंसेन कृष्णवधार्थं वत्सासुरनियोगः ३३।२५१
कृष्णेन वत्सासुरनिधनम् ४०।२५४

CC0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कंसेन पुनर्बकासुरप्रेरणम् ४६।२५५
बकासुरवधः ५५।२५७
कंसेन पुनर्व्योमासुरस्य नियोगः ६७।२६०
व्योमनिधनम् ७२।२६२

एकादशं पूरणम्

[ब्रह्ममोहनम्]

वनभोजनलीला ४।२६४
कंसनिदेशादघासुरेण बृहदजगररूप-
मास्थायावस्थानम् २५।२६९
अघस्य प्राणत्यागः ३१।२७१
अथ सरोवरपुलिने भोजनव्यापारः ३७।२७२
ब्रह्मणा वत्सानां बालानां च संगोपनम् ४७।२७४
तदनु कृष्णस्य वितर्कः ४९।२७४
कृष्णेन स्वतस्तत्तद्बालवत्सरूपाणां प्रकाशः ५०।२७५
वर्षान्ते ब्रह्मणो विस्मयः ५७।२७७
गोगोपैः सह कृष्णस्य गृहागमनम् ७७।२८१

द्वादशं पूरणम्

[गोचारणम्]

रामकृष्णयोः पौगण्डप्राप्तिः ३।२८३
तयोः स्वातंत्र्येण स्वयं गोचारणप्रस्तावः १५।२८६
तयोर्यथाविधि गोचारणयात्रा २४।२८९
गोवर्धनप्रदेशे प्रात्यहिकलीलाप्रकारः २९।२९०
तयोः प्रथमगोदोहनलीला ५९।२९७

त्रयोदशं पूरणम्

[कालियदमनम्]

कदाचिद्रामं विना कृष्णस्य वनगमनम्,
कालियदमनलीला ८।३०२
कालियह्रदोपरिस्थितकदम्बारोहणम्,
ह्रदे पतनं च २०।३०४
कृष्णस्य विलम्बदर्शनाद् व्रजे सर्वेषां
व्याकुलता ३१।३०८
कृष्णस्योत्थानम् ४३।३११
कृष्णेन कालिय-ग्रीवाग्रहणम्, तन्मूर्ध्वसु
नर्तनं च ५१।३१२
कालियपत्नीकृतस्तवः ६२।३१५
कालियकृतनिवेदनम् ६९।३१६
कृष्णप्राप्तौ व्रज-व्रजवासिनामानन्दः ९४।३१९
कंसेन यमुनातीरेऽनलप्रदानम् १०३।३२२
कृष्णेनाग्निनिर्वापणम्, सर्वेषां
रात्रियापनम्, व्रजंप्रत्यावर्तनं च १०८।३२३

चतुर्दशं पूरणम्

[धेनुकासुर-वधः]

कृष्णस्य कैशोरोदयः ४।३२५
कृष्णसखानां तालवनदर्शनस्पृहा ११।३२७
सर्वेषां तालवनगमनम् १७।३२८
तालवनभङ्गः, गर्दभासुरवधश्च २१।३२९
कीर्तयतः स्निग्धकण्ठस्य कण्ठरोधः ३०।३३१
मूर्च्छाभङ्गानन्तरं सभाभंगे सूतकुमारयोः
कृष्णसंगे गमनम् ३७।३३३

पञ्चदशं पूरणम्

[पूर्वानुरागः]

अथ कृष्णस्य श्रीराधागृहागमनम् १।३३५
श्रीराधाकृष्णयोरुपवेशनम् ४।३३६
सूतकुमारयोर्नान्दीकीर्तनम् ८।३३७
स्निग्धकण्ठेन श्रीराधाया जन्मादि-
कीर्तनारंभः १२।३३८
तत्र श्रीराधा-तत्सखीनां च
पात्रसात्करणप्रस्तावः २९।३४१
गर्गमुनेर्व्रजागमनम्, पौर्णमास्यै उपदेशः ३४।३४२
अन्येभ्यो मुनेरुपदेशः ३६।३४३
स्वस्वकन्याप्रदानार्थं सर्वेषां श्रीनन्द-सकाशे
प्रार्थना ४२।३४४
वृन्दापौर्णमास्योः संवादे व्रजबालिकानां
परिणय-रहस्यप्रकाशः ४५।३४५
कैशोरागमे व्रजबालिकानां कृष्ण
स्वाभाविकभावप्राचुर्यस्फूर्तिः ६९।३५५
तत्र श्रीराधाकृष्णयोर्भावना ७५।३५६
तासामाबाल्यात् प्रेमातिशयः ८०।३५७
श्रीकृष्णस्य तासां च नवकैशोरश्रीप्रकाशः ८७।३५९
कैशोरस्य ईषद्विकाशे तासां
प्रेमतृष्णाविशेषः ९७।३६१
पतिगृहनयनवार्ताश्रवणे तासामवस्था ११०।३६४

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्र राधया निश्चयः ११४।३६५
कालियह्रदं प्रवेष्टुकामानां तासां
दैववाण्या समाश्वासनम् ११८।३६६
पूर्णिमादिभिः साक्षात् प्रबोधनम् १२२।३६७
आसु कृष्णस्य प्रेमा १३२।३६९
कृष्णहस्ते मधुमङ्गलस्य समर्पणम् १४०।३७०
वृन्दायाश्च नियोगः १४३।३७१
व्रजसुन्दरीणां भाववर्णनम् १४९।३७३
कृष्णेन तासां मिलनम् १५३।३७४

षोडशं पूरणम्

[प्रलम्ब-दावानल-संवर्त-संहारः]

अथ मधुगुणान्वितो ग्रीष्मर्तुः १।३७८
नटवरलीला, नर्तकभङ्ग्या रामकृष्णादीनां
सभाप्रवेशः ९।३७९
रामकृष्णयोर्नृत्यम्, मल्लयुद्धं च ११।३८१
श्रीदामादीनां नृत्यप्रदर्शनम्, व्रजप्रस्थानं च १९।३८३
कंसमभिगम्य प्रलम्बस्य नियोगप्रार्थना २६।३८४
व्रजे आगत्य प्रलम्बस्य गोपालबालकैः
क्रीडनम् २८।३८५
रामेण प्रलम्बनिधनम् ४२।३८७
कंसचरैः प्रबलदावानलसृष्टिः ५४।३९०
कृष्णेन दावाग्निसंहारः ५९।३९१

सप्तदशं पूरणम्

[वेणुशिक्षाच्छलेन प्रेयसीभिक्षा]

अथ गोपीनां कृष्णस्य च मिथो भाववृद्धिः २।३९३
कन्यानां श्वशुरगृहप्रापणे
पूर्णिमाकृतोपायोद्भावनम् १२।३९५
ततस्तासां कृष्णस्य चोत्कण्ठावृद्धिः १६।३९६
वर्षागमे तासां कृष्णस्य चावस्था ३४।३९९
शरदि तासामुत्कण्ठापराकाष्ठा ४९।४०२
अथ कृष्णेनोपायान्तरविभावनाय रामेण
सह वंशीशिक्षा ६०।४०४
तस्याः फलम् ६४।४०५
तत्र सरामस्य कृष्णस्य वर्णनम् ६८।४०६
पुनरेकलं वंशीशिक्षाविचारः ७७।४०९
तत्र गवां मोहनम् ७९।४०९
अपरसत्वानां मोहनम् ८२।४१०
अथ हरिणीनां मोहनम् ८६।४११
देवीनां मोहनम् ९१।४१२
अथ नदीचरितम् ९४।४१३
अंभोदस्यावस्था ९६।४१३
गोवर्धनेन सेवा ९८।४१४
राधाया हृद्गतभावः १०१।४१५

अष्टादशं पूरणम्

[इन्द्रमखभंगो गोवर्धनपूजनं च]

अथेन्द्रयागोद्यतानां व्रजेन्द्रादीनां कृष्णेन
निरुत्साहनम् २।४१७
तत्र कर्मकाण्डीयमतम् १७।४२०
अथ सांख्यमतम् २१।४२०
तार्किकमतम् २४।४२१
गोवर्धन-गोत्रभित्-पूजयोर्विशेषः २९।४२२
ततो यथाविधि गोवर्धनपूजनम् ४२।४२४
गोवर्धनेनान्नादिभक्षणम् ५२।४२६
अथ गोपूजादि ६५।४२९
होमः ८१।४३३
गोवर्धनपरिक्रमणम् ८७।४३४
तत्र गोपीनां गानम् ९१।४३५
भ्रातृद्वितीयायां भगिनीभी
रामकृष्णयोर्भोजनम् ९६।४३७
इन्द्रेण व्रजविघ्नप्रवर्तनम् ९९।४३८
कृष्णेन व्रजवासिनामाश्वासनम्,
गोवर्धनधारणं च १०८।४३९
गोवर्धनतले आश्रयग्रहणम् ११२।४४०
तत्र कृष्णस्य व्रजवासिनां च विलासाः १२२।४४२
अथ शक्रेण नानोत्पातप्रवर्तनम् १३१।४४४
तन्मध्ये इन्द्र-शंखचूडयोः संवादः १४३।४४७
इन्द्रेण स्वगृहप्रत्यागमनम् १४९।४४९
ततः सर्वेषां
गिरितलान्निर्गमनमानन्दोल्लासश्च १५१।४४९
अनुचरेषु शक्रोपदेशः १६५।४५३
सव्रजस्य कृष्णस्य व्रजे प्रत्यावर्तनम् १६६।४५३
रजनीसभायां पुनः स्निग्धकण्ठेन ससंक्षेपं
गोवर्धनधारणलीलान्तर्गोपीभाव-
कीर्तनम् १७३।४५४

CC-0. Swami Atmanand Giri (Retired). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एकोनविंशं पूरणम्

[इन्द्रत्वस्तंभनं गवेन्द्रत्वप्राप्तिश्च]

परेद्युः प्रभाते नन्दगृहे व्रजजनानां वार्ता उत्सवश्च २।४६०
बृहस्पतिनेन्द्रभर्त्सनम् उपदेशश्च १६।४६३
इन्द्रस्य ब्रह्मसमीपे गमनम् २७।४६५
सुरभिसहितस्येन्द्रस्य वृन्दावनागमनम्, सुरभेरुपदेशश्च २९।४६५
इन्द्रेण कृष्णाग्रे सलज्जं सप्रणामं स्वदुश्चेष्टितविज्ञापनम् ३७।४६७
कृष्णस्य प्रत्युत्तरम् ४८।४६८
सुरभेर्विशेषनिवेदनम् ५१।४६९
अथ देवगणैः कृष्णस्याभिषेकः ६७।४७१
कृष्णस्य सायं व्रजे प्रत्यावर्तनम् ८२।४७४
व्रजबालकेभ्यः श्रुताभिषेकवृत्तान्तेन नन्देन महामहोत्सवानुष्ठानम् ८६।४७५
नक्तं सभायां मधुकण्ठेन तद्वृत्तान्तकीर्तनम्, गोपीनां मनोभावश्च ९८।४७७
तन्निशायां कृष्णस्यावस्था १०६।४७९

विंशं पूरणम्

[श्रीनन्दस्य वरुणलोकगमनम्,गोलोकदर्शनं च]

नन्दस्य वरुणलोकप्राप्तिः १।४८१
अप्राप्ते नन्दे कृष्णस्य कालिन्दीप्रवेशः ५।४८२
कृष्णस्य वरुणभवने गमनम् १५।४८४
नन्दकृष्णयोर्मिलनम् २५।४८६
तत्र वरुणाचरितम् ३२।४८७
नन्दकृष्णयोर्व्रजजनैर्मिलनम्, व्रजप्रत्यागमनं च ३४।४८७
दिनान्तरे व्रजपतिविशिष्टगोपानां संवादः ४३।४८९
तत्र कृष्णस्य चिन्ता ४६।४९०
स्नानार्थं सर्वेषां ब्रह्महृदे गमनम्, गोलोकावलोकनं च ५३।४९२
पुनः रजनीसभायां तत्कथाकथनम् ६०।४९३

एकविंशं पूरणम्

[वस्त्रहरण-कथा]

व्रजकुमारी-वासना-वर्णनम् १।४९६
वृन्दया समागम्य मंत्रोपदेशः ११।४९८
कुमारीणां व्रतारम्भः १९।४९९
कृष्णेन तत्रागत्य वस्त्रहरणम् २४।५०२
अथ कुमार-कुमारीणामुक्तिप्रत्युक्तिः ३२।५०४
कृष्णस्य कुमारीणां च वादानुवादः ३७।५०५
कुमारीणां जलादुत्तरणम्, कृष्णस्य च मनोभावः ७४।५१२
कृष्णंस्य प्रकाश्योक्तिः ७९।५१३
वस्त्रप्रत्यर्पणम्, तासामभीष्टसिद्धिश्च ८३।५१४
मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठयोः क्रात्यायन्या इष्टाप्रदानविषयकः संवादः ९८।५१८
पुनर्वंशीशिक्षारम्भो वसन्तागमश्च १०३।५१९
तदा कृष्ण-कृष्णप्रेयसीनां भावना १०९।५२१
वृन्दादौत्ये कृष्णस्य पुनर्भावना, गोप्याकर्षणचेष्टा च ११८।५२३
तस्या फलम् १२४।५२४
कृष्णकृतप्रत्याख्यानफलम् १२९।५२५
राधायाः मूर्च्छायां वृन्दा-पूर्णिमाकृत-समाधानम् १३४।५२६
अथ प्रस्थाने तयोरवस्था १५९।५३१

द्वाविंशं पूरणम्

[यज्ञपत्न्यन्नभिक्षा]

बलेन सखिभिश्च वृन्दावनं प्रविष्टस्य श्रीकृष्णस्य सखीन्प्रति वृन्दावनवृक्षस्तुतिः २।५३३
कृष्णेन क्षुधितायमानानां बालकानां याज्ञिकविप्रसमीपे प्रेषणम् १६।५३६
तेषां विज्ञापनम्, मनोरथवैफल्ये कृष्णसविधे प्रत्यावर्तनम् २४।५३८
पुनर्याज्ञिकविप्रपत्नीसमीपे प्रेषणम् ३१।५४०
तत्र तासामवस्था, सभोज्यं कृष्णसकाशे आगमनम् ३७।५४१
कृष्णेन स्वागतसंभाषणम् ५०।५४४
तासां प्रतिवचनम्, भोज्यादि प्रदाय गृहं प्रति गमनं च ६३।५४६
तदा याज्ञिकानां भावः ७०।५४८
भोजनानन्तरं कृष्णादीनां भावो गृहागमनं च ८०।५५०

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prof.) Veda Nilayam Collection. Digitized by eGangotri

त्रयोविंशं पूरणम्

[श्रीरासक्रीलारंभः]

ग्रन्थकारस्य शपथपूर्वकं प्रार्थना १।५५२
अथ रात्रिकथायां रासलीला-कीर्तन-प्रस्तावः २।५५३
रासोत्सवाभिकांक्षि-श्रीकृष्णस्य परममोहन-रूपवर्णनम् ६।५५३
कृष्णस्य वंशीशिक्षाभिलाषे हेतुः ८।५५४
प्रावृषि वेणुशिक्षा १५।५५५
अथ शरदागमे मासं वेणुध्वनिसंचारः १९।५५६
पूर्णचन्द्रोदये कृष्णस्य चिन्ता २६।५५७
ततो यमुनातीरं गत्वा वेणुवादनोद्यमः ३६।५५९
तदा वृन्दाप्रमुखानां गोपीनां चिन्ता ४४।५६१
कृष्णेन मुरलीगानम् ४८।५६१
तच्छ्रुत्वा गोपीनामवस्था ५५।५६३
साधकचरीणां तथा श्रीराधिकादि-नित्य-तद्भार्याणां च भाव-भेदविचारः ५९।५६३
गोपीनामभिसारः कृष्णदर्शनं च ६७।५६६
दर्शने कृष्णस्य गोपीनां च भावः ७९।५६८
कृष्णेन वाक्चातुर्येण गोपीनां चित्तक्षोभणम् ८७।५७०
अत्र विचारः ९७।५७२
पुनः कृष्णेन चित्तक्षोभणम १०१।५७३
गोपीनामवस्थाविचारश्च १०६।५७५
तासां प्रकाशोक्तिः ११४।५७६
कृष्णसंगेन गोपीनाम्, राधासंगेन कृष्णस्य शर्मलाभः १३८।५८०

चतुर्विंशं पूरणम्

[रासेऽन्तर्धाने राधा-सौभाग्य-वर्णनम्]

गोपीभिः कृष्णस्य मिलनम् १।५८२
ताभिर्यमुनातीरवने पुलिने च क्रीडा ८।५८३
तत्र कृष्णस्य विचारः, सराधमन्तर्धानं च ३९।५८९
ततो गोपीनामवस्था, कृष्णान्वेषणं च ४५।५९१
राधासौभाग्यप्रशंसाच्छलेन गोपीनां समालोचनम् ७१।५९७
गोपीनां कुञ्जप्रवेशचेष्टा ८०।६००
तदानीं राधाकृष्णयोश्चेष्टा ८९।६०१
अत्र कामप्रेमभेदविचारः तन्मध्ये राधिकायाः पञ्चविंशति विशिष्टगुणवर्णनम् ९२।६०२
राधाया अन्तश्चिन्ता, व्यवहारश्च ११२।६०७
कृष्णान्तर्धाने राधाविलापः, कृष्णस्य च विचारः ११६।६०८
सर्वगोपीभिः समागत्य रोदनं संभाषणं च १२१।६०९
सर्वाभिः कृष्णान्वेषणम्, अप्राप्तौ तासां चेष्टा १३३।६११

पञ्चविंशं पूरणम्

[विप्रलंभात् कृष्णप्राप्तिः]

कृष्णविरहे गोपीनां गानं विलापो रोदनं च १।६१२
कृष्णाविर्भावे सर्वासामानन्दकलकलो भावविशेषाश्च २९।६१७
कृष्णेन तासां तोषविधानम् ४६।६२१
ताभिः कृष्णस्य विदग्धालापः ५१।६२३
अत्र सिद्धान्तः ६१।६२५

षड्विंशं पूरणम्

[श्रीरासविलासविस्तारः]

कृष्णेन रासक्रीडा-प्रस्तावः २।६२९
अथ मण्डलीबन्धनं नर्तनं च ५।६२७
देवानां संगीतम् २९।६३२
तत्रत्यकाव्यविशेषाणां भावविचारः ४६।६३४
नृत्यत्कृष्णस्य माधुरी ५५।६३७
मण्डलीरासोपरामे पृथक् पृथक् कुञ्जरासलीला ५९।६३८

सप्तविंशं पूरणम्

[जलकेलिर्वनभ्रमणं राससमाप्तिश्च]

अथ सर्वेषां यमुनाजलकेलिः १।६४१
वस्त्रपरिधानान्ते यमुनातीरवनविहारः २९।६४६
गृहगमनाय विच्छेदे कृष्णेन गोपीनां परिसान्त्वनम् ५७।६५२
कृष्ण-गोपीनां विश्लेषो व्रजप्रवेशश्च ६६।६५४
रासोत्सवस्य तथा तत्कीर्तनस्य च परिसमाप्तिः ७७।६५६

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अष्टाविंशं पूरणम्

[अंबिकावनगमनम्]

शिवरात्रियात्रामुद्दिश्य सर्वव्रजवासिना-
मम्बिकावनयात्रा, तत्रावस्थानं च २।६५८
तत्र कृष्णेन तदीयेषु कृपाप्रदर्शनम् १५।६६१
रात्रौ शिवपूजोत्सवदर्शनम् २०।६६२
परेद्युर्निशायां सर्वेषां सुखनिर्भरनिद्राया-
मजगरेण व्रजराजचरणग्रासः २३।६६२
कोलाहलशब्दाज्जाग्रतः कृष्णस्य पादस्पर्शेना-
जगरस्य स्वीयविद्याधररूपप्राप्तिः २६।६६३
ततः सर्वेषां परस्परं सानन्दालिङ्गनम्,
प्रातर्व्रजे प्रत्यावर्तनं च ३४।६६४

एकोनत्रिंशं पूरणम्

[निर्जनविलासबाहुल्यम्]

अथ रात्रिसभायां स्निग्धकण्ठेन कथनारंभः १।६६५
कृष्णस्य नानारसविलासे वृन्दाकृतसाहायकम् २।६६६
कृष्णेन चौर्यलीलया राधागृहे प्रवेशः ६।६६६
प्रोषितभर्तृकावर्णनम् १३।६६७
उत्कण्ठितावर्णनम् १७।६६८
राधाया अभिसारः २०।६६९
तस्या वासकसज्जता २७।६७१
तस्या विप्रलब्धता २९।६७२
खण्डितात्वे राधाकृष्णयोर्भावादयः ३०।६७२
राधायाः कलहान्तरिताभावः ४९।६७६
तस्याः स्वाधीनभर्तृकता ६०।६७८
तत्र कयाचिद् वृन्दायाः प्रोत्साहनम् ६८।६८०
गुरुजनैर्गोपीनां निरोधे तासां कृष्णस्य
च मनोभावः ७७।६८२
नानावेशधारणेन कृष्णस्य विविधाः क्रीडाः ८७।६८५

त्रिंशं पूरणम्

[शंखचूडवधो निर्लज्जहोलिका क्रीडा च]

फाल्गुनपूर्णिमानिशायां होलिकाक्रीडायां
शंखचूडेनागत्य विघ्नविधानम् ३।६९०
रामकृष्णाभ्यां तस्य वधो मणिग्रहणं च ७।६९१
सर्वेषां पुनः क्रीडारंभः व्रजपत्यागमश्च २१।६९३
अथ रात्रिकथायां मधुकण्ठेन होलिकाकथा-
पुनरावृत्तिः २४।६९४
गोपीनां रामकृष्णप्रमुख-गोपबालकानां च
होलिकारंभः २९।६९५
प्रतिस्पर्धया राजायमानौ राधामाधवौ ३३।६९५
राधापक्षीयदूत्या कृष्णपक्षीयमधुमङ्गलस्य
वाक्कलहः ३५।६९६
कृष्णेन समाधानम् ५६।७००
श्रीराधाकटके कृष्णदूतस्य मधुमङ्गलस्य
विशाखादिभिरालापः ६०।७०१
कृष्णेन दूत्याः प्रतिप्रेषणम्, राधापक्षस्य
युद्धोद्यमश्च ८०।७०४
युद्धारंभः, राधामाधवयोः प्रतिपक्षजनता-
प्रवेशश्च ८२।७०५
होलीयुद्धवर्णनम् ८९।७०६

एकत्रिंशं पूरणम्

[नानारागविचित्रचरित्रम्]

कंसेन अरिष्ट-केशिनोर्नियोगः २।७०९
अरिष्टस्य गोष्ठद्वारे आगमनं लोकवित्रासनं च ५।७१०
कृष्णेन अरिष्टवधः १३।७११
देवैर्व्रजवासिभिश्च कृष्णस्याभिनन्दनम् ३२।७१५
रात्रिकथायां स्निग्धकण्ठेन गोपीनां कृष्णस्य
च रात्रिन्दिवकृत्यदिग्दर्शनम् ३६।७१५
तत्र श्रीकृष्णे वनं गते सति गोपीनां
भगवद्गुणकीर्तनम् ४०।७१६
वने मध्याह्नलीला ५६।७१९
कृष्णस्य वनात् प्रत्यागमनापेक्षया व्रजगोपीनां
नानाचेष्टाः ६७।७२१
तत्र कृष्णेन सह गोपीनां वाकोवाक्यम् ७१।७२२
नौका-क्रीडा ७७।७२५
सायं गृहाभिमुखप्रयाणे श्रीकृष्णस्य लीलादिः ८२।७२७
रात्रौ रासाभिसारे हासपरिहासाः ९०।७२९
गोवर्धनप्रान्ते महावसन्तरासमेलनम् १०३।७३३
रजनीप्रभाते कुण्डस्नानकेलिः ११६।७३६
अथ रात्रिकथासमाप्तौ सर्वेषां भावावेशः ११९।७३७

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

द्वात्रिंशं पूरणम्
[केशिदैत्यवधः]

प्रातः सभायां मधुकण्ठेन कथनोपोद्घातः १।७३८
वसुदेवदेवक्योः कारागारबन्धनम् २।७३९
कंसनियुक्तेन केशिना व्रजत्रासनम् ५।७३९
तन्नभिगच्छतः कृष्णस्य सर्वैर्निवारणम् १०।७४०
कृष्णेन समाश्वासनम् १४।७४१
कृष्णकेशिनोर्युद्धम्, केशिवधश्च १५।७४२
ततः सर्वेषामानन्दोल्लासः व्रजप्रत्यागमनम् २९।७४४

त्रयस्त्रिंशं पूरणम्
[सर्वमनोरथ-पूरणम्]

मधुकण्ठेन रात्रिकथारंभे कृष्णगोपीनां भावभूमवर्णनम् १।७४६
ततः कृष्णस्य व्रजरामासंबंधिनीचिन्ता १०।७४८
तस्य राधाचिन्तया चित्तवैक्लव्यम् २२।७५१
परस्मिन् प्रातः स्निग्धकण्ठेन कृष्णचित्तभावकथनम् २९।७५२
वने श्रीकृष्णनारदसाक्षात्कारे कृष्णेन नारद-दर्शनम् ३५।७५४
नारदस्य कृष्णदर्शनं निवेदनं च ३७।७५४
अथ कृष्ण-नारदसंवादे भाविलीलाकथनम् ४९।७५८
तत्र संक्षेपनिर्देशः ५४।७५९
कंसवधादारभ्य सविस्तार-कथनम् ५७।७६०
गायत्री-दीक्षात आचरणम् ७३।७६३
उद्धवस्य व्रजे प्रेषणम् ८३।७६५
कृष्णस्य व्रजगमने विलंबकारणवर्णनायां कंसवधादनन्तरं बलरामद्वारा संदेशप्रेरणपर्यन्तलीलाः ९६।७६८
पुनः पौण्ड्रकवधतः सूर्योपरागमिलन-पर्यन्तलीलाः १७६।७८४
तत इन्द्रप्रस्थगमनम्, राजसूयसंपादनम्, शाल्ववधश्च १९६।७८८
अत्र देवर्षेश्चिन्ता २०५।७९०
पुनः कथनारंभे दन्तवक्रवधादूर्ध्वं व्रजमागत्य सर्वैर्व्रजवासिभिर्मिलनम् २१५।७९३
व्रजवासिनां प्रार्थनायां कृष्णस्य भावचेष्टा च २५२।८००
कृष्णेन सह राधादीनां विवाहप्रस्तावे नन्द-यशोदाभ्यां सह पौर्णमास्या विचारः २५९।८०२
अथ कथकस्य मनःकथा ३००।८१२
पुनः कृष्णनारदसंवादकथायां तत्परिणय-रहस्यकथनम् ३०३।८१३
अत्र गोपानां कृत्यमानन्दातिरेकश्च ३२५।८२०
शास्त्रेषु श्रीचैतन्यदेवेन च एतत् समाधानाङ्गीकारः ३२८।८२१
कृष्णस्य द्वारकाप्रयाण-प्रार्थनायां व्रजराजे-च्छातः सर्वेषां गुप्तवृन्दावने स्थापनम् ३३६।८२३
कृष्णनारदसंवादसमाप्तिः ३४९।८२५
वसुदेवप्रमुखाणामिष्टसिद्धिः ३५०।८२६
गोलोके कृष्णस्य विराजमानता ३५१।८२६
मधुकण्ठेन स्वसौभाग्यकथनम् ३५२।८२६
श्रीगोपालपूर्वचंपूसंपूर्तौ कृष्णस्तुतिः ३५४।८२७
मधुकण्ठेन वरप्रार्थना ३५८।८२८
श्रीव्रजराजेन पुरस्करणम् ३६०।८२९
ग्रन्थसमाप्तिकालनिरूपणम् ३६९।८३१

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

* श्रीमते वृन्दावनाय नमः *

श्रीवृन्दावनाष्टकम्

निर्माणकालः—वि० सं० २००४

श्रीकृष्णवेणुरवफुल्लतावितान !, गुञ्जन्मधुव्रतपिकालिपरीतकुञ्ज ! ।
सौरीसरोरुहसमर्चितवातगन्ध !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥१॥

निःश्रेयसाख्यवनतोऽपि विकुण्ठपूःस्थात्, शोभां सहस्रगुणितां दधदप्रमेय ! ।
यद्रामकृष्णचरणाङ्कसमर्चिताङ्ग !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥२॥

अश्रान्तपुष्पितलताव्रजपुष्पपुञ्ज-,विस्तारिसौरभचमत्कृतचंचलाक ! ।
वैकुण्ठनाथपरिकीर्तितकीर्तिमाल !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥३॥

गोविन्दवेणुकलगीतरसज्ञलोक !, श्यामाङ्गदर्शननटद्बहुनीलकण्ठ ! ।
हे मर्त्यलोकसुभगत्वप्रसिद्धकेतो !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥४॥

श्रीराधिकारसविवर्धकरासलीला-,तौर्यत्रिकोत्पुलकिताङ्गरुहैर्मनोज्ञ ! ।
सर्वज्ञकृष्णनटलास्यप्रयोगसाक्षिन् !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥५॥

गोवर्धनो विजयते हरिदासवर्यः, सूर्यात्मजा च सुषमामधिकीकरोति ।
यत्राऽच्युतोऽपि विजहार सखिव्रजेन, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥६॥

सर्वत्र नष्टविभवा हरिभक्तिरत्र-,नृत्यं करोति किल वैष्णवमानसेषु ।
दिव्याङ्ग ! दिव्यपशुपक्षिलतादिलोक !, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥७॥

यत्त्यक्तुमिच्छति हरिर्न मनागपि त्वाम्, यत्रोद्धवो विधिरपीच्छति जन्म तार्णम् ।
कस्ते वनाधिप ! गुणान्कथयत्वतो विद्, वृन्दावन ! प्रशमयाऽऽशु मनोरुजं मे ॥८॥

वृन्दावनाष्टकमिदं स्थितधीर्मनुष्यः, श्रद्धाऽन्वितोऽनुशृणुयादथ कीर्तयेद् यः ।
वृन्दावनस्य कृपया भुवि लब्धभोगो, भूत्वा हरिप्रणयभाजनमस्तु चान्ते ॥९॥

वेदाभ्रशून्यनयनैश्च मिते हि वर्षे, श्रीविक्रमार्कवसुधाधिपतेरकार्षीत् ।
वृन्दाटवीवसतिलब्धकवित्वशक्ति-,र्वृन्दावनाष्टकमिदं वनमालिदासः ॥१०॥

॥ इति श्रीवृन्दावनाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

* श्रीमते गोवर्धनाय नमः *

श्रीगोवर्धनाष्टकम्

निर्माणकालः—वि० सं० २००४

श्रीकृष्णचन्द्रभुजदण्डवरे विराजन्, सप्ताहमिन्द्रकृतवर्षभयाद् व्रजस्य ।
रक्षां विधाय दलितेन्द्रकृताभिमान !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥१॥

आविर्भवन्प्रकटरूपतया हरिस्त्वाम्, प्राभक्षयत्सुबहुगोपकुलार्पितान्नम् ।
तुष्टस्त्वमाशु वरहर्षितगोपलोक !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥२॥

पापक्षयाय धृतमानसजाह्नवीक !, फुल्लद्रसालकुलकोकिलकाकलीक ! ।
राधासरःप्रभृतिदीर्घजलाशयाढ्य !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥३॥

कूजद्विहङ्गमकदम्बकदम्बशोभ !, नृत्यन्मयूरकुलशोभितदीर्घशृङ्ग ! ।
नीलाम्बुदाभहरिगात्रसमानगात्र !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥४॥

दर्पं हरेर्दलयता हरिणा बलेन, नन्दादिगोपनिवहैः सहपूजिताङ्ग ! ।
अद्यापि पूज्यपद ! कार्तिकपक्षतो हे-, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥५॥

कुञ्जैश्चगुञ्जदलिपुञ्जसुमञ्जुपुष्पैः, कृष्णस्य खेलनसुखैः ससखिव्रजस्य ।
शोभाढ्यगह्वरकुलैश्च परीतदेह !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥६॥

छत्रीभवन् हरिकरोपरि स्वं यथार्थम्, नामाऽकरोस्त्वमपि गोकुलवर्धनाद् वा ।
धातुव्रजैरपि च दीपितसानुभाग !, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥७॥

यः पूजितो विधिगिरीशमहेन्द्रमुख्यै-,र्देवैश्च तेन हरिणा परिपूजिताङ्घ्रे ! ।
कस्तेऽद्रिराज ! महिमानमतो ब्रवीतु, गोवर्धनाऽऽशु कुरु पूर्णमनोरथं माम् ॥८॥

गोवर्धनाष्टकमिदं कृतधीर्मनुष्यः, श्रद्धान्वितोऽनुशृणुयादथ वर्णयेद् यः ।
गोवर्धनस्य कृपया भुवि लब्धभोगो, भूत्वा हरिप्रणयभाजनमस्तु चान्ते ॥९॥

वेदाभ्रशून्यनयनैश्च मिते हि वर्षे, श्रीविक्रमार्कवसुधाधिपतेरकार्षीत् ।
वृन्दाटवीवसतिलब्धकवित्वशक्ति-,र्गोवर्धनाष्टकमिदं वनमालिदासः ॥१०॥

॥ इति श्रीगोवर्धनाष्टकं सम्पूर्णम् ॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भक्तोंके सर्वस्व—श्रीराधा-गोविन्द

नवजलधरविद्युद् द्योतवर्णौ प्रसन्नौ वदननयनपद्मौ चारुचन्द्रावतंसौ।
अलकतिलकभालौ केशवेशप्रफुल्लौ भज भजतु मनो रे राधिकाकृष्णचन्द्रौ॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मुद्रक—गीताप्रेस, गोरखपुर

卐 श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम् 卐

* श्रीश्रीगुरुगौराङ्गौ जयतः *

श्रीश्रील-श्रीजीवगोस्वामि-प्रभुपाद-विरचिता

* श्रीश्रीगोपालचम्पूः *

पूर्व-चम्पूः

प्रथमं पूरणम्

श्रीकृष्ण ! कृष्णचैतन्य ! ससनातनरूपक ! ।
गोपाल ! रघुनाथाप्त ! व्रजवल्लभ ! पाहि माम् ॥१॥

टीकाकर्तुर्मङ्गलाचरणम्

भाषा टीका—निर्माण-प्रारम्भ कालः वि० सं० २०२० अक्षयनवमी

श्रीमध्वाचार्यवर्यान् निजहृदि विशदे भावयित्वा नितान्तं,
श्रीकृष्णानन्ददासान् सखिरसविभवाँल्लब्धवर्णान् गुरून् स्वान् ।
रामं श्रीकृष्णचन्द्रं सखिगणसहितं श्रीयशोदं सनन्दं,
नित्यानन्दं च गौरं निजगणवलितं भाष्यमस्याः प्रकुर्वे ॥१॥

श्रीमद्भागवतं महामृतनिधिं सम्मथ्य सन्दर्भतः,
कृष्णं पूर्णतमं प्रकाश्य शशिनं हस्तामलक्यादिवत् ।
यो जानाति तमो विधूय विधिवत् सन्दर्शयन् स्वाश्रितान्,
जीवाञ्जीवयनीति सद्गुणगणं तं जीवमीशं भजे ॥२॥

महाऽज्ञानेनान्धान् व्रजपतिसुतप्रेमरहितान्,
विनिर्जित्योवाच प्रणयसरणिं नास्तिकजनान् ।
सुषट्सन्दर्भादीन् य इह विदधे ग्रन्थनिवहान्,
स जीवो गोस्वामी किरतु मयि प्रेमामृतकणम् ॥३॥

यदि भवानुदितो न भवेद् रवि,-र्नवनवैः किल भक्तिमरीचिभिः ।
क इह रूपमुखादि - महात्मनां, भवति पुस्तकपद्मविकाशकः ॥४॥

इन्द्रतिरस्कृतिरोषा,-दन्तर्धानं गतोऽपि यः पूर्वम् ।
पुनरपि प्रादुरभूदिव, जीवः स जीवस्य रूपेण ॥५॥

विज्ञैर्यैर्या व्यरचि मधुरा गूढ़भावा महार्था,
विद्वत्तायाः सुमददमनी श्रीलगोपालचम्पूः ।
तद्भावेप्सोर्मम तु हृदये तद्गता गूढभावा-
स्तैः स्फोर्यन्तां सदयहृदयैर्जीव - गोस्वामिपादैः ॥६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवमारम्भसम्भवदन्तर्महसा सहसा विलिख्य तदिदमुल्लिख्यते। किमिदम् ? मदिष्ट-देवस्य मदन्विष्टदय-शिष्टतद्भक्तसमुदयस्य च क्रमतः स्मरणमाविर्भूतम्; किंवा, केवलस्य मदिष्टदेवस्य; किंवा, तद्विशिष्टस्य। आम् आम्, तन्त्रतस्तत्त्रयमपि स्वतन्त्रतया लभ्यते। तत्र प्रथमं तावत् प्रथमतः प्रथयामि। अत्र श्रीपदमन्यदन्यदपि किंचिद-नुष्टुप्छन्दःपरच्छन्दतया पूर्वत्र च परपरत्र च यत्र न दत्तम्, तत्र च सन्धातव्यम् ॥२॥

अथ मङ्गलाचरण व्याख्या—

यथा हे श्रीकृष्णनाम्नातिधन्य ! सर्वमूर्धन्य ! हे श्रीकृष्णचैतन्य ! सर्वशर्मदकीर्तन्य ! हे महित - श्रीसनातनसंहित ! श्रीरूपनामधेय - मन्मूर्धन्याधेय ! हे श्रीगोपालभट्टाख्य-प्रवृद्ध-भट्टारकतासमृद्ध ! हे श्रीरघुनाथदास ! नामधामतयाऽतिप्रसिद्ध-परमभक्तिपराविद्ध ! हे तेषा-

---

शून्याक्षिशून्यकरसम्मितविक्रमाब्दे, वृन्दावने शरदि कार्तिक-शुक्लपक्षे।
चम्पूमिमां सकलवेद्यतरां विधातुं, टीकामिमां वितनुते वनमालिदासः ॥७॥

श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी भाषाटीका विलिख्यते।
सर्वेषामस्तु सौख्याय कृष्णभक्तिजुषां नृणाम् ॥८॥

श्रीकृष्णानन्दिनी टीका

हे श्रीकृष्ण ! हे कृष्णचैतन्य ! हे सनातन सहित श्रीरूप ! हे गोपाल ! हे रघुनाथ ! हे आप्तव्रजवल्लभ ! मेरी रक्षा करो ! ॥१॥

ग्रन्थकर्ता श्रीजीवगोस्वामीजी के अन्तःकरण में ग्रन्थारम्भकाल में एक प्रकार का तेज अथवा महान् आनन्द उपस्थित हुआ, जिसके कारण सहसा मङ्गलाचरण का श्लोक लिखकर स्वयं उसकी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि–इस प्राथमिक मङ्गलाचरणमयश्लोक में क्या मेरे इष्टदेव का तथा जिनकी दयादृष्टि की खोज में मैं लगा हूँ उन इष्टदेव के शिष्टभक्त समुदाय का, क्रमशः स्मरण आविर्भूत हुआ है किंवा–केवल मेरे इष्टदेव का अथवा भक्तगण सहित इष्टदेव का ? (यहाँ पर इष्टदेव शब्द से श्रीकृष्ण और श्रीकृष्णचैतन्यदेव को ही समझना चाहिये) आँ, आँ अर्थात्—हाँ, हाँ स्मरण आगया। इस श्लोक में अनेकों के उद्देश्य से प्रयुक्त एक वाक्य द्वारा भी श्लेषालंकार के कारण तीनों ही अर्थ स्वतन्त्रता से उपलब्ध हो रहे हैं, अर्थात्–प्रथम पक्ष में इष्टदेव तथा इष्टदेव के भक्त। द्वितीय पक्ष में केवल इष्टदेव। एवं तृतीय पक्ष में भक्त सहित इष्टदेव। इन तीनों अर्थों में से प्रथम पक्ष का व्याख्यान प्रथम करता हूँ। इस मङ्गलाचरण के श्लोक में अनुष्टुप् छन्द के पराधीन होने के कारण जिन जिन सम्बोधनात्मक शब्दों के पहले 'श्री' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, वहाँ, वहाँ श्री शब्द का अनुसन्धान कर लेना चाहिये। अर्थात्—श्री शब्द पहले जोड़कर ही व्याख्या करनी चाहिये, तथा हे अति धन्य! हे सर्वमूर्धन्य! इत्यादि दूसरे शब्दों का भी अनुसन्धान कर लेना आवश्यक है॥२॥

पहला अर्थ—हे श्रीकृष्ण ! आपतो केवल अपने नाम के द्वारा ही अतिधन्यगणों में सर्व मूर्धन्य, अर्थात्—सर्वश्रेष्ठ हो। हे श्रीकृष्णचैतन्य ! आप तो सर्वसुखप्रद जनों के द्वारा कीर्तन करने योग्य हो, अथवा सर्वमङ्गलमयश्रीभगवन्नामकीर्तन के एकमात्र जनक हो। हे पूज्यतम श्रीसनातन गोस्वामी सहित मेरे गुरुदेव श्रीरूप ! आप तो मेरे मस्तक पर धारण करने योग्य हो। हे श्रीगोपालभट्टाख्य ! आप तो विशिष्ट पूज्यता से समृद्ध हो। हे श्रीरघुनाथदास नाम से अति प्रसिद्ध ! आप तो व्रजधाम से भी प्रसिद्ध हो, तथा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मेवाप्तव्रजतासिद्धवर्णन - सत्कर्णगर्भाभरण ! श्रीभूगर्भादि - संज्ञाधिकरण ! हे श्रीवल्लभ ! प्राग्भवीयदुर्लभ-सुकृतसन्धीयमानमदीयशरण-पितृचरण ! किंवा, हे श्रीरघुनाथस्याप्तान् व्रजत्यनुव्रजतीति तत्तया सर्ववल्लभ ! श्रीवल्लभ ! मां पाहि, निजचरणच्छायया मत्प्रतिपालकतामायाहि ।

अथ द्वितीयमपि प्रतीयमानं निर्मामि—श्रीकृष्णेति । श्रीरत्र राधा; एषा हि श्रीप्रधानतमा साधयिष्यमाणतायां निराबाधा । तदनन्तर-कृष्णशब्दश्चात्र शब्दब्रह्मागूढ़-परब्रह्म-नन्दनन्दन-वाचकतायां रूढः; तेन हे श्रीराधाख्यस्वरूपशक्तियुक्तकृष्ण ! कृष्णेत्यर्थश्च निर्व्यूढः । कृष्णेति—

'कृषिर्भूवाचकः शब्दो णश्च निर्वृतिवाचकः । तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ॥'

इति—प्रमाणज्ञातचरः कृष्णशब्दस्त्वत्र योगपुरस्कृतरूढितया तत्परः । भूरिति भाव-क्विवन्तताकरः । स चायं भाव-शब्दवद्धात्वर्थमात्रताधरः; धात्वर्थश्चात्राकर्षणम्, तदेव स्फुटमाप्त-

---

प्रेमलक्षणा भक्ति से संयुक्त हो । हे श्रीभूगर्भ आदि संज्ञा (नाम) के आश्रय, अर्थात्—श्रीभूगर्भ गोस्वामिन् ! एवं श्रीलोकनाथ गोस्वामिन् ! जिनको श्रीकृष्ण के आप्त (यथार्थवक्ता) भक्त कहकर पुकारा जाता है, ऐसे सज्जनगण आपको अपने कानों का भूषण रूप मानते हैं; अर्थात्—आपके नाम को आभूषण की भाँति कानों में धारण (श्रवण) करते हैं । हे पितृपाद श्रीवल्लभ ! मैंने अपने पहले अनेकों जन्मों के अत्यन्त दुर्लभ पुण्य-फल से आपको एकमात्र रक्षक सच्चे पिता के रूप में प्राप्त किया है, अर्थात्—अल्पपुण्यवाले व्यक्ति को आप जैसे अनन्यभक्त पिता के रूप में प्राप्त नहीं होते हैं । अथवा श्रीरघुनाथजी के हनुमान्, जाम्बवान्, सुग्रीव, विभीषण प्रभृति जो समस्त आप्त भक्तगण हैं, आप उनके अनुगमनशील हो । उन्हीं की तरह प्रेम-लक्षणा भक्ति से अपने इष्ट श्रीराघवेन्द्र को रिझाते रहते हो । इसलिये आप सभी रसिकभक्तों के प्यारे हो । अतः मेरी रक्षा करो । अर्थात्—अपने श्रीचरण पलाश की छत्रछाया से मेरे प्रतिपालक बन जाइए ।

दूसरा अर्थ—अब केवल इष्टदेव का स्मरण प्रतिपादक-प्रतीयमान दूसरे अर्थ का मैं निर्माण करता हूँ । यथा—'श्रीकृष्ण' इस पद में विद्यमान श्री शब्द से श्रीराधाजी का ही ग्रहण है । कारण कि—यह श्रीमती राधा ही इस ग्रन्थ में लक्ष्मीगण में प्रधान सिद्ध की जायेंगी, जिससे किसी प्रकार की बाधा उपस्थित नहीं होगी । तदनन्तर—'कृष्ण' शब्द भी यहाँ पर शब्द ब्रह्म जो वेद है, उसमें भी गूढ़ रूप से निरूपित परंब्रह्म श्रीनन्दनन्दन की वाचकता में ही रूढ़ (प्रसिद्ध) है । इसलिये श्रीराधा नामक स्वरूप शक्ति से युक्त ही श्रीकृष्ण हैं, यह अर्थ—'श्री' पद समन्वित 'कृष्ण' पद से निष्पन्न (प्राप्त) हुआ है । कृष्ण शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है—'कृषि' अथवा 'कृष्' धातु भूवाचक है, ण—प्रत्यय आनन्द वाचक है, इन दोनों की एकता रूप जो परंब्रह्म है वही कृष्ण शब्द से कहा जाता है । इस उपनिषद् प्रमाण के द्वारा पहले ही जाना गया कृष्ण शब्द यहाँ पर योगरूढ़ होकर भी श्रीनन्दनन्दन की वाचकता में प्रसिद्ध है । कृषि शब्द भूवाचकहै, इस स्थान में भूपद भूधातु के उत्तर भाववाच्य क्विप् प्रत्यय से बना है । अतएव भूशब्द भावशब्द की तरह केवल धातु के अर्थ का प्रकाश कर सकता है, धातु का अर्थ इस जगह केवल आकर्षण मात्र है; वह आकर्षण भी स्पष्टरूपेण—आप्तजनों की तरह विश्वासयुक्त चित्तवाले व्यक्तियों के चित्त का आकर्षण कर सकता है । तदनन्तर—स्त्री-पुरुष जैसे भिन्न भिन्न पदार्थ के रूप में ज्ञात होते हैं, उसी प्रकार आकर्षण और आनन्द भी भिन्न पदार्थ के रूप में विख्यात हैं । इन दोनों की एकता को ही योग कहते हैं । यह एकता युक्त आनन्द ही सर्वाकर्षक (सबको खैंचने वाला) आनन्द है । तात्पर्य यह है कि—श्रीकृष्ण और श्रीराधा—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तयाप्तमनसामाकर्षणम्; ततश्च भिन्नपदार्थतयावगतयोर्दयितयोरिव तयोरैक्यं योग एवेति, तद्युक्त आनन्दः सर्वाकर्षकानन्द इत्यर्थ एवास्मन्नः। परं ब्रह्मेति—'नराकृति परं ब्रह्म' इति हि प्रसिद्धिः। योगपुरस्कृतरूढतोपगूढतयापि श्रीनन्दनन्दनमेव वक्ति, तच्छब्दशक्तिरिति व्यक्तिसिद्धिश्च, तदेतदभिधीयते चाभिधीयत इति। तस्मादेव तदीयस्वभावविशेषभावनार्थमेव पुनरुक्तिरियं युक्ति युनक्ति—चैतन्येति; हे सर्वप्रकाशक ! सद्रूपतया सर्वाश्रयस्वरूप ! तद्रूपता च विपश्चिद्भिरवगता, 'सच्चिदानन्दरूपाय कृष्णायाक्लिष्टकर्मणे' इति तापनीयनान्दीनिशमनात्; 'त्वय्येव नित्यसुखबोधतनावनन्ते' इति श्रीभागवतीयब्रह्मस्तवे (१०।१४।२२) निगमनाच्च। ससनातनरूपकेति—हे सनातनेन, सदातनेन, स्वस्वरूपमनुभवद्भिरपि सुनिरूपेण-सुरूपेण रूपेण सह वर्तमान ! तेन स्वभक्तिवित्तचित्तमनुवर्तमान ! गोपालरघुनाथाप्तव्रजवल्लभेति—गोपालेषु ये रघवो लघवो ये च नाथा मुख्या इति विख्यातगाथास्तैराप्तस्य व्रजस्य बल्लवतल्लजव्रजस्य

आपाततः—पृथक् पृथक् रूप से प्रतीत होकर भी एक पदार्थ हैं। जैसे शक्तिमान् और शक्ति। श्रीराधा—आनन्द किंवा आह्लादिनी शक्ति हैं। एवं श्रीकृष्ण आकर्षण पदार्थ हैं। ये दो होकर भी एक ही हैं। यह एकतारूप योग नित्यसिद्ध है। लीला के लिए ही पृथक् पृथक् भावमात्र है, यह अर्थ ही उत्कृष्ट है।

परंब्रह्म शब्द का अर्थ—"गूढ़ं परंब्रह्म मनुष्यलिङ्गम्" श्रीमद्भागवतके इस प्रमाणसे नराकृति परंब्रह्म ही प्रसिद्ध है। योगपुरस्कृत रूढ़ता से युक्त होकर भी "श्रीकृष्णशब्द" शब्द की शक्ति के द्वारा श्रीनन्दनन्दन को ही कहता है, अर्थात्—श्रीनन्दनन्दनरूपव्यक्ति की ही सिद्धि करता है। अथवा—व्यक्ति, अर्थात्—व्यञ्जना शक्ति से भी—"श्रीनन्दनन्दन" यही अर्थ सिद्ध होता है। इस प्रकार कृष्ण शब्द का विशेष अर्थ भी सिद्ध होगया। यह अर्थ—"कृष्ण-इत्यभिधीयते" इस वाक्य में प्रकाशित होरहा है। अतएव श्रीकृष्ण के स्वभाव-विशेष के चिन्तन के लिये ही पहले श्लोक में 'कृष्ण कृष्ण' यह पुनरुक्ति ही युक्ति संगत होरही है।

चैतन्य शब्द की व्याख्या—यथा—हे चैतन्य ! अर्थात्—हे सर्वप्रकाशक ! आप सत् स्वरूप से सब के आश्रय स्वरूप हो। आपकी इस सत् स्वरूपता को पण्डितजन ही जानते हैं। श्रीगोपालतापनी उपनिषद् के मङ्गलाचरणरूप नान्दी पाठ से भी यही व्यक्त होता है कि—श्रीकृष्णसच्चिदानन्दरूप हैं, तथा उनके कार्य भी—अक्लिष्ट—अर्थात्—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष एवं अभिनिवेश नामक पंचक्लेशों से रहित हैं। श्रीमद्भागवत की ब्रह्मस्तुति से भी यही ज्ञात होता है कि—"आप नित्य सुख एवं ज्ञानरूप शरीरधारी हैं और अनन्त हैं"।

ससनातनरूपक—इस शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है—अपने आत्मस्वरूप का अनुभव करने वाले जो सनकादि ऋषि हैं वे भी आपके परम मनोहर सुन्दर रूप का निरूपण करते रहते हैं। आप उसी सदैव एक रस रहने वाले सुन्दर सनातन रूप से विराजमान रहते हैं। इसी कारण अपनी भक्तिभाव द्वारा प्रसिद्ध व्यक्तियों के चित्त को अपने अनुगत कर लेते हो, किंवा उनके चित्त के अनुगत हो जाते हो।

गोपालरघुनाथाप्तव्रजवल्लभ—पद का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ यह है कि—गोपालगणों में जो 'रघु', अर्थात् लघु (छोटे) हैं; तथा जो 'नाथ' अर्थात् मुख्य हैं, अथवा विख्यात कीर्तियुक्त हैं, उनके द्वारा प्राप्त किया जो व्रज, आप उन्हीं व्रजवासी गोपगणों में श्रेष्ठ हैं। अथवा—अमरकोष के नानार्थ वर्ग में 'लघु' शब्द का अर्थ—इष्ट एवं अल्प भी किया है। अतः आप उन गोपालों के भावानुसार दासभाव वाले गोपों के इष्ट, एवं वात्सल्यभाव वाले गोपों के अल्प, अर्थात् कनिष्ठ, तथा—शान्त-उज्ज्वल रस वालों के नाथ भी हो। अतः

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वल्लभ !; किंवा, गोपालानां लघुरिष्टः, स च नाथश्च यस्तस्य सम्बोधनम्; 'त्रिष्विष्टेऽल्पे लघुः' इति नानार्थवर्गलब्धबोधनम् । आप्तव्रजवल्लभेति—आप्तव्रजानां स्वजनसमूहानां वल्लभ ! परेषामलभ्यसत्प्रभ ! ।

अथ तृतीयमपि सम्भृतीकरवाणि—हे श्रीकृष्णेति; श्रीरत्र च परमप्रेयसीषु श्रेयसी राधा, ततस्तद्युक्ततया मधुरलीलायामसङ्कीर्ण ! हे कृष्णचैतन्याख्यभक्तावतार ! तादात्म्यापन्नतयावतीर्ण ! हे सनातनरूपाभ्यां परमानुरक्त-सुभक्ताभ्यां सह विद्यमान ! हे गोपालरघुनाथाभ्यां तत्तन्नामभ्यामपि सु-भक्ताभ्यामाप्तः प्राप्तो यो व्रजस्तस्य वल्लभतया सर्वदा विद्यमान ! मां पाहि, मत्पालकतां याहीति ॥३॥

अथ ग्रन्थ—सूचना

तदेवं मङ्गलं सङ्गमय्य कार्यं विचार्यते—

यन्मया कृष्णसन्दर्भे सिद्धान्तामृतमाचितम् ।
तदेव रस्यते काव्यकृतिप्रज्ञा - रसज्ञया ॥४॥
सोऽहं काव्यस्य लक्ष्येण मनो निर्मामि तादृशम् ।
तन्महान्तो यदीक्षेरंस्तदा हेम्नि चितो मणिः ॥५॥

'गोपालरघुनाथ' इस सम्बोधन पद का यह अर्थ हुआ। और 'आप्तव्रजवल्लभ !' इस सम्बोधन पद का यह अर्थ है कि—आप अपने स्वजन समूहों के परमप्रिय हो, तथा भक्तिविहीनजनों के लिये आपकी मनोहारिणी सुन्दरकान्ति अत्यंत अलभ्य है। अतः प्रभो ! सर्वोपद्रवों से मेरी रक्षा कीजिये।

तीसरा अर्थ—अब तृतीय अर्थ को प्रस्तुत करता हूँ, यथा—हे श्रीकृष्ण ! इस पद में श्री शब्द से परम-प्रेयसी गोपियोंमें श्रेष्ठ श्रेयस्करी श्रीराधाका ही ग्रहण है। अतः श्रीराधाजी से युक्त होनेके कारण-मधुरलीला के सावकाश (स्वतन्त्र) आस्वादनकारी हो। हे श्रीकृष्णचैतन्याख्य भक्तावतार ! अथवा—भक्तरूप धारण करके तादात्म्यरूप से अवतीर्ण होने वाले महाप्रभो ! आप परमानुरक्त अत्यन्त भक्त—श्रीसनातन एवं श्रीरूप गोस्वामीजी के साथ ही विद्यमान रहते हो। अतः आपका नाम 'ससनातनरूपक' यह भी है। और श्रीगोपालभट्ट श्रीरघुनाथदास ये दोनों गोस्वामी भी आपके परमभक्त हैं, इन दोनों द्वारा प्राप्त जो व्रजधाम है, आप उसी व्रज के वल्लभरूप से सदा सर्वत्र विद्यमान रहते हो। अतः हे प्रभो ! आप मेरी रक्षा करो। अर्थात् सदैव के लिये मेरे पालन-पोषण कर्ता बन जाओ ॥३॥

अथ ग्रन्थ-सूचना

इसप्रकार मङ्गलाचरण करके कार्यका विचार करते हैं, अर्थात् जिस हेतुसे मङ्गलाचरण किया है इस समय उसी कार्य का विचार करते हैं। मैंने "श्रीकृष्णसन्दर्भ" नामक ग्रन्थ में जिस सिद्धान्तरूपी अमृत का संग्रह किया था—उसी का—अब इस काव्यग्रन्थ निर्माणरूप-बुद्धिरूपिणी जिह्वा द्वारा आस्वादन करता हूँ ॥४॥

उसी सिद्धान्तरूप अमृत का आस्वादन करने वाला मैं इस काव्य रचना के बहाने अपने मन को भी काव्यतुल्य ही बनाता हूँ, अर्थात् मन को भी काव्यामृत का आस्वादन करने वाली जिह्वा के समान बनाता हूँ। परन्तु भक्ति प्रधान सत्काव्यानुशीलन परायण महात्मागण यदि मेरे द्वारा रचित इस ग्रन्थ को दृष्टि-गोचर करलेंगे तब तो मणिकांचन का सा संयोग हो जायगा, अर्थात्—सुवर्ण खचितमणि जिस प्रकार सबके नेत्रों को आश्चर्यान्वित कर देती है उसी प्रकार यह "गोपालचम्पूः" काव्य भी पण्डितजनों की दृष्टि को चकित कर देगा ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पूर्वोत्तरतया चम्पूद्वयी सेयं त्रयी त्रयी ।
पृथक् पृथग्ग्रन्थतुल्या यथेच्छं सद्भिरीक्ष्यताम् ॥६॥
श्रीगोपालगणानां, गोपालानां प्रमोदाय ।
भवतु समन्तादेषा, नाम्ना गोपालचम्पूर्या ॥७॥
यद्यपि चिरमन्तर्धा, जाता श्रीगोकुलस्थानाम् ।
तदपि महात्मसु तेषां, व्यूहसमूहः पुरः स्फुरन् जयति॥८॥

अथ ग्रन्थारम्भः

अस्ति किल वृन्दावन-नामधेयं भागधेयमिव सुभगं वनभवनीदेव्याः । यदहो वनमप्यवनाय कल्पते सकललोकस्य, प्रसङ्गमात्रतः पवमानमपि तत्र क्षिप्रता-प्रतापतः पवमानतामप्यतिक्रामति, परमत्रिवर्गदाने निरर्गलमपि सर्वदापवर्गवर्गमपवर्जयति मुक्तिसन्ध-सम्बन्ध-गन्धमपि स्वगुणैर्बन्ध-निर्बन्धनिबन्धनं भवति । सदा सदावलीशस्य भक्तिप्रदमपि कदापि न ददाति तद्भुक्तिम् । ब्रह्मणात्मनि यदनञ्चितमपि मत्वा जन्म वाञ्छितम्, तेन तत्तत् परमञ्चितं

यह श्रीगोपालचम्पू नामक बृहद्-ग्रन्थ पूर्वचम्पू तथा उत्तरचम्पू भेद से दो भागों में विभक्त होकर भी प्रत्येक भाग में पृथक् पृथक् तीन तीन भागों में विभक्त है, अर्थात्—पूर्वचम्पू में तो गोलोकलीला, बाल्यलीला और कैशोरलीला वर्णित हैं, एवं उत्तरचम्पू में प्रथम विलास, द्वितीय विलास और तृतीय विलास वर्णित हैं। अर्थात्—दोनों भागों के तीन तीन अवान्तर भाग मिलाकर अलग-अलग छः विभाग छः ग्रन्थों के तुल्य हैं। इस प्रकार छः भागों में विभक्त श्रीगोपालचम्पू का सन्तजन स्वेच्छापूर्वक अवलोकन करें ॥६॥ श्रीकृष्णचन्द्र जिनको अपनी पूज्यकोटि में गिनते हैं उन्हीं श्रीनन्द, उपनन्द प्रभृति गोपगणों की सर्वतोभावेन प्रसन्नता के लिये विनिर्मित यह गोपालचम्पू नामक ग्रन्थ सर्वदा विद्यमान रहे ॥७॥ यद्यपि श्रीगोकुलवासी गोपगण बहुत समय से श्रीकृष्ण के साथ ही अन्तर्हित होगये हैं तथापि—श्रीरूपसनातन जैसे महात्माओं के सन्मुख तो आज भी श्रीनन्दादि गोपगणों का समूह लीला करता हुआ सर्वोत्कर्षपूर्वक विद्यमान है। तत्त्वतः श्रीव्रजवासी नित्यसिद्ध गोपगण अब भी व्रज में लीला कर रहे हैं, जो चर्मचक्षुवालों के अगोचर हैं। अतः इस गोपालचम्पू से उनकी प्रसन्नता अवश्यंभाविनी है ॥८॥

अथ ग्रन्थारम्भः

(जिस नित्यधाम में श्रीगोपालजी नित्यविहार करते रहते हैं, अब उसी धाम का स्वरूप निरूपण करने के लिये ग्रन्थकार उपक्रम करते हुए कहते हैं कि)—श्रीवृन्दावन नाम का एक चिर प्रसिद्ध वन है, यह वन अवनी देवी (पृथ्वी) का सर्वप्रिय सुन्दर सौभाग्य स्वरूप है। यहाँ पर विशेष आश्चर्य का विषय यह है कि यह वन होकर भी सबकी रक्षा करने के लिये समर्थ है। प्रसङ्ग मात्र से पवित्रताकारक होकर भी उस पवित्रता करने के विषय में शीघ्रकारिता के कारण वायु के धर्म को भी लाँघ जाता है, अर्थात्—अपने में सम्बन्ध रखने वाले जनको इतना शीघ्र पवित्र कर देता है कि जितना शीघ्र वायु भी नहीं चल सकता। धर्म-अर्थ-कामरूप त्रिवर्ग के देने में बाधा रहित होकर भी यह वृन्दावन अपवर्ग वर्ग, अर्थात् पाँच प्रकार की मुक्ति के समूह को देता रहता है। श्रीवृन्दावनवासी भक्तजन सायुज्य आदि मुक्ति यद्यपि नहीं चाहते हैं तथापि यदि किसी के हृदय में मुक्त होने की प्रतिज्ञा के सम्बन्ध का गन्ध (लेश) भी है तो उस जनको भी यह वृन्दावन अपने गुणों द्वारा बाँधने के लिये आग्रह युक्त है, अर्थात्—वृन्दावन में आकर बड़े बड़े मुमुक्षु

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मत्कमिति निजहित-महित-महिमारम्भमुपलम्भयति । तदेवं गहनचर्यापर्याकुलतया विरोधालङ्कारवद्विरुद्धायमानमप्यर्थमनुरुद्धतया पर्यवसानतः परिणमयति । तस्मिन् कवीनामकवितायामपि कविता सम्भाविता भविता । तस्मिन्नेव च परमोदार-सारतावगम्यते । तद्धि तद्धितया मुहुरवतीर्णस्य सर्वस्याप्यानन्दनस्य श्रीमन्नन्दनन्दनस्य सर्वमानन्दपर्व सर्वदा पर्वति ॥९॥

अस्ति चेह श्रीशुकस्यापि सुखचमत्कारकारणं पद्यम्—

'वृन्दावनं गोवर्धनं यमुनापुलिनानि च ।
वीक्ष्यासीदुत्तमा प्रीती राममाधवयोर्नृप ! ॥' (भा० १०।११।३६) इति ॥१०॥

तत्र गोवर्धनस्तु पुरस्तादेवं प्रस्तूयते—

यद्गोकुलेश्वर इति प्रथितिः पुराणे, कृष्णस्य तद्भवति गोकुलमस्य धाम ।
गोवासता च किल गोकुलतानिदानं, गोवर्धनस्तदिह सर्वनिधानमेव ॥११॥

तत्र चायं विशेषः—

त्रिजगति मानसगङ्गा, गोवर्धनमपि विभिन्दती विदिता ।
अहमिह मन्ये कृष्ण,-स्नेहजधारा तदन्तरं विशति ॥१२॥

भी मोक्ष के सुख को ठुकराकर भगवत्प्रेम के बंधन में सदैव के लिये बँधजाते हैं। यह वृन्दावन सज्जनगणमान्य भगवद्भक्तिप्रद होकर भी—उस भक्ति को कभी भी भङ्ग नहीं होने देता। ब्रह्माजी ने अपने मन में तुच्छ समझकर भी वृन्दावन के जिन तृणादिकों में जन्मग्रहण करने की अभिलाषा प्रगट की थी उसी से यह वृन्दावन परमपूजित माना जाता है। अर्थात्—वृन्दावन के तृणादि सभी उच्चकोटि के हैं, इसी कारण यह वृन्दावन सर्वहितकर और पूजनीय अपनी महिमा के प्रारम्भिक स्वरूप को जता रहा है। अतएव इस प्रकार की दुर्ज्ञेय आश्चर्यमयी घटनाओं से व्याप्त होने के कारण विरोधाभास नामक अलंकार की तरह विरुद्ध प्रतीत होने वाले पदार्थ को भी अन्त में अनुकूलता रूप में परिणत कर देता है। उसी वृन्दावन में कवियों की जो कविता का विषय नहीं है, उस में भी कविता की सम्भावना हो सकती है। और उसी में परम उदार सारभाग जाना जाता है। निश्चय ही उसी वृन्दावन के हितकारक रूप से बार बार अवतार लेने वाले तथा सभी के आनन्दजनक श्रीमान् नन्दनन्दन के सभी आनन्दमय महोत्सवों को भी यह श्रीवृन्दावन सर्वदा परिपूर्ण करता रहता है ॥९॥

इस विषय में श्रीशुकदेवजी का भी सुखमय चमत्कारजनक एक श्लोक देखा जाता है—यथा—श्रीशुकदेवजी बोले कि हे राजन् परीक्षित्! वृन्दावन, गोवर्धन और यमुनाजी के कमनीय पुलिनों को देखकर श्रीकृष्ण और श्रीबलदेव इन दोनों भाइयों को अत्यंत प्रसन्नता हुई थी ॥१०॥

श्रीकृष्ण के लीला स्थानों में सर्वप्रथम श्रीगोवर्धनपर्वत का महत्त्व ही प्रस्तुत करते हैं—पुराणों में जिनकी गोकुलेश्वर नाम से प्रसिद्धि है, वह गोकुल ही श्रीकृष्ण का निवास स्थान है, जहाँ गोगण निवास करते हैं वही गोकुल नाम से विख्यात है। परन्तु श्रीगोवर्धनपर्वत तो सभी का आश्रय स्वरूप है। अर्थात्—यहाँ तो सपरिकर श्रीकृष्ण विहार करते हैं ॥११॥

उसमें विशेषता यह है कि—यह मानसीगङ्गा श्रीगोवर्धनपर्वत को भेदन करती हुई प्रगट हुई है, यह बात तीनों लोकों में विख्यात है। परन्तु मैं तो यही मानता हूँ कि—श्रीकृष्ण की स्नेहजनित धारा ही श्रीगोवर्धन के मध्य में मानसीगङ्गा के रूप से प्रवेश कर रही है ॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च—तस्मिन् श्रीहरिराधयोर्युगलितं यद्भाति कुण्डद्वयं
संसर्गेन परस्परं परिमलान्मन्ये तयोस्तन्मिषम् ।
प्रेमासीत् प्रकटं यतः श्वसनकैः कम्पान्वितं जाड्ययुग्-
भक्तार्द्रस्थितिकृच्चं तद्घनरसाकारं दरीदृश्यते ॥१३॥

यमुनायाश्चायमतिशयः—

स्नानजातसुकृतान्न केवलात्, स्फूर्तिदा मुररिपो रवेः सुता ।
वीक्षणादपि यतो बिभर्ति सा, श्यामधामवरमाधुरीधुराम् ॥१४॥

तस्याश्चोत्प्रेक्षन्ते—

स्वस्निग्धवृन्दविषयप्रियता–महिम्ना, स्वेदांश एव किमु कृष्णतनोर्विसारी ?
वृन्दस्य कृष्णविषयप्रियतैव किंवा, तद्भावभावितगतिर्भवति स्म कृष्णा ॥१५॥

पुलिनानि च तस्या महाप्रेमोल्लासमाविष्कुर्वन्ति ।

तथा हि—अद्यापि यानि विबुधानवलोकमात्रात्
पुष्णन्ति कृष्णकृतरासरसं विभाव्य ।

किञ्च उसी गोवर्धन पर्वत में श्रीराधा-कृष्ण के परस्पर सम्मिलित (राधाकुण्ड-श्यामकुण्ड) नाम से विख्यात दोनों कुण्ड शोभा पारहे हैं। उन दोनों के परस्पर संसर्ग तथा जनमनोहर गन्धसे यह बोध होता है कि–इन दोनों कुण्डों के बहाने श्रीराधाकृष्ण का उत्कट प्रेम ही प्रगट होगया है। कारण यह है कि–ये दोनों कुण्ड वायुसमूह से कम्पित, जड़तायुक्त तथा भक्तों को स्नेहमयी आर्द्रस्थिति प्रदान करने वाले होकर भी जलरूप से सबके दृष्टिगोचर होरहे हैं, अर्थात् श्रीराधाकृष्ण का प्रेम ही आज भी भक्तों के सामने जलरूप से विद्यमान है ॥१३॥

श्रीयमुनाजी में यह विशेषता है कि—यह सूर्यनन्दिनी श्रीयमुनाजी श्रीकृष्ण के केवल स्नान से जनित सुकृत से ही मानव मात्र को आनन्ददायिनी हैं, यह बात नहीं है किन्तु श्रीकृष्ण के दर्शन से भी उनके श्रीविग्रह की श्यामकान्ति की उत्कृष्ट माधुरी के सार को धारण कर रही हैं। अर्थात्—श्रीयमुनाजी की श्यामवर्ण की धारा को देखकर यह प्रतीत होता है कि–श्रीश्यामसुन्दर के दर्शन स्पर्शन से उनकी श्यामप्रभा को आज भी धारण किये हुए हैं। अथवा—श्रीयमुनाजी भावुक भक्तों के लिये अपने में केवल स्नान करने से उत्पन्न हुए सुकृत से श्रीमुरारि भगवान् की केवल स्फूर्ति ही नहीं देतीं अपितु अपने दर्शन से भी भावुक भक्तों के हृदय में मुररिपु भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र के श्रीविग्रह की श्याम कान्ति की श्रेष्ठ माधुरी धारा के सार भार को भी भरदेती हैं ॥१४॥

श्रीयमुनाजी के पूर्वोक्त प्रकार के कारण के विषय में कविजन इस प्रकार की उत्प्रेक्षा करते हैं यथा—श्रीकृष्ण के जो समस्त स्वजनगण हैं, उनके प्रति श्रीकृष्ण की जो प्रीति की महिमा है उसी कारण से श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह से उत्पन्न स्वेदकण, अर्थात् पसीना ही श्रीयमुनाजी के रूप में प्रवाहित हो रहा है क्या ? अथवा अपने प्रिय स्नेहीजनों का श्रीकृष्ण विषयक प्रेम ही श्रीयमुनाजी के रूप में प्रवाहित हो रहा है क्या ? अर्थात्–श्रीकृष्ण के सभी प्रिय परिकर जिस प्रकार उनके ध्यान से कृष्णमय हो रहे हैं उसी प्रकार बारंबार श्रीकृष्ण की भावना करने के कारण श्रीयमुनाजी श्यामवर्णवाली होगई हैं क्या ? ॥१५॥

श्रीयमुनाजी के पुलिन आज भी भावुकभक्तों के हृदय में महान् प्रेम का उल्लास प्रकटित कर रहे हैं यथा—देखो ! श्रीयमुनाजी के जो परमपुनीत पुलिनप्रदेश आज भी श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला के रस

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तान्यत्र किं वररसायनदिव्यचूर्णै-
रभ्यासतः स्वपुलिनानि चिनोति सौरी ? ॥१६॥

भाण्डीरस्तु स नो मनो व्याकुलयति ।

तथा हि—भाण्डीरस्य स्फुटमधिहरि प्रेम किं वर्णनीयं
सान्तर्धानं स्थितवति हरौ बाढमन्तर्दधे यः ।
यान्तु स्वांशेन च विषयतामत्र गोवर्धनाद्या
लोके स्निग्धा रचयितुमिदं न क्षमः स्यामितीव ॥१७॥

अहो प्रेमगाम्भीर्यमस्य पश्य वृन्दावनस्य !

यतः—कुत्र कुत्रचिदगस्य दम्भतः, स्तम्भमेति तदिदं हरेर्वनम् ।
प्रायशश्चलदलस्य कम्प्रता, -मङ्कुरस्य पुलकानि सर्वतः ॥१८॥

आविर्व्रजति च तस्मिन् सव्रजवासिजनव्रजे व्रजराजतनूजे किं किं वा तद्वयञ्जिजिषया नाविर्व्रजति ? तन्न युक्तमेवोत्पश्यामः । व्रजपदं हि सर्वसमीचीनसमूहमूहयति ॥१९॥

अस्ति चेह श्रीभागवतीयं पद्यम् (१०।५।१८)—

'तत आरभ्य नन्दस्य व्रजः सर्वसमृद्धिमान् । हरेर्निवासात्मगुणै रमाक्रीडमभून्नृप !'॥इति॥२०॥

को प्रकाशित कर, इस विषय के विशेष जानकार विशिष्ट विद्वानों को अपने दर्शनमात्र से ही भाव में परिपुष्ट बना रहे हैं । श्रीयमुनाजी उन्हीं अपने पुलिन प्रदेशों को अपने पास में श्रेष्ट रसायनरूप दिव्य चूर्णों से बढ़ा रही हैं क्या ? अर्थात्—श्रीयमुनाजी की यह बालुका साधारण नहीं है, अपितु जिस प्रकार वशीकरण मन्त्र अथवा चूर्ण द्वारा लोगों के मन को वश में कर लिया जाता है, उसी प्रकार यह बालुकामय दिव्य चूर्ण भी भावुक दर्शकजनों के मन को श्रीकृष्ण में अनुरक्त कर देता है ॥१६॥

अहह ! पुराण प्रसिद्ध वह भाण्डीरवट तो हमारे मन को व्याकुल कर रहा है । देखो ! श्रीकृष्णचन्द्र में भाण्डीरवट का जो विशिष्ट प्रेम है वह क्या स्पष्टरूप से वर्णन करने योग्य है, अर्थात्—उसका कौन वर्णन कर सकता है ? कारण—श्रीकृष्णचन्द्र जब अन्तर्हित होगये तब भाण्डीरवट—"इस जगत् में श्रीगोवर्धन प्रभृति भगवान् के स्नेही पदार्थ अपने अपने अंश से भावी भक्तों के नेत्र आदि इन्द्रियों के गोचर भले ही होते रहें परन्तु मैं तो उनकी तरह अपने अंश से इस जगत् में रहने के लिये समर्थ नहीं हूँ" इस प्रकार विचार कर अन्तर्हित होगया ॥१७॥

अहह ! इस श्रीवृन्दावन के प्रेम की गम्भीरता को तो देखो ? यह श्रीहरि का प्यारा वन कहीं कहीं तो पर्वतों के बहाने स्तम्भ भाव को प्राप्त हो जाता है और कहीं कहीं पीपल के वृक्षों के बहाने कम्प भाव को धारण कर लेता है । तथा कहीं कहीं अंकुरों के बहाने सर्वतोभावेन रोमाञ्चित हो जाता है ॥१८॥

अब व्रज की महिमा का वर्णन करते हैं–व्रजवासी परिकरों के साथ श्रीव्रजराजकुमार के आविर्भूत होने पर उनके प्रकट होने की सूचना देने की इच्छा से व्रज में कौन-कौन वस्तु प्रगट नहीं होती ? अर्थात् समस्त वस्तुएँ ही प्रगट होती हैं । इस बात को हम उचित रूप से देख रहे हैं एवं समझ भी रहे हैं । क्योंकि व्रजपद ही श्रीकृष्ण के समस्त अच्छे-अच्छे विषयों की सूचना दे रहा है ॥१९॥

इस विषय में श्रीमद्भागवत (१०।५।१८) का श्लोक भी विद्यमान है, यथा—श्रीशुकदेवजी बोले—हे राजन् परीक्षित् ! श्रीकृष्ण के जन्म के समय से ही गोपराज श्रीनन्दजी का यह व्रज सब ऋद्धि-सिद्धियों से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तेषामाविर्भावस्य पद्मपुराणसन्दर्भानुसारेण प्रतिकल्पमनल्पसुखकल्पक-सम्पदुदन्त-दन्तवक्र-वधान्ते सर्वतोऽप्येकान्ते कान्ते यत्र प्रवेशस्य निर्देशः प्रथयिष्यते । तस्माद्भुवजनमनः-कायनिकाय-स्पर्श-विरहिताद्वाराहादि-सङ्कीर्तितप्रवरकीर्तिकदम्ब-कदम्बादिमयात् पाद्म-स्कान्दादिगतासङ्कीर्णवर्णाकर्णिततत्तत्-सनातनशीलतारामसराम-गो-गोप-गोपाल-लीलानिधा-नाद्वृन्दावनस्यैव वैभवविशेषादशेषं भवति । प्रकृतिस्थितिमतीतो हि यः ॥२१॥

बृहद्गौतमीयस्थ-श्रीकृष्णवचने तु तत्तत्संक्षेपार्थनिक्षेपः प्रेक्ष्यते—

'इदं वृन्दावनं रम्यं मम धामैव केवलम् । अत्र ये पशवः पक्षिमृगाः कीटा नरामराः ।
ये वसन्ति ममाधिष्ण्ये मृता यान्ति ममालयम् ॥
अत्र या गोपकन्याश्च निवसन्ति ममालये । योगिन्यस्ता मया नित्यं मम सेवापरायणाः ॥
पञ्चयोजनमेवास्ति वनं मे देहरूपकम् । कालिन्दीयं सुषुम्नाख्या परमामृतवाहिनी ॥
अत्र देवाश्च भूतानि वर्तन्ते सूक्ष्मरूपतः । सर्वदेवमयश्चाहं न त्यजामि वनं क्वचित् ॥
आविर्भावस्तिरोभावो भवेन्मेऽत्र युगे युगे ।तेजोमयमिदं रम्यमदृश्यञ्चर्मचक्षुषा ॥' इति ॥२२॥

भर गया था, अधिक क्या कहूँ ? देखो ! श्रीहरि के निवासस्थान होने के कारण यह व्रजमण्डल अपने गुणों से श्रीलक्ष्मीदेवी का भी विहारभूमि (वाटिका) बन गया था ॥२०॥ अर्थात्—श्रीहरि के प्राकट्य काल में लोकोत्तर इस व्रजमण्डल में—गोवर्धन, मानसीगंगा, राधाकुण्ड, श्यामकुण्ड, यमुना, यमुनापुलिन, भाण्डीरवट, वृन्दावन आदि सभी आविर्भूत हो गये थे । पद्मपुराणोक्त सन्दर्भ के अनुसार प्रत्येक कल्प में इसी प्रकार की प्रगट घटना होती रहती है । इस ग्रन्थ में परिपूर्ण सूखपूर्ण दन्तवक्र बध के अन्त में सर्वश्रेष्ठ मनोहर श्रीव्रज में श्रीकृष्ण के प्रवेश का निर्देश स्पष्ट रूप से करेंगे । उक्त वृन्दावन के वैभव विशेष के प्रकाशित होने पर भी संसारी जनों के मन और तन समूह का स्पर्श भी संघटित नहीं हो पाता । 'वाराह' आदि पुराण जिनकी विशिष्ट कीर्तिराशि का वर्णन करते हैं ऐसे वे कदम्ब वृक्ष भी यहाँ वैभवपूर्ण हैं । पद्मपुराण तथा स्कन्द आदि पुराणों में जो विषय स्पष्ट अक्षरों में सुना जाता है वही नित्य सिद्ध स्वभाव से ही रमणीय है । श्रीबलराम, गैया, गोपी एवं गोपालगणों के सहित श्रीगोपालजी की लीलाओं का निधानस्थान जो श्रीवृन्दावन है, उसके वैभवमय प्रकाश विशेष से पूर्वोक्त सब बातें संघटित होती रहती हैं । इस भूमण्डल में भी पूर्वोक्त दिव्य वस्तुओं का जो आविर्भाव है, वह प्राकृत मर्यादा का अतिक्रमण कर गया है ॥२१॥

बृहद् गौतमीय तन्त्रास्थित श्रीकृष्ण के वचनों में तो पद्म, स्कन्द पुराणादि वाक्यों का जो संक्षिप्त अर्थ निक्षिप्त देखा जाता है, वह इस प्रकार है—यह परम रमणीय वृन्दावन ही केवल मेरा धाम (निवासस्थान) है । इसमें जो समस्त पशु, पक्षी, मृग, कीट, पतंग, मनुष्य एवं देवता आदि वास करते हैं, वे सब मेरे स्थान में वास करते हैं, मरने के बाद भी मेरे धाम में ही पहुँच जाते हैं । इस वृन्दावन में जो गोपकन्या निवास करती हैं, वे मुझसे नित्य संयुक्त मेरी ही सेवा में तत्पर हैं । पाँच योजन, अर्थात्—बीस कोश के विस्तार वाला यह वृन्दावन मेरा देहरूप ही है । यह श्रीयमुनाजी सुषुम्ना नाम धारण करने वाली है तथा सदैव परमामृत प्रवाहित करती रहती है । यहाँ पर देवता और प्राणीमात्र अप्राकृत देह धारण करके रहते हैं । मैं समस्त देवस्वरूप हूँ, अतः इस वन को मैं कभी भी नहीं त्यागता हूँ । इस स्थान पर प्रत्येक युग में मेरा आविर्भाव-तिरोभाव होता रहता है । यह रमणीय वृन्दावन तेजोमय, अर्थात् शुद्धसत्त्वस्वरूप है । अतः चर्म-चक्षु वालों के दृष्टिगोचर नहीं होता ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यं खलु वैभवविशेषं सर्वसारेण यथास्थानं प्रकाशयिष्यमाणव्याख्या-विशेषावतारेण श्रीमद्भागवतानुसारेण गोपानां स्वं लोकं वरुणालयादागतः करुणावरुणालयः स्वयं भगवान-क्रूराय वैकुण्ठविशेषलक्षणस्ववैभव-व्यञ्जनया सुखप्रदे ब्रह्मह्रदे मज्जनेन तस्मादुन्मज्जनेन च तज्जनकौतुकजननादनन्तरं छन्दःस्तूयमानेनात्मनाऽवित्रा विचित्रमत्रैव वृन्दावने तदीयनरलीला-वेशेन साधारणमन्येभ्यस्तेभ्यः सन्दर्शयामास। यं प्रति सम्प्रत्यपि प्रपद्यमाना विद्वांसश्चेतसापि साक्षादिव तल्लीलाः प्रतिपद्यन्ते। यं परि हरिवंशे गोविन्दाभिषेकसम्पदंशे महेन्द्रः श्रीमद्व्रजेन्द्र-तनुजतनुवद्व्यापकतां सत्यां प्रत्याययामास। यं पुनर्वृन्दावनस्थ-समस्त-समभ्यर्णमपि तत्तद्वर्ण-नानुसारेण केचित् प्रकृत्यावरणतः परमवियदूर्ध्वं निर्वर्णयन्ति। अतएव लीलानुरूपरूपतया भूमानमभूमानञ्च प्रपद्यन्ते यद्भूमयः। एष एव शेषनिर्विशेषतया ब्रह्मसाक्षात्काराकारतया च ब्रह्मसंहितादिषु बृंहितं बृहद्भिर्वर्णयामासे। तत्र च प्रकटाप्रकटप्रकाशमयस्य वृन्दावनस्य बहुविधसंस्थानतया बहुविधशास्त्रश्रुतस्याप्रकटप्रकाशमय-वैभवविशेष एव सम्प्रति वर्णनीयः। स च गोकुलप्रधान एवेति स्वविवक्षितहिता ब्रह्मसंहितानुसंहिता क्रियते। तद्वचनानि तु बोध-क्रमाय क्रममतिक्रम्यानुक्रम्यन्ते ॥२३॥

श्रीवृन्दावन का वैभव विशेष सब प्रकार के सारभाग से परिपूर्ण है। यथा स्थान इसकी विशेष व्याख्या स्पष्ट रूप से की जायगी। श्रीमद्भागवत के अनुसार कृपासिन्धु स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण ने वरुणलोक से श्रीवृन्दावन में आकर अक्रूरजी को जिस स्थान पर वैकुण्ठ विशेषरूप अपने वैभव का अनन्त ऐश्वर्य दिखाया था, सुतरां अक्रूर जी को सुख देने वाले उसी ब्रह्मह्रद (ब्रह्मकुण्ड) में निमज्जन (गोता लगाना), उन्मज्जन (जल से बाहर आना) के द्वारा व्रजवासियों को कौतुक उत्पन्न कराने के अनन्तर दिव्य वैकुण्ठ में वेदों के द्वारा स्तूयमान श्रीभगवान् ने अपने को विचित्र रूप से रक्षकरूप में दिखाया। पुनः इसी वृन्दावन में भगवान् को नरलीला के आवेश के कारण साधारण मानवमात्र मानने वाले ग्वालबालों को भी श्रीभगवान् ने विचित्र भाव से श्रीवृन्दावन के वैभव का दर्शन कराया था।

आज भी जिस वृन्दावन के वैभव को लक्ष्य करके शरण में आने वाले भक्तिरस-तत्त्ववेत्ता पण्डितगण अपने चित्त में भी प्रत्यक्ष की भाँति उन उन लीलाओं को प्राप्त करते रहते हैं। जिस वैभव को लक्ष्य करके हरिवंश पुराण में—गोविन्दाभिषेक के ऐश्वर्य के अंश प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह की तरह इस व्रज की सर्वव्यापकता की यथार्थ सत्यता इन्द्र ने भी अपने ज्ञानगोचर की थी।

और वृन्दावन के जिस प्रकाशमय वैभव विशेष को लक्ष्य करके पूर्वोक्त प्रमाणों के अनुसार कुछ विशुद्ध चित्तवाले महात्मागण प्राकृतिक समस्त पदार्थों की निकटता होने पर भी प्रकृति के अष्ट आवरणों से रहित महावैकुण्ठ से भी ऊपर विराजमान गोलोक उपनामक श्रीवृन्दावन का वर्णन करते हैं तथा दर्शन भी करते हैं।

अतएव वृन्दावन की लीलाभूमियाँ लीलाओं के अनुसार विस्तृत एवं संकुचित, अर्थात् व्यापक एवं अव्यापक भाव को धारण करती रहती हैं। यही वैभव शेषजी से भिन्न न होने के कारण तथा ब्रह्मसाक्षा-त्कार के समान होने के कारण—ब्रह्मसंहिता आदि ग्रन्थों में महापुरुषों के द्वारा विस्तारपूर्वक वर्णित हुआ है। और उसमें इस वृन्दावन के प्रकट, अप्रकट एवं प्रकाशमय अनेक प्रकार के संस्थान (अवयव-विभाग) हैं। इसलिये अनेक शास्त्रों में इस वृन्दावन की महिमा सुनी जाती है। इस समय हमें वृन्दावन का अप्रकट

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यथा (५।६८, ६७, ६८)—

'भजे श्वेतद्वीपं तमहमिह गोलोक इति यं, विदन्तस्ते सन्तः क्षितिविरलचाराः कतिपये'
'श्रियः कान्ताः कान्तः परमपुरुषः कल्पतरवो, द्रुमा भूमिश्चिन्ताभणिगणमयी तोयममृतम् ।
कथा गानं नाट्यं गमनमपि वंशी प्रियसखी, चिदानन्दज्योतिः परमपि तदास्वाद्यमपि च ॥'
'स यत्र क्षीराब्धिः स्रवति सुरभिभ्यश्च सुमहा,-न्निमेषार्धाख्यो वा व्रजति न हि यत्रापि समयः'॥२४

किञ्च, 'ईश्वरः परमः कृष्णः' (ब्र० सं० ५।१) इत्युपक्रम्याह—

'सहस्रपत्रं कमलं गोकुलाख्यं महत् पदम् । तत्कर्णिकारं तद्धाम तदनन्तांशसम्भवम् ॥
तत्किञ्जल्कं तदंशानां तत्पत्राणि श्रियामपि ॥
चतुरस्रं तत्परितः श्वेतद्वीपाख्यमद्भुतम् । चतुरस्रं चतुर्मूर्तेश्चतुर्धाम चतुष्कृतम् ॥
चतुर्भिः पुरुषार्थैश्च चतुर्भिर्हेतुभिर्वृतम् । शूलैर्दशभिरानद्धमूर्ध्वाधोदिग्विदिक्षु च ॥

और प्रकाशमय वैभव ही वर्णन करना है । उस अप्रकट प्रकाशमय वैभव के मध्य में गोकुल ही प्रधान है । अतः स्वविवक्षित ग्रन्थ की हितकारिणी ब्रह्मसंहिता की उक्तियाँ हम प्रस्तुत करते हैं । किन्तु ब्रह्मसंहिता के वचन, अर्थात् श्लोकावली जानकारी की सुविधा के लिये क्रमनियम को त्यागकर ही स्थापित करते हैं ॥२३॥

यथा—भक्ति-तत्त्ववेत्ता विख्यात पण्डितगण इस जगत् में जिसको "गोलोक" नाम से पुकारते हैं, सरोवर में कमल की तरह अन्य संगविहीन उसी श्वेतद्वीप का मैं भजन करता हूँ । वस्तुतः इस प्रकार के गोलोक-तत्त्ववेत्ता विद्वानों की संख्या बहुत कम है, एवं भूतल में उनका प्रचार भी कम ही है । इस गोलोक में व्रजगोपीगण लक्ष्मीस्वरूपा हैं । कान्त परमपुरुष श्रीकृष्ण ही हैं । यहाँ के वृक्ष कल्पवृक्ष है । यहाँ की भूमि चिन्तामणिगणमयी है । सुस्वादु अमृत ही यहाँ का जल है । यहाँ परस्पर का वार्तालाप भी सङ्गीत के समान है । सहज चलना ही नृत्य है । सब जगह श्रीकृष्ण की सुखावस्थान-प्रकाशिका वंशी ही प्रियसखी है । अधिक क्या कहें ? यहाँ के सूर्य, चन्द्र आदि ज्योतिर्मय पदार्थ भी चिदानन्द रूप से प्रकाशमान हैं । तथा वे गोलोकस्थ जनों के उपभोग्य भी हैं, अर्थात् प्राकृतिक सूर्य के समान गोलोक का सूर्य असह्य नहीं है और चन्द्रमा भी कलंकरहित सर्वदा पूर्ण कलाओं से विद्यमान रहता है । यहाँ पर वंशीध्वनि के आवेश में कामधेनुरूपा गैयाओं से महान् क्षीरसमुद्र प्रवाहित होता रहता है । तथा यहाँ पर भगवत् सेवा में आवेश के कारण आधे निमेष का समय भी ज्ञात नहीं होता, तात्पर्य यह है कि—लोकातीत गोलोकवासी जन मायाजनित करालकाल के विक्रम का अनुभव नहीं करते, कारण यहाँ पर कालका प्रभाव ही नहीं है॥२४॥

अब ब्रह्मसंहिता के "ईश्वरः परमः कृष्णः" इस मन्त्र से आरम्भ करके श्रीजीव गोस्वामिपाद कहते हैं—

गोप गोपियों सहित भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र का जो सब से उत्कृष्ट निवासस्थान है, वह 'गोलोक' किंवा 'महावैकुण्ठ' नाम से विख्यात है । यह स्थान सहस्र पत्रोंवाले कमल के समान है । उसकी कर्णिका ही परिकर सहित श्रीकृष्ण का निवासस्थान है । यह कमल श्रीबलदेवजी के अंश से ही उत्पन्न हुआ है । श्रीकृष्ण के अंशस्वरूप सजातीय गोपगण उस कमल की केसर पर निवास करते हैं । उस कमल के सहस्र पत्र ही लक्ष्मीस्वरूपा कृष्णप्रेयसी श्रीराधा प्रभृति गोपीगणों के उपवनस्वरूप विहारस्थान हैं । पूर्वोक्त गोकुलरूप गोलोक के बाहर चारों तरफ चार कोने वाला श्वेतद्वीप नामक एक अद्भुत स्थान है । उसके चारों कोने—वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध इस चतुर्व्यूह के निवासस्थान हैं । धर्म, अर्थ, काम,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अष्टभिर्निधिभिर्जुष्टमष्टभिः सिद्धिभिस्तथा । मनुरूपैश्च दशभिर्दिक्पालैः परितो वृतम् ॥
श्यामैर्गौरैश्च रक्तैश्च शुक्लैश्च पार्षदर्षभैः । शोभितं शक्तिभिस्ताभिरद्भुताभिः समन्ततः ॥
(ब्र० सं० ५।२, ५।९) इति ॥२५॥

अपि च (ब्र० सं० ५।४०),—

'चिन्तामणिप्रकरसद्मसु कल्पवृक्ष,-लक्षावृतेषु सुरभीरभिपालयन्तम् ।
लक्ष्मी-सहस्रशत-सम्भ्रम-सेव्यमानं, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥' इत्यादि ॥२६॥

बृहद्वामने—

'रत्नधातुमयः श्रीमान् यत्र गोवर्धनो गिरिः ।
रत्नबद्धोभयतटा कालिन्दी सरितां वरा ॥' इत्यादि चान्यत्र ॥२७॥

तदेतदनुसारेण प्रथमं तावत् काव्यस्य निधानं वस्तुमात्रं सप्रमाणं प्रकाश्यते चित्रस्य फलकमिव ॥२८॥

तथा हि—यस्य खलु लोकस्य गोलोकतया गोगोपावासरूपस्य श्वेतद्वीपतया चान्यन्य-स्पृष्टपरमशुद्धतासमुद्बुद्धस्वरूपस्य तादृशज्ञानमय-कतिपयमात्र-प्रमेयगात्रतया तत्तत्परमता मता । परमगोलोकः परमश्वेतद्वीप इति ॥२९॥

मोक्षरूप चारों पुरुषार्थों के साधनभूत चारों वेदों द्वारा यह गोलोक परिवेष्टित है तथा दशों दिशाओं में दश प्रकार के त्रिशूलों से निबद्ध है। पद्म, महापद्म, शङ्ख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील नामक आठ निधियों से और अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्तिः, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व नामक आठ सिद्धियों से भी परिवेष्टित हैं। और मन्त्रों के प्रतिपाद्य अथवा अधिष्ठातृ देवतारूप—इन्द्र, अग्नि, यम, वरुण आदि दश दिग्पालों से भी वह परिवृत है, तथा श्याम, गौर, रक्त, एवं श्वेतरूप चार वर्णों वाले श्रेष्ठ पार्षदरूपी साम आदि चारों वेदों द्वारा वह गोकुल सुशोभित है, एवं विमला, उत्कर्षिणी, ज्ञाना, क्रिया, योगा आदि अद्भुत शक्तियों द्वारा चारों ओर सुसज्जित है ॥२५॥

तथा च उक्त गोकुल में चिन्तामणि नामक रत्नों द्वारा निर्मित्त जो समस्त गृह हैं वे लाखों मनोहर कल्पवृक्षों से परिवेष्टित हैं। ऐसे समस्त गृहों में कामधेनुगण की जो सब प्रकार से रक्षा करते रहते हैं तथा लक्ष्मीस्वरूपा हजारों गोपाङ्गनाओं के सैंकड़ों सम्भ्रमों (विलासों) से जो सेवित हैं, उन आदिपुरुष गोविन्द भगवान् का मैं भजन करता हूँ ॥२६॥

बृहद्वामन पुराण में कहा है कि—जिस गोलोक उपनामक दिव्य वृन्दावन में श्रीगोवर्धन पर्वतराज भी रत्नमय धातुओं से खचित है, नदियों में श्रेष्ठ श्रीयमुनाजी भी रत्नजटित दोनों किनारों वाली है, अर्थात् उसके दोनों तट रत्नजटित घाटों से सुशोभित हैं। इस प्रकार अन्यत्र भी विशेष रूप से कहा गया है ॥२७॥

भित्ति (भींत) अथवा चित्रपटरूप आधार पर जैसे अनेक प्रकार के चित्र खेंचे जाते हैं उसी प्रकार पूर्वोक्त प्रमाणपुंज के द्वारा काव्य का आधार यह श्रीवृन्दावन है। इसीलिये यहाँ की वस्तुओं को प्रमाण सहित प्रकाशित करते हैं ॥२८॥

पूर्वोक्त अनेक प्रमाणों से जिसकी चर्चा की गई निश्चितरूप से उसी लोक का नाम 'गोलोक' है। इसी कारण वह गैया और गोपगणों का निवासस्थान स्वरूप है, एवं जिस लोक का 'श्वेतद्वीप' नाम से निर्देश किया गया है, उसका स्वरूप परमशुद्ध एवं नित्यप्रकाशमय है। इसकी परम विशुद्धता प्राकृतिक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेव च युक्तमुक्तं भवति ।

यत्र हि स्वच्छन्दतानन्दप्रदबहुवचनार्था गोपीपदार्थाः श्रियः श्रयन्ते, नान्यवैकुण्ठवत्तदेकवचनार्थताकुण्ठाः । तासां तत्पदार्थता च तन्महावागर्थसाराकर्षयन्त्रे महामन्त्रे बल्लवीवल्लभतया तस्य जपमुपदिशन्तीति सिध्यति ॥३०॥

अत्र न केवलं तस्य द्विवर्णपदस्य वृत्तावेव रूढिमवलम्बामहे, अपि तु ध्यानेऽपि; किन्तु 'नायं श्रियोऽङ्ग' (भा० १०।४७।६०) इति शुकानुवादः सामान्यलक्ष्मीविजयं व्यनक्ति, 'लक्ष्मीसहस्र-' (ब्र० सं० ५।४०) इति विरिञ्चिवाणी लक्ष्मीविशेषत्वमुरीकरोति । यस्मादत्र कुरुपाण्डवशब्दवद्यथावसरं खण्डाखण्डवाचकता मता ॥३१॥

तदेवं सति, तत्रापि राधा परमेति । पाद्म-स्कान्दादि-वाराहविमिश्र-मात्स्ये गोविन्द-वृन्दावननामतन्त्रेऽप्यभाषि यत्तत् कथमन्यथा स्यात् ? ॥३२॥

अन्य पदार्थों के स्पर्श करने योग्य नहीं है । जो जन शुद्ध सात्त्विक अन्तःकरण वाले तथा ज्ञानसम्पन्न हैं ऐसे ही गिने-चुने कुछ लोग गोलोक के स्वरूप को समझ सकते हैं । इसीलिये गोलोक का परम महत्त्व स्वीकृत है । परम गोलोक का ही दूसरा नाम 'परम श्वेतद्वीप' है ॥२९॥

उसी का समुचित भाव से पुनः निरूपण करते हैं—जहाँ पर स्वेच्छा विहाररूप आनन्ददायक बहुवचन वाचक गोपी पदार्थ समस्त लक्ष्मीवर्ग को अपने में अन्तर्भूत करते रहते हैं, अन्य वैकुण्ठों की तरह एक वचन के अर्थ में कुण्ठित नहीं हैं, अर्थात् वैकुण्ठ में तो एक ही लक्ष्मी रहती है, यहाँ तो सभी गोपियाँ लक्ष्मीस्वरूप होने से एक वचन के बन्धन में नहीं हैं । इस गोलोक में तो अनन्त लक्ष्मी हैं । उनकी गोपी-पदार्थता भी उपनिषदों में स्थित महावाक्यों के सारभागरूप श्रीकृष्ण को आकर्षित करने के लिये यन्त्रस्वरूप गोपालमन्त्र में गोपीजनों के वल्लभरूप से श्रीकृष्ण के जप का उपदेश ऋषिगण करते हैं इसी से सिद्ध हो जाती है । तात्पर्य—गोलोक की अनन्त लक्ष्मियाँ ही गोपीपद से कही जाती हैं ॥३०॥

हम यहाँ पर दो अक्षर वाले उस गोपीपद की केवल शाब्दबोध विषयक शक्ति में रूढ़ि (प्रसिद्धि) का अवलम्बन नहीं करते हैं, अपितु ध्यान में भी गोपीरूप पदार्थ का ही अधिरोहण स्वीकार करते हैं । किन्तु "नायं श्रियोऽङ्ग" (भा० १०।४७।६०) इत्यादि श्रीशुकदेवजी का अनुवादरूप वाक्य तो सामान्य लक्ष्मी से ही गोपियों का उत्कर्ष व्यक्त करता है, किन्तु "लक्ष्मीसहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानं" इत्यादि ब्रह्मसंहिता में कहा हुआ श्रीब्रह्माजी का वाक्य तो हजारों लक्ष्मियों से भी गोपियों का वैशिष्ट्य स्वीकार करता है । अर्थात्—गोपियाँ लक्ष्मीविशेष ही हैं यह प्रमाणित करता है । कारण कि यहाँ पर कुरु-पाण्डव शब्दों की तरह अवसर के अनुसार अखण्डवाचकता एवं खण्डवाचकता मानी गई है । अर्थात्—जैसे कौरव या कुरु शब्द से सभी कुरुवंशियों का ग्रहण हो जाता है, अतः कुरु शब्द अखण्डबोधक है । पाण्डव शब्द कुरुवंशी होने पर भी केवल युधिष्ठिर आदि का वाचक है, अतः वह खण्डबोधक है । इसी प्रकार लक्ष्मी शब्द भी प्रकरणानुसार कहीं सामान्य एवं कहीं विशेषरूप का बोधक होता है । अर्थात्—"नायं श्रियोऽङ्ग" में श्रीशब्द खण्डवाचक होने से एकांशस्वरूप सामान्य लक्ष्मीको बताता है और "लक्ष्मीसहस्रशतसम्भ्रमसेव्यमानं" यहाँ पर लक्ष्मी शब्द समयानुसार सामान्य असामान्य समस्त लक्ष्मीवर्ग को जनाता है, अतः यहाँ वह अखण्डवाचक है॥३१॥

इस पूर्वोक्त सिद्धान्त से यह निष्कर्ष निकलता है कि गोपीगण यदि लक्ष्मीसामान्य हैं तो श्रीराधाजी लक्ष्मीविशेष हैं । यह भाव पद्मपुराण, स्कन्दपुराण, वाराहपुराण आदि के अर्थ से युक्त मत्स्यपुराण के वाक्यों में प्रतिपादित किया गया है । बृहद्गौतमीय तन्त्र में भी जो श्रीगोविन्द एवं वृन्दावन का नाम स्पष्ट रूप से कहा गया हैं, वह सब कैसे अन्यथा हो जायगा ? ॥३२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लक्ष्मीरभितः स्त्रितमा, गोप्यो लक्ष्मीतमाः प्रथिताः ।
राधा गोपितमा चे,-दस्याः का वा समा वामा ? ॥३३॥

तदेवंविधानां तासामपि सर्वासामेक एव रमणः, तत एव गोकुलधामा गोविन्दनामा प्रत्येकमेकामेकां रमां रमयतां रमारमणनाम्नां पुरुषाणां परमः ॥३४॥

यत्तु, मध्ये मायया प्रत्यायितमौपपत्यं, तत् खल्ववास्तवत्वात् परस्तादवध्वस्तमिति श्रीपरमपुरुषशब्दाभ्यां प्रमितम् । कथायान्तु प्रमाणविशेषग्रथनया प्रथयिष्यामः ॥३५॥

एवं शिष्टः श्रीरामोऽप्यतिदिष्टः ॥३६॥

किञ्च, अशेषा एव च तरवः कल्पतरवः सङ्कल्पदानबलात्, केवलान्न तु मान्यता धन्यसामान्य-विशेषात् तेषु च जात्या कल्पतरवस्तु विलक्षणतया कृतलक्षणा एव ॥३७॥

किञ्च, आदर्शनिभ-स्वच्छविभव-नानादर्श-स्पर्शादिमय-भूमिका-भूमिश्च कान्तेरुत कान्ते-र्वृष्टिसृष्टिकारिणी चिन्तामणीयते ॥३८॥

अनन्त ब्रह्माण्ड की स्त्रियों में श्रीलक्ष्मीजी प्रधान हैं, लक्ष्मीगण में गोपियाँ प्रधानरूप से प्रसिद्ध हैं, श्रीराधाजी गोपियों में यदि श्रेष्ठतम हैं तब बताओ उनके समान कौनसी स्त्री हो सकती है ? अर्थात् कोई भी नहीं ॥३३॥

अतएव पूर्वोक्त लक्ष्मी-स्वरूप सभी गोपियों के एकमात्र श्रीकृष्ण ही रमण हैं। इसीलिये उनका धाम गोकुल है और नाम गोविन्द है। गोपीस्वरूपा एक एक रमा के साथ रमण करनेवाले रमारमण नामक जितने भी गोपगण हैं उनमें श्रीगोविन्द ही परमपुरुष हैं ॥३४॥

यदि कहो कि–रमण शब्द तो विधिपूर्वक पाणिग्रहण करने वाले का ही बोध कराता है तब उपपति का भाव क्यों सुना जाता है ? इस शङ्का का समाधान यह है कि–श्रीकृष्णावतार के समय में माया द्वारा जो उपपति भाव ज्ञापित होता है वह वास्तविक नहीं है, अतः पीछे नष्ट हो जाता है। श्री एवं परमपुरुष शब्द द्वारा ही इस बात का अनुमान लग चुका है। किन्तु हम तो कथा प्रसङ्ग में उत्तर-चम्पू के ३१-३२ पूरण में इस विषय का प्रमाण वाक्य संग्रहपूर्वक विशेषरूप से विस्तारपूर्वक वर्णन करेंगे ॥३५॥

इसी प्रकार अकथित अवशिष्ट श्रीबलरामजी का भी वर्णन समझ लेना चाहिये, कारण श्रीबलरामजी श्रीकृष्ण की विलासमूर्ति हैं, अर्थात् श्रीकृष्णस्वरूप ही हैं, श्रीकृष्ण के स्वरूप का वर्णन हो जाने से उनके स्वरूप का भी वर्णन हो गया, ऐसे समझ लेना चाहिये, अतः यहाँ पृथक् निर्देश नहीं किया है ॥३६॥

(ब्रह्मसंहिता में कथित "श्रियः कान्ताः कान्तः" इत्यादि पूर्वोक्त दो मन्त्रों का विशेष भावार्थ प्रदर्शित करते हुए श्रीजीव गोस्वामीजी पुनः कहते हैं कि) इस वृन्दावन में जितने भी वृक्ष हैं वे सब ही कल्पवृक्ष हैं। पूज्यता की दृष्टि से ही इनका ऐसा सम्मान नहीं है, अपितु ये सब सङ्कल्पित वस्तुमात्र के ही देने में समर्थ हैं इसीलिये इनकी मान्यता है। और उनमें भी जो जाति के ही कल्पवृक्ष हैं वे तो विलक्षणता के कारण अपने अपने विशेष गुणों से विख्यात हैं ॥३७॥

किञ्च यहाँ की साधारण भूमि भी दर्पण के समान निर्मल ऐश्वर्य एवं अनेक प्रकार के दर्शन स्पर्शन प्रभृति कार्यों की रचनास्वरूप होकर शोभा और अभिलाषा की वृष्टि सृष्टि करके चिन्तामणि का सा आचरण करती है ॥३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आस्तां तावदुत्तरमनुतारतम्य-रम्यतागम्यमहिमा गृहादिषु महाचिन्तामणिमयी, यस्मादुद्भिन्नास्तत्तदुद्भिदश्च तदीयशोभामात्मन्युद्भावयन्ति । यत्र च—

दृष्टिश्रवणमया ता,-स्तद्गोचरिताश्च जातिरूपाभ्याम् ।
नग-मृग-पक्षिविशेषा,-स्तत्रत्यानाश्च चित्रमादधति ॥३९॥

किञ्च, तोयमप्यमृतायते, किमुतामृतम् ? किञ्च, कथापि यथा गानम्, तथा कर्णयोः पानकायते, किमुत स्वयमेव गानम् ? किञ्च, गमनमपि नृत्यचातुरीधुरीणतामुरीकरोति, नृत्यं पुनरतीवादृत्यम् ॥४०॥

किञ्च, वंशी यथा कंसारातेराशुसुखविलासं शंसन्ती, सहायतया च लसन्ती च प्रियसखीयते; न तद्वदन्यो धन्योऽपि जनः सम्भवति ॥४१॥

किञ्च, चिदानन्द एव केवलं स्वरूपानतिरिक्त-शक्तिव्यक्तिवशाद्व्यक्तिविशेषतया व्यक्तीभवन् गोकुलशब्दबल - लब्धलोकवल्लीला - कैवल्यकलनाय पुष्पवदादि - लक्षणप्रकाशकतया

यहाँ के घर, मन्दिर, गोशाला प्रभृति स्थानों की जो भूमि है वह तो महाचिन्तामणि रत्नों से व्याप्त है । इस भूमि का उत्तरोत्तर तारतम्य एवं महिमा बुद्धि के अगम्य है, अतः इसका विशेष विचार स्थगित रहने दीजिये । कारण कि वृन्दावन की भूमि से उत्पन्न तरु, गुल्म, कीट आदि सभी उद्भिद् जाति के जीव वृन्दावन की निज निज जन्मभूमि की शोभा को अपने अपने शरीर में प्रकाशित करते हैं । यहाँ के पर्वत, मृग एवं पक्षिविशेष नेत्र एवं कर्णों के अगोचर होकर भी केवल जाति और रूप के द्वारा नेत्र तथा कर्णों के गोचर होकर वृन्दावनवासी जनों को प्रतिदिन नित्यनूतन आश्चर्य दिखाते रहते हैं ॥३९॥

और देखिए जहाँ का जल भी अमृत के समान है तो अमृत का फिर क्या कहना है ? किंच यहाँ का साधारण वार्तालाप भी जब संगीत के समान श्रोताओं को बादाम की ठंडाई के समान सुस्वादु लगता है, तब सङ्गीत की चर्चा कौन करे ? और जहाँ का साधारण चलना फिरना भी जब नृत्यचातुरी की पराकाष्ठा को स्वीकार करता है, तब नृत्य कितना रमणीय एवं अति आदरणीय होगा इसको कौन कहे ? ॥४०॥

एक विशेषता और देखिये, यहाँ पर कंसारि श्रीकृष्ण की वंशी सुखमय विलास को शीघ्र ही प्रकाशित करती हुई तथा सहायक रूप से शोभा पाती हुई प्रियसखी का सा आचरण करती है । अतः इसके समान और कौन जन अति धन्य हो सकता है ? ॥४१॥

(यहाँ के ज्योतिर्मय सूर्य, चन्द्र आदि पदार्थ जिस प्रकार चिदानन्दरूप एवं प्रकाशक हैं उसी प्रकार यहाँ की आस्वाद्य वस्तुएँ भी चिदानन्दमय हैं, इस विषय का विशेष विवरण करते हुए कहते हैं कि) केवल चिदानन्द नामक एक परम ज्योतिःपदार्थ अपने स्वरूप से अभिन्न जो शक्ति है उसके प्रकाश के बल पर वस्तु विशेष के रूप में प्रकटित होकर 'गोकुल' शब्द की शक्ति से लब्ध केवलमात्र साधारण लोगों की तरह लीला रचना के लिये ज्योतिः शब्द से कहे गये सूर्य, चन्द्र आदि स्वरूप प्रकाश करने से उनके द्वारा प्रकाश योग्य कमल, कुमुद आदि पुष्पों द्वारा आस्वादन योग्य होकर प्रकाशित होता है, किन्तु मर्त्यलोक की तरह विपरीत परिणाम की प्रणाली द्वारा व्याप्त होकर बीभत्सरसात्मक-द्रव्यरूप में परिणत नहीं होता ।

तात्पर्य यह है कि—जैसे ज्योतिःपदार्थ के पुंजीभूत तेज ही सूर्य, चन्द्र आदि हैं और उनके द्वारा प्रकाश्य पुष्पादि जैसे साधारण जनों के भी ग्राह्य तथा आस्वाद्य हैं किन्तु मूल ज्योति को सर्वसाधारण ग्रहण नहीं कर सकते, उसी प्रकार जो स्वयं चिदानन्दरूप होकर भी अपनी स्वरूप शक्ति के प्राकट्य से साधारण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्तत्प्रकाश्य-पुष्पादि-लक्षणास्वाद्यतया च प्रकाशते, न तु मर्त्यलोकवद्विपरीत-परिणतिरीति-परीततया बीभत्सितव्य-द्रव्यतामापद्यते ॥४२॥

तथा च हयशीर्षपञ्चरात्रे पञ्चतत्त्वनिरूपणे वैकुण्ठस्थ-द्रव्यतत्त्वं निरूपितम्—

'गन्धरूपं स्वादरूपं द्रव्यं पुष्पादिकञ्च यत् । रसवद्भौतिकं द्रव्यमत्र स्याद्रसरूपकम् ॥
हेयांशानामभावाच्च रसरूपं भवेच्च तत् । त्वग्बीजंचैव हेयांशं कठिनांशञ्च यद्भवेत् ।
तत् सर्वं भौतिकं विद्धि न हि भूतमयं हि तत् ॥' इत्यादि ॥४३॥

तथापि (भा० १०।१४।३७)—'प्रपञ्चं निष्प्रपञ्चोऽपि विडम्बयसि भूतले । प्रपन्न-जनतानन्द-सन्दोहं प्रथितुं प्रभो !' इति ब्रह्मवचनानुसारेण कृतप्रपञ्चानुकारे लीलासारे तस्य तत्प्रपन्नजनस्य च यथावेशः स्यात्, न तथा नित्याकारेऽपीति लभ्यते ॥४४॥

ततः पूर्वत्र तस्य तस्य चावेशः, परत्र च प्रवेशः स्यात् ॥४५॥

ततश्च तदिच्छावशाल्लीलाशक्तिः, परत्र च प्रायस्तत्प्रायं सर्वं व्यक्तीकरोतीति विवेक्तव्यम् ॥४६॥

जन की तरह प्रकाशित है, एवं चिन्मय गोकुल में जिसका वैभव है वह गोकुल भी साधारण गोकुल हो रहा है, तथा उसी गोकुल शब्द की सामर्थ्यवश जो साधारण गोकुल की भांति केवल लीला प्रगट कर रहा है वही सबके लिये गोचर है, अर्थात् सभीजन उस लीला रस के आस्वादन के अधिकारी हो सकते हैं। इसी-लिये वृन्दावनस्थित पुष्पादि पदार्थ भी भौतिक नियम के विकारी बन्धन में नहीं हैं, अपितु अचिन्त्यप्रभाव सम्पन्न हैं ॥४२॥

इसीलिये "हयशीर्ष पंचरात्र" ग्रन्थ में पंचतत्त्वनिरूपण प्रसङ्ग में वैकुण्ठस्थ द्रव्यतत्त्व का निरूपण इस प्रकार किया गया है—इस धाम में गन्धरूप होकर भी पुष्पादि द्रव्य स्वादरूप से विख्यात हैं। तथा रसयुक्त भौतिक द्रव्य भी केवल रसरूप हैं। यहाँ की वस्तुओं में हेयांश (त्याज्यांश) के न होने के कारण सभी वस्तुएँ रसरूप हैं। फल में छिलका और गुठली ही हेयांश है या कठिन अंश भी त्याज्य है। वस्तुतः इन्हीं सब वस्तुओं को पांचभौतिक कहा जाता है। किन्तु इस धाम के पुष्पादि उस प्रकार पांचभौतिक नहीं हैं, अपितु नित्य सत्य रसमय आस्वाद्य चिन्मय स्वरूप हैं ॥४३॥

तथापि दशमस्कन्ध के "हे भगवन् ! आप निष्प्रपञ्च होकर भी भक्तजनों के आनन्दसमूह के विस्तार के लिये प्रपंचरूप जड़ जगत् का विस्तार करते हो तथा वैसा ही अनुकरण भी करते हो" ब्रह्माजी के इस वचन के अनुसार—"साधारण संसार की लीला के अनुकरण सारपूर्ण लीला कार्य में भगवान् का तथा उनके शरणागत भक्तों का जैसा आवेश हो सकता है वैसा आवेश नित्याकार लीलासार में नहीं हो सकता" यह भावार्थ प्राप्त होता है ॥४४॥

अतः पूर्वत्र (प्रपंच के अनुकरण में) श्रीकृष्ण एवं उनके भक्तों का आवेश ही परत्र (नित्याकार लीला में) भी प्रवेश कर सकता है॥४५॥

इसलिये "श्रीहरि की इच्छानुसार उनकी लीलाशक्ति प्रपंच की तरह सभी वस्तुओं को नित्याकार में प्रायः प्रकटित कर सकती है" ऐसी विवेचना कर लेनी चाहिये ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च, मुरजिन्मुरली-कली-खुरली च स्वमाधुरीप्रमुग्ध-सुग्ध-सुरभिदुग्धानां सुरभीणा-मूधोगिरितः सरितः प्रसारयन्ती परितः परिखायमाणं क्षीरवारिधिं विस्फारयति। तत्र कामधेनुतया निकाममेव स्नुवतीनां क्षीरवाहितापि प्राचुर्येणैव पर्यवसायते ॥४७॥

ततो नानारसा अपि ता नद्यः प्रतिपद्यन्ते विद्यावद्भिः ॥४८॥

किञ्च, यत्र च तत् कैशोरानुरूपार्धवार्धक-यौवन-नवयौवनादिवयस एव तत्पितृ-भ्रातृ-सखिप्रभृतयस्ते निखिलवर्गा नान्यामवस्थामाश्रिता भवन्ति ॥४९॥

अन्यच्च, यस्य च गोलोकस्य मध्यमध्यास्य स्फुटतरानेकसहस्रपत्रीपरिचितमजस्रमेव खल्वमलं महामणिकमलं गोकुलनामतया निजरूपं निरूपयति—गोगोपावासव्रजरूपव्रज एवाहमस्मीति ॥५०॥

न्यायविन्यस्तमेव च खल्विदम्, 'रूढिर्योगमपहरति' इति। यथा—जलजशब्देनाप्सव्यमात्रं नोच्यते, किन्तु कमलमेव, रूढितामेव खल्वाख्याग्रहणमाविष्करोति ॥५१॥

किंच मुरारि की मुरली की सुमधुर मन्द ध्वनि की जो खुरली (अभ्यास), अर्थात् बारंबार बजाने की जो परंपरा है वही अपनी माधुरी के द्वारा मधुर से भी मधुर एवं सुगन्धियुक्त दुग्ध देने वाली सभी सुरभियों के स्तनरूपी पर्वत से नदियों का विस्तार करती हुई, गोलोक के चारों ओर परिखा की तरह क्षीर समुद्र को विस्तारित करती रहती है। वहाँ पर जितनी भी गैया हैं वे सभी कामधेनु हैं, इसी कारण से उनसे यथेष्ट परिमाण में दुग्ध निकलता रहता है एवं उनकी दुग्धप्रवाहितारूप शक्ति भी प्रचुर परिमाण में परिणत हो रही है। यह निश्चित सिद्धान्त है ॥४७॥

कामधेनु अनेक रसों का दोहन करती हैं, दुग्ध यथेष्ट दोहन करती हैं। अतः क्षीर समुद्र उत्पन्न हो गया है, इसी प्रकार अनेक रस क्षरण होने से अनेक प्रकार की नदियाँ होगईं। इसीलिये तत्त्वज्ञ पण्डितगण उन सब नदियों को अनेक रसवाहिनी कहकर समझते हैं ॥४८॥

और उस दिव्य गोलोक में श्रीकृष्ण की नित्यकिशोर अवस्था के अनुरूप, अर्धवार्धक्य (आधा बूढ़ापन), यौवन एवं नवयौवन आदि अवस्था वाले श्रीकृष्ण के पिता, भ्राता, सखा प्रभृति जो निखिल बान्धववर्ग हैं, वे दूसरी अवस्था का आश्रय नहीं लेते हैं, अर्थात् जिसकी जो अवस्था है वह उसी अवस्था में रहता है। प्रकृतिमण्डलस्थ जनों की तरह उस अवस्था का परिवर्तन नहीं होता है ॥४९॥

और देखिए! जिस गोलोक के ठीक मध्यप्रदेश में स्थित होकर अतिशय विकसित, अनेक सहस्र पत्रों से युक्त निरन्तर निर्मल रहनेवाला जो महामणिमय कमल है, वही अपने रूप को 'गोकुल' नाम से विज्ञापित करता है, अर्थात् अपना गोकुलनाम से निरूपण करता है और कहता है—गैया और गोपालों की आवास-समूहरूप जो व्रजभूमि है, वही मैं हूँ, अर्थात् मुझ में और गोलोक में कुछ भी भेद नहीं है। तात्पर्य यह है कि गोकुल, गोलोक, वृन्दावन ये तीनों एक ही स्थान विशेष के पर्यायवाचक शब्द हैं, अतः पाठकों को भ्रम नहीं होना चाहिये ॥५०॥

यह 'गोकुलत्व', अर्थात् गोकुलशब्द "रूढ़ि अर्थ योगरूप अर्थ का अपहरण कर लेता है" इस न्याय के अनुसार गोलोक या व्रजमण्डल की वाचकता में ही रूढ़ है। जैसे 'जलज' शब्द जल से उत्पन्न वस्तुमात्र का वाचक होकर भी केवल कमल में रूढ़ है, अर्थात् जलज शब्द से जलजात वस्तुमात्र को नहीं कहते, किन्तु कमल को ही कहते हैं, उसी प्रकार यहाँ गोकुलशब्द गोसमूह को न कहकर व्रजधाम को ही कहता है। यह निश्चित है कि पदार्थों का जो नाम लेना है वह रूढ़िभाव का ही आविष्कार करता है ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीशुकदेवेनाप्येतदपेक्षयोक्तम्—'भगवान् गोकुलेश्वरः' इति वरट्प्रत्ययः खल्वत्र शीलार्थतापरः; तदेव चाम्नातं 'गोकुलं वनवैकुण्ठम्' इति ॥५२॥

अथ श्रीमद्व्रजराजतनुजताशीललीलस्य महाभगवतस्तदीयकर्णिकामध्यमधिकृत्य नानावर्णधामतया निर्वर्णित-मणिमय-महाधाम-निकामसुद्भ्राजते। यदेव स्वयमनन्तांशसम्भूतमिति स्फुटमनन्तधा प्रकाशते ॥५३॥

यस्मिन् केसरविसरान्, प्राचीराङ्गान् समन्ततः समया।
सदया दायादायाः, सोपासीना वसन्ति गोपालाः॥

गोकुलताबलतस्तदपि संवलते।

तथा हि—अंशा भागा दाया,-स्तद्धितयोगेन दायवन्तश्च।
तत् किल जातेर्भागा, बकजिति ते सन्ति दायवन्तश्च॥
तस्मिन्नंशो येषा,-मिति वा गम्यो बहुव्रीहिः।
व्रीहिनिभस्तत्प्रेमा, तेषां वृत्तौ तदाश्रयो युक्तः ॥५४॥

तदेवमेषां तज्जातित्वमेवोक्तं श्रीशुकेन (भा० १०।३६।१५)—

'एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तूयमानः स्वजातिभिः।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः॥ इति ॥५५॥

दशमस्कन्ध में श्रीशुकदेवजी ने भी पूर्वोक्त अर्थ की अपेक्षा करके ही "भगवान् श्रीकृष्ण गोकुल के ईश्वर हैं" ऐसा कहा है। यहाँ पर ईश धातु से निश्चय ही शीलार्थ में वरट् प्रत्यय हुआ है। इस प्रकार का वाक्य वेद में भी कहा गया है, यथा "वनों के बीच में गोकुल वैकुण्ठ ही है।" ॥५२॥

अनन्तर श्रीमान् व्रजराज नन्दरायजी के पुत्रत्वस्वभावसम्पन्न महाभगवान् श्रीकृष्णचन्द्र का गोकुल नामक कमल की कर्णिका के बीच में अधिकार करके अनेक वर्णों का आश्रयस्वरूप, पूर्वप्रसङ्ग में निर्दिष्ट, मणिमय जो महाभवन है, वह यथेष्ट परिमाण में प्रकाशित होता रहता है, अर्थात् सर्वदा देदीप्यमान रहता है। वह स्वयं अनन्त (शेषजी) के अंश से उत्पन्न हुआ है, इस कारण से स्पष्टरूप से अनन्त प्रकार से प्रकाशित होता रहता है ॥५३॥

जिस मणिमय महाभवन में परकोटा के अङ्गस्वरूप केसरसमूह के निकट चारों ओर उपासक ब्राह्मणगण के सहित दयायुक्त दायादाय, अर्थात् स्वजातीय गोपगण निवास करते हैं। गोकुलताशब्द के बल से वह भी सुसङ्गत है। देखिए! अंश अथवा भागमात्र को दाय कहते हैं, दायशब्द के उत्तर में "अर्श आदिभ्योऽच्" प्रत्यय करके 'दाय' शब्द सिद्ध हुआ है। अतः दायशब्द का 'दायवान्' अर्थ होगया। अतएव निश्चय ही गोपजाति के वे सब भाग बकासुरनिहन्ता श्रीकृष्ण के ऊपर हैं। इसीलिए वे सब गोप 'दायवन्त' या अंश विशिष्ट कहलाते हैं। अथवा "श्रीकृष्ण में ही है अंश जिनका" इस प्रकार बहुव्रीहि समास स्वीकार करना होगा। तात्पर्य यह है कि—धान्यादि जैसे मनुष्यमात्र के जीवन का हेतु है उसी प्रकार गोपवृन्द का श्रीकृष्णविषयक प्रेम ही गोपवृन्द के जीवन का हेतु है। अतएव दायाद गोपगणों का 'दायाद' इस पद के समास में बहुव्रीहि समास का आश्रय लेना ही उपयुक्त है ॥५४॥

इसलिए श्रीशुकदेवजी ने भी इसी प्रकार इन सभी गोपों को श्रीकृष्ण के स्वजातीयरूप में ही वर्णन किया है। दशमस्कन्ध (३६।१५) में श्रीशुकदेवजी ने कहा है कि—हे राजन्! श्रीकृष्ण ने इस प्रकार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पत्राणि तत्र कमले कमलालयाना,-मंशेन केलिविपिनानि भवन्ति येषु ।
चिन्तामणि-प्रकर-सद्मसु कल्पवृक्ष,-लक्षावृतेषु निभृतं रमते मुकुन्दः ॥५६॥
तत्राधिराज्यं किल राधिकामनु,-प्रत्तं प्रियेणेति पुराणविश्रुतम् ।
अहन्तु मन्ये पुनरुक्तमेव तद्,-गुणेन तस्याः स च यद्वशं गतः ॥५७॥

इह च पूर्वं यदेव श्रीपरमपुरुषशब्दाभ्यामध्यवसितं, तदेवाध्यवसीयते । तासु केवलासु व्रजराजसुतवधूभावस्य लब्धप्रसिद्धितां विना व्रजकमलसकलपत्रावल्याधिपत्यं न प्रसिद्धयतीति ॥५८॥

अथ किञ्चित्कुञ्चितकमलपत्रवदुन्नतपार्श्वद्वयावयवतया बहिर्दुर्लंघशृङ्गमणिमयालवाल-शोभामत्राणां पत्राणामन्तरालेषु केशरादवतीर्णानि विस्तीर्णानि पृथक् पृथगुपनिष्कराणि विराजन्ते । तेषामग्रिमसन्धिषु स्फुटमधिमध्यमध्यमध्यस्त-समस्तेशगोष्ठानि गोष्ठानि विभ्राजन्ते । अत एव तत्पर्यन्तस्य तस्य गोकुलतावकलिता ॥५९॥

अरिष्टासुर को मार कर स्वजातीय गोपगणों के द्वारा प्रशंसित होते हुए एवं सभी गोपियों के नेत्रों के मूर्तिमान महोत्सवरूप होते हुए श्रीबलदेवजी के सहित गोकुल में प्रवेश किया ॥५५॥

पूर्वोक्त गोकुल नामक कमलपुष्प के सम्पूर्ण पत्र ही लक्ष्मीस्वरूपा गोपियों के अपने अपने अंश द्वारा क्रीड़ावनरूप होकर विद्यमान हैं । उन क्रीड़ावनों में लाखों कल्पवृक्षों से परिवेष्ठित एवं चिन्तामणि रत्नसमूह द्वारा बने हुए बहुत से घरों में श्रीकृष्णचन्द्र एकान्त में क्रीड़ा करते हैं ॥५६॥

उस गोकुल में प्रियतम श्रीकृष्ण ने श्रीराधिकाजी को लक्ष्य करके पहले ही वहाँ का राज्यसुख दे दिया था, यह बात पुराणों में प्रसिद्ध है । किन्तु मैं तो इस बात को पुनरुक्त ही मानता हूँ, कारण कि श्रीकृष्ण तो श्रीराधिका के गुणों से सदैव उनके वशीभूत ही हैं ॥५७॥

इस प्रकरण में पहले ब्रह्मसंहिता के अनुसार श्रीशब्द एवं परमपुरुष शब्द से जो मायिक उपपतिभाव निराकरणपूर्वक निजपतिभाव निश्चय किया था उसी को यहाँ पर पुनः दृढ़ कर रहे हैं । यथा—व्रजराजकुमार श्रीकृष्ण का वधूभाव यदि इन समस्त गोपियों में ही प्रसिद्धि को प्राप्त न करेगा तो व्रज के समस्त कमल पत्रों के ऊपर उन गोपियों का आधिपत्य भी सफल सिद्ध न होगा ॥५८॥

पहले जो गोकुलरूपी गोलोक के उपवनों का उल्लेख किया था अब उनके अवयव भागों का वर्णन करते हैं । यथा—गोकुल एक सहस्रपत्र वाले कमल के समान है, उसके पत्रसमूह उपवन के समान हैं । खिले हुए कमल के थोड़ा सा सिकुड़ने पर जैसे उसके पत्रों के प्रान्तभाग कुछ ऊँचे उठे से दिखाई देते हैं, उसी प्रकार उपवनों के चारों ओर बाहर से न लांघने योग्य अत्यन्त ऊँचे मणिमय आलवालों की शोभा के पात्र कमलपत्रों के मध्यभागों में कमल के मध्य में स्थित केसरस्वरूप श्रीकृष्ण के भवन से निकलकर अलग-अलग विस्तीर्ण राजमार्ग सुशोभित होरहे हैं । पूर्वोक्त पत्रस्वरूप विभिन्न उपवनों के प्रान्तभाग परस्पर मिले हुए हैं । उन प्रान्तभागों में गंयाओं के रहने के स्थान सुशोभित हैं । इन गोस्थानों के बीच में गोपगण एवं गोपराज श्रानन्दजी महाराज विराजते हैं, अतएव कमल के उस स्थान पर्यंत भाग को 'गोकुल' नाम से पुकारा जाता है । अर्थात् गोकुलरूप कमल के बीच में श्रीकृष्ण का स्थान है, उसके निकट में चारों ओर श्रीराधा आदि प्रेयसी अष्ट सखियों का स्थान है । उसके बाद चारों ओर श्रीकृष्ण के सखाओं का स्थान है, उसके बाद रक्तक, पत्रक आदि दासों का स्थान है, उसके बाद श्रीयशोदा, रोहिणी आदि माताओं के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्रापि दोहसमयं समया समेन, गोवृन्दपालवलयेन निविश्य पश्यन् ।
चिन्तामणिप्रचितसद्मसु कल्पशाखि,-पद्मावृतेषु सुरभीरभिपाति कृष्णः ॥६०॥

यस्य च समीपगानामालयरूपस्य कमलस्य सर्वतश्चतुरस्रं भवति, तदिदं सर्वं वृन्दावनमिति वदन्ति । तद्बहिरन्तरं समस्तदीपायमानः स महाद्वीपायमानः परमसुवेशः सर्वश्च देशः श्वेतद्वीप इत्याचक्षते गोलोक इति च । यस्तु बहिर्भागः सागरवदपरिच्छेद्यस्तत्र विगतशोका धारित्रनिभ-विचित्रलोकाः सलोका विद्यन्ते । पत्रस्थितानि तु वनानि केलिवृन्दावनानीति भणन्ति ॥६१॥

यथोक्तं पञ्चरात्रे—'महावृन्दावनं तत्र केलिवृन्दावनानि च' इति ॥६२॥

अथ चतुरस्रमनु कमलात् पतयालुतया परितः स्रवन्तीर्मधुधाराः पिबन्त इव पुनरपरतत्पानाय वमन्त इव च दक्षिणपश्चिमयोः सर्वतः (पर्वतः) पर्वतषट्पदा दृश्यन्ते । यत्र च तत्रापि महामणि-मयकूटघनः श्रीगोवर्धनः कूटीभूत-महानिधिवदखर्वमानन्दगर्वं सर्वाधिपतेरप्याविर्भावयति ॥६३॥

रहने का स्थान है । उसके बाद नन्द, उपनन्द आदि और पर्जन्य आदि पिता, पितामह आदि का स्थान है । उसके बाद वृद्ध गोपगणों के सामने गोगणों का स्थान बना हुआ है । गोलोक के वास की परिपाटी इस प्रकार समझनी चाहिए, आगे भी इसका कुछ वर्णन आयेगा ॥५९॥

उन गैयाओं के खिड़कों में गोदोहन के समय श्रीकृष्ण अपनी समान अवस्था वाले गोवृन्द पालनकर्ता गोपगणों के सहित प्रविष्ट होकर पद्मसंख्या वाले कल्पवृक्षों से घिरे हुए, चिन्तामणियों से खचित भवनसमूहों में सभी गैयाओं का निरीक्षण एवं पालन करते हैं ॥६०॥

वृन्दावन, गोलोक, श्वेतद्वीप ये गोकुल के ही तीन नाम हैं, यह पहले ही निर्दिष्ट कर चुके हैं । श्रीकृष्ण के समीपवर्ती गोपगणों के आलयरूप कमल के चारों ओर जो चतुष्कोण (चार कोनेवाला) स्थल है, भक्तितत्त्ववेत्ता रसिकपण्डितजन उस समस्त स्थल को वृन्दावन कहते हैं । उस वृन्दावन के बाहिरी भाग एवं भीतर के भाग को दीपक के समान प्रकाशित करने वाले महाद्वीप के तुल्य परम सुन्दर समस्त देश को श्वेतद्वीप और गोलोक कहते हैं । उसी वृन्दावन का जो बाहर का भाग समुद्र के समान परिमाणरहित है वहाँ पर जो लोग निवास करते हैं वे शोकरहित हैं । वे सब पृथ्वीसम्बन्धी संसारीजनों की तरह प्रतीयमान होकर भी वैकुण्ठवासीजनों के समान विद्यमान हैं । और पत्रों में स्थित जो वन हैं, उनको विज्ञजन "केलिवृन्दावन" नाम से कहते हैं ॥६१॥

नारद पञ्चरात्र में भी कहा है कि—उस कमलाकार गोकुल में महावृन्दावन एवं बहुत से केलिवृन्दावन भी विद्यमान हैं ॥६२॥

कमल से तो मधु की धारा बहा करती हैं । उस गोकुलाधारभूत कमल से कैसी मधुधाराएँ बहती हैं? तहाँ कहते हैं—वृन्दावन के दक्षिण एवं पश्चिमभाग में स्थित पर्वतरूप भ्रमरगण देखे जाते हैं, वे सब गोकुलरूप कमल से निकल कर चारों ओर मधुधारा को बहाने वाली जो नदियाँ हैं, उनका पर्वतरूप मधुकरगण मधु की तरह चाव से पान करते हुए, तथा और जन भी इस का पान करें इस ध्येय से मधुधारा वाहिनी उन नदियों की ओर ही पुनः वमन (उद्गिरण) करते रहते हैं । चारों कोनों पर विद्यमान पर्वतों के बीच में

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीगोवर्धननामा चायं रमणीयमणिशिलाभिः समासनमासनम्; खगावलिकलित-काकलीभिः स्वागतं स्वागतम्; श्यामाकदूर्वाब्जविष्णुक्रान्तापर्यगाक्रान्ततिर्यङ्निर्झरिभिर्निष्पाद्यं पाद्यम्; चञ्चन्मृगचरणन्यश्चदक्षत-दर्भानन्तांकुरैः समर्घ्यमर्घ्यम्; तीरसनीड-जातो-लवङ्ग-कक्कोल-सङ्गत-पल्वलैरलमाचमनीयमाचमनीयम्; नवनवनवप्रसूतगवी-नवीनस्नुतक्षीर-परिणत-दधि-तत्प्रसृत घृतशबलनैस्तरूपहृतमधुपर्कं मधुपर्कम्; शिखर-शेखरशिलासर-प्रखरधारापातैरनुकृत-स्नपनपरिचर्याप्रीतिमज्जनं मज्जनम्; दुकूलवदनकूलसंश्लेषस्वर्णवर्णवृक्षविशेषवल्कलैः कलितसुखवसनं वसनम्; स्वभावानुबन्धगन्ध-सुगन्धशिलाशतपरिणत-हरिचन्दनगौरगैरिकैश्चर्चातिशयं चर्चातिशयम्; प्रफुल्लमाल-मालतीलतादिभिर्नन्दितसुमनसः सुमनसः; गव्या-खुरव्याहतिजाता-गुरुदारुधूमैर्व्याहतसर्वधूपं धूपम्, दिवापि विद्योतिमणिनिकर-ज्योतिभिः सर्वसम्पदुद्दीपं दीपम्; मञ्जुलगुञ्जापिञ्छादि-विञ्छोली-वाञ्छित-निर्माणैः कृतसुषमाभरणमाभरणम्; अभिलाषानुकूल-फलमूल-वलयैः सर्वसुखसमाहारं समाहारम्; पुष्पवासितशीतलजल-वलयितपुनरा-

---

महामणिमय शिखरावली द्वारा निविड़ (घना) होकर श्रीगोवर्धन पर्वत पुञ्जीभूत महामणि निधि की तरह सब के अधिपति श्रीकृष्ण के भी अतिशय आनन्द गर्व को उत्पन्न करता रहता है ॥६३॥

हरिदासों में श्रेष्ठ श्रीगोवर्धन नामक यह पर्वत अनेक प्रकार के उपचारों से जिस प्रकार श्रीकृष्ण की पूजा करता है उसका अब वर्णन करते हैं—(१) रमणीय मणिमय शिलाओं द्वारा अच्छी प्रकार बैठने योग्य आसन, (२) पक्षियों की सुमधुर शब्दावली द्वारा सुखपूर्वक ज्ञात स्वागत, (३) समा के चावल, दूर्वादल, कमल, अपराजिता सहित चारों ओर झरते हुए टेढ़े-मेढ़े झरनों के सुन्दर जल द्वारा निष्पाद्य पाद्य, (४) इतस्ततः संचरणशील मृगों के चरणपात से अवनत तथा अक्षत कुशांकुर एवं दूर्वांकुरों के द्वारा सुलभ अर्घ्य, (५) तीर पर उत्पन्न लवङ्ग एवं कोशफलयुक्त कुण्डजल द्वारा आचमन योग्य आचमनीय जल, (६) नवीन नवीन नई व्याई हुई गैयाओं के झरते हुए दूध से रूपान्तरित दधि एवं दधिजनित घृत से मिश्रित वृक्षों द्वारा दिये हुए मधु से संयुक्त मधुपर्क, (७) प्रीतिमान भक्तजन प्रीतिपूर्वक श्रीकृष्ण को जिस प्रकार नित्य स्नान कराते हैं उसी प्रकार शिखरों के अग्रभाग की शिलाओं से निकलती हुइ प्रखरधाराओं के पतन द्वारा स्नानीय जल, (८) दुपट्टा की तरह अनुकूल परिपाटीयुक्त सुवर्ण वर्ण के भोजपत्र आदि वृक्षविशेषों के वल्कल द्वारा सुखपूर्वक पहनने योग्य वस्त्र, (९) स्वभावसिद्ध है गन्ध जिनका ऐसी सुगन्धमय सैकड़ों शिलाओं से मिलित हरिचन्दन, हरिताल एवं गेरू आदि धातुओं द्वारा सामान्य गन्ध की अपेक्षा श्रेष्ठ गन्ध, (१०) खिली हुई हैं पंक्तियाँ जिनकी ऐसी मालती आदि लताओं के द्वारा देवताओं के आनन्ददायक पुष्प, (११) गोसमूह के खुरों द्वारा टूटे हुए जायफल, अगुरु (गुग्गुल), देवदारु के धूम के द्वारा समस्त सन्तापनाशक धूप, (१२) दिन में प्रकाशमान मणिसमूह की ज्योति द्वारा सब सम्पत्तियों को प्रकाशित करने वाला दीपक, (१३) मनोहर गुंजा, मयूरपुच्छ एवं पुष्पगुच्छ आदि से अभिलषित वस्तुओं के निर्माण द्वारा परम शोभापोषक आभरण, (१४) श्रीकृष्ण की अभिलाषा के अनुकूल फल, मूलसमूह द्वारा सब सुखों का एकत्र मिलनरूप आहार, (१५) आहार के बाद पुष्पों से सुगन्धित शीतल जल द्वारा पुनः आचमन के पश्चात् विमल एवं उपमारहित गन्धयुक्त तुलसीपत्र द्वारा उत्तरोत्तर मुख को सुगन्धित करनेवाला ताम्बूल, (१६) वायु की अधिकता से चञ्चल एवं विकसित पुष्पों की शोभा से युक्त चमेली के पुष्परूपी दीपश्रेणी द्वारा रात्रिपर्यन्त आरती, (१७) घनी पत्रावली से युक्त मोरछली आदि वृक्षों द्वारा जिसकी अत्युत्तम शोभा विशेष होगई है ऐसे पत्तों से युक्त छत्र, (१८) मलयगिरि की वायु के द्वारा किंचित् चञ्चल पत्तों से विशिष्ट

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चमनमनु विमलपरिमलातुल-तुलसिकापल्लवादिभिर्मुखवासनं मुखवासनम्; मरुदुच्चलस्फुट-त्पुष्पसम्पच्चम्पकदीपावल्या स्फुटमारात्रिकमारात्रिकम्; घनकिसलय-वलय-संकुल-बकुलमुख-शाखिनिकरैः शोभान्तरतमातपत्रमातपत्रम्; मलय-मरुल्लवचलत्-पल्लवविशालशालैर्नन्दित-भव्यजनं व्यजनम्; निजस्वरविवेकिनां केकिनामनेकाङ्गकेकाभिः कलिलास्यं लास्यम्; हरिवेणु-ध्वनिभ्रमकोचककलक्रमकृताकर्षवनितान्वित-शय्यायमान-पुष्पपातपर्यायैः कृतसर्वातिशयनं शयनम्; काकली-कलिल-कलकोकिलकुलैर्लब्धसङ्गानं सङ्गानमपि हरिं परिकलयन् पूर्वपूर्व-सिद्धनिज-हरिदासवर्यतां पर्यापयन्नास्ते ॥६४॥

कृतहरिदासवर्यसङ्गः मानसगङ्गः च सुर्वसुखस्थेमनि कृष्णप्रेमणि मानसद्रवमयीति किल तन्नामतया तां वर्णयन्त्युपश्लोकयन्ति च ॥६५॥

स्वल्पेनाघजिदंश-वामनपद-स्पर्शेन गङ्गा सदा
सर्वाघप्रशमन्यभूदपि शिवस्यारूढमूर्धाजनि ।
स्वेनैवाघजिता सदा विहरता ब्रह्मेशलक्ष्मीजयि-
प्राशस्त्येन सह व्रजेन मिलिता गङ्गापरा किं पुनः ? ॥६६॥

बड़े बड़े शाल के वृक्षों द्वारा भव्यजनों का आनन्ददायक व्यजन, (१९) जिनका केका रव सर्वत्र विख्यात है, ऐसे अपने केका रव के जानने वाले मयूरगण अपना मुख फैलाकर ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत आदि भेद से अनेक प्रकार का केका रव करते करते जो नृत्य करते हैं, वही श्रीकृष्ण का प्रीतिजनक नृत्य, (२०) श्रीकृष्ण की वंशोध्वनि का भ्रम देने वाली वायु के द्वारा बजते हुए बाँसों की जो अव्यक्त मधुर ध्वनि, उसको कानों द्वारा श्रवण कर आकर्षित होकर आई हुई गोपवनिताओं के सहित सुन्दर शय्या की तरह गिरते हुए पुष्पों की क्रम परिपाटी द्वारा सबका अतिक्रमण करने वाली जो शय्या है वही शय्या, (२१) शय्या आने के बाद निद्रा का आवेश होता ही है, उस समय धीरे स्वर से सुमधुर गायन उपयुक्त होता हैं, अतः श्रीहरिदास-वर्य गिरिराज सुमधुर अस्फुट शब्दकारी एवं कल ध्वनिकारी कोकिलगणों के सुमधुर शब्दों द्वारा समयोचित गायन की भी व्यवस्था कर देता है। उस गायन के करने वाली यद्यपि बहुत सी कोयल हैं, तथापि तान की संगति नहीं बिगड़ने पाती, इस प्रकार श्रीगोवर्धन श्रीकृष्ण का उद्देश्य लेकर उनका दर्शन करता हुआ, पाद्य, अर्घ्य आदि पूजा के सब उपकरण समर्पण करता हुआ पूर्व पूर्व नित्यसिद्ध अपनी हरिदासवर्यता, अर्थात् समस्त हरिदासों में अपनी श्रेष्ठता प्रकाशित करता हुआ विद्यमान है। (तात्पर्य यह है कि अन्य सामान्य भक्तजन तो कोई पाँच उपचारों से तो कोई सोलह उपचारों से श्रीहरि की सेवा पूजा करते हैं, परन्तु यह श्रीगिरिराज तो इक्कीस प्रकार के उपकरणों से पूजा करता है। इसीलिये व्रज की समस्त गोपियों ने इसको श्रीहरिदासवर्य की उपाधि दे रक्खी है) ॥६४॥

हरिदासवर्य श्रीगोवर्धनजी का संग प्राप्त करके ही मानसीगङ्गा का मन निश्चय ही सर्व सुखों के आश्रयस्वरूप श्रीकृष्ण के प्रेम में ही द्रवीभूत होगया है। इसीलिये विज्ञजन उसको 'मानसगङ्गा' के नाम से वर्णन करते हैं एवं श्लोकों द्वारा इस प्रकार उसकी स्तुति भी करते है ॥६५॥

श्रीमानसीगङ्गा की स्तुति

जब अघासुरविजयी श्रीकृष्ण के अंशावतार श्रीवामन भगवान् के थोड़े से चरणस्पर्श से श्रीगङ्गाजी सर्वपापविनाशिनी एवं श्रीशिवजी के मस्तक पर आरूढ होगईं, तब ब्रह्मा, शिव एवं लक्ष्मी से भी विशिष्ट

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ यत्राप्युत्तरपूर्वयोः कस्यानन्दव्रजरूपस्य व्रजस्यालिन्दाददूरभवेति किल कालिन्दीति-नाम्नी यमुना विलसति । या खलु—॥६७॥

कदाचिद्धाराभिर्वहति हरिरत्नद्रवनिभा, कदाचित् स्तब्धाङ्गी स्फुरति हरिरत्नक्षितिरिव ।
क्रमाद्वेणौ तस्मिन्न नदति नदत्यर्कतनया, जलस्थल्योः शर्म प्रसवति हरेः सेवनविधौ ॥६८॥

पश्यन्ती जलजेक्षणा घनरसावर्तश्रुतिः शृण्वती
जिघ्रन्ती झषनासिका तरलदोरालिङ्गनं कुर्वती ।
जल्पन्तीव च हंसचक्रवदना नीरात्मना कृष्णभाग्-
या कृष्णा बत साथ कीदृगसकृद्देव्यात्मना चेष्टते ? ॥६९॥

यत्र च सर्वत्र सरांसि चैवमुत्प्रेक्ष्यन्ते—
व्रजविपिनविभागे निश्चलो यस्य वासः, स्वयमयमपरेषां पोषको जञ्जनीति ।
कलय वरसरांसि स्रोतसामत्र वृन्दै,-र्विदधति यमुनादिद्वीपिनीः स्फीततोयाः ॥७०॥

व्रजवासीजनों के साथ सदा विहार करनेवाले सर्वपापहारी स्वयं अघविजयी श्रीकृष्ण से सर्वाङ्ग सहित मिली हुई श्रीमानसगङ्गा सर्वश्रेष्ठ हैं, इस विषय में तो फिर कहना ही क्या है ? ॥६६॥

और जिस गोलोक में वृन्दावन के उत्तर एवं पूर्व दिशा की ओर किसी अनिर्वचनीय आनन्दसमूहरूप व्रजधाम के आँगन के समीप ही प्रवाहित होने वाली, अतएव कालिन्दी नाम वाली श्रीयमुनाजी विलास करती रहती हैं ॥६७॥

जो श्रीयमुनाजी कभी कभी धाराओं के द्वारा इन्द्रनीलमणि के द्रव की तरह शोभापूर्वक वहती हैं, तथा कभी कभी इन्द्रनीलमणि की भूमि की तरह स्थिर अंग वाली होकर दिखाई पड़ती हैं, और उस वंशी के बजने पर यमुनाजी उसे सुनती हैं, जब वंशीध्वनि नहीं होती तब स्वयं ही वंशी की सी ध्वनि करती रहती हैं। इस परिपाटी से सूर्यपुत्री श्रीयमुनाजी जल और स्थलरूप दोनों स्थानों पर श्रीहरि की सेवा के लिये सुख उत्पन्न करती रहती हैं ॥६८॥

श्रीयमुनाजी जलरूप एवं देवीरूप से दो प्रकार की हैं, वे दोनों प्रकार की ही श्रीकृष्णभक्त हैं, यथा– जो श्रीयमुनाजी विकसित कमलरूप नेत्रों द्वारा श्रीहरि का दर्शन करती हुई, जल के भ्रमर (भँवर)-रूप कानों से श्रीहरि का लीलामृत श्रवण करती हुई, मछलीरूप स्वनासिका द्वारा श्रीहरि के श्रीअङ्ग की गन्ध को सूंघती हुई, तरङ्गरूपी अपनी भुजाओं द्वारा श्रीहरि का आलिंगन करती हुई, हंसमण्डल या चकवा चकवीरूप मुख द्वारा श्रीहरि के साथ स्पष्ट वार्तालाप सा करती हुई, जलरूप से भी जब श्रीकृष्ण की सेवा करती हैं, तब देवीरूप से वही श्रीयमुनाजी बारंबार किस प्रकार की सेवा करती हैं, यह नहीं जाना जा सकता ॥६९॥

जिस गोवर्धन में चारों ओर विद्यमान सरोवरों की कविजन इस प्रकार उत्प्रेक्षा करते हैं:—हे प्रिय मित्रो ! देखो, व्रज के विपिन विभाग में जिस गोवर्धन का वास निश्चल है, वह दूसरों का भी पोषक हो सकता है, यह निश्चय समझो। यहाँ के सरोवरों को तो देखो ! जो कि अपने झरनों के जलसमूह द्वारा श्रीयमुना आदि नदियों को भी अधिक जल वाली बना रहे हैं ॥७०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यत्र च—काश्चित् पङ्कजकैरवावलिलसत्स्रोतस्वती-प्रान्तगा
नानापुष्पवनीविराजदवनीमध्यस्थिताः काश्चन ।
केकाभृंकृतिमत्कुहूमधुरिताः कान्ताङ्गचर्चाचिता
नासाट्क्श्रवसः सदापि सुखदा रासाङ्किता भूमयः ॥७१॥

किञ्च—भाण्डीरस्तरणिपदं समुन्नतेर्न, प्रायातः परमिह किन्तु विस्तृतेश्च ।
तच्छाखाः परिविहरन्नवारपारे, कालिन्द्या मुहुरभियाति गोपसङ्घः ॥७२॥

तथा—क्वचित् सद्मभासप्रकटबलवत्कोटरघटः
क्वचित् पल्यङ्काभप्रथितपृथुशाखासुखतमः ।
क्वचिद्दोलातुल्यग्रथितलतिकापालिवलितः
सदासौ भाण्डीरः कमिव हरिकेलिं न तनुते ? ॥७३॥
तदुदीचीमनुदेशः, प्रथयति सौख्यानि रामघट्टाख्यः ।
यत्र च रामं कुर्वन्, सुखयति रामः सरामतामञ्चन् ॥७४॥

अथ तस्य लोकस्य लोकपालैर्वरणीयानि विमानचारिणां वराण्यावरणानि सुरवर्त्मनि वरीवृतति । यत्र च वासुदेवादिसंज्ञं स्वयमेव चतुर्व्यूहवृन्दं लोकपालायमानं सेनाव्यूहतामुररी-चरीकरीति । तत्र च पुरुषार्थादयः के वराकाः ? ॥७५॥

इस श्रीयमुनाजी के पास की भूमि दो प्रकार की है, कुछ भूमियाँ तो कमल, कुमुद आदि पुष्पावली से सुशोभित नदी के प्रांत की हैं, तथा कोई अनेक प्रकार के पुष्पों से युक्त वृक्षों वाली वनभूमि से सुशोभित हैं। यह द्वितीय विभाग वाली भूमियाँ मयूरगण केका रव से भ्रमरों की झङ्कार से, एवं कोकिलों के कुहू रव से युक्त होने के कारण अति सुमधुर और रमणियों के चन्दन आदि अंगराग द्वारा व्याप्त तथा रासलीला के चिह्नों द्वारा अङ्कित होकर नासिका, नयन, श्रवण और त्वगिन्द्रिय आदि के लिये सदैव सुख देती रहती हैं ॥७१॥

किंच भाण्डीरवट अतिशय ऊँचा होने से ही सूर्य के निकट नहीं पहुँचा है, किन्तु चारों ओर की शाखाओं के विस्तार से भी श्रीयमुनाजी के ऊपर होकर तरणि, अर्थात् नौका के तुल्य होरहा है। कारण कि गोपसमूह उसकी योजनों लम्बी शाखाओं पर विहार करता हुआ श्रीयमुनाजी के दोनों पार बारंबार अनायास ही आता जाता रहता है। अर्थात् ग्वालबाल खेलते खेलते भाण्डीरवट की शाखाओं से ही यमुनाजी के इस पार उस पार बार बार आते जाते रहते हैं। अतः यह वट ही नौकारूप होरहा है ॥७२॥

तथा कहीं कहीं अपने अंगों में घर के समान अति उत्तम कोटर (खोंतर) समूह प्रगट करके और किसी अंग में पलङ्ग के सदृश सुखदायक मोटी मोटी शाखाओं का विस्तार करके एवं किसी अंग में झूला के समान ग्रथित लताश्रेणी से युक्त होकर यह श्रीभाण्डीरवट श्रीहरि की कौन सी क्रीड़ा को सदा विस्तारित नहीं करता ? अपितु सदैव श्रीहरि की सभी लीलाओं का साधन बना हुआ है ॥७३॥

भाण्डीरवट की उत्तर दिशा की ओर रामघाट नामक प्रदेश सुखसमूह विस्तारित करता रहता है। जहाँ पर क्रीड़ा करते हुए श्रीबलरामजी अति रमणीय शोभा विशिष्ट होकर सभी सखाओं को सुखी करते रहते हैं ॥७४॥

और उस गोलोक के आकाशमण्डल में लोकपालों के द्वारा भी प्रार्थनीय विमानचारी देवताओं के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवं सति गोलोकनामायं लोकः परममान्यः सामान्यतयापि केन वर्ण्यताम् ? यः खल्वमृतसिन्धुरित्यमृतान्धसः, यशसः सवया इति कवयः, वैचित्रीधर्माकृतिरिति विश्वकर्माणः, आनन्दानां ब्रह्मसाक्षादिति ब्रह्मानुभविनः, प्रेमा स्वयं व्यक्त इति भगवद्भक्ता मन्यन्त इत्यनेकमतपरामृष्टतया दृष्टः ॥७६॥

किञ्च—किं तेजः किन्नु चित्रं किमुत नटकला किन्तरां कोऽपि लोकः
किंवा प्रेमा स साक्षादिह कलितवपुर्यः शुकेन प्रगीतः ।
इत्थं तल्लोकपाल-प्रमुखदिविषदां संहतिस्तर्कयन्ती
तस्मिन् गोविन्दधाम्नि प्रतिदिनमयते सम्भ्रमञ्च भ्रमञ्च ॥७७॥

तदेवं बुद्धिपद्धतिमप्यतीतवानसौ लोकः प्रसभं बुद्धिमध्यमध्यारोहति ॥७८॥

यतः—ये ये प्रीतिं ददति विषया ये च तत्तद्विदूरा-
स्तेषूत्कण्ठा मम न हि कदाप्यत्र सत्यं करोमि ।
कृष्णे स्नेहं बत वितनुते यश्च यत्रापि कृष्णः
शश्वल्लोकः स तु सरभसं मां दिदृक्षुं करोति ॥७९॥

परमश्रेष्ठ आवरण विशेष रूप से वर्तमान रहते हैं। जहाँ पर वासुदेवादि नामक चतुर्व्यूहवृन्द स्वयं ही लोकपालों का सा आचरण करता हुआ सेना समूह के कार्य को अच्छी प्रकार स्वीकार करता रहता है। अर्थात् इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर आदि लोकपालों की तरह वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध नामक चतुर्व्यूह ही उस गोलोक का लोकपाल बनकर सेना के व्यूह रचना आदि कार्य भार को स्वयं अङ्गीकार करता है। उस गोलोक में धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चारों पुरुषार्थों की क्या चर्चा करें ? उन अति क्षुद्र विचारे पुरुषार्थों को यहाँ कौन पूछता है ? ॥७५॥

इस प्रकार की विशेषता से युक्त होने के कारण परममान्य इस गोलोक का सामान्यरूप से भी कौन वर्णन कर सकता है ? देखो, जिसको देवगण अमृतसिन्धु, कविगण यश के समान, विश्वकर्मागण आश्चर्यरूप, ब्रह्मानुभवी ज्ञानीगण आनन्दों के मध्य में ब्रह्मसाक्षात्कार एवं भगवद् भक्तगण प्रेम ही स्वयं इस रूप से प्रगट होगया है क्या ? ऐसा मानते हैं। इस प्रकार यह लोक स्वस्वभावानुसार अनेक प्रकार के परामर्शों से देखा जाता है ॥७६॥

किंच यह कोई तेजपुंज है, किंवा विचित्र चित्र है, अथवा किसी नट की चातुर्यमयी कोई कला (शिल्प) है या कोई लोक ही है, अथवा जिस प्रेम का श्रीशुकदेवजी ने यथेष्ट वर्णन किया है वह प्रेम ही साक्षात् सुन्दर शरीर धारणकर इस रूप में प्रगट हुआ है क्या ? इस प्रकार गोलोकस्थित लोकपाल प्रभृति देवतागण परस्पर वितर्क करते हुए श्रीगोविन्द के धामरूप उस गोलोक में प्रतिदिन आवेग एवं भ्रम को प्राप्त होते रहते हैं ॥७७॥

अतएव इस प्रकार का यह गोलोक बुद्धिमार्ग को अतिक्रमण करके भी मेरी बुद्धि के मध्यस्थान में कृपापूर्वक सहसा आरूढ़ या आविर्भूत हो रहा है ॥७८॥

कारण यह है कि जो जो विषय प्रीति प्रदान करते हैं, एवं जो विषय प्रीतिप्रद नहीं हैं, अर्थात् दूरवर्ती हैं, उन उन विषयों में मेरी उत्कण्ठा कभी भी नहीं है, इस विषय में मैं शपथ करता हूँ, अर्थात् यथार्थ सत्य कहता हूँ। अहह ! जो दिव्यातिदिव्यलोक श्रीकृष्ण में स्नेह करता है तथा श्रीकृष्ण भी जिसमें निरन्तर स्नेह करते हैं वह गोलोक धाम ही हठात् मुझको निरन्तर स्वदर्शनाभिलाषी बना रहा है ॥७९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यस्याकर्णनमप्यपूर्वमभितब्रह्माण्डकोटिव्रजे
वैकुण्ठेष्वपि वाञ्छितं किमपरं यल्लालसा श्रीरपि ।
गोलोके स तु बान्धवाग्रिमतया विभ्राजते सर्वदा
येषां तन्मधुरिम्णि हन्त मम हृन्मज्जन्मुहुः सज्जति ॥८०॥

हन्त किं करवाणि ? सहसैवारब्धवानेतद्वर्णनम्, निर्वाहन्तु न पश्यामि ॥८१॥

यतः, प्रथमतश्चतुरस्र-परिहरिचरितचारुताप्रणिधानं एवेदृशता दृश्यते ।

यथा—गवां क्षेपश्चारं प्रति सखिभिराक्रोडपरता
मुहुस्तासां दूरे गमनमनुसम्भालनविधिः ।
तदाह्वानं तासु क्रममनुविसृष्टिः सवयसां
पुनः क्रीडावेशः स्मृतिपदतया क्षोभयति नः ॥८२॥

तत्रापि—क्व चापि कृष्णरामौ तौ करबद्धकरौ मिथः ।
हसन्तौ हासयन्तौ च कुर्वाते चित्तमाकुलम् ? ॥८३॥

किञ्च—वृक्षानंकुरयन्तु विद्रुतदशामद्रीन्नयन्तु द्रुतं
स्तम्भं चाम्भसि लम्भयन्तु सरितां किंवा प्रतीचीनताम् ।

और फिर कोटि कोटि ब्रह्माण्डसमूह में एवं वैकुण्ठसमूह में जिनका नाम श्रवण करना भी अति वांछनीय है, अधिक क्या कहूँ श्रीलक्ष्मीजी भी जिनके श्रवण, दर्शन आदि की लालसा करती रहती हैं वे ही श्रीकृष्ण गोलोक धाम में जिन गोपगणों के प्रधान बान्धवरूप से सर्वदा विराजमान रहते हैं उनके माधुर्य-समुद्र में मेरा हृदय बारंबार गोता लगाता हुआ आसक्त हो जाता है, न जाने यह क्या आश्चर्य है ॥८०॥

हाय ! क्या करूँ ? यह गोलोक आदि का वर्णन मैंने हठात् आरम्भ तो कर दिया है, किन्तु इस वर्णन की पूर्ति का निर्वाह किस प्रकार होगा उसका उपाय तो कुछ भी नहीं देख रहा हूँ । परन्तु इतने विशाल कार्य को प्रभु ही पूरा करेंगे ॥८१॥

कारण कि पहले से ही यथायोग्य एवं सर्वोत्तम श्रीहरि के चरित्र की चारुता की भावना में हमारी ऐसी आसक्ति दीख रही है । यथा–पहले तो चराने के निमित्त खिड़क से गोगणों की प्रेरणा, अर्थात् खोलना या भेजना, पश्चात् वन में जाकर श्रीदामा आदि सखाओं के साथ बारंबार हास परिहासपूर्वक क्रीड़ा में तत्पर होना, तत्पश्चात् चरते चरते गउओं का अति दूर चले जाना, फिर उनको सँभालना, देखना भालना, पुनः दूर चली गई गौओं का बुलाना, फिर गौओं के अति दूर चले जाने पर उनको लौटाने के लिये क्रमशः सखाओं को भेजना, सखाओं के लौटने पर पुनः क्रीड़ा में आविष्ट हो जाना । इस प्रकार श्रीहरि की सब लीलाएँ स्मृतिपथ में प्रगट होकर हमको क्षुभित कर रही हैं । तात्पर्य वे अपूर्व लीलायें ही अपने साक्षात् दर्शन करने के लिये मेरे चित्त को व्याकुल बना रही हैं ॥८२॥

उस गोलोक में किसी समय श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भैया आपस में हाथ में हाथ मिलाकर स्वयं हँसते एवं सखाओं को हँसाते हुए मेरे चित्त को व्याकुल कर देते हैं ॥८३॥

उसमें भी अष्टकालीन लीला ध्यान परायण भक्तों को वेणुवादन की परिपाटी और भी अधिक क्षुभित कर देती है, यथा वेणुध्वनि की घटायें सभी वृक्षों को भले ही अंकुरित कर दें, चाहे पर्वतों को शीघ्र

CC-0. Swami Atmanand Giri Public Domain Collection. Digitized by eGangotri

वेणुध्वानघटा यतोऽतिनिकटाः कस्मादकस्माद्बलात्
कर्णाभ्यर्णगता इव स्फुटममून् धुन्वन्ति तद्ध्यायिनः ॥८४॥

यतस्तदनुभविनां सुखन्तु मनसि स्फुरदपि न वक्तुमीश्यते—

यस्मिन् हरिर्याति विहारहेतो,-स्तस्मिन्मुदा फुल्लति चेत् कुटोऽघ्रि ।
न तत्र पृच्छा न च वक्तृता त,-न्न पृच्छ्यमेतन्न च वाच्यमस्ति ॥८५॥

इदञ्च सुजनमतिमतीवाकर्षति—

गायन्ति तत्र धवलाः परिपालयन्तः, पारावतीं मधुररागवतीमुदस्राः ।
जन्मादिकृष्णचरितानि चिरं गतानि, स्मृत्वा यतः सपदि मुह्यति सर्व एव ॥८६॥

अहो ! कुतः कुतो वा मनः संयमनीयम्, यतो गोष्ठानि च तानि द्रष्टुं मनः प्रसभमुत्-कण्ठयन्ति ।

यथा—विराजत्कस्तूरीद्युतिपरिमलैर्गोमयमय-
स्फुरच्चूर्णैः सद्मप्रतिकृति-वपुर्भिस्तरुवरैः ।
दिवा नूत्नैर्वत्सैर्निशि सुरभिजिद्भिः सुरभिभिः
समन्ताद्गोष्ठानि प्रतिमति दिशन्ति स्मृतिशतम् ॥८७॥

ही पिघला दें, जल में स्तम्भभाव प्राप्त करा दें, चाहे नदियों को उलटी बहा दें, परन्तु न जाने अति निकट-वर्ती होकर तथा बलपूर्वक कानों में प्रविष्ट सी होकर कृष्ण ध्यानकारी इन भक्तजनों को बलपूर्वक अकस्मात् क्यों कम्पित करती रहती हैं ? ॥८४॥

यदि पूछो कि वेणुध्वनि के श्रवण से उन भक्तों को सुख मिलता है कि नहीं ? और मिलता है तो वह सुख किस प्रकार का है ? तहाँ कहते हैं—वेणुनाद का अनुभव करने वाले भक्तजनों के मन में जो सुख स्फुरित होता है वह जिह्वा से कहा नहीं जा सकता। कारण कि वेणुवादन तत्पर श्रीकृष्ण विहार के निमित्त जिस वृन्दावन में गमन करते हैं उस वन में स्थित वृक्ष भी जब हर्ष से प्रफुल्लित हो उठते हैं, तब इस विषय में न तो कुछ पूछना उचित हैं न कुछ कहना ही। क्योंकि यह गूढ़ विषय न तो पूछने ही योग्य है और न कहने ही योग्य ॥८५॥

अब श्रीकृष्ण के सखाओं का चरित्र वर्णन करते हुए कहते हैं— यह चरित्र भी सब सुजनों की बुद्धि को विशेष आकर्षित कर लेता है, क्योंकि उस गोलोक में श्रीकृष्ण के मित्रगण गोचारण करते करते प्रेमाश्रु बहाते हुए सुमधुर रागयुक्त पारावती, अर्थात् गोपगीति का गायन करते हैं। जिस गायन से बहुत पहले बीते हुए श्रीकृष्ण के जन्मादि चरित्रों को स्मरण कर सभी गोलोकीयजन शीघ्र ही विमुग्ध हो जाते हैं ॥८६॥

हाय ! मैं अपने मन को किस उपाय से कहाँ कहाँ से संयत करूँ ? क्योंकि वे गोस्थान, अर्थात् खिड़कसमूह मेरे मन को अपने दर्शन के लिए हठात् उत्कण्ठित कर रहे हैं। यथा उत्कृष्ट कस्तूरी की सी कान्ति और सुगन्धि के समान सुन्दर अत्यधिक गोमय (गोबर) के सूखे चूर्ण से लिप्त एवं गोपों के घर के समान आकृति वाले वृक्षों से घिरे हुए तथा दिन में नये नये बछड़ों से एवं रात्रि में कामधेनुओं को भी जीतने वाली गैयाओं से परिपूर्ण वे गोस्थान प्रत्येक की बुद्धि में सैकड़ों प्रकार की स्मृति जगा रहे हैं ॥८७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सन्ध्ययोस्तु—वत्सान् मोचयतां धनानि दुहतां दुग्धानि सञ्चिन्वतां
गाः सम्भालयतां गृहान् प्रचलतां कृष्णं पुरः कुर्वताम् ।
तल्लीलाः परिगायतां पुलकितामश्राणि चातन्वतां
गोपानां बत चित्त-मुच्चितमदं मच्चित्तमाक्रामति ॥८८॥

सदा चैतानि राजवर्त्मानि तत्कीर्तनचत्वरानीव प्रसभं मच्चित्तमाकर्षन्ति ।

तथा हि—रामः कृष्णः कृष्णरामौ च कृष्णः, कृष्णः कृष्णः कृष्ण इत्येष जल्पः ।
यातायातं कुर्वतां सर्वदापि, स्वैरालापे श्रूयते तत्र तत्र ॥८९॥

श्रीकृष्णप्रमदानां प्रमदानां प्रमदवनपात्राणि पत्राणि तु वर्ण्यमानानि कवीनामपत्रपामेव विभ्रति, यतस्तत्रत्यं सर्वमेव चित्रमिति दुष्प्रत्यायतां प्राप्नोति ॥९०॥ येषु हि—

क्वचित् कुञ्जाः सद्मभ्रमकरुचस्तैरवयवैः
क्वचिच्चित्रैः सद्मान्यपि तुलितकुञ्जानि शतशः ।
जलानि क्वाप्युद्यत्-कमलवलितानि प्रतिपदं
स्थलान्यप्येवं क्वाप्यथ किमिव किं निर्णयपदम् ? ॥९१॥

प्रातःकाल एवं सायंकाल में तो गोदोहन के लिये खूंटा से बछड़ों को छोड़ते हुए, पश्चात् गोदोहन करते हुए, सब दुग्धों को एकत्रित करते हुए, विना दुही हुई गौओं को सँभालते हुए, दूध की दोहनी लेकर कृष्ण को आगे कर अपने अपने घरों को चलते हुए ग्वालबालों का उत्कट हर्ष से भरा हुआ चित्त ही मेरे चित्त पर आक्रमण कर रहा है, अर्थात् ऐसी दोनों संध्याओं की गोदोहनलीला को देखने के लिए उत्तेजित कर रहा है ॥८८॥

और श्रीकृष्ण के नामसंकीर्तन से सुशोभित आँगन या चबूतरों की तरह निर्मल ये गोलोक के राजमार्ग मेरे चित्त को बलपूर्वक अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। देखो ! जिन राजमार्गों में सर्वदा यातायात करते हुए व्रजवासीमात्र के मुख से स्वाभाविक वार्तालाप में भी "राम, कृष्ण, कृष्ण, राम, कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण" इस प्रकार से स्पष्ट रूप से जहाँ तहाँ निरन्तर श्रीहरिनाम ही सुनाई पड़ता है ॥८९॥

श्रीकृष्ण को हर्षित करनेवाली कृष्णप्रेयसी गोपियों के अन्तःपुरोचित प्रमदवन (क्रीड़ावन) स्वरूप पूर्वोक्त कमल के पत्र तो वर्णन करते समय बड़े बड़े महाकवियों की लज्जा को ही पुष्ट करते रहते हैं, अर्थात् उनका यथार्थ वर्णन करने में असमर्थ हुए कविगण लज्जित हो जाते हैं। कारण कि वहाँ की सभी वस्तुएँ आश्चर्यमय हैं, अतः दुर्बोधता को प्राप्त हैं, अर्थात् विशिष्ट महात्माओं के भी बड़ी कठिनता से प्रतीति के विषय में आ पाती हैं ॥९०॥

गोलोकरूप कमलपत्र के जिन पत्रों में किसी किसी स्थान में निकुञ्ज ही अपने विचित्र अवयवों से घरों का सा भ्रम उत्पन्न कर देती हैं, अर्थात् निकुञ्ज ही घरों जैसी लगती हैं। कहीं कहीं घर भी विचित्रताओं से सैकड़ों निकुञ्जों के समान प्रतीत होते हैं। किसी किसी स्थान पर निर्मल जल भी विकसित कमलों से आवृत एवं समस्त स्थल भी गुलाब आदि स्थलकमलों से आवृत होकर प्रतिक्षण सुशोभित हो रहे हैं। अतएव कौन सी वस्तु किस उपमा के द्वारा निर्णय योग्य हो सकती है ? अर्थात् कोई भी नहीं, तात्पर्य सभी अनुपमेय हैं ॥९१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सखीनां सारण्यत्रिदश-सुदृशां गानवलनां
मुहुः प्रोद्यन्मूर्च्छां मधु-मधुरराग-प्रणयिनीम् ।
हरिप्रेमार्तस्त्रीप्रथमरचितां शृण्वति जने
सुखं वा दुःखं वेत्यवकलयितुं कः प्रभवति ? ॥९२॥

क्वचिद्गानं सूक्ष्मं क्वचिदपि च तौर्यत्रिककला
क्वचित् प्रेम्णा गोष्ठी क्वचिदपि महाकेलिकलहः ।
इति स्फारं ताभिः प्रणयमयसारं विहरणं
हरेर्ध्यायन्नाना भवति कविचित्तं मुहुरपि ॥९३॥

प्रेमा कामति तत्क्रिया कलहति स्तम्भादिभावावली
सख्यां सञ्चरति श्रुतञ्च चरितं सर्वश्रुतं लङ्घति ।
इत्थं केलिकलाकलापकलितं वृन्दावनान्तर्वणे
दम्पत्योर्निखिलं विचारपदवीमुद्धूय विभ्राजते ॥९४॥

अब गोपियों के भाव वर्णन में विचित्रता का प्रतिपादन करते हुए श्रीजीव गोस्वामी कहते हैं कि जो गानरचना श्रीकृष्ण के प्रेम से पीड़ित महिला ने पहले पहल बनाई है, तथा जो वनदेवियों के सहित सखियों की मधु की अपेक्षा भी मधुरराग का प्रकाश करनेवाली है एवं मूर्च्छना विशिष्ट है, ऐसी गानरचना का श्रवण करते हुए भक्तजनों को सुख होता है या दुःख, इस बात को निश्चय करने के लिए कौन व्यक्ति समर्थ हो सकता है ? ॥९२॥

गोपियों के साथ श्रीकृष्ण का जो विहार है उसका विचार करते हुए कवियों का चित्त अनेक प्रकार से व्याकुल हो जाता है। अब यह वर्णन करते हैं—किसी स्थान पर सूक्ष्मस्वर से गान, किसी स्थान पर प्रेम-पूर्वक गोष्ठी, अर्थात् प्रेमभरी सभा एवं किसी स्थान पर महान् केलिकलह, अर्थात् प्रणयकोप, इस प्रकार सखियों के साथ श्रीकृष्ण के प्रणयपदार्थ का सारभूत विस्तृत विहार का ध्यान करता हुआ कवियों का चित्त भी बारंबार अनेक भावों से परिपूर्ण हो जाता है, अर्थात् ध्यानयोगी कवियों का मन एक साथ ही श्रीहरि की मनोहर अनेक लीलाओं को ध्यान में देखकर व्याकुल हो उठता है कि कौनसी लीला वर्णन करूँ, कौनसी नहीं, सभी विचित्रता से चित्रित हैं ॥९३॥

देखो ! गोपियों का कृष्णविषयक प्रेम ही काम का सा आचरण करता है, प्रेम की क्रिया ही कलह का सा आचरण करती है, स्तम्भ, स्वेद आदि सात्त्विक भावश्रेणी दूसरी सखी में संचारित हो जाती है, एवं श्रीहरि की लीलाकथा श्रवण गोचर होने पर पहले सुनी हुई अन्यान्य विषय सम्बन्धी कथाओं के श्रवण को भुला देती है, इस प्रकार श्रीवृन्दावन के अवान्तर वन में दम्पति, अर्थात् श्रीगोपीगण और श्रीकृष्ण का सर्वविलास संयुक्तचरित्र, विचारमार्ग का परित्याग करके, अर्थात् विचारातीत होकर देदीप्यमान होरहा है। सिद्धांत का निष्कर्ष यह है कि लोहा और सुवर्ण में जैसे भेद है, काम और प्रेम में भी उसी प्रकार महान प्रभेद है, परन्तु अंधे के लिए तो दोनों ही समान हैं। प्राकृत कामान्धजीव भगवत् सम्बन्धी प्रेम के मूल्य को न जान कर विशुद्ध लीला को भी कामभावयुक्त समझकर अपने को ही अपराधी बना लेता है, किन्तु भगवान् की उससे कोई क्षति नहीं है। गोपियों की प्रेमजन्य विलासचातुरी कामरूप से प्रतिभात होती है, वस्तुतः वह विशुद्ध सुवर्ण तुल्य है, "प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत्प्रथाम्" इस पद्मपुराण के वचनानुसार गोपियों का

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अकुण्ठामुत्कण्ठां वहति हरिरासु प्रतिपदं
हरावप्येता यद्व्यतिमिलन-सौख्यं विजयते ।
अहो ! यस्मादस्मिन्निरुपधि सखीवृन्दमुभय-
प्रकृष्टोत्कण्ठित्वं विशति तदिदं हन्त किमिव ! ॥९५॥

अपि सुन्दरतां प्रति ताः, सुन्दरतां किल वहन्ति गोपाल्यः ।
यन्निर्दूषणभूषण,-भूषणकृष्णे विभूषणायन्ते ॥९६॥

न भजति लक्ष्मीस्तुलना,-मिति किं स्तुतये घटेत राधायाः ?
या लक्ष्मीमपि जेत्रीः, स्वरुचा गोपीः पृथक् कुरुते ॥९७॥

तस्मादसाम्प्रताय नु (आ) साम्प्रताय मद्विधाय (था) स्वं वर्णयितुं किमुत निर्वर्णयितुम् ?॥९८॥

प्रेम ही काम नाम से प्रसिद्ध है। इसीलिये उद्धव आदि शान्त भक्तगण भी व्रज के प्रेम की जन्म जन्म में वासना करते रहते हैं॥९४॥

अब श्रीराधाकृष्ण की परस्पर प्रीति एवं उसी स्थान पर सखियों का भाव वर्णन करते हैं—श्रीकृष्ण प्रतिक्षण इन प्रेयसी गोपियों में भले ही अत्युत्कण्ठा धारण करें, एवं प्रेयसी गोपियाँ भी भले ही श्रीकृष्ण में अतिशय उत्कंठा धारण करें, इसमें आश्चर्य नहीं है, कारण कि परस्पर का मिलनसुख परस्पर की शोभा बढ़ाता है, किन्तु श्रीकृष्ण के साथ परस्पर मिलन में निरुपाधि, अर्थात् आत्मसुखविहीन सखीगण को श्रीराधाकृष्ण दोनों की ही उत्कण्ठा प्राप्त होरही है, अर्थात् "कान्त के लिये कान्ता को और कान्ता के लिये कान्त को" इस प्रकार पृथक् पृथक् उत्कण्ठा स्वतःसिद्ध है, किन्तु यहाँ तो आश्चर्य यह है कि उभयनिष्ठ प्रबल उत्कण्ठा सखीरूप एकाधार में प्रविष्ट एवं प्रकाशित हो रही है। सुतरां यह कृष्णप्रेम पदार्थ कैसा है सो कहा नहीं जा सकता क्योंकि वह निरुपम है॥९५॥

इन प्रेममयी गोपियों के सौन्दर्य की बात अधिक क्या वर्णन करूँ? देखो ! ये तो सुन्दरता को भी सुन्दर बना देती हैं। कारण निर्दोष भूषणों को भी विभूषित करनेवाले श्रीकृष्ण के प्रति गोपियाँ भी विशिष्ट आभूषणों का सा आचरण करती हैं, अर्थात् आभूषण श्रीकृष्ण की शोभा नहीं बढ़ाते, अपितु श्रीकृष्ण ही उनकी शोभा बढ़ाते हैं, किन्तु ये गोपियाँ तो श्रीकृष्ण की भी शोभा प्रकाशित करती हैं। अतः श्रीकृष्ण की भी भूषणस्वरूप हैं॥९६॥

जब गोपियों का ही ऐसा सौन्दर्य है तब श्रीराधाजी के सर्वोत्कृष्ट सौन्दर्य की तुलना कहाँ देखो ! श्रीलक्ष्मीदेवी श्रीराधिका की तुलना को नहीं प्राप्त कर सकतीं, यह कहना क्या श्रीराधिका की स्तुति के लिये उपयुक्त हो सकता है ? अर्थात् नहीं। कारण जो श्रीराधाजी अपनी कान्ति द्वारा लक्ष्मी को भी जीतनेवाली गोपियों को पृथक् कर देती हैं, अर्थात् लक्ष्मी का सौन्दर्यगर्व तो गोपियों के सौन्दर्य से ही पराजित हो गया तब सभी गोपियों में परम सुन्दरी श्रीराधाजी का सौन्दर्य कैसे कहा जा सकता है, वह तो अनुपमेय है॥९७॥

इसलिए हम जैसे व्यक्ति इन सब गोपियों के यथार्थ स्वरूप को विस्तारपूर्वक वर्णन करने के लिये ही जब अयोग्य हैं, तब उनके दर्शन करने के लिये हम अति अयोग्य हैं, इस विषय में तो कहना ही क्या है ? ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रव्यादिद्युतिजिष्णुदिव्यधरणि-क्षौणीरुहान्तर्गत-
प्रासादस्थितसिंहपीठमहसि च्छन्नान्यदृष्टित्विषि ।
स्पष्टात्मीयदृशि प्रकीर्णक-विकीर्णालीहितालीवृता
राधामाधवमाधुरीवरसुधा तृष्णां मुधा यच्छति ॥९९॥

तदेवमानन्दसत्रपत्रादिस्थितानामुपरि सान्द्रशाखाभिरलक्ष्यतलानामनल्प-कल्पवृक्ष-लक्षणामधिमध्यं राजसमाजविराजमानां वर्णितमञ्जुकिञ्जल्ककर्णिकामधिवसतः सदा लसतः सपरिवारवार-सुरभीपालभूपालकुमारस्य तस्य सर्वचिन्तातीतचिन्तामणिमयमक्षामं सप्तकक्ष्याराम धामनिकामं धाम विस्तारयन्नेत्राणि विस्तारयति । तत्र च भासमानं तदावासमभितः सततमुपपरार्धे गणनीयानां सजातीयानामद्वितीया वसतिः । सेयमभिस्निह्य वन्दिभिः सन्दिह्यते ॥१००॥

अब्जं तदालिङ्गितुमब्जबन्धो,-र्बन्धुर्ययौ किं परिवेष एषः ?
गोपालयानां वलयावलिर्वा, गोपेशवेश्माभित एवमस्ति ॥१०१॥ इति ।

तथापि क्या करूँ ? सूर्य आदि की कान्ति को जीतने वाले रत्नों से खचित दिव्य धरणीतल में वृक्षों के बीच में विद्यमान सुरम्य भवन में स्थित उत्कृष्ट सिंहासन पर जो विराजमान है, तथा जिसकी कान्ति अन्य जनों के अगोचर होकर भी निज परिकर के जनों के नेत्रों में स्पष्ट रूप से प्रतीयमान होती रहती है, एवं जिसके चारों ओर सहचरीगण के चामर द्वारा अंगगन्ध लुब्ध भ्रमरगणों की चेष्टा निवारित की जा रही है, ऐसी सहचरियों से जो परिवृत है, ऐसे सिंहासन पर विराजमान श्रीराधामाधव की जो माधुरी की श्रेष्ठ सुधा है, वह हमारी तृष्णा को व्यर्थ ही बढ़ा रही है, अर्थात् प्राप्ति की सम्भावना न होने के कारण मुझको व्यर्थ ही लुब्ध कर रही है ॥९९॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण के लीला परिकरों का स्वरूपादि एवं श्रीकृष्ण में प्रेमातिशय का निरूपण कर अब धाम का स्वरूप पुनः वर्णन करते हैं—सर्वदा आनन्दप्रद गोकुलरूप कमलपत्रों के आदि में स्थित, ऊपर से निबिड़ (घनी) शाखाओं द्वारा जिनका मूलभाग अलक्ष्य (अदृश्य) है, इस प्रकार के ऊँचे ऊँचे लाखों वृक्षों के मध्यभाग में राजसभा के समान सुशोभित, अनेक वर्णों से विचित्र एवं मनोहर किंजल्क (केसर) विशिष्ट जो कर्णिका है, उस कर्णिका के मध्यस्थल में जो सपरिकर निवास करते हुए सर्वदा देदीप्यमान हैं, उन्हीं गोपराज श्रीनन्दकुमार का सर्वजन चिन्तातीत, चिन्तामणिमय विशाल सात परकोटों वाला गोलाकार परम मनोहर धाम (भवन) अतिशय तेज का विस्तार करता हुआ दर्शकजनों के नेत्रों को विस्मित कर देता है । उस देदीप्यमान श्रीकृष्णभवन के चारों ओर निरन्तर परार्धसंख्या से भी ऊपर गिनने योग्य सजातीय गोपगणों की अद्वितीय पुरी (वस्ती) है । वह पुरी वन्दिजनों द्वारा स्नेहपूर्वक इस प्रकार सन्देहास्पद होती रहती है ॥१००॥

श्रीनन्दरायजी के भवन के चारों ओर अन्यान्य भवन गोलाकाररूप से अवस्थित हैं, उनको देखकर ऐसी प्रतीति होती है मानो गोकुलरूप कमल को आलिङ्गन करने के लिए सूर्यदेव के निकटस्थ उनका मित्रस्वरूप परिवेष (परिधि) ही है क्या ? अथवा वस्तुतः गोपों के गोलाकार भवन ही हैं, अर्थात् पूर्वोक्त भवनसमूह सूर्य की परिधि है ? किंवा गोपों के भवन ही हैं ? सन्देह के कारण यह स्थिरता नहीं प्राप्त होती ॥१०१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तद्वासिनस्त्वेवं स्तूयन्ते—

अर्थाः सर्वजनार्थनामतिगताः कामा निकामाग्रिमा
धर्माः कर्मठवेदधर्ममहिता मोक्षाश्च मोक्षातिगाः ।
तेषां तत्र वसन्ति सेवकतया कृष्णाय तृष्णाजुषां
यद्धामार्थसुहृत्प्रियात्मतनयप्राणाशयास्तत्कृते ॥१०२॥

नेत्रं श्रोत्रं चित्तमप्यन्यदन्य,-त्तुच्छं यस्मिन् भाति कृष्णं विना तु ।
घोषे तस्मिंश्चक्षुषश्चक्षुरेवं, श्रौती वार्ता पश्य दृश्या विभाति ॥१०३॥
विभ्राजन्ते सूत्रसञ्चारविद्या, पाञ्चाल्यः किं विश्वविस्मायनाय ?
किंवा गोपाः स्वान्तरे कृष्णभावै,-र्बद्धाः सन्तस्तत्र तत्र भ्रमन्ति ? ॥१०४॥

किञ्च—पितायं मातेयं पितृसहजवर्गः स्वयमसौ
तथैवान्ये चान्यप्रथितहितसम्बन्धमहिताः ।
व्रजे ख्यातिर्यैषा बकरिपुगणे भाति खलु तां
क्वचित्तुल्यः प्रेमा पथिकमनु शश्वद्भ्रमयति ॥१०५॥

इन वन्दिजनों के द्वारा गोकुलवासियों की स्तुति इस प्रकार की जाती है—सर्वजनों की प्रार्थना का अतिक्रमण करनेवाले समस्त अर्थ, सबकी इच्छा से परवर्ती काम, कर्म करने में निपुणजनों द्वारा अनुष्ठित वैदिक धर्म से भी पूजित सर्वधर्मगण, मुख्यार्थ को त्यागकर मोक्ष का अतिक्रमण करनेवाले मोक्षसमुदाय, भी "जो श्रीकृष्ण की सेवा के लिये ही सब तृष्णाओं का सेवन करते हैं" उन व्रजवासियों के सेवकरूप से गोकुल में निवास करते हैं, अर्थात् धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष ये चारों पुरुषार्थ कृष्णगतप्राण व्रजवासियों के सेवकरूप से वर्तमान रहते हैं। कारण कि गोकुलस्थ व्रजवासियों का गृह, धन, सुहृद, प्रिया, आत्मा, तनय, प्राण एवं अन्तःकरण आदि सब सामग्री ही श्रीकृष्ण के निमित्त है ॥१०२॥

नेत्र, श्रोत्र, चित्त आदि सब इन्द्रियाँ जिस गोलोक में श्रीकृष्ण के सम्बन्ध विना तुच्छ सी प्रतीत होती हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण के विना चक्षु आदि इन्द्रियों से कुछ भी कार्य नहीं होता है, क्योंकि श्रीकृष्ण ही सबके चक्षुओं के चक्षु हैं। अतः देखो उस गोलोक में "चक्षुषश्चक्षुः" इत्यादि श्रुतिसम्बन्धिनी वार्ता मूर्तिमती होकर प्रकाशित है ॥१०३॥

गोपों की कृष्णतत्परता इस प्रकार है—विश्व को विस्मयान्वित करने के लिए सूत्रधार की सूत्रसंचार विद्या द्वारा संचालित कठपुतलियाँ ही इस धाम में सुशोभित हो रही हैं क्या ? अथवा सभी गोप अपने अन्तःकरण में श्रीकृष्ण भावरूपी सूत्र द्वारा बँधकर जहाँ तहाँ भ्रमण कर रहे हैं क्या ? ॥१०४॥

व्रजवासियों का भाव समान वासना वाले साधकों में संचारित हो जाता है, यथा यह श्रीकृष्ण का पिता है, यह माता है, ये स्वयं श्रीकृष्ण के पिता के सहोदर समूह हैं, एवं ये परस्पर के विस्तृत हितमय सम्बन्ध द्वारा सम्मानित अन्यान्य व्यक्तिगण हैं, इस प्रकार व्रजमण्डल में श्रीकृष्ण के प्रति जो व्रजवासियों की आत्मीयजन कहकर महनीय ख्याति है, श्रीकृष्ण के परिवारगण का वही प्रेम कृष्णप्रेम के पथिक को निरन्तर भ्रम में डालता रहता है, अर्थात् वात्सल्यभाव वाले भक्तों को उनकी अभिलाषा के अनुसार पुत्रादि सम्बन्ध वाली ख्याति को सर्वदा अर्पण करता रहता है ॥१०५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथान्यदपि किमपि विभाव्य सम्भाव्यते। तद्यदि सतामनुभवमप्यनुभविता, तदा भव्यमेव खलु भव्यम्, न चेन्नव्यकाव्यता तु न व्यभिचरिता, अथवा तथापि यत् किञ्चदपि तेषां वाञ्छितं स्यादेवेति सर्वमञ्चितमेव मन्यामहे ॥१०६॥

तत्तु सम्भावनं यथा—अथ गोपावासाभ्यन्तरे तादृशामेव सभ्यानां लभ्या सभावलिरुपलभ्यते, यत्र भूरिवैचित्रीधुराणि महागोपुराणि पुराणीव विराजन्ते, येषां पन्थानः किल किञ्जल्कबलजपर्यन्ताः समस्ताद्विभ्राजन्ते, यत्र च परस्परमभिमुखाः सुमुखा महान्तस्ते गृहा मिथः पृथुलशोभा लोकस्पृहा इव विमृश्य दृश्यन्ते, यत्र च सिंहसंहननानां पुरुषसिंहानां निश्चलांघ्रीणि महासिंहासनानि विचित्रतया नेत्राणां परिबृंहणतामंहन्ते, यत्र च परावरकक्ष्यावासिलोकलक्षाणि सममेव समक्षाणि सन्ति, मिथः सुखशतानि वर्षन्ति। यत्र चैकत्रासीनानामन्यत्रापि रूपककाव्य इव प्रतिरूपाणि रूपाणि प्रतीयन्ते, न च तानि केवलानि, अपि तु प्रतिध्वनयश्च ध्वनिकाव्य इव ध्वनितया विभाव्यन्ते। यतः स्वच्छान्तःकरणा महान्तः खलु परगुणान्तराण्यप्यायच्छन्तीति प्रथीयसी। यदा च तथा प्रतीयन्ते विभाव्यन्ते च, तदा ह्यागन्तुका

अब कुछ और भी विचारकर सम्भावना का विषय उठाया जाता है। वह यदि सब सन्तों के अनुभव का विषय हो गया, तब तो मङ्गल ही मङ्गल होगा। नहीं तो नूतन काव्य की रचना व्यभिचरित न होगी क्या ? अर्थात् अवश्य ही निष्फल होगी, अर्थात् बुद्धिमान साधुजन जिस काव्यग्रन्थ का आदर नहीं करते उसकी रचना निष्फल ही है। अथवा यह काव्य यद्यपि सामान्य है तथापि उन सज्जनों का यदि किंचिद् भी वाञ्छित हो गया तब तो सर्वतोभाव से पूजित ही होगा, यह हम मानते हैं ॥१०६॥

वह सम्भावना इस प्रकार है—उन गोपगणों के निवासस्थानों के मध्य में वैसे ही सभ्यजनों की सभाश्रेणी उपलब्ध होती है, अर्थात् विद्यमान है। जहाँ पर अनेक विचित्रताओं से परिपूर्ण बड़े बड़े पुरद्वार बड़े बड़े नगरों के समान विराजमान हैं। जिनके सब मार्ग उस पद्मकेसररूप पुरद्वार के सीमास्वरूप होकर चारों ओर सुशोभित हैं। वहाँ पर सुन्दर दरवाजे वाले एवं विशाल आकृति वाले वे सब घर परस्पर सम्मुखवर्ती होकर आपस की विशाल शोभा के दर्शनाभिलाषी जैसे विचारपूर्वक दिखाई पड़ते हैं। और जहाँ पर सिंह की सी आकृति वाले भीषण अवयव सम्पन्न पुरुषगण विद्यमान हैं, उनके दोनों चरण निश्चल हैं, जिनके ऊपर धरे हुए अनेक विशाल सिंहासन अपनी विचित्रता से दर्शकजनों के नेत्रों की विशालता को बढ़ाते रहते हैं, और जिस गोलोक में प्रथम एवं द्वितीय कक्षा में रहनेवाले लाखोंजन एक साथ ही नेत्रगोचर होते हुए परस्पर में सैकड़ों प्रकार के सुखों की वर्षा करते रहते हैं। और जहाँ पर एक स्थान पर बैठे हुए सभीजनों के स्वरूप रूपककाव्य की तरह अन्यस्थल पर भी प्रतिबिम्ब के बहाने प्रतीत होते रहते हैं। उनका केवल प्रतिबिम्बरूप स्वरूप ही प्रतीयमान होता हो, सो बात नहीं है, किन्तु उनकी प्रतिध्वनियां भी अलङ्कार शास्त्रोक्त ध्वनिकाव्य की तरह ध्वनि के स्वरूप से अनुभूत होती रहती हैं, अर्थात् शरीरों के प्रतिबिम्ब की तरह शब्दों की भी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ती है। ध्वनिकाव्य में भी एक ध्वनि से अन्य ध्वनि की उत्पत्ति हो सकती है, क्योंकि निर्मल अन्तःकरण वाले जो महात्माजन हैं, वे निश्चय ही दूसरों के सभी गुणों को अपने में ग्रहण कर लेते हैं, यह ख्याति सर्वत्र प्रसिद्ध है। अर्थात् साधुओं के निर्मल अन्तःकरण में जैसे दूसरों के गुण प्रतिफलित हो जाते हैं, उसी प्रकार गोलोक के मणिमय घरों में वहाँ के जनों का प्रतिबिम्ब प्रतिफलित हो जाता है। किन्तु जब रूप का प्रतिबिम्ब एवं ध्वनि की प्रतिध्वनि प्रतीत होती

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नानाजनास्तत्तद्रूपाणां जानानाः परितः परिहस्यन्ते । यत्र च कुत्रापि यदा सदा परमानन्दस्यन्द-सन्दोहदोहन-कान्तिकन्दलीलम्भितसुखतन्त्रः श्रीमन्नन्दकुलचन्द्रः स्वयमालोकंसुधया लोकश्चक्षुश्चकोर-वारपारणामापूरयति, तदा तूत्सवानामपि महानुत्सवः स्फुरति ॥१०७॥

अथ सभावलयमन्तरा च कक्ष्यापञ्चकतया लब्धबोधः सर्वचित्तावरोधः, स तु व्रजनृपावरोधः समुद्भ्राजते । तत्र तमेव हि सहमातर-पितरादिवृन्दः श्रीगोविन्दः स्वयमावसति, यत्र सभावलयान्तरन्तः परितः परीताश्चतस्रोऽप्यन्तः पृथगवरोधलक्षाः कक्ष्या लक्ष्यन्ते । अन्या च पञ्चमी धन्या सर्वमध्यलब्धन्यासतया यत्र चित्रीयते । यत्र यान्तु महाप्राङ्गणसङ्घन्यां प्रतीचीमनु स्वान्तरङ्गमङ्गणमङ्गणं परितो निकायानां निकायः सर्वतोऽपि श्रेयस्या श्रीमद्व्रजनरदेवप्रेयस्या समाश्रीयते, उदीचीमनु सुखमयूख-रोहिण्या रोहिण्या, प्राचीमनु समस्तकृतसेवेन श्रीमद्व्रजनरदेवेन, अवाचीमनु स्वजन-सभाजनभोजना-पवर्जन-प्रयोजनसामग्र्या ॥१०८॥

अथ तद्बहिर्बहिरन्तःपुर-प्रयुतविभागप्रचुराणां परमसन्तुष्टजनपुष्टानां चतुष्टयीनाञ्च कक्षाणां पञ्चान्निश्चितपश्चिमादि-ककुभां शुभां रीतिमवलम्ब्य सकलशर्मदृश्वरी श्रीमद्व्रजेश्वरी;

है तब अनेक आगन्तुकजन प्रतिबिम्बों को ही सत्य से समझकर उनके निकट जाकर उनसे साक्षात् का सा व्यवहार जब करते हैं तब वे चारों ओर उपस्थितजनों के हास्यास्पद बन जाते हैं। और जिस गोलोक में जिस किसी स्थान पर जब भी श्रीमन्नन्दकुलचन्द्रमा श्रीकृष्ण उपस्थित हो जाते हैं तब उनके शरीर की कान्ति देखकर सर्वदा परमानन्दरूप झरनों का स्रोत उमड़ पड़ता है, एवं उनकी कान्ति के प्रवाह मात्र के देखने से सुख का सिन्धु ही उमड़ उठता है। किन्तु जब वे स्वयं अपने दर्शनरूपी सुधा से दर्शकजनों के लोचनरूप चकोर समूहों की पारणा की पूर्ति करते हैं, तब तो उत्सवों का भी महान् उत्सव प्रकाशित हो उठता है ॥१०७॥

इस प्रकार की सभा श्रेणी के बीच में व्रजराज श्रीनन्दजी का अन्तःपुर विराजमान है। यह अन्तःपुर सर्वजनों के चित्त को हरनेवाला है एवं यह पांचवी कक्षा समझा जाता है। वहाँ पर माता पिता आदि समस्त आत्मीय परिकर के सहित स्वयं श्रीकृष्ण निवास करते हैं। जहाँ पर सभाश्रेणी के बीच बीच में चारों ओर परिव्याप्त जो चार कक्षा हैं, वे संख्या से चार होकर भी पृथक् पृथक् लाखों अन्तःपुर सी दीखती हैं। अन्य और एक सर्वोत्कृष्ट पांचवी कक्षा सबके बीच में स्थित होकर जहाँ पर विचित्रता उत्पन्न कर रही है। यह पंचम कक्षा महाप्राङ्गणों से परिपूर्ण है, उसके पश्चिम की ओर स्वकीय अन्तरङ्गस्वरूप प्रत्येक आँगन के चारों ओर गृहसमूह विद्यमान हैं, सबकी अपेक्षा मङ्गलदायिनी श्रीव्रजराज की प्रेयसी श्रीयशोदा देवी उन सब घरों में अवस्थान करती हैं। उत्तर की ओर आनन्दकिरण के अंकुर उत्पन्न करनेवाली अथवा अभिनव आनन्द द्वारा आक्रान्ता श्रीरोहिणीजी उन गृहसमूहों में अपने आश्रय से पदार्पण करती हैं। पूर्व की ओर सर्वजनपूज्य श्रीव्रजराज सब गृहों का आश्रय करके विद्यमान हैं और दक्षिण की ओर आत्मीयवर्ग के सम्मान, भोजन, दान आदि की सामग्री से परिपूर्ण गृहसमूह विद्यमान हैं ॥१०८॥

तदनन्तर उस सभाश्रेणी के बाहर अन्तःपुर के लाखों विभागों से युक्त, परम सन्तुष्टजनों से परिपूर्ण, चार कक्षाओं की पूर्वनिश्चित पश्चिम आदि दिशाओं की मनोहर रीति का अवलम्बन करके सकल शुभदर्शनकारिणी श्रीमती व्रजेश्वरी नन्दरानीजी विराजती हैं। उत्तर की ओर रामघाट पर क्रीड़ा करने वाले

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रामघट्टाभिरामः श्रीमद्बलरामः; सर्वलोकगतिः श्रीमद्व्रजाधिपतिः, स च गोवर्धनानन्दनः श्रीमद्व्रजाधिपतिनन्दनः पतिरतीव राजते ॥१०९॥

तत्र चाहरहरविरह-रहःकेलिकलिततृष्णयो रामकृष्णयोर्विख्याततत्तन्नामसु मध्यमकक्ष्याद्वयधामसु परमरमागणश्रेयसीनां प्रेयसीनामावासप्रासादावलिरुद्भासते ॥११०॥

यत्र चावेशनमनु सावेशं नानाकलाकलापं कलयन्तीनामालीनां निजनिजयूथवरूथपायाः परमापूर्व-पूर्व-पूर्वानुरागादि-कथानिकायं गायन्तीनां मधु-मधुर-काकलीकुलानि तत्रकीयं सर्वं तर्वन्तमार्द्रीकुर्वन्ति; किमुत बहुकष्टसृष्टतया मिथुनीभूतं तत्तन्मिथुनम् ॥१११॥

तयोर्द्वयोरावरणतया लक्ष्ये ये चान्यतरे कक्ष्ये, ते रामकृष्णयोर्यथाहरितं बहिरबहिरुपवेशसदेशरूपे भवतः। यथा निकटतटमेतयोरभिमुखानि सर्वतः सुखानि तयोर्मध्यमयोर्द्वाराण्यधियन्ति ॥११२॥

एषा च सप्तकक्ष्यातुलचातुरीधुरीणा पुरी प्रत्यन्तरकक्ष्यमेकभूम-द्विभूमतादि-प्रकारेणाधिकभूमिकारचनाभिरुच्चतररीतिकायाः समानमानगृह-स्वस्ववीथिकाया धारिणी गोलोकधरणी

श्रीबलरामजी विराजते हैं। पूर्व की ओर भवनवासी सभीजनों के एकमात्र गति अर्थात् तत्त्वावधायक श्रीमान् व्रजाधिपति विराजते हैं, एवं दक्षिण की ओर गोवर्धनपर्वत को आनन्द देने वाले श्रीमान् नन्दनन्दन अध्यक्षरूप से विराजते हैं ॥१०९॥

तथा प्रतिदिन विरहरहित रहस्यक्रीड़ा में तृष्णायुक्त श्रीराम कृष्ण के अपने अपने नाम से विख्यात बीच की दो कक्षाओं में, अर्थात् सभामण्डल के मध्यवर्ती पाँच कक्षाओं की तीसरी और चौथी कक्षा में परम लक्ष्मीगण से भी श्रेष्ट प्रेयसी गोपियों की आवासरूप गृहश्रेणी देदीप्यमान है ॥११०॥

इन दोनों कक्षाओं में एक शिल्पशाला है, उसमें सखियाँ आवेश सहित अनेक प्रकार की शिल्पकला रचती रहती हैं। और वे अपनी अपनी यूथस्वामिनी की परमाश्चर्ययुक्त पूर्वानुराग आदि की समस्त कथाओं का गायन करती रहती हैं। गायन करनेवाली इन सब सखियों की मधु से भी मधुर जो अनेक अस्फुट मधुर ध्वनियाँ हैं वे वहाँ की वृक्षपर्यन्त समस्त वस्तुओं को भी जब आर्द्र (सरस) कर देती हैं, तब बहुत से कष्टों की सृष्टि के अनन्तर उन सखियों के भावानुसार मिथुनीभाव को प्राप्त उन उन दोनों मिथुनों को, अर्थात् श्रीबलराम और बलरामपत्नी, एवं श्रीकृष्ण और कृष्णपत्नीरूप युगल स्वरूपों को आर्द्र कर देती हैं, इसमें तो आश्चर्य ही क्या है ॥१११॥

उन तीसरी व चौथी दोनों कक्षाओं के आवरणरूप से प्रतीयमान पहली एवं दूसरी जो कक्षाएँ हैं, वे श्रीराम कृष्ण के अपनी अपनी दिशा के अनुसार,अर्थात् उत्तर में श्रीबलदेवजी के और दक्षिण में श्रीकृष्णजी के बाहर एवं भीतर बैठने के लिए निकटवर्ती सी हो जाती हैं। इन पूर्वोक्त दोनों कक्षाओं के अति निकट सम्मुखस्थ सर्वप्रकार सुखदायक सभी दरवाजे मध्यवर्ती श्रीनन्द एवं श्रीयशोदाजी के घरों के द्वार पर्यन्त वर्तमान हैं ॥११२॥

सात कक्षाओं से सुसज्जित यह पुरी अपूर्व चातुर्य से निर्मित हुई है। बीच वाली कक्षा को लेकर ही सात कक्षा संघटित होती हैं। एक व्यक्ति की ही भिन्न भिन्न वेष धारण करने पर जैसे भिन्न भिन्न प्रकार की शोभा हो जाती है, उसी प्रकार प्रत्येक कक्षा के भीतर एक तल, दो तल, तीन तल आदि के भेद से सभी घर एक ही पृथ्वी के भिन्न भिन्न वेष हैं। गोलोक की भूमि इस प्रकार के समान परिमाण वाले,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लोकहारिणी भवति। तत्र सर्वास्तु गृहलेखामणिभित्तिसम्बध्य-मध्यरेखालब्धद्वैविध्या समन्ता-दुभयतः स्थितद्वारतया परस्पर-सन्मुखताशोभानन्दितदिगन्ताः कैमुत्यमासादयन्ति ॥११३॥

यत्र च सर्वमध्यमावरोधस्याधिमध्यं बृहत्प्राङ्गणमधिकृत्याखण्डपुटभेदनमुकुटभङ्गी-लङ्क्षिमं निःश्रेणिश्रेणिमिश्रान्तःस्वभ्रशुभ्रलघुलघुद्वार-सुखारोहसञ्चारमेर्वाकारचार्वङ्ककुट्टिमादुपरि परितः स्तम्भवारसङ्गतमागारमेकं सर्वतश्चलत्पताकमवलोक्यते ॥११४॥

यदा च तस्य सर्वककुदमुदञ्चितस्य धिष्ण्यस्य पुरूपरि चालङ्करिष्णुतया श्रीकृष्णः स्वयंवर्तिष्णुर्भवति। तदा सर्वजिष्णुतदुपरिचरिष्णु-जिष्णुनीलमणिरिव कं वा तल्लोकभविष्णुलोकं कान्तिकन्दलीभिर्न पुष्णाति ? ॥११५॥

या चेयं कर्णिकायामुपरिपुरी तदधस्तादन्यापि समन्तादस्ति; किन्तु सा प्रतिकृष्णकान्ता-धामन्येव निजाङ्गणनिभपत्रपंक्तिसीमन्येव चायन्त्रितद्वारगणेति परेषामज्ञाता, द्युमणिवन्मणि-गणसमुज्ज्वलालयकलापा, वातानीतसुजात-पुष्पजात-परिमल-सम्पाता निर्जनता-जनित-स्वैरतानारतरतिप्रदा, शय्यासनच्छत्र-चामरादिसामग्री-सम्यग्रीतिबहुशतीप्रीतिदा-नानाक्रीडा-

---

उच्चतर रीति से बने हुए, सभी घरों की श्रेणी को अपने वक्षःस्थल पर धारण करके गोलोकवासी जनों के मन को भी हरती रहती है। वहाँ पर जो समस्त घरों की पंक्ति है, वह मणिमय भित्तियों में प्रतिबिम्बित होकर दो भागों में विभक्त हो रही है, अर्थात् प्रत्येक भवनों की भींत मणियों से बनी हुई हैं, अतः मणिमय भीतों पर प्रत्येक घर का ही परस्पर प्रतिबिम्ब पड़ता रहता है, इसलिये भवन स्वयं एक होकर भी दूसरे के प्रतिबिम्ब को अपने ऊपर धारण करके दो जैसा प्रतीत होता है। और सभी घरों के चारों ओर दोनों पक्खाओं में द्वार होने के कारण परस्पर परस्पर के सम्मुख उपस्थित होकर इस प्रकार की शोभा बढ़ा रहे हैं, जिससे दिगन्त मण्डल आनन्दित हो जाता है। उस समय उन घरों को देखकर सभीजन "यह क्या है" ऐसे कहकर विमुग्ध क्यों नहीं होंगे ? इससे उन घरों की सर्वोत्कृष्टता प्रकाशित होती है ॥११३॥

गोलोक के बिलकुल मध्य में एक भवन है, वह भवन गोलोक का मुकुटमणि एवं परम मनोहर है। उसके बीच में चढ़ने की सीढ़ियों से युक्त मध्यवर्ती छिद्रों के ऊपर के भागों में स्थित दीप्तिमान् छोटे छोटे दरवाजे जाने आने के लिये आनन्दप्रद हैं। एवं मेरु पर्वत के समान ऊँचे और मनोहर शृङ्गों से विशिष्ट उस भवन के ऊपर के भाग में चारों ओर स्थित सभी खम्भों में लगी हुइ सब पताकायें सब ओर से चलती रहती हैं। ऐसा वह दिव्य भवन दिव्य दृष्टि वालों को ही दिखाई देता है ॥११४॥

सब प्रकार की प्रधानता से युक्त उस स्थान के ऊपर के भाग में सर्वोपरि अलंकारस्वरूप श्रीकृष्ण जब स्वयं वर्तमान होते हैं, तब वह भवन सर्वविजयी हो जाता है और उसके ऊपर चलती हुई सर्वप्रभा विजयी इन्द्रनीलमणि की तरह देह की कांति के समूह के द्वारा वह भवन गोलोक स्थित किस किस जन का पालन नहीं करता, अपितु सभी का पालन करता है ॥११५॥

इस गोलोकरूप कमल की कर्णिका के ऊपर जैसे यह पुरी है, उसी प्रकार उसके नीचे के भाग में भी दूसरी एक पुरी सर्वतोभाव से विराजमान है। किन्तु वह पुरी श्रीकृष्ण की प्रत्येक प्रेयसी गोपियों की मनोहर धामस्वरूप एवं श्रीकृष्ण के आँगन के समान हैं। उस निज आँगनरूप पत्रपंक्तियों की सीमाभाग में उस पुरी के सब दरवाजे बन्द हैं। अतः दूसरे जनों के लिये वह अज्ञात है। उस पुरी के सभी घर सूर्य के समान मणिसमूहों से उज्ज्वल हैं,तथा वायु के द्वारा लाई गई परमकोमल अनेक पुष्पों की मनोहर सुगन्ध

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भाण्ड-मण्डल - मण्डिताऽखण्डमण्डपा, तत्तच्चेष्टाधिष्ठाननर-मृग-पक्षि-प्रतिकृतिलक्षविलक्षिता प्रेयसीषु विभक्तप्रदेशविशेषा शेषालयायते। यत्रत्येन पथा यथावत् प्रेयसीनामानन्दनः श्रीमान्नन्द-नन्दनस्तत्र पत्रसमुद्यद्वनवृन्दममूभिरनुविन्दन्नतीव नन्दति। तस्मादुद्यानादन्तर्हरिण चतुरस्रं प्रत्युद्यानमपि विन्दति ॥११६॥

एवं श्रीबलरामस्य रामघट्टाख्य-निजक्रीडावनगमनश्च तलवर्त्मनैव वर्तते, किन्तु संक्षिप्ततया निहितेन पत्रावलिपर्यन्तालवालपिहितेन मन्तव्यम् ॥११७॥

तामेतामुपरिगतां श्रीमद्व्रजेश्वरपुरीं परि तु श्लोकाः परिगीयन्ते—॥११८॥

यस्यां पताका मृदुवातकम्पिता, नानामुखीभावमिताः पुनः पुनः।
सौरभ्यमायाति यदा यतस्तदा, विवृत्य पश्यन्ति दिशामसूमिव ॥११९॥

नित्यं सुधाधामज-धामसङ्गतः, पूर्णाङ्गतामङ्गलसङ्गतिं गताः।
यत्रापि कुम्भा विधुकान्तसम्भवाः, कूटान्तरन्तर्मुकुटा इव स्थिताः ॥१२०॥

उनमें चारों ओर फैलती रहती है। एवं निर्जनता के कारण उत्पन्न होने वाली स्वाधीनता के द्वारा वह पुरी निरन्तर प्रीतिदायक हे। शय्या, आसन, छत्र एवं चामर आदि सामग्री की सैकड़ों प्रकार की श्रेष्ठरीति द्वारा यह नगरी प्रीति देने वाली है। तथा उसके मण्डपस्थान भी अनेक प्रकार की क्रीड़ासामग्री द्वारा अलंकृत हैं। उस उस चेष्टा के आधारस्वरूप या अनेक प्रकार की चेष्टा करने वाले लाखों नर, मृग, पक्षी आदियों की प्रतिमाओं द्वारा वह पुरी सुशोभित है। यह पुरी कृष्णप्रियाओं के निमित्त अनेक प्रकार के प्रदेश विशेष, अर्थात् घर आदिकों का विभाग करती हुई शेषजी के भवन की तरह प्रकाश पा रही है। जिस पुरी के मार्ग से अपनी प्रियाओं को यथावत् आनन्दित करनेवाले श्रीमान् नन्दनन्दन उन्हीं प्रियाओं के साथ पत्रस्थ वनश्रेणी को प्राप्त करते हुए अत्यन्त आनन्दित होते हैं। वनश्रेणी रूप उस उद्यान (बगीचा) से गुप्त दरवाजे से चार चार कोने वाले प्रत्येक उद्यान को प्राप्त करते हैं, अर्थात् गुप्त दरवाजे से वहाँ पधारते हैं ॥११६॥

इसी प्रकार श्रीबलरामजी का रामघाट नामक स्वकीय क्रीड़ावन में जाना भी तलस्थित मार्ग से ही संघटित होता है। किन्तु संक्षिप्त भाव से स्थापित पत्रसमूह पर्यन्त आलवाल द्वारा आच्छादित तलमार्ग द्वारा ही उनका वहाँ गमन होता है, ऐसा मानना चाहिये ॥११७॥

इस प्रकार पूर्वोक्तरूप से वर्णित जो श्रीमन्व्रजेश्वर की पुरी है, उसको लक्ष्य बनाकर तत्त्वज्ञ कवियों के द्वारा इस प्रकार के श्लोक गाये जाते हैं, यथा—॥११८॥

जिस पुरी में सम्पूर्ण पताकाएँ कोमलवायु से सञ्चालित होकर, बारंबार अनेक मुख वाली होकर जिस दिशा से जब भी श्रीकृष्ण के अङ्ग की सुगन्धि आकर उपस्थित हो जाती है तभी सब दिशाओं के बीच में केवल उसी दिशा की ओर मुख करके मानो उसी दिशा को देख रही हैं ॥११९॥

तथा जिस स्थान में नित्य ही चन्द्रमा से उत्पन्न किरणों के सम्बन्ध से सम्पूर्ण मङ्गल को प्राप्त होकर चन्द्रकान्तमणियों से बने हुए सभी कलश पर्वत शिखर की तरह अति ऊँचे अन्तर्गृह के मुकुट की भाँति अवस्थित हैं ॥१२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यत्रान्विता स्वच्छतया विभातया, हीरादिरत्नच्छदिरालिरीक्ष्यते ।
बिम्बच्छलाकृष्टनभःस्थतेजसां, सायुज्यभूमिर्विभुरात्मनामिव ॥१२१॥
मयूर-पारावत-कोकिलाद्या, वसन्ति यस्यान्तु विनापि यत्नम् ।
शब्दायमाना विपिनस्य तैर्ये, विवादसंवादवदाचरन्ति ॥१२२॥
विचित्ररत्नावलिचित्रचर्चिता, सौवर्णभित्तिः परितश्चकासती ।
गोपाल-बाल्यादिविलासमाधुरीः, साक्षादिवालक्ष्यते शिशूनपि ॥१२३॥
विस्तारितोत्सङ्गनिभैरलिन्दैः, श्लिष्यन्ति कृष्णं भवनानि नित्यम् ।
येषां सदान्तर्निवसन्ति ते तद्,-भक्ता अमी तादृशतां व्रजन्ति ॥१२४॥
प्राङ्गणानि मणिदर्पणच्छवी,-न्युल्लसन्ति सदनावलीमनु ।
येषु नूतनवधूर्बकान्तकं, व्रीड-नम्रवदनापि वीक्षते ॥१२५॥
चन्द्रकान्तमणिबद्ध-भूतले, पल्वलानि च लसन्ति सर्वतः ।
राधिकादि-मुखकान्तिकन्दली, यानि पूरयति हन्त ! सर्वदा ॥१२६॥

जिस पुरी में निर्मल एवं सुप्रकाशयुक्त हीरक आदि रत्नों से बनी हुई मकानों की सभी छतें प्रतिबिम्ब के बहाने अपने में आकर्षित आकाश में स्थित सभी सूर्य, चन्द्र आदि ज्योतिर्मय पदार्थों की सायुज्य (मोक्ष) भूमि जैसी दिखाई पड़ती हैं। अर्थात् जीवात्माओं की सायुज्य भूमि जैसे परमात्मा है उसी प्रकार आकाशस्थ सूर्यचन्द्रादि सभी तेजस्वी पदार्थ वहाँ की छतों में प्रतिक्षण प्रतिबिम्बित दिखाई पड़ते हैं ॥१२१॥

जिस पुरी में मयूर, पारावत (कबूतर), कोकिल आदि पक्षीगण बिना ही प्रयत्न के निवास करते हैं, तथा वनवासी मयूर, कोयल आदिकों के साथ शब्द करते हुए विवाद और सम्बाद का सा आचरण करते रहते हैं ॥१२२॥

जिस पुरी में सुवर्णमयी दीवारें विचित्र रत्नखचित चित्रों द्वारा चर्चित होकर चारों ओर शोभा का विस्तार करती हुई गोलोकस्थ छोटे छोटे बालकों को श्रीकृष्ण की बाल्यलीला आदि की विलासमाधुरी को साक्षात् की तरह दिखाती रहती है। अर्थात् वहाँ की दीवारें श्रीकृष्ण की सभी लीलाओं से चित्रित हैं, जो बालकों को तत्काल होती हुई सी दिखाई पड़ती हैं ॥१२३॥

वहाँ के सभी भवन विशाल गोदी के समान अपने अपने अलिन्द अर्थात् बाहर के दरवाजों की पौरियों के द्वारा नित्य ही श्रीकृष्ण का आलिङ्गन करते रहते हैं। एवं जिन सभी भवनों में भक्तगण निरन्तर निवास करते हैं ऐसे वे सब भवन भी भक्तभाव को प्राप्त हो रहे हैं, अर्थात् भक्तों की तरह वे सब भवन भी नित्य श्रीकृष्ण का आलिङ्गन करते रहते हैं ॥१२४॥

तथा प्रत्येक भवन में मणि के दर्पणों की सी शोभा वाले बड़े बड़े आँगन शोभा पा रहे हैं। जिनमें लज्जा से नीचा मुख करने वाली नववधू भी बकासुरनिहन्ता श्रीकृष्ण का दर्शन अनायास करती रहती है ॥१२५॥

चन्द्रकान्तमणियों से खचित भूमितल पर चारों ओर छोटे छोटे सरोवर सुशोभित होरहे हैं। अहो ! देखो ! श्रीराधिका प्रभृति प्रेयसीगणों की मुखकान्ति का प्रवाह इन छोटे छोटे सभी सरोवरों को सर्वदा परिपूर्ण करता रहता है ॥१२६॥

CC-0. Swami Mumukshanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लोकः श्रीनाथलोकप्रतिरुचिविजयी काननं श्रीस्पृहाजिद्-
वासः श्रीराजधानीनिखिलशुभरुचां वासिनस्ते त एव ।
भोक्ता कृष्णः स भोग्यः प्रणयमधुरिमा शश्वदित्येवमस्मिन्
प्रत्येकं सर्वमन्तःकरणमतिगतं कस्तदन्तं लभेत ? ॥१२७॥

तत्प्रेमशर्मणां सर्वातिशयिधर्मतायामहमपि मर्मवेत्ता;

यतः—हरिर्गोपक्षौणीपतिमिथुनमन्ये च विबुधा
न नः क्रूरं चित्तं मृदुलयितुमीशा लवमपि ।
अहो ! तेषां प्रेमा विलसति हरौ यस्तु बलवान्
हरेर्वा यस्तेषु द्रुतयति स एव प्रतिपदम् ॥१२८॥

अतः सर्वतः क्षेमाणां स एव प्रेमा सर्वत्र स्फुरति ।

तथाहि—हरिः प्रेमा साक्षादिव भवति किंवा व्रजजन-
स्तयोरेकस्मिंश्च स्फुरति स हि शश्वत् स्फुरति नः ।
इदं वारं वारं विधि-शिव-सुरर्षि-प्रभृतयः
स्फुटं कर्तुं शक्तिं दधति नतरां यत् कियदपि ॥१२९॥

यह गोलोक नामक लोक वैकुण्ठलोक की सम्पूर्ण शोभा को जीतने वाला है। यहाँ के श्रीवृन्दावन आदि वन भी लक्ष्मीजी की अभिलाषा को जीतने वाले हैं; अर्थात् लक्ष्मीजी वृन्दावनवास की वाञ्छा करती हैं तथापि इसे प्राप्त नहीं कर पातीं। यहाँ की श्रीराजधानी वैकुण्ठलोक की सम्पूर्ण मङ्गलमयी शोभा का स्थान स्थान पर वास दिखा रही है। गोलोकवासीजन भी गोलोकवासीजनों के ही समान हैं, अर्थात् उनकी कोई उपमा ही नहीं है। श्रीकृष्ण ही वहाँ के सर्व विषयों के भोक्ता हैं एवं वहाँ की प्रेममाधुरी ही सर्वदा उपभोग्य वस्तु है। इस प्रकार इस गोलोक में श्रीकृष्ण सम्बन्धी वस्तुमात्र ही अन्तःकरण का अतिक्रमण कर गई है। अतः उनका कौन पार पा सकता है ? ॥१२७॥

इस प्रकार गोलोक की शोभादिकों का यथार्थ वर्णन कर श्रीकृष्ण और उनके परिकरों का प्रेम सुखातिशय वर्णन प्रारम्भ करते हुए श्रीजीव गोस्वामिपाद कहते हैं कि श्रीकृष्ण और श्रीकृष्ण के सभी परिकरों का प्रेम सुखमय धर्म सर्वोपरि है, मैं भी उसका मर्मवेत्ता होगया, अर्थात् सर्वोपरि वस्तुओं के वर्णन के लिये मुझ जैसा अति कठिन व्यक्ति भी प्रवृत्त होगया। कारण यह है कि श्रीकृष्ण, गोपराज श्रीनन्द, व्रजेश्वरी श्रीयशोदा एवं अन्यान्य देवगण भी हमारे कठोर हृदय को लवमात्र (किंचित्) भी कोमल करने को समर्थ नहीं हैं। किन्तु श्रीकृष्ण में उनका एवं उन व्रजवासियों में श्रीकृष्ण का जो प्रबल प्रेम है, वह प्रेम ही हमारे कठोर हृदय को सर्वदा पिघलाता रहता है ॥१२८॥

अतएव जगत् में जितने भी मङ्गलमय पदार्थ हैं, उनके बीच में वह प्रेम ही सर्वत्र अतिशय मङ्गलरूप से प्रकाशित होता है, देखो ! श्रीकृष्ण साक्षात् प्रेम के मूर्तिमान स्वरूप ही हैं, कारण इन दोनों अर्थात् "श्रीकृष्ण व व्रजवासीजन" में से एकमात्र की स्फूर्ति होने पर भी हमारे प्रति वह प्रेम नित्य ही स्फुरित होता रहता है। ब्रह्मा, शिव एवं देवर्षि नारद प्रभृति मुनिगण इस प्रेमपदार्थ को बार बार प्रकाशित करने के लिये उद्यत होकर किंचिन्मात्र भी व्यक्त करने की शक्ति को धारण नहीं कर सके ॥१२९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स तु परमाश्चर्यचर्यः;

यतः—तदीयानां प्रेमा यदपि कृतिचर्यातिगसुख-
स्तथाप्युच्चैर्हेतुर्भवति हरिसाहायकविधौ।
जगत्कार्ये यद्वच्छ्रुतिमतपरब्रह्म नितरा-
मचिन्त्यो यो भावः स हि नहि वितर्कं विषहते ॥१३०॥

यस्मादेवं स एव चित्तमाकर्षति, तस्मात्—

ज्ञात्वा कर्म स्वयमुत परात् कृष्णतृष्णानुकूलं
तस्मिन्नन्तर्बहिरपि सदा गोपराजावरोधे।
यातायातं मुहुरतितरां कुर्वतामादृताना-
मप्युत्कण्ठाचलितमनसां मानसं भावमीहे ॥१३१॥

तत्रत्यानां समूहावलोकनन्तु परमपरमाद्भुतम्।

तथाहि—उद्घूर्णन्ते प्रियपरिजनाः स्निग्धभावा यथास्वं
गोपक्षौणीपतिमनुगतास्तस्य चात्मद्वितीयाम्।
यौ प्रेमाख्यप्रबलरशनायन्त्रणात् कृष्णकान्ति-
ज्योतिश्चक्रे रविशशितनू ये च नक्षत्रसङ्घाः ॥१३२॥

किन्तु वह प्रेम परम आश्चर्य की परिपाटी से युक्त है, कारण भगवत्सम्बन्धी गोलोकीय जनमात्र का प्रेम यद्यपि अतीन्द्रिय वस्तु है तथापि श्रीहरि की प्राप्तिरूप सहायता के लिये प्रबल कारण बन जाता है, जिस प्रकार वेद प्रतिपादित प्रसिद्ध परब्रह्म जगत्रूप कार्य के प्रति कारण है। इससे यह न्याय सिद्ध होता है कि "जो जो भाव प्राकृत विचार के अयोग्य है, वह मिथ्या तर्क को कभी भी नहीं सहन करता", अर्थात् जो भाव अचिंत्य हैं वे तर्क से समझ में नहीं आते, अतः उनमें तर्क लगाना उचित नहीं है, यह शास्त्रों का निर्णीत सिद्धान्त है ॥१३०॥

इस कारण पूर्वोक्त सिद्धान्तानुसार वह प्रेम ही हमारे चित्त को आकर्षित कर रहा है। इसलिये जिस कर्म के प्रति श्रीकृष्ण की अधिक तृष्णा हो, उसी के अनुकूल कर्म को स्वयं जानकर अथवा दूसरे से समझ कर गोपराज श्रीनन्दजी के अन्तःपुर में जो सदैव बाहर भीतर बार बार यातायात (आना जाना) करते रहते हैं, एवं श्रीकृष्ण के दर्शन हेतु जिनके मन उत्कंठा से अत्यन्त चञ्चल हो रहे हैं, आदरणीय उन्हीं समस्त गोपगणों के मानसिक भाव को मैं चाहता हूँ ॥१३१॥

किन्तु गोलोकवासीजनों का सामूहिक दर्शन तो अत्यन्त आश्चर्यजनक है। देखो ! गोपराज श्रीनन्द एवं उनकी अर्धाङ्गिनी श्रीयशोदा इन दोनों के यथायोग्य अनुगत और स्निग्ध स्वभावयुक्त सभी प्रिय परिजन नक्षत्र समूह तुल्य हैं, एवं श्रीनन्द यशोदा दोनों मूर्तिमान सूर्य चन्द्र तुल्य हैं। ये सब प्रेम नामक प्रबल रस्सी में यन्त्रित होने के कारण श्रीकृष्ण के कान्तिरूप ज्योतिश्चक्र में इधर उधर भ्रमण करते रहते हैं ॥१३२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गानन्तु प्रतिगणं साधारणमपि कञ्चिद्विशेषं वहति;

यथा—जन्माद्यर्भकता हरेः प्रवयसां मध्येसभं प्रायशः
पौगण्डादिषु निर्जरारि-विजितिः प्रायः सुहृन्मण्डले ।
कालियादिषु दुर्जनेष्वपि कृपाभक्तव्रजेऽनल्पशः
प्रायेणात्मनि रागरीतिरभितः कान्तागणे गीयते ॥१३३॥

तत्र च—सङ्गाने चेद्भूजति मुरजिद्भुक्तमात्रं विमोहं
शर्माशर्माप्यनुमितिमियात् तर्हि न प्रेक्षकाणाम् ।
शान्तिर्दास्यं सहचरदशा वत्सलत्वं तथान्यद्-
गच्छेदेषां हृदि कथमिह क्षीरवार्वद्विवेकम् ॥१३४॥

हन्त ! पद्यद्वयमिदमलोले मनसि उद्भूय तदेवान्दोलयति;

यथा—मातर्मातर्जननि ! मम तद्देहि देहीति शब्दै-
र्वत्सायुष्मन् ! सुत ! वदसि किं प्राणलाल्येति चार्द्रैः ।
नानालापप्रणयवलिता मां बलात् स्नेहमुद्रा
तस्मिन् गोष्ठे स्मरयतितरां तौ सवित्रीकुमारौ ॥१३५॥

उन सबका गायन तो साधारण होकर भी किसी विशेष भाव को धारण करतारहता है, यथा—वृद्धजनों की सभा में प्रायः श्रीकृष्ण की जन्म प्रभृति बाल्यलीला, मित्रमण्डल में प्रायः पौगण्ड आदि अवस्था में की हुई असुरविजय लीला, भक्तसमुदाय में कालिय आदि, दुर्जनों पर भी की हुई विशिष्ट कृपारूप लीला, एवं श्रीकृष्ण प्रेयसीमण्डल में प्रायः अद्भुत पूर्वराग आदि लीलाएँ ही सर्वतोभाव से गायी जाती हैं। यहाँ निज निज भावमय सङ्गीत की विशेषता है ॥१३३॥

और यहाँ पर संगीत समय में श्रीकृष्ण के शान्त एवं दास आदि साधारण भक्तमात्र ही जब मोह को प्राप्त हो जाते हैं तथा उस मोह में उन भक्तों को सुख होता है या दुःख, जब दर्शकजनों को भी इसका अनुमान नहीं लग पाता हैं, तब बताओ इन दर्शकों के हृदय में शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य और शृङ्गार रस परस्पर में मिले हुए दूध और जल की तरह किस प्रकार पृथक् पृथक् जाने जा सकते हैं ? अर्थात् इन पाँचों रसों का समझना ही साधारण जनों को कठिन है तब इनसे युक्त भावदशा को प्राप्त भक्तों का स्वरूप कैसे जाना जा सकता है ? ॥१३४॥

अहह ! आगे कहे जाने वाले "मातर्मातर्जननि" इत्यादि ये दोनों श्लोक मेरे निश्चल मन में उत्पन्न होकर उसी मन को चञ्चल बना रहे हैं। "अरी मैया, अरी मैया ! हे जननि ! मुझको वही माखन दे दो, वही माखन दे दो" इस प्रकार के बार बार उच्चारित शब्दों द्वारा एवं हे वत्स ! हे आयुष्मन् ! हे सुत ! हे प्राण से भी अधिक प्रिय ! मेरे लड़ैते लाल ! क्या कहते हो, इस प्रकार के स्नेह से सरस वाक्यों द्वारा मैया बेटा के परस्पर के आलाप और प्रेमभरी स्नेहमुद्रा उस गोलोकरूप व्रज में उन दोनों मातापुत्रों को बल-पूर्वक अतिशय स्मरण कराती रहती है ॥१३५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गेहेशि ! त्वं चरितसुकृता हन्त ! वत्सस्त्वदग्रे
वक्ति प्साति प्रथयति रुचिं याचते जाहसीति ।
अर्धादेवं स्थगितवचनं स्नेहपूराद्व्रजेशं
ध्यायद्वृत्तिं बत न लभते मन्मनो बंभ्रमीति ॥१३६॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु श्रीगोलोकरूप-निरूपणं नाम प्रथमं पूरणम् ॥१॥

अथ द्वितीयं पूरणम्

श्रीगोलोक-विलासः (तत्र नित्यलीला)

अथ कथाप्रथनाय ग्रथनमिदमारभ्यते ॥१॥

स्वभजन-लसन्मानस-सन्मानद-जन्मादिलीलाभव्याय भुव्याविर्भावितस्य तस्य निजव्रज-लोकचक्रस्य दन्तवक्रं हतवता श्रीभगवता तत्र विगतसर्वशोके गोलोके पुनरपि संश्लेषः साधित इति चम्पूद्वयस्य प्रतिसम्पूर्ति-वक्ष्यमाण-सप्रमाणकथा-लक्ष्यतया विविक्तमेव व्यक्ती-करिष्यते । सिद्धे तत्र तु संश्लेषे कुत्रापि रात्रिविशेषे शेषे गोलोकाद्वन्द्वमहेन्द्रद्वारि हारि

श्रीनन्दजी कह उठते हैं कि—हे गृहेश्वरि ! यशोदे ! तुमने पहले जन्मों में बड़े बड़े पुण्य किये हैं, देखो ! कैसा हर्ष का विषय है कि, लाला कृष्ण कन्हैया तुम्हारे आगे सब कुछ बोलता है, भोजन करता है, अपनी रुचि को प्रगट करता है, बारंबार नवनीत (माखन) आदि माँगता है एवं पुनः पुनः हँसी करता रहता है । इस प्रकार स्नेह की अधिकता से श्रीनन्दबाबा के वचन बीच में ही रुक जाते हैं । ऐसे श्रीनन्दजी का ध्यान करनेवाला मेरा मन स्थिरता को नहीं प्राप्त करता है, अर्थात् पुनः पुनः भ्रान्त हो उठता है । (हाय ! उस गोलोक में ऐसे विचित्र चरित्रों का साक्षात् दर्शन मैं कब कर पाऊँगा प्रभो !) ॥१३६॥

इति श्रीनिखिलशास्त्रपारावार पारदृश्वसख्यावताराष्टोत्तरशत स्वामि श्रीकृष्णानन्ददासजी महाराज शिष्य श्रीवनमालिदासशास्त्रि विरचित— श्रीकृष्णानन्दिनी नाम्नी भाषाटीका सहिते श्रीगोपालचम्पू काव्ये गोलोकरूपनिरूपणं नाम प्रथमं पूरणं सम्पूर्णम् ॥१॥

द्वितीय पूरण

गोलोकविलास, उसमें नित्यलीला का वर्णन

अब नित्यलीला वर्णनमयी कथा के विस्तार के लिये इस द्वितीय पूरण की रचना आरम्भ होती है ॥१॥

श्रीकृष्ण का भजन करने के लिये जिनका हृदय उल्लासयुक्त है, ऐसे सज्जनों के मानदायक जन्मादि सब लीलाओं के मङ्गलमय प्रकाश के लिये इस व्रजभूमि में प्रगट किये गये जो व्रजवासी स्वजनवर्ग, उनका श्रीकृष्ण ने दन्तवक्र का वध करने के अनन्तर सर्वशोकरहित आनन्दपूर्ण श्रीगोलोकधाम में पुनर्मिलन सम्पादन किया है, इस प्रकार पूर्व व उत्तर दोनों चम्पूओं में प्रत्येक की पूर्ति में कही जाने वाली प्रामाणिक कथा के लक्ष्य से पवित्रतापूर्वक स्पष्टरूप से कहेंगे । इस प्रकार श्रीकृष्ण के साथ उन गोलोकवासीजनों का पुनः सम्मिलन होने पर, किसी एक रात्रि के शेष भाग में गोलोक के अद्वितीय महाराज श्रीनन्दजी के दरवाजे पर मनोहर दो दुन्दुभी (नगाड़े) बजने लगे । उन दोनों दुन्दुभियों के नादविशेष के बहाने मानो यह आनन्द ही उमड़ रहा है ऐसा समझकर गोलोकवासीजन भी जाग उठे । उन लोगों का जागना मात्र

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दुन्दुभिद्वन्द्वमुन्ननाद । नादविशेषमिषेणानन्दमेवेदमुज्जगारेति मत्वा लोकोऽप्युज्जागार । न च स एव केवलः, किन्तु कृष्णावलोकतृष्णया सह, यथा कमलसमूहः परिमलधारया । अथ निज-निजवृन्दिनः सूत-मागधवन्दिनः श्रीमन्नन्दराजपुरविराजमान- बृंहितांसिंहद्वारि सर्वोर्ध्वं विन्द-मानां चन्द्रशालिकामधिरुह्य नूतनानि पूतनादि-दन्तवक्रान्तदुर्बुद्धि-शक्रारिचक्र-वधसम्बद्धानि विरुदादिच्छन्दांसि स्वच्छन्दतया नटन्त इवापर्यन्तं पठन्तः समन्तादेव जनसन्दोहमानन्ददोहं लम्भयामासुः । सानुराग-रागावलि-विभाग-लङ्गिम-सङ्गीतसङ्गि-तल्लीलाकथाकुलमप्या-कलयामासुः ॥२॥

तदा महुरपि °हरेरवदानगानतो लब्धतोषपोषा घोषाधिपति-दम्पतिमुखाः परमसुखा-दतिशस्त-वस्त्रालङ्कारभारं तेभ्यः स्वयमीहया विहापयामासुः, किन्तु श्रवणेऽपि तृप्तिर्नक्तृप्ति-मवाप । कथं वा तत्रावश्यमेव वशनीया सातिः सातिमासीदतु ? तदनु च समुद्भूतप्रेमरस-राशिर्व्रजवारिराशिः स्वयमेव निज-हृदयङ्गम-व्रजमङ्गल-श्यामलाङ्ग-सङ्गान-तरङ्गतङ्ग-सङ्गितया विश्वविस्मयकारितां सङ्गतवान् । तत्र च गीयमानतया सन्निधीयमानस्य तदीय-यशसश्चन्द्रमसः समतामनुमिमीमहे ॥३॥

यदा तु श्रीलगोपाललीलागानाग्रहिला महिला गातुमारब्धास्तदा सर्व एव सतृष्णा-स्तूष्णीमासन्, कृष्णमुरलीकाकलीमनु कोकिला इव । यदेव गानं वैदग्धीदिग्ध-कङ्कणादि-झङ्का-रालंकृत- मन्थाननिर्घोषः स्वरतालादिदानमिव कुर्वाणः स्वपोषं पुपोष ॥४॥

ही नहीं हुआ अपितु—कमलसमूह जिस प्रकार मनोहर सुगन्ध के सहित विकसित होता है उसी प्रकार सब लोग भी श्रीकृष्ण के दर्शन की तृष्णा के सहित उल्लसित होकर जाग उठे । तदनन्तर सूत, मागध एवं वन्दी प्रभृति स्तुतिपाठक अपने अपने दल से मिलित होकर श्रीमान् नन्दरायजी के नगर के समृद्धिशाली विशाल सिंहद्वार पर, सबसे अधिक ऊँची अट्टालिका पर चढ़कर, पूतना से लेकर दन्तवक्र पर्यन्त दुर्बुद्धि इन्द्रशत्रु असुरों की वधलीला से युक्त नये नये गद्य पद्यमय राजस्तुतिरूप विरुद आदि सब छन्दों को स्वच्छन्दतापूर्वक नाचते हुए से अपार रूप से गाते हुए चारों ओर समस्तजनों को आनन्दप्रवाह में निमग्न कर देते हैं । तदुपरान्त उन्होंने स्वयं अनुरक्त होकर अनेक प्रकार के रागों के विभाग के द्वारा मनोहर संगीत संयुक्त श्रीकृष्ण की सभी लीला कथाओं को जनमात्र को सुना दिया ॥२॥

उस समय श्रीनन्द यशोदा आदि गोप गोपीगण श्रीकृष्ण की पहले की हुई लीलाओं का गायन सुन कर अतिशय सन्तोषपूर्ण होगये, तथा उन्होंने परम सुख से उन सभी सूत मागध वन्दिजनों को स्वेच्छानुसार अतिप्रशस्त बहुत से वस्त्र अलङ्कार आदि प्रदान किये । किन्तु कृष्णलीला गान सुनने पर भी उनकी परितृप्ति नहीं हुई, और उस समय अवश्य ही करणीय कमनीय अभिलषित दान कार्य की समाप्ति किस प्रकार हो सकती थी ? तदनन्तर उत्पन्न हुआ है प्रेमरस का समूह जिससे ऐसा वह व्रजसमुद्र स्वयं ही निज निज हृदयङ्गम व्रजमङ्गलस्वरूप श्यामलाङ्ग श्रीकृष्ण के उत्कृष्ट गानरूप तरङ्गसमूह से सम्मिलित होकर विश्व को विस्मित करने लग गया, और वहाँ पर गाये जाने के कारण कानों के निकट में आनेवाला जो श्रीकृष्ण का यश है, हम तो निष्कलङ्क चन्द्रमा के साथ उसकी समता का अनुमान करते हैं ॥३॥

किन्तु जिस समय श्रीगोपालजी की लीला के गायन के आग्रह से विशिष्ट महिला मण्डल ने गाना आरम्भ कर दिया तब तो श्रीकृष्ण की वंशीध्वनि को सुनकर कोकिलागण की तरह गायन सुनने की तृष्णा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवं सति सर्वतः सारेण सप्रमाण-वर्णयितव्यानुसारेणापगतापरपतिभ्रमाः सर्वा एव व्रजरमा मारबाणदलितमर्माणस्तदेकसेवाधर्म्येषु निजनिजहर्म्येषु सममेव लब्धागमनं तमेकमेव रमणं रमणतां गमयमाना न विरामभिच्छन्तीति सखीभिरेव प्राभातिक-रागमयगाननर्मणा तस्मादुपरमयामासिरे ॥५॥

तच्च न सहसा, किन्तु क्रमशः ।

तथा हि—बाहू विश्लथितौ श्लथीकृतमुरो वक्त्रं दूरच्यावितं
तल्पादुत्थितमेकदा विनिमयेनालम्ब्य यत्नान्मुहुः ।
याभ्यां स्पर्शसुखाग्रहोऽपि दमितस्ताभ्यां हरिप्रेयसी-
व्यक्तिभ्यां बत सोढमत्र सहसाकृष्टुं न दृष्टिं मिथः ॥६॥

हन्त ! तासु च सर्वाधिका या तु राधिका, सा खलु तदारम्भसम्भवादेव प्रायः सर्वदा मूर्च्छामृच्छति ॥७॥

यत्र च—पूर्वानुरागगलितां मम लम्भनेऽपि, लोकापवाददलितामथ मद्वियुक्तौ ।
दावानलज्वलितजातिवनी-सदृक्षा,-मेतां कथं कथमहं बत सान्त्वयामि ? ॥

से युक्त हो सभी मौनी बन गये । जिस गायन को चातुर्ययुक्त कङ्कण आदि के झङ्कार से अलंकृत दधिमन्थन का शब्द, स्वयं पुष्ट होकर, स्वर ताल आदि का दान करता हुआ परिपुष्ट कर रहा था ॥४॥

इस प्रकार संघटित होने पर जिनके विषय में आगे सप्रमाण वर्णन होगा एवं जो सबकी अपेक्षा श्रेष्ठ हैं, तदनुसार उन गोपरमणियों के श्रीकृष्ण से भिन्न अन्य पति का भ्रम दूर हो गया है, अतः वे सभी व्रज-रमा मारबाण से मर्माहत होकर श्रीकृष्ण की सेवारूप धर्म से युक्त अपने अपने महलों की अटारियों में एक साथ ही सबके घर आनेवाले एक ही रमणरूप श्रीकृष्ण को प्राप्त कर उनके साथ रहस्यक्रीड़ा करती हुईं विराम नहीं चाहती हैं, तथापि सहचरी सखियों द्वारा प्रातःकालोचित रागपूर्ण सङ्गीतकौतुक से उनको रहस्यक्रीड़ाकार्य से विरत किया जाता है ॥५॥

वह क्रीड़ा से उपरामरूपी कार्य भी सहसा नहीं किन्तु क्रमशः होता है, यथा—देखो ! श्रीकृष्ण एवं उनकी प्रेयसी गोपियों ने सबसे पहले दोनों भुजायें शिथिल, पश्चात् वक्षःस्थल शिथिल, तदनन्तर मुख भी थोड़ा थोड़ा दूर कर लिया, और एक साथ ही आपस में अवलम्बन करके शय्या से उत्थान किया, एवं श्रीकृष्ण गोपीरूप जिन दो व्यक्तियों ने परस्पर का अवलम्बन करके बार बार स्पर्शसुख के आग्रह को भी यत्नपूर्वक दमन कर लिया, परन्तु हाय ! सहसा आपस में दृष्टि को दूर करने के लिये दोनों में से कोई भी समर्थ नहीं हुए । यही रहस्यक्रीड़ा से विरत होने की परिपाटी है ॥६॥

हाय ! देखो ! श्रीकृष्ण की प्रेयसी गोपियों में सर्वश्रेष्ठा जो श्रीराधिका हैं वे तो प्रातःकालिक गान के आरम्भमात्र से ही प्रायः सर्वदा श्रीकृष्णवियोग की सम्भावना से मूर्छित हो जाती हैं ॥७॥

और जिस श्रीराधिका के ऊपर श्रीकृष्ण सदैव इस प्रकार की चिन्ता करते हैं, देखो ! जो श्रीराधिका मेरे पूर्वानुराग में गलित हो जाती है, मेरी प्राप्ति होने पर भी लोकापवाद से दलित हो जाती है, तथा मेरे वियोग में जो दावानल से प्रज्वलित मालतीलता की वनी की तरह हो जाती है, हाय ! उस राधिका को मैं किस प्रकार सांत्वना प्रदान करूँ ? सदैव इस प्रकार विचार करते हुए, इस समय भी अति व्यग्र होते हुए श्रीकृष्ण के प्रति समाश्वासन एवं विश्वास दिलाती हुईं तथा श्रीराधिका को श्रीकृष्ण से वियुक्त करती हुईं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति सदा भावयन्तं सम्प्रति चातिव्यग्रीभवन्तं व्रजयुवराजं प्रति समाश्वासनया विश्वासनया च तां व्यवहितां कुर्वाणाः प्राणतुल्याः परमाल्यस्तदीयताम्बूलोद्गारादि-संवलनया चेतनामालम्बयन्ति, ॥८॥

समन्तादपि सान्त्वितामथ पृच्छन्ति च—"हन्त ! केयं तव रीतिः ?" इति ॥९॥

सा पुनः सात्रमाश्रावयति—॥१०॥

"न मूर्खधीरस्मि न वा दुराग्रहा, शरीरभोगेषु न चातिलालसा ।
किन्तु व्रजाधीशसुतस्य ते गुणा, बलादपस्मारदशां नयन्ति माम् ॥"

"किं कुर्महे, यया मर्मपीडया क्वचन च शर्म न लभामहे वयम् ।" इति ॥११॥

अथ पुनर्व्याकुलीभवन्ती सा शुभ्रदन्ती रसान्तरेण ताभिः सान्त्वितीक्रियते । तद्दिने तु तदिदमाचचक्षे । अशेषमङ्गलसङ्गताचरणानां श्रीव्रजेश-गृहिणीचरणानामादेशप्रवेश आसीत्—"हन्त ! सर्वा एवार्वाचीनवयसः समागताः, मत्प्राणाधिका राधिका कथमधुनापि नागता ?" इति । तदेवमवधारितवती श्रीराधापि सावधानीभवन्ती शीघ्रमेव प्रातरौचितीं विधाय सर्वाभिरेवोपशाय-विशायवलिताभिः कल्यमाकल्य मिलिताभिर्ललितावशाखादि-सखीभिः सार्धं श्रीव्रजाधीश्वर्या धाम जगाम; गत्वा च परमकान्त-स्वकान्ति-कन्दलीभिरन्तिमगताभीरकान्ताः समन्तादप्यन्तर्बहिरपि देवयामास ॥१२॥

प्राणतुल्य श्रीललिता आदि सखियाँ श्रीकृष्ण द्वारा चर्वित ताम्बूल आदि प्रियवस्तु समर्पणपूर्वक श्रीराधिका को चेतना दिलाती हैं ॥८॥

तदनन्तर श्रीराधाजी जब सर्वथा स्वस्थ हो जाती हैं, तब सखियाँ उनसे पूछती हैं कि—हाय ! बड़े कष्ट की बात है सखि ! राधिके ! यह तुम्हारी क्या रीति है ?॥९॥

श्रीराधिकाजी पुनः कातर होकर अश्रु बहाती हुई सुनाती हैं ॥१०॥

अरी सखियो ! देखो, मैं मूर्ख बुद्धिवाली नहीं हूँ, दुराग्रह से युक्त भी नहीं हूँ, तथा शारीरिक भोगों में मेरी अत्यन्त लालसा भी नहीं है, किन्तु व्रजराजकुमार श्रीकृष्ण के वे अनिर्वचनीय सब गुण ही मुझको बलपूर्वक अपस्मार रोग की सी दशा को प्राप्त कर देते हैं । हाय ! अब हम क्या करें ? ऐसी मर्मपीड़ा होती है कि जिसके मारे हमको कहीं भी सुख शान्ति नहीं मिलती है ॥११॥

तदनन्तर फिर भी श्रीकृष्ण वियोग से व्याकुल होती हुई श्वेतदन्तपंक्ति वाली उस श्रीराधिका को वे सखियाँ दूसरे रस से सान्त्वना देती हैं । उस दिन तो यह कहना बन गया कि—सर्वमङ्गलमय आचरण-विशिष्टा, परमपूजनीया व्रजराज की पटरानी श्रीयशोदाजी का आदेश कर्णाकर्णिकया (कानोंकान) उपस्थित हुआ है, यथा—अहह ! अल्प अवस्था वाली सभी बालिकायें तो आगई हैं किन्तु मेरी प्राणाधिका राधिका अभी भी क्यों नहीं आई है ? ऐसे आदेश को सुनकर श्रीराधिका भी सावधान होती हुई, प्रातःकालोचित कार्यकलाप को शीघ्र ही समाप्त कर, अपनी अपनी बारी से जो सखियाँ श्रीराधिका के पास शयन करतीं हैं, एवं जो प्रातःकाल जानकर ही एकत्रित हुई हैं ऐसी ललिता, विशाखा आदि अनेक सखियों के साथ श्रीमती व्रजाधीश्वरी के भवन के प्रति चल दीं । वहाँ जाकर परम कमनीय स्वीय कान्ति समूह द्वारा चारों ओर से 'यह क्या है' इस प्रकार कहकर पास में आई हुईं अथवा अन्तिम दशा को प्राप्त सभी गोपियों को बाहर भीतर से आनन्दित कर दिया ॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यत्र तासां निर्निमेषता च जाता, सम्भावनावती भावना चेयम्—॥१३॥

अधिविधु नीलाम्बुजयुग,-मपि तिलपुष्पं सबन्धूकम् ।
यस्यां कनकलतायां, सेयं कृष्णाङ्गना चित्रम् ॥१४॥

अथ भक्तितृष्णङ्मनाः कृष्णजननीमनु माननीयतया निजमाननमवनीमवनीय ननाम ॥१५॥

सा च तां सहसभ्यानन्दमभ्यनन्दत् ॥१६॥

तत्र च—असौ चरणयोर्नता शिरसि हस्तमाधत्त सा-
प्यसौ भुवि तथा स्थिता कवमजिघ्रदुत्थाप्य सा ।
असौ कुचितविग्रहा भुजतले निधायाथ सा
सवाष्पकमुदैक्षत द्वयमहो द्वयोः किं ब्रुवे ? ॥१७॥

तदेवमपि रोहिणीप्रभृतीनामादराय भृत-निभृत-सङ्कोचामालोचयन्ती राज्ञी तामनुजज्ञे—"पुत्रि ! वन्दस्व वन्दनयोग्या" इति । सा च रम्यगुणा पुरुनिपुणा भक्तिपूरतः सर्वा एव गुरूरवनम्य दूरदेश एव विनिवेशं विनतवक्त्रमाससाद ॥१८॥

श्रीराधिका के देखने में वहाँ की गोपियों की टकटकी लग गई एवं उनकी सम्भावना वाली यह भावना उत्पन्न हुई कि—॥१३॥

अरी सखियो ! देखो ! यह कैसा आश्चर्यमय दृश्य है कि जिस कनकलता में ऊपर के भाग में निष्कलङ्क दिव्य चन्द्रमा है और उस चन्द्रमण्डल में खिले हुए दो नीलकमल भी हैं एवं बन्धूक पुष्प के सहित एक तिल का पुष्प भी है, तो भी वह लता कृष्ण अंग वाली है, यही आश्चर्य है। (श्लेषपक्ष में सोलह वर्ष की श्यामा अंगना है, इस श्लोक में अभेदाध्यवसायरूप अतिशयोक्ति अलंकार है, अतः श्रीराधाजी का श्रीविग्रह ही यहाँ सुवर्णलता है, मुखमण्डल ही चन्द्रमण्डल है, दोनों नेत्र ही नीलकमल हैं, नासिका ही तिल पुष्प है, एवं सिन्दूर बिन्दु ही बन्धूक पुष्प है) ऐसा समझना ॥१४॥

तदनन्तर भक्ति की तृष्णा से युक्त मन वाली श्रीराधाजी ने परम माननीया कृष्णजननी श्रीयशोदाजी को लक्ष्य करके अपना मुखमण्डल पृथ्वी की ओर झुकाकर नम्रतापूर्वक प्रणाम किया ॥१५॥

श्रीयशोदा माता ने भी श्रीराधिका का अभिनन्दन किया जिससे सभी सभ्यवृन्द आनन्दित हो उठा ॥१६॥

श्रीराधिका ने श्रीयशोदा के दोनों चरणों में प्रणाम किया तो श्रीयशोदा ने उनके मस्तक पर हाथ धर दिया, जब श्रीराधिका प्रणाम करती हुई भूमि पर स्थित थीं तब श्रीनन्दरानी ने उनको उठा कर प्रेम से उनका मस्तक सूँघा। श्रीराधिका जब शरीर से संकुचित होकर खड़ी थीं तब तक श्रीयशोदाजी ने उन्हें अपनी भुजाओं में भरके अपने हृदय से लगा लिया। फिर दोनों एक दूसरे को अश्रुपूर्ण नेत्रों से देखने लगीं। अहो ! इन दोनों के परस्पर प्रेम का मैं अधिक क्या वर्णन करूँ ? ॥१७॥

इसी प्रकार श्रीरोहिणी आदिकों के सत्कार के लिए श्रीराधिका को अतिशय संकोचयुक्त देखकर श्रीनन्दरानी ने उनको आज्ञा दी कि—हे पुत्रि ! राधिके ! तुम वन्दन करने योग्य सभी वृद्धाओं की वन्दना करो। तब मनोहर गुणयुक्ता अतिनिपुणा श्रीराधिका भक्तिपूर्वक सभी वृद्धाओं को नमस्कार करके, स्वयं नम्रवदन होकर गुरुजनों से कुछ दूर पर ही बैठ गईं ॥१८॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ ललितादिस्तदालिपालिरपि तासु गुरुवनितासु नद्वदेव कृतवरिवस्या तस्या एव सदेशमुपविवेश ॥१९॥

ततश्च श्रीरामप्रसूः स्पष्टमाचष्ट—"व्रजेश्वरि ! सर्वसुखरोहिणी रोहिणीताराद्य विद्यते । तदादिश्यतामियं सद्भावधूत-सर्वदिश्य-वधूनैपुण्या पाकादिसद्गुण्याय पूर्वमेव सोमाभानुलोमतया या रसवतीं प्रतीताः, सममन्या धन्यामङ्गलाद्या मङ्गलाराम-रामानुज-रामास्तथा याः परापरनामानः कल्याणारामरामरामाः समन्तादप्यसूरसूमेवानुवर्तन्ताम् । ललिताद्याः पुनरस्याः कायनिकायरूपा एवेति, न साहायकायास्माभिर्नियोजनीयाः" ॥२०॥

अथ तयापि तथादिष्टा शिष्टाङ्गनागणगणेयगुणा शिरो नमयित्वा सखीषु तिरोभूय तत्कालमेव चचाल ॥२१॥

अथ प्रसङ्गमन्यमपि सङ्गतं प्रथयामः ॥२२॥

अथ धृतप्रणयनयसारा वयसा महसा सहसा च कृतसवयस इव सभानुकाराः स्वकुल-परम्परागतपरिचारक-शूद्राभीरकुमाराः स्वावसर-विसर-प्राप्तावसरतया प्रातरेव मोहनागार-द्वारसारमाव्रजन्तः समं विराजन्ते स्म ॥२३॥

पश्चात् श्रीललिता आदि श्रीराधिका की सब सखियाँ भी श्रीराधिका की तरह श्रीयशोदा प्रभृति सभी वृद्धाओं की नमस्कारादि से आराधना करके श्रीराधिका के निकट ही जा बैठीं ॥१९॥

तदनन्तर श्रीरामजननी रोहिणीजी इस प्रकार स्पष्ट बोलीं कि—हे व्रजेश्वरि ! आज सर्वसुखदायक रोहिणी नक्षत्र है । इस राधिका ने अपने सद्भाव द्वारा सब दिशाओं में रहने वाली रमणियों के चातुर्य को परास्त कर दिया है, अर्थात् ये पाक क्रिया में सबसे कुशल हैं अतः पाक आदि में सद्गुण सम्पादन करने के लिये आप इनको पाकशाला में जाने के लिए आज्ञा दे दीजिए, एवं चन्द्रावली के अनुगत जितनी भी गोपियाँ हैं वे तो पहले से ही पाकशाला में चली गई हैं । और मङ्गल की उपवन-स्वरूपा श्रीकृष्ण की धन्या, मङ्गला आदि दूसरी रमणियाँ तथा भिन्न भिन्न नाम वाली, कल्याण की उपवन-स्वरूपा श्रीबलदेव की जो रमणियाँ हैं वे सब भी पाकशाला में प्रवेश कर चुकीं हैं, वे सबकी सब एक साथ मिलकर इन श्रीराधाजी का ही अनुगमन करें । और ललिता आदि अष्ट सखियाँ तो इन श्रीराधिकाजी की कायव्यूहस्वरूपा ही हैं । अतः श्रीराधिका की सहायता के लिए उनको हमें पुनः नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है ॥२०॥

तदनन्तर शिष्ट नारीगणों की शिरोमणि-स्वरूपा श्रीराधिकाजी, श्रीरोहिणी की तरह श्रीयशोदाजी से भी आज्ञा प्राप्त करके नम्रता से शिर नवाकर अपनी सखियों में मिलकर तत्काल रसोई घर के लिए चल दीं ॥२१॥

अब प्रसङ्गानुसार हृदयङ्गम एक दूसरे प्रसङ्ग का भी निरूपण करते हैं ॥२२॥

अपनी वंशपरम्परा से परिचारक रूप में आए हुए शूद्र और आभीर, अर्थात् सेवकरूप सब गोप-बालक श्रीकृष्ण को इतने प्रिय लगते हैं कि जो श्रीकृष्ण की प्रेम नीति के सारभार को धारण करके अवस्था, तेज एवं बल से भी श्रीकृष्ण के सखाओं के तुल्य हैं और श्रीकृष्ण के सखाओं की सभा में अनुकरणशील भी हैं । अतः अपनी अपनी सेवा के अवसर समूह को प्राप्त होने के कारण प्रातःकाल ही विलासगृह के सर्वोत्तम शोभायमान दरवाजे पर आते हुए एक साथ सुशोभित हो गये ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च स्नानीयादिरम्यकरैस्तैः किङ्करैरनुगम्यतया, स तु वरकिशोरवया निखिलत्राता रामभ्राता प्रातराचाराचरणाय सदेशमुपवेशप्रदेशं पूर्वमेव विवेश ॥२४॥

तत्र च नर्ममयशर्मदप्रणया वैश्याभीरतनयाः सखायः सुबलादयः सममेव समगंसत । तैः सङ्गतैः सह तु विलम्बकथंता-कथावलम्बेन मिथः परिहासविलासकौतुकी वरासनमध्यासामास । ते च सर्वे प्रेम्णा परिचर्यायां परमाश्चर्यचर्याः ॥२५॥

यतः—आधेयाधारादिभावेन भेदात्, प्राणा भिन्नाः प्राणिनः सन्ति भिन्नाः ।
ये कृष्णाद्याः स्निग्धताशर्मभाजः, प्राणा ज्ञेयास्ते मिथः प्राणिनश्च ॥२६॥

प्रभाते च प्रभाते तादृशानां मध्ये तादृशस्य तस्य तु—

श्रीमद्वक्त्रकरांघ्रिधावनकला तैलादिभिर्मर्दनं
स्नानं गात्रमृजांशुकद्वयधृतिः साचामपुण्ड्रक्रिया ।
प्रातर्धर्मगकर्म दिव्यवसनं रत्नावलीमण्डनं
वंशीशृंगशिखण्डदण्डकलना मच्चित्तमाकर्षति ॥२७॥

तेषु च केषुचिदंगसेवकेषु विशेषः शेषववसामपि शेषस्य विषयायते ॥२८॥

तदनन्तर स्नान के योग्य रमणीय द्रव्य हैं हाथों में जिनके, ऐसे सेवक जिनके पीछे पीछे चल रहे हैं, ऐसे नवकिशोर अवस्था वाले सबके त्राता राम भ्राता श्रीकृष्ण प्रातःकालोचित कार्य करने के लिए निकटवर्ती उपवेशन (बैठने के योग्य) स्थान में पहले से ही प्रविष्ट हो गए ॥२४॥

और वहाँ पर कौतुकमय प्रेम सुख देने वाले वैश्य जाति के गोपबालक सुबल आदि सभी मित्रगण एक साथ ही सम्मिलित होगये। उन सबके मिलने पर उनके साथ "हे प्रिय मित्रो ! आप सबको आने में विलम्ब कैसे हो गया" इत्यादि वार्तालाप करते हुए, परस्पर हासपरिहासमय कौतुक विलास का अवलम्बन करने वाले श्रीकृष्ण सर्वोत्कृष्ट आसन पर जा विराजे। वे सब सखा श्रीकृष्ण की प्रेमपूर्वक परिचर्या (सेवा) करने में परमाश्चर्यप्रद शिक्षा में निपुण हैं ॥२५॥

[श्रीकृष्ण के सखा श्रीकृष्ण के विलासरूप हैं अतः श्रीकृष्ण से उनका भेद नहीं है, यही वर्णन करते हुए कहते हैं कि] आधेय एवं आधार आदि भाव से, अर्थात् देह देही भाव से भेद होने के कारण प्राणों से प्राणीगण भिन्न हैं, परन्तु वस्तुतः दोनों में अभेद है, अर्थात् प्राणों के न रहने पर प्राणी नहीं रहते एवं प्राणियों के न रहने पर प्राण भी नहीं रहते। इसी प्रकार प्रेममात्र सुख की आकांक्षा करने वाले श्रीकृष्ण आदि जो सब गोपबालक है वे सब परस्पर में प्राण और प्राणी हैं ऐसा समझना चाहिए; अर्थात् श्रीकृष्ण प्राण हैं तो सखा प्राणी हैं, और सखा प्राण हैं तो श्रीकृष्ण प्राणी हैं। एक के बिना दूसरा नहीं रह सकता। तात्पर्य यह है कि—श्रीकृष्ण के सखा श्रीकृष्ण की अभिन्न मूर्ति हैं ॥२६॥

प्रातःकाल के सुप्रकाशित हो जाने पर पूर्वोक्त ग्वालबालों के मध्य में उक्त श्रीकृष्ण के श्रीमुख, श्रीहस्त, श्रीचरणकमल आदि का प्रक्षालन, नारायण तैल आदि मर्दन, स्नान, गात्रमार्जन, कटि वस्त्र एवं उत्तरीय वस्त्र का परिधापन, आचमन, तिलकरचना, प्रातःकालीन धर्मकर्म, दिव्यवस्तु आस्वादन, रत्नजटित अनेक अलंकार धारण, तथा वंशी, शृङ्ग, मयूरपिच्छ एवं गोचारण के लिए लकुट धारण, ये समस्त प्रातःकालीन श्रीगोपाल की लीलाएँ मेरे चित्त को बलात् आकर्षित कर रही हैं ॥२७॥

उन सब सेवकों में से कुछ अंगसेवकों में ऐसे विशेष गुण हैं कि जिनका वर्णन करते हुए शेषजी के अशेष (सम्पूर्ण) वाक्य भी शेष (समाप्त) हो जाते हैं ॥२८॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यतः—सौरभ्यं शिरसः पदाम्बुजयुगं बाहुप्रसारादिकं
लब्ध्वाश्लेषविशेषतां दधति ये कृष्णस्य तृष्णान्विताः ।
वात्सल्ये परिषेवणे सखिपदे कान्तस्थितावप्यमी
सौख्यं यत्तदशेषमेव दधते प्रेम्णा तदभ्यंगिनः ॥२९॥

अथ तस्मात्तैः परिवीतः पीतवसनः सांगणप्रवेशमंगीकुर्वन् सदेशसत्रवयस्काभिः समं जनन्या जीवन्यास इव प्रतिमया लभ्यते स्म ॥३०॥

तत्र च—आगच्छज्जयतादहो मधुरता निर्मज्छनद्रव्यतां
गच्छेयं मम दृग्द्वयस्य भवतादत्रातिपक्ष्मास्थितिः ।
इत्थं कञ्जविलोचनस्य कलयन्नाकस्मिकीमागतिं
चित्रं चित्रजनः सदा भवति चेदासान्तु किं तद्ब्रुवे ? ॥३१॥

अथ गुरवश्च ता रजनिजनित-तद्विरहज्वालाकलित-स्नेहपूरवशतया मुहुरगुरुतामासाद्यानवद्यामोदमाविष्कुर्वत्यः पूर्वदिङ्मुख-महामन्दिरालिन्दादवतेरुः । तत्र पूर्वं माता वत्समिव माता वत्सं मिलितवती, यत्र रोहिण्यपि रोहिणीवदूहाञ्चक्रे लोकचक्रेण ॥३२॥

कारण यह है कि जो जन सेवा की तृष्णा से युक्त होकर श्रीकृष्ण के मस्तक की सुगन्धि, दोनों चरणकमल एवं बाहुप्रसारण आदि प्राप्त कर, आलिङ्गन की चातुरी को भी धारण करते हैं, वे सब व्यक्ति प्रेम से श्रीकृष्ण के तैलमर्दन आदि सेवाकार्य को करके वात्सल्यरस में, दास्यरस में, सख्यरस में एवं शृङ्गार रस में जो सुख विशेष है उस अशेष (सम्पूर्ण) सुख को धारण करते हैं, इसमें सन्देह नहीं, अर्थात् श्रीकृष्ण के सर्वाङ्ग में तैल मर्दन करनेवाले चतुर भक्तविशेष अशेष रसों का आस्वादन कर लेते हैं ॥२९॥

पश्चात् उस स्नान एवं शृङ्गारभवन से दास एवं सखाओं से घिरकर पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण ने अपने आँगन में प्रवेश किया । आँगन में प्रविष्ट होते हुए श्रीकृष्ण को दो चार वर्ष कम की अवस्था वाली अपनी सखियों के सहित कृष्णजननी यशोदा ने ऐसे प्राप्त कर लिया कि जैसे अचेतन प्रतिमा प्राणदान प्राप्त कर लेती है ॥३०॥

उस भवन में श्रीकृष्ण का दर्शन कर भिन्न भिन्न जन इस प्रकार कहने लगे—कोई चौंककर बोला कि कृष्णचन्द्र आगये, कोई बोला—श्रीकृष्ण की जय हो, कोई बोला—अहो ! रूप की कैसी मधुरता है, कोई बोला—मैं तो इन पर न्यौछावर हो जाऊँ, कोई बोला—हे प्रियमित्र ! मैं तो यही चाहता हूँ कि आपके दर्शन करते समय मेरे दोनों नेत्र पलकरहित हो जाया करें । इस प्रकार कमलनयन श्रीकृष्ण के आकस्मिक आगमन का दर्शन करते हुए सभी जन जब सदैव आश्चर्यान्वित हो जाते हैं, तब श्रीयशोदा आदि माताओं के सर्वातिशय आनन्द के विषय में अधिक क्या कहूँ ? माताओं का वात्सल्य प्रेम तो अगाध होता है ॥३१॥

तदनन्तर श्रीयशोदा आदि वे सब वृद्ध माताएँ श्रीकृष्ण के रात्रिजनित विरह सन्ताप से बढ़े हुए स्नेह के अधीर होकर एवं श्रीकृष्ण से मिलने के हेतु बारंबार उतावली होकर, विशुद्ध आनन्द को प्रकाशित करती हुईं पूर्व की ओर मुख वाले विशाल भवन की पौरी से नीचे उतर आईं । उनमें सबसे पहले, गैया जैसे अपने बछड़ा से मिलती है, उसी प्रकार श्रीयशोदा माता ही अपने पुत्र श्रीकृष्ण से मिलीं । जहाँ पर श्रीरोहिणी माता को भी सब लोगों ने बछड़ा के लिए स्नेहकातर गैया की तरह श्रीकृष्ण से मिलने के लिये स्नेह से व्याकुल देखा ॥३२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीगोविन्दश्च द्वयोरपि तयोः पदारविन्दं क्रमाद्वन्दित्वा नन्दित्वा मान्यानामन्यासामपि यथान्यायं मानमुन्नमयामास ॥३३॥

तदैव च श्रीनीलाम्बरमनु समागतिकराः सहचराः श्रीदामसुदामादयः श्रीहरि-सह-विहारि-विततयस्तथा सर्वविद्यापटवः पुरोहितवटवस्तथा काश्चिदन्यास्तत्प्रसूसमानमाननीय-तन्माननीयादि-वराङ्गनासु गण्यास्तथा सर्वसुखदोहाः स्वसृस्वस्त्रीयादिस्निग्धसम्बन्धिनी-सन्दोहास्तत्प्रदेशं विशन्ति स्म ॥३४॥

वारं वारं प्रत्येकमुत्थानाद्यभावार्थं तथैव हि सर्वैर्मर्यादा पर्यापितास्ति ॥३५॥

अथ या खलु सिद्धानां परिषदि योगमायेति प्रसिद्धा भक्तिसिद्धान्तसद्भावरते श्रीमद्-भागवते च 'योगमायामुपाश्रितः' (१०।२९।१) इत्यादिना भगवल्लीलाधिकारितया सिद्धा स्वरूपशक्तिः स्वाभिव्यक्तिनन्तरेण रूपान्तरेण तापसीति व्यवसीयते। यस्याः पौर्णमासीति नाम-व्याहार-व्यवहार आसीत्, तस्यामागतायामगर्वेण सर्वेऽपि ससम्भ्रमसभ्रमं नमः समम-कुर्वत। तया चानन्दादाशीर्भिः स्फुटमभ्यनन्दिषत ॥३६॥

अथ यश्च सर्वविद्यानिष्णातस्तस्याः स्नातकः श्रीकृष्णस्य रहस्यनर्मणि बद्धतृष्णतया तद्वयस्यतां वश्यतामानिन्ये। यश्चाविदूषणभावरूषित एव देवर्षिप्रकृतितया तस्य कौतुककृते

श्रीकृष्णचन्द्र ने भी क्रम से उन दोनों माताओं के पदारविन्दों की वन्दना करके स्वयं आनन्दित होकर माननीय अन्य माताओं के सम्मान को भी न्यायपूर्वक नमस्कारादि द्वारा वर्धित किया, अर्थात् उनका भी मान बढ़ाया ॥३३॥

उसी समय श्रीकृष्ण के साथ विहार करने में जो विख्यात हैं, वे श्रीदामा, सुदामा आदि सखागण भी श्रीबलदेवजी का अनुगमन करते हुए वहीं आ पहुँचे। तथा सभी विद्याओं में निपुण पुरोहित ब्राह्मणों के बालक एवं माता की तरह माननीय अन्य नारीगण और उनके द्वारा भी माननीय श्रेष्ठ स्त्रियों में गणनीय स्त्रीगण तथा सर्वसुखप्रद भगिनी और बहिन के बेटा आदि स्नेहमय सम्बन्धविशिष्ट सभीजन उसी स्थान पर आ पहुँचे ॥३४॥

सभा में प्रत्येक को देखकर बारंबार उठना नहीं होगा, ऐसे कहकर खेल के समय में भी वैसे विनय वाक्यादि द्वारा मर्यादा का सभी ने समाधान कर दिया ॥३५॥

तदनन्तर जो सिद्धगणों की सभा में निश्चय ही योगमाया कहकर प्रसिद्ध हैं, एवं जो भक्तिसिद्धान्त-रूप सद्भाव में तत्पर श्रीमद्भागवत में भी "योगमायामुपाश्रितः" इत्यादि प्रमाण द्वारा भगवल्लीला की अधिकारिणी होकर स्वरूपशक्ति के नाम से प्रसिद्ध हैं, किन्तु ऐसे चिन्मय अचिन्त्यस्वरूप का प्रकाश न होने के कारण जो तापसीरूप से विख्यात हैं, और जिनका 'पौर्णमासी' यह नाम सबके कहने के व्यवहार में आता है, उन श्रीपौर्णमासीजी के वहाँ आ जाने पर तत्काल सभी ने नम्रतापूर्वक एवं सम्भ्रमपूर्वक उनको नमस्कार किया। श्रीपौर्णमासीजी ने भी आनन्दपूर्ण हृदय से आशीर्वाद वाक्य द्वारा सभी को आनन्दित किया ॥३६॥

और सभी विद्याओं का पारदर्शी एवं जो स्नातक ब्राह्मण वटु है वह भी पौर्णमासीजीके साथ वहाँ आ गया, और जो श्रीकृष्ण के रहस्यमय कौतुक में तृष्णायुक्त होने के कारण श्रीकृष्ण की मित्रता को अधीन कर चुका है, अर्थात् उनका पक्का मित्र है, एवं जो दोषगन्धरहित भाव से युक्त होने के कारण देवर्षि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विदूषकतामपि विभूषयति स्म, स खलु मधुमङ्गलनामा नर्मणा मर्मस्पर्शिकुतुकरचनैराशीर्वचनैः सर्वानमन्दमानन्दयामास, निधिमिव हरिसन्निधिश्चानञ्च ॥३७॥

ततश्च परस्परं करबद्धकरौ सितासित-कुमारवरौ मातृभ्यामुभयतः पृष्ठतः प्रदत्तहस्तौ स्मितवशंवदवदनशस्तौ मन्दं मन्दं तदेवामन्दमलिन्दमविन्दताम् ॥३८॥

सुवर्णस्वर्णकिर्मीरितप्रयत्न-निर्मित-पृथुरत्नपीठमभि पृथक् पृथक् निविष्टवन्तौ सुधावृष्टि-मिव च सर्वेषूपविष्टेषु दृष्टिं विसृष्टवन्तौ ॥३९॥

अथ प्रतिमास्या सेयमास्या जन्मतारागमनमयीति श्रीयशोदायशोदातुस्तस्य तदा तदा-चार्यागामर्भकादर्भकाग्र्यीयनीराभिषेकं विवेकातिरेकवन्तः शन्तम-मन्त्रप्रवचन-सचनया रचयामासुः ॥४०॥

ततश्च—मन्त्रा गीतानि वाद्यान्यपि च जयरवाः कृष्णशोभास्तदीय-
प्रेयोवर्गातिचित्रप्रणयविलसिता नीतिपर्वण्यमुष्मिन् ।
प्रत्येकं तत्तदेकीभवनमपि तदा प्राप रुच्यत्वमुच्चैः
शृङ्गाराद्यो रसो वा कविकृतिरथवा षाडवो वापि यद्वत् ॥४१॥

श्रीनारदजी के समान होकर भी श्रीकृष्ण के कौतूहल के लिए विदूषक (हास्यकारी) भाव को भी विभूषित कर चुका है, उसी मधुमङ्गल नामक श्रीकृष्णसखा ने रहस्य द्वारा मर्म को स्पर्श करनेवाले कौतुक की रचना से युक्त आशीर्वाद वचनों से सभी को अत्यधिक आनन्दित कर दिया। एवं श्रीकृष्ण की सन्निधि को निधि की तरह जानकर उसको प्राप्त कर लिया, अर्थात् सबको आशीर्वाद देकर मधुमङ्गल श्रीकृष्ण के पास जा बैठा ॥३७॥

तदनन्तर गौर श्यामवर्ण वाले कुमारश्रेष्ठ श्रीराम कृष्ण दोनों भाई आपस में हाथ में हाथ मिलाकर, अपनी दोनों माताओं से दोनों ओर से अपनी पीठ पर हाथ धरवाकर, मन्द मुस्क्यानयुक्त मुखारविन्द से हासपरिहासपूर्वक वार्तालाप करते हुए धीरे धीरे सर्वोत्कृष्ट उसी पौरी के प्राङ्गण में पहुँच गये ॥३८॥

पश्चात् निर्मल उज्ज्वल सुवर्ण से खचित विशेष यत्न से बनाये हुए विशाल रत्नजटित सिंहासन पर दोनों भाई पृथक् पृथक् बैठ गये, तथा सबके बैठ जाने पर उनके ऊपर अमृत की वृष्टि की तरह दृष्टि निक्षेप करने लगे ॥३९॥

तदनन्तर श्रीयशोदाजी को यश देने वाले श्रीकृष्ण का जन्मनक्षत्र उपस्थित होने पर प्रत्येक मास में ही इस अभिषेकरूपी स्थिति का आयोजन होता है। उस समय अतिशय विवेकीजनों ने श्रीकृष्ण के पुरोहितों के एक विशिष्ट बालक द्वारा माङ्गलिक मन्त्रपाठ की रचनापूर्वक बालक का प्रथम करणीय जलाभिषेक सम्पन्न कराया ॥४०॥

पश्चात् नीतिपूर्ण इस महोत्सव कार्य में मन्त्रपाठ, गाना, बजाना, जयध्वनि, श्रीकृष्ण की शोभा एवं श्रीकृष्ण के बान्धववर्ग का आश्चर्यमय प्रेमविलास, यह सब समुदाय एकत्रित होकर अभिषेक कार्य में अति-शय रुचिकर हो गया। अर्थात् जिस प्रकार शान्त, दास्य, सख्य, वात्सल्य, शृङ्गार ये पाँचों रस, अथवा भक्तिरसरसिक कवि का काव्य, अथवा कटु, तिक्त, मधुर आदि रसों का एक जगह मिला हुआ पानकद्रव्य-विशेष जैसे अतिशय रुचिकर होता है, उसी प्रकार इस गोविन्दाभिषेक में सम्मिलित पूर्वोक्त सकल समाज भी मधुर मनोहर मालूम पड़ता था ॥४१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तस्मिन्नीराजनिर्मञ्छन-भविकपदार्थालिसंस्पर्शनाना-
माज्यादर्शादिदर्श-द्विजनिजजनतार्चादिकानां शुभानाम् ।
कृष्णो गोत्रादिरासीत् प्रवरवरदशां तानि जग्मुः समन्ताद्-
येभ्योऽन्ये च प्रथन्ते शुभशतनिवहस्यान्वयाः सर्वलोके ॥४२॥
ब्राह्मण्यस्त्वधिकचमच्युतस्य दूर्वा,-पूर्वाणि न्यर्धिषत तत्र मङ्गलानि ।
यद्याशीर्वचनमिहारुरोध वाष्पः, कल्याणं व्रत भवतान्मनोरथस्य ॥४३॥
दृगम्भः स्तम्भरुद्धापि कुर्वती तिलकं प्रसूः ।
कुर्यात् किं यदि साहाय्यं नाऽकरिष्यत रोहिणी ॥४४॥
मातुः पितुस्तस्य च तत्र मातृ,-भावान्विता भ्रातृवधूस्वसृणाम् ।
उपायनं पुण्ड्रमितीयती गी,-रासीत्तदीयार्थचये मितिर्न ॥४५॥

अथ प्राचीगत-द्वितीयप्रकोष्ठादागम्य रम्यकुमारः कश्चिदाचष्ट, यः खल्वेतदर्थमेव पूर्वं विसृष्टः—"श्रीमन् व्रजयुवराज ! श्रीमद्व्रजराजसभायां सर्व एव पर्वणीह संवलिता वर्तन्ते, किन्तु भवद्यात्राद्वारमात्रावलोकिनः, यानि च सर्वाराधनधनानि श्रीमद्व्रजराजचरणराजीव-

---

उस अभिषेक में प्रथम आरती, न्योछावर, माङ्गलिक अनेक पदार्थों का स्पर्श, घृत, दर्पण आदि वस्तुओं का दर्शन एवं ब्राह्मण और आत्मीय जनसमुदाय की पूजा आदि शुभकार्य समूह के श्रीकृष्ण ही आदिप्रवर्तक हुए थे। उक्त आरती आदि कार्य उत्तम रीति से सम्पन्न होकर उनको सम्पूर्ण लोक में अच्छा उत्कर्ष या गोत्र प्रवर्तकत्व प्राप्त हुआ। जिन गोत्र प्रवरों से सम्पूर्ण जगत् में चारों ओर दूसरे सैकड़ों मङ्गल समूह के सन्तान विस्तृत हो रहे हैं। तात्पर्य यह श्रीकृष्णाभिषेकरूप मङ्गल ही जगन्मङ्गल का निदान है ॥४२॥

उस अभिषेक में वृद्धा ब्राह्मणियों ने श्रीकृष्ण के केशों में दूर्वा आदि माङ्गलिक द्रव्यों को अर्पित किया। यद्यपि उनके आनन्दजनित नेत्रजल ने एवं गद् गद् कण्ठ ने आशीर्वाद को रोक लिया था, तथापि उनका गद् गद् होना ही सब मनोरथों का कल्याणप्रद होगया ॥४३॥

माता यशोदा ने नेत्रजल और स्तम्भभाव से अवरुद्ध होकर भी श्रीकृष्ण की तिलक रचना कर दी, किन्तु उस समय यदि रोहिणीजी उनकी सहायता न करतीं तो वे तिलक रचना में कभी समर्थ हो सकती थीं क्या ? अर्थात् नहीं ॥४४॥

"श्रीकृष्ण की माता पिता एवं मातृभाव से युक्त श्रीनन्दजी के भ्राताओं की वधू तथा भगिनीगणों के द्वारा की गई श्रीकृष्ण की तिलक रचना ही श्रीकृष्ण के लिये उपहारतुल्य हो गई" केवल यह वाक्य ही पूर्वोक्त भेंट देने का निर्धारणपूर्वक परिमाण करने में समर्थ नहीं है। तात्पर्य यह है कि माता, पिता, ज्येष्ठ भ्रातृपत्नी और भगिनीगणों द्वारा तिलक रचना में श्रीकृष्ण की जो शोभा हुई, उसकी तुलना या परिमाण नहीं हो सकता ॥४५॥

तदनन्तर पूर्व दिशा में विद्यमान द्वितीय प्रकोष्ठ (दूसरे कमरा) से आकर कोई एक रमणीय बालक बोला, जो कि पहले से इसी कार्य के लिये नियुक्त किया गया था। बालक की उक्ति यथा—हे श्रीमन् व्रज-युवराज ! श्रीमान् व्रजराज की सभा में आपके अभिषेकरूप इस पर्व को लक्ष्य बनाकर सभी व्रजवासीजन सम्मिलित होकर वर्तमान हैं। किन्तु वे सब आपके आने के मार्ग की ओर टकटकी लगाकर देख रहे हैं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

परिसराय सज्जितानि, भवद्भिर्सजितानि ताम्बूल-दुकूलादीनि तानि चाधुनापि मूर्धानं धुनाना नोपयुञ्जते स्म" ॥४६॥

अथ सोऽपि तदवधारयन्नेव तदेवावधारयन्मातरमनु कातर इव निष्क्रमणक्रम-समनुज्ञा-याचनमनुसन्धाय प्रणामादिना पौर्णमासीमुटजगृहाय विहाय श्रीराममग्रे विधाय श्रीदामादीन् परितो निधाय पश्चिमाग्रिम-प्रेमदोलायमानस्वान्तस्ततो निष्क्रान्तः; सहसा महसा वृतः सभ्यालिभिरभ्यालोकयाञ्चक्रे ॥४७॥

अथ सोदितमेघाश्चातका इव, लब्धचन्द्राश्चकोरा इव, सङ्गतजला जलजन्मान इव, समुन्मीलितप्राणा देहा इव सर्वेऽप्यानन्दगर्वेण वन्दिवृन्दादिकलित-कोलाहलेन च सममेव समुत्तस्थुः ॥४८॥

किन्तूत्कलिकाकलितमनसोऽपि स्वस्वमर्यादया पर्यापिता इव लब्धस्तम्भारम्भाः श्रीमन्नन्दादयस्तत्र तत्र केवलं स्थितवन्तः । युक्तमेव च तत् प्रोक्तम्, यतस्तस्मिन् खल्वस्माकं श्रीमन्नन्दव्रजराजग्रामे तत्तत्प्रेम-विशेषरीतिनीतिरेव ग्रामणीरिव वर्तते ॥४९॥

एवं श्रीमान् व्रजराज के चरणकमलों के पास की भूमि पर आपके द्वारा भेजी हुई सबकी आराधना (सत्कार) की धनस्वरूप ताम्बूल, वस्त्र आदि सभी सामग्री सजी सजाई धरी है, किन्तु वे सब सभासद मस्तक हिलाकर निषेध प्रगट करते हुए उसे अभी तक अपने उपयोग में नहीं ला रहे हैं ॥४६॥

तदनन्तर श्रीकृष्णचन्द्र भी उस बालक की बातों को सुनते सुनते उसी को निश्चय करते हुए, माता को लक्ष्य करके, अर्थात् माँ यशोदा को देखकर कुछ कातर से हो गये। मेरे यहाँ से चले जाने पर माता को दुःख होगा, इसलिये उनकी अनुमति प्रार्थनापूर्वक लेकर, एवं प्रणामादि द्वारा श्रीपौर्णमासीजी को अपनी पर्णशाला के लिये बिदा करके, श्रीबलदेवजी को आगे करके तथा श्रीदामा आदि सखाओं को अपने चारों ओर करके, आगे पीछे दोनों ओर के प्रेम से चलायमान चित्त वाले होकर उस अन्तःपुर से निकल पड़े। अर्थात् पीछे की ओर माताजी का प्रेम एवं आगे की ओर पिताजी का प्रेम उनको खेंच रहा था, अतः उनका चित्त दोनों ओर चलायमान हो रहा था। सभा में जाते ही सभासदों ने तेज से आवृत श्रीकृष्ण का सहसा दर्शन किया ॥४७॥

दर्शन करते ही सभी सभासद मेघों के प्रगट होने पर चातकों की तरह, चन्द्रमा को प्राप्तकर चकोरों की तरह, जल को प्राप्तकर जलजन्तु किंवा कमलों की तरह, एवं प्राणों के लौटने पर निष्प्राण देहों की तरह, आनन्दमय गर्व के साथ और वन्दिगणों के द्वारा किये गये कोलाहल के साथ अपने अपने आसन से एक साथ उठकर खड़े हो गये ॥४८॥

किन्तु श्रीमान् नन्द आदिक सभी वृद्ध सभासद श्रीकृष्ण से मिलने के लिए उत्कण्ठित चित्त होकर भी अपनी अपनी मर्यादा से बँधे से रह गये, तथा स्तम्भभाव का उदय होने से केवल वहीं के वहीं बैठे रह गये। उनको जो स्तम्भभाव का उदय हुआ वह ठीक ही है। उसका कारण भी कहा हैं कि—हमारे उस श्रीनन्दग्राम में निश्चय ही उस उस प्रेमविशेष की रीति नीति भी ग्राम के अधिपति की तरह ही है, अर्थात् वात्सल्य प्रेमपूर्ण श्रीनन्दग्राम में उत्कण्ठा उपस्थित होने पर भी वह वह उत्कण्ठा निज निज प्रेमानुसारिणी ही रहती है, प्रेम मर्यादा का लंघन नहीं करता है ॥४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तथा हि—कदाचित् कस्यचित् कञ्चित् प्रति वचनम्—॥५०॥

तौ शुभ्रद्युतिनीरदद्युतिहराविन्द्राश्महेमप्रभा-
हृद्वस्त्रौ सितकञ्जनीलकमल-श्रीचोरिचार्वाननौ ।
चञ्चत्खञ्जनगञ्जनाक्षियुगलौ दन्तीन्द्रजिद्विक्रमौ
तानस्तम्भयतां जनान् यदखिलांस्तन्मित्र ! चित्रं न हि ॥५१॥

यदा च दक्षिणे सर्वानर्वाचीनमाहात्म्यगुरवो गुरवो बभूवुः । ते च सर्वे पूर्वपूर्वतः पूर्वजा एव तस्थुः । यत्र पुरोहिताः स्वयमनर्घ्यमर्घ्यं दधानाः सर्वतः पूर्वे भवन्तः स्वनाम-निरुक्तिमिव व्यक्तीकुर्वन्ति स्म—'पुरो धीयन्ते' इति । तदेतदपि युक्तं श्लेषेण च प्रथमतो हितास्त एव हि भण्यन्ते ॥५२॥

अथ तादृशनिजकुलचन्द्र-प्रेमानन्दामृत-तुन्दिलिततया किल श्रीमदुपनन्दाभिनन्द-नन्द-सन्नन्द-नन्दनादिनामानः प्रबलनन्दनस्नेहमधुरधामानस्तानु च प्रेम्णा सम्यग्बन्धुताबन्धिनः सम्बन्धिनः परापरनामानस्तन्मिलनमनुसन्धाय स्थिताः ॥५३॥

अथ रामेऽपि तथैवालघुप्रेम्णाऽलघूभवन्तो लघवः समवतस्थिरे ॥५४॥

देखो, किसी समय किसी के प्रति किसी व्यक्ति का प्रतिवचन यह है कि— ॥५०॥

हे मित्र ! एक जन गौर कान्ति का हरण करनेवाला है तो दूसरा सजल जलद की शोभा को तिरष्कृत कर देता है, एक का वस्त्र इन्द्रनीलमणि के गर्व को परास्त कर रहा है तो दूसरे का वस्त्र पीतवर्ण सुवर्ण के वर्ण को अपनी प्रभा से फीका कर देता है, एक जन का मनोहर मुख श्वेत कमल की शोभा को तो दूसरे का मुख नील कमल की शोभा को चुरा लेता है, दोनों के ही नेत्रयुगल चञ्चल खञ्जन के नेत्रों का गञ्जन कर देते हैं, दोनों का ही गमन या पराक्रम दिग्गजों को पराजित कर देता है। अतः उन दोनों भाइयों ने अपने दर्शन से उन सभी सभासदों को यदि स्तम्भित कर दिया तो कोई आश्चर्य नहीं है ॥५१॥

जिस समय उस सभा में दाहिनी ओर सर्वाधिक माहात्म्य से परिपूर्ण वृद्ध गुरुजन विराजमान थे, उसी समय उनमें भी जो अवस्था में बड़े थे वे सबसे प्रथम, उनके पश्चात् दूसरे, इस प्रकार अवस्था के क्रमानुसार ही उपस्थित थे। जहाँ पर पुरोहितगण भी स्वयं अमूल्य अर्घ्य को धारण करते हुए, सर्वजनों के आगे उपस्थित होते हुए अपने नाम के अर्थ की सार्थकता को ही व्यक्त कर रहे थे। अर्थात् "पुरोधीयन्ते इति पुरोहिताः" इस निरुक्ति के कारण जो सबके आगे स्थापित किये जाते हैं, वे ही पुरोहित कहलाते हैं। अतः पुरोहितगणों की उपस्थिति सबके अग्रभाग में उपयुक्त ही है। श्लेषालङ्कार द्वारा यह अर्थ भी व्यक्त हो सकता है कि प्रथम से ही जो जनमात्र का हित करते हैं वे ही पुरोहित कहे जाते हैं ॥५२॥

अनन्तर जो अपने वंश के चन्द्रस्वरूप श्रीकृष्ण के प्रेमानन्दरूप अमृत द्वारा परिपूर्ण होकर श्रीमान् उपनन्द, अभिनन्द, नन्द, सन्नन्द, नन्दन आदि नाम वाले सभी प्रबल पुत्रस्नेह के आधारस्वरूप हैं, वे सब एवं पुत्र प्रेम द्वारा अच्छी प्रकार से जो बन्धुतारूपी सूत्र में बँधे हुए भिन्न भिन्न नाम वाले जो सम्बन्धी गोपगण हैं, वे सब भी श्रीकृष्ण के मिलनसुख का अनुसन्धान करके यथायोग्य स्थानों पर स्थित हैं ॥५३॥

इसी प्रकार मनोज्ञ गुरुवर्ग श्रीबलदेवजी में भी अधिक प्रेम के कारण गुरुभाव धारण करते हुए उनके मिलनसुख का अनुसन्धान करके यथास्थान स्थित हो गये ॥५४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Hubli) - Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सर्वे चैते यथापूर्वं यथायथं सर्वचित्तारामेण रामेण सह हारिणा हरिणा मिलिताः समुन्मीलितभावा बभूवुः, चन्द्रमसं विन्दमानाः कुमुदसन्दोहा इव ॥५५॥

ततश्च क्षणकतिपयादक्षीणानन्दवृन्दार्पित-सत्वर-विसृत्वरमोहादुन्मग्नेषु तेषु तदीय-श्रीमन्मुख-निरीक्षणलग्नेषु श्रीमान् व्रजराजस्तं व्याजहार—"तात ! तवाद्य विद्यते सर्वसम्पन्मयी जन्मतारा, तस्माद्व्रजधाम स्वयमामध्याह्नमध्यासितव्यम् । गोसम्भालनपालनाय पुनः प्रातरेव मया समयास्थिता युक्ता नियुक्ताः सन्ति । स्वयमथ प्रथमत उपविश्य दृश्यतां स्वजनव्रजः ।" इति ॥५६॥

अथ सोऽप्यवाचीनता-समीचीन-शिरस्कतया राज्ञां तामाज्ञां मालामिव शिरसि निधाय, श्रीराममुखतामरसमवधाय स्वजनव्रजसहिततया सहितमधिरुह्य चतुष्कदेशगतं पुष्कलमुपवेश-वेश्मवलितस्मितं तारापतिरिव पूर्वपर्वतमध्यसितवान् । विप्रादि-सम्प्रदानतया यथायथं गवादिकमपि सातवान् । ततश्च तस्मिन्नुपविश्य पुनस्ताम्बूलादि-संविभागसुखसंवलनया सम्बन्धिभिर्मिथो नर्मसंवादसम्बन्धिसन्धिकुतूहलं कलयामास ॥५७॥

मुहूर्तादथ कश्चिदन्तःपुरसारः कुमारः समागम्य साम्येनोपविष्टयोर्ज्यायःकनिष्ठयोः सम्ब-न्धिनिवहाराधनाय धृततृष्णयोः श्रीरामकृष्णयोः कर्णाभ्यर्णं लगितवान् । ताभ्यामनुमतः

जिस प्रकार कुमुदगण चन्द्रमा को प्राप्तकर अतिशय आनन्दित होते हैं, उसी प्रकार ये गोपगण भी पूर्व पूर्व के क्रम से सबके चित्त को सुख देनेवाले श्रीबलरामजी से एवं सर्वमनोहर श्रीकृष्णचन्द्र से यथायोग्य मिले । उस समय उनका भावोद्गार और भी अधिक बढ़ गया था ॥५५॥

तदनन्तर श्रीरामकृष्ण के दर्शनार्थ सभा में आये हुए सभीजन कुछ काल के लिए प्रचुर आनन्दसमूह से प्राप्त शीघ्र ही फैलने वाले प्रेममोह में निमग्न होकर पश्चात् मोहदशा से उन्मग्न होकर पुनः श्रीरामकृष्ण के श्रीमुख के दर्शन करने में जब लग गये तब श्रीमान् व्रजराज श्रीकृष्ण के प्रति बोले कि—हे पुत्र ! आज तुम्हारा सर्वसम्पत्तिपूर्ण जन्मनक्षत्र है, अतः तुमको मध्याह्नपर्यन्त व्रजगृह में ही उपस्थित रहना चाहिये, गैयाओं की देखभाल पालन आदि के लिये तो प्रातःकाल मेरे निकट में स्थित योग्य ग्वारिया ही मैंने नियुक्त कर दिये हैं । तुम तो स्वयं पहले से ही बलदेव सहित सिंहासन पर बैठकर स्वजनसमूह का दर्शन करो ॥५६॥

तत्पश्चात् श्रीकृष्णचन्द्र भी नम्रता से अच्छी तरह नतमस्तक होकर गोलोक के राजा श्रीनन्दजी की पूर्वोक्त आज्ञा को माला की तरह मस्तक पर धारण कर, श्रीदाऊजी के मुखकमल की ओर निहारकर अपने मित्रमण्डल के सहित हितजनक, चौकोर जगह में स्थित एक विशाल सिंहासन पर चढ़कर मन्द हास पूर्वक बैठ गये । उस समय उनकी पूर्व पर्वत पर विद्यमान चन्द्रमा के समान शोभा जान पड़ती थी । पश्चात् उन्होंने ब्राह्मणों के देने योग्य गैया आदि सामग्री भी यथायोग्य दान कर दी । फिर भी उसी सिंहासन पर बैठकर पुनः सबके लिये ताम्बूल आदि समर्पणरूप सुख से संयुक्त होकर अपने सहचरों के साथ मित्रभाव से कौतुकमय संवाद एवं बन्धुभावपूर्ण कौतूहल करने लग गये ॥५७॥

दो घड़ी के बाद अन्तःपुर का कोई एक प्रधान बालक आकर कृष्ण बलदेव के कानों के पास आ लगा, अर्थात् कान में ही समाचार सुनाने के लिये दोनों भाइयों के पास बैठ गया । उस समय बड़े छोटे दोनों भाई समानभाव से एक ही मंच पर बैठे थे, दोनों ही आत्मीयजनों की आराधना के लिये लालसायुक्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पुनस्तद्रूपतश्चित्रीभवितुः श्रीमद्व्रजधरित्रीशितुः । तेन चाद्य श्रीवत्स-वत्स-प्रसादलब्धस्य वत्सस्य शुभसम्पन्नयजन्मर्क्षमिति विनयसन्धेन केवलेनाञ्जलिबन्धेन व्यञ्जनया भोजनाय याचिताः सन्तः, अतिसन्तोषाद्व्यतिवीक्ष्य युगपदुत्थितवन्तस्ते प्रस्थितवन्तश्चान्तःपुरम् ॥५८॥

अथाग्रतःसरेण तेन सुकुमारेण कुमारेण प्राङ्गणतः प्रतिरुद्धसङ्गमनासु शुद्धान्तसंगतांगनासु प्रविष्टास्ते कंसजिदिष्टा गृहादिशोभेक्षणस्पृहातः क्षणमाविष्टाः क्रमशो भोजनालयाय कलयाम्बभूवुः ॥५९॥

रामकृष्णौ तु गवालोकनसतृष्णौ तदङ्गणसङ्गतमेर्वाकारमहागारमारुह्य महीमहितमाहेयीस्थानेषु पीयूषवृष्टिरिव दृष्टीर्विधाय विधेयैर्विदूरदेशान्निदेशयामासतुः—"भो भो गोपगणाः ! वर्त्मनः सव्यापसव्ययोरेव पातव्या गव्याः ।" इति ॥६०॥

अथावतीर्णाभ्यामाभ्यामभ्यागतैरपि—

अगुरुज-गुरुधूपः शुभ्रता रत्नपीठा-
वलिमदशनपात्रासङ्गि-भृङ्गारसङ्गः ।
नियतसचिवलोकः सादरप्रेम चासी-
दिति दिशि दिशि धर्म्यं भोगहर्म्यं व्यलोकि ॥६१॥

हो रहे थे, अर्थात् सभी व्रजवासियों के सत्कार की इच्छा से युक्त थे। उन दोनों की अनुमति लेकर वह बालक, उन दोनों के रूपमाधुर्य से चित्र से बने हुए श्रीनन्दजी के भी कानों के पास जा लगा और उसने अन्तःपुर का समाचार सुना दिया। समाचार सुनकर श्रीनन्दजी बोले—"आज श्रीनारायण भगवान् के अनुपम अनुग्रह से प्राप्त हमारे पुत्र का शुभसम्पत्तियुक्त जन्मनक्षत्र है, इसलिये विनयपूर्वक केवल हाथ जोड़ कर प्रार्थना करता हूँ कि सभी सभासद अन्तःपुर में ही भोजन करें" इस प्रकार हाथ के इशारे से ही भोजन के लिये प्रार्थित सभीजन अत्यन्त सन्तोष से आपस में देखकर सभामण्डप से एक साथ उठकर खड़े होगए और अन्तःतुर को चल दिए ॥५८॥

तदनन्तर आगे चलने वाले उसी सुकुमार बालक के साथ अन्तःपुर में आँगन तक ही विचरने वाली रमणीगण के आने जाने के स्थान में प्रविष्ट होकर कृष्ण के अनुकूल विचार वाले वे सब बान्धवगण गृहादिकों की शोभा देखने की इच्छा से क्षण भर आविष्ट होकर, क्रमशः भोजनालय के लिये चलदिये ॥५९॥

गैयाओं के दर्शन की तृष्णा से युक्त श्रीकृष्ण बलदेव ने तो उसी अन्तःपुर के आँगन में स्थित सुमेरु पर्वत के से ऊँचे आकार वाले विशाल गृह की छत पर चढ़कर, पृथ्वी पर सुशोभित गोगणों के स्थानों पर अमृत की वृष्टि की तरह दृष्टि निक्षेप करके, सेवकों के द्वारा दूर से ही सन्देश भिजवा दिया कि—"हे मेरे प्यारे गोपालबन्धुओ! तुम सबको मार्ग की बाईं एवं दाईं दोनों ही ओर से गोसमूह की रक्षा करनी चाहिये।" ॥६०॥

अनन्तर उस भवन से उतरकर दोनों भाइयों ने महोत्सव में आये हुए सभी जनों के साथ चारों ओर धर्मकार्य से युक्त भोजनालय का दर्शन किया। वहाँ पर अगरबत्ती, चन्दनचूरा आदि की सुन्दर धूप, शुक्लवर्ण की रत्नजटित चौकियों से युक्त भोजनपात्रों के सहित जलपात्रों (गिलासों) के समूह एवं कार्यनियुक्त मन्त्री लोग भी आदरपूर्ण मूर्तिमान प्रेम की तरह विद्यमान थे ॥६१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अङ्घ्रिप्रक्षालनमार्जने इह भवान् जीयादिति प्रार्थना
सम्यग्वीजनमन्तरा प्रमदसूहासप्रसूसूक्तयः ।
रुच्यानां परिवेषणं मुररिपोर्दृष्टिप्रसादामृतं
यत्रैवं सुहृदां सभोजनविधिः सूते न किंवा सुखम् ? ॥६२॥

तत्रानुपयुक्त्युक्तभोक्तृणां विप्राणां पंक्तिरेकत्र । सन्धि-दिग्धानामसंन्दिग्ध-स्निग्धानां -वैश्यवंश्यानामन्यत्र । तत्र तत्र च वृद्ध-मध्यम-नवयौवनानां पृथक् पृथगिति वियुतावपि मिथो यथास्वं परिहास विलासेन संयुतिरिव वीक्ष्यते स्म । न च केवलेन तेन तदवलोकन-समुन्मीलित-लोचन - रोचन-विलासालाप-लीलारसवारिधेर्व्रजेन्द्रकुल - सुधानिधेरसकृदनुभव - यौगपद्येन च ॥६३॥

यत्र च स एव सर्वरससत्रममत्रमेकमासीत्; तत्र च—

परस्परस्य स्फुटहासवार्तां, सञ्चारयन्तः परितो हरौ च ।
षण्णां रसानां परिवेषका ये, ते सप्तमस्यापि बभूवुरत्र ॥६४॥

यत्र परिहासबीजञ्च पृथग्दिग्देशलोकप्रसिद्धानामत्रैव चान्यथासिद्धानां तेमनादीनां नाम नाम्नातुं शक्यते, नामान्तरेण वा आम्नायते च । सदाम्नायजन्मभिरपि बन्धुसम्बधि-भिरित्यादिलक्षणं लक्ष्यते ॥६५॥

जिस भोजनशाला में—"आप इस स्थान पर पादप्रक्षालन एवं पादमार्जन कीजिए" इस प्रकार की प्रार्थना, अच्छी प्रकार व्यजन, चामरादि द्वारा वीजन, प्राप्त हो रहा है, तथा बीच बीच में हर्षजनित हास्य-दायक सुन्दर सुन्दर वार्तालाप, रुचिकर पदार्थों का परोसना, एवं श्रीकृष्ण का दर्शनरूप प्रसन्नतामय अमृत प्राप्त हो रहा है, उस भोजनशाला में इस प्रकार के व्यवहारपूर्वक आत्मीयजनों की वह भोजनविधि कौन कौन से सुख उत्पन्न नहीं करती अपितु सभी सुख देने वाली है ॥६२॥

वहाँ पर जिनके साथ अन्य जनों का एक साथ भोजन करना उचित नहीं था, ऐसे ब्राह्मणों की पंक्ति एक तरफ थी । और जिनका एक साथ मिलकर भोजन करना उचित है एवं जो परम स्नेह सम्पन्न हैं, ऐसे वैश्यजाति वाले गोपों की पंक्ति अन्यत्र थी । उस उस पंक्ति में भी वृद्ध, मध्यमवृद्ध एवं नवयुवकों की पंक्तियाँ पृथक् पृथक् थीं । इस प्रकार पंक्तियों की पृथकता होने पर भी परस्पर के यथायोग्य परिहास विलास द्वारा एकता जैसी ही दिखाई पड़ती थी । केवल उस परिहास के द्वारा ही पंक्तियों की एकता का अनुभव नहीं होता था, अपितु उस भोजनलीला के दर्शन से जिनके नेत्र प्रसन्न हैं, उनके लिए रुचिकर विलासपूर्ण आलापादिरूप लीलारस के समुद्र, व्रजेन्द्रकुलचन्द्रमा, श्रीकृष्ण के बार बार एक साथ अनुभव से भी पंक्तियों की एकता प्रतीत होती थी । अर्थात् भोजन करनेवाले सभीजन श्रीकृष्ण के दर्शन आलाप आदि रस का भी एक साथ ही अनुभव कर रहे थे, इसीलिए एकता संघटित थी ॥६३॥

कारण वहाँ पर सबके लिए रस देने के एकमात्र पात्र तो श्रीकृष्ण ही थे, और उसमें भी यहाँ पर जो छः रसों के भोजन परोसने वाले थे वे सब परस्पर की स्पष्ट हास परिहास की बातों को सम्पूर्ण भोजनालय में तथा श्रीकृष्ण के निकट भी सञ्चारित करते हुए मानो सप्तम परिहास रस के भी परोसने वाले हो गये थे ॥६४॥

उस भोजनशाला में जितने भी व्यञ्जन थे उनका नाम पर्यन्त भी परिहास का मूल कारण बन गया था । भिन्न भिन्न दिशा एवं भिन्न भिन्न देशवासीजनों में प्रसिद्ध होने पर भी समस्त व्यञ्जनादि इस स्थान

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च, तत्र मधुमङ्गलः कौतुकेन केनचित् प्रहितेन निजहितेन श्रीमद्व्रजेशं सन्दिदेश—"राजवर ! तदेतदस्माकं ब्राह्मणा निवेदयन्ति—शौक्लनामधेयं प्रथममेव जन्म तावदस्मादृशां भृशशर्मणे चकल्पे । यद्द्वितीये सावित्राख्ये जन्मनि लब्धस्वकुलैश्यवैश्यद्विजतया राजन्यवद्-ब्राह्मणभोज्यपक्वान्नैरपि भवद्भिर्विदूरविभक्तपंक्तावेव निवेशिता वयं न प्रतीमः—तत्र किं किं परिवेषितमत्र वा किमिति । तस्माद्गोष्ठाधिपतिना स्वदृष्टिनिष्टङ्कितीकृतान्यस्मत्कृते पुनः प्रथमतः सर्वाण्येव तेमनानि परिवेष्यन्तां, यान्येव वार्षभानव्यादि-स्वहस्तप्रयस्ततया पक्तानि परमशस्तान्युत्तरतापन्यनुसारेण पूर्वं दुर्वाससापि क्रोधदुर्वासनां निर्वासयता प्रसादमपि भासयता रसनयाभ्यस्तानीति निखिलमिष्टताविशिष्टतया किल वर्त्मन्येव परिवेषकैश्चोरं चोरमुर्वरितानि, पराण्यपि दृशैव भुक्तपूर्वाणि सन्ति । तानि च भुक्त्वा वैष्णवयज्ञाय श्रुति-स्मृतिविहित-हितप्रतीकारमयं दैक्षसमाख्यं तृतीयमपि जन्म द्रुतमुरीकरिष्यते ।" इति ॥६६॥

तदेतदाकलय्य कलितं हासकोलाहलं गोकुलकुलेश्वरी गृहादवकलयन्ती स्वयमनलपङ्क-

---

पर अन्य प्रकार से ही प्रसिद्ध थे, कारण उनका नाम तक कहना भी कठिन था । अथवा उनको दूसरे नाम से कहने लग जाते थे । नीचकुलोत्पन्न व्यक्ति यदि उन व्यञ्जनों का नाम न बता सकें तो कोई बात नहीं, किन्तु सत्कुलोत्पन्न जन भी समर्थ न हुए, यह भी उपहास का कारण था। आत्मीय बन्धुजन गुरुपरम्परा प्राप्त उपदेश को पाकर भी उन व्यञ्जनों का लक्षणमात्र लक्षित करा देते थे, किन्तु नाम निर्देश करने में कोई भी समर्थ न हुआ । (यह सब भोजन का आमोद प्रमोद है) ॥६५॥

किंच वहाँ पर कौतुक करने की इच्छा से मधुमङ्गल ने निजहितैषी किसी जन को भेजकर उसी के द्वारा श्रीनन्दबाबा को सन्देश दिया कि—हे नृपवर्य ! ब्राह्मणगण हमारे प्रति इस प्रकार निवेदन करते हैं कि हमारी तरह अन्य द्विजातियों का शौक्लनामक पहला जन्म ही अतिशय सुख का निमित्त बन गया है, और उपनयन सस्कार के समय जो दूसरा जन्म होता है, उससे वैश्यगण भी द्विजन्मा कहाकर अपने वंश के प्रभुत्व को प्राप्त कर सकते हैं । अतः क्षत्रियों की तरह आप सबके पक्वान्न भी ब्राह्मणों के भोज्य हैं । अतः एवंगुणविशिष्ट आपने हमको अपनी पंक्ति से दूर की पंक्ति में बैठा दिया है, इसलिए हमको मालूम नहीं पड़ता कि आपकी पंक्ति में क्या क्या द्रव्य परोसे गये हैं, तथा हमारी पंक्ति में क्या क्या ? इसलिये श्रीनन्दजी की दृष्टि द्वारा निरूपित सभी व्यञ्जन हमारे लिये फिर पहले से ही परोसने चाहिये । और जो व्यञ्जन श्रीवृषभानुनन्दिनी आदि गोपियों ने अपने हाथों से भलीभाँति संस्कारपूर्वक बनाये हैं वे अति प्रशंसनीय हैं । गोपालतापनी ग्रन्थ के उत्तरतापनी के अनुसार जाना जाता है कि पहले दुर्वासा मुनि ने भी अपनी क्रोध-रूपी दुर्वासना को दूर करते हुए, तथा प्रसन्नता प्रकाशित करते हुए उन समस्त व्यञ्जनों का अपनी रसना द्वारा स्वाद लिया था । इसी कारण से वे सब व्यञ्जन समस्त मिष्टता से परिपूर्ण हैं, यह समझकर परोसने वालों ने बीच में ही चुराकर खा लिए हैं और बाकी बचे हुए व्यञ्जनों को वे अपनी दृष्टि से ही भोग लगा गए हैं । अतः उनसे यह एक अपराध बन गया है, अतः उनको वैष्णवयज्ञ के लिए श्रुतिस्मृतिविहित प्रतिकार से युक्त गुरुदीक्षा से जनित तृतीय दैक्ष नामक जन्म भी शीघ्र ही अङ्गीकार करना होगा । हास्य-प्रिय मधुमङ्गल का गूढ़ अभिप्राय यह है कि पापप्रक्षालन के लिए उन्हें शीघ्र ही प्रायश्चित करना चाहिए । अतः उसने ब्राह्मणों के लिए तो शीघ्र ही दूसरे विशाल भण्डारे का आयोजन खड़ा कर दिया ॥६६॥

मधुमङ्गल के इस प्रकार के हास्य कोलाहल को सुनकर गोकुलकुलेश्वरी श्रीयशोदा ने घर से बाहर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तुलितानि सूर्यकान्तस्थालीषु सूर्यपक्वानि बहून्यनुपभुक्तवराणि विहापयामास, येन बहुलमेव सहासकुतूहलं निखिलः कलयाम्बभूव ॥६७॥

तदेवमुदरपूरणमात्रेण तृप्ता, न तु तत्तद्बहुलरसपूरकुतूहलेन, नतरां तत्तदानन्दमूलेन सदानुकूलपीतदुकूलेन प्रतिरुचि-नवनवायमानता हि तत्रायता, तथापि बलादिव परिमल-रमणीयमाचमनीयं दत्तं गत्यन्तरेणासमापनीय-स्पृहणीयता हि तत्र बृहती ॥६८॥

ततश्च—दिव्यताम्बूलवार्चिक्य-वस्त्रमाल्यविभूषणैः ।
अर्चिता बन्धवः सर्वे दक्षिणाभिश्च भूसुराः ॥६९॥

लक्षितायाश्च दक्षिणायां मधुमङ्गलः, स तु नर्मशर्मामृतमदुग्ध—"भो व्रजमहनीयाः ! नास्यामक्षीणायामपि दक्षिणायामीर्ष्यया वयं वीक्षणीयाः । भवतां भुञ्जानानामेकैक-व्यञ्जन-मूल्य-तुल्यतयात्मानं समस्तापि सा न प्रस्तावयति ।" ॥७०॥

तदेवं बहल-हास-कोलाहल-कुतूहले निवृत्ते पितरमुपेत्य सर्वसुखपालः श्रील-गोपालः शनैः सनि प्रणयन् सविनयमाललाप—"अर्वागेव सर्वानादाय सभालयवलयं स्वयं तत्र भवन्तः समयन्तु । वयन्तु श्रीराम-दाम-सुदामादयः समागतप्रायाः ।" तदेवं मातृगृहमुपेत्य तामप्युवाच—"मातर्मातृणां सम्भालनार्थमनुयातृनस्माननुमन्यस्व ।" ॥७१॥

आकर, स्वयं अग्नि में पकाये जैसे पदार्थ सूर्यकान्तमणि की थालियों में धरवा कर जो पहले किसी ने खाये नहीं हैं एवं सूर्य के द्वारा जो पकाये गये हैं ऐसे बहुत से फल आदि पदार्थ भिजवा दिये । जिससे सभी लोगों ने हास्यपूर्वक बहुत सा कोलाहल उपस्थित कर दिया ॥६७॥

इस प्रकार सभीजन पेट भर जाने से तो परितृप्त हो गये किन्तु पूर्वोक्त प्रकार के अधिक रस परिपूर्ण कौतुक से तृप्त नहीं हुए, तथा उस उस आनन्द के मूल, सदा अनुकूल, पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण के दर्शनों से जरा भी कोई तृप्त नहीं हुए । यद्यपि श्रीकृष्ण के ऊपर प्रत्येक जन का ही रुचिकर नया नया भाव निश्चय ही विशाल था तथापि बलपूर्वक सुगन्धमय सुन्दर आचमनीय जल सबके लिए दिया गया । अर्थात् श्रीकृष्ण के साथ भोजनकालीन आनन्द से विरत होने की इच्छा न होने पर भी सबने उठकर आचमन किया, क्योंकि वहाँ पर दूसरे प्रकार से असमाप्ति की इच्छा ही विशाल होती जा रही थी ॥६८॥

तदनन्तर उत्कृष्ट ताम्बूल, सुगन्ध चन्दनलेपन, वस्त्र, माला, एवं आभूषण आदि द्वारा सब बन्धुओं की तथा दक्षिणाओं द्वारा सब ब्राह्मणों की पूजा सम्पन्न हुई ॥६९॥

दक्षिणा को देखकर वही मधुमङ्गल कौतुकरूप सुखामृत को विस्तृत करता हुआ बोला कि—हे व्रज के पूजनीय व्रजवासियो ! हमारी इस दक्षिणा के अधिक होने पर भी आप हमको ईर्षा की दृष्टि से नहीं देखना, कि—(ये ब्राह्मण लोग भोजन भी कर गये और दक्षिणा भी ले गये) देखो, आप सबने भोजन करते समय जो जो अमूल्य व्यञ्जन खाये हैं हम सब ब्राह्मणों की सारी दक्षिणा मिलकर भी आप सबके एक एक व्यञ्जन के मूल्य की तुल्यता नहीं प्राप्त करती ॥७०॥

इस प्रकार अधिक हास्यमय कोलाहल के निवृत्त हो जाने के बाद सर्वसुखदायक श्रीमान् गोपालजी पिताजी के पास जाकर धीरे धीरे प्रार्थना करते हुए विनयपूर्वक बोले—हे पिताजी ! आप तो पहले ही सब जनों को साथ लेकर स्वयं सभागृह के मण्डप में पधारें, और श्रीबलराम, दाम, सुदाम आदि हम सब भी वहाँ आ ही रहे हैं । ऐसे कहकर माता के घर आकर उससे बोले कि—अरी मैया ! गैया मैयाओं को सँभालने के लिये जाने वाले हम सबको अपनी अनुमति दीजिये । ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

माता च क्षरत्क्षीरकुलकुचमुकुलमाललाप—"आयुष्मन् ! युष्मदेकप्राणा वयं तस्मान्न विलम्बनीयम् ।" इति ॥७२॥

ततश्च तस्याः सवयसः प्रवयसश्च सर्वाः सङ्कशः सास्रमूचुः—"वत्स ! नाम्नैव ता मातरः, एषा तु तव मातैव, तस्मादस्यां कथं न विलक्षणं पक्षपातमापातयसि ?" स च नतवदनः सास्रस्मितवाचमुवाच—"मातरः ! किं कुर्मः, तास्तु पशुजातयो न विवेकमेकमपि लभन्ते, यतो मां विना तृणमपि न तृण्वन्ति ।"

मातोवाच—"सम्यगाह वत्सः, यतो धर्म एवास्माकं मर्मभेदी बभूव; येषां धनानि तनयाश्च सदा वनानि निलयान् कुर्वन्ति ।"

कृष्णः सस्मितमाह स्म—"मातः ! अत्र वने न कोऽपि त्रासः, स तु समूलकाषं कषितानां केशिप्रभृतीनां सङ्गत एव गतः ।"

मातोवाच—"तर्हि किमाकर्ण्यते, यदद्यापि किञ्चित्तेषामौद्धत्यं विद्यते, प्रेतानामपि तत्तदाकारतया सद्यः प्रेततां प्राप्तानामिव ।"

कृष्णः सस्मित-माह स्म—"मातः ! न ते प्रेतजातितामवाप्ताः; किन्तु, भवच्चरणरेणुगणगुणित-भूमिमनुस्मरण-प्रतापवर्गादपवर्गमेव गताः, वयन्तु मायामयतत्प्रतिकृतिप्रपञ्चसञ्चयमञ्चन्तः सुखसन्तानाय मध्ये मध्ये लीलामध्यस्यामः; यथा (भा० १०।११।५९, १०।१४।६१)—'निलायनैः सेतुबन्धैर्मर्कटोत्प्लवनादिभिः'—कौशल्येयलीलाम् ।" ॥७३॥

माँ यशोदा भी स्नेह के कारण झरते हुए स्तनदुग्ध से अपने वक्षःस्थल को भिजाती हुई बोली—हे आयुष्मन् ! तुम्हीं हमारे एकमात्र प्राण हो, अतः वन से लौटने में विलम्ब नहीं करना ॥७२॥

तदनन्तर श्रीयशोदाजी की समान अवस्था वाली सभी वृद्ध गोपियाँ एक साथ अश्रु बहाती हुई बोलीं—देख लाला ! वे गैयायें तो केवल नाम से ही तुम्हारी माता हैं, किन्तु यह यशोदा तो तुम्हारी यथार्थ माता है, अतः इनके प्रति तुम विलक्षण पक्षपात क्यों नही करते हो, अर्थात् तुम इसको छोड़कर उनके पीछे क्यों जाते हो ? तब श्रीकृष्ण मस्तक नवाकर सजल नेत्र हो ईषद् हास्यपूर्वक बोले—हे माताओ ! हम क्या करें ? देखो वे तो पशुजाति हैं, किंचित्मात्र भी विवेक नहीं प्राप्त कर सकतीं । कारण—मेरे देखे बिना तो वे तृण भी नहीं चरती हैं । माता यशोदा बोली—लाला ठीक कहता है, कारण कि धर्म ही हमारा मर्मभेदी हो गया है, देखो, जिनके धनरूपी गोधन और पुत्रगण वनों को ही घर बनाते रहते हैं, अर्थात् हमारे गोरक्षारूप जातिधर्म के अनुसार वन के बिना गोधन की रक्षा नहीं हो पाती, तथा बालकों के बिना गैयाओं की देखभाल नहीं हो सकती । इसलिये दोनों ही वन को भवन बनाये रहते हैं, वन के बिना हम गोपालों का गुजारा ही नहीं है ।

यह सुनकर श्रीकृष्ण मन्दहासपूर्वक बोले—अरी मैया ! देख, इस वृन्दावन में कोई भी भय नहीं है, वह भय तो केशीप्रभृति दैत्यों के समूल नष्ट कर देने पर उनके संग ही चला गया । माता बोली—तब क्यों ऐसा सुना जाता है कि आज भी उन असुरों का कुछ उत्पात विद्यमान है, मरे हुए व्यक्ति जैसे उसी उसी आकार से तत्काल प्रेत बनकर उपद्रव करते हैं उसी प्रकार वे असुर भी । मन्दहासपूर्वक श्रीकृष्ण बोले—वे प्रेत नहीं बने हैं, किन्तु आपके श्रीचरणरेणुसमूह से पुनः पुनः सेवित इस व्रजभूमि में मरने के प्रभाव से वे मुक्त ही हो गये हैं । हम तो आँखमिचौनी, सेतुबन्धन, वानरों की तरह फलांगना इत्यादि श्रीरामजी की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च सर्वासु गतसन्देहासु स्नेहातिशयात् कृष्णमाता सव्येन पाणिना पृष्ठमपसव्येन विबुकं स्पृष्ट्वा कृष्णज्येष्ठं प्रति सवाष्पमाचष्ट—"वत्स नीलाम्बर ! तवेयमम्बा । मम समक्षं बाल्यादेव त्वयि नातीव वात्सल्यमुल्लासयति; किन्तु स्वयमुदासीनवदासीना भवति । तत् खलु मम तारल्यं कथमिव वैरल्याय कल्पताम् ? तस्मादहमेव त्वामुपदिशामि । पीताम्बरेण सममविलम्बमेवालम्बनीयं व्रजवर्त्म ।" इति ॥७४॥

अथ रामानुजं हितवती रोहिण्यभिहितवती—"तात ! यशोदामातः ! बाल्यादेव लाल्य-भावान्मातुरुपदेशं जातु न च मन्यसे । मम तु तं न मतान्तरमातनोषि । ततः सकृदपि मम निदेशमसकृदिव मन्यस्व । मातुर्मनस्तापविस्तारान्निस्ताराय निजवदनांशुसुधां विस्तारय त्वरितम् ।" इति ॥७५॥

अथ तासां चरणपाताचरणाय कृतरोचने निर्मलकमललोचने सर्वाभिरनर्वाचीनाभिः सह गृहं हित्वा तत्पाणिं गृहीत्वा प्राङ्गणसङ्गितां गतायां गोपपतिपतिव्रतायां सर्वतः श्रेयस्यस्तत्प्रेयस्यः सगवाक्षभित्ति-भित्तीकृत-निजविलोकना विलोकयामासुः ॥७६॥

तथा हि—औत्सुक्यं प्रियमाधुरी-मधुमदं प्रेमातिपातभ्रमं
विश्लेषागमभीतिमप्यनुगता लज्जातिपर्याकुलाः ।

लीलाओं की तरह केवल मायामय पूतना आदि दैत्यों की प्रतिमा के प्रपञ्चसमूह को रचते हुए व्रजवासियों के सुखप्रवाह के लिये बीच बीच में लीला प्रकाशित करते हैं ॥७३॥

तदनन्तर सभी वृद्ध माताओं के सन्देहरहित होने पर स्नेह की अधिकता के कारण कृष्णजननी यशोदा ने बाएँ हाथ से लाला की पीठ एवं दाहिने हाथ से ठोड़ी को छूकर श्रीकृष्ण के बड़े भैया से सजलनयन होकर कहा कि—बेटा नीलाम्बर ! तुम्हारी यह माता रोहिणी हमारे सामने बालकपन से ही तुम्हारे ऊपर अतिशय वात्सल्य प्रकाशित नहीं करती है, किन्तु उदासीन की तरह बैठी रह जाती है, अतः मेरा चाञ्चल्य-भाव कैसे कम हो सकता है, अर्थात् रोहिणी को उदासीन देखकर ही मैं उतावली हो रही हूँ । इसलिये मैं ही तुमको उपदेश देती हूँ कि लाला पीताम्बर (कृष्ण) के सहित शीघ्र ही व्रज के मार्ग का अवलम्बन कर लेना, अर्थात् वन से शीघ्र ही लौट आना ॥७४॥

पश्चात् हितकारिणी रोहिणी भी श्रीकृष्ण से बोलीं—लाला यशोदानन्दन ! तुम्हारी माता बाल्यकाल से ही तुमसे अधिक प्यार करती हैं, इसी कारण तुम कभी भी उनके उपदेश को नहीं मानते हो, किन्तु मेरे उपदेश को तो तुम कभी भी नहीं टालते हो । अतएव तुम हमारे एक बार के उपदेश को भी बार बार दिया हुआ ही समझना । माता के विस्तीर्ण मानसिक ताप से निस्तार के लिये तुम अपने श्रीमुख की किरण-सुधा को शीघ्र ही विस्तृत करना, अर्थात् वन से शीघ्र ही लौटकर निजमुखचन्द्र दिखाना ॥७५॥

तदनन्तर निर्मल कमललोचन श्रीकृष्ण के द्वारा उन प्राचीन वृद्धागोपियों के चरण छूने की अभिलाषा प्रगट करने पर, एवं सभी वृद्ध गोपियों के सहित घर को त्यागकर, श्रीकृष्ण के हाथ को पकड़कर गोपराज की पतिव्रता पत्नी श्रीयशोदा जब आँगन में आ गईं तब सब ओर से कल्याण करनेवाली श्रीकृष्णप्रियागण अपने नेत्रों को झरोखाओं से बाहर निकालकर श्रीकृष्ण का दर्शन करने लगीं ॥७६॥

देखो, गोचारण के लिए श्रीकृष्ण के वनगमन करने पर श्रीकृष्णप्रेयसी गोपियाँ उत्कण्ठा को, प्रियतम की माधुरीरूप मधुरसमद को, प्रेम के अतिशय सम्भ्रम को, वियोग से आनेवाले भय को प्राप्तकर लज्जा से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गोचाराय वनाय गच्छति हरौ तस्याङ्गनानां गणा-
श्चित्राणीव निरीक्ष्य तस्थुरभितो द्वित्रक्षणं भित्तिषु ॥७७॥

तत्र सति—अच्युतस्य नयनद्वयमासां, तृष्णगप्यतिह्रिया निमिमील ।
अस्य मानसममूरतिगूढं, पश्यतीति मिलितुं तदिवेच्छु ॥७८॥
यदा च तासां स्फुरणं जगाम त,-न्मनस्तदाशङ्कत तासु राधया ।
अहो ! गुरूणां पुरतो विकारितां, लभेय चेत् किं करवैतरामिति ॥७९॥
तत्र मातृगणतः क्रमपूर्वं, प्राप्य यत् बकशमः समनुज्ञाम् ।
अम्बकान्यहरत प्रतिबिम्ब,-व्याजतः स्वतनुगान्यखिलानाम् ॥८०॥

अथामर-दुर्लभच्छत्रचामर-पटपुट-ताम्बूल-सम्पुटादिघटितकराः सवयसः कर्मकराः श्रीरामदामादिभिः सह गच्छन्तं तमन्वगच्छन् ॥८१॥

अथ ततभायां परमसभायां, पितृमुखलोकान् स्फुरदवलोकान् ।
सुखयितुकामः सहसखिरामः, स मधुरवेशः सपदि विवेश ॥८२॥
तत्तद्वृन्दैः कृतपरिवेषः, क्षौणीपृष्ठस्थितविधुरेषः ।
क्रमतो दृष्टिभ्रमणाभ्रेष,-स्थितिकृतमखिलानपि विशिशेष ॥८३॥

अति व्याकुल होकर चारों ओर की दीवारों पर चित्रित मूर्तियों की भाँति दो तीन क्षण के लिये स्तम्भित होकर रह गईं ॥७७॥

श्रीकृष्ण के दोनों नेत्र चित्रलिखी सी उन प्रेयसीगणों के दर्शनाभिलाषी होकर भी अतिशय लज्जा के कारण मुंद गये । "श्रीकृष्ण का मन जब प्रेयसी गोपियों को अति गूढ़ भाव से देख रहा है, तब हम दोनों का मन के साथ मिलना ही उचित है" ऐसा समझकर श्रीकृष्ण के दोनों नेत्र मानों मन के साथ मिलने की इच्छा से ही मुंद गये ॥७८॥

जब श्रीकृष्ण के मानसिक भाव की स्फूर्ति व्रजेश्वरी आदि उन वृद्धाओं के मन में होगई, तब उन कृष्णप्रेयसी गोपियों में से श्रीराधिका यह शङ्का करने लगीं कि—हाय ! यदि मैं गुरुजनों के सामने ही विकारों को प्राप्त हो जाऊँगी तब क्या कर सकूंगी, अतः मुझे सावधान हो जाना चाहिये ॥७९॥

वहाँ पर बकासुरनिहन्ता श्रीकृष्ण ने क्रमशः सभी माताओं से आज्ञा पाकर चलते समय अपने शरीर में प्रतिबिम्ब के बहाने सभी दर्शकों के नेत्रों को चुरा लिया ॥८०॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण जब श्रीराम, श्रीदामा आदि सखाओं के सहित चल दिये तब श्रीकृष्ण के ही समान अवस्था वाले सेवक देवदुर्लभ छत्र, चामर, जायफल और पानदान आदि सभी द्रव्यों को हाथ में लेकर श्रीकृष्ण के पीछे पीछे चल दिये ॥८१॥

तदनन्तर मधुर वेषधारी श्रीकृष्ण प्रसन्न नेत्रों वाले श्रीनन्द आदि सभी सभासदों को सुखी करने की अभिलाषा करके सखामण्डल एवं श्रीबलरामजी के सहित विस्तीर्ण शोभायुक्त विशाल सभा में प्रविष्ट हो गये ॥८२॥

सभा में स्थित उन उन सभी लोगों के समूह से गोलाकाररूप से परिवेष्टित ये श्रीकृष्ण ताराओं से परिवेष्टित भूमि में स्थित चन्द्रमा के समान मालूम पड़ते थे । तथा क्रम से दृष्टि चलाने की गति विशेष द्वारा अवस्थान करके सभी जनों को अतिशय विशिष्ट कर दिया । अर्थात् सभी सभासद विशेष भावपूर्वक श्रीकृष्ण के नेत्रों की चलनचातुरी को ही देखने लग गये ॥८३॥

CC-0. Swami Anmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रहितनिमेष-प्रथितोन्मेष,-स्वकदृक्प्रेष-प्रचितान्वेषः ।
अभवदशेषच्छवि-सविशेष,-स्वतनुश्लेषः श्रीहरिरेषः ॥८४॥

तदेवं लब्धपरमानन्दमज्जनेषु सर्वसज्जनेषु कुलपरम्परावरावार्यः कश्चन सूताचार्यः कतिचिदात्मीयान् परिवार्य पेशलवेशौ काकपक्षकेशौ कौविद्बालकौ पुरतः सन्धार्य तत्र प्राट पाठयामास च तावाशीर्वादविरुदम् । तौ च चातकानामन्तस्तडित्वन्तमिव सागराणां वारिनिधिमिव, धनचिन्ताचितानां चिन्तामणिमिव, ज्योतिर्मण्डलानां व्योममण्डलमिव, तेषामाश्रयं तमेकं श्रीव्रजराजकुमारमालोकयामासतुः । ततश्च तौ सपरिवारमेव तं पारावाररहितशोभावार-वारांनिधिं निध्याय क्षणकतिपयमनुध्याय च स्वजनस्तम्भितपतनारम्भौ मूर्च्छाप्रायमृच्छतः स्म । तदुपरिष्टादेव कथञ्चिद्विशिष्टतामाविष्टौ सगद्गदं जगदतुः—"जयाशेषचिन्तारत्न-नीलरत्नाकर व्रजधरणीधर ! जय धरणीभारावतार ! वितीर्णधरणीधरशेषपर्यन्ताशेषसुखसमाज व्रजयुवराज ! जय निजवंशाग्रव्रज - कीर्तिध्वजसमान-शुभ्रधाम-श्रीबलराम ! जय जय ।" इति ।

पुनश्च कमललोचनं विलोचयन्तावूचतुः—॥८५॥

उस समय श्रीकृष्ण का वेष अपूर्व हो रहा था, उनके नेत्र कभी निमेषरहित, कभी निमेषसहित हो रहे थे, ऐसे निज नेत्रों को प्रेरित कर "सभा में कौन आया है, कौन नहीं आया" इस बात का अनुसन्धान कर रहे थे । अथवा निमेषरहित प्रसिद्ध है खुलना जिसका, ऐसी सभी स्वजनों की जो दृष्टि, उस दृष्टि को भेजकर ही जिनका अन्वेषण किया जा रहा है, अर्थात् उस समय सभी सभासद श्रीकृष्ण को टकटकी लगा कर एकतान वृत्ति से देख रहे थे । कारण श्रीकृष्ण का विग्रह समस्त कान्ति द्वारा विशेषभाव से आलिङ्गित होकर अपूर्व शोभा का विस्तार कर रहा था ॥८४॥

इस प्रकार सभी सज्जन परमानन्द लाभकर श्रीकृष्ण के रूप में निमग्न हो गये । तत्पश्चात् वंश परम्परा के क्रम से माननीय कोई एक स्तुतिपाठकाचार्य जन कतिपय (कुछ) आत्मीयजनों से घिरकर, सुन्दर वेष वाले, चञ्चल केश वाले किन्हीं दो बालकों को आगे करके सभा में आया । तथा उसने उन्हीं बालकों द्वारा आशीर्वादरूप विरुदावली का पाठ करवाया । उन दोनों सूत बालकों ने चातकों के बीच में मेघ की तरह, सगरपुत्रों के बीच में सागर की तरह, धन की चिन्ता से युक्त जनों के बीच में चिन्तामणि की तरह, ग्रहनक्षत्र आदि ज्योतिमण्डलों के बीच में विद्यमान आकाश की तरह, उन सभी सभासदों के बीच में उन्हीं के आश्रयस्वरूप उन्हीं एक श्रीव्रजराजकुमार का दर्शन किया । तदनन्तर वे दोनों ही सूत बालक इयत्तारहित शोभासमूह के समुद्रतुल्य उन्हीं श्रीकृष्ण का सपरिवार दर्शनकर, कुछ क्षणों तक ध्यान में निमग्न होकर प्रायः मूर्छित से हो गये । किन्तु उस समय उनके स्वजनों ने उनको गिरने से बचा लिया । उसके बाद ही किसी प्रकार बाह्यज्ञान प्राप्तकर दोनों बालक गद्गद् वाणी से बोले—हे समस्त चिन्तामणियों के बीच इन्द्रनीलमणियों के आकरस्वरूप श्रीकृष्ण ! आपकी जय हो । हे व्रजभूमि के पोषणकर्ता ! आपकी जय हो । हे भूमि के भार उतारने के लिये अवतार लेने वाले प्रभो ! आपकी जय हो । हे धरणी को धारण करने वाले शेष पर्यन्त अशेष देवताओं के सुखसमूह स्वरूप ! आपकी जय हो । हे व्रजयुवराज ! आपकी जय हो । हे निज वंश के अग्रगण्य पुरुषों के कीर्तिध्वज के समान ! हे शुभ्र कान्ति वाले श्रीबलराम प्रभो ! आपकी जय हो, जय हो ।

फिर एक वार कमललोचन श्रीकृष्ण के दर्शन करते हुए दोनों बालक बोले— ॥८५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"रोहिण्युद्यद्विधुः पक्ष इव कृष्णः स्वजन्मनः ।
सोऽयं यशोदानन्दः सन् यशोदानन्दनन्दनः" ॥८६॥

पुनश्च साश्चर्यम्—

"यशः प्रशंसन्ति बुधा मुधागिरः, सर्वत्र शश्वद्विशदं भवेदिति ।
अहो ! यशोदा यदसूत सा यश,-स्तत्कृष्णरूपं पुरतो विलोक्यताम्" ॥८७॥

ततः श्रीमान् व्रजराजः सुप्रलापं ललाप—"सर्वसूतचूडारत्न ! रत्नचूड ! कावेतौ सुकुमारौ कुमारौ ?" ॥८८॥

रत्नचूड उवाच—सर्वसम्पद्विराजमान ! श्रीमद्व्रजराज ! मम भागिनेयौ । व्रजराज उवाच—कतमाया भगिन्या भागधेयरूपावेतौ ? रत्नचूड उवाच—असपत्नरत्नगर्भापते ! रत्नवत्याः; सा चैषा भवदपूर्वपूर्वपुरुष-पुण्यदर्शनाय कृतपरामर्शा समागतास्ति; नमस्करोति चेयम् । व्रजराज उवाच—भगिनि ! भागधेयेन वर्धस्व । रत्नचूड उवाच—देव ! मम भगिनी-पतिरप्ययं सुमतिनामा । व्रजराजः सस्मितमुवाच—बाल्ये दृष्टोऽयं नातीव निष्टङ्कितुं शक्यते । तञ्च सत्कृत्योवाच—मान्य ! स्वयमग्रतः समग्रमेहीति पृष्टवांश्च । सम्प्रति भवतां कुत्र भवनम् ? स उवाच—राजवीर ! नीरधितीर एव । उपनन्द उवाच—तर्हि दूरादभ्यागतोऽयमभ्यागतः ॥८९

जिस रोहिणीनक्षत्र में चन्द्रमा उदय हुआ था, उसी स्वजन्मकाल सम्बन्धी कृष्णपक्ष की तरह ये श्रीकृष्ण यशःप्रद और आनन्दस्वरूप होकर श्रीयशोदा एवं श्रीनन्दजी के नन्दन हुए हैं ॥८६॥

पुनः आश्चर्यान्वित होकर बोले—पण्डितजन जिस यश की "यश सर्वत्र सर्वदा शुक्लवर्ण का ही होता है" इस प्रकार कहकर प्रशंसा करते हैं, उनके वे वाक्य यहाँ पर मिथ्या प्रतीत हो रहे हैं। अहो ! देखो ! श्रीयशोदाजी ने जो एक अनिर्वचनीय यश उत्पन्न किया है, वह तो कृष्णरूप में सबके सामने विद्यमान है, जी भरके देख लीजिये ! तात्पर्य यह है कि कवियों के वर्णन में सबका यश शुक्लवर्ण का है एवं अनेक है, किन्तु कृष्णरूपी या कृष्णवर्ण वाला यश एक ही है, केवल यशोदा ही उसकी जननी हैं ॥८७॥

तदनन्तर श्रीमान् नन्दजी सुमधुर वचनों से बोले—हे रत्नचूड़ ! तुम समस्त सूतवंश के मुकुटमणि हो। ये दोनों सुकुमार बालक तुम्हारे क्या लगते हैं ? ॥८८॥

रत्नचूड़ बोला—हे सर्वसम्पत्तियों से विराजमान श्रीमान् व्रजराज ! ये दोनों मेरी बहन के बेटा हैं। श्रीनन्दजी ने पूछा—ये दोनों तुम्हारी कौनसी बहन के भाग्यस्वरूप हैं ? रत्नचूड़ ने कहा—हे शत्रुरहित भूमि के स्वामिन् ! ये दोनों बालक 'रत्नवती' के हैं। और वह रत्नवती आपके पूर्वपुरुषों के अपूर्वपुण्य-स्वरूप श्रीराम कृष्ण के दर्शन के लिये विचार करके यहाँ आई है, तथा यह आपके लिए नमस्कार कर रही है। श्रीव्रजराज बोले—हे भगिनि रत्नवती ! तुम्हारा सौभाग्य बढ़ता रहे ! रत्नचूड़ बोला—हे देव ! देखिये, यह मेरी बहन का पति है, इसका नाम सुमति है। श्रीनन्दजी ईषद् हास्यपूर्वक बोले—बालकपन में इसको मैंने देखा था, अब अच्छी प्रकार पहचाना नहीं जा सकता। उसका सम्मान करके श्रीव्रजराज बोले—हे मान्य सुमते ! तुम मेरे सामने सम्पूर्ण रूप से स्वयं उपस्थित हो जाओ, और पूछा कि आजकल आपका निवास स्थान कहाँ है ? वह बोला कि—हे राजवीर ! आजकल समुद्र के तीर पर ही मेरा वास है। श्रीउपनन्दजी बोले—तब तो यह अतिथि बहुत दूर से आया है ॥८९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ वदनसुधाकरांशुसुधास्नपितदृगन्तः स्मितमधुराधरावृत-कुन्दकोरकदन्तः श्रीकृष्णः सतृष्णमिव पृष्टवान्–किं नामानावेतौ ? रत्नचूड उवाच–प्राणकोटिनिर्मञ्छनीयनखकोटे ! मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठनामानौ । कृष्ण उवाच–समाननामानौ दृश्येते । रत्नचूड उवाच–सहजावेतौ सहजावेव । उपनन्द उवाच–रत्नचूड ! किं खलु भवद्विद्यासनवद्यामधीतवन्तावेतौ ? रत्नचूड उवाच–अथ किमाकस्मिकतया विस्मायकौ गुणविशेषावप्यनयोः स्तः ? उपनन्द उवाच–कौ तौ ? रत्नचूड उवाच–सर्वज्ञता तदविता कविता च । इति । ततश्च सर्वे साश्चर्यं पश्यन्ति स्मः । व्रजराज उवाच–मान्य सुमते ! कुत एतत्प्रभावभावितावेतौ ? सुमतिरुवाच–विश्वपावन ! स्वच्छकीर्ते ! पृच्छ्यतामेतावेव ॥९०॥

व्रजराज उवाच–आयुष्मन्तौ ! युष्मद्वृत्तेनास्माकं चित्तं विस्मयमेवाविवेश, तस्मादपनीयतामयम् । तौ च साञ्जलिवचसा व्यानञ्चतुः,–श्रीगोलोकलोकदेव ! श्रीगुरुप्रसाद एव सर्वत्र दुर्वारं कारणमिति तत्रभवन्त एवानुभवन्ति । व्रजराज उवाच–के खल्वीदृशमहामहिमानस्ते ? अथ नौ पुनर्घटितकरपुटावूचतुः–सुगृहीतनामधेया मद्विधभागधेयरूपाः सर्वसुखवर्षिश्रीदेवर्षिचरणाः । अथ सर्वेऽप्यूचुः–तर्हि नाश्चर्यमिदम् । पुनश्च तावूचतुः–सम्प्रति च यदुपदेशाद्वृन्दावनदेशमागता वयम्; नूनं यत्प्रसादादेव देववर्ग-दुर्गम-समधिगमस्य भवाभिभव-भावन-

---

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने निज मुखचन्द्र की किरणसुधा से निज नेत्रप्रान्त को उज्ज्वल करके, एवं ईषद् हास्यपूर्ण मधुर अधर द्वारा कुन्द की कलिका के समान दन्तपंक्ति को ढककर तृष्णावाले जन की तरह पूछा कि—इन दोनों का नाम क्या है ? रत्नचूड़ बोला—हे श्रीकृष्ण ! आपके श्रीचरणों के नखों का अग्रभाग करोड़ों प्राणों की न्योछावर करने योग्य है । इन दोनों का नाम मधुकण्ठ एवं स्निग्धकण्ठ है । श्रीकृष्ण बोले—ये दोनों समान नाम वाले ही दिखाई देते हैं । रत्नचूड़ बोला—ये दोनों एक साथ उत्पन्न होनेवाले सहोदर हैं । श्रीउपनन्दबाबा बोले—रत्नचूड़ ! इन दोनों ने तुम्हारी प्रशंसनीय वंशविद्या का भी कुछ अध्ययन किया है क्या ? रत्नचूड़ बोला—जी हाँ, इन दोनों में आकस्मिक विस्मयजनक गुणविशेष भी हैं । श्रीउपनन्दजी बोले—वे दो गुण कौन से हैं ? रत्नचूड़ बोला—"सर्वज्ञता एवं सर्वज्ञता द्वारा रक्षित कविता" यह बात सुनकर सभी सभासद दोनों को आश्चर्यपूर्वक देखने लग गये ।

श्रीनन्दजी बोले—हे माननीय सुमते ! किनके द्वारा ऐसे प्रभाव से युक्त हो गये ? सुमति बोला—हे विश्वपावन ! हे स्वच्छकीर्ते ! यह बात आप इन दोनों से ही पूछ लीजिये ॥९०॥

श्रीनन्दजी बोले—हे चिरञ्जीवी बालको ! तुम दोनों के चरित्र से हमारा चित्त विस्मययुक्त होगया है, अतः तुम इस विस्मय को दूर करो । तब उन दोनों कुमारों ने हाथ जोड़कर मधुर वचनों से निवेदन किया—हे श्रीगोलोकस्थजनाधिपते ! हमारी विद्या के विषय में सर्वत्र अनिवार्य श्रीगुरुदेव का अनुग्रह ही मूल कारण जानिये । आप तो हमारे पूजनीय हो, इसका स्वयं अनुभव कर रहे हो । श्रीनन्दजी ने पूछा—जो ऐसी महान् महिमा से युक्त हैं वे (तुम्हारे श्रीगुरुदेव) कौन हैं ? तदनन्तर वे दोनों हाथ जोड़कर बोले—प्रातःस्मरणीय एवं हम जैसे दुरात्माओं के भी भाग्यस्वरूप, सर्वसुखों की वर्षा करनेवाले, पूज्यचरण देवर्षि श्रीनारदजी महाराज हैं । सभी सभासद बोले—तब तो यह कोई आश्चर्य नहीं है । फिर वे दोनों कुमार बोले—इस समय जिनके उपदेश से हम श्रीवृन्दावन प्रदेश में आये हैं, एवं निश्चय ही जिनके अनुग्रह से देवगण दुर्गम ज्ञानस्वरूप तथा जिसके चिन्तनमात्र से संसार के सन्ताप नष्ट हो जाते हैं, आपके उसी इस

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भावनस्य तदेतद्भवदीयवैभवप्रदेशस्य प्रवेशे सदेशरूपतां याताः स्मः । पुनश्च सर्वे साश्चर्यमिदं पश्यन्ति स्म ॥९१॥

ततश्च श्रीकृष्णश्चिन्तितवान्—आम् आम्, चिरान्ममाप्यनयोरागमनं स्फुरणमयमासीत् । इति ॥९२॥

अथ श्रीकृष्णानुमतानुगततया श्रीरामस्तु समीपमागम्य व्रजराजमुवाच—बृहत्तात ! तयोरनयोः कौतुकं द्रष्टुमुत्कण्ठिताः स्मः ।

तदनुमोद्य पुनर्व्रजराज उवाच—राम ! अद्य दिनमारूढम्; प्राघुणाश्च त एते घुणाक्षरन्यायेनोपलब्धाः, तदेषामातिथेयवस्तुभिरवितथमातिथ्यमेवाद्य विधीयताम् । पार्श्ववर्तिनश्चादिष्टवान्—दीयतामेभ्यो वर्षं यावद्भोग्या वरीयसी समग्रा सामग्री, सा च यथैवास्माकं तथैव । प्रातरारभ्य तु सभ्याः समाहूयन्तां कौतुकावलोकनाय ॥९३॥

अथ पुरस्कृतोपनन्देषु व्रजजनवृन्देषु तत्र ज्ञापितनिजानन्देषु तथा तेषु सूतेषु च कृतसर्वक्लेशवर्जनेषु भोज्यभोग्ययोग्यवस्तुभिः प्रस्तुतविसर्जनेषु मध्याह्नः सोऽयमह्नाय व्यतीत इति राज्ञे विज्ञाप्य विज्ञातसकलतत्त्वः श्रीमान्महासत्त्वः श्रीपतिरपि श्रीरामादिसहितगतिस्तत्तन्नमनादिक्रमान्निष्क्रम्य प्रस्थितवान् ॥९४॥

तत्र च—बुद्धिरेव सुहृदामनुमेने, तं गवानुगतये न मनस्तु ।
सा हि मन्त्रसचिवं सुविचारं, पाति तत्तु रहितार्गलकामम् ॥९५॥

गोलोक नामक वैभवपूर्ण प्रदेश के प्रवेश में आपसे निकटतम सम्बन्ध प्राप्त कर पाये हैं । यह सुनकर सभी सभासद उन दोनों को आश्चर्यपूर्वक देखने लग गये ॥९१॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण इस प्रकार विचारने लगे—हाँ हाँ, मुझको भी बहुत समय के पश्चात् इन दोनों का आना स्फुर्तिमय याद आ रहा है ॥९२॥

उसके बाद श्रीबलदेवजी श्रीकृष्ण के अभिप्रायानुसार निकट में आकर श्रीनन्दबाबा से बोले—हे ज्येष्ठतात (ताऊजी) इन दोनों कुमारों के कौतुक देखने के लिये हम सब उत्कण्ठित हो रहे हैं । बलदेवजी के वाक्यों का अनुमोदन कर श्रीव्रजराज पुनः बोले—लाला बलराम ! आज दिन बहुत चढ़ गया है, और ये अतिथिजन भी हमें दैवयोग से मिले हैं । अतः अतिथि सत्कार के उपयुक्त सामग्री द्वारा आज तो इनका यथायोग्य सत्कार करो । पास में बैठे हुए कार्यकर्ताओं को भी आदेश दिया कि इन सब के लिये एक वर्ष तक उपभोग्य के योग्य अत्युत्तम सम्पूर्ण सामग्री दे दीजिये । वह सामग्री भी हमारी जैसी ही होनी चाहिये । अर्थात् गृहस्वामी और अतिथि के खाद्यपदार्थों में कोई भेद न रहे, ऐसी व्यवस्था कीजिये । तथा कल प्रातः-काल से आरम्भ करके कौतुक देखने के लिये सभी सभासद बुलवाइये ॥९३॥

उसके बाद समस्त व्रजवासियों ने श्रीउपनन्द को आगे करके बुलाने के विषय में अपना अपना आनन्द प्रकाशित किया, तथा उन सब सूतजनों के मार्ग का परिश्रम दूर कर देने के बाद उचित भोज्य (भक्ष्य) एवं भोग्य (वस्त्रादि) वस्तुओं द्वारा उनकी विदाई की गई । इन सब कार्यों के करते कराते मध्याह्न शीघ्र ही बीत गया । यह सब श्रीनन्दजी को जनाकर, सकल तत्त्वदर्शी, अति पराक्रमशाली श्रीवनमाली भी श्रीबलराम आदि सखाओं के सहित चलकर उन उन व्यक्तियों के नमस्कारपूर्वक सभा भवन से बाहर निकल कर वन के लिये चल दिये ॥९४॥

उस समय श्रीकृष्ण के मित्रों की बुद्धि ने ही श्रीकृष्ण को गोगण के पीछे पीछे जाने के लिये अनुमति

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथो वनं प्रतिचलितः सहाग्रजः, समित्रकः पृथुमुरलीमनादयत् ।
मतः श्रुताद्वत पुरतस्तु तस्थुषां, सुपूर्णताभवदतिशून्यतान्यतः ॥९६॥
तदा गुरुव्यवहितिमागता मुदा, परस्परं पशुपसुताः करैर्युताः ।
सभागतं जहसुरधीत्य कस्यचि,-द्वचस्तदा स्खलितमनूद्य चापरे ॥९७॥

हासे चोपरताभासे राम उवाच–भङ्गुर ! मधुमङ्गल ! मातृभिरस्मासु विनीयमानेषु भवान् किमविस्पष्टमाचष्ट 'व्रजेश्वरि ! कथयिष्याम्यहं रहः' इति । किन्तु ताभिरावेशवशान्ना-वकलितम् ॥९८॥

मधुमङ्गल उच्चैर्विहस्य निमील्य च मौनमाललम्बे, क्षणादुवाच च–हन्त ! शन्तमसमपि तद्विस्मृतमिव । राम उवाच–प्रियसख ! शपथं प्रथयामि, तथ्यं कथ्यतां किं तत् ? मधुमङ्गल उवाच–यज्ञोपवीताय शपे, नान्यथा प्रथयामि; ॥९९॥

यतः—दान्तेन दमितः सोऽहं शमितः शान्तचेतसा ।
ज्ञप्तेन ज्ञपितः पूर्णेनाचार्येणास्मि पूरितः ॥

दे दी, किन्तु उनके मन ने तो अनुमति नहीं दी । क्योंकि वह बुद्धि विचार के सहायक सुविचार की रक्षा करती रहती है, किन्तु वह मन तो स्वतन्त्र वासना से युक्त माना गया है । अतः मन की वासना को रोकने के लिए कोई भी समर्थ नहीं है ॥९५॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने श्रीबलदेव एवं मित्रमण्डल के साथ वन के प्रति चलकर विशाल मुरली बजाई, जिसके श्रवण से सम्मुखवर्ती वृक्षादि स्थावरों की सुपूर्णता अर्थात् शाखा पल्लवादियुक्त शोभा प्रकाशित हो गई, किन्तु जो वृक्षादि पीछे की ओर बहुत दूर होने के कारण इस मुरलीध्वनि को नहीं सुन पाये, उनकी ओर तो अत्यन्त शून्यता अर्थात् शोभाहीनता सी हो गई ॥९६॥

उस समय गुरुजनों से दूर आये हुए गोपबालक आपस में हाथों से हाथ मिलाकर सभा में विद्यमान किसी व्यक्ति का स्मरण करके आनन्दपूर्वक हँस उठे, तथा उनके स्खलित वचनों का अनुकथन करके दूसरे ग्वारिया भी हँस पड़े ॥९७॥

हास्यरस के निवृत्त हो जाने पर श्रीबलरामजी ने कहा कि—हे कुटिल मधुमङ्गल ! श्रीयशोदा रोहिणी आदि माताएँ जब हमें शिक्षा दे रही थीं तब तुमने अस्पष्ट अक्षरों में यह क्यों कहा था कि—"हे व्रजेश्वरि ! मैं आपको एकान्त में एक बात सुनाऊँगा" किन्तु उन्होंने शिक्षा देने के आवेश में तुम्हारा वचन सुना ही नहीं ॥९८॥

मधुमङ्गल ऊँचे स्वर से हँसकर आँख मूंदकर चुप हो गया । क्षणभर के बाद बोल उठा—हाय ! यह बात थी तो बड़े आनन्द की, तो भी मैं तो मानो उसे भूल ही गया हूँ । श्रीबलरामजी बोले—"हे प्रिय सखे ! मैं तुम्हें शपथ दिलाता हूँ, सत्य कहो वह कौन सी बात थी" मधुमङ्गल बोला—मैं यज्ञोपवीत को छूकर शपथ करता हूँ कि उस बात को कभी भी अन्यथा नहीं कहूँगा अर्थात् सत्य ही कहूँगा ॥९९॥

कारण यह है कि—जितेन्द्रिय आचार्य ने मुझे जितेन्द्रिय बनाया है, शान्त चित्त वाले ने मुझे शान्त बनाया है, ज्ञानी गुरुदेव ने मुझे ज्ञानी बनाया है, एवं स्वतः परिपूर्ण आचार्य ने मुझको परिपूर्ण किया है । और योगशक्ति से छिपे हुए उसी आचार्य ने मेरी मिथ्या वाणी भी छिपा दी है । अतः स्पष्ट ही अभीष्ट देने

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तेन छन्नेन चाभूवं छादितानृतवाक् पुनः ।
कथं वा स्पाशितान् कुर्यां गुणांस्तान् स्पष्टमिष्टदान् ॥
किन्तु युवयोर्वधूनां चाज्ञामाज्ञाय परं विज्ञापनीयं तासु, तन्न चेन्न ॥१००॥

कृष्ण उवाच—उन्मत्त ! प्रथममावयोरावेदय । मधुमङ्गल उवाच—यदि न खिद्याथे । उभावूचतुः—नहि नहि । मधुमङ्गल उवाच—एवमुच्चैःकारमपि विवक्षामि, तयोरनयोर्यथास्वं प्रेयसीभिः सह सा सा श्रेयसी विद्या नाद्यापि विच्छिद्यमाना विद्यते, यन्मुहुरारभ्यत एव वनाभ्यन्तरे केलिकलहप्रलापकलापः इति ।

ततश्च कृष्णः सव्येन पाणिना तदपसव्यं बाहुं गृहीत्वा दक्षिणांगुष्ठमध्यमाभ्यां तदधरपुटं मृदु निष्पीड्य स्मयमान उवाच—सुष्ठु घृष्टपट्टडोरकेण तदिदं सीव्यते चेन्मुनितामापद्यते विप्रकीर्ण बुद्धिरयं मन्मित्रविप्रः । मधुमङ्गलस्तु तद्वन्मुद्रितमुख एवाम्बूकृतनिरस्तग्रस्तवचनतया व्यक्तवान्—तथा चेदन्तर्लोभनमन्यत्र तु दुर्लभं निजगृहान्मत्स्यण्डीखण्डचयमादायाखण्डकालमेव मन्मुखं पूरयथः । ततः कथं वा किमर्थं वा वाणीव्ययं करवाणि, तदेतदपि सेवनमेव भण्यते ।

रामः सस्मितमुवाच—उत्कोचश्चामिषमेव भण्यते, तदपि ब्राह्मणाः कामयेरन् ?

तदेवं सखिसभा-सत्सु हसत्सु स्वयं स तु नर्मपटुर्वटुः सतृष्णं कृष्णं क्षणमालिङ्ग्य च प्रेङ्खोलयन् प्रकटं जाहसीति स्म ॥१०१॥

वाले उन पूर्वोक्त गुणों को मैं कैसे त्याग दूं ? किन्तु तुम दोनों भाइयों की तथा तुम्हारी वधूजनों की आज्ञा को जानकर ही निवेदन करूँगा । परन्तु वधूगण की यदि आज्ञा नहीं होगी तो नहीं सुनाऊँगा ॥१००॥

श्रीकृष्ण बोले—अरे पागल ! पहले हम दोनों के आगे ही कह दे । मधुमङ्गल बोला—यदि तुम दोनों को खेद न हो तो सुनाऊँ । दोनों भाई बोले—नहीं नहीं । मधुमङ्गल बोला—देखो, मैं ऊँचे स्वर से कहना चाहता हूँ । सुनो, इन दोनों की प्रेयसी गोपियों के सहित वह वह यथायोग्य श्रेयस्करी विद्या, आज भी अविच्छिन्नरूप से विद्यमान है । जिस कारण से वन के भीतर भी बारंबार प्रणयकलह का समस्त प्रलाप समूह आरम्भ किया जाता है ।

तब श्रीकृष्ण अपने बाएँ हाथ से मधुमङ्गल का दायाँ हाथ पकड़कर अपने दाहिने अंगूठे एवं बीच की अँगुली द्वारा उसके अधरपुट को धीरे से दबाकर मुसकातेहुए बोले—"यदि अच्छी प्रकार बटीहुई रेशमी डोरी से यह मुख सीं दिया जाय, तब तो विक्षिप्त बुद्धि वाला यह मेरा मित्र ब्राह्मण मौनी बन जाता" । किन्तु मधुमङ्गल तो उसी प्रकार मुंदे हुए मुख से ही थूक के सहित शीघ्रतापूर्वक अधूरे शब्दों से अपने भाव को व्यक्त करने लगा कि—देखो भाई, मेरा मुख बन्द करना ही यदि तुम दोनों को अभिप्रेत है तो एक काम करो, मेरे मन को लुभाने वाली अन्यत्र दुर्लभ बहुत सी मिश्री को अपने घर से लाकर हर समय मेरा मुख भरते रहो, ऐसा करने पर फिर मैं किस प्रकार एवं किस प्रयोजन से वाणी का व्यय करूँगा । बस यह कार्य करना भी एक प्रकार की मुख की सिलाई कही जाती है, सेवा भी कहाती है । श्रीबलरामजी कुछ मुसकराकर बोले—घूस को ही तो आमिष या लोभजनक वस्तु कहते हैं, तब क्या ब्राह्मण उसकी भी इच्छा कर सकते हैं ? ऐसा कहने पर मित्ररूप सभी सभासद जब हँसने लगे तब परिहासपटु वही वटु मधुमङ्गल श्रीकृष्ण को तृष्णापूर्वक क्षणभर स्वयं आलिङ्गन कर झूला की तरह झुलाता हुआ ऊँचे स्वर से बारंबार हँसने लगा ॥१०१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ सर्वगुणशाली वनमाली बहल-कुतूहल-कलित-चित्ततया चलितः सखिभिर्वलितः फलितशाखिशाखाशिखाललितेनाध्वना धेनूर्लब्ध्वा वेणुध्वनिमुद्भावयामास ॥१०२॥

ततश्च धेनूपलक्षणतया सर्वाणि यदाकृक्षन्त, तदा साश्चर्यं नभस्थः कश्चिदाह स्म—

"सर्वः प्रवाहः सर्वत्र स्वानुकूल्येन कर्षकः ।
वेणुध्वनिप्रवांहस्तु प्रातिकूल्येन कर्षति ॥१०३॥

अनन्तरञ्च—गावः स्वानृषभान् भुजङ्गमभुजः षड्जान् पिकाः पञ्चमा-
नन्ये च प्रतिपद्य तान्निजनिजान् सुष्ठु स्वरान् वेणुतः ।
आश्चर्येण विकर्षणं मुहुरहो मोहं तथा भेजिरे
सर्वे चेदसकृत् क्व सान्त्वनविधिं कुर्वन्तु के वा तदा ? ॥१०४॥
स्वयमपि मोहं भेजे, यदि निजवेणुध्वनौ कृष्णः ।
स्यादुर्वरितः को वा, जीवः स हि सर्वजीवस्य ॥" इति ॥१०५॥

किन्तु हन्त ! वेणुरवश्रवणसुखविस्तार एव तत्र निस्ताराय बभूव ।

यतः—मोहेऽपि स्वप्नकलितं निशम्य मुरलीकलम् ।
परस्परं जाग्रतस्ते पश्यन्ति स्म सविस्मयम् ॥१०६॥

तदनन्तर सर्वगुणशाली श्रीवनमाली अतिशय कौतुक से आक्रांत चित्त होकर एवं सखाओं से परिवेष्टित होकर चल दिये। वे जिस मार्ग से चले वह मार्ग फलवान् वृक्षों की शाखा समूह द्वारा परम मनोहर था। वहाँ गौओं को पाकर श्रीकृष्ण ने वंशीध्वनि प्रगट कर दी ॥१०२॥

उसके बाद गौओं को उपलक्ष्य करके जब सभी आकर्षित हो गये तब आकाश में स्थित कोई व्यक्ति आश्चर्यपूर्वक इस प्रकार बोला कि—सभी प्रवाह सब जगह अपने अनुकूल ही आकर्षण करते हैं, किन्तु वेणुध्वनि का प्रवाह तो अपने से विपरीत दिशा की ओर भी आकर्षण करता है। अर्थात् नदी आदि के प्रवाह जिस दिशा की ओर बहते हैं, प्रवाह में पड़ी हुई वस्तु भी उधर ही बहती है। किन्तु वेणुध्वनि श्रीकृष्ण मुख से निकलकर जिस दिशा की ओर जाती है धेनु आदि वस्तुओं को वह उसके विपरीत श्रीकृष्ण की ओर ही आकर्षित कर देती है ॥१०३॥

उसके बाद धेनुगण अपने ऋषभ नामक स्वर को, मयूरगण षड्जस्वर को, कोकिलगण पञ्चम स्वर को, एवं अन्यान्य सब भी उन अपने अपने मधुर स्वरों को वंशी से ही जानकर आश्चर्यपूर्वक एवं बारंबार मोह को प्राप्त हो गये। अहो ! सभी यदि बारंबार इस प्रकार विमुग्ध हो जाते हैं तब कौन किसकी कहाँ सान्त्वना विधि करें ? ॥१०४॥

आश्चर्य की बात तो सुनो—श्रीकृष्ण यदि स्वयं भी अपनी वेणुध्वनि में विमुग्ध हो जाते हैं, तब कौन जीव विमुग्ध हुए बिना बच सकता है ? कारण वे श्रीकृष्ण ही तो सब जीवों के अन्तर्यामी मोहनकर्ता हैं ॥१०५॥

किन्तु अहह ! वेणुध्वनि श्रवणजनित सुख का विस्तार ही मोह के विषय में निस्तार का कारण बन गया। क्योंकि मोहदशा में भी स्वप्न दृष्ट पदार्थ की तरह मधुर मुरलीध्वनि को सुनकर मोहदशा से जागते हुए भी वे सब परस्पर विस्मयपूर्वक देखने लग जाते हैं ॥१०६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च स्वस्थीभूतेषु तेषु समुत्थितेषु गाः प्रतिप्रस्थितेषु च मधुर्मधुरस्मितमुवाच—ब्राह्मणान् प्रति दुरनुध्यानस्य फलं सद्य एव जातं निध्यातम्; यदहो मम मूकत्वमनुध्यातं सर्वमध्यमध्यासीनेनैकेन सर्वस्यैव तु मूकत्वं जातम् ॥१०७॥

एवमेव तेन सह हसन्तस्ते माथुरदेशदेशरूप-गोनिदेशवचनतया—॥१०८॥

सम्बोधने हिहीत्यूचुः क्षेपे जिहि जिहीति तुं ।
धिरीह इति विष्कम्भे गां नेतुं यमुनामगी ॥१०९॥
चोकारं पाथसः पाने झिरिकारं वियोजने ।
तस्मात् पयस उत्थाने चक्रुस्तिरितिरीति ते ॥११०॥
स्तम्भयित्वाम्भसस्तीरे गोसंख्या गोगणानथ ।
सम्भाल्य सम्भृतानन्दाः कृतस्नानादिका जगुः ॥१११॥
प्रहापितं प्रतिशिशु मातृभिस्तदा, सुभोजनं सुरभितयोजनं मुदा ।
हरिः सखीन् परि परिवेषयन् हसन्, परीक्षितं सकृदकृत स्वजिह्वया ॥११२॥

ततश्चाचरिताचामः श्रीदाम-दाम-सुदाम-वसुदामादिभिः सह कर्पूरपूरित-खपुरानुकूल-स्वर्णवर्णपर्ण-शुभ्रतावकीर्ण-चूर्णमय-ताम्बूलपूर्णकपोल - लोलकुण्डल-मण्डनानन - लक्ष्मीकश्चक्षु-र्विजितनालीकः स्वजनावलोकनाभीकः श्रीलगोपालः स्वालयाय चचाल ॥११३॥

तदनन्तर उन सबके स्वस्थ हो जाने पर, खड़े हो जाने पर एवं गैयाओं के प्रति चल देने पर मधुमङ्गल मधुर मधुर हँसता हुआ बोला—ब्राह्मणों के प्रति अवज्ञा करने का फल तत्काल ही हो गया, देख भी लिया। क्या आश्चर्य का विषय है ? देखो, सब सखाओं के बीच में बैठकर अकेले श्रीकृष्ण ने मेरे मुख को बन्द करने का विचार किया था, किन्तु अब तो सभी का मुख बन्द हो गया, अर्थात् वंशीध्वनि सुनकर सभी तो गूंगे हो गये ॥१०७॥

इस प्रकार मधुमङ्गल के साथ हँसते हुए, वे सभी ग्वारिया मथुरामण्डल में प्रचलित गैया चराने के शब्दों के अनुसार—॥१०८॥

गैयाओं को बुलाने के विषय में—"ही ही" फटकारने के विषय में,"जिहि जिहि" गैयाओ को यमुना ले जाने के समय रोकने के लिए, "धिरीह" जलपान कराने के समय, "चो चो" अलग करने के समय, "झिरि झिरि" जल से बाहर निकालने के समय, "तिरि तिरि" इत्यादि इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करने लगे ॥१०९–११०॥

तदनन्तर सभी ग्वालबाल गैयाओं को जल के तीर पर रोककर, सभी धेनुओं को सँभालकर, आनन्द से परिपूर्ण होकर, स्नानादि कार्य समाप्त कर, सब मिलकर गाने लगे ॥१११॥

उस समय प्रत्येक बालकों की माताओं द्वारा भेजे हुए सुगन्ध से परिपूर्ण सुन्दर भोजन को श्रीकृष्ण हर्षपूर्वक सब सखाओं को परोसते हुए, स्वयं हँसते हँसते एक बार अपनी जिह्वा से सभी भोजनों की परीशा करने लग गये ॥११२॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण आचमन करके श्रीदामा, दामा, सुदामा, वसुदामा आदि सखाओं के सहित अपने घर को चल दिये। चलते समय कपूर से पूरित सुपारी के उपयोगी एवं सुवर्ण के समान सुन्दर वर्णवाले पत्रों से विशिष्ट श्वेत नक्षत्र चूर्णतुल्य चूर्ण से भरे हुए ताम्बूल के खाने से उनके दोनों कपोल परिपूर्ण थे,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यथा—शनैः शनैः सरभसमन्यवन्यया, स तर्णयन् सुरभितृणानि सौरभम् ।
व्रजस्थितान् प्रतिविरहाकुलीभवन्, बकान्तकः प्रतिचलति स्म तैः सह ॥११४॥

विधाय गा गोकुलसम्मुखीना, महातरुच्छायमुपास्य कृष्णः ।
देवोपदेवस्तुतिगीतवाद्यं, शृण्वन्मुहुः प्राप तटं व्रजस्य ॥११५॥

गीर्वाणैर्दिव्ययानैः पथि पथि मुनिभिर्मन्त्रयोगादिसिद्धै-
र्गव्याभिघ्राणदृग्भिस्तदनुगतनरैर्दृष्टिदेशे सरद्भिः ।
गोष्ठस्थैरुन्नतस्थैः प्रणिहितवदन-श्रीमयूखः समन्ता-
न्नेत्राब्जप्रान्तलक्ष्मीकलितसुखकुलः पूर्णवेणुर्विवेश ॥११६॥

हम्बारावः पशूनां प्रमदकलकलः पाशुपाल्यव्रजानां
स्तोत्रासारः सुराणां निगमसमुदयावृत्तिघोषस्त्वृषीणाम् ।
इत्थं सांराविणान्तर्बधिरसमदशामागते सर्वलोके
वेणोः सूक्ष्मोऽपि नादः स जयति नितरां यः समस्तं भिनत्ति ॥११७॥

अथ वनकुल-गोकुलाभ्यां मिथः सुखमभिमुखमागतयोर्महतां समूहयोर्महोदधितुल्ययोः

तथा उन सुन्दर कपोलों पर चञ्चल कुण्डलरूप आभरणों से उनके श्रीमुख की शोभा और भी अधिक मालूम पड़ती थी। उन्होंने अपने दोनों नेत्रों द्वारा कमल की शोभा को भी जीत लिया था, और जो माता पिता आदि स्वजनों के दर्शन के लिये उत्सुक थे ॥११३॥

वकासुरनिहन्ता श्रीकृष्ण सहर्ष धीरे धीरे विभिन्न वनों में धेनुवृन्द को सुगन्धित तृणादि चराते हुए, व्रज में अवस्थित सभी के प्रति विरहाकुल होते हुए, सखाओं के सहित घर के प्रति चल दिये ॥११४॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण सभी गैयाओं को गोकुल की ओर मुखवाली करके बड़े बड़े वृक्षों की छाया का आश्रय लेकर देवता और गन्धर्व आदिकों द्वारा की हुई स्तुति एवं गाना बजाना आदि सुनते हुए व्रज के निकट आ पहुँचे ॥११५॥

दिव्य विमानों में बैठे हुए देवगण, प्रत्येक मार्ग में मन्त्र एवं योगादि द्वारा सिद्ध मुनिगण, नासिका से ही वस्तुओं को पहचानने वालीं सभी धेनुवृन्द, दृष्टि के सामने आने वाले मनुष्यगण, गोष्ठस्थित एवं अटारी आदि ऊँचे स्थानों में बैठे हुए दर्शनोत्सुक भक्तगण जब स्वतः प्राप्त श्रीकृष्ण की श्रीमुख शोभा का दर्शन कर रहे थे, तथा चारों ओर नेत्रकमलों के प्रान्तभाग की शोभा द्वारा परिपूर्ण सुख का ही जब अनुभव हो रहा था, तब श्रीकृष्ण ने वंशी बजाते हुए श्रीनन्दग्राम में प्रवेश किया ॥११६॥

उस समय पशुओं का हम्बारव, गोपगणों की हर्षपूर्ण कलकल ध्वनि, देवताओं की धाराप्रवाह स्तुति, श्रीसनकादि ऋषियों की चारों वेदों की आवृत्ति का शब्द, इस प्रकार चारों ओर से मिलकर एक भारी कोलाहल हो उठा, जिससे सभीजन प्रायः बहिरे से हो गये। इतने कोलाहल के समस्त शब्द को भी जो भेदन कर रहा है, वह सूक्ष्म भी वेणुनाद अतिशय विजयी है, अर्थात् इतने कोलाहल में भी वंशी की सूक्ष्म मधुरध्वनि सबको सुनाई पड़ती थी ॥११७॥

तदनन्तर एक ओर वन से तथा दूसरी ओर गोकुल से निकलकर सभीजनों के परस्पर सुखदायक सम्मुख प्रदेश में उपस्थित होने पर, दोनों ओर के दो सज्जन समुदायों का मानो दो विशाल समुद्रों का सा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सङ्क्रमः संवृत्तः; यथा नित्यमेव तथानुभविनामपि दिवौकसां चमत्कृतिरजायत; यत्र श्रीगोविन्द एव स्वयमिन्दवति स्म, स्वयमेव च वेणुशिक्षया धेनूः पृथक् पृथगवातस्तम्भत् ॥११८॥

तत्र गोष्ठाद्बहिर्लम्भित-मुहुरुपष्टम्भानां दोहनादिकर्मणा गवां तर्णकादीनामपि शर्म निर्माय दुग्धाय जनान् पुरो विधाय सवयोभिः सवयोभिरावृतौ सर्वेषां मध्यवृत्तौ सुवृत्तौ गोपुरमाव्रजन्तौ गृहाय व्रजन्तौ स्वकुलयशोदायि-यशोदादिपुरन्ध्रीराजि-नीराजितौ राजितौ लाजादिभिरभिवृष्टौ सममेव समस्तनयनदृष्टौ गोष्ठाभ्यन्तरं प्रविष्टौ निजनिजप्रेयसीसमाकृष्टिपटु-दृष्टिविशिष्टौ निहतदनुजौ रामरामानुजौ चरणमार्जनवीजनादिभिर्विशश्रमतुः ॥११९॥

तत्र क्षणकतिपयं जननीजनित-लालननिर्माण-शर्मानुभूय स्नानधामनि सम्भूय निजसेवा-कृज्जनकारित-मज्जनादिभिः सुवेशतया विभूय पुनर्जननीसनीडमेवाजग्मतुः ॥१२०॥

ततश्च संध्यां गमयित्वा जनकादिभिः सह भोजनलीलां जनयित्वा बहिःसभाभागमागम्य नानाबन्धुजनतया समागम्य तद्विशिष्टौ सूपविष्टौ बभूवतुः ॥१२१॥

यत्र नानागुणिशतेषु समागतेषु ताभ्यां सुकुमारताप्रभूताभ्यां कुमारसूताभ्यां सह सुमतिरत्नचूडावावव्रजतुः ॥१२२॥

ततः श्रीमता गोलोकसाम्राज्यवता भोजनादिकं पृष्टयोस्तयोः परमहृष्टयोः श्रीयुत-

---

सम्मेलन हो गया। ऐसी अवस्था का नित्य अनुभव करने वाले देवताओं को भी विस्मय उत्पन्न हो गया। कारण—वहाँ पर श्रीगोविन्द भगवान् ही स्वयं चन्द्रमा की सी शोभा धारणकर दिव्य चन्द्रमा का सा आचरण कर रहे थे, तथा स्वयं ही वेणुशिक्षा द्वारा धेनुगण को पृथक् पृथक् भाव से रोक रहे थे ॥११८॥

वहाँ पर खिड़क से बाहर ही जो गैयायें बारंबार रोकी गईं उन गैयाओं का दोहन आदि कर्म द्वारा तथा दूध पिलाकर बछड़ाओं को भी सुख उत्पन्न कर, दूध ले जाने के लिये सेवकजनों को आगे कर, समान अवस्था वाले सखाओं से घिरकर, सबके बीच में होकर, पुरद्वार पर आते हुए, पश्चात् घर के लिये जाते हुए, अपने अपने कुल को यश देने वाली यशोदा आदि पुरवासिनियों द्वारा नीराजित होकर, अर्थात् आरती उतारने पर, सुशोभित होकर, खीलों की वृष्टि का अनुभव कर, एक साथ ही समस्त जनों की दृष्टि के गोचर होकर, अर्थात् सभी को दर्शन देकर, गोशाला में प्रविष्ट होकर, निज निज प्रेयसी गोपियों को खैंचने में चतुर दृष्टि से विशिष्ट होकर, दैत्यों के मारनेवाले श्रीराम कृष्ण दोनों भाई चरण प्रक्षालन एवं वीजन आदि द्वारा विश्राम करने लग गये ॥११९॥

वहाँ पर कुछ क्षणों तक दोनों भैया माताओं के द्वारा किये हुए लाड़मय प्यार के सुख का अनुभव कर, स्नानालय में आकर, अपने सेवकों द्वारा कराये गये स्नानादिकों से सुसज्जित होकर फिर भी माता के पास आ गये ॥१२०॥ तदनन्तर सन्ध्या समय बिताकर, पिता श्रीनन्दादिकों के साथ भोजनलीला को समाप्त कर, बाहर में स्थित सभा के विभाग में आकर, वहाँ एक ही साथ अनेक बन्धुजनों से मिलकर उनके साथ ही सभा में भली प्रकार बैठ गये ॥१२१॥ जहाँ पर अनेक प्रकार के सैकड़ों गुणीजनों के उपस्थित हो जाने पर अति सुकुमार मधुकण्ठ एवं स्निग्धकण्ठ नामक उन दोनों सूत बालकों के साथ सुमति और रत्नचूड़ भी आ पहुँचे ॥१२२॥

तदनन्तर गोलोक साम्राज्य के अधिपति श्रीमान् नन्दजी ने सुमति व रत्नचूड़ से भोजनादि के विषय में पूछा। उससे वे दोनों परम प्रसन्न हुए। पश्चात् श्रीकृष्णचन्द्र ने अपने छोटे भाइयों की तरह (मधुकण्ठ

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रामानुजस्तु निजानुजवदेव तौ सूततनूजावाहूय भूयसा स्नेहेन सदेशमुपवेशयामास। निजव्रज-वासिसूतादीनां प्रभूतानां भव्यानि काव्यानि तैरेव श्रावयामास च। ततश्च तौ परमहृष्टौ सन्तौ स्वगुणकलापं सफलयितुं बलवदुत्कण्ठितवन्तौ ॥१२३॥

अथ प्रहरमात्रायां रात्रावाचरितयात्रायां नन्दित-सर्वसमाजेन श्रीव्रजराजेन समज्या-प्रधानेषु प्रातर्नव्यकाव्यश्रवण-निमन्त्रणमपवर्ज्य विसृज्यमानेषु तं निजजनकमनुज्ञाप्य कनक-वसनस्तौ सुकुमारौ सूतकुमारौ करे गृहीत्वा स्पृहान्तरं हित्वा मातृगृहान्तः सङ्गतवान्, मातरं प्रति तयोः प्रसङ्गं सङ्गमितवांश्च ॥१२४॥

ततस्तु तां सर्वस्तुतां तौ कुमारसन्तौ सुखसारं सम्भवन्तौ विविधमेवं विचारितवन्तौ— "किमियमस्य गोकुलकुलचन्द्रस्य क्षीरनीरधिगम्भीरवेला ? किंवा पूर्णतदुदयाकर-राकासाकार-तया लब्धमद्विधदृष्टिमेला ? किंवा प्राचीदिगेवमानन्दनया रचितनया ? वस्तुतस्तु तनयविषया दया किल स्फुरदेवमुदयतया शीतलीकृतलोकसमुदया" इति ॥१२५॥

अथ सा च परमरमणीयचरिता मधुरेण व्यवहारादिनाभ्यवहारादिना वस्त्रालङ्कारादिना च प्रचुरतरमेव स्नेहं तयोराचरितवती ॥१२६॥

ततश्च तयोर्मङ्गलाय मातरमाशिषश्चित्वा वाससमासादनाय चानुज्ञावितरं याचित्वा

स्निग्धकण्ठ नामक) उन दोनों सूत पुत्रों को बुलाकर अतिशय स्नेह से अपने निकट ही बैठा लिया। एवं बहुत से अपने व्रजवासी सूतजनों द्वारा बनाये हुए मङ्गलमय अनेक काव्य भी उन्हीं के द्वारा उन दोनों को सुनवाये। उन व्रजवासी सूतों की कविता सुनकर मधुकण्ठ व स्निग्धकण्ठ दोनों भाई परम प्रसन्न होकर अपने गुणसमूह को सफल करने के लिये अतिशय उत्कण्ठित हो गये ॥१२३॥

उसके बाद एक पहर रात बीत जाने पर श्रीव्रजराज ने उत्सव विधानपूर्वक सकल समाज को आनन्दित करके तथा सभा में स्थित प्रधान प्रधान व्यक्तियों को प्रातःकाल नूतन काव्य सुनने के लिए निमन्त्रण देकर विदा कर दिया। तत्पश्चात् पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण अपने पिताजी की अनुमति लेकर उन दोनों सुकुमार सूत कुमारों को अपने हाथ में पकड़कर, दूसरी इच्छा को छोड़कर, माता श्रीयशोदा के घर के भीतर पहुँच गये, एवं माता के प्रति उन दोनों के प्रसङ्ग को भी जना दिया ॥१२४॥ तदनन्तर कुमार श्रेष्ठ वे दोनों बालक सर्वपूज्या एवं सुखसाररूपा श्रीयशोदा माँ को प्राप्तकर अनेक प्रकार के विचार करने लगे। अर्थात् उत्प्रेक्षा करते हुए सोचने लगे—यह क्या, इन गोकुलचन्द्र की उत्पत्ति भूमिरूपा क्षीरसमुद्र की गम्भीर तीरभूमि है ? अथवा कृष्णचन्द्ररूप पूर्णचन्द्र का उदय करने वाली राका नाम की पूर्णिमा का आकार धारणकर हम जैसों के भी दृष्टिगोचर हो गई है ? किंवा पूर्व दिशा ही पूर्वोक्त प्रकार के आनन्द को दिखाकर नीति का निर्माण कर रही है ? वास्तव में तो पुत्रविषयिणी दया ही इस रूप से प्रगट होकर सम्पूर्ण लोकसमुदाय को शीतल कर रही है ॥१२५॥

तदनन्तर परम रमणीय स्वभाव वाली उस श्रीयशोदा माँ ने मधुर व्यवहार, मधुर आहार एवं वस्त्रालङ्कार आदि द्वारा उन दोनों सूत बालकों पर अधिकतर स्नेह प्रदर्शित किया ॥१२६॥

उसके बाद सब सुखों के सारस्वरूप श्रीव्रजराजकुमार ने उन दोनों सूत बालकों के मङ्गल के लिए अपनी माता से आशीर्वाद लेकर, निवासस्थान पर जाने के लिए अनुज्ञारूपी दान माँगकर अर्थात् आज्ञा

CC-0. Swami Vimalanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्वयमपि स्नेहावेशमय-तन्निदेशवशतया विश्रमाय संवेशवेश्म प्रविशन् सर्वसुखसारः श्रीगोपाधिपतिकुमारस्तौ सूतसुतौ स्वेन युतौ विधाय श्रीराधिकासदेशमासादितौ चकार ॥१२७॥

आसन्नौ च तौ विद्युदावलिषु तदधिदेवतामिव, कमलिनीषु कमलालयामिव, सर्वसम्पत्तिषु सदनुकम्पामिव, गुणश्रेणिषु सविनयनीतिमिव, हरिरतिजातिषु महाभावसम्पदमिव, निखिलसखीषु श्रीराधामीक्षामासतुः ॥१२८॥

अथ तां पश्यन्तावेव प्रेमवश्यं तावात्मानमजानन्तावात्मना कृष्ण एव सान्त्वयामास; ॥१२९॥ सान्त्वितौ च तौ तञ्च ताञ्च निवार्य्य चिन्तयामासतुः—१३०॥

"इन्द्रनीलरुचिजीवनं महः, स्वर्णवर्णनिकराकरप्रभा ।
यच्च या च चयनं तयोरिदं, द्वन्द्वमादिरससारकारणम्" ॥१३१॥ इति ॥

अथ कंसरिपुणा परिचायितयोश्च तयोरेषा सकौतुकं बालदेवरयोरिव कुमारवरयोः सशर्म सनर्म च पुरस्कारं चकार ॥१३२॥

ततः सङ्गिनः प्रदाप्य मातुलगृहमेव तौ प्रस्थाप्य श्रीगोविन्दः स्वमोहनमन्दिरं प्रविवेश संविवेश च ॥१३३॥

तत्र—आयाते रमणे ससम्भ्रममुपागम्यासनादिक्रिया-
मार्चर्य व्यजनादिभिः स्वयमसौ सेवावधानं दधे ।

लेकर, स्वयं भी स्नेहावेश से पूर्ण माता की आज्ञा के वशवर्ती होकर विश्राम के लिए शयनगृह में प्रवेश करते हुए, उन दोनों सूत बालकों को भी सङ्ग में लेकर श्रीराधिकाजी के निकट पहुँचा दिया ॥१२७॥

उन दोनों ने वहाँ पहुँचकर बिजली की पंक्तियों में उनकी अधिष्ठात्री देवी की तरह, कमलिनीसमूह में कमलालया लक्ष्मीदेवी की तरह, समस्त सम्पत्तियों के बीच में सज्जनों की अनुकम्पा की तरह, गुण की श्रेणियों में विनयपूर्ण नीति की तरह, एवं श्रीहरि की प्रीतिसमूह में महाभाव सम्पत्ति की तरह, सब सखियों के बीच में विराजमान श्रीमती राधिकाजी का दर्शन किया ॥१२८॥ वे दोनों श्रीराधिकाजी का दर्शन करते करते ही प्रेम के वशीभूत हुई अपनी आत्मा को भी भूल गये, यह देखकर स्वयं श्रीकृष्ण ने ही उनको सान्त्वना दी ॥१२९॥ वे दोनों सान्त्वना पाकर श्रीकृष्ण एवं श्रीराधिका को देखकर इस प्रकार विचार करने लगे—॥१३०॥ इन्द्रनीलमणि की जो शोभा है, उस शोभा के जीवनस्वरूप तेज, एवं सुवर्ण वर्णसमूह के खजाने की जो प्रभा है, इन दोनों पदार्थों का जो एकत्र सम्मेलन है, बस वहीं ये श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा हैं, एवं ये दोनों ही आदिरस के सार के कारण हैं ॥१३१॥

अनन्तर श्रीकृष्ण ने जब इन दोनों का परिचय दिया तब श्रीराधाजी ने कौतुकपूर्वक परम सुख से छोटे देवरों के समान दोनों ही श्रेष्ठ सूत कुमारों को क्रीड़ापूर्वक हँसते हुए पुरस्कार प्रदान किया ॥१३२॥

उसके बाद अपने सङ्ग वाले दो चार सहचरों को साथ देकर उन दोनों सूत पुत्रों को उनके मामा रत्नचूड़ के घर को ही भिजवाकर श्रीकृष्णचन्द्र ने अपने मोहनमन्दिर में प्रवेश किया, एवं शयन करने लगे ॥१३३॥

शयनगृह में श्रीकृष्ण के आने पर श्रीराधाजी सम्भ्रमपूर्वक श्रीकृष्ण के पास आकर आसन देना आदि कार्य सम्मानपूर्वक करके, चामर, व्यजन आदि द्वारा स्वयं ही सेवा की परिपाटी में संलग्न हो गईं। श्रीकृष्ण जब शय्या पर पहुँच गये तब श्रीराधिकाजी सखियों के द्वारा प्रार्थना करने पर भी "मैं किसी स्थान पर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

शय्यायां त्वरितं गते पुनरियं लीना सखीयाचिता-
प्यासीत् क्वापि कदापि तत्परिचिता नास्मीति तद्वच्चञ्चती ॥१३४॥

तत्र सखीनां वचनम्—

अदृष्टे दर्शनोत्कण्ठां दृष्टे तु त्वमपह्नुतिम् ।
सर्वदा कुर्वती कृष्णे कीदृशीति न लक्ष्यसे ॥१३५॥
ततः सखीभ्यां सुगृहीतबाहु,-र्नीतापि मध्ये गृहमायताक्षी ।
स्तम्भेन बाह्येन तथान्तरेण, कृतावलम्बा चकृषे प्रियेण ॥१३६॥
बलेन कृष्टा हरिणाप्यनल्पं, तल्पं गतासोन्मिलितुञ्च लोला ।
तथापि नायादृजुतान्तु किन्तु, कराकरिप्रायतया ससञ्ज ॥१३७॥
अमिलनहठकृद् यदामिलद्वा, हरिमथ भेदयितेयमाशु केन ?
द्वयमपि चरितं न चित्रमस्या, यदलमसौ रसरूपतामयासीत् ॥१३८॥
श्रीकृष्ण ! कृष्णचैतन्य ! ससनातनरूपक !
गोपाल ! रघुनाथाप्त ! व्रजवल्लभ ! पाहि माम् ॥१३९॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु गोलोकविलासविकासनं नाम द्वितीयं पूरणम् ॥२॥

इति श्रीगोलोकविलासः सम्पूर्णः ।

किसी काल में भी श्रीकृष्ण से परिचित नहीं हूँ" इस प्रकार के भाव को प्रकाशित करती हुई दूसरे कोठे में छिप गईं ॥१३४॥

तब सखियाँ कहने लगीं—हे राधे ! श्रीकृष्ण के दर्शन न होने पर तो तुम दर्शन की उत्कण्ठा करती हो और जब उनके दर्शन हो जाते हैं तब तुम अपने भाव को छिपाती हो। तुम श्रीकृष्ण के प्रति सदैव इसी प्रकार का भाव प्रकाशित करती रहती हो। अतः तुम किस प्रकार की हो, यह हम नहीं जान पाई हैं ॥१३५॥ तदनन्तर ललिता विशाखा नामक दोनों सखियों द्वारा अच्छी प्रकार दोनों हाथ पकड़कर घर के बीच में लाई हुई भी विशाललोचना श्रीराधिका बाह्य एवं आन्तरिक स्तम्भभाव से अवलम्बित होकर जब स्थिर होगईं तब प्रियतम ने उनको करकमल से खेंच लिया ॥१३६॥

श्रीकृष्ण के द्वारा अत्यन्त बलपूर्वक खेंची जाने पर, अभिलाषायुक्त होने पर भी श्रीराधिका श्रीकृष्ण से मिलने के लिये कठिनता से शय्या पर पहुँच गईं तथापि वह सरलता को नहीं प्राप्त कर पाईं, किन्तु प्रायः बाहुयुद्ध द्वारा ही संयुक्त हो गईं ॥१३७॥

न मिलने में जिन्होंने इतना हठ प्रकाशित किया, एवं पश्चात् श्रीकृष्ण से मिल भी गईं, तब कौन व्यक्ति श्रीराधिका को शीघ्र वशीभूत कर सकता है ? इनका 'मिलना' 'न मिलना' रूप दोनों ही प्रकार के चरित्र आश्चर्यजनक नहीं हैं। कारण—ये श्रीराधिका मधुररस की पराकाष्ठा को प्राप्त हैं। अर्थात् इनके वास्तविक रूप को पहचानना साधारणजन के वश की बात नहीं है ॥१३८॥

हे श्रीकृष्ण ! हे कृष्णचैतन्य ! हे सनातन सहित श्रीरूप ! हे गोपाल ! हे रघुनाथ ! हे आप्तव्रजवल्लभ ! मेरी रक्षा करो प्रभो ! ॥१३९॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि विरचित श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी भाषाटीकासहिते श्रीगोपालचम्पूकाव्ये श्रीगोलोकविलासविकाशनं नाम द्वितीयं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ तृतीयं पूरणम्

श्रीकृष्णजन्म

श्रीकृष्ण ! कृष्णचैतन्य ! ससनातनरूपक !
गोपाल ! रघुनाथाप्त ! व्रजवल्लभ ! पाहि माम् ॥१॥

तदेवं प्रशस्तशास्त्रावलोकतः श्रीमान् गोलोकः प्रस्तुतः। यत्र लोकाभिव्यक्त-तदनभिव्यक्तवैभव-भेदाद् द्विधापि वृन्दावन-वैभवं विभावितम्; यत्र च लोकानभिव्यक्तवैभवे चिन्तामणिमय-कमलाकार-गोकुल-प्रकारश्चाविकलमवकलितः; यत्र च सप्तप्रकोष्ठा गोष्ठाधिपतिपुरी वर्णनाभिरुरीकृता; यत्र च प्रातरौचिती-चितकृतिप्रभृति श्रीहरिचरितं प्रचारितम्; यत्र च गोपराजराजितसकलसभाजितसभायां भव्यकाव्यविज्ञ-सर्वज्ञतातिमनोज्ञप्रज्ञ-सूतवंशप्रसूत-कुमारद्वयागमनमनवद्यं वर्णितम्; यत्र च व्रजराजादिभिस्तत्कथाशुश्रूषा प्रथयाञ्चक्रे इत्यपि निगदितम्। तदनन्तरमत्र तु तत्कथा वितायते ॥२॥

अथान्येद्युर्ब्राह्ममुहूर्तमारभ्य पूर्ववदेव पूर्वजरामः सर्वं पर्वति स्म। भोजनं पुनरैकान्तिकमेव नित्यमिव तद्दिने जातम्। यथा ज्ञापयन्ति स्म श्रीमत्पितृचरणाः—"तात ! प्रातरेव गोभिः शोभिष्यमाणतां सम्भवता भवता ताभ्यः समग्रानुत्तमग्रासान् प्रादेश्य मदादेश्यतया यत्किञ्चिदुपयुज्य स्वयमञ्चितव्यम्।" इति ॥३॥

तृतीय पूरण

श्रीकृष्ण जन्मलीला वर्णन

अब श्रीगोकुल लीला को वर्णन करने के लिये सिद्ध महामन्त्र के समान सर्वार्थसाधक पूर्वोक्त पद्य को ही ग्रन्थ के आरम्भ में फिर भी लिखते हैं, यथा—

हे श्रीकृष्ण ! हे कृष्णचैतन्य ! हे सनातन सहित श्रीरूप ! हे गोपाल ! हे रघुनाथ ! हे आप्तव्रजवल्लभ ! मेरी रक्षा करो प्रभो ! ॥१॥

पूर्वोक्त रूप से इस प्रकार प्रशस्त शास्त्रों के प्रमाणों द्वारा सुन्दर रूप से गोलोक प्रस्तावित हुआ। जगत् में प्रकाशित एवं अप्रकाशित वैभव के भेद से वृन्दावन का वैभव भी दोनों प्रकार से प्रस्तावना में ही कह दिया। जिसका वैभव लोक में अभिव्यक्त नहीं है उस वैभव के विषय में चिन्तामणिस्वरूप कमल के सदृश गोकुल के आकार प्रकार का अविकलरूप से निरूपण किया। जिस गोकुल में गोष्ठाधिपति श्रीनन्दजी महाराज की सातपरकोटा वाली पुरी अनेक प्रकार से विस्तारपूर्वक कही। जिस पुरी में प्रातःकाल से लेकर सभी समयों के उपयुक्त कार्यकलाप द्वारा श्रीकृष्ण का चरित्र प्रचारित दिखाया। जिस श्रीहरिचरित में श्रीनन्दजी से सुशोभित सर्वजन पूजित सभा के बीच में सर्वत्र उपयुक्त मङ्गलमय काव्य करने में निपुण तथा सर्वज्ञता गुण से अति मनोहर बुद्धि से युक्त, सूत वंश में उत्पन्न, दो बालकों के आने की वार्ता का वर्णन सुन्दर ढङ्ग से हुआ। जिस वर्णन में श्रीव्रजराज आदि द्वारा उन दोनों की कथा सुनने की अभिलाषा भी प्रगटरूप से कही गई। उसके बाद इस तृतीय पूरण में तो उन दोनों की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हैं, यथा—॥२॥

शयन के अनन्तर दूसरे दिन श्रीबलरामजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण ने अति प्रातःकाल से ही पहले

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भोजनञ्च यथा—

अग्र्ये सद्मनि रत्नपीठमहितौ रामाजितौ तद्वधू-
र्हस्तेभ्यः परिगृह्य मातृयुगलेनान्नादि पर्यर्पितम् ।
भुञ्जानौ सखिभिः सुनर्मवलितं प्रस्माययन्तौ च तद्-
युग्मं तेन च पर्वणा परिजनं सर्वं सुखाचक्रतुः ॥४॥

भोजनानन्तरन्तु सास्रं निभालयन्त्याः सस्मितञ्चाकर्णयन्त्याः श्रीमत्या मातृद्वितीयायाः पुरस्तादग्रजेन सखिभिश्च सुखदनानावार्तां वर्तयति श्रीव्रजराजकुमारे व्रजनरेशादेशः प्रविवेश—"वत्स ! सभासदः सभायां सभाजिताः शोभन्ते; तौ च सूतसुतौ स्वसम्प्रदायमादाय वर्तेते ।" इति ॥५॥

तदा च—स तु जननीमनुजानतीं प्रणम्य, द्रुतमनुरामसियाय सभ्यवृन्दम् ।
द्वयमपि तदथ प्रकाशयुक्तं, कुमुदसुहृत् कुमुदाकरायते स्म ॥६॥

तत्राभ्यन्तरतः सभावलयप्रवेशद्वारं परितः स्तम्भपंक्तिसक्तगृहाकारं यत् पञ्चमं लोक-सहस्राधारतासमुचिताकारं पूर्वदिग्गतं पुद्वारं, तस्य बहिरन्तरतया घटित-सूक्ष्मजाल-रन्ध्र-

---

दिन की तरह सारे कार्य पूरे कर लिये । प्रतिदिन के भोजन की तरह उस दिन भी पुनः ऐकान्तिक भोजन कार्य सम्पन्न हुआ । पश्चात् पूज्यपाद पिता श्रीनन्दजी ने आज्ञा दी कि—हे वत्स ! प्रातःकाल जिन गैयाओं के साथ तुम्हारी शोभा होगी, उन सब गैयाओं के लिये समस्त उत्तम उत्तम ग्रासों को देकर पश्चात् स्वयं भी हमारे आदेशानुसार यत्किंचित् अर्थात् थोड़ा सा भोजन करके ही जाना ॥३॥

भोजन का प्रकार इस प्रकार है—किसी एक उत्तम भवन के बीच में श्रीरामकृष्ण दोनों भाई रत्न-जटित सिंहासन पर विराजमान हुए, उस समय दोनों की माताओं ने दोनों की वधूओं के हाथों से लेकर दोनों के लिये अन्न व्यञ्जन आदि परोस दिये । दोनों ही भ्राताओं ने सखाओं के साथ भोजन करते हुए, हासपरिहास पूर्वक दोनों माताओं को हँसाते हुए, उस महोत्सव के द्वारा सभी सेवकों को सुखी कर दिया ॥४॥

भोजन के बाद दूसरी माता श्रीमती रोहिणीजी सजल नेत्रों से देख रही थीं एवं मन्दहासपूर्वक उनकी बातों को भी सुन रही थीं । उस समय श्रीकृष्ण श्रीरोहिणीजी के आगे बड़े भैया श्रीबलरामजी एवं सखाओं के साथ अनेक प्रकार की सुखदायक बातें कर ही रहे थे इतने में ही श्रीव्रजनरेश का आदेश आ पहुँचा कि—हे पुत्र ! सभी सभासद पूजित होकर सभा में सुशोभित हैं । वे दोनों सूतपुत्र भी अपने परिवार को लेकर उपस्थित हैं ॥५॥

यह समाचार सुनते ही श्रीकृष्ण अनुमति देती हुई माताजी को प्रणाम कर शीघ्र ही श्रीबलरामजी के पीछे पीछे सभ्यगणों के पास आ गये । तदनन्तर श्रीकृष्ण एवं सभ्यगण दोनों ही चन्द्र और कुमुदाकर अर्थात् तालाब की तरह शोभा पाने लग गये । भावार्थ यह है कि चन्द्रमा के उदय पर जैसे कुमुदाकर विकसित हो जाते हैं उसी प्रकार श्रीकृष्णचन्द्र को देखते ही सभी सभासद खिल उठे ॥६॥

अथ सभा में यथायोग्य स्थान पर बैठने का वर्णन, यथा—

अन्तःपुर से सभामण्डप में प्रवेश करने के लिये पूर्व दिशा में एक पुरद्वार है, चारों ओर खम्भाओं की श्रेणी के कारण यह पुरद्वार घर के समान दिखाई पड़ता है, यह पुरद्वार पञ्चम है अर्थात् उसके भीतर चार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

जालेन कुड्येन द्विधाविभक्त-दीर्घताविधानस्य तिर्यक्तया मध्यस्थितेन निम्नवर्त्मना बहिरन्त-र्लब्ध-कुट्टिमचतुष्टयस्य बहिःकुट्टिमद्वय-वलितरत्नपीठघटासु यथायथमुपविष्टा मुदाविशिष्टास्ते विभ्राजन्ते स्म ॥७॥

यस्मिन्नु दीच्चीकुट्टिमतटघटितामवाचीमुखतया विभ्राजिनीं राजिमधिकृत्य विराजमानः श्रीव्रजराजस्तस्य तु सव्यतत्तटघटितां प्रतीचीमुखतया श्रीनिधानां श्रेणिमाश्रित्य दत्तसुखसमाजः श्रीव्रजयुवराजस्तथापसव्यतस्तत्तटगतकुड्यसनीडघटितां प्राच्चीमुखतया सुखकरीमावलिमासाद्य परमहितः क्षितिसुरोत्तमसमूहसहितः पुरोहितः सम्यग्विराजते स्म । तत्रावाचीकुट्टिमगताश्च केचिदाभीरवीरा विराजन्ते स्म ॥८॥

ततश्च तयोः कुट्टिमयोर्मध्यभागश्च प्राङ्गणात् क्रमत उन्नतः, स्वयन्तु विस्तीर्णतया नाति-निम्नतया च कुट्टिमस्थानां सुष्ठु दृष्टिसङ्गतः सन् विभ्राजते स्म । श्रीभाजं गोलोकसम्राजमभि-मुखीकृत्य तयोः कुट्टिमयोर्मध्यस्थौ पुटिताग्रहस्तौ तौ सूतसुतौ तु सह सहायमुत्थानयुतौ वर्तेते स्म । ययोश्च सव्यापसव्यतः सर्वे व्रजस्थाः सूतादिषु स्फुरदर्हदवस्थाविशिष्टमुपविष्टा विस्तीर्ण-तासाङ्गप्राङ्गणे तु परे शिष्टाः ॥९॥

दरवाजे और हैं। इस पुरद्वार का ऐसा आकार है कि जिसके भीतर हजारों व्यक्ति आराम से बैठ सकते हैं, तथा इस पुरद्वार के मध्यस्थल में भीतर और बाहर दोनों ही ओर छोटी छोटी खिड़कियों से युक्त एक भींत है, इस कारण भीतर एवं बाहर के मार्ग दो भागों में विभक्त हैं, पूर्वोक्त मार्ग में बाहर और भीतर दो दो करके चार मणिजटित चबूतरे के आकार की ऊँची भूमियाँ प्राप्त होती हैं, उनमें से बाहर की दोनों रत्नजटित भूमियों में रत्नों से जटित अनेक सिंहासन हैं, उन पर दोनों ओर श्रीकृष्ण बलदेव, दोनों ही भैया यथायोग्य अर्थात् बायें एवं दायें भाव से बैठकर प्रसन्नचित्त से युक्त हो सुशोभित हो रहे हैं ॥७॥

जिस सभामण्डप में उत्तर दिशा की ओर वाली रत्नखचित भूमि एवं दक्षिण की ओर मुख वाली सुशोभित श्रेणी को अधिकार करके श्रीमान् व्रजराज विराजमान हैं। श्रीव्रजराज की बाईं ओर रत्नजटित भूमि एवं पश्चिम की ओर मुख वाली शोभा की मूलकारण स्वरूप जो श्रेणी है, उसी का अवलम्बन करके परम सुखदाता श्रीव्रजराजकुमार विराजमान हैं। इसी प्रकार श्रीकृष्ण की दाहिनी ओर रत्नखचित भींत के पास सटी हुई एवं पूर्व की ओर मुख वाली सुखदायिनी श्रेणी है, वहाँ पर परम हितैषी विशिष्ट ब्राह्मण समुदाय के सहित पुरोहितवर्य श्रीशांडिल्यमुनिजी अच्छी प्रकार विराजमान हैं। तथा दक्षिण दिशा वाली रत्नमयी भूमि में विशिष्ट पराक्रमी कुछ आभीर वीर विराजमान हैं ॥८॥

उन दोनों रत्नमयी भूमियों का मध्यभाग आँगन से लेकर क्रम से ऊँचा होकर स्वयं विस्तीर्णरूप से और अत्यन्त नीचा न होने के कारण सभास्थित सभीजनों के अच्छी प्रकार दृष्टिगोचर होता हुआ शोभा पा रहा था, अर्थात् सबके बैठने के लिये अवशिष्ट सामने का स्थान चालू भाव से पड़ा था। ऐश्वर्यशाली गोलोक के सम्राट् श्रीनन्दजी को सन्मुख करके दोनों रत्नमयी भूमियों के मध्यभाग में स्थित होकर दोनों ही सूतपुत्र हाथ जोड़कर अपने परिकर वालों के सहित खड़े थे। तथा दाहिनी एवं बायीं ओर की रत्नमयी दोनों भूमियों में समस्त व्रजवासीजन, सूत आदि सभी जनों के ऊपर पूजा या सम्मान का भाव दिखाते हुए उपविष्ट हो गये, एवं बाकी के शिष्टजन भी विस्तारपूर्ण प्राङ्गण के बीच में बैठ गये ॥९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति स्थिते—सर्वस्मादुच्चमाने मणिजनित-महासिंहपीठे निविष्टः
सम्विष्टः सत्प्रकीर्णाद्युपवलितकरैर्भ्रातृमध्यं प्रविष्टः ।
दृष्टिं पीयूषवृष्टिं विनिदधदसकृत् कृष्णवक्त्रे सतृष्णं
श्रीमान् गोलोकराजः स सदसि ददृशे राजमानः प्रजाभिः ॥१०॥

श्रीशुभ्रासनतूलिकोपरिमिलत्कायाधरांशो मना-
गालम्बादुपधानचन्द्रवलयस्येषत्तिरोवर्तनः ।
धिन्वन् सस्मितया दृशा परिषदं श्रीरामदामादिमान्
श्रीकृष्णः स मयात्र साम्प्रतमपि प्रत्यक्षवल्लक्ष्यते ॥११॥

तत्र च तस्य वर्णादिकमेवं वर्ण्यते—

श्यामे श्यामदशामवाप सहसा शोणे तथा शोणतां
पीते रोचिषि पीतधाम विविधे वैविध्यमागादिति ।
अङ्गोपाङ्गरुचा हरेर्जनदृशां वीथिर्गता तत्क्षणा-
न्नानारूपगतीर्नटानुपजहासेव स्मितव्यङ्गतः ॥१२॥

इस प्रकार बैठने की परिपाटी के संघटित होने पर वे ही श्रीमान् गोलोक के राजा श्रीनन्दजी महाराज सबकी अपेक्षा ऊँचे एवं बहुमूल्य मणिखचित उत्तम विशाल सिंहासन पर विराजमान थे। सुवर्ण पुष्पादि माङ्गलिक द्रव्य एवं चामर व्यजन आदि हाथों में धारण करने वाले पुरुषों द्वारा साधुवादपूर्वक पूजे जा रहे थे, तथा अपने सभी भाइयों के बीच में प्रविष्ट होकर श्रीकृष्ण के मुखमण्डल पर अमृतवृष्टिमयी अपनी दृष्टि को लालसापूर्वक बारंबार विनिहित कर रहे थे अर्थात् श्रीकृष्ण की ओर बारंबार प्रेमपूर्वक निहार रहे थे, इस प्रकार सभा में विराजमान श्रीनन्दजी को सारी प्रजा टकटकी लगाकर देख रही थी कि बाबा कौतुक दिखाने के लिये सूतपुत्रों को कब प्रेरित करते हैं ॥१०॥

शोभायमान शुक्लवर्ण के तोषक (गद्दा) के ऊपर जिनका श्रीचरण से लेकर कटिपर्यन्त शरीर का भाग विराजमान है, एवं थोड़े से टेढ़े होकर पीछे की ओर चन्द्रमा के समान गोलाकार तकिया का सहारा लेकर ईषद् हास्ययुक्त प्रेमभरी दृष्टि से सारी सभा को परितृप्त करते हुए, श्रीराम, श्रीदाम, सुबल आदि सखाओं से युक्त होकर गोलोक की सभा में जो विराजमान हैं वे ही श्रीकृष्ण मुझे तो अब भी प्रत्यक्ष की भाँति दिखाई पड़ रहे हैं ॥११॥

उस दर्शन में श्रीकृष्ण की देहकान्ति आदि का इस प्रकार वर्णन होता है, यथा—उस समय सभीजनों की नेत्रपंक्ति श्रीकृष्ण के श्यामवर्ण में श्यामदशा को, लालवर्ण के नेत्र एवं ओष्ठों में लालिमा को, पीले दुपट्टे की पीली कान्ति में पीलापन को धारण कर रही थी एवं अनेक प्रकार की कान्ति में अनेक रंग की हो जाती थी। इस प्रकार श्रीकृष्ण के अङ्गप्रत्यङ्ग की शोभा द्वारा सभी जनों की दृष्टिपंक्ति तत्काल अनेक प्रकार की दशा को प्राप्त कर मृदु एवं मधुरहास्य के बहाने नटों का उपहास सा कर रही थी, अर्थात् दर्शक जनों की दृष्टि श्रीकृष्ण के अङ्ग की अनेक प्रकार की कान्ति पर गिरकर चञ्चल एवं विक्षिप्त सी हो रही थी, उससे यह प्रतीत हो रहा था मानो यह जनदृष्टि नटों का परिहास कर रही है ॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च—चन्द्रोऽयं श्याम एष प्रथमजलधरः कान्तिभिर्विश्वदीपः
शोभन्ते विद्युतस्ता इह सपदि जहत्यात्मसत्तामसूस्तु०।
नक्षत्राणीह लीनान्यपि बत कुमते ! नो नभः सा सभासा-
• वित्यन्योऽन्यं विनोदाद्विवदनमुदभूत्तत्र शश्वत् कवीनाम् ॥१३॥

तत्रैव कस्यचिदन्यस्य कविता—

उपरि मधुकरावली तदीयं, तलमनु सस्मितनीलवारिजातम् ।
तदनु रविसुताच्छवारिपूरः, स्फुरति सखे ! किमियं सभा नवास्ति ॥१४॥

अथात्मस्थाने युक्तः श्रीकृष्णरामाभ्यां प्रयुक्तः प्रसिद्धनामा श्रीदामा श्रीभाजं व्रजराजमावेद्य सद्यः पुरमध्यमासाद्य कृती श्रीव्रजराज्ञीप्रभृतिर्बहिःकुट्टिमात् किञ्चिदुन्नतकुट्टिममनु मर्यादापर्यापणस्य दलप्राय-दलतावलनस्य गरुडमणि-कुड्यवर्यस्य निविष्टजननेत्राधस्तनभागं तनुप्रमाणमंशमंशमप्यतिचर्य स्फुटमुपर्युपरि घटितगात्रं लब्धसन्निकृष्टिदृष्टि-विसृष्टिमात्रपात्रं श्रेणितयालंकृतमनेकनीरन्ध्रजालरन्ध्रजालं समया समानीय प्रतीहारं सप्रतीहारं प्रणीय दृग्भङ्गिकलया तासामन्तःसभासङ्गितामभिनीय पुनस्तयोरविप्रकृष्ट एवोपविष्टः ॥१५॥

श्रीकृष्णरूप निरूपण में कवियों का कलह, यथा—एक बोला—आज तो आकाश में देखो यह श्याम वर्ण का चन्द्र उदय हुआ है, दूसरा बोला—यह तो वर्षाकाल का प्रथममेघ है, तीसरा बोला—नहीं भाई, कान्तिविशेष के कारण यह विश्वदीप है, चौथा बोला—देखो ! वे बिजलियाँ भी सुशोभित हो रही हैं, पाँचवां बोला—भाई ! वे बिजलियाँ तो अपनी सत्ता को ही त्याग रही हैं अतः यह तो बिजली से भी अधिक प्रकाश वाला कोई विशिष्ट पदार्थ है, "मुक्ताहार में स्थित चन्द्रक गुच्छा आदि को देखकर", छठवाँ बोला—देखो ! इस आकाश में सारे तारे भी लीन हो रहे हैं, यह सुनकर सातवां बोला कि—हे निर्बोध ! यह आकाशमण्डल नहीं है किन्तु यह तो सभा है, इस प्रकार विनोद के कारण वहाँ पर कविगणों का निरन्तर विवाद उपस्थित हो गया ॥१३॥

उसी सभा में श्रीकृष्ण के शरीर को सभाकाररूप से वर्णन करने वाले किसी कवि की कविता इस प्रकार है— जिसके ऊपर के भाग में मधुकर श्रेणी है एवं उस मधुकर श्रेणी के नीचे कुछ खिला हुआ नीलकमल है, उसके बाद श्रीयमुनाजी का निर्मल जलसमूह स्फूर्ति पा रहा है कहो मित्र ! यह कोई नवीन सभा है क्या ? भावार्थ यह है कि श्रीकृष्ण के केश ही मधुकर श्रेणी हैं, उनका मन्द मुस्क्यानयुक्त श्रीमुख ही यहाँ पर नीलकमल है, एवं उनके श्रीविग्रह की श्यामकान्ति ही यमुनाजी का निर्मल जल है, यह भाव आलङ्कारिक कवियों के गम्य है ॥१४॥

सभा के अन्तर्गत निर्जन स्थान में श्रीव्रजरानी आदिकों का प्रवेश

श्रीराम कृष्ण दोनों भाइयों द्वारा अपने प्रतिनिधिरूप में नियुक्त, तथा उन्हीं के द्वारा प्रेरित, प्रसिद्ध नाम वाला, कुशल श्रीदामा समृद्धिशाली श्रीव्रजराज को निवेदन करके तत्काल ही पुर के भीतर गया। विस्तीर्ण प्रान्त एवं कमलपत्रों के समान परस्पर सटे हुए मरकतमणि से बने हुए उत्कृष्ट भींतों के प्रत्येक छोटे छोटे स्थानों को अतिक्रमण किया। इन स्थानों के ऊपर बैठे हुए जनों के नेत्र नीचे की ओर हो रहे थे अर्थात् सभी आधे नेत्रों से ही देख रहे थे। इन स्थानों का अतिक्रमण करने के बाद बाहर की मणिमय

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यत्र श्रीमतां मित्राणां सङ्गतौ मधुमङ्गलोऽपि रङ्ग इव तत्तत्प्रसङ्गेन नर्मभङ्गिभिः शर्म दातुमङ्गीकुर्वन्निव निविविशे ॥१६॥

तत्र श्रीव्रजराज्ञी, यथा—

मणिमयवरपीठे यातृमुख्यान्तराले, तनयनववधूभिः सेविताशत्प्रदेशा ।
सुतमुखविधुकान्ति सा गवाक्षात् पिबन्ती, सुतसुचरिततृष्णक् कृष्णमाता व्यराजीत् ॥१७॥

अथ राज्ञा व्रजस्य मधुरमाज्ञाप्यते स्म—"अये मधुकण्ठस्निग्धकण्ठौ ! वयमुत्कण्ठिताः स्मः, ततः किञ्चिदुट्टङ्कगताम् ।" ॥१८॥

तौ च साञ्जली व्यानञ्जतुः—"देव ! किं प्रक्रमितव्यमवलम्ब्य संवदावहे ?"

व्रजराज उवाच—"भवन्तौ सर्वज्ञाविति विज्ञापनायास्मदीय-कथाभिरेवास्मान् विस्माययेताम् ।" तावूचतुः—"यथा शिष्टिः शिष्टाग्रणीचरणानाम्; किन्तु शावयोरावयोरेकतरः समाज्ञाप्यतां, यथान्यतरः श्रोता भवति ।" व्रजराज उवाच—"दिनमेकमेकमन्तरा प्रत्येकमपि तत्तद्रूपतामाप्नोतु । प्रक्रन्ता पुनर्ज्यायानेव ज्यायान् विधीयते ।" ॥१९॥

भूमि से किंचित् ऊँची मणिमय भूमि को लक्ष्य करके जाने लगा । इस मणिमय भूमि के सभी अवयव स्पष्ट रूप से ऊपर से भी ऊपर की ओर बने हुए थे, जिसके पास जाने पर देखे बिना रहा ही नहीं जाता था, एवं जो आगे आगे पंक्तिरूप से सुशोभित हैं । यहाँ की मणिमयी भींतों में खिड़कियाँ परस्पर में सटी हुई हैं । इस पूर्वोक्त मणिमयी भूमि के निकट ही श्रीमती व्रजेश्वरीदेवी यशोदा माँ को लिवाकर मणिमयी भूमि के दरवाजे पर द्वारपाल को नियुक्त कर दिया, पश्चात् भ्रुकुटि के इशारे से श्रीयशोदा आदि के सभा में आने को समझाकर पुनः स्वयं भी श्रीराम कृष्ण के पास ही जाकर बैठ गया ॥१५॥

जहाँ पर बाहर की सभा में श्रीमान् मित्रगणों से मिलकर मधुमङ्गल भी रङ्गभूमि में जिस प्रकार कौतुक किया जाता है यहाँ भी उसी प्रकार कौतुक रचना द्वारा सुख देने के लिए स्वीकृति सी देता हुआ प्रविष्ट हुआ ॥१६॥

सभामण्डप में श्रीयशोदाजी का वर्णन, यथा— श्रीव्रजपटरानी यशोदा श्रीनन्दजी के सभी भाइयों की पत्नियों के बीच में मणिमय श्रेष्ठ सिंहासन पर विराजमान थीं, श्रीकृष्ण बलदेव की नववधू भी आस पास में सेवकभाव से स्थित थीं, अपने पुत्र के अपूर्व चरित्र के प्रति जिनका मन लालसायुक्त था, ऐसी श्रीकृष्णमाता सभाभवन की खिड़की से अपने पुत्र के मुखचन्द्र की शोभा को स्नेहपूर्वक निहार रही थीं ॥१७॥

तदनन्तर श्रीव्रजराज ने मधुरतापूर्वक आज्ञा दी कि—हे मधुकण्ठ ! एवं स्निग्धकण्ठ ! हम सभी उत्कण्ठित हैं अतएव तुम दोनों किसी एक विषय पर उल्लेख करो ! ॥१८॥

उन दोनों ने हाथ जोड़कर निवेदन किया कि—हे महाराज ! आरम्भ करने योग्य किस विषय का अवलम्बन करके कथनोपकथन करें । श्रीव्रजराज बोले—तुम दोनों ही सर्वज्ञ हो, इस बात को जानने एवं जनाने के लिये हमारी कथा द्वारा ही हमको विस्मित कर दो । वे दोनों बोले—शिष्टाग्रगण्य महानुभावों की जैसी आज्ञा, किन्तु हम दोनों बालकों में से एक के लिये आज्ञा दीजिये, जिससे कि एक जन श्रोता बन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च धृतोत्कण्ठः सपदि मधुकण्ठः कृताञ्जलितया नान्दीं पठन्नखिलमानन्दयति स्म ॥२०॥

नान्दी

यथा—श्रीमान् यो भगवान् स्वयं विजयते ब्रह्मा सुरर्षिर्महान्
व्यासस्तत्प्रभवः परीक्षिदपि यावुग्रश्रवःशौनकौ ।
श्रीमद्भागवतप्रथाप्रणयिन-स्तान् विश्वनिस्तारिणः
श्रीगोष्ठस्य महिष्ठतां प्रथयितुं कम्रान्नमस्कुर्महे ॥२१॥

ततश्च—पश्चादल्पं तालयुग्मं गृहीत्वा, गायन्तौ द्वौ पार्श्वयोर्मड्डु विज्ञौ ।
श्रोता भ्राता यस्य सव्येतराग्रे, सोऽयं वक्ता सर्वमुच्चैर्दिधिन्व ॥

इति प्रकारे लब्धसारे पुनर्मधुकण्ठः सोत्कण्ठं गायन् नृत्यन् तत्तद्भावाभिनयं प्रणयन् कथामभ्याददे ॥२२॥

अथ कथारम्भः

"यथा—अथ सर्वश्रुतिपुराणादिकृतप्रशंसस्य वृष्णिवंशस्य वतंसः श्रीदेवमीढनामा परमगुणधामा मथुरामध्यासामास । तस्य चार्याणां शिरोमणेर्भार्याद्वयमासीत् । प्रथमा द्वितीयवर्णा, द्वितीया तु तृतीयवर्णेति । तयोश्च क्रमेण यथावदाह्वयं पुत्रद्वयं प्रथमं बभूव—शूरः,

---

सके । श्रीव्रजराज बोले—एक एक दिन के अन्तर से प्रत्येक ही क्रम से वक्ता श्रोता बनते रहो ! किन्तु आरम्भकर्ता बड़ा भाई ही श्रेष्ठ कहा जाता है ॥१९॥

तदनन्तर मधुकण्ठ ने उत्कण्ठित होकर, शीघ्र ही हाथ जोड़कर मङ्गलाचरणमयी नान्दी का पाठ करते हुए सभी सभासदों को आनन्दित कर दिया ॥२०॥

यथा—श्रीमद्भागवत की प्रथा (सम्प्रदाय) के प्रवर्तक एवं विश्व के निस्तारक जो श्रीमान् स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण, तथा ब्रह्मा, देवर्षि नारद, महर्षि वेदव्यास, तत्पुत्र श्रीशुकदेव, राजर्षि परीक्षित्, सूत एवं शौनक आदि हैं उन सबकी जय हो ! तथा श्रीव्रज के महत्व का विस्तार करने के लिये जिनकी प्रबल इच्छा थी, ऐसे परम मनोहर पूर्वोक्त महानुभावों को हम बारंबार नमस्कार करते हैं ॥२१॥

तदनन्तर जिसके कुछ पीछे दोनों ओर मड्डु अर्थात् जलतरङ्ग बाजा बजाने में चतुर रत्नचूड़ और सुमति ये दोनों ही छोटे छोटे दो ताल ग्रहण करके गायन करते हुए विद्यमान थे, एवं जिसकी दाहिनी ओर अग्रभाग में भ्राता स्निग्धकण्ठ श्रोता बन के बैठा था, बस वही मधुकण्ठ वक्ता होकर सभी जनों को अधिक प्रीतियुक्त किंवा प्रसन्न कर रहा था । इस प्रकार सभी साजबाज के साङ्गोपाङ्ग उपस्थित हो जाने पर मधुकण्ठ ने फिर भी उत्कण्ठापूर्वक गायन, नृत्य एवं हावभाव का अभिनय करते हुए कथा कहना प्रारम्भ कर दिया ॥२२॥

अथ कथारम्भ यथा—

समस्त श्रुतियाँ एवं पुराणादि शास्त्र जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते रहते हैं, उसी यदुवंश के शिरोमणि और विशिष्ट गुणों के स्थानस्वरूप श्रीदेवमीढ़ नामक राजा श्रीमथुराजी में निवास करते थे । उन्हीं क्षत्रियशिरोमणि महाराजाधिराज के दो भार्या थीं, पहली क्षत्रिय वर्ण की एवं दूसरी वैश्यवर्ण की थी, उन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पर्जन्य इति । तत्र शूरस्य श्रीवसुदेवादयः समुदयन्ति स्म । श्रीमान् पर्जन्यस्तु 'मातृवद्वर्णसङ्करः' इति न्यायेन वैश्यतामेवाविश्य गवामेवैश्यं वश्यं चकार; बृहद्वन एव च वासमाचचार । स चायं बाल्यादेव ब्राह्मणदर्शं पूजयति, मनोरथपूरं देयानि वर्षति, वैष्णववेदं स्निह्यति, यावद्वेदं व्यवहरति, यावज्जीवं हरिमर्चयति स्म । तस्य मातुर्वंशश्च व्याप्तसर्वदिशां विशां वतंसतया परं शंसनीयः, आभीरविशेषतया सद्भिरुदीरणादेष हि विशेषं भजते स्म ॥२३॥

तथा च मनुः—(१०।१५)

'ब्राह्मणादुग्रकन्यायामावृतो नाम जायते ।
आभीरोऽम्बष्ठकन्यायामायोगव्यान्तु धिग्वणः ॥' इति ॥

'अम्बष्ठस्तु विशः पुत्र्यां ब्राह्मणाज्जात उच्यते' इति चान्यत्र । अतः पाद्मे सृष्टिखण्डादौ यज्ञं कुर्वता ब्रह्मणाप्याभीरपर्याय-गोपकन्यायाः पत्नीत्वेन स्वीकारः प्रसिद्धः । एष एव च गोपवंशः श्रीकृष्णलीलायां संवलनमाप्स्यतीति; सृष्टिखण्ड एव तत्र स्पष्टीकृतमस्ति । तस्मात् परमशंसनीय एवासौ वैश्यान्तःपातिमहाभीरद्विजवंशः" इति ॥२४॥

दोनों रानियों के क्रम से यथायोग्य दो पुत्र उत्पन्न हुए । एक का नाम शूरसेन, दूसरे का नाम पर्जन्य था । उन दोनों में से शूरसेनजी के श्रीवसुदेवजी आदि पुत्र उत्पन्न हुए । किन्तु श्रीपर्जन्यबाबा तो "मातृवद्वर्ण-संकरः" इस न्याय के कारण वैश्यजाति को प्राप्त होकर गैयाओं के आधिपत्य को ही अधीन कर गये, अर्थात् उन्होंने अधिकतर गो प्रतिपालनरूप धर्म को ही स्वीकार कर लिया, एवं वे महावन में ही निवास करते थे । और वे बाल्यकाल से ही ब्राह्मणों की दर्शनमात्र से पूजा करते थे, एवं उन ब्राह्मणों के मनोरथ पूर्ति पर्यन्त देय वस्तुओं की वृष्टि करते थे, वैष्णवमात्र को जानकर उससे स्नेह करते थे, जितना लाभ होता था उसी के अनुसार व्यवहार करते थे तथा आजीवन श्रीहरि की पूजा करते थे । उनकी माता का वंश भी सब दिशाओं में समस्त वैश्यजाति का भूषणस्वरूप होकर परम प्रशंसनीय था, विज्ञपण्डितजन भी जिनकी माता के वंश को आभीरविशेष कहकर पुकारते थे, इसीलिए यह माता का वंश उत्कर्ष विशेष को प्राप्त कर गया ॥२३॥

इस विषय में मनुजी भी कहते हैं, यथा–(१०।१५) क्षत्रिय द्वारा शूद्रकन्या से उत्पन्न 'उग्रा' कहलाती है, ब्राह्मण के द्वारा उसी उग्रा कन्या के गर्भ से 'आवृत' नामक उत्पन्न होता है । ब्राह्मण के द्वारा वैश्यपुत्री में उत्पन्न कन्या को 'अम्बष्ठा' कहते हैं, उसी अम्बष्ठा के गर्भ से ब्राह्मण द्वारा आभीर जाति का जन्म होता है । शूद्र द्वारा वैश्यपुत्री में उत्पन्न कन्या को 'आयोगवी' कहते हैं, उसी आयोगवी के गर्भ से ब्राह्मण द्वारा 'धिग्वण' का जन्म होता है । अन्यत्र भी देखा जाता है कि वैश्यपुत्री से ब्राह्मण के द्वारा जिस पुत्र का जन्म होता है उसका नाम 'अम्बष्ठ' कहते हैं । अतः पद्मपुराण में सृष्टिखण्ड के आदि में कहा है कि—ब्रह्माजी ने जिस समय यज्ञ किया उस समय उन्होंने आभीरपर्याय गोपकन्या को पत्नीरूप से ग्रहण किया है, यही बात प्रसिद्ध है । यही गोपवंश श्रीकृष्णलीला में सम्मेलन प्राप्त करेगा । यह बात भी वहीं सृष्टिखण्ड में स्पष्टरूप से उल्लिखित है । इस कारण से वैश्यजाति के अन्तर्गत यह महाआभीर जाति द्विजवंश हो गई, अतः यह गोप-वंश भी परम प्रशंसनीय है ॥२४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ स्निग्धकण्ठेन चान्तश्चिन्तितम्—"एवमपि केचिदहो एषां द्विजतायां सन्देहमपि देहयिष्यन्ति,—ये खलु श्रीमद्भागवते (१०।८।१०) 'कुरु द्विजातिसंस्कारम्' इति गर्गं प्रति श्रीव्रजराजवचने, (भा० १०।२४।२०-२१) 'वैश्यस्तु वार्तया जीवेत्' इत्यारभ्य 'कृषिवाणिज्य-गोरक्षा कुसीदं तुर्यमुच्यते। वार्ता चतुर्विधा तत्र वयं गोवृत्तयोऽनिशम् ॥' इति व्रजराजं प्रति श्रीकृष्णवचने, तथैव, (भा० १०।४६।१२) 'अग्न्यर्कातिथिगो-विप्र' इति श्रीशुककृत-गोपा-वासवर्णने, व्यतिरेकतस्तु धर्मराजचरतायामपि विदुरस्य शूद्रागर्भोद्भवतयान्यथाव्यवहार-श्रवणेऽप्यधिकं बधिरायिष्यन्ते" इति ॥२५॥

अथ स्फुटमूचे—"ततस्ततः ?" ॥२६॥

मधुकण्ठ उवाच—" स च श्रीमान् पर्जन्यः सौजन्यवर्येणार्जितेन निजैश्वर्येणापि वैश्यान्तरसाधारण्यमतीयाय, तच्च नाश्चर्यम्; यतः स्वाश्रितदेशपालकता-मान्यतया वदान्यतया क्षीरवैभवप्लावितसर्वजनतालब्ध-प्राधान्यतया च पर्जन्यसामान्यतामाप;—यः खलु प्रह्लादः श्रवसि, ध्रुवः प्रतिश्रुति, पृथुर्महिमनि, भीष्मो दुर्हृदि, शङ्करः सुहृदि, स्वयम्भूर्गरिमणि, हरिस्तेजसि बभूव; यस्य च सर्वैरपि कृतगुणनेन गुणगणेन वशिताः सहस्रसंख्याभिरप्यनवसिता मातामहमहावंशप्रभवाः सर्वथा प्रभवस्ते गोपाः सोपाध्यायाः स्वयमेव समाश्रिता बभूवुः;

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ ने अपने मन में विचारा कि—अहो ! कैसा आश्चर्य का विषय है कि—कोई कोई जन तो इन गोपों की द्विजता में भी सन्देह बढ़ाते रहेंगे, और जो श्रीमद्भागवत में श्रीगर्गाचार्य के प्रति श्रीनन्दजी का वचन है कि—"आप हमारे दोनों पुत्रों का द्विजाति संस्कार कीजिये" तथा "वैश्य तो वार्ता द्वारा अपनी जीविका चलाता है" यहाँ से आरम्भ करके "कृषि, वाणिज्य, गोरक्षा एवं कुसीद अर्थात् व्याज लेना, वैश्य की यह चार प्रकार की वृत्ति होती है, उनमें से हम तो निरन्तर गोरक्षारूप वृत्ति द्वारा अपनी जीविका चलाते हैं" इस प्रकार श्रीव्रजराज के प्रति श्रीकृष्ण के वाक्य में, तथा श्रीशुकदेव द्वारा गोपावास वर्णन प्रसङ्ग में "सूर्य, अग्नि, अतिथि, गो, ब्राह्मण आदि के पूजन से गोपों का वासस्थान मनोहर है" इत्यादि एवं इसके व्यतिरेक से तो पूर्वजन्म में जो धर्मराज यम थे वे ही विदुरजी शूद्रा के गर्भ से उत्पन्न होकर भी अन्यथा व्यवहार करेंगे अर्थात् ज्ञानोपदेशादि द्वारा लोकोद्धाररूप ब्राह्मण का कार्य करेंगे या कर चुके हैं। सन्देह करने वाले जन इन सब बातों को सुनने में तो बिल्कुल बहरे ही हो जायेंगे अर्थात् विदुरजी के ब्राह्मणत्व को सुन भी न सकेंगे ॥२५॥

पुनः स्पष्ट बोला, भाई मधुकण्ठ ! आगे की चर्चा सुनाइये ॥२६॥

मधुकण्ठ बोला—वे ही श्रीमान् पर्जन्यजी उत्तम सौजन्य एवं स्वयं उपार्जित ऐश्वर्य द्वारा अन्यान्य साधारण वैश्यजाति को अतिक्रमण कर गये थे, यह आश्चर्य नहीं क्योंकि देखो—वे अपने देश के पालन करने से सभी के माननीय होकर तथा दानशीलता के कारण दुग्ध सम्पत्ति द्वारा सब लोकों को आप्लावित करके सबकी अपेक्षा प्रधानता को प्राप्त करके भी मेघ की समानता को प्राप्त कर गये। एवं जो निश्चय ही यश में प्रह्लाद, प्रतिज्ञा में ध्रुव, महिमा में पृथु, शत्रुओं के प्रति भीष्म, मित्रों के प्रति शंकर, गौरव में ब्रह्मा, तेज में श्रीहरि के तुल्य थे। अपिच सभी लोग जिनके गुणगणों की आवृत्ति करते रहते हैं ऐसे उनके गुणों के वशीभूत होकर हजारों की संख्या से भी अधिक नाना के विशाल वंश में उत्पन्न होने वाले ऐश्वर्यशाली

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्सम्बन्धिवृन्दानि च वृन्दशः; यं खलु श्रीमदुग्रसेनाग्रीय-यदुसंसदग्रण्यस्ते समग्रगुणगरिमण्यग्रगण्यमवलोकयन्तः सकलगोपलोकराजराजतासम्बलकेन तिलकेन सम्भावयामासुः; यस्य च प्रेयसी सकलगुणवरीयसी वरीयसीनामासीत्; यस्य च श्रीमदुपनन्दादयः पञ्चनन्दना जगदेवानन्दयामासुः।

"तथा च वन्दिनस्तस्य श्लोकं श्लोकतामानयन्ति—॥२७॥

अन्यस्तु जलपर्जन्यः सुखपर्जन्य एष तु।
सदा यो धिनुते सृष्टैरुपनन्दादिभिर्जनम् ॥
पर्जन्यः कृषिवृत्तीनां भुवि लक्ष्यो व्यलक्ष्यत।
तदेतन्नाद्भुतं स्थूललक्ष्यतां यदसौ गतः ॥२८॥

उपमान्ति च—उपनन्दादयश्चैते पितुः पञ्चैव मूर्तयः।
यथानन्दमयस्यामी वेदान्तेषु प्रियादयः ॥२९॥

उत्प्रेक्षन्ते च—उपनन्दोऽभिनन्दश्च नन्दः सन्नन्द-नन्दनौ।
इत्याख्याः कुर्वता पित्रा नन्देरर्थः सुदण्डितः ॥३०॥

गोपगण भी उपाध्याय के सहित स्वयं ही जिनके आश्रित हो गये थे। उनके सम्बन्धीय स्वजाति के वृन्द भी बहुत से हैं, निश्चय ही जिनको श्रीमान् उग्रसेन प्रभृति यदुसभा के अग्रगण्य व्यक्तिगणों ने सम्पूर्ण गुणगौरव विषय में अग्रगण्य देखते हुए समस्त गोपजनों के सुन्दर राजत्वसूचक तिलक द्वारा सम्मानित किया, अर्थात् उग्रसेन आदि सभी यदुवंशियों ने जिनको गोपों का सम्राट् बना दिया, जिनकी प्रिया भार्या स्त्रियों के सभी गुणों में श्रेष्ठ थीं अतएव जिनका 'वरीयसी' यह नाम सार्थक था। जिसके श्रीमान् उपनन्द आदि पाँच पुत्रों ने जगत् को ही आनन्दित कर दिया। अधिक क्या कहें ? देखो ! जिनके यश को वन्दीजन श्लोकबद्ध करके वर्णन करते हैं ॥२७॥

देखो ! जलपर्जन्य (मेघ) तो दूसरा है किन्तु यह तो सुखपर्जन्य है, कारण यह पर्जन्य तो स्वयं उत्पादित उपनन्दादि पाँच पुत्रों द्वारा सभी जनों को सदैव परितृप्त करता रहता है। परन्तु मेघरूपी पर्जन्य कृषिजीवी सभी दरिद्रियों के दृष्टिगोचर होकर भूतल पर देखा जाता है किन्तु यह अद्भुत नहीं है, कारण यह पर्जन्य गोपराज तो दानवीरता या बहुदातृता को प्राप्त होकर स्थूल दृष्टि वालों को भी लाखों रूप में दिखाई पड़ता है ॥२८॥

वन्दीजन श्रीपर्जन्यबाबा की इस प्रकार उपमा भी देते हैं, यथा—जिस प्रकार वेदान्तशास्त्र में आनन्दमय परब्रह्म के "प्रिय, आमोद, प्रमोद, आनन्द, ब्रह्म" ये पाँच स्वरूप हैं, उसी प्रकार ये उपनन्द आदि पाँचों भी पिता पर्जन्य के मूर्ति विशेष जानो ॥२९॥

इस विषय में उनकी उत्प्रेक्षा भी करते हैं, यथा—उपनन्द, अभिनन्द, नन्द, सन्नन्द एवं नन्दन इत्यादि नामकरण करते हुए इनके पिता ने समृद्ध्यर्थक 'नन्द' धातु के आनन्दरूप अर्थ को अच्छी प्रकार वश में कर लिया है, अर्थात् नन्द धातु का अर्थ पर्जन्यबाबा के उपनन्दादि पाँच पुत्रों के रूप में मूर्तिमान दिखाई देता है ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवं सतीषु सर्वसम्पत्तिषु तस्य पुत्रसम्पत्तिस्तु परमरमणीयतामवाप, नेपथ्यसम्पत्तिषु वासःसम्पत्तिरिव । तत्रापि मध्यमसुतसम्पत्तिः सुतरामैश्वर्याणामविच्छिन्नसम्पत्तिपङ्क्तिमनु मध्यमसम्पत्तिरिव ॥३१॥

अत्र केचिदर्जुनमुपमानीकुर्वन्ति; वयन्तु तस्य मध्यसम्बध्यमानस्य सर्वानन्दनस्य श्रीमत्पर्जन्यनन्दनस्य बालकपर्यायेण तेन पाण्डुतनयेनोपमानं न मन्यामहे । अपि च परमोदारेषु च सहोदरेषु तेषु न केवलं जन्मना तावन्मध्यवर्तितयां सोऽयं वर्तते, अपि तु स्नेहसम्पदामास्पदतयापि, न च केवलं तेषाम्, किन्तु सर्वेषामपि; येन तस्मिन् पित्रोरप्यधिका स्नेहर्द्धिकाया वर्धिष्णुता भ्रातृणामपि सदा सुखसंवर्धनी बभूव, न जातु स्पर्धनी । न चैतावानुद्भूतः सुगुणस्तस्मिन्नद्भुतः ।

भवति हि स्वयं भगवति तस्य भक्तिविशेषव्यक्तिः,—(भा० ५।१८।१२) 'यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना, सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः' इति हि भगवती श्रीभागवतगीर्देवी ॥३२॥

तदेतन्मधुकण्ठकण्ठतः श्रुत्वा श्रीमदुपनन्दः श्रीमदभिनन्दं नीचैरुवाच—॥३३॥

"विज्ञाता कथां प्रकुर्वाणस्य किमस्य परहृदयविज्ञता ?" ॥३४॥

इस प्रकार उनके समस्त सम्पत्तियों के होने पर भी, वेशरचना की सम्पूर्ण सम्पत्तियों में वस्त्रसम्पत्ति की तरह, पुत्रसम्पत्ति ही परम रमणीयता को प्राप्त थी, अर्थात् वेशरचना में वस्त्र और भूषणों के बीच में जैसे वस्त्र ही प्रधान होते हैं, उसी प्रकार सब सम्पत्तियों के मध्य में पुत्र ही उनकी प्रधान सम्पत्ति थी। उन पाँचों पुत्रों में भी बीच वाली नन्द पुत्ररूप सम्पत्ति ही अधिक थी, जैसे षट् ऐश्वर्यों की अविच्छिन्न सम्पत्ति पंक्ति में अर्थात् ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य रूप छः ऐश्वर्यों में बीच वाले यश और श्री नामक दो ऐश्वर्य ही प्रधान हैं, उसी प्रकार पर्जन्य के पाँचों पुत्रों में बीच के नन्द ही प्रधान हैं ॥३१॥

यहाँ पर कुछ कविजन पाण्डु के पाँचों पुत्रों में मध्यम पुत्र अर्जुन की उपमा पर्जन्य के मध्यम पुत्र श्रीनन्द को देते हैं, किन्तु हम तो मध्य में वर्तमान आनन्ददायक उन पर्जन्यनन्दन की बालकपर्याय पाण्डुपुत्र अर्जुन के साथ उपमा स्वीकार नहीं करते। अपि च उन परम उदार सभी भाईयों में श्रीनन्दजी केवल जन्म द्वारा ही मध्यवर्ती हों सो बात नहीं है, किन्तु वे तो अन्यान्य सभी जनों की स्नेह सम्पत्ति के आधार होकर सभी के मध्यवर्ती थे। इसी कारण से श्रीनन्दजी में पिता, माता के भी अधिक स्नेह प्राचुर्य की वृद्धि, अन्य भाइयों को भी सदा सुख बढ़ाने वाली थी किन्तु ईर्षा बढ़ाने वाली कभी भी नहीं थी।

श्रीनन्दजी के केवल ऐसे सुन्दर गुण उत्पन्न हो गये हों इससे ही उनमें अद्भुतता नहीं है, अपितु स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति उनकी भक्तिविशेष की अभिव्यक्ति (प्राकट्य) थी, श्रीमद्भागवत पञ्चम स्कन्ध में इस प्रकार की भगवती वाग्देवी विद्यमान है, यथा—श्रीभगवान् के प्रति जिसकी निष्काम भक्ति है, सभी गुणों के सहित देवगण उस भक्तजन में अच्छी प्रकार विद्यमान हो जाते हैं ॥३२॥

श्रीमान् उपनन्दजी मधुकण्ठ के कण्ठ से इस प्रकार के वाक्य सुनकर श्रीमान् अभिनन्द के प्रति धीरे धीरे मधुर स्वर से बोले ॥३३॥

कथा कहने वाले इस बालक की परहृदय विज्ञता तुमने जान ली क्या ? ॥३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथाभिनन्दस्तदवधार्य साश्चर्यं मधुकण्ठमुवाच—"ततस्ततः ?" ॥३५॥

मधुकण्ठ उवाच—"तदेवं सति नाम्ना सुमुखेन केनचन गोपानां मुखेन तस्मै परमधन्या कन्या दत्ता,—या खलु स्वगुणवशीकृतस्वजना यशांसि ददाति शृण्वद्भ्यः, किमुत पश्यद्भ्यः, किमुततरां भक्तिमद्भ्यः। ततश्च तयोः साम्प्रतेन दाम्पत्येन सर्वेषामपि सुखसम्पत्तिरजायत, किमुत मातरपितरादीनाम् ॥३६॥

"तदेवमानन्दित-सर्वजन्युर्विगतमन्युः पर्जन्यः सर्वतो धन्यः स्वयमपि भूयः सुखमनुभूय चाभ्यागारिकतायामभ्यागतम्मन्यः श्रीगोविन्दपदारविन्द-भजनमात्रान्वितां देहयात्रामभीष्टां मन्यमानः सर्वज्यायसे ज्यायसे स्वक-कुलतिलकतां दातुं तिलकं दातुमिष्टवान्, श्रीवसुदेवादि-नरदेव-गर्गादिभूदेवकृतप्रभां सभां कृत्वा दत्तवांश्च ॥३७॥

"स पुनः पितुराज्ञामङ्गीकृत्य कृतकृत्यस्तस्यामेव श्रीवसुदेवादि-संवलितमहानुभावानां सभायामाहूय सभावसुत्सङ्गसङ्गिनं विधाय मध्यममेव निजानुजं तेन तिलकेन गोकुलराजतया सभाजयामास ॥३८॥

"अथ तत्रानुजे संकुचति सर्वत्र च जने विस्मयं सचमाने पितरि च रोचमानलोचने स चोवाच—'मयेदं नाविचारमाचरितम्; यतः सर्व एव स्नेहपरम्परायाः पराधीनः; सा च

तदनन्तर अभिनन्दजी उक्त वाक्य का निश्चय कर आश्चर्यपूर्वक मधुकण्ठ से बोले कि उसके आगे का प्रसङ्ग क्या है ? ॥३५॥

मधुकण्ठ बोला—उसके अनन्तर गोपों में प्रधान 'सुमुख' नामक किसी गोप ने उन श्रीनन्दजी के लिये परमधन्या एक कन्या समर्पित की। वह कन्या अपने गुणों से अपने जनों को वश में करके, सुनने वालों को भी यश प्रदान करती हैं एवं जो उसका दर्शन करते हैं उनको भी यश देती हैं, तथा जो उस कन्या की भक्ति करते हैं उनको भी यशसमूह प्रदान करती हैं इस विषय में तो कहना ही क्या है ? तदनन्तर उन दोनों के सुयोग्य दाम्पत्य सम्बन्ध से सभी लोगों की सुखसम्पत्ति उत्पन्न हो गई तब उनके माता पिता आदिकों की सुखसम्पत्ति का कौन वर्णन कर सकता है ? ॥३६॥

इस प्रकार श्रीपर्जन्यबाबा ने प्राणीमात्र को आनन्दित करते हुए शोकरहित हो, एवं सबकी अपेक्षा धन्य होकर, स्वयं भी अनेक सुखों का अनुभव कर, कुटुम्ब के पालन पोषण व्यापार में अनासक्त होकर, केवल श्रीगोविन्द पदारविन्द के भजनमात्र से युक्त देहयात्रा को ही अपनी अभीष्ट मानते हुए, सबसे बड़े एवं श्रेष्ठ उपनन्दजी को ही स्वकुल की प्रधानता देने के लिए राजतिलक देने की अभिलाषा की। पश्चात् श्रीवसुदेव आदि राजाओं एवं श्रीगर्गाचार्य आदि ब्राह्मणों द्वारा सुशोभित सभा की रचना करके श्रीउपनन्द जी को राजतिलक दे दिया ॥३७॥

पश्चात् उन श्रीउपनन्दजी ने भी पिता की आज्ञा को अङ्गीकार कर, अपने को कृतकृत्य मान कर, उसी श्रीवसुदेव आदि महानुभावों से युक्त सभा में बुलाकर, भावपूर्वक अपनी गोद में बैठाकर अपने मझले भाई श्रीनन्दजी को ही उस तिलक द्वारा गोकुल के राजा रूप से सम्मानित कर दिया अर्थात् उन्हीं को व्रज का राजा बना दिया ॥३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदनन्तर बड़े भाई उपनन्दजी के आचरण से श्रीनन्दजी के संकुचित होने पर, सभी सभागतजनों के

सादृगुण्यस्य, तच्च सर्वसमञ्जसतायाः, सा चात्र यथा तथा न मद्विधे; सैव च खलु सर्ववशीकारितायां स्वैरितामर्हति ॥३६॥

'किञ्च, सर्वान्तर्यामिण्येनमेवोररीवरीकरीति । दृश्यतामस्यां भासमानायां सभायां सर्वेषां नेत्र-पटलीषट्पदवल्लीलायमाना केवलमस्य मुखं कमलमिव संवलते । तथा प्रथमत एव तदानुकूल्यमत्राकल्प्यते; परिकल्प्यतामपीदं मम नाम्नैव; तस्मादस्माकमयमेव राजेति ।' ॥४०॥

अथाभवत् कुसुमजवृष्टिभिः समं, स्फुटध्वनिर्दिवमनु साधु साध्विति ।
सभासदामिह च विकासिदृष्टिभि,-र्यथास्फुरज्जय-जय-शब्दमङ्गलम् ॥" ॥४१॥

अथ स्निग्धकण्ठ उवाच—"मधुरकण्ठकृतजगदुत्कण्ठ-श्रीमन्मधुकण्ठ ! श्रीमदुपनन्द-नन्दनयोस्त्रय एव मध्यमा इति कोऽयं मध्यमः, कीदृशी वा तस्य समञ्जसतेति सोदाहरणमुच्यताम् ।" मधुकण्ठ उवाच—"एकं तावद्भवन्मनःप्रह्लन्नता-समुचितं प्रवल्लिका-पद्यमिदमनवद्यं पूर्यताम् ।" स्निग्धकण्ठ उवाच—"काममम् ।" ॥४२॥

विस्मययुक्त होनेपर, एवं यह कार्य देखकर पिता श्रीपर्जन्यजी के प्रसन्न नेत्रयुक्त होजाने पर श्रीउपनन्दजी बोले कि—हे सज्जनो ! मैंने यह कार्य विना विचारे नहीं किया है, कारण सभीजन स्नेहपरम्परा के पराधीन हैं, वह स्नेहपरम्परा भी सद्गुणों के अधीन है, वे सद्गुण भी सब प्रकार के सामञ्जस्य के अधीन हैं, वह सर्वसमञ्जसता जैसी इस मेरे छोटे भाई नन्द में है वैसी मुझ जैसे व्यक्ति में नहीं है, अर्थात् यही सर्वसामञ्जस्यपूर्वक राज्यभार को वहन कर सकते हैं । और देखो ! वह सर्वसमञ्जसता ही सबको वशीभूत करने में स्वतन्त्र हो सकती है, सबको समान दृष्टि से देखना ही यहाँ समञ्जसता शब्द का अर्थ है ॥३६॥

किंच सर्वान्तर्यामी श्रीनारायणदेव भी बारंबार इन्हीं को अङ्गीकार कर रहे हैं । देखो ! शोभायमान इस सभा में भी सभी जनों की नेत्रपंक्ति भ्रमरों का सा आचरण करती हुई, केवल इन श्रीनन्दजी के मुख को कमल की तरह सेवन कर रही है, अर्थात् सब टकटकी लगाकर इन्हीं की ओर देख रहे हैं । तथा पहले से ही इस विषय में उन श्रीनारायण भगवान् की अनुकूलता जानी जाती है । मेरे नाम से ही किन्तु यह नाम व्यवहार में आवे, अतएव यही हमारे राजा हैं । तात्पर्य यह है कि—मेरे 'उपनन्द' इस नाम में स्थित उप शब्द का हीनार्थ, अनुगतार्थ, या सहातार्थ समझता हूँ, अर्थात् मैं तो सद्गुणों के वश में होकर नन्द से हीन, अनुगत, या सहायक होकर रहूँगा, किन्तु उप शब्द का जो आधिक्य अर्थ है वह तो केवव ज्येष्ठांश में ही उपयुक्त रहेगा, अर्थात् कहने मात्र को बड़ा भाई रहूँगा, कार्य अनुगत होके करूँगा ॥४०॥

श्रीउपनन्दजी के ऐसा कहते ही आकाश से पुष्पवृष्टि के सहित "साधु साधु" अर्थात् बहुत ठीक बहुत अच्छा किया, यह ध्वनि स्पष्टरूप से प्रगट हुई । यहाँ पर सभा में सभासदों के खिले हुए नेत्रों के सहित मङ्गलमय जय जयकार होने लग गये ॥४१॥

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ बोला—हे श्रीमन् मधुकण्ठ ! आपने सुमधुर कण्ठ से जगत् को ही उत्कण्ठित कर दिया । श्रीमान् उपनन्द एवं सबसे छोटे नन्दन इन दोनों के मध्यस्थ होने के कारण तो तीन भाई ही मध्यम हैं, फिर कौन सा मध्यम रहा और उसकी समञ्जसता कैसी है, यह सब उदाहरणपूर्वक कहिये ।

मधुकण्ठ बोला—आपके मन की प्रसन्नता के समुचित यह एक विशुद्ध प्रहेलिका का पद्य है इसकी पूर्ति तो कर दो ? स्निग्धकण्ठ बोला—अनुमति दीजिये ॥४२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुकण्ठ उवाच—

"आकृष्य मत्पुत्रमनेन पुत्री,-कृतेन भूतिं भजते स एषः ।
इति स्वयं वेत्ति न तेन मैत्रीं, भिनत्ति कोऽयं वदने वदेति ।।"

स्निग्धकण्ठः सोत्कण्ठतया शीघ्रमेव सानन्दमुवाच—"नन्द एव" इति ।

मधुकण्ठ उवाच—"भवता ज्ञातमेवेदमिति; तदेतच्छ्रूयताम्—।।४३।।

स्वेनाल्पेन गुणेन वाञ्छति निजे पूजासुखे भूयसी
लोको यस्तु महीयसापि खलु तेनैवान्यदीये सदा ।
सोऽयं श्रीव्रजराज एव यदसौ शूराङ्गजं धिन्वितुं
तत्तद्धानिमसोढ सख्यमभिनन्नाल्पञ्च तस्यान्तरम् ।।" ।।४४।।

ततश्च, तदेतन्मधुकण्ठसूक्तसुधाकरमासाद्य रत्नाकर इवोच्छलदङ्गतरङ्गस्तदन्तर्बहिरङ्गसभ्यसङ्गस्तदुपरि-हृदयङ्गमरत्नावलिं विकीर्णवान् हृदयावलिं वा वितीर्णवानिति स्वयमपि न भिदां विदाम्बभूव ।।४५।।

अथ स्निग्धकण्ठ उवाच—"ततस्ततः ?"

मधुकण्ठ उवाच—"ततः श्रीमानसौ धन्यः पर्जन्यः श्रीगोविन्दपदारविन्दभजनाय वृन्दावनं प्रविशन् समासत एव समस्तशास्त्रसारं पृच्छतः पुत्रानुपदिदेश; ।।४६।। यथा—

मधुकण्ठ बोला—मेरे पुत्र को अपने पास आकर्षित कर एवं उसको अपना पुत्र मानकर ही वह इस पुत्रभाव द्वारा ऐश्वर्य को प्राप्त कर पाया है, जिसके पुत्र का आकर्षण किया है वह इस वृत्तान्त को स्वयं जानता है तथापि मित्रता को नहीं त्यागता, यह कौन है अपने मुख से तो कहो ? (यह श्रीनन्दजी के मन की उक्ति है) स्निग्धकण्ठ उत्कण्ठापूर्वक शीघ्र ही आनन्द में भरके बोला कि यह तो श्रीनन्द ही है। मधुकण्ठ बोला—हाँ आपने तो इस विषय को जान लिया है अतः सुनो ।।४३।।

देखो भैया ! जनमात्र ही अपने थोड़े से गुण द्वारा अपनी अधिक पूजा और सुख चाहता है, और जो अपने उन महान् गुणों से भी सदा दूसरे की ही पूजा एवं सुख चाहते हैं ऐसे तो यह श्रीव्रजराज ही हैं, इसी कारण से इन्होंने श्रीवसुदेवजी की प्रसन्नता के हेतु पुत्रवियोग आदि वे वे हानियाँ सही हैं तथा इनका चित्त अल्पमात्र भी मित्रता को तोड़ता नहीं ।।४४।।

तदनन्तर सभास्थित अन्तरङ्ग एवं बहिरङ्ग सभी सभ्यगणों ने मधुकण्ठ के इस प्रकार के सूक्ति सुधाकर को प्राप्तकर, समुद्र की तरह उछलती हुई अंग की तरङ्गों से विशिष्ट होकर, मधुकण्ठ के ऊपर हृदयङ्गम रत्नावली फेंकी अथवा अपना अन्तःकरणसमूह ही वितरण कर दिया। इस भेद को वे स्वयं भी नहीं जान सके ।।४५।।

पश्चात् स्निग्धकण्ठ बोला—भैया ! आगे क्या हुआ ? मधुकण्ठ बोला—तदनन्तर परमधन्य यह श्रीमान् पर्जन्यबाबा श्रीगोविन्द पदारविन्द के भजन के निमित्त श्रीवृन्दावन में प्रविष्ट होते समय संक्षेप से समस्त शास्त्रों का सारांश पूछने वाले अपने पुत्रों को यह उपदेश दे गये— ।।४६।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किं भयमूलमदृष्टं, किं शरणं श्रीहरेर्भक्तः ।
किं प्रार्थ्यं तद्भक्तिः, किं सौख्यं तत्परप्रेम ॥" इति ॥४७॥

"तदेवं सहभार्ये वृन्दावनं गते तस्मिन्नार्ये श्रीमानुपनन्दः स्वनामानुरूपं श्रीमन्नन्दव्रज-महेन्द्र-सभायामयन्त्रितमन्त्रितया स्थितवान्, विचित्रवीर्यसभायां भीष्म इव । सोऽपि मन्त्र-मिषेण विशेषेण तदाज्ञामेव गृह्णन् सर्वं सर्वकालं सुराजा प्रजाकुलं पालयति स्म ॥४८॥

"तत्र चेयं चर्याचरिताश्चर्या बभूव; यथा—

मर्यादां पितुरयमावदेव सर्वा, धर्मादिर्न विपदमेति यत्र चार्थः ।
सम्पत्तिर्न पुनरभूदमुष्य वश्या, येनासौ प्रसभमवाप वृद्धिमेव ॥४९॥

"तदेवं सर्व-समृद्धि-वृद्धि-सिद्धिमायाते राजन्वति व्रजजनजाते कलिकायमाना काचिदुत्-कलिका क्रमेण विकासमयामास,—सर्वेषां प्राणतुल्यस्य निजकुलस्य राज्ञस्तस्य सन्ततिर्न जायत इति । कालात्यये चाशा-व्यत्ययात् सर्वं जनमतीव कृच्छ्रमानर्च्छ; अग्रजादींस्तु सुतराम् । श्रीमद्व्रजपतिजम्पती तु प्रजाशां पूर्वत एव सन्दिग्धिदिग्धामपि कुर्वाते स्म, उत्तरतस्तु विशेषतः ।" ॥५०॥

पुत्रों का प्रश्न, यथा—पिताजी ! भय का मूल कारण क्या है ? उत्तर—अदृष्ट अर्थात् अपना प्राचीन कर्म । प्रश्न—आश्रय या रक्षक कौन है ? उत्तर—श्रीहरि का भक्त । प्रश्न—जगत् में प्रार्थनीय वस्तु क्या है ? उत्तर—श्रीहरि की भक्ति । प्रश्न—सबसे बड़ा सुख क्या है ? उत्तर—श्रीहरि का उत्कट प्रेम ॥४७॥

इस प्रकार उपदेश देकर वरीयसी नामक अपनी भार्या के सहित पूज्यपाद श्रीपर्जन्यबाबा के श्रीवृन्दावन चले जाने के बाद श्रीमान् उपनन्दजी व्रज के महेन्द्र श्रीमान् नन्दजी की सभा में, धृतराष्ट्र की सभा में श्रीभीष्मजी की तरह, अपने नाम के अनुरूप स्वाधीन मन्त्रिपद पर प्रतिष्ठित हो गये । श्रीमान् नन्दजी भी सलाह के बहाने विशेषरूप से श्रीउपनन्दजी की आज्ञा को ही ग्रहण करते हुए सुराजा होकर सर्वदा समस्त प्रजा की रक्षा करते थे ॥४८॥

प्रजापालन विषय में इस प्रकार का अनुष्ठान अत्यन्त आश्चर्यजनक था, यथा—इन श्रीनन्दजी ने पिता की बनाई हुई सारी नियमावली की रक्षा की, जिस नियमावली में धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप पुरुषार्थ की किञ्चित् भी हानि नहीं हो पाती थी । पिता की सम्पत्ति इनके वशीभूत न हो पाई इसी कारण ये हठात् वृद्धि को ही प्राप्त होगये यही आश्चर्य है, अर्थात् इनकी सम्पत्ति दिन दूनी, रात चौगुनी जब बढ़ती ही जाती थी तो वश में कैसे आवे, अतः वृद्धि ही वृद्धि दिखाई पड़ती थी ॥४९॥

इस प्रकार व्रजवासियों द्वारा परिवेष्टित एवं सुन्दर राजा से युक्त व्रजदेश में सब प्रकार से वर्धनशील समृद्धि की चरमसीमा प्राप्त होने पर भी कलिका का सा आचरण करती हुई कोई उत्कण्ठा क्रम से विक-सित हो गई, अर्थात्—"सभीजनों के प्राणतुल्य अपने गोपकुल के राजा श्रीनन्दजी के सन्तान उत्पन्न नहीं हो रही है" इस प्रकार की उत्कण्ठा सारे व्रज में फैल गई । कुछ काल के व्यतीत होने पर पुत्रोत्पत्ति की आशा के निराशारूप में परिणत होने से सभीजनों को अति कष्ट ने घेर लिया, बड़े भाइयों को तो और भी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्निग्धकण्ठ उवाच—"कथं तत्प्रेष्ठाः पुत्रेष्ट्यादिकं नानुष्ठापितवन्तः ? कथं वा विदग्धयोरपि तयोः सन्दिग्धता जाता ? तथापि परमेशपरयोः कथन्तरां वा तदाशा ? उत्तरतस्तु विशेषतः कथन्तमाम् ?"

मधुकण्ठ उवाच—"अनुष्ठापितमपि तत्तन्न प्रतिष्ठामाससाद ।"

स्निग्धकण्ठ उवाच—"कथं तत् ? कथं वान्यदन्यत् ?"

मधुकण्ठ उवाच—"तथाहि, तत्तदशेषसम्पत्त्योरपि दम्पत्यो रहसि संवादोऽयं बभूव; यथा श्रीमान् पतिरुवाच—'कुटुम्बिनि ! किमवलम्बी मम सन्तानाय वितानादि वितानयति शोकवशोऽयं लोकः ? यतो मम सङ्कल्पकल्पनासमये यादृशाय सर्वतो विचित्राय पुत्राय वित्तं कल्पते, स तु परम एवापूर्वः कथमपूर्वविषयतां प्राप्नोतु ? तत् पुनरन्यत्र वचनगोचरं रचयितुं संकुचत्येव चेतोवृत्तिः; यतो यत् खलु मयि दयापरायणस्य श्रुतिपारायणफलस्य श्रीनारायणस्य रूपं ततोऽपि मधुरतरं कतरद्वाभवेत्,—पारिजातकुसुमादाकाशकुसुमिव ?" ॥५१॥

अथ स्निग्धकण्ठस्त्वन्तश्चिन्तयामास—"अस्य ततोऽपि मधुरतरत्वं नायुक्तम्; यत एतदुद्दिश्य श्रीभागवतपद्यम् (३।२।१२)—

अधिक रूप से। श्रीमान् व्रजराज व्रजरानी तो पहले से ही पुत्रोत्पत्ति की आशा को सन्देहयुक्त कर चुके थे, वृद्धावस्था में तो और भी विशेष निराश हो गये थे ॥५०॥

स्निग्धकण्ठ बोला—भैयाजी ! ऐसी स्थिति में श्रीनन्दजी के अतिशय प्यारे उपनन्दादि बड़े भाइयों ने पुत्रेष्टि आदि यज्ञ क्यों नहीं करवाये? अथवा काल की गति जानने में चतुर भी उन दोनों श्रीनन्द यशोदा को सन्देह क्यों हो गया ? और दोनों को ही परमेश्वर परायण होने के कारण पुत्र की आशा भी क्यों होगी ? फिर वृद्धावस्था में तो हो ही कैसे सकती है ? मधुकण्ठ बोला—भाई ! अनुष्ठान करानेपर भी वे पुत्रेष्टि आदि यज्ञ सफल न हो सके। स्निग्धकण्ठ बोला—यह किस प्रकार ? अथवा किस प्रकार के यज्ञ अनुष्ठित होने पर भी सफल नहीं होते ? एवं कालगति निपुण व्रजराज और व्रजेश्वरी को सन्देह एवं अत्यन्त आशा भी क्यों जमी हुई थी ? मधुकण्ठ बोला—देखो भाई ! व्रजेश्वर एवं व्रजेश्वरी के सब प्रकार की सम्पत्ति होने पर भी उन दोनों का एकान्त में यह संवाद हुआ। यथा—श्रीमान् व्रजराज बोले—

हे कुटुम्बिनि ! शोक के वशीभूत ये आत्मीयजन क्या अवलम्बन करके मेरी सन्तति के लिए यज्ञादि विस्तृत कर रहे हैं, कारण मेरे संकल्प की कल्पना के समय में सबसे विचित्र लोकोत्तर जैसे पुत्र के लिये मेरा मन संकल्प करता है, वह तो परम अपूर्व है, यज्ञादि कर्मों से कैसे प्राप्त हो सकता है ? शुभाशुभ कर्मों से तो जीव का ही जन्म संघटित है, किन्तु मैं जैसे पुत्र की अभिलाषा करता हूँ ऐसा पुत्र क्या कभी अदृष्ट के वशीभूत हो सकता है? वह तो अदृष्ट का नियन्ता, विश्व का रचयिता है, इससे भिन्न पुत्र के लिए यज्ञादि करने कराने की इच्छा ही नहीं होती। मेरी इच्छा के अनुकूल पुत्र जब शास्त्र से ही असम्भव है, तब औरों के सामने कहने में भी चित्तवृत्ति संकुचित होती है। कारण—कल्पवृक्ष के पुष्प से आकाश पुष्प क्या कभी सुमधुर हो सकता है ? इसी प्रकार मेरे ऊपर अहैतुकी कृपा करने वाले, वेद पारायण के फलस्वरूप, श्रीनारायण भगवान् का जैसा रूप है उनसे भी अधिक सुमधुर रूप वाला कौन हो सकता है ? ॥५१॥

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ अपने मनमें विचारने लगा कि—श्रीनारायण से इन श्रीकृष्ण की अधिक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized By eGangotri

'यन्मर्त्यलीलौपयिकं स्वयोग,-मायाबलं दर्शयता गृहीतम् ।
विस्मापनं स्वस्य च सौभगर्द्धेः, परं पदं भूषणभूषणाङ्गम् ।।' इति ।।" ।।५२।।

अथ स्फुटं पप्रच्छ—"ततस्ततः ?"

मधुकण्ठ उवाच—"अथ श्रीमती तत्पत्नी चोवाच—'कीदृशं रूपं तदिति कथ्यताम् ?'

"स उवाच—'श्यामश्चञ्चलचारुदीर्घनयनो बालस्तवाङ्कस्थले
दुग्धोद्गारिपयोधरे स्फुटमसौ क्रीडन्मयालोक्यते ।
स्वप्नस्तत् किमु जागरः किमथ वेत्येतन्न निश्चीयते
सत्यं ब्रूहि सधर्मिणि स्फुरति किं सोऽयं तवाप्यन्तरे ? ।।'

"सोवाच—'श्रीमन् ! ममापीयमेव मनोवृत्तिर्मतिवृत्तिमतिवर्तमाना वर्तते, केवलविलज्जया तज्जातु भवन्तं न निवेदयामि, तस्मादस्मादसम्भवमनोरथान्निवृत्तिशास्त्रविचारमुद्यच्छन्तौ मन एव संयच्छेवहि' ।।५३।।

"स उवाच—'यद्यपि मयाप्येतदेव मध्ये मध्ये स्फुटमध्यवसीयते, तथाप्यस्त्येको वशित-विश्वोद्रेको महान् सहायः श्रीमन्नारायणदेव एव शरणमिति चित्तवृत्तिः परिवर्तते;—योऽस्माकम-दृष्टाश्रुतमिदं दृष्टमिव करोति, स सर्वं कृतपूर्वी तदपि कुर्वीत ।' "सोवाच—'देव ! तस्य देवस्य

सुमधुरता अयुक्त नहीं है, कारण इन्हीं का उद्देश्य करके श्रीमद्भागवत में श्रीउद्धवजी ने श्रीविदुरजी के प्रति यह श्लोक कहा है कि—हे महात्मन् ! विदुर ! श्रीकृष्णचन्द्र ने लौकिक लीला के योग्य अपनी योगमाया के बल को दिखाते हुए जो अपना श्रीविग्रह प्रकाशित किया था, उसका लोकोत्तर सौन्दर्य श्रीकृष्ण को भी विस्मित करने वाला था, सुन्दरता की पराकाष्ठा थी, उसके प्रत्येक अङ्ग भूषणों को भी भूषित कर देते थे, अर्थात् भूषणों से श्रीकृष्ण के अङ्ग की शोभा नहीं बढ़ती, अपितु श्रीअङ्ग में धारण करने से भूषण ही सुशोभित हो जाते थे। ऐसे रूप को देख अन्य कौन जन विमुग्ध न होंगे ? ।।५२।।

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ स्पष्ट बोला कि—भैयाजी ! आगे का प्रसङ्ग कहिये। मधुकण्ठ बोला, पश्चात् श्रीमती व्रजराजपत्नी बोलीं—वह रूप कैसा है सो कहिये ? श्रीनन्दजी बोले कि—मुझे तो श्यामवर्ण वाला, चञ्चल एवं सुन्दर विशाल नेत्रों वाला एक बालक दुग्ध बहाने वाले स्तनों से सुशोभित तुम्हारी गोदी में साक्षात् खेलता हुआ दिखाई पड़ता है, यह क्या स्वप्न है अथवा जागृत अवस्था है, मैं इसका निश्चय नहीं कर पाता हूँ। हे सहधर्मिणि ! तुम सत्य कहो, वह बालक तुम्हारे अन्तःकरण में भी स्फूर्ति पाता है क्या ?

व्रजेश्वरी बोलीं—हे श्रीमन् ! मेरी भी इसी प्रकार की मनोवृत्ति बुद्धि की वृत्ति को अतिक्रमण करके विद्यमान है, अर्थात् ऐसा बालक तो मुझे भी अपनी गोद में क्रीड़ा करता दिखाई देता है, केवल विशेष लज्जा के कारण मैं कभी भी आपसे निवेदन नहीं करती हूँ। अतः इस असम्भव मनोरथ से मुंह मोड़कर निवृत्ति शास्त्र का विचार अङ्गीकार करके वैराग्यपूर्वक हम तुम दोनों मन को ही संयत कर लें ।।५३।।

व्रजराज बोले—यद्यपि मैं भी बीच बीच में वैराग्यभाव को ही दृढ़निश्चित करता हूँ तथापि विश्व-नियन्ता, सृष्टिकर्ता, श्रीमान् नारायण भगवान् ही महान् सहायक एवं रक्षक हैं ऐसी चित्तवृत्ति बदल जाती है। जो प्रभु अदृष्ट अश्रुत ऐसे अद्भुत रूप को दृष्ट जैसा कर रहे हैं, सब कुछ करने वाले वे प्रभु इस मनोरथ को भी अवश्य पूरा कर देंगे।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कामपि सेवायोग्यामेवात्र योग्यामुपलभामहे ।' "स उवाच—'बाढम्; किन्तु कीदृशी सा ?' "सोवाच—'द्वादशीव्रतरूपा ।' "स सानन्दमुवाच—'सङ्गतं ब्रवीषि, ममाप्युत्कण्ठांकुरितं स्फुरितमेतदेवासीत्; तस्मादद्यारभ्य समारभ्यतामेष व्रत इति ।' ॥५४॥

"तदेवं सम्प्रवदमानयोरुद्भवन् देवदुन्दुभिनादः सर्वमतिचक्राम ।" ॥५५॥

अथ तया वृत्तस्वचित्तवृत्तप्रथया तत्कथया श्लथितस्वान्तः श्रीव्रजधरित्रीकान्तः कान्तनिजालङ्कारवारं सूतकुमाराय विततार; श्रीमती व्रजपतिपत्नी च महानीलमणिमयनायकं हारं विहापयामास ॥५६॥

अथ सोत्कण्ठं स्निग्धकण्ठ उवाच—"तर्हि किं जातम् ?"

मधुकण्ठ उवाच—"तेन व्रतेन पूर्णे वर्षे बृंहिते च तर्षे युगपदेव देवदेवः स्वप्ने तयोराविर्बभूव, चोवाच च—'अहो ! मय्यतिसक्तौ भक्तौ कथं निर्विद्य खिद्याथे ?—योऽसावतसीकुसुमसुषमः सुकुमारः कुमारः शश्वदेवानुभवतोर्भवतोः कुमारतया स्फुरति; स तु सदा भवतोरेवानुगतः प्रतिकल्पं स्वभक्तिप्रवर्तनाय दिवि मत्प्रवर्तित-द्रोण-धरा-रूपांशकलावतोः (भा० १०।१४।३४) 'तद्भूरिभाग्यम्' इत्यादिरीत्या ब्रह्माद्यलभ्यसाक्षात्तत्फलसाक्षात्काराय स्वयमेव पृथिव्यां भवतोर्भवतोरेव भवं लभत एव; अचिरादेव च रुचिरा रुचिरेषा युवयोः सफलतां वलिता' ॥५७॥

श्रीनन्दरानीजी बोलीं—हे पतिदेव ! उन श्रीनारायणदेव की सेवा के योग्य अभ्यास को ही प्राप्त करें, अर्थात् ऐसे समय में उनकी पुनः पुनः सेवा करना ही उचित प्रतीत होता है ।

श्रीनन्दजी बोले—यह तो ठीक है किन्तु वह सेवा किस प्रकार की है ? व्रजेश्वरी बोलीं कि—द्वादशी व्रत करने से उनकी सेवा हो जायगी ।

श्रीव्रजराज आनन्दपूर्वक बोले—तुम तो हृदयङ्गम बात कहती हो । क्योंकि मेरे भी ऐसे ही उत्कण्ठा के अंकुर उत्पन्न होते रहते हैं । अतः आज ही से यह व्रत आरम्भ कर देना चाहिये ॥५४॥

उन दोनों के इस प्रकार वार्तालाप करते समय देवताओं की दुन्दुभि का शब्द सारे शब्दों को दबा कर लोक में व्याप्त हो गया ॥५५॥

पश्चात् बीती हुई अपनी चित्तवृत्ति की रीति जिस कथा में है,ऐसी उस मधुकण्ठ की कथा से व्रजराज का अन्तःकरण शिथिल हो गया, पिघल गया अतः मनोहर अपनी अलङ्कारश्रेणी उस सूतपुत्र के लिए वितरण कर दी । श्रीमती व्रजेश्वरी ने भी महानीलमणिमय नायकमणि से युक्त हार को दे डाला ॥५६॥

तदनन्तर उत्कण्ठापूर्वक स्निग्धकण्ठ बोला—उसके बाद क्या हुआ ? मधुकण्ठ बोला—उस व्रत के अनुष्ठान से एक वर्ष पूर्ण होने पर एवं अभिलाषा के अधिक बढ़ जाने पर एक समय ही देवदेव श्रीनारायण उन दोनों के स्वप्न में प्रगट हो गये और बोले कि—अहो ! मेरे में अति अनुराग करने वाले दोनों भक्तो ! तुम शोकाकुल होकर खेद क्यों कर रहे हो ? देखो ! जो अलसी के पुष्प से भी परम सुन्दर सुकुमार कुमार निरन्तर अनुभव करने वाले तुम दोनों के आगे पुत्ररूप से स्फुरित होता है, वह तो तुम दोनों के अनुगत होकर प्रत्येक कल्प में अपनी भक्ति के प्रचार के लिये तुम दोनों के द्वारा ही जन्म धारण करता है, उस

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं श्रावितामिहिते तिरोहिते च परमहिते भगवति लब्धजागरावुपलब्धामृत-सागराविव च मिथस्तदेव संकथयन्तौ प्रथयन्तौ च परमचमत्कारनिवहं वहतः स्म ।" ॥५८॥

अथ स्निग्धकण्ठः स्वगतं चिन्तयामास—"तदेवं जातान्येव मम प्रश्नानामुत्तराणि; तत्र च भवतोरेवेति युक्तमेवोक्तं श्रीभगवता (भा० १०।८।१४) प्रागयं वसुदेवस्य क्वचिज्जातस्त-वात्मजः इति वदतोऽप्यव्यभिचारवचःप्रचारसर्गस्य मुनेः श्रीगर्गस्य प्रायः सोऽयमभिप्रायः ॥५९

"श्रीभगवता सह सम्बन्धः किल केवलप्रेमनिबन्धनः,—(भा० ११।१४।२१) 'भक्त्या-हमेकया ग्राह्यः' इत्यादेः; अतस्तद्विशेषस्य तद्विशेष एव हेतुः,—(गी० ४।११) 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' इत्यादेः । ततस्तस्मिन् वत्सतां सतां वात्सल्याभिध एव प्रेमा प्रमापयति ॥६०॥

"तत्र श्रीवसुदेवस्य तदैश्वर्यपर्यालोचनेन वात्सल्यस्य तारल्यं सारल्यञ्चासादितम् । श्रीव्रजराजस्य पुनस्तद्वात्सल्यं शश्वदुद्बुद्धं शुद्धमेव च प्रसिद्धम् । पितृभ्यां पुत्रतया तद्धारणे कारणञ्च मुनिभिर्मन एव मन्यते,—(भा० १०।२।१६) 'आविवेशांशभागेन मन आनकदुन्दुभेः'

समय स्वर्ग में मैं जिस द्रोण एवं धरा को प्रवर्तित करता हूँ, वे तो तुम दोनों के अंश या कलास्वरूप हैं । तथा दशमस्कन्धीय ब्रह्मस्तुति के "तद्भूरिभाग्यं" इत्यादि श्लोक की रीति द्वारा ब्रह्मादिकों के अलभ्य श्रीकृष्णरूप उस साक्षात् फल के साक्षात्कार के लिए स्वयं ही तुम दोनों भी पृथ्वी पर उत्पन्न होते हो, एवं श्रीकृष्ण भी तुम दोनों के निजी होकर जन्म लाभ करते हैं । अतः तुम दोनों की यह सुमधुर इच्छा शीघ्र ही सफलता को प्राप्त करेगी ॥५७॥

परमहितैषी भगवान् के इस प्रकार वचन सुनाकर अन्तर्हित हो जाने पर, श्रीनन्द यशोदा दोनों ही जागकर मानो अमृतसिन्धु को ही पाकर, एवं परस्पर उन्हीं भगवद्वचनों को कहते हुए, और अपनें प्रेमी-जनों में इस समाचार को व्यक्त करते हुए परमचमत्कार भार की पराकाष्ठा को प्राप्त होगये ॥५८॥

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ अपने मन हीं मन में विचारने लगा कि—इस प्रकार के पूर्वोक्त वाक्यों से तो मेरे प्रश्नों के उत्तर प्राय हो गये, क्योंकि उन वाक्यों में श्रीनारायण भगवान् ने यथार्थ ही कहा है कि ये श्रीकृष्ण तुम दोनों के ही पुत्र हैं, एवं व्यभिचारशून्य वाक्य प्रयोग करने वाले श्रीगर्गमुनि ने भी कहा है कि—हे श्रीनन्द ! यह तुम्हारा पुत्र पहले भी कभी श्रीवसुदेवजी के उत्पन्न हुआ है । इससे जाना जाता है कि श्रीगर्गाचार्यजी का भी प्रायः यही अभिप्राय था ॥५९॥

श्रीभगवान् के साथ सम्बन्ध भी केवल प्रेमनिबन्धन वाला ही अच्छा कहा है । श्रीकृष्ण ने उद्धव के प्रति कहा भी है कि—हे उद्धव ! मैं श्रद्धापूर्वक केवल प्रेमलक्षणा भक्ति के द्वारा ही प्राप्त होता हूँ । अतः इस प्रकार के सम्बन्ध विशेष के प्रति वैसा प्रेमविशेष ही कारण है । श्रीगीता में भी श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति कहा है कि—हे अर्जुन ! जो व्यक्ति मेरा जिस भाव से आश्रय लेते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार के अभीष्ट फल देकर अनुगृहीत करता हूँ, इत्यादि वाक्यों से भी उक्त विषय प्रमाणित हो गया । अतः सज्जनों का वात्सल्य नामक प्रेम ही श्रीभगवान् में पुत्रभाव को प्रमाण सिद्ध कर देता है ॥६०॥

श्रीवसुदेवजी का वात्सल्यभाव तो भगवान् के ऐश्वर्य के अधिक विचार करने से श्रीनन्दजी की अपेक्षा न्यून एवं ऐश्वर्य मिश्रित अवस्था को प्राप्त हो गया । किन्तु श्रीव्रजराज का श्रीकृष्ण के प्रति वात्सल्य

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्यादेः, (भा० १०।२।१८) 'दधार सर्वात्मकमात्मभूतं, काष्ठा यथाऽऽनन्दकरं मनस्तः' इत्यादेश्च । श्रीव्रजराजाभ्यामपि मनसा धारणं तस्य कार्यान्यथानुपपत्तिसिद्धेन भक्तिस्वाभाव्येनैव सम्भाव्यते; तत्र च सति साम्प्रतन्तु विशेषत एव साम्प्रतं परावस्थामनु कृतासक्तौ हि भक्तौ तदुदयः स्यात् । तस्मात्तवैवात्मजस्तस्य वसुदेवस्य तु क्वचित् कार्ये निमित्ते जातः प्रादुर्भूतः" इति ॥६१॥

अथ प्रकटमुवाच—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच—"तदेवं परमार्तेरुपकण्ठतां प्राप्तायामुत्कण्ठायामेकदा सर्वेऽनर्वाचीना व्रजवासिनः सभावाः सभायां मिलिताः, मिलित्वा च तदेव सोत्कण्ठं सुष्ठु प्रतुष्टुवुः ॥६२॥

"तदा च तत्रैका तापसी केनचन स्नातकेन सममायाता; ताश्च महाप्रभावलक्षणां लक्षयित्वा सर्वे समुत्थायातिथ्यमावितथ्येन विधाय विज्ञापयामासुः—'साक्षाद्भगवतो योगमायेव का त्वमसि ? श्रीमन्नारदस्याभिनवतनुरिवायं वा कः?' इति ॥६३॥

"सा च सहासमाह स्म—'पौर्णमासीनाम्नी कात्यायनी च कुमारश्रमणा च पारि-

---

भाव तो निरन्तर वृद्धि को प्राप्त होता हुआ विशुद्ध ही प्रसिद्ध है । वात्सल्यभाव वाले माता पिताओं द्वारा पुत्ररूप से भगवान् के धारण के विषय में तो मुनियों ने उनके मन को ही कारण माना है, अर्थात् पुत्रभाव वाले भक्त के मन में ही भगवान् धारण किये जाते हैं, प्राकृत जीव के समान गर्भाशय में नहीं । दशमस्कन्ध में कहा भी है कि "भगवान् श्रीवसुदेवजी के मनमें अंशकलाओं सहित पूर्णरूपेण प्रविष्ट हो गये" इत्यादि । इसी प्रकार—"पूर्वदिशा जैसे आनन्दप्रद चन्द्रमा को धारण करती है, उसी प्रकार श्रीदेवकीजी ने भी सर्वान्तर्यामी परमार्थरूप प्रभु को मन से ही धारण किया" इत्यादि अनेक प्रमाण हैं । श्रीव्रजराज एवं श्रीव्रजेश्वरी द्वारा भी उन परमार्थमय प्रभु का मन से ही धारण हुआ, वह धारण भी केवल कार्य की अन्यथा अनुपपत्ति सिद्धिरूप भक्तिमय स्वभाव से ही सम्भव हो सकता है, ऐसा होने पर भी जन्मसमय में तो अधिक वात्सल्यभाव करना ही योग्य है, क्योंकि परम उत्कर्ष को प्राप्त आसक्तियुक्त भक्ति के उद्रेक में ही उस वात्सल्यभाव का उदय हो सकता है, अतः ये श्रीकृष्ण वस्तुतः तुम्हारे ही, अर्थात् श्रीनन्द के ही आत्मज हैं, किन्तु वसुदेवजी के तो किसी कार्य के निमित्त जात, अर्थात् प्रादुर्भूत हुए हैं ॥६१॥

इस प्रकार मन में विचारने के बाद स्निग्धकण्ठ स्पष्ट बोला कि—भाई साहब ! आगे का प्रसङ्ग सुनाइये । मधुकण्ठ बोला—पूर्वोक्त कारणों से उत्कण्ठा जब मानसिक पीड़ा की पूर्णता पर पहुँच गई, तब एक समय समानभाव वाले उपनन्दादिक सभी वृद्ध व्रजवासी सभा में सम्मिलित हुए, मिलकर भी उत्कण्ठापूर्वक अच्छी प्रकार उसी प्रस्ताव को रखने लग गये ॥६२॥

उस समय वहाँ पर एक तपस्विनी किसी स्नातक ब्रह्मचारी के साथ आ पहुँची । उसको महा प्रभावशाली लक्षणवाली देखकर सभी ने उठकर, यथार्थरूप से उसका आतिथ्य सत्कार कर निवेदन किया । आप भगवान् की साक्षात् योगमाया के समान कौन हैं, और श्रीनारदजी का सा नूतन शरीर धारण करने वाला यह कौन है ? ॥६३॥

वह तपस्विनी हँसती हुई बोली—मेरा नाम पौर्णमासी है, मैं सदैव अर्धवृद्धा, कापायवस्त्र धारण करने वाली हूँ, मैं बाल्यावस्था से ही ब्रह्मचारिणी संन्यासिनी भी हूँ तथा तपस्विनी और दैवज्ञा अर्थात्

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कांक्षिणी चेक्षणिका चास्मि; अयञ्च मधुमङ्गलनामा स्नातकः श्रीनारदप्रकृतिः। आवाञ्च विद्याविशेषेणैतद्वयस्कावेव सदा विद्यावहे' ॥६४॥

"ते ऊचुः—'एतावती कृपा कृपणेषु कथमस्मासु कृता ?' सोवाच—'भवतां किमपि वैभवं सम्भाव्य।' सर्वे ऊचुः—'किं तत् ?' सोवाच—'भवतां प्राणकन्दस्य श्रीमन्नन्दस्य जगदानन्दः स खलु नन्दनः सम्भवितेति।' सर्वे सवाष्पपुलककुलमूचुः—'बृहद्वनमस्माकमिदं बृहत्तीर्थं भवति; तस्मादस्मभ्यं दत्तविश्रान्तिके कृष्णान्तिके स्फुटमुटजं तव घटयामः।' सोवाच—'उपश्रुतिरेषा श्रुतिवेषा नव्यापि न व्यभिचरिता; यतः कृष्णाया इति विवक्षितमपि कृष्णस्येति लक्षितं करोति। कृष्णनाम्ना हि भवितासौ;—महाप्रभाववति यस्मिन् जातवति निर्दानवता पृथिव्यां भविष्यति; तदीयगुणे तु सदा नवता, सगुणता विद्यादिप्रबन्धे तत्सम्बन्धे तु निर्गुणता; सकिञ्चनता विषयसम्पत्तौ, तद्भक्तौ तु निष्किञ्चनता—इत्यादिकं विरुद्धायमानमपि सर्वैरनुरुद्धं करिष्यते। तस्मादस्माकमत्र स्थातुमाग्रह एव भवतामनुग्रहाय सम्पन्नः।' ॥६५॥

"अथ तां सर्वे सानन्दं वन्दमानास्तया सममिन्दीवररुचिनिन्दीहितकालिन्दीं विन्दमानाः पर्णमन्दिरं पूर्णयन्तस्तत्र वासयामासुः ॥६६॥

ज्योतिष भी जानती हूँ। इस स्नातक ब्राह्मण बालक का नाम मधुमङ्गल है, इसकी प्रकृति भी श्रीनारदजी जैसी है। हम दोनों ही विद्याविशेष के प्रभाव से जिस अवस्था में देख रहे हो उसी अवस्था में सदैव विद्यमान रहते हैं ॥६४॥

वे व्रजवासी बोले—हम दीन जनों पर इतनी कृपा कैसे सम्पन्न हुई ? तापसी बोली—आप सबके किसी अनिर्वचनीय वैभव की सम्भावना करके। सभी बोले—वह कैसा ? वह बोली—आप सबके प्राणों के मूलस्वरूप श्रीमान् नन्दजी के निश्चय ही जगदानन्ददायक एक पुत्र उत्पन्न होगा।

सजल नयन एवं रोमाञ्चित होकर सभी बोले—यह महावन हमारा बड़ा भारी तीर्थ है, अतः हमारे लिए जिसने रहने का स्थान दिया है उसी श्रीयमुनाजी के किनारे आपकी भी एक विशाल पर्णशाला बनवा दें। तापसी बोली—यह तुम्हारी स्वीकाररूप वाणी तो वेदवाणी के समान है, यह नवीन होकर भी एकरस रहती है। कारण यह है कि—"कृष्णान्तिके" यह वाणी यमुना के निकट ऐसा कहती हुई भी श्लेष से श्रीकृष्ण के निकट इस अर्थ को लक्षित करती है, निश्चय ही वह पुत्र भी 'कृष्ण' नाम से विख्यात होगा। जिन महा प्रभावशाली श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही पृथ्वी में दैत्य दानवों का अभाव हो जायगा। किन्तु श्रीकृष्ण के गुणों में तो 'सदानवता' अर्थात् सदैव नवीनता तथा विद्यादि प्रबन्ध में जो 'सगुणता' वह श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में निर्गुणता होगी, एवं विषय सम्पत्ति में जो 'सकिंचनता' अर्थात् आढ्यता वह भगवद्भक्ति में 'निर्किंचनता' अर्थात् विषयासक्ति विहीनता हो जायगी। यह सब बातें विरोधाभास के कारण विरुद्ध सी होने पर भी सभी विज्ञजन इन गुणों का समाधानपूर्वक अनुरोध करेंगे। अतः आप सबका मेरे यहाँ ठहरने का जो आग्रह है वह तो मेरे लिए अनुग्रहरूप से ही परिणत हो गया ॥६५॥

तदनन्तर सभी व्रजवासियों ने उनको प्रणाम करते हुए, उन्हीं के साथ नीलकमल की कान्ति को तिरस्कृत कर देने वाली चेष्टाशाली श्रीयमुनाजी को प्राप्तकर, पर्णकुटीर की रचना करके, उसी जगह वास करा दिया ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्मिन्नेव दिवसेऽपगतदोषे प्रदोषे समुद्भट-कंसरोषेण जातचित्तशोषेण कृतपरिदेवेन वसुदेवेन प्रहिता व्रजहिता वडवारोहिणी रोहिणी गुप्तमाजगाम;—यस्यामागतायां परमपतिव्रतायां सर्व एव व्रजराजराजसमाजः शुभशकुनसंकुलशकुनादिसमजेन समभुल्लास। तत्र चानन्दमोहिन्यौ श्रीयशोदा-रोहिण्यौ यमुना-गङ्गे इव सङ्गतसङ्गे परस्परं परेभ्यश्च सुखसमूहमूहतुः ॥६७॥

"व्रजराजपत्नी च तस्या ज्येष्ठमवष्टभ्य मासत्रयजातमन्तर्वत्नीत्वं पर्यालोच्य स्वाभेदवेदनेनैव शातजातं प्राप ॥६८॥

"अथ माघमासि चासितप्रतिपदि कृतसर्वसुखप्रसरजन्यां रजन्यां सा व्रजराजं सेवमाना तन्द्रापरतन्त्रायमाणा स्वप्नतुल्यता-सञ्चितं किञ्चिदञ्चितं ददर्श ॥६९॥

"यथा स एव बालः सर्वतस्तदावरणकारिकया कयाचिद्दिव्यकुमारिकयात्मानं पिधाय व्रजराजहृदयान्निजहृदयं प्रविश्य दृश्यवदेव स्थित इति। ततश्च सोऽयं स्वीयं हृदयकमलमध्यमध्यासामास, सेयन्तु जठरमध्यमिति। व्रजराजश्च निरन्तर-स्वान्तरतत्प्रवेशावेशं दुर्निर्देशं विरमनुभूय दूयमानतां विधूय तथैवानुभूतवान्।" ॥७०॥

अथ स्निग्धकण्ठः स्वान्ते चिन्तयति स्म,—"सत्यमेतदत एव सद्वाणीगुणिभिर्मुनिभिर्मुहुरनयोरात्मज इति मतम्; मया च सुविचारतस्तदेव पूर्वं निश्चितमाचरितम्" इति। उवाच च,—"ततस्ततः ?" ॥७१॥

उसी दिन दोषरहित प्रदोषकाल में भयंकर कंस के कोप से सूख गया है चित्त जिनका एवं विलाप करनेवाले श्रीवसुदेवजी के द्वारा भेजी हुई व्रज की हितकारिणी श्रीरोहिणी घोड़ी पर चढ़कर गुप्त रूप से महावन में आ गईं। परम पतिव्रता श्रीरोहिणीजी के आने मात्र से व्रजराज का सारा राजसमाज शुभ शकुन सूचक पक्षियों के समूह के सहित परम प्रसन्न हो गया। वहाँ पर श्रीयशोदा एवं श्रीरोहिणीजी तो आनन्द विभोर होकर श्रीगङ्गा यमुना की तरह दोनों मिलकर आपस में एवं दूसरों के लिए भी सुखसमुदाय की वृष्टि करने लग गईं ॥६७॥

श्रीयशोदाजी ने भी उन श्रीरोहिणीजी को जेष्ठ के महीना से लेकर अर्थात् जेष्ठ, आषाढ़, श्रावण इन तीन माह की गर्भवती समझकर एवं अपने साथ अभेद जानकर बहुत सुख पाया ॥६८॥

तदनन्तर माघ के महीना में कृष्णपक्ष की प्रतिपदा तिथि में, जिससे सब प्रकार के सुखसमूह उत्पन्न हो सकते हैं, ऐसी रात्रि में श्रीयशोदाजी ने श्रीव्रजराज की सेवा करते हुए कुछ निद्रा के अधीन होकर, स्वप्न में मिलने वाली वस्तु की तरह किसी एक अनुभूत व्यापार को देखा ॥६९॥

यथा—वही बालक सर्वतोभाव से आवरण करनेवाली किसी दिव्य कुमारिका के द्वारा अपने अङ्ग को ढककर, श्रीव्रजराज के हृदय से अपने हृदय में प्रवेश करके, साक्षात् दृश्य के समान ही स्थित हो गया। तदनन्तर वह बालक तो श्रीयशोदाजी के निज हृदयकमल में निवास कर गया एवं वह कुमारिका तो उदर में निवास कर गई। तथा श्रीव्रजराज ने भी निरन्तर अपने अन्तःकरण में उस बालक के प्रवेश के आवेश का अनुभव तो बहुत देर तक किया किन्तु निर्देश न कर सके, परन्तु सन्तप्तभाव को दूर करके उसी प्रकार से अनिर्वचनीयरूप से अनुभव किया ॥७०॥

पश्चात् स्निग्धकण्ठ ने अपने मनमें विचारा कि—यह सत्य ही है, अतएव सद्वाणी का अभ्यास

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुकण्ठ उवाच—"अथ तदारभ्य गर्भलक्षणमुपलभ्य सम्भूतभव्यानां सभ्याङ्गनागणानां गोकुलकुलपात्री सुखदात्री बभूव; ॥७२॥ यथा—

"मुखमापाण्डुकुचाग्रं, स्फीतं जठरं दरोत्तुङ्गम् ।
अभजत कर्णेजपतां, गर्भे वृत्ते यशोदायाः ॥७३॥

"यथा च—व्रजराज्ञ्यां स्फुरितात्मा, कृष्णः स्फुरति स्म लोकेऽपि ।
दीपः स्फटिकघटीभा,-गन्तर्बहिरपि विभाति तत्तुल्यः ॥७४॥

"किन्तु—जितरसनारसधैर्या, गाम्भीर्यादिप्रवीणापि ।
स्पृहितं किञ्चित् किञ्चिद्,-व्रजनृपगृहिणी तदा चक्रे ॥७५॥

"यथा—ऐहत दोहदमेषा, कृष्णावेशाविशत्तृष्णा ।
तुलसी-संस्कृतघृतयुक्, ससितं सितकान्तिगन्धि परमान्नम् ॥७६॥

"अथ योगमाया रोहिण्याः साप्तमासिकं गर्भं स्रस्तं विधाय देवक्यास्तद्विधं तं तस्यां नियोजयामास । ततश्च लब्धसर्वसमयसम्पद्दशे चतुर्दशे मासि श्रावणतः प्राक् श्रवणर्क्षे समस्त-सुखरोहिणी रोहिणी गुणगणनया सुषमं सितसुषमं सुतं सुसाव । सान्द्रशुभ्रताविभ्राजमानतया पौर्णमासी चन्द्रमसमिव, दर्शितविक्रमक्रमतया सिंहवधूः शावकमिव, निर्मलपरिमलधारा-धारतया नवकमलिनी धवलकमलमिव, सर्वश्रवणसङ्गमङ्गलतया निरवद्यविद्यता यशस्तोममिव च ॥७७॥

करने वाले मुनिजन श्रीकृष्ण को श्रीनन्द यशोदा इन दोनों के ही पुत्र मानते हैं। मैंने भी सुविचार से पहले इसी सिद्धान्त को निश्चित किया था। तदनन्तर मधुकण्ठ से बोला कि—मैयाजी! आगे का प्रसङ्ग कहिये ॥७१॥

मधुकण्ठ बोला—उस समय से लेकर गर्भ के लक्षणों को जानकर मङ्गलपरिपूर्ण सभ्य रमणीजनों के लिए तो गोकुलवंश की रक्षा करने वाली श्रीयशोदाजी सुख देने वाली हो गईं ॥७२॥

यथा—श्रीयशोदाजी के गर्भ के स्थित होने पर, उनका थोड़ा सा पीतवर्ण वाला मुख, स्तनों का विशाल अग्रभाग, एवं किञ्चित् उन्नभाव को धारण करने वाला उदर, गर्भभाव की सूचना दे रहा था ॥७३॥

और स्फटिकमणि के घड़े में स्थित दीपक जैसे भीतर बाहर एक सा ही सुशोभित होता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण श्रीव्रजरानी के गर्भ में अपना प्रकाश करते हुए जगत् में भी प्रकाशित हो रहे हैं ॥७४॥

किन्तु व्रजराजगृहिणी श्रीयशोदा जिह्वा के रस को जीतने वाले धैर्य से युक्त होकर, एवं गाम्भीर्य आदि में प्रवीण होकर भी उस समय कुछ कुछ वाञ्छित वस्तुओं की इच्छा प्रगट करने लग गईं ॥७५॥

यथा—श्रीकृष्ण के आवेश से जिनमें तृष्णा प्रविष्ट हो रही है ऐसी श्रीयशोदाजी गर्भिणी के तुल्य मनोरथों को करने लग गईं, अर्थात् वह तुलसी के द्वारा संस्कृत घृतयुक्त शक्कर या मिश्री से मिली हुई एवं कर्पूर की गन्ध से युक्त खीर को खाने की इच्छा प्रगट करने लग गईं ॥७६॥

तदनन्तर योगमाया ने रोहिणी के सात महीना के गर्भ को नष्ट करके देवकी के सात माह के गर्भ को श्रीरोहिणीजी के गर्भ में नियुक्त कर दिया। पश्चात् सभी समयों की सम्पत्ति की दशा से युक्त, अर्थात् सर्व मङ्गलसूचक चौदहवें महीना में श्रावण से पहले अर्थात् मास के पूर्वार्ध में श्रवणनक्षत्र में समस्त सुख प्रादुर्भावकारिणी श्रीरोहिणीजी ने निविड़शुभ्रतागुण से विराजमान पौर्णमासी तिथि ने जिस प्रकार चन्द्रमा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च—"शुभ्रांशुवक्त्रं तडिदालिलोचनं, नवाब्दकेशं शरदभ्रविग्रहम् ।
भानुप्रभावं तमसूत रोहिणी, तत्तच्च युक्तं स हि दिव्यबालकः ॥७८॥

"स एष च—असितवर्ष्मा सितवर्ष्मा, सदनुजः सूदितदनुजः, पालितधेनुको दलितधेनुकः, प्रलम्बबाहुः प्रलम्बघातयिता, स्वयं रामनामा रामरमित-द्विविद-विदारयिता च भविता—इति ज्योतिर्विद्भिरुद्भावितम् ॥७९॥

"अस्य जातकर्मादिकञ्च मर्मगैरेव शर्मान्तिनामभिर्गुप्तमेव पर्याप्तमकारि आनकदुन्दुभि-मन्त्रणा-परतन्त्रतया । किन्तु तत्रैकं दुःखमिवासीत् ॥८०॥

"यतः, स तु जन्मत एवानुजजन्म यावज्जड एवादृश्यत; तत्र प्रतीकारश्चैक एवासीत्,—यथान्तर्धृतनिजावरजं व्रजेश्वर्यङ्कमेव केवलं बलमानः समुल्लसितवल्लक्ष्यते ॥८१॥

"तदेवं दिनकतिपये लब्धव्यत्यये गर्भसन्दर्भात् स्पष्टमष्टममासि तदवरजन्मजन्मनः समारम्भः सम्भवति स्म; यथा चाधुनापि वर्णयन्ति—॥८२॥

को, विक्रम की प्रणाली को दिखाते हुए सिंहिनी ने जिस प्रकार सिंहशिशु को, निर्मल परिमल (सुगन्धि) की धारा के आधार के कारण नवकमलिनी ने जिस प्रकार श्वेतकमल को, एवं प्रशंसनीया विद्या ने जिस प्रकार श्रवण करने मात्र से सभी के अनेक मङ्गलविधान करने के कारण यशःसमूह को उत्पन्न कर दिया, उसी प्रकार रूप के अभ्यास से परम सुन्दर शुभ्रवर्णशाली एक पुत्र उत्पन्न किया ॥७७॥

किंच श्रीरोहिणीजी के गर्भ से जो बालक उत्पन्न हुआ उसका मुख पूर्णचन्द्रतुल्य एवं विद्युत्पुंज की तरह नेत्रयुगल, नूतन जलधर की तरह केशकलाप, शरत्कालीन मेघों की तरह शुभ्रवर्ण का श्रीविग्रह था। और वह स्वतः सूर्य के समान तेजस्वी था। इन सब गुणों का उसमें होना अनुपयुक्त नहीं है कारण वह बालक दिव्यातिदिव्य है, प्राकृतगन्धशून्य है ॥७८॥

और एवंगुणविशिष्ट यह बालक प्रमाणप्रमेयभाव से अनिर्वचनीय होकर भी शुक्लकान्ति से युक्त श्रीविग्रह वाला होगा, यह सुन्दर छोटे अनुज से युक्त होकर भी दनुजों अर्थात् असुरों का विनाशक होगा, धेनुओं का पालक होकर भी धेनुकासुर का दलन करने वाला होगा, स्वयं प्रलम्बबाहु अर्थात् लम्बी भुजाओं वाला होकर भी प्रलम्बासुर का घातक होगा, एवं स्वयं राम नाम से विख्यात होकर भी राम के सङ्गी द्विविद नामक वानर का विदारक होगा। इस प्रकार ज्योतिषीजनों द्वारा इनके अद्भुत गुणों का प्राकट्य कहा गया ॥७९॥

इस बालक का जातकर्मादि संस्कार भी श्रीवसुदेवजी की मन्त्रणा के अनुसार ब्राह्मणों के द्वारा गुप्त रूप से ही सम्पन्न हुआ। किन्तु उस बालक के विषय में एक ही दुःख सा था ॥८०॥

कारण—वह तो जन्म से ही छोटे भाई श्रीकृष्ण के जन्मपर्यन्त जड़ सा दिखाई देता था, किन्तु उसके विषय में एक ही प्रतीकार था कि अपने अन्तःकरण में धारण किया है, श्रीकृष्ण को जिसने ऐसी श्रीव्रजेश्वरी की गोद में जाते ही हँसता हुआ सा दिखाई देता था ॥८१॥

इस प्रकार कुछ दिन व्यतीत होने पर गर्भसन्दर्भ से स्पष्टरूप से अष्टम मास में उनके छोटे भाई के जन्म का उपक्रम अर्थात् प्रारम्भकाल उपस्थित हुआ, जिसका कविजन आज भी वर्णन करते हैं ॥८२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अष्टाविंशचतुर्युगे कलिशिरः संमर्द्य वैवस्वते
भाद्रान्तर्बहुलाष्टमीमनु विधोः पुत्रे विधोरुद्गमे ।
योगे हर्षणनाम्नि शुद्धविधिभे पूर्णः परः श्रीविधु-
र्नन्दन्नन्दवधू-मुदे स्वयमुदैदह्नाय धुन्वंस्तमः ॥८३॥

"यथा च—तदा युगादि-देवास्ते स्व-स्व-सम्पदुपायनम् ।
आदाय कृष्णजन्मर्क्षनिशामाशु सिषेविरे ॥८४॥

"यत्र हि—विबभूव विना सत्यं ध्यानं त्रेतां विना मखः ।
विना द्वापरमभ्यर्चा हरेर्नाम कलिं विना ॥
विना मधुं सप्तलादि विनोष्णं पाकिमाम्रता ।
विना शरदमम्बुश्रीः शालिस्तस्याः परं विना ॥
शिशिरेण विना माघ्यं विनाह्नाम्बुजविस्तृतिः ।
विना ज्योतिषशास्त्रेण ग्रहाणां शुभदा स्थितिः॥
विना गुरु-प्रभावेण सर्वत्र स्फुरणं हरेः ।
विना सूतिप्रतीत्या च प्रसूतोऽसौ यशोदया ॥८५॥

"तदिदमग्रे व्यक्तीकरिष्यते ॥८६॥

यथा—वैवस्वत मन्वन्तर के अठ्ठाइसवें चतुर्युग में कलियुग के प्रथम भाग का पराभव करके, भाद्रपद के अन्तर्गत कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि में, बुधवार में, चन्द्रोदय के समय में अर्थात् आधी रात में, हर्षनामक योग में, दोषरहित रोहिणी नक्षत्र में, परिपूर्णतम श्रीकृष्णचन्द्र भगवान् सबको आनन्दित करते हुए एवं अष्टमी के अन्धकार तथा अज्ञानान्धकार को नष्ट करते हुए श्रीयशोदाजी के आनन्द के लिए शीघ्र ही स्वयं प्रगट हो गये ॥८३॥

उस समय युग के आदि देवतागण अपनी अपनी सम्पत्ति की भेंट को लेकर शीघ्र ही श्रीकृष्ण के जन्मनक्षत्र वाली रात्रि की सेवा करने लग गये, अर्थात् श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात को सभी देवता श्रीकृष्ण दर्शनार्थ उपस्थित हो गये ॥८४॥

उस समय में सत्ययुग के बिना ध्यान, त्रेता के बिना यज्ञ, द्वापर के बिना पूजा, कलियुग के बिना हरिनाम संकीर्तन, वसन्त ऋतु के बिना नवमल्लिका आदि पुष्प, ग्रीष्म के बिना आम्र फलों का पकना, शरद् ऋतु के बिना जल की शोभा, हेमन्त के बिना अगहन के धान्य, शिशिर के बिना कुन्दपुष्प, दिन के बिना कमलों का विकास, ज्योतिषियों की सम्मति के बिना सभी ग्रहों की शुभप्रद स्थिति, एवं श्रीगुरुदेव के प्रभाव के बिना ही सर्वत्र श्रीहरि की स्फूर्ति होने लग गई, अर्थात् स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण के प्रभाव से उस समय अलौकिक घटनायें घटने लग गईं । और श्रीमती यशोदाजी ने भी प्रसवज्ञान अथवा प्रसव वेदना के बिना श्रीकृष्ण को उत्पन्न कर दिया ॥८५॥

इसका स्पष्टीकरण आगे करेंगे ॥८६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च—"मध्ये तारावारसारं नभस्तत्,-प्रान्ते सिन्धूर्ध्वं ध्वनन्मेघबन्धुः ।
इत्थं वर्षाधामतर्षा शरच्छ्री,-स्तस्यां तिथ्यां तथ्यमातिथ्यमाप ॥८७॥

"किञ्च—जातिभिः सह माधव्यः केतक्यः केतकैः समम् ।
कुमुदान्यम्बुजैः सार्धं स्फुटन्ति स्मेति दिग्यदा ॥
तदा तदपि नाश्चर्यमाचार्यैः परिचीयते ।
सर्वाश्चर्यनिधिः सोऽपि जन्मचर्यां यतो गतः ॥८८॥

"तथा हि, एतदुत्तरं भावि-तद्विलोकानां लोकानां भाविभानम् ॥८९॥

"मुखमस्य लसितस्मितासितकमलानामधिपमिव विलोक्यते, नेत्रयुगलं सूक्ष्मभ्रमरचित्र-कैरवान्तःपत्राणाम्, घ्राणं नीलनीरदच्छविलब्धकीलतिलप्रसूनानाम्, ओष्ठाधरं सिन्दूरगिरिजनि-जवा-बन्धूक-बिम्बगोष्ठीनाम्, कर्णद्वन्द्वमञ्जनभूमिज-श्यामलता-पोतानाम्, करप्रान्तताकान्तभुज-युगलं स-नवपल्लव-नवतमालशाखानाम्, श्रीवत्ससिन्धुवत्साख्य-लेखासहितवत्सं धृतदक्षिणावर्त-द्युतिविशेषकृत-स्थिरविद्युदाश्लेषमेघखण्डानामिति ॥९०॥

"किञ्च, मुखेन महापद्मं विजेता, नयनाभ्यां पद्मम्, नासिकया मकरम्, स्मितेन कुन्दम्, कण्ठेन शङ्खम्, चरणयोः पृष्ठाभ्यां कच्छपम्, रुचा नीलम्, सर्वैरेव च सर्वेषां खर्वम् । किं

किंच उस समय वह आकाश बीच में तो तारागणों से सुशोभित हो रहा था, एवं प्रान्तभाग में समुद्रों के ऊपर मेघरूपी बन्धुओं के शब्द से युक्त था । इस प्रकार वर्षा के समय में भी प्रगट होने की तृष्णा वाली शरद् ऋतु की शोभा उस अष्टमी तिथि में यथार्थरूप से आतिथ्य को प्राप्त कर गई ॥८७॥

किंच उस समय मालती के पुष्पों के साथ वासन्ती लता के पुष्प, ग्रीष्म जात केतकी पुष्पों के सहित वर्षाकालीन केतकी पुष्प एवं कमलों के सहित सभी कुमुद पुष्प खिल उठे । यह तो केवल दिग्दर्शनमात्र है तो भी भगवत् तत्त्वज्ञ आचार्यगण इन सब घटनाओं कों आश्चर्यजनक नहीं मानते, कारण जब सभी आश्चर्यों के निधि अजन्मा श्रीकृष्ण भगवान् भी जन्मलीला को प्राप्त हो गये तब आश्चर्यजनक और कौन सी बात रह गई ? ॥८८॥

देखो ! इसके बाद जो प्रेमीजन श्रीकृष्ण का दर्शन करेंगे उनकी प्रभा प्रकाशित हो गई ॥८९॥

इन श्रीकृष्णचन्द्र का मुखमण्डल विकसित नीलकमल के अधिपति की तरह दिखाई पड़ता है, एवं दोनों नेत्र सूक्ष्म भ्रमरों द्वारा मनोहर कुमुद पुष्पों के मध्य स्थित सभी पत्रों के अधिपति की तरह, नासिका नीलवर्ण के मेघों की कान्ति के प्रतिबन्धक तिल पुष्पों के अधिपति की तरह, अधरोष्ठ सिन्दूर पर्वत पर जन्म लेने वाले जवा पुष्प, बन्धूक पुष्प एवं बिम्बफलों की अपेक्षा भी उत्कृष्ट है । दोनों कान अञ्जनभूमि में उत्पन्न अभिनव श्यामलता के शिशुओं के अधिपति की तरह, तथा दोनों हाथों के प्रान्तभाग के सहित दोनों भुजायें नये नये पत्तों के सहित नई नई तमाल की शाखाओं के स्वामी की तरह, और श्रीवत्स एवं श्रीलक्ष्मी नाम की रेखा, अर्थात् स्वर्णरेखा सहित दक्षिणावर्त श्वेत रोमराजी चिह्नित वक्षःस्थल भी दक्षिणावर्त की कान्तिविशेष को धारण करनेवाली स्थिर बिजलियों के द्वारा आलिङ्गित मेघखण्डों के अधिपति की तरह दिखाई पड़ता है ॥९०॥

किंच ये श्रीकृष्ण निज मुख द्वारा महापद्म का, अर्थात् निधिविशेष एवं उत्तम कमल के विजेता हैं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

बहुना ? स्वेन मुकुन्दमपीति युगपदत्र तत्तदवसर-लभ्यावसर-प्रसवादीनां तथा दुर्लभसन्निधीनां निधीनामपि सन्निपतनं नासम्भाव्यम् ॥९१॥

"अथ तस्य जन्मनि कोऽपि विशेषः; ॥९२॥ यथा—

"तदा तत्र माया मिलद्बाल्यकाया, तदीयानुकूल्यं कृपामात्रमूल्यम् ।
सदा कुर्वती तं समस्तानतीतं, विधायाग्रजातं स्वयं प्राप जातम् ॥" ॥९३॥

अथ स्निग्धकण्ठेन भावितं सप्रमाणं खल्विदम्—'अदृश्यतानुजा विष्णोः सायुधाष्ट-महाभुजा' इति श्रीभागवतादेव (१०।४।९); तच्च (भा० १०।५।१) 'नन्दस्त्वात्मज उत्पन्ने जाताह्लादो महामनाः' इत्यादिष्वात्मज-पदैः स्थापनाव्यपदेशतः सदेशरूपमेव निरूप्यते; किन्तु तदिदमप्रच्छन्नं विविच्य पृच्छामः;—यथेह सन्देहः सर्वेषामपि शाम्यति ।' स्पष्टमप्याचष्ट—॥९४॥

"अहो आर्य ! तर्हि कथं वसुदेव-देवकी-पुत्रतया सोऽयमवधार्यते ?" ॥९५॥

तदीदृग्वचसि सति स्निग्धकण्ठे वचसि किञ्चित्कुण्ठेन मधुकण्ठेन मनसि भावितम्,—"श्रीमता देवर्षिणेदमावां प्रत्यतिहर्षेणादिष्टम्—'यदि कदाचिच्छ्रीमति महाप्रेमवति व्रजे

और नेत्रयुगल द्वारा कमल को, नासिका द्वारा मकर को, ईषद् हास्य द्वारा कुन्द पुष्प को, कण्ठ द्वारा शङ्ख को, दोनों चरणों के पृष्ठभाग द्वारा कच्छप को, कान्ति द्वारा नील को एवं मुखादि सभी अवयवों द्वारा खर्वनाम निधि को या धन विशेष को अथवा खर्वनाम की संख्या को भी पराजित करने वाले हैं। और अधिक क्या कहें ? ये तो अपने द्वारा मुकुन्द को अर्थात् श्रीनारायण को एवं निधिविशेष को भी जीतने वाले हैं। इस प्रकार एक साथ ही श्रीकृष्ण जन्म के बाद इस व्रज में समयानुसार सभी ऋतुओं के पुष्पों की अन्यत्र दुर्लभ निकट स्थिति एवं पद्म, महापद्म, शङ्ख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द, नील, खर्व, इन नौ निधियों की अन्यत्र दुर्लभता का एकत्र सम्मेलन कोई असम्भव नहीं मानना चाहिये, अर्थात् श्रीकृष्णावतार के अनन्तर आठों सिद्धि, नवों निधि, छहों ऋतु एक साथ व्रज में श्रीकृष्ण सेवार्थ प्रगट हो गईं ॥९१॥

और श्रीकृष्ण के जन्म समय में कोई विशेषता और लक्षित हुई थी ॥९२॥

यथा—उस समय योगमाया बाल्य शरीरधारणपूर्वक, कृपामात्र ही है मूल्य जिसका ऐसी श्रीकृष्ण की अनुकूलता का सदैव आचरण करती हुई, सर्वातीत उन श्रीकृष्ण को अपना अग्रज बनाकर पीछे स्वयं भी अनुजा बन गई अर्थात् श्रीकृष्ण के पीछे योगमाया ने भी जन्म लिया ॥९३॥

पश्चात् स्निग्धकण्ठ ने अपने मनमें जो विचार किया वह निश्चय ही प्रमाणयुक्त है, यथा—उसके बाद सभी जनों ने श्रीकृष्ण की अनुजा उस देवी को अस्त्र शस्त्र धारण किये हुए आठ भुजाओं से युक्त देखा। यह श्रीकृष्ण की छोटी बहिन है यह सिद्धान्त श्रीमद्भागवत के (१०।४।९) श्लोक से प्रमाणित हो गया। और उसी प्रकरण में यह अनुजात्व सिद्धान्त "आत्मज (पुत्र) के उत्पन्न होने पर उदारचित्त वाले श्रीनन्दजी अति आनन्दित हुए" यहाँ पर आत्मज पदों के प्रयोग द्वारा श्रीनन्दजी का पुत्रभाव न्यायसंगत ही निरूपित होता है। किन्तु इस विषय में सभी का सन्देह जिस प्रकार शान्त हो जाय उसी प्रकार स्पष्टरूप से विचार कर पूछें, ऐसा विचारकर स्पष्ट बोला कि— ॥९४॥

अहो ! आर्य ! यदि श्रीकृष्ण नन्दात्मज ही हैं, तब श्रीवसुदेव देवकी के पुत्रभाव को कैसे निश्चय करें ? ॥९५॥

स्निग्धकण्ठ के ऐसा कहने के बाद मधुकण्ठ ने किंचित् चुप होकर मनमें विचारा कि—श्रीमान् देवर्षि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृतव्रजनयोः कथायोगो भवतोः सम्भाव्यते, तदा श्रीकृष्णदेवस्य सर्वतो वर्यमैश्वर्यं गोपनीयम्' इत्यतो मुनिवर्गप्रसिद्ध-गर्ग-सिद्धान्तमेवालम्ब्य संवदिष्यावहे । स चामीभिः श्रुत एवेति नाश्चर्याय पर्यवसिष्यतीति ।" ॥९६॥

प्रकटञ्चोवाच—"अत्र खल्विदमस्य श्रीव्रजराजतनूजस्य रहस्यमुद्भावयतो मम सम्प्रति-क्रमः स्वयममुनैव बाढं सोढव्यः । तथाहि, अस्मिन् सर्वतो लब्धातिरेका संसिद्धिः खल्वेका वर्तते; यदतिक्रान्तसर्वेह-स्नेहमयहृदय एव सदा वर्तमानः स्निग्धता-दिग्धजनानां भावमुद्रया परोक्षं कृतयापि स्वहृदि प्रतिबिम्बततया मुद्रितो भवति । अस्य स्वरूपेणाविर्भावश्च स्नेहमय-स्फूर्तिपूर्तिवशीभावत एव सर्वथा, न त्वन्यथा । पुत्रतयाविर्भावे च बीजं पितृभावमयस्नेह एव, नान्येषामिवान्यत् । जाते च कुत्रचित् पुत्रतयाविर्भावे तत्तत्सम्बन्धमय-स्नेहकृतचय-स्फूर्तिरेव तथा तथा भावेनाविर्भावे निबन्धनं भवति ॥९७॥

नारदजी ने हम दोनों के प्रति अति हर्ष से आदेश दिया था कि यदि कभी महाप्रेमपूर्ण सुन्दर व्रजभूमि में तुम दोनों के जाने पर तुम दोनों की कथा का संयोग संघटित हो जाय, तो उस समय श्रीकृष्णदेव के सर्वश्रेष्ठ ऐश्वर्य को प्रकाशित न करना । अतः मुनिवर्ग में प्रसिद्ध श्रीगर्गमुनि के सिद्धान्त को ही विचार कर स्वीकार करके ही हम तुम दोनों संवाद करेंगे । वह सिद्धान्त इन श्रीनन्दादि गोपों ने सुना ही है अतः आश्चर्यजनक न होगा ॥९६॥

पश्चात् स्पष्टरूप से बोला कि—इस सभा में इन श्रीव्रजराजकुमार के रहस्य को प्रगट करते हुए मेरा जो आज्ञाभङ्गरूप मर्यादा का लंघन करना है, उस अपराध को ये श्रीदेवर्षि निश्चय ही सहन कर लेंगे ।

देखो ! श्रीकृष्ण में व्रजवासियों का जो स्वभाव है वह सबकी अपेक्षा अधिक होकर भी एकरस ही सदा रहता है । कारण—जिस हृदय में कृष्ण के अतिरिक्त और किसी प्रकार की चेष्टा नहीं रहती, उस एकमात्र स्नेहमय हृदय में वे सदा रहते हैं, फिर जिनके सर्वाङ्ग में ही स्नेह व्याप्त है, उन व्रजवासियों के हृदय में तो वे परोक्ष में की हुई भावमुद्रा से भी अपने अपने हृदय में प्रतिविम्बित भाव से मुद्रित (अङ्कित) हो जाते हैं, अर्थात् कुछ वाक्यों के बीच में जैसे मन्त्र के बीज गुप्त होकर भी उद्धार के समय स्पष्ट हो जाते हैं, उसी प्रकार श्रीहरि अदृष्ट होकर भी व्रजवासियों के हृदयपटल पर सदैव अङ्कित रहते हैं । इन श्रीकृष्ण का स्वरूप से आविर्भाव तो स्नेहमयी स्फूर्ति की पूर्ति के वशीभूत होकर ही सदा होता है अन्यथा नहीं । पुत्ररूप से आविर्भाव के प्रति पितृभावमय स्नेह ही कारण है, किन्तु अन्यान्य साधारण जनों की तरह रज वीर्य आदि का संयोग कारण नहीं है । अर्थात् देह से उत्पन्न होकर भी पुत्रभाव नहीं होता, किन्तु पुत्र के प्रति पिता का जो अधिक स्नेह है वही पुत्रभाव के प्रति कारण है । देह से उत्पन्न होने मात्र से यदि पुत्र होता तो स्वायंभुवमन्वन्तर में ब्रह्मा की नासिका से वराहदेव की उत्पत्ति एवं सभा के स्तम्भ से नृसिंहदेव की उत्पत्ति हुई है, तथापि उन दोनों देवों का ब्रह्मा की नासिका और स्तम्भ से पितापुत्र सम्बन्धात्मक कोई भी भाव प्रमाणित नहीं होता । इस प्रकार का विचार ग्रन्थकार आगे जहाँ तहाँ स्वयं प्रकाशित करेंगे, किसी किसी स्थान पर सांसारिक सम्बन्ध से भी पुत्ररूप से प्रगट होने पर, उस उस सम्बन्धमय स्नेह समूह की स्फूर्ति ही भ्राता, पुत्र, भागिनेय आदि भाव से प्रादुर्भाव के प्रति प्रधान कारण है, रज वीर्य आदि का सम्बन्ध प्रधान कारण नहीं है ॥९७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्थिते सर्वतः समुद्बुद्धशुद्धपित्रादिभावविचित्राणां व्रजनृपतिप्रभृतीनां भृतिभुक्-पर्यन्तानां व्रजजनानां येषामधिमध्यं प्रतिद्विपरार्धं प्रतिकल्पमाविर्भवति, वृद्धिजीविकानामिव तेषामेव प्रेमसञ्चय-पर्युदञ्चन-प्रपञ्चमञ्चंस्तद्वृद्धेरपरिच्छेद्यतावुध्या प्रतिदातुमध्यवसायं मुञ्चन् सदा पुत्रादितया स एष विराजते, नान्ये तु तत्र किल तिलमप्यवकाशकालं लभन्ते ।

"एतदेवोक्तं ब्रह्मणा (भा० १०।१४।३५)—'एषां घोषनिवासिनामुत भवान् किं देव रातेति नः' इत्यादिना । एतदेव च श्रीनारायणदेवेन समादिष्टम्—'योऽसावतसी-कुसुम-सुषमः सुकुमारः कुमारः' (५७ तम अनु) इत्यादिना ॥९८॥ ततश्च, (भा० १०।८।१९)—

'तस्मान्नन्दात्मजोऽयं ते नारायणसमो गुणैः । श्रिया कीर्त्यानुभावेन गोपायस्व समाहितः ॥'

इति गर्गवचनानुसारेणेदमुत्प्रेक्षामहे;—'एतद्रूप-स्वपुत्र-मात्र-पर्याप्तसर्वस्वार्थेन श्रीमद्व्रजमहेन्द्रेण महीयमानस्य यस्य महाभगवतो या योगमायाख्या दुर्घटघटनी स्वरूपशक्तिः शास्त्रेण व्यक्तीक्रियते, तेन किल दत्ता सा त्वत्पुत्रे श्रीकृष्ण एव पर्यवस्यति स्म; सा चेह स्वजनस्नेहनिक्षिप्त-चित्तस्य यद्यप्यस्य तत्पुत्रस्य प्रायोऽवधानं न प्राप्नोति, तथापि तस्मादन्यस्माच्च परोक्षमनुक्षण-मनुर्गति लीलासाहायकञ्च प्रपञ्चयति; यथा च योगमाया, तथा तदनुगता मायादयोऽपीति । यद्यप्येवं, तथापि त्वत्प्रभुप्रत्तशक्तिमेनं त्वमेव निज-श्रीप्रभृतिशक्तिभिर्गोपायस्वेति गर्गो

इस प्रकार स्नेह ही पुत्रभाव से आविर्भाव के प्रति कारण है यह सिद्धान्त दृढ़ होने पर सर्वतोभाव से समुत्पन्न विशुद्ध पितृ मातृ भाव द्वारा ही जिनकी विचित्रता है, उन श्रीव्रजराज प्रभृति से लेकर वेतनभोगी दास पर्यन्त सभी व्रजवासियों के बीच में आत्मीयजन होकर वे श्रीकृष्ण प्रत्येक द्विपरार्ध में एवं प्रति कल्प में प्रगट होते हैं । जो व्याज के द्वारा ही धन की वृद्धि करते हैं उनके व्याज चुकाने की चिन्ता कर्जदार को जैसे बाध्य कर देती है, उसी प्रकार पूर्वोक्त व्रजवासियों के प्रेमसमूहरूप ऋण की अधिकता को प्राप्त होकर, एवं उस ऋण की वृद्धि को चुकाने योग्य न जानकर, उसके प्रत्यर्पण के उत्साह को छोड़ते हुए वह श्रीकृष्ण सदा पुत्र, मित्र आदि रूप से विराजमान रहते हैं । किन्तु यह बात निश्चय है कि विशुद्ध भाव वाले व्रज-वासियों के सिवाय और कोई भी जन श्रीकृष्ण के ऊपर इस प्रकार का आधिपत्य करने के लिए तिलमात्र समय के भी अवकाश को प्राप्त नहीं कर पाते । इसी बात को श्रीब्रह्मस्तुति में दशमस्कन्ध में श्रीब्रह्माजी ने भी कहा है कि—"हे देव ! आप इन सभी व्रजवासियों के प्रेमऋण के सम्बन्ध में इन्हें क्या वस्तु प्रदान करेंगे?" इत्यादि । इसी बात को श्रीनारायण भगवान् ने भी श्रीनन्द यशोदा के प्रति आदेश दिया है कि—"यह जो अलसी के पुष्प के समान सुन्दर सुकुमार कुमार है, वह प्रति कल्प में तुम्हारा ही पुत्र होता है" इत्यादि ॥९८॥

उसके बाद—"अतएव हे नन्द ! तुम्हारा यह पुत्र गुण, सम्पत्ति, कीर्ति, एवं प्रताप से नारायण के समान है, तुम सदा सावधान होकर इनकी देखभाल रक्षा करो" इस गर्गाचार्यजी के वचन के अनुसार हम यह उत्प्रेक्षा कर सकते हैं कि—किसी वस्तु की इच्छा न करके श्रीकृष्णरूप स्वपुत्र के लिए ही जिनका परिपूर्ण सर्वस्वार्थ है, अर्थात् श्रीकृष्ण के बिना जिनके जीवन का अन्य कोई भी प्रयोजन नहीं है, उन श्रीमान् व्रजराज के द्वारा पूज्यमान महाभगवान् श्रीनारायण की जो योगमाया नामक अघटितघटनापटीयसी स्वरूपशक्ति है, वह शास्त्र के द्वारा व्यक्त की जाती है, उन्हीं महाभगवान् के द्वारा दी हुई वह योगमाया नन्दपुत्र श्रीकृष्ण में ही अधीनता को स्वीकार करती है । ऐसी वह योगमाया अपने व्रजवासी भक्तों के स्नेह

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

व्यञ्जितवान् । तदेवं सति (भा० १०।८।१५) 'बहूनि सन्ति नामानि रूपाणि च सुतस्य ते' इत्यपि तदुक्तिरुद्रिक्तीस्यात्; यतः स्वस्निग्धजन-भजनरसावेशितावशतया या या खल्विच्छा नित्यानित्या वास्य प्रादुर्भवति, सा च सा च यदृच्छयैव सिद्धिमृच्छति । ततो द्विभुजतया सदा विराजमानस्य श्रीमद्व्रजराजात्मजस्य खल्वस्य स्वस्निग्धजनभावस्वभावविशेष-विनोद-मनुमोदमानस्य तद्भावरूपानुरूपं रूपं यदृच्छावशादेकधानेकधा च समीपतोऽसमीपतोऽप्या-विर्भवति तिरोभवति च ॥९९॥

"ततः श्रीवसुदेवदेवक्योरन्तर्यच्चतुर्भुजमस्य रूपं स्फुरति स्म, तदेव हि बहिराविर्भवति स्म,—'फलेन फलकारणमनुमीयते' इति न्यायेन । तेनैव च न्यायेन श्रीव्रजेश्वरयोस्तु परं द्विभुज-मूर्तितयां स्फूर्तिरासीत् । ततः (भा० १०।८।१४) 'प्रागयं वसुदेवस्य क्वचिज्जातस्तवात्मजः' इति धृत-तपो-वर्गस्य गर्गस्य वचनमनुसृत्य परामृश्यते । यदा नृशंसकंसभिया स्वाविर्भूत-चतुर्भुजरूपाच्छादनपूर्वक-द्विभुजरूपाविर्भावनाय श्रीदेवकीच्छा जाता, तदा तस्य यदपूर्वं द्विभुजरूपं पूर्वं मायया सह श्रीयशोदायाः स्वान्तरमायातं, तदेव तत्र सन्निधानमवाप्य चतुर्भुजं

से व्याकुल चित्त वाले नन्दलाल इन श्रीकृष्ण के यद्यपि "यह योगमाया शक्ति मेरे अधीन है" इस प्रकार के ध्यान में भी नहीं आती है, तथापि उन श्रीकृष्ण और उनसे भिन्न व्यक्तियों के परोक्ष में, प्रति क्षण श्रीकृष्ण की अनुगति एवं लीला की सहायता का विस्तार करती रहती है। योगमाया जिस प्रकार श्रीकृष्ण के अनुगत है उसी प्रकार सांसारिक माया जीव प्रभृति भी उनके अनुगत हैं। यद्यपि लीला की सहायता के लिये योगमाया आदि श्रीकृष्ण के स्वयं अनुगत हैं तथापि हे नन्द! आपके उपास्यदेव श्रीनारायण ने जिनको शक्ति प्रदान की है, उन्हीं पुत्ररूप श्रीकृष्ण की तुम अपनी श्रीप्रभृति शक्तिसमूह द्वारा रक्षा करो, यह तुमसे भिन्न अन्य किसी के द्वारा रक्षणीय नहीं है, श्रीगर्गाचार्य ने यह बात स्पष्ट कही है। तात्पर्य यह है कि—वस्तुतः यह योगमाया स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण की ही शक्ति एवं लीला की सहायता करने वाली है, तथापि श्रीकृष्ण के प्रति श्रीनन्दजी के वात्सल्य रस को पुष्ट करने के लिये ही श्रीगर्गमुनि ने कहा है कि—नारायण ने तुम्हारे पुत्र को शक्ति प्रदान की है। और भी कहा है कि—"हे नन्द! तुम्हारे पुत्र के बहुत से नाम एवं बहुत से रूप हैं" यह गर्गोक्ति भी अतिशय युक्तियुक्त है। कारण—अपने स्नेही भक्तजनों के भजन रस के आवेश के वशीभूत होकर इन श्रीकृष्ण की जो जो नित्य या अनित्य इच्छा प्रगट होगी वह वह इच्छा स्वेच्छापूर्वक ही सिद्ध होजायगी। अतएव श्रीमान् व्रजराज नन्दजी के पुत्र सर्वदा द्विभुजरूप से विराज-मान एवं निज स्नेही जनों की इच्छा से युक्त जो स्वभाव विशेष उससे उत्पन्न जो कौतूहल उसका भी सदा अनुमोदन करते रहते हैं। इसीलिये उन भक्तोंके भावानुरूप इन श्रीकृष्ण की मूर्ति स्वेच्छापूर्वक एकबार एवं अनेक बार पास में और दूर भी क्रमशः प्रगट एवं अप्रगट होती रहती है ॥९९॥

इसी कारण श्रीवसुदेव देवकी के अन्तःकरण में श्रीकृष्ण के जिस चतुर्भुजरूप की स्फूर्ति होती थी वही चतुर्भुजरूप उनके सामने प्रगट हो गया। कारण—"फल के द्वारा ही फल के कारण का अनुमान किया जाता है" इसी नियम के अनुसार श्रीनन्द यशोदा के चित्त में द्विभुज श्रीकृष्ण की स्फूर्ति होती थी, अतः उनके सामने द्विभुजरूप से ही प्रगट हुए। अतएव "हे नन्द! तुम्हारा यह पुत्र पहले कभी वसुदेवजी के यहाँ भी प्रगट हुआ था" बहुत सी तपस्या को धारण करने वाले श्रीगर्गाचार्यजी के इन पूर्वोक्त वचनों का अनुसरण करके विचार करते हैं। यथा—जब क्रूर कंस के भय से अपने से ही प्रकटित चतुर्भुजरूप के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रूपमन्तर्भाव्य स्वयमाविर्बभूव,—यत्र साकारतया मातृगर्भस्थितापि माया निराकारतया तूर्ध्वगत्या तन्वा तद्वाहनतामागता; गन्धवाहश्रेणी नीलकमलदलमिव तत्र सर्वालक्षिततया तत् प्रापितवती;—या खलु पूर्वं तदाकर्षेण धर्षेण परं मातरमपि मोहेन म्लापितवती ॥१००॥

"अथ पुनस्तेन गर्भस्थेनाकारेण मातुः प्रसूतिभ्रमञ्च सम्प्रथय्य बहिरात्मानं संवलय्य प्रसूतिशय्यामेवाधिशय्य स्थितवती,—या खलु श्रीदेवकीतः श्रीरोहिण्यां सङ्कर्षणसंक्रमणेऽपि तथा प्रक्रमते स्म ।" इति ॥१०१॥

अत्र च स्निग्धकण्ठेनान्तश्चिन्तितम्,—"सत्यमिदमेवाह स्म नूनम्; (भा० १०।२।९)—'अथाहमंशभागेन' इति हि मायां प्रति श्रीभगवद्वाक्यम्, (भा० १०।१।२५) 'आदिष्टा प्रभुणांशेन कार्यार्थे सम्भविश्यति' इति च देवान् प्रति ब्रह्मवचनम्; तत्र 'अंशभागेन' चतुर्भुज-रूपेणाकारभेदेनेति भगवदभिप्रायः, 'कार्यार्थे' तत्तन्मोहनाय 'अंशेन सम्भविष्यति' श्रीकृष्णस्य द्विभुजरूपेणाकारभेदेन सह मिलिष्यति सेति ब्रह्मणोऽभिप्रायः । तदेवमेव हि व्याख्यातमन्यत्र श्रीभागवततत्त्वविद्भिः,—(भा० १०।३८।३२) 'अवतीर्णौ जगत्यर्थे स्वांशेन बलकेशवौ' इत्यत्र 'स्वांशेन' मूर्तिभेदेनेति ॥१०२॥

आच्छादनपूर्वक द्विभुजरूप के आविर्भाव की इच्छा श्रीदेवकी के उत्पन्न हुई,ठीक उसी समय श्रीकृष्ण का जो अपूर्व द्विभुजरूप पहले योगमाया के सहित श्रीयशोदाजी के अन्तःकरण में आया था, वही द्विभुजरूप श्रीदेवकीजी की शय्या के पास पहुँचकर, चतुर्भुजरूप को अपने में अन्तर्हित करके स्वयं प्रगट हो गया था। पूर्वोक्त यशोदा पुत्र का उस प्रकार से संस्थापन और चतुर्भुजरूप का छिपाना आदि कार्य में माया साकार रूप से तो माता यशोदा के गर्भ में स्थित होकर भी निराकारभाव से ऊर्ध्वगतिशील शरीर अवलम्बनपूर्वक श्रीकृष्ण की वाहनरूप बनगई थी। एवं वायुसमूह जिस प्रकार कमलदल को ले जाता है, उसी प्रकार माया यशोदा पुत्र को सबके अलक्षित भाव से मथुरापुरी में ले गई। और जिस योगमाया ने पहले अपने अग्रज श्रीकृष्ण की आकर्षणरूप धृष्टता द्वारा जननी यशोदा को भी अधिक मोह से विषादयुक्त कर दिया था ॥१००॥

तदनन्तर वही योगमाया उसी गर्भस्थित आकार द्वारा अपनी माता के प्रसव भ्रम को बढ़ाकर एवं अपने को बाहर प्रगट करके प्रसूति शय्या पर शयन करके स्थित हो गई। और वही योगमाया पहले श्रीदेवकी के गर्भ से श्रीरोहिणी के गर्भ में श्रीबलराम के आकर्षणरूप कार्य में भी अदृश्यरूप से अपना पराक्रम दिखा गई ॥१०१॥

इस विषय में स्निग्धकण्ठ ने अन्तःकरण में विचार कर जो कहा, वह निश्चय ही सत्य है (भा० १० । २ । ९) में योगमाया के प्रति श्रीभगवान् की उक्ति भी है कि—"पश्चात् मैं अंशभाग से अर्थात् ब्रह्मादि देवताओं या प्रकाश भेद के सहित देवकी का पुत्र होऊँगा" (भा० १० । १ । २५) में देवताओं के प्रति श्रीब्रह्माजी का वाक्य भी है, यथा—"योगमाया निजप्रभु श्रीकृष्ण के द्वारा आदिष्ट होकर देवकी के गर्भ को रोहिणी के गर्भ में ले जाना और श्रीयशोदा आदि के मोहन आदि कार्य के लिये यशोदा के गर्भ से उत्पन्न होकर भगवदंश इच्छाशक्ति के सहित मिल जायगी"। यहाँ पर अंशभाग शब्द से—"चतुर्भुजरूपधारी आकार विशेष से" यही भगवान् का अभिप्राय है। कार्यार्थे—अर्थात् श्रीयशोदा आदि को मोहित करने के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अपि च श्रीव्रजेश्वरसम्बन्धनिबन्धना या कृष्णे योगमायाभिव्यक्तिरुक्ता, सा सिद्धान्ततोऽपि सिद्धतामासादिति। भगवतः खलु प्रियजनेच्छामेवानुगच्छति सर्वशक्तिव्यक्तिर्न तु यदृच्छाम्।" इति ॥१०३॥

अथ सर्वे साश्चर्यमूचुः,—"भवतु नाम तत्तत्, किन्तु ततः किमनन्तरं जातम् ?" ॥१०४॥

मधुकण्ठ उवाच,—"अनन्तरन्तु चतुर्भुजताविर्भावानुरूप्यतः प्रव्यक्तयोगमायस्य तस्य प्रागुपदेशतः श्रीवसुदेवः सर्वत्र मायिकशायिकायां जातायां पूर्वदेवभिया द्विभुजमत्रकीयं बालकमत्रानीय तया बालिकया विनिमितवान्। सोऽयन्तु तेनेश्वरता-प्रत्यायकेन चतुर्भुजरूपेणोपदेशेन च न तत्र जातकतां व्यञ्जितवानिति पुत्रतां सन्देहितवान्। अत्र तु द्विभुजरूपेण वचनादिशक्तेर्व्यक्तेरभावेन च तामेव व्यज्य पुत्रतामेव निदेहितवान्। श्रीमानानकदुन्दुभिस्तु तदिदं सर्वं नानुसन्दधौ।" इति ॥१०५॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"नानुसन्दधातु नाम; तथापि, यां तनयामत्रकीयामपमाय

लिये अंश के सहित उत्पन्न होगी, अर्थात् श्रीकृष्ण के द्विभुजरूप के सहित मिलित होगी, यही श्रीब्रह्माजी का अभिप्राय है। अतएव श्रीमद्भागवत तत्त्ववेत्ता पण्डितों ने और स्थलों पर भी ऐसी ही व्याख्या की है, यथा—बलराम एवं श्रीकृष्ण संसार का भार उतारने के लिये अपने अंश से अवतीर्ण हुए हैं। यहाँ पर स्वीय अंश शब्द से अपने मूर्ति भेद से ऐसा ही अर्थ जानना ॥१०२॥

अपि च श्रीमान् व्रजेश्वर के सम्बन्ध का निबन्धन करने वाली योगमाया का प्रकाश श्रीकृष्ण के विषय में जो कहा है, वह सिद्धान्त के द्वारा भी सिद्ध हो जाता है। भगवान् की जो सब शक्तियों की अभिव्यक्ति है, वह भी निश्चय ही प्रियजनों की इच्छा का ही अनुगमन करती है, किन्तु स्वेच्छाचारिता का अनुसरण कभी नहीं करती, अर्थात् भगवत्शक्ति भी भक्तों की इच्छा के अनुसार ही व्यवहार करती है ॥१०३॥

पश्चात् सभी आश्चर्यपूर्वक बोले कि—भाई मधुकण्ठ ! पहले जो जो विषय कहा वह ठीक है, किन्तु उसके पश्चात् क्या हुआ ? ॥१०४॥

मधुकण्ठ बोला—अनन्तर तो चतुर्भुजरूप के आविर्भाव के योग्य होने के कारण जिनकी योगमाया स्पष्ट रूप से प्रकाश पा रही है उन्हीं श्रीकृष्ण के—"हे वसुदेवजी ! यदि आपको कंस से भय है तो मुझे गोकुल पहुँचा दो, और श्रीयशोदा के गर्भ से उत्पन्न मेरी माया को शीघ्र ही ले आओ" इस प्रकार के पहले उपदेश से श्रीवसुदेवजी सर्वत्र माया के द्वारा सभी जनों के सो जाने पर कंस आदि असुरों के भय से इस नन्दगृह में उत्पन्न द्विभुज बालक को इसी नन्दगृह में ही लाकर श्रीयशोदा की योगमाया रूप उस बालिका से परिवर्तन कर ले गये, अर्थात् बालक के बदले में बालिका ले गये। किन्तु श्रीकृष्ण के उपदेश के कारण श्रीवसुदेवजी ने अपने कारागार में ईश्वरताबोधक जो चतुर्भुजरूप ग्रहण किया था, उस बात को किसी से भी व्यक्त नहीं किया, अपितु पुत्र ही उत्पन्न हुआ है ऐसा सन्देह ही उपस्थित कर दिया। और इस नन्दालय में द्विभुजरूप से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, वह वाक्य आदि किसी शक्ति के द्वारा अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता, अतः उस कन्या में ही पुत्रभाव का आरोप कर लिया,और द्विभुजरूप से नन्दालय में पुत्रोत्पत्ति आदि के विषय में श्रीवसुदेवजी ने किंचिद् भी अनुसन्धान नहीं किया, अर्थात् मेरे द्वारा लाया हुआ चतुर्भुजरूप द्विभुज नन्दसुत में लीन हो गया इत्यादि विषय का ध्यान नहीं किया ॥१०५॥

स्निग्धकण्ठ बोला—उन ने यदि अनुसन्धान नहीं किया तो उससे कोई हानि नहीं, तथापि यहाँ की

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वयमपनिनाय, तस्याः प्रतिदानस्यापि सद्भावाभावात् कथमिव न्यस्तेऽप्यस्मिन्नात्मीयतां प्रत्यपद्यत ?—आगमादावपि यस्य नन्दनन्दन-नन्दात्मज-नन्दज-नन्दतनय-बल्लवीनन्दनादि-नामानि तत्तदभीष्टप्रदतया निर्दिष्टानि ।" इति ।

पुनः सहासमाह स्म,—"यस्य नन्दनन्दन इति नाम विपरीततया पठतापि क्रमपरीत-तयानुभूयते; तस्मादेवमप्यस्मन्नृपतेरेव पूर्वव्यञ्जितं समञ्जसता-सञ्जनमञ्जसा तस्य लभ्यत्वा-योपलभ्यत ।" इति ॥१०६॥

हसित्वा पुनरुवाच,—"अथ स व्रजदेवसुतस्य वसुदेवस्यागमनप्रकारस्तु वर्ण्यताम्" ॥१०७

मधुकण्ठ उवाच,—

"अंघ्र्योर्बन्धो व्यदालीदशयिषत जना द्वाररोधा विदीर्णाः
शेषश्छत्रं बभूव द्युमणिजनि-नदी प्राप्य केदारभावम् ।
आगोपाधीशगेहं वृतिरहितमभूद्गोकुलं कृष्णवाहं
प्राप्य श्रीशूरपुत्रं यदिह तदखिलं कस्य किं ब्रूहि तत्तु ?" ॥१०८॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"तदखिलं गोपराजस्य भाग्यम्" इति ॥१०९॥

तदेवं लब्धप्रथायां कथायाम्—

तयोर्मायाजालप्रथनतुलया सङ्कथनया
हरेः सा सा लीला नयनमिव याता किल यदा ।

जिस कन्या का परिवर्तन कर स्वयं ले गये, पुनः उस कन्या का लौटाना तो संभव हुआ नहीं, फिर गुप्तरूप से व्रजराज के घर में छोड़े हुए अपने पुत्र में अपनापन किस प्रकार स्थापित कर सकेंगे ? और शास्त्रों में भी जिसके नन्दनन्दन, नन्दात्मज, नन्दज, नन्दतनय एवं बल्लवीनन्दन इत्यादि नाम सुने जाते हैं, वे सब नाम भी प्रकृत प्रकरण में नन्दपुत्रत्व आदि अभीष्टप्रदरूप से ही निर्दिष्ट हुए हैं। पुनः हासपूर्वक बोला कि—जिनका "नन्दनन्दन" यह नाम ही विपरीतभाव से पढ़ने वाले को भी क्रमानुसार ही अनुभूत होता है, अर्थात् उलटा पढ़ने पर भी सीधा सा ही मालूम पड़ता है। इसलिये इस प्रकार से हमारे राजाधिराज श्रीनन्द के ही, श्रीकृष्ण को पुत्ररूप से लाभ करने के पक्ष में, वह पूर्वकथित सामञ्जस्य सङ्गति ही विशेषभाव से तत्त्वानुसार उपलब्ध हो सकती है अर्थात् पूर्वोक्त कथन ही ठीक है ॥१०६॥

पुनः हँसकर बोला—भाई मधुकण्ठ ! व्रजराज के पुत्र द्विभुज श्रीकृष्ण को साथ लेकर गोकुल की ओर आते हुए श्रीवसुदेवजी के आने के प्रकार का तो वर्णन करो ॥१०७॥

मधुकण्ठ बोला—श्रीवसुदेवजी के गोकुल की ओर आते समय दोनों चरणों का बन्धन स्वतः खुल गया, सभी जन सो गये, दरवाजे स्वतः खुल गये, शेषजी छत्र हो गये, श्रीयमुनाजी खेत की तरह सूख गई, और श्रीनन्दजी के घर तक सारा गोकुल आवरणरहित, अर्थात् आने जाने के लिये बाधाशून्य हो गया था। कृष्णवाहक श्रीवसुदेवजी को पाकर जो घटना यहाँ हुई वह और किसी के भी कहीं हुई है क्या ? कहो तो सही ॥१०८॥

स्निग्धकण्ठ बोला कि—यह सब घटना श्रीगोपराज के भाग्य से ही हुई ॥१०९॥

इस प्रकार कथा के विस्तृत हो जाने पर मधुकण्ठ और स्निग्धकण्ठ इन दोनों के मायाजाल के विस्तार के सदृश कथन उपकथन द्वारा श्रीकृष्ण की वह वह सारी लीला जब अविकल दृष्टिगोचर जैसी होने

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा वाष्पस्तम्भप्रलयमुखभावाः प्रतिपदं
बभूवुर्ये वा ते कति कति च वर्ण्या व्रजसदाम् ? ॥११०॥

अथ स्निग्धकण्ठः पुनरुवाच,—"ततस्ततः ?"

मधुकण्ठश्च सार्द्रदृष्टिनिसृष्टसुखसमाजतया व्याजहार;—॥१११॥

"ततश्च, तं रत्ननिधायं निधाय गते श्रीवसुदेवे कारणाभावात् प्रचलायिततात्प्रचयदोहं मोहमपहृत्य च गतायां मायायां श्रीव्रजराजजाया पुनः सम्भूतं सुतं साक्षादेव ददर्श; यथा विष्णुपुराणे (५।२२)—

'ददृशे च प्रबुद्धा सा यशोदा जातमात्मजम् ।
नीलोत्पलदलश्यामं ततोऽत्यर्थं मुदं ययौ ॥' इति ॥११२॥

"यथा च"—बालं दिव्यातिदिव्यासितमणिवपुषं चन्द्रजिच्चन्द्रवक्त्रं
लोकातीताब्जनेत्रं द्युतरु-नवदलोल्लङ्घिशोभांघ्रिपाणिम् ।
किञ्चिच्चञ्चत्करादि-भ्रदिम-मधुरित-क्रन्दनाद्विश्वमोहं
पश्यन्ती गोपराज्ञी तनुजममनुत स्वं तदा चित्रकल्पम् ॥११३॥
साम्राज्यं श्यामभासां निधिरपि तदिदं रूपरत्नाकराणां
भाग्यं लावण्यभाजां विलसितनिगमस्तत्तदङ्गावलीनाम् ।
एवं मीमांसमाना व्रजपतिदयिता यावदास्ते स्म तावत्
क्रन्दन्नोमोमितीत्थं नवशिशुरसकौ तद्ध्रुवं स्वीचकार ॥११४॥

लग गई, उस समय सभास्थित सभी व्रजवासियों के वाष्प, स्तम्भ, प्रलय आदि जो सभी सात्विक भाव पल पल पर उपस्थित होते थे, उनका परिमाण कितना है, उसका वर्णन कौन कर सकता है ? ॥११०॥

पश्चात् स्निग्धकण्ठ पुनः बोला—भैयाजी ! आगे क्या हुआ सो कहिये ? मधुकण्ठ सजलनयन होकर सुखसमूह की वर्षा करता हुआ बोलने लगा ॥१११॥

तदनन्तर रत्न की तरह उन श्रीकृष्ण को सूतिका शय्या पर पधराकर श्रीवसुदेवजी के चले जाने के बाद अतिशय व्यापकतासमूह पूरक सारे मोह को दूर कर, मायादेवी के भी चले जाने पर श्रीयशोदाजी ने वसुदेवजी के घर से पुनः मिले हुए पुत्र को साक्षात् देखा। विष्णुपुराण (५ । २२) में भी कहा है, यथा—श्रीयशोदाजी ने जागकर नीलकमलदल के सदृश श्यामवर्णवाले सद्यः उत्पन्न पुत्र को देखा, पश्चात् महान् हर्ष का लाभ किया ॥११२॥

बालकृष्ण की मूर्ति का दर्शन इस प्रकार है, यथा—बालकृष्ण का श्रीविग्रह दिव्य से भी अतिदिव्य और इन्द्रनीलमणि के समान है, मुखचन्द्र चन्द्र को भी पराजित करने वाला एवं आह्लादजनक है, अलौकिक कमलों के समान नेत्र हैं, कल्पवृक्ष के नवीन पत्रों की शोभा को पराजित करने वाले जिनके कर चरणों की शोभा प्रकाशित हो रही है, किंचित् चञ्चल हस्त पादादिकों की कोमलता से अत्यन्त मधुर रोदन करके यह बालक विश्व को विमुग्ध कर रहा था। गोपेश्वरी श्रीयशोदा जब इस प्रकार के सुन्दर पुत्र का दर्शन कर रही थीं उस समय तो वे अपने को भी चित्रलिखी सी ही मानती रह गईं ॥११३॥

यह बालक श्यामवर्ण की कान्तिसमूह का साम्राज्यस्वरूप है, अनेक रूपसमुद्रों का निधिस्वरूप है,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दृष्ट्वा पुत्रमसौ व्रजेशगृहिणी सद्यःप्रजातं सखी-
राहूता न शशाक कर्तुमपि चेदास्तां परं चेष्टितम् ।
अस्रैरावृतमक्षिकण्ठमथ यत् स्तब्धञ्च तस्या वपु-
स्तस्मिँल्लालनलालसावशतया चात्मात्मना व्यग्रितः ॥११५॥

किञ्च,—यदा माया गता तर्हि व्रजे मोहं जहौ जनः ।
कदा यदा ह्याविरासीत्तत्र श्रीपुरुषोत्तमः ॥११६॥
तदा व्यवहितानामप्येष प्राकाशयन्मनः ।
कुमुद्वतीनां सुमनोगणं वा शीतदीधितिः ॥११७॥
स्फुरति स्म परं मातुः शय्यायां न स बालकः ।
स्निग्धानामपि चित्तेषु स्वच्छेषु प्रतिबिम्बवत् ॥११८॥
स्फुरति स्म यदा बालस्तासां व्यवहितोऽपि सः ।
तं द्रुतं तास्तदा जग्मुः सारङ्ग्यो वा घनागमम् ॥११९॥

सुन्दरता धारण करने वालों का भाग्यस्वरूप है, और उन उन की अङ्गावलियों का तो निश्चय परिपाक-विशेष है । श्रीनन्दरानी जब तक यह विचार कर ही रही थीं तब तक इस नूतन बालक ने ओम्, ओम्, इस प्रकार क्रन्दन करते हुए श्रीनन्दरानी के विचार को निश्चितरूप से स्वीकार कर लिया ॥११४॥

यह श्रीयशोदाजी तत्काल उत्पन्न अपने पुत्र को देखकर अपनी सखियों को बुलाने के लिए भी जब समर्थ न हुईं तब अन्य चेष्टाओं की बात तो बहुत दूर रही, पश्चात् उनके नेत्र और कण्ठ नयनजल से आवृत हो गये एवं उनका शरीर भी निश्चेष्ट हो गया । उस बालक के लालन पालन की लालसा के वशीभूत होकर अपनी आत्मा को भी अपने आप व्याकुल कर लिया ॥११५॥

किंच माया जब मथुरा को चली गई तब सभी व्रजवासीजनों ने मोह को त्याग दिया । यदि पूछो कि कब मोह त्याग दिया ? तो सुनो ! जब व्रजमण्डल में श्रीपुरुषोत्तम प्रगट हो गये तब । अर्थात् योगमाया श्रीयशोदा के गर्भ से अदृश्यरूप से बाहर होकर द्विभुज श्रीकृष्ण को आकाशमार्ग से मथुरा ले गई, द्विभुज श्रीकृष्ण ने चतुर्भुज वसुदेवनन्दन को अपने में लीन कर लिया, पश्चात् योगमाया गुप्तरूप से गोकुल में आकर यशोदाजी की सूतिका शय्या पर पुत्री बन कर लेट गई । इसके बाद श्रीवसुदेवजी इन्हीं द्विभुज श्रीकृष्ण को लेकर यशोदाजी की शय्यापर धरकर, योगमाया को लेकर मथुरा चलेगये । इस प्रकार पिछली बार वसुदेवजी के सङ्ग जब माया चली गई तब व्रजवासीजनों ने मोह को त्यागा था । प्रिय पाठको ! श्रीकृष्णजन्म के सारे प्रसङ्ग की यही शृङ्खला है याद रक्खो ! ॥११६॥

उस समय चन्द्रमा जैसे बहुत दूर के व्यवधान में स्थित कुमुदिनी के पुष्पों को विकसित कर देता है, उसी प्रकार इस बालकृष्ण ने बहुत दूर स्थित व्यक्तियों के मन को भी प्रकाशित कर दिया ॥११७॥

वह बालकृष्ण केवल अपनी माता की शय्या पर ही प्रकाशित नहीं हो रहा था, अपितु अपने स्नेही जनों के निर्मल चित्तों में भी प्रतिबिम्ब की भाँति प्रकाश पा रहा था ॥११८॥

वह बालकृष्ण दूर होकर भी स्नेहमयी उन गोपियों के हृदय में जब स्फुरित हुआ तब चातकीगण मेघागम की तरह वे सब गोपियाँ शीघ्र ही उन बालकृष्ण के निकट आगईं ॥११९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

रोहिण्यादिभिरेताभिः सममालोकि बालकः ।
उदयत्पूर्णचन्द्रो वा चकोरीभिः समन्ततः ॥१२०॥
स्तैम्भेऽपि स्मेरनेत्राभ्यां पश्यन्तीं सुतमेव ताम् ।
प्रतिकार्यां विचार्यासूः पर्यालोचन्त तं ततः ॥१२१॥
ता एता मनसा दृशा कलितमप्यत्रासितं बालकं
सन्देहास्पदतामनैषुरसकृद्यत्तत्तु योग्यं मतम् ।
यद्वस्तु प्रथितं सुदुर्लभतया तद्दैवतो लभ्यतां
किन्त्वेतत् प्रथमं प्रतीतिपदवीं नात्मन्यलं यच्छति ॥१२२॥

तद्यथा—नव्येन्दीवरमाल्यमस्ति किमिदं किं शक्रनीलं महत्
किं वैदूर्यमहो तदेतदतुलं ज्ञातुं न यच्छक्यते ।
पश्यामः किल बालकस्य तु तनुं सर्वेन्द्रियाणां कृतिं
रुन्धाना खलु या तनोति नयनद्वन्द्वस्य निर्द्वन्द्वताम् ॥१२३॥

"तत्र च—'निर्मितं किल मृगमदसौरभ-तमालदलसारेण, अभ्यक्तं किल निखिल-विलम्बकलावण्येन, उद्वर्तितं किल निजदेहतेजसा, स्नातं किल निजमुखनिर्यत्कान्तिसुधया, अनुलिप्तं किल जननीदृष्टिकर्पूरलब्धसंघृष्टिभद्रश्रिया, भूषितं किल सहजशुभतारूषितनिजाकारेण'

चकोरीगण जिस प्रकार उदित होते हुए पूर्णचन्द्र का दर्शन करती हैं, उसी प्रकार इन रोहिणी आदि सभी रमणियों ने चारों ओर से एक साथ ही बालकृष्ण का दर्शन किया ॥१२०॥

निश्चेष्ट अवस्था में भी जब विकसित अपने दोनों नेत्रों द्वारा श्रीयशोदा पुत्र का ही दर्शन कर रही थीं तभी इनको इस अवस्था से पुत्र प्रसवादि के योग्य जानकर सभी गोपियाँ पश्चात् बालक के विषय में वितर्क करने लग गईं ॥१२१॥

यथा—ये सब गोपियाँ मन एवं नेत्रों द्वारा देखकर भी इस स्थान पर कृष्णवर्ण के बालक को देख कर "यह अपूर्व बालक क्या देवता है अथवा अन्य कोई है" इत्यादि रूप से बारंबार सन्देह प्रकाशित करने लग गईं, वस्तुतः यह सन्देह करना ही योग्य माना गया है, कारण—जो वस्तु अत्यन्त दुर्लभ कह कर प्रसिद्ध है वह यदि दैवयोग से मिल भी जाय तो भी पहले पहल मनमें वह वस्तु अच्छी प्रकार विश्वास मार्ग का प्रदान नहीं करती, अर्थात् स्वाभिलषित दुर्लभ वस्तु को प्राप्त करके भी प्रथम यह निश्चय नहीं होता कि यही स्वाभिलषित वस्तु है ॥१२२॥

सन्देह प्रकाश इस प्रकार है कि—यह क्या नवीन नीलकमल की माला है ? अथवा विशाल इन्द्र-नीलमणि ? किं वा बड़ी भारी वैदूर्यमणि है ? अहह ! यह अपूर्व अतुलनीय रत्न तो सत्य ही जाना भी नहीं जा सकता । देखने में तो हम बालक का शरीर देख रही हैं । जो शरीर सभी इन्द्रियों के व्यापार को रोकता हुआ अपने अद्भुत सौन्दर्य से हमारे दोनों नेत्रों को अपने में ही निश्चल बना रहा है ॥१२३॥

यह बालक मानों कस्तूरी की सुगन्ध से पूर्ण तमालदल से ही निर्मित है, जिस लावण्य के द्वारा सब चित्तधर्म और देहधर्म दूर हो जाते हैं, ऐसे लावण्य द्वारा ही मानों अभ्यक्त, अर्थात् अनुरञ्जित है, निज देह कान्ति से ही मानों इसका उबटना हुआ है, अपने मुखमण्डल से निकलती हुई कान्तिसुधा द्वारा ही मानों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति सद्योजातं तदपत्यं वितर्क्य मिथःकृतसमागमाः सर्वाः पुनस्तं बालं लब्धतमालपत्रभोग-मृगमेदमृगमदसारपङ्कमिव कोमलाङ्गम्, निजकरचूर्णिततम इव चूर्णकुन्तलम्, वहन्मुखविधु-बिम्बमीक्षयन्तं सर्वमनांस्याकृष्टुमिव करौ मुष्टीकुर्वन्तम्, तरणिजा-निजागुरुतरङ्गमिव करचरणकमलं चालयन्तं विलोकयामासुः ॥१२४॥

"तदेवं विलोक्य च—

सर्वास्ताः कलकलमेव मोदयुक्ताः, कुर्वत्यः परमविदुर्न तत्र कृत्यम् ।
एका तु द्रुतमथ सुष्ठुधीरचित्ता, तं कम्प्रे करयुगले दधत्यपश्यत् ॥१२५॥

"ततश्च, पुमपत्यबिह्नमह्नायावगत्य तासां प्रत्येकमपि समीहितम्; ॥१२६॥ यथा—

अहो शिरसि धारये नयनयोर्मुहुः स्पर्शये
हृदि प्रचुरमर्पये हृदयमध्यमावेशये ।
इदं विविधभावनं भृशमतीत्य वीचिक्षिषा
बलाद्वरदृशां दृशां विषयतामनैषीदमुम् ॥१२७॥

"तत्र च—मुहुरहो तनयं नयनं गतम्, प्रमदतः प्रणयन्त्यपि नातृपत् ।
घनरुचिर्जननीस्तनयुग्मजा,-ममृतवृष्टिमधादपि दृष्टिजाम् ॥१२८॥

इसने स्नान किया है, माता की दृष्टिरूप कर्पूर से युक्त घिसे हुए चन्दन के द्वारा ही मानों पुता हुआ है, स्वाभाविकी भद्रता से अनुरञ्जित अपने आकार से ही मानों अलंकृत है। इस प्रकार तत्काल उत्पन्न उस बालक के प्रति वितर्क करके सभी स्त्रियाँ परस्पर एक साथ मिलकर भी, तमालपत्र द्वारा ही उपलब्ध है शरीर जिसको ऐसे विचित्र मृग की कस्तूरी के सारमय पङ्क के समान कोमल अङ्ग वाले, अपने हाथ से पीसे हुए अन्धकार के समान अलकावली को धारण करनेवाले अपने मुखरूप चन्द्रबिम्ब को दिखाने वाले, सभी के मनों को आकर्षित करने के लिये ही मानों दोनों हाथों की मुट्ठी को बाँधने वाले, श्रीयमुनाजी की छोटी छोटी तरङ्गों के समान कर-चरणकमलों को धीरे धीरे चलाने वाले, ऐसे उस बालक को देखने लग गईं ॥१२४॥

इस प्रकार बालक को देखकर वे सभी गोपियाँ आनन्दयुक्त होकर कलकल शब्द करती हुईं अन्य कार्यों को तो बिल्कुल भूल ही गईं। किन्तु अच्छी प्रकार धीर चित्तवाली एक गोपी ने तो शीघ्र ही शय्या के पास जाकर बालक के चञ्चल दोनों हाथों को पकड़कर उसका दर्शन किया ॥१२५॥

तदनन्तर पुरुष के चिह्नों से युक्त बालक को शीघ्र ही जानकर उन सभी की अनेक प्रकार की चेष्टा उत्पन्न हो गईं ॥१२६॥

यथा—आ हा हा ! मैं तो लाला को शिर पर धारण करूँगी, दूसरी बोली—मैं तो बारंबार नेत्रों का ही स्पर्श करूँगी, तीसरी बोली—मैं तो अपने हृदय पर ही दृढ़तापूर्वक धारण करूँगी, चौथी बोली—बहिन ! मैं तो हृदय के बीच में स्थापित ही कर लूंगी। इन अनेक प्रकार की भावनाओं का अतिक्रम कर दर्शन की इच्छा ने बलपूर्वक इस बालक को इन रमणियों के दृष्टिगोचर कर दिया, अर्थात् सब भावनाओं को त्यागकर फिर भी लाला का दर्शन ही करने लग गईं ॥१२७॥

उस समय वहाँ पर दर्शनों की अधिक अभिलाषा से युक्त मेघ वर्णवाली जननी आनन्द के वशीभूत होकर अपने लाला को नेत्रों पर धारण करती हुई भी तृप्त न हुई, और दोनों स्तनों व दोनों नेत्रों से उत्पन्न

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्चात्यर्वागर्ह-शिशुस्नपनादिपर्वानुसन्धानतः सर्वासां सावधानता-विधाने जाते, ॥१२९॥

रोहिण्याज्ञामनु पतिसुतश्रेयसी वृद्धविप्रा
वृत्तं विज्ञापयितुमतुलानन्दमेति स्म नन्दम् ।
वक्त्रोल्लासात् पलितवलनादम्बराच्छुभ्रधामा
धाम्नां हासप्रथितितुलिता या जवान्निर्जगाम ॥" ॥१३०॥

अथ तदेतत्पर्यन्ते वृत्ते वृत्ते, जात-तत्तद्भावसम्पदः सभासदः प्रतिकृताञ्जलितया स्थितयोर्मधुकण्ठस्निग्धकण्ठयोर्मधुकण्ठः प्राह स्म,—॥१३१॥

"व्रजेन्द्र सोऽयं पुत्रस्ते सदःसाद्भूतसम्पदः ।
जन्ममात्राज्जनश्रेण्या नन्दन-श्रेणि-जन्मदः ॥" इति ॥१३२॥

ततश्च तौ निजोपकण्ठमनु व्रजराज आजुहाव; आगतयोश्च तयोः शिरसि करसरोरुहमाधाय निजालङ्कारैरलञ्चकार; सर्वश्च तत्सम्प्रदायं बहुसम्प्रदानेन सम्प्रदानमकरोत्; उवाच च,—'अद्य वासः समासाद्यतां भोजनाद्यर्थम्' इति; सर्वान् प्रति चोवाच,—'पुनरेवं प्रातः प्रातरायातव्यम्' इति ॥१३३॥

अमृत की वृष्टि को भी धारण करने लग गई। अर्थात् स्तनों से दुग्धधारा एवं नयनों से आनन्दाश्रुधारा एक साथ ही वह चली। श्रीयशोदाजी के दर्शन में अन्य गोपियों की अपेक्षा यही पृथकता थी ॥१२८॥

तदनन्तर अनेक क्षणों के बाद बालक का स्नानादि उत्सव किस प्रकार होना उचित है, ऐसा अनुसन्धान करके सभी गोपियों के सावधान होने पर, ॥१२९॥

पति पुत्रवाली एक प्रधान वृद्धा ब्राह्मणी ने श्रीरोहिणीजी की आज्ञा के पश्चात् श्रीनन्दजी को यह शुभ समाचार जनाने के लिये आकर अतुल आनन्द को लाभ किया, और जो निज मुखप्रभा से, जराजनित श्वेत केशकलाप से, एवं सफेद वस्त्रों की कान्ति से शुक्लकान्ति से युक्त होकर, सफेदी से पुते सभी घरों के हास्य के समान वेगपूर्वक नन्दभवन से निकल पड़ी ॥१३०॥

तदनन्तर यहाँ तक वृत्तान्त हो जाने के बाद सभी सभासदों ने पूर्वोक्त सभी भावसम्पत्ति ग्रहण की, तब सभासदों के अभिप्राय से मधुकण्ठ व स्निग्धकण्ठ हाथ जोड़कर खड़े रह गये, पश्चात् मधुकण्ठ बोला— ॥१३१॥

हे व्रजराज ! एवंगुणविशिष्ट यह तुम्हारा पुत्र अद्भुत सम्पत्तियों का स्थान है, एवं जन्ममात्र से ही जनश्रेणी के आनन्दसमूह को उत्पन्न करने वाला है ॥१३२॥

तदनन्तर व्रजराज ने मधुकण्ठ स्निग्धकण्ठ इन दोनों को अपने पास बुलाया। आये हुए उन दोनों के शिर पर करकमल धरकर अपने अलङ्कारों से अलंकृत कर दिया। और उन दोनों के सभी सम्बन्धियों को बहुत सा धन देने के कारण दान का पात्र बना दिया, अर्थात् बहुत धन देकर सन्तुष्ट किया। और कहा कि—आज तुम भोजन आदि के लिये अपने घर जाओ। सभी श्रोताओं के प्रति भी कहा कि—तुम सब भी इसी प्रकार प्रतिदिन प्रातःकाल आया करो ॥१३३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ गोसम्भालनार्थं पितरमनुज्ञां समभ्यर्थ्य मातरञ्च वन्यभोजनप्रस्थापनं प्रार्थ्य सूत-कुमारयोश्चात्मसङ्गमनं समर्थ्य कृतव्राजे व्रजयुवराजे सर्वे यथा स्वमावासं ययुः ॥१३४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु कृतपूरणव्रजवर्तितृष्ण-श्रीकृष्णजन्मसम्पन्मयं नाम तृतीयं पूरणम् ॥३॥

अथ चतुर्थं पूरणम्

श्रीकृष्णजन्मोत्सवः

अथ पूर्वेद्युर्मधुकण्ठः कृती यथाऽचीकृतत्, एवमपरेद्युश्च व्रजदेवसभायां भासमानायां स्वा सावसरनिदिग्धः स्निग्धकण्ठस्तत्कीर्तिमचिकीर्तत् ॥१॥

मधुकण्ठः सोत्कण्ठः पप्रच्छ; यथा मधुकण्ठ उवाच—

"प्राग्यद्वच्चरितं हरेररसयद्वागिन्द्रियं तद्वद-
प्यद्यास्वादयितुं ममेच्छतितरामुद्यम्य कर्णद्वयम् ।
यद्यप्येकक एव भोक्तृपदभाग्जीवस्तथापि प्रति-
स्वं चक्षुःप्रभृतीनि तानि च मुहुर्वाञ्छन्ति भोगप्रथाम् ॥" ॥२॥

तथा च स्निग्धकण्ठ उवाच,—"अथानन्दसमृद्धा सा वृद्धा गोदोहनार्थं गोस्थानमध्य-वस्थितान् मध्यस्थित-श्रीमन्नन्दोपनन्दादीन् विन्दति स्म; ॥३॥

तदनन्तर अपना चरित्र सुनकर, गैयाओं के सँभालने के लिए पिताजी की आज्ञा माँगकर, माता के प्रति भी वन भोजन भेजने की प्रार्थना कर, दोनों सूतपुत्रों के साथ निजमिलन का समर्थन कर, श्रीकृष्णचन्द्र के वन चले जाने के बाद सभीजन अपने अपने घर को चले गये ॥१३४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये कृतपूरणव्रजवर्तितृष्ण-श्रीकृष्णजन्मसंपन्मयं
नाम तृतीयं पूरणं संपूर्णम् ॥३॥

चतुर्थ पूरण

श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

प्रथम दिवस जिस प्रकार कथाकुशल मधुकण्ठ ने श्रीकृष्णकथा कीर्तन किया, उसी प्रकार दूसरे दिन देदीप्यमान श्रीव्रजराज की सभा में अपने अवसर में परिपुष्ट स्निग्धकण्ठ ने भी श्रीकृष्ण की कीर्ति का कीर्तन किया ॥१॥

उत्कण्ठापूर्वक मधुकण्ठ ने पूंछा, यथा मधुकण्ठ बोला—भैया स्निग्धकण्ठ ! पहले दिन जिस प्रकार मेरी जिह्वाइन्द्रिय ने श्रीहरि की लीला का रसास्वादन किया, उसी प्रकार आज मेरे दोनोंकान भी उद्यम-पूर्वक उसी का आस्वादन करने के लिये अत्यन्त इच्छा कर रहे हैं, अर्थात् श्रीहरिलीला के कहने में जो सुख मिलता है, सुनने में उससे भी कहीं अधिक मिलता है । यद्यपि भोक्तापद का भागी तो अकेला जीवात्मा ही है तथापि नेत्र आदि वे सभी इन्द्रियाँ प्रत्येक ही बारंबार भोगप्रथा की इच्छा करती रहती हैं ॥२॥

स्निग्धकण्ठ बोला—श्रीकृष्णजन्म के बाद अधिक आनन्द से युक्त वह वृद्धा ब्राह्मणी गोदोहन के लिये

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—अस्तव्यस्तगतिः प्रमोदमधुरा पश्यन्त्यमूनग्रतः
किञ्चिद्वक्तुमिवोद्यदास्यवलना दीर्घायिताल्पक्षितिः ।
हस्तन्यस्तफलादिरेवमपि सा पुत्रोद्भवं व्यञ्जती
यत् किञ्चिद्वदति स्म तत् पुनरवादीदित्यमी मेनिरे ॥" ॥४॥

मधुकण्ठ उवाच,—"किमुक्तवती सा ? स्निग्धकण्ठः सस्मितमुवाच,—अस्माकं राजाद्य प्रजातप्रजाः; कथं भवन्तस्तन्मिलनाय नायान्ति ? इति । मधुकण्ठः सहासमुवाच,—ततस्ततः ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—ततश्च तज्जन्मवृत्तामृतनववर्षाभिः शिखिन इव गोपाः कोलाहलंकलयामासुः । श्रीगोपत्यधिपस्तु वानस्पत्य इव पुलकाङ्कुरकुलाकुलतया परं परमानन्दं व्यञ्जयामास, न तु वचसा । मधुकण्ठ उवाच,—ततस्ततः ?" ॥५॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"ततश्च स्मितसम्भ्रमादरभर-कर्वुरितैः सर्वैर्वन्दितया नन्दितया च तया सत्वरया पलिक्नीवरया सनिजाङ्गजात एव भवान्मङ्गलसङ्गी भूयादित्यपूर्वां सुखपूर्वां वाचं प्रोच्य रोचनाकुङ्कुमसङ्गलेप-सङ्कुल-सदङ्कुरफलमङ्गले श्रीमद्व्रजराजस्य क्षेमङ्करकरयोर्विन्यस्ते तेन विलोकितकल्पः श्रीमानुपनन्दः सानन्दं जल्पति स्म,—'इह दोहाय संहाय रंहसायमाना धेनुसङ्घाः कामप्यविहाय द्रुतमस्याः सगृहाय विहाप्यन्ताम् ।'

"तत्र सर्वे चामोदगर्वेण प्रोचुः,—'अन्यद्वा यत्किञ्चिदस्या हितं समीहितं भवति ॥६॥

गो स्थान के मध्य में स्थित सभी गोपों के मध्य में विराजमान श्रीनन्द उपनन्द आदि गोपों के निकट उपस्थित हो गई ॥३॥

वहाँ पर वार्ताहारिका वृद्धा की गति अस्तव्यस्त थी, हर्षमाधुरी धारण करके वह सन्मुख श्रीनन्द आदिकों को देख रही थी, उसका मुख कुछ कहने के लिये चेष्टा कर रहा था, शीघ्र पहुँचने की लालसा में थोड़ी सी भूमि भी उसे लम्बी जैसी मालूम पड़ती थी, उसके हाथों में फल, पुष्प आदि धरे थे, इस प्रकार की अवस्था द्वारा उस वृद्धा ब्राह्मणी ने पुत्रोत्पत्ति की शुभ सूचना कर दी । उसके बाद उसने अपने मुख से जो कुछ कहा उसको तो इन गोपों ने पुनरुक्त ही माना, अर्थात् उस बुढ़िया की हर्ष भरी चेष्टा से ही वे पुत्रोत्पत्ति को समझ गये, अतः पश्चात् उसका कहना पुनरुक्त सा ही माना ॥४॥

मधुकण्ठ बोला—उस वृद्धा ने क्या कहा ? स्निग्धकण्ठ मन्द मुस्क्यानपूर्वक बोला—हमारे राजा के आज पुत्र का जन्म हुआ है, तुम सब उस पुत्ररत्न से मिलने के लिए क्यों नहीं आते हो ? मधुकण्ठ हास्यपूर्वक बोला—आगे क्या हुआ सो कहिये ? स्निग्धकण्ठ बोला—तदनन्तर नूतन वृष्टि होने पर मयूरों की तरह सभी गोपगण पुत्रजन्ममय चरित्रामृत की नवीन वर्षा से कोलाहल करने लग गये । श्रीगोपाधिप नन्दजी ने तो फलपुष्प युक्त वृक्ष की तरह रोमाञ्चरूप अंकुर राशि द्वारा परिव्याप्त होकर केवल परमानन्द को ही प्रकाशित किया, वाणी से तो कुछ भी न कह सके । मधुकण्ठ बोला—आगे का प्रसङ्ग सुनाईये ॥५॥

स्निग्धकण्ठ बोला—तदनन्तर मृदु मुस्क्यान, सम्भ्रम एवं अति आदर आदि से अपूर्व भावधारण करके सभी ने उस अति प्राचीन ब्राह्मणी की वन्दना की, ब्राह्मणी ने भी अति प्रसन्न हो शीघ्र ही आकर, "हे नन्दजी ! अपने पुत्र के सहित आप सदैव मङ्गलयुक्त होओ" ऐसी अपूर्व सुखभरी वाणी को बोलकर, हलदी कुंकुम मिश्रित चन्दन द्वारा विलिप्त दूर्वांकुर और नारियल आदि मङ्गलमय फल श्रीव्रजराज के मङ्गलकारक करयुगल में अर्पण कर दिये । श्रीनन्दजी ने श्रीउपनन्दजी की ओर जब किंचित् देखा तब

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च, आह्लादेन समं जज्ञे बालः किं किं स एव सः ।
एवं विवेक्तुं नन्दस्य नासीन्मतिमती मतिः ॥' ॥७॥

"अथ श्रीमान् व्रजेशः स्वीकृतधार्मिकवेशस्तदपि बहुलमन्यदपि बहुलादिकं दानाय सञ्चक्लृपे;—यत्र सर्वश्च तथाभावाय खर्वशश्चक्लृपे; सङ्कल्प्य च गृहे गन्तुं कृतस्पृहे धृतवेशे च तत्तद्वृतव्रजनरेशे श्रीरामप्रसू-समादेशान्महागोपुरदेशाद्दुन्दुभिद्वन्द्वमुन्ननाद। तच्च वाद्यविद्याविदुरव्यञ्जितं वाद्यं व्यक्तमेवेदं मुहुर्वक्ति स्म,—'प्रादुर्भूतो नन्दानन्दः प्रादुर्भूतो नन्दानन्दः' इति ॥८

ततश्च, "अपि श्रुतमभून्निशि त्रिदिववाद्यगर्जोर्जितं
जितं जितमिति स्वनं न तु विनिश्चितं कारणम् ।
तदा तदनुवादि तत् कलयतामसीषां मुहु-
र्मुदा कलकलारवः समजनि व्रजप्राणिनाम् ॥९॥

"अथ सम्मदेन मुहुर्लम्भितस्तम्भारम्भतायामप्युत्कण्ठयाकृष्ट इव तत्र च लब्धकम्पसम्पत्तायामपि केवलं स्वकृतसेवेन नारायणदेवेन दत्तहस्तावलम्ब इव धैर्यमवलम्बमानः स्वालयं प्रति व्रजभूपालः प्रचचाल ॥१०॥

श्रीमान् उपनन्दजी आनन्दपूर्वक बोले कि इस स्थान पर दोहन के लिए मिलकर जितनी गैया वेगपूर्वक आ रही हैं, उनमें से किसी एक को भी न छोड़कर शीघ्र ही इस ब्राह्मणी के गृहपति के लिये भेज दो। वहाँ पर सभी आनन्दमय गर्व से बोले कि और भी यदि कुछ हितकर वस्तु की इच्छा इस ब्राह्मणी को हो तो वह भी इसके घर पहुँचा दो ॥६॥

तदनन्तर आह्लाद के साथ ही बालक का जन्म हुआ है, अथवा आह्लाद ही बालकरूप से उत्पन्न हुआ है, श्रीनन्दराय की विचारयुक्त बुद्धि भी उस समय इस बात का विवेचन करने में समर्थ न हुई ॥७॥

पश्चात् श्रीमान् व्रजराज ने स्नानादि कार्य सम्पादनपूर्वक धार्मिक वेश धारण कर, पूर्वोक्त एवं और भी अनेक गैया आदि देने के लिये सङ्कल्प किया। जिस दान में संकल्पित वस्तुओं को सब व्रजवासी तो अर्वों खर्वों की संख्या की मान रहे थे, परन्तु श्रीनन्दजी के उदार मन में तो वे वस्तुएँ थोड़ी सी प्रतीत होती थीं। संकल्प करके, वेश धर के, उन उन उपनन्दादि गोपों से परिवृत होके, श्रीव्रजनरेश के अपने घर जाने के लिये इच्छा करते ही श्रीरोहिणीजी के आदेश से पुरद्वार प्रदेश से दो दुन्दुभियाँ बजने लग गईं। वाद्यविद्याविशारदजनों द्वारा बजाया हुआ वह दुन्दुभि वाद्य बारंबार यही कहता था कि—"नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की, नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की" इति ॥८॥

तदनन्तर रात्रिसमय में स्वर्गीयवाद्यों की गर्जना से बढ़े हुए जय जयकार शब्द तो सुनाई पड़ते थे, किन्तु उनका कारण तो निश्चित नहीं हो पाता था। उस समय उस अनुवादित शब्द को सुनने वाले उन व्रजवासियों का हर्ष के कारण बारंबार कलकल शब्द ही उत्पन्न होने लग गया ॥९॥

तदनन्तर हर्ष की अधिकता से यद्यपि बारंबार स्तम्भभाव का आरम्भ उपस्थित होरहा था तथापि श्रीव्रजराज मानों उत्कण्ठा से आकर्षित से हो गये। उत्कण्ठित होने पर भी सात्विक भावमय कम्प सम्पत्ति उपस्थित हो गई, इतने पर भी जिनकी सेवा सदैव स्वयं की है ऐसे श्रीनारायणदेव ने ही मानों अपने हाथ का सहारा दे दिया है, ऐसे श्रीनन्दजी धैर्य का सहारा लेते हुए अपने भवन के प्रति चल दिये ॥१०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च, "तद्वृन्दे गृहमभियाति बन्धुवर्गा, धावन्तः क्रममिलिता मिथः पुरोगाः ।
ये गङ्गाझरमनु निर्झरप्रभेदा, यद्वत्तत्तुलिततयानयन्त वृद्धिम् ॥११॥
अथागताः पुरवनिताः पुरः पुरः, सहस्रशः कलितशुभायुतायुताः ।
व्रजेश्वरं पुरु निरराजयन् जय,-न्नवात्मजप्रभवमहे महेहया ॥१२॥
ततश्च कोलाहलिभिर्व्रजस्थितैः, समं गतः श्रीलमहाव्रजेश्वरः ।
स्वरांस्तु सालङ्कृति चार्वशूशुभन्, नभःसभं पूर्णसुधांशुवत् प्रभुः ॥१३॥
यद्यपि विप्राः सहसा, स्वयमागतये कृतोद्यमाः सर्वे ।
तदपि तदादरविधये, राज्ञाहूताः पृथक् पृथक् प्रथमम् ॥१४॥
सुखाविष्टस्तस्मिन्मधुरमुपविष्टैः सदसि तै-र्महास्निग्धैः शर्मप्रकरपरिदिग्धैः परिवृतः ।
पठद्भिः पुत्राशीरुचितनिगमं भूसुरवरैः, किरद्भिर्दूर्वाद्यं शिरसि सुखपूर्वं स महितः ॥१५॥
सस्ने यत् परिचस्करे वपुरपि स्वस्ति-श्रुतिः शुश्रुवे
श्रीमन्नन्दमहात्मना सुतजनौ तत्तत् स्तुवे नापरम् ।
अद्यापि स्फुटमेति सर्वजनता येषां श्रुतादप्यहो
स्नानाद्यप्यतिगम्य सत्कृतिफलं यस्यास्ति नान्तः सदा ॥१६॥

तदनन्तर गोपवृन्द के नन्दालय की ओर चल देने पर उनके सभी बन्धुवर्ग अग्रसर होकर दौड़ते हुए परस्पर क्रम से सम्मिलित हो गये। एवं विभिन्न जलप्रवाह गङ्गाप्रवाह को प्राप्तकर जैसे वृद्धि को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार क्रमशः सम्मिलित होते हुए बन्धुवर्ग भी वृद्धि को प्राप्त हो गये ॥११॥

तदनन्तर हजारों पुरवनितायें अनेक माङ्गलिक द्रव्य ग्रहण कर नगर के सामने ही आ मिलीं, एवं जयशाली, नित्य नूतन रहनेवाले, ऐसे पुत्र के जन्मोत्सव में पधारते हुए श्रीव्रजेश्वर की महती चेष्टा पूर्वक विशिष्ट आरती की ॥१२॥

उसके बाद कोलाहल मचाने वाले व्रजवासियों के साथ मिलकर, अपने घर पहुँचकर, श्रीनन्दबाबा ने अलङ्कारयुक्त अपने घर को इस प्रकार सुशोभित कर दिया, जैसे कि नक्षत्रमण्डल सहित आकाश को पूर्ण चन्द्रमा सुशोभित कर देता है ॥१३॥

यद्यपि ब्राह्मण तो सभी स्वयं आने के लिये सहसा उद्योग कर रहे थे, तथापि श्रीव्रजराज ने उनके आदर करने के लिये उनको पहले ही अलग अलग बुलवाया ॥१४॥

अत्यन्त माङ्गलिक कार्यकुशल, अति स्नेही, श्रेष्ठ ब्राह्मणगण उस सभा में आकर मधुर भावपूर्वक बैठ गये, पश्चात् उन्होंने पुत्र को आशीर्वाद देने योग्य वेदमन्त्रों का पाठ करते हुए, श्रीनन्दजी के मस्तक पर सहर्ष दूर्वा आदि माङ्गलिक द्रव्यों का निक्षेप किया। वे ही व्रजराज पूर्वोक्त ब्राह्मणों द्वारा परिवृत और सुखित होकर सुखानुभवपूर्वक अपने हृदय में सम्मानित हुए ॥१५॥

महामना श्रीमान् नन्दजी ने स्वपुत्र जन्म के उपलक्ष में स्नान एवं शरीर संस्कारपूर्वक जो माङ्गलिक वेदध्वनि सुनी, मैं तो उन्हीं सब स्नानादि कार्यों की प्रशंसा करता हूँ, औरों की नहीं। यहाँ एक आश्चर्य का विषय यह है कि आज भी सज्जन श्रीनन्दजी के जिन स्नानादिक की कथा के श्रवणमात्र से अपने स्नानादिक से भी अधिक सत्कार्यों के अक्षय फल को प्राप्त कर लेते हैं ॥१६॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"अथ जातकर्म भव्यं कर्तव्यमिति गुरुभिरादिष्टेन तेन तत्प्रत्युत्क्रमश्चक्रे; यथा—

आनर्चिरे व्रजेशित्रा मातृका यास्तदा तु ताः ।
मातुः कमिव कं यासामित्यर्थव्यक्तिमागताः ॥१७॥

अथ नान्दीमुखश्राद्धं राद्धं गोपालपालिना ।
पितरो हि स्वयं यस्मिंस्ते नान्दीमुखतां गताः ॥१८॥

"अथ वेदविधानपटुभिः पुरोहितवटुभिः सार्धमन्तःपुरं प्रविष्टे भद्रकुम्भादिभद्रविशिष्टसूतिकागृहाग्रवेद्युपविष्टे श्रीव्रजकुलमहिष्ठे परममनोरथारोहिणी रोहिणी तदवधाय कुलत्रययशोदायियशोदाखट्वामन्तःपटेन व्यवधाय बालं पिधाय गृहावग्रहणीमानिनाय; किन्तु नवबालकं विलोकयितुं शर्मणा नर्मणा च निजालंकृत्यर्थं प्रजावत्यस्तं प्रत्यभितः किमपि किमप्यमूल्यतापर्याचितं यावितवत्यः प्रतिश्रुते तु तं विलोकयामासुः ॥१९॥

"स च खल्वस्तोक-रोक-लोकवलयभव-प्रबल-नवकुवलय-कुलपति-दुर्लङ्घशोभासङ्घं दुर्लभकोमलामलकान्ति-विश्रान्तिभूमिं, कलितमर्म-प्रयतनकर्म-विश्वाद्भुत-विश्वकर्मनिर्मित-निर्मल-नीलचिन्तामणिप्रतिमा-प्रतिप्रतीकातिक्रमिपरिमित-सर्वावयवं प्रबलप्रवाह-व्यतिषंगसंघट्टनकुट्टित

तदनन्तर—"माङ्गलिक जातकर्म करना चाहिये" गुरुजनों के ऐसे आदेश को प्राप्तकर, श्रीव्रजराज ने उस कर्म का उपक्रम किया। यथा—उस समय श्रीव्रजराज ने जो बड़े भाईयों की पत्नी हैं, उनकी पूजा की, पुत्रोत्सव में माता के सुख की तरह जिनका सुख है, इस प्रकार का अर्थ उनके द्वारा ही प्रगट हुआ, अर्थात् सदैव से जो जिठानी श्रीयशोदाजी के सुख में ही सुखी रहती हैं, यह प्रसिद्धि थी, आज वह प्रगट हो गई ॥१७॥

तदनन्तर गोपरक्षक श्रीनन्दजी ने नान्दीमुख श्राद्ध किया, जिस श्राद्ध में उनके पितर भी स्वयं मङ्गलपाठक किंवा मङ्गल के सूचक बन गये ॥१८॥

अनन्तर वेदविधि के जानने वाले पुरोहित बालकों के सहित व्रजकुलश्रेष्ठ श्रीनन्दजी के अन्तःपुर में प्रविष्ट होने पर तथा पूर्णकलश आदि माङ्गलिक द्रव्यविशिष्ट सूतिकागृह के आगेवाली वेदी पर बैठ जाने के बाद, उत्कृष्ट मनोरथ पर आरोहणकारिणी श्रीरोहिणीजी श्रीनन्दजी के आगमन को जानकर, माता, पिता, पति इन तीनों के कुल को यश देने वाली श्रीयशोदाजी की खाट को पड़दा के द्वारा ओटक में करके, बालक को ढककर देहली के पास लेकर आईं। किन्तु नये बालक को दिखाने के लिये, भैयाओं की धर्मपत्नियों ने सुख एवं कौतुकपूर्वक अपने अलङ्कारों के लिये तथा अतुल्यता से युक्त किसी अनिर्वचनीय वस्तु की भी श्रीनन्दजी से माँग की, देने की प्रतिज्ञा करने के बाद उन्होंने नवीन बालक का दर्शन करा दिया ॥१९॥

श्रीनन्दजी ने निजपुत्र को इस प्रकार देखा कि—उस समय किंचिद् भी शोक नहीं है जिनको ऐसे शोकविहीन जनों द्वारा अथवा अधिक कान्तियुक्त जनसमूह द्वारा उत्पन्न एवं परिपुष्ट, जो नवीन नीलकमलों का अधिपति, उसके द्वारा भी बालक की शोभा का लांघना अशक्य था, अर्थात् शोकहीन, कान्तिमान् दिव्य जनों द्वारा उत्पादित दिव्य नीलकमल से भी बालक की शोभा अधिक थी, यह बालक दुर्लभ, कोमल एवं निर्मल कान्ति की तो विश्रामभूमि ही हो रहा था। मर्म ग्रहण करने में जिनका यथेष्ट प्रयत्न हो रहा है, ऐसे विश्वभर में अद्भुत विश्वकर्मा द्वारा निर्मित जो निर्मल नीलचिन्तामणि की प्रतिमा उस प्रतिमा के प्रत्येक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

बालवायज-समवायजमंजुलाञ्जनकलिततल-निश्चलजल-कालिन्दीह्रदजालज-बालशैवालकरुचि-रुचिररोचिर्वलिताराल-श्लक्ष्ण-बाल-समुदायं, कमलालया-करकिशलय-सितलसित-सितकमलान्तर्वलयदल - निर्मलविलोचनं, वैकुण्ठस्थित - कल्पतरुतल्लजपल्लवकुण्ठताकर - करचरणाधरं, निपीतकनकरुचि-शुचिपीतन-पीतिताम्बरावरणरोचनं रोचनं, बालकमालोक्ष्यन्नात्मानं नयन-पयःपयसा स्नपयन् विलक्षणतया क्षणकतिपयं जलवदासीत् ॥२०॥

"यद्यपि बहुविधभावा, जाता गोष्ठेशितुस्तर्हि ।
तदपि च जाड्यं बलव,-ज्जज्ञे गाम्भीर्यशीलस्य ॥२१॥

"अथ चिराय धीरभावं धारितवति व्रजधरित्रीराज्यश्रीमति तदानन्दस्पृहिणी नवनन्दन-मुपनन्दगृहिणी तदुत्सङ्गसङ्गिनं चकार ॥२२॥

"उत्सङ्गं वहति शिशुं व्रजाधिराजे, सा दूरादधिशयिता प्रसूतिशय्याम् ।
आसीत्तच्छ्रवणज-वाष्परोमहर्ष,-स्तम्भाद्यैर्विवश-तनूर्व्रजाधिराज्ञी ॥२३॥

"अथ तत्र मेधाजनकं कर्म शर्मान्तनामभिर्निर्ममे,—यत्र (दशकर्मपद्धतौ) 'भूस्त्वयि' इत्यादिकं पठित्वा हेमान्तर्हितयानामिकया बालो घृतलवं लेहयामासे । अथायुष्यक्रिया क्रियते

अवयवों से भी बालक के परिमित सभी अवयव अत्यन्त सुन्दर थे । दलनविषयक प्रबल प्रवाह के सम्बन्ध की घटना से चूर्णितप्राय जो वैदूर्यमणियाँ उन चूर्णरूप वैदूर्यमणियों के मिलने से उत्पन्न जो मनोहर अंजन, उस अंजन के द्वारा जिसका तलभाग व्याप्त है, ऐसे स्थिर जल वाले यमुनाजी के ह्रदसमूह से जो नवीन शैवाल (काई) उत्पन्न हुई, उस शैवाल की कान्ति से भी जिसकी द्युति मनोहर है, इस प्रकार के आकुंचित, कुटिल एवं कोमल केशसमूह बालक के मस्तक पर हैं, अर्थात् बालक के केश मानों यमुनाजी के तल में स्थित वैदूर्यमणि के चूर्ण से उत्पन्न शैवाल लता के समान सुन्दर हैं । लक्ष्मीजी के कररूप नवपल्लव में स्थित सुन्दर जो श्वेतकमल उसके बीच के पत्रों से भी बालक के नेत्रयुगल निर्मल हैं । इस बालक के करचरण एवं अधर इस प्रकार के सुन्दर हैं कि जिनके सामने वैकुण्ठस्थित श्रेष्ठ कल्पवृक्ष के कोमल पल्लव भी कुण्ठित या परास्त हो जाते हैं । सुवर्णप्रभाविजयी सुन्दर हरिताल या कुंकुम की तरह पीले वर्ण के वस्त्र की पीत झँगुलिया द्वारा आवृत होने से यह बालक अत्यन्त मनोहर व रुचिकर हो रहा था । श्रीनन्दजी इस प्रकार के बालक को देखते हुए, एवं अपने को नयनजलरूप दुग्ध द्वारा अभिषिक्त करते हुए, विस्मयान्वित होकर कुछ क्षणों तक जड़ की भाँति खड़े के खड़े रह गये ॥२०॥

यद्यपि नवनन्दन के दर्शन समय श्रीनन्दजी के हृदय में बहुत से भाव उत्पन्न हुए, तथापि गाम्भीर्य-शील श्रीनन्दजी के जाड्यभाव ही प्रबलरूप से उत्पन्न हो रहा था ॥२१॥

तदनन्तर व्रजभूमि की राज्यलक्ष्मी के अधिपति श्रीनन्दजी के बहुत देर बाद धैर्य धारण करने पर, श्रीउपनन्दबाबा की धर्मपत्नी ने श्रीनन्दजी के आनन्दवर्धन की अभिलाषिणी होकर नवकुमार को उनकी गोदी में अर्पित कर दिया ॥२२॥

व्रजराज ने शिशु को जब गोदी में धारण कर लिया, तभी अति दूरवर्ती प्रसूतिशय्या पर लेटी हुईं वह व्रजरानी, "लाला व्रजराज की गोद में है" इस बात को सुनते ही बाष्प, रोमाञ्च, स्तम्भ आदि सात्विक भावों से विवश शरीर वाली हो गईं, अर्थात् उनका शरीर सात्विक भावों से विवश होगया ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) , Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदनन्तर जिनके नाम के अन्त में 'शर्मा' पद है, ऐसे ब्राह्मणों ने उस जातकर्म संस्कार में मेधाजनक

स्म,—यत्र (द०क०प०) 'ॐ अग्निरायुष्मान्' इत्यादयः कुमारस्य दक्षिणे कर्णे जेपिरे। ततः (द०क०प०) 'ॐ दिवस्पति' इत्यादिकेन डिम्भः स्पृष्टः। दिक्चतुष्टये मध्ये च (द०क०प०) 'ॐ इदमन्नं प्राणाय' इत्यादिभिर्भूमिश्चाभिमन्त्रिता। अथ (द०क०प०) 'ॐ अश्मा भव' इत्यादिना पुनरर्भकोऽभिमृष्टः। ततः (द०क०प०) 'ॐ इडासि' इत्यादिना तन्माताभिमन्त्रिता। पुनर्मातुःस्तनद्वयम् (द०क०प०) 'ॐ इमं स्तनम्' इति, 'ॐ यस्ते स्तनम्' इत्याभ्यामृग्भ्यां क्रमेण प्रक्षालितम्। ततश्च तमुत्तानशायिनं सूतिकाशय्यायां निधाय तच्छिरःप्रदेशे (द०क०प०) 'ॐ आपो देवेषु' इत्यादिनोदपात्रं निहितमिति ॥२४॥

"तदेवं जातकर्मशर्मणि निर्वृत्ते बालनाभिनाले च प्राप्तच्छेदनकाले वृत्ते परमानन्द-सन्दोहेनानवहितप्राया या,सैव तदैव तदवधात्री धात्री सपुलककाया चित्रमिदमिति द्वित्रिवारमिदं निवेदितवती,—'राजन् ! इतरत्र नाभिसरसि नालमेव लक्ष्यते, न तु नालीकम्; अत्र पुनर्नाली-कमेव न तु नालम्' इति ॥२५॥

किञ्च, अंघ्र्योर्व्यक्तदरारिवज्रकमलाद्याश्चर्यचिह्नैरलं
कम्रैरुज्ज्वलितां तथा करयुगे तैः कैश्चिदन्यैरपि।
पश्य श्रीव्रजनाथ नीरदरुचेर्बालस्य सामुद्रको-
ल्लङ्घिश्रीविभवस्य देहबलनामस्मासु चित्रप्रदाम् ॥" ॥२६॥

कार्य सम्पादन किया। जिस कर्म में "भूस्त्वयि" इत्यादि वेदमन्त्र पढ़कर सुवर्णमुद्रिका से शोभित अनामिका अंगुली द्वारा बालक को घृतकण चटाया। उसके बाद आयुवर्धक क्रिया की गई। जिस आयुष्यक्रिया में "अग्निरायुष्मान्" इत्यादि मन्त्र बालक के दक्षिण कान में सुनाये गये। पश्चात् "दिवस्पति" इत्यादि मन्त्र द्वारा बालक का स्पर्श किया। चारों दिशाओं एवं मध्य में "प्राणाय" इत्यादि मन्त्रसमूह द्वारा भूमि भी अभिमन्त्रित की गई। तत्पश्चात् "अश्माभव" इत्यादि मन्त्र द्वारा बालक का पुनः अभिमर्षण किया। तदनन्तर 'इडासि" इत्यादि मन्त्र पढ़कर बालक की माता का भी संस्कार किया। पुनः "इमं स्तनं" एवं "यस्ते स्तन" इन दोनों ऋचाओं के द्वारा क्रमशः माता के दोनों स्तन प्रक्षालित हुए। तदनन्तर उस बालक को सूतिका शय्या पर चित लिटाकर उसके शिर के पास "आपो देवेषु" इत्यादि मन्त्र से जलपूर्ण कलश धर दिया गया ॥२४॥

इस प्रकार जातकर्मरूप मङ्गलकार्य के सम्पन्न होने पर एवं बालक के नाभिनालच्छेदन करने का समय उपस्थित होने पर, जो धाई परमानन्द सन्दोह के कारण प्रायः असावधान सी थी, वही धाई तत्काल सावधान होकर रोमाञ्चित देह से "यह अत्यन्त आश्चर्य है" इस प्रकार दो तीन बार निवेदन कर गई, और चकित होकर बोली कि—राजन् ! अन्यान्य नाभिरूप सरोवर में केवल नाल ही देखा जाता है, कमल नहीं, किन्तु इस लाला की नाभि सरोवर में तो कमल ही दिखाई पड़ता है, नाल नहीं ॥२५॥

किंच धाय बोली—हे व्रजनाथ ! तुम नूतन जलधर के समान कान्तिवाले इस बालक के शुभ चिह्नों को तो देखो ! इस बालक की शोभा सम्पत्ति तो शुभाशुभ चिह्नसूचक सामुद्रक शास्त्रोक्त चिह्नों का भी अतिक्रमण कर रही है। इस बालक के दोनों चरणों में शङ्ख, चक्र, वज्र एवं कमल आदि आश्चर्यप्रद सभी चिह्न अत्यन्त शोभा पा रहे हैं, एवं दोनों हाथों में शङ्ख, चक्र आदि और अन्य भी शुभसूचक अनेक चिह्न विराजमान हैं। देखो ! इस बालक की देहरचना हमको भी आश्चर्यान्वित कर रही है ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा च सर्वस्मिन्नपि विस्मितचर्यापर्याकुले वटवः सहासपाटवमूचुः,—"अये ! सर्वशर्मद ! निर्मलधर्मणो भवतः कथमशौचं नाम सामर्थ्यं समर्थयताम् ? यतो नाडीच्छेद एव वृत्ते तदामनन्ति स्म ।" ॥२७॥

"तदेवमुल्लसन्निखिलरोम-समुत्फुल्ल-मुखसोमः परिवारितवटुस्तोमतया बहिर्विहितहोम-स्थानमागम्य सम्यगर्पित-सर्वानन्दः सङ्गिसमर्पित-तत्तद्वृत्तशान्तम-कन्दः श्रीमान्नन्दस्तान् दानीयविप्रानानीय प्रदानारम्भं सम्भृतवान् ॥२८॥

"आरेभे स च दातुं, लेभे न तुलान्तु सङ्गिनां तेषाम् ।
तादृशतत्प्रसवश्री,-वार्ता यैरर्पिता परितः ॥२९॥

"तथापि—अयुतं प्रयुतं नियुतं, भवति दशानां सहस्रमारभ्य ।
नियुते विंशतिलक्षं, तावद्धेनूरदान्नन्दः ॥३०॥
विंशतिलक्षं दत्त्वा, धेनूः सौवर्णशृङ्गसङ्गचङ्गीः ।
हृदयमपूर्णतयासी,-त्तस्यान्यस्मै प्रदानाय ॥३१॥
दशभिर्दशभिद्रोणैः, कृततिलसप्ताचलीमददात् ।
यद्वृतिमणिकनकानां, तदधिकतरभारता द्विजैर्मेने ॥३२॥

उस समय सभीजनों के विस्मयकर स्वभाव के वशवर्ती होकर आकुल होने के वाद ब्राह्मण वालक हास्य की चतुरता दिखाते हुए वोले—हे सर्वसुखदायक ! आपका धर्म अत्यन्त निर्मल है, अतः किस प्रकार अशौच (सूतक) आकर आपके पास अपनी सामर्थ्य दिखा सकता हैं ? कारण मुनिगण कहते हैं कि नालच्छेदन होने पर ही वह अशौच आकर उपस्थित होता है। तात्पर्य यह है कि जब तुम्हारे लाला के नाल ही नहीं तो छेदन किसका, जब छेदन नहीं तो सूतक किसका ? ॥२७॥

यह बात सुनकर श्रीनन्दजी के सारे रोंगटे खड़े हो गये, उनका मुखचन्द्र खिल उठा, वे ब्राह्मण बालकों द्वारा घिर कर, वाहर विधियुक्त होम स्थान में आकर, सभी को अच्छी प्रकार आनन्द समर्पण करते हुए उपस्थित हो गये। उनके मित्रवर्ग आकर जब उन उन अत्यन्त माङ्गलिक समाचारों का निवेदन करते हैं, तभी श्रीमान् नन्दरायजी ने दान के उपयुक्तपात्र उन ब्राह्मणों को बुलाकर प्रचुर परिमाण में दान का कार्य आरम्भ कर दिया ॥२८॥

उन श्रीव्रजराज ने देना तो आरम्भ कर दिया, किन्तु उनके जो सङ्गी चारों ओर उस प्रकार के अद्भुत दान के प्रकार की वार्ता को प्रचारित कर रहे थे, उन्हीं प्रचारकों का परिमाण प्राप्त करना असम्भव था, अर्थात् चारों ओर दान की चर्चा का प्रचार करने वाले श्रीनन्दजी के सङ्गियों की संख्या करनी ही कठिन थी, तो फिर दान के परिमाण की चर्चा कौन कर सकता है ? ॥२९॥

तथापि—श्रीनन्दजी ने दस हजार से आरम्भ करके अयुत, प्रयुत, नियुत एवं दो नियुत बीस लाख गैया दान कीं, अर्थात् दश हजार का अयुत होता है, एक लाख का प्रयुत होता है, दश लाख की संख्या का नियुत कहलाता है, दो नियुत की संख्या बीस लाख हुई, अतः श्रीनन्दजी ने बीस लाख धेनु प्रदान कीं ॥३०॥

सुवर्ण से मढ़े हुए सींगों वाली बीस लाख धेनु देकर भी और दान के लिये उनका हृदय परिपूर्ण नहीं था, अर्थात् अति उदारता के कारण देते हुए भी हृदय नहीं भरता था ॥३१॥

३२ सेर का एक द्रोण कहलाता है, श्रीनन्दजी ने ऐसे दस दस द्रोण परिमाणों के सात तिल पर्वत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तेभ्यश्च दक्षिणीयेभ्यः प्रत्ता या दक्षिणामुना ।
तयाप्यक्षीणयान्येषामक्षीण्याश्चर्यमाययुः ॥३३॥
वाङव्यानामसंख्यानां नासीत् परिचितिस्तदा ।
ब्रह्मवर्चसमेवास्मिन् परिचायकतां ययौ ॥३४॥

"तत्र ये विदितवेदाभिप्राया विप्रा निजनिजविद्यातिशायकाः सूत-मागध-वन्दि-कृशाश्वि-गायकाः स्वच्छन्दनानाशब्दवादका वादकाश्च, ते सर्वेऽपि तस्मिन् पर्वणि सङ्गिनः सन्तः सुमङ्गलमेव शब्दायमानाः पृथक्तायामप्यपृथङ्निस्वना इव विश्वं विस्माययन्ति स्म । यावदेवं वृत्तं वृत्तम्, तावद्व्रजस्थलमपि हृष्टमिव दृष्टं, किमुत व्रजस्थाः; यतः संसृष्टतया विक्षेपशून्यमिव संसिक्ततया स्निग्धमिव, चलचित्रध्वजादितया नृत्यदिव चासीत् । तत्र च यदा गोवृषवत्सानामपि स्वभावत एव भवतः सानुरागस्नेहस्य तैलविद्रावितहरिद्रासमक्तिव्याजाद्बहिरपि व्यक्तिरासीत्, हर्षवैचित्र्यस्य च विचित्रधातुबर्हस्रक्काञ्चनमालाव्याजात्; तदा किमुत गोपानां ते ह्यद्यापि यशसा विद्यमाना गोपृथिव्याः पातार इतीव तथोच्यन्ते;—ये खलु व्यङ्गितरसभावतया विधृतालङ्कारतया च स्ववर्णनकाव्यग्रन्थैरभेदमाययुः; उल्लासविधृतनानामणिमयवलिपाणितया प्रेमणि स्वेषां वीरताश्च व्यञ्जयामासुः । यदा चैवं गोपास्तदा पुनरतीव जीवनायमान-गोकुल-कुलेश्वरी गुणगणदिग्धस्निग्धहृदया गोपवरवर्णिन्यः कियद्वा वर्णनीयाः ? ॥३५॥

बनाकर दान किये । ब्राह्मणों ने उन सब तिल पर्वतों के ढकने के साधनरूप रत्न एवं सुवर्णसमूह को उन सात तिल पर्वतों से भी अधिक भारयुक्त माना, अर्थात् तिल पर्वतों के परिमाण की अपेक्षा सुवर्ण एवं रत्न आदिकों का परिमाण अधिक हैं ऐसा समझा ॥३२॥

दक्षिणा देने के योग्य उन ब्राह्मणों को श्रीनन्दजी ने जो दक्षिणा दी, उस अक्षय दक्षिणा से भी देखने वाले अन्य जनों के नेत्र आश्चर्ययुक्त हो गये थे ॥३३॥

उस नन्दोत्सव में असंख्य ब्राह्मणसमूहों का पहचानना तो नहीं हो सकता था यह सत्य है, किन्तु इस विषय में उनका ब्रह्मतेज ही परिचय दे रहा था कि ये ब्राह्मण हैं ॥३४॥

उस नन्दोत्सव में चारों वेदों के अभिप्राय को जानने वाले जो ब्राह्मण थे, एवं अपनी अपनी विद्या में अतिशय प्रवीण जो सूत, मागध, वन्दीजन और अपनी स्त्रियों के नाचने गाने से ही जिनकी जीविका चलती है ऐसे नट विशेष थे, तथा स्वच्छन्दतापूर्वक अनेक प्रकार के बाजे बजाने वाले जो वादकगण थे, वे सभी उस पर्व में सम्मिलित होकर सुमङ्गलमय शब्दों का ही उच्चारण करते हुए, पृथकता होने पर भी अपृथक् स्वर वाले एक से होकर विश्व को ही विस्मयान्वित कर रहे थे । जब तक इस प्रकार का वृत्तान्त हुआ, तब तक व्रजभूमि भी प्रसन्न सी दिखाई देती थी, फिर व्रजवासियों का तो कहना ही क्या है ? कारण अच्छी प्रकार मार्जित होने से विक्षेपशून्य जैसी, अच्छी प्रकार जल के छिड़काव से स्निग्ध जैसी, और चलती हुई विचित्र ध्वजा पताकाओं से तो व्रजभूमि नृत्य करती हुई सी मालूम पड़ती थी । वहाँ पर जब गैया, बैल, बछड़ा आदिकों के मन में स्वभाव से ही जो अनुरागपूर्ण स्नेह था, उसकी प्रतीति तैलमिश्रित हलदी से रूषित होने के बहाने बाहर भी हो रही थी, एवं विचित्र विचित्र धातु, मयूरपुच्छ, माला, सुवर्णमाला आदि के बहाने विचित्र हर्ष की भी प्रतीति हो रही थी, अर्थात् पशुओं की ही जब ऐसी स्थिति थी, तब गोपों की दशा का और क्या वर्णन करें ? कारण जो आज भी यशस्वी होने के नाते गोरूपा पृथिवी के रक्षक कहे

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"याः खलु पूर्वं तदपत्यसम्पत्त्यभावान्निर्वेदवेदनया त्यक्तप्रायपरिष्काराः, सम्प्रति तु किञ्चिच्छ्रवण-प्रवणतदपत्यश्रवणमात्रेण विधृत-विविधसुखविकारास्तत्पर्वरङ्गनार्थं विलम्बनीयामपि परिष्कृतिमुरीकृत्य नृत्यन्त्य इव तत्पुरीं प्रति चलिताः; याश्च व्यञ्जिजिषित-मङ्गलसङ्गतया स्नेहमयकामनापरिणामतया च स्वयमेव महामणिमयोपायनपाणयो बभूवुः;—यासामानन्दादन्यदेव शोभावैभवमाविर्भवति स्म ॥३६॥

"तथा हि—जितकुंकुममुरु रुरुचे, मुखशशिनां रोचिरेतासाम् ।
समुदितमुदितं पर्वणि, सुतजनुषः श्रीयशोदायाः ॥३७॥

"तत्र च गायन्ति,—
अजनि यशोदा निशि सुतसारम् । इति महिलालिरिता तदगारम् ॥ध्रु॥
सम्भ्रमविरचितबहुविधवेशम्, पथि माल्यच्यवपूरितदेशम् ।
चलमणिकुण्डलवलितकपोलम्, अपरिकलितगलदंशनिचोलम् ॥
उच्छलितच्छवि-चपलाहारम्, चित्रवसनवसरसनावारम् ॥ इति ॥३८॥

जाते हैं। जो रस, भाव व्यञ्जित करके एवं अलङ्कार धारण करके रस, भाव, अलङ्कारादि परिपूर्ण काव्य-ग्रन्थों के साथ अभेद भाव को प्राप्त हो गये, एवं जिन्होंने उल्लाससहित अपने अपने हाथों में अनेक प्रकार के मणिमय उपहार धारण करके प्रेम विषयं में अपनी अपनी वीरता भी प्रगट कर दिखाई। जब गोपगणों की यह महिमा है तब सर्वजीवनस्वरूप नन्दनन्दन की जननी, गोकुल कुल की प्राणाधार गोकुलेश्वरी श्रीयशोदा, एवंगुणगणों द्वारा ही जिनका स्नेहपूर्ण हृदय परिपूर्ण है, ऐसी प्रधान प्रधान गोपाङ्गनायें श्रीकृष्णजन्मजनित आनन्द के वशीभूत होकर कैसी होगईं, इसका किस प्रकार कितना वर्णन किया जा सकता है ? ॥३५॥

जो गोपियाँ पहले श्रीयशोदाजी की पुत्ररूप सम्पत्ति के अभाव से अनास्था का अनुभव कर अलंकारादि धारण करना प्रायः त्याग चुकी थीं, और यशोदा के पुत्रोत्पत्ति के समाचार को सुनने के लिये जिनके कान प्रतिदिन लालायित हो रहे थे, किन्तु इस समय तो उनके पुत्रजन्म की बात सुनने मात्र से, आनन्दजनित अनेक सुखविकार धारण कर, एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाने के लिये विलम्ब से धारण करने योग्य अलङ्कारों को भी पहनकर, नृत्य सा करती हुईं श्रीनन्दपुरी के प्रति चल दीं। मङ्गल के सहित मङ्गल प्रकाशित करने की इच्छा से एवं स्नेह की कामना करना ही जिनका परिणाम है, उन गोपियों ने स्वयं ही महामणिमय उपहार (भेंट) अपने अपने हाथों में धर ली। आनन्द के कारण जिनकी शोभा का वैभव दूसरी ही प्रकार का प्रगट हो रहा था ॥३६॥

देखो ! इन गोपियों के मुखचन्द्रों की प्रभा कुंकुम को परास्त करती हुई अत्यन्त शोभा पाने लग गई। श्रीयशोदा के पुत्रजन्ममय पर्व में सम्पूर्णरूप से हर्ष उदित हो गया ॥३७॥

वहाँ पर सब इस प्रकार गाने लगे, यथा—रात में श्रीयशोदा के एक सर्वोत्कृष्ट पुत्र उत्पन्न हुआ है, इस कारण से महिलाओं की पंक्ति उनके घर आ रही है। आते समय उन ने शीघ्रतापूर्वक अनेक प्रकार की वेशभूषा पहन ली, चलने के वेग से मार्ग में उनकी पुष्पमालाओं के गिरने से मार्गप्रदेश परिपूर्ण हो गया था। चञ्चलमणि के कुण्डलों से उनके कपोल शोभा पा रहे थे, कन्धे पर से चून्दरी खिसक के कब गिर गई इसका भी पता नहीं, उनकी देहप्रभा इस प्रकार उच्छलित हो रही थी मानों चलता हुआ बिजली का हार ही है क्या ? विचित्र वस्त्रों पर सटी हुईं क्षुद्र घण्टिकायें मधुर मधुर शब्द कर रही थीं, इस प्रकार सभी गोपियाँ हासपरिहास करती हुईं नन्दालय में आईं ॥३८॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"किञ्च, व्रजः प्रकटतां यातस्तत्र कृष्णश्च सङ्गतः ।
इत्यवाद्यन्त वाद्यानि वाद्याधिष्ठातृदैवतैः ॥३६॥

तस्मादानन्दसन्दोहादुपनन्दपुरःसराः ।
गम्भीरास्तेऽपि चाभीरा विजह्रुर्ननृतुर्जगुः ॥४०॥

तदा तत्रागता योषास्तं सदाशीर्भिरर्भकम् ।
निर्वर्ण्य वर्णयित्वा च परस्परमिदं जगुः ॥४१॥

पाहि चिरं व्रजराजकुमार, अस्मानत्र शिशो सुकुमार ॥ध्रु॥
द्रुततरवृद्धिसमृद्धिगतेन, शं भवताद्भवताभिमतेन ।
स्पृहयामस्ते हसितमुखाय, अङ्गण-सङ्गत-रिङ्ग-सुखाय ॥
गोबालावलिलूमालम्बि, चलनं तव वलतामविलम्बि ।
सह गोशावकगम-रमणेन, सुखयसि हन्त कदा कमनेन ॥
गोगणचारणविहरणमस्य, स तु पश्येद्वरभाग्यं यस्य ।
दुष्ट-कदन-दद-सुष्ठुवलाय, भवशिष्टालिविशिष्टफलाय ॥४२॥

इति सङ्गीतसङ्गिन्यो रङ्गिण्यो महसम्पदि ।
पीता-तैलेन सिञ्चन्त्यः सिञ्चन्त्यः प्रययुर्बहिः ॥४३॥

किंच व्रजभूमि प्रगट हो गई, वहाँ पर कृष्णचन्द्र भी सम्मिलित हो गये, इस प्रकार के शब्द उच्चारण करते हुए वाद्याधिष्ठात्री देवताओं ने अनेक प्रकार के विचित्र विचित्र बाजे बजाना आरम्भ कर दिया ॥३६॥

उस प्रकार के आनन्द सन्दोह के कारण श्रीउपनन्द प्रभृति गोपों ने गम्भीर प्रकृति होकर भी, चञ्चल जनों की भाँति विहार, नाचना, गाना आदि किया ॥४०॥

उस समय वहाँ पर आई हुईं व्रजमहिलायें मङ्गलमय आशीर्वादपूर्वक उस बालक का दर्शन कर, वहाँ की शोभा का वर्णन कर परस्पर इस प्रकार गाने लगीं ॥४१॥

उस गायन का अर्थ यह है कि—हे व्रजराजकुमार ! हे सुकुमार ! शिशो ! इस वृन्दावन में तुम हमारी चिरकालपर्यन्त रक्षा करो । अति शीघ्र वृद्धि समृद्धि को प्राप्त हुए सर्वाभिमत आपके द्वारा हमारा कल्याण हो । हम सदैव तुम्हारे हँसते हुए मुख के दर्शन की इच्छा करती हैं एवं यशोदा के आँगन में तुम्हारे घुटवन चलने का सुख प्राप्त करना चाहती हैं । गोवत्सगण की पुच्छ का अवलम्बन करके तुम्हारा चलना शीघ्र ही उपस्थित हो । आहा ! तुम मनोहर गोवत्सों के साथ कमनीय गमनक्रीड़ा द्वारा हम सबको कब सुखी करोगे । जिसका भाग्य बहुत अच्छा है वही व्यक्ति इस नन्दलाल के गोगणचारणरूप विहार का दर्शन कर सकेगा । तुम्हारा जो श्रेष्ठ बल है वह दुष्टों का मर्दन कर सकता है, ऐसे तुम शिष्टगणों के विशिष्ट फल के लिये समर्थ हो जाओ ॥४२॥

इस प्रकार प्रीतिरंगभरी गोपियाँ सङ्गीतसुख में निमग्न होकर उत्सव सम्पत्ति में हलदी और तैल द्वारा बारंबार सींचती हुईं बाहर आईं ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, दधिदुग्धादिसेकेन मिथोऽमी शुभ्रतां गताः ।
तरङ्गा इव दुग्धाब्धेरनृत्यन् वरगोदुहः ॥४४॥

"अथ तास्तदवधाय तदेव गायन्ति स्म; यथा—

'पश्य सखीकुल गोकुलराजम्, पुत्रोत्सवमनु खेलाभाजम् ॥ध्रु॥
उदधि-प्रभ-दधि-संप्लवदेशम्, परितो घूर्णितमन्दरवेशम् ॥
मध्यधटी-फणिराजे कृष्टम्, हृद्यसुहृद्भिरतीव च हृष्टम् ।
मध्ये मध्ये दुर्लभदानम्, ददतं दधतं विस्मयभानम् ॥
एकं पुनरलमभवदपूर्वम्, अजनि विधुर्बत यदितः पूर्वम् ॥' इति ॥४५॥

"एतदपि श्लोकयामासुः,—

'नेयं दुग्धविकीर्णपालिरपि तु द्राग्वारिधारागति-
र्नेयं स्यान्नवनीतपिण्डविसृतिर्मुक्तास्तु मुक्ताम्बुदाः ।
नेयं दीर्णहरिद्रनीरविकृतिः किन्तु प्रभा विद्युतां
पर्वैवेदमतीव हर्षमहसा वर्षाविपुर्निर्ममे ॥ इति ॥४६॥
बालस्य मातामहमेत्य मातुला,-स्तदा गृहीताः करचोरका इव ।
दध्यादिपङ्केषु मुहुर्विकर्षणात्, पितृव्यवर्गेण विहस्य दण्डिताः ॥' ॥४७॥

तदनन्तर ये प्रधान प्रधान गोप आपस में दही दूध आदि सींचने के कारण सफेद वर्ण वाले होकर क्षीरसमुद्र के तरङ्गों की तरह नृत्य करने लग गये ॥४४॥

पश्चात् वे सब गोपियाँ गोपगणों के आनन्दमय नृत्य को देखकर उसी का पद बनाकर गाने लग गईं, यथा—अरी सखियो ! गोपराज को तो देखो ! ये तो पुत्रोत्सव के उपलक्ष में "वृद्ध होकर भी बालकों की तरह" खेल कर रहे हैं ॥ध्रु०॥ क्षीरसमुद्र की तरह दधिसमूह द्वारा महोत्सव का सारा स्थान व्याप्त हो रहा है, वहाँ पर गोपराज मन्दराचल के समान वेश विशिष्ट होकर चारों ओर चक्कर काट रहे हैं। नन्दरायजी का मध्यदेश घटीरूप वासुकी से बँधा है एवं वे प्रियतम मित्रगणों से घिरकर अत्यन्त हर्षित हो रहे हैं। और देखो तो सही, बीच बीच में दुर्लभ वस्तु बार बार देते हुए आश्चर्य का प्रकाश कर रहे हैं। आहा ! इस नन्दोत्सव में तो एक बड़ा भारी आश्चर्य यह है कि क्षीरसमुद्र में से तो मन्थन के बाद प्रसिद्ध चन्द्र उत्पन्न हुआ था, किन्तु यह कृष्णचन्द्र तो क्षीरसमुद्र के मन्थन से पहले ही उत्पन्न होगया ॥४५॥

इस महोत्सव के स्वरूप को भी श्लोक निबद्ध करके बोलीं—अरी सखियो ! देखो ! यह फैली हुई दूध की धारा नहीं है, अपितु शीघ्र चलने वाली जलधारा की गति है। यह नवनीत (माखन) के गोलाओं का विस्तार नहीं है, किन्तु मेघ के द्वारा बरसाये हुए मोती हैं। यह पिसी हुई हलदी से युक्त जल का विहार नहीं है, किन्तु बिजलियों की प्रभा है। जो कुछ हो हमें तो ऐसा प्रतीत होता है कि—यह महोत्सव ही अत्यन्त हर्ष से मानों वर्षा का शरीर निर्माण कर उपस्थित है ॥४६॥

श्रीकृष्ण के पितृव्यगण (चाचा) हमको पीटेंगे, ऐसी शंका कर के, एवं अपने पिता के पास हम निर्भय रहेंगे, इस विचार से कृष्ण के सब मामा, कृष्ण के मातामह (नाना) के पास आकर छिप गये तो भी राजकीय कर को चुराने वालों की तरह उनको श्रीकृष्ण के चाचा अभिनन्द आदिकों ने पकड़ लिया, पश्चात् श्रीकृष्ण के चाचाओं ने हँस हँसकर उनको दही आदि की कीच में बारबार घसीट कर दण्डित किया ॥४७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीमान्नन्दश्च—

महोदारवित्तश्चितानेकवित्तः, समाहूय सर्वं गुणाजीविखर्वम् ।
विना तद्विचारं वपुःशक्तिसारं, समुत्क्षिप्य रत्नं ददे सातियत्नम् ॥४८॥

किञ्च, गृहीता याचितान्यत्र प्रदाताङ्गीक्रियायुतः ।
श्रीमन्नन्देन दाने तु तत्र जातो विपर्ययः ॥४९॥

अतएव,—विना याच्ञां ददाने तु सर्वं व्रजपतौ तदा ।
कल्पद्रु-चिन्तामण्याद्यास्तेऽप्यासन् कृपणा इव ॥५०॥

तत्र च—'अनेन प्रीयतां विष्णुस्तेन स्तान्मे सुते शिवम् ।
एवं प्रसभमुद्भूता दाने नन्दस्य भावना ॥' ॥५१॥

"अथ सर्वा जनता जनितस्नानकामा सममुना यमुनामयामास ॥५२॥

"तत्र चानन्देन श्रीनन्देन सह गलद्व्रीडां जलक्रीडां सन्तत्य निर्मलपरिमल-परिमिलन-पूर्वकं स्नानमातत्य दिव्यवस्त्रसंवस्त्रणं वितत्य चन्द्रचन्दनसमालम्भं प्रतत्य तत्रोटजमध्य-मध्यासीनां सिद्धप्रतनप्रयतनतया पूर्णमानसां पौर्णमासीमनु नमनमवतत्य वन्दिजनजनित-विश्रावपूरितश्रवसा श्रवसा वलिता सा पुनस्तदेव सदनमाससाद ॥५३॥

श्रीमान् महान् उदार चित्त वाले श्रीनन्दजी ने बहुत सा धन खजाने में से अपने पास मँगाकर, अर्व खर्व की संख्या वाले सभी गुणीजनों को बुलाकर, पात्रापात्र का विचार न करते हुए शरीर की सामर्थ्य के अनुसार, यत्नपूर्वक रत्नों को उठा उठा कर दान किया, अर्थात् अपनी शारीरिक शक्ति के अनुसार नन्दजी से जितने रत्न उठ सकते थे उतने ही रत्न प्रत्येक गुणीजन को दिये, यही उदारता की पराकाष्ठा है ॥४८॥

किंच और जगह के दान में ऐसा देखा गया है कि देयवस्तु का लेने वाला प्रथम याचना करता है, दाता अङ्गीकार करके देता है, किन्तु श्रीमान् नन्दजी के द्वारा दिये गये दान में तो विपरीतता थी, अर्थात् दाता श्रीनन्दजी बिना ही मांगे दे रहे थे, एवं लेने वाले "स्वस्तिते राजन् !" ऐसा कह कर अङ्गीकार कर रहे थे ॥४९॥

अतएव श्रीव्रजराज के बिना ही याच्ञा के सब कुछ दान करते समय कल्पवृक्ष और चिन्तामणि आदि जो अधिक दान देने वाले प्रसिद्ध हैं, वे भी कृपण जैसे मालूम पड़ते थे ॥५०॥

उस दान कार्य में श्रीनन्दजी के सहसा यह भावना उत्पन्न हुई कि इस दान कार्य से मेरे इष्ट श्रीविष्णु भगवान् प्रसन्न हो जायँ एवं उनकी प्रसन्नता से मेरे पुत्र का मङ्गल हो ॥५१॥

श्रीनन्दोत्सव के बाद सारी जनता स्नान करने की कामना से युक्त हो श्रीनन्दजी के सहित यमुना पर आई ॥५२॥

वहाँ पर आनन्दपूर्वक श्रीनन्दजी के साथ लज्जारहित हो जलक्रीड़ा का विस्तार करके, पश्चात् सुगन्धित तैलमर्दनपूर्वक स्नान करके, दिव्य वस्त्र पहन के, कर्पूर मिश्रित चन्दन लगा करके, उसी यमुना तीर पर पर्णशाला में विराजमान एवं पुराने सारे प्रयत्न सिद्ध होने से पूर्ण मन वाली श्रीपौर्णमासीजी को नमस्कार करके, वन्दीजनों द्वारा ख्यातिपूर्ण यशोगान सुनने से अपने अपने कानों को परिपूर्ण करती हुई सारी जनता पुनः उसी राजभवन में आ गई ॥५३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततः श्रीमान् व्रजस्य राजा रुचिदानानि रचयन् बन्धुवृन्दसिंधुं पूरयामास ॥५४॥

"अथ तस्मिन्नानन्दपीव्नि प्रतिदीव्नि श्रीरामजनन्या श्रद्धायन्त्रितया निमन्त्रिताः कृतघृतपक्वजेमनाः सर्व एव पर्वलक्ष्म्या पूरिताश्चन्द्रा इव स्व-स्व-मन्दिरमविन्दन्त ॥५५॥

विदित्वा च तदानन्दं प्रति कृतप्रतिजागरां जागरामेव नृत्यगीतादिधन्यायां रजन्यामभजन्त ॥५६

श्रीरोहिण्या हरिजनिसुखं शक्यते केन वक्तुं
यस्माद्वेषं विविधमदधाद्भूर्तृतः प्रोषितापि ।
चित्रं चित्रं सुकृतवरिमा दृश्यतां विश्ववन्द्यः
श्रीमन्नन्दोऽप्यमनुत निजं भाग्यमायातिमस्याः ॥५७॥

"अथ सोऽयं रत्नाकरोऽपि व्रजस्तं हरेराविर्भावमारभ्याहरहर्विरह-रहित-तद्विहरणाद्वर्धिष्णुसमृद्धिः कामपि चमत्कारितां वितेने । गोपसमवायात् क्रमादाविर्भूतानां प्रभूतानां परमाणां रमाणां रमणधामतया तु किमुत ?" ॥५८॥

अथ मधुकण्ठेन चिन्तयाञ्चक्रे,—"आम् श्रीमद्भागवतसंवादश्चात्र सम्भवति (१०।५।१८),

'तत आरभ्य नन्दस्य व्रजः सर्वसमृद्धिमान् ।
हरेर्निवासात्मगुणै रमाक्रीडमभून्नृप ॥' इति ॥" ॥५९॥

तदनन्तर व्रज के राजा, अर्थात् चन्द्रमा के समान आह्लादजनक श्रीनन्दजी ने प्रीतिदान करते हुए बन्धुसमूहरूप सिन्धु को परिपूर्ण कर दिया ॥५४॥

पश्चात् आनन्द से परिपुष्ट उस प्रशस्त दान कार्य के समाप्त होने पर श्रद्धायुक्त श्रीरोहिणी द्वारा आदरपूर्वक निमन्त्रित सभी जन घृत से पके हुए भोजनों को जेम कर, उत्सव सम्पत्ति द्वारा पक्षान्तरे पौर्णमासी की शोभा द्वारा परिपूर्ण होकर चन्द्रसमूहों की तरह अपने अपने घर पहुँच गए ॥५५॥

दिन की तरह रात में भी उत्सव हुआ, यथा—उस समय सभीजनों ने आनन्द का लाभ कर एवं प्रत्यवेक्षण कर नृत्य गीत आदि से परिपूर्ण रात्रि में केवल जागरण ही किया ॥५६॥

श्रीकृष्ण के जन्म से श्रीरोहिणीजी को जो सुख हुआ उसको कौन कह सकता है? कारण जिसने अपने पति से दूर रह कर भी इस नन्दोत्सव में विविध वेष धारण किए । आश्चर्य ! आश्चर्य ! सभीजन इनके पुण्य की महिमा को तो देखो । विश्व पूज्य श्रीमान् नन्दजी ने भी इन रोहिणीजी के आगमन को अपना भाग्य माना था । तात्पर्य यह है कि जिसका पति दूर देश में स्थित हो उस स्त्री को प्रोषितभर्तृका कहते हैं, उसको वेषभूषा धारण, हास्य परिहास, समाज उत्सव आदि का देखना सर्वथा निषिद्ध है, किन्तु श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के आनन्दातिरेक से श्रीरोहिणीजी इन सब प्राचीन प्रथाओं को बिलकुल भूल ही गईं थीं ॥५७॥

पश्चात् रत्नाकररूप (समुद्ररूप) इस व्रजभूमि ने श्रीकृष्ण के आविर्भाव वाले दिन से लेकर प्रतिदिन विरह रहित श्रीकृष्ण के विहार के कारण, वृद्धिशील समृद्धि से युक्त होकर किसी अनिर्वचनीय चमत्कार का विस्तार कर दिया था । फिर अनेक गोपों द्वारा क्रमशः उत्पन्न अनेक उत्कृष्ट लक्ष्मीरूप गोपियों की विहारस्थली होने के कारण तो इस व्रजभूमि के महत्व का कहना ही क्या है? ॥५८॥

तदनन्तर मधुकण्ठ ने विचार किया—हाँ स्मरण आगया । इस विषय में श्रीमद्भागवत (१०।५।१८) का संवाद भी युक्ति युक्त है, यथा—हे राजन् परीक्षित् ! श्रीकृष्ण जन्म के समय से लेकर यह श्रीनन्दजी का व्रज समस्त समृद्धियों से युक्त होगया था एवं श्रीहरि का निवासस्थान होने से तो अपने गुणों द्वारा महालक्ष्मी श्रीरमादेवी का भी विहार वाटिका तुल्य होगया था ॥५९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्निग्धकण्ठस्तु विभाव्य पुनराह स्म,—"अहो महोत्साहस्वभावतादिभिर्विराजमानता श्रीमद्व्रजराजस्य; यतः,

"तावन्मानं वितरणमहो सम्पदस्ताः कियत्य-
स्तावत्संख्यं महसि रचनं भृत्यवर्गाः कियन्तः ?
तावत्प्रान्तं जनसमवनं कत्यमुष्यावधाना-
न्येवं सर्वं व्रजनरपतेः को नु शक्तो विवेक्तुम् ?" इति ॥६०॥

समापयंश्चोवाच,—

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोष्ठक्षितीश यः ।
लक्ष्मीलक्षान्वितं कुर्वन् गोष्ठं निन्ये विलक्षताम् ॥" ॥६१॥

तदेतद्वृत्ते च वृत्ते पूर्वदिनवदखिला एव निजनिजालयमासादितवन्तः श्रीगोकुल-युवराजश्च गवां कुलमिति ॥६२॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु श्रीमन्नन्दनन्दनपर्व नाम चतुर्थं पूरणम् ॥४॥

स्निग्धकण्ठ ने भी विचारकर पुनः कहा कि—आहा ! स्वाभाविक महान् उत्साह प्रभृति गुण समूह द्वारा श्रीमान् व्रजराज की विराजमानता कैसी आश्चर्यजनक है ? देखो ! उतने असंख्य परिमाण का दान, वे सब असंख्य सम्पत्तियाँ, उत्सव कार्य में असंख्य प्रकार की रचना, सीमातीत सेवकवर्ग, इतने परिमाण के जनसमुदाय की रक्षा करना, इन श्रीव्रजराज की सावधानता कितनी है। इस प्रकार श्रीव्रजराज के सभी लोकोत्तर कार्यों की विवेचना कौन मानव कर सकता है ?॥६०॥

प्रसङ्ग समाप्त करता हुआ पुनः बोला—हे व्रजक्षितीश ! आपके ऐसा विलक्षण पुत्र प्रगट हुआ है कि जिसने प्रगट होते ही व्रजको लाखों गोपीरूप लक्ष्मियों से किंवा शोभा सम्पत्तियों से युक्त करते हुए विलक्षण चमत्कारजनक बना दिया ॥६१॥

इस प्रकार श्रीनन्दोत्सवरूप वृत्तान्त के समाप्त होने पर पहले दिन की तरह सभी श्रोताजन अपने अपने निवासस्थान पर पहुँच गये एवं श्रीगोकुलकुल युवराज श्रीकृष्णचन्द्र गैया चराने के लिए गोस्थान में पधारे ॥६२॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये श्रीमन्नन्दनन्दनपर्व
नाम चतुर्थं पूरणं संपूर्णम् ॥४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ पञ्चमं पूरणम्

पूतना-वधः

अथोत्तरेद्युस्तथा द्योतमानायां सभायां कण्ठध्वनिकृतसर्वोत्कण्ठः शुभंयुर्मधुकण्ठः समाचष्ट,—"अये स्निग्धकण्ठ ! श्रूयताम्;—॥१॥

"अथ तस्मिन्नेवापदोषे प्रदोषे समस्तदेवरूप-श्रीवसुदेव-सदेशतः सन्देशहरः कोऽपि गोपितात्मा श्रीव्रजराजचरणराजीवपीठपर्यन्तधाम समाजगाम। स च श्रीमता तेन तदीय-प्रत्नसेवकरत्नतया परिचितियुक्तः पर्यनुयुक्तकुशलततिर्नमः समाचरन्नुवाच,—॥२॥

'रक्षांसि सर्वं भक्षयितुं जीवति भृशं नृशंसे कंसे किमिव निरंकुशं कुशलम् ? तच्च मम वेशेनैव वितर्क्यताम्; यदस्माकं तरण्या तरणं, तरणौ च सति कुत्रापि प्रस्थानं न सम्भवतीति बाहुभ्यामेव सन्तरणात्तीर्णतरणिजः सार्द्रवस्त्रः प्रदोषे समागतोऽस्मि।' ॥३॥

"व्रजराजस्तु रूक्षं हसन्नाह,—'विशेषश्चेत् कथ्यताम्।' दूत उवाच,—'किमधिकया वैवधिकतया साम्प्रतमस्माकमजीवनिरेव जीवातु-वल्ली,—यया निजाधीशं तादृशतदधीनं न पश्यामः।' व्रजराज उवाच,—'सम्प्रति तं प्रति किमपि विशेषवृत्तं वृत्तमस्ति ?' दूत उवाच,—'अथ किम् ?—यत एव तदीयचरणहितः प्रहितस्तेनाहमयमस्मि।' व्रजराज उवाच,—'किं तत्?'

पञ्चम पूरण

पूतना वध लीला

अनन्तर तीसरे दिन के कथा प्रसंग में पहले की भाँति शोभायमान सभा में अपनी कण्ठ ध्वनि द्वारा सभी श्रोताओं की उत्कण्ठा को उत्पन्न करने वाला—मङ्गलभवन मधुकण्ठ बोला—हे भ्रातः स्निग्धकण्ठ! सुनो ॥१॥

श्रीनन्दोत्सव के दिन ही दोषरहित प्रदोषकाल में सर्वदेवरूपी श्रीवसुदेवजी के निकट से कोई एक सन्देशवाहक (दूत) अपने को छिपा कर श्रीव्रजराज की चरणकमल की चौकी के पास आया। श्रीयुक्त व्रजराज ने उस दूत को श्रीवसुदेवजी के दूतों में से श्रेष्ठ जानकर, उसके साथ परिचय होने के नाते सब कुशल समाचार पूछे, पश्चात् नमस्कार करता हुआ वह दूत बोला— ॥२॥

हे राजन्! राक्षसों द्वारा सभी का भक्षण कराने के निमित्त नृशंस (क्रूर) कंस के जीते जी निरन्तर कुशलता किस प्रकार संघटित हो सकती है ? उसका तो आप मेरे फटे टूटे मलिन वस्त्रों से अनुमान कर लो। कारण—हम सब गूढ़ चरों का सूर्यदेव की उपस्थिति में दिन में नौका से उतरना या कहीं भी प्रस्थान करना सम्भव नहीं हो पाता, इसलिये अपनी भुजाओं द्वारा ही तैरकर श्रीयमुनाजी के पार हुआ हूँ, गीले वस्त्रों से ही प्रदोषकाल में आया हूँ ॥३॥

सूखी हँसी हँसते हुए व्रजराज बोले—यदि कुछ विशेष समाचार हो तो कहो ? दूत बोला—अधिक दौत्यकार्य से क्या प्रयोजन सिद्ध होता है ? इस समय तो हमारा मर जाना ही संजीवनीलता के समान है। जिससे कि हम अपने स्वामी को ऐसे नृशंस कंस के अधीन तो न देखेंगे। व्रजराज बोले—तो क्या इस समय श्रीवसुदेवजी के प्रति कोई विशेष घटना घटित हो गई है ? दूत बोला—जी हाँ! इसीलिये तो उनके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दूत उवाच,—'आनन्तर्येण पर्यवसिताया निशाया निशीथे श्रीमदीशस्य तस्मिन् कारागार एव श्रीदेवकी-देवीतः काचित् कन्या जाता ।' व्रजराज उवाच,—'ततस्ततः ?' दूत उवाच,—'ततः सा नवसुता सुतरां गुप्तापि रुदती रक्षिभिरक्षिभिरलक्षितापि विदिता, वेदिता चान्तःपुरीशय-सानुशय-दुराशय-दुर्धीशाय । स च श्रीदेवकीदेवीविवाहगताहमारभ्य नभःसभ्यजनवाणीतः सुष्ठु भीतः सततं व्यग्रतया जाग्रदेव तिष्ठति । ततस्तद्वचनवर्णाकर्णनमात्रेण समग्रव्यग्रमनाः विक्षिप्तकेशः स भोजेशः सकरवालः करालः स्खलद्गतिः कुमतिः सूतिकागारमाससार ।' व्रजराजः सभयमुवाच,—'ततस्ततः ?' दूत उवाच,—'ततश्च निरवग्रह-ग्रहवन्निरनुग्रहः सहसा रंहसा सूतिकाशय्यामेव सज्जन् स निर्लज्जः प्रजाताया जातपरिवेदनाया देव्याः क्रोडतः समाच्छिद्य तद्विद्यमानमेव विक्षिप्तचित्तः क्षिप्रमेव तां प्रस्तराय प्रक्षिप्तवान्;—यतः सर्वतः स एव प्रतिक्षिप्ततामाप ॥४॥

"अथ व्रजराजः सास्रमुवाच,—'आः ! कथमेतद्दुरक्षरम्रक्षितमनक्षरमस्मासु श्रावितम् ? भवत्वद्याप्यवद्यमिदं मदीयसंस्त्याये न प्रस्ताव्यम्;—सा तु तद्दुःखदुःखिता श्रीदेवकीसखी तथा तद्विरहिणी श्रीरोहिणी च मोहमाप्स्यति ।' दूत उवाच,—'देव ! श्रूयतामव्यग्रमग्रिममाश्चर्यम् ।' व्रजराजः सहर्षमिवोवाच,—'आयुष्मन् ! कथ्यतां तथ्यम् ?' दूत उवाच,—'सा तु कन्या

चरणों का हितकर यह मेरे जैसा व्यक्ति उन्हीं ने दूत बनाकर भेजा है । व्रजराज बोले—वह घटना कैसी है कहो ? दूत बोला—आज ही बीती हुई रात्रि के ठीक आधी के समय हमारे स्वामी श्रीमान् वसुदेवजी के उसी कारागार में श्रीदेवकीदेवी से कोई एक कन्या उत्पन्न हुई । व्रजराज बोले—उसके बाद क्या हुआ ? दूत बोला—तदनन्तर नवप्रसूता वह कन्या अत्यन्त गुप्त करने पर भी रोती हुई, द्वारपालों द्वारा आँखों से न देखी जाने पर भी जान ली गई, एवं अन्तःपुर स्थित, दीर्घ द्वेषयुक्त दुष्ट प्रभु कंस के लिये भी जना दी गई । वह नीचविचार वाला कंस तो श्रीदेवकीदेवी के विवाह के बाद विदाई के दिन से लेकर, आकाशस्थ देववाणी से अत्यन्त भयभीत होकर, निरन्तर व्यग्रता के कारण सदा जागरूक (सतर्क) ही रहता है । तदनन्तर उन द्वारपालों के वाक्यों के वर्ण श्रवणमात्र से सम्पूर्णरूप से व्याकुल चित्त हो, इधर उधर फैले हैं केश जिसके, ऐसा कुमति कराल कंस करवाल (तरवार) को हाथ में लेकर, अस्तव्यस्त गति से सूतिका-गार में आ गया । व्रजराज भयभीत होकर बोले—आगे क्या हुआ ? दूत बोला—उसके बाद तो स्वतन्त्र ग्रह की तरह अनुग्रहशून्य होकर, सहसा वेगपूर्वक सूतिका शय्या के निकट जाकर, उस निर्लज्ज ने पुत्रीविशिष्ट एवं विलाप करती हुई दुःखित देवकी की गोदी से उस कन्या को छीनकर, देवकी के सामने ही विक्षिप्त चित्त हो शीघ्र ही पत्थर पर दे मारा । इस कुत्सित कार्य के द्वारा ही वह कंस सब जगह सबसे तिरस्कार को प्राप्त हो गया, अर्थात् अपमान का पात्र बन गया ॥४॥

तदनन्तर व्रजराज सजलनयन होकर बोले—आः ! दुरक्षर संयुक्त इस प्रकार का अवाच्य विषय तुमने हमारे पास क्यों सुनाया ? अच्छा, जो हुआ सो हुआ, किन्तु आज भी पुनः इस निन्दनीय विषय को हमारे बन्धुवर्ग में किंवा हमारे गृह में प्रस्तावित नहीं करना, नहीं तो श्रीदेवकी की सखी श्रीयशोदा उसके दुःख में दुःखित होकर एवं श्रीरोहिणी भी उसके विरह में अधीर होकर मूर्च्छित हो जायगी । दूत बोला—महाराज ! सावधान होकर आगे का आश्चर्य सुनिये । व्रजराज सहर्ष बोले—हे आयुष्मन् ! जो सत्य बात

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तस्यान्यायभाजो भोजेशस्य हस्तादस्तापि प्रस्तरमप्राप्ता प्रत्युत तन्मस्तक-न्यस्तचरणमूर्ध्वगत्या समुत्पत्याशु दिव्यन्यदेव दिव्यं रूपं स्मितवती प्रकाशितवती।' व्रजराज उवाच,—'कीदृशम् ?' ॥५॥

"दूत उवाच,—

श्यामाष्टपाणिपरिवेष्टितपार्श्वयुग्मा, चक्रादिशस्त्रवलिता खगसिंहवाहा।

देवादिभिः परिणुतप्रसरत्प्रभावा, सर्वैः समुन्नतमुखैः परितो व्यलोकि ॥इति यादृशम्।' व्रजराजः साश्चर्यमुवाच,—'किं वदसि ?' दूत उवाच,—'देव! नात्रान्यथा; किमप्यन्यदपि कल्यमाकल्यताम्;—सा खल्विदं साच्छुरितमच्छमुवाच,—॥६॥

'रे पाप कंस किमिति त्वमहन्मुधा मां, त्वत्पूर्वशत्रुरजनि क्वचन प्रदेशे।
यस्मादुपेत्य निधनं तव जातु कर्ता, तन्नान्यमप्यतिशिशुं क्वचिदिच्छ हन्तुम् ॥' ॥७॥

"व्रजराजः साश्चर्यस्मितमुवाच,—'नूनं श्रीवसुदेवभक्तिप्रणालीपुत्रीकृता भद्रकाली सा भद्रमिदं वदति स्म;—यदद्यावधि नाधीरमवधीरितः सोऽयं वचसापि केनचनापीति।' ॥८॥

"दूत उवाच,—'अर्यक्षितीश! पुनश्चेदमाश्चर्यमवधार्यताम्; स खलु भ्रातृव्यपदेश-भ्रातृव्यः स्वस्य भगिन्यष्टमगर्भमनिष्टतया निष्टङ्कितं कुर्वतीं सुरवर्त्मवाणीमपि देव्यादिष्टः

हो सो कहो। दूत बोला—वह कन्या तो अन्यायशील दुरात्मा भोजराज कंस के हाथ से फेंकी जाने पर भी पत्थर को न प्राप्तकर, प्रत्युत उसके मत्थे पर लात मारकर ऊपर को चली गई, और ऊर्ध्वगति से कूदकर उसने तो आकाश में शीघ्र ही मन्दमुस्क्यानयुक्त होकर दूसरा ही दिव्यरूप प्रकाशित कर दिया। व्रजराज बोले—कैसा ? ॥५॥

दूत बोला—वह कन्या श्यामवर्ण वाली थी, आठ भुजाओं द्वारा उसकी दोनों बगल परिवेष्टित थीं, वह चक्र आदि शस्त्रों से युक्त थी, आकाशचारी सिंह ही उसका वाहन था, देवता आदि सभी आकाशचारियों द्वारा उसकी विस्तीर्ण महिमा का गायन हो रहा था, सभी जनों ने चारों दिशाओं से ऊपर को मुख करके पूर्वोक्त प्रकार की दिव्यदेवी का दर्शन किया। आपने जो पूछा था वह दिव्यरूप ऐसा था। व्रजराज आश्चर्यान्वित होकर बोले—भाई! क्या कहता है ? दूत बोला—हे देव! इसमें अन्यथा कुछ भी नहीं है, कुछ और भी मङ्गलमय समाचार सुनिये। वह कन्या उपहाससहित इस प्रकार स्पष्ट बोली कि— ॥६॥

रे पापिष्ठ! कंस! तूने मुझको मारने की वृथा चेष्टा क्यों की ? तेरा पहला बैरी तो किसी स्थान पर उत्पन्न हो गया। वह शत्रु उस स्थान से किसी समय आकर तेरा वध करेगा, अतः तू अन्य किसी भी अति छोटे बालक को कहीं भी मारने की इच्छा मत कर ॥७॥

व्रजराज आश्चर्यान्वित हो मुस्क्याते हुए बोले—निश्चय ही श्रीवसुदेवजी की भक्तिप्रणाली द्वारा कन्या होकर उस भद्रकाली ने इन शुभ वाक्यों को कहा है, कारण आजतक क्षुब्धतापूर्वक अधीर होकर, किसी ने भी, वचन से भी, इस कंस का अपमान नहीं किया है, इसके डर के मारे सभी थर्राते थे ॥८॥

दूत बोला—हे वैश्यवर्य! भूपते! फिर भी इस अगले आश्चर्य का तो अवधारण करो। देखो! भैया के बहाने गूढ़शत्रु उस कंस ने अपनी चचेरी बहन के आठवें गर्भ को, अनिष्टकारक रूप से निरूपण करती

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्वद्विष्टसुरकल्पां मत्वा तौ कारागारादाहूय भूयः पादग्रहचर्यापर्या-पर्यन्ताग्रहतः पुत्रषट्क-हत्यागस्त्यागं भूरिविसूरित इव विधित्सन्निगडान्मोचितवान् ।' ॥९॥

"व्रजराजः सानन्दमुवाच,—'ततस्ततः ?' दूत उवाच,—'ततश्च मदीय-श्रीमदीश्वरी पुत्र-घातिन्यपि तस्मिन् सारल्यदोषादेव रोषान्निववृते । श्रीमन्मदीशिता तु विचारितवान्,—'पूर्वं शुष्कपेषं पिष्टवान्, सम्प्रति तु सर्पिःपेषं पिनष्टि सोऽयमस्मान्' इति; तदेवं तत्कौटिल्यकोटिं परिकल्प्यापि सौजन्यप्राबल्यादिह सारल्यमेवावलम्बितवान् । तेन पितरि शूरेण दुर्मतिनानुमतः शूरनन्दनः सहधर्मिण्या सह स्वगृहमागतवांश्च, न पुनर्विश्वासमाश्वासञ्च लब्धवान् ॥१०॥

यतः, जात्यन्यजनितः कंसः सदा दुन्वन् समाश्रितान् ।
मातरञ्च दुनोत्युच्चैः शिलापुत्रः शिलामिव ॥' ॥११॥

"व्रजराजः सहासमुवाच,—'तदनन्तरं प्रातरारभ्य स पुनरसभ्यः कां कारिमकार्षीत् ?' दूत उवाच,—'स्वभावजां कारिमेव; तथा हि, प्रातरसौ दुष्टस्त्वन्यद्दुश्चेष्टितमनुष्ठितवान् ।' व्रजराज उवाच,—'हन्त ! कथय तत् किम् ?' दूत उवाच,—'प्रातः स तु मलिनीकृतनिजकुलः खलिनीपतिः स्वदयितान् दैतेयानानयामास निशामयामास च निशीथिनीवृत्तम् । ते च भिन्नसेतवः केतव इव राहुनिभमेतं मिलिता व्याघ्रवर्गनिर्घोषप्रभघर्घरायमाणां गोष्ठीमनुष्ठित-

---

हुई आकाश वाणी को भी, देवी के आदेश से अपने द्वेषी देवताओं के द्वारा कल्पित मानकर, देवकी वसुदेव को कारागार से बुलाकर बारंबार चरणग्रहण की चर्या के परिपूर्ण आग्रह द्वारा, देवकी के छः पुत्रों की हत्या के अपराध को छुड़ाने के लिये इच्छा कर अत्यन्त अनुतप्त सा होकर, दोनों को बेड़ी के बन्धन से मुक्त कर दिया ॥९॥

(बन्धन से मुक्ति की कथा सुनकर) श्रीव्रजराज आनन्दपूर्वक बोले—आगे क्या हुआ ? दूत बोला—उसके बाद मेरी स्वामिनी श्रीमती देवकीदेवी पुत्रघाती उस दुष्ट कंस के प्रति भी सरलतारूपी दोष से ही रोष से (क्रोध करने से) निवृत्त हो गई । मेरे स्वामी श्रीमान् वसुदेवजी ने तो विचार किया कि—जिस व्यक्ति ने हमको पहले सूखे ही रगड़ा था, इस समय तो वह घृत द्वारा रगड़ रहा है, उसकी इस प्रकार की कुटिलता की पराकाष्ठा को जानकर भी, सुजनता की प्रबलता के कारण उन्होंने इस विषय में सरलता का ही आश्रय लिया । पश्चात् अपने पिता पर भी शूरवीरता दिखाने वाले दुर्मति कंस की अनुमति से शूरपुत्र श्रीवसुदेवजी सहधर्मिणी श्रीदेवकी के सहित अपने घर चले आये, किन्तु कंस के प्रति तो पुनः वे विश्वास और आश्वास प्राप्त नहीं कर सके ॥१०॥

कारण—कंस अन्य जाति, अर्थात् द्रुमिल नामक दानव के अंश से उत्पन्न होकर अपने आश्रितजनों को कष्ट देता हुआ शिलापुत्र (लोढ़ा) जैसे शिला को कष्ट देता है, उसी प्रकार अपनी माता को भी अधिक कष्ट देता है ॥११॥

व्रजराज हास्यपूर्वक बोले—अष्टमी की रात्रि के बाद नवमी के प्रातःकाल से लेकर उस असभ्य कंस ने क्या कार्य किया ? दूत बोला—स्वाभाविक कार्य ही किया । देखो ! प्रातःकाल तो उस दुष्ट ने एक अन्य प्रकार की ही दुश्चेष्टा का अनुष्ठान किया । व्रजराज बोले—हाय ! कहो वह कैसी दुश्चेष्टा है ? दूत बोला—प्रातःकाल तो निजकुलकलङ्कजनक खलसमूह के अधिपति उस कंस ने अपने प्रिय दैत्यों को बुलवाया और रात्रि का वृत्तान्त सुनाया । उन दैत्यों ने भी सेतुभङ्गकारी अथवा मर्यादानाशक केतुसमूहों की तरह राहु के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वन्तः । किं बहुना ? तत्र महेन्द्रादिनिर्जयगर्जनपर्यवसानतस्तात्पर्यमिदमेव जातम्,—यद्विश्वद्रीचां विष्णुमनुवरिष्णूनां देव-देवद्रचग्-भूदेवगवादीनां पीडनेनैव तत्पीडनमीडितं तथा तत्सध्रीचीनतया निर्दशानिर्दशानां बालानां निर्दयतया निर्दलनमिति खल्यामेव बल्यामवलम्ब्य तत्र स च संवलते स्म; तया च तदानीं बहु प्रयच्छते स्म ।' ॥१२॥

"व्रजराजस्तु तदिदं रुषद्वचनमवकलय्य सरुषस्ततः सत्रासमुवाच,—'तत्र श्रीमद्भ्रात्रा किमप्यक्लिष्टं मय्युपदिष्टमस्ति ?' दूत उवाच,—'अथ किम् ? यत् खलु शीघ्रमेवास्मै राजव्याजराक्षसाय सङ्गत्य बलिर्बलयितव्यो मिलितव्यश्चाहम्' इति । किञ्चेदमपि सन्दिष्टम्,—'भवन्नन्दनोत्पत्तिसमयं समया वयमत्युत्कण्ठितास्तन्मङ्गलेन सङ्गमनीयाः; तथा, भवत्पुत्रनिर्विशेषस्य तस्य बालविशेषस्य वृत्ति-र्वर्तयितव्या' इति ॥१३॥

"अथ तदेतदवकलय्य संशय्य च तं भोजनादिना योजयित्वा निजाग्रजानुजानाकार्य तदग्रे पुनस्तं तदनुरहसमनुव्याहारितवान् ॥१४॥

"तत उपनन्द उवाच,—'युक्तमेवानकदुन्दुभिना सन्दिष्टम्; साम्प्रतं करेणैव करेण राजविषधरस्य तस्य मुखमुद्रणमेव साम्प्रतम् ।' ॥१५॥

समान इस कंस से सम्मिलित होकर व्याघ्रों के शब्दों की तरह घर्घरध्वनियुक्त एक सभा की । अधिक क्या कहें ? उस सभा में महेन्द्रादि देवविजयी गर्जना के अनन्तर यही तात्पर्य निकला कि—सर्वव्यापक विष्णु की सेवा करनेवाले देवता, देवपूजक एवं गो-ब्राह्मण आदि की पीड़ा से ही विष्णु की पीड़ा प्रशंसापूर्वक निश्चित हुई, तथा पूर्वोक्त प्रकार की पीड़ा के सहायक रूप से दस दिन के या दस दिन से कम अवस्था के बालकों का निर्दयपूर्वक दलन करना ही निश्चित किया गया । वह कंस भी बलशाली खलसमूह का अवलम्बन लेकर उस पीड़न विचार में सम्मिलित हुआ । और उसने पूर्वोक्त दुर्विचार के अनुसार उस समय उस खलसमूह के लिये बहुत सा पुरस्कार बाँटा ॥१२॥

श्रीव्रजराज तो अकल्याणकर पूर्वोक्त वाक्य सुनकर क्रोधयुक्त कंस से भयभीत होकर बोले—वहाँ पर श्रीमान् भ्राता वसुदेवजी ने मेरे लिये भी किसी शुभ सन्देश का उपदेश किया है क्या ? दूत बोला—जी हाँ ! उन्होंने कहा है कि भैया नन्दजी को चाहिये कि राजा के बहाने राक्षसरूपधारी उस कंस से मिलकर अपना वार्षिक कर चुका दें, और एकान्त में मुझसे मिलें । और यह सन्देश भी भेजा है कि आपके पुत्रजन्म के समय से तो हम अति उत्कण्ठित हैं, उस मङ्गलमय समाचार से हमें भी संयुक्त कर दें, अर्थात् मङ्गलमय संवाद सुनाकर हमें भी सुखी करें । तथा आपके पुत्र के समान उस बालकविशेष रोहिणीलाल के वृत्तान्त के विषय में भी हमें सूचना दें ॥१३॥

तदनन्तर दूत के वाक्य सुनकर, सन्दिग्ध होकर, उस दूत की समुचित भोजनादि व्यवस्था कर श्रीनन्दजी ने अपने बड़े छोटे सभी भाइयों को बुलवाकर उनके आगे एकान्त में उसी दूत द्वारा फिर भी उसी वृत्तान्त को कहवाया ॥१४॥

तदनन्तर श्रीउपनन्दजी बोले—श्रीवसुदेवजी ने जो सन्देश भेजा है वह समय के उपयुक्त ही है, क्योंकि हाथ के द्वारा सर्प के मुख मूंदने की तरह राजग्राह्यकर के द्वारा उस राजारूप विषधर का मुख मूंदना ही योग्य है ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ व्रजेशस्तं सन्देशमुरसिकृत्य प्रातःप्रायमधिगत्य दूतं निदिदेश,—'सौम्य ! भवान-व्यग्रमग्रतः प्रयातु, तद्बालकस्य साङ्गमङ्गलसङ्गितां तथा तस्य वाञ्छितमन्यमुदयन्मुदमु-दन्तमपि स्वमुखस्वस्तिमुखत एव प्रथयतु; वयन्तु भ्रातुराज्ञया राज्ञे करमाचित्य प्राभृतञ्च परितः प्रचित्य दिनपञ्चकानन्तरमागच्छन्त एव स्म ।' ॥१६॥

"तदेवं गते दूते दिनान्तरे तु जातकमातुः स्नानविधाने कृतसन्धाने सर्वमङ्गलसङ्गतमहः सङ्गत्य महन्महः सन्तत्य पुरोहितसहितहितमहितपञ्चजनप्रपञ्चं यथापुरःसरमन्तःपुरमानाय-मानायं नवबालकं गोपालभूपालः समालोकयामास ॥१७॥ तथा हि—

तस्मिन् पुण्याहवर्ये व्रजनृपतिशिशोरादिवीक्षा-सुधाभिः
सत्रं जज्ञे तथा तच्छ्रवणपरिमलादेव शक्ता यथा ते ।
आजन्मप्राप्तसम्पन्मृदुतर-तनवोऽप्यात्मना प्रीतिदाना-
न्यूहुर्भारायमाणान्युत दधुरमितान् स्वेद-रोमाञ्च-वाष्पान् ॥१८॥

श्रीमद्गोपनृपेण नूतनतनूजातस्य वीक्षाकृते
प्राग्रचा एव निमन्त्रिता व्रजजनाः सर्वे तु तत्रायुः ।
यर्ह्यम्भोजवनाकरः स्वकुसुमव्रातप्रकाशप्रथा-
व्याप्तः स्यात् किमु तर्हि षट्पदगणानाकारयत्यात्मना ॥१९॥

तदनन्तर व्रजेश ने उस सन्देश को हृदयदेश में धरकर प्रातः हो आया ऐसा जानकर उस दूत को आदेश दिया कि—हे सौम्य ! प्रियदर्शन दूत ! तुम अव्यग्रतापूर्वक आगे जाओ । उनके बालक की सम्पूर्ण मङ्गलयुक्त बातें तथा उन वसुदेवजी के वाञ्छित अन्य भी आनन्ददायक वृत्तान्त को अपने मुखरूपी पत्र द्वारा ही विस्तारपूर्वक कह देना । हम भी भैया वसुदेवजी की आज्ञानुसार राजा के लिये कर को एकत्रित कर, चारों ओर से उपहार को सञ्चितकर, पाँच दिन के बाद आ ही रहे हैं, इसमें सन्देह न करना ॥१६॥

इस प्रकार उस दूत के चले जाने पर, दूसरे दिन जातक माताप्रसूति श्रीयशोदाजी के स्नान विधान का आयोजन सम्पन्न हो जाने पर, सर्वमङ्गलपरिपूर्ण दिवस को प्राप्तकर, महान् महोत्सव का विस्तारकर, पुरोहितों के सहित हितकर एवं पूजनीय पुरुष समूह को यथायोग्य क्रम से अन्तःपुर में बारंबार बुलवाकर गोपराज श्रीनन्दजी ने नवबालक का दर्शन किया ॥१७॥

देखो ! उस प्रधान पुण्यमय दिवस में व्रजराजनन्दन के प्रथम दर्शनरूप अमृतों द्वारा एक अमृत यज्ञ हुआ, तथा उसके श्रवणरूप परिमल (मनोहर सुगन्ध) से गोपगण ऐसे समर्थ हो गये कि उस सद्योजात बालक का दर्शन कर उनके शरीर में स्वेद, रोमाञ्च, वाष्प आदि सभी सात्विक भावों का उदय हो गया था, उससे यह बोध होता था कि वे अतिशय कोमलाङ्ग कृष्णरूपसम्पत्ति को जन्मभर में प्राप्तकर स्वयं कोमल शरीर होकर भी श्रीनन्दजी के द्वारा दिये हुए अतिभारतुल्य प्रीतिमय दानों को, श्रीकृष्णदर्शनरूप सुधा के गुण से ही धारण करने में समर्थ हुए हैं ॥१८॥

श्रीमान् व्रजराज ने नूतन कुमार के दर्शनार्थ प्रधान प्रधान व्रजवासियों को ही निमन्त्रित किया था, वे सब तो वहाँ आये ही, किन्तु उनसे भिन्न अनिमन्त्रित व्यक्ति भी नवकुमार के देखने को आगये । वे बिना बुलाये क्यों आये ? इस बात का समाधान अर्थान्तरन्यास अलङ्कार के द्वारा करते हैं, यथा—देखो !

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पर्यग्द्वारिणि राङ्कवास्तरचिते विस्तीर्णगेहे यशो-
दाद्यग्रे स्थविरोपनन्दगृहिणीक्रोडे विचित्रं शिशुम् ।
दर्शं दर्शममी न यद्यपि गतास्तृप्तिं तथाप्युच्चकै-
र्नास्थुः पृष्ठ्यजनावकाशविधये शीलं हि मर्यादिता ॥२०॥

अङ्कभ्राजिशिशूपनन्दगृहिणीमाज्ञा मदीयेदृशी
यन्मा मादृशदृष्टिसम्भ्रमवशादुत्थात यूयं मुहुः ।
इत्येवं विनिगद्य याजकगुरुः सन्मोदसम्पन्मिलत्-
कम्पः साक्षतपाणि साश्रुनयनं स्वस्तिश्रुतीरूचिवान् ॥२१॥

आगच्छन्तः स्वगेहादभिमुखमिलिता बालवैशिष्ट्यपृच्छा-
वन्तस्तद्बालदृष्ट्या प्रमुदितहृदयैरूचिरे कैश्चिदेवम् ।
शोभा सा दृष्टिगम्या न तु परवचनश्रेणिगम्येति हर्षात्
कुण्ठत्कण्ठैरभावि प्रतिवचसि परैस्तत्तु नाश्रावि चान्यैः ॥२२॥

कमलाकर सरोवर जब अपने पुष्पसमूह की विकास परम्परा से व्याप्त हो जाता है, तब भ्रमरसमूहों को स्वयं बुलाता है क्या ? अर्थात् कमलों की सुगन्ध के वशीभूत हो भ्रमरगण जैसे सरोवर के पास स्वयं चले आते हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के माधुर्य से खिचकर अनिमन्त्रित भी व्रजवासी स्वयं चले आये ॥१९॥

चारों ओर दरवाजों से युक्त, मृगरोम से बने हुए बिछोनाओं से परिव्याप्त, ऐसे विशालगृह में, श्रीयशोदाजी आदिकों के सन्मुख वृद्धामाता श्रीउपनन्दजी की पत्नी की गोद में विचित्र बालक को बार बार देखकर भी पहले आये हुए दर्शनार्थी गोपगण यद्यपि तृप्ति को नहीं प्राप्त हुए, तथापि अपने पीछे की ओर खड़े हुए अन्य दर्शकजनों को भी दर्शन का अवकाश देने के लिये ऊँचे होकर बहुत देर तक नहीं खड़े रहे। कारण—मर्यादा से युक्त रहना ही सुन्दर स्वभाव कहलाता है ॥२०॥

उस समय याजकगुरु शाण्डिल्यमुनि श्रीउपनन्द की गृहिणी को लक्ष्य करके बोले कि—तुम्हारी गोद में नवकुमार शोभा पा रहा है, अतएव हमारी इस प्रकार की आज्ञा है कि तुम हम जैसे गुरुजनों को देख कर सम्भ्रमवश बारंबार मत उठो। इस प्रकार कहते ही याजकगुरुजी के शरीर में अधिक हर्षसम्पत्ति के कारण कम्प उपस्थित हो गया, एवं हाथ में तण्डुल लेकर सजलनयन हो स्वस्तिवाचनपरक श्रुतियों को बोलने लग गये ॥२१॥

बालकृष्ण का दर्शन करके लौटने वाले जनों को रास्ते में अपने अपने घर से आते हुए, बालकृष्ण की विशेषता को पूछने की इच्छा वाले कुछ व्यक्ति सन्मुख मिले। प्रश्न करने पर बालकृष्ण के दर्शन से प्रमुदित हृदय वाले कुछ जनों ने उनसे उत्तर देते हुए इस प्रकार कहा कि—बालकृष्ण की वह अपूर्व शोभा तो दृष्टि के ही गम्य है, दूसरों के वचनों के गम्य नहीं है। इस प्रकार कहते कहते हर्ष के कारण कुछ जनों का तो गला रुक गया। कुछ जनों के प्रत्युत्तर के समय पहले से ही कण्ठ अवरुद्ध हो गये। और बालकृष्ण की दर्शनमाधुरी से उन्मत्त अन्य कुछ जनों ने प्रश्नोत्तर के विषय में कुछ सुना ही नहीं। यह है बालकृष्ण की दर्शनमाधुरी का चमत्कार ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आकैशोरं यत् परिष्कारवस्त्रं, यावद्धार्यं मासमासं सुतेन ।
तस्मै तावत्तद्विचारेण सर्वैः, प्रत्तं पित्रा कोऽपि कोषो ह्यनन्तः ॥२३॥
शोभां विन्दन्नन्दजालोकलोकः, सञ्चायासीत् कृत्रिमाकृत्रिमा या ।
वस्त्रादीनां चित्रता यत्र पूर्वा, नेत्रादीनां चित्रतासीदपूर्वा ॥२४॥
आगता निजगृहं यदाप्यमू,-र्नन्दबालमवलोक्य लोभनम् ।
हन्त तर्ह्यपि दिनानि कानिचित्, मेनिरे दृशिगतं व्रजप्रजाः ॥२५॥

"अथ मथुरापथिकतां प्रथयिष्यमाणः श्रीगोकुलकुलराजस्त्वग्रजादीन् निजप्रतिनिधितादिकर्मणि निर्माय चलन्नन्तश्चिन्तितवान्,—'हन्त ! सुहृदि दुर्हृदि चैं मम मानसं समानसम्बन्धहार्दबन्धमपि प्रसभं भृशमेव तत्र प्रसजति नवजातके,—येनासौ पीविता जीविताशापि न परिच्छिन्नतामिच्छति । सम्प्रति दुष्टस्याविप्रकृष्टमटन्नस्मि, नानुभवन्नस्मि किं भविता; तस्माद्विकलता-विकलनाय विलोकं विलोकमेव तं बालकं यदुनिलयं चलानि' इति ॥२६॥

"अथ गमनसमये च—

उत्सङ्गे निहितस्य तस्य तु शिशोर्वक्त्रं मुहुर्दृष्ट्वा-
नामोदं चिरमाददे निटिलकाद्गण्डावचुम्बीद्भृशम् ।

किशोर अवस्था पर्यन्त यह बालक जितने परिमाण के जो जो हारादि आभरण एवं सब वस्त्र प्रत्येक महीना में बदल बदल के धारण कर सकेगा, यह विचार करके सभीजनों ने उस बालक के लिये उसी प्रकार के आभरण एवं वस्त्र आदि समर्पण किये, तथा बालक के पिता श्रीनन्दजी ने तो किसी एक अनन्त भाण्डारागार को ही सबके लिये दे दिया ॥२३॥

श्रीनन्दकुमार का दर्शन करनेवाले जन उनकी शोभा को अपने अपने मन में धारण करते हुए अपने अपने घर को चलेगये । इन्होंने जो शोभा नन्दसदन में धारण की थी, वह शोभा कृत्रिम (बनावटी), अकृत्रिम (स्वाभाविक) भेद से दो प्रकार की थी । अनेक वर्ण के वस्त्र आदि धारण करने से जो शोभा हुई थी, वह शोभा पहली, अर्थात् कृत्रिम थी, एवं नेत्र, कर्ण आदि अङ्गों में बालकृष्ण के दर्शन श्रवण आदि से आश्चर्यमय भाव धारण करके जो शोभा हुई थी, वह दूसरी अर्थात् अकृत्रिम थी ॥२४॥

व्रजवासीजन लोचनलोभनीय नन्दकुमार का दर्शन करके, जब अपने अपने घर को लौट आये, तब भी वे सब कुछ दिन तक नन्दकुमार को दृष्टिगोचर ही मानते रहे ॥२५॥

तदनन्तर गोकुलकुलराज श्रीनन्दजी ने मथुरा जाने की तैयारी का विस्तार दिखाते हुए, अपने प्रतिनिधिरूप कार्य में, अर्थात् बालक की देख रेख आदि घर के कार्य में अपने बड़े भाई आदिकों को नियुक्त कर चलते चलते मन मन में विचार किया कि—हाय ! मेरा अन्तःकरण शत्रु एवं मित्र में समान सम्बन्ध द्वारा प्रीति के बन्धन में बँधा हुआ होकर भी, हठात् उस नवकुमार के ऊपर अत्यन्त आसक्त हो रहा है, जिसके कारण यह बड़ी भारी जीवन की आशा भी मन में स्थान नहीं प्राप्त करना चाहती । इस समय मैं दुष्ट के निकट जा रहा हूँ, क्या होगा इसका अनुभव नहीं कर सकता, अतः व्याकुलता दूर करने के लिये उस बालक को बार बार निहार कर ही मथुरा चलूं ॥२६॥

पश्चात् चलते समय व्रजराज ने अपनी गोद में स्थित उस बालमुकुन्द के मुखारविन्द को बार बार देखा, चिरस्थायी हर्ष को प्राप्त किया, ललाट से लेकर कपोलपर्यन्त यथेष्ट चुम्बन किया, शिशु के शरीर का

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आशिश्लेषतरां वपुर्न तु तदा तृप्तिं व्रजेशो ययौ
यां पाथेयतया विवेद मथुराप्रस्थानमास्थाय सः ॥२७॥
'वत्स श्याम पिता तवायमयितुं राज्ञः पुरं त्वत्कृता-
ऽनुज्ञां प्रार्थयते ततो वितरतादित्येष धात्रीरितः ।
"आश्चर्यातुल-बालभावबलनाद्वभ्रे स्मितं तेन च
श्रीमान् गोपजनाधिपः प्रचितधीः प्रस्थानमासेदिवान् ॥२८॥
"स्मारं स्मारं तन्मुखं सुस्मितार्क्तं, व्यक्तं व्यक्तं गोपयन् प्रेमधाम ।
आनन्देनानल्पजल्पेषु गोपे,-ष्वात्मारामप्रायतां प्राप नन्दः ॥२९॥

"अथ मथुरामासाद्य सद्यएव कराधिकारिषु करमुपसाद्य तद्द्वारा दूरतएव राजानमनुजानन्तं प्रसाद्य शकटघटावमोचनमेवानश्च, न तु श्रीवसुदेवसद्म,—कंसे तेन साकं निजानासङ्गनव्यङ्गनाय ।" ॥३०॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"शिष्टद्विष्टिविशिष्टोऽपि सञ्जातजातकद्वेषपातकोऽपि परधनाययाधनानुसन्धाननिर्बन्धसन्धोऽपि स कथमस्मिन् निगमशिष्टिसंश्लिष्टे विचित्रेण पुत्रेक्षणेन पुत्रक्षणेन च विस्मायितसकले जगद्वित्तवित्ताशकले सरलायते स्म ।" ॥३१॥

आलिङ्गन भी खूब किया, तो भी उस समय व्रजेश तृप्ति को न प्राप्त कर सके, फिर भी देखने आदि की लालसा बनी ही रही, किन्तु इस सामान्य तृप्ति को भी व्रजराज ने मथुरा को प्रस्थान करते समय पाथेय (टोसा) ही समझा, अर्थात् पुत्र के स्पर्श का अनुभव करते हुए मथुरा को चल दिये ॥२७॥

उस समय धाई बोली—"वत्स ! श्यामसुन्दर ! ये तुम्हारे पिताजी मथुरा जाने के लिये तुम्हारी अनुमति चाहते हैं, अतः तुम अनुमति दे दो ।" धाई के इस प्रकार कहते ही बालकृष्ण आश्चर्यरूप अतुल्य बाल्यभाव स्वीकार करके मुसक्या गये, उस मन्द मुस्क्यान से ही स्थिर बुद्धि होकर श्रीमान् गोपराज ने प्रस्थान किया ॥२८॥

मृदु मधुर मन्दमुस्क्यान से युक्त पुत्र के मुख का बारंबार स्मरण कर, अतिशय प्रकटित प्रेम के स्वरूप को छिपाते हुए, श्रीमान् नन्दजी आनन्द के कारण अनेक प्रकार की बातों को करने वाले गोपों के बीच में भी ब्रह्मानन्द निमग्न योगी की सी दशा को प्राप्त हो गये ॥२९॥

तदनन्तर मथुरा पहुँचकर, कोषाध्यक्ष आदि कर्मचारियों को कर देकर, उन कर्मचारियों द्वारा दूर से ही राजा कंस को प्रसन्न कर, गाड़ी खोलने के पड़ाव पर ही आगये, किन्तु वसुदेवजी के घर नहीं गये । क्यों नहीं गये ? वसुदेवजी के साथ अपनी अनासक्ति प्रकाशित करने के लिये नहीं गये । कंस के मन में इस प्रकार के व्यवहार से किसी प्रकार के तर्क वितर्क न उठ पायेंगे । न जाने का यही अभिप्राय है ॥३०॥

स्निग्धकण्ठ बोला—भैयाजी ! शिष्टजनों के प्रति द्वेषविशिष्ट होकर भी, नये नये बालकों के ऊपर द्वेषरूप पातक से युक्त होकर भी, एवं पराये धन की तृष्णा से केवल धनानुसन्धान के आग्रह की प्रतिज्ञा से युक्त होकर भी, उस दुष्ट कंस ने वेद की आज्ञानुसार चलने वाले, विचित्र पुत्र के दर्शन से एवं विचित्र पुत्र महोत्सव से समस्त जगत् को विस्मित कर देने वाले, जगत्प्रसिद्ध अखण्ड धन वाले इन श्रीनन्दजी के प्रति सरलता का व्यवहार कैसे किया ? ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुकण्ठ उवाच,—"उक्तमेव पुरा यत् प्रगुणतयाखिलसमञ्जसयशसः श्रीव्रजेशचन्द्रमसः खल्वस्य गुणेन गुणेनेव को वा बद्धो न भवेत् ?" इति ॥३२॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच,—"ततो व्रजत्रांतरि तं भ्रातरमनुनिर्जनमिलनाय मन्त्रं बलयति पर्याकलितावसरः स श्रीशूरतनूजवरः स्वयं केवलसेवकविशेषसङ्गितया सम्बलते स्म ॥३३॥

"अथ तेनाव्रजितसदेशः श्रीमान् व्रजमहेशः सहसा महसावृततया साभ्युत्थानमुत्थाय न्याययरमः कृततदभिगमः स्वमनुजमनुरक्तः परिष्वक्तवान् परिष्वक्तश्चानेन, न तु कश्चित् कश्चिन्नतवान्; जातावेकस्य ज्यायस्त्वमन्यस्य तु जाताविति । न च केवलमेतदेव कारणतामवलम्बते, अपि तु परस्परप्रणयातिशयश्च,—येनान्यन्नानुसन्धातुं शक्यते ।

एतदेव च दृष्टान्तेन स्पष्टीकृतं श्रीबादरायणिना (भा० १०।५।२१)—'देहः प्राणमिवागतम्' इति । तत्र च देहस्थानीयस्य गोस्थानपतेरस्मदीशितुरेवासक्तिरतिरिक्ता दर्शिता;—प्राणः खल्वन्यं देहं सञ्चरति, देहस्तु तं विना न भवत्येवेति । स तु चतुरशिरोमणिः स्वयमेव रागतस्तच्छिविरागतस्तेनातिथिवदेव पूजितस्तद्व्यवहारेण जितः सम्प्रति जातयोः स्वतनुजातयोः प्रसक्तधीरिदमुक्तवान्, (भा० १०।५।२३)—

मधुकण्ठ बोला—यह विषय पहले भी कहा जा चुका है कि सर्वोत्कृष्ट गुणों के कारण जिनकी कीर्ति सबके लिये सुखप्रद है, ऐसे इन श्रीव्रजराजरूप चन्द्रमा के गुणों से रस्सी की तरह कौन व्यक्ति नही बँध सकता ? अपितु सभी दृढ़तापूर्वक निश्चितरूप से बँध जाते हैं, अतः कंस ने इनसे दुर्व्यवहार नहीं किया ॥३२॥

स्निग्धकण्ठ बोला—अच्छा, तो आगे क्या हुआ ? मधुकण्ठ बोला—तदनन्तर व्रजरक्षक श्रीनन्दजी, भ्राता श्रीवसुदेवजी से एकान्त में मिलने के लिए विचार ही कर रहे थे कि इतने में अवसर पाकर, केवल एक सेवक विशेष को संग लेकर श्रीशूरसेन के पुत्रों में श्रेष्ठ वे श्रीवसुदेवजी स्वयं ही आ मिले ॥३३॥

तदनन्तर श्रीवसुदेवजी जिनके निकट आगये हैं, ऐसे नीतिपरायण श्रीमान् व्रजराज सहसा तेजस्विता से परिपूर्ण होकर, गौरव के सहित उठकर श्रीवसुदेवजी के सन्मुख जाकर, अनुरागपूर्वक अपने छोटे भाई श्रीवसुदेव से भुजभर के मिले, श्रीवसुदेवजी ने भी श्रीनन्दजी का आलिङ्गन किया । किन्तु किसी ने किसी के प्रति प्रणाम नहीं किया । कारण—एकजन तो अर्थात् श्रीवसुदेवजी तो क्षत्रिय जाति कहकर बड़े थे, दूसरे श्रीनन्दजी जन्म से बड़े थे । परस्पर नमस्कार न करने में केवल यही कारण था सो बात नहीं है,किन्तु परस्पर का अतिशय प्रेम भी था जिसके कारण अन्य कोई प्रणाम आदि गौरव सूचक परिपाटी का अनुसन्धान ही नहीं किया जा सकता था । अर्थात् अधिक प्रीति के स्थान पर प्रणामादि बाह्य अनुष्ठान का आदर नहीं है, यह तो केवल लौकिक मर्यादा विशेष है, अतः श्रीकृष्णप्रेमभार से दबे हुए श्रीयुधिष्ठिरजी श्रीकृष्ण पूजा में पूर्वापर परिपाटी को भूल गये थे, तो भी मर्यादा लंघनकर्ता नहीं कहाये । इसी बात को श्रीशुकदेवजी ने (भा. १०।५।२१) श्लोक में दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट कर दिया है । यथा—हे राजन् ! मरे हुए देह में प्राण आने पर देह जैसे उठ खड़ा होता है, उसी प्रकार प्रिय भ्राता श्रीवसुदेवजी को आते देख श्रीनन्दजी भी उठ पड़े । उस प्रसंग में हमारे स्वामी व्रजपति को देह स्थानीय कहकर उनकी ही आसक्ति अतिरिक्त (अधिक) दिखाई गई । अर्थात् वहाँ पर वसुदेव को प्राण स्थानीय और नन्द को देह स्थानीय कहा है । निश्चय ही प्राण तो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'दिष्ट्या भ्रातः प्रवयस इदानीमप्रजस्य ते। प्रजाशाया निवृत्तस्य प्रजा यत् समजायत।।' इत्यादि

"उपाधिकृतहानिवृद्धि विना कृतस्नेहसमृद्धिमयदेहतया गम्भीरस्वरतया च पयःपयोधिरिवायं व्रजाधीश्वरस्तु तस्य सर्वस्तुतस्य वंशान् कंसकृतध्वंसाननुशोचन् कर्मवादरोचनया धैर्यं संवर्मयन्नात्मनश्च तस्य च शर्म सूनृतामृतभृतसन्तर्पणं कृतवान् ।।३४।।

"ततः श्रीमाननकदुन्दुभिस्तं कृतकार्यमवधार्य भाव्युत्पातं विचार्य स्वभवनमेव गन्तुमनुमतवान्। श्रीव्रजराजस्तु वस्तुतश्चेतसा चेतः प्रचलित एव, सम्प्रति तु गेहं प्रति देहमेवेहयामास।" ।।३५।।

"अथ व्रजवृत्तमनुवृत्त्यताम्। यथा पूर्वदेवानां पूर्वमन्त्रणायामामन्त्रिता राक्षसपक्षिणी निर्दशाननिर्दशांश्च देशदेशतः शावकान् बकानिव श्येनी विनिघ्नती कंसस्य निघ्नतो वैरोचनिकन्या रजन्यामस्यां व्रजप्रदेशसदेशमाजगाम;—या खलु जटाघटा-विघटित-प्रकटनमुण्डा विसङ्कट-द्रंष्ट्रा-संसृष्ट-दष्टडिम्भ-कोटिविकटतुण्डा नेत्रगर्तवर्तमानवर्त्म-लोम-समुद्दण्ड-कुण्डलिखण्डित-ब्रह्माण्डवर्तिधैर्या पक्षतिद्वय-मध्यस्थित-वक्षःस्थल-लम्बमान-वक्षोजयुगलोद्गीर्ण-दुग्धमिष-विष-विषमज्वालासह्यबल-दह्यमानपर्यन्ततया यन्त्रित-जन्तुस्थैर्या चेत्यादिमहाघोरतावहा; किं बहुना ? प्रतीकमात्र-प्राणिप्रतीका पृथुकानेव च पृथुकानिव कुर्वती वर्तते ।।३६।।

अन्य देह को भी प्रयाण कर सकता है, किन्तु देह तो उस प्राण विना जीवित नहीं रह सकता। परन्तु चतुर शिरोमणि वे श्रीवसुदेवजी तो स्वयं ही अनुरागवश श्रीव्रजराज के शिविर के पड़ाव पर आगये। श्रीनन्दजी के द्वारा अतिथि के समान पूजित होकर एवं उनके व्यवहार से सन्तुष्ट हो, सद्यः समुत्पन्न अपने दोनों पुत्रों में आसक्तबुद्धि होते हुए श्रीवसुदेवजी इस प्रकार बोले—हे भ्रातः नन्दजी ! आप अधिक अवस्था पर्यन्त सन्तान रहित ही रहे, तुम्हारी सन्तान की आशा भी एक प्रकार से निवृत्त ही हो चुकी थी, इस समय वृद्धावस्था में भी तुम्हारे सन्तान उत्पन्न होगई, यह तुम्हारा परम सौभाग्य है, एवं हमारे लिए बड़े आनन्द की बात है। पश्चात् औपाधिक क्षय वृद्धि विहीन स्नेह सम्पत्तिमय देह से विशिष्ट होने के कारण एवं गम्भीर स्वर युक्त होने के कारण—क्षीरसमुद्र के समान इन श्रीव्रजराज ने तो सर्वप्रशंसनीय उन श्रीवसुदेवजी के वंश के अंकुररूप एवं कंस के द्वारा मारे गये छः बालकों का शोक प्रगट करतेहुए, तथा कर्मफल की अपारमहिमा के द्वारा वसुदेवजी के धैर्य को कवच सा पहनाते हुए, सत्य और प्रिय वाक्यरूप अमृत द्वारा तृप्ति साधनपूर्वक अपना और उनका सुख उत्पादन किया ।।३४।।

तदनन्तर श्रीवसुदेवजी ने श्रीनन्दजी को कृतकार्य समझकर एवं भावी उत्पात को विचारकर अपने घर जाने के लिए ही अनुमति दे दी। वस्तुतः व्रजराज अपने चित्त से तो मथुरा से पहले ही चल दिए थे, किन्तु इस समय देह को भी घर के प्रति चलने को प्रेरित किया ।।३५।।

अब व्रज के वृत्तान्त का अनुसरण होना चाहिए। असुरों ने पहले जिस प्रकार विचार गोष्ठी की थी, उस विचार सभा में राक्षसपक्षपातिनी बलि की बेटी पूतना भी बुलाई थी। बाजकी स्त्री जिसप्रकार बगुलाओं के बच्चों का वध करती है, उसी प्रकार कंस के अधीन वह राक्षसी देश देश में दस दिन से कम और दस दिन से अधिक अवस्था के बालकों को मारती हुई इसी रात्रि में व्रजभूमि के निकट आगई थी। उसका मुण्ड जटासमूह की घटना से विकट मालूम पड़ता था, बड़ी बड़ी दाढ़ों में लगे हुए तथा चबाए हुए करोड़ों बालकों के कारण उसका तुण्ड (मुख) भयंकर मालूम पड़ता था, उसके नेत्रों के गढ्ढाओं में जो मार्ग थे उनमें पलक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ सा श्रीव्रजक्षितीश-रक्षित-गीर्वाणबाणज्ञ-धानुष्कभिया दुष्करस्वरूपं विहाय हारिरूपान्तरं प्रातिहारिकतया धृतवती,—येन खलु सम्पदधिदेवीयमधिभूमि सम्पतन्ती निजाश्रयविशेषमन्विच्छन्ती च सर्वसल्लक्षणतया कृतलक्षणं सम्प्रति जातं श्रीव्रजराजजातमेव समाश्रयिष्यतीति मत्वा तस्या नूतनवपुः पूतनायाश्राकूतममत्वा हारितहृद्धीरक्षिभिर्न निवारिता, रक्षिणोभिश्च नावधारिता; येयं पक्षपातिनी कंसपक्षपातिनी सात्वतभर्तुः श्रवणकीर्तनादिप्रदेशमनुवर्तितुमसमर्था तद्बहिर्मुखानामर्भकान्निघ्नती तत्पक्षपातिन्येव लक्षिता। एवमप्यस्याः श्रीमद्व्रजागमनादिकन्तु कौतुकविशेषाय साधयितुं योगमाया खलु योगमायान्ती बभूव;—यस्याश्च हेतोरन्यत्र कुत्रचिन्नेत्रमनादधती सर्वमत्यादधती श्रीमन्नन्दमन्दिरस्थं तमेव बालकमालोकयामास। अङ्गारधानीसङ्गतस्फुलिङ्गवदङ्गारसङ्घमिव तमसि पतङ्गी तञ्च योगमाया-कृत-प्राकृत-बालक-कल्पता-कल्पनया यथावन्नानुबभूव, उज्ज्वलगुञ्जापुञ्जतुलनया प्रज्वलदिङ्गलमिव ॥३७॥

के रोमरूप ऊँचे फणवाले सर्प थे, उनके द्वारा उसने ब्रह्माण्डवर्ती सभी जीवों का धैर्य खण्डित कर दिया था, अथवा उसके नासिकाविवर से बाहर की ओर निकलते हुए सर्पाकृति भयंकर लम्बे लम्बे बालों को देखकर सारा ब्रह्माण्ड थर्राता था। दोनों बगलों के बीच में स्थित वक्षःस्थल के बीच में जो उसके लम्बे लम्बे दो स्तन थे, उनसे जो दुग्ध बह रहा था उसके बहाने विष ही बह रहा था, उस विष की विषमज्वाला असह्य शक्ति वाली थी, जिसके द्वारा वह राक्षसी प्राणपर्यन्त जला देने के कारण सभी जन्तुओं के धैर्य का नाश कर रही थी। इस प्रकार वह महाभयंकर भाव धारण कर रही थी। अधिक क्या कहें ? उसका अवयव मात्र ही प्राणीमात्र के प्रतिकूल था, बालकों को तो वह चिरवाओं की तरह चबा रही थी ॥३६॥

तदनन्तर उस पूतना ने व्रजराज के द्वारा रक्षित नारायणास्त्र आदि बाणों को जानने वाले धनुर्धारियों के भय से अपने दुष्करूप को त्यागकर, मायावीभाव प्रगट करने के कारण मनोहररूप धारणकर लिया। उस अलौकिक सौन्दर्य द्वारा लोगों के मनमें पूतना के सम्बन्ध में ऐसा विचार उठा, यथा—निश्चय ही यह सम्पत्ति की अधिष्ठात्री देवी भूमि पर आती हुई, अपने लिये आश्रयविशेष को ढूँढ़ती हुई या चाहती हुई, सर्वसुलक्षणयुक्त होने से प्रसिद्ध इसी समय उत्पन्न हुए श्रीव्रजराज के लाला को ही आश्रयरूप से स्वीकार करेगी। ऐसा समझकर, एवं माया से नया शरीर धारण करनेवाली उस पूतना के अभिप्राय को न समझ कर, पूतना के तात्कालिकभाव को देखकर, जिनका मन अपहृत होगया है, ऐसे रक्षकों ने उसे महावन में घँसते हुए रोका नहीं, तथा बालक की रक्षा करने वाली धाई आदि स्त्रियाँ भी निश्चय नहीं कर पाईं कि यह कौन है ? और पङ्ख से उड़नेवाली, कंस के अनुग्रह से युक्त जो यह पूतना थी, वह यदुपति श्रीकृष्ण का श्रवण एवं कीर्तन आदि जहाँ पर होता है, ऐसे स्थानों पर जाने में समर्थ नहीं थी, इसलिये श्रीकृष्णबहिर्मुख जनों के बालकों को मारती हुई कंस की पक्षपातिनी ही प्रतीत होती थी। इस प्रकार श्रीव्रजधाम में इस पूतना के आगमन आदि कार्य को कौतुकविशेष के सिद्ध करने के लिये योगमाया ने ही निश्चितरूप से पूतना से संयुक्त होकर किया, अर्थात् इस कार्य में योगमाया ही प्रधान हुईं। इस योगमाया के कारण अन्यत्र कहीं भी अपने नेत्रों को न लगाती हुई, सभी का अतिक्रमण करती हुई, उस पूतना ने श्रीमान् नन्दजी के भवन में विराजमान उस अपूर्व बालक को ही देखा। बरोसी या अँगीठी में धरे हुए अग्निकणयुक्त अंगारसमूह को अन्धकार में पतङ्गी जिस प्रकार नहीं जान सकती, उसी प्रकार भस्म से ढकी हुई अग्नि की तरह गूढ़ तेज वाले उस बालक के यथार्थ स्वरूप का अनुभव पूतना न कर सकी। कारण योगमाया ने योगबल से प्राकृत

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अयन्तु श्रीमान्नन्दनन्दनः स्व-तात-शुभानुध्यानमय-योगमायया सेवितत्तया जन्मत एव समस्तज्ञानादिसम्पन्मृयतायां शस्तः स्वजनस्नेहवशंवदबाल्यादिलीलासुखावेशेन तत्रानादृत्यातुल-तद्वयक्तिव्यतिरिक्तीकृतस्तथाप्यवसरमवाप्य मध्यं मध्यं सा स्व-सेवामध्यवस्यन्तो तत्र प्रादुर्भवति । ततः सम्प्रति च तामन्तर्विकृताकृतिमुपलभ्य भव्य-स्वभावरोवने लोचने निमीलितवान् ॥३८॥

"ततश्च सा सहसा पराभाव्यधिया भिया विना भूता तमङ्कमेव निःशङ्कमानीतवती, मूषिकधिया सर्पन्ती सर्पी नकुलमिव ।" ॥३९॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"अग्रजन्मंस्तन्मातरौ कथमिव तामपरिचितां न निवारितवत्यौ, न च विचारितवत्यौ ? ॥४०॥"

मधुकण्ठ उवाच,—"पुरस्तादेव योगमायाख्यं कारणमुपन्यस्तं प्रक्रियान्तरञ्च तत्र तया क्रियते स्म; यथा—सा हि, तत्रान्तर्गूढाङ्गभुजङ्गीसङ्गतायाः कूटकनकमय-पयःकनकालुकायाः साम्यावगम्यं रूपं दधती परितः स्रवदस्रधारा-वाराजस्रस्तन्यप्रवाहान् वहन्ती स्नेहानुकार-कदेहत एव ते मोहितवती ॥४१॥

बालक की सी कल्पना कर दी थी, जिसके कारण अग्नियुक्त उज्ज्वल अंगारों को अज्ञ बालक जिस प्रकार उज्ज्वल गुंजापुंज ही समझता है, उसी प्रकार पूतना ने बालक के यथार्थस्वरूप का अनुभव नहीं किया। भावार्थ यह है कि जलते हुए अंगारों में क्षुद्र पतङ्गों की तरह कृष्ण के पास पूतना अपने विनाश के लिये स्वयं आ गई ॥३७॥

उसको देखकर भगवान् ने क्या किया एवं योगमाया ने क्या सहायता की, इसका वर्णन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि—किन्तु यह श्रीनन्दकुमार तो अपने पिता के मङ्गल का अनुध्यान करनेवाली योग-माया के द्वारा सदैव सेवित होने के कारण, जन्म से ही समस्त ज्ञानादि सम्पत्ति के विषय में पूरी निपुणता दिखा चुके, एवं स्वजनों के स्नेह के अधीन होकर, बाल्यादिलीला के सुखमय आवेश से, योगमाया के प्रति आदर न करके, समस्त ज्ञानादि शक्तियों की सम्पत्ति का प्रकाश नहीं करते, तथापि अपनी सेवा के अवसर को प्राप्त करके, बीच बीच में वह योगमाया अपनी सेवा को निश्चित करती हुई, श्रीकृष्ण में प्रगट हो जाती है। इसलिये इस समय भीतर से विकृत स्वरूपवाली उस राक्षसी को जानकर बालकृष्ण ने मङ्गलमय एवं स्वतः सुन्दर अपने दोनों नेत्रों को मूंद लिया ॥३८॥

तदनन्तर मूषकबुद्धि से अपना खाद्य समझकर, सर्पिणी जिस प्रकार सरकती हुई अपने शत्रु नकुल (न्यौला) को ही गोद में ले लेती है, ठीक उसी प्रकार उस पूतना ने सहसा बालकृष्ण के पराभव (पराजय) की बुद्धि से निर्भीक होकर बालकृष्ण को निःशङ्क अपनी गोद में ले लिया ॥३९॥

स्निग्धकण्ठ बोला—हे ज्येष्ठ भ्रातः मधुकण्ठ ! श्रीकृष्ण की माता यशोदा एवं रोहिणी ने अपरिचित उस पूतना को घर में जाने से क्यों नहीं रोका, और पूर्वापर का विचार भी क्यों नहीं किया ? ॥४०॥

मधुकण्ठ बोला—योगमायानामक शक्ति ही इसमें कारण है, यह पहले ही कह दिया है। जिससे कोई भी भीतर जाने से न रोक सके, उस विषय में पूतना ने अन्य प्रकार की एक प्रक्रिया और भी रच दी थी, यथा—उस पूतना ने जब अन्तःपुर में प्रवेश किया तब भीतर में गुप्त है शरीर जिसका, ऐसी सर्पिणी से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पुनश्चेदं सगद्गदं जगाद,—'अयि यशोदे ! त्वमपि हठोत्तरतया कठोरासि, सुतरान्तु स्व-सुत-स्थितचित्ता-द्रोहिणी रोहिणी; यतः शयनतल एवेदृशसुकुमारं कुमारं निधाय चिन्तामविधाय नातिकृतनिष्ठं तिष्ठथः, न तु हृदये;—प्राणा अपि हृदय एव रक्षणीयाः, किमुत प्राणाधिकोऽयं सुतः ? तस्माद्धिग्वो राक्षसीतोऽपि रूक्षमानसा मानुषीः ! अहन्तु सम्पदधिष्ठातृदेवी त्वया प्रसूतं सुतं विश्वविलक्षणलक्षणं श्रुत्वा तत्क्षणमेवागतानेन वसन्तेन वासन्तीमिव दृष्टिं हृष्टां कृतवत्यस्मि; मम च स्तनौ सर्वश्रेयस्तननौ नित्यममृतं क्षरतः,—येन पीतेन सोऽयं निःसन्देहसिद्धदेहः स्यात्; तस्मादहमस्य सर्वसुखविधात्री धात्री च भविष्यामि' इति ।" ॥४२॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"ततो ग्रहणादनन्तरं किं जातम् ?" मधुकण्ठ उवाच,—"तदेवं मिषतः सा विषयोषा तं गृहीत्वा विलम्बं हित्वा चूचुकोपर्येव तन्मुखवार्युद्भवं निदधे ।"॥४३॥

स्निग्धकण्ठः सभयमुवाच,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठः सहासमुवाच,—"ततः स तु स्वमातुः साक्षात्तस्यास्तादृशभृशदुर्नयदर्शनादुपजातेन तत्प्राणान् पिबता रोषतेजःसङ्घातेन तत्स्तन्यस्य तद्देहस्य च दोषं शोषयन् मातृभावाभासस्फुरदुल्लासस्वस्पर्शस्वाभाव्येन तु तद्देहे सुगन्धिता-सुगन्धितामिव तत्स्तन्ये पीयूषतां रूषयंश्चूषणं चकार ॥४४॥

युक्त कपटमयी सुवर्ण की बनी हुई, जलझारी के समान दीखनेवाले रूप को धारण करते हुए, एवं चारों ओर निकलती हुई अश्रुधारासमूह को और निरन्तर स्तन्यदुग्धप्रवाह को बहाते हुए, स्नेह का सा अनुकरण करनेवाले अपने देहमात्र से ही दोनों माताओं को विमुग्ध कर दिया था ॥४१॥

पुनः गद्गद होकर यह बोली कि—अयि यशोदे ! उत्तरोत्तर हठ करने के कारण तुम भी कठोर हो। और अपने पुत्र में स्थितचित्ता रोहिणी तो और भी अधिक द्रोह करने वाली सी मालूम पड़ती है। इसीलिये तुम दोनों ऐसे सुन्दर सुकुमार को पलंगड़ी पर ही सुला कर, किंचित् भी चिन्ता न कर, पुत्र के प्रति विशेष मनोयोग न देकर, चुपचाप बैठी हो। हृदय पर अपने लाल को नहीं धारण किया है। देखो ! प्राण भी तो हृदय में ही रक्खे जाते हैं, फिर प्राण से भी अधिक प्रिय इस पुत्र का तो कहना ही क्या है ? अतएव राक्षसी की अपेक्षा भी रूखे मन वाली तुम्हारे जैसी मानुषीयों को धिक्कार है। और देखो ! मैं तो सम्पत्ति की अधिष्ठात्री देवी (लक्ष्मी) होकर भी तुम्हारे द्वारा उत्पन्न, विश्वविलक्षण पुत्र को सुनकर तत्काल ही आ गई हूँ, एवं वसन्तऋतु के आते ही माधवीलता जैसे आनन्दित होती है, उसी प्रकार इस बालक को देखकर मैं अपने नेत्रों को आनन्दित कर चुकी हूँ। और मेरे दोनों स्तन सभी के लिए मङ्गल का विस्तार करने वाले हैं, एवं नित्य ही अमृत बहाते रहते हैं, जिसके पीने से यह बालक निश्चय ही सिद्ध देह वाला हो जायगा। इसीलिये मैं इस बालक की सर्वसुखविधान करने वाली धाई बन जाऊँगी ॥४२॥

स्निग्धकण्ठ बोला—उसके बाद पूतना के द्वारा बालमुकुन्द के ग्रहण करने के अनन्तर क्या घटना घटी ? मधुकण्ठ बोला—इस प्रकार बहानेबाजी द्वारा उस विष भरी नारी पूतना ने बालकृष्ण को ग्रहण कर, विलम्ब छोड़कर उनके मुखकमल को स्तन के अग्रभाग में ही स्थापित कर लिया ॥४३॥

स्निग्धकण्ठ भयभीत होकर बोला—उसके बाद, उसके बाद ? मधुकण्ठ हँसकर बोला—उसके बाद श्रीबालकृष्ण ने तो अपनी माता के सामने ही पूतना की वैसी अत्यन्त दुर्नीति के देखने से उत्पन्न, पूतना के प्राणों को पीने वाले, क्रोधमय तेजसमूह द्वारा उसके स्तनों के दुग्ध के और उसके देह के दोषों का शोषण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्णेन पूतनास्तन्यपानमित्थं विरोचते ।
यथा गङ्गाप्रवाहेण कर्मनाशा-जलाहृतिः ॥४५॥

"सा तु राक्षसपक्षिणी मुञ्च मुञ्चेति पुष्टक्रुष्टतया व्यथितसनीडां पीडां प्रपञ्चयन्ती प्राणानपि मुञ्चन्ती संस्कारवशात् तं वक्ष्यस्येव निक्षिप्य पक्षविक्षेपाद्व्रजाद्बहिः ससार ममार च;—यत्र ह्लादिनी सा ह्लादिनीत्येव तर्क्यते स्म; यत्र च स्वरूपावस्थितिमेव चाससार ॥४६॥

उड्डिड्ये सपदि यदा तु पक्षिणी सा, तं बालं हृदि परिगृह्य लम्बमानम् ।
उड्डीना द्रुततरमेव मातृयुग्म,-प्राणाश्च स्फुटितहृदम्बुजादिवासन् ॥४७॥

"तस्मिन् हृते पूतनया तु बाले, मात्रोर्यदि प्राणगणो न मूर्च्छेत् ।
भोक्तुं तदाभीलकुलं तदा ते, किं शक्नुयातामपि ? किन्तु नैव ॥४८॥

"आक्रन्दाद्भिदुराणि पक्षपवनात् कल्पं भुवि भ्रंशनाद्-
भूभ्रंशं शवरूपता-शवलनाद्गोत्राङ्गपङ्क्तीरपि ।
आशङ्क्याभिगता दिविष्ठपटली तत्तद्विजातीयतां
निर्णीयाथ विसिस्मिये कतिपयं कालं बकीसंस्थितौ ॥४९॥

करते हुए, एवं पूतना के हृदय में मातृभाव की जो आभासमात्र स्फूर्ति थी, उसी के उल्लास में किया जो निज स्पर्श, उस स्पर्श की स्वाभाविकीशक्ति के द्वारा, उसकी देह में सुगन्धिसञ्चार की तरह, उसके दुग्ध में अमृत का संचार करते हुए रोषपूर्वक स्तन्यपान किया ॥४४॥

श्रीकृष्ण के द्वारा किया हुआ पूतना का स्तन्यपान इस प्रकार सुशोभित हो रहा है कि, जिस प्रकार गङ्गाप्रवाह के सम्बन्ध से कर्मनाशा नदी का जल सम्पर्क ॥४५॥

राक्षसपक्षिणी अर्थात् विहङ्गीस्वरूपा वह पूतना तो "मुझे छोड़ दो, मुझे छोड़ दो" इस प्रकार उच्च स्वर से चिल्लाने के कारण देह को व्यथा देने वाली पीड़ा को, प्रकाशित करती हुई, प्राणों को भी छोड़ती हुई, संस्कारवशात् श्रीकृष्ण को अपने वक्षःस्थल पर ही लटकाकर पक्षचालनपूर्वक व्रज से बाहर निकल पड़ी और मर गई। जिसके विषय में लोगों ने ऐसा तर्क किया—मानों वह भयङ्कर शब्द करता हुआ वज्र ही गिर पड़ा। इस जगह पहुँचकर पूतना ने अपने स्वाभाविक स्वरूप को धारण कर लिया, अर्थात् उसका पहला रूप उल्लू के समान था, वही मरते समय प्रगट हो गया ॥४६॥

अपने वक्षःस्थल पर लटकते हुए उन बालकृष्ण को अच्छी तरह पकड़कर, पक्षिरूपधारिणी वह पूतना शीघ्र ही जब उड़ी, तभी फटे हुए हृदयरूप कमल से दोनों माताओं के प्राणपखेरू मानों शीघ्र ही उड़ गये ॥४७॥

पूतना के द्वारा उन बालकृष्ण के अपहरण करने पर दोनों माताओं के पाँचों प्राण यदि मूर्च्छित नहीं होते, तो उस समय वे दोनों मातायें उस अपूर्व कष्टसमूह को भोगने के लिए क्या समर्थ हो सकती थीं? कदापि नहीं ॥४८॥

पूतना के मरने पर स्वर्गवासी देवताओं ने इस प्रकार की आशंका की, यथा—उसके भयंकर रोने के शब्द से वज्रों की, उसके पङ्ख की वायु से प्रलय की, भूमि में गिरने से भूकम्प की, मरे हुए देह के सम्मेलन से पर्वत की शिलाओं की आशङ्का करके, पास में आकर उस उस विजातीयभाव का निर्णय कर, सभी देवता कुछ देर तक विस्मित हो गये ॥४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च पूतनां निश्चित्य,—

तस्याः सुरा वक्षसि लग्नमेनं, स्मेरं गृहीताकृशचूचुकाग्रम् ।
अस्य प्रभावावलिविज्ञचित्ताः, सर्वे समन्ताज्जहसुर्विलोक्य ॥५०॥

ऊचुश्च,—अभजदिह यदेषा पर्वताकारवर्ष्मा, क्षयमतितनुमूर्तिं प्राप्य बालं तमेतम् ।
न हि तदतिविचित्रं प्रेक्ष्यतामेव साक्षा,-द्विधुरयममृताङ्गः पूतनेयं विषाङ्गी ॥'५१॥

तथा च—'विषं स्याद्विषमन्यस्मिन्नमृतन्तु विषे विषम् ।
पूतनाकृष्णसङ्गर्षे दृश्यतामेतदेव हि ॥'५२॥

अथवा—'नव-नव-रसपाकादुत्पलाभोगधात्री, स्थलज-जलजपद्म सर्वदा दुःखदात्री ।
रजनिचरगणानां शश्वदामोदपात्री, प्रतिहरि लयमागात् पूतना व्याजरात्री ॥'५३॥

"किन्तु, स्वचरितचातुरीभिरिदमिवायं सूचयति,—

स्तनन्धयस्य स्तन एव जीविका, दत्तस्त्वया स स्वयमानने मम ।
मया च पीतो म्रियते यदि त्वया, किंवा ममागः स्वयमेव कथ्यताम् ॥'५४॥

तदनन्तर देवताओं ने पूतना को निश्चय करके देखा कि—पूतना के वक्षःस्थल पर बालकृष्ण संलग्न हैं, एवं उसके स्थूल स्तन के अग्रभाग को पकड़े हुए हैं, मन्द मन्द मुस्क्यान भी कर रहे हैं। देवताओं का अन्तःकरण श्रीकृष्ण के प्रभाव को जानता था, इसीलिये वे सब इस प्रकार देखकर चारों ओर से हँसने लग गये ॥५०॥

और बोले कि—अत्यन्त छोटे से शरीर वाले इस बालक को पाकर पर्वत के समान बड़े शरीर वाली भी, यह राक्षसी इस स्थान पर जो नाश को प्राप्त हो गई, यह घटना कोई अति विचित्र नहीं है। देखो! यह बालक अमृत देहधारी साक्षात् चन्द्रमा है, एवं यह पूतना विषभरी है, अर्थात् अमृत के द्वारा विष का नाश अवश्यम्भावी प्रसिद्ध है ॥५१॥

तथा च—विष किसी अन्य वस्तु में मिलकर भी, उस वस्तु के सहित विष हो जाता है, अर्थात् उसको भी विषरूप कर लेता है, एवं अमृत भी विष में मिलकर विषरूप हो जाता है, यही प्रसिद्ध है। किन्तु कैसा आश्चर्य है? देखो! अमृताङ्ग श्रीकृष्ण विषाङ्गी पूतना से संयुक्त होकर भी अमृताङ्ग ही रहे, पूतना विषाङ्गी ही रही। दोनों के स्वभाव में कुछ भी विपरीतता न घटी ॥५२॥

अथवा यह पूतनानामक कपट रात्रि, नये नये रस से परिपक्व बालकों के उत्कृष्ट मांस से राक्षसोचित भयंकर शरीर धारण करने वाली होकर भी, स्थलचर, जलचररूप पद्मसंख्या वाले जीवों के प्रति सर्वदा दुःखदायिनी होकर भी, एवं रजनीचरगणों की निरन्तर आनन्दपात्र होकर भी, श्रीकृष्ण को लक्ष्य कर नष्ट हो गई।

रात्रि पक्ष में यथा—रात्रि भी नये नये रसों की परिणामहेतु, एवं कुमुद आदि रात्रि के कमलों की पोषणकारिणी होकर, दिन में खिलनेवाले स्थलकमल एवं जलकमलों के प्रति सदा दुःख देनेवाली होकर, रात में चलने वाले चोर, डकैत, राक्षस आदि जीवों को निःशंक आनन्द देनेवाली होकर भी "प्रतिहरि", अर्थात् सूर्य का लक्ष्य करके नष्ट हो जाती है। फलितार्थ यह है कि सूर्य के निकट रात्रि की तरह, श्रीकृष्ण के निकट पूतना का विनाश अवश्यम्भावी था ॥५३॥

किन्तु यह श्रीकृष्ण अपने चरित्र की अनेक चातुरियों द्वारा यही सूचना करते हैं कि—स्तनपान

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"हन्त ! श्रीव्रजेश्वर्यादीनां दीनानां का मर्यादा धैर्याय जाता, किंवा तत्परिजनैः समाधानमधायि ।" ॥५५॥

मधुकण्ठ उवाच,—"अथ व्रजे तु महाकोलाहलव्रजे जाते व्रजेशगृहिणीं रोहिणीञ्च विहायं विहायमुपर्युपरि परिद्रुतासु वृद्धामध्यावधूसु तासु तदैव दैवनिश्चितदिशः काश्चित् पृथुनगपृतनामिव पतितां पूतनां दृष्ट्वापि विघटितभया निकटमटिता विधिघटितस्खलितबाहुघट्टमारूढा बालभावादकुतोभयतया खेलन्तमिव तं बालगोपालमविलम्बितं गृहीत्वा तां हित्वा संवेगजातवेगतया सर्वं चातिहाय गृहाय दुद्रुवुः ॥५६॥

"ततश्च तदवलोकेनासंख्यलोकेन सुखमग्नेन पश्चाल्लग्नेन परिप्लवतया समुत्प्लवमानेन सहसमहं महान्तःपुरमागता नारीजना जनन्योर्निश्चेष्टतां दृष्ट्वा कर्तव्यमूढतामूढा बभूवुः ॥५७॥

"अथ तथालक्षणतया क्षणकतिपये लब्धव्यत्यये यत्नान्तरपथे च वितथे काचिद्बुद्धिमती सकश्मलयोस्तयोरप्यङ्के तं बालकमेवावलम्बयामास, अवलम्बिते च बाले तेनैवामृतेनेव कृतत्राणेषु प्राणेषु तं बालकमवलोकमाने ते पुनरन्यां मूर्च्छामानर्च्छतुः । ततः पुनः पुनरेवंविधानाच्चिदाधानेन प्रकृतिमासेदतुः, मुहुरेव जलसंवलनेन निदाघदग्धभूमिवत् ॥५८॥

करनेवाले बालक की स्तन ही जीविका है । वह स्तन तूने मेरे मुख में स्वयं ही दे दिया । मैंने उसका पान कर लिया । अरी पूतना ! इतने पर भी यदि तू मरती है तो मर जा । किन्तु इसमें मेरा क्या अपराध है, सो तू स्वयं कह दे ? ॥५४॥

स्निग्धकण्ठ बोला—हाय ! हाय ! अत्यन्त कातर श्रीमती यशोदा आदि माताओं के धैर्य के लिये कौन सा उपाय न्यायपूर्वक हुआ, एवं उनके सेवकवर्ग ने क्या समाधान किया ? ॥५५॥

मधुकण्ठ बोला—तदनन्तर व्रज में बड़े भारी कोलाहल समूह के उपस्थित होने पर वृद्धा, मध्या, एवं बहू बेटी आदि सभी गोपियाँ श्रीयशोदा एवं श्रीरोहिणीजी को सर्वथा त्यागकर छलांग मारती हुईं दौड़ पड़ीं । उस समय उन्हीं में से कुछ गोपियाँ दैवयोग से दिशा का निश्चय कर, विशाल पर्वत की सेना के समान पड़ी हुई, पूतना को देखकर भी निर्भय होकर, उसके निकट आ गईं, तथा दैव की घटना से भूमि में गिरी हुई पूतना की भुजारूपी घाट पर चढ़कर, बाल्यभाव से निर्भयतापूर्वक खेलते हुए से उस गोपाल को शीघ्र ही लेकर, उस पूतना को छोड़कर, सम्भ्रम से उत्पन्न वेग के कारण सभी को छोड़ छाड़कर, पीछे की ओर न देखती हुईं घर के लिये दौड़ पड़ीं ॥५६॥

तदनन्तर पूर्वोक्त व्यापार के देखने से असंख्य लोग सुख में निमग्न होकर, चञ्चलतापूर्वक पीछे पीछे कूदते फाँदते हुए आ रहे थे । उन सभी लोगों के सहित आनन्दपूर्वक अन्तःपुर में आकर, दोनों माताओं की निश्चेष्टता (मूर्च्छा) को देखकर सभी स्त्रियाँ किंकर्तव्यविमूढ़ हो गईं ॥५७॥

पश्चात् इसी प्रकार कुछ क्षणों के व्यतीत होने पर, एवं दोनों माताओं की मूर्च्छा के दूर करने के अन्य सभी उपायों के निष्फल हो जाने पर, किसी बुद्धिमती गोपी ने मूर्च्छा से युक्त भी दोनों माताओं की गोद में उस बालगोपाल को बिठा दिया । बालक के गोद में आते ही पुत्रलाभरूप अमृत के द्वारा सभी प्राणों की रक्षा संघटित होने के बाद, उस बालमुकुन्द को ही देखती हुईं वे दोनों मातायें पुनः आनन्दजनित दूसरी प्रकार की मूर्च्छा को प्राप्त हो गईं । तदनन्तर बारंबार इस प्रकार की घटना के कारण चेतनाप्राप्ति द्वारा दोनों ही मूर्च्छारहित हो गईं । बारंबार जल के छिड़काव से ग्रीष्मऋतु से सन्तप्तभूमि जिस प्रकार शीतल हो जाती है, उसी प्रकार मातायें भी बारंबार श्रीकृष्ण का स्पर्श पाकर शान्त होगईं ॥५८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ बालकमप्यवलोकयन्त्यावालोकनवचनयोः काराभिरिवाश्रुधाराभिरतीव व्यग्रतामग्रतः प्रापतुः। ततश्चान्याभिरेव स्तन्याभिमुखीकृतेन तेन सुकुमारेण कुमारेण क्रमानुसारेण धीरतां धारयामासतुः ॥५९॥

ततश्च, आश्लिष्टः प्रतिदृष्टिचुम्बितमुखः सुघ्रातमूर्धा दृग-
र्णःसिक्तः सुहृदां पुरो भुवि धृतः स्वेनापि निर्मञ्छितः।
सत्यं सत्यमिदं न चान्यदिति स व्यक्तं विविक्तीकृतो
मातृभ्यां न तथापि संहृतभयं दृष्टो बकीमर्दनः ॥६०॥

"अथ श्रीव्रजेश्वरी सचमत्कारमुवाच,—'हन्त ! विलोक्यतामसौ द्वितीयो बालः' इति। तदेतदुक्त्वा च तां स्वयं धारितुमुद्यतां विबुध्य प्रतिरुध्य श्रीलरोहिणी बहुलमहिलाभिः सह गृहान्तरमवगाहमाना तं मङ्गलसङ्गतं विलोकयन्ती सङ्गिनीभिरङ्गीकृतपालनं विधाय विहाय च तदागमनस्पृहिणीं व्रजमहेन्द्रगृहिणीं संहाय सान्त्वितवती ॥६१॥

"पूतनाहन्तुस्तु—
गोमूत्राद्यैः स्नानमाचर्य तस्य, प्रेम्णा चक्रुर्मन्त्ररक्षां जनन्यः।
श्रुत्वा यस्मिन् शास्त्रविज्ञत्वमासां, सर्वेऽप्युच्चैः कोविदा विस्मयन्ते ॥६२॥

तदनन्तर बालक को देखती हुई भी, दोनों मातायें अपने नेत्रों से गिरती हुई, चर्मभेदक लोहे के सूआ की तरह लम्बी लम्बी, एवं मोटी मोटी अश्रुधाराओं से प्रथम तो विशेष व्यग्रता को प्राप्त हो गईं। पश्चात् अन्य गोपियों के द्वारा दूध पिलाने के लिये सन्मुख लाये गये, सुकुमार उस कुमार के द्वारा ही क्रमानुसार धीरता को धारण कर सकीं ॥५९॥

तत्पश्चात् दोनों माताओं द्वारा बालमुकुन्द का आलिङ्गन कराया गया, बारंबार दिखाकर उसका मुखचुम्बन कराया गया, मस्तक सुंघाया गया, माताओं के नेत्रजल द्वारा अभिषिक्त कराया गया, बन्धु-बान्धवों की सामने की भूमि पर बिठाया गया, दोनों माताओं ने अपनी आत्मा की न्योछावर भी कर दी। और पूतना इस बालक को ले गई थी यह भी सत्य है, एवं यह भी तुम्हारा ही पुत्र है, यह बात भी सत्य है, दूसरी बात नहीं है। इस प्रकार स्पष्टतापूर्वक उस बालक के विषय में माताओं को खूब समझाया गया, तथापि दोनों माताओं ने निर्भयतापूर्वक श्रीकृष्ण को पूतनारिरूप से नहीं देखा ॥६०॥

तदनन्तर श्रीव्रजेश्वरी चोंककर बोलीं—हाय ! उस दूसरे बालक को तो देखो। यह कहकर श्रीयशोदा जी को स्वयं भीतर की ओर दौड़ने को उद्यत समझकर, उनको रोककर, श्रीमती रोहिणीजी बहुत सी महिलाओं के साथ घर के भीतर गईं, एवं लाला बलराम को मङ्गलयुक्त देखती हुईं, श्रीरोहिणीजी ने साथ की सहेलियों के द्वारा पुत्र का रक्षाकार्य टोना टमना आदि करके, पश्चात् अपने लाला को छोड़कर, वहाँ पर आने की इच्छा वाली व्रजराजगृहिणी श्रीयशोदा से मिलकर उनको सांत्वना दी ॥६१॥

प्रेमभरी माताओं ने प्रेमसहित पूतनाविनाशी उन श्रीकृष्ण का गोमूत्र आदि द्वारा स्नान कराकर, मन्त्रों के द्वारा उनकी रक्षा की। जिस रक्षाकार्य में समस्त पण्डितजन इनके शास्त्रज्ञान को सुनकर अत्यन्त विस्मित हो जाते हैं ॥६२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तादृशमहोत्पातदृश्वरी श्रीमती व्रजेश्वरी सर्वानिर्वाचीनाः प्रति सगद्गदं जगाद,—॥६३॥

'पुत्रो भवेदेवमतिस्पृहा नौ, नासीदभूद्वेष तु वः स्पृहातः ।
प्रत्यर्पि सोऽयं बत युष्मकाभि,-रस्मासु युष्मासु तथास्मकाभिः ॥'६४॥

इति तासां चरणपरिसरमनु बालं नमयन्ती वाष्पं मुमोच ॥६५॥

"ताश्च धैर्यं हित्वा ससम्भ्रमं बालकं गृहीत्वा प्रोचुः,—

'अस्माकं यदखिलमस्ति पुण्यजातं, यद्वास्मत्पितृजननीकुलानुयातम् ।
तेनासौ बत भवतादहो यशोदे, पुत्रस्ते निरवधिमङ्गलप्रमोदे ॥'६६॥

इति सात्मनात्मना तं निर्मञ्छयाञ्चक्रुः ।

"तस्याः सान्त्वनार्थं समुदिता मुदितास्तत्रैव तस्थुश्च । तत्र च पूतनया कृतमजन्यं जनन्यावन्याश्च स्वस्वदृष्टमन्योऽन्यं निर्दिष्टवत्यः ॥६७॥ तथा हि—

'यथा गता सा यदुवाच यन्न वा, चकार तद्ग्रस्तमसू समूचतुः ।
अमूः समूचुश्च यथा स्वयं गता, यथान्वपश्यंश्च तथा सगद्गदम् ॥६८॥

पश्चात् ऐसे पूतनागमनादिरूप महान् उत्पात को देखने वाली श्रीमती व्रजेश्वरी सभी बुढ़ियाओं से गद्गद होकर बोली ॥६३॥

हम दोनों "पतिपत्नीरूप" जनों के पुत्र हो ही जाय, ऐसी प्रबल इच्छा नही थी, किन्तु तुम बूढ़ी बड़ियों की अभिलाषा के अनुसार यह पुत्र उत्पन्न हुआ है । अहह ! तुम सबने ही हमारे प्रति जिस प्रकार इस बालक को अर्पित किया है, उसी प्रकार हम भी आपके प्रति प्रत्यर्पण करते हैं ॥६४॥

इस प्रकार कहकर उन वृद्धा गोपियों के चरणों के पास की भूमि में, अर्थात् प्रत्येक के चरणों में बालक को नमाती हुई श्रीयशोदा प्रेमाश्रु बहाने लग गईं ॥६५॥

वे वृद्धा गोपियाँ भी धैर्य को छोड़कर, आवेगपूर्वक बालक को अपनी गोद में लेकर बोलीं कि—हे यशोदे ! देखो, हमारा जितना भी पुण्यसमूह है, अथवा हमारे माता पिता के कुलक्रम से आया हुआ जितना पुण्यसमूह है, उसके द्वारा तुम्हारा यह प्यारा पुत्र निरन्तर मङ्गल व आनन्द में ही वर्तमान रहे, सदा सुखी रहे ॥६६॥

इस प्रकार कहकर वृद्धा गोपियों ने उस बालक पर आत्मा को ही न्योछावर कर दिया, और आरती करके अलाय बलाय उतार दी । एवं श्रीयशोदा की सान्त्वना के लिये सभी मिलकर आनन्दित होकर वहीं उसी प्रकार बैठी रहीं । वहाँ पर पूतना के द्वारा किये हुए उत्पात को, दोनों मातायें एवं अन्यान्य गोपीगण अपने अपने देखने के अनुसार परस्पर निर्देश करने लगीं ॥६७॥

यथा—वह पूतना जिस प्रकार बन ठनकर आई, जो कुछ उसने कहा, एवं जो कुछ कुकर्म उसने किया, इन सब बातों को तो दोनों माताओं ने कहा । परन्तु कहते समय दुःख के कारण गला रुक गया, अतः वाक्य स्पष्ट रूप से नहीं निकल सके । तथा वे अन्य गोपियाँ भी जिस प्रकार स्वयं पूतना के पास गईं थीं, एवं जिस प्रकार का दृश्य उन्होंने देखा था, उन्होंने भी उसी प्रकार गद्गद होकर सारा समाचार कह सुनाया ॥६८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीव्रजराजादयस्तु दूरतः किञ्चित् किञ्चिदीक्षित्वा मिथःकथया कथन्तया तदेतदुच्चावचवचनं रचयामासुः; ॥६६॥ तथा हि,—

'समुड्डीयमानामान-वायसातायि-समुदायाविविक्त-महाघोररूपं चण्डरश्मि-रश्मि-भस्मीकृतसन्तमसावशिष्ट-महिष्ठ-ग्रन्थिसन्ततितयोपहसितं झटिति निविडित-वड्री-भूताटवी-खण्डमण्डित-प्रदेशतया निर्दिष्टं भूरिदूरतया भूलग्नवत् प्रतीयमानोऽयं तोयदसम्भार इति सम्भावितं श्रीवसुदेवसूचितोत्पातोचितं किञ्चिन्निचितमिदम्' इति चिन्तितम्, पुनर्लब्धपक्षतयोत्पातमाचरन्नुत्पत्य पतितोऽयमखर्वपर्वतविशेष इति वितर्कितम् ।'

"राक्षसाकार-साक्षात्कार-विकल्पकल्पना-जनित-जनचय-भयहासकौतुक - विसंवादनादं क्षणतो राक्षसता-लक्षणालक्षणविनिश्चित-व्रजापचितिप्रचयं स्वाभिमुखमागताया जनतायाः मुखान्नैकभेदवेदनविच्छेदकारणावधारणादवधारितवेदनं नैकट्यघट्यमानवैकट्यतया वित्रस्तसमस्तचित्तं परि व्रजात् पतितं पूतनापुद्गलमुद्भावयामासुः ॥७०॥

"श्रुत्वा पूतनया सुतस्य नयनं तस्यास्तु तस्मान्मृतिं
मूर्च्छन्नेव तदा व्रजक्षितिपतिः सम्यक् प्रबोधं ययौ ।

श्रीव्रजराज आदिकों ने तो मथुरा से आते समय दूर से ही पूतना के मरे हुए देह को किंचिद् देखकर, परस्पर सन्देहरूप कथा के द्वारा आगे कहे जाने वाले अनेक प्रकार के वचनों की रचना की—॥६६॥

यथा—उड़ते हुए अपरिमित कौआ एवं चीलों के समुदाय के कारण, इस भयंकर रूप का पृथक् निर्देश करना कठिन है। तथापि ऐसा समझ में आता है, मानो सूर्य की किरणों द्वारा भस्मीभूत हुआ जो गाढ़ा अन्धकार है, उसका बचा हुआ अति स्थूल जो मुर्दा शरीर, उसकी ग्रन्थी समूह के कारण वह उपहासास्पद हो रहा है, मानों शीघ्र ही घनीभूत एवं अत्यन्त बड़ी भारी वनी का एक खण्डरूप है, जिसका प्रदेश अलंकृत कहकर निर्दिष्ट हो रहा है। अत्यन्त दूर होने के कारण भूमि से लगा हुआ जैसा प्रतीयमान यह बादलों का समूह ही है क्या, ऐसी जिसकी सम्भावना की गई है, श्रीवसुदेवजी ने भावी उत्पात की शंका करके प्रथम मथुरा में श्रीनन्दजी के प्रति जो सूचना दी थी, उसी के अनुसार यह एकत्रित कुछ उत्पातरूप ही है क्या ? ऐसी जिसके विषय में चिन्ता की गई, इन्द्र के द्वारा पंख कट जाने के बाद, पुनः दुबारा पंख मिल जाने के कारण उत्पात का आचरण करता हुआ, ऊपर को उठकर पुनः गिरा हुआ, यह विशाल पर्वतविशेष है क्या? ऐसा वितर्क भी जिसके विषय में हुआ, राक्षसों का आकार साक्षात्कार करने पर, जैसे अनेक संकल्प विकल्पों की कल्पना होती है, उसी प्रकार पूतना के देह से जनसमूह को भय, हास्य एवं कौतुक के कारण विसंवाद शब्द उत्पन्न होगये। क्षणभर बाद राक्षसपने के लक्षण देखकर, जिस पूतना के देह से व्रजवासियों को अनिष्टसमूह का दृढ़ निश्चय होगया था, जिस समय श्रीनन्दादि पूतनादेह के विषय में यह बड़ी भारी वरत का ढेर है, अथवा भस्मीभूत अन्धकार है, बड़े भारी वन का एक विभाग है, भूमि में पड़ा हुआ मेघसमूह है, किंवा दुबारा पंख प्राप्त करने वाला विशाल पर्वत है, इत्यादि रूप से अनेक प्रकार के सन्देह कर ही रहे थे, उसी समय अपने सामने आती हुई जनता के मुख से, पूतना राक्षसी के विशाल देह की कथा को सुनकर, श्रीनन्दादिकों का अनेक प्रकार का संशय ज्ञान दूर हो गया, एवं प्रसंगानुसारी ज्ञान का उदय हो गया। पास में आकर देखने से विकट मूर्ति प्रगट हो जाने से जिसको देखकर सभी का चित्त भयभीत हो जाता है, इस प्रकार सभी ने व्रज से बाहर पड़ा हुआ, यह पूतना का ही देह है यह निश्चय किया ॥७०॥

पूतनाराक्षसी पुत्र को ले गई थी, पुत्र के द्वारा उसकी मृत्यु भी हो गई, इस प्रकार का समाचार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लब्ध्वा दुर्धरकालनागदशनत्रोटं यथा तत्क्षणा-
द्दिव्यं मन्त्रमपि श्रयेत मनुजः कश्चिद्द्रुतं जीवितुम् ॥७१॥

"अथ व्रजराजस्तत्राश्चर्यपारम्पर्यमिदमभ्पृणोददर्शयदन्वभूदपि । तत्राभ्पृणोद्यथा—प्रथमं तावत् पूतनातनुरायामतस्त्रिगव्यूतिं व्याप्य पतितवती विस्तारतस्तु गव्यूतिम्, उच्छ्रायतश्च प्रायः क्रोशमिति ॥७२॥

"सा च यामद्वयगम्यायाम-तदर्धविस्तार-व्रजागार-व्रजाद्बहिरेव पपात, तत्र च न प्राणिनः पीडितवती, किन्तु द्रुमानेवेति ॥७३॥

"अथादर्शयद्यथा—तत्र हि कुलिशतुल्यनिष्ठुरमहिष्ठकुल्यकुलाकुलाघनास्तदपघनाः स्वीयसमाज्ञया व्रजजनपृथक्पृथग्जनव्रजेन झटित्येव कठिनकुठारैर्विपाटिताः, प्रचुरतरस्थान-स्थापितास्ततोऽप्यतिविततानि निर्बन्धेनेन्धनानि सन्धाय सन्दग्धाश्चेति ॥७४॥

"तदेवं तद्व्रजबहिर्धामपामर-चर्मकारादि-कर्मकारगणानामपि गणना शक्तिसमति-रिक्तता च न व्यक्तीकर्तुं शक्यते, किमुत गोपादीनामिति ॥७५॥

सुनकर, तत्काल मूर्च्छित होते हुए भी श्रीव्रजराज अच्छी प्रकार सचेत हो गये । उसका दृष्टान्त यह है कि, जैसे कोई मनुष्य दुर्दम्य काले नाग के दाँतों का आघात प्राप्त कर, तत्काल बचने के लिए शीघ्र ही दिव्य मन्त्र का भी सहारा ले लेता है, श्रीव्रजराज की भी वही अवस्था हुई, अर्थात् पूतना लाला को ले गई, यह सुनकर तो मूर्च्छा आई, लाला के हाथ से मारी गई यह सुनकर चेतना भी तत्काल आगई ॥७१॥

तदनन्तर वहाँ पर श्रीव्रजराज ने ऐसा आश्चर्यसमूह श्रवण किया, देखा एवं अनुभव भी किया । उनमें से जो सुना वह इस प्रकार है, यथा—पहले तो पूतना का शरीर लम्बाई से छः कोश तक फैल कर गिरा, उसकी चौड़ाई दो कोश की एवं ऊँचाई एक कोश की थी ॥७२॥

महावन गोकुल के घरों की वसावट की लम्बाई तो दोपहर तक चलकर, इस छोर से उस छोर तक पार की जा सकती थी, एवं चौड़ाई एक पहर में पार की जा सकती थी, ऐसी विशाल महावन की नगरी का कोई अनिष्ट नहीं हुआ, अर्थात् वह पूतना, नगरी के घरों से बाहर ही पड़ी है । उसमें भी उसने प्राणियों को पीड़ा नहीं पहुँचाई, केवल वृक्षों को ही पीड़ित किया है ॥७३॥

जो आश्चर्य देखा वह इस प्रकार है, यथा—वहाँ पर व्रजवासियों से भिन्न अन्यान्य नीच जाति के जनों ने श्रीउपनन्द, नन्द आदिकों की अच्छी प्रकार की आज्ञा से, वज्र के समान कठोर विशाल हड्डियों द्वारा व्याप्त पूतना के निविड़ (घने) अङ्ग प्रत्यङ्गों को, शीघ्र ही कठिन कुठारों के द्वारा फाड़ डाला । पश्चात् एक विशाल मैदान में धरकर, आग्रहपूर्वक पूतना के टुकड़ों से भी लम्बे लम्बे काष्ठ के बोटा इकट्ठे कर उन अङ्गों को जला दिया ॥७४॥

इस प्रकार व्रज से बाहर उस लम्बे चौड़े मैदान में पामर चर्मकार (चमार) आदि कार्यकर्ताओं की गणना, एवं उनकी प्रचुरशक्ति का प्रकाश ही जब नहीं किया जा सकता, तब गोप आदि जनों की कौन कहें ? अर्थात् उन नीचजाति के जनों की संख्या कितनी है, एवं उनकी देह में कितना बल है, जो कि वज्र तुल्य पूतना के टूक टूक उड़ा दिये । जब इन्हीं की संख्या एवं शक्ति का पार पाना कठिन है, तब गोपप्रभृति साधुजनों की संख्या एवं असीम शक्ति किस प्रकार व्यक्त की जा सकती है ? ॥७५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथान्वभूद्यथा—

कंसारेः सुमधुरिमा प्रमाणचर्यां, न प्राप्स्यत्यधियुगकोटिकूटितोऽपि ।
सा राक्षस्यपि रुधिराशनापि यस्य, स्पर्शांशाद्वरसुरभित्वमाससाद ॥७६॥

"यतः, तदा च दूता इव पूतनाङ्गतो, दग्धाद्गता धूमगणाः सुगन्धयः ।
ग्रामान्तरं यातवतां दिनान्तरे, केषाञ्चिदाह्वानकृतिं विनिर्ममुः ॥ इति ॥७७॥
अथात्मजं कलयितुमाशु गोकुल,-क्षितीशिता व्रजपुरमध्यमाययौ ।
गतेऽन्तिके पथि पतदश्रुविग्रहः, क्षणं स्थितः स्वजनगृहीतदोर्युगः ॥७८॥

"अथ धीरतामेव धारयन् परमधीरधीरसौ द्वित्रमित्रपरिवृततया बृहद्गृहालिन्दवेदीं विन्दमानः कनकासनकृतासनः स्वकुल-गोकुल-कुलपुरन्ध्रीभिः सार्धमर्धाङ्गेन सानन्दमुपनन्द-वधूहस्तविन्यस्तं बालं पुरस्कुर्वता पुरतः पतिरभिजग्मे; बालश्च तस्योत्सङ्गसङ्गी कारयाञ्चक्रे ॥७९॥

"तत्र च—किं ग्रहार्दिततया स बालको, दूनतामगमदेकरात्रतः ।
इत्यचिन्तयदमुं तदेन्दुवत्, स्फीतमैक्षत पुनर्व्रजाधिपः ॥८०॥

अब श्रीनन्दजी ने जो अनुभव किया वह इस प्रकार है, यथा—रुधिर का पान करने वाली वह राक्षसी भी, जिन श्रीकृष्ण के स्पर्श लेश से श्रेष्ठ सुगन्ध को प्राप्त कर गई, अर्थात् सुगन्धमय बन गई, उन कंसरिपु श्रीकृष्ण की सुमधुर माधुरी "दुग्धपान के बहाने प्राण पान करना रूप" कपट से युक्त होकर भी, करोड़ों युगों में प्रमाणों के गोचर न हो सकेगी, अर्थात् अनुभव योग्य वस्तु प्रमाणों से न कही जा सकती है, न समझी जा सकती है, अतः श्रीकृष्ण का माधुर्य अनुभव करने योग्य है ॥७६॥

कारण—उस समय जले हुए पूतना के शरीर से दूतों की तरह सुगन्धमय धूमसमूह निकले, जो कि दूसरे दिन दूसरे गाँव में जाने वाले किन्हीं किन्हीं जनों को बुलाने का कार्य कर रहे थे, अर्थात् उस दिन जो लोग दूसरे गाँव में जा रहे थे, पूतना की चिता के सुगन्धमय अति ऊँचे धूमसमूह को देखकर, सुगन्धी के लपेटा में आकर, वहीं उपस्थित हो गये, उनको बुलाने का दूतरूप कार्य सुगन्धमय धूम ने ही किया ॥७७॥

तदनन्तर गोकुलभूपति श्रीनन्दजी लाला को शीघ्र ही देखने के लिये व्रजपुर (महावन) के मध्य में आये । मार्ग के समीप में आते ही उनके आँसुओं की धारा बह चली, जिससे सारा शरीर भीग गया, कुछ क्षण मार्ग में खड़े के खड़े रह गये, बन्धुजन उनकी दोनों भुजाओं को पकड़े हुए थे ॥७८॥

पश्चात् परमधीर बुद्धि वाले श्रीनन्दजी धैर्य को धारण करते हुए, दो तीन मित्रों से परिवृत होकर, विशाल भवन की पौरी की वेदी को प्राप्त कर, सुवर्णमय आसन पर विराजमान होगये । उस समय उनकी अर्धाङ्गिनी श्रीयशोदाजी अपने कुल की, गोकुल में रहने वालीं गोपियों के साथ, श्रीउपनन्दजी की धर्मपत्नी के हाथों में धरे हुए पुत्र को आनन्दपूर्वक आगे करती हुईं, सामने की ओर से पतिदेव के निकट आगईं, और उपनन्द पत्नी के द्वारा ही बालक भी उनकी गोद में समर्पण करवा दिया ॥७९॥

उस समय हाय ! वह बालक ग्रह से पीड़ित होने के कारण एक ही रात में दुःखित हो गया है क्या ? श्रीव्रजराज पुत्र के विषय में इस प्रकार की चिन्ता करने लग गये । पुनः तत्काल पुत्र को पूर्ण चन्द्रमा की तरह हृष्ट पुष्ट देखा ॥८०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किञ्च, लीढं रूपमधु प्रकृष्य रसितं वक्त्रप्रसादामृतं
सम्यक् स्वादित एव तुल्यरहितस्पर्शोत्सवः कोऽप्यसौ ।
तस्य श्यामलबालकोमलतनोर्मूर्ध्नस्तु तातेन तां
सौरभ्यस्वदनानुभूतिमभितो विश्वं मदाद्विस्मृतम् ॥८१॥

"निभाल्य च श्रीमन्मुखं सुखमूचे,—
'यदि नारायणेन त्वं दत्तोऽसि कृपणाय मे ।
तेनैव सर्वं निर्वोढा सोढा च मम दुर्नयः ॥'८२॥

"अथ 'निर्वोढा निर्वोढा' इत्यनुवदन्त्यत्यन्ताभिनिवेशादेकेनाप्यकृतनिर्देशा पृष्ठदेशादित-प्रवेशा जटिलितकचा सत्यवचाः पौर्णमासी सर्वैरेव तूर्णमुत्थाय समनस्कारेण नमस्कारेण पुरश्चक्रे; अर्चयाञ्चक्रे चासनादिभिः ॥८३॥

"ततश्च, स्वप्रश्नोत्तरविषयीकृत-तद्विषयोषावृत्तविशेषा राज्ञानुज्ञापयाम्बभूवे; पूर्ववद-पूर्वदानाद्यपूर्वाय; तच्च तामेव प्रधानं विधाय विधीयते स्मेति ।" ॥८४॥

तदेवं पूतनां घातयित्वा समापनाय पुनरपीदं मधुकण्ठः परमर्षिसम्मतता-व्यञ्जनया समुट्टङ्कितवान्,—॥८५॥

किंच बालक के पिता श्रीनन्दजी ने, बालक के रूपमधु का आस्वादन किया, मुख की प्रसन्नतारूप अमृत का अच्छी प्रकार पान किया, कोई एक अनिर्वचनीय तुलनारहित स्पर्शसुख का भली प्रकार अनुभव किया, एवं उसी घनश्याम व कोमलाङ्ग बालक के मस्तक की सुगन्ध के रसास्वाद का अनुभव करते समय, तो हर्ष के कारण इस ब्रह्माण्ड तक को भुला दिया ॥८१॥

बालक के शोभायमान मुखमण्डल को निहारकर सुखपूर्वक पुनः बोले—पुत्रप्राप्ति की सम्भावना न होने पर भी, मुझ जैसे दीन के लिये, श्रीनारायण भगवान् ने यदि तुमको पुत्ररूप से दे दिया है, तो वे ही सब निर्वाह करेंगे, तथा मेरी दुर्नीति को सहते रहेंगे ॥८२॥

तदनन्तर "निर्वाह करेंगे, अवश्य निर्वाह करेंगे" इस प्रकार बारंबार उच्चारण करती हुई, पौर्णमासी वहाँ आकर प्रविष्ट हो गईं । किन्तु उस समय सभीजन इतने एकाकार हो रहे थे कि, कोई भी उनके प्रवेश का निर्देश न कर सका । क्योंकि वह सभी के पीछे की ओर से प्रविष्ट हुई थीं । उनके केश जटारूप में परिणत थे, सभी ने शीघ्र उठकर मानसिक भक्ति और चित्त की स्थिरता के सहित, नमस्कार पूर्वक सत्य-वादिनी श्रीपौर्णमासीजी को सन्मुख किया एवं आसनादि द्वारा उनकी पूजा की ॥८३॥

उसके बाद श्रीव्रजराज के प्रश्न में इस प्रकार का उत्तर होना आवश्यक है । श्रीपौर्णमासीजी उस विपनारी पूतना के चरित्र को विशेष रूप से जानती थीं । इसीलिये श्रीव्रजराज ने "इस सम्बन्ध में अब क्या करना चाहिये ?" आदेश दीजिये, यह प्रार्थना की । श्रीपौर्णमासी ने भी पहले की तरह कर्मजन्य शुभाशुभ अदृष्ट के लिये अपूर्व दान आदि करने की अनुमति प्रदान की, वह अपूर्व दानादि कार्य भी उन्हीं को प्रधान बनाकर किया गया ॥८४॥

इस प्रकार पूतनावध का वर्णन कर, उस कथा की समाप्ति के लिये मधुकण्ठ ने फिर भी, परमऋषि श्रीशुकदेवजी की सम्मति दिखाते हुए यह सुन्दर उल्लेख किया ॥८५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोपपते यतः ।
सा बालराक्षसी जज्ञे निजसंसार-राक्षसी ॥"८६॥

चेतसि चेदं विवित्तवान्,—

"अर्भासृग्भुगजनि यत् पुरा यदर्वाग्,-धात्री चाभवदियमत्र नन्दसूनोः ।
तत् क्वाधस्पदमथ तच्छिरस्पदं वा, क्वेत्यन्तर्हृदि विमृशन् भृशं भ्रमामि ॥"८७॥

तदेवं वृत्ते वृत्ते तद्दिनेऽपि पूर्ववदेव कथा रक्षिता; यथायथमपि स्वावसथादिपथानुगतिराचरिता ॥८८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु पूतनावधावधारणं नाम पञ्चमं पूरणम् ॥५॥

अथ षष्ठं पूरणम्

शकटभञ्जनादिः

अथ तथैवाधरेद्युः सुभासमानायां सभायामनुमोदननिदिग्धः स्निग्धकण्ठः सोत्कण्ठः उवाच,—"मधु-मधुरकण्ठ श्रीमन्मधुकण्ठ ! श्रूयताम्;—॥१॥

"ततः समन्तादहरहरन्यदन्यल्लावण्यमुत्फुल्लयन् विधुः स्वजन्मपक्षमुल्लासयामास ॥२॥

यथा—हे गोपपते ! तुम्हारे ऐसा विचित्र पुत्र उत्पन्न हुआ है, जिससे वह बालराक्षसी पूतना अपने संसार की भी राक्षसी (भक्षिका) हो गई, अर्थात् तुम्हारे पुत्र द्वारा ही उसको मातृगति मिल गई, सदा के लिये उसका जन्ममरणात्मक संसार नष्ट होगया ॥८६॥

मधुकण्ठ ने अपने मनमें पुनः यह विवेचना की, यथा—देखो ! पहले यह राक्षसी बालकों के रुधिर का भोजन करने वाली थी, पश्चात् इस गोलोक में नन्दकुमार की धाई हो गई । अतः वह अधोगति कहाँ है, एवं अत्यन्त उच्चगति कहाँ है ? मैं तो अन्तःकरण में इस प्रकार का विचार करता हुआ अत्यन्त भ्रम में पड़ जाता हूँ, अर्थात् प्रभु की कृपा होते कुछ देर नहीं लगती ॥८७॥

इस प्रकार के वृत्तान्त के समाप्त होते ही उस दिन भी पहले की तरह कथा स्थगित हो गई, एवं सभी श्रोताओं ने यथायोग्य अपने अपने घर की ओर जाने वाले मार्गों का अनुसरण किया ॥८८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये पूतनावधावधारणं
नाम पञ्चमं पूरणं संपूर्णम् ॥५॥

षष्ठ पूरण

शकटभञ्जनादि लीला

अब पूर्वोक्त नियमानुसार चतुर्थ दिवस के कथाप्रसङ्ग में सुन्दररूप से प्रकाशमान सभा में सभी के अनुमोदन से उल्लासयुक्त स्निग्धकण्ठ उत्कण्ठापूर्वक बोला—हे श्रीमन् मधुकण्ठ ! आपका कण्ठ तो मधु से भी मधुर है, तथापि आज तो मेरे मुख की कथा का श्रवण करो ॥१॥

पूतना वध के अनन्तर प्रतिदिन सर्वतोभाव से नित्य नये सौन्दर्य का प्रकाश करते हुए श्रीकृष्णचन्द्र अपने भक्तमण्डल को आनन्दित करने लग गये, अर्थात् शुक्लपक्ष के चन्द्रमा की तरह दिनोंदिन बढ़ने लग गये ॥२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्र दिग्दर्शनं यथा—

एका द्वित्राश्चतस्रो युतवियुततया पञ्चषाः सप्त चाष्टौ
पंक्तिर्वा पंक्तिबद्धाः शिशुयुवतिजरत्यर्धवृद्धाः समन्तात् ।
आयान्ति द्राग्विशन्ति व्रजनृपतिगृहं तञ्च पश्यन्ति बालं
कृत्वा चूच्कारमिश्रं बहुलविलसितं स्माययन्त्यो हसन्ति ॥३॥

"यथा च—मात्रा पित्राथ मातापितरकुलभवैराकुलैश्चित्रमित्रै-
र्नेत्राणामञ्जनाभं शिशुमनुभवितुं सन्ततं कञ्जनाभम् ।
आगम्यागम्य रम्याकृतिपरिवृतिमुद्वास्य हास्यादिपूर्वं
स्पर्शं स्पर्शं तमुच्चैरहरहरहहो दृङ्महो लभ्यते स्म ॥४॥

"ततश्च,—

विगलदलकजालालोलदृक्खञ्जरीटः, प्रकटिततिलकश्रीरोचनाकुंकुमाभ्याम् ।
स्मितविलसितवक्त्रः श्यामधामाचलांघ्रिः, शिशुरतिशुशुभे स प्राप्य मासं तृतीयम् ॥५॥

"तत्र च—स्निग्धं पश्यति सेष्मयीति भुजयोर्युग्मं मुहुश्चालय-
न्नत्यल्पं मधुरञ्च कूजति परिष्वङ्गाय चाकांक्षति ।
लाभालाभवशादमुष्य लसति क्रन्दत्यपि क्वाप्यसौ
पीतस्तन्यतया स्वपित्यपि पुनर्जाग्रन्मुदं यच्छति ॥६॥

उसका दिग्दर्शन, यथा—पहले एक, पीछे दो, तीन, चार उसके पश्चात् जोड़ा व जोड़ा से मिलकर, पाँच, छः, सात, आठ, नौ एवं दश दश जनी मिलकर, छोटी, युवती, बुढ़िया, अधबूढ़ी सभी प्रकार की गोपियाँ चारों ओर से टोली बनाकर श्रीव्रजराज के भवन में आ रही हैं, शीघ्र ही प्रविष्ट हो रही हैं, बाल-कृष्ण को देख रही हैं, पश्चात् चुचुकार शब्द से युक्त अनेक खिलवाड़ करती हुईं, बालमुकुन्द को मधुरता पूर्वक हँसाती हुईं स्वयं भी हँसने लग जाती हैं ॥३॥

और भी ! माता, पिता और मातृकुलोत्पन्न एवं पितृकुलोत्पन्न विचित्र विचित्र मित्रगण आश्चर्ययुक्त होकर, दर्शन की व्याकुलता दिखाते हुए, नेत्रों के अञ्जन सदृश पद्मनाभ बालक का निरन्तर अनुभव करने के लिये बारंबार आकर बालक के मनोहर वस्त्रों को शरीर पर से उठा उठाकर, हला हलाकर, एवं हास्यपूर्वक उसको छू छूकर बारंबार स्पर्शकर प्रतिदिन नेत्रों के आश्चर्यमय उत्सव का लाभ उठाते हैं ॥४॥

तदनन्तर बाल्यलीला का अनुकरण करनेवाले श्रीकृष्ण की समयोचित शोभा का वर्णन करते हुए कहते हैं—मुखमण्डल पर अलकावली आ जाने पर भी जिनके नेत्ररूप खञ्जनपक्षी चञ्चल हो रहे हैं, तथा गोरोचना और कुंकुम द्वारा विरचित तिलक से सुशोभित होकर भी, मन्दमुस्क्यान से जिनका मुखारविन्द खिल खिला रहा है, वे ही अचल चरणों वाले श्यामवर्ण बालमुकुन्द तीसरे माह को प्राप्तकर, अर्थात् तीन महीने के होकर सर्वतोभाव से सुशोभित हुए ॥५॥

उस समय बालकृष्ण स्नेहीजनों को स्नेहपूर्वक देखते हैं, बारंबार मुस्क्याते हैं, दोनों भुजाओं को भी बार बार चलाते हैं, थोड़ा थोड़ा मधुर शब्द करते हैं, गोद में चढ़ने के लिये इच्छा प्रगट करते हैं, गोद की प्राप्ति में प्रसन्न हो जाते हैं, अप्राप्ति में रोने लग जाते हैं, कभी कभी माँ का दूध पीकर सो जाते हैं, पुनः जागते हुए हर्ष प्रदान करते हैं ॥६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ कदाचिन्नाक्षत्रमासत्रयान्ते नक्षत्रेशकान्ते तज्जन्मनक्षत्रे श्रीमन्मात्रा पुत्राभिषेक-कौतुकयात्रा प्रवर्तिता ॥७॥ तदा च—

भवनमनु सुयत्ने रत्नपर्यङ्कवर्ये, सुरभिमृदुलतूलीशुभ्रवस्त्रप्रशस्ते ।
हरिमणिरुचिबालः शोभते स्मासिताम्भो,-रुहमिव सुरसिन्धौ क्षीरसिन्धौ हरिर्वा ॥८॥

अथोत्तानशायी स सर्वातिशायी, निजाम्बा-यशोदः स्वतातप्रमोदः ।
स्वनक्षत्रभाते बभूव प्रभाते, बलेनातिसाङ्गः परावर्तिताङ्गः ॥९॥

"ततश्च, शयनं पार्श्वेनोपपीडं शयानमसुं सुकुमार-कुमारापीडमकस्माद्विलोक्य तद्वृत्ते धात्रीभिर्मात्रे निवेदितमात्रे सति सातिमात्रानन्दकन्दलिता निजनन्दनमङ्गलातिशयस्पृहिणी श्रीमन्नन्दक्षितीशगृहिणी भर्तुराज्ञां सुज्ञातां सम्भूय भूयः सर्वाः समाहूय तमेव महोत्सवं महामहोत्सवं चकार ॥१०॥

"तत्र कासाञ्चिदपि गृहपालनाय स्थितानामाहूतिरेवमनुसन्धेया;—॥११॥

'लाल्यस्याद्य तु जन्मभं विजयते तत्रापि चौत्थानिकं
सर्वा एव गतास्त्वमेव किल किं सद्मावितुं वर्तसे ?

करवट बदलने की लीला का वर्णन करते हुए कहते हैं कि—किसी समय अपने जन्मनक्षत्र के तीन माह बीत जाने पर चन्द्रमा जिसका पति है ऐसे रोहिणी नक्षत्र में, अर्थात् श्रीकृष्णजन्मनक्षत्र में श्रीमती माँ यशोदा ने श्रीकृष्ण के अभिषेक की कौतुक यात्रा प्रवर्तित की ॥७॥

उस समय भवन में अत्यन्त यत्नपूर्वक स्थापित एक उत्कृष्ट मणिमय पलङ्ग था, उस पर सुगन्धयुक्त एवं कोमल रूई से भरा हुआ स्वच्छ सफेद वस्त्र से ढ़का हुआ एक गद्दा बिछा हुआ था, छोटा सा तकिया लगा हुआ था, उसी पलङ्ग पर इन्द्रनीलमणि के समान शोभायमान बालक सुशोभित हो रहा था। उससे यह प्रतीत होता था कि मानों श्रीगङ्गाजी में नीलकमल अथवा क्षीरसमुद्र में श्रीनारायण शोभा पा रहे हैं ॥८॥

तदनन्तर उत्तानशायी (ऊपर की ओर मुख चरण करके सोने वाले) निजजननी यशोदा व अपने पिता श्रीनन्दजी के आनन्दजनक, बल से परिपूर्ण सर्वावयव विशिष्ट एवं सर्वोत्कर्षशाली उस यशोदा के बालक ने रोहिणीनक्षत्र से सुशोभित प्रभातकाल में अङ्गपरिवर्तन, अर्थात् करवट बदल ली, एक बगल से सो गये ॥९॥

तदनन्तर ये सुकुमार कुमार शिरोमणि बालकृष्ण अपनी बगल के द्वारा पलका को पीड़ित करके जब शयन कर रहे थे, तब अकस्मात् इनको देखकर धाइयों ने इनका चरित्र माता के लिये निवेदित किया। निवेदन करने मात्र से श्रीमन्नन्दराजगृहिणी यशोदा अतिशय आनन्द से परिपूर्ण हो गईं, पश्चात् अपने लाला के अत्यन्त मङ्गल की कामना वाली नन्दरानी ने पतिदेव की आज्ञा को अच्छी प्रकार जानकर, फिर सभी गोपियों को प्रेमपूर्वक बुलाकर उसी महोत्सव को सर्वेच्छापूरक महामहोत्सव बना दिया ॥१०॥

उस महोत्सव के समय अपने अपने घर की रक्षा के लिये कुछ गोपियाँ रह गईं, उनके बुलाने का इस प्रकार अनुसन्धान करना, यथा— ॥११॥

श्रीव्रजेश्वरी का आदेश है कि आज हमारे लाला का जन्मनक्षत्र शोभा पा रहा है, तिसमें भी करवट बदलने का महान् महोत्सव है। सभी व्रजनारियाँ प्रायः आ गई हैं, फिर तू ही अकेली घर की रखवारी के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आगृह्णाति मुहुर्व्रजेशगृहिणी किंवा व्रजे मोषकः
कोऽप्यस्ति स्फुटमस्ति वा स तु शिशुर्मुष्णाति चेतः परम् ॥१२॥

"अथ तत्र चित्रवादित्र-शुभरीतिगीति-प्रशस्त-विप्रकुलशस्त-स्वस्तिवाचनपूर्वक-विधि-मतिरिच्याभिषिच्य पीतवाससा परिकृत्यालंकृत्य मन्त्रादिभिरभिरक्ष्याभिलक्ष्य तद्दुर्द्धर्षहर्षमय-बहुतर-कार्यचर्या-मर्यादां पर्यापयितुमितस्ततश्चलन्ती परिजनानपि नियोजनया सप्रयोजनान् जनयन्ती जननी गेहायमानविसङ्कटघटन-महाशकटाधः कल्य एव पल्यङ्के बालमालोकाजिर एवाजिरे शायितवती। तत्र कुमारयतः कुमारांश्च स्थापितवती। तत्रावष्टम्भ-स्तम्भचतुष्टय-मध्यग-दोलाकारः सपल्यङ्को यथा—॥१३॥

प्रबालांघ्रिर्गारुत्मतघटितपट्टीपटुरुचि-
र्वहन्मध्ये पट्टारुणचिपिटडोरीपटवृतिम्।
दुकूलान्तस्तूल-स्फुरित-वरतूली-वलयितो
दरान्दोलो दोलो यदुपरि विरेजे शिशुहरिः ॥१४॥

"तत्र च—स्थविष्ठपट्टस्तबकं विचित्रं, निबद्धमूर्ध्वादभिलम्बमानम्।
स्पृशन् कराभ्यामसितः स कूज,-न्नुत्तानशायी मुहुरुज्जहास ॥१५॥

लिये क्यों बैठी है ? देखो ! नन्दरानी ने बारंबार आग्रह करके कहा है कि, क्या व्रज में भी कोई चोर है ? यदि प्रसिद्ध चोर है तो वह हमारा लाला ही है, किन्तु वह केवल चित्त को ही चुराता है। इतने पर भी तू हमारे घर क्यों नहीं आती है ? ॥१२॥

तदनन्तर उस महोत्सव में विचित्र बाजा, मङ्गलगान, प्रशंसनीय ब्राह्मणकुल के मङ्गलकारक स्वस्ति-वाचन आदि द्वारा विशेषरूप से विधि विधान को सम्पन्न कर, बालक का अभिषेक कर, वस्त्र से शरीर को पोंछकर, पीत झँगुलिया पहनाकर, अलङ्कार धारणकर, नृसिंह बीज आदि मन्त्रों से रक्षा कर, बारंबार देखकर, उस महोत्सव सम्बन्धी हर्षमय बहुत से अन्य कार्यों की परिपाटीरूप मर्यादा को पूरा करने के लिये चारों ओर भाग दौड़ करती हुईं, सभी सेवकों को यथायोग्य कार्य में नियुक्त कर, उनकी निरर्थकता को दूर करती हुईं, श्रीकृष्णजननी ने जिसकी रचना घर के समान है, ऐसे विशाल शकट, अर्थात् गाड़ी के नीचे प्रातःकाल ही मङ्गलमय पलका पर बालकृष्ण को अपने दृष्टिगोचर आँगन में ही सुला दिया। वहाँ पर खेलने वाले छोटे छोटे बालकों को भी स्थापित कर दिया। वहाँ पर आधाररूप चार खम्भाओं के बीच झूला से आकार वाला वह पलका इस प्रकार का है, यथा— ॥१३॥

जिस झूला के ऊपर श्रीकृष्ण विराजमान थे, उसके चारों खम्भे प्रबाल, अर्थात् मूंगाओं से खचित थे, मरकतमणिजटित पाटियाँ शोभा पा रही थीं, बीच में अरुणवर्ण की रेशमी निवार से वह बुना हुआ था, रेशमी लिहाफ में भरी हुई कोमल रूई से बने हुए तोषक तकिया उस पर लगे हुए थे, ऊपर सुन्दर पलङ्ग-पोष बिछे थे, एवं वह धीरे धीरे हिल रहा था ॥१४॥

उस झूला के बीच में ऊपर बँधे हुए वितान से नीचे की ओर लटकता हुआ बड़ा भारी एवं विचित्र एक रेशमी कपड़े का पुष्पों का गुच्छा था, जिसको अपने दोनों करकमलों से कौतुकवश छूते हुए श्यामवर्ण वाले यशोदा के लाला, उत्तानशायी होकर अव्यक्त शब्द करते हुए, बारंबार खिलखिलाकर हँस रहे थे ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, ब्राह्मणादिपूजायां पूर्यमाणायां कृतसमाहरणेन हरणेन साधं सार्धप्रहरेऽप्यतियाते न कस्यचिदन्यत् किञ्चिदपि चिदमत्रमत्रासीत् ॥१६॥

"तदा च पूतनावन्नूतनार्भकाय कंसप्रहितः कश्चिद्दिविषदहितः समागम्य दिवि स्थित एवं चिन्तयामास,—'स पूतनापोथकोऽयं पोतो विसङ्कट-शकटाधस्तादास्ते; साक्षान्मन्तुं विधातुं न कोऽपि जन्तुरमुष्य शक्ष्यतीति लक्ष्यते। छद्मरूपसद्मतया च पूतना संस्थिता; तस्मादमूर्त एव सन्नत्र पूर्तये भवानि' इति। ततश्चासौ शकटमप्रकटमाविष्टवान् ॥१७॥

"तदावेशेन चासौ भूम्यां प्रविशच्चक्रतया वक्रीभवदक्षतया चोपरिपात-परीपाकप्रक्रमं यदा चक्रे, तदैव तद्दैववशतः किल तस्य पोतस्य स्तननिदिग्धदुग्धजग्धीच्छा जाता। तदा च मातरमनुपलभ्य कातर इव नवकमलदलकोमलचरणास्फालनादुद्घट्टितं निकटसङ्घटितं निजशकटं पक्षविहीनमपि कुतुकादिव राक्षसपक्षिणीवदुड्डीनं विधाय विवृत्तपतनत्वमासादयामास स शावकः ॥१८॥

"इदमेव साश्चर्यतयानूदितं श्रीमदर्जुनेन विष्णुधर्मे—

'तालोच्छ्रिताग्रं गुरुभारसार,-मायामविस्तारवदद्य जातः।
पादाग्रविक्षेपविभिन्नभाण्डं, चिक्षेप कोऽन्यः शकटं यथा त्वम् ?' इति ॥१६॥

तदनन्तर ब्राह्मणादि पूजनीयों की पूजा समाप्त होने पर, जो बालक के पहनने योग्य झँगुला, टोपी, आभूषण आदि सब गोपियाँ लाईं थी, उसी की देखभाल सार सँभार करने में डेढ़ पहर बीत जाने पर भी, किसी व्यक्ति को अन्य किंचिद् भी ज्ञानपात्र मात्र का उस महोत्सव में भान ही न था ॥१६॥

उसी समय नूतन बालक के उद्देश्य से कंस का भेजा हुआ कोई असुर पूतना की तरह आकर, व्रजवासियों के महोत्सव को देखकर, न सहता हुआ, आकाश में स्थित इस प्रकार विचार करने लग गया। वह पूतना को मारने वाला बालक यही है, विशाल शकट (गाड़ी) के नीचे ही है। साक्षात् रूप से आगे पड़के तो कोई भी जन्तु इसका अनिष्ट या अपराध करने के लिए समर्थ नहीं है, ऐसा इसके तेज से प्रतीत होता है। कपटमयी मूर्ति धारण करने के कारण पूतना मारी गई। अतः मैं तो मूर्ति न धारण करके ही यहाँ पर कार्यपूर्ति के लिए चेष्टा करूँ। ऐसा विचारकर वह असुर गुप्तरूप से शकट में प्रविष्ट होगया ॥१७॥

उस असुर के आवेश के कारण उस गाड़ी के पहिये धरती में धँस चले, धुरा टेढ़ा पड़ गया, इसीलिये वह असुर जब लाला के ऊपर गिरने को उपद्रव करने का आरम्भ करने लगा, तभी दैवयोग से उस बाल भगवान् को स्तनों में परिपूर्ण जो दुग्ध उसके पीने की इच्छा उत्पन्न हो गई। उस समय यशोदा मैया को न प्राप्त कर, कातर की तरह नवकमलदल के समान कोमल चरणों को ऊपर की ओर फेंकने लग गये, उन चरणों के आघात से ही बालमुकुन्द ने अपने पास में स्थित अपने शकट को पंख विहीन होने पर भी, खेल खिलवाड़ की तरह राक्षसपक्षिणी पूतना की भाँति ऊपर की ओर उड़ा कर पुनः धरती पर धरा दिया ॥१८॥

इसी विषय का श्रीमान् अर्जुन ने विष्णुधर्मोत्तर ग्रन्थ में आश्चर्यपूर्वक अनुकथन किया है, यथा—जिस शकट का अग्रभाग ताल वृक्ष के समान ऊँचा था, एवं जो सारांशयुक्त भारी भार से युक्त था, लम्बा चौड़ा भी यथेष्ट था, तथा आपके चरणों के अग्रभाग के विक्षेप से जिसमें स्थित दूध, दही, तैल आदि के सारे भाण्ड फूट गये थे, ऐसे विशिष्ट शकट को तीन माह की अवस्था में आपने जैसे ऊपर फेंक दिया, इस प्रकार आपसे भिन्न अन्य कौन व्यक्ति फेंक सकता है ?॥१६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स चासुरः स्वयमेवामूर्ततामुरीकृतवानितीव तमप्यसावाकाशनीकाशतया नाशयामास। तदिदमहो काकतालीयमेव जातम्। सोऽयमसुरावेश एव ब्रह्माण्डपुराणे श्रीकृष्णाष्टोत्तरशत-नामस्तोत्रे शकटासुरभञ्जन इति नाम्ना व्यञ्जितः ॥२०॥

"अत्र देवाः श्रीलगोपालभावमुत्प्रेक्षाञ्चक्रिरे; ॥२१॥ यथा—

'शकटमिदमिहास्ति मद्गृहस्य, स्वयमविशस्तदनेन चोत्प्लुतोऽसि।
रुदितमनुपदं मया विकीर्णं, तदपि यदि म्रियसे न तन्ममागः ॥' इति ॥२२॥

"आविर्भवत्कटकटे शकटेऽथ सर्वे, किं किं किमित्यभित एव भियाभियाताः।
तस्यातिपातमवलोक्य विलोक्य तोकं, क्रन्दद्विमूढमतिता-ततिमूढवन्तः ॥२३॥
माता च तं विवशितावयवापि देवा,-विष्टेव पश्यति जने जगृहे द्रवेण।
पश्चात्तु कम्पमुखभावनिपीडिताङ्गी, तां विद्रुताः परपराः परितोऽप्यगृह्णन् ॥२४॥

"तस्मिन्ननस्यब्दवच्छब्दे जाते तु—

किन्तत् किन्तन्नाद श्रुतिकटुशकटस्तत् कथं स व्यलोठीत्
कस्मात् कस्मादकस्मात् कुशलकुशलमों वासुदेवप्रसादात्।

उस असुर ने स्वयं ही मूर्तिधारण नहीं की, इसीलिये बालकृष्ण ने भी उसको आकाश की तरह गुप्तरूप से ही नष्ट कर दिया, क्या ही आश्चर्य की बात है ? देखो ! मूर्तिहीन की मूर्तिहीनता, काकतालीय न्याय से स्वयं संघटित हो गई। पूर्वोक्त प्रकार से यह असुर का शकट में प्रवेश ही ब्रह्माण्डपुराण में श्रीकृष्ण के अष्टोत्तरशत नामस्तोत्र में "शकटासुरभञ्जनः" इस नाम से व्यंजित किया ॥२०॥

उस शकटासुर के मरने के विषय में देवगण श्रीगोपालजी के भाव की उत्प्रेक्षा करते हुए कहते हैं, यथा—॥२१॥

श्रीगोपालजी मन ही मनमें मानों यों कह रहे हैं कि, हे शकटासुर ! देखो, हमारे घर के इस आँगन में यह हमारा ही शकट था, तू स्वयं ही इसमें जबरदस्ती घँस बैठा, एवं इसी शकट के द्वारा तू ऊपर को चला गया। मैं तो प्रतिक्षण रोता ही रहा, इतने पर भी यदि तू मरता है तो मर जा, इसमें मेरा कोई अपराध नहीं ॥२२॥

तदनन्तर शकट में से कट कट शब्द के प्रगट होते ही सभीजन भय के कारण क्या, क्या, क्या है ? इस प्रकार कहते हुए चारों ओर से दौड़ पड़े। उसके बाद गाड़ी के पलटने को देख और बालकृष्ण को देखकर सभी ने रुलाने वाली अत्यन्त मूढ़बुद्धि की परम्परा को धारण किया, अर्थात् अतर्क्य अनिष्ट को देख सभी रोने लग गये ॥२३॥

शोक एवं दीनता के कारण शरीर के सभी अवयव जिनके विवश, अर्थात् असमर्थ हो गये हैं, ऐसी माता श्रीयशोदा ने, देवता से आविष्ट सी होकर, सभीजनों के देखते देखते दौड़कर बालकृष्ण को उठा लिया। पश्चात् कम्प आदि सात्विक भावों से उनके अङ्ग प्रत्यङ्ग सभी पीड़ित हो चले, उस समय अन्यान्य गोपियों ने वेगपूर्वक आकर चारों ओर से उनको धारण कर लिया ॥२४॥

उस शकट में गिरते समय मेघ के समान शब्द उत्पन्न होने पर इस प्रकार प्रश्नोत्तर हुए, यथा—प्रश्न—यह मेघ की सी गड़गड़ाहट जो हुई वह क्या है, वह क्या है ? उत्तर—कानों को कटु लगने वाला शकट का शब्द है। प्रश्न—वह स्वयं कैसे हुआ ? उत्तर—वह शकट पलट गया। प्रश्न—किस कारण से,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं प्रश्नोत्तराभ्यां व्रजकुलपतयः प्रापुरन्तःपुरान्त-
र्दृष्ट्वा तत् पातमासन् दशनततिशिखा-दष्टजिह्वाश्चिराय ॥२५॥

"ततश्च सहसा बहिःपुरादन्तःपुर-पुरस्थलभाजं श्रीमद्व्रजराजं निर्वर्ण्य सर्वे पर्यायागता द्विधाभूताः पुरतो दूरतोऽवकाशं ददुः ॥२६॥

"ततोऽसौ जनकस्तु जन-कलकलतस्तद्वृत्तमवकलयन्नम्बालागलावलम्बं बालकमेव स्वपाणितलमवलम्बयामास, विलोकयामास च तस्य सर्वावयवान् ॥२७॥

"तदनु च सर्व एव शान्ततामायान्तस्तदुदन्तं समन्ततः शकट-निकट-संवलकान् बालकानेव पप्रच्छुः । ते च तदेकनिर्देशिन्या प्रदेशिन्या दर्शयन्तस्तमेव निर्दिदिशुः । तत्रैको लोहलोऽप्यग्रवादी निवारितकोलाहलः प्रललाप—॥२८॥

'मम मम पा पा पा पार्श्वतः शूयताम्, य य य यदा च च चरणमु मुत्थापितवानयम्, त त त तदा ते तेन स्पृष्टमात्रो डि डि डि डि डीन इवोद्वृत्तः सोऽयं श श शकटः' इति ॥२९॥

"ततश्च, तद्विडम्बवादिषु बालादिषु हसत्सु बीभत्सितबालिशभाषिताः परमवत्सला विचिकित्सां न धित्सां चक्रुः; पूतनावधावधारितानुवादितया कर्कशतर्कचक्रनिरुद्धबुद्धयस्तु चक्रुः ॥३०॥

किस कारण से ? उत्तर—अकस्मात् । प्रश्न—कुशल तो है, कुशल तो है ? उत्तर—वासुदेव की कृपा से सब कुशल है । इस प्रकार प्रश्नोत्तरों के द्वारा व्रजकुलपतिगण अन्तःपुर के बीच में आ गये । शकट के पतन को देखकर तो चकित होकर, अपने अपने दाँतों के अग्रभाग से जिह्वा को दबाकर, बहुत देर तक खड़े के खड़े रह गये ॥२५॥

तदनन्तर एकदम पुर के बाहर के स्थान से श्रीमान् व्रजराज को अन्तःपुर के सन्मुखवर्ती स्थान पर आते देख, सभी ने क्रमशः आकर उनको मार्ग देने के लिये, मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर, सन्मुख की ओर दूर तक आने का स्थान दे दिया ॥२६॥

उसके बाद इन पिता श्रीनन्दजी ने तो सभीजनों के कोलाहल से उस शकट के उलटने के वृत्तान्त को समझते हुए, माता के गले में चिपटे हुए, बालमुकुन्द को अपने हाथों में ले लिया, और उनके सभी अङ्गों को निहारने लग गये ॥२७॥

तदनन्तर सभी ने शान्तभाव का अवलम्बन करते हुए उस वृत्तान्त को शकट के चारों ओर निकट में खड़े हुए बालकों से पूछा । बालकों ने भी एकमात्र उसी का निर्देश करने वाली तर्जनी अंगुली से दिखाते हुए, उस बालभगवान् का ही निर्देश कर दिया । उनमें से एक आगे बोलने वाले तोतले बालक ने, कोलाहल को निवारण कर अपनी तोतली बोली में कहा—॥२८॥

मे मे मेरे पा पा पा पास से सुनो । ज ज ज जब इस लाल ने च च च चरण उ उ उठाया त त त तभी उ उ उसके प प प स्पर्श मात्र से उ उ उ उड़ता हुआ सा, यह श श श शकट प प प पलट ग ग ग गया ॥२९॥

उसके बाद उस तोतले बालक के वाक्यों का अनुकरण करते हुए, सभी बालक दाँत फाड़ फाड़कर हँस रहे थे, तभी अधिक वात्सल्यरस परिपूर्ण श्रीउपनन्द, नन्द आदि वृद्ध गोपों ने इन मूर्ख अज्ञानी बालकों की बातों पर विश्वास न करते हुए, संशय रहित आग्रह प्रगट नहीं किया, अर्थात् उनकी बात को निःसन्देह

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पिता तु पुनः स्वस्तिवाचनाभिषेचनादिना विप्रकुलप्रतोषणादिना सर्वाशीराशिना च तं लङ्गमबालं मङ्गलेन सङ्गमयामास मातुरुत्सङ्गेन च। तया च स्वबाल-लालना-कलापमय्या गृहान्तःशय्यायामेवायं शाय्यते स्म ॥३१॥

गोपमहेन्द्रादिभिर्महितमहाशकटश्च यथास्थानं घटयामासे।" ॥३२॥

अथ मधुकण्ठ उवाच,—"वत्स ! बालकेन महाशकटसमुच्चाटनमसम्भाव्यमिति सम्भाव्य भण्यताम्, अन्यथा हि कवेरेवान्यथात्वमापद्येत।" ॥३३॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"आर्य ! पूर्वमेवात्रापूर्वता निवारितास्ति; यतो योगमाया खल्वस्य सम्भावितयोगं निर्मापयतीति पुनर्मा प्राक्षीः।" ॥३४॥

मधुकण्ठः सस्मितमुवाच,—"तदनन्तरमुदन्तः कः ?" स्निग्धकण्ठ उवाच,—"अथाग्रजानुजाननुव्रजस्य राजा विविवेच,—'बालकयुगलमिदमपृथगालयालम्बनतामेव नितरामर्हति; यतस्तदीयजनन्योः स्वयमेव तल्लालनाय लालसा-धन्ययोस्तत्र च परस्परं तदासक्तयोर्नानास्पृह-गृहकार्य-पर्यापणव्यसनयोर्युगपत्तद्युगलस्य पृथगवकलनं दुर्बलमिति केवलं सुदिनागमन-

---

स्वीकार न किया। किन्तु पूतना वध में जो सिद्धान्त निश्चित किया था, उसका अनुकथन करने के कारण कठोर तर्कसमूह में जिनकी बुद्धिवृत्ति रुक गई हैं, उन्होंने तो निःसन्देह बाल वचन स्वीकार कर लिया ॥३०॥

किन्तु पिताजी ने तो पूनः स्वस्तिवाचन, अभिषेक आदि, ब्राह्मणवर्ग का दक्षिणा देकर सन्तोष साधन आदि, एवं सभी के आशीर्वाद समूह आदि द्वारा उस मनोहर बालक को मङ्गम से युक्त करवाया, तथा स्वयं माता की गोद से संयुक्त कराया, अर्थात् माँ की गोद में दे दिया। माता ने भी अपने बालक के लालन पालन आदि अनेक कार्यकलाप में व्यस्त होकर, दूध पिलाकर, घर के भीतर वाली शय्या पर ही लाला को शयन करा दिया ॥३१॥

श्रीनन्द आदि गोपों ने भी अनेकजनों को बुलाकर उस शकट की पूजा करवाकर, उसको पहले स्थान पर ही धरवा दिया ॥३२॥

तदनन्तर मधुकण्ठ बोला—लाला स्निग्धकण्ठ ! इस तीन महीना के बालक द्वारा इतने भारी गाड़ा का पलटना सर्वथा असम्भव है, अतः कुछ विचार कर कहो। अन्यथा कहने वाले कवि का अभिप्राय ही विगड़ जायगा ॥३३॥

स्निग्धकण्ठ बोला—आर्य ! इस विषय में पहले ही आश्चर्य का भाव निकाल दिया है, क्योंकि योगमाया ही इस बालक के गौरव का निर्माण करती रहती है, अतः आप पुनः न पूछिये ॥३४॥

मधुकण्ठ मुस्क्याकर बोला—आगे का क्या वृत्तान्त है सो कहिये ? स्निग्धकण्ठ बोला—तदनन्तर श्रीव्रजराज ने वड़े एवं छोटे भाइयों के साथ मिलकर विचार किया कि, ये दोनों बालक विशेष करके एक ही घर में रखने योग्य हैं, कारण यह है कि दोनों की मातायें स्वयं दोनों का ही लालन पालन करने के लिये विशेष लालसा रखती हैं, उसी में अपने को धन्य मानती हैं, उसमें भी आपस में दोनों जनी दोनों बालकों के प्रति आसक्त हैं, एवं अभिलषित स्पृहणीय प्रशंसनीय अनेक प्रकार के घरेलू कार्य सम्पन्न करने को दोनों ही व्याकुल हैं, अर्थात् एक जनी कहती है घर का सारा काम मैं कर लूँगी, तो दूसरी कहती है नहीं बहन मैं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विलम्बतामवलम्बे; 'यथा वा भवतामिच्छा भवति' इति श्रुत्वा श्रुतज्ञाः श्रोत्रियानाश्राव्य तदेव दैवानुकूल्यं निभाल्य सममुद्यद्वाद्यपरीत-गीतस्वस्तिवाचनादिप्रशस्तिपूर्वकं द्वयोरपूर्वमिलनमाशु कलयामासुः ॥३५॥

"तच्च यथा—मिथो लग्ना दृष्टिः समजनि चिरं मूर्तिरचला
द्रवच्चित्तं नेत्रोदकमिषतयागादभिमुखम् ।
इति भ्रात्रोर्बाल्येऽप्यसितसितयोः सा प्रसिता
नवे व्यत्यालोके कुतुकमिह किं वा न तनुते ?' ॥३६॥
बाल्ये प्रथममन्योऽन्यं मिलतो रामकृष्णयोः ।
सितासितांशवः पृक्ता जज्ञिरे मृगलाञ्छनाः ॥३७॥

"तदेवमेव सर्व एव पर्व विधाय निज-निज-नूतनतनूजान् गणकगणितगुणगणेऽहनि स्नेहं तेषां तेनेह सहेहमानाः समङ्गलं सङ्गमयामासुः ॥३८॥

"अथ युक्तिमत्या सदुक्तिसम्मत्या श्रीमद्भागवतकथनव्युत्क्रमेणाप्युपक्रम्यते; ॥३९॥

कर लूंगी । ऐसा परस्पर प्रेम है । अतः एक साथ उन दोनों बालकों की पृथक् पृथक् रक्षा करना अत्यन्त कठिन है । यदि एक जगह हों तो चाहे जोनसी दोनों की देखभाल कर सकती है । मैं तो केवल कब शुभ दिन आयेगा, इसकी अपेक्षा से ही विलम्ब का अवलम्बन कर रहा हूँ । अथवा "आप सबकी जैसी इच्छा हो वही किया जाय" । शास्त्रज्ञ व्यक्तियों ने श्रीनन्दजी के ऐसे वचन सुनकर,वैदिक ब्राह्मणों को सुनाकर,तत्काल दैव की अनुकूलता देखकर शुभ मुहूर्त में, एक साथ बाजे गाजे के सहित, स्वस्तिवाचनादि एवं स्तोत्रपाठ पूर्वक शीघ्र ही श्रीराम कृष्ण दोनों भाइयों का अपूर्व सम्मेलन संघटित कर दिया ॥३५॥

वह दोनों भैयाओं का मिलन इस प्रकार है, यथा—दोनों की दृष्टि परस्पर संलग्न हो गई, दोनों की मूर्ति बहुत देर तक अचल हो गई, परस्पर के मिलन से द्रवीभूत हुआ दोनों का चित्त नेत्रजल के बहाने सन्मुख आ गया । इस प्रकार श्यामल गौर कृष्ण बलदेव दोनों भाइयों की बाल्यावस्था में भी प्रसिद्ध आसक्ति थी । यह ठीक भी है, क्योंकि इस जगत् में परस्पर के नवीन दर्शन होने पर, वह प्रेममयी आसक्ति कौन से कौतूहल का विस्तार नहीं करती ? अपितु अनेक कौतूहल उपस्थित कर देती है ॥३६॥

बाल्यकाल में पहले पहल परस्पर में मिलते हुए, श्रीराम कृष्ण दोनों भ्राताओं की गौर श्यामवर्ण वाली किरणें, परस्पर में सम्मिलित होकर अनेक चन्द्रमाओं के रूप में परिणत हो गईं ॥३७॥

अतएव इसी प्रकार सभी व्रजवासियों ने अपने अपने घर उत्सव करके, ज्योतिषियों ने अपने गणित के द्वारा जिस दिन को अधिक गुणयुक्त बताया, ऐसे गुणगणयुक्त शुभ दिन में, अपने अपने बालकों का स्नेह इन श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भाइयों में चाहते हुए, अपने अपने नवीन बालकों को मङ्गलाचारपूर्वक उन श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भाइयों से सम्मिलित करा दिया ॥३८॥

तदनन्तर ग्रन्थकार स्वयं कहते हैं कि—क्रमशः लीलाओं के वर्णन में रसास्वाद की परिपाटी होती है, इसलिये युक्तियुक्त सत्सम्मति के अनुसार श्रीमद्भागवत की कथा को व्यतिक्रम करके भी प्रारम्भ करते हैं ॥३९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यतः; सर्वैः कविभिरनुक्रम,-शालि प्रोच्यते कृष्णलीलाद्यम् ।
शुकमुखवचसि प्रेम,-प्रमदमये तद्विना तु चित्राय ॥४०॥

तदेवं दिनशतपूरणमदूरतामनुजस्याग्रजस्य तु तस्मादप्यदूरतां लब्धम् ॥४१॥

तदा च—सम्यङ्मातुः परिचितिरभूद्यत्र किञ्चित् पितुश्च
प्राप्तः सोऽयं स्वसदनजनः किं न वेत्थं मतिश्च ।
तस्मिन् बाल्ये बलयति तयोः कापि शोभा सुधाब्धि-
प्रख्या गोष्ठं भुवनमपि सा वीचिभिः सिञ्चति स्म ॥४२॥

"तदेतदधिगत्य शीघ्रमेव नामकरणं कर्तव्यमिति सम्मत्य श्रीमन्तं वसुदेवं प्रति यदा श्रीव्रजनरदेवस्तन्निजमिष्टं सन्दिष्टवान्, तदा परमार्थविचारेण मित्रपुत्रतार्हसम्यधिकबहिर्व्यवहारेण चानुजस्य शततमं वासरमेव तदवसरं निश्चिन्वन् श्रीवसुदेवः श्रीव्रजराजं प्रति यथावसरं तन्निवेदयिष्याम इत्यनिश्चिन्वन्निव सन्दिदेश । अथ तपोधामानं गर्गनामानमात्मनः परमहितं कुलपुरोहितं मनसि सम्मत्य रहसि सङ्गत्य निजतनयविनिमयमयं वृत्तं वितत्य निवेदयामास । स च सहासमाह स्म,—'तदेतदपरमप्यहं नानावृत्तं जानाम्येव, सम्प्रत्यत्र मत्कृत्यं त्वाज्ञाप्यताम् ॥४३॥

कारण सभी कविजन क्रमशः शोभाशाली श्रीकृष्णलीला आदि को आश्चर्य एवं सुखजनक कह सकते हैं। प्रेम और हर्षपरिपूर्ण श्रीशुकदेवजी के श्रीमुख के वचनों में तो श्रीकृष्णलीला क्रमशः न होने पर भी आश्चर्यजनक है। प्रेम की परिपाटी में क्रम रह ही नहीं पाता। अतः मैं तो सभी कृष्णलीलाओं को क्रमशः वर्णन करूँगा ॥४०॥

इस प्रकार अनेक कौतुक करते हुए, छोटे भैया के सौ दिन पूरे हो गये, बड़े भैया के तो उनसे कुछ अधिक दिन पूरे हो गये ॥४१॥

उस समय जिस बाल्यकाल में माता के साथ तो अच्छी प्रकार, एवं पिता के साथ तो थोड़ा थोड़ा परिचय हो गया। तथा पिताजी के अकस्मात् घर आने पर—"यह हमारे घर के ही जन हैं क्या अथवा नहीं", इस प्रकार की बुद्धि भी हो गई। उसी बाल्यभाव के प्रबल होने पर उन दोनों भाइयों की कोई अनिर्वचनीय शोभा सुखसिन्धु के समान उत्पन्न हुई, वह अपनी सौन्दर्यरूपी तरङ्गों से व्रज को ही क्या अपितु भुवन को भी आप्लावित कर रही थी, अर्थात् श्रीकृष्ण बलदेव जब अपने और पराये जनों को कुछ कुछ पहचानने लग गये, तब उनके दर्शन से सभी को अपार आनन्द मिलता था ॥४२॥

अब लाला सौ दिन का हो गया है, यह समझकर इसका नामकरण संस्कार भी शीघ्र ही करना चाहिये, इस विषय में अपने भाइयों की भी सम्मति लेकर, श्रीव्रजराज ने श्रीवसुदेवजी के प्रति जब उनके निजी दूत को सन्देश देकर भेजा था, तभी परमार्थ विचार से मित्र की पुत्रता के योग्य अच्छी प्रकार बाहिरी व्यवहार से, छोटे बालक का सौवां दिन ही नामकरण का अवसर उचित है, ऐसा निश्चय करते हुए श्रीवसुदेवजी ने श्रीव्रजराज के प्रति समयानुसार उसका निवेदन करेंगे, पुनः ऐसा निश्चय सा करते हुए सन्देश भेजा। तदनन्तर इस कार्य के लिए अपने परम हितैषी कुलपुरोहित तपोनिधि श्रीगर्गाचार्यजी को ही मनमें निश्चित कर, एवं एकान्त में उनसे मिलकर, अपने पुत्र के परिवर्तनरूप व्यापार को विस्तारपूर्वक कहकर निवेदन किया। वे भी हँसकर बोले—देखो, वसुदेवजी ! मैं इस वृत्तान्त को, और भी अनेकों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"वसुदेव उवाच,—'ततस्तत्रभवता नन्दव्रजभुवं व्राजं व्राजं मिथः संयुतौ नव्यौ निज-यजमानसुतौ द्विजाति-जाति-समुचितप्रकारेण संस्कारेण पुरस्कर्तव्यौ; किन्तूपनयनोपयमने यथा तस्यां न स्याताम्, तथा प्रयतनीयम्।' "मुनिरुवाच,—'युक्तमुक्तम्; यतः स्वपक्ष एवास्माभिरपेक्षणीयः।' ॥४४॥

"अथ तस्मिन्ननुजस्य शततम एव वासरे व्रजं प्रति प्रस्थिते च मुनिवरे व्रजराजस्तु ज्यायसस्तद्दिनातिक्रमात् पुण्यतरं दिनान्तरमेव द्वयोरपि नामकरणस्याधिकरणं भविष्यतीति निश्चित्य प्रातरेव तर्णकानां कोटिभिर्नृत्यपरिपाटीभिराटीकमानाभिर्विचित्रं स्थानं गो-गोपानां वनप्रस्थानान्निर्जनावस्थानं गोस्थानमनुसंस्कारालङ्कार-सम्भालनार्थमेकसेवकमात्रकृतानुव्रजनतया कृतव्रजनः श्रीमान् व्रजराजः सकृपतया तान् पश्यन्नासीत्। तत्रैव च सर्वतोऽप्यतिरिक्ते विविक्ते बाल्यत एव कृतसेवं निजदेवं सर्वसल्लक्षणनन्दितनिखिलायां श्रीमल्लक्ष्मी-नारायणाख्यशालग्रामशिलायामष्टाक्षरेणोपतिष्ठमानश्चिराद्विराजते स्म; कृतसमापने च सभाजने सर्व-सर्वज्ञगुरु-र्मुनिपरिषदामुरुर्वाणीवासितसामा श्रीगर्गनामा वारं वारं निष्क्रमद्वारं विलोकमानेन गोपलोकप्रधानेन तस्मादकस्मात्तर्णकानामुत्कर्णतानिर्वर्णनया कस्यचिदागमनं वितर्कयता तूर्णमभ्यर्णत एव निरर्वाणि ॥४५॥

वृत्तान्तों को अपनी सर्वज्ञता से जानता हूँ, किन्तु इस समय इस विषय में मेरे योग्य कार्य की अनुमति दीजिये ॥४३॥

श्रीवसुदेवजी बोले—पूज्यपाद! आचार्यवर्य! आप तो शीघ्र ही श्रीनन्दजी की व्रजभूमि में जाकर, परस्पर एक स्थान पर स्थित अपने यजमान के नवीन दोनों बालकों को, द्विजाति जनों की उचित प्रणाली के अनुसार, संस्कार से संस्कृत कर देना। किन्तु यज्ञोपवीत एवं विवाह संस्कार जिस प्रकार उस व्रजभूमि में न हो सकें, ऐसा यत्न करते रहना। श्रीगर्गाचार्य बोले—आपने ठीक ही तो कहा है, कारण हमको तो अपने पक्ष की ही पुष्टि करनी चाहिये ॥४४॥

तदनन्तर छोटे लाला श्रीकृष्ण के ठीक सौमें दिन ही, मुनिवर श्रीगर्ग के व्रजके प्रति प्रस्थान कर देने के बाद, श्रीव्रजराज तो बड़े लाला श्रीबलराम के नामकरण के योग्य दिन के निकल जाने के कारण, कोई एक पुण्यमय दिवस ही दोनों के ही नामकरण का आधार हो जायगा, ऐसा निश्चय करके, प्रातःकाल ही नृत्य की परिपाटी से गोलाकाररूप से चक्र काटते हुए, करोड़ों छोटे छोटे बछड़ाओं से जो स्थान विचित्र है, एव गैया और ग्वारियाओं के वन में चले जाने के कारण जो प्रायः निर्जन होरहा है, ऐसे गोस्थान (खिड़क) का लक्ष्य करके, उसकी सफाई की शोभा को सँभालने के लिये, केवल एक सेवक को सेवार्थ पीछे पीछे लेकर, वहाँ आकर दयालुतापूर्वक उन बछड़ों का दर्शन करने लग गये। उसी खिड़क में सर्वापेक्षा परम पवित्र स्थान में बाल्यावस्था से ही जिनकी सेवा की है, एवं प्रशस्तचिह्नों के द्वारा जिन ने सभी जनों को आनन्दित किया है, ऐसी श्रीलक्ष्मीनारायण नामक शालग्राम शिला में, अष्टाक्षर मन्त्र से चिरकाल तक अपने इष्टदेव की पूजा करते हुए विराजमान थे। पूजा समाप्त कर देने के बाद गैया, बछड़ा के निकलने वाले दरवाजे को बारंबार देखते हुए, उसी दरवाजे से कान उठाकर देखते हुए, बछड़ाओं के देखने से, किसी के आगमन की आशङ्का करते हुए, श्रीव्रजराज ने सभी सर्वज्ञों के गुरु, मुनिसभा के सभापति, एवं जिनकी वाणी पर सामवेद निवास करता है, ऐसे श्रीगर्ग नामक मुनि को शीघ्र ही निकट ही आते देखा ॥४५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा च—उन्मीलद्विधुवर्णमर्धपलितं वक्त्रादिरूपान्वितं
किञ्चित् स्थूलमखर्वमायतभुजं विष्वक्प्रसादाकरम् ।
शुभ्रश्रीवसनद्वयं श्रुतिकरालङ्कारदीप्यत्प्रभं
पुत्रप्रेमविलक्षिताखिलमृषिः श्रीनन्दमत्रैक्षत ॥४६॥

"अस्य च मुनेरनेन चिराद्वीप्सयाभीप्सितमागमनमासीत्; यतः प्रतीक्ष्य एव सर्वत्रायं प्रतीक्ष्यतां वा कथं न लभेत ? ॥४७॥

"तदेवं प्रतीतंतया प्रतीतः सोऽयमिति तं व्रजपतिरपि निपीतामृतवत् परमप्रीतः शीघ्रमासनप्रदेशमतीतः समतिरिक्तभक्तिपरीतः कृताञ्जलित्वातिविनीतः साक्षादधोक्षजधीतः प्रणनाम; ब्रह्मवर्चसेन चर्चितमेनमानर्चाशेषेण देवार्चनद्रव्यशेषेण; प्रोवाच च,—

'अलमिह कुशलं पृष्ट्वा, कुशलं कुशलं भवेद्यस्मात् ।
किन्तु स्वककुशलार्थं, कुशलं तत्र च विपृच्छ्यते सद्भिः ॥४८॥

स्वागतपृच्छा धाष्टर्यं, भवति महिष्ठे सदेति गीर्युक्ता ।
तदपि सुरार्चामनु सा, यद्वन्निर्मीयते तद्वत् ॥४९॥

उस समय श्रीगर्ग मुनि ने भी इस स्थान पर श्रीव्रजराज को देखा, यथा—उदय होते हुए चन्द्रमा की सी जिनकी देहकान्ति है, उनके आधे केश पके हुए हैं, मुख और नेत्र आदि की विलक्षण शोभा से युक्त हैं, किंचित् स्थूल हैं, लम्बे कद के हैं, आजानुलम्बित भुजायुक्त हैं, एवं चारों ओर प्रसन्नता के तो मानों खजाने हैं। जिनकी धोती, दुपट्टा दोनों ही शुक्लवर्ण के हैं, कान एवं हाथों के अलङ्कारों से जिनकी प्रभा देदीप्यमान हो रही है, एवं पुत्रविषयक प्रेम से तो जिन्होंने अखिल ब्रह्माण्ड को विस्मित कर दिया है ॥४६॥

इन श्रीगर्गमुनि के व्रज में आगमन की तो श्रीनन्दजी वारंवार चिरकाल से अधिक अभिलाषा करते रहते थे। कारण सर्वत्रपूजनीय ये श्रीगर्गमुनि सर्वत्र पूज्यता अथवा दर्शन योग्यता को क्यों नहीं प्राप्त करेंगे ? अतः श्रीनन्दजी भी इनकी पूजा एवं दर्शन करना चाहते थे ॥४७॥

अस्तु, जो हो, इस प्रकार परिचित होने के कारण वे मुनि पहचान लिये गये, अतः अमृतपान करने वाले की तरह परमप्रसन्न श्रीव्रजराज ने भी शीघ्र अपने आसन स्थान को छोड़कर, विशिष्ट भक्ति से युक्त होकर, हाथ जोड़कर, विनीत होकर, साक्षात् नारायणबुद्धि से उनको प्रणाम किया। एवं ब्रह्मतेज से देदीप्यमान इन मुनि की अनेक प्रकार के देवपूजा के अवशिष्ट द्रव्य से पूजा की। पश्चात् बोले—भगवन् ! आप जैसे महापुरुषों के प्रति कुशल प्रश्न करने का कोई प्रयोजन नहीं, कारण आप जैसों के सम्बन्ध से कुशल भी कुशल (चतुर) हो जाता है। किन्तु सज्जन जन अपनी कुशलता के लिये ही, कुशलमय आप जैसों के प्रति कुशलता का प्रश्न करते हैं ॥४८॥

आप जैसे पूजनियों के निकट स्वागत प्रश्न भी धृष्टता का परिचायक है, यह वाणी भी न्याय युक्त है, तथापि देवताओं की पूजा में जैसे स्वागत प्रश्न प्रयुक्त होता है, उसी प्रकार आप जैसे महापुरुषों के प्रति भी स्वागत वाक्य प्रयुक्त किया जाता है ॥४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

केवलवचसा तोषो, वैभवसत्त्वे न युज्यते नूनम् ।
किन्त्विदमपूर्णविषयं, पूर्णे किञ्चिन्न मात्येव ॥५०॥

न सतः स्वार्थापेक्षा, किन्तु सदा सा परार्थैव ।
तस्माद्विहरति तस्मिन्, परपरविज्ञापनं सुखदम् ॥५१॥

ज्योतिःशास्त्रं भवता, कृतमथ वेदेऽपि निष्णातम् ।
तत्तत् परसुखमात्रा,-पेक्षं तदिदं निवेद्यं मे ॥५२॥

बालो यो मम जात,-स्तस्मादधिकश्च वासुदेवो यः ।
निजदृक्सुधया तं तं, शीकितुमास्तां भवान् करुणः ॥'५३॥

"तदेतदाश्रुत्य गर्गः सगद्गदं जगाद,—

'यन्मना भिक्षुरायातस्तद्दाता दित्सति स्वयम् ।
तदा भाग्यं कियद्वर्ण्यं भिक्षोर्दातुश्च कौशलम् ?' ॥५४॥

"तदेवमात्मने श्लाघमाने मुनिराजे श्रीव्रजराजः स्वनियोज्यस्य कर्णे वर्णितवान्,— 'एवमेवं कुरु' इति; ॥५५॥

धन सम्पत्ति आदि के होते हुए, केवल वाणी द्वारा सन्तुष्ट करना यह निश्चय ही उचित नहीं है, किन्तु धनादि द्वारा प्रसन्न करना यह विषय तो अपूर्ण व्यक्ति विषयक है, किन्तु सब प्रकार से परिपूर्ण में तो कुछ समाता ही नहीं, अर्थात् निर्धन को धन देकर प्रसन्न किया जा जकता है, किन्तु आत्मानन्द से परिपूर्ण आप जैसों के प्रति वैभव का कुछ मूल्य नहीं ॥५०॥

साधु व्यक्ति को अपने स्वार्थ की तो कभी अपेक्षा होती नहीं, किन्तु उसमें जो स्वार्थापेक्षा दीख रही है, वह सर्वदा दूसरों के लिये ही है। इसलिये ऐसे साधु पुरुष के परोपकारार्थ भ्रमण करते हुए स्वयं आकर उपस्थित होने पर, उसके निकट दूसरों के द्वारा जो भावी कार्य का विज्ञापन है, वह सुखदायी होता है ॥५१॥

आपने ज्योतिःशास्त्र का निर्माण किया है, एवं आप वेद वेदान्त में भी पारंगत हैं, परन्तु यह सब कार्य आपने दूसरों को सुख पहुँचाने के लिये ही किया है, अतः आपके श्रीचरणों में मेरा यह निवेदन है कि—॥५२॥

हमारे जो बालक उत्पन्न हुआ है, एवं उससे भी अधिक प्रिय जो वसुदेवनन्दन (बलराम) है, उन दोनों बालकों को आप अपनी अमृतमयी दृष्टि से किंवा निजज्ञानामृत से सिंचित करें, कारण आप दयामय हैं ॥५३॥

श्रीनन्दजी के ऐसे वाक्यों को सुनकर गर्गमुनि गद्गद होकर बोले—भिक्षु जिस वस्तु में मन लगाकर आया है, दाता यदि उस वस्तु को बिना माँगे स्वयं देना चाहता है, तब भिक्षु के भाग्य का कितना वर्णन किया जा सकता है ? अपितु नहीं। और ऐसे दाता की कुशलता का ही कौन वर्णन कर सकता है ? ॥५४॥

मुनिराज पूर्वोक्तरूप से जब अपने भाग्य की श्लाघा कर रहे थे, तभी श्रीव्रजराज ने अपने सेवक के कान में "ऐसा करो, ऐसा करो" इस प्रकार कहा ॥५५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रवर्तयामास च मुनिना कंसदुर्वृत्तविवर्तित-वसुदेववृत्तसंवादम् ॥५६॥

"संप्रवदमानयोश्च तयोः सोऽपि तत्प्रयोजनं परामृश्य शुद्धान्तं प्रविश्य निजनिजोत्सङ्गसङ्गती-कृतबाले अम्बाले पुरो विधाय गन्धपुष्पादिलसित-चामीकरभाजनकरः परमकिङ्करः सहसा रहसा ससाद ॥५७॥

"वीक्ष्याथ मात्रोरुरसि प्रसञ्जिता-वत्यर्भकौ दूरत एव तावृषिः ।
जवादुदस्थान्मणिमन्त्रवत् प्रभोः, प्रभाव एवादृतये न विस्तृतिः ॥५८॥

"ततश्च, मातृयुग्मललिताङ्गलालितौ, वीक्ष्य कृष्णधवलौ स बालकौ ।
निर्निमेषदशया दृशोर्जलं, रोद्धुमैष्ट नितरां न तापसः ॥५९॥

"अथ सङ्कोचं विधाय सन्निधाय मातृभ्यामात्मनात्मजाभ्याञ्च मौनेनैवानामि मुनिवरः ॥६०॥

सोऽयमुच्चकैराशीशिषच्च; यथा—

पित्रोः प्रतिस्वं कुलयोस्तदीययोः, सम्बन्धिबन्धुप्रकरे जगत्यपि ।
आनन्ददाता भव नन्दनन्दन !, त्वं तद्वदप्यानकदुन्दुभेः सुत ! ॥६१॥

और श्रीगर्गमुनि के द्वारा दुश्चरित्र कंस से आरोपित प्रतिकूलतामय श्रीवसुदेवजी के चरित्र का संवाद प्रवर्तित कराया, अर्थात् कहलवाया ॥५६॥

जब श्रीगर्गाचार्य एवं श्रीनन्दजी दोनों ही आपस में, स्पष्टरूप से अनेक प्रकार के ज्ञानपूर्वक संभाषण कर रहे थे, तब वह अन्तरंग सेवक भी उनके प्रयोजन को भली प्रकार समझकर, अन्तःपुर में जाकर, जिन्होंने अपनी अपनी गोद में अपने अपने बालक ले रक्खे हैं, ऐसी दोनों माताओं को आगे करके, गन्ध पुष्पादि से सुशोभित सुवर्ण पात्र को हाथ में ग्रहणपूर्वक, निर्जन मार्ग से सहसा उपस्थित होगया ॥५७॥

तदनन्तर ऋषिवर्य गर्गाचार्यजी दोनों माताओं के वक्षःस्थलस्थित दोनों छोटे छोटे बालकों को दूर से ही देखकर, मणिमन्त्र की तरह वेगपूर्वक आसन से खड़े हो गये, कारण प्रभु का प्रभाव ही आदर का कारण है, कोई लम्बाई चौड़ाई या अवस्था की अधिकता नहीं। अर्थात् मणि या मन्त्र के प्रभाव से जो कार्य होता है, वह जैसे अतर्क्य है, उसी प्रकार सौ सवासौ दिन की अवस्था वाले श्रीकृष्ण बलदेव को देखकर ज्ञानी श्रेष्ठ मुनिवर का उठना भी अतर्क्य है। उत्तर रामचरित में कहा भी है कि—"गुणाः पूजास्थानं गुणिषु न च लिङ्गं न च वयः" तात्पर्य—गुणियों में जो गुण हैं वे ही पूजा के स्थान हैं, स्त्री पुंस्त्वादि चिह्न अथवा बुढ़ापा आदि पूजा के स्थान नहीं हैं। कालिदास ने भी कहा है कि "तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते" तेजास्वियों की अवस्था नहीं देखी जाती ॥५८॥

पश्चात् वे तपस्वी श्रीगर्गाचार्यजी दोनों माताओं ने जिनके मनोहर अङ्गों का लालन पालन किया है, ऐसे श्याम गौर वर्ण वाले दोनों बालकों को निमेष रहित दशा से देखकर, अपने दोनों नेत्रों के जल को रोकने के लिये किसी प्रकार भी समर्थ न हो सके ॥५९॥

तदनन्तर दोनों माताओं ने संकुचित भाव से पास में जाकर, दोनों पुत्रों सहित मौनावलम्बनपूर्वक स्वयं मुनिवर को प्रणाम किया ॥६०॥

उन श्रीगर्गाचार्यजी ने भी ऊँचे स्वर से आशीर्वाद दिया, यथा—हे नन्दनन्दन ! तुम माता पिता के प्रति, एवं उन दोनों के पितृकुल और मातृकुल सम्बन्धी प्रत्येकजन के प्रति, तथा दोनों कुल के सम्बन्धी बन्धु

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च, तदेकसर्गे गर्गे व्रजेश्वरयाचनतः स्वासनमागते पुरतः किञ्चिद्दूरतः;—॥६२॥

सितासितैकैकपुष्पविष्णुक्रान्ताद्वयप्रभे ।
ते रोहिणीयशोदाख्ये तनयाभ्यां विरेजतुः ॥६३॥

"ततो मुनेरादेशतस्तेऽप्युपवेशमङ्गीकुर्वन्ति स्म श्रीगर्गे च तयोरावेशितधीन्द्रियवर्गे व्रजक्षितिपतिः क्षणं प्रतीक्ष्य साञ्जलिगिराभिलषितं व्यञ्जितवान्;—॥६४॥

'योग्य एव परयोग्यताकर,-स्तादृशत्वमपि वेदवेदजम् ।
त्वन्तु वेदविदुषां वरस्ततः, संस्कुरु द्विजजनुस्तनू अमू ॥'६५॥

"गर्ग उवाच,—'भवन्तो यदुबीज्यत्वेऽपि वैश्यततीज्यमातृवंशान्वयितया तद्गुरुपदव्यागतैरेव कर्म कारयितव्याः न तु मया ।' ॥६६॥

"व्रजराज उवाच,—'भवेदेवं किन्तु क्वचिदुत्सर्गोऽप्यपवादवर्गं बाधतेऽधिकारिविशेषश्लेष-मासाद्य । यथैवाहिंसानिवृत्तकर्मणि बद्धश्रद्धं प्रति यज्ञेऽपि पशुहिंसां तस्माद्भवतां ब्राह्मणभावादुत्सर्गसिद्धा गुरुता श्रद्धाविशेषवतामस्माकं कुले कथं लघुतामाप्नोतु ? तत्रापि भवतः

समूह के प्रति, और अधिक क्या कहूँ ? सारे जगत् के प्रति भी आनन्द दाता हो जाओ । हे वसुदेवनन्दन बलराम ! तुम भी उसी प्रकार सबके आनन्दप्रद हो जाओ ॥६१॥

तदनन्तर उन दोनों को आशीर्वाद देने में एकाकार श्रीगर्गाचार्य श्रीव्रजराज की प्रार्थना से जब अपने आसन पर विराजमान हो गये, तब सामने ही कुछ दूरी पर एक श्यामवर्ण एवं दूसरी गौर वर्ण के पुष्पों से युक्त, दो अपराजिता नामक लता की तरह वे दोनों, श्रीयशोदा एवं रोहिणी दोनों पुत्रों को गोद में लेकर खड़ी हुईं सुशोभित हुईं ॥६२-६३॥

पश्चात् मुनि के आदेश से वे दोनों मातायें भी आसन पर बैठ गईं । श्रीगर्गाचार्य सारी ज्ञानेन्द्रियों को जब श्रीकृष्ण बलराम दोनों भाइयों में ही आवेशित कर रहे थे, अर्थात् उनके दर्शनानन्द में तदाकार हो रहे थे तब, श्रीव्रजराज ने क्षणभर प्रतीक्षा करके हाथ जोड़कर विनम्र वाणी द्वारा, अपनी अभिलाषा को प्रगट किया, यथा—॥६४॥

योग्यजन ही दूसरे को योग्य बना सकता है । दूसरे को योग्य बना देने वाली योग्यता भी वेदों के ज्ञान से उत्पन्न होती है, तिसमें भी आप तो वेदज्ञ विद्वानों में श्रेष्ठ हो । अतः आप द्विजों की जाति में प्रगट है शरीर जिनका, ऐसे इन दोनों बालकों का संस्कार करो । तात्पर्य—"ब्राह्मणक्षत्रियविशस्त्रयो वर्णा द्विजातयः" ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इन तीनों वर्णों को ही द्विजाति या द्विज कहते हैं, तथा श्रीदेवमीढ़ राजा की वैश्य वर्ण वाली पत्नी से उत्पन्न महावनवासी श्रीपर्जन्य के पुत्र, गोपजाति श्रीनन्दजी का द्विजत्व तीसरे पूरण में विचारपूर्वक प्रमाण प्रमेय से सिद्ध कर चुके हैं, अतः श्रीनन्दजी ने द्विजाति संस्कार करने की प्रार्थना की ॥६५॥

श्रीगर्गमुनि बोले—आप सबके यदुवंश में उत्पन्न होने पर भी वैश्यगणों के पूज्य, एवं माता के वंश का सम्बन्ध रहने से आप विशिष्ट वैश्य हैं, अतः जो ब्राह्मण वैश्यगणों के गुरुपद (पुरोहिताई) पर आरूढ़ हैं, वे ही आपका संस्कार कार्य करेंगे, किन्तु मेरे द्वारा होना उचित नहीं ॥६६॥

श्रीव्रजराज बोले—भगवन् ! आप का कहना ठीक है, किन्तु किसी किसी स्थान पर अधिकारीविशेष का संयोग प्राप्त कर, सामान्य विधि भी विशेषविधि को बाध लेती है । जैसे अहिंसारूप निवृत्ति मार्ग में जो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सर्वप्रमाणतः समधिकता समधिगता; तस्मादन्यथा मा स्म मन्यथाः । एतदुपरि निजपुरोहितानामपि हितमपि हितंमहसा करिष्यामः ।' ॥६७॥

"गर्गः पुनरतिगोपनाय सविचारमुवाच,—'तथापि खलः स खलु देवकीतोकहन्ता दुर्मन्ता देव्याः शंसनेन नृशंसः कंसः पुनरागताशङ्कः स्यात् । यस्माद्यादवगुरुतया पुरुप्रसिद्धः सोऽयमन्यवर्गजममुं समस्कुरुत । तस्मादेव वसुदेवकृतोपासनया नूनमनया देव्या स्वेन विनिमितः स बालस्तत्र वर्तते, गीर्वाण-वाणीनाममृषाभावादिति । तदा निःषमिदमतिदुःषमं स्यात् ।' ॥६८॥

"अथ व्रजराजस्तु मनागिवमनायमान इवासीत् । पुनरनेन स्वस्तिवाचनादिके कृते सर्वं शस्तं भवेदिति विभाव्य प्रोवाच,—'यस्मात्तव सङ्ग एव समङ्गलस्तस्मात् (भा० १०।८।१०)—

'अलक्षितोऽस्मिन् रहसि मामकैरपि गोव्रजे । कुरु द्विजातिसंस्कारं स्वस्तिवाचनपूर्वकम् ॥'६९॥

"गर्ग उवाच,—'भवतु, भवदिच्छया यदृच्छया मङ्गलं सङ्गमयिष्यते, ततः समयसम्मतत्वादापाततस्तु नामकरणमेव करवाणि' ॥७०॥

व्यक्ति विशेष श्रद्धा रखता है, उस व्यक्ति के उद्देश में यज्ञ कार्य में भी, अहिंसा द्वारा पशु हिंसा का बाध हो जाता है । अतः आपका ब्राह्मणता के नाते सामान्य विधि द्वारा सर्वगुरुत्व तो सिद्ध है, फिर गुरुमात्र के प्रति श्रद्धाविशेष रखने वाले हमारे कुल में वह गुरुत्व, लघुत्व को कैसे प्राप्त कर सकता है ? उसमें भी सब प्रकार के प्रमाणों से आपकी अधिकता को मैं जान चुका हूँ । इसलिये आप कोई अन्यथा विचार न करें । आपके द्वारा नामकरण संस्कार होते ही, अपने पुरोहितों का भी स्पष्ट रूप से, उत्सव द्वारा विशेष हित कर कार्य कर देंगे ॥६७॥

श्रीगर्गाचार्यजी अत्यन्त गुप्तरूप से कार्य करने के लिये पुनः विचारपूर्वक बोले कि—आपका कहना तो ठीक है, तथापि देवकी के पुत्रों को मारने वाला, दुर्मति दुष्ट कंस, दुर्गादेवी के कहने के अनुसार, निश्चय ही दुवारा भी शंकायुक्त हो जायगा । कारण जो यदुवंशियों के गुरु कहकर विशेष प्रसिद्ध हैं, उन गर्गाचार्य ने अन्य वर्ण में उत्पन्न इस बालक का संस्कार किया है, इसलिए श्रीवसुदेवजी ने जिसकी उपासना की है, ऐसी इस आकाश गामिनीदेवी ने ही, जिसका परिवर्तन किया है वह बालक वहीं है । क्योंकि देवताओं की वाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती । ऐसा होने पर तो यह कार्य समताविहीन और अत्यन्त निन्दनीय हो जायगा, अथवा अनिन्दनीय भी यह कार्य अतिनिन्दनीय हो जायगा ॥६८॥

तदनन्तर श्रीगर्गमुनि के ऐसे वचन सुनकर श्रीव्रजराज कुछ व्याकुल से हो गये । पश्चात् इन मुनि के द्वारा तो स्वस्तिवाचन आदि कार्य करने मात्र से सभी मङ्गल हो जाता है, ऐसा विचार कर बोले—हे ब्रह्मन् ! जब कि आपका सङ्ग ही मङ्गलमय है, तब तो आप इस निर्जन गैयाओं के खिड़क में, मेरे बन्धुओं के द्वारा भी अलक्षित होकर, केवल स्वस्तिवाचनपूर्वक इन दोनों बालकों का, द्विजाति संस्कार कर दीजिये ॥६९॥

श्रीगर्गाचार्य बोले—अच्छा, तो वही कार्य होने दो । आपकी इच्छा के अनुसार स्वेच्छापूर्वक मङ्गलाचरण करूँगा । इसलिए समय के उपयोगी होने के कारण आपाततः नामकरण ही करूँगा ॥७०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति स्वस्तिवाचनाद्याचर्य प्रोवाच तत्राग्रजमुद्दिश्य; यथा—॥७१॥

'ईर्येत्र प्रणयादिसद्गुणगणैरेतं तथा बन्धुता
मुख्यं लोकमशेषमेष रमयन् रामो बलित्वाद्बलः ।
किञ्चायं भवदादिशूरतनयादीनां यदूनां गणं
संक्रक्ष्यत्युभयत्र भावतुलया स्वं तेन सङ्कर्षणः ॥'७२॥

"अथानुजमुद्दिश्य,—

'शुक्लो रक्तः पीत इत्यादिवर्णा,-स्तत्तद्भावादस्य तत्तद्युगेषु ।
तत्तन्मूलश्यामतैकात्म्ययोगा,-ज्जन्मन्यस्मिन् कृष्णनामायमस्ति ॥७३॥
युष्मत्तो जन्मतः पूर्वं वसुदेवात्तवात्मजः ।
जातो यस्मात्ततो वासुदेव इत्यपि गीयते ॥७४॥

नामानि यानि गुणकर्मनिबन्धनानि, रूपाणि च प्रतिदिशं निखिलस्तुतानि ।
साकल्यतो नहि वयं यदि तानि विद्मो, जानन्ति तर्हि न परे त्विति पौनरुक्त्यम् ॥७५॥
सानन्दं नन्दराजेन तदा मुनिरगद्यत ।
लग्नं हृदि न लग्नं नः सर्वज्ञस्तद्भवान् गतिः ॥'७६॥

ऐसे कहकर स्वस्तिवाचन आदि कार्य को करके श्रीगर्गमुनि बोले—तिसमें भी बड़े लाला का उद्देश करके, यथा— ॥७१॥

हे व्रजराज! देखो, स्नेहप्रभृति सद्गुणसमूह द्वारा बन्धुगण, इन रोहिणीलाल की प्रशंसा किया करेंगे, एवं भक्तिप्रधान सभी जनों को यह स्वयं रमित (सुखित) करता हुआ 'राम' नाम से, तथा अधिक बलशाली होने के कारण, 'बलदेव' नाम से विख्यात होगा। किंच यह आप प्रभृति, अर्थात् नन्दादि गोपों को एवं श्रीवसुदेवजी आदि यदुवंशी लोगों को, व्रज और मथुरा इन दोनों ही स्थानों पर, भावरूपी तराजू द्वारा अपने सहित समान मान करता हुआ, अपने गुणों से आकर्षित करेगा, इस कारण इसका एक नाम 'संकर्षण' होगा ॥७२॥

तदनन्तर छोटे लाला का उद्देश करके कहने लगे—इस बालक के सत्ययुग, त्रेता आदि तीनों युगों में, भक्तों के उस उस प्रकार के भाव के कारण शुक्ल, रक्त एवं पीत इत्यादि वर्णों के क्रम से उस उस वर्ण से अवतार हुए। इस जन्म में तो उन शुक्ल आदि वर्णों का मूल जो श्यामवर्ण, उसके साथ एकता होने के कारण इसका एक नाम 'कृष्ण' प्रसिद्ध है ॥७३॥

तुम्हारा यह लाला तुम्हारे द्वारा प्रगट होने से पहले, वसुदेवजी के द्वारा भी प्रगट हुआ है, इस कारण से 'वासुदेव' इस नाम से भी पुकारा जायगा ॥७४॥

और देखो, नन्दजी ! तुम्हारे लाला के गुण एवं कार्यों के द्वारा घटित जो अनन्त नाम हैं, एवं प्रत्येक दिशा में सभी के द्वारा पूजित प्रशंसित जो जो मनोहर रूप हैं, उन सबको सम्पूर्णरूप से ज्योतिःशास्त्रप्रणेता सर्वज्ञमुनि होकर हम भी जब नहीं जानते, तब अन्यजन नहीं जानते, यह कहना तो पुनरुक्तिमात्र है ॥७५॥

उस समय श्रीनन्दराय ने आनन्दपूर्वक मुनिजी से कहा कि भगवन् ! जिस लग्न में यह लाला उत्पन्न हुआ, उस लग्न का ध्यान हमारे हृदय में नहीं रहा, आप सर्वज्ञ हैं, इसलिये आप ही हमारी गति हैं, अर्थात् आप ही सर्वज्ञता से उस लग्न का निर्देश कर सकते हैं ॥७६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पुनश्च, ईक्षतां भगवन्नस्मै भवानिति निवेदितः ।
गर्गस्तस्मै राध्यति स्म प्रहसन्महसान्वितः ॥७७॥

"तदेतदस्माकं "खमाणिक्य'-नाम्नि ज्योतिर्ग्रन्थे प्रागेव निरूपितमस्ति,—॥७८॥

'उच्चस्थाः शशि-भौम-चान्द्रि-शनयो लग्नं वृषो लाभगो
जीवः सिंहतुलालिषु क्रमवशात् पूषोशनोराहवः ।
नैशीथः समयोऽष्टमी बुधदिनं ब्रह्मर्क्षमत्र क्षणे
श्रीकृष्णाभिधमम्बुजेक्षणमभूदाविः परं ब्रह्म तत् ॥' इति ॥७९॥

'वृष-कन्या-तुला-मीनराजेषु स्फुटमुच्चगाः ।
सोम-सौम्य-शनि-क्षौणीसुतास्तज्जन्मनि स्थिताः ॥८०॥

यस्माद्विश्वावसौ वर्षे जन्म त्वज्जन्मनः शिशोः ।
विश्वमेव वसुश्रीमद्भूवितामुष्य तुष्यतः ॥८१॥

रोहिण्यां जन्मना रोहिण्ययुतानामसौ पतिः ।
वृषलग्नश्च तत्रासीद्वृषकोटीशिता ततः ॥८२॥

आयतिश्चास्य भविता सदैवायतिमत्यतः ।
आयत्यां मुनयोऽप्यस्मिन् कुर्युर्मनस आयतिम् ॥८३॥

फिर भी कहा कि हे भगवन् ! आप ही इस बालक के शुभाशुभ विषय की पर्यालोचना करें। व्रजराज के इस प्रकार निवेदन करने के बाद, ब्रह्मतेज से युक्त गर्गमुनि हँसते हुए, उस बालक के शुभाशुभ लक्षणों की पर्यालोचना करने लग गये ॥७७॥

देखो ! यह सब विषय हमारे 'खमाणिक्य' नामक ज्योतिष के ग्रन्थ में पहले ही निरूपित किया हुआ है, यथा— ॥७८॥

जिस समय चन्द्र, मङ्गल, बुध एवं शनिग्रह अपने अपने उच्च स्थान पर स्थित थे, वृष लग्न था, वृहस्पति लाभ स्थान पर अर्थात् मीनराशि पर थे, और सूर्य, शुक्र, राहु ये ग्रह क्रमशः सिंह, तुला, वृश्चिक इन राशियों पर थे, भाद्रपद के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि, आधी रात का समय, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र था, ऐसे शुभ समय में कमल के से नेत्रों वाला "श्रीकृष्ण" नामक वही परब्रह्म प्रगट हुआ था ॥७९॥

श्रीकृष्णचन्द्र के जन्म समय में चन्द्र, बुध, शनि और मङ्गल ये सब ग्रह क्रमशः वृष, कन्या, तुला, मकर इन सब राशियों के उच्च स्थानों पर स्पष्टरूप से उपस्थित थे ॥८०॥

इस लाला का जातक लग्न इस प्रकार है, यथा—हे नन्दजी ! तुम्हारे लाला का जन्म विश्वावसु नामक वर्ष में हुआ है, इसलिये इसके प्रसन्न होने पर सारा विश्व ही, धन सम्पत्ति द्वारा परिपूर्ण हो जायगा ॥८१॥

रोहिणी नक्षत्र में जन्म होने के कारण यह दश हजार धेनु यूथों का पति होगा, और इसके जन्म के समय वृष लग्न था, अतः यह करोड़ों बैलों का अधीश्वर होगा ॥८२॥

और इसका कोषदण्ड एवं तेजयुक्त प्रभाव सदैव सुविस्तृत रहेगा। अतएव उत्तरोत्तर समय में होने वाले मुनिगण भी, इसी बालक में अपने मन का निरोध करेंगे, अर्थात् इसी में मन लगावेंगे ॥८३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एष वक्ष्यति शास्त्राणि शस्त्राण्यप्यात्मतेजसा ।
अनिष्टहृदमित्राणां मित्राणाञ्च व्रजाधिप ॥८४॥

भवतोर्भविता भव्यमस्मादिति वृथा कथा ।
भावत्कानाञ्च तद्भव्यं भवस्य च भवस्य च ॥८५॥

अस्याश्चर्याचर्या, वहति बहूनां कुतूहलं बहुलम् ।
ससुरानसुरान् दुन्वन्,भवति सुराणां पुराप्यसावविता ॥८६॥

सहजप्रेम्णां भवता,-ममुना किं तारणं चित्रम् ।
तानपि कृत्रिमहार्दान्, सर्वान्निस्तारयेदेषः ॥८७॥

तस्मान्नन्दात्मजस्ते यदपि हरिसमः सर्वसाद्गुण्यवृत्त्या
सर्वत्रेमं तथापि स्वमहिमविभवख्यातिभिः पालय त्वम् ।
वश्यं कुर्वन् स्वदेवं हरिममुमपि तं स्वाङ्गजं निर्मिमीषे
तद्वीर त्वां विना न स्वयमयमयते स्वैरतां स्वावनाय ॥'८८॥

हे व्रजराज ! यह बालक अपने अद्भुत तेज से सभी शास्त्रों का प्रवचन (सर्वशास्त्रमयी गीता–इसके अनुसार गीता के रूप में) करेगा, एवं सभी प्रकार के शस्त्रों को भी धारण करेगा। और यह बालक शत्रुओं का अनिष्टकारी, एवं मित्रों का अनिष्ट दूर करने वाला होगा ॥८४॥

और इस बालक से तुम दोनों पिता माताओं का ही केवल मङ्गल होगा, यह कहना वृथा है, क्योंकि इसके द्वारा तो आपके सभी सम्बन्धियों का, संसार का, एवं सबके मङ्गलमय श्रीशिवजी का भी मङ्गल होगा ॥८५॥

और देखो ! इसका आश्चर्यजनक आचरण बहुत जनों को बहुत सा आनन्दमय कौतूहल देगा, और यह सुरा, अर्थात् मदिरा आदि मादक द्रव्यों में आसक्त असुरों को दण्ड देता हुआ, पहले युगों में भी देवताओं का रक्षक होता चला आया है, आगे भी असुरों को दण्ड देता हुआ सुरों की रक्षा करेगा ॥८६॥

किंच इस बालक में आप सब व्रजवासियों का स्वाभाविक प्रेम है, इसलिये इसके द्वारा तुम्हारा निस्तार होगा, यह कोई आश्चर्य नहीं है, किन्तु जो कार्य द्वारा अत्यन्त पीड़ाकारी हैं, ऐसे उन सब असुरों का, अथवा जो मुख से तो बनावटी प्रेम दिखाने वाले हैं, एवं भीतर कपट से भरे हुए हैं, ऐसे दुष्ट हृदयवाले पूतना के समान लोगों का भी, यह बालक निस्तार करने में समर्थ है ॥८७॥

इसलिये हे नन्दजी ! यद्यपि सब प्रकार के सद्गुणों से परिपूर्ण होने के कारण, तुम्हारा यह पुत्र श्रीनारायण के समान है, तथापि तुम अपनी महिमा, वैभव एवं सुप्रसिद्धि आदि द्वारा सावधान होकर, सब जगह इस बालक की रक्षा करो। जब तुमने अपने इष्टदेव श्रीनारायण भगवान् को भी, वशीभूत करते हुए अपना पुत्र बना लिया, हे भाववीर ! तब तुम्हारा यह पुत्र तुम्हारे बिना, अपनी रक्षा करने के लिए स्वयं स्वच्छन्दता को नहीं प्राप्त कर सकता ॥८८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं भवद्भिः स्वदेवेन तुल्यगुणिन्यस्मिंस्तन्नामान्येव कामं गणनीयानीति संक्षेपेणार्थ-निक्षेपः ॥८९॥

"तदेवमाकर्ण्य जोषं जुषमाणे तु व्रजराजे मुनिः पुनरुवाच,—'व्रजराज ! भवदिच्छया वयमेवागम्य चागम्य चानयोर्द्विजातिसंस्कारान् करिष्यामः, किन्तु कर्णवेधचूडाकरणे न सम्भवतः। पश्य, चाभ्यर्णतः सूक्ष्मतया कर्णच्छिद्रमस्ति, केशलवस्यापि लवः स्फुटः न सम्भवतीति, ततश्चान्नप्राशनमात्रं भवद्भिराचर्यम्; सावित्रसमावर्तन-विवाहवृत्तं तु न स्वयमुद्यमपात्रं कार्यम्, किन्तु समयज्ञैरसमयज्ञैरस्माभिरेव।' इति ॥९०॥

"ततश्च क्षणं मुनितामेव व्यवस्यन्मुनिस्तौ पश्यन् वश्यमना बभूव ॥९१॥

"ततश्च, यद्यपि पित्रोः स्नेहा,-न्वयमयबाल्यैकतानौ तौ।
तदपि मुनिस्तज्ज्ञानं, शङ्कितवान् संकुचन्नासीत् ॥९२॥

सङ्कोचादिव गोप,-प्रभुमनु स मुनिर्विधापयन्नाज्ञाम्।
चलितोऽप्यलभत तस्मिन्, स्थित इव तत्तत्परिस्फूर्तिम् ॥९३॥

अतः इस प्रकार से आप सबको अपने इष्टदेव के समान गुणों से युक्त, इस बालक के विषय में उन इष्टदेव के नामों को ही यथेष्ट गिन लेना चाहिये, अर्थात् तुम्हारे इष्ट के जितने भी गोविन्द, मुकुन्द, माधव आदि अनन्त नाम हैं, वे सब इसमें भी व्यवहृत होंगे। बस, यही संक्षेप से तात्पर्यार्थ का विन्यास समझना ॥८९॥

श्रीगर्गाचार्य के ऐसे वचनों को सुनकर श्रीव्रजराज जब चुपचाप अपूर्व प्रीतिसुख का अनुभव कर रहे थे, तब तक श्रीगर्ग मुनि पुनः बोले—हे व्रजराज ! आपकी इच्छा के अनुसार हम इसी प्रकार बारंबार आकर, इन दोनों बालकों के अन्य द्विजाति संस्कारों को भी करते रहेंगे, किन्तु कर्णवेध एवं चूड़ाकरण नहीं हो सकते। क्योंकि तुम पास में आकर तो देखो ! दोनों बालकों के कानो में सूक्ष्मरूप से एक एक छिद्र है, सूक्ष्म केश के द्वारा भी छेद स्पष्टरूप से नहीं हो सकता, अतः अन्नप्राशन संस्कारमात्र आप कर लेना। गायत्री का उपदेश, अर्थात् उपनयन संस्कार, समावर्तन संस्कार, अर्थात् वेदाध्ययनपूर्ति पर घर में आते समय किया जाने वाला संस्कार, और विवाह संस्कार तो स्वयं उद्योगपूर्वक नहीं करना। किन्तु समय को जानने वाले, महायाज्ञिक, ऐसे गुणविशिष्ट हमारे द्वारा ही यह कार्य सम्पन्न होगा ॥९०॥

तत्पश्चात् श्रीगर्गमुनि क्षणभर के लिये मौनी होकर, दोनों बाल भगवानों को देखते हुए वशीकृतचित्त हो गये, अर्थात् उनका मन श्रीकृष्ण बलदेव के वशीभूत हो गया ॥९१॥

तदनन्तर यद्यपि वे दोनों बालक बाल्यकाल में माता पिता के समुचित स्नेहमय भाव में ही एकाकार हो रहे थे, तथापि गर्गमुनि "ये दोनों बालक हमारे कपटमय वाक्यों को जान रहे हैं" ऐसी आशङ्का करके संकुचित हो गये ॥९२॥

पुनः वे मुनि मानों संकोच से ही गोपराज श्रीनन्दजी को लक्ष्य करके, उन्हीं से आज्ञा लिवाकर चल दिये, तो भी श्रीराम कृष्णगत वे वे विशेषतायें उनके मन में अच्छी प्रकार स्फूर्ति पाने लगीं। ऐसी स्फूर्तियों की प्राप्ति से ऐसा प्रतीत होता था मानों वे व्रजधाम में ही स्थित हैं ॥९३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"चलनसमये तु श्रीमान् व्रजेशः स्वयमनुव्रज्य बालकाभ्यामभ्यदादयत्, स च 'सगवे सहपुत्राय स्वस्ति तेऽस्तु व्रजाम्यहम्' इति व्यक्तमुक्तवान् ॥९४॥

"ततश्चात्मनो महता सुप्रजस्त्वेन व्रजराजः स्वान्तरेवमात्मानमामन्त्र्य वदन्ननन्द,—

'पुत्रो लब्धः सुचिरा,-दिष्टः स महद्भिरेवमादिष्टः ।
अस्मात् पूर्णानन्दा,-न्मनुष्व ननु नन्द ! पूर्णोऽस्मि ॥'९५॥

"अथ मुनये सदाक्षिण्याय दक्षिणाय सदक्षिणानां गवामयुतं प्रयुतञ्च गोपैरिन्द्रगोप-वर्णानां स्वर्णानां परोक्षं विहापयामास,—'यथेच्छं स्वीयपरकीययज्ञयोग्यं क्रियतामिदम्' इति॥९६॥

"अथ निज-द्विज-स्वजनवर्गानाहूय च भूयः प्रकटमेव विशङ्कट-तत्तन्नामकरणपर्वणा सर्वानानन्दितवान् ।" इति ॥९७॥

तदेवमवधारयन्मधुकण्ठः सहविस्मयगद्गदकण्ठमाह स्म,—॥९८॥

"नाम्ना प्रसिद्धिमन्यस्य प्रसाधयति नामकृत् ।
अहो कृष्णस्य तत्कर्ता गर्गस्तेन प्रसिध्यति ॥"९९॥

अथ मधुकण्ठश्चिन्तयामास,—"तस्मान्नन्दात्मजस्ते यदपि हरिसमः" इति यदुक्तम्,

---

किन्तु चलते समय श्रीमान् व्रजेश ने स्वयं मुनिजी के पीछे पीछे कुछ दूर तक चलकर, दोनों बालकों सहित मुनि का अभिवादन किया। श्रीगर्गाचार्य ने भी "गैयाओं और दोनों पुत्रों सहित तुम्हारा मङ्गल हो, अब मैं चल रहा हूँ" ऐसे स्पष्ट कहा ॥९४॥

तदनन्तर अपने को "मैं सर्वगुणसम्पन्न विशिष्ट सन्तान वाला हूँ" ऐसे समझते हुए श्रीव्रजराज अपने अन्तःकरण में अपने को सम्बोधन करके कहते कहते आनन्दित हो गये। मैंने बहुत समय के बाद प्रिय पुत्र प्राप्त किया है, तथा उस पुत्र के विषय में महात्मा श्रीगर्गमुनि ने भी ऐसा आदेश दिया है कि—हे नन्द ! परिपूर्ण आनन्दस्वरूप इस पुत्र रत्न से तुम अपने को "मैं आनन्द से परिपूर्ण हो गया हूँ" ऐसा मानो ॥९५॥

पश्चात् श्रीगोपराज ने दक्षिणा के योग्य, सरलतापूर्ण, उदार चित्तवाले श्रीगर्गमुनि के लिए दस हजार गैया, और इन्द्रगोप नामक रक्तवर्ण वाले वर्षाती कीटविशेष के समान वर्ण वाली एक लाख सुवर्णमुद्रा, गोपों द्वारा गुप्तरूप से उनके घर भिजवा दीं, एवं यह समाचार भी भिजवा दिया कि "आप इन सब वस्तुओं को अपनी इच्छानुसार स्वकीय एवं परकीय यज्ञ के योग्य समझकर उपयोग में लावें" ॥९६॥

तदनन्तर अपने कुलपुरोहित श्रीशांडिल्यमुनि को, एवं अपने सारे सम्बन्धियों को बुलाकर, दुबारा सबके सामने दोनों बालकों के विशाल नामकरण महोत्सव द्वारा सभी को आनन्दित कर दिया ॥९७॥

उस नामकरण के विषय में इस प्रकार का निश्चय करता हुआ, मधुकण्ठ विस्मय के सहित गद्गद कण्ठ होकर बोला, यथा— ॥९८॥

नाम करने वाला पुरोहित, नाम के द्वारा दूसरे की प्रसिद्धि को सिद्ध कर देता है, किन्तु श्रीकृष्ण बलदेव के नामकरण में तो यही आश्चर्य है कि, नाम धरने वाले श्रीगर्गाचार्य उस नामकरण द्वारा ही प्रसिद्ध हो गये ॥९९॥

फिर मधुकण्ठ अपने मनमें विचारने लगा कि, "अतएव हे नन्द ! यद्यपि तुम्हारा यह आत्मज नारायण के समान है" ऐसा जो पहले कहा जा चुका है, वह ठीक है, कारण श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध में

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्तु युक्तमेव,(भा० १०।८।१९) 'नारायणसमो गुणैः' इति हि श्रीमद्भागवतस्थं तद्वाक्यमपीदृशं दृश्यते, तत्पुरुषबहुव्रीहिभ्यां श्लिष्टत्वादस्याधिक्यञ्च लक्ष्यते ।" इति ।।१००।।

प्रकटञ्चोवाच,—"ननु नामकरणं विशिष्य न प्रोक्तमन्नप्राशनन्तु न किञ्चिदपीति । तच्च तच्च स्तूयमानतया प्रस्तूयताम् ।" ।।१०१।।

स्निग्धकण्ठः सहासमाह स्म,—

"तन्नामकरणं चान्नप्राशनञ्च व्रजे महः ।
यात्तमस्मन्मनोराज्यं न पृथक् स्तोतुमीश्महे ।।"१०२।।

तदिदं प्रोच्य पुनः सानन्दमुवाच,—"ततः श्रूयतामुत्तरवृत्तान्तः,—

'यदवधि गर्गः प्रययौ, व्रजसदनान्नाम निर्मय ।
क्रमतस्तदवधि पृथुका,-वभिमान्येते स्म तेन स्वैः ।।'१०३।।

'यथा—उत्कर्णतानिशमनं नयनाभिमुख्यं, स्वभ्रातृनाम्नि च निजाह्वयभानरीतिः ।
तत्तद्विविक्तिमभि रूङ्कृतिमाधुरी च, स्वानत्र कृष्णबलयोर्बलवत् पुपोष ।।१०४।।

उदीक्ष्य मधुरं मुखं सुखचरिष्णु कृष्णाख्यया
तदा जनकदिष्टया तनयमिष्टमाहूय तम् ।

भी "नारायणसमो गुणैः" यही वाक्य श्रीगर्गाचार्य का भी ऐसा ही देखा जाता है, तथापि दोनों ग्रन्थों के 'हरिसमः', 'नारायणसमः' ये दोनों पद तत्पुरुष एवं बहुव्रीहि इन दो समासों से श्लेषयुक्त हैं, अतः बहुव्रीहि समास की प्रबलता के कारण, नारायण से श्रीकृष्ण की ही अधिकता दीखती है ।।१००।।

पुनः प्रगट बोला—भाई स्निग्धकण्ठ ! तुमने नामकरण को विस्तारपूर्वक नहीं कहा, और अन्नप्राशन तो किंचिद् भी नहीं कहा, अतः उन दोनों प्रसङ्गों को प्रशंसापूर्वक प्रस्ताव करते हुए वर्णन करो ।।१०१।।

स्निग्धकण्ठ हास्यपूर्वक बोला—भैयाजी ! वह नामकरण और अन्नप्राशन ये दोनों ही व्रज के उत्सव-रूप में सम्पन्न होंगे, परन्तु वे दोनों महोत्सव तो हमारे मनोराज्य के विषय बन गये । अतः पृथक् वर्णन करने की हमारी सामर्थ्य नहीं है ।।१०२।।

इस प्रकार कहकर पुनः आनन्दपूर्वक बोला कि, इसके बाद आगे का वृत्तान्त सुनिये। देखो, भैयाजी ! श्रीगर्गाचार्य जब से नामकरण संस्कार करके व्रजधाम से मथुरा चले गये, तभी से श्रीव्रजराज आदि आत्मीयजन क्रमशः उन्हीं उन्हीं नामों द्वारा, अर्थात् राम, कृष्ण आदि नामों द्वारा पुकार कर ही, दोनों बालकों का सम्मान करने लग गये ।।१०३।।

यथा—ऊँचे कान करके बातों को सुनना, नेत्रों के सामने आये हुए सभी जनों को प्रेमपूर्वक देखना, अपने भाई के नाम लेने पर अपने नाम के भान की प्रतीति दिखाना, उस उस एकान्त स्थान का लक्ष्य करके बारंबार रूँ रूँ की माधुरी, 'झंकृति' पाठ में अपने आभूषणों की झनकार की मधुरता, श्रीकृष्ण बलराम की ये पूर्वोक्त बातें, इस व्रज में आत्मीयजनों को बलपूर्वक परिपुष्ट सन्तुष्ट करती रहती थीं ।।१०४।।

उस समय श्याममेघ की सी कान्तिवाली पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान, सर्वसुखदायिनी श्रीकृष्णजननी ने श्रीकृष्ण का आनन्दजनक सुमधुर मुखारविन्द देखकर, कृष्णपिता श्रीनन्दजी के आदेशानुसार कृष्ण नाम

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदीय-कलहुङ्कृतीरपि निशम्य रम्याकृतीः
प्रसूरमृतभृत्प्रभा जगति शर्म सा निर्ममे ॥१०५॥

अथाव्रजद्द्रुतमिव रिङ्गरङ्गतां, तयोर्व्रजेश्वर-सदनाङ्गण-क्षितिः ।
समेत्य तौ चरणचरार्भका मुहु,-र्विलेभिरे सुखमभिलेभिरे ततः ॥१०६॥

"अत्र गायन्ति चाद्यापि,—

'रिङ्गणकेलिकुले जननी-सुखकारी । व्रजदृशि सुकृतस्फुरदवतारी ।
बलयित-बाल्यविलास जय बलवलित हरे ॥ध्रु॥
किङ्किणिगण-रणने हृदि रुचिधारी । पदयुगचालनकुतुकविहारी ।
गोरसकीर्णिभवे पङ्के लघुचारी । वारणकारणवागतिचारी ।
अकलितजनमिलने तस्मादपसारी । जननीं प्रति गतिचापलभारी ।
जननी-स्तनवसने भयभागनुहारी । तत्र पयोरसविसराहारी ।
वपुषि मृदामलिने मृदुतापहारी । जननीकरकृतमृजयाहारी ।
अपि तन्द्रावलने स्तनपामनुकारी । जननीस्मितपतदमृतासारी ॥' इति ॥१०७॥

से ही उस प्रिय पुत्र को बुलाकर, एवं अपने लाला के कानों को प्यारे लगने वाले, अस्पष्ट ध्वनिमय अनेक हुँकारों को सुनकर, जगत् भर में सुख का निर्माण कर दिया ॥१०५॥

तदनन्तर श्रीव्रजराज के आँगन की भूमि शीघ्र ही, श्रीकृष्ण बलदेव के रेंग रेंग के घुटवन चलने के सुख को प्राप्त हो गई, एवं उस समय घुटुवन घुटुवन चलने वाले बालक उसी आँगन में आकर, खेल खेल में श्रीकृष्ण बलदेव से मिलकर, बारंबार उनको सुख देते हैं, तथा उनके द्वारा स्वयं अतिशय सुख प्राप्त करते हैं ॥१०६॥

इस विषय में कविगण आज भी इस प्रकार गायन करते हैं, यथा—हे परिपुष्ट बाल्यविलासयुक्त ! बलदेव सहित हरे ! तुम्हारी जय हो । तुम घुटुवन चलने की क्रीड़ासमूह में माता को सुखी करने वाले हो । व्रजवासियों की दृष्टि में उनके अपूर्व पुण्य से सर्वांश परिपूर्ण अवतारी हो । किंकिणियों की झणकार में अपने और भक्तों के हृदय में रुचि को बढ़ाने वाले हो । दोनों चरणों के चलाने में कौतुकपूर्वक विहार करने वाले हो । गोरस के विखरने से उत्पन्न कीच में धीरे धीरे चलने वाले हो । निषेध करनेवाली वाणी का भी अतिक्रमण करने वाले हो । अपरिचित जनों के मिलने पर उनके पास से बाल्यसुलभ चपलता के कारण भाग जाने वाले हो । माता के प्रति तो चलने की चपलता को धारण करने वाले हो । माता के वक्षःस्थल के वस्त्रों में छिपने के लिये भयभीत का सा अनुकरण करने वाले हो । माता के स्तनों पर फैले हुए दूध का आहार करने वाले हो । व्रजरज से अपने शरीर के मलिन होने पर कोमलता का परिहार करने वाले हो । माता के हाथों से की गई स्वच्छता से सबके मन को हरने वाले हो । ओंघ आने पर भी स्तनदुग्धपान का अनुकरण करने वाले हो । माता के सुख के लिये मन्दमुस्क्यानरूपी अमृत की निरन्तर वर्षा करने वाले हो । एवंगुणगणविशिष्ट तुम्हारी जयजयकार हो ॥१०७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, वर्षपञ्चकमनुस्खलेद्वय,-स्तत्तु तत्र यमनुद्वयोस्तयोः ।
किन्तु न स्खलति तत् किशोरता, या गतागमिदशातिरस्करी ॥१०८॥
यथानन्तरमाह, (भा० १०।८।२६)—
'कालेनाल्पेन राजर्षे रामः कृष्णश्च गोकुले । अघृष्टजानुभिः पद्भिर्विचक्रमतुरञ्जसा ॥'
"यथा च शम्बरगृहात् प्रथमवयसः प्रद्युम्नस्यागमनसमये प्राह, (भा० १०।५५।२८)—
'कृष्णं मत्वा स्त्रियो ह्रीता निलिल्युस्तत्र तत्र ह' इति ॥१०९॥
"तत्र च—न नव्याद्यौवनादन्यावस्था तस्येति यन्मतम् ।
वर्जयत्यङ्गवृद्धिं तन्न माधुर्यसमर्जनम् ॥११०॥
"यतः प्रियजनभावभावित एव तस्याविर्भाव इत्यवादि स्म । तत्र तद्भावो यथा—॥१११
उत्कण्ठा वष्टि तृप्तिं स्थवयितुमभितः सा तु शश्वत्कृशन्ती
तामेवोच्चैर्बकारेः स्थवयति झटिति प्रेमभाजां जनानाम् ।

अपि च देखो ! पाँच वर्ष तक सभी की कुमार अवस्था रहती है, उसके बाद सभी की कुमारावस्था दूर हो जाती है, यह साधारण नियम है। श्रीराम कृष्ण की वह कुमार अवस्था तो तीन वर्ष की पूर्ति के समय ही दूर हो जाती है। किन्तु अन्य साधारणजनों की तरह उन दोनों की किशोर अवस्था की तिरस्कारिणी कुमारावस्था, और आगे आने वाली पौगण्ड या किशोर अवस्था भी दूर नहीं हो सकतीं। कारण यह है कि भक्तों के भाव के अनुरोध से सर्वदा दोनों ही अवस्थायें स्फूर्ति हो सकती हैं, अथवा नित्यकिशोर होने के कारण उन दोनों की किशोरता दूर नहीं होती ॥१०८॥

तदनन्तर पूर्वोक्त विषय में प्रमाण देता हुआ स्निग्धकण्ठ बोला—(भा० १० । ८ । २६) में यथा—श्रीशुकदेवजी बोले कि हे राजर्षे ! अल्पकाल में ही राम एवं कृष्ण अपने अपने बल से घुटुवन के बल न चलकर, दोनों चरणों से अनायास गोकुल में विचरण करने लग गये। अपि च प्रथम अवस्था वाले प्रद्युम्न शंबरासुर के घर से जब आये, उस समय में श्रीशुकदेवजी ने कहा है, यथा (भा० १० । ५५ । २८) प्रद्युम्न को देखकर, उनको श्रीकृष्ण मानकर, सारी पटरानियाँ लज्जायुक्त होकर जहाँ तहाँ छिप गईं ॥१०९॥

और श्रीकृष्ण की नवीन यौवन से, अर्थात् किशोरावस्था से अन्य अवस्था नहीं है, ऐसा जो किसी आचार्य का मत है, तो भी नवयौवन में उत्पन्न होने वाली माधुरी, अङ्गवृद्धि को नहीं हटाती ॥११०॥

क्योंकि यदि केवल नित्यकिशोर ही मान लें, तो भगवान् की बाल्य, पौगण्ड आदि की लीलायें असिद्ध हो जायेंगी। कारण श्रीभगवान् का आविर्भाव तो प्रियजनों के भाव से भावित होकर ही होता है, अर्थात् भक्तों के भावानुसार ही प्रभु का आविर्भाव होता है। प्रमाणं यथा—"यद् यद् धिया त उरुगाय विभावयन्ति तत्तद् वपुः प्रणयसे सदनुग्रहाय" (भा० ३ । ९ । ११) श्रीब्रह्माजी कहते हैं कि हे भगवन् ! आपके प्रेमी भावुक भक्त आपके जिस जिस रूप का, या जैसी जैसी अवस्था वाले रूप का भावपूर्वक ध्यान करते हैं, आप भी उन सज्जनों पर कृपा करने के लिये, वैसा ही रूप धारण कर लेते हो ॥१११॥

श्रीकृष्ण में भक्तों का भाव यथा—श्रीकृष्ण के प्रेमीजनों की जो उत्कण्ठा है, वह तृप्ति को स्थूल, अर्थात् परिपुष्ट करने के लिए सर्वतोभाव से इच्छा करती रहती है। किन्तु वह तृप्ति तो प्रतिक्षण क्षीण होकर, शीघ्र ही उस उत्कण्ठा को ही अधिक रूप से बढ़ा देती है। यद्यपि यह घटना सत्य है, तथापि वह उत्कण्ठा एवं तृप्ति, प्रथमजनित किशोर अवस्था से परवर्तनी उत्कण्ठा और तृप्ति की उन उन चेष्टाओं को

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यद्यप्येवं तथापि प्रथमजवयसस्तूर्ध्वगां तत्तदीहां
नोष्टस्ते सुष्ठु किन्तु प्रसृमरमधुरिम्ण्येव तां निर्मिमाते ॥११२॥
"अथ 'कालेनाल्पेन' इत्यादौ लीलायाः साधुरीतिमधुरताऽऽस्वाद्यताम् ॥११३॥
"तत्र गतिशिक्षा यथा--
हस्तत्यागमये नव्ये संस्तव्ये गतिशिक्षणे ।
पुत्रे स्खलति सा जीयान्मातुः पुत्रस्य च त्वरा ॥११४॥
द्वित्रक्रमं गतः कृष्णश्चलितः स्खलने रुदन् ।
पुत्र पुत्रेति चुम्बन्तीमम्बामालोलयन्मुहुः ॥११५॥
किञ्चिद्दूरं यदानञ्च स्वकतेजःप्रपञ्चकः ।
स्थिरीभूय प्रसूवक्त्रं सस्मितं स व्यलोकत ॥११६॥
दूरं मातुर्यदा याति तदासौ मन्थरायते ।
समीपन्तु यदा तर्हि स्मयमानो द्रुतायते ॥११७॥

प्राप्त करने की इच्छा नहीं करतीं, किन्तु कोमल माधुरी में ही उन उन चेष्टाओं का निर्माण करती रहती हैं। अर्थात् श्रीकृष्णप्रेमी जनों के मनमें उत्कण्ठा उत्पन्न होने पर तृप्ति की तो आशा हो जाती है, किन्तु तृप्ति स्वयं क्षीण होकर उत्कण्ठा को पुनः बढ़ा देती है। तात्पर्य यह है कि प्राथमिक किशोरावस्था में जो उत्कण्ठा और तृप्ति हैं, वे दोनों श्रीकृष्ण की वर्तमान कुमारावस्था में ही पूर्ण हो जाती हैं, आगे आने वाली अवस्था की कामना नहीं करतीं। क्योंकि श्रीकृष्ण का दर्शन करते समय, भक्त के नेत्र जिस अङ्ग पर लग गये, उसको छोड़कर दूसरे अङ्ग को देखने की उनकी सामर्थ्य नहीं रहती, बस अवस्था का धर्म भी इसी प्रकार का है। भक्त का मन भगवान् की जिस अवस्था के रूप में भावानुसार अनुरक्त हो गया, फिर उसको छोड़ नहीं सकता, उसी में उसकी तृप्ति हो जाती है। इसका कारण यही है कि श्रीकृष्ण का रूप अलौकिक सौन्दर्ययुक्त है ॥११२॥

अब श्रीमद्भागवत के "कालेनाल्पेन राजर्षे" इत्यादि श्लोकों में जो बाल्यलीला की सुन्दर मधुरता है, उसका आस्वादन करो ॥११३॥

बालकपन में चलने की शिक्षा, यथा—

माता यशोदा श्रीकृष्ण के हाथों को पकड़कर जब चलने की शिक्षा देती हैं, तब चलना ठीक आया कि नहीं, इसका परिचय करने के लिये श्रीकृष्ण के हाथों को छोड़ देती हैं, परन्तु श्रीकृष्ण जब दो चार चरण धरकर गिरने को उद्यत होते हैं, तभी माताजी उनको पकड़ने के लिये शीघ्र ही दौड़ पड़ती हैं। श्रीकृष्ण भी गिरने के भय से माता के हाथों को पकड़ने की उतावली करते हैं, उस समय के माँ और बेटा के उतावलेपन की जय हो ॥११४॥

श्रीकृष्ण दो तीन पैर चलकर चलते चलते गिरने लग जाते हैं, और रोते रोते लाला लाला कहकर चुम्बन करती हुई माँ को भी बारंबार चञ्चल कर देते हैं ॥११५॥

जब कभी कभी अपने तेज को प्रकाशित कर दूर चले जाते हैं, तब वहीं खड़े होकर वे मन्द मन्द मुस्क्याते हुए माता के मुख को देखने लग जाते हैं ॥११६॥

श्रीकृष्ण अपनी माता से जब कुछ दूर चले जाते हैं, तब तो चलने में ढीलापन दिखाते हैं, किन्तु जब माता की ओर आते हैं, तब तो मुस्क्याते हुए दौड़ने लग जाते हैं ॥११७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"गोःशिक्षा यथा,—

प्रथममग्रजस्य तुण्डपुण्डरीके, क्षरदक्षरमधुमधुरे जाते, तमनुजातमपि धात्र्याऽऽलापयामास; ॥११८॥

"यत्र च—मा मा ता ता इति वचः पठन्नन्दतनूजनुः ।
आनन्दार्थमभूत् पित्रोर्व्रजस्य निखिलस्य च ॥११९॥
अर्धोदितानां दन्तानामक्षराणां तथा ततिः ।
चित्रीयामास कृष्णस्य यत्राचित्रीयत प्रसूः ॥१२०॥
ईशीथाः किं जगत्यामोम् बन्धून् पास्यसि नः किमोम् ।
इत्यादि मातृसुतयोः संवादवदभूदिह ॥१२१॥
अज्ञातवाचं शुकवत् पठन्तं, विशेषपृच्छाकृतितर्जनीकम् ।
धात्रीजनाध्यापितवाक्प्रचारं, व्रजस्य भाग्यं परितः स्मरामि ॥१२२॥
नामग्राहं तदा प्राह रामः कृष्णं शनैः शनैः ।
कृष्णो राममथार्येति मातृणां परिशिक्षया ॥१२३॥

"तदा च,—पृच्छन्त्या वृद्धयाङ्गानि यदा किमपि पृच्छ्यते ।
तदाम्बाशिक्षया बालः स तां मुहुरताडयत् ॥१२४॥

बोलने की शिक्षा, यथा—पहले बड़े भैया श्रीबलराम के मुखकमल में से, मधु से भी मीठे तोतले वचन जब निकलने प्रारम्भ होगये, तदनन्तर श्रीकृष्ण की धाई छोटे भैया श्रीकृष्ण को भी, वैसे ही बोलना सिखाने लग गई ॥११८॥

श्रीकृष्ण की वाक्य शिक्षा में, यथा—नन्दलाल "मा, मा, ता, ता" इस प्रकार तोतले वाक्यों को बोलते हुए, माता पिता एवं समस्त व्रजवासियों के भी आनन्द के कारण बन गये ॥११९॥

श्रीकृष्ण की आधी उपजी हुई दन्तपंक्ति, एवं आधी निकलती हुई अक्षरों की पंक्ति मानों आश्चर्यजनक होगई, जिससे माता भी आश्चर्यान्वित होकर चित्र लिखी सी खड़ी रह जाती है ॥१२०॥

माता बोली—लाला कृष्ण ! तू भी जगत् में कुछ सामर्थ्य दिखायेगा क्या ? श्रीकृष्ण बोले—ओं अर्थात् हाँ । माता बोली—हमारे बन्धुओं की रक्षा करेगा क्या ? श्रीकृष्ण बोले—हूँ । बोलना सिखाने के समय माँ बेटा का प्रश्नोत्तररूप संवाद इस प्रकार सुन्दर संवाद के समान हुआ ॥१२१॥

जो तोता की तरह बिना समझे ही वाक्यों को रटते थे, विशेष बात पूछने के लिये जिनकी चतुर तर्जनी अंगुली कार्य करती थी, एवं धात्री (धाई) जन जिनको बोलने का प्रकार अध्ययन कराती थीं, ऐसे मूर्तिमान् व्रज के भाग्य को मैं सर्वतोभाव से स्मरण करता हूँ ॥१२२॥

उस समय माताओं की विशेष शिक्षा के कारण बलरामजी श्रीकृष्ण को नाम ले लेकर धीरे धीरे बुलाते हैं, एवं श्रीकृष्ण भी मीठे मीठे स्वर से बलरामजी को हे आर्य ! अर्थात् "दादा" भैया कहकर पुकारते हैं ॥१२३॥

उसी समय श्रीकृष्ण के हाथ, पाँव आदि अंगों को जानने की इच्छा से कोई बुढ़िया, यदि किसी अंग को पूछती है तो, उस समय माता की शिक्षा के अनुसार, वे बालकृष्ण उसी उसी अंगों को दिखा दिखा कर, उस बुढ़िया के भी उसी उसी अंग को ताड़ने लग जाते हैं ॥१२४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ भ्रातृद्वयमपि मिथः किञ्चिद्वदति स्म; यथा—

आगच्छ खेलां गच्छाव माता कोपं करिष्यति ।
न कुर्यादिति तौ बालौ कृष्णरामौ समूचतुः ॥१२५॥

"अथ बाल्यचापल्यञ्चावकल्यताम्,—

दंष्ट्रां धित्सति दंष्ट्रिणः फणिपतेरुद्यत्फणां शृङ्गिणः
शृङ्गं प्रज्वलदर्चिषं हुतभुजः कोटिञ्च खड्गादिनः ।
इत्थं भ्रातृयुगं निवर्तितमपि प्रागल्भ्यमेवासद-
न्मात्रोस्तेन समस्तविस्मृतिरभूद्गेहेऽपि देहेऽपि च ॥१२६॥
दूरमश्च न हि चञ्चल स्फुटं, तत्र कोऽपि वरिवर्ति भीषणः ।
एवमेष जननीगिरा पुन,-स्तत्कृते कुतुकितां दधे शिशुः ॥१२७॥
शिशुना भीष्मग्रहणे, स्थाने मातुर्भयं यतो माता ।
कवयस्त्विदमनुमिमते, तेजस्वित्वस्य बीजं तत् ॥१२८॥
यं यं पदार्थमतितीव्रमियं प्रयाति, भ्रातृद्वयी स च स च प्रतिभाति सौम्यः ।
अत्रानुमानविदुरा निरणैषुरेतद्,-युग्मं भविष्यति सदा कलिनाशनाय ॥१२९॥

तदनन्तर दोनों भाई भी आपस में कुछ कुछ बोलते हैं, यथा—एकजना बोला—भैया ! चलो दोनों खेलने चलें, दूसरा बोला—नहीं भैया ! मैया क्रोध करेगी । फिर दूसरा भैया बोला—नहीं भैया ! मैया क्रोध नहीं करेगी । इस प्रकार दोनों ही बालक कृष्ण बलराम वादानुवाद करते हुए बोलते थे ॥१२५॥

अब बालकपन की चंचलता को भी सुन लो, यथा—दोनों भैया ही भयंकर दाढ़ दाँतों वाले कुक्कुर आदि की दाढ़ को, भयंकर सर्प के उठे हुए फण को, सींगों वाले बैल आदि के सींग को, अग्नि की जलती हुई लपट को, एवं तरवार आदि अस्त्रों की नौक को धारण करने की, पकड़ने की इच्छा करते रहते हैं । उन अनिष्ट कार्यों से दोनों माताओं के द्वारा निवारित होकर भी, दोनों भैया प्रगल्भता (धृष्टता) को ही प्राप्त हो जाते हैं । उस प्रगल्भतामयी चंचलता के कारण दोनों माताओं को अपने देह गेह विषयक सारी बातें भूल में पड़ जातीं हैं । उन दोनों को निवारण करते करते नकवानी हो जाती हैं ॥१२६॥

दोनों भैयाओं की दूसरी चंचलता देखो, माता बोली—रे चञ्चल ! तू दूर खेलवे मत जायो करै । क्योंकि वहाँ बड़े बड़े भयंकर हाऊ बिलाऊ रहते हैं । माता की ऐसी वाणी से भी यह बालकृष्ण एवं बालरूप बलदेव दूर जाने के लिये, एवं उन हाऊ बिलाऊओं को देखने के लिये, कौतूहल धारण करते हैं कि, मैया ! तो तेरे हाऊ बिलाऊ ही देखूँगो, दिखा, चल कहाँ हैं ? ॥१२७॥

बालकृष्ण यदि किसी भयंकर नंगी तलवार आदि को ग्रहण कर लेते हैं तो, उससे माता को भय उत्पन्न हो जाता है, यह उचित ही है । क्योंकि वह स्नेहमयी माता ही जो ठहरी । किन्तु कविजन तो इस प्रकार का अनुमान लगाते हैं कि, यह भयंकर वस्तु का ग्रहण करना तेजस्विता का मूल कारण है ॥१२८॥

ये दोनों भैया जिस जिस भयंकर अति तीक्ष्ण तलवार आदि पदार्थ के पास पकड़ने को जाते हैं, वही वही भयंकर पदार्थ सुन्दर दीखने लग जाता है । इस विषय में अनुमान के जानने वाले पण्डितों ने तो ऐसा निर्णय किया है कि, ये दोनों भैया भयंकर दाँतों वाले अघासुर, बकासुर आदि के तथा कलिकाल के सदैव नाश के लिये समर्थ होंगे ॥१२९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ क्रमेण मातृवञ्चनी-बुद्धिरप्युद्बुद्धा । यत्र यत्र स च स च,—

नैव नैव चल चञ्चल रे रे, वाक्यमेतदवकर्ण्य जनन्याः ।
मायया स्म परिवृत्य हसित्वा, तां निवर्त्य लषिते वरिवर्ति ॥१३०॥

"अल्पहीनहायनवयस्त्वे तु जाते यत्र कुत्रचित् क्रीडनाय निर्गच्छन्तौ न सम्भालयितुं शक्येते । सम्भालितौ च तौ कुतो लीयेते इति नावधारयितुं पार्यते ॥१३१॥

"अथ जननीद्वयमुभयतो वर्त्मावृत्य परितश्च धात्रीरवधानविधात्रीर्वितत्य द्रवन्तौ तत्र भवन्तौ गृह्णाति ॥१३२॥

"ततो रुदन्तौ हसन्तौ च तौ गृहान्तरानीतावुद्वर्तनादिना वेषपरिवर्तनादिना च स्तनपायनादिना शायनादिना च रोचयति ।" ॥१३३॥

तदेवं वर्णनमाकर्णयत्सु सभासत्सु प्रहसत्सु श्रीमद्व्रजपुरन्दर-कुलधुरन्धरकिशोरवरे चानवरजेन सह दरस्मितसुन्दरतररदनतया नेत्रादरणीये सति समापनाय पुनरुवाच स्निग्धकण्ठः,—॥१३४॥

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोपाधिनायक ।
बाल्यावलितचापल्यादपि यो मुनिमोहनः ॥"१३५॥

अब क्रम क्रम से माता को धोखा देने वाली बुद्धि भी प्रकाशित हो गई । कृष्ण बलराम जिस जिस स्थान पर होते हैं, उसी उसी स्थान पर जाकर माता कहती है कि, रे रे चञ्चल ! चलो मत, भागो मत । यहाँ से कहीं भी मत जाओ । माता के ऐसे वाक्य को सुनकर, कपटपूर्वक मुंह फेरकर, हँसकर, माता को बातों में लगाकर, घर को लौटाकर, स्वाभिलषित कार्य में ही बारंबार प्रवृत्त हो जाते हैं, अर्थात् माता जहाँ जाने से निषेध करती है, वहीं दोनों दौड़ दौड़कर जाते हैं ॥१३०॥

दोनों भैयाओं को सालभर के होने में जब दो चार ही दिन कम रह गये, तब तो जहाँ तहाँ स्वेच्छा-पूर्वक खेलने के लिये घर से निकले हुए, दोनों का सँभालना भी कठिन था । देखभाल करने पर भी वे दोनों कुमार किधर छिप गये, इसका भी निश्चय करना कठिन हो गया था ॥१३१॥

तदनन्तर जब दोनों मातायें दोनों ओर से मार्ग को घेरकर, एवं दोनों बगल से सावधान रहनेवाली धाइयाँ रोक कर खड़ी हो जाती हैं, तब दोनों मातायें उस मार्ग में दौड़ते हुए उन दोनों बालकों को पकड़ पाती हैं ॥१३२॥

उसके बाद दोनों मातायें कभी रोते हुए, कभी हँसते हुए, उन दोनों को घर में लाकर, तैल मर्दन, उबटन, स्नान, वेष परिवर्तन, स्तनपान, एवं शयन आदि द्वारा आनन्दित करती हैं ॥१३३॥

सभी सभासद जब इस प्रकार के वर्णन को सुनकर हँस रहे थे, एवं श्रीमान् व्रजराज के कुलसंचालक किशोरवर श्रीकृष्णचन्द्र, बड़े भैया श्रीबलरामजी के सहित, मन्दमुस्क्यान से अत्यन्त सुन्दर दन्तपंक्ति से युक्त होने के कारण, सभी के नेत्रों के आदरणीय हो रहे थे, उसी समय कथाप्रसङ्ग को समाप्त करने के लिए स्निग्धकण्ठ पुनः बोला— ॥१३४॥

हे गोपाधिनायक ! आपके ऐसा लाला उत्पन्न हुआ है कि, जो बालकपन में होने वाली चपलता से भी, मुनियों के मन को मोहित करने वाला है ॥१३५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ कृतसुखप्रथायां कथायां वृत्तायामन्यदिनवत् कथकान् सप्रसाधनं सेधयामास शुभचरित्री व्रजधरित्रीशः ॥१३६॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु विशङ्कटशकटविघट्टनादिविचित्रबाल्यचरित्रं नाम षष्ठं पूरणम् ॥६॥

अथ सप्तमं पूरणम्

तृणावर्तवध-मृद्भक्षणादिकथा

अथ दिनान्तरवत् प्रभातान्तः प्रभातायां सभायां मधुकण्ठ उवाच,—"स्निग्धकण्ठ ! लीलान्तरेण निदिग्धचित्तो भव ।

"अथ वर्षजाते जाते नभस्ये मासि सर्वसम्पन्नयं जन्मदिनमायातम् । तत्र च गर्गोपदेश-वर्गोपाश्रया कृष्णस्य जन्मतिथिपूजा पूर्यते स्म । यत्र च व्रजक्षितिपतिना प्रशस्तस्वस्ति-वाचनपूर्वकमपूर्वं पर्व प्रवर्तयामासे ॥१॥

"यथा—वेदैर्वाद्यैः प्रगीतैर्नटनपटिमभिर्मन्त्रपूर्वाभिषेकैः
सप्रीत्यादानदानैः प्रमद-कलकलैर्यज्ञविज्ञप्रयोगैः ।
षट्तिल्यादि-प्रकारैर्मृदगुरु-रस-धान्यादिभव्याभिमर्शै-
र्मत्स्यादीनां प्रमोकैर्जनितिथिरुदगाद्गोपराजाङ्गजस्य ॥२॥

तदनन्तर शुभचरित्रसम्पन्न व्रजभूपति श्रीनन्दजी ने सर्वसुखप्रद कथा के समाप्त होने पर, अन्य दिनों की तरह, कथावाचकों को वेषभूषा आदि के सहित सम्मानपूर्वक उनके घर पहुँचवा दिया ॥१३६॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये विशालशकटभञ्जनादि-विचित्र-बालचरित्रवर्णनं
नाम षष्ठं पूरणं संपूर्णम् ॥६॥

सप्तम पूरण

तृणावर्तवध-मृद्भक्षणादि कथा

तदनन्तर अन्य दिनों की भाँति उस दिन भी, प्रातःकाल में देदीप्यमान श्रीव्रजराज की सभा में मधुकण्ठ बोला कि—हे स्निग्धकण्ठ ! अब अन्य प्रकार की लीला द्वारा अपने चित्त को परिवर्धित करो ।

श्रीनन्दलाल जब वर्ष भर के हो गये, तब भादों के महीने में, सर्वगुणसम्पन्न जन्मदिवस उपस्थित हुआ । उस दिन श्रीगर्गाचार्य की उपदेशावली के अनुसार, श्रीकृष्ण की जन्मतिथि की पूजा परिपूर्ण हुई । जिसमें श्रीव्रजराज ने प्रशस्त स्वस्तिवाचनादिपूर्वक अपूर्व महोत्सव प्रवर्तित किया ॥१॥

यथा–वेदोच्चारण, अनेक प्रकार के वाद्य (बाजे), सुन्दर सुन्दर गीत, और अनेक नटों की नृत्यचातुरी, मन्त्रपूर्वक श्रीकृष्ण का अभिषेक, प्रीतिपूर्वक लाये हुए उपहार भेंट पूजामय द्रव्यों का ग्रहण, एवं भेंट लाने वाले जनों को सम्मानार्थ वस्त्रादि दान, तथा ब्राह्मणों को दान, आनन्दजनित कलरव शब्द, यज्ञ के समयै विज्ञजनों द्वारा मन्त्र प्रयोग "तिलोद्वर्ती तिलस्नायी तिलहोमी तिलप्रदी । तिलभुक् तिलवापी च षट्तिली नावसीदति ॥" षट्तिल अर्थात् (१) तिलों के द्वारा उबटना, (२) तिलयुक्त जल से स्नान, (३) तिलहोम,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किन्तु—क्रमेण वृद्धिर्वर्षाणां यथा नन्दात्म-जन्मनः ।
तथा तत्पर्वणोऽप्यासीत् स्फुटं यदभिदा द्वयोः ॥३॥
कृष्णभोजनमन्नं यत् कृष्णाच्छादनमंशुकम् ।
तत्तन्नाम्ना प्रचारोऽभूत्तस्य तस्य व्रजे ततः ॥४॥

"तदेवं हर्षेण वर्षे गलिते कदाचिद्वर्षीयःप्रभृतिषु स्त्रीपुंसेषु तत्तत्कृतिव्यापृतेषु निजोत्सङ्गेन बालगोपालः स्वमन्दिरालिन्दे जनन्या लाल्यते स्म ॥५॥

यथा—मुखे मुखं लगयति चुम्बति स्म तद्,-वृथा कथाः कथयति तेन दुर्गमाः ।
हसन्त्यथो हसति च तत्र बालके, व्रजेश्वरी सुखशतसिक्तताममगात् ॥६॥

"ततश्च पूर्वपूर्वनिर्हिंसनात् प्रजातमतिभ्रंशेन धैर्यरहिततया कंसेन प्रहितः सुमनसामहितः सुरवर्त्मनि दूरतः स्थितस्तृणावर्तस्तं तथा वर्तमानं ददर्श विममर्श च । सोऽयमेव तोयदवर्णः पृथुकः पृथुगृहालिन्दं विन्दमानाया मातुरङ्के वर्तत इति शङ्के ॥७॥

---

(४) तिलदान, (५) तिल भोजन, (६) तिल बोना, यह छः प्रकार का तिल कार्य; मृत्तिका, अगुरुपंक, धान्य, दूर्वा आदि मङ्गलमय वस्तु युक्त प्रशंसनीय पात्रों का स्पर्श, एवं आयुवृद्धि कारक मत्स्यादि मोचन इत्यादि कार्यों द्वारा श्रीकृष्णचन्द्र का जन्मतिथि महोत्सव संघटित हुआ ॥२॥

किन्तु क्रमानुसार जिस जिस प्रकार श्रीनन्दकुमार के वर्षों की वृद्धि होती थी, उसी प्रकार उनके जन्म महोत्सव की भी वृद्धि होती रहती थी । कारण वर्ष वृद्धि एवं महोत्सव इन दोनों में स्पष्ट रूप से भेद नहीं था, अर्थात् नन्दलाल जैसे जैसे बढ़ते जाते थे, महोत्सव भी उसी प्रकार प्रति वर्ष बढ़ता ही जाता था ॥३॥

तदनन्तर व्रज में श्रीकृष्ण के भोजन का जो अन्न, एवं श्रीकृष्ण के पहनने का जो वस्त्र है, वह अन्न और वस्त्र जिस जिसने दिये हैं, उन्हीं उन्हीं के नाम से उस उस अन्न एवं वस्त्र का प्रचार होगया था, अर्थात् यह अन्न श्रीउपनन्दबाबा की धर्मपत्नी का दिया हुआ है, तथा यह वस्त्र श्रीवृषभानुबाबा का दिया हुआ है, इत्यादि ॥४॥

इस प्रकार आनन्दपूर्वक एक वर्ष के व्यतीत होने पर, किसी एक दिन बूढ़े बड़े सभी स्त्री पुरुषों के अपने अपने व्यापार में लग जाने पर, माता श्रीयशोदा अपने महल की पौरी में, अपने बालगोपाल को अपनी गोद में लड़ा रहीं थीं ॥५॥

यथा—श्रीकृष्ण के मुख पर अपना मुख लगा देती हैं, श्रीकृष्ण के मुख को चूमती हैं, उस समय (बालक को बहलाने के लिये) उन बालकृष्ण के साथ अन्य दुर्बोध वृथा कथा कहती हैं, उन बालकृष्ण के हँस जाने पर, हँसती हुई व्रजेश्वरी श्रीयशोदा सुख की सैंकड़ों धाराओं में अभिषिक्त हो जाती हैं ॥६॥

तदनन्तर पहले पहले पूतना और शकटासुर के मार देने के कारण, जिसकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है, ऐसे कंस ने धैर्यरहित होकर, देवताओं का अहितकारी तृणावर्त नामक एक दैत्य भेजा । वह दैत्य आकाश में स्थित होकर, दूर से ही उस बालकृष्ण को माता के साथ खेलते हुए देखकर, विचार करने लगा कि, मेघ के समान श्यामवर्ण वाला पूतनाघाती यह वही बालक है, जो कि अपने विशाल घर की पौरी में विद्यमान अपनी माता की गोद में विद्यमान है, यह बोध हो रहा है ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेनमधुना सर्वं धुनानः साम्बालमेव बालं सुरवर्त्मनि वर्तयानि । किन्तु पूतना नूतनतनुकलनया शकटश्च शकटाविष्टामूर्ततावलनया छलयितुमिष्टेनाप्यनेन दिष्टान्तमाप्यते स्म । तस्मादहं तदुभयेतरवातरूपेण प्रविशामीति ॥८॥

"तदा च सदा तदवसरमनुसरन्ती तु योगमाया तद्वपुर्योगमायाता मातुः पृथग्भावाय स्ववैभवमाविर्भावयामास । येन च तदम्बा कोमलनीलकमलायमानकलेवरस्यापि तस्य भारमसहमाना विस्मयमाना चान्यस्य तद्भारासहतया सहसा भूमावेव तं धृतवती ध्यातवती च जगतामन्तर्यामि-पुरुषम् । अतिभीता च तदुपद्रवबाधनाय तदाराधनाय व्यग्रचित्ता बभूव ॥९॥

"तृणावर्तस्तु वातावर्तेन वर्तमानः सुरवर्त्मनि तञ्च वर्तयन् गलग्रह-पाशमिव संजग्राह । गोष्ठमपि कष्टद-कर्करादिवृष्टिभिर्नष्टप्रायतया घट्टयामास । यत्र च त्रसमत्रसमपि सर्वं वित्रस्त-मस्ति स्म ॥१०॥

"ततश्च, तमोभिरावृतं सर्वं बहिरेव न केवलम् ।
जनानामन्तरञ्चासीत्तृणावर्तप्रवर्तने ॥११॥

"तेन तु दुर्जनेन तदैवमन्यूनानां जन्यूनामजन्ये जन्यमाने तत्र वित्रस्ताः प्रजाः प्रजजल्पुः ॥१२॥

अतएव मैं इस समय इस समस्त गोकुल को कँपाता हुआ, माता के सहित इस बालक को आकाश में पहुँचाता हूँ । किन्तु पूतना नूतन शरीर की रचना के द्वारा, एवं शकटासुर शकट में प्रविष्ट होकर, मूर्ति हीनता को स्वीकार करने के द्वारा, छलने के योग्य भी इसी बालक के द्वारा मृत्यु को प्राप्त हो गया । इस लिये मैं तो उन दोनों से भिन्न, वायु के रूप से गोकुल में प्रविष्ट होता हूँ ॥८॥

तृणावर्त जब यह विचार कर रहा था, तभी सदैव जो लीला के अवसर का अनुसरण करती हैं, ऐसी योगमाया ने श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह के संयोग को प्राप्त कर, माता को श्रीकृष्ण से पृथक् करने के लिये, अपना वैभव प्रगट कर दिया । जिस वैभव के कारण श्रीकृष्ण की माता कोमल नीलकमल के समान शरीर वाले, उन श्रीबालकृष्ण के भार को न सहती हुईं, विस्मित होती हुईं, मुझसे भिन्न अन्य और कोई भी इसके भार को न सह सकेगा, इसी कारण श्रीबालकृष्ण को भूमि पर ही धर गईं, एवं जगत् भर के अन्तर्यामी पुरुष का ध्यान करने लग गईं, तथा अत्यन्त भयभीत होकर, उस उपद्रव के निवारण के लिये, उन अन्तर्यामी पुरुष की आराधना के प्रति व्यग्रचित्त हो गईं ॥९॥

किन्तु तृणावर्त ने तो घूर्णित वायुरूप धारण कर, अर्थात् बबूड़ा बनकर उस बालकृष्ण को आकाश में पहुँचाते हुए, गला बाँधने की रस्सी की तरह ग्रहण कर लिया, अर्थात् कृष्ण को अपने गले में लटका लिया । उसके बाद कष्टदायिनी कङ्कड़ आदि की वृष्टि के द्वारा गोकुल को भी नष्टप्राय बना दिया । जिस गोकुल में जङ्गम, स्थावर आदि सभी पदार्थ भयभीत हो गये थे ॥१०॥

तदनन्तर वायुरूपी तृणावर्त के प्रवृत्त होने पर, अन्धकार समूह द्वारा केवल बाह्य वस्तु समुदाय ही आच्छादित नहीं हुआ, अपितु जनमात्र का अन्तःकरण भी श्रीकृष्ण वियोगरूप अंधकार से ढ़क गया था ॥११

उस समय उस दुर्जन तृणावर्त द्वारा समस्त प्राणियों को उत्पात उपस्थित होने पर, वहाँ पर भयभीत होकर सारी प्रजा इस प्रकार बोली—॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा—उत्सर्पत्कर्परांशव्रणजनकजवः श्रोत्रदृक्तर्जगर्ज-
ध्वानस्त्रुट्यत्कुठेषु प्रकटकटकटेष्वर्दयन् वायुरायुः ।
गोष्ठं कोष्ठञ्च भिन्दन्नटति बत हहा हन्त किं तत्र वृत्तं
यत्रास्ते नीलपङ्केरुहदलतुलनालालिताङ्गः स बालः ॥१३॥

"श्रीमन्नन्ददेवमन्दिरे तु—
उपद्रवेऽस्मिन्नधियद्दधे सुतं, तं तत्र नायश्यदसौ व्रजेश्वरी ।
गवाधिकस्निग्धतरापि या तदा, विचारलोपाद्वलते स्म गोतुलाम् ॥१४॥
उपप्लवमरुत्प्लवेऽभजति तत्र पुत्रास्तिता-
मवीक्ष्य पशुपेश्वरी बत जगाम यां व्यग्रताम् ।
हहा विगततर्णकाऽबुधितलोकभाषादिका
यदि स्फुरति नैचिकी क्वचन काचिदूहेत ताम् ॥१५॥

"तदा च तामारभ्य जनरोदनपरम्परया परितः प्रसर्पणादमन्देन तदा क्रन्देन सर्वं गोकुलमाकुलं बभूव ॥१६॥

"अविगणय्य च तादृशं विसदृशमुपद्रवं सद्रवमेवागम्यागम्यापारदुःखवारवारां निधौ सर्वे ममज्जुः ॥१७॥

यथा—ऊपर को उड़ते हुए खपराओं के टुकड़ों से व्रण (घाव) जनक है वेग जिसका, ऐसा वह वायु प्रकट कट कट शब्द करने वाले, कान एवं नेत्रों को तर्जना देने वाली गर्जनापूर्वक शब्द करके, टूटते हुए वृक्षों में जीवन का ह्रास करता हुआ, अर्थात् वृक्षों को तोड़ता हुआ, गोकुल और घर के भीतर के भाग को भेदन करता हुआ, नृत्य कर रहा है। हा कष्ट ! हा कष्ट ! हाय कष्ट की बात तो यह है कि, जिस स्थान पर नीलकमलदल से भी अधिक कोमल अङ्गों वाला वह बालक है, वहाँ पर क्या घटना घटी होगी ? दैव जाने ॥१३॥

श्रीमान् नन्दजी के भवन में तो इस उपद्रव के समय में जिस स्थान पर पुत्र को रक्खा था, वहाँ पर श्रीव्रजेश्वरी ने उसको नहीं देख पाया। जो वत्स के प्रति गैया से भी अधिक स्नेहयुक्त थीं, उस समय विचारशक्ति के लोप होने से वे ही श्रीव्रजेश्वरी पृथिवी के समान अचेतन भाव को प्राप्त हो गईं, अर्थात् श्रीकृष्ण वियोग में अचेत हो गईं ॥१४॥

उस समय उत्पातरूप वायु की गति निवृत्त हो जाने पर, वहाँ पर पुत्र के अस्तित्व को न देख कर, पशुपेश्वरी श्रीयशोदाजी हाय, जिस प्रकार की व्याकुलता को प्राप्त हुईं, अहह ! सभी जनों की भाषा आदि के ज्ञान से शून्य, यदि कोई गैया किसी स्थान पर नये बछड़े से विहीन होकर, अचल भाव से खड़ी स्पष्टरूप से प्राप्त हो जाय, तब तो उस व्याकुलता की सम्भावना की जा सकती है, अन्यथा नहीं ॥१५॥

उस समय श्रीयशोदाजी से लेकर, सभी जनों की रोदन परंपरा के चारों ओर फैल जाने से, अत्यन्त ऊँचे रोने के शब्द से, सारा गोकुल व्याकुल हो गया ॥१६॥

उस अतुलनीय भयंकर आँधीरूप उपद्रव को न गिनकर, वेगपूर्वक आ आकर, सभी गोकुलवासी अपार दुःखसमूह के सागर में निमग्न हो गये ॥१७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च,—तृणावर्तहृते कृष्णे मातुर्भारायिता तनुः ।
तदीयानां यथा सासीदुभयेषां यथा त्रुटिः ॥१८॥

"ततश्च, सर्वासु निर्विशेषं रोदनवशतां विशन्तीषु हा रोहिणि ! द्रोहिणि ! किं करिष्यामि, कथं तमनवलोक्य मरिष्यामि, कथं वा व्रजराजदिशि मुखं वितरिष्यामीति पर्यन्तं पर्यन्तदशावसानमनु यः खल्वशेषविलापनः प्रसूविलापः, स पुनरवकलितः सहसा घृतमिव विलालयति हृदयम्, कथं कथयितुमीश्यते इत्यलमतिप्रसङ्गेन" इति मधुकण्ठः स्वस्य सर्वस्य च वैवश्यवश्यतामाशङ्क्य सद्यः सङ्कथयामास,—॥१९॥

"नभसा हृतस्य सुजातस्य श्रीमन्नन्दजातस्य तस्य बन्धूनामवगाढदुःसह-सादसिन्धूनां सहसानुकूलं कूलमासन्नम् ॥२०॥

"तथाहि—बाल्यस्वभावेन बलानुजन्मा, बलान्निजग्राह गलं तदीयम् ।
तदातिगाढं स च पीडितस्तौ, मेने भुजौ पाशिभुजङ्गपाशौ ॥२१॥

भुजापीडनवत्तस्य भारश्च ववृधे शिशोः ।
वोढुं त्यक्तुञ्च रोद्धुञ्च नाशकद्दानवाधमः ॥२२॥

वहाँ पर तृणावर्त के द्वारा श्रीकृष्ण का अपहरण होने पर, जिस प्रकार माता यशोदा का शरीर भारा हो गया था, उसी प्रकार श्रीयशोदा के सम्बन्धियों का शरीर भी भारा हो गया था। दोनों ही की अचेतनता से शरीर क्षय की सम्भावना सी संघटित हो गई थी ॥१८॥

तदनन्तर सभी व्रजगोपियों के समानरूप से रोने के वशीभूत होने पर, श्रीव्रजरानी की इस प्रकार की भावना हुई कि, हे रोहिणि ! तुम मुझको सांत्वना देकर प्राणत्याग की प्रतिबन्धक हो रही हो, अतः तुम ही जब हमारी अनिष्टकारिणी हो रही हो, तब मैं क्या करूँगी ? पुत्र को न देखकर किस प्रकार प्राणों का त्याग करूँगी ? अथवा श्रीव्रजराज के आगे अपना मुख किस प्रकार दिखाऊँगी ? यहाँ तक सर्वतोभाव से मरणदशा का अन्तिम लक्ष्य करके, माता का जो खेदजनक विलाप हुआ था, वह पुनः स्मरण करने से सहसा घृत की तरह हृदय को पिघला देता है। तब उस विषय में कैसे कहा जा सकता है ? अतः विशेष प्रसङ्ग बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार कहकर मधुकण्ठ, अपनी और सभी सभासदों की विवशता की आशङ्का करके शीघ्र ही कहने लगा कि— ॥१९॥

आकाशमार्ग से अपहरण किये गये सुखपूर्वक उत्पन्न श्रीमान् नन्दकुमार के माता, पिता आदि जो बन्धुजन, दुःसह दुःखसमुद्र में गोता खा रहे थे, उनके लिये अनुकूल कूल (किनारा) सहसा समीप में दिखाई दिया ॥२०॥

देखो ! बलरामजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण ने बालकपन के स्वभाव से, जब तृणावर्त के गले को बलपूर्वक पकड़ लिया, तब यह असुर अत्यन्त पीड़ित होकर कृष्ण की उन दोनों भुजाओं को वरुण के नागपाश के समान कष्टदायक समझने लग गया ॥२१॥

श्रीकृष्ण की दोनों भुजाओं द्वारा तृणावर्त की पीड़ा जिस प्रकार बढ़ी, उसी प्रकार बालक का भार भी क्रम से बढ़ने लग गया। उस समय वह अधम दैत्य श्रीकृष्ण को ढ़ोने के लिये, त्यागने के लिये, किंवा समझने के लिये किंचिद् भी समर्थ न हो सका ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा च माल्यहरतानर्हावस्थेन चामुना ।
स भारहारतां प्राप्तः स्वप्राणहरतां गतः ॥२३॥

"यथा—माल्यबुद्धचाहिवल्लोमपटभ्रान्त्या तमृक्षवत् ।
कृष्णोऽववेष्टदात्माङ्गं वातूलः कथमुज्झतु ? ॥२४॥

"यथा च—तृणावर्ते रुद्धकण्ठे तच्छ्वासा रुद्धतां गताः ।
तदैव च बहिर्वातास्तत् किं तस्य त एव ते ? ॥२५॥

"अथाकाशावकाशात् प्रस्तरकृतास्तरणायामङ्गणस्थल्यामतिविस्तीर्णं महाघोषबधिरीकृतघोषं तद्वपुर्निपपात, निपत्य च मूर्तिमन्मूर्तिकमपि श्लथसन्धिबन्धीभूतमदृश्यत ॥२६॥

"ततश्च तत्तु—किमिदमहहहा पपात कस्मा,-दिति परिवव्रुरुपेत्य गोपरामाः ।
भयमधुरथ कं निरीक्ष्य रक्ष,-स्तदुपरि बालहरिञ्च मृग्यमाणम् ॥२७॥
दनुसुतमलमुद्विवर्तिताक्षं, शिशुमथ वीक्ष्य निरीक्षमाणनेत्रम् ।
तदुपरि सहसा निधाय लत्ता,-ममुमुपजह्रुरमूर्मुदा जनन्याम् ॥२८॥

"अथ मन्त्रवत् किञ्चिद्वचनात् पुनरमूरमुष्याश्चेतनामाविन्वते स्म, ॥२९॥

उस समय माला के भार को भी जो धारण नहीं कर सकता, ऐसी कोमल अवस्था वाले इस छोटे से बालक द्वारा वह असुर भारवाहकता को प्राप्तकर अपने प्राणों से हीन हो गया ॥२३॥

देखो ! जिस प्रकार सर्प में माला के भ्रम से युक्त व्यक्ति को सर्प लपेट लेता है, एवं जिस प्रकार भालू में कम्बल के भ्रम से युक्त व्यक्ति को भालू भी लपेट लेता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण ने भी करचरणरूप अपने अङ्ग के द्वारा तृणावर्त को कस के पकड़ लिया था, अतएव बभूड़ारूपी वह तृणावर्त श्रीकृष्ण को किस प्रकार छोड़ सकता था ? ॥२४॥

और भी देखो ! तृणावर्त का कण्ठ रुक जाने पर उसके श्वास भी रुक गये, और उसी क्षण बाहिरी वायु भी रुक गया, इससे यह प्रतीत होता है कि उसके श्वास ही बाहिरी वायु के रूप में थे क्या ? ॥२५॥

तदनन्तर आकाश प्रदेश से पत्थरों से ढ़की हुई आँगन की भूमि में, उस तृणावर्त का अति विस्तीर्ण शरीर बड़े भारी शब्द के द्वारा, सारे गोकुल को बहिरा बनाकर गिर पड़ा । तथा गिरकर वह शरीर अति कठिन अवयवों वाला होकर भी, उस समय सन्धियों के बन्धन ढ़ीले होने के कारण, टूटी हड्डियों के द्वारा जुड़ा हुआ सा दिखाई देता था ॥२६॥

उसके पश्चात् उस असुर के शरीर को गोपियों ने "हाय ! हाय ! यह क्या बलाय है, और कहाँ से गिरा है ?" यों कहते हुए पास में आकर चारों ओर से घेर लिया । उसके बाद भयंकर राक्षस को देखकर तो उन्होंने भय को धारण किया, तथा उसके ऊपर ढूँढ़े जाने वाले बालकृष्ण को देखकर सुख को धारण किया, अर्थात् राक्षस को देखकर डर गईं, किन्तु कृष्ण को देखकर सुखी हो गईं ॥२७॥

तदनन्तर जिसके नेत्र अस्तव्यस्तभाव से ऊपर को निकल रहे हैं, ऐसे उस दैत्य को देखकर, तथा मधुरतापूर्वक अपने नेत्रों से निहारने वाले बालक को देखकर, उन गोपियों ने उस दैत्य के ऊपर सहसा लात धरकर बालक को लेकर हर्षपूर्वक माता के प्रति अर्पण कर दिया ॥२८॥

उसके बाद मन्त्र की तरह कुछ बोलकर, उन गोपियों ने श्रीयशोदाजी को पुनः चेतना दिलाई ॥२९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यथा—मृत्युर्मृतो मृत्युहृतस्तु जीवित,-स्तदेतमादत्स्व तनूजवत्सले ! ।
इत्युक्तिमन्त्रान्वितबालकौषधं,विन्यस्य तां प्रत्युदजीजिवन्नमूः ॥३०॥
शिशुमुपसद्य यशोदा, दनुजहृतं द्राक् चिचेत लीनापि ।
वर्षाजलमुपलभ्य, प्राणिति जातिर्यथेन्द्रगोपानाम् ॥३१॥
अथागमन् व्रजपतिसङ्गता जनाः, सविस्मयं सभयमदभ्रसम्भ्रमम् ।
गृहान्तरव्रजनविचारणाऽन्यदा, न तर्ह्यभूद्यदभवदेकभावता ॥३२॥
पश्यन्नपि तृणावर्तमपश्यन्निव तं जनः ।
कृष्णमेवागमद्द्रष्टुं तत्प्रेमा ह्यद्भुतादिजित् ॥३३॥
स्पृष्टः कम्प्रेण हस्तेन दृष्टः साश्रेण चक्षुषा ।
पित्राथ मातुरुत्सङ्गादवित्रा शिशुराददे ॥३४॥
"ततश्च राक्षसस्पर्शज-क्षतजादिशङ्क्या,—
निरीक्षितावयवगणोऽपि मातृभि,-र्विलोकितः स तु जनकेन कृत्स्नशः ।
ममेति धीः पृथुममतास्पदं दृशा, स्वया परं न तु परया परीक्ष्यते ॥३५॥

यथा—गोपियाँ बोलीं कि, हे पुत्रवत्सले ! यशोदे ! मृत्युरूप दैत्य तो मर गया, तथा उसके द्वारा हरा गया बालक तो बच गया है । लो, अपने लाला को ग्रहण करो । श्रीयशोदाजी पुत्रवियोग से मृतप्राय हो गईं थीं । गोपियों के ये वाक्य ही श्रीयशोदाजी के लिये जीवनमन्त्र, एवं श्रीकृष्ण ही औषधि के समान हुए, अर्थात् श्रीकृष्ण को गोद में धरकर गोपियों ने श्रीयशोदाजी को पुनर्जीवित कर दिया ॥३०॥

इन्द्रगोपनामक वर्षाती कीटविशेषों की जाति, अर्थात् रामजी की गुड़ियाओं की जाति, वर्षा के जल को प्राप्तकर जैसे प्राण धारण कर लेती है, उसी प्रकार अचेतन अवस्था में पड़ी हुई श्रीयशोदा भी, असुर के द्वारा हरे गये पुत्र को पुनः प्राप्तकर सचेत हो गईं ॥३१॥

तदनन्तर श्रीनन्दजी एवं उनके साथ के सभी जन विस्मय, भय, एवं अत्यन्त उतावली से युक्त होकर, उसी स्थान पर आ गये । अपने अपने घर के भीतर जाने का विचार अन्य समय हो सकता है, किन्तु उस समय उन सबका विचार घर में जाने का नहीं रहा, कारण सभी का एक भाव हो रहा था, अर्थात् सभी का चित्त श्रीकृष्णवियोग से अस्थिर हो रहा था ॥३२॥

सभी व्रजवासियों का चित्त श्रीकृष्ण में ही लगा हुआ था, इसीलिये उन सबने तृणावर्त को देखते हुए भी श्रीकृष्ण को न देखते हुए से होकर, उनको देखने के लिये आगमन किया । तृणावर्त की भयंकरता को देखकर वे डरे नहीं, कारण यह है कि श्रीकृष्णनिष्ठ जो प्रेम है, वह अद्भुत आदि रसों को जीत लेता है ॥३३॥

तदनन्तर बालमुकुन्द के रक्षक पिता श्रीनन्दजी ने काँपते हुए हाथ से बालमुकुन्द को छुआ, एवं अश्रुपूर्ण नेत्र से देखा, तथा माता की गोद से बालमुकुन्द को अपनी गोद में ले लिया ॥३४॥

पश्चात् राक्षस के स्पर्श से लाला के अङ्ग में कुछ चोट अवश्य लगी होगी, ऐसी आशंका करके सभी माताओं के द्वारा लाला के सभी अवयव देख लिये जाने पर भी, पिता श्रीनन्दजी ने पुनः लाला का सब ओर से निरीक्षण किया । कारण यह मेरी वस्तु है, इत्याकारक जो ज्ञान है, वह भारी ममता का स्थान-स्वरूप है । अतः उस वस्तु की परीक्षा अपनी दृष्टि से ही भली प्रकार की जाती है, दूसरे की दृष्टि से वैसी परीक्षा नहीं हो पाती । इसलिये श्रीयशोदा के देखने पर भी, श्रीनन्दजी का चित्त स्वयं देखे बिना शांत नहीं हुआ ॥३५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ व्यग्रेहिता वृषभान्वग्रेसराः परमहिताः परस्परमपरस्परं कथयाञ्चक्रुः,—॥३६॥

'क्वायं हतस्तीव्रबलः पलाशनः, क्व तीर्णवान् सोऽयमतीव बालकः ।
किंवा स्वपापेन विहिंस्यते खलः, साधुः समत्वेन भयात् प्रमुच्यते ॥३७॥

"अथवास्माकमेव भाग्यमिदमिति योग्यम्; ॥३८॥

'तथाहि—किं नस्तपः पूर्तमशेषसौहृदं, दत्तं तथेष्टं हरि-तुष्टयेऽजनि ।
रक्षोगृहीतः पुनरेष बालकः, स्वयं स्वबन्धून् सुखयन् यदागतः ॥३९॥
समस्तार्थकरी विष्णु-भक्तिः साक्षाद्व्रजेश्वरे ।
दृश्यतां मृश्यतामन्यत् किं वा बालकमङ्गलम् ? ॥४०॥

'यतः, सर्वदा क्रमते यस्य बुद्धिः सद्भक्तये हरेः ।
स सदा क्रमते तस्य लक्ष्मीश्च क्रमतेतराम् ॥' इति ॥४१॥

"देवाश्च सकौतुकमिमं श्रीकृष्णाभिप्रायमुत्प्रेक्षाञ्चक्रिरे,—

'बालोऽहं न परिचिनोम्यभद्र-भद्रं, यः क्रोडे कलयति तद्गलं दधामि ।
तेन त्वं यदि मरणं प्रयासि कः स्वि,-द्दोषः स्यान्मम तमथ त्वमेव जल्प ॥'४२॥

तदनन्तर परमहितैषी व्रजवासीजन व्यग्रतायुक्त चेष्टा करते हुए, श्रीवृषभानुबाबा को आगे करके आपस में बारंबार इस प्रकार कहने लगे कि— ॥३६॥

देखो ! प्रचण्ड बलशाली मरा हुआ यह मांस खाने वाला राक्षस कहाँ, एवं उसके मुखसागर से उत्तीर्ण अत्यन्त छोटी अवस्था का यह बालक कहाँ ? अर्थात् एक वर्ष की अवस्था वाले इस बालक के द्वारा इतने विशाल राक्षस का मारा जाना नितान्त असम्भव है । अथवा दुष्ट खल व्यक्ति अपने पाप के द्वारा आप ही मारा जाता है । सज्जन व्यक्ति अपने समतारूप गुण से भय से स्वयं छुटकारा पा जाता है ॥३७॥

अथवा यह हमारा ही भाग्य है, जो कि बालक मृत्यु के मुख से विमुक्त हो गया, यही भाव उपयुक्त है ॥३८॥

देखो ! हम सबने पहले जन्मों में श्रीहरि की प्रसन्नता के लिये कौन सा तप, कूँवा, बावड़ी आदि बनवाना, सबसे प्रेम अथवा सम्पूर्ण प्रेम, दान तथा यज्ञ आदि श्रेष्ठ कार्य किया है, जिसके कारण राक्षस के द्वारा ग्रहण किया हुआ, यह बालक पुनरपि अपने बन्धुओं को सुखित करता हुआ, स्वयं उपस्थित हो गया ॥३९॥

अथवा ऐसी विपत्ति दूर करने के प्रति श्रीनन्दजी की विष्णुभक्ति ही हेतु है । देखो, हे गोपगण ! श्रीनन्दरायजी में सब मनोरथ सिद्ध करने वाली श्रीविष्णुभक्ति साक्षात् विद्यमान है, उसको तुम देख लो । उस विष्णुभक्ति के बिना बालक के मङ्गल के निमित्त, हम सबको और कोई विचार विमर्श नहीं करना चाहिये ॥४०॥

कारण भगवान् श्रीहरि की उत्तमा भक्ति के निमित्त, जिसकी बुद्धि सदैव उत्साहयुक्त रहती है, वह भक्त सदैव एकरस रहता है, अर्थात् वह विघ्नों के द्वारा प्रतिहत नहीं होता, उसकी शोभा सम्पत्ति भी अतिशय वृद्धि को प्राप्त होती रहती है ॥४१॥

उस समय देवतागण कौतुकपूर्वक श्रीकृष्ण के मानसिक अभिप्राय की, इस प्रकार उत्प्रेक्षा करने लग गये, अर्थात् श्रीकृष्ण के मानसिक विचार को स्वयं कहने लग गये, यथा—मैं तो बालक हूँ, भद्राभद्र

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च सर्वानर्वाचीनाभीरवीराणां सेयं मन्त्रणा जाता,—'गोष्ठमिदं दुष्टानामधिष्ठानं वृत्तम्, तस्माद्गृह एव गोपनीयमिदं बालयुगलम्' इति ॥४३॥

"ततः शङ्कातिशयमयं दिनकतिपयं नानाक्रीडनकेन क्रीडयमाना मातृसमाना गोपिका गोपिका बभूवुः। यत्र च बाल-बालिका कुलपालिकादयः सदयं समागम्य रम्यं तत्केलिकुतूहलं कलयन्ति ॥४४॥

"यथा—क्रीडनानि विविधानि तं सदा, दर्शयन्ति च मुदा हसन्ति च ।
खेलयन्ति च बलेन ता इति, स्वान्तरे परमम्ब अरक्षिषुः ॥४५॥

"ततश्च, बलेन सममन्योऽन्यं प्राबल्यं दर्शयन्निव ।
ऊर्ध्वाधोभावमासाद्य सर्वा हासयति स्म सः ॥४६॥
मातृणामग्रतो बाहू विक्षिपन् धावति स्म सः ।
दर्शयन्निव तेजः स्वं हसन् पाते रुरोद च ॥४७॥
बलं वा ज्ञानं वा कियदभवदस्येति विमृशन्
यदा गोपीसङ्घः किमपि मुहुरानेतुमदिशत् ।

(सदसद्) को मैं पहचानता नहीं। जो व्यक्ति मुझको अपनी गोद में लेता है, मैं उसके गले को धारण कर लेता हूँ, अर्थात् उसके गले से चिपट जाता हूँ। हे तृणावर्त ! गले के पकड़ने मात्र से यदि तू मरण को प्राप्त होता है, तो इसमें मेरा क्या दोष है ? उसको तू ही बता दे। ॥४२॥

तदनन्तर सभी प्राचीन बूढ़े बड़े गोपों का यह विचार हुआ कि, यह गोकुल तो दुष्टों का अधिष्ठान (स्थान) हो गया है, अतः इन दोनों बालकों को घर में ही गुप्त रखना चाहिये ॥४३॥

उसके बाद माता के समान भाव वाली गोपियाँ अत्यन्त शंकापूर्ण होकर, कुछ दिन तक अनेक प्रकार के खिलौनों से उन दोनों बालकों को खिलाती हुईं रक्षक बन गईं। उस खेल में बालक, बालिका एवं कुलपालिका (सती स्त्री) आदिक सभी सदयभाव से आकर श्रीकृष्ण बलदेव की रमणीय क्रीड़ा के कौतूहल को देखती हैं ॥४४॥

क्रीड़ा कौतुक का दर्शन इस प्रकार है कि, वे गोपियाँ श्रीकृष्णचन्द्र को सदैव अनेक प्रकार के खिलौने दिखाती हैं, तथा हर्षपूर्वक हँसने लग जाती हैं, तथा श्रीबलरामजी के साथ श्रीकृष्ण का खेल कराती हैं, किन्तु वे अपने घर में अपने सम्बन्धियों के बीच में ही श्रीकृष्ण बलदेव की रक्षा करती रहती हैं ॥४५॥

तदनन्तर श्रीकृष्णचन्द्र बलदेवजी के साथ आपस में प्रबलता सी दिखाते हुए, ऊँचे नीचे भाव को प्राप्तकर, उन सब गोपियों को हँसा देते हैं, अर्थात् अपना बल दिखाने के लिये श्रीकृष्ण, कभी बलदेवजी को नीचे पटककर उनके ऊपर चढ़ जाते हैं, कभी बलदेवजी की प्रबलता दिखाते हुए स्वयं नीचे को गिर जाते हैं, ऐसे अनोखे खेल करके सभी को हँसाते हैं ॥४६॥

श्रीकृष्णचन्द्र अपना तेज सा दिखाते हुए सभी माताओं के आगे अपनी दोनों भुजाओं को फटकारते हुए, हँसते हँसते दौड़ने लग जाते हैं, दौड़ते दौड़ते जब भूमि पर गिर जाते हैं, तब रोने लग जाते हैं, अर्थात् बाल्यलीला का स्वारस्य दिखलाते हैं ॥४७॥

इस श्रीकृष्ण का बल अथवा ज्ञान कितना उत्पन्न हो गया है, यह विचार करते हुए गोपियों का समूह, जब किसी वस्तु को लाने के लिए बारंबार आदेश देता है, तब यह बालकृष्ण कभी शक्ति को

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा शक्तिं व्यञ्जन् क्व च पुनरशक्तिं क्व च शिशुः
स पश्यंस्तद्वक्त्रं हसति च पुरा हासयति च ॥४८॥

नामादेशं यदा माता दिशते नयनादिकम् ।
कृष्णश्च कुरुते बाढं चक्रे तस्या न किं तदा ? ॥४९॥

रुदन्तमिन्दवे मन्थ-गर्गर्यां प्रतिरूपिणे ।
पिण्डेन नावनीतेन वृद्धागर्धयतार्भकम् ॥५०॥

स्वस्य स्वल्पापहारेऽपि चक्रन्द मणिहानिवत् ।
कृत्वान्यमणिहानिञ्च प्राहसीद्बालकृष्णकः ॥५१॥

निर्मञ्छनं तव भजाम कुलेश-लाल्य !, बाल्यातिमोहन ! बलानुज ! नृत्य नृत्य ।
इत्यङ्गनाभिरुदितस्थि थि थि त्थि थीति, कॢप्तेन ताल-वलयेन हरिर्ननर्त ॥५२॥

मां नर्तयत भो वृद्धा इति तासां पुरो गतः ।
भद्रं नृत्यसि भद्रस्त्वमिति स्तोत्रान्ननर्त सः ॥५३॥

प्रकाशित करते हुए, कभी अशक्ति को प्रकाशित करते हुए, उन गोपियों का मुख देखते देखते हँस जाते हैं, तथा अपनी बालमाधुरी से उनको भी हँसा देते हैं ॥४८॥

माता यशोदा जब घड़े आदि का नाम लेकर उसको लाने के लिए आदेश करती हैं, तब श्रीकृष्ण भी "अच्छा" ऐसे कहकर लाने आदि का कार्य करते हैं, अथवा तुम्हारे नेत्र कहाँ हैं, मुख कहाँ है, कान कहाँ हैं, नासिका कहाँ है ? इस प्रकार नाम लेकर यशोदाजी जब पूछती हैं, तब श्रीकृष्ण उन उन स्थानों पर हाथ धर देते हैं। इस प्रकार माँ के सुख के लिए उन ने उस समय क्या क्या कार्य नहीं किया ? अपितु सब कुछ किया ॥४९॥

चलावनी में चन्द्रमा के प्रतिबिम्ब को देखकर, उसी के लेने के लिये श्रीकृष्ण जब रुदन करने लग जाते हैं, तब कोई वृद्धा गोपी माखन का गोला दिखाकर, उसी गोले से रोते हुए कृष्ण को प्रलोभित वा वंचित कर देती है, अर्थात् बहला देती है ॥५०॥

यदि कोई व्यक्ति कृष्ण के पास से खेलने की वस्तुओं में से एक कानी कौड़ी भी चुरा लेता है, तब तो श्रीकृष्ण मणि की हानि की तरह रोने व चिल्लाने लग जाते हैं, और ये बालकृष्ण ऐसे विचित्र हैं कि दूसरे की मणि को चुराकर अट्टहास करने लग जाते हैं ॥५१॥

हे व्रजराज पुत्र ! अथवा हे कुलप्रदीप प्रतिपाल्य ! हे बालकपन से सबको मोहित करने वाले ! हे बलराम के छोटे भाई ! तुम नाचो, तुम नृत्य करो, हम तुम्हारी न्योछावर करेंगी। गोपियों के इस प्रकार कहने पर श्रीकृष्णचन्द्र गोपियों के द्वारा रचित "थि थि थि थि थि" इस प्रकार के करतालिता के संयोग से नाचने लग गये ॥५२॥

अरी बुढ़ियाओ ! "तुम मुझे नचाओ" इस प्रकार कहकर उनके आगे जाकर नृत्य करते हैं। "हे कृष्ण ! तुम सुन्दर बालक हो, नृत्य भी सुन्दर करते हो"। बुढ़ियाओं के ऐसे प्रशंसा वचनों से उत्साहित हो, श्रीकृष्ण बार बार नृत्य करते हैं ॥५३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विहसन्तीषु सर्वासु सौष्ठवात् प्रच्यवादपि ।
नृत्यन् व्रीडितवत् कृष्णो मातुरङ्केऽपलायत ॥५४॥

"क्षणं विरम्य च रम्याननःस्तनधयनमपि तत्रारब्धवान्, यद्दर्शनमनु सङ्कर्षणः सेर्ष्यमिव निजमुत्कर्षं वाञ्छन् निज-जननी-स्तनपानमारब्धवान् ॥५५॥

"तदैव च तौ लीलाभिः प्रमीलामागतौ यातृभ्यां मातृभ्यां शनैः शनैः शय्यामधिशाय्येते स्म ॥५६॥

"तदेवं सरामस्य तस्य निरोधे विधीयमाने बहिर्विजिहीर्षिते चातीव तदुपजीवनतामासन्ने योगमाया तदानुकूल्याय किञ्चित् प्रपञ्चितवती॥५७॥ यथा (भा० १०।७।३४-३५)—

'एकदार्भकमादाय स्वाङ्कमारोप्य भामिनी ।
प्रस्नुतं पाययामास स्तनं स्नेहपरिप्लुता ॥५८॥
पीतप्रायस्य जननी सुतस्य रुचिरस्मितम् ।
लालयन्ती मुखं विश्वं जृम्भतो ददृशे इदम् ॥' इति ॥५९॥

"तेन च सन्ततं विस्मयमानायां निजजायायां तस्यां कदाचित् श्रीमान् व्रजराजः पप्रच्छ,—॥६०॥

'मया यदनिष्टभयाद्बालरोधनमुपदिष्टम्, तत् किं निर्वहति ?' ॥६१॥

नाचने की सुन्दरता से एवं नृत्य करते करते भूमि में गिरने के कारण, वृद्धा गोपियाँ जब हँसने लग जाती हैं, तब श्रीकृष्ण नाचते हुए लज्जित की भाँति माता की गोद में दौड़ पड़ते हैं ॥५४॥

क्षणभर के लिये नृत्य से विराम लेकर, सुन्दर मुखवाले श्रीकृष्ण ने वहाँ पर माँ की गोद में, बैठे बैठे स्तनपान करना आरम्भ कर दिया। जिसको देखकर श्रीबलरामजी भी, मानों ईर्षाभाव से अपना उत्कर्ष चाहते हुए, अपनी माँ का स्तनपान करने लग गये ॥५५॥

उसी समय वे दोनों भैया जब खेल करते करते थककर तन्द्रा को प्राप्त हो जाते हैं, तब देवरानी जिठानीरूप दोनों माताओं के द्वारा, धीरे धीरे दोनों ही शय्या पर सुला दिये जाते हैं ॥५६॥

इस प्रकार बलरामजी के सहित श्रीकृष्ण की बाहर जाने से रुकावट होने पर, एवं उन दोनों की बाहर विहार करने की इच्छा के पुष्टि के हेतु अत्यन्त समीप आ जाने पर, योगमाया ने उनकी अनुकूलता के लिये कुछ प्रपञ्च रच दिया ॥५७॥

श्रीमद्भागवत् के १०।७।३४-३५ श्लोक में, यथा—एक समय वात्सल्य स्नेह से व्याप्त श्रीयशोदा अपने लाला को अपनी गोद में बिठाकर, स्नेह से स्वयं झरते हुए स्तन को पिलाने लग गईं ॥५८॥

जब लाला ने प्रायः स्तनपान कर लिया था, तब सुन्दर मनोहर मुस्क्यान से युक्त लाला के मुख का लालन करती हुईं माता ने जम्हाई लेते हुए लाल के मुख में इस विश्व को देखा ॥५९॥

उस विश्वरूप दर्शन के कारण निरन्तर विस्मययुक्त उन अपनी धर्मपत्नी श्रीयशोदा के प्रति, किसी समय श्रीमान् व्रजराज ने पूछा कि— ॥६०॥

मैंने जिस अनिष्ट के भय से दोनों बालकों का घर में ही रोकने का उपदेश दिया था, उसका निर्वाह भली प्रकार हो रहा है क्या ? ॥६१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सा प्राह,—'निर्वहत्येव, किन्तु वृथेति लक्ष्यते ।' व्रजराज उवाच,—'हन्त कथमिव ?' सा प्राह,—'व्रजमात्रव्रजनं वर्ज्यते । दृष्टन्तु मृष्टस्मितं जृम्भमाणस्य बालकस्य वदनद्वारा जगदेव ।' इति । अथ व्रजराजः स वैलक्ष्यमालक्ष्य लक्ष्मीजानिलक्ष्यतया मौनमालम्ब्य विलम्ब्य चोवाच,—॥६२॥

'यद्येवम्, तदा स्वजन-परायणस्य श्रीनारायणस्य विधित्सितमेव सर्वं विचिकित्सितमपि चिकित्सितं करिष्यति । तस्यैव खल्विदं वैभवम्' इति ॥६३॥

"एवं तदवधि तद्विधिना नातिनिरोधे विधीयमाने क्वचिदपि समये संयमनं समया सरामः स रामानुजः श्रीदाम-सुदाम-वसुदामादिभिः समं रमते स्म ॥६४॥

(अथ मृद्भक्षणलीला)

"तत्र विनोदेन मृददनं चक्राणे चक्राङ्कितचरणे सङ्कर्षणादयः खेलायां कलितकलहा रहस्तन्मातरं निवेदयामासुः । ये खलु तया तद्विधविधानेऽवधापिता विधीयन्ते स्म ॥६५॥

"माता च प्रच्छन्नमागच्छन्ती बाहुं गृहीत्वा पप्रच्छ,—'चपल ! किमिदं दुश्चरितमाचरितम् ?' ॥६६॥

"स तु सहसा सङ्कलिताननकमलः कातरमतिर्मातरमुवाच,—'मातर्न किमपि ।'

श्रीयशोदाजी बोलीं—निर्वाहित तो हो रहा है, किन्तु घर में रोकना व्यर्थ ही दिखाई देता है। व्रजराज बोले—हाय ! वह कैसे ? यशोदा बोलीं—व्रजमात्र में जाना ही रोका जाता है, किन्तु मैंने तो मन्दमुस्क्यानपूर्वक जम्हाई लेते हुए, इस बालक के छोटे से मुखारविन्द के द्वारा सारा विश्व ही देख लिया। तदनन्तर श्रीव्रजराज विस्मयपूर्वक विचार करके "यह बालक ही लक्ष्मीपति नारायण है अथवा नारायण का आश्रय है" इस बात को युक्तिपूर्वक समझकर मौन धारण कर कुछ विलम्ब करके बोले—॥६२॥

यदि ऐसी बात है तब तो निजजनपालक भक्तवत्सल श्रीनारायण भगवान् की, जिस कार्य के करने की इच्छा होगी, वह इच्छा ही सारे सन्देह को दूर कर देगी। यह उन्हीं का वैभव है, इस बात को तुम निश्चय जानो ॥६३॥

इस प्रकार उस समय से लेकर, श्रीव्रजराज की आज्ञानुसार बालकों की रुकावट जब ढ़ीली पड़ गई, तब किसी समय अपनी चौपाड़ (चतुःशाला) के पास वह श्रीकृष्ण, बलदेवजी के सहित एवं श्रीदामा, सुदामा, वसुदामा आदि सखाओं के साथ क्रीड़ा करते हैं ॥६४॥

अथ मृत्तिका भक्षण लीला—वहाँ पर चक्र के चिह्न से अंकित चरण वाले श्रीकृष्ण, खेल खेल में विनोद से जब मिट्टी खाने लग गये, तब जो उस प्रकार के अनिष्ट कार्य के निवारण के लिये, श्रीयशोदाजी द्वारा पहले ही सावधान कर दिये थे। वे ही श्रीबलरामजी आदि सखागण खेल में कलह मचाकर, एकान्त में उनकी माताजी को निवेदन कर देते हैं ॥६५॥

माताजी ने भी गुप्तरूप से आकर श्रीकृष्ण की भुजा पकड़कर पूछा कि, अरे चंचल ! तूने यह क्या दुश्चरित कर ड़ाला ? ॥६६॥

यह सुनकर श्रीकृष्ण ने अपने मुखकमल को नीचा करके, व्याकुलचित्त से सहसा माता को कहा कि, माँ ! कुछ नहीं किया। माता बोली—तूने माटी खाई है ? पुत्र बोला—इस बात को कौन कहता ? माता

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"माता प्राह,–'मृत्तिकामत्ति स्म भवान् ।' सुत उवाच,–'क इदं वदति ?' माता प्राह,–'सर्व एव तव सवयसः ।' सुत उवाच,–'एते खलु निज-निज-वस्त्यान्मधुरवस्तूनि मुष्णन्तः सतृष्ण-मत्रपमत्र परस्परमश्नन्ति, तदनङ्गीकृतवतः कपाटितरदने मम वदने प्रथमं समं बलाच्छलादपि समर्पयन्ति, तच्च त्वयि सनिर्वेदं निवेदयितुमिच्छोर्मम तुच्छं सविवादं दुर्वादमेतमवादिषुः ।' माता सुविस्मितमूर्ध्वमधो मूर्धानमाधूय सस्मितमुवाच,–'सव्याजराज ! तवाप्यग्रजः सोऽयं व्यङ्ग्यति, तत्र किं वदिष्यसि ?' सुत उवाच,–'एते सर्व एव वीथ्यां वीथ्यां मिथ्याभिशंसिनः ।' माता प्राह,–'सच्छलप्रलपित ! भो मत्पितः ! बलभद्रः किमिति प्रमिति-रहितमभद्रं वदतु ?' सुत उवाच,–'अयमप्येतद्गणपातीति । तथान्येद्युर्मृत्तिकामत्ति स्म, तदवद्यं निवेदयितुमुद्यतं मद्वचनं मृषोद्यतामासादयितुम्' इति । माता तन्मुखं धृत्वा सहासमाह स्म,–'किमिदं चिरं निगिरन्नसि ?' सुत उवाच,–'उक्तमेव मम लपने बलाद्गलान्तःप्रवेशाय किमपि न्यस्तं समस्तैः ।' इति । माता प्राह,–'धूर्त ! कथं जानीयाम् ?' सुत उवाच,–'साम्प्रतं मम मुखमेव निरीक्ष्यताम् ।' माता ससंरम्भस्मितमुवाच,–'व्यादेहि, पश्यामः ।' ततश्च भयेन स एष मृच्चिह्नितमप्यह्नाय वदनं व्याददौ ॥६७॥

बोली—तुम्हारे सभी सखागण । पुत्र बोला—देख मैया ! ये सब अपने अपने घर से मीठी मीठी वस्तुओं को चुराकर, तृष्णापूर्वक निर्लज्ज होकर आपस में दिखा दिखाकर, यहाँ हमारी चौपाड़ पर आकर मिलकर खाते हैं । मैंने जब इनकी चोरी की चीज खाने को अंगीकार नहीं की, तब किवाड़ों से बन्द हुए दरवाजे की तरह, दाँतों से रुके हुए मेरे मुख में पहले एक साथ बल एवं छल से भी अर्पण करते हैं । मैं इस सारे वृत्तान्त को खेदपूर्वक तुम्हारे प्रति निवेदन करना ही चाहता था, इतने में मेरे भाव को ताड़कर, इन सबने मुझसे भी पहले, तुच्छ विवाद के सहित इस झूठे मूठे दुर्वाद को बना कर तुम्हारे पास कह दिया है ।

माता अत्यन्त विस्मित होकर, अपने मस्तक को ऊँचे नीचे की ओर कम्पित कर, ईषद् हास्यपूर्वक बोली कि—हे कृष्ण ! तुम तो छलियों के राजा हो, तुम्हारे ये बड़े भैया भी तो उसी बात को कह रहे हैं, उस विषय में तुम क्या कहोगे ? पुत्र बोला–ये सब तो गली गली में अपनी अपनी श्रेणी में झूँठ बोलते रहते हैं । माता बोली—हे छलपूर्वक बोलने वाले ! हे मेरे बाप ! यह बलदेव प्रमाण रहित अमङ्गल वाक्य क्यों बोलेगा ? पुत्र बोला—अरी मैया ! ये भी तो उसी श्रेणी के अन्तर्गत हैं । देख माँ ! ये दादा भैया भी अन्य एक दिन मिट्टी खा रहे थे । इनके उस निन्दनीय कार्य को निवेदन करने के लिये जब मैं उद्यत हुआ, तब मेरे वचन को मिथ्या बनाने के लिये ये भी मिथ्या बात बना रहे हैं ।

माता कृष्ण के मुख को पकड़कर हास्यपूर्वक बोली—बहुत देर से तू यह क्या निगल रहा है ?

पुत्र बोला—मैंने पहले ही कहा था कि मेरे मुख में बलपूर्वक गले के भीतर प्रवेश कराने के लिये, इन सबने कोई वस्तु अर्पण कर दी है । माता बोली—धूर्त ! मैं इस बात को कैसे जान सकूँ ? पुत्र बोला—इस समय मेरे मुख को ही देख लो ।

माता क्रोध एवं हास्य सहित बोली—मुख फैला, मैं देखती हूँ । तदनन्दर श्रीकृष्ण ने माता के भय से मिट्टी के चिह्न से युक्त भी अपने मुखको शीघ्र फैला दिया ॥६७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततस्तद्भयमवदधाना समादधाना च रसान्तरेण मातुः कोपशान्तये तदन्तर्योगमायाता सा योगमाया पुनर्विश्वं दर्शितवती ॥६८॥

"तत्र चेदं व्रजेश्वरी परामर्श,—

'अहो बहिरिवेक्ष्यते जगदिदं मुखाभ्यन्तरे
शिशोस्तदनु भूरियं भुवि च माथुरं मण्डलम् ।
इह व्रजकुलं यदन्वपि मया धृतो बालकः
स एव तदहो कथं किमिव हन्त किं सिध्यति ?' ॥६९॥

"अथ पुनः स्वप्नादिकमनल्पं कल्पयित्वा पश्चिममिदं निश्चिकाय,—॥७०॥

'अहं यशोदास्मि पतिर्व्रजाधिपः, सुतः स एष स्वमिदञ्च गोकुलम् ।
प्रतीयतेऽथापि शिशोर्मुखे जगद्,-यन्मायययेत्थं कुमतिः स मे गतिः ॥'७१॥

"तदेवं स च नारायणस्तद्भावपरायणतां तामनुनितान्तां विचारयन्नात्मनः परमाभिरुचि-परिचितावितर्भावे तस्मिन्नेव विस्मितिनिचितं जनन्युचितस्नेहमेव देहयामास । यं खलु (भा० १०।९।२०) 'नेमं विरिञ्चः' इति वक्ष्यमाणानुसारेण समस्तानि शास्त्राणि सदा प्रशस्ततया गायन्ति ॥७२॥

उसके पश्चात् श्रीकृष्ण के भय को जानती हुई, एवं उनके कार्य का समाधान करती हुई, उस योग-माया ने श्रीकृष्ण के अन्तःकरण का संयोग प्राप्तकर, माता का कोप शान्त करने के लिये, माता को दुबारा भी श्रीकृष्ण के मुख में विश्व को दिखा दिया ॥६८॥

जिसमें श्रीव्रजेश्वरी ने यह परामर्श किया कि, अहह ! कैसी आश्चर्य की घटना है ? देखो, यह जगत् बाहर जिस प्रकार दिखाई देता है, पुत्र के मुख के भीतर भी वैसा ही दिखाई पड़ता है । उसके बाद यह भूमि, भूमि में भी मथुरामण्डल, मथुरामण्डल में भी गोकुल, गोकुल में व्रजकुल विद्यमान है, तथा मैंने भी इस व्रजभूमि के बीच में उसी बालक को पकड़ रक्खा है । इसलिये अहो ! यह क्या ? किस प्रकार से है ? हाय ! यह क्या अनिष्ट घटना सिद्ध हो रही है ? ॥६९॥

तदनन्तर विशाल स्वप्न आदि की बहुत सी कल्पना करके, पीछे यह निश्चय किया कि— ॥७०॥

मैं यशोदा हूँ, व्रजाधिप मेरे पति हैं, यह वही मेरा पुत्र है, एवं अपना यही गोकुल भी प्रतीत हो रहा है, तथापि मेरे लाला के मुख में यह सारा जगत् जिसकी माया से दिखाई पड़ रहा है, एवं जिसकी माया से इस प्रकार मेरी कुमति हो रही है, वही मेरी गति है, अर्थात् वही प्रभु मेरे स्वभाव की स्थिरता करें ॥७१॥

इस प्रकार की प्रार्थना के अनन्तर उन्हीं श्रीनारायण ने उन श्रीयशोदा को नितान्त पुत्रभाव परायण विचार करते हुए, अपनी परम रुचि द्वारा ही परिचित है अवतार जिनका, उन श्रीकृष्ण में ही विस्मय से व्याप्त माता के उचित स्नेह को ही बढ़ा दिया, अर्थात् वात्सल्यपूर्ण हृदयवाली श्रीयशोदा के प्रति ईश्वरता-बुद्धि प्रकाश करना अयोग्य है, ऐसा विचारकर श्रीनारायण ने अपने से भी परात्पर स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण में ही, मातृजनोचित स्नेह को प्रकाशित कर दिया । देखो ! जिस स्नेह को श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध में "नेमं विरिंचो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया" इत्यादि वक्ष्यमाण श्लोक के अनुसार समस्त शास्त्र सर्वदा स्तुतिपूर्वक गान करते हैं ॥७२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

(अथ फलक्रय-लीला)

"अथ कौतुकान्तरश्चान्तरमानीयताम् । तदेवं सर्वानन्दनः श्रीमान्नन्दनन्दनः (भा० १०।११।१०) 'क्रीणीहि भोः फलानीति' गीतिरीतिरोचनवचनं कर्णयोरारचयन्नेव चपललोचनः किञ्चनाप्यशोचन्नेव च लघुनापि पाणियुगलेन लघुतया पुरः पतितधान्यपुञ्जतः पूर्णमञ्जलिमादाय तदभिमुखं जगाम । किन्तु द्रववशादल्पकाञ्जलितः स्खलितमिदमिति भिदां न विदाञ्चकार, केवलमेव करयुगलं क्रय्यफलपूरिततत्पत्रपात्रोपरि परिवृत्त्या च चालयामास ॥७३॥

"ततश्च सा स्मितवती स्मितदिग्धतन्मुखमाधुरी साधुरीतिभिः स्निग्धहृदया व्यञ्जित-स्पृहावलीं तदञ्जलिं फलवलयेन भिक्षयन्ती दूरत एव सञ्चलनमुद्रामपि शिक्षयन्ती सकलेन तु पूरयितुं शशाक ॥७४॥

"निजभाजनं फलरिक्तं बभूव वा न वा किमिति तु न विवित्तं चकार । गृहाभ्यन्तरेणान्तरिते तु तस्मिन्निजं पत्रजममत्रमयत्नतया रत्नपूरितमप्यनिभाल्य भारमप्यसंभाल्य तन्माधुर्यावेशाभिनिवेशवती स्वजनानामपि शर्मजननाय बहुलफलावलि-बलिसमानयनाय च निजनिलयमेव जगाम । किन्तु गृहं गत्वा ज्ञातमणितत्त्वाप्यकुण्ठासकृदुत्कण्ठावहेन तन्मुखशोभाभरविरहेण सा धन्या हारितमहाधनम्मन्या बभूव, यत एव सा कृष्णदृश्वरी विश्वमपि विसस्मार ॥७५॥

अथ फलक्रय लीला—तदनन्तर मधुकण्ठ स्निग्धकण्ठ से बोला कि, अब भगवान् का दूसरा कौतुक (खेल) अपने अन्तःकरण में लाओ, अर्थात् अब मैं दूसरी लीला प्रारम्भ करता हूँ, उसे ध्यान लगाकर सुनो । इस प्रकार सबके आनन्ददाता श्रीमान् नन्दनन्दन फल बेचने वाली के "फल खरीद लो, फल", इत्यादि गायन की रीति से मनोहर वचन को कानों से सुनते ही चञ्चलनेत्र हो, कुछ भी न सोचते हुए ही, छोटे छोटे भी अपने दोनों हाथों से, शीघ्रतापूर्वक सामने पड़े हुए धान्य के ढ़ेर में से पूरी अंजली को ग्रहणकर, उस फल बेचनेवाली के सन्मुख चल दिये । किन्तु चलने के वेग के कारण, छोटी सी अंजली से यह धान्य गिर गया, इस बात के भेद को भी न जान सके, केवल अपने करयुगल को ही खरीदने के योग्य फलों से भरी हुई फल बेचनेवाली की डलिया के ऊपर बारंबार चलाने लग गये ॥७३॥

तदनन्तर वह फल बेचनेवाली हँस गई, तथा मृदु मधुर मुस्क्यानयुक्त श्रीकृष्ण के मुखमाधुरी की सुन्दर रीतियों द्वारा उसका हृदय स्निग्ध हो गया, तब वह फलसमूह द्वारा भिक्षा करनेवाली मालिन, दूर से ही फल धारण करने की शिक्षा को देती हुई, श्रीकृष्ण की इच्छा को प्रगट करनेवाली उनकी अंजली को समस्त फलों द्वारा पूर्ण करने को समर्थ हुई ॥७४॥

किन्तु श्रीकृष्ण की माधुरी के दर्शन से मुग्ध होने के कारण, अपने फलों की डलिया खाली हो गई या नहीं, इस बात की विवेचना न कर पाई, परन्तु फल लेकर श्रीकृष्ण जब अपने घर में छिप गये, तब तो पत्तों से बनी हुई अपनी डलिया को जो अनायास रत्नों से भरी है उसको भी न देखकर, भार को भी न सँभाल कर, श्रीकृष्ण के माधुर्य में अभिनिविष्ट हो एकाग्रचित्त हो गई, और अपने सम्बन्धियों के भी सुख को उत्पन्न करने के लिये, तथा बहुत से फलसमूहों की भेट लाने के लिये अपने घर ही चलीगई । किन्तु घर को जाकर मेरी डलिया रत्नों से भरी है, इस तत्त्व को जानकर भी, रुकावटरहित बारंबार उत्कण्ठा को

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स तु विविधदुर्विधशर्मविधानसन्निधानः स्वयं लब्धनिधानवदतिसावधानपाणिर्नृत्यन्निव मातुः समीपमञ्चन्मधुरचञ्चलेहितस्तस्या निचोलाञ्चले निर्बन्धतः सकलानि फलानि बबन्ध ॥७६

"माता चोवाच,—'पुत्र ! कुत्र लब्धानि तानीमानि ? सुतस्तु बाल्यभावादर्धार्धवर्णं वर्णयामास,—'कदाचित् काचिदाचितफला धान्यानि मूल्यमादाय धन्या मयि चानुकूल्यमाधाय समर्पितवती ।' मातोवाच,—'वत्स ! गृहजनवत् सर्वतः प्रतीतिं मा कृथाः' इति । सुतस्तु,—'का खल्वप्रतीतिरिति च न विदाञ्चकार ।' क्षणतश्च तां गतां निरीक्ष्य पुनरागतः सक्षणतया जनाय तत्फलविभजनाय जननीं नियोजयामास ॥७७॥

"माता चामन्देनानन्देन कृतस्पन्देन करद्वन्द्वेन तानि विभजन्ती तदन्तोर्क्वांतं नाससाद, दिनकतिपयं विस्मयवशा स्मयमाना वसति स्म । तदास्वादकराश्च लब्धचमत्कारा न विस्मरन्ति स्म ॥७८॥

"अथ लीलान्तरमुद्भावयितुमेवं विभाव्यते,—॥७९॥

बढ़ाने वाले, श्रीकृष्ण की शोभा के अत्यन्त विरह से धन्य भी, वह रमणी विचार करने लगी कि, उस श्रीकृष्ण दर्शन के अपूर्व सुख को छोड़कर, मेरा कोई महारत्न हरा गया है, अर्थात् उसने अपने को किसी सर्वोत्कृष्ट धन से रहित माना। सच्चिदानन्दमय उस चैतन्यकृष्णमणि को छोड़कर, इन अचेतन मणियों से मेरा क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? उस अचिन्त्यमहामणि के विरह से श्रीकृष्ण का दर्शन करनेवाली, वह फल संसार को भी भूल गई। भावार्थ—श्रीकृष्णदर्शनमाधुरी की मादकता ऐसी ही है ॥७५॥

जो स्वयं तो अनेक प्रकार के दरिद्रियों के सुखविधान के लिये सुन्दर खजाने के समान हैं, वे ही श्रीकृष्ण फलों को लेकर मानों खजाना ही मिल गया है क्या, उसकी भाँति अपने फल भरे दोनों हाथों को सावधान करके, नाचते हुए से माता के पास पहुँचगये, तथा मधुर चञ्चल चेष्टा से युक्त होकर, माँ की चूनरी के पल्ले में आग्रहपूर्वक सारे फलों को बाँध दिया ॥७६॥

माता बोली—लाला ! ये सारे फल तुझको कहाँ मिल गये ? पुत्र ने तो बाल्यभाव से आधे आधे वर्ण बोलकर वर्णन किया कि—अरी मैया ! देख, कोई एक धन्य भाग्यवाली मालिन फलों को एकत्रित करके यहाँ हमारे द्वार पर आई, उसने मूल्यस्वरूप धान्यों को लेकर, मेरे प्रति अनुकूलता धारणकर समर्पण कर दिये। माता बोली—लाला ! देख, घर के जनों की तरह सब लोगों का विश्वास नहीं करना। बेटा ने कहा कि, मैया ! अविश्वास नाम की कौन वस्तु है ? में नहीं जानता। पश्चात् द्वार पर जाकर वह फल बेचने वाली चली गई है, उसको देखकर क्षणभर में पुनः माँ के पास आकर, आनन्दपूर्वक सभी जनों के लिये उन फलों को बाँटने के लिये माता को नियुक्त कर दिया ॥७७॥

माँ यशोदा भी बड़े आनन्द के साथ चलते हुए अपने दोनों हाथों से पस भर भर के, उन फलों को सबके लिये बाँटती हुई, उन फलों का अन्त न पा सकी, अर्थात् सबको बाँटने पर भी फल बचे ही रहे। किन्तु माता तो कुछ दिन तक विस्मय के वशीभूत होकर मुस्क्याती ही रह गईं। उन फलों का स्वाद लेने वाले भी चमत्कार को प्राप्त होकर, उन फलों के स्वाद को न भूल सके ॥७८॥

अब दूसरी लीला को वर्णन करने के लिये मधुकण्ठ ने इस प्रकार विचार किया कि— ॥७९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'गोकुलेषु किल शीलमीदृशं, यद्दिवा वनमयन्ति गोनराः ।
योषितः प्रचुरगव्यसंस्क्रियां, क्रीडनं रहसि बालतर्णकाः ।।' इति ।।८०।।

"तदा चैकदा गृहव्ययपयःकृते समीपकृते वत्स-सद्मनिरुद्धद्वारान् शकृत्करिसारान् बालहरिः परितः स्थितबालकजालः कलयामास ।।८१।।

"तत्र च—वत्सीर्मत्वा तदा धेनुश्छागतोकानि वत्सकान् ।
आत्मानं गोदुहं बाला गोदोहमनु निर्ममुः ।।८२।।
वत्सीषु यर्हि गव्यन्तो गोदुहन्ति स्म तेऽर्भकाः ।
तेषां प्रहासजाभासः पयस्यन्ते स्म तास्तदा ।।८३।।
इयेष च यदा धेनुचारणानुकृतिं प्रति ।
मन्त्रयित्वा तदा कृष्णः प्रामुञ्चन्नववत्सकान् ।।८४।।
रक्षामिच्छू वत्सपुच्छं गृह्णानौ रामकेशवौ ।
तदाकृष्टतया गोष्ठे बालैर्बभ्रमतुस्तराम् ।।८५।।

"तच्च तर्णकानुगतया तयोः प्रथममभ्यर्णागमनमाकर्ण्य निर्वर्ण्य च वरवर्णिन्यः स्खलद्वर्णं वर्णयामासुः ।।८६।।

गोकुल में इस प्रकार की रीति है कि, दिन में गैया और ग्वारिया तो बन में जाते हैं। गोपियाँ प्रचुर दूध दही का संस्कार, अर्थात् दूध औटाना, दही जमाना, दही चलाना आदि कार्य करती रहती हैं, छोटे छोटे बालक और बछड़े एकान्त में क्रीड़ा करते रहते हैं ।।८०।।

उस समय एक दिन घर में ही जिसका व्यय हो जाता है, ऐसे दूध दही के लिये पास वाले बछड़ाओं के खिड़क में चारों ओर बालक समूह से घिरे हुए श्रीबालकृष्ण ने दरवाजा जिनका मुंदा हुआ है, ऐसे श्रेष्ठ श्रेष्ठ अनेक बछड़ों को देखा ।।८१।।

वहाँ पर छोटे छोटे बालक, छोटी छोटी बछड़ियों को गैया मानकर, एवं बकरी के बच्चों को बछड़ा मानकर, तथा अपने को गैया दुहने वाला मानकर, गोदोहन का अनुकरण करने लग गये ।।८२।।

वे बालक जब छोटी छोटी बछड़ियों में गैयाओं का सा व्यवहार करते हैं, तथा अपने में गोदोहन करने वाले गोपों का सा आचरण करते हैं, उस समय उन बालकों की ऊँचे हास्य से जो प्रभा उत्पन्न हुई, वे दुग्ध का सा आचरण कर रही थीं, अर्थात् बालकों की हँसी दूध के समान स्वच्छ मालूम पड़ती थी ।।८३।।

श्रीकृष्णचन्द्र ने जब बलदेवजी के सहित विचार करके गोचारण के अनुकरण की इच्छा की, उसी समय उन ने नये नये बछड़े खूंटाओं से खोल दिये ।।८४।।

बछड़ों की रक्षा की इच्छा से युक्त कृष्ण बलदेव दोनों ही भैया बछड़ों की पूंछ पकड़कर, उन बछड़ों से खिचने के कारण, बालकों के सहित उस खिड़क में बारंबार चक्कर लगाते हैं ।।८५।।

वत्सगणों के अनुगमनपूर्वक कृष्ण बलदेव आज पहले ही खिड़क में आये हैं, इस बात को सुनकर तथा क्षणभर में वहाँ आकर स्वयं देखकर, गोपियाँ गद्गद वाणी से उनकी शोभा का वर्णन करने लग गईं ।।८६।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथाहि गीतम्,—

'बलकृष्णौ बलवलितविलासौ, खेलत इह सखि सखिकृतहासौ ॥ध्रु॥
तर्णकपुच्छधृतिव्यापृतिनौ, प्रणयकलित-कलिकलने कृतिनौ ।
गृहगृह-वीक्षणसक्षणनेत्रौ, धेनुपालतुलया धृतवेत्रौ ।
द्रुततर्णकमनुविद्रुतवन्तौ, श्रेणीयितचलवेणीमन्तौ ।
शारदवार्षिकवारिदवपुषौ, चललोचनरुचिचपलांशुजुषौ ।
स्खलदलकद्युतिवलयितलपनौ, अलिललिताम्बुजकमलग्लपनौ ।
नीलकनकरुचिशुचिलघुवसनौ, चञ्चलचरणस्फुटरटरसनौ ॥' इति ॥८७॥

"तदेवमङ्गनादङ्गनाद्व्रजाङ्गनाभिरहंपूर्विकयानुगम्यमानौ, विहिताकस्मिकपर्व-सुख-दोहनसर्वमोहनतयाधिगम्यमानौ, संवाद-विवाद-परीवाद-बन्धुरबन्धूनामभ्यर्णतया निर्वर्ण्यमानौ, तादृशाकर्णननिवर्णनमनु परस्परं वर्ण्यमानौ, तासु च काभिश्चिदमृतमनृतं कुर्वता प्रति चर्वणं सरसेन रसविसरेण भोज्यमानौ, तद्वदेकाभिर्निजगृहाजीव्य-दीव्यमणिहारमुपहारमुपहारं हारितयोपयोज्यमानौ तद्वद्वर्ण्यमानौ, तासु च काभिरपि प्रेमानुगम्यरम्यवचन-प्रचयरचनया

गोपियों का गायन इस प्रकार है, यथा—अरी सखि ! देख, कृष्ण बलराम सामर्थ्यसंयुक्त विलास द्वारा सखाओं से हँसी करते हुए, इस खिड़क में खेल रहे हैं। दोनों ही बछड़ाओं की पूंछ धारण करने में लगे हैं, एवं दोनों ही प्रणयसंयुक्त कलह करने में बड़े कुशल हैं। प्रत्येक घर देखने के लिये दोनों के ही नेत्र उत्सवपूर्ण हो रहे हैं। गोपालों की तरह दोनों ही बेंत धारण किये हुए हैं। भागते हुए बछड़ों के पीछे पीछे भाग रहे हैं। दोनों ही गुथी हुई चञ्चल चुटिया धारण किये हुए हैं। एक जने का शरीर शरद्ऋतु के बादल के समान शुक्लवर्ण का है, तो दूसरे का शरीर वर्षाकाल के सजल मेघ के समान श्यामवर्ण का है। चञ्चल नेत्रों की प्रभा के द्वारा दोनों ही बिजली की सी किरणों को प्राप्त कर रहे हैं। बिखरी हुई अलकावलियों द्वारा दोनों का ही मुख ढ़का हुआ है। इससे यह प्रतीत होता है, मानों भ्रमरों से युक्त सुन्दर निर्मल श्वेत नील दो कमलों की शोभा को अपनी शोभा से फीकी कर रहे हैं। दोनों के ही छोटे छोटे निर्मल नीलाम्बर पीताम्बर वस्त्र हैं। दोनों की ही रोनादार कोंधनी चञ्चल चरणों के कारण मनोहर शब्द कर रही है ॥८७॥

अतएव इस प्रकार प्रत्येक आँगन से सभी व्रजाङ्गनायें "मैं आगे जाऊँगी, मैं आगे जाऊँगी" इस प्रकार बोलकर दोनों के पीछे पीछे अनुसरण करने लग गईं। जिनके दर्शन मात्र से ही अकस्मात् आनन्दोत्सव उपस्थित होता है, एवं जो सब को ही मोहित करने में समर्थ हैं, इस प्रकार दोनों को अनुभव पूर्वक जान गईं। संवाद (परस्पर आलाप), विवाद (परस्पर कलह), परीवाद (दूसरे के प्रति अपवाद) इन सब प्रकार के विषयों में ऊँचे नीचे मनोहर बन्धुगणों के निकट होकर दोनों ही दृष्टि गोचर होने लग गये, जिससे ऐसा अद्भुत वर्णन सुना जाता है। बन्धुगणों के उसी सुन्दर वर्णन का लक्ष्य करके आपस में, बारंबार दोनों की ही प्रशंसा करने लग गईं। उन सब व्रजाङ्गनाओं में से कोई कोई गोपियाँ सुन्दर रस का विस्तार करके, प्रत्येक ग्रास में अमृत को व्यर्थ कर देनेवाले सरस भोजन कराने लग गईं। उसी प्रकार कुछ व्रजाङ्गनायें अपने घर के उपजीव्य (प्रतिष्ठावर्धक) सुन्दर मणिमय हार को, उपहार में देकर रमणीय भाव से व्यवहार करने लग गईं। उसी प्रकार कुछ गोपियाँ प्रेमानुगत मनोहर वचनावली की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कञ्चन कालं वरिवस्यमानौ, किञ्चान्याभिः समुत्तम्भितकर्णतर्णककृताकृष्टि-दृष्टितः शस्यमानवत् परिहस्यमानौ, तद्वदन्यतराभिस्तन्मधुर-चकुर-चिकुर-चञ्चुरता-प्रचुर-चञ्चलतां निचाय्य चातुर्यतश्चरितमिदं 'भवन्मातृचरणेषु गोचरयामः' इति सूचनया तस्माद्वर्ज्यमानौ, ताभिरेव मातर-पितरावारभ्य गणनालभ्य-कुलालि-गालिपालिमुपलभ्य कलितव्यलीकमिव सकोलाहल-प्रणयकलित-कलितया तर्ज्यमानौ, बलगोपालनामानौ वल्गुबाल्यवयसा समानौ खेलां कलयामासतुः ॥८८॥

"अथ मातरावपि जातावमू कुत्र यातावि ति कातरायमाणनयने निर्जनताजनित-स्वैरताभागयने व्रजनीवृदयने रुषा निन्दिताभिरुपमातृभिर्मुदा वन्दिताभिरपि तदभिधातृ-यातृभिः सममेव गृहतः कृतनिर्याणे स्वयमेव सम्यग्मृगयमाणे दर-सरसिजनिजचिह्न-विगत-निह्नव-चरण-लक्षण-विलक्षणवर्त्मबलनेन महिलानां कुतूहलकोलाहलावकलनेन च समया समयाञ्चक्राते । तदा च निजागमनवर्जनीं तर्जनीमभिचाल्य प्रच्छन्नतया निभाल्य तस्माद-कस्मादनयोर्बाहू जगृहतुः । बालकास्तु सर्वतः सर्व एव दुद्रुवुः; महिलाश्च काश्चनानुकूल्यतः काश्चन प्रातिकूल्यत इव च तयोश्चापल्यं लपन्त्यः सममेव मातृभ्यामभ्याययुः । धात्र्यस्तु बालयोरतीव स्नेहमात्र्यस्तर्णकानादाय तदभ्यर्णमाजग्मुः ॥८९॥

रचना द्वारा कुछ समय तक दोनों की ही सेवा करने लग गईं । किंच अन्य गोपियाँ जो बछड़ा दोनों कानों को ऊँचे करके खड़े हैं, उन सब बछड़ों के आकर्षक दर्शन करने से प्रशंसनीय व्यक्ति की तरह, उन दोनों से परिहास करने लग गईं । उसी तरह अन्य गोपियाँ उन दोनों के मधुर एवं रमणीय केश कलाप की कुटिलता तथा पूरी चञ्चलता का परिचय पाकर "चतुराई पूर्वक तुम्हारे इस चरित्र को तुम्हारी पूजनीय माताओं के कर्णगोचर करेंगी" इस प्रकार का भाव सूचित कर उस स्थान से दोनों भैयाओं को छोड़ कर चल दीं । ये सब गोपियाँ ही प्रथम इन दोनों के द्वारा अपने पिता माता से आरम्भ करके, गिनती के द्वारा जितनी दूर जाया जा सके वहाँ तक मातामह, पितामह आदि की वंशश्रेणी की गालियों को प्राप्तकर, एवं बनावटी कपट सा प्रकट करके कोलाहल के सहित, मानों प्रेमकृत कलह प्रकाशित करके, दोनों को ही फट-कारने लग गईं । इस प्रकार बलराम एवं गोपाल नाम वाले दोनों भाई जो कि मनोहर बाल्यावस्था से प्रायः समान ही थे, सर्वमनोहर क्रीड़ा को करते थे ॥८८॥

तदनन्तर यशोदा रोहिणी दोनों मातायें भी ये दोनों बेटा कहाँ चले गये हैं, ऐसे कह कर कातर नेत्र युक्त होकर, निर्जनता से उत्पन्न स्वच्छन्दता पूर्वक गमन वाली होकर, व्रजमण्डल के मार्ग में जाने के लिये उद्यत हो गईं, तथा क्रोध से जिनको फटकारा ऐसी धाइयों के साथ, एवं प्रेम से जिनकी वन्दना की है ऐसी, तथा कृष्ण बलदेव कहाँ गये है इस बात को कहने वाली, भ्रातृपत्नियों (भौजाईयों) के साथ एक सङ्ग ही घर से निकलकर, स्वयं ही अच्छी प्रकार ढूँढ़ने लग गईं । शंख एवं कमल के समान निज चिह्नों द्वारा जिनका गुप्त रखना दूर हो गया है, ऐसे चरणों के चिह्नों द्वारा विशेष लक्षणयुक्त मार्ग का आश्रय लेकर "इस मार्ग से दोनों गये हैं" इस प्रकार के कथनोपकथन से, एवं कौतुकमय कोलाहल जान करके व्रजमहिलाओं के पास गईं । और उस समय अपने आने को निषेध करने वाली तर्जनी अंगुली को सब गोपियों की ओर चलाकर, अर्थात् हम दोनों के आने को कृष्ण बलदेव न जान सकें, इस भाव से सब ओर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तदारभ्य वीथीं वीथीमुपलभ्य कुतुककर्मा बलानुजन्मा सह सहचरः कोलाहलं कलयामास। तदा च कदाचिन्निजतनूजलभ्यप्रागल्भ्यस्पृहिणी व्रजेशगृहिणी तदानन्दबृंहिणी-भिर्विवदमानाभिरिव दीयमान-तदीयमान-समानाभिरुपालम्भसमाधानलम्भनवाकोवाक्य-व्यङ्ग्यचमव्यङ्ग्यमभ्यधायि ॥९०॥

"तत्र सभायां सा यथा—

आसीना कनकासने सुतयुता श्रीमद्व्रजाधीश्वरी
पीठश्रेणिमुपाश्रिता व्रजवधूर्नानात्मभावश्रियः।
कृष्णप्रेमसुधामहोमयगिरामास्वादनाद्विन्वती
ताभिश्च प्रतिधिन्विताखिलसभा शोभाङ्गयष्टिर्बभौ ॥९१॥

"वाकोवाक्यं यथा—

'तव सूनुर्मुहुरनयं कुरुते। अकुरुत किंवा व्यङ्गितकुरुते! ॥ध्रु॥
मुञ्चति वत्सान् भ्रामं भ्रामम्। साचिव्यं वः कुरुते कामम् ॥

अंगुली का इशारा करके, गुप्त रूप से ही दोनों को देखकर, उस स्थान से अकस्मात् झटपट आकर, इन दोनों की दोनों भुजायें पकड़ लीं। किन्तु सारे बालक तो चारों ओर भाग गये। महिलायें भी कोई कोई ा की तरह एवं कोई कोई प्रतिकूलता की तरह, उन दोनों भैयाओं की चञ्चलता का वर्णन करती दोनों माताओं के साथ आगईं। बालकों की अत्यन्त स्नेह भाजन धाइयाँ भी बछड़ों को लेकर, उन्हीं के निकट आ गईं ॥८९॥

तदनन्तर उस समय से लेकर प्रत्येक आँगन में, प्रत्येक गली में उपस्थित होकर, बलदेवजी के छोटे भैया श्रीकृष्ण कोतुक की रचना करके, अपने सखाओं के सहित कोलाहल करने लग गये। उस समय किसी दिन जब व्रजेश्वरी अपने पुत्र की स्वाभाविक प्रगल्भता (उद्दण्डता) को देखने की इच्छा करती हैं, तब व्रजेश्वरी के आनन्द बढ़ाने की इच्छा करने वाली, कुछ विवाद सा करने वाली, एवं कृष्णचन्द्र जिनको माता के समान मान देते हैं, अतः श्रीयशोदा की समान कक्षावाली, कुछ गोपियोंने, महाकुलोत्पन्न पुत्र का ऐसा कार्य अत्यन्त अनुचित है, इस प्रकार तिरस्कार एवं तिरस्कार का जिससे समाधान हो, इस प्रकार के उक्ति प्रत्युक्ति रूप चिह्नों द्वारा चिह्नित विषय को पूर्णरूपेण स्पष्ट कहा ॥९०॥

उस सभा में श्रीव्रजेश्वरी की शोभा, यथा—श्रीमती व्रज की अधीश्वरी यशोदा अपने पुत्र के सहित सुवर्णमय सिंहासन पर बैठी हैं। व्रज की गोपियाँ भी अपनी अनेक प्रकार की भाव सम्पत्ति को ग्रहण करके आसनों की पंक्ति पर बैठी हैं। श्रीकृष्ण के प्रेमसुधारूप उत्सवपूर्ण वाक्यों के आस्वादन के कारण श्रीयशोदा जी गोपियों को, एवं गोपियाँ श्रीयशोदाजी को सन्तुष्ट करने लग गईं। इस प्रकार सारी सभा की शोभा-मयी श्रीयशोदाजी हारलता की तरह किंवा ध्वजा की तरह शोभा पाने लगीं ॥९१॥

उत्तर प्रत्युत्तर यथा—अर्थात् व्रजेश्वरी के प्रति गोपियों की उक्ति, एवं गोपियों के प्रति श्रीव्रजेश्वरी की प्रत्युक्ति, यथा—गोपी बोलीं—हे यशोदे! तुम्हारा लाला बारंबार अन्याय करता है। श्रीयशोदा बोली—हे बुरे शब्दों को बोलने वाली! हमारे लाला ने क्या अन्याय किया? गोपी—घूम फिर के चक्कर लगाकर हमारे बछड़ाओं को छोड़ देता है। यशोदा—इस कार्य में तुम्हारी सहायता ही तो करता है। तुमको भी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

असमयमोचनमसुखनिधानम् । कः किं कुरुते न यदि निदानम् ?
विना निदानं कुरुते स्वामिनि !, क्रोशं न किमिव कुरुषे भामिनि ! ॥
क्रोशे हसति प्रत्युत सोऽयम् । दत्त्वा वशय स्फुटमपि तोयम् ॥
अत्ति स्तेयं परमिह रुचितम् । अज्ञे ! भानं कथमिदमुचितम् ?
स्तेयोपाये गुरुरयमखिले । नार्हति सर्वं मिथ्यानिखिले ! ॥
रचयति पीठादिकमारोहम् । तदगम्यं कुरु सर्वं दोहम् ॥
दूराच्छिद्रं कलयति पात्रे । अस्य कथं धीः सति तन्मात्रे ?
अन्तर्धियमनु स इह विशालः । वक्षि यथासौ न तथा बालः ॥
वेत्ति स कृत्स्नं गोपनरीतिम् । गेहगुहा नहि दवयति भीतिम् ॥
गेहगुहात्र वृथा तनुदीपे । तनुरनुलिप्ता कलय समीपे ॥
मणिगणमहसा गणयति न तमः । भूषणरहितस्तिष्ठेत् कतमः ?
अपि चाशयति बलादपि कीशम् । मनुषे कियदमुमत्तुमधीशम् ?
तदशक्तौ पात्रं भेदयते । तस्याशौचं वा वेदयते ॥

तो बछड़ा खोलने पड़ते । गोपी–असमय में बछड़ाओं का छोड़ना दुःख का कारण बनजाता है। यशोदा–यदि कोई कारण न हो तो कौन किस का क्या करे ? गोपी—हे स्वामिनि ! यह तो बिना कारण ही उपद्रव करता है। यशोदा—हे कोप करने के स्वभाव वाली ! तू फटकारती क्यों नहीं ? गोपी—फटकारने पर तो यह तुम्हारा लाला हँस जाता है, अर्थात् इसकी मधुर हँसी पर हम विमुग्ध हो जाती हैं। अतः फटकार नहीं पातीं। यशोदा—घर में और वस्तु न होने पर जल मात्र देकर ही इसको अच्छी तरह अपने वश में कर लो ? गोपी—यह दी हुई वस्तु को कब लेता है ? यह तो घर घर में से चुराई हुई वस्तु को ही रुचि पूर्वक खाता है। यशोदा—हे मूर्ख ! इतनी छोटी अवस्था में ऐसी प्रतीति कैसे उचित है ? अर्थात् इतना छोटा बालक चोरी कैसे कर सकता है ? गोपी—चोरी करने के जितने उपाय हैं, उन सब उपायों में यह तुम्हारा लाला पूरा गुरु है। यशोदा—हे मिथ्यावादिनि ! तू जो कुछ कह रही है, यह सब कार्य होना सम्भव नहीं। गोपी—तुम्हारा लाला पीढ़े के ऊपर ऊखल आदि धरकर चढ़ने के उपाय की रचना कर लेता है। यशोदा—अरी ! देख, वे दुग्ध आदि सब वस्तु जिस प्रकार उसको पीढ़ा आदि द्वारा प्राप्त न हो सकें ऐसा उपाय कर। गोपी—तुम्हारा लाला दुग्धादि के पात्र में दूर से ही छिद्र कर देता है। यशोदा—इस पात्र में यह दुग्धादि है यह बुद्धि इसके किस प्रकार आई ? गोपी—भीतरी बुद्धि के अनुसार, अर्थात् अनुमान द्वारा वस्तु पहचानने में तो वह तुम्हारा पुत्र बड़ा चतुर है। यशोदा—अरी ! तू जैसे कहती है उस प्रकार के गुणों से युक्त यह बालक कहाँ है ? गोपी—वह बालक सब प्रकार से गुप्त करने की रीति को जानता है। यशोदा—क्यों री ? तुम्हारी घररूपी गुफा इस बालक से भय को दूर नहीं करती, अर्थात् अन्धकारमय गुप्त घर में दूध दही को दुबका के धर दिया कर, जिससे चुराने का भय ही न रहेगा। गोपी—जिसका शरीर ही दीपक के समान प्रकाश कर देता है, ऐसे कृष्ण के प्रति अन्धकारमय घर की गुफा व्यर्थ है। यशोदा—अरी देख तो सही, यह कृष्ण पास ही तो है। इसका शरीर कुंकुम आदि द्वारा लिपा पुता है, अतः दीपक का कार्य कैसे करेगा ? गोपी—मणिगणों के तेज से तुम्हारा लाला अन्धकार को कुछ नहीं गिनता। यशोदा—अरी ! तो अलंकाररहित कौन सा बालक रह सकता है ? गोपी—अरी मैया ! तेरे लाला का और

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गमसमये रोदयति च बालाम् । प्रक्ष्यामो वरमहिलामालाम् ॥
अपि बालान्मेहयते गेहे । नहि नहि चूर्णं पतितं स्नेहे ॥
तव पुरतोऽयं स्थिरवन्मूर्तिः । आश्चर्येयं तव वाक्पूर्तिः ॥' इति ॥९२॥

"पुनश्च प्रतीतिमासादयन्त्य इवेदं वदन्ति स्म,—'नाश्चर्यमत्राचर्यताम्; ॥९३॥

यतः,—इन्द्रियकुलमतिगूढं, नेत्राद्यन्तर्निगूढमेवास्ति ।
तन्मध्यादपि चित्तं, हरतो नृहरेर्न हार्यं किम् ?' ॥९४॥

"तदेवमभीषङ्गभङ्गीभिर्वरवर्णिनीभिर्वर्ण्यमानमाकर्ण्य चपलदृष्टिपरामृष्टकर्णं झटिति जातविलक्षणवर्णं श्रीकृष्णमुखश्रीपर्णं निर्वर्ण्य विहसन्तीं तामनु विहसन्तीभिस्ताभिः शपन्तीभिरिव भणितम् । यदि च वयं साधुचरिताचरितार्थतां गतास्तदा भवत्या भवनेऽपि शीघ्रमेतत् पतिष्यति ॥९५॥

भी तो कौतुक सुन । यह आप खाय तोहू सहें, बन्दरों को भी जबरदस्ती खिला देता है । यशोदा—अरी गोपी ! इस बन्दर को माखन आदि खाने को कितना समर्थ समझती हो, यह तो माखन खाने में असमर्थ है । गोपी—बन्दर जब खाने में असमर्थ हो जाते हैं, तब दही दूध के पात्रों को फोड़ देता है, अथवा उन पात्रों को बन्दर के झूठे बताता है, चलते समय छोटी छोटी छोरियों को रुला देता है । यशोदा—मुझे बात का विश्वास नहीं, अतः बूढ़ी बड़ी श्रेष्ठ गोपियों को पूछूँगी । गोपी—और देख, मैया ! यह हमारे घर में बालकों को मुता देता है । यशोदा—अरी ! नहीं, देख तो सही, यह मूत्र नहीं है, अपितु तैल आदि से लिपे हुए स्थान में चून गिर गया है । गोपी—तुम्हारे आगे ही यह तुम्हारा लाला धीर, गंभीर, स्थिर की तरह मूर्ति बन के खड़ा है । यशोदा—अरी गोपी ! तेरी यह वाक्यों की पूर्ति आश्चर्यजनक है ॥९२॥

गोपियों के उलाहने से श्रीयशोदाजी को जब विश्वास नहीं हुआ, तब दुबारा विश्वास सा प्राप्त कराती हुईं गोपियाँ बोलीं—अरी मैया ! तेरे लाला के इन पूर्वोक्त माखन चोरी आदि चरित्रों में आश्चर्य नहीं करना ॥९३॥

कारण यह है कि अत्यन्त गुप्त इन्द्रियों का समूह नेत्रादि गोलकों के मध्य में गुप्तरूप से रहता है । उन इन्द्रियों के बीच में से भी तुम्हारा पुत्र सबके चित्त को चुरा लेता है । अतः उस पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण के अपहरण करने योग्य कौन सी वस्तु नहीं है ? अर्थात् प्रेमी भक्तों के तन, मन, धन आदि सब वस्तुएँ हर लेने के कारण ही तो उसका नाम "हरि" है ॥९४॥

इस प्रकार मिथ्यापवादरूप आक्रोशन की सी चेष्टा वालीं, गुणवती गोपियों के द्वारा कहे गये अपने माखन चोरी के चरित्र को सुनकर, चञ्चल दृष्टि से अपने कानों को छूकर, श्रीकृष्ण का मुखकमल भावान्तर के कारण, झटपट दूसरे ही विलक्षण वर्ण का हो गया । उसको देखकर हँसती हुईं श्रीयशोदाजी के प्रति अभिशाप सा देती हुईं, एवं हँसती हुईं उन गोपियों ने कहा कि, यदि हम सब तुम्हारे पुत्र के साधुचरित्र के विषय में कृतार्थता को प्राप्त न कर सकी हों, तो इसकी साधुता तुम्हारे भवन में भी शीघ्र ही आ पड़ेगी, अर्थात् यह माखनचोरी करता है कि नहीं, इसका परिचय तुम्हारे घर तुमको स्वयं मिल जायगा ॥९५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"हसन्ती सा चोवाच,—'भद्रं भद्रम्, तदैव वो भद्रत्वमनुभविष्यामः' इति। वस्तुतस्तु तस्याः कोमलतायामवकलितायां मुहुरयमस्मदालयं बलिष्यत इति विचार्यैव चर्येयमभूभिराचर्यते स्म।" ॥९६॥

अथ समापनमिदं मधुकण्ठवचनम्,—

"अद्भुतं बाल्यचरितं तव सूनोर्व्रजेश्वर !।
क्व तृणावर्तदलनं क्व मातुर्भयभावनम् ?" ॥९७॥

तदेवं तद्दिवावृत्ते पूर्ववदेव तल्लीलापर्वणि साक्षादिव वृत्ते सर्वे पुरस्कृतव्रजेशाः सम्भृततत्तदावेशा यथायथमात्मपथं प्रतस्थिरे ॥९८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु बाल्यलीलाचौर्यशौर्यं नाम सप्तमं पूरणम् ॥७॥

हँसती हुई श्रीयशोदाजी बोलीं—बहुत अच्छा, बहुत अच्छा। तुम्हारी साधुता का तभी अनुभव करूँगी, अर्थात् गोपियों ने कृष्ण के विषय में जो कुछ कहा था सो ठीक ही निकला। वास्तविक रहस्य तो यह है कि, श्रीयशोदाजी की कोमलता को देखकर, तथा यह श्रीकृष्ण बारंबार हमारे घर को आया करेंगे, ऐसा विचार कर ही ये गोपियाँ उलाहना देना आदि लीलाओं का आचरण करती हैं ॥९६॥

अब मधुकण्ठ का उस दिन की कथा की समाप्ति का वचन यह है कि, हे व्रजेश्वर ! आपके बालक का बालकपन का चरित अति अद्भुत है, अपूर्व है, विषमालंकार संयुक्त है। देखो ! उस भयंकर तृणावर्त दैत्य का दलनरूपी कार्य कहाँ, और अपनी माता के आगे भय की भावना दिखाना कहाँ ? अर्थात् यह दोनों ही बातें आश्चर्यजनक हैं ॥९७॥

इस प्रकार उस दिन के कथाप्रसङ्ग में पहले की भाँति, श्रीकृष्ण के लीला महोत्सव के साक्षात् की तरह उपस्थित होने पर, सभी व्रजवासीजन श्रीव्रजराज को आगे करके, कथा में सुने हुए, उस उस प्रसङ्ग में एकाकार होकर, जैसे आये थे, उसी प्रकार अपने अपने घर के प्रति जाने वाले मार्ग को चल दिये ॥९८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये बाल्यलीला-चौर्य-शौर्य-वर्णनं
नाम सप्तमं पूरणं संपूर्णम् ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथाष्टमं पूरणम्

दामबन्धननिबन्धनं यमलार्जुनमोचनम्

अथेतरेद्युरपि प्रभात एव सभामुपविश्य विभातेषु वैश्यजातेषु स्निग्धकण्ठ उवाच,—"कदाचिद्दामोदरमासि दरावसाने सामोदा यशोदा प्रातर्बालगोपालं शयानमुन्मीलन्निभ-नेत्र-नीलनलिनयुगलं निभाल्य शनैरेव करकिशलयेन पल्यङ्कादुपरि तल्प एव परिलाल्य पुनरसूषुपत्कल्पम् । तल्पात्तस्मादल्पमल्पं निष्क्रामन्ती चालिन्दं विन्दमाना प्राह्लेतरामह्नाय निजालयव्ययसम्बन्धिं दधि कतिपयं निचितसिचयग्रन्थिर्मन्थितुमारेभे । यस्मिन्नहनि सहनन्दना-मन्दस्यन्दनारोहिणी रोहिणी प्रणयमययन्त्रणया निमन्त्रणया श्रीमदुपनन्दमन्दिरं विन्दमानासीत् । परिजननार्यश्च स्वस्वकार्यातिशयपर्यायपर्यापणाय गताः । कार्यातिशयश्चायं हायनशीर्षायमाण-मार्गशीर्षागमे जनवर्गमहितमहेन्द्रमहामहः कुलपरम्परावि हितः सन्निहित आसीदिति ॥१॥

"तदेवं स्वयमेव सयत्नीभूय व्रजराजपत्नी दधिचयमसकृदधिमथ्नती तस्य निद्राया द्राघीयस्त्वाय गायन्ती तदेकतानतया तदाननमेव निचायन्ती परितस्तदीय-चरितमेव जगौ ॥२

अष्टम पूरण

दामबन्धन का आग्रह एवं यमलार्जुन की मुक्ति

तदनन्तर अन्य दिन भी प्रातःकाल ही सभा में बैठकर, सभी वैश्यजातीय गोपगणों के देदीप्यमान होने पर स्निग्धकण्ठ बोला—किसी समय कार्तिकमास के किंचित् अवशिष्ट रहने पर, हर्षभरी श्रीयशोदाजी ने देखा कि बालगोपाल शयन कर रहा है, एवं उसके दोनों नेत्र नीलकमल के समान निमीलित हो रहे हैं, ऐसे लाला को निहारकर, धीरे धीरे करपल्लव द्वारा पलका के ऊपर से शय्या के बीच में ही सोते हुए लाला पर, प्यार करके पुनः लाला को शयन करा दिया। तथा उस शय्या के पास से थोड़ी थोड़ी दूर होती हुई, यशोदा ने पौरी में पहुँचकर, अत्यन्त प्रातःकाल शीघ्र ही अपने शरीर में वस्त्र की गाँठ को कसके बाँधकर, अपने घर के खर्च के योग्य कुछ दधि का मथना आरम्भ कर दिया। जिस दिन अपने पुत्र बलराम के सहित उत्तम रथ पर चढ़ने वाली श्रीरोहिणीजी प्रेममयी यन्त्रणा से निमन्त्रणपूर्वक श्रीमान् उपनन्दबाबा के घर चली गई थीं, और घर का कार्य करनेवाली दासियाँ भी अपने अपने अतिशय कार्यों को पारी पारी से समाप्त करने को चली गईं। कार्य की अधिकता भी यही है कि, संवत्सर का मस्तकरूप, अर्थात् श्रेष्ठ अगहन के महीने के आते ही जनसमूह के द्वारा पूजित, कुलपरम्परा से अनुष्ठित (किया जाने वाला) इन्द्र का महोत्सव निकट आगया था ॥१॥

इस प्रकार घर की सब दासियाँ जब अन्य कार्यों में नियुक्त हो गईं, तब श्रीव्रजरानी स्वयं ही यत्न-वती होकर, दधिसमूह को बार बार मथती हुई, श्रीकृष्ण की निद्रा की अतिशय दीर्घता के लिये, अर्थात् "लाला अभी बहुत देर तक सोते रहें" इसी ध्येय से गायन करती हुई, एकमात्र श्रीकृष्ण के ऊपर ही अपने मन प्राणों को अर्पणकर, उसी के ध्यान में एकाकार होने के कारण, श्रीकृष्ण के श्रीमुख को ही देखती हुई, सर्वतोभाव से उनके चरित्र को ही गाने लग गई ॥२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Kashi). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यदुक्तं श्रीबादरायणिना (भा० १०।६।२)—

'यानि यानीह गीतानि तद्बालचरितानि च ।
दधि-निर्मन्थने काले स्मरन्ती तान्यगायत ।।' इति ।।३।।

"अत्र मन्थनं यथा—

श्यामा लोलदुकूलरत्नविलसत्काञ्चीचयेनाञ्चिता
तज्झङ्कार-करम्बितध्वनिधर-श्रीकङ्कणालङ्कृता ।
पश्यन्ती तनयाननं लघुलघून्मीलन्निभाक्षिद्वयं
श्रीमद्गोपमहेश्वरी चलभुजाऽमथ्नादभीक्ष्णं दधि ।।४।।

"गानं यथा—

'गोकुलपति-कुलतिलकं त्वमसीह ।
कृतसुकृतव्रज-रचित-सुखव्रज ! नयनानन्दिसमीह ! ।।ध्रु।।
आनन्दोद्भव-जन्म-महोत्सव-नन्दितगोपसमाज !
पूतनिका-मृतिनवमङ्गलकृति-वलयित-गोकुलराज !
धैर्यनिवर्तन-शकटविवर्तनमनुभव्येन परीत !
सतृणावर्तक-वायुनिवर्तक-परमेशेनानीत !

जिसको श्रीशुकदेवजी ने (भा० १० ।६। १-२) इस प्रकार कहा है, यथा—एक दिन घर की सब दासियाँ जब अन्य कार्यों में नियुक्त हो गईं, तब नन्दगेहिनी श्रीयशोदा स्वयं दधिमन्थन करने लग गईं। उस समय श्रीकृष्ण के बालचरितमय जो गीत थे, उनका स्मरण करती हुईं गाने लग गईं ।।३।।

गाते समय दधिमन्थन इस प्रकार था, यथा—श्यामा (गौरी) श्रीमती व्रजेश्वरी जिस समय अपनी चलती हुई दोनों भुजाओं द्वारा बारंबार दधिमन्थन कर रही थीं, उस समय वे अपने कटिप्रदेश के हिलते हुए वस्त्र पर शोभायमान रत्नजटित मेखलाओं (कोंधनियों) से परिवेष्टित थीं, अर्थात् रत्नजटित अनेक कोंधनियों से उनकी कटि सुशोभित थी, एवं कोंधनियों की झंकार से युक्त ध्वनि को धारण करने वाले शोभायमान कंकणों से वे अलंकृत थीं, और धीरे धीरे खुलते हुए से दोनों नेत्रों से युक्त अपने लाला के श्रीमुख को बारंबार निहारती जाती थीं ।।४।।

श्रीयशोदाजी का गाना इस प्रकार का है, यथा—हे लाला कन्हैया ! तुम इस व्रज में श्रीव्रजराज के कुल के भूषण, अर्थात् मुकुटमणि हो। इन सब व्रजवासियों ने महान् पुण्य किये हैं, इसीलिये तुम उनके सुखसमूह के उत्पन्न करने वाले हो। हे लालन ! तुम्हारी लीला सभी के नेत्रों को आनन्द देने वाली है। आनन्द की उत्पत्ति है जिससे ऐसा जो तुम्हारा जन्म महोत्सव उसके द्वारा तुमने गोप समाज को आनन्दित कर दिया है। पूतना की मृत्युरूप नवीन मङ्गलमय कार्य के द्वारा तुमने व्रजराज को व्यापक कर दिया है। सबके धैर्य को दूर करनेवाले शकटासुर का उच्चाटन करने के पश्चात् तुम ब्राह्मणों के द्वारा किये गये मङ्गल-मय कार्य से युक्त हुए हो। तृणावर्त के सहित वायु के निवर्तक श्रीनन्द सेवित परमेश्वर के द्वारा ही तुम पुनः हमारे पास लाये गये हो। सुन्दर प्राङ्गण के बीच में तुम अपने छोटे छोटे हाथ पाँवों के द्वारा रेंग रेंग कर चलते थे। हे कमलनयन ! तुम्हारा पुण्य अपूर्व है। नानाप्रकार की क्रीड़ाओं में तथा अनेक प्रकार की नृत्य

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुरप्राङ्गण-विरचितरङ्गण-जलजनयन सुपुण्य !
नानाकेलिषु नृत्यकलालिषु दर्शितवरनैपुण्य !
तर्णकबालधि-शबलिततन्वधि-वलयित-मञ्जुलशोभ !
जरतीनिवहे कौतुककलहे प्रबलित-मिथ्यालोभ !
मां मातरमनु सुखमुद्वितनु प्रततं सततं कृष्ण !
द्रुतमुररीकुरु तनुवृद्धिं पुरु-खेलावलिकृततृष्ण !
त्रिभुवनदर्शन-विस्मयमर्शन-निश्चितवैष्णवमाय !
हरिवरिवस्या-सुखदतमः स्था विगतजरामरकाय ! ॥' इति ॥५॥

"अथ लब्धजागरः स नित्यताशालिलालित्यसागरः सपदि रुदन्निव समुत्थितवान्, ॥६॥ मातरमितवांश्च; यथा—

दीर्घश्वासं गात्रमोटप्रयुक्तं, नेत्रे मार्जन् जाग्रदम्बेति जल्पन् ।
क्रन्दन्मन्थध्वानमाकर्ण्य बालः, श्रीगोपालः प्रस्खलंस्तां जगाम ॥७॥

"ततश्च माता बाल्यताघटित-लाल्यताजटित-प्रणयाकुल-काकुलव-संकुलतया तेन सुभगाखण्डलेन विघटिते क्षुब्धदण्डस्य गतिमण्डले स्वयं पयस्तननयोः स्तनयोः प्रस्नवं नवकं तं शावकं पाययामास ॥८॥

कलाओं में तुमने उत्कृष्ट चतुराई दिखाई है। छोटे छोटे बछड़ाओं की पूँछ के सहित संमिलित होने से तुम्हारा श्रीविग्रह और भी अधिक मनोहर शोभा से परिव्याप्त हो गया था, ऐसे तुम हो। वृद्धाओं के समूह में कौतुकमय विवाद में तुम मिथ्या लोभ को बढ़ा देने वाले हो। हे लाला कृष्ण ! मैं तुम्हारी माता हूँ, अतः मेरा लक्ष्य करके तुम मेरे प्रति सर्वदा सुविस्तृत सुख का विस्तार करो। हे अनेक प्रकार की क्रीड़ावली द्वारा भक्तों की तृष्णा को उत्पन्न करने वाले कृष्ण ! तुम शीघ्र ही अपने शरीर की वृद्धि को स्वीकार करो, अर्थात् शीघ्र ही बड़े हो जाओ। अपने उदर में तीनों भुवनों का दर्शन कराकर विस्मय विचार उपस्थित कराकर, तुमने ही वैष्णवी माया का निश्चय करा दिया था। हे जरामरणरहित देह वाले लाल ! श्रीहरि की सेवा के द्वारा तुम अत्यन्त सुख देने वाले बन जाओ ॥५॥

तदनन्तर सर्वदा एक रस शोभायुक्त कोमलता के समुद्र वे श्रीकृष्ण जागकर शीघ्र ही रोते हुए से पलका से उठ खड़े हुए ॥६॥

और माता के पास चल दिये, यथा—अपना गात्र मोड़ने से, अर्थात् अंगड़ाई तोड़ने से प्रयुक्त लम्बे लम्बे श्वासों को लेते हुए, नेत्रों को दोनों हाथों से मीड़ते हुए, जागकर माँ माँ कहते हुए, रोते हुए, मन्थन दण्ड के शब्द को, अर्थात् रई के शब्द को सुनकर श्रीमान् बालगोपाल बाल्यभाव से गिरते पड़ते माता के पास चल दिये ॥७॥

तत्पश्चात् माता यशोदा बाल्यकालोचित लालन पालन द्वारा बढ़े हुए स्नेह के विस्तार से, तथा स्नेहमयी कातरता के लेश से परिपूर्ण होकर, सौभाग्यशालियों में श्रेष्ठ अथवा सुन्दरता के महेन्द्र उन श्रीकृष्ण के द्वारा रई की गति समूह के रुक जाने पर, स्वयं दुग्ध की धारा को बहाने वाले स्तनों के दुग्ध को उस अपने नवीन बालक को पिलाने लग गईं ॥८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पयो वर्षति धाराभिर्वर्षावन्मेदुरश्रियः ।
तस्याः पयोधरे सुष्ठु कृष्णश्चातकतां गतः ॥९॥

"सा तत्र गर्धेनार्धे तेन पीते धन्ये स्तन्ये नेत्रानन्तर-गृहान्तरसन्तप्यमानपयः-सन्तानानामुत्सेकं प्रति निर्विवेकतां प्रतिपद्य सद्य एव तं विहाय यद्द्रुतवती, द्रवगमने तस्य पतनभीत्या च न तं गृहीत्वा गतवती ।" ॥१०॥

मधुकण्ठ उवाच,—"किमित्थमात्थ ? तावन्मात्राय तस्याः कथं क्षुत्क्षामगात्राद्बालपुत्रादन्यत्र यात्रा युक्तिपात्रायताम् ? सा हि वत्सवत्सलानामच्छताभागुपमा । स्निग्धकण्ठः सहासमाह स्म,—गुरो ! पुरोऽवधीयतां यद्वात्सल्यविलास एव खल्वयमस्याः । मधुकण्ठ उवाच,—कथमिव ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—तथा हि—ये गेहदेहादींस्तं विनाऽस्तमितप्रायान् मन्यन्ते स्म, ते तु तज्जन्मारभ्य तन्ममतामयममता एव ताभ्यां पितृभ्यामभ्यमन्यन्त; (भा० १०।१४।३५) 'यद्धामार्थसुहृत्प्रियात्मतनयप्राणाशयास्त्वत्कृते' इति ब्रह्मवाक्ये व्रजमात्रस्यापि तथा श्रूयते, किमुत तयोरिति । इदञ्च मुग्धं दुग्धं दधि च तदधिक-तत्प्रधानतावधिकमेवेति सविशेषतयावगम्यते ॥११॥

वर्षा ऋतु के समान स्निग्ध शोभाशालिनी जननी श्रीयशोदाजी के पयोधर (स्तन) जब दुग्ध धाराओं की वृष्टि करने लग गये, तब श्रीकृष्ण सुन्दर चातक पक्षिका भाव धारण करने लग गये, अर्थात् चातक की भाँति चाव से माँ का दूध पीने लग गये ॥९॥

वहाँ पर श्रीकृष्ण जब आकांक्षापूर्वक धन्य स्तन्य दुग्ध को आधा ही पी चुके थे, तभी श्रीयशोदाजी नेत्रों की ओटक वाले घर में ओंटते हुए बहुत से दुग्धों के उफान को न जानकर, उसी समय श्रीकृष्ण को छोड़कर भाग गईं । शीघ्रतापूर्वक भागने में श्रीकृष्ण के गिरने के भय से उनको लेकर नहीं गईं ॥१०॥

मधुकण्ठ बोला—भैया स्निग्धकण्ठ ! तुम इस प्रकार क्या कह रहे हो ? केवल दुग्धरक्षामात्र के लिये क्षुधा से क्षीण कलेवरवाले अपने छोटे से लाला को छोड़कर, श्रीयशोदाजी का अन्यत्र जाना किस प्रकार युक्तिसंगत हो सकता है ? कारण यह है कि पुत्रों पर वात्सल्य प्रेम करनेवाली संसार भर में जितनी भी मातायें हैं, उनके बीच में वे ही तो निर्मल उपमा का स्थल हैं ।

स्निग्धकण्ठ हास्यपूर्वक बोला कि—बड़े भैयाजी ! आप किंचित् आगे का विचार तो ध्यान देकर सुनिये । यह लाला को छोड़कर दुग्ध की रक्षा के लिए दौड़कर जाना भी, श्रीयशोदाजी का एक प्रकार का वात्सल्य का विलास ही है । मधुकण्ठ बोला—किस प्रकार ?

स्निग्धकण्ठ बोला—देखो ! जो व्रजवासीजन श्रीकृष्ण के बिना अपने देह गेह आदि समस्त पदार्थों को विलुप्तप्राय मानते थे, उन सब व्रजवासियों को तथा श्रीकृष्ण की सेवा के योग्य पदार्थों को, श्रीकृष्ण के नित्यसिद्ध माता पिता श्रीयशोदा एवं श्रीनन्दजी, श्रीकृष्ण के जन्मदिन से लेकर, "हमारे पुत्र में ये सब अतिशय ममता वाले हैं" ऐसा मानते थे । भागवत दशमस्कन्धस्थ ब्रह्मस्तुति में, "जिन व्रजवासियों के घर, धन, सुहृद्, प्रियवस्तु, आत्मा, पुत्र, प्राण और अन्तःकरण चतुष्टय आपकी सेवा के लिये ही हैं । हे श्रीकृष्ण ! उन व्रजवासियों के लिये पूतना आदि की अपेक्षा श्रेष्ठ फल दिये बिना छुटकारा नहीं" इस प्रकार के श्रीब्रह्माजी के वाक्य में जब व्रजमात्र का ही उस प्रकार का भाव सुना जाता है, तब फिर माता पिता का तो कहना ही क्या है ? इसलिये यह मनोहर दुग्ध, दधि, देह, गेहादि सभी पदार्थ, श्रीकृष्ण के लिये ही हैं ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं सति तस्याः सेयं भावना क्लेशमपि विषह्य स्पृह्यमाणां नानानिजगृह्यक्रियां साम्प्रतं न जानाति, किन्तु देहगेहादधिकः सोऽयं बालक इति दयनीयतयास्मदीयमेव खल्वेतदीयकृत्यं कृत्यमिति । सोऽयमेवंविधस्नेहविविधविधिस्तैरेव बोद्धुमध्यवस्यते; यैः कृतं तर्जनताडनादिकमपि लालनामयतां कलयति, किमुतान्यत् ? ॥१२॥

"यतः, स्नेहतः क्वचन रुट् प्रजायते, तस्य वर्धनकरी च दृश्यते ।
मेदुरेऽपि मुदिरे तथा तथा, विद्युदग्निरसकृद्विवर्तते ॥१३॥

"तथाहि तयोर्मिथो हितयोरुभयोरपि चरितम् । दुग्धाय गमनसमये सा खलु तन्मुदितता-निबन्धनमिदमुदितवती,—'वत्स ! निर्मञ्छनं भजामि, क्षणं तावन्मन्थनगर्गरी रक्ष्यताम्, त्वदीयं पयो वीक्ष्य यावद्द्रुतमहमायामि' इति ॥१४॥

"ततश्च, यावद्विहाय पृथुकं बत मन्थनान्ता,-दम्बा ययौ द्रुतमसौ तत आययौ च ।
तावत् पयोधरयुगं हृदयस्थवस्त्र,-क्नोपं ववर्ष पथि पिच्छिलता यथासीत् ॥१५

इस कारण श्रीकृष्ण की अपेक्षा श्रीकृष्ण को सेवायोग्य पदार्थ भी अधिक ममता करने योग्य हैं, यह भाव भक्तिप्रधान ग्रन्थों से विशेषतापूर्वक जाना जाता है। तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्ण की अपेक्षा, श्रीकृष्ण की प्रिय वस्तुओं में अधिक अनुराग होना, दिव्य वात्सल्य स्नेहमयी माता यशोदा के पक्ष में उचित ही है ॥११॥

सिद्धान्त जब इस प्रकार का है, तब श्रीयशोदाजी की यह भावना होना सर्वोत्तम है। वे तो अनेक क्लेशों को सहकर भी, अपने अभिलषित अनेक प्रकार के गृहोचित कार्यों को भी, इस समय नहीं जान पाती हैं। किन्तु "यह हमारा वही पुत्र है" इस भाव से श्रीकृष्ण को, देह गेह आदि से भी अधिक जानती हैं। इस प्रकार श्रीकृष्ण मेरे दया के पात्र हैं, ऐसा समझकर "श्रीकृष्ण का कार्य हमारा ही कार्य है, वही करने योग्य है" यह भावना माँ यशोदा के मन में सदैव रहती थी। अतः इस प्रकार के स्नेह की अनेक परिपाटियों को वे व्रजवासीजन ही जान सकते हैं। जिनके द्वारा किया गया तर्जन ताड़न आदिक भी, अर्थात् डाँट फटकार को भी श्रीकृष्ण, "ये व्रजवासी मेरा लालन ही कर रहे हैं" ऐसा मानते हैं, कारण माता पिता की डाँट फटकार भी, बालक के लालन पालन के ही अन्तर्गत मानी जाती है, अतः निरन्तर लालन पालन की कथा को और कहाँ तक कहें ? ॥१२॥

स्नेह के कारण कभी कभी पोष्यजन पर क्रोध भी उत्पन्न हो जाता है, किन्तु वह क्रोध स्नेह का बढ़ाने वाला ही देखा जाता है। देखो ! स्निग्धमेघ में भी कभी कभी उसी प्रकार बिजलीरूप अग्नि बार बार उत्पन्न हो जाती है ॥१३॥

उक्त वाक्य में प्रमाण, यथा—माता एवं पुत्र ये दोनों ही, आपस में दोनों के हितकारी हैं। इन दोनों का चरित्र सुनो। वरोसी पर से दूध उतारने के लिये जाते समय, माता यशोदा ने पुत्र के हर्ष का कारण यह वाक्य कहा कि, हे लाल ! तेरी बलिहारी जाऊँ, तू क्षणभर के लिये इस चलावनी की रक्षा करना, मैं तेरे ओंटते हुए दूध को देखकर शीघ्र ही आती हूँ ॥१४॥

अहह ! तदनन्तर वह माता बालक को छोड़कर, उस दधिमन्थन करने के स्थान से शीघ्र ही चली गई, एवं दूध उतारने वाले उस स्थान से आ भी गई, उस समय उसके दोनों स्तन वात्सल्य स्नेह से इस प्रकार बरसने लग गये, जिससे कि वक्षःस्थल के वस्त्र को भिजाकर मार्ग में भी गीलापन आगया ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवमपि स तु निजार्थिते प्रत्यर्थिते भृशमाविजते स्म; यथा—

तेनाथ कोपस्फुरितारुणाधरं, सन्दश्य दद्भिश्चामुदर्साज रोदनम् ।
दण्डाहतामत्रमखण्डि चाश्मना, नालम्भि तस्मिन्नवनीतमण्वपि ॥१६॥

"अत्र तु वर्णयन्ति,—

'दन्तेन्दुलेखाविशदाधरारुणं, चक्षुश्चकोरद्वयमश्रु चादधे ।
तदा शिशोरस्य कराम्बुजन्मना,-प्यरिष्टमुद्धूय बलाद्विजृम्भितम् ॥'१७॥

"तदेवं कलशान्तरीणे कालशेये सर्वतो रीणे पर्वान्तरमपि जातम्;"॥१८॥

यथा,—ततो गृहाभ्यन्तरशिक्यलक्षितं, हैयङ्गवीनं परिगृह्य यत्नतः ।
जघास तत्रोर्वरितन्तु पक्षक,-द्वारेण निह्नुत्य जहार केशवः ॥१९॥

"स च यत्नो यथा—

कुञ्चीक्षेपादर्गलामन्तरङ्गा,-मल्पां मुञ्चन् सद्म गत्वा युयोज ।
कृत्वा खट्वां तत्र निःश्रेणिकाभां, हृत्वा सर्पिर्गुप्तमश्नन्नपागात् ॥२०

ततः क्षणाद्दुग्धमितं तु मुग्धता,-माधाय माता सुतमागमद्द्रुतम् ।
अप्राप्य तं तस्य तु कर्म तद्विधं, बुद्ध्वा सकोपं ससुखं जहास सा ॥२१॥

किन्तु ऐसा होने पर श्रीकृष्ण जिस वस्तु की प्रार्थना करते थे, उसमें बाधा उपस्थित होने पर, वे अत्यन्त उद्विग्न हो गये। यथा—तदनन्तर श्रीकृष्ण ने क्रोध से फड़फड़ाते हुए अपने रक्तवर्ण के अधर को, नीचे ऊपर के दोनों दाँतों से दबाकर, रोना आरम्भ कर दिया, तथा अधचले से भरी हुई उस चलावनी को, सिलोटिया के बटना से खण्डित कर दिया। उसमें किंचिद् भी नवनीत (माखन) नहीं मिला ॥१६॥

यहाँ पर कविजन इस प्रकार वर्णन करते हैं, यथा—उस समय इस बालकृष्ण की शुक्लवर्ण दन्तरूप चन्द्रश्रेणी, अधर की लालिमा में प्रविष्ट हो गई, एवं नेत्ररूपी दो चकोर पक्षियों ने अश्रु धारण कर लिये, तथा दोनों करकमल बलपूर्वक गोरस को फैलाकर प्रकाश पाने लग गये ॥१७॥

इस प्रकार कलशा के भीतर की सारी अधचली छाछ के चारों ओर फैल जाने पर, एक दूसरा उत्सव भी उत्पन्न हो गया ॥१८॥

यथा—तदनन्तर श्रीकृष्ण घर के भीतर छींके पर जो ताजा ताजा माखन दिखाई दे रहा था, उसको प्रयत्नपूर्वक लेकर खाने लग गये, एवं उस पात्र में बचे हुए माखन को, खिड़की के दरवाजे से गुप्त करके चुरा ले गये ॥१९॥

खिड़की से दूसरे घर में जाने का प्रयत्न इस प्रकार है, यथा—कुंजी को फेंककर भीतर के अड़बंगा को किवाड़ों से थोड़ी सी दूर हटाकर, दूसरे घर में जाकर पुनः किवाड़ों को बन्द कर दिया, तथा उसी घर में खाट को ही निसैनी सी बनाकर, माखन को चुराकर गुप्तरूप से भागते हुए चले गये ॥२०॥

तदनन्तर क्षण भर में ओंटते हुए दूध के उफान को स्थिर जानकर, अग्नि पर से उतार कर, माता यशोदा शीघ्र ही लाला के पास आगईं, किन्तु वहाँ पर लाला को न पाकर, उसके उस प्रकार के कर्म को जानकर, वे क्रोधपूर्वक एवं सुखपूर्वक हँसने लग गईं ॥२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तत्र प्रथमं शङ्कासङ्कुसुकायां तस्यां योगमायाप्रकाशिताकाशवागेव हासप्रकाशनस्य बोधस्य कारणं जातम् ॥२२॥

"सा यथा—

शिशुमधुकृदितक्षुन्मध्वसिद्धं पिपासन्, सरसिजमुकुलाधश्छेदमाचर्य पश्यन् ।
द्रवविगलनमात्रं तत्र निर्विद्य मध्ये, कमलमपरमश्नन् प्राप तस्मिन् मधूनि ॥२३॥

"किञ्च, शमयाञ्चकृषे दुग्धं, क्षुभितं तत्तव सुदक्षता कलिता ।
शमयसि यदि शिशुकोपं, तादृशमुच्चैस्तदा प्रशस्येथाः ॥२४॥

"तदेवं श्रुत्वा हसित्वा कालशेयलेशाध्यवसेयतानपह्नवचरणचिह्नमीक्षित्वा साधक-तमान्तरेण द्वारयन्त्रं मोचयित्वा च सा पुनरेवमाचचार,—॥२५॥

गत्वा गृहाभ्यन्तरमन्यदप्यसौ, दृष्ट्वा सुतस्यातुलचापलं प्रसूः ।
तदीयवर्मानुगमेन च क्रमा,-दालोकयल्लोलविलोचनश्च तम् ॥२६॥

"तत्र लोलविलोचनत्वं यथा—

हविरभिहृतवानिहास्मि दृश्यः, कथमथ मातरमीक्षणं नयानि ।
इति नयनयुगं श्रुतिद्वयान्त,-र्मुहुरिव वेशयति स्म बालकृष्णः ॥२७॥

वहाँ पर पहले शंका के कारण, माता के अस्थिर हो जाने पर, योगमाया के द्वारा प्रकाशित आकाश वाणी ही हास्य प्रकाशक ज्ञान की कारण बन गई थी ॥२२॥

आकाश वाणी यथा—यह बालमधुकर भूख प्यास से युक्त होकर, मधु जिसमें नहीं है ऐसी कमल की कलिका के नीचे छिद्र बनाकर, उसमें से गिरते हुए जल मात्र को देखता हुआ, बीच में ही दुःखित होकर, दूसरे कमल के पास जाकर, उसमें बहुत से मधुको प्राप्त कर गया है। भावार्थ यह है कि इसी प्रकार माखन की प्राप्ति की अभिलाषा से, तुम्हारे लाला ने चलावनी चटका दी है, उसमें माखन न पाकर छींके पर धरा हुआ, ताजा माखन उसे मिल गया है, उसी के लिए यह सारा प्रयत्न है ॥२३॥

किंच तुमने उफनते हुए दूध को तो शान्त कर दिया, इससे तुम्हारी दक्षता (चतुराई) देख ली, किन्तु यदि तुम अपने बालक के वैसे कोप को शान्त कर दोगी, तब तो अधिकतर प्रशंसा की पात्र बन जाओगी ॥२४॥

इस प्रकार की आकाश वाणी को सुनकर, हँसकर, छाछ के लेश मात्र लग जाने से चोरी के चिह्न का निश्चय कराने वाले, लाल के स्पष्ट चरण चिह्न को देखकर, किसी दूसरे उपाय से दरवाजे के किवाड़ों को खोलकर, श्रीयशोदाजी ने पुनः इस प्रकार कार्य किया—॥२५॥

इन माँ यशोदा ने घरके भीतर जाकर, अपने पुत्र की अतुलनीय दूसरी चंचलता को देखकर, क्रमशः उसके मार्ग का अनुगमन करके भय के कारण चंचल नेत्र वाले उसको देखा ॥२६॥

वहाँ पर उसके नेत्रों की चंचलता इस प्रकार है, यथा—मैंने ताजा ताजा माखन चुराया है, माता मुझे यहाँ पर देख लेगी, मैं माँ को किस प्रकार साक्षात्कार करूँ, इस प्रकार कहकर बालकृष्ण अपने दोनों नेत्रों को, मानों बारंबार दोनों कानों के बीच में प्रविष्ट कर रहे हैं, अर्थात् माता जिस मार्ग से आ रहीं हैं, उसी ओर नेत्र और कान दोनों लगे हुए हैं ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अधोमुखीकृत्य बलादुदूखलं, निविश्य तस्योपरि चञ्चलेक्षणम् ।
कीशाय सर्पिर्ददतं प्रसूः सुतं, वीक्ष्य स्मितं प्राप तथा च विस्मितम् ॥२८॥
गूढं प्रतस्थे कृतमोषमात्मजं, धर्तुं प्रसूरेष निरीक्ष्य चाद्रवत् ।
प्रसिद्धिरेषा खलु लोकतः शतं, दृशोर्मतं हर्तरि भर्तरि द्वयम् ॥२९॥

"स खलु दृप्तः शाखामृगस्तु नवनीतानां तृप्तः पटवेष्टितयष्टिमेतां दृष्ट्वा द्रुतमेव शाखामारूढः ॥३०॥

"अथ द्रवन्तं सुतमन्वगात् प्रसूः, प्रसूनवृष्टि-प्रथ-केशबन्धना ।
क्व यासि रे चोरवरेति जल्पिता, नातिस्फुट-क्रन्दनहाससुन्दरम् ॥३१॥

तोकं धर्तुं सा समीपेऽपि शीघ्रं, धावन्ती तत् प्राप धावन्न माता ।
प्रागञ्चन्तं वायुवेगात् प्रतीची,-स्तोकाम्भोदं यद्वदम्भोदवीथी ॥३२॥

"अथ पुरद्वारं न मातुर्गमनद्वारमिति मत्वा पलायनग्रहिलस्तद्दिशमेव जग्राह । जननी तु तदानीं तत्राजनतां जानती तमेवानुयातवती ॥३३॥

"ततश्च, यदाद्रवत् पृष्ठमनीक्षमाण,-स्तदा न लेभे पृथुको जनन्या ।
यदा भयाद्वीक्षितवान् स पश्चा,-त्तदा तयासौ जगृहे करेण ॥३४॥

वहाँ पर बलपूर्वक ऊखल को औंधा करके, उसके ऊपर बैठकर, चंचल नयन हो, बानर के लिये माखन को देते हुए पुत्र को देखकर, माता मुस्क्या गई एवं विस्मित हो गई ॥२८॥

चोरी करनेवाले पुत्र को पकड़ने के लिये, श्रीयशोदा माँ गुप्तरूप से चल दीं । श्रीकृष्ण भी माता को दूर से ही देखकर दौड़ पड़े । लोक में यह बात प्रसिद्ध है कि, चोर के सैकड़ों नेत्र होते हैं, तथा धन की रक्षा करनेवाले के दो ही नेत्र होते हैं, अर्थात् घर का स्वामी दो नेत्र से ही धन की रक्षा करता है, किन्तु चोर उसको सैकड़ों नेत्रों से देखकर चुरा लेता है ॥२९॥

बल से गर्वित वह बानर भी माखन खाकर तृप्त होगया । पश्चात् वस्त्र से वेष्टित एक लठिया को हाथ में लेकर आती हुई यशोदा को देखकर, शीघ्र ही वृक्ष की शाखा पर चढ़ गया ॥३०॥

तदनन्तर दौड़ते हुए पुत्र के पीछे पीछे माता भी दौड़ पड़ीं । दौड़ते समय उनके केशपाश से पुष्पों की वृष्टि का विस्तार होने लग गया, और बोली कि, अरे चोरराज ! तू कहाँ जा रहा है ? यह बात सुन कर अत्यन्त अप्रगट रोने से, एवं हँसी के द्वारा बालक का सौन्दर्य और बढ़ गया । ऐसे अपने बालक को पकड़ने के लिये शीघ्रतापूर्वक पास में होकर, दौड़ती हुई भी माता, दोड़ते हुए पुत्र को न प्राप्त कर सकीं । उसका दृष्टान्त यह है कि, पश्चिम दिशा में रहनेवाली मेघपंक्ति, जैसे वायु के वेग से पूर्व दिशा की ओर चलते हुए छोटे से मेघ को भी प्राप्त नहीं कर सकती, उसी प्रकार माता भी पुत्र को न पकड़ सकीं ॥३१-३२॥

तदनन्तर पुर का दरवाजा माता के जाने का दरवाजा नहीं है, ऐसी भावना करके भागने के आग्रह से युक्त बालकृष्ण ने उसी दिशा को पकड़ लिया । माता भी उस समय वहाँ पर जनता नहीं है, ऐसे जान कर उसके पीछे पीछे चल दी ॥३३॥

पश्चात् जब पीछे की ओर न देखते हुए श्रीकृष्ण भागे, तब माता उनको न प्राप्त कर सकी, किन्तु

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स च तथापि—

अक्षिणी द्रवगमाय साक्षिणी, रोदनं क्रुदुदयप्रणोदनम् ।
चालनं वपुषि धाष्टर्यपालनं, सृष्टवानविनयं न मृष्टवान् ॥३५॥

निर्ममे प्रसभमम्बया मुखं, सम्मुखं निजशिशोर्यदा यदा ।
सर्पिरर्पितविलेपनं तदा, रूक्षणाय तदघुक्षदेष च ॥३६॥

"ततश्च, वष्टि चेद्वत भवान् गृहमुष्टिं, यष्टिमाकलय मत्करमृष्टाम् ।
इत्थमुच्चकितिते कमलाक्षे, तां जहौ निजजहौ व्रजराज्ञी ॥३७॥

मा मेति वदता तेन चोरचोरेति गीःकलिम् ।
रहसा सहसा राज्ञी सहसा सहसातनोत् ॥३८॥

'अहो राजासि चोराणां चोरास्त्वत्पितृगोत्रजाः ।
इत्याद्यचकलन्माता शिशुना गव्यचोरिणा ॥३९॥

'किञ्च, दधिमण्डः कथं खण्डो दण्डोऽयं परमेशितुः ।
घृतं कीशाय कः प्रादादसौ येन विनिर्मितः ॥' इति ॥४०॥

भय के कारण श्रीकृष्ण ने जब पीछे की ओर देखा, उसी समय उनको श्रीयशोदाजी ने अपने हाथ से पकड़ लिया ॥३४॥

तथापि बालकृष्ण ने शीघ्र भागने के लिये अपने दोनों नेत्रों को साक्षीस्वरूप बना लिया, माता की क्रोधोत्पत्ति को दूर करनेवाला रोना आरम्भ कर दिया, एवं शरीर में धृष्टता की रक्षा करनेवाले कम्प को उत्पन्न कर दिया, अर्थात् काँपने लग गये, किन्तु अविनय का मार्जन नहीं किया, अर्थात् उच्छृङ्खलता का त्याग नहीं किया ॥३५॥

माता जब जब अपने बालक के मुख को हठपूर्वक अपने सम्मुख करती हैं, श्रीकृष्ण तब तब अपने मुख को रूखा करने के लिये, अर्थात् माखन के लिपट जाने से उत्पन्न चिकनाई को दूर करने के लिये छिपा लेते हैं ॥३६॥

तदनन्तर माता भय दिखाती हुई बोली—हा ! बड़े कष्ट की बात है, अरे कृष्ण ! तुम यदि घर में ही चोरी करना चाहते हो, तब तो मेरे हाथ में धरी हुई लठिया को जरा देख लो । यह बात सुनकर कमल के से नेत्रों वाले अपने पुत्र के भय से व्याकुल हो जाने पर, श्रीव्रजरानी ने उस लठिया को त्याग दिया ॥३७॥

उस समय श्रीकृष्ण के कातर वाक्य, एवं माता के भीषण वाक्य, यथा— श्रीकृष्ण बोले—मैया ! तू मुझे मारना नहीं । माता बोली—"तू चोर है, तू चोर है", इस प्रकार कहकर गुप्तभाव से मन मन में हँसती हुई, व्रजरानी श्रीकृष्ण के साथ बलपूर्वक हठात् इस प्रकार वाक्कलह का विस्तार करने लग गई ॥३८॥

माता बोली—अहो ! अरे ! तू सभी चोरों का राजा है । माता की ऐसी बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले—मैया ! चोर तो तुम्हारे पिता के गोत्र में उत्पन्न होने वाले हैं, हमारे घर में चोरों का क्या काम ? माखनचोरी करनेवाले अपने बालक के साथ, माता ने इस प्रकार कथनोपकथन किया ॥३९॥

किंच माता पुनः बोली—क्यों रे ! यह दही की चलावनी (दधिभाण्ड) कैसे फूट गई ? पुत्र ने कहा—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'शङ्के स्वादुङ्कारमित्थं सदा त्वं, यज्ञाङ्गीयं लेक्षि हैयङ्गवीनम् ।
एवं चोरङ्कारमम्बा शिशुं प्र,-त्याक्रोशयन्त्यप्यार्द्रचित्ता बभूव ॥४१॥

"ततः ससंरम्भं विहस्य 'सरहस्यमुच्यताम्, दम्भश्च मुच्यताम्' इति मात्रा पृष्टः सृष्टरोदननेत्रः पुत्र उवाच,—॥४२॥

'त्वय्युद्भूटं प्रद्रवन्त्यामङ्घ्रयोः कटकघट्टनात्
अस्फुटद्दधिमण्डस्य घटः का मम दुष्टता ? ॥४३॥
कीशः स ईशनिर्दिष्टः प्रविष्टः सद्म मुष्टये ।
कृष्टसर्पिः परामृष्टो मया का मम दुष्टता ? ॥४४॥
तथापि त्वामात्तयष्टिं दृष्ट्वा दुद्रुव चोरवत् ।
त्वं पुनर्मां वृथा भीतमपि दुद्रोथ निर्दयम् ॥'४५॥

"अथ सानुतापमिव माता प्राह,—'रे वाचोयुक्तिसत्तम चोरोत्तम ! त्वं नरोत्तम-जातोऽपि वानरप्रियो वानर-प्रकृतिरेवासि ।' सुतस्तु सभयं सभयप्रदानमप्युवाच,—'ततो वनमेव प्रविश्य स्थास्यामि ।' ॥४६॥

यह तो परमेश्वर का दिया हुआ दण्ड है। माता बोली—बन्दर के लिये घी किसने दिया ? पुत्र बोला—जिसने इस बानर को बनाया ॥४०॥

माता पुनः बोली—मैं तो यही शंका करती हूँ कि, यज्ञ के अङ्गस्वरूप इस ताजे ताजे माखन को, तू ही सर्वदा स्वाद ले लेकर खा जाता है। इस प्रकार चोर की तरह शिशु के प्रति फटकार लगाती हुई भी, माता अन्त में आर्द्र चित्त हो गई ॥४१॥

तदनन्तर माता ने क्रोधपूर्वक हँसकर कहा कि—"अपने रहस्य को कहो, एवं दम्भ को त्याग दो।" माता के इस प्रकार पूछने पर, नेत्रों से रोना आरम्भ करके पुत्र ने कहा— ॥४२॥

देख मैया ! जिस समय तू दूध को उतारने के लिये हड़बड़ा के अत्यन्त वेग से दौड़ी थी, उसी समय तेरे दोनों चरणों के कड़ूलाओं के संघर्ष से, अर्थात् टक्कर से यह दही के माँड़ का घड़ा, अर्थात् अधचले से भरी यह चलावनी फूट गई, इसमें मेरी क्या दुष्टता है ? ॥४३॥

और ईश्वर के द्वारा प्रेरित वह बन्दर, चोरी करने के लिये घर में आ धँसा। जब वह माखन को खेंचने लग गया, तब मैंने उसको पकड़ लिया। अब तू ही बता, इसमें मेरी कौन सी दुष्टता है ? ॥४४॥

तो भी मैं तुझको लठिया लिये हुए देखकर, चोर की तरह दौड़ पड़ा, किन्तु तू तो मुझको भयभीत देखकर भी वृथा ही निर्दयतापूर्वक मेरे पीछे दौड़ रही है ॥४५॥

तदनन्तर अनुताप सा करती हुई माता बोली—अरे ! बातों की युक्ति भिड़ाने वालों में श्रेष्ठ ! अरे चोरों में उत्तम ! तू नरों में श्रेष्ठ व्रजराज का पुत्र होकर भी, वानरों से प्यार करता है, अतः तू वानरों के से स्वभाव वाला है। माता की ऐसी बात सुनकर, भयभीत होकर, इशारे से किंचिद् भय दिखाते हुए पुत्र ने कहा कि, यदि मैं बानर ही हूँ, तब तो वन में ही प्रविष्ट होकर रहूँगा ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ माता सभयं चिन्तितवती,—'को जानीयात् कुर्यादपीदं मानी, तर्हि तन्निबन्धनं बन्धनमेव सन्धेयम्, यदेकया मयालयबालयोरवधानं दुर्धानं भविता ।'

"स्पष्टन्त्विदमुक्तवती,—॥४७॥

'रे चोर चञ्चलविलोलविलोचनश्री,-निक्षिप्तमोह ! मनुषे विनिवारणं न ।
बध्वा भवन्तमहमाशु चलामि गेहं, शक्तिर्यदि प्रथयतां द्रुत चौर्यमन्यत् ॥'४८॥

"बन्धोद्यमे तु रुषिततारूषितः पुत्रः फूत्कुर्वन्निव सास्रमुच्चैरुवाच,—'अम्ब ! रोहिणि ! सह सहजेन क्व गतासि ? त्वया रहितं मामियं बध्नाति, तद्द्रुतमिह समेहि ।' ॥४९॥

"तदेतद्दूरगतया तया नावधार्यते स्म । किन्तु पराः पारम्पर्येणावधार्य कृतोपालम्भचर्याः काश्चिन्निकटनिकाय्या नार्यः परिवार्य मिलिताः । स्ववाचमिह स्मारयितुम् 'ऐकागारिकः सोऽयं भवदगारेऽपि कां कारिमकार्षीत्' इति सूचयन्त्य इव सह जहसुश्च ॥५०॥

"ततस्तदनवदधती कुन्तलसन्तानबन्धाद्विघटितां पट्टडोरीमेकामुपसद्य सद्यः सद्मद्वारान्तरुपसद्यमानमुदूखलमनु वत्सगलबन्धवदलग्नमेवावलग्ने सनिर्बन्धं बन्धुमुद्यतवती स्तनन्धयं शिक्षाजननी जननी; सा तु द्व्यङ्गुलाङ्गन्यूनाजनि ॥५१॥

तदनन्तर माता ने भयपूर्वक मनमें विचार किया कि कौन जाने, यह अभिमानी बालक ऐसा भी कर सकता है, तब तो वन प्रवेश के निवारण के लिये इसको बाँधकर रखना ही हमारा कर्तव्य है, क्योंकि मुझ अकेली के द्वारा घर और बालक, इन दोनों का सँभालना कठिन हो जायगा। पुनः इस प्रकार स्पष्ट बोली— ॥४७॥

अरे चोर ! अरे चञ्चल ! ओ ! अपने चञ्चल नेत्रों की शोभा द्वारा सभी के प्रति मोह को फेंकनेवाले ! अर्थात् सबको विमुग्ध करने वाले ! मेरे निवारण को क्यों नहीं मानते हो ? देख ! मैं तुझको बाँधकर शीघ्र ही घर को जाती हूँ। यदि तुझमें शक्ति है, तो प्रगट करदे, एवं दूसरी वस्तु की भी चोरी कर ॥४८॥

माता के द्वारा बन्धन का उद्यम प्रारम्भ होते ही, पुत्र ने क्रोध में भरकर फुसकार सी मारते हुए, सजल नयन हो ऊँचे स्वर से कहा कि, अरी रोहिणी अम्मा ! हमारे बड़े भैया के सहित तू कहाँ चली गई है ? तेरे बिना आज यह मैया मुझको बाँध रही है, इसलिये तू यहाँ शीघ्र आजा ॥४९॥

दूर चले जाने के कारण श्रीरोहिणी ने इन वाक्यों को नहीं सुना समझा। किन्तु श्रीयशोदाजी के घर के निकट ही जिनके घर हैं, एवं पहले भी जो श्रीकृष्ण का उपालम्भ फटकारना आदि कर चुकी हैं, ऐसी नारियाँ परम्परा से इस वृत्तान्त को जानकर, एकत्रित होकर आ मिलीं, और अपने पुराने उलाहने की याद दिलाने के लिये "इस चोर ने तुम्हारे घर में भी कोई कौतुकमय कार्य कर दिया है क्या ?" इस प्रकार की सूचना सी करती हुई एक साथ हँस पड़ीं ॥५०॥

तदनन्तर पुत्र को शिक्षा देने वाली माता यशोदा, उन स्त्रियों के वाक्यों की ओर ध्यान न देती हुई, अपनी वेणी (चुटिया) के बन्धन से गिरी हुई एक रेशमी डोरी को लेकर, शीघ्र ही घर के दरवाजे के बाहर के भाग में धरे हुए, ऊखल का लक्ष्य कर, बछड़ा के गले के बन्धन की तरह, वस्त्रों सहित पुत्र की कमर में आग्रहपूर्वक, उस डोरी से बाँधने का उद्योग करने लग गई, किन्तु वह रेशमी डोरी दो अंगुल कम पड़ गई ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च तस्या धम्मिल्लाद्वुद्वास्यान्यस्या विन्यस्तत्वेऽपि तदवस्थतायां दृश्यमानायां साश्चर्यमिव नार्यापतैर्मन्थननेत्रैर्बहुभिरपि पारं न ववाज व्रजेश्वरी ॥५२॥

"ततश्च, तदङ्गे द्वयंगुलाभासे सर्वे लब्धावकाशकाः ।
दृश्यन्ते स्म वटास्तत्र विदूराद्रौ घना इव ॥५३॥

"तदेतत् पश्यन्तीभिः परिहसन्तीभिरुक्तम्,—'व्रजदेवि ! निवेदितमेवास्माभिः स एष समुन्नतया मोहनतया कफल्लकमपि वेल्लयन् लोप्त्रमात्रसुकलतानन्दी परास्कन्दी सन्दीप्यते' इति । सा प्राह,—'किं जानात्यसावद्य, किन्तु भवतीनामेव कापीयमवद्या विद्या; यदन्तरस्य पक्षपातिन्यः समीक्ष्यध्वे बहिरेवान्यथा व्यवहारतया विहरन्त्यः स्म ।' सर्वाः सहासमूचुः,—'तत्रभवति ! भवच्चरणेभ्यः शपथमाचरामः, नास्माकं विस्मापिकेयं विद्या विद्यते ।' इति ॥५४

"सा च चेतसि विचारमाचचार,—'तर्हि गर्गवचनवर्गवत् सकृत् कापि भागवती शक्तिरेवामुमवरुणद्धि, न चायं किञ्चिदपि जानाति ।' ॥५५॥

"अथेयमस्याश्चर्यस्य पर्यन्तं पर्यालोचयितुं ताभिरेव गृहादन्यान्यपि मन्थनदामानि मुहुर्मुहुरानाय्य सनिर्बन्धं बन्धमादधत्यपि गत्यन्तरं न प्राप ॥५६॥

उसके बाद उसी चुटिया से निकालकर दूसरी डोरी के बाँधने पर भी वही अवस्था दिखाई पड़ी, अर्थात् वह भी दो अंगुल कम पड़ गई। पश्चात् आश्चर्यपूर्वक अन्य गोपियों के द्वारा दी गई दधिमन्थन की अनेक रस्सियों के द्वारा भी व्रजेश्वरी बन्धन का पार न पा सकी ॥५२॥

तदनन्तर जिस प्रकार दूर के पर्वत में लगे हुए मेघ भी नहीं लगे से दिखाई देते हैं, उसी प्रकार दो अंगुल दिखाई देने वाले श्रीकृष्ण के अङ्ग में सारी रस्सियाँ बिना लगी सी दिखाई देती हैं, अर्थात् सभी दो अंगुल कम पड़ जाती हैं ॥५३॥

यह देखती हुईं एवं हँसती हुईं व्रजनारियाँ बोलीं—अयि व्रजेश्वरि ! हमने तुमसे पहले ही निवेदन किया था कि, आपका यह पुत्र बढ़ी चढ़ी मोहिनी शक्ति द्वारा कफल्लक (प्राथमिक चोर) को भी तिरस्कृत करता हुआ, चोरी के द्रव्य मात्र से उत्पन्न दाता भोक्तापन से प्रसन्न रहने वाला है, एवं दूसरों के द्रव्य का अपहरणकर्ता होकर ही प्रकाश पा रहा है। यशोदा बोली—आजकल का पैदा हुआ छोटा सा यह बालक छलछिद्रों को क्या जानता है ? किन्तु मालूम पड़ता है, तुम्हारी ही यह कोई निन्दनीय छलभरी विद्या है, जिस कारण भीतर से तो इसकी पक्षपातिनी दिखाई देती हो, एवं बाहर से अन्य प्रकार का व्यवहार करती हो। सभी व्रजमहिलायें हँसकर बोलीं—हे पूजनीये ! श्रीयशोदे ! हम आपके श्रीचरणों की शपथ खाकर कहती हैं कि, विस्मयकारिणी यह विद्या हमारी नहीं है ॥५४॥

श्रीयशोदाजी ने मनमें विचार किया कि, तब तो श्रीगर्गाचार्यजी के वचनों के अनुसार, कोई भगवत् सम्बन्धी शक्ति ही इसको घेर लेती है, वास्तविक दुधमुंहा यह बालक तो कुछ भी नहीं जानता ॥५५॥

उसके बाद श्रीयशोदाजी इस आश्चर्य का अन्त देखने के लिये, उन्हीं गोपियों के द्वारा अपने अपने घर से दधिमन्थन की और भी नेतियों को बारंबार मँगाकर, आग्रहपूर्वक बन्धन कसती हुई भी, बाँधने का कोई भी उपाय न पा सकी ॥५६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, वध्नती न तु सुतं व्रजेश्वरी, पारमाप तदपारकर्मणः ।
घर्मवारिवरिमाणमाव्रज,-द्वारवारमलकावृतीरपि ॥५७॥

"ततो यावदेव यादवदेवकुलजस्य तस्य हठवत्तायां प्रयत्नाधिरासीत्, तावत्तदाग्रहोऽपि ग्रहनिगृहीत इवाभूत् । मातृवैकल्येन कल्यमानमनस्त्वे तु प्रथमडोरिकाद्वयमात्र-सम्बन्ध-गात्रतया बद्ध एव सोऽयमबुध्यत । अन्यानि तु सर्वाणि दामानि तस्मिन्नुर्वरितान्येवा-दृश्यन्त ॥५८॥

"योगमाया-नामिनी तत्कर्मकारिणी हि तन्मनोऽनुसारिणी, यया तन्निष्पाद्य मातरं प्रत्यपि भ्रम एवायमिति प्रत्ययः प्रत्यहमासाद्यत । अथ लब्धसन्धं तं बन्धं दीर्घतमयान्यया रज्ज्वाऽऽबध्य च तया तदुदूखलमध्यं बबन्ध ॥५९॥

"बद्ध्वा च माता शिक्षां घटयन्ती निजकठिनतामेव तस्मिन् हठिनि प्रकटयन्ती ताभि-र्विहसन्तीभिः सह सनर्म गेहकर्मणे गच्छन्ती तत्परिपालनाय बालकान् परितः स्थापितवती॥६०

"ततश्च गतासु तासु क्षणं कृतरोदनविनोदः पश्चाद्वहलखलं प्रत्युदूखलनोदनाय लब्ध-मोदः स तु बद्ध एव केवल-बाल-वलिततया प्रबलितचापलश्रद्धस्तैः सह प्रहसन् खेलन्नुलू-खलमेतं लघु लघु चालयामास, हारयामास च तैरेवोल्वणहासतया शुल्वहारिणीनां

तदनन्तर पुत्र को बाँधती हुई भी व्रजेश्वरी उस बन्धनरूप अपार कर्म का पार न पा सकी, अपितु पसीना के मारे लथपथ हो गई, एवं बारंबार अपनी अलकावलियों द्वारा आवृत होकर श्रान्त हो गई ॥५७॥

तदनन्तर यदुकुलोत्पन्न श्रीकृष्ण का हठ करने में जब तक अधिक प्रयत्न था, तब तक माता का आग्रह भी ग्रहगृहीत की तरह निष्फल था । माता की विकलता से श्रीकृष्ण का मन जब वशीभूत हो गया, तब तो उनके गात्र में पहली यशोदाजी की वेणी की दो डोरियों के सम्बन्धमात्र से, सभी ने जान लिया कि, अवके श्रीकृष्ण बँध गये, और बाकी की सारी रस्सियाँ उनके शरीर में बची हुई ही दिखाई पड़ती थीं ॥५८॥

उस समय श्रीकृष्ण की सेविका योगमाया नामवाली शक्ति उनके मन के अनुकूल थी, जिसके द्वारा ही यह बन्धनरूपी कार्य निष्पन्न कराकर, माता के प्रति भी यह भ्रम ही है, ऐसा विश्वास प्रतिदिन प्राप्त करा दिया जाता था । उसके बाद वह बन्धन श्रीकृष्ण के देह में जब स्थिर हो गया, तब उसी बन्धन को अत्यन्त लम्बी एक दूसरी रस्सी के द्वारा अच्छी तरह बाँधकर, उसी रस्सी के द्वारा माता ने उस ऊखल के मध्यभाग को बाँध दिया ॥५९॥

लाला को ऊखल में बाँधकर माँ यशोदा शिक्षा देती हुई, उस हठी कृष्ण के प्रति अपनी कठिनता को ही प्रगट करती हुई, तथा उन हँसती हुई गोपियों के साथ कौतुकपूर्वक घर का कार्य करने के लिये जाती हुई, श्रीकृष्ण की रक्षा के लिये बालकों को चारों ओर बैठा गई ॥६०॥

पश्चात् उन सभी व्रजाङ्गनाओं के चले जाने पर, क्षणभर में ही रोने का विनोद आरम्भ कर दिया, फिर लम्बे चौड़े अनेक स्थानों के प्रति ऊखल के चलाने के लिये आनन्द को प्राप्त किया, किन्तु श्रीकृष्ण ने बँधे हुए ही केवल बालकों से घिरे हुए होने के कारण, चाञ्चल्यजनित श्रद्धा को बढ़ा दिया, एवं उन्हीं बालकों के साथ हँसते खेलते धीरे धीरे उसी ऊखल को चला दिया । तथा उन्हीं बालकों के द्वारा "जो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लब्धशून्यसाधर्म्यहर्म्यश्रेण्या हारिशिक्यित-नव-नवनीतादिकमाहरयामास च । किन्तु तत्कर्षण-मय-हर्षप्रदलीलया, न च करेण न चापरेण तदुद्दानमोचनरोचनतामवाप ॥६१॥

"तत्र तु पुरद्वारपुरस्ताद्वर्ति-वातावर्त-वर्तित-नर्तनमिव यमलमर्जुनद्वयमस्य नेत्रवर्त्मनि वर्तते स्म । क्रमेण चासौ तयोरन्तर एव विक्रमते स्म ।" इति ॥६२॥

एतावन्मुक्तकण्ठमुट्टङ्कयन् स्निग्धकण्ठस्तद्भञ्जने कारणं हरेरैश्वर्यप्रचारणमिति तत् प्रतारयन् कारणान्तरमेव व्याजहार,—॥६३॥

"ततः स्फुटं झटिति परतः पर्यटितुमुत्कण्ठया तन्मध्यसम्बद्धेनैवाध्वना निश्चक्राम, तदध्वनस्तु संक्षिप्तताधःक्षिप्ततया तदुदूखलं प्रतितष्टम्भे ॥६४॥

"अथ स्फुटमसौ वटीत्रोटनेच्छया तत् कृष्टवान् । हठादाकृष्टे च तस्मिन् ॥६५॥

"कुठद्वयं कटकटशब्दमुग्जटं, विघट्टितं स्फुटमलुठद्द्वयोर्दिशोः ।
न धीर्धृतिं बधिरविमुग्धतामधि,-व्रजन्नधि व्रजमदधात् प्रजाव्रजः ॥६६॥

गोपियाँ अट्टहासपूर्वक श्रीकृष्ण के बाँधने के लिए अपने अपने घर से रस्सियाँ लाई थीं, एवं उस समय नन्दभवन में उपस्थित भी थीं", इसको सुन्दर अवसर समझकर, श्रीकृष्ण ने उन गोपियों की सूनी सी हवेलियों से मनोहर छींकों पर धरे हुए ताजे ताजे नवनीत (माखन) आदि को चुरवा दिया, और उन्हीं बालकों को इशारे से खवा दिया । किन्तु उस ऊखल के खैंचने से उत्पन्न आनन्दमयी लीला के कारण, न तो अपने हाथ से, न दूसरे ही किसी के द्वारा, उस बन्धन से मोचन करने की अभिलाषा की ॥६१॥

वहाँ पर पुरद्वार के सन्मुख खड़े हुए, यमलार्जुन नाम के दो वृक्ष श्रीकृष्ण के नेत्रों के सामने आ गये, जो कि वायु के बबूड़े के द्वारा प्रवर्तित नृत्य सा करते रहते थे । श्रीकृष्ण भी क्रमशः उन दोनों के बीच में ही विचरण करते करते उपस्थित हो गये ॥६२॥

यहाँ तक उच्चस्वर से कथा कहते हुए, स्निग्धकण्ठ ने यमलार्जुनभञ्जन के विषय में, यदि हरि को कारण बताता हूँ, तब तो श्रीहरि के ऐश्वर्य का प्रचार हो जायगा । माधुर्यप्रधान इन व्रजवासियों में उसका प्रचार उचित नहीं, अतः उस कारण की वञ्चना करते हुए, अर्थात् छिपाते हुए दूसरे कारण को ही बता दिया—॥६३॥

तदनन्तर स्पष्टरूप से शीघ्र ही वृक्षों के बीच में होकर ही दूसरे स्थान पर जाने की उत्कण्ठा हो गई, इस कारण से उनके बीच के मार्ग से ही श्रीकृष्ण निकल पड़े । उस मार्ग के संकुचित होने के कारण वह ऊखल अटक गया ॥६४॥

पश्चात् श्रीकृष्ण ने स्पष्टरूप से उस रस्सी के तोड़ने की इच्छा से उस ऊखल को खैंचा, हठपूर्वक उस ऊखल के खिचते ही— ॥६५॥

दोनों वृक्ष कट कट शब्द करते हुए, जड़ों के सहित, दोनों ही दिशाओं में स्पष्टरूप से अलग अलग होकर धड़ाम से धरती में गिर पड़े । व्रज की सारी प्रजा बहिरों की अपेक्षा भी अधिक विमुग्धता को प्राप्त होती हुई, अपनी अपनी बुद्धि को स्थिर न कर सकी, अर्थात् वृक्षों के गिरने के शब्द से उनके कान बहरे हो गये, एवं बुद्धि अधीर हो गई ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चित्रं तुत्रोट तत्तत्र वज्रमज्जार्जुनद्वयम् ।
न पुनर्मातृवात्सल्य-निर्बन्धमयबन्धनम् ॥६७॥

"श्लोकयन्ति चात्र—

'श्यामाङ्गद्युति किङ्किणि-ध्वनिधरं रिङ्गातिरङ्गप्रदं
कर्षच्छश्वदुदूखलं खरखरत्कारप्रकारप्रथम् ।
विस्फूर्ज-प्रतिमार्जुनद्वय-कटत्कारार्जितात्कौतुकात्
पर्यावृत्तनिरीक्षणं व्रजवधूलाल्यस्य बाल्यं स्तुवे ॥'६८॥

"अथ तयोरत्यूर्जितेन विस्फूर्जितेन मुहूर्तार्धमार्ततया गोष्ठाधिष्ठाना मूर्च्छामूर्च्छन्तः स्थिताः । तन्निकटसंघट्टिनीमर्भकघटां विना, सा तु तल्लीलामाधुरीधुरीणतया चित्राकृतिरिव मित्रावली न वित्रासमाससाद ॥६९॥

"दूरादपि तदूर्जितं विस्फूर्जितं सम्भ्रमकार्यवधार्य तु व्रजपतिमुखास्तर्कितासुखास्तदेवाभिप्रतस्थिरे । सत्रा सत्रासमत्राभिदधिरे च,—॥७०॥

'विना वातं विना वर्षं विद्युत्-प्रपतनं विना ।
विना हस्तिकृतं दोषं केनेमौ पातितौ द्रुमौ ? ॥७१॥

उस समय वहाँ पर यही एक आश्चर्य की बात हुई कि, श्रीकृष्ण ने वज्र की अपेक्षा भी अति कठिन यमलार्जुन नामक दोनों वृक्षों को तो तोड़ दिया, किन्तु माता के वात्सल्य से जनित आग्रहपूर्ण उस प्रेम के बन्धन को न तोड़ सके ॥६७॥

इस विषय में कविजन श्लोकों द्वारा इस प्रकार स्तुति भी करते हैं, यथा—व्रजरमणियों के द्वारा लालनीय श्रीकृष्ण के बाल्यभाव की मैं स्तुति करता हूँ, यह बाल्यभाव श्यामवर्ण की अङ्गकान्ति से विराजमान है, किंकिणि की ध्वनि को धारण करता है, घुटुवन से चलकर अत्यन्त आनन्द देने वाला है, यह बारंबार ऊखल को खैंचने वाला है, अतएव तीक्ष्ण खरखर शब्द का विस्तार करने वाला है, वज्र की ध्वनि के समान दोनों अर्जुनवृक्षों के कटत्कार से उपार्जित कौतुक के कारण, यह बाल्यभाव चञ्चल नेत्रों वाला है ॥६८॥

तदनन्तर उन दोनों वृक्षों के गिरने की अति भयंकर ध्वनि के द्वारा सभी गोकुलवासी, एक घड़ी तक पीड़ित होकर, मूर्च्छा को प्राप्त करते हुए गतिविहीन हो गये । केवल श्रीकृष्ण के निकटवर्ती बालकों की मण्डली मूर्च्छित नहीं हुई । वह मित्रों की मण्डली तो श्रीकृष्ण की लीलामयी माधुरी की पराकाष्ठा को प्राप्त होकर, चित्र की सी आकृति की तरह भय को भी प्राप्त न कर सकी ॥६९॥

दूर से ही उस भयानक एवं उद्वेगजनक प्रचण्ड शब्द को सुनकर, श्रीव्रजराज आदि सभी गोकुलवासी कष्ट की आशङ्का करते करते उसी स्थान को चल दिये, तथा एक ही साथ उस स्थान पर जाकर भयपूर्वक बोले कि— ॥७०॥

वायु के बिना, वर्षा के बिना, बिजली की तड़कन के बिना, एवं हाथी के द्वारा किये गये आक्रमणरूपी दोष के बिना, इन दोनों वृक्षों को किसने गिरा दिया ? ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अजन्य-जन्यमेतावज्जाता निर्जनता कुतः ?

तस्मात्तस्मान्महागर्जान्मूर्च्छामार्च्छन् व्रजे जनाः ।।' इति ।।७२।।

"अवदधिरे च तन्निकटतटस्थं भासमानहासविलासमुखमुलूखलं कर्षन्तं लीलासुखं वर्षन्तं बालगोपालम् । तेन च 'कथं कथम्' इति कथयन्तस्तमावृण्वन्त एवावतस्थिरे ।।७३।।

"स तु पितरमनुविन्दमानमनुवक्रन्द ।।७४।।

"पिता चान्तःसम्भ्रान्तः सन्नपि तस्य सान्त्वनाय मुखमात्रं हसितपात्रमाचरन्नचिरादेव तं विपाशयामास ।।७५।।

"सरोदनवदनं वदनं चुम्बन् विदन्नपि मुहुः पप्रच्छ च,—'पुत्र ! कुत्रत्यः स खलु खलबुद्धिर्येन चोलूखले निर्बन्धजनित-बद्धस्त्वमसि ?' इति । स तु पितरि रतश्चिरतः श्लिष्टकण्ठतयाभ्यर्णमागतः कर्णे वर्णयामास,—'तात ! मातैव' इति ।।७६।।

"पिता तु तां पूर्वं विगतसंवेदतया अनन्तरन्तु स्वत एव जातनिर्वेदतया दूनां वेद स्म । तत एव न सहसा रहसापि परिभाषितुमियेष । अज्ञतयावज्ञया न च पप्रच्छ बालकान्,—'किमिदं वृत्तम् ?' इति । ते तु स्वयमेवोचुः,—'स्फुटमनेन कृतमध्यगमनेन विस्तीर्णखले पुरस्थले क्रीडितुं निष्क्रम्य विकृष्टतले तिर्यग्भावादचले चास्मिन्नुलूखले खटत्-खटिति त्रुटिततामृच्छत् कुठद्वयं झटिति लुठद्भावमानर्च्छ ।'

इतना भारी उत्पात हो गया तो भी, यह स्थान जनता से शून्य कैसे रहा ? इसमें तो यही कारण ज्ञात होता है कि, वृक्षों के गिरने की उस बड़ी भारी गर्जना के कारण, व्रज में सभी जन मूर्च्छा को प्राप्त हो गये थे ।।७२।।

पश्चात् उन दोनों वृक्षों के पास में स्थित, उस बालगोपाल को भी व्रजवासियों ने सावधानी से देख लिया, जिसके मुख पर हास का विलास सुशोभित हो रहा है, एवं ऊखल को खैंचकर लीलासुख की वर्षा कर रहा है, उसी के साथ "यह घटना कैसे हुई, यह क्या हुआ ?" इस प्रकार कहते हुए सभी व्रजवासी उसी को घेरकर खड़े हो गये ।।७३।।

बालमुकुन्द भी पिताजी को पीछे से आते देखकर रुदन करने लग गये ।।७४।।

पिताजी ने अपने अन्तःकरण में सम्भ्रान्त होकर भी, लाला की सांत्वना के लिये केवल अपने मुख को हास्य से युक्त करते हुए, शीघ्र ही लाला को बन्धन से मुक्त कर दिया ।।७५।।

पुनः रो रोकर बात करने वाले लाला के मुख को चूमते हुए, एवं बन्धन के कारण को जानते हुए भी, पिता ने बार बार पूछा कि, हे पुत्र ! वह खलबुद्धि व्यक्ति कहाँ का रहने वाला है, जिसके द्वारा तू इस ऊखल में आग्रहपूर्वक बन्धन में डाला गया है ? पितृभक्त श्रीकृष्ण ने भी कुछ देर बाद पिता के पास आकर गले से चिपटकर, गद्गद वाणी से कान में कहा कि, पिताजी ! मुझको ऊखल में बाँधने वाली माता ही है ।।७६।।

यशोदाजी पहले ही ज्ञानशून्य हो गई हैं, पीछे दुःख उपस्थित होने के कारण, स्वतः ही पश्चात्ताप से सन्तप्त हैं, यह सब बातें श्रीनन्दजी ने कर्णाकर्णिकया जान लीं, इसीलिये सहसा एकान्त में भी उससे कोई बात पूछने की इच्छा नहीं की । ये छोटे छोटे बालक इस विषय में क्या जानते होंगे ? इस ध्येय से अवज्ञा के कारण बालकों से "यह वृक्षों का गिरना आदि वृत्तान्त कैसे हुआ ?" इत्यादि कुछ भी नहीं पूछा ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ततश्च खण्डिताभ्यामाभ्यां निर्गत्य कटकमुकुट-कुण्डलादि-मण्डितौ रोचिष्मद्वपुष्मन्तौ शुष्माणौ प्रणमन्तौ समन्तादेतं किमपि सन्तोषयामासतुः। तदुत्तरमुत्तरस्यां दिशि प्रास्थिषाताम्।' "तदेतदाकल्य बालानां प्रलापोऽयमिति वत्सलाः कलयाम्बभूवुः, अन्ये तु सांशयिक-तानपेतचेतसः प्रजाताः ॥७७॥

"ततश्च क्रमादेकद्व्यादि-प्रक्रमान्मिलितेन व्रजजनेन समं व्रजभूपालः स्वबालकेनाङ्कं सदलंकृत्य नित्यकृत्यकृते कालिन्दीमनुविन्दमानस्तेनानुषज्य निमज्य तत्रैव विप्रैः स्वस्ति-वाचनादिकमाचर्य महादानादिकं विसर्ज्य निकाय्यमासज्य च पूर्वाह्णभोजनाय ससज्ज ॥७८॥

"तज्जाया तु तज्जाभ्यां दुःखलज्जाभ्यां सज्जन्ती गृहादाग्रहाच्च न निष्क्रान्तवती, न च गृहागताः संभाषितवती। सर्वास्ववर्गेव निवृत्तासु समाधानोहिनी रोहिणी गौरवपात्रीभिः पौरोगवीभिः परिवेषयामास ॥७९॥

"श्रीव्रजराजस्त्ववरजात्मजं राममपि समानीय तेन सुतेन च सार्धं तयोः स्निग्धकल-कोलाहल-निदिग्धः सग्धिमाचरितवान्। ताभ्यां सूर्तपरमानन्दपूर्ताभ्यां मुहूर्तमेकं विश्रम्य च सम्यगीदृगौशीरसुखधीरचेता गवागमनरम्यसमये गोस्थानमागम्य गोदोहनादिकार्यञ्च कारयति स्म ॥८०॥

वे स्वयं ही बोले कि—पिताजी ! इस तुम्हारे लाला ने स्पष्टरूप से इन दोनों वृक्षों के बीच में जाकर, विस्तीर्णभूमि के सामने वाले स्थल में खेलने के लिये निकलकर, इस अचल ऊखल के तलभाग को टेढ़ा करके, जब खैंचा, तभी ये दोनों वृक्ष खट् खट् करके, टूटते हुए झटपट भूमि में लोटपोट हो गये। तदनन्तर टूटे हुए इन दोनों वृक्षों से अग्नि के समान देदीप्यमान बलवान् दिव्य देह वाले, एवं कटक, मुकुट, कुण्डल आदि से सुशोभित दो पुरुष निकले, निकलकर चारों ओर से इस तुम्हारे कन्हैया को प्रणाम करते हुए, कुछ कहते हुए सन्तुष्ट कर गये, उसके बाद दोनों ही उत्तरदिशा की ओर चले गये। बालकों की इन बातों को सुनकर वात्सल्यरस प्रधान श्रीव्रजराज आदिकों ने "यह तो बालकों का प्रलाप है", ऐसी कल्पना कर ली, किन्तु अन्य सब तो सन्देहयुक्त चित्त वाले ही बने रहे, अर्थात् उन सबके चित्त से सन्देह दूर नहीं हुआ ॥७७॥

उसके बाद क्रमशः एक, दो, तीन इत्यादि क्रम से सम्मिलित सभी व्रजजनों के साथ, श्रीव्रजराज अपने बालक से अपनी गोद को सजाकर, नित्यकर्म करने के लिये, श्रीयमुनाजी को प्राप्तकर, अपने बालक के सहित गोता लगाकर, वस्त्र पहनकर, वहीं पर ब्राह्मणों के द्वारा स्वस्तिवाचनादि करवाकर, महादान आदि देकर, पश्चात् अपने घर आकर, पूर्वाह्ण भोजन के लिये तत्पर हो गये ॥७८॥

श्रीनन्दपत्नी यशोदाजी तो पुत्र के बन्धन के कारण, उत्पन्न दुःख एवं लज्जा से युक्त होकर, आग्रह सहित घर से बाहर नहीं निकलीं, एवं घर में आई हुई गोपियों से बातचीत भी न कर सकीं। पश्चात् सभी गोपियों के चले जाने पर, सभी कार्यों का समाधान करनेवाली श्रीरोहिणी ने, गौरव की पात्र, पाकशाला की अध्यक्षा सेविकाओं के द्वारा भोजन परसवा दिया ॥७९॥

श्रीमान् व्रजराज ने भी वसुदेवजी के लाला श्रीबलराम को भी बुलाकर, उसके साथ एवं अपने लाला कन्हैया के साथ, उन दोनों भैयाओं के स्निग्ध, एवं अव्यक्त सुमधुर कोलाहल से परिपूर्ण होकर, पुनः

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"उदवसितादतिसितां सितामानाय्य तया सहितं सुहितं सह सवयोभिस्तनयौ स्तनपान-प्रतिनिधितया धारोष्णं पयः पाययामास च, शिक्षयामास च तत्र पत्रपुटीघटनाम् ॥८१॥

"अथ पुनरपि हर्म्यमागम्य ताभ्यामाचरित-सायंभोजनसुखसमाजे व्रजराजे सहरोहिणीकास्तदीयसन्ततसुखाभीकाः स्वकुलमाणिक्यलक्ष्म्यः सर्वाः प्रामाणिक्यः समासाद्य निवेदितवत्यः,—'राजन् ! कृष्णजनन्यद्य न भुक्तवती, न केनचिदुक्तवती च वर्तते, तामनु सर्वाश्च तथा वर्तन्ते ।' ॥८२॥

"व्रजराजः सहदुःखहासमुवाच,—'वयं किं कुर्मः ? रोषमनुवर्तमाना स्वयमेव स्वदोषं पश्यतु ।' सर्वाः साश्रमूचुः,—'हन्त ! सा खल्वन्तर्बहिरप्यतिकोमला तवेदृशालापेन तापेनाति-म्लास्यति ।' व्रजराजस्तु सस्मितः सुतमपृच्छत्,—'तात ! स्व-मातरं यास्यसि ?' कृष्ण उवाच,—'नहि नहि, किन्तु त्वामेव समया समयान् गमयिष्यामि ।' अथ राजन्यायः-प्रजावत्यः सहासमूचुः,—'स्तनं कस्य पास्यसि ?' कृष्ण उवाच,—'सितासम्भविष्णु धारोष्णं पयः पास्यामि ।' सर्वा ऊचुः,—'केन क्रीडिष्यसि ?' कृष्ण उवाच,—'तातेनैव समम्; तथा भ्रातरमपि सङ्गं गमयिष्यामि ।' व्रजराज उवाच,—'भ्रातुर्मातरं कथं नानुगच्छसि ?' कृष्णः सरोषाश्रमुवाच,—

एकसाथ भोजन किया । पश्चात् मूर्तिमान् परमानन्दपूरक श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भैयाओं के साथ, एक मुहूर्त विश्राम करके, एवं अच्छी प्रकार सोने बैठने के सुख से सुस्वस्थचित्त होकर, सायंकाल में गैयाओं के आने के रमणीक समय में, गोशाला में आकर गोपों के द्वारा गोदोहनादि कार्य सम्पन्न कराया ॥८०॥

पश्चात् घर से अतिश्वेत मिश्री मँगवाकर, उसके सहित अत्यन्त हितकर धारोष्ण दुग्ध को, स्तनपान के प्रतिनिधिरूप से, समान अवस्था वाले सुबलादि सखाओं के सहित, दोनों ही पुत्रों को पान कराया, और वहीं पर दोनों लालाओं को दोना बनाने की, पाठान्तर में पत्र लिखने की शिक्षा भी दी ॥८१॥

उसके पश्चात् अपने भवन में आकर, उन दोनों भाइयों के साथ, श्रीव्रजराज का सायंकालीन भोजन का सुखसमाज सम्पन्न हो जाने पर, व्रजराज के निरन्तर सुख की कामना वाली, एवं अपने अपने कुल की मणिमुक्तामयी लक्ष्मीस्वरूपा, ऐसी सभी प्रामाणिक वृद्ध गोपियाँ, श्रीव्रजराज के पास आकर श्रीरोहिणीजी के सहित निवेदन करने लग गईं कि, हे राजन् ! कृष्ण की माँ ने आज भोजन नहीं किया हैं, और किसी के साथ कुछ बोली भी नहीं हैं, उनकी ऐसी दशा देखकर घर की सभी गोपियाँ, उनकी तरह बिना खाये पीये चुपचाप बैठी हैं ॥८२॥

व्रजराज दुःख एवं हास्य के सहित बोले कि, हम क्या करें ? क्रोध का अनुसरण करनेवाली वह अपने दोष को स्वयं ही देख ले ।

सभी अश्रु वहाती हुई बोलीं—हाय ! वह तो निश्चय ही भीतर एवं बाहर से अतिशय कोमल है, आपके ऐसे कथन से तो वह सन्ताप से और अधिक दुःखी हो जायगी ।

व्रजराज ने मुस्क्याकर लाला से पूछा कि, लालन ! अपनी अम्मा के पास जायगा ? कृष्ण बोले—नहिं, नहिं । किन्तु आपके ही निकट समय को बिताऊँगा । तदनन्तर व्रजराज के बड़े भाई उपनन्द आदि की घर वाली हँसकर बोलीं कि—व्रजराज के पास रहकर किसके स्तन का पान करेगा ?

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'मां विहायेयमपीयाय ।' इति । तदेतदाकर्ण्य सास्रा रोहिणी नीचैरुवाच,—'पुत्र ! कथं कठोरायसे, माता तव दुःखायते ।' कृष्णस्तदेतदभृण्वन्निव सास्रं पितृमुखमीक्षते स्म ॥८३॥

"रोहिणी तु सङ्कर्षणं तस्य सङ्कर्षणाय संज्ञया ज्ञापयामास । तेन गृहीतहस्तः पुनरसौ निरस्ततद्धस्ततया विद्रुत्य पितुरुत्सङ्गसङ्गी बभूव । तथाभवंश्च भुजाभ्यामवगुण्ठिततत्कण्ठः कृतवाष्पवृष्टिं तद्दृष्टिमेव पश्यंस्तमतीव वश्यमाचरन्नासीत् ॥८४॥

"व्रजराजस्तु मातर्यन्तःस्नेहमस्य पर्यालोच्य तदभिव्यक्तये हस्तं किञ्चिदुदस्तं विधायाभिदधे,—'पुत्र ! यदि ब्रूक्षि, तर्हि बाढं तां ताडयामि ।' कृष्णस्तु तदसहमानस्तस्य हस्तं स्तम्भयामास । ततो व्रजराजः पुनर्विहस्य निजवत्सलतयातीव सदयं तदीयमातुरपि हृदयमधियन्, 'पुत्र ! तव माता यद्येवं भविष्यति, तदा किं करिष्यसि' इत्यनधातोर्विरुद्धार्थं प्रयुज्य सपरिहासमाह स्म ॥८५॥

"कृष्णस्तु बालकभावेनाजस्रं मातरि सतृष्णः सास्रं 'कुत्र मे माता, तत्र गम्यताम्' इति सशङ्कं रोहिण्यङ्कं गतवान् । ततश्च प्रहसितकलकलेषु सकलेषु परमसुखारोहिण्या रोहिण्यानीतः सोऽपि वेश्म प्रविश्य सरोदनमोदमम्बालागलं लग्नवान् ॥८६॥

श्रीकृष्ण बोले—मिश्री से मिला हुआ धारोष्ण दूध पी लूँगा । सभी बोलीं—किसके साथ खेलेगा ? श्रीकृष्ण बोले—पिताजी के साथ ही, तथा भैया को भी साथ ही ले जाऊँगा ।

व्रजराज बोले—अच्छा, तो भैया की मैया रोहिणी का अनुसरण क्यों नहीं करता ? श्रीकृष्ण ने क्रोधसहित सजलनयन होकर कहा—मुझको छोड़कर "आपत्ति के समय" यह भी तो चली गईं थीं । यह सुनकर अश्रु बहाती हुई रोहिणी धीरे से बोली—हे पुत्र ! ऐसी कठोरता का आचरण क्यों करते हो ? तुम्हारी माता बहुत दुःखी है । कृष्ण इन बातों को अनसुनी सी करके, सजलनेत्र हो पिता के मुख को देखने लग गये ॥८३॥

उस समय श्रीरोहिणी ने श्रीकृष्ण को खेंचने के लिये बलराम को संकेत से समझाया । बलराम ने जाकर श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया, तो भी श्रीकृष्ण उनके हाथों से छूटकर दौड़कर, पिता की गोद में चिपट गये । और पश्चात् पिता की गोद से उठकर, अपनी दोनों भुजाओं से पिताजी के गले को पकड़कर, अश्रुवृष्टि करनेवाली पिता की दृष्टि को देखते देखते, उनको अत्यन्त वशीभूत करने लग गये ॥८४॥

श्रीकृष्ण के अन्तःकरण में माता के प्रति खूब स्नेह है, यह विचारकर, उस आन्तरिक स्नेह को प्रगट करने के लिये, श्रीव्रजराज ने हाथ को कुछ ऊँचा करके श्रीकृष्ण से कहा कि—लाला ! यदि तू कहे, तो तेरी माँ को पीट दूँ । यह व्यवहार न सहते हुए, श्रीकृष्ण ने अपने दोनों हाथों से पिताजी के हाथ को जोर से पकड़ लिया । तदनन्तर व्रजराज ने पुनः हँसकर स्वतःसिद्ध अपने वात्सल्यभाव के कारण, अत्यन्त दयापूर्वक श्रीकृष्ण की माँ के हृदय का भी स्मरण करते हुए कहा कि, पुत्र ! तुम्हारी माता यदि ऐसे हो जाय (अर्थात् मर जाय) तो तू क्या करेगा ? इस प्रकार जीवनधारणार्थक अन धातु के विरुद्धार्थ का प्रयोग करके परिहासपूर्वक कहा ॥८५॥

उस समय श्रीकृष्ण बाल्यभाव से माता के प्रति निरन्तर तृष्णायुक्त होकर, सजलनेत्र हो बोले कि—मेरी मैया कहाँ है ? मैं तो वहीं पर जाता हूँ, यों कहकर शङ्कितभाव से श्रीरोहिणीजी की गोद में पहुँच

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, वत्समूर्ध्नि चिबुकं दधती सा, धेनुवद्वलित-घर्घरशब्दा ।
रोदन-प्रथनया द्रवदात्मा,-रोदयत् परिकरानपि सर्वान् ॥८७॥

"अथ तासान्त्वनेकसान्त्वनया लब्धशान्तिः किञ्चिद्वचञ्चित-मुख-कान्तिः श्रीसुमुख-कन्येयं स्तन्येन तनयं प्रीणयामास, बुभुजे च सहाग्रजातेन तेन परमहिताभिः सहिता ॥८८॥

"तदारभ्य तु सङ्कोचमुपलभ्य व्रजराज-लोचन-गोचरतां वासरत्रयं नासादितवती । दिनान्तरे तु पितृनिदेशपालबालगोपालेनैव चेलाञ्चले गृहीत्वा नीता । तद्दिनतश्च सनर्मामोदं 'दामोदरः' इति व्रजवधूभिराहूयते स्म 'सोऽयं श्याममनोहरः' इति ॥८९॥

"व्रजेश्वरीं स्तोतुमपीह कोविदः, को वा भवेल्लोकग-लोकसंग्रहे ।
ब्रह्मापि सर्वोऽपि रमापि यत्कला,-कलाञ्च नाञ्चीदिति बादरायणिः ॥९०॥

"सोऽयमस्या बादरायणिना घटितसम्यगुद्घट्टनः श्रीमान् यशःपटहशब्दस्त्रैलोक्यमेव श्लोक्यतया पर्यटन्नस्ति । तथाहि (भा० १०।९।२०) 'नेमं विरिञ्चः' इत्यादि ॥९१॥

गये । तदनन्तर सभी जनों के हास्यपूर्वक कोलाहल उपस्थित करने पर, परमसुखप्रदायिनी श्रीरोहिणीजी के द्वारा लाये गये श्रीकृष्ण भी, घर में धँसकर रोते हुए हर्षपूर्वक माता के गले से जा लगे ॥८६॥

तदनन्तर धेनु के समान प्रबल घर्घर शब्द करनेवाली श्रीयशोदा ने अपने लाला के मस्तक पर ठोडी को धरते हुए, अपने स्नेह भरे रोने के विस्तार से अपना हृदय द्रवीभूत कर लिया, एवं सभी परिजनों को रुला दिया, अर्थात् उनकी ऐसी दशा को देख, सभी परिजन रोने लग गये ॥८७॥

उसके पश्चात् उन सब वृद्ध गोपियों की अनेक प्रकार की सान्त्वना से यशोदा को शान्ति प्राप्त हुई, उनके मुख की किंचित् शोभा भी प्रकाशित हो गई, पश्चात् श्रीसुमुख गोपकुमारी श्रीयशोदा ने अपने स्तन के दुग्ध से अपने लाला को प्रसन्न किया । तथा बड़े भैया श्रीबलरामजी से युक्त श्रीकृष्ण के साथ परम-हितैषिणी उपनन्दगृहिणी आदि सभी के साथ मिलकर भोजन भी कर लिया ॥८८॥

उस दिन से लेकर श्रीयशोदाजी संकोच को प्राप्त होकर तीन दिन तक श्रीव्रजराज के नेत्रों के सामने नहीं आईं, किन्तु तीन दिन के बाद, पिता की आज्ञा का पालन करनेवाले, बालगोपाल ने ही, चूनरी में पकड़कर उनके सामने पहुँचा दीं । दामबन्धन के दिन से सभी व्रज की गोपियाँ परिहास एवं आनन्द के सहित श्रीकृष्ण को 'दामोदर' कहकर बुलाने लग गईं, एवं बात बात में यह वही 'श्याममनोहर' है, ऐसे कहने लग गईं ॥८९॥

श्रीकृष्ण का बारंबार लोकोत्तर ऐश्वर्य देखने पर भी, जिनका वात्सल्यरस किंचिद् भी न्यूनता को नहीं प्राप्त होता, ऐसी वात्सल्यरसमयी श्रीयशोदाजी की स्तुति करने के लिये, सांसारिक लोगों में कौन विद्वान् समर्थ हो सकता है ? औरों की बात तो दूर रहने दो, श्रीशुकदेवजी ने भी कहा है कि, सबको मुक्ति देने वाले बालमुकुन्द से, जो प्रसन्नता का सुख श्रीयशोदाजी को प्राप्त हुआ, उसका शतांश भी ब्रह्मा, शंकर, लक्ष्मी को न मिल सका, अर्थात् भक्तिपक्ष में श्रीयशोदाजी की कला की कला को भी ब्रह्मा, शंकर आदि नहीं प्राप्त कर सके ॥९०॥

श्रीशुकदेवजी ने जिसका अच्छी प्रकार उद्घाटन किया है, श्रीयशोदाजी का ऐसा शोभायुक्त यशरूपी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीरामस्तु निजानुजं सतृष्णमाह स्म,—'स्मरसि, भ्रातर्बृहद्वने वत्स्यावः ?' अनुजोऽपि सस्मितमाह स्म—'आम् आम् तत्र क्रीडामपि करिष्यावः' इति ।" ॥९२॥

अथ कथकः समापनमाह,—

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोपमहेश्वर ।
यौ वृक्षावपि तौ स्वस्य दिव्यभक्तौ विनिर्ममे ॥"९३॥

तदेवं वृत्ते वृत्ते सर्वे तत्तत्कथामपि तत्तत्पर्वेवानुभूय स्व-स्ववासमेवासन्नवन्तः ॥९४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु दामोदरानुमोदो नामाष्टमं पूरणम् ॥८॥

नगाड़े का शब्द ख्याति के सहित, तीनों लोकों में घूम रहा है। इसमें (भा० १०।९।२०) "नेमं विरिञ्चः" इत्यादि पद्य ही प्रमाण हैं ॥९१॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण की परमेश्वरता का अनुभव करते हुए, श्रीबलरामजी अभिलाषापूर्वक अपने छोटे भाई श्रीकृष्ण से बोले कि—भैया ! याद है, हम तुम दोनों प्रगट लीला में महावन में वास करते थे ? श्रीकृष्ण ने भी मन्दहास करते हुए कहा कि—हाँ, हाँ । वहाँ पर हम तुम क्रीड़ा भी करते थे ॥९२॥

तदनन्तर कथावाचक स्निग्धकण्ठ ने इस प्रकार समाप्ति का वचन कहा कि—हे गोपों के राजाधिराज ! आपके ऐसा विचित्र लोकोत्तर लाला उत्पन्न हुआ है, जिसने यमलार्जुन नामक वे दोनों वृक्ष भी अपने दिव्य भक्त बना लिये ॥९३॥

अब ग्रन्थकार प्रसङ्ग को समाप्त करते हुए, स्वयं कहते हैं कि, इस प्रकार दामोदरलीला के समाप्त हो जाने पर, श्रीकृष्ण की उन उन कथाओं को भी, उन उन उत्सवों का सा अनुभव करते हुए, सभी सभासद अपने अपने घर को चले आये ॥९४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये दामोदरानुमोदननामकं
अष्टमं पूरणं संपूर्णम् ॥८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ नवमं पूरणम्

श्रीवृन्दावन-प्रवेशः

अथ दिनान्तरे भासमानायां सभायां श्रीव्रजराजः पर्य्यनुयुक्तवान्,—"वत्स स्निग्धकण्ठ ! तौ खलु वृक्षौ व्रजे सङ्कल्पप्रदतया देवतासदृक्षौ, ततः प्राग्जन्मनि कीदृशावत्र वा कस्मादागतौ सम्प्रति च कीदृशतया क्व गतौ ?"॥१॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"पूर्वं धूर्जटिमित्रादुत्पन्नवन्तौ कदाचित्तु श्रीदेवर्षिवर्यं धाष्ट्यं मनुष्ठितवन्तौ सन्तौ परिणामतः परमानुग्रहेण श्रीदेवर्षि-वर्यकृतनिग्रहेण वृक्षतायामपि भगवद्भक्तितामागतवन्तौ प्रतिभवदवतारमुद्भवतस्तस्य बृहद्वनस्थभवद्गृहस्य तु सदेशे देशे यमलार्जुनवेशेन स्थितवन्तौ। एतदनन्तरञ्च निजगतिमागतवन्तौ परमभगवद्भक्तिमन्तौ च जातवन्तौ। सम्प्रति तु तद्भक्तिफलव्यक्तिमप्याकलयन्तौ वर्तेते ॥२॥

व्रजराजः सकौतुकमुवाच,—"कथ्यतां तथ्यम्, सम्प्रति कुत्र प्रतियातौ ? अथ स्निग्धकण्ठः स्व-मुखकमलं नमयित्वा तूष्णीमिव स्थित्वा च मधुकण्ठं कटाक्षेणेक्षाञ्चक्रे। व्रजराज उवाच,—संकुचन्निव कथं नोचिवानसि ? स्निग्धकण्ठः ससम्भ्रममुवाच,—देव ! वयं किं ब्रूमहे ? श्रीचरणाः स्वयमेव वेत्स्यन्ति। व्रजराजः सस्मितमुवाच,—सत्यं भवदुक्तं

नवम पूरण

श्रीवृन्दावन-प्रवेशलीला

तदनन्तर अन्य दिन भी देदीप्यमान सभा के बीच में श्रीव्रजराज ने पूछा कि—वत्स ! स्निग्धकण्ठ ! वे दोनों वृक्ष इस व्रज में संकल्पित अभीष्ट वस्तु देने वाले होने के कारण देवताओं के समान थे, उससे पहले जन्म में वे कैसे थे, और इस व्रज में किस कारण से आ गये, एवं इस समय वृक्षयोनि से छूटकर किस रूप से कहाँ चले गये ? ॥१॥

स्निग्धकण्ठ बोला—पहले शिवजी के मित्र अलकापति यक्षराज श्रीकुबेर से उत्पन्न हुए थे, किन्तु किसी समय देवर्षिवर्य श्रीनारदजी के प्रति धृष्टता कर बैठे, (इन दोनों वृक्षों का सारा वृत्तान्त श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध के दशम अध्याय से पढ़ सुनकर समझ लेना चाहिये, धृष्टता, निग्रह, अनुग्रह आदि का सारा ज्ञान हो जायगा)। पश्चात् श्रीदेवर्षिवर्य के द्वारा किये गये निग्रहरूप अत्यन्त अनुग्रह के द्वारा वृक्ष होने पर भी, भगवान् के भक्तिभाव को प्राप्त हो गये। आपके प्रत्येक अवतार के समय उत्पन्न (प्रगट) होने वाले महावन में विराजमान आपके घर के समीप वाले स्थान में, यमलार्जुन के वेश से स्थित रहे। इसके पश्चात् अपनी वास्तविक गति को प्राप्त होकर, परम भगवद्भक्त भी होगये, किन्तु इस समय तो वे दोनों भगवान् की भक्ति के परिणाम को प्रकाशित करते हुए (प्रेमीभक्तों के प्राप्य स्थान पर) विद्यमान हैं ॥२॥

श्रीव्रजराज कौतुकपूर्वक बोले—सत्य सत्य कहो बेटा ! इस समय वे दोनों कहाँ चले गये हैं ?

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ अपने मुखकमल को नवाकर चुप सा होकर, कटाक्षपूर्वक मधुकण्ठ को देखने लग गया। व्रजराज बोले—संकुचित से होकर तूने कुछ भी क्यों नहीं कहा ? स्निग्धकण्ठ आदरपूर्वक बोला—महाराज ! हम क्या कहें ? पूज्यपाद आप स्वयं ही जान लेंगे।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पुनरुक्तमेव भवेत्, यतो भवतो मौनमेवात्र ब्रवीतीति रीतिवशाज्ज्ञातवन्त एव च वयम्, तथापि स्वमुखेन सुखेन योजयतु भवानस्मान् । स्निग्धकण्ठ उवाच,—सर्वसुखवर्षि-श्रीदेवर्षि-चरणानां कृपणविषयकृपाकल्पतदेद्गती लब्धमती तावेव स्फुटभावाम् ।" इति ॥३॥

तदेतदाकर्ण्य निर्वर्णिततन्मुखाः श्रीव्रजराजप्रमुखाः समाहूय भूयः सकौतुकं ससुखं तौ मिलितवन्तः; मध्ये समुपवेश्य निरीक्षितवन्तश्च ॥४॥

पुनस्तु तत्प्रश्नानन्तरं मधुकण्ठः क्रमप्राप्तां कथां प्राह,—॥५॥

"तदेवं विचित्रात् पूर्वचरित्राद्दिवसपञ्चकानन्तरं श्रीमानुपनन्दः स्व-मन्दिरं विन्दमानः स्वपत्नीं पप्रच्छ,—'अद्य स्व-देवरनरदेवगृहे किं गमनमङ्गलं जगृहे भवत्या ?' पत्नी प्राह,—'अथ किम्, को वा तद्गमनं विना मनो मानयितुं शक्नोति, किमुत भवद्विधसविध-सम्बन्धिनस्ते वयम् ?' पतिराह,—'विशेषश्चेत् कथ्यताम् ।' ॥६॥

"पत्नी प्राह,—'यस्मिन् प्रेमप्रचुरं, भयमपि तस्मिन् विभाव्यते प्रचुरम् ।
यद्वन्नेत्रं शङ्का,-विषयस्तद्वन्न कर्णादि ॥'७॥

व्रजराज मुस्क्याकर बोले—सत्य ही तुम्हारा कहना पुनरुक्त ही हो जायगा, कारण इस विषय में तुम्हारा मौन ही सब कुछ कह रहा है, रीति भाँति के कारण हम सब समझ गये हैं, तथापि अपने मुख से कहकर ही तुम हमको सुख से युक्त करो । स्निग्धकण्ठ बोला—सब सुखों की वृष्टि करनेवाले पूज्यपाद देवर्षिवर्य श्रीनारदजी महाराज की, अधम पतित दीनजनों पर जो अहैतुकी कृपा, उसी के द्वारा जिनको यह व्रजवासरूपी गति मिली है, एवं भगवत् तत्त्वज्ञान सम्बन्धी सर्वज्ञता प्राप्त हुई है, बस, समझ लीजिये कि वे दोनों (नलकूबर, मणिग्रीव नामक कुबेर के पुत्र या यमलार्जुननामक वृक्ष) हम दोनों के रूप में स्पष्टरूप से आपके समक्ष विद्यमान हैं, अर्थात् वे दोनों दुर्दान्त ही हम दोनों हैं ॥३॥

यह सब वृत्तान्त सुनकर श्रीव्रजराज प्रभृति सभीजन उन दोनों के मुख को देखकर, अपने अपने पास बुलाकर, पुनः कौतुकसहित सुखपूर्वक उन दोनों से भुज भरकर मिले, तथा बीच में बैठाकर आँख फाड़ फाड़ कर, दोनों की ओर निहारने लग गये ॥४॥

पश्चात् श्रीव्रजराज के प्रश्न के अनन्तर क्रमशः अवसर प्राप्त कथा को मधुकण्ठ कहने लगा—॥५॥

इस प्रकार का विचित्र चरित्र जिस दिन हुआ, उस दिन से पाँच दिन के पश्चात्, श्रीमान् उपनन्दजी ने अपने भवन में पहुँचकर, अपनी धर्मपत्नी से पूछा कि—प्रिये ! अपने देवर व्रजराज के घर में आज तुम्हारे द्वारा गमनरूपी मङ्गलकार्य हुआ कि नहीं, अर्थात् आज तुम उनके घर गईं कि नहीं ? पत्नी बोली—और क्या ? अर्थात् मैं अवश्य गई, क्योंकि महावन में ऐसा कौन व्यक्ति है, जो कि श्रीव्रजराज के घर जाये विना अपने मन को मना सकता है ? फिर आप जैसे निकटवर्ती सम्बन्धियों की तरह हम भी तो वैसे ही सम्बन्धी हैं, फिर हम जाये विना कैसे रह सकते हैं ? पति बोले—यदि कोई विशेष बात हो तो कहो ॥६॥

पत्नी बोली—जिस वस्तु में अधिकतर प्रेम होता है, उसमें भय की अधिकतर आशंका देखी जाती है । देखो ! नेत्र जैसे शंका के विषय हैं, उस प्रकार कान आदि अन्य अंग शंका के विषय नहीं हैं ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथाहि यद्यपि निरवद्याधानविधातृ-मातृप्रभृतिभी रक्ष्येते सभीभिरेव तौ, तथापि खेलावेलायां सम्भालयितुमपारणीयतया सुकलमेव विकलयतः । तत्र चाद्यतनं वृत्तं प्रतिपद्यताम् ॥८॥

"तौ भवद्भ्रातृजौ सनिजव्रज-व्रजेश्वर-भोज्यसज्जनाय जनितामोदायां यशोदायां तदीयसाहायकारोहिण्यामपि रोहिण्यामाशङ्कापात्रीधात्रीर्वञ्चयित्वा विदूरं चञ्चितवन्तौ ॥९॥

यथा—धात्रीणामपरत्र कर्मणि मनाग्दत्तात्मनामग्रतः
सव्यासव्य-दृशोर्द्वयोरविषये सान्तर्धिदेशे च तौ ।
क्रीडादम्भवशात् क्रमादपगतौ विद्रुत्य दूरस्थितौ
तत्राथ स्व-सुहृद्भिरुद्धतगणैः कोलाहलं चक्रतुः ॥१०॥

"अथ तथा निकृतस्तत्पालनाधिकृतधात्रीवर्गः क्षणात् कृतावधानसर्गः शीघ्रमेव कृतानुमार्गः क्रमेण स्वस्याकारणमकारणतामासादितमवधार्य निजेश्वर्योरावेदयामास ॥११॥

"तावच्च ततोऽप्यतिदूरं गम्भीरसरित्तीरं गतावाकर्ण्य पूतनासूदनप्रसू रामाम्बालामेव तयोः सङ्कलनाय चालयामास । हन्त ! न जाने खल्वर्जुनयुगलवद्दुर्जनप्रेर्यमाणतया

और देखो ! अच्छी प्रकार रक्षा करने में समर्थ माता आदि सभी गुरुजन भयभीत होकर ही, यद्यपि उन दोनों कृष्ण बलदेव नामक बालकों की रक्षा करते रहते हैं, तथापि खेलते समय उन दोनों को सँभालने के लिये किसी की भी सामर्थ्य न होने के कारण, वे दोनों भाई सुकल (दाता भोक्ता) सभी को व्याकुल कर देते हैं। उसमें आज के वृत्तान्त को सुनो समझो ॥८॥

सभी आत्मीयजनों के सहित व्रजेश्वर की जो खाद्य सामग्री, उसको बनाने के लिये आनन्दयुक्त श्रीयशोदाजी के व्यस्त हो जाने पर, तथा श्रीरोहिणीजी के भी उन्हीं की सहायकारिणी बन जाने पर, "हमारे स्वतन्त्र खेलने में ये धाइयाँ ही रोकने वाली होंगी", इस प्रकार की शंका की पात्र, उन धाइयों को भी धोखा देकर, आपके छोटे भैया के वे दोनों लाला बहुत दूर भाग गये हैं ॥९॥

देखो ! धाइयाँ जिस समय दूसरे काम में किंचित् मनोयोग देने लग गईं, उसी समय उन्हीं के आगे से उनके बाँये दाँये भाग में दोनों नेत्रों से न देखने योग्य स्थान में, एवं जहाँ पर दुबक के ठहरा जा सके, ऐसे स्थान में वे दोनों भैया कपटमयी क्रीड़ा के बहाने क्रमशः चले गये, और दौड़कर दूर खड़े हो गये, तथा वहाँ पर उच्छृङ्खल अपने मित्रों के सहित ऊँचे स्वर से हल्ला गुल्ला करने लग गये ॥१०॥

तदनन्तर इस प्रकार उन दोनों बालकों की रक्षा के लिये नियुक्त धाइयों ने धोखे में पड़कर, क्षणभर बाद सावधान होकर, शीघ्र ही उन दोनों को ढूँढ़कर, क्रम से उन दोनों का नाम ले लेकर बुलाया भी, पश्चात् अपने बुलाने को निष्फल समझकर, अपनी स्वामिनी श्रीयशोदा एवं रोहिणी के निकट जाकर, निवेदन कर दिया कि, वे दोनों ऊधमी हमारे बुलाने से घर नहीं आते हैं ॥११॥

जब तक उनने निवेदन किया, तब तक तो वे दोनों गम्भीर यमुनानदी के तीर पर चले गये, ऐसा समाचार सुनकर श्रीयशोदाजी ने उन दोनों को लिवाने के लिये, बलराम की माता श्रीरोहिणी को भेज दिया, और कहा कि, हाय ! बहनजी ! जाना नहीं जाता यमलार्जुन वृक्षों की तरह, किसी दुर्जन के द्वारा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कश्चिदनोकहो वा नद्यवरोहो वा स्खलतीति मयि पाककर्मविपाकावरुद्धायां सत्वरं त्वमेव स्वयं याहीति ॥१२॥

"सा च तत्र गता शीघ्रं व्यग्रीभूताङ्गमानसा ।
सरित्तीरगतं कृष्णं भग्नार्जुनमथाह्वयत् ॥१३॥

"ततश्च क्रीडारङ्गाकुलतया तदनङ्गीकर्तरि सङ्गीशितरि कृष्णे कृष्णाग्रजे च तदनुगतृष्णे सा परिवृत्य सद्यागत्य तस्य किञ्चिद्भयस्थानं प्रभव-स्थानमेव प्रस्थापयामास ॥१४॥

"ततश्च तन्माता च गत्वा—

क्रीडन्तं तनयं बालैरतिवेलं सहाग्रजम् ।
वीक्ष्य स्तनमिषात् स्नेहं वर्षन्ती हूतिमातनोत् ॥१५॥

"न तु सहसा समीपमाप तत्पलायनशङ्कया । आहूतिमाधुरी चेयमास्वादधुरीणतां नीयताम् (भा० १०।११।१५)—॥१६॥

'कृष्ण ! कृष्णारविन्दाक्ष ! तात ! एहि स्तनं पिब ।
अलं विहारैः क्षुच्छ्रान्तस्तद्भवान् भोक्तुमर्हति ॥' इति ॥१७॥

प्रेरित होकर, कोई वृक्ष अथवा नदी का तट गिर जायगा, तो महती आपत्ति आ जायगी । मैं तो भोजन बनाना रूपी कर्मविपाक में बँधी हुई हूँ, अतः तू ही स्वयं शीघ्र चली जा ॥१२॥

तदनन्तर तन मन से व्याकुल होती हुई, श्रीरोहिणीमाता वहाँ चली गईं, और नदी के तीर में विद्यमान, यमलार्जुन को तोड़ने वाले श्रीकृष्ण को बुलाने लग गईं ॥१३॥

किन्तु क्रीड़ा के रंग में आकुल होने के कारण, सङ्गीजनों के नियन्ता श्रीकृष्ण ने जब रोहिणीमाता के बुलाने को अङ्गीकार नहीं किया, एवं बलभद्रजी ने भी श्रीकृष्ण की इच्छा के अनुकूल होकर स्वीकार नहीं किया, तब तो श्रीरोहिणीजी ने लौटकर घर आकर, कृष्ण के लिये किंचिद् भय की स्थानस्वरूप, एवं उनकी उत्पत्तिस्थान स्वरूप श्रीयशोदाजी को ही बुलाने को भेज दिया ॥१४॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की माँ ने यमुना के तीर पर जाकर, व्रजवासी बालकों के सहित एवं बड़े भैया के सहित खेलते हुए अपने पुत्र को देखकर, स्तनों के दुग्ध के बहाने मूर्तिमान स्नेह की वर्षा करते हुए बुलाना प्रारम्भ कर दिया ॥१५॥

किन्तु श्रीकृष्ण के दूर भाग जाने की आशंका से सहसा उनके पास नहीं गई । और हे पतिदेव ! श्रीयशोदाजी के द्वारा बुलाने की जो यह माधुरी है, इसका तो आप अच्छी प्रकार आस्वादन करें ॥१६॥

(श्रीमद्भागवत १० । ११ । १५) में, यथा—दूर से ही बुलाती हुई यशोदा कहती हैं कि, "हे लाला ! कृष्ण ! हे कृष्ण ! हे कमलनयन ! हे प्यारे पुत्र ! शीघ्र ही मेरे पास आओ । स्तनपान करो । अब अधिक खेलने की आवश्यकता नहीं है, तुम भूख से श्रान्त हो, अतः तुमको इस समय भोजन करना ही उचित है" ॥१७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथापि मिथः सङ्कर्षतः क्रीडातर्षवन्तं तमनागच्छन्तं धर्षयन्ती विच्छिद्दुरता-विधुर-सजातीय स्नेहस्य द्वितीयपात्रमादृतस्ववचनमात्रतयावश्यमेव वश्यं श्रीबलभद्रमेव सानुक्रोशं चुक्रोश (भा० १०।११।१६-१७)—॥१८॥

'हे रामागच्छ ताताशु सानुजः कुलनन्दन !।
प्रातरेव कृताहारः क्रीडाश्रान्तोऽसि पुत्रक !॥
प्रतीक्षते त्वां दाशार्ह ! भोक्ष्यमाणो व्रजाधिपः।
एह्यावयोः प्रियं धेहि स्वगृहान् यात बालकाः॥'१९॥

"ततो मातृहर्षणाय निवर्तयितुं कृष्णं कर्षति सङ्कर्षणे सच्छलप्रोत्साहनं तमेव भणति स्म, (भा० १०।११।१८)—

'धूलीधूसिरताङ्गस्त्वं तात ! मज्जनमावह ! जन्मर्क्षं तेऽद्य भवति विप्रेभ्यो देहि गाः शुचिः॥'२०॥

"पुनस्तदानीमेव गृहादागतान् बालानाकलय्य स्पृहां बृंहयन्ती बभाषे, (भा० १०।११।१९)—

'पश्य पश्य वयस्यांस्ते मातृसृष्टान्स्वलंकृतान्। त्वं च स्नातः कृताहारो विहरस्व स्वलंकृतः॥२१

इतना कहने पर भी खेल में विजय प्राप्त करने के लिये, परस्पर स्पर्धापूर्वक खेलने की तृष्णा वाले, अतएव पास में न आते हुए श्रीकृष्ण को फटकारती हुई, श्रीयशोदाजी विच्छेदरहित सजातीय (समान) स्नेह के द्वितीय पात्र एवं, अपने वचनमात्र का आदर करनेवाले होने के कारण, अवश्यमेव वश में रहनेवाले, श्रीबलभद्र को ही दयापूर्वक बुलाने लग गईं ॥१८॥

(श्रीमद्भागवत १०।११।१६-१७) में, यथा—हे राम ! हे तात ! हे कुलनन्दन ! तुम अपने छोटे भैया के सहित शीघ्र ही चले आओ। हे लाल ! तुमने प्रातःकाल ही आहार किया था। हे पुत्र ! मैं देख रही हूँ, तुम खेलने से थक गये हो। हे दशार्हवंशोत्पन्न ! राम ! व्रजपति श्रीनन्दजी भोजन करने थाली पर बैठ गये हैं, तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं, जब तक तुम नहीं आओगे, तब तक एक ग्रास भी नहीं तोड़ेंगे। अतः मेरे साथ घर की ओर आओ। हम दोनों का प्रिय कार्य करो। हे बालको ! तुम सब अपने अपने घरों को जाओ। इस प्रकार अन्य बालकों से भी कहा ॥१९॥

तदनन्तर माता के हर्ष के निमित्त श्रीकृष्ण को क्रीड़ा से निवृत्त करने के लिये, श्रीदाऊजी अपने हाथ में पकड़कर जब खेंचने लगे, तब श्रीव्रजेश्वरी छल एवं प्रोत्साहनपूर्वक श्रीकृष्ण को ही बोली—हे तात ! तेरे सारे अंग धूलि से धूसरित हो रहे हैं, चलो स्नान करो। आज तेरा जन्मनक्षत्र है, अतः पवित्र होकर ब्राह्मणों को गैयाओं का दान करो ॥२०॥

पुनः उसी समय अपने अपने घर से आये हुए बालकों को दिखाकर, स्नान भोजन आदि के प्रति श्रीकृष्ण की स्पृहा को बढ़ाती हुई बोली—हे लाला ! देखो, देखो तो सही। अपने मित्रों को, ये अपनी अपनी माताओं ने स्नान कराकर, अलंकारों से सजाकर, कैसे सुन्दर बना दिये हैं, तुम भी घर को चलकर, स्नान करके, भोजन करके, अलंकारों से अलंकृत होकर, पुनः दिनभर खेलते रहना ॥२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं बाल्यमेवारभ्य विप्रपोषणादात्मनस्तोष इति तदारम्भाय स्तम्भमानमाह्वानादि-लक्ष्येण लघु लघु समीपमासन्ना सरामं रामानुजं भुजयोर्गृहीत्वा गृहमानिनाय ॥२२॥

"ततश्च (भा० १०।११।१८) 'जन्मर्क्षं ते' इति मिथ्याकथ्यमानमपि तेनऽऽगृहीतं नितरामेव गृहीतवती व्रजराजगृहिणी तत् पर्व, यत्र दुष्टदृष्टिनिवारणाय सयन्त्रा मन्त्रा मुहुर्विन्यासमूहुः ॥२३॥

"तदेवमवधाय स सर्वदर्शः श्रीमानुपनन्दः परामर्शं,—'सत्यमाशङ्कितं प्रजां प्रति प्रजावत्योरनयोः प्रजावत्योः, यदिदं गोष्ठप्रकोष्ठमवदुष्टमिव दृश्यते । भवतु, व्रजराजसमाजमनु विचारयिष्यामः ।' ॥२४॥

"तत्पत्नी प्राह,—'विचारः पुनस्तत्रभवत्येव स्थास्यते ।'॥२५॥

"अथ प्रातरेव गोव्रजव्रजान्तस्थायां सर्वास्थास्पद-व्रजराजसमाजराजमानायामास्थान्यां मिलिता गोपाला गोपालनादिसौकर्यं नात्रेति पर्यालोचयामासुः ॥२६॥

"चिरवासेनोत्सन्नतासन्नवनतया बृहद्वनस्य । तत्र तु वयोज्ञानाभ्यां वृद्धः श्रीरामकृष्ण-प्रेम्णा समृद्धः स्वाङ्क-पल्यङ्कं सदलङ्करिष्णुना मध्ये मध्ये च चिबुकं गृहीत्वा वितथप्रश्नमा-

---

इस प्रकार बाल्यावस्था से ही लेकर, श्रीकृष्ण को ब्राह्मणों के पोषण से आत्मसंतोष होता था, अतः उसी कार्य को करने के लिये श्रीकृष्ण स्तम्भित हो गये । इसलिये बुलाने आदि के लक्ष्य से श्रीयशोदाजी धीरे धीरे लाला के पास आईं, और बलदेवजी के सहित श्रीकृष्ण को भुजाओं में पकड़कर अपने घर को ले आईं ॥२२॥

तदनन्तर "आज तुम्हारा जन्मनक्षत्र है" यह वाक्य श्रीयशोदाजी ने लाला को बहलाकर, घर ले जाने के लिये मिथ्यारूप से ही कहा था, तो भी श्रीकृष्ण के आग्रह के कारण श्रीव्रजराजपत्नी यशोदा ने उस जन्मोत्सवरूप पर्व को अच्छी प्रकार ग्रहण किया, एवं ठाठ बाट से मनाया । जिस पर्व में दुष्टों की कुदृष्टि के निवारण के लिये, ब्राह्मणों के द्वारा उच्चारित मन्त्र, देवताओं के अधिष्ठानरूप यन्त्रों के सहित बारंबार विन्यास को प्राप्त हुए ॥२३॥

इस प्रकार अपनी पत्नी के वाक्यों के द्वारा सम्पूर्ण वृत्तान्त को समझकर, त्रिकालज्ञ सर्वदर्शी श्रीमान् उपनन्दजी इस प्रकार परामर्श (विचार) करने लग गये कि, पुत्रवती यशोदा एवं रोहिणीरूप इन दोनों भ्रातृजायाओं (भौजाइयों) की अपनी सन्तान के प्रति जो आशंका है, वह सत्य ही है, क्योंकि यह गोष्ठ भूमि का प्रकोष्ठ प्रायः दुष्टजनों के द्वारा व्याप्त सा दिखाई देता है। अस्तु, जो हो । व्रजराज की सभा में जाकर ही विचार करेंगे ॥२४॥

श्रीउपनन्दजी की पत्नी बोली—उस सभा में विचार भी आपके ही अधीन रहेगा ॥२५॥

तदनन्तर प्रातःकाल ही गोसमूह के गोष्ठ (खिड़क) में स्थित, एवं सर्व प्रकार के प्रयोजनों की आधारस्वरूप, तथा सबका सम्मान करनेवाली, श्रीव्रजराज के सभासदों से विराजमान सभा में सभी गोप-गणों ने सम्मिलित होकर विचार किया कि, इस स्थान पर अब गोपालन आदि कार्य सरलतापूर्वक सम्पन्न नहीं हो रहा है ॥२६॥

क्योंकि अधिक समय तक निवास करने के कारण महावन के आसपास के वन प्रायः नष्ट हो गये हैं, अर्थात् वृक्षों से रहित हो चले हैं। उस सभा में भी वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध, श्रीराम कृष्ण के प्रेम से समृद्ध, श्रीमान्

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चरिष्णुना तत्तदा क्रीडनकयाश्वासतृष्णेन कृष्णेन लभ्यमानानन्दः श्रीमानुपनन्दः प्रावोचदखिल-रोचनमिह च व्रजराजस्य सङ्कोचमवलोचयन् बालप्रजामात्रस्य हितपक्षमुपलक्षयामास ॥२७॥

यथा—इह न स्थेयमितीत्थं, व्रजहितमुक्तं भवद्भिर्यत् ।
तत् पुनरतिबालानां, हितप्रधानं मम स्फुरति ॥२८॥

सहजनिजनिते यन्मम, परपरयत्नेन रक्षितेऽप्यत्र ।
जातं विप्लवजातं, तस्मात् किं स्यादिहोर्वरितम् ? ॥२९॥

तत्तदुपद्रवजाते, केवल-परमेशितू रक्षा ।
तस्मिन् भारं दद्या,-दिति च न खलु तत्परैरिष्टम् ॥३०॥

चलता द्वयमनुचिन्त्यं, त्याज्यं गम्यञ्च यद्धाम ।
त्याज्यं दुःखनिदानं, गम्यं सुखितानिधानन्तु ॥३१॥

उपनन्दजी ने श्रीकृष्ण के द्वारा महान् आनन्द प्राप्त किया । श्रीकृष्ण ने भी उनकी गोदरूप अपने पलका को अच्छी प्रकार अलंकृत कर दिया, अर्थात् श्रीकृष्ण उनकी गोद में बैठे हैं, बीच बीच में उनकी ठोडी को पकड़कर बालोचित स्वभाव से मिथ्या प्रश्न करते हैं, एवं अनेक प्रकार के खेलने के खिलौने माँगने के लिये लालसा से युक्त हैं, कहते भी जाते हैं कि, बाबा ! हमें खिलौने दिला दो । ऐसे श्रीउपनन्दबाबा उस समय सभी के रुचिकर वाक्य बोले, तथा इस वृहद्वन (महावन) में श्रीव्रजराज के संकोच की पर्यालोचना करते हुए, बाबा ने समस्त शिशु सन्तानों के हितपक्ष को भी दृष्टिगोचर करा दिया, अर्थात् बालकों से लेकर सारी प्रजा का हित भी अपने वचनों में दिखा दिया ॥२७॥

उनके वचन ये हैं, यथा—हे सभासदो ! आप सबने "इस स्थान पर हम सबको अब नहीं रहना चाहिये" इस प्रकार का जो हितकर वचन कहा है, वह वचन मेरी दृष्टि में अत्यन्त छोटे छोटे बालकों का प्रधान हितकर मालूम पड़ता है ॥२८॥

हमारे छोटे भाई जो श्रीनन्द हैं, उनके पुत्र श्रीकृष्ण के ऊपर अनेक प्रयत्नों से रक्षित होने पर भी, जब इस महावन में अनेक उपद्रव संघटित हो गये, तब वास परित्याग के लिये इससे अधिक और कौनसा कारण बाकी रह जाता है ? ॥२९॥

यदि कहो कि, उन उन उपद्रवों के होने पर केवल परमेश्वर श्रीनारायण की रक्षा ही अवलम्बन है, तो भी उनके ऊपर अपने मामूली कार्यों के लिये, रक्षा का भार देना भगवान् के अनन्य भक्तों को अभीष्ट नहीं है, तात्पर्य यह है कि प्रसन्न हुए चक्रवर्ती राजा से तण्डुलकण माँगने की तरह, प्रेमलक्षण पंचमपुरुषार्थ को समर्पण करने वाले प्रभु के ऊपर, देह गेहादि तुच्छ वस्तुओं की रक्षा का भार देना, विचारशील तत्त्वज्ञभक्तजन अच्छा नहीं समझते । अपने किये हुए कर्मों का फल समझकर चुपचाप उपद्रवों को सहते रहते हैं ॥३०॥

जो व्यक्ति कहीं से चलना चाहे उसको त्याज्य एवं ग्राह्य, इन दोनों स्थानों का पहले विचार कर लेना चाहिये । उन दोनों में से जो दुःख का कारण हो उसे त्याग देना चाहिये, ओर जो सुखों का आश्रय हो वहीं पर चले जाना चाहिये ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्थानं तदपादेयं, यदिह परत्र च घटेत दुःखाय ।
बृहदाख्यं वनमनुपद,-मैहिकदुःखाय साम्प्रतं जातम् ॥३२॥

स्थानं तदुपादेयं, यदिह परत्र च घटेत सौख्याय ।
वृन्दारण्यञ्चादः, समस्तसुखतममतीव पुण्यञ्च ॥३३॥

गोवर्धन इति नामा, यत्रारण्ये गिरिः स्फुरति ।
तत् खलु गोजातीनां, गोयानाञ्चास्ति सर्वस्वम् ॥३४॥

गोपाः काननकरदा, ग्रामादीनां विनिश्रयाभावात् ।
तदपरकाननगमने, राज्ञाञ्चाज्ञा स्वतःसिद्धा ॥३५॥

सुखतो भयतो वा यत्, कृत्यं कर्तव्यतां याति ।
शीघ्रं तत् खलु कार्यं, बलयति शङ्कामलं विलम्बस्तु ॥३६॥

उत्थातव्यं तस्मा,-दस्मात् सद्यो न कार्यमालस्यम् ।
तुलिता ह्युद्यमकलना, कृत्यं यद् यद् यदा क्रियते ॥३७॥

इयमस्माकमुदीक्षा,युष्मभ्यं यदि तु रोचमाना स्यात् ।
परवीक्षितेऽपि वस्तुनि, बहुसम्मतिरुत्सवं दुग्धे ॥३८॥

जो स्थान इस लोक एवं परलोक में दुःख देने वाला हो, वह स्थान त्याग देने योग्य है। इस समय यह बृहद्वन (महावन) नामक वन प्रतिक्षण लौकिक दुःखों का कारण बन गया है ॥३२॥

जो स्थान इस लोक एवं परलोक में सुखदायक हो, वही स्थान ग्रहण करने योग्य है। यह वृन्दावन दोनों लोकों के समस्त सुखों की अन्तिम सीमा को प्राप्त है, एवं अतिशय पवित्र भी है ॥३३॥

जिस वृन्दावन में श्रीगोवर्धननामक पर्वतराज भी विराजमान हैं, वह श्रीवृन्दावन गोगण एवं गोपगणों की सर्वस्व वस्तु है ॥३४॥

यदि कहो कि राजाओं की आज्ञा के बिना, महावन को छोड़कर जाना नहीं बने, सो बात भी नहीं। क्योंकि गोपों का कोई निश्रित ग्राम न होने के कारण, गोपगण वनों का कर देने वाले होते हैं। इसलिये एक वन से दूसरे वन में जाने के विषय में राजाओं की आज्ञा स्वतःसिद्ध है। अतः आज्ञा लेने की कोई आवश्यकता नहीं ॥३५॥

जो कार्य सुख से या भय से, अवश्य करना ही है, वह कार्य शीघ्र ही कर लेना चाहिये, यह निश्रित सिद्धान्त है। अधिक विलम्ब करना तो शंका को उत्पन्न कर देता है, अर्थात् शुभ कार्य में शीघ्रता एवं अशुभ कार्य में विलम्ब करना उचित है ॥३६॥

इसलिये इस स्थान से हम सबको शीघ्र ही उठ जाना चाहिये, आलस्य नहीं करना चाहिये। क्योंकि जो जो कार्य जब जब किया जायगा, उस उस कार्य में तब तब उद्यम बराबर एकसा ही करना पड़ेगा ॥३७॥

हमारा तो यही विचार है यदि आप सब के लिये रुचिकर हो गया तो बहुत अच्छा है, क्योंकि दूसरे के द्वारा देखी हुई वस्तु में अनेक जनों की सम्मति उत्सव को पूर्ण कर देती है ॥३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भवति तु चेदिह भवतां, समर्थना तर्हि गावः प्राक् ।
सम्यक् पायितवत्सा,-श्चरन्तु वृन्दाटवीवर्त्म ॥३९॥

पश्चात् पटगृहशकटा,-न्यटन्तु गृह्यं समस्तमादाय ।
विधिविधिसिद्धा सेयं, व्रजनाद् व्रजता हि गोदुहां सदने ॥४०॥

"ततश्च, तद्वाक्यं पशुप-समूहमूहशून्यं, स्वार्थाय स्वयमनुगम्य कल्पते स्म ।
साधर्म्यस्पृशि मृदि पश्य बीजभेदः, स्फीतः स्यात् फलति च तत्र नापरत्र ॥४१॥

"तदेवं पौर्णमासीमपि विज्ञाप्य समनुज्ञाप्य पुरतः प्रस्थाप्य च 'शीघ्रमुत्थाप्यतां व्रजः' इति दुन्दुभिनिर्घोषणया कृतपोषः सोऽयं घोषः स्वनिरुक्तिमेवातिरिक्ततया व्यक्तवान् । गव्यानां मानुष्यकाणामपि कोलाहलान्महाघोषास्पदता हि घोषता निर्दिष्टा ॥४२॥

यथा—तदा व्रजे कलकल-कोटिरुत्थिता, हिही हिही जिहि जिहि-कारमिश्रिता ।
घडद्घडद्घडदिति शाकटारवः, सवाद्यकः पुनरखिलङ्गिलः स्थितः ॥४३॥

किन्तु इस विषय में यदि आप सबका निश्चय समर्थन हो, तब तो पहले गैया अपने अपने बछड़ाओं को अच्छी प्रकार दूध पिलाकर वृन्दावन के मार्ग की ओर चल दें ॥३९॥

पश्चात् घर के कार्य के योग्य समस्त द्रव्यों को लेकर, तम्बू से युक्त बैलगाड़ियाँ भी चल दें, क्योंकि गोपों के लिये दूसरे स्थान में जाने के विषय में यह विधि सर्वथा प्रसिद्ध है । अतः 'व्रजनात्' व्रजन करने के कारण, अर्थात् चलते फिरते रूप से व्यापक रहने के कारण, गोपों के घर में व्रजता भी प्रसिद्ध है, तात्पर्य —व्रजवासी गोपों की वस्ती को ही व्रज कहते हैं ॥४०॥

तदनन्तर तर्क शून्य श्रीउपनन्दजी का वह वाक्य गोपगणों का स्वयं अनुगमन करके, स्वार्थ के लिये कल्पित हो गया, अर्थात् तर्क वितर्क को त्यागकर सभी गोपों ने, श्रीउपनन्दजी के वाक्य को सहर्ष स्वीकार कर लिया । देखो ! साधर्म्ययुक्त मृत्तिका में ही बीज विशेष वृद्धि को प्राप्त होता है, एवं वहीं पर फल भी देता है, किन्तु वही बीज ऊषर भूमि में बढ़ता भी नहीं तथा फलता भी नहीं, अर्थात् उपयुक्त उपदेष्टा का उपदेश उपयुक्तपात्र में ही सफलता को प्राप्त करता है ॥४१॥

इस प्रकार इस सारे समाचार को श्रीपौर्णमासी जी के प्रति निवेदन कर उनसे आज्ञा लेकर, उन्हीं को आदरपूर्वक आगे भेजकर, इस व्रज को शीघ्र उठाओ, अर्थात् महावन को छोड़कर, अपना अपना सामान लेकर, अन्यत्र वस्ती वसाओ । इस प्रकार दुन्दुभि की घोषणा से पुष्टि को प्राप्तकर, इस घोष (आभीरपल्ली) ने अथवा शब्द ने अपने नाम की सार्थकता को अतिशय रूप से प्रकाशित कर दिया । गोसमूह और मानवसमूह के कोलाहल के कारण महाध्वनि का आश्रय होकर, उन व्रजवासियों के वासस्थान को भी घोष नाम से निर्दिष्ट किया है । तात्पर्य यह है कि 'घोष शब्द' शब्द और आभीरपल्ली (अहीरों की वस्ती) इन दोनों ही अर्थों का बोधक है । सुतरां गैया और गोपों के कोलाहल से घोष शब्द का पहला अर्थ सार्थक हो गया ॥४२॥

यथा—उस समय व्रज में हिही हिही, जिहि जिहि इस प्रकार के शब्दों से मिली हुई असंख्य कलकल ध्वनि उठ खड़ी हुई । पुनः अर्थात् उसके बाद सारी कलकल ध्वनि को निगलने वाला, बाजे गाजे के सहित, धड़द् धड़द् धड़द् इस प्रकार का बैलगाड़ियों का विशाल शब्द उपस्थित हो गया ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आरोप्यानसि वृद्धादीन् स्वयमूढशरासनाः ।
गौरवेण गवां गोपा ययुर्विक्रममाणताम् ॥४४॥

"ततश्च संक्रीडति शकटवर्गे संक्रीडमाने सति—

शकटगृहाटनचर्यां, पर्याकलयन् विदूरगो लोकः ।
व्यतिषज्यावददेतद्,-ग्रामः कश्चिच्चरिष्णुरस्तीति ॥४५॥

"पथि तु—एको धावति कश्चनाह्वयति कोऽप्यत्रोत्तरं भाषते
कृश्चित्तत्र निवृत्य गच्छति निजं सम्भालयत्यन्यकः ।
सर्वो गायति कृष्णबाल्यचरितं वाष्पायते स्तम्भते
स्विद्यत्येजति रोमहर्षमयते वैवर्ण्यमासीदिति ॥४६॥

आरूढशकटा गोप्यो व्यूढनव्यपरिष्क्रियाः ।
अमन्दं जगुरानन्दादानन्दान्नन्दनन्दनम् ॥४७॥

"यथा—नन्दमहीपतिजात ! नन्द यशोदामात ! ॥ध्रु॥
जन्ममहामहदिग्ध ! रमितसमस्तस्निग्ध ! ॥
स्पर्शार्दितविषयोष ! अपरिचितापरदोष ! ।
शकटविघट्टनशेष ! गोकुलपुण्यविशेष ! ॥

उसके बाद वृद्ध आदिकों को गाड़ी पर चढ़ाकर, स्वयं धनुष धारण कर, गैयाओं का गौरव करते हुए गोपों ने अपने पराक्रम को प्रकाशित कर दिया, अर्थात् गैयाओं को आगे करके, आबालवृद्ध नरनारियों को गाड़ी में बैठाकर, रक्षा करनेवाले हृष्ट पुष्ट सभी गोप धनुष बाण ले लेकर, सबकी रक्षा करते हुए चारों ओर से चल दिये ॥४४॥

तदनन्तर अव्यक्त शब्द करती हुईं अनेक बैलगाड़ियाँ जब महावन से चल दीं, तब घर के से आकार वाली बैलगाड़ियों की चलने की परिपाटी को देखते हुए, बहुत दूर में विद्यमान लोग आपास में मिलकर कहने लगे कि, यह कोई मूर्तिमान् चलता फिरता ग्राम ही प्रतीत होता है ॥४५॥

चलते हुए गोपों के कोलाहल का वर्णन, यथा—मार्ग में एक जन दौड़ता है, तो दूसरा कोई बुलाता है, कोई यहाँ उत्तर देता है, तो कोई वहाँ लौटकर जाता है, कोई अपने जनों की सार संभार, देखभाल कर रहा है। सभीजन श्रीकृष्ण के बाल्यचरित को गाते जाते हैं, गा गाकर अश्रु बहाते हैं, स्तम्भित हो जाते हैं, पसीना बहाते हैं, काँपते हैं, रोमांचित हो जाते हैं, एवं भावावेश में उनका रंग भी बदल जाता है। इस प्रकार स्वतः सिद्ध अष्ट सात्विक भावों का उदय सभी व्रजवासियों में हो रहा है ॥४६॥

समस्त गोपियाँ नये नये वस्त्र एवं आभूषणों को धारण कर, तथा बैलगाड़ियों में चढ़कर, अधिक आनन्द से एवं ऊँचे स्वर से श्रीनन्दनन्दन का गायन करने लग गईं ॥४७॥

उनके गायन का अर्थ इस प्रकार है, यथा—हे नन्दभूपति के पुत्र ! हे यशोदा के योग्य लाल ! हे अपने जन्म के महामहोत्सव को पूर्ण करने वाले ! हे समस्त स्नेहीजनों को आनन्द देनेवाले ! हे अपने स्पर्शमात्र से विषभरी पूतनारूप स्त्री को पीड़ित करनेवाले ! हे करुणा के द्वारा पराये दोषों से अपरिचित !

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृतनामभिरभिराम ! सन्ततरामाराम ! ।
रिङ्गभृताङ्गनरङ्ग ! अङ्गीकृतसखि-सङ्ग ! ॥
लङ्घितमारुतचक्र ! नन्दितगोकुलशक्र ! ।
वत्सविमोचनमोद ! व्रजजनशर्मयशोद ! ॥
सर्वानन्दनचौर्य ! तस्मिन् दर्शितशौर्य ! ।
अयि दामोदरलील ! अखिलसुखप्रदशील ! ॥ इति ॥४८॥

"तदेवं गायन्त्यस्तद्दर्शनस्य नाथमाना व्यत्यतिक्रामन्ति स्म (भा० १०।११।३४)—॥४९॥

'तदा यशोदारोहिण्यावेकं शकटमास्थिते । रेजतुः कृष्णरामाभ्यां तत्कथा-श्रवणोत्सुके ॥'५०॥

"तत्र स्थितिर्यथा—

मणिखचितसुवर्णचित्रवर्णे, शुचिमृदुतूलिकयानुकूलमध्ये ।
गृह-निभशकटे विरेजतुस्ते, सुतरुचिरोचिषि रोहिणी-यशोदे ॥५१॥

"तत्कथा तु द्विविधा;—तत्सम्बन्धिनी, तत्कर्तृका च; पूर्वा यथा—

स्निग्धा नार्यः शकटमभितो मातरौ पुत्रयोस्तै-
र्ज्ञाताज्ञातैरखिलचरितैर्धिन्वते स्माविशेषात् ।

हे शकट को भंजन करके अवशिष्ट रहकर सबको प्रसन्न करनेवाले ! हे गोकुल के पुण्य विशेष ! हे श्रीगर्गाचार्य के द्वारा किये हुए श्रीकृष्ण आदि नामों के द्वारा मनोहर ! हे निरन्तर बलरामजी से खेलनेवाले ! हे घुटुवन के द्वारा रेंग रेंग के आँगन के रंग को भरनेवाले ! अर्थात् आँगन की शोभा बढ़ानेवाले ! हे सखाओं के संग को स्वीकार करनेवाले ! हे तृणावर्त को लाँघनेवाले ! हे गोकुल के इन्द्र श्रीनन्दजी को आनन्दित करनेवाले ! हे बछड़ाओं को खूँटा से खोलकर प्रसन्न रहनेवाले ! हे व्रजवासियों को सुख एवं यश को देनेवाले ! हे सबको आनन्द देनेवाली चोरी करनेवाले ! और उसी माखन चोरी में वीरता दिखाने वाले ! हे दामोदरलीला को करनेवाले ! हे सबको सुखप्रद स्वभाववाले ! आप सदैव सुख से समृद्ध रहें, यही हमारी अभिलाषा है ॥४८॥

इस प्रकार गाते गाते भी श्रीकृष्ण के दर्शन की कामना करती हुईं गोपियाँ परस्पर वेगपूर्वक चलती रहीं ॥४९॥

उस समय श्रीयशोदा एवं रोहिणी एक गाड़ी में बैठी हुईं, श्रीकृष्ण बलदेव की कथा सुनने में उत्सुक होती हुईं, श्रीकृष्ण बलदेव को गोद में बैठाकर, उन दोनों के सहित सुशोभित हो रही थीं ॥५०॥

उस बैलगाड़ीं में दोनों के बैठने की शोभा, यथा—श्रीरोहिणी एवं श्रीयशोदाजी जिस गाड़ी में बैठी थीं, उसका वर्ण रत्नजटित सुवर्ण की प्रभा से विचित्र था, सफेद एवं कोमल गद्दा तकिया आदि से उसका मध्य भाग बैठने के अनुकूल था, उस गाड़ी का आकार घर के समान था, श्रीरोहिणीलाल एवं श्रीयशोदा-लाल की देह प्रभा के द्वारा उसकी प्रभा और अधिक मालूम पड़ती थी ॥५१॥

श्रीकृष्ण बलदेव की कथा दो प्रकार की है। पहली उनसे सम्बन्ध रखनेवाली, दूसरी उनके द्वारा रची हुई। उन दोनों भ्राताओं से सम्बन्ध रखनेवाली पहली कथा, यथा—जो स्नेहभरी गोपियाँ यशोदाजी की गाड़ी के चारों ओर चल रही हैं, वे सब दोनों पुत्रों के ज्ञात एवं अज्ञात सारे चरित्रों के द्वारा दोनों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रेम्णः सेयं प्रकृतिरखिलाश्चर्यरूपा यदुच्चैः
सर्वं स्वीयं विषयममनःस्पृष्टतुल्यं करोति ॥५२॥

"उत्तरा यथा;—कृष्ण उवाच,—'मातः ! क्व नु खलु गच्छन्तः स्म ?' माता प्राह,—'पुत्र ! वृन्दाविननामनि वनधामनि ।' कृष्ण उवाच,—'कदा सदनमायास्यामः ?' माता सस्मितमाह,—'वत्सास्मदनुषङ्गत एव सङ्गच्छमानं तदास्ते ।' कृष्ण उवाच,—'क्व नु निरूप्यताम् ?' रामः प्रहसन्नाह,—'कृष्ण ! पाकादिनित्यकृत्यसन्निवेशदेशाधःप्रदेशान्महाशकटवेशान् गृहान्निकटत एवाटतः पश्य ।' कृष्णः साश्चर्यमिव दृष्ट्वा श्रीरामं स्पृष्ट्वा जहास पुनरुवाच च,—'तथ्यमिदं कथ्यते स्म । यस्माद्विदूरक्षितिगा अपि क्षितिरुहास्तथा लक्ष्यन्ते ।' माता तु रोहिण्या सह सहासमाह स्म,—'पुत्र ! त एते तु न कुत्रचन च गच्छन्ति, किन्तु सम्प्रति तथा प्रतीयन्ते मात्रम् ।' ॥५३॥

"कृष्णः सतृष्णमुवाच,—'भवतु, तद्वृन्दावनं कुत्र ?' रोहिण्याह,—'पुत्र ! यमुनायाः पारे ।' राम उवाच,—'एका यमुना दूरतः पश्चान्नयस्ता, पुरतः किमन्याप्यस्ति ?' माता सहासमाह,—'पुत्र ! कुत्रचिदपि मनागपि न विच्छिन्नगमना सा ।' रामस्तु मातृ-मुखं साश्चर्यतया ससुखचर्यं पश्यति स्म ॥५४॥

माताओं को बराबर प्रसन्न करती जाती हैं। प्रेम की यह प्रकृति ही सबके लिये आश्चर्यस्वरूप है, क्योंकि यह प्रेम स्वकीय समस्त विषयों को विशेषरूप से हृदय के स्पर्श से रहित जैसे बना देता है। अर्थात् हृदय पर भगवत्सम्बन्धी प्रेम का अधिकार हो जाने पर, हृदय में अन्य प्राकृत विषयों के लिये स्थान नहीं रह जाता, हृदय प्रेममय बन जाता है ॥५२॥

श्रीकृष्ण बलदेव के द्वारा तत्काल रची हुई दूसरी कथा, यथा—श्रीकृष्ण बोले—माँ ! हम सब कहाँ जा रहे हैं ? माता बोली—पुत्र ! हम सब वृन्दाविननामक वन के स्थान में जा रहे हैं। श्रीकृष्ण बोले—हम सब लौटकर अपने घर को कब आयेंगे ? माता मुस्क्याकर बोली—बेटा ! वह घर तो हमारे साथ ही चल रहा है। श्रीकृष्ण बोले—उस चलते हुए घर को मैं कहाँ देखूं ? श्रीबलराम हँसते हुए बोले—भैया कृष्ण ! जिनके नीचे के भाग पाकादि नित्यकार्य के योग्य स्थानों से विशिष्ट हैं, बड़े बड़े गाड़ाओं का वेश जिन्होंने धारण कर रक्खा है, ऐसे समस्त घर निकट ही तो चल रहे हैं, उन चलते हुए घरों को देख लो। श्रीकृष्ण चकित की तरह देखकर, श्रीबलरामजी को छूकर हँस गये, तथा पुनः बोले—हाँ, भैयाजी ! आप यह सत्य कहते हैं, क्योंकि इसीलिये बहुत दूर की भूमि पर विद्यमान भी सारे वृक्ष हमारे साथ ही चलते से दिखाई देते हैं। माता तो रोहिणीजी के साथ हँसकर बोली—बेटा ! ये सब वृक्ष तो कहीं भी नहीं जा रहे हैं, किन्तु इस समय हमारे चलने के कारण केवल चलते से प्रतीत होते हैं ॥५३॥

श्रीकृष्ण लालसापूर्वक बोले—अच्छा, जाने दो, इन बातों को। किन्तु बताओ, वह वृन्दावन कहाँ है ? श्रीरोहिणी बोली—पुत्र ! श्रीयमुनाजी के पल्लीपार है। श्रीबलराम बोले—क्यों मैया ! एक यमुना तो बहुत दूर पीछे की ओर छोड़दी, आगे क्या दूसरी भी यमुना है ? माता हँसीपूर्वक बोली—देख, बेटा ! उस यमुना की गति कहीं भी किंचिद् भी विच्छिन्न नहीं हुई है। बलरामजी तो माँ की ऐसी बातें सुनकर, सुख की परिपाटी के सहित आश्चर्यपूर्वक अपनी माँ के मुख को देखने लग गये ॥५४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) : Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'तत्रभवता किल न तर्कितम्, यत् खल्वित इव तत्राच्छ गच्छन्ती सा दृश्यते स्म ।' तदेवं तयोः सोल्लासं हासं विभ्रतोः पुनः कृष्णः सतृष्णमुवाच,—'लघुमातः ! का तत्र शात-सम्पदस्ति, यदेतावता प्रयासेन प्रयास्यामः ?' ॥५५॥

"रोहिण्याह,—पुत्र ! क्रीडास्थानानि क्रीडनकानि च बहूनि सन्ति ।' कृष्णः सहर्षं सङ्कर्षणनिष्कलङ्कविधोरङ्कं निज-श्यामधाम्नाऽलंकुर्वन्नेव साङ्गप्रणयतया समुत्तानिताङ्ग-स्तन्मुखं पश्यन् विहसन् विलसन् मुहुर्लुठति स्म । सङ्कर्षणस्तु तन्मुखमनुमुखं निधाय मुहुर्विहसितलीलां विधाय चिराय तं हासयति स्म ॥५६॥

"अथ यमुना-तरङ्गसङ्ग-सङ्गतमारुत-दिग्धस्निग्ध-वनलेखेयमासन्नेति मातृयुगल-संलापं निशम्य सम्यगुत्थितः कृष्णः सङ्कर्षणसङ्करः प्रागज्ञातान् ज्ञातानपि नग-मृग-खगान् हसन्तीभिः स्खलितदन्तीभिर्विवादतः सर्वानपूर्वानिव मातरं पृच्छन्नुत्तरमायच्छंश्च तत्कूलानुकूल-वनमासासाद ॥५७॥

"तत्र प्रश्नोत्तरे यथा—

कोऽसौ वृक्षः समन्तादनिशचलदलः पिप्पलः कोऽण्डकोटिं
सूते सोदुम्बराख्यः क इह घनजटा-व्याप्तमूर्तिर्वटः सः ।

श्रीकृष्ण बोले—हे पूज्य भैयाजी ! इस बात की विवेचना नहीं की कि, निश्चय ही इस स्थान की तरह, उस स्थान पर भी वह यमुना अच्छी प्रकार सन्मुख जाती दिखाई देती है । इस प्रकार उन दोनों के ही उल्लासपूर्वक हँसी करने के बाद, श्रीकृष्ण पुनः सतृष्णभाव से बोले—अरी छोटी माँ ! वहाँ पर ऐसी कौनसी सुखसम्पत्ति है, जो कि इतने परिश्रम से भी वहाँ पर जायेंगे ॥५५॥

श्रीरोहिणीजी बोली—देख, लाला ! वहाँ पर खेलने के स्थान एवं खिलौने भी बहुत से हैं । रोहिणी माता की ये बातें सुनते ही श्रीकृष्ण हर्षपूर्वक निष्कलंक चन्द्रमा के समान श्रीबलरामजी की गोद को, अपनी श्यामवर्ण की कान्ति द्वारा अलंकृत करते हुए, सम्पूर्ण प्रेम के सहित अपने शरीर को उठाकर, उनके श्रीमुख को निहारते हुए, हँसते हुए, खेल सा करते हुए, बारंबार लोटपोट हो गये । श्रीदाऊजी ने भी श्रीकृष्ण के मुख पर अपना मुख धरकर, बारंबार हास्यलीला को करके, उनको बहुत देर तक हँसाया ॥५६॥

तदनन्तर श्रीयमुनाजी की तरङ्गमाला से मिली हुई शीतलवायु से जो युक्त है, अतएव स्निग्ध है, ऐसी वह वनश्रेणी निकट ही आगई है । दोनों माताओं के इस प्रकार के पारस्परिक भाषण को सुनकर, अच्छी प्रकार उठकर श्रीकृष्ण पहले दाऊजी से मिले, पश्चात् जिनके दाँत गिर गये हैं, ऐसी हँसती हुई अत्यन्त वृद्धाओं के साथ "तुम्हारी बातें ठीक नहीं", इस प्रकार के विवाद से, पहले जाने हुए अथवा न जाने हुए सभी वृक्ष,मृग, एवं पक्षियों को "मानों ये कभी भी नहीं देखे हैं", इस प्रकार से अपनी माँ से पूछते हुए, एवं माता के दिये हुए उत्तर को ग्रहण करते हुए, श्रीयमुना के तीर पर विराजमान वन में पहुँच गये ॥५७॥

वहाँ पर प्रश्न एवं उत्तर इस प्रकार हुए, यथा—प्रश्न—जिसके सभी पत्र निरन्तर चारों ओर काँपते रहते हैं, इस वृक्ष का क्या नाम है ? उत्तर—पिप्पल (पीपल) है । प्र०—कौनसा वृक्ष करोड़ों गोल गोल अण्डों को उत्पन्न करता है ? उ०—गूलर नाम वाला वृक्ष । प्र०—यहाँ पर घनी जटाओं से व्याप्त शरीर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं नव्यां वनान्तर्गतिमनु जननीडिम्भ-संवादजातं
लोकं पीयूषवर्षैरसुखयदखिलं तत्र तत्रातिचित्रम् ॥५८॥

"किञ्च, गौराः कृष्णप्रधानाप्लुतगतिपशवः के रमन्ते हरिण्यः
के वाऽमी सैरिभाश्व-प्रतिमतनुधरा रोहिषाख्याः प्रसिद्धाः ।
के शृङ्गानेकशाखाशबलितवपुषः शम्बराख्यास्तदेवं
मातुर्गीर्ज्ञातनामा स जयति सबलो नन्दगोपालबालः ॥५९॥

"अपि च, चित्रः कोऽयं मयूरः क इह मृदुकुहूगायकः कोकिलाख्यः
को वक्तुं वष्टि वाणीं नरवदपि शुकः पुष्पपः कश्च भृङ्गः ।
इत्थं मातृद्वयेन प्रथमवनगमे संलपन्तौ हसन्तौ
बालौ गोपालरामौ व्रजकुल-महिलाः शर्मभिः सिञ्चतः स्म ॥६०॥

अथागतास्तरणिसुता-तटं व्रज,-प्रजाव्रजाः सशकटधेनुसङ्कटम् ।
ससम्भ्रमं तरितुमनस्तया च ते, परस्परं कलकलकीर्णमभ्रमन् ॥६१॥

"ततश्च द्वावपि भ्रातरौ मातरौ विहाय परममुन्नततमं व्रजेशितुः पितुः शकटमागता-

---

वाला यह कौनसा वृक्ष है ? उ०—वह वट है। इस प्रकार नवीन वन में जाते समय माता एवं पुत्र का जो संवाद हुआ, उस संवाद ने अमृत की सी वर्षा के द्वारा, उस उस स्थान पर, अत्यन्त विचित्रतापूर्वक सभी लोगों को सुखी कर दिया ॥५८॥

किंच, प्रश्न—काले वर्ण के जिनमें प्रधान हैं, कूद कूद करके चलते हुए जो क्रीड़ा करते हैं, ऐसे गौर वर्ण वाले पशु कौन हैं ? उ०—हरिणीगण हैं। प्र०—भैंस एवं घोड़े के से शरीर धारण करनेवाले, ये चरते हुए पशु कौन हैं ? उ०—रोहिषनामक मृगविशेष हैं, जो पर्वतों में प्रसिद्ध हैं। प्र०—जिन पशुओं का शरीर शृङ्गरूप अनेक शाखाओं से संयुक्त है, उनका नाम क्या है ? उ०—शम्बर नाम है, ये पशु मृगजातिविशेष हैं। इस प्रकार माता की वाणी से जिनको पशुओं के नाम ज्ञात हुए हैं, बलदेवजी के सहित उन्हीं नन्दजी के गोपाल बाल की जय हो ॥५९॥

अपिच, प्रश्न—अरी मैया ! विचित्र वर्णवाला यह पक्षी कौन है ? उत्तर—मयूर है। प्र०—यहाँ पर मृदु मधुर स्वर से कुहू कुहू गायन करनेवाला कौन पक्षी है ? उ०—कोयल है। प्र०—कौन सा पक्षी मनुष्य की तरह वाणी बोलना चाहता है ? उ०—शुक अर्थात् तोता है। प्र०—पुष्परस का कौन पान करता है ? उ०—भृङ्ग (भौंरा)। इस प्रकार दोनों माताओं से प्रथम वनगमन के समय परस्पर आलाप करते हुए, एवं हँसते हुए बालरूपधारी श्रीकृष्ण बलदेव ने, व्रज की कुलाङ्गनाओं को सुखप्रवाह से अभिषिक्त कर दिया ॥६०॥

तदनन्तर व्रजवासी प्रजा का समूह, बैलगाड़ी और गैयाओं से व्याप्त–श्रीयमुना के तीर पर आगया। जब वे व्रजवासी हर्ष एवं वेगपूर्वक यमुना के पार जाने को मन करने लग गये, तब तो परस्पर प्रचुर मधुर ध्वनि करते हुए, भ्रमण करने लग गये ॥६१॥

उसके बाद दोनों भ्राता, दोनों माताओं को छोड़कर, पिता श्रीव्रजराज के अत्यन्त ऊँचे शकट में आ

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वूर्ध्वस्थित्या दलदिन्दीवरसुन्दरताशालिकालिन्दीं प्राणीवृन्दप्रीणि वृन्दावनमपि फुल्लदृशा ददृशतुः ॥६२॥

"श्रीव्रजेश्वरादयस्तु परस्परमूचुः,—'अहो ! रूपमिह पारीणवन्यासम्बन्धिन्या भास्वत् कन्यायाः, या खलु प्रतिबिम्बसंवलनया वृन्दावनान्तमन्तर्वहन्ती विचित्रचित्रपट्टपट-वदाचरति ।' ॥६३॥

"अहो ! माधुरीणां साधुरीतिरस्य च वृन्दावनस्य, यत् खलु नीलाभं सित-पीत-लोहित-प्रसूनालिभिर्निःसरदासारविद्योतमानविद्युत्कान्तिरोहित-रोहितनीरदवदाभासमानं दूरतोऽप्य-मृतपूरमर्पयति । यस्य चाकृष्टत्रिपिष्टप-पदषट्पदपदतया व्यक्तदौर्लभ्यं समाकर्षि-सौरभ्यं घ्राणाभ्यागतानां दूरमारभ्य प्रत्युद्गमिसभाजकसभ्यवृन्दमिव लभ्यते ।

"यस्य च विचित्रपत्रिकृत्रिमकलकलिलकाकलीसंकुलकोलाहलकुलमाकर्षणमन्त्र इवार्थ-ग्रहणं विनापि सकर्णकं जन्युं निजाश्रयाभ्यर्णमाकर्षति ॥६४॥

"तदेवं पश्यतोः शृण्वतोरपि सतृष्णयोः रामकृष्णयोर्गोपाः गाः पारयितुं व्यापारं कारयामासुः,—॥६५॥

गये, तथा उस शकट के ऊँचे स्थान में बैठकर, खिलते हुए नीलकमल के समान सौन्दर्यशालिनी श्रीयमुनाजी को, एवं प्राणीवृन्द को आनन्द देने वाले श्रीवृन्दावन को, प्रसन्न नेत्रों से देखने लग गये ॥६२॥

श्रीव्रजेश्वर आदि तो आपस में बोले कि—अहो ! जिसके परलीपार अनेक वनों का सम्बन्ध है, ऐसी सूर्यपुत्री श्रीयमुनाजी का इस स्थान पर कैसा अपूर्व रूप दिखाई देता है । और देखो ! यह जो यमुना है, वह निश्चय ही प्रतिविम्ब के संयोग से श्रीवृन्दावन को अपने अन्तःकरण में धारण करती हुई, अनेक प्रकार के चित्रों से चित्रित रेशमी साड़ी का सा आचरण कर रही है ॥६३॥

आहा ! इस वृन्दावन में जितनी प्रकार की माधुरी हैं, उन सब माधुरीन की रीति अपूर्व है । देखो ! यह वृन्दावन निश्चय ही नीलप्रभा धारण करके श्याम, श्वेत, पीत, रक्तवर्ण की पुष्पश्रेणी द्वारा निकलती हुई धारा सम्पात से शोभायमान विद्युत्कान्ति द्वारा रक्तवर्ण, एवं सरल इन्द्रधनुष से युक्त मेघ की भाँति प्रकाश-मान होकर, दूर से ही अमृतप्रवाह की वर्षा कर रहा है । और स्वर्ग में रहनेवाले एवं गन्ध के लोभ से आकृष्ट, ऐसे भ्रमरों की आधारभूमि होने के कारण, जिस वृन्दावन की सर्वचित्ताकर्षक सुगन्धि दुर्लभरूप से व्यक्त है, तथा नासिकारूप अतिथियों की बहुत दूर से ही अगवानी लेकर, अतिथि सत्कार करनेवाले सभ्य जनों की तरह जान पड़ती है, अर्थात् सत्कारपरायण सद्गृहस्थ जैसे दूर से ही अतिथि को अपने घर लाकर सत्कार करता है, अथवा दूर से ही ऐसे सभ्य गृहस्थी की कीर्ति सुनकर, अतिथिजन स्वयं आकर, उसके द्वारा जैसे सत्कार पाते हैं, उसी प्रकार अन्यत्र दुर्लभ श्रीवृन्दावन की जो पुष्पों की सुगन्धी है, वह स्वर्गस्थित भ्रमरों को भी अपनी ओर खैंच लेती है । और जिस वृन्दावन के विचित्र पक्षियों की कृत्रिम (बनावटी) मधुरध्वनि से मिला हुआ, एवं मधुर अस्फुट सूक्ष्मध्वनि से व्याप्त, महान् कोलाहल का जो समूह है, वह आकर्षण मन्त्र की तरह, बिना अर्थ समझे ही कानों से युक्त जीवमात्र को, अपने आश्रयस्वरूप श्रीकृष्ण के निकट खैंच लेता है ॥६४॥

इस प्रकार श्रीराम कृष्ण दोनों भैया जिस समय लालसापूर्वक वृन्दावन एवं यमुनाजी को देख

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नीरं तरणिकन्यायास्तीरं च तरणे तदा ।
गोमयं गोमयमयं क्षणादजनि सर्वतः ॥६६॥

"तीर्णासु गोषु तथा कर्णीरथादवतीर्णासु परिजनपरिच्छदसहितासु गोपवनितासु काशकुशशरवंशवरैरलङ्कर्मीणनिर्मितपरस्परनद्धध्रुवराजी राजपद्धतिरिवासम्बाधतया साधिता । "ततश्च पारावारीणभूम्योरेकतायां कृतायामवारीणमिव पारीणं मधुपुरी-कालीय-ह्रदयोरन्तरालं तद्वनभागं सर्व एव गायन्तः प्रहसन्तः क्रीडन्तश्च शकटघटयापि प्रविविशुः ॥६७

तदेवमेवोक्तम् (भा० १०।११।३५)—
'वृन्दावनं सम्प्रविश्य सर्वकालसुखावहम् । तत्र चक्रुर्व्रजावासं शकटैरर्धचन्द्रवत् ॥' इति ॥६८॥

"रामकृष्णौ च बद्धतृष्णावासादिततीरोपकण्ठावुत्कण्ठया भुवि शकटादुत्प्लुतौ प्लुत-संप्लुताह्वानतः सुखसमन्वितं सखीनन्वञ्चिधाय प्रत्यग्रमपि प्रत्यग्रायमाणवैचित्रीगहनं गहन-मवगाहमानौ सव्यापसव्ययोः पश्यन्तौ चरणवारितामेवाचरितवन्तौ । तदा च किमन्यद्वर्णनीयम्, समस्तं वृन्दावनमपि कृष्णेन स्पृष्टं हृष्टमेव निर्णीय परामृष्टम् ॥६९॥

रहे थे, तथा गोपों के मुख से उनकी प्रशंसा सुन रहे थे, उसी समय गोपगण गैयाओं को पार करने के लिये चेष्टा करने लग गये—॥६५॥

निरन्तर गैयाओं के पार होते समय सूर्यपुत्री श्रीयमुनाजी का जल एवं तीर, क्षणभर में चारों ओर गोमय (प्रचुर गैयाओं से युक्त) तथा अधिक गोबर से संयुक्त हो गया ॥६६॥

सब गैयाओं के तर जाने के बाद एवं परिजन (सेवक) और घर की सामग्री के सहित वस्त्रों से ढ़के हुए छोटे छोटे शकटों से, अथवा रथों से गोपियों के उतर जाने के बाद, कुश, काश, शरपते तथा पुष्ट पुष्ट बाँसों के द्वारा कार्यकुशल जनों के कौशल से बनाई गई, परस्पर बँधी हुई नौकाओं की पंक्ति, आपत्तिरहित राजमार्ग जैसी साधित हो गई । तदनन्तर नौकाओं के पुल के द्वारा दोनों किनारों की भूमि की एकता सम्पन्न हो जाने पर, अर्थात् पुल बँध जाने से, इस पार उस पार की समानता हो जाने पर, मधुपुरी तथा कालीयह्रद इन दोनों के बीच में जो वृन्दावन का वनविभाग है, उसी में सभी जन गाते हुए, हँसते हुए, खेलते हुए, शकट समूह के सहित प्रविष्ट हो गये ॥६७॥

इसलिये दशमस्कन्ध में भी इसी प्रकार कहा है कि, सब ऋतुओं में सुखदायक श्रीवृन्दावन में प्रविष्ट होकर, वहाँ पर गोपों ने शकटसमूह की योजना करके, आधे चन्द्रमा के से आकार वाला व्रजवासियों के रहने का स्थान बनाया ॥६८॥

वृन्दावनवास की वासना में बँधे हुए, कृष्ण बलदेव भी तीरभूमि के पास जाकर उत्कण्ठापूर्वक गाड़ी से भूमि पर कूद पड़े । तथा अत्यन्त ऊँचे बुलाने के स्वर से सुख के सहित, सभी सखाओं को अनुगामी बना कर, नवीन होने पर भी निर्दोषमयी विचित्रताओं से परिपूर्ण वृन्दावन में प्रवेश करते हुए, बाईं दाईं ओर देखते हुए, अपने श्रीचरणों से ही भ्रमण करने लग गये । वृन्दावन-प्रवेश के समय की अन्य विशेषता का अधिक क्या वर्णन करें ? देखो ! श्रीकृष्णचन्द्र ने समस्त वृन्दावन को केवल छूआ ही नहीं, अपितु आनन्द-पूर्वक निर्णय करके, अपने श्रीकरकमलों द्वारा उसका अच्छी प्रकार स्पर्श भी किया ॥६९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यतः यद्गानं विपिनस्य कोकिलकले नृत्यं लता-विभ्रमे
रोम्णामुत्थितमंकुरे च कवितं योग्यान्निदानादृते ।
तन्मिथ्या यदि कृष्णसङ्गति-वशात्तस्मिंस्तथा वर्ण्यते
सत्यं तर्हि सदापि तत्तदखिलं यस्मादृरीदृश्यते ॥७०॥

"ततश्च तौ क्वचिद्विक्रमणेन क्वचित्तु स्निग्धजनस्कन्धाद्याक्रमणेन बन्धुभिरास्वाद्यमानाऽनवद्यलालित्यामृतौ शुभशकुनसम्भृतौ वत्सक्रीडनाभिधयमुना-घट्टतः सट्टीकराख्यं प्रदेशमासेदतुः ॥७१॥

"अथावतरगतूर्यघोषजाते राज्ञा समनुज्ञाते तं पश्चान्निधाय दक्षिणपश्चिमामग्रे विधाय सर्वे समाकीर्ण-विस्तीर्णदेशतयावतीर्णाः ॥७२॥

लोकहूतिव्यक्तचेष्टं तदा नन्दादिवेष्टितम् ।
वृन्दावनमिदं रेजे सुप्त-जागरितप्रभम् ॥७३॥
तत्र चक्रुर्व्रजावासं शकटैरर्धचन्द्रवत् ।
यदन्तःपूरितं गोभिः क्रमेण घनरीतिभिः ॥७४॥

श्रीहरिवंशे च—
'निवेशं विपुलं चक्रे गवाश्चैव हिताय च । शकटावर्तपर्यन्तं चन्द्रार्धाकारसंस्थितम् ॥' इति ॥

और देखो ! कवियों ने वन वर्णन करते समय वन के कोकिल कलरव में गायन का, लताओं के विलास में नृत्य का, और अंकुरों में रोमाञ्चों का जो वर्णन किया है, वह सब वर्णन योग्य कारण के न होने से आरोपित मिथ्याप्राय है । हाँ, वही वर्णन यदि श्रीकृष्ण के सम्बन्ध के कारणवशात्, श्रीवृन्दावन में उसी प्रकार का वर्णन किया जाता है, तब तो सब सत्य है, क्योंकि वह सारा पूर्वोक्त वर्णन महापुरुषों के सदैव दृष्टिगोचर होता रहता है ॥७०॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भैया किसी स्थान पर विक्रम प्रकाशित करके, एवं किसी स्थान पर स्नेहीजनों के कंधे पर चढ़ करके, और बन्धुजनों के द्वारा जिनके विशुद्ध लालित्यरूप अमृत का आस्वादन किया गया है, एवं जो शुभ शकुनों से पुष्ट हुए हैं, "वत्सक्रीड़न" नामक श्रीयमुनाजी के घाट से होकर, छटीकरा नामक स्थान पर आ गये ॥७१॥

तदनन्तर श्रीव्रजराज की आज्ञानुसार उतरने की तुर्री की ध्वनि हो जाने पर, उस छटीकरा नामक ग्राम को पीछे करके दक्षिण एवं पश्चिम को आगे करके, सभीजन बहुत सी जगह को घेर कर उतर पड़े ॥७२॥

उस समय लोगों के परस्पर बुलाने के कारण, जिसकी चेष्टा व्यक्त हुई है, एवं श्रीनन्दादि गोपों से जो परिवेष्टित है, यह श्रीवृन्दावन पहले सोकर पुनः जागने वाले की तरह शोभा पाने लग गया ॥७३॥

वहाँ पर गोपों ने शकटसमूह द्वारा अर्धचन्द्राकृति गोधन के रहने का स्थान बनाया, जिसका मध्य-भाग क्रमशः घनी रीति से गोधन से परिपूर्ण हो गया ॥७४॥

श्रीहरिवंश में भी कहा है कि, जिसका चारों ओर का घेरा गाड़ियों से लगाया है, ऐसा अर्धचन्द्राकार विशाल निवासस्थान, गैयाओं के हित के लिये गोपों ने बनाया । इस प्रकार उस दिन तो बैलगाड़ियों से ही

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"एवं तद्दिने शकटैरेव चक्रुः, दिनान्तरे तु—

'कण्टकीभिः प्रवृद्धाभिस्तथा कण्टकिभिर्द्रुमैः ।
निखातोच्छ्रितशाखाभिरभिगुप्तं समन्ततः ।।' इति ।।७५।।

गोपुरस्य पुरः कृत्वा गोवर्धनधराधरम् ।
गोपवासः स तत्रासीन्नगोपवसतिर्यतः ।।७६।।

पौरस्त्यवस्त्यत्यागेऽपि तत्तन्मर्यादया चितः ।
व्रजाकारस्तथैवासीत् कृष्णा-पारे यथा स्थितः ।।७७।।

अष्टक्रोशीमायतं गोष्ठमेत,-न्मध्ये तस्मिन् विस्तृतं चार्धमस्याः ।
एतन्मानं चात्र लोकस्य दृष्ट्या, शक्त्यानन्त्याचिन्त्यधामत्वमेव ।।७८।।

मध्ये राज्ञः सद्म तत्पार्श्वतस्तद्,-भ्रातॄणां तद्वाह्यतस्तत्परेषाम् ।
यद्वत्प्रेमण्यन्तरङ्गादिरीति,-र्वासेऽपि स्यादौचिती तद्वदेव ।।७९।।

"अथ तत्र परमशर्मणा गम्यमानसमयव्रजे पूर्ववद् व्रजे क्रीडारतयोरपि तयोर्वनदिदृक्षा पुनरतीव विलक्षणा जाता । ततश्च प्रतिदिनमपि गवावनाय वनाय प्रयातेन तातेन समं समन्ततः एव व्रजतः स्म ।।८०।।

वासस्थान की रचना की । दूसरे दिन तो बड़ी बड़ी हींस आदि काँटेदार लताओं से, तथा काँटेदार बबूल आदि वृक्षों से, और गड़ी हुई ऊँची ऊँची काँटेदार बार के द्वारा चारों ओर से, उस स्थान को गुप्त कर दिया ।।७५।।

पर्वतराज श्रीगोवर्धन को पुरद्वार के सन्मुख करके, जहाँ पर वृक्षों की समीपता है, वहीं पर गोपों का निवासस्थान बन गया था ।।७६।।

पहला घर त्याग देने पर भी यमुना के पल्लीपार जैसा निवासस्थान था, उसी महावन की तरह उन सारी मर्यादाओं से परिपूर्ण, वह व्रजाकृति निवासस्थान था ।।७७।।

यह नवीन बनाया हुआ व्रजगोष्ठ (गोस्थान) आठ कोश लम्बा था । उसके बीच में गोष्ठस्थान का भाग चार कोश चौड़ा था । लौकिक दृष्टि से यहाँ पर यह परिमाण सत्य है, किन्तु शक्ति के अनुसार विचारने से तो, इसका तेज अनन्त एवं अचिन्तनीय है ।।७८।।

उसके बीच में राजा का घर, उसके आसपास उनके भ्राताओं का घर, उनके घर के बाहर अन्यान्य लोगों का घर निर्मित हुआ । प्रेम के तारतम्य के अनुसार जिस प्रकार उनकी अन्तरङ्ग आदि रीति पृथक् पृथक् थी, उसी प्रकार की रीति निवासस्थान के निर्माण में भी उचित ही थी ।।७९।।

पश्चात् उस वृन्दावन में उन व्रजवासियों का सारा समय जब अत्यन्त सुखपूर्वक व्यतीत होने लगा, तब पहले की भाँति व्रज में क्रीड़ापरायण, उन श्रीकृष्ण बलदेव की श्रीवृन्दावन के देखने की इच्छा अत्यन्त विलक्षण हो गई थी । उसके बाद प्रतिदिन गोपालन के लिये वन को गये हुए, पिताजी के साथ दोनों भैया चारों ओर भ्रमण करते थे ।।८०।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र—वृन्दावनं गोवर्धनं यमुनापुलिनानि च ।
वीक्ष्यासीदुत्तमा प्रीती रामरामानुजातयोः ॥८१॥

"यथा—प्राधान्यादतिदिव्यवृक्षवितते वृन्दावनं रत्नभू-
पल्यङ्कान्वितपीठजेतृदृशदां वृन्दस्य गोवर्धनः ।
ग्लौचूर्णोङ्कुरङ्गभूमिविजयिस्थल्यावलेरंशुमत्-
कन्यायाः पुलिनालिरुत्सव-शतं दुग्धे स्म मुग्धं तयोः ॥" इति ॥८२॥

अथ मधुकण्ठः समापनमिदं साञ्जलितया व्यानञ्ज,—
"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोपाधिनायक ।
पाल्यङ्करोति यो विश्वं बाल्यस्य चरितादपि ॥"८३॥

तदेवं तल्लीलानां साक्षात्प्रथायां कथायां वृत्तायां पूर्ववृत्तवत्तद्दिनेऽपि सर्वेऽप्यानन्दानाम-खर्वाणां खर्वेण कर्बुरिता निज-निजालयं कलयामासुः ॥८४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु श्रीवृन्दावनदेशे प्रवेशो नाम नवमं पूरणम् ॥९॥

जिस व्रज में वृन्दावन, गोवर्धन, एवं यमुना के पुनीत पुलिनों को देखकर, श्रीबलरामजी एवं उनके छोटे भैया श्रीकृष्णजी को भारी प्रसन्नता हुई थी ॥८१॥

यथा—अतिशय मनोहर दिव्य वृक्षों की पंक्ति की प्रधानता के कारण श्रीवृन्दावन ने, रत्नभूमिस्वरूप पलका से युक्त आसनों की शोभा को जीतने वाली शिलाओं की श्रेणी की प्रधानता के कारण श्रीगोवर्धन ने, तथा कपूर के चूर्ण से बनी हुई रङ्गभूमि पर विजय पानेवाली, अनेक स्थलियों की प्रधानता के कारण सूर्यपुत्री श्रीयमुनाजी की पुलिनश्रेणी ने, श्रीकृष्ण बलदेव के सैकड़ों मनोहर उत्सव उत्पन्न कर दिये थे, अर्थात् इन तीनों भक्तराजों ने दोनों भ्राताओं के सैकड़ों मनोरथ पूरे कर दिये ॥८२॥

अत्र मधुकण्ठ ने हाथ जोड़कर कथाप्रसङ्ग की समाप्ति का द्योतक यह वचन कहा कि—हे गोपाधि-नायक ! आपके ऐसा विचित्र पुत्र उत्पन्न हुआ है, जो कि बालकपन के चरित्रों से भी, विश्व का पालन करता है ॥८३॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण बलदेव की व्रजलीलाओं की साक्षात् ख्यापिका उस दिन की कथा की समाप्ति हो जाने पर, पहले दिनों की तरह उस दिन भी सभीजन, बड़े बड़े अरबों खरबों आनन्दों से मिश्रित होकर, अपने अपने घर को चले गये ॥८४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये श्रीवृन्दावनप्रदेश-प्रवेशनामकं
नवमं पूरणं संपूर्णम् ॥९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ दशमं पूरणम्

वत्सासुरादिवधः

अथ प्रातरपि पूर्ववत् कथा प्रथते स्म ॥१॥

यथा स्निन्धकण्ठ उवाच,—"अथानयोरतिबाल्यादूर्ध्वविलासमारभमाणं सुकुमारं कुमारताशेषं वर्णयिष्यामः; ॥२॥

यथा,—मुक्तस्तन्यमुदञ्चदङ्ग-वलयं चाञ्चल्यपर्याकुलं
खेलावञ्चदखर्वनेत्र-युगलं शश्वत्प्रहासाननम् ।
नानाकौतुकभावितं सखिजनक्रीडाविलासास्पदं
वत्सेक्षास्पृहि रामकृष्णकलितं कौमारमन्तर्भजे ॥३॥

"अपि च,—शुभ्रश्यामौ नीलपीताभ-वस्त्रौ, शृङ्गी-पावी-ध्वानशिक्षासु दक्षौ ।
क्रीडालोलौ मित्रवर्गे विचित्रं, वित्रीयेते रामकृष्णौ कुमारौ ॥४॥

"एतदवधि च वस्त्र-परिधानं क्रमेण निश्चितं जातम्; यथा—
वस्त्रं दधाति जननी-निहितं प्रयत्नात्, क्षिप्रं च बन्धन-धिया स्वयमुज्झहाति ।
भूयस्तदर्दति बिभर्ति च यस्य चोर्ध्वं, व्रीडां विकल्प्य लघु नित्ययति स्म कृष्णः ॥५॥

दशम पूरण

वत्सासुरादिवध लीला

अनन्तर प्रातःकाल भी पहले की भाँति कथा प्रारम्भ हो प्रख्यात हो गई ॥१॥

यथा स्निग्धकण्ठ बोला—अब हम इन श्रीकृष्ण बलदेव के अत्यन्त बालकपन से ऊपर, शैशवसमाप्ति सूचक ललित लीलाविलास का वर्णन करेंगे ॥२॥

यथा—श्रीबलराम एवं श्रीकृष्ण ने जिस कुमारावस्था को प्राप्त किया, मैं अपने अन्तःकरण में उसी कुमारावस्था का भजन करता हूँ । इस अवस्था में उन दोनों ने माता के स्तनों का दूध छोड़ दिया था, सभी अङ्गों का सुगठन उन्नत हो गया था, दोनों ही चञ्चलता से आकुल थे, दोनों ही के विशाल नेत्र युगल क्रीड़ा में चलायमान थे, दोनों के श्रीमुख पर उत्कृष्ट हास्य विराजमान था, दोनों ही अनेक कौतुकमय लीलाओं में निमग्न थे, यह अवस्था सहचरगणों के क्रीड़ाविलास की आधार थी, इस कुमारावस्था में बछड़ाओं के देखने की इच्छा होती थी ॥३॥

अपिच दोनों ही भैया क्रमशः गौर श्याम वर्ण वाले हैं, दोनों ही नीलाम्बर पीताम्बर धारण किये हैं, दोनों ही शृङ्गी एवं वंशी बजाने की शिक्षा में चतुर हैं, दोनों ही क्रीड़ा में खेलने में चञ्चल हैं, कुमारावस्था को प्राप्त श्रीराम कृष्ण दोनों भ्राता मित्रमण्डल में विचित्र आश्चर्य उत्पन्न कर देते हैं ॥४॥

इस अवधि से लेकर वस्त्र धारण करना क्रम से निश्चित हो गया । यथा—श्रीकृष्ण माता के द्वारा समर्पित वस्त्र को बड़े यत्न से धारण करते हैं, एवं बन्धन की बुद्धि से उस वस्त्र को स्वयं शीघ्र ही त्याग देते हैं । पुनः उसी वस्त्र को माँ से माँगते हैं, धारण भी करते हैं, जिसके बाद वस्त्र धारण करने में समर्थ न होने के कारण, लज्जित होकर शीघ्र ही निरन्तर धारण करते रहते हैं ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र नित्यमेव गोजातमनुयातेन तातेन सह यातवन्तौ समन्तादलं तौ भ्रमतः ॥६॥

यथा—अगच्छतां तत्र वने जनानां, स्नेहार्थिनां क्रोडगतौ पितुश्च ।
अपृच्छतां तत्प्रतिवस्तु बाला,-वयच्छतां शर्म च रामकृष्णौ ॥७॥

"तत्र च निवार्यमाणावपि विस्फार्यहंपूर्विकया गोगोयुगं गोगोयुगयुगं गोषड्गवमपि युगपद्वशयन्तावक्रीडताम् । अनन्तरमपि परस्परमपरस्परं सद्रवमेव द्रवन्तौ विघटितधेन्वनडुह-सङ्घट्टावुद्धता धेनूर्वृषभानपि शृङ्गग्राहं निवर्तयतः स्म । किञ्च, पञ्चकेनापि पशून् गृह्णीतः स्म ॥८॥

"दिनकतिपये पुनरेवं गतसमये तदेतदुपधार्य व्रजेश्वर्या पतिं प्रति प्रणयस्फुरदुपालम्भं भणितम्,—'किमिदमपूर्वमिव कुर्वन्ति तत्रभवन्तः' इति । तेन च लज्जातङ्कौ सज्जता तौ वञ्चयता वनं चञ्चतामुनानुमता तं च तं च सा च सा च तन्माता वनगमनतस्तनयमति-प्रणयान्निरुद्धवती ॥९॥

"निरुद्धौ च तावुत्कण्ठाविष्टावरोदिष्टाम् । तत्र च कदाचिदह्नाय निह्नवमारभ्य

श्रीवृन्दावन में गोसमूह के पीछे पीछे चलनेवाले पिता के साथ, श्रीकृष्ण बलदेव नित्य ही जाते हैं, और चारों ओर अत्यन्त भ्रमण करते हैं ॥६॥

यथा—बालक श्रीबलराम एवं श्रीकृष्ण उस वन में जाते थे, तथा स्नेह की चाहना करनेवाले जनों की गोद में, और पिता की गोद में बैठकर, उस वृन्दावन की वृक्षादि प्रिय वस्तुओं को उनसे पूछते थे, एवं उन स्नेहीजनों को सुख भी देते थे ॥७॥

और वहाँ पर वे दोनों, पिता आदि के द्वारा निवारित होने पर भी, विस्फारिणी अहंपूर्विका से, अर्थात् मैं आगे जाऊँगा, मैं आगे जाऊँगा, इस प्रकार की प्रबल प्रगल्भता से कभी दो गौओं को, कभी चार गौओं को, एवं कभी छः छः गौओं को एक साथ, वशीभूत करते हुए क्रीड़ा करते थे। उसके पश्चात् भी आपस में निरन्तर परिहास के सहित दौड़ते दौड़ते, आपस में लड़ते हुए गैया और बैलों के समूह को अलग अलग करके, उद्धत (उच्छृङ्खल) अर्थात् उपद्रवी गैया और बैलों को, उनके सींग पकड़कर, लड़ने से अलग कर देते थे। किंच दोनों भैया ही पाँच पाँच पशुओं को पकड़ लेते थे ॥८॥

इस प्रकार पुनः कुछ दिन व्यतीत हो जाने पर, एवं भोजन का समय निकल जाने पर, विलम्ब का कारण जानकर श्रीव्रजेश्वरी ने अपने पति के प्रति प्रणय से उत्पन्न उपालम्भपूर्वक कहा कि, इन दोनों बालकों को वन में ले जाकर, परम पूजनीय आप यह कौन सा अभूतपूर्व कार्य करते हो ? (जिससे कि भोजन के समय भी बालक नहीं आ पाते)। उस समय श्रीव्रजराज ने श्रीकृष्ण एवं बलराम को माँ की बातों से लज्जित एवं शंकित देखकर, अथवा स्वयं लज्जा तथा आतंक को धारणकर, दोनों पुत्रों को धोखा देकर, वन में जाते समय रोहिणी एवं यशोदा को अनुमति दे दी कि, अपने अपने बालकों को तुम स्वयं रोक लो। कृष्णजननी यशोदा ने एवं रामजननी रोहिणी ने अपने अपने पुत्र को, स्नेह के कारण वन में जाने से रोक लिया ॥९॥

घर में रोके हुए श्रीकृष्ण बलदेव उत्कण्ठायुक्त होकर रोने लग गये। उसी स्थान पर कभी कभी तत्काल गुप्तरूप से छिपकर पिताजी के पास जाकर, मित्रों को सुख देकर, मार्ग को न पहिचान कर, व्रज के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पितुरभ्यर्णं गच्छन्तौ सवयोभ्यः सुखं यच्छन्तौ वर्त्मापरिकल्य व्रजबहिरुपशल्यस्थैर्वत्सपालैर्बालैः कृतमेलन्तौ खेलन्तौ तत्पालायमानौ मुमुदाते ॥१०॥

"तदेवं तयोरसकृत्कृतिमनुभूय भूयः श्रीव्रजभूपती दम्पती सुखसम्भूयमानतायामपि भयदूयमानमनस्तया मन्त्रयामासतुः,—'यदि गोसङ्गावस्थानं विना न स्थातुं पारयतस्तर्हि व्रजसदेशदेशे वत्सानेव तावत् सञ्चारयताम्' इति ।

"तदेतदेव व्रजराजः सहजादिभिर्मन्त्रविद्भिः सह मन्त्रसहतया विचार्य तन्त्रविद्भिः पुण्यदिनमवधार्य पुण्याहवाचनादिकमपि सञ्चार्य ताभ्यां गोबालपालनारम्भमाचारयाम्बभूव॥ ११

"ताभ्यामेव सह महागोपाला महं विधाय मनसि च सुखं निधाय निज-निज-बालान् वत्सपालान् कलयामासुः । यस्य चादौ जननी-जनितेन मज्जनसज्जनेन भोजन-भजनेन वसन-वसनेन सदलङ्करणधरणेन वेत्र-नेत्र-मुरली-गवलीनां बलनेन च बलकृष्णौ शोभां लेभाते ॥१२

"कृष्णस्त्वानीते उपानहौ नहि नहि-कारेण बहिश्चकार । कुलपरम्परागतधनगोधन-समाराधनधर्म-मर्मबाधनं हि तत्प्रसाधनवशाद्भवतीति । ततः कृष्णभावमनुभवता रामेणापि तथानुमतम् ॥१३॥

बाहर (खिड़क के बाहर) ग्राम के पास में स्थित वत्सपाल बालकों के साथ मिलकर, खेलते खेलते बछड़ाओं की तरह खेल करते हुए प्रसन्न हो गये ॥१०॥

इस प्रकार उन दोनों भाइयों के बारंबार पूर्वोक्त क्रीड़ामय कार्यों का अनुभव करके, पुनः श्रीव्रजराज एवं व्रजेश्वरी दोनों ने बालकों की क्रीड़ा से, परमसुख का अनुभव करके भी, भय के कारण सन्तप्त मन से विचार किया कि, ये दोनों बालक गैयाओं के संग रहे विना यदि घर में नहीं ठहर सकते, तब तो खिड़क के आसपास की भूमि में, छोटे छोटे बछड़ाओं को ही चराते रहें, यही अच्छा है । अतएव इसी विचार को श्रीव्रजराज ने विचारशील अपने सहोदरों के सहित, विशेष संलग्नभाव से विचारकर, कर्तव्य का निश्चय करने वाले पण्डितों द्वारा, पुण्यमय दिन का निश्चयकर, पुण्याहवाचन, स्वस्तिवाचन आदि कार्य को विधि-पूर्वक करवाकर, श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भैयाओं के द्वारा गोवत्सपालन आरम्भ करवा दिया ॥११॥

और अन्य विशिष्ट गोपालों ने भी उत्सव करके, मन में सुख धारण करके, उन्हीं दोनों भैयाओं के साथ, अपने अपने बालकों को वत्सपाल बना दिया । और जिस वत्सपालनरूप उत्सव के प्रारम्भ में, माता के द्वारा कराये गये स्नान, वेश रचना, भोजन सेवन, वस्त्र धारण, मनोहर अलङ्कार धारण, वेत्र, गोबन्धन रज्जु, मुरली एवं महिषशृङ्ग आदि धारण करने से, श्रीराम कृष्ण विचित्र शोभा को प्राप्त हुए ॥१२॥

उस समय चरणों में धारण करने के लिये लाई गई चर्मपादुका को श्रीकृष्ण ने नहीं नहीं करते हुए, बहिष्कृत कर दिया, और कहा कि देखो, माताजी ! हमारी कुलपरम्परा से आया हुआ परमधन तो यह गोधन ही है, उसकी आराधना करना हमारा धर्म है, इन चर्मपादुकाओं के धारण करने से इस गो-सेवारूप धर्म के मर्म में, निश्चय ही पीड़ा उत्पन्न होगी, अर्थात् हमारे परमसेव्य इस गोधन के चरणों में यदि चर्म-पादुका होतीं, तो मैं भी यथाकथंचित् धारण कर लेता । इनके चरणपादुकारहित होते हुए, मुझे भी पादुका-रहित चरणों से इनकी सेवा में उपस्थित होना उचित है । तदनन्तर श्रीकृष्ण के भाव का अनुभव करते हुए, श्रीबलरामजी ने भी चर्मपादुकाओं के परित्याग की अनुमति दे दी, अर्थात् मैं भी श्रीकृष्ण की तरह पादुका-रहित चरणों से गोचारण करने जाया करूँगा ॥१३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"दुष्करगणनानि गोधनानि तु नूनं कृततदवधानानि तदानुकूल्याय प्रखरखरखुरखनन-खुरलीभिर्मृण्मयरेणूनपि पुष्परेणूनिव विधाय कर्कराकण्टकादिकमपि खण्डशस्तथा सन्धाय तदीयचरणप्रचारभूमिं सुखसञ्चारतया कारयामासुः। वसुधा च सुधासेकमेव तदीयचरण-सञ्चारणेन मन्वाना वृन्दया सह च योगं तन्वाना तदानुकूल्यावशेषं निरवशेषं चकार। यथा च खदिरवनादिकमपि सुखसञ्चाराय सम्यगधिकं भवति ॥१४॥

"यथा च सर्वत्र तदीयचरणकिशलयालय-सूक्ष्मरेखालेखानामुदयः सर्वमुदयनं भवतीति प्रकृतमनुसरामः ॥१५॥

"तदेवं महामङ्गल-सङ्गततया वत्सचारणोत्सवमनुक्रियमाणे प्रयाणे समुद्गतशोभ-समुद्गक-विचित्रच्छत्र-चामर-पट्टपटादि-नानासामग्री-संग्रहव्यग्रीभूतकरा भुवनशुभङ्करा जितवृन्दारकाः किङ्करदारकास्तावनुसरन्तः किमप्यन्तःसुखमनुबभूवुः ॥१६॥

"तत्र च मातरपितरावारभ्य प्रत्यागार-द्वारं सर्वाभिरनर्वाचीनाभिर्वरवर्णिनीभिर्महाधनै-र्निर्मञ्छ्यमानौ दीपायमाननणिभिर्नीराज्यमानौ प्रफुल्लसुरभिप्रसूनैरभिवृष्यमाणौ मङ्गलसङ्घ-सङ्गतगीतैः संगीयमानौ यथार्हं तदन्तिकवन-कान्ति-सन्ततिभिः सन्तोष्यमाणौ पुरस्ताद्विकीर्ण-विस्तीर्णनयनैर्निर्वर्ण्यमानौ गुरूनभिवाद्य निरवद्यवाद्यप्रसाद्यमानकौतुकप्रततं प्रथस्यते ॥१७॥

जिनकी गिनती करना कठिन है, ऐसी अनन्त गैयाओं ने भी, श्रीकृष्ण बलदेव की धर्मनिष्ठा पर ध्यान देकर, उन दोनों की अनुकूलता के लिये, अत्यन्त तीखे खुरों के द्वारा खोदने के अभ्यास से, मृत्तिका की रेणुओं को पुष्परेणुओं जैसी बनाकर, कङ्कड़, कण्टक आदि को भी, खण्ड खण्ड करके पुष्परेणुतुल्य बनाकर, उनके श्रीचरणों के विचरण की भूमि को, सुखपूर्वक विचरण करने योग्य बना दिया। और पादुकारहित श्रीकृष्ण बलदेव के चारुचरणारविन्दों के सञ्चार से, सुधासेक को ही मानती हुई, व्रजभूमि ने, वृन्दावना-धिष्ठात्री वृन्दादेवी के साथ सम्मिलित होकर, उन दोनों की अनुकूलता के लिये, अवशिष्ट कार्य को पूरा कर दिया। जिस प्रकार खैर, करील आदि के वन भी अच्छी प्रकार सुखपूर्वक भ्रमण के लिये अधिक योग्य हो जायँ ॥१४॥

और देखो! सभी स्थानों पर श्रीकृष्ण बलदेव के चरणपल्लवों में विद्यमान सूक्ष्मरेखासमूह का उदय, सभी भक्तों के हर्ष का स्थान हो जाता है, अतः व्रजभूमि सर्वत्र कोमल बन जाती है। अब हम प्रकृत विषय का अनुसरण करते हैं, अर्थात् जिस विषय में कथा प्रारम्भ की थी, उसी प्रसङ्ग पर आते हैं ॥१५॥

अतएव इस प्रकार महामाङ्गलिक व्यापार में संलग्न होकर, वत्सचारणोत्सव का उद्देश्य करके किये गये वनगमन के अनन्तर, शोभा से विराजित ताम्बूलपात्र, विचित्र छत्र, चामर, रेशमी वस्त्र आदि अनेक सामग्रियों से जिनके हाथ व्यग्र हो रहे हैं, एवं जो जगत् के मङ्गलकारक हैं, अपने सेवाभाव से जो देवताओं को भी जीत लेते हैं, ऐसे रक्तक, पत्रक आदि सेवकरूप बालकों ने, श्रीकृष्ण बलदेव का अनुसरण करते हुए, अपने अन्तःकरण में किसी अनिर्वचनीय सुख का अनुभव किया ॥१६॥

और वहाँ पर माता पिता से लेकर, सभी वृद्ध गोप रमणियों ने प्रत्येक घर के दरवाजे पर, आये हुए दोनों भैयाओं पर, विशिष्ट मणिमुक्ता आदि की न्योछावर (बखेर) की, दीपक के समान दमदमाती हुई मणियों से दोनों की आरती की, दोनों पर ही खिले हुए सुगन्धयुक्त पुष्पों की वर्षा की, मङ्गलश्रेणी परिपूर्ण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र दिव्यगणाश्च तद्वदेव दीव्यन्ति स्म ॥१८॥

"ततश्च, वेणु-वेत्र-दल-शृङ्ग-वटीभिः,कन्दुक-भ्रमर-दारु-नटीभिः ।
क्रीडिनौ सशिशुगोसुतजाते, नीलपीतवसनौ रुरुचाते ॥१९॥

"तदनु दूरतः सूरततया पुरतः पश्यदृशः पितृतत्सदृशस्ते कांश्चित् प्रौढानूढावधानान् विधाय चारप्रदेशविचारमभिधाय च क्रमत एव व्युत्क्रमतः क्रममाणाः सुकृतिनः कृतिनः परावव्रतिरे ॥२०॥

"राम-रामानुजादयश्च किञ्चिदञ्चित्वा—
विसार्य वत्सानावार्य परितः शाद्वले स्थले ।
खेलां चक्रुर्मिथो मेलादावेलां भोजनागतेः ॥२१॥

यथा—वेणुं वादयतोः फलादि किरतोः शिञ्जत्तुलाकोटिभा-
गङ्घ्रिभ्यां क्षिपतोर्वृषानुकरणैः संयुध्यतोरेतयोः ।
भ्रात्रोर्निर्जयिनोर्मिथो द्रववशादुच्चैः सखायश्च ते
पार्ष्णिग्राहतया युधं विदधतः कोलाहलं चक्रिरे ॥२२॥

गीतों द्वारा दोनों ही के गुणों का गायन किया, दोनों ही के निकट जाकर यथायोग्य सुमधुर वचनावली से दोनों को ही सन्तुष्ट किया, सामने की ओर फैलाये हुए विशाल नेत्रों से दोनों का चावपूर्ण दर्शन किया। पश्चात् दोनों भाई गुरुजनों का अभिवादन करके, विशुद्धवाद्यविराजित कौतुक विस्तारपूर्वक वन को चल दिये ॥१७॥

जहाँ पर स्वर्गीय देवगणों ने भी, ठीक उसी प्रकार न्योछावर, आरती, पुष्पवृष्टि, मङ्गलगान, स्तुति-वाक्य, सन्तोषण एवं दर्शनादि द्वारा व्यवहार किया ॥१८॥

उसके बाद वेणु, वेत्र, दल-पीपनी का पत्ता, शृङ्ग, गोबन्धन रज्जु, गेंदबल्ला, एवं काठ की पुतली आदि से खेलने वाले, नीलाम्बर पीताम्बरधारी दोनों भैया, बालकों के सहित वत्सगणों के बीच में सुशोभित हुए ॥१९॥

उसके पश्चात् दयालुता के कारण, कुछ दूर तक दोनों लालाओं के पीछे पीछे जाकर, पुनः सामने की ओर देखनेवाले पिताजी एवं उनकी तुल्य अवस्था वाले वे सब गोप, जो सुपुण्यात्मा एवं कार्यकुशल हैं, अतएव दोनों बालकों की रक्षा के लिये, कुछ प्रौढ़ अवस्था के गोपों को सावधान करके, तथा गोचारण के स्थान के विचार को बताकर क्रमशः अलग अलग होते हुए लौट आये ॥२०॥

इधर श्रीबलराम एवं श्रीकृष्ण आदि ग्वारिया कुछ दूर जाकर, बछड़ाओं को चरने के लिये इधर उधर फैलाकर, पुनः हरी हरी घास से युक्त स्थल में चारों ओर से घेरकर, भोजन आने के समय तक आपस में मिलकर खेलने लग गये ॥२१॥

यथा—दोनों भैया जब वेणु बजाने लगे, फलादिकों को फेंकने लगे, नूपुरध्वनियुक्त दोनों चरणों द्वारा इधर उधर विक्षिप्तभाव से घूमने लगे, साँढों का सा अनुकरण करके युद्ध करने लग गये, आपस में अपनी अपनी विजय करने लग गये, तब आपस में अत्यन्त स्नेह के कारण, वे सब सखा दोनों के सहायक रूप से, युद्ध करते हुए कोलाहल करने लग गये ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च तौ वत्सांस्तृणैराप्याय्य जलमापाय्य सर्वान् विलोकितवन्तौ । श्रीकृष्णस्तु तेषु कस्यचिद्गण्डादिकण्डूतिखण्डनेन बाहुदण्डकृतकण्ठावगुण्ठनेन 'मातरं मिलितुमिच्छसि ? मेलयिष्यामि' इति तत्कर्णे मिथः कपोलमेलनपूर्वकवृथावर्णनेन च तमुपचर्य सुखमुपलब्धवान् ॥२३॥

"अथ भ्रातरौ सखिभिर्जलाप्लवनकेलिमाचर्य वन्यवेशविशेषमप्यासज्ज्य चरणचर्यया चरन्तावपूर्वमृग-पक्षिणः समन्ताल्लक्षयन्तौ वैलक्ष्यमासेदतुः ॥२४॥

"तत्र च, रुतमनु कुरुतस्तौ लीलया यस्य जन्तोः, समुदयति तदीयं जातिभात्रं तदाशु ।
भणितमथ विधत्तस्तद्विरुद्धस्य तस्मिन्, यदि भयमनु तस्माल्लीयते तज्जवेन ॥२५॥

"ततश्चाह्नाय मध्याह्नाशनमादाय स्व-स्व-धामतः समागताभिस्तदुचिताभिर्वनिताभिर्जनितानन्दनः श्रीमान्नन्दनन्दनः सखि-वृन्दमानन्दयन् वाणीयमानवेणुरणितेनाकारणया मंजु सङ्कलयामास । सङ्कलितांश्च सखीनेणीदृशः श्रेणीकृत्य चादृत्य च समुपवेशितान् सुवेशितान् मध्यमध्यासितश्यामरामान् भोजनकामान् क्रमनिशामनया यामनया जेमयामासुः ॥२६॥

तदनन्तर दोनों भैयाओं ने बछड़ाओं को तृणों से तृप्त कराकर, जलपान कराकर, सभी बछड़ाओं को देखा । किन्तु श्रीकृष्ण ने उन सब बछड़ाओं में से किसी एक बछड़े के कपोल आदि स्थान की खुजलाहट दूर करके, अपनी भुजाओं से उसके गले से चिपट करके, "भैया मुन्ना ! यदि तू अपनी मैया से मिलना चाहता है, तब तो मैं मिला दूंगा" इस प्रकार उसके कान में आपस में कपोल मेलनपूर्वक वृथा वर्णन करके, उसको सुखी बनाकर महान् सुख पाया ॥२३॥

पश्चात् दोनों भ्राता सखाओं के साथ जल में तैरना आदि क्रीड़ा को करके, वन के वेष विशेष को भी धारण करके, श्रीचरणों से भ्रमण करते करते, चारों ओर अपूर्व मृग पक्षियों को देखते हुए, विस्मय को प्राप्त हो गये ॥२४॥

और उस वन में वे दोनों भैया लीलापूर्वक, अर्थात् खेल खेल में जिस गीदड़, भेड़िया आदि जन्तु के शब्द का अनुकरण करते हैं, उसी समय उन उन जन्तुओं की जातिमात्र शीघ्र ही उपस्थित हो जाती है, अर्थात् उस उस जाति के जन्तु एकत्रित होकर, दोनों भ्राताओं के पास चले आते हैं । किन्तु तदनन्तर यदि आये हुए जन्तुओं की जाति से विरुद्ध सिंह, व्याघ्र आदि के शब्द का अनुकरण करते हैं, तब तो उसी क्षण विरुद्ध जन्तु से भय मानकर, पहले बुलाये हुए गीदड़ आदि जन्तु, वेग से भागकर वन में छिप जाते हैं ॥२५॥

इस लीला के पश्चात् मध्याह्नकाल के भोजन लेकर, अपने अपने घर से शीघ्र ही आई हुईं, उनकी सेवा के योग्य गोपवनिताओं से जिनको आनन्द उत्पन्न हुआ है, ऐसे श्रीमान् नन्दनन्दन ने मित्रमण्डल को आनन्दित करते हुए, मानवी भाषा में सखाओं का नाम ले लेकर वेणु बजाई । उस वेणु की बुलाहट से सभी सखाओं को शीघ्र एकत्रित कर दिया । पश्चात् मृगलोचना गोपियों ने एकत्रित हुए सखाओं की पंक्ति बना कर, उनका सम्मान कर, सजे सजाये उन बालकों को अच्छी प्रकार बैठाकर, उनके बीच में कृष्ण बलदेव को बैठाकर, भोजन की इच्छा वाले उन सबको क्रमशः देखकर, भोजन परोसकर उनको जिमा दिया ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र नर्मणा शर्मदानाय किञ्चित् कञ्चित् किञ्चित्कञ्चिद्विशश्लाघे शश्लाघे च । यत्र च तैर्विवदमानानां संवदमानानां चान्यासां ववनप्रतिवचनश्रवणकौतुकानन्तरं धात्रीगणपात्री कावित्तु दासेरबालकान् प्रति फेला-विसर्जनरञ्जनाय पूर्तिव्यञ्जनया भोजनवितृष्णतामनुवरिष्णुं कृष्णं प्रति सकाकु जगाद,—॥२७॥

'मया यत्नादेतद्द्रवमधुरमारादुपहृतं, जनन्या रामस्य प्रयतनयुजा साधितमिदम् ।
भवन्मात्रा चास्य स्वदनविधये दत्तशपथं, मुहुः सन्दिष्टं तन्निखिलमुपयुंक्ष्व त्रयमपि ॥'२८

"तदेवं कौतुकविशेषेण जाते भोजनशेषे रचिताचमनं तमनन्तगुणकमनं रामदामादिभिः सहितं सहितं सा पुनः कर्पूर-रसपूरपूर्णखपुरपूरित-सचूर्णस्वर्णवर्णपर्णपुट-दानपुरःसरमेवमवादीत्, —'लाल्य ! पाल्यमान-मातृसन्देशतया बाल्यमपहाय तूर्णमेव व्रजसदनं पूर्णमाचरणीयम् ।'॥२९॥

"अथ किञ्चिद्दूरं गत्वा तस्य तेषां च खेलामेलाभिनिवेशं मत्वा ग्रीवां परावर्त्य नर्त्य-माननयनतया समर्थांस्तत्पालकान् बालकान् प्रत्युवाच,—'अरे ! रे ! शीघ्रमेवायं प्राणयनीयो व्रजधरणीशप्रणयिन्याः प्राणस्य प्राणः' इति ॥३०॥

जिस भोजनलीला में परिहास से सुख देने के लिये, किसी एक सखा ने किसी एक खाद्यवस्तु की निन्दा की, दूसरे ने किसी वस्तु की तत्काल प्रशंसा भी कर दी । और उसी समय उन बालकों के साथ कुछ गोपियाँ विवाद करने लगीं, तो कुछ ठीक ठाक संवाद करने लगी, इन सबके प्रश्नोत्तर श्रवणमय खिलवाड़ के अनन्तर, सभी धाइयों की रक्षा करनेवाली कोई धाय, दासी पुत्रों के प्रति खाने से बची हुई सामग्री को देकर, उनको प्रसन्न करने के लिये, अपनी उदरपूर्ति को प्रकाशित करके, भोजन से अरुचि के अनन्तर उठ कर, चलने की इच्छा वाले श्रीकृष्ण के प्रति हा हा खाती हुई विनयपूर्वक बोली— ॥२७॥

देख, लाला कन्हैया ! इस द्रवीभूत मधुर खाद्यपदार्थ को मैं बड़े यत्न से तुम्हारे निकट लेकर आई हूँ, श्रीबलरामजी की माँ ने इसको बड़े प्रयत्न से बनाकर भेजा है, और तुम्हारी माताजी ने भी इस द्रव्य का आस्वादन करने के लिये शपथ देकर भिजवाया है, अतः तीन जनों की इस समस्त वस्तु को तुम प्रेम से भोजन करो ॥२८॥

इस प्रकार हासपरिहासपूर्वक भोजनलीला के अनन्तर, श्रीराम एवं श्रीदामा प्रभृति हितकारी सखाओं के सहित, जिन्होंने आचमन कर लिया, ऐसे अनन्तगुण मनोहर सर्वहितैषी श्रीकृष्ण को, वही धाय पुनः कर्पूर रस राशिपूर्ण सुपारी से पूरित, चूर्णसहित स्वर्णवर्ण ताम्बूल को देती हुई इस प्रकार बोली— देख, लाला ! माता का आदेश पालन करना तुम्हारा कर्तव्य है, अतः बालकपन की चञ्चलता को छोड़कर, शीघ्र ही व्रजरानी के घर को अपने आगमन से पूर्ण कर देना ॥२९॥

तदनन्तर कुछ दूर जाकर, श्रीकृष्ण एवं उन सब सङ्गी बालकों की, खेल सम्मेलन की एकाग्रता को समझकर, अपनी गर्दन को लौटाकर, नाचते हुए नेत्रों के इशारे से, गोचारण में समर्थ एवं श्रीकृष्ण के भी पालक, सुहृद बालकों से बोली—अरे ! रे ! ओ बछड़ाओं के चरानेवाले ग्वारियाओ ! तुम सब व्रजराज की पटरानी के प्राणों के प्राण, इन श्रीकृष्ण को शीघ्र ही घर को लिवा लाना ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं गतासु तासु साग्रजः स तु दुष्परिहरवाष्पच्छेद्यसपुष्पतृणमुखान् वत्सान् व्रजाभिमुखान् विधाय शनैश्चारयन् गायन् नृत्यन् हसन् क्रीडन् दिविचरैर्ब्राह्मणैर्ब्राह्मणैः स्तूयमानः सुमनोभिश्च सुमनोभिर्वृष्यमाणः स्वगृहाय वर्त्म जगृहे ॥३१॥

"ततश्च वत्सावासं यावत् साग्रजमित्रव्रजतया यथाक्रमं विक्रमाणस्तत्र च वत्सान् संकृत्य कृतकृत्यतया रममाणस्तल्लावण्यदर्शनेन हर्षमाणस्ततप्रागेव सर्वैर्व्रजवासिभिरुपव्रज्यमानः प्रातर्वदेव मङ्गलेनासज्जमानः स्वमातरपितरादीन् वन्दमानस्तेभ्यो लब्धमहानन्दमानः स्वालयं कलयमानः स्नानादिपूर्वकं दिव्यमम्बरं वलयमानः शीघ्रमेव भोजनं भजमानः पुनरपि गोदोहभूमिगमनेन सुखं यजमानस्तत्तन्मातृनामभिर्वत्सान् ह्वयमानः सम्भ्रमतस्तद्गमनव्यतिक्रमात् प्रहासमयमानः प्रदुग्धानि दुग्धानि च तानि किङ्करनिकरेण गृहं हारयमाणः पुनरालयमागम्य क्षणकतिपयं मातरमानन्द्य तामनु विन्दमानश्चन्द्रशालिकां विश्रमाय श्रयमाणः सर्वेषामतिहर्षं ववर्ष । प्रस्वाप्य च तञ्च तञ्च सा च सा च माता परितः परिजनकुमारान् सन्निधाप्य गृहव्यवहाराय बृहद्धाम जगाम ॥३२॥

"तदेवं दिनकतिपये परमरमणेन गमितसमये स तु नृशंसः कंसनामा यथार्हवर्णकृतवर्णनतः समाकर्णितत्तद्-वृन्दावनागमनादिवृत्तान्तः स्वान्तश्चिन्तयामास ॥३३॥

इस प्रकार समझाकर धाय आदि सभी गोपियाँ जब चली गईं, तब श्रीबलभद्रजी के सहित श्रीकृष्ण ने भी, अनिवार्य मुख की वायु से भी जो टूट जाता है, ऐसा पुष्पसहित कोमल तृण जिनके मुख में है, ऐसे वत्सगणों को व्रज के सन्मुख करके, उनको धीरे धीरे चराते हुए, मार्ग में गायन, नृत्य, हास्यपरिहास, क्रीड़ा आदि करते हुए, अपने घर जाने के लिये मार्ग को पकड़ लिया। उस समय आकाशचारी, ब्रह्माजी के पुत्र सनकादिऋषि वेद के ब्राह्मणभागों से उनकी स्तुति करते जाते हैं, स्वर्गीय इन्द्रादि देवगण पुष्पों की वृष्टि करते जाते हैं ॥३१॥

उसके पश्चात् श्रीकृष्ण अग्रज एवं मित्रगणों के सहित, परिपाटीपूर्वक बछड़ाओं के खिड़क को जाने के लिये पदक्षेप करने लग गये। वहाँ पर बछड़ाओं को इकट्ठे करके कृतार्थ होकर, आनन्दित होकर, एवं उन वत्सों के लावण्य के दर्शन से हर्षित हो गये। वनागमन से पहले ही समस्त व्रजवासी उनके पास आने लग गये। प्रातःकाल की तरह उनके माङ्गलिक कृत्य किये गये। अपने माँ बाप आदि को उन्होंने प्रणाम किया। उनके द्वारा महान् आनन्द एवं पुत्रोचित सम्मान का लाभ किया। पश्चात् अपने घर को चलने लग गये। वहाँ जाकर स्नानादि कार्य समापनपूर्वक दिव्य वस्त्र धारण करने लग गये। शीघ्र ही भोजन करके पुनः गोदोहनभूमि में जाकर के तत्रस्थजनों को सुख देने लग गये। उन उनकी माताओं के नाम से बछड़ाओं को बुलाने लग गये। वेगपूर्वक उन वत्सों के गमन के व्यतिक्रम से सबको हँसाने लग गये। दुहे हुए सारे दुग्धों को सेवकसमूह के द्वारा घर को भिजवाने लग गये। पुनः घर को आकर, कुछ क्षणों तक माता को आनन्दित कर, उनके चरणों को प्राप्तकर नमस्कार किया। पश्चात् विश्राम करने के लिये अटारी के ऊपर के भाग का आश्रय लेकर, सभी के ऊपर अत्यन्त हर्ष की वर्षा कर दी। वह वह माता उस उस अपने पुत्र को शयन कराकर, श्रीकृष्ण बलदेव के पलङ्ग के चारों ओर दासी पुत्रों को पास में बैठाकर, घर के काम के लिये विशाल भवन में चली गई ॥३२॥

इस प्रकार परम कौतुक के सहित कुछ समय व्यतीत हो जाने के बाद, उस क्रूर कंस नामक असुर ने

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"हन्त ! सत्यतासारेण देव्या वचनानुसारेण नन्दगोपडिम्भतादम्भ एव स कोऽपि गोपितः सम्भाव्यते, येन नूतनावयवेनापि दुःसहमहसः पूतनादयः सहसा गाम्भीर्यावृत्तेन वीर्यातिशयेनालम्भनीयतां लम्भिताः । त्रस्यति च तस्य नामधामवशान्मम हृदयम् । तस्मादसौ छलत एवोत्कलनीयः । हन्त ! छलानप्युत्तरमुत्तरमतिरिक्तं युक्तमेव ते प्रयुक्तवन्तः । तथापि कदर्थितीभूय व्यर्थीभूता इति विचार्य पुनरपि तं प्रणिधिं सन्निधिं निकाय्यतः समानाय्य पप्रच्छ,—'अये ! त्वयेदमप्यवकलितम्, जातौ कस्यां तस्यादरः स्नेहभरश्च परमः परामृश्यते ?' स उवाच,—'देव ! गोवत्सेषु तदुत्सेकः प्रतीयते ।' ॥३४॥

"कंस उवाच,—'सम्यग्गम्यतां निजमेव हर्म्यम् ।' पुनश्चान्यमुवाच,—'आकार्यतां पुरतः स वत्सासुरः स च शचीपतेरपि क्लमनः ।' ससम्भ्रमविक्रमक्रमतया तेनानीय समर्पितः पानीयलववद्द्रवप्रवणतावस्थ एव तस्थौ । तेन च सम्बन्धतामाशंसन् पांशुसङ्घवल्लब्धध्वंसः कंसस्तूपांशु तं सुतमिव शशंस,—'वत्स! वत्सासुर! गच्छ नन्दस्य व्रजम्; गत्वा च वत्सांश्चारयतः कुमारयतस्तत्कुमारस्य सदेशमासाद्य निजं वत्सवेशमुत्पाद्य तस्यापकारमारभस्व ॥'३५॥

"ततः स च 'यथाऽऽज्ञापयन्ति राज्ञामाज्ञापकाः' इति तद्वचनरचनानुपथात्मा तत्प्रति-

---

अपने गूढ़ चर के द्वारा किये गये वर्णन से, श्रीकृष्ण का वृन्दावन में आने आदि का समाचार सुनकर, अपने अन्तःकरण में विचार किया कि— ॥३३॥

हाय ! देवी के सत्यतापूर्ण वचनानुसार तो यह मालूम होता है कि, नन्दगोप के बालकरूप से वह कोई छल ही वसुदेवजी के द्वारा गुप्त कर दिया है । जिस बालक ने छोटे छोटे नवीन अंगों से युक्त होकर भी, असह्य तेजसम्पन्न पूतना आदि को, क्रमशः गंभीरता से वेष्टित अतिशय पराक्रम के द्वारा मार दिया । उसके नाम के प्रभाव से ही मेरा हृदय उद्विग्न हो जाता है । अतः उसको छल बल से ही मारना चाहिये । हाय ! हाय ! देखो, उन पूतना आदि राक्षसों ने यद्यपि उत्तरोत्तर अधिक समुचित छलों का प्रयोग किया था, तो भी, वे सब अपमानित होकर व्यर्थ हो गये । इस प्रकार विचारकर, फिर भी उसी गुप्तचर को उसके घर से अपने निकट बुलवाकर पूछा कि, हे दूत ! तुमने यह भी जाना है कि, उस नन्दगोपकुमार का कौनसी जाति में अधिक आदर एवं परम स्नेह है ? वह दूत बोला—महाराज ! गोवत्सगणों के ऊपर उसका अधिकतर स्नेह प्रतीत होता है ॥३४॥

कंस बोला—अच्छा, तुम अब अपने महल को चले जाओ । पुनः दूसरे सेवक से कहा—उस वत्सासुर को मेरे सामने बुला लाओ । वह वत्सासुर इन्द्र को भी ग्लानि उत्पन्न करने वाला था । उसी सेवक ने सम्भ्रम एवं विक्रम की प्रणाली का प्रकाश करते हुए, उसको लाकर कंस को समर्पण कर दिया । वह वत्सासुर जलबिन्दु की तरह द्रवीभूत एवं नम्र होकर कंस के आगे खड़ा हो गया । उस जल से सम्बन्ध को प्राप्त होने पर, धूलि का समूह जैसे गल जाता है, उसी प्रकार कंस भी वत्सासुर के सहवास से गल गया । पुनः एकान्त में पुत्र की तरह समझाकर उसको बोला—हे वत्स ! वत्सासुर ! तुम नन्द के व्रज को चले जाओ । वहाँ जाकर बछड़ाओं को चराते हुए, क्रीड़ा करते हुए, उस नन्दकुमार के पास जाकर, अपने वत्सवेश को उत्पन्न कर, उसके अपकार को प्रारम्भ कर दो ॥३५॥

तदनन्तर वह वत्सासुर "राजाओं को आज्ञा को वितरण करनेवाले आपकी जैसी आज्ञा" इस प्रकार कहकर, अपनी आत्मा को कंस के वचनों का अनुगामी बनाकर, उसकी आज्ञा के अनुसार निर्भयतापूर्वक ही

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

शासनादत्रासमेव तत्राजगाम । यत्र स्वच्छे वत्सक्रीडननामनि यामुनकच्छे तद्विधमारककर्मा व्रजराजजन्मा वत्सान्मानयन्नयनविषयं विषधरमिव तं चकार ॥३६॥

"अथ मत्सरतस्तत इतः सरतस्तस्य गन्धानुसन्धानतः कृत्स्नान् खटदेशमटतः शकृत्करीन् व्यग्रं पश्यतः पश्यन्नग्रजं व्रजराजतनूजनूरहः सव्याजं व्याजहार,—'बृहद्भ्रातः ! प्रातरनायातः परिचीयते वा कोऽयमुपतोयं प्रतीयते वत्सः ?' ॥३७॥

"राम उवाच,—'भ्रातर्नहि नहि ।' कृष्ण उवाच,—'निरूप्यताम् ।' राम उवाच,—'भीषणप्रकृतिरिव प्रतीयते ।' कृष्ण उवाच,—'पूर्वज ! पूर्वदेवोऽयम् ?' राम उवाच,—'सत्यम्, यस्मादस्मासु वत्सेषु चाकस्माददृष्टिजा दृष्टिरस्य दृश्यते ।' कृष्ण उवाच,—'यदि भवदादिष्टं स्यात्तर्ह्योतं दिष्टान्तमासादयामि ।' राम उवाच,—'लोकतः कलङ्कतः शङ्के ।' कृष्ण उवाच,—'मरणे दित्यपत्यतापरमागत्य प्रत्यक्षीभविष्यत्यस्य । ततः कोऽपि नापवदेत । रामः सहर्षमुवाच,—'द्विषन्तप ! सच्छलमेतं सच्छलमेव मन्दं मन्दमभ्यवस्कन्द ॥३८॥

"अथ श्रीवत्सवक्षाश्च वत्सानन्यांश्चुचुकारेण सन्निदधानः कण्ठगण्डपिचिण्डादौ कण्डूमपनयमानः सर्वतः क्रीडन् गायन् पर्व तन्वन्निवासीत् ॥३९॥

वहाँ चला आया । जहाँ पर "वत्सक्रीडन" नामक निर्मल श्रीयमुना के तीर पर, वत्सासुर जैसों के मारण कर्मपरायण, व्रजराजकुमार ने बछड़ों का मान करते हुए, उस असुर को विषधर की तरह दृष्टिगोचर कर लिया, अर्थात् देख लिया ॥३६॥

तदनन्तर मात्सर्य से इधर उधर घूमते हुए, उस वत्सासुर की गन्ध के अनुसन्धान से, श्रीकृष्ण के सभी बछड़े व्यग्रतापूर्वक उस असुर की ओर देखते हुए, अधिक तृण वाले प्रदेश में चले आये । उस समय श्रीकृष्ण ने सभी वत्सों को व्याकुल देखकर, एकान्त में वहाने पूर्वक बड़े भैया से कहा कि, हे बड़े भैयाजी ! इस नवीन बछड़े को आप पहचानते हैं? प्रातःकाल तो आया नहीं था, अतः जल के पास में यह कौन बछड़ा दिखाई दे रहा है ? ॥३७॥

श्रीबलरामजी बोले—भैया ! ना, ना, प्रातःकाल तो यह खिड़क से आया नहीं था । श्रीकृष्ण बोले—देखो तो सही । श्रीराम बोले—भैया ! यह तो भयंकर प्रकृति जैसा मालूम पड़ता है । श्रीकृष्ण बोले—हे पूर्वज ! यह वत्स तो असुर है । श्रीराम बोले—हाँ भैया ! तुम्हारी बात सत्य है, कारण हमारे ऊपर एवं वत्सों के ऊपर इसकी अकस्मात् कुदृष्टि दिखाई देती है । श्रीकृष्ण बोले—यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं इसको मार डालूँ । श्रीराम बोले—लोक से एवं कलंक से शंका करता हूँ ।

श्रीकृष्ण बोले—मरने पर यह व्यक्ति असुर है, यह बात प्रत्यक्ष हो जायगी । उसके बाद कोई भी अपवाद नहीं करेगा । श्रीबलरामजी हर्षपूर्वक बोले—हे शत्रुओं को संतप्त करनेवाले ! श्रीकृष्ण ! यह असुर अत्यन्त छलयुक्त है, अतः तुम भी छलपूर्वक धीरे धीरे इसके सामने जाओ ॥३८॥

तदनन्तर श्रीवत्स का चिह्न है वक्षःस्थल में जिनके, ऐसे श्रीकृष्ण अन्य बछड़ों को चुचुकार के द्वारा अपने पास लाते हुए, उनके कण्ठ, कपोल, उदर आदि स्थानों पर खुजलाहट को दूर करते हुए, चारों ओर खेलते हुए, गाते हुए महोत्सव का सा विस्तार करने लग गये ॥३९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततस्तस्यापि लब्धछिद्रम्मन्यस्य कूटमय्या स्वकण्डूतिविघटनेच्छया निकटमटतस्तदकर्कशमुद्रया सहसा तान् हित्वा तं सपुच्छपादं गृहीत्वा भ्रमयामास ।।४०।।

"यावच्छः परिवर्तनं भ्रमयता वत्सस्य चक्रेऽमुना
तावच्छः प्रतिपत्क्रमान्निरगमद्रूपान्तरं चागमत् ।
क्रीडायाः फल-पातनार्थमिव च क्षिप्ते कपित्थोपरि
ज्ञातृत्वं नटवत् कलाश्च पृथुकास्ते तस्य शश्लाघिरे ।।४१।।
अथ देवैः प्रसूनानि वृष्टानि हसितानि च ।
न नासया न च दृशा भिन्नतां नेतुमीशिरे ।।४२।।

"तदनु च परिहासभासमानहासं दिव्यसभासदस्तदिदमवदंश्च,—'नूनमेतदेव देववैरिवैरिणस्तात्पर्यं पर्यवस्यति ।' ।।४३।।

वयं गां गोपालाः परिचिनुमहे तद्द्विषमपि
प्रतिच्छन्ने रूपेऽप्यनुमितिनिदानव्यतिकरात् ।
अतो रे रे वत्साकृतिसुररिपो ! मद्विधकरात्
कथं ते मोक्षः स्यादिह लषसि चेत् प्रेत्य भवतु ।। इति ।।४४।।

उसके बाद वह असुर अपने मन में यह मानने लग गया कि, मानों मैंने कृष्ण के विनाश करने का कपटवेश प्राप्त कर लिया है, ऐसा भाव करके कपटमयी अपनी खुजली को दूर करवाने की इच्छा से, स्वयं पास में आ गया। उस समय श्रीकृष्ण भी सरलतापूर्वक अन्य बछड़ों को सहसा छोड़कर, पुच्छ एवं पिछले पैरों सहित, उस असुर को पकड़कर घुमाने लग गये ।।४०।।

घुमाते हुए श्रीकृष्ण ने जैसे जैसे वत्सासुर का परिवर्तन किया, वैसे वैसे ही उसकी चेतना क्रमशः निकल गई, और वह रूपान्तर को प्राप्त होगया। पश्चात् खेल खेल से फल गिराने के लिये, उसको कपित्थ (कैथ) वृक्ष के ऊपर जब फेंक दिया, तब तो सभी गोपबालक श्रीकृष्ण की ज्ञानशक्ति की, एवं नट की तरह कलाकौशल की प्रशंसा करने लग गये ।।४१।।

तदनन्तर देवताओं ने श्रीकृष्ण के ऊपर पुष्पवृष्टि तथा हास्यवृष्टि की। सभी पुष्पों की गन्ध एक प्रकार की थी, और हास्यसमूह भी सुखजनक होने के कारण पुष्पों के समान ही था। इसी कारण ग्वालबाल नासिका एवं नेत्रों द्वारा, इस पुष्पवृष्टि और हास्यवृष्टि की भिन्नता को समझने में समर्थ न हुए ।।४२।।

उसके पश्चात् स्वर्गीय सभासद् एवं देवगण परिहास से प्रकाशमान हास्यपूर्वक, अनुकथन करते हुए यह बोले कि, असुरों के वैरी श्रीकृष्ण का निश्चयरूपेण हार्दिक तात्पर्य यही निकलता है कि— ।।४३।।

हम गोपाल हैं, अतः गौओं को भली प्रकार पहचानते हैं। अतः यदि कोई दुष्ट रूप छिपाकर, गैया या बछड़ाओं के रूप से, हमारे सामने आता है, तो भी हम अनुमान के कारण के सहयोग से, गैयाओं के शत्रु को भी भली प्रकार पहचान लेते हैं। इसलिये अरे ! रे ! वत्साकृति सुररिपो ! हमारे जैसों के हाथ से तेरा छुटकारा कैसे हो सकता है ? हाँ, यदि तू मोक्ष चाहता है, तब तो मरने के बाद वह मोक्ष संघटित हो जाय। क्योंकि मेरे हाथ से मरने वाले को भी मोक्ष मिल जाती है ।।४४।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवम्—तौ वत्सानपि रक्षन्तौ सर्वं लोकं ररक्षतुः ।
यदर्थं प्रातराशादि यस्मिन् दैत्यवधादि च ॥४५॥

"ततश्च तद्दिनेऽपि श्रीकृष्णरामयोः स्वधामसमागमनं पूर्ववदेव जातम्, किन्तु तद्वृत्त-मनिष्टमिति तदिष्टगणः सर्व एवावरिष्ट, तच्च न जाने किंवदन्ती किंवदन्ती स्यादिति सचित्तीभूय । कंसस्तु तस्माद्वत्सपादपि वत्सासुरनिर्वासनमपसर्पमुखाद्विषमिव कर्णरन्ध्रस्पर्शमात्रेणान्तः सम्भूय भृशं दृशौ निमीलयामास । तेन दशमीमिव दशां प्रापितः, स तु मन्त्रिभिः कथञ्चिद्बहिरवधापितः सार्धमेव तैरिदमचारु विचारयामास,—'हन्त सम्भाविता दम्भान्विता बहवः प्रस्थापिताः, न तु तैर्भद्रं किञ्चिदपि सञ्चितम् । तेषां धोप्सावीप्सा हि नहीप्सां त्रातवती, प्रत्युत तानेव प्सातवती; ततः किं कुर्मः ?' ॥४६॥

"मन्त्रिण ऊचुः,—'देव ! केवलं बकमत्र बलमवलम्बामहे; यतस्तज्जातावेव दम्भसम्भारा गम्भीरायन्ते ।' ॥४७॥

"कंस उवाच,—'आम् आम् मम सुहृत्तमः स एव केवलस्तत्र प्रस्थापनाय स्थाप्यता-मित्यानाय्य तथादिष्टः सदनिष्टः स दुष्टः कंसपुष्टः सम्प्रति बकस्थलनामानं नन्दीश्वरगिरि-

---

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भैया बछड़ों की रक्षा करते हुए भी, सब लोगों की रक्षा करते थे । सब लोगों की रक्षा के लिये ही, उनकी प्रातःकाल भोजनादि लीला होती थी, उसी लीला के अन्तर्गत दैत्यवधादि कार्य भी आनुसंगिक हो जाते थे ॥४५॥

तदनन्तर उस दिन भी श्रीकृष्ण बलदेव का अपने भवन में आना पहले की तरह हो गया । किन्तु वत्सासुर के वध का वृत्तान्त अनिष्टकारक है, इसलिये जाना नहीं जाता कि जनों की किंवदन्ती क्या क्या कहेगी ? अतएव उनके समस्त बन्धुगण ने इस वृत्तान्त को सचेत होकर छिपा लिया । इधर कंस ने भी वत्सपालक श्रीकृष्ण से वत्सासुर के मरण को गुप्तचर के मुख से, विष की तरह कानों के छिद्रों के स्पर्शमात्र से, अपने अन्तःकरण में लाकर, बहुत देर तक दोनों नेत्र मूँद लिये । इस वृत्तान्त से मृत्युप्राय दशमी दशा को प्राप्त हुआ वह कंस, मन्त्रियों ने किसी प्रकार बाहर सचेत किया । सचेत होने के बाद उन्हीं मन्त्रियों के साथ, यह कुविचार करने लग गया कि—हाय ! देखो, श्रीकृष्ण के अनिष्ट करने में सुनिपुण, दम्भ से भरे हुए बहुत से असुर भेजे, किन्तु उन सबने मेरे कल्याण को तो किंचिद् भी संचित नहीं किया । एवं उन असुरों की दम्भेच्छा में व्याप्त होने की इच्छा ने हमारी अभिलाषा की तो रक्षा नहीं की, प्रत्युत (बल्कि) उन्हीं को खा गई, अतः ऐसी स्थिति में हम क्या करें ? ॥४६॥

मन्त्रीगण बोले—महाराज ! इस विषय में केवल बकासुर को बलस्वरूप जानकर, हम उसका अवलम्बन करते हैं । कारण बकासुर की जाति में ही दम्भ की सामग्रियाँ गम्भीरता का आचरण करती हैं ॥४७॥

कंस बोला—हाँ, मुझे स्मरण आ गया । वह बकासुर ही केवल मेरा विशिष्ट मित्र है । उस नन्दव्रज में भेजने के लिये उसी को मेरे पास उपस्थित करो । इस प्रकार कहकर सेवक द्वारा उसको बुलवा कर समझाया । पश्चात् सज्जनों का अनिष्टकारी, कंस के द्वारा पालित, वह दुष्ट बकासुर इस प्रकार आदिष्ट होकर, आजकल नन्दीश्वर पर्वत के निकटवर्ती 'बकस्थल' नामक स्थान में, सरोवर के समीपवर्ती प्रदेश में,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

समीपधामानमुपसरसं प्रदेशं भाविकृष्णप्रवेशमधिगम्याभिगम्य गिरिशृङ्गभ्रमारम्भं दम्भं दधमानस्तस्थौ । यत्र तुल्यपर्यायतया दम्भ एव गह्वरायते स्म ।' ॥४८॥

"तदा च श्रीगोपालवलिता गोपालबाला गोबालान् पालयन्त, पानीयं पाययन्तः कूलमनुस्थापयन्तः स्वयमपि पयः-पानमयन्तः परस्परं प्लावयन्तः स्नपयन्तः समुत्थाय च कलापयन्तश्चिक्रीडुः, कलापयन्तश्च पुष्पाहरणाय परतः प्रचारमाचेरुः, तमावरन्तश्च तं बकमीक्षामासुरुत्प्रेक्षामासुश्च,—'अहो ! गिरिरयं दूरत एव कुतः पुरस्तस्य शृङ्गम् । ततः सद्य एवादः शतमन्युना मन्युना शतकोटित्रोटितमिति घटते'; पुर्नानिचाय्य च प्रोचुः,—'नेदं गिरि-शृङ्गं सङ्गच्छते; किन्तु जन्तुविशेषः सोऽयं मन्तुमिव चिकीर्षन्नमितशीर्षं वर्तते; यत उग्रम्पश्यतया खरताचञ्चुचुञ्चुतया च बक इव परामृश्यते ।' ॥४९॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—

'आकारात् पक्षितुल्यः स्याद्व्यापारान्न च पक्षिवत् ।
बकः किं नवकः साक्षात् कूटवत् स्थितिरीक्ष्यते ?' ॥५०॥

"अत्र तत्र जिगमिषन्नेव समिषश्लिष्टताविशिष्टं कूटशब्दं पठितवान् ॥५१॥

भविष्य में श्रीकृष्ण यहाँ अवश्य प्रवेश करेंगे, यह बात जानकर, गिरिशृङ्ग भ्रमकारी दम्भ को धारण करता हुआ, वहाँ जाकर बैठ गया, अर्थात् बैठा हुआ बकासुर दूर से पर्वत-शृङ्ग जैसा मालूम पड़ता था। और जिस बकासुर में तुल्यपर्यायवाचक होने के कारण, दम्भ ही गह्वर, अर्थात् गुफा का सा आचरण कर रहा था, तात्पर्य उसका दम्भ ही गुफा के समान था ॥४८॥

उस समय सभी गोपालबाल श्रीगोपालजी से संमिलित होकर, गोवत्सों की रक्षा करते हुए, जलपान कराते हुए, श्रीयमुना तीर पर वत्सों को स्थापित करते हुए, स्वयं भी जलपान करते हुए, परस्पर में परस्पर को जल में निमग्न करते हुए, स्नान करते कराते जल से उठकर, वस्त्र अलंकारादि धारण करके खेलने लग गये। पश्चात् मयूरपिच्छ धारण करते हुए, पुष्पों को लाने के लिये चारों ओर घूमने लग गये। और घूमते घूमते उन्होंने बकासुर को देख लिया, एवं इस प्रकार उत्प्रेक्षा भी करने लग गये कि—ओ हो ! अरे मित्रो ! दूर से ही यह पर्वत मालूम पड़ता है, परन्तु यह आया कहाँ से ? सामने उसका शिखर भी दिखाई देता है। उसके बाद हमें तो यह प्रतीत होता है कि, इन्द्र ने क्रोध से वज्र के द्वारा शीघ्र ही इस शिखर को तोड़ दिया है। पुनः विचारपूर्वक देखकर बोले—भैयाओ ! यह पर्वत का शिखर तो नहीं ज्ञात होता, किन्तु कोई जन्तुविशेष मालूम पड़ता है, और यह जन्तु मानों कुछ बिगाड़खाता करने की इच्छा से, मस्तक नीचा किये हुए है। क्योंकि भयंकर भाव धारण करने के कारण, एवं तीक्ष्णता गुण में विख्यात चोंच से युक्त होने के कारण, बगुला जैसा प्रतीत होता है ॥४९॥

श्रीकृष्ण बोले—मित्रो ! यह जन्तु आकार से तो पक्षी के तुल्य हो सकता है, किन्तु चेष्टा से पक्षी के समान नहीं है, यह तो कोई नवीन बगुला है क्या ? जिसकी साक्षात् पर्वत के शिखर के समान स्थिति दिखाई पड़ती है ॥५०॥

इस पूर्वोक्त वाक्य में श्रीकृष्ण ने उसके निकट जाने की इच्छा से ही, किसी बहाने से श्लेषालंकार विशिष्ट 'कूट' शब्द को पढ़ा है, अर्थात् उच्चारण किया है, 'कूट' शब्द के कपट, शिखर आदि अनेक अर्थ होते हैं ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ समुद्दण्डदण्ड-वरण्ड-सखि-मण्डलमण्डितः पुण्डरीकलोचनस्तं जानन्नप्यजानन्निव तस्य तुण्डसन्निधिमेव गमनेऽवधिश्चकार, स्पर्शविष-विषधर-विशेषकुमारः कौतुकातिरेक-वशाद्भेकस्येव ॥५२॥

"ततश्च गण्डूपदं मन्यमानः स च मण्डूक इव कुण्डलिपोगण्डं तं निजगार, न तु किञ्चित् कुञ्चयितुमपि शशाक; किन्तु हन्त ! हन्त ! स्फूर्ति प्रति सन्तमसधर्मणा तेन कर्मणा श्रीरामदामादीन् प्राणैर्विकलितां कलयामास ॥५३॥

"स्व-भ्रातृवीर्यं जनुषा विदन्नपि, प्रलम्बकारिर्बकचेष्टितेऽर्दितः ।
भैष्मीकृते तस्य गतौ यथैव स, प्रेमा हि सर्वङ्कलभावमृच्छति ॥५४॥

"अथ बकः स्वकण्ठावटे कूपीटयोनिवत् प्रकटतेजस्कं तं झटित्युज्जगार । ततश्च सोऽयं मम हृदयमभ्राक्षीदिति विभाव्य पुनस्तन्निगरणयोगं नाद्राक्षीत्, किन्तु ततः पराङ्मुखः स पुनर्बक इव मूर्खः सुर-शात्रवबकस्तेजोमात्रगात्रतयावगतमपि तं त्रोटि-कोटिभ्यां त्रोटयितु-मुदयुंक्त । स तु शौटीर्यकोटीश्वरस्तत्त्रोटी कराभ्यां विघटयंस्तं सपाटवं पाटयामास, भीमो जरासन्धमिव, बालो वीरणमिव वा ॥५५॥

तदनन्तर जिसके स्पर्शमात्र से विष चढ़ जाता है, ऐसे सर्पविशेष का पुत्र, जिस प्रकार अतिशय कौतुक के वशीभूत होकर, मेंढ़क के पास जाता है, उसी प्रकार कमलनयन श्रीकृष्ण ने ऊपर की ओर उठे हुए, दण्डसमूह को धारण करने वाले मित्रमण्डल से मण्डित होकर, उस बकासुर को जानते हुए भी, न जानते हुए की तरह, उसकी चोंच के पास में जाने का अनुक्रम किया ॥५२॥

तत्पश्चात् मेंढ़क जैसे सर्प के बच्चे को केंचुआ समझकर निगल लेता है, उसी प्रकार बकासुर ने साधारण नरबालक समझकर अनन्तशक्तिसम्पन्न श्रीकृष्ण को निगल लिया। किन्तु किंचिद् भी कुंचित करने को समर्थ न हुआ, अर्थात् श्रीकृष्ण के अंगों को समेटकर गले से नीचे न उतार सका। किन्तु, हाय ! हाय ! गाढ़ा अंधकार जिस प्रकार दर्शनशक्ति को लुप्त कर देता है, उसी प्रकार अन्धकारधर्मसदृश उस निष्ठुर कर्म द्वारा, श्रीबलराम, श्रीदामा आदि सखाओं को प्राणों से विकलित कर दिया। अर्थात् प्राणों के बिना इन्द्रियाँ जैसे विकल हो जाती हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण को बकासुर से ग्रस्त देखकर, सभी सखा अचेत हो गये ॥५३॥

प्रलम्बासुर के विनाशक श्रीबलरामजी, जन्म से ही अपने भैया श्रीकृष्ण के पराक्रम को जानते थे, तो भी, श्रीरुक्मिणी को लाने के लिये श्रीकृष्ण के अकेले चले जाने पर, जैसे वे कातर हो गये थे, उसी प्रकार बकासुर की चेष्टा में भी पीड़ित हो गये। कारण—प्रेम पदार्थ सभी भावों को निगल लेता है, अर्थात् प्रेम के सामने सब भाव परास्त हो जाते हैं ॥५४॥

तदनन्तर बकासुर ने अपने कण्ठरूपी गड्ढे में से जलती हूई अग्नि की तरह, उन श्रीकृष्ण को शीघ्र ही उगल दिया। उसके बाद वह असुर "श्रीकृष्ण ने मेरे हृदय को मानो फूंक दिया है" ऐसी भावना करके पुनः उनके निगलने के उपाय को न देख सका, परन्तु उसके पश्चात् पराङ्मुख भी वह देवशत्रु बकासुर महामूर्ख की तरह, श्रीकृष्ण के शरीर को तेजस्विता से परिपूर्ण जानकर भी, दोनों चंचुओं के अग्रभाग से उनको तोड़ने के लिये उद्योग करने लग गया। किन्तु भीमसेन ने जिस प्रकार जरासन्ध को

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यदा मुरारिं निजगार कङ्क,-स्तदा सखायः सबला मुमूर्च्छुः ।
उद्गीर्णवान् यर्हि तदान्वचेतन्, स्वभावजं प्रेम परानपेक्षि ॥५६॥

"यत्र वृन्दारका दारकाश्च क्रमात् मुमुदिरे;

"यथा,—बकासुरे वत्ससुरारिघातिना, हते सुरा नर्तन-वाद्यवर्तनाः ।
ते नन्दनादप्यतिसेतुतां गता, मल्लचाद्यमुल्लूय मुदा वरीवृषुः ॥५७॥

"श्रीकृष्णाभिप्रायमुत्प्रेक्षमाणाः साद्भुतं प्रेक्षमाणा बकमुपजहसुश्च; ॥५८॥

"यथा—'प्रसारयंस्त्वं ग्रसनाय चञ्चुं, साहायकं तत्र मयाप्यकारि ।
विदीर्णमासीद्यदि सर्वमङ्गं, ममास्ति दोषः क्व नु मूढ कङ्क ?' इति ॥५९॥

"तत्र च—यस्मिन् बकास्यादुदितेऽपि तेऽर्भका, जिजीवुरस्मिन् मिलिते बकान्तके ।
तेष्वश्रुकम्प-स्वरभङ्ग-सङ्गतं, वैवर्ण्यमृच्छेत् किमु वर्णनीयताम् ? ॥६०॥

"अथ सर्वे समग्रव्यग्रतया शीघ्रमेव तस्मिन् सरसि मिलित्वा स्नात्वा तं प्रदेशं हित्वा कृष्णं गृहीत्वा गृहाय प्रतस्थिरे ॥६१॥

फाड़ दिया था, अथवा बालक जैसे वीरण (गाँड़र नामक निर्ग्रन्थीतृणविशेष) को अनायास फाड़ देता है, उसी प्रकार अनन्त बलवीर्यशाली श्रीकृष्ण ने, उसकी चोंच को अपने हाथों से अलग अलग करते करते, चतुरतापूर्वक उस असुर को बीच से फाड़ दिया ॥५५॥

जिस समय बकासुर ने श्रीकृष्ण को निगल लिया था, तब तो बलदेवजी के सहित सब सखा मूर्च्छित हो गये थे, और जब श्रीकृष्ण को उगल दिया था, तब सभी सखा सचेत हो गये थे। क्योंकि स्वाभाविक प्रेम कभी भी, दूसरे की अपेक्षा नहीं करता ॥५६॥

जिस स्थान पर देवता एवं गोपबालक भी क्रमशः आनन्दित हुए थे, यथा—वत्सासुर के मारने वाले श्रीकृष्ण के द्वारा बकासुर के मारे जाने पर देवगण नृत्य, वाद्य, गायन आदि करने लग गये, तथा वे सब आनन्द की पराकाष्ठा को प्राप्तहोकर, नन्दनवन से मल्लिका आदि पुष्पोंको तोड़कर, हर्षपूर्वक बारंबार बरसाने लग गये ॥५७॥

और श्रीकृष्ण के अभिप्राय की उत्प्रेक्षा करते हुए, आश्चर्यपूर्वक देखते हुए बकासुर की हँसी करने लग गये ॥५८॥

यथा—हे मूढ़ बक ! तू मुझको ग्रास करने के लिये चोंच फैलाता हुआ मेरी ओर आ रहा था, मैंने भी उस चोंच के फैलाने में तेरी सहायता ही तो की थी, इतने पर भी यदि तेरा सारा अंग विदीर्ण होगया तो इसमें मेरा दोष कहाँ है ? ॥५९॥

और वहाँ पर बकासुर को मारने वाले ये श्रीकृष्ण बकासुर के मुख से निकल कर, जब सब सखाओं से मिले, तब वे ग्वालबाल पुनरुज्जीवित हो गये। उन ग्वालबालों में अश्रु, कम्प, एवं स्वरभंग से युक्त जो मलिनता उपस्थित हुई, वह क्या वर्णन की जा सकती है ? ॥६०॥

तदनन्तर सभी गोपबालक सम्पूर्ण व्यग्रता के सहित शीघ्र ही उस सरोवर में सम्मिलित होकर, स्नान कर, उस स्थान को छोड़कर, श्रीकृष्ण को साथ लेकर, बछड़ों के सहित घर को चल दिये ॥६१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृतगृहागमना व्रजबालका,-स्तदखिलं खलु वृत्तमवर्णयन् ।
बकखगस्य तथाकृतिता तथा, शिशुकृता मृतिरेवमभूदिति ॥६२॥

तद्वार्तायुगलेन गोकुलभुवां दग्धश्च सिक्तश्च यत्-
प्रत्यङ्गं तदिदं लयाय भवितेत्येवं जनैः शङ्कितम् ।
पश्चात् प्रत्युत रोमहर्षमदधाद्यत्तत्तु युक्तं परा
वार्ता तत्र वरामृतादपि परा तैरेवमास्वाद्यत ॥६३॥

"ततश्च ते सर्वे समुद्विग्नमुदिताः समुदिता वित्रासानन्दनिस्पन्दं श्रीमन्नन्द-मन्दिरजन-वृन्दमनुविन्दमानाः श्रीगोविन्द-वदनारविन्दमत्रसन्दिताः सन्दरीदृश्य परामृश्य च बकान्तानामशान्तानां मरणे कारणं परस्परमूचुः,—॥६४॥

'अस्य बालस्य किं पूर्वं किमपूर्वं व्रजेशितुः ।
किमर्थं वा पूर्वमागस्ते चक्रुस्ते हता यतः ॥'६५॥

"तदेवं प्रपञ्चेऽवतीर्णानामपि श्रीमन्नन्दादीनां तद्वर्णनानन्दाददीनानां प्रपञ्चधर्मेण सङ्कीर्णतां न वर्णयामासुः, ऊचुश्च श्रीबादरायणिचरणाः, (भा० १०।११।५८)—

व्रज के बालकों ने घर में आकर के, बकपक्षी का उस प्रकार का आचरण, एवं बालगोपाल के द्वारा उसकी मृत्यु इस प्रकार से हुई, इत्यादि समस्त वृत्तान्त का वर्णन कर दिया ॥६२॥

बकासुर के द्वारा श्रीकृष्ण का ग्रास, एवं श्रीकृष्ण के द्वारा उसकी मृत्यु, इन दो बातों के द्वारा गोकुलवासियों के जो प्रत्येक अंग दग्ध, एवं सिक्त हो गये थे, यह सब प्रलय का हेतु होगा, ऐसी आशंका पहले सभ्यजनों ने की थी, पश्चात् प्रत्युत (बल्कि) उन गोकुलवासियों के अंगों ने रोमाञ्च धारण कर लिया, यह भी उचित ही है, क्योंकि वहाँ पर श्रीकृष्ण के द्वारा बकासुर की मृत्युरूप दूसरी बात, श्रेष्ठ अमृत से भी उत्कृष्ट है, ऐसी समझकर, उन गोकुलवासियों ने उसका आस्वादन किया था ॥६३॥

तदनन्तर वे सब पहले उद्विग्न एवं पश्चात् आनन्दित होकर, एक जगह सम्मिलित हुए । सभीजन भय एवं आनन्द से निस्तब्ध भाव को धारण करके, श्रीमान् नन्दरायजी के भवन में स्थितजनों को प्राप्तकर, अश्रुजल बहाते बहाते श्रीकृष्ण के मुखारविन्द का बारंबार दर्शन एवं स्पर्शन करके, बकासुर पर्यन्त दुर्दान्त पूतना आदि असुरों के मरने में जो कारण है, उसको आपस में कहने लग गये— ॥६४॥

इस बालक का पूर्वजन्मकृत न जाने कौनसा पुण्य था, एवं व्रजराज का भी न जाने कौन सा पूर्व पुण्य था ? पूतना से लेकर बक पर्यन्त उन समस्त असुरों ने भी पहले जन्मों में न जाने क्यों अपराध कर डाला ? अपराध तो अवश्य किया है, जिसके कारण वे सब श्रीकृष्ण के द्वारा मारे गये ॥६५॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण के चरित्रवर्णनरूप आनन्द से परिपूर्ण, एवं जगत् में अवतीर्ण श्रीमान् नन्दप्रभृति गोपों का सांसारिक धर्म से सम्मेलन का वर्णन, उन गोकुलवासियों ने नहीं किया, अर्थात् संसार में रहते हुए भी श्रीनन्दादिकों को सांसारिक धर्म न सता सके । पूज्यपाद श्रीशुकदेवजी ने भी कहा है,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'इति नन्दादयो गोपाः कृष्णरामकथां मुदा ।
कुर्वन्तो रममाणाश्च नाविन्दन् भववेदनाम् ॥' इति ॥६६॥

"तदेतद्बकनिर्ग्रन्थनमुग्रमुग्रसेन-दुष्पुत्रः श्रोत्रेणापीय व्यग्रचेता बभूव, भावयामास च,—'हन्त ! सर्व एव मायातिरिक्तताप्रयोक्तारस्तत्र रिक्तीकृताः । सर्वं लुम्पन्तस्ते चु लुम्पामासिरे च । तर्हि व्योमाभिधानदानवमात्रमत्र पात्रं पश्यामः ।' सर्वमायामय-मय-तनयः प्रख्यातबलवलयः स हि महीयान् । इति पद्मावती-जरठ-जठरजन्मा सम्माननया तमानाय्य तत्कार्याय पर्यापयामास ॥६७॥

"स चागम्य व्योमनामा कृतव्योमाऽवलम्बतया न्यग्रेण वीक्षमाणः काम्यकारण्यधरणीधर-सन्निधानतः सममत्यर्भकवृन्देनात्यर्भकतया निर्व्रीडक्रीडासन्दर्भं श्रीयशोदा-गर्भजातं श्रीरोहिण्यर्भकं विना समायातं ददर्श विमभर्श च—॥६८॥

"एते खलु भोः ! दास्याः पुत्र ! चौरस्यकुल ! पश्यतोहर ! देवानांप्रियेति परस्परं सम्बोधयन्तः क्रीडन्ति । ते चैते मेषतत्पोषकतन्मोषकायमाणा रममाणा लक्ष्यन्ते । यत्र च मेषा मोष्यमाणा अपि न भाषन्ते । पोषकाश्च तेषां बहूलानां सम्भालनाय दुर्बलायन्ते, मोषकास्तु निर्घोषतया प्रच्छन्नमेवागच्छन्ति । अयं तु तत्पोषकायमाणः श्यामधामा कुमारः

यथा—"इस प्रकार श्रीनन्दादि गोपगण हर्षपूर्वक श्रीकृष्ण बलराम की कथा को कहते सुनते हुए, एवं उसी से आनन्दित होते हुए, भववेदना को प्राप्त न कर सके", अर्थात् उन्होंने सांसारिकता का अनुभव नहीं किया, इत्यादि ॥६६॥

अतः इस प्रकार बकासुर के मरणरूप उग्र समाचार को कानों से सुनकर, उग्रसेन का कुपुत्र कंस व्यग्रचित्त हो गया, और विचार करने लगा कि, हाय ! बड़े खेद की बात है कि वे सभी असुर अतिशय माया का प्रयोग करने वाले थे, एवं सभी छेदन करने में समर्थ थे, तो भी सबके सब वहाँ पर मारे गये । अब तो इस विषय में व्योम नामक दानव को ही, हम उचित पात्र देख रहे हैं । एवं वह व्योमासुर सर्वमायामय मयदानव का बेटा है, तथा विख्यात वीर्यशाली महापराक्रमी है । इस प्रकार विचारकर, पद्मावती के कठिन उदर से उत्पन्न हुए कंस ने, सम्मानपूर्वक उसको बुलवाकर, उस कार्य के लिये प्रेरित कर दिया ॥६७॥

वह व्योमासुर आकर, आकाश का अवलम्बन करके पूर्णरूप से देखता हुआ, काम्यवन के पर्वत के पास, समान अवस्था वाले बालकसमूह के सहित, बालभाव का अतिक्रमण करके, संकोचरहित क्रीड़ा की रचना करते हुए, श्रीरोहिणीलाल के बिना आये हुए, श्रीयशोदानन्दन को देखने लग गया, तथा विचारने भी लग गया कि— ॥६८॥

ये सब ग्वालबाल—भो दास्याः पुत्र ! हे चौरस्यकुल ! हे पश्यतो हर ! (हे चोर !), हे देवानां प्रिय ! (मूर्ख !) इत्यादि निन्दनीय सम्बोधनों का, परस्पर में प्रयोग करते हुए खेल रहे हैं । और ये सब मेष (मेंढ़ा) मेषपालक और मेंढ़ा चुराने वालों की तरह क्रीड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं, अर्थात् कुछ ग्वारिया मेंढ़ा बने हुए हैं, तो कुछ उनकी रखवाली करने वाले बने हुए हैं, और कुछ उनको चुराने वाले बन रहे हैं, इस प्रकार सब खेल रहे हैं । जिस खेल में मेंढ़ा बने हुए ग्वारिया चुराये जाने पर भी बोलते नहीं हैं, और रखवाली करने वाले ग्वारिया उन अनेक मेंढ़ाओं के सँभालने को असमर्थ से हो रहे हैं ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रभाकरसहस्रप्रभाप्रभाव-भाविततया नास्मद्विधसन्निवेयसन्निधानस्तर्क्यते । तथाप्यस्माकमय-मेवावसरो वरो नावरो वरणीयतामनुसरति, अत्र हि तस्य निरवधानस्य बहिश्चरप्राणतुलां बलमाना बालका विनैवार्तिं हर्तव्या भवेयुः । ततो व्यग्रीभूतः सोऽयमग्रीयश्च विना विग्रहं ग्रहीतव्यतामृच्छेत् । सामिकृतं तु न स्वामिने रोचिष्यते । तदेतद्विचारयंश्चोरवदाचारगोप-दारक-प्रकारस्तदीय-निविड-क्रीडायां प्रविवेश । प्रविश्य च निविडकाननकृतप्रवेशतया पोषकाभिनिवेशमतिक्रामतस्तान् मेषायमाणान् क्रमशश्चतुःपञ्चावशेषमपक्रमयामास । अपक्रम्यापक्रम्य च गिरिगुहायां निगूहमानः पुनः पुनरयमानः पेशस्कारितानुसारी प्रस्तरास्तरणतस्तद्द्वारमाववार ॥६९॥

"एतज्ज्ञात्वा निर्जरारिप्रहारी शिष्टान् कष्टन्तं हरन्तं कुमारान् व्यग्रीभूतः सिंहवद्-ग्रामसिंहं विद्रुत्यारादग्रहीन्नचग्रहीच्च ॥७०॥

"स्वाङ्गव्यङ्गात् स्पष्टभूमिष्ठमानं, कृत्वा डिम्भांस्तं ततः क्षौणिपृष्ठे ।
आपात्याथ प्राणवर्त्मानि रुन्धन्, व्यग्रीकृत्यालंभ्यकल्पं चकार ॥७१॥

चुराने वाले ग्वारिया भी चुपचाप गुप्तरूप से ही आ रहे हैं । किन्तु श्यामकान्तिवाला यह बालक इन सब मेंढ़ा बने हुए ग्वारियाओं के रक्षक जैसा होकर, हजारों सूर्यों की प्रभा से प्रभावित होने के कारण, ऐसा प्रतीत होता है कि, हम जैसे कपटी इनके पास तक नहीं जा सकते । तथापि हमारा तो यही अवसर श्रेष्ठ है, दूसरा समय वरण करने को योग्यता का अनुसरण नहीं करता, अर्थात् कार्यसिद्धि के लिये यही अवसर उचित है, दूसरा नहीं । इस समय उन श्यामसुन्दर के असावधान होने के कारण, उनके वहिश्चर प्राणों की समानता को धारण करने वाले, ये गोपबालक, विना ही क्लेश के हरण करने के योग्य हो सकेंगे । उसके बाद सखाओं के वियोग से व्याकुल हुआ, यह इनका मुखिया (अगुआ) भी, युद्ध के बिना ही पकड़ने योग्य हो सकेगा । किन्तु आधा किया हुआ कार्य हमारे स्वामी कंस को रुचिकर न होगा । अतः इस प्रकार का विचार करता हुआ, चोरों का सा आचरण एवं गोपबालकों की सी प्रकृति का अवलम्बन करके उनकी घनघोर क्रीड़ा में प्रविष्ट हो गया । और प्रविष्ट होकर घने वन में प्रवेश करते हुए, पालक के अभिमान का परित्याग करते हुए, मेंढ़ाओं का सा आचरण करने वाले उन बालकों को, चार पाँच छोड़कर क्रमशः सबको हर ले गया । और उसने दौड़ दौड़कर, पर्वत की गुफा में दुबकाकर, बारंबार आकर, पेशस्कारी कीट विशेष का सा भाव धारण कर, पत्थर के ढ़कने से उस गुफा के द्वार को ढ़क दिया ॥६९॥

यह सब जानकर, मित्रों के दुःख से व्याकुल होकर, असुरों पर प्रहार करनेवाले श्रीकृष्ण ने, अवशिष्ट गोपबालकों को कष्ट देकर अपहरण करते हुए, उस व्योमासुर को इस प्रकार दौड़कर, पास जाकर पकड़ लिया, और दवोच दिया, जैसे कि सिंह दौड़कर कुत्ते को पकड़कर फफेड़ देता है ॥७०॥

तदनन्तर अपने अङ्ग की क्षुद्रता के कारण, बालकों को खैंचकर जिसकी मर्यादा विशेष स्पष्ट हो गई है, ऐसे उस व्योमासुर को भूतल पर पटक कर, उसके प्राणमार्गों को रोकते रोकते उसको व्याकुल करके, यज्ञ में वध्य पशु के समान कर दिया ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं संहतसंहननमप्येतं निःसन्धिबन्धनं विसृज्य तत्पद-पद्धतिं संसृज्य तद्गुप्ति-द्वारमनुससार ॥७२॥

"ततश्च—सद्यो निर्भिद्यापिधानं गुहाया,-स्तत्राविश्य द्योतमाविश्चकार ।
तस्यास्तेषां चार्भकाणां समन्ता,-दात्मालाभाद्यत्तमस्तज्जहार ॥७३॥

तेषां दुःखं तद्गुहागर्तरोधे, तद्वन्नासीद्यद्वदेतद्वियोगे ।
दृष्ट्वा कस्मादेनमेते बकारिं, प्राणान् प्रान्ताकर्षणेनैव जग्मुः ॥७४॥

सर्वे तस्मादुत्थिता रोदनार्ता,-स्तद्वद्वार्तं कृष्णमह्नाय चक्रुः ।
सोऽपि क्ष्माभृत्तत्प्रतिध्वानदम्भाद्, क्रन्दन्नासीदित्यमीभिर्व्यभावि ॥७५॥

तस्मात् कृष्टास्तेन तं वेष्टयन्तः, शश्वत्तस्य स्पृष्टितो नष्टदुःखाः ।
दृष्ट्वा द्विष्टप्राणमत्यन्तभीष्मं, व्योमं हृष्टा मित्रगोष्ठीमुपेयुः ॥७६॥

अथ परिमिलितैर्विचित्रमित्रै,-र्भुवि दिवि देवगणैस्तदोपलंभ्यः ।
अपहृतिचरितं निजक्रमात्तैः, कथितमसौ कलयन् व्रजे विवेश ॥७७॥

अतएव इस प्रकार दृढ़ शरीर वाले उसको, सन्धिबन्धन से रहित बनाकर, उसी स्थान पर छोड़कर, उसके चरणों से चिह्नित मार्ग को पकड़कर, श्रीकृष्ण ने उस गुफा के द्वार का अनुसरण किया ॥७२॥

उसके बाद उस गुफा के ढ़क्कन को शीघ्र ही फोड़कर, उसके अन्दर जाकर, श्रीकृष्णचन्द्र ने प्रकाश प्रगट कर दिया। और उस गुफा के भीतर जो अन्धकार था, एवं उन बालकों के अन्तःकरण में जो दुःख रूपी अन्धकार था, उसको अपनी प्राप्ति से सब ओर से हर लिया ॥७३॥

उन ग्वालबालों को श्रीकृष्ण के वियोग से जिस प्रकार का दुःख हुआ, उस प्रकार का दुःख तो उस गुफा में मुंद जाने से भी नहीं हुआ था। वे हो ग्वालबाल अकस्मात् बकारी श्रीकृष्ण को देखकर, मानों निकट में खेंचने से ही प्राणों को पा गये, अर्थात् श्रीकृष्ण के दर्शन से उनके प्राण लौट आये ॥७४॥

इसी कारण से सभी ग्वालबाल रोने से पीड़ित होकर, उस स्थान से खड़े हो गये। पश्चात् उन्होंने श्रीकृष्ण को भी, शीघ्र ही अपनी तरह रोने से पीड़ित कर दिया, अर्थात् उनके रुदन को देख श्रीकृष्ण भी तत्काल रोने लग गये। वह पर्वत भी व्योमासुर के रोने की प्रतिध्वनि के बहाने मानो रुदन कर रहा है, इन सब ग्वालबालों ने ऐसी ही भावना की ॥७५॥

श्रीकृष्ण के द्वारा उस स्थान से आकर्षित किये हुए ग्वालबाल, श्रीकृष्ण को चारों ओर से घेरते हुए, बारंबार उनके स्पर्श से दुःखरहित हो गये। और अत्यन्त भयंकर उस व्योमासुर को मरा हुआ देखकर, हर्षित होकर मित्रों की गोष्ठी (सभा) के पास चले आये ॥७६॥

तदनन्तर उस समय भूमि में विचित्र मित्रगण, एवं स्वर्ग में देवगण एकत्र सम्मिलित होकर, श्रीकृष्ण की स्तुति करने लग गये। इस प्रकार मित्र एवं देवगणों के स्तुति करने योग्य वे श्रीकृष्ण, ग्वाल-बालों के द्वारा क्रमशः कहे गये, अपने चुराने के चरित्र को सुनते हुए, व्रज में प्रविष्ट हो गये ॥७७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र व्योमं दिष्टान्तदष्टं दृष्ट्वा कुसुमवृष्टिकृद्भिर्दानवद्वेष्टृभिरयं श्रीकृष्णाभिप्रायः स्पष्टं परामृष्टः—॥७८॥

क्रीडायामत्र चोराणां श्वास-रोधो विधीयते ।
व्योमस्त्वं व्योमतां प्राप्तस्तस्माच्चेत् करवाणि किम् ?" इति ॥७९॥

अथ कथकः कथासमापनमुवाच,—

"ईदृक् कौतुकवान् पुत्रस्तव गोप-नराधिप ! ।
वत्सादित्रयमानिन्ये लीलया यस्तु पञ्चताम् ॥"८०॥

तदेवममी साक्षादिव व्योम-वधमनुभूय भूयसा सुखेन विलसन्मुखेन ललिता गृहाय चलिता बभूवुः ॥८१॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु वत्सासुराद्युत्सादनं नाम दशमं पूरणम् ॥१०॥

इस प्रसङ्ग में व्योमासुर को काल के द्वारा डसा हुआ, अर्थात् मरा हुआ देखकर, पुष्पों की वृष्टि करने वाले, दैत्यद्वेषी देवताओं ने श्रीकृष्ण का अन्तर्गत यह अभिप्राय स्पष्ट कर दिया, यथा— ॥७८॥

हे व्योमासुर ! इस खेल में चोरी करने वालों का श्वास निरोध किया जाता है । उतने से ही यदि तू शून्यभाव को प्राप्त हो गया, अर्थात् मर गया, तब मैं क्या करूँ ? ॥७९॥

अब कथक्कड़ कथा की समाप्ति का द्योतक वचन बोला—हे गोपनराधिप ! आपके ऐसा कौतुकी पुत्र उत्पन्न हुआ है कि जिसने खेल खिलवाड़ से ही, वत्सासुर आदि तीन दैत्यों को मार दिया ॥८०॥

इस प्रकार व्रजराज की सभा में श्रोतारूप से बैठे हुए ये गोप, गोपीजन प्रत्यक्ष की भाँति, व्योमासुर के वध का अनुभव करके, अधिकतर सुख से एवं खिले हुए मुख से सुशोभित होकर, अपने अपने घर के लिये चल दिये ॥८१॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये वत्सासुरादिवधनामकं
दशमं पूरणं संपूर्णम् ॥१०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथैकादशं पूरणम्

ब्रह्ममोहनम्

अथ पूर्ववत् प्रभाततः प्रभातायां सभायां मधुकण्ठः सोत्कण्ठमुवाच,—॥१॥

"तदेवं पूर्ववदेव देवन-कुतुकतः पूर्वदेवमारयोः कुमारयोरनयोः कौमारमति-वृत्तकल्पमासीत् ॥२॥

"यौ खलु,—

शुभ्र-श्याम-रुची रुचीमकुरुतां पौगण्डलक्ष्मीकृते
चापल्येन मुनेरपि स्म कुरुतश्चित्तं मिलच्चापलम् ।
नानाक्रीडित-माधुरीवरकलाशिक्षा-कलापं गतौ
वेणूद्गान-सुधां सुधांशुवदनावातत्य चिक्रीडतुः ॥३॥

"अथ कदाचिदतिप्रातरग्रतो जाग्रतो निजविहारतो जगदेव पातुः श्रीरामभ्रातुर्यादृच्छिकीयमिच्छा जाता, प्रातर्भोजनमप्यद्य निर्जनवन एव योजनीयमिति ॥४॥

"ततश्च कृतप्रातःक्रियस्तत्प्रार्थनाय रचितमातृप्रियस्तदनुज्ञया गच्छत् शृङ्गरव-संज्ञया साग्रजं सखिव्रजं जागरयामास । झटिति चाटित्वा शृङ्गाटकमध्यमध्यास्य क्षणकतिपयं तत्

ग्यारहवाँ पूरण

ब्रह्ममोहन लीला

अनन्तर पहले की तरह प्रातःकाल से ही देदीप्यमान सभा में मधुकण्ठ उत्कण्ठासहित बोला— ॥१॥

इस प्रकार पहले की भाँति क्रीड़ा कौतुक से दैत्यों के मारने वाले, इन श्रीकृष्ण बलदेव की कुमारावस्था प्रायः समाप्त सी हो गई थी ॥२॥

तब गौर श्याम कान्ति वाले जिन दोनों भ्राताओं ने, पौगण्ड अवस्था की शोभा के लिये इच्छा की। वे दोनों अपनी चंचलता के द्वारा मुनियों के मन को भी चंचलता से युक्त कर देते थे, अर्थात् उनके बाल चरित्रों को सुनकर, मुनियों के मन भी निर्गुण ब्रह्म से विरक्त होकर, इनकी सगुण लीला को देखने के लिये चंचल हो उठते थे। एवं वे अनेक प्रकार की क्रीड़ा करने के लिये, जितनी भी श्रेष्ठ माधुरी कलाओं की शिक्षा होती हैं, उन सबके समूह को भली प्रकार जान चुके थे। इस प्रकार चन्द्रवदन श्रीराम कृष्ण वेणु की संगीतरूप सुधा का विस्तार करके क्रीड़ा करते थे ॥३॥

तदनन्तर किसी दिन अत्यन्त प्रातःकाल ही सबसे पहले जागने वाले, अपने विहार से जगत्भर की रक्षा करने वाले, श्रीबलरामजी के छोटे भ्राता श्रीकृष्णचन्द्र की यादृच्छिक यह इच्छा प्रगट हुई कि— "आज प्रातःकाल का भोजन भी निर्जन वन में ही करना चाहिये", इति ॥४॥

तदनन्तर प्रातःकालीन क्रियाओं को करके, वनभोजन की प्रार्थना के लिये माता का प्रिय कार्य करके, उनकी आज्ञा के अनुसार चलते चलते, शृङ्गध्वनि के संकेत से बड़े भैया बलदेवजी के सहित, मित्र-मण्डल को जगा दिया। और शीघ्र ही चलकर, चौराहे पर खड़े होकर, कुछ क्षणों तक उन सबके आने की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रतीक्षणं प्रतीक्षणं व्यापारयामास । शय्योत्थायं विद्रुत्य मिलितेषु सवयःसमवायेषु राममागमयितुमूर्ध्वं वर्तमानस्तन्मानवेन वार्तानुवर्तयामासे ॥५॥

"यथा च प्रोवाच तद्वाविकमसौ,—'हन्त भोः ! कृष्ण ! त्वया सह क्रीडातृष्णगप्यहं विरुद्धविधिना निरुद्ध एवास्मि । यदकस्मात् कस्मादपि पुरुकुलजन्मा मन्मातुलः परमातुल-निर्बन्धान्मामवलोकयितुमागम्य हर्म्य एव स्थावरसाधर्म्यमासादितवानस्ति । अद्य च तवातीव प्रातरात्त-जागरतया समीहितविशेषमूहितवानस्मि । तस्माद्भवता या लीला भावयितुं भाविता, सावश्यं भावयितव्या । नव्यारम्भे विष्कम्भः खल्वप्रतिबद्धसिद्धि-सम्भावनां स्तम्भयतीति ॥६॥

"अथ वर्ण्यमानं तदाकर्ण्य स च कमलसवर्णताविलसदाकर्णलोचनः प्रतिपन्नक्रीडारोचनः सखीनुवाच,—'भवतु भवन्त एव स्व-स्व-भवनाद्विहङ्गिकायां काचमायोज्य भोज्यभक्त-भक्त-नियोज्यजनं प्रयोज्य तत्तदुपयोज्यमानाय्य वनाय गमनाय त्वरयन्तु ।' अस्मज्जननी च भव्यानां भाजनभृतभोजनद्रव्याणां द्रुतमेव सज्जन-वर्गेणास्मभ्यं विसर्जनमर्जयिष्यति । इति निजेहिते तथा विहिते हितेप्सुबालक-समुदाय-मुदामुदारचेष्टः पुरस्कृतवत्स-चयेष्टः काननं प्रविष्टवान् । यत्र च वत्सपालबालकाः प्रतिघस्रं सहस्रशः एव तेन मिश्रतया विश्रूयन्ते । तेषां वत्साश्चायुतप्रयुत-नियुतादिसङ्ख्यायुता वर्ण्यन्ते । कृष्णवत्सानां सङ्ख्या पुनरसङ्ख्यसंज्ञा सङ्गीयते ॥७॥

प्रतीक्षा के प्रति दृष्टिपात करने लग गये । पश्चात् समान अवस्था वाले मित्रमण्डल के शय्या से उठकर, दौड़कर सम्मिलित होने पर, क्षणभर में श्रीबलरामजी आजायेंगे, इस ध्येय से, श्रीकृष्ण खड़े के खड़े रह गये । उसके बाद श्रीबलरामजी के सेवक ने आकर उनको वृत्तान्त सुनाया ॥५॥

श्रीबलरामजी के सन्देश को उस सेवक ने जिस प्रकार सुनाया, वह यह है—अहह ! हे भैया कृष्ण ! मैं तुम्हारे साथ खेलने की इच्छा वाला हूँ तो भी, किसी विरुद्ध प्रतिबन्धक ने रोक लिया हूँ । कारण पुरुवंशोत्पन्न मेरा मामा, किसी अनिर्वचनीय आग्रह से मुझको देखने के लिये आकर, हमारे महल में वृक्ष की भाँति अड़ के बैठा है । और आज अत्यन्त प्रातःकाल जागने के कारण, तुम्हारे अभिलाष विशेष को भी मैं जान चुका हूँ । अतः आपने जो लीला करने का विचार किया था, उसको अवश्य करना । क्योंकि देखो, किसी नवीन कार्य के आरम्भ में जो प्रतिबन्ध है, वह प्रतिबन्धरहित कार्यसिद्धि की सम्भावना को रोक देता है ॥६॥

तदनन्तर श्रीबलदेवजी के सेवक के मुख से वर्णित पूर्वोक्त बातों को सुनकर, कमल के समान आकर्ण विशाल नेत्रों वाले श्रीकृष्ण, अङ्गीकृत क्रीड़ा को रुचिकर बनाते हुए सखाओं से बोले—अस्तु, जो हो । आप सब ही अपने अपने घर से वहँगी में छींके लटका कर, उनमें भोजन करने योग्य अन्न को, अनुरागी सेवकों को नियुक्त करके, उन उन उपयुक्त सामग्रियों को उनके द्वारा मँगवाकर, वन को चलने के लिये शीघ्रता करें । और हमारी माताजी तो पात्रों में रक्खी हुई बहुत सी सुन्दर सुन्दर खाद्यसामग्री को, सज्जनसमूह के द्वारा हमारे लिये शीघ्र ही भिजवा देंगी । इस प्रकार अपनी चेष्टा के अनुसार कार्य करने पर, हितैषी बालक समुदाय की प्रसन्नतार्थ, उदार चेष्टा करने वाले श्रीकृष्ण, अपने प्रिय वत्ससमूह को आगे करके, वन में प्रविष्ट हो गये । जिस वनविहार लीला में ऐसा सुना जाता है कि, बछड़ाओं की रक्षा करने वाले हजारों गोपबालक प्रतिदिन ही, श्रीकृष्ण के साथ एकत्रित होकर वन में जाते थे । उन सबके बछड़े भी, दश हजार,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, आपूर्णशृङ्गमुरलीनियुतं सवत्स,-यूथायुतारवमुदीरितहूतिमिश्रम् ।
कृष्णश्चलन्नथ वनाय बलस्य चित्तं, लोलं चकार जगता सह कौतुकाय ॥८॥

"अथ गहनं गाहमाना मणि-जातरूपाभ्यां सुष्ठु जातरूपा अपि बालाः फल-प्रबालादिभिरलंकृतमात्मानं कृतवन्तः । यथा निकाय्ये दुर्लभकाच-गुञ्जा-पुञ्जमप्युपयुञ्जते स्म, नहि विलासबहुलताकुलानामिदं बहुमूल्यमिदं न तत्तुल्यमिति विचारः सञ्चरति । कार्पण्यमेव खलु पण्यं गण्यतां नयति, विलासिता पुनर्दृश्यतामेव परामृश्य हृष्यतीति ॥९॥

"अथ ते शिक्यितान्न-पात्राणि वृक्ष-शाखास्ववलम्बितगात्राणि विधाय कृष्ण-भ्रूभङ्ग-तरङ्गसङ्गतरङ्गतया चापल्यविशेषं श्लेषयामासुः । (भा० १०।१२।५)—॥१०॥

'मुष्णन्तोऽन्योऽन्यशिक्यादीन् ज्ञातानाराच्च चिक्षिपुः । तत्रत्याश्च पुनर्दूराद्धसन्तश्च पुनर्ददुः ॥'११

"तत्र चौर्यादिकं यथा—

यष्टचादेर्नर्मणासन्नपहरणकरा ये हृतस्वास्तथा ये
दूरे ये क्षेपका ये प्रतिहरणकृतस्ते च ते चाशु सर्वे ।

लाख, दश लाख आदि संख्या से युक्त वर्णन किये गये हैं । श्रीकृष्ण के बछड़ों की संख्या तो असंख्य कहकर पुकारी जाती है ॥७॥

इसके अनन्तर श्रीकृष्ण जब वन को चल दिये, तब लाखों शृङ्ग एवं मुरलियों के शब्द होने लग गये । अयुत संख्यक वत्सगणों के रँभाने के शब्द भी हो उठे, तथा उन्हीं शब्दों के साथ उनको बुलाने के शब्द भी मिश्रित हो गये । इस प्रकार खेलने के लिये वन को जाते हुए, श्रीकृष्ण ने जगत् के सहित श्रीबलदेवजी के चित्त को चंचल बना दिया ॥८॥

तदनन्तर मणि, सुवर्ण आदि के आभूषणों से अच्छी प्रकार सजे बजे होने पर भी, वन में प्रवेश करते हुए ग्वालबालों ने अपने अपने शरीर को फल, प्रबाल (नवीन पत्ते) आदि से अलंकृत कर लिया । वे ग्वालबाल अपने अपने घर में दुर्लभ काच, गुञ्जापुञ्ज को भी अपने शृङ्गार के उपयोग में लाते थे, वे सब खेल खिलवाड़ में अधिक आकुल रहते थे, अतः उन सबकी दृष्टि में "यह वस्तु बहुत मूल्य की है, यह उसके तुल्य नही है" इत्यादि विचार का सञ्चार नहीं होता था । निश्चित सिद्धान्त तो यह है कि, कृपणता ही मूल्य को गिनती में लाती है, विलासिता (खेल में आसक्ति) तो केवल दृश्य का विचार करके हर्षित हो जाती है, अर्थात् विलासी व्यक्ति बहुमूल्य वस्तु की ओर दृष्टि न देकर, अल्प मूल्य वाली भी सुन्दर वस्तु को देखते ही प्रसन्न हो जाता है ॥९॥

पश्चात् उन ग्वालबालों ने छींकाओं में धरे हुए भोजन के पात्रों को वृक्षों की शाखाओं में लटकाकर, श्रीकृष्ण के कटाक्षों की तरङ्गों से मिश्रित रंग राग के सहित, विशेष चपलता का परिचय दिया— ॥१०॥

कोई कोई गोपबालक जाने हुए आपस के छींके आदिकों को चुराते हुए दूर फेंक देते थे, वहाँ वाले और दूर फेंक देते थे, जब वह छींके वाला भागते भागते थक जाता था, तब दूसरे ग्वारिया हँसते हुए उसके छींके आदि को लौटा देते थे ॥११॥

वहाँ पर चोरी करना आदि इस प्रकार है—जो ग्वालबाल खेल या परिहास के कारण यष्टि (लकुट), शृङ्ग, वेणु, वेत्र, छींका, भोजनादि सामग्री के अपहरण करनेवाले थे, एवं जिनका माल अपहरण किया जा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीकृष्ण-भ्रू विधूतिप्रतिलवलघुताशालितत्तद्विलासैः
प्रत्येकं स्वीययोग्यं निगमनमविदुस्तत्र नैवान्यदन्यत् ॥१२॥

"तदेवमेव संयोगाद्यथा तदेकसुखयोग एव तेषां भोगस्तथा वियोगादपि। यथा (भा० १०।१२।६)—

'यदि दूरं गतः कृष्णो वन-शोभेक्षणाय तम्। अहं पूर्वमहं पूर्वमिति संस्पृश्य रेमिरे ॥'१३॥

"अस्य चार्थः समस्य दर्श्यते, तत्र स्पर्शनं यथा—

वत्सेभ्यः प्रेष्य सर्वां सखि-ततिमघजिद्वीक्षितुं वन्य-लक्ष्मीं
दूरेऽगात् कृष्टदृष्टिः क्रमश इह तदा सा निवृत्ता विदूरात्।
सौरभ्याघ्राणनेत्रा मधुप-कुलतुला सङ्कशस्तं द्रवन्ती
स्पृष्ट्वाहम्पूर्विकायामहमहमिकया पृच्छती चाननन्द ॥१४॥

"रमणं यथा—

मिथोऽपि स्निग्धभावानां कृष्णकौतुकदत्तये। आहोपुरुषिका तेषामालोकि स्पर्धिनामिव ॥१५

चुका था, अथवा जो अपहरण की हुई वस्तुमात्र को अपनी कहकर गिनते थे, तथा जो दूर फेंकने वाले थे, और जो लकुट आदि वस्तुओं को लाकर पुनः प्रत्यर्पण करते थे, वे वे सभी ग्वालबाल शीघ्र ही श्रीकृष्ण के भ्रू चालन के द्वारा प्रतिक्षण अल्पता, शीघ्रता अथवा मनोहरतायुक्त उस उस कर्म के सूचक लीला विलासों से, प्रत्येक ही अपने अपने योग्य विषय को निश्चय करके जानते थे, किन्तु उस खेल खिलवाड़ से भिन्न अन्य किसी भी विषय को नहीं जानते थे। तात्पर्य–यही लीला की विशुद्धता थी ॥१२॥

अतएव इस प्रकार ही उन सबका एकमात्र श्रीकृष्ण के संयोग से, जिस प्रकार सुख से युक्त भोग था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के वियोग से भी, सुख संयुक्त भोग संघटित होता था। यथा—यदि श्रीकृष्ण वन की शोभा देखने के लिये कभी दूर चले जाते हैं, तब तो "मैं पहले जाकर पकड़ूँगा, मैं तुझसे भी आगे जाकर श्रीकृष्ण को पकड़ लूँगा" इस प्रकार कहते हुए दौड़ दौड़कर, श्रीकृष्ण को छूकर क्रीड़ा करते थे। तात्पर्य यह है कि श्रीकृष्ण का वियोग होने पर भी, पुनः शीघ्र ही इस इस भाव से श्रीकृष्ण का दर्शन एवं स्पर्शन करेंगे, ऐसा कहने से जो आनन्द हुआ था, उसी से जाना जाता है कि संयोग की तरह वियोग में भी, प्रकारान्तर से सुख ही हुआ ॥१३॥

इस भागवतीय पद्य का अर्थ संक्षेप से दिखाते हैं, उसमें स्पर्श करना, यथा—अघासुर पर विजय पानेवाले श्रीकृष्ण बछड़ाओं को ढूँढ़ने के लिये, समस्त सहचरवृन्द को भेजकर, वन की शोभा को देखने के लिये, जब बहुत दूर चले गये, तब क्रमशः इसी स्थान पर वे सहचरगण दृष्टि को खेंचते हुए दूर से लौट आये। पुष्पों की सुगन्ध पर भ्रमरगण जैसे टूट पड़ते हैं, उसी प्रकार वे भी श्रीकृष्ण के श्रीअङ्ग की सुगन्ध को सूँघने पर, झुण्ड के झुण्ड श्रीकृष्ण की ओर दौड़ते हुए, श्रीकृष्ण को छूकर, श्रीकृष्ण से ही यों पूछते हुए आनन्दित होते हैं कि—क्यों, भैया कृष्ण ! मैंने ही तुमको पहले छूआ हैं न ? दूसरा सखा कहता है—नहीं भैया ! तुम सत्य सत्य बताओ, मैंने ही पहले स्पर्श किया है न ?। इसी का नाम अहमहमिका है। इसी के द्वारा आत्मश्लाघा करते हुए, मित्रगण अहंपूर्विका में पूछते हैं और आनन्दित हो जाते हैं ॥१४॥

'रेमिरे' शब्द की व्याख्या में लिखते हैं। 'रमणं' यथा—अर्थात् श्रीकृष्ण की प्रसन्नता के लिये सखाओं की क्रीड़ा, यथा—आपस में स्निग्धभाववाले होने पर भी, श्रीकृष्ण को कौतुक देने के लिये, उन सखाओं की 'आहोपुरुषिका' आपस में स्पर्धा करनेवालों की तरह देखीगई। (अभिमानपूर्वक अपने में सामर्थ्य को प्रगट करने का नाम 'आहोपुरुषिका' है) ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

जगुरेके वेणुना तत्प्रच्छादनपराः परे । वादयन्तो विषाणानि हासयामासुरच्युतम् ॥१६
व्यञ्जयन्तस्तत्र केचित् पूर्वेषां ग्राम्यरीतिताम् । तान्निवार्य स्वयं भृङ्गैर्जगुस्तद्वत् पिकैः परे ॥१७
गोपालानां जवः श्लाघ्यो गानाद्यं भिक्षुतापरम् । इत्थं केचिद्वयञ्जयन्तः पक्षि-च्छायेन दूदुवुः ॥१८
केऽपि सर्वानुकर्तृत्व-स्वगुणाधिक्य-सूचकाः । हंस-कङ्क-मयूराणां गोष्ठी-मध्यं प्रपेदिरे ॥१९
केचिद्वांशनटीं विद्यामात्मनो व्यञ्जितुं मुदा । विडम्बितैः कीश-डिम्भैः सह शाखासु बभ्रमुः ॥२०
तत्र सर्व-कनिष्ठास्तु स्व-निष्ठामात्रतत्पराः । साकं भेकैर्विलङ्घन्तः सरितः स्रवसंप्लुताः ॥२१
विहसन्तः प्रतिच्छायां शपन्तश्च प्रतिस्वनान् । हसन्तः कृष्ण-सन्तोषं लसन्तः सन्ततं दधुः ॥२२
कर्तुं प्रतिध्वनौ शापं प्रतिबिम्बे विडम्बनम् । नुदन् बालान् मुदं लेभे प्रतिशापादितो हरिः ॥
इति ॥२३

उन मित्रों में से कोई कोई वेणु के द्वारा गायन करते हैं, दूसरे वेणु बजानेवालों की प्रशंसा को दबाते हुए, शृङ्गों को बजाते हुए, श्रीकृष्ण को हँसाने लग गये ॥१६॥

उनमें से कुछ जने पूर्वजों की ग्राम्यरीति, असभ्य अश्लील भाव को व्यक्त करते हुए, श्रीकृष्ण को हँसाते थे, तो दूसरे मित्र उनको निवारण करके स्वयं भ्रमरों की तरह गाने लग गये, उनसे भिन्न मित्र कोयल की तरह गाने लग गये ॥१७॥

गोपगणों का तो वेग ही प्रशंसनीय होता है। गाना बजाना आदि तो भिखमंगों का काम है। इस भाव को प्रगट करते हुए कुछ सखा पक्षियों की छाया के साथ दौड़ने लग जाते हैं ॥१८॥

कोई कोई "हम सब का अनुकरण कर सकते हैं, इसीलिये हमारे गुण अधिक हैं" इस बात की सूचना देनेवाले होकर हंस, बगुला, मयूर आदि पक्षियों की सभा में प्रविष्ट हो गये, अर्थात् उन्हीं का सा अनुकरण करने लग गये ॥१९॥

कोई कोई सखा हर्षपूर्वक अपनी वंश परंपरागत, पुतली की तरह नाचने की विद्या को, अथवा बाँस पर चढ़कर नृत्य करने की विद्या को प्रकाशित करने के लिये, पुतली की तरह नाचने लग जाते हैं, तथा उपहासास्पद बन्दर के बच्चों के साथ शाखा शाखा पर भगे डोलते हैं ॥२०॥

बड़े बड़े सखाओं के इस विविध प्रकार के विहार को देखकर, उनमें से छोटे छोटे ग्वारिया भी, श्रीकृष्ण को सन्तुष्ट करना रूप अपने धर्म में तत्पर होकर, मेंढ़कों के साथ लाँघते हुए नदी के स्रोतों में उछल उछल कर चलने लग जाते थे ॥२१॥

कोई कोई मित्र अपनी काया को डगर में टेढ़ी करके जब चलते हैं, तब अपनी छाया को टेढ़ी देखकर हँसने लग जाते थे। तथा कोई ऊँची कूक देकर पुकारता है, तब उसकी प्रतिध्वनियों को सुनकर, उन प्रतिध्वनियों को गाली देने लग जाते थे। इस प्रकार हँसते हँसते, खेलते खेलते, सर्वदा श्रीकृष्ण के सन्तोष को पुष्ट करते थे ॥२२॥

परमकौतुकी श्रीकृष्ण भी प्रतिध्वनि के प्रति गाली देने के लिये, एवं प्रतिबिम्ब के विषय में अनुकरण करने के लिये बालकों को प्रेरित करते हुए, प्रतिशापादि से अर्थात् प्रतिध्वनिरूप गाली आदि से आनन्द को प्राप्त करते थे ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एषा गतिर्माथिक-दृग्विमोहनी, ज्ञातात्मनां भक्तिमतां च दूरगा ।
यासादिता कृष्णमनुव्रजार्भकै,-रिति स्फुटं श्रीशुकदेव-निश्चितिः ॥२४॥

"तदेवं लीलामन्यामपि तितंसति कंसद्विषि दीव्यत्सु च सर्वकलाविद्वत्सु विसरज्जालेषु वत्सपालेषु बकी-बकयोरनुजः कश्चिदघनामा दनुजस्तद्वर्त्मनि वर्तते स्म, ज्योतिर्मण्डलेषु प्रचण्डकालजलद इव, यं खलु कंसः शशंस,—'अये ! मदीयमहासहाय ! विस्मयमपहाय श्रूयताम् । त्वमजगरभावेन सदा जागररहित एव शाश्यमानतानिष्ठं तिष्ठन्न जानासीति हि त्वं जागरयामासिषे ।' ॥२५॥

"अघ उवाच,—'जगदीश ! काममादिश्यताम् ।' ॥२६॥

"अथ देवकीविवाहगताह-नभःसभ्य-वाणीमारभ्य सर्वकथाशंसनपूर्वकं कंस उवाच,—'तदेवं प्रत्येकं नूतननूतनारब्धमिष-विषमयपूतनादिषु धूतफलप्रयासालिषु सर्वङ्कललीलतया भवानद्यानवद्यागतिः । इह च रावणस्य कुम्भेत्यर्धोक्तमशकुनभियाच्छाद्य पूर्वेषां पूर्वदेवानां वृत्र इवेत्यपि प्रत्याख्यायेदमाख्यत् । ध्रुवं ध्रुवस्येव तव चात्र भ्रात्रमित्र-निर्यातनमवश्यवश्य-तामर्हति ।' इति ॥२७॥

इन व्रज के बालकों ने श्रीकृष्ण के साथ जो बाल लीलायें की हैं, वे अज्ञानियों की बुद्धि को मोहित करनेवाली हैं, और आत्मज्ञानी तथा दास्य भक्तिनिष्ठजनों को भी दूर हैं, अर्थात् उनको भी नहीं मिल सकती हैं। यह श्रीशुकदेवजी का निर्णय उनके शब्दों से स्पष्ट ही ज्ञात होता है । देखलो भा० १०।१२।११-१२ "इत्थं सतां ब्रह्मसुखानुभूत्या" इत्यादि दो श्लोकों को ॥२४॥

इस प्रकार कंसद्वेषी श्रीकृष्ण दूसरी लीला को भी विस्तारित करना ही चाहते थे, एवं जिनका समूह विस्तार को प्राप्त हो रहा था, अथवा जिनकी क्रीड़ा का जाल बिछ रहा था, और जो सब कलाओं के ज्ञाता थे, ऐसे वे ग्वारिया भी क्रीड़ा कर रहे थे, इतने में ही उनकी सुखमयी क्रीड़ा को देखने में असमर्थ, पूतना और बकासुर का छोटा भाई ,कोई अघ नामवाला दैत्य उनके मार्ग में इस प्रकार अडंगा लगाकर बैठ गया, ज्योतिर्मण्डल (तारामण्डल) के ऊपर जैसे प्रचण्ड कालामेघ । जिसके प्रति कंस ने भी कहा कि, हे मेरे महासहायक ! तुम विस्मय त्यागकर सुनो । तुम अजगर रूप से सदा जागरण शून्य होकर, बारंबार सोते से ही रहते हो । इसके बीच में जो अनिष्ट हो गया उसको तुम नहीं जानते हो, इसीलिये मैंने तुमको जागरित किया है ॥२५॥

अघासुर बोला—हे जगदीश ! आप अपनी इच्छानुसार आदेश दीजिये ॥२६॥

तदनन्तर श्रीदेवकी के विवाह के दिन हुई देववाणी से लेकर, समस्त कथा कथनपूर्वक कंस बोला—अतएव इस प्रकार विषमय पूतना आदि मेरे सहायकों ने, नये नये कपट प्रारम्भ किये, किन्तु उन सबके सारे प्रयास फल, विफल हो गये हैं, परन्तु तुम्हारी सर्वग्रास कारिणी लीला के रहते हुए, आज तुम हमारे एकमात्र अनिन्दित उपाय स्वरूप हो । और यहाँ तो "रावण के छोटे भाई कुम्भ" इस आधे कहे हुए वाक्य को अशगुन के भय से छिपाकर, "पहले पहले असुरों के बीच में वृत्रासुर की तरह" इस बात को भी खण्डित करके बोला कि—तुम तो उत्तानपाद पुत्र ध्रुव की तरह दृढ़ संकल्पवाले हो, अतः तुम्हारे भैया बकासुर के परमशत्रु श्रीकृष्ण के बैर का बदला लेना, तुम्हारा अवश्य कर्तव्य है, यह कार्य तुम्हारे ही अधीन है, योग्य है, मुझे तो यही प्रतीत होता है ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवं भव्यप्रसव्यमप्युपलभ्य स्फुटमसभ्यतया शीघ्रमसौ बक-भ्रातृकः कृष्णभ्रातृकाणां तेषां पुरतः प्रचरन् प्रचुरतराङ्गमुरङ्गम-रूपमास्थाय स्थितः । किन्त्वथासौ तथासीद्-यथात्मपथाऽधिकृतप्रथाचलतया प्रथयामासे । नर्मणा नागधर्मतामुपदिशद्भिरमीभिरूचे च,—॥२८

'उद्यद्गरतया जाग्रद्वर्त्मन्यजगरः पुरः ।
समग्रं ग्रसिता तस्मादस्मान् यदि बकिष्यति ॥'२९॥

"तदेतदभिधाय श्रीकृष्ण-मुखकमलं निध्याय बाढं करताडनाल्लसन्तो हसन्तो महागिरि-गुहान्तर्वर्त्तद्वक्त्रान्तरं प्रविविशुर्ज्योतिर्वलयः पश्चिमाचलमिव; यतो मयूखवत् समग्रा वत्साश्च तद्वर्त्मायच्छन्ति स्म । यत्र निषिषित्सन्नपि श्रीवत्सलक्ष्मा नावसरमवाप, किन्तु भाविनिज-लीलानिश्चलतया विस्मयमाप, पश्चात्तापमापदप्यसौ येन हि तेषां वर्त्मप्यनुवर्तमानस्तत्र प्रविवेश नीहारकुज्झटिका-घटिततमश्चक्रवाले प्रचण्डमार्तण्डमण्डलमिव । यत्र मुरारि-प्रभावाऽचतुराः सुराः सुरारयश्च मुहुरारादारादपि हन्तहन्तकारं चक्रुः । यत्र च तेषामुभयेषां तत्तद्वर्णतः समानमाननकुल-युगलं तत्तद्वर्णतः क्रमाद्द्वयं विजयमुद्भावयामास ॥३०॥

इस प्रकार मङ्गल और सभ्यजनोचित आचार के प्रतिकूल कंस के वाक्य को जानकर भी असभ्य होने के कारण स्वीकार करके, यह निन्दनीय बकभ्राता स्पष्टरूप से, उन सभी कृष्ण के भ्रातारूप सखाओं के आगे विचरण करता हुआ, लम्बे चौड़े अङ्गवाले सर्परूप को धारण करके बैठ गया । किन्तु उसके बाद तो यह उस प्रकार से बैठ गया था कि, जैसे सर्प अपनी स्वाभाविकी रीति से अचलतापूर्वक बैठ जाता है । श्रीकृष्ण के मित्रों ने भी उसको वैसा ही ख्यापित कर दिया । पश्चात् परिहासपूर्वक उसकी अजगरता का उपदेश करते हुए इन कृष्ण मित्रों ने कहा कि—॥२८॥

अरे भैयाओ ! इस मार्ग में सामने ही एक अजगर सर्प, विष को उगलने के कारण जागता हुआ मालूम पड़ता है । यदि यह हम सबको ग्रस लेगा तो बकासुर की तरह मारा जायगा ॥२९॥

इस प्रकार कहकर, श्रीकृष्ण के मुखकमल को निहार कर, और अतिशय ताली दे देकर, खेलते खेलते, हँसते हँसते, बड़ी भारी पर्वत की गुफा के मध्यभाग के समान, उस अघासुर के मुख के भीतर वे सब मित्र प्रविष्ट हो गये । सूर्यदेव सायंकाल जिस प्रकार पश्चिमाचल में प्रवेश करते हैं, ठीक उसी प्रकार मित्रों ने भी अघासुर के मुख में प्रवेश किया । इसी कारण किरणों की तरह समस्त बछड़ों ने भी, उन्हीं के मार्ग का अनुसरण किया, अर्थात् सूर्य के पीछे पीछे किरणें भी जैसे अस्ताचल में प्रविष्ट हो जाती है, उसी प्रकार बछड़े भी ग्वारियाओं के पीछे पीछे अघासुर के मुख में धँस गये । जिस समय श्रीवत्सचिह्न-धारी श्रीकृष्ण निषेध करने की इच्छा से युक्त होकर भी, अवसर न प्राप्त कर सके । किन्तु वे आगे होने वाली अपनी लीला के विषय में स्थिर होने के कारण विस्मय को प्राप्त हो गये, एवं पश्चात् पश्चात्ताप को भी प्राप्त हो गये । जिस अनुताप के कारण प्रचण्ड मार्तण्ड (सूर्य) मण्डल जिस प्रकार नीहार कुज्झटिका से घटित अन्धकार मण्डल में प्रवेश करता है, उसी प्रकार उन गोपबालकों के मार्ग का अनुसरण करते हुए श्रीकृष्ण ने भी अघासुर के मुख में प्रवेश किया । जिस प्रवेश के विषय में जो श्रीकृष्ण के प्रभाव को जानने में निपुण नहीं हैं, वे सब देवता एवं दैत्यगण बारंबार दूर से एवं निकट से आपस में क्रमशः (दुःख सुख-प्रकाशक) हा हाकार करने लग गये । अर्थात् देवता दुःखी हुये, एवं दैत्य सुखी हुए हा हाकार कर रहे थे । और जिस प्रवेश में उन देवता एवं दैत्यों के, उस उस हा हा इन दोनों वर्णों के समान दोनों के मुखमण्डल,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"बक-चेष्टामनुतिष्ठतस्तस्य तु पापिष्ठस्य कण्ठे सोऽयमकुण्ठधामा कृष्णनामा व्रजनृपतपः-प्रतापमययोगमाया-सहायतया केशिप्रवेशि-स्व-भुजदिव्यभुजङ्गमवद्ववृधे । स तु जातश्वासरोधः परित्यक्तबोधश्च क्षणकतिपयमासीत् ॥३१॥

"तदूर्ध्वं पाटितमूर्धानं प्राणमपहाय पूतनाशमयितुः सङ्गतः पूतः पूतनाभ्रातुरात्मा नित्यनूतनां सङ्गतिमवाप्तुमस्य बहिरागमनं प्रतीक्षते स्म ॥३२॥

"स श्रीवत्सवत्सस्तु तमन्तर्हत्य वत्सवत्सपान् मूर्च्छितानमृतवृष्टिमयदृष्टिप्रचारेण सञ्चरितचेतनानाचरन्नमीभिः समं गमनवर्त्मना तस्मान्निर्जगाम स्वर्भानुमुखादमृतभानुरिव ॥३३

"ततश्च हिमाचलाद्गाङ्गप्रवाहाणामिव तेषां प्रवहे जाते तस्यात्मज्योतिरजितस्याङ्ग-सङ्गान्निःसज्जति तेजसि निमज्जदेव जगज्जनेन ददृशे चण्डज्योतिर्ज्योतिषि ज्योतिरिव । यत्र ब्रह्मपुरःसराः सुराः सुरवर्त्मनि पुरतः स्थिताः सुरतरुपुष्पस्तबकवृष्टिभिः स्तवकृतसंस्तवतौर्य-त्रिकादिप्रस्तावसृष्टिभिः स्तवनीयं व्रजराज-तनूजं पूजयामासुरुपजहसुरप्यघासुरम्—॥३४॥

मलिनता एवं उज्ज्वलता के कारण क्रम से भय एवं विजय की आशंका को प्रगट कर रहे थे । अर्थात् उस समय देवताओं के मुखपर मलिनता छा रही थी, उससे भय की आशङ्का प्रगट हो रही थी, एवं अघासुर के मित्र कंसादिकों के मुख पर हर्ष से प्रसन्नता छा रही थी, उससे विजय की आशंका प्रगट हो रही थी ॥३०॥

उस समय बकासुर की सी चेष्टा करनेवाले अत्यन्त पापी उस अघासुर के कण्ठ में, प्रतिबन्धरहित तेजवाले वे श्रीकृष्ण उस प्रकार बढ़ने लग गये, जैसे कि श्रीव्रजराज की तपस्या के प्रभाव से पूर्ण योगमाया की सहायता से, केशी नामक दैत्य के शरीर में अपनी भुजारूपी दिव्य सर्प बढ़ा था । यहाँ पर भावी कथा का भूतवत् निर्देश जानना । वह अघासुर तो श्वास रुक जाने के कारण, कुछ क्षणों तक ज्ञानरहित, अर्थात् चेतनारहित हो गया था ॥३१॥

उसके बाद मस्तक को फाड़ने वाले प्राणों को छोड़कर, पूतनानाशक श्रीकृष्ण के सङ्ग से पवित्र हुआ, पूतना के भैया अघासुर का आत्मा, नित्यनवीन संगति की प्राप्ति के लिये, इन श्रीकृष्ण की बाहर आने की प्रतीक्षा करता रहा ॥३२॥

श्रीवत्स का चिह्न है वक्षःस्थल में जिनके, ऐसे वे श्रीकृष्ण तो उस अघासुर को अन्दर ही मार कर, मूर्च्छित हुए बछड़ा एवं ग्वालबालों को अपनी अमृतवृष्टिमयी दृष्टि के प्रचार से, चेतनायुक्त बनाते हुए, उन्ही सबके साथ जिस मार्ग से धँसे थे, उसी मार्गस्वरूप अघासुर के मुख से, इस प्रकार निकल पड़े, राहु के मुख से जैसे चन्द्रमा ॥३३॥

तदनन्तर हिमालय से गङ्गाप्रवाहों की तरह, उन सबके बाहर निकल आने पर, उस अघासुर की आत्मज्योति, श्रीकृष्ण के अङ्गसमूह से निकलते हुए तेज में, जगत्वासी जनों ने इस प्रकार निमग्न होती हुई देखी, जैसे कि सूर्य के तेज में अग्निकण किंवा नक्षत्र । हे श्रीव्रजराज ! और देखो, जहाँ पर ब्रह्मादि देवों ने पहले से ही आकाश में स्थित होकर, स्तुतियों के द्वारा किये गये परिचय के सहित नाचना, गाना, बजाना आदि के प्रस्ताव की सृष्टि, एवं कल्पवृक्षों के पुष्पगुच्छों की वृष्टियों के द्वारा, पूजनीय तुम्हारे लाला की पूजा की, और अघासुर की हँसी भी की— ॥३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'मम स्पर्श-मात्राद्भवज्जातिमात्रं, विनश्यत्यकस्मात्तमस्तेजसो वा ।
इदं ज्ञातवानप्यघाख्यासुर ! त्वं, कथं मामयासीरितीवाह कृष्णः ॥३५॥

'अथवा—सर्वांस्त्वं खर्वकोटीः पशु-पशुप-शिशून् ग्रस्तवान्मां तथापि
ग्रस्तं निर्मातुमैषीरिति सुखदतया प्रापमन्तस्त्वदीयम् ।
सङ्कोचाद्गन्तुमिच्छन् बहिरथ भुजग ! प्राणवर्गस्तवाद्धा-
मन्निर्बद्धोऽपि मूर्धस्फुटनकृतितया धिग्गतः किं विदध्याम् ?' ॥३६॥ इत्येवम् ॥

"ततश्च तस्मात् कलितगणतया तरुनिचयादाचितकाचितदिव्यदोदिवितया चातिचपलं चलितस्य तस्य काचनातिदूरा भूरायतवनकलापविमलापसरोवरान्तरतया वराप्यवरतामाससाद । यामुपसद्य च सद्यः सुखविकसितमुखपङ्कजः पङ्कजलोचनः स्वं रोचनं वचनगोवरमाचचार ॥३७॥

"यथा—'भास्वन्महो योगविकासहृद्गत,-प्रभाम्बुजातं मधुसूदनप्रभम् ।
पश्यन्तु मित्राणि सुजीवनालयं, महन्मनस्तुल्यतरं सरोवरम् ॥३८॥
एषा वनाली सरसी तथा मिथो, गुणेन पुष्टा गुणितेन सर्वदा ।
आद्या रसेन द्वयपूरणी यतः, प्रसूनसौरभ्यशतेन पुष्यते ॥३९॥

हे अघासुर ! तेज के सम्बन्ध से अन्धकार जिस प्रकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मेरे स्पर्शमात्र से तेरी जातीमात्र अकस्मात् नष्ट हो जाती है, यह सब जानकर भी तू हमारे पास क्यों आया ? श्रीकृष्ण ने भी मानों इस प्रकार कहा— ॥३५॥

अथवा तूने असंख्य पशुओं को एवं सभी पशुपाल बालकों को निगल लिया था, इतने पर भी सन्तुष्ट न होकर तूने मुझको निगलने की इच्छा की । मैं भी इसी कारण सुखदान करने के उद्देश्य से तेरे अन्तःकरण में आ गया था । हे सर्प ! मेरे द्वारा रोका हुआ भी तेरा प्राणसमूह, संकोच के कारण बाहर जाने की इच्छा से युक्त हो, तेरे मत्थे को फोड़कर निकल गया । हाय ! तुझको धिक्कार है । इसमें मैं क्या करूँ ? ॥३६॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण सहचरगण के सहित, उस वृक्षसमूह से मनोहर छींकों में धरे हुए, दिव्य भात आदि अन्न को लेकर, अत्यन्त चञ्चलतापूर्वक चल दिये । चलते समय "लम्बे चौड़े वनसमूह एवं विमल जल से भरे हुए सरोवर हैं मध्य में जिसके" ऐसी कोई अनिर्वचनीय भूमि अति दूर पर मिली । वह विशाल होने पर भी थोड़ी सी मालूम पड़ती थी । जिस भूमि को प्राप्त होकर, कमलनयन श्रीकृष्ण का मुखकमल सुख से खिल उठा । फिर वे निजरुचिकारक विषय को वचनों द्वारा कहने लगे ॥३७॥

हे मित्रो ! देखो, इस सरोवर को । इसमें जितने भी कमल हैं, उनकी हृदयस्थित मनोहर प्रभा, सूर्य तेज के सम्बन्ध से विकास पा रही है, भ्रमरों के सहयोग से इसकी प्रभा और भी बढ़ गई है, सुन्दर निर्मल जल का यह आश्रय है, यह सरोवर महात्माओं के मन के समान परम पवित्र है । महात्माओं का हृदयकमल भी, तेजस्वी महोत्सव के द्वारा प्राप्त भक्तियोग से, सदैव विकसित रहता है । मधुसूदन भगवान् भी भ्रमरों की तरह उसकी प्रभा बढ़ाते रहते हैं ॥३८॥

यह वनश्रेणी तथा सरसी (सरोवर) आपस में समधिक गुण से सर्वदा परिपुष्ट हैं । उन दोनों में पहली जो वनश्रेणी है, वह रस से अर्थात् माधुर्य के द्वारा, नेत्र एवं नासिका इन दोनों की पूर्ति करने वाली है, कारण यह पुष्पों की सैकड़ों तरह की सुगन्ध से परिपुष्ट है । दूसरी जो सरसी अर्थात् सरोवर है, वह भी जल से किंवा माधुर्य आदि अनेक रसों से परिपुष्ट है ॥३९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्फुरति पुलिनमच्छं कोमलं वालुकाभिः, कुसुम-फल-वन-क्ष्माप्रावृतं सूक्ष्मदूर्वम् ।
यदिह मृगजनानां वृक्षलक्षालयाना,-मुपविमलजलान्तं भाति शय्यायमानम् ॥४०॥

(भा० १०।१३।६)—

'अत्र भोक्तव्यमस्माभिर्दिवा रूढं क्षुधार्दिताः । वत्साः समीपेऽपः पीत्वा चरन्तु शनकैस्तृणम्॥'४१

"अथ समंभूमिस्थितं संयुज्य भोजनजननार्थं रचितमज्जनेषु कृतमिथःसज्जनेषु तेषु सुहृज्जनेषु प्रथमतस्तावदेवं जातम् ॥४२॥

"कृष्णं मध्ये लब्धवन्तः सखायः, सर्वं तत्तद्विस्मरन्तः स्व-दुःखम् ।
तत्कान्तीनां सन्ततं पातुकामा,-स्तस्थुर्यद्वत् पूर्णचन्द्रं चकोराः ॥४३॥

"ततश्च तत्पालनतृष्णेन कृष्णेन यत्नेन योजितभोजनेषु सवयोजनेषु काचिदन्या शोभा धन्यां तां वन्यां शोभयामास ॥४४॥

यथा—अन्तरान्तरमिलद्वलयानां, वल्गु बाल्यवयसामधिमध्यम् ।
सर्वतोऽभिमुखतां हरिरागा,-ल्लीलया भ्रमदपूर्वनटाभः ॥४५॥
बिभ्रद्वेणुं जठरपटयोः शृङ्ग-वेत्रे च कक्षे
वामे पाणौ मसृणकवलं व्यञ्जनान्यङ्गुलीषु ।

और देखो ! यह निर्मल पुलिन कितनी शोभा पा रहा है । बालुकासमूह द्वारा कितना कोमल हो रहा है । पुष्प, फल एवं जलसंयुक्त भूमि द्वारा यह पुलिन आवृत है । सूक्ष्म सूक्ष्म कोमल दूब घास से यह हरा भरा है । लाखों वृक्षरूप घरों के पास निर्मल जल मानों सीमा की तरह विद्यमान है, एवं वह स्थान पशुगणों के लिये मानों शय्यारूप से सुशोभित है ॥४०॥

इसलिये हम सबको यहीं भोजन करना चाहिये, क्योंकि दिन बहुत चढ़ गया है, हम सभी भूख से पीड़ित हैं । वत्सगण निकट में ही जल पीकर धीरे धीरे तृण चरते रहें ॥४१॥

तदनन्तर समान भूमि पर सम्पूर्ण खाद्य सामग्री को धर कर, भोजन करने के लिये स्नान करके आपस में उन सभी मित्रों के शृङ्गार कर लेने पर, प्रथम यह घटना घटी ॥४२॥

यथा—वे सब सखा श्रीकृष्ण को मध्य में प्राप्तकर, उन उन अपने समस्त दुःखों को भूल गये । पश्चात् चकोरगण जिस प्रकार पूर्ण चन्द्रमा की सुधा पीने की इच्छा करते हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण की कान्तियों को निरन्तर पीने की इच्छा वाले, वे सब सखा श्रीकृष्ण के चारों ओर बैठ गये ॥४३॥

उसके बाद उन मित्रों का पालन करने की तृष्णा से युक्त श्रीकृष्ण ने प्रयत्नपूर्वक समान अवस्थावाले सभी मित्रों के प्रति जब भोजन बाँट दिया, तब किसी अनिर्वचनीय शोभा ने श्रीकृष्ण की मित्रों सहित भोजनलीला के कारण, परमधन्य उस वनसमूह को सुशोभित कर दिया ॥४४॥

यथा—मनोहर बाल्यावस्था वाले मित्रों का मण्डल, बीच बीच में कंकण की तरह मिला हुआ गोलाकार था, उनके मध्य में विराजमान श्रीकृष्ण अपूर्व नट की तरह, अनायास भ्रमण करते हुए, सभी सखाओं के सम्मुख हो जाते थे ॥४५॥

तदनन्तर बालकृष्ण ने उदर में बँधे हुए वस्त्र की फेंट में वंशी को धारणकर, बाईं बगल में शृङ्ग एवं बेंत धारणकर, बायें हाथ में माखनमिश्रित दधिओदन का चिक्कण कौर धारण कर, अंगुलियों की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तिष्ठन्मध्ये प्रियसवयसां हासयन् हासितस्तै-
र्दिव्ये लोके कलयति मुदा भुक्तवान् बालकृष्णः ॥४६॥

"तदेवं परमोत्सवरतेषु तेषु वत्साः कच्छदेशादनच्छं तार्णप्रदेशं प्रविश्य प्रच्छन्ना बभूवुः। प्रच्छन्नेषु च तेषु विच्छिन्नभोजनरतौ मित्रततीः स्वस्थयन् तदवस्थ एव स्वयं नीरन्ध्र-वनावनीध्र-मध्यमध्यासितानवीध्रदुर्गमार्गान् विवित्य कृतकृत्यतारहित्यं प्रतीत्य च निवृत्य तत्र च मित्रवर्गानपरिवित्य वैवित्त्यवशादुभयानपि सभयान् मत्वा विविकित्सन् विविकाय, काय-क्लेशतः केशवः सोऽयं किन्तया चिन्तयामास च,—॥४७॥

'अहो मातृणां यच्छिशुकुलमसुभ्योऽपि दयितं
स्थितं वत्सत्वेन प्रसजति तथा वत्सपतया।
तदेतन्मत्प्राणप्रतिकृति-शरीरं क्व नु गतं
यदर्थं दुष्टाहेर्जठरमविशं हा विषमयम् ॥'४८॥

"तदेतदगुण-गुणगणनिधानस्य तस्य निरवधानमपि न चित्रमध्यस्यति। एष हि प्रेममयलीलावेश-वश्यतामापन्नः कदाचिदवश्यं पश्यन्नप्यपश्यन्निव भवति। तदा हि सद्य एवेदं प्रत्यपद्यत। आम् ब्रह्मणः खल्विदं कर्म। मम पुनरेतावन्तं कालं संजङ्घन्यमानसखि-

---

सन्धियों में अनेक व्यञ्जन किंवा अनेक प्रकार के अचार धारण कर, समान अवस्था वाले प्रिय सखाओं के बीच में बैठकर, सखाओं के द्वारा हँसाये जाने पर उनको हँसाते हुए, हर्षपूर्वक भोजन किया। इस प्रकार की लीला को स्वर्गवासीजन विस्मयपूर्वक देख रहे थे, तभी मानों भोजन लीला प्रारम्भ हुई ॥४६॥

इस प्रकार उन ग्वालबालों के भोजन लीलारूप महोत्सव में आसक्त हो जाने पर, सभी बछड़ा उस सरोवर के तीर से मलिन तृणसमूहयुक्त स्थान में प्रविष्ट होकर छिप गये। बछड़ाओं के छिप जाने के बाद भोजन के आनन्द से विच्छिन्न मित्रमण्डली को स्वस्थ बनाकर, स्वयं कवल, वेत्र, विषाण आदि धारण किये हुए, उसी अवस्था से निविड़ (घने) वन एवं पर्वतों के मध्य में विद्यमान मलिन दुर्गम मार्गों को ढूँढ़ कर, कृतकृत्यता की रहितता को जानकर, पुनः उसी भोजन के स्थान पर लौटकर, वहाँ पर मित्रसमूह को भी न देखकर, चित्त की व्याकुलता के कारण दोनों को ही भय से युक्त मानकर, संशय करते हुए श्रीकृष्ण उन सबको ढूँढ़ने लग गये, और वे कायक्लेश से "हाय ! यह क्या हुआ ?" इस प्रकार चिन्ता करने लग गये ॥४७॥

अहह ! जो शिशुकुल माताओं को प्राणों से भी प्रियतम है, तथा जो वत्स एवं वत्सपाल के रूप में स्थिति को धारण किये हुए है, इस शिशुकुल का शरीर मेरे प्राणों के समान है। हाय ! मैं जिसके लिये दुष्ट अघासुर के विषमय उदर में प्रविष्ट हुआ था, वह वत्स एवं वत्सपरूप शिशुकुल कहाँ चला गया ? ॥४८॥

अब "सबकी माया को दूर करने वाले, माया के अधिपति स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण यदि ब्रह्माजी की माया से मोहित हो जायेंगे, तो महान् विरोध आ जायगा" इस शंका का समाधान करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि—

देखो ! प्रधान प्रधान महान् गुणगणों के निधान, उन श्रीकृष्ण की पूर्वोक्तरूप असावधानता भी आश्चर्यजनक नहीं है। क्योंकि ये श्रीकृष्ण प्रेममयी लीला के आवेश के वशीभूत होकर, कभी कभी कर्तव्य

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सङ्ग-प्रणयासङ्गवशाल्लङ्घितज्ञानतया न तदनुसन्धानं जातम्; न च तेन विरोधितयेदमाचरितम् । किन्तु मयि प्रेमस्थेमसंहितस्य तस्य व्रजहितस्य सम्प्रति मद्वैभवं प्रति विशेषवीक्षाप्रतीक्षा जातेत्येवमेवाचरितम् । यत एव खलु माया-वैभवतस्तदनन्यस्थानस्थितस्मन्यमेवान्यत्र वन्यभूमावाकृष्य पुनस्तत्रैव पुलिने प्रतिकृष्य तत्तद्वृन्दमनेनागोपायि । ततो न विरोधिबुद्धिरसौ । विरोधिषु मद्बुद्धिवीर्ययोर्निद्रागमेऽपि जागरुकताकलिता । ततो वयं भक्ते तस्मिन्नर्मकर्मठतामेव घटयिष्यामः तत्र च प्रायः श्रीमत्पितृचरणाभिप्रायमयतया या मम योगमाया साहायकमायाति, यदि तामेव सम्प्रति चावलम्बेय, तदा स्वयमेव तत्तद्रूपतां लभेय, नान्यद्धि मद्धितानां तेषां साम्यं भजेदिति । येन च शतानन्दस्य व्रजानन्दस्य च मन्दताऽमन्दतां विन्देत, तदेवं चिन्तयन्नेव सह सुहृल्लोकशोकं चिन्तयामास,—'हन्त ! हन्त ! कथं तान् मां विना तान्तान् विना समयं गमयिष्यामि ?' इति ॥४९॥

"ततश्च, यस्य यस्य च शुचा गुणरूपं, चिन्तयन्नभजत स्वतयाऽथ ।
तस्य सुष्ठु धुतभेदतयाऽसौ, जज्ञिवान् प्रयतनं व्यतिरिच्य ॥५०॥

विषय को निश्चितरूप से देखते हुए, समझते हुए भी, न देखने वाले की तरह, अनसमझ से हो जाते हैं (भगवद्रसिक ने भी कहा है कि—देखत भूली करै परै भूलन में नाहीं) । इसी कारण से वे उस समय शीघ्र ही इस प्रकार जान गये कि, हाँ, मुझे स्मरण आ गया । यह निश्चितरूप से ब्रह्मा का ही काम है । और मुझको इतने समय तक अतिशय मिलनसारु मित्रों के मण्डल में प्रेममयी आसक्ति के कारण, बोध का उल्लंघन हो जाने से, उन सब वत्स वत्सपालों का अनुसन्धान नहीं हुआ । और ब्रह्माजी ने भी विरोधी की तरह यह सब कार्य नहीं किया है, किन्तु मुझमें प्रेम की स्थिरता से युक्त, एवं व्रज के हितैषी उन ब्रह्माजी की इस समय मेरे वैभव को विशेष देखने की प्रतीक्षा (पूज्यता) उत्पन्न हो गई थी, इसीलिये ऐसा कार्य किया है । मैं निश्चितरूप से ऐसी माया के वैभव में नहीं फँसता, जिससे कि अपने को अन्य स्थान स्थित मानने लग जाऊँ, इसीलिये मुझको इस वनभूमि से दूसरी वनभूमि में खेंचकर, पुनः उसी पुलिन में खेंचकर, ब्रह्माजी ने वत्सवृन्द एवं वत्सपालवृन्द को गुप्त कर दिया है । अतः ब्रह्माजी की बुद्धि विरुद्ध नहीं है । कारण ब्रह्माजी ने मेरे इस रहस्य को भी भली प्रकार जान लिया है कि, निद्रा आने पर भी विरोधियों के प्रति, मेरी बुद्धि एवं पराक्रम की जागरूकता बनी रहती है, अर्थात् मेरे सो जाने पर भी, मेरे बुद्धि बल जागते ही रहते हैं । अतः हम उस भक्तराज पर बालकपन की चतुरता को ही संघटित करेंगे । उस कार्य में मेरे पूज्य पिताजी का अभिप्राय जिसमें है, ऐसी जो मेरी योगमाया, वह भी सहायक बनके आ रही है । यदि इस समय मैं उसी योगमाया का आश्रय कर लूँ, तब तो स्वयं ही वत्स एवं वत्सपालों के समान रूपों को प्राप्त कर सकता हूँ । यह बात भी निश्चित है कि मेरे हितैषी उन वत्स एवं वत्सपालों की समानता को अन्य कोई वस्तु नहीं पा सकती ।

और ऐसा करने से ब्रह्मा एवं व्रजवासियों के आनन्द की जो अल्पता है, वह अधिकता को प्राप्त हो जायगी । इस प्रकार विचारते हुए भी, श्रीकृष्ण साथ साथ में मित्रजनों के शोक की भी चिन्ता करने लग गये । हाय ! हाय ! मेरे बिना महान् दुःखित, उन मित्रों के बिना, मैं समय को कैसे बिताऊँगा ? ॥४९॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण स्वकीयभाव से शोकाकुल होकर, चिन्ता करते करते (कीटभृङ्ग न्याय से), जिस जिस सखा और वत्स के गुण एवं रूप को प्राप्त हो गये, उस उस व्यक्ति के साथ भेदरहित होने के कारण, प्रयत्न के बिना ही अच्छी प्रकार उसी उसी रूप के बन गये ॥५०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इति तथानुसन्धाय स्वतस्तत्तद्बाल-वत्सादि-रूपाणि सन्धाय सर्वसमाधाननिर्बन्धाय दिनान्तरवदेव व्रजागमनदेवनेन गेहं गेहं प्रवेशमासीनस्तां सन्ध्याभबन्ध्यां चकार ॥५१॥

"तन्मातरस्तु दिनान्तरादप्यन्तरङ्गतरमानन्दं विन्दन्ति स्म ॥५२॥

"तथाहि—सुते गोपेश्वर्या निज-निज-सुतप्रत्ययमुदा
तथा तन्मित्रत्वस्फुरणसुख-लक्ष्म्या द्विगुणितम् ।
पुरावद्वात्सल्यं व्रजपुर-पुरन्ध्रीर्विदधती-
स्तदीया संसिद्धिर्यदधिनुत तद्भाति तदिव ॥५३॥

यद्यप्येकस्वरूपा व्रज-नृपतिसुतस्यापरे बालवत्सा
जातास्तर्ह्यप्यमी तत्प्रतिमपदमधुस्तत्र नेत्येव युक्तम् ।
तद्रूपं तद्गुणालिस्तदमितविहृतिश्चाश्रयः खल्वमीषां
तस्यापि स्वस्य चित्रस्थितिकृदिति यतस्तत्र तत्राभ्यधायि ॥५४॥

"तदेवं हानप्रायस्य तस्य हायनस्य पूरणाय पञ्चषाण्यहानि यदा हीनानि, तदा तु कृष्णविषयक-स्नेहजातीयस्नेहमनु स्वपरतत्परतायास्तेषु बालादिषु सम्यगवगम्यमानतया रामोऽपि विस्मित्य तेन सह प्रश्नोत्तरे विनिमित्य विनिश्चित्य च स्थितवान्, किन्तु तेषां

इस प्रकार अनुसन्धान करके, स्वतः उन उन बालक एवं वत्सादिकों के रूपों को धारण कर, समस्त समाधान करने के आग्रह के लिये, अन्य दिनों की तरह, व्रजागमन लीला के द्वारा प्रत्येक घर में प्रवेश करते हुए, श्रीकृष्ण ने उस दिन की सन्ध्या को सार्थक कर दिया ॥५१॥

उन वत्स एवं वत्सपालों की माताओं ने तो, अन्य दिनों से भी अधिक आन्तरिक आनन्द को प्राप्त किया ॥५२॥

श्रीयशोदा के लाला में अपने अपने पुत्र की प्रतीतिमय हर्ष से, तथा ये हमारे पुत्र "श्रीकृष्ण के मित्र हैं" इस प्रकार की स्फूर्तिरूप सुख सम्पत्ति से, व्रज की गोपियों का पहले की तरह का वात्सल्यभाव, दुगुना हो गया था। उन गोपियों के वात्सल्य सम्बन्धी अतिशय प्रेम ने उनको परितृप्त कर दिया। उनका वात्सल्यभाव भी (रामरावणयोर्युद्धं रामरावणयोरिव) की तरह, उन्हीं के वात्सल्यभाव के समान शोभित था। यहाँ अनन्वयालंकार है ॥५३॥

यद्यपि इस समय अन्य बालक एवं वत्सगण सभी श्रीव्रजराजकुमार की एकता को प्राप्त होकर, एक स्वरूप हो रहे हैं, तो भी वे सब श्रीकृष्ण के समान रूप नहीं धारण कर सकते, यही सिद्धान्त युक्त है। कारण श्रीमद्भागवत एवं श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु आदि ग्रन्थों में कहा है कि—श्रीकृष्ण का रूप, एवं उनके गुणगण, तथा उनके अमित विहार, निश्चय ही इन वत्स एवं वत्सपालगणों के आश्रयस्वरूप हैं, और श्रीकृष्ण के ये पूर्वोक्त गुण स्वयं उनके लिये भी आश्चर्यान्वित कर देते हैं ॥५४॥

इस प्रकार लीला करते कराते एक वर्ष जब समाप्तप्राय हो गया, एवं उस वर्ष की पूर्ति के लिये पाँच छः दिन ही जब कम रह गये, तब कृष्णविषयक स्नेह जैसे स्नेह को लक्ष्य करके, एवं यह स्नेह इन सब बालकों में विराजमान है, ये अपने पराये को अच्छी प्रकार जानते हैं, इस बात को अच्छी प्रकार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सखीनामखिलानां विप्रलम्भलम्भितकष्टेन निजानुजे रुष्टतया पञ्चषाण्यहानि तेन सह वनं नाजिघाय । ब्रह्मा तु तत्र गुप्तमागतः श्रीकृष्णेन तर्क्यते स्म ॥५५॥

"यथा—यस्मादेति परैति पश्यति पुरः पश्चात्तथा पार्श्वतः
स्वात्मानं परितः स्तृणोत्यनुपदं संभ्राम्यति भ्राम्यति ।
लोप्त्रा लोप्त्रसवत्सवत्सप-गणं सन्दिग्धमालोकते
तस्मान्मे प्रतिभात्यसावनुदिशं वक्त्रं दधत् स्तेनकः ॥५६॥

"अथ ब्रह्मा तेषामर्वाचीनानां प्राचीनानां च बालादीनां रूपादिभिः परस्परमभेदमाकल्य चेतसाश्चर्यमाचर्य चार्वाक् परिविन्दन् सर्वतोऽप्यदृष्टमहिष्ठताभूयिष्ठान् दृष्टवान् ॥५७॥

"ब्रह्माणं पश्यति श्रीदामादि-मित्रे तु स्वमित्राणामेवानयनेच्छा जातेति यदृच्छया तदन्वेषणावस्था प्रादुर्भूता साम्प्रतिकाश्चान्तर्भताः ॥५८॥

"तदेवं नाना-वैभवमनुभवतः कमलभवस्य त्रपतयानुतपतया च या रचितावाचीनता, सा स्वयं प्रणामाय परिणमति स्म ॥५९॥

समझकर, श्रीबलरामजी भी विस्मित होकर, पश्चात् श्रीकृष्ण के साथ प्रश्न एवं उत्तरों का आदान प्रदान करके, ब्रह्ममोहन लीला का निश्चय करके चुप रह गये । किन्तु उन समस्त सखाओं के वियोगजनित कष्ट के कारण, अपने छोटे भाई पर रुष्ट होकर, पाँच छः दिन तक उसके साथ वन में नहीं गये । ब्रह्माजी भी वहाँ पर वन में गुप्त रूप से आ गये । इस बात का अनुमान श्रीकृष्ण ने लगा लिया—॥५५॥

यथा—यह ब्रह्मा चोर है, इसीलिये चारों ओर मुख धारण किये हुए है । मैंने इसको निश्चित रूप से ब्रह्मा जान लिया है । क्योंकि यह आता है, पुनः चला जाता है । आगे, पीछे एवं दोनों बगल से चंचल होकर देख रहा है, अपने को चारों ओर से छिपा रहा है, प्रतिक्षण भयभीत हो जाता है एवं चक्कर लगाता है, लोभी होकर चोरी के द्वारा उपार्जित धन की तरह वत्स एवं वत्सपालगण को सन्देहपूर्वक देख रहा है । "बस, यही चोर के चिह्न होते हैं" ॥५६॥

तदनन्तर ब्रह्मा ने उन कृष्णरूप नवीन बाल वत्सादिकों के, एवं प्राचीन (पहले) बाल वत्सादिकों के परस्पर के अभेद को रूपादि चिह्नों से अच्छी प्रकार जानकर, अपने मन से आश्चर्यान्वित होकर, पुनः नवीन कृष्णरूप बाल वत्सों के पास पहुँचकर, उन सबको कहीं भी न देखी गई महत्ता से विशिष्ट देखा ॥५७॥

श्रीदामा आदि हैं मित्र जिनके, ऐसे श्रीकृष्ण जब ब्रह्मा को देख रहे थे, तभी उनके मन में अपने वास्तविक मित्रों के लाने की इच्छा हो गई । इसी कारण स्वतन्त्र हरि की स्वतन्त्रता से उनके ढूँढ़नेवाली पहले दिन की सी (कवल, वेत्र, विषाण, वेणु विशिष्ट) अवस्था प्रगट हो गई, और श्रीकृष्ण की स्वरूप शक्ति के विलासरूप आधुनिक, अर्थात् नवीन बाल वत्स आदि अन्तर्धान हो गये ॥५८॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण के अनेक वैभवों को अनुभव करते हुए ब्रह्मा का लज्जा एवं अनुताप के कारण मुख नीचा हो गया । बस, वह मुख की अधोमुखता (नीचापन) ही प्रणाम के लिये परिणत हो गई ॥५९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—एकमेकमधःकृत्वा मुखं तत्र चतुर्मुखः ।
नमन्नन्यमुखस्योर्ध्वीभावात् पूर्तिं जगाम न ॥६०॥
यद्यपि न नमन्मुमुदे, विधिरेकास्यानवाग्भावात् ।
तदपि हरेर्मुखचन्द्रा,-लोकाऽलोपान्मुदं लेभे ॥६१॥

"अथापकृष्टम्मन्यः सन्ननन्यगतितया सुमेधा वेधाः स्तबकेनेव स्तवकेनेष्टवांश्च कृष्णम् । यत्र च चतुर्भिर्वक्त्रैरानुवान इव नुवन्नसौ सर्वमहानपि यत्किञ्चिद्गोकुलानुगतानुगतिमेव प्रति-निजानुमतिमाततान ॥६२॥

"यथा चाह स्म (भा० १०।१४।३४)—
'तद्भूरिभाग्यमिह जन्म किमप्यटव्यां, यद्गोकुलेऽपि कतमांघ्रिरजोऽभिषेकम् ।
यज्जीवितं तु निखिलं भगवान् मुकुन्द,-स्त्वद्यापि यत्पदरजः श्रुतिमृग्यमेव ॥ इति ॥६३॥

"तदेवं व्रजमहिमहिमकर-कर-निकरजडीभूता वयं नोपपत्तिप्रत्यासत्तिं लभामह इत्यल-मतिविस्तरेण ।" ॥६४॥

अथ स्निग्धकण्ठ उवाच,—"श्रीमद्व्रजयुवराजेन तत्र किमुक्तम् ?" मधुकण्ठः सस्मित-मुवाच,—"न किमपि, किन्तु तत्र स्तुतिसमये तावत्—॥६५॥

उस प्रणाम के समय चतुर्मुख अपने एक एक मुख को नीचा करके प्रणाम करते हुए, दूसरे मुख के ऊपर हो जाने के कारण प्रणाम की पूर्ति को न प्राप्त कर सके ॥६०॥

यद्यपि एक मुख ऊपर रह जाने के कारण, नमस्कार करते हुए भी, ब्रह्माजी हर्षित नहीं हुए, तथापि ऊपर किये हुए मुख से, श्रीहरि के मुखचन्द्र के दर्शन का विच्छेद न होने के कारण हर्ष को प्राप्त हो गये ॥६१॥

तदनन्तर धारणावती बुद्धिवाले ब्रह्माजी ने अपने को निकृष्ट मानकर, अनन्य गति होने के कारण, पुष्पों के गुच्छे की तरह स्तोत्र से श्रीकृष्ण की पूजा की। और जिस पूजा में स्तुति करनेवाले की तरह, सबसे बड़े होकर भी, चारों मुखों से स्तुति करते हुए ब्रह्माजी ने, यत्किंचिद् व्रजवासीजनों की अनुगति के प्रति ही, अपनी अनुमति विस्तारित कर दी ॥६२॥

इस विषय में ब्रह्माजी ने श्रीमद्भागवत का वचन कहा, यथा—इस श्रीवृन्दावन की भूमि में या गोकुल में भी, यदि किसी लता पता आदि छोटी जाति में भी मेरा जन्म हो जाय तो, बड़े भाग्य की बात है। क्योंकि जिस तृणादि जाति में श्रीकृष्ण के प्यारे व्रजवासियों की चरणरज का अभिषेक प्राप्त हो जाता है। व्रजवासियों की महिमा इसी से अधिक है कि, देखो ! जिनके श्रीचरणों की रज आज भी, श्रुतियों के द्वारा ढूँढने योग्य है, वे ही श्रीमुकुन्द भगवान् जिन व्रजवासियों के समस्त जीवनस्वरूप हैं ॥६३॥

मधुकण्ठ कहता है कि—इस प्रकार व्रज की महिमारूप चन्द्रमा के किरण समूह से, जड़ीभूत (जड़प्राय) हुए हम, युक्तियों की समीपता को नहीं प्राप्त करते, अर्थात् अनुभव सिद्ध व्रज की महिमा को युक्तियों द्वारा नहीं समझाना चाहते। अतएव विशेष विस्तार से कोई प्रयोजन नहीं है ॥६४॥

पश्चात् स्निग्धकण्ठ बोला—भैयाजी ! वहाँ पर श्रीमान् व्रजयुवराज ने क्या कहा ? मधुकण्ठ मुस्क्याकर बोला—कुछ नहीं। किन्तु वहाँ पर स्तुति के समय—॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'गोविन्दः स्मितमतनोत् स्तुवानमेनं, दृष्ट्वा यत् किमपि ददर्श तत्र चित्रम् ।
एकस्मिन् वदति चतुर्मुखे हि तस्मिं,-श्चत्वारो दधति रुतीरिति भ्रमः स्यात् ॥६६॥

"स्तुत्युत्तरकालतस्तु,—

वयं गोपाश्चार्थवन्तो ब्रह्मा च त्वमनर्थवान् ।
ब्रूमस्त्वां किमितीवायमवदन् स्मितमातनोत् ॥"६७॥

"स्निग्धकण्ठ उवाच,—"परिसेधत्यपि वेधसि किं किञ्चिदप्युक्तम् ?"६८॥

मधुकण्ठ उवाच,—"स्तव-पर्यवसाने खलु निजरूपरूपतया सर्वपर्याप्तिमद्भिरपि पश्चादाविर्भूतवद्भिर्बालादिभिः परितोषपोषममन्यमानः स धन्यः स्वजनप्रेमजितः श्रीमान-जितस्तान् व्रजबालादीनेवानेतुं यदा वाञ्छामानश्च, तदाञ्जलिबन्धव्यञ्जितां संज्ञामनु समनुज्ञां याचमानं विरिञ्चिं खल्वेवं लम्भिततदुपालम्भनर्मस्मितमनुज्ञापयामास,—'यदि तत्रभवतामाज्ञा विज्ञायते, तदा तान् पूर्वमेवानुसंहितान् संनिहितानानयामि' इति ॥६९॥

"ततश्च विरिञ्चिः किञ्चिन्नम्रनिटिलताघटितमुनिव्रतसुनिरूपितनिज-दुर्नीतितयानुज्ञायाः कर्मकर्तृत्वं व्यक्तीकुर्वन् भक्तिभरासक्तिपृक्तीकृतपुलकसंकुलतया स्वापराधमयबाधाव्याकुलतया च त्रिः परिक्रम्य बहुशः प्रणम्य च निजहर्म्यमेव जगाम ॥७०॥

स्तुति करते हुए ब्रह्मा को देखकर श्रीकृष्ण मुस्क्याने लग गये, क्योंकि वहाँ पर उन्होंने कोई एक आश्चर्य देखा कि, जब वे अकेले ब्रह्माजी ही स्पष्टरूपेण स्तुति को बोल रहे थे, तब मानों चार जन बोल रहे है, ऐसा भ्रम होता था ॥६६॥

स्तुति के अनन्तर तो "हम गोप हैं, तो भी तात्पर्य जानते हैं। तुम ब्रह्मा होकर भी श्रीकृष्ण के अभिप्राय को नहीं जानते, अथवा हम गोप होकर भी धनी हैं, तुम ब्रह्मा होकर भी निर्धन हो, अतः हम तुमको क्या कहें ?" इन बातों को न कहते हुए, श्रीकृष्ण मन्दमुस्क्यान करने लग गये ॥६७॥

स्निग्धकण्ठ बोला—ब्रह्माजी के चलते समय भी श्रीकृष्ण ने कुछ कहा क्या ? ॥६८॥

मधुकण्ठ बोला—स्तुति की समाप्ति हो जाने पर तो निश्चय ही निज अनुरूप रूप धारण करने के कारण, सब प्रकार की यथेष्टता से युक्त होने पर भी, पीछे प्रकट किये हुए बाल वत्स आदिकों से पूर्ण सन्तोष को न मानते हुए, अतएव धन्यवाद के योग्य, निजजनों के प्रेम के वशीभूत, श्रीमान् अजेय श्रीकृष्ण ने, उन्हीं पहले व्रज के बाल वत्स आदिकों को लाने की जब इच्छा की, तब ब्रह्माजी ने हाथ जोड़कर अधीनतापूर्वक श्रीकृष्ण से अनुमति माँगी। ब्रह्माजी की इस प्रकार की स्तुति से श्रीकृष्ण ने कौतुक सहित मृदु हास्य करते हुए उनको अनुज्ञापन किया कि—आप विशिष्ट सम्मान के पात्र हैं। अतः यदि आपकी आज्ञा जान ली जाय तो, जिनका अनुसन्धान मैंने पहले ही कर लिया है, उन पहले बाल वत्स आदिकों को अपने पास ले आऊँ ॥६९॥

तदनन्तर ब्रह्माजी किंचित् नीचा मस्तक करने से हुआ जो मौन, उस स्वीकृति रूप मौन व्रत से, अपनी दुर्नीति को भली प्रकार निर्धारित करते हुए, एवं अनुज्ञा के सम्बन्ध में कर्मकर्तृत्व को व्यक्त करते हुए (अत्यन्त सरलता पूर्वक हो जाने के कारण जो किया जानेवाला कर्म, यदि स्वतः सिद्ध होता दिखाई दे, तब वह कर्मकर्ता कहलाता है। अतः ब्रह्माजी इसी भाव को प्रकाशित करते हैं कि, हे प्रभो ! आपकी आज्ञा स्वतः सिद्ध है, अतः मैं उसको देकर कर्म नहीं बनाना चाहता। इसी का नाम कर्म को कर्तृत्व व्यक्त करना

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीकृष्णश्च मनसि तस्यापराधं मनागप्यनागमयन्नागमयमानः प्राग्दिष्टसदिष्टदेश-वेश-क्रियानतिक्रमिक्रमतयावस्थितांस्तान् वत्सांस्तत्सदृगवस्थैर्वत्सपालैर्मेलयामास ॥७१॥

"तथैव हि तेषां कालदेशविपर्ययाऽपर्यालोचनाय द्रुहिणदेवेन स्नेहदेहन्यनवद्यविद्येय-मुद्भाविता ॥७२॥

"एतदेवोक्तम्, (भा० १०।१४।४२)—

'ततोऽनुज्ञाप्य भगवान् स्वभुवं प्रागवस्थितान् ।
वत्सान् पुलिनमानिन्ये यथापूर्वसखं स्वकम् ॥' इति ॥७३॥

"अथ ते (भा० १०।१४।४५)—

'ऊचुश्च सुहृदः कृष्णं स्वागतं तेऽतिरंहसा ।
नैकोऽप्यभोजि कवल एहीतः साधु भुज्यताम् ॥' इति ॥७४॥

(भा० १०।१४।४६)—

'ततो हसन् हृषीकेशोऽभ्यवहृत्य सहार्भकैः । दर्शयंश्चर्माजगरं न्यवर्तत वनाद् व्रजम् ॥'७५॥

"चर्म चेदमेतावन्तं समयं यथावदेव योगमाययान्तर्धापितमिति गम्यम् ॥७६॥

है), और अतिशय भक्ति में आसक्ति के सम्मेलन से, उत्पन्न हुई पुलकावली से व्याप्त होने के कारण, एवं निज अपराधमयी बाधा की व्याकुलता से, तीन परिक्रमा करके, तथा अनेक वार प्रणाम करके अपने घर को ही चले गये ॥७०॥

श्रीकृष्णचन्द्र ने भी अपने मन में ब्रह्माजी के अपराध को किंचिद् भी न लाते हुए विलम्ब के कारण उनको अपने भवन की ओर भेजकर, पहले कहे गये काल, देश, वेश, भूषा आदि का अतिक्रमण न करके, पहली अवस्था में स्थित उन चरते हुए वत्सों को, उनकी समान अवस्थावाले वत्सपालों से मिला दिया ॥७१॥

और उसी प्रकार देश काल की विपरीतता की विवेचना न करने के लिये, ब्रह्माजी ने यह स्नेह बढ़ानेवाली अनिन्दित विद्या प्रगट की थी ॥७२॥

यही बात श्रीमद्भागवत में भी कही है कि—भगवान् श्रीकृष्ण ब्रह्माजी को ब्रह्मभवन जाने की अनुमति देकर, पश्चात् पहले की भाँति जिस पुलिन पर अपने सखा बैठे हैं, उसी पुलिन पर, पूर्वस्थित चरते हुए बछड़ाओं को ले आये ॥७३॥

तदनन्तर उन मित्रों ने भी मित्रवर्य श्रीकृष्ण से वेगपूर्वक कहा कि—हे भैया ! कृष्ण ! बछड़ाओं को लेकर आप बड़े शीघ्र ही चले आये । देखो ! हम सबने एक ग्रास भी नहीं खाया है । अतः इधर आइये, अच्छी प्रकार भोजन कीजिये ॥७४॥

उसके बाद हृषीकेश भगवान् हँसते हँसते बालकों के साथ भोजन कर, उस अजगर के चमड़े को दिखाते हुये, वन से व्रज को लौट आये ॥७५॥

और इस अजगर के चमड़े को इतने समय तक, अर्थात् सालभर तक, योगमाया ने उसी प्रकार गुप्त कर दिया, यही जानना चाहिये ॥७६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च संवत्सरप्रसर-वत्सवत्सपालबालविरहविरहान्महतानन्देन महितस्तैरेव सहितः संहितसम्पद्व्रजं व्रजं प्रविशन् तत्तदुन्मर्याद-वत्सपरावर्तनाय निदिशन् पूर्वपूर्वतोऽप्यपूर्वं पर्व पर्वति स्म ॥७७॥

"तथा ह्युक्तम्, (भा० १०।१४।४७)--

'बर्ह-प्रसून-वनधातु-विचित्रिताङ्गः, प्रोद्दाम-वेणु-दल-शृङ्गरवोत्सवाढ्यः ।
वत्सान् गृणन्ननुगगीतपवित्रकीर्ति,-र्गोपोदृगुत्सवदृशिः प्रविवेश गोष्ठम् ॥'७८॥

"ततश्च पितृ-सम्बन्धिभिर्नन्दसूनुरिति, मातृ-सम्बन्धिभिर्यशोदासूनुरिति, तस्य नामानूद्य सद्य एव सिद्धमिति चिरन्तनमपि तच्चरितं जगे; ॥७९॥

"तद्यथा--'नन्द-तनूजनुरद्य व्यालम् । हतवान् हृतवानस्मत्कालम् ॥इति ध्रु॥
अद्य यशोदा-सूनुर्व्यालम् । हतवान् हृतवानस्मत्कालम् ॥इति वा॥
ओष्ठाधरमिह जलदतटालिः । दन्तावलिरपि दन्तकपालिः ॥
श्वासभरः खरदावजवातः । जिह्वायुगमपि वर्त्मनिपातः ॥
इत्युत्प्रेक्षिततमविविधाङ्गान् । व्यतिहासानाचरतः साङ्गान् ॥
अहिमन्वहितां कल्पयमानान् । गिरिरिति तं विशतः कृतमानान् ॥
तदुदरमध्यकृताभ्यनुवेशान् । निजविरहादि-विमूर्च्छितवेशान् ॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने सालभर तक होने वाले वत्स एवं ग्वालबालों के विरह से मुक्त होने के कारण, महान् आनन्द से पूजित होकर, उन्हीं सबके साथ अनन्तसम्पत्तिसम्पन्न व्रज में प्रवेश करते हुए, मार्ग से इधर उधर हो जाने वाले बछड़ाओं को लौटाने के लिये आदेश देते हुए, पहले पहले की अपेक्षा भी अपूर्व उत्सव की पूर्ति कर दी ॥७७॥

श्रीमद्भागवत में भी कहा है कि—गोपियों के नेत्रों के लिये उत्सवरूप है दर्शन जिनका, ऐसे श्रीकृष्ण जब व्रज में प्रविष्ट हुए, तब उनके अङ्ग मयूरपिच्छ, पुष्प एवं अनेक रंग की वनधातुओं से विशेष चित्रित थे, एवं उत्कृष्ट वेणु, दल (पत्ते की पीपनी) शृङ्ग आदिकों के सुमधुर शब्दों से जायमान उत्सव से वे युक्त थे, वत्सगणों को पुकार रहे थे, अनुगामी मित्रगण उनकी पवित्र कीर्ति का गायन कर रहे थे ॥७८॥

तदनन्तर पितृसम्बन्ध वाले व्यक्तियों ने 'नन्दकुमार' एवं माता से सम्बन्ध रखनेवाले व्यक्तियों ने 'यशोदानन्दन' इस प्रकार के उनके नामों का उच्चारणकर, सालभर पहले किये हुए भी, श्रीकृष्ण के चरित्र को तत्क्षण किये हुए की तरह गायन किया ॥७९॥

उनके गायन का अर्थ इस प्रकार है—आज नन्दकुमार ने उस सर्प को मार दिया, और हमारे काल को हर लिया। अथवा आज यशोदानन्दन ने उस सर्प को मार दिया, हमारे काल को हर लिया। उस सर्प के ओष्ठ एवं अधर मानों मेघाम्बर श्रेणी थे, दन्तपंक्ति भी पर्वतों की शिखरपंक्ति जैसी थी। उसके समस्त श्वास तीक्ष्ण दावानल से उत्पन्न वायु के समान थे, एवं दोनों जिह्वा भी मार्ग के समान थीं। इस प्रकार सम्पूर्ण रूप से प्रत्येक अङ्गों की उत्प्रेक्षा की है जिन्होंने, एवं सम्पूर्णरूप से परस्पर हास्य करने वाले, एवं जो सर्प का लक्ष्य करके सर्पभाव की कल्पना करने वाले, तथा जो पर्वत समझकर उसके मध्य में प्रवेश करने वाले हैं, और जिन्होंने उस सर्प के उदर में प्रवेश किया है, निज विरह से एवं उदर में प्रवेश करने से जो मूर्च्छितप्राय हो गये थे, तथा जो अपने स्नेह की अधिकता से युक्त हैं, एवं अपनी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्नेहभरेण स्वेन समेतान् । स्वकनेत्रामृतवृष्टिसचेतान् ॥
तस्माद्बहिरथ निष्कासितवान् । पुनरिह निखिलं बत दर्शितवान् ॥
प्राणादधिकः सोऽयं प्राणान् । रक्षन्नस्मान् कुरुते त्राणान् ॥'८०॥

"इति श्रुत्वा च ते व्रजस्थाश्चिन्तयामासुः,—'साधु घातुकानां यातुकानामसीषां कथमिव जातु कामाः सिध्येयुः' इति ॥८१॥

"तदेवं सिद्धे सुखानुविद्धे तेषां समे समागमे प्रातस्तु बृहद्भ्रातरमनुगम्य प्रणयमय-रम्यरोषमनुनीय दीयमानविस्मयतया तानानीय तेन चैकत्र प्रणीय श्रीवत्सवत्सः पूर्ववदेव वत्सपालनमारेभे ।" ॥८२॥

अथ पुनर्मधुकण्ठः समापनाय सविस्मयमिवाह स्म,—

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोष्ठाधिनायक !
ब्रह्माण्डग्रामणीर्यस्य ब्रह्मापि ग्रामणीरिव ॥"८३॥

तदेवं कथकयोः कथां प्रथयित्वा सभ्येषु साक्षादिव कलितत्तत्केलिसन्धयोः कृताञ्जलि-बन्धयोस्तद्दिनेऽपि पूर्ववदेव सर्वे गृहवर्त्मनि वर्तमाना निज-निज-स्पृहणीयं कर्म निर्ममाणा अपि तामेव लीलां बृंहितां हृदि जगृहिरे ॥८४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमन्वघ-ब्रह्माघमोचनं नामैकादशं पूरणम् ॥११॥

नेत्ररूपी अमृत की वृष्टि से जिनको सचेत किया है, और उसके उदर से बाहर जिनको निकाला है, एवं दुबारा जिनको इस समस्त व्रज को दिखाया है, इस प्रकार के हम सब ग्वालबालों को जो प्राणों से भी अधिक प्यारे हैं, वे श्रीकृष्ण हमारे प्राणों की रक्षा करते हुए सदैव हमें बचाते रहते हैं ॥८०॥

इस प्रकार की बातें सुनकर व्रजवासीजनों ने विचार किया कि—साधुजनों के हत्यारे, पतनशील, इन राक्षसों के मनोरथ भी कभी किसी प्रकार सिद्ध हो सकते हैं ? अपितु नहीं ॥८१॥

इस प्रकार सुख से परिपूर्ण उनके सम्पूर्ण समागम के सिद्ध हो जाने पर, श्रीवत्सलांछन श्रीकृष्ण ने प्रातःकाल बड़े भैया श्रीबलदेवजी के पास जाकर, प्रणयमय रमणीय रोष को प्रकाशित कर, एवं आश्चर्य देने के कारण उन ग्वालबालों को लिवाकर, और उन श्रीबलदेवजी के साथ एक स्थान पर सम्मेलन करके, पहले की तरह वत्सपालन आरम्भ कर दिया ॥८२॥

पश्चात् मधुकण्ठ कथा समाप्त करने के लिये आश्चर्य से युक्त की तरह पुनः बोला—हे गोष्ठ के अधिनायक ! आपके ऐसा पुत्र उत्पन्न हुआ है कि, जिसकी सेवा में ब्रह्माण्ड संचालक महोदय ब्रह्मा भी, नापित की तरह उपस्थित होकर कार्य करते हैं ॥८३॥

इस प्रकार कथा को विस्तृत करके, सभ्यजनों में साक्षात् की तरह, जिन्होंने उन उन लीलाओं की स्थिति को दिखाया है, ऐसे दोनों कथावाचक हाथ जोड़कर जब खड़े हो गये, तब उस दिन भी पहले दिन की तरह, सभी श्रोता अपने अपने घर के मार्ग में वर्तमान होकर अपने अपने अभिलषित कार्यों को करते हुए भी, हृदय में उस दिन की सुनी हुई उसी विशाल ब्रह्ममोहनलीला को धारण करते रहे, अर्थात् स्मरण करते रहे (यही सच्चे श्रोताओं का लक्षण है) ॥८४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये अघासुरवधब्रह्माऽघमोचनं नाम
एकादशं पूरणं संपूर्णम् ॥११॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ द्वादशं पूरणम्

गोचारणम्

अथ परेद्यवि च कथा प्रथते स्म। यथा स्निग्धकण्ठ उवाच,—"यद्यपि (भा० १०।८।२६) 'कालेनाल्पेन' इत्यादिरीत्या वर्षत्रय-त्रय-पर्ययेण तयोर्वयोगणना निर्णीता, तथापि कौमारं तु वर्षमेकमधिकमधिरूढम्। बालवत्सानां श्रीवत्सवत्सस्य च मिथो वत्सरविरहमयानुल्लासेन व्यतीतक्षणमयसंवत्सरकालबालवत्सानुरोधेन वा तस्य स्तब्धीभावात्। ततस्तद्भावानुगामितया रामस्य च तथा वृत्तं सुतरामेव वृत्तम्। तदनन्तरमखण्डं पौगण्डं तु वर्षद्वयेनैवापूर्यत, चिराल्लब्धबन्धुसंवासेन सम्यगुल्लासेन झटिति कैशोरघटनात्। तथा च प्रथां करवाम धेनुकवधावमधामगमनान्ते। तदेवमेव सङ्गच्छते 'कालेनाल्पेन' इत्यादि; (भा० १०।१३।४०)—॥१॥

'तावदेत्यात्मभूरात्ममानेन त्रुट्यनेहसा। पुरोवदाब्दं क्रीडन्तं ददृशे सकलं हरिम्॥' इति;

(भा० १०।१५।१) 'ततश्च पौगण्डवयःश्रितौ' इत्यादि च ॥२॥

अथ प्रकृतमनुसरामः,—"तदेवं विहरतोः सर्वेषां मनोहरतोरनयोः पञ्चमं वर्षमाश्चत् कौमारतः पारभूतं वयः समयाञ्चक्रे ॥३॥

बारहवाँ पूरण

गोचारण लीला

ब्रह्ममोहनलीला के अनंतर दूसरे दिन भी कथा प्रारंभ होगई। यथा,स्निग्धकण्ठ बोला—यद्यपि 'कालेनाल्पेन' इत्यादि भागवती रीति के अनुसार श्रीकृष्ण बलदेव की अवस्था की गणना तीन तीन वर्ष के अतिक्रमण के क्रम से निर्णीत की गई है, अर्थात् व्रज में तीन वर्ष की कुमारावस्था, उसके बाद तीन वर्ष की पौगण्डावस्था, एवं तीन वर्ष की किशोरावस्था मानीगई है, तथापि कुमारावस्था तो एक वर्ष अधिक चढ़गई। बालक,वत्सगण एवं श्रीकृष्ण के सालभर परस्पर विरहमय अनुल्लास के कारण, अथवा व्यतीत होगया क्षण की तरह सालभर जिनका, ऐसे बालक एवं वत्सगण के अनुरोध से कौमार अवस्था की स्थिरता हो गई। इसीलिये श्रीकृष्ण के भावानुगामी होने के कारण, श्रीबलरामजी का चरित्र भी, सुतरां उसी प्रकार संघटित हो गया, अर्थात् उनकी भी कुमारावस्था स्थिर हो गई थी। तदनन्तर अखण्ड पौगण्ड अवस्था तो दो ही वर्ष से पूरी हो गई। क्योंकि चिरकाल से मिला जो बन्धुओं का सहवास, उससे अच्छी प्रकार उत्पन्न उल्लास के कारण, शीघ्र ही किशोरावस्था की घटना घट गई। देखो! धेनुकासुर वध के अनन्तर श्रीकृष्ण जब घर आ जायेंगे, तब हम इस रीति का वर्णन कर सकेंगे। अतएव इस समय 'कालेनाल्पेन' अर्थात् "अल्प समय" इत्यादि वाक्य संगत हो सकता है ॥१॥

उसी प्रकार ब्रह्माजी ने अपने परिमाण से, अर्थात् ब्रह्मलोक के मान से त्रुटिमात्रकाल से आकर, गोपबालक एवं बछड़ों के सहित अथवा चौसठ कला परिपूर्ण श्रीहरि को पहले की तरह सालभर क्रीड़ा करते देखा। उसके बाद दोनों भाइयों ने पौगण्ड अवस्था का आश्रय लिया ॥२॥

अब हम प्रकृत, अर्थात् जो कथा पहले से चल रही है, उसका अनुसरण करते हैं। इस प्रकार विहार करते हुए एवं सबका मन हरण करते हुए, श्रीकृष्ण बलदेव का पांचवाँ वर्ष आ गया, कुमारावस्था के पीछे रहनेवाली पौगण्ड अवस्था आ गई ॥३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यथा—ऐषमोऽभवदसौ परुत्परा,-र्येवमादिनिखिलैर्यदागणि ।
हन्त तर्हि सहसा बकान्तकः, प्राप्तकान्ति विजहौ कुमारताम् ॥४॥

उद्गच्छद्बुद्धिशक्तिप्रथम-रुचिजयिश्यामता-शुभ्रतायुक्
किञ्चिद्विस्तीर्णवक्षःप्रभृतिवलयितायामनेत्रादिगात्रम् ।
केशं वेशं च पूर्वादधिकमितिमयत्केलिशिक्षाप्रवीणं
पौगण्डं प्रागचण्डं स्फुरदलमनयोर्मां दिदृक्षुं करोति ॥५॥

"तदा च कदाचिच्छ्रीव्रजराज्ञी सभान्तः प्रातरायाता श्रीमदभिनन्द-पत्नी सयत्नीभवन्ती तां पप्रच्छ,—'यातः ! कृष्णमातरद्य सद्यः प्रातरेव कुत्र वा भवज्जातः प्रयातः ?' ॥६॥

"व्रजराज्ञी तु सहासमाह स्म,—'हन्त ! तदेतद्वर्तमानसमयपर्यन्तं तस्योद्वर्तनस्नान-परिधानमयानि कर्माणि मया निर्मीयन्ते स्म । सम्प्रति मदपि लज्जामासज्जन् स्वकसवयः-सेवकप्रियः पृथगेव कृततत्तत्क्रियः स मा समया समायाति । आगत्य च प्रत्यहं मां पितरं यथायथमितरं च गुरुजनं पुरुगौरवं नमस्कारेण पुरस्करोति ॥७॥

"किञ्च तदवधि यदा सन्ध्यायां मया ध्यायमानागमनः सहवत्सः समागच्छति,तदा तदुपरि

यथा—सभी व्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के विषय में "यह श्रीकृष्ण इस वर्ष में उत्पन्न हुआ है, परसाल में, परियार साल में हुआ है, इत्यादि रूप से जब गिनती की, तब तो बकान्तक श्रीहरि ने शोभा को प्राप्त होकर, कुमार अवस्था को त्याग दिया ॥४॥

श्रीकृष्ण बलदेव की सेवा में पौगण्ड अवस्था उपस्थित हो गई । इस अवस्था में बुद्धि शक्ति प्रकाश पाने लग गई । श्रीकृष्ण को श्यामता एवं श्रीबलदेव को शुभ्रता, कुमार अवस्था की कान्ति को जीतकर आ मिली । वक्षःस्थल आदि किंचिद् विस्तीर्ण हो गये, एवं नेत्र आदि गात्र के अन्य अवयव लम्बाई से युक्त होने लग गये । केश एवं वेश पहले की अपेक्षा अधिक प्रमाण में बढ़ने लग गये । इस अवस्था में दोनों ही क्रीड़ाशिक्षा में कुशल हो चले । अतः कुमारावस्था की अपेक्षा अधिक कोमलतायुक्त, एवं अच्छी प्रकार प्रकाश पाने वाली पौगण्ड अवस्था, मुझको श्रीकृष्ण बलदेव के दर्शनों का इच्छुक बना रही है ॥५॥

उस समय किसी दिन श्रीमती व्रजेश्वरी प्रातःकाल ही सभा में आ गई । श्रीमान् अभिनन्द की पत्नी ने सावधान होकर उनको पूछा कि—हे देवरानी ! हे कृष्ण जननि ! आज तुम्हारा लाला प्रातःकाल से ही शीघ्रतापूर्वक कहाँ चला गया ? ॥६॥

श्रीव्रजरानी तो हास्यपूर्वक बोली—अहह ! अरी ! देख, आज तक तो उस लाला कन्हैया के तैलमर्दन, उबटना लगाना, स्नान कराना, वस्त्र पहनाना आदि सभी कार्य मैं ही किया करती थी । किन्तु इस समय तो मुझसे भी लज्जा मानकर, अपने समवयस्क सेवकों का प्यारा होकर, अलग ही उन पूर्वोक्त कार्यों को करके वह बीच बीच में मेरे पास आ जाता है । और आकर प्रतिदिन मुझको, अपने पिताजी को, एवं यथायोग्य अन्य गुरुजनों को अधिक गौरवपूर्वक नमस्कार से सम्मानित करता है ॥७॥

किंच अघासुरवध के दिन से लेकर, सायंकाल में जब मैं उसके आने का ध्यान करती हूँ, एवं वह वत्सगण सहित जब आ जाता है, तब उसके ऊपर तीन बार पानी घुमाकर, उसी जल को पीकर, जीवित

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वारि वारत्रयं भ्रमयित्वा पिबन्ती जीवन्ती भवामि स्म । सम्प्रति तु सशपथमेधमानयत्नवता तत्प्रतिषेधता तेन मम हस्तौ विहस्तौ क्रियेते । एवमेव रौहिणेयश्चेति ॥८॥

"तदेतदर्वाचीनं तद्वर्णनमपूर्वतयाकर्ण्य तन्मुखं निर्वर्ण्य सर्वा हसन्ति स्म ॥९॥

"सा पुनरुवाच,—'तदेतदबाल्यमिव च तस्यासमयमयत्वाद्बाल्यमेव मत्वा सुखमुपलभामहे, अनेन तु दुःखाक्रियामहे ।' ॥१०॥

"सर्वाः साशङ्कमूचुः—'हन्त ! किं तत् ?' सा प्राह,—'स्वयमचिरादेव गवां विचारमन्तरा चिचारयिषितं यत् ।' सर्वा ऊचुः,—'नात्राप्यन्यथा मन्यस्व । गोपकुलतिलकायमानबालकानां स एष एव स्वभावः सर्वत्र नाभावमासीदति; किमुत तेष्वपि परमचित्रचरित्रस्य तस्य ।' इति ॥११॥

"अथ व्रजराजस्य सदस्यपि तस्य वृत्तमिदं वृत्तमासीत् । यथाह स्म सस्मितं समासन्नौ सन्नन्दनन्दनौ नन्दितसमाजः श्रीमन्नन्दराजः,—'भो ! आयुष्मन्तावद्य जात इव युष्मद्भ्रातृजातः स यथा सम्प्रति युवां प्रति वर्तते, न तथा मामिति लक्ष्यते । यतः किञ्चित्संकुचितविलोचनेन मामवलोचन्नालोच्यते । युवाभ्यां सह तु मधुरवार्तां वर्तयन्नेव दृश्यते ।' ॥१२॥

हो जाती हूँ । किन्तु आज कल तो शपथपूर्वक बढ़ते हुए यत्न से युक्त होकर, इस कार्य को निषेध करता हुआ, वह मेरे दोनों हाथों को कार्य करने में असमर्थ बना रहा है । रोहिणीनन्दन भी इसी प्रकार करता है । श्रीयशोदाजी के इस नवीन वर्णन को अपूर्वतापूर्वक सुनकर, उनके मुख को देखकर, सभी हँसने लग जाती हैं ॥८-९॥

श्रीयशोदाजी पुनः बोली—अशैशव की तरह इस पौगण्ड को असमय में उत्पन्न होने के कारण, उसके बालकपन को ही मानकर हम सुखी हो जाते हैं, किन्तु यह श्रीकृष्ण तो हमको दुःखित करता है ॥१०॥

सभी आशंकापूर्वक बोलीं—हाय ! वह किस प्रकार ? श्रीयशोदा बोली—उसने हमारे विचार के बिना स्वयं शीघ्र ही, गोचारण की इच्छा कर ली है । बस, यही दुःखद है । सभी स्त्रियाँ बोलीं—आप इस विषय में अन्य प्रकार की आशंका न करें । क्योंकि गोपकुल के भूषणस्वरूप बालकों का यही स्वभाव सभी स्थानों पर गोचारण के अभाव को नहीं प्राप्त करता । उन गोप बालकों में भी परम विचित्र चरित्रवाले श्रीकृष्ण के विषय में तो फिर कहना ही क्या है ? ॥११॥

तदनन्तर श्रीव्रजराज की सभा में भी श्रीकृष्ण का यह चरित्र इस प्रकार संघटित हुआ । देखो ! सभ्य समाज के आनन्ददाता श्रीमान् नन्दरायजी अपने पास में बैठे हुए मुस्क्याते हुए सन्नन्द एवं नन्दन नामक अपने छोटे भाइयों को इस प्रकार बोले—हे चिरंजीवी दोनों भ्राताओ ! आज पैदा हुए बालक जैसा, वह तुम्हारे भैया का बेटा श्रीकृष्ण, इस समय तुम दोनों चाचाओं के प्रति जैसा व्यवहार करता है, वैसा मेरे प्रति नहीं करता, ऐसा प्रतीत होता है । क्योंकि कुछ संकुचित नेत्र से ही मुझको देखता हुआ दिखाई पड़ता है । किन्तु तुम दोनों के साथ तो मीठी मीठी बातें करता हुआ दिखाई देता है ॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सन्नन्द उवाच,—'साम्प्रतमेवेदम्; यतः साम्प्रतं तत्रभवता तत्र शिक्षामयवीक्षा गाम्भीर्यमाचर्यते । आवाभ्यां तु कौमारकालीनेऽपि तस्मिन्नतिशालीने विधेयतया पर्यालोचितुं न पार्यते ।' ॥१३॥

"पश्य पश्य,—

प्रथमं नममिह मातर,-मथ पितरं त्वां तथैवास्मान् ।
प्रत्यूषः प्रतिसुहृदं, सत् कुरुतेऽसावतीव बाल्येऽपि ॥१४॥

"अथ क्रमागतेषु वत्सलतया समानमतेषु तदाकर्णनार्थमकिञ्चिद्वादिषु श्रीमदुपनन्दाभिनन्दादिषु तद्वर्ण्यमानमन्य-मुखादाकर्ण्य सानन्दविकसितमन्दहसितभ्राजिषु पुनः सन्नन्द-नन्दनौ प्रति श्रीव्रजराज उवाच,—'भवन्तावेकान्तमनुभवन्तावनुगम्य तौ रम्यकातराक्षिप्रान्तावसकृत्-प्रातरारभ्य प्रार्थितवन्ताविव ह्यः पूर्वेऽह्नि समन्ताद्भ्रातरावतिदूरादद्दक्षाताम्; तत् किमुच्यताम् ?' ॥१५॥

"नन्दन उवाच,—'तदानीमेवेति किं वक्तव्यम्; किन्तु चिरादेव तयोस्तदभिरुचितमुपचितमस्ति । संकुचितभावाभ्यामावाभ्यां तु भवत्सु न श्रावितम् ।' व्रजराज उवाच,—'किं तत् ?' सन्नन्दः सस्मितमुवाच,—'स्वयमेव गवां सेवनमिति यत् ।' उपनन्द उवाच,—

श्रीसन्नन्दजी बोले—यह उचित ही है । क्योंकि आप पूज्य हैं । इस समय आप श्रीकृष्ण पर सम्पूर्ण शिक्षाओं के देखने के विचार से, गम्भीरता का आचरण करते हैं । हम दोनों तो कुमारावस्था से युक्त होने पर भी, अत्यन्त सभ्य उस श्रीकृष्ण के विषय में, आज्ञाकारीपन का विचार भी नहीं कर पाते ॥१३॥

और देखो ! देखो, यह श्रीकृष्ण अत्यन्त बालकपन में भी यहाँ पर प्रथम माता को, पीछे पिता कहकर आपको, एवं उसी प्रकार हम सबको प्रणाम करता है, और प्रतिदिन प्रातःकाल प्रत्येक मित्र का सम्मान करता है ॥१४॥

तदनन्तर वात्सल्यभाव के कारण समान मतवाले, श्रीनन्दजी की बातें सुनने के लिये चुप रहनेवाले, श्रीमान् उपनन्द, अभिनन्द आदिकों के क्रमशः आजाने पर, तथा श्रीनन्द, सन्नन्द आदिकों के संवाद को अन्य किसी के मुख से सुनकर, आनन्द सहित विकसित मन्द हास्य से शोभायमान हो जाने के बाद, श्रीव्रजराज सन्नन्द एवं नन्दन के प्रति पुनः बोले—देखो ! आप दोनो भैया किसी रहस्य का अनुभव करते हुए, कृष्ण बलदेव के पीछे पीछे जाकर, पश्चात् रमणीय एवं कातर नेत्रप्रान्तविशिष्ट उन दोनों भाइयों से प्रातःकाल से बारंबार मानों कुछ प्रार्थना सी कर रहे थे । और गत तृतीय दिन तो चारों ओर अनुसन्धान करके, बहुत दूर पर इन दोनों भ्राताओं को देख सके थे । यह बात सत्य है क्या ? इन दोनों के सम्बन्ध में आप दोनों क्या कहना चाहते हैं ? सो कहिये ॥१५॥

श्रीनन्दनजी बोले—उस तीसरे दिन की ही बातों को क्या कहें ? किन्तु उन दोनों भ्राताओं की उस प्रकार की अभिलाषा तो बहुत समय से बढ़ रही है । संकुचित होने के कारण हम दोनों ने ही आपके प्रति नहीं सुनाई । श्रीव्रजराज बोले—वह क्या है ? श्रीसन्नन्द मन्दमुस्क्यानपूर्वक बोले—स्वयं ही गैयाओं की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किमूचतुस्तौ ?' सन्नन्द उवाच,—'आवयोः प्रथमवयोऽतीतयोस्तातचरणानां स्वयं गोचारण-मनाचारतामाचरति' इति ॥१६॥

"तदेतद्वर्ण्यमानमाकर्ण्य तयोर्मुखं निर्वर्ण्य सविस्मयं तूष्णीम्भूष्णुतया विराजमाने व्रजेशाने सर्वेऽपि तमूचुः,—'यद्यप्यद्य जाताविव सुजातावमू, तथापि क्रमं विना बुद्धिनिष्क्रमस्य बलसंवलनस्य च सद्भावादस्माकं विस्मायकावेव भवतः । इतस्तु न विस्मायकौ भवतस्तपः-प्रभाव एव खल्वेवं भावमावहतीति । न खलु तत्तत्खलानां यत् परिमलनं जातम्, तत्र सहायतानां सहायता काचिदपि परिचिता, तस्मान्मङ्गलमेव सङ्गतं भविष्यति' इति ॥१७॥

"अथ तदा च कदाचिन्निजगृहिण्यापि सह रहसि श्रीव्रजराजस्य स एष प्रस्तावविशेष आसीत्, यत्र च तौ पुत्र-प्रेमयन्त्रिततया तदेतन्मन्त्रितवन्तौ,—'पश्यामः समयविशेषम्' इति ॥१८

"तदा च दिनकतिपयानन्तरं सभायां भासमानायां श्रीव्रजराजस्य वैलक्ष्यमालक्ष्य सर्वेऽनर्वाचीनगोपा मिथो निरीक्ष्य हसन्ति स्म ॥१९॥

"तत्र च श्रीव्रजराजे कथं कथमिति सस्मितमुक्तवति वदन्ति स्म,—'यदस्माभिरकस्माद्-विस्मायनमनुभूतम्, तदेव भवद्भिरपीति सम्भाव्यते ।' व्रजराज उवाच,—'कथ्यतां तावत्तथ्यं भवद्भिः ।' सर्व ऊचुः,—'यद्यपि चिरत एवेदं चरितम्, तथापि भवतापि गोचरितेन गो-चरिते-

---

सेवा करना, यही अभिलाषा है। श्रीउपनन्दजी बोले—उन दोनों भ्राताओं ने तुमसे क्या कहा है ? श्रीसन्नन्दजी बोले—हम दोनों की प्रथम अवस्था, अर्थात् कुमारावस्था के व्यतीत होने पर, इस समय पूज्यपाद पिताजी का स्वयं गोचारण करना उचित नहीं है ॥१६॥

यह वर्णित वचन सुनकर उन दोनों लालाओं के श्रीमुख को निहार कर, विस्मयपूर्वक श्रीव्रजराज मौनावलम्बी होकर शोभा पाने लगे, तब सभी जन उनको बोले कि—यद्यपि ये दोनों राजकुमार आज पैदा हुए बालकों के समान ही हमारी दृष्टि में हैं, तथापि क्रम के विना बुद्धि का प्रकाश, एवं बल का संयोग रहने के कारण, दोनों ही हमारे विस्मयजनक हैं। पूर्वोक्त बुद्धि विकाश आदि कारणों से ही, ये दोनों विस्मय-जनक नहीं हैं, अपितु आपकी तपस्या का प्रभाव ही इस प्रकार के बुद्धि विकाश आदि भावों को प्राप्त करा रहा है। और देखो ! उन उन पूतना आदि दुष्टों का जो मर्दन हुआ, उस विषय में अनुकूलताओं की सहायता का कोई भी परिचय नहीं मिलता, अतः मङ्गल ही संगत होगा ॥१७॥

तदनन्तर उसी समय किसी एक दिन, अपनी घरवाली के साथ भी एकान्त में, श्रीव्रजराज का वही प्रस्ताव विशेष हुआ। जिस प्रस्ताव में उन दोनों ने ही पुत्र के प्रेम से यन्त्रित होकर, यह विचार किया कि, अभी तो समय विशेष की प्रतीक्षा करें ॥१८॥

तब कुछ दिनों के बाद देदीप्यमान सभा के बीच में, श्रीव्रजराज की आश्चर्य से युक्त दशा को देखकर, सभी वृद्ध गोप आपस में देखकर हास्य करने लग गये ॥१९॥

वहाँ पर श्रीव्रजराज के क्यों ? क्यों ? इस प्रकार मुस्क्याकर कहने पर सभी बोलने लगे कि—हम लोगों ने अकस्मात् जिस विस्मयजनक प्रसङ्ग का अनुभव किया हे, उसी का आपने भी अनुभव किया है, ऐसा प्रतीत होता है। श्रीव्रजराज बोले—तब तो आप सब सत्य सत्य कह दो। सभी बोले—यद्यपि यह चरित बहुत समय के बाद हुआ है, तथापि आपने भी गोचारण को लक्ष्य कर ऐसा ही किया होगा, क्योंकि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नातीव रचितम्; यत् खलु सर्वं गोजातम्, न तु भवज्जातमन्तरा पदमपि पदः प्रददाति । कथञ्चित्तेनैवाग्रावस्थितेनाद्य ताः प्रस्थापिताः सन्ति ।' ॥२०॥

"व्रजराज उवाच,—'तदिदमकस्मात् कथं जातम् ?' सर्व ऊचुः,—'भवत्पुत्रः कुत्रचिद्यत्र स्नेहं व्यञ्जयति, तत्र सर्वत्र चैवं दृश्यते ।' व्रजराज उवाच,—'तर्हि किमगर्हितमर्हितं स्यात् ?' सर्व ऊचुः,—'यत्र गत्यन्तरं नास्ति, तत् खल्वनन्तरमेव विधातुं युक्तम् । यत्तु तत्रभवन्तस्तत्र भीतायन्ते, तत् पुनर्वत्सपालनेऽपि न तुच्छायते; किन्तु भवत्तप एव प्रतपति प्रतीपानिति प्रतीयते । तस्माद्भवताद्भवतामनुज्ञा, या परम्परयापि परम्परमप्यमङ्गलं तारयिष्यति' ॥२१

"अथेदमाकर्ण्य निर्वर्णनत एव ज्ञापितानुज्ञानिजसमाजे श्रीमन्नन्दराजे सर्वानुमतिलब्धानन्दः श्रीमानुपनन्दः प्रथितसमज्ञान् समयज्ञान् जिज्ञासयामास, तैरपि बुधश्रवण-सुखप्रदमङ्गल-श्रवणसङ्गत-बुधश्रवणविशिष्टायामबहुलबाहुलाष्टम्यां बहुलापालनं बहुलमेतदिष्टमित्यादिष्टम् ॥२२

"श्रीमन्नन्दादयश्च सर्वे दुन्दुभिनिर्घोषेण घोषे तस्मिन्निर्विशेषमहस्त्रितयमहमहमिकया महः प्रचारयन्तस्तद्वत्सचारणबृहदुत्सवमप्यतिचरन्तस्तत् समाचरन्ति स्म ॥२३॥

सम्पूर्ण गोवृन्द आपके पुत्र के बिना, घर से बाहर चरने के योग्य भूमि में, एक चरण भर भी आगे चरण नहीं देता, अर्थात् गैयायें एक पैर भी आगे नहीं धरती हैं । आज श्रीकृष्ण ने ही आगे खड़े होकर, जैसे तैसे उन गौओं को वन में भेजा है ॥२०॥

श्रीव्रजराज बोले—यह कार्य अकस्मात् कैसे हुआ ? । सभी बोले—आपका पुत्र जहाँ कहीं भी अपने स्नेह को प्रकाशित करता है, वहाँ सब जगह ऐसी ही दशा देखी जाती है । श्रीव्रजराज बोले—तब क्या अनिन्दित गोचारण ही पूजित होगा ? सभी बोले—जहाँ पर प्रकारान्तर नहीं है, वहाँ पर निश्चित रूप से तत्काल उसी कार्य को करना उचित है । और पूज्यपाद आप जो गोचारण में भयभीत हो रहे हैं, वह भय तो वत्सपालन में भी कम नहीं होता, किन्तु श्रीकृष्ण के प्रतिकूल जनों को तो आपका तप ही संतप्त कर देता है, हमें तो यही प्रतीत होता है । अतः आपकी अनुमति हो जानी चाहिये । जो अनुमति परंपरा से भी आगे आने वाले महान् अमङ्गल को नष्ट कर देगी ॥२१॥

तदनन्तर इन बातों को सुनते ही श्रीनन्दरायजी ने दृष्टिमात्र से ही, जब निजसमाज को अनुमति दे दी, तब सबकी अनुमति से आनन्द को प्राप्त हुए श्रीमान् उपनन्दजी ने, विख्यात कीर्तिवाले ज्योतिषी पण्डितों से गोचारण के शुभ मुहूर्त जानने की इच्छा प्रगट की । उन ज्योतिषियों ने भी ऐसा आदेश दिया कि, विद्वानों के कानों को भी सुखदायक है मङ्गल जिससे, ऐसे श्रवण से युक्त जो बुधवार, उसमें जो श्रवण नक्षत्र, उससे विशिष्ट जो कार्तिक शुक्लपक्ष की अष्टमी, उसमें यह गोपालन रूप कार्य अति उत्तम है । तात्पर्यार्थ यह है कि, जिस गोपाष्टमी की कथा का श्रवण विद्वानों को भी मङ्गलप्रद है, ऐसी बुधवार श्रवण नक्षत्र से युक्त गोपाष्टमी को, गोचारण करना बहुत श्रेष्ठ है ॥२२॥

श्रीमान् नन्दादि सभी गोपगण भी दुन्दुभि के शब्दों के सहित, उस व्रज में छोटे बड़े का ध्यान न देकर, परस्पर आत्मश्लाघापूर्वक तीन दिन तक, उत्सव का प्रचार करते हुए, उस वत्सचारण रूप बड़े उत्सव को भी अतिक्रमण करते हुए, केवल श्रीकृष्ण के द्वारा किये गये उस गोचारण महोत्सव को ही मनाते रहे ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"एकस्यैकस्य चेद्वक्तुर्वक्त्राणि स्युः सदाऽयुतम् ।
तदा तद्वक्तुमिच्छन्तु यद्यायुः सर्वदाऽयुतम् ॥२४॥

"दिग्दर्शनं तु यथा—

गोपालोचितनव्यवेषवलनै रक्षाविधानैर्द्विजा-
द्याशीर्भिः सुदिनाहलभ्यरचनैर्व्रज्यार्हनीराजनैः ।
संगानान्वितवाद्य-नृत्य-निकरैः शश्वज्जयाद्यारवैः
श्रीमान् गोपमहेन्द्रसूनुरगमद्रामेण धेनूरनु ॥२५॥

"तदनुगतिरीतिरितीव च गन्तव्या । वाद्यगीतमङ्गलपरीतं पुरोधसः पुरोधाय धेनूः सन्निधाय ताश्च पाद्यादिभिर्विता विधाय मधुरग्रासैस्तासां समग्राणां तृप्तिमाधाय तासु नतिप्रभृतिभिर्मानमुपधाय पुनश्च प्रदानदक्षिणाभिः पुरोहितादीनक्षीणानन्दान् सन्धाय श्रीमत्पितृचरणादीन् मञ्जुलाञ्जलिवलितमग्रतो निधाय स्थितवति साग्रजे तस्मिन्नवरजे श्रीमांस्तत्पिता व्रजराजस्तावन्मणिमयलकुटीं तत्करे घटयामास । श्रीमती तन्माता च व्रजराज्ञी भाले तिलकं निदधे, निधाय च सा,—॥२६॥

राम ! प्राग्गस्य पश्चाद्भव सुबल ! युवां श्रीलदामन् ! सुदामन् !
दोः पार्श्वस्थौ भवेतं दिशि विदिशि परे सन्तु चात्मीयबन्धोः ।

एक एक वक्ता के यदि सदैव दशहजार मुख हो जायँ, और यदि उनकी आयु भी सर्वदा दशहजार वर्ष की बनी रहे, तब वे सब वक्ता मिलकर, उस एक दिन के गोचारण के सम्बन्ध में कुछ कहने की इच्छा कर सकते हैं ? ॥२४॥

दिग्दर्शनमात्र वर्णन तो इस प्रकार है, यथा—गोपालों के योग्य नवीन वेश भूषा से सुसज्जित होकर, नृसिंह बीज, एवं रक्षा विधायक औषधादि धारण, और ब्राह्मणादिकों के शुभाशीर्वाद ग्रहणपूर्वक, मङ्गलमय दिवस में आचरित वनगमन के योग्य, माताओं के द्वारा की गई आरति को स्वीकार कर, तथा सुमधुर संगीत से युक्त वाद्य, नृत्य समूह को देख सुनकर, निरन्तर जय जयकार के शब्दों से उपलक्षित होकर, श्रीमान् गोपराजपुत्र श्रीबलरामजी के सहित धेनुगण के पीछे पीछे वन को गये ॥२५॥

गोगण के पीछे पीछे जाने की रीति इस प्रकार समझो, यथा—बाजे गाजे के सहित मङ्गलाचार-पूर्वक पुरोहितों को आगे करके, धेनुओं को पास में लाकर, एवं अर्घ्य, पाद्य आदि से उनकी पूजा करके, मीठे मीठे ग्रासों द्वारा उन सब धेनुओं की तृप्ति करके, प्रणाम, प्रदक्षिणा आदि कार्य द्वारा उनका सम्मान करके, पुनः दान, दक्षिणा आदि के द्वारा पुरोहित आदि पण्डितों को परिपूर्ण आनन्द से युक्त करके, मनोहर अञ्जलि बन्धपूर्वक, अर्थात् हाथ जोड़कर, पूज्यपाद श्रीमान् पिता आदिकों को आगे उपस्थित करके, बड़े भैया के सहित उन छोटे भैया श्रीकृष्ण के खड़े हो जाने पर, उनके पिता श्रीमान् व्रजराज ने उनके हाथ में मणिमुक्ताजटित एक लकुट दे दी । और उनकी माता श्रीमती व्रजरानी ने उनके भाल पर तिलक रचना कर दी । तिलक रचना करके उसने—॥२६॥

श्रीकृष्ण के मित्रों को समझाते हुए कहा कि—हे बेटा ! बलराम ! देखो, तुम आत्मीयजनों के बन्धु इस श्रीकृष्ण के आगे आगे रक्षा के लिये बने रहो । बेटा सुबल ! तुम इसके पीछे पीछे रहो । हे श्रीयुक्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं हस्ते विधृत्य प्रतिशिशु दिशती तत्र कृष्णस्य माता
तत्तत्कर्माधिकारश्रियमपि ददती नेत्र-नीरैरसिक्त ॥२७॥

"अथ रोहिणीबृंहित-रुचिसम्पदुपनन्द-गृहिणीसंहितमहितमहिलाभिः सहितं यथायथं सङ्गमिते नानामङ्गले भुवि दिवि च महामहवहबहुलकुशल-कुतूहल-कोलाहलमनुमातरं पितरं कांश्चिदन्यांश्च नमस्कृत्य कृतकृत्यतया जिहि-जिहि-कारेणेरिताश्च गावः स्वाभिमुखमेव स्थिता न प्रस्थितवत्य इत्यनुपपत्त्या प्रत्यासन्नान् गुरून् परावर्त्य तासां पुरत एव सबलसखः स प्रस्थितवान्। प्रस्थितवति च तत्र श्यामवर्णे तर्णकाग्रिमतानिर्वर्णनेनेव मन्दं मन्दं गच्छन्तं गावस्तमन्वगच्छन् ॥२८॥

"तदेवं श्रीकृष्णरामावेतावथ स्वानुगमनकमनमनस्कान् जननीजनकप्रधानप्रवयस्कान् जनान् कथंकथमपि ततः पथः श्लथयित्वा स्वात्मानमपि तल्लोचनशृङ्खलाऽऽमोचनान्मोचयित्वा सखिभिरप्यखिलविलम्बिललितैर्नवगोपमहसोपवलितैः सह सहसा हसन्तौ लसन्तौ चाराय मध्ये मध्ये स्तब्धनिखिलगवीकौ लब्धमनोगवीकौ सुवलितचलितं गोवर्धन-दिशमुद्दिश्य चलतः स्म ॥२६॥

दामन्! सुदामन्! तुम दोनों, श्रीकृष्ण की दोनों भुजाओं के पास स्थित रहना। और अन्य बालक अन्य दिशा विदिशाओं में बने रहें। इस प्रकार अपने हाथ में पकड़ कर प्रत्येक बालक को आदेश देती हुई, श्रीकृष्ण की माता ने वहाँ पर उस उस कार्य के अधिकार की सम्पत्ति को सोंपते हुए, श्रीकृष्ण को एवं प्रत्येक बालक को अपने नयननीरों से अभिषक्त कर दिया ॥२७॥

तदनन्तर रोहिणी ने बढ़ाई है रुचिरूप सम्पत्ति जिसकी, ऐसी उपनन्द गृहिणी से मिली हुई सम्मानित व्रज महिलाओं के द्वारा, हितपूर्वक यथायोग्य अनेक मङ्गलाचार सम्पन्न हो जाने पर, तथा भूलोक और देवलोक में महामहोत्सव प्रकाशक, अधिक कुशल कुतूहलजनक कोलाहल के पश्चात्, माता पिता को और अन्यान्य कतिपय वृद्धजनों को नमस्कार कर, कृतार्थ होकर, श्रीकृष्ण ने 'जिहि', 'जिहि'कार शब्द से प्रेरित की हुईं भी गैयाँ, जब अपने अभिमुख ही स्थित हो गईं, किन्तु वन के लिये प्रस्थित न हुईं, तब ऐसी अड़चन के कारण निकटवर्ती माता पिता आदि गुरुजनों को लौटाकर, उन गैयाओं के आगे आगे ही, श्रीबलदेवजी एवं सखाओं के सहित प्रस्थान किया। उन श्यामसुन्दर के प्रस्थान कर देने पर, वत्सगणों के आगे चलने को देखने के लिये ही मानों, धीरे धीरे वन को चलते हुए उन श्रीकृष्ण के पीछे पीछे, गैयायें भी चल दीं ॥२८॥

पश्चात् इस प्रकार के नियम से, ये दोनों भैया श्रीकृष्ण बलराम, अपने पीछे पीछे ही चलने की इच्छा से युक्त मनवाले, जननी जनक आदि प्रधान प्रधान वृद्ध व्यक्तियों को, किसी प्रकार अनुनय विनय करके, उस वन के मार्ग से शिथिल बनाकर, अपने को भी उनकी नेत्ररूपी शृंखला के बन्धन से मुक्तकर, नवीन गोप तेज से संयुक्त, सबको स्थगित कर देनेवाले विलासकारी सभी सखाओं के साथ, सहसा हँसते हँसाते शोभा पाते हुए, एवं बीच बीच में चराने के लिये सब धेनुओं को रोककर, अपने मनोरथों को प्राप्तकर, अच्छी प्रकार पदविन्यासपूर्वक श्रीगोवर्धन की दिशा का उद्देश्य करके चल दिये ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र गावः सङ्केतितस्वरादिविशेषेणैव मिथः सङ्कीर्णा विकीर्णाश्च भवन्ति स्म, न तु दण्डेनोपघातं विशीर्णाः क्रियन्ते स्म। यत्र च सखिषु ताभ्यां सह परस्परं मण्डयन्तेषु नन्दयन्तेषु क्रीडाजनयन्तेषु च परमकौतुकमाविर्भवति स्म ॥३०॥

"तदेतन्निर्वर्ण्य देवैर्वर्णितं यथा—

'प्रत्येकं गाव एता बहिरपि च हरेः प्राणरूपा यदासां
शश्वत्तृप्तौ च तृप्तिं क्षुधि च कलयति क्षुद्विकारं स एषः।
आनीयानीय चैता निज-हृदि विदधद्घ्राणसौख्यं दधानः
श्लिष्यन्नुच्चैर्विचिन्वन्नशनमुपददत् पालयन् स्वेन भाति ॥३१॥

उत्राणां प्राणसाम्यं वहति हरिरमूस्तं विना रिक्तवित्ता-
श्चित्रप्रायाः समन्ताद्यदिह वनतति-श्रीनिभा विस्फुरन्ति।
तल्लाभाद्घ्राणदृष्टिश्रवणसरसनस्पर्शयोगाद्बलन्ते
किन्तु स्याच्चित्रमेतद्बहिरुपवलितं तेषु तं स्वादयन्ति ॥३२॥

आहूतं कुरुते हरिः सखिजनं सोऽप्येनमेवं तथा
वक्ति श्लिष्यति जिघ्रति प्रहसति स्कन्धं स्पृशन् कर्षति।

जिस गोचारण में गैयायें 'हियो', 'हीयो' इत्यादि सांकेतिक शब्द विशेष से ही कभी कभी, आपस में संमिलित हो जाती हैं, तथा कभी कभी अलग हो जाती हैं। किन्तु दण्ड के द्वारा ताड़न करके कभी भी अलग नहीं की जातीं। और जहाँ पर सहचरगण, श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भ्राताओं के साथ, जब आपस में वन्य पुष्पादिकों से अलंकृत हो, आनन्दित हो, क्रीड़ा करने लग जाते थे, तब परम कौतुक प्रगट हो जाता था ॥३०॥

जिस कौतुक को देखकर देवताओं ने इस प्रकार वर्णन किया है—देखो! ये प्रत्येक गैयाँ श्रीकृष्ण के बहिश्चर प्राणों के तुल्य हैं, कारण—इनके निरन्तर तृप्त हो जाने पर, यह श्रीकृष्ण अपने को तृप्त मानते हैं, एवं इन सबके भूखी रहने पर, अपने को भी निरन्तर भूखे ही समझते हैं। और देखो! इनको अपने पास ला लाकर, अपने हृदय से लगाकर, नासिका के सुख को धारण करते हुए, आलिङ्गन एवं अत्यन्त खोज करते हुए, उनको चारा देते हुए, पालन करते हुए, श्रीकृष्ण स्वयं शोभा पा रहे हैं ॥३१॥

श्रीकृष्णचन्द्र गैयाओं के प्राणों की समानता को धारण करते हैं, अर्थात् श्रीहरि गौओं के प्राणों के समान हैं। क्योंकि ये सब गैयायें श्रीकृष्ण के बिना चित्रलिखी सी होकर, इस वन में चारों ओर वनश्रेणी की शोभा के समान विराजमान दीखती हैं। वे सब श्रीकृष्ण की प्राप्ति से ही, नासिका, नेत्र, कान और जिह्वा के सहित स्पर्श के सम्बन्ध से स्फूर्ति प्राप्त करती हैं। किन्तु यह एक आश्चर्य की बात है कि, वे गैयाएँ घ्राणादि विषय संवलित श्रीकृष्ण को बाहर आस्वादन करती हैं। क्योंकि प्राणों का बाहर रहना, और घ्राणादिकों में आस्वाद्यत्व असम्भव है ॥३२॥

श्रीकृष्ण सखाओं को नाम ले लेकर बड़े प्रेम से बुलाते हैं। सखा भी उसी प्रकार श्रीकृष्ण को बुलाते हैं, उनके साथ मीठी मीठी बातें करते हैं, उनका आलिङ्गन करते हैं, उनके श्रीविग्रह को सूँघते हैं, उनके साथ हँसते हैं, एवं कंधे को छूकर श्रीकृष्ण को खेंचते हैं। इन बातों को तो रहने दो। अरे भाइयो! एक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

आस्तां तन्न महाद्भुतं शृणुत भो ! यद्यन्तरं तर्क्यते
नैवात्मा पृथगस्य तस्य च भवेदित्येव विज्ञायते ॥३३॥

वदति सखिसमूहः कृष्णरामावितीदं, क्वचिदपि विनिमाय प्राह तत्तच्च युक्तम् ।
कलयत यदिमावप्यात्मनः स्थान एव, स्फुटमिह विदधाते यन्मिथस्तत्र तत्र ॥३४॥

"अथ तदेवं च स्थिते पूर्वत एव तदीयविमलपरिमल-माधुरीधारानन्दित-विदूरग-वृन्दावनस्थिर-चरजीवावलीभिर्जीवातुतयाजीव्यमानौ सम्प्रति तु सर्वा एव ता देवतापूर्वाः परमापूर्वदर्शनस्पर्शनादिभिर्लब्धपर्वणः कुर्वाते स्म ॥३५॥

"याः खलु सर्वातियायिसुखदायितयान्येषामपि पुण्याय पुण्यफलाय नैपुण्यमासेदुः ॥३६॥

"तत्रैव च सर्वसुखशंसिनी वंशी सर्वमात्मानं च कृतार्थतां प्रापितवती ॥३७॥

"यतः, न तद्वनं यन्न विहारमङ्गलं, नायं विहारः शुभगीतभृन्न यः ।
गीतं न तद्यन्न हि वंशिकाकृतं, वंशो न सा कृष्णसुखानुगा न या ॥३८॥

महान् आश्चर्य को तो सुनो। यद्यपि तुम सब श्रीकृष्ण और श्रीकृष्ण के सखाओं में परस्पर अन्तर का अनुमान लगाते हो, तथापि विचार दृष्टि से तो इन सखाओं की, एवं श्रीकृष्ण की आत्मा पृथक् नहीं हो सकती, यही जाना जाता है ॥३३॥

और देखो ! श्रीकृष्ण के सहचरगण कहीं कहीं "राम-कृष्णौ" इस पद को परिवर्तन कर "कृष्ण-रामौ" इस प्रकार बोल देते हैं। यह दोनों प्रकार से ही उचित है। इसीलिये तुम सब भी इन दोनों भ्राताओं को परमात्मा के स्थान पर ही जानो। अतएव ये दोनों जन इस स्थान पर, परस्पर स्पष्ट रूप से तत्तद् विषय में, इस प्रकार का विधान करते रहते हैं ॥३४॥

इस प्रकार की घटना के अनन्तर पहले से ही श्रीकृष्ण वलदेव की विमल सुगन्धमय माधुरी धारा से आनन्दित होकर, अत्यन्त दूरवर्ती वृन्दावन की स्थावर जंगमात्मक जीवश्रेणी, प्राणों की तरह श्रीकृष्ण वलदेव की सेवा शुश्रूषा करने लग गई। इस प्रकार वृन्दावनस्थ जीवश्रेणी के उपजीव्य (आश्रय) ये दोनों भ्राता, इस गोचारण के समय तो परम अपूर्व दर्शन, स्पर्शनादि द्वारा देवताप्रभृति उस समस्त जीवश्रेणी को, उत्सव युक्त कर देते थे ॥३५॥

जो वृन्दावनस्थ जीवश्रेणी सबकी अपेक्षा अधिक सुखदायिनी होने के कारण, निश्चय ही अन्य जीवों के भी सुन्दर पुण्यमय फल के लिये, निपुणता प्राप्त कर चुकी है ॥३६॥

और उसी वृन्दावन में सर्वसुखदायिनी वंशी, समस्त जीव जन्तुओं को एवं अपने को भी कृतार्थ कर चुकी है ॥३७॥

कारण यह है कि—जो विहारमय मङ्गल से युक्त नहीं, वह वन कहलाने योग्य नहीं। जो विहार शुभ सङ्गीत से परिपुष्ट नहीं, वह विहार के मध्य में गिनने के योग्य नहीं। जो संगीत वंशी के द्वारा निर्मित नहीं, वह संगीत ही नहीं। एवं जो वंशी श्रीकृष्ण के मुखानुगत नहीं, वह वास्तविक वंशी कहलाने योग्य नहीं ॥३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तद्दिने तु कान्तः सोऽयं वृत्तान्तः कर्णान्तः क्रियताम्,—

उदीर्णमुरलीकलः स्वगुणगावृगोपावृति,-र्बलेन सहितः स्फुरद्विविधमाधुरीविस्तृतिः ।
रसार्द्रमनिशस्मितं तदतिहार्दभाजां गवां, हितं स्वजनचित्तवद्वनमथाविशन्माधवः ॥३९॥

"स च नितान्त-प्रियजन-भानः काननान्तःसारस-रस-गन्ध-सरससुगन्धगन्धवाह-वाहित-नवपल्लवपाणिभिः स्फुरन्मधुरसखितर्तिं मधुपतिमालिङ्गन्नुत्सङ्गसङ्गिनं विधाय स्वानुव्रत-मधुव्रत-खग-मृग-मञ्जुगुञ्जितादिव्यञ्जनया खेलितुमिव प्रोत्साहयामास ।

"ततश्च कौतुकविशेषलम्भनाय व्रजराजतनूजः सस्मितमीक्षमाणः सविस्मयवदुत्प्रेक्ष-माणश्च निजाग्रजं प्रति सादरनर्मगन्धप्रबन्धिवनवर्णनं निर्ममे ॥४०॥

यथा—'नूनं भवान् विश्वपतिर्नमन्ति य,-द्वलिं गृहीत्वा तरवः पदं तव ।
पश्य प्रसूनादिशतेन तन्नत,-प्रबालशाखाशिखया स्पृशन्ति ते ॥४१॥
त्वं राजसे देव वनेऽत्र साम्प्रतं, वयं न पश्याम तथापि तामसाः ।
इतीव चक्षुष्मति जन्मलम्भनं, वृक्षा वृणानाश्चरणं तवाश्रिताः ॥४२॥

किन्तु उस दिन में हुआ वही यह मनोहर वृत्तान्त कर्णगोचर कीजिये । श्रीकृष्णचन्द्र ने मुरली की अस्फुट मधुर ध्वनि का विस्तार कर, निजगुणगायक गोपगणों से परिवेष्टित होकर, श्रीबलदेवजी के सहित सुन्दर अनेक प्रकार के माधुर्य का विस्तार किया । पश्चात् बारंबार मृदु मुस्क्यानपूर्वक, आत्मीयजनों के चित्त की तरह रस से स्निग्ध, एवं स्नेहमयी गैयाओं के परम हितकारक श्रीवृन्दावन में प्रवेश किया ॥३९॥

और नितान्त प्रिय जन की तरह प्रतीयमान उस वन स्वरूप मित्र ने, कमलों की आस्वादन योग्य जो गन्ध, उस सरस सुगन्ध से युक्त जो वायु, उसके द्वारा संचालित नवपल्लवरूप हस्त समूह द्वारा, मधुर सहचरगण विराजित श्रीकृष्ण एवं श्रीबलरामजी को आलिङ्गन करते हुए अपनी गोद में बैठाकर, अपने पीछे पीछे चलनेवाले भ्रमर, पक्षी, एवं मृगादिकों की मनोहर गुंजार आदि की व्यंजना, अर्थात् इशारा करके मानों सभी को खेलने के लिये प्रोत्साहित कर दिया । तदनन्तर उन मित्रों को कौतुक विशेष प्राप्त कराने के लिये, श्रीव्रजराजकुमार मृदुहास्य सहित देखते हुए, एवं विस्मित जन की तरह उत्प्रेक्षा करते हुए, अपने बड़े भैयाजी के प्रति आदरपूर्वक परिहास सम्बन्धीय प्रबन्ध विशिष्ट वन का वर्णन करने लग गये ॥४०॥

यथा—हे दादा भैया ! श्रीबलदेवजी ! आप निश्चय ही विश्व के पति हैं, क्योंकि ये श्रीवृन्दावन के वृक्ष पूजा के योग्य पत्र, पुष्प, फल आदि लेकर, पूजनीय आपके श्रीचरणों को प्रणाम कर रहे हैं । देखो तो सही । ये सब वृक्ष सैकड़ों प्रकार के पुष्पादिकों से, एवं नवीन नवीन पत्र युक्त शाखारूप शिखा के द्वारा, आपके श्रीचरणों को छू रहे हैं ॥४१॥

और श्रीवृन्दावन में जन्म देने पर भी ये वृक्ष आपके लिये क्यों नव रहे हैं ? इसका कारण सुनो । हे देवाधिदेव ! श्रीबलदेव ! आप इस वन में इस समय साक्षात् विराजमान हो, तो भी हम सब तमोगुण से युक्त होने के कारण, आपको नहीं देख पा रहे हैं । इस भाव को प्रकाशित करते हुए, ये वृक्ष आपके श्रीचरणों का आश्रय लेकर वरदान मांगते हैं कि, अबके तो हमारा जन्म नेत्रधारियों के कुल में हो जाय प्रभो ! ॥४२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गायन्ति त्वां षट्पदाश्चानुयान्तः, श्रीरोहिण्याः पुत्रमन्तर्हितञ्च ।
इत्थं मित्राण्याहुरूहेऽहमेवं, सर्वेशस्त्वं न त्वमी सन्मुनीशाः ॥४३॥

सुरम्यं नृत्यन्ति प्रमदशिखिनः स्नेहवलितं
हरिण्यः पश्यन्ति स्फुटमृदुकलं बिभ्रति पिकाः ।
नटा रामाः सूक्तप्रपठनविदः काननसदा-
ममी धन्या यस्माद्विदधति तवाराद्तिथिताम् ॥४४॥

अंघ्रिस्पर्शैर्धरित्री-गिरि-तृण-सरितस्ते नखश्रेणिलेख-
श्रीमच्चित्रैर्विचित्रद्रुमसमुदयगद्योतवीरुद्विभेदाः ।
स्निग्धेक्षाभिश्च धन्या मृग-विहग-गणा वक्षसः सङ्गलाभा-
देषा तत्रापि गोपीव्रततिरतितरां यत्स्पृहा सापि लक्ष्मीः ॥४५॥

पितृव्यान्मे क्षत्रादवतरणमाप्तः स तु भवान्
पितुर्गोपेशस्यात्मजपदमगाद्धर्मविधिना ।
अतस्त्वं गोपीनां परिणयनमाप्तासि तदियं
लता गोपीनाम्नी तव हृदयलग्ना प्रथयति ॥'४६॥

और श्रीरोहिणीनन्दन के रूप में छिपे हुए भी, आपके पीछे पीछे भ्रमण करने वाले ये भ्रमरगण, आपके यश का गायन करते हैं। मित्रगण तो ऐसा कहते ही हैं, किन्तु मैं भी ऐसा विचार करता हूँ कि, क्या आप सर्वेश्वर नहीं हैं ? अपितु, अवश्य ही हैं। और ये भ्रमरगण क्या श्रेष्ठ मुनीश्वर नहीं हैं ? अपितु, अवश्य हैं ॥४३॥

और देखो ! मत्त मयूरगण मनोहरतापूर्वक नृत्य कर रहे हैं। हरिणियाँ स्नेहपूर्वक आपको देख रही हैं। कोकिलकुल स्पष्टरूप से मृदु मधुरध्वनि कर रहा है। वनवासी जीवों में ये परमधन्य हैं, क्योंकि ये नट की तरह नाचनेवाले मयूर, स्त्रियों की तरह स्नेहभरी दृष्टि से देखने वाली ये हरिणियाँ, एवं पुरुषसूक्त का सा पाठ करनेवाले ये कोकिलगण, निकट आकर आपका आतिथ्य सत्कार कर रहे हैं ॥४४॥

और आपके श्रीचरणों के स्पर्श से पृथिवी, पर्वत, नदी एवं तृणपर्यन्त सभी धन्य हैं। आपके चरणों की नखपंक्ति से लिखा गया जो लेख, उसके द्वारा शोभायमान चित्रावली से परिपूर्ण जो विचित्र वृक्षश्रेणी, उस वृक्षश्रेणी में लिपटी हुईं पुष्पादि से प्रकाशयुक्त अनेक प्रकार की लतायें भी धन्य हैं। स्निग्धतापूर्वक देखने के कारण मृग एवं पक्षीगण भी धन्य हैं। इन पूर्वोक्तों में भी यह गोपीव्रतति, अर्थात् शारिवा नाम की जो लता है, श्लेषपक्ष में जो गोपीसमूह है, वह अत्यन्त धन्य है। क्योंकि आपके जिस वक्षःस्थल के लिये वह लक्ष्मी भी ललचाती रहती है। उस अलभ्य वक्षःस्थल के संग का इसको लाभ हो गया है ॥४५॥

एवंगुणगणविशिष्ट आपका अवतार क्षत्रिय कुलोत्पन्न हमारे चाचा श्रीवसुदेवजी से हुआ है, एवं धर्मानुसार तो हमारे पिता गोपेश्वर श्रीनन्दजी के भी, पुत्रपद को आप प्राप्त कर चुके हैं। अतः आप गोपियों के साथ विवाह संस्कार को भी प्राप्त करोगे। क्योंकि इस बात को आपके हृदय पर लगी हुई, यह गोपी नाम की लता विख्यात कर रही है ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथाग्रजश्चानुजवाचममृतमिवाचम्य स्मितमाचरन्नुवाच,—'भवादृश एव तादृश-गुणगणभागीश्वरः कथमन्यं तत्र गण्यं करोति ?' इति ॥४७॥

"तदेवमखिलसखिभिः सह हसन्नर्मणा तेषां शर्म स्फुटमुत्तम्भयन् श्रीमद्वृन्दावन-वनशोभामपि स्वमिव तानुपलम्भयन् पशूनपि मानसगङ्गा-रोधांसि लम्भयन् स्वयमप्यय-मतितरां रेमे । तच्च प्रात्यहिकप्रायमेवं प्रथयिष्यामः ॥४८॥ यथा—

रमते रामं परितः कृष्णः । सखिगणगीतगुणेषु सतृष्णः ॥
अनुगायति पिकषट्पद-गानम् । परिजल्पति शुक-हंस-समानम् ॥४९॥
एवं चक्र-चकोर-बकादि । अनुरौति स्फुटहासविवादि ॥
द्वीपिमुखार्पितभीति पशूनाम् । रुतिमिव सृजति भयाय शिशूनाम् ॥५०॥
पक्षि-मृगादिकमहरहरवलम् । विरचितनामभिराह च सकलम् ॥
भ्रमति सखा यदि तस्मिन् कोऽपि । कर्षति विहसन् पणमुतोऽपि ॥५१॥
दूरगपशुमाह्वयति च नाम्ना । कृतगो-गोप-मनोरमसाम्ना ॥
गव्याहूतौ शिखिनां हूतिः । जाता यदसौ घनरुतिभूतिः ॥५२॥

तदनन्तर बड़े भैया श्रीबलदेवजी छोटे भाई की वाणी को अमृत की तरह आचमन करके, मन्द मुस्क्यान करते हुए बोले कि—आप जैसा व्यक्तिविशेष ही,पूर्वोक्त गुणगणों का भागी सर्वेश्वर हो सकता है । वह अन्यजन को उस स्थान पर कैसे गणनीय कर सकता है ? ॥४७॥

इस प्रकार सभी सखाओं के साथ हँसते हुए, लीला द्वारा उन सबके सुख को स्पष्टरूप से उत्तेजित करते हुए, एवं अपनी तरह उन सखाओं को श्रीवृन्दावन की शोभा को भी प्राप्त कराते हुए, पशुओं को मानसगङ्गा के तीर पर ले जाते हुए, श्रीकृष्ण स्वयं भी अतिशय क्रीड़ा करने लग गये । वह क्रीड़न भी प्रायः प्रतिदिन इस प्रकार से होता है । उसका हम स्पष्ट वर्णन करेंगे ॥४८॥

यथा—श्रीकृष्ण बलरामजी के आस पास चारों ओर खेलते रहते हैं । सहचरगण के द्वारा गाये गये अपने गुणों के प्रति वे सुनने की लालसा से युक्त रहते हैं । कोयल और भ्रमरों के गाने को सुनकर, पश्चात् उसी प्रकार गाने लगते हैं । तोता एवं हंस के समान बोली बोलते हैं ॥४९॥

इसी प्रकार चकवा, चकवी, चकोर आदि पक्षियों के समान शब्द करते हैं । वे स्पष्ट हास्य के द्वारा विवादी की तरह शब्द का अनुकरण करते हैं । बालकों को ड़राने के लिये व्याघ्र आदिकों से अर्पित है भीति जिस क्रिया में, अर्थात् व्याघ्र आदिकों से ड़रे हुए पशुओं की तरह शब्द करते हैं ॥५०॥

और वे प्रतिदिन पक्षी, मृग आदि एवं समस्त पर्वतों को नाम धर धर के बुलाते हैं । उस समय यदि कोई सखा भ्रम में पड़ जाता है, तो उससे भी हँस हँसकर पैसा आदि वस्तुओं को खेंच लेते हैं ॥५१॥

वे श्रीकृष्ण समस्त धेनु एवं गोपगणों के मनोहर नाम उच्चारण करके, दूरवर्ती पशु को बुलाते हैं । एवं धेनुसमूह के बुलाते समय मयूरों का बुलाना होगया, क्योंकि श्रीकृष्ण के द्वारा धेनुसमूह के बुलाने में मेघ के शब्द की सी सत्ता या ऐश्वर्य प्रगट हो गया था ॥५२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

व्यतियुञ्जानो भ्रात्रा स्वकरम् । शंसति हसति सखीहितनिकरम् ॥
सखिभिर्विश्रमयन्नयमार्यम् । प्रणयति तत्पदलालनकार्यम् ॥५३॥

सुललितपल्लवतल्पविधानः । सुहृदूरुस्थिरमूर्धनिधानः ॥
केलिश्रममनुकृतशयनेहः । पुण्यतमैरुपवीजितदेहः ॥५४॥

अत्र च कैरपि लालितचरणः । अस्मत्तृष्मात्रदपरिचरणः ॥
यः स्निग्धानां गानविनोदैः । निद्रामितवान् स्वरकृतमोदैः ॥५५॥

स्मरतां तन्नः किमपि मनःस्थम् । समयं सहते नान्यावस्थम् ॥
वयमिह के वा लुब्धंमन्याः ? लुब्धा यस्मिन् शुकमुखधन्याः ॥५६॥

"तदेवमेव वल्गुवलयिते लीलावलये पूर्ववन्निलयादाकलितमिष्टमिष्टान्नादिकं रसनया श्लिष्टं विधाय गवां जालं चालयन् पालयन् साग्रजव्रजराजतनूजः सवयोभिरायतीगवमवसर-मवगत्य गोत्रामात्राणां तंतिं शनैरुपव्रजमनैषीत् । नीत्वा च तार्णकवात्सकभेदानां तथा

कभी भैया बलरामजी के द्वारा अपने हाथ को धारण कराते हुए, एवं कभी कभी उनके हाथ को स्वयं धारण करते हुए, श्रीकृष्ण सखाओं की चेष्टाओं को कहते हैं और हँस जाते हैं। और ये श्रीकृष्ण आर्यवर्य श्रीबलरामजी को सखाओं के द्वारा विश्राम कराते हुए, श्रीबलदेवजी की चरणसेवा के कार्य को स्वयं करते हैं ॥५३॥

कभी श्रीकृष्ण सुन्दर कोमल पत्रों से रची हुई शय्या पर शयन करते हैं, एवं कभी मित्र की जंघा पर स्थिरतापूर्वक मस्तक रखकर निद्रित हो जाते हैं। क्रीड़ा करने से थक जाने के पश्चात् वे सोने की चेष्टा करते हैं, उस समय पवित्रतम मित्रों के द्वारा उनके श्रीविग्रह की सेवा वीजना के द्वारा की जाती है ॥५४॥

उन सखाओं में से कुछ सखाओं द्वारा उनकी चरणसेवा की जाती है। उनके श्रीचरणों की सेवा हमारे लिये तो केवल अभिलाषामात्र देती है, अर्थात् उनकी सेवा करने की अभिलाषा तो हमारी भी है, परन्तु उनकी अहैतुकी कृपा के बिना हमको वह कैसे प्राप्त हो सकती है ? एवं जो श्रीकृष्ण स्नेही सखाओं के गान विनोद से, एवं मधुर स्वर के द्वारा जनित हर्ष से निद्रा को प्राप्त करते हैं, वे हम पर न जाने कब स्नेहमयी दृष्टि करेंगे ? ॥५५॥

अतएव हम जब उनका स्मरण करते हैं, तब हमारे हृदय में स्थित जो उनकी सेवा करने की वासना है, वह समय की अन्य अवस्था को, अर्थात् तत्कालोचित सेवा स्मरण भिन्न, अन्य कार्य को सहन नहीं करती। इस विषय में अपने को लोभी मानने वाले, हम कौन सी गिनती में हैं ? अर्थात् सामान्य हैं। जिन श्रीकृष्ण के ऊपर किंवा उनके सेवनरूप कार्य पर, श्रीशुकदेव प्रभृति आत्माराम, आप्तकाम, प्रशंसनीय महात्मागण भी लुब्ध हो रहे हैं ॥५६॥

अतः इसी प्रकार प्रतिदिन के नियमानुसार, मनोहरता से मिलित लीलासमूह के सम्पन्न हो जाने पर, पहले की भाँति अपने अपने घर से लाये हुए मनोहर मिष्ठान्न आदि को जिह्वा से संयुक्त करके, गोसमूह को व्रज की ओर चलाते हुए एवं उसकी रक्षा करते हुए, समान अवस्था वाले बन्धुगण एवं ज्येष्ठ भ्राता श्रीबलरामजी के सहित, श्रीव्रजराजकुमार गैयायें जिस समय घर को आती हैं, उस समय को जानकर, पृथिवी की अंशस्वरूपा गैयामात्र के समूह को, धीरे धीरे व्रज के पास ले आये। और ले जाकर, तत्काल व्याये हुए एवं कुछ दिन के व्याये हुए, भिन्न भिन्न वत्ससमूह को पृथक् पृथक् निवास करा दिया। तथा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्त्रीगवीनां तास्वप्युपसर्या-सन्धिनी-प्रष्ठौही-धेनु-वष्कयणी-गृष्टि-परेष्टुका-समांसमीना-नैचिकी-कपिला-वशा-गोपतिप्रभृतीनां तत्र च गंगादिनाम्नां तथा पुङ्गवानां तेषु चार्षभ्य-दम्य-जात-ककुत्पूर्णककुज्जातोक्ष-महोक्ष-वृद्धोक्ष-युग्य-प्रासंग्य-शाकट-प्रष्ठवाट्प्रमुखानां तत्र च हंसादिनाम्नां परःकोटीनां कूटान् पृथक् पृथगवीवसत् । तत्र तत्र नस्तितानपि शिवकबद्धानचीकरत् ॥५७॥

ततश्च पूर्वपूर्वस्मादप्यपूर्वतया मङ्गलवस्तुनिकरकरैः पुरस्कृतक्षितिदेव-नरदेव-पुरःसरैर्व्रजवासिवरैरुपव्रज्य नीराज्य च सपशुपालबलः स गोपालः सदनं सादरमासादयामासे । प्रसादयामासे च सुललितलालनया जनितसुखजननी-मुखपुरन्ध्रीजनेन ॥५८॥

"अथ क्षणमात्रं तत्र विश्रम्य गोदोहनाय निर्गम्य रम्यदोह-पात्रसन्दोहं किङ्करनिकर-कराहृतं विधाय गवास्थानीमभिनिधाय महामहिम-गोप-समूहमनुकृतोपवेशं श्रीव्रज-नरेश-मनुज्ञाप्य वत्समोचनमाज्ञाप्य धेनुक-मध्यस्थितः स्वस्तिवाचनादि-प्रशस्तं समस्तचित्तमोहनं गोदोहनं नाम कर्म प्रथमं निर्ममे ॥५९॥

उन स्त्री जातिरूप गैयाओं में भी, उपसर्या (ऋतुमती अर्थात् ओसर), सन्धिनी (वृषभ के द्वारा आक्रान्त), प्रष्ठौही (पहले पहल गर्भ धारण करनेवाली), धेनु (नवप्रसूता), वष्कयिणी (चिरप्रसूता), गृष्टि (एक बार ब्याई हुई), परेष्टुका (अनेक बार ब्याई हुई), समांसमीना (प्रतिवर्ष ब्याने वाली), नैचिकी (गैयाओं में उत्तम), कपिला, वशा (बन्ध्या), गोपति (कामधेनु) प्रभृति अनेक प्रकार की गउओं को पृथक् पृथक् निवास कराया । उन गैयाओं में भी गंगा, कालिन्दी आदि नामवालियों को अलग अलग वास कराया । तथा पुरुष जाति की गैयाओं में भी आर्षभ्य (सांढ बनाने योग्य), दम्य (जोतने योग्य), जात-ककुत् (जिसकी टाठ उठ रही है), पूर्णककुत् (पूरी टाठवाला), जातोक्ष (जवान बैल), महोक्ष (बड़े डील वाला बैल), वृद्धोक्ष (बूढ़ा बैल), युग्य (जूआ ढ़ोनेवाला), प्रासङ्ग्य (दमन करने के लिये पहले पहल कन्धे पर रक्खे हुए काठ को ढ़ोने वाला), शाकट (गाड़ी को खींचनेवाला), प्रष्ठवाट् (अभ्यास के लिये जूए के पास बँधा हुआ बैल), इत्यादि अनेक प्रकार के बैलों को और उनमें भी हंस, बक आदि नाम वाले करोड़ों से भी अधिक बैलसमूहों को अलग अलग निवास कराया । उन उन में नाथ से नथे हुए बैलों को भी खूँटाओं से बाँध दिया ॥५७॥

तदनन्तर पहले पहले दिनों की अपेक्षा भी अधिक आश्चर्यपूर्वक प्रधान प्रधान व्रजवासीजन, मांगलिक वस्तुओं को हाथों में धरके, ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि प्रमुखजनों को आगे करके, उनके निकट जाकर, आरती उतारकर, ग्वालबाल एवं बलदेवजी के सहित, उन गोपालजी को आदरपूर्वक अपने घर को लिवा लाये । और सुखसंयुक्त जननी आदि, पतिपुत्रविशिष्ट पुरवासिनियों ने, अच्छी प्रकार प्यारपूर्वक उनको प्रसन्न किया ॥५८॥

तदनन्तर वहाँ पर क्षणभर विश्राम कर, गोदोहन के लिये नन्दभवन से निकलकर, रमणीय दोहनी समूह को सेवक समुदाय के हाथों से मँगवाकर, उन सब दोहन पात्रों को गउओं के खिड़क में रखवा कर, महामहिम गोपगणों के निकट बैठे हूए श्रीव्रजनरेश की आज्ञा पाकर, बछड़ाओं के खोलने की आज्ञा देकर, गोसमूह के मध्य में स्थित होकर, श्रीकृष्णचन्द्र ने स्वस्तिवाचनादि द्वारा प्रशस्त, समस्त चित्तमोहन गोदोहन नामक कार्य को पहले पहल निर्मित किया ॥५९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च गृहान्निर्गमनं यथा—

हाटकलकुटीपाणि,-र्मणिचितनिर्योगराजदुष्णीषः ।
जितगजराजविलासः, सबलः कृष्णो ययौ गोष्ठम् ॥६०॥

"दोहनं यथा—

श्रीमत्पट्टवटान्तमौक्तिकलसन्निर्योगराजत्कचौ
गाढानद्धवरान्तरीयरुचिभिश्चित्राधराङ्गश्रियौ ।
ऊर्ध्वज्ञू क्षितिसंहिताग्रचरणौ जानुद्वयान्तः स्थित-
स्वर्णामत्रधरौ सितासिततनू धेनुर्दुहाते स्म तौ ॥६१॥

"ततश्च घटोध्नीनां तासां नातिदुग्धानामपि दुग्धानि तु प्रचुरं दुग्धानि विधाय गवादि-सम्भालनमनुगोपान् संविधाय तानि च पितुः पुरस्तान्निधाय कराभ्यामञ्जलिं सन्धाय स्थितवन्तौ सन्तौ तेन दूरतस्तदीयतुरीयकक्षापूरितचातुरीनिरीक्षणसुखस्थगितेन भूयोभूयश्चाहूय सव्यापसव्ययोरुपवेशितौ ॥६२॥

"यत्र च—अक्ष्णा तस्यापसव्येन सव्यं तच्चकृषे बलात् ।
अपि सव्येनापसव्यं रामं कृष्णं दिदृक्षुणा ॥६३॥

"किञ्च, एकहेतुभयमेव लोचने, द्वे च वाष्पभरपत्र विन्दतः ।
रामकृष्णयुगपद्विलोकने, ते तु गोपनृपतेर्यथायथम् ॥६४॥

उस प्रसङ्ग में घर से निकलने का वर्णन इस प्रकार हैं—श्रीकृष्ण नन्दभवन से जब गोष्ठ (खिड़क) में पधारे, तब उनके श्रीहस्त में सुवर्णमयी लकुटी थी, मणिखचित गोवन्धन रज्जू द्वारा, अर्थात् लोमना द्वारा उनकी पगड़ी शोभा पा रही थी, एवं श्रीबलदेवजी के सहित मत्त गजराज की चाल को परास्त कर रहे थे ॥६०॥

दोहन यथा—गौर श्यामल वपु वे दोनों भ्राता जब धेनुओं को दुहने लगे, तब सुन्दर रेशम की ड़ोरी के प्रान्तभाग में मोतियों की झालर से शोभायमान जो गोपादवन्धनी रज्जू, अर्थात् लोमना था, उस लोमना से दोनों के केशपाश सुशोभित हो रहे थे । दृढ़तापूर्वक बँधे हुए श्रेष्ठ नीलाम्बर पीताम्बर की कान्तिसमूह से, दोनों ही के नाभि से नीचे के अङ्गों की विचित्र शोभा हो रही थी । दोनों ही के घोंटू ऊपर की ओर हो रहे थे, दोनों के चरणों के पंजे भूमि से सटे हुए थे । दोनों ही भैया अपने अपने दोनों जानुओं, अर्थात् घोंटुओं के बीच में स्थित सुवर्णमयी दोहनी को धारण किये हुए थे ॥६१॥

तदनन्तर जिनकी ऐनरी घड़े के समान है, ऐसी उन धेनुओं के अच्छी प्रकार न दुहने पर भी बहुत सा दुग्ध दुहकर, अन्य छोटे मोटे गोपों को गोवत्स आदि सँभालने के भार को अच्छी प्रकार सोंपकर, एवं उन समस्त दुग्धों को पिताजी के आगे रखकर, दोनों हाथों से अञ्जलि को बाँधकर खड़े हुए दोनों भ्राताओं को, दूर से ही उनकी चतुर्थकक्षा परिपूरित गोदोहन की चातुरी के देखने से, उत्पन्न सुख से स्थगित (निश्चल) श्रीव्रजराज ने बारंबार स्नेहपूर्वक बुलाकर, अपनी बाईं और दाईं बगल में बैठा लिया ॥६२॥

और जहाँ पर श्रीराम कृष्ण के देखने की इच्छा वाले, श्रीव्रजराज के दक्षिण नेत्र ने बलपूर्वक वाम नेत्र को खेंच लिया, तथा वाम नेत्र ने बलपूर्वक दक्षिण नेत्र को खेंच लिया ॥६३॥

अपि च गोपराज श्रीनन्दजी के दोनों नेत्र राम कृष्ण का एक साथ दर्शन करते समय, इन कृष्ण बलराम के विषय में यथाविधि एक ही कारण समझकर, आँसुओं की वर्षा करने लग गये ॥६४॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"तथा हि—सव्यमक्षि तनुजाद्व्रजेशितु,-र्भ्रातृजात् पुनरसव्यमस्रवत् ।
यत्र मानसमपि स्वयं द्विधा,-भिद्यताश्रुमिषमित्यबुध्यत ॥६५॥

"ततश्च, अग्रिमानग्रिमान् कुर्वन्नन्त्यानन्त्यान् समैः समम् ।
सोऽभितो रामकृष्णाभ्यां शोभितो गृहमाययौ ॥६६॥

"गृहमागत्य च सर्वात्मगोष्ठीं मिष्टान्नादिभिः सुष्ठु तुष्टामकार्षीत् ॥६७॥

"ततश्चानन्दविशिष्टेषु विसृष्टेषु शिष्टेषु रामकृष्णौ निज-निज-धाम समागम्य रम्यतमशय्यामधिशय्य मातृभ्यामुपचर्यमाणौ परिचारकैः परिचर्यमाणौ सुखं निदद्रतुः ॥"६८॥

अथ स्निग्धकण्ठः समापनदिग्धं तदिदं वाक्यं साञ्जलि व्यानञ्ज,—

"ईदृशस्तनयो जातस्तव गोपधरापते !
आत्मारामाश्च यत्कीर्त्या यान्ति द्रागात्मविस्मृतिम् ॥६९॥

अथ श्रीदामादि-चमत्कारसारप्रदप्रथनस्य तदेतत्कथनस्य श्रवणान्ते, सैवेयं लीलेति भ्रान्ते, तत एव बहिर्वृत्तित उपशान्ते गोलोकधरित्रीकान्ते, जने च श्रेणीप्रान्ते, तौ सूतसुतौ यथावद्बद्धाञ्जलितयावस्थितौ चिरत एव पूर्वपूर्ववत्प्रीतिदानेन वासं प्रस्थापितौ विधाय ते सर्वे यथास्वमावासादिकमासादितवन्तः ॥७०॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु गोचारणप्रचारणं नाम द्वादशं पूरणम् ॥१२॥

और देखो ! अपने पुत्र को देखकर श्रीव्रजराज का वाम नेत्र, एवं भैया के पुत्र बलराम को देखकर दक्षिण नेत्र अश्रु बहाने लग गया । जहाँ पर अश्रुओं के बहाने मन भी स्वयं दो प्रकार से अलग अलग हो गया था, यह भाव भी उन्होंने जान लिया ॥६५॥

उसके बाद श्रीव्रजराज अग्रगण्य गोपों को आगे करते हुए, एवं छोटे गोपों को पीछे करते हुए, समान अवस्था वालों के साथ दोनों बगल श्रीराम कृष्ण दोनों भ्राताओं से सुशोभित होकर, घर को चले आये ॥६६॥

और घर को आकर, समस्त आत्मीयजनों की सभा को मिष्टान्नादिकों से अच्छी प्रकार प्रसन्न करदिया ॥६७

तदनन्तर आनन्दविशिष्ट शिष्टजनों को बिदा कर देने के बाद, श्रीराम कृष्ण दोनों भ्राता अपने अपने भवन में आकर, रमणीय शय्या पर लेटकर, दोनों माताओं के द्वारा लालित होकर, सेवकों के द्वारा सेवित होकर, सुखपूर्वक शयन कर गये ॥६८॥

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ ने हाथ जोड़कर प्रसङ्ग समाप्तिसूचक यह वचन व्यक्त किया कि–हे गोपभूपते ! आपके ऐसा विचित्र पुत्र उत्पन्न हुआ है कि, जिसकी कीर्ति के द्वारा आत्माराम, आप्तकाम, श्रीशुकदेव आदि मुनि भी, शीघ्र ही अपने स्वरूपानुसन्धान को भूल जाते हैं ॥६९॥

पश्चात् श्रीदामादि सखाओं को चमत्कार का सार देनेवाली, विस्तारित उस कथा के श्रवण के अन्त में, यह वही लीला है इस प्रकार कहकर, गोलोकराज श्रीनन्दजी के भ्रान्त हो जाने पर, इसी कारण बाह्यवृत्ति से उपशान्त हो जाने पर, एवं जनमात्र के पंक्ति लगाकर खड़े हो जाने के बाद, विधिपूर्वक हाथ जोड़कर खड़े हुए उन दोनों सूतपुत्रों को, बहुत देर बाद पहले पहले की भाँति प्रीतिदानपूर्वक, अपने घर के प्रति प्रेषित करके, वे सब सभासद् यथाविधि अपने अपने घर आदि को पहुँच गये ॥७०॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये गोचारणप्रचारणनामकं द्वादशं पूरणं संपूर्णम् ॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ त्रयोदशं पूरणम्

कालियदमनम्

अथ प्रतिप्रातरिव श्रीमद्व्रजराजसमाजे विराजमाने कथां कथयितुं समुत्कण्ठो मधुकण्ठो निजान्तश्चिन्तयामास,—॥१॥

"धेनुवारणारम्भलम्भकदिने धेनुकालम्भः खलु श्रीबादरायणिना तदीयचारणावसर-साम्यानुसारिणा पूर्वमेव वर्णितः। वस्तुतस्तु पौगण्डप्रान्त एव पण्डया निर्णीतः, तद्दिवसावसाने वेश्मप्रवेशे कैशोरांशावेशवर्णनात्। अतः श्रीपराशरेणापि कालियदमनानन्तरावसर एव सोऽयं सावसरः कृतः, श्रीहरिवंशे च स्पष्टमेव—'दमिते सर्पराजे तु कृष्णेन यमुनाह्रदे' इत्युक्त्वा धेनुकवधः समारब्धः। तदेव युक्त्यापि व्यक्तीभवति! कार्तिकवर्तमानशुक्लाष्टम्यां गोचारणारम्भसम्भवदिनतया पाद्मे स्पष्टतयोक्तिर्दृष्टा। पक्वतालफलकालो भाद्र एव, तत्र च धेनुकनिर्धूननप्रसिद्धिः। तस्मात् कालियदमनमेव प्रथमं प्रथयिष्यामः।" इति। स्पष्टं त्विदमभ्याचष्ट,—॥२॥

"कवयो ये भुवि ख्यातास्त एवाकवयो मताः।
सुखमायास्यतीत्येवं सुदुःखं वर्णयन्त्यमी॥"३॥

तेरहवाँ पूरण

कालियदमन लीला

गोचारण लीला के अनन्तर प्रत्येक प्रातःकाल की तरह, श्रीमान् व्रजराज का समाज जब विराजमान हो गया, तब कथा को कहने के लिये उत्कण्ठित मधुकण्ठ अपने अन्तःकरण में विचारने लगा कि— ॥१॥

व्यासनन्दन श्रीशुकदेवजी ने गोचारण के अवसर की समानता का अनुसरण करते हुए, गोचारण लीला के प्रारम्भिक दिन ही, पहले ही धेनुकासुर के वध का वर्णन किया है। वस्तुतस्तु, पौगण्ड अवस्था के अन्त में ही सदसद् विवेकिनी बुद्धि से उसके वध का निर्णय किया है। कारण—उस धेनुकासुर वध के दिन की समाप्ति में, गृहप्रवेश के समय किशोरावस्था के अंशों के आवेश का वर्णन किया है। अतः श्रीपराशरजी ने भी कालियदमन के परवर्ती समय में ही, वह धेनुकवध प्रस्तावित किया है। श्रीहरिवंशपुराण में तो स्पष्ट ही "यमुनाह्रद में श्रीकृष्ण के द्वारा कालियनाग के दमन हो जाने के बाद", इस प्रकार कहकर धेनुकवध का आरम्भ किया है। वह युक्ति के द्वारा भी स्पष्ट हो जाता है। यथा—कार्तिक मास की शुक्लपक्ष की अष्टमी के दिन ही, गोचारण का आरम्भ सम्भवतया हुआ है। पद्मपुराण में यह उक्ति स्पष्टतया देखी गई है। पके हुए ताल के फलों का समय भाद्रपद ही है, और उसी में धेनुकवध की प्रसिद्धि है। इसलिये हम पहले कालियदमन को ही विस्तारपूर्वक वर्णन करेंगे। इस प्रकार विचारकर स्पष्टरूप से तो यह कहा कि—॥२॥

जो प्राकृत विषय का वर्णन करने वाले कवि भूतल पर विख्यात हैं, वे वास्तविक अकवि ही मानने योग्य हैं, क्योंकि वे सब कविजन सुख प्राप्त होगा, इस आशा से अत्यन्त दुःखद विषय का ही वर्णन करते हैं ॥३

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति तूष्णीकामासज्य पुनराह स्म,--

"अथवा—सुखं वा वीर्यं वा तदिह परमं यत्प्रतिमुखं
प्रतीपं निर्जित्यानवरतमतुल्यं विजयते ।
कविश्च श्रेयान् स स्फुरति खलु यस्तत्परतया
सदा तत्तद्गायन्नपि न परितस्तृप्यतितराम् ॥४॥

"अतः कालियनिर्यापनफलं तदिदं वृत्तमापाततः सुदुःसहमप्यायत्यां प्रत्याशबहुलसुख-सहचरतया वर्णनीयमेवास्माभिराकर्णनीयमेव च युष्माभिरिति याचित्वा सकम्पमुवाच,—॥५॥

"तदेवमर्जुनीषु पर्यगेव चिराय चार्यमाणासु परिकालियालयजलाशयाशयमेव चलितुं खलु श्रीबलरामः समनुज्ञां कलयाञ्चक्रे, श्रीव्रजेश्वर्याः शिक्षितचर्यानुगमात् । श्रीबलावरजस्य तु तस्य चिरत एवाविरतं तद्दिदृक्षा न क्षीणासीत् । बहलेन कुतूहलेन जन्मत एव दुर्जनतेजसाम-सहनतायामविकलेन तेजस्विताबलेन च ॥६॥

"तदेवं स्थिते सदावदेव कदापि कृष्णाग्रजन्मनः श्रवणाख्यं मासिकं जन्मर्क्षमतिथिवत् प्रथितं व्रज-सदसि समाससाद । तदा च सङ्कर्षणः स खलु हर्षणमङ्गलस्नपनाद्यासङ्गतः स्वगृह एव सङ्गत आसीत् ॥७॥

इस प्रकार कहकर मौनावलम्बन कर, पुनः बोला कि—इस भगवत्सम्बन्धी विषय के वर्णन या श्रवण में महान् सुख हो, या महान् प्रभाव प्रकटित हो, वे दोनों ही श्रेष्ठ हैं। क्योंकि भगवत्सम्बन्धी विषय संमुख होकर, प्रतिकूल विषय को परास्त करके, निरन्तर अनुपमभाव से विजय को प्राप्त होता है। कवि भी वही श्रेष्ठ है एवं स्फूर्ति पाता है, जो कि भगवत्सम्बन्धी विषय में तदाकार होकर, सदैव तत्तद् विषय का गायन करता हुआ भी, सर्वतोभाव से अत्यन्त तृप्त नहीं होता ॥४॥

अतः कालियनाग के निकालनेरूप फल से युक्त यह वृत्तान्त, आपाततः अत्यन्त असह्य होने पर भी, भविष्य में प्रत्येक विषय में बहुत सुखदायक सङ्गी होने के कारण, हमको वर्णन करना उचित है। आप सबको श्रवण करना भी उचित है। इस प्रकार प्रार्थना करके कम्पित होकर कहने लगा— ॥५॥

इस प्रकार पहले की तरह बहुत दिन से चारों ओर जब गंयायें चराई जाती थीं, तभी श्रीव्रजेश्वरी की शिक्षित चर्या का अनुगमन करने के कारण, श्रीबलरामजी ने तो निश्चित रूप से कालियनाग के आलय स्वरूप जलाशय की दिशा को छोड़कर ही, चलने के लिये अपनी अनुमति दे दी थी। किन्तु अधिक कुतूहल के कारण, तथा जन्म से ही दुर्जनों के तेज की असहनता के प्रति, परिपूर्ण तेजस्वितारूप बल के कारण, श्रीबलदेवजी के छोटे भाई उन श्रीकृष्ण की तो बहुत दिन से ही, निरन्तर उस कालियह्रद के देखने की इच्छा क्षीण नहीं हुई थी ॥६॥

ऐसी स्थिति में सदा की तरह कभी कृष्ण के बड़े भाई श्रीबलदेवजी का श्रवणा नामक मासिक जन्म-नक्षत्र, अतिथि की भाँति व्रजसभा में उपस्थित हुआ। उस समय वे श्रीबलदेवजी तो निश्चितरूप से हर्ष-जनक मङ्गलमय अभिषेक आदि में आसक्त होने के कारण, अपने घर में ही रहने को बाध्य हो गये ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदा च कासाञ्चनाभिनवानां गवामतिप्रत्यासन्नप्रसवानामवश्यमेव स्वावनीयतया विनापि तं वनीमनुगतसखः श्रीदामसखः प्रस्थितवान् । किन्तु सम्भोजनसमयसमयने समयं विधाय तदा च लब्धे विप्रलब्धेरवसरे तदितरं प्रति यः कालकूटतुल्यः कालकूटस्तन्मय-कालिन्दीयकालियह्रदहरितमेव त्वरितं हरिसुधा-वारिधिरवजगाहे ॥८॥

"तत्र गवामग्रेसरा ये गोपकुमारवरास्तेषु चानाशितंगवीन-नवीन-वनविभागावकलन-कलितबहल-कुतूहलजात-रभसतः किञ्चिद्विलम्बमालम्बमानेषु निदाघ-द्राघीयस्तृष्णा-व्याकुल-मग्रिमगोकुलं कालियविषाकुलं कृष्णा-जलं पिबति स्म । पानमात्राच्च विचेतनतया निपपात, ॥९॥

"क्षणतस्ते चाग्रेसरास्तदवलोकशोकधरा देह-जिहासया सहसा स्वयमपि धयन्तः पतन्ति स्म ॥१०॥

"इयं पुनर्योगमायाया एवानपाया गतिः, या खलु खलानामुत्कलनायासम्भवमपि सम्भावयति ॥११॥

"अथ मुहूर्तपूर्तावागतोऽयं तोयद-श्यामलमूर्तिर्मूर्तानिव तान् पश्यन्नन्यादृशश्यामलतामा-जगाम, विललाप च,—॥१२॥

उसी समय जिनके व्याने की अवधि अति निकट आ चुकी है, ऐसी कुछ नवीन गैयाओं की रक्षा अवश्य मुझे ही स्वयं करनी उचित है, ऐसी भावना करके श्रीदामा के सखा श्रीकृष्ण, श्रीबलदेवजी के विना ही, अन्यान्य सखाओं के अनुगत होकर, छोटी सी वनी को चल दिये, किन्तु अच्छी प्रकार भोजन के समय सम्मिलित होने की प्रतिज्ञा करके । बस, उसी समय धोखा देने का अवसर मिल जाने पर, श्रीकृष्ण से भिन्न के प्रति जो कालकूट (विष) कालसमूह के समान है, ऐसे विष से परिपूर्ण यमुना सम्बन्धी कालियह्रद की दिशा को, श्रीहरिरूप सुधासमुद्र ने शीघ्र ही गमन किया ॥८॥

वहाँ पर गउओं के आगे चलनेवाले जो गोपकुमार थे, उन्होंने "जिस वन में पहले कभी भी गैया नहीं चराई गईं, ऐसे नवीन वन विभाग के देखने से उत्पन्न अतिशय कुतूहल से जायमान, पूर्वापर विचार के अभाव के कारण" जब किंचिद् विलम्ब का अवलम्बन किया, अर्थात् देरी की, तभी ग्रीष्मकाल की विशाल तृष्णा (प्यास) से व्याकुल होकर, आगे चलनेवाले गोसमूह ने कालियनाग के विष से मिले हुए यमुनाजल को पी लिया, और पीते ही अचेत होकर भूमि पर गिर पड़ा ॥९॥

क्षणभर में वे आगे चलनेवाले ग्वारिया, उन धेनुओं की ऐसी दशा देखकर, शोकातुर होकर देह त्यागने की इच्छा से, सहसा स्वयं भी उसी जल को पीते हुए गिर पड़े ॥१०॥

किन्तु यह सब योगमाया की ही विघ्न या वियोगरहित परिपाटी है या स्वरूप है, जो कि दुष्टों के दमन के लिये असम्भव को ही सम्भव बना देती है ॥११॥

तदनन्तर मुहूर्त भर में आये हुए, नवघनश्याम शरीरवाले ये श्रीकृष्ण उन सब गैया एवं ग्वालबालों को मूर्च्छित देखकर, अन्य प्रकार की श्यामता को प्राप्त हो गये, अर्थात् काले कृष्ण भी उनके दुःख से अधिक काले पड़ गये । और विलाप भी करने लग गये—॥१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'या गावः खलु देवता व्रजसदामस्माकमुच्चैस्तरां
ये बालाश्च सदैव जीवतुलितास्तेऽमी विपन्नाः पुरः ।
हा हन्त स्वयमस्मि तत्सहचरः किं भ्रातरं मातरं
तातं सर्वजनञ्च वच्मि मम धिक् चापल्यतः साहसम् ॥' १३॥

"ततश्च विप्रतीसारसारानुसारद्रुत-विद्रुततर-चेतसः श्रीव्रजकुलचन्द्रमसः क्रमशः सर्वेषां मुखमभिदत्तदृशः स्तिमितीकृतनिजाधारा नेत्राम्बुधारा निपेतुः, या एवांकुरीकृतवसुधाः सुधायमाना यथाक्रमं सर्वं चेतयामासुः । किन्तु मुरशत्रुः पुरः पुरःस्थगमनावेशादपुरःस्थदेशाश्रितानां चेतनां तदा न विचेत, चिरादेव त्वचेतीत् ॥१४॥

"ते च चेतिताः सर्वे चिराय विचारप्रचारं नानुचरन्ति स्म; यस्मादात्मानमघनामधरविषधरविषमविषमोहाद्रक्षितवन्तमघद्विषमेव तत्र तत्र भ्रमन्तमनुभूय भूयः स एव चेतनामूलमिति निश्चितवन्तः ॥१५॥

"कृष्णस्तु तान् विचुलितवेशान् लब्धोपवेशान् दृष्ट्वा युगपदेव सर्वान् कृष्ट्वा पृथक् पृथगेवाश्लिष्टवान् ॥१६॥

जो सब गैयायें व्रजवासियों को देवता के समान पूज्य हैं, तथा हमारी तो और भी अधिक पूज्य हैं, और जो ग्वालबाल मेरे तथा व्रजवासियों के सदैव प्राण के समान प्यारे हैं, वे ये सब सामने ही आपत्ति में पड़े हैं। हाय ! हाय ! मैं उनका स्वयं सहचर हूँ। अब मैं घर जाकर उनके भैया, मैया, पिता एवं अन्य सभी लोगों को क्या कहूँ ? कुछ समझ में नहीं आता। अतः इस चपलता में प्रयुक्त मेरे साहस को धिक्कार है ॥१३॥

उसके बाद व्रजकुल चन्द्रमा श्रीकृष्ण का चित्त शीघ्र ही अत्यन्त पिघल गया, उन्होंने क्रमशः सभी के संमुख दृष्टि डाली, पश्चात् पश्चात्ताप के सारांशानुसार, निजाधार स्वरूप श्रीकृष्ण को गीला करती हुईं, श्रीकृष्ण के नेत्रों की वे जलधारायें गिर पड़ीं कि, जिन्होंने ही पृथिवी को अंकुरित करके, अमृत के समान होकर क्रमशः सभी को सचेत कर दिया। किन्तु मुरवैरी श्रीकृष्ण पहले संमुखस्थ जनों के पास जाने के आवेश के कारण, जो संमुख नहीं थे उनकी चेतना को उस समय न जान सके, किन्तु कुछ विलम्ब से ही जान सके ॥१४॥

वे सब सखा चैतन्य होकर बहुत देर तक विचार एवं प्रचार, अर्थात् चलना फिरना आदि नहीं करते थे। कारण—उन्होंने अघनामधारी विषधर की विषम विषमयी मूर्च्छा से, अपनी रक्षा करनेवाले अघारि श्रीकृष्ण को ही, वहाँ वहाँ सबके संमुख घूमते हुए अनुभव करके, पुनः वे ही चेतना के मूल हैं ऐसा निश्चय किया ॥१५॥

श्रीकृष्ण भी, जिनके वेश भूषण आदि तितर बितर हो गये हैं, ऐसे उन सखाओं को अपने अपने स्थान पर बैठे देखकर, एक साथ ही सब को खींचकर, अलग अलग सभी से भुजभर के मिले ॥१६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदुक्तमेव,—'यदस्य खल्वौत्पत्तिक एवायमुपपत्तिमतीतवान् गुणः; यद्भावभावनः स्यात्तत्रानुरूपरूपाविर्भावनमसौ यौगपद्यमुपसद्य बहुत्रापि सद्य एवापद्यते' इति ॥१७॥

तत्र बालैर्मिलनं यथा—

दृष्टिर्वाष्पमिता तनुस्तिमिततामन्तर्मतिर्लीनता-
मित्थं सङ्गतिसाधने तु निखिलेऽभीक्ष्णं गते व्यर्थताम् ।
किं सौख्यं किमसौख्यमेतदिति च स्फूर्तिं विनावस्थितौ
कश्चित् कोऽपि न किञ्चिदुज्झितुमभूच्छक्तिप्रयुक्तश्चिरम् ॥१८॥

"गोभिर्यथा—

गावो हुंकृतिघोषणा वलयिताः कृष्णं लिहन्त्यश्चिरा-
त्तद्बाहुद्वयवेष्टनेन विलसत्कण्ठ्यः समुत्कण्ठिताः ।
यत्नात्त्याजिततद्ग्रहाश्च पशुपैः क्षिप्ताश्च तस्थुश्चिरं
तास्तद्वक्त्रसुधाकरद्युतिसुधापीतावतृप्तेक्षणाः ॥१९॥

"तदेवं सति तस्य भावविशेषोद्भवः समुद्भाव्यते । पूर्वमेवायं श्रीयुतकृष्णः पारावार-भविष्णुस्थास्नुचरिष्णुदुःखदानधृष्णोः कृष्णाधिष्ण्यस्य कालियस्य निराकरिष्णुतृष्णोऽपि

यह सिद्धान्त कहा भी है कि—इन श्रीकृष्ण का औत्पत्तिक, अर्थात् स्वाभाविक ही यह गुण युक्ति के मार्ग को अतिक्रमण कर गया है कि, जो इनके अनुस्मरण की भावना करता है, उसी उसी स्थान पर ये भक्त के भावानुसारी रूप को एक साथ ही प्रगट करके, अनेक स्थानों पर भी भक्तों के सामने शीघ्र ही पहुँच जाते हैं ॥१७॥

वहाँ पर बालकों से मिलना, यथा—श्रीकृष्ण जब मित्रों से मिलने लगे, तब उन सबकी दृष्टि अश्रुओं से व्याकुल हो गई, शरीर स्तब्ध (निश्चल) हो गया, एवं आन्तरिक बुद्धि विलीन हो गई। इस प्रकार मिलने के सभी साधन वारंबार व्यर्थ हो गये। तथा यह सुख है क्या ? अथवा दुःख है क्या ? इस प्रकार की स्फूर्ति के बिना स्थिति हो जाने पर, कोई भी जन किसी को थोड़ी सी देर के लिये भी, त्यागने को समर्थ न हुआ, अर्थात् न तो मित्र ही कृष्ण को छोड़ते हैं, और न कृष्ण ही मित्रों को छोड़ सकते हैं, ऐसी दशा हो गई ॥१८॥

गैयाओं से मिलना, यथा—गैयायें हुँकार शब्द करती हुईं गोलाकार एकत्रित होकर, बहुत देर तक श्रीकृष्ण के अङ्गों को चाटती हुईं, श्रीकृष्ण की दोनों भुजाओं के लपेटा से गले में शोभा पाने लग गईं। पश्चात् ग्वालबालों ने जब यत्नपूर्वक उत्कण्ठित धेनुओं के कण्ठ से श्रीकृष्ण की भुजाओं को छुड़ाया एवं दूर किया, तब वे श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र की कान्तिसुधा के पान के विषय में अतृप्त नेत्रवाली होकर, बहुत देर तक खड़ी रहीं ॥१९॥

इस प्रकार की घटना के अनन्तर श्रीकृष्ण के भाव विशेष की उत्पत्ति की समुद्भावना करते हैं कि—पहले से ही ये श्रीमान् कृष्ण, श्रीयमुनाजी के दोनों तीरों पर उत्पन्न होनेवाले, स्थावर जङ्गम पदार्थमात्र को दुःख देने में धृष्ट, यमुना निवासी, ऐसे कालिय नाग के निकालने की तृष्णा से युक्त होकर भी, उस नाग

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्पत्नीभ्योऽपत्रपिष्णुतया चिराय तूष्णीं बभूव । सम्प्रति तु गो-गोपालकालधर्मापातजाता-सहिष्णुतया वर्धिष्णुक्रोधः सुष्ठु जातः ॥२०॥

"ततश्च सावहित्थमित्थमुवाच,—'अहो वयस्याः ! पश्यथ अत्रोदक-स्तम्भविद्या-कृतावकाश-प्रकाशमान-ह्रदिनी-ह्रदस्थितस्वसदने कालियाख्यमन्ददन्दशूकस्तिष्ठति । तेन च दुष्ठुनिष्ठचूतया सर्व एवाखर्वविषज्वालया ज्वलिताः पर्यन्तदेशा दृश्यन्ते । उपर्यप्युत्पतिताः पतत्रिणश्चात्र पतिता इत्यात्मनेत्राभ्यां प्रतीयताम्; येभ्यस्तु प्राणा जगत्प्राणाशनभयतः सद्य एव विप्रतिपद्येव स्वयमुत्पतन्तः कदापि न न्यवर्तन्त । सोऽयं पुनर्गरुत्मत्कृतामृतसेक एक एव कालकूटज्वालयापि कृतालम्बः कदम्बः सुललितदलादितया लालसीति । तस्मादस्योपरिग-कोटरपिठरे स्फुटं तदनवद्यममृतमद्यापि विद्यत इति प्रसह्याहमारुह्य पश्यानि । भवन्तस्तु गाः किञ्चिद्दूरचरतया चारयन्तश्चरन्तु ।' ॥२१॥

"तदेतद्वदन् विगतकदनः कञ्जवदनः कदम्बमधिरुह्य परिकरं समूह्य स्वयं किरण-गणामृतघनाघनः सान्निध्यमात्रनिर्मितसाधर्म्ये तस्मिन् कालियहर्म्ये निर्मलजलक्रीडाकुतुकाय पपात । यत्र च तत्र सर्पह्रदगतजलं धनुःशतमुदसर्पत् । तच्च श्रीव्रजराजतपःप्रतापफलस्य

की पत्नियों से लज्जित होने के कारण, बहुत समय तक तो मौनी बने रहे । किन्तु इस समय तो गैया एवं ग्वालबालों की मृत्यु आजाने से उत्पन्न असहिष्णुता के कारण, श्रीकृष्ण का क्रोध अच्छी प्रकार भड़क उठा है ॥२०॥

तदनन्तर आकार को छिपाते हुए श्रीकृष्ण इस प्रकार बोले कि—हे प्रिय मित्रों ! तुम सब एक आश्चर्य देखो । यहाँ पर जलस्तम्भन विद्या के द्वारा अवकाश स्थान करके जो यमुना ह्रद (तालाब) प्रकाश पा रहा है, उस ह्रद में स्थित अपने घर में कालिय नामक निन्दित दुर्दान्त एक सर्प रहता है । उसने खराब धूत्कार के द्वारा उत्पन्न की जो विशाल विष की ज्वाला, उससे चारों ओर के सभी प्रदेश जलते हुए दिखाई देते हैं । इस तालाब के ऊपर उड़नेवाले पक्षी भी इसी में गिर रहे हैं, इस बात को तुम अपने नेत्रों से ही प्रत्यक्ष कर लो । जिन पक्षियों के प्राणवायु, वायुभोजी कालिय सर्प के भय से शीघ्र ही आपत्ति सी में पड़कर, स्वयं उड़ते हुए कभी भी लौटते नहीं हैं । और यह जो कदम्ब वृक्ष दिखाई दे रहा है, इसका शरीर विष की ज्वाला से संयुक्त होकर भी, केवल गरुड़जी के द्वारा अमृत का सेक कर देने से सुन्दर पत्र पल्लवादि सहित अकेला ही अतिशय शोभा पा रहा है । अर्थात् एक कदम्ब को छोड़कर और सभी वृक्ष विष की ज्वाला से भस्म हो गये हैं । अतएव इस कदम्ब की ऊपरवाली खोंतर रूप बटलोई में, वह अनिन्दित अमृत आज भी स्पष्ट विद्यमान है, इसलिये मैं बलपूर्वक इस पर चढ़कर देख लूँ । आप सब तो कुछ दूर जाकर गैयाओं को चराते हुए विचरण करें ॥२१॥

इस प्रकार कहते हुए विकार रहित कमलमुख श्रीकृष्ण कदम्ब पर चढ़कर, फेंट कसकर, स्वयं किरण समूह रूप जल से वर्षालु मेघ होकर, अर्थात् मेघ जैसे ऊँची अटारी में प्रवेश करता है, उसी प्रकार अपनी सन्निधिमात्र से समानता को प्राप्त उस कालिय नाग के भवन रूप जलाशय में, निर्मल जल क्रीड़ारूप कौतुक के लिये कूद पड़े । जहाँ पर उस सर्प के जलाशय में जो जल है, वह सौ धनुष, अर्थात् चार सौ हाथ ऊपर की ओर उठ खड़ा हुआ । यह सब कार्य श्रीव्रजराज के तपःप्रभाव के फलस्वरूप, संख्यातीत बलवाले उन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सङ्क्वचातीनबलस्य तस्य न चित्रमित्येव मन्तव्यम्; येन हि पौगण्डतया नातिप्रचण्डमपि तदेव तद्वपुश्चण्डांशुकोटिवदतीवोद्दण्डतया तत्र कुण्डलिनां भाति स्म ॥२२॥

"ततश्च तस्यामरवारणवारणविक्रमक्रमतया घूर्णद्भुजापूर्णवार्घोषसङ्घर्षणया धर्षितस्तदुत्कर्षासहनसमाजः सहसा तनूनपान्महसाहिराजः स्वीयलीलान्तरीपान्तः स्वयं क्रीडाहर्षतः स्मितं वर्षन्तं पीतांशुकविद्युद्भृवं करचरणाधररोहिताकरं वनमालाशचीपतिचापधरं सुललितनीलघनवरं तमेवाससाद ॥२३॥

"सम्प्रति तु कृतयवक्षारसारसन्धगन्धकेन्धनवह्नीयमानमेतमात्मना चछाद ननाद च । केवलबलिमानितामयासहिष्णुतया धृष्णगसौ नागजिष्णुरार्तोऽपि न निवर्तते स्म ॥२४॥

"अथ कालीयस्य वरुणपाशपालीयमानभोगाशनीयमानाशीराशिभ्यां याहंकृतिपूर्णाकृतिस्तस्याश्चूर्णीकृतिकौतुकाय योगमायामयकङ्कटसङ्घटिताङ्गताङ्गतस्तृणावर्तवर्तनसमुद्वर्तनः स मुहूर्तं तथैव वर्तते स्म; यत्र हि तस्य सदहितस्य भोगिनः शतमेकातिरेकाभोगा मर्कटिकाजालवद्विघटितशक्तयः सन्ति स्म । आशिषश्च तूलवर्तितुलां कलयामासुः ॥२५॥

श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में कुछ आश्चर्यजनक नहीं है, ऐसा ही मानना चाहिये । श्रीव्रजराज के तपःप्रताप के फल से ही पौगण्ड अवस्था के कारण, अत्यन्त प्रचण्ड न होने पर भी, वही श्रीकृष्ण का श्रीविग्रह, वहाँ पर सर्पों को करोड़ों सूर्यों की तरह प्रचण्डरूप से प्रतीत होता था ॥२२॥

तदनन्तर देवहस्ती ऐरावत के निवारण करनेवाले विक्रम की परिपाटी से घूमती हुई श्रीकृष्ण की भुजाओं से परिपूर्ण जल के शब्द के संघर्षण से, एवं अग्नि के समान तेज से तिरस्कृत हुआ वह सर्पराज कालिय, तथा श्रीकृष्ण के उत्कर्ष को न सहन करनेवाला है समाज जिसका, ऐसा वह कालिय नाग, सहसा अपने क्रीड़ाद्वीप के भीतर, स्वयं क्रीड़ा के हर्ष से मन्द मुस्क्यान रूपी जल की वर्षा करने वाले, पीताम्बर रूपी बिजली धारण करनेवाले, एवं अपने कर, चरण, अधर की लालिमा से लाल वर्णवाले वनमालारूपी सरल इन्द्रधनुष धारण करनेवाले, सुन्दर और श्रेष्ठ नीलमेघ के तुल्य उन श्रीकृष्ण को प्राप्त हो गया, अर्थात् वह उनके पास पहुँच गया ॥२३॥

और इस समय तो जिस गन्धक में जवाखार का सार मिला दिया हो, ऐसे गन्धकरूपी ईंधन की अग्नि के समान, इन श्रीकृष्ण को कालियनाग ने अपने शरीर द्वारा लपेट कर ढ़क लिया, एवं वह फुंकारमय अव्यक्त शब्द करने लग गया । वह सर्पराज केवल अपने को ही बलशाली मानता था, इसलिये किसी को भी नहीं सहता था । इस प्रकार की असहिष्णुता के कारण धृष्ट वह सर्पश्रेष्ठ पीड़ित होकर भी निवृत्त नहीं हुआ ॥२४॥

कालिय का उत्साह बढ़ाने के लिये श्रीकृष्ण ने जैसा वर्ताव किया उसको कहते हैं कि—तदनन्तर कालियनाग का वरुणपाश की श्रेणी के समान कठोर जो शरीर, एवं वज्र के समान जो उसकी दंष्ट्रा श्रेणी, उन दोनों वस्तुओं के द्वारा जो अहंकार की मूर्तिमान् पूरी आकृति, उसका चूर्ण करना रूप खिलवाड़ के लिये, योगमायामय कवच से युक्त सर्वाङ्गवाले, तृणावर्त के जीवननाशक, वे श्रीकृष्ण एक घड़ी तक उसी प्रकार बँधे रहे । और उन श्रीकृष्ण के ऊपर सज्जनद्वेषी उस कालिय नाग के एक सौ एक फण, मकड़ी के जाले की तरह शक्ति शून्य थे, तथा उसकी विषभरी दाढ़ें भी रूई की बत्तियों की समानता को प्राप्त थीं, अर्थात् अकिंचित्कर थीं ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किन्तु यदा कदम्बादसौ कदम्बमाली कालियालय-कालिन्दी-शम्बरमपक्षत्तदातितप्त-हृदयतया हाहाकारकृतमिथःक्रेङ्कारः स खिन्नः सखिवारः स्थलच्चरणचारः सहसा तस्मिन्नेव ससार । गावश्च शावसहिताः सहितास्तमेवानुद्रावकतामवापुः ॥२६॥

"ततश्च स्वेषु विश्वेषु तमेव ह्रदं सावेगगदं प्रविशत्सु प्रतिदिशं गावश्च प्रविशन्तीत्येवं दृष्ट्वा परमकष्टं स्पृष्ट्वानुपायाः पशुपा नष्टप्राया भ्रष्टकाया यमुनायाः प्रह्वा इव कह्वासुर-जठरादिव तत्प्रत्यागत्याशया परं प्राणन्ति स्म ॥२७॥

"तत्र च—किं ज्ञप्तिः स्वपनं सुषुप्तिरथवा मूर्च्छा मृतिर्जीवनं
भात्येवं नहि निश्चिकाय निखिलः सोऽयं सखीनां गणः ।
उस्राणां ततिरस्रवृष्टिकलितैः सा च प्रवाहैः पुन-
स्तर्हि स्वं हृदयं ह्रदं च तमथ क्ष्वेडैरिवापूपुरत् ॥२८॥

"तेषु च बहिरीदृगवस्थेषु तथान्तरनवस्थेषु न कोऽपि प्रकोपि तद्वृत्तं व्रजे वृत्तं कुर्यादिति विचार्य दिविषद्वर्य-व्रजेन मुहुरुत्पात-व्रातं प्रत्यापय्य तमनुसञ्चार्यते स्म ॥२९॥

"तत्र व्रज-प्रजावचनं यथा—
'दिवि भुवि खे चोत्पाताः, कथमिव तत्कालमुद्भूताः ।
आम् नः सर्वेषां यः, प्राणेष्वधि तत्कृते त इमे ॥'३०॥

किन्तु जिस समय कदम्बमालाधारी वे श्रीकृष्ण कालियनाग के गृह स्वरूप श्रीयमुनाजल में कूद पड़े, उसी समय अत्यन्त तप्तहृदय के कारण हा हाकार करके, परस्पर बुरी तरह चिल्लाते हुए खेदयुक्त मित्रगण, चरणों की स्खलित गति से सहसा उसी स्थान पर चले आये । गैयायें भी बछड़ाओं के सहित एकत्रित होकर मित्र समूह के पीछे पीछे वहीं चली आईं ॥२६॥

पश्चात् सभी आत्मीयजन आवेगरूपी रोग से आक्रान्त होकर, जब उसी कालियह्रद में प्रवेश कर रहे हैं, एवं गैयायें भी चारों दिशाओं से प्रवेश कर रही हैं ऐसा देखकर, परम कष्ट पाकर निरुपाय नष्टप्राय भ्रष्टकाय गोपगण, यमुना के नम्र स्थानों की तरह गिर पड़कर, वकासुर के उदर से जिस प्रकार श्रीकृष्ण निकल आये थे, बस, उसी प्रकार की प्रत्यागमन की आशा से ही केवल प्राणधारण करते रहे ॥२७॥

वहां पर यह सम्पूर्ण सखाओं का समूह स्तब्धप्राय होकर, यह निश्चय न कर सका कि—यह क्या चेतना है अथवा स्वप्न ? यह क्या सुषुप्ति है अथवा मूर्च्छा ? यह क्या मरना है या जीना ? प्रतीत होता है । और उस धेनुश्रेणी ने भी अश्रुवृष्टि के द्वारा निर्मित झरनों से उस समय पहले अपने हृदय को, पश्चात् उस कालियह्रद को विष के प्रवाहों की तरह पूरा भर दिया ॥२८॥

उस समय उन ग्वालबालों की बाहिरी ऐसी दशा हो जाने पर, तथा भीतर अत्यन्त विकलता को प्राप्त हो जाने पर, तापयुक्त उस वृत्तान्त को कोई भी व्रज में प्रचारित न कर सकेगा, ऐसा विचारकर प्रधान प्रधान देवसमूह ने बारंबार उत्पातसमूह को प्रतीत कराकर, प्रत्येक व्रजवासी के प्रति यथार्थ विषय संचारित कर दिया ॥२९॥

उस समय व्रज की प्रजा के वचन, यथा—स्वर्ग में, भूमि में, एवं पृथ्वी पर तत्काल उत्पात कैसे उत्पन्न हो रहे हैं ? हाँ, स्मरण आ गया । जो हम सबके प्राणेश्वर हैं, उनके लिये ही ये सब उपद्रव हो रहे हैं ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इति व्यग्रीभूय समग्राः प्रजाः सग्रामण्यस्तं व्रजाग्रगण्यसमाजं कृष्णाग्रजन्म-जन्मर्क्षमहसि सम्भोजनाय जनायतनतामाप्तवत्यः। किं बहुना ? व्रजमहीपति-पत्नी च व्रजमहिलाभिरपत्रपामपहाय तत्राजिवाय सन्ददेश च दूरदेशतः,—॥३१॥

'दुर्निमित्तमुदभूद्बलं विना, हा ययौ विषदिशं बलानुजः।
हन्त पूर्णसमयः स नाययौ, गोष्ठराट् कथमिहास्ति निर्वृतः ?' इति ॥३२॥

"ततश्च, देहं गेहं तत्तदर्थश्च सर्वं, धिक् कुर्वन्तस्त्यक्तोत्पर्व-भोगाः।
ते गच्छन्तः कालियानच्छकच्छं, वातव्रातक्षिप्तचित्ता इवासुः ॥३३॥

"भ्रातृप्रभावज्ञानारामः श्रीरामस्तु तेषां शङ्कायामनिशामयन्नपि न तदानीं तद्भावमवाप, किन्तु रिरक्षिषामेव; अन्यथा ह्यन्यथापत्तिरेव स्यादिति समुचित एव भावः स्वयमेव योगमायया चितः ॥३४॥

"अथ स्व-मनस्येवं स विविवेच,—'वयमिदं मुहुरन्वीय नियमत एव जानीमः। यत् खलु तस्य खलवंशदव-हुतवहस्य निरस्यमानता न केनाप्यकेनापि कर्तुं शक्येत। तथाप्येते केवलस्नेहबलदेहा विद्युत्पातायमान-दुर्निमित्तलब्धजीवनसन्देहा निजजीवनमूलं पीतदुकूलं

इस प्रकार कहती हुई ग्राम के मुखियाओं सहित सारी प्रजा व्याकुल होकर, श्रीबलदेवजी के जन्म-नक्षत्र महोत्सव में, अच्छी प्रकार भोजन करने के लिये, जनों के उपयुक्त स्थान को प्राप्त करती हुई श्रीव्रजराज की सभा में आ गई। अधिक क्या कहें ? श्रीव्रजराजपत्नी भी व्रजमहिलाओं के साथ लज्जा को त्याग कर वहाँ चली आई, और दूर से ही सन्देश देने लगी कि— ॥३१॥

हाय ! बलदेव के बिना बलदेव का छोटा भाई आज विष की दिशा को चला गया है, इसीलिये अपशकुन उत्पन्न हो रहे हैं। हाय ! बड़े खेद की बात है। भोजन करने का समय पूरा हो गया है, तो भी लाला कृष्ण नहीं आया है। इतने पर भी ये व्रजसम्राट् यहाँ पर सुखी होकर कैसे बैठे हैं ? ॥३२॥

तदनन्तर वे सब व्रजवासी श्रीकृष्ण से भिन्न देह, गेह, परिवार आदि उन सब पदार्थों को धिक्कारते हुए, एवं श्रीबलदेवजी के जन्मनक्षत्रोत्सव के अनेक भोजनों को त्यागकर, कालीदह के मलिन तीर पर जाते हुए, वायुसमूह से विक्षिप्त चित्त वाले जनों की तरह स्थित हो गये ॥३३॥

अपने भैया श्रीकृष्ण के प्रभावज्ञान में रमण करनेवाले, श्रीबलरामजी तो उन व्रजवासियों की शंका होने पर भी आलोचना न करते हुए उस समय उन व्रजवासियों के से आर्तभाव को प्राप्त न हुए, किन्तु उनकी रक्षा की इच्छा को ही प्राप्त हुए, अर्थात् उनकी रक्षा का विचार करने लग गये। अन्यथा तो निश्चित रूप से उनकी अज्ञता ही घटित हो जाती। अतः योगमाया ने स्वयं समुचितभाव ही सम्पादित किया ॥३४॥

तदनन्तर श्रीबलरामजी अपने मन में इस प्रकार विवेचना करने लगे कि—हम बारंबार अनुसन्धान करके नियमपूर्वक यह जानते हैं कि, निश्चितरूप से खलवंश के दावानल तुल्य, उन श्रीकृष्ण की पराजय कोई भी दुःखपूर्वक भी नहीं कर सकता, तथापि इन व्रजवासियों का देह तो केवल स्नेह के बल पर टिका हुआ है, अतः वज्रपात के समान अपशकुनों से ये श्रीकृष्ण के जीने में सन्देह ग्रस्त हैं। इसीलिये अपने जीवन के मूलस्वरूप पीताम्बर के प्रति जाने के लिये, ये सब व्रलवती चेष्टा से युक्त हैं। अतः वन के अरणि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रति गमनाय दुर्मदेहा वर्तन्ते । तस्मादरण्यारण्यङ्गजदहन-सन्दहन-सहनतामन्द-समुद्दिष्ट-हिमद्रव-सन्द्रव-समुत्कटता-गलत्कट-वारण-दुर्गण-गणवदापाततस्तु मम वारणमपि न मंस्यते । यत् खल्वेतेषां तद्विश्लेषातिशयशङ्कित-दुःखमनु मय्यपि दुःखं दुःखनन-मूलं जातमस्ति, तदपि न व्यञ्जनाय प्राञ्जलतामर्हति, प्रज्वलितज्वलनवनमनु ज्वलनान्तरसन्तानवत् । तस्मात् केवलमङ्गलव्यङ्गसङ्गमि-सदिङ्गितविशेषसङ्गितया त ऐते सम्भावित-तद्भव्या भावनीया, न तु निराकरिष्णुतया । आवयोरावयो ह्येकप्राणतां खल्वेते मन्यन्ते' इति ॥३५॥

"अथ स एवं विविच्य सहसा जहास । तदनु किञ्चिल्लब्धाश्वासतया चलन्तश्च ते—

दुःखाघ्रात-प्राध्वतामन्दनेत्राः, कृष्णांघ्रिश्रीलक्ष्म-लब्धावलोकाः ।
वर्त्मन्यस्मिन् पिच्छिलेऽप्यश्रुभिस्ते, रामप्राप्त-न्यस्तहस्ता विचेलुः ॥३६॥

यथा यथा विदधुरतीव शीघ्रतां, तथा तथाप्यदधुरलं विलम्बिताम् ।
कथंकथञ्चन बत तं ह्रदं गता, दशां तु कां समधुरमी न वेद्मि ताम् ॥३७॥

"तत्र तु,—दृष्ट्वा कालिय-भोगसङ्गवलितं गोपालकं गोपका
नन्दाद्या बत गोपिकाश्च विदलच्चित्ता यशोदामुखाः ।

नामक काष्ठ से उत्पन्न अग्नि के सन्ताप को सहन करने में असमर्थ, एवं विस्तृत हिमद्रव की तरह जिसको द्रवीभाव प्राप्त है, एवं मत्तता के कारण जिसका गण्डस्थल चुचा रहा है, इस प्रकार के स्वभाव वाले हाथी के दुर्दान्त समूह की तरह, आपाततः ये व्रजवासी हमारे निवारण को भी नहीं मानेंगे । इसलिये इनके कृष्ण के विरह से अतिशय शंकित दुःख को लक्ष्य कर, मेरे हृदय में भी ऐसा दुःख उत्पन्न हुआ है, जिसका मूल उखाड़ना कठिन हो गया है । वह दुःख भी, जिस वन में अग्नि प्रज्वलित है, उसके पास में तापदायक वस्तु जिस प्रकार प्रभारहित हो जाती है, उसी तरह प्रकाश करने के लिये सरलता के योग्य नहीं । अतएव केवल मङ्गलमय परिहास से युक्त सुन्दर अभिप्रायविशेष के संयोग से, ये सब व्रजवासी श्रीकृष्ण के मङ्गल की संभावना से युक्त कर देने योग्य हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण मङ्गलपूर्वक हैं । उनका अनिष्ट करनेवाला कोई नहीं, इस प्रकार समझाना ही उचित है । किन्तु कालीदह की ओर जाने से रोकने का भाव उचित नहीं । और हम दोनों भाइयों की एकप्राणता को, ये व्रजवासी बचपन से ही निश्चितरूप से जानते हैं ॥३५॥

इस प्रकार की विवेचना करके श्रीबलदेवजी सहसा हँस उठे । उसके बाद किंचित् आश्वासन प्राप्ति पूर्वक चलते हुए वे व्रजवासी, दुःख भरे लम्बे रास्ते की भावना करके अपने नेत्रों को विस्तारित करने लग गये, अर्थात् आँख फाड़ फाड़कर देखने लग गये । और श्रीकृष्ण के चरणों के शोभायुक्त चिह्नों द्वारा उनको देखने की शक्ति भी प्राप्त हो गई, अन्यथा तो वे श्रीकृष्णविरह से अन्धप्राय हो चले थे । उनके आँसुओं से आर्द्रप्राय, अर्थात् गीले इस कालीदह के मार्ग में वे सब पहले बलरामजी का हाथ जिसने पकड़ लिया है, उसी के हाथ में हाथ देकर कालीदह की ओर चल दिये ॥३६॥

वे सब चलते समय जैसे जैसे अत्यन्त शीघ्रता करते थे, वैसे वैसे ही वियोगभार के कारण अत्यन्त विलम्ब करने लग जाते थे । हाय ! वे सब किसी प्रकार अति कष्ट से उस कालीदह पर पहुँच गये । किन्तु वहाँ पहुँचकर उन्होंने कौन सी दशा को धारण किया, उसको तो मैं भी नहीं जानता ॥३७॥

हाय ! उस कालीदह पर जाकर कालिय सर्प के शरीर से तथा फणों के समूह से परिवेष्टित

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

हा ! शुष्काङ्गदशां महामलिनतामप्यूहुरित्थं यथा
तेषामान्तरवह्निनैष बहिरप्युद्यातुमित्यूह्यते ॥३८॥

"तत्र च—मानुषान् बुद्धिराहित्यात् पशूनिव निरीक्ष्य ते ।
पशूंश्च क्रन्दनान्मानुषानिव क्लेशमैयरुः ॥३९॥

"ततश्च, तेषां सदा स्नेहमयात्मनां तदा, त्रासात्तु शुष्कीभवतां हिमादिव ।
मिथः समीक्षाभवतापसङ्गमाद्,-भूयो बभूव द्रवता रवेरिव ॥४०॥

स्नेहात् प्रवाहावलितुल्यतां यतां, व्रजौकसां द्राग्विशतां विषह्रदम् ।
बालोऽप्यथावेशवलद्बलो बलो, द्रुतं महासेतुदशां ससाद सः ॥४१॥

"उवाच च,—

'प्रीतिः किं न्वनुजे न मे व्रजपते ! तात ! व्रजाधीश्वरि !
श्रीरोहिण्यपि मातरस्य तु सदा तत्त्वं परं वेद्म्यहम् ।
सत्यं वः पदपङ्कजाश्रयरुचां कुर्याममुष्य क्वचि-
न्नैकस्मिन्नपि मूर्धजे क्षतिलवो भावी यथा गर्गगीः ॥'४२॥

श्रीगोपाल प्यारे को देखकर, श्रीनन्दादि गोप एवं श्रीयशोदा प्रभृति गोपियाँ विदीर्ण चित्त हो गईं, अर्थात् उन सबके हृदय विदीर्ण हो गये । हाय ! हाय ! जिस प्रकार उन सबके अंग शुष्क दशा को प्राप्त हो गये, अर्थात् सूख गये उसी प्रकार महामलिनता को भी प्राप्त हो गये । अधिक क्या कहें ? उन सबकी आन्तरिक खेदाग्नि ने बाहर भी जाने की इच्छा प्रगट की थी, यह भी अनुमान किया जाता है ॥३८॥

और वहाँ पर वे सब, मनुष्यों को बुद्धिरहित होने के कारण पशुओं की तरह, तथा पशुओं को रोने के कारण मनुष्यों की तरह देखकर, महान् क्लेश को प्राप्त हो गये ॥३९॥

तदनन्तर हिम (बरफ) के संयोग से स्नेहमय घृतादि पदार्थ जैसे शुष्क हो जाते हैं, उसी प्रकार सर्वदा स्नेहमय जिनकी आत्मा है, वे सब व्रजवासी उसी समय कालिय के डर से शुष्क प्राय हो गये । एवं सूर्य की ताप के संबंध से स्नेहमय द्रव्य (घृतादि) जिस प्रकार पिघल जाते हैं, उसी प्रकार परस्पर दर्शन जनित ताप के संबंध से वे सब पुनः द्रवीभूत हो गये ॥४०॥

स्नेह की प्रबलता के कारण प्रवाहश्रेणी की समानता को प्राप्त हुए व्रजवासी, जब शीघ्रतापूर्वक विष भरे उस ह्रद में प्रवेश करने लगे, तब वे बाल्यावस्था वाले भी श्रीबलदेवजी आवेश के कारण, प्रबल बलशाली होकर, शीघ्र ही उनको रोकने के लिये महासेतु की दशा को प्राप्त होगये ॥४१॥

और बोले कि—हे व्रजाधीश ! पिताजी ! हे व्रजेश्वरि मातः ! यशोदे ! क्या छोटे भैया श्रीकृष्ण पर मेरी प्रीति नहीं है ? अपितु है ही । और हे मातः ! रोहिणि ! मैं इन श्रीकृष्ण के परमतत्त्व को सदैव जानता हूँ । मैं आप सबके चरणारविन्दों की प्रभा की शपथ कर सकता हूँ, अर्थात् सौगंद खाकर कहता हूँ कि, इन श्रीकृष्ण के एक बाल पर भी हानि का लेश नहीं होगा, क्योंकि श्रीगर्गाचार्यजी के वाक्य भी ऐसे ही हैं ॥४२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं प्रशस्तेन स्वहस्तेन श्रीरामेण हस्तवारणे कृते—

विषह्रदान्ताद्विनिवर्तिताश्च ते, प्रतीयुरेवाधितदात्मनः स्थितिम् ।
यत्कालकूटज्वलनान्तरङ्गतं, स्वं मेनिरे वीक्ष्य तदन्तरे हरिम् ॥४३॥

कालियह्रदमिते बक-शत्रौ, गोकुलस्य रुदतः प्रतिशब्दात् ।
रोदसी च रुदती स्वनिरुक्ति, बाढमञ्जपयतां रुदसिज्भ्याम् ॥४४॥

गोप्यो मिथः कण्ठविलग्नकण्ठा,-स्ता रोरुदामासुरलं विलप्य ।
स्मृतिं नयत् पूतनिकादिनाशं, यन्मातृसान्त्वाय मुहुर्बभूव ॥४५॥

एवं स्वगोष्ठमहिवेष्टविविक्षु वीक्ष्य, सस्त्रीकुमारमतिदुःखितमात्महेतोः ।
कृष्णः सरोषविततताङ्गतया तदङ्गं, छिन्दन् श्लथं विदधदाशु बलादुदस्थात् ॥४६॥

"तदेवं कृष्णस्योत्थानमेव कालियस्य व्युत्थानं जातमिति सर्वोऽपि जहर्ष ॥४७॥

यथा—तदा मुदा कलकलगर्जितर्तजितं, व्रजौकसां शिशुसवयोजराजुषाम् ।
दिवौकसां कुसुमजवृष्टिसृष्टियुग्,-जयध्वनिध्वनियुततूर्यलङ्घिभिः ॥४८॥

इस प्रकार कहकर प्रशंसनीय निज हाथ के द्वारा श्रीबलरामजी ने जब उनकी रक्षा कर दी, तब वे सब व्रजवासी विषमय कालीदह से निवृत्त होकर, श्रीकृष्ण में ही अपनी आत्मा की स्थिति को भली प्रकार समझ गये, क्योंकि विष भरे कालियह्रद में श्रीकृष्ण को देखकर, वे सब अपने को भी विषरूपी अग्नि के बीच में स्थित मानते थे ॥४३॥

बकारि श्रीकृष्ण के कालीदह में प्रविष्ट हो जाने पर, रोते हुए समस्त गोकुलवासियों की रुदन की प्रतिध्वनि के कारण, रोते हुए आकाश एवं भूमि ने अपने 'रोदसी' नाम की व्युत्पत्ति 'रुद्' धातु एवं 'असिच्' प्रत्यय इन दोनों के द्वारा दृढ़तापूर्वक यथार्थ बता दी। अर्थात् रोदनार्थक रुद् धातु से औणादिक असिच् प्रत्यय होकर, नित्यद्विवचनान्त 'रोदसी' शब्द सिद्ध होता है। वह आकाश एवं भूमि दोनों का ही वाचक है। अतः व्रजवासियों के रुदन को सुनकर, आकाश भूमि दोनों भी रोने लग गये। तात्पर्य यह है कि जो आकाश एवं भूमि नाम से ही 'रोदसी' कहलाते थे, उन दोनों ने रुदनरूप कार्य के द्वारा भी, अपने नाम की सार्थकता बता दी ॥४४॥

वे सब गोपियाँ आपस में गले से गला मिलाकर, विशेष विलापकर, अत्यन्त रुदन करने लग गईं। जिस रुदन ने पूतना आदि के विनाश की स्मृति दिलाई, वही रुदन श्रीकृष्ण के प्रति विघ्नों के अभाव का स्मरण कराता हुआ, माताओं की सांत्वना के लिये विशेष लाभदायक बन गया ॥४५॥

इस प्रकार आबाल वृद्ध नर नारियों सहित अपने समस्त व्रज को, अपने ही कारण अत्यन्त दुःखित, एवं कालियनाग से वेष्टित कालीदह में प्रवेश करने का इच्छुक देखकर, श्रीकृष्णचन्द्र क्रोधपूर्वक अपने अंगों को लम्बे चौड़े करते हुए, उस सर्प के अङ्गों को तोड़ते हुए, एवं ढ़ीले करते हुए, उस सर्प के बन्धन से बल-पूर्वक शीघ्र ही उठकर खड़े हो गये ॥४६॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण का उत्थान ही कालियनाग का व्युत्थान, अर्थात् प्रतिरोध हो गया। यह जानकर सभी हर्षित हो गये ॥४७॥

यथा—उस समय देवगण पुष्पों से जायमान वृष्टि की सृष्टि करने लग गये। उसी पुष्पवृष्टि के साथ साथ जयध्वनि, एवं उस जयध्वनि के सङ्ग सङ्ग वाद्यध्वनि भी करने लग गये। किन्तु बाल, युवा, वृद्ध

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च समुत्तेजिततत्तेजोभिरुद्धे जितचित्तः कुण्ठतावगुण्ठितोत्कण्ठतया दूरत एवोत्कण्ठतया तिष्ठन्मूढधीरसौ गूढपात् प्ररूढक्रोधः स्वबोधरोधतस्तं प्रतिद्रोग्धुमुद्यतः सन्नुद्धतबुद्धिस्थूत्कार-फुत्कार-दृष्टिवारकृत-कूटं कालकूटं प्रकटीकुर्वन् गिरिकूटायमानः कर्तव्यविह्वलतया जिह्वाद्वय-समुदयेन मुहुः क्ष्वेडवाडवपक्वं सृक्किणीद्वयसमुदयलेहनाद्द्विजिह्वलेलिहानाद्याह्वयोऽस्मी-त्युट्टङ्कनेन घटयितुकामः सर्वतो दृष्टवपुर्बभूव ॥४६॥

"ततश्चाखण्डाहितुण्डिकविद्यापण्डितवदुच्चण्डतया सकण्ठतुण्डावगुण्ठनाय सदर्पमभितः सर्पति सर्पाशनवाहने सर्पोऽयमपि शिरोभिः कृतपरिसर्पः सर्पवदेवापसर्पन्नुपसर्पंश्च जिह्मगवदेव जिह्मं गच्छंश्च परितो बभ्राम शश्राम च ॥५०॥

"तदेवमहीनमहीनं प्रति सांयुगीनता-रतोऽपि चिरतो लब्धच्छिद्रतयाभिद्रवन्नेव तदीय-समग्रग्रीवाग्रगण्यमूलनालमेव बलानुजन्मा बलादवजग्राह निजग्राह च ॥५१॥

"ततश्च विवशाङ्गसङ्गे तस्मिन्नुरङ्गमे तु—

उद्यद्रत्नचितेषु पुष्टनिटिल-प्रस्थेषु रङ्गश्रिया
शस्तेषु स्फुटनृत्यकृत्यकलनालोभेन शोभेक्षणः ।

प्रभृति व्रजवासियों की हर्ष के कारण उत्पन्न हुई कलकलमयी गर्जनाओं ने, देवताओं की उस जयध्वनि एवं वाद्यध्वनि को परास्त कर दिया। अर्थात् व्रजवासियों के हर्षनाद के सामने देवताओं की जय जयकार एवं वाद्यध्वनि को कोई भी नहीं सुन पाता था ॥४८॥

तदनन्तरअत्यन्त प्रदीप्त श्रीकृष्ण के तेजपुंज से उस मूढ़ बुद्धि सर्प का चित्त उद्विग्न हो गया। संकोच से ढ़के हुए उत्कण्ठित भाव के कारण, दूर से ही गला उठाकर रह गया। उस समय उसका क्रोध उत्पन्न हो गया। अपने ज्ञान के नष्ट हो जाने के कारण, उद्धत बुद्धिवाला होकर, श्रीकृष्ण के प्रति द्रोह करने को उद्यत हो गया। पुनः थूत्कार, फुंकार, दृष्टिपुंज आदि के द्वारा किया है ढेर जिसका, ऐसे भयंकर विष को प्रगट करता हुआ, पर्वत की शिखर के समान होता हुआ, किंकर्तव्यविमूढ़ होकर, दोनों जिह्वाओं के समुदाय से, विषरूपी अग्नि से पके हुए दोनों ओष्ठ प्रान्तों के समुदाय को, बारंबार चाटने के कारण, मैं ही द्विजिह्व, लेलिहान आदि नामों वाला हूँ। इस प्रकार की बातों को लेख के द्वारा संघटित करने के लिये अभिलाषा से युक्त होकर, चारों ओर से दिखाई देनेवाले शरीर से युक्त हो गया, अर्थात् उस कालिय का शरीर जल से बहुत ऊँचा होने के कारण, सभी को चारों ओर से दिखाई देने लग गया ॥४६॥

पश्चात् अकाट्य अहितुण्डिक, अर्थात् सँपेरा की विद्या में विशारद पण्डित की तरह जल्दबाजी के कारण, गरुड़वाहन श्रीकृष्ण, जब उस कालिय के गले के सहित मुखों को मूँदने के लिये घमण्डपूर्वक चारों ओर चक्कर लगा रहे थे, तब यह कालिय नाग भी अपने अनेक मस्तकों के द्वारा निकट आकर, सर्प की तरह कभी दूर एवं कभी निकट जाता हुआ, और कुटिलतापूर्वक चलनेवाले सर्प की तरह टेढ़ा चलता हुआ, चारों ओर चक्कर लगाने लगा, अतः थक भी गया ॥५०॥

अतएव ऐसी स्थिति में श्रीबलदेवजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण ने उस विशालकाय सर्पराज के प्रति युद्ध की चतुराई में आसक्त होकर भी, बहुत देर से छिद्र प्राप्ति की भावना से घूमते हुए ही, उसके समग्र ग्रीवाओं के अग्रगण्य मूल नाल को ही बलपूर्वक ग्रहण कर लिया, और उसको दण्डित भी कर दिया ॥५१॥

उसके बाद सर्प के सारे अङ्गों के विवश होजाने पर तो, दमदमाते हुए रत्नों से व्याप्त, एवं नृत्य की शोभा से प्रशंसनीय, उस कालिय के परिपुष्ट ललाट रूप शिखरों पर, स्पष्ट नृत्य कार्य की रचना के लोभ से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

द्योविद्योतनवाद्यगीतकलया संहाय साहायकं
श्रीकृष्णस्तदुपर्युदञ्चुतमुदामुच्चै रुदारच्छविः ॥५२॥

"ततश्च, पुनर्व्रजः स्फुटसुखविस्मयारव,-प्लवश्रिया स्पृशदमरव्रजं दिवि ।
असौ च तं भुवि बत यत्र चोभयोः, प्रतिध्वनिध्वनिविभिदा न तर्किता ॥५३॥

"ततश्च, शश्वद्गर्वदपर्वशर्वडमरुस्ववाद्यसर्वाद्यतां
विन्दन् कुण्डलि-दण्डनाय रभसादुद्दण्डसत्ताण्डवः ।
आरादूर्ध्वतमूर्ध्वितं भुजगराड् मूर्धानमुन्मर्दयन्
क्रोधाद्रोधकुतूहलाद्धरिरिहानर्ते ननर्तं स्फुटम् ॥५४॥

"अथ—जयज्जयजयारवाः कुसुमवृष्टिसृष्टिप्रथाः
स्फुरत्पुलकपालयः प्रथितशर्मघर्माश्रवः ।
भुजङ्गशिरसीशितुस्तदनुकृत्यनृत्यं सुरा
भवाम्बुजभवादयः प्रमदगर्जमार्जन्मुहुः ॥५५॥

सर्पस्याननजालकूटघटनादुत्थानमात्मायुषा
निर्मञ्छचाग्रनखस्य तस्य नटनं तन्मूर्ध्नि चात्यद्भुतम् ।

सुशोभित नेत्रों वाले श्रीकृष्ण आकाश की शोभा को बढ़ाने वाले, बाजे गाजे की कला से, एवं नेत्रों के जल से जिनका हर्ष व्याप्त हो रहा है, ऐसे गंधर्वादिकों की सेवारूप सहायता को स्वीकार कर, विशिष्ट रमणीय छवि से युक्त हो गये ॥५२॥

तदनन्तर स्पष्ट सुख एवं विस्मय के कोलाहल की गति की सम्पत्ति के द्वारा, व्रजधाम ने स्वर्ग में स्थित देवसमूह को छू लिया, एवं देवसमूह ने भी भूमि में स्थित व्रजधाम को, अर्थात् व्रजवासियों को छू लिया। क्योंकि जहाँ पर आनन्द के कारण दोनों ही की, ध्वनि प्रतिध्वनि का भेद लक्षित नहीं किया जा सका ॥५३॥

उसके पश्चात् निरन्तर गर्व को खण्डित करने वाला है महोत्सव जिनका, ऐसे शिवजी का जो डमरू एवं स्वर्गीय समस्त वाद्यों की प्राथमिकता को प्राप्तकर, अर्थात् श्रीकृष्ण के नृत्य से पहले ये सब बाजे बजने लग गये थे, इनको स्वीकार कर, सर्प को दण्ड देने के लिये वेगपूर्वक उच्चकोटि के नृत्य को स्वीकार कर, निकट में ऊपर ऊपर की ओर उठते हुए सर्पराज के प्रत्येक मस्तक का मर्दन करते हुए, क्रोध की तरह रुके हुए कुतूहल से इस नृत्यस्थान पर, श्रीकृष्ण स्पष्ट नाचने लग गये ॥५४॥

तदनन्तर शिव, ब्रह्मादि देवता कालियनाग के मस्तक पर अपने नियन्ता श्रीकृष्ण के उस अपूर्व नृत्य का अनुकरण कर, बारंबार आनन्दभरी गर्जना करने लग गये। उत्कर्ष भरे जय जयकारे लगाने लग गये। पुष्पों की वृष्टि की सृष्टि का विस्तार करने लग गये। उनके शरीर रोमाञ्चश्रेणी से सुशोभित हो गये। और अधिक सुख के कारण उनकी देह से पसीना एवं नेत्रजल बहने लग गया ॥५५॥

तदनन्तर श्रीव्रजराज एवं श्रीव्रजरानी आदि व्रज के समस्त प्राणी, उस कालियनाग के मुख जाल रूपी यन्त्र में प्रवेश कर, श्रीकृष्ण के पुनः उत्थान की अपने जीवन से आरती उतारकर, एवं उसके मस्तक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दृष्ट्वा श्रीव्रजराजतत्प्रणयिनीमुख्या व्रजप्राणिनो
नेत्रं गात्रमपि प्रफुल्लमभजन्मन्ये जगद्व्याप्तये ।।५६।।

मूर्धश्रेण्यां तस्य शून्ये च कृष्णे, नृत्यं कुर्वाणे तु चित्रं तदासीत् ।
तेन क्रोधान्मस्तकं यद् व्युदस्तं, तत्रानेन प्रापिता ताललत्ता ।।५७।।

मुखै रुधिरमुद्वमन् गरलमुद्गिरन्नक्षिभिः
स्खलन्मणिकमस्तकस्थिततदंघ्रिचिह्नव्रणः ।
श्लथाङ्गकतया जहद्दनुजसङ्घजिद्रङ्गतां
व्यलोक्यत निजाङ्गनावलिभिरेष कालीयकः ।।५८।।

"ततश्चासावुपस्कीर्ण-विकीर्ण-मूर्त्या स्वपौरुषाऽपूर्त्यानन्यगतितास्फूर्त्या तत्कारणककारणा-निवारणाय तं नारायणमेव मत्वा शरणममन्यत ।।५९।।

"तदङ्गनानाञ्च—
न तावदार्द्रत्वमभूदमूषां, बहिर्मुखत्वं यदवध्यमुष्य ।
दृष्टे तु भक्त्यंकुरजन्मनि स्फुटं, कृष्णं गतिं जग्मुरमूस्तदर्थम् ।।६०।।

पर, आगे की ओर नख एवं अंगुलियों वाले श्रीकृष्ण के अद्भुत नृत्य को देखकर, अपने अपने नेत्र एवं गात्र की प्रफुल्लता को प्राप्त हो गये। मुझे तो यह बोध होता है कि, श्रीकृष्ण के आनन्दमय नृत्य को देखकर, व्रजवासियों के नेत्र एवं गात्र जगत् को व्याप्त करने के लिये ही खिल उठे ।।५६।।

श्रीकृष्ण उसकी मस्तक श्रेणी पर एवं आकाश में जब नृत्य कर रहे थे, तब तो यह एक आश्चर्य होता था कि वह कालियनाग क्रोध से जिस जिस मस्तक को ऊपर की ओर उठाता था, श्रीकृष्ण ठीक उसी उसी पर तालपूर्वक अपनी लात जमा देते थे ।।५७।।

उस समय नागपत्नियों ने इस कालियनाग को इस प्रकार देखा कि—मुखों से रुधिर को वमन कर रहा है, नेत्रों से जहर को उगल रहा है, मणिरहित मस्तकों के मध्य स्थित श्रीकृष्ण के चरणचिह्नों से घावयुक्त हो रहा है, और सभी अङ्गों के शिथिल हो जाने के कारण, दैत्यसंघ को जीतने वाले श्रीकृष्ण की नृत्यभूमि की अवस्था को त्याग रहा है ।।५८।।

तदनन्तर वह कालियनाग अपनी मूर्ति (शरीर) के छिन्न भिन्न एवं विक्षिप्त हो जाने से, अतएव अपने पुरुषार्थ की पूर्ति न होने के कारण, श्रीकृष्ण के बिना अब मेरी कोई भी गति नहीं है, इस प्रकार की स्फूर्ति हो जाने से, श्रीकृष्ण ही हैं कारण जिसके, ऐसी तीव्र वेदना निवारण करने के लिये, श्रीकृष्ण को ही साक्षात् नारायण मानकर, उन्हीं को रक्षक मानने लग गया, अतः उन्हीं के शरणागत हो गया ।।५९।।

इस कालियनाग की जब तक भगवान् से बहिर्मुखता रही, उसकी पत्नियों का चित्त भी तब तक उसके प्रति पिघला नहीं। किन्तु अब तो इसके हृदय में भक्ति का अंकुर जम गया है, ऐसे देखकर उसकी मुक्ति के लिये, वे नागपत्नियाँ स्पष्टरूप से सर्वप्राप्य श्रीकृष्ण की शरण में गईं ।।६०।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

काश्चित् कुमारानत्यर्थबालान् काश्चन तास्तदा ।
काश्चिदण्डानि पुरतस्तस्य न्यस्य व्यनंसिषुः ॥६१॥

"हसति च भक्तसान्त्वनतृष्णे कृष्णे तास्तु बहुधास्तवबुधा मुदाकुलाः पृदाकुपत्न्यः सकाकु विज्ञापयामासुः । तत्र संक्षेपनिक्षेपश्चायम्,—॥६२॥

'अस्त्येष स्फुरदमतिः सदर्पसर्प,-स्त्वं विष्वग्विदसि तथा कृपाम्बुराशिः ।
अस्मासु त्वदनुगतास्वमुष्य पत्नी,-भावश्चेदजनि यथायथं विधेहि ॥६३॥

दण्डं ते विदधतु ये स्वसङ्गमात्राद्,-दुष्टत्वं प्रशमयितुं न शक्नुवन्ति ।
त्वत्स्पर्शाज्झटिति ह्रदोऽपि सोऽयमौज्झत्, क्ष्वेडत्वं बलवदितीह नः समक्षम् ॥६४॥

मूर्खत्वं न इदमनुग्रहेऽपि यस्मा,-त्त्वत्सृष्टे स्फुटमिह भाति दण्डबुद्धिः ।
दण्डश्चेदसुमपरैरदण्डयिष्य,-स्तं कर्तुं कथमदधाः पदारविन्दम् ? ॥६५॥

सत्पुण्यैरिह खलु कैस्त्वदंघ्रिपद्म,-स्पर्शोऽयं परिबलते भुजङ्गराजे ।
दुष्पापैरपि बत कैरमुष्य देह,-स्तद्भारं द्रुतमृतिलंभनाय वेत्ति ॥६६॥

उनकी शरणागति इस प्रकार है कि—कुछ नागपत्नियाँ कुमारों को, एवं कुछ अत्यन्त बालकों को, तथा कुछ अण्डों को ही, उस समय श्रीकृष्ण के आगे धरकर, प्रणाम करने लग गईं ॥६१॥

भक्तों को सांत्वना देने की तृष्णावाले श्रीकृष्ण जब हँस रहे थे, तब अनेक प्रकार की स्तुति करने में चतुर, हर्ष से व्याकुल उन नागपत्नियों ने तो कातरतापूर्वक बहुत कुछ विज्ञापन किया था । उसमें का संक्षिप्त सारांश का निक्षेप यह है कि— ॥६२॥

हे प्रभो ! यह सर्प तो दर्प से युक्त है, अतः इसको कुमति की ही स्फूर्ति होती रहती है । आप तो सर्वज्ञ तथा दया के सागर हो । हम आपकी अनुगत हैं । अतः हमारे ऊपर यदि "ये सब इस नाग की पत्नी हैं" ऐसा आपका भाव उत्पन्न हो गया है, तब तो आपकी जैसी इच्छा, तैसे ही कीजिये ॥६३॥

जो व्यक्ति अपने सङ्गमात्र से दुष्टता को दूर करने के लिये समर्थ नहीं हैं, वे यदि दण्डविधान करते हैं तो करो । देखो, आपके स्पर्शमात्र से इस जड़ जलाशय ने भी, बलवान् विष विकार को शीघ्र ही त्याग दिया । यह घटना यहाँ हमारे प्रत्यक्ष ही है । अतः अब इसको अधिक दण्ड देने की आवश्यकता नहीं ॥६४॥

हे स्वामिन् ! हमारी तो यही मूर्खता है कि, आपके द्वारा किये हुए अनुग्रह में भी, यहाँ पर स्पष्टरूप से दण्डबुद्धि प्रतीत हो रही है । बस, यही मूर्खता का कारण है । और यदि यह सर्प दण्डनीय होता, तो आप दूसरे जनों के द्वारा दण्ड देते । ऐसी स्थिति में उस दण्ड को देने के लिये, स्वयं अपने पदारविन्द को इसके मस्तकों पर क्यों धारण किया ? इससे भावार्थ यही निकलता है कि, यह दण्ड नहीं, अपितु साक्षात् कृपा है ॥६५॥

हे प्रभो ! इस सर्पराज के मस्तकों पर यह आपके श्रीचरणारविन्दों का जो स्पर्श संघटित हो रहा है, यह न जाने इसके कौनसे सत्पुण्यों के द्वारा हो रहा है । और विशेष खेद की बात यह है कि, न जाने कौनसे दुष्पापों के कारण इसका शरीर शीघ्र मृत्यु प्राप्ति के लिये, उस आपके चरणस्पर्श को भाररूप समझ रहा है ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्मात्—शीर्षच्छेद्यस्य यः कृष्णः शीर्ष्णि कालियभोगिनः ।
अन्वगृह्णात् पदन्यासाञ्चिह्नश्रेण्या गतिः स नः ॥६७॥

"अथ हीने तस्मिन्नहीने सदयं तदनुमोदमानः क्रोधं विनयमानः कृतयशोदायशोदानः स्वांघ्रिसङ्घट्टनत्रुटितात् कालियनिटिलादवतीर्य नातिप्रकटितवीर्य-स्तस्यावाग्वक्रतया स्थितस्याग्रे क्षणकतिपयं करुणाव्यग्रेक्षणतयाऽवतस्थे ॥६८॥

"अथ वनमाली कालिन्दीय-ह्रदमिव कालिय-हृदयं दायति स्म। तदा सोऽपि लीयमान-दोषतया तदीयरोषं प्रोषितमकरोत्; वलिताञ्जलिकगे दर्वीकरो विज्ञापयामास च,—'यद्यपि वृजिनगामिनो मम वृजिनमेव स्वभावस्तथापि तु—॥६९॥

'गुणो वा दोषो वा भवति मयि यः कृष्ण स भव-
द्वशस्थायी नित्यं मम तु कृतिसाध्यं किमपरम् ?
त्वदंघ्रिद्वन्द्वस्याश्रयणमिति चेत्तच्च शिरसि
त्वया मे विन्यस्तं मम तु कृतिसाध्यं किमपरम् ? ॥७०॥

'तस्मात् कामपि दिशं स्वयमेव मामादिश ॥'७१॥

इसलिये जिन श्रीकृष्ण ने मस्तकछेदन पूर्वक वध करने योग्य कालियनाग के मस्तक पर पदविन्यास पूर्वक, अनेक प्रकार के चरणचिह्नों की श्रेणी द्वारा उसे अनुगृहीत कर दिया, वे ही श्रीकृष्ण हमारे गति हैं ॥६७॥

तदनन्तर उस सर्पराज के कमजोर पड़ जाने पर, श्रीयशोदाजी को भी यश का दान करनेवाले श्रीकृष्ण, दयापूर्वक उसके भाव का अनुमोदन करते हुए, क्रोध को दूर करते हुए, अपने पादप्रहार से टूटे हुए कालिय के मस्तकों से उतर कर, अति पराक्रम को न प्रकाशित कर, नीचा मुख करके खड़े हुए उस कालिय के आगे, कुछ क्षणों तक कृपा करने को व्याकुल दृष्टिवाले की तरह खड़े रहे ॥६८॥

तदनन्तर यमुना सम्बन्धी कालियह्रद की तरह, कालियनाग के हृदय को भी, श्रीवनमाली ने शुद्ध कर दिया। उस समय कालिय ने भी दोषरहित हो जाने के कारण, श्रीकृष्ण के क्रोध को दूर कर दिया, और हाथ जोड़कर उस सर्प ने निवेदन किया कि—हे प्रभो ! मैं यद्यपि कुटिलतापूर्वक चलने वाला हूँ, अतः कुटिलता ही मेरा स्वभाव है, अथवा पापाचारी होने के कारण, यद्यपि पापाचरण ही मेरा स्वभाव है, तथापि हे कृष्ण ! मुझमें जो गुण अथवा दोष है, वह तो नित्य आपके ही वश में स्थित है, अतः मेरे कर्तव्य के द्वारा साध्य दूसरा कार्य कौनसा है, अर्थात् स्वतन्त्र होकर मैं कौनसा कार्य कर सकता हूँ ? कोई भी नहीं। और यदि आपके चरणारविन्द द्वन्द्व का आश्रय लेना ही सर्वशास्त्र सम्मत आपका उद्देश्य है, तो वह युगल चरणारविन्द तो आपने कृपा करके मेरे प्रत्येक मस्तकपर स्वयं रख दिया है, अतः मेरी कृति के द्वारा साध्य अब दूसरा कार्य कौनसा रह गया ? अर्थात् मेरे तो सब काम बन गये ॥६९॥७०॥

अतः आप स्वयं ही मुझको किसी दिशा को जाने का आदेश दे दीजिये ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ स च सदेशरूपमिदमाददेश,—'अहिपते ! त्यक्तदौर्जन्यतया धन्यस्यापि तव यस्मादहिता स्वयं जगदहिता, तस्मात् (भा० १०।१६।६०,६३)—॥७२॥

'नात्र स्थेयं त्वया सर्प समुद्रं याहि माचिरम् । त्वं ज्ञात्यपत्यदाराढ्यो गोनृभिर्भुज्यतां नदी ॥७३
द्वीपं रमणकं हित्वा ह्रदमेतमुपाश्रितः । यद्भुयात् स सुपर्णस्त्वां नाद्यान्मत्पादलाञ्छितम् ॥'७४

'रेफं विसृष्टं निर्मायादवसाने पदान्तगम् ।
इति शासनविज्ञानां मतमेव मतं मम ॥७५॥
अधुना कालिय ! यस्मा,-न्मत्पदकृतलक्षणस्त्वमसि ।
तदमुत्र च संभविता, मत्पदकृतलक्षणः स भवान् ॥'७६॥

"अथ दण्डवदेव पतितः कुण्डलिपतिस्तेन नखरसुधाकराकरकरसरसिरुहं शिरसि निधाय सुधासिक्ततनुतया नीरुग् निरमायि ॥७७॥

"एतदनन्तरलीला (भा० १०।१६।६४) 'तं पूजयामास' इत्यादिकं श्रीशुकवचनमनूद्य 'महत्त्वं च' इत्यादिना विशद्यते; (भा० १०।१६।६४-६७, १७।१३-१४)—॥७८॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने न्यायसंगत निकटतम यह आदेश दिया कि—हे सर्पराज ! अब तुम दुर्जनता त्याग देने के कारण परम धन्य हो गये हो । तो भी तुम्हारा सर्पत्व धर्म ही जगत्मात्र के लिये अहितकारक है, यह बात स्वयं प्रसिद्ध है । अतः हे सर्पराज ! अब तुमको यहाँ नहीं ठहरना चाहिये । अब तो तुम जाति, बेटा, नाती, स्त्री आदि के सहित शीघ्र ही समुद्र को चले जाओ । गोगण एवं मानवगण इस श्रीयमुना नदी का उपभोग करें ॥७२-७३॥

तुमने जिसके भय से रमणकद्वीप को त्यागकर, इस जलाशय का आश्रय लिया है, वह गरुड़ अब तुमको मेरे चरण चिह्नों से चिह्नित देखकर नहीं खायेगा ॥७४॥

पर वर्णों के अभाव में एवं पद के अन्त में विद्यमान रेफ को विसर्ग बना देना चाहिये, यह व्याकरण शास्त्र के विज्ञाताओं का मत है । इस प्रकार मेरा भी यही मत है कि मूर्ख या निन्दित नीच व्यक्ति, जो अपने स्थान में विद्यमान हो, उसको त्याग दे, अर्थात् दूर भगा दे । अतः तुमको यहाँ नहीं रहना चाहिये । इस श्लोक में 'रेफ' का र वर्ण, एवं मूर्ख तथा निन्दित अर्थ है । 'विसृष्ट' का विसर्ग, एवं त्याग अर्थ है । और 'शासन' का शास्त्र, एवं दण्ड अर्थ है ॥७५॥

हे कालिय ! इस समय जिस कारण से तुम मेरे चरणों के द्वारा किये गये चिह्नों से चिह्नित हो गये हो, इसीलिये परलोक में और रमणकद्वीप में भी, तुम गुणों से विख्यात हो जाओगे, तथा मेरे परमधाम में भी अपने गुणों से विख्यात हो जाओगे ॥७६॥

तदनन्तर दण्ड की भाँति भूमि पर पड़े हुए सर्पराज को, श्रीकृष्ण ने नखर पंक्तिरूप सुधाकरों के आकारस्वरूप अपने करकमल को, उसके मस्तक पर धरकर, अमृत से सींचे हुए शरीर वाले की तरह नीरोग बना दिया ॥७७॥

इसके बाद की लीला को तो "तं पूजयामास" इत्यादि श्रीशुकदेवजी के वचनों का अनुवाद करके "महत्त्वं च" इत्यादि ग्रन्थ के मूल श्लोकों द्वारा विस्तारपूर्वक वर्णन करते हैं, यथा— ॥७८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तं पूजयामास मुदा नागपत्न्यश्च सादरम् । दिव्याम्बरस्रङ्मणिभिः परार्ध्यैरपि भूषणैः ॥
दिव्यगन्धानुलेपैश्च महत्योत्पलमालया । पूजयित्वा जगन्नाथं प्रसाद्य गरुडध्वजम् ॥
ततः प्रीतोऽभ्यनुज्ञातः परिक्रम्याभिवन्द्य तम् । सकलत्र-सुहृद्-पुत्रो द्वीपमब्धेर्जगाम ह ॥
तदैव सामृतजला यमुना निर्विषाभवत् । कृष्णं ह्रदाद्विनिष्क्रान्तं दिव्यस्रग्गन्धवाससम् ॥
महामणिगणाकीर्णं जाम्बूनदपरिष्कृतम् । उपलभ्योत्थिताः सर्वे लब्धप्राणा इवासवः ॥'
इति ॥७९-८३॥

"महत्त्वं च परार्ध्यत्वं चात्र दिव्यत्वमुच्यते । दिव्यत्वं तेषु कृष्णस्याप्यङ्गे देदीप्यमानता ॥
अतोऽस्यामूनि नित्यानि स्थितान्यरुणजा-ह्रदे । तेषु कौस्तुभनामा तु मणिः कृष्णे विराजते ॥
नक्षत्रेषु सदा पूर्णचन्द्रवत् पूर्वपर्वते । जगन्नाथं च यत् प्राह तथा तं गरुडध्वजम् ॥
तत्राश्चर्यं न चाचर्यं द्वारकायां हि विश्रुतम् । काद्रवेयस्य देवाभ-नानाशक्तिविधारिणः ॥
वर्त्मास्य सुरवर्त्म स्यादिति युक्त्यावगम्यते । अन्यत्तु जीवपीडाय तत् कथं कृष्ण-संमतम् ? ॥
वारिलीलापरामर्शः स्पर्शश्चाघरिपोर्यदा । तदैषामृततुल्यासीद्यमुनेत्यवगम्यते ॥

कालियनाग ने और उसकी पत्नियों ने हर्ष एवं आदरपूर्वक दिव्य वस्त्र, दिव्य माला, रत्न, बहुमूल्य आभूषण, दिव्य गन्ध, दिव्य चन्दन, एवं बहुत लम्बी कमलों की माला आदि सामग्री के द्वारा श्रीकृष्ण की पूजा की। इस प्रकार जगन्नाथ की पूजा कर, गरुड़ध्वज को प्रसन्नकर, तदनन्तर स्वयं प्रसन्न होकर, श्रीकृष्ण की आज्ञा पाकर, उनकी परिक्रमा एवं नमस्कार करके, वह कालियनाग पुत्र, कलत्र, एवं भाई बन्धुओं के सहित, समुद्र के द्वीप को चला गया ॥७९-८१॥

वे श्रीयमुनाजी तत्काल विषरहित अमृत के से जल वाली होगईं। तथा दिव्य माला, गन्ध, एवं वस्त्रों से संयुक्त, महामणिगणों से आकीर्ण (व्याप्त) सुवर्णमय आभूषणों से सुशोभित श्रीकृष्ण को, कालीदह से निकलने के बाद प्राप्तकर, सभी व्रजवासी सजीव प्राणों की तरह खड़े हो गये ॥८२-८३॥

अब इन पूर्वोक्त भागवत के श्लोकों में विद्यमान परार्ध्य, महत्त्व, दिव्यत्व, पदों का अर्थ ग्रन्थकार स्वयं पद्यों द्वारा करते हैं, यथा—यहाँ पर जिन वस्तुओं का महत्त्व, श्रेष्ठत्व या अमूल्यत्व प्रसिद्ध है, उनको ही दिव्य कहते हैं। किन्तु इस प्रसङ्ग में तो उन सबमें से श्रीकृष्ण के अङ्ग में भी जो वस्तु देदीप्यमान रहे, उसी का नाम दिव्य वस्तु है। यदि कहो कि तत्काल आभूषण कहाँ से आये ? तहाँ कहते हैं कि—इन श्रीकृष्ण की ये नित्य वस्तुएँ श्रीयमुनाजी के ह्रद में स्थित थीं। इन सब नित्य वस्तुओं के मध्य में कौस्तुभ नामक मणि तो, नक्षत्रों के बीच में उदयाचल पर पूर्णचन्द्रमा की तरह, सर्वदा श्रीकृष्ण के अङ्ग में विराजमान रहता है। और श्रीशुकदेवजी ने श्रीकृष्ण को जगन्नाथ एवं गरुड़ध्वज कहकर जो वर्णित किया है, उसमें किंचिद् भी आश्चर्य नहीं करना चाहिये। क्योंकि द्वारकालीला में ऐसा ही सुना जाता है। यदि कहो कि परिवार के सहित वह कालिय, रमणकद्वीप में कौन से मार्ग से गया ? तहाँ कहते हैं कि—कद्रु का बेटा कालिय देवता की तरह अनेक शक्ति धारण करने वाला था, अतः ऐसे शक्तिशाली उसका मार्ग आकाश ही हो सकता है, यह युक्ति से जाना जाता है। अतः वह सपरिकर आकाश मार्ग से ही गया, यह निश्चित सिद्धान्त है। अन्य भूमि सम्बन्धी मार्ग तो जीवों की पीड़ा के लिये हो जाता, वह मार्ग श्रीकृष्ण के सम्मत कैसे होता ? ॥८४-८८॥

और अघासुरारि श्रीकृष्ण का जब कालीदह में जलक्रीड़ा करने का विचार हुआ, उसके पश्चात्

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्णस्याङ्घ्रिन्नवेशत्वं कालियेनोपवाहतः । अकस्माद्दर्शनं यत्तन्नागालिपरिवारितः ॥
तस्मात् 'कृष्णं ह्रदात्' इत्यादुक्तं युक्तं प्रकाशते ॥ इति ॥८४-९०॥

"तन्निर्वर्णने विशेषस्तु वर्ण्यते,—

"कोलाहलस्त्वरितता विवशाङ्गचर्या, कम्पः स्खलद्वचनता त्रवदस्रता च ।
वीक्ष्यादितृप्तिपरिहानिरिति व्रजस्थाः, सौख्येऽपि दुःखमगमन् प्रतिलभ्य कृष्णम् ॥९१॥
आगतोऽयमिति केवलं मुदा, स्फूर्तिपूर्तिरभवद्व्रजौकसाम् ।
हन्त येन न वपुर्न वा मनः, किञ्चिदञ्चितुमवाप शक्तताम् ॥९२॥

"ततश्च, स्तम्भः सन्धिषु बन्धनं पुलकिता सान्द्रव्रणाभस्थिति-
र्वाष्पः स्रस्तविलोकनः स्वरभिदा कण्ठान्तरस्तम्भिनी ।
कम्पः पातवदन्तदन्तवलयः स्वेदस्तनुद्रावणः
स्यादेवं कृतवीक्षणः स्वसुहृदां व्यग्रीबभूव प्रभुः ॥९३॥

"अथ प्रथमत एव प्रथमतः स्थिताः समानवयसः सवयसः पयसस्तस्मात्तमुत्तीर्णं निर्वर्ण्य विस्तीर्णतद्वर्णामृतभृतनयनतया स्थिताः क्रमतस्तदङ्गसङ्गरङ्गभूमितामितास्तदालिङ्गनरिङ्गत्-सुखतरङ्गताङ्गता न तावत् प्रतिस्वमयमहमस्मीति तस्मिन्नयवेदिषुः ॥९४॥

उनके श्रीअङ्ग का जब स्पर्श हुआ, उसी समय ये श्रीयमुनाजी अमृत के तुल्य हो गईं, ऐसा ही जाना जाता है ॥८९॥

और कालियनाग के द्वारा तीरभूमि को प्राप्त करने के कारण, श्रीकृष्ण का वेश गीला न हुआ। तथा श्रीकृष्ण का अकस्मात् जो दर्शन हुआ वह भी, नागश्रेणी के चारों ओर जो जल था उसके भीतर से ही हुआ। इस कारण से "श्रीकृष्ण को जलाशय से निकले हुए जानकर" इत्यादि वाक्य भी युक्तियुक्त शोभा पा रहा है ॥९०॥

अब श्रीकृष्ण के दर्शन होने पर जो विशेषता हुई उसका वर्णन करते हैं, यथा—कोलाहल, जल्द-बाजी, समस्त अङ्गचर्या की विवशता, कम्पन, बोलते समय वचनों का टूट जाना, अश्रुजलपात, दर्शन आदि में तृप्ति का अभाव, इस प्रकार के भावों के उदय के कारण, श्रीकृष्ण को पाकर भी, व्रजवासीजन सुख के समय भी, दुःख को प्राप्त हो गये ॥९१॥

"श्रीकृष्णचन्द्र आगये" इस कारण केवल हर्ष से व्रजनिवासियों की स्फूर्ति की पूर्ति तो हो गई, किन्तु खेद की बात यही हुई कि जिसके कारण उनका शरीर एवं मन कुछ भी प्राप्त करने को सामर्थ्य न पा सका ॥९२॥

तदनन्तर स्तंभ (शरीर की निश्चलता), प्रत्येक सन्धियों में बन्धन, गाढ़े घाव की सी स्थिति वाली पुलकावली, दर्शनों को रोकनेवाला अश्रुपात, दूसरे के गले को भी रोकनेवाला स्वरभङ्ग, गिरने के समय की तरह दन्तपंक्ति को कटकटा देने वाला कम्प, एवं शरीर को फोड़नेवाला स्वेद (पसीना), इस प्रकार अपने बन्धुओं के सात्त्विक प्रेम विकारों को देखने वाले महाप्रभु श्रीकृष्ण भी व्याकुल हो गये ॥९३॥

तदनन्तर पहले से ही आगे की ओर बैठे हुए समान अवस्था वाले सब सखा, उस कालीदह के जल से उत्तीर्ण हुए श्रीकृष्ण को देखकर, विस्तीर्ण श्यामवर्णरूपी जल से अपने अपने नेत्रों को परिपूर्ण करके ठिटके से रह गये। पुनः क्रम से श्रीकृष्ण के अङ्ग सङ्ग की रंगभूमि के से भाव को प्राप्त होकर, उनके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यद्वदेतांस्तद्वदेव श्रीमन्नन्दजन्मा क्रम-भजन-सम्माननया जननीं जनकं सुहृज्जनतामपि जनितानन्दान् जनयामास । यतस्तत एव ते सर्वे स्तब्धदेहा लब्धसुखदेहा बभूवुः ॥९५॥

"अहो ! यदि सत्यववसस्तेनावदिष्यंस्तदा तदिदं वा कः प्रतीयात् ? यत् खलु गावश्च मृगाश्च तदागमनं मृगयमाणा व्रजजने चाभेदमाययुः । यच्च नगा अपि तद्दुःखतः शुष्कचराः सम्प्रति पुष्कलसुखास्तत्कालकलितपल्लवादिभिः प्रफुल्ला बभूवुरिति ॥९६॥

"तत्र च—सुहृल्लोका ये ये सुररिपुजिता यर्हि मिलिता-
स्तदा सत्यं सर्वे समयुरभितः प्रीतिमतुलाम् ।
यदा तु श्रीमाता सपदि मिलिता प्रेमविवशा
तदास्तां तद्वार्ता सकलजनतागाद्द्रवदशाम् ॥९७॥

"अथ रामं स्वीयप्रभावभावनारामतायामप्यन्तर्व्रजजनदुःखतः शुष्कं तादृशतायामपि बहिर्लम्भितगंभीरताभृदुपालम्भसम्भवद्विकाशहासं हसन्नेव नमस्कुर्वन्नात्मन्यालिङ्गनं लम्भयंश्च चिरं तदुत्सङ्गसङ्गी बभूव ॥९८॥

आलिङ्गन से प्राप्त सुख की तरङ्गों में बहते हुए, सब मित्रों ने अपने अपने को "मैं इस नाम वाला मित्र हूँ", इस प्रकार स्वयं उन श्रीकृष्ण के प्रति निवेदन नहीं किया, अर्थात् श्रीकृष्ण के मिलनसुख में सब कुछ कहना भूल गये ॥९४॥

श्रीनन्दकुमार ने जिस प्रकार इन मित्रों को आनन्दित किया, उसी प्रकार क्रम क्रम से सबके पास जाकर सम्मानपूर्वक जननी, जनक एवं अन्य समस्त स्नेही जनता को भी आनन्दित कर दिया । जिस कारण से मित्रों की वह दशा हुई । उसी कारण से वे सब भी निश्चल देहवाले होकर, सुखसमूह को प्राप्त हो गये ॥९५॥

अहो ! यदि श्रीशुकदेवादि सत्यवादी ऋषिगण इस कथा को न कहते, तो इस प्रकार की बातों पर कौन विश्वास करता कि—निश्चय ही गैया और मृग भी कालियह्रद में से श्रीकृष्ण के आने का अनुसन्धान करते हुए, अपने में और व्रजवासियों में अभेद को प्राप्त हो गये थे । अर्थात् श्रीकृष्णविरह में व्रजवासियों की जो दयनीय दशा हुई, वैसी ही गैया, मृगादिकों की भी हुई थी, और अधिक क्या कहें ? देखो, वृक्षगण भी उन व्रजवासियों के दुःख से पहले सूख गये थे । इस समय अधिक सुख के कारण तत्काल स्वीकृत पत्र पुष्पादिकों से प्रफुल्लित हो गये हैं, इत्यादि ॥९६॥

और वहाँ पर जो जो बन्धु बान्धव लोग असुरजेता श्रीकृष्ण के साथ जब मिले, तब वे सब चारों ओर से अतुलनीय प्रीति को प्राप्त हुए थे, यह बात सत्य है । किन्तु जिस समय श्रीयशोदा माता प्रेम में विवश होकर, शीघ्रतापूर्वक श्रीकृष्ण से मिलीं, उस समय उनकी बात को तो रहने दो, क्योंकि श्रीयशोदा कृष्ण संमेलन को देखकर तो सारी जनता ही द्रवीभूत दशा को प्राप्त हो गई थी ॥९७॥

तदनन्तर स्वकीय, अर्थात् कृष्ण के प्रभाव की भावना से आनन्दित होने पर भी, श्रीबलरामजी अपने अन्तःकरण में व्रजवासियों के दुःख से शुष्कप्राय हो गये थे, ऐसी दशा में भी बाहर प्राप्त की जो गम्भीरता, उसको धारण करने वाला जो शोक तिरस्कार, उसी से हो रहा है विकाश जिसका, ऐसे हास्य को धारण किये हुए थे । इस प्रकार की दशा वाले श्रीबलरामजी को हँसते हँसते नमस्कार करते हुए, श्रीकृष्ण अपने में उनका आलिङ्गन प्राप्त कराते हुए, अर्थात् भुज भरके मिलते हुए, बहुत देर तक उनकी गोद में बैठे रहे ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तत्र जनानां विमर्शः,—

'हरेरेषा प्राप्तिर्यदि भवति निद्रावकलिता
तदा शोकोऽप्येष स्वयमयति तत्रैव तुलनाम् ।
असौ जाग्रद्भूता स्फुरति यदि वा तर्हि नितरा-
मभीष्टं सम्पन्नं कथमपि न शर्म-प्रतिहतिः ॥'९९॥

"अथ सर्वत एव निध्यानाय नष्टनिध्याप्तिवत् कृष्णं मध्ये निधाय परितश्चरितनिवेशेषु परिधिवेशेषु खर्वित-व्रीडेषु व्योमवारिणां लोचनाक्रीडेषु सर्वेषु स्त्रीपुंसानां खर्वेषु प्रथमप्रथित-भाविभविका ब्रह्मविदः सम्प्रत्यपि तं प्रत्याशिषां कृतदाना व्रजपतिं प्रत्युपालम्भमानाः प्रत्याययामासुः ॥१००॥ यथा—

'श्रीनन्दराज ! तनयस्तव सर्वशत्रु,-मर्दीत्यभाषि मुहुरप्यलमस्मकाभिः ।
प्रेम्णा तथापि निखिलं बत हन्तुमैच्छः, पुण्येन केवलमसौ द्रुतमाजगाम ॥' इति ॥१०१॥

"तदेवं शोकेन हर्षेण कालमजानति व्रजलोके रजनिरजनीति तत्रैव क्षुत्तृष्णाति-क्रमिकृष्णातिक्रमखेदेन कृशतां गताः प्रत्यूषं यावदूषुः । तत्र च सर्वामेव शर्वरीं व्रजोर्वीश-पत्नी सपत्नशङ्कया सुतमङ्कत एव निवेशयन्ती परमावेशेन मुहुरपि तन्मुखनिरीक्षणसुख-

---

तदनन्तर वहाँ पर सभी जनों का यह परामर्श हुआ कि—श्रीकृष्ण की यह प्राप्ति यदि निद्रावस्था कहकर जानी जाय, तब तो यह शोक भी स्वयं उसी निद्रावस्था में स्वप्न की समानता को प्राप्त हो रहा है । अथवा यह श्रीकृष्ण की प्राप्ति यदि जागृत अवस्था में परिणत होकर स्फूर्ति पा रही है, तब तो हमारा अत्यन्त अभीष्ट सम्पन्न हो गया, एवं किसी प्रकार भी सुख की हानि नहीं ॥९९॥

पश्चात् चारों ओर से ही देखने के लिये नष्ट हुई निधि की प्राप्ति की तरह, श्रीकृष्ण को बीच में पधराकर, जिनकी लज्जा कम हो गई है, एवं जो आकाशचारी देवताओं के नेत्रों को भी हर्षप्रद वाटिका के समान हैं, ऐसे सभी अर्वों खर्वों की संख्या वाले व्रजवासी स्त्री, पुरुष जब सूर्य के चारों ओर वाले घेरे की तरह, श्रीकृष्ण के चारों ओर घेरा लगाकर बैठ गये, तब पहले से ही भावी मङ्गल का विस्तार करने वाले वेदवेत्ता ब्राह्मणों ने, इस समय भी श्रीकृष्ण के प्रति आशीर्वाद देकर, श्रीव्रजराज के प्रति उपालम्भ करते हुए विश्वास उत्पन्न कराया, यथा—॥१००॥

हे श्रीनन्दरायजी ! यह तुम्हारा पुत्र सभी शत्रुओं का मर्दन करने वाला है । यह बात हमने तुमसे बारंबार अच्छी प्रकार कही है, तो भी तुमने प्रेम के कारण समस्त अमङ्गलों के नाश करने की इच्छा की है । किन्तु ये श्रीकृष्ण तो तुम्हारे पुण्य के प्रताप से शीघ्र ही आ गये ॥१०१॥

इस प्रकार शोक एवं हर्ष के कारण, व्रजवासियों को जब समय बीतने का ज्ञान न रहा, तभी रात्रि हो गई । इसलिये भूख प्यास का अतिक्रमण करनेवाली श्रीकृष्ण की ग्लानि से उत्पन्न खेद के कारण कृशता को प्राप्त होकर, प्रभातकाल पर्यन्त वहीं रह गये । और वहाँ पर शत्रुओं की आशङ्का से, सारी रात अपने पुत्र को गोद में ही लेकर बैठने वाली श्रीव्रजरानी, परम आवेश से बारंबार श्रीकृष्ण के श्रीमुख देखने से उत्सव से युक्त होकर भी, उनके चरित्र का स्मरण करके, उसी चरित्र से विस्मित होकर, प्रभात समय को प्राप्त हो गईं, अर्थात् माँ यशोदा को श्रीकृष्ण चरित्र चिन्तन से चकित होने के कारण, रातभर नींद नहीं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सक्षणापि तद्वृत्तस्मरणेन तस्माद्विलक्षणा प्रभातभाससाद । हन्त ! हन्त ! क्षुद्वन्तं तमपि गवां दुग्धमपि दुग्धं विधाय न पाययामास । सत्यं सर्वमत्रत्यं विषसकलङ्कमिति शङ्कया ॥१०२॥

"रात्रौ पुनरन्यदपि चरित्रं धन्यं जातम् । यदा कालियस्य कालिन्दी-जलान्निष्कलनम्, तत्कालत एव गूढपुरुषमुखात् परुषतया कलितवांस्तदा स दुर्जनवतंसः कंसश्चिन्तासन्तत-स्वान्ततया निरीह इवासीत् ॥१०३॥

"चिन्ता यथा—'हन्त ! हन्त ! सन्ततमस्माकमेव वीरास्तस्मादुन्नन्थमागच्छन्तः सन्तीति दुष्कीर्तिवह्निमुख-पिशाचि-मूर्तिरतीव हसन्ती हसन्तीव मदीयान् ज्वलयन्ती त्रिभुवनमयन्ती च नरीनर्ति । हंहो बलीयानपि कालीयः सपदि विलीयमानबलतां बलते स्म । तस्य तदिदं निर्वासनं निर्वासनमेव च मन्यामहे; यतो वयमपि निर्वासनतां गताः । तस्मादधुना तथा विधेयम्, यथास्मदीयानां नापत्तारस्तस्य चापकारः स्यात् ।' इति ॥१०४॥

"तदानीमेव चान्यतः स व्रजराजात्मजव्रजवासिनां तरणिजातीर एव वासमाकर्ण-यन्नभ्यर्णगतानाज्ञापयामास,—'भवन्तस्तत्र प्रविशन्तः समन्ततः प्रबलतया ज्वलनं प्रज्वलन-माचरन्तः स्वयमन्तर्धानमाचरन्तु ।' ॥१०५॥

"ततश्च तेषु तथाकृतचरितेषु विपोलति तु दवानले शीघ्रं पलायितेषु तेषु च सर्व एव व्रजभवनाः स्नेहवृत्तलब्ध-संभावनाः साग्रजं व्रजराजतनूजमेवाव्रज्य विज्ञापयामासुः,—॥१०६

आई । प्रातःकाल होने को आगया । हाय ! हाय ! भूखे प्यासे अपने लाला को भी, गैयाओं के दूध को भी दोहनकर स्नेहमयी माँ ने नहीं पिलाया, यह बात सत्य है । क्योंकि इस कालीदह के तीर की समस्त वस्तुएँ विष से कलंकित हैं, इस शंका से दूध नहीं पिलाया, अर्थात् प्रेम की परिपाटी अटपटी होती है ॥१०२॥

रात्रि में दुबारा एक दूसरा भी प्रशंसनीय चरित्र हुआ । जब कालियनाग का यमुनाजल से निकलना हो गया, उसी समय से प्रधान गुप्तचर से कठोरतापूर्वक जानने वाला वह दुर्जन शिरोमणि कंस, तभी चिन्ता से व्याप्त चित्त हो जाने के कारण निश्चेष्ट सा हो गया ॥१०३॥

उसकी चिन्ता, यथा—हाय ! हाय ! बड़े खेद की बात है कि निरन्तर हमारे वीर ही, उस बालक से मृत्यु को प्राप्त होते जा रहे हैं । इसलिये हमारी दुष्कीर्तिरूप अग्निमुख पिशाची की मूर्ति, अत्यन्त हँसती हुई, अँगीठी की तरह हमारे पक्षपातियों को जलाती हुई, तीनों भुवनों में जाती हुई, अतिशय नृत्य कर रही है । दूसरे खेद की बात यह भी है कि, हाय ! वह बलवान् कालियनाग भी शीघ्र ही निर्बलता को प्राप्त हो गया । उसके इस निकालने को तो हम वध ही समझते हैं, क्योंकि कालिय के निकाल देने से तो हम भी वासनारहित हो गये, अर्थात् कालिय जब तक कालीदह में था, तब तक तो हम इस वासना से युक्त थे कि यही कभी हमारे शत्रु को मार देगा, परन्तु अब तो वह वासना भी समाप्त हुई । अतः अब तो हमको उस प्रकार कार्य करना चाहिये, जिस प्रकार हमारे पक्षपातियों का अनिष्ट न हो, और उस हमारे शत्रु का अपकार हो जाय ॥१०४॥

उसी समय उस कंस ने दूसरे दूत से "व्रजराजकुमार एवं व्रजवासियों का निवास आज श्रीयमुना के तीर पर ही है" इस बात को सुनते हुए पास में बैठे हुए सेवकों को आज्ञा दी कि, तुम सब वहाँ पर प्रविष्ट होते हुए, चारों ओर प्रबलतापूर्वक अग्नि को जलाते हुए, स्वयं अन्तर्हित हो जाना ॥१०५॥

तदनन्तर कंस की आज्ञानुसार वहाँ जाकर उन्होंने अग्नि लगा दी, एवं अग्नि वृद्धि को प्राप्त हो जाने

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'शङ्कामहे न मृत्योश्च न च कृच्छ्रप्रवाहतः ।
किन्तु त्वन्मुखचन्द्रांशु-दर्शनाभाववैशसात् ॥' १०७॥

"ततश्च, हरेः फूत्कारमात्रेण निर्ववौ ददीपकः ।
उत्प्रेक्षन्ते तु मुनयस्तस्य तत्पानकर्तृताम् ॥१०८॥

"तदेवमहितेन य उपाहित उपाहितस्तस्मिन्नपवाहिते सर्व एव त्राणप्राणाः प्रभाते च प्रभाते तत्प्रभावत एव यथावस्थितं व्रजं व्रजवासिनः सानन्दं तमन्वविन्दन्त; किन्तु तस्मिन्नेव मधुरताकलिले कालिन्दी-ह्रदसलिले सङ्कर्षणेन कृतकृष्णाकर्षणेन विहरता सखिभिरखिलं सहधवलाव्रजं व्रजमपि समाहरता यदा बहलं कुतूहलं जातम्, तदा तेन गृहाय गमनमनुज्ञातम् ॥१०९॥

"तथा च गमनं यथा—

वाद्यैर्नृत्यैः प्रगीतैः श्रुतिशिवपठनैर्दिव्यभौमप्रसून-
प्रावृट्कल्पाभिवर्षैर्जय-निनदैः शर्मकोलाहलैश्च ।
कृष्णं मध्ये विधाय प्रकटतरमहानन्दनिर्व्रीडभावा-
न्नृत्यन्तस्ते व्रजस्था व्रजमभिविविशुः खं यथा ज्योतिरोघाः ॥११०॥

पर, तथा उन सबके शीघ्र ही भाग जाने के बाद सभी व्रजवासियों ने, श्रीकृष्ण के स्नेहमय चरित्र से दुःख से छूटने की सम्भावना को प्राप्त होकर, अग्रज अर्थात् बड़े भैया के सहित श्रीव्रजराजकुमार के ही पास जाकर, यह अग्निकाण्ड निवेदन किया— ॥१०६॥

हे प्यारे कृष्ण ! देखो, हम सब मृत्यु से अथवा कष्ट के प्रवाह से किंचिद् भी शङ्का नही करते, किन्तु आपके मुखचन्द्र की चन्द्रिका के दर्शन के अभावरूपी दुःख से तो भारी शङ्का करते हैं ॥१०७॥

तदनन्तर श्रीहरि के फूत्कार मात्र से वह दावानलरूपी दीपक बुझ गया । किन्तु मुनिगण तो इस प्रकार की उत्प्रेक्षा करते हैं कि, उस दावानल का पान श्रीकृष्ण ने निजमुख से किया, अर्थात् अनन्त अपरिमित शक्तिशाली प्रभु के फूत्कारमात्र से ही, दावानल का शान्त होना भावुक भक्तों को रुचिकर है, पान करना तो आलंकारिक उत्प्रेक्षा मात्र है ॥१०८॥

अतएव इस प्रकार अहितकारी कंस के द्वारा जो अग्नि का उत्पात संयोजित किया था, उस उपद्रव के दूर हो जाने पर, सभी के प्राणों की रक्षा हो गई । पश्चात् प्रातःकाल के सुप्रकाशित हो जाने पर, श्रीकृष्ण के प्रभाव से ही यथावस्थित व्रज को समस्त व्रजवासी आनन्दपूर्वक उनके पीछे पीछे प्राप्त हो गये । किन्तु मधुरता से व्याप्त उसी कालीदह के जल में विहार करते हुए, एवं समस्त सखाओं के सहित सम्पूर्ण गोसमूह को भी व्रज की ओर समाहरण करते हुए, यमुनाकर्षणकारी संकर्षण के द्वारा जब बहुत कुतूहल उपस्थित हो गया, तब उन्होंने ही घर के लिये जाने की अनुमति दे दी ॥१०९॥

देखो, घर में जाने का प्रकार, यथा—सूर्यादि ज्योति समूह जिस प्रकार आकाश में प्रवेश करते हैं, उसी प्रकार वे व्रजवासीजन, वाद्य, नृत्य, गीत, वेदादि माङ्गलिक स्तोत्रपाठ, वर्षाकालीन जल की वर्षा की तरह स्वर्गीय एवं पृथ्वी के पुष्पसमूह की वृष्टि, जय जय शब्द, तथा सुखमिश्रित कोलाहलपूर्वक श्रीकृष्ण को मध्य में करके, अतिशय प्रकट महान् आनन्द के कारण निर्लज्जभाव से नाचते नाचते व्रज में प्रविष्ट हो गये ॥११०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदनन्तरञ्च धवलाः परतश्चालयित्वा तत्पूर्वकालपालकासद्भावेऽपि श्रीमतां तत्रभवतां भवतामेषां प्रभावेण तत्रोदपात्रमात्रं न विकल्पमागादिति स्वल्पपरिभवायाप्यकल्पमाने समस्तव्रजे यातयाममपि यातयामतां नागतं तद्घृतपक्व-प्रचुरान्नमिति सद्यस्तनमिव राम-पर्वणि पूर्वाह्णेतनं गृहान्तः-संगृहीतजेमनसामग्री-समुदयं सर्व एव तावग्रजानुजावग्रतो विधायाव्यग्रं सम्यग्ग्रसयामासुः ।" ॥१११॥

तदेवमुद्घाटितगीःकण्ठः स मधुकण्ठः समापयामास,—॥११२॥

"ईदृशस्तनयो जातस्तव व्रजनराधिप ! ।
कंसादीन् दमयामास कालीय-दमनेन यः ॥"११३॥

तदेवं तरीयमाणेन हरिणा वरीयसा व्रजपरीवारेण सरिताविवातरीषातां ते आपदाविति सुखदवृत्ते वृत्ते सभ्यानां तल्लीलासमाधेरभ्यवकर्षणाय स्तवनामृतवर्षणाय च साञ्जलिस्थितयोस्तयोश्चिराद्बहिरवहिततदुपसेवाः पूर्ववदेव सव्रजदेवाः सर्वे स्वं स्वं कार्यमासेदुः ॥११४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु कालियदवचण्डतादण्डनं नाम त्रयोदशं पूरणम् ॥१३॥

बाल्यविलासश्च पूर्णः ।

तदनन्तर धेनुगण को चारों ओर से संचालित करके, पहले दिन श्रीबलरामजी के उत्सव में जो भोजन सामग्री तैयार की गई थीं, उनका कोई संरक्षक नहीं था, तो भी श्रीमान् पूज्यपाद इन व्रजवासियों के प्रभाव से वहाँ पर जलपात्र मात्र भी इधर उधर नहीं हुए। इसीलिये समस्त व्रज में थोड़े से भी तिरस्कार की कल्पना न होने पर, कई पहर का बीता हुआ, अर्थात् वासी होकर भी नीरसता को न प्राप्त हुआ वह घी का पका हुआ प्रचुर अन्न, जो कि श्रीबलरामजी के जन्मनक्षत्र महोत्सव में पूर्वाह्णकाल में ही, घर के भीतर भोजन सामग्री के रूप में संगृहीत किया था, उस सब खाद्य पदार्थ को तत्काल बनाये हुए ताजे की तरह प्राप्तकर, उन बड़े छोटे दोनों भाई श्रीराम कृष्ण को आगे करके सभी व्रजवासियों ने व्याकुलता से रहित होकर, अच्छी प्रकार खाया ॥१११॥

अतएव इस प्रकार की वाणी जिसने अपने मधुरकण्ठ से उद्घाटित की है, उस मधुकण्ठ ने कथाप्रसंग को समाप्त कर दिया और कहा कि— ॥११२॥

हे व्रजराज ! आपके ऐसा पुत्र उत्पन्न हुआ है कि, जिसने कालीय दमन के द्वारा कंसादि असुरों का दमन कर दिया ॥११३॥

इस प्रकार नौका का सा आचरण करने वाले श्रीहरि के द्वारा, विशाल व्रजपरिवार ने दो नदियों की तरह, कालियदमन एवं दावानल शान्तिरूप, उन दो आपत्तियों को पार कर लिया। इस प्रकार सुखदायक वृत्तान्त के समाप्त हो जाने पर, और सभासदों की उस लीलासमाधि के अपकर्षण करने के लिये, अर्थात् श्रोताओं की कथा समाधि को खोलने के लिये, एवं स्तुतिरूप अमृत की वर्षा करने के लिये, उन दोनों सूतकुमारों के हाथ जोड़कर खड़े हो जाने पर, बहुत क्षणों के बाद श्रीव्रजराज के सहित सभी व्रजवासीजन, श्रीकृष्ण की बाहरी लालन पालन आदि सेवा करके अपने अपने कार्य में नियुक्त हो गये ॥११४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये कालियदमन-दावानलनिर्वापणरूपं
त्रयोदशं पूरणं संपूर्णम् ॥१३॥
बाल्यविलासश्च संपूर्णः ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ चतुर्दशं पूरणम्

अथ कैशोरलीला

धेनुकासुर-वधः

श्रीकृष्ण ! कृष्णचैतन्य ! ससनातनरूपक ! ।
गोपाल ! रघुनाथाप्त-व्रजवल्लभ ! पाहि माम् ॥१॥

तदेवं गोलोकविलासे श्रीगोपालपाल्यमान-गोपालानां नित्यलोकः श्रीगोलोकः कथितः। तत्र च श्रीगोपराजसभायामपूर्ववीक्षितकविक्षितिपति-कुमार-सुकुमार-कुमार-युगलावकलन-मुद्भावितम्। तदनन्तरमपि बाल्यविलासे तद्युगलेन कृष्णबाल्यचरितवर्णनं कालियदलन-लीलावसानमाचरितम्। सम्प्रति तु तत् प्रथितं कैशोरचरितमाख्यायते ॥२॥

तद्यथा—अथ दिनान्तरे च पूर्ववदेव व्रजनरदेवसभान्तरे तयोरेकतरः समुत्कण्ठतया स्निग्धकण्ठः स्वगतमिदमुवाच,—॥३॥

"अथ कैशोरं वर्णनीयम्; किन्तु रहस्यरसहारिप्रसभायां सभायामस्यां यथा लज्जा न सज्जा स्यात्तथा युज्यते। यदि च जातु निज-माधुरीबुभुक्षितकुक्षिम्भरिणा हरिणा स्वकसुखा-वहमिति रहस्तदनुयुज्येवहि, तदा तदुचितमेव तदुपचितमाचरिष्यावः" इति ॥४॥

चौदहवाँ पूरण

धेनुकासुरवध लीला

हे श्रीकृष्ण ! हे श्रीकृष्णचैतन्य ! हे श्रीसनातन सहित श्रीरूप ! हे श्रीगोपालभट्ट ! हे श्रीरघुनाथ युग ! हे आप्तजनगण वल्लभ ! अथवा हे व्रजवल्लभ ! आप सब मेरी रक्षा करें ॥१॥

इस प्रकार गोलोकविलास नामक द्वितीय पूरण में, श्रीगोपालजी के द्वारा पाल्यमान गोपालगणों का नित्यधाम, श्रीगोलोक कहा गया। वहाँ पर भी श्रीमान् गोपराज की सभा में अपूर्व भाव से परिदृष्ट जो कविराजनन्दन सुमति, उसके दोनों सुकुमार कुमारों का दर्शन उद्भावित किया। तदनन्तर बाल्यविलास में भी उन दोनों सूतकुमारों के द्वारा किया गया श्रीकृष्ण का बाल्यचरित वर्णन कालियदमनलीला पर्यन्त किया गया। इस समय तो उन दोनों सूतकुमारों द्वारा विस्तारित कैशोरचरित कथित होता है ॥२॥

वह इस प्रकार है—तदनन्तर दूसरे दिन पहले की तरह श्रीव्रजराज की सभा में, उन दोनों कथा वाचकों में से अकेला स्निग्धकण्ठ उत्कण्ठापूर्वक अपने मन मनमें यह बोला कि— ॥३॥

अब किशोरावस्था वर्णन करने योग्य है, किन्तु इस सभा में जितने सभ्यगण हैं, वे सब रहस्य रस द्वारा अत्यन्त मनोहर हैं। अतः ऐसी सभा में जिस प्रकार लज्जा न हो सके उसी प्रकार वर्णन करना उपयुक्त है, और यदि कदाचित् निज माधुरी की क्षुधा से पीड़ित, स्वउदरमात्रपूरक, अर्थात् निजमाधुरी के आस्वादन की लालसा से युक्त श्रीकृष्ण "अपने को सुखप्रद है" इस भाव से उस रहस्य को हम दोनों से पूछेंगे, तब तो श्रीकृष्ण की सुखवृद्धि में उचित उस रहस्य को विस्तारपूर्वक बढ़ाकर कहने की चेष्टा करेंगे ॥४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ स्पष्टं तु व्याचष्ट,—"ततश्च स्पष्टं कृतगमायां षष्ठसमायां समुल्लसितसम्मतिमये जन्मतिथिसमये हर्षसमृद्धिप्रदवर्षवृद्धिपर्वणि सर्वनिःश्रेयसमाविस्तरां विस्तारयतः समस्तं निस्तारयतस्तस्य श्रीमद्व्रजराजसुतस्य विश्वेषामेव मनश्चोरं कैशोरमुदयाञ्चक्रे ॥५॥

"तथाहि—राज्यं सम्यगुपेत्य कृष्ण-वपुषि त्रैलोक्यलक्ष्मीमये
क्रीडाभिर्लघु निर्गमय्य समयानौदार्यपर्याकुलम् ।
पात्राय स्वयमागताय गुणितावासाय सद्वेदिने
कैशोराय निजं प्रदाय विषयं पौगण्डमन्तर्दधे ॥६॥

"ततश्च, दृष्टिप्रसादकृतसामभिरंशुदानैः, शश्वन्मनोहरणनिर्मितबुद्धिभेदैः ।
अर्थान्तराभिविनिवेशजभावदण्डैः कैशोरकं वशयति स्म हरेः समस्तम् ॥७॥

"तत्र च—मुखे पूर्तिः कान्तिर्नयनयुगले दैर्घ्यमरुण-
प्रभा हृद्युच्छ्रायः प्रततिरपि मध्ये तु कृशता ।
इतीदं सौन्दर्यं यदवधि मनागप्यधिजगे
जगन्नेत्र-श्रेणी तदवधि हरौ तेन चकृषे ॥८॥

"तदित्थं तज्ज्येष्ठश्च निर्दिष्टः ॥९॥

तदनन्तर स्पष्ट व्याख्या करता हुआ स्निग्धकण्ठ बोला कि—पौगण्ड अवस्था के बाद जब स्पष्टरूप से छठवाँ वर्ष व्यतीत हो गया, तब उल्लासविशिष्ट सम्मति सूचक जन्मतिथि के समय में, आनन्द समृद्धिदायक वर्ष वृद्धि के महोत्सव में, सम्पूर्णरूप से प्रकाश करके सर्वसाधारण के मङ्गल का विस्तार, एवं सबका निस्तार करनेवाले उन श्रीमान् व्रजराजकुमार का, सबके मन को चुराने वाला कैशोर समय उदित हो गया ॥५॥

देखो, तीनों लोकों की शोभास्वरूप श्रीकृष्ण के शरीर में अच्छी प्रकार राज्य प्राप्तकर, क्रीड़ाओं के द्वारा शीघ्रतापूर्वक सब समयों को बिताकर, उदारता से भरा हुआ पौगण्ड, स्वयं आये हुए, सर्वगुणों के निवास, उत्कृष्ट ज्ञान वाले पात्रस्वरूप कैशोर के लिये सहर्ष अपने देश को देकर अन्तर्हित होगया ॥६॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की किशोरावस्था ने दृष्टि की प्रसन्नता द्वारा किये गये नीतिशास्त्रोक्त सामरूप उपाय समूह द्वारा, कान्तिवितरण द्वारा, निरन्तर मन के हरने से निर्मित बुद्धि के भेदों द्वारा, एवं विषयान्तर में अभिनिवेश से उत्पन्न भावरूपी दण्डों के द्वारा, समस्त जगत् को अपने वश में कर लिया ॥७॥

और उस किशोरावस्था में मुखमण्डल में स्थूलता की पूर्ति एवं शोभा, दोनों नेत्रों में दीर्घता एवं रक्तवर्ण की प्रभा, वक्षःस्थल में ऊँचापन एवं विस्तार, किन्तु मध्यभाग में अर्थात् कटि में कृशता (पतलापन), इत्यादि प्रकार का यह अपूर्व सौन्दर्य श्रीहरि में अल्प मात्रा में भी जब से प्राप्त हुआ, तभी से उस सौन्दर्य ने संसार भर की नेत्रपंक्ति को अपनी ओर खैंच लिया ॥८॥

अतएव इसी प्रकार उनके बड़े भाई का भी निर्देश हो गया, अर्थात् श्रीबलरामजी की भी किशोरावस्था का वर्णन हो गया ॥९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदा च तालफलपाकावसरे वर्षाप्रसरे कदाचिन्निखिलसुखवर्धनस्य गोवर्धनस्य गिरेराग्नेय्यां हरिति हरिरामादयः सामोदा गाश्चारयन्तः सन्ति स्म ॥१०॥

"ततश्च पूर्वानुभवसम्पातातीतं पूर्ववातानीतमतिदूरतः सजातीयपूरधरं पवित्रमतालफल-जालसौरभ्य-भरमुपलभ्य पूर्वत एव तत्कीर्तिविर्वाततचित्ता व्रजवर्तिषु वित्तास्ते सर्वसहायाः स्पृहणीयाः सर्व एव तयोः सहाया हृदि स्पृहयाम्बभूवुः,—रामकृष्णाभ्यां वलिता वयमितश्चलिता रासभासुरराजभवनं तालवनं तत्पालगणमपि तथाविधं निभालयितुं नूतनकुतुकाः स्म; ततः स्ववुभुक्षासुक्षामतालक्ष्यविनोदादिमौ विनुदाम ।' इति ॥११॥

"ते च श्रीदाम-सुबल-स्तोककृष्ण-शबला बल-कृष्णयोः समबला लब्धमर्माणः सधर्माण इत्यत एव शश्वदखिलतया सखितया विराजन्ते । ययोरेव समं वीर्यमित्यादिकमीर्यत इति । ततः सततमेव क्रमते तत्पराक्रमे तेषां बुद्धिक्रम इत्यकृतशङ्काशेषेण प्रणयविशेषेण जिघत्सा-मिषेण च तदर्थं भ्रातृबलं बलभद्रं प्रार्थयामासुः,—॥१२॥ 'यथा—

तालानां वनमत्र पक्वित्रमफलं निर्हारि पूरं यतः
सौरभ्यं बत दूरमेति तदिदं भोगं विना निष्फलम् ।

उसी समय तालफलों के पकने का अवसररूप वर्षाकाल की उपस्थिति में, कदाचित् सकलसुख वर्धनकारी श्रीगोवर्धन गिरिराज की अग्निकोण वाली दिशा में, श्रीकृष्ण बलराम आदि समस्त मित्रगण आनन्दपूर्वक गैया चरा रहे थे ॥१०॥

तदनन्तर बहुत दूर से पूर्वी वायु के द्वारा लाई गई, पहले अनुभव के संयोग से रहित, सजातीय गंध समूह को धारण करनेवाली, पके हुए तालफलों की अतिशय सुगन्धी को प्राप्तकर, पहले से ही श्रीकृष्ण की कीर्ति में जिनका चित्त विशेषरूप से है, व्रजवासियों में जो विख्यात हैं, पृथिवी के भी जो स्पृहणीय हैं, वे सब श्रीकृष्ण बलदेव के सखा अपने हृदय में इच्छा करने लगे कि—हम सब कृष्ण बलदेव के सहित यहाँ से चलकर, धेनुकासुर के राजभवनरूप तालवन को, तथा उस वन के रक्षकगण को भी उसी प्रकार देखने के लिये, एक नवीन कौतुक से आक्रान्त हो रहे हैं। इसलिये अपनी भूख से कृशता के बहाने विनोदपूर्वक इन दोनों भाइयों को तालफलों के प्रति विशेष प्रेरित करदें ॥११॥

वे सब सखा श्रीदामा, सुबल, स्तोककृष्ण आदि मित्रों से मिश्रित-चित्रविचित्र हैं। श्रीकृष्ण बलदेव के समान बलवान् हैं, मर्म को जानते हैं, सभी समान धर्म वाले हैं, इसी कारण से ही निरन्तर अखण्डित मित्रता से विराजमान हैं। मित्रता के लक्षण में भी कहा जाता है कि—जिनका परस्पर समान वीर्य हो, वे ही मित्र होते हैं, इत्यादि। इसीलिये उन सबकी बुद्धि की परिपाटी श्रीकृष्ण बलदेव के पराक्रम में निरन्तर ही बढ़ती रहती है। अतः किंचिद् भी शङ्का न करके प्रणयविशेष से खाने के बहाने, उन तालफलों के लिये भ्राता से युक्त श्रीबलभद्रजी के प्रति उन सबने प्रार्थना की ॥१२॥

यथा—यहाँ पर एक तालवन है, उसमें सब तालफल पके हुए हैं, क्योंकि चित्ताकर्षक गन्धसमूह बहुत दूर तक फैल रहा है। परन्तु खेद की बात यही है कि, वह तालवन भोग के बिना निष्फल है। उस वन के अधिपति मनुष्यों को खाने वाले गर्दभरूपधारी राक्षस हैं, ऐसा सुना जाता है। अतएव हे लम्बी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रूयन्ते हि खरा नराशनकरास्तस्याधिपा इत्यदः
श्रीरामायतदोर्युगार्पय तथा श्रीकृष्ण ! दुष्टापह ! ॥१३॥

"आयतदोर्युगेत्यनेन च ध्वनितमिदम्,—

'महाबाहुतया राम ! तवर्यसे त्वञ्च विक्रमी ।
न तथा लक्ष्यथाः क्वापि लक्षणीयस्तु सम्प्रति ॥' इति ॥१४॥

"श्रीरामस्तु सस्मितमुवाच,—'भो भवन्तो लोभवन्तो भवन्तोऽप्यस्मत्तः प्रति प्रतीयध्वे; यतो मुग्धाः ! नियुद्धाभिमुखैर्भ्रूभङ्गसूचितशौटीर्यसुखैः प्रभवद्भिर्भवद्भिः कदाचिदावामपि पराभवमासाद्यावहे; तत् कथमावामेव याच्यावहे ?' ॥१५॥

"ते च प्रोचुः,—'सर्वतोऽप्यतिगुणवन्तौ भवन्तौ खल्वस्माकं सारौ राजकुमारौ । राजनीतिरीतिश्चैवमेव यद्राजकुलमेव व्रियते पुरष्क्रियते च । मृगयायां मृगताडनवन्न पुनरन्येन स्वयमग्रगण्येन भूयते । यदि तत् कुलं परमवीर्याकुलं भवति, तदा तु किमुत ? तत्र चाग्रजतया भवतः सदाऽप्राग्रचता नाग्रचायते । तस्माद्यद्यस्मदिच्छापूरणाय भवतोरिच्छा सङ्गच्छते, तदा नान्यदनुमन्यताम् ।' ॥१६॥

"तदेवं सहप्रहसिते शुभ्रांशुसिते कृष्णाग्रजे स्वयमग्रतो व्रजे सिंहनादमाददाना

भुजाओं वाले श्रीबलराम ! तथा हे दुष्टों को मारने वाले श्रीकृष्ण ! उन पके हुए फलों को हमें अर्पण कर दीजिये ॥१३॥

"लम्बी भुजाओं वाले" इस विशेषण से यह ध्वनि निकलती है कि, हे भैया बलरामजी ! महाबाहु होने के नाते तुम बड़े पराक्रमी हो, हम ऐसा अनुमान करते हैं । किन्तु ऐसा पराक्रम प्रगट करते हुए तुमको हमने तो कहीं देखा नहीं । किन्तु इस समय तो हम तुमको पराक्रम दिखाते हुए देखना चाहते हैं ॥१४॥

श्रीबलरामजी मन्दमुस्क्यानपूर्वक बोले—हे प्रिय मित्रो ! तुम सब लोभी होकर भी हमको तो अपने समान ही प्रतीत होते हो । क्योंकि हे भोले भाले मित्रो ! देखो, बाहुयुद्ध में अग्रसर होने वाले, भ्रूभङ्गमात्र से वीरता के सुख की सूचना देने वाले, प्रभावशाली आप सबके द्वारा कभी कभी तो हम दोनों भी पराजय को प्राप्त हो जाते हैं । अतः हम दोनों की ही प्रार्थना क्यों करते हो ? ॥१५॥

वे सब बोले—आप दोनों राजकुमार सबकी अपेक्षा अति गुणवान् हो, एवं हम सबके बीच में दृढ़ शक्तिशाली हो, यह निश्चित है । राजनीति की रीति भी इस प्रकार की है कि—राजवंश का वरण किया जाता है, एवं वही अग्रसर किया जाता है । क्योंकि देखो, शिकार खेलने में मृग के ताड़न की तरह राजपुत्र से भिन्न स्वयं कोई भी अग्रगण्य नहीं होता । यदि वह राजकुल परमशक्तिशाली हो, तब तो फिर कहना ही क्या है ? उसमें भी अग्रज होने के कारण आपकी सदा अग्रधानता समुचित नहीं । अतएव यदि हमारी इच्छा पूर्ण करने के लिये आप दोनों की इच्छा संगत हो, तब तो अन्य प्रकार की अनुमति नहीं देना । हमारे वाक्यों को भी अन्यथा न समझना ॥१६॥

अतएव इस प्रकार सखाओं के वचन सुनकर हास्य के सहित चन्द्रमा के समान श्वेतवर्ण वाले श्रीकृष्णाग्रज जब स्वयं आगे आगे चल दिये, तब व्रज में सिंहनाद करते हुए श्रीदामोदर आदि मित्रगण,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दामोदरादयः सामोदं तदनुप्लवाः प्लवमानतया तद्वनाय तदवस्था एव प्रतस्थिरे। गास्तु स्वस्थान एव स्थापयामासुः ॥१७॥

"प्रस्थाय च रामम्—

सोपालम्भमिवावदंस्तमनु तद्वाहू च मित्राणि य-
त्तेन द्राक् स च सेर्ष्यचित्तमिव तां गत्वा तु तालावलिम्।
सर्वामेव भुजायुगेन युगपद्विक्षिप्य सङ्घट्टयन्
विभ्रष्टानि मिथः फलानि विदधे घृष्टानि दिग्दन्तिवत् ॥१८॥
तज्ज्ञात्वास्रप-रासभाश्च परितः साक्रन्दमभ्याययु-
र्यान् दृष्ट्वा पशुपाः समाधवबलाः शश्वद्धसन्तः स्थिताः।
हासावेशवशात् कृतानवहितिं प्रत्यक्पदाभ्यां बलं
वज्राभ्यामिव धेनुकस्तमनुदत्तञ्चैष नाबुध्यत ॥१९॥
न ज्ञातवानपि यतः स तु तं प्रहारं, तेनातिरोषभरनास्तिविवेकचर्यः।
भूयः पराक्स्थिति विनद्य विकीर्णलत्त,-स्तेनाथ वत्सक इवारचि धेनुकाख्यः ॥२०॥

"अथ ब्रह्माण्डमपि खण्डयितुं प्रचण्डतामण्डिताच्चण्डचण्डीशशूलादप्युद्दण्डप्रहारेण बलभुजदण्डेन तालमण्डलमण्डलेश्वरशिरसि चक्रीवच्छक्रारिविचकरे। तेन च तालपरावर-

---

आमोद प्रमोदपूर्वक, श्रीबलदेवजी के अनुचर बनकर, प्लुतगति से कूदते हुए उस तालवन के लिये, जैसे बैठे थे उसी अवस्था से उठकर चल दिये। गयाओं को तो अपने स्थान पर ही स्थापित कर गये ॥१७॥

प्रस्थान करके वे सब मित्र श्रीबलरामजी को एवं उनके बाद उनकी लम्बी भुजाओं को लक्ष्य करके, तिरस्कार सा करते हुए क्रोध बढ़ाने के लिये जो कुछ बोले, उसी के कारण श्रीबलरामजी ने शीघ्र ईर्षा से युक्त चित्त से, उन तालवृक्षों की पंक्ति के पास जाकर, दोनों भुजाओं से सम्पूर्ण तालपंक्ति को एक साथ विक्षिप्त कर, पुनः आपस में एकत्रित करते हुए, दिग्गज की तरह समस्त तालफल घसीट घसीट कर तोड़ दिये ॥१८॥

इस बात को जानकर राक्षसरूपी गधे चिल्लाते हुए चारों ओर से आ गये। उनको आते देखकर सभी ग्वारिया श्रीकृष्ण बलदेव के सहित निरन्तर हँसते हँसते खड़े रह गये। हास्य के आवेश के कारण उस समय श्रीबलरामजी कुछ सावधानी न कर सके, इसीलिये धेनुकासुर ने दो वज्रों के समान पिछले दोनों चरणों द्वारा श्रीबलरामजी को प्रहार किया, किन्तु उनको इस प्रहार का पता भी न चला ॥१९॥

श्रीबलरामजी ने तो उस प्रहार को किंचिद् भी नहीं जाना, इसी कारण उस धेनुकासुर का अतिशय क्रोध के भार से सब विवेक विचार नष्ट हो गया। पुनः उसने बलदेवजी की ओर विमुख होकर, ऊँचे स्वर से अपनी जाती का शब्द करके पादप्रहार किया। तदनन्तर श्रीबलदेवजी ने वह धेनुकासुर, वत्सासुर जैसा बना दिया, अर्थात् उसी की तरह पिछले पाँव पकड़कर पछाड़ कर मार दिया ॥२०॥

तदनन्तर ब्रह्माण्ड को भी खण्डित करने के लिये, प्रचण्डता से मण्डित शिवजी के भयंकर त्रिशूल से भी उद्दण्ड प्रहार करनेवाले, श्रीबलदेवजी के भुजदण्ड के द्वारा, वह गर्दभरूप दैत्य तालसमूह के अधीश्वर के मस्तक पर फेंक दिया गया। उस फेंकने के द्वारा बड़े छोटे तालवृक्षों की परम्परा में प्रलयकालीन दुर्निवार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

परम्परासु यः खलु निहित आवेगसंस्कारः प्रलयजात-दुर्वारप्रभञ्जनाकारः, स तु हिन्दोलयं-स्तत्तदुपरिगमर्धमर्धमग्नि-यन्त्रप्रक्षिप्तमिव विक्षिप्तं विधाय प्रायः सर्वमेवाखर्वतालखर्वमयं तद्वनं निमेषमात्रेण वित्रोटयामास। यत्र स्वयन्तु भवन्तु तृणराजाः खल्विमे, तथापि तृणान्येवेति बलभद्रश्चिन्तयामास च ॥२१॥

"अथ तदनुगता देवविस्पर्धिनः परेऽप्यस्वरतया गर्दभा गर्दन्तः प्रतिघात् प्रतिघातमाचरन्तः सहसा रुद्धाध्वानः सह युध्वानः पर्यागतास्तृणवन्मताः परमानन्दाराम-रामकृष्णाभ्यां हसद्भ्यां विलसद्भ्यामेवाखव इव धृतासव एव तुच्छीकृत्य गृहीतपुच्छचरणास्तेषां तालभक्षणसौकर्यार्थ-मिवाधिमध्यमध्यवस्थित-तृणक्ष्मापत्युपरि क्षिप्रमेव परिक्षिप्ताः क्षपितजीविताः क्षितिनिपतिताः सह निस्तलतालफलैः केतव इव राहुभिर्दिनानि कानिचित् कंस-पक्षीयानभीषयन्त ॥२२॥

"रासभान् शमयितुः कियद्भवेत्, पौरुषं तदिति नावमन्यताम्
यद्विविष्टु-पटली तदापि तौ, वाद्य-गीत-कुसुमैरसेवत ॥२३॥

"अथ हाससहितमुपजहास च सा मघवत्प्रधाना धेनुकमघजिदभिप्रायमभिप्रयती ॥२४

यथा—'अघासुरः कालियकद्रुजन्मा,-प्यसोढवीर्यं यदि नास्मदीयम्।
पुत्रीप्रमर्दिन् ! बत गर्दभ ! त्वं, कर्तुं कथं धाष्टर्यमियज्जगन्थ ?' ॥२५॥

पवनाकार उत्पन्न हुआ जो आवेगसंस्कार, उस आवेगसंस्कार ने तालवृक्षों को हिलाते हुए, उन उनके ऊपर के आधे आधे भाग को अग्नियन्त्र, अर्थात् अलातचक्र में फेंके हुए की तरह विक्षिप्त बनाकर, प्रायः लंबे लंबे खर्व संख्या वाले तालवृक्षों से भरे हुए, उस सम्पूर्ण तालवन को निमेषमात्र में तोड़ दिया। यद्यपि जिस तालवन में ये वृक्ष स्वयं निश्चितरूप से तृणराज (तालवृक्ष) कहलाते हों, तथापि बलभद्रजी तो उनको "ये वृक्ष मेरे सामने तृण ही हैं" ऐसा विचारते थे ॥२१॥

तदनन्तर धेनुकासुर के अनुगत एवं देवताओं से स्पर्धा करनेवाले, अन्य गदहे के से आकारवाले दैत्य भी भयंकरतापूर्वक गदहे की तरह शब्द करते हुए, क्रोध से दुलत्ती द्वारा प्रहार करते हुए, सहसा मार्ग को रोकते हुए, एक साथ युद्ध करने वाले चारों ओर से आ निकले। उस समय परमानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण बलदेव ने हँसते हँसते, खेलते खेलते तृण के समान मानकर, मूषकों की तरह, जीते हुए ही तुच्छ समझकर, पूँछ के सहित पिछले पाँव पकड़कर, मित्रों के फल खाने की सुविधा के लिये, बीच बीच में खड़े हुए ताल वृक्षों के ऊपर घुमाकर शीघ्र ही फेंक दिये। पुनः प्राणहीन होकर पृथ्वी पर पड़े हुए वे रासभरूपी दैत्य उन गोल गोल ताल फलों के सहित, राहुगणों के साथ मरकर पड़े हुए केतुगणों की तरह, कुछ दिन तक कंस के पक्षपातियों को भयभीत करते रहे ॥२२॥

रासभों अर्थात् गधों का विनाश करनेवाले का पुरुषार्थ ही कितना होता है, ऐसी भावना करके कोई अवज्ञा न करें। क्योंकि उस समय स्वर्गवासी देवगणों ने भी वाद्य, गीत, एवं पुष्पों के द्वारा श्रीकृष्ण बलदेव की सेवा की थी ॥२३॥

तदनन्तर इन्द्र आदि उस देवमण्डली ने अघासुरजेता श्रीकृष्ण के अभिप्राय को जानते हुए, हास्य सहित धेनुकासुर का उपहास किया ॥२४॥

श्रीकृष्ण का अभिप्राय इस प्रकार है, यथा—अघासुर एवं कद्रू का बेटा कालियनाग भी जब हमारे प्रबल पराक्रम को न सह सका, तब हाय ! हाय ! हे पुत्रीघातक गर्दभ ! धेनुकासुर ! तू इतनी धृष्टता करने को क्यों आ गया ? ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ सद्यः पितृवनविलास-तालवनवास-रासभ-शवस्पृष्टानि तानि तालानि न तु तैः परामृष्टानि, न च तदीयतृणानि गावस्तर्णाविताः, किन्तु तद्विसृष्टानि तानि केचिदितर एव मानवा गावश्च विगतसाध्वसाध्वतया चिरं साध्वास्वादितवन्तः ॥२६॥

"तदेवं नृजग्धं तं सगणं क्रोधदग्धसूक्ष्मदेहपर्यन्तमाचर्य श्रीमान् कृष्णस्तु साग्रजः सह-सखिव्रजः पुरस्कृतधेनुर्वादितवेणुर्व्रजन् व्रजमाजगाम ॥२७॥ यथा—

कमलदलविशाललोलनेत्रः, सखिजनगीतपवित्रचित्रकीर्तिः ।
सहबलमविशद्व्रजं सवेणुं, क्वणितकलं कलयन् व्रजेश-सूनुः ॥२८॥

(भा० १०।१५।४२)—

'तं गोरजश्छुरितकुन्तलबद्धमाल्य,-सम्बद्धपिञ्छममलेक्षणचारुहासम् ।
आनन्दवेणुमनुगेडितपुण्यकीर्ति, गोप्यः सतृष्णनयनाः परितः समीयुः ॥'२९॥

"तदेतत्पर्यन्तमुदन्तं समुदन्तः कथयित्वा तत्र च कृष्णमनश्चोरीणां नवकिशोरीणां तन्मुखविधुदर्शनशातजातभ्रूभङ्ग-तरङ्गसङ्गतानुरागसागरगरिमाणमनुस्मृत्य विस्मृतसर्वेन्द्रिय-कृत्यः सवाष्पकण्ठः स्निग्धकण्ठस्तस्यां सभायां मुहूर्तद्वयं मूर्तभावमेवाससाद ॥३०॥

तदनन्तर शीघ्र ही श्मशानविलासी तालवनवासी गर्दभों (गदहों) के मृतक शरीरों से छुये हुए, वे तालफल उन ग्वालबालों ने तो छुए भी नहीं, खाना तो बहुत दूर रहा । और उन ग्वालबालों ने उस वन के तृणों को अपनी गैयाओं को नहीं खवाया । किन्तु उन गोपों एवं गैयाओं के द्वारा छोड़े हुए, वे तालफल एवं तृणसमूह, किन्हीं अन्य मनुष्यों ने एवं गैयाओं ने, भयरहित मार्ग हो जाने के कारण, बहुत दिन तक अच्छी प्रकार स्वाद ले लेकर खाये ॥२६॥

अतएव इस प्रकार मनुष्यों को खाने वाले धेनुकासुर के परिवार सहित सूक्ष्मशरीर पर्यन्त क्रोध से जलाकर श्रीकृष्णचन्द्र भी, श्रीबलदेवजी एवं मित्रवर्ग के सहित, धेनुओं को आगे करके, वेणु बजाते हुए, धीरे धीरे चलकर व्रज को आ गये ॥२७॥

यथा—कमलदल के समान विशाल एवं चञ्चल हैं नेत्र जिनके, तथा मित्रजनों के द्वारा गाई गई है पवित्र विचित्र कीर्ति जिनकी, ऐसे श्रीव्रजराजकुमार मधुरतापूर्वक वेणु बजाते हुए, श्रीबलरामजी एवं धेनु-गण के सहित व्रज में प्रविष्ट हो गये ॥२८॥

श्रीकृष्ण वृन्दावन में गैया चराकर जब श्रीनन्दव्रज (नन्दगांव) को आये, तब गोधूलि से धूसरित उनके केशकलाप में बँधी हुई पुष्पों की माला में मयूरपुच्छ बँधे हुए थे, उनके नेत्र निर्मल एवं हास्य मनोहर था, उनकी वंशी सर्वानन्ददायक थी, एवं सहचरगण उनकी पवित्र कीर्ति की स्तुति कर रहे थे । उस समय दर्शन की लालसा से युक्त नेत्रों वाली गोपियाँ चारों ओर से आ गईं ॥२९॥

बस, यहाँ तक के वृत्तान्त को हर्ष भरे अन्तःकरण से कहकर, और उसी प्रसङ्ग में श्रीकृष्ण के मन को चुराने वाली नवकिशोरियों के श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र के दर्शन से उत्पन्न सुखसमूह से जायमान भ्रूभङ्ग-रूपी तरङ्गों से मनोहर अनुरागरूपी सागर के गौरव का स्मरण कर, जिसके सभी इन्द्रियों के कार्य विस्मृत हो गये हैं, एवं वाष्प के कारण जिसका गला रुक गया है, ऐसा स्निग्धकण्ठ, उस सभा में दो घड़ी तक मूर्च्छित हो गया ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीमद्व्रजराजादयस्तु तदभिप्रायमजानानाः सदयतया तदीय-सान्त्वविधये सावधाना नानाविधविधानमाचरन्तः सर्व एव चिन्तातुरा बभूवुः ॥३१॥

"तत्तद्विधानस्य चाकिञ्चित्करतायामविरतायां मधुकण्ठ एव तान् स्फुरदुत्कण्ठः सान्त्वितान् विधाय भ्रातुः सर्वेन्द्रियकुण्ठताशान्तये तदानीन्तनव्रजराज्ञी - सन्ततलालनसङ्गानमाततान ॥३२॥ यथा—

'हरिणा हलिना सहरिपुदलिना ।
रजनी-मुखमनु जननी-लालनमिति कलितं जितकलिना ॥ध्रु॥
निर्मञ्छन-नीराजन-मार्जन-वदनालोकनरचनम् ।
मर्दन-मज्जन-संवल्लणतः पश्चात् पुण्ड्रक-सचनम् ॥
रसचय-योजन-भोजनपूरण-सुरभित-नीरास्वदनम् ।
अगुरुद्रवयुतिरथ ताम्बूलस्वदनं सुखसंवदनम् ॥
सुकृतिजनं प्रति शय्या-संस्कृतिसमनुज्ञामनुशयनम् ।
प्रियसखसङ्गतिमनुसेव्यनुगतिमनु च मुदामतिचयनम् ॥' इति ॥३३॥

"तदेवमतिपरिचरितं हरिचरितवर्णनं मधुररागनीरन्ध्रं कर्णरन्ध्रं प्रविशदेव तं मूर्च्छामूर्च्छन्तमपि जागरयामास, नामधेयमिव निद्रालब्धविद्राहित्यम् ।" ॥३४॥

श्रीमान् व्रजराज प्रभृति सभी सभासद् तो उसके अभिप्राय को न जानते हुए, दयाभावपूर्वक उसकी सांत्वना करने के लिये, सावधान होकर अनेक प्रकार के उपचारों को करते हुए चिन्तातुर हो गये ॥३१॥

और श्रीनन्दादि द्वारा किये गये उन उन उपचारों की निरर्थकता जब तक विशेष समय तक नहीं हुई, तभी उत्कण्ठा की स्फूर्ति वाले मधुकण्ठ ने ही उन सबको सान्त्वित करके, अपने भैया की सभी इन्द्रियों की स्तब्धता की शान्ति के लिये, तत्कालीन व्रजरानी के निरन्तर लालनकार्य के उत्कृष्ट गायन को विस्तृत किया, अर्थात् स्निग्धकण्ठ की मूर्च्छा को दूर करने के लिये, श्रीव्रजरानी के सायंकल में श्रीकृष्ण के लालन सम्बन्धी कार्यों का सूचक गायन का विस्तार किया— ॥३२॥

गायन का अर्थ, यथा—शत्रुओं का मर्दन करनेवाले हलधारी श्रीबलदेवजी के साथ कलिजेता श्रीकृष्णचन्द्र ने सायंकाल उपस्थित होने पर, माङ्गलिक द्रव्यों का स्पर्श, तालवृन्तादि द्वारा श्रम दूर करना, न्योछावर करना, आरती उतारना, अपनी चूनरी के छोर से लाला के मुख का मार्जन करना, लाला के मुख को देखना, तैल मर्दन, उबटन, स्नान, अंगप्रोक्षण, वस्त्र परिधान करना, पश्चात् तिलक रचना करना, रससमूह से युक्त भोजन से पूर्ति करना, सुगन्धित जल का पान एवं आचमन, अगुरु (गुग्गुल) एवं चन्दन का आघ्राण, ताम्बूल आस्वादन, पश्चात् सुखपूर्वक वार्तालाप करना, पुण्यात्मा सेवकों के प्रति शय्या के संस्कार की, अर्थात् अच्छी प्रकार खाट बिछाने की आज्ञा के अनन्तर शयन करना, प्रिय सुहृद्गणों के सहित सेवा, सङ्गति, पश्चात् हर्षराशि का अत्यन्त सञ्चय, इस प्रकार माताजी के लालन पालन को सहर्ष स्वीकार किया ॥३३॥

निद्रा के कारण प्राप्त अचेतना से युक्त व्यक्ति को उसका नाम (दूसरे के द्वारा पुकारने पर) जैसे

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ स्वस्थावस्थतया कुण्ठतारहितस्तादृशगुणमहितः स्निग्धकण्ठः सवाष्पकण्ठमुवाच,—३५

"सोऽयं गोपालभूपाल ! तनयस्तव निर्दयः ।
मुग्धश्च मद्विधं मुग्धं करोति स्वैरलीलया ॥'३६॥

तदेवं वृत्ते निवृत्ते सर्वत्र च व्रजजने गृहवर्त्मानुवृत्ते नित्यवदेव व्रजमहेन्द्रतनूजस्तौ सूतराजतनूजौ सङ्गत एव निनाय । नीत्वा च तयोरात्मना तृतीयः सन् प्रसङ्गतः प्रच्छन्नतया पप्रच्छ,—॥३७॥

"कथयतं कथमेतावान् कस्मान्मूर्च्छाविशः क्लेश इव परामृष्टः ? इति । उभौ तु सगद्गदं जगदतुः,—किं ब्रूवहे, भवन्त इव सर्वमनुभवन्ति" इति ॥३८॥

कृष्णश्च सतृष्णमुवाच,—"जानीम एव केवलं न, किन्तु तदानीं स्वयमपि नितरामाचरामस्तथापि तद्वर्णनमाकर्णयितुमिच्छामः ॥३९॥

"तथाहि—स्वयमपि यत् पुरु रचितं, तद्यदि हृद्यं तदा सदा श्राव्यम् ।
काव्यं निजसचितं य,-त्तदिदं युवकां परस्परं शृणुथः ॥४०॥

उसको जगा देता है, उसी प्रकार मधुरराग परिपूर्ण पूर्वोक्त हरिपरिचर्यारूप, श्रीहरिचरित वर्णन ने कर्णछिद्र में प्रवेश करते ही, मूर्च्छा को प्राप्त हुए स्निग्धकण्ठ को भी जगा दिया ॥३४॥

तदनन्तर स्वस्थ अवस्था के कारण स्तब्धता से रहित, तादृश गुणों से पूजित या विभूषित स्निग्धकण्ठ वाष्प के कारण गद्गद कण्ठ होकर बोला कि— ॥३५॥

हे गोपराज ! आपका यह पुत्र अत्यन्त निर्दय है । क्योंकि मैं उनके चरित्र का वर्णन कर रहा हूँ, तो भी मुझको मूर्च्छित कर दिया । मैं तो स्वभाव से मूढ़ हूँ । उसके ऊपर भी वह अपनी स्वच्छन्दलीला द्वारा मुझ जैसे व्यक्ति को भी मुग्ध कर रहा है ॥३६॥

इस प्रकार उस दिन का वृत्तान्त समाप्त हो जाने पर, समस्त व्रजजनों को अपने अपने घर के मार्ग का अनुसरण कर लेने पर, नित्य की भाँति, श्रीव्रजराजकुमार उन दोनों सूतपुत्रों को अपने सङ्ग ही ले गये । और साथ ले जाकर उन दोनों के बीच में स्वयं तीसरे होकर, प्रसङ्गवशात् गुप्तरूप से पूछने लगे कि— ॥३७॥

तुम दोनों ही कहो कि क्लेश की तरह विचारा गया यह इतना मूर्च्छा का आवेश किस कारण से हुआ, एवं क्यों हुआ ? दोनों ही गद्गद होकर बोले—हे भगवन् ! हम दोनों क्या कहें, आप तो सभी का अनुभव कर रहे हैं ॥३८॥

श्रीकृष्ण भी तृष्णापूर्वक बोले कि—हम केवल जानते ही हों सो बात नहीं, किन्तु उस समय स्वयं अच्छी प्रकार आचरण भी करते हैं, तथापि उस वर्णन को सुनने की इच्छा करते रहते हैं ॥३९॥

देखो ! जो कार्य स्वयं भी अधिक मात्रा में किया गया हो, वह कार्य यदि मनोहर हो, तब तो सदैव सुनना चाहिये । क्योंकि यह स्वयंरचित जो काव्य है, उसको तुम दोनों भी आपस में आदरपुर्वक सुनते हो ॥४०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्मात् प्रथमं तावत् प्रेयसीगणाधिकाया राधिकाया बिम्बोष्ठी-गोष्ठीमध्यमध्यास्य व्यस्यतामेषा पटीयसी रसपरिपाटी" ॥४१॥

उभौ सवाष्पतया परस्परं निरूपयन्तावूचतुः,—॥४२॥

"यदन्तर्यस्य सर्वं तत्तस्य जानात्यभीप्सितः ।
स एव चेद्वसत्यन्तस्तन्तु जानीत कः परः ?"४३॥

कृष्णश्च सानन्दमुवाच,—"तदद्य नक्तमेवानवद्या सेयं विद्या निवेद्यतामिति बाहुयुगं गृहीत्वा सखिगोष्ठीमनु तावमू नीत्वा बहलकुतूहलवेष्टितेन चेष्टितेन यावद्विरोचननिम्लोचनावसरं वासरं गमयामास ॥४४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु धेनुकासुर-मर्दनं नाम चतुर्दशं पूरणम् ॥१४॥

अतएव प्रेयसीगणों के मध्य में जो प्रधान हैं, जिनका नाम श्रीराधिका है, उनकी जो बिम्बोष्ठी सखियों की गोष्ठी (सभा) है, उसके बीच में बैठकर प्रथम इस अत्यन्त सुनिपुण रस की परिपाटी का विस्तार करो ॥४१॥

दोनों ही सजलनयन होकर परस्पर निरूपण करते हुए बोले— ॥४२॥

देखो ! जिसके अन्तःकरण में जो वस्तु है, उस समस्त वस्तुमात्र को उसका स्नेहीजन जानता है यह निश्चित है। वह स्नेहीजन ही यदि अन्तःकरण में निवास करता है, तब फिर दूसरा व्यक्ति ऐसा कौन है, जो कि उसको जानने मे समर्थ होगा ? ॥४३॥

श्रीकृष्ण आनन्दपूर्वक बोले कि—तब तो आज की रात्रि में ही, इस अनिन्दित विद्या का निवेदन कर देना। यह कहकर दोनों की भुजाओं को पकड़कर, मित्रों की सभा में उन दोनों को ले जाकर, बहुत सी कौतुकपूर्ण चेष्टाओं द्वारा सूर्य के अस्तगमनकाल पर्यन्त दिन को बिता दिया ॥४४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये धेनुकासुरमर्दननामकं
चतुर्दशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ पञ्चदशं पूरणम्

पूर्वानुरागः

अथ गोलोक-युवराजः सखिभिः सह राजमानः सायं प्रत्यवसाय मातुराज्ञामादाय वलितप्रभायां गोपराज-सभायां प्रतिरजनीव जनित-सर्वायत-पर्वाकृताभिप्राये प्रहरप्राये गुरू-ननुज्ञाप्य तदन्यान् प्रस्थाप्य महान्तःपुरं प्राप्य प्रसू-निदेशमवाप्य सुबल-मधुमङ्गलादिभिरन्तरङ्ग-सङ्गिभिः सङ्गतः सूताङ्गजाताभ्यां च ताभ्यामनुगतः प्राग्वर्णितगोकुलकमलपत्रस्थितं परमसुखसत्रतया प्रमितं श्रीराधारामधाम जगाम ॥१॥

अकस्मादागते च तस्मिन् सस्मितक्रीडानर्मजुषाममूषां सम्भ्रमभ्रमविस्मयस्मयत्रपापत्र-पादरादरहर्षतर्षादयस्ते भावा युगपदेव समुत्पन्नाश्चित्रीयमाणतां चित्रायमाणतामप्याचेरुः ॥२॥

तत्र च—अकस्मादायान्तं हरिमनुभवन्ती किल ह्रिया
दशामक्ष्णोर्नानाद्भुतमपिदधे सा नतमुखी ।
मुदा स्मेरा भुग्ना विकसितवती कुञ्चितवती
सवाष्पा स्तब्धाभाऽभवदिति समं या न घटते ॥३॥

पन्द्रहवाँ पूरण

पूर्वानुराग वर्णन

तदनन्तर गोलोक के युवराज श्रीकृष्ण मित्रों के सहित विराजमान होकर, सायंकाल में भोजन कर, माता की आज्ञा लेकर, प्रभा से युक्त श्रीगोपराज की सभा में, प्रत्येक रात्रि की तरह, उत्पन्न सभी के विस्तृत महोत्सवमय अभिप्रायसूचक प्रहरमात्र समय में, गुरुजनों की अनुमति लेकर, एवं गुरुजनों से भिन्न व्यक्तियों को अपने अपने घर भिजवा कर, विशाल अन्तःपुर को प्राप्तकर, माता की आज्ञा पाकर, सुबल, मधुमङ्गल आदि अन्तरङ्ग सखाओं से संमिलित होकर, उन दोनों सूतपुत्रों से अनुगत होकर, अर्थात् उन दोनों को अपना अनुगामी बनाकर, पूर्ववर्णित गोकुलरूप कमलपत्र में स्थित, परमसुख का स्थान कहकर, जिसकी उपमा दी गई है, ऐसे श्रीमती राधिका के उद्यानभवन में पधारे ॥१॥

वहाँ पर अकस्मात् श्रीकृष्ण के आ जाने पर मन्दमुस्क्यानपूर्वक हास परिहास का सेवन करने वाली उन सभी गोपियों के सम्भ्रम, भ्रम, विस्मय, गर्व, लज्जा, अपत्रपा, भय, आदर, हर्ष एवं इच्छा प्रभृति वे सब भाव एक ही साथ उत्पन्न होकर, आश्चर्य और स्तब्धभाव को उत्पन्न करने लग गये, अर्थात् सहसा श्रीकृष्ण को आते देखकर, सभी सखियाँ आश्चर्ययुक्त होकर चित्रलिखी सी बन गईं ॥२॥

श्रीराधिकाजी के भावविशेष को वर्णन करते हुए कहते हैं कि—अकस्मात् आते हुए श्रीकृष्ण को देखकर, लज्जा के कारण उन श्रीराधिकाजी का मुख नीचा हो गया, एवं अपने दोनों नेत्रों की अनेक प्रकार की अवस्था को उन्होंने शीघ्र ही छिपा लिया। उस समय वे कभी आनन्द से मन्दहासयुक्त हो जाती थीं, कभी टेढ़ी हो जाती थीं, कभी हर्ष से विकसित हो जाती थीं, तो कभी संकोच से संकुचित हो जाती थीं, कभी अश्रुओं से युक्त हो जाती थीं, तो कभी निश्चल सी बन जाती थीं, इस कारण जो अन्य सखियों के समान चेष्टा नहीं करती थीं, अर्थात् भावोद्रेकों में कोई भी रमणी श्रीराधिका के तुल्य नहीं हो सकती ॥३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ प्रगुणगुणालंकृता किङ्करी-ततिर्वितस्तिदघ्नराङ्कवास्तरणेन तमतिविस्तीर्णं मणिकीर्णमलिन्दमास्तीर्णं चक्रे । आस्तीर्णस्य च तस्य प्रतीचीप्रचितसुललिततूलिकायां प्राचीमुखतया स्वयं निविशमानः शुभ्रतारामचामरादिकराभिः किङ्करीभिः सेव्यमानः श्रीराधाया बहिरपि विराजमानप्राणः पाणिना तामादाय स्वरसमिलित-तदीयरसवेणी-समाप्लवनजीवनानां श्रेणीकृतानामेणीदृशां गणाग्रदेशगततया वामदेशे निवेशयामास ।।४।।

दक्षिणतस्तु केवल-तदीयनवतरुणिमावतार-समुचितसेवाप्रकारकामनारामप्रथमवयसः सुबलादिसवयसः ।।५।।

यत्पङ्क्तिद्वयान्तिमसीम-मध्यगतौ तन्मिथुनाभिमुखताभिरतौ तादृशप्रणयसुकुमारौ सूतकुमारौ तस्थतुः, ययो रागतालादिसाहायकाय सखाय एव केचन सचन्ते स्म ।।६।।

यौ खलु द्वयोरपि तयोः सवयसामावल्योरर्धमणिसरवल्योरिवाग्रिमसीम-मध्यमधिकृत्य मिथः शोभाविनिमयशीलतया नीलपीतताविवेक-व्यतिरेकमय-महानायकायमानं सर्वत्र प्रथितदृष्टिप्रसादमपि मिथः समर्पितनेत्रत्रिभागरागं तन्मिथुनमवलोकयन्तौ द्वित्रक्षणं चित्रवदिवास्थिषाताम् ।।७।।

तदनन्तर सरल गुणों से अलंकृत दासीसमूह ने अत्यन्त विस्तीर्ण, मणिमुक्ताओं से जड़े हुए उस प्रांगण को या पौरी को, एक बिलाँत ऊँचे मृगछाला के बिछौने से आच्छादित कर दिया। बिछौने से ढ़के हुए उस प्राङ्गण की पश्चिम दिशा में सुसज्जित परम मनोहर तोषक के ऊपर, श्रीकृष्ण स्वयं पूर्वाभिमुख होकर विराजमान हो गये। सेविकायें शुभ्रता से सुशोभित चामर आदि हाथों में लेकर उनकी सेवा करने लग गईं। उस समय ऐसा प्रतीत होता था कि, श्रीकृष्ण मानों श्रीराधिका के बहिःस्थित प्राणस्वरूप ही विराजमान हैं। श्रीकृष्ण ने अपने करकमल द्वारा श्रीराधिका को ग्रहण करके, निजसुख में संमिलित प्रिया प्रियतम की रसरूप त्रिवेणी में गोता लगाना ही जिनका जीवन है, अर्थात् प्रिया प्रीतम के सुख में ही जो सुखी हैं, ऐसी समस्त श्रेणीबद्ध मृगनयनी व्रजाङ्गनाओं के अग्रभाग में अपनी बाईं ओर बैठा दिया ।।४।।

और दाहिनी ओर सुबल आदि समान अवस्था वाले सखा बैठा दिये। नूतन अवस्था वाले ये सभी सुबलादि प्रियनर्म सखा, केवल श्रीकृष्ण के नवयौवन के प्रकाश एवं समुचित सेवा की कामना द्वारा विराजमान रहते हैं ।।५।।

इन दोनों पंक्तियों की अन्तिम सीमा के ठीक मध्यभाग में वे दोनों सूतकुमार बैठ गये। वे दोनों भाई युगलसरकार श्रीराधाकृष्ण के संमुख बैठने में ही सदा निरत हैं, एवं वैसे स्नेह के अनुरूप नवीन अवस्था वाले हैं। और कुछ सखा ही जिन दोनों के राग एवं ताल आदि की सहायता के लिये संमिलित हो गये ।।६।।

उस समय श्रीराधाकृष्ण के समान अवस्था वाले सखा एवं सखियों की दोनों पंक्तियाँ मानों आधे मणिमय दो हारलताओं की तरह विद्यमान थीं। जो दोनों सूतपुत्र हैं वे निश्चय ही उन दोनों पंक्तियों की अन्तिम सीमा के ठीक बीच में अधिकार करके बैठे थे। उस समय परस्पर की शोभा स्वभाव से ही परिवर्तित हो रही थी, सुतरां नायकश्रेष्ठ श्रीकृष्ण की श्यामता एवं श्रीराधिका की पीतता की पृथकता, एवं परस्पर अभिन्नता भी अनुभूत हो रही थी। अतएव हार के मध्य में स्थित महानायकमणि के समान होकर दोनों ही 'राधाकृष्ण' रूप नायकों की दृष्टि की प्रसन्नता विख्यात होकर भी, उन दोनों के कटाक्ष परस्पर के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ततश्च प्रहस्य नवघनश्यामेनादिश्यमानतया सावधानतां दधानावानन्दाद्भुभावेव संहिताञ्जलिकरौ नान्दीकरौ बभूवतुः ॥८॥

"तत्र वस्तु-निर्देशः—

इमौ गौरिश्यामौ मनसि विपरीतौ बहिरपि
स्फुरत्तद्वद्वस्त्राविति बुधजनैर्निश्चितमिदम् ।
स कोऽप्यच्छप्रेमा विलसदुभयस्फूर्तिकतया
दधन्मूर्तीभावं पृथगपृथगप्याविरुदभूत् ॥९॥

" अथ नमस्क्रिया—

श्रीरासां न तुलां बिर्भाति नितरामित्युद्धवः कीर्तयन्
यासामंघ्रि-रजो ननाम हरिणा यः स्वेन तुल्यो मतः ।
तासां तत्प्रियता-सुधाकरतनुं विष्वक् चकोरायिते-
नानेनानुगतां समस्तमहितां वन्दामहे राधिकाम् ॥१०॥

प्रति अनुरक्त थे। ऐसी अवस्था में उन श्रीराधाकृष्णरूप युगल जोड़ी का दर्शन करते हुए, वे दोनों सूतकुमार दो तीन क्षण तो मानों चित्रलिखे की भाँति बैठे रह गये ॥७॥

तदनन्तर नवघनश्याम के द्वारा आदिष्ट होने के कारण, सावधानता को धारण करते हुए, दोनों ही भाई आनन्द से दोनों हाथों की अंजली जोड़कर नान्दी (देव, द्विज, नृप आदिकों की आशीर्वादात्मक, नमस्कारात्मक एवं वस्तुनिर्देशात्मक स्तुति को ही नान्दी कहते हैं) करने वाले हो गये, अर्थात् दोनों भाई श्रीराधाकृष्ण की तीनों प्रकार की स्तुति करने लग गये ॥८॥

उन तीनों प्रकार की स्तुति में वस्तुनिर्देशात्मक मङ्गलाचरण इस प्रकार है, यथा—ये दोनों श्रीराधा कृष्ण क्रमशः गौर श्यामवर्ण के हैं, किन्तु मनमें विपरीत हैं, अर्थात् श्रीराधिका का मन श्रीकृष्ण में तदाकार होने से श्यामवर्ण का है, और श्रीकृष्ण का मन श्रीराधिका में तदाकार होने से गौरवर्ण का है। और वह मन बाहर भी स्फूर्ति पा रहा है, इसीलिये दोनों ही के वस्त्र क्रमशः गौर श्यामवर्ण के हैं। अर्थात् श्रीकृष्ण का पीताम्बर श्रीराधावर्ण विभावित श्रीकृष्ण के मन की प्रतीति करा रहा है, एवं श्रीराधिका की नीली साड़ी श्रीकृष्णवर्ण विभावित श्रीराधिका के मन की स्फूर्ति करा रही है। विद्वज्जनों ने इस विषय को इसी प्रकार निश्चित किया है। वह कोई अनिर्वचनीय निर्मल प्रेम दोनों प्रकारों से स्फूर्ति पाने के कारण, मूर्ति भाव को धारण करता हुआ अभिन्न होकर भी, मानों भिन्न भिन्न रूप से आविर्भूत हो गया है ॥९॥

तदनन्तर महाकाव्य प्रसङ्ग में नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण, यथा—श्रीलक्ष्मीजी भी इन गोपियों की अपूर्व शोभा की तुलना को बिलकुल धारण नहीं करतीं, इस प्रकार उद्धारण करते हुए श्रीउद्धवजी ने जिन गोपियों की चरणरज की बारंबार वन्दना की है, एवं श्रीकृष्णचन्द्र ने भी जिन उद्धवजी को अपने समान माना है। उन्हीं समस्त गोपियों के बीच में, श्रीकृष्ण प्रेमरूपी सुधाकर ही है शरीर जिनका,एवं चारों ओर चकोर का सा आचरण करने वाले श्रीकृष्ण के द्वारा जो अनुगत हैं, तथा सभी के द्वारा जो पूजित हैं, ऐसी श्रीमती राधिका की हम वन्दना करते हैं ॥१०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथाशीः—

प्रेमा योऽसौ राधिका-कृष्णयुग्मं, स्वानन्देन प्लावयित्वा सखीश्च ।
शश्वद्विश्वं प्लावयन् सुप्रसिद्धः, सोऽयं बुद्धिं नः समिद्धां करोतु ॥"११॥

इति परस्परं सवैलक्ष्यस्मितमीक्षित्वा स्थितयोस्तयोः स्निग्धकण्ठ सोत्कण्ठमुवाच,—॥१२

"अथ श्रीकृष्ण-जन्मादि-माधुर्यवदेव श्रीराधिकायास्तत्तन्माधुरी वर्णनीयेति निर्णयेऽप्यति-विस्तीर्णता-सङ्कोचनाय किञ्चिदेव सूचयिष्यामः ॥१३॥

"तत्र श्रीमद्भागवते खल्वेतदुद्भावितम्, (भा० १०।५।१८)—

'तत आरभ्य नन्दस्य व्रजः सर्वसमृद्धिमान् । हरेर्निवासात्म-गुणै रमाक्रीडमभून्नृप ॥'इति॥१४

"तच्चैवं विशदयन्ति,—

'जन्मारभ्य हरेर्व्रजस्थलमभूद्विश्वर्धियुक्तं पुन-
र्लक्ष्मीणां रमणास्पदं च तदधिष्ठानाद्विशिष्याजनि ।
राधा यासु ललास पूर्णशशभृन्मूर्तीव तारासु सा
कान्तिः किन्त्विह चित्रभाववलिता या कृष्णपक्षाधिका ॥'१५॥

"बृहद्गौतमीयेऽप्येषा सर्वतो लब्धविशेषा प्रस्तूयते,—

अब आशीर्वादात्मक मङ्गलाचरण का निर्देश करते हैं, यथा—यह जो अनिर्वचनीय प्रेम श्रीराधा-कृष्णरूप युगल जोड़ी को अपने आनन्द से अभिषिक्त करके, एवं सखियों को भी अभिषिक्त करके, निरन्तर विश्व को भी अभिषिक्त करता हुआ सुप्रसिद्ध है। यह वही प्रेम हमारी बुद्धि को भी प्रदीप्त कर दे ॥११॥

इस प्रकार भावान्तर के सहित मृदुहास्यपूर्वक युगलसरकार का दर्शन करके बैठे हुए, उन दोनों भाइयों के बीच में से स्निग्धकण्ठ उत्कण्ठापूर्वक बोलने लगा कि— ॥१२॥

अब श्रीकृष्ण के जन्मादि माधुर्य की तरह श्रीराधिका की भी वह वह जन्मादि माधुरी वर्णन करनी होगी। यह निश्चय होने पर भी, अत्यन्त विस्तीर्णता का संकोच करने के लिये, हम किञ्चित् ही सूचित करेंगे ॥१३॥

इस विषय में श्रीमद्भागवत में यह निश्चितरूप से उद्भावित किया है कि—"हे राजन् ! श्रीकृष्ण के जन्मदिवस से लेकर, श्रीहरि के निवास एवं उनके गुणसमूह के द्वारा, श्रीनन्दरायजी की व्रजभूमि सर्वप्रकार के ऐश्वर्यों से परिपूर्ण होकर, श्रीलक्ष्मीदेवी की तो उद्यान (वाटिका) स्वरूप हो गई थी ॥१४॥

पण्डितजन इसकी विशद् व्याख्या इस प्रकार करते हैं—श्रीहरि के जन्म से लेकर यह व्रजमण्डल सभी सम्पत्तियों से युक्त हो गया था, और श्रीहरि का निवासस्थान होने के कारण तो विशेष करके लक्ष्मी-गणों का क्रीड़ास्थल ही बन गया था। तारागणों के बीच में जैसे पूर्णचन्द्रमा की मूर्ति प्रधान है, वैसे ही श्रीराधिका भी जिन गोपीरूपा अनन्त लक्ष्मीगणों के बीच में प्रधान रूप से देदीप्यमान थीं। जो कान्ति कृष्णपक्ष में अधिक है, किन्तु वही कान्ति इस विषय में विचित्रभाव से युक्त थी। पक्षान्तर में अर्थ यह है कि, कृष्णपक्ष से अर्थात् अपने चातुर्य के कारण श्रीराधिका, चन्द्रावली के यूथ से भी अधिक थीं ॥१५॥

बृहद् गौतमीय ग्रन्थ में भी ये श्रीराधिकाजी सबकी अपेक्षा अधिक उत्कर्ष को प्राप्त हैं, ऐसा कहकर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता ।
सर्वलक्ष्मीमयी सर्वकान्तिः संमोहनी परा ॥ इति ॥१६॥

"अलंलक्ष्मीणामेतदादीनां लक्ष्मीणां जन्म च श्रीमत्पर्जन्यमारभ्य धन्यतया लभ्यस्य पुरुषत्रयस्य परमातुलस्तोत्राणां मातुलगोत्राणां ये खल्वामुष्यायणकुलतानिर्बन्धिनः संबन्धिनस्तेभ्य एवेति मागधानामनुसन्धानं सयत्नीभूय यज्ञपत्नीस्त्यक्तवतस्तस्य तथाव्यक्तमर्यादतान्यथा न पर्याप्तितामापद्येत ॥१७॥

"तदेवं स्थितेषु च श्रीराधिकायास्तु सर्वतोऽप्याढ्यकुलीनाच्छ्रीमद्वृषभानुतया लब्धख्यातिकान्महागोपपयोनिधेर्जन्म सम्मतम् ॥१८॥

"अत्र चोपगायन्ति,—

'सत्यं बहुसुतरत्ना,-करतां स प्राप गोपदुग्धाब्धिः ।
किन्त्वमृतद्युति-राधा,-लक्ष्मीजननादगात् पूर्तिम् ॥'१९॥

"सा खलु श्रीकृष्णजन्मवर्षानन्तरवर्षे सर्वसुख-सत्रे राधानाम्नि नक्षत्रे जातेति राधाभिधीयते ॥२०॥

"जन्मानन्तरं तस्याः सन्माधुरी चेयं कृतावलोकेन लोकेन कीदृगिति पृच्छतः प्रति निरूपिता,—॥२१॥

प्रस्ताव किया गया है। यथा—श्रीकृष्णमयी देवी श्रीराधिका परदेवता कहकर पुकारी जाती हैं। वे ही श्रीराधिका सर्वशक्तिमयी, सर्वकान्तिस्वरूपा, एवं परासम्मोहिनी शक्ति हैं ॥१६॥

श्रीलक्ष्मीदेवी से भी श्रेष्ठ इन श्रीराधिका, ललिता, विशाखा आदि समस्त लक्ष्मीस्वरूपा गोपियों का जन्म भी, श्रीनन्दजी के पिता श्रीमान् पर्जन्य से आरम्भ करके सर्वशुद्ध एवं प्रशंसनीय तीन पुरुषों के उत्कृष्ट एवं अनुपम कीर्ति वाले मामा के गोत्र के जो प्रसिद्ध वंशोत्पन्न, और दृढ़तायुक्त जो संबंधी हैं, उन्हीं से हुआ है। ऐसा वंश के प्रशंसक मागधजनों का अनुसन्धान है। अतएव यत्नपूर्वक यज्ञपत्नियों को त्यागने वाले उन श्रीकृष्ण की उस प्रकार की प्रसिद्ध मर्यादा अन्यथा पूर्णता को प्राप्त नहीं हो सकती ॥१७॥

अतः इस प्रकार की स्थिति में श्रीराधिकाजी का जन्म तो सबकी अपेक्षा धनाढ्य एवं कुलीन वृषभानु नाम से प्राप्त कीर्ति वाले, महागोपरूप समुद्र से सर्वसम्मत है ॥१८॥

इस विषय में सभी विज्ञजन इस प्रकार गाते हैं, यथा—वह श्रीवृषभानु गोपरूप क्षीरसिन्धु, बहुत से पुत्ररूप रत्नों के कारण रत्नाकरता को प्राप्त हो गया यह बात सत्य है, किन्तु अमृतप्रभाशालिनी श्रीराधिका रूपा लक्ष्मी के जन्म के कारण वह परिपूर्णता को प्राप्त हो गया ॥१९॥

वे श्रीराधिकाजी निश्चितरूप से श्रीकृष्ण के जन्म वाले वर्ष से दूसरे वर्ष में, सर्वसुखसंयुक्त राधा नामक नक्षत्र में उत्पन्न हुई हैं, इसी कारण 'राधा' कही जाती हैं ॥२०॥

श्रीराधाजी के जन्म के अनन्तर व्रजवासी जब यह पूछते थे कि—"उस धन्या वृषभानु कन्या की माधुरी कैसी है ?" तब दर्शन करने वाले जनों ने उन पूछने वालों के प्रति उनकी इस उत्कृष्ट माधुरी का निरूपण इस प्रकार किया है— ॥२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'नवेन्दुर्मूर्तिर्वा कनककमलं वक्त्रमथवा
चकोरौ नेत्रे वा विसरदमृतं दृष्टिरथवा ।
अपीत्थं राधायां यदि जिततुलायां न बलते
विकल्पः किं तर्हि प्रसजतितरां तत्तदुपमा ॥'२२॥

"आस्तां तावदसौ व्रजलक्ष्मीणां परमलक्ष्मीरखिलाश्च तास्तथा वर्ण्यन्ते ॥२३॥

यथा—हरिमनु विन्दति शश्व,-ल्लक्ष्मीरिति या तु सर्वतः ख्याता ।
तामपि किल गोपयितुं, गोपीसंज्ञा जयन्ति ता लक्ष्म्यः ॥२४॥

किञ्च, कृष्णानुरूपमप्यासां वयोवृद्धिः समृद्धचति ।
यथा चन्द्रमसः पुष्टिस्तथा तस्य रुचामपि ॥२५॥

"तत्र कौमारमध्यमध्यासीनायां श्रीराधिकायां तदानीन्तनानां केषाञ्चिन्नारीजनाना-मुत्प्रेक्षा यथा—॥२६॥ 'पश्य, पश्य,

अरुणितलघुशाटी-खण्डकञ्चाधराङ्गी, श्रवणगलबरन्ध्रप्रोतसुस्पर्शसूत्रा ।
रजसि निजसखीभिः क्रीडया लोलनेत्रा, मधुरिपुरतिबीजश्रीनिभा भाति राधा ॥२७॥

यह नवीन चन्द्रमा है अथवा मूर्ति, सुवर्ण का कमल है अथवा मुख, दो चकोर हैं अथवा नेत्रयुगल, विस्तृत अमृत है अथवा दृष्टि, उपमाओं को जीतने वाली श्रीराधा के विषय में यदि इस प्रकार की अनेक कल्पनायें भी जब नहीं हो सकतीं, तब "यह नवीन चन्द्रमा के समान है" इत्यादि उपमा कहाँ लागू हो सकती हैं ? ॥२२॥

व्रजलक्ष्मियों के बीच में परम लक्ष्मीस्वरूपा श्रीराधा को तो रहने दो, चन्द्रावली प्रभृति वे समस्त गोपियाँ भी इस प्रकार वर्णित की जाती हैं । यथा— ॥२३॥

जो लक्ष्मीदेवी श्रीहरि का सदैव अनुगमन करती हैं, इसीलिये वे सर्वत्र प्रसिद्ध हैं । श्रीहरि की अनुगामिनी उन लक्ष्मीदेवी को भी गोपन करने के लिये, अर्थात् उनकी रक्षा करने के लिये गोपी नाम धारिणी वे अनन्त लक्ष्मियाँ सब से उत्कृष्ट हैं ॥२४॥

अपि च पूर्णरूप से श्रीकृष्ण की भाँति, इन राधा प्रभृति गोपियों की अवस्था की वृद्धि भी समृद्धि को प्राप्त होने लगी । देखो, जैसे जैसे चन्द्रमा की पुष्टि होती जाती है, वैसे वैसे ही उसकी कान्तियों की भी पुष्टि होती जाती है ॥२५॥

उन सब गोपियों में से श्रीराधिकाजी जब कुमारावस्था के बीच में उपस्थित हो गईं, तब उस समय की कतिपय नारीजनों की उत्प्रेक्षा इस प्रकार है, यथा— ॥२६॥

अरी बहिनो ! देखो, देखो तो सही । इस परमपावन व्रज की रज में अपनी ललिता, विशाखा आदि सखियों के साथ खेलने के कारण, चञ्चल नेत्रोंवाली यह श्रीराधा, श्रीकृष्ण की प्रीति के बीज की शोभा के समान प्रतीत हो रही है । और इसके कटिप्रदेश से नीचे का अङ्ग लालवर्ण की छोटी सी साड़ी के टुकड़े से कैसा मनोहर मालूम पड़ता है, तथा इसके दोनों कानों में विद्यमान छोटे छोटे छिद्रों में सुख से स्पर्श करने योग्य कोमल कोमल डोरे पुये हुए हैं ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

केषाञ्चन पुनरेषा सविशेषा,—अपि रजसि विहारासङ्गिधीरानुरूप्या,-दजितकरगृहीती-भावमायाति राधा । इति । तदेवमीदृग्वयसि पर्यवसिते तदादीनां तासां सौन्दर्यसारस्य प्रचारः सर्वत एव प्रसर्पन्मातरपितरादिभिर्नापसर्पयितुमीशाञ्चक्रे चिन्तयामासे च,—'न जानीमहे, दुर्जनः कंसः किं सम्प्रति सम्प्रतिपत्स्यते ।' इति ॥२८॥

"अथ प्रत्यहमेव प्रत्येकमन्तःपरस्परमिलिताः सन्तश्च ते सर्वे विचारितवन्तः । साम्प्रत-मेव पात्रसात् कर्तुमेताः साम्प्रतं तत्राप्यासां श्रीमन्नन्दनन्दनादवरस्तु न वरतामर्हति; अवर एव हि सर्वः ॥२९॥

"तथाहि—कन्या धन्यतमा रमामपि जितां कुर्वन्त्यमूर्नन्दजः
स्वस्मादूनदशां रमारमणमप्यासादयन् दृश्यते ।
तस्मात्तुल्यतया स एव वरतामर्हत्यमूषां तद-
प्यास्तां धामसुहृत्प्रियात्मतनयप्राणा हि नस्तत्कृते ॥३०॥

"तत्र यद्यप्यधुना यज्ञसूत्रमलब्धवतस्तस्य न विवाहावसरः सम्भवति, तथापि सज्जनसमाजमाचर्य भाषाबन्धश्च सन्धातव्य इति ॥३१॥

किन्हीं किन्हीं महापुरुषों को यह श्रीराधा इस प्रकार सविशेष प्रतीत होती हैं, यथा—व्रजरज में विहार की आसक्ति से युक्त बुद्धिवाली यह श्रीराधा अनुरूप होने के कारण, श्रीकृष्ण के पाणिग्रहण करने वाली के भाव को प्राप्त हो रही है । अतएव इस प्रकार ऐसी अवस्था की समाप्ति होने पर, श्रीराधिका प्रभृति उन सब गोपियों के सौन्दर्य का सार सब ओर ही फैलने लग गया । जिसको उनके माता पिता आदि भी दूर न कर सके, अपितु चिन्ता करने लग गये कि, हम नहीं जानते कि वह दुर्जन कंस इस समय क्या कार्य करेगा ? ॥२८॥

तदनन्तर प्रतिदिन ही वे सब प्रत्येक के अन्तःकरण से परस्पर संमिलित होकर विचारने लगे कि—इस समय ही ये सब छोरियाँ योग्यपात्र के अधीन कर देनी उचित हैं । उसमें भी इन सब राधा आदि छोरियों का श्रीमान् नन्दनन्दन से अन्य कोई भी वर होने के योग्य नहीं है । क्योंकि कुल, रूप, धनादि से अन्य सब तुच्छ ही हैं ॥२९॥

देखो, ये सब परम प्रशंसनीय कन्यायें अपनी विशेषता से लक्ष्मी को भी पराजित कर रही हैं । और नन्दकुमार तो लक्ष्मीरमण नारायण भगवान् को भी, अपनी अपेक्षा न्यूनदशा को प्राप्त कराते हुए दिखाई देते हैं । अतः तुल्यता के कारण श्रीनन्दकुमार ही इन सबके वर होने योग्य हैं । उस बात को भी रहने दो । देखो, हम अधिक क्या कहें ? उन श्रीनन्दकुमार के लिये ही हम सबके घर, मित्र, प्रिय वस्तु, आत्मा एवं प्राण भी हैं ॥३०॥

उन सबमें से कुछ जन बोले कि—यद्यपि इस समय यज्ञोपवीतसंस्कार को प्राप्त न होने के कारण, श्रीकृष्ण के विवाह का अवसर संभव नहीं, तथापि सज्जनों की सभा करके वाग्दान तो कर ही देना योग्य है ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतद्विचार्य स्थितानां तेषां निश्चयावधारणपूर्वकं तन्निवारणं प्रति पूर्ववदेव वसुदेव-मन्त्रणया यन्त्रितविचारवर्गतयापि गर्गः सर्वदर्शितया तदिदं परामर्श,—॥३२॥

'तल्लीलाक्रमः खल्वयं दुरत्ययतया मयासुगमस्तल्लीलाशक्ति-प्रयुतानामस्माकं च तत्र प्रत्य-ग्वदाचरणेऽपि नारदवन्न प्रत्यवायस्तथापि तथा प्रथनीयम्, यथा तासां न प्रत्यवायः स्यादायत्यामिष्टप्राप्तिः स्यादखिलायत्यां पूर्णतदापत्तिश्च स्यात् ।' इति ॥३३॥

"तदेवं विमृशन् स किल विलम्बमनवलम्बमानः श्रीमद्व्रजमाजगाम । आगम्य च निजमुटजतटं सध्यानमध्यासीनां पौर्णमासीं प्रति जगाम । गत्वा च सर्वमेवेदं निवेद्य पुर्ननिवेदयामास,—'मयेदं तावत् कर्तव्यम्, भवत्या तु तासां यथान्यत्र पत्यादि-व्यवहारः सत्याय न कल्पते, किन्तु लोकप्रत्यायनमात्राय तथा व्यवहर्तव्यम्' इति ॥३४॥

"तदेवं तां सम्भाष्य श्रीमद्व्रजराजसम्भाषणं निर्वाह्य बाह्यावरणवासिनामावासेषु बभ्राम । ते च तमागतमकस्मान्निशाम्य शाम्यच्चिन्तातमसः स्व-स्व-मनोरथलब्धये लुब्धमनसः प्रणामादिभिः परिपूज्य कुशलमनुयुज्य प्रच्छन्नतया तमेवार्थं पप्रच्छुः,—'इदं तावच्छङ्कितं तत्र किं कर्तव्यम्' इति ॥३५॥

इस प्रकार विचार करके स्थित हुए उन व्रजजनों के निश्चय को अवधारणपूर्वक, उसका निराकरण करने के लिये पहले की तरह श्रीवसुदेवजी के विचार से, अपने विचार समूह को स्थिर करके, सर्वज्ञ होने के कारण श्रीगर्गाचार्यजी इस प्रकार विचार करने लग गये कि— ॥३२॥

श्रीकृष्ण की प्रगटलीला का यह क्रम निश्चितरूप से तो मेरे द्वारा भी अगम्य है, और उनकी लीला शक्ति से युक्त हम सबों का वहाँ पर प्रतिकूल (विरोधी) की तरह आचरण करने पर भी, नारदजी की तरह प्रत्यवाय की संभावना नहीं है, अर्थात् देवकी के पुत्रों को मारने के लिये कंस के प्रति उपदेश देने पर भी, श्रीनारदजी को जैसे अपराध नहीं लगा, उसी प्रकार हमें भी अपराध नहीं लगेगा, तथापि उस प्रकार विख्यात करना चाहिये कि, जिस प्रकार उन कन्याओं को प्रत्यवाय (अपराध) न लगे । और उत्तरकाल में उनको इष्ट की प्राप्ति हो जाय, तथा दन्तवक्र के वध के अनन्तर श्रीकृष्ण के पुनः व्रज में आ जाने पर पूर्ण रूप से श्रीकृष्ण की प्राप्ति हो जाय ॥३३॥

इस प्रकार विचार करते हुए श्रीगर्गमुनि सत्य ही विलम्ब न करके परम शोभा संपन्न श्रीव्रज में आ गये । और आ करके अपनी पर्णशाला में ध्यानमग्न होकर बैठी हुई श्रीपौर्णमासी के पास चले गये । वहाँ जाकर इन सारे ही विचारों को निवेदन कर, उन्होंने पुनः निवेदन किया कि, मुझे तो यह करना है, किन्तु आपको भी उस प्रकार व्यवहार करना चाहिये कि, जिस प्रकार उन कन्याओं का अन्यत्र पति आदि व्यवहार सत्यता के लिये कल्पित न हो, किन्तु लोगों को विश्वास दिलाने मात्र के लिये संघटित हो ॥३४॥

अतएव पौर्णमासी के प्रति इस प्रकार संभाषण करके, एवं श्रीमान् व्रजराज के संभाषण को निर्वाहित करके, राजभवन के बाह्यप्रदेश में रहनेवाले, व्रजवासियों के घरों में भ्रमण करने लग गये । वे सब भी उनको अकस्मात् आते देखकर, चिन्तारूप अन्धकार से शान्ति प्राप्तकर, अपने अपने मनोरथ की प्राप्ति के लिये लुब्धचित्त होकर, प्रणामादि द्वारा पूजाकर, कुशल समाचार पूछकर, गुप्तरूप से उसी कन्या विवाह रूपी प्रयोजन को पूछने लग गये । हमें विवाह के विषय में यह शङ्का हो रही है, उसमें क्या करना चाहिये ? ॥३५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स तूवाच,—'वयमिदं सर्वमपूर्वं पूर्वमपि जानीमहे । इदं च भवद्भिः सम्बद्धयमध्यवसितम्; किन्त्वेका शङ्का शंकुरिव मंक्षु हृदि परिवर्तते । यदा भवदङ्गजाताङ्गनानां व्रजराजाङ्गजवरकुमारेण सह सङ्गमः स्यात्तदा नातिविलम्बतः सर्वस्यापि व्रजस्य तदीयचिरविप्रलम्भलम्भनं भविता, किमुतामूषाम् ? ॥३६॥

"किञ्च, प्रौढतामूढवतीनां तु सहजतदनुरागस्वाभाव्येनादर्शनेऽप्युद्भूवत्तत्स्फूर्तीनां न कोऽपि तस्माद्विनिवर्तनं कर्तुं समर्थः स्यादित्यपि कदर्थनान्तरं भविष्यति । तस्मान्नन्दकुलावतंसात् कंसाच्च वञ्चयितुं चञ्चलमेवान्येभ्यः सम्प्रदातव्या नव्याः कन्यकाः । तदेवमादिश्य प्रस्थिते यदु-पुरोहिते तत्कृतोपदेशोपजातादरो निज-निज-कन्यागोपनपरो गोपनिकरोऽपि तासां सम्प्रदानाय सम्प्रदानमन्वेष्टुं सुष्ठु चिन्तामवाप; किन्तु सन्ततमस्य सा लालसा तु नालसा जाता ॥३७॥

"तदेवमेतासां स्वतनयेन परिणयनं प्रति व्रजपतिजम्पती च पूर्वमतीव तीव्रस्पृहागृहीतचित्तावास्ताम् । विशेषतस्तु राधाया माधुर्यविशेषावधारणतः । किन्तु गर्गेण तद्वदेव निरस्तावित्रस्तमित्रयत्नावभूताम् ॥३८॥

"अनुतापस्तु तयोर्नापजगाम । तद्भ्रातृपर्यायाश्च तदेकानुगतिमर्यादया पर्याकुलास्तासां

श्रीगर्गाचार्यजी बोले—हम इस सम्पूर्ण अपूर्व विषय को पहले से ही जानते हैं, और आप सबने भी योग्य सम्बन्ध समझकर निश्चित कर लिया है । किन्तु एक शंका मेरे मनमें शंकु, अर्थात् कील या खूटे की तरह परिवर्तित हो रही है । देखो, जब तुम्हारी कन्याओं का श्रीव्रजराज के सर्वश्रेष्ठ कुमार के साथ मिलन होगा, तब शीघ्र ही सम्पूर्ण व्रजवासियों को श्रीकृष्ण का बहुत दिनों का वियोग प्राप्त हो जायगा । इन कन्याओं के वियोग का तो कहना ही क्या है ? ॥३६॥

किंच ये कन्यायें जब प्रौढ़ अवस्था वाली हो जायेंगी, तब तो श्रीकृष्णविषयक सहज स्वाभाविक अनुराग के कारण, दर्शन न होने पर भी इनको श्रीकृष्ण की स्फूर्ति हुआ करेगी, अतः कोई भी जन उनको श्रीकृष्ण से निवृत्त करने को समर्थ न हो सकेगा । बस, यह एक और दूसरा कष्टदायक व्यापार होगा । इसलिये श्रीनन्दकुलमुकुटमणिस्वरूप श्रीकृष्ण से, एवं कंस से भी वंचना करने के लिये, शीघ्र ही अन्य व्यक्तियों के लिये, अपनी अपनी नवीन कन्याओं का दान कर दो । इस प्रकार आदेश देकर, यदुओं के पुरोहित श्रीगर्गमुनि के प्रस्थान करने के बाद, उनके किये हुए उपदेश में आदर करने वाला, एवं अपनी अपनी कन्याओं के गोपन में तत्पर गोपसमूह भी, उन कन्याओं का दान करने के लिये, वर को ढूँढ़ने को भली प्रकार चिन्तित हो गया । किन्तु इस गोपसमूह की कृष्णविषयक लालसा तो प्रबल ही होती गई ॥३७

अतएव इस प्रकार अपने पुत्र के साथ इन सब कन्याओं के विवाह के प्रति, श्रीव्रजराज एवं व्रजरानी दोनों जन, पहले से ही प्रबल इच्छा से आक्रान्त मन वाले थे । श्रीराधिकाजी के माधुर्य विशेष के निश्चय करने से तो अधिक इच्छुक थे । किन्तु श्रीगर्गाचार्य ने अन्य गोपों की भाँति इनको भी इस आग्रह से दूर कर दिया था, अतः दोनों ही प्राप्ति के प्रयत्न से रहित हो गये ॥३८॥

किन्तु उन दोनों का अनुताप शान्त न हुआ । श्रीनन्दजी के भाई बान्धव भी, एकमात्र नन्दजी के अनुगमन करने की मर्यादा से व्याकुल होकर, अपने अपने पुत्रों के लिये उन कन्याओं के दान को अन्याय

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कन्यानां स्वपुत्राय न्यासमन्यायं मन्यमानास्ततः पराङ्मुखा बभूवुः । किं बहुना ? सर्व एव केवलस्नेहतस्तत्र कृष्णवरतायामेव जातेहतां संहितवन्तः समदृश्यन्त ॥३९॥

"यतः, योग्येन योग्यस्य तु नित्यसङ्गमः, कस्मै न रोचेत भृशं सचेतसे ।
रत्नेन हेम्नः शरदा सरोऽम्भसः, सिताख्यपक्षेण यथा सुधारुचः ॥४०॥

"वरतासम्भावनाविषयाणां पितृवर्गश्च तादृगप्यनर्गलकर्णेजप-लब्धसंसर्गगर्गवचन-सर्गत एव भिन्नचित्ततामाप । पुत्रानप्यतिक्रम्य तत्र स्थितानां कृष्ण एव हि सुखसत्रायते ॥४१॥

"तदेवं ज्ञातरहस्योऽपि निर्णीतिनीतिप्रणीतये रहसि व्रजराजमुपव्रज्य स च तत्पितृवर्गः प्रतिस्वमेव तमर्थमर्थयामास । आमुष्यकुलिका कलिता धन्याः खलु ताः कन्याः कृष्णन्यासत एव सन्यायतामर्हन्ति । स यदि भवद्भिः स्वयमङ्गीक्रियते, तदा भङ्गीभिः प्रसङ्गसङ्गीक्रियतामस्माभिरिति ॥४२॥

"व्रजराजस्तु तदाकर्णमाकर्ण सनिश्वासमिदं विवर्णतया वर्णितवान्,—'अस्माभिः स्वपुत्राय सर्वथा न ते सम्बन्धाः सन्धातव्याः; किन्तु यूयमपीदं विदांकुरुत । यत् खलु

मानते हुए, उन कन्याओं के ग्रहण से पराङ्मुख हो गये । विशेष क्या कहें ? वे सभी जन केवल स्नेह के कारण, "श्रीकृष्ण ही वर हो जायँ" इस प्रकार की इच्छा को ही प्राप्त हुए दिखाई देते थे ॥३९॥

क्योंकि देखो, योग्यजन के साथ योग्यजन का नित्य संबंध, किस सचेत व्यक्ति को अतिशय रुचिकर न होगा ? अपितु होगा ही । जैसे रत्न के साथ सुवर्ण का, शरद्ऋतु के साथ सरोवर के जल का, एवं शुक्लपक्ष के साथ चन्द्रमा का नित्य संयोग संबंध सभी को रुचिकर है, उसी प्रकार श्रीनन्दजी के भाई बन्धुओं को अपने पुत्रों के साथ विवाह की अपेक्षा, श्रीकृष्ण के साथ ही उन राधा आदि कन्याओं का विवाह रुचिकर था ॥४०॥

"श्रीकृष्ण ही वररूप में प्राप्त हों" यह सम्भावना केवल कन्याओं की ही नहीं थी, अपितु उन कन्याओं का पितृवर्ग भी इसी संभावना से युक्त था । तो भी वह पितृवर्ग अनर्गल चुगलखोरों के संसर्ग को प्राप्त हुए, गर्गमुनि के वचनों की सृष्टि से ही, चित्त की छिन्न भिन्न दशा को प्राप्त हो गया, अर्थात् उन सबका चित्त व्याकुल हो उठा । क्योंकि, अपने अपने पुत्रों का अतिक्रमण करके श्रीकृष्ण में निष्ठा रखने वाले, उन कन्याओं के माता पिताओं के लिये श्रीकृष्ण ही, सुखमय यज्ञ का सा आचरण करते प्रतीत होते थे, अर्थात् सदा सुख देते थे ॥४१॥

इस प्रकार रहस्य को जानकर भी निर्णय की नीति का प्रणयन करने के लिये, एकान्त में श्रीव्रजराज के पास जाकर, उन कन्याओं के पितृवर्ग ने एक एक होकर, श्रीकृष्ण के साथ अपनी अपनी कन्याओं के विवाहरूपी प्रयोजन की याचना की । और कहा कि वे हमारी कन्यायें सदाचारविशिष्ट प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न हैं, अतः धन्य हैं । श्रीकृष्ण के प्रति अर्पण करने से ही वे नीतिपूर्वक पूजित हो सकती हैं । कृष्ण के संबंधरूपी कार्य को यदि आप स्वयं अङ्गीकार करते हैं, तब तो इशारों के द्वारा हम भी इस प्रसङ्ग को सङ्गी कर सकते हैं ॥४२॥

श्रीव्रजराज तो उनकी बातों को सुनते सुनते, विवर्ण होकर लम्बे लम्बे श्वास लेकर, यह वर्णन करने लगे कि—हमें अपने पुत्र के लिये वे सब सम्बन्ध सर्वथा नहीं करने हैं, किन्तु तुम सब भी यह समझ लो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

युष्माकमपत्यानि युष्माकमिवास्माकं स्नेहसातत्यवहानि समुद्वाहयितव्यानि च, तस्मादस्माभिरेव तत्र तत्र सत्राकुर्वद्भिः प्रयतनीयम् ।' तदेवं स्थगितसमुल्लासे निखिले च व्रजावासे व्रजपत्यनुमत्यनुसारतस्तासां पितरस्तद्वितरमाचरितुं रुचिं विनापि बहिरुद्यममाचरितवन्तः ॥४३

"तत्कुमार्यस्त्वतिबाल्यचर्यापर्याकुलतया न किञ्चिदपि चिदमत्रतां निन्यिरे ॥४४॥

"अथ या काचिद्वृन्दावन-गह्वरतः साक्षात् किल योगमायाया व्याजतस्तापस्यास्तत्र चाह्वयतः पौर्णमास्याः समभ्यर्णमहर्दिवं प्रायः किमपि मन्त्रयितुमागन्त्री दृश्यते । या च मानुष्यपि देवीयमानेति वा देव्यपि मानुषीयमाणेति वा लक्षयितुं न शक्यते; किन्तु सदानुकूलतया तद्वनपालितासिषाधयिषित-कृष्णलीलता राधादिषु च परमस्नेहलता यस्यामनुमीयते । सा वृन्दारिकेति निजाख्यां प्रख्यापयन्त्यपि जनवृन्देन लाघवाद्वृन्देति स्वेनैव नाम्ना समाम्नायते । सा च सम्प्रति सर्वशोच्यतामयतद्वार्ताश्रवणादतीवार्ता तदभ्याससेवाभ्याजगाम ॥४५॥

"अभ्यागतामथ तां जपार्थमासीनापि पौर्णमासी तूर्णमुपव्रज्य नमस्कुर्वतीं परिष्वज्य शुभाशिषा च संयुज्य स्वच्छमनाः पप्रच्छ,—'कथ्यतां कथमसमयमिदं तव समागमनम् ?' इति ॥४६॥

कि—तुम्हारी जो सन्तान हैं वे तुम्हारी तरह हमारी भी निरन्तर स्नेह की पात्र हैं, उनका विवाह अवश्य करना चाहिये । अतः हम सब भी उस उस कार्य में सहायता करते हुए प्रयत्न करेंगे । इस प्रकार सभी व्रजवासियों का उल्लास स्थगित हो जाने पर, व्रजपति की अनुमति के अनुसार उन कन्याओं के पिता, उनका दान करने के लिये, रुचि न होने पर भी बाहिरी उद्यम करने लग गये ॥४३॥

उनकी कन्यायें तो अत्यन्त बालकपन के खेलों में आकुल होने के कारण, किंचिद् भी ज्ञान की पात्रता को न प्राप्त कर सकीं, अर्थात् हमारे विवाह की चर्चा चल रही है इस बात को किंचिद् भी न समझ सकीं ॥४४॥

वृन्दावन की अधिष्ठात्री वृन्दादेवी इन बातों को सुनकर व्याकुल होकर, उस विषय में उपाय करने की इच्छा से, पौर्णमासीजी के पास गईं । अब इस प्रसङ्ग का वर्णन करते हैं, यथा—जो कोई देवी वृन्दावन के गहन प्रदेश से "उसी वृन्दावन में साक्षाद् योगमायास्वरूपा, बहाने से तपस्विनी बनी हुई, एवं नाम से जो पौर्णमासी कहकर पुकारी जाती हैं" उन्हीं के पास प्रतिदिन प्रायः कुछ विचार करने को आती हुई दिखाई देती है । और जो मानुषी होकर भी देवी का सा आचरण करती है, अथवा देवी होकर भी मानुषी का सा आचरण करती है, इस बात का अनुमान नहीं किया जा सकता । किन्तु जिस देवी में सदैव अनुकूलता पूर्वक वृन्दावन की रक्षा का भाव, श्रीकृष्ण की लीलाओं को सिद्ध करने की इच्छा, और श्रीराधिका आदि सखियों में परम स्नेह लता का अनुमान किया जाता है, वही देवी अपने नाम को "वृन्दारिका" कहकर प्रसिद्ध करती हुई भी, लाघवता के कारण जनसमुदाय के द्वारा 'वृन्दा' इस अपने निजी नाम से ही पुकारी जाती है, वह देवी इस समय सभी के लिये परमशोचनीय उस बात के श्रवण से अत्यन्त आर्त होकर पौर्णमासीजी के निकट चली आई ॥४५॥

तदनन्तर जप करने के लिये बैठी हुई भी पौर्णमासी ने आई हुई वृन्दा के पास शीघ्र ही जाकर, नमस्कार करती हुई को आलिङ्गन कर, और उसे शुभाशीर्वाद देकर, स्वच्छ मन होकर पूछा कि—कहिये, यह असमय में तेरा आना कैसे हुआ ? ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"वृन्दाह,—'भगवति ! परमापदां पदमेकमुत्पन्नमस्ति, कथं तव निश्चिन्तता दृश्यते ?' पौर्णमासी उवाच,—'किं तावच्चिन्ताकारणं तत्पदम् ?' वृन्दाह,—'हन्त ! याः खलु नित्यतया कृष्णस्य प्रेयस्य इति श्रूयन्ते, तासामप्यन्यसम्बन्धः सनिर्बन्ध इव दृश्यते ।' पौर्णमासी उवाच,—'कथमिवायं परामृश्यते ?' वृन्दाह,—'तस्यानुबन्धश्चक्षुषा स्पृश्यते ।' पौर्णमासी उवाच,—'न भविष्यति तासामन्येनान्येन संयोगसम्बन्धः, यतो मया हि मायया परा निर्माय निर्मास्यते तत्र प्रतिबन्धः ।' वृन्दाह,—'अथ तथापि लोकतः कलङ्कः शङ्कनीयः ।' पौर्णमासी उवाच,—'न स्यादपि तस्यापि स्थितिः, यतो मुनयः पुनरिदं गास्यन्ति, (भा० १०।३३।३८)—

'नासूयन् खलु कृष्णाय मोहितास्तस्य मायया ।
मन्यमानाः स्व-पार्श्वस्थान् स्वान् स्वान् दारान् व्रजौकसः ॥' इति ।

'अतएव पुत्रोत्पत्त्यभावात् (भा० १०।२९।६) 'पाययन्त्यः शिशून् पयः' इत्यत्र 'शिशून्' इत्येव 'पयः' इत्येव च वक्ष्यन्ति, न तु सुतान् स्तनमिति । एतदपेक्षयैव क्वचित् पुत्रत्व-व्यपदेशश्च श्रीकृष्णपरिहासनिर्देशश्च सङ्गंस्यते ।' ॥४७॥

"वृन्दाह,—'यद्येवं तर्ह्यन्येन तासां पाणिपीडनं पुनरतीव पीडनम् । यत्र प्रायश्चित्तान्तरमपि न चिन्तयन्ति तन्त्रविदः, तत् कथं साम्प्रतं स्वव्रतमुपेक्षसे ?' पौर्णमासी

वृन्दा बोली—भगवति ! एक परम आपत्ति का स्थान प्राप्त हो गया है, तो भी तुम्हारी निश्चिन्तता कैसे दिखाई देती है ? पौर्णमासी बोली—चिन्ता का कारण, वह स्थान या विषय कौन सा है ? वृन्दा—हाय ! देखो, जो श्रीराधिका आदि गोपियाँ श्रीकृष्ण की नित्यप्रेयसी हैं; ऐसी सुनी जाती हैं, उनका भी अन्यजनों से सम्बन्ध आग्रहयुक्त सा दिखाई पड़ता है, अर्थात् व्रजवासीजन उनके वैवाहिक सम्बन्ध को अन्य जनों के साथ करते दिखाई देते हैं। पौर्णमासी—इस सम्बन्ध को (किये बिना भी) तुम अपने आप कैसे विचारती हो ? वृन्दा—उसका कारण मैं नेत्रों से देख रही हूँ। पौर्णमासी—उन श्रीकृष्ण की नित्य-प्रियाओं का अन्यान्य व्यक्तियों के साथ संयोग सम्बन्ध संघटित न होगा। क्योंकि मैं ही माया द्वारा अन्य गोपियों का निर्माण करके उस विषय में प्रतिबन्ध कर दूँगी। वृन्दा—तो भी लोगों से कलङ्क की शंका तो बनी ही रहेगी। पौर्णमासी—कलङ्क की शंका किंचिद् भी न रहेगी। क्योंकि श्रीशुकदेव प्रभृति मुनिजन इस प्रकार गायन करेंगे कि—"व्रजवासीजनों ने श्रीकृष्ण की माया से मोहित होकर, अपनी अपनी स्त्रियों को अपने अपने पास ही मानकर, श्रीकृष्ण के लिये कोई भी दोष नहीं लगाया"। अतएव पुत्रोत्पत्ति न होने के कारण "बालकों को दूध पिलाती हुईं" इस स्थान पर—"बालकों को" यही, तथा 'दुग्ध' यही कहेंगे; किन्तु—"पुत्रों को स्तनपान कराती हुईं" इस प्रकार न कहेंगे। इस प्रकार की अपेक्षा करके ही किसी स्थान पर पुत्रत्व का व्यपदेश, अर्थात् बहाना और श्रीकृष्ण के परिहास का निर्देश संगत होगा ॥४७॥

वृन्दा—यदि ऐसा ही है तो अन्यजनों के साथ उनका विवाह पुनः अत्यन्त कष्ट दायक होगा। क्योंकि जिस विषय में धर्मशास्त्र के ज्ञाता दूसरा प्रायश्चित भी नहीं स्मरण कर पाते। इसलिये इस समय तुम अपने व्रत की उपेक्षा क्यों कर रही हो ?। पौर्णमासी मुसक्या कर—हे भाविनि ! यह कभी भी नहीं होगा जो कि मैं "अन्यजनों के लिये उन गोपियों के दर्शन भी न होने देना रूप, अपने व्रत की उपेक्षा कर दूँ। तुम तो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सस्मितमुवाच,—'भाविन्येतदपि न भावि, त्वया तु रम्याननतया गम्यताम् ।' वृन्दा सानन्दं पदारविन्दयोः पतन्ती सानुमोदं रुरोद; सा तु तां निरवहित्थमुत्थाप्य सान्त्वयित्वा गहनाय प्रहापयामास ॥४८॥

"अथ वृन्दापि तथा विश्वसती निश्वसती च वित्रासरहिता द्वित्राहोरात्रान् गमयामास । दिनान्तरे तु तासामुद्वाहनिर्वाहमाकर्ण्य विवर्णवदना पौर्णमास्यभ्यर्णं पुनरपि तूर्णमुपतस्थौ मृतकप्रतीका तस्थौ ॥४९॥

"पौर्णमासी उवाच,—'किमिव वृत्तं वृत्तम्, यस्माद् भवत्युद्वृत्तचित्ता दृश्यते ?' वृन्दाह,—'मम मुखतः काचिदप्युक्तिर्न व्यक्तीभवति, किमिव वक्तव्यम् ?' पौर्णमासी उवाच,—'पङ्कजाक्षि ! न काचिदपि शङ्का मनसि शङ्कनीया ।' वृन्दा सरूक्षहासमाह स्म,—'भगवति ! कथमिव ?' पौर्णमासी उवाच,—'यदद्याप्यसिद्धनिर्वाह एव तासां विवाहः ।' वृन्दाह,—'विचक्षणे ! तमेतं चाक्षुषमेव विधाय सर्वेऽप्याचक्षते ।' पौर्णमासी उवाच,—'सम्प्रति ता बालिकाः कुत्र ?' वृन्दाह,—'तदिदमपि श्रुतम्; यदतिबालकतयावगताः पितृगेह एव ता निधाय ते गताः' इति ॥५०॥

"पौर्णमासी सप्रणयरोषमुवाच,—'अथ कथं मत्कथनं न प्रत्येषि, यत् किंवदन्तीमेव मुहुर्वदन्ती वर्तसे ?' वृन्दा सानन्दमुवाच,—'भगवति ! तदेतदतमनृतमेव भवतु, किन्तु मया

प्रसन्न मुख होकर अपने स्थान पर चली जाओ । वृन्दा हर्ष सहित चरणारविन्दों पर गिरती हुई अनुमोदन पूर्वक रोने लग गई । किन्तु पौर्णमासी ने वृन्दा को आकार न छिपाते हुए दोनों हाथों से उठाकर, सान्त्वना देकर, गहन वन के लिये भेज दिया ॥४८॥

तदनन्तर वृन्दा ने भी उस प्रकार विश्वास करते हुए निश्वास त्याग कर, उद्वेग रहित होकर, दो तीन अहोरात्र (दिनरात) बिता दिये । दूसरे दिन तो उन गोपियों के विवाह के निर्वाह को सुनकर, मलिन मुखवाली वृन्दा फिर भी, शीघ्र ही पौर्णमासी के पास उपस्थित होकर, मृतक की भाँति खड़ी हो गई ॥४९॥

पौर्णमासी—क्या बात हो गई जिससे तू विशेष व्याकुल चित्त दिखाई देती है ? वृन्दा—मेरे मुख से कोई भी वचन नहीं निकलता । कैसे कहूँ ? पौर्णमासी—हे कमललोचने ! तुम अपने मन में कोई भी शंका मत करो । वृन्दा रूखी हँसी करती हुई—भगवति ! आप ही कहिये, कैसे शंका न करूँ ? पौर्णमासी—क्योंकि आज भी उनके विवाह का निर्वाह सिद्ध नहीं हुआ है । वृन्दा—अयि पण्डिते ! सभी जन इस वृत्तान्त को प्रत्यक्ष करके ही कहते हैं । पौर्णमासी—इस समय वे राधा आदि कन्यायें कहाँ हैं ? वृन्दा—यह भी सुना जाता है कि, उन कन्याओं को अत्यन्त बालक समझकर, नातेदार उनके पिताओं के घर में ही छोड़कर चले गये ॥५०॥

पौर्णमासी प्रणय कोप पूर्वक—अच्छा, मेरे कथन पर विश्वास क्यों नहीं करती ? क्योंकि तू तो किंवदन्ती (जनश्रुति) को ही बारंबार बोलती जा रही है । वृन्दा आनन्दपूर्वक—भगवति ! यह सत्य किंवदन्ती असत्य ही हो जाय, किन्तु मैं इस अभिसन्धि को, अर्थात् जोड़मेल को नहीं समझ सकी ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नायं सन्धिरनुसन्धीयते ।' पौर्णमासी सहासमुवाच,—'न लोकेनातथ्यं कथ्यते, न च ग्रथ्यते स्म तासामुद्वाहबन्धः ।' वृन्दाह,—'नेदं च बुध्ये ।' पौर्णमासी उवाच,—'युक्तमेवेदम्; ॥५१॥

यतः, त्वय्यपि लीलाशक्त्या,-मवसरनाम्नी भवेद्विभोः शक्तिः ।
त्वामपि या भ्रमयन्ती, तस्मिंस्तस्मिन् प्रवर्तयति ॥५२॥

"वृन्दा सकाकु प्राह,—'तर्हि स्वयमेवेदं रहस्यं प्रकाश्यताम् ?' पौर्णमासी क्षणं हसित्वा नीचैरुवाच,—'युगपदेव देवि ! सर्वेषु तादृग्दुःस्वप्न एव केवलं जागरकल्पतया मया कल्पितः ।' वृन्दा विश्वस्य निश्वस्य च पुनरुवाच,—'तथापि तासां तथा ख्यातिरपि न युक्ता ।' ॥५३॥

पौर्णमासी उवाच,—'सापि न भविष्यति; यतो मुनय एव पुनः पुनरिदं गास्यन्ति, तत्र तापन्यां ताः पृच्छतीः प्रति दुर्वासाः (गो० ता० २।२७) 'स वो हि स्वामी भवति' इति, रासप्रसङ्गे च भगवान् बादरायणिः (भा० १०।३३।८) 'कृष्णवध्वः' इति, उद्धव-सन्देशे स्वयं श्रीकृष्ण एव च (भा० १०।४६।६) 'बल्लव्यो मे मदात्मिकाः' इति । तदिदं (भा० १०।४६।३) 'गच्छोद्धव व्रजं सौम्य पित्रोर्नः प्रीतिमावह' इति बल्लभाभिमानितामात्मनि व्यञ्य श्रीकृष्णस्य वचनं ब्राह्मणादीनां मम ब्राह्मणीत्यादिवत् । तथा (भा० १०।४६।४) 'मामेव

पौर्णमासी हँसकर—लोग तो असत्य नहीं कहते हैं, किन्तु उनके विवाह का बन्धन भी गँठा नहीं हैं। वृन्दा—मैं यह भी न समझ सकी, अच्छी प्रकार समझाओ। पौर्णमासी—यह उचित ही है, जो कि तुमको समझ में नहीं आया ॥५१॥

क्योंकि तुम प्रभु की लीलाशक्ति हो। तुममें भी समय समय पर प्रभु की कालनामक शक्ति प्रगट हो जाती है, जो तुमको भी भ्रमित करती हुई, उस उस कार्य में प्रवृत्त कर देती है ॥५२॥

वृन्दा कातरतापूर्वक—यदि ऐसा है तो आप स्वयं ही इस रहस्य को प्रकाशित कर दीजिये। पौर्णमासी क्षणभर हँसकर धीरे से—हे देवि ! वृन्दे ! मैंने सभीजनों के प्रति केवल वैसा दुःस्वप्न ही, जागरण की तरह, एक साथ ही कल्पित किया था। वृन्दा विश्वास करके लंबे श्वास लेकर पुनः—ऐसा होने पर भी, उन नित्य प्रियाओं के सम्बन्ध में "यह अमुक की पत्नी है" ऐसी प्रसिद्धि भी तो उपयुक्त नहीं है ॥५३॥

पौर्णमासी—वह प्रसिद्धि भी न होगी। क्योंकि मुनिजन ही बारंबार इस प्रकार गाया करेंगे। उन में से गोपालतापनी ग्रन्थ में प्रश्न करती हुई उन गोपियों के प्रति, दुर्वासा मुनि ने कहा है कि—वे श्रीकृष्ण-चन्द्र निश्चितरूप से तुम्हारे स्वामी हैं। रासप्रसङ्ग में भगवान् श्रीशुकदेवजी ने भी "कृष्ण की वधूगण" कहकर वर्णन किया है। उद्धवजी को सन्देश देते समय स्वयं श्रीकृष्ण ने भी "ये गोपियाँ मेरी आत्मा स्वरूप हैं" ऐसा कहा है। एवं हे सौम्य ! उद्धव ! तुम व्रज को जाओ, तथा हमारे माता पिता की प्रीति को उत्पादन करो। जिस प्रकार ब्राह्मण आदिकों को "यह हमारी ब्राह्मणी है" इत्याकारक अभिमान रहता है, ठीक उसी प्रकार अपने में गोपत्व का अभिमान प्रकाशित करके ही, श्रीकृष्ण का भी "बल्लव्यो मे" अर्थात् गोपियाँ मेरी हैं, यह वचन है। तथा "मुझ परमात्मारूप प्रियतम पति को ही मन मन से प्राप्त हो गई"

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः' इति प्रचुरं प्रचरतार्धपद्येन च ताभिरपि बहिर्दृष्ट्या परं तत्र क्वचिदुपपतित्वं प्रतीयते, शश्वदन्तर्दृष्ट्या तु पतित्वमेवानुभूयत इति सूच्यते; ॥५४॥

"यथा च (भा० १०।४७।२१) 'अपि बत मधुपुर्यामार्यपुत्रोऽधुनाऽऽस्ते' इति; अथागमे च मन्त्रद्रष्टारो गोपीपदानन्तरं जनेत्यस्यान्ते वल्लभेति ।' तदिदं त्रिधा निरुक्तमप्यागमस्य रहस्यरीतितया क्रमात् पूर्वपूर्वपक्षस्य पूर्वपक्षत्वमुत्तरस्य तूत्तरपक्षत्वं व्यञ्जितम्; ॥५५॥

"यथा गौतमीयतन्त्रे—

'गोपीति प्रकृतिं विद्याज्जनस्तत्त्वसमूहकः । अनयोराश्रयो व्याप्त्या कारणत्वेन चेश्वरः ॥
सान्द्रानन्दं परं ज्योतिर्वल्लभत्वेन कथ्यते । अथवा गोपी प्रकृतिर्जनस्तदंश-मण्डलम् ॥
अनयोर्वल्लभः प्रोक्तः स्वामी कृष्णाख्य ईश्वरः । कार्य-कारणयोरीशः श्रुतिभिस्तेन गीयते ॥
अनेकजन्मसिद्धानां गोपीनां पतिरेव वा । नन्दनन्दन इत्युक्तस्त्रैलोक्यानन्दवर्धनः ॥' इति ॥

"अत्र प्रथमा प्रकृतिः प्रधानम्, द्वितीया स्वरूपशक्तिः; तत्त्वानि महदादीनि, अंशाः—

'ज्ञान-शक्तिबलैश्वर्य-वीर्य-तेजांस्यशेषतः । भगवच्छब्दवाच्यानि विना हेयैर्गुणादिभिः ॥'

इति विष्णुपुराणोक्ताः (६।५।७९); 'अनेकजन्मसिद्धानाम्' इति, 'बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन' इति (४।५) श्रीभगवद्गीतावदनादित्वमेव बोधयति; 'पतिरेव' इति

इस प्रकार विशेषरूप से प्रचलित इस आधे श्लोक के द्वारा यही सूचित होता है कि, उन गोपियों को भी केवल बाहिरी दृष्टि से, श्रीकृष्ण में कभी कभी उपपतित्व की प्रतीति होती है, किन्तु अन्तर्दृष्टि से तो बारंबार निजपतित्व का ही अनुभव होता है ॥५४॥

और भी देखो ! भ्रमरगीत में गोपियाँ कहती हैं कि—हे भ्रमर ! हम तुमसे जानना चाहती हैं कि, आर्यपुत्र आज भी मधुपुरी में विद्यमान हैं । तात्पर्य यही है कि 'आर्यपुत्र' शब्द निजपति के प्रति ही प्रयुक्त होता है । और आगम में मन्त्रद्रष्टा ऋषिगण भी, गोपालमन्त्र के अन्तर्गत गोपीपद के पीछे 'जन' एवं जन पद के पीछे 'वल्लभ' शब्द का प्रयोग करते हुए यही भाव दिखाते हैं कि, श्रीकृष्ण गोपियों के नित्यपति हैं । अतएव यह तीन प्रकार से कहे जाने पर भी, आगम की रहस्यरीति के कारण, क्रमशः पूर्व पूर्व पद को पूर्व-पक्षत्व एवं उत्तर पद को, अर्थात् पर पद को सिद्धान्तपक्षत्व व्यञ्जित किया गया है ॥५५॥

गौतमीय तन्त्र में, यथा—'गोपी' पद से प्रकृति को जानो । 'जन' शब्द का अर्थ तत्त्वसमूह समझो । इन दोनों के आश्रय को ईश्वर कहते हैं । इसीलिये ईश्वर सर्वव्यापक एवं सबके कारण हैं । 'वल्लभ' शब्द का अर्थ है घनानन्द परमज्योति । अथवा 'गोपी' शब्द का अर्थ है प्रकृति । प्रकृति के अंशसमूह का नाम 'जन' है । इन दोनों के वल्लभ श्रीकृष्ण नामक ईश्वर ही स्वामी कहे गये हैं । इसीलिये सम्पूर्ण वेद कार्यकारणभाव को देखकर, श्रीकृष्ण को ईश्वर कहकर गाते हैं । तथा तीनों लोकों के आनन्दवर्धक श्रीनन्दनन्दन ही, अनेक जन्मों से सिद्ध प्रसिद्ध गोपियों के पति ही, कहकर पुकारे जाते हैं । इस प्रसङ्ग में पहले प्रकृति शब्द से प्रधान लेना, एवं द्वितीय प्रकृति शब्द से स्वरूपशक्ति लेना । तत्त्व शब्द से महदादि प्रकृति के विकारों को जानना । द्वितीय स्वरूपशक्तिरूप प्रकृति के ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य, एवं तेज ये छः अंश कहे गये हैं । त्यागने योग्य गुण आदिकों के बिना ये सब भगवत् शब्द के वाच्य हैं, ये सब बातें विष्णुपुराण में कही हैं । और "अनेक जन्मों में सिद्ध" यह वचन भी, हे अर्जुन ! मेरे एवं तेरे अनेक जन्म व्यतीत हो गये, इत्यादि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कदाचिदुपपतित्वव्यवहारस्तु मायिक एवेत्यर्थः; 'वा'-शब्दस्त्वस्यैवोत्तरपक्षताबोधनाय। अतएवाप्रकटलीलायां प्रकटमेव ब्रह्मसंहिता तथानुसंहितवती; ॥५६॥

"यत्र ब्रह्मा प्राह, (५।४८)—

'आनन्द-चिन्मय-रस-प्रतिभाविताभि,-स्ताभिर्य एव निजरूपतया कलाभिः।
गोलोक एव निवसत्यखिलात्मभूतो, गोविन्दमादिपुरुषं तमहं भजामि ॥' इति ॥५७॥

"अत्र कलात्वान्निजरूपत्वे स्वतःसिद्धेऽपि निजरूपतयेति पुनरुपादानम्, न तु प्रकट-लीलामध्यवत् 'परकीयाभासतयोपलक्षिताभिस्ताभिरित्यर्थज्ञापनार्थम्। तथा च तत्रैव (५।६७)—'श्रियः कान्ताः कान्तः परमपुरुषः' इत्यत्र युक्तिं च दर्शितवान्। श्रीपरमपुरुषयो-रौपपत्यं नास्तीति। काशीखण्डे च धर्मराजः,—'गोपीपते यदुपते वसुदेवसूनो' इति; सङ्गीतशास्त्रे च,—'गोपीपतिरनन्तोऽपि वंशध्वनि-वशङ्गतः' इति; ॥५८॥

"भविष्यत्काव्येषु श्रीगीतगोविन्दे,—'पत्युर्मनः कीलितम्' इति। एतदभिप्रायेणैव लक्ष्यभेदेनोक्तम्,—

'त्वामप्राप्य मयि स्वयंवरपरां क्षीरोद-तीरोदरे
शङ्के सुन्दरि कालकूटमपिबन्मूढो मृडानी-पतिः।

श्रीभगवद् गीतोक्त वचन की तरह अनादिभाव को ही बोधित कर रहा है। 'पतिरेव' इस शब्द से दृढ़ता-पूर्वक श्रीकृष्ण ही गोपीपति हुए। किन्तु कदाचित् अर्थात् प्रकटलीला में जो उपपति व्यवहार सुना जाता है, वह मायिक ही है। श्लोक स्थित 'वा' शब्द भी गोपीपतित्वरूप उत्तरपक्ष को, अर्थात् सिद्धान्तपक्ष को समझाने के लिये है। अतएव ब्रह्मसंहिता अप्रकटलीला में स्पष्टरूप से ही पूर्वोक्त प्रकार का अनुसन्धान कर चुकी है ॥५६॥

जिसमें ब्रह्माजी कहते हैं कि—जो सबकी आत्मास्वरूप है, एवं जो आनन्द तथा चिन्मय रस द्वारा परिकल्पित, निजमूर्ति स्वरूप उन गोपीरूप कलाओं के सहित, गोलोक में ही निवास करता है, मैं उसी आदिपुरुष गोविन्द का भजन करता हूँ ॥५७॥

इस श्लोक में 'कलाभिः' पद से गोपियों का निजरूपत्व स्वतः सिद्ध हो गया। तो भी 'निजरूपतया' इस पद का पुनः ग्रहण "प्रकटलीला में जैसे गोपियों को परकीया का आभास रहता है, उस प्रकार का आभास अप्रकटलीला में नहीं। परकीयापन के आभास से रहित जो गोपियाँ हैं, उनके साथ गोलोक में श्रीकृष्ण निवास करते हैं" इस अर्थ को समझाने के लिये है। तथा उसी ब्रह्मसंहिता में—"गोलोकस्थ सभी गोपियाँ लक्ष्मीस्वरूप हैं। परमपुरुष श्रीकृष्ण ही उनके नित्यपति हैं" इत्यादि श्लोक में युक्ति भी दिखा दी है कि—लक्ष्मी एवं परमपुरुष का उपपतिभाव नहीं है। काशीखण्ड में धर्मराज ने भी—हे गोपीपते! हे यदुपते! हे वसुदेवसूनो! इत्यादि सम्बोधित किया है। संगीतशास्त्र में भी कहा है कि—गोपीपति अनन्त होकर भी वंशीध्वनि के वशीभूत हो गये थे ॥५८॥

भविष्यत् काव्यसमूह के बीच में श्रीगीतगोविन्द में भी "पति का मन कील दिया" ऐसा कहा है। इसी अभिप्राय से श्रीराधा एवं लक्ष्मी के अभेद से यह कहा है कि, श्रीकृष्ण राधा से कहने लगे कि—हे सुन्दरि! मैं ऐसी शङ्का करता हूँ कि, क्षीरसागर के तट पर मेरे निमित्त स्वयंवर में तत्पर हुई तुमको न

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं पूर्वकथाभिरन्यमनसो विक्षिप्य वक्षोऽञ्चलं
राधायाः स्तनकोरकोपरि मिलन्नेत्रो हरिः पातु वः ॥' इति ॥५९॥

"अन्यत्र च—'गोपीभर्तुः पदकमलयोर्दासदासानुदासः' इति; भगवच्छङ्कराचार्यकृते यमुना-स्तोत्रे च—'विधेहि तस्य राधिकाधवांघ्रि-पङ्कजे रतिम्, इति । ललितमाधवे श्रीराधिकादीनां तथावर्णनं तु स्फुटमेव निर्वर्णितम् । उज्ज्वलनीलमणौ साक्षात् कथनया कुमारिकाणां साक्षादन्यसंबन्धाभावप्रथनया च परासामपि यदेव समृद्धिमदाख्यसम्भोगे ललितमाधवानुसारेण स्फुटमेवाङ्गीकृतमस्ति; भावार्थदीपिकायाश्च (भा० १०।३३।२२)—'ऋषभस्य जगुः कृतानि' इत्यत्र 'ऋषभस्य पत्युः' इति । (भा० १०।३३।८) 'कृष्णवध्वः' इति स्वयमुक्तमिदमेव पतित्वं श्रीपरीक्षित्-प्रश्नोत्तरे पत्यन्तराभ्युपगमवादेनैव हि बहिरङ्गाणां बोधाय परमात्मतयापि श्रीबादरायणिना बोधितम् ॥६०॥

(भा० १०।३३।३६),—
'गोपीनां तत्पतीनां च सर्वेषामपि देहिनाम् । योऽन्तश्चरति सोऽध्यक्ष एष क्रीडनदेहभाक् ॥'
इत्यत्रान्तरङ्गान् प्रति त्वयमर्थः—गोपीनां काश्चिदव्यूढाः काश्चिद्व्यूढा इति द्विधात्र लोक-मात्रप्रसिद्धानाम्; वस्तुतस्तु नित्यसिद्धानां सर्वतः श्रेयसीनां तत्प्रेयसीनामन्यासामपि

प्राप्तकर, शिवजी मूढ़ की तरह कालकूट विष को पी गये थे । इस प्रकार की पूर्व कथाओं से अन्य जगह मन वाली, श्रीराधा के वक्षःस्थल के अंचल को दूर करके, स्तनरूपी कलिकाओं पर नेत्रपात करने वाले श्रीकृष्ण तुम्हारी रक्षा करें ॥५९॥

अन्यत्र भी कहा गया है कि—मैं गोपियों के नित्यपति श्रीकृष्ण के पदकमलों के दासों के दासों का भी अनुदास हूँ । भगवान् श्रीशंकराचार्यकृत यमुना स्तोत्र में भी कहा गया है कि—हे मातः यमुने ! जो जन नित्यप्रति आपके इस स्तोत्र का पाठ करे, उसका अनुराग राधापति श्रीकृष्ण के चरणारविन्दों में कर दीजिये । ललितमाधव नाटक में श्रीराधिका प्रभृति गोपियों का उस प्रकार का वर्णन तो स्पष्टरूप से ही देखा जाता है । उज्ज्वलनीलमणि ग्रन्थ में साक्षात् कथन के द्वारा, एवं गोपकुमारियों के साथ साक्षात् अन्यजनों के सम्बन्ध के अभाव की ख्याति के द्वारा, अन्यान्य स्त्रियों के विषय में भी जो वर्णित है, वह समृद्धिमान् नामक सम्भोग में ललितमाधव नाटक के अनुसार स्पष्ट ही स्वीकृत है । श्रीधरस्वामिकृत भावार्थदीपिका टीका में भी "ऋषभस्य जगुः कृतानि" यहां पर 'ऋषभ' शब्द का पति ही अर्थ किया है । और मूल में 'कृष्णवध्वः', अर्थात् ये सब गोपियाँ श्रीकृष्ण की नित्यवधू हैं, ऐसा स्वयं कहा है । इसी नित्यपति भाव को श्रीपरीक्षितजी के प्रश्नोत्तर में अन्य पतियों की स्वीकृति को कहकर, बहिरङ्गजनों को समझाने के लिये, श्रीशुकदेवजी ने परमात्मारूप से भी, वे ही सबके पति हैं, ऐसा समझाया है ॥६०॥

"समस्त गोपियों के एवं उनके पतियों के तथा सभी प्राणियों के अन्तःकरण में, जो प्रभु, अन्तर्यामी रूप से विचरण करते हैं, वे ही सबके अध्यक्ष हैं । वे ही भक्तसुखदायिनी लीला करने के लिये देह धारण किये हुए हैं ।" इस श्लोक में अन्तरङ्ग भक्तों के प्रति तो यह अर्थ है कि—गोपियों के मध्य में कुछ अविवाहित हैं, एवं कुछ विवाहित हैं । इन दो प्रकारों से जो तीनों भुवनों में प्रसिद्ध हैं, वे ही गोपियाँ हैं । वास्तविक तो गोपियाँ नित्यसिद्ध हैं । ये ही सबकी अपेक्षा कल्याणकारिणी हैं, तथा श्रीकृष्ण की नित्य-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नानाभावसमृद्धानां कुमारीतरुणी-वृद्धानां तथा यथासंभवं तासां पतीनां तदुपलक्षिततया कुमार-ततीनां, किं बहुना ? सर्वेषामपि तदेकजीवानां व्रजजीवानां यानि तत्तदुचिततत्तदीयक्रीडासाधनदेहानि, तदासक्तः सन्नन्तःशब्दाभिहिते महिते जगन्नेत्रादन्तर्हिते सदाभवे स्ववैभवे यश्चरति क्रीडति, स एष एवाध्यक्षः कदाचिज्जगत्प्रत्यक्षः सन् क्रीडति; तस्मान्निज-प्रेयसीभिः सममनादित एव मिथुनतेति कथनादौपपत्यमस्य नोपपत्स्यर्हम्, किन्तु परम-व्योमाधिपलक्ष्मी-नारायणवद्दाम्पत्यमेव तदर्हं भवतीति । तदिदं (भा० १०।९०।४८) 'जयति जननिवासः' इत्यादौ 'व्रजपुरवनितानां वर्धयन् कामदेवम्' इति पुरवनिताभिः सह तासां सह-पाठाद्द्रष्टव्यम् । श्रीमानुद्धवस्तु (भा० १०।४७।५८) 'एताः परं तनुभृतो भुवि गोपवध्वः' इत्यादावासामनुगतिं मुमुक्षुमुक्त-मद्विधभक्ता अपि 'वाञ्छन्ति' इत्युक्त्वा वृन्दावनचर्या इमाः क्व, तदीदृशभावव्यभिचारदुष्टास्त्वन्ये क्वेति वदन् कृष्णे परमात्मनि ह्येष रूढभाव इति प्रत्यक्षतो दर्शयन्नासु माहात्म्यविशेषं दर्शयति, (भा० १०।४७।६०) 'नायं श्रियोऽङ्ग' इत्यादौ श्रीप्रभृतिभ्यः पुनरपि विशेषयति च ॥६१॥

"अथ सानन्दापि वृन्दा पुनः पप्रच्छ,—'कथमीदृशी प्रक्रिया नातिप्रिया, नान्यथा क्रियते स्म भवत्या ? भवत्याः खलु नाशक्यं तर्क्यते ।' ॥६२॥

प्रिया हैं । और इनसे भिन्न भी जो अनेक भावों से समृद्ध (युक्त) कुमारी, युवती, एवं वृद्धा हैं, उनके तथा यथा सम्भव उनके पतियों के, और उपलक्षणत्वेन उनके बालक समूहों के, अधिक क्या कहें ? देखो, एक-मात्र श्रीकृष्ण ही जिनके जीवन हैं, ऐसे सभी व्रजवासियों के जो तत्तद् योग्यता से युक्त, श्रीकृष्ण सम्बन्धी लीलाओं के साधन करनेवाले देह हैं, उन सब देहों में आसक्त होकर जो 'अन्तः' शब्द के द्वारा कथित, परमपूज्य, जगत् के नेत्रों से अन्तर्हित, नित्य सिद्ध स्वकीय वैभव में विचरण करते हैं, अर्थात् क्रीड़ा करते हैं, वे सर्वाध्यक्ष ये श्रीकृष्ण ही कभी कभी जगत् के प्रत्यक्ष होकर क्रीड़ा करते हैं । इसलिये अपनी नित्य-प्रिया गोपियों के साथ अनादिकाल से ही मिथुनभाव कहने के कारण, श्रीकृष्ण का गोपियों के प्रति उपपति भाव युक्तियुक्त नहीं हैं, किन्तु परमव्योमाधिनाथ लक्ष्मीनारायण की तरह, नित्य दम्पति भाव ही उनके योग्य है । इस नित्य दम्पतिभाव को "जयति जननिवासः" इत्यादि श्लोक में "व्रजपुरवनितानां वर्धयन् कामदेवम्" इस चतुर्थचरण में पुरवनिताओं के साथ, अर्थात् द्वारकापुर की वनिताओं के साथ, व्रज की वनिताओं का पाठ होने से देखना एवं समझना चाहिये । और श्रीमान् उद्धवजी तो "ये गोपवधू ही भूतल में सार्थक शरीरधारिणी हैं" इत्यादि स्थल में "इन गोपियों की अनुगति को—मुमुक्षु, मुक्त, एवं हमारे जैसे भक्त भी चाहते हैं ।" ऐसा कहकर "श्रीवृन्दावन में विहार करनेवाली ये नित्य सिद्ध गोपियाँ कहाँ ?" तथा ऐसे विशुद्धभाव के व्यभिचार से दुष्ट, अर्थात् ऐसे विशुद्ध प्रेमभाव से रहित अन्यान्य दुष्टजन कहाँ ?, ऐसा कहते हुए "परमात्मा स्वरूप श्रीकृष्ण के ऊपर यह अपूर्व भाव उत्पन्न हुआ है ।" ऐसा प्रत्यक्ष रूप से दिखाते हुए, इन व्रज की गोपियों के ऊपर माहात्म्य विशेष को दिखला रहे हैं । एवं "लक्ष्मी को भी यह सौभाग्य प्राप्त न हो सका" इत्यादि स्थल में लक्ष्मी आदिकों से फिर भी गोपियों को विशिष्ट कर रहे हैं ॥६१॥

तदनन्तर वृन्दादेवी आनन्दित होकर भी पुनः पूछने लगी कि—इस प्रकार की विवाह की प्रक्रिया सभी को अतिप्रिय क्यों न लगी ? एवं आपने भी उसको अन्यथा क्यों नहीं किया ? आपके लिये तो कोई भी कार्य अशक्य नहीं है । मैं ऐसी तर्कना करती हूँ ॥६२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पौर्णमासी उवाच,—'रसविशेषसम्पादयित्री लीलावश्यकतावसरवैचित्रीयं सीताया रावणगृहगतिवन्नास्माभिरप्यन्यथा कर्तुं शक्यते। रसविशेषश्चैवमेव सङ्गच्छते। भ्रमजनितत्वादश्लीलताविश्लिष्टे परसम्बन्धस्याभासमात्रे दृष्टे सति तासां परनिवारणकुण्ठितानामुत्कण्ठावर्धनतः स्फुरदखर्वसुखगत्यां सर्वायत्यां विश्रान्तभ्रम-नितान्तस्थिरता-निरतकान्त-प्राप्तितस्तस्यातीव दीप्तताप्राप्तिरिति। तथा च भविष्यत्काव्येषु (१।२१) श्रीमदुज्ज्वलनीलमणिप्रमाणीकृतं प्राचां मतम्, तत्र मूलं यथा—

'लघुत्वमत्र यत् प्रोक्तं तत्तु प्राकृतनायके। न कृष्णे रसनिर्यास-स्वादार्थमवतारिणि ॥'इति॥

प्रमाणं यथा (५।३)—

'नेष्टा यदङ्गिनि रसे कविभिः परोढा, तद्गोकुलाम्बुजदृशां कुलमन्तरेण।
आशंसया रसविशेरवतारितानां, कंसारिणा रसिकमण्डलशेखरेण ॥"इति॥६३॥

"अत्र रसोत्कर्षस्य तर्षत एव 'कंसारिणावतारितानाम्' इति तासां नित्यं तन्निजप्रेयसीतया विहारस्तदवतारसमय एव तु रसमयमहोत्कर्षाय मायया परोढाव्यवहार इत्यतो न दोषः, प्रत्युत परमगुण एवेति भावः। इह चावतारितानामिति देवीचरतां साधारणलक्ष्मीचरतां च न प्रचारयति, (भा० १०।४७।६०)—'नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः,

---

पौर्णमासी बोली—रसविशेष को बढ़ानेवाली, लीला की आवश्यकता के अनुसार, यह समय समय की विचित्रता है। इसको "सीताजी के रावण के घर में जाने की तरह" मैं भी अन्यथा नहीं कर सकती। रस विशेष भी इसी प्रकार संगत होता है। भ्रम से जनित होने के कारण, अश्लीलता के संयोग से रहित, दूसरे के सम्बन्ध का आभासमात्र दिखाई देने पर, अन्य जनों के द्वारा निवारण से कुण्ठित (अवरुद्ध), उन व्रजवनिताओं की उत्कण्ठा की वृद्धि से उत्पन्न प्रचुर सुख की प्राप्ति है जिसमें, ऐसे उत्तरकाल में अर्थात् श्रीकृष्ण के पुनः व्रज में आगमन के समय, भ्रम की विश्रान्ति के कारण, नितान्त स्थिरता में निरत, अपने कान्त की प्राप्ति से, उस रसविशेष को अत्यन्त दीप्तभाव की प्राप्ति हो सकेगी। देखो, भविष्यत् काव्यों में श्रीमदुज्ज्वलनीलमणि ग्रन्थ द्वारा प्रमाणीकृत प्राचीन रसिक विद्वानों का मत, उसमें मूल इस प्रकार है, यथा—"इस विषय में अन्य विवाहिता का निषेधरूप जो लघुभाव कहा गया है, वह केवल प्राकृत नायकमें ही घटित होगा। किन्तु रसों के सारभाग शृङ्गार रस के आस्वादन कराने के लिये ही जिनका अवतार है, ऐसे श्रीकृष्ण के ऊपर उक्त प्रकार का लघुभाव संघटित न हो सकेगा।" इस विषय में प्रमाण, यथा—प्राचीन कवियों ने अङ्गीरूप शृङ्गार रस में परोढ़ा (अन्य विवाहिता) को जो रस पुष्टीकारक नही माना, वह तो कमलनयनी गोपियों के समूह से रहित ही जानना। कारण रसिकचक्रचूड़ामणि श्रीकृष्ण ने उनका अवतार तो रस के उत्कर्ष की इच्छा से ही कराया है ॥६३॥

इस श्लोक में "रसोत्कर्ष की तृष्णा से ही श्रीकृष्ण ने उन गोपियों का अवतार कराया है" ये जो कथन है, वह "उन गोपियों का श्रीकृष्ण की निज प्रियतमा रूप से नित्यविहार श्रीकृष्णावतार के समय में रसमय महोत्सव के बढ़ाने के लिये ही, माया द्वारा परोढ़ा व्यवहार है।" इस अभिप्राय के लिये है। इसलिये कोई दोष नहीं है। प्रत्युत परमगुण ही है। यही भावार्थ है। और इस श्लोक में 'अवतारितानाम्' यह पद "ये गोपियाँ पहले देवियाँ थीं, अथवा साधारण लक्ष्मी थी" इस बात का प्रचार नहीं करता। कारण—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्वर्योषितां नलिनगन्धरुवां कुतोऽन्याः' इत्यनेन विरोधात् । तेनैवान्यतमतान्यथा-कारितया तदीयपरमलक्ष्मीत्वमेव तासां लक्ष्यते, इति ॥६४॥

"तदेवं च निरूप्य पुनरप्याह स्म; तदीदृशं परमरहस्यमाकाशाय च न प्रकाशनीयम् ।

"किन्तु—राधादीनां केवलानां केवलो नन्दनन्दनः ।
वरः स्यात् केवलं तस्मात् के बलात् कुर्युरन्यथा ? ॥६५॥

यतः, व्रजलक्ष्मीजनताया, हरिरिह रमणः परं न परः ।
कथमथ चकोरजाते,-र्वृत्तिश्चन्द्राद्भवेदन्यः ? ॥६६॥

"अथ वृन्दा तु—'भवतु याथाकथाचं यदिदमाचितम्, तदाचितमेव; किन्त्वायत्यां सर्वसुखसमुत्थापनं भवदभ्युत्थानमेव गत्यन्तराय भविता' इति प्रार्थ्य नमस्कृत्य च चलिता ॥६७

"पौर्णमासी तु प्राह,—
'अवचमवोचमुवाच च, वच्मि हि वक्तास्मि वक्ष्यामि ।
उच्यासमिदं वच्यां, वचानि नो चेदवक्ष्यं न ॥'६८॥

गोपियों ने जो प्रसन्नता का लाभ किया है, वह लाभ अत्यन्त अनुरागिणी लक्ष्मीदेवी को भी प्राप्त न हुआ। अतः कमल की सी गन्ध तथा कान्ति से युक्त स्वर्गीय दिव्याङ्गनाओं को, अथवा अन्य नारियों को तो कहाँ प्राप्त हो सकता है ? इस वचन से विरोध उपस्थित हो जायगा। इसलिए परोढ़ात्व भाव को अन्यथा कर देने के कारण, ये सब गोपियाँ श्रीकृष्ण की परम लक्ष्मी स्वरूप हैं। यही भाव लक्षित होता है ॥६४॥

इस प्रकार निरूपण करके पौर्णमासी फिर भी बोली कि—देखो, वृन्दे ! इस प्रकार के परम रहस्य को आकाश के लिए भी प्रकाशित नही करना। अर्थात् किसी सचेतन श्रोता के प्रति कहने की बात तो दूर रही, किन्तु निश्चेतन शून्यरूप आकाश को भी न सुनाना। तात्पर्य—जनशून्य एकान्त स्थान में अपने मन मनमें प्रकाशित करना भी निषेध है। इस प्रकार श्रीराधादि गोपियों का श्रीकृष्ण के साथ नित्य दाम्पत्य सिद्ध हो गया। उनमें परोढ़ात्व कदापि संगत नहीं है। इसी भाव को कहते हैं कि, किन्तु एक नन्दनन्दन ही केवल राधिका प्रभृत्ति सब गोपियों के केवल 'पर' अर्थात् उत्कृष्ट हो सकते हैं। अतः बल करके भी कौन जन उनके परोढ़ात्व को स्थापित कर सकते हैं ? ॥६५॥

क्योंकि इस विषय में यही सिद्धान्त है कि—व्रज की परम लक्ष्मी स्वरूपा गोपीजनों के केवल श्रीकृष्ण ही नित्यपति हैं, और कोई भी नहीं है। देखो, चकोर जाति के लिये चन्द्रमा से भिन्न अन्य जन कैसे जीवनस्वरूप हो सकता है ? यही दृष्टान्त यहाँ पर जँचता है ॥६६॥

तदनन्तर वृन्दा तो, अच्छा, जो हुआ सो होने दो। क्योंकि यह जो रहस्य संचित किया है, उसको गुप्त ही रखना होगा। किन्तु उत्तर काल में सर्व सुखों का समुत्थापन करनेवाला आपका उद्यम ही, अन्य गति के लिये हो जायगा। ऐसी प्रार्थना करके तथा नमस्कार करके चल दी ॥६७॥

पौर्णमासी तो उस वृन्दा के विश्वासार्थ देखी हुई बात की सत्यता के प्रतिपादक 'वच' धातु के दशों लकारों के प्रयोग करती हुई बोली कि मैंने कहा है, मैंने कहा है, मैंने कहा है। मैं अब भी कह रही हूँ। और आगे भी कहूँगी, पुनः कहूँगी। मैं यह कह सकती हूँ, मुझे यह कहना उचित है। यदि मैंने ऐसे सिद्धान्त को कभी कहा न होता, तो मैं नहीं कह सकती। [६७ संख्या वाले गद्य में वृन्दा के वाक्यमें "किन्त्वायत्यां सर्व-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं तासां खेलामात्रविलासिनीनां स्ववासिनीनां मातरपितरादिभिरन्तःपुर्यामसूर्यं-पश्यतया धुताकर्णनकृष्णवर्णनतया च परितः परीतं वारितानामपि दीप्यमानकैशोरसामीप्य-समिद्धः स्वभावसिद्धः कृष्णभावः स्वयमुद्भूतवान् वारिदागमसमयं समया कासाञ्चिद्वल्ली-जातीनां पल्लव इव ॥६९॥

"यतः, हृदयमनङ्गस्तासा,-मविशद्वयसः क्रमादेव ।
श्यामाङ्गः स तु साङ्गं, विवेश सहसा ततः पूर्वम् ॥७०॥

"दृष्टान्तयन्ति चेदम्,—
'आसीदासु हरेः स्फूर्तिर्दर्शनश्रवणे विना ।
यथान्तःपुररुद्धासु कन्यासु मदनोद्गमः ॥'७१॥

"अतएवोक्तम्,—
'नव्ययौवनतः पूर्वं कृष्णे तासां तु या रतिः ।
तस्यां नातिशयोक्तिः सा स्वभावोक्तिस्तु मन्यताम् ॥'७२॥

"तदा च—यदा प्रसङ्ग-सङ्गत्या कृष्णेति वर्णद्वयं कर्णाभ्यर्णमापद्यते, वंशीवाद्यं वा

सुखसमुत्थापनं भवदभ्युत्थानमेव गत्यन्तराय भविता" यह जो कहा है इसका गूढ़ार्थ यह है कि, भविष्यत् काल में श्रीकृष्ण के साथ गोपियों का विवाह आपके ही अधीन है। इसके उत्तर में पौर्णमासी ने विवाहरूपी कार्य की दृढ़ता के लिए, तथा अपने वाक्य की त्रैकालिक सत्यता की ख्याति के लिए, 'वच' धातु के विविध प्रयोगों से, भावी विवाहरूपी कार्य की स्थिरता को प्रकाशित कर दिया। अतः पौर्णमासी देवी की वाणी का माहात्म्य अद्भुत है, तथा ग्रन्थकार का महान् शब्द कौशल एवं निर्णय की विशेष कुशलता तत्त्ववेत्ताओं को विवेचनीय है] ॥६८॥

अब गोपियों के पूर्वानुराग के वर्णन का उपक्रम करते हैं। यथा—इस प्रकार वे गोपियाँ अपने अपने पिता के घर में केवल बाल्यकालोचित खेल खिलवाड़पूर्वक ही क्रीड़ा करती थीं। उनके माता पिता आदि बन्धुजन अन्तःपुर में उनको ऐसे रखते थे कि, उनके ऊपर सूर्य की भी दृष्टि न पड़े, तथा श्रीकृष्ण के वर्णन, श्रवण आदि को दूर करते हुए, चारों ओर से घेरकर, सब ओर से उनका निवारण करते थे। तो भी उनके देदीप्यमान कैशोरभाव की समीपता के कारण बढ़ा हुआ, स्वभाव सिद्ध कृष्णभाव स्वयं उत्पन्न हो गया। जैसे वर्षाकाल के निकट में किन्हीं किन्हीं लता जातियों के पत्र स्वयं उत्पन्न हो जाते हैं ॥६९॥

क्योंकि अवस्था के क्रम से अनङ्ग तो उन गोपियों के हृदय में ही प्रविष्ट हुआ था, किन्तु श्यामाङ्ग वह श्रीकृष्ण तो उससे भी पहले, सम्पूर्ण भाव से सहसा प्रविष्ट हो चुका था ॥७०॥

इस बात को दृष्टान्त के द्वारा प्रमाणित करते हैं, यथा—जैसे अन्तःपुर में अवरुद्ध कन्याओं के अन्तः करण में भी काम का प्रादुर्भाव स्वयं हो जाता है। ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण के दर्शन एवं श्रवण के बिना भी उनके अन्तःकरण में श्रीकृष्ण की स्फूर्ति होती थी ॥७१॥

अतएव प्राचीन कवियों ने भी कहा है कि नवीन यौवन से पहले ही श्रीकृष्ण में उन गोपियों का जो अतिशय अनुराग है, उसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है। अपितु उसको स्वभावोक्ति ही माननी चाहिए ॥७२॥

उस समय जब प्रसङ्गानुसार 'कृष्ण' ये दो वर्ण उनके कानों के पास आ जाते हैं, अथवा वंशी का शब्द कानों में पड़ जाता है, बस, उसी समय श्रीकृष्ण को ही देखती हुईं सी हर्षित होकर, पुनः न

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा तमेव पश्यन्त्य इव हृष्यन्त्यः पुनरप्यपश्यन्त्यस्तापमाप्नुवन्ति स्म, किन्तु, कञ्चित् प्रति न किञ्चित् प्रकाशयामासुः; चेतसि तु भावयाम्बभूवुः ॥७३॥ यथा—

'यः कृष्णनामाक्षर-माधुरी-झरै,-रास्वाद्यते वेणुकलीरसैरपि ।
स एक एवाम्बुदरोचिरेष मे, कः स्वान्तमुच्चैः कुरुते पुरुव्ययम् ?' ॥७४॥

"तत्र च श्रीराधाया भावना यथा—

'याते कृष्णेति शब्दे श्रुति-पथममृतादप्यतिस्वाद्युक्ते
वंशीवाद्ये च शश्वन्मनसि सपदि यः स्फूर्तिमाप्नोति सोऽयम् ।
आजन्माभ्यासहीनोऽप्यतिसुपरिचित-प्राय एवेति भाति
प्राप्तिव्यावृत्तितस्तु प्रसभमचिरतो नेष्यति प्राणवर्गम् ॥'७५॥

"पुनश्च सम्प्रति स्वयमेव परस्परमिवाह,—'राधे ! किमुदग्रं व्यग्रचित्तासि ? राधिके ! तदेतन्नावदधासि चेदवधानं विधेहि—

'श्रव्याणां स्वादसारं श्रुतिरनुमनुते यत्तु यद्वा सुधाब्धे-
र्मन्थाल्लब्धं रसज्ञा सुखहृदिजसुखं चित्तवृत्तिर्यदेव ।
किन्तत् कृष्णेति वर्णद्वयमयमथवा कृष्णवर्णद्युतीना-
माजीव्यः कोऽपि शश्वत् स्फुरति नवयुवेत्यूहया मोहितास्मि ॥'७६॥

देखती हुईं, वे गोपियाँ सन्ताप को प्राप्त हो जाती थीं। किन्तु इस बात को वे किसी के प्रति किंचिद् भी प्रकाशित नहीं करती थीं। केवल मन मनमें ही श्रीकृष्ण की भावना करती थीं ॥७३॥

यथा—अहह ! 'कृष्ण' नाम के अक्षरों की माधुरी के झरनों के द्वारा, तथा वंशी ध्वनि के मधुर रसों के द्वारा, जिसका आस्वादन किया जा रहा है, वह मेघ की सी कान्ति वाला एक ही पुरुष कौन है ? जो कि हमारे अन्तःकरण को अत्यन्त पीड़ा युक्त कर रहा है ॥७४॥

उन गोपियों के मध्य में श्रीराधिका की भावना, यथा—अहह ! अमृत से भी अत्यन्त स्वाद युक्त 'कृष्ण' ये शब्द तथा वंशी का बाजा मेरे कानों में आते ही, मेरे मनमें तत्क्षण जो स्फूर्ति को प्राप्त होता है, वह पुरुषविशेष तो जन्म भर से मेरे पास न रहकर भी, प्रायः अत्यन्त सुपरिचित ही प्रतीत होता है। यदि उसकी प्राप्ति न हुई तब तो वह हठपूर्वक शीघ्र ही हमारे प्राणों को ले बैठेगा ॥७५॥

फिर भी इसी समय प्रीति से उन्मत्त होकर स्वयं ही आपस में बतराने की तरह बोली—हे राधिके ! तुम्हारा चित्त इतना अधिक व्याकुल क्यों हो रहा है ? अरी राधिके ! यदि इस विषय में तू सावधानी नहीं करती है तो सावधान हो जा। और सुन। देख, श्रवण करने योग्य पदार्थों का जो स्वाद है, उसके सार को कान ही जान सकते हैं। अथवा क्षीरसमुद्र के मन्थन से प्राप्त अमृत के स्वादमय सारभाग को रसना ही जानती है, एवं हर्ष से युक्त हृदय से उत्पन्न सुख को चित्तवृत्ति ही समझती है, अर्थात् ये सब अवस्थायें मेरे ऊपर बीत रहीं है। तब तू बता तो सही, क्या वह स्वाद का सार 'कृष्ण' ये दो वर्ण हैं, अथवा कृष्णवर्ण की कान्तियों का आश्रय स्वरूप, यह कोई नवयुवक निरन्तर स्फूर्ति पा रहा है। मैं तो इस प्रकार के तर्क वितर्क से मोहित हो रही हूँ ॥७६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"एवं श्रीकृष्णस्य च तदीयप्रचरिष्णु-तत्तद्गुणभविष्णुतृष्णस्य भावरम्यता गम्यताम्,—॥७७

नास्मिन् श्रोत्रं सदनसरणौ नेत्रमामोदपूरे
घ्राणं पृष्ठे वपुरपि गुणे सूक्तमासां मदीयम् ।
मां प्रोज्झ्यासीद्द्रुतमिति हरिः स्वीयदोषं विचारात्
प्रत्याख्याय स्फुटमनुसवं तत्र चित्रायते स्म ॥७८॥

राधाऋक्षे क्वचन गणकेनान्तिकाद्वर्ण्यमाने
दृष्ट्वा राधां घटयति जने सङ्गनं स्वस्य दूरात् ।
राधागेहान् मृदुलपवने वाति नास्मारि तत्तत्
कृष्णेनास्मिन् पुनरलमसौ सस्मरे सैव राधा ॥७९॥

"तदेवमपूर्वकृष्णदर्शनपर्वण्यजातपूर्वे यदा तु कालियदन्दशूकसन्दलनमासीत्तदा विध्वस्त-निरोधा राधादयोऽपि व्रजवासिसाधारणतया तत्र गच्छन्ति स्म । एतदर्थमेव कालियदमनार्थे तावान् विलम्बारम्भसम्भारस्तेन लम्भितः । तदेवं तत्र गतवतीनामपि बाल्यामोकतः शोकतश्च न लोकतस्तासां भावः स्वस्य विशेषं भावयामास, किन्तु प्रेमातिशयमात्रम् ॥८०॥

"तथाहि,—यदा दूरे नृत्यं फणिशिरसि चक्रे मुररिपु-
स्तदा ताभिः साक्षादरचि स इतीदं नहि मृषा ।

इसी प्रकार श्रीराधिका के प्रचरणशील तत्तद् गुणों के द्वारा प्रकाश पाने की तृष्णा वाले श्रीकृष्ण की भी भाव की रमणीयता को सुनकर समझ लो—॥७७॥

मेरे कान श्रीराधिका के नाम में, मेरे नेत्र श्रीराधा के घर के मार्ग में, मेरी नासिका श्रीराधा की सुगन्धी के समूह में, मेरा शरीर श्रीराधा के पीछे, एवं मेरी वाणी श्रीराधा के गुण वर्णन में ही लगी हुई थी, तो भी, वह मुझको त्याग कर शीघ्र ही भाग गई । इस प्रकार के विचार से श्रीकृष्ण अपने दोष को दूरकर, एकान्त में स्पष्टरूप से चित्र लिखे से खड़े रह जाते हैं ॥७८॥

कोई ज्योतिषी अपने निकट यदि राधा नामक नक्षत्र के विषय में कुछ वर्णन करता है, एवं राधा को देखकर जनमात्र आसक्ति करते हैं, तथा अपने से बहुत दूर पर विद्यमान राधा के भवन से कोमल वायु आ रही है, श्रीकृष्ण ने इन पूर्वोक्त बातों का स्मरण नहीं किया, केवल इस विषय में उन श्रीराधा का ही विशेष स्मरण करते रहे ॥७९॥

अतएव इस प्रकार अपूर्व कृष्ण दर्शनरूपी महोत्सव के पहले कभी न होने पर भी, जब कालीय नाग का दमन हुआ, उस समय रुकावट से रहित श्रीराधा आदि गोपियाँ भी, साधारण व्रजवासियों की तरह कालीदह पर चली गई थीं । श्रीराधा आदि गोपियों के दर्शनार्थ ही, श्रीकृष्ण ने कालियदमन करने के लिये उतने विलंब के आरंभ का उपक्रम किया था । अतः इस प्रकार कालियह्रद पर चली जाने पर भी, बालकपन के अपरित्याग के कारण, तथा शोक के कारण, जगत् में उनका भाव अपनी विशेषता को प्रकाशित न कर सका । किन्तु अतिशय प्रेम मात्र को ही उत्पन्न कर गया ॥८०॥

देखो, जिस समय श्रीकृष्ण दूर ही कालिय सर्प के मस्तक पर नृत्य कर रहे थे, उस समय श्रीराधा आदि गोपियों ने श्रीकृष्ण का साक्षात्कार किया, यह बात मिथ्या नहीं है । तथापि बाल्यावस्था के कारण,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तथाप्यासां बाल्याद्बहुजनसमाजादपि शुचा
वृतेर्भावो नैव स्वरसमयतामण्वपि ययौ ॥८१॥

यदा कालीयस्य ह्रदवलयतः सोऽयमुदित-
स्तदा राधामुख्याः प्रथमकलनादेव पतिताः ।
बहिर्ज्ञानं नासीद्यदपि तदपि स्फूर्तिवलिता
न मूर्च्छां नामूर्च्छां ययुरहह रात्रिन्दिवमनु ॥८२॥

यद्यपि कृष्णस्तासां, कलनादन्तर्विकारमासन्नः ।
तदपि च समयान्तरजां, चकार गम्भीरतां शरणम् ॥८३॥

"ततश्च, प्रभाते ताः शकटसमारोहिततया व्रजमानीताः कथमपि स्वस्थतां याताः ॥८४॥

यथा—सुहुर्बन्धु-स्तोमे तदुपचरणादुत्थितमतौ
जनद्वारा तासां हरिरपि विमूर्च्छां कलितवान् ।
अथ व्यग्रीभूयामृतमिव मुरल्या मृदुकलं
जगौ ताश्च प्रापुर्बहिरवहितिं सत्वरतया ॥८५॥

"किन्तु तस्य वंशीशंसनमाधुर्यमेव तास्वभिषज्यदवबुध्य तदवधि तासां प्रतिबन्धाय बन्धवस्तेनातिनिर्बन्धं ययुरिति कदाचिच्चिरतो दर्शनमपि तस्य तासु पर्यवस्यति स्म ॥८६॥

अधिक जनसमुदाय के कारण, एवं शोकरूपी आवरण के कारण, उन राधादिकों का भाव अपनी नित्य सिद्धावस्था को किंचिद् भी प्राप्त न हो सका ॥८१॥

श्रीकृष्ण जब गोलाकार कालियह्रद से उठ खड़े हुए, तब श्रीराधा आदि गोपियाँ प्रथम दर्शन से ही भूमि पर गिर पड़ीं। यद्यपि उनको बाह्य ज्ञान नहीं था, तथापि स्फूर्ति से युक्त होकर, वे रात दिन न तो मूर्च्छा को प्राप्त होती थीं, और न अमूर्च्छा को ही। बस, यही आश्चर्य था ॥८२॥

यद्यपि श्रीकृष्ण भी उन राधादिकों के दर्शन से आन्तरिक विकार को प्राप्त हो गये थे, तथापि अन्य समय में उत्पन्न होने वाली गम्भीरता को ही रक्षक बना लिया ॥८३॥

तदनन्तर प्रातःकाल हो जाने पर वे राधा आदि गोपियाँ गाड़ियों में चढ़ाकर व्रज में लाई गईं, किसी प्रकार कष्टपूर्वक स्वस्थता को प्राप्त हो गईं ॥८४॥

यथा—सुबल आदि बन्धुवर्ग बारंबार श्रीकृष्ण के निकट जाकर एवं उनकी सेवा करके जब स्वस्थ बुद्धि वाला हो गया, तब अन्य जनों के द्वारा श्रीकृष्ण भी उन गोपियों की मूर्च्छा को जान गये। तदनन्तर व्याकुल होकर, अमृत की तरह मुरली के द्वारा मृदु मधुर गाने लग गये। वे राधादि गोपियाँ भी शीघ्रता पूर्वक बाहिरी सावधानी को प्राप्त हो गईं ॥८५॥

किन्तु श्रीकृष्ण की वंशी ध्वनि की माधुरी को ही उन राधादिकों के विषय में वैद्य की तरह जानकर, उस समय से उनके वे बन्धुगण, उनकी रुकावट के लिए अति आग्रह नहीं करते थे, इसी कारण कभी कभी बहुत दिनों पर श्रीकृष्ण का दर्शन भी उनको संघटित हो जाता था ॥८६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ श्रीकृष्णस्य षष्ठे वर्षे गते तासां च ततः किञ्चिदूनतया मते समारब्धप्रपञ्चाद्भावादक्षीणानां नवकैशोरलक्ष्मीणामुदञ्चनं तस्य च तासां च तथा जातं यथा परस्परं स्पर्धयेव सञ्चयमञ्चदासीत् ॥८७॥

"तत्र तस्य श्रीकृष्णस्य यथा,—

वक्त्रं पूर्णकपोलकान्तिवलितं केशा भृशश्यामला
नेत्रे लोलविशालपाटलतटे वक्षः स्फुरद्विस्तृति ।
बाहुद्वन्द्वमखर्वपुष्टघटनं मध्यः कृशस्तत्परः
स्फीतस्तद्वदुरू पृथूभवितुमुद्गाते स्म तस्मिन् हरेः ॥८८॥

"तत्र च कस्यचिन्मर्मज्ञजनस्य नर्मवचनम्—

'तनौ श्यामा लक्ष्मीरभजदयमन्तर्हृदि पुनः
सदा गौरीरित्थं कपटमभिपश्यन्मुररिपोः ।
स्फुरन्नेत्र-द्वन्द्वं भजदरुणतामीषदभितो
मुहुः कर्णाभ्यर्णं व्रजति किल किञ्चित् कथयितुम् ॥'८९॥

"अथ तासां यथा,—

कटाक्षे कृष्णाभा स्फुटमधरयो रागगरिमा
कपोल-द्वन्द्वान्तः शुचिरुरसि चारून्नतिरुचिः ।

तदनन्तर श्रीकृष्ण का छठवाँ वर्ष बीत जाने पर, तथा राधादिकों का छठवाँ वर्ष श्रीकृष्ण से किंचित् न्यून ही बीता है, ऐसा जान लेने पर, सम्पूर्ण भावसमूहों के विस्तृत हो जाने के कारण, श्रीकृष्ण की एवं राधा आदि गोपियों की परिपूर्ण नवकैशोर शोभाओं का उदय उस प्रकार हुआ, जैसे परस्पर स्पर्धा से ही मानो वृद्धि को प्राप्त हो रहा है ॥८७॥

उनके बीच में उन श्रीकृष्ण की शोभा की वृद्धि, यथा—उस समय श्रीकृष्ण का मुख परिपूर्ण कपोलों की शोभा से संयुक्त, एवं केश कलाप अत्यन्त श्यामल हो गया था। दोनों नेत्र चंचल एवं विशाल, तथा प्रान्तभाग में श्वेत रक्तवर्णवाले हो गये थे। वक्षःस्थल विस्तार को पा रहा था। दोनों भुजायें पूरे परिमाण में परिपुष्ट होकर सुगठित हो गईं थीं। मध्यभाग पतला एवं उसके परे नितम्बभाग मोटा हो गया था। उसी प्रकार दोनों जंघायें भी, मोटी होने को उद्यत हो गईं थीं ॥८८॥

वहाँ पर किसी मर्मज्ञजन का परिहासमय वचन, यथा—देखो, भाइयो ! ये श्रीकृष्ण अपने श्रीविग्रह में तो समस्त श्यामवर्ण की शोभा को धारण कर रहे हैं, किन्तु हृदय में सम्पूर्ण गौरवर्ण की शोभा का सेवन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के इस प्रकार के कपट को देखते हुए दोनों विशाल नेत्र, चारों ओर किंचित् लालिमा को धारण कर, निश्चितरूप से मानो कुछ कहने के लिये बारंबार दोनों कानों के पास जा रहे हैं ॥८९॥

अब श्रीराधा आदि गोपियों की पौगण्ड अवस्था में भी नव किशोर शोभा का दिग्दर्शन, यथा—कटाक्ष में स्पष्ट ही कृष्ण कान्ति, दोनों ओष्ठों में अरुण वर्ण का गौरव, दोनों कपोलों के मध्य में निर्मलता, एवं उनके वक्षःस्थल में सुन्दर उन्नति की शोभा, अर्थात् स्तनोद्रेक की शोभा हो रही है। अहह ! ये उनके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अमी चेतोधर्मा बहिरहह यद्येवमुदिता
भवेत् किंवा तर्हि व्रज-मृगदृशां गोपनपदम् ? ॥९०॥

"तत्र श्रीराधां प्रति कस्याश्चिदुक्तिः,—

'भद्रा पद्मा धनिष्ठा शिविपशुपसुता पालिका श्यामला सा
चन्द्रावल्यप्यभीक्ष्णं वयसि निज-निज-श्रीसमुत्कर्षि दृष्टा ।
श्रीराधे त्वं पुनः स्वं जितकनकगुणं द्योतमुद्द्योतयन्ती
तद्दिव्यं श्यामधाम प्रथयसि परितः केन वा तन्न वेद्मि ?' ॥९१॥

"तत्रान्यस्या वचनम्,—

'विलसति कृष्णनवाब्दः, स्फुटमधिहृदयं प्रविश्य राधायाः ।
न भवति तद्यदि कथमिव, पुलकैः सह लोचने स्रवतः ॥' इति ॥९२॥

"तत्प्रभृति तासां भावना चेयम्,—

'तदेव यमुनारण्यं त एव च तमालकाः ।
तदेव चित्तमस्माकं साम्प्रतं किमिवान्यथा ? ॥९३॥

"ततश्च, शारद-प्रथमशुभ्रपञ्चमी, भाविरात्रिनिकराब्जसप्रभम् ।
सुभ्रुवां मुखमुरोज-युग्मम,-प्यापतुः प्रतिदिनं महोदयम् ॥९४॥

चित्त में उत्पन्न होनेवाले धर्म यदि बाहर भी इस प्रकार उदित हो गये हैं, तब ऐसी स्थिति में व्रजाङ्गनाओं के गुप्त रखने का कौन सा स्थान हो सकता है ? वह कहा नहीं जा सकता ॥९०॥

वहाँ पर श्रीराधिका के प्रति किसी सखी की उक्ति, यथा—भद्रा, पद्मा, धनिष्ठा, शैव्या, पालिका, श्यामला एवं वह चन्द्रावली भी, निरन्तर अपनी अपनी अवस्था में लक्ष्मी से भी विशिष्ट शोभायुक्त देखी जाती है। किन्तु हे राधिके ! तुम तो सुवर्ण के गुण को जीतनेवाले, अपने श्रीअङ्ग के प्रकाश को उद्दीपित करती हुई, चारों ओर उस दिव्य श्याम प्रभा का ही विस्तार कर रही हो। मैं उसको किसी कारण से भी नहीं जान रही हूँ ॥९१॥

वहाँ पर दूसरी सखी का वचन, यथा—अरी सखि ! देख, श्रीराधिका के हृदय में कृष्णरूप नवीन मेघ स्पष्ट ही प्रविष्ट होकर विलास कर रहा है। यदि उस नवीन मेघ का प्रवेश नहीं है, तो रोमांचों के सहित इसके दोनों नेत्र झरने की तरह क्यों झर रहे हैं ? ॥९२॥

उस समय से लेकर उन गोपियों की यह भावना हो गई थी कि—श्रीयमुनाजी से युक्त यह वही वृन्दावन है, ये वे ही तमाल के वृक्ष हैं, यह हमारा चित्त भी वही है, किन्तु इस समय अन्य प्रकार का कैसे परिणत हो गया ? ॥९३॥

तदनन्तर शरद् ऋतु के प्रथम शुक्लपक्ष की पंचमी से लेकर, आनेवाली रात्रियों के समूह में प्रगट होनेवाले चन्द्रमा एवं कमल के समान प्रभावाला, उन गोपियों का मुख एवं स्तनयुगल, प्रतिदिन महान् उदय को प्राप्त होने लग गया ॥९४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदा राधा तासु प्रथमवयसाकीर्णकिरणा
तदा ताः सर्वाश्च प्रतिहत-समज्ञाः समभवन् ।
परं नानापुष्पावलिषु लतिकासु प्रथमतः
प्रफुल्लन्ती ख्यातिं सदसि सुरवल्ली बलयते ॥९५॥

"तत्र चेयं किंवदन्ती वदन्तीबभूव,—

'इन्दुर्मन्दति खञ्जरीटतरुणः खञ्जन्निवालोक्यते
दूनं भाति तिलप्रसूनमरुणाद्बिम्बं गुणाल्लम्बते ।
स्वर्ण-श्रीजयिवर्णजालविलसद्वल्ली न लीलायते
राधाया मधुरिम्णि यद्विधुरतामाप्नोति तन्माधुरी ॥९६॥

"तदेवं लब्धदरस्फोरे कैशोरे तासां स एव कृष्णप्रेमा तृष्णाविशेषमासादितवान् । व्रजति-ततीनां कृतव्रततित्वे लब्धसत्त्वे स्वाश्रयं प्रत्यभिमुखप्रसारस्तद्वलयनलालसमिव ॥९७॥

"तत्र तासां भावना यथा,—

'जन्मन्येतदहो किमत्र भविता यत्तस्य वक्षःस्थलं
विस्तीर्णातुलनीलरत्नमसृणं स्पृश्येत मद्वक्षसा ।
ताम्बूलं बत चर्वितं च मुखतः कृष्येत किं मन्मुखे-
नैवं केयमहो ममाद्य विमतिर्धर्मध्रुगभ्यागता ॥९८॥

जिस समय श्रीराधिका उन सब गोपियों के बीच में प्रथम अवस्था से, अपनी कान्ति किरणों को निक्षिप्त करने लग गईं, उस समय वे गोपियाँ तथा अन्य सभी स्त्रियाँ आच्छन्न कीर्ति होगईं, अर्थात् उन सब की कीर्ति लुप्त हो गई । क्योंकि अनेक प्रकार की पुष्पावलि से युक्त लताओं के बीच में, पहले से विकसित होती हुई केवल कल्पलता ही, सभा में ख्याति को प्राप्त होती है ॥९५॥

वहाँ पर यह किंवदन्ती बोलती हुई सी प्रचारित हो गई थी कि—चन्द्रमा मलिन सा हो गया है, तरुण खंजनपक्षी लंगड़ा सा दिखाई देता है, तिलपुष्प उपतप्त सा प्रतीत होता है, बिम्बफल अरुण गुण से रहित हो रहा है, सुवर्ण की शोभा को जीतनेवाले वर्ण समूह द्वारा विराजित लता भी प्रकाशित नहीं हो रही है । क्योंकि श्रीराधा की माधुरी में, अर्थात् श्रीराधा के मुख आदि की माधुरी के सामने चन्द्रमा आदि की माधुरी विकलता को प्राप्त हो रही है ॥९६॥

अतः इस प्रकार उन गोपियों की किशोरावस्था के किंचिद् विकसित हो जाने पर, वही श्रीकृष्ण विषयक प्रेम तृष्णा विशेष को प्राप्त हो गया । जैसे लता समूहों के विस्तारभाव को प्राप्त होने पर, अपने आश्रय के प्रति अभिमुख जो प्रसार है, वह उसके संयोग की लालसा वाला हो जाता है ॥९७॥

वहाँ पर उन श्रीराधा आदि गोपियों की भावना, यथा—अहह ! इस जन्म में क्या यह संयोग संघटित हो जायगा, जो कि हमारे वक्षःस्थल से विशाल एवं अतुलनीय नील रत्न के समान चिक्कण एवं कोमल, श्रीकृष्ण का वक्षःस्थल स्पर्श कर सकेगा ? और चर्वित ताम्बूल श्रीकृष्ण के मुख से हमारे मुख में कभी आकृष्ट हो सकेगा क्या ? अथवा यह विचार उचित नहीं । हाय ! हाय ! यह धर्म से द्रोह करनेवाली विमति मेरे पास आज कहाँ से आ गई ? ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ प्रेमापि परमवरिमाणमाससाद । यथा—

पूर्वं यत्परितो हरेरनुभवात् कैशोरमाशूद्गतं
तत्तासु स्फुरितं तमेव विदधल्लीलाभिरुच्चैःस्थितम् ।
अप्याकर्णनदर्शनादिरहितास्ता देवताविष्टव-
च्चेष्टन्ते स्म यतः शशाक नहि यद्बोद्धुं जनश्चाण्वपि ॥९९॥

"तत्र तु—शून्यं पश्यति वाष्पपूरमनिशं मोमुच्यते कम्पते
स्विद्यत्युद्गतकण्ठकत्वमयते स्तम्भं पुनः प्राच्छति ।
म्लानिं गच्छति वाचितापि वचनं नाभाषते सेति तां
पश्यन्ती सुहृदां ततिर्मुहुरहो राधामशोचन्मुहुः ॥१००॥

"तस्या भावना चेयम्,—

'रूपेणामृतसिन्धुः, कीर्तिभिरमृतद्युतिर्यदपि ।
तदपि हरिर्मम हृदयं, विदहति हा धिग्विधिर्वामः ॥१०१॥

हृदयं पूर्वमलिप्तं, भावः कः पुनरलिप्त मे सहसा ?
स्मरदपि यस्य तु विषयान्, स्वयमथ चित्तं स्वतोऽपि जिह्रेति ॥'१०२॥

तदनन्तर प्रेम भी बहुत अधिकता को प्राप्त हो गया था, यथा—पहले जो किशोरावस्था श्रीहरि के चारों ओर के अनुभव से शीघ्र ही उत्पन्न हुई थी, वही किशोरावस्था उन गोपियों में स्फुरित होकर, श्रीहरि के अनुभव को ही कराती हुई, लीलाओं के द्वारा उच्चकोटि को प्राप्त हो गई। एवं श्रीकृष्ण के श्रवण, दर्शन आदि से रहित भी, वे गोपियाँ उन्मत्त की भाँति चेष्टा करती थीं। जिस कारण जनमात्र इस चेष्टा के भाव को किंचिद् भी जानने को समर्थ नहीं होता था ॥९९॥

उन गोपियों में से श्रीराधा तो श्रीकृष्ण विरह में जगत् को ही शून्य देखती हैं, निरन्तर अश्रुधारा को बहा रही हैं, कम्पित हो रही हैं, पसीना से युक्त हैं, रोमांचित हो जाती हैं, पुनः स्तम्भभाव को प्राप्त हो जाती हैं, हर्ष से रहित हो जाती हैं, बुलवाने पर भी वह वचन नहीं बोलती हैं। इस प्रकार उन राधा को देखते हुए बन्धुगण बारंबार शोक करने लग जाते थे ॥१००॥

श्रीराधिका की हार्दिक भावना तो यह थी कि—श्रीकृष्ण यद्यपि लोकोत्तर अपने रूप से अमृत के समुद्र हैं, एवं निष्कलंक कीर्तिकौमुदी समूह के द्वारा चन्द्रमा ही हैं, तो भी मेरे हृदय को जला रहे हैं, (क्योंकि अमृत का सिन्धु एवं चन्द्रमा तो अपनी शीतलता के कारण किसी को जलाते नहीं हैं) इसलिये मेरे प्रति जो विधाता वाम है उसको धिक्कार है ॥१०१॥

श्रीकृष्ण की भावना का दिग्दर्शन, यथा—पहले मेरा हृदय निर्मल था, किन्तु अब कौन से भाव ने मेरे हृदय को सहसा व्याप्त कर लिया ? क्योंकि जिस भाव के विषयों को स्मरण करता हुआ मेरा चित्त स्वयं अपने से भी लज्जित हो रहा है ॥१०२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पुनश्च कालियदमनमन्वनुभूतं तासां भावं विभावयन्नाह,—

'पिता मे साधूनां कुलतिलकता-विश्रुतगति-
स्तथा माता साध्वीसमुदयविवेकाग्रिमलिपिः ।
कथं राधादीनां परमृगदृशां भावमभितो
भजत्यन्तः किंवा मम मृदुलता मां क्लमयति ॥१०३॥

'किञ्च, हन्त ज्ञानं मम विलुलितं क्वापि न स्यात् परन्तु
प्रेमार्द्रं तद्भवति सुतरां तासु तु प्रेयसीषु ।
यस्मात्तासु स्फुरति न धिया प्रेममय्या परात्वं
नापि ख्यातिं बहिरनुगया तां पराकर्तुमीशे ॥'१०४॥

"तच्चेष्टा च यथा—

मौनार्हे प्रतिभाषते स्म वचनौचित्ये मुनित्वं दधे
शोच्यत्वे हसति स्म हासकथने रूक्षत्वमेवाददे ।
प्रस्तावे व्रजसुश्रुवां सखिजनैर्निर्मीयमाणे हरे-
र्यद्यप्येवमथापि वर्णविकृतेर्व्यत्यस्तिरालक्ष्यते ॥१०५॥

"तासां विवाहश्रवणे तु—

बहिः सुरसतां व्यञ्जन्नपि तर्हि बलानुजः ।
अन्तस्तु विरसः प्रैक्षि मर्मज्ञैः पक्वपीलुवत् ॥१०६॥

पुनः कालियदमन का लक्ष्य करके अनुभव किये हुए उन गोपियों के भाव को विचारते हुए श्रीकृष्ण बोले कि—मेरे पिता सज्जनों के कुलतिलक हैं, एवं उनकी कीर्ति विख्यात है, तथा हमारी माता का नाम पतिव्रताओं के समुदाय के आगे विचारपूर्वक सर्वप्रथम लिखा जाता है। तो भी राधा आदि परमृगाक्षीजनों के भाव को मेरा मन चारों ओर से क्यों सेवन कर रहा है ? अथवा मेरी कोमलता ही मुझको ग्लानि पहुँचा रही है ॥१०३॥

किंच खेद की बात तो यह है कि—मेरा ज्ञान कहीं भी विलुप्त नहीं हो सकता था, परन्तु वही ज्ञान उन प्रियतमा राधा आदि गोपियों में तो अत्यन्त प्रेमार्द्र (प्रेम से गीला) हो रहा है। जिस कारण से ही प्रेममयी बुद्धि से उनके प्रति "ये पराई हैं" ऐसा भाव स्फूर्ति नहीं पाता है। तथा बाह्य बुद्धि द्वारा उस परात्व ख्याति को दूर करने को भी मैं समर्थ नहीं हूँ ॥१०४॥

श्रीकृष्ण की चेष्टा, यथा—मौन योग्य विषय में उत्तर दे देते थे, एवं कहने योग्य विषय में मौन धारण कर लेते थे, शोचनीय विषय में हँसते थे, तथा हासपूर्वक कथन के विषय में भी रूखेपन को स्वीकार करते थे। मित्रजनों के द्वारा व्रज की गोपियों का प्रस्ताव करने पर यद्यपि श्रीकृष्ण की ये दशा हो जाती थी, तथापि वर्ण की विकृति के कारण विपरीतता लक्षित होती थी ॥१०५॥

गोपियों के विवाह की कथा के सुनने पर तो, बलदेवजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण बाहर सुरसता को व्यक्त करते हुए दिखाई देते थे, तो भी उस समय मर्मज्ञजनों के द्वारा तो पके हुए पीलु फल की तरह, अर्थात् पका हुआ पीलु फल जैसे बाहर से सरस होकर भी भीतर में विरस होता है, ठीक उसी प्रकार वे भीतर से तो विरस देखे जाते थे ॥१०६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्थिते तासां जन्यम्मन्यजनेन निज-निज-वधूनां नयनाय याच्यमानं तत्पितृकुलं तासु न तद्वाच्यमकार्षीत्; केवलं तु कर्णे कर्णे मिथ एव वर्णयामास ॥१०७॥

"तासु गर्गादीहितवर्गादपि क्रमादधिगतकृष्णैकतृष्णासु प्राणपर्यन्त-संक्षयाशङ्क्या तमुद्वाहमपि न सहसा न च साक्षादुद्भावयामास, किमुत तादृगवस्थानां प्रस्थापनम् ?॥१०८

"अथ यथा दुर्वहश्च विवाह-निशमनसंक्रमः प्रथमलभ्यबाल्यमारभ्य पूर्वपूर्वक्रमलब्ध-विसरया परंपरयावधारित इति। क्रमविषयतया विषभक्षणवदभ्यासव्यासत एव सोढस्तथेदमपि बाढं सोढव्यमिति तथैव श्रावयामास ॥१०९॥

"तास्तु तद्वार्तामात्रतः परमार्ता जाताः। यत्र च कष्टं भोः कष्टम्, जीवनमपि निष्ठीवनमापयितुं व्यवसितिमायाताः ॥११०॥

"तथाहि प्रथमं तावत् प्रत्येकं पूर्वाह्णतः पूर्वमेव गृहादात्मानं निह्नुवानाः संभृतगंभीर-नीरमुच्छलत्तरङ्ग-सङ्घनिर्ह्राद-विलीयमानकर्णं कालवर्णं कालियह्रदमेव निर्व्यतिरेकविवेकमन्तरेण भावान्तरेण भावयाम्बभूवुः ॥१११॥

अतएव ऐसी स्थिति में उन गोपियों के प्राकृतवरों के पिता आदि स्नेहीजनों के द्वारा, अपनी अपनी वधूओं को अपने अपने घर में लाने के लिये प्रार्थित, उनगोपियों के पितृवर्ग ने, उन पुत्रीरूप गोपियों के प्रति ससुर गृह में ले जाने के समाचार को नहीं सुनाया। केवल कान कान में आपस में ही वर्णन करने लग गये ॥१०७॥

और श्रीगर्गाचार्य के द्वारा तथा अनेक चेष्टाओं के द्वारा "इन हमारी कन्याओं के मन में तो केवल कृष्ण की ही तृष्णा है" ऐसे जानकर, प्राणों के नाश पर्यन्त की आशंका से उस काल्पनिक विवाह को भी उन कन्याओं के प्रति सहसा एवं साक्षात् प्रकाशित नहीं किया, फिर ऐसी अवस्थावाली उन कन्याओं का ससुराल में भेजना तो बहुत दूर रहा ॥१०८॥

तदनन्तर गोपियों के पिताओं ने विचारा कि, जैसे बालकपन से थोड़ा थोड़ा विष खाने वाले व्यक्ति को, अभ्यास के विस्तार के कारण वह सह्य हो जाता है, ठीक उसी प्रकार प्रथम प्राप्त बालकपन से लेकर, पूर्व पूर्व क्रम से प्राप्त विस्तार वाली परम्परा से, जैसे असह्य विवाह श्रवणरूप क्लेश को हम सबने सह लिया, उसी प्रकार क्रमानुसार कन्याओं के भेजने के कष्ट को भी दृढ़तापूर्वक सहना ही चाहिये। कन्याओं के पिताओं ने वरों के पिताओं को उसी प्रकार कान कान में ही इस समाचार को सुना दिया ॥१०९॥

किन्तु श्रीराधा आदि गोपियाँ तो उनकी बातों के श्रवणमात्र से परम व्याकुल हो गईं। जिसमें अत्यन्त कष्ट का विषय तो यह है कि, वे तो अपने जीवन को त्यागने के लिए निश्चय को प्राप्त हो गईं॥११०

देखो, पहले तो वे प्रत्येक ही पूर्वाह्ण काल से पहले ही घर से अपने को छिपाती हुईं, व्यभिचार शून्य विवेक के बिना, अर्थात् भिन्नता रहित ज्ञान के बिना, देह त्यागने की इच्छारूप भावान्तर से उस कालीय ह्रद पर पहुँच गईं, जो कि गंभीर नीर से भरा हुआ था, उछलते हुए तरङ्ग संघ के शब्द से कानों को पीड़ित कर रहा था, एवं स्वयं काले वर्ण का था ॥१११॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ ताः समस्ता एवाबलाः केवलतयाऽऽगता अपि समस्ता बभूवुः। परस्परमपरिचित-प्रायतया निवायन्ति स्म; पप्रच्छुश्च,—'का भवत्यः ?' इति। प्रचिते च परिचये तत्राव्रजन-प्रयोजनमप्यन्वयुङ्क्त ॥११२॥

"ततश्च समानवासना-वासित-मानस-व्यसन-शंसकदशन-वसनादि-रुचिविलोकनवलित-मिथःस्नेहादालिङ्गितकण्ठा मुक्तकण्ठमुत्कण्ठया स्फुटमेव रुरुदुर्विविदुश्च परस्परं हृदयम् ॥११३॥

"तदेवं कुलाङ्गनानामपि तासां स्वयमेव निष्कुलीकृतमनसामुत्कृष्टगुणतयाकृष्टसर्वनयना श्रीराधा तु स्वत एव मध्यमाधारतामापन्नातिकष्टतः प्रकटमेव निजनिश्चयमाविश्चकार ॥११४

"यथा—'यद्येतद्वपुरन्यसात्कृतमभूत् पित्रादिभिस्तर्ह्यदः
प्रेतग्रस्तमिवापि जीवदधिकं धिक्कारयोग्यं भवेत्।
धिक् चात्मानमहो यदेष सहतेऽप्येतस्य सङ्गापदं
तत्तीर्थाय बलाद्बलानुजकृते कर्तव्यमस्यार्पणम् ॥११५॥

'विस्तरमत्र चालं कृत्वा, यतः 'श्रेयांसि बहुविघ्नानि' इति नीतिनिघ्नतया नाति-विलम्बनमालम्बनीयम्' इत्युत्थाय ताभिः सह मिथो बद्धपाणितया पानीय-समीपं प्रस्थाय यमुनां प्रत्यञ्जलिं बलयन्ती साश्रुगद्गदमर्धोद्गतवर्णमुद्गदति स्म,—॥११६॥

तदनन्तर वे समस्त अवलायें कालीदह पर अकेली अकेली आकर भी सम्मिलित हो गईं। तथा आपस में प्रायः अपरिचित भाव से देखने लग गईं, और पूछने लगीं कि, आप कौन हैं ? क्रमशः परिचय बढ़ जाने पर वहाँ पर आने के प्रयोजन को भी परस्पर पूछने लग गईं ॥११२॥

तदनन्तर वे गोपियाँ समान वासना से वासित, मानसिक पीड़ा के कहने वाले ओष्ठ आदिकों की कान्ति के देखने से उत्पन्न, परस्पर के स्नेह से गले गले को आलिङ्गन करके, उत्कण्ठा के कारण गले को फाड़ फाड़ कर उच्चस्वर से रोने लग गईं, एवं परस्पर हृदय को भी जान गईं ॥११३॥

अतएव इस प्रकार कुलाङ्गना होकर भी, जब उन गोपियों के मन स्वयं ही कुल के त्यागने को तत्पर हो गये, अथवा जब उनके मानसिक भाव व्यक्त हो गये, तब अपने उत्कृष्ट गुणों के कारण, सबके नेत्रों को आकर्षित करने वाली श्रीमती राधिका ने तो स्वतः ही मध्यस्थ होकर, अति कष्ट से स्पष्ट ही अपने निश्चय को प्रकाशित कर दिया—॥११४॥

यथा—यदि यह मेरा शरीर पिता आदि आत्मीयजनों के द्वारा अन्यजन के अधीन कर दिया जायगा, तब तो प्रेत से ग्रसे हुए की तरह, यह जीता हुआ भी अधिक धिक्कार के योग्य हो जायगा। हाय ! हाय ! इस मेरे आत्मा को भी धिक्कार है, क्योंकि यह श्रीकृष्ण से भिन्नजन के सङ्गरूपी आपत्ति को सहन करेगा। इस-लिये मुझको बलपूर्वक श्रीकृष्ण की प्राप्ति के उद्देश्य से, इस शरीर को श्रीयमुना आदि तीर्थ के लिए, अर्पण कर देना चाहिये ॥११५॥

इस विषय में विस्तार से प्रयोजन नहीं है, क्योंकि "शुभ कर्म बहुत से विघ्नों से युक्त हुआ करते हैं" ऐसी नीति के अधीन होने के कारण, अति विलम्ब का अवलम्ब नहीं लेना चाहिये। इस प्रकार कहकर, स्वयं उठकर, उन सखियों के साथ हाथमें हाथ मिलाकर, जल के पास जाकर, श्रीयमुनाजी के प्रति अञ्जलि करती हुई श्रीराधिका, अश्रुधारापूर्वक गद्गद स्वर से, तथा आधे वर्ण ही जिसमें गले से बाहर निकल रहे हैं, ऐसे उच्च स्वर से, यों कहने लगी कि—॥११६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'गोष्ठक्ष्मापतिदंपती श्वशुरतां रामानुजः स्वामितां
वृन्दारण्यमिदं सदापि भजतामारामतां नः परि ।
याः स्नेहाद्व्यतिबद्धहस्तमभितः कालिन्दि मग्ना भवत्-
पानीयान्तरमूर्भजन्तु सखितां त्वामाश्रितास्तद्वयम् ॥'११७॥

"अथ सहायान्तराण्यपि ताभिस्तदन्तरायानि यथा—तदेवममूमनु पुनरमूरसाधारण-बाधानामाधारतया प्राणधारणायां तु धुतकारणा ह्रदमगाधजलं बलमानाः प्रति प्रथिता-काशवाणी प्रत्यावर्तयितुं प्रत्याशां वर्धयामास ॥११८॥

"अहह गोपसुताः सहसाहसं, न सहसा कुरुतापुरुबुद्धयः ।
शृणुत वः प्रतिकूलकुसङ्गति,-र्न भविता न भवेन्न भविष्यति ॥११९॥

"तदेवम्—विहरावग्रहक्लिष्टा गोपीभूमिसरोजिनीः ।
कृत्वा गीःसुधया सिक्ता देवाब्दास्त्रिदिवं ययुः ॥१२०॥

"ततश्च विस्मयफुल्लविलोचनतया व्यतिविलोकमानासु तासु सूरजापूरतः काप्यदूरतः समेत्य श्रीराधामुपेत्य सर्वाश्चाहूय स्वयं विभूय तत्तद्गात्रं गृहीत्वा पात्रं मोचयितुमीहित्वा तीरं प्रतीरयामास ॥१२१॥

हे कालिन्दि ! हमारी तुमसे यही प्रार्थना है कि, श्रीव्रजेश्वरी (यशोदा) एवं श्रीव्रजराज (नन्द) ही हमारे सास ससुर हो जायँ, श्रीकृष्ण ही स्वामी हो जायँ, एवं यह श्रीवृन्दावन ही सदैव हमारा उपवन वन जाय । और जो स्नेह के कारण आपस में हस्त धारणपूर्वक चारों ओर से, आपके जल के मध्य में निमग्न हो रही हैं, वे सारी सखियाँ परस्पर में मित्र भाव को प्राप्त हो जायँ । इसीलिए हमने तुम्हारा आश्रय लिया है ॥११७॥

तदनन्तर इसी के बीच में उन डूबती हुई गोपियों को दूसरी सहायतायें भी मिल गईं, यथा—इस प्रकार राधिका का अनुसरण करके ये सब सखियाँ असाधारण बाधाओं की आधार होकर भी, अर्थात् इनके प्राण गँवाने में विशेष बाधाओं के उपस्थित होने पर भी, प्राण धारण के विषय में सब कारणों को ठुकरा कर, जब वे अगाध जल वाले कालीयह्रद में डूबने को तत्पर हो गईं, तब उनके प्रति प्रसिद्ध आकाशवाणी ने ह्रद प्रवेश से लौटाने के लिये, प्रत्याशा को बढ़ा दिया, यथा—॥११८॥

अहह ! हे गोपकन्याओ ! तुम सब मिलकर हठपूर्वक ऐसा साहस मत करो । ऐसा करने से तो तुम अल्पबुद्धि प्रतीत होती हो । देखो ! तुम श्रवण करो । तुम्हारे लिये श्रीकृष्ण से भिन्न अन्य प्रतिकूल जनकी कुसंगति कदापि नहीं होगी, नहीं होगी, एवं होने की संभावना भी नहीं है ॥११९॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण के विरहरूप अनावृष्टि के द्वारा दुःखित, गोपीरूप स्थलकमलिनियों को, वाणी-रूप अमृत से अभिषिक्त करके, देवतारूपी मेघगण स्वर्ग को चले गये ॥१२०॥

तदनन्तर विस्मय से प्रफुल्ल नेत्र होकर, जब वे गोपियाँ परस्पर दर्शन करने लग गईं, तब श्रीयमुनाजी के प्रवाह से पास में ही कोई अनिर्वचनीय देवी ने उपस्थित होकर, श्रीराधिका के पास जाकर, सबको बुलाकर स्वयं अनेक रूप से प्रगट होकर, उन उन गोपियों के गात्र को पकड़कर, यमुना के मध्य भाग को छुड़ाने के लिए चेष्टा करके, उनको तीर के प्रति प्रेरित कर दिया ॥१२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सा हि फुल्लेन्दीवरसुन्दरी स्वयमेव कालिन्दी । तया च तीरमानीतासु तासु वृन्दया कथिततत्तद्वृत्तवृन्दया मधुमङ्गलेन च वाञ्छिततद्वृत्तमङ्गलेन सहिता परमहिता महिता पूर्णिमा च तूर्णमेवागता । ततः प्रतिस्वं तरुमात्रावलंबनगात्रतया निश्चेतनवत्-कृत-केतना व्रजनिकेतनाङ्गनाः सालिङ्गनसम्बोधनपूर्वं गीर्वाण-वर्णितवाणीवदेव वदमाना तत्रानुवद-मानाभ्यां वृन्दा-कालिन्दीभ्यां सार्धं बोधयामास ॥१२२॥

'बोधयित्वा च पुनर्भणति स्म,—'परममसृणमतीनां भवतीनां कथमेतावती कर्कशता जाता ? ॥१२३॥

'वस्तुतस्तु—चन्द्रो न हतकलङ्कः, क्वचिदपि न कलङ्कि वक्त्रं वः ।
चन्द्रो मुहुरपि नश्यति, नश्यति नहि वर्ष्म युष्मदीयं तु ॥१२४॥

'किञ्च, तिसृभिरप्यस्माभिरपरोक्षं परोक्षमपि तथा साहाय्यं कार्यम्, यथा कृष्णमात्र-पतिगतीनां भवतीनां नानभीप्सितपुरुषशय्यायोगः स्यात् ॥१२५॥

'अथवा तद्विषयकस्य भावमात्रस्य स एष प्रभावः, किमुत भवद्विधानां महाभावस्य ? यं खलु गोपवर्ग-नृपतिं प्रति गर्गः प्रतिज्ञातवान्, (भा१०।८।१८)—

उनको प्रेरित करने वाली वह देवी स्वयं कालिन्दी (यमुना) ही थी, जो खिले हुए नीलकमल के समान सुन्दर थी । उस यमुना के द्वारा जब वे गोपियाँ तीर पर पहुँचा दी गईं, तब उन गोपियों के समस्त वृत्तान्त को कहने वाली वृन्दा के सहित, एवं उन गोपियों के वृत्तान्त के मङ्गल की कामना वाले मधुमंगल के सहित, परमहितैषिणी पूज्या श्रीपौर्णमासी शीघ्र ही आ गईं । और उसके बाद प्रत्येक ही अपने अपने गात्र से वृक्ष मात्र का आश्रय लेने के कारण जो अपने अपने शरीर को अचेत बनाकर खड़ी हुई हैं, ऐसी उन व्रजवासिनी बालाओं को आलिङ्गन एवं सम्बोधनपूर्वक, देवोक्त वाणी की तरह कहती हुई पौर्णमासीजी, वहाँ पर परस्पर अनुवाद करने वाली वृन्दा एवं कालिन्दी के साथ उनको समझाने लग गईं ॥१२२॥

और समझाकर पुनः बोली कि, अरी गोपियो ! तुम्हारी बुद्धि तो बड़ी कोमल थी, तब इतनी कठोरता तुममें कहाँ से उत्पन्न हो गई ? ॥१२३॥

वस्तुतस्तु देखो, चन्द्रमा कभी भी निष्कलङ्क नहीं है, किन्तु तुम्हारा मुख कहीं भी कलङ्कित नहीं है । चन्द्रमा बारंबार नष्ट हो जाता है, किन्तु तुम सबका शरीर नष्ट नहीं होता ॥१२४॥

और देखो, हम तीनों ही जनी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष में भी, तुम्हारी उस प्रकार से सहायता करेंगी कि, जिस प्रकार एकमात्र श्रीकृष्ण ही पति एवं गति हैं जिनके, ऐसी तुम सबको श्रीकृष्ण से भिन्न अवांछित पुरुष की शय्या का संयोग न हो सके ॥१२५॥

अथवा श्रीकृष्ण विषयक भावमात्र का ही ऐसा प्रभाव है, फिर तुम्हारे जैसे व्यक्तियों के महाभाव के प्रभाव का तो कहना ही क्या है ? देखो, जिस महाभाव को लक्ष्य करके गोपराज श्रीनन्द के प्रति श्रीगर्गाचार्य ने प्रतिज्ञा की है कि, हे नन्दजी ! जो मानव महाभाग्यशाली इन श्रीकृष्ण में प्रीति करते हैं या करेंगे,उनके शत्रु उनका तिरस्कार इस प्रकार न कर पायेंगे, जैसे कि विष्णु के पक्षपाती देवताओं को असुर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'य एतस्मिन् महाभागे प्रीतिं कुर्वन्ति मानवाः। नारयोऽभिभवन्त्येतान् विष्णुपक्षानिवासुराः॥' इति। तस्मात् परमशुभवत्यः स्वयं भवत्यः पुनरत्र चिन्तां न कुर्वन्तु, किन्तु गुरु-वशंवदतया वदमानाः शमासीदन्तु' इति ॥१२६॥

"एवं तस्यां सान्त्वयन्त्यां तमाल,-स्याधःस्थात्री हेमगात्री ततिः सा।
न्यञ्चद्वक्त्रा वाष्पनेत्रा तदीयां, पत्रश्रेणीं मार्जयन्त्येव तस्थौ ॥१२७॥

"तदेवं सानुव्रजनमात्मनः परिरभ्य ताः कृतप्रस्थितीरुपलभ्य तदुपदेशं विश्रभ्य सद्यः समुद्यन्तीं कृष्णाऽवलोकतृष्णां प्रतिलभ्य हस्तग्रहग्रहिलमहिलाभिः साहचर्यमाचर्य प्रच्छन्नवर्त्मना निष्प्रत्यूहनिगूहमानाङ्गं निजनिजाङ्गणसमीपवनं श्रीराधादयः समाजग्मुः ॥१२८॥

"तद्दिनतश्च,—विशाखा-ललितामुख्याः श्रीराधासख्यमैयरुः।
पद्मा-शैव्यादयश्चन्द्रावलेरित्यादि गम्यताम् ॥१२९॥

"तदेतदवधिका मुहुरधिका सहायतायाः सहायता तासु कृष्णतृष्णानिरतासु नाश्चर्या ॥१३०॥

"यतः साधारणस्यापि—
साहायकं सुविधिरिच्छति यस्य कर्तुं, तस्यानुकूलनिचितं युगपच्चिनोति।
नानाग्रहर्क्षशकुनामरमानवास्तद्, राज्यादिलब्धिसमये ह्युदयन्ति भव्याः॥"इति॥१३१॥

तिरस्कृत नहीं कर पाते। इसलिए हे गोपियो! तुम सब तो स्वयं ही परम शुभ से युक्त हो, अतः तुम सब इस विषय में चिन्ता न करो। किन्तु माता पिता आदि गुरुजनों के अधीन होकर, यत्नपूर्वक बोलती हुई कल्याण को प्राप्त करो ॥१२६॥

श्रीपौर्णमासी जब इस प्रकार सान्त्वना दे रही थीं, तब तमाल वृक्ष के नीचे खड़ी हुई, सुवर्ण के समानगात्र वाली, नीचे मुखवाली, सजलनयनों वाली वह गोपियों की श्रेणी, उस तमाल वृक्ष की पत्र श्रेणी को ही मार्जित करती हुई, अर्थात् अपने हाथों से पोंछती हुई एकटक खड़ी रह गई ॥१२७॥

अतः पश्चात् इस प्रकार अनुगमनपूर्वक अपने को आलिङ्गन करके प्रस्थान करती हुई उन पौर्णमासी, वृन्दा एवं यमुना को देखकर, उनके उपदेश में विश्वास कर, शीघ्र उत्पन्न होती हुई श्रीकृष्ण के दर्शन की तृष्णा को जानकर, आपस में हस्तग्रहण करने के आग्रह से युक्त महिलाओं के साथ मित्रता करके, श्रीराधा आदि गोपियाँ गुप्त मार्ग से, निर्विघ्नता के कारण अपनी अपनी सखियों के अङ्गों का आलिङ्गन करती हुईं, अपने अपने आँगन के समीप के वन में आ गईं ॥१२८॥

उसी दिन से विशाखा, ललिता आदि गोपियाँ श्रीराधा की मित्रता को प्राप्त हो गईं, अर्थात् श्रीराधा की सखी बन गईं। तथा पद्मा, शैव्या आदि गोपियाँ चन्द्रावली की सखी हो गईं, इत्यादि रहस्य जानना चाहिये ॥१२९॥

इसलिए उस समय से लेकर, बारंबार सहायता समूह की अधिक सहायता का होना, श्रीकृष्ण की तृष्णा में निरत उन गोपियों के पक्ष में कोई आश्चर्यजनक नहीं है ॥१३०॥

क्योंकि जिस साधारण जन की भी सुन्दर दैव सहायता करना चाहता है, तो उसकी अनुकूलता के समूह को एक साथ एकत्रित कर देता है। इसीलिये उसके राज्य आदि प्राप्ति के समय में शुभप्रद अनेक प्रकार के ग्रह, नक्षत्र, सगुन, देवता एवं मंगलमय ब्राह्मण आदि उदित हो जाते हैं ॥१३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"प्रस्तूयमानं तु श्रूयताम्,—"अथ मधुमङ्गलं सङ्गिनं विधाय पूर्णमनाः पूर्णिमा वृन्दया सह सहसा हरि-समीपमाससाद ! भानुतनूजानुभावित-भाविभावविशेषश्लेषा समीपतः स्वागमनमपह्नुतवती। पथि पुनरिदं प्रच्छन्नं पप्रच्छ,—'वृन्दे ! व्रजेन्द्रनन्दनस्य प्रेम किमासु वर्तते ?' ॥१३२॥

"वृन्दाह,—'अथ किम् ? किन्तु निगूढम्।' यमुनाह,—'एतासान्तु स्पष्टमद्य दृष्टम्।' वृन्दाह,—'तच्च दशमदशावशादेव।' यमुनाह,—'तर्हि किं पारस्परिकं तत् परस्परं न जानते ?' वृन्दाह,—'यदपि तथा निगूढम्, तथापि विक्रियां विना प्रेम कथं ध्रियताम् ? सत्यां च विक्रियागत्यां परस्परं दुरपह्नव एव नवनवानुरागः कथमाव्रियताम् ? ॥१३३॥

'यतः, तमाला वक्षोजप्रभघुसृणमुद्रालिवलिता
नखाङ्क-श्रेणीभिः शबलितदलाश्चम्पकलताः।
सरोजानि श्यामान्युत कनकवर्णान्यधरज-
द्रवाण्येवं वन्याप्युभयरतिमत्र प्रथयति ॥'१३४॥

"तदेवं संपृच्छ्य प्रच्छन्नायां यमुनायां वृन्दामधुमङ्गलपूर्णपार्श्वा पूर्णिमा हरेरभ्यर्णमाजगाम। आगम्य च विरहताप-निर्वापणाय क्वचिदेकान्ते नितान्तकान्तचन्द्रकान्तशिला-मध्यमध्यासीनं परमध्यानवन्तं तमन्तर्मनसं सन्तं निध्यातवती। तस्मात् प्रच्छन्ना चेदं सगद्गदमाकलितवती,—॥१३५॥

अब प्रस्तावित विषय का श्रवण करो। तदनन्तर मधुमंगल को संगी बनाकर, पूर्ण मनवाली पौर्णमासी, वृन्दादेवी के साथ सहसा श्रीकृष्ण के पास आ गईं, तथा विचार लिया है भावी भावविशेष का संयोग जिसने, ऐसी यमुनादेवी पास में आकर, अपने आगमन को छिपाती हुई, मार्ग में गुप्तरूप से पुनः यह पूछने लगी कि—हे वृन्दे ! इन श्रीराधा आदि गोपियों में श्रीव्रजराजकुमार का प्रेम है क्या ? ॥१३२॥

वृन्दा बोली—और क्या ? है तो सही। किन्तु अत्यन्त गुप्त। यमुना बोली—इन गोपियों के प्रेम को तो आज मैंने स्पष्ट ही देख लिया। वृन्दा—वह भी दशमीदशा (मूर्च्छा) के कारण ही देख लिया। यमुना—तो क्या पारस्परिक उस प्रेम को वे गोपियाँ एवं श्रीकृष्ण परस्पर भी नहीं जानते हैं ? वृन्दा—यद्यपि गुप्त है, तथापि विकार के बिना प्रेम कैसे रह सकता है ? और विकार के उपस्थित होने पर, परस्पर में अत्यन्त कष्ट से छिपाने योग्य, नया नया अनुराग कैसे छिपाया जा सकता है ? दोहा—प्रेम छिपाये ना छिपै, हो ही जात प्रकाश। दाबे दूबे ना दबै, कस्तूरी की वास ॥१३३॥

क्योंकि देखो ! ये तमाल वृक्ष स्तनों की प्रभा से युक्त कुंकुम के चिह्नों से चिह्नित हैं। ये समस्त चम्पक लतायें नखों की चिह्न श्रेणी द्वारा मिश्रित पत्रोंवाली दिखाई देती हैं। तथा सभी कमल श्यामवर्ण के, एवं अधरों से जायमान समस्त द्रव द्रव्य सुवर्ण के से वर्ण के दिखाई देते हैं। इस प्रकार यह वन समूह भी, इस स्थान पर श्रीकृष्ण-गोपीरूप दोनोंजनों के प्रेम को प्रकाशित कर रहा है ॥१३४॥

इस प्रकार पूछकर श्रीयमुनाजी के अन्तर्हित हो जाने के बाद, वृन्दा एवं मधुमङ्गल को बगल में लेकर पौर्णमासी श्रीकृष्ण के निकट आगईं, और आते ही, श्रीराधा आदि गोपियों के विरह से जायमान सन्ताप को दूर करने के लिये, कहीं एकान्त स्थान में, अत्यन्त रमणीय चन्द्रकान्त शिला के बीच में बैठे

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'दोषाकरः स दोषा,-कर एव न चात्र सन्देहः ।
कमलं खल्वपि कमलं, राधावदनं तु शर्मगां सदनम् ॥'१३६॥

"तदेवं मुहुर्मोहमूहमाना शनैरुपसृत्य तदादृत्य ताः कृतकृत्यम्मन्या सात्रमाशीःसहस्रेणेदं श्रावितवती,—॥१३७॥

'विद्यते दुर्लभं किं ते विन्ते तद्यद्भूवानपि ।
अवश्यवश्यतां यस्य पश्य लब्धास्तु मद्विधाः ॥'१३८॥

"कृष्णस्तु प्रेमपुषितेन घुषितेन तेन वाक्येन स्पष्टमपि तेषामिष्टमपि निजभावमस्तरिष्टं सज्जातानां लज्जा केवलं बलाय सज्जतीति ॥१३९॥

"अथ कमललोचने सादर-दरसङ्कोचलोचन-निकोचतया कृतरोचने सा सप्ररोचनमवोचत,—'अयं मधुमङ्गलनामा स्वयं स्वसङ्गम-मङ्गलसङ्गेन सङ्गमनीयः' इति तत्पाणी समानीय हरिपाणी प्रति समर्पणीयतया प्रणीतवती ॥१४०॥

"हरिरपि 'स्वविहारसुखसारसमुपहार एवायम्' इति तमनुसन्धाय प्रेमबन्धाय

हुए, परम ध्यान मग्न, एवं दुःखित मनवाले श्रीकृष्ण को देखा। इसीलिये गुप्त होकर, अर्थात् श्रीकृष्ण के पासवाली लता की ओटक में होकर गद्गद वाणी से यह बोली कि— ॥१३५॥

वह दोषाकर, अर्थात् चन्द्रमा निश्चय ही दोषों का आकर (खजाना) है। इस विषय में अणुमात्र भी सन्देह नहीं है। कमल भी निश्चित रूप से क मल ही है, अर्थात् जल का मल ही है। किन्तु श्रीराधिका का मुखारविन्द तो सुखों का घर ही है ॥१३६॥

इस प्रकार कहकर बारंबार मोह की तर्कना करती हुई धीरे धीरे निकट जाकर, एवं श्रीकृष्ण के आदर के कारण उन गोपियों को कृतार्थ मानती हुई, पौर्णमासी ने सजल नयन हो, हजारों आशीर्वादों के सहित यह वाक्य सुनाया कि— ॥१३७॥

हे कृष्ण ! आप जिस वस्तु के पाने का विचार कर रहे हो, वह क्या आपके लिये दुर्लभ है ? क्योंकि देखो तो सही। हम जैसे शक्तिशाली जन भी आपकी निश्चितवश्यता को प्राप्त हो गये हैं ॥१३८॥

श्रीकृष्ण ने तो प्रेम द्वारा परिपुष्ट, शब्दों के द्वारा घोषित उस पूर्वोक्त वाक्य से उन पौर्णमासी, मधुमङ्गल आदिकों को स्पष्ट ही इष्ट (अभिलषित) होने पर भी, अपने भाव को आच्छादित, अर्थात् गुप्त कर लिया। क्योंकि सज्जनगणों की लज्जा केवल अपनी वृद्धि के लिये हो जाती है ॥१३९॥

तदनन्तर आदर के सहित किंचित् संकुचित नेत्रों के मुद्रित भाव के द्वारा, कमलनयन श्रीकृष्ण ने जब अपनी अभिलाषा प्रकाशित कर दी, तब पौर्णमासी उत्साह प्रदर्शनपूर्वक बोली कि—इस मधुमंगल नामक विदूषक सखा को अपने संगमरूप मंगल समूह के सहित स्वयं संगत कर लो। इस प्रकार कहकर मधुमंगल के दोनों हाथों को लेकर श्रीकृष्ण के दोनों हाथों के प्रति समर्पण भाव से उसने प्राप्त करा दिया ॥१४०॥

श्रीकृष्ण ने भी "यह व्यक्ति निज विहार सुख के सारभाग को देनेवाला है" इस विचारपूर्वक उसका अनुसन्धान करके, प्रेमरूपी बन्धन के लिये इशारा करते हुए उसका आलिङ्गन किया। मधुमङ्गल ने भी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्फुरदिङ्गितमालिङ्गितवान् । सोऽपि तं किल विलक्षणमश्लिक्षद्यत्र चाश्लिषन्मिथः पुलककुलम् ॥१४१॥

"तदेवमुपतिष्ठमानतया द्वयोरप्येकनिष्ठतायां जातायां पुनर्वृन्दावनचन्द्रमा वृन्दां निर्वर्ण्य पूर्णिमां प्रति वर्णयामास,—'केयं भवतीमनुवर्तमाना वर्तते ?' ॥१४२॥

"पौर्णमासी सस्मितमुवाच,—'किमियं न परिचीयते भवता ?' श्रीकृष्ण उवाच,—'नूनं यन्नाम्ना वनमिदं धाम्ना समाम्नातमस्ति, सैवेयमनुमेया ।' पूर्णिमा तु स्मितपूर्णवदनं तामवादीत्,—'नाद्यावधि कथमस्य विद्यमाना बभूविथ?' श्रीकृष्णः सस्मितमुवाच,—'अपरिचिता न स्वयं मिलनाय समुचितायते ।' पूर्णिमाथ वृन्दामूचे,—'भवतु चेतः परं भवती सचेतः सर्वदास्य दास्यमिवाचरन्ती चरिष्यति ।' ॥१४३॥

"अथ साश्रुवृन्दां वृन्दां प्रणमन्तीमेव रमारमणस्तु वनमालया पुरस्कुर्वन् वनमालया पुरश्चकारेति गमयामास ॥१४४॥

"तदनु च व्यञ्जितनिजसुखासङ्गनया पूर्णिमावृन्दयोर्वाचारङ्गनया चिराद्विराजमानः पुनर्गताभ्यां तयोर्लब्धमहासहायतामहसा बृंहितमना महामनाः स तु पुरुषसिंहः सह गच्छतस्तत एव मधुमङ्गलतः कालियह्रदसङ्गतं प्रेयसीप्रसङ्गं श्रवसि सङ्गमयन् सखिसङ्गं सङ्गति स्म । स तु प्रसङ्गः सङ्गम्यते,—॥१४५॥

सत्य ही विलक्षण भाव से आलिङ्गन किया । जिस आलिंगन में दोनों के रोमाञ्च भी आलिंगन करने लग गये ॥१४१॥

अतः इस प्रकार मित्रता हो जाने के कारण, दोनों का ही एकसा भाव हो जाने के बाद, वृन्दावन-चन्द्र श्रीकृष्ण वृन्दा को देखकर, पौर्णमासी के प्रति वर्णन करने लगे कि— ॥१४२॥

आपका अनुगमन करनेवाली यह रमणी कौन है ? पौर्णमासी मुस्क्याकर बोली—क्या आपके साथ इसका परिचय नहीं है, अथवा आप इसको नहीं पहचानते क्या ? श्रीकृष्ण बोले—जिसके नाम से यह वन प्रभाव से पूर्ण होकर विख्यात है, निश्चय ही यह रमणी वही है, ऐसा अनुमान करने योग्य है । पौर्णमासी मन्दहास परिपूर्ण मुख से वृन्दा को बोली—अरी ! आज तक तू श्रीकृष्ण के पास क्यों उपस्थित नहीं हुई ? श्रीकृष्ण मन्दहास पूर्वक बोले—जो रमणी अपरिचित है, उसको स्वयं मिलने के लिये उपस्थित होना उचित नहीं । तब पौर्णमासी वृन्दा को बोली—अच्छा, जो हुआ सो हुआ । इससे आगे तू मन के सहित सदैव श्रीकृष्ण के दास्यभाव का सा आचरण करती हुई विचरण करेगी ॥१४३॥

तदनन्तर अश्रुप्रवाह के सहित प्रणाम करती हुई वृन्दा को, अपनी प्रसादी वनमाला के द्वारा पुरस्कृत करते हुए श्रीराधावल्लभ ने वनश्रेणी के द्वारा अग्रसर कर दिया, अतः उधर जाने के लिये प्रेरित कर दिया ॥१४४॥

उसके पश्चात् व्यंजित की हुई अपनी सुख की आसक्ति के कारण, पौर्णमासी एवं वृन्दादेवी की वाक्य रचना के द्वारा, श्रीकृष्ण बहुत देर तक देदीप्यमान होकर, पुनः उन दोनों देवियों के चले जाने पर, प्राप्त हुई महती सहायता के तेज से प्रफुल्ल चित्तवाले, उदारचेता वे पुरुषसिंह श्रीकृष्ण तो, अपने साथ जाते हुए मधुमङ्गल के द्वारा ही, कालीयह्रद पर बीते हुए अपनी प्रियतमा गोपियों के प्रसंग को, कानों में सुनते सुनते अपने मित्रसंघ के पास चले गये । वह प्रसंग भी विस्तारित किया जाता है, यथा— ॥१४५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'कस्मादागान्मुनीशा फणिह्रदवलयात्तत्र किं राधिकाद्या
हेतौ कस्मिंस्तमेतन्मम तु कथयतो रुध्यते हन्त कण्ठः ?
हा धिक् किं किं विधाता कुशलितमकरोदेव किं यावदेवं
सिध्येदित्थं स तेन व्यतिकथिततया व्यश्वसीन्नचश्वसीच्च ॥'१४६॥

"पुनश्च श्रीकृष्ण उवाच,—'भगवत्याः पुरतः किमपि ताभिरुक्तम् ?' मधुमङ्गल उवाच,—'नहि नहि, किन्तु सा सुमुखी-ततिरधोमुखीभवन्ती सन्तीव्रलोचनजलस्खलनतस्तलं सिञ्चन्ती तमालमपि तं म्लापयामास ॥१४७॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'अथ तासां मनोरथपथः किमवगतः ?' मधुमङ्गल उवाच,—'अथ किम् ?' श्रीकृष्ण उवाच,—'कथमिव ?' मधुमङ्गल उवाच,—'ताभिर्मुहुरपि भवतः सवर्णस्य तमालस्यावलोचनरचनेन।' श्रीकृष्ण उवाच,—'विशेषेण चेत् कथ्यताम् ।' मधुमङ्गल उवाच,—'कालिन्दी-वचनेन च, यतस्तां प्रविशन्तीनां तासामिमां काकुमाकुलीभवन्ती पश्चादस्मासु सानुकृतवती; यथा (१।१५।११७)—'गोष्ठक्ष्मापतिदम्पती' इत्यादि ।' श्रीकृष्णः सगद्गदमुवाच,—'आगच्छ गच्छाव तावत् सखि-सङ्घम्' इति ।" ॥१४८॥

श्रीकृष्ण मधुमंगल से पूछने लगे कि—पौर्णमासीदेवी कालीयह्रद के तट से मेरे पास किस कारण से आई थी ? वहाँ पर श्रीराधिका आदि अभी भी विद्यमान हैं क्या ? मधुमंगल बोला—हाय ! भैया कृष्ण ! इस प्रसंग को कहते हुए मेरा गला, न जाने किस कारण रुकता जाता है। श्रीकृष्ण बोले—हाय ! धिक्कार है। विधाता ने क्या क्या कार्य कुशलता युक्त किया ? और यह कार्य कहाँ तक सिद्ध होगा ? इस प्रकार श्रीकृष्ण ने मधुमङ्गल के साथ कथनोपकथन करते हुए विश्वास किया, एवं खेद से लम्बा श्वास भी लिया ॥१४६॥

श्रीकृष्ण पुनः बोले—भगवती पौर्णमासी के आगे उन गोपियों ने कुछ कहा भी ? मधुमङ्गल बोला—ना, ना। किन्तु उस सुमुखी श्रेणी ने अधोमुख होकर, प्रबल वेग से नेत्र जल गिरने के कारण, भूतल को भिजाते हुए, उस तमाल वृक्ष को भी मलिन कर दिया ॥१४७॥

श्रीकृष्ण बोले—अच्छा, तो उन गोपियों के मनोरथ की गति को तुमने जान लिया है क्या ? मधुमंगल बोला—और क्या ? अर्थात् अवश्य जान लिया है। श्रीकृष्ण—किस प्रकार ? मधुमङ्गल—उन्होंने आपके समान वर्णवाले तमाल वृक्ष को, बारंबार देखा था इसी कारण से जान लिया। श्रीकृष्ण—यदि उनका मनोरथ जान लिया है तो विशेषता पूर्वक कहो। मधुमङ्गल—यमुनाजी के वचन से भी जान लिया है। क्योंकि यमुनाजी में प्रवेश करती हुई उन गोपियों की, शोक के कारण इस कातर वाणी को स्वयं सुनकर, पश्चात् व्याकुल होकर, उस यमुनादेवी ने हमारे प्रति अनुकरण करके सुना दिया है। यथा—"श्रीव्रजराज एवं व्रजरानी ही हमारे सास ससुर हों" इत्यादि पूर्वोक्त श्लोक से जान लेना चाहिए। श्रीकृष्ण गद्गद होकर—अच्छा, तो आइये। हम तुम दोनों मित्रवर्ग के पास चलें ॥१४८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ मधुकण्ठः सोत्कठं पप्रच्छ,—ततस्तासां का मतिर्जाता ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—ततश्च व्रजसुन्दरीणामुन्मनस्तया धर्मत्रस्ततया च महती मनःकथा जाता; यथा—

'ननु यद्येवमुन्मनस्ताग्रस्ता धर्मरक्षणार्थमक्षमासि,तर्हि प्रत्यासन्न एव धर्मत्यागः, तत्राह—

धर्मस्त्याज्यः कथमतितरां लोकयुग्माभिनन्दी

'तर्हि लोक एव त्याज्यः, तत्राह—

लोकस्त्याज्यः कथमतितुलप्रार्थितार्थस्य धारी ।

'ननु तर्हि तेन चार्थेन किम् ?, तत्राह—

अर्थस्त्याज्यः कथमयमथ प्राणरक्षाधिकारी

'नन्वेतावति सङ्कटे प्राणत्याग एव त्राणदः, तत्राह—

प्राणस्त्याज्यः कथमिव न सा लालसा मां जहाति ॥'१४९॥

"क्षणं शून्यमिव स्थित्वा प्रतिस्वं पुनः स्वगतमूचुः,—

'हन्त तातजननी-कुलं कुलं, चान्यदाक्षिपतु मां यथा तथा ।
कृष्ण-रागरुचिरा मतिः कथं, जातु यातु रुचिमन्यभावितम् ॥१५०॥

"पुनश्चिन्तायामपि सोद्वेगमूचुः,—

'निद्रा मम सुखदालि,-र्या तस्य स्फूर्तिविस्मृती दत्ते ।
तामपि चिन्ताक्रव्याद्, वृद्धा शश्वद्बलाद्ग्रसते ॥'१५१॥

तदनन्तर मधुकण्ठ ने उत्कंठापूर्वक पूछा कि—उसके बाद उन गोपियों की क्या बुद्धि हुई ? स्निग्धकण्ठ बोला—तदनन्तर व्रजसुन्दरीयों के व्याकुल होने के कारण, तथा धर्म से भयभीत होने के कारण, मन की लम्बी चौड़ी कथा हो गई । यथा—अपने अपने मन में स्वयं प्रश्नोत्तर करती हुई श्रीराधा आदि बोलीं कि—यदि इस प्रकार मानसिक रोग से ग्रस्त होकर, तू धर्म की रक्षा के लिये असमर्थ है, तब तो धर्म का त्याग पास में ही है । उस विषय में प्रश्न करती हुई बोली, प्र०—दोनों लोकों में प्रशंसनीय धर्म एकदम कैसे त्यागा जा सकता है ? उ०—तब तो लोक ही त्याग दो, अर्थात् संसार को ही त्यागना उचित है । प्र०—अतुलनीय प्रार्थित वस्तुओं को धारण करनेवाला संसार कैसे त्यागने के योग्य है ? अच्छा, यदि ऐसा है तो उस अर्थ से ही क्या प्रयोजन है ? प्राणों की रक्षा का अधिकारी यह अर्थ किस प्रकार त्याग दिया जाय ? उ०—अच्छा, तो इतने संकट में प्राणों का त्याग ही रक्षा करनेवाला है । प्र०—प्राण ही किस प्रकार त्याग दिये जायँ ? उ०—क्योंकि (श्रीकृष्ण से मिलन की) वह लालसा तो मेरा पिण्ड नहीं छोड़ती है ॥१४९॥

क्षणभर शून्य की तरह ठहरकर, पुनः प्रत्येक गोपी अपने अपने मन में बोली—हाय ! मेरे माता-पिता का कुल, या अन्य कोई कुल, मुझे चाहे जैसे आक्षेप लगाये, अथवा मेरा तिरस्कार करे, किन्तु श्रीकृष्ण सम्बन्धी अनुराग के कारण, सुन्दर मेरी बुद्धि, दूसरे के द्वारा चिन्तित अभिलाषा को, कभी किसी प्रकार भी प्राप्त हो सकती है ? अर्थात् कदापि नहीं ॥१५०॥

पुनः चिन्ता में भी उद्वेगपूर्वक बोलीं—निद्रा ही मेरी सुखदायिनी सखी है, जो कि श्रीकृष्ण की स्फूर्ति एवं विस्मृति को देती रहती है । किन्तु किया क्या जाय ? क्योंकि क्रमशः बढ़ी हुई चिन्तारूपी राक्षसी तो, उस निद्रा को भी बारंबार बलपूर्वक ग्रस लेती है ॥१५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्य च तथा वचनम्, यथा—

'रे रे चित्त ! प्रणयमयता-पारतन्त्र्यं किमेषि
त्वं तत्रापि व्यसनि यदि वा धर्मतस्तत् प्रयाहि ।
हंहो किंवा परगृहजुषां भाविनीनां च भावे
लग्नं मग्नं भवसि बहुधा प्रोज्झ्य तत्तद्विचारम् ॥'१५२॥

"तदेवमभिध्याभ्रमाभिध्यानतः कथं कथमपि क्षपितेषु तेषु दिनेषु व्रजवासिनां सम्भ्रमेण जातव्युत्क्रमे धेनुकवधविक्रमेडितवासरे प्रेयसा सह चमूरूदृशामुषां परस्परमतिरम्यं सम्यग्दर्शनमासीत् ॥१५३॥

"तत्र तु,—तासां नित्यप्रेयसीनां मुरारे,-र्जन्मन्यस्मिन् विस्मृतात्मस्थितीनाम् ।
शोभा तस्य स्मारयन्तीव तत्त्वं, धर्मत्रासं द्राङ्मुहुर्लुम्पति स्म ॥१५४॥

"तथा च वर्णितं श्रीबादरायणिना, (भा०।१०।१५।४३)—

'पीत्वा मुकुन्दमुखसारघमक्षिभृङ्गै,-स्तापं जहुर्विरहजं व्रजयोषितोऽह्नि ।
तत्सत्कृतिं समधिगम्य विवेश गोष्ठं, सव्रीडहासविनयं यदपाङ्गमोक्षम् ॥'१५५॥

"तथाहि,—पीतं हरेर्वदनमब्जरसं प्रसह्या,-प्यासां दृशा रचितभृङ्ग-चकोर-भङ्गि ।
तेनापि सत्कृतिममन्यत स प्रशस्ता,-माजीव्यतां गतवतीषु तदासु युक्तम् ॥१५६॥

श्रीकृष्ण के भी उसी प्रकार के मानसिक वचन, यथा—अरे मेरे चित्त ! तू प्रेममयजनों की सी परतन्त्रता को क्यों प्राप्त कर रहा है ? अथवा यदि प्रेममयी परतन्त्रता में ही तू व्यसनी है, अर्थात् आसक्त है, तब तो धर्मानुसार उस प्रेम बन्धन को स्वीकार करले । हाय ! खेद तो इस बात का है कि—उन उन रमणीय विचारों को त्यागकर, पराये घर में रहने वाली उन रमणियों के भाव में, अनेक प्रकार से क्यों संलग्न एवं निमग्न हो रहा है ? ॥१५२॥

अतएव इस प्रकार अन्य विषयक अभिलाषा के भ्रम एवं चिन्ता के कारण, किसी प्रकार अति कष्ट से उन दिनों के बीत जाने पर, तथा व्रजवासियों के सम्भ्रम (आवेग) के कारण, विपरीतता से युक्त, धेनुकासुर के वध के विक्रम से प्रशंसित, दिन में प्रियतम के सहित उन मृगनयनी गोपियों को आपस में अतिरमणीय दर्शन अच्छी प्रकार से हुआ ॥१५३॥

उन गोपियों के बीच में श्रीकृष्ण की जो नित्य प्रिया हैं, एवं इस जन्म में जिनको अपनी स्थिति विस्मृत हो गई है, अर्थात् भूल में पड़ गई है, ऐसी उन गोपियों के सम्बन्ध में, स्वकीय नित्यपत्नीत्वरूप तत्त्व को स्मरण कराती हुई, श्रीकृष्ण की शोभा ने शीघ्र ही बारंबार लौकिक धर्म के भय को लुप्तकर दिया ॥१५४

देखो, श्रीशुकदेवजी ने भी वर्णन किया है, यथा—श्रीराधिका प्रभृति व्रजाङ्गनाओं ने अपने नेत्ररूपी भ्रमरों के द्वारा, श्रीकृष्ण के मुखारविन्दरूपी मधु को पीकर, दिन में श्रीकृष्ण के विरह से उत्पन्न हुए सन्ताप को त्याग दिया । और जिनका कटाक्ष फेंकना लज्जा, हास्य, एवं विनय से युक्त है, उन गोपियों के इसी प्रकार के सत्कार को स्वीकार करके, श्रीकृष्ण भी गोष्ठ में अर्थात् खिड़क में प्रविष्ट हो गये ॥१५५॥

और भी देखो ! उन व्रजाङ्गनाओं के नेत्रों ने, भ्रमर एवं चकोरों का सा भाव रचकर, श्रीकृष्ण के मुखकमल के रसको एवं श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र की चन्द्रिका को,हठात् पी लिया । श्रीकृष्णने गोपियों के द्वारा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तस्मिन्नपाङ्गशरमोक्षममूरकुर्वन्, व्रीडास्मिताञ्चितनयनैरनुनिन्यिरे च ।
तेनापि सत्कृतिममन्यत स प्रशस्ता,-माजीविलोकचरितं किल तादृगेव ॥१५७॥

"किञ्च, कृष्णं लक्ष्यं विधायामूरभ्यास्थन्नेत्रपत्रिणः ।
तच्च भक्तिरितीवाहुः शराभ्यास उपासनम् ॥१५८॥

"तदा च,—तास्तन्मुख-सुधारुचिरुचिपानापूर्णरुवयोऽपि बलतस्तत्कुलपालिकाभि-र्निलयमेव नीताश्चक्रोरवध्व इव पञ्जरमध्यम् ॥१५९॥

"तदनु च,—आयाताः प्रतिबिम्बतां यदपि ताश्चित्तह्रदे श्रीहरे-
श्चित्रं तत्र तथापि बिम्बपदवीं स्थित्या विकर्षेऽप्ययुः ।
यत्र प्रस्फुटतारका इव तदा सर्वा बभुः सर्वतः
श्रीराधा पुनरन्तरिन्दुवलयद्योतश्रिया दिद्युते ॥१६०॥

"तत्र च,—पूर्वं तासां व्यवसितिरभूदेवमीषत् कदाचित्
कृष्णं पश्यन्त्युपशममसौ लप्स्यते चित्तवृत्तिः ।

किये गये निजमुख पान से भी, अर्थात् भावपूर्वक किये गये निजमुख दर्शन से ही, विशिष्ट सत्कार मान लिया । क्योंकि जो जीवनवृत्ति का दान कर सकती हैं, उनके पक्ष में यही कार्य उपयुक्त है ॥१५६॥

इन सभी व्रजाङ्गनाओं ने श्रीकृष्ण के ऊपर कटाक्षरूपी बाणों की वृष्टि कर दी, एवं लज्जा और मन्दमुस्कयान से युक्त नेत्रों द्वारा, श्रीकृष्ण का अनुनय विनय भी किया । श्रीकृष्ण ने इस पूर्वोक्त कार्य से भी विशिष्ट सत्कार ही मान लिया, क्योंकि जीविकादायकजनों के द्वारा रचित वैसा ही व्यवहार प्रसिद्ध है । ये दोनों श्लोक—"पीत्वा मुकुन्दमुखसारघमक्षिभृङ्गैः" इस श्लोक के व्याख्या स्वरूप हैं ॥१५७॥

किंच इन श्रीराधा आदि गोपियों ने श्रीकृष्ण को लक्ष्य बनाकर, नेत्ररूपी बाणों का प्रक्षेप किया था । विज्ञजन इस प्रकार की तदाकारमयी उपासना को ही भक्ति कहते हैं । बाणों का अभ्यास ही उपासना है, अर्थात् गोपियाँ जिस प्रकार तदाकार होकर श्रीकृष्ण का दर्शन करती थीं, उसी प्रकार भगवान् को निहारना ही भक्ति है ॥१५८॥

और उसी समय चकोर की स्त्रियाँ जैसे जबरदस्ती पिंजरे में पहुँचा दी जाती हैं, ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र की चन्द्रिका के पान से, जिनकी अभिलाषा अभी पूरी नहीं हुई थी, ऐसी वे गोपियाँ भी, उनकी कुलपालिकाओं के द्वारा बलपूर्वक अपने अपने घर को ही पहुँचा दी गईं ॥१५९॥

उसके बाद यद्यपि वे समस्त व्रजाङ्गनायें श्रीकृष्ण के हृदयरूपी सरोवर में प्रतिबिम्बित हो गई थीं, तथापि आश्चर्य की बात यह है कि, वहाँ ठहरकर भी वे आकर्षण के विषय में बिम्बपदवी को प्राप्त हो गईं । जिस स्थान पर वे सब गोपियाँ स्पष्ट दिखाई देनेवाले, तारागणों की तरह चारों ओर शोभा पारही थीं, किन्तु श्रीराधिका तो, अन्तःकरण में विद्यमान श्रीकृष्णरूप चन्द्रमण्डल से प्रकाशित शोभा के द्वारा देदीप्यमान हो रही थीं ॥१६०॥

और वहाँ पर पहले उन गोपियों का इस प्रकार का निश्चय था कि, यह हमारी चित्तवृत्ति कभी कभी श्रीकृष्ण को किंचिन्मात्र देखती हुई शान्ति को प्राप्त कर लेगी । किन्तु पश्चात् बारंबार श्रीकृष्ण के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दृष्टे दृष्टे पुनरथ मुहुस्तत्र चिन्तेयमासीत्
किं भूयश्च क्वचिदहह तद्वक्त्रलक्ष्मीं पिबाम ? ॥१६१॥

"तत्र च सखीष्वपि गोपन-प्रक्रियेयम्—

'नहि परपुरुषे वाञ्छा, मम सखि काचित् कथञ्चिदप्यस्ति ।
प्रकृतिः सेयं यदसित,-वस्तुनि दृष्टे भवेत् कम्पः ॥'१६२॥

"तत्र तु—राधा बाधाप्रतिहततनुः सर्वदा धारणाभि-
श्चित्ते शान्तीरपि निदधती व्याकुलासीदतीव ।
हा हा तस्याः प्रियसवयसोऽप्याशु तद्भावभावा-
त्तामेवापुः कटुतरदशां हन्त केऽमूमवन्तु ? ॥१६३॥

"तदेव परच्छन्दतामन्दतायामपि,—

सङ्कल्पः क्वचनान्वजीगमदितः साक्षात्कृतिं श्रीहरेः
स्वप्नः कुत्र च लोचनं क्व च वियोगार्तौ च राधादिषु ।
यैरेतैः सुधया लतास्विव तया तास्विन्दुबिम्बैर्जवा-
दुल्लासावलिलम्भनात्तरुणिमारम्भोऽपि सम्भावितः ॥"१६४॥

देखने पर भी, उनमें यह चिन्ता उपस्थित हो गई थी कि, हाय ! क्या फिर भी कभी कहीं श्रीकृष्ण के श्रीमुख की शोभा को पी सकेंगी ? अर्थात् उनके श्रीमुख का दर्शन अब हमको कब, और कहाँ संघटित होगा ? यही अनुराग की पराकाष्ठा है ॥१६१॥

और वहाँ पर अपनी सखियों के प्रति भी अपने भाव को गुप्त रखने की यह प्रक्रिया (प्रणाली) थी कि, हे सखि ! मेरी किसी प्रकार भी परपुरुष के प्रति कोई वांछा नहीं है । किन्तु मेरी यह प्रकृति है कि, श्यामवर्ण की वस्तु के देखते ही कम्प हो जाता है ॥१६२॥

और उन गोपियों के मध्यमें बाधाओं से पीड़ित शरीर वाली श्रीराधा तो सर्वदा धारणाओं के द्वारा अपने चित्त में शान्ति को धारण करती हुई भी, अत्यन्त व्याकुल हो गई थी । हाय ! हाय ! क्या कहा जाय? देखो, श्रीराधिका की प्रिय सखियाँ भी उनके भाव की सी भावना के कारण, शीघ्र ही उसी कटुतर दशा को अर्थात् व्याकुलता को प्राप्त हो गईं । हाय ! ऐसी स्थिति में राधिका की कौन रक्षा करें ? ॥१६३॥

और पराधीनता की मन्दता (अल्पता) में भी, उन राधादिकों का मानसिक संकल्प ही, यहाँ से आगे कहीं पर, श्रीहरि के साक्षात्कार को प्राप्त करा देता था । एवं कहीं स्वप्न तथा कहीं वियोग जनित पीड़ा में नेत्र भी, श्रीहरि का दर्शन करा देता था । तथा चन्द्रबिम्बों से टपकती हुई सुधा के द्वारा, लताओं में जैसे वेगपूर्वक अनेक उल्लास प्रगट हो जाते हैं, उसी प्रकार श्रीराधादिकों में उन संकल्पादिकों के कारण संघटित, श्रीहरि के साक्षात्कार के द्वारा यौवन के आरंभ की संभावना भी होने लग गई थी ॥१६४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ स्निग्धकण्ठः समापनदिग्धमाह,—

"स एष राधिके ! सर्वदुर्लभस्तव वल्लभः ।
त्वदर्थं पीडयाप्यार्तो दिनानि क्रीडयानयत् ।।"१६५।।

तदेवं सूताङ्गप्रभवशिशु-युग्मे कथयति
स्फुरत्प्रेमावेशात् प्रतिपदविविक्तेर्निघटनात् ।
कथा किं नाट्यं किं किमुत निजलीलेति विविधं
समज्यासौ सार्धं स्फुरणमजितेनाप्यनुययौ ।।१६६।।

अथ कथायां वृत्तायां चिरादेव च धीरतायां प्रवृत्तायां यथास्वं सूत-सुतद्वयाय वितीर्ण-सर्वेहिताः सर्वे शयनाय सदनं विविशुः ।।१६७।।

।। इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमन्वपूर्वपूर्वानुरागचर्याजागर्या नाम पञ्चदशं पूरणम् ।।१५।।

अनन्तर स्निग्धकण्ठ समाप्ति से व्याप्त वचन को बोला—हे श्रीमती राधिके ! यह वही तुम्हारा प्राणवल्लभ सर्वसाधारण के लिये दुर्लभ है। यह तुम्हारे लिये पीड़ा से आर्त होकर भी क्रीड़ा से दिनों को बिताता रहा ।।१६५।।

अतएव दोनों सूतकुमार जब इस प्रकार कह रहे थे, उसके बाद स्फुरित हुए प्रेमावेश से,एवं प्रतिक्षण विवेचना के अभाव के कारण, यह सभा श्रीकृष्ण के सहित—"यह कथा है क्या ? या नाटक है क्या ? अथवा निजलीला ही है क्या" ? ऐसी अनेक प्रकार की स्फूर्तियों का अनुगमन करने लग गई ।।१६६।।

तदनन्तर कथा समाप्त हो जाने के बाद, बहुत देर से धीरता के प्रवृत्त हो जाने पर, दोनों सूत पुत्रों के लिये यथायोग्य सब चेष्टाओं को समर्पण कर, या अभिलषित सभी पदार्थों को देकर, सभी श्रोताजन शयन करने के लिए अपने अपने घर में प्रविष्ट हो गये ।।१६७।।

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये अपूर्व-पूर्वानुरागानुष्ठाने जागरणं नाम
पंचदशं पूरणं संपूर्णम् ।।१५।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ षोडशं पूरणम्

प्रलम्ब-दावानल-संवर्त-संहारः

अथ प्रभाते सभातेजसा प्रभाते परमप्रभाववतां गोमतां प्रभावुपविष्टे कृष्णविशिष्टे तस्मिन् सदसि पूर्ववन्मधुकण्ठश्च कथायां यथावदुपक्रमते स्म,—॥१॥

"स्निग्धकण्ठ ! मदुपकण्ठतया रामविक्रमान्तरमाकर्ण्यताम् ॥२॥ यथा—

"एवं गोचारणमिषमयं क्रीडति भ्रातृ-युग्मे
वृन्दारण्यं तपऋतुरगात् प्राणिनां नातिरुच्यः ।
धत्ते यद्द्राक् स च मधुगुणं तच्च नाश्चर्यचर्यं
तद्युग्मं यद्वसति सततं तत्र नित्यानुरागि ॥३॥
निर्झरस्वनवशाम्बुदागम,-भ्रान्तिझिल्लिकुलमाप मूकताम् ।
अंघ्रिपाश्च झरशीकरप्लुताः, पुष्पिताः पुनरमी मधुं दधुः ॥४॥
वनस्य च्छायाभिर्जडितजल-वृन्दे विकसतः
शुचावप्यब्जादेः पवनवितर्तिर्माधव इव ।
तदेवार्द्रं कृत्वा कुसुमितमकार्षीदविरतं
मिथो योग्यानां यद्व्यतिवहति मैत्रीसुखशतम् ॥५॥

सोलहवाँ पूरण

प्रलम्ब-दावानल-संवर्त-संहार वर्णन

अनन्तर सभा के तेज से प्रातःकाल के प्रदीप्त हो जाने पर, एवं परम प्रभावशाली गोपों के स्वामी श्रीनन्दजी के सभा में उपविष्ट हो जाने के बाद, श्रीकृष्णविशिष्ट उस सभा में पहले की तरह क्रम प्राप्त मधुकण्ठ ने यथाविधि कथा का उपक्रम किया—॥१॥

मधुकण्ठ बोला—हे प्रिय स्निग्धकण्ठ ! मेरे पास बैठकर, श्रीबलरामजी के एक दूसरे पराक्रम का श्रवण करो ॥२॥

यथा—इस प्रकार गोचारण के बहाने दोनों भाई जब क्रीड़ा कर रहे थे, तभी क्रमानुसार वृन्दावन में ग्रीष्म ऋतु आ गया । यह ऋतु प्राणियों को अतिशय रुचिकर नहीं है, तो भी उसने शीघ्र ही वसन्त ऋतु के गुण को धारण कर लिया । यह बात कोई आश्चर्यजनक नहीं है । क्योंकि उस वृन्दावन में नित्य अनुराग करने वाले, श्रीकृष्ण बलदेव दोनों ही भाई निरंतर वास करते हैं, अतः श्रीवृन्दावन का महत्त्व विचित्र है ॥३

पर्वतीय झरनों के शब्द के कारण, वर्षा ऋतु की भ्रान्ति वाला वर्षाती झींगुरों का समूह, मूकभाव को प्राप्त हो गया, अर्थात् चुप हो गया । और ये वृक्षगण भी झरनों के जल से आप्लुत होकर, एवं पुष्पित होकर (ग्रीष्म काल में भी), वसन्त ऋतु को पुष्ट करने लग गये ॥४॥

वसन्त की तरह ग्रीष्म में भी, वन की छायाओं के द्वारा सुशीतल जलवृन्द में, विकसित होते हुए कमल आदिकों के संबंधी सुगंधमय वायुसमूह ने, उस वन को ही आर्द्र करके निरन्तर पुष्पों से युक्त कर दिया । क्योंकि योग्य पदार्थों की, या योग्यजनों की मित्रता आपस में सैकड़ों प्रकार के सुखों को उत्पन्न कर देती है ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्रासीन्नरजातीनां ग्रीष्मेऽपि ऋतुराण्मतिः ।
पिकभ्रमरमुख्यानां तिरश्चां तर्हि का कथा ? ॥६॥

माधवस्तु यदा मित्रैः प्रविशन् वेणुना जगौ ।
तदा द्विगुणितो रेजे माधवस्तत्र सोऽपरः ॥७॥

ते गृहे मणिभिरप्यलंकृता,-श्चारुकान्तिविधये यदुद्भवैः ।
पुष्पपल्लवमुखैरलंक्रियां, शश्वदादिषत तस्य किं ब्रुवे ? ॥८॥

"अथ श्रीदामप्रधानतया सुदाम-वसुदामादिषु सभासद्वद्गोजाल-सम्भालनाय नातिदूरतः पृथगुपविशत्सु लसत्सु बलानुज-बल-सुबलार्जुनादयस्तत्रागत्य नृत्यरङ्गाजीविभङ्गितया सङ्गत्य शुभाशिषा विशेषितवन्तः । तैश्च 'कुत्रत्या विचित्रनर्तकप्रायाः प्रायाता भवन्तः' इति पृष्टा हृष्टात्मानः स्फुटमुद्दिष्टवन्तः,—'भोः परमदानशूराः ! दूरादागता वयम्; यतः प्रथमं तावद्भवत्-कीर्तिनर्तितमनस्का जाताः, ततश्च शरीरेणापि भवदग्रे नर्तितुमिच्छवः, कुत्रापि चिराय वर्तितुं न समर्थाः । श्रोत्रयोरिव नेत्रयोरपि सुखं बिभ्रतः सम्प्रति वर्तामहे ।' ॥९॥

"तत्र च श्रीकृष्णः स्वानुवाच,—'अहो ! प्रत्येकमेवास्माकं लब्धवर्णाविमौ कर्णाविव

श्रीवृन्दावन में नरमात्र के लिए ग्रीष्म में भी, वसन्त बुद्धि उत्पन्न हो गई थी । फिर कोकिल, भ्रमर आदि पक्षियों के विषय में तो कहना ही क्या है ? ॥६॥

किन्तु माधव जब मित्रों के सहित प्रवेश करते ही वंशी के द्वारा गायन करने लग गये, तब वहाँ पर वह दूसरा ग्रीष्मरूप माधव (वसन्त) दुगुना सुशोभित हो गया ॥७॥

श्रीकृष्ण बलराम आदि वे सब सखा अपने अपने घर में, मणिमय आभूषणों से अलंकृत होकर भी मनोहर शोभा बनाने के लिए, ग्रीष्मरूप वसन्त से उत्पन्न पत्र पुष्पादि, वन की वस्तुओं के द्वारा बारंबार अलंकार पहनते थे । उस ग्रीष्म की और विशेषता क्या कहें ? यह सब श्रीधाम का ही वैशिष्ट्य है ॥८॥

अथ नटवर लीला—पश्चात् श्रीदामा जब राजा बनकर राज्य सिंहासन पर बैठ गया, एवं सुदामा, वसुदामा मन्त्रीपद पर बैठ गये, तथा अन्य सखा सभासदों की तरह गोसमूह को सँभालने के लिये, पास में ही पृथक् पृथक् बैठकर जब सुशोभित हो रहे थे, बस, तभी श्रीकृष्ण, बलराम, सुबल, अर्जुन आदि मित्रों ने नटों का सा वेष धारणकर, श्रीदामा की सभा में आकर, उनको शुभाशीर्वाद से विशिष्ट कर दिया, अर्थात् उनको शुभाशीर्वाद दिया । श्रीदामा आदिकों ने जब यह पूछा कि—"आप कहाँ के रहने वाले हैं ? कहाँ जायेंगे ? आप तो प्रायः विचित्र नर्तक लोग मालूम होते हो, अतः ठीक बताओ किस कारण यहाँ पधारे हो ?" तब वे मनमें हर्षित हो अपने आने के उद्देश्य को स्पष्ट कहने लगे कि—अजी, परम दानवीरो ! हम सब बहुत दूर से आये हैं । क्योंकि पहले आपकी कीर्ति ने ही हमारे मन को नचा दिया था । अनन्तर हम शरीर से भी आपके आगे नृत्य करने की इच्छा से युक्त होकर, कहीं भी अधिक समय तक न ठहर सके । अब हम नेत्रों में भी सुख को धारण करते हुए उस प्रकार विद्यमान हैं, जैसे कि पहले आपकी कीर्ति के श्रवण से कानों में सुख को धारण करते हुए विद्यमान थे ॥९॥

उनके मध्य में श्रीकृष्ण अपने साथियों से बोले—अहह ! हमारे प्रत्येकजन के ही, पण्डितरूप ये दोनों कर्ण (कान) ही महान् गुरु हो गये हैं । क्योंकि इन दोनों कर्णों की कृपा से ही, हम सबको इन महानुभावों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri .

पुरुगुरू अभूताम्; याभ्यामेषां महाशयानां गुणानुभवमासाद्यामहे स्म । कियद्वा मानसं प्रशंसया मानयामः, येन तत्रैव सामोदं प्रोदसाहयिष्महि; चरणाभ्यां परितः किं नाचरितम्, याभ्यां मनोरथपथमलम्भयिष्महि; लोचनयुगलाय रोचनं किमन्यद्वितरामः, येन गुरूपदिष्टं तन्मिष्ट-मनुभाव्यामहे; नासा-द्वयात् किं नासादयाम, येनानेनामोदेन सामोदीक्रियामहे; त्वचः किं वचः कथयामः, यया तमिममदःसम्बन्धिगन्धवाहमवगाह्यामहे; आत्मनि तु सुभगनामधेयं भागधेयं कियदाधेयतां विन्देत, यस्य तत्तत्फलवलयेनान्तर्बहिरप्याव्रियामहे; अहो ! अस्तु तावन्नाम्नैव श्रियं दातुरस्य महाराजस्य विराजमानता, पारिषदानामप्यमीषां महिमानमुप-निषदोऽपि वर्णयितुं न शक्नुवन्ति, येनात्मानमपि विस्मार्य नृत्यमनुवर्त्यामहे । किमसङ्कीर्ण-मस्मासु न वितीर्णममीभिर्महामहिमचरणैः, यत् खल्वतीतलोकेन निजालोकेन निर्निमेषतया सुपर्वाणः क्रियामहे । कतिशः स्वयं न प्रतिपालिता वयम्, यन्निजच्छायामापय्य पर्याप्यामहे; कतरद्वा मनःसन्तोषणं पोषणं न विहितम्, यन्निजदृष्टिसुधावृष्टिभिरभितर्प्यामहे; पश्यत पश्यत, नेत्रगतिविचित्रतामसीषाम्, यया खलु नृत्यमुपादिशद्भिरिवामीभिरनुगृह्यामहे; तस्मान्नृत्य-चर्यापरिचर्यापर्युत्सुका वयं तदर्थमेव योग्यमवसरं मृग्यन्तो वर्तामहे ।' ॥१०॥

के गुणों का अनुभवरूप सौभाग्य प्राप्त हुआ है । (साथी बोले–आपका वचन सत्य है) और भाई ! हम अपने मनका प्रशंसा द्वारा कितना मान करें, कि जिस मनने उन्हीं के गुणों का अनुभव करने में ही हमारा उत्साह बढ़ाया है, (साथी बोले–सत्य वचन) । और देखो, इन हमारे दोनों चरणों ने चारों ओर से हमारा कौन सा हित नहीं किया ? अर्थात् सब कुछ किया । क्योंकि जिन दोनों के द्वारा हमने अपने मनोरथ के पथ को प्राप्त किया है, (साथी बोले–सत्य वचन) । हम इन अपने दोनों नेत्रों के लिये और दूसरा रुचिजनक पदार्थ क्या दें? क्योंकि जिनके द्वारा हम कर्णरूप गुरूपदिष्ट, श्रीदामादिकों के दर्शनरूप उस मिष्ट पदार्थ का अनुभव कर रहे हैं, और इस नासिका युगल से हमने क्या नहीं पाया ? क्योंकि इन दोनों नासिकाओं की कृपा से ही, इनकी सुगन्धि द्वारा हम आनन्दित हो रहे हैं । त्वचा की बात क्या कहें ? क्योंकि जिसके द्वारा इनके अङ्ग से सम्बन्ध वाली वायु का स्पर्श कर हम सुखी हो रहे हैं । और सौभाग्य नामक जो भाग्य है, वह हमारी आत्मा में कितना स्थित हो गया है । इसका हम वर्णन ही नहीं कर सकते । क्योंकि जिस भाग्य के पूर्वोक्त उस फलसमूह के द्वारा, हम भीतर और बाहर भी आवृत हो गये हैं, अर्थात् ढ़क गये हैं । अहह ! इन महाराजा का नाम ही श्रीदामा है । इनकी सर्वोपरि महिमा का तो कहना ही क्या है ? क्योंकि ये श्री के दाता हैं, इसी से तो इनका नाम श्रीदामा है । और इनके इन पार्षदों की महिमा को उपनिषद् भी वर्णन नहीं कर सकतीं । जिस महिमा के स्वाद को पाकर, हम अपने आत्मा को भी भुलाकर, सदा नृत्य करने में प्रवृत्त होते हैं । एवं इन महामहिमा वाले पूज्यों ने हमारे लिये कौन सा भरपूर दान नहीं दिया ? अपितु सब कुछ दे दिया । क्योंकि इनका लोकातीत दर्शन ही, हमको निमेषरहित बनाकर, देवता पदवी पर पहुँचा रहा है । इन्होंने कितनी बार हमारा पालन नहीं किया ? अपितु बहुत बार किया है । क्योंकि ये अपना आश्रय देकर हमको समर्थ बना रहे हैं । इन्होंने हमारे मन का सन्तोषजनक कौन सा पोषण नहीं किया है ? अपितु सभी किया है । क्योंकि सुधा की वृष्टि करने वाली इनकी दृष्टि, हमको सब प्रकार से तृप्त कर रही है । आश्चर्य के साथ, अरे भाई ! देखो, देखो । इनके नेत्रों की कैसी विचित्र गति है ? ऐसा भान होता है कि—अपने नेत्रों की विचित्र गति से, हमको नृत्य सिखलाते

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सभासद ऊचुः,—'भो भोः सुशीलवासनाः ! कुशीलवा इव स्तुवाना यदि सर्वपर्व-निर्वर्तका नर्तकाः स्थ, तर्हि भवद्भिः समाहिता निजकलाकलापाः कल्प्यन्ताम्, विशेषादनेन श्यामधामनिकामवामविग्रहेण । यः खलु चित्राङ्गो न तु चित्राङ्गः, चन्द्रकी न तु चन्द्रकी, पीतांशुको न तु पीतांशुकः, श्यामघनो न तु श्यामघनः, वंशप्रवीणाधरो न तु वंशप्रवीणाधरः, गुणरूपी न तु गुणरूपी, विद्याधरो न तु विद्याधर इति वैचित्रीभिर्नेत्राणि चित्रयति ।।' ११।।

"ततश्च, अर्जुन-सुबलादिभिरुपगाने, पाणि-शृङ्ग-दल-तालनिधाने ।
नृत्यन्तं तं व्रजशिशुसभ्याः, प्रशशंसुर्ये श्रुतिनुतिलभ्याः ।।१२।।

'श्रीकान्तेऽप्यथ निष्क्रान्ते विवेशावेशतो बलः ।
तदालोकः सभ्यलोकः श्लोकयामास तद्द्वयम् ।।१३।।

हुए, हमारे ऊपर अनुग्रह कर रहे हैं, अर्थात् यह इनकी नेत्रगति नहीं है, किन्तु हमको नृत्य सिखानेवाली अध्यापिका है । अतएव हम नृत्य द्वारा आपकी सेवा करने के लिये महान् उत्कण्ठित हैं । उसी के लिए योग्य अवसर को ढूँढ़ते हुए आपके पास उपस्थित हुए हैं ।।१०।।

ऐसा सुनकर सभासद् बोले—अहाहा ! हे सुन्दरवासनायुक्त नर्तको ! तुम नटों के समान स्तुति करते हो । यदि तुम सर्वानन्ददायी नर्तक हो तो, आप लोगों ने जिन कलाओं का अच्छी प्रकार अभ्यास किया है, उन नट कलाओं का प्रकाश करो । परन्तु यह जो परमसुन्दर श्याम रंगवाला नट है, इसको चाहिये कि यह नट, कलाओं को अधिक दिखावे । क्योंकि इसका विग्रह (शरीर) अत्यन्त ही सुहावना है । जो श्यामनट चित्राङ्ग होकर भी चित्राङ्ग नहीं है, अर्थात् इसके अङ्ग चन्दन आदिक के चित्रों से युक्त हैं, तो भी इसका अंग चित्र (लिखित मूर्ति) नहीं है । और जो चन्द्रकी होकर भी चन्द्रकी नहीं है, अर्थात् मयूरपिच्छ को धारण करने से चन्द्रकी है तो भी चन्द्रकी (मयूर) नहीं है । और जो पीतांशुक होकर भी पीतांशुक नहीं है, अर्थात् पीतांशुक (पीतवस्त्र वाला) होकर भी पीतांशुक (पीला वस्त्र) नहीं है । तात्पर्य—श्रीकृष्ण पीतवस्त्र-धारी है न कि पीला वस्त्र है । और जो श्यामघन होकर भी श्यामघन नहीं है, अर्थात् श्रीकृष्ण मेघसदृश श्याम है, किन्तु काली घटा नहीं है । यह वंशप्रवीणाधर होकर भी वंशप्रवीणाधर नहीं है, अर्थात् इसका अधर (ओष्ठ) वंशी के बजाने में प्रवीण है, किन्तु वंश में प्रवीण जो लोग हैं, उनकी अपेक्षा अधर (छोटा) नहीं है, अर्थात् वंश में सबसे उत्तम है । जो गुणरूपी होकर भी गुणरूपी नहीं हैं, अर्थात् उत्तमोत्तम गुण और भुवनमोहनरूप से युक्त है, किन्तु यह गुणस्वरूप नहीं है । और विद्याधर होते हुए भी विद्याधर नहीं है, अर्थात् यह चौंसठ विद्याओं को धारण करनेवाला है, तो भी विद्याधर (देवता विशेष) नहीं है, इत्यादि विचित्रताओं से यह श्यामनट हम सबके नेत्रों को आश्चर्य में निमग्न कर रहा है ।।११।।

उसके बाद हाथ, शृङ्ग, वेणु, एवं पत्रों से ताल देकर, जब नटवेषधारी अर्जुन, सुबल आदिक सहचर सुमधुर गान करने लगे, तब श्यामनट भी नृत्य करने लग गया । अतः वेद भी जिनका स्तुति द्वारा लाभ करते हैं, वे सभासद्रूप व्रज बालकगण, नाचते हुए श्यामनट की प्रशंसा करने लग गये ।।१२।।

अनन्तर श्रीकृष्ण जब नाट्य स्थान से बाहर हो गये, तब बड़े आवेश से श्रीबलरामजी रंगस्थल में प्रविष्ट होकर नृत्य करने लग गये । उस समय उनके नृत्य को देखनेवाले सभासद्रूप व्रज बालकों ने, उन दोनों ही कृष्ण बलदेव रूप नटों की प्रशंसा की—।।१३।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यद्येतयोर्वर्णभेदः स्यान्नैव श्याम-गौरयोः ।
तदा न परिचीयेतामेतावङ्गगुणादिभिः ।।' इति ।।१४।।

"अङ्गहारे तडिल्लीलामङ्गे मेघेन्दुतां क्रमात् ।
व्यञ्जं व्यञ्जं विविशतुः संगगातृकुलाचले ।।१५।।

"अथ सभासदः स्व-स्व-हृदयविहारि मणिमयहारि हारादिकं ददतस्ते तु प्रत्याचख्युः,—'न वयं द्रव्यवनीयका नर्तकनायकाः, किन्तु नियुद्धयाचनका एव शुभवन्तो भवन्तो मल्लतल्लजा इति वर्णनां कर्णयोः सञ्चित्य निश्चित्य च समन्ताद्विचित्य सर्वोर्ध्वं भवतां भवतां समितिं समागताः । अतस्तदेवास्मदीयाय तोषाय पोषाय च दीयताम्, न तु मोषाय नीयताम् ।।'१६।।

"तदेवमवधारयद्भिरेव हसद्भिस्तैः सभासद्भिरुपसर्पद्भिः सह सहजातौ कृतज्ञातौ तत्रभवन्तौ तदारब्धवन्तौ ।।१७।। यत्र—

"भ्रामणैर्लङ्घनैः क्षेपैरास्फोटनविकर्षणैः ।
उरःपेषमिवामीभिर्न्ययुध्येतां बलाजितौ ।।१८।।

यथा—यदि इन श्याम और गोरे नटों का वर्ण भेद न होता तो, यह दोनों अंगगुण आदिक से पहचान करने में नहीं आते, अर्थात् इनका अंग और गुण तो एक समान ही है, केवल रंग में ही भेद है ।।१४।।

दोनों नट अंग में हार पहने हुए जब नृत्य करने लगे, तब हारों में तो विद्युत् भाव का और श्रीअंगों में मेघभाव, एवं चन्द्रभाव का क्रमशः प्रकाश होने लगा । जब वे दोनों नट अपने साथ गानेवाले नटरूप कुलपर्वतों के बीच में आकर प्रवेश कर जाते हैं, तब ऐसा ज्ञात होता है मानों मेघ और चन्द्र, विद्युत् के सहित पर्वत में आ विराजे हैं ।।१५।।

उसके बाद उन दोनों नटों के नृत्य को देखकर, सभासद् अत्यन्त प्रसन्न होकर, अपने अपने वक्षःस्थल पर विहार करनेवाले मणिमय मनोहर हार आदिकों को उपहार में देने लगे, तब देते हुए उनको निषेध कर दिया । और उन श्याम आदि नटों ने कहा कि—देखो ! हम नाचनेवालों में श्रेष्ठ हैं । इसलिए हम धन के याचक नहीं हैं, किन्तु हम तो कुस्ती माँगते हैं, और आप भी पुण्यात्मा एवं मल्लश्रेष्ठ हो, ऐसे आपके वर्णन को सुनकर, और निश्चय कर, तथा सब जगह ढूंढ़कर, आपको ही सर्वश्रेष्ठ समझकर, आपकी सभा में आये हैं । अतः हमारे सन्तोष और पुष्टि के लिये मल्लयुद्ध का ही दान करो । किन्तु इसको चुराइये न (यह सुनकर सभासद् बोले बहुत अच्छा) ।।१६।।

इस प्रकार निश्चय करके जब वे सभासद् हँसते हँसते उनके पास आगये, तब उन सभी के साथ वे पूज्य दोनों सहोदर भ्राता, सुखप्रदान पूर्वक मल्लयुद्ध करने लग गये ।।१७।।

एवं जिस स्थान पर श्रीकृष्ण बलदेव दोनों भाई भ्रामण (घुमाना),लाँघ जाना, फेंक देना, आस्फोटन (ताल ठोंकना), विकर्षण (खेंचातानी करना), इत्यादि क्रियाओं के द्वारा उन सबके साथ उनके वक्षःस्थल को पीसते हुए से युद्ध करने लग गये ।।१८।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्चानवद्यया विद्यया तोषितेषु तेषु निखिलगुणिजनगर्वनिवर्तकेषु कृष्णादिनर्तकेषु सर्वदुरासदश्रीदामादिसभासदः स्वकसर्वकलावेदिता - निवेदिताचरणाय नृत्यविद्यामुद्भावयामासुः ॥१९॥

"यत्रानन्दकन्दलिततया स्वयमपि लब्धतृष्णाः कृष्णादयस्तदीयशिक्षा-परीक्षणाय सुदुर्गमतालादिधरास्तत्परिकरा एव बभूवुः ॥२०॥

"अतएवोक्तमृषिणा,—

'क्वचिन्नृत्यत्सु चान्येषु गायकौ वादकौ स्वयम् ।
शशंसतुर्महाराज ! साधु साध्विति वादिनौ ॥' इति ॥२१॥

"अथ गोषु गोचरतामतीतासु ततश्चलितवन्तस्ते,—

'बिल्वैः कुम्भैः करस्थामलकसमुदयैस्ताडयन्तो मिथस्ते
हासं हासं मृगेहा-विकिरभणितिभिर्दर्दुरादिप्लुताद्यैः ।
अस्पर्शिस्पर्शनार्थं नयनपरिवृतेर्मोचनैः कृष्णराज्य-
स्यन्दोलीसिंहपीठाद्यधिकृतिजसुखैर्नेन्यिरे यामवर्गम् ॥'२२॥

तदनन्तर विशुद्ध मल्लयुद्धरूप विद्या द्वारा, निखिल गुणीजनों के गर्व का निवारण करनेवाले, श्रीकृष्ण आदि नट जब सन्तुष्ट कर दिये गये, तब सभी के लिये दुर्लभ श्रीदामा आदि सभासद्गण, अपनी सब कलाओं की जानकारी को निवेदन करने के लिए, नृत्यविद्या को प्रकाशित करने लग गये ॥१९॥

जहाँ पर परमानन्दित होने के कारण, स्वयं भी तृष्णा को प्राप्त कर, अर्थात् उत्सुक होकर, श्रीकृष्ण आदि नट, उनकी शिक्षा की परीक्षा लेने के लिए, अत्यन्त दुर्गम ताल आदि धारण करते हुए उनके परिकर ही हो गये ॥२०॥

अतएव महर्षि श्रीशुकदेवजी ने भी कहा है कि—हे महाराज परीक्षित् ! देखो, जब दूसरे सखा नृत्य करने लग जाते हैं, तब श्रीकृष्ण बलदेव स्वयं गाने बजानेवाले बन जाते हैं, एवं बहुत अच्छा, बहुत अच्छा, कहते हुए उनकी प्रशंसा करने लग जाते हैं ॥२१॥ इति नटवर लीला समाप्ता ॥

तदनन्तर गैयायें जब अदृश्य हो गईं, तब वे वहाँ से चल दिये । एवं वे सब सखा कभी आपस में बेल के फल, कुम्भ नामक वृक्ष के फल तथा हाथ में रक्खे हुए आँवलों के समूह के द्वारा ताड़ना करते हुए, हँसते हँसते मृगों की सी चेष्टा, एवं पक्षियों की सी बोलियों द्वारा, तथा मेढ़क आदि की तरह कूदना फाँदना इत्यादि रूप से खेलने लग जाते थे । और जो पीछे की ओर खड़ा होकर, दूसरे के नेत्रों को अपने हाथों से बन्द कर लेता है, उसी को अस्पर्शी कहते हैं । उस अस्पर्शी का स्पर्श करने के लिए (आँख मिचौनी खेल में) कभी कभी नेत्रों के आवरण को छुड़ाना, कभी श्रीकृष्ण को राजा बनाना, कभी श्रीकृष्ण बलदेव को झूला झुलाना, उनके राज्य सिंहासन की रचना करना, स्वयं मन्त्री आदि पद के अधिकारी बन जाना, इत्यादि क्रीड़ाओं से उत्पन्न सुखसमूह द्वारा प्रहर समूह को अनायास से बिता देते थे ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च,—नृपतिरजनि कृष्णः स्तोककृष्णः प्रधानं, सुबलसविवरामस्यापि तद्वन्नृपत्वम् ।
उभयबलपती श्रीदामभद्रावितीदं,-विधविविधतया तौ राष्ट्रलक्ष्मीमकार्ष्टाम् ॥२३॥
क्वचित् स्थानं क्वचिद्यानं क्वाप्यर्थे सन्धि-विग्रहौ ।
पराजय-जयौ क्वापि क्रीडायामनुचक्रतुः ॥२४॥

(भा० १०।१८।१६)—

'एवं तौ लोकसिद्धाभिः क्रीडाभिश्चेरतुर्वने । नद्यद्रिद्रोणिकुञ्जेषु काननेषु सरःसु च ॥'२५॥

"तदेवं स्थिते दिनकतिपये च प्रस्थिते कदाचिदहर्मुख एव पूर्वपूर्वपूर्वदेव-निर्वापणभृत-निभृतचिन्ताकृतमतिभ्रंशस्य कंसस्य स्वयमभ्यासं प्रलम्बनामा देवद्रुगभ्याजगाम । अभ्यागम्य च प्रणम्य व्यक्तमेव तमनुयुक्तवान्,—'देव ! तव केयं परिदेवना बलवदावर्तमाना दृश्यते ?'॥२६॥

"कंस उवाच,—'न जानासि, ममान्वग्भूय स्थितं विशिष्टं किंवावशिष्टम् ?' प्रलम्ब उवाच,—'भवतु, मामपि याममेकं व्यापारय ।' कंसस्तु तूष्णीम्भूय दूयमानवदनः क्षणमासीत् । प्रलम्ब उवाच,—'देव ! कथमिव ?' कंसः सवैरस्यं विहस्य तस्य तत्र पतंगतां विभावयन्नुवाच,—'त्वमपि तमसि प्रज्वलज्ज्वलनवर्त्मनि वर्तनीयः ।' प्रलम्बः सक्रोधमुवाच,—'अहो ! सर्वङ्कष-ज्वालस्य कालस्य महिमा हिमाचलमपि ज्वलयति, यदाश्रितांस्तडागांश्च ताडयति ।' ॥२७॥

और वहाँ पर श्रीकृष्ण राजा बन गये। स्तोककृष्ण सखा उनका प्रधान मन्त्री बन गया। उसी प्रकार श्रीबलरामजी दूसरे वन के राजा बन गये, एवं सुबल सखा उनका प्रधान मन्त्री बन गया। और दोनों की सेना के सेनापति क्रमशः श्रीदामा एवं भद्रनामक सखा बन गये। इस प्रकार के अनेक भावों द्वारा वे दोनों भाई देश के राज्य को करते थे ॥२३॥

और वे दोनों भ्राता खेल खेल में किसी स्थान में स्थिति, किसी स्थान में युद्धयात्रा, कहीं पर प्रयोजनवशात् संधि एवं विग्रह, तथा किसी स्थान पर जय पराजय आदि का अनुकरण करते थे ॥२४॥

इस प्रकार वे दोनों भाई लोकप्रसिद्ध क्रीड़ाओं के द्वारा खेलते हुए—नदी, पर्वत, घाटी, कुञ्ज, वन, एवं सरोवर आदि स्थानों पर विचरण करते थे ॥२५॥

अथ प्रलम्बवध लीला—इस प्रकार की क्रीड़ामयी स्थिति में कुछ दिन व्यतीत हो जाने के बाद, कभी प्रातःकाल ही देवद्रोही प्रलम्ब नामक असुर कंस के पास स्वयं उपस्थित हो गया। उस समय कंस की बुद्धि पहले पहले पूतना आदि राक्षसों के मारे जाने के कारण, धारण की हुई पूर्ण चिन्ता से भ्रष्ट हो चुकी थी। प्रलम्बासुर ने आकर एवं प्रणाम करके कंस से स्पष्ट ही पूछा कि—महाराज ! बलपूर्वक बारंबार आती हुई यह तुम्हारी कौन सी महती चिन्ता दिखाई देती है ? अर्थात् आप किसी भारी चिन्ता में पड़े हुए दिखाई देते हो ॥२६॥

कंस बोला—तू जानता नहीं क्या ? देख, मेरी अनुकूलता में स्थित जो जो विशिष्ट असुर थे, उनमें से कौन अवशिष्ट रह गया है ? अपितु सारे ही मारे गये। प्रलम्ब बोला—अच्छा, तो मुझको भी एक पहर के लिए नियुक्त कर दीजिये। कंस तो चुप होकर सन्तप्त मुख से क्षणभर बैठा रह गया। प्रलम्ब पुनः बोला—महाराज ! यह मौन कैसे ? कंस विरसतापूर्वक हँसकर, उसकी वहाँ पर पतङ्गता को विचारता हुआ बोला, अर्थात् पतङ्ग जैसे अग्नि के पास जाते ही जल जाता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के पास जाते ही यह भी न बचेगा, ऐसा विचारता हुआ बोला—तू भी अन्धकार में जलते हुए अग्नि के मार्ग में प्रवृत्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कंस उवाच,—'भवतु यथा भवदिच्छा ।' इति निशम्य तमानम्य तदवमानितश्च तदैव दैवसन्दानिततया कृताविलम्बः प्रलम्बस्तादृशक्रीडापरेषु श्रीकृष्णवरेषु बालनिकरेषु प्राप्तदूर-भूविचारितवान्,—॥२८॥

'ताविमौ सुकुमारौ च सर्वमारौ कुमारौ यौ ।
सहसा रहसा येन येन कंसादगंसाताम् ॥२९॥

'सर्वोऽप्यसौ सर्ववालेन कालेन घटितकठिनताभ्यामाभ्यां चर्वितगर्वः संवृत्तः, तदद्य समस्तवासरविसृमरविहारविसरजविश्वासप्रपञ्चनया वञ्चयन् बन्धुवदेव स्कन्धद्वये हस्तद्वयकृतबन्धं द्वयमपि प्रक्षिप्य क्षिप्रमेव भोजराजपरिसरं परि समुपहरिष्यामि ।' इति ॥३०॥

"अथ स तु कल्की बल्कीकृत-कच्चरतादि-प्रच्छन्नस्पश-वेशतया पूर्वं गोष्ठमागत्य परितो दृष्टिं वितत्य वेश्मस्थित-गोपबालविशेषवेषं समुह्य तमेव च व्युह्य मिश्रीभवितुं शिश्रीषन् हसन्नेव तत्र प्रविष्टः परिदृष्टश्च कृष्णेन । दृष्ट्वा च तच्छलमेवास्वच्छस्वच्छलायावलंब्य 'भद्र ! कथं विलम्बमालम्बथास्तथापि भद्रं दुद्यूषासमय एव समयितस्त्वमसि' इति विहस्य तदनुकृतगोप-बालसम्बन्धविशेषसम्बद्धं परिहस्य च बहुपरितोषितेन तेन सह सहचरत्वं बलस्य बलनिर्ज-यार्थमेव कलयाञ्चक्रे, ॥३१॥

होने योग्य है । प्रलम्ब क्रोधपूर्वक बोला—जिसकी ज्वाला सबको नष्ट कर देती है, ऐसे काल की महिमा हिमालय को भी जला देती है, एवं हिमालय में स्थित तालाबों को भी सुखा देती है ॥२७॥

कंस बोला—अच्छा, जैसी तुम्हारी इच्छा । इस प्रकार कंस की बात सुनकर, उसको नमस्कार कर, एवं उसी कंस से तिरस्कृत होकर, उसी समय दैव की प्रेरणा से निबद्ध हो जाने के कारण, विलम्ब न करने वाला प्रलम्बासुर, "श्रीकृष्ण हैं श्रेष्ठ जिनमें, ऐसे व्रज बालकगण जब पूर्वोक्त प्रकार की क्रीड़ाओं में लगे हुए थे तभी" कुछ दूर बैठकर विचारने लगा कि—॥२८॥

ये दोनों सुकुमार कुमार वही हैं, जिन्होंने कंस के भेजे हुए सभी असुर मार डाले । मैंने भी कंस के पास से आकर सहसा एकान्त में इन दोनों को पा लिया है ॥२९॥

और यह सारा ही असुर समाज, सर्वसंचालक काल के कारण संघटित कठिनता से युक्त इन दोनों कुमारों के द्वारा गर्वरहित हो गया है । इसलिए आज मैं समस्त दिन में विस्तारित विहार समूह द्वारा, उत्पन्न विश्वास के विस्तार से धोखा देता हुआ, अपने दोनों हाथों से बँधे हुए इन दोनों कुमारों को, बन्धु की तरह अपने दोनों कन्धों पर बैठाकर, शीघ्र ही भोजराज कंस के पास की भूमि में अच्छी प्रकार पहुँचा दूंगा ॥३०॥

उसके बाद वह दम्भी ढ़की हुई मलिनता आदि की तरह गुप्तचर के वेष से, पहले व्रज में आकर, चारों ओर दृष्टि फैलाकर, घर में स्थित गोपबालक विशेष के वेष को ही तर्क द्वारा कार्य सिद्धि करने वाला विचारकर, उसी वेष को धारणकर, मिलने के लिए आश्रय की इच्छा करता हुआ, हँसता हुआ ही मित्र मण्डल में प्रविष्ट होगया । श्रीकृष्ण ने उसको अच्छी प्रकार देख भी लिया । और उसको देखते ही दोषरहित अपने छल को प्रकाशित करने के लिए, उसके छल का अवलम्बन कर, श्रीकृष्ण बोले—भद्र ! विलम्ब कैसे

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ऊचे च,–'अद्यारभ्य सभ्य ! मम परमसुहृद्भूवानेव, त्वामहमक्षिगततया स्थापयिष्यामि । श्रीदामा राममेवान्वेतु; स किल ह्यन्तर्वर्धनस्पर्धः स्पर्धनगणमेवार्हति' इति ॥३२॥

"स तु क्रतुभुक्शत्रुस्तत्र निर्विस्मयमेव कुस्मयमानतया तथा स्थितः; ॥३३॥ यतः,

विश्वचिकीरपि स विधिः, पिपठीर्यस्माद्भवेत्तस्मिन् ।
को वा चतुरम्मन्यः, प्रथयतु निज-चातुरीं कृष्णे ? ॥३४॥

"अथार्भकसमुदयं विभागद्वयमयं विधाय तं च प्रलम्बं स्वबलपरिवृढतया दृढं निधाय तत्र च समत्सरमिव बल-प्रलम्बौ श्रीदामात्मानौ मिथःप्रतिसङ्घट्टिनौ सङ्घटय्य परानपि सङ्घःकुर्वाणतया तथा प्रघटय्य पराजितानां च शताय परिक्रीतानामिव वाहकत्वं प्रकटय्य सङ्गराय कृतसङ्गरः स माधवो विविध-क्रीडानिविडमना बभूव ॥३५॥

"ततश्च, अव्रीडक्रीडतायां जयतदितरयोर्वाहयन्तो वहन्त-
स्तस्मिन् वाहानुकर्तृस्तुरगतुलनया हासयन्तो हसन्तः ।

किया ? तो भी अच्छा हुआ जो कि, तू क्रीड़ा के समय ही उपस्थित हो गया । इस प्रकार कहकर हँसकर, एवं उसके द्वारा अनुकरण किये गये गोपबालक के सम्बन्ध विशेष से युक्त वेष का परिहास कर, श्रीकृष्ण ने बलदेवजी के बल को जीतने के लिए ही, अधिक सन्तुष्ट किये हुए उस प्रलम्ब के साथ मित्रता स्वीकार करली ॥३१॥

और कहा कि हे सभ्य ! आज से लेकर हमारे परम मित्र आप ही हो (श्लेष पक्ष में पूरे बैरी हो, यह अर्थ है) । इसलिए मैं तुमको अपनी आँखों में धरकर रखूँगा (श्लेष पक्ष में 'अक्षिगत' द्वेष्य को कहते हैं, इसलिए मैं तुझको शत्रु रूप से रखूँगा यह अर्थ है) । श्रीदामा बलरामजी का अनुगामी बन जाय, क्योंकि वह बढ़ी हुई स्पर्धा से युक्त अन्तःकरण वाला है, अतः स्पर्धा से युक्त समूह में ही जाने के योग्य है (श्लेष पक्ष में 'किल' शब्द का मिथ्या अर्थ है, अर्थात् श्रीदामा के प्रति कहे गये मेरे वाक्य वास्तव में मिथ्या हैं) ॥३२॥

किन्तु वह देवशत्रु प्रलम्बासुर वहाँ पर आश्चर्यरहित होकर, बुरे गर्व से गर्वित होकर स्थित होगया ॥३३॥

क्योंकि विश्व के बनाने की इच्छा वाला वह ब्रह्मा भी, जिनसे विधिपूर्वक वेदों का अध्ययन करना चाहता है, उन्हीं श्रीकृष्ण के ऊपर, अपने को चतुर मानने वाला कौन व्यक्ति अपनी चतुराई को प्रकाशित कर सकता है ? ॥३४॥

पश्चात् श्रीकृष्ण बालकों के समूह को दो विभागों में विभक्त करके, और उस प्रलम्ब को दृढ़तापूर्वक अपनी सेना का स्वामी बनाकर, तथा वहाँ पर मात्सर्ययुक्त व्यक्ति की तरह, श्रीबलराम एवं प्रलम्बासुर को, श्रीदामा एवं अपने को अर्थात् श्रीकृष्ण को आपस में प्रतिद्वन्दी बनाकर, दूसरे सखाओं को भी अपने अपने पक्ष के सहायक रूप से संघटित कर, पराजित सखाओं का सौ रुपये से खरीदे हुए व्यक्तियों की तरह, वाहकत्व प्रगट करके, अर्थात् जो हारेगा वह जीते हुए को चड्ढी देगा ऐसा विचार प्रगट कर, युद्ध के लिए कृतप्रतिज्ञ होकर अर्थात् प्रतिज्ञा कर, अनेक प्रकार की क्रीड़ाओं में आसक्त मन वाले हो गये ॥३५॥

और उसके बाद लज्जारहित उस क्रीड़ा में, जय पराजय के मध्य में, जीतने वाले हारने वाले पर चड्ढी लेते हुए एवं हारे हुए जीतने वाले को चड्ढी देते हुए, उस समय कुछ सखा घोड़ाओं की तरह बन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मर्यादा-निर्णये तु प्रथितकलिकुलं वादयन्तो वदन्तः
प्रापुर्भाण्डीरमेते वनवनभुवि गाश्चालयन्तश्चलन्तः ॥३६॥

"तदेवं कुतूहले तु प्रबले बलं प्रलम्बस्कन्धारूढं सन्धातुं जितभुजगभुजः श्रीबलानुजः पराभवमगणयन् दुर्बलं दुर्बलमेव विचित्य स्वीकृतं स्वगणमेव पराभावयामास ॥३७॥

"तस्यापाततस्तु वहनाय मानान्मनोग्लानिः स्यादिति स्वमपि तथा चकार ॥३८॥

"ततश्च, ऊहे कृष्णः श्रीदामानं, दैत्यः स श्रीरामाख्यानम् ।
अन्योऽप्यन्यं शूरम्मन्यः, सर्वः प्रोचे धन्यो धन्यः ॥३९॥

पूर्वं कृष्णः कौतुके येन दृष्टः, सौम्यः पश्चाद्रामकर्षे तु भीष्मः ।
इत्येवायं स प्रलम्बस्तु पर्यङ्,-मर्यादातः पर्यगात्तं प्रगृह्य ॥४०॥

रामः क्रीडाविष्टताश्लिष्टबोध,-स्तं नाज्ञासीद्दृष्टमात्रं तु कृष्णः ।
पूर्वः प्रायेणर्जुताभिन्नचित्तः, पश्चाद्भावी चातुरीसद्धुरीणः ॥४१॥

"अथ तथापि गिरिनिवहनिभ-बहलसारतावह-दुर्वहस्वभावताभावितसङ्कर्षणवपुःकर्षण-जातधर्षणवशान्निविडपीडिततया व्रीडित-चित्ततया च स पुनः पुनरीडितम्मन्यः स्वमखर्वं पूर्वसिद्धं पूर्वदेव-वपुराविर्भावयामास ॥४२॥

कर, घोड़ाओं का अनुकरण करने वालों को हँसाते हुए, एवं स्वयं हँसते हुए, तथा मर्यादा के निर्णय में तो कुछ सखा कलह विस्तारपूर्वक, दूसरे को बुलवाते हुए स्वयं बोलते हुए, ये सब प्रकार के सखा प्रत्येक वन की भूमि में गैयाओं को चलाते हुए स्वयं चलते चलते भाण्डीरवट के पास पहुँचे गये ॥३६॥

इस प्रकार के कुतूहल के प्रबल हो जाने पर, श्रीबलदेवजी को प्रलम्बासुर के कन्धे पर आरूढ़ करने के लिए, सर्प विजयी भुजाओं वाले श्रीकृष्ण ने, अपने तिरस्कार को न गिनते हुए, दुर्बल को दुर्बल ही समझकर, स्वीकृत अपने दल को ही, बलदेवजी के दल से पराजित करा दिया ॥३७॥

और अचानक उस प्रलम्ब को, बलदेवजी के ढ़ोने के लिए, गर्व के कारण मनोग्लानि अवश्य हो जायगी, इसलिए श्रीकृष्ण स्वयं भी ढ़ोने का काम करने लग गये ॥३८॥

उसके पश्चात् श्रीकृष्ण श्रीदामा को ढ़ोने लग गये, एवं वह प्रलम्बासुर श्रीबलरामजी को ढ़ोने लग गया। और अपने को शूरवीर मानने वाला दूसरा सखा दूसरे को चड्ढी देने लग गया, तब सभी सखा धन्य है धन्य है, ऐसे कहने लग गये ॥३९॥

जिस प्रलम्बासुर ने पहले क्रीड़ा के समय श्रीकृष्ण को मनोहर देखा था, पश्चात् बलरामजी को खेंचकर दूर ले जाते समय तो श्रीकृष्ण को भयंकर रूप से देखा। इस प्रकार वह प्रलम्ब श्रीबलराम को लेकर ढ़ोने की मर्यादा (सीमा) से आगे निकल गया ॥४०॥

क्रीड़ा में आविष्ट होने के कारण जिनका ज्ञान परिस्फुट नहीं हो रहा है, ऐसे बलरामजी ने उस दैत्य को नहीं पहचाना। श्रीकृष्ण ने तो पहले देखते ही पहचान लिया था। क्योंकि श्रीबलरामजी प्रायः सरलता से परिपूर्ण चित्त वाले हैं, किन्तु श्रीकृष्ण तो चतुरों के अग्रगण्य हैं ॥४१॥

तथापि पर्वत श्रेणी के समान अधिक सारता से पूर्ण, एवं दुर्वह (न ढ़ोने योग्य) स्वभावता से युक्त, श्रीबलरामजी के शरीर के ढ़ोने के कारण,उत्पन्न हुए खेद के वश से अत्यन्त पीड़ित होकर,एवं लज्जित चित्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यर्हि राममवहद्दनोः सुतः, शुभ्रधामवपुषं तमःप्रभः ।
इन्दुहारि तम इत्यमुं तदा, दिव्यलोकनिकरस्त्वमन्यत ॥४३॥
तस्मिन् किञ्चित्रासमासन्नवान् स, ज्येष्ठः पश्यन् द्राक् कनिष्ठस्य वक्त्रम् ।
तद्भ्राम्यद्भ्रूलीलया लब्धदृष्टि,-र्दुष्टं मुष्ट्याऽताडयत् सुष्ठु मूर्ध्नि ॥४४॥
ततः प्रहतमस्तकं रुधिररूषितं तद्वपुः
पतत्तुलितमुज्जहत् प्रतिहरि द्रुतं पुञ्जुवे ।
यथाञ्जनमहीधरं दलितमक्तरक्तद्रवं
त्यजन् द्रवति वज्रकः सपदि वज्रपाणिं प्रति ॥४५॥
प्रलम्बपतनं दूरे प्रलम्बार्याप्तिरन्तिके ।
उभे ते युगपद्दृष्टे जज्ञाते स्मितविस्मिती ॥४६॥
वाष्पश्लिष्टतया तस्मिन्माश्लिष्टौ भ्रातरौ मिथः ।
यावाश्लिष्यार्द्रतां याता बन्धुता बहिरन्तरम् ॥४७॥
महारवं कृतवति च प्रलम्बके, तदा द्रुतं मृतवति च द्यवि स्थिताः ।
सुनिर्वृता ववृषुरलं स्रजां कुलं, व्यतर्कयन्नुपहसितं हरेरपि ॥४८॥

होकर भी, उस प्रलम्ब दैत्य ने अपने को पुनः पुनः प्रशंसनीय मान कर, पूर्वसिद्ध अपने उसी लम्बे चौड़े असुर शरीर को प्रगट कर दिया ॥४२॥

अन्धकार के समान श्यामकान्ति वाला दनुपुत्र प्रलम्बासुर, जब चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्ति वाले श्रीबलरामजी को कंधे पर धर कर लिए जा रहा था, उस समय देवसमूह ने तो इस असुर को ऐसा समझा कि, मानो चन्द्रमा के हरण करने वाला यह राहु ही जा रहा है ॥४३॥

उस समय लौकिक लीला के अनुसार किंचित् त्रास (भय) को प्राप्त हुए, बड़े भाई श्रीबलरामजी ने शीघ्र ही छोटे भाई श्रीकृष्ण के श्रीमुख को देखकर, एवं घूमती हुई उनकी भौंह के इशारे से ज्ञान को प्राप्त कर, उस दुष्ट के मस्तक पर अच्छी प्रकार मुक्के से मार दी ॥४४॥

तदनन्तर रक्तद्रव से लिपे हुए, एवं विदीर्ण हुए अंजन पर्वत को त्यागकर, वज्र जिस प्रकार शीघ्र ही इन्द्र के पास दौड़कर जाता है, ठीक उसी प्रकार वह प्रलम्बासुर मस्तक पर ताड़े हुए,एवं रुधिर से लिपे हुए, उस अपने शरीर को गिरते हुए पदार्थ की तरह त्याग कर, शीघ्र ही श्रीहरि के प्रति दौड़ पड़ा, अर्थात् श्रीकृष्ण में मिलकर मुक्त हो गया ॥४५॥

दूर में प्रलम्बासुर का गिरना, एवं श्रीकृष्ण के निकट श्रीबलरामजी का आजाना, एक साथ देखे हुए उन दोनों व्यापारों ने, सभी के मन्दहास्य एवं विस्मय को उत्पन्न कर दिया । अर्थात् एक साथ इन दोनों बातों को देखकर सभी सखा मुस्क्याते हुए चकित हो गये ॥४६॥

उस समय दोनों भैया प्रेमाश्रुओं से पूर्ण होकर आपस में भुज भर के मिले । और जिन दोनों भाइयों का आलिंगन कर बन्धुसमूह बाहर एवं भीतर से आर्द्रभाव को प्राप्त हो गया ॥४७॥

उस समय प्रलम्बासुर के महान् शब्द करने पर एवं शीघ्र ही मर जाने के बाद, स्वर्गस्थित देवगण आनन्दित होकर, यथेष्ट पुष्पमालाओं की वृष्टि करने लग गये । तथा प्रलम्बासुर के प्रति किये गये श्रीकृष्ण के उपहास की तर्कना भी करने लग गये ॥४८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वाहक-शिरसि प्रहरण,-मत्रादिष्टं सदा विहृतौ ।
मर्यादातिक्रान्ता, प्रलम्ब ! भवता तथा तु नास्माभिः ॥४९॥

"तदेवं प्रलम्बालम्भनसम्भ्रमेऽप्यनुद्भ्रान्तचित्तास्ते शृङ्गिणीवित्ताः कुणपतामितस्य प्रमीतस्य तस्य पितृवनवेशं प्रदेशलेशं परित्यज्य योजनव्यज्य-विस्तार-प्रशस्त-भाण्डीरतलमण्डल-सेवाधिष्ठाय विहारनिष्ठाः क्रीडापणस्य स्पृहयाय्या जयाय्या गृहयाय्यास्तृण-लोभाविष्टतया वृक्षषण्डाद्विप्रकृष्टामपि यमुनाकच्छानच्छमुञ्जाटवीं प्रविष्टानामन्धीभूतानां पादबन्धनाना-मन्वेषणाद्विश्लेषमाजग्मुः ॥५०॥

"ततः कथमप्यवधानतः प्रनष्टवित्ततया स्पष्टकष्टचित्ता रंहसा सङ्कशः सभयं ह्वयन्ते स्म । नूनं देशाधिपति-निदेशतः सदेशमागता एव केचित् क्रूरा गा दूरगा विदधुरिति च ध्यायन्ति स्म ॥५१॥

"ततश्च गवां खुरादिचिह्नै रह्नाय तासामध्वानं लब्ध्वा समस्ता एव ता हरिरह्वास्त ॥५२

"यथा—कृष्णे तटाग्रमधिरुह्य सुवर्ण-वर्ण,-वल्गूत्तरीयमनुघूर्ण्य वितीर्णहूतौ ।
गावः प्रतिस्वमभिनेदुरुदीर्णतापा, गर्जत्तडिद्घनघनाघनतृष्णयेव ॥५३॥

उपहास करते हुए श्रीकृष्ण प्रलम्ब के प्रति बोले—इस विहार में अर्थात् खेल में वाहक (चड्ढी देनेवाले) के मस्तक पर प्रहार करना सदैव से आदिष्ट है, किन्तु हे प्रलम्ब ! आपने जैसे मर्यादा का लंघन किया है, वैसे हम सबने तो किया नहीं । अर्थात् तुम चड्ढी देनेवालों की सीमा को लाँघकर आगे बढ़ चले, इसलिए अपनी मर्यादा का पालन करते हुए श्रीदाऊजी ने कस के मुक्का जमा दिया, इतने पर ही तुम मर गये तो इसमें दाऊजी का क्या दोष ? ॥४९॥

अतएव इस प्रकार प्रलम्बासुर के मृत्युरूप उद्वेग के उपस्थित होने पर भी, उद्वेग से रहित चित्तवाले, एवं गोगणरूप वित्त (धन) वाले वे सब ग्वारिया, मुर्दापन को प्राप्त होकर, मरे हुए उस प्रलम्बासुर के श्मशान के तुल्य स्थान के सम्बन्ध को त्यागकर, एक योजन (चार कोश) के विस्तारवाले प्रशंसनीय भाण्डीरवट के तल मण्डल में आकर क्रीड़ा में आसक्त हो गये । तथा क्रीड़ारूप पण की इच्छा करनेवाले, विजयशील, घर में जाने की इच्छावाले वे ग्वारिया, जो गैया भैंस घास के लोभ की आसक्ति के कारण, वृक्षसमूह से दूर होने पर भी, यमुना तीरस्थ उसी मलिन मुञ्जाटवी (मुंजवन) में प्रविष्ट हो गई थीं उनको ढूँढ़ने के कारण आपस में अलग अलग हो गये ॥५०॥

तदनन्तर किसी प्रकार सावधानी से, चित्त ठिकाने पर न रहने के कारण, स्पष्टरूप से कष्टयुक्त चित्त वाले वे ग्वारिया, वेग से एकसाथ मिलकर, भयपूर्वक उनको बुलाने लग गये । और निश्चय ही देशाधिपति कंस की आज्ञा से, पास में आकर कुछ क्रूर प्रकृति के जन ही, गैयाओं को दूर गामिनी कर गये हैं । इस प्रकार चिन्ता करने लग गये ॥५१॥

अनन्तर गैयाओं के खुर आदि चिह्नों के द्वारा शीघ्र ही उनके मार्ग को प्राप्तकर, श्रीकृष्ण उन सभी को बुलाने लग गये ॥५२॥

यथा—श्रीकृष्ण जब यमुनातट के ऊँचे भाग पर चढ़कर, सुवर्ण वर्ण के दुपट्टे को घुमाकर, ऊँचे स्वर से गैयाओं को बुलाने लग गये, तब अत्यन्त सन्तप्त हुई प्रत्येक गायें, बिजली से सुशोभित गर्जना

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं यदालम्भि चास्तम्भि च नैचिकीनिचयस्तदानीमेव च दृष्टनिर्विलम्बप्रलम्ब-प्रलयचराः कंसचरा लब्धावसरा मुञ्जाटवीमुद्भट-चेष्टतया वेष्टयित्वा निर्निवारणकृपीटकारण-वृष्टिं झटिति तादृश-दुष्टवौषट्कारास्पदतद्विलक्षणतेजसि तस्मिन् प्रतिपक्षता-कल्पनया निसृष्टवन्तः ॥५४॥

"या खलु ज्वालकलयापि सर्वं रोषादोषामास कल्पमिति प्रज्वलति महाज्वलने पट-पटायमानायां च महामुञ्जाटव्यां भीततयास्तव्यस्तचालास्ते गोपालाः सखिवलयारामतया कलितकेलि-जालाविह रामगोपालावेव भूरिदूरतः शरणतया समुपाजग्मुः ॥५५॥

"तत्र च—दवाग्निं दृष्ट्वा ते यदपि हरिरक्षापरतया
समीयुर्वैयग्र्यं तदपि निजरक्षामवृणुत ।
प्रसक्तिस्तस्येत्थं किल भवति सा चेदुयते
तदा शक्तिश्चास्य प्रभवति यथेच्छं मुहुरिति ॥५६॥

यथा (भा० १०।१९।९)—
'कृष्ण कृष्ण महावीर्य हे रामामितविक्रम ।
दावाग्निना दह्यमानान् प्रपन्नांस्त्रातुमर्हथः ॥' इत्यादि ॥५७॥

करनेवाले, एवं भारी वर्षा करनेवाले बादल की तृष्णा से, चातकी समूह की तरह चारों ओर से चिल्लाने लग गईं ॥५३॥

इस प्रकार की घटना के बाद जब गोसमूह मिल गया, एवं एक जगह स्थिर हो गया, उसी समय शीघ्र ही प्रलम्बासुर की मृत्यु की दशा को देखनेवाले, कंस के गुप्तचरों ने अवसर पाकर, मुञ्जवन को प्रबल चेष्टापूर्वक चारों ओर से घेरकर, उस प्रकार के दुष्ट 'वौषट्' इत्यादि अर्पण मन्त्र के आश्रय स्वरूप, अलौकिक तेजवाले श्रीकृष्ण के ऊपर विपक्षता (शत्रुता) की कल्पना करके, शीघ्र ही अनिवार्य अग्नि की वृष्टि की सृष्टि कर दी ॥५४॥

जिस अग्नि की वृष्टि ने निश्चय ही अग्निकणों के द्वारा भी, प्रायः क्रोधपूर्वक सभी को दग्ध सा कर दिया। जब वह महा अग्नि प्रज्वलित हो उठी, एवं मुञ्जाटवी पट पट शब्द करने लग गई, तब भयभीत होने के कारण, अस्तव्यस्त चालवाले वे गोपालगण, मित्रमण्डल के आश्रय स्वरूप होकर, अनेक प्रकार की क्रीड़ा करनेवाले श्रीकृष्ण बलदेव के पास ही शरणागत होकर आ गये ॥५५॥

और वहाँ पर वे गोपालगण दावानल को देखकर, यद्यपि श्रीकृष्ण की रक्षा में तत्पर होने के कारण, व्यग्रता को प्राप्त हो गये थे, तो भी उन्होंने अपनी रक्षा को भी मानों वर लिया। क्योंकि श्रीकृष्ण की रक्षारूप आसक्ति यदि भक्त के हृदय में ग्वालबालों की तरह होकर उत्पन्न हो जाती है, तब तो भक्तों की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण की शक्ति भी स्वेच्छापूर्वक बारंबार प्रबल हो उठती है ॥५६॥

आपत्ति में श्रीकृष्ण की शरण जाना ही उचित है। उसमें प्रमाण यथा—हे प्यारे कृष्ण ! हे महाबलिष्ठ ! श्रीकृष्ण ! हे अमित बलशालिन् ! बलराम ! हम सब ग्वालबाल दावाग्नि से जले जा रहे हैं, एवं आप दोनों के शरणापन्न हैं, और आप दोनों ही रक्षा के लिए योग्य हैं, अतः हम सब की रक्षा करो ॥५७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं दूरागतानां कार्पण्यपण्यभणितश्रवणमारभ्य तस्मादभ्यासगतानामपि भयमुपलभ्य श्रीमान् कृष्णस्त्विदं ससंरम्भं भावयामास,—॥५८॥

'आत्मनोऽप्यलममी मम प्रिया, हा दवं प्रति दवं समियुति ।
गीर्णमेव करवाण्यमुं ततः, को यमः क इह वा भवेद्धरः ?' ॥५९॥

'किन्तु मया वैश्वानरनिगरणं न सोढुं परिवृढा भवेयुरेते' इति विचिन्त्य प्रोवाच,—'मा भैष्ट नेत्रपुटं त्वनुद्घटितं घटयत' इति ॥६०॥

"निमीलद्विलोचनेषु च तेषु तदावेशवशया कृतप्रवेशया योगमायया तत्कालकल्पित-महाजलधर - कल्पापर - शरीरस्तत्रत्येनानल्पेनाननेन तमदुःखत एव सर्वं विभ्रक्षन्तं भक्षितवान् ॥६१॥

"तथा तदिच्छया सुधाचुलुकायमानमित्येके । तयैवं चान्यदपि चकार ॥६२॥

"यदुक्तम्, (भा० १०।१९।१३)—

'ततश्च तेऽक्षीण्युन्मील्य पुनर्भाण्डीरमापिताः ।
निशाम्य विस्मिता आसन्नात्मानं गाश्च मोचिताः ॥' इति ॥६३॥

"अथ धेनुर्तीत विनिवर्त्य हरि,-र्बलयुक्ततया मुरलीं कलयन् ।
सहचारिगणप्रथितात्मयशा, व्रजमागतवानहनि ग्लपिते ॥६४॥

इस प्रकार दूर से आये हुए उन ग्वालबालों के कातरता एवं स्तुतिपूर्ण वाक्यों के श्रवण से लेकर, अतः पास में आ जाने पर भी उनके भय को जानकर, श्रीमान् कृष्णचन्द्र तो क्रोधपूर्वक यह विचार करने लगे कि— ॥५८॥

हाय ! ये मेरे सखा मुझे अपनी आत्मा से भी अतिशय प्यारे लगते हैं, ये दावानल को देखकर अधिक भय को प्राप्त हो रहे हैं। अतः मैं इस दावानल को निगल ही जाऊँ, अर्थात् गले से नीचे ही उतार जाऊँ तो, इस विषय में यमराज, अथवा महादेव भी निषेध करनेवाले कौन होते हैं ? ॥५९॥

किन्तु मेरे द्वारा अग्नि के निगलने को ये सब सहन करने को समर्थ न हो सकेंगे, ऐसा विचार कर श्रीकृष्ण बोले कि—आप सब भय न करो। केवल अपने अपने दोनों नेत्रों को मूँद लो ॥६०॥

श्रीकृष्ण के वचन सुनते ही ग्वालबालों ने जब नेत्र बन्द कर लिए, तभी श्रीकृष्ण के आग्रह के वशीभूत होकर, प्रवेश करनेवाली योगमाया के द्वारा, तत्काल महामेघ के समान एक दूसरा शरीर कल्पित कर दिया गया। श्रीकृष्ण ने महामेघ तुल्य उस शरीर में विद्यमान महान् मुख के द्वारा, सब कुछ भस्म करते हुए उस दावानल को अनायास भक्षण कर लिया, अर्थात् पी लिया ॥६१॥

तथा कुछ विज्ञजन ऐसा कहते हैं कि—श्रीकृष्ण की इच्छा से वह दावानल अमृत की घूँट के समान हो गया था, और श्रीकृष्ण ने अपनी योगमाया के द्वारा दूसरा कार्य भी इसी प्रकार किया— ॥६२॥

जो कि श्रीमद्भागवत में कहा है, यथा—"तदनन्तर उन ग्वालबालों ने नेत्रों को खोलकर देखा कि, हम सब तो पुनः भाण्डीरवट को प्राप्त हो गये हैं। तथा अपने को एवं गैयाओं को दावानल से मुक्त देखकर सभी विस्मित हो गये थे" ॥६३॥

पश्चात् समस्त दिन बीत जाने पर सहचरगणों के द्वारा, जिनका निजी यश तत्काल विस्तारित किया जा रहा था, वे श्रीकृष्ण गोसमूह को वन से लौटाकर, श्रीबलदेवजी के सहित वंशी बजाते हुए व्रज में आ गये ॥६४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गवां धूलिर्नादः खुरघटितघट्टध्वनिघटा
हरेस्तासां हूतिः श्रवणगणभिद्वेणुरणितम् ।
अमीभिस्ते कृष्टास्तरतमतया गोकुलजना
न पृष्ठ्यं नाग्रीयं न सममविदुर्न स्वमपि च ॥६५॥

यद्यपि बहुसङ्घट्टन,-धूलिध्वान्तं च सर्वत्र ।
तदपि हरेर्मुखचन्द्रः, प्रतिजनमानन्दितं चक्रे ॥६६॥

"अथ पूर्ववन्मातरपितरादिरचित-सुखविस्तरौ भ्रातरौ निजनिलयं प्रविविशतुः ॥६७॥
"सखायश्च प्रलम्बदवानलकथाप्रथनया सर्वं विस्माययामासुः ।"६८॥

तदेतत् प्रोच्य समापनमाह स्म,—

"ईदृशस्तव गोपेन्द्र ! पुत्रः पुण्यकृतस्तवः ।
प्रेमार्द्रः सुहृदां यस्तु दावाग्निमपि पीतवान् ॥"६९॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु प्रलम्ब-दव-संवर्त-निवर्तनं नाम षोडशं पूरणम् ॥१६॥

व्रज में आते समय गैयाओं की चरण धूलि, उनका हम्बारव, एवं खुरों के द्वारा घटित घट्ट घट्ट शब्द का समूह उत्पन्न होने लगा। और श्रीकृष्ण के द्वारा उन गैयाओं के बुलाने का शब्द, एवं सबके कानों को भेदन करनेवाली वंशीध्वनि भी होने लग गई। इन पूर्वोक्त धूलि आदि चिह्नों के द्वारा आकर्षित हुए वे गोकुल वासीजन, अपने पीछे खड़े हुए को, आगे खड़े हुए को, अपने समान को या बड़े को, अधिक क्या कहें तदाकार होने के कारण, अपने को भी न जान सके कि, हम कौन हैं, कहाँ खड़े हैं ? ॥६५॥

यद्यपि उस समय बहुतजनों के एकत्रित होने के कारण, धूलि के द्वारा सर्वत्र अन्धकार छा रहा था, तो भी श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र ने प्रत्येक जन को आनन्दित कर दिया ॥६६॥

पश्चात् पहले दिनों की भाँति माता पिता आदि के द्वारा किये गये सुख विस्तार को प्राप्त करनेवाले दोनों भैया अपने घर में प्रविष्ट हो गये ॥६७॥

और सखाओं ने भी प्रलम्बासुर, एवं दावानल की कथा के विस्तार पूर्वक कथन द्वारा सभी को आश्चर्य युक्त कर दिया ॥६८॥

यह कहकर मधुकण्ठ समाप्ति वचन बोला—हे गोपेन्द्र ! आप सुकृतशाली हैं, बड़े बड़े पुण्यों के द्वारा जिसकी स्तुति की जाती है, ऐसा यह तुम्हारा पुत्र है, जो कि मित्रों के प्रेम से आर्द्र होकर दावानल को भी पी गया ॥६९॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये प्रलम्बवधदावाग्निरूपप्रलय-निवर्तन-नामकं
षोड़शं पूरणं सम्पूर्णम् ॥१६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ सप्तदशं पूरणम्

वेणुशिक्षाच्छलेन प्रेयसीभिक्षा

अथ पूर्ववद्विलक्षणायां क्षणदासभायां समुत्कण्ठः स मधुकण्ठः कथयामास,—॥१॥

"पूर्वपूर्वानुसारेण धेनुकवधानन्तरव्यवहारेण प्रेयसीनां प्रत्यहमेव वर्धमानाः कमल-कलिकावदुत्कलिका मधुसूदनस्य बहिरीहितैर्दुरूहां स्पृहां बृंहयामासुः ॥२॥

"तत्रापि सर्वाधिकायाः श्रीराधिकायास्तु नितरां तत्र तूपलक्षणतया श्रीराधामाधवयोर्वर्ण्यते,—॥३॥

"प्रसङ्गेच्छा वीक्षास्पृहितमनुषङ्गाभिलषितं
पृथग्लोकद्वेषः प्रतिसमयमुद्वेगकलना ।
इमे भावा युग्मे युगपदुदितास्तत्क्रमवशा-
दहो दूरस्थित्योरपि दयितयोरेकरुचिता ॥४॥
आदर्शाविव तौ स्वच्छौ सदाभिमुखतां गतौ ।
राधामाधवयोर्भावौ मिथो भावानुपेयतुः ॥५॥

सत्रहवाँ पूरण

वेणुशिक्षा के बहाने प्रेयसी भिक्षा

इस सत्रहवें पूरण में अपनी किशोरावस्था की सफलता के लिए वंशी की शिक्षा के बहाने, गोपीगण-रूप रत्नों की भिक्षा का वर्णन होगा ।

अनन्तर पहले की भाँति अलौकिक रात्रि की सभा में, उत्कण्ठायुक्त वह मधुकण्ठ कहने लगा—॥१॥

पहली पहली लीलाओं के अनुसार, धेनुकासुर के वध के पिछले व्यवहार के अनुसार, प्रतिदिन बढ़ती हुई कमल की कलियों की तरह, श्रीकृष्ण प्रियतमा गोपिकाओं की उत्कण्ठाओं ने, बाहिरी चेष्टाओं द्वारा दुरूह (दुस्तर्क्य) श्रीकृष्ण की इच्छा को बढ़ा दिया ॥२॥

उनमें भी सर्वाधिका श्रीमती राधिका की इच्छा को तो और भी अधिक बढ़ा दिया था । किन्तु उन सबमें से श्रीराधाकृष्ण के परस्पर के उद्बोधकभाव में इच्छा का वर्णन करते हैं ॥३॥

प्रस्तावना की इच्छा, दर्शन की इच्छा, मिलने की इच्छा, स्वभावतः प्रतिबन्धकजनों के ऊपर द्वेष, एवं प्रत्येक समय उद्वेग के चिह्न, ये सब भाव श्रीराधाकृष्णरूप युगल जोड़ी में एक साथ ही उदित (प्रकट) हो गये थे । आश्चर्य तो यह है कि, उसी क्रम के वशीभूत होने के कारण, दूर रहने वाले भी प्रिया प्रीतम की एक ही प्रकार की अभिलाषा थी ॥४॥

दर्पण की तरह निर्मल, एवं सदैव संमुखता को प्राप्त हुए श्रीराधा कृष्ण के भाव, आपस के अभिप्राय को प्राप्त हो गये थे ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भूयो भूयो दृश्यते यर्हि मूर्च्छा, राधायां वा श्रीहरौ वा रहस्तु ।
अन्योऽन्यस्य स्फूर्तिरेवाप्तितुल्या, कल्याणाय प्रायशः कल्पते स्म ॥६॥

"तदेवं ताभिस्तस्यातिदुर्लभस्य स्पृहातिशयवाहितया नातिहितायां शरद्यतिवाहितायां मार्गशीर्षस्तु तासां पतिम्मन्यगृहगमनाय मार्गशीर्षतामवाप ॥७॥

"यत्र च कन्यानां मातरपितरेषु तद्दानाय पूर्वमेव स्वयमनभिरुचितीकृतमुरजिदितरेषु स्वप्नदोषादेवान्यत्रावगत-तद्वितरेषु तत एव दुःखितत्वानभिनन्दित-तत्सम्बन्धिनिकरेषु सम्प्रति तासामतिदुःखशुष्कता-दृष्ट्या भीतिपरेषु तत एव तत्प्रस्थापनायां स्थगितान्तरेषु लोकधर्म-विगानलब्धदरेषु च घूर्णितचित्ता पूर्णिमा तदिदं निर्दिदेश,—॥८॥

'भवन्तस्तावत्तटस्थीभवन्तस्तिष्ठन्तु, वयमेवामूरनुनीय तत्तद्गृहमुपनीय तत्तत्-प्रक्रियां क्रियाविषयीकरिष्यामः' इति ॥९॥

"अथ जन्यम्मन्यांस्तेषामनादरमवधाय मन्युं मन्यमानान् स्वयमेव सा देवतादिमान्या साम्ना सम्मान्य यथा स्वमनीषितमेवाङ्गीकारयाञ्चकार ॥१०॥

जब कभी एकान्त में श्रीराधिका में किंवा श्रीकृष्ण में बारंबार मूर्च्छा दिखाई देती थी, तब परस्पर की प्राप्तितुल्य स्फूर्ति ही प्रायः कल्याण के लिए समर्थ हो जाती थी ॥६॥

अतएव इस प्रकार उन गोपियों ने अत्यन्त दुर्लभ श्रीकृष्ण सम्बंधी अतिशय इच्छा को प्राप्त कराने वाली होने के कारण, अहितकर शरद्ऋतु को जब बिता दिया, तब मार्गशीर्ष का महीना तो उनको काल्पनिक पतियों के घर जाने के लिए मार्ग के अवकाशभाव को प्राप्त हो गया था, अर्थात् पति के घर जाने के लिए मार्ग निर्देशक ही बन गया था ॥७॥

और जहाँ पर उन गोपकन्याओं के माता पिता उनका दान करने के लिए, जब पहले से ही श्रीकृष्ण से भिन्न जनों के प्रति स्वयं अरुचि प्रगट कर रहे थे, एवं स्वप्न में प्रगट हुए दोष से ही मानों श्रीकृष्ण से भिन्न के प्रति उन कन्याओं के दान को जान रहे थे, इसी कारण से जब वे दुःखित होकर उन कन्याओं के काल्पनिक सम्बंधीजनों का अभिनन्दन (सत्कार) नहीं कर रहे थे, तथा इसी समय उन कन्याओं के अतिशय दुःख के कारण प्रगट हुए रूखेपन को देखने से जब वे भयभीत हो रहे थे, और इसीलिए उन कन्याओं के पतिगृह प्रस्थान के विषय में जब वे स्थगित चित्त वाले हो रहे थे, एवं जब वे लोक और धर्म से अनादर होने के कारण भय को प्राप्त हो रहे थे, तब घबराये हुए चित्त वाली पौर्णमासी ने यह निर्देश किया कि— ॥८॥

आप सब तटस्थ (उदासीन) होकर बैठे रहो। हम ही इन सब कन्याओं की अनुनय विनय कर, उन उन के घर पहुँचा कर, ससुर के घर में गृहस्थ संबंधी धार्मिक कार्य में परिणत कर देंगी ॥९॥

पश्चात् देवादिकों की भी माननीया पौर्णमासी ने कन्याओं के पिता आदिकों के द्वारा अनादर को जानकर, अत्यन्त कुपित हुए जमाइयों के पिता आदि संबंधियों को स्वयं ही शान्तिपूर्वक सम्मानित कर, जैसी अपनी इच्छा थी उसी प्रकार ही अङ्गीकार करा लिया ॥१०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कन्यास्तु ता धन्या वरम्मन्यालयान्तःप्रयाणं तत्र च लब्धतदञ्चलन्यासनिजाञ्चल-ताद्यन्यायमसम्मन्यमाना बभूवुः ॥११॥

"अथ ताः सा शपथप्रथनया तदालयेष्वसम्भवमपीष्टलम्भनमनिष्टविप्रलम्भनं च विश्रम्भविषयं विधाय दुःसहनानाव्यवसायाद्विष्कम्भ्य गमनकर्मणि लम्भ्यमानाः पथि तु स्वमायया गोपयन्ती तत्र तत्सदृगन्याश्चारोपयन्ती तत्तन्निर्वाहयामास; पश्चादेव च तास्तत्र वासयामास । तास्तु तत्र च परमत्रस्ता बभूवुः ॥१२॥

"यतः, यासां देहोऽप्येष वन्दीगृहाभः, कृष्णालाभाद्गोपिकानां बभूव ।
तासां गेहं पैतृकं शर्मणे किं, यद्येवं धिक् श्वाशुरं वह्निरेव ॥१३॥
अप्यनुकूलं यासां, प्रतिकूलं स्याद्विदूरगे कृष्णे ।
तासां प्रतिकूलं तु, स्फुटमेवासीत् कुकूलतल्पाभम् ॥१४॥

"तथापि पौर्णमासी तास्तत्तद्गेह-मध्यमध्यासीना विधाय यदा चलितुमुद्यतासीत्तदामूः पुनर्विचप्रचामाप्ता निश्चप्रचाकृते तदिदमादिष्टवती,—'यदा भवतीभिः स्वमर्यादालोपस्तर्क्यते, तदा प्रपलाय्य स्थीयताम् । समाधानं पुनः कयाचिद्विद्ययास्माभिरेव विधातव्यम्, सहसा पलायनधाम च तत्र तत्र विधातव्यम्' इति ॥१५॥

भाग्यवती वे कन्यायें तो अपने को वर मानने वालों के घर में जाना, और वहाँ पर परस्पर अंचल का ग्रन्थि बन्धन प्राप्त करना, एवं ससुर के घर में धरोहररूप अपनी मलिन उक्ति, इत्यादि अन्याय को सहन करने में समर्थ न हो सकीं ॥११॥

अनन्तर श्रीपौर्णमासी ने शपथ (कसम) का विस्तार करके, उनके घरों में असंभव भी अपने इष्ट (श्रीकृष्ण) की प्राप्ति को, एवं अनिष्टरूप परपति के साथ होने वाले विच्छेद को, विश्वास योग्य बनाकर, असह्य अनेक व्यापारों को रोककर, गमनरूप कार्य में लगाई हुईं उन कन्याओं को अपनी माया से मार्ग में ही गुप्त कर, एवं वहीं पर उनके सदृश अन्य कन्याओं का आरोप कर (निर्माण कर) द्विरागमन आदि उस उस कार्य का निर्वाह करा दिया । और पश्चात् उन वास्तविक गोपकन्याओं को वहीं पर, अर्थात् ससुराल में ही बसा दिया, किन्तु वे तो वहाँ पर अत्यन्त भयभीत हो गईं ॥१२॥

क्योंकि श्रीकृष्ण की अप्राप्ति के कारण जिन गोपियों को यह अपना देह भी कारागार के समान हो गया था, फिर उन सबके लिये पिता का घर क्या सुखजनक हो सकता है ? यदि ऐसा है, तब तो ससुर के घर को तो धिक्कार है, क्योंकि वह तो अग्नि ही है, अर्थात् अग्नि की तरह जलाने वाला है ॥१३॥

श्रीकृष्ण के दूरगामी होने पर जिन गोपियों को अनुकूल विषय भी प्रतिकूल हो गया था, फिर प्रतिकूल विषय तो उनके संबंध में स्पष्ट ही तुषानल (भुस की अग्नि) की शय्या के समान हो गया था ॥१४॥

तथापि पौर्णमासी उन गोपियों को उन उन काल्पनिक पतियों के घर में बैठा कर, जब चलने को उद्यत हुईं, तब पुनः सन्देह को प्राप्त हुई उन गोपियों को सन्देह दूर करने के लिए यह आदेश दे गईं कि—जब तुमको अपनी मर्यादा का नाश विचारपूर्वक दृष्टिगोचर हो जाय, तभी यहाँ से भागकर स्थित हो जाना, अर्थात् भाग जाना । और उसका समाधान तो हमारे द्वारा किसी अनिर्वचनीय विद्या के प्रभाव से कर दिया जायगा, एवं भागने का स्थान भी उस उस स्थल में कर दिया जायगा ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं राजकारागृहाद्वैरिकारागृह इव पितृगृहात्तत्र गत्वा वसन्तीषु,—

"यावानजनि निरोध,-स्तावत्त्युत्कलिकापि संववृधे ।
कृष्णप्रेमवतीषु, श्वासानिललीनतां याता ॥१६॥

यद्यपि मनसि समिद्धा, हरिपरिरिप्सा तथापि ताभिः सा ।
आव्रियते स्म विचारै,-स्ततिरिव वह्नेः सदिन्धनप्रकरैः ॥१७॥

"तत्र श्रीराधाप्रधानतया वर्ण्यते; यथा—

पीयूष-च्छविधारिहारिकिरणः सर्वत्र शश्वज्जडी-
भावप्रापिगुणः सदार्द्रहृदयः सुभ्रूचकोरीगतिः ।
सोऽयं हन्त मया कथं हरिरहो तत्-प्राणया त्यज्यतां
धर्मो गच्छति किन्त्वधर्मपदवीं रुद्ध्वा च हत्वा च माम् ॥१८॥

"श्रीकृष्णस्य च भावना यथा,—

'मदेकचेता मत्प्राणा राधाऽन्यवशतां गता ।
यां स्मरन्मम हा चेतश्चेतनामावरिष्यति ॥'१९॥

"ततश्च, राधां तथा स्मरन् कृष्णः स्निग्धं रागि विलोचनम् ।
कियन्त्यहानि मार्ष्टि स्म हन्त हारिद्रवाससा ॥२०॥

अतएव इस प्रकार राजकीय कारागार से छूट कर वैरी के कारागार में रहने की तरह, जब वे गोपियाँ पिता के घर से ससुर के घर में जाकर निवास कर रही थीं, तब उनको जितनी रुकावट उत्पन्न हुई, उतनी ही उत्कण्ठा भी अधिक बढ़ गई। एवं वही उत्कण्ठा श्रीकृष्ण प्रेमवती उन गोपियों में, प्राणवायु के साथ एकता को प्राप्त हो गई थी ॥१६॥

यद्यपि उन गोपियों के मन में श्रीहरि के पाने की इच्छा उद्दीप्त हो गई थी, तो भी उन्होंने मोटे मोटे गीले ईन्धन समूह के द्वारा अग्नि के समूह की तरह उस इच्छा को विचारों के द्वारा छिपा लिया ॥१७॥

श्रीराधिका को प्रधान करके, उस छिपानारूप कार्य का वर्णन करते हैं, यथा—जिनकी किरणें मनोहर एवं अमृत की प्रतिमूर्ति (चन्द्रमा) को धारण करने वाली हैं, एवं जिनके गुण सभी जगह सर्वदा जड़भाव को प्राप्त कराने के स्वभाव वाले हैं, तथा जिनका हृदय सदैव आर्द्र है, एवं जो स्त्रीरूप चकोरियों की एकमात्र गति हैं, बस, वे ही मेरे प्राण हैं। अतः खेद की बात तो यह है कि, वे ही श्रीहरि कैसे त्यागे जा सकते हैं ? किन्तु धर्म तो मुझको रोककर और मारकर अधर्म के मार्ग को जा रहा है ॥१८॥

श्रीकृष्ण की भावना, यथा—मेरे में एकमात्र चित्त वाली, मेरे में ही प्राणों वाली, श्रीराधिका दूसरे के वशीभूत हो गई है। हाय ! जिसको स्मरण करता हुआ मेरा चित्त, मेरी ज्ञानशक्ति को ढ़क लेगा, अर्थात् चेतना शून्य हो जायगा ॥१९॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण राधा को उस प्रकार स्मरण करते हुए, हलदी से रँगे हुए वस्त्र के द्वारा, स्नेही एवं अनुरागयुक्त अपने नेत्रों को कुछ दिन तक खेदपूर्वक पोंछते रहे ॥२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"मिलनायातिवैयग्र्ये च—

धर्मातिक्रमि चित्तं, कथमधिमित्रं च तत् प्रकाश्येत ।
इति हरिरुपचितयुक्ति,-र्युयोज दूत्याय केवलां दृष्टिम् ॥२१॥

"इदमेव वक्ष्यते ताभिः, (भा० १०।३१।२)—

'शरदुदाशये साधुजातसत्,-सरसिजोदर-श्रीमुषा दृशा ।
सुरतनाथ ! तेऽशुल्कदासिका, वरद निघ्नतो नेह किं वधः ?' इति ॥२२

"यत,, कृष्णस्यान्यत्र दृक्प्रान्तः सद्भिः शास्त्रफलं स्मृतम् ।
हन्त तासु पुनः सोऽयमेभिः शस्त्रफलं मतम् ॥२३॥

"ततश्च, रात्रिन्दिवं वसति चेतसि हन्त भाव,-ज्वाला हरेरुत तदीयरमागणानाम् ।
सन्ध्याद्वये व्यतिविलोकसुखाज्यसिक्ता, साग्निद्विजालय इवाग्नि-ततिः समिद्धा ॥२४

तत्र च,—गोष्ठाद्वनं प्रविशतो वनतश्च गोष्ठं, लोकेन लोकनकृते सह माधवेन्दोः ।
सम्भूय सङ्गतवतीषु च तत्प्रियासु, राधा जयत्युडुषु पौर्णिमराधिकेव ॥२५॥

और श्रीराधिका से मिलने की अति व्यग्रता होने पर भी, श्रीकृष्ण अपने मित्रों के प्रति, धर्म के अतिक्रमण करने वाले उस चित्त को किस प्रकार प्रकाशित कर सकते थे ? इसलिए युक्तियों को एकत्रित करने वाले श्रीकृष्ण ने, केवल अपनी दृष्टि को ही उस समय, दूत संबंधी कार्य के लिये नियुक्त कर दिया था ॥२१॥

वे गोपियाँ भी रास में अन्तर्हित हो जाने के बाद, श्रीकृष्ण को लक्ष्य कर यही कहेगी कि—हे सुरतनाथ ! हे वरद ! हम सब आपकी बिना मूल्य की दासी हैं, तो भी आप शरत्कालीन सरोवर में अच्छी प्रकार उत्पन्न हुए सुन्दर कमल के भीतर की शोभा को चुराने वाली अपनी दृष्टि से हमारा वध कर रहे हैं, दृष्टि के द्वारा मारना क्या वध नहीं है ? क्या शस्त्र के द्वारा किया गया वध ही वध कहलाता है ? अतः तुम्हारी दृष्टि के द्वारा हरे गये हमारे प्राणों को प्रत्यर्पण कर दो, अर्थात् इसी बहाने से एक बार दर्शन दे दो । यही भावार्थ है ॥२२॥

क्योंकि श्रीकृष्ण के कृपाकटाक्ष को गोपियों से भिन्न भक्तरूप स्थान पर पड़ना तो सज्जनों ने शास्त्र का फलस्वरूप माना है । किन्तु हाय ! गोपियों के ऊपर फैंके हुए उसी कटाक्ष को इन सज्जनों ने शस्त्र के अग्रभाग को माना है ॥२३॥

उसके बाद की बात यह है कि—हाय ! श्रीकृष्ण के हृदय में और श्रीकृष्ण की नित्यप्रिया लक्ष्मी-स्वरूपा उन गोपियों के हृदय में, भावरूप ज्वाला रात दिन निवास करती थी, किन्तु वही भावरूपी ज्वाला प्रातःकाल व सायंकालरूप दोनों सन्ध्याओं में, परस्पर के दर्शन से जायमान सुखरूप घृत से सिक्त होकर, अग्निहोत्री ब्राह्मण के घर में प्रदीप्त अग्नि समूह की तरह, अच्छी प्रकार प्रदीप्त हो जाती थी ॥२४॥

और वहाँ पर गोष्ठ से वन में प्रवेश करते हुए, एवं वन से गोष्ठ में प्रवेश करते हुए, श्रीकृष्णचन्द्र के दर्शन करने के लिए, एकत्रित हुए लोगों के साथ मिलकर, एकत्रित हुई श्रीकृष्ण की नित्यप्रियारूपा उन गोपियों के बीच में श्रीराधिका, नक्षत्रों के मध्य में पूर्णिमा संबन्धी अनुराधा नक्षत्र की तरह, उत्कर्ष पा रही थी ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च प्रगेतन-वनप्रस्थाने—

"मिथ्याहासानकुरुत हरिः स्पृष्टपार्श्वस्थहस्तं
वीक्षां वक्त्रप्रणयवलितामर्धमर्धं वितेने ।
आश्लेषाद्यं विहरणगणं मित्रवर्गेषु चक्रे
दूरे गत्वाप्यहह मुरलीसंविदः संव्यधत्त ॥२६॥

"इदमेव च ताभिर्वक्ष्यते, (भा० १०।३१।१०)—
'प्रहसितं प्रिय ! प्रेम-वीक्षितं, विहरणं च ते ध्यानमङ्गलम् ।
रहसि संविदो या हृदिस्पृशः, कुहक नो मनः क्षोभयन्ति हि ॥' इति ॥२७॥

"अथ सायन्तनागमने तु,—

यदा वा गोष्ठं सम्प्रविशति तदा च भ्रमरकै-
र्वृतं वक्त्राम्भोजं धन-खुरपरागैर्वलयितम् ।
अमूषां नेत्रालिष्वभिमुखतया दर्शयति त-
न्मिलत्पाशं यन्त्रं मदनरचितं बन्धुमिव तान् ॥२८॥

"एवमेव च ताभिर्वक्ष्यते, (भा० १०।३१।१२)—
'दिन-परिक्षये नील-कुन्तलै,-र्वनरुहाननं बिभ्रदावृतम् ।
धन-रजस्वलं दर्शयन् मुहु,-र्मनसि नः स्मरं वीर यच्छसि ॥' इति ॥२९॥

और वहाँ पर प्रातःकालीन वनगमन के समय श्रीकृष्ण मिथ्या हँसी करते थे, एवं अपने बगल के सखा के हाथ को छूते हुए, वक्रता एवं प्रेम से भरी हुई चितवन को आधी आधी विस्तार करते थे। और मित्रवर्ग के बीच में उनसे आलिङ्गन आदि अनेक विहारों को करते थे। अहह ! दूर जाकर तो मुरली के द्वारा गोपियों के प्रति अनेक संकेत करते थे ॥२६॥

गोपियाँ भी रास प्रसङ्ग में गोपीगीत में यही कहेंगी कि—हे प्यारे ! मोहन ! आपका हँसना, प्रेम-पूर्वक देखना, एवं आपका विहार, ध्यान करने पर भी मङ्गलदायक है, किन्तु एकान्त में हृदय को स्पर्श करनेवाले सांकेतिक शब्द तो हमारे मन को क्षुब्ध कर देते हैं ॥२७॥

अब सायंकाल में वन से लौटने के समय तो श्रीकृष्ण जब गोष्ठ में प्रवेश करते हैं, तब घुँघराली अलकावलियों से घिरे हुए, एवं गोधन के खुरों से उठी हुई धूलि से व्याप्त, अपने मुखारविन्द को इन गोपियों के नेत्ररूपी भ्रमरों के संमुख दिखाते हैं। उस समय यह बोध होता है कि—उन गोपियों के नेत्ररूप भ्रमरों को बाँधने के लिए कामदेव के द्वारा निर्मित, एवं बाँधने योग्य रस्सियों से युक्त कोई यन्त्र विशेष ही है क्या ? ॥२८॥

गोपियाँ भी गोपीगीत में इसी प्रकार कहेंगी, यथा—हे वीर ! सायंकाल में काली घुँघराली अलकों से ढ़के हुए, एवं गोधूलि से धूसरित अपने मुखकमल को दिखाते हुए, आप हमारे मन में बारंबार कामदेव का दान करते हो ॥२९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"एवमहरहरपि परस्परं स्पर्धयेव वर्धमानतया तासामुत्कलिकाः कलितमधुमाधवावधिकाला व्याकुलताकुलतां कलयामासुः ॥३०॥

"यथा वर्णितं प्रलम्बवधवासरसम्बन्धिसन्ध्यामनुसन्धाय (भा० १०।१६।१६)—

'गोपीनां परमानन्द आसीद् गोविन्द-दर्शने ।
क्षणं युगशतमिव यासां येन विनाभवत् ॥' इति ॥३१॥

"अस्य चाभिधेयमिदम्,—

तासां कृष्णावलोके प्रमदसमुदितिर्न स्वरूपेण वक्तुं
शक्या किन्तु स्वकार्यस्फुरणपदतया किञ्चिदुद्देशमाप्ता ।
तद्विश्लेषे यथासां युगशतकदशां याति कालः कलाख्य-
स्तद्वत्तस्यानुषङ्गे युगशतमपि तद्भाति शश्वत् कलाभम् ॥३२॥

कलापि यदि विश्लेषे युगानां शततां गता ।
रात्रिन्दिवीयसंख्यायां तदा शङ्कामहे वयम् ॥३३॥

"एवं सायंप्रातिकावलोकनबलतः कथमपि निदाघेऽपि क्षपिते मयूरान् मदयित्नूनां गदयित्नूनां च स्तनयित्नूनां समागमः संवृत्तः ॥३४॥

इस प्रकार प्रतिदिन परस्पर स्पर्धा से ही मानों बढ़ी हुईं, उन गोपियों की उत्कण्ठाओं ने तो, चैत्र वैशाख के समय को प्राप्तकर, व्याकुलता से आकुल कर दिया ॥३०॥

श्रीशुकदेवजी ने भी प्रलम्बासुर के वध के दिन वाली सन्ध्या का अनुसन्धान करके, इसी प्रकार वर्णन किया है, यथा—जिन गोपियों को श्रीकृष्ण के बिना, क्षणभर का समय भी सैंकड़ों युगों के समान प्रतीत होता था, उन्हीं को श्रीगोविन्द के दर्शन में परमानन्द प्राप्त होता था ॥३१॥

इस श्लोक का प्रतिपाद्य वाच्य विषय यह है कि—उन गोपियों को श्रीकृष्णदर्शन में जो आनन्द प्रगट होता था, वह स्वरूप से कहा नहीं जा सकता। किन्तु अपने कार्य की स्फूर्ति के स्थान को पाकर, किंचिद् उद्देश को प्राप्त होता है। जिस प्रकार इन गोपियों को श्रीकृष्ण के विरह में कला नामक काल भी, अर्थात् ८ सेकंड का समय भी सैकड़ों युगों की अवस्था को प्राप्त हो जाता था। उसी प्रकार श्रीकृष्ण के मिलने पर सैकड़ों युग भी, सदा एक कला के समान, अर्थात् ८ सेकंड के तुल्य प्रतीत होते थे ॥३२॥

श्रीकृष्ण के विरह में यदि एक कला का समय भी सैकड़ों युगों की दशा को प्राप्त हो जाता था, तब रात दिन की संख्या में तो हम शंका में पड़ जाते हैं, अर्थात् श्रीकृष्ण विरह में उनके रात दिन कैसे कटते होंगे ? ॥३३॥

इस प्रकार सायंकाल एवं प्रातःकाल के श्रीकृष्ण दर्शन के प्रभाव से, किसी प्रकार ग्रीष्मकाल व्यतीत हो जाने पर, मयूरों को हर्षित करने वाले एवं गर्जना करने वाले मेघों का समागम, अर्थात् वर्षाकाल उपस्थित हो गया ॥३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—गृहनिगृहीतानां तासां मनः-कथा यथा—

'खर्जूरादिफलैः सुकन्दवलितैर्मित्रैः समं प्रावृषि
प्राञ्चद्वृष्टिजवारिवारिणि तरुक्रोडेऽशनक्रीडनम् ।
नीरप्रान्तशिलासु तासु दधियुग्भिस्सादि सम्भोजनं
दूराद्धेन्वनुहूतिरप्यघजिता नश्चित्तमुल्लुञ्चति ॥'३५॥

"यत्र च—घनागमघनागमे विरमिताजितोन्मीलने
समस्तजन-शर्मदाः सपदि खञ्जरीटेक्षणाः ।
अमूः शुचिरुचि-श्रिया स्वहृदि कृष्ण-भावं गता
हरिव्रजवनप्रियास्तमसि लीनतामागताः ॥३६॥

यथा—अकुण्ठामुत्कण्ठां निरवधि वितर्यालि-वितति-
र्यदा तासामग्रे हरिपरिचितं वृत्तमरुणत् ।
तदा वर्षाजातास्तडिदनुगताम्भोदवलिताः
प्रतीपाभाः कृष्ण-स्फुरणमधिकं हा विदधिरे ॥३७॥

नूनं निदाघेन विभूय जज्ञे, सन्तप्तिरासां हरिरागिणीनाम् ।
वर्षासु शाम्येदिति सङ्गिनीनां, निर्णीतिरासीद्विपरीतरीतिः ॥३८॥

उस समय घर में रुकी हुई गोपियों की मानसिक कथा, यथा—वर्षाऋतु में होती हुई वृष्टि के जल को रोकने वाली, वृक्ष की गोदी में मित्रों के सहित सुन्दर कन्दों से मिले हुए खजूर आदि फलों से श्रीकृष्ण की भोजन लीला, एवं जलप्रान्त (तीर) वर्ती उन उन विशाल शिलाओं पर बैठकर, दही से मिले हुए अन्नादि का भोजन, अर्थात् दध्योदन का भोजन, और श्रीकृष्ण के द्वारा दूर से गैयाओं का बुलाया जाना, इत्यादि कार्य हमारे चित्त को विदीर्ण कर रहे हैं, अर्थात् नोच रहे हैं ॥३५॥

और जिस स्थान पर घनी वर्षा आ जाने पर, विष्णु भगवान् के शयन कर जाने पर, श्लेषपक्ष में श्रीकृष्ण का दर्शन न होने पर, समस्त जनसुखदायिनी खंजननयनी, एवं श्रीहरि के व्रजस्थ वनों की प्यारी ये सब गोपियाँ, आषाढ़ की रुचिकर शोभा से, तथा श्लेषपक्ष में शृङ्गाररस की रुचिकर शोभा से, अपने हृदय में श्रीकृष्ण के भाव को पाकर, कृष्णवर्ण के अन्धकार में अथ च श्रीकृष्ण में तल्लीनता को प्राप्त हो गईं ॥३६॥

यथा—इन गोपियों की सखीश्रेणी ने इन गोपियों की निरन्तर अनिवार्य उत्कण्ठा को देखकर, पुनः विचार कर श्रीकृष्ण के परिचित चरित्र को जब अवरुद्ध कर लिया, अर्थात् श्रीकृष्ण की स्मृति भुलाने के लिए जब उनकी चर्चा करनी छोड़ दी, तब बिजली से युक्त मेघों से मिश्रित, एवं शत्रु के तुल्य दिखाई देने वाली वर्षाऋतु ही उत्पन्न होकर, हाय ! हाय ! अधिक रूप से श्रीकृष्ण की स्फूर्ति कराने लग गई ॥३७॥

श्रीहरि की अनुरागिणी इन गोपियों को ग्रीष्मऋतु से मिलकर ही सन्ताप उत्पन्न हुआ है, यह बात निश्चित है । किन्तु "यह सन्ताप वर्षा में शान्त हो जायगा" इस भावना से वर्षा की सङ्गति करने वाली गोपियों का पूर्वोक्त निर्णय विपरीत रीति को प्राप्त हो गया था, अर्थात् सन्तापहारिणी वर्षा भी सन्ताप-कारिणी हो गई थी ॥३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वर्षा द्वितीया दधिरेऽक्षि-नीरै,-रन्तः स्फुरत्कृष्णघनाभिराभिः ।
इत्थं निनिन्दुः किल ते रुवन्तः, स्वाजीव्यवर्षानुगताः प्लवाद्याः ॥३९॥

कलापामासुरेतासु कलापाश्च कलापिनाम् ।
स्मरार्धचन्द्रबाणाभा यत्रैके भान्ति चोन्मुखाः ॥४०॥

वर्षाः शीतलताकरैर्निजगुणैरासां मनःशान्तता-
मानेतुं किल यद्यदत्र विदधुः सर्वं च तत् प्रत्युत ।
द्वेषं ता बत मेनिरे यदनु च प्राणालिभिः शङ्कितं
हन्त द्विष्टसुहृद्दृशेयमुदिता हा हा विधेः का गतिः ? ॥४१॥

"अत्र तासां त्रासवचनम्,—

'इरम्मदरदास्तेऽमी नीरदा अपि सर्वदा ।
चर्वन्ति क्षौणि-पृष्ठस्थान् गर्जन्ति किल गर्वतः ॥४२॥

'अहो ! चित्रीयते सेयं प्रेमगति-वैचित्री, यतस्तादृशि च तद्वृत्ते कदाचिदानुकूल्य-स्पृशीव श्रीराधास्तुतीनामाधारता दृश्यते ।' ॥४३॥

जिनके अन्तःकरणरूपी आकाश में, कृष्णरूप श्यामघन स्फूर्ति पा रहे हैं, ऐसी इन गोपियों ने अपने नेत्रों के जलसमूह से दूसरी वर्षाऋतु उत्पन्न कर दी है। इस प्रकार चिल्लाते हुए, एवं अपने जीवन की दायिका वर्षा के अनुगामी मेढ़क आदि वर्षाती जीव, पहली वर्षा की निन्दा करने लग गये ॥३९॥

इन गोपियों के प्रति मयूरों के पुच्छ उस समय कामबाणों से भरे हुए तूणीर (तरकस) का सा व्यवहार करते थे। जिनके बीच में कुछ मयूरपुच्छ ऊपर की ओर मुखवाले होकर, कामदेव के अर्धचन्द्राकार बाणों के समान शोभा पा रहे थे ॥४०॥

वर्षाऋतु ने शीतलताकारक अपने गुणों से इन गोपियों के मन को शान्तिभाव प्राप्त कराने के लिए, सत्य ही जो जो व्यवहार यहाँ पर किया, किन्तु उन गोपियों ने तो खेदपूर्वक उस शान्ति के सम्पूर्ण व्यवहार को द्वेष ही माना। और उसी के पश्चात् उनकी प्राणप्यारी सखियों ने भी शंका करी कि—हाय ! हाय ! यह मित्रों से भी द्वेष कराने वाली कौन सी दशा इन गोपियों पर प्रगट हुई है ? हाय ! हाय ! विधाता की कैसी विचित्र गति है ? ॥४१॥

वर्षाऋतु में उन गोपियों के भयमय वचन, यथा—देखो, ये समस्त नीरद (मेघ) श्लेषपक्ष में—ये मेघ सदा नीरद, अर्थात् दन्तविहीन होकर भी, बिजलीरूप दन्तपंक्ति से युक्त होकर, भूतल में स्थित व्यक्तियों को चबाये जा रहे हैं, एवं अहंकार से गर्ज रहे हैं ॥४२॥

अहह ! प्रेम के स्वरूप की यह विचित्रता आश्चर्यान्वित कर रही है, क्योंकि इन मेघों के चरित्र में उस प्रकार की प्रतिकूलता रहने पर भी, कभी कभी अनुकूलता का स्पर्श करने वाले की तरह, श्रीराधिका की स्तुतियों की आधारता देखी जाती है ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा तस्यास्तत्पश्यन्त्या भावनेयम्,—

'अयि तडित्त्वमसौ क्व नु किं तपः, कियदहो कृतवत्यसि तद्वद ।
यदिममम्बुधरं हरिवक्षस,-स्तुलितभालि गता रमसे सदा ॥'४४॥

"यत्र च प्रमादतः सा किञ्चन प्रोच्यापि सख्यामपि सङ्कोचादन्यथा प्रख्यापयामास,—॥४५॥

'अहह पश्यत कृष्णघनाघनं, प्रसजती चपला खलु खेलति ।
स्मरसि किं नु हरेः स्मरकौतुकं, नहि नहीदमृतोर्गुणवर्णनम् ॥' इति ॥४६॥

'कदाचिच्च,—मेघागम-समयेऽस्मि,-न्नधिगतहरिता दृशां सम्पत् ।
हरये स्पृहयसि राधे, नहि नहि शाद्वलविभूतये द्विषति ! ॥' इति ॥४७॥

'अथ श्रीकृष्णस्य च दिग्दर्शनं यथा—

शिखण्डिनां या कलनृत्य-माधुरी, शिखण्डचूडस्य सदाति-शर्मदा ।
न सानुसन्धानमिता तदस्तु य,-न्मूर्ध्नः शिखण्डं च जगाम विस्मृतिम् ॥४८॥

"तदेवं सुष्ठु चापष्ठुतामनुष्ठाय गतायां प्रावृषि शरदपि यथा—

आगमिष्यति शरद्भुवि द्यवि, स्वच्छतां विदधतीति चिन्तितम् ।
हन्त ताभिरुदये तदीयके, स्वं दधे द्विगुणभावनाविलम् ॥४९॥

यथा—मेघ को देखती हुई श्रीराधिका की भावना यह है कि—हे सखि ! विद्युत् ! आ हा हा ! तुम बताओ तो सही । किस स्थान पर, कितने परिमाण का कौनसा तप कर चुकी हो ? क्योंकि श्रीकृष्ण के वक्षःस्थल के समान श्यामवर्ण वाले इस जलधर को प्राप्तकर सदा क्रीड़ा करती रहती हो ॥४४॥

और वहाँ पर प्रमादवश स्पष्टरूप से कुछ कहकर भी, अपनी सखी के प्रति संकोच के कारण दूसरी प्रकार से कहने लगीं कि— ॥४५॥

अरी ! सखियो ! देखो तो सही । वर्षाशील इस श्यामघन में आसक्त होती हुई चपला (बिजली) निश्चय ही खेल रही है । सखी राधिका के प्रति बोली—हे राधिके ! श्रीकृष्ण के स्मरकौतुक को याद कर रही हो क्या ? श्रीराधा बोली—ना, ना । यह तो वर्षाऋतु के गुणों का वर्णन मात्र है ॥४६॥

कदाचित् श्रीराधिका बोली—अरी सखि ! देख, इस वर्षाऋतु के समय तो श्रीहरि के भाव को प्राप्त करने वाली ही, दृष्टियों की सम्पत्ति है । श्लेषपक्ष में—हरे रंग को प्राप्त करने वाली, अर्थात् हरे भरे नये नये तृणादिमय स्थान जिसमें हैं, ऐसी भूमि ही नेत्रों की सम्पत्ति है । सखी बोली—हे राधे ! तुम श्रीहरि की इच्छा करती हो क्या ? श्रीराधा बोली—ना, ना । अरी बैरन ! देख, मैं तो नये नये हरे भरे घासों से युक्त स्थान की विभूति की वांछा करती हूँ ॥४७॥

अब श्रीकृष्ण के भाव का दिग्दर्शन, यथा—उस वर्षाऋतु में मोरमुकुटधारी श्रीकृष्ण को अति सुखदायिनी भी, मयूरों की जो अव्यक्त मधुरध्वनि सहित नृत्य की माधुरी होती थी, वह उनके अनुसन्धान में नहीं आई । इस बात को तो रहने दो । देखो, अपने मस्तक का मोरपंख भी विस्मृति को प्राप्त हो गया, अर्थात् व भी राधा की तदाकारता में भुलावे में पड़ गया ॥४८॥

अब वर्षाऋतु में श्रीकृष्णविरह में हुई उन गोपियों की विकलता का वर्णन कर, शरद् में भी वर्णन करने का उपक्रम करते हैं, यथा—इस प्रकार अच्छी तरह प्रतिकूलता का आचरण कर वर्षाऋतु के चले

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सतडिद्वारिदवृन्दं, निरीक्ष्य पूर्वं यदेव या तप्ता ।
तदपश्यन्त्यपि सेयं, सम्प्रति राधा भृशं दूना ॥५०॥

"तत्र च राधाकृष्णयोर्नखलिपिवलयित-किसलयदलद्वयगतं पद्यद्वयं वायुना परस्परं नीतम् ॥५१॥ तद्यथा—

'तडितः पुण्यशालिन्यः सदा या घनजीवनाः ।
तेन सार्धमदृश्यन्त नादृश्यन्त च तं विना ॥५२॥

आवृतिमजहादिन्दु,-र्विलसति हंसश्च नीलकञ्जश्च ।
वृन्दावनमनु हा धिग्, दैवं तत्तन्न दृश्यते तस्याः ॥' इति ॥५३॥

'राधाकृष्णावित्थमन्योऽन्यमाप्तं, दैवात् पत्रं शश्वदाश्लिष्य साश्रु ।
अन्तःशून्यस्वर्णबिम्बान्तरुप्तं, मध्ये हारं नायकं निर्मिमाते ॥'५४॥

"अत्र सखीनामपि खिन्नता यथा—

जलं कुमुददम्बुजं विधुरुचिश्च यस्यां शर-
द्यहो विकसदात्मतामगमदाशु तस्यामपि ।

जाने के बाद, शरद्ऋतु के वर्णन को भी सुनो। यथा—गोपियों ने अपने मन में यह विचारा था कि, आकाश में निर्मलता का विधान करती हुई शरद्ऋतु भूमि पर आयेगी। किन्तु खेद की बात तो यह है कि, उस शरद् के उदय होते ही उन्होंने अपने को दुगुने रूप से मलिन बना लिया, अर्थात् वे श्रीकृष्णविरह में दुगुनी मलिन हो गईं ॥४९॥

पहले बिजलियों से युक्त जिस मेघसमूह को देखकर जो सन्तप्त हो गई थीं, वे ही श्रीराधिका इस समय श्रीकृष्ण के तुल्य वर्ण वाले उस मेघसमूह को न देखती हुईं अत्यन्त उत्तप्त हो गईं ॥५०॥

और उस शरद्ऋतु में भी, श्रीराधाकृष्ण की नखलिपि से युक्त, अर्थात् नखों द्वारा लिखित, दो नवीन पल्लवों में स्थित, दोनों जनों के दोनों श्लोकों को, लीलाशक्ति से प्रेरित वायु ने दोनों के पास पहुँचा दिया। ५१॥

वे दोनों श्लोक इस प्रकार हैं—श्रीराधिका का श्लोक, यथा—सदा श्यामघन ही जिनका जीवन है, वे बिजलियाँ ही पुण्यशालिनी हैं। क्योंकि जो श्यामघन के साथ ही दिखाई देती हैं, किन्तु उसके बिना कदापि नहीं दीखतीं ॥५२॥

श्रीकृष्ण निर्मित श्लोक, यथा—चन्द्रमा ने मेघों के आवरण को त्याग दिया, हंस एवं नीलकमल शोभा पा रहा है। किन्तु वृन्दावन को लक्ष्यकर, शरद्ऋतु सम्बन्धी वे हंस, नीलकमल आदि पदार्थ मुझे दिखाई नहीं देते। अतः दैव को धिक्कार है ॥५३॥

इस प्रकार दैवयोग से परस्पर को प्राप्त हुए, पत्र को प्रेमाश्रुमोचन पूर्वक निरन्तर आलिङ्गन कर, श्रीराधा कृष्ण ने उस पत्र को, छिद्रयुक्त सुवर्ण की आकृति में पुरे हुए हार के बीच में, नायकमणि (रत्न-पदक) बना लिया ॥५४॥

इस शरद् में सखियों की भी खिन्नता का दिग्दर्शन, यथा—अहह! जिस शरद्ऋतु में जल, कुमुद पुष्प, कमल एवं चन्द्रमा की कान्ति, शीघ्र ही निर्मलता को किंवा विकसित भाव को प्राप्त हो गई है, उसी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मनो नयनमाननं दशनकान्तिरासां पुनः
सदा मलिनतामगादिति किमालिभिः सह्यताम् ? ॥५५॥

"अत्र च वर्णितं लब्धवर्णैरपि, (भा० १०।२०।४५)—

'आश्लिष्य समशीतोष्णं प्रसूनवनमारुतम् । जनास्तापं जहुर्गोप्यो न कृष्णहृतचेतसः ॥'५६॥

"यतः, सौन्दर्यं तन्नीलिमासौ द्युतिः सा, लावण्यं तत्ते च लीला-विलासाः ।
पीयूषश्रीण्यङ्गसङ्गे प्रियाणां, विश्लेषे तान्येव हालाहलानि ॥५७॥

"ततश्च, हरेर्गन्धवहान् सर्वे जगत्प्राणतया विदुः ।
तद्वियोगेन तु क्षामा रामास्तानाशुगाख्यया ॥५८॥

"तदेवं यद्यप्युत्कण्ठायाः परमकाष्ठा जाता, तथापि काचिदपि काञ्चित् प्रति न प्रकाशयामास । 'अधर्मेणापि तं भजानि' इति यथा तास्तथा कृष्णोऽपि, तत्र ता निर्विद्या-निर्विद्य खिद्यते स्म ॥५९॥

"कृष्णस्तूपायान्तरमपश्यन्नेत्र-विक्षेप-वेत्रविक्षेप-वित्रस्तानामपि तासां वश्यतामयाता-नामावश्यक-तद्भावनाय वंशीशंसन-विशेषमभ्यस्यति स्म ॥६०॥

शरद्ऋतु में पुनः इन गोपियों का मन, नयन, मुख एवं दन्तों की शोभा, सदा मलिनता को प्राप्त हो गई है । अतः इनकी सखियाँ कैसे सहन करें ? ॥५५॥

इस विषय में विचक्षण श्रीशुकदेवजी ने भी वर्णन किया है, यथा—शरद्ऋतु में सभीजनों ने समान भाव से शीतल एवं उष्ण, पुष्प प्रधान वनों की वायु को सेवन कर सन्ताप को त्याग दिया, किन्तु श्रीकृष्ण ने जिनके चित्त अपहरण कर लिए हैं, उन गोपियों ने सन्ताप को नहीं त्यागा, अर्थात् वे तो विरहानल से सन्तप्त ही बनी रहीं ॥५६॥

इस कारण गोपियों के वियोग में श्रीकृष्ण की भी विचित्र दशा थी, यथा—श्रीकृष्ण को प्रेयसी गोपियों के मिलने में वह अपना लोकोत्तर सर्वमोहक सौन्दर्य, वही नीलिमा, वही छवि, वही लावण्य (मनोहरता), और वे ही सब लीला के विलास, अमृत की सी शोभा वाले मालूम पड़ते थे । किन्तु उनके विरह में वे सब पदार्थ महाविष से उत्पन्न हुए से प्रतीत होते थे ॥५७॥

उसके अनन्तर सभी जन श्रीकृष्ण के अङ्गसम्बन्धी वायु मात्र को जगत् प्राणरूप से जानते थे । किन्तु श्रीकृष्णवियोग से क्षीण हुईं गोपियाँ तो, उन वायुओं को बाण नाम से ही जानती थीं, अर्थात् बाण-रूप से ही समझती थीं ॥५८॥

अतएव इस प्रकार यद्यपि उत्कण्ठा की पराकाष्ठा हो गई थी, तथापि कोई भी गोपी किसी के प्रति प्रकाशित नहीं करती थी । "मैं अधर्म से भी श्रीकृष्ण का भजन करूँगी" इस प्रकार की धारणा वाली जैसी वे गोपियाँ थीं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी थे । उन गोपी कृष्णरूप दोनोंजनों के बीच में वे गोपियाँ तो निर्विद्या के कारण, दुःखित होकर खेद का अनुभव कर रही थीं, और श्रीकृष्ण उन नित्यप्रियाओं में आसक्ति के कारण खेदानुभव कर रहे थे ॥५९॥

श्रीकृष्ण तो दूसरा कोई उपाय न देखकर, नेत्र विक्षेपरूप वेत्र (बेंत) के प्रहार द्वारा भयभीत होने पर भी, जब वे गोपियाँ वश्यता को (अधीनता को) प्राप्त नहीं हुईं, तब आवश्यकरूप से उनको वशीभूत करने के लिए, वंशीवादन रूप कार्य का ही, विशेष रूप से अभ्यास करने लग गये ॥६०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथैव वक्ष्यते तत्र तत्र तदेवालक्ष्य ताभिः, (भा० १०।३५।१४)—'वेणुवाद्य उरुधा निजशिक्षाः' इति ॥६१॥

"अथ प्रथमतस्तन्मना निजाग्रजन्मना युगलीभूय मुरलीकलीभावर्तयति स्म ॥६२॥

"तत्र तु यदा समुद्दीपितभावान्तरे वनान्तरे गोचारणे सर्वमनसोऽप्यगोचरान् सहचरान् विस्मापयन्नतिकान्तगुणव्रजेन निजाग्रजेन सह स्वयमहरहः सहर्ष उत्कर्षं प्रवीणयन् वेणुशिक्षामीक्षयामास ॥६३॥

"तदा तासां तद्रूपस्फूर्तिरतीव पूर्तिमायाता। सा च यथावदेव, यतस्तस्य भाव-वैभवस्य स्वभाव एवायम्, यद्दूरतश्च स्वविषयं विषयीकरोति ॥६४॥

"तथाहि—अनुमानगता तासामर्थापत्तिः प्रतीयते।
यतः कृष्णस्य दयितास्ता एव न्यायपण्डिताः ॥६५॥

"तत्र याः पुनरतीव स्निग्धतादिग्धहृदयास्तद्दुःखतः शुष्कतामवापुर्न तु पुनः स्वक-दुःखं पुष्कलं मेनिरे ॥६६॥

इसी प्रकार तत्तत् स्थल में वेणुवाद्य को ही लक्ष्य करके, गोपियाँ भी "वेणु वाद्य में हमको वहुत सी अपनी शिक्षा दीं" इत्यादि कहेंगीं ॥६१॥

पश्चात् श्रीकृष्ण पहले से ही गोपियों में मनवाले होकर, अपने बड़े भाई के साथ युगलरूप धारण कर, अर्थात् जोड़ी वनाकर, मुरली की सुमधुर ध्वनि की आवृत्ति करने लग गये ॥६२॥

किन्तु वहाँ पर जव भावान्तर के उद्दीपक वन के वीच में, गोचारण के समय, सबके मन के भी अगोचर, अपने सखाओं को विस्मयान्वित करते हुए, अति मनोहर गुणसमूह से विभूषित अपने बड़े भाई के साथ, स्वयं प्रतिदिन सहर्ष उत्कर्ष के चातुर्य को प्रगट करते हुए, वेणु शिक्षा को दिखाने लगे, अर्थात् उसकी पर्यालोचना करने लग गये ॥६३॥

उस समय गोपियों को श्रीकृष्ण के रूप की स्फूर्ति अत्यन्त पूर्ति को प्राप्त हो गई थी। वह पूर्ति भी नियम पूर्वक ही हुई थी। क्योंकि श्रीकृष्ण सम्बन्धी भाव के वैभव का यही स्वभाव है कि, वह दूर से भी अपने प्राप्य विषय को अपने अधीन कर देता है ॥६४॥

देखो ! नैयायिक पण्डितगण अर्थापत्ति नामक प्रमाण को अनुमान के ही अन्तर्गत मानते हैं (अर्थापत्ति का स्वरूप यह है कि—देवदत्त मोटा है, दिन में भोजन नहीं करता है। किन्तु भोजन के विना मोटापन रह नहीं सकता, इसलिए रात्रि भोजन की स्वतः प्रतीति हो जाती है) अतः उन गोपियों के सम्बन्ध में भी अर्थापत्ति ही प्रतीत होती है। यथा—क्योंकि वे गोपियाँ श्रीकृष्ण की ही नित्यप्रिया हैं, यदि श्रीकृष्ण की नित्यप्रिया न होतीं तो, उनके विरह में इतनी कातरता न होती, स्वाभाविकी कातरता के बिना नित्य-प्रियात्व कैसे सिद्ध होता ? वस, यही अर्थापत्ति प्रमाण का स्थूल तात्पर्य है ॥६५॥

उन गोपियों में भी जो अत्यन्त प्रेमभाव से लिप्त हृदयवाली थीं, वे सब श्रीकृष्ण के दुःख से ही शुष्कता को प्राप्त हो गई थीं। किन्तु अपने दुःख को अधिक नहीं मानती थीं ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा राधाया विशाखा ललिता पर्यायानुराधा च, चन्द्रावल्याः शैव्या पद्मा चेत्यादयः । तासु तु ताः स्वमात्रनिष्ठतां निष्टङ्क्य स्वयमेव ससौहार्दं निजहार्दमावेदयाञ्चक्रुः । तथापि तत्र प्रथमं रामसहिततापिहितमेव तं लुप्तवर्णपदं वर्णयामासुः ॥६७॥

"तत्र गीतं यथा—

'रामो रामानुज इति युगलम् ।
कृतनटवेषतया पटु राजति गायति सखिगण-युगलम् ॥ध्रु॥
सरसरसालज-पल्लवतल्लज-पल्लविताम्लशीर्षम् ।
नवयौवनवनबीजांकुरमिव धारयदतनुचिकीर्षम् ।
वांछितपिच्छावलिपरिलांछित-मणिनिचयाञ्चितकेशम् ।
दधदिव हरिधनुरनुगततारावलिवलिताम्बुदलेशम् ।
वलयित-नवदलदुत्पलकर्णिक-कर्णयुगाद्भुतशोभम् ।
लतिका कासाविति विस्मयकृतिमधुकृतिविनिहितलोभम् ।
हस्तकमलमभि कमल-विघूर्णन-रमणकला-रमणीयम् ।
मधुपगणं प्रति मधुकणवर्षणमकृत यतः कमनीयम् ।

यथा—श्रीराधिका की विशाखा, ललिता, एवं पर्यायवाची अनुराधा इत्यादि अन्तरङ्ग सखियाँ थीं । और चन्द्रावली की शैव्या, पद्मा आदि थीं । उन विशाखा आदि सखियों में वे श्रीराधा आदि यूथेश्वरी, उन विशाखा आदिकों की केवल अपने में प्रीति की तत्परता को अच्छी प्रकार जानकर, स्वयं ही उनके प्रति मित्रतापूर्वक, अपने हृदय के भाव को आवेदन कर देती थीं । तो भी वहाँ पर प्रथम वे श्रीराधा आदि सखियाँ, श्रीबलरामजी के एक साथ होने के नाते आच्छादित हुए (ढ़के हुए) श्रीकृष्ण को ही लुप्त है श्याम-वर्ण जिसमें, ऐसे पद विन्यास पूर्वक वर्णन करने लग गईं । अथवा अशक्ति के कारण अधूरे वचनों से वर्णन करने लग गईं ॥६७॥

उस वर्णन में गीत, यथा—अरी सखि ! देखो, सुनो । श्रीबलराम एवं उनके छोटे भाई, इन दोनों की जोड़ी नट का सा वेष बनाकर, चातुर्यपूर्वक विराज रही है, एवं मित्रगणों से संमिलित होकर, बहुत सुन्दर गायन कर रही है । और देखो ! पुष्टिकारक धातुविशेष को रस कहते हैं । उस रस से युक्त जो आम्रवृक्ष, उससे उत्पन्न जो श्रेष्ठ पल्लव (नवीन पत्र), बस, दोनों भाइयों का निर्मल मस्तक उसी पल्लव से युक्त है । दोनों ही मानों नवयौवन रूप वन का बीजांकुर ही धारण किये हुए हैं । दोनों की ही भक्त-हितार्थ कार्य करने की प्रबल इच्छा है । दोनों के ही केशकलाप, वाञ्छित मयूरपुच्छ समूह द्वारा चित्रित एवं मणिश्रेणी द्वारा सुन्दर हो रहे हैं । दोनों ही मानो इन्द्रधनुष के अनुगत तारागण से युक्त मेघ के लेश (कण) को धारण कर रहे हैं । कंकण के से आकार से विकसित जो नवीन कमल, वही है कर्णभूषण जिनमें, ऐसे दोनों कर्णों से दोनों भाइयों की अद्भुत शोभा हो रही है । उस समय "यह कौन सी लता है ?" इस प्रकार विस्मय करनेवाले भ्रमर के ऊपर दोनों ही भाई लोभ स्थापित कर रहे हैं । दोनों के करकमल में स्थित कमल के घुमाने से जो चतुरनर की कला, उसके द्वारा दोनों ही रमणीय हैं । कमल घुमाने का कारण यह है कि—दोनों ही भ्रमरगण के प्रति कमनीय मधु की वृष्टि कर रहे हैं । दोनों भाइयों का शरीर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मालामालापरिमलबलिबलि-वपुरलिवलितसदेशम् ।
अलिझंकृतिनुतिकोलाहलवह-बहुलकुतूहलवेशम् ।
सितमसितं वपुरसितं पीतं वसनं यस्य च गीतम् ।
तदिदं यदि गोकुलमनुगोकुलमयति तदाघमतीतम् ॥' इति ॥६८॥

"अपि तु तस्य गोकुल-सदेशप्रदेश-प्रवेश एव सर्वेषामभिनिवेश-हेतुः ॥६९॥

"यतः, चक्षुर्भाजां फलमिदमहो यद्व्रजस्य प्रवेशे
गोभिः साकं सखिवलयितं दृश्यते भ्रातृयुग्मम् ।
युग्मे तस्मिन्लघुरिह मुखाम्भोजमस्मिन्मुरल्या
दीप्तिः किञ्चिन्निगमनकलाशालिनेत्रं च तत्र ॥७०॥

"अत्र चैवं ध्वनितम्,—

'धामागतस्य समये सखि ! धेनु-सङ्घ-संगायतो विहरतो हसतश्च तस्य ।
किञ्चिद्विमृग्यदिव चञ्चलताञ्चितारं, हा ! रागिनेत्रमनु विध्यति मानसं नः ॥'७१॥

बलशाली एवं मालासमूह की विशिष्ट सुगन्धी के उपहार से युक्त है । उसी सुगन्ध से आकर्षित होकर दोनों ही के आसपास भ्रमरगण चक्कर लगा रहे हैं । भ्रमरगण झंकार करके दोनों ही की स्तुति कर रहे हैं । उस समय ऐसा प्रतीत होता है, मानों दोनों ही के शरीर में कोलाहल धारण कर अधिक परिमाण का कौतूहल ही प्रवेश कर रहा है । और दोनों भाइयों का शरीर क्रमशः गौर श्याम वर्ण का कहा गया है, एवं वस्त्र भी क्रमशः नील पीत वर्ण के कहे गये हैं । इसलिए यह राम रामानुज की जोड़ी गोसमूह के साथ यदि गोकुल (व्रज) की ओर आ जाती है, तब तो हमारा सारा दुःख दूर हो जाता है ॥६८॥

सत्य बात तो यह है कि, उन दोनों भाइयों का गोकुल के निकटवर्ती स्थान में प्रवेश ही, सबके अभिनिवेश का, अर्थात् तदाकारता का कारण है ॥६९॥

क्यों कि अहह ! नेत्रधारियों के नेत्रों का फल तो यही है जो कि व्रज प्रवेश के समय गैयाओं के साथ, सखाओं से घिरे हुए, दोनों भाई दिखाई पड़ते हैं, अर्थात् राम श्याम की जोड़ी का जिसने दर्शन कर लिया,उसने अपने नेत्रों का फल पा लिया । किन्तु किन्हीं किन्हीं भक्तों के मत में इन दोनों भाइयों के बीच में जब छोटे को देखा जाता है, उसमें भी उसके मुखकमल को, मुखकमल में भी मुरली की शोभा को, एवं मुरली से सुशोभित उसी मुखकमल में किंचिद् रहस्य विज्ञापन की कला में निपुण नेत्र को, अथवा गोपियों को किंचिद् मोहित करने की कला में निपुण नेत्र को, जब जिसने देख लिया, तभी नेत्रों का फल पा लिया ॥७०॥

इस अगले श्लोक में भी इसी प्रकार का भाव ध्वनित होता है, यथा—हे सखि ! वन से घर में आने के समय, सखा एवं धेनुगण को संग लेकर—गाते गाते, खेलते खेलते, हँसते हँसते श्रीकृष्ण जब दिखाई पड़ते हैं, तब चंचलता से सुशोभित तारका से युक्त, एवं स्नेह भरा उनका नेत्र, मानों कुछ खोई हुई वस्तु को ढूँढ़ता हुआ सा, हमारे मन को निरन्तर विद्ध करता रहता है । हाय ! क्या करें ? ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्मात्—सा किल कुलजा कुलजा, नयने तस्याः परं नयने ।
वेणुविनोदी मदनः, स भवति यस्याः स्वयं मदनः ॥७२॥

"तदेवमघदमनेन तासां क्रमपरम्परातः परस्परं स्वविषयाभिलाषव्यञ्जना-सङ्गतं किञ्चिल्लज्जापर्ययमाचर्य तादृशरम्यस्वविद्याबलतारतम्यविदुरतया विदूरतोऽपि तमवधार्य परपरतः परार्ध्यं समर्ध्यमानां पुनर्वेणु-शिक्षां विलक्षणीकुर्वता सङ्कर्षणः केवलं लक्ष्याय कल्पयाञ्चक्रे । यत्र हि सर्वमेव युगपन्मुग्धतादिग्धं बभूव ॥७३॥

"यत्र श्रीव्रजदेवीभिरपि निज-भावव्यक्ति शङ्कमानाभिः सङ्कर्षणं लक्ष्यं विधाय तद्-वर्णयामासे ॥७४॥ यथा—

'वेणोः शिक्षामथ रचयतोर्धेनुरक्षादिलक्ष्या-
न्नानारण्यं प्रति विहरतोर्बिभ्रतोर्यष्टिरज्जू ।
स्तम्भं लोले चलनमचले कुर्वतोरत्यपूर्वं
भ्रात्रोरासीद्वत तनुभृतां धर्मतो वैपरीत्यम् ॥'७५॥

"अत्र चैवं ध्वनितम्,—

'नूनमेवं विदधतोः सर्वेषां धर्म-पर्ययम् ।
कृष्णो मूलमसौ चास्मद्धर्ममुन्मूलयिष्यति ॥'७६॥

इसलिए वेणुविनोद परायण वह मदन, अर्थात् श्रीकृष्ण ही स्वयं जिसके मोहित करनेवाले हैं, या प्रीतिपूर्वक हर्षित करनेवाले हैं, निश्चित रूप से वह कुलवधू ही कुलवधू है, एवं उसके नेत्र ही केवल सार्थक नेत्र कहाने के अधिकारी हैं ॥७२॥

इस प्रकार अघासुरदमनकर्ता श्रीकृष्ण ने उन गोपियों की क्रम परम्परा से आपस में स्वकीय विषयाभिलाष प्राकट्य के संमेलनपूर्वक, किंचित् लज्जा के क्रम का व्यतिक्रम कराकर, उस प्रकार की रमणीय निज विद्या बल के तारतम्य से सर्वज्ञ होने के कारण, दूर से ही उस मोहन, आकर्षण आदि कार्य को जानकर, अथवा दूर से ही बलरामजी को देखकर, निश्चय कर, एवं उत्तरोत्तर श्रेष्ठता की पराकाष्ठा पर पहुँची हुई, या अन्तिम संख्या से बढ़ी हुई वेणु शिक्षा को पुनः विलक्षण करते हुए, श्रीबलरामजी केवल लक्ष्य के लिए कल्पित कर लिए। क्योंकि जिस वेणु शिक्षा में सब पदार्थ ही निश्चितरूप से एकसाथ विमुग्धता से परिपूर्ण हो गये थे ॥७३॥

और जहाँ पर श्रीव्रजदेवियों ने भी अपने अपने भाव के प्रकाश की आशंका करते हुए, श्रीबलरामजी को लक्ष्य बनाकर, उस विषय का वर्णन किया है—॥७४॥

यथा—दोनों भ्राता जब वेणुशिक्षा, एवं गोरक्षा आदि के बहाने अनेक वनों में विहार करते थे, तथा यष्टि (लकुट), रज्जू धारण किये हुए थे, और अभिलाषयुक्त जन में अथवा चंचल जल में स्तम्भभाव को, एवं पर्वत आदि स्थावर पदार्थ में अत्यन्त अपूर्व चंचलता को स्थापित कर रहे थे, तब अहह ! देहधारी प्राणियों की स्वाभाविक धर्म से इस प्रकार की विपरीतता संघटित हो गई थी ॥७५॥

इस पूर्वोक्त श्लोक से गोपियों ने यह ध्वनि निकाली कि—इस प्रकार सभी के धर्म की विपरीतता का विधान करते हुए दोनों भाइयों के बीच में, निश्चितरूप से यह श्रीकृष्ण ही मूल कारण होकर, हमारे धर्म को जड़ से उखाड़ देगा ॥७६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं भ्रातृभ्यां संगाने युगपदेव सर्वेषां मोहनमूहमानेनानुजेन विचारितम्,—'हन्त ! लासामेव मोहनाकर्षणे सुष्ठु ममाभीष्टे, तत्रापि राधाभिधायाः । तस्मात् पृथग्भवन् पृथगेव यथा जीवानां जातिर्यथायुक्तं तयोर्द्वयमेकं वा वहति, क्रमशो व्यक्तिरपि तथा शिक्षार्थं प्रयतिष्ये । तच्च तत्तन्मात्रातिशयिताभीप्सित - स्वरादिमर्म - समुद्भावनया सम्भविष्यति' इति ॥७७॥

"तदेवं विचारयता तेन परीक्षापर्यालोचनार्थमुत्तरमुत्तरां वश्यतामतीततराण्यवराणि सत्वानि क्रमशः स्ववशतामानीतानि, तथापि तत्प्रेयसीभिश्चित्तक्षोभमात्रं तु लेभ एव ॥७८॥

"तत्र यथा प्रथमतो गाः प्रति तद्गानमवकर्णितम्, तथा वर्णितम्; ॥७९॥ यथा—

'हरेर्वक्त्रं वेणुध्वनिमिषतया वर्षति सुधां
पिबत्येतां गव्या यदनु रसना-कर्णयुगलम् ।
अहासीत् प्रस्तब्धा निजविषयमन्या तु रसना
किमेतत् किं नैतद्भवति किमिवैतत् किमिति वा ॥'८०॥

अतएव इस प्रकार हम दोनों भाइयों के उत्तम रूप से गान करने पर, सभी प्राणियों के मोहित होने की संभावना है । इस प्रकार का तर्क करते हुए श्रीकृष्ण ने विचार किया कि—अहह ! केवल उन गोपियों के ही मोहन, एवं आकर्षण मेरे अभीष्ट (वांछित) हैं । उनमें भी श्रीराधिका नामक गोपी का ही मोहन, एवं आकर्षण अति वांछनीय है । इसलिए जीवमात्र के बीच में ब्राह्मण आदि जाति जिस प्रकार पृथक् ही है, उसी प्रकार मैं भी सबसे पृथक् होकर, वह जीवों की जाति योग्यतानुसार मोहन एवं आकर्षण के मध्य मे से दोनों को, किंवा एक को धारण कर सके, और क्रमशः उन दोनों का प्रकाश भी जिस प्रकार हो सके, उसी प्रकार शिक्षा के लिए प्रयत्न करूँगा । और वह मोहन एवं आकर्षण भी, इन्द्रियों की वृत्ति को अत्यन्त अभिलषित स्वर आदिकों के मर्म, अर्थात् सार या तात्पर्य के अच्छी प्रकार प्राकट्य से ही हो सकेगा ॥७७॥

इस प्रकार विचार करते हुए श्रीकृष्ण ने परीक्षा की पर्यालोचना के लिए, जो प्राणी उत्तरोत्तर वश्यता को लाँघ गये हैं, अर्थात् जो एकसाथ वशीभूत नहीं हो सकते, उन पशु आदि प्राणियों को भी क्रमशः अपने वशीभूत कर लिया, तो भी श्रीकृष्ण की अति प्रिय गोपियों ने तो वशीभूत न होकर, केवल चित्त के क्षोभ मात्र को ही प्राप्त किया ॥७८॥

उन प्राणियों के बीच में जिस प्रकार पहले से गोगण के प्रति, श्रीकृष्ण का वंशीगान श्रवण किया, उसी प्रकार गोपियों ने वर्णन किया है—॥७९॥

यथा—अरी सखियो ! देखो, श्रीकृष्ण का मुखारविन्द वंशी की ध्वनि के बहाने अमृत की वर्षा कर रहा है । गोसमूह प्रेम से इस अमृत को पी रहा है । जिस पानरूप कार्य में दोनों कान ही जिह्वा बने हुए हैं । किन्तु दूसरी वास्तविक जिह्वा ने सम्पूर्ण रूप से स्तब्ध होकर निज विषय को, अर्थात् तृण आदि को त्याग दिया है । अथवा यह क्या अमृत है, यह क्या मेरे आस्वादन करने योग्य नहीं है, यह अमृत किस प्रकार प्राप्त हो सकता है, और यह अमृत किसके लिए है ? इत्यादि विचारपूर्वक स्तब्ध होती हुई जिह्वा ने समस्त खाद्य पदार्थों का परित्याग कर दिया ॥८०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्रापि ध्वनितमिदम्,—

'गवामस्माकं च श्रवणमनु वेणोः समदशा
यदप्येषा जाता तदपि किल भेदो विलसति ।
अमूस्तद्वक्त्रेन्दुं सपदि कलयन्ति प्रतिपदं
वयं नैतद्विद्मः क्व भवति युगे तस्य कलनम् ?' ॥८१॥

"अथापरेद्युश्चापरां शिक्षामधिकृत्य वन्यान्यपि सत्वानि समाहृत्य मोहितानि ॥८२॥

"यथा—वंशः सोऽयं तु वीतंसः कंसशत्रोरितीयते ।
तेन शंसनतो यान्ति विध्वंसं मृग-पक्षिणः ॥८३॥

"तदपि ताभिरुद्भावितम्; यथा—

'वृन्दारण्यं प्रथयति भुवः कीर्तिमत्र स्वयं हि
श्रीमान् कृष्णो विहरति पदाम्भोज-लक्ष्मीं वितन्वन् ।
वेणोर्वाद्ये नटनघटनं बर्हिणः सभ्यभावं
वन्याः सर्वे ययुरिति सदा रङ्गतां यज्जगाम ॥'८४॥

"अत्र चेदं ध्वनितम्,—

'वृन्दारण्यस्य पुण्यं व्रजितुमिह न नः शक्तिरस्तीति चास्तां
यद्वर्ह्याद्याश्च भान्ति प्रतिपदसुकृतप्रोदयादस्मदर्ह्याः ।

इस श्लोक में भी गोपियों ने यह ध्वनि निकाली है कि—वंशी के श्रवण के अनन्तर गैयाओं की और हमारी यद्यपि यह समान (एकसी) ही दशा हो गई है तो भी, निश्चितरूप से कुछ भेद विराजमान है। क्योंकि ये गैयायें तो पद पद पर श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र को तत्क्षण निहारती रही हैं। हम तो यह भी नहीं जानतीं कि हमारे लिए श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र का दर्शन कौन से युग में होगा ? अर्थात् हमसे तो गोगण भी भाग्यशाली है ॥८१॥

तदनन्तर दूसरे दिन दूसरी शिक्षा का अवलम्बन कर, वनवासी सभी प्राणियों को एकसाथ मोहित कर दिया॥८२॥

यथा—अरी सखियो ! श्रीकृष्ण की यह वंशी तो पशु पक्षियों के बाँधने का जालरूप प्रतीत होती है। क्योंकि जिसके बजते ही पशु पक्षीगण इसमें फँस जाते है, अर्थात् विमुग्ध हो जाते हैं ॥८३॥

तो भी गोपियों ने इसका यह भावार्थ निकाला है, यथा—अरी सखियो ! देखो, यह श्रीवृन्दावन, भूमि की कीर्ति को विख्यात कर रहा है, क्योंकि यहाँ पर श्रीमान् कृष्णचन्द्र अपने पादपद्मों की शोभा का विस्तार करते हुए स्वयं विहार करते हैं, और देखो ! वंशी बजते समय मयूरगण नृत्य के कार्य को सँभालते हैं, एवं वन में उत्पन्न होने वाले सभी पशु पक्षी आदि सभ्यभाव को प्राप्त हो जाते हैं। इस कारण यह वृन्दावन सदैव नृत्यशाला के भाव को प्राप्त होता रहता है, अर्थात् सदैव नृत्यशाला बना हुआ है ॥८४॥

इस श्लोक में भी गोपियों ने यह ध्वनि निकाली है कि—श्रीवृन्दावन के पुण्य को अर्थात् सौभाग्य को प्राप्त करने के लिए हमारी शक्ति नहीं है। इस बात को तो दूर रहने दो। क्योंकि जिस वृन्दावन के मयूर आदि भी प्रतिक्षण पुण्योदय के कारण, हमारे पूज्य होकर शोभा पा रहे हैं। हम तो घर में रहने वाले

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गृह्याणां गृह्यकाः स्म स्फुटमिह तदलं गृह्यकेभ्यश्च गर्ह्या-
स्ते तस्य स्वैरमीक्षां विदधति न तदाभासमण्वप्ययाम ॥'८५॥

"अथ दिनान्तरेऽपि तेभ्यो विच्छिद्य हरिण्यस्तथा कृताः । तत्र पूर्ववत्ताभिर्वर्णितम्,—॥८६॥

'आश्चर्यं सखि कृष्णसार-दयितावृन्दं मिलद्धूर्तकं
जात्या मूढमपि व्यतीत्य भवतीरप्येवमीहां दधे ।
श्रुत्वा वेणुकलं हरिं प्रति गतिस्तद्रूपतश्चित्रता
तस्याऽप्यर्चनमुल्लसत्प्रणयतस्तत्रापि नेत्राञ्चलैः ॥'८७॥

"ध्वनितमपीदम्,—

'वयं जात्या नार्यः पुरुगुणवतामादृततमा-
स्तथा भर्तारस्तत्प्रणय-नय-सिद्ध-व्रजभुवः ।
हरिण्यो नेदृश्यस्तदपि पतिभिस्तं ययुरहो
धिगस्मान् दुष्पुण्या दधिम नहि तासामपि तुलाम् ॥'८८॥

"दिनान्तरे तु विशिष्य विहङ्गमास्तथाभावं गमिताः; तत्र च ताभिरभिहितम्,—

'अस्मिन् वने तु विहगा मुनयः प्रदिष्टाः, कृष्णस्तु तद्गुरुरिति प्रततं प्रतीमः ।
नैवान्यथा तदमुना किमपि प्रगीतं, मौनव्रतेन श्रृणुयुः परितो निविष्टाः ॥'८९॥

पशु पक्षियों से भी पराधीन हैं, इस विषय में स्पष्ट रूप से और अधिक कहने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि हम तो ग्रामीण पशु पक्षियों की अपेक्षा भी निन्दनीय हैं। कारण यह है कि वे तो श्रीकृष्ण का दर्शन स्वतन्त्रतापूर्वक करते रहते हैं, और हम तो उनके अणुमात्र आभास को भी प्राप्त नहीं कर पाती हैं ॥८५॥

अनन्तर दूसरे दिन भी गृहस्थ-पशु-पक्षियों से पृथक् करके श्रीकृष्ण ने हरिणियाँ भी मोहित करके वशीभूत करलीं। गोपियों ने पहले की भाँति उसका भी वर्णन किया है— ॥८६॥

यथा—हे सखि ! आश्चर्य की बात तो यह है कि, कृष्णसार मृगों का पत्नीसमूह अपने अपने पतियों से मिलकर, जाति (स्वभाव) से मूर्ख होकर भी, आप सबका अतिक्रमण करके इस प्रकार की चेष्टा करता है कि, यह हरिणी समूह वंशी की सुमधुर ध्वनि को सुनकर, श्रीकृष्ण के निकट चला जाता है। श्रीकृष्ण के रूप दर्शन से चित्र लिखा सा खड़ा रह जाता है, एवं प्रगट होते हुए प्रेम के कारण श्रीकृष्ण पर ही कटाक्ष निक्षेप करके, उसी के द्वारा श्रीकृष्ण का पूजन करता रहता है ॥८७॥

गोपियों ने पूर्वोक्त श्लोक से यह ध्वनि भी निकाली है कि—हम सब जाति से नारी हैं, अधिक गुणवान् जनों के द्वारा अतिशय आदरणीय भी हैं, तथा हमारे पतिगण भी श्रीकृष्ण की प्रेममयी नीति द्वारा प्रसिद्ध व्रजभूमि में उत्पन्न होने वाले व्रजवासी हैं। किन्तु ये हरिणियाँ ऐसी नहीं हैं, तो भी अपने अपने पतियों के सहित श्रीकृष्ण को प्राप्त कर लेती हैं। अतः हमारे जैसी पापिनियों को धिक्कार है। क्योंकि हम सब उन हरिणियों की समानता को भी न धारणकर सकीं, अर्थात् हमारी अपेक्षा तो ये हरिणियाँ ही सौभाग्यशालिनी हैं ॥८८॥

दूसरे दिन तो विशेष करके पक्षी भी वेणुनाद के द्वारा विमुग्ध भाव को प्राप्त कर दिये। उस विषय में गोपियों ने भी कहा है कि—अरी सखियो ! देखो, इस श्रीवृन्दावन में जितने भी पक्षी हैं, वे सब मुनि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र तु सनिर्वेदं ध्वनितम्,—

'यस्मादसौ मुनिस्ते च मुनयः सर्वतः स्थिताः ।
तस्मात् काञ्चित् स्पृहामत्र नाञ्चितां कर्तुमर्हथ ॥'९०॥

"अथ दिनान्तरे देव्योऽपि तथा कृताः; तत्र ताभिर्वर्णनं यथा,—

'वेणूद्गानगुणेन तस्य परितः कृष्टे विमानोत्करे
देव्यो रूपविलासमोहन-कलामासाद्य मोहं गताः ।
यत्रेदं न विदुः किमेतदभितः पूर्वं श्रुतं वीक्षितं
वेति स्रस्तमभूत् कचादि किमु वा नैवेत्यपि प्रायशः ॥'९१॥

"अत्र च ध्वनितम्,—

'हन्त देव्योऽपि यत्रैतामवस्थामापुरञ्जसा ।
तदीयव्रज-भूबाला वराक्यस्तत्र का वयम् ?' ॥९२॥

"तदेवं चेतनांस्तथा वितथचेतनान् विधायाचेतनानपि चेतनानिवाचरितुमारभते स्म । अचलमर्यादया पर्याताः स्फुटममूराकृष्टुमचेतनमतिक्रम्यापि दुःशका इति ॥९३॥

कहे गये हैं । एवं श्रीकृष्ण ही इन सबके गुरु हैं। इस बात को हम विस्तारपूर्वक जानती हैं । यदि ऐसी बात न होती तो, ये सब श्रीकृष्ण के द्वारा वंशी में गाये गये किसी भी गायन को, श्रीकृष्ण के चारों ओर बैठकर, मौनव्रतपूर्वक नहीं सुन सकते थे ॥८९॥

इस श्लोक में तो स्वावमाननपूर्वक यह ध्वनित किया है कि, जिस कारण ये श्रीकृष्ण मुनि हैं, और ये चारों ओर बैठे हुए पक्षी भी मुनिजन हैं, उस कारण से तुम सब इन श्रीकृष्ण के विषय में किसी भी इच्छा को प्राप्त करने के लिए योग्य नहीं हो ॥९०॥

अनन्तर दूसरे दिन स्वर्गीय देवियाँ भी वेणुनाद से विमुग्ध करदीं । उस विषय में गोपियों के द्वारा वर्णन, यथा—श्रीकृष्ण के वेणुगान के गुण के द्वारा चारों ओर से विमान समूह जब आकर्षित कर लिए गये, तब विमानों में बैठी हुईं देवियाँ, श्रीकृष्ण के रूप, विलास, एवं मोहन कला को पाकर मोहित हो गईं । और जिस मोहावस्था में वे देवियाँ यह चारों ओर क्या हो रहा है, पहले क्या सुना था, अथवा क्या देखा था ? इसी प्रकार हमारे केश, अलंकार आदि भी स्खलित हो गये हैं या नहीं, इत्यादि प्रायः कुछ भी न जान सकीं ॥९१॥

इस श्लोक में भी यह ध्वनित किया है कि—हाय ! हाय ! जिस वेणुध्वनि में किंवा श्रीकृष्ण के विषय में दिव्य देवियाँ भी, जब अनायास में उस मोहावस्था को प्राप्त हो गईं, तब उस विषय में श्रीकृष्ण की व्रजभूमि में रहने वाली बिचारी हम व्रजबालायें कौन गिनती में हैं ? ॥९२॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण ने वंशीध्वनि के द्वारा चेतन पदार्थों को चेतनारहित बनाकर, अचेतन पदार्थों को भी चेतनों की तरह करने के लिए उपक्रम किया । ये सब गोपियाँ अचल पदार्थों की मर्यादा से व्याप्त हैं, अर्थात् अचल की तरह हिलती डुलती नहीं हैं, यह बात स्पष्ट है । अतः अचेतन को अतिक्रमण करके भी इन सबका आकर्षण करना कठिन है ॥९३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र नदी-चरितं ताभिरेवं विचारितम्,—

'द्वीपिन्यः श्रवणेन वेणुरणितेः स्तम्भं गताः सभ्रमाः
फुल्लत्पूरतया स्फुरद्घनरसा हंसादि-गीः-शिञ्जिताः ।
उन्मर्यादददशामिता मुररिपुं दूरेऽभिसृत्यागता
भङ्गालोलभुजैः सरोजवलयस्तस्यांघ्रियुग्मं दधुः ॥'९४॥

"अत्र चेदं ध्वनितम्,—

'नद्यः सिन्धुपतिव्रता हरि हरि प्रत्यक्तमर्यादिका-
स्तं विद्रुत्य मिलन्ति चेदहह का दीनास्तदानीं वयम् ?
किन्तु स्वैरममूरुदूढसुकृता नास्मासु तत्तुल्यता
स्वल्पापीति निवृत्तिरेव सुखतो युक्ताथवा दुःखतः ॥'९५॥

"दिनान्तरे चाम्भोदवर्णनं यथा—

'मुरारेरम्भोदः सुहृदिति न वा केवलरुचा
स्वसादृश्यात् किन्तु व्यतिकृतहितत्वादपि सदा ।
असौ मल्लारेण प्रबलयति तं वेणुजनुषा
स चायं छायाभिः प्रशमयति तापं तदुपरि ॥'९६॥

उन अचेतन पदार्थों में पहले नदी का चरित गोपियों ने इस प्रकार विचारा कि— अरी सखियो ! देखो, समस्त नदियाँ, वेणुध्वनि के श्रवण के कारण स्तम्भित हो गईं, उनमें भँवर पड़ने लग गये, प्रवाह के प्रफुल्लित होने से उनका जल स्फूर्ति पाने लग गया, हंस आदि जलचर पक्षियों की सुमधुर वाणी से उनके आभूषणों का सा शब्द हो रहा था, वे उन्माद दशा को प्राप्त हो गई थीं, एवं दूर चलकर श्रीकृष्ण के निकट आ गई थीं, और पश्चात् उन नदियों ने अपनी तरङ्गरूप चंचल भुजाओं द्वारा, कमलरूप उपहार लेकर श्रीकृष्ण के दोनों चरणों को धारणकर लिया ॥९४॥

इस श्लोक में भी यह ध्वनि निकाली कि—हाय ! हाय ! समुद्र की पतिव्रतानारी नदियाँ ही जब मर्यादा को त्यागकर, दौड़कर श्रीकृष्ण से मिलती हैं, तब अहह ! हम जैसी दीन दुःखी नारियाँ कौन हैं ? श्रीकृष्ण के विना कैसे रह सकतीं हैं ? किन्तु ये नदियाँ तो स्वतन्त्रता पूर्वक अत्युच्च पुण्य को प्राप्त कर चुकी हैं । अतः हम सब में थोड़ी सी भी उनकी समानता नहीं है । इसलिए सुख से अथवा दुःख से निवृत्त होना ही उचित है ॥९५॥

दूसरे दिन मेघों का वर्णन, यथा—अरी सखि ! यह मेघ केवल कान्ति से ही अपने सदृश होने के कारण श्रीकृष्ण का मित्र नहीं है, किन्तु आपस में सर्वदा हितकारी होने के नाते भी सच्चा मित्र है । देखो ! श्रीकृष्ण जब वेणु से उत्पन्न मल्लार राग से उस मेघ को प्रबल कर देते हैं, तभी वह मेघ श्रीकृष्ण के ऊपर अपनी छाया से सूर्य के ताप को शान्त कर देता है ॥९६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अत्र च ध्वनिः,—

'हंहो पश्य जडोऽपि वारिदचयः सर्वोपरि स्थाय्यपि
च्छायाभिः स्वरसैश्च तं परिचरत्यन्तश्चरप्रेमतः ।
कष्टं सुष्ठु वयं तदेकशरणप्राणस्थितिम्मन्यता
गण्यास्तस्य विना नु सेवनमसूर्जीवाम धिग् जीवितम् ॥'९७॥

"अहो ! शिलामय्यपि शैलजातिः सुखमेवं भजते । यथा—

श्रीमान् गोवर्धनाद्रिः स्फुटमयमभितः श्रीहरेर्दासवर्यः
कृष्णे रामेण यस्मात्तमनु मुरलिकावादनायाधिरूढे ।
लब्धैर्यः सात्त्विकाभैश्चरणसरसिजस्पर्शजैरंकुराद्यैः
सर्वाङ्गीणद्रवैरप्यनुग-सखिधनं सेवते तं चिराय ॥९८॥
आस्तां गोवर्धनाद्रेः पुलकमुखदशा श्रूयतामन्यदेतत्
चित्रं चेन्न प्रतीतिर्भवति किल गिरौ दृश्यतां चापरत्र ।
यः स्निग्धत्वं समन्ताद्दधदिह मुरलीगानतश्चिक्कणाख्या-
मागाद्यत्रास्ति साक्षिप्रतिपदमुदितं कृष्ण-मुख्यांघ्रि-चिह्नम् ॥९९॥

"अत्र चेदं ध्वनितम्,—

'महतां पदवीमाप्तुं वांछा यद्यपि धृष्टता ।
तथाप्यनुगतिस्तेषां भाति चेदस्ति दृष्टता ॥'१००॥

इसमें भी यह ध्वनि है कि—अरी सखि ! देख, यह मेघसमूह जड़ होकर भी, एवं सबके ऊपर स्थित होकर भी, केवल आन्तरिक प्रेम से अपनी छाया द्वारा तथा अपने जल द्वारा श्रीकृष्ण की सेवा कर रहा है। किन्तु कष्ट की बात तो यह है कि—हम सब तो "श्रीकृष्ण के द्वारा ही गोपियों के प्राणों की स्थिति सुरक्षित है" इस प्रकार की मान्यता के कारण उच्चतम कोटि में गिनी जाती थीं, तो भी श्रीकृष्ण की सेवा के बिना हम जीवित हैं, इसलिए हमारे जीवन को धिक्कार है ॥९७॥

अहह ! शिलामयी पर्वत जाति भी इसी प्रकार के सुख को प्राप्तकर रही है। यथा—अरी सखियो ! देखो, यह श्रीमान् गोवर्धन पर्वत स्पष्ट रूप से श्रीकृष्ण का प्रधान दास बना हुआ है। क्योंकि वंशी बजाने के लिए श्रीबलरामजी के सहित श्रीकृष्ण जब इस पर चढ़ जाते हैं, तब यह सात्त्विक गुण या सात्त्विक भावों के समान श्रीकृष्ण के चरण कमलों के स्पर्श से उत्पन्न हुए अंकुर आदिकों के द्वारा, एवं सर्वाङ्गव्यापी झरनों के जल से अनुगत सखा, एवं गोधन सहित श्रीकृष्ण की चिरकाल तक सेवा करता रहता है ॥९८॥

श्रीगोवर्धन पर्वत की रोमांच आदि दशा को तो दूर रहने दो। दूसरा यह आश्चर्य सुनो। यदि विश्वास न हो तो, सत्य बात को दूसरे पर्वत में देख लो। देखो, जो पर्वत यहाँ पर चारों ओर से स्निग्ध-भाव को धारण करता हुआ, मुरली के गायन से चिक्कण नाम को प्राप्त हो गया, और जिस पर्वत में श्रीकृष्ण का प्रधान चरणचिह्न उदित (प्रगट) होकर प्रतिक्षण साक्षी दे रहा है ॥९९॥

इसमें भी गोपियों ने यही ध्वनि निकाली है कि—यद्यपि महात्माओं की पदवी को प्राप्त करने की इच्छा करना भी धृष्टता है, तथापि शास्त्रों का अवलोकन, किंवा पूर्वाचार्यों के आचरण का दर्शन यदि किया है, तब तो उनकी अनुगति ही सुशोभित होती है ॥१००॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेवं तासामतस्मिंस्तद्भावनां भावयन्नुन्माददशावशतां परिकलय्य विह्वलहृदयः सदयतया स मधुकण्ठः क्षणं गद्गदकण्ठः संवस्त्रितमुखः समस्तमनु न्यस्त-निजासुखः पुरु रुरोद, ॥१०१॥

अनूदितवांश्च श्रीराधानिबद्धमबद्धं पद्यमेकम्,—

'वेणोः पुण्यमतीव हन्त यदसावह्नी च तस्याधरं
गोपीनां स्वमपि ह्रियं परिहरन् शश्वत् पिबन्नर्दति ।
तृप्त्या छर्दिनिभादमुष्य रणितान्नद्योऽपि फुल्लन्त्यमू-
र्यद्वंश्या नग-जातयोऽपि मधुभिर्वाष्पं मदाद्बिभ्रति ॥'१०२॥

"ध्वनितं चेदम्,—'याचेऽहं वंशदेहं न तु कुलजवधूदेहमाद्ये हि कृष्ण-
स्तृष्णग्भावेन सज्जन् बहुरुचि विहरन् दुर्लभः स्यात् परत्र ।
वंशीभावे चिदंशप्रशमनवशताविस्मृतात्मा यदि स्यां
तेन ज्ञायेय सेयं मम विरहदुतादारुतामागतेति ॥'१०३॥

"ततश्चेतसि चेदं विचारितम्,—

'गण्डं चुम्बसि कुण्डलस्थमकरि ! त्वं तस्य वंशि ! त्वम-
प्यास्यं लेक्षि तथाङ्गमङ्गमसकृन्माले ! त्वमालिङ्गसि ।

इस प्रकार उन गोपियों की अयोग्य वस्तु में श्रीकृष्ण की भावना को विचारता हुआ, एवं उनकी उन्माद दशा की विवशता को अच्छी प्रकार जानकर, दयालुता के कारण विह्वल हृदयवाला वह मधुकण्ठ क्षणभर गद्गद कण्ठ होकर वस्त्र से मुख ढ़ककर, सभी सभासदों को शोकाकुल करने के अनन्तर, स्वयं दुःखी होकर अधिक रुदन करने लग गया ॥१०१॥

और श्रीराधिका द्वारा रचित, निरर्थक अर्थात् प्रयोजन की बातों से शुन्य एक श्लोक का अनुवाद करता हुआ बोला—श्रीराधिका के श्लोक का अनुवाद यह है कि—अहह ! इस वेणु का पुण्य बहुत है, क्योंकि यह वेणु पुरुष होकर भी, गोपियों के निजी धन स्वरूप श्रीकृष्ण के अधरामृत को लज्जा छोड़कर, निरन्तर पीता हुआ शब्द कर रहा है। पश्चात् अधिक तृप्ति के कारण वमनतुल्य इसके शब्द से ये नदियाँ भी फूली नहीं समाती हैं। और इस वेणु के वंशवाली वृक्ष जातियाँ भी मधुप्रवाह के द्वारा सहर्ष अश्रु धारण कर रही हैं ॥१०२॥

श्रीराधिका निर्मित पूर्व श्लोक में श्रीराधिका ने यह ध्वनि भी निकाली है कि—मैं तो वंश (बाँस) के शरीर की याचना प्रभु से करती हूँ, किन्तु विशुद्धकुल में उत्पन्न हुई वधू के शरीर की याचना नहीं करती। क्योंकि पहले वंश शरीर में, अर्थात् बाँस की बनी हुई वंशी में तो श्रीकृष्ण सतृष्ण भाव से आसक्त होकर, अधिक रुचिपूर्वक विहार करते हुए सुलभ हैं, किन्तु परत्र अर्थात् दूसरे विशुद्धकुलोत्पन्न वधू के देह में वे नितान्त दुर्लभ हैं। यदि वंशी रूप से उत्पन्न होने पर चैतन्यांश के नष्ट हो जाने के कारण, मैं अपने स्वरूप को भी भूल जाऊँ, तो भी श्रीकृष्ण तो सर्वज्ञता के कारण यह जान ही लेंगे कि—वह श्रीराधिका मेरे विरह से संतप्त होकर, काष्ठभाव को प्राप्त हो गई है, अर्थात् वंशी बनकर अवतीर्ण हो गई है ॥१०३॥

तदनन्तर श्रीराधिका ने अपने मन में यह विचार किया कि—हे कुण्डलस्थितमकरि ! (श्रीकृष्ण-मकरकुण्डले !) तू तो श्रीकृष्ण के कपोलों का चुम्बन कर रही है। हे वंशि ! तू भी उनके श्रीमुख का

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तद्युक्तं यदतीतसर्वविधिका यूयं वयं तु स्फुटं
हा तत्तद्विधिभाग्विचारहतकेनाभीप्सिताद्वञ्चिताः ॥१०४॥
अहो सुमनसो मुक्ता वज्राण्यपि हरेरुरः ।
न त्यजन्ति वयं तत्र का वा स्मरवशाः स्त्रियः ? ॥१०५॥
चेन्न सङ्गमपरस्य विधत्ते, श्याम एष न तु तर्हि दुनोमि ।
अङ्कपालयति हा गतशङ्कः, सङ्गिनः कथमिदं कलयानि ?' इति ॥१०६॥

"तदेतत्पर्यन्तमन्तरस्पर्शिरागपरीते तस्य वेणुगीते कोऽपि सम्भ्रमः सर्वमेव व्रजं निघ्नं कुर्वन् विघ्नमाचरति स्म । स तु प्रातः प्रस्तोष्यते । इत्यञ्जलिं बद्ध्वा पुनरुवाच,—॥१०७॥

"अस्य त्वदीयकान्तस्य राधे ! जानाति कोऽपि न ।
प्रयासाभ्यन्तरस्थायित्वन्निमित्तप्रयासताम् ॥"१०८॥

तदेवं कथायां समाप्तप्रथायां सर्वे स्वस्वावासमासन्नाः ॥१०९॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु वेणुशिक्षामिष-प्रेयसीभिक्षा नाम सप्तदशं पूरणम् ॥१७॥

आस्वादन कर रही है, तथा हे वनमाले ! तू तो वनमाली के अग प्रत्यंग का बारंबार आलिंगन कर रही है । यह सब तुम्हारे लिए उपयुक्त ही है । क्योंकि तुम सब तो सबसे अधिक भाग्यशालिनी हो, अथवा सब प्रकार के विधि निषेध को लाँघ चुकी हो । किन्तु हाय ! हमको तो स्पष्ट ही उस उस प्रकार की शास्त्रीय विधि के सेवन करनेवाले निन्दित विचार ने अभिलषित पदार्थ से वंचित कर दिया, अर्थात् ठग लिया ॥१०४॥

अहह ! आश्चर्य तो यह है कि—पुष्प समूह, मोतियों की माला, एवं हीरा, पन्ना आदि जवाहरात भी श्रीकृष्ण के वक्षःस्थल को नहीं त्यागते हैं, फिर उस विषय में काम (प्रेम) वशवर्तिनी हम स्त्रियाँ कौन गिनती में हैं ? ॥१०५॥

यह श्यामसुन्दर यदि दूसरे का संग नहीं करते हैं, तब तो मैं किंचिद् भी उपतप्त नहीं होती हूँ । किन्तु हे सखि ! खेद तो इस बात का है कि, यह अपने संग के सखाओं को निःशंक होकर आलिङ्गन करता है । मैं इसको कैसे सह सकती हूँ ? ॥१०६॥

बस, यहाँ तक अन्तःकरण को स्पर्श करनेवाले राग से युक्त, श्रीकृष्ण का वेणुगीत जब हो रहा था, तभी किसी सम्भ्रम ने अर्थात् हड़बड़ी ने सम्पूर्ण व्रज को अधीन करते हुए एक विघ्न मचा दिया । वह सम्भ्रम प्रातःकाल की कथा में प्रस्तुत किया जायगा । इस प्रकार कहकर अंजलि बाँधकर मधुकण्ठ पुनः बोला—॥१०७॥

हे श्रीमति ! राधिके ! ये तुम्हारे प्रियतम तुम्हारे मिलने के लिए जो प्रयास करते हैं, वह भी प्रयास के भीतर ही स्थायी रहता है, अर्थात् साधारण जनों के प्रयास की तरह सबको दिखाई नहीं पड़ता, अतः उस प्रयास के भाव को कोई भी जान नहीं पाता ॥१०८॥

इस प्रकार विस्तृत कथा की समाप्ति के बाद, सभी श्रोतागण अपने अपने निवास स्थान पर पहुँच गये ॥१०९॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये वेणुशिक्षामिष-प्रेयसीभिक्षानामकं
सप्तदशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥१७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथाष्टादशं पूरणम्

इन्द्रमखभङ्गो गोवर्धनपूजनं च

अथ प्रभाते सदसि व्रजेशितु,-र्महाप्रभावेषु विभातपङ्क्तिषु ।
आनर्च्छ सामोदमुदश्रुकण्ठतां, स स्निग्धकण्ठः कथयाम्बभूव च ॥१॥

"अथ तस्मिन्नाश्विनावशेषे लब्धविशेषे यज्ञयोग्यवेशे व्रजाद्बहिःप्रदेशे सर्व एव पर्वणा सान्द्रानन्दव्रजा इव सप्रजा व्रजेन्द्रादयः सम्भ्रान्ताशयप्रायतया चरन्तः सुरेन्द्रयागयोगमाचरन्तः स्थानादिसञ्चेष्क्रियमाणानादिशन्तः स्व-स्व-वर्सति विहाय वर्सति बहिर्वसन्ति स्म ॥२॥

"तदा च कदाचिदेकस्यां सन्ध्यायां गोचारणभूभागतः समागतः सङ्कर्षणसहचारितया लब्धहर्षः सकुतुकतृष्णः श्रीकृष्णस्तदीयचरितमालोचितवान् । तत्रैव च प्रभूतकुतुकाकूत-सम्भूततया वसति स्म ॥३॥

"तदपि च यदपि पूर्वपूर्वसंवत्सरेषु दृष्टमित्यपूर्वदृष्टं न भवति, तथापि सम्प्रति प्रौढताप्रकाशतः शतमन्युं प्रति मन्युं जनयन् जनकादिषु प्रणयमयकोपं ज्ञापयन्नज्ञानत इव जिज्ञासाञ्चक्रे, तत्र तत्र कारणञ्चेदं चिन्तयाञ्चक्रे । यद्यपि शतपर्वपाणिरेवं गर्व्यते,—'एते

अठारहवाँ पूरण

इन्द्र यज्ञभङ्ग और गोवर्धनपूजन

इस अठारहवें पूरण में इन्द्रमानमर्दन, एवं गोवर्धनमानवर्धन वर्णित होगा । अनन्तर प्रातःकाल में श्रीव्रजराज की सभा में महाप्रभावशाली गोपगणों की पंक्ति जब सुशोभित हो रही थी, तब वह स्निग्धकण्ठ गद्गदकण्ठ होगया, और हर्षपूर्वक कथा कहने लगा ॥१॥

पश्चात् उस आश्विन मास के समाप्त हो जाने पर, अर्थात् कार्तिक मास में, अन्य महीनों की अपेक्षा विशेषता को प्राप्त हो जाने पर, यज्ञ के योग्य वेश वाले व्रज के बाहिरी स्थान में, उत्सव के कारण घने आनन्द समूह से भरे हुए, पुत्र पौत्रादिरूप प्रजा के सहित श्रीव्रजराज आदि सभी व्रजवासी, प्रायः सम्भ्रान्त चित्त वालों की तरह घूमते हुए, इन्द्र के यज्ञ संबंधी उपाय को करते करते, स्थानादिकों का बारंबार अच्छी प्रकार संस्कार (सफाई) करने वाले सेवकों को आज्ञा देते हुए अपने अपने घर को त्याग कर रात को बाहर निवास कर रहे थे ॥२॥

उसी समय कदाचित् एक दिन सन्ध्या काल में गोचारण के भूमि भाग से आकर, श्रीबलरामजी के सहित हर्षित होकर, कौतूहलपूर्ण तृष्णा से युक्त श्रीकृष्ण, उन व्रजवासियों के चरित्र की आलोचना करने लग गये । और उन व्रजवासियों के अधिक कौतुकमय अभिप्राय से संमिलित होने के कारण, अर्थात् उनके अभिप्राय को अच्छी प्रकार जानकर उसी स्थान पर रह गये ॥३॥

यद्यपि श्रीकृष्ण ने इस इन्द्रयाग संबंधी चरित को पहले बीते हुए वर्षों में भी देखा था, अतः यह कोई अपूर्व देखना नहीं है । तो भी इस समय प्रौढ़ भाव के प्रकाश के कारण इन्द्र के प्रति क्रोध को उत्पन्न करते हुए, पिता आदिकों के ऊपर प्रणयकोप जनाते हुए, अज्ञान से जानने की तरह जानने की इच्छा करने लग गये । और तत्तत्स्थल में आगे कहे जाने वाले कारण को भी विचारने लग गये । श्रीकृष्ण का विचार,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गोपालनकारकाः के वराकाः ? निखिललोकलोकपालपालकस्य मम दक्षमुख्याः प्रजापतयः स्वीयमन्वन्तरपतिप्रभृतयः पृथिवीपतयः कमलजन्मजन्मप्रधाना मुनीशाना यजमाना विराजन्तेतरामिति, तथाप्येते मत्पितृपुरःसरास्तत्र भक्तिमतिरिक्तीकुर्वन्ति ।' इति ॥४॥

"अथ स्पष्टीकृतगौरव-सौष्ठवमन्तःकष्टपरामृष्टं पृष्टवान्,—

'कथ्यतां वः पितः कोऽयं सम्भ्रमः समुपागतः ?
यज्ञार्थो यदि देवः कः प्रमाणं किं फलं च किम् ?' ॥५॥

"व्रजेश्वरे तु ज्ञानपूर्वकप्रश्नविज्ञानतस्तदभिप्रायं प्रायः प्रतिपद्य सद्यः प्रतिवचननदत्तवति पुनर्लाल्यतोचितबाल्यतो दीनताधीनमिवोवाच,—॥६॥

'यथा विधातुं भवतां तथा श्रोतुं च नः स्पृहा ।
उभयेषां यतस्तत्र विशेषाश्रयतास्थितिः ॥'७॥

"अथ 'किमस्माभिर्व्यक्तं वक्तव्यं गोत्रभित्सत्रं प्रति, किं वायं वत्सः प्रतिपत्स्यते' इति विचिकित्सति तातपादे तदेव किञ्चिदतिरिक्तं व्यक्तमिव कर्तुमिच्छति स्म,—॥८॥

यथा—यद्यपि वज्रपाणि इन्द्र इस प्रकार का गर्व करता है कि—"ये गोपालन करने वाले गोप विचारे मेरी दृष्टि में कौन हैं ? क्योंकि मैं (इन्द्र) सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के लोक पालों का भी पालक हूँ। मेरे दक्ष आदि प्रजापति, अपने मन्वन्तर के अधिपति प्रभृति पृथिवीपति, एवं ब्रह्माजी से है जन्म जिनका, ऐसे प्रधान प्रधान सनकादि नारदादि मुनीश्वर, यजमान होकर अतिशयेन विराजमान हैं।" तो भी हमारे पिता श्रीनन्द आदि व्रजवासी इन्द्र के ऊपर सबसे अधिक भक्ति को प्रकाशित करते हैं ॥४॥

इस प्रकार विचार करने के अनन्तर गौरव की सुन्दरता को स्पष्ट करते हुए, एवं अन्तःकरण के कष्ट के परामर्श पूर्वक श्रीकृष्ण ने पूछा कि—पिताजी ! कहिये तो सही। आप सबके यहाँ हर्ष के कारण शीघ्रता कराने वाला यह कौन सा कार्य उपस्थित हुआ है ? यदि यज्ञ के लिए है तो आपके यज्ञ का देवता कौन है? उसमें प्रमाण क्या है ? और उस यज्ञ का फल क्या है ? ॥५॥

किन्तु श्रीव्रजराज ने श्रीकृष्ण के ज्ञानपूर्वक किये गये प्रश्न को अच्छी प्रकार समझकर, प्रायः उसके अभिप्राय को भी जानकर, जब शीघ्र ही उत्तर नहीं दिया, तब श्रीकृष्ण लालन पालन के उचित बालकपन से, दीनता से अधीन हुए की तरह पुनः बोले—॥६॥

हे पिताजी ! देखो, आप सबकी इस कार्य को करने की जिस प्रकार इच्छा है, उसी प्रकार इस विषय के श्रवण की हमारी भी प्रबल इच्छा है। क्योंकि उस यज्ञ आदि कार्य में हम और आप दोनों की ही विशेषता का आश्रय करना ही मर्यादा है, अर्थात् कार्य करने के आप आश्रय हैं, तो हम श्रवण करने के विशेष आश्रय हैं ॥७॥

अनन्तर "क्या हमको स्पष्ट कह देना चाहिये, अथवा इन्द्रयाग के प्रति यह हमारा लाला अपने मनमें क्या समझेगा" इस प्रकार का संशय करने वाले पूज्यपाद पिताजी जब कुछ न बोले, तब श्रीकृष्ण ने उसी अतिरिक्त ज्ञानादि सम्पत्ति को व्यक्त (स्पष्ट) करने की सी इच्छा प्रगट की—॥८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यथा च तात ! सर्वत्र निपुणानां वैज्ञानिकानां भवतां पुत्रा वयं न तावद्गोचारकता-मात्रपर्यवसित-पर्यालोचनाः, किन्तु किञ्चित् किञ्चिज्ज्ञाननीतिं धर्मरीतिमपि प्रतिपद्यामहे' इति व्यञ्जनया मञ्जु वदति स्म,—॥९॥

'सर्वक्षेत्रप्राज्ञ एकः परात्मा, तस्मिन् जीवाः सन्ति नैवातिभिन्नाः ।
एतद्विज्ञाः साधवो विद्वदिज्या,-स्तस्मादेषां गोपनं नैव युक्तम् ॥१०॥

योगिनां मतमेतच्चेन्नीतिरप्यवधार्यताम् ।
उदासीनोऽरिवद्वर्ज्यः सुहृदात्मैव सम्मतः ॥११॥

यद्येष पन्था धर्मस्य सोऽपि नास्त्यविचारतः ।
तत्र यद्विदुषः सिद्धिर्भवेन्नाविदुषः क्वचित् ॥१२॥

धर्मो वैदिक एवेष्टो लौकिकः क्वापि दृश्यते ।
भवद्भिः कस्तयोरेष विशेषत्वेन सम्मतः ?' ॥१३॥

"तदेवं स्वसुतस्य तस्य सुपर्वपति-मानचर्वणायाविर्भवन्तं सर्वमतज्ञतागर्वमखर्व-मालोचयन्नपूर्वतया भावनां कुर्वाणस्तेन च निजपक्षस्यापेक्षणीयतां लक्षयन्निदं व्रजपतिरुप-क्षिप्तवान्,—॥१४॥

यथा—हे पिताजी ! हम तो सर्वत्र कार्यकुशल आप जैसे विज्ञानियों के पुत्र हैं, हमारी पर्यालोचना (विचार धारा) केवल गोचारण रूप कार्य में ही समाप्त नहीं हो जाती, किन्तु हम कुछ कुछ ज्ञाननीति एवं धर्मनीति को भी जानते हैं। इस भाव को प्रकाशित करने के लिए मनोहरतापूर्वक बोले—॥९॥

देखो, पिताजी ! सभी क्षेत्रों के अर्थात् शरीरों के अच्छी प्रकार ज्ञाता परमात्मा एक है। सब जीव उसी में विद्यमान हैं। चिदंश कहे जाने के कारण अत्यन्त भिन्न नहीं हैं। इस रहस्य को विद्वानों के भी पूजनीय साधुजन अच्छी प्रकार जानते हैं। अतः उन साधुओं को यह रहस्य गुप्त रखना उचित नहीं है ॥१०॥

पिताजी ! यदि आप यों कहें कि, बेटा ! यह मत तो योगियों का है, तो ऐसी स्थिति में नीति को भी निश्चित करके धारण कर लीजिये। नीति यह कहती है कि—उदासीन व्यक्ति को बैरी के समान त्याग देना चाहिये, एवं मित्र तो अपनी आत्मा ही माना गया है ॥११॥

यदि कहो कि—यह इन्द्रयज्ञ तो हमारा कुल धर्म है, अतः धर्म का मार्ग स्वरूप है। ठीक है, किन्तु वह भी बिना विचार के करना उचित नहीं है। क्योंकि उस विषय में जानकार की ही सिद्धि होती है, अज्ञानी के लिए कहीं भी सिद्धि नहीं हो सकती। अतः समझकर ही कार्य करना उचित है ॥१२॥

वस्तुतः वैदिक धर्म ही सबको अभीष्ट है। कहीं कहीं लौकिक परम्परागत धर्म भी देखा जाता है। अतः आप सबके द्वारा विशेषरूप से सम्मानित, उन वैदिक एवं लौकिक रूप दोनों धर्मों में से, यह कौन सा धर्म है ? ॥१३॥

इस प्रकार अपने पुत्र के "इन्द्र का मानमर्दन करने के लिए" प्रगट होते हुए सर्व मतों की जानकारी रूप विशाल गर्व की आलोचना करते हुए, एवं अपूर्व भाव से भावना करते हुए, और उसी के द्वारा अपने पक्ष की अपेक्षणीयता (आदर) को लक्ष्य करते हुए, श्रीव्रजराज ने यह बात उठाई कि—॥१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'धर्मोऽयं लौकिकस्तात ! यद्यपि स्यादथाप्यसौ ।
युक्तत्वादपि चाम्नायादाम्नायज इवेश्यते ॥१५॥
य इन्द्रो देवतात्र स्यात् पर्जन्यः स तु सर्ववित् ।
तस्यार्चनं कुलायातमस्माकं केतनं मतम् ॥'१६॥

"कृष्णस्तदेतत् कर्म कर्मप्रधानतया वर्ण्यमानं तदुत्तरमाकर्ण्य वासव-ह्रासवासनया कर्मकाण्डपण्डितम्मन्यानां मतमनुसृत्य देवताखण्डनमाह,—॥१७॥

'स्वतः कर्मवशा देवा दातुं कर्मानुसारिणः ।
ईशश्चेदस्ति कर्मानुगाम्यसौ का नु देवता ? ॥१८॥
सर्वं तद्भस्मनि हुतं परतन्त्रे यदर्पणम् ।
गार्हपत्ये हुतं तत्तु यदात्मात्मीय-पोषणम् ॥१९॥
तस्मादाभीरवैश्यत्वादघ्न्यासेवा तु नः कृतिः ।
देवता यदि मन्येत मन्तव्या सा तदाश्रया ॥'२०॥

"अथ शतमन्योरपि पर्जन्यतया तदाश्रयत्वमाशङ्क्य साङ्ख्य-सङ्ख्यावतां मतात् प्रत्याचचक्षे,—॥२१॥

हे प्रिय पुत्र ! यद्यपि यह धर्म लौकिक है, तथापि वृद्ध परंपरा से किंवा सम्प्रदाय क्रम से प्राप्त है। अतः उचित होने के कारण हम इस लौकिक धर्म को भी वैदिककी तरह अभीष्ट मानते हैं ॥१५॥

इस यज्ञ में इन्द्र नामक जो देवता है, वही सर्वज्ञ पर्जन्य कहलाता है। उसका पूजन कुलपरंपरा से चला आ रहा है। वही हमारी गोपजाति का कार्य माना गया है ॥१६॥

"यह कर्म, कर्म की प्रधानता के रूप से वर्णित हो रहा है"। श्रीकृष्ण पिताजी के इस प्रकार के उत्तर को सुनकर, इन्द्र के ह्रास (अवनति) की वासना से, जो अपने को कर्मकाण्ड के विषय में पूरे पण्डित मानते हैं, ऐसे पण्डित मानियों के मत का अनुसरण करके देवताओं का खण्डन करते हुए बोले—॥१७॥

पिताजी ! देवता तो स्वतः कर्मों के पराधीन हैं, स्वतन्त्र फल दाता नहीं हैं। यदि कहो कि कर्मानुसारी जनों को कर्मानुसार फल देने के लिए एक ईश्वर है, तो वह भी तो कर्मानुगामी ही है। अतः आप ही कहिये देवता कौन है, अर्थात् सर्व स्वतन्त्र देवता कौन सा है ? ॥१८॥

और देखो ! परतन्त्र के प्रति जो अर्पण है, वह सब भस्म में हवन करने के समान है। एवं आत्मा और आत्मीय का जो पोषण है, वह गृहस्थ संबंधी पाकादिसाधक, अग्नि में अर्पण करने के समान है। वह यज्ञ के लिए नहीं है ॥१९॥

इसलिए आभीर वैश्य होने के नाते, गोसेवा ही हमारा प्रधान कार्य है। यदि आपको कोई देवता ही मानना है, तो वह भी गोसेवा के आश्रय स्वरूप ही है। यह मान लीजिये ॥२०॥

अनन्तर इन्द्र के भी पर्जन्य कहे जाने के कारण, उसके आश्रय की आशंका करके, सांख्य मत के पण्डितों के मत से श्रीकृष्ण ने इन्द्र की पूजा खण्डित कर दी— ॥२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'रजोभूर्यवसाद्यर्थस्तस्मान्नेन्द्रो गवाश्रयः ।
किन्तु गोवर्धनाख्यानक्षोणीभृद् यः स एव सः ॥२२॥
निजाजीव्यतया गावः कुलागत्या च भूसुराः ।
आश्रयत्वे समक्षत्वं यान्त्येते न दिवौकसः ॥'२३॥

"तत्र मतान्तरं वितण्डापण्डितानां मतेन खण्डयति,—

'आप्तवागनुमानञ्च प्रत्यक्षादेव गम्यते ।
तस्मात् प्रत्यक्षमेव स्यात् प्रमाणं सर्वमर्दकम् ॥२४॥
तस्माद्गवां ब्राह्मणानामद्रेश्चारभ्यतां महः ।
ऐन्द्रैर्निर्मीयतां सेयं त्रिकर्मी हविषां कुलैः ॥२५॥
होमो यदि विधातव्यो वह्निमुद्दिश्य हूयताम् ।
आश्रयः स हि सर्वेषां प्रत्यक्षश्चानुभूयते ॥२६॥
अथ विप्राः प्रीणनीया दत्त्वा धेनूः सदक्षिणाः ।
स्वभाव एष भवतां विधिकिङ्करता नहि ॥२७॥

यथा—रजोगुण से जिसकी उत्पत्ति है, वही तृण घास आदि के प्रयोजन को सिद्ध कर सकता है। अतः इन्द्र गोधन का आश्रय नहीं हो सकता। किन्तु श्रीगोवर्धन नामक जो पर्वतराज है, वही गोगण का सच्चा आश्रय स्वरूप है ॥२२॥

गोगण हमारा जीवन स्वरूप है, एवं ब्राह्मणगण कुलगत्ति के अनुसार हमारा हितकारी है। अतः आश्रय ग्रहण करने के विषय में ये दोनों ही हमारे सामने उपस्थित हो जाते हैं, देवगण नहीं ॥२३॥

श्रीकृष्ण पुनः वहाँ पर जो वितण्डावाद (बखेड़ावाजी) के पण्डित हैं उनके मत के द्वारा, दूसरे मत का खण्डन करने लग गये। अर्थात् वेद वाक्य और अनुमान के द्वारा इन्द्र ही फल दाता है, ऐसा जो कहते हैं, उनके मत का निरास करते हुए बोले कि—देखो, पिताजी! आप्तवाक्य (वेद) एवं अनुमान प्रमाण भी प्रत्यक्ष प्रमाण से ही जाना जाता है। अतः प्रत्यक्ष प्रमाण ही सर्वप्रमाणमर्दक, अर्थात् प्रधान प्रमाण माना जा सकता है ॥२४॥

अतः (प्रत्यक्षरूप से जब देखते हैं तो ये गिरिराज श्रीगोवर्धन ही, हमारे जीवनरूप गोधन के आश्रय स्वरूप हैं) इसलिए गो, ब्राह्मण, एवं गोवर्धनपर्वत का महोत्सव आरम्भ कर दीजिये। और इन्द्र के अर्पण करने के लिए जो घृतसमूह सञ्चित किया है, उसी के द्वारा यह त्रिविध कर्म, अर्थात् गो, ब्राह्मण, गोवर्धन पूजारूप कर्म सम्पन्न कीजिये ॥२५॥

यदि होम करना है तो अग्नि को उद्देश्य बनाकर हवन कीजिये। क्योंकि वह अग्निदेव सभी का आश्रय स्वरूप है, और प्रत्यक्षरूप से अनुभव भी किया जाता है ॥२६॥

पश्चात् दक्षिणा के सहित गोदान करके ब्राह्मणों को सन्तुष्ट करना चाहिये। यह तो आप सबका स्वभाव ही है। आप सब विधि के बन्धन में नहीं हो ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अन्नं दत्त्वा ब्राह्मणादिश्वपाका,-न्तेभ्यः श्वभ्योऽप्यत्र गोभ्यस्तृणानि ।
क्षौणीभर्त्रे दीयतामन्नकूटो, यस्मादेषोऽप्यन्नकूटाभिधः स्यात् ॥'२८॥

"तदेवं श्वपाक-श्वपर्यन्तेभ्यः प्रदातव्यम्, न तु पाकशासनायेत्यभिप्रेत्य सर्वान्निवचनेकृत्य प्रत्येकं प्रवर्तयन् प्राह,—॥२९॥

'भुक्त्वा वस्त्रालेपवेशान् गृहीत्वा, विप्रं वह्निं गां परिक्रामताद्रिम् ।
नात्राप्यंघ्रिक्रामितावश्यकत्वं, स्वच्छन्दत्वाद्यानमप्यत्र दिष्टम् ॥३०॥
ये वा क्रतुभुजोऽप्यत्र जनास्ते स्युर्जनाविह ।
सुपर्वाणः सुमनसो निर्जराश्च सुरा इव ॥३१॥
'किञ्च, आढ्यङ्करणी सुभग,-ङ्करणी तद्वत् प्रियङ्करणी ।
श्रीगोवर्धनपूजा,-नाम्नी विद्या परिस्फुरति ॥३२॥
गोवर्धनगिरियज्ञा,-वज्ञातुर्गोत्रभित्पूजा ।
अन्धङ्करणी पलित,-ङ्करणी नग्नङ्करण्यपि च ॥'३३॥

"तदेवमग्रज-मुखं निरीक्ष्य मृदु हसित्वा पुनः सादरमाह स्म,—॥३४॥

और यहाँ पर ब्राह्मण से लेकर चाण्डाल पर्यन्त नीच जाति को, एवं कुत्तों के लिए भी अन्न देकर, तथा गैयाओं के लिए तृण का दान कर, और श्रीगोवर्धन के लिए अन्नकूट को समर्पण कीजिये। क्योंकि ऐसा करने से यह पर्वत भी अन्नकूट नाम से विख्यात हो जायगा, अर्थात् इसका आज का पूजन भी अन्नकूटोत्सव कहलायेगा ॥२८॥

इस प्रकार चाण्डाल एवं कुक्कुर पर्यन्त सभी के लिए दान करो, किन्तु इन्द्र के लिए नहीं। इस अभिप्राय को दृढ़कर सभी व्रजवासियों को निरुत्तर बनाकर, प्रत्येक को श्रीगोवर्धन की पूजा में प्रवृत्त करते हुए श्रीकृष्ण बोले कि— ॥२९॥

पहले भोजन कर पश्चात् वस्त्र, भूषण, एवं चन्दन आदि धारण करके ब्राह्मण, अग्नि, गोगण, एवं श्रीगिरिराज की परिक्रमा करो। यहाँ पर चरणों के द्वारा परिक्रमा करना आवश्यकीय नहीं है। क्योंकि श्रीगिरिराज की परिक्रमा में तो स्वच्छन्दतापूर्वक यान (गाड़ी) आदि का भी आदेश शास्त्रकारों ने दिया है। भावार्थ यह है कि जिसकी जैसी सामर्थ्य, जैसी रुचि हो, उसी के अनुसार परिक्रमा कर लो ॥३०॥

और जो जन इस अन्नकूटोत्सव में श्रीगिरिराज का प्रसाद खायेंगे, वे सब इसी जन्म में देवताओं की तरह सुपर्वाणः (सुन्दर उत्सव से युक्त), सुमनसः (सुन्दर मन वाले), एवं निर्जराः (बुढ़ापे से रहित) हो जायेंगे, अर्थात् सर्व प्रकार से सुखी हो जायेंगे ॥३१॥

किंच श्रीगोवर्धन की पूजा नामक जो विद्या है, वह सबको धनी बनाने वाली, सौभाग्ययुक्त करने वाली, सुन्दरता देने वाली है। उसी प्रकार सबका प्रिय करने वाली है, इसीलिए सर्वोपरि है ॥३२॥

और जो व्यक्ति श्रीगोवर्धनपर्वत के यज्ञ का तिरस्कार करता है, एवं इन्द्र की पूजा करता है, उसके लिए, इन्द्र की पूजा रजोगुण से अन्धा बना देती है, बूढ़ा बना देती है, एवं भूखा नङ्गा भी बना देती है ॥३३॥

इस प्रकार कहकर श्रीकृष्ण बड़े भाई का श्रीमुख देखकर, मन्द मन्द मुस्क्याकर पुनः आदरपूर्वक बोले— ॥३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'इत्येतन्मे बालभावेन बुद्धं, गो-विप्राद्रि-प्रेप्सितं मद्धितञ्च ।
युष्मभ्यं चेद्रोचते तर्हि शीघ्रं, कार्यं विघ्नः स्याद्विभिन्न-प्रवेशे ॥३५॥
सर्वं यद् यन्मानसं वाचिकं वा, युष्माद्दृग्भिः साध्यते कायिकं वा ।
नित्यं तत्तद्दृश्यते मन्निमित्तं, तस्मादेतन्मद्धितत्वाद्विधेयम् ॥३६॥
अनुन्मत्तः स्वतः सर्वं वेत्ति स्वीयं हितं पितः ! ।
नोचेद्वेत्ति न च ब्रूते ब्रूते चेद्वेत्ति निश्चितम् ॥'३७॥

"तदेतद्विप्रलम्भलम्भनमप्यक्लिष्टवर्णनविशिष्टमाकर्ण्य तन्मुखञ्च निर्वर्ण्य तदेव सवर्णैरसवर्णैरप्यधिपर्वमागतैः सर्वकैर्निर्णिन्ये ॥३८॥

"तथाहि—प्रेष्ठः किञ्चिद्यद्ब्रवीति प्रतीति, सर्वेषां तद्याति नूनं रुचिञ्च ।
तच्चेदण्वप्यर्हितं तर्हि किंवा, वाच्यं तस्मात्तेऽप्यमन्यन्त तद्धि ॥"३९॥

तदेतदवधार्य मधुकण्ठस्त्वमुक्तकण्ठं परामृशति स्म,—"चेदप्यतिवेदः सुविचारतानश्वरः सोऽयमनीश्वरवादः कृतवक्रभावचक्रशक्रपराभवकौतुक-तात्पर्यमात्रपात्रतया तेन प्रयुक्तः; किन्तु

हे प्रिय व्रजवासियो ! देखो, मेरी यह बालकपन की जानकारी है, एवं गो, ब्राह्मण, तथा गिरिराज के लिए जो अत्यन्त प्रिय वस्तु है, वही मेरी हितकारी है। यदि आप सबको मेरा मत रुचिकर लगता हो, तो इस कार्य को शीघ्र ही कर डालो। क्योंकि "मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना" के अनुसार इस प्रस्ताव में विभिन्न जन के प्रवेश करने पर तो निश्चितरूप से विघ्न होने की संभावना है ॥३५॥

और आप जैसे व्यक्तियों के द्वारा जो जो मानसिक, वाचिक, कायिक कार्य सिद्ध किया जाता है, वह सब नित्यप्रति मेरी प्रसन्नता के लिए ही देखा जाता है, अर्थात् मेरी प्रसन्नता को बनाये रखना ही आप सबका जीवनव्रत है। इसलिए मेरे हितकारी होने के कारण, मेरे कहे हुए पूर्वोक्त कार्य को भी कर लीजिये ॥३६॥

हे पिताजी ! देखो, सावधान सुधीर व्यक्ति स्वकीय समस्त हितकर विषय को स्वतः ही जानता है। यदि जानता न होता तो कुछ बोलता नहीं। यदि बोलता है तो निश्चितरूप से जानता है, यह सिद्धान्त है ॥३७॥

अतएव विरोधोक्ति से युक्त होने पर भी, अविरुद्धार्थक समयोचित वर्णन से विशिष्ट, श्रीकृष्ण के पूर्वोक्त कथन को सुनकर, और उनके श्रीमुख को निहारकर, उस इन्द्र महोत्सव में आये हुए सजातीय गोपगण, एवं असजातीय ब्राह्मण आदि सभी जनों ने श्रीकृष्ण के कथन को ही, प्रामाणिकरूप से निर्णीत कर लिया, अर्थात् निश्चित कर लिया ॥३८॥

देखो, नीति तो यह है कि, अपना प्रियतम व्यक्ति जो कुछ कहता है, वह कथन सभी प्रियजनों के विश्वास को एवं रुचि को प्राप्त कर लेता है, यह निश्चित है। यदि वह कथन अणुमात्र भी योग्य है, अर्थात् प्रशंसनीय है, तब तो फिर कहना ही क्या है ? इसलिए उन श्रीनन्द आदि सभी व्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के कथन को निश्चितरूप से मान लिया ॥३९॥

स्निग्धकण्ठ के पूर्वोक्त कथन को सुनकर, मधुकण्ठ अपने मन मन में यह विचार करने लगा कि—यद्यपि यह अनीश्वरवाद वेदों का अतिक्रमण कर गया है, अर्थात् वैदिक सिद्धान्त नहीं है, क्योंकि सुन्दर विचार के भाव में यह नष्ट हो जाता है, एवं किया है वक्रभाव (टेढ़ापन) का चक्र (समूह) जिसने, ऐसे इन्द्र

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

न प्रवृत्तिविरोधिपात्रतया, तथापि तत्र मित्रतातिचित्रतया लब्धनिगमविस्रब्धसर्वपुरुषार्थसार्थ-शिरोमणिरूपस्वरूपेषु तेषु व्रजभूपेषु नायुक्तः। ईश्वरज्ञानगुरुभिरपि तद्भावमेव परि सर्वोपरि-पुरुतापरामर्शात्। यथोक्तम्, (भा० १०।१४।३२)—

'अहो भाग्यमहो भाग्यं नन्दगोप-व्रजौकसाम्।
यन्मित्रं परमानन्दं पूर्णं ब्रह्म सनातनम्॥' इत्यादि ॥४०॥

"ततः कौतुकचारितयापि तेन यद्विचारितमिव सम्पद्यते, तदपि पारमार्थ्यवर्यतया पर्यवस्यतीत्येवमहो परममहोवरकरस्वभावधरः सोऽयं व्रजधरापति-वंशजन्मा शशधरः।" इति ॥४१॥

"अथ स्पष्टं चाचष्ट,—ततस्ततः ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—ततश्च दीपावलीनामानममा-वास्यामनु दीपावलीवलिकौतुकं प्रतिपद्य प्रतिपत्प्रातस्तु विश्रम्भतः परमाश्रवतामाश्रयमाणैरमी-भिर्यथा तेन विहितं तथा विहितम् ॥४२॥

"तत्र च मुख्यकल्पकल्पनाय विचित्रचित्रवितानपताकादिभिः सर्वसुखसंवर्धनस्य श्रीगोवर्धनस्य कूटमण्डलं मण्डयित्वा यथाविधि निर्बन्धसाधितसाधुगन्धबन्धुरपाद्यादिप्राग्र्य-सामग्रीभिरभिसभाज्य तमभिप्राज्यचरणाचलवदाज्यप्राघारनिर्झराश्चित्रवर्णव्यङ्गनव्यङ्गित-

---

के तिरस्कार करने में जो कौतुक, उसी के तात्पर्य मात्र के पात्र होने के कारण, श्रीकृष्ण ने इस निरीश्वर-वाद का प्रयोग किया है, किन्तु प्रवृत्तिशास्त्र की विरोधिनी प्रवृत्ति की भावना से प्रयोग नहीं किया। तथापि श्रीकृष्ण में मित्रभाव की अतिशय विचित्रता के कारण, वेद में विश्वास करनेवाले, एवं धर्मार्थ, काम, मोक्षरूप समस्त पुरुषार्थ समूह के शिरोमणि प्रेममय स्वरूप वाले, उन समस्त व्रजभूपतियों के ऊपर निरीश्वरवाद का प्रयोग करना उचित नहीं। क्योंकि ईश्वर सम्बंधी ज्ञान के गुरु श्रीब्रह्मा आदिकों ने भी व्रजवासियों के भाव को ही सर्वोपरि अधिकरूप से विचारा है। उन्होंने स्वयं इस प्रकार कहा भी है कि—अहो! श्रीनन्द आदि व्रजवासी गोपों के धन्य भाग्य हैं। वास्तव में उन्हीं का अहोभाग्य है। क्योंकि परमानन्दस्वरूप सनातन परिपूर्ण ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण जिनके सगे सम्बंधी एवं मित्र हैं, इत्यादि ॥४०॥

इसलिए इन्द्र के दर्प चूर्णरूप कौतुक करने की इच्छा से युक्त होकर भी, श्रीकृष्ण ने जो विचार कर लिया, वह विचार भी परमार्थभाव के श्रेष्ठत्वरूप से परिणत हो जाता है। अहह! इस प्रकार श्रीगोवर्धन पूजनरूप परम महोत्सव के वरण (निर्धारण) करने के स्वभाव को धारण करने वाला, श्रीव्रजभूपति के वंश में उत्पन्न होने वाला, यह श्रीकृष्णरूप अपूर्व चन्द्रमा है॥४१॥

इस प्रकार मानसिक विचार के अनन्तर मधुकण्ठ स्पष्ट बोला कि—उसके आगे का प्रसंग सुनाइये। स्निग्धकण्ठ बोला—तदनन्तर कार्तिक की अमावस्या के दिन दीपावली नामक दीपपंक्ति के उपहाररूप कौतुक को प्राप्तकर, प्रतिपदा के प्रातःकाल तो विश्वास के कारण श्रीकृष्ण की परम अधीनता का आश्रय करने वाले श्रीनन्द आदिकों ने, "श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार पूजनादि किया" उसी प्रकार किया॥४२॥

और वहाँ पर शास्त्रोक्त प्रधान विधान की कल्पना करने के लिए, चित्र विचित्र मनोहर मण्डप पताका आदिकों के द्वारा, सर्व सुखों की वृद्धि करनेवाले श्रीगोवर्धन के शिखर समूह को अलंकृत करके, विधिपूर्वक यत्न के द्वारा साधित, श्रेष्ठगन्ध से मनोहर, पाद्य, अर्घ्य प्रभृति बहुत सी सामग्री द्वारा संमान करके, श्रीगोवर्धन के चारों ओर आसपास के छोटे छोटे पर्वतों की तरह घृत के बहते हुए अनेक झरने, जिनमें

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

धातुरञ्जनाः, दुग्धतटिनीसङ्कुटिता दधितडागसङ्कुटिताः सम्पन्नमन्नकूटाः निकटादुपढौकयामासिरे । येषां प्राग्भावेनापूपिकं शाष्कुलिकमित्यादिभूयिष्ठनिष्ठानकूटनाम्ना स्थानान्यपि चिरमाम्नातानि ॥४३॥

"नानावाद्यं लोककोलाहलाढ्यं, स्वर्गं बाढं व्यानशे तत्र सत्रे ।
यत्तद्देवक्ष्मापतेराश्विनेयौ, निर्णिन्याते कर्णशूले निदानम् ॥४४॥
सृष्टेष्वद्रेरन्नकूटेष्वनल्पः, कृष्णाकारः कश्चिदादिर्बभूव ।
अल्पीयस्त्वं केवलं भेदबुद्धे,-र्यस्मात् कृष्णे कारणत्वं जगाम ॥४५॥

"तञ्च प्रथमं वसुन्धराधरशिलासन्धितः समेधमानस्फुरदुत्सेधं प्रेक्षाकारिणः समुत्प्रेक्षामासुः,—॥४६॥

'पीतश्यामा किं प्रभा किं तडित्वान्, किंवा धातुद्योतिभूभृद्विभाति ।
सुष्ठूत्तिष्ठन् किंस्विदेतद्वकीजि,-न्मूर्तिव्यूहः स्फूर्तिमत्रातनोति ? ॥४७॥

कायप्रायतभाजिताञ्जनगिरिर्वस्त्राणि सन्ध्याभ्रजि-
द्विस्तारद्युतिमन्ति वेषमणयः सूर्यादिजेतृप्रभाः ।

विचित्र वर्णों के शाक आदि व्यंजनों के द्वारा गैरिक (गेरू) आदि अनेक प्रकार की धातुओं के रंग व्यंजित (प्रकाशित) हो रहे हैं, एवं दूध की नदियों के द्वारा दुस्तर, दही के तालाबों के द्वारा बनाये गये बड़े बड़े सुन्दर अन्नकूट निकट से ही व्रजवासियों ने भेंट कर दिये । जिन सब अन्नकूटों के पहले पहले यह पूआओं का कूट है, यह पूरियों का कूट है, ये अनेक प्रकार के व्यंजन (शाक) आदिकों के कूट हैं, इत्यादि नामों के द्वारा वे वे स्थान भी चिरकाल तक उन्हीं उन्हीं नामों से कहे जाने लगे ॥४३॥

श्रीगोवर्धन पूजनरूप उस यज्ञ में सभी जनों के कोलाहल से परिपूर्ण अनेक प्रकार के वाद्यों की ध्वनि ने स्वर्ग को व्याप्त कर लिया । स्वर्ग के वैद्य दोनों अश्विनीकुमारों ने जिस वाद्य ध्वनि को, इन्द्र के कर्णशूल नामक रोग के विषय में, आदिकारण रूप से निश्चित किया । अर्थात् श्रीगोवर्धन पूजन के समय अनेक प्रकार के बाजे बजे, उनकी ध्वनि से इन्द्र के कानों में कर्णशूल रोग हो गया, स्वर्गीय वैद्यों ने उसका मूल कारण इस ध्वनि को ही ठहराया । तात्पर्य—श्रीगिरिराज महोत्सव के वाद्यों की ध्वनि इन्द्र को असह्य हो गई ॥४४॥

श्रीगिरिराज के लिए अनेक अन्नकूट जब समर्पित कर दिये गये, तभी बहुत बड़ा श्रीकृष्ण के से आकारवाला कोई व्यक्ति श्रीगोवर्धन से प्रगट हो गया । दोनों का आकार एक सा होने पर भी श्रीकृष्ण में आकार का छोटापन ही केवल लोगों की भेद बुद्धि का कारण बन गया था ॥४५॥

और श्रीगोवर्धन की शिला की सन्धि से लेकर, अच्छी प्रकार बढ़ते हुए लम्बे आकारवाले उस व्यक्ति विशेष को पहले देखनेवाले विज्ञजन इस प्रकार की उत्प्रेक्षा करने लगे कि—॥४६॥

यह श्याम पीत वर्णवाली प्रभा है क्या ? अथवा मेघ है क्या ? अथवा हरताल आदि पीली धातुओं से प्रकाशित कोई पर्वत ही अच्छी प्रकार ऊपर को उठता हुआ शोभा पा रहा है क्या ? अथवा यहाँ पर पूतनारि श्रीकृष्ण का मूर्तिव्यूह ही स्फूर्ति का विस्तार कर रहा है क्या ? ॥४७॥

और जिसके शरीर की लम्बी चौड़ी प्रभा अंजन पर्वत को जीतनेवाली हैं, एवं जिसके वस्त्र सन्ध्याकालीन मेघ को जीतनेवाले विस्तार की छवि से युक्त हैं, तथा जिसके अलंकारों की मणियाँ सूर्य आदि की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

उत्तंसा वरपुष्पभारबलवच्छाखासहस्राण्यहो
यस्य क्ष्माधरदेव एष कुरुते नेत्राणि चित्राणि नः ॥'४८॥

"ततः स तु चतुराननचातुरीचालनचतुरः कृष्णनाम्ना मधुरः सप्रश्रयं पप्रच्छ,—'भगवन् ! को भवान् ?' इति । "देवस्तु निर्घोषनिभ-घर्घरितस्वरेणाभ्रभ्रमं प्रथयन्नर्थेन तु तमन्यथयन् वचः प्रचारयामास,—'पूर्वताखर्ववत्पर्वद्पर्वतः सोऽयमहमस्मि ।' इति ॥४९॥

"तदेतदवधार्य देवार्यमित्रः श्रीदामादिमित्रः स्वभुजौ प्रसार्य विस्फूर्जायमानकोलाहलानर्गलं गोपवर्गं निवार्य 'नमस्कार्यः खल्वऽसौ, यस्मात् करुणाव्यग्रताजाग्रन्महाविग्रह-समग्रविग्रहप्रकाशग्रहिलतया प्रत्यक्षप्रत्ययमेव स एव देवः प्रत्यवरुद्धवान्' इति सर्वान् प्रत्यखर्वां वाचमुवाच ॥५०॥

"उक्त्वा चाखण्डदण्डवन्नतिं कुर्वति सहसस्मितपूर्वजे तस्मिन् विस्मितमनसः सर्व एव प्रति पर्वतं तथाकुर्वत । कृत्वा च श्रद्धया बद्धाञ्जलिषु तदावलिषु सर्वसुखवर्धनः स गोवर्धनः पुनरुवाच,—॥५१॥

'नान्यदेववदस्माकं भेदं युष्मद्विचक्ष्महे ।
तत् पश्यत भवद्दत्तं प्रत्यक्षं भुञ्जमहे वयम् ॥'५२॥

प्रभा को जीतनेवाली हैं, अहह ! अधिक क्या कहें ? देखो, श्रेष्ठ श्रेष्ठ पुष्पों के भार से युक्त हजारों शाखा ही जिसके मुकुट बने हुए हैं, ऐसा यह पर्वतराज हम सब के नेत्रों को अपने दर्शन से आश्चर्ययुक्त कर रहा है ॥४८॥

तदनन्तर चतुरानन (ब्रह्मा) की चातुरी को चूर्ण करने में चतुर, एवं श्रीकृष्ण नाम से मधुर उन श्रीनन्दलाल ने तो नम्रतापूर्वक पूछा कि—भगवन् ! आप कौन है ? श्रीगोवर्धन में से प्रगट हुए उस देव ने भी, वज्र की सी ध्वनिवाले घर्घर शब्द के द्वारा मेघ का सा भ्रम विस्तारित करते हुए, एवं अर्थ से तो मेघ के भ्रम को दूर करते हुए, यह वचन कहा कि—पहले की तरह फिर भी महत्त्वविशिष्ट उत्सव की पूर्ति करनेवाला मैं वही श्रीगोवर्धन पर्वत हूँ ॥४९॥

अतएव श्रीगोवर्धन के वचनों को निश्चित कर, दैत्यों के अमित्र एवं श्रीदामा आदिकों के मित्र, श्रीकृष्ण ने अपनी दोनों भुजाओं को फैलाकर, वज्र के समान कोलाहल करने के विषय में स्वतन्त्र गोपसमूह का निवारण कर, "यह गिरिराजदेव हमारे नमस्कार करने योग्य है, क्योंकि अपनी अहैतुकी कृपा की व्यग्रता से प्रगट होते हुए महान् शरीर के सम्पूर्ण विस्तार के प्रकाश करने के आग्रह से युक्त होने के कारण ही, उस गिरिराजदेव ने प्रत्यक्ष विश्वास को ही दृढ़तापूर्वक उत्पन्न किया है" इस प्रकार की सर्वोच्च वाणी को सभी व्रजवासियों के प्रति कहा ॥५०॥

और कहकर जब श्रीकृष्ण, मन्दमुस्क्यान करनेवाले बड़े भाई बलदेवजी के सहित श्रीगिरिराज को साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम कर रहे थे, उस समय विस्मित मन से युक्त सभी व्रजवासियों ने श्रीगिरिराज के प्रति उसी प्रकार साष्टाङ्ग प्रणाम किया । एवं प्रणाम करके जब सब व्रजवासी श्रद्धापूर्वक हाथ जोड़कर पंक्ति बाँधकर खड़े हुए थे, तब सब प्रकार के सुखों को बढ़ानेवाले वे श्रीगोवर्धन पुनः बोले—॥५१॥

हे व्रजवासियो ! दूसरे देवता जिस प्रकार तुमको अपने से भिन्नरूप से देखते हैं, हम उस प्रकार हमारा एवं तुम्हारा भेद नहीं देखते हैं, क्योंकि तुम हमारे पार्षद एवं अंश स्वरूप हो । इसलिए देखो !

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतदुक्त्वा च,—

अन्नान्याढककोटितण्डुलकृतान्यादाय तद्वच्चञ्चना-
न्यप्येष प्रतिकूटमेककवलप्राप्तान्नमादत्तथा ।
मध्यं मध्यमनुप्रकृष्य तु यथा नीरं पिबन् पल्वलान्
कुण्डान्याशु सरांसि किञ्च सरितो निन्ये क्षयं सर्वतः ॥५३॥

यदा ग्रासाय स करं प्रसारयति चाग्रतः ।
तदा सर्वे द्रवन्ति स्म सर्वतश्चटका इव ॥५४॥

मध्येकृत्य व्यञ्जनान्यन्नकूटं, ग्रासं ग्रासं पाणिना दक्षिणेन ।
तर्जन्यासावुद्दिशन् वामया तं, शक्रं लोलत्प्रान्तगत्या जहास ॥५५॥

दोष्णस्तस्याश्चतिपरिमितिग्रासहेतोः प्रसारे
चाकुञ्चे च स्थगितहरितः प्राप्ततत्तद्गतीनाम् ।
अक्ष्णामासीद्व्रजकुलभुवां चित्रवृन्देऽपि चित्रं
यत् क्वाप्येकं न किल गलितं सिक्थमेकं स्थितं न ॥५६॥

अन्यान्य देवता तो कभी भी प्रत्यक्ष भोजन नहीं करते देखे, किन्तु हम तो तुम्हारे द्वारा समर्पित अन्नकूट को प्रत्यक्ष ही भोजन कर रहे है ॥५२॥

अतएव इन वचनों को कहकर श्रीगिरिराज महाराज, करोड़ों आढ़क (आढ़क चार सेर को कहते हैं) परिमित चावलों के द्वारा सिद्ध किये गये सम्पूर्ण भात को, एवं उस भात के योग्य दाल, साग आदि अनेक व्यंजनों को ग्रहणकर प्रत्येक अन्नकूट को, एक ग्रास में आनेवाले अन्न की तरह खाने लग गये। तथा बीच बीच में जलपान करते हुए तो उन्होंने छोटे छोटे तालाबों को, कुण्डों को, बड़े बड़े कुसुम सरोवर आदि सरोवरों को, और मानसीगंगा आदि नदियों को खींच खींच कर सर्वतोभाव से समाप्त कर दिया ॥५३॥

श्रीगिरिराज ग्रास के लिए जब आगे की ओर अपना हाथ फैलाते थे, तब सभी भोज्यपदार्थ उनके हाथ की ओर चारों ओर से, चुग्गे की ओर चिड़ियों की तरह दौड़कर स्वयं चले आते थे ॥५४॥

समस्त व्यंजनों को बीच में धरकर अपने दाहिने हाथ से अन्नकूट को बारंबार ग्रास करते करते श्रीगिरिराज महाराज, चंचल है अग्रभाग जिसका, ऐसी अपनी बाईं तर्जनी अंगुली के द्वारा इन्द्र का उद्देश्य करके उसका परिहास करने लग गये ॥५५॥

श्रीगोवर्धन जिस समय अधिक परिमाणवाले ग्रास को लेने के लिए शीघ्र ही अपने दाहिने हाथ को फैलाते एवं सिकोड़ते थे, उस समय उनके हाथ की लम्बाई चौड़ाई से सभी दिशाएँ आवृत सी हो जाती थीं, और जिधर हाथ जाता था, व्रज की कुलांगनाओं के सारे नेत्र भी उधर ही चले जाते थे, ऐसी स्थिति में और अनेक आश्चर्यों के रहते हुए भी, व्रज की कुलांगनाओं के नेत्रों के लिए तो हाथ का शीघ्रतापूर्वक फैलाना, एवं संकुचित करना ही आश्चर्यजनक हो रहा था। क्योंकि इतनी शीघ्रता में एक ग्रास भी कहीं बीच में गिरा नहीं, एवं अन्नकूट का एक भी ग्रास बचा नहीं ॥५६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अतरीतृण्यत ग्रासान् भूभृद्भूभृद्यथा यथा।
अचलीवलृप्यताप्युच्चैर्मांसलाय तथा तथा ॥५७॥

तत्र च—बाला भीतिं यौवनोन्मत्तचित्ता, हासं वृद्धाश्चित्रमर्हास्तु भक्तिम् ।
याता ये ये तेषु सर्वेषु देवः, शुद्धां तुष्टिं कौतुकित्वाद्बभाज ॥५८॥

दूराद्दूरात् पूरमादाय वारां, ववक्त्रं शश्वत् क्षालयन्नद्रिदेवः ।
ष्ठीवन्नुच्चैः पृष्ठदेशे समन्ताद्,-वृष्टिं कुर्वन् शष्पसृष्टिं चकार ॥५९॥

गण्डूषाणामन्तरे वंशदण्डै,-र्दन्तान्तर्गान्यन्नपिण्डानि कुल्वन् ।
उद्यन्मूर्तिस्तत्र शैलाधिदेवः, पूर्तिं कुर्वन् प्राणभाजां ससर्ज ॥६०॥

ताम्बूलानां वीटिकाः कोटिखर्वं, कूटीकुर्वंश्चर्वयन् गर्वकुल्लः ।
प्रान्तच्छायामण्डलश्चण्डरश्मिः, प्रातर्यद्वत्तद्वदास्यं चकार ॥६१॥

जातं नीराजनस्य क्षणमनु निखिला मोहमापुर्यदेत-
त्तस्मिन् द्राघीयसि स्यात् कथमिति विविधाद् ध्वस्तचित्ता विचारात् ।

श्रीगिरिराज महाराज जैसे जैसे ग्रासों को बारंबार खाते थे, वैसे वैसे वे स्वयं भी अतिशय परिपुष्ट होने के लिए पुनः पुनः तैयारी करते जाते थे, अर्थात् खाते खाते ही लम्बे चौड़े रूप से परिपुष्ट होते जाते थे ॥५७॥

और उस समय जो जो बालक थे वे सब भयभीत हो गये, एवं यौवन से उन्मत्त चित्तवाले युवकगण हँसने लग गये, तथा वृद्धगण आश्चर्य को प्राप्त हो गये, और जो जो सेवा करने योग्य व्यक्ति थे वे सब गिरिराजजी में भक्ति को प्राप्त हो गये। श्रीगिरिराज महाराज तो कौतुकी होने के कारण, उन सभी प्रकार के व्यक्तियों के ऊपर विशुद्ध सन्तोष को प्राप्त हो गये, अर्थात् सभी से सन्तुष्ट हो गये ॥५८॥

तदनन्तर श्रीगिरिराज बहुत दूर से जल समूह को लेकर बारंबार अपने मुख को धोते हुए, एवं अपने पीछे की ओर जोर जोर से कुल्ला करते हुए, चारों ओर वृष्टि करते करते नई नई कोमल घास की सृष्टि करने लग गये ॥५९॥

और कुल्लाओं के बीच बीच में, अर्थात् आचमन करते समय बाँस के दण्डसमूह के द्वारा दाँतों के भीतर के अन्नपिण्डो को (अन्न के टुकड़ों को) निकाल कर, श्रीगिरिराज ने वहाँ पर अपनी दिव्य मूर्ति से प्रगट होकर, प्राणधारियों की पूर्ति करते हुए उन बाँस के डण्डों को फेंक दिया ॥६०॥

पश्चात् कोटि खर्व संख्यक पान की वीटिकाओं को एकत्रित कर, चबाते चबाते गर्व से प्रफुल्लित होकर, श्रीगिरिराज महाराज ने अपने मुख को उस प्रकार का बना लिया, जैसे कि प्रातःकाल आसपास के कान्ति समूह से सूर्यदेव अपनी रक्तवर्ण की शोभा को धारण करते हैं ॥६१॥

आरति करने का समय जब उपस्थित हुआ, तब तो सभी जन मोह को प्राप्त हो गये। उसका कारण यह था—वे विचारने लगे कि इतने लम्बे चौड़े देवता की आरती कैसे हो सकेगी ? इस प्रकार के अनेक विचारों से सभी का चित्त उथलपुथल हो गया था । किन्तु श्रीकृष्ण ने तो किंचित् हँसकर, स्वयं कल्पित

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्णस्त्वल्पं विहस्य प्रतिविधिमकरोत् कल्पिताद्यन्त्रभेदाद्-
यस्मिन् दीपाः सहस्रं तलमुपरि च ते चाल्यमाना विरेजुः ॥६२॥

"अथ सर्वमिच्छन्नन्विच्छन् प्रतीच्छन्नपि गिरिरयमहो ! गिरिं करोतीति निध्याय मूर्धनि बद्धाञ्जलितया सर्वस्मिन्नप्यूर्ध्वं स्थितवति सर्वतोऽपि वरान् वरान् विरचय्यातर्कितमन्तर्हिते परमहिते तस्मिन्नखण्डदण्डवत्प्रणामपूर्वमत्र द्वित्रक्षणं चित्रमिव सर्व एवासीत् ॥६३॥

"अवहिते च बहिरर्थे श्रीहरिरसौ सर्वान् पर्वतपर्वागतान् प्रत्युवाच,—

'अहो ! कलयताचलः करुणयात्मरूपं मह-
द्बृहत्प्रकटतां भजन्नखिलमेव भुङ्क्ते स्म सः ।
अनादरकृतामयं दलयितेति सम्भाव्यते
पुरन्दरबलिग्रहादतिबली तथा तर्क्यते ॥'६४॥

"ततश्च सर्वोऽपि विस्रब्धः परमप्रेमभाजन-गोसभाजनमारब्धवान् । यत् खलु—

गोभिर्गोपा मिथः स्युः प्रतिपददयितास्तत्र नन्दव्रजस्था-
स्तत्र श्रीनन्दराजः स्वयमयमुपमा तत्र तत्रास्य पुत्रः ।

किये हुए यन्त्र के भेद से आरती की ऐसी सुव्यवस्था कर दी कि, जिस यन्त्रमयी आरती में धरे हुए हजारों दीपक दिखाई पड़ रहे थे, एवं यन्त्र के द्वारा ऊपर नीचे की ओर चलाये गये वे हजारों दीपक सुशोभित हो रहे थे ॥६२॥

तदनन्तर सब वस्तुओं को इच्छापूर्वक ढूँढ़कर ग्रहण करते हुए भी, ये गिरिराज प्रेमपूर्वक भक्षण कर रहे हैं, इस प्रकार के आश्चर्य को देखकर, सभी जन जब अपने अपने मस्तक पर अंजलि बाँधकर ऊपर की ओर खड़े हो गये, एवं सबकी अपेक्षा श्रेष्ठ श्रेष्ठ वरदानों को व्रजवासियों को देकर, परमहितैषी श्रीगिरिराज महाराज जब हठात् अन्तर्हित हो गये, तब वहाँ पर सभी जन साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणामपूर्वक दो तीन क्षण तक चित्र लिखे से खड़े रह गये ॥६३॥

सभी को बाह्य विषय का अनुसन्धान हो जाने के बाद, श्रीकृष्ण ने श्रीगोवर्धन पूजन महोत्सव में आये हुए सभी जनों के प्रति कहा कि—अहह ! हे व्रजवासियो ! तुम सब देखो तो सही । पुराण प्रसिद्ध यह गिरिराज कृपा करके विशाल अपने रूप को धारण कर, प्रकटित होकर सम्पूर्ण अन्नकूट को ही खा गया है । अपना अनादर करनेवालों का तो यह मर्दन करनेवाला है, ऐसी संभावना होती है, तथा इन्द्र के लिए समर्पित की जानेवाली भेंट को हठात् ग्रहण करने के कारण, यह गिरिराज अत्यन्त बलवान् है, ऐसी तर्कना भी होती है ॥६४॥

तदनन्तर सभी व्रजवासियों ने विश्वासयुक्त होकर परम प्रेमभाजन गोगण का पूजन प्रारम्भ कर दिया । वह पूजन निश्चित रूप से इस प्रकार हुआ, यथा—पहले तो वहाँ पर श्रीनन्दव्रज में रहनेवाले गोपगण धेनुगण के साथ आपस में पद पद पर दया के आधार हो रहे थे । उन सबके मध्य में स्वयं श्रीनन्दरायजी दया के आधारभूत थे, उनके विषय में तो यही उपमा है कि—उनके पुत्र श्रीकृष्ण तत् तत्

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यद्येवं तर्हि गोवर्धनमहसि तदभ्यर्चने ते गवाद्याः
किं वर्ण्याः किं तु निर्वर्णनमनु परमं ज्ञेयभावं प्रयान्ति ॥६५॥

"तथा च—लब्धार्चाश्चारुवेशैः शबलितवपुषः प्राप्तभोगावलीका
वत्सैः पृक्ताः प्रमोदं पृथुतरमभजन् धेनवः सत्यमेव ।
किन्तु श्रीकृष्णदृष्टिप्रमदवलयिता यर्हि तर्ह्येव नोचेत्
केचिद्यद्वद्भुजन्ते मधुरविधुरतः संस्कृतं षाडवादि ॥६६॥

"तद्दृष्टिपुष्टीकृतास्तु,—
स्वर्णनिर्मितविषाणसुरूपा, रूप्यसंवृतखुरा धृतहाराः ।
किङ्किणि-प्रकरभङ्कृतियुक्ता, नैचिकीनिचितयो रुचिमाश्चन् ॥६७॥

"तत्र गोपाः श्रीगोपालादि-गोपालसत्कृति-चमत्कृतिमधिगम्य विधिमनुगम्य चित्रकाङ्ग-निभचित्रातिरम्यवस्त्रावृताङ्गतया तर्णकमाक्रम्य कौतुकतो गाः सम्भ्रम्य तज्जात-हासकोलाहला-द्विरम्य ग्रासविश्राणनेन ता विश्रम्य परिक्रम्य प्रणम्य चाचार्यं वार्यमाचर्य वितानवितानेनाग्निं परिचर्य प्रदक्षिणावर्ततया वर्तमानश्च तं प्रदक्षिणं विरचय्य भूषणनिवहमहितानां पुरोहितादीनां पूजनमपि पूरयामासुः ॥६८॥

स्थल में स्वयं कार्यकर्ता के रूप में दृष्टिगोचर होते थे। यदि इस प्रकार की घटना है तब श्रीगोवर्धन के महोत्सव में, प्रथम उनके पूजन में, उन समस्त पूज्य गो आदिकों के विषय में, किस प्रकार क्या क्या वर्णन किया जाय ? किन्तु उनके दर्शन के अनन्तर तो, ये गो आदि पदार्थ, हमारे परम पूजनीय हैं, इस प्रकार के ज्ञेय भाव को प्राप्त हो जाते हैं ॥६५॥

देखो ! पूजा को प्राप्त करने वालीं, सुन्दर वेषसमूह के द्वारा विचित्र शरीर वालीं, भोग श्रेणी को प्राप्त करने वालीं, एवं अपने अपने बछड़ाओं से मिली हुईं गैयायें बड़े भारी आनन्द को प्राप्त हुईं, यह सब सत्य है। किन्तु जिस समय वे श्रीकृष्ण के दर्शनजनित आनन्द से युक्त होती थीं, तभी विशेष आनन्द का अनुभव करती थीं। श्रीकृष्ण दर्शन के अभाव में तो वे इस प्रकार आनन्दित नहीं होती थीं कि, जिस प्रकार कुछ रसिक व्यक्ति मधुर रस से रहित होने के कारण, वैद्यक रीति से संस्कृत षाडव आदि रस को भी सहर्ष स्वीकार नहीं करते (दही, खटाई, लवण, तैल या घृत, तिल एवं उरद आदि से मिलकर बने हुए रस को षाडव कहते हैं) ॥६६॥

श्रीकृष्ण के दर्शन से परिपुष्ट हुईं सर्वश्रेष्ठ गैयायें तो सुवर्ण से मढ़े हुए सींगों के द्वारा सुन्दर रूप वाली होकर, चाँदी से मढ़े हुए खुरों वाली होकर, गले में हार धारण कर, किंकिणी समूह के झंकार से युक्त होकर, बड़ी भारी शोभा को प्राप्त हो गईं ॥६७॥

और वहाँ पर विशिष्ट गोपों ने श्रीकृष्ण आदि ग्वाल बालों के सत्कार के द्वारा चमत्कार को प्राप्तकर, विधि का अनुसरण कर, चित्रपट के समान विचित्र एवं अत्यन्त सुन्दर वस्त्रों के द्वारा ढ़के हुए अंगवाले बछड़ों के पास जाकर, कौतुकपूर्वक गोगण को घुमाकर, उस घुमाने से उत्पन्न हुए हास्यमय कोलाहल से विराम लेकर, गोग्रास देकर उनको विश्राम कराकर, उनकी परिक्रमाकर, उनको प्रणामकर, आचार के योग्य जलसमूह से आचमन करके, पश्चात् यज्ञ के विस्तार के द्वारा अग्निदेव की पूजाकर, दक्षिणावर्तरूप से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र श्रीगोपाल-पूजा यथा—

स्नानीयांशुकचित्रकादिसुरभि-स्रक्कुण्डलाद्यं यदा-
श्चर्यं तत्र मुहुश्च तोषरहितास्तत्तत्परीवर्ततः ।
तद्गोवर्धनपूजनाङ्गपशुपाभ्यर्चासु कृष्णार्चने
तातास्बादि-तदीयबान्धवजना नान्तं चिरादैयरुः ॥६९॥
यथा कृष्णस्तथा रामो रामो यद्वत्तथा स च ।
व्रजेशयोर्नात्र भेदस्तन्मित्रेष्वपि तद्दृशोः ॥७०॥

"गो-सम्भ्रमणं यथा—

यदा मुदा याति हरिः परोक्षतां, गवां तदा ता निजवत्स-कृष्टितः ।
व्यग्रीभवन्ति स्म यदा समक्षतां, यात्येष यान्ति स्म तदा तदात्मताम् ॥७१॥

"हासकोलाहलो यथा—

आकृष्टे वत्सवृन्दे किलकिलित-रवैर्मातरो रम्भमाणा
दन्तैराकर्षकांस्तान् व्यथयितुमभितो धावनार्ता यदा स्युः ।
हासं कोलाहलाढ्यं कलयति निखिले तर्हि कृष्णाननाब्जं
जीयादुद्भासहासद्रवमधु परितो मादनं यद्ववर्ष ॥७२॥

वर्तमान अग्नि की प्रदक्षिणा करके, भूषणसमूह द्वारा सुसज्जित पुरोहित आदि समस्त ब्राह्मणों के पूजन को भी पूरा कर लिया ॥६८॥

श्रीगोवर्धन पूजा में अंगभूत श्रीगोपगणों की पूजा, यथा–स्नान के योग्य जल, वस्त्र, तिलक, अङ्गलेप, माला, एवं कुण्डल आदि जो जो आश्चर्यजनक वस्तुएँ थीं, वहाँ पर उन उन वस्तुओं के लेने देने के कारण वारंबार सन्तोषरहित होकर, उस गोवर्धन पूजन की अंगस्वरूप गोपालगणों की पूजाओं में भी, श्रीकृष्ण की पूजा के समय तो पिता माता आदि उनके बान्धवजन बहुत देर तक पूजा के अन्त को न पा सके। अर्थात् प्रेमाधिक्य के कारण बहुत देर तक श्रीकृष्णपूजन करते रहे ॥६९॥

और श्रीव्रजेश्वर एवं श्रीव्रजेश्वरी की दृष्टि में जैसे कृष्ण हैं, वैसे ही बलराम हैं। जैसे बलराम हैं, वैसे ही कृष्ण हैं। इन दोनों भ्राताओं में किंचिद् भी भेद लक्षित नहीं होता था। और उनके मित्रों में भी उनके समान दृष्टि होने के कारण कुछ भेद नहीं था ॥७०॥

गोगण के साथ संभ्रमण, यथा—श्रीकृष्ण जिस समय हर्षपूर्वक गैयाओं के पास से अदृश्य हो जाते थे, उसी समय वे सब गैयायें अपने बछड़ों के खैंचने के कारण व्यग्र हो जाती थीं। श्रीकृष्ण जब उनके सामने आ जाते थे, तब तो वे तदाकार हो जाती थीं ॥७१॥

हास्यमय कोलाहल, यथा—ग्वालबालों के द्वारा बछड़ाओं का समूह जब खैंचकर गोगण से दूरकर दिया जाता था, तब उनकी मैया गैया किलकिलाकर रँभाती हुईं, बछड़ाओं के खैंचने वाले ग्वारियाओं को अपने दाँतों के द्वारा पीड़ित करने को जब चारों ओर से दौड़ते दौड़ते कातर हो जाती थीं, तथा सभीजन जब कोलाहल से युक्त हँसी करने लग जाते थे, तब उच्चहास्यरूप क्रीड़ामय मधु से युक्त श्रीकृष्ण का मुखारविन्द ही उत्कर्ष को प्राप्त कर रहा था, क्योंकि वह मुखारविन्द मोहित करने वाले, उच्चहास्यमय क्रीड़ारूप मधु को चारों ओर बरसा रहा था ॥७२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"गो-ग्रासविश्राणनं यथा--

गोपा ऊचुः कृष्ण ! गोग्रासमेतं, हस्ताम्भोजस्पृष्टमीषत् कुरुष्व ।
तत्सौगन्ध्यप्राप्तसन्धानमेनं, गावः सुष्ठु प्रीतितः स्वादयन्ते ॥७३॥

"गो-विश्रमणं यथा,—

गोवर्धनाचलमहस्ययुतादियूथ,-गोरोधनाय पशुपा नहि तत्र शेकुः ।
फूत्कारकेलिकलया मुरली मुरारे,-रासीदलं यदसकौ गुणकोटिकल्पा ॥७४॥

"गो-परिक्रमणन्तु श्रीकृष्णेनेत्थं तदिष्टमादिष्टम्,—

'न भवति बत बहुलाना,-मतिबहुलानां परिक्रमः सद्यः ।
इत्येकस्या व्यक्तेः, क्रियतां यस्मादशेषगा जातिः ॥७५॥

तत्र प्रदक्षिणीकार्यमेकं वृद्धं गवौरसम् ।
मूलाराधनतः सर्वाराधनं विबुधैर्मतम् ॥७६॥

"गोषु प्रणामात्मिका भक्तिस्तु तेषां वर्णनाय नाभ्यर्णतामन्वेति; ॥७७॥ यतः,

---

गोग्रास का दान, यथा—गोपगण बोले कि—हे कृष्ण ! इस गोग्रास को तुम अपने करकमल से नेक छू लो । क्योंकि उस करकमल की दिव्य सुगन्ध से संयुक्त उस गोग्रास को सब गैयायें विशेष प्रीतिपूर्वक स्वाद लेकर खाने लग जाती हैं ॥७३॥

गोगण को विश्राम देना, यथा—उस गोवर्धन पर्वत के महोत्सव में दश दश हजार की संख्या वाले गैयाओं के झुण्ड को रोकने के लिए कोई भी गोप समर्थ न हुए । किन्तु उस समय मुरारि की मुरली ही अपनी फूत्कारमयी लीला की कला से, उनको रोकने में समर्थ हो गई । क्योंकि यह मुरली सबको बाँधने के लिए करोड़ों रस्सियों के समान है ॥७४॥

गोपगणों की अभीष्ट गोगण की परिक्रमा का तो श्रीकृष्ण ने इस प्रकार आदेश दिया कि—गोगण की परिक्रमा करना तो बड़े हर्ष की बात है । किन्तु असंख्य गैयाओं की परिक्रमा शीघ्र नहीं हो सकती, अतः एक व्यक्तिरूप गैया की ही सब जन परिक्रमा कर लो । क्योंकि जातिपदार्थ व्यक्ति मात्र में रहता है, अर्थात् जाति, एक निरवयव, नित्य, और अनेक व्यक्तियों में रहता है । अतः गोत्व जाति जैसे एक गौ में है, वैसे ही गोसमूह में भी है । इसलिए एक गौ की प्रदक्षिणा से सबकी प्रदक्षिणा मान ली जायगी ॥७५॥

यदि कहोकि इतनी गैयाओं में से हम कौनसी की परिक्रमा करें? वहाँ मैं कहता हूँ कि—इन सबमें से एक वृद्ध गोपुत्र की परिक्रमा कर लीजिये । क्योंकि मूल के आराधन से सबका आराधन हो जाता है, ऐसा विद्वानों ने माना है । उसमें प्रमाण यथा—(भा० ४।३१।१४) "यथा तरोर्मूलनिषेचनेन, तृप्यन्ति तत्स्कन्ध-भुजोपशाखाः", अर्थात् वृक्ष के मूल का सेचन करने से जैसे उस वृक्ष के स्कन्ध, बड़ी छोटी सभी शाखा, उपशाखा, पत्र, पुष्पादि परितृप्त हो जाते हैं, उसी प्रकार मूलरूप एक प्रभु के आराधन से सबका आराधन हो जाता है । इस दृष्टान्त से एक वृद्ध वृषभ के आराधन से गौ मात्र का आराधन हो जायगा ॥७६॥

उन गोपगणों की गोगण में प्रणामात्मिका भक्ति, अर्थात् वन्दन भक्ति तो वर्णन करने के लिए समीपता को नहीं प्राप्त होती है, अर्थात् वर्णन नहीं की जा सकती है । वह भक्ति इनकी नित्य सिद्ध है ॥७७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भक्तः स्वभावात् किल गोपलोकः, श्रीनन्दलोकस्तु ततोऽपि गोषु ।
अस्याथ गोवर्धन-यज्ञयोगे, योगेशदुर्गा नमनाख्यभक्तिः ॥७८॥

"आचार्यवरणलक्षणमपि विलक्षणमेव तत्र ॥७९॥

"यतः, स्वयमव्रियताचार्यस्तत्र नान्यवदर्थितः ।
यत्र सुष्ठु सितं यष्टुश्चित्तं तत्रैव तस्य च ॥८०॥

"होमे तु—

गोवर्धनमहायज्ञे हुतभुग्व्याजतस्तदा ।
हरेः प्रताप एवेन्धाञ्चक्रे शक्र-प्रतापनः ॥८१॥

यदाग्निर्दक्षिणावर्ती यज्ञे जज्ञे तदा जनः ।
सर्वश्च दक्षिणावर्तं परीवर्तमवर्तत ॥८२॥

कृते सत्रे वस्त्रं तिलकमथ चर्चामवयव-
प्रकारालङ्कारं सकलमिदमप्युत्तमतमम् ।
द्विजेभ्यः प्रायच्छल्लषितलषितं शश्वदनुगा-
न्मुदावादीद्यस्मिन् दद दद दमात्रं व्रजपतिः ॥८३॥

क्योंकि यह बात सत्यरूप से प्रसिद्ध है कि, गोगण के प्रति गोप लोग स्वभावतः भक्त हैं, फिर श्रीनन्दजी एवं उनके संबंधी जन तो उन गोपों से भी अधिक भक्त हैं। और श्रीगोवर्धन पूजन की संगति में तो इन सब लोगों की जो वन्दन नामक भक्ति है, वह सनकादि योगेश्वरों को भी दुर्ज्ञेय है ॥७८॥

उस यज्ञ में आचार्य वरण करने का लक्षण भी विलक्षण रूप से सम्पन्न हुआ ॥७९॥

क्योंकि अन्य स्थान में जैसे प्रार्थना करके आचार्य का वरण किया जाता है, यहाँ पर उस तरह से नहीं। उस गोवर्धन यज्ञ में तो स्वयं ही आचार्य का वरण हो गया। क्योंकि जिस यज्ञ में यजमान का चित्त अच्छी प्रकार बँधा हुआ था, उसी यज्ञ में आचार्य का चित्त भी निबद्ध था ॥८०॥

होम में तो उस समय श्रीगोवर्धन महायज्ञ में अग्नि के बहाने इन्द्र को सन्तप्त करने वाला श्रीकृष्ण का प्रताप ही प्रदीप्त हो उठा ॥८१॥

उस यज्ञ में अग्नि जब दक्षिणावर्त होकर प्रगट हो गया, तब सभीजन प्रदक्षिणा करते हुए चारों ओर घूमने लग गये ॥८२॥

अनन्तर अनुष्ठित उस यज्ञ में वस्त्र, तिलक, चर्चा (शरीर में चन्दन आदि अंगराग लगाना), अङ्गों के अनुसार अलङ्कार, इत्यादि अत्यन्त उत्तम उत्तम समस्त वस्तुओं को श्रीव्रजराज ने ब्राह्मणों के लिए समर्पित किया। तथा अपने सेवकों को हर्षपूर्वक बारंबार यही कह रहे थे कि, अभिलषित पदार्थों में से जिसको जो पदार्थ चाहिये उसी को दे दो। अधिक क्या कहें ? जिस यज्ञ में श्रीव्रजपति तो केवल हर्षपूर्वक दे दो, दे दो, इन्हीं शब्दों को बारंबार कहते सुनाई पड़ते थे ॥८३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दिव्यदातव्यसम्भारे व्रज-राजेन योजिते ।
परीक्षकास्तत्र परं तत्परीक्षकतां ययुः ॥८४॥

"यदनु सर्वेऽपि प्राणिनः प्रीणते स्म । तथाहि वन्दिजन-वन्दनम्,—

'अर्थेन पोषकान्नन्दादर्थेन च सदार्थिनाम् ।
वदान्यश्च वदान्यश्च वदान्यः को भवेदतः ?' ॥८५॥

"किन्त्वयमत्रातिशयः,—

अन्नात् पूर्तिरभूद्गलावधि बलाद् गोवर्धनाद्रेर्मखे
सर्वप्राणभृतां तथापि हृदयं नापूरि तत्राण्वपि ।
यस्मिन् स्निग्धमभूदशेषदिविषद्वृन्दं यदप्यत्र भोः
पश्याश्चर्यमथापि हन्त गतवान् संक्रन्दनः शुष्कताम् ॥८६॥

"अथ तदेवं विप्रत्राकृत-सत्रादिकः पुरोहितहितसहितः श्रीव्रजयुवराजमहितः स खलु विज्ञानां समाजः पुरस्कृतव्रजराजस्तद्यज्ञावशिष्टं परमविशिष्टमन्नमुपभुज्य वेशविशेषं संयुज्य गीतनिबद्धं सश्रद्धतया हरिचरितं प्रतिरसन् हसन् विश्वसन् लसन् परितो गोवर्धनं परिचक्राम ॥८७॥

श्रीव्रजराज के द्वारा आयोजित उस दिव्य दातव्य (देने योग्य) वस्तुओं के समूह में, वहाँ पर ब्राह्मणों की परीक्षा करके देने वाले दानाध्यक्ष तो केवल उन दातव्य वस्तुओं को चारों ओर से देखने वाले बन गये थे ॥८४॥

जिस महोत्सव का लक्ष्य करके सभी प्राणी परितृप्त हो गये थे। देखो, वन्दीजनों के द्वारा की गई उस समय की वन्दना (स्तुति), यथा—सदैव धन से ही प्रयोजन रखने वाले धनिकों के मध्य में, धन से या वस्तुमात्र से परिपुष्ट करने वाले, श्रीनन्दजी से भिन्न दूसरा कौन व्यक्ति अधिक दान देने वाला अथवा मधुर बोलने वाला हो सकता है ? अतः भाई ! तू ही बता दे ॥८५॥

किन्तु यहाँ पर यही बात अधिक आश्चर्यजनक हुई कि—इस गोवर्धन पर्वत के यज्ञ में सभी प्राण-धारियों की अन्न के द्वारा तो बलपूर्वक गले तक पूर्ति हो गई थी, तथापि उनका हृदय तो अणुमात्र भी परिपूर्ण न हुआ, अर्थात् उस अपूर्व आनन्द को देखकर किसी का भी जी भरता नहीं था। अरे भाई ! इस यज्ञ में एक आश्चर्य और देखो। यद्यपि जिसमें सम्पूर्ण देवगण तो सन्तुष्ट हो गये, तथापि इन्द्र तो सूख गया, यही खेद या आश्चर्य की बात है।॥८६॥

तदनन्तर इस प्रकार ब्राह्मणों के अधीन होकर यज्ञ आदि करने वाला, पुरोहित आदि हितैषीजनों से युक्त, एवं श्रीव्रजयुवराज (श्रीकृष्ण) के द्वारा पूजित वह विज्ञजनों का समाज, श्रीव्रजराज को आगे करके उस यज्ञ में अवशिष्ट परमविशिष्ट अन्न को अपने उपयोग में लाकर, अर्थात् प्रेम से यज्ञ का प्रसाद पाकर, वेषविशेष बनाकर, गीत में निबद्ध श्रीकृष्ण के चरित्र को श्रद्धापूर्वक गाता हुआ, हँसता हुआ, विश्वास एवं विलास करता हुआ, चारों ओर से श्रीगोवर्धन की परिक्रमा करने लग गया ॥८७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा च प्रथा श्रीविष्णुपुराणे, (५।१०।४५)—

'विप्रांश्च भोजयामासुः शतशोऽथ सहस्रशः। गावः शैलं ततश्चक्रुर्चितास्ताः प्रदक्षिणम् ॥'८८॥

"तत्र पूर्वापरीभावो यथा,—

धेनवोऽथ धवलादयो द्विजाः, स्वामिनः परिजना गुरुस्त्रियः।
नूत्नयौवतशतानि दासिकाः, श्रेणिमुख्यजनताश्च चक्रमुः ॥८९॥

आकृष्टुं प्रतिदिशमत्र नेत्रमीनान्, वाद्यादिप्रकटनधी-वरा नटाद्याः।
कृष्णस्य प्रथितगुणालिगीतजालं, तन्वानाः पुनरिह धीवरत्वमापुः ॥९०॥

"तत्र गोपाङ्गनानां गानञ्च यथा; यत्र प्रश्नमयमर्धमेकस्यास्तदुत्तरमयं तु बहूनाम्,—

'गिरिपूजेयं विहिता केन ? अरवि शक्रपदमभयं येन।
गिरिपूजेयं विहिता केन ? पूतनिका सा निहता येन ॥
गिरिपूजेयं विहिता केन ? तृणावर्ततनु-दलनं येन।
गिरिपूजेयं विहिता केन ? यमलार्जुनतरुरुदकलि येन ॥
गिरिपूजेयं विहिता केन ? वत्स-बकासुर-हननं येन।
गिरिपूजेयं विहिता केन ? व्योमाघासुर-मरणं येन ॥

इस प्रकार की प्रथा श्रीविष्णुपुराण में भी कही है, यथा—श्रीगोवर्धन पूजन के अनन्तर उन व्रज-वासियों ने सैकड़ों, हजारों ब्राह्मणों को भोजन कराया। पश्चात् पूजित हुई वे गैयायें श्रीगोवर्धन की प्रदक्षिणा करने लग गईं ॥८८॥

उस परिक्रमा में आगे आगे कौन चले, एवं पीछे पीछे कौन चले इस विषय का वर्णन, यथा—आगे आगे धवला आदि धेनुगण, उनके पीछे क्रमशः ब्राह्मणगण, श्रीकृष्ण बलदेव एवं मित्रमण्डल सहित श्रीनन्द आदि स्वामीजन, सेवकजन, गुरुस्त्रीजन, नवीन नवीन सैकड़ों युवतियों का झुण्ड, हजारों दासियाँ, बढ़ई, जुलाहा, नाई, धोबी, चमार आदि मुख्य मुख्य कारीगरों का समूह, एवं अन्य साधारण जनसमूह, इस प्रकार चलकर सभीजन परिक्रमा करने लग गये ॥८९॥

वहाँ पर नट आदिकों का उत्कर्ष रूपकअलंकार से वर्णन करते हैं, यथा—वाद्य (बाजा) आदि प्रगट करने के विषय में 'धी-वर' बुद्धि में श्रेष्ठ, और श्लेषपक्ष में—मत्स्यजीवी लोगों के समान, नट आदि लोग यहाँ पर प्रत्येक दिशा में सभी जनों के नेत्ररूप मछलियों को आकर्षित करने के लिए, श्रीकृष्ण के प्रसिद्ध गुणसमूह के गीतरूपी जाल को, श्लेषपक्ष में–सूत्र आदि निर्मित मछली पकड़ने के जाल को विस्तारित करते हुए, अर्थात् फैलाते हुए, सच्चे धीवरत्व को प्राप्त हो गये थे ॥९०॥

श्रीगोवर्धन की परिक्रमा में गोपाङ्गनाओं का गाना, यथा—जिस गाने में प्रश्नमय आधा पद तो एक गोपी का है, उसका उत्तरस्वरूप आधा पद बहुत सी गोपियों का है, यथा—

प्रश्न—यह गिरिपूजा किसने की ? उत्तर—जिसने अपने इन्द्रपद को निर्भय कर दिया। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने वह पूतना मार दी। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने तृणावर्त के शरीर का दलन किया। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने यमलार्जुन नामक वृक्ष

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गिरिपूजेयं विहिता केन ? कालियदमनं कलितं येन ।
गिरिपूजेयं विहिता केन ? खरप्रलम्बक-शमनं येन ॥
गिरिपूजेयं विहिता केन ? दवयुग्मं परिपीतं येन ।
गिरिपूजेयं विहिता केन ? त्रस्यति कंसः सततं येन ॥' इति ॥९१॥

"किन्तु, तदैव गुणिनां गुणा विविधकौतुकान्यप्यहो
मनोहरणमावहन् व्रजनिवासिनां सर्वतः ।
यदाघ-रिपुवंशिकाकलतुषारकान्तित्विषा
जड़ीकृतशरीरता भवति तं तु कालं विना ॥९२॥

अग्रे काञ्चनरत्नशृङ्गवलिता धेन्वादिकाः सर्वत-
स्तासां गोपततीर्विधाय सखिभिः सार्धं हरिः साग्रजः ।
दीव्यद्दिव्य-सुवर्णवर्णवसनादुद्गच्छदङ्गप्रभः
कन्याकुंकुमयुक्करालविलसत्पृष्ठः स्फुरद्वेषवान् ॥९३॥

सद्गन्धारुणचूर्णरोचनतनुर्यष्टिं नभस्युत्क्षिपन्
गृह्णंश्च प्रतिकूलगामिधवला विद्रुत्य सङ्कोचयन् ।

उखाड़ दिये। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने वत्सासुर एवं बकासुर का वध किया। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसके द्वारा व्योमासुर एवं अघासुर का मरण हुआ। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने कालियनाग का दमन किया। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसके द्वारा धेनुकासुर एवं प्रलम्बासुर का शमन हुआ। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिसने कालियदमन के दिन एवं मुंजाटवी में लगने वाले दिन, इस प्रकार दोनों दावानलों का पान किया। प्र०—यह गिरिपूजा किसने की ? उ०—जिससे कंस निरन्तर उद्विग्न रहता है ॥९१॥

किन्तु परिक्रमा के समय एक आश्चर्य की घटना यह और हो रही थी कि—गुणीजनों के गुण एवं अनेक प्रकार के कौतुक, व्रजवासियों के मन को चारों ओर से तभी हरण कर पाते थे, जब श्रीकृष्ण की वंशी की सुमधुर ध्वनिरूप तुषारकान्ति की प्रभा के द्वारा व्रजवासियों का शरीर जड़ीभूत नहीं होता था। अर्थात् वंशीध्वनि के द्वारा उनका शरीर जब जड़प्राय हो जाता था, उस समय को छोड़कर ही गुणियों के गुण एवं कौतुक उनके मन को हर पाते थे। क्योंकि व्रज में तो वंशी का ही सर्वोच्च उत्कर्ष है ॥९२॥

मित्रमण्डल एवं श्रीबलदेवजी के साथ श्रीकृष्ण की गोवर्धन परिक्रमा की परिपाटी का वर्णन दो श्लोकों में, यथा—काञ्चन एवं रत्न आदि से मढ़े हुए सींगों से युक्त धेनु आदि को आगे करके, उनके चारों ओर रक्षकरूप गोपसमूह को नियुक्त कर, सखागण एवं अग्रज के सहित श्रीकृष्ण ने गोवर्धन की परिक्रमा दी। उस समय उनके श्रीअङ्ग की प्रभा देदीप्यमान दिव्य सुवर्ण वाले पीताम्बर से बाहर छिटक रही थी। कन्याओं के कुंकुम से रचे हुए हाथों के चिह्नों से उनकी पीठ सुशोभित हो रही थी। स्वयं स्फूर्ति वाले वेष से युक्त थे। सुन्दर गन्ध से युक्त अरुण चूर्ण (अबीर गुलाल आदि) से उनका शरीर मनोहर हो रहा था। चलते चलते अपने लकुट को आकाश में फेंककर ग्रहण करते हुए, एवं दौड़कर प्रतिकूलगामिनी गैयाओं को

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

हासं क्रीडनकं मिथः करयुंति संवादितां वादितां
कुर्वन् वादितवल्गुवेणु परितश्चक्राम गोवर्धनम् ॥९४॥ युग्मकम् ।
यदा हरिर्यत्र गतिं विलासत,-श्चकार मन्दं लघु वा यदृच्छया ।
तदा दृशः सर्वजनस्य तां दशां, तत्राययुः सूत्रनियन्त्रिता इव ॥९५॥

"तदेवं बहुलकुतूहलतश्चालं चालमभी गोपग्रामण्यस्तदेव रम्यं यज्ञधाम समागम्य परमानन्दाद्वाणिनीनिभवाणिनीप्रभृतिकृतनृत्यवाद्यगीतग्रामिणीं यामिनीं विश्राम्यन्ति स्म; प्रातश्च द्वितीयायामहिमकरकन्याया महिमश्रवणतः प्रवणतया तस्यां स्नानमाचर्य निकाय्यमेवागच्छन्ति स्म ॥९६॥

"तस्याश्च भ्रातृद्वितीयायां भ्रातृभिः प्रशस्तेन भगिनी-हस्तेन भोक्तव्यमिति परमधन्याभिरुपनन्दादिकन्याभिर्मिथो मिलन्तीभिर्निमन्त्रितौ प्रणय-यन्त्रितौ तत्र सतृष्णौ च रामकृष्णौ सहचरनिकरेण सह भोजनकरेण सह महमरोचयताम् ॥९७॥

"तदेवं वृत्ते वृत्ते कृष्णस्य समुन्नद्धताबद्धया कुहनया मद्यज्ञप्रत्यूहनमिदमित्यूहमानः शक्रस्तु वक्रभावचक्रतया चुक्रोध ॥९८॥

संकुचित करते हुए, परस्पर में हास परिहास खेल खिलवाड़ करते हुए, तथा सम विषमभाव से करतालिका देते हुए, मनोहर वेणु बजाते बजाते परिक्रमा दे रहे थे ॥९३–९४॥

श्रीकृष्ण अपनी चाल को विलास एवं स्वेच्छापूर्वक जब जिधर मन्द या शीघ्रतायुक्त करते थे, तब सभी दर्शकजनों की दृष्टियाँ सूत्र से नियन्त्रित कठपुतलियों की तरह, उधर उधर उसी दशा को प्राप्त हो जाती थीं ॥९५॥

अतएव इस प्रकार अधिक कौतूहलपूर्वक चलते चलते उन गोपश्रेष्ठों ने, उसी रमणीय गोवर्धन पूजन यज्ञ के स्थान पर आकर, अतिशय आनन्द के कारण नर्तकी के समान चतुर स्त्री आदिकों के द्वारा किये गये नृत्य, वाद्य, गीत के समूह से परिपूर्ण उस प्रतिपदा की रात्रि में वहीं विश्राम किया। प्रातःकाल द्वितीया के दिन श्रीयमुनाजी की महिमा के श्रवण के कारण, नम्रतापूर्वक श्रीयमुनाजी में स्नान करके, अपने अपने घर को ही आगमन किया ॥९६॥

और उसी भ्रातृद्वितीया (भैयादूज) के दिन भ्राताओं को अपनी अपनी बहिन के मङ्गलमय हाथ से भोजन करना चाहिये, इस कारण से परमधन्य श्रीउपनन्द आदिकों की कन्याओं ने, परस्पर मिलकर श्रीकृष्ण बलराम को निमन्त्रित किया। इस प्रकार निमन्त्रित होकर, स्नेहसूत्र में बँधकर, अपनी भगिनियों के घर भोजन करने की लालसा से युक्त हुए दोनों भाइयों ने, साथ में भोजन करने वाले मित्रमण्डल के सहित उस महोत्सव की शोभा बढ़ाई। (भगिनी वदेत्—"भ्रातस्तवाग्रजाताहं तिलकं ते ददाम्यहम्। प्रीतये यमराजस्य यमुनाया विशेषतः।" अन्नदाने तु—"भ्रातस्तवाग्रजाताहं भुङ्क्ष्व भक्तमिदं शुभम्"। इति वाच्यम्। तथा अनुजा चेत् "भ्रातस्तवानुजाताहम्" इति च वदेत्।) ॥९७॥

इस प्रकार के चरित्र की समाप्ति के बाद, श्रीकृष्ण के पाण्डित्य के अभिमान से निबद्ध अहंकार की चर्या के द्वारा ही मेरे यज्ञ में यह विघ्न हुआ है, इस प्रकार तर्क करता हुआ इन्द्र तो वक्रभाव के चक्र का अवलम्बन करने के कारण क्रुद्ध हो गया ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्णेन तस्य या गूढापि खट्वारूढता तर्किता, सा कथमन्यथा सम्पर्कितया वर्तेतेति व्यक्तीकर्तुमिव मत्सरतस्तत्सहित-विश्वसहित-श्रीमन्नन्दादिनिन्दापूर्वकं संवर्तकमेघान् व्रजविघाताय प्रवर्तयामास ॥९९॥

"ततश्च, कौवेर्यां पूर्वमासीत् किमपि हिममरुत्कालिमा मेघलेशः
शम्पानिर्घोषवीप्सास्पृगिति पशुकुले गोष्ठमेवाशु नीते ।
गोपाद्या दुर्निमित्तप्रकरकलनया कृष्णमावृत्य वृत्ता-
स्तन्निर्देशात्तमद्रिं सपदि परिगतास्तस्थुरूर्ध्वं निरीक्ष्य ॥१००॥

"निर्देशो यथा—
इन्द्रो यदि महावृष्टिं नष्टसृष्टिं तनिष्यति ।
तदङ्गीकारिगिरिराट् कृपां साङ्गीकरिष्यति ॥१०१॥

"उपत्यकामुपेत्य तं विघ्नं निघ्नं कर्तुमद्रिमुपघ्नं कृत्वा कृताधिष्ठाने तु गोष्ठे गोष्ठेन्द्रतनये च समयं प्रतिपालयति ॥१०२॥

"घडद्घडदिति ध्वनद्घनघटाभिसङ्घट्टनैः
कठोरकुठकुट्टकैः कुटिलवायुभिः कुण्ठिते ।
प्रकोष्ठकुटकुट्टिमावटतटादिमत्युज्झिते
जने प्रकटमाट सा प्रथितधृष्टिवृष्टिप्रथा ॥१०३॥

श्रीकृष्ण ने इन्द्र की गूढ़ रूपसे रहने वाली भी जिस मूर्खता का अनुमान किया था, वह मूर्खता अन्य प्रकार के सम्पर्क से युक्त कैसे रह सकती है ? इसलिए मानो उस मूर्खता को प्रगट करने के लिए, मात्सर्य (डाह) के कारण इन्द्र ने श्रीकृष्ण के सहित विश्वपूज्य श्रीमान् नन्दादि गोपों की निन्दा प्रकाशित करते हुए, प्रलयकारी मेघों को व्रज के विनाश के लिए प्रवर्तित कर दिया ॥९९॥

पहले तो उत्तर दिशा में किसी अनिर्वचनीय शीतलवायु का आविर्भाव, एवं थोड़े थोड़े मेघों की कालिमा प्रगट हुई । उन्हीं मेघों के साथ बारंबार बिजली की तड़कन का शब्द होने लगा । इसलिए पशुगण शीघ्र ही गोष्ठ में पहुँचा दिये गये । पश्चात् गोप आदि सभी व्रजवासीजन बुरे बुरे शकुन समूह को देखने के कारण श्रीकृष्ण को घेर कर खड़े हो गये, तथा श्रीकृष्ण की आज्ञा से शीघ्र ही श्रीगोवर्धन पर्वत के निकट जाकर, ऊपर की ओर देखकर खड़े हो गये ॥१००॥

श्रीकृष्ण की आज्ञा का निर्देश, यथा—इन्द्र यदि सृष्टि को नष्ट करने वाली महावृष्टि का विस्तार करेगा, तो उस वृष्टि को अङ्गीकार करने वाले श्रीगिरिराज महाराज सम्पूर्ण रूप से कृपा कर देंगे ॥१०१॥

पर्वत के निकट की भूमि को प्राप्त कर, उस विघ्न को अपने अधीन करने के लिए, श्रीगिरिराज के पास जाकर, व्रजवासीमात्र जब ठहर गये, और श्रीव्रजराजकुमार जब समय की प्रतीक्षा कर रहे थे, अथवा अपनी व्रजकी रक्षारूप प्रतिज्ञा का प्रतिपालन कर रह थे—॥१०२॥

तथा 'घड़ घड़' इस प्रकार का शब्द करने वाली भयंकर घनघटा से संसर्ग रखने वाले एवं कठोर, अर्थात् पूर्ण विशाल वृक्षों को तोड़ने वाले कुटिल वायुसमूह के द्वारा किंकर्तव्यविमूढ़, एवं भीतर के कोठा, वृक्ष, मणिबद्ध भूमि, अवट (गड्ढा), तट आदि को गिरने की आशंका से बुद्धिपूर्वक त्याग देने वाले व्रजवासी-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

धाराः शक्रधनुर्विमुक्तशरतां तन्वन्ति वर्षोपला
वज्रत्वं बत वज्रपातनिचयाः सूर्यप्रपात-भ्रमम् ।
इत्थं दुःखितया हरिं गतिमिते गोष्ठे स गोवर्धनं
हस्तेऽधत्त यथा न केन च तदा शक्तं दराप्यूहितुम् ॥१०४॥

"तत्रैवं मेघङ्करे पुरन्दरे निविरीशवर्षादिना भयङ्करे चार्तिङ्करे च जाते क्षेमङ्करः स मुरारिः पुरा ह्येवं परामर्मर्श,—॥१०५॥

'इन्द्रः स्वैराभिमानी मयि मदनुगते चावमानी ततश्च
स्वान्तान्मे दूरमानी तदमुमनु मया मानभङ्गः प्रसक्तः ।
गोष्ठं मद्गत्यशेषं मम मदनुगतस्यापि मुद्भृद्विशेषं
मच्चित्ते सावशेषं तदिदमथ मया प्राणसाम्येन धार्यम् ॥'इति ॥१०६॥

"समजनि हलिना न हरे,-र्गिरिधृतिसम्भ्रमवशेन संवादः ।
तदपि परस्परहार्द,-ज्ञानं तस्मिन्नजीजनत्तमिव ॥१०७॥

"तं नगमुन्नयमानश्चासौ रोमाञ्चतः सूचिनिचय-निचित-सर्वावयवानिव निचायन्नमूल-भीरुमाथुराभीरजाति - जातीय - गम्भीर - मधुरस्वर - विकस्वरदूरभू-विभूतिहूतिभिरूर्जित-

---

जन जब व्याकुल हो रहे थे, उसी समय जिसकी धृष्टता प्रसिद्ध है, ऐसी वह वृष्टि की परंपरा प्रगट होकर भ्रमण करने लग गई ॥१०३॥

उस समय जल की मोटी मोटी धारायें, इन्द्र के धनुष से छूटे हुए बाणों का सा विस्तार करने लगीं, वर्षाती ओले वज्र का सा विस्तार करने लगे, एवं वज्रपात के समूह सूर्य के गिरने के से भ्रम को विस्तारित करने लगे। इस प्रकार दुःखित होने के कारण व्रजवासीमात्र जब श्रीकृष्ण को शरण में चले गये, तब श्रीकृष्ण ने श्रीगोवर्धन को हाथ पर धर लिया। जिस प्रकार शीघ्रता से धारण किया उस प्रकार का किंचिद् भी तर्क (अनुमान) करने को उस समय कोई भी व्यक्ति समर्थ न हुआ ॥१०४॥

वहाँ पर पूर्वोक्त प्रकार से मेघकारी इन्द्र जब निविड़ वर्षा आदि के द्वारा भयंकर, एवं पीड़ा पहुँचाने वाला हो गया, तब कल्याणकारी वे मुरारी पहले इस प्रकार विचारने लगे कि—॥१०५॥

इन्द्र मेरे ऊपर स्वेच्छापूर्वक अभिमान करने वाला बन गया है, और मेरे अनुगामी जनों के विषय में अवज्ञा करने वाला हो गया है, इसलिए इन्द्र मेरे मन से अपने को बहुत दूर मानता है, अर्थात् इन्द्र के लिए मेरे मन में अब स्थान नहीं रहा है। अतएव इस इन्द्र का लक्ष्य करके ही मैंने इसके मान के भङ्ग करने का आयोजन किया है। और यह व्रज केवल मेरे ही आश्रित है, एवं मेरे और मेरे अनुगामी जनमात्र के लिए भी विशेष आनन्ददायक है, तथा यह व्रज मेरे चित में परिपूर्णरूप से समा गया है। इसलिए इस व्रज का मुझे प्राण के समान पोषण करना चाहिये ॥१०६॥

श्रीगोवर्धन धारण करने की शीघ्रता के वशीभूत होने के कारण, श्रीकृष्ण का बलदेवजी के साथ यद्यपि कोई संवाद नहीं हुआ, तो भी उनके आपस के सौहार्द ज्ञान ने श्रीबलदेवजी के मन में उस संवाद को उत्पन्न सा कर दिया ॥१०७॥

और उस पर्वतराज को ऊपर की ओर करते हुए, एवं रोमांच के कारण अपने संपूर्ण अंगों को सूइयों के समूह से व्याप्त जैसे धारण करते हुए, अर्थात् रोमांचित शरीर वाले श्रीकृष्ण अकारण भयशील

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गर्जितादि-गर्वं सर्वं खर्वं विधाय प्रियङ्करतया व्यक्तमुक्तवान्,—यत्र खलु मुहुरपि हे-शब्दः प्लुतताप्लुत एवासीत् ॥१०८॥

'तथाहि, अम्ब हे ! मा विलम्बस्व, तात हे ! अत्रैव यूयमायात; आर्य हे ! सर्वानादायागच्छ' इति प्रभृति ॥१०९॥

"तदेवं बलरामेण बलेनान्तिकमानीतेषु तेषु पुनरूचिवान्,—

'पितर्न कुरु सम्भ्रमं जननि ! नात्मावर्तय
प्रशाम्य सुहृदां तते ! मम तु कोऽपि नात्र श्रमः ।
यतो गिरिवरः स्वयं करुणया करे मामके
समुत्पतनलीलया स वरिवर्ति तूलप्रभः ॥११०॥

'किञ्च, भूभृद्गर्तेऽप्यत्र निश्रेणियुक्ते, स्थानं पश्यन्नस्मि पातालकल्पम् ।
विस्तीर्णोऽभूदद्रिरित्यन्तरम्भः,-सङ्गातीते नो निपत्यादि चात्र ॥'१११॥

"पुनश्च तेषां भावान्तरं विभाव्य स्वकर्तृकधारणमप्यर्धमङ्गीकृत्य भणति स्म,—॥११२॥

'मातुर्मन्त्रणया मा मां निवर्तयत सत्तमाः ! ।
उदस्तो येन तद्धस्ताद्ध्वस्तः स्याद्गिरिराट् कथम् ? ॥११३॥

मथुरामण्डल निवासी गोप जाति के समान गम्भीर एवं मधुरस्वर के प्रकाश से बहुत दूर तक की भूमि में फैल जाने वाले बुलाने के शब्दों के द्वारा, मेघों की प्रबल गर्जना आदि के संपूर्ण गर्व को खर्व (छोटा) करके प्रिय करने वाले की तरह स्पष्ट बोले । दूर से बुलाने के जिन शब्दों में निश्चितरूप से बारंबार 'हे' शब्द प्लुतस्वर से ही व्याप्त था ॥१०८॥

यथा—हे अम्मा ! तू देर मत कर । हे पिताजी ! आप यहीं चले आओ । हे आर्य ! (बड़े भैया श्रीबलदेव !) आप सब व्रजवासियों को लेकर शीघ्र चले आओ, इत्यादि ॥१०९॥

इस प्रकार श्रीबलरामजी बलपूर्वक सब व्रजवासियों को जब श्रीकृष्ण के निकट ले आये, तब श्रीकृष्ण पुनः बोले कि—हे पिताजी ! आप भय न करें । हे जननि ! आप अपने मन में कष्ट मत पाओ । हे प्यारे मित्रो ! आप सब शान्ति धारण करो । क्योंकि श्रीगोवर्धन के धारण करने में मुझे कोई भी श्रम प्रतीत नहीं होता है । कारण—यह गिरिराज स्वयं कृपा करके मेरे हाथ पर ऊपर को उछलने की सी लीला के द्वारा, रुई के समान हलका होकर अतिशय विराजमान है ॥११०॥

किंच मैं तो सीढ़ियों से युक्त इस पर्वत के गर्त (गड्ढे) में पाताल के समान विशाल स्थान देख रहा हूँ । यह गिरिराज तो विस्तीर्ण होता जारहा है, अतः जल के सम्बन्ध से रहित इस गिरिराज के नीचे गिरने के योग्य गीली भूमि नहीं है ॥१११॥

"ये सात वर्ष के छोटे से कन्हैया पर्वत को कैसे धारण किये रहेंगे ? अतः इसके हाथ से यह अवश्य गिर जायेगा" उन व्रजवासियों के इस प्रकार के विचार को समझ कर, एवं अपने द्वारा किये गये पर्वत के धारण को भी आधा अंगीकार कर श्रीकृष्ण पुनः बोले—॥११२॥

हे सज्जनश्रेष्ठ ! व्रजवासियो ! मेरी माँ के विचार के अनुसार आप सब मुझको गोवर्धन धारण से निवृत्त मत करो । आप सब इस बात का भी तो किंचित् विचार करो कि "जिसने इस गिरिराज को अनायास उठा लिया है, उसके हाथ से यह गिरिराज कैसे गिर पड़ेगा ? इत्यादि ॥११३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'किञ्च, मा विलम्बध्वमत्यर्थं युष्मद्दु.खेन कम्प्रताम् ।
मयि गच्छत्यद्रिपतिः पतिता विशत द्रुतम् ॥'११४॥

"अथ पशुपजनस्तदीयहार्दाद्, द्रुतमविशन्निखिलस्तदाद्रिगर्तं ।
नहि शरणतया कदाचिदेनं, स भजति किन्तु तदेकतर्षिबुद्धया ॥११५॥

"ततश्च, सुविन्यस्तनिःश्रेणिलब्धप्रवेशं, मणिश्रेणिविद्योतमानप्रदेशम् ।
गृहस्येव रत्नाङ्कभित्तिप्रकारं, तदूर्ध्वञ्च तत्तुल्यशोभाप्रचारम् ॥११६॥
सुखस्पर्शमण्याचितक्षौणिभागं, समस्तावकाशार्हसन्धाविभागम् ।
यथापेक्षविभ्राजितस्वच्छनीरं, सुखाकारिधर्माञ्चिनीचैः समीरम् ॥११७॥
करे स्वस्य वामे तु वामे वसन्तं, गिरिं लीलयास्पृश्य सन्तं हसन्तम् ।
तदीयान्तरुद्यन्महाकुट्टिमस्थं, हरिं हारिरूपादिभिः प्रागवस्थम् ॥११८॥
दधद्वेणुमानम्रहस्तप्रधानं, कदाचिन्मुदा सख्युरंसे दधानम् ।
ददर्श प्रहर्षं सतर्षं सभीतिं, व्रजावासिलोको ययौ चातिरीतिम् ॥११९॥

किंच आप सब अधिक विलम्ब मत करो । क्योंकि आप सबके दुःख से मेरे कम्पित हो जाने पर, यह गिरिराज गिर जायगा । अतः शीघ्र ही इसके नीचे प्रवेश करो ॥११४॥

अनन्तर सभी गोपजन श्रीकृष्ण के स्नेह के कारण या उनके अभिप्राय के अनुसार, तत्काल शीघ्र ही श्रीगिरिराज के नीचे प्रविष्ट हो गये । क्योंकि यह गोपसमूह "श्रीकृष्ण हमारी रक्षा करेंगे" इस भाव से श्रीकृष्ण का भजन नहीं करता, किन्तु एकमात्र श्रीकृष्ण में ही तृष्णा रखने वाली बुद्धि से भजन करता है । तात्पर्य—श्रीकृष्ण की आज्ञा पालन करना ही अपना धर्म समझता है । अतः उनके कहते ही गिरिराज के नीचे प्रविष्ट हो गया ॥११५॥

तदनन्तर व्रजवासीजनों ने अपने मनोहर बायें हाथ पर धरे हुए गिरिराज को अनायास स्पर्श करके खड़े हुए एवं हँसते हुए श्रीकृष्ण को देखा । वह गिरिराज कैसा है ? उसका आठ विशेषणों से वर्णन करते हैं, यथा—उस गिरिराज में सुन्दर सुन्दर जो सीढ़ियाँ बनी हुई हैं उनके द्वारा उसके नीचे अनायास प्रवेश किया जा सकता था । उस गिरिराज के सभी स्थान मणियों की पंक्ति से चमक रहे थे । राजभवन की भींत जैसे रत्न खचित होती हैं, उसी प्रकार की भींत गिरिराज के नीचे थीं । और गिरिराज का ऊपर का भाग घर के समान शोभायमान लगता था । गिरिराज के नीचे की भूमि का भाग स्पर्श करने में सुखप्रद मणियों से जड़ा हुआ था, तथा सभी के बैठने के लिए अवकाश के योग्य मर्यादामय विभागों से युक्त था । और अपेक्षा (इच्छा) के अनुसार निर्मल जल भी विराजमान था, एवं उस गिरिराज के नीचे सुखकारक धर्मों से युक्त वायु, अर्थात् शीतल मन्द सुगन्ध पवन धीरे धीरे बह रहा था । अब किस प्रकार के श्रीकृष्ण को देखा उनका भी कुछ विशेषणों से वर्णन करते हैं, यथा—उस गिरिराज के मध्यभाग में नीचे की जो भूमि प्रकाशमान मणियों से खचित थी, उस पर श्रीकृष्ण खड़े थे, एवं अपने मनोहर रूप आदि के द्वारा पहली अवस्था जैसे ही प्रतीत होते थे । और वेणु को धारण करनेवाले अपने दाहिने हाथ को कभी कभी हर्षपूर्वक अपने सखा के कन्धे पर धारण कर लेते थे । व्रजवासीलोगों ने इस प्रकार श्रीकृष्ण को देखा । और देखते ही तृष्णा से युक्त, भय से युक्त, एवं अलौकिक रीति से युक्त विशिष्टहर्ष को प्राप्त किया ॥११६-११९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गोवर्धनाद्रिस्तत्रासीद्रत्नचित्रं महागृहम् ।
हरिर्यत्र हरिद्रत्नस्तम्भतारम्भिविभ्रमः ॥१२०॥

"अपि च—विलसति मणिदण्डश्रीर्मुकुन्दस्य बाहु,-स्तदुपरि परितोऽपि च्छत्रतुल्यो गिरीन्द्रः ।
प्रतिदिशमिह मुक्तादामवद्वारिधारा, व्रजसदनजनानां प्रत्युतासूद्विभूतिः ॥१२१॥

"ततश्च सहसा रोहिणीसहिता व्रजेश-गृहिणी तं पार्श्वयोर्गृहीतबली । तदिदं वर्णभि-र्निर्वर्ण्य वर्ण्यते स्म; ॥१२२॥ यथा—

"मातृभ्यां पार्श्वयुग्मे धृततनुरसकृन्मृज्यमाननाब्जः
पित्राद्यात्मीयवर्गैः सपुलकमभितो वीक्षितोऽतवर्यकर्मा ।
सोऽयं स्मेराब्जनेत्रः कलितनटकलाहस्तकः सव्यहस्त-
न्यस्तक्षौणीभृदुच्चैर्जयजयनिनदान्वीडितः क्रीडतीव ॥१२३॥

गोवर्धनधरस्याग्रे विलासान् व्यञ्जतो बलः ।
कृत्स्नानुत्साहयत्येष नाट्ये वा नटनायकः ॥'१२४॥

उस समय श्रीगोवर्धन पर्वत रत्नों से चित्रित विशाल भवन के समान शोभा पा रहा था। श्रीकृष्ण जिस भवन में नीलमणि के स्तम्भ का सा विलास आरम्भ कर रहे थे, अर्थात् नीलमणियों के स्तम्भ जैसे प्रतीत होते थे ॥१२०॥

अपि च मणि निर्मित दण्ड की सी शोभा वाली श्रीकृष्ण की बाईं भुजा छत्रदण्ड के समान सुशोभित थी। उसके ऊपर चारों ओर श्रीगिरिराज विशाल छत्र के समान शोभा पा रहा था। इस छत्रतुल्य गिरिराज की प्रत्येक दिशा में गिरती हुई जल की धारायें, छत्र के चारों ओर लगी हुई मोतियों की मालाओं के समान शोभा पा रही थीं। इन्द्र ने यद्यपि व्रजवासीजनों को नष्ट करने का काम किया था, तो भी उनके पक्ष में श्रीहरि कृपा से यह सब कार्य उनके ऐश्वर्य का द्योतक ही हो गया, अर्थात् राजाओं के ऊपर जैसे छत्र लगता है, उसी प्रकार व्रजवासीमात्र के ऊपर श्रीगिरिराजरूप छत्र लग गया ॥१२१॥

तदनन्तर श्रीरोहिणीजी के सहित श्रीव्रजरानी ने श्रीकृष्ण को दोनों ओर से पकड़ लिया। वर्णन करने वाले व्यक्तियों ने इस छवि को देखकर इस प्रकार वर्णन किया है— ॥१२२॥

यथा—दोनों माताओं के द्वारा दोनों बगल से श्रीकृष्ण का शरीर धारण किया गया है, एवं दोनों माताओं के द्वारा ही अपने अपने अञ्चल से उनका मुखकमल पोंछा जा रहा है। पिता आदि आत्मीय जन-समुदाय के द्वारा रोमाञ्चित होकर, अलौकिक अतवर्य कार्य करने वाले श्रीकृष्ण चारों ओर से देखे जा रहे हैं। तथा खिले हुए कमल के से नेत्रों वाले, नट की सी कला को ग्रहण करने वाले, दोनों हाथों वाले, बायें हाथ पर गिरिराज को धारण करने वाले, एवं ऊँचे स्वर से किये गये जयजयकार की ध्वनि के सहित पूजित होने वाले, ये श्रीकृष्ण मानो क्रीड़ा कर रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है ॥१२३॥

नाटक में नटनायक जैसे सभी पात्रों को उत्साहित करता है, उसी प्रकार ये श्रीबलदेवजी गोवर्धन-धारी श्रीकृष्ण के आगे अनेक प्रकार के हास विलास करने वाले सभी जनों को उत्साहित करते जाते हैं ॥१२४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं सति—

महावृष्टिर्गर्जः खरहिमपवनः स्फूर्जथुर्ध्वान्तमब्द-
स्तथा वज्रीत्येवंविधविविधगति-क्लेशहेतुर्बहिर्यः ।
तमन्तर्निवर्षं मधुरनिगदितं चारुवायुः प्रगीतं
मरीविश्चित्रश्रीरजितगिरिभृदित्याप्तशर्म व्यकारीत् ॥१२५॥

नृत्यस्तोत्रप्रगीतान्यतिचटुलनटाद्यर्थिनां दानचर्या
वर्याणां स्वस्तिपाठः श्रुतिसमयविदां क्रीडितं बालकानाम् ।
गर्वात् खर्वाखिलानामिति सकलमभूद् यस्य तु प्रेमजातं
स श्रीगोवर्धनाद्रिप्रवर-धरकरः कं न तोषं पुपोष ? ॥१२६॥

गुरौ नम्रा तुल्ये स्मितयुगनुपाल्ये धृतजला
क्वचिल्लीलालोला मघवति तु वक्रा बत सती ।
धृताद्रेर्दृष्टिस्तत्तदनुगुणमर्थं विदधती
क्रियामन्यां तस्य स्वमनु पुनरुक्तामकुरुत ॥१२७॥

अतएव इस प्रकार की घटना उपस्थित होने पर श्रीगोवर्धन के बाहर महाप्रलयकारी वर्षा, मेघों की गर्जन, तीक्ष्ण शीतल वायु, वज्र का शब्द, अन्धकार, बादल, एवं इन्द्र इत्यादि प्रकार के अनेक पदार्थ जो क्लेश के कारण बन रहे थे, किन्तु श्रीगोवर्धन के भीतर वे ही पदार्थ विपरीत गति को प्राप्त हो रहे थे। यथा—गोवर्धन के भीतर वर्षा का अभाव, सभी के मधुर वचनों का प्रयोग, मनोहर वायु, सुन्दर गायन, श्रीकृष्ण के अङ्ग की किरण, विचित्र शोभा, श्रीकृष्ण ही गोवर्धनधारी थे। इस प्रकार के सुखदायक पदार्थों ने क्लेश के कारण को विक्षिप्त कर दिया था, अर्थात् भगा दिया था ॥१२५॥

अति रमणीय नट आदि याचकों का नृत्य, स्तुति, सुन्दर गायन, श्रेष्ठजनों की दानचर्या, वेदोक्त आचार के वेत्ता पण्डितों का स्वस्तिवाचन, जिनके सामने गर्व से सभी इन्द्रादि छोटे मालूम पड़ते हैं, ऐसे व्रजबालकों की क्रीड़ा इत्यादि सम्पूर्ण कार्य जिनके प्रेमसमूहरूप हो गये थे, उन श्रीकृष्ण ने श्रीगोवर्धन गिरिराज को अपने कर पर धारण कर, उन व्रजवासियों के कौन से सन्तोष को पुष्ट नहीं किया ? अपितु सभी को किया ॥१२६॥

श्रीगोवर्धनधारी श्रीकृष्ण की दृष्टि गुरुजनों के ऊपर नम्रतायुक्त, मित्रों के ऊपर मृदुहासयुक्त, सेवकों के ऊपर प्रेमाश्रुयुक्त, एवं श्रीराधिका चन्द्रावली आदि किन्हीं किन्हीं प्रियाजनों पर विलासमयी चंचलता से युक्त होती हुई, किन्तु हाय ! इन्द्र के ऊपर तो टेढ़ी होती हुई, और गुरु आदि जनों में यथायोग्य भावार्थ को प्रकाशित करती हुई, वही श्रीकृष्ण की दृष्टि अपनी ओर लक्ष्य करके श्रीकृष्ण की अन्य क्रियाओं को पुनरुक्त दोष से दूषित कर रही थी। अर्थात् उस समय आत्मीयजनों का भयनिवारण, सन्तोष साधन आदि सभी कार्य श्रीकृष्ण की दृष्टि ही सिद्ध कर रही थी, उनकी और क्रियायें तो पुनरुक्त सी मालूम पड़ती थीं ॥१२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गिरिधरवदनेन्दो रश्मिपीयूषधारां, पिबदिह पशुजातं सप्तरात्रिन्दिवानि ।
क्षुधमपि सतृषं तन्नाययौ तर्हि तस्य, प्रणयिजनगणानां किं ब्रुवे न ब्रुवे किम् ॥१२८॥

श्रीमुखेन जनता सुधारसै,-रस्य भूधरधरस्य पूर्यते ।
एवमप्यवयती तदा प्रसू,-स्तन्मुहुर्बहुरसैरपूरयत् ॥१२९॥

सप्ताहर्निशनिर्मिता गिरिभृता ये ये विलासास्तदा
तान् कल्पैरपि सप्तभिः कथयिता शेषोऽपि नाशेषतः ।
एवं चेद्वचनैरमूंश्चिवतुरैः सच्चातुरी-वर्जितै-
स्तूर्णं वर्णितवान् कविः स्वयमसौ दुर्भूय दोदूयते ॥१३०॥

"तदेवमत्र प्रस्तावे लब्धावस्थाने तत्र शक्रस्तु दुष्टक्रममनुष्ठितवान् । प्रथमं तावत् प्रथमानेन वातेन वा तेन ते प्रलयं गता इति सन्दिह्य तदैव तद्दैवतशतमेव तत्र प्रभूतदूततया प्रस्थापितवान् । तत्तु तस्मादतिसत्वरमागत्वरतया तदभीष्टं प्रत्याचष्ट । ततश्च बलारातिर्बलात् प्रवर्तित-प्रसारेण जलासारेण तद्विलापनं प्रतीत्य च सत्यताप्रतिपत्तये जलददेवानेव तद्वार्तायां वर्तयामास ॥१३१॥

श्रीगिरिधारीलाल के मुखचन्द्र की किरणरूपी अमृतधारा का पान करता हुआ, वह गो आदि पशुओं का समूह भी, जब गिरिराज के नीचे सात दिन एवं सात रात तक भूख प्यास को भी प्राप्त न हुआ, अर्थात् साधारण पशुओं को भी जब भूख प्यास नहीं लगी, तब श्रीकृष्ण के प्रेमी जनसमुदाय के सम्बन्ध में क्या कहें और क्या न कहें ? अर्थात् कैमुत्यन्याय से प्रेमीजनों की भूख प्यास का अभाव स्वतःसिद्ध हो गया ॥१२८॥

ऐसी स्थिति में भी माँ का वात्सल्य, यथा—इन श्रीगिरिधारीलाल के श्रीमुख के मन्दमुस्वयानरूप सुधामय रसों के द्वारा सारी जनता परिपूर्ण हो रही है, इस प्रकार जानती हुई भी स्नेहमयी माँ यशोदा उस समय "लाला की भूख प्यास का ध्यान देकर" उस श्रीमुख को बार बार परिपूर्ण कर देती थीं ॥१२९॥

और उस समय सात दिन रात पर्यन्त श्रीगिरिधारीलाल ने जो जो अपूर्व लीलाविलास किये थे, उन सबको सम्पूर्णरूप से हजार मुख वाले शेषजी भी सात कल्पों के द्वारा भी, अर्थात् ब्रह्मासम्बन्धी सात दिनों में भी नहीं कह सकते । ऐसी स्थिति में अनुप्रास, यमक, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारमयी सच्चातुरी से रहित, तीन चार वचनों के द्वारा शीघ्रतापूर्वक वर्णन करने वाला यह कवि तो स्वयं दुःखित होकर बारंबार उपतप्त हो रहा है ॥१३०॥

इसलिए यहाँ पर इस प्रकार का प्रस्ताव जब स्थिरता को प्राप्त हो गया, तब वहाँ पर इन्द्र तो अपने दुरात्मापन का अनुष्ठान करने लग गया, अर्थात् निन्दित कार्य करने लग गया । प्रथम तो वे व्रजवासी वृद्धि को प्राप्त हुए, एवं पीड़ा पहुँचाने वाले वायु के द्वारा ही नष्ट हो गये होंगे । इस प्रकार सन्देह कर, उसी समय "वायुदेव ही जिनके इष्टदेव हैं" ऐसे सैकड़ों सेवक अधिक दूततापूर्वक कार्य करने के लिए भिजवा दिये । उन सैकड़ों दूतों ने तो उस व्रज से शीघ्र ही आकर के इन्द्र के अभीष्ट को खण्डित कर दिया, अर्थात् व्रज में वायु द्वारा कोई अनिष्ट नहीं हुआ, यह वचन सुनाया । तदनन्तर इन्द्र ने "बलपूर्वक प्रेरित विस्तार वाले जलधारा के सम्पात के द्वारा" व्रज के डूबने को जानकर भी उसकी सत्यता को जानने के लिए, मेघों के अधिष्ठातृ देवताओं को ही उस बात के विषय में प्रवर्तित कर दिया ॥१३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"वर्तिताश्च ते तद्वीक्षितेन पथा प्रत्यागत्य यथापूर्वं तत्प्रत्याशापदं प्रत्याख्याय स्थितवन्तः ॥१३२॥

"ततश्च परममपूर्वं मत्वा मनस्यतीव धूर्वगं गत्वा घनाघनबृंहणः स घनाघनः स्ववाहनं घनाघनं क्रोधादंकुशेन मङ्क्षु जघान, हत्वा च किञ्चिदग्रतो गत्वा सत्वरमैरावतीय-वह्निमह्नि चापह्नुतनेत्रवीर्यं विकीर्य दूत्याय तद्देवतामवतारयामास। सा च ततो निवृत्य प्रवृत्त्यन्तरं निवेदयामास,—॥१३३॥

'देव ! परमाश्चर्यचर्येयमवधार्यताम्; यत् खलु स एव बलिभोजनबलितबलः सन्नचलः सम्यगुत्पतन्निवाऽवलोक्यते।' ॥१३४॥

"इन्द्र उवाच,—'दृश्यतां कीदृशमनन्तरमन्तरं जातम् ? लब्धशोकश्च व्रजलोकः कुत्र वा सपुत्रः प्रयातः ?' ॥१३५॥

"अथ सर्वे यथाज्ञापयन्तीति विद्रुत्य पुनः सङ्गत्य संहत्य प्रत्यभाषन्त,—'सर्वदैव सर्व-दैवतमान्य शतमन्यो! मन्यामहे ते सर्वे शतपर्वसगर्भविद्युद्वह्निना प्रलीनतामेव नीताः; यद्बहिर्न हि विलोक्यन्ते।' ॥१३६॥

"इन्द्रः सहर्षमुवाच,—'आयुष्मद्भिर्युष्माभिः पुनरपि निरूप्यताम्।' ॥१३७॥

वे भी कार्य में प्रवृत्त होकर इन्द्र के द्वारा देखे गये मार्ग से लौटकर, पहले की भाँति इन्द्र की आकांक्षा के विषय को खण्डित कर चुप बैठ गये ॥१३२॥

उसके बाद परम आश्चर्य को मानकर, अपने मन में भारी ग्लानि पाकर, बरसाती मेघों को बढ़ाने वाले उस इन्द्र ने, अपने वाहनरूप ऐरावत हाथी को, क्रोधपूर्वक अंकुश से शीघ्र ही ताड़ना दी। और ताड़ना देकर, कुछ आगे जाकर, दिन में भी नेत्रों के पराक्रम को दूर करने वाली, बिजली सम्बन्धी अग्नि को शीघ्र ही फेंककर दूत कार्य के लिए बिजली के देवता को नीचे उतार दिया। वह बिजली सम्बन्धी देवता वहाँ से लौटकर दूसरे प्रकार के वृत्तान्त को निवेदन करने लगी कि— ॥१३३॥

हे देव ! आप परम आश्चर्यमयी इस चर्चा को देखो तो सही। क्योंकि निश्चितरूप से व्रजवासियों की भेंट के भोजन से बलवान् होकर, वह पर्वतराज ही अच्छी प्रकार ऊपर की ओर उठता हुआ सा दिखाई देता है ॥१३४॥

इन्द्र बोला—देखो, उसके बाद किस प्रकार का अन्तर हो गया है, और शोक को प्राप्त हुए व्रजवासी लोग पुत्रों के सहित कहाँ चले गये हैं ? ॥१३५॥

अनन्तर सभी दूत "जैसी आपकी आज्ञा" ऐसे कहकर दौड़कर व्रज में जाकर, पुनः इन्द्र के पास आकर, परस्पर सम्मिलित होकर प्रत्युत्तर देने लगे कि—हे सदैव सर्वदेव माननीय इन्द्रदेव ! वे सब व्रज-वासी तो वज्र है गर्भ में जिसके, ऐसी बिजलीरूप अग्नि ने नष्ट ही कर दिये हैं। हम को तो ऐसा ही प्रतीत होता है। क्योंकि वे बाहर कहीं भी दिखाई नहीं देते हैं ॥१३६॥

इन्द्र सहर्ष बोला—तुम सब चिरंजीवी हो ! अतः फिर भी जाकर व्रज की दशा को देखो ॥१३७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तथा पुनः सङ्गत्य गत्यन्तरं प्रथयामासुः,—'दिवीश्वर ! नाद्यापि ते नश्वरतां प्राप्ताः, प्रत्युत पातालतल इव गिरिगर्ततले प्रविश्य तद्दिश्यतीवानन्दकोलाहलं कुर्वन्तः प्रतीयन्ते; अचलश्च स्वयं बलानुजहस्तन्यस्तप्रायग्रावनिकायमयकायतया प्रतीयते ।' ॥१३८॥

"इन्द्र उवाच,—'लक्षयामि, मया पूर्वं छिन्नपक्षतिरप्यसौ पुनः किं सपक्षः सम्पन्नः, यत एव गर्ववान् स पर्वतः सर्वतस्तेषामक्षयाय पक्षपातनाचचार । भवतु नाम, तमेनं पुर्ननिह्लादिह्लादिनीवह्निप्रहारेण संहारे योजयामि येन तदीयतले बलमानतया लब्धावले-पास्तेऽपि तूर्णमेव चूर्णतामासादयन्ति ।' इति ॥१३९॥

"तथा च—तद्वह्निमाविद्धं विधाय प्रणिधानद्वारा तदन्यथा प्रणिधाय मनसि कोप-प्रकोपमाधाय मुहुरपि तदेव सन्धाय व्यर्थताकदर्थितपुरुषार्थः पुनर्नूतनदूतगणं प्रहापयन्नाह स्म,—'अरे ! निरूप्यतां तिरोभूय, भूयः किं तत्र चित्रमिव वर्तते, येनाशनेरपि प्रचारः स्वव्यवहाराद्व्यभिचारं सञ्चचार ।' ॥१४०॥

"अथामी च तथागत्य स्वप्रत्यक्षं प्रत्याययामासुः,—'सुत्रामन् ! न तत्र कुत्रचिदपि द्वित्राण्यपि पत्राणि त्रस्तानि दृश्यन्ते, न च काचित् पिपीडिकापि पीडिता; तदेवं यद्युपरितनं वृत्तं परितो वृत्तम्, तदा विलसित-रङ्गतरङ्गाणामन्तरङ्गाणां वार्ता तु दूरे वर्तताम् ॥'१४१॥

अनन्तर उसी प्रकार पुनः जाकर, इन्द्र के पास आकर, व्रजवासीजनों के जीवन के दूसरे उपाय को विस्तारपूर्वक कहने लगे—हे स्वर्गेश्वर ! वे व्रजवासी तो आज भी विनष्ट नहीं हुए हैं। अपितु पातालतल की तरह गिरिगर्त के नीचे प्रविष्ट होकर, उधर की ओर भारी आनन्दमय कोलाहल करते हुए प्रतीत हो रहे हैं। और वह पर्वतराज भी श्रीकृष्ण के हाथ में धरा हुआ प्रायः पत्थर के समूहमय शरीर वाला प्रतीत होता है ॥१३८॥

इन्द्र बोला—मैं देखता हूँ। क्योंकि पहले मैंने इसके पंख काट दिये थे, मालूम पड़ता है यह फिर भी पंखों वाला हो गया है क्या ?। इसीलिए अहंकारी वह पर्वत व्रजवासियों की रक्षा के लिए चारों ओर से पक्षपात कर रहा है। अच्छा, जो हुआ सो हुआ। मैं फिर भी शब्द युक्त वज्राग्नि के प्रहार से इसको संहार में नियुक्त करता हूँ, अर्थात् मारता हूँ। जिसके कारण उस पर्वत के नीचे बैठने से गर्व को प्राप्त हुए वे व्रजवासी भी शीघ्र ही चूर्ण हो जायेंगे ॥१३९॥

और उस वज्राग्नि को ताड़ित करके, अर्थात् वज्र के द्वारा पर्वत को विद्ध करके, समाधि के द्वारा उसको व्यर्थ समझकर, अपने मन में क्रोध की अधिकता को धारण कर, बार बार तिरस्कार का ही अनुसंधान कर, सारे प्रयत्नों की व्यर्थता के कारण निंदित पुरुषार्थवाला इन्द्र, दुबारा नवीन दूत समूह को भेजता हुआ बोला—अरे भाइयो ! तुम सब दुबारा दुबक कर देखो कि, उस पर्वत के नीचे क्या आश्चर्य सा हो रहा है, जिसके कारण वज्र का प्रचार भी अपने व्यवहार से व्यर्थ हो गया ॥१४०॥

अनन्तर वे दूतगण उसी प्रकार गुप्त रूप से आकर अपने प्रत्यक्ष किये हुए विषय को विश्वासयुक्त कर के बोले कि—हे देवराज ! वहाँ तो कहीं भी दो तीन पत्ते भी, टूटे हुए नहीं दिखाई देते, और कोई चींटी भी दुःखित नहीं दीखती। इसलिए यदि ऊपर का वृत्तान्त चारों ओर इस प्रकार सुरक्षित रूप से विद्यमान है, तब जिनके रङ्ग तरङ्ग विलास कर रहे हैं, अतः गोवर्धन के नीचे विद्यमान उन अंतरंग व्रजवासी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तं निखिलोच्चं शिलोच्चयं प्रति प्रतिहतनिजटङ्कतया सशङ्कः स वज्रपाणिर्विस्मय-लज्जा-भयानि सज्जंश्चिरमेव तूष्णीम्भूष्णुतया चिन्तयामास,—'आम् कृष्णाकारमनु विष्णुरेव तत्राविर्भविष्णुतामाससाद । कथं वा स च परात् पराजिष्णुतामासीदतु, यः खल्वहार्यमपि हार्यतामासादयामास ।' ॥१४२॥

"अथ तदानीमेव मूढः संज्ञया शङ्खचूडः कंससपक्षः कश्चिद्यक्षः प्रतिकृष्टमतितयातिहृष्टः सङ्गम्य प्रणम्य च प्रोवाच,—'महेन्द्रदेव ! द्रुमिलदानवनन्दन-महीन्द्रसदनाद्भवत्पदारविन्दं विन्दमानः सोऽयमस्मि । स हि परमहितसहिततया दुन्दुभिसन्दोहनिर्घोषं प्रतिदिशं जोषयित्वा भवन्तं प्रति प्रीतिपरिणामं प्रणामं निर्दिदेश सन्दिदेश च,—'तदिदं भवद्भिर्यदेतदनुष्ठितम्, तेन परमतुष्टिमापन्ना वयम्; यतः क्षुद्रतमनिर्मितगर्वकिर्मीरितमहदतिक्रमः समस्तस्य च दुःसहः सम्पद्यते । बलादुत्पतनलीलपिपीलिकावदमूदृशां तद्दृष्टतः प्राप्तदिष्टान्तता च द्रष्टा । किञ्च, कियद्वाभीरजातीनां यजमानतया भवत्प्रयोजनं जनिता ? वयमेव हि नानायज्ञाननुज्ञाप्य भवत्सु सन्तर्पणमर्पयिष्यामः ।' ॥१४३॥

"अथ तदेतदवधार्य स देवकुलनिर्धार्यश्चमत्कारमाससाद । यत्रैवं चिन्तामाप,—'अहो ! शक्राशनव्यसनतया मम बुद्धिर्न सदा शुद्धिमवरुणद्धि; यतो मित्रामित्रता-वैपरीत्यं परीत्य

प्राणियों की बात को तो बहुत दुर रहने दो । अर्थात् श्रीगोवर्धन के ऊपर के वृक्षों के एक दो पत्र तक जब नहीं टूटे, तब गिरिराज के नीचे बैठे हुए व्रजवासियों की रक्षा के विषय में तो कहना ही क्या है ? ॥१४१॥

पश्चात् सब से ऊँचे उन गिरिराज के ऊपर पत्थर फोड़ने वाली अपनी टाँकियाँ टूट जाने के कारण, शंकायुक्त वह इन्द्र विस्मय, लज्जा, एवं भय को प्राप्त होकर, बहुत देर तक चुप होकर विचार करने लगा । हाँ, स्मरण आगया । श्रीकृष्ण के आकार में विष्ण ही व्रज में प्रगट हुआ है, अतःवह दूसरे के द्वारा पराजय को कैसे प्राप्तकर सकता है ? जो कि दूसरे के द्वारा निश्चितरूप स न उठाने योग्य पर्वत को भी उठा रहा है ॥१४२॥

उसके बाद उसी समय कंस का पक्षपाती, मूढ़मति, शंखचूड़ नामक कोई यक्ष, निकृष्ट बुद्धि के कारण अति हर्षित होकर, इन्द्र के पास आकर, प्रणाम कर के बोला—हे महेन्द्रदेव ! मैं "द्रुमिल नामक दैत्य का पुत्र, पृथ्वी पति जो कंस है", उसके भवन से आकर आपके पादपद्मों को प्राप्त करने वाला वही शंखचूड़ हूँ । उस कंस ने आपके परम हितैषी होने के कारण, प्रत्येक दिशा में दुंदुभी (नगाड़ा) के समूह के शब्द को करवा कर, आपके प्रति प्रीति के परिणाम स्वरूप, प्रणाम का निर्देश किया है, और यह संदेश भी दिया है कि—आपने व्रज के विनाश के लिए इस कार्य का जो अनुष्ठान किया है, उससे हम परम सन्तुष्ट हो गये हैं । क्योंकि अत्यन्त क्षुद्र व्यक्तियों के द्वारा किये गये गर्व से मिश्रित महापुरुषों का जो अतिक्रमण है, वह सभी के लिए असह्य हो जाता है । अतः बलपूर्वक ऊपर को उछलने की चेष्टा करने वाली चींटी की तरह इन सब गोपों का भी, महदतिक्रमरूप दैव से प्राप्त हुआ प्रलय दिखाई देता है । किंच गोपजाति वाले इन व्रजवासियों की यजमानी से आपका कितना प्रयोजन सिद्ध होगा ? हम ही आप से अनेक यज्ञों की अनुमति लेकर, उनका अनुष्ठान कर, आपको भली प्रकार सन्तुष्ट कर देंगे ॥१४३॥

अनन्तर इस बात को सुनकर निश्चित करके देवकुलशिरोमणि वह इन्द्र चमत्कार को प्राप्त हो गया । जिस चमत्कार में इस प्रकार की चिन्ता करने लगा कि—हाय ! हाय ! शक्र (गाँजा, सिद्धि या

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नीत्यतिक्रममापन्नवानस्मि । तदेतच्च, गोत्रभिदिति स्वनामस्फुरदुपश्रुतिफलमिव मम प्रतिभाति ॥१४४॥

'किञ्च, गर्विणः सुष्ठु मे युक्ताप्येषाभिभवभावना ।
आत्तगर्वोऽभिभूतः स्यादिति पर्यायता यतः ॥'१४५॥

"प्रकाशन्तु स्वदासानुवाच,—'भवतु निवर्तन्तां संवर्तवर्तना मेघावर्ताः । अवरजन्माय-मिति व्रजराज-तनूजं प्रति तितिक्षाभाज एव वयं शिक्षामात्रपात्रतामासादितवन्तः, न तु कथमप्यन्यथाभावभावनव्यथाम् ।' इति ॥१४६॥

"अथ यक्षमप्यादिदेश,—'निजं राजानमिदं सन्दिश । मुहुः कोपितोऽपि सोऽपि भवांस्तस्माद्भयमिव भावयन् वर्तत इत्यवधारयत एव ममाधिकः क्रोधस्तत्र वर्धते स्म । यदि तदपि तथ्यं स्यात्तदा वयं याथातथ्यमेव प्रथयिष्यामः, शतमन्योः सहस्राक्षस्य शतकोटि-हस्तस्य ममापि कः खलु खलतयानभीप्सितं कुर्वीत ?' ॥१४७॥

'अपि च—त्वं पुण्यजनसेव्यश्रीर्देवानां प्रियतां गतः ।
सोऽप्यग्रे त्वद्विधानां स्याद्भोजानां गोपदारकः ॥'१४८॥

गिरिमल्लिका) के भोजन करने का व्यसन होने के कारण, मेरी बुद्धि सदा शुद्धि को नहीं प्राप्त कर पाती। उसी के कारण आज मित्र एवं शत्रुभाव की विपरीत दशाको प्राप्त कर, नीति का अतिक्रमण कर चुका हूँ। अतः यह सब नीति का उल्लंघन आदि कार्य भी "गोत्रभिद्" इस अपने नाम के द्वारा परंपरा से जनों में प्रचारित उपश्रुति का सा फल मुझे प्रतीत होता है। भावार्थ यह है कि—गाँजा पीकर जैसे लोग कार्याकार्य के विचार से शून्य हो जाते है, उसी प्रकार मैं गोत्रभिद् अर्थात् अपने कुल का या श्रेष्ठ मार्ग का भेदन करने वाला बन गया हूँ, इसीलिए संसार में "गोत्रभिद्" नाम से प्रचारित हूँ ॥१४४॥

किंच अच्छी प्रकार गर्व करने वाले मेरे संबंध में श्रीकृष्ण के द्वारा की गई यह तिरस्कार की भावना उचित ही है। कारण—पर्याय का क्रम ऐसा देखा जाता है कि, अहंकार को धारण करने वाला व्यक्ति अवश्य तिरस्कृत हो सकता है ॥१४५॥

स्पष्टरूप से अपने सेवकों को बोला—अच्छा, जो हुआ सो हुआ। किन्तु अब तो प्रलयकारी मेघों के आवर्त (भँवर) निवृत्त हो जायँ। यह श्रीकृष्ण वामन रूप से हमारा छोटाभाई है, इसलिए व्रजराज-कुमार के प्रति तो हम क्षमा धारण करने वाले ही हैं। केवल शिक्षा देने मात्र के पात्र बने हुए हैं, किन्तु श्रीकृष्ण के तिरस्कार की भावना करके किसी प्रकार भी व्यथा को प्राप्त नहीं हुए हैं ॥१४६॥

पश्चात् शंखचूड़ यक्ष को भी आदेश दिया कि—अपने राजा को यह सन्देश देना कि, श्रीकृष्ण के कार्यों द्वारा बार बार क्रोधित किये गये भी आप, श्रीकृष्ण से भय की सी भावना करते हुए विद्यमान हो, ऐसा निश्चय करते हुए ही मेरा क्रोध श्रीकृष्ण के ऊपर अधिक बढ़ रहा है। और यदि वह भय भी सच्चा है, तब तो हम यथायोग्य विषय का ही विस्तार करेंगे। मैं सौ यज्ञ करने वाला हूँ, हजार नेत्रों वाला हूँ, वज्र हाथ में रखने वाला हूँ, अतः संसार में कौन व्यक्ति दुर्जनता से मेरे विरुद्ध कार्य कर सकता है ?॥१४७॥

और देखो ! तुम पुण्यजनों के द्वारा सेवन करने योग्य संपत्तिवाले हो, निन्दा पक्ष में—तुम राक्षसों के द्वारा सेव्यश्री हो। अमरकोष में 'पुण्यजन' राक्षस को कहते हैं। एवं देवताओं की प्रियता को प्राप्त हो गये हो, पक्ष में—निन्दित भाव को या पशुभाव को या मूर्खता को प्राप्त हो गये हो। हे गोप ! अर्थात् हे राजन् ! आप जैसे भोजवंशियों के आगे भी वह आपका दारक, अर्थात् विदारण कर्ता हो सकता है

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतदनुभूय कुपूयः खल्वसौ दूयमानहृदयतया यक्षः प्रतस्थे, स्वेन चानीतं सन्देशं प्रवाहे मूत्रितमिवात्मस्थे। तदेवमपध्वस्तम्मन्यः शतमन्युश्च शतमन्युतया विमानगतिं प्रति विमानगतिमासाद्य सद्यः सानुशयं संशयानतया शयानतया च निजान्तर्निलयमयाञ्चक्रे। शाब्दिकाष्टकमनुविशिष्टतया रलयोर्व्यत्ययमिवावेत्य निरयमेव च तं मन्यते स्म ॥१४९॥

"तथाहि—विक्षेप्तुं व्रजमैच्छदेष पवनैर्विक्षेपमाप स्वयं
वर्षैर्धर्षयितुं च धर्षमगमद्गाढं विडौजा हृदि।
वज्रैस्ताडयितुं तथाप शिरसि स्वे वज्रताड्यात्मतां
साधूत्पातकरत्वमर्जति विपर्यस्ता गतिर्युज्यते ॥१५०॥

"तदेवं गेहगुहामवगाहमाने कौशिके—
अथ द्यवि दिवाकरः प्रकटभावमाट द्रुतं
दिशः स्फुरणमागमन् धरणिराप वर्त्मप्रथाम्।

क्या ? केवल श्रीकृष्ण पक्ष में अर्थ, यथा—पुण्यात्मा जनों के द्वारा ही श्रीकृष्ण की शोभा सेवन करने योग्य है। गो, ब्राह्मण, साधु, एवं सनातनधर्म की रक्षा करने के कारण ही, श्रीकृष्ण देवताओं के प्रिय हो गये हैं। और आप जैसे भोजवंशवालों के मध्य में जो श्रीनन्दादि गोप हैं उन्हीं के वे पुत्र हैं ॥१४८॥

इन्द्र के पूर्वोक्त वचनों का अनुभव कर वह कुपूय (अधम) यक्ष सन्तप्त हृदय वाला बनकर वहाँ से चल दिया, एवं अपने द्वारा लाये गये सन्देश को, उसने जलके प्रवाह में मूत्र के समान निष्फल ही निश्चित किया

अतएव इस प्रकार अपने को धिक्कृत मानता हुआ इन्द्र भी सैंकड़ों प्रकार के शोकों से युक्त होकर, विमान के द्वारा जाने के विषय में मानरहित की सी दशा को प्राप्तकर, पश्चात्तापपूर्वक संशययुक्त होकर, शयन करने वाले की तरह शीघ्र ही अपने घर के भीतर चला गया। और इन्द्र ने अपने उस निलय (घर) को—(इन्द्र, चन्द्र, काशकृत्स्न, आपिशली, शाकटायन, पाणिनि, अमरसिंह, एवं जैनेन्द्र) इन आठ वैयाकरणों के मत को लक्ष्य बनाकर, विशेष करके 'र ल' इन दोनों वर्णों के विपरीत क्रम को जानकर, अर्थात् अष्ट वैयाकरणों के मत में 'र' के स्थान में 'ल' और 'ल' के स्थान में 'र' ही, दोनों वर्णों की एकता के कारण मान लिया जाता है ऐसा समझकर, निरय (नरक) ही मान लिया। तात्पर्य—भगवत्पराङ्मुख होने के कारण, इन्द्र को अपना घर नरक के समान दुःखदायी ही प्रतीत हुआ ॥१४९॥

इसलिए ठीक ही कहा है, यथा—देखो, यह इन्द्र वायुसमूह के द्वारा व्रज को उखाड़कर फेंक देना चाहता था, किन्तु वात के रोगी की तरह स्वयं विक्षिप्त हो गया। वर्षा के द्वारा व्रज को नीचा दिखाना चाहता था, किन्तु अपने हृदय में भारी नीचता को प्राप्त हो गया, एवं व्रज को वज्र के द्वारा ताड़ित करना चाहता था, किन्तु अपने शिर में वज्र के से प्रहार के समान ताड़ित होगया। यह उचित ही है क्योंकि जो व्यक्ति साधु सन्तों से उत्पात करने को सामग्री जुटाता है, उसके लिए विपरीत गति होना युक्तियुक्त है। तात्पर्य—साधुओं के ऊपर छोड़ा हुआ तेज, छोड़ने वाले का ही अकल्याण कर देता है ॥१५०॥

अतएव इस प्रकार इन्द्र उल्लू की तरह जब अपने घररूपी गुफा में छिपकर बैठ गया, तभी आकाश में सूर्य शीघ्र ही प्रकाशित हो गया। सब दिशायें स्फूर्ति पाने लगीं, पृथ्वी मार्ग का प्रचार करने लग गई।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा च नयनश्रवश्चरणसंहतिः प्राणिना-
मिदं निजनिजाश्रयत्रयमनु स्ववृत्तिं ययौ ॥१५१॥

निर्याते मेघजाते हरिरथ पशुपानाख्यदुच्चैरमुष्मा-
न्निर्यात प्राप्तगृह्या दर च दरमिति मा कुरुध्वं त्वरध्वम् ।
यस्मिन् गाम्भीर्यभाजि स्फुटवचसि घनाः पूर्वमप्यस्य कान्त्या
भूभृद्भूत्या च धूताः पुनरहह ययुर्गर्जगर्वाद्विधूतिम् ॥१५२॥

"अथ तदाम्रेडितप्रेरिततया वादितबहुलकाहलादिहलहलायमान-कोलाहलमाचर्य हरिदासवर्यगिरिहृदयायमानकुहरात् तत्पुरत एव निर्व्रजन् सगोसमजव्रजजनसमाजः सयशःस्नेहप्रसरदेह इव तस्य विरराज ॥१५३॥

"गावस्तावत् पुरस्ताद्गिरिवरविवराच्चाल्यमानाः समन्ता-
दारादप्यन्तरन्तर्गिरिधरवदनं द्रष्टुमासन्निवृत्ताः ।
यासां निर्यापणायां मुहुरपि तदलं लोकमानः स लोकः
स्तब्धीभावं प्रपन्नः परवशदशया तत्र वैयग्र्यमाप ॥१५४॥

और उस समय प्राणियों के नेत्र, श्रोत्र, एवं चरणसमूह, अपने अपने आश्रयस्वरूप इन तीन इन्द्रियों का अवलम्बन कर, अपनी अपनी दर्शन, श्रवण, आदि वृत्ति को प्राप्त हो गया ॥१५१॥

पश्चात् मेघसमूहमात्र जब चले गये, तब श्रीकृष्ण गोपों के प्रति उच्च स्वर से बोले कि—हे व्रजवासियो ! अपने अपने घर की सारी सामग्री लेकर गिरिराज के नीचे से निकल पड़ो । एवं किंचिद् भी भय की बुद्धि मत करो, केवल निकलने की शीघ्रता करो । और देखो ! गम्भीरता से युक्त स्पष्ट वचनों वाले जिस गोवर्धन पर्वत में समस्त मेघ, पहले तो श्रीगोवर्धन की कान्ति से तथा भूमि के धारणरूप वैभव से कम्पित हुए थे, किन्तु अहह ! इस समय तो पुनः गर्जनारूप अहंकार से भी खण्डित हो गये ॥१५२॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की बारंबार की प्रेरणा से प्रेरित होने के कारण, बजाये गये बहुत से काहल (तुर्री नफीरी) आदि बाजाओं के हलहलायमान कोलाहल को करके, हरिदासश्रेष्ठ श्रीगिरिराज के हृदय के तुल्य कुहर (विवर-बिल) रूप अन्तःपुर से श्रीकृष्ण के सामने ही निकलता हुआ, गोसमूह के सहित वह व्रजजनों का समाज, यश एवं स्नेह के द्वारा विस्तारित श्रीकृष्ण के शरीर के समान विराजमान हो गया । अर्थात् श्रीगिरिराज के नीचे से निकलता हुआ गोसमूह तो श्रीकृष्ण के मूर्तिमान यश के समान, और व्रजवासियों का समूह मूर्तिमान स्नेह के समान शोभा पा रहा था ॥१५३॥

सबसे पहले श्रीगिरिराज के नीचे से गोपों के द्वारा चलाई गईं समस्त गैयायें, चारों ओर से निकट से भी थोड़ी सी दूर जाकर, बीच बीच में श्रीगिरिधारीलालजी के श्रीमुख को देखने के लिए लौट आती थीं । उन सब गैयाओं के बाहर निकाल देने पर भी, बारंबार अच्छी प्रकार श्रीकृष्ण के श्रीमुख को देखने वाला वह व्रजवासियों का समूह, स्तब्धभाव को प्राप्त होकर, वहाँ पर परवश दशा से, अर्थात् स्नेह के अधीन वाली दशा के कारण, व्यग्रता को प्राप्त हो गया था ॥१५४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ कथमपि निर्गिरिवरविवरः सर्वः परस्परमनुयानं परीक्ष्य निर्निमेषतया श्रीकृष्ण-निष्क्रमणं प्रतीक्ष्य क्षणतस्तदपि निरीक्ष्य जीव इव जीवननिभं तमासीदन् पुनरतीव मुदमवाप ॥१५५॥

"यतः, स्वभावः सौन्दर्यं गुणगरिमभूमा मृदुलता-
खिलव्यापिप्रेमा गिरिधृतिरपि स्वावनकृते ।
क्रमादेते धर्माः प्रणयमनु सान्द्रीकृतिपरा
यदीयाः सोऽभ्यागान्निजदृशि गिरेस्तस्य तलतः ॥१५६॥

"किन्तु, यद्वदुत्थापितस्तद्वत् कृष्णेनाद्रिः स रोपितः ।
दृष्टश्च सर्वलोकेन प्रकारस्तु न लक्षितः ॥१५७॥

"दर्शनादनन्तरन्तु,—
अतिशयितमवेगप्रेमधारानिमग्ना, विवशपशुपलोका गोत्रगर्तान्निलन्तम् ।
हरिमभि परिरम्भाद्यात्मयोग्यं दधाना,-दधुरनु निजलाभं व्युत्क्रमञ्च क्रमञ्च ॥१५८॥

गोप्यस्तत्र तु मान्यभाववलिता दध्यक्षतादिस्फुर-
द्द्रव्यद्रव्यसभाजितं विरचयामासुर्जितस्वर्पतिम् ।

पश्चात् किसी प्रकार गिरिराज के नीचे से निकला हुआ सारा जनसमुदाय, परस्पर के अनुगमन की परीक्षा लेकर, निर्निमेष होकर, श्रीकृष्ण के निकलने की प्रतीक्षा कर, जीव जैसे प्राण को पाकर सन्तुष्ट हो जाता है, उसी प्रकार क्षणभर में प्राण के समान श्रीकृष्ण के निकलने को देखकर, एवं उनको पाकर पुनः अत्यन्त आनन्द को प्राप्त हो गया ॥१५५॥

क्योंकि मनोहर स्वभाव, सौन्दर्य, गुणों के गौरव की अधिकता, कोमलता, सर्वव्यापी प्रेम, एवं आत्मीयजनों की रक्षा के लिए गोवर्धन धारण, जिन श्रीकृष्ण के ये धर्म क्रमशः प्रेम का लक्ष्य करके प्रगाढ़ता को प्राप्त हो गये थे। अतः वे ही श्रीकृष्ण उन गिरिराज के नीचे से निकलकर जब अपने जनों की दृष्टि के गोचर हो गये, तब उनके आनन्द के विषय में कहना ही क्या है ? ॥१५६॥

किन्तु उस समय यह घटना बड़ी आश्चर्यजनक हुई कि—श्रीकृष्ण ने उस पर्वतराज को जिस प्रकार उठाया था, उसी प्रकार पुनः स्थापित कर दिया। सब लोगों ने श्रीकृष्ण के हाथ पर तो गिरिराज को देखा, परन्तु उसके उठाने और धरने के प्रकार को किसी ने भी नहीं देखा ॥१५७॥

दर्शन के अनन्तर तो स्थायी प्रेम की धारा में निमग्न होकर विवश हुए गोपजन, पर्वत के गर्त से, अर्थात् श्रीगिरिराज के नीचे से निकलकर मिलते हुए श्रीकृष्ण को लक्ष्य बनाकर, अपनी अपनी योग्यता के अनुसार, अतिशय आलिङ्गन आदि को धारण करते हुए, अपने अपने लाभ के प्रति विपरीत क्रम, एवं यथाक्रम को धारण करने लग गये। यहाँ पर गुरुवर्ग से पहले ही श्रीकृष्ण से भुज भर के मिलना ही विपरीत क्रम है, एवं एक भाव वाले जनों का क्रमशः मिलना ही यथाक्रम है। किन्तु व्रजजनों के अलौकिक प्रेम में सभी क्रम शोभा पा रहा है ॥१५८॥

और वहाँ पर माननीय भाव से युक्त प्राचीन गोपियाँ तो, इन्द्र को पराजित करने वाले श्रीकृष्ण को दधि, अक्षत आदि मनोहर मङ्गलमय द्रव्यों के द्वारा सम्मानित करने लग गईं। यद्यपि ऐसी सम्मानमयी स्थिति है, तो भी श्रीकृष्ण के मस्तक पर हाथ धरकर, उनको आशीर्वाद देने लग गईं। जिस भक्त ने कभी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यद्यप्येवमथापि मूर्ध्नि च करं धृत्वा तमाशीशिषन्
संवित्ते तदिदं स एव य इदं हृद्यन्वभूत् कर्ह्यपि ॥१५९॥

"श्रीव्रजेश्वर्यादीनां मिलनं तु श्रीमन्मुनिवर्येणैवं वर्ण्यते स्म। यत्र चेदं सुष्ठुतरमनुष्टुप्छन्दसा स्वल्पवद्यमपि पद्यममृतसम्भृतकुम्भवदक्षयरसं प्रसूते (भा० १०।२५।३०)—

'यशोदा रोहिणी नन्दो रामश्च बलिनां वरः।
कृष्णमालिङ्ग्य युयुजुराशिषः स्नेहकातराः॥' इति ॥१६०॥

"तथाहि—अहह! नवनवनीत-नीतिसुकुमारा कुमारतनुरियमस्मद्गर्वपर्वतभारतः कीदृगभवद्भवति भविष्यति चेति स्नेहमयसन्देहरीतिभीतिमन्तस्ते, तदेतत् क्लेशकुलमस्मद्वपुरावेशं सदेशतया प्रयास्यतीत्यभिप्रयन्त इव तमाश्लिष्यन्तस्तत्राप्यविश्वासा इव विशेषादशेषाशिषः प्रयुञ्जाना निजवंशं यशस्वितादियुक्तं कुर्वाणा इव ते तत्तन्नाम्ना समाम्नाताश्चिरं वाष्पनिष्पत्तिभित्तनेत्रवृत्तयः संवृत्ताः ॥१६१॥

"तत्र यद्यपि यौगपद्यतस्तूर्णमेव चतुर्णां मिलनं समपद्यत, तथापि प्रेमतारतम्यमनुक्रम्य कृष्णावधानक्रमः क्रमते स्म यस्मात्तस्मादेव तथा श्रीशुकदेवः प्रचक्रमे 'यशोदा' इत्यादिना ॥१६२

भी अपने हृदय में, वात्सल्यभाव के अनुसार इस प्रकार के लालन का अनुभव किया है, वह वात्सल्यभाव प्रधान भक्त ही, व्रज की वात्सल्यमयी वृद्ध गोपियों के द्वारा किये गये, इस लालन के प्रकार को जान सकता है ॥१५९॥

श्रीव्रजेश्वरी आदिकों का मिलन तो श्रीमान् मुनिवर्य श्रीशुकदेवजी ने इस प्रकार वर्णन किया है। जिस मिलन में अनुष्टुप् छन्द से निबद्ध होने के कारण, थोड़े से कथनीय से युक्त, परम मनोहर भी यह श्लोक, अमृत से भरे हुए घड़े की तरह, अक्षयरस को उत्पन्न करता रहता है। यथा—श्रीयशोदा, श्रीरोहिणी, श्रीनन्द एवं बलवानों के अग्रगण्य श्रीबलराम, ये सब स्नेह से कातर होकर, श्रीकृष्ण का आलिङ्गन कर आशीर्वाद देने लगे ॥१६०॥

इस श्लोक का मार्मिक अर्थ यह है कि—देखो, अहह! बड़े खेद की बात है कि, नवनवनीत (माखन) के समान अत्यन्त सुकुमार यह हमारे लाला का शरीर, विशाल पर्वत के भार से कैसा श्रान्त होगया होगा? या हो रहा है, एवं हो जायगा, इस प्रकार स्नेहमय सन्देह की रीति से भयभीत हुए, वे श्रीयशोदा आदि स्नेहीजन, लाला का पर्वत धारण करने का जो क्लेशसमूह है, वह हम सबके शरीर के संसर्ग की निकटता से दूर हो जायगा। अपने अपने मन में ऐसा अभिप्राय करते हुए से, श्रीकृष्ण का आलिङ्गन करते करते, उसमें भी अविश्वासी से होकर, विशेष करके समस्त आशीर्वादों का प्रयोग करते हुए, अपने वंश को यशस्विता आदि से युक्त करते हुए से, श्रीयशोदा आदि नाम से प्रसिद्ध वे स्नेहीजन, बहुत देर तक अश्रुप्रवाह की उत्पत्ति के कारण, नेत्रों के दर्शन आदि व्यापार से रहित हो गये ॥१६१॥

वहाँ पर यद्यपि शीघ्र ही एकसाथ ही, चारों का मिलन हो गया था, तथापि प्रेम के तारतम्य का अनुक्रम करके श्रीकृष्ण का बोधक्रम, जिस कारण से वृद्धि को प्राप्त हुआ, उसी कारण श्रीशुकदेवजी ने उसी प्रेम के तारतम्य के अनुसार क्रमशः श्रीयशोदा, रोहिणी, नन्द इत्यादि रूप से वर्णन किया है ॥१६२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र ज्ञानक्रियाशक्तिभ्यां बलं बलमानस्यापि बलदेवस्य तादृशी स्नेहकातरता निरता, तत्र किमुतापरस्य । स खल्वपर एवेति ॥१६३॥

"तत्र च,—माता साश्रु ममार्ज वक्त्रमभितस्तातः शिखामस्पृशद्-
द्वावप्यङ्गकुलं निभाल्य परितः पप्रच्छतुः शन्तमम् ।
मित्राद्याः समवाहयन्नवयवानेवं व्रजस्थाः परे
प्रत्येकोचितमेव सेवनमधुः प्राणा हि सर्वस्य सः ॥१६४॥

"अत्रापरापि कौतुकपरम्परावधार्यताम् । गते च कंस-पक्षे यक्षे यदा स खलु वृद्धश्रवा वृद्धश्रवस्त्वमेवात्मानं प्रतिमन्यते स्म, तदा सावहित्थमिदमुत्थापितवान्,—'भो मदीयगणाः ! समवधीयताम् । स खलु दानवारिर्वारितमदुद्यमतया विपक्षवदाचरन्नपि वैरिशमनतया मया सहायतया निश्चितस्तत्परीक्षार्थमेव च तथा विभीषित इत्यभिनन्दनीय एव भवद्भिः' इति ॥१६५॥

"ततश्च सव्रज-व्रजराजनन्दननिष्क्रमाद्यनन्तरम्,—
दिवि देवगणाः साध्याः सिद्धगन्धर्वचारणाः । तुष्टुवुर्मुमुचुस्तुष्टाः पुष्पवर्षाणि सर्वतः ॥१६६॥
शङ्खदुन्दुभयो नेदुर्दिवि देवादिवादिताः । जगुर्गन्धर्वपतयो येषां तुम्बुरुरादितः ॥१६७॥

जिन श्रीकृष्ण के विषय में ज्ञानशक्ति एवं क्रियाशक्ति के द्वारा सामर्थ्य को धारण करने वाले, श्रीबलदेवजी की भी उस प्रकार की स्नेहमयी कातरता संघटित हो गई, उन्हीं श्रीकृष्ण के विषय में अन्य जनों का तो कहना ही क्या है ? क्योंकि वे श्रीबलदेवजी निश्चितरूप से श्रीकृष्ण से अभिन्न ही हैं ॥१६३॥

माता यशोदा सजलनयन होकर, श्रीकृष्ण के मुख को चारों ओर से पोंछने लग गई। पिताजी शिखा का स्पर्श करने लग गये। फिर दोनों ने ही समस्त अङ्गों को चारों ओर से देखकर, विशेष कुशलता की बातें पूछीं। मित्र आदि स्नेहीजन श्रीकृष्ण के हाथ, पैर आदि अवयवों को दबाने लगे। इसी प्रकार अन्य व्रजवासी भी प्रत्येक उचित सेवा को करने लग गये। क्योंकि श्रीकृष्ण सभी व्रजवासियों के प्राण हैं ॥१६४॥

यहाँ पर एक और भी कौतुक की परम्परा हुई, उसका भी श्रवण करो। यथा—कंस के पक्षपाती उस यक्ष के चले जाने पर, जब उस इन्द्र ने विचारा कि, मेरा यश तो अब बूढ़ा हो गया, तब आकार छिपाते हुए यह बात उठाई कि—हे मेरे सेवको ! तुम सब सावधान होकर सुनो। वह श्रीकृष्ण मेरे उद्योग के निवारण करने के कारण, बैरी का सा आचरण करने वाला होकर भी, मेरे बैरियों का विनाश करने वाला होने के कारण, मेरे द्वारा सहायकरूप से निश्चित किया गया है। उसकी परीक्षा के लिए ही, वह उस प्रकार भयभीत किया गया है। अतः आप सब के द्वारा वह श्रीनन्दकुमार अभिनन्दन करने योग्य ही है ॥१६५॥

पश्चात् पर्वत के नीचे से व्रजवासियों के सहित व्रजराजनन्दन के निकल आने के अनन्तर, आकाश में देवगण, साध्यगण, सिद्ध, गन्धर्व, चारण आदि सन्तुष्ट होकर, चारों ओर से स्तुति करने लग गये, एवं पुष्पों की वृष्टि करने लग गये ॥१६६॥

आकाश में देवता आदिकों के द्वारा बजाये गये शंख दुंदुभि आदि बजने लगे। गन्धर्वों के स्वामी गाने लगे, जिनके मुख्य तुम्बुरु कहलाते हैं ॥१६७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा दिवि भुवि स्थितैर्विविधवाद्यगीतादिभिः, कृतस्तवतया चलन्मुदितगोपवृन्दैर्वृतः ।
दिविष्ठमहिलाजयि-प्रकटगीतगोपीतति,-स्फुरत्परमसम्मदं व्रजमगाद् व्रजेशात्मजः ॥१६८॥

गर्तं प्रविष्टाः शकटादिदध्य,-क्षतान्तिमार्थप्रचिता यथा ते ।
तथा निवासं पुनराप्तवन्तः, किञ्चिन्न नाज्ञासिषुरर्थनाशम् ॥१६९॥

"गिरि-गर्तान्निष्क्रमणे यथोक्तं श्रीबादरायणिना (भा० १०।२५।२९)—'गोप्यश्च सस्नेहमपूजयन्मुदा दध्यक्षताद्भिः' इति ॥१७०॥

"गोपराज ! तव सूनुरीदृशः, शैलमप्यधृतः यः स्वकानवन् ।
यश्च शक्रमपि घातमन्तरा,-प्युद्धुतं व्यधित दूरदेशतः ॥१७१॥

धृत्वा गिरिमसौ नैकधुरतामागतः परम् ।
भवतां जगतां चागादपि सर्वधुरीणताम् ॥१७२॥

"तदेवं कथाप्रथनपूर्वकं पूर्ववन्निजनिजप्रयोजनाय कृतव्रजनायां जनतायामनु कृष्णं रवेः समस्तमस्तं यावत् कृतविहारौ सूतकुमारौ पुनरपि रजनीसभायां सभाजितौ नन्दिताजितौ बभूवतुः ।" ॥१७३॥

उस समय स्वर्ग एवं भूमि में स्थित अनेक प्रकार के वाद्य गीत आदिकों के द्वारा जिनकी स्तुति की गई है, अतः चलते हुए प्रसन्न गोपवृन्दों से जो घिरे हुए हैं, ऐसे श्रीव्रजराजकुमार, स्वर्गस्थ महिलाओं के गायन को जीतने वाले प्रगट गीत हैं जिनके, ऐसे गोपीसमूह के द्वारा अत्यन्त हर्ष जिसमें स्फूर्ति पा रहा है, ऐसे व्रज में पधारे ॥१६८॥

वे व्रजवासी गाड़ी आदि से लेकर, दधि अक्षत पर्यन्त वस्तुओं से युक्त होकर, जिस प्रकार श्रीगिरिराज के गर्त में अर्थात् नीचे प्रविष्ट हुए थे, उसी प्रकार आनन्द से अपने अपने निवास स्थान पर पुनः पहुँच गये। और अपनी वस्तुओं के किंचिद् भी नाश को न जान सके, अर्थात् उनकी जब कोई भी वस्तु नष्ट नहीं हुई, तब अर्थ के नाश को कैसे जान सकते थे ? ॥१६९॥

गिरिराज के नीचे से निकलने पर श्रीशुकदेवजी ने भी कहा है, यथा—गोपियों ने स्नेह एवं हर्ष के सहित दधि, अक्षत, एवं जल के द्वारा श्रीकृष्ण की पूजा की। इससे प्रतीत होता है कि व्रजवासियों की कोई भी वस्तु नष्ट नहीं हुई ॥१७०॥

इसके बाद कथावाचक श्रीव्रजराज से बोला—हे श्रीगोपराज ! आपका पुत्र ऐसा अद्भुत है कि, जिसने स्वकीयजनों की रक्षा करते हुए श्रीगिरिराज को भी धारण कर लिया। और जिसने मारेपीटे विना ही बहुत दूर के स्थान से इन्द्र को भी पराजित कर दिया ॥१७१॥

और गिरिराज को धारण कर यह तुम्हारा प्यारा लाला, केवल एक इन्द्र के लिए ही अग्रगण्यता को प्राप्त नहीं हुआ है, अपितु आप सब की एवं समस्त जगत् की सर्वाग्रगण्यता को प्राप्त हो गया है ॥१७२॥

इस प्रकार कथा के विस्तारपूर्वक पहले की तरह, अपने अपने प्रयोजन की सिद्धि के लिए, जनता जब सभामण्डप से चली गई, तब वे दोनों सूतकुमार भी, श्रीकृष्ण के पीछे पीछे सूर्य के समस्त अस्तगमन पर्यन्त विहार करके, फिर रात्रि की सभा में भी सम्मानित होकर, श्रीकृष्ण का अभिनन्दन करने वाले बन गये ॥१७३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्र प्रथमतः परमश्रेयसीं तत्प्रेयसीं प्रति स्निग्धकण्ठ उवाच,—॥१७४॥

"स्वल्पापि लीला भवदीयतां गता, विस्तारमायाति तथा बकी-रिपोः ।
राधे ! विवेक्तुं नहि शक्यते यथा, प्रथीयसी का वत का तनोयसी ?॥"१७५॥

"तामप्यस्माकं ग्रन्थलाघवाय सङ्कोचयतां कविषु लाघवमेव पर्यवस्यति । तथाप्यकुण्ठ-बुद्ध्या स्वयमेव सा बहुधा बुध्यताम्" इत्युक्त्वा भ्रातरमाह स्म,—"आर्य ! कथकाचार्य ! भूयः श्रूयताम्,—॥१७६॥

गिरेरेव परं सत्रं हरिणा न प्रकाशितम् । किन्तु श्रीराधिकादीनामाननेन्दुरुचेरपि ॥
यदा तु मखसम्भारः कृष्णेन विपुलीकृतः । तदालङ्कारसम्भारस्ताभिरप्युररीकृतः ॥
यदा दीपालिरज्वालि शिखरं शिखरं प्रति । स चामूश्च मिथस्तर्हि व्यदृश्यन्तावृतस्थलात् ॥
यदा प्रवर्तितस्तस्मिन् बकहन्त्रा गिरेर्महः । प्रावर्ति च तदा ताभिस्तद्दिदृक्षामहामहः ॥
यदा समुदिता जाता महिला भूमिभृन्मखे । तदा ता मुदिता जाता हरिदर्शननिश्चितेः ॥
कृष्णे संलापमाचेरुर्यदा विविधसुभ्रुवः । तदार्थबोधसदृशं दृशं ताश्च न्ययूयुजन् ॥

वहाँ पर प्रथमतः परमकल्याणकारिणी श्रीकृष्ण की अतिशय प्यारी, श्रीराधिका के प्रति स्निग्ध-कण्ठ बोला—॥१७४॥

हे राधिके ! आपकी एवं पूतनारि श्रीकृष्ण की थोड़ी सी लीला भी उस प्रकार विस्तार को प्राप्त हो जाती है कि—जिस प्रकार हर्ष के कारण "कौनसी लीला विस्तीर्ण है, एवं कौनसी अत्यन्त सूक्ष्म है" इसकी विवेचना नहीं की जा सकती ॥१७५॥

यद्यपि हम ग्रन्थ के लाघव के लिए उस विशाल लीला को संकुचित कर देते है, इतने पर भी कवियों के बीच में हमारा ही लाघव परिणत हो जाता है । तो भी आप अपनी अकुण्ठित बुद्धि से उस लीलाको स्वयं ही अनेक प्रकार से समझ लो । इतना कहकर अपने बड़े भाई से बोला—आर्य ! कथकाचार्य ! पुनः श्रवण कीजिये ॥१७६॥

देखो, भैयाजी ! श्रीकृष्ण ने केवल श्रीगोवर्धन का यज्ञ ही प्रकाशित नहीं किया, किन्तु श्रीराधिका आदि गोपियों के मुखचन्द्रों की रुचि का अर्थात् चन्द्रिका का, अथच अभिलाषा का भी महोत्सव प्रकाशित कर दिया था ॥१७७॥

श्रीकृष्ण ने जब गोवर्धन यज्ञ की पुष्टि का विस्तार किया, तब श्रीराधिका आदि गोपियों ने भी अलंकारसमूह को स्वीकार कर लिया ॥१७८॥

और जब गिरिराज के प्रत्येक शिखर पर दीपकों की पंक्ति प्रज्वलित हो उठी, तब श्रीकृष्ण एवं ये श्रीराधिका आदि गोपियाँ ढ़के हुए स्थान से आपस से दिखाई देते थे, अर्थात् आवरणयुक्त स्थल पर बैठकर भी सुखपूर्वक परस्पर दर्शन कर रहे थे ॥१७९॥

और उस व्रज में बकारि श्रीकृष्ण ने जब श्रीगिरिराज का महोत्सव प्रवर्तित किया, तब उन श्रीराधिका आदि गोपियों ने श्रीकृष्णदर्शनेच्छारूप महामहोत्सव चालू कर दिया ॥१८०॥

जिस समय व्रज की सारी महिलायें श्रीगिरिराजयज्ञ में सम्मिलित हो गईं, उस समय श्रीकृष्ण-दर्शन के निश्चय के कारण वे श्रीराधा आदि गोपियाँ हर्षित होगईं ॥१८१॥

जब अनेक प्रकार की स्त्रियाँ श्रीकृष्ण के विषय में आपस में भाषण करने लग गईं, तब उन श्रीराधा आदिकों ने अर्थज्ञान की समानता वाली अपनी दृष्टि को नियुक्त कर दिया ॥१८२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदाद्रिर्जनताहृष्टिं कृष्टवान् प्रकटीभवन् । आशाधाम ययुः स्वैरं तदासामक्षि-पक्षिणः ॥
यदा गोपूजनं कर्तुमारब्धं सर्वकैस्तदा । ताभिः प्रतिस्वं धेन्वर्चाप्रश्नास्पदमकारि सः ॥
यदा गोपालपूजाया महो व्यक्तमभूद्बहिः । तदा मनोमहस्तासां वक्त्रे वक्त्रे व्यलोक्यत ॥
गोपपृष्ठं यदा दृष्टं कन्या-पाण्यङ्कितं पुरु । तदासां पाणयः कृष्णं स्प्रष्टुमुत्कण्ठितां गताः ॥
होम-काले यदा कृष्णः प्राविशद्ब्रह्म-संसदि । हुतं बत तदा ताभिर्मानसं विरहानले ॥
गिरेः परिक्रमे यर्हि व्यवधानं ययौ हरिः । तदा तां व्यवधामेव गिरीयन्ति स्म तत्प्रियाः ॥
यष्टिं यह्यूर्ध्वक्षिपन् गृह्णन् कृष्णश्चक्राम तर्हि ताम् । दृष्ट्वा दूरादञ्जनाक्तैर्भानुजा भानुजायत ॥
यदा यदा मिथो रूपं द्रष्टुमासीदसम्भवम् । गवानुद्रवलक्ष्येण स तासां मध्यमद्रवत् ॥
धेन्वनुद्रवणव्याजात् स्पृशन् वव्राज यां हरिः । विल्लीवल्लीताड्यमानस्तया स स्तम्भमीयिवान्॥

विशालरूप से प्रगट होते हुए गिरिराज ने जनता की दृष्टि जब अपनी ओर आकर्षित करली, तब श्रीराधा आदि गोपियों के नेत्ररूपी पक्षियों ने स्वेच्छापूर्वक श्रीकृष्णदर्शन होने के कारण, आशारूपी घर को प्राप्त कर लिया ॥१८३॥

जब सब जनों ने गोपूजन करना आरम्भ कर दिया, तब श्रीराधा आदि गोपियों ने श्रीकृष्ण को प्रत्येक धेनुपूजा का प्रश्नास्पद बना लिया। अर्थात् प्रत्येक गोपी अपनी अपनी धेनुपूजा के विषय में श्रीकृष्ण से पूछने लग गई, अतः श्रीकृष्ण स्नेहानुसार सभी के प्रश्न के स्थान बन गये ॥१८४॥

जब गोपालपूजा का महोत्सव बाहर प्रगट हो गया, तब श्रीराधा आदि गोपियों का मानसिक महोत्सव प्रत्येक गोपी के मुख पर दिखाई देता था, अर्थात् उनकी मानसिक प्रसन्नता को उनके मुख प्रकाशित कर रहे थे ॥१८५॥

सभी ग्वालबालों की पीठ जब कन्याओं के हाथों के चिह्नों से अधिक चिह्नित देखी, तब श्रीराधा आदि सभी गोपियों के हाथ इसी बहाने श्रीकृष्ण को स्पर्श करने के लिए उत्कण्ठित हो गये ॥१८६॥

होम करने के समय श्रीकृष्ण जब ब्राह्मणों की सभा में प्रविष्ट हो गये, तब हाय ! हाय ! राधा आदि उन गोपियों ने अपने अपने मनको विरहानल में पटक दिया, अर्थात् विरहरूपी अग्नि में उसका हवन कर दिया ॥१८७॥

श्रीगोवर्धन की परिक्रमा के समय श्रीकृष्ण गोपियों की दृष्टि से जब व्यवधान को प्राप्त हो जाते थे, तब श्रीकृष्णप्रिया वे राधा आदि गोपियाँ उस व्यवधान को ही पर्वत के समान मानती थी ॥१८८॥

श्रीकृष्ण अपने लकुट को ऊपर की ओर फेंक कर पुनः ग्रहण करते हुए जब चल रहे थे, तब दूर से ही उस लकुट को देखकर वृषभानुनन्दिनी श्रीराधा कज्जलयुक्त नेत्रजल द्वारा, भानुनन्दिनी श्रीयमुना जी की सी चेष्टा करने लग गई, अर्थात् कज्जलयुक्त अश्रुप्रवाह से यमुना के समान श्यामवर्ण की होगई ॥१८९॥

और आगे पीछे चलने के कारण जब जब परस्पर का रूप देखने को असम्भव, अर्थात् कठिन हो जाता था, तब तब श्रीकृष्ण गैयाओं के पीछे पीछे दौड़ने के बहाने, उन राधा आदि गोपियों के बीच में दौड़कर चले जाते थे ॥१९०॥

गैया के पीछे दौड़ने के बहाने श्रीकृष्ण जिस राधा को छूकर चले गये, उसी राधिका के द्वारा उसकी भ्रूलता से ताड़ित होकर वे स्तम्भभाव को प्राप्त हो गये ॥१९१॥

CC-0. Swami Muktanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदा राधामनु स्पृष्टि दृष्टिरस्य गता तदा । अयं सर्वं विसस्मार किन्तु सस्मार तन्मुखम् ॥
यदा रात्रावभूद्वासः सर्वेषामेकधामनि । तच्छब्दमात्रतात्पर्याः श्रुतितां तर्हि ता ययुः ॥
कृष्णायास्तु यदा कृष्णश्चिक्रीड स्रोतसि स्वयम् । तदा मोदिन्यमूस्तस्मिन्नक्रीडन्नतिदूरतः ॥
भगिनीनां गृहे यर्हि भोक्तुमभ्याययौ हरिः । सख्यलक्ष्यात्तदा तासां सर्वास्तत्राप्यमूर्गताः ॥
यथापूर्वं यदा सर्वे प्रतिस्वं वासमव्रजन् ! तदा कारागृहे हन्त मेनिरे ताः पुनर्गतिम् ॥
यदा संवर्तमेघास्ते प्रावर्तन्त तदा तु ताः । अकामयन्त कृष्णाय स्वस्वच्छत्रायमाणताम् ॥
यदा सुहृद्भिश्छत्राद्यैर्लालितं तमलोकयन् । स्वाङ्गभेत्रीममूर्वृष्टिं तदा सौधीममंसत ॥
विच्छिन्नप्रखरासारच्छत्रे तत्रेह दीव्यति । कृष्णे स्वैरं गता दृष्टिं मेनिरे वृष्टिमामृतीम् ॥
अभिकृष्णं यदा सर्वः शैलगर्तेऽन्ववर्तत । गृहप्राप्तनिधीनां वा तदा तासां स्थितिर्मता ॥

स्पर्श करने के बाद श्रीकृष्ण की दृष्टि जब श्रीराधा की ओर चली गई, तब श्रीकृष्ण सब कुछ भूल गये, किन्तु श्रीराधिका के मुख को न भूले, अर्थात् उसी का स्मरण करने लग गये ॥१९२॥

रात्रि में जब सभी जनों का एक ही स्थान पर निवास हुआ, तब 'तत्' शब्द मात्र में तात्पर्य रखने वाली श्रुतियों के समान, वे श्रीराधा आदि गोपियाँ श्रीकृष्ण के शब्द मात्र में तात्पर्य रखती हुईं श्रवणनिष्ठ हो गईं । अर्थात् उस समय ध्यान देकर श्रीकृष्ण के प्रत्येक शब्द को सुनती रहीं ॥१९३॥

भ्रातृद्वितीया के प्रातःकाल श्रीकृष्ण जब यमुनाजी के स्रोत में स्वयं क्रीड़ा करने लग गये, तब श्रीराधा आदि गोपियाँ अति दूर होकर भी, हर्षयुक्त श्रीकृष्ण के ऊपर भाव प्रकाश करती हुईं क्रीड़ा करने लग लईं ॥१९४॥

श्रीकृष्ण जब जपनी बहिनों के घर भोजन करने को पधारे, तब श्रीकृष्ण की बहिनों के साथ मित्रता के बहाने, वे राधा आदि सब गोपियाँ भी, वहाँ पर चली आईं ॥१९५॥

सभी व्रजवासी पहले की तरह जब अपने अपने घर चले गये, तब हाय ! हाय ! वे गोपियाँ तो पुनः अपने अपने घर में जाने को कारागार में जाने के समान मानने लग गईं ॥१९६॥

जब प्रलयकालीन वे मेघ वर्षा करने में प्रवृत्त हो गये, तब तो वे गोपियाँ श्रीकृष्ण की सेवा के लिए, अपने को छत्र बनने की कामना करने लग गईं, अर्थात् यदि इस समय हमारा शरीर छाता बन जाता, तो श्रीकृष्ण के ऊपर सेवार्थ लग जाता, इस प्रकार की इच्छा करने लग गईं ॥१९७॥

जब मित्रों के द्वारा श्रीकृष्ण को छत्र आदिकों से सेवित देखा, तब श्रीराधा आदि गोपियों ने अपने अङ्गों का भेदन करने वाली वृष्टि को अमृत की वृष्टि समझा ॥१९८॥

और जिसके द्वारा तीक्ष्ण धारासम्पात विच्छिन्न हो जाता है, इस प्रकार के छत्र के नीचे श्रीकृष्ण जब क्रीड़ा कर रहे थे, तब स्वेच्छापूर्वक श्रीकृष्ण की दृष्टि में आई हुई उन गोपियों ने उस वृष्टि को, अमृत की वर्षा ही माना ॥१९९॥

श्रीगिरिराज के नीचे जब सब व्रजवासी श्रीकृष्ण के निकट बैठ गये, तब उन गोपियों की स्थिति ऐसी मानी गई है, जैसे कोई घर में ही निधि को प्राप्त करके चुप बैठ जाय, अर्थात् श्रीकृष्ण ही गोपियों के निधि हैं, वे घर में ही मानो मिल गये ॥२००॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

निमेषरहितास्तदा प्रतिनिमेषमासेदिरे, हरेर्मुख-सुधारसं रसनया दृगाकारया ।
अहोरजनिसप्तकं व्रजचकोरनेत्राः कियत्, कुतः सुकृतमुद्गतं न इति विस्मृतीरव्रजन् ॥

राधा तत्र सुखातिसीमदृशया युक्तापि मुक्तावली-
स्वच्छे नेत्रजले तदीक्षणभवे कोष्णत्वमित्थं गता ।
हा धिग् दैव ! सदैव नास्ति तव कोऽप्युच्चैर्विवेको यतः
कान्तस्यानिशदर्शितस्य च चिरादद्रिः करे दर्श्यते ॥२०२॥

यदा गिरिवरं दधे मुरहरस्तदा लोचनं, निजार्थितविनाकृतामपि दिशं स निन्ये मुहुः ।
इदं भजति राधिका दिगवलोकनाय च्छलं, कृते तदवलोकनं कृतमिदं कृती स्यादिति ।
कदाचिदिह चेत् प्रथां भजति राधिकाया मुखं, तदा फलमयं मम श्रमतमः प्रसज्जेदिति ॥
अयं गिरिवरं दधे करुणयेति कारुण्यवान्, समस्तमभि तर्क्यते तदिह चित्त ! धैर्यं भज ।
निरन्तरितलोचनप्रभववृष्टिमग्नीभवद्, वपुश्च तव रक्षितेत्यकृत भावमेषा तदा ॥

उस समय निमेषरहित वे गोपियाँ प्रत्येक निमेष में, दृष्टिरूप जिह्वा के द्वारा, श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र दर्शनरूप सुधारस को स्वादपूर्वक प्राप्त कर रही थीं। और व्रजवासिनी चकोरलोचना वे श्रीराधा आदि गोपियाँ, सात दिनरात पर्यन्त उसी सुधा का पान करती हुईं, इस बात को भी भूल गई थीं कि—हमारा यह कितना अनिर्वचनीय पुण्य कहाँ से उत्पन्न हुआ है ? ॥२०१॥

वहाँ पर सुख की चरमसीमा को प्राप्त होने वाली दृष्टि से युक्त हुई भी श्रीराधा, श्रीकृष्ण के दर्शन से उत्पन्न हुए मुक्तावली के समान स्वच्छ नेत्रजल में किंचित् उष्णता (गरमाई) को प्राप्त हो गई थीं। और बोलीं कि—हे दैव ! तुमको सदैव धिक्कार है, क्योंकि तुमको कोई भी ऊँचा विवेक नहीं है। कारण—तुमने जिन हमारे प्यारे का सात दिनरात निरन्तर दर्शन कराया, तुम उन्हीं के कमल कोमल कर पर इतने दिन तक इतना भारी पर्वत क्यों दिखा रहे हो ? ॥२०२॥

कथावाचक का वचन, यथा—मुरारि ने जब गिरिराज को धारण किया, तब अपने नेत्र को वे स्वकीय प्रार्थना से शून्य दिशा की ओर भी बार बार ले जाते थे। उसका अभिप्राय यह है कि यह मेरा नेत्र श्रीराधिका की ओर देखने के लिए छलबल कर रहा है। यदि इसने श्रीराधा का दर्शन कर लिया, तब तो यह कृतकृत्य हो जायगा। दूसरा भाव यह है कि—यदि कदाचित् श्रीराधिका का मुख मेरे इस नेत्र की ओर उठ जायगा, तब तो मेरा यह गोवर्धन धारण करने का भारी परिश्रम सफल हो जायगा ॥२०३॥

इन दयालु श्रीकृष्ण ने दया करके ही गिरिराज को धारण किया है। सभी जन इस प्रकार की तर्कना करते हैं। अतः हे मेरे चित्त ! तुम यहाँ पर धैर्य धारण करो। उस समय श्रीराधिकाजी ने इस प्रकार का भाव भी किया था कि—हे मेरे चित्त ! जो दयालु(कृष्ण)इन्द्र कृत वृष्टि में मग्न होते हुए व्रज की रक्षा करेंगे, वे ही निरन्तर मेरे नेत्रों से उत्पन्न होने वाली वृष्टि में मग्न होते हुए, तुम्हारे शरीर को भी बचा लेंगे ॥२०४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गिरेर्गर्तान्निष्क्रामणवचनमाकर्ण्य दयिता, मुरारेस्तं प्राणप्रतिममपहायापि निरयुः ।
स एवं तं भारं बत विसृजतीत्थं स तु परं, तदासां विश्लिष्टेर्भरमसहमानो निरगमत् ॥

किं गिरेर्विवरतो बहिर्गतः, किं स वा स्वहृदयादिति स्फुटम् ।
नातिबोद्धुमशकन् हरिप्रिया,-स्तर्हि यर्हि निरगादसौ प्रियः ॥२०६॥
यद्दृगम्बु ववृषुः स्तनभूभृद्, भूरिभूमिबलयेषु मृगाक्ष्यः ।
उद्धृतप्रथिलभूभृति तस्मिं,-स्तत् किमप्यकथयन्निजहार्दम् ॥"२०७॥

अथ समापनमाह,—

"राधे ! परितो यासीद्,-गोवर्धनधारिणस्तदा करुणा ।
सास्रान्नयनप्रान्तात्, प्रान्तात्त्वय्येव सा सुविश्रान्ता ॥"२०८॥

तदेतदपि कथनशेषं समाप्य पूर्ववदेव सूतसुतयोर्गतयोः सर्वेऽपि यथास्वं प्रस्थिताः ॥२०९

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु गोत्रभिद्गर्वखण्डन-गोवर्धनगोत्रमानवर्धनं नामाष्टादशं पूरणम् ॥१८॥

पर्वत के गर्त से अर्थात् नीचे से निकलने के लिए श्रीकृष्ण के वाक्य को सुनकर, कृष्णप्रिया वे राधा आदि गोपिकायें, उन प्राणप्रियतम श्रीकृष्ण को त्यागकर बाहर निकल आईं । श्रीकृष्ण को त्याग कर गिरिराज के नीचे से निकलने का उनका यह भाव था कि—वे हमारे प्राणप्यारे उस भार को उतार रहे हैं, अतः हमको शीघ्र निकलना ही उचित है। किन्तु श्रीकृष्ण तो उस समय उन राधा आदि गोपियों के वियोग के भार को मानो न सहते हुए, शीघ्र ही गिरिराज के नीचे से निकल पड़े ॥२०५॥

गोपीप्रिय श्रीकृष्ण गिरिगर्त से जब निकल पड़े, तब कृष्णप्रिया गोपियाँ स्पष्टरूप से यह भी समझने को समर्थ न हुईं कि—वे श्रीकृष्ण पर्वत के विवर से बाहर निकले हैं क्या ? अथवा अपने हृदय से निकले हैं क्या ? ॥२०६॥

और मृगलोचना गोपियों ने अपने अपने स्तनरूपी पर्वतों के अधिकतर भूमिमण्डलों के ऊपर जिस नेत्रजल की वर्षा की, उस नेत्रजल ने उठाने के कारण विख्यात कर दिया है गिरिराज को जिन्होंने, उन श्रीकृष्ण के प्रति अपने किसी अनिर्वचनीय हार्दिक भाव को कह दिया । अर्थात् अपने अपने स्तनरूपी पर्वतों पर बरसता हुआ गोपियों का नेत्रजल, यह भाव प्रकाशित कर रहा था कि—हे श्यामसुन्दर ! इन्द्र कृत वृष्टि से व्याकुल व्रजवासियों को बचाने के लिए, जैसे आपने गोवर्धन का उद्धार किया है, इसी प्रकार इन स्तनरूपी पर्वतों का उद्धार करके इन्हें भी बचा लो ॥२०७॥

पश्चात् स्निग्धकण्ठ समाप्ति का वचन बोला—हे श्रीराधिके ! गोवर्धन धारण के समय गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण की जो करुणा चारों ओर बरस रही थी, वह तो श्रीकृष्ण के सजल नयनप्रान्त से प्रान्त को पाकर, अर्थात् ठिकाने को पाकर तुममें ही अच्छी प्रकार विश्राम कर रही थी ॥२०८॥

अतः इस कथन शेष को भी समाप्त कर, पहले की भाँति उन दोनों सूतकुमारों के चले जाने के बाद, सभी जन यथायोग्य अपने अपने घर को चल दिये ॥२०९॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये इन्द्रमानमर्दन-गोवर्धनपर्वतमानवर्धन-नामकं
अष्टादशं पूरणं संपूर्णम् ॥१८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथैकोनविंशं पूरणम्

इन्द्रत्वस्तम्भनं गवेन्द्रत्वप्राप्तिश्च

अथ प्रभाते सभातेजसा विभातयोः सूतजातयोर्मधुकण्ठनामा कथयामास,—॥१॥

"तदेवं तादृक्सम्पदि प्रतिपदि गोवर्धनसमर्धनं सिद्धम् । तृतीयामारभ्य नवम्यधिकं रम्यं तद्धारणमद्धावधार्यताम् ॥२॥

"अथ तादृशदृशा रम्यायां दशम्यां श्रीव्रजराजसमाजमनु निमन्त्रणया प्रामाणिकमणिक्य-व्रजजनाः सुखयोजनं भोजनं संयुज्य मुखवासनं मुखवासनमुपयुज्य वार्तां वर्तयामासुः ॥३॥

"यत्र क्षितिधरधारणनिध्यानान्निर्धारयन्तः पूतनावधादिकमेतदवधिकमसम्भावितं सम्भावितं चाविशेषतया तत्कर्मविशेषतया गणयामासुः ॥४॥

"पुनश्चैवमाहुः,—

'वावहिः पर्वतं बालः सासहिर्न तु चाचलिः ।
बहिरेव यथा वृष्टिः पापतिर्न तदन्तरे ॥'५॥

"तदेवं परमप्रभावता तावद्विस्मयजननी जननीतिमतिक्रामति । तस्यामपि सत्यामत्या-

---

उन्नीसवाँ पूरण

इन्द्रत्व की रुकावट और गवेन्द्रत्व की प्राप्ति

अनन्तर प्रातःकाल सभा के तेज से देदीप्यमान दोनों सूतपुत्रों के मध्य में से मधुकण्ठ नामक कहने लगा—॥१॥

अतः पूर्वोक्त प्रकार से उत्सवरूप सम्पत्ति से युक्त, कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा के दिन, श्रीगोवर्धन का अच्छी प्रकार वर्धन, अर्थात् पूजन कार्य सिद्ध हो गया । तृतीया के दिन से लेकर नवमी पर्यन्त, उस गोवर्धन का धारण यथार्थरूप से अवधारण (निश्चय) समझो ॥२॥

पश्चात् उस प्रकार की दृष्टि से रमणीय दशमी के दिन, श्रीव्रजराज के समाज को लक्ष्यकर, विज्ञ-शिरोमणि व्रजवासीजनों ने निमन्त्रणपूर्वक सुखदायक भोजन करके, मुखसौरभजनक ताम्बूल आदि वस्तु सेवन कर यह बात चलाई ॥३॥

जिस बातचीत में गोवर्धन धारण के देखने के कारण, निश्चय करते करते, पूतना के वध से लेकर गोवर्धन के धारण पर्यन्त, असम्भावित एवं सम्भावित समस्त श्रीकृष्ण के कर्म को विशेषता की गिनती में लाने लग गये ॥४॥

पुनः इस प्रकार बोले—देखो ! इस बालक ने विशाल पर्वत को अतिशयेन धारण कर लिया, पर्वत के अतिशय भार को भी अतिशयेन सह लिया, किन्तु किंचिद् भी चलायमान नहीं हुआ । और आश्चर्य देखो ! वर्षा जैसे पर्वत के बाहर ही बार बार पड़ती रही, उस प्रकार पर्वत के भीतर तो बिन्दुमात्र भी नहीं पड़ी ॥५॥

इस प्रकार तुम्हारे लाला की अधिक प्रभावशालिता आश्चर्यजनक है, एवं लौकिक नीति का अतिक्रमण कर रही है, अर्थात् अलौकिकता की द्योतक है । और उस अधिक प्रभावशालिता के रहते हुए

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सक्तिमयस्नेहचयस्वभावता मादृशामन्यादृशामपि तस्मिन्निश्चिता विस्मितिमातनोति । तस्य च मादृक्षु विसदृक्षु च यासौ लक्ष्यते, सा तु परमविलक्षणतयातीव वैलक्ष्यं लक्षयति ॥६॥

"किञ्च, प्रत्येकं स्वे तनूजे प्रबलयति जनः स्वैरमेवानुरागं
सर्वेषां नस्त्वदीये स कथमथ कथं शक्यते नापि मोक्तुम् ।
सर्वेष्वप्यस्य सोऽयं स्फुरति सहभवस्तादृगेव व्रजेश !
स्मारं स्मारं तदेतत् न कथमपि मनागुक्तियुक्ती व्रजामः ॥७॥

"तदेवं प्रवणतया श्रवणतः श्रीमान्नन्दः प्रजातानन्दः प्रणयमयतया सम्मतसमयतया च गर्गसिद्धान्तवर्गमेवानुगद्य निरवद्यसौहृद्यतस्तेषामसमन्देहोद्भवसन्देहोद्यमं संयमनमनैषीत्, ॥८॥

(भा० १०।२६।१५) 'श्रूयतां मे वचो गोपा ! व्येतु शङ्का च वोऽर्भके' इत्यादिना । अन्ते चोक्तवान्,—

'यदवधि मामुपदिश्य, प्रास्थित गर्गस्तदवधि जानामि ।
शिशुरयमद्भुतचर्यां, बलयति नारायणीयया शक्त्या ॥'९॥

"तदेवं श्रीमन्नन्दराजवाक्यतस्तदवकलनानन्दभाजस्तं यदा समस्तजनाः समस्तजनानन्दन-तन्नन्दनवार्तया नन्दयन्तः सन्ति स्म, तदा निजवृन्दैर्वृन्दारकैश्च वन्द्यमानतया नन्द्यमानतया च वृन्दावनचन्द्रः सहसा सहरामः समाजगाम ॥१०॥

भी, हे व्रजराज ! तुम्हारे उस लाला में हम जैसों की तथा अन्य जैसों की भी, आसक्तिमय स्नेहसमूह की सहज पराकाष्ठा निश्चितरूप से है, अतः वह पराकाष्ठा जनमात्र के लिए विस्मय का विस्तार करती है। और उस श्रीकृष्ण की हम जैसों पर एवं अन्यान्य व्यक्तियों पर जो स्नेह की पराकाष्ठा देखी जाती है, वह तो अत्यन्त विलक्षणतापूर्वक महान् आश्चर्य को दिखाती है ॥६॥

किंच प्रत्येक जन अपने अपने पुत्र के ऊपर स्वेच्छापूर्वक अनुराग को बढ़ाता रहता है, किन्तु आपके पुत्र श्रीकृष्ण के ऊपर हम सबका वह अपूर्व अनुराग क्यों है ? और वह छोड़ा भी क्यों नहीं जाता है ? हे व्रजराज ! श्रीकृष्ण का वह सहज अनुराग हम सब पर भी वैसा ही स्फूर्ति पा रहा है। इसलिए हम सब तो इन बातों को बार बार याद कर, किसी प्रकार कुछ भी कह नहीं पाते, एवं किसी समाधान की युक्ति को भी नहीं प्राप्त कर पाते हैं ॥७॥

इस प्रकार व्रजवासियों के वचनों को नम्रतापूर्वक श्रवण करने से आनन्दित हुए श्रीमान् नन्दरायजी ने, अधिक प्रेमपूर्वक एवं प्रतिज्ञा की सम्मति देकर, श्रीगर्गमुनि के सिद्धान्तवर्ग का अनुवाद करके प्रशंसनीय सुहृदता से उन व्रजवासियों की प्रशंसनीय चेष्टा से उत्पन्न सन्देह के उद्योग को शान्त कर दिया ॥८॥

और हे गोपगणो ! मेरे वचनों को सुनो। एवं इस बालक के प्रति जो तुम्हारी शंका है, वह दूर हो जाय, इत्यादि कहकर, अन्त में भी यह वचन कहा कि—जब से श्रीगर्गाचार्यजी मुझको उपदेश देकर चले गये, तब से मैं तो दृढ़तापूर्वक यही जानता हूँ कि, यह मेरा बालक श्रीनारायण भगवान् की शक्ति के द्वारा अद्भुत लीला को प्रगट कर देता है ॥९॥

इस प्रकार श्रीनन्दरायजी के वचन सुनकर, आनन्द को प्राप्त हुए समस्त जन, जब श्रीनन्दरायजी को समस्तजनआनन्दप्रद उनके पुत्र की बातों से आनन्दित करते हुए सभा में विद्यमान थे, उसी समय

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"समाजश्चायं सममेव तं परिवेष इव परितश्छादयामास, चकोरवार इव तत्कान्तिमास्वादयामास, कुमुदसमुदय इव तदभिमुखतया स्वं प्रसादयामास, चन्द्रकान्तसंघ इव निजमङ्गमङ्गमार्द्रतामासादयामास, वारांनिधिरिव चात्मानमुल्लोलतया सम्पादयामास ॥११॥

"तदेवं स्थिते सर्वस्मिन्नपि स्वस्थतया चावस्थिते क्षणकतिपये च प्रस्थिते सर्व एव ते सामाजिकाः प्रतिस्वममन्देन्दिरादात्ममन्दिरादानीतपीतसितासित - प्रशस्त - वस्त्रसङ्करं सदलङ्करणादिकं तञ्च तद्भ्रातरं तत्पितरञ्च पृथक् प्रथगलङ्काराय स्वीकारयाञ्चक्रुः ॥१२॥

"यथैवं बहिरेभिराचरितम्, तथान्तःपुरे सराममातृकां गिरिधरस्य मातरमभि चैषां महिलाभिर्विरचितमिति निर्विशेषमेव तदुभयत्र पर्वासीत् ॥१३॥

"अथ सुरपुरे सुरेशस्य वृत्तमनुवृत्यताम् ॥१४॥

"इतो गत्वा दैन्यं मत्वा स्खलदोजा विडौजाः क्षयं गच्छन्नप्यसौ क्षयमृच्छन्निव स्थितवान्न तु शचीमचीकमत, न च निर्जरसदसि निर्जगाम ॥१५॥

श्रीवृन्दावनचन्द्र कृष्णचन्द्र निज बन्धुवृन्द एवं देववृन्द के द्वारा वन्दित एवं आनन्दित होकर, श्रीबलरामजी के सहित सहसा वहाँ आ गये ॥१०॥

सभा में बैठा हुआ वह गोपसमाज सूर्य के चारों ओर मण्डलाकार परिधि के समान, श्रीकृष्ण को चारों ओर से एकसाथ घेरने लग गया। चकोरसमूह की तरह श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र की चन्द्रिका का आस्वाद लेने लग गया, कुमुद समुदाय की तरह उनके सम्मुख होकर अपने को प्रसन्न करने लग गया, चन्द्रकान्तमणियों के समूह की तरह अपने प्रत्येक अंग को आर्द्र करने लग गया, और समुद्र की तरह अपने को उछालने लग गया, अर्थात् पूर्णचन्द्र के उदय पर समुद्र जैसे उत्ताल तरङ्ग हो जाता है, वैसे ही व्रजवासी गोपसमाज श्रीकृष्णचन्द्र को देखकर आनन्द से उछलने लग गया ॥११॥

ऐसी स्थिति में जब सब स्वस्थ होकर अपने अपने स्थान पर बैठ गये, एवं कुछ क्षण बीत गये, तब वे सभी सामाजिक गोपगण, प्रत्येक ही उत्कृष्ट लक्ष्मी (सम्पत्ति) से युक्त अपने अपने घर से लाये गये पीत, श्वेत, नील रङ्ग वाले प्रशंसनीय वस्त्रों से युक्त सुन्दर सुन्दर अलंकार आदि वस्तुओं को, श्रीकृष्ण को, उनके भ्राता बलदेवजी को, एवं उनके पिता श्रीनन्दजी को अलग अलग शोभार्थ धारण करने के लिए स्वीकार कराने लग गये, अर्थात् तत्काल धारण कराने लग गये ॥१२॥

जिस प्रकार बाहरी सभा में इन व्रजवासियों ने रचना की, उसी प्रकार अन्तःपुर में उन व्रजवासियों की स्त्रियों ने बलराम की माता श्रीरोहिणी के सहित गिरिधारीलाल की माता श्रीयशोदाजी को वस्त्र एवं अलंकार आदि धारण करा दिये। इस प्रकार दोनों जगह समान ही महोत्सव हुआ ॥१३॥

अब स्वर्ग में हुए इन्द्र के वृत्तान्त का अनुसरण करो ॥१४॥

व्रज से लौटकर, दीनता को मानकर, तेजरहित हुआ इन्द्र अपने घर जाते हुए भी मानो मरने की सी इच्छा करके बीच में ही ठहर गया। किन्तु न तो उसने इन्द्राणी की इच्छा की, और न वह देवसभा में ही गया ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं वर्ण्यमानमवकर्ण्य वाचस्पतिर्वास्तोष्पतिमनुरहसं भर्त्सयामास; यतः स खलु विबुधानामपि विबुधः ॥१६॥

"भर्त्सनं यथा,—

'यस्मादभजसि विष्णुं, जिष्णो ! तस्मादनेधितासे त्वम् ।
न विना चन्द्रं विन्दति, जीवनवृत्तिं वनस्पतिः कोऽपि ॥१७॥

अथवा सहस्रदृशमप्यहो ! भवादृशमभिभूय भृशीभवन्तौ तादृशौ मदान्धता नासदृशौ, यतः सुरेशोऽसि । किन्त्वमृतपता तव कथं मृतपता जाता ? यतस्त्यक्तप्राणप्रायकाय-प्रणयतः प्रमादः सोऽयमापतितः ॥१८॥

'तथा च स्मरन्ति—

अपस्नात इव स्नातोऽप्यलमस्पृश्य एव सः ।
मृतकं वपुरासञ्जन् यः सद्भ्यो भयदायकः ॥१९॥

'किञ्च, वृषाह्वय ! तव चेदमत्यविचारत एव ॥२०॥

'तथाहि—यदालम्बाजनः प्राणं यस्माद्रक्षितुमिच्छति ।
वैपरीत्यं तयोः कुर्वन्नुन्मत्तो न कथ्यते ॥'२१॥

इस प्रकार के वर्णित समाचार को किसी दूत से सुनकर बृहस्पति ने इन्द्र को एकान्त में फटकार लगाई। क्योंकि बृहस्पति देवताओं के भी पुरोहित पण्डित हैं, अतः सबके सामने इन्द्र को फटकारना उचित न समझकर एकान्त में फटकार लगाई ॥१६॥

फटकार, यथा—हे इन्द्र ! जिस कारण से तू विष्णु (श्रीकृष्ण) का भजन नहीं करता, उसी कारण से तू वृद्धि को नहीं पायेगा। क्योंकि चन्द्रमा के बिना कोई भी वृक्ष जीवनवृत्ति को नहीं प्राप्त कर पाता ॥१७॥

अथवा तुम जैसे हजार नेत्र वाले को भी दबाकर अधिकता को पाती हुई वैसी मदान्धता अयोग्य नहीं है, अर्थात् उचित ही है, क्योंकि तुम 'सुराणामीशः' के अनुसार सुरेश हो, निन्दा पक्ष में—"सुरायाः मदिरायाः ईशः" के अनुसार मदिरेश हो। तात्पर्य-मदिरा के स्वामी की मदान्धता स्वतः सिद्ध है। किन्तु तुम्हारा अमृत पीने का भाव चाण्डालता को कैसे पा गया ? क्योंकि प्रायः प्राणरहित काया में स्नेह के कारण ही यह प्रमाद उपस्थित हुआ है ॥१८॥

देखो, पण्डित लोग इसी बात का स्मरण रखते हैं कि—जो प्राणी सज्जनों के लिए भयदायक है, वह तो मृतकतुल्य अपने देह में आसक्ति करता हुआ, स्नान करने पर भी मृतक के उपलक्ष्य में स्नान करने वाले की तरह अधिक अस्पृश्य ही है ॥१९॥

किंच हे वृषाह्वय ! पक्षे—हे बैलनामक ! यह सब कार्य तुम्हारे अविचार से ही हुआ है ॥२०॥

देखो, जनमात्र जिसके आश्रय से, एवं जिसके द्वारा अपने प्राणों को बचाना चाहता है, उन अंतर्यामी एवं परमात्मा के विपरीत आचरण करता हुआ प्राणी, उन्मादी ही कहा जाता है ॥२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इन्द्र उवाच,—'अविचारितमेवाचरितमिदं मया, भवद्भिस्तु साम्प्रतं साम्प्रतमुपदिश्यताम् ।' ॥२२॥

"वाचस्पतिरुवाच,—'शतमन्यो ! तादृशविसदृशतायां शतधृतिरेव धृतिमासादयिता; तस्मात्तदनुसरणमेव शरणम् ।' ॥२३॥

"तदेवं जम्भभेदी सखेदीभवन्नवधाय धातारमेव गत्वा सङ्कोचममत्वा स्वापराधमवधारयामास ॥२४॥

"स तूवाच,—'हन्त ! विबुधाधिपेनाप्यबुधेन भवता भवता दुःसाधबाधः सोऽयं महानेवापराधः कृतः; यं खलु साधवः सकृदप्यवधारयन्तस्त्वामवधीरयन्तः सावधानाः श्रोत्रमपिदधते । तथापि सृष्टिविधित्सादुर्विधिना विधिना मया तदिदमुपदिश्यते । पूर्वं तन्महिमजिज्ञासया धाष्ट्यं मनुष्ठितमस्तीति तन्मात्रकिल्विष-विषमविषमविषहमानेन मया दुर्मानमयागाधभवदपराधक्षमापणाय क्षमता न लभ्यते ॥२५॥

'किन्तु,—

'गवां कण्डूयनं कुर्याद् गोग्रासं गोप्रदक्षिणाम् । नित्यं गोषु प्रसन्नासु गोपालोऽपि प्रसीदति ॥'

इति गौतमादि-सम्मत्या गोजातिषु प्रीतिरीतिपरीतस्य तस्य क्षमापणाय कातरस्त्वं तज्जातिमातरं सुरभीमेव भजस्व, न चेदसुरतः सुरभीसङ्गतिर्भविष्यति ।' ॥२६॥

इन्द्र बोला—मैंने तो यह सब बिना विचारे ही कर डाला । किन्तु अब आप योग्य उपदेश दीजिये ॥२२॥

बृहस्पति बोले—हे इन्द्र ! उस प्रकार की विषमता में तो ब्रह्मा ही धैर्य धारण करायेंगे । अतः उनका अनुसरण करना ही एकमात्र रक्षक दिखाई देता है ॥२३॥

अतएव इन्द्र इस प्रकार खेदयुक्त होकर, सावधान होकर, ब्रह्मा के पास जाकर, संकोच को न मान कर, अपने अपराध को निश्चित करने लग गया ॥२४॥

ब्रह्मा बोले—हाय ! तुमने विबुधों के, अर्थात् देवताओं के एवं पण्डितों के अधिपति होकर भी, मूर्ख बनकर यह महान् अपराध कर डाला है, जिसका निराकरण तुम्हारे द्वारा कठिन है । क्योंकि जिस अपराध को एक बार निश्चय करते हुए, साधुजन तुम्हारा तिरस्कार करते हुए, सावधान होकर अपने कानों को भी ढ़क लेते हैं । तथापि सृष्टि के निर्माण की इच्छारूप दुर्विधि (दुष्टविधान) वाला मैं विधि, तुमको यह उपदेश देता हूँ कि, पहले श्रीकृष्ण की महिमा के जानने की इच्छा से, मैं भी धृष्टता कर चुका हूँ । अतः उस धृष्टतामात्र पापरूप विषम विष को न सहता हुआ, मैं तो दुष्ट गर्वरूप तुम्हारे अगाध अपराध की क्षमा कराने के लिए क्षमता (योग्यता) को नहीं प्राप्त कर पाता हूँ ॥२५॥

किन्तु धार्मिक जन को प्रतिदिन गोगण का कण्डूयन (खुजलाना), गोग्रास, गोप्रदक्षिणा करनी चाहिये । क्योंकि गोगण के प्रसन्न होने पर, गोपाल भी प्रसन्न हो जाते हैं । इस प्रकार गौतम आदिकों की सम्मति के अनुसार गोजाति में प्रीति की रीति से व्याप्त, उन श्रीकृष्ण की क्षमा याचना के लिए तुम कातर होकर, उस गोजाति की माता कामधेनु की ही सेवा करो । यदि ऐसा न करोगे तो दैत्यों से देवताओं के लिए पुनः भय की सङ्गति उपस्थित हो जायगी ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ सुनासीरस्त्वसुरभीतः सुरभीलोकमासाद्य सद्यस्तदवद्यचरितप्रचाराद्विमनसमपि तां मातुः स्वसारं मुहुः प्रसाद्य वेधसः सविधमेवानिनाय ॥२७॥

"ततश्च विधातेदमभिदधे,—'अयि ! सुरभि ! सुरपति-भी-सान्त्वनार्थमसुरान्त-कस्यान्तिकं गच्छ; गत्वा च त्वमस्य नूनमेवमेव लब्धदुश्च्यवननाम्नः परकिल्विषकीर्तनभिया किल कविपरिषदुपेक्षणीयतन्नामधेयस्य कृष्णतश्च्यवनं विच्यावय। तच्च स्वसम्पदुपकण्ठ-कुण्ठीकृतापरवैकुण्ठलोकगोलोकमहेन्द्रता मर्त्यलोकेऽप्यस्य व्यक्तीभवतादिति; तदभिषेक-सेवातिरेकतः सम्भविता।' इति ॥२८॥

"अथ हरिवासरदिवसे सुरभिः सुरराजमनु वृन्दावनभूपरि भुवर्लोकभागमागम्य तदवसरं प्रतीक्षामास। तत्र च दूरतः सुरपतिं सुरभिरभिहितवती,—॥२९॥

'नासौ मेघः पश्य गोवर्धनाद्रि,-र्नायं नव्यस्तस्य भागः स कृष्णः।
नेयं विद्युल्लोलपीतांशुकश्री,-र्नैतन्मन्द्रं गर्जितं नर्मवार्ता ॥३०॥

तदनन्तर इन्द्र असुरों से भयभीत होकर, सुरभीलोक में जाकर, तत्काल उस अपने निन्दित चरित्र के प्रचार से खिन्नमन वाली भी, अपनी मौसी उस कामधेनु को वार वार अनुनय विनय से प्रसन्न कर, ब्रह्माजी के पास ही लिवा लाया ॥२७॥

पश्चात् ब्रह्माजी ने यह कहा कि—अयि सुरभि ! तू इन्द्र के भय की सान्त्वना के लिए, असुरों का अन्त करने वाले श्रीकृष्ण के पास चली जा। और वहाँ जाकर तुम निश्चितरूप से इसी प्रकार, दुश्च्यवन नाम को प्राप्त करने वाले, एवं दूसरे का पाप कहने के भय से, विज्ञजनों की सभा में जिसका नाम उपेक्षित है, अर्थात् नहीं लिया जाता, ऐसे इस इन्द्र का कृष्ण की ओर से जो पतन हो गया है, उसको सँभालो। (इन्द्र का नाम दुश्च्यवन क्यों है ? इसका व्युत्पत्तिलभ्यार्थ यह है—"दुःसहश्च्यवननामा ऋषिर्यस्य", अर्थात् असह्य है च्यवन ऋषि जिसको, अथवा "दूषिते पापरूपे विषये च्यवते पततीति दुश्च्यवनः" दूषित पापरूप विषय में जो धड़ाम से गिर पड़ता है, इसीलिए इन्द्र का नाम दुश्च्यवन पड़ गया है) और ऐसा करने से अपनी सम्पत्तिस्वरूप गोधन की समीपता के कारण, दूसरे वैकुण्ठ आदि लोक कुण्ठित कर दिये हैं जिसने, ऐसे गोलोक को महेन्द्रता का पद मर्त्यलोक में भी श्रीकृष्ण का प्रगट हो जाय, अर्थात् भूलोक में भी श्रीकृष्ण गोलोकमहेन्द्र कहलावें ऐसा कार्य करो। वह गोलोकेन्द्र पद भी श्रीकृष्ण का अभिषेक एवं सेवा की अधिकता से ही सम्भव हो सकेगा ॥२८॥

तदनन्तर एकादशी के दिन कामधेनु, इन्द्र के साथ श्रीवृन्दावन की भूमि के ऊपर "भुवर्लोक" के विभाग में आकर, श्रीकृष्णाभिषेक के अवसर की प्रतीक्षा करने लग गई, और वहाँ पर इन्द्र के प्रति दूर से ही बोली—॥२९॥

हे इन्द्र ! देखो, यह मेघ नहीं है, किन्तु श्रीगोवर्धन पर्वत है। यह गोवर्धन का कोई नवीन एक भाग (अंश) नहीं है, किन्तु वह श्रीकृष्ण है। यह बिजली नहीं हैं, किन्तु चंचल पीताम्बर की शोभा है, एवं यह मन्द मन्द मेघ की गर्जन नहीं है, किन्तु सखाओं के साथ श्रीकृष्ण की परिहासमयी वार्ता है ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'पश्य पश्य, सम्यगुत्पतिष्णुः पतगजिष्णुर्विष्णुवाहनः सोऽयमस्मदप्युपरिभागमारूढः सन् विद्युद्गूढवारिदवार इव यस्य छायाभिच्छत् किल यत्र छायां प्रसारयति ॥३१॥

'सोऽयं तु,—

श्रीगोवर्धनशैलरत्नदृशदि प्रक्षिप्तशुभ्रास्तरे
वामोरुस्थितकञ्जचारुचरणे सव्यं करं दक्षिणे ।
न्यस्यन्नन्यमपूर्वरूपमुरलीनाले मनागत्र नः
स्मेरेणाक्षितटेन सन्दधदहो मन्ये कृपां वर्षति ॥३२॥

'अत्र चायमस्मन्मिलनमङ्गीकुर्वन्नेव सङ्गिनः प्रसङ्गान्तराय प्रस्थापितवान्, बलदेवश्च नाद्य वनमागतवानिति चास्थीयते; तस्मादतिस्वच्छतरचेतसमसुं भवांस्तावन्निभृततया निभृतमव्यग्रतया चाभ्यग्रं गत्वा दण्डवन्नत्वा प्रसादयितुमर्हति ॥३३॥

'यतः, स्वयमपराध्यति कुरुते, प्रभुमभि तन्मार्जने सहायं यः ।
तस्येदं परशक्तेः, दर्शनमथ नैव दैन्यस्य ॥३४॥
यस्मिन् स्वयमपराधी, नमति रहस्तं सहायनिर्विण्णः ।
कृपयति सा जनमात्रं, दैन्यावस्था महाजनं किमुत ? ॥३५॥

'ततश्च पश्चादेव विशेषनिवेदनायाहमायास्यामि ।' ॥३६॥

और देखो ! देखो, अच्छी प्रकार उड़ने वाले, पक्षीराज ये श्रीगरुड़जी हमारे से भी ऊपर के भाग में चढ़कर, बिजली से ढ़के हुए मेघसमूह की तरह, जिन श्रीकृष्ण की छाया की, पक्षे—आश्रय की इच्छा करते हुए, गोवर्धन के ऊपर अपनी छाया का विस्तार कर रहे हैं ॥३१॥

किन्तु वे कृपालु श्रीकृष्ण तो श्वेत बिछौने से ढ़की हुई श्रीगोवर्धन पर्वत की रत्नशिला पर बैठकर बाईं जंघा पर स्थित, कमल से भी मनोहर दाहिने चरण के ऊपर बायाँ हाथ रखते हुए, एवं दूसरे अपने दाहिने हाथ को अपूर्व रूपयुक्त मुरली के दण्ड पर धारण करते हुए, मन्दमुस्क्यान से युक्त कटाक्ष के द्वारा, यहाँ पर खड़े हुए हम सब के ऊपर कृपा की वर्षा कर रहे हैं, ऐसा मैं मानती हूँ ॥३२॥

और यहाँ पर श्रीकृष्ण ने हमारे मिलन को अंगीकार करते हुए ही, अपने संगी सखाओं को दूसरे प्रसंग के लिए कहीं भेज दिया है, एवं श्रीबलदेवजी आज वन में नहीं आये हैं ऐसा प्रतीत होता है । अतः तुम अत्यन्त निर्मल चित्तवाले श्रीकृष्ण को, विनीतभाव से एकान्त में गुप्तरूप से, तथा व्यग्रता से रहित होकर, उनके पास जाकर, दण्डवत् प्रणाम करके प्रसन्न कर सकते हो ॥३३॥

क्योंकि जो व्यक्ति स्वयं अपराध करता है, एवं उस अपराध के मिटाने के लिए किसी समर्थ व्यक्ति को सहायक बनाता है, उसका वह कार्य दूसरे की शक्ति का प्रदर्शन मात्र है, किन्तु दीनता का दिखाना नहीं है ॥३४॥

एवं जिसके प्रति स्वयं अपराधी है, उसको यदि अपराधी जन सहायक से रहित होकर एकांत में साष्टांग प्रणाम करता है, तब वह दीनतामयी अवस्था जनमात्र को कृपायुक्त कर देती है, फिर महापुरुष को कृपायुक्त कर देती है, इसमें तो कहना ही क्या है ? ॥३५॥

इसलिए विशेष बातों को निवेदन करने के लिए मैं पीछे ही आऊँगी ॥३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ पाकशासनस्तदनुशासनसुररीकृत्य प्रच्छन्नतया मुरलीधरसमीपमागत्य प्रत्यग्रं चरणखरदण्डयोर्दण्डवत् पपात ॥३७॥

"इन्द्रो ननाम च यथांघ्रिनखा मुरारे,-रग्र्याममुष्य मुकुटे मणितामवापुः ।
चक्रन्द चाथ स यथास्बक-कैरवाम्बु,-माध्वीकविद्रवविधौ विधुतामगच्छन् ॥३८॥

"अथ क्रन्दति संक्रन्दने पङ्कजलोचनः सङ्कोचतः किरीटाग्रमग्रहस्तेन साग्रहमुदस्तमाचरन्नुवाच,—॥३९॥

'भगवन्नेवमयुक्तं मा कार्षीरार्षीणां वाणीनां त्वमेक एवातिरेकतः परायणमसि ।' वज्रपाणिस्तु मूर्ध्नि प्रसज्जिताञ्जलिपाणितया सलज्जं स्वयं स्ववज्रहत इव मौनमेवाससज्ज ॥४०

"यतः, परस्य कायं बध्नाति तेजसा वचसा मनः ।
शक्तः शक्तश्च सोऽयं यस्तस्य भक्तः कथं न कः ? ॥४१॥

"तदेवं तस्य तेजसा कृपया च सुपर्वाधिपस्य विविधा गतिर्जाता; ॥४२॥ यथा—
अन्यत्र चन्द्रति हरिः शक्रे तर्हि स्म सूर्यति ।
शक्रोऽपि सूर्यत्यन्यस्मिन् खद्योतति हरौ स्म सः ॥४३॥

तदनन्तर इन्द्र सुरभी की आज्ञा को स्वीकार कर, गुप्तरूप से मुरलीधर के पास आकर, साक्षात् चरणकमलों पर दण्ड के समान गिर पड़ा ॥३७॥

और इन्द्र ने जैसे ही प्रणाम किया, तैसे ही श्रीकृष्ण के चरणनख इन्द्र के मुकुट पर श्रेष्ठ मणियों के समान शोभापाने लगे । और जैसे ही वह इन्द्र रोने लगा, तैसे ही अर्थात् तत्काल ही उसके नेत्ररूप कुमुदों के जलरूप मधु के गिराने के लिए, वे ही चरणनख चन्द्रभावको प्राप्त होगये, अर्थात् चन्द्रमा बन गये । तात्पर्य—चन्द्रमा के उदय होते ही कुमुदपुष्पों में से जैसे मधु चुचाने लग जाता है, तैसे ही श्रीकृष्ण के नखचन्द्रों को देखते ही इन्द्र के नेत्र चुचाने लग गये ॥३८॥

पश्चात् इन्द्र जब चरणों में पड़ा पड़ा रो रहा था, तब कमलनयन श्रीकृष्ण संकोच से अपने हाथ के अग्रभाग से, उस मुकुट के अग्रभाग को आग्रहपूर्वक ऊपर को उठाते हुए बोले—॥३९॥

भगवन् ! ऐसा अयुक्त व्यवहार न करो । क्योंकि ऋषि प्रणीत सभी वाणियों के तुम अकेले ही तो एकमात्र आश्रय हो । इन्द्र तो इन वचनों को सुनकर मस्तक पर अंजलि बाँधकर, लज्जापूर्वक स्वयं अपने वज्र के द्वारा ताड़ित सा होकर चुप हो गया ॥४०॥

क्योंकि जो श्रीकृष्ण अपने तेज से दूसरे के शरीर को बाँध लेते हैं, एवं वचन के द्वारा दूसरे के मन को बाँध लेते हैं, इसीलिए जो समर्थ एवं प्रिय बोलने वाले कहे जाते हैं, उन श्रीकृष्ण का कौन व्यक्ति किस प्रकार भक्त न होगा ? ॥४१॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण के तेज से एवं उनकी कृपा से इन्द्र की अनेक प्रकार की दशा हो गई ॥४२॥

यथा—श्रीकृष्ण दूसरे भक्तों पर चन्द्रमा का सा शीतल व्यवहार करते हैं, तो भी इन्द्र के ऊपर तो सूर्य का सा व्यवहार करने लग गये । और देखो, इन्द्र भी दूसरे पर सूर्य का सा व्यवहार करता था, किन्तु श्रीकृष्ण के ऊपर तो वह खद्योत (पटबीजना) का सा व्यवहार करने लगा । अर्थात् औरों के सामने तो सूर्य के समान तेजस्वी बन जाता था, किन्तु श्रीकृष्ण के आगे तो खद्योत सा बन गया ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदा मौनं ससर्ज्जासौ तदा मूक इवाभवत् ।
यदा तु स्तोतुमारब्धस्तदागाद्वावदूकताम् ॥४४॥

यथामुं स्तुतवानिन्द्रस्तथा वक्तुं न शक्यते ।
श्रीव्रजेन्द्र ! यतः सोऽयं त्वत्तः संकुचति स्फुटम् ॥४५॥

"अवमानमनालोच्य कवमानः स पुनरेवमञ्जसा तदुपसञ्जहार, ॥४६॥

(भा० १०।२७।१२)—

'मयेदं भगवन् गोष्ठनाशायासारवायुभिः । चेष्टितं विहते यज्ञे मानिना तीव्रमन्युना ॥'इति॥४७॥

"अयं च प्रहस्य प्रोवाच,—

'मया तेऽकारि मघवन् ! मखभङ्गोऽनुगृह्णता ।
यन्मत्पित्रादिसच्छ्रेष्ठान्नातिक्रामेर्मम स्मरन् ॥४८॥

सुरश्चेद्विषयाभोगगर्वाद्रोचेत वासव ! ।
तदा विप्रश्च शोभेत शौष्कलम्मन्यता मदात् ॥४९॥

अहमुन्मूलयिष्यामि शक्र ! त्वद्वैरिपक्षगान् ।
कथं मन्मन्यसे भीतिं नीतिमेव प्रवर्तय ॥'५०॥

और इन्द्र ने जब मौन धारण कर लिया था, तब ये श्रीकृष्ण गूँगे से बन गये थे, एवं इन्द्र ने जब स्तुति करनी आरम्भ की थी, तब श्रीकृष्ण अतिशय बड़े वक्ता बन गये थे ॥४४॥

हे श्रीव्रजराज ! इन्द्र ने जिस प्रकार श्रीकृष्ण की स्तुति की थी, उस प्रकार इस सभा में कहा नहीं जा सकता, क्योंकि ये श्रीकृष्ण आप से संकोच करते हैं। यह बात स्पष्ट है ॥४५॥

अपमान को न विचार कर, श्रीकृष्ण का विशेषरूप से वर्णन करता हुआ वह इन्द्र, पुनः झटपट स्तुति का उपसंहार कर गया ॥४६॥

और बोला कि—हे भगवन् ! तीव्र क्रोध वाले मुझ अभिमानी ने अपना यज्ञ नष्ट हो जाने पर व्रज को नष्ट करने के लिए, मूसलधार वर्षा एवं प्रचण्ड आँधी के द्वारा, यह बुरी चेष्टा की थी। अतः क्षमा कीजिये प्रभो ! ॥४७॥

ये श्रीकृष्ण तो हँसकर बोले कि—हे इन्द्र ! मैंने तुझ पर अनुग्रह करते हुए ही तेरे यज्ञ को नष्ट किया है, क्योंकि अब तुम विमद होकर मेरा स्मरण करते हुए, मेरे पिता आदि सज्जनश्रेष्ठ व्यक्तियों का अतिक्रमण न कर सकोगे ॥४८॥

और हे इन्द्र ! देवता भी यदि विषयों की परिपूर्णता के गर्व से शोभा पा सकता है, तब तो ब्राह्मण भी मांस भोजनजनित अहंकार से शोभा पा सकता है। अर्थात् मांस खाने से ब्राह्मण की जैसे शोभा नहीं, तैसे विषयों की भरमार से देवता की शोभा नहीं ॥४९॥

तथा हे इन्द्र ! तुम्हारे बैरियों के पक्षपातियों को मैं जड़ से उखाड़ दूँगा, अतः तुम मुझ से भय क्यों मानते हो ? केवल नीति को प्रवृत्त करो (चलाओ) ॥५०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ दूरतः सुरभिरभीतमिव तमभीक्ष्य हुङ्कारतः स्वसन्तान-सन्तानमाकार्य कार्य-विदुषी सतृष्णनयना कृष्णमभिजगाम ॥५१॥

"कृष्णश्च स्वजातिरीतिकावस्थितित एवावनमन्तीमिव तामिमां सहसा सहसाम ससम्भ्रमसङ्गलिसङ्गितकरः सङ्गगाद,—'माता कथं सनायाता ?' ॥५२॥

"ततश्चाशिषः सिषासन्ती ताः सम्भ्रमादनुद्भाव्य सुरभ्युवाच,—

'एते मदन्वया धन्या गोत्वं त्वां सेवितुं गताः ।
अहं तु नेदृक्पुण्या यद्गोचरत्वं च नागता ॥५३॥

'अथवा—दैत्यघाती भवान्नित्यं सर्वलोकैकपालकः ।
वयं च लोकमध्ये स्मस्त्वन्नाथाः स्वत एव तत् ॥'५४॥

"ततस्तदिदं किञ्चित् प्रार्थये,—

'गो-सूक्तं भाषते गावः पदं सर्वसुपर्वणाम् । तद्ब्रह्मादौ सुपर्वत्वमवन् विन्द गवेन्द्रताम् ॥५५॥
तवेदं कियदैश्वर्यं यद्ब्रह्मावधिपालनम् । वैकुण्ठकुण्ठताकारि यस्य गोलोकवैभवम् ॥५६॥
सर्वस्य पालकात् क्वापि खण्डपालनमिष्यते । जगत्प्रकाशकाद्भानोर्निजधामप्रकाशवत् ॥५७॥

तदनन्तर सुरभी दूर से ही इन्द्र को निर्भय देखकर, हुंकार के द्वारा अपनी सन्तान के विस्तार को, अर्थात् गोसमूह को बुलाकर, समयानुसार कार्य को जानकर, दर्शन की तृष्णा से युक्त नेत्रों वाली होकर, श्रीकृष्ण के सम्मुख चली आई ॥५१॥

श्रीकृष्ण भी "अपनी जाति की रीति भाँति के अनुसार नमती हुई सी उस कामधेनु को" सहसा शान्ति एवं सम्भ्रमपूर्वक हाथ जोड़कर बोले कि—माताजी ! कैसे पधारीं ? ॥५२॥

तदनन्तर आशीर्वाद देने की इच्छा वाली भी वह कामधेनु आवेग के कारण, अर्थात् हड़बड़ाहट से उन आशीर्वादों को न प्रगट कर बोली—हे भगवन् ! ये मेरे वंश वाले धन्य हैं, जो कि आपकी सेवा करने के लिए, गोभाव को प्राप्तकर भूतल पर आगये । किन्तु मैं तो ऐसी पुण्यात्मा नही हूँ, क्योंकि मैं तुम्हारी दृष्टिगोचर भी न हो पाई ॥५३॥

अथवा आप नित्य ही दैत्यों को मारने वाले एवं सब लोकों के एकमात्र पालक हो । हम भी लोकों के बीच में ही रहते हैं, अतः स्वतः ही आप हमारे भी नाथ (रक्षक) हो ॥५४॥

अतः मैं थोड़ी सी यह प्रार्थना करती हूँ कि—महाभारत में जो गोसूक्त हैं, वह यह कहता है कि, गोमात्र सब देवताओं की एवं समस्त उत्सवों की आश्रयस्वरूप हैं । अतः आप ब्रह्मा आदि देवों के संबंध में गवेन्द्रपद को प्राप्त करो ॥५५॥

और वह गवेन्द्रता भी हमारे हित के लिए ही स्वीकार करो । आपका तो उसमें कुछ स्वार्थ नहीं है । क्योंकि ब्रह्मलोक पर्यन्त का जो पालन करना है, वह आपका कौन सा भारी ऐश्वर्य है ? अर्थात् यह तो आपका सामान्य ऐश्वर्य है, क्योंकि आपका गोलोक सम्बन्धी वैभव तो अपने सामने वैकुण्ठ को भी कुंठित करने वाला है ॥५६॥

यदि आप कहें कि गवेन्द्रमात्र बनने से मेरी सर्वेन्द्रता में हानि आजायगी, सो बात नहीं । इस विषय में यही दृष्टान्त है कि, जगत् भर को प्रकाशित करने वाले सूर्य के द्वारा, जैसे अपना धाम भी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नास्माकं केवलमिदं मतं किन्तु विधेरपि । यद्भूवेदस्य चेन्द्रस्य दुर्बुद्धेः शुद्धिभावनम् ॥५८॥
त्वत्कृपायाः परं स्थानं वयमित्येष वासवः । आशिश्रिये यदस्मांस्तद्द्वारमात्राय कल्पते ॥५९॥
यस्मान्मृग्यति तामेव मद्विधाद्भवतः कृपाम् । कूपादिव रसान्तःस्थां तर्षी घनरसस्थितिम् ॥६०॥
देवाधिदेव ! पश्येन्द्रः पश्यंस्तव पदद्वयम् । सूचयत्यभिषेकं ते नेत्रधारासहस्रतः ॥'६१॥

"अथ तत्र सचित-सङ्कोचनेन विलोचनेन गोचरितानुमतेः श्रीगोकुलपतेः प्रसाद-मासादयन्ती सुरर्षिसुरमातृसुरपतिसुरततिभिरुपसुरप्रभृतिभिश्च साकं सुरभिः सरभसमसुरमर्दनं पुरस्कर्तुं पुरःसरतामवाप ॥६२॥

"ते हि द्रुहिणेन तावनु समनुज्ञाता द्रुतमेव विद्रुत्य निह्नुत्य च राजीवलोचनं राजीयन्तः परितः स्थिता बभूवुः; यत्र रुद्रद्रुहिणावपि तेषामग्रेसरतामवापतुः ॥६३॥

"ततश्च सुरभिरभिहितवती,—'श्रीमद्व्रजमहेन्द्रकुलचन्द्र ! भवद्भवदीयचरणानामनु-चरणतस्तावदत्रत्यानि तीर्थानि सार्थकान्येव जातानि । धेनवश्च युष्मद्विहितदुग्धधयनाद्धन्यता-मधुः ।' ॥६४॥

प्रकाशित किया जाता है, उसी तरह सर्वपालक आपके द्वारा, कहीं कहीं खण्डपालन की इच्छा भी युक्ति संगत है ॥५७॥

यह केवल हमारा ही मत नहीं है, किन्तु विधाता का भी यही मत है। क्योंकि आपके गवेन्द्र वन जाने से इस दुर्बुद्धि इन्द्र का संशोधन हो जायगा ॥५८॥

और "हम आपकी कृपा के उत्कृष्ट स्थान हैं" इस कारण से ही इस इन्द्र ने हमारा जो आश्रय लिया है, वह तो केवल द्वारमात्र के लिए कल्पित किया जाता है, क्योंकि आप गो-प्रिय हो ॥५९॥

और जैसे प्यासा प्राणी भूमि के भीतर विद्यमान जल के स्वरूप को कुएँ से ढूँढ़ लेता है, उसी प्रकार यह इन्द्र भी द्वारमात्र हम जैसों से आपकी उसी कृपा को ढूँढ़ रहा है ॥६०॥

हे देवाधिदेव ! देखो तो सही। यह इन्द्र आपके दोनों चरणों को देखता हुआ अपने नेत्रों की हजार जल धाराओं द्वारा आपके अभिषेक को सूचित कर रहा है ॥६१॥

पश्चात् वहाँ पर संकोचयुक्त नेत्र के द्वारा अनुमति देने वाले श्रीकृष्ण की कृपा को प्राप्त करती हुई कामधेनु, नारदादि देवर्षि, अदिति आदि देवमाता, देवराज इन्द्र, वरुण आदि देवगण, एवं गन्धर्व आदि उपदेवगणों के साथ वेगपूर्वक, असुरमर्दक श्रीकृष्ण को अभिषेक के द्वारा पुरस्कृत (पूजित) करने के लिए अग्रसर हो गई ॥६२॥

वे समस्त देवता, उपदेवता, एवं ऋषिगण, ब्रह्मा की आज्ञानुसार "सुरभि एवं इन्द्र" इन दोनों के पीछे पीछे शीघ्र ही दौड़कर, और गुप्त होकर ही कमलनयन श्रीकृष्ण को राजा बनाने की इच्छा करते हुए, चारों ओर स्थित हो गये। एवं जहाँ पर शिवजी ब्रह्माजी, ये दोनों भी उन सब के अग्रसर बन गये ॥६३॥

तदनन्तर सुरभी बोली—हे श्रीमान् व्रजराजकुलचन्द्र ! इस व्रज के श्रीयमुना आदि जितने तीर्थ हैं, वे तो आपके सहित, आपके मित्र गोप गोपियों के चरणों की सेवा से प्रायः सार्थक हो गये हैं। और आपके द्वारा दुग्धपान करने के कारण धेनुश्रेणी भी, धन्यता को धारण कर चुकी है ॥६४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च स्वर्गस्थिततीर्थवरस्य गङ्गानिर्झरस्य तथात्मीयस्याप्यूधोभरस्य त्वदाराधनया व्यर्थताबाधाय पयः समाहर्तुं भवन्तं विधिमर्थयामहे। अथवा यथाऽऽदिश्यते, तथावश्यं प्रथयामः ॥६५॥

"कृष्णः सस्मितमुवाच,—'यथेष्टमनुष्ठीयताम्।' ॥६६॥

"अथाभ्रवाहन-भ्रूभ्रमणतः ससम्भ्रममभ्रमातङ्गः स्वःसङ्गतगङ्गातः समुद्दण्डित-शुण्डादण्डेनाम्भः-सम्भृतान्निधिकुम्भान् निर्विलम्बमेव मुहुरपि लम्भयामास। सुरभिरपि सुरभिपयसा सुरपति-सरसीमुपगिरिं विभराञ्चकार ॥६७॥

"ततश्च, वाद्यस्पृग्गीतनृत्यैरुपसुरसदसां स्तोत्रमन्त्रैर्ऋषीणां
हर्षान्दोलातिकोलाहलजयनिनदैर्ब्रह्मरुद्रादिकानाम्।
उत्सर्पद्भक्तिरिन्द्रः सह हरिदधिपैस्तद्गणैश्चाभ्यषिञ्चत्
कृष्णं येनैव सर्वेऽप्यहह सुखसुधासिक्तरूपा बभूवुः ॥६८॥
अदितिर्मातृकृत्यानि स्वसृकृत्यानि पार्वती।
गरुत्मान् भृत्यकृत्यानि चाहृत्यात्र मुदं ययौ ॥६९॥

"तदेवं यदा निर्णिक्तत्या देवगणस्तमसिक्त, तदा,—

"कीर्तिर्याता दिगन्तं परिमलवलनाप्यभ्रमीद्भूमिगोलं
मङ्गल्यध्वानधारादिगनुगकरिणां प्राविशत् कर्ण-गर्तम्।

इसलिए स्वर्गस्थित तीर्थश्रेष्ठ श्रीगंगा के झरने की, एवं अपनी ऐनरी के भार की, अर्थात् अपने स्तनों के भार की जो व्यर्थता है, उसको आपकी आराधना के द्वारा दूर करने के लिए, गंगाजल एवं दुग्ध को लाने को हम आपकी आज्ञा की प्रार्थना करते हैं। अथवा आप जैसी आज्ञा दें, अवश्य वैसे ही पालन करें ॥६५॥

श्रीकृष्ण मुस्क्याते हुए बोले—जैसी इच्छा, वैसे ही करो ॥६६॥

तदनन्तर इन्द्र के भ्रूभंग (इशारा) मात्र से ऐरावत हाथी, स्वर्गस्थ गंगा से वेगपूर्वक अपने सुण्डा-दण्ड के द्वारा, जल से भरे हुए रत्ननिर्मित कलशों को शीघ्रतापूर्वक बारंबार लाने लगा। और कामधेनु भी अपने सुगंधित दुग्ध के द्वारा गिरिराज के निकट इन्द्र सरोवर को भरने लग गई ॥६७॥

तदनन्तर गन्धर्व आदि सभासद्गणों के बाजे से युक्त गीत नृत्य के द्वारा, ऋषिगणों के स्तुति परक मन्त्रों के द्वारा, ब्रह्मा और रुद्र आदि प्रधान प्रधान देवताओं के हर्ष से आंदोलित अत्यन्त कोलाहल से पूर्ण जय जय की ध्वनियों के द्वारा, इन्द्र प्रबलभक्ति से युक्त होकर, दिक्पालगण एवं उनके गणों के सहित, श्रीकृष्ण का अभिषेक करने लग गया। अहह! कैसे आनन्द का विषय है कि, जिस अभिषेक के द्वारा सभी जन सुखमयी सुधा से प्रायः अभिषिक्त से हो गये ॥६८॥

और इस अभिषेक में अदिति माता के कार्यों को, पार्वती भगिनी के कार्यों को, एवं गरुड़जी सेवक के कार्यों को सम्पन्न कर हर्षित होगये ॥६९॥

इस प्रकार देवगणों ने विशुद्धतापूर्वक जब श्रीकृष्ण का अभिषेक किया, तब श्रीकृष्ण की कीर्ति दिग्-दिगन्त में चली गई। सुगन्धित द्रव्यों के संसर्गवाले उनके श्रीअंग की सुगन्ध भी भूमण्डल में घूम गई,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं सर्वत्र हर्षप्रसरभरवरप्रावृषा प्राणिजातेः
शाते जातेऽपि कंसः सरटपटलराट्-चेष्टया वेष्टचते स्म ॥७०॥

"तदेवं स व्रजेन्द्रनन्दनः सर्वदिग्गतान् यदा दिग्ये, तदा तु—

यावद्विष्णुपदं विभाति परमव्योमादि तावत्यपि
श्रीगोलोकपदं प्रशस्तिमयते लक्ष्मीपरार्धास्पदम् ।
तत्रापीन्द्रतया विभासि नितरां गोविन्दनाम्ना यथा
तेन त्वं जगदङ्ग तद्वदवतादित्यूचिरे ते समम् ॥७१॥
आकाशकुसुमैः सार्धमाकाशवचनं तदा ।
गोविन्द इति यद्दित्तं ततः किमिव साद्भुतम् ? ॥७२॥
इन्द्रश्छत्रं विवस्वान् बहुविधमधुरालंकृतीनां कदम्बं
ब्रह्मा लीलाब्जमीशः स्वरचितमुरलीं माधवाय व्यतानीत् ।
अन्यं च स्व-स्वमर्थं त्रिदशपति-ततिर्यत् पुनः सर्वमेषां
पूर्वं चापूर्वमासीदभवदथ तदङ्गावृतीज्यासु पूज्यम् ॥७३॥

"तदेवं स्थिते,—

राजद्राजासनमुपरिग-च्छत्रचित्रं सुरम्य-
भ्राम्यद्बालव्यजनयुगलं प्रस्फुरद्दिव्यवेशम् ।

एवं माङ्गलिक शब्दों की धारा दिग्गजों के कर्णकुहर में प्रविष्ट हो गई। इस प्रकार सर्वत्र हर्ष के विस्तार की अधिकतामयी श्रेष्ठ वर्षा के कारण, प्राणीमात्र के लिए सुख होने पर भी, कंस तो गिंगिटगणों के राजा की सी चेष्टा से वेष्टित हो गया, अर्थात् ककैंटाओं के स्वामी की तरह मस्तक हिलाने लग गया ॥७०॥

अतएव इस प्रकार वे श्रीव्रजराजकुमार जब सभी दिशाओं में विद्यमान लोगों पर दया करने लग गये या उनकी रक्षा करने लग गये, तब तो परमाकाश से लेकर जितना भी विष्णुपद या आकाश है, उतने सारे आकाश में परार्ध संख्या की सम्पत्ति का स्थानस्वरूप, श्रीगोलोकधाम ही प्रशंसा को प्राप्त होता है। हे प्यारे श्यामसुन्दर ! उस परमव्योमस्वरूप श्रीगोलोक में भी आप जैसे इन्द्ररूप से एवं गोविन्द नाम से शोभा पाते हो, वैसे ही उसी गोविन्द नाम से युक्त होकर जगत् की रक्षा करो। इस प्रकार सभी देवता एकसाथ बोलने लग गये ॥७१॥

उस समय देदीप्यमान एवं आकाश से गिरते हुए पुष्पों के सहित 'गोविन्द' इस नाम को कहती हुई आकाशवाणी जो प्रसिद्ध हो गई, इससे और अधिक आश्चर्य क्या हो सकता है ? ॥७२॥

उस समय श्रीकृष्ण के लिए इन्द्र ने छत्र दिया, सूर्य ने अनेक प्रकार के मनोहर अलंकारसमूह दिये, ब्रह्मा ने लीलाकमल दिया, एवं शंकरजी ने स्वरचित मुरली दे दी ! इसी प्रकार सुरपतिसमूह ने अन्य भी अपनी अपनी उत्तम वस्तुएँ समर्पण कर दीं। इन्द्र आदि देवताओं की ये सब वस्तुएँ पहले से ही अपूर्व थीं, देने के बाद तो वे सब वस्तुएँ श्रीकृष्ण के अङ्गदेवता एवं आवरणदेवताओं की पूजा में पूज्य हो गईं ॥७३॥

ऐसी स्थिति में जिनका राज्यसिंहासन प्रकाशमान हो रहा है, जिनके ऊपर अद्भुत मनोहर छत्र शोभा पा रहा है, एवं रमणीय दो चमर दोनों ओर ढुल रहे हैं, तथा जिनका दिव्य वेष शोभा पा रहा है,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्णं दृष्ट्वा सुरपरिवृतं स्तब्धनेत्राणि दूरा-
च्चित्राणीव क्षण-कतिपयं तत्र मित्राणि तस्थुः ॥७४॥

"ततश्च कृपया स्नपितनयनारविन्देन गोविन्देन कृतमानन्दनमनु फुल्लतया पूर्वतः पुरुषु महेन्द्रादिदेवगुरुषु छत्रादिकं तरुषु सन्धाय निजहितनिबन्धाय तत्पदद्वन्द्वमेव वन्दं वन्दममन्दवाष्प निस्यन्दं निजामवज्ञास्पदतां विज्ञाप्य तमनुज्ञाप्य दूरं विन्दमानेषु लब्धविगतनिन्दमानेषु सखि-सन्दोहः शन्दोहमनुविन्दन् मन्दं मन्दमाससाद; ॥७५॥ आसद्य च,—

अद्राक्षीदहसीदवोचदलगीदाजिघ्रदप्यच्युतं
छत्राद्यं च चचाय मित्रपटली पप्रच्छ भूयश्च तम् ।
सोऽपि व्याजमिहाचचार बहुधा सा न प्रतीयाय तं
किन्तु प्रीतिभरं मिथः प्रबलयन् हासस्तदावर्धत ॥७६॥

"ततश्च, इह स्थितैः पृथगपरैस्तु भूषणै,-र्विभुः परस्परमपि तानभूषयत् ।
अमी तदा सकनकदण्डचामरैः, परिच्छदैः स्वयमपि तं सिषेविरे ॥७७॥

"तस्मिन्नथ राजन्यति सखि-वृन्दे,—

दृष्ट्वा देवततिर्विदूरतरतस्तं सेव्यमानं सुहृ-
द्वर्गैस्तद्गुणरूपशीलतुलितैः स्वप्रत्ततत्तच्छ्रिया ।

और जो स्वयं देवताओं से घिरे हुए हैं, ऐसे श्रीकृष्ण को दूर से ही देखकर, श्रीकृष्ण के मित्र निर्निमेष नेत्रों से, कुछ क्षणों तक, वहाँ पर चित्रलिखे से खड़े रह गये ॥७४॥

तदनन्तर अपनी कृपारूप सुधा से स्नान किये हुए नयनकमलों वाले श्रीगोविन्द के द्वारा किये गये विशेष आनन्द को देखकर, पहले की अपेक्षा अधिक प्रफुल्लित हुए, एवं पहले निन्दा और मान को प्राप्त होकर, पुनः श्रीकृष्णपूजा से निन्दा और मानरहित हुए देवपूज्य इन्द्रादिक देवता, छत्र, चमर आदिकों को वृक्षों पर लटका कर, अपने अपने हित के साधन के लिए श्रीकृष्ण के दोनों चरणों को बार बार नमस्कार कर, विशेष अश्रुप्रवाहपूर्वक अपनी तुच्छता को जनाकर, उनकी आज्ञा लेकर जब दूर चले गये, तब सखाओं का समूह पूर्णसुख को प्राप्त होकर, धीरे धीरे श्रीकृष्ण के पास आ गया ॥७५॥

और आते ही श्रीकृष्ण को देखने लग गया, परस्पर हँसने लग गया, बातें करने लग गया, श्रीकृष्ण से मिलने लग गया, एवं उनको सूँघने लग गया, और छत्र आदि वस्तुओं को देखने लग गया, पश्चात् वही मित्रमण्डल श्रीकृष्ण को बार बार पूछने भी लग गया कि, यह क्या खेल था ? श्रीकृष्ण ने भी ऐश्वर्य छिपाने के लिए वहाँ पर बहुत सी बहानेबाजी की, किन्तु मित्रमण्डल ने उनकी बातों पर विश्वास नहीं किया। अपितु उस समय परस्पर अतिशय प्रीति को प्रबल करता हुआ हास्य ही वृद्धि को प्राप्त हो गया ॥७६॥

उसके बाद श्रीकृष्ण ने वहाँ पर धरे हुए दूसरे बहुत से आभूषणों के द्वारा, सखाओं को परस्पर विभूषित कर दिया। उस समय वे सखा भी, सुवर्ण दण्डयुक्त चमर, छत्र आदि उपकरणों के द्वारा, स्वयं श्रीकृष्ण की राजोचित सेवा करने लग गये ॥७७॥

पश्चात् श्रीकृष्ण और सखागण जब राजा का सा व्यवहार कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण के समान गुण, रूप एवं स्वभाव वाले मित्रवर्ग के द्वारा सेवित श्रीकृष्ण को देखकर, और श्रीकृष्ण के द्वारा दी गई तत्तत्

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तान् स्वज्ञानविलाससञ्चितफलं मेने तथा तामपि
स्वप्रेमार्जितकर्मसम्पदममंस्तान्यन्न मान्यं ततः ॥७८॥

"तदेवमारब्धेऽपि गमने स्तब्धे सति सतीपति-प्रभृतयस्तस्मिन्नभिषेकप्रभवं प्रभावान्तरं पश्यन्तः परस्परं साद्भुतमिदमुद्भावयामासुः,—॥७९॥

'यथा—कृष्णार्चारचि दैवतैः सुखमयुर्लोकाश्च गावस्तथा
पृथ्वीं दुग्धभृतां व्यधुर्बहुविधान्नद्यो रसान् सुस्रुवुः ।
वृक्षा मध्वधुरुद्दधुश्च गिरयो रत्नानि निर्वैरतां
जीवाः प्रापुरहो महत्यपविदः पुष्यत्यकर्तृनपि ॥८०॥

'किञ्च, इन्द्रः क्रूरचरित्रमाचरितवान् यत्तेन चिन्तागमे
चित्तं कम्पमियर्ति चेद्गिरि कथं चित्तेन तद्व्यज्यताम् ।
कृष्णस्तत्र च यां कृपां बत तया चित्तं द्रवीभूतता-
मायाति स्वयमेव चेद्गिरि कथं चित्तेन सा व्यज्यताम् ?' ॥८१॥

"अथ चरमाचलं चुचुम्बिषति भानुबिम्बे विलम्बः संवृत्त इत्यविलम्बमेव गो-निकुरम्ब-संवलनया सखिभिः समं व्रजं व्रजन् व्रजराजजन्मा सम्मानयद्भिर्निर्जरव्रजैरुपर्यतुलपुष्पवर्षैरुपचर्य व्रजद्भिरनुव्रजे ॥८२॥ यथा—

शोभा सम्पत्ति से सेवित उन मित्रों को बहुत दूर से ही देखकर, देवसमूह ने उनको अपने ज्ञान के विलास से संचित फलस्वरूप माना, तथा अपने आप दी हुई उस सम्पत्ति को अपने प्रेम के द्वारा उपार्जित कर्म सम्पत्ति है, ऐसा माना। क्योंकि श्रीकृष्ण के द्वारा दी हुई वस्तु से अधिक अन्य कोई भी वस्तु नहीं है ॥७८॥

इस प्रकार के विचित्र चरित्रों को देखकर, चलना आरम्भ करने पर भी जब चलना स्थगित हो गया, तब शंकर आदि देवता श्रीकृष्ण में अभिषेक से उत्पन्न दूसरे प्रभाव को देखते हुए, आश्चर्यपूर्वक आपस में इस प्रकार की भावना प्रगट करने लग गये—॥७९॥

यथा—देवताओं ने श्रीकृष्ण की पूजा की, सभी लोग सुखी हो गये, गोगण ने पृथ्वीको दुग्ध से परिपूर्ण कर दिया, नदियाँ अनेक प्रकार के रसों को प्रवाहित करने लग गईं, वृक्षों ने मधुको धारण कर लिया, पर्वतों ने शिखर आदि ऊँचे स्थानों पर मणियों को धारण कर लिया, एवं सर्प-नकुल, कौआ-उल्लू, कुत्ता-बिल्ली आदि परस्पर स्वाभाविक वैर करने वाले जीव भी निर्वैर हो गये। आश्चर्य की बात तो यही है कि—महापुरुषों के प्रति की गई जो पूजा है, वह पूजा, न करने वालों को भी पुष्ट कर देती है, अर्थात् कुछ भक्तों के द्वारा की गई भी भगवत्पूजा संसार का कल्याण कर देती है ॥८०॥

किंच इन्द्र ने जो क्रूरकर्म किया उसके द्वारा चिन्ता के आजाने पर चित्त यदि कम्पित हो जाता है, तब उस कम्पित चित्त के द्वारा वह क्रूरकर्म वाणी पर कैसे प्रकाशित किया जा सकता है ? और श्रीकृष्ण ने उसके ऊपर जो कृपा की, हाय ! हाय ! उस कृपा के द्वारा चित्त यदि स्वयं द्रवीभूत हो जाता है, तब उस पिघले हुए चित्त के द्वारा श्रीकृष्ण की वह अहैतुकी कृपा,वाणी पर कैसे व्यक्त की जासकती है ?॥८१॥

तदनन्तर सूर्यबिम्ब जब अस्ताचल का चुम्बन करना चाहता था, तब बिलम्ब हो गया ऐसी भावना कर शीघ्र ही गोसमूह को एकत्रित कर, सखाओं के सहित व्रज को चलते हुए जो श्रीव्रजराजकुमार हैं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"दिव्यातपत्रसितचामरशस्तहस्तैः, संसेव्यमानसविधः सखिभिः प्रगीतः ।
पुष्पव्रजेन विविधैर्विबुधैश्च सिक्तः, श्रीपृक्तकान्तिरजितः सदनं ससाद ॥८३॥

निशमितमकरोन्निशामितं च, द्युजनि-विभूषणभूषणाङ्गमेतम् ।
व्रजनृपतिमुखव्रजः समन्ता,-दजनि च सात्त्विकराजिराजिमूर्तिः ॥८४॥

"यत्तु निशम्य रम्यचेता रामः सानुक्रोशं क्रोशमात्रमुपव्रज्य निजावरजविजयं पश्यन् सुखवश्यमनास्तमालिङ्ग्य च मूर्धानमाशिङ्ग्य च क्षणकतिपयमुपविश्य वचनचातुरीभिस्तत्प्रसङ्गं सङ्गतवान् । ततश्च निजानुजेन पूर्वमेव स्वकृते निर्दिश्य रक्षितैर्दिव्येष्वपि दिव्यतालक्षितैरनल्पैराकल्पैः सोऽयमग्रजः स्वकरेण विराजयामासे । ततश्च स्वानुजं गुरुजनानामग्रतस्तादृशतया प्रयातुं सङ्कोचमरोचयन् सोऽयमग्रजः शनैः शनैरनैषीत् ॥८५॥

"अथ तस्मिन् दिने तु गोसन्दोहदोहनिबन्धनं तदनुबन्धिजनान् सन्धाय स्वयं तु तत्तदुदन्तानुसन्धानाय धेनुसन्निधान एव सानन्दं नन्दराजः सन्निधाय वन्दमानं सरामसखिवृन्दं गोविन्दं पुरस्ताद्विधाय सममेव बन्धुभिः सममासनमासज्जन्नासामास ॥८६॥

उनके ऊपर अतुल पुष्पों की वर्षा से उनकी पूजा करके, एवं सम्मान करके चलता हुआ देवसमूह, उनका अनुगमन करने लग गया—८२॥

यथा—दिव्य छत्र एवं श्वेत चमर से जिनके हाथ सुशोभित हैं, ऐसे सखाओं से जिनके दोनों बगल का स्थान सेवित है, एवं सखाओं के द्वारा ही जिनकी कीर्ति का चलते चलते गायन हो रहा है, तथा अनेक प्रकार के देवताओं के द्वारा बखेरे गये पुष्पसमूह से जो अभिषिक्त होते जारहे हैं, और जिनकी कान्ति शोभा से संयुक्त है, वे श्रीकृष्ण अपने घर पहुँच गये ॥८३॥

उस समय श्रीकृष्ण के प्रत्येक अंग स्वर्गीय मनोहर आभूषणों से विभूषित हैं, इस बात को सुनकर एवं श्रीकृष्ण को साक्षात् देखकर, श्रीव्रजराज आदि सभी व्रजवासीजन चारों ओर से, स्तम्भ, स्वेद, रोमांच आदि सात्त्विक प्रेम के विकारों की पंक्ति से सुशोभित शरीर वाले बन गये ॥८४॥

और जिस गोविन्दाभिषेक को सुनकर रमणीय चित्तवाले श्रीबलरामजी तो अनुकम्पापूर्वक एक कोस तक श्रीकृष्ण के अगवानी जाकर, अपने छोटे भाई की विजय को देखकर, सुख से परिपूर्ण मनवाले होकर, श्रीकृष्ण को आलिंगन कर, एवं उनके मस्तक को सूंघकर, कुछ क्षणों तक मार्ग में ही बैठकर, अपनी वचन चातुरी के द्वारा, उस प्रसंग को जान गये । तदनन्तर श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से पहनाये हुए बहुत से आभूषणों द्वारा अपने बड़े भाई श्रीबलदेवजी को सुशोभित कर दिया । वे आभूषण पहले से श्रीबलदेवजी का निर्देश करके ही रख छोड़े थे, एवं दिव्य आभूषणों की अपेक्षा भी विशेष दिव्यता से लक्षित थे । पश्चात् श्रीबलदेवजी माता पिता आदि गुरुजनों के आगे उस प्रकार के ठाटबाट से जाने में संकुचित हुए श्रीकृष्ण के संकोच को छुड़ाते हुए उनको धीरे धीरे लिवा ले गये ॥८५॥

अनन्तर उस दिन तो गोसमूह के दोहनरूप कार्य में, गोदोहन में चतुर जनों को लगाकर, एवं स्वयं उस छत्र, चमर आदि की प्राप्ति के वृत्तान्त को जानने के लिए, धेनुगण के निकट ही आकर, और बलराम तथा सखाओं के सहित अपने को नमस्कार करते हुए गोविन्द को आगे करके, श्रीनन्दरायजी बन्धुओं के सहित एक आसन पर बैठते हुए, आनन्दपूर्वक विराजमान हो गये ॥८६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र चानन्तरमाचरितागतिभिः सम्यगुरीकृतश्रीरामानुजानुमतिभिः सूनृतवादिभिः श्रीदामादिभिः ससमाजाय व्रजराजाय दिव्यच्छत्राद्यर्चामत्रादिषु समर्पितेषु सन्तर्पितेषु च सर्वेषु तदप्रच्छन्नमेव स पप्रच्छ,—'कथ्यतां तथ्यं किमिदं वृत्तं वृत्तम्' इति ॥८७॥

"श्रीदामा प्राह,—'वयमपि गो-सङ्कलनाय कलितभूरिदूरतया चिरं विरम्य स्थिता न सम्यगवगम्यं तदाचराम; किन्तु सामग्रीयमेव निज-सम्यग्रीतिमावेदयति ।' इति ॥८८॥

"ततो नम्रतां विन्दति श्रीगोविन्दे परस्परमवधाय 'साधु-श्रीदामन् ! साध्विदमुक्तम्' इत्यभिधाय सर्व एवानर्वाचीनगोपाश्चित्रप्रतिकृतय इव द्वित्रक्षणं निर्निमेषतामवापुः ॥८९॥

"मधुमङ्गलस्तूच्चैः सहासमाह स्म,—'श्रीमन् व्रजराज ! श्रूयताम्,—॥९०॥

'गौरेका गिरमातनोदथ पुमानन्यः सहस्रेक्षणो-
ऽनंसीत् कोऽपि करी सितः स्वरुदकान्याहृत्य शश्वद्ददौ ।
कौचित् पञ्चचतुर्मुखाङ्गवलितौ स्तोत्रप्रथाञ्चक्रतु-
स्ते चान्ये च महामहेन सिषिचुर्गोपेश ! पुत्रं तव ॥'९१॥

"अथ स्वयं चात्र सर्वतश्चित्रं माङ्गलिकं कर्म निर्मातुं युक्तमिति विचार्य चित्रायमाणे कृष्णप्राणे ससमाजे व्रजराजे विष्णुपदचरिष्णुवाणीयमाविर्बभूव,—॥९२॥

और वहाँ पर पीछे पीछे आने वाले, श्रीकृष्ण की अनुमति को अच्छी प्रकार स्वीकार करने वाले, सत्य एवं प्रिय बोलने वाले श्रीदामा आदिकों ने, समाज के सहित श्रीव्रजराज के लिए जब दिव्य छत्र आदि की पूजा के सहित, वे स्वर्गीय पात्र आदि समर्पण कर दिये, और उन दिव्य वस्तुओंको पाकर जब सब सन्तुष्ट हो गये, तब उन सबके सामने ही श्रीव्रजराज ने पूछा कि—सत्य कहो, यह वृत्तान्त कैसे हुआ ? ॥८७॥

श्रीदामा बोला—हम सब तो गैयाओं को इकठ्ठी करने के लिए बहुत दूर जाकर, बहुत देर तक विरत होकर खड़े रहे, अतः उस वृत्तान्त को अच्छी तरह नहीं जान सके । किन्तु यह स्वर्गीय दिव्य छत्रादि सामग्री ही अपना खासा परिचय दे रही है ॥८८॥

तदनन्तर श्रीगोविन्द जब नम्रता को प्राप्त हो रहे थे, तब परस्पर में समझकर, शाबाश ! श्रीदामन् ! तुमने यह ठीक कहा, इत्यादि कहकर सभी बूढ़े बड़े गोप चित्रलिखित मूर्तियों की तरह, दो तीन क्षण तक पलकरहित हो गये ॥८९॥

मधुमंगल तो हँसता हुआ ऊँचे स्वर से बोला—हे श्रीमन् ! व्रजराज ! सावधान होकर सुनिये—॥९०॥

मैंने तो दूर से यह देखा था कि—एक गैया तो आवाज लगा रही थी, दूसरा हजार नेत्रवाला पुरुष श्रीकृष्ण को नमस्कार कर रहा था, कोई सफेद हाथी स्वर्ग के जल को लाकर बारबार दे रहा था, एवं पाँच तथा चार मुख वाले कोई दो व्यक्ति स्तुति का विस्तार कर रहे थे, और हे गोपेश्वर ! वे सब तथा अन्य बहुत से जन महामहोत्सव के साथ तुम्हारे पुत्र का अभिषेक कर रहे थे ॥९१॥

पश्चात् यहाँ पर भी सब से विचित्र माङ्गलिक कार्य स्वयं करना उचित है, इस प्रकार विचार कर, सभ्यगणों के सहित, कृष्णगतप्राण श्रीव्रजराज, जब आश्चर्ययुक्त होकर चित्रलिखे से बैठे थे, तब यह आकाशवाणी प्रगट हुई कि—॥९२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यथाभ्यषिञ्चाम वयं व्रजेशितः, संसज्य गोविन्दतया सुतं तव ।
समं समस्तैः कृतमङ्गलं तथा, तं यौवराज्येन जवाद्विराजय ॥'९३॥

"अथ तदेतदमृतवर्षत इव हर्षधर्षिता व्रजवर्षीयांसः परस्परं विचार्य कार्यमाण-मङ्गल्यतौर्यत्रिकपौर्वापर्यतः स्वस्तिवाचनादिकमाचार्य-द्वारा समाचर्य प्रतिस्वमपि विविध-विधानदानपूर्वकं पर्व पूरयित्वा युवराजतया तं सभाजयामासुः ॥९४॥

'आगम्याथ शतं शतं व्रजमहेन्द्राणीप्रधानाङ्गनाः
प्रत्येकं मणिदीपसन्ततिकरा मङ्गल्यकोलाहलाः ।
नीराज्याभिसभाज्य रत्ननिकरैर्निर्मंछ्य गेहं प्रति
स्नेहं मूर्तमिवातियत्नवलिता गोविन्दमानिन्यिरे ॥९५॥

"ईदृशस्ते व्रजाधीश ! सुतः सूतसुखोत्सवः ।
यो गवेन्द्रतया गां च गां च गां च सुखाकरोत् ॥९६॥
सुभगम्भविष्णु जातं, जगदपि कृष्णाभिषेकतः पश्चात् ।
अन्धम्भावुकमासी,-द्भावुकशून्यं कुलं तु दनुजानाम् ॥"९७॥

तदेवं दिवाकथायां वृत्तायां नक्तमपि सा पूर्ववद् वृत्ता । यथा मधुकण्ठ उवाच,–॥९८॥

हे व्रजराज ! हम सब ने मिलकर जैसे तुम्हारे पुत्र को गोविन्दपद पर अभिषिक्त किया है, ठीक उसी प्रकार आप भी, सब व्रजवासियों के साथ मिलकर, माङ्गलिक भूषणों से भूषित उसी पुत्र को शीघ्र ही युवराजपद से अलंकृत कर दीजिये ॥९३॥

तदनन्तर इस प्रकार की आकाशवाणी को सुनकर, अमृत की वर्षा की तरह, हर्ष से युक्त हुए व्रज के वृद्ध गोपों ने, आपस में विचार करके, पश्चात् कराने योग्य माङ्गलिक नृत्य, गीत, वाद्य आदि के पूर्वापर भाव के कारण, पहले आचार्य के द्वारा स्वस्तिवाचन आदि कराकर, प्रत्येक ही अनेक प्रकार के विधान से दानपूर्वक महोत्सव की पूर्ति करके, श्रीकृष्ण को युवराजपद से सम्मानित कर दिया, अर्थात् युवराज बना दिया ॥९४॥

पश्चात् श्रीव्रजेश्वरी आदि प्रधान प्रधान सैंकड़ों महिलायें आकर, प्रत्येक ही मणिमय दीपकों की श्रेणी को हाथों में लेकर, माङ्गलिक कोलाहल करते करते श्रीगोविन्द की आरती करके, सम्मान करके, रत्नसमूह द्वारा न्योछावर करके, अतियत्न से युक्त होकर, श्रीगोविन्द को मूर्तिमान् स्नेह की तरह घर को लिवा लाईं ॥९५॥

कथक्कड़ महोदय श्रीव्रजराज से बोला—हे व्रजाधीश ! सुखमय महोत्सव को उत्पन्न करने वाला, तुम्हारा लाला ऐसा विचित्र है कि, जिसने गवेन्द्रपद को पाकर, गोजाति को, पृथिवी को, एवं स्वर्ग को अनुकूलतापूर्वक सुखी कर दिया ॥९६॥

श्रीकृष्ण के अभिषेक से सम्पूर्ण जगत् तो प्रथम सुन्दरता एवं सौभाग्य से युक्त हो गया । किन्तु पश्चात् भावुकता से शून्य दैत्यों का कुल तो, प्रायः अन्धा सा हो गया ॥९७॥

इस प्रकार दिन की कथा समाप्त होने पर, रात में भी वह कथा पहले की तरह हुई, यथा—मधुकण्ठ बोला—॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"भवेदनल्पं कुत्रापि स्वल्पं कुत्रापि पोषकम् ।
यथान्नव्यंजनं लोके यथा रसरसायनम् ॥९९॥

"तस्मात् संक्षिप्तमप्येतद्विस्तरवदेव मन्तव्यम् । तथा हि—तस्मिन् महसि नीरन्ध्र-पुरन्ध्रीभिः सममासामपि समागमनं वृत्तम्, यत्रोपकण्ठगतानामप्यमूषां वस्त्रावगुण्ठितानि नेत्राण्यतीवोत्कण्ठितानि जातानि ॥१००॥

"तस्मिंश्च तस्य विवाहसमतावहे महामहे मनसीदमसीममाभिर्विभावितम्,—॥१०१॥

'केयं जगत्यहह राजति गोपकन्या, धन्या यया तु करपीडनमस्य गन्ता ।
हा योग्यतामपि विधाय विधिः समस्ता,-मस्तं निनाय बत नस्तममुं धिगस्तु ॥१०२॥

'भवतु, तदपि किन्त्विदमतीवाऽन्याय्यम्,—
'कुलीना रूपिण्यः परमगुणशीलाः प्रणयिता-
भृदुत्कण्ठाकण्ठागततुलितजीवा बत वयम् ।
न तावद्वंशी तत्तदनुगुणतामश्नुते जडा
तथाप्येषा हा धिक्कलितहरिसङ्गा न तु वयम् ॥'१०३॥

थोड़ी सी भी कथा महान् पुष्टिकारक होती है । उसको दृष्टान्त से समझो, जैसे लोक में अन्न व्यंजन कहीं पर अधिक मात्रा वाला, एवं कहीं पर थोड़ी मात्रा वाला भी पुष्टिकारक हो सकता है, और रसमय रसायन (औषधविशेष) तो जैसे थोड़ा सा भी पुष्टिकारक हो सकता है ॥९९॥

इसलिए संक्षिप्त होने पर भी, इस कथाप्रसङ्ग को विस्तार वाला ही मानना चाहिये । देखो ! श्रीकृष्ण के युवराजपद सम्बन्धी महोत्सव में ठसाठस भरी हुई, पुत्र एवं कन्यावाली कुलाङ्गनाओं के साथ, इन श्रीराधा आदि गोपियों का भी आना हुआ था । और जहाँ पर निकटवर्तिनी होने पर भी, इन गोपियों के वस्त्रों से ढ़के हुए नेत्र अत्यन्त उत्कण्ठित हो गये थे ॥१००॥

और श्रीकृष्ण के विवाह की समतावाले उस महोत्सव में इन गोपियों ने, अपने अपने मन में इस प्रकार की असीम भावना प्रगट की थी कि— ॥१०१॥

हाय ! हाय ! जगत् में ऐसी कौनसी गोपकन्या धन्या होकर विराजमान है, जिसको कि श्रीकृष्ण का पाणिग्रहण संस्कार प्राप्त होगा ? हाय ! खेद की बात तो यह है कि, विधाता ने जाति, कुल, रूप आदि से हमारी सारी योग्यता को बनाकर भी, हमारे सम्बन्ध में श्रीकृष्ण को अदृश्य कर दिया । अतः उस विधाता को धिक्कार है ॥१०२॥

अच्छा, वह पाणिग्रहण संस्कार भी जिस भाग्यशालिनी के साथ होना है हो जाय, किन्तु यह बड़ा भारी अन्याय है कि—हम सब कुलीन हैं, मनोहर रूपवाली हैं, अच्छे गुण, स्वभाववाली हैं, एवं प्रेमभरी उत्कण्ठा के कारण हमारे प्राण मानो गले में आरहे हैं । और यह जड़ वंशी तो पूर्वोक्त प्रकार की अनुकूलता को भी प्राप्त नहीं है । हा ! धिक् ! तो भी यह सौत वंशी, श्रीहरि के संग को पा गई, किन्तु हम न पा सकीं ॥१०३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'केव सेयं वराकी केवलमुखचूषणसुखा; यतः,—
'आलिङ्ग्य कण्ठमुरसि प्रतिपद्य कान्ति, माले ! कटं प्रकटमेव सदा दधासि ।
न श्रीहरिर्न भवती न तु वा जनोऽयं, सङ्कोचलेशमयते त्वमतोऽसि धन्या ॥'१०४॥

"तदेवं मनसि वदन्तीषु,—

"पूर्णां दृष्टिं विधिवशतया काचिदाश्चोन्मुरारे-
रर्धं काचिद् व्रजजनगता काचिदस्यास्त्रिभागम् ।
काचित् किञ्चिन्न च तदखिलं तुल्यतामेव दध्रे
सर्वासां यन्मनसि चक्लृपे हन्त तापाय तत्तत् ॥१०५॥

"अथ तस्यामेव निशायां चन्द्रशालिकायां कृतशयनेन कञ्जनयनेन तासामपराह्ण-तनापाङ्गसाङ्गशरनिकरसङ्गलब्धभङ्गे हृदि समुत्थितव्यथतया जातनिशीथजागरतायाम-विरतायां तासु निजानिर्वृतिं विवृतीकर्तुं तामिव च तर्तुं पुरहर-कृत-वितर-नव-मुरलीकलः खुरलीभिः कलयामासे ॥१०६॥

"तदा केदारारागस्तु प्राप केदारतां निशि ।
गोपीभिर्वासना-बीजमुप्तं यत्रांकुरायितम् ॥१०७॥

यह बिचारी वंशी कौन सी है ? यह तो केवल मुख के चूसने से ही सुख पाती है । क्योंकि धन्य तो यह वनमाला है ऐसे बोलीं, यथा—हे वनमाले ! तू श्रीकृष्ण के कण्ठ को आलिङ्गन कर, उनके वक्षःस्थल पर शोभा को पाकर, उनके कटिप्रदेश को प्रगटरूप से ही सदा धारण करती रहती है । इतने पर भी श्रीकृष्ण एवं तू और ये देखने वाले सब जन, संकोच के लेश को भी नहीं प्राप्त कर पाते, अतः तू ही धन्य है ॥१०४॥

इस प्रकार श्रीराधा आदि गोपियाँ अपने अपने मन में जब बोल रही थीं, तभी दैवयोग से किसी गोपी ने श्रीकृष्ण की पूर्ण दृष्टि प्राप्त कर ली, किसी ने आधी दृष्टि प्राप्त की, एवं व्रजवासियों की भीड़ में खड़ी हुई किसी ने दृष्टि का तीसरा भाग प्राप्त किया, तथा किसी गोपी ने तो इस समस्त विषय में कुछ भी नहीं प्राप्त किया, केवल तुल्यता को ही धारण किया । किन्तु सभी गोपियों के मन में जो जो संकल्प हुए, अहह ! वे सब सन्ताप के लिए ही हुए ॥१०५॥

तदनन्तर उसी रात में अटारी में सोने वाले कमलनयन श्रीकृष्ण ने, उन राधा आदि गोपियों के सायंकालीन कटाक्षरूप सम्पूर्ण बाणसमूह के संग से, अस्वस्थतायुक्त अपने मन में उत्पन्न हुई पीड़ा के कारण, निरन्तर आधी रात तक जागने पर, उन गोपियों के प्रति अपने मानसिक दुःख को प्रगट करने के लिए, और मानो उसी दुःखसमुद्र को तरने के लिए, शिवजी की दी हुई नवीन मुरली की मनोहर ध्वनि अभ्यास परम्परापूर्वक आरम्भ कर दी ॥१०६॥

उस समय रात्रि में गाया गया केदारराग तो साक्षात् केदाररूप (खेतरूप) ही बन गया था, क्योंकि जिस केदारारागरूप खेत में गोपियों के द्वारा बोया गया वासनारूपी बीज अंकुरित हो गया ॥१०७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—'तू'कारः खलु माथुरेषु परित'स्त्व'ङ्कारभाषा मता
सोऽयं वैणवगानतः प्रतिपदं प्रायः परामृश्यते ।
प्रत्येकं युगपत् प्रियां निशमयन् कृष्णो यदा तं जगौ
मत्वा स्वं प्रति तत् प्रतिस्वमपि ताः सर्वा विमूर्च्छां ययुः ॥१०८॥

"किञ्च,—आनुषङ्गिकतयापि स गाना,-दास्वधाद् यदविदुस्तदमूश्च ।
उद्दिदेश पुरु यां बत सा तु, स्वं च सम्प्रति विवेद न राधा ॥"१०९॥

तदेवमल्पसमयमयमपि कल्पचयमयमिव कल्पयित्वा कथकः समापयन् कथनं श्लथयामास,—॥११०॥

"सोऽयं ते रमणो राधे ! लब्धः कृच्छ्रेण यस्त्वया ।
त्वद्विनाभावतः सौख्यं यश्च कुत्रापि नाप्तवान् ॥"१११॥

तदेवं संक्षेपेणापि कथिते प्रथिते मुहूर्त-द्वयं मूर्तवदेव ताश्च ते च तूष्णीम्भावमासेदुः, पुनश्च यथायथमावासं समासेदुः ॥११२॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु जम्भभेदि-सुरेन्द्रता-स्तम्भन-नगेन्द्रधर-
गवेन्द्रतालम्भनं नामैकोनविंशं पूरणम् ॥१९॥

और उसमें भी मथुरामण्डल निवासी लोगों में त्वंकार की जगह प्रायः 'तू'कार का प्रयोग माना गया है, अर्थात् 'तुम' बोलने की जगह प्रायः 'तू' कहकर बोलते हैं। अतः वही 'तू' कार वेणु के गान से प्रायः पद पद पर विचारा जाता है। प्रत्येक प्रिया को एकसाथ सुनाते हुए श्रीकृष्ण जब उस तूकार को मुरली में गाने लगे, तब वे प्रत्येक गोपियाँ उस तूकार के गायन को अपने अपने प्रति मानकर सभी मूर्च्छित हो गईं ॥१०८॥

किंच श्रीकृष्ण ने गौणरूप से वंशी के तूकारमय गायन के द्वारा, इन गोपियों में जिस अनुराग को धारण किया, भावभरी उन गोपियों ने भी, उसको जान लिया। और हर्ष की बात तो यह है कि, श्रीकृष्ण ने वंशी में जिसका मुख्यरूप से अधिक उद्देश्य किया था, वह भावमयी श्रीराधिका तो सम्प्रति भाव में विभोर होकर अपने को भी भूल गई ॥१०९॥

अतएव इस प्रकार थोड़े से समय को भी, कल्प कल्पान्तर के समान मानकर, कथा समाप्त करते करते कथावाचक ने कहना शिथिल कर दिया— ॥११०॥

हे राधिके ! देखो, ये तुम्हारे वे ही राधारमण हैं, जो कि तुमने बड़े कष्ट से पाये हैं। और जो तुम्हारे विना कहीं भी सुख न पा सके ॥१११॥

इस प्रकार संक्षेप से कही हुई भी कथा जब विस्तृत हो गई, तब चार घड़ी तक वे सब सखियाँ एवं सब सखा मूर्ति की तरह चुपचाप बैठे रहे। पश्चात् जैसे आये थे, वैसे ही अपने अपने भवन को चले गये ॥११२॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये सुरेन्द्र-सुरेन्द्रपदस्तम्भन-नगेन्द्रधरगवेन्द्रपदलम्भन-
नामकं ऊनविंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥१९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ विंशं पूरणम्

श्रीनन्दराजस्य वरुणलोकगमनम्, गोलोकदर्शनं च

अथ प्रभातकथायां स्निग्धकण्ठ उवाच,—"तदेवमेकादशी-कथा कथिता । तां च तिथिमशिथिलतया प्रथितमनोरथां प्रतीत्य नित्यवदेव व्रजदेवः सम्यगुल्लासमुपोवास ॥१॥

"किन्तु पारणकारणमवशीर्णमिव द्वादशीमवशिष्टामवधाय बह्ववशिष्टायामपि रजन्यां विशिष्टविधिबलतः स्नानादि-कलनाय कालिन्दीं प्रविष्टवान्, प्रविश्य च यथायथमत्रस्नुः सस्नौ; स्नात्वा चान्तरेव वारिणः श्रीनारायणमेकायनतया सागमनिष्ठमुपतिष्ठमानः सुष्ठु ध्यातु-मारब्धवान् । तत्र चायं जन्मत एव तन्मयतया सन्मतिरासीत् । तादृश-नन्दनलाभानन्दतस्तु तत्राप्यतिशयं विन्दति स्म । ततश्च तद्विध-ध्यानावधानतः समाधिमनवधिमापन्नवन्तं तं सर्वतः प्रचरन्तः प्रचेतसश्चराः सहसा समासद्य सद्यः स्वीयस्वामिनिवासं प्रत्येव प्रवासयामासुः । एष निवासविशेषश्च तस्य जलस्तम्भविद्यालम्भितारम्भवान् स्वत एव भास्वान् भास्वत्-कन्याह्रदस्थविवरस्याधःप्रदेशे सदेश एव रसाविवरदेशे निवेशमासीदिति । न च कृष्णप्रभवता विदित-महितानुभावस्य तस्य तथानयनं नयवतां न सम्भावनीयम् । स हि निरन्तरमिदं

बीसवाँ पूरण

श्रीनन्दजी का वरुणलोक में जाना एवं गोलोक का दर्शन

अनन्तर प्रातःकाल की कथा में स्निग्धकण्ठ वक्ता होकर बोला—इस प्रकार एकादशी के दिन बीती हुई कथा भाई मधुकण्ठ ने कही । और स्थिरतापूर्वक उस एकादशी तिथि को सर्वमनोरथ पूरण करने वाली समझ कर, श्रीव्रजराज ने नित्य की तरह बड़े उल्लासपूर्वक उपवास किया ॥१॥

किन्तु पारण की कारणभूत क्षीण प्राय द्वादशी तिथि को थोड़ीसी अवशिष्ट जानकर, बहुत सी बची हुई रात्रि में ही, विशिष्टविधि के अनुसार स्नान आदि करने के लिए, श्रीयमुना में प्रवेश किया, और प्रविष्ट होकर विधिपूर्वक निर्भय स्नान करने लग गये । स्नान करके जल के भीतर ही एकाग्रचित्त से वैदिकनिष्ठा-पूर्वक, श्रीनारायण की मानसिक पूजा करते करते अच्छी प्रकार ध्यान करना आरम्भ कर दिया । श्रीनारायण की उपासना में तो ये श्रीनन्दजी जन्म से ही तन्मय होने के कारण निर्मलबुद्धि थे । वैसे लोकोत्तर पुत्र की प्राप्ति के आनन्द से तो वे श्रीनारायण की उपासना में और अधिकता को प्राप्त हो गये थे । तदनन्तर उस प्रकार के ध्यान की सावधानी के कारण, असीम समाधि को प्राप्त हुए श्रीनन्दजी को, चारों ओर घूमते हुए वरुण के चर सहसा उनके पास आकर, शीघ्र ही अपने स्वामी के निवासस्थान के प्रति उठा ले गये ।

यह वरुणलोक का निवासविशेष वरुण की जलस्तम्भनी विद्या के द्वारा आरब्ध होने वाला एवं स्वतः प्रकाशमान था, तथा यमुनाजी के कालियह्रदस्थ विवर के नीचे के प्रदेश के पास में ही भूमि के विलमय स्थान में निविष्ट था । और श्रीकृष्ण के पिता होने के नाते विख्यात एवं पूजित महानुभाव उन श्रीनन्दजी का, उस प्रकार वरुणलोक में ले जाना नीतिमानों की दृष्टि में माननीय नहीं है, सो बात नहीं ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चिन्तयति,—'यदस्य मद्भाग्यजातत: सञ्जातस्य सुतस्य यथोत्तरप्रथमानमानतया परमप्रेम-हर्षदमुत्कर्षं शश्वदेव पश्याम' इति । ततस्तदेवासकृदेव योगमायितुं तल्लीलायामुपयोगमाया-ताया योगमायाया एव समयास्त एते पूतनागमनादिवत् ॥२॥

"अथ तथावेशिनमेव व्रजेशानं यदा पाशिनः पुरतस्तदादेशाभिनिवेशिनस्ते सञ्चारित-वन्तस्तदा तदाकारत एव तं निर्धारयन् पुनश्च नारायणधारणावन्तमवधारयञ्चयमतिदरा-दराभ्यां कृतदिव्यवस्त्रादिप्रशस्तितया वरशय्यामेवाधिशाययामास ॥३॥

"स्वयं च पितृहरणासहिष्णुकृष्णागमनमनन्तरमेव मन्वानः सुदूरदृष्टिहेतुं पूर्द्वारमधि-तिष्ठन्नूर्ध्वमेव तिष्ठति स्म ॥४॥

"अथात्रत्यं वृत्तमनुवृत्यताम् । यदा खलु श्रीकृष्णस्य तातः कृष्णा-पाथसि तन्नाथवत्ता-मात्रधनानां जनानामदृश्यभामवाप, तदा दिशि दिशि कान्दिशीकास्ते जलमवगाह्य तदप्राप्ति-तस्तद्वाह्यं प्रदेशमागताः । आगम्य च विक्रोशन्त एव व्रजमभिगच्छन्तः कृष्णरामाग्रण्यस्तान् व्रजग्रामण्यः कलितासुखान् स्वाभिमुखानेव लेभिरे ॥५॥

"तत्र च वृत्ते श्रुतमात्रे परमदुःखपात्रे सर्वतः कृतमनोविरामौ कृष्णरामौ विक्रम्य सर्वमतिक्रम्य परमोत्कण्ठितत्वया झटिति गत्या पृथिवीमपि घट्टयन्तौ तमेव घट्टमाटतुः । तत्र

क्योंकि श्रीनन्दजी निरन्तर यही स्मरण करते रहते थे कि—मेरे भाग्यसमूह से उत्पन्न हुए इस पुत्रके परम प्रेममय हर्षप्रद उत्कर्ष को उत्तरोत्तर वृद्धि के परिमाण से युक्त निरन्तर ही देखते रहें । इसलिए श्रीनन्दजी के स्मरण के अनुसार श्रीकृष्ण के उत्तरोत्तर उत्कर्ष का सयोग प्राप्त कराने के लिए, उनकी लीला में उपयोग में आने वाली योगमाया के ही, पूतना आदि के आने की तरह ये सब आचरण या संकेत हैं ॥२॥

तदनन्तर ध्याननिमग्न हुए श्रीव्रजराज को जब वरुण के आगे उनके आज्ञाकारी दूतों ने स्थापित किया, तब श्रीव्रजराज के आकार से ही व्रजराज को निश्चय करके पुनः श्रीनारायण की धारणा (ध्यान) से युक्त जानकर, वरुणदेव ने अत्यन्त भय एवं आदर के सहित दिव्यवस्त्र आदि से सजाकर, श्रेष्ठ शय्या पर ही शयन करा दिया ॥३॥

ओर स्वयं "अपने पिता के हरण को न सहने वाले श्रीकृष्ण के आने को तदनन्तर ही मानता हुआ" बहुत दूर से देखने के कारणरूप अपने पुर के द्वार पर स्थित होकर दण्ड की तरह खड़ा हो गया ॥४॥

अब व्रज के वृत्तान्त का अनुसरण करो । जब श्रीकृष्ण के पिता यमुना जल में उनकी अधीनता मात्र को धन मानने वाले जनों को दिखाई नहीं दिये, तब तो वे सब भयभीत हो प्रत्येक दिशा में दौड़ कर, जल में गोता लगाकर भी उनको न पाने के कारण, जल के बाहर आगये । बाहर आते ही रोते एव चिल्लाते हुए व्रज की ओर चल दिये । पश्चात् कृष्ण बलराम हैं आगे आगे जिनके, ऐसे व्रज के कुछ मुखियाओं ने महादुःखी हुए उन लोगों को अपने सम्मुख ही प्राप्त किया ॥५॥

और वहाँ पर परमदुःखास्पद उस घटना के श्रवणमात्र से दुःखित हो, चारों ओर चित्त को चलाने वाले कृष्ण बलदेव, विक्रमपूर्वक सबको लाँघकर, उत्कट उत्कण्ठा से युक्त शीघ्र गति से पृथ्वी को भी चलाते हुए उसी घाट पर आगये । तथा वहाँ पर सम्पूर्णरूप से व्याकुल, अग्रज श्रीबलराम को आलिङ्गन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

च कृष्णः समग्रव्यग्रमग्रजमालिङ्ग्य रिङ्गदस्रमेवेदमश्रावयत्,—'भ्रातर्मातरमकातरतयाभिरक्ष्य सर्व एव रक्षणीयाः, यावदहं पितरमानीय सुखवितरं करवाणि, मातर्यत्रागतायां तु न कथञ्चिदपि पर्याप्तिं पर्यापयितुं शक्ष्यामि' इति ॥६॥

तदेवं कृतसंवादमात्रः पितरमानेतुं निर्मितयात्रः संहनन-बृंहित-सिंहलज्जः संहित-परिकरसज्जः पातालविवरद्वारपात्रं सरित्पात्रमनु ममज्ज ॥७॥

"अनन्तरं च व्रजेश्वरीप्रधानाः सर्व एव तत्र चरणमात्रमादधाना राममेकमवदधानाः कृष्णमनुसन्दधानाः पप्रच्छुः,—'क्व नु यातस्त्वदनुजातः ?' इति ॥८॥

स तु तां व्रजेन्द्रसुदृशं विसदृशदृशं परामृशन्नुवाच,—'मातर्न कातरतामायाहि; स तु सम्प्रत्येव जनकमादाय स्वजनसुखं जनयिष्यति' इति ॥९॥

"अथ स्व-मातरमुवाच,—'हन्त ! त्वमपि कथं मां हन्तासि ? मयि विश्वासतः श्वासमात्रावशिष्टामेतां पाहि ।' ॥१०॥

"ततश्च सर्व एवानर्वाञ्चः कालियदमन-प्रक्रमतस्तद्वचनमक्रमप्रममेव मन्वानास्तां विश्रमयामासुः ॥११॥

"किन्तु, किं स्वप्नः किमु जागरः किमथवा मूर्च्छा किमुन्मादिता
वेत्येतत् परिचेतुमापुरसकृद्बुद्धिं न तस्मिन् जनाः ।

कर अश्रु बहाते हुए श्रीकृष्ण ने यह सुनाया कि—भैयाजी ! मैं जब तक पिताजी को लाकर सुख का वितरण करूँ, तब तक आप सावधानी से माताजी की रक्षा करके सभी की रक्षा करना । माताजी यदि यहाँ आगईं तब तो मैं किसी प्रकार भी न पिताजी को पा सकूँगा, एवं न किसी की रक्षा ही कर सकूँगा ॥६॥

पश्चात् श्रीकृष्ण केवल इस प्रकार वार्तालाप कर, पिताजी को लाने के लिए यात्रा कर, अपने शरीर की परिपाटी से सिंह की लज्जा को बढ़ाकर, कमर में कसी हुई फेंट से सुसज्जित होकर, पाताल विवर के द्वारयोग्य यमुनाजी के मध्य में निमग्न हो गये ॥७॥

तदनन्तर श्रीव्रजेश्वरी आदि सभी व्रजाङ्गनायें उसी घाट पर चरणमात्र धरकर, अकेले बलरामजी को देखकर, श्रीकृष्ण का अनुसन्धान करती हुईं पूछने लगीं कि—तुम्हारे छोटे भाई कहाँ गये हैं ? ॥८॥

श्रीबलरामजी तो श्रीयशोदाजी को विरूपाकार वाली देखते हुए बोले—माताजी ! आप कातरता को मत प्राप्त होओ, क्योंकि श्रीकृष्ण अभी पिताजी को लेकर यहाँ आकर स्वजनों के सुखको उत्पन्न कर देंगे ॥९॥

पश्चात् अपनी माँ से बोले—हाय ! तू भी मुझ को क्यों पीटेगी ? देख, माँ ! मुझपर विश्वास कर । श्वास मात्रावशिष्ट श्रीयशोदाजी को बचा ले ॥१०॥

तदनन्तर सभी बूढ़े बड़े गोप कालियदमन के अनुसार, श्रीबलरामजी के वचन को ग्लानिरहित यथार्थ अनुभव से युक्त मानते हुए, श्रीव्रजरानी को विश्राम कराने लग गये ॥११॥

किन्तु उस समय सभी जन यह क्या स्वप्न है, अथवा जागरण ? यह मूर्च्छा है, अथवा उन्माद ? इस विषय को समझने के लिए बारंबार बुद्धि को न पा सके । किन्तु उत्कण्ठा से आवृत हृदयवाले उन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किन्तूत्कण्ठितताव गुण्ठितहृदां तेषामभूद्वागियं
हाहा श्रीव्रजराज ! हा बत हहा श्रीकृष्ण ! कुत्रासि भोः ! ॥१२॥
जनीचतुष्टयधृता प्लुष्टचित्ता व्रजेश्वरी ।
श्वासास्तितातर्कपात्रं हाहा मात्रं जगाद सा ॥१३॥

"अथ तुङ्गाचलजलचितसुरङ्गा-प्रवेशतः प्रचेतः-सदनगतस्य तस्य व्रजलक्ष्मीदयितस्य चरितमनुपचरितमवधार्यताम् ॥१४॥

"यदा तु तेऽग्रादसाम्पतिभवनं जवतः श्रीव्रजराजमभाजयंस्तदा स च तत्र सचते स्म ॥१५

"यथा च—

स्निग्धश्यामलरुच्यपि क्रुदरुणद्योतादृश्यं वपु-
र्ध्वान्तध्वंस्यपि तीव्रताशबलनाद्दृग्रोधनं दृग्द्वयम् ।
कौमल्यादिगुणापि रोषरभसादुग्रा तथा तस्य गीः
कल्पान्ताब्दतडिद्ध्वनि-भ्रमधरान् विस्मापयन्ते स्म तान् ॥१६॥

"ततश्च बिलं बलमानः 'स खलु जम्बुकः क्व नु वर्तते' इति जल्पकल्पनया तस्मिन्नवज्ञा-वर्धनस्य श्रीमन्नन्दकुलसमर्धनस्य भृशमर्दिधिषति दृशमर्दिदिषति च तेजसि बहलकोलाहल-

---

जनों के मुख से केवल यही वाणी प्रगट हो रही थी कि—हाय ! हाय ! हे श्रीव्रजराज ! हाय ! हाय ! हाय ! हे प्यारे श्रीकृष्ण ! आप कहाँ हो ? ॥१२॥

उस समय चार जनियों के द्वारा धारण की हुई प्रायः दग्धचित्त वाली व्रजेश्वरी श्रीयशोदा, अपने श्वासों के अस्तित्व के तर्कपात्र, हा हा मात्र कह रही थीं, अर्थात् मेरे श्वास अभी हैं, इस बात को बताने वाले, हा हा कार मात्र कर रही थीं ॥१३॥

अब ऊँचे एवं अचल जल से व्याप्त सुरङ्ग में प्रवेशकर वरुणलोक में गये हुए, एवं व्रजकी लक्ष्मी-स्वरूपा श्रीराधा आदिकों के प्यारे श्रीकृष्ण के, यथार्थ चरित्र का श्रवण कर धारण करो ॥१४॥

जिस समय वरुण के दूतों ने श्रीव्रजराज को वेगपूर्वक वरुण के भवन में पहुँचाया था, उसी समय श्रीकृष्ण भी वहाँ पर सम्मिलित हो गये ॥१५॥

यथा—उस समय स्निग्ध श्यामवर्ण की कान्ति वाला भी श्रीकृष्ण का शरीर क्रोध में रक्तवर्ण के से प्रकाश के कारण, अदृश्य (देखने में भयंकर) प्रतीत हो रहा था, एवं अन्धकार को दूर करनेवाले भी उनके दोनों नेत्र तीव्रता के सम्मेलन से देखने वालों के नेत्रों की शक्ति को रोक रहे थे, और कोमलता आदि गुण से युक्त भी उनकी वाणी क्रोध के वेग से उग्र मालूम पड़ती थी । इस प्रकार श्रीकृष्ण का शरीर, नेत्र, एवं वाणी, ये तीनों मिलकर प्रलयकालीन मेघ, बिजली, तथा मेघ की गर्जन के भ्रम को धारण करने वाले वरुणलोक वासियों को विस्मत (चकित) करने लग गये। अर्थात् श्रीकृष्ण के शरीर को प्रलयकालीन मेघ के समान, उनके नेत्रों को बिजली के समान, एवं उनकी वाणी को मेघ की ध्वनि के समान मानकर सभी विस्मित हो गये ॥१६॥

पश्चात् "बिल में दुबक कर बैठे हुए गीदड़ की तरह वरुणलोकरूपी बिल में पड़ा हुआ वह नीच वरुण कहाँ है ?" इस प्रकार बोली की कल्पना द्वारा उस वरुण के ऊपर तिरस्कार बढ़ाने वाले, एवं श्रीमान् नन्दजी के कुलको बढ़ाने वाले श्रीकृष्ण के अत्यन्त बढ़ने की इच्छा वाले, तथा नेत्रों को ताड़ित

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रवाहमवलम्बमानः स्वगलबलयितचेलतया क्ष्मामेलितभालः सर्बजलपालः शङ्कितकलिः कलिताञ्जलिर्विदूरभूगत एवाखण्डदण्डवत् प्रणनाम ॥१७॥

"तस्य चेद्दशात् खर्वगर्वतावलोकनात् सर्व एव तन्नाथास्तथा प्रथाश्चक्रुः ॥१८॥

"ततश्च तरुणारुणकमललोचनः सर्वरोचनः करुणया पुरःसरतामासद्य सद्यस्तं वरुणं पप्रच्छ,—'ते तु कुत्र परमधर्माचरणा मदीयपितृचरणाः ?' इति ॥१९॥

"वरुणस्तु गलितधैर्यसङ्गनः साञ्जलितया सान्त्वं वचो व्यानञ्ज,—'पुरुषोत्तम ! यत्र खलु तत्रभवांस्तत्र परमसावसमः परममहान् सम्भवति नान्यत्र, किन्तु तेषामेषां किङ्कराणां किं करवाणि शासनमात्मनश्चेति तदनुशासनमाशासे ।' ॥२०॥

"कृष्णः सशान्तस्वान्तमाह स्म,—'वराकाणामेषां दण्डः केवलं दण्डयितुः पौरुषं खण्डयति । अविलम्बस्पर्शमेव तु दर्शयतात्तातचरणसरोजातम् ।' ॥२१॥

"अथ यथादिशन्ति दीर्णदीनादीनवास्तत्रभवन्तः इति । वारिराजः श्रीव्रजराज-विराजमानसदनपर्यन्तं पन्थानं तच्चरणमूलतः परमदुकूलानुकूलं चकार । तत्र निनाय च गोपकुलनायककुलनायकम् ॥२२॥

करने की इच्छा वाले तेज में, अधिक कोलाहल के प्रवाह का अवलम्बन करता हुआ, अपने गले में वस्त्र को लपेट कर भूमि पर मत्था टेकने वाला, कलह की शंकावाला, जलमात्र की रक्षा करने वाला, वह वरुणदेव हाथ जोड़कर बहुत दूर की भूमि में स्थित होकर ही, साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम करने लग गया ॥१७॥

वरुण के इस प्रकार गर्व के ह्रास को देखकर, वरुण के द्वारा पालित सभी लोग उसी प्रकार साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम करने लग गये ॥१८॥

तदनन्तर नवीन रक्तकमलदल के से नेत्रों वाले सर्वप्रिय श्रीकृष्ण, कृपापूर्वक आगे बढ़कर शीघ्र ही उस वरुण को पूछने लगे कि— भक्तिरूप परम धर्म के आचरण करनेवाले, पूज्यपाद वे हमारे पिताजी कहाँ पर हैं ? ॥१९॥

धैर्य से रहित हुआ वरुण तो हाथ जोड़कर अत्यन्त मधुर वचन बोला—हे पुरुषोत्तम ! सर्वपूजनीय आप निश्चितरूप से जहाँ विराजते हैं, वहाँ पर निवास करनेवाला साधारणजन भी सर्वोत्कृष्ट एवं परम महान् हो सकता है, दूसरे स्थान पर नहीं। फिर आपके नित्यपिता के महत्त्व को कौन कह सकता है ? किन्तु आपके पिता को उठाकर लाने वाले इन सेवकों को कौनसा दण्ड विधान करूँ ? और अपने लिए कौनसा दण्ड निश्चित करूँ ? अतः इस विषय में उस दण्ड के अनुशासन को आपके द्वारा ही चाहता हूँ ॥२०॥

श्रीकृष्ण शान्तियुक्त मन से बोले—इन बिचारे अज्ञानियों को दण्ड देना केवल दण्ड देने वाले के भी पुरुषार्थ को खण्डित कर देता है। अतः तुम शीघ्रतापूर्वक हमारे पूज्य पिताजी के चरणकमलों का दर्शन कराओ ॥२१॥

पश्चात् वरुण बोला—हे दीनजनों के दुःख, दोष, दारिद्र्य दूर करनेवाले ! परमपूज्य प्रभो ! आपकी जैसी आज्ञा। इस प्रकार कहकर जलपति वरुण ने श्रीकृष्ण के चरणमूल से लेकर, श्रीव्रजराज से विराजमान भवन पर्यन्त, सम्पूर्ण मार्ग को श्रेष्ठ श्रेष्ठ रेशमी दुपट्टाओं से आच्छादित (ढका हुआ) करवाकर, अनुकूल बना दिया। और गोपकुल के नायकसमूह के नायक श्रीकृष्ण को वहाँ पर लिवा ले गया ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"उवाच च, (भा० १०।२८।८)—

'गोविन्द ! नीयतामेष पिता ते पितृवत्सल' इति ॥२३॥

'इदमहं जानाम्येव, तत् कथमन्यथा चराभि, कथं वा परादस्य पराभवः स्यात्' इति भावः ॥२४॥

"तदेवं वरुणस्य पाशाद् यद्भूयपात्रायमाणत्वम्, तस्मादपि स्वप्रभावेण मोचकस्य तस्य,— ॥२५॥

"उपलभ्य च सौरभ्यमलभ्यस्य सुतस्य सः ।
अभ्याययौ बहिर्वृत्तिं सभ्यानां विस्मयं वहन् ॥२६॥
उन्मीलयामास विलोचने स, श्रीमन्मुखं तस्य च सन्ददर्श ।
सन्दर्शनादेव बभूव साश्रुः, स्वप्नायितं चाश्रुवृतेरमंस्त ॥२७॥

"कृष्णस्तु तच्चरणयुगलतलस्पर्शपूर्वकं तमालिङ्गन्नुन्नमितवान्,—'तात ! सोऽहमागतोऽस्मि' इत्यधिगमितवांश्च ॥२८॥

"तत्र द्वयोरपि समग्रव्यग्रतामागच्छतोरथ हरिस्तु परितः परीतपरपरीवारपरीहासशङ्कया संकुचितचित्तस्तत्र चात्मनि च वाष्पादिविकारव्यतिरिक्ताकारतामासादयितुं व्याजहार,—'तात ! परितः समवधीयताम् ।' ॥२९॥

"अथ व्रज-सुत्रामा परितः समीक्ष्य च 'कुत्रावामागतौ' इति सवैलक्ष्यं पुत्राननमीक्षते स्म ॥३०॥

और बोला कि—हे पितृवत्सल ! गोविन्द ! ये आपके पिताजी हैं, इन्हें लिवा ले जाइये ॥२३॥

"आपके पिता हमारे भी माननीय हैं" यह मैं अच्छी प्रकार जानता हूँ, अतः अन्यथा आचरण कैसे करूँगा ? और दूसरे के द्वारा इनका तिरस्कार भी कैसे हो सकता है ? यही मेरे कहने का भाव है ॥२४॥

इस प्रकार वरुण के पाशनामक अस्त्र द्वारा जो भय उत्पन्न हुआ था, उससे भी अपने प्रभाव से मुक्त करनेवाले, अलभ्य अपने पुत्र श्रीकृष्ण के अङ्ग की सुगन्धी को पाकर, श्रीनन्दजी सभ्यजनों को विस्मित करते हुए, समाधि से विरत हो बाह्यवृत्ति को प्राप्त हो गये ॥२५-२६॥

पश्चात् श्रीनन्दजी ने अपने नेत्र खोल दिये, और श्रीकृष्ण के श्रीमुख का भली प्रकार दर्शन किया। दर्शन करते ही प्रेमाश्रुओं से युक्त हो गये, एवं अश्रुजल के आवरण के कारण उस दर्शन को स्वप्न के तुल्य ही माना ॥२७॥

श्रीकृष्ण ने उस समय उनके चरणयुगल के तले को छूकर आलिङ्गन करते करते उनको उत्थापित कर दिया। और हे पिताजी ! मैं आपका लाला श्रीकृष्ण आ गया हूँ, यह कहकर उनको सचेत किया ॥२८॥

वहाँ पर दोनों ही जब पूर्ण व्यग्रता को प्राप्त हो गये, तब श्रीकृष्ण तो चारों ओर खड़े हुए वरुण के परिवार वालों के परिहास की आशंका से चित्त में संकुचित होकर, श्रीनन्दजी में एवं अपने अश्रुप्रवाह आदि के विकार से रहित आकार को प्राप्त कराने के लिए बोले—पिताजी ! अच्छी प्रकार सावधान हो जाइये ॥२९॥

तदनन्तर श्रीव्रजेन्द्र चारों ओर देखकर, हम तुम दोनों कहाँ आ गये हैं ? इस प्रकार कहकर आश्चर्यपूर्वक लाला के मुख को देखने लग गये ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स चोवाच,—'तात ! मा तन्यतामन्यथाभावः; यथाव्रजनमेव, स्वव्रजं व्रजिष्यावः । ततः पुरतश्चरणकमलमवधीयमानमाधीयताम् ।' ॥३१॥

"तत्र तु तथाकुर्वति व्याकुलताकुलकाकुपूर्वं वरुण उवाच,—

'कृपाजुस्त्वमहो कृष्ण ! द्वयोरेकतरं कुरु ।
दण्डं वाथ प्रसादं वा नापराधं तु शेषय ॥'३२॥

"तदेवं कृतयात्रतया स्थितयोरपि क्षणमात्रमवस्थितयोस्तयोर्महोपचारांश्चरणाग्रतः समर्पितानाचरन् प्रणाममाचचार, चचाल च स ताभ्यां सह यावद्विवराभ्यासम् । आगम्य च तदभ्यासं तद्वर्त्मभागस्थितनीरं विभागमागमय्य ताभ्यां सह व्रजं प्रति प्रहित-जनप्रहितमहितालंकृतिमुखपरिवर्हसम्भृतिमुहूर्तसुखपूर्तितः कृतकृत्यम्मन्यतया नृत्यन्निव निववृते ॥३३॥

"तदा तीरस्थाना व्रजजनिजनाः प्राणरहित-
प्रभास्तद्वर्त्मेक्षास्थितशिथिलजीवस्थितिदशाः ।
पितापुत्रौ तौ निर्व्यथनसदनान्निर्व्यथतया
गतौ दृष्ट्वा भूयोऽप्यहह सुखतन्द्रीमभिययुः ॥३४॥

"केवलस्तु बलदेवस्तावभिजगाम, प्रणनाम च व्रजराजम् । दत्तसुखसमाजे व्रजराजे तु तमुपगुह्य विस्मृतबाह्यतया किञ्चन चासमूह्य क्षणकतिपयं विरमति, पुनश्च रामे पुनः

श्रीकृष्ण भी बोले कि—पिताजी ! अन्य प्रकार के भाव का विस्तार न करो, अर्थात् शंका मत करो। जिस प्रकार हम दोनों आये थे, उसी प्रकार अपने व्रज में चले जायेंगे। इसलिए चरणकमलों को सावधानी से आगे की ओर रखिये ॥३१॥

वे दोनों जब चलने को उद्यत हुए, तब वरुण व्याकुलता से आकुल एवं कातरतापूर्वक बोला—हे प्रभो ! श्रीकृष्ण ! आप दयालु हैं, दो बातों में से एक अवश्य सम्पन्न करो। मुझे दण्ड दो, या मुझपर कृपा करो। किन्तु अपराध को अवशिष्ट मत रहने दो। क्योंकि दण्ड अथवा कृपा के बिना अपराध नष्ट होना असम्भव है ॥३२॥

अतएव इस प्रकार यात्रा करके क्षणभर के लिए खड़े हुए, उन पिता पुत्र दोनों के आगे, अनेक प्रकार के बड़े बड़े वस्त्र, भूषण आदि उपकरणों को अर्पण कर वरुण ने साष्टांग प्रणाम किया। और उन दोनों के साथ भूमि पर आने के बिल के निकट तक गमन भी किया। और उस बिल के पास आकर उसके मार्ग में खड़े हुए जल को इधर उधर हटाकर, उन दोनों के साथ व्रज को जाने के लिए भेजे गये सेवकजनों के ऊपर, श्रेष्ठ अलंकार आदि राजोचित सामग्री के भार को रखवाकर, दो घड़ी तक सुख से परिपूर्ण होकर, अपने को कृतार्थ मानकर, नृत्य सा करता हुआ लौट आया ॥३३॥

उस समय तीर पर बैठे हुए, प्राणरहित की सी कान्ति वाले, तथा उन दोनों के आने के मार्ग को देखने के लिए खड़ेहुए, एवं जीवनस्थिति की दशा से शिथिल हुए, व्रजवासी लोग भूमि के छिद्र में विद्यमान वरुण के घर से सुखपूर्वक आये हुए, उन दोनों पिता पुत्रों को देखकर, हाय ! हाय ! दुबारा भी सुखमयी मूर्च्छा को प्राप्त हो गये ॥३४॥

केवल एक श्रीबलदेवजी ही उन दोनों के अगवानी गये, और उन्होंने श्रीव्रजराज को प्रणाम किया। और सुखसमूह को देकर, बलरामजी को आलिङ्गन कर, बाह्यदशा को भूल जाने के कारण कुछ भी न

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पुनर्नमति रामानुजः सहसा सहसा परिक्रम्य परमरम्यनिजस्पर्शामृतस्पर्शनतः प्रथमं मातरमेव कातरः पुनर्जीवलोकमालोकयामास, क्रमशस्त्वन्यमन्यमपि ॥३५॥

"समागते पितरि हरेरुभावपू, मिलन्त्यपि व्रजजनताऽमिलन्मिथः ।
तदा न सा परिबुबुधे परं परं, परन्तु तावखिलमवैत् परापरम् ॥३६॥

हम्बारावैर्जनकलकलैः स्वर्गतः पुष्पपातै-
र्वाद्यैर्नृत्यैः स्तवरवशतैरुत्थितेऽन्योऽन्यमर्दे ।
श्रीमान् रामः पशुसमुदयं वारयँल्लोकवृन्दं
श्लक्ष्णालापैरपि समुचितस्थाननिष्ठं चकार ॥३७॥

"तत्र च,—स्वयं दत्त्वा शुभ्रासनमिह महागोपपतये
यथायोग्यं चान्यान् विदधदुपविष्टानथ बलः ।
उपान्तप्रक्रान्तस्थितिमनुजमापृच्छ्य परितः
कथामेतां शृण्वन् पशुप-कुलमश्रावयदपि ॥३८॥

"तत्राथ दत्तस्वातन्त्र्यतया विप्रानामन्त्र्य परमान्नादिभिः सन्तर्प्य तदभीप्सितानि वीप्सया समर्प्य द्वादश्यतिक्रमभिया तत्प्रवणधिया 'व्रतमिदमच्छिद्रप्रथमस्तु' इति प्रार्थ्य

कहकर, कुछ क्षणों तक व्रजराज जब चुपचाप खड़े थे, तथा श्रीबलरामजी जब तक उनको बारंबार नमस्कार कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण ने शीघ्र ही अलक्षितभाव से घूमकर, कातर होकर, परम रमणीय अपने स्पर्शामृत के संयोग से पहले अपनी माता को ही, पुनर्जीवलोक का दर्शन कराया, अर्थात् बाह्य चेष्टा का भान कराया। पश्चात् क्रमशः अन्यान्य व्रजवासियों को भी सचेतकर जीवलोक का दर्शन कराया ॥३५॥

श्रीकृष्ण के पिताजी के आ जाने पर, व्रज की जनता उन दोनों से मिलती हुई भी आपस में मिलने लग गई। उस समय वह जनता दूसरे को न समझ सकी, किन्तु सम्पूर्ण परापर को केवल "श्रीनन्द एवं श्रीकृष्ण" को ही जान गई। अर्थात् सारी जनता को प्रेमावेश के कारण श्रीनन्द एवं श्रीकृष्ण के सिवाय अपना पराया कोई भी दिखाई नही देता था ॥३६॥

उस समय गोगण के हँबारव से, जनों के कलकल शब्द से, स्वर्ग से पुष्पों के गिरने से, वाद्य से, नृत्य से, सैकड़ों प्रकार के स्तोत्रों के शब्द से, परस्पर में एक प्रकार का संघर्ष खड़ा हो जाने पर, श्रीमान् बलरामजी ने पशुसमुदाय को रोककर, मीठी मीठी बातों से सभी लोगों को यथायोग्य स्थान पर बैठा दिया ॥३७॥

और वहाँ पर श्रीबलदेवजी ने महागोपपति श्रीनन्दजी के लिए स्वयं श्वेतवर्ण का आसन देकर, अन्यजनों को भी यथायोग्य स्थान पर बैठाकर, अपने पास बैठे हुए श्रीकृष्ण से वरुणलोक की सारी कथा पूछकर, उसको स्वयं सुनकर, गोपसमूह को भी सुना दी ॥३८॥

पश्चात् उसी यमुनातट पर स्वतन्त्रता दानपूर्वक ब्राह्मणों को निमन्त्रण देकर, परमान्न (खीर) आदि पदार्थों के द्वारा उनको अच्छी प्रकार तृप्तकर, उनके अभिलषित पदार्थों को बार बार दक्षिणा के रूप में देकर, द्वादशी के अतिक्रमण के भय से, तत्परबुद्धि से "यह हमारा एकादशी का व्रत निश्छिद्ररूप से विख्यात

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गीर्भिस्तदाशीर्भिस्तत्र सामर्थ्यं समर्थ्य कृतार्थम्मन्यास्ते धन्या बहुलकुतूहलतः सर्व एव व्रजमाव्रजन्ति स्म ॥३९॥

"यत्र व्रजाध्यक्षः स्वयमध्वानं व्रजन्मध्येसुतद्वयमभ्राजिष्ट ।" ॥४०॥

अथ कथकस्तामेतां कथां समापयन् श्रीव्रजेश्वरं प्रत्याह,—

"पाशिपाशेन सम्बन्धस्त्वय्यासीन्नेति का कथा ।
तद्भयेनापि नासीत्त्वत्पुत्रस्यास्य प्रभावतः ॥४१॥
तदुक्तं वरुणेनास्य करुणां वीर्यभीरुणा ।
'गोविन्द ! नीयतामेष पिता ते पितृवत्सल !' ॥" इति ॥४२॥

"अथ दिनान्तरे कृष्णमन्तरेण सभान्तरे निविष्टा गोपकुलशिष्टा व्रजपतिं प्रति तत्रत्यं चित्रं पप्रच्छुः ॥४३॥

"स च लोकपालस्य तस्य तं महोदयमैहिकलोकानामालोकपथातीतमस्तोकं श्लोकयामास; 'तत्र च मित्राणि ! चित्रं श्रूयताम्' इति तद्वासिनां कृष्णे भक्तिमतिरिक्तां वर्णयामास ॥४४॥

"तद्वर्णनानन्तरं तु निजनिजमन्तरमनु विस्मितानां तस्मिन्नीश्वरतालम्भक-सम्भावनया सर्वेषामेव सेयं भावना जाता,—'यदि चानश्वरप्रतिपत्तिवशादयमीश्वरस्तथाप्यौत्पत्तिकस्नेह-

---

हो" ऐसी प्रार्थना कर, एवं उन ब्राह्मणों की आशीर्वादरूप वाणियों के द्वारा उस व्रत की पूर्ति में सामर्थ्य का समर्थन कर, अपने को कृतार्थ मानते हुए, वे भाग्यशाली सभी गोपजन, बड़े कौतूहलपूर्वक व्रज को चले आये ॥३९॥

और जिस गोपसमूह में व्रजराज स्वयं मार्ग में चलते हुए दोनों पुत्रों के बीच में शोभा पा रहे थे ॥४०॥

तदनन्तर कथावाचक इस कथा को समाप्त करता हुआ श्रीव्रजेश्वर के प्रति बोला—हे व्रजेश्वर ! वरुण के पाश से तुम्हारे शरीर में कोई सम्बन्ध नहीं हुआ । इस बात का तो कहना ही क्या है ? क्योंकि तुम्हारे लोकोत्तर इस पुत्र के प्रभाव से तो वरुण के भय से भी सम्बन्ध नहीं हुआ ॥४१॥

अतः इसके पराक्रम से डरे हुए वरुण ने इसकी करुणा का वर्णन करते हुए कहा था कि—हे पितृवत्सल ! गोविन्द ! ये आपके पिताजी हैं, इन्हें आप लिवा ले जाइये ॥४२॥

तदनन्तर दूसरे दिन श्रीकृष्ण के विना ही सभा में बैठे हुए सदाचारपरायण गोपों ने, व्रजपति के प्रति वरुणलोक में होने वाले आश्चर्य को पूछा ॥४३॥

श्रीव्रजराज ने भी उस लोकपाल वरुण के इस मृत्युलोक के लोगों के दर्शनपथातीत उस महान् उदय (उन्नति) की भूरि भूरि प्रशंसा की । और उसमें भी "हे मित्रो ! आश्चर्य की बात सुनो" यह कहकर उस वरुणलोक में रहने वालों की श्रीकृष्ण के ऊपर विशिष्ट श्रद्धाभक्ति का भी वर्णन किया ॥४४॥

उस वर्णन के अनन्तर तो अपने अपने अन्तःकरण में विस्मित हुए, सभी गोपों की श्रीकृष्ण में ईश्वरता प्रतिपादक शक्ति की सम्भावना से, यह भावना उत्पन्न हुई कि—यद्यपि ध्वंसरहित ज्ञान के कारण यह ईश्वर हो सकता है, यह बात ठीक है, तो भी, स्वाभाविक स्नेहसम्पत्ति के विषय के आश्रयस्वरूप

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सम्पत्तिविषयाश्रयतामयनिरामयसुखदायीति तु सदा मुख्यव्यतीतसर्वतर्षं समुत्कर्षं द्रष्टुं सुष्ठु मुहुरुल्लसत्येव नश्चेतोवृत्तिः । तच्च किमनेन निर्बाधं साधयिष्यते ?' इति ॥४५॥

"एष चाशेषाणामेषां स्वापरपर्यायज्ञातितया स्वाभेदेन विज्ञायमानानामेतदभिज्ञाय कारुण्यजातयन्त्रणया शीघ्रतापरतन्त्रतया चिन्तितवान्,—॥४६॥

'अहो ! एते च ते ते मम परमस्वजना मयि पारमैश्वर्यं पर्यालोच्य सर्वतोऽप्यसम्भवं मद्वैभवमनुभवितुमिच्छन्ति, किन्तु नानुभवन्ति, यत एव लोकपालवैभवमात्रं चमत्कारपात्रं कुर्वन्ति; तादृशं तद्वैभवं पुररेषां स्वगतिमयमेव, तत्तु तन्नयमपि यन्नानुभवन्ति, तत् खल्वविद्याकामकर्मनिर्मितोच्चावचगतिमति जगति विरचितमवतारमनु सर्वसाधारणम्मन्यतया बुद्धिबाधात एव ॥४७॥ सा चैषाम्, (भा० १०।११।५८)—

'इति नन्दादयो गोपाः कृष्णरामकथां मुदा । कुर्वन्तो रममाणाश्च नाविन्दन् भववेदनाम् ॥'

(भा० १०।१६।१०)—'कृष्णेऽर्पितात्मसुहृदर्थकलत्रकामाः' इति; (भा० १०।६५।६)

'कृष्णे कमलपत्राक्षे संन्यस्ताखिलराधसः' इति ॥४८॥

रोगरहित सुखों को देने वाला है । इसलिए हमारे चित्त की वृत्ति तो, सब वासनाओं को दूर करने वाले श्रीकृष्ण के उत्कर्ष को देखने के लिए, सदैव अच्छी प्रकार बारबार उल्लसित होती रहती है । क्या श्रीकृष्ण निर्विघ्नतापूर्वक अपने लोकोत्तर उत्कर्ष का दर्शन हमको करायेंगे ?॥४५॥

और इधर ये श्रीकृष्ण "ये सब गोप आत्मीय एवं अनात्मीय के पर्याय के भेद से हमारी ही जाति के हैं, तथा मैं इनको अपने से अभिन्न ही समझता हूँ" इस प्रकार जानकर करुणा समूह से नियन्त्रित एवं शीघ्रता के पराधीन होकर विचार करने लगे—॥४६॥

अहह ! ये सभी लोग मेरे परम स्वकीय जन हैं, मेरे में परमेश्वरता का विचार कर, सर्वतोभाव से असम्भव, अर्थात् सर्वसाधारण के अनुभव के अगम्य, मेरे वैभव का अनुभव करना चाहते हैं । किन्तु ये अनुभव नहीं कर पा रहे हैं । इसी कारण से वरुण के साधारण वैभव मात्र को अपने चमत्कार का पात्र बना रहे हैं, अर्थात् उसीसे चमत्कृत हो रहे हैं । वैसा लोकोत्तर मेरा जो वैभव है, वह इन सब का निजगतिमय ही है । उस निजगतिमय वैभव का ये जो अनुभव नहीं कर पा रहे हैं, वह केवल इनको अपने स्वरूप का ज्ञान न होने से ही रुका हुआ है । क्योंकि अविद्या, काम, एवं कर्मों के द्वारा देवता, मनुष्य, पशु, पक्षि आदि ऊँची नीची गतियाँ उत्पन्न होती हैं । यह मायामय जगत् इस प्रकार की गतियों का आश्रयस्वरूप है । इस प्रकार के जगत् में मेरा जो अवतार प्रगट हुआ है, उसको मेरे प्रेम के वशीभूत होकर सर्वसाधारण के समान मानने के कारण इनकी बुद्धि में बाधा पड़ गई है । इन नित्यसिद्ध श्रीनन्दादि गोपों की बुद्धि में संसारी अविद्या, काम, कर्मादि द्वारा कोई बाधा उपस्थित नहीं हो सकती । इनके पक्ष में अविद्या आदि शब्दों का भावार्थ यह है, यथा—श्रीकृष्ण की लीला में अधिक आवेश के कारण अन्य वस्तुओं का अननुसन्धान ही 'अविद्या' शब्द वाच्य है । श्रीकृष्ण के सुख के लिए विचित्र मनोरथ ही 'काम' शब्द वाच्य है । श्रीकृष्ण के अनुकूल कार्य करना ही 'कर्म' शब्द वाच्य है । यही अर्थ षड्गोस्वामीगण सम्मत है । श्रीजीव गोस्वामी ने श्रीमद्भागवत १०।२८।१३, के क्रमसन्दर्भ में यही अर्थ किया है ॥४७॥

उनकी बुद्धि का दिग्दर्शन, यथा—इस प्रकार श्रीनन्दादि गोपगण हर्षपूर्वक श्रीकृष्ण बलदेव की कथा को करते हुए, उसी कथा में रमण करते हुए, सांसारिक वेदना को न प्राप्त कर सके । क्योंकि ये सब अपनी आत्मा, सुहृद, धन, कलत्र एवं सब कामनाओं को श्रीकृष्ण के ऊपर न्योछावर कर चुके थे । एवं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तथा च, (भा० १०।१४।३५)—

'एषां घोषनिवासिनामुत भवान् किं देव ! रातेति न-
श्रेतो विश्वफलात् फलं त्वदपरं कुत्राप्ययन्मुह्यति ।
सद्वेषादिव पूतनापि सकुला त्वामेव देवापिता
यद्धामार्थसुहृत्प्रियात्मतनयप्राणाशयास्त्वत्कृते ॥'४९॥

इत्यादिभिः प्रमितसर्वोपरिमद्वशीकारिप्रेममहिम्नां यद्यपि नाविद्यादिमयी, तथाप्येषामन्य-साधारणम्मन्यतामसहमानोऽहं मदीयप्रेम-सन्दोहमयमोहाभिलाष-लालनाजालतः सञ्जायमाना-मप्येतां तन्मयीमेव मन्ये ॥५०॥

'वस्तुतस्तु तादृशप्रेमर्णेनानादिकल्पत एवान्येभ्यः प्रत्तानवकाशामुत्तमर्णतां गतानामप्येषां मय्यर्पितसर्वार्थिनां गतिरेव मम गतिस्तदनुगतमेव च मम परमं वैभवम्, न पुनरतः परमपि परं सम्भवति ॥५१॥

इन गोपों ने कमलदललोचन श्रीकृष्ण के निमित्त समस्त भोग, स्वर्ग और मोक्ष तक त्याग रखा था ॥४८॥

और देखो, ब्रह्माजी स्तुति करते हुए श्रीकृष्ण से कहते हैं कि—हे देव ! इन व्रजवासियों को इनकी सेवा के बदले में आप क्या फल देंगे ? सम्पूर्ण फलों के फलस्वरूप—आप से बढ़कर और कोई फल तो है ही नहीं, यह सोच कर मेरा चित्त मोहित हो रहा है। क्योंकि मेरा यह चित्त आप से बढ़कर कहीं भी किसी को नहीं पाता है। आप उन व्रजवासियों को अपना स्वरूप देकर भी, उऋण नहीं हो सकते। क्योंकि आपके स्वरूप को तो वह पूतना भी अपने कुल के सगे भाई अघासुर, बकासुर आदि के साथ प्राप्त कर चुकी, जिसका केवल वेष ही साध्वी स्त्री का सा था, पर हृदय तो महान् क्रूर था। फिर जिनके घर, धन, स्वजन, प्रिय, शरीर, पुत्र, प्राण और मन सब आपके लिए ही हैं, उन व्रजवासियों को भी वही फल देकर आप कैसे उऋण हो सकते हैं ? ॥४९॥

इत्यादि भागवतीय प्रमाणों से व्रजवासियों के प्रेम की महिमा सर्वोपरि है, एवं उन्हीं का प्रेम मुझको वश में करने वाला है। हमारे विरह में इनके मन में जो बाधा उपस्थित होती है, वह यद्यपि अज्ञानमयी नहीं है, तो भी मैं इन व्रजवासियों की अन्य साधारण जनों की सी मान्यता को न सहता हुआ, मेरे प्रेम समूहमय मोह के कारण इनकी जो अभिलाषा है, उसके द्वारा मेरे लालन पालन आदि के समूह के कारण उत्पन्न हुई इस बुद्धि बाधा को अविद्यामयी ही मानता हूँ। किन्तु इनके पक्ष में वह बुद्धि बाधा अविद्या-मयी नहीं है। इसका तात्पर्य ४७ वें गद्य की टीका में खोल चुके हैं ॥५०॥

वस्तुतस्तु इन व्रजवासियों के वैसे अपूर्व प्रेमरूपी ऋण के द्वारा अनादिकल्प कल्पान्तरों से लेकर, आजतक अन्य भक्तों के लिए जिस उत्तमर्णता को मैंने अवकाश नहीं दिया, उस उत्तमर्णता को प्राप्त करने वाले, एवं मेरे लिए ही सब वस्तुओं को समर्पण करने वाले इन व्रजवासियों की जो गति है, वही मेरी भी गति है। और मेरा जो परम वैभव है, वह भी इनके ही अनुगत है। अतः इन व्रजवासियों की प्रेममयी गति से भिन्न और कोई भी श्रेष्ठ नहीं हो सकता ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेवं जलावितुर्वैभवादपि पितुर्मम यश्चमत्कारः, स तु मां दुःखाकरोति । तस्मादेतेषां यथा मयि प्रेमावेशस्तथा नैतेषु ममेति तदनुसन्धानवता मया तदेतदेषामेव वैभवमेतेषामेव शुभानुध्यानमययोगमायानुभावतः साम्प्रतमेनाननुभावयानि ।' इति ॥५२॥

"तदेतद्विचिन्तनानन्तरं दिनान्तरे पुनरादिवराहपुराणवाचक-याचकविप्रद्वारापुरद्वारा-स्थानोस्थितकविचित्रपित्राद्याभीरवीरपरिषदं प्रति कार्तिकवतिपूर्णिमास्नानमक्रूराभीष्टप्रदे ब्रह्महृदे तूर्णमेव पूर्णतत्फलतां साधयतीत्यवधारयन् सारतया धारयंस्तत्प्रातः सर्वांस्तान् दायादादीनाय संत्रा तत्रागतवान् ॥५३॥

"आगत्य च सर्वेण सह तत्र निमज्य तमुत्सृज्य तीरमासज्य प्रकृतितः परतया सच्चिदानन्द-घनं परमस्वरूपरूप-रस-गन्ध-स्पर्श-शब्दतयात्मारामाणामप्यलभ्यघनं गोपानां स्वनिकेतमेतं गोलोकमावरकशक्तिमपाकृत्य व्यक्तीकृतवान् ॥५४॥

"तिरस्करणीं निराकृत्य विचित्रं दिव्यचित्रमिव यं खल्वस्य नराकृतिपरब्रह्मणः स्वलोकतया ब्रह्मणो लोक इत्याचक्षते ॥५५॥

अतएव इस प्रकार जलपति वरुण के वैभव से हमारे पिताजी को जो चमत्कार हो रहा है, वह मुझे दुःखी कर रहा है। इसलिए इन व्रजवासियों का मेरे में जैसा प्रेम का आवेश है, वैसा मेरा इन में नहीं है। इस बात का अनुसन्धान करता हुआ, यदि मैं विचार की दृष्टि से देखता हूँ तो, मेरा जो वैभव है यह सब इन्हीं का है। अतः इन व्रजवासियों के शुभ का ही चिन्तन करने वाली योगमाया के प्रभाव से, इस समय इन्हीं के वैभव को, इनको अनुभूत करा दूँ, अर्थात् दिखा दूँ ॥५२॥

इस प्रकार के विचार के अनन्तर दूसरे दिन फिर आदिवराह पुराण के वाचक याचकविप्रके द्वारा, सुशोभित पुर के द्वार पर स्थित सभा में, विराजमान पिता आदि विचित्र गोप वीरों की गोष्ठी के प्रति, कार्तिक मास की पूर्णिमा का स्नान ही अक्रूर का अभीष्ट देने वाले ब्रह्महृद में शीघ्र ही फल की परिपूर्णता को सिद्ध कर देता है, ऐसा निश्चय कर, एवं इस बात को साररूप से धारण कर, श्रीकृष्ण प्रातःकाल उन सब अपने जाति भाई आदि गोपगणों को लेकर, उन्हीं के साथ ब्रह्महृद पर (अक्रूरघाट पर) चले आये ॥५३॥

और आते ही सभी के साथ ब्रह्महृद में गोता लगा कर, उन सब को वहीं छोड़ कर तीर पर आकर, प्रकृति से परे विराजमान नित्य, ज्ञान एवं आनन्द से परिपूर्ण गोलोकधाम को प्रगट कर दिखाया। उस धाम के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, एवं शब्द आदि सभी विषय परमस्वरूप रूपवाले हैं। वह धाम आत्मा-राम मुनिगणों के लिए भी अलभ्य है, तथा मूर्तिमान् वह गोलोकधाम गोपों का निजी निवासस्थान है। उस लोक को देखने की सामर्थ्य सब में नहीं हो सकती। क्योंकि वह लोक भगवान् की आवरकशक्ति से आवृत है। अतः श्रीकृष्ण भगवान् ने उस आवरकशक्ति को दूर करके, उस गोलोक को प्रगट कर दिया ॥५४॥

और जिस गोलोक को नराकृतिवाले परंब्रह्म इन श्रीकृष्ण का निजी लोक होने के नाते, विज्ञजन ब्रह्मलोक भी कहते हैं। नाटक में परदा हटाकर जैसे विचित्र विचित्र चित्र देखे जाते हैं; उसी प्रकार श्रीकृष्ण ने अपनी आवरकशक्तिरूप परदा हटाकर, उस गोलोक का दर्शन कराया ॥५५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र किल स्वेषामेव मध्यमध्यासितं निजकुलतिलक-कृष्णाकारतया परिचितं कृत-जन्मादिगोकुललीलास्तुति-श्रुतिसाक्षिकतयातिनिश्चितं तमेतं सलोकमालोकयन् व्रजलोकः सर्वशोकं व्यतीत्य विस्मयानन्दसन्दोहतः प्रतिक्षणमेव सुखसंरोहमवाप ॥५६॥

"तदेवं व्यज्य रज्यन्मनसस्तान् व्रजलोकान् गोलोकतः स दैतेयारिर्दैतेयपीडनादिक्रीडां पूरयितुं पुनर्व्यवधापितवांश्च ।" ॥५७॥

अथ कथकः समापनमाह,—

"ईदृग्व्रजेश ! पुत्रस्ते जितलोकेशलोककम् ।
यस्त्वां च तव लोकं च लोकमेतमलोकयत् ॥५८॥
अधिगोलोके गोपाः, स्वयमधिगोपेषु गोलोकः ।
इति कलयन् वनमाली, यस्तं व्यानञ्ज तं नौमि ॥"५९॥

"तदेवं प्रातःकथायां प्रयातायां विभावरीकथा विभाति स्म; यथा स्निग्धकण्ठ उवाच,—

"यदा यातः पित्रा सह वरुणलोकं हरिरसौ,
तदा राधादीनां स्थितिरिह मृषा का प्रथयिता ?
जडानां जाड्यं स्यादसुखसुखबुद्धिस्तु सुधियां,
न शून्यस्य प्राप्तिं भजति परितः कापि च दशा ॥६०॥

और जहाँ पर गोपों ने अपने बीच में बैठे हुए निजकुलतिलक, श्रीकृष्ण के आकार से परिचित श्रीकृष्ण को देखा। वेदगण मूर्तिमान् होकर जिनकी जन्मादि गोकुल सम्बन्धी लीला को गाकर स्तुति कर रहे हैं। इस से वेदगण साक्षी होकर, गोपों के प्रति श्रीकृष्ण के ऐश्वर्य को निश्चित कर रहे हैं। इस प्रकार गोलोक के सहित श्रीकृष्ण को देखते हुए व्रजवासी लोग, सब शोकों को त्यागकर, विस्मय से युक्त आनन्द समूह से, प्रतिक्षण नई नई सुखोत्पत्ति को प्राप्त हो गये ॥५६॥

अतएव इस प्रकार गोलोक दिखाकर दैत्यारि श्रीकृष्ण ने, दैत्यों के पीड़न (विनाश) आदि की लीला को पूरी करने के लिए, गोलोक के देखने में अनुरक्त चित्तवाले, व्रजवासी लोगों को पुनः गोलोक से व्यवहित (दूरस्थित) कर दिया ॥५७॥

अनन्तर कथावाचक प्रसङ्ग समाप्त करता हुआ बोला—हे व्रजेश ! आप का पुत्र ऐसा लोकोत्तर है कि, जिसने आपको, आपके गोपजनों को, वरुण आदि लोकपालों के लोकों को जीतने वाले, इस गोलोक को दिखा दिया ॥५८॥

गोलोक के बीच में सब गोप रहते हैं, एवं गोपों के बीच में स्वयं गोलोक है। इस बात को दिखाते हुए जिस वनमाली भगवान् ने उस गोलोक को व्यक्त कर दिया था, मैं उसको नमस्कार करता हूँ ॥५९॥

इस प्रकार प्रातःकाल की कथा समाप्त हो जाने पर, रात्रि की कथा सुशोभित हुई। यथा—स्निग्ध-कण्ठ बोला—ये श्रीहरि पिताजी के सहित जब वरुणलोक को चले गये थे, तब श्रीराधा आदि की जो स्थिति इस व्रजमें हुई, वह प्रायः मिथ्या, अर्थात् नहीं के बराबर हुई। उसका विस्तार ही क्या हो सकता है ?क्योंकि जड़वस्तुओं का जड़तारूप धर्म ही हो सकता है, एवं चेतन बुद्धिमानों की हो यह सुख है, यह दुःख है, ऐसी बुद्धि हो सकती है। किन्तु कोई भी दशा सर्वतोभाव से शून्य की प्राप्ति को नहीं सेवन कर पाती ॥६०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदाऽयासीत् कृष्णः किल वरुणलोकं पितृकृते,
तदा श्रीराधायाः श्वसितममुना सार्धमगमत् ।
यदाऽऽयासीत्तस्मादयमथ तदा तत्र सहसा,
समागादित्येषा परमिह कवीनां सुकविता ॥६१॥

"किञ्च, आयाते तु व्रजपति-सुते पार्श्वलोकात्तदा का-,
प्येका राधामनु तमनु च स्निग्धभावा विदग्धा ।
औत्सुक्यं तद्द्वयमनु निशि श्रावयन्ती द्विनिष्ठं,
चेतोवृत्तेर्मुखमिव तयोरङ्गसा जायते स्म ॥६२॥

"तत्र श्रीराधानिष्ठम्, तद्यथा,—

'यदि मां नयसि विधात,-र्लोकान्तरमन्तरा हरेः सेवाम् ।
नय मां तन्मुख-सुषमा,-ससुखां विरहान्न दुःखितां तस्य ॥'६३॥

"श्रीकृष्णनिष्ठं यथा,—

'आनीताः पितृचरणा, वारुणलोकात् प्रनन्दिता लोकाः ।
हा राधा मम शोकाद्,-बाधागीर्णा न जीर्णास्ति ॥'६४॥

अत्र काक्वा जीर्णास्त्येवेति सम्भाव्यते ॥६५॥

श्रीकृष्ण अपने पिता को लाने के लिए जब वरुणलोक को चले गये थे, तब श्रीराधिका का जीवन भी श्रीकृष्ण के साथ ही चला गया था। पश्चात् जब श्रीकृष्ण उस वरुणलोक से लौट आये, तब सहसा अर्थात् अतर्कितरूप से श्रीराधा का जीवन भी लौट आया था। किन्तु इस स्थान पर सुकवियों की इस प्रकार की सुकविता ही श्रेष्ठ है ॥६१॥

किंच व्रजराजकुमार जब वरुणलोक से आ गये, तब किसी स्निग्धभाव वाली सुचतुर एक वृद्धा ने श्रीराधा एवं श्रीकृष्ण को लक्ष्यकर, रात्रि में दोनों के प्रति, दोनों में रहनेवाली उत्सुकता को श्रवण कराया। उस समय सुनाती हुई वह वृद्धा श्रीराधा-कृष्ण की चित्तवृत्ति की मानो मुख ही बन गई थी ॥६२॥

उन दोनों में से श्रीराधा की उत्सुकता, यथा—हे विधातः ! तुम श्रीकृष्ण की सेवा के बिना मुझको दूसरे लोक में ले जा रहे हो तो, श्रीकृष्ण के श्रीमुख की परमशोभा से सुखसम्पन्न हुई ही मुझको ले चलो। किन्तु उनके विरह से दुःखित हुई मुझको मत ले चलो ॥६३॥

श्रीकृष्णनिष्ठ उत्सुकता, यथा—मैं पूज्य पिताजी को वरुणलोक से लिवा लाया, उस कार्य से अपने सभी जन आनन्दित भी कर दिये। किन्तु हाय ! वह राधा मेरे शोक से बाधाओं से ग्रस्त होकर, जीर्ण नहीं हुई है क्या ? ॥६४॥

इस श्लोक में काकूक्ति के द्वारा "मेरे विरह में राधा जीर्ण ही हो गई है" यही अर्थ संभावित होता है ॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं सा तस्यां तस्मिन्नपि रहसि निवेद्य विशेषतः श्रीकृष्णमप्युपालब्धवती; यथा—

'रागं विनास्ति हृदयं, माधव ! तव रोचते च तत्तुभ्यम् ।
इति नियतं कनकाङ्गी, पाण्डूभवति स्फुटं राधा ॥'६६॥

"ततश्च तस्य स्नेहवशाद्देहद्रवीभावं व्यवस्य पुनः प्रहस्य प्रोवाच,—

'भवान् गुणी माधव ! राधिकापि सा, येनातिदूरादपि सुष्ठु कृष्यते ।
राधापि बाढं सरसा निजालया,-दप्येवमाद्रीक्रियते यया भवान् ॥"६७॥

मधुकण्ठ उवाच,—"केयं वृद्धा ? यतस्तत्र नान्यजनस्य प्रवेशः सम्भवतीति पूर्वं निर्णीतम् ।" ॥६८॥

स्निग्धकण्ठः सहासमाह,—"पौर्णमास्येव नानावेशेन तत्र प्रविशतीति ॥६९॥

"अथ तदारभ्य,—

"निशीथं निशीथं तदासौ प्रकर्षा,-दगासीन्मुरल्येति तथ्यं मृषा न ।
अमूस्तु प्रतीयुः स्फुटं मर्मभेदी, स वा कः शरैर्यश्छिनत्त्याशु सर्वम् ॥७०॥

निवेशे संवेशे मथि पथि जने पार्थसि वने
हरिर्यद्यप्युच्चन् प्रतिहरितमेव स्फुरितवान् ।

इस प्रकार वह चतुर वृद्धा श्रीकृष्ण की उत्सुकता को राधा के प्रति, एवं श्रीराधा की उत्सुकता को श्रीकृष्ण के प्रति एकान्त में निवेदन कर, विशेष करके श्रीकृष्ण का ही उपालम्भ करने लग गई। यथा—हे माधव ! तुम्हारा हृदय अनुराग से शून्य है, अतः अनुरागशून्य हृदय ही तुम्हारे लिए रुचिकर है। इसलिए सुवर्ण के से अङ्गवाली श्रीराधा तुम्हारे विरह में स्पष्टरूप से सफेद, एवं पीली पड़ गई है। यह बात निश्चित है ॥६६॥

तदनन्तर स्नेह के कारण श्रीकृष्ण के देह के द्रवीभाव को निश्चित कर, वह वृद्धा हँसकर पुनः बोली—हे माधव ! आप बड़े गुणी (सद्गुणशाली या रज्जूधारी) हो। क्योंकि आप अति दूर से भी उस राधिका को भी, अच्छी तरह आकर्षित कर लेते हो। और वह राधिका भी अत्यन्त सरस (अनुरागवती या जलमयी) है, क्योंकि जो अपने घर में बैठकर भी, आपको इस प्रकार आर्द्र (अनुरक्त या जलसिक्त) कर रही है ॥६७॥

मधुकण्ठ बोला—यह वृद्धा कौन है ? क्योंकि वहाँ पर अन्यजन का प्रवेश तो सम्भव नहीं। यह पहले ही निर्णीत हो चुका है ॥६८॥

स्निग्धकण्ठ हास्यपूर्वक बोला—वह पौर्णमासी ही है। वही अनेक वेष से वहाँ प्रविष्ट होती रहती है ॥६९॥

तदनन्तर उसी दिन से लेकर, श्रीकृष्ण प्रतिदिन आधी रात में, मुरली के द्वारा उत्कृष्ट गायन करते थे। यह बात सत्य है, मिथ्या नहीं। और ये श्रीराधा आदि गोपियाँ भी, इस बात को स्पष्ट जान गई थीं कि, जो आधी रात में सबको शीघ्र ही बाणों के द्वारा विद्ध कर रहा है, वह मर्मभेदी व्यक्ति कौन है ? ॥७०॥

यद्यपि श्रीकृष्ण घर में, शयन में, दधिमन्थन के दण्ड में, मार्ग में, जनमात्र में, जल में, एवं वन में सभी जगह प्रगट होकर, प्रत्येक दिशा में ही स्फूर्ति पा रहे थे, तो भी श्रीराधिका की विरहजनित पीड़ा तो,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्फुटं द्रष्टुं स्प्रष्टुं तदपि तदलब्धेर्विधुरजाद्
दधे राधाबाधा तदनधिगमादप्यधिकताम् ॥"७१॥

अथ समापनम्,—

"ईदृशस्ते पतिः श्यामे ! यत्कान्तेस्त्वं परा गतिः ।
अत्राभिलाषः शोभा वा कान्तिरित्यधिगम्यताम् ॥"७२॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु वरुणलोकालोक-चमत्कारतिरस्कारक-
गोलोकावलोकनं नाम विंशं पूरणम् ॥२०॥

अथैकविंशं पूरणम्

वस्त्रहरण-कथा

तदानीं पुनः स्निग्धकण्ठ उवाच,—"अथ गर्गकृत-व्रजवर्गभेदमय-समयतः पश्चादुद्भूताः काश्चिदन्याश्च धन्याः प्रभूता नानाकुलप्रसूता या व्रजकुमारिकाः स्वभावतः कृष्णभावानुसारिकास्तासां कौमारपारमारभ्य वासना वर्णनीया; ॥१॥ यथा—

कुमारीणां तासामघजिति पतिः स्यादिति रुचि-
र्यदा जाता तर्हि प्रतिपदमुपायाकृतधियाम् ।

श्रीकृष्ण के दर्शन एवं स्पर्शन के अभाव से, तथा व्याकुलता से जनित दर्शन स्पर्शन की अप्राप्ति के कारण, स्पष्ट दर्शन एवं स्पर्शन करने के लिए, अधिकता को धारण कर गई थी ॥७१॥

पश्चात् प्रसङ्ग समाप्त करके स्निग्धकण्ठ बोला—हे श्यामे ! श्रीराधिके ! तुम्हारा पति ऐसा स्नेही है कि, जिसकी कान्ति (इच्छा) की तुम ही एकमात्र उत्कृष्ट गति हो । यहाँ पर अभिलाषा या शोभा को ही कान्ति कहते हैं, ऐसा समझना चाहिए ॥७२॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये वरुणलोकदर्शनचमत्कार-तिरस्कारक-
गोलोकदर्शनं नाम विंशं पूरणं संपूर्णम् ॥२०॥

इक्कीसवाँ पूरण

वस्त्रहरण लीला

उसी रात्रि की सभा में स्निग्धकण्ठ पुनः बोला—अब श्रीगर्गमुनि के द्वारा किये गये व्रजवासियों के वर्गभेदमय समय के पश्चात्, कितनी ही बहुत सी अन्य धन्य कन्यायें उत्पन्न हुई थीं । और जो अनेक कुलों में उत्पन्न हुई व्रज की कुमारी कन्यायें, स्वभाव से ही श्रीकृष्ण के भावानुसारिणी थीं, उनकी कुमारावस्था की समाप्ति से लेकर, उत्पन्न हुई वासना वर्णन करने योग्य है । अतः उसका वर्णन करते हैं ॥१॥

यथा—उन कुमारियों की श्रीकृष्ण में "यही हमारे पति हो जायँ" इस प्रकार की रुचि जब से उत्पन्न हुई, तभी से पद पद पर उनकी प्राप्ति के उपाय में वे अकुशल ही रहीं । अतः संसार में कृष्णपक्ष की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विधुश्रीणां शश्वद् बत बहुलपक्षस्थितिजुषां
तमस्कृद्विश्वस्मिन्नहह कृशता नित्यमजनि ॥२॥

"ततश्च तदर्थमनुरहसं नानादेवतामर्थयमाना व्यर्थमिव भ्रमन्ति स्म ॥३॥

"प्रार्थना चेयम्,—

'व्रजेशित्रोः सद्मवासः परं श्वसुरतानयोः ।
कृष्ण एव पतिर्भूयान्मम जन्मनि जन्मनि ॥'४॥

"ततश्च कदाचित् कालिन्दीमनु परस्परं विन्दमाना बभूवुः ॥५॥

"युक्तं च तत्, यतः,—

"एकं पदमुद्दिश्यं, भवति समन्ताद् बहूनां चेत् ।
विविधभुवामपि तेषां, मिलनं घटते यथा सतीर्थानाम् ॥६॥

"मिलितानां तासां परस्परं हार्दमपि जातम् ॥७॥ तथाहि,—

"दिशि दिशि जाताः स्निग्धा, व्यतिमिलिताः सुष्ठु बिभ्रति स्नेहम् ।
मेदुरमुदिरसमूहे, मुहुरपि यस्मात्तथा दृष्टम् ॥८॥

"तत्र जाते च सौहार्दे हार्दमपि परस्परं व्यक्तम् ॥९॥

स्थिति का सेवन करनेवाली, चन्द्रमा की कान्तियों की अन्धकार की जननी कृशता, जैसे नित्य ही उत्पन्न होती रहती है, उसी प्रकार अहह ! निरन्तर श्रीकृष्ण के पक्ष का सेवन करनेवालीं, चन्द्रमा की सी शोभा-वालीं उन कुमारियों की दुःखदायिनी कृशता, नित्य ही उत्पन्न होने लग गई ॥२॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए, एकान्त में अनेक देवताओं की प्रार्थना करती हुईं, कुछ काल तक व्यर्थ की तरह घूमती रहीं ॥३॥

उनकी प्रत्येक की प्रार्थना भी यह थी कि—प्रत्येक जन्म में श्रीव्रजराज एवं व्रजरानी के घर में ही मेरा निवास हो । केवल ये ही ससुर एवं सास के रूप में प्राप्त होते रहें, और श्रीकृष्ण ही प्रत्येक जन्म में मेरे पति हो जायँ ॥४॥

उसके बाद कदाचित् यमुना के तीर पर, सभी कुमारियाँ परस्पर सम्मिलित हो गईं ॥५॥

यह मिलन उचित ही है, क्योंकि अनेक स्थानों पर उत्पन्न होने वाले बहुत से व्यक्तियों का यदि एक ही प्राप्तव्य स्थान का सर्वतोभाव से उद्देश्य हो तो, उन सबका मिलन इस प्रकार संघटित हो जाता है कि, जिस प्रकार एकपटनरूप उद्देश्यवाले, एक गुरु से पढ़ने वाले, अनेक देशों के छात्रों का, एकत्र सम्मेलन हो जाता है ॥६॥

मिलने के बाद उन सब कुमारियों की परस्पर मित्रता भी हो गई ॥७॥

और देखो ! प्रत्येक दिशा में उत्पन्न होने वाले स्नेहीजन, परस्पर सम्मिलित होकर, अच्छी प्रकार स्नेह धारण करते हैं । क्योंकि उस प्रकार के स्नेह की परिपाटी स्निग्ध मेघों के समूह में बार बार देखी जाती है ॥८॥

और उन कुमारियों में सर्वतोभाव से मित्रता होने पर, उनका परस्पर हार्दिक भाव भी व्यक्त हो गया ॥९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यतः, ह्नुतमप्येकाश्रयिणां, हृदयं व्यक्ति मिथो याति ।
तत्तु व्यतिमिलितं चे,-द्वद तर्हि स्यात् पिधानं किम् ? ॥१०॥

"ततश्च परस्परं हृद्वाष्पमुद्गीर्णवतीनां दृग्वाष्पमपि विकीर्णवतीनां तासां दशान्त-दशावशाङ्गतया सम्भाव्यमानानामनुक्षणं सुखाकांक्षिणी पारिकांक्षिणी वेशविशेषं विन्दमाना तत्र वृन्दाऽऽगता ॥११॥

"सा ह्येवं पुरा चिन्तितवती,—'राग एव खल्वासां व्रजनागरस्य तस्य समागमाय वागगोचरशक्तिभागबसीयते ॥१२॥

'रागश्च लोकरीतिमयप्रणयत एव जागरूकतया गरीयान् वरीवर्तीति देवतान्तरा-राधनमेव साधयितव्यम्, न तु तदाराधनम् ।' इति ॥१३॥

"अथागम्य च तत्कृताभिवादनस्वकृताभिवदनविधौ लब्धविधौ साभिदधाति स्म,—॥१४

'अहमत्रैव वने वसन्ती भवतीनां भाववतीनामवस्थाः पश्यन्ती दयाविदीर्णहृदया समायातास्मि । तदियं मम सिद्धा विद्या स्वकर्णानुविद्धा विधीयताम् । नातिप्रयासभावितता च भवतीनां भविता, किन्तु मासमात्रमत्र श्रमाभासः ॥१५॥

क्योंकि एक स्थान या एकजन का आश्रय करनेवाले व्यक्तियों का गुप्त किया हुआ भी हृदय, अर्थात् हार्दिकभाव आपस में प्रगट हो जाता है। फिर यदि वह हृदय परस्पर में सम्मिलित ही हो जाय, तब ऐसी स्थिति मे उस हृदय का ढ़कना ही कौनसा हो सकता है ? ॥१०॥

तदनन्तर उन कुमारियों ने अपने अपने हृदय की वासना को आपस में उगल दिया, अर्थात् प्रगट कर दिया, अश्रुप्रवाह को वहाने लग गईं, उनके प्रत्येक अङ्ग अन्तिम दशा (मूर्च्छा या मृति) को प्राप्त होने लगे। इस प्रकार प्रत्यक्ष प्रतीयमान दशावाली उन कुमारियों की भावना का अनुमान लगाकर, प्रतिक्षण उनके सुख की चाहना वाली वृन्दादेवी तपस्विनी का सा वेषविशेष बनाकर वहाँ पर चली आई ॥११॥

वृन्दादेवी ने पहले यह चिन्तन किया था कि—व्रजनागर श्रीकृष्ण के समागम के लिए इनके हृदय में उत्पन्न हुआ जो अनुराग है, वह तो वाणी की अगोचर शक्ति से युक्त है, ऐसा निश्चय होता है, अर्थात् वाणी से उसका प्रगट करना कठिन है ॥१२॥

और अनुराग भी लोकरीतिमय प्रेम से जागृत होकर ही गौरवयुक्त बना रहता है। अतः इन कुमारियों के लिए दूसरे देवता का आराधन ही साधन करने योग्य है, किन्तु साक्षात् श्रीकृष्ण का आराधन नहीं, क्योंकि उसमें तो ये लज्जित हो जायँगी ॥१३॥

पश्चात् आकर उन कुमारियों के द्वारा किया गया नमस्कार, एवं स्वयं किया गया आशीर्वाद आदि शिष्टाचार का विधान जब पूरा हो गया, तब वह वृन्दा बोली— ॥१४॥

हे कुमारियो ! मैं इसी वन में रहती हूँ, तुम सब भाव से युक्त हो, तुम्हारी अवस्था को देखकर मेरा हृदय दया से विदीर्ण हो गया, अतः तुम्हारे पास आई हूँ। इसलिए मेरी इस सिद्ध विद्या को तुम सब अपने अपने कर्णगोचर करो। इससे तुमको कोई परिश्रम से युक्त नहीं होना पड़ेगा, किन्तु एक मास तक इसमें परिश्रम का आभासमात्र करना पड़ेगा ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'सा खलु मन्त्रमयी योगमाया मया दयावती साधितास्ति' इति ॥१६॥

"तदेवं तासां कर्णविवरमनु मन्त्र-वर्णान् निधिवन्निधाय तद्विधिमपि सविधिमभिधाय मुदान्तर्हितवती सान्तर्हितवती । ततश्च तास्तदुपदेशलग्नाः परमसुखमग्ना बभूवुः ॥१७॥

"यतः, नित्यं तावदनल्परागमहिमा सर्वं सहायीयति
प्राप्नोत्येष तु योग्यकल्पमथ चेद्धत्ते सदुल्लासिताम् ।
तस्मिंस्तादृगभूद् गुरुः स्वयमसौ शक्तिः परा वैष्णवी
पूज्या मन्त्रवरश्च वांछितधरस्तासामितः किं सुखम् ? ॥१८॥

"अतएवासूर्विश्रभ्य मार्गशीर्षीयशीर्षायमाणतालभ्यप्रतिपदमारभ्य सङ्गत्य व्रतमारब्धवत्यः; यत्रारुणकृतारुणगुणप्रसरमवसरमनु परस्परं गृहविसरतः समाकारणापरा व्यतिबद्धकरा यमुनागमनतत्परा गानपरायणा बभूवुः; ॥१९॥

"यत्र परस्पर-परीहासप्रायतया निजाभिप्रायं व्यञ्जयामासुः ॥२०॥ यथा—

वह सिद्धविद्या भी और कुछ नहीं है, वह तो मन्त्रमयी दयावती योगमाया ही, मैंने सिद्ध कर ली है ॥१६॥

इस प्रकार कहकर उनके कर्णविवर में मन्त्र के वर्णों को निधि की तरह धरकर, विधान के अनुसार उसकी विधि को बताकर, अन्तःकरण में हित से युक्त वह वृन्दादेवी सहर्ष अन्तर्धान हो गई। पश्चात् वे कुमारियाँ भी वृन्दा के उपदेश में लगकर, परमसुख में निमग्न हो गईं ॥१७॥

क्योंकि अधिक अनुराग की यही महिमा है कि, वह सभी को नित्य सहायक बनाना चाहती है, अतः वह अपने अनुकूल सहायता भी पा लेती है। फिर यदि यह अधिक अनुराग की महिमा मुख्य विधि को या योग्य उपाय को प्राप्त कर लेती है, तब तो सुन्दर उल्लास को धारण कर लेती है। अतः उस अनुराग की महिमा में किंवा श्रीकृष्ण की प्राप्ति के विषय में, वैसा वृन्दादेवीरूप अलौकिक गुरु स्वयं प्राप्त हुआ। वह वृन्दादेवी पूजनीया परावैष्णवी शक्ति ही है, उसके द्वारा दिया गया श्रेष्ठ मन्त्र भी वाञ्छा का पोषक हुआ। इसलिए उन कुमारियों को इससे अधिक और कौनसा सुख हो सकता है ? (सब प्रकार की साधन सम्पत्ति होने पर भी, गुरुद्वारा मन्त्रदीक्षा से दीक्षित हुए बिना, श्रीहरि की प्राप्ति नहीं हो सकती। इस परम्परा की सुरक्षा के लिए, सभी गोपकन्याओं ने श्रीवृन्दादेवी से मन्त्रदीक्षा ली, और उन्हीं के आदेशानुसार वैष्णवी-देवी कात्यायनी का अनुष्ठान कर, अपने इष्ट श्रीकृष्ण को अनायास प्राप्त कर लिया।) ॥१८॥

अतएव उन्होंने विश्वास करके, मार्गशीर्ष मास की विशिष्ट पहली प्रतिपदा तिथि से लेकर, परस्पर सम्मिलित होकर, व्रत करना आरम्भ कर दिया। जिस व्रत में सूर्य के सारथि अरुण के द्वारा किये गये अरुण गुण के विस्तार से युक्त अरुणोदय काल में, परस्पर गृहसमूह से प्रत्येक को बुलाती हुईं, परस्पर हाथ में हाथ मिलाती हुईं, वे कुमारियाँ श्रीयमुना तीर पर जाने को तत्पर होकर, गाने में तत्पर हो गईं ॥१९॥

और जिस गाने में प्रायः परस्पर परिहासपूर्वक अपने अपने अभिप्राय को प्रगट करने लग गईं ॥२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Habibganj) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'त्वामुपयन्ता सखि ! वनमाली । सकलशुभाकरवरगुणशाली ॥ध्रु॥
यत्र व्रजपतिरितरुचिरुचिताम् । वार्तां चालयिता सुखसचिताम् ॥
श्रुत्वा तत्तव मातरपितरौ । सुखमयितारौ कृतधनवितरौ ॥
हरिरपि मुदमिह हृदि गोपयिता । सखिभिर्नर्मणि यः कोपयिता ॥
गणकनिदिष्टतरे सुदिनाहे । वेशं धास्यति स निजविवाहे ॥
नीलरुची-चितगौरदुकूलम् । घनचपलालिरुचाभिव मूलम् ॥
अन्तरवसनगकंचुक-पीतम् । चित्रप्रच्छदरुचिपरिवीतम् ॥
मुकुटकिरीटतिरीट-विराजम् । अलकावलिमणिचित्रकभाजम् ॥
कुण्डलमण्डितगण्डविभागम् । ताम्बूलच्छविजिदधररागम् ॥
अधरावृतये करधृतचेलम् । ग्रैवेयकमनुकृतमणिमेलम् ॥
साङ्गदकङ्कणमुद्रिकहस्तम् । आवापकधृतिवलयितशस्तम् ॥
हारवलितहृदि धृतमणिराजम् । वनमालादिकमाल्यसमाजम् ॥
मणिमयभृङ्गललसदवलग्नम् । चरणविभूषणगणरुचिमग्नम् ॥
वेषे चास्मिन्नेतदपूर्वम् । यत्तु न दृष्टं क्वचन च पूर्वम् ॥

निज निज अभिप्राय व्यञ्जक परिहासमय गायन, यथा—हे सखि ! सकल शुभों के आकर एवं श्रेष्ठ गुणशाली वनमाली तेरे साथ विवाह करेंगे। और देख ! जिस विवाह के निमित्त में रुचि को प्राप्त हुए व्रजपति श्रीनन्दबाबा सुख से युक्त उचित बात को चलायेंगे।

तुम्हारे माँ बाप उस बात को सुनकर, सुखी होकर, धन का वितरण (दान) करेंगे। एवं श्रीकृष्ण भी इस विवाह सम्बन्ध में उत्पन्न हुए हर्ष को, हृदय में ही छिपा लेंगे। और सखागण भी जिसको हँसी हँसी में कुपित कर देंगे।

ज्योतिषी के द्वारा आदरपूर्वक बताये हुए शुभ दिन में, वे श्रीकृष्ण अपने विवाह में विवाह के योग्य वेष को धारण करेंगे। उस वेष का कतिपय विशेषणों के द्वारा वर्णन, यथा—उस विवाहोचित वेष में श्रीकृष्ण की श्यामकान्ति में मिला हुआ एक गौरवर्ण का दुपट्टा होगा, वह दुपट्टा भी बादल में चमकती हुई बिजलियों की कान्ति का मूल होगा। अर्थात् श्रीकृष्ण के श्याम अङ्ग पर हलदी से रँगा हुआ वह दुपट्टा बादल में चमकती हुई बिजली के समान शोभा पायेगा।

भीतर के वस्त्र में विद्यमान कंचुक (झँगुला) के द्वारा वह वेष पीला ही प्रतीत होगा, एवं विचित्रवर्ण के उत्तरीय से वेष्टित होगा। और मुकुट, किरीट के साथ शिरोवेष्टन (साफा, पगड़ी) विराजमान होगा, एवं वह वेष अलकावलि, मणि, और सुन्दर तिलक से युक्त होगा।

और उस वेष में श्रीकृष्ण का कपोलस्थल मणिमय कुण्डलों से मण्डित होगा, एवं ओष्ठों की लालिमा ताम्बूल की कान्ति को भी जीतने वाली होगी। तथा ओष्ठों को ढ़कने के लिए हाथ में एक वस्त्र, अर्थात् रूमाल होगा। गले के आभूषणों में मणियों का सम्मेलन होगा।

श्रीकृष्ण के दोनों हाथ उस वेष में बाजूबन्द, कङ्कण, एवं मुद्रिका (अँगूठी) से युक्त होंगे, एवं विवाह के योग्य मङ्गलमय हलदी से रँगे हुए हस्तसूत्र से (कङ्कणरूप पहुँची से) वेष्टित होंगे। हार से युक्त हृदय पर मणिराज कौस्तुभ विराजमान होगा, तथा वनमाला आदि मालाओं का समूह होगा।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अङ्गं भूषणमपि किल सर्वम् । सर्वाभरणं स्वयमिति गर्वम् ॥
अथ मणिशकटाधिष्ठितमेतम् । कलयिष्यन्ति सुहृद्भिरुपेतम् ॥
तं जन्यानां शकटपरीतम् । कुसुमैर्वर्ष्यिष्यन्ति सगीतम् ॥
शकटध्वनियुतवाद्यशतेन । मुदमाप्स्यति स स्वयमपि तेन ॥
तद्ध्वनिकलने तव सखि ! चित्तम् । धृतमपि यत्नाद्भविता भित्तम् ॥
स यदा गन्ता द्वार-सदेशम् । सखि ! विवृजेः सुखमूर्च्छाविशम् ॥
तमुपव्रजिता सा तव गोष्ठी । स्त्री-ततिरपि गास्यति बिम्बोष्ठी ॥
उपयानं तद्वाद्यवितानम् । गालिप्रायं तदपि च गानम् ॥
सारात्रिक-निर्मंछनदृष्टिम् । कर्तारस्ते सकुसुमवृष्टिम् ॥
मण्डपवरमुपनीते श्यामे । सुखसम्मर्दो भविता रामे ! ॥
गोपेन्द्रादिकगणपूजामनु । नर्मकुतूहलमुदयेद् वरतनु ! ॥
पूर्वं विधिमपि कृत्वा सद्विधि । आनेष्यन्ति त्वामिह सहनिधि ॥
वरपुरतस्त्वां शिथिलितगात्रीम् । स्थापयितारः प्रियरतिपात्रीम् ॥
तातस्तव करमथ दधदबलम् । ग्राहयिता वरकरमनु सजलम् ॥

मणिमयी शृङ्खला (कौधनी) से मध्यभाग शोभा पायेगा, चरणों के आभूषणों की कान्ति से वह वेष विशेष निमग्न होगा। अधिक क्या कहूँ ? हे सखि ! इस पूर्वोक्त वेष में ये सब अपूर्व वस्तुएँ होंगी, जो पहले कहीं भी नहीं देखी होंगी।

श्रीवनमाली का प्रत्येक अङ्ग उस समय सब प्रकार के भूषणमात्र को यह कहता हुआ प्रतीत होगा कि, मैं तो स्वयं सभी भूषणों का भी भूषण हूँ। उसका यह गर्व युक्तियुक्त है। क्योंकि श्रीमद्भागवत (३।२।१२) में भी "भूषणभूषणाङ्गम्" यह विशेषण श्रीकृष्ण के विग्रह का दिया है। तात्पर्य—श्रीकृष्ण के अङ्ग ही भूषणों को भी भूषित करने वाले हैं। उसके बाद मणिमय शकट (गाड़ी) में चढ़े हुए, एवं मित्रों से युक्त हुए, विवाह करने के लिए बरात लेकर जाते हुए, इन श्रीवनमाली को सभीजन देखेंगे।

बरात में चलनेवाले वर के स्नेहीजनों की गाड़ियों से घिरे हुए वनमाली के प्रति, सभीजन गाते गाते पुष्पों की वर्षा करेंगे। चलती हुई गाड़ियों की ध्वनि से युक्त सैकड़ों प्रकार के वैवाहिक बाजाओं के द्वारा वे स्वयं भी हर्ष को प्राप्त हो जायेंगे।

हे सखि ! उस वनमाली की बरात के कोलाहल की ध्वनि को सुनते ही, महान् यत्न से धारण किया हुआ भी, तेरा चित्त खण्डित वा विचलित हो जायगा। और हे सखि ! देख, वरवेषशाली वह वनमाली जब तेरे दरवाजे के पास आ जायेगा, तब तू सुखमयी मूर्च्छा के आवेश को त्याग देना।

और हे सखि ! तत्काल तुम्हारे घर के स्वजन सम्बन्धी सभीजन वर के पास सत्कारार्थ अगवानी जायेंगे, एवं बिम्ब के से अधरोंवाली स्त्रियों की श्रेणी भी उस समय विवाहसम्बन्धी गाने गायेगी। वह वर के पास अगवानी जाना भी अनेक प्रकार के बाजे गाजे के सहित होगा, और स्त्रियों का वह गाना भी प्रायः गालियों से युक्त होगा।

और वे तुम्हारे स्वजन गानेवाली स्त्रियों के सहित वर के पास जाकर, पुष्पों की वर्षा के सहित वर की आरति एवं न्योछावर करके वर का दर्शन करेंगे। हे सुन्दरि ! उसके बाद श्यामसुन्दर जब विवाह के योग्य श्रेष्ठ मण्डप के पास उपस्थित किये जायेंगे, तब तेरे सुख का प्रवाह उथल-पुथल हो जायगा।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्र च भवती सुमुखि ! सुखेन । किं भवतेति ज्ञाता केन ? ॥
किं बहुना तव करसंयमनम् । कृतमिव पश्याम्यमुना कमनम् ॥' इति ॥२१॥

"तदेवं यमुनां प्राप्य द्रुतमेव गानं समाप्य वेलायां बाल्यचापल्येन कल्ये प्रोज्झितचेला एव मिथःकृतमेला वेलायां निमज्जन्ति स्म । निमज्ज्य च कौषेयतया क्षालनां विनापि न परिहेयमिति तदेव चेलं परिधाय सेव्यायां देव्याः सैकतीमर्चामर्चितां विधाय मन्त्रमनुसन्धाय धाम समायान्ति स्म ॥२२॥

"तदेवं तावन्मासं यावद्विधाय तत्पूरकदिनं व्रतस्यापि पूरकं जातमिति परमानन्द-पूरणतः सूरजापूरमनु दूरनिर्जनता-जातनिर्व्रीडतया क्षणमक्रीडन् ॥२३॥

"तदेवं पूर्वपूर्वं जानन् व्रजराज-नन्दनस्तुष्टमनाः कुमार-चतुष्टयमनुविधं विधाय तत्र प्रस्थाय गुप्तमुप्तचित्ततया ताः पश्यति स्म ॥२४॥

"य खलु दाम-सुदाम-वसुदाम-किङ्किणि-संज्ञास्तस्य प्रज्ञाहङ्कार-चित्तमनसां बहिः-प्रकाशतया लब्धसमज्ञास्तन्त्रविज्ञातृभिर्विज्ञायन्ते, त एते हि कुमारा जातचतुःपञ्चवर्षाः

हे वरतनु ! श्रीगोपराज नन्दबाबा आदिकों की पूजा के बाद हासपरिहासमय कौतूहल उठ खड़ा होगा। पश्चात् सुन्दर विधि के अनुसार विवाह की पहली विधि को पूरी करके रत्नादिकों के सहित, तुझको तेरे घर के स्वजन इस वरमण्डप में लिवाकर लायेंगे।

एवं अपने प्यारे की प्रीति की पात्रस्वरूप तथा शिथिल अङ्गोंवाली तुझको वर के आगे बैठा देंगे। उसके बाद तुम्हारा पिता तुम्हारे कोमल हाथ को धारण करता हुआ, मन्त्रपूत जल से युक्त वर के कर में ग्रहण करा देगा।

और हे सुमुखि ! उस समय तू सुख के मारे किस प्रकार की हो जायगी, इस बात को कौन जान सकेगा ? अरी ! देख, अधिक क्या कहूँ ? मैं तो उस वनमाली के द्वारा तेरा कमनीय पाणिग्रहण संस्कार किया हुआ सा ही देखती हूँ ॥२१॥

इस प्रकार गाते गाते यमुना को प्राप्तकर, शीघ्र ही गाने को समाप्तकर बाल्यसुलभ चञ्चलता के कारण, प्रातःकाल तीर पर ही वस्त्रों को उतार के धरकर, आपस में सम्मिलित होकर, जल में निमग्न हो जाती थीं। स्नान करने के बाद "रेशमी वस्त्र धोने के बिना भी, त्यागने के योग्य नहीं होता" इसलिए बिना धुले हुए उसी रेशमी वस्त्र को धारण कर, सेवा के योग्य कात्यायनीदेवी की बालुकामयी प्रतिमा की पूजाकर, "कात्यायनि ! महामाये ! महायोगिन्यधीश्वरि !। नन्दगोपसुतं देवि ! पतिं मे कुरु ते नमः ॥" (भा० १०।२२।४) इस मन्त्र का स्मरण कर अपने अपने घर को चली आती थीं ॥२२॥

इस प्रकार एक मास पर्यन्त इसी व्रत के अनुष्ठान को कर, "उस मास का दिन इस हमारे व्रत का भी पूरक हो गया है" ऐसी भावना कर, परमानन्द की पूर्ति के कारण, यमुनाजी के प्रवाह को लक्ष्य करके, एवं दूर तक निर्जनता के कारण उत्पन्न हुई निर्लज्जतापूर्वक आनन्द से जलक्रीड़ा करने लग गईं ॥२३॥

इस प्रकार पहले पहले उनके व्रत के प्रसङ्ग को जानते हुए, व्रजराजकुमार सन्तुष्टमन से चार बालकों को अनुगामी बनाकर, वहाँ आकर उनके ऊपर चित्त लगाकर, गुप्तरूप से उन कुमारियों को देखने लग गये ॥२४॥

दाम, सुदाम, वसुदाम, किङ्किणी नाम वाले जो चार सखा श्रीकृष्ण के साथ वस्त्रहरण लीला में आये थे, उनको तन्त्रशास्त्र के विज्ञाताजन, श्रीकृष्ण के मन, बुद्धि, चित्त एवं अहंकार इन चारों के बाहर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

परस्परसवयस्कताधृत-हर्षाः कृष्णादनुदिनमासादित-प्रेमवर्षाश्चलनारम्भत एव 'कुत्र यामः' इति पृच्छन्त एव गच्छन्तः कृततत्सङ्गमागच्छन्ति स्म ॥२५॥

"तदेवम्—सङ्गे विधाय चतुरश्चतुरः कुमारा,-नागम्य तत्र करवारित-तत्प्रहासः ।
नम्रीभवन्नलमलक्षिततां प्रपद्य, सद्यस्तदंशुकचयं स हरिर्जहार ॥२६॥
हृत्वा स सत्वरकदम्ब-नगाधिरोह,-पूर्वं सडिम्भनिकरः स्फुटमुज्जहास ।
श्रुत्वा प्रहासमथ गोप-कुमारिकाणां, वर्गः समं सभयमूर्ध्वितदृष्टिरासीत् ॥२७॥
गम्भीरस्वरसङ्गतं तदितरानुद्भाव्यभव्यश्रियं
हासं तं परिचित्य बाल्यवलितास्ताः प्रेक्ष्य चान्योऽन्यतः ।
वस्त्राण्यप्यनभीक्ष्य तत्र विधृतान्युच्चं तु वक्षःस्थलं
कृत्वा नीचमुदक्तवक्त्रमुदके न्यक्चक्रिरे पद्मिनीः ॥२८॥
अतलिननलिनवनानां, भ्रममिह चक्रुर्मुखानि तासां न ।
हेमन्ते तदयोगात्, किन्तु न्यक्कारमेवात्र ॥२९॥

"ततश्च, क्षणमधिजलमध्यं तस्थुरानम्रनेत्राः, पुनरुदयति शीतेऽद्राक्षुरेताः कदम्बम् ।
अपि हरिरधिशाखं गुप्तमूर्तिः पुरासीत्,पुनरवृतिमयासीच्चातुरक्ष्याय ताभिः ॥३०॥

प्रकाशित होने के कारण , कीर्ति को प्राप्त हुए ही ये चार स्वरूप हैं, ऐसा जानते हैं । वे ये ही चारों कुमार चार पाँच वर्ष के थे, परस्पर मित्रता के कारण हर्ष को धारण करने वाले थे, एवं श्रीकृष्ण से प्रतिदिन प्रेम की वर्षा को प्राप्त करते रहते थे। अतः यमुनातट पर चलने के आरम्भ से ही "भैया ! हम कहाँ चलें?" इस प्रकार श्रीकृष्ण से पूछते हुए ही चलते चलते उनके साथ साथ वहाँ पर चले आये ॥२५॥

इस प्रकार चतुरचूड़ामणि श्रीकृष्ण चार कुमारों को संग में लेकर, यमुनातट पर आकर, हाथ के इशारे से उन कुमारों की हँसी को रोककर, नतमस्तक होकर, अदृश्य भाव को प्राप्तकर, शीघ्र ही उन कुमारियों के वस्त्रसमूह को चुरा ले गये ॥२६॥

पुनः श्रीकृष्ण वस्त्र चुराकर, शीघ्रतापूर्वक कदम्ब वृक्ष पर चढ़कर, उन चारों बालकों के सहित ऊँचे स्वर से स्पष्ट हँसने लग गये । पश्चात् गोपकुमारियों का समूह उस अट्टहास को सुनकर, एकसाथ भयपूर्वक ऊपर को दृष्टि फैलाने लग गया ॥२७॥

और बालकपन से युक्त वे गोपकुमारियाँ गम्भीर स्वर से युक्त, एवं श्रीकृष्ण से भिन्न जनों के द्वारा जिसकी मङ्गलमयी शोभा का अनुभव किया जाता है, ऐसे उस हास्य के परिचय को पाकर, आपस में देख कर, तीर पर धरे हुए वस्त्रों को न देखकर, अपने ऊँचे वक्षःस्थल को जल के नीचे कर, तथा जल के ऊपर केवल मुख को उठाकर, अपने मुख की शोभा से कमलिनियों को तिरस्कृत करने लग गईं ॥२८॥

यमुनाजल में निमग्न हुईं गोपकुमारियों के मुखों ने, अधिकतर खिले हुए कमलों के वन के भ्रम को उत्पन्न नहीं किया, किन्तु यहाँ पर उन कमलवनों को धिक्कारमात्र दिया है । क्योंकि हेमन्तऋतु में खिले हुए कमलों का सम्बन्ध ही नहीं होता । वे प्रायः नष्ट हो जाते हैं ॥२९॥

तदनन्तर वे कुमारियाँ क्षणभर तो नीचे नेत्र करके जल के बीच ही खड़ी रहीं, पुनः शीत का उदय होते ही कदम्ब को देखने लग गईं । और श्रीकृष्ण भी पहले तो कदम्ब की शाखाओं में शरीर को छिपाकर बैठे थे, किन्तु अब तो उन कुमारियों के साथ चार नेत्रों का सम्मेलन करने के लिए, अर्थात् साक्षात्कार के लिए प्रगट हो गये ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तासां जलस्थवपुषां वदनेषु कृष्ण,-स्यारूढनीपक-तरोः सहसा दृगन्तः ।
पद्मेषु पद्मप-कलामदधादमुष्मिन्, यासां च नीरभृति चातक-रीतिमाय ॥३१॥

"ततश्च, उच्चकैर्जहसुर्बालाश्चुक्रुधुस्तत्र बालिकाः ।
ऊचुश्चेदं तु वः कृत्यं व्रजादृत्यं भविष्यति ॥३२॥

"अथ कृष्णेन मुहुरपि शिक्षिता बालाः प्रोचुः । तत्र प्रथमं यथा,—

'कृत्यं वा किमकृत्यं वा न विद्मो वयमण्वपि ।
शिक्षार्थं किन्तु वः प्राप्ता वीक्ष्याज्ञासिष्म तत् पुनः ॥'३३॥

"अथ सर्वाः सलज्जं परस्परमीक्षित्वा पुनरूचुः,—

'यः कश्चिच्छिक्षकस्तस्माद्भवद्भिः सुष्ठु शिक्षितम् ।
अभ्यस्यथ व्रजे तच्च स्वगुरोर्मान-वृद्धये ॥'३४॥

"पुनस्तच्छिक्षिता डिम्भाः प्रोचुः,—

'किमर्थोऽयमुपालम्भस्तन्न विद्मस्तु किञ्चन ।
भवत्यो जलचारिण्यो वयं वृक्षाग्रगामिनः ॥'३५॥

"ता ऊचुः,—

'विक्रान्तिर्लुण्ठतां योग्या यद्वः शाखाग्रगामिता ।
दीनता लुण्टितानां स्याद्यन्नः सलिलगाहिता ॥'३६॥

जल में स्थित है शरीर जिनका, ऐसी उन कुमारियों के मुख पर, कदम्ब वृक्ष पर चढ़े हुए श्रीकृष्ण का कटाक्ष, कमलों पर बैठे हुए भ्रमर की सी कला धारण करने लग गया। और मेघ के ऊपर चातकों का जैसा व्यवहार होता है, श्रीकृष्ण के ऊपर इन कुमारियों का कटाक्ष भी, वैसा ही व्यवहार करने लग गया ॥३१॥

उसके बाद वे चारों बालक ऊँचे स्वर से हँसने लग गये। बालिकायें उन पर कुपित हो गईं। और बोलीं कि "यह तुम्हारा वस्त्र चुरानारूप कार्य" व्रज में आदरणीय हो जायगा ॥३२॥

पश्चात् श्रीकृष्ण के द्वारा सिखाये हुए बालक पुनः बोले—उसके मध्य में प्रथम वाक्य, यथा—यह कार्य करने योग्य है या नहीं करने योग्य, इस बात को हम किंचिद् भी नहीं जानते। किन्तु तुम्हारी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आये हैं, तुम्हारे दर्शन से ही उस शिक्षा को समझ गये हैं ॥३३॥

अनन्तर सभी बालिकायें आपस में देखकर, लज्जापूर्वक पुनः बोलीं—जो तुम्हारा शिक्षक है, उससे तुम सबने अच्छी प्रकार शिक्षा पा ली है। अब अपने गुरु का मान बढ़ाने के लिए, व्रज में उस शिक्षा का अभ्यास कर रहे हो ॥३४॥

श्रीकृष्ण के द्वारा सिखाये हुए बालक पुनः बोले—अरी बालिकाओ! यह उपालम्भ (तिरस्कार) हमको क्यों दिया जा रहा है? क्योंकि हम तो इस विषय में कुछ भी नहीं जानते। कारण तुम सब जल-चारिणी हो। हम सब वृक्ष के अग्रभाग में चढ़े हुए हैं ॥३५॥

बालिकायें बोलीं—विक्रम दिखाना चोरों का उचित धर्म है। इसलिए तुम्हारा वृक्ष के अग्रभाग में चढ़ना देखा जाता है। और जिनका माल चोरी में चला गया, उनको दीनता करना ही उचित है। इसीलिए हम सबका जल में अवगाहन करना ही देखा जाता है ॥३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) - Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ श्रीकृष्णः स्वयमेव सकोपविस्मयमिव वक्ति स्म,—'किं लुण्ठितं भवतीनाम् ?'॥३७॥

"ता ऊचुः,—'अहो बत ! कथमस्माकमसंख्यतया दुःसम्बरमम्बरं संवरणमापद्यते ?३८॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'भवतीनामम्बरावरणता विद्यत एव, तदम्बरं वा कथमपहारेण संवलनमवलम्बताम् ?' ॥३९॥

"ता ऊचुः,—

'अम्बरमप्यम्बरता,-मासादयितुं तवास्ति सामर्थ्यम् ।
इह दामोदर ! चौर्यं, कियदिव शौर्यं समर्पयतु ?' ॥४०॥

"अथ कृष्णः सस्मयमाह स्म,—'न नग्ना एताः पाथसि मग्नाः । तदिदं तु मया परिहसितमेव,दृष्टं भवद्भिर्दुष्ठुप्रकृतीनामाकृतिमात्रसुष्ठुतायुतानामासामनुष्ठितम्; यन्मदीयान्येव शस्तानि वस्त्राणि विहारतः समस्तव्यस्ततया यत्र तत्र विस्रस्तानि, तान्येता दरिद्राणां कन्याः स्फुटमन्यायतया परिचित्य च विचित्य परिदधाना मादृशस्तु दृशः सकाशाद्गोपनं कामयमाना बाढं जलमेवावगाढाः । यानि खल्वतिस्वच्छानां तिग्मच्छविकन्याजलानामन्तरप्यप्रच्छन्नान्येव लक्ष्यन्ते, यान्येव चासां जलमग्नप्रत्यङ्ग-लग्नानि स्वर्णसवर्णवर्णानि वर्णा इव निर्वर्ण्यन्ते, तस्मात् प्लवन्त एव भवन्तः प्रत्येकमेताः करगृहीतकराः समानयन्ताम् ।' ॥४१॥

पश्चात् श्रीकृष्ण स्वयं ही मानो कोप एवं विस्मय के सहित बोले—हमने तुम्हारा क्या चुरा लिया ? ॥३७॥

बालिकायें बोलीं—हाय ! बड़े खेद की बात है । हम सब असंख्य हैं, अतः हमारे असंख्य वस्त्रों को छिपाना कठिन है, तो भी न जाने उन वस्त्रों को कैसे छिपाया जा रहा है ? ॥३८॥

श्रीकृष्ण बोले—तुम सबका अम्बर से, अर्थात् वस्त्रों से, श्लेषपक्षे—आकाश से, ढ़के रहना विद्यमान ही है । अतः ऐसी स्थिति में वह अम्बर (वस्त्र या आकाश) चुरा करके किस प्रकार हमारे अधीन हो सकता है ? आकाश पक्ष में—कैसे इकट्ठा किया जा सकता है ? यह अर्थ है ॥३९॥

वे सब कुमारियाँ बोलीं—हे दामोदर ! वस्त्र को भी आकाशरूप में परिणत कर देने की तुम्हारी सामर्थ्य है । किन्तु यहाँ निर्जन स्थान पर चोरी करना, तुमको कितनी शूरवीरता को समर्पित कर सकता है ? ॥४०॥

उसके बाद श्रीकृष्ण सगर्व बोले कि—हे मित्रो ! ये जल में धँसी हुई कन्यायें नग्न नहीं हैं । अतः मैंने तो इनके साथ यह परिहासमात्र ही किया है । और दुष्ट प्रकृतिवाली आकृतिमात्र से सुन्दरता वाली, इन कन्याओं का चरित्र आप सबने देखा, जो कि मेरे ही उत्तम उत्तम वस्त्र, क्रीड़ा के कारण समस्त व्यस्तभाव से जहाँ तहाँ गिर पड़े थे, उन सब वस्त्रों को ये दरिद्रियों की कन्यायें स्पष्ट अन्यायपूर्वक पहचान कर, अर्थात् "यह वस्त्र मेरे योग्य है, यह मेरे योग्य है" इस प्रकार परिचयपूर्वक एकत्रित कर, एवं धारण कर, हम जैसों की दृष्टि से छिपने की इच्छा करती हुईं, निश्चय ही जल में निमग्न हो गई हैं । क्योंकि जो वस्त्र अति निर्मल यमुनाजल के भीतर भी स्पष्ट ही दिखाई दे रहे हैं । और जो इन कन्याओं के जल में डूबे हुए प्रत्येक अङ्गों में लगे हुए सुवर्ण के समान चमकीले मेरे वस्त्र हैं, वे सब अक्षरों की तरह अलग अलग दिखाई देते हैं । इसलिए आप सब दौड़कर, कूदते हुए जाकर, अपने हाथों में इनके हाथ पकड़कर, इन प्रत्येक कन्याओं को मेरे पास ले आओ ॥४१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतदवधार्य तीरपर्यन्तमवतीर्य सम्भ्रमप्रतीक्षितालपकालान् कृष्णाज्ञापालान् बालानमूः प्रत्यूचुः,—॥४२॥

"कथं स्तम्भमवलम्बध्वे ? निःशङ्कमेव संक्रामत। सखीः प्रति च प्रावोचन्,—'अत्रैवानीय पानीयवाससुखं लुण्ठाकानेतानाकण्ठमासादयत।' ॥४३॥

"अथ तान् प्रति च,—

'आहरवसनामाहर,-वनितां यस्मात् क्रियां सदाधीध्वे।
कात्यायनी-प्रसादा,-त्तमपि विकर्षाम तोयान्तः ॥'४४॥

"अथ तदेतच्छ्रुतवन्त एव द्रुतवन्तः स्खलन्त इव नीपतर्वन्तमासद्य सद्यस्तमेव तरुमारुरुहुः ॥४५॥

"कृष्णस्तु सहासं स्पष्टमिदमभ्याचष्ट,—'अहो ! शुभंयूयमानानामासामहंयुता भवतीनां भवतु पश्यामस्तत्र भवतीषु देवताप्रभावं यावदेव तदेतमुदवासमुरीकृत्य भवत्यस्तिष्ठन्ति, तावद्वयमपि धृतनिष्ठास्तरोरुपरिष्टादेव नभोवासमुररीकृत्य तिष्ठाम।' ॥४६॥

"अथ तत्र तदुत्तरमुररीकुर्वत्यः सर्वाः सश्लेषमात्महृद्गतमुद्गमयामासुः,—॥४७॥

श्रीकृष्ण के इन वाक्यों को सुनकर, तीर तक उतरकर, आवेग के कारण थोड़े से समय की प्रतीक्षा करनेवाले, श्रीकृष्ण की आज्ञा का पालन करनेवाले, उन बालकों के प्रति वे कन्यायें बोलीं— ॥४२॥

हे बालको ! स्तम्भभाव का अवलम्बन क्यों कर रहे हो, अर्थात् चुपचाप क्यों खड़े हो ? निःशंक होकर हम पर धावा बोल दो। अपनी सखियों के प्रति भी बोलीं कि—अरी सखियो ! इन लुटेरों को यहीं लाकर, कण्ठ तक डुबाकर इनको जल में निवास करने के सुख को प्राप्त करा दो ॥४३॥

उसके बाद बालकों के प्रति बोलीं—अरे बालको ! देखो, तुम सब जिस गुरु के पास "वस्त्रों को चुराओ, स्त्रियों को चुराओ" इस प्रकार की क्रिया का सदा अध्ययन करते हो, याद रखो, श्रीकात्यायनी देवी की कृपा से उस तुम्हारे गुरु को भी, हम सब पानी के भीतर खेंच सकती हैं। अतः तुम्हारा खेंचना तो सामान्य बात है ॥४४॥

अनन्तर वे बालक इस बात को सुनते ही दौड़ पड़े, एवं खिसलते हुए से, कदम्ब वृक्ष तक पहुँचकर, शीघ्र उस वृक्ष पर ही चढ़ गये ॥४५॥

श्रीकृष्ण तो हास्यपूर्वक इस प्रकार स्पष्ट बोले—अहो ! आश्चर्य ! शुभ से युक्त स्त्रियों का सा आचरण करने वाली, तुम सबको बड़ी भारी अहंकार से युक्तता है। अच्छा, होने दो। हम भी देखते हैं। तुम्हारे ऊपर देवता का प्रभाव या अनुग्रह कैसा है ? तुम सब जब तक इस जल के निवास को अंगीकार करके बैठी रहोगी, तब तक हम सब भी निष्ठा को धारणकर, वृक्ष के ऊपर ही आकाश के निवास को स्वीकार करके बैठे रहेंगे ॥४६॥

तदनन्तर वहाँ पर श्रीकृष्ण के उत्तर को स्वीकार करती हुईं, वे सब कुमारियाँ, श्लेषालंकारपूर्वक अपने मनोगतभाव को प्रकाशित करने लग गईं ॥४७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'न नादेयभयं तस्य तरौ यस्य भवेत् स्थितिः ।
पात्रसात्कृतगात्राणां पृच्छचा नादेयता पुनः ॥'४८॥

"ततश्च तन्मुखतुषारकरतस्तुषारकरतरङ्गनिकरतश्च कम्पमानाः सनर्मानुकम्पमसूरयमुवाच,—॥४९॥

'अहो ! हिमश्रथश्लथाङ्गसन्धयः परमदुर्बलाः सर्वाभिरेवार्वागागम्यताम् ।' ॥५०॥

"तास्तु भ्रूभङ्गसङ्गतमूचुः,—'पुनः किमर्थमागमयितुमर्थयसे ?' कृष्ण उवाच,—'वनदेवतया हृतं मया तु प्रसह्य तस्याः समाहृतं वासः समासाद्यताम् ।' तत ऊचुः,—'किमतः शेषमन्वेषयामः ?' तदेतदुक्त्वान्तर्वारिण एव प्रसारितकराः किञ्चिदभ्यानंचुः ॥५१॥

"कृष्णस्तु सांगुलिव्यङ्गमुवाच,—'अये शतपत्रपत्रनेत्राः ! सविधेऽत्रागम्यताम् ।' ता ऊचुः,—'तवैतदेहीहं कर्म कथमिव ?' कृष्ण उवाच,—'मम दृष्टिविसृष्टिश्च विशिष्टतामाप्नोति ।' इति । ता ऊचुः,—'तर्हि किमर्हितं भवेत् ?' कृष्ण उवाच,—'ग्रहणातिवृत्तिर्वस्त्रपरिवृत्तिश्च न स्यात् ।'

जिस व्यक्ति की स्थिति (स्थान) तरौ, वृक्ष पर या पक्षान्तरे—नौका पर हो, अर्थात् जो वृक्ष पर या नौका पर बैठा हो, उसको नदीसम्बन्धी भय प्राप्त नहीं हो सकता। और जिन व्यक्तियों ने अपने शरीर को दोनों तीरों के मध्यस्थ जल को या श्लेषपक्ष में—योग्यपात्र को समर्पित कर दिया है, उनके सम्बन्ध में पुनः नादेयता, अर्थात् नदी के सम्बन्ध का पूछना कैसा ? श्लेषपक्ष में—अदेयता का पूछना ही नहीं बन सकता, अर्थात् जो नदी के बीच में पड़े हैं, उनको नदी का सम्बन्ध है कि नहीं यह प्रश्न, तथा जो योग्यपात्र को अपना शरीर तक दे चुके हैं, वे कुछ दे सकते हैं या नहीं, ऐसी अदेयता का प्रश्न निर्मूल है। (तरु या तरि, इन दोनों शब्दों का सप्तमी में 'तरौ' यही एकसा रूप एकवचन में बनता है। पात्र शब्द से कोष के अनुसार नदी के बीच का जल एवं योग्य व्यक्ति, ये दो ही अर्थ यहाँ ग्रहण किये हैं। और नदी शब्द से तद्धित में 'ढ़क्' प्रत्यय होकर नादेय पद बना, एवं दा धातु से कृदन्त का 'यत्' प्रत्यय होकर 'देय' बना। पश्चात् न देय—अदेय, इस प्रकार नञ् समास के बाद —न अदेय—नादेय बना। इन दोनों प्रकार के नादेय पदों से भावार्थक तल् प्रत्यय होकर नादेयता शब्द बना है।) ॥४८॥

उसके बाद श्रीकृष्ण के मुखचन्द्र से एवं शीतलताकारी तरङ्गसमूह से काँपती हुईं, उन गोपकुमारियों के प्रति श्रीकृष्ण परिहास एवं कृपा के सहित बोले— ॥४९॥

हे परमदुर्बल कुमारियो ! जाड़े के मारे तुम्हारे सारे अङ्गों की सन्धियाँ शिथिल हो गई हैं, अतः तुम सब अभी चली आओ ॥५०॥

वे सब तो भौंह को टेढ़ी करके बोलीं—पुनः किसलिए अपने पास आने के लिए प्रार्थना करते हो ? श्रीकृष्ण बोले—वनदेवता के द्वारा लाये गये, पुनः मेरे द्वारा बलपूर्वक उससे छीनकर इकठ्ठे किये गये, तुम्हारे वस्त्रों को तुम सब ग्रहण कर लो। वे बोलीं—इसके पीछे हमारी और कौन सी वस्तु शेष रह गई, जिसका हम अन्वेषण करें ? यह कहकर जल के अन्दर से ही, हाथ फैलाती हुईं थोड़ी सी दूर सम्मुख आईं ॥५१॥

श्रीकृष्ण तो अंगुली का इशारा करके बोले—हे कमलदल के समान नेत्रों वाली कुमारियो ! यहाँ पास में चली आओ। वे बोलीं—"इधर आओ, इधर आओ" तुम्हारा यह कर्म कैसा और किसलिए है ? श्रीकृष्ण बोले—मेरी दृष्टि और वस्त्रों की विसृष्टि, अर्थात् दान विशिष्टता को प्राप्त हो रहा है। वे बोलीं—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) : Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ताश्च परस्परमूचुः,—'अहो मुग्धाः ! वञ्चयितुमेवेयं प्रपञ्चना ।' कृष्णस्तु ताः सन्दर्श्य जिह्वां सन्दश्य बभाषे,—'सत्यमेवेदं ब्रवीमि, नासत्यम् ।' ताः पुनः प्रत्यूहमूहमाना व्यत्यूचुः,—'अहो ! मूढबुद्धयः ! सुव्यक्तान्तर्निगूढहासः परीहास एवायमस्य ।' ॥५२॥

"कृष्णस्तु गूढमपि स्मितमगूढसमूढप्रियवद्यतयाप्यवादीत्,—'हन्त ! नहि नहि, यस्माद्व्रतकृशतया भृशदयाविषया एव यूयम्, न तु दूयमानतामर्हथ ।' ॥५३॥

"ता ऊचुः,—

'स्पृहयालुश्चान्य-वस्त्रं गृहयालुश्च यः स तु ।
शीतालुषु दयालुश्चेदाश्चर्यातिशयालुता ॥

'भवतु विस्रब्धं वदत, कदा सत्यं वक्तुमारब्धं तत्रभवद्भिः ?' ॥५४॥

"कृष्ण उवाच,—'कदापि नानृतं वचसि कृतवानस्मि ।' ता ऊचुः,—'कः कथयति ?' कृष्णः सहासमुवाच,—'अहो ! कूटकूटं घटयमानाः ! यद्यन्यथा मन्यध्वे, परमधर्मपरानेतानेव समेतान् पृच्छत ?' ताः सहासमूचुः,—'सत्यमेते भवतः प्राप्तमर्माणः सधर्माणश्च दृश्यन्ते ।' कृष्ण उवाच,—'हन्त ! मुष्टिसम्बध्यमध्यमाः ! प्रतीतिमतीथ चेत् प्रत्यक्षत एव लक्ष्यताम् । सर्वाभिरेवागम्य न वा सर्वानतिरेकया कयाचिदेकयापि ।' ॥५५॥ ततश्च,

---

तब क्या योग्य हो सकता है ? श्रीकृष्ण बोले—ग्रहण का अतिक्रम, अर्थात् वस्त्र लेने का उल्लंघन, और वस्त्रों का परिवर्तन (उलटापलटी), अर्थात् किसी का वस्त्र किसी के पास पहुँच गया, ऐसा उलट फेर न हो सकेगा । वे परस्पर बोलीं—अरी बावरी बहनो ! यह प्रपञ्च हम सबको ठगने के लिए ही रचा जा रहा है । श्रीकृष्ण तो उनके वस्त्र उनको दिखाकर, जिह्वा को दाँतों से काटकर बोले—मैं तुमसे यह सत्य ही कह रहा हूँ, असत्य नहीं । वे पुनः विघ्न की आशंका करती हुई आपस में बोलीं—अरी मूढ़ बुद्धिवाली छोरियो ! श्रीकृष्ण का यह परिहास ही है, क्योंकि इस परिहास में अच्छी तरह छिपाया हुआ हास्य भी प्रकाशित हो रहा है ॥५२॥

श्रीकृष्ण तो स्पष्टरूप से प्रियवचन धारणकर, गुप्त हास्यपूर्वक बोले—हाय ! यह कभी परिहास नहीं, त्रिकाल में परिहास नहीं, क्योंकि तुम सब देवी का व्रत करने के कारण, अति कृश हो गई हो । अतः विशेष दया की पात्र हो, अधिक सन्ताप प्राप्त करने के योग्य नहीं हो ॥५३॥

वे बोलीं—जो व्यक्ति दूसरे के वस्त्र को इच्छापूर्वक ग्रहण करने के स्वभाव वाला है, वह व्यक्ति यदि शीतभीत व्यक्तियों के ऊपर दयालु हो जाय, तब तो आश्चर्य की पराकाष्ठा हो जाय । अच्छा, इस बात को तो जाने दो । पूरे विश्वास से युक्त वचन कहिये । पूजनीय—आपने सत्य बोलना कब से आरम्भ कर दिया है ? ॥५४॥

श्रीकृष्ण बोले—मैंने तो अपने वचन में असत्य का सम्मेलन कभी भी नहीं किया है । वे बोलीं—कौन कहता है ? श्रीकृष्ण हास्यपूर्वक बोले—अहो ! कपटसमूह की चेष्टा करनेवाली बालिकाओ ! यदि तुम मेरी बात को असत्य मानती हो, तो परमधर्मपरायण सम्मिलित हुए इन बालकों को पूछ लो । वे भी हँस कर बोलीं—सत्य है । ये भी आपके मर्मज्ञ एवं समान धर्म वाले ही दिखाई देते हैं । श्रीकृष्ण बोले—बड़े खेद की बात है । हे मुष्टि के द्वारा ग्रहण करने योग्य मध्यभाग वाली बालिकाओ ! यदि तुमको मेरी बातों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्य तत् क्ष्वेलितं श्रुत्वा बालाः प्रेमपरिप्लुताः ।
व्रीडिताः प्रेक्ष्य चान्योऽन्यं जातहासा न निर्ययुः ॥५६॥
तीरे गन्तुं लज्जा, स्थातुं नीरे च शीतमित्युभयम् ।
समजनि जाड्यं युगपत्, तदिमास्तत्रैव किञ्चिदब्रुवत ॥५७॥
'व्रजनृपकुलरत्न ! त्वं व्रजप्रीतिशाली, व्रजजनमहनीयश्चासि याचामहे तत् ।
वयमतितरशीतव्यग्रताग्रस्तचित्ता, वितर वितर वासश्चानयं मा च कार्षीः ॥'५८॥

"कृष्ण उवाच,—'ममानयः को वा नयनविषयः कृतः; प्रत्युत सत्कुलप्रभवतीनां भवतीनां वनदेवताहृतवस्त्राणां साहाय्यमेव कार्यमिति तथा मयारब्धमस्ति, न तु भवतीनां चेलचेलप्रचये मादृशामभिलाषमेलः सम्भवति । तस्मादस्मत्परितोष-पोषणाय यदि किञ्चिदपि दत्थ, तदा तन्मदादेव देवताविरोधमप्यनुरोधविषयीकुर्मः ।' ॥५९॥

"अथ तदेतदेवमवधारितवत्यः कात्यायनीव्रतवत्यस्तदेतन्मनसि विचारितवत्यः,—'हन्त ! यदस्माभिर्मनसि रञ्जितम्,तदेवायं व्यञ्जितं कर्तुं प्रयतते । तस्मादस्माकमयमेव समयः; किन्तु किमपि लक्ष्यमेवात्र लक्ष्यम्, तदपि स्वत एव लब्धम्; यत् पृथुशीतभीतताादिकमत्र प्रकटमेव घटते ।' ॥६०॥

पर विश्वास न हो, तो तुम सबजनी एकसाथ आकर, या तुम सबमें जो मुखिया हो, वह कोई अकेली ही आकर, हमारी सचाई को प्रत्यक्ष देख लो ॥५५॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की उन हँसी मसखरी की बातों को सुनकर, वे बालायें प्रेम से सराबोर हो गईं, एवं तनिक सकुचाकर, एक दूसरी की ओर देखकर मुसकराने लग गईं, पर जल से बाहर नहीं निकलीं ॥५६

तीर पर जाने को लज्जा होती है, जल में रहने को जाड़ा बाधा करता है, इस प्रकार उन सबको दो प्रकार का जाड़ा एकसाथ उत्पन्न हो गया । इसलिए ये सब वहीं पर खड़ी रहकर किंचित् बोलीं—॥५७॥

हे व्रजराजकुल के रत्न ! आप व्रजवासियों की प्रीति से सुशोभित हो, एवं व्रजजनों के पूजनीय हो । अतः भारी शीत के कारण व्यग्रता से ग्रस्त चित्तवाली हम सब आपसे प्रार्थना करती हैं कि—हमको वस्त्र दे दो, हमको वस्त्र दे दो । अन्याय मत करो ॥५८॥

श्रीकृष्ण बोले—तुमने मेरा कौनसा अन्याय देखा ? अपितु तुम सब ऊँचे कुल में पैदा हुई हो, एवं तुम्हारे वस्त्रों को वन के देवता हरकर ले गये थे । ऐसी स्थिति में तुम्हारी सहायता करनी चाहिए, इसीलिए मैंने वैसा ही कार्य आरम्भ किया है । किन्तु तुम्हारे निकृष्ट वस्त्रसमूह पर मेरे जैसे व्यक्तियों की अभिलाषा का सम्मेलन सम्भव नहीं । इसलिए हमारे सन्तोष की रक्षा के लिए यदि तुम कुछ भी देती हो, तब तो उसी के आनन्दमय मद से वनदेवता के विरोध को भी हम अनुकूलता का विषय बनावें ॥५९॥

उसके बाद कात्यायनी का व्रत करनेवाली वे कुमारियाँ इस प्रकार निश्चयकर, मन मन में यह विचारने लग गईं कि—हाय ! हमने अपने मनमें जो अभिलाषा की थी, ये तो उसी को प्रकाशित करने का प्रयत्न कर रहे हैं । इसलिए हमारा भी यही मौका है । किन्तु यहाँ पर कोई बहाना देखना चाहिये । वह भी स्वतः ही मिल गया । क्योंकि जाड़े का भय आदि यहाँ पर प्रगट ही घटित हो रहा है ॥६०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तं प्राहुः,—'हा ! हा ! द्रुतमनेन हैमनेन पवनेन शीतपरीततया जीवनविपरीततां वयमायाताः; तस्मान्मर्मभेदकं नर्म वृथा मा कृथाः, किन्तु वस्त्रमेव सेवय । यद्वा वांछसि, तत्तु लांछनमङ्गीकृत्यापि करिष्यामः ।' ॥६१॥

"कृष्णः सस्मितमुवाच,—'हन्त ! यदि मदिष्टं दास्यथ, तर्हि दास्यमेव स्वीकुरुत ।' अथ ताश्चिन्तयामासुः,—'हन्त ! सहसा मर्मस्पर्शे कर्मठतामेव लब्धवानसौ । भवतु, वयमपि नर्माश्रित्य तदेव शर्माङ्गीकुर्मः ।' ॥६२॥

"स्पष्टं च प्रोचुः, (भा १०।२२।१५)—'श्यामसुन्दर ! ते दास्यः' इति । कृष्णश्च सस्मितमाह स्म,—'तत्र च यन्ममोदितम्, तदनुमोदितं पुरतः कुरुत ।' ॥६३॥

"अथ ताः परस्परमालोचनपूर्वं निकोचितलोचनमूचुः,—'भवतु, (भा० १०।२२।१५)—'करवाम तवोदितम्' इति ॥६४॥

"तदेवमपि कृष्णे सतृष्णेऽपि तूष्णीमेव स्थिते पुनरूचुः, (१०।२२।१५)—'देहि वासांसि धर्मज्ञ' इति ॥६५॥

"अत्र चान्यथा निजाङ्गीकारसभङ्गीभावाद्धर्म एव मर्मबाधायां नात्मानं संवर्मयेदिति भावः ॥६६॥

पुनः श्रीकृष्ण से बोलीं—हाय ! हाय ! हम सब तो इस अति शीतल वायु के द्वारा, शीत से व्याप्त होकर, मृत्यु की पहली अवस्था को प्राप्त हो गई हैं । अतः मर्मभेदक वृथा हँसी मसखरी अब मत करो । किन्तु वस्त्रों को पहनाओ । और आप जो चाहते हो, उसको तो हम कलंक का टीका लगाकर भी पालन करेंगी ॥६१॥

श्रीकृष्ण मुस्क्याकर बोले—बड़े हर्ष की बात है । यदि तुम मेरी इष्टवस्तु को देती हो, तब तो मेरी दासता (अधीनता) को ही स्वीकार कर लो । तब वे मनमें विचारने लगीं कि—हाय ! ये प्यारे तो मर्म को स्पर्श करनेवाले कर्म की निपुणता को ही प्राप्त होते जा रहे हैं । अच्छा, होने दो । हम भी परिहास का आश्रय लेकर, उसी सुख को अङ्गीकार करती हैं ॥६२॥

पश्चात् स्पष्ट बोलीं—हे श्यामसुन्दर ! हम सब आपकी दासियाँ हैं । श्रीकृष्ण मुस्क्याकर बोले—मैंने जो तुमसे वहाँ पर कहा था, पहले उसका अनुमोदन कर दो ॥६३॥

तदनन्तर ये सब परस्पर आलोचनापूर्वक नेत्रों को संकुचित कर बोलीं—अच्छा, जाने दो । "हम आपका कहना करेंगी" ॥६४॥

इतने कहने पर भी तृष्णायुक्त श्रीकृष्ण जब चुप खड़े रहे, तब पुनः वे ही बोलीं—हे धर्मज्ञ ! हमारे सब वस्त्रों को दे दीजिये ॥६५॥

यहाँ पर यह भावार्थ है कि—अन्य प्रकार से अपनी प्रतिज्ञा के भङ्ग होने के कारण, धर्म में ही मार्मिक पीड़ा पहुँचाने के लिए, अपने को कवच से युक्त न कर ले । तात्पर्य—यदि आप सच्चे धर्मज्ञ हैं, तो परपीड़ा पर कमर मत कसो । हमारे वस्त्रों को लौटा दो ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथापि तथा स्थिते तस्मिन् कौतुकनिगूढस्मिते पुनरूचुः, (भा० १०।२२।१५)—'नो चेद् राज्ञे ब्रुवामहे' इति ॥६७॥

"अत्र च भयनिर्मुक्तमिमं तद्युक्तमात्रमाचरितुमुक्तमिदम्, न तु वस्तुतः ॥६८॥

"तदेव व्याजपदेन राजपदेन यं विशेषमवबुध्यते, तमेव बुध्यतां नाम निकाममित्यभिप्रायः ॥६९॥

"कृष्णश्च तदुपयुक्तमुक्तवान्,—'अहो ! कदा दास्यो भविष्यथ, कदा वा ममोदितं करिष्यथ, तत्तु नोपलभामहे। यदि वेत्थं सत्यमेव, तदा गत्यन्तरमन्तरा जलादुत्थाय सर्वसम्पदुत्थाय स्मितेन समेतमेव समेत, न तु सूक्ष्मयापि रूक्षतया। न चेन्मिथ्यासङ्कल्पजल्पानां तत एवाधर्ममर्मकल्पानां साहाय्यमस्माभिः कथं वा प्रथनीयम् ? ॥७०॥

"तथापि तासामनुत्थानमुट्टंक्य कठिनताघटितमाचष्ट,—'न वयं वृथा कृताशानां कन्यापाशानां वः सम्बन्धमनुरुन्ध्महे; किन्तु,

'इदं च मे दयालुत्वमेव बुध्यध्वमञ्जसा।
नो चेन्नाहं प्रदास्ये किं क्रुद्धो राजा करिष्यति ?' ॥७१॥

इतने पर भी कौतुक से गूढ़ मुस्क्याने वाले श्रीकृष्ण जब चुप ही खड़े रहे, तब वे पुनः बोलीं—यदि आप राजीवाजी हमारे वस्त्र नहीं दोगे, तो हम राजा से कह देंगी। यहाँ पर परलोक से भय न होने पर भी, लोक में राजा से तो सभी भय करते हैं। अतः हम कंस से जाकर तुम्हारी शिकायत कर देंगी, यही राजन् शब्द का भाव है। अथवा ऐसे धर्मात्मा श्रीव्रजराज के पुत्र होकर भी, तुम लाड़चाव के कारण शिक्षित नहीं हो पाये, तुमको उनसे शिक्षा दिलायेंगी। यह भी राजपद का भाव है ॥६७॥

और यहाँ पर गोपियों का भय दिखाने का जो कथन है, वह भयरहित श्रीकृष्ण को, भय से युक्त करने मात्र के लिए है, वस्तुतः नहीं है ॥६८॥

इसलिए ये श्रीकृष्ण छल के आश्रयस्वरूप इस राजपद के द्वारा, जिस विशेषता को समझ रहे हैं, उसी को स्वेच्छापूर्वक समझते रहें, यही अभिप्राय है ॥६९॥

पश्चात् श्रीकृष्ण भी उन गोपकुमारियों के उपयोग की बात बोले—हे कुमारियो ! तुम कब दासी बनोगी, और कब मेरे कहे को करोगी ? वह तो हम प्राप्त नहीं कर पा रहे। यदि तुम्हारा कहना ध्रुवसत्य है, तब तो दूसरे उपाय के बिना जल से उठकर, सब प्रकार की सम्पत्ति को उठाने के लिए मन्दमुस्क्यान से युक्त होकर, मेरे पास चली आओ। किन्तु थोड़े से भी रूखेपन से नहीं। यदि ऐसा नहीं करती हो, तो मिथ्या संकल्प से बकनेवाली, एवं उसी कारण से अधर्म के मर्म की कल्पना करनेवाली, तुम जैसियों की सहायता हमको किस प्रकार विस्तार करनी चाहिए ? ॥७०॥

इतने कहने पर भी उनका जल से उठना न देख विचार कर, कठोरता से युक्त वचन बोले—वृथा आशा करनेवाली तुम्हारे जैसी निकृष्ट कन्याओं के सम्बन्ध को हम नहीं चाहते। किन्तु तुम सब इसको मेरी यथार्थ दयालुता ही समझो। यदि इतने पर भी नहीं समझोगी, तो मैं तुम्हारे वस्त्र नहीं दूंगा। राजा क्रुद्ध होकर मेरा क्या करेगा ? ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र च राजपदं व्याजाय व्याजहार। ततश्च मौनं प्रतिलभ्य तासां भयमुपलभ्य तेन करुणसभ्यशिरोमणिना प्रत्ययमाचर्य कथञ्चित् प्रत्यये चाचरिते शीतार्ततानिर्वर्तितवार्तता-माहर्तुं व्रीडानिविडजडवपुषोऽपि जडादुत्तेरुरिति वार्तयन्ति। तद् यदि तथा स्यात्तदा वस्तुतस्तु तत्कारणमिदमस्तु ॥७२॥

"प्रार्थ्यं चेत् फलति तदा भजेम देहं, नो चेन्नो इति समयस्य यैव सीमा।
तासां सा यदि विफला क्व तर्हि लज्जा, निर्वस्त्रागतिविधये हिमं तु लक्ष्यम् ॥७३॥

"तदेवं कथञ्चिदुदकादुदक्ताश्च ता न व्यक्तावयवा जाताः। किन्तु,
हस्तपल्लवकृताग्रवस्त्रिकाः, केशविस्तृतिधृतापराम्बराः।
आदिनिष्ठितकनिष्ठदारिकाः, कुब्जिकावदमिलन् कुमारिकाः ॥७४॥

"ततश्च पश्य कृष्ण ! पश्य, सर्वतस्त्रस्ता एता लोप्त्राणि वस्त्राणि पाथस्येव स्रस्तानि विधायागता इति संलप्य प्रबलहासं वल्गति बालवर्गे हरिस्त्वदं भावितवानतीव दयामयामास ॥७५॥ यथा—

इस श्लोक में श्रीकृष्ण ने राजपद को छल करने के लिए कहा है। श्रीव्रजराज के लक्ष्य से नहीं। तदनन्तर मौन धारणकर, उनके भय को जानकर, करुणा के प्रकाश द्वारा सभ्यशिरोमणि श्रीकृष्ण ने शपथ करके, जब किसी प्रकार विश्वास करा दिया, तब वे कुमारियाँ लज्जा के कारण, अधिक जड़ के समान शरीर वाली होकर भी, शीतजनित पीड़ा को दूर करनेवाली नीरोगता को लाने के लिए, जल से बाहर उतर आईं, पुराणवेत्ता पण्डितजन ऐसी बात कहते हैं। वह जल से उनका निकलना भी यदि शीत के कष्ट से है, तो भी वास्तविक उसका कारण यह हो सकता है— ॥७२॥

यथा—हमारा प्रार्थनीय विषय यदि सफल होता है, तब तो हम देह धारण करेंगी, अन्यथा देह धारण नहीं करेंगी। इस वाक्य में उन कुमारियों की प्रतिज्ञा की सीमा का जो निर्देश है, उनकी वह सीमा यदि निष्फल होती है, तब लज्जा कहाँ रहेगी ? और वस्त्रों से रहित दशा में श्रीकृष्ण के पास आने के लिए तो हिम, अर्थात् जाड़ा ही एक पूरा बहाना है, अर्थात् जाड़े का बहाना बनाकर निर्वस्त्र भी आ सकती हैं ॥७३॥

इस प्रकार अनेक शंका समाधान के बाद, महान् कष्ट से वे कुमारियाँ जल से उठ खड़ी हुईं, तो भी उनके सब अवयव प्रकाशित नहीं हुए। किन्तु वे कुमारियाँ अपने अपने हस्तरूपी पल्लव से आगे का वस्त्र बनाकर, अर्थात् हाथों से आगे का भाग ढ़ककर, एवं केशों के विस्तार के द्वारा अन्य सब वस्त्रों को धारण कर, अर्थात् केशों की लम्बाई से अन्य सब अङ्गों को ढ़ाँककर, तथा अपने अपने आगे छोटी छोटी छोरियों को रखकर, कूबड़ी की तरह देह नवाकर, श्रीकृष्ण के पास आ मिलीं ॥७४॥

तदनन्तर अरे भैया कृष्ण ! देखो, देखो तो सही। सब ओर से डरी हुईं ये कुमारियाँ, चुराये हुए तुम्हारे वस्त्रों को जल में ही पटक कर आ गई हैं। इस प्रकार आपस में सम्भाषण करके बालकवर्ग जब प्रबल अट्टहास कर रहा था, तब श्रीकृष्ण तो अग्रिम विचार करते हुए, भारी दया को प्राप्त हो गये— ॥७५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"शशधरतन्वा तुलना,-माहतलक्षणतया ययुर्यदपि ।
तदपि च तां सहसामू,-राहतलक्षणतया जिग्युः ॥७६॥

एताः सत्कुलसम्भवा वरमहो वांछन्ति देहव्ययं
न व्रीडाक्षयमेवमप्यथ दशामेतां गता मत्पुरः ।
बीजं चात्र परन्तु मद्विमुखताशङ्का ततः कुण्ठता-
मुत्कण्ठा किरती विलोडयति मामासां निजाशर्मणि ॥७७॥

राधा विनोद गोस्वामी
संग्रह
राधा गोविन्द मंदिर
बीक-वाराणसी

तथाप्यासां सुष्ठु तन्निष्ठां निष्टङ्कयितुं पङ्क्तिदर्शिनं मनोरथस्पर्शिनं परिहासमप्यतीव स्पष्टयितुं चित्तमिदमुत्कण्ठते । यदागता अपि सङ्कोचावगाहतः परस्परमाहत-प्रकाशावयवा एव तिष्ठन्ति' इति ॥७८॥

"प्रकाशन्नुवाच,—'अरे रे ! चपलाः ! कथं भवन्तो हसन्ति ? एताः खलु नग्निका एव कथं वा नग्निकाभावे दोषमर्हन्ति ?' इति ॥७९॥

"अथ पुनर्वस्त्रकदम्बं कदम्बस्कन्धसन्धिविशेषे सप्रत्याहारं तत्प्रत्यक्षसंवलिततया सन्धाय प्रेमबन्धाय सस्मितं ताः प्रत्येवमाह स्म,—'दास्याङ्गीकार-कारणात् प्रदास्याम्येव

यथा—यद्यपि ये कुमारियाँ गुणों के द्वारा विख्यातजनों के स्वभाव को प्राप्त होने के कारण, चन्द्रमा की मूर्ति के साथ तुलना को प्राप्त हो गई थीं, तो भी इन कुमारियों ने अपनी निष्कलंकता के कारण, उस तुलना को जीत लिया ॥७६॥

अहो ! कैसे आश्चर्य की बात है कि, सत्कुल में उत्पन्न हुई ये कुमारियाँ अपने देह के नाश को भले ही चाहती हैं, किन्तु इस प्रकार लज्जा के नाश को नहीं चाहतीं, क्योंकि कुलाङ्गनाओं का यही भूषण है। इतने पर भी ये मेरे सामने इस प्रकार की दशा को प्राप्त हो गई हैं। परन्तु "मैं पीछे विमुख होकर निषेध कर दूँगा" इस प्रकार की मेरी विमुखता की आशंका ही, इनकी ऐसी दशा में मूल कारण है। इसलिए इनकी उत्कण्ठा संकुचित भाव को दूर फेंकती हुई, मुझको ही अपने सुख के अभाव में आलोचित कर रही है। अर्थात् ऐसे विशुद्ध स्नेहवाली गोपियों से विमुख होने पर तुमको सुख न मिलेगा, ऐसी आलोचना कर रही है ॥७७॥

तथापि इनके लज्जा के त्याग के विषय में मेरी विमुखता की आशंका को निश्चित करने के लिए, दोष को देखनेवाले एवं मनोरथ का स्पर्श करनेवाले, परिहास को भी अच्छी तरह स्पष्ट करने के लिए, यह चित्त उत्कण्ठित हो रहा है। क्योंकि ये मेरे पास आकर भी, संकोच में मग्न होने के कारण, परस्पर अस्पष्ट है प्रकाश जिनका, ऐसे अङ्ग-प्रत्यङ्गों से युक्त होकर ही खड़ी हैं ॥७८॥

इस प्रकार मनमें विचारकर श्रीकृष्ण स्पष्ट बोले—अरे ! ओ ! चञ्चल बालको ! तुम सब क्यों हँस रहे हो ? ये सब कुमारियाँ नंगी ही हैं, अतः नंगेपन की दशा में किस प्रकार दोषभागी हो सकती हैं ? अथवा ये सब कन्यायें "नग्निकाऽनागतार्तवा" इस अमरकोष के अनुसार रजोधर्म से रहित ही हैं, अतः मासिकधर्म से रहित दशा में, किस प्रकार दोषभागी हो सकती हैं, अर्थात् कदापि नहीं ॥७९॥

तदनन्तर कदम्ववृक्ष की शाखाओं की सन्धिविशेष में धरे हुए, वस्त्रसमूह को ग्रहणपूर्वक, उनकी आँखों के सामने दिखाकर, प्रेम का बन्धन जोड़ने के लिए, उन कुमारियों के प्रति मृदुमुस्क्यानपूर्वक बोले—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तान्येतानि वस्त्राणि, किन्तु पूर्वमशक्यनिर्णयः, सम्प्रति तु निर्वर्ण्य निर्णीतः सोऽयं सद्गुरुतो यजतनमतां प्राप्नवतीनां भवतीनां दुर्नयः सपदि मां विवर्णयन् वर्तते, तदेतदवधार्यतां भवतीभिः ॥८०॥

'शम्बरं प्रविविशे विनाम्बरं, यत्तदेव जलदेवहेलनम् ।
छिद्रमावरितुमत्र तद् व्रते, शीर्षभाक्करयुगं स नम्यताम् ॥'८१॥

"तास्तु तत्र सापत्रपचित्ताश्च परमभीतिभिन्नास्तथाकार्यतयावधार्य 'पश्यत केऽपि शब्दायन्ते' इति बालानां दृष्टीः प्रतार्य 'पतिरेव देवता' इति विचार्य सपरिहास-विलास-व्याजतस्तमेव नमश्चक्रुः,—'स्वामिन् ! नमस्तुभ्यम्' इति ॥८२॥

"ततश्च कृष्णः सकौतुकतृष्णतया तासां प्रतिप्रतीकं संदृश्य स्निग्धतां विदग्धतामपि परामृश्य लब्ध-प्रसादमेलः खेलावलितं चेलानि यथास्वमर्पयामास । यत्र च दृष्टिपथसेवनादेव भवतीनां पुष्टिदीर्घतादिकं मम मुष्टिगतं जातम्, कथमन्यथा समर्पणं कुर्यामित्येवं तुष्टिं ददानः स्वविचक्षणतां लक्षयामास ॥८३॥

मेरी दासता के अङ्गीकार करने के कारण, तुम्हारे ये सब वस्त्र तो अवश्य दूँगा, किन्तु पहले जिसका निर्णय करना कठिन था, अब तो साक्षात् देखकर तुम्हारी उस दुर्नीति का निर्णय हो गया। अतः सद्गुरु के द्वारा "पूजा करो, नमस्कार करो" इस प्रकार की क्रिया को प्राप्त करनेवाली होने पर भी, तुम्हारी वह दुर्नीति मुझको शीघ्र ही विवर्ण (मलिन) करती हुई वर्तमान है। इस बात को तुम सब निश्चय करके समझ लो ॥८०॥

तुम सब नंगी होकर वस्त्रों के बिना जल में जो प्रविष्ट हो गईं, यही जलदेवता का तिरस्कार हो गया। बस, तुम सबसे यही दुर्नीति बन गई है। इसलिए इस व्रत में होनेवाले छिद्र (दोष) को ढकने के लिए, अपने अपने मस्तक पर दोनों हाथ धरकर, उस देवता को नमस्कार कर दो ॥८१॥

वे सब कुमारियाँ तो वहाँ पर दूसरे बालकों से चित्त में लज्जित होकर, भारी भय से विदारित होकर, उस प्रकार नमस्कार, स्वामी की आज्ञानुसार अवश्य करने योग्य है, ऐसा निश्चयकर, "अरे बालको ! देखो, देखो। उधर कोई हल्ला गुल्ला कर रहे हैं" ऐसे कहकर बालकों की दृष्टि को ठगकर दूसरी ओर घुमा कर, पतिव्रता का पति ही देवता होता है, ऐसा विचारकर परिहासविलास के बहाने श्रीकृष्ण को ही "हे स्वामिन् ! आपके लिए नमस्कार है" इस प्रकार कहकर नमस्कार करने लग गईं ॥८२॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने कौतुक एवं तृष्णा के सहित, उनके प्रत्येक अङ्ग को निरीक्षण कर, एवं उनकी स्निग्धता तथा रमणीयता को भी विचारकर, प्रसन्नता के सम्मेलन को प्राप्त होकर, खेलपूर्वक हँसते हँसते विधिपूर्वक वस्त्रों को समर्पित कर दिया। और जिस समर्पण में नेत्रमार्ग के द्वारा अनुभव करने के कारण, तुम सबकी पुष्टि (मोटापन), एवं दीर्घता (लम्बाई) आदि सब मेरी मुट्ठी में आ गई है। इसके देखे बिना मैं विधिपूर्वक कैसे समर्पण कर सकता था ? इस प्रकार कहकर सन्तोष देते हुए, अपनी पण्डिताई को भी दिखा दिया ॥८३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किन्तु, प्रातिकूल्यवचनं च सौहृदा,-दानुकूल्यमभिगम्य शर्मदम् ।
पश्य वस्त्रहरणादिना हरिः,प्रत्युत प्रमदयाम्बभूव ताः ॥८४॥

"ततश्च वृक्षादवतीर्णवति तस्मिन्,—

"लज्जासंवरणार्थमम्बरमधुर्बाला भृशं लज्जिता-
स्तर्हि स्वाङ्गवृतिं दधुर्मुहुरहो व्यक्ताऽन्तरङ्गारति ।
कृष्णादल्पविवृत्तवक्त्रकमलास्तस्थुर्द्गन्तः पुन-
स्तत्रागाद् व्रजसुभ्रुवामहह भोः ! कामस्य वामा गतिः ॥८५॥

यदर्थमत्रागतवानयं हरि,-र्वरार्पणं विस्मृतवांस्तदेव तु ।
तासां मुखाम्भोजततेर्मधूलिका,-सौरभ्यमात्रं परिरभ्य नासया ॥८६॥

"ततश्च, भृङ्गश्रेण्य इवाम्भोजं रसपूर्णं कुमारिकाः ।
भर्तृकामास्तदा कृष्णं वरीतुं परितः स्थिताः ॥८७॥

"अथ तेषु चाकरालेषु बालेषु 'चल चल किंवा करणीयमत्र' इति करद्वयं वसनादि-परिकरचयं चाकृष्य हृष्यत्सु वितरणीयं वरमम्बरहारिताहारी हरिः स्वयमनुसंहितवान् ॥८८॥

किन्तु देखो, आश्चर्य की बात । प्रतिकूल वचन भी सखी मित्रता के कारण, अनुकूलता को प्राप्त होकर, सुखदाई होता है । इसी रहस्य को देख लो कि, श्रीकृष्ण ने वस्त्रहरण आदि के द्वारा उन कुमारियों को रुष्ट करने के बदले, महान् हर्षित कर दिया ॥८४॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण जब वृक्ष से नीचे उतर आये, तब महान् लज्जित हुईं वे बालिकायें लज्जा को ढ़कने के लिए, वस्त्र धारण करने लग गईं । उस समय वे अपने अपने अङ्गों के आवरण को धारण कर रही थीं, तो भी आश्चर्य यह था कि—उनकी अन्तरङ्ग प्रीति बार बार व्यक्त (स्पष्ट) होती जा रही थी । और श्रीकृष्ण को पाकर उनका मुखकमल थोड़ा सा खिल उठा, इसी प्रकार उनके सामने खड़ी हो गईं । किन्तु उन व्रजसुन्दरियों का कटाक्ष पुनः श्रीकृष्ण की ओर चला गया । अहह ! मित्रो ! काम की गति बड़ी टेढ़ी है ॥८५॥

ये श्रीकृष्ण जिस वरदान को देने के लिए यहाँ पर आये थे, उसी वर को देना तो वे भूल गये । कारण—नासिका के द्वारा उन गोपकन्याओं के मुखारविन्दश्रेणी की मधुश्रेणी की सौरभ (सुगन्ध) मात्र को ग्रहणकर वे विस्मृति में पड़ गये थे ॥८६॥

उसके बाद मधुकरश्रेणी जैसे रसपरिपूर्ण कमल को वरने के लिए, उसके चारों ओर स्थित हो जाती है, ठीक उसी प्रकार उस समय पति की कामनावाली वे गोपकुमारियाँ भी, अनुराग रसपरिपूर्ण श्रीकृष्ण को वरने के लिए, उनके चारों ओर खड़ी हो गईं ॥८७॥

तदनन्तर परम कोमल वे चारों बालक "भैया कृष्ण ! चल, चल । यहाँ पर हमको क्या करना है ?" यह बात कहकर श्रीकृष्ण के दोनों हाथों को, तथा वस्त्र भूषण आदि एवं कमर की फेंट के समूह को खेंचकर जब हर्षित हो रहे थे, तब वस्त्रहरण के कारण मनोहर श्रीकृष्ण देने योग्य अपने वर को स्वयं अनुसन्धान (याद) करने लग गये ॥८८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, तासां विज्ञाय गोपालः स्वकरस्पर्शकाम्यया ।
धृतव्रतानां सङ्कल्पं कल्पयामास सिद्धिदम् ॥८९॥

"यथा—स्वस्यार्थः स तु यद्विभाति परतः स्वीयं समाराधनं
मय्याविष्टमनास्त्वनादरमथाचर्यात्र माराध्यति ।
तत्राद्ये स्वयमस्मि शश्वदुपमा यूयं द्वितीये ततः
सङ्कल्पो निरुपाधिरेष भवतीष्वेवातिसत्यो मतः ॥९०॥

सर्पिर्भृष्टतमा गुडक्वथिततामाप्ताश्च धाना यथा
रस्यन्ते स्वयमेव बीजवदमूस्तन्वन्ति नान्यस्पृहाम् ।
मन्मात्रस्पृहिणां मदीयभजनं नो तद्वदन्यस्पृहं
किन्तु स्याद्रसनीयरूपमिति चेद् युष्माकमास्तां कथा ॥९१॥

"तदेवमाकर्णिनीर्वरवर्णिनीः सद्य एव गान्धर्वपर्व सम्पद्यताम्' इत्यभिप्रायतया सापत्रप-नयनाः स्वीकृतिमयसमयमपेक्षमाणाः प्रति समर्धकतया समर्धकतां गच्छन् पुनरच्छमुवाच,—॥९२

'यथा—मिथः स्वीकारः स्यात् परिणयविधिस्तत्परिकराः
परे ते ते धर्माः स पुनरुदबोधि स्वयमिह ।

उसके बाद अपने करकमल के स्पर्श की कामना से व्रत को धारण करनेवाली उन सब कुमारियों के संकल्प को जानकर, श्रीगोपालजी ने उस संकल्प को सिद्धि देने वाला बना दिया ॥८९॥

यथा—दूसरे की आराधना करके उससे यदि अपना स्वार्थ सिद्ध होकर प्रकाश पाता है, तब तो उसको दूसरे की आराधना न कहकर, एक प्रकार से अपनी ही आराधना कहनी चाहिए। किन्तु मेरे में मन लगाने वाला निष्काम भक्त तो, यहाँ पर अपनी भक्ति को छिपाने के लिए बाह्यदृष्टि से मेरा अनादर करके भी, मेरा ही सच्चा आराधन करता है। उन दो प्रकार के व्यक्तियों में से पहले के विषय में तो मैं स्वयं ही चिरकाल के लिए उपमारूप बना हुआ हूँ, और दूसरे निष्काम व्यक्ति के विषय में तुम सब पूर्ण उपमारूप बनी हुई हो। अर्थात् मेरे जैसा स्वार्थी नहीं, तुम्हारे जैसा परमार्थी (निष्काम) नहीं। इसलिए निष्कपट निष्काम जो यह संकल्प है, वह तो आप सबमें ही अत्यन्त सत्य माना गया है ॥९०॥

जिस प्रकार घी के द्वारा अतिशय भूँजे हुए, एवं गुड़ की चासनी के द्वारा पकाये गये धान, स्वयं रस लेने के योग्य ही होते हैं, किन्तु वे धान बीज की तरह "अंकुरोत्पत्तिरूप" दूसरी इच्छा को प्रगट नहीं करते। उसी प्रकार केवल मेरी चाहना करने वालों का मेरा भजन भी, दूसरी सांसारिक वासना को उत्पन्न नहीं करता, किन्तु रसनीयरूप ही हो जाता है। यदि ऐसी बात है, तब तुम्हारे जैसे निष्काम भक्तों के विषय में तो कहना ही क्या है ? ॥९१॥

इस प्रकार के भाव श्रवण करनेवाली "शीघ्र ही गान्धर्व विवाहमय महोत्सव सम्पन्न हो जाय" इस अभिप्राय से, लज्जायुक्त नेत्रों वाली, स्वीकृतिमय समय की अपेक्षा करने वाली, उन श्रेष्ठतम गोपाङ्गनाओं के प्रति, वर देने वाले की तरह, समृद्धिकारिता को प्राप्त होते हुए, श्रीकृष्ण पुनः निर्मलतापूर्वक बोले—॥९२॥

यथा—परस्पर का स्वीकार ही विवाह का मुख्य विधि होता है, और दूसरे "ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस, पैशाच" ये जो विवाह के धर्म हैं, वे सब तो स्वीकार के अधीन हैं।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अतो यूयं सिद्धा व्रजगमनमेवाद्य कुरुत
क्षपायां कस्याञ्चित् किल मिलनमप्याशु भविता ॥'९३॥

"तदेवं ताभ्यः प्रतिश्रुतवति तस्मिन्नधिकमेव तासामावेशो जातः। यथाह श्रीशुकः, (भा० १०।२२।२८)—

'इत्यादिष्टा भगवता लब्धकामाः कुमारिकाः।
ध्यायन्त्यस्तत्पदाम्भोजं कृच्छ्रान्निर्विविशुर्व्रजम् ॥'९४॥

"तथाहि—अक्षिभ्यां वक्त्रबिम्बाद्भुजयुगरुचिभाग्मध्यभागान्नितम्बा-
दूरुभ्यां जानुयुग्मात् पदसरसिरुह-द्वन्द्वमापुर्मुरारेः।
व्रीडानम्राः स्वदृग्भ्यामहह मृगदृशस्तद्वियुक्तौ तु तत्तत्
पश्चाद् दृष्टं पदं तु प्रतिपदमुदभूदन्तरे लग्नमासाम् ॥९५॥

द्वे चित्त-वाससी नीत्वा कुमारीणां परं ददे।
न पूर्वं तु निराकारं गोपनीयमितीव सः ॥९६॥

यत्तर्ह्यन्तिमघस्रपूर्यमपि ता देव्यर्चनं सम्मदाद्
विस्मृत्य व्रजमेव जग्मुरभवंस्तेनैव पूर्णक्रियाः।

वह स्वीकार यहाँ पर स्वयं ही अच्छी प्रकार ज्ञात हो गया है। अतः तुम सब गान्धर्व विवाह की रीति से कृतार्थ होकर, आज तो व्रज को ही चली जाओ। और किसी रात्रि में मिलना भी, निश्चितरूप से शीघ्र ही हो जायगा ॥९३॥

इस प्रकार उनके प्रति श्रीकृष्ण के प्रतिज्ञा करने पर तो, उनका आवेश अधिक उत्पन्न हो गया। यथा—श्रीशुकदेवजी ने कहा है कि—हे राजन्! भगवान् के द्वारा इस प्रकार आदेश पाकर, वे कुमारियाँ अपना मनोरथ पाकर, श्रीकृष्ण के चरणकमल का ध्यान करती हुईं, बड़ी कठिनाई से व्रज में प्रविष्ट हुईं ॥९४॥

और देखो! लज्जा के भार से नम्र हुईं, मृगलोचना उन कुमारियों ने, अपने नेत्रों के द्वारा, श्रीकृष्ण के नेत्रों को प्राप्तकर, अर्थात् अनुभवकर, पश्चात् क्रमशः मुखबिम्ब को, दोनों भुजाओं की कान्ति से युक्त मध्यभाग को, नितम्बभाग को, दोनों जंघाओं को, दोनों जानुओं को प्राप्तकर, दोनों चरणकमलों को प्राप्त कर लिया। पुनः श्रीकृष्ण के वियोग में तो पहले देखे हुए नेत्र, मुखबिम्ब आदि अङ्गों के पीछे देखा हुआ श्रीकृष्ण का युगल चरणकमल तो, उन कुमारियों के अन्तःकरण में ही संलग्न हो गया, और प्रतिक्षण उदय पाने लगा ॥९५॥

श्रीकृष्ण ने गोपकुमारियों के चित्त एवं वस्त्र दोनों वस्तु लेकर केवल वस्त्र दे दिया, किन्तु पहले लिए हुए निराकार चित्त को नहीं दिया। इसी कारण से वह गोपनीय हो गया ॥९६॥

उस समय अन्तिम दिन में पूर्ण करने योग्य देवी के पूजन तथा उद्यापन को भी "पतिरूप में श्रीकृष्ण की प्राप्तिरूप" हर्ष की अधिकता के कारण भूलकर, वे कुमारियाँ व्रज को ही जो चली आईं, वह उनकी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रेम्णो यस्य तु तच्च तच्च लषितं तस्याथ साक्षात्फलं
कृष्णाङ्गीकृति-शर्म चेद् बबलिरे किं शिष्टमिष्टं परम् ?" ॥९७॥

मधुकण्ठ उवाच,—"मासिकमिष्टमनु मिष्टं मिष्टं भुक्तवती देवी कथमिष्टदानार्थमागमनं मुक्तवती ?" ॥९८॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—

"राग एव किल सिद्धिकृदासां, नास्मदर्चनमिति प्रतिपद्य ।
नागमद् वरविधाविह दुर्गा, किन्तु रागविषयः स्वयमेव ॥'९९॥

मधुकण्ठ उवाच,—"नूनमेताश्च गर्गेणैव गोविन्दादपेताः कृताः । स्निग्धकण्ठ उवाच,—कृताः, किन्तु न साक्षात् । मधुकण्ठ उवाच,—कथमिव ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—यद्यपि साध्वीशिरोमणिरमणीनां राधादीनां दीनायमानानामालोचनसङ्कोचतस्तस्य पुनर्व्रजागमनमनु मनो न जातम्, तथापि तदनुसन्धानं विना व्रतबन्धादिद्वयं न सन्धातव्यमिति श्रीव्रजपतिजम्पत्योः कृतनिबन्धतया राधादीनां वधूनामलाभादुत्पन्नमनस्कारप्रतिबन्धतया च ताः परम्परया पराकृताः ।" ॥१००॥

क्रिया तो श्रीकृष्ण की प्राप्ति से ही परिपूर्ण हो गई । क्योंकि जिस प्रेम का अभिलषित वह देवीपूजन एवं उद्यापन था, उस प्रेम का साक्षात् फल तो श्रीकृष्ण के द्वारा पत्नीरूप में, अङ्गीकार का सुख ही था । वह यदि उनको मिल गया, तब उनका और परम इष्टविषय कौनसा अवशिष्ट रह गया ? ॥९७॥

मधुकण्ठ बोला—भैया स्निग्धकण्ठ ! एक बात बताओ कि, एक महीना भर की पूजा के उपलक्ष में मीठे मीठे माल खाने वाली देवी, इष्टवस्तु देने के लिए आने को क्यों छोड़ गई, अर्थात् क्यों नहीं आई ? ॥९८॥

स्निग्धकण्ठ बोला—उन कुमारियों की इष्टसिद्धि को करनेवाला उनका अनुराग ही निश्चितरूप से हो सकता है, किन्तु मेरा पूजन नहीं, ऐसा जानकर ही, वह दुर्गादेवी (कात्यायनी) वरदान के विधान के समय यहाँ नहीं आई, किन्तु अनुराग के पात्र श्रीकृष्ण ही स्वयं आगये ॥९९॥

मधुकण्ठ बोला—निश्चय ही श्रीगर्गमुनि ने ही ये कन्यायें श्रीकृष्ण के निकट से दूर कर दी गईं । स्निग्धकण्ठ बोला—करीं तो सही, किन्तु साक्षात् रूप से नहीं । मधुकण्ठ बोला—किस प्रकार ? स्निग्धकण्ठ बोला—यद्यपि पतिव्रताओं की शिरोमणि श्रीराधा आदि रमणियाँ हैं, किन्तु श्रीकृष्ण के वियोग में वे दीन दुःखी हो रही हैं, अतः ऐसी अवस्था में उनके देखने के संकोच से, श्रीगर्गमुनि का मन पुनः व्रज में आने को तत्पर न हुआ, तथापि श्रीगर्गमुनि के अनुसन्धान के बिना "व्रतबन्ध (उपनयन) एवं विवाह ये दोनों कार्य नहीं करने चाहिये" इस प्रकार व्रजराज एवं व्रजरानी दोनों के अङ्गीकार के कारण, तथा श्रीराधा आदि वधूगण के न मिलने से उत्पन्न हुए, मानसिक क्षोभ के प्रतिबन्ध के कारण, वे कुमारियाँ परम्परापूर्वक श्रीकृष्ण से वियुक्त कर दी गईं ॥१००॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुकण्ठ उवाच,—"तर्हि ताः कुमारिकाः कथमासन् ? स्निग्धकण्ठ उवाच,—बहिः कौमारेण रहस्तु श्रीहरिपरिणीतता-व्यवहारेण। मधुकण्ठ उवाच,—सत्यम्, बाल्यमेव खलु पूर्वासां बोधस्य विरोधं कुर्वाणमासीदिति विपरीत-रीतिर्जाता कथमिव ज्ञानोत्तराणामुत्तरासां सा भवेत् ?" इति ॥१०१॥

तदेतत्कथां प्रथयित्वा कथकः श्रीराधां बोधयति स्म,—

"एवं बलानुजातेन यद्विलम्बावलम्बनम्।
तद्बलं बलवज्जातं तव संवलनं विना ॥१०२॥

"यत एव पूर्वं स्तब्धा वेणुशिक्षा तेन पुनरारब्धा। यत्र कथाविशेषप्रथनं पद्यद्वयं साम्प्रतलीलामयमपि (भा० १०।३१।२) 'शरदुदाशये साधुजात-' इत्यादिवत्तासां वचसा रसावहं स्यादिति तद् द्वारा श्रीपरीक्षिच्छिक्षागुरुणा निक्षिप्तम्; ॥१०३॥

"तद्यथा (भा० १०।२९।३६)—

'यर्ह्यम्बुजाक्ष ! तव पादतलं रमाया, दत्तक्षणं क्वचिदरण्यजन-प्रियस्य।
अस्प्राक्ष्म तत्प्रभृति नान्यसमक्षमङ्ग !, स्थातुं त्वयाभिरमिता बत पारयामः ॥'

इति तासां रासरजन्यारम्भे दैन्यसम्भेदनं निवेदनम्, ॥१०४॥ (भा० १०।२१।१७)—

मधुकण्ठ बोला—श्रीगर्गमुनि के वचन में बँधे रहने के कारण, श्रीराधा आदिकों का वैवाहिक सम्बन्ध नहीं हो पाया, यह बात तो मैंने मान ली, किन्तु यमुनातट पर जिनका गान्धर्व विवाह हो गया, वे कुंआरी कन्या कैसे रह गईं ? स्निग्धकण्ठ बोला—बाहर कुमारावस्था से रहीं, किन्तु एकान्त में श्रीकृष्ण के साथ विवाहसम्बन्धी व्यवहार से रहीं। मधुकण्ठ बोला—यह बात सत्य है, क्योंकि बालकपन ही उन कुमारियों के ज्ञान का विरोध करता रहा, अतः विपरीत रीति हो गई, अर्थात् बाल्यावस्था की प्रधानता रही। स्निग्धकण्ठ बोला—जिनका ज्ञान उत्तरोत्तर अधिक है, ऐसी राधिका आदि गोपियों की वह विपरीत गति कैसे हो सकती है ? अर्थात् ज्ञान की प्रधानता के कारण श्रीकृष्ण से वियोग रहा ॥१०१॥

अतः इस कथा का विस्तार करके कथावाचक, श्रीराधा को समझाने लग गया कि—हे श्रीमती ! राधिके ! श्रीकृष्ण ने इस प्रकार जो विलम्ब का अवलम्बन किया, तुम्हारे मिलन के बिना उस विलम्ब के अवलम्बन का बल प्रबल हो गया था ॥१०२॥

जिस कारण से श्रीकृष्ण ने पहले स्थगित की हुई भी, वेणुशिक्षा पुनः प्रारम्भ कर दी। जिस वेणु-शिक्षा में कथाविशेष के विस्तारक दो श्लोकों को, इस लीला के उपयोगी होने पर भी "शरदुदाशय साधुजातसत्" इत्यादि श्लोकों की तरह, उन गोपियों के वचन के साथ विशेष रस देने वाले हो जायेंगे, इस विचार से श्रीपरीक्षितजी के शिक्षागुरु श्रीशुकदेवजी ने, उन गोपियों के द्वारा रासलीला के प्रसङ्ग में, तथा वेणुगीत में स्थापित कर दिये ॥१०३॥

वे दोनों श्लोक, यथा—हे प्यारे कमलनयन ! तुम वनवासी ग्वालबालों के प्यारे हो, और वे भी तुमसे बहुत प्यार करते हैं। इससे प्रायः तुम उन्हीं के पास रहते हो। यहाँ तक कि तुम्हारे जिन चरणों की सेवा का अवसर, स्वयं लक्ष्मीजी को भी कभी कभी मिल पाता है, उन्हीं तुम्हारे चरणों के तलभाग का स्पर्श हमने किया, और तुमने हमको स्वीकारकर आनन्दित किया, उसी दिन से हम दूसरे के सामने एक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'पूर्णाः पुलिन्द्य उरुगाय-पदाब्जराग,-श्रीकुंकुमेन दयितास्तनमण्डितेन ।
तद्दर्शनस्मररुजस्तृणरूषितेन, लिम्पन्त्य आननकुचेषु जहुस्तदाधिम् ॥'

इति पूर्ववर्णितवेणुवर्णनमयम् ॥१०५॥

"तदिदं स्पर्शद्वितयं कान्तयोगज-भोगविशेषमयं न स्यात्, रास-रजन्यां वक्ष्यमाणकृष्ण-प्रत्याख्यानायुक्तेः । रासारम्भ एव (भा० १०।२९।१) 'भगवानपि रन्तुं मनश्चक्रे' इत्युक्तेश्च । तदेवं (भा० १०।२९।३६) 'त्वयाभिरमिता' इत्यस्य तु तत्स्पर्शानन्तरं त्वया सर्वतोभावेन प्रयुक्तरत्याख्यभावा इत्येवार्थः सङ्गच्छते ॥१०६॥

"तस्मादथेदं विन्रियते । तदेवं दीर्घरात्रतया मन्दतापात्रं हेमन्तार्धेन सार्धं शिशिरं परि निशि निशि वंशीशंसितमभ्यस्यति तस्मिन् वसन्त आयातः । स च सार्वत्रिक-चार्वनुभवोऽपि वृन्दावने वृन्दारकतामविन्दत ॥१०७॥ यथा—

वसन्तति निदाघोऽपि वसन्तस्यात्र किं ब्रुवे ?
वसन्तं यत्र गोविन्दं सर्वसन्तः सदा विदुः ॥१०८॥

क्षण भी खड़े होने को समर्थ नहीं हैं । इस श्लोक में रासवाली रात्रि के आरम्भ में, उन गोपियों का दीनता प्रकाशपूर्वक निवेदन है ॥१०४॥

वेणुगीत के श्लोक का भाव, यथा—अरी भटू ! हम तो वृन्दावन की इन भीलनियों को ही धन्य और कृतकृत्य मानती हैं । ऐसा क्यों सखी ? इसलिए कि इनके हृदय में बड़ा प्रेम है । जब ये हमारे कृष्ण प्यारे को देखती हैं, तब इनके हृदय में भी उनसे मिलने की तीव्र आकांक्षा जाग उटती है, एवं प्रेम की व्याधि लग जाती है । उस समय ये क्या उपाय करती हैं ? यह भी सुन लो । हमारे प्रियतम की प्रेयसी गोपियाँ, अपने वक्षःस्थलों पर जो सुन्दर केसर लगाती हैं, वह श्यामसुन्दर के चरणों में लगी होती है, और वे जब वृन्दावन के घासपात पर चलते हैं, तब उनमें भी लग जाती है । ये सौभाग्यवती भीलनियाँ उसे उन तिनकों से छुड़ाकर, अपने स्तनों और मुखों पर मल लेती हैं । इस प्रकार अपने हृदय की प्रेमपीड़ा को शान्त करती हैं । यह श्लोक पूर्ववर्णित वेणु वर्णनमय है ॥१०५॥

इसलिए यह दो प्रकार का स्पर्श, श्रीकृष्ण के मिलने से उत्पन्न अनुभवविशेष का स्वरूप नहीं हो सकता । क्योंकि रासवाली रात में श्रीकृष्ण उन गोपियों को निषेध न कर सकेंगे, यही कहा जायगा । और रास के आरम्भ में ही "भगवान् ने भी रमण करने के लिए मन किया" यह कहा है । अतः इसी प्रकार 'त्वयाभिरमिता' का तो, उस स्पर्श के अनन्तर तुम्हारे द्वारा सर्वतोभाव से, हमारे ऊपर रतिनामक भाव प्रयुक्त किया है । यह अर्थ ही युक्तिसङ्गत है ॥१०६॥

इसलिए अब यह विवरण करते हैं कि—इस प्रकार लम्बी रात होने के कारण, जड़ता के पात्र आधे हेमन्त के सहित, शिशिरऋतु को लक्ष्यकर, प्रत्येक रात में श्रीकृष्ण जब वंशी के बजाने का अभ्यास करते थे, तब वसन्तऋतु आ गया । और वह वसन्त सब जगह मनोहर अनुभववाला होकर भी, श्रीवृन्दावन में तो सर्वश्रेष्ठता को प्राप्त हो गया ॥१०७॥

यथा—इस श्रीवृन्दावन में तो ग्रीष्मऋतु भी वसन्त का सा आचरण करता है, फिर वसन्त का वैशिष्ट तो कहना ही क्या है ? सभी सन्त इस बात को जानते हैं, एवं अनुभव भी करते हैं कि—"जिस वृन्दावन में श्रीगोविन्द नित्य निवास करते हैं" उसकी महिमा कौन कह सकता है ? ॥१०८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथापि हेमन्तशिशिरावपि तापदा-पदायतनतया यस्य यासां च प्रतिभासेते स्म। तथा च तासां कृष्ण-कृष्ण-प्रेयसीनां निदाघनियतपूर्वभावी वसन्तः किमिव तादृशतायामपूर्वः स्यात् ? ॥१०९॥

"तथा च तत्प्रेयसीनां प्रत्येकं भावना,—

'समागन्ता यर्हि प्रथममृतुराजः सखि ! तदा
ऋतूनामन्यायं बत कथयितास्मीति लषितम्।
तदास्तामेष प्राक् परभृत-शिलीवक्त्र-ततिभि-
र्वितर्जन्नेवास्मान् कृतवृजिनकं धिक् प्रविशति ॥११०॥
द्विरेफो बर्बरः प्रोक्तः परपुष्टश्च चेटकः।
तौ चाग्रण्यौ मधोर्दृष्टौ याप्यता काप्यतः किमु ? ॥१११॥

'किञ्च, प्रसूननिकराः स्मितं सरसिजानि नेत्रप्रथां
पिकाः परमपञ्चमं मधुलिहांगणाश्चुम्बनम्।
हरेर्निगमयन्ति चेत् क्व नु कुतः कथं वा गति-
र्भवेदहह नः समं सपदि माधवीयैर्वृतम् ॥११२॥
ऋतुराजः प्रणाय्योऽयं न्याय्यमत्र न विद्यते।
प्रपलाय्य क्व वा यामः श्यामं नः स तु कर्षति ॥११३॥

तथापि परस्पर के विरह के कारण, हेमन्त एवं शिशिरऋतु भी, जिन श्रीकृष्ण को एवं कृष्णप्रेयसी जिन गोपियों को, ताप देने वाली आपत्ति के स्थानरूप प्रतीत होते थे, फिर उनको ग्रीष्मऋतु के नियत पूर्ववर्ती वसन्त किस प्रकार "तापदायिनी आपत्ति की स्थानरूपता में" अपूर्व, अर्थात् कम हो सकेगा ? ॥१०९॥

उक्त विषय में श्रीकृष्ण की प्रत्येक प्रेयसी की भावना, यथा—हे सखि ! देख, ऋतुराज वसन्त जब पहले पहल आयेगा, तब मैं सब ऋतुओं के अन्याय को उसके सामने कह दूँगी, मैंने अपने मनमें इस प्रकार की इच्छा की थी। उस इच्छा की बात तो दूर रहने दो। यह निगोड़ा वसन्त तो पहले ही, कोकिल एवं भ्रमरसमूह द्वारा हमको फटकारता हुआ, दुःखदानपूर्वक प्रवेश कर रहा है, अतः इसको धिक्कार है ॥११०॥

भ्रमर, बर्बर अर्थात् नीच कहा गया है, और कोकिल दास कहलाता है। वे दोनों ही वसन्तऋतु के अग्रगण्य (सेनापति) हमें दिखाई देते हैं। अतः हे सखि ! इस वसन्त की इससे अधिक अधमता और क्या हो सकती है ? अब कौन स्त्री कैसे दिन काटे ? ॥१११॥

किंच पुष्पश्रेणी श्रीकृष्ण के मृदुमधुरहास्य को, कमलश्रेणी उनके नेत्रों के विस्तार को, कोकिलश्रेणी उनके विशिष्ट पञ्चमस्वर को, एवं भ्रमरश्रेणी यदि उन्हीं हरि के चुम्बन का बोध, हम सबको करा रही हैं, तब हमारी कहाँ, किसके द्वारा, किस प्रकार गति, अर्थात् निर्वाह हो सकेगा ? हाय ! हाय ! देखो तो सही। वसन्त में उत्पन्न हुई इन सब वस्तुओं ने तो, सम्पूर्ण जगत् शीघ्र ही आवृत कर लिया ॥११२॥

और यह ऋतुराज वसन्त हम सबको तो असम्मत है, क्योंकि इसमें न्याय नहीं है। अतः हम कहाँ भागकर जायँ। किन्तु वह वसन्त तो हमको श्यामसुन्दर के प्रति खेंचकर ले जा रहा है ॥११३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

धूमाः षट्चरणा विसर्पिखरतास्पर्शा मृदुस्पर्शना
ज्वालाः किंशुकसञ्चया दिशि विदिश्यङ्गारसाराः पिकाः ।
भस्मान्यत्र परागपुष्पपटलान्यग्निर्मधुश्छद्मना
हा हा कृष्णघनं विना कथय को निस्तार-विस्तारकः ?' ॥११४॥

"अत्र श्रीकृष्णस्यापि भावनेयम्,—

'यदि न भवति गोप-सुन्दरीणा,-मयमथ मेलयितेति सम्प्रतीतिः ।
कुसुमशरशरप्रणेतुरस्य, स्फुटमनयं तमृतोः सहेत को वा ?' ॥११५॥

"राधामाधवयोश्च यथा,—

'राधा राधापदं मासि माधवे विधुतां विधुः ।
प्रियासङ्गकृते लब्धुं पौर्णमासीमवैक्षत ॥'११६॥

"पुनः सर्वासामुद्वेगो यथा,—

'द्विजानां काकली तत्र वियोगे यागसम्मिते ।
अजनि व्रजतन्वीनां धाय्येवाग्निसमिन्धनी ॥'११७॥

यह वसन्तरूप दावानल धूम आदि के छल (बहाने) से हमको जला रहा है। हाय ! सखि ! इस समय श्रीकृष्णरूप मेघ के बिना कौन व्यक्ति (चातकी सदृश) हम सबके निस्तार का विस्तारक हो सकता है ? अग्नि की समानता भी इस वसन्त में प्रत्यक्ष देख लो। भ्रमरगण ही इसमें धूम के समान हैं, कोमल वायु भी इसमें फैलनेवाली तीक्ष्णता के स्पर्श से युक्त है, पलाश (ढ़ाक) पुष्पसमूह ही इसमें ज्वाला के समान है, कोकिलसमूह ही इसमें दिशा विदिशाओं में घूमने वाले अङ्गारसार (उल्मुक) के समान हैं, और पराग (पुष्पधूलि) समूह के सहित पुष्पसमूह ही इसमें भस्मसमूह के समान प्रतीत हो रहा है। अतः हमको जलाना आश्चर्य नहीं ॥११४॥

इस वसन्त में श्रीकृष्ण की भी यह भावना हो गई थी कि—यह वसन्त गोपसुन्दरियों का मिलाने वाला नहीं है। यदि ऐसा अच्छी प्रकार का ज्ञान हो जाता, तो कामदेव के बाणों का निर्माण करनेवाले इस वसन्त के उस प्रत्यक्ष अन्याय को कौन व्यक्ति सहन कर सकता था ? अर्थात् केवल मैं ही नहीं, अपितु और कोई भी सहन नहीं कर सकता था ॥११५॥

श्रीराधा एवं माधव दोनों ही की भावना, यथा—श्रीराधाजी तो वैशाखमास में अपने प्रिय श्रीकृष्ण से मिलने के लिए ही राधापद को, अर्थात् विशाखानक्षत्र के स्थान को प्राप्त करने के लिए, तथा विधु (श्रीकृष्ण) भी अपनी प्रिया राधिका से मिलने के लिए ही, चन्द्र के स्वरूप को प्राप्त करने के लिए पौर्णमासी तिथि की या योगमाया की प्रतीक्षा या दर्शन करने लग गये ॥११६॥

पुनः कृष्णप्रेयसी सभी गोपियों का उद्वेग, यथा—वसन्तऋतु में पक्षियों की अव्यक्त मधुरवाणी, व्रज-सुन्दरियों के यज्ञतुल्य वियोग में, अग्नि को प्रज्वलित करनेवाली ऋग्वेद की ऋचा के समान हो गई, अर्थात् यज्ञ में ब्राह्मणों के द्वारा उच्चारण की गई सुमधुर ऋचा, जैसे अग्नि को प्रदीप्त कर देती है, उसी प्रकार वसन्त में पक्षियों की सुमधुर वाणी, गोपियों के वियोगरूप अग्नि को अधिक उद्दीप्त करने लग गई ॥११७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र वृन्दया शिक्षितः शुकः कश्चिच्छ्रीकृष्णपुरतः प्रजजल्प,—

'सहन्ते शशिनो ज्वालां वायोः क्ष्वेडं पिबन्ति च ।
राधादयो महाबाधा वैयग्र्याद् व्रजनायक ! ॥'११८॥

"अत्र च कस्यामपि चम्पकलतायां श्रीराधया स्वहस्तेन लिखितं पद्यमिदं वृन्दा श्रीगोविन्दं दर्शयामास ॥११९॥ यथा—

'वृन्दावने तमालस्त्वमहं चम्पकवल्लिका ।
अगयोर्नौ मिथः सङ्गो वृन्दयैव न चान्यथा ॥'१२०॥

"तच्च दृष्ट्वा मुहुरपि नयनाभ्यां स्पृष्ट्वा कृष्णः सतृष्णमिदमचिन्तयत्,—'हन्त ! भद्रां पद्मां नित्यमागच्छन्नपि भद्रां पद्मामद्यापि नागच्छन्नस्मि । श्यामलाभामधुरतामञ्चन्नपि श्यामलाभिलाषविधुरतामञ्चन्नस्मि । नखर-विजित-चन्द्रावलीकतामाप्नुवन्नपि चन्द्रावलीं प्रति लब्धतृष्णतामाप्नुवन्नस्मि ॥१२१॥

'हन्त ! हन्त ! यद्यप्येवमेवम्, तथापि क्रमप्राप्तसुललितविशाखान्वितराधतामाव्रजन्नप्यलब्धसुललितविशाखान्वितराधतां यदाव्रजामि, तदिदं मामतिदुःखाकरोति । तस्या राधाया एव नूनमियं विदग्धतानिदिग्धतानिदिग्धबुद्धेः पटीयसी परिपाटी' इति ॥१२२॥

इसी समय वृन्दा के द्वारा सिखाया हुआ कोई शुक (तोता), श्रीकृष्ण के आगे आकर बोला—हे व्रजनायक ! महती मानसिक पीड़ा से संयुक्त श्रीराधा आदि गोपियाँ, व्याकुलता के कारण, चन्द्रमा के निकट से भी अग्नि की सी ज्वाला को सह रही हैं, एवं मलयसम्बन्धी वायु से भी विषपान कर रही हैं। अर्थात् आपके विरह में शीतल चन्द्र भी अग्निज्वाला के समान तापप्रद, एवं शीतल वायु भी विष के समान प्रतीत होता है ॥११८॥

और इसी समय, किसी एक चम्पकलता के पत्र पर श्रीराधा के द्वारा अपने हाथ से लिखा हुआ यह पद्य, वृन्दादेवी ने श्रीगोविन्द को दिखाया ॥११९॥

उसका अर्थ, यथा—इस वृन्दावन में आप ही तमालवृक्ष हो, एवं मैं चम्पकलता हूँ। अतः स्थावर या गतिरहित हम तुम दोनों का परस्पर संयोग तो, वृन्दावन की अधिष्ठात्री वृन्दादेवी के द्वारा ही, संघटित हो सकता है, अन्यथा नहीं ॥१२०॥

श्रीकृष्ण उस पत्र को बारम्बार दोनों नेत्रों के द्वारा देखकर, एवं छूकर तृष्णापूर्वक यह विचारने लगे कि—हाय ! मैं सर्वोत्तम मङ्गलमयी लक्ष्मी को नित्य प्राप्त होता हुआ भी, भद्रा एवं पद्मा नामवाली गोपी को आज भी प्राप्त नहीं कर पा रहा हूँ। और श्यामलवर्ण की कान्ति की मधुरता को प्राप्त करता हुआ भी, श्यामला (श्रीराधिका) में तो अभिलाषा के विच्छेद को प्राप्त कर रहा हूँ। अथवा मुझ श्यामसुन्दर पर है अभिलाषा जिसकी, उस राधिका से तो वियोग को प्राप्त हो रहा हूँ। तथा अपने नखों के द्वारा चन्द्रावली (चन्द्रपंक्ति) के जीतने के भाव को प्राप्त होता हुआ भी, मैं चन्द्रावली सखी के प्रति भारी तृष्णा के भाव को प्राप्त हो रहा हूँ ॥१२१॥

हाय ! हाय ! यद्यपि मेरी ऐसी स्थिति है, तथापि क्रमप्राप्त सुन्दर विशाखानक्षत्र से युक्त, वैशाख मास को प्राप्त करता हुआ भी, मैं सुन्दर ललिता, विशाखा नाम की सखियों से युक्त, श्रीराधिका को जब नहीं प्राप्त कर पा रहा हूँ, तब ऐसी स्थिति में पूर्वोक्त सब वस्तुएँ मुझको अत्यन्त दुःखी कर रही हैं। और

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ माधवपूर्णिमामासज्य सर्वतो विरज्य च पूर्णशिक्षाविलक्षणम्मन्यमना माधवः किञ्चन दुर्गमं गहनमवगाहमानः परममुरलीधमनलीलया धैर्यमूनयन्नमूः प्रधूनयति स्म, मुहुः प्रधर्षयन्नाकर्षति स्म च । साधारणतया राधापि समागमिष्यतीति ॥१२३॥

"राधा तु तत्र द्वित्रप्रहरं चित्रवदेवासीन्न पुनराकृष्टतामवलिष्ट पूर्वमन्येषामाकर्षणे ता इव ॥१२४॥

"अथ श्रीवनमालिशालि वृन्दावनमिन्द्रनीलकान्तिभिर्वलितमिव दृशा, यमुनाजल-परमाणुभिः परिचितमिव त्वचा, मृगमद-परागैः सरागमिव नसा विचार्य ताभिर्विविशे ॥१२५॥

"ततश्च, एका द्वित्राश्चतस्रो युतवियुततया पञ्चषाः सप्त चाष्टौ
पंक्तिस्तद्वृद्धिसंख्या-मिति-रहिततमास्तत्र याताः समन्तात् ।
यस्माद्व्यक्तिं प्रपन्ना कलितमुरलिकात् कर्षणीनामविद्या
तच्छ्रीवक्त्रं निरीक्ष्य प्रतिहतमतयः शर्म-लीना बभूवुः ॥१२६॥

"ततः समर्यादाश्च ताः सहसा हरेः समर्यादं सज्जमाना लज्जया तत्रावहित्थामप्यवलम्ब-मानास्तस्य चरणस्पृष्टिप्रथमकं दृष्टिपथमधितिष्ठन्ति स्म ॥१२७॥

इस पत्रिका में भी चतुरता से परिपूर्ण बुद्धिवाली, श्रीराधिका की ही यह लिखने की पटुतर परिपाटी निश्चित होती है ॥१२२॥

तदनन्तर वैशाख की पूर्णिमा को प्राप्तकर, सबसे विरक्त होकर, अपने मनमें अपने को पूर्ण शिक्षा से विलक्षण मानने वाले श्रीकृष्ण ने, किसी दुर्गम वन में प्रवेशपूर्वक परम मनोहर मुरलीवादन की लीला के द्वारा, धैर्य को दूर करते करते श्रीराधा आदि गोपियों को कम्पित कर दिया। और बार बार व्याकुलता उत्पादनपूर्वक अपनी ओर खेंच लिया, कारण सब गोपियों में मिलकर श्रीराधा भी साधारण होकर, यहाँ आ जायगी। सबको आकर्षित करने का यही अभिप्राय था ॥१२३॥

पहले अन्य पशु पक्षियों के आकर्षण के समय, अन्य गोपियाँ जैसे आकृष्ट नहीं हुई थीं, उसी प्रकार अब केवल गोपियों के आकर्षण में, श्रीराधा तो वहाँ पर दो तीन पहर तक चित्रलिखी सी बैठी रहीं, किन्तु वंशी के द्वारा आकर्षित नहीं हुईं। अर्थात् और सब आकृष्ट हो गईं ॥१२४॥

तदनन्तर श्रीवनमाली के प्रवेश से सुशोभित श्रीवृन्दावन को "मानो इन्द्रनीलमणि की कान्तियों से युक्त है", ऐसा अपने नेत्रों से विचारकर, एवं "यमुनाजल के परमाणुओं से ही मानो व्याप्त है", ऐसा अपनी त्वचा से विचारकर, तथा "कस्तूरी के पराग (सूक्ष्म सूक्ष्म अंश) समूह के द्वारा मानो सुरञ्जित है" ऐसा अपनी नासिका से विचारकर, अर्थात् अनुभव कर उन गोपियों ने उस वृन्दावन में प्रवेश किया ॥१२५॥

पश्चात् एक, दो, तीन, चार, पाँच, छः, सात, आठ, नौ, या दश—इस प्रकार अकेली अकेली या सम्मिलित होकर, सब गोपियाँ चारों ओर से उस वृन्दावन में आ गईं। वे सब गोपियाँ दश की वृद्धि की संख्या के अतिशय परिमाण से रहित थीं, अर्थात् असंख्य थीं। उसके बाद श्रीकृष्ण के मुरली बजाने वाले जिस श्रीमुख से आकर्षणीनामक विद्या प्रगट हुई है, उस श्रीमुख को भली प्रकार देखकर, वे सब गोपियाँ बुद्धिरहित होकर या स्थिरचित्त होकर, सुख में तल्लीन हो गईं ॥१२६॥

पश्चात् मर्यादापूर्वक सहसा श्रीकृष्ण के पास जाती हुईं वे गोपियाँ, लज्जा के कारण वहाँ पर अपने आकार के छिपाने को भी स्वीकार कर, अर्थात् भाव छिपाकर, पहले श्रीकृष्ण के चरणों का स्पर्श कर, उनके विशाल नेत्रों के सामने खड़ी हो गईं ॥१२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च,—यद्यपि मुरहरपुरतः, किञ्चन न व्यञ्जितं ताभिः ।
तदपि विलक्षणमेवा,-प्रथयदमूषां विलक्षणं भावम् ॥१२८॥

"तदेवं स च समात्मने तिष्ठमाना गोष्ठरमणीर्निरीक्ष्य क्षणकतिपयं तल्लक्ष्मीनिष्ठमना आसीत् । पश्चात्तु राधिका-सामानाधिकरण्यं विना निर्जनारण्यमपि सङ्गतास्ता भङ्गीविशेषाद-नङ्गीकुर्वंश्चार्वङ्गीरायत्यामङ्गीकारकारणावधारणाश्चि किञ्चिद् व्यञ्जनया रञ्जयन्निव कञ्जनयनः पुनरकृतस्पृहाय च गृहाय प्रहापयामास ॥१२९॥

"तत्र भङ्गीविशेषो यथा,—
'मया स्वभावान्मुरली निनादिता, तस्माद्भवत्यः किल सङ्गता इह ।
अतः परोयुर्बत चेत् परे जनाः, शङ्के ततः सुष्ठ्वति नात्र तिष्ठत ॥' इति ॥१३०॥

"रञ्जना यथा—
'व्रजत बत निवृत्य द्राग् व्रजं नाप्रतीतिं, कुरुत मयि न किं वः प्रीतिमप्यस्मि वेद्मि ।
अहह यदि न वेद्मि प्राणसख्यस्तदा सा, भवदभिमतसिद्धिं स्वेन शीघ्रं दधीत ॥'इति॥ १३१

यद्यपि उन गोपियों ने वहाँ पर श्रीकृष्ण के सामने, अपना कोई भी मनोभाव प्रकाशित नहीं किया, तो भी श्रीकृष्ण के आगे उनके अकारण खड़े होने ने ही, उनके विचित्र मनोभाव को विस्तारपूर्वक प्रकाशित कर दिया ॥१२८॥

अतएव इस प्रकार अपने लिए ही अच्छी प्रकार भाव को प्रकाशित करती हुईं, व्रजसुन्दरी गोपियों को देखकर, श्रीकृष्ण का मन कुछ क्षणों तक उनकी शोभा में निश्चल हो गया। किन्तु उसके बाद कमल-नयन श्रीकृष्ण ने, श्रीराधिका के एकसाथ होने के बिना निर्जन वन में आई हुईं भी, उन सुन्दराङ्गी गोपियों को किसी (संकेत) इशारेविशेष से अङ्गीकार न करते हुए, उत्तरकाल में अङ्गीकार करने के निश्चय से युक्त किसी अभिप्राय को प्रकाशित करके कुछ मनोरञ्जन सा करते हुए, जिस घर में पुनः जाने की इच्छा नहीं, उसी अपने अपने घर के लिए उनको भिजवा दिया ॥१२९॥

वहाँ पर अङ्गीकार न करने का संकेतविशेष, यथा—अरी गोपियो ! देखो, मैंने तो अपने सरल स्वभाव से ही वंशी बजाई थी (तुमको बुलाने को नहीं), मुझे तो निश्चय होता है कि, तुम सब उसी कारण से यहाँ पर आकर सम्मिलित हो गई हो। और मुझे यह भी शंका होती है कि—इस वंशी के शब्द से जैसे तुम सब घर छोड़कर चली आई हो, उसी प्रकार यदि अन्यजन भी चले आये तो, खेद का समाचार बन जायगा। इसलिए अब अच्छाई तो यही है कि, तुम सब यहाँ पर मत खड़ी रहो ॥१३०॥

उनकी मनोरञ्जना, यथा—हाय ! तुम सब लौटकर शीघ्र ही व्रज को चली जाओ। मेरे ऊपर अविश्वास नहीं करना। मैं क्या तुम्हारी प्रीति को भी नहीं जानता ? अवश्य जानता हूँ। अहह ! हे प्राण-प्यारी सखियो ! यदि मैं तुम्हारी निश्छल निश्चल प्रीति को नहीं जानता हूँ, तो वह तुम्हारी विशिष्ट प्रीति ही, तुम्हारी अभिमत सिद्धि को स्वयं शीघ्र ही पुष्ट कर देगी ॥१३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र तु तासाम्,—

नातृपत् कृपणा-दृष्टिर्नात्राप्सीत् प्रापिता श्रुतिः ।
नाताप्सीत् प्राच्छिता नासा, नातर्पीदर्पितं मनः ॥१३२॥

"तदेवं गीतम् (भा० १०।२९।३६) 'यर्ह्यम्बुजाक्ष' इत्यादि ॥१३३॥

"राधायान्तु तत्र याम-द्वयं चेतनाविरामतः प्राप्तबाधायां बन्धुसमवाये च निवृत्तसर्वोपाये तूर्णमेव तदभ्यर्णं पूर्णिमा वृन्दया सह विन्दमाना बभूव । विन्दमाना च कष्टभागतिस्पष्टमाचष्ट,—॥१३४॥

'यदि मदुटजकुटजमेतामेकाकिनीं याममात्रायाममवसरं वासयथ, तदा मया नातिविरामया प्रतिकर्तव्यम्' इति ।१३५॥

"ततश्च सर्वसम्मत्या कथमपि जातया तस्यास्तत्र सङ्गत्या स्फुरदत्यावेशमङ्गला मधुमङ्गलेन शार्ङ्गिणमानायितवती, आनाय्य चासनादिना सभाज्य स्मितस्फुरदुपालम्भं सम्भाषते स्म,—'भवतु,भवता यत् कृतं तत् कृतमेव, सम्प्रति तत्र सम्प्रतिपत्तिं विधेहि ॥'१३६

"कृष्णः समन्दाक्षमुवाच,—'हन्त, कीदृशं कथमिव ?' पौर्णमासी उवाच,—'आर्ताना-

---

श्रीकृष्ण के ऊपर देखने के लिए पड़ी हुई उन गोपियों की दीनदृष्टि उनके दर्शन से तृप्त न हुई, श्रीकृष्ण के मधुर वाक्यों में लगाये हुए उनके कान श्रवण से तृप्त न हुए, एवं श्रीकृष्ण के अङ्ग की सुगन्धि में लगाई हुई उनकी नासिका सूँघने से तृप्त न हुई, तथा श्रीकृष्ण के प्रति अर्पित किया हुआ उनका मन भी तृप्त नहीं हुआ । अर्थात् गोपियों की कोई भी इन्द्रिय श्रीकृष्ण में संसक्त होकर उनको त्यागना नहीं चाहती थी ॥१३२॥

अतएव इस प्रकार के भाव का प्रदर्शक 'यर्ह्यम्बुजाक्ष !' इत्यादि इन गोपियों के मुख से ही रास के आरम्भ में गाया गया है । इसका अर्थ पहले आ चुका है ॥१३३॥

आज की वंशी के द्वारा आकर्षित होकर, श्रीराधिकाजी इन गोपियों के साथ नहीं आईं । उसका कारण, यथा—वहाँ पर दो पहर तक मूर्च्छा से श्रीराधा के ऊपर बाधा उपस्थित हो जाने पर, बन्धुसमुदाय जब "मूर्च्छा दूर करने के" सब उपायों से प्रायः निवृत्त हो चुका, तब पौर्णमासी, वृन्दादेवी के साथ शीघ्र ही श्रीराधा के पास आ गई । और आते ही दुःखित होकर अत्यन्त स्पष्ट बोली— ॥१३४॥

हे श्रीराधा के बन्धुओ ! तुम सब मेरी झोंपड़ी के निकट कुटज नामक वृक्ष के नीचे, यदि इस अकेली राधा को, एक प्रहर के विस्तार वाले समय तक निवास करा दो, तो मैं शीघ्र ही इसकी चेतना के लौटाने का प्रबल प्रयत्न करूँ ॥१३५॥

उसके बाद सबकी सम्मति से, किसी प्रकार श्रीराधा का उनकी पर्णकुटी पर जब पहुँचना हो गया, तब अत्यन्त आवेशमय मङ्गल की स्फूर्तिवाली पौर्णमासी ने, मधुमङ्गल के द्वारा श्रीकृष्ण को वहाँ बुलवा लिया । बुलवाते ही आसन आदि से सम्मान करके, मन्दमुस्क्यान में स्फूर्ति पाते हुए उपालम्भपूर्वक बोली—अच्छा, आपने जो कुछ किया सो तो किया ही, किन्तु इस समय उस विषय में कर्तव्यविशेष का उत्तरविशेष दीजिये या स्वयं उपाय कीजिये ॥१३६॥

श्रीकृष्ण लज्जा के सहित बोले—हाय ! वह कैसे ? किस प्रकार होगा ? पौर्णमासी बोली—हम आर्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मस्माकं बहुवार्ता न वार्तत्वाय वर्तते, किन्तु निजमूर्तिस्पर्शतस्तस्या मूर्तिमपसारय ।' कृष्ण उवाच,—'का सा ?' ॥१३७॥

"मधुमङ्गलः सप्रणयरोषमुवाच,—

'अन्तरे वसति यस्य चञ्चला, ज्ञायते न जलदेन तेन चेत् ।
व्यक्तिमीषदपि तर्हि सङ्गता, गोप्यते किमिति सा मुहुर्मुहुः ?' ॥१३८॥

"पौर्णमासी तु स्मित्वा तस्य मुखं पश्यन्ती कृष्ण-मुखं पश्यति स्म । श्रीकृष्ण उवाच,—'स एष वातूलतया तरलः कामं जल्पतु नाम, यदसभ्यानामभ्याख्याममेव च लभ्यम् । भवतीनामाज्ञा तु नावज्ञातुं शक्यते; किन्तु युक्तमेव नियुज्यताम् ।' ॥१३९॥

"वृन्दाह,—'गोकुल-कुल-पालक! सर्व-गोकुलकुलविलक्षणलक्ष्मी-लक्षणा सा भवत्स्पर्श-परामर्शत एव बहिर्दशं प्राप्नोति चेत्, का तव हानिः ?' ॥१४०॥

'हन्त ! हन्त !

कृष्ण ! चेद् बत राधायामुदासीनो भवानपि ।
उदास्स्व किमहं तत्र कठोरहृदया ब्रुवे ?' ॥१४१॥

"क्षणं विभाव्य पुनरुवाच,—

'सातिश्रीर्भवतात्याजि श्रीवक्षा न भवांस्तया ।
वयन्तु सरला युग्मे युग्मं रोद्धुं न शक्नुमः ॥'१४२॥

हो रही हैं, बहुत सी बातें हमारी नीरोगता के लिए नहीं हो सकतीं, किन्तु अपने शरीर के स्पर्श से उसकी मूर्च्छा को दूर करो। श्रीकृष्ण बोले—वह कौन है ? (जिसकी मूर्च्छा दूर की जायगी) ॥१३७॥

मधुमङ्गल प्रणयकोपपूर्वक बोला—जिसके भीतर (पक्षे-अन्तःकरण में) वह चञ्चला बिजली (पक्षे-राधा) निवास करती है, उसको यदि वह मेघ नहीं जानता, तब थोड़ी सी भी प्रगट होते ही, उस चञ्चला को वह मेघ बार बार छिपाता क्यों है ? अर्थात् जाने बिना छिपाने की चेष्टा असम्भव है, इसी प्रकार तुम भी जान बूझकर छिपा रहे हो ॥१३८॥

पौर्णमासी तो मुस्क्याकर मधुमङ्गल के मुख को देखती हुई श्रीकृष्ण के मुख को देखने लग गई। श्रीकृष्ण बोले—यह यो वातुल (वायुरोग से ग्रस्त) होने के कारण चञ्चल है, अतः यह (मधुमङ्गल) तो चाहे जो बकता रहे, क्योंकि असभ्यजनों का तो दूसरे सभ्य व्यक्ति पर झूठा आक्षेप लगाना ही योग्य है। आपकी आज्ञा तो तिरस्कृत नहीं की जा सकती, किन्तु उचित कार्य में ही नियुक्त कीजिये ॥१३९॥

वृन्दा बोली—हे गोकुलकुल की रक्षा करनेवाले ! सम्पूर्ण गोकुलकुल की जो विलक्षण शोभा है, उस शोभा से चिह्नित वह रमणीशिरोमणि आपके स्पर्श करनेमात्र से यदि बाह्यज्ञान को प्राप्त कर लेती है, तो इसमें आपकी क्या हानि है ? ॥१४०॥

हाय ! हाय ! हे कृष्ण ! खेद की बात तो यह है कि—आप भी यदि राधा के ऊपर उदासीन होते हो तो, भले ही उदासीन हो जाओ। किन्तु तुम्हारी दशा को देखकर तो मैं भी, कठोर हृदयवाली बन गई। इससे अधिक आपके विषय में मैं क्या कहूँ ? ॥१४१॥

क्षणभर विचारकर पुनः बोली—वह श्रीराधिका अपनी शोभा से लक्ष्मी का भी अतिक्रमण कर गई है। आपने उसको भी त्याग दिया है। उसके बिना आप 'श्रीवक्षाः' नाम भी धारण नहीं कर सकोगे।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्णस्तूष्णीं स्थितवान् । पौर्णमासी उवाच,—'व्रजजनव्रजजीवन ! वाचंयमतामाचरन् कथमिव गिरं मम न सङ्गिरसे ?' ॥१४३॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'अधर्म एवात्र मर्मभेदी भवति ।' इति ॥१४४॥

"पौर्णमासी उवाच,—'अधर्मः खलु मया स्वीकृत एव, धर्मस्तु तव वर्धताम् ॥'१४५॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'स्पर्शनं विनान्यदनुमन्यताम् ॥'१४६॥

"वृन्दाह,—'दर्शनं तावत् क्रियताम्, तन्मात्रेण सिद्धयात्रे सति परमगुणपात्रे भवति कथमन्यदथ प्रार्थयितास्महे ?' ॥१४७॥

"अथ—

'देहेन्द्रिय-मनो-बुद्धि-प्राणादीनां प्रियं प्रिये ! । त्वदनादरभाजो मे जातं सर्वमनादृतम् ॥'१४८

इति राधां प्रति चेतसि चिन्तयन्तं कृष्णमन्तः सतृष्णमपि बहिस्तूष्णीकतामेव पुष्णन्तं मधुमङ्गलः करसरसिजे गृहीत्वा कुटजकुञ्जगृहमेव नीतवान्; नीत्वा च तत्पर्यन्तभुवि वृन्दां रक्षित्वा बाह्यमवगाह्य पूर्णिमां चावाह्य तस्मिन्नन्ते-गुरुतया तत्रकीयं वृत्तं चित्रवदीक्षितवान् ॥१४९॥

(जिसके वक्षःस्थल में स्वर्णरेखारूप से श्रीजी हैं उसी को श्रीवक्षाः कहते हैं) किन्तु हम सब तो सरल हैं, अतः तुम्हारी युगलजोड़ी में मिलन को नहीं रोक सकती हैं ॥१४२॥

यह सुनकर भी श्रीकृष्ण चुप खड़े रहे । तब पौर्णमासी बोली—हे व्रजवासीजनसमुदाय के जीवन ! मौनी बनकर मेरी वाणी को किस प्रकार अङ्गीकार नहीं करते हो ? ॥१४३॥

श्रीकृष्ण बोले—इस विषय में अधर्म ही मर्मभेदी हो रहा है । बस, यही मौनी बनने का कारण है ॥१४४॥

पौर्णमासी बोली—मैं सब जानती हूँ । अतः अधर्म को तो मैंने स्वीकार कर लिया, किन्तु तुम्हारा धर्म ही बढ़ता रहे ॥१४५॥

श्रीकृष्ण बोले—स्पर्श के बिना अन्य कार्य की अनुमति दीजिये ॥१४६॥

वृन्दा बोली—तब दर्शन ही कर लीजिये । यदि दर्शन करनेमात्र से आपकी यात्रा सिद्ध हो जाय, तो फिर परमगुणसम्पन्न आपके प्रति हम दूसरे विषय की प्रार्थना ही क्यों करेंगी ? ॥१४७॥

तदनन्तर "हे प्रिये ! तुम्हारा अनादर करनेवाला जो मैं हूँ, अतः मेरे तो देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि, प्राण आदिकों की सभी प्रिय वस्तुएँ अनादर की पात्र हो गईं ।" इस प्रकार राधा के प्रति मन मन में चिन्ता करते हुए, अन्तःकरण में तृष्णा से युक्त होकर भी, बाहर से मौन को ही पुष्ट करते हुए श्रीकृष्ण को, मधुमङ्गल उनके दोनों करकमलों को पकड़कर, कुटज वृक्ष के निकुञ्ज गृह में ही लिवा ले गया । और ले जाते ही, उसकी पास की भूमि में वृन्दा को रखकर, स्वयं बाहर आकर, पौर्णमासी को बुलाकर, उस निकुञ्ज के पास गुरु की तरह बैठकर, वहाँ के चरित्र को चित्र की तरह देखता रहा ॥१४८-१४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र श्रीवृन्दावचनं यथा—

'इन्दुरिन्दुभ्रमं याति दर्पणः प्रतिबिम्बताम् ।
मोहं पद्मालया यत्र कृष्ण ! तन्मुखमीक्ष्यताम् ॥'१५०॥

"ततश्च समावृताजस्रपुलकास्रतया स च तदालुलोके, ॥१५१॥ यथा चाद्यापि सख्यो गायन्ति,—

'तां रहसि गतां किसलयशयनशयानाम् ।
हरिरालोकत निजमुरलीकलकलया चित्रितभानाम् ॥ध्रु॥
या निज-वदनामृतरुचिना तन्मुखविधुरत्नमजस्रम् ।
बहुलमसिस्रवदिह यद्भातं प्रतिपद-सम्पतदस्रम् ॥
यस्या हृदयं स्वान्तरमनु तत्कायं भजदवकलितम् ।
बहिरपि तं प्रतिबिम्बव्याजाद् व्यानञ्जात्मनि वलितम् ॥
यस्यां दोषत्रयमिति मतिभिः प्रत्तं कुंकुमरागम् ।
मेने मुररिपुरथ साक्षादिव यातं हृद्गतरागम् ॥
यां पश्यन् स तु सात्त्विकभावं दधदपि चित्तविकारम् ।
भेजे यत्र प्रतिकृतिकृदपि प्रतिकृतिरिति च विचारम् ॥

वहाँ पर वृन्दा का वचन, यथा—हे कृष्ण ! राधा के जिस मुख पर चन्द्रमा भी दूसरे चन्द्रमा के से भ्रम को प्राप्त हो जाता है, एवं दर्पण भी दूसरे दर्पण की तरह जिसमें प्रतिबिम्बित हो जाता है, तथा लक्ष्मीदेवी भी अपने मुख से जिस मुख को अत्यन्त सुन्दर मानकर मोहित हो जाती है, उस मुख का दर्शन तो भली प्रकार कर लो ॥१५०॥

उसके बाद श्रीकृष्ण निरन्तर रोमाञ्च एवं नेत्रजल से आवृत होकर, श्रीराधिका के मुख का दर्शन करने लग गये ॥१५१॥

सखियाँ जिसका आज भी गायन करती हैं, यथा—

श्रीकृष्ण ने एकान्त निकुञ्ज में आई हुई, नवीन पत्रों की शय्या पर सोई हुई, एवं अपनी वंशी की अव्यक्त मधुरध्वनि की कला से चित्रलिखी सी प्रतीत होती हुई, राधिका को देखा। और जिस राधा ने अपने मुखरूप चन्द्रमा के द्वारा, श्रीकृष्ण के मुखरूप चन्द्रकान्तमणि को निरन्तर अधिक मात्रा में प्रस्रवित कर दिया और प्रतिक्षण अश्रुधारा बहाता हुआ वह श्रीकृष्ण का मुखरूप चन्द्रकान्तमणि, श्रीराधिका के मुखरूप चन्द्रमा के पास अधिक प्रदीप्त हो गया। और उस समय श्रीराधिका का हृदय अपने भीतर, श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह की सेवा करता दिखाई देता था। उसी हृदय ने अपने में साक्षात् विद्यमान श्रीकृष्ण को, प्रतिबिम्ब के बहाने बाहर भी व्यञ्जित (प्रकाशित) कर दिया था। और सन्निपातरूप त्रिदोष की आशंकायुक्त बुद्धिवाली सखियों ने, श्रीराधिका के वक्षःस्थल आदि पर जो कुंकुमराग अर्पित किया था, श्रीकृष्ण ने उस कुंकुमराग को "राधा के हृदय में वर्तमान अनुराग ही मानो बाहर साक्षात् प्रगट होगया है" ऐसा माना। और जिस राधा को देखकर स्तम्भ, स्वेद आदि सात्त्विक भावों को धारण करते हुए भी, श्रीकृष्ण, चित्त की विकृति को प्राप्त हो गये। तथा जिस राधा के विषय में मूर्च्छा के प्रतीकारकर्ता होकर भी, यह तो राधिका की प्रतिमा है, साक्षात् राधा नहीं है, ऐसे विचार को भी प्राप्त हो गये थे। और वे श्रीकृष्ण जिस सच्ची राधा के द्वारा भी, "इस राधा को उद्देश्य बनाकर मेरे भाव की परीक्षा करनेवाला

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स यया प्रतिकृतिताभ्रममागादेवं भावनशाली ।
भावपरीक्षणकृन्मे कृतकोऽप्येतामिन्द्रकजाली ।।
तदपि च यत्र स्पृहयन्नथ यामेनां सेने राधाम् ।
वृन्दा याञ्चां प्रत्याचष्ट च दधदपि दुःखाद् बाधाम् ।।
स पुनर्यस्या हेतोः शोचन् व्याजितवृन्दाविपनम् ।
विदधे यद् हृदि निजपदपल्लवमभितो जीवनजननम् ।।' इति ।।१५२।।

''क्रमस्तु यथा, तत्र तस्य च दुर्निवारं विकारं निशाम्य काम्यमानमर्थमेव वृन्दा प्रार्थयामास,—'श्रीव्रजयुवराज-परमप्रेमवती खल्वसौ ।।१५३।।

'यतः, हन्त कृष्ण ! तव यौवनस्थितौ, भोगतर्षमनुमाय तन्मयम् ।
दुःखमात्मनि विकृष्य सन्ततं, स्वीयशर्म विजहाविधं रमा ।।१५४।।

'तदेतदवधाय भवानप्येतदर्थं वेणुवादनादिकं कुर्वन्नेवास्ते; तस्मादवधानं सन्धाय समाधीयताम् ।।'१५५।।

''श्रीकृष्णः सगद्गदमुवाच,—'किं कर्तव्यम् ?' वृन्दाह,—'हस्तमेव हृदि विन्यस्तं कुरु ।' श्रीकृष्ण उवाच,—'तदेतदत्यनुचितम् ।' वृन्दाह,—'तर्हि चरणमेव तथाचर ।' श्रीकृष्णस्तूष्णीं

कृत्रिम (बनावटी) इन्द्रजाली भी (निपुण व्यक्ति नहीं है जो कि) स्वयं प्रतिमा के भ्रम को प्राप्त हो गया है'' इस प्रकार की भावना करते हुए प्रतिमा के भ्रम में पड़ गये थे। तथापि श्रीकृष्ण अपने हृदय में जिस राधा की इच्छा करते रहे, इस प्रतिमा को राधिका का सच्चा स्वरूप मान गये। तथा दुःख के कारण मानसिक पीड़ा को धारण करते हुए भी, श्रीकृष्ण ने वृन्दा की प्रार्थना का निराकरण कर दिया, अर्थात् ठुकरा दिया। पुनः उन्हीं श्रीकृष्ण ने श्रीराधिका के कारण शोक करते करते छलयुक्त वृन्दा की याचना पूरी कर दी। तथा सर्वतोभाव से पुनर्जीवन को उत्पन्न करनेवाले, अपने पदपल्लव को, श्रीराधिका के हृदय पर धारण कर दिया ।।१५२।।

श्रीराधिका के हृदय पर पदपल्लव धरने का क्रम तो इस प्रकार है, यथा—उस कुटज निकुञ्ज में श्रीकृष्ण के एवं श्रीराधा के अनिवार्य विकार को देखकर, वृन्दादेवी ने कामना के योग्य वस्तु की ही प्रार्थना की, कि यह श्रीमती राधिका निश्चय ही श्रीव्रज के युवराज की परम प्रेमवती है ।।१५३।।

क्योंकि हे कृष्ण ! इस व्रजरमा श्रीराधिका ने तुम्हारे यौवन की स्थिति में भोगतृष्णा का अनुमान लगाकर, एवं उस भोगतृष्णामय दुःख को निरन्तर अपने में खींचकर, अपने सुख को त्याग दिया है, अर्थात् यह आपकी विरहवेदना से मूर्च्छित पड़ी है, हमारे लिए तो बड़े खेद की बात है ।।१५४।।

इसकी दशा को जानकर ही आप भी, इसके सुख के लिए वेणुवादन आदि कार्य कर रहे हो। इसलिए सावधानी को धारणकर इसकी दुरवस्था का समाधान करो ।।१५५।।

श्रीकृष्ण गद्गद होकर बोले—तो मुझे अब क्या करना चाहिये ? वृन्दा बोली—आप अपने हस्त-कमल को ही इसके हृदय पर धर दो। श्रीकृष्ण बोले—यह तो अत्यन्त अनुचित है। वृन्दा बोली—यदि हाथ नहीं धरते हो तो अपने चरण को ही धर दो। यह सुनकर भी श्रीकृष्ण चुप खड़े रहे। वृन्दा ने उनके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तस्थौ । वृन्दा पादयोः पतन्ती,—'हन्त ! मा विलम्बमवलम्बस्व' इति काकुव्याकुला तयोरेकं बलादिव तस्या हृदि संवलयामास ॥१५६॥

"कृष्णश्च कम्पसम्पदा पदारविन्दं सन्दधदेव वैवश्यवश्यतां विन्दति स्म ॥१५७॥

"ततश्च सञ्जीवनीपल्लवविन्यासवत्तल्लवस्पर्शत एव चक्षुःपुटयुगमुद्घट्य्य तया स एव दृष्टः ॥१५८॥

"तदैव च,—

सुभ्रुवो मुररिपोश्च दृग्द्वयं, बिम्बदम्भमविशत् परस्परम् ।
शोभया व्यतिविलोभतः स्फुटं, तावमुष्य परिवृत्तिमैच्छताम् ॥१५९॥

"तदैव स चात्रकीयापत्रपातः शिरसि वसनावरणः सहसा निर्गम्य पूर्णिमां प्रणम्य च चलित एवासीत्; किन्तु स्खलन्निव चलन् कर्मणा नर्मणा च मधुमङ्गलदत्तावलम्बः सखि-कुलं संवलते स्म ॥१६०॥

"सा च स्वप्नमिव पश्यन्ती वैवश्यत एव समुत्तिष्ठन्ती निरक्षर-सूक्ष्मरोदनं चानुतिष्ठन्ती यदा वृन्दया सादरं कृतसान्त्वा, तदा दरशान्त्वा पूर्णिमां नत्वा वृन्दया सह सुहृत्तमेक्षित-तदागमे तस्मिन्नपराह्णेतमे व्रजं गत्वा कथमपि समयकतिपयान् गमयामास ॥१६१॥

चरणों पर गिरकर, हाय ! हाय ! विलम्ब न कीजिये । यों कहकर शोक की कातरता से व्याकुल होकर, श्रीकृष्ण के उन दोनों चरणों मे से एक को मानो बलपूर्वक श्रीराधिका के हृदय पर संलग्न कर दिया ॥१५६॥

श्रीकृष्ण भी कम्परूप सम्पत्ति को पाकर, अर्थात् कम्पित होकर, चरणकमल धरते धरते ही, विवशता की अधीनता को प्राप्त हो गये ॥१५७॥

तदनन्तर सञ्जीवनीलता के पत्र के धरने की तरह, श्रीकृष्णचरण के किंचित् स्पर्श से ही, दोनों नेत्र-पुटों को खोलकर, श्रीराधिका ने श्रीकृष्ण का ही दर्शन किया ॥१५८॥

और उसी समय श्रीराधिका के एवं श्रीकृष्ण के दोनों नेत्र परस्पर में बिम्ब के दम्भ (छल) में प्रविष्ट हो गये, अर्थात् दोनों के नेत्रों में, दोनों के ही नेत्र प्रतिबिम्बरूप से प्रविष्ट होकर, दोनों के लिए परस्पर बिम्बरूप बन गये । और शोभा के कारण परस्पर विशेष लोभ से वे दोनों राधाकृष्ण ही, अपने अपने दोनों नेत्रों के परस्पर परिवर्तन को चाहने लग गये ॥१५९॥

और श्रीकृष्ण तो उसी समय वृन्दादेवी की लज्जा से अपने मस्तक पर वस्त्र ढाँककर, निकुञ्ज से सहसा निकलकर, पूर्णिमा को प्रणाम कर चल ही दिये । किन्तु खिसलते हुए से चलते चलते कर्म से एवं नर्म से, अर्थात् परिहासपूर्वक दिये हुए मधुमङ्गल के हाथ के अवलम्बन को पाकर, अपने सखाओं के झुण्ड में जा मिले ॥१६०॥

और श्रीराधिका भी स्वप्न सा देखती हुई, विवशता से ही शय्या से उठती हुई, चुपचाप थोड़ा सा रोदन करती हुई, तथा जब वृन्दा ने आदरपूर्वक सान्त्वना की तब थोड़ी सी शान्त होकर, पूर्णिमा को नमस्कार कर, एवं "अन्तरङ्ग ललिता आदि सखियों द्वारा जिस समय उसका आगमन देखा गया" उस अतिशय अपराह्ण (सायंकाल) के समय में, वृन्दा के साथ व्रज में जाकर, किसी प्रकार कष्टपूर्वक कुछ समय को बिताने लग गई ॥१६१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदारभ्य तु स खलु परस्परं स्पर्शोऽयं स्पर्शायैव परं सञ्चक्रुपे ॥१६२॥

"यतः सकृत्तादृशं सुखमुपलभ्य क्षणात्तद्वियुक्तया तया कथमिव प्रथमानं दुःखं स्तभ्यताम्; तत्तु सुखं स्वसंवेद्यमेव, न तु निवेद्यम् ॥१६३॥

"तथा हि—तयोर्यावस्थासीद् व्यतिमिलनशर्म प्रसजती
कविः को वा तां स्यात् कवयितुमिह स्वल्पकमपि ? ।
ययोः काश्मीरं तत् पतितमपि पारम्परिकम-
प्यहो पौलिन्दीनामपि तदिव शश्वद् व्यतनुत ॥१६४॥

"तदेवं यदा हरेः पदारविन्दं विन्दमानानि कुंकुमपङ्कानि तृणेषु कृततदङ्कानि पुलिन्दी-जातालङ्कारतया जातानि, तदानीमन्यासां धन्यानां पूर्ववदपूर्वानुभवरचन-पूर्वकं वचनमिदम्, (भा० १०।२१।१७)—'पूर्णाः पुलिन्द्य' इत्यादि ॥१६५॥

"अत्र चेदं व्यञ्जितम्,—
आस्तां सा दयिता यदीयकुचयुक् श्रीकुंकुमं तत्पदं
प्राप्तं तत्तृणमप्यहो विजयतां साक्षात्तु तत्सङ्गि यत् ।
अस्मत्तस्तु पुलिन्दजातिसुदृशां भाग्यं च दूरे स्थितं
यास्तत् प्राप्य निजाङ्ग-लेपनसुखादासेदिरे पूर्णताम् ॥"१६६॥

किन्तु उस समय से लेकर परस्पर का वह स्पर्श निश्चितरूप से, केवल सन्ताप देने के लिए ही सम्पन्न हो गया ॥१६२॥

क्योंकि एक बार "श्रीकृष्ण के स्पर्शरूप" वैसे विचित्र सुख को पाकर क्षणभर में उस सुख से वियुक्त हुई उस राधा के द्वारा विस्तार को पाता हुआ वियोगमय दुःख किस प्रकार रोका जा सकता था ? और वह सुख भी तो केवल अपने जानने योग्य ही था, दूसरे के प्रति निवेदन करने योग्य नहीं था ॥१६३॥

और देखो ! उस समय परस्पर मिलन के सुख को देनेवाली श्रीराधा-कृष्ण की जो अवस्था हुई थी, उसका यहाँ पर थोड़ा सा भी वर्णन करने के लिए कौन सा कवि समर्थ हो सकता है ? अपितु कोई भी नहीं। क्योंकि श्रीराधा के वक्षःस्थल पर एवं श्रीकृष्ण के चरणतल पर लगे हुए, तथा श्रीकृष्ण के चलते समय घास पर गिरे हुए, अतः परम्परा से प्राप्त हुए कुंकुम ने ही, वन की भीलनियों की भी श्रीराधा-कृष्ण की सी, निरन्तर सुखमयी अवस्था विस्तृत कर दी थी ॥१६४॥

अतएव इस प्रकार श्रीकृष्ण के पदारविन्द को प्राप्त करनेवाले, एवं तृणों के ऊपर श्रीराधाकृष्ण के मिलन के चिह्न को प्रकाशित करनेवाले, कुंकुमपङ्क जब भीलनीसमूह के भी अलङ्काररूप बन गये थे, तब अन्य धन्य गोपियों का पहले की अपूर्व अनुभव की रचनापूर्वक यह वचन वेणुगीत में संघटित हुआ था कि "पूर्णाः पुलिन्द्य इत्यादि" वे वन की भीलनियाँ भी पूर्ण मनोरथ हुईं, इत्यादि ॥१६५॥

और "पूर्णाः पुलिन्द्य" इस श्लोक में गोपियों ने यह ध्वनि भी व्यञ्जित की थी कि—श्रीकृष्ण की प्रियतमा उन श्रीराधिका की सौभाग्यमयी विशेषता की बात तो बहुत दूर रहने दो। क्योंकि जिनके स्तनों पर लगा हुआ शोभायमान कुंकुम, श्रीकृष्ण के चरण को प्राप्त हो गया। अहह ! हमारी दृष्टि में तो वह वन का तृण भी सर्वोत्कर्ष को प्राप्त हो जाय, जो कि दयिता कुचकुंकुमरञ्जित श्रीकृष्णचरण के साक्षात् संगवाला

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ कथकः समापनमाह स्म,—

'स ईदृक्प्रणयी लब्धस्त्वया राधे ! पुरा तु यः ।
नानामनोरथं चक्रे रथवद्भूवदाप्तये ।।"१६७।।

।। इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु कुमारीवस्त्रहरण-सुकुमारीसमस्तकर्षणं नामैकविंशं पूरणम् ।।२१।।

अथ द्वाविंशं पूरणम्

यज्ञपत्न्यन्नभिक्षा

अथ प्रभातकथायां प्रभातप्रथायां मधुकण्ठः स्फुरदुत्कण्ठस्तल्लीलान्तरं शंसन् संसदुपलब्धं कर्तुमारब्धवान् । तत्र श्रीदशमस्कन्धप्रबन्धसङ्गमन-मङ्गलाचरणपूर्वकं तत्कथनम् ।।१।।

"यथा—गत्वा काम्यकमद्रिधातुरुचियुक् कुर्वन् व्रजं दक्षिणं
घर्मर्तौ धवलानिखर्वशततृड्निर्जिष्णुकृष्णां व्रजन् ।
वृक्षान् सुष्ठु पथि स्तुवन् धवलया पीतां च कृष्णां पिबन्
क्षुद् व्याजादधियज्ञपत्नि-करुणाकारी हरिः पातु नः ।।२।।

वन गया। और हम सबसे तो भीलजाति की स्त्रियों का भाग्य भी बहुत दूर उच्चकोटि पर स्थित हो गया, जो कि तृणों पर लगे हुए उस कुंकुम को पाकर, अपने अङ्गों पर लेपन करने के सुख से, अपने मनोरथ की परिपूर्णता को प्राप्त हो गईं, अर्थात् कृतकृत्य हो गईं ।।१६६।।

अनन्तर कथावाचक महोदय प्रसङ्ग की समाप्ति का वचन बोला—हे राधिके ! तुमने ऐसा स्नेही श्यामसुन्दर प्राप्त किया है कि, जो तुम्हारी प्रथम प्राप्ति के लिए रथ की तरह अनेक मनोरथ करता रहा ।।१६७।।

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये कुमारीवस्त्रहरणं सुकुमारीसमस्तकर्षणं
नाम एकविंशं पूरणं सम्पूर्णम् ।।२१।।

बाईसवाँ पूरण

यज्ञपत्नियों के अन्न की भिक्षा

इस बाईसवें पूरण में श्रीकृष्ण के मित्रों की क्षुधा निवृत्ति के बहाने, यज्ञपत्नियों के लिए अभिलषित वरदान दिया गया है, यह विषय वर्णित होगा।

अनन्तर प्रातःकालीन कथा की परिपाटी के प्रदीप्त हो जाने के बाद, मधुकण्ठ अत्यन्त उत्कण्ठित होकर श्रीकृष्ण की दूसरी लीला का वर्णन करता हुआ सभा में समझाने के लिए आरम्भ करने लग गया। उस प्रसङ्ग में भी श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्धीय प्रबन्ध के सम्मेलन सहित मङ्गलाचरणपूर्वक उसका कथन इस प्रकार है— ।।१।।

यथा—प्रथम काम्यवन में जाकर पर्वत की गेरु आदि धातुओं की शोभा से युक्त होकर, व्रज को अपनी दाहिनी ओर करते हुए, ग्रीष्मऋतु में सैकड़ों अर्बों खर्बों गैयाओं की तृष्णा (प्यास) को जीतने के स्वभाववाली कृष्णा (श्रीयमुना) के निकट जाते हुए, मार्ग में अच्छी प्रकार वृक्षों की स्तुति करते हुए,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथाहि—अथ गोपैः परिवृतो यशोदानन्दनन्दनः ।
वृन्दावनाद्गतो दूरं चारयन् गाः सहाग्रजः ॥३॥
निदाघार्कातपे तिग्मे छायाभिः स्वाभिरात्मनः ।
आतपत्रायितान् वीक्ष्य द्रुमान्मित्राण्यभाषत ॥४॥

"तत्र च मेघनिर्घोषनिभ-गम्भीरतासम्भृत-मधुरस्वरत एव हर्षमुत्कर्षयन् मित्रमुख्यान् प्रत्येकं रचिताभिमुख्यांश्चकार ॥५॥ यथा, (भा० १०।२२।३१)—

'हे स्तोककृष्ण ! हे अंशो ! श्रीदामन् ! सुबलार्जुन ! ।
विशाल ! वृषभौजस्विन् ! देवप्रस्थ ! वरूथप ! ॥' इति ॥६॥

"तत एव च तानमृतकृताभिषेकानिव कृत्वा सकौतुकमुवाच,—'मां सुखयन्त एवाभिमुखतस्त एते तरवो विराजन्ते; तस्माद्भवद्भिर्विलोक्य पृथक् पृथगुपश्लोक्यन्ताम् ॥'७॥

"सर्वे विहस्य प्रोचुः,—'भवानेवास्मासु विस्मायकतया कविमण्डलाखण्डल-गण्डमण्डनमस्ति; तस्मादात्मनैव वर्णयतु ॥'८॥

"कृष्णः सस्मितमुवाच,—'श्रूयतां नाम,—
एते नाङ्गत एव किन्तु गुणतोऽप्यद्धा महान्तो मता
यत्तापादिनिवारणैः स्ववपुषा जीवानवन्तः स्थिताः ।

पहले गोगण के द्वारा पान की हुई यमुना के जल को पीते हुए, एवं क्षुधा के बहाने याज्ञिक ब्राह्मणों की पत्नियों पर करुणा करनेवाले श्रीहरि हमारी रक्षा करें ॥२॥

देखो, ग्वालबालों से घिरे हुए, एवं श्रीबलदेवजी के सहित, श्रीयशोदानन्दन नन्दनन्दन श्रीकृष्णचन्द्र, गैयाओं को चराते हुए, वृन्दावन से दूर चले गये ॥३॥

एवं ग्रीष्मकाल के सूर्य की तीखी ताप में अपनी शीतल छायाओं के द्वारा, अपने प्रति छत्रों का सा व्यवहार करनेवाले वृक्षों को देखकर, अपने मित्रों से बोले— ॥४॥

उस बोलने में भी, मेघ के शब्द के समान गम्भीरता से युक्त, मधुर स्वर से ही हर्ष को उत्कर्षित करते हुए प्रत्येक प्रधान प्रधान मित्र को अपने सम्मुख कर लिया ॥५॥

यथा—हे स्तोककृष्ण ! हे अंशो ! हे श्रीदामन् ! हे सुबल ! हे अर्जुन ! हे विशाल ! हे वृषभ ! हे ओजस्विन् ! हे देवप्रस्थ ! हे वरूथप ! इत्यादि सम्बोधन करते हुए, श्रीकृष्ण ने मुख्य मुख्य मित्रों को अपने सम्मुख किया ॥६॥

उसके बाद ही उन मित्रों को मानो अमृत से अभिषिक्त करके कौतुकपूर्वक बोले कि—हे प्रिय मित्रो ! ये व्रज के वृक्ष मुझको सुखी करते हुए, मेरे ही सम्मुख विराजमान हैं, अतः आप सब इनका दर्शन कर, पृथक् पृथक् श्लोकों के द्वारा इनकी स्तुति करो ॥७॥

सभी मित्र हँसकर बोले कि—आप ही हम सबके बीच में विस्मय को उत्पन्न करनेवाले होने के कारण, कविमण्डलरूप महेन्द्र के कपोलस्थल के भूषणस्वरूप हो । अतः स्वयं ही वर्णन करो ॥८॥

श्रीकृष्ण मन्दहास्यपूर्वक बोले—अच्छा, तो आप सब श्रवण करो । देखो, ये वृक्ष केवल अपने अंग से ही नहीं, किन्तु गुण से भी साक्षात् महात्मा माने गये हैं । कारण—ये अपने शरीर के द्वारा ताप आदि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एषामेव च जन्म यत्तु फलवद् दृश्येत तच्चेत्थम-
प्यूहध्वं यदशेषजीवनतया राजन्त्यमी सर्वतः ॥९॥

'किञ्च, फलैः पुष्पैश्छाया-च्छदन-समिदाद्यैश्च तरवः
स्वभावाद्विश्वेषामुपकृतिविधा धन्यतनवः ।
नराः कर्ह्यप्येके विधिवशतया तत्कृतिकृत-
स्ततो भक्ताः पूर्वे सुकृतमनु भाक्ताः किल परे ॥१०॥

'अत्र वृन्दावन-वास्तव्यता पुनरेषां स्तव्यताम्प्यतिक्रामति' इति गूढमभिमतम् ॥११॥

"सर्वे सस्मितमूचुः,—'कविचक्र-चक्रवर्तिना भवता न किंवा सुप्रशस्तङ्करं भविता, ततो यदेव योजयिष्यते, तदेव विजेष्यते ॥'१२॥

"तथाहि—

वाचोयुक्तिपटुर्यत्र त्वं वदावदतां गतः ।
वाचस्पतिश्च तत्र स्यान्न वाचःपतिरप्यपि ॥१३॥

"कृष्णोऽपि सस्मितमुवाच,—'भवतु कदाचिदेतदप्यनुभविष्यथ' इति नानासुखवितर-करपुरुहभूरुहाणां वन्यया मिहिर-कन्यातीरमुदन्यया मुदा जगाम ॥१४॥

निवारण के कारण, जीवों की रक्षा करते हुए स्थित हैं। बस, यही महात्माओं का लक्षण है। और इनका ही जन्म जो सफल है, वह भी प्रत्यक्ष दीख सकता है, उसको भी इस प्रकार समझो। क्योंकि ये सब वृक्ष सब ओर से प्राणीमात्र के जीवनरूप होकर विराजमान हैं ॥९॥

किंच ये सब वृक्ष, फल, पुष्प, छाया, पत्र, काष्ठ आदि के द्वारा, स्वभाव से ही सबका उपकार करने के कारण, प्रसंशनीय शरीर वाले हैं। कुछ मनुष्य भी कभी कभी दैववशात्, वृक्षों की तरह सबका हित करते हैं। इसलिए पूर्ववर्ती जो वृक्ष हैं, वे निरपेक्ष सबके हितकारी होने के कारण, सच्चे भक्त हैं, और पुण्य का लक्ष्य करके दूसरों का हित करनेवाले मनुष्य तो गौणभक्त हैं ॥१०॥

इस श्लोक में "चिन्मय श्रीवृन्दावन में वास करना भी, इन सब वृक्षों की प्रशंसनीयता की, सीमा को भी लाँघ रहा है, अर्थात् साधारणजन इनकी स्तुति भी पूर्णरूप से नहीं कर सकता" यही गूढ़ अभिप्राय है ॥११॥

सभी मित्र मृदुहास्यपूर्वक बोले—भैया ! कन्हैया ! आप कविकुल के चक्रवर्ती हो। अतः आपके द्वारा कौन अनायास प्रशंसा के योग्य न होगा ? अर्थात् होगा ही। तात्पर्य—आप जिसकी प्रशंसा कर दोगे वह पदार्थ अनायास, सबका मङ्गलकारक हो जायगा। इसलिए आप जिस विषय की योजना करोगे, वही विजय को प्राप्त हो जायगा ॥१२॥

देखो, जिस स्थान पर उक्ति प्रत्युक्ति में सुनिपुण आप ही विशिष्ट वक्ता के भाव को प्राप्त हो जाओगे, अर्थात् विशिष्ट वक्ता बन जाओगे वहाँ पर बाचस्पति (बृहस्पति) भी, वाणी के स्वामी नहीं हो सकते, अर्थात् किंचिद् भी बोलने में समर्थ नहीं हो सकते ॥१३॥

श्रीकृष्ण भी मुस्क्याकर बोले—अच्छा, जाने दो। कदाचित् इस बात का भी अनुभव तुम सब कर लोगे। इस प्रकार कहकर अनेक प्रकार के सुख देने वाले बहुत से वृक्षों की वनपंक्ति के बीच से, प्यास के कारण हर्षपूर्वक यमुना के तट पर चले गये ॥१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च,—व्यञ्जन्नंघ्रिप-शंसनस्ववचनं यज्ञाङ्गनानुग्रहं
चात्मीयागमि भोज्यवर्त्म स यदा सन्त्यज्य कृष्णां गतः ।
तर्हि स्वच्छतरा हिमाः शुभकराः स्वादूरपः पीतवा-
नघ्न्यानां निकरस्ततः स्वयमपुर्गोपालकास्तन्मुखाः ॥१५॥

"ततश्च विदूरं समुज्झितातलिनफलिनतर-तरुव्रजस्य व्रजराज्ञीप्रहित-माध्याह्निकभोज्य-सम्पत्तिवियोज्यताभागुपसत्तिकस्य कृष्णस्य तत्तृष्णतां वितर्क्य तद्भावभावितितया स्वयमप्यतीव तत्तृष्णाभाजः स्तोककृष्णादयस्तदभावभावना अपि प्रणयमयपर्युत्सुकतया व्यञ्जित-तत्कृत-भोजनवर्त्मवञ्चनाः कराञ्चलचालनपूर्वकं तद्याञ्चामकुर्वत, ॥१६॥ (भा० १०।२३।१)—

'राम ! राम ! महाबाहो ! कृष्ण ! दुष्टनिबर्हण ! ।
एषा वै बाधते क्षुन्नस्तच्छान्तिं कर्तुमर्हथः ॥' इति ॥१७॥

"कृष्णस्तु सस्मितमुवाच,—'अत्रालोकपथाशोकवनिकायामनशनीयप्रसवायामशना-यन्तस्ते भवन्तः कुत्र वा प्सातव्यं लप्स्यन्ते ? ॥१८॥

'आर्तिश्चेद्वरिर्वाति, तर्हि निकटामपि कुटिलया सूरतनयाघटनया दूरायमाणामितस्तु दक्षिणाहि या शूरसेनपुरी, तामुत्तरेण निरवद्यं यज्ञशालामालामालोकयन्त एवानेन सम्यगु-

---

और वहाँ पर वृक्षों की स्तुति करनेवाले अपने वचन को एवं यज्ञपत्नियों के ऊपर अनुग्रह को प्रकाशित करते हुए, श्रीकृष्ण अपने सखाओं के लिए, नित्य आने वाले मध्याह्न भोजन की सामग्री के मार्ग को त्यागकर, जब श्रीयमुना तीर पर चले आये, तब गोगण ने अति निर्मल शीतल मङ्गलकारक सुस्वादु यमुनाजल का पान किया, उसके बाद श्रीकृष्ण आदि ग्वालबालों ने स्वयं पान किया ॥१५॥

तदनन्तर अत्यन्त फलविशिष्ट ऊँचे ऊँचे वृक्षसमूह को त्यागने वाले, व्रजरानी श्रीयशोदा के द्वारा भेजी हुई मध्याह्नकाल की भोजन सम्पत्ति के वियोग की समीपतावाले, श्रीकृष्ण की उस भोजन सम्बन्धी तृष्णा की तर्कना करके, श्रीकृष्ण के भाव से भावित होने के कारण स्वयं भी उस भोजन की तृष्णावाले, स्तोककृष्ण आदि सभी सखा भोजन सामग्री के अभाव की भावना वाले होकर भी, प्रेममयी उत्सुकता से "श्रीकृष्ण के द्वारा की गई भोजन के मार्ग की वञ्चना को" प्रकाशित करते हुए कराञ्चलचालनपूर्वक अर्थात् हाथों का इशारा करते हुए भोजन की प्रार्थना करने लग गये ॥१६॥

यथा—हे राम ! हे लम्बी भुजाओं वाले बलराम ! हे दुष्टों को नष्ट करनेवाले श्रीकृष्ण ! यह क्षुधा हम सबको बाधा दे रही है, अतः आप दोनों उसको शान्त करने योग्य हो, इसलिए शान्त करो ॥१७॥

श्रीकृष्ण तो मुस्क्याकर बोले—यहाँ पर जो अशोकवृक्षों की वनी है, इसके बीच में लोगों के आने जाने का मार्ग भी नहीं दीखता है, और इस अशोक वनी के फल भी खाने योग्य नहीं हैं, अतः यहाँ पर भोजन को चाहने वाले आप सब कहाँ पर भोजन को प्राप्त करोगे ? ॥१८॥

यदि तुम सबको क्षुधा की अतिशय पीड़ा है, तो यज्ञशाला के समूह को देखते देखते ही अच्छी प्रकार उधर ही जाने वाले इस मार्ग से वहाँ पर चले जाओ। यह यज्ञशालासमूह अत्यन्त निकट होने पर भी, यमुना की टेढ़ी चाल के कारण बहुत दूर मालूम पड़ता है। यहाँ से अर्थात् इस अक्रूरघाट से दक्षिण दिशा में जो शूरसेनपुरी (मथुरा) है, उस पुरी के उत्तर की ओर यह यज्ञशाला विद्यमान है। तुम सब अवज्ञा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पतिष्ठमानेन पथा प्रतिष्ठध्वम्; गत्वा च तान् कार्मान् कर्मठाचार्यानार्यतमस्य मम च नाम्ना याचध्वम्; किन्तु भिक्षाकाणां तितिक्षामात्रमुचितमिति शिक्षा मनसि कार्या ॥'१९॥

"अथ तेऽपि केऽपि संवलिताश्चलिताः । स्वयमयं तु तदीयगत्यागतिदृष्ट्यर्थमुपनदं महाकुट्टिममधितष्ठौ ॥२०॥

"ततश्च, सौरभ्यं धूमधारा यजुरनुपठनं शुभ्रशाला द्विजानां
गत्यागत्यादिचेष्टाः शुभयुतहुतभुग्वेदिभागृत्विजश्च ।
गत्वा नत्वाप्यभीक्ष्णं पुटित-करतयाऽनादरेऽप्यस्थुरेते
यस्माद्ब्रह्मण्यदेवस्वतुलितसुहृदः किन्त्विदं मां दुनोति ॥२१॥

"ततश्च तान् प्रकृतिश्लेषेण केनाप्याकृतिविशेषेण वेषेण च गोपान् ज्ञात्वा विप्रता-गर्वपर्वतमारूढास्ते तु व्यूढबहुल-स्थलदृष्टयस्तिष्ठन्ति स्म; तथापि सखायस्ते कृष्णस्य बुभुक्षा-सुक्षामतां साक्षादिवानुभूय दूयमानमनसः स्वयमेव निवेदयामासुः ॥२२॥

"यतः,
हुं फट् श्रौषड्वौषडित्येवमाद्याः, शब्दा यस्मिन्न क्वचित् कृष्णमुख्याः ।
तस्मिंस्तेषां किं रुचिः स्यात् परन्तु, श्रीकृष्णार्थं किं न ते मानयन्ति ? ॥२३॥

को त्यागकर, वहाँ जाकर, कर्मशील एवं कर्म करने में निपुणजनों के आचार्य माथुर ब्राह्मणों के पास, मेरे बड़े भाई बलरामजी तथा मेरे नाम से भिक्षा माँगना । किन्तु "भिक्षुओं को केवल सहनशीलता धारण किये रहना ही उचित है" यह शिक्षा मनमें धारण किये रहना ॥१९॥

तदनन्तर वे कतिपय मित्र भी एकत्रित होकर चल दिये । एवं ये श्रीकृष्ण तो उनके यातायात को देखने के लिए, स्वयं यमुना नदी के पास बड़े टीले पर बैठ गये । कुट्टिम शब्द यद्यपि मणिखचित भूमि का वाचक है, तथापि यहाँ पर प्रसङ्गानुसार ऊँची भूमि का वाचक है, यह जानना चाहिये ॥२०॥

उसके बाद जिस स्थान पर घृत आदि की सुगन्धि, धूमश्रेणी, यजुर्वेद का पाठ, श्वेतवर्ण की यज्ञ-शालाएँ, ब्राह्मणों की यातायात की चेष्टा, मङ्गलमय अग्नि, एवं वेदी पर बैठे हुए ऋत्विग्गण (होतागण) विद्यमान थे, वे सब मित्र उसी स्थान पर जाकर, बारम्बार नमस्कार करके भी, उन कर्मठ ब्राह्मणों के द्वारा अनादर करने पर भी, हाथ जोड़कर खड़े रहे । क्योंकि ये सब सखा ब्रह्मण्यदेव (ब्राह्मणभक्त) श्रीकृष्ण की अपनी आत्मा के समान हैं । (अतः ये भी अनादर करने पर भी, ब्राह्मणों में भक्ति के कारण उनके आगे हाथ जोड़कर खड़े रहे) । किन्तु ग्रन्थकार कहते हैं कि—उनका इस प्रकार अनादरभाव से वहाँ पर खड़ा रहना, मुझको दुःखित करता है ॥२१॥

उसके बाद स्वभाव के संयोग से एवं किसी प्रकार के आकृतिविशेष के कारण, उन सबको गोप जानकर, ब्राह्मणता के गर्वरूप पर्वत पर चढ़े हुए वे याज्ञिक ब्राह्मण तो, यज्ञशाला में रचित अनेक स्थलों पर ही, दृष्टि डालते हुए चुपचाप बैठे रह गये । तथापि वे सखागण श्रीकृष्ण की क्षुधा के कारण, अत्यन्त क्षीणता को साक्षात् की तरह अनुभव करके, दुःखित मन हो स्वयं ही निवेदन करने लगे ॥२२॥

क्योंकि जिस यज्ञ में हुं फट्, श्रौषट् , इत्यादि शब्दों का प्रयोग तो यथेष्ट हो रहा है, और श्रीकृष्ण नाम ही है मुख्य जिनमें, ऐसे शब्दों का प्रयोग कहीं भी नहीं हो रहा है, ऐसे कृष्णभक्तिविहीन उस यज्ञ में, उन सखाओं की क्या रुचि हो सकती थी ? परन्तु श्रीकृष्ण के लिए वे सखा उस यज्ञ का सम्मान नहीं करते हैं सो बात नहीं, अपितु मान करते ही हैं । अतः श्रीकृष्ण के लिए भिक्षा भी माँगते हैं ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ निवेदनं चेदम्,—'भो भो भूमिदेवाः ! किञ्चिदेवावधानं विधीयताम्, रामरामानुजौ खलु परमप्रभावयुजौ श्रुतवद्भिर्भवद्भिरवधारितावेव स्तः । तौ चात्र भवद्विधानां सन्निधानमेव धेनुसेवनानुरोधादागतवन्तौ । किन्त्वद्य सद्य एवानवद्यक्रीडामयशूरता-कौतुकपूरतस्तत इतः सङ्क्रत्या प्रत्यासन्नापि श्रीगोपाधि-भू-सदनभूर्विदूरायमाणास्माकं भाति स्म, गृहलोकेन च न तथालोक्यास्मभूविमहे । तत एव साक्षाल्लक्ष्मीपतिगृहायमाणगृहाद्भोजनसंयोजनं विना क्रीडायुधि च क्षुधितावभूताम् । ततश्च कुलपरम्पराप्राप्तव्यवहारं पर्यायतया पितृपर्यायतया भवत्सु सङ्कोचमपर्यालोचमानौ पितृभवनादिव भवदीयसवनादन्नं याचितमकुर्वाताम् ।' इति ॥२४॥

"अथ तथापि मनसि भक्तिरसिकतावशिकतया तदसत्कृत्य तूष्णींभूष्णुषु तेष्वन्तर्वाणिस्मन्येषु तादृगधन्येषु पुनरमी मनसि मीमांसामासुः,—॥२५॥

'नूनमस्मानेते मूढान्मत्वा गूढानुभाषणा बभूवुस्तस्माद्गत्यन्तररचननिषिद्धभावाय सिद्धान्ततश्चामीषां सुष्ठु मौनविद्धान्तस्तां कुर्मः' इति ॥२६॥

"अथ स्पष्टं पुनरूचुः,—

'दीक्षाद्यग्नीषोमयश्चाङ्गहोम,-प्रान्तं विज्ञैर्याज्ञिकान्नं न भोज्यम् ।
सौत्रामण्यां सर्वदा नेति विप्रा,-स्ताभ्यामन्यत्रास्ति तद्ग्राह्यमेव ॥' इति ॥२७॥

उसके बाद यह निवेदन किया कि—हे ब्राह्मणो ! आप सब थोड़ी सी सावधानी धारण करो, अर्थात् हमारी ओर थोड़ा सा मन दो । "श्रीकृष्ण बलदेव दोनों ही भाई विशिष्ट प्रभाव से युक्त हैं" इस बात को शास्त्रज्ञानसम्पन्न आप सबने निश्चितरूप से स्थिर ही कर लिया है । वे दोनों भाई आप जैसों के पास में ही गोचारण के अनुरोध से आ गये हैं । किन्तु आज शीघ्र ही विशुद्ध क्रीड़ामय शूरवीरता के कौतुकसमूह के कारण, इधर उधर जाने से गोपनायक श्रीनन्दजी के भवन की भूमि निकटवर्ती होने पर भी, हमको दूर जैसी मालूम पड़ती है । और घर के लोगों के द्वारा आज हम दिखाई भी नहीं दिये हैं । इसीलिये साक्षात् लक्ष्मीपति श्रीनारायण के घर के समान, अपने घर से भोजन के आने के बिना, क्रीड़ायुद्ध में दोनों ही भाई क्षुधार्त हो गये हैं । अतएव कुलपरम्परागत व्यवहार के अनुसार पिता के समान होने के कारण, आप सबमें संकोच की पर्यालोचना न करते हुए, अपने पिता के भवन की तरह, आपके यज्ञ से अन्न की याचना कर रहे हैं ॥२४॥

उसके बाद उनकी याचना को सुनकर भी, मनमें भक्ति की रसिकता से शून्य होने के कारण, उनकी याचना को ठुकराकर अपने को शास्त्रवेत्ता माननेवाले, उस प्रकार के अधन्य वे याज्ञिक ब्राह्मण जब मौनी बन गये, तब श्रीकृष्ण के सखा मन मन में विचार करने लगे— ॥२५॥

इनके आकार से निश्चित होता है कि, ये सब हमको मूर्ख समझकर मौनी बन गये हैं । अतएव दूसरे प्रकार की गति की रचना के निषेध के लिए सिद्धान्त के द्वारा ही, इनके अन्तःकरण को अच्छी प्रकार मौन से ही विद्ध करते हैं— ॥२६॥

इस प्रकार विचारकर पुनः स्पष्ट बोले—हे ब्राह्मणो ! देखो, जिनकी आदि में तो यज्ञ की दीक्षा हुई हो, एवं अन्त में अग्निषोमीय पशु का अङ्गभूत होम होता हो, ऐसे याज्ञिकों का अन्न विज्ञजनों के भोजन के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'अत्रभवद्भ्रुवदनुष्ठानदृष्टित एवास्माभिस्तदवसरः स्फुटं निष्टङ्कित इति भावः' ॥२८॥

"तदेवं भिक्षानिष्ठानामिव तस्मिन्नुपतिष्ठमानानामपि शास्त्रार्थं नयमानानां तदवधार्य ते वार्याचार्या मनसि पर्यालोचयामासुः,—'हन्त ! ब्राह्मणा एवास्माकमेतान् ब्रह्मविचारमपि विशिष्टतया लोभादनुशिष्टवन्तः सन्ति । येन तत्रापि कृतमुखतया मुखरतामापन्नाः । भवतु, तथाप्येते परमेश्वरतयोपलभ्यमानाः किञ्चिद्दानरूपमवदानं विना प्रत्युतादानाय परमत्रागताः । अहो ! कलिप्रवेशदेशस्य देशरूपमिदम् ॥२९॥

'किञ्च, केचिच्च विपश्चितस्तयोरीश्वरतामारोपयन्ति; तर्हि बत ! गर्हितं क्षुधादिकं कथमेतावर्हतः ?'

"तदेतद्विभाव्य दुर्विभावभावतया तथा स्थितेषु बहुपचनतायामपि मितम्पचेषु द्विर्जाततायामपि यथाजातेषु याज्ञिककितवतां यातेषु तेषु याञ्चायां वदमानताकदनतः परस्परमीक्षित्वा मन्दं मन्दं मन्दाक्षमन्दतया श्रीगोविन्दमेव ते विन्दन्ते स्म ॥३०॥

योग्य नहीं होता । और सौत्रामणी यज्ञ में तो भोजन करना सदैव निषिद्ध है। इसलिए उस पश्वङ्गभूत होम एवं सौत्रामणी यज्ञ से अन्यत्र (दूसरे यज्ञ में) तो याज्ञिक अन्न ग्राह्य ही है। अतः उसका दान कीजिये ॥२७॥

और यहाँ पर होते हुए आपके अनुष्ठान के देखने से ही, हम सबने उस अन्नदान के अवसर को स्पष्ट-रूप से विचार लिया है कि—यही अन्नदान का अवसर है, यही श्लोक का भावार्थ है ॥२८॥

इस प्रकार भिक्षुकों की तरह उस यज्ञ में अन्न की याचना करनेवाले, एवं युक्तिपूर्वक शास्त्रीय अर्थ की स्थापना करनेवाले, उन ग्वालबालों की बातों को सुनकर, वरणीय एवं पूजनीय वे याज्ञिक ब्राह्मण मन मन में विचारने लगे कि—बड़े खेद की बात है कि, ब्राह्मणों ने ही हमारे इस सम्पूर्ण वैदिक विचार को भी, इन ग्वालबालों के प्रति लोभ के कारण विशेषतापूर्वक उपदिष्ट कर दिया है, अर्थात् समझा दिया है। उसी कारण से ये सब उस वैदिक विचार में भी, कुशलतापूर्वक वाचालता को प्राप्त हो गये हैं। अच्छा, इस बात को तो रहने दो। तथापि ये सब तो बड़े धनी प्रतीत होते हैं। कुछ दानरूप विशुद्ध कर्म किये बिना ही, केवल यहाँ पर अन्न ग्रहण करने के लिए आ गये हैं। अहो ! ये सब बातें तो जिस देश में कलियुग का प्रवेश होगया हो, उसके योग्य हैं। अर्थात् कलियुग में नीचजन भी शास्त्रज्ञान की बातें बनाकर, साधु ब्राह्मणों से भी दान लेने की धृष्टता किया करते हैं ॥२९॥

किंच कोई कोई पण्डितजन श्रीकृष्ण बलदेव में ईश्वरता का आरोप करते हैं, अर्थात् उन दोनों को परमेश्वर मानते हैं। यदि वे परमेश्वर हैं, तब वे निन्दित क्षुधा आदि प्राकृत गुणों को कैसे प्राप्त हो सकते हैं ? इस प्रकार विचारकर श्रीकृष्ण के अभिप्राय को न जानने के कारण, मौनी बनकर बैठनेवाले, बहुत अन्न पकाने के स्थान पर भी परिमित पकानेवाले, अर्थात् अधिक धन होने पर भी कृपणता करनेवाले, संस्कार के द्वारा द्विजन्मा होने पर भी मूर्खतावाले, एवं याज्ञिकता की धूर्तता को प्राप्त होनेवाले उन ब्राह्मणों के विषय में, अपनी प्रार्थना के प्रबल प्रयत्न की निष्फलता से, वे ग्वालबाल आपस में देखकर लज्जा की मन्दता के कारण, धीरे धीरे श्रीगोविन्द को ही प्राप्त हो गये, अर्थात् श्रीकृष्ण के पास चले गये ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"गोविन्दश्च तांस्तथाविधान्नेत्रपथान् विधाय मनोहतान् विज्ञाय च हसति स्म,—'एहि मन्यामहे, याज्ञिकेभ्यः स्वलभ्यमभ्यादद्धिध्वे यथा वृक्षेभ्यः' इति ॥३१॥

"तेऽपि सस्मितमूचुः,—'तत्तु भवन्त एव जानन्ति; वयमपि यत्प्रेरणसमीरणविकीर्ण-मनसो जाताः ॥'३२॥

"कृष्णस्त्वन्तर्यज्ञपत्नीनां स्वावलोकप्रयत्नानां सङ्कल्पस्तत्र चावश्यलाभं प्रतिजानानः प्रहस्य प्रोवाच,—'आ एवं मन्यध्वे ! तर्हि भद्रम् । मया तु पत्रिणामेषां सत्रिणां च तेषां तारतम्यावधारणार्थमेव तत्रभवन्तः प्रस्थापिताः ॥३३॥

'ततस्तु, अमानिनां यथा धर्मः स्थितस्तद्वन्न मानिनाम् ।
अद्यापि चेन्न प्रतीथ द्राक् तत्पत्नीः प्रतीत च ॥३४॥

'भवन्ति च भवन्त इव यज्ञपत्नीजना मत्प्रेममात्रसयत्नधनाः । ये खलु धृतमदन-वलोकधर्षं द्व्यहतर्षं जलं पिबन्ति, त्र्यहात्यासं द्वित्रग्रासं भुञ्जते ।' सर्वे सवैलक्ष्यमाचक्षत,—'हन्त सत्यमेवेदम् ।' कृष्ण उवाच,—'बाढम् ।' सर्वे साश्चर्यमूचुः,—'तर्हि कुतुकमिदं विदाङ्कुरवाम ॥'३५॥

श्रीकृष्ण भी उस प्रकार से हताश उन ग्वालबालों को देखकर, अपने प्रार्थनीय से निवारित जानकर हँस गये। और बोले कि—आओ ! प्यारे मित्रो ! मालूम होता है कि जैसे वृक्षों से फल ले आते थे, उसी प्रकार उन याज्ञिक ब्राह्मणों से अपने प्राप्त करने योग्य वस्तु को ले आये हो ? ॥३१॥

वे भी मन्दमुस्क्यानपूर्वक बोले—उसको भी आप ही जानते हैं। क्योंकि हम सब भी जिसकी प्रेरणा-रूप वायु से विक्षिप्त चित्तवाले बन गये ॥३२॥

श्रीकृष्ण तो अपने दर्शन के लिए प्रयत्न करनेवाली, यज्ञपत्नियों के अन्तःकरण की बात को जानकर, उनका स्मरण करते हुए और वहाँ पर अवश्य प्राप्ति की प्रतिज्ञा करते हुए हँसकर बोले—यदि तुम सब मुझे इस प्रकार जानकार मानते हो, तब तो बहुत अच्छी बात है। क्योंकि मैंने तो (निरपेक्ष परोपकारी) इन वृक्षों के तथा उन यज्ञ करनेवाले ब्राह्मणों के तारतम्य को निश्चयपूर्वक जानने के लिए ही, आप सबको उनके पास भेजा था ॥३३॥

उसके बाद पुनः बोले कि—देखो, भाइयो ! अमानीजनों का जैसा धर्म होता है, वैसा मानीजनों का नहीं होता। यदि तुमको आज भी मेरी बात पर विश्वास न हो तो, शीघ्र ही उन यज्ञ करनेवालों की पत्नियों के पास चले जाओ ॥३४॥

और वे यज्ञपत्नीजन आप सबकी तरह, मेरे प्रेममात्र धन में ही प्रयत्न करनेवाली हैं। और मेरे दर्शन के अभाव की पीड़ा को धारण करती हुईं, दो दिन प्यासी रहकर तीसरे दिन थोड़ा सा जल पीती हैं, तथा तीन दिन बिताकर दो तीन ग्रास भोजन करती हैं। यह बात सुनकर सभी सखा आश्चर्यपूर्वक बोले—अहह ! क्या यह बात सत्य है ? श्रीकृष्ण बोले—निश्चय सत्य है। सभी आश्चर्यपूर्वक बोले—तब तो इस कौतुक को हम सब (प्रत्यक्ष करके) जान लेंगे ॥३५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इति कृष्णोद्यमनु सोद्यमतया तत्र तन्निमेषत एव जिगमिषत्सु तेषु सप्रणयवत्सु कृष्णः सतृष्णमुवाच,—'अन्नं च तत्र श्रीमदार्यादिसहितमदर्थमर्थयध्वम् ।।'३६।।

"अथ पुनरतीव कौतुकद्रवतः परस्परमतीत्य द्रवन्तः पत्नी-शालायां द्विज-पत्नी-विलोकयामासुस्ताभिर्विलोकयामासिरे च, कृष्णात् प्रति च निश्चिक्यिरे ।।३७।।

"विलोकनात् पूर्वक्रमस्तु यथा—

सा कापि ध्वनिमाधुरी स्वरकलारागावलीवल्गुता
वर्णन्यासशुभंयुता कविजनस्तव्यार्थचित्रप्रथा ।
कंसारेर्गुणरूपकेलिकलना वाष्पादिभिः सार्द्रता
यज्ञस्त्रीकलिता क्रमादिह सखीनार्द्रानकार्षीन्मुहुः ।।३८।।

"ततश्च ताः—

गवाध्वसम्बद्धनिबद्धवस्त्रकान्, प्रशस्तवेत्रान्मुरलीपुरस्कृतान् ।
पिच्छावतंसानवतंससुन्दरान्, विलोक्य कृष्णागममप्यमंसत ।।३९।।

ततश्च यत् कृष्णसमागमं ते, व्यजिज्ञपन् विज्ञवराः प्रणम्य ।
तास्तद् द्विरुक्तायितमप्यपूर्वं, पूर्वं च मत्वा न विदुः स्म कृत्यम् ।।४०।।

इस प्रकार कहकर श्रीकृष्ण के वचन के पश्चात् प्रेमभरे वे ग्वालबाल, उद्योगपूर्वक पलकभर में ही जब वहाँ पर जाने की इच्छा कर रहे थे, तभी श्रीकृष्ण तृष्णापूर्वक बोले—देखो, मित्रो ! वहाँ पर अन्न भी, पूजनीय श्रीबलदेवजी के सहित मेरे लिए माँगना ।।३६।।

उसके बाद उन ग्वालबालों ने अत्यन्त कौतुकमय वेग के कारण, एक दूसरे को परस्पर में लाँघकर, दौड़ते हुए जाकर पत्नीशाला में विप्रपत्नियों को देखा, और विप्रपत्नियों ने ग्वालबालों को देखा, तथा उन ग्वालबालों को श्रीकृष्ण के प्रतिनिधि रूप में ही निश्चित किया ।।३७।।

उन यज्ञपत्नियों के दर्शन से पहले का क्रम तो इस प्रकार है, यथा—यज्ञपत्नियों के द्वारा वर्णन की गई उस अनिर्वचनीय किसी ध्वनि की मधुरता ने, सप्तस्वरों की कला से युक्त रागश्रेणी की रमणीयता ने, वर्णों के विन्यास की मङ्गलयुक्तता ने कविजनों के द्वारा प्रशंसनीय अर्थ की विचित्र प्रथा ने, श्रीकृष्ण के गुण, रूप, लीला आदि की वर्णना ने, एवं प्रेम के कारण उत्पन्न हुए वाष्प आदिकों से प्रगट हुई स्नेहमयी आर्द्रता ने, यज्ञपत्नीशाला में श्रीकृष्ण के सखाओं को क्रमशः बारम्बार आर्द्र कर दिया, अर्थात् स्नेह से द्रवीभूत कर दिया ।।३८।।

तदनन्तर उन यज्ञपत्नियों ने गोचारण के मार्ग के योग्य वस्त्रों को धारण करनेवाले, प्रशंसनीय वेत्र (बेंत) वाले, मुरली को आगे करनेवाले, मस्तक पर मोरपङ्ख का भूषण धारण करनेवाले, तथा कानों के भूषणों के द्वारा परम सुन्दर उन ग्वालबालों को देखकर, श्रीकृष्ण के आगमन को ही मान लिया ।।३९।।

तदनन्तर विज्ञवर उन ग्वालबालों ने ब्राह्मणियों को प्रणाम कर, श्रीकृष्ण के आगमन का जो विज्ञापन किया, उसको वे यज्ञपत्नियाँ बार बार कहने पर भी, पहले आश्चर्य को ही मानकर, गृहसम्बन्धी सभी कार्यों को भूल गईं ।।४०।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यस्याजस्रदिदृक्षया विदलितप्रायाः सदामूः स्थिता-
स्तस्य प्राणसुहृद्वराः स्वयममी तत्प्रेरणादागताः ।
तत्सम्प्राप्तिमवादिषुः पुनरदः प्रार्थ्यं च किञ्चित्तद-
प्यन्नं तत्र कथं कथं कथय ताः प्राप्स्यन्ति धैर्य-स्थितिम् ? ॥४१॥

"ततश्च, योग्यमत्र किमयोग्यमित्यमू,-र्नेयभोज्यविवृतावनिर्णयाः ।
तत्तदीयमखिलं च भाजनं, क्षिप्रमाददत विप्रसुभ्रुवः ॥४२॥
अथ पुरस्कृतगोपसुतायुता, विविधभोजनभाजनमस्तकाः ।
प्रतिपदक्रमणं कियदग्रतः, स इति तर्षिगिरः परिचक्रमुः ॥४३॥
आमोदः कान्तिपूरः सुखददपदता गर्जदूर्जस्विभाषा
विद्युद्विद्युद्घनश्रीः स्मितवदनविधुद्योतलक्ष्मीप्रचारः ।
आयान्त्वित्युक्तिहस्तप्रथनमधुरिमा यत्क्रमादाविरासीत्
कंसारातेस्तदासां प्रतिपदमुदभूद्बाढमाकर्षणाय ॥४४॥
यामुने सममशोककानने, गोपकैः स विहरन्मुदान्वितः ।
ऐक्षि भूसुरवधूभिरीक्ष्यतां, ध्यानमेव गतमित्यमानि च ॥४५॥

और देखो ! जो यज्ञपत्नियाँ श्रीकृष्ण के निरन्तर दर्शन की इच्छा से प्रायः विदलित चित्त होकर स्थित थीं, एवं उन्हीं श्रीकृष्ण की प्रेरणा से उन्हीं के प्राणप्यारे मित्रवर्य, वे सब ग्वालबाल स्वयं आकर उपस्थित हो गये, तथा श्रीकृष्ण की प्राप्ति को भी उन्होंने कह दिया, और श्रीकृष्ण का प्रार्थनीय विषय भी बहुत थोड़ा सा था, वह भी, अन्न ही माँगना था। अब बताओ, ऐसी स्थिति में वे यज्ञपत्नियाँ किस किस प्रकार धैर्य की स्थिति को प्राप्त करेंगी ? ॥४१॥

तदनन्तर वे यज्ञपत्नियाँ इस समय क्या करना उचित है, क्या नहीं, इस प्रकार के विचार में पड़ कर, श्रीकृष्ण बलदेव के पास ले जाने योग्य भोजन के विवरण करने में निर्णयरहित हो गईं। अतः उन विप्रपत्नियों ने अनेक प्रकार के भोजनों से भरे हुए सारे पात्रों को शीघ्र ही ग्रहण कर लिया ॥४२॥

उसके बाद अयुत (दश हजार) संख्यावाले गोपबालकों को आगे करके, अनेक प्रकार के भोजनों के पात्रों को अपने अपने मस्तक पर धरकर, चलनेवालीं वे ब्राह्मणियाँ प्रत्येक चरण के धरने में "श्रीकृष्ण आगे और कितनी दूर हैं ?" इस प्रकार दर्शन की तृष्णाभरी वाणी को बोलती हुईं, चारों ओर से चल दीं ॥४३॥

उस समय श्रीकृष्ण के अङ्ग की दिव्य सुगन्ध, कान्ति का प्रवाह, सुख देने के स्थान का भाव, गर्जती हुई तेजस्विनी भाषा, चमकती हुई बिजली से युक्त मेघ की सी शोभा, मन्दमुस्कयान से युक्त मुखरूपी चन्द्रमा की प्रकाशयुक्त शोभा का प्रचार, "आप सब आइये पधारिये" इस प्रकार कहकर हाथ चलाने की मधुरिमा, इत्यादि भाव जो क्रमशः प्रगट हुए, वे सब मानो उन यज्ञपत्नियों को पद पद पर खेंचने के लिए ही समर्थ हो गये ॥४४॥

तदनन्तर यमुना तीरवर्ती अशोकवन में, ग्वालबालों के सहित हर्षपूर्वक विहार करते हुए, श्रीकृष्ण को विप्रपत्नियों ने देखा। और "फुल्लेन्दीवरकान्तिमिन्दुवदनं बर्हावतंसप्रियं" इत्यादि रूप से वे श्रीकृष्ण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यत्र भूसुरभार्यास्तं सुरभाव्यपदं ययुः ।
अशोक-काननं तत्तु बभूवाशोक-काननम् ॥४६॥

"ततश्च ताः सपुलकपुलकतया तमवलोकयामासुः ॥४७॥

"तथाहि लोकानां गीतम्,—

'कृष्णमपश्यन् पीतदुकूलम् ।
बिभ्रतमचिततममर्चिर्नवघनचपलारुचिमूलम् ॥ध्रु॥
शिरसि शिखण्डावलिमुरसि स्रजमपि दधतं गिरिधातुम् ।
इन्द्रधनुर्युगमध्यमधुरतरसन्ध्यां ध्रुवमतियातुम् ॥
उदयदरुणदरकिरणं तम इव विरचित-चिरतरशोभम् ।
नवकिसलयदलवलितं कचकुलमनु कलिताखिललोभम् ॥
भालोपरिमिलदलक-तति श्रुतिकुमुदमुदञ्चि कपोलम् ।
स्मितमुखमुपमितलक्षणतारायुगधरशशधरगोलम् ॥

का नित्य जो ध्यान किया करती थीं, वह ध्यान ही मानो आज साक्षात् दर्शनीयता को प्राप्त हो गया है, ऐसा मान लिया ॥४५॥

जिस अशोक कानन (वन) में ब्राह्मणपत्नियों ने, देवताओं के द्वारा चिन्तनीय चरणोंवाले श्रीकृष्ण को प्राप्त किया, वह अशोक कानन तो सच्चा ही अशोक कानन बन गया, अर्थात् शोकरहित कानन, अथवा "न विद्यते शोको यत्र (बहुव्रीहौकप्) तादृशं आननं यस्मात् तथा भूतं" नहीं है शोक जिसके ऊपर, ऐसा शोकरहित मुख जिसके द्वारा हो जाता है, एवंगुणविशिष्ट वह अशोक कानन हो गया ॥४६॥

तदनन्तर उन यज्ञपत्नियों ने पुलकावलियों से युक्त होकर श्रीकृष्ण का दर्शन किया ॥४७॥

उनके दर्शन सम्बन्धी विषय को वर्णन करनेवाला लोगों का गायन, यथा—प्रभा से युक्त नवीन मेघ में चमकती हुई चपला (बिजली) की कान्ति के मूलस्वरूप, एवं परम प्रशंसनीय पीताम्बर को धारण किये हुए श्रीकृष्ण को यज्ञपत्नियों ने देखा ॥ध्रुव॥

उस समय मानो दो इन्द्रधनुषों के मध्य में अतिशय मनोहर सन्ध्याकाल को जीतने के लिए ही, श्रीकृष्ण अपने मस्तक पर शिखण्डावली (मयूरपिच्छपंक्ति) को, वक्षःस्थल पर वनमाला को, एवं गेरु आदि पर्वत की धातुओं को धारण किये हुए थे।

और प्रातःकाल में उदय होते हुए अरुण की थोड़ी सी किरणों से युक्त अन्धकार की तरह, बहुत देर तक शोभा की रचना करनेवाले, एवं नवीन रक्तवर्ण के पत्रों से युक्त श्रीकृष्ण के काले केशसमूह को देख कर, सभी को बारम्बार देखने का लोभ उत्पन्न हो जाता था।

श्रीकृष्ण के ललाट पर घुंघराली अलकावली सम्मिलित हो रही थी, कानों के श्वेतवर्ण के कुमुदपुष्पों के हर्ष से कपोल शोभायुक्त हो रहे थे, एवं श्रीमुख मन्दहास्य से युक्त था। उस समय ऐसा प्रतीत होता था मानो दो ताराओं को दोनों ओर धारण करने वाला, लाञ्छन से युक्त, गोलाकृति चन्द्रमा ही उपमित हो रहा है, अर्थात् उपमा पा रहा है। यहाँ पर श्रीकृष्ण का मुख ही चन्द्र स्थानीय है, अलकावली लाञ्छन स्थानीय है, दोनों कानों के श्वेतकुमुद पुष्प ही युगलतारा स्थानीय हैं, ऐसा जानना चाहिए।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृतनटवेषविशेषविलक्षणलक्षणमुपचितरूपम् ।
कर्तुमिवामृतवृष्टिमुदितमिह कञ्चन जलधरभूपम् ॥
चित्रं तत्र च मित्र-स्कन्धार्पितबन्धावरहस्तम् ।
निर्मलकमलविधूनन-दक्षिण-दक्षिणकररुचि-शस्तम् ॥' इति ॥४८॥

"श्रुत्वा शश्वत् स्फुटमहह यं द्रष्टुमाशा निबद्धा
स द्रागैक्षि स्वयमिति गतस्तत्कृतस्तापवर्गः ।
यः कश्चिद्वा व्यवहिततया तस्य लेशस्तु शिष्टः
सोऽप्यावेशान्मिलनतुलितात्तासु न स्फूर्तिमाप ॥४९॥

"अथ भोजन-भाजनानि शिरस्तःकृत्य स्थितासु तासु सकलभावविचक्षणः स्मितावलोक-लक्षण-स्वमुखमाधुर्यधुर्यः सुविचार्य यस्य कृते प्रयस्यन्ति स्म, तास्तदेतदवधार्य तासां वांछितं किञ्चिदञ्चयन् वञ्चयंश्च काञ्चनवसनः काञ्चन वाचमुवाच, ॥५०॥

"(भा० १०।२३।२५)—'स्वागतं वो महाभागा' इति प्रायश्चायमस्याभिप्रायः,—

'अहो बत महाभागा युष्माकं भूरिभारता ।
जाता सङ्कोचयत्यस्मान् पृच्छध्वे स्वागतं ततः ॥' इति ॥५१॥

उस समय विशेषरूप से नटवेष ही बना रखा था, उससे विलक्षण चिह्न प्रकाश पा रहे थे, एवं रूप भी अच्छी प्रकार वृद्धि को पा रहा था। इन सब चिह्नों के द्वारा यही बोध होता था कि, मानो कोई एक जलधरराज अमृत की वर्षा करने के लिए ही, इस अशोकवाटिका में प्रगट हुआ है।

उसमें भी आश्चर्य की बात तो यह है कि—अपने मित्र के कन्धे पर अपना वामहस्त अर्पित करके, एवं निर्मल कमल को परमप्रवीण अपने दक्षिण हाथ द्वारा घुमा रहे थे, उस घुमाने की शोभा से प्रशंसनीय हो रहे थे; इस प्रकार की शोभा से युक्त श्रीकृष्ण को ब्राह्मणियों ने देखा ॥४८॥

अहह ! उन यज्ञपत्नियों ने जिनके विषय में, निरन्तर श्रवण कर जिनको साक्षात् देखने के लिए, अपने हृदय में आशा का बन्धन डाला था, वे श्रीकृष्ण उन्होंने स्वयं शीघ्रतापूर्वक देख ही लिए, अतः दर्शन की आशा से जनित मानसिक तापसमूह दूर हो गया। और उस मानसिक ताप का जो कुछ लेश, वियोग के कारण दूर रहने से अवशिष्ट रह गया था, वह भी प्रायः मिलन के सदृश आवेश से उन यज्ञपत्नियों में स्फूर्ति नहीं पा सका ॥४९॥

उसके बाद भोजन के पात्रों को मस्तक पर ही धरकर, वे ब्राह्मणियाँ जब खड़ी थीं, उसी समय सभी के भाव को जानने में सुचतुर, मन्दमुस्क्यानयुक्त दर्शनस्वरूप, अपने मुख के माधुर्य के दान करने में अग्रगण्य, सुवर्ण के से पीताम्बर को धारण करनेवाले श्रीकृष्ण अच्छी प्रकार विचारकर, "जिस अन्न के भार के लिए वे प्रयास कर रही थीं, उनके उस प्रयास को निश्चित कर" उनकी अभिलाषा का किंचित् सम्मान करते हुए, एवं किंचिद् वञ्चित करते हुए, कुछ वाणी बोले— ॥५०॥

हे महाभाग्यवती ब्राह्मणियो ! आपका स्वागत है। प्रायः इस कहने का अभिप्राय यह है कि—अहो ! खेद का विषय, हे महाभाग्यवतियो ! आप सबका अधिक भार से पीड़ित होना ही, हमको संकुचित कर रहा है। इसीलिए आप पूछी जाती हो कि, आपका आगमन सुखपूर्वक हुआ है न ? इति ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवमेहिस्वागतां क्रियामाचर्य तत्प्रत्युत्तरसङ्कथने तासां सङ्कोचं विचार्य पुनरुवाच,—'आस्यताम्' इति ॥५२॥

"अस्य चायमभिप्रायः,—

'स्वागतपृच्छादिकमपि, विश्रमकार्यं विलम्बितं तनुते ।
तस्मात्तत्परिपाटी,-मजहां भवतीभिरास्यतामेव ॥' इति ॥५३॥

"ततश्च प्रणयप्रणेयतया विख्यातः सोऽयमासामसङ्कोचाय स्वयं भारमवतारयन्नेव समुपविशन्नेव च ताः सदेश एव समुपवेशयामास ॥५४॥

"पुनरुवाच च,—'करवाम किम्' इति ॥५५॥

"अत्र चेदं निवेदनमिव विभावितवान्,—

'अस्मानयमुपकर्तुं, वांछति तद्दते तु संकुचन्नास्ते ।
इति संकुचितात्मानः, स्वयमनुजानन्तु तत्तु भूदेव्यः ॥'५६॥

"अथ तासामात्मदर्शनमात्रवांछाविमर्शनपूर्वमुवाच, (भा० १०।२३।२५)—'यन्नो दिदृक्षया प्राप्ता उपपन्नमिदं हि वः' इति ॥५७॥

"अत्र चायमर्थः,—

'अस्मद्दर्शनमात्रं, यद्वोऽभीष्टं तदेव युक्तं च ।
तत्र हि हेतुर्यूयं, तादृशसुष्ठुस्वभावाः स्थ ॥'५८॥

पश्चात् "आइये, आपका स्वागत है" इस प्रकार की क्रिया का आचरणकर, उसके प्रत्युत्तर कहने के विषय में उनके सङ्कोच को विचार कर, श्रीकृष्ण पुनः बोले कि—"आप बैठ जाइये" ॥५२॥

इस कथन का यह अभिप्राय है कि—स्वागत पूछना आदि यद्यपि शिष्टाचार है, तथापि वह पूछना आदि पथिक के विश्राम आदि कार्य में किंचिद् विलम्ब का विस्तार कर देता है। इसलिए मैंने उस परिपाटी को त्याग दिया है, अतः "आप सब बैठ जाइये" यही वचन प्रयोग किया है ॥५३॥

तदनन्तर प्रेम के वशीभूत होकर, विख्यात हुए श्रीकृष्ण ने, उनके सङ्कोच को दूर करने के लिए, उनके मस्तक से स्वयं भोजन के भार को उतारते ही, और स्वयं आसन पर बैठते ही, उन ब्राह्मणियों को भी अपने पास ही बैठा लिया ॥५४॥

पुनः बोले—"कहिये, आपकी क्या सेवा करें ?" ॥५५॥

इस कथन में श्रीकृष्ण ने इस निवेदन का सा विचार किया कि—"ये श्रीकृष्ण हमारा कुछ उपकार करना चाहते हैं, उस उपकार के बिना तो संकुचित हो रहे हैं" इस बात को मन मन में विचार कर संकुचित आत्मावाली ब्राह्मणियों के भाव को जानकर बोले कि—हे ब्राह्मणियो ! तुम्हारी आत्मा जिस कारण संकुचित है, उसको मैंने जान लिया है। अतः उस उपकार के लिए मुझे स्वयं अनुज्ञा दीजिये ॥५६॥

उसके बाद उन ब्राह्मणियों की केवल अपने दर्शनमात्र की वाञ्छा को विचार कर बोले—हे विप्र-पत्नियो ! आप सब हमको देखने की इच्छा से जो आई हो, यह आपका मनोरथ युक्तियुक्त है ॥५७॥

इस कथन का गूढ़ार्थ यह है कि—हे ब्राह्मणियो ! हमारा दर्शनमात्र ही जो तुम्हारा अभीष्ट है, वही युक्तियुक्त है। उस विषय में भी उस प्रकार के सुन्दर स्वभाववाली तुम सब कारणरूप हो ॥५८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तस्य स्वभावस्य सुष्ठुभावत्वं विभावयन् पुनरुवाच,—

'मद्विषया वः प्रीतिः, कौशल्यादेव नान्यतः सचते ।
यन्मयि कुशलाः सर्वे, वीक्ष्यन्ते प्रीतिकर्तारः ॥'५९॥

"तत्र कुशलानां कैमुत्यं प्रत्याययन्नुवाच,—

'पश्याम्यहमिह सर्वं, मत्प्रेमांशादशेषगप्रीतिम् ।
निरुपधि यन्मयि जन्तुः, प्रीणात्यन्यत्र सोपाधि ॥'६०॥

"तदेवं साधारणतावधारणं तथा सन्निधानस्थितिविधानमुपसीदत् प्रत्याचक्षाणः प्राह स्म,—

'सर्वत्र तु मत्स्फूर्ति,-र्न भवति बत सर्वदेति पूर्तिर्न ।
भवतीरनु सा नित्या, यैव च मत्सन्निधानरूपैव ॥६१॥
तस्मात् पतिसुतवलितं, निलयं त्वरया प्रयात ता यूयम् ।
मम च ततः सुखमुच्चैः, सामञ्जस्यं हि सर्वतो वश्मि ॥'६२॥

"तदेवं व्रजदेवकुमारतः श्रुतं सुकुमारमपीदं वचनमापात-सम्पातहीनतया दुःसहरचनं मन्यमानाः प्रतिवचनमाचेरुः,—॥६३॥

तदनन्तर उनके उस स्वभाव की सुन्दरता को विचारते हुए पुनः बोले—हे ब्राह्मणियो ! तुम्हारी मद्विषयक जो प्रीति है, अर्थात् मुझ में जो निष्काम प्रीति है, वह भी तुम्हारी कुशलता से ही अर्थात् तुम्हारे सौभाग्य से ही संघटित हुई है, दूसरे कारण से ऐसी विशुद्ध प्रीति नहीं मिलती है। क्योंकि सभी चतुरजन मुझ में ही प्रीति करते हुए देखे जाते हैं ॥५९॥

वहाँ पर चतुरजनों के सम्बन्ध में कैमुत्यन्याय समझाते हुए बोले, अर्थात् "सर्वसाधारणजन ही मुझ में जब प्रीति करते हैं, तब चतुरजन भी मुझ में प्रीति करते हैं, इस विषय में तो कहना ही क्या है ?" इस प्रकार कैमुत्यन्याय का बोध कराते हुए बोले—

मैं इस संसार में समस्त प्राणीमात्र को मेरी प्रीति के अंशमात्र से ही, सर्वत्र प्रीति करता हुआ देखता हूँ। क्योंकि प्राणीमात्र मुझ में तो निष्कपट स्वाभाविक प्रीति करता है, मुझसे भिन्न अन्य देवादिकों में तो फल की इच्छा से, सकाम प्रीति करता है ॥६०॥

अतएव इस प्रकार जगत् की साधारणता के अवधारण (निश्चय) पूर्वक, तथा प्रसंगानुसार प्राप्त हुए उन ब्राह्मणियों के अपने पास में रहने के विधान को खण्डित करते हुए श्रीकृष्ण बोले—हे ब्राह्मणियो ! देखो, कैसे खेद की बात है कि, सभी जगह सभी साधकों में मेरी स्फूर्ति नहीं होती, इसीलिए सर्वदा उनकी पूर्ति भी नहीं हो पाती। किन्तु आप सबको लक्ष्यकर या आश्रयकर वह स्फूर्ति नित्य ही विराजमान है। और तुम में जो प्रतिक्षण मेरी स्फूर्ति है, वह भी मेरी सन्निधिरूप ही समझो ॥६१॥

इसलिए एवंगुणविशिष्ट तुम सब यहाँ से पति पुत्र आदि से युक्त अपने घर को शीघ्र ही चली जाओ। ऐसा करने से मुझको महान् सुख होगा। क्योंकि मैं सब ओर से सामञ्जस्य को चाहता हूँ ॥६२॥

इस प्रकार व्रजराजकुमार से सुने हुए इस सुकुमार वचन को भी, आपाततः संगति से हीन होने पर भी, वस्तुतः युक्तियुक्त होने के कारण, दुःसह रचना से युक्त मानती हुई ब्राह्मणियाँ प्रत्युत्तर देने लगीं—॥६३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'एतत्प्रकारमपि नार्हसि वक्तुमीश !, प्राहुर्भवानिव भवानिति तत् प्रसीद ।
सत्यं कुरुष्व करवाम किमेवमङ्गी,-कारं निजांघ्रिपरिचारदशां दिशस्व ॥६४॥

विहाय सुहृदः परान् व्रजनरेशगेहेश्वरी-
पदाम्बुजमुपाश्रिताः परिचरेम तं त्वा सदा ।
इमां वचनचातुरीं बत तुरीयपूर्तिं गता-
मुरीकुरु पुरुश्रवः ! श्रवणमङ्गल ! श्रीपते ! ॥'६५॥

"अथ विकचमान-कमलसमानलोचनः सङ्कोचमनयं चालोचमानः सविनयमुवाच,—

'यथा वो बान्धवा नाभ्यसूयेरन्न च मज्जनाः ।
सुरेशाश्चानुमोदेरंस्तथा कुरुत नान्यथा ॥६६॥
युष्माकं विप्रभार्याणां परिचर्यार्थमाहृतिः ।
केनापि नानुमोद्येत प्रतीक्ष्यः समयस्ततः ॥'६७॥

"तदेवं लोचनतृष्णास्पदाय च कृष्णाय ताश्चिरस्थिरतां प्रत्यरोचमानास्तस्य सङ्कोचमालोचमानास्तत्र नातिविलम्बमानास्तदाज्ञामालम्बमानाः पत्रामत्रादिषु भोज्यं संयोज्य निजकुप्यपात्राण्याददमानास्तेन सादरं विसर्ज्यमाणाः सखिभिरनुव्रज्यमाना मुहुः परावृत्य

हे जगदीश ! आपको तो इस प्रकार कठोर वचन बोलना भी उचित नहीं है । क्योंकि सभी भक्ति-तत्त्ववेत्ता "आपके समान आप ही दयालु हो" ऐसा कहते हैं । अतः आप हम पर प्रसन्न हो जाइये । और आपने हम से अभी (हम आपकी क्या सेवा करें ?) इस प्रकार का अङ्गीकाररूप जो वचन कहा था, उसको सत्य कीजिये, तथा अपने चरणों के सेवक वर्गों की दशा को अर्पण कीजिये, अर्थात् हमको भी निज-चरणसेविका बना लीजिये ॥६४॥

हे विपुलकीर्ते ! हे श्रवणमात्र से मंगल करनेवाले ! श्रीपते ! हम अपने सांसारिक सभी सुहृदों को छोड़कर, श्रीव्रजराज की गृहेश्वरी नन्दरानीजू के चरणारविन्दों का आश्रय लेकर, सदा आपकी परिचर्या (सेवा) किया करेंगी । अतः सम्पूर्णता को प्राप्त हुई हमारी इस वचन चातुरी को सहर्ष अङ्गीकार करो ॥६५

तदनन्तर खिले हुए कमल के समान नेत्रोंवाले श्रीकृष्ण, संकोच एवं अन्याय की आलोचना करते हुए विनयपूर्वक बोले—हे ब्राह्मणियो ! तुम्हारे बन्धुजन, एवं मेरे बन्धुजन जिस प्रकार दोषाविष्कार न कर सकें, तथा ब्रह्मा आदि देव भी जिस प्रकार अनुमोदन कर दें, उसी प्रकार करो । अन्यथा करना उचित नहीं ॥६६॥

और देखो ! आप सब ब्राह्मणों की भार्या हो । अतः सेवा के लिए तुम्हारे अङ्गीकार को कोई भी अनुमोदन न कर सकेगा । इसलिए "मेरी सेवा के योग्य देह की प्राप्ति, तथा प्राकृत देह के त्यागरूप" समय की प्रतीक्षा करना उचित है, अथवा शास्त्र के सिद्धान्त का विचार करना उचित है ॥६७॥

श्रीकृष्ण की इन बातों को इस प्रकार सुनकर, नेत्रों की तृष्णा के स्थानस्वरूप श्रीकृष्ण के निकट अपनी चिरकाल तक उपस्थिति को रुचिकर न मानती हुईं, वे यज्ञपत्नियाँ श्रीकृष्ण के संकोच की आलोचना (देखभाल) करती हुईं, वहाँ पर अधिक विलम्ब न करती हुईं, श्रीकृष्ण की आज्ञा को स्वीकार करती हुईं, पत्ररचित पात्रों में भोजन को धरकर, अपने पीतल आदि के पात्रों को ग्रहण करती हुईं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तमेव विलोकमाना भृशं संवर्धिकृच्छ्रं कलयमानाः कथंकथमपि गृहगतिं प्रति सचमानाः स्ववंशप्रथमानां यशःप्रथां प्रथयमाना वेश्मान्तः प्रविशन्ति स्म ॥६८॥

"किन्तु, यां यामाशामहह वनितास्ता द्विजानामपश्य-
न्नाशापूर्तिं प्रतिपदमसावाचरत् तासु शीघ्रम् ।
सा हि श्यामं कनकवसनं वीक्षिताकारमासां
वारंवारं दृशि विदधती चित्रभावं चकार ॥६९॥

"एवं चिरेण गृहं गृहीतवतीषु तु तासु,—
अन्नपात्राणि पात्राणि रत्नानां वीक्ष्य सक्षणाः ।
गृहाणि च गृहाधीशा न हीशामासुरूहितुम् ॥७०॥

"अनन्तरं तु,—
बाल्यक्रीडाक्रीतफलेनानेन मणिपूरितान् ।
स्वगृहान् वीक्ष्य ते विप्राः स्वपत्नीमतिमन्वयुः ॥७१॥

"ऊचिरे च,—
'तस्मै विश्वजनीनाय यास्तद्भोगीनमाहरन् ।
ता एवासन्नात्मनीना दीनास्तु बत मादृशाः ॥७२॥

श्रीकृष्ण के द्वारा आदरपूर्वक बिदाई पाती हुईं, सखाओं के द्वारा अनुगमन पाती हुईं, बारंबार लौटकर श्रीकृष्ण को ही देखती हुईं, श्रीकृष्णवियोग में अत्यन्त बढ़नेवाले कष्ट को प्राप्त होती हुईं, किसी प्रकार अति कष्ट से घर जाने के प्रति चेष्टा करती हुईं, अपने वंश के पूर्वजों के यश की प्रथा (प्रणाणी) को विस्तारित करती हुईं, अपने अपने घर के भीतर प्रविष्ट हो गईं ॥६८॥

किन्तु हर्ष की एवं आश्चर्य की बात तो यह हुई कि, घर में जाकर भी वे ब्राह्मणों की स्त्रियाँ जिस जिस दिशा को देखती हैं, वह दिशा ही इनके विषय में शीघ्र ही पद पद पर इनकी आशा को पूर्ण कर देती थी। क्योंकि वह दिशा पहले जिसके आकार का दर्शन कर चुकी हैं, ऐसे पीताम्बरधारी श्यामसुन्दर को, बारंबार उनके नेत्रों के आगे प्रगट करती हुई, आश्चर्यमयभाव को प्रगट कर देती थी। अर्थात् वे चकित होकर जिधर दृष्टिपात करती थीं, उधर ही श्रीकृष्ण का साक्षात्कार कर पाती थीं, यह उनकी तन्मयता का ही लक्षण है ॥६९॥

इस प्रकार बहुत देर के बाद जब वे घर को प्राप्त कर चुकीं, तब तो उनके घर के स्वामी अन्न के पात्रों को रत्नमय पात्र देखकर, एवं घरों को भी रत्नमय देखकर, आनन्द से परिपूर्ण होकर कुछ भी तर्क वितर्क करने को समर्थ न हो सके ॥७०॥

उसके बाद तो बाल्यलीला में फल खरीदनेवाले श्रीकृष्ण ने फल बेचनेवाली की डलिया जैसे रत्नों से भर दी थी, उसी प्रकार उन्हीं के द्वारा मणियों से परिपूर्ण अपने घरों को देखकर, उन ब्राह्मणों ने अपनी स्त्रियों की बुद्धि का अनुगमन किया, अर्थात् वे भी श्रीकृष्ण को परमेश्वर मानने लग गये ॥७१॥

और बोले कि—विश्व के हितकारी श्रीकृष्ण के लिए जो हमारी स्त्रियाँ श्रीकृष्ण के भोग के हितार्थ खाद्य सामग्री ले गईं, वे ही अपनी आत्मा की हितकारिणी हुईं। हाय! हम जैसे दुर्बुद्धि जन तो दीन ही रहे ॥७२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मा जीवन् यस्य कृष्णाय क्रमते चक्षुरादि न ।
म्रियमाणश्च मा यस्य तस्मै तत् तत् प्रवर्तते ॥७३॥

स किञ्जीवः स कुब्रह्मः सुपर्वहतकश्च सः ।
राजीवनयनं यस्तु नाजीवनतया भजेत् ॥'७४॥

"अथ कृष्णाय तृष्णां ते दधुर्वृष्णिपुरद्विजाः ।
किन्तु धृष्णकंसभिया नाजग्मुः कृष्णमीक्षितुम् ॥७५॥
एकेन केनचित् पूर्वं भार्यामार्यातिगामिव ।
निवार्य वार्यता लब्धा वार्यतायामिति श्रुतम् ॥७६॥

"ततश्च तेषामुचितमेव, यतः,—

'क्षणादुच्चैः क्षणान्नीचैर्गतिभाजां कनीयसाम् ।
रेणूनामिव कार्माणां विषमा रीतिरीक्ष्यते ॥७७॥

पूर्वी कृष्णस्य सेवायामिष्टौ वा तत्र यः सदा ।
अधीतौ वा भागवते भक्तपूर्वी स तं भजेत् ॥७८॥

जिस व्यक्ति की चक्षु आदि इन्द्रियाँ श्रीकृष्ण के लिए सेवार्थ प्रवृत्त नहीं होती हैं, वह तो निन्दित जीवन से मरा ही भला। और जिसकी चक्षु आदि इन्द्रियाँ श्रीकृष्ण के सेवार्थ प्रवृत्त होती हैं, वह व्यक्ति कभी न मरे ॥७३॥

और जो व्यक्ति जीवनभर कमलनयन श्रीकृष्ण का भजन नहीं करता, वह तो कुत्सित (निन्दित) जीव है, वही निन्दित ब्राह्मण है या कुतपस्वी है, वही दुर्दैव के द्वारा पीड़ित है, ऐसा समझना चाहिये ॥७४॥

उसके बाद वे मथुरावासी ब्राह्मण श्रीकृष्ण के देखने के लिए, अपने अपने मन में तृष्णा को तो धारण कर चुके थे, किन्तु अत्यन्त धृष्ट कंस के भय से श्रीकृष्ण को देखने के लिए उनके पास न आ सके ॥७५॥

किसी एक ब्राह्मण ने, पति का उल्लंघन करनेवाली की तरह अपनी स्त्री को (श्रीकृष्ण के दर्शनार्थ जाने से) रोककर, (यज्ञादि श्रेष्ठ कार्य की) वरणीयता में निषिद्धता को प्राप्त कर लिया ऐसा सुना जाता है। (वह स्त्री तो श्रीकृष्ण के ध्यानपूर्वक देह त्यागकर श्रीकृष्ण से जा मिली) ॥७६॥

उसके बाद श्रीकृष्णदर्शन की लालसा से युक्त हुए भी, वे ब्राह्मण कंस के डर के मारे उनके दर्शनार्थ जो नहीं जा सके, उनका ऐसा करना उचित ही प्रतीत होता है, क्योंकि क्षणभर में ऊँची एवं क्षणभर में नीची गति को प्राप्त करनेवाले, अत्यन्त छोटे छोटे धूलिकणों की तरह भगवत् प्रीतिविहीन, कर्मपरायणजनों की रीति प्रायः विषम ही देखी जाती है ॥७७॥

जो व्यक्ति पहले अर्थात् पूर्वजन्म में श्रीकृष्ण की सेवा कर चुका है, अथवा जो पहले श्रीकृष्ण प्रीत्यर्थ सदा यजन पूजन कर चुका है, अथवा जो पहले श्रीमद्भागवत का विधिपूर्वक अध्ययन कर चुका है, अथवा पहले जो भजन कर चुका है, वह अधिकारी व्यक्ति ही (इस जन्म में भी श्रीकृष्ण का भजन कर सकता है) ॥७८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ हरिरिदमन्नं सख्ययुक्तानसङ्ख्यान्, निजकरकृतपूर्ति प्राशयन् धेनुसङ्ख्यान् ।
स्वयमपि हसितेन श्लाघयास्वादनेन, प्रतिपदमुपयुज्य स्फारपर्व व्यतानीत् ॥७९॥

"तत्र च तैर्भोज्यमधुरादिभिरुपयोज्यमानः श्रीकृष्णं मधुमङ्गल उवाच,—'सुष्ठु मिष्टमिदं पाकिमतापन्नमन्नजातं याचितकमप्यमृतायते; नेदृशमापमित्यकममृतं वा; यत् खलु भूमिस्खलितं सरजसं कणमप्यभ्यवहर्तुमीहामहे । तस्मादस्माकमेव पर्णशालाभ्यर्णे ताः कुटीर्विधाय तिष्ठन्तु, तत्कृतमधुरपरिपाक-पाकशाकसूपपूपपुटीस्तु सवयसो वयमेव युष्मभ्यमुष्णाः कोष्णा एव समर्पयिष्यामः ।' तत्राप्याह, प्राग्रहरतया प्राग्रहर एव भविष्यामीति स्थिते को वायं दोषः, किन्तु रोषभिया न वक्तुं शक्ताः स्म ॥'८०॥

"कृष्ण उवाच,—'आद्यून! नूनमुन्मदिष्णुतयापत्रपिष्णुतामप्यतिचरिष्णुर्जातोऽसि ॥८१॥

"अथ सर्वेऽपि हसन्तः प्रोचुः,—'प्रियवयस्य ! यद्यप्यसौ परान्नतारोचनमापन्नस्तर्हि स एष एव तुन्दपरिमृज इव विप्रसुन्दरीणां तासामुपासनां घटयमानस्तद् वाट-तटगमुटजमधितिष्ठन् सम्भवदाशितम्भवान् मिष्टमिष्टविघसभोजनान्निजमिष्टं रचयतु ॥'८२॥

उसके बाद श्रीकृष्ण ने उन यज्ञपत्नियों के इस सात्त्विक अन्न को, अपने हाथों में भर भर कर, सख्यभाव से युक्त असंख्य ग्वालबालों को खिलाते हुए, स्वयं भी हास्य परिहास, प्रशंसा, एवं आस्वाद के सहित प्रत्येक वस्तु को उपयोग में लाकर, महामहोत्सव का विस्तार कर दिया ॥७९॥

उस महोत्सव में श्रीकृष्ण के द्वारा उन खाने योग्य मधुर पदार्थों के द्वारा उपसंयुक्त किया गया, अर्थात् भरपेट खिलाया गया मधुमङ्गल श्रीकृष्ण से बोला—भैया कन्हैया ! अच्छी प्रकार पका हुआ एवं अत्यन्त मीठा यह अन्नसमूह, याचना के द्वारा प्राप्त होने पर भी, अमृत जैसा प्रतीत होता है । और जो वस्तु किसी वस्तु के बदले में प्राप्त होती है उसको 'आपमित्यक' कहते हैं, एवं बिना माँगे जो वस्तु मिलती है उसको 'अमृत' कहते हैं । ये दोनों प्रकार की खाद्य वस्तुएँ भी ऐसी स्वादजनक नहीं मालूम पड़तीं, जैसा कि माँगा हुआ भी इन ब्राह्मणियों का अन्न स्वाद लगता है । इसलिए भूमि पर गिरे हुए, धूलि से सने हुए, जिसके एक कण को भी, हम सब खाने की चेष्टा कर रहे हैं । अतः मेरी इच्छा तो यह है कि—वे ब्राह्मणियाँ हमारी पर्णशाला के पास ही कुटी बनाकर रह जायँ तो भला हो, ऐसा करने से उनके द्वारा बनाये गये मधुर परिपाक से युक्त पाक, शाक, दाल, पूआ, पूरी आदि के डिब्बा तो, हम सब चतुर सखा ही, तुम्हारे लिये किंचित् उष्ण ही, समर्पित कर दिया करेंगे । उनमें भी मैं श्रेष्ठ होने के कारण, पहले खानेवाला ही बन जाऊँगा । ऐसी स्थिति यदि बन जाय तो उसमें कौन दोष है ? किन्तु आपके कोप के भय से हम कुछ कह नहीं सकते हैं ॥८०॥

श्रीकृष्ण बोले—अरे आद्यून, अर्थात् भुक्खड़ ! पेटू ! तू तो निश्चय ही उन्मादी होने के कारण लज्जाशील व्यक्ति के भाव को भी अतिक्रमण करनेवाला बन गया है, अर्थात् पूरा निर्लज्ज बन गया है ॥८१

पश्चात् सभी हँसते हुए बोले—हे प्रिय मित्र ! यदि यह मधुमङ्गल दूसरे के अन्न को खाकर जीने वाले की सी रुचि को प्राप्त हो गया है, तब तो यह आलसी की तरह उन ब्राह्मण पत्नियों की उपासना को करता हुआ, उनके मार्ग के किनारे पर बनी हुई पर्णशाला में बैठकर, विशेष तृप्तिकारक मीठे मीठे उनके उच्छिष्ट भोजन से अपने अभीष्ट की रचना कर ले, अर्थात् अपने मनोरथ को पूरा कर ले ॥८२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्ण उवाच,—'साधूक्तं व्यक्तमिदं भगवतीविदितं विधास्यामः ॥'८३॥

"मधुमङ्गलस्तु सक्रोधमिवोवाच,—'युवराज ! गर्धनतया कुक्षिम्भरयस्त एत एव मुहुरशनायां स्मरयन्तः सर्वत्र च घस्मरा एव भण्यन्ते, भिक्षायामक्षामसमुद्यमतया सर्वान्नीनाश्च लक्ष्यन्ते, न तु वयम् ॥'८४॥

"सर्वेऽप्यूचुः,—'वावदूक ! विप्रतया भवानेव यायजूकतायां जञ्जपूकतामासीदन् पुरोडाशानां दन्दशूकस्तदास्वादाय जागरूकतामासादयति । अस्माभिस्तु भवज्जातेर्द्विजातेः परीक्षैवाचरिता' इति ॥८५॥

"तदेवं हसत्सु सखिसभासत्सु स्वयमाशितम्भवेनोदनसम्भारेण भुक्त्वा सुहितः सर्वहितः श्रावितवेणुर्धेनूः प्राप्य तत्तत्कथाकौतुकतस्तदर्थमनुगवमासादितदृष्टिव्रजं श्रीमद्व्रजमवाप्य निजविरहदहनं निर्वाप्य स्वक-रूपामृतेनाप्याययामास ॥८६॥

"सखायस्तु 'याज्ञिकेषु जग्मिवांसोजक्षिवांसश्च वयम्' इति सङ्कोचेन न कञ्चिदप्यूचिवांसश्च ॥"८७॥

श्रीकृष्ण बोले—मित्रो ! तुमने बहुत ठीक कहा । इस विषय को स्पष्ट ही भगवती पौर्णमासीजी के लिए विदित कर देंगे ॥८३॥

मधुमङ्गल तो कुछ क्रुद्ध सा होकर बोला—हे युवराज ! अत्यन्त अभिलाषी या लोभी होने के कारण ये सब आपके पेटू सखा ही बारबार क्षुधा को याद दिलाते हुए, सभी जगह खानेवाले (पेटू) कहलाते हैं। और भिक्षा माँगने में अधिक उद्यमशील होने के कारण, सबका अन्न खानेवाले दिखाई देते हैं । किन्तु हम ऐसे नहीं हैं ॥८४॥

सभी सखा बोले—हे वाचाल ! मधुमङ्गल ! ब्राह्मण होने के नाते आप ही निन्दित यज्ञ कराने के विषय में, निन्दित जप करनेवाले के भाव को प्राप्त करते हुए, यज्ञ के पूआओं को बार बार चबानेवाले होकर, उनके स्वाद लेने के लिए जागरूकता को (जागनेवाले के भाव को) प्राप्त कर रहे हो । किन्तु हम सबने तो आपकी जाति जो ब्राह्मण जाति है केवल उसकी परीक्षा ही की थी (भिक्षा माँगना हमारा मुख्य उद्देश्य नहीं था) ॥८५॥

इस प्रकार सभी मित्रगोष्ठी के हास्य परिहास करने के बाद, स्वयं तृप्तिकारक ओदनसमूह के द्वारा खा पीकर, तृप्त हुए सर्वहितैषी श्रीकृष्ण ने वेणु सुनाकर, धेनुओं को प्राप्तकर, उन उन कथाओं के कौतुक से श्रीकृष्ण के दर्शनार्थ गैयाओं की लम्बाई तक दृष्टिसमूह को फैलानेवाले श्रीमान् व्रज को प्राप्त कर, अपनी विरहाग्नि को समाप्त कर, अपने रूपामृत के द्वारा उसको परितृप्त कर दिया ॥८६॥

सखाओं ने तो "हम याज्ञिकों के यहाँ गये थे, एवं उनका भोजन किया था" इत्यादि कुछ भी संकोच के कारण नहीं कहा ॥८७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ कथकः कथासमापनमाह स्म,—

"सोऽयं श्रीगोकुलाधीश ! कुलाधीशस्तवोदितः ।
आकर्षणाद्गुणा यस्य सर्वाननुगुणान् व्यधुः ॥"८८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु यज्ञभार्या-सदुपचर्यापर्याप्तिर्नाम द्वाविंशं पूरणम् ॥२२॥

अथ त्रयोविंशं पूरणम्

श्रीरास-लीलारम्भः

अथ रासारम्भे निजशपथसम्भेदं वेदयंस्तदिदं याचनमाचिनोमि,—

"निजे काव्ये सर्वं रसवलनमस्तीति लिखता
मया धाष्टर्यात् स्पष्टीकृतमतिरहस्यं तु यदिह ।
तदेतद्गोविन्दं व्रजविजनकान्तानुचरणं
दधद्भिर्योग्यस्य श्रवसि परमर्प्यं न सदसि ॥" इति ॥१॥

तदनन्तर कथावाचक समाप्तिद्योतक वचन बोला—हे श्रीगोकुलनायक ! ये श्रीकृष्ण आपके ऐसे कुलपति उत्पन्न हुए हैं कि, जिनके गुण ही सबको आकर्षित करने के कारण, सभी को इनके अनुकूल बना देते हैं ॥८८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये यज्ञभार्या-सदुपचर्या-पर्याप्तिनामकं
द्वाविंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२२॥

तेईसवाँ पूरण

श्रीरासलीला वर्णन

इस तेईसवें पूरण में श्रीकृष्ण एवं गोपियों का प्रथम कृष्णसङ्गजनित रङ्ग, उक्ति प्रत्युक्तियों की भङ्गी, एवं संगीत का वर्णन होगा ।

ग्रन्थकार की शपथपूर्वक प्रार्थना—अब इस रासलीला के आरम्भ में अपनी शपथ के संयोग को जनाता हुआ, मैं पाठकों से यह प्रार्थना करता हूँ कि—मेरे काव्य में सभी रसों का संयोग है, इस प्रकार लिखते हुए मैंने धृष्टता के कारण, यहाँ पर अत्यन्त गोपनीय विषय को भी स्पष्ट कर दिया है । अतः श्रीगोविन्द को एवं व्रज के एकान्त स्थल में हुए व्रजाङ्गनाओं के अनुचरण को, अर्थात् रासलीला के प्रसङ्ग को हृदय में धारण करनेवाले सज्जनों को चाहिये कि, वे इस गोपनीय रासलीला के रहस्य को, श्रद्धायुक्त किसी योग्य अधिकारी के कान में ही अर्पित करें, किन्तु श्रद्धाविहीन अनधिकारीजनों की सभा में कदापि अर्पित न करें । तात्पर्य—"नामान्यनन्तस्य हतत्रपः पठन्, गुह्यानि भद्राणि कृतानि च स्मरन् ।" (भा० १ । ६ । २७) व्यासजी के प्रति कही हुई नारदजी की इस उक्ति से यह अभिप्राय जाना जाता है कि—भगवान् के श्रीकृष्ण, गोविन्द, मुकुन्द, माधव आदि नामों का तो निर्लज्ज होकर उच्च स्वर से कीर्तन करने पर, उनके द्वारा तो स्थावर जङ्गमात्मक समस्त प्राणियों का कल्याण हो सकता है, किन्तु भगवान् की नित्यप्रियाओं के सहित हुई प्रेमपरिपाटी से पूर्ण जो रासलीला है, वह तो केवल विशुद्ध हृदय में स्मरण करने योग्य है । अनधिकारी श्रोताओं की सभा में प्रकाशित करने योग्य नहीं है । श्रीमद्भागवत के इस वाक्य के अनुसार ही श्रीजीव गोस्वामीजी यह रासलीला के आरम्भ में शपथ दिला

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ रात्रिकथायां ग्रथ्यमानप्रथायां मधुकण्ठः स्निग्धकण्ठं स्निग्धकण्ठमप्यालम्बमानः संबभाषे, यत्र प्रथममिदं प्राञ्जलि व्यञ्जयामास,—

"रासकेलिरजनिष्ट जागरं, सस्फुटं भवतु तत्कथा तथा ।
कारणं भवति यस्य यद्विधं, तस्य तद्विधतया मता स्थितिः ॥"२॥

"तदेतदाकर्ण्य सानन्दं निर्वर्ण्य च सर्वेऽपि प्रोचुः,—"युक्तियुक्तमेव चेदमुक्तम्,—॥३॥

"यतः, परमा या रसधारा, सा यदि मध्ये वियुक्तिमायाति ।
पूर्वापरसंवलना,-भावान्नैव स्वरूपमायाति ॥४॥

तस्माद् यथेच्छमविच्छेदमेवेदं प्रस्तूयताम् ॥"५॥

मधुकण्ठः सानन्दमुवाच,—

"मुखं शशिमुखीगण-प्रचुरमोहसंरोहणं, दृशोर्युगममूदृशां मृगदृशां दृशां घूर्णनम् ।
तनुः सुतनुमण्डलीधृतिविखण्डनी श्रीहरे-स्तदाजनि यदा जनिं मृगयते स्म रासोत्सवः ॥६

रहे हैं कि—यह अतिगुह्य रासलीला सर्वसाधारण के आगे वर्णन करनी उचित नहीं है। अतः जो व्यक्ति मेरी शपथ को लाँघकर वर्णन करेगा, वह अपराध का भागी होगा। अतः विशिष्ट श्रद्धायुक्त विशुद्ध अन्तःकरण की कामनावाला व्यक्ति ही, इस लीला के श्रवण एवं वर्णन करने का अधिकारी है।

यथा—विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोः, श्रद्धान्वितोऽनुशृणुयादथ वर्णयेद् यः।
भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं, हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः ॥ (भा० १०।३३।४०) ॥१॥

इस प्रकार पहले पूरण में यज्ञपत्नियों पर किये गये अनुग्रह का वर्णन कर "मयेमा रंस्यथ क्षपाः" (इन आगे आनेवाली रात्रियों में मेरे साथ रमण करोगी) श्रीकृष्ण की इस प्रतिज्ञा के अनुसार क्रम प्राप्त रासलीला का वर्णन करने के लिए प्रसङ्गानुसारिणी रात्रि की कथा का आरम्भ करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि, तदनन्तर रात्रि की कथा की प्रथा (ख्याति) जब ग्रथित होने लगी, तब मधुकण्ठ सुन्दर स्निग्धकण्ठ का अवलम्बन करता हुआ, अर्थात् सुमधुर कण्ठपूर्वक स्निग्धकण्ठ से बोला। बोलने के समय पहले हाथ जोड़कर यह व्यक्त करने लगा कि—रासलीला जब खिलखिलाकर जागृत होकर स्वयं प्रगट होगई, तब उसकी कथा भी सुस्पष्टतापूर्वक ही होनी चाहिये। क्योंकि जिस वस्तु का कारण जिस प्रकार का होता है, उसकी स्थिति उसी प्रकार से मानी गई है ॥२॥

इस बात को सुनकर आनन्दपूर्वक मधुकण्ठ को देखकर सभी बोले—यह आपने युक्तियुक्त ही कहा है ॥३॥

क्योंकि उत्कृष्ट जो रस की धारा है, वह यदि बीच में ही टूट जाती है, तब तो पूर्वापर के संयोग से रहित होने के कारण, अपने यथार्थ स्वरूप को प्राप्त नहीं कर पाती ॥४॥

इसलिए अपनी इच्छा के अनुसार अविच्छेदपूर्वक (निरन्तर) इस मधुर विषय को प्रस्तुत करो ॥५॥

मधुकण्ठ आनन्दपूर्वक बोला—जिस समय रासोत्सव अपने प्रादुर्भाव की गवेषणा कर रहा था, अर्थात् प्रगट होना चाहता था, उस समय श्रीकृष्ण का मुख, चन्द्रमुखी गोपीगणों को यथेष्ट मोह उत्पन्न करने वाला हो गया था, एवं श्रीकृष्ण के दोनों नेत्र इन मृगलोचना गोपियों के नेत्रों को घुमानेवाले बन गये, तथा श्रीकृष्ण का श्रीविग्रह सुन्दरी मण्डली के धैर्य को खण्डित करनेवाला हो गया ॥६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मुखं विधुविमोहनं नयनमब्जदृग्लोभनं
रुचिर्घनरुचीहितप्रथमसङ्ग-रङ्गप्रदा ।
रमारमणरामणीयकविभूषिरामावले-
स्तदाजनि यदा जनिं मृगयते स्म रासोत्सवः ॥७॥

"अथ पूर्वक्रमेण पूर्णिमाश्रमे (भा० १०।२१।१७) 'पूर्णाः पुलिन्द्य' इत्यादि वृत्ते निर्वृत्ते सत्यपूर्णम्मन्यतया राधिकामात्रकर्षाय हरिस्तर्षं धृतवान्,—'कथमहो ! निभृतमिदं सम्भृतं स्यात् ?' इति ॥८॥

"तत्र काचित्तत्कुंकुमलिप्तचरी वनचरी श्रीराधामनु करुणया तरुणारुणकमललोचन-मुवाच,—॥९॥

'तव मुरलीमिव नितरां, विषमशरः स विजितो भवता ।
अहह न जाने कथमिव, शुष्कां विद्धां च तां कुरुते ॥'१०॥

"तदा च वनगीर्वाणीभिराकाशवाणीयमुद्भाविता,—

'शुष्का तप्तशलाकया च परितो विद्धा सुवंशोद्भवा
सेयं ते मुरली प्रियेति नियतं विज्ञातवान् मन्मथः ।

और रासोत्सव जब अपने प्रादुर्भाव को ढूँढ़ रहा था, तब श्रीकृष्ण के सौन्दर्य की शोभा बढ़ानेवाली व्रजाङ्गनाश्रेणी का मुख, चन्द्रमा को या श्रीकृष्ण को भी विशेष मोहित करनेवाला बन गया, उन गोपियों के नेत्र चन्द्रमा के नेत्रों को किंवा कमलनयन श्रीकृष्ण के नेत्रों को लुब्ध करनेवाले बन गये, और उनकी देहकान्ति भी घनी कान्तियों के द्वारा वाञ्छित प्राथमिकसङ्ग के रङ्ग को देनेवाली होगई, पक्षे—घनश्याम (श्रीकृष्ण) के द्वारा भी अभिलषित प्राथमिक सङ्ग के रङ्ग को देनेवाली बन गई ॥७॥

तदनन्तर पहले क्रम के अनुसार पौर्णमासी के आश्रम में "श्रीराधिका के स्तनस्थित श्रीकृष्ण के चरणों में लगे हुए, पुनः तृणों पर चिपटे हुए, कुंकुम के स्पर्श से भिल्लजाति की स्त्रियाँ भी कृतार्थ हो गईं" इत्यादि चरित्र के निवृत्त हो जाने पर भी श्रीकृष्ण ने अपने को अपूर्ण मानते हुए, केवल श्रीराधा को आकर्षित करने के लिए मनमें यह तृष्णा धारण की थी कि—अहह ! एकान्त मे श्रीराधा का मिलनकार्य किस प्रकार परिपूर्ण होगा ? ॥८॥

और वहाँ पर जिसका अङ्ग उसी पूर्वोक्त कुंकुम से लिप्त हो चुका है, ऐसी कोई वनचरी, श्रीराधिका को लक्ष्य करके करुणापूर्वक तरुण अरुणकमलदललोचन श्रीकृष्ण से बोली— ॥९॥

हे श्यामसुन्दर ! आपने वह पापी विषमबाण (काम) तो जीत लिया, तो भी हाय ! हाय ! न जाने वह काम उस राधिका को आपकी मुरली की तरह क्यों अत्यन्त सुखा रहा है एवं ताड़ित कर रहा है ? ॥१०॥

उसी समय वनदेवियों ने भी यह आकाशवाणी प्रकाशित की—हे श्यामसुन्दर ! जो सुन्दर वंश से उत्पन्न हुई, सूर्य की ताप में सुखाई गई, पश्चात् तपी हुई लोह की सलाई से चारों ओर बेधी गई, ऐसी वह मुरली भी आपको अत्यन्त प्रिय लगती है, इस बात को कामदेव ने अच्छी प्रकार जान लिया है ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तां शुष्यद्वपुषं विधाय कुलजां बाणैर्निजैः पञ्चभि-
र्विद्धाङ्गीं विदधाति हा बकरिपो ! त्वत्प्रीतये सम्प्रति ॥११॥

"तर्ह्येव चाधीरतया भ्रमन् वनमाली क्वचन तमाले कुंकुमालेखमिममालोकयामास,—॥१२

'अनङ्गार्चिर्भिन्ना त्वदतिशुभगाङ्गावृतमना
मुरल्यां रागश्रीपरिमलकुलं सम्भृतवती ।
सदा श्यामां कान्तिं दिशि विदिशि चाऽभावयमतो
मयाप्तं कृष्णत्वं तदपि न हि कृष्णत्वमभितः ॥'१३॥

"तदेतन्निशमनपूर्वकान्निशामनान्मुरशमनेन तदिदं विचारितम्,—'हन्त ! हन्त ! राधाया एवेयमसाधारणवागर्थवती लिपिः सेयं सम्भवेदेवमपि कुलजन्मतया तया मन्मथ-विकारमाच्छादयन्त्या स्थीयते । तस्मान्निखिलावृतिध्वंसनं वंशीशंसनं परं मम शरणम्'इति॥१४

"तदेवं राधासुधादुर्भिक्षार्दितस्तितिक्षामभजन् स पुनर्वेणुशिक्षाभिक्षामेव केवलां सेवते स्म;॥१५

"यत्र वर्षा अपि तर्षाकरतया व्यतीयुः, समृद्धगर्धनतया शरदप्यर्धं वर्धते स्म ॥१६॥

इसीलिए हे बकारे ! इस समय वह कामदेव आपकी प्रीति के लिए, ऊँचे कुल में उत्पन्न हुई उस राधिका को, आपके विरहरूपी ताप से सूखे शरीरवाली बनाकर, अपने पाँचों बाणों के द्वारा, उसके प्रत्येक अङ्ग को विद्ध कर रहा है । हाय ! आपके हृदय की गति को कौन जान सकता है ? यह भाव है ॥११॥

उसी समय अधीर होकर घूमते हुए वनमाली ने किसी तमाल पर कुंकुम से लिखा हुआ यह लेख देखा— ॥१२॥

यथा—मैं कामाग्नि की जलती हुई ज्वाला के द्वारा या श्रीकृष्ण की कान्ति की प्रभा के द्वारा, छिन्न भिन्न संतप्त हो चुकी हूँ, एवं तुम्हारे अत्यन्त सुन्दर अङ्गों के द्वारा मेरा मन आवृत हो गया है । और तुम्हारी मुरली में राग की शोभा का जो माधुर्यसमूह है, उसको मैं हृदय में धारण कर चुकी हूँ, तथा दिशा विदिशाओं में सदैव श्यामकान्ति की भावना या दर्शन कर चुकी हूँ । इसलिए मैंने श्रीकृष्ण की तन्मयता तो प्राप्त कर ली है, तो भी सर्वतोभाव से श्रीकृष्ण का स्वरूपत्व नहीं प्राप्त कर पाई ॥१३॥

अतएव पूर्वोक्त श्रवणपूर्वक इस लेख के दर्शन से श्रीकृष्ण ने अपने मन में यह विचार किया कि—हाय ! हाय ! इस प्रकार की असाधारण वाणी एवं अर्थ से युक्त यह लिपि (लेख) श्रीराधा की ही हो सकती है । इतना होने पर भी उच्चकुल में उत्पन्न होने के कारण, वह राधिका कामविकार को आच्छादित करती हुई चुप बैठी है । इसलिए इस समय सबके आवरण को ध्वंस करनेवाला वंशी का बजाना ही मेरा संरक्षक है ॥१४॥

इस प्रकार राधारूपीसुधा के दुर्भिक्षरूपी कष्ट से पीड़ित होकर, सहनशीलता को न प्राप्त करते हुए, श्रीकृष्ण पुनः केवल वेणुशिक्षा की भिक्षा को ही सेवन करने लग गये ॥१५॥

जिस वेणुशिक्षारूप भिक्षा के सेवन में श्रीराधा के मिलन की तृष्णा को बढ़ानेवाली वर्षा भी व्यतीत हो गई । बढ़ी हुई अभिलाषापूर्वक शरत्काल भी आधा वृद्धि को प्राप्त हो गया था ॥१६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्राहरहःशिक्षा तु यथा,—

यर्ह्याकर्षविधिं हरिर्मुरलिकाशिक्षासु तस्याः क्रमा-
च्चक्रे तर्हि गताश्चिरात् परपरक्षोभास्त एते तया ।
कम्पो घूर्णनमासनाद् विचलनं द्वित्रक्रमा वास्तुतो
निष्क्रान्तिर्वनवर्त्मवर्तनमुपव्रज्या च दूराध्वनि ॥१७॥

"किञ्च, राधाकर्षकृते कृता मुरलिकाशिक्षाथ या या तदा
सा सा तेन सदाशया वलयिताप्यासीदलं निष्कला ।
तामेतां नतकन्धरः सपुलकं वन्देऽहमुच्चैः सदा
या कृष्णस्य मनोरथावलिमहो पूर्णामकार्षीन् मुहुः ॥१८॥

"तथाहि—तदेवं प्रावृषि वेणुशिक्षापरीक्षातृष्णगसौ कृष्णः समयं प्रतीक्षमाणः शरल्लक्ष्मीमागतां लक्षितवान्; लक्षयन्नेव च विचारितवान्,—॥१९॥

'इयं खलु स्वभावतः स्वच्छा मल्लीलापरिच्छदतां यदि गच्छति, तदा प्रमदावलिमृच्छामः । किन्तु समयमयतया सर्ववश्यकारिणमपि भावं वश्यं कुर्वतीमेनां पश्यामि, यथा मामपि राधा ॥२०॥

उस बढ़े हुए शरत्काल में, अर्थात् आश्विन मास के शेष में प्रतिदिन वंशी की शिक्षा, यथा—श्रीकृष्ण ने मुरली की शिक्षाओं में श्रीराधा के आकर्षण का व्यापार जब क्रमशः प्रारम्भ कर दिया, तब बहुत देर बाद श्रीराधा ने उत्तरोत्तर क्षुभित करनेवाले ये भाव प्राप्त किए । यथा—पहले कम्प, पीछे घूमघुमेर अर्थात् चित्त की भ्रान्ति, आसन से विचलित होना, घर से दो तीन पैर बाहर निकल आना, वन के मार्ग में खड़े हो जाना, एवं दूर तक मार्ग में चले जाना, इत्यादि ॥१७॥

किंच उस समय श्रीकृष्ण ने श्रीराधा को आकर्षित करने के लिए जो जो मुरली की शिक्षा की, वह वह मुरली की शिक्षा सदा आशा से युक्त होकर भी, निःशेष कलाओं से पूर्ण होकर अत्यन्त यथार्थ हो गई । अतः मैं इस मुरली की शिक्षा को नतमस्तक एवं रोमाञ्चित हो, सदैव उच्चकोटि के भाव से नमस्कार करता हूँ । क्योंकि हर्ष की बात यह है कि—जिस मुरली की शिक्षा ने श्रीकृष्ण की मनोरथावलि को बार बार परिपूर्ण कर दिया, अतः वह सर्ववन्दनीय है ॥१८॥

देखो ! इसीलिए इस प्रकार वर्षाऋतु में वेणुशिक्षा की परीक्षा की तृष्णावाले, वे श्रीकृष्ण समय की प्रतीक्षा करते हुए, आई हुई शरद्ऋतु की शोभा को देखने लग गये । और देखते देखते ही विचारने लगे कि— ॥१९॥

यह स्वभाव से ही निर्मल शरद्ऋतु यदि हमारी लीला के उपकरणभाव को प्राप्त होजाती है, तब तो हम हर्षसमूह को प्राप्त कर लेंगे । किन्तु समय (काल) स्वरूप होने के कारण, मैं तो इसको सबको वशीभूत करनेवाले पदार्थ को भी, अपने वश में करती हुई देख रहा हूँ । दृष्टान्त—जैसे सबको वशीभूत करनेवाले मुझको भी, श्रीराधा अपने वश में कर लेती है ॥२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ततो यद्यस्यामपि वश्यतां व्यस्यन् भावान्तरभावितत्वं भावयितुं प्रभवामि, तदा राधायामपि तदाधानाय निर्बाधितां गतवानस्मीत्यवदधामि ॥'२१॥

"तदेवं विचारयन्नग्रेचरं मङ्गलं विलोचयन्नुवाच,—'अहो ! श्वोवसीयसमेवाध्यवसीयते ॥२२॥ यतः,

खञ्जनखेलारञ्जित,-कञ्जं नयनं नयन् विधिः स मम ।
राधामंजुलनेत्र,-स्फुरदाननमाशु सञ्जयिता ॥'२३॥

"तदेतच्छुभशकुनमनुभवता यावत् पौर्णमासं मासमेव सर्वत एव वेणुधरेण वेणुस्वनचर्या सञ्चार्यते स्म ॥२४॥ ततश्च,

वंशीकलादुदयतः शरदि प्रभावा,-न्मल्लीभिरप्यतुलफुल्लदशां गताभिः ।
रात्रीर्निभाल्य मुहुरुल्लसिताः स राम,-भ्राता रतिं रतिकृतेऽकृत बल्लवीभिः ॥२५॥

"ततश्च तूर्णमेव पूर्णचन्द्रा बहुतिथी तिथिरतिथिरिव तस्य प्रसन्नतां विधातुमासन्नवती । तत्र चाह्नायाह्नि वनविहारशाली वनमाली धेनूरादाय व्रजागमनं विधाय सायं प्रत्यवसाय निजचन्द्रशालिकालिन्दं विन्दमानः स्फुटमादित्येऽस्तंगत्य स्थिते सतारासमुदयं तं सान्द्रचन्द्रिकं चन्द्रमुदयन्तं पश्यंस्तद्वश्यभावविशेषश्लेषतस्तदिदं चिन्तयामास,—॥२६॥

इसलिए यदि इस शरदृतु के विषय में मैं भी, वश्यता का विस्तार करताहुआ, दूसरे भाव से भावित (युक्त) करने को समर्थ हो जाऊँगा, तब तो श्रीराधा में भी दूसरे भाव की स्थापना करने के लिए, अर्थात् अपने वश में करने के लिए निर्बाध समर्थता को प्राप्त हो गया हूँ, ऐसा जान लूँगा या मान लूँगा ॥२१॥

अतः इस प्रकार विचार करते हुए अग्रवर्ती मङ्गलमय शकुन को देखते हुए श्रीकृष्ण बोले—अहो ! इस शकुन के द्वारा तो भावी मङ्गल ही निश्चित हो रहा है ॥२२॥

क्योंकि वह विधाता मेरे नेत्रों के सामने दो खञ्जन पक्षियों की क्रीड़ा से सुशोभित, इस कमल को प्राप्त करता हुआ, राधा के मनोहर नेत्रों से विराजमान मुख को भी शीघ्र ही मिला देगा। यह इस शकुन दर्शन का फल है, यह ध्वनि है ॥२३॥

अतएव इस शुभ शकुन का अनुभव करतेहुए, वंशीधर ने आश्विन मास की पूर्णिमा से लेकर कार्तिकी पूर्णिमा पर्यन्त महीनाभर, सब ओर वंशीध्वनि की चर्या सञ्चारित कर दी ॥२४॥

तदनन्तर शरदृतु में वंशी की सुमधुरध्वनि से उदय होते हुए प्रभाव के कारण, अतुल फुल्ल दशा को प्राप्त हुईं मल्लिकाओं द्वारा, अधिक सुशोभित रात्रियों को निहारकर, रामभ्राता श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रमण करने के लिए रुचि को प्रगट किया ॥२५॥

उसके बाद अनेक तिथियों को या अनेक विलासों को पूर्ण करनेवाली पौर्णमासी तिथि, अतिथि की तरह, श्रीकृष्ण की प्रसन्नता को करने के लिए शीघ्र ही उपस्थित हो गई। उस दिन शीघ्र ही दिन में वनविहारशाली वनमाली धेनुओं को लेकर, व्रज में आकर, सायंकालीन भोजनकर, अपनी चन्द्रशालिका की पौरी को प्राप्तकर, सूर्यदेव के स्पष्टरूप से अस्त हो जाने पर, तारागणों के सहित सान्द्र (गाढ़ी) चन्द्रिका (चाँदनी) से युक्त उदय होते हुए, उस चन्द्रमा को देखते हुए, उद्दीपनविभावस्वरूप उस चन्द्रमा के वशीभूत भावविशेष के सयोग से, यह विचार करने लगे कि— ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'जागुडपिण्डसपिण्डं, किं विधुबिम्बं तदेतदुन्नमति ।
किं वा रोषारुणरुचि, मुखमिदमुद्भाति कामस्य ॥२७॥

'पुनश्च, कुंकुमरस-संकुलमिव, किं विधुबिम्बं पुरः स्फुरति ।
अथवा राधामुखमिद,-मुदयति यमुनावनात् पुरतः ॥२८॥

'तत्र यदि विधुबिम्बमेवेदम्, तदा तदिदं विभाव्यते,—
पूर्णश्चन्द्रोऽयमैन्द्रीं हरितमनुगतः प्रेयसीं दूरदेशा-
दस्या वक्त्रं विलिम्पन् घुसृणशबलितेनेव शश्वत् करेण ।
तद् व्याजान्मामसूदृक्कृतिमुपदिशतीवाद्य सद्यः किशोरं
शुभ्रात्मा यस्तदीयं भवति विरचनं सर्वतो भद्रमेव ॥'२९॥

'किञ्चायमिदमप्युपदिशन्निव सम्भाव्यते,—
विधुरहं हरितः प्रतिदिक्पति,-प्रणयिनी रमयन् जनशर्मदः ।
त्वमिह किं नु विधो ! स्थगितायसे, पर-रमा-रमणं प्रति सम्प्रति ? ॥३०॥

'तदेवं सर्वथैव दैवानुकूल्यतश्चन्द्रचन्द्रिकासान्द्रितशुभस्तस्य ककुभमेव गन्तुं शन्तुरस्मि ॥३१

कुंकुम के गोला के समान गोलाकार यह (पूर्वदिशा में) चन्द्रविम्ब ही उदय हो रहा है क्या ? अथवा (इतने दिन तक श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ विहार नहीं किया) इसी कारण क्रोध से रक्तवर्ण की कान्ति-वाला, यह कामदेव का मुख ही प्रकाशित हो रहा है क्या ? ॥२७॥

पुनः विचारने लगे कि—कुंकुमरस से व्याप्त सा हुआ यह चन्द्रविम्ब ही सम्मुख स्फूर्ति पा रहा है क्या ? अथवा आगे की ओर यमुनाजी के वन से यह राधिका का मुख प्रगट हो रहा है क्या ? ॥२८॥

इन दोनों के बीच में यदि यह चन्द्रबिम्ब ही है, तब तो यह विचार किया जा सकता है कि—यह पूर्णचन्द्र दूरदेश से अपनी प्रियतमा पूर्वदिशा के पास आकर, कुंकुम से मिश्रित अपने कर के द्वारा, इसके मुख को निरन्तर लिप्त करता हुआ, अर्थात् पोतता हुआ या मलता हुआ, आज उसी मुखलेपन के बहाने, मुझ नवकिशोर को भी शीघ्र ऐसे ही कार्य का उपदेश सा दे रहा है कि—(तुम भी अपनी प्रियतमा गोपियों के साथ ऐसा ही व्यवहार करो) इससे मुझे यह अर्थान्तरन्यास भी सूझ रहा है कि, जो शुभ्रात्मा है, अर्थात् जिसकी आत्मा निर्मल है, उसकी रचना सर्वतोभाव से मङ्गलमय ही होती है ॥२९॥

किंच यह चन्द्रमा यह उपदेश भी देता हुआ सा प्रतीत होता है कि—मैं चन्द्रमा हूँ, मैं प्रत्येक दिक्पाल की प्रियास्वरूप प्रत्येक दिशा से रमण करता हुआ भी जनमात्र को सुख देता हूँ। किन्तु हे श्रीकृष्णचन्द्र ! तुम इस किशोर अवस्था में पररमणीरमण के प्रति अथवा इस समय परमरमास्वरूप श्रीराधाप्रभृति गोपियों के साथ रमण के प्रति क्यों चुपचाप बैठे हो ? तात्पर्य—वे दिक्पाल मेरे ऊपर जिस प्रकार द्वेष प्रकाशित नहीं करते हैं, उसी प्रकार तुम्हारे ऊपर भी कोई द्वेष न करेगा ॥३०॥

अतः इस प्रकार सर्वथा दैव की अनुकूलता के कारण, चन्द्रमा की चन्द्रिका से सान्द्रित (घनीभूत) शुभवाला मैं मङ्गलमय पथिक, उस चन्द्र की दिशा की ओर ही जाने को तत्पर हूँ ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यतः, निखिलमेव वनं विधुनाऽमुना, दिशि दिशि प्रतिरञ्जितमीक्ष्यते ।
मदनुकूलमिदं शकुनं भवे,-दिति गतिर्मम तत्र शुभावहा ॥३२॥

'अथ यदि कामाभिधानस्य कोपधामाननमिदम्, तदा विषमबाणस्य तस्यानुयानमेव भयनिर्वाणं विश्राणयति ॥३३॥

'यदि च तस्या एव कान्तिसदनं वदनमिदं विद्यते, तदा तु सुतरामेव तद्दिशं प्रविशतस्तन्मम शर्म मर्म प्रविशतीति ॥३४॥

'किञ्च, प्रयाणे वर्तते वित्तं नृत्यत्यक्षि च दक्षिणम् ।
तस्माद् वृत्तं च नृत्यं च कान्ताभिर्भविता मम ॥'३५॥

तदेतदुट्टङ्कच निष्टङ्कच च प्रणयपणसन्तुष्टं दामादिकुमारचतुष्टयं सङ्गतः प्रसज्य तद्द्वारा निद्रा-व्याजादन्यान् द्वारपालकतया तत्रैव संवलय्य निभृतकृतप्रतीहारतश्चरण-विहारतस्तामेव हरितं हरिर्मुरलीधरकरतयानुसरन् दिनकर-तनयतीरमन्ववतीर्णवान्, ॥३६॥

"अवतीर्य च विचारितवान्,—
'न क्रुद्धकामाननमेतदस्ति, प्रयाति यच्छुभ्रदशामुदञ्चत् ।
वियोगिराधास्यमिदं च न स्याद्,-यतः कलङ्कादि भवेद्विभेदि ॥'३७॥

क्योंकि मेरे उपदेशक इस चन्द्रमा के द्वारा, समस्त वन ही प्रत्येक दिशा में सुरञ्जित दिखाई देता है। यह पूर्वोक्त शकुन मेरे अनुकूल हो सकता है। इसलिए उस वन में मेरा जाना शुभदायक प्रतीत होता है ॥३२

उसके अनन्तर विचारने लगे कि—यदि कामनामक व्यक्ति का क्रोध का स्थानस्वरूप यह मुख है, तब तो उस कामदेव का अनुगमन ही भय से मुक्ति को दे रहा है, ऐसा प्रतीत होता है ॥३३॥

और यदि शोभा का स्थान यह श्रीराधिका का मुख ही है, तब तो उस दिशा की ओर प्रवेश करने वाले मेरे मर्मस्थल में अत्यन्त ही सुख प्रवेश कर रहा है, ऐसा प्रतीत होता है ॥३४॥

किंच मेरा चित्त उसी दिशा की ओर जाने में तत्पर है, एवं दाहिना नेत्र नृत्य कर रहा है। इसलिए उन राधा आदि रमणियों के साथ मेरा व्यवहार एवं नृत्य अवश्य होगा ॥३५॥

इसी प्रकार विचारकर, एवं इसी विचार को स्थिरकर, प्रेमरूपी मूल्य से सन्तुष्ट होनेवाले दाम, सुदाम, वसुदाम, किंकिणी नामक चार गोपकुमारों को संग लेकर, उन्हीं के द्वारा अपनी निद्रा के बहाने, अन्य सखाओं को द्वारपालरूप से वहीं संयुक्तकर, वन की ओर एकान्त में बने हुए दरवाजे से चरणों के द्वारा ही चलकर, उसी पूर्वदिशा का अनुसरण करते हुए श्रीकृष्ण हाथ में मुरली लेकर, यमुना के तीर पर उतर पड़े ॥३६॥

उतरते ही विचारने लगे—यह कुपित हुए काम का मुख नहीं है, क्योंकि यह तो ऊपर की ओर आता हुआ शुक्लदशा को प्राप्त हो रहा है। और यह वियोगिनी राधा का मुख भी नहीं है, क्योंकि श्रीराधा का मुख तो निष्कलङ्क है। इसमें तो कलङ्क आदि चिह्न उससे भिन्न करनेवाले निश्चित हो सकते हैं ॥३७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च मृगलांछन एवायमिति निश्चित्य पुनर्विचारितवान्,—

'शार्वरं शर्वरीशानः संहर्तुं सिंहतां गतः ।
पूर्वपर्वतमारोहन् सर्वं पर्वति पर्वणा ॥३८॥

'किन्तु, चन्द्रमा राधिका-वक्त्रमनुकुर्वन् विराजते ।
तदाकारमिदं चेतः कथं मम विदूयते ?' ॥३९॥

"पुनर्विभाव्य चन्द्रं प्रति प्राह स्म,—

'अनुपमरुचिरस्मि सर्वलोके,-ष्विति भगवन्नमृतद्युते ! न दृप्य ।
ननु भवदुपमा दशापि तस्या,-श्चरणनखा विलसन्ति राधिकायाः ॥'४०॥

"तदेवं विचिन्त्य समुचितस्थानं विचित्य दूरतश्चतुरांश्चतुरः कुमारान् वर्त्मनि वर्तमानतया विधाय स्वयमुपसरितमुच्चतरचत्वरमात्मना रूढं सन्धाय व्रजदिशमवधाय वेणुं मुखे निधाय वादयिष्यमाणश्चिन्तयामास,—॥४१॥

'प्रथमं राधागमनमेव साधयामः । तां विना फलस्य च विफलतां कलयामि । तदागमनकमनीयतया तु रमणीनामन्यासामप्यागतिर्मम मनसि रमणीयतामायाममानयति; ॥४२

'किन्तु तदेव भव्यं कथं भव्यमित्येव प्रतिपत्तव्यम् । आम् आम् बाणविद्याप्रवीणेनेव वैणविकेन मया तथा योक्तव्यम्, यथा तेन सैवाविष्टा कृष्टा च भवति नापरा' इति । तदेवं सम्प्रधार्यावधार्य च तेन वेणुमेवं वादयिष्यामीति यदा विचार्यते स्म, ॥४३॥

तदनन्तर यह 'चन्द्रमा' ही है, ऐसा निश्चयकर, पुनः विचारने लगे कि—यह रात्रिपति चन्द्र तो रात्रि के गाढ़े अन्धकार को दूर करने के लिए, पक्षे—घातक हाथी को मारने के लिए सिंह बनकर, पूर्वी पर्वत पर चढ़ता हुआ पौर्णमासीरूप महोत्सव के द्वारा सबको परिपूर्ण कर रहा है ॥३८॥

किन्तु यह चन्द्रमा राधिका के मुख का अनुकरण करता हुआ विराजमान है, तो भी राधिका के मुख में तदाकार हुआ यह मेरा चित्त क्यों सन्तप्त हो रहा है ? ॥३९॥

पुनः विचारकर चन्द्रमा के प्रति बोले कि—हे भगवन् ! अमृतद्युते ! चन्द्र ! आप इस बात का अहङ्कार न करें कि—"मैं ही सब लोकों में अनुपम कान्तिवाला हूँ" क्योंकि आपके समान तो उस श्रीमती राधिका के दश चरणनख भी शोभा पा रहे हैं ॥४०॥

अतएव इस प्रकार विचारकर श्रीकृष्ण वंशी बजाने के समुचित स्थान को ढूँढ़कर, उन चारों चतुर कुमारों को दूर से ही मार्ग में बैठाकर, स्वयं यमुना के निकट एक अतिशय ऊँचे चबूतरे पर चढकर, व्रज की ओर ध्यान देकर, एवं बजाने के लिए वेणु को अपने मुख पर धरकर विचारने लगे कि—॥४१॥

सब से पहले राधिका के आगमन को ही सिद्ध करूँ । क्योंकि उसके बिना तो रास में रमणरूप फल की निष्फलता ही देखता हूँ । राधा के आगमन की कमनीयता से तो अन्यान्य रमणियों का आना भी मेरे मन में लम्बीचौड़ी रमणीयता को ला सकता है ॥४२॥

किन्तु राधिका का आगमनरूप मङ्गल किस प्रकार हो सकेगा ? पहले इसी बात का विचार करना चाहिये । हाँ हाँ, जान लिया । बाणविद्या में प्रवीण (परशुराम आदि) की तरह वेणुविद्या में प्रवीण मुझको उस प्रकार की योजना करनी चाहिये कि, जिस प्रकार वह राधिका ही उस वेणु प्रयोग के द्वारा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदा च ताभिः सान्द्रचन्द्रिकचन्द्रमसः संदृष्टिवशतया सांदृष्टिकमिदं परामृष्टं,—हन्त ! स खल्वयमोषधीशोऽप्याधिव्याधितजनानस्मानद्य सद्यः प्रतिरित्सेदेव, न तु चिकित्सेत्'इति।।४४

"ततश्च तत्क्षणं किञ्चिद्विलक्षणं शशलक्ष्माणमालक्ष्य वृन्दा चेदं चिन्तितवती,—।।४५।।

'हन्त ! हन्त,

तासां कृष्णवियोगाग्निवाष्पैर्विष्वग् विनिःसृतैः ।
आदर्श इव पश्यान्धश्चन्द्रमा मन्दतां गतः ।।'४६।।

"अथ चमूरुदृशाममूषां मुहुरपि सम्मुखतया वशीकृतिमिवापन्नः शशी. स्वदिशि तदा मदादुन्नतेन कृष्णस्य गभस्तिशतेन तस्य स्फूर्त्तिं समानिनायेति ।।४७।।

"तदवलोकनाय व्याकुलताकुलायमानासु तासु,—

शारदेन शशिना हरिं प्रति, प्रस्थितिः सममयोजि सुभ्रुवाम् ।
प्रत्ययोजि किल तेन सा तदा, मंक्षु तस्य मुरलीकलेन तु ।।४८।।

"यतस्तदैव च,—

अनुरागेण रागेण वर्णभागेन माधुरीः ।
कलयन्तं कलं वेणोः कलयामास केशवः ।।४९।।

आविष्ट एवं आकृष्ट हो जाय, दूसरी कोई न हो जाय। अतः इस प्रकार सुविचार कर, एवं निश्चय कर, श्रीकृष्ण ने 'मैं वेणु को इस प्रकार बजाऊँगा" जब ऐसा विचार किया—।।४३।।

तभी उन गोपियों ने निविड़ (गाढ़ी) चन्द्रिका (ज्योत्स्ना) से युक्त चन्द्रमा के अच्छी प्रकार देखने के कारण, शीघ्र मिलने वाले इस फल का विचार किया कि—हाय ! यह चन्द्रमा भी मानसिक व्यथा से पीड़ित हम सब जनियों को आज तत्काल मार ही डालेगा, किन्तु हमारी व्याधि का प्रतीकार न कर सकेगा ।।४४।।

उसके बाद उसी क्षण में चन्द्रमा को कुछ विलक्षण देखकर वृन्दादेवी ने यह विचार किया कि—।।४५।।

हाय ! हाय ! देखो तो सही। मुख की भाफ के द्वारा दर्पण जैसे अन्धा हो जाता है, उसी प्रकार उन राधा आदि गोपियों के चारों ओर फैलनेवाले, एवं श्रीकृष्ण के वियोगरूप अग्नि से प्रगट होनेवाले वाष्प (भाफ या अश्रु) समूह के द्वारा यह चन्द्रमा मलीनता को प्राप्त हो गया है ।।४६।।

तदनन्तर उन मृगलोचना गोपियों के बारंबार सम्मुख होने के कारण, वशीभूत हुआ सा चन्द्रमा, उस समय अपनी दिशा की ओर मद से उठती हुई श्रीकृष्ण की सैंकड़ों किरणों के द्वारा, श्रीकृष्ण का स्फूर्ति दिलाने लगा ।।४७।।

श्रीकृष्ण के दर्शनार्थ वे गोपियाँ जब व्याकुलता का आचरण कर रही थीं, तब शरत् कालीन चन्द्रमा ने उन गोपसुन्दरियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रस्थान संघटित कर दिया। इसी कारण से उस समय श्रीकृष्ण की मुरली की मधुर ध्वनि ने तो, उस प्रस्थान को शीघ्र ही अधिक दृढ़ कर दिया ।।४८।।

इसीलिए उसी समय श्रीकृष्ण ने अनुराग, राग, एवं वर्णविभाग के द्वारा, समस्त माधुरी का विस्तार करती हुई वेणु की सुमधुर ध्वनि को फैलाना आरम्भ कर दिया ।।४९।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्रानुरागो यथा,—

'साश्रुकण्ठनयनं सकण्टकं, कम्पसम्पदयनं स माधवः ।
राधिका-विरहजाधिबाधितः, श्रव्यवेणुकलभव्यमाजगौ ॥'५०॥

रागो यथा,—

"रागमीदृशमसावचीक्लृपत्, प्राप राग इव यः प्रियाहृदि ।
यः स्फुटं न रसितः पुरा भुवि, क्वापि नामृतवदङ्ग विश्रुतः ॥'५१॥

"तत्प्रणादमयवर्णविभागो यथा,—

'अयि ! सुधांशुसुधामुखि ! राधिके !, मधुरभावधुरामधुमाधवि ! ।
मयि सदा दयिते ! दयिते ! चिरं, तव गुणैर्हृदयं मम दीर्यते ॥'५२॥

"अथ बाण इव वेणुनादे प्रवीणः स्वयमसावनेन तस्याः सिद्धां विद्धतामवबुध्य सुध्यग्रणीरन्याश्च तन्न्यायमाजुहाव ॥५३॥

"तत्र वर्णविभागस्त्वेवम्,—

'अहह गोपसुता ! मम गीःसिता, धरथ हन्त मनोरथदुर्धराम् ।
इति भवामि भवज्जितलज्जित,-स्तदुदयं सुदयं कुरुत प्रियाः ! ॥'५४॥

उन तीनों में से अनुराग का वर्णन, यथा—राधिका के विरह से जनित मानसी व्यथा से पीड़ित हुए वे श्रीकृष्ण गद्गद कण्ठ एवं सजल नयन हो, तथा रोमाञ्चों से युक्त हो, और कम्परूप सम्पत्ति के मार्ग-रूप बन कर, अर्थात् विशेष कम्पित होकर, सुनने योग्य वेणु के मधुर मङ्गलमय गीत को गाने लगे ॥५०॥

राग का वर्णन, यथा—श्रीकृष्ण ने वेणु में ऐसे अद्भुतराग की कल्पना करी कि, जो राग अनुराग की तरह कृष्णप्रिया गोपियों के हृदय में पहुँच गया । और जो राग भूमि पर पहले किसी के द्वारा स्पष्टरूप से आस्वादित नहीं हुआ, एवं अमृत की तरह पुनः कहीं पर विख्यात भी नहीं हुआ था ॥५१॥

उस वेणु का अनुराग भरे शब्दों से युक्त नादपूर्ण वर्णों का विभाग, यथा—हे सुधांशुसुधामुखि ! राधिके ! हे मधुरभाव के भार के कारण वसन्तकालीन माधवीलते ! हे मेरे ऊपर सदैव दयायुक्ते ! प्रिये ! तेरे गुणों के द्वारा मेरा हृदय बहुत दिन से विदीर्ण हो रहा है ॥५२॥

तदनन्तर बाण की तरह वेणु बजाने में प्रवीण एवं बुद्धिमानों में अग्रगण्य श्रीकृष्ण, इस वेणुनाद के द्वारा राधिका की विद्धता को सिद्ध समझ कर, राधिका की तरह अन्य गोपियों को भी बुलाने लग गये ॥५३॥

उन गोपियों के बुलाने में वर्णों का विभाग तो इस प्रकार है, यथा—अहह ! हे गोपसुताओ ! यह बड़े खेद की बात है कि—तुम सब मेरी वाणी में बँधकर मनोरथ के द्वारा भी दुर्धर (न धारण करने योग्य) दशा को धारण कर रही हो । इसलिए मैं पहले आप सब से (प्रेम के द्वारा) पराजित होकर, पीछे लज्जित हो रहा हूँ । अतः हे प्रियगोपियो ! सुन्दर दया से युक्त अपने उदय को प्रगट करो, अर्थात् दयापूर्वक यहाँ पर चली आओ ॥५४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ यदा पीतवसनेन गीतमेवमुद्गीतम्, तदा तासामेव कर्णाभ्यर्णतामागतं तत्र च यथायथमभिरुचितमेव चित्तीकृतं रागादिकमवधार्य निवार्यतातिक्रमनिरतास्थिरताः प्रतस्थिरे। तत्र च कृष्णाभिमुखतामेवातस्थिरे, नान्यत् किमपि ॥५५॥

"तथाहि,—

या यत्र कर्मणि गतास्तदनुस्थितिं ता, विस्मृत्य तस्य मुरलीश्रुतिदिव्यनेत्राः ।
दृश्यप्रभं तमभिवव्रजुरश्रुनीर,-स्रोतस्वतीमयतया निजजीवनेशम् ॥५६॥

"तदा च,—गोकुलकुमुदाक्षीणां, कुमुद्वतीनां तदा तथा कुमुदाम् ।
अकुरुत कुमुदाधीशः, स तदा शतधा परां सुमुदम् ॥५७॥

"तदा च,—शुश्रूषन्त्यः पतीन् काश्चिन्निरुद्धाः प्रस्थितिं प्रति ।
कृष्णं तत्रैव ताः प्रापुरित्येवं मुनिजल्पितं ॥"५८॥

अत्र च स्निग्धकण्ठेनान्तश्चिन्तितम्,—"ताः एताः खलु पाद्मोत्तरखण्डदृष्ट-दण्डकारण्य-गत-मुनिवर्यतया साधकचर्यस्तदानीमपि लक्ष्मीवर्याणां राधिकादि-नित्यतद्भार्याणां स्वकाम्यं

तदनन्तर पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण ने जब इस प्रकार का गायन प्रगट किया, तब वह गायन उन गोपियों के ही कानों के पास आ गया। उस गायन में भी अपनी अपनी रुचि के अनुसार ही जाने गये राग आदि को धारण करके, वहाँ जाने पर श्रीकृष्ण के द्वारा अपनी निवार्यता का जो अतिक्रमण, उसके द्वारा जिनकी अस्थिरता (चञ्चलता) दूर हो गई है, ऐसी वे गोपियाँ दृढ़ मन से श्रीकृष्ण के पास ही चल दीं। उस चलने में भी सब ने श्रीकृष्ण की सम्मुखता को ही स्वीकार कर लिया, और कुछ भी नहीं ॥५५॥

देखो ! जो गोपी जिस कार्य के निमित्त गई थीं, वे सब गोपियाँ उस उस कार्य के अनुष्ठान को भूल-कर, श्रीकृष्ण की मुरली ध्वनि के श्रवण से दिव्यनेत्रों से युक्त होकर, अश्रुरूप जल से उत्पन्न हुई एक प्रकार की पूर्ण नदीरूप होकर, साक्षात् के समान दिखाई देने वाले अपने जीवननाथ उन श्रीकृष्ण के सम्मुख चल दीं। नदी पक्षे—समुद्र के सम्मुख चल दीं ॥५६॥

और उस समय कुमुदिनीनायक उस चन्द्रमा ने श्रीकृष्णपूजार्थं कुमुदधारिणी गोकुलवासिनी कुमुदके से नेत्रोंवाली उन गोपियों के लिए, एवं कुमुदावली के लिए, अथवा पृथ्वी को आनन्दित करनेवाली विकसित लता वृक्ष आदि जाति के लिए, सैंकड़ों प्रकार से सर्वोत्कृष्ट एवं सुन्दर आनन्द प्रगट कर दिया ॥५७॥

और उस समय कुछ गोपियाँ अपने प्राकृत पतियों की सेवा करती हुईं, श्रीकृष्ण के पास प्रस्थान (गमन) के प्रति पतियों द्वारा घर में ही निरुद्ध हो गई थीं। वे ध्यानयोग के द्वारा वहीं पर श्रीकृष्ण को पा गईं। इस प्रकार श्रीशुकदेवजी ने कहा है ॥५८॥

इस विषय में स्निग्धकण्ठ ने अपने अन्तःकरण में विचार किया कि—पतियों के द्वारा घर में रोकी गईं गोपियों का विवरण इस प्रकार है। पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में वर्णित है कि—श्रीरामचन्द्रजी जब दण्डकारण्य में पधारे थे, उस समय वहाँ पर रहनेवाले मुनिजनों ने श्रीरामजी के रूप पर विमुग्ध होकर, शृङ्गारभाव की वासना की थी, वे ही गोकुल में स्त्री-देह को प्राप्तकर, शृङ्गारभाव से श्रीहरि को पाकर मुक्त हो गये थे। वे सब मुनिरूपा गोपी साधकचरी, अर्थात् पहले जन्म में साधन करने के कारण साधन-सिद्धा कही जाती हैं। श्रीकृष्णावतार के समय भी लक्ष्मी से भी श्रेष्ठ, श्रीराधिका आदि श्रीकृष्ण की नित्य-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

साम्यमनवाप्या यथा तदवाप्य श्रीकृष्णमवाप्तास्तथा वर्ण्यमिति स्थिते (भा० १०।२९।११)—

'तमेव परमात्मानं जारबुद्ध्यापि सङ्गताः । जहुर्गुणमयं देहं सद्यः प्रक्षीणबन्धनाः ॥'

इत्येव प्रतिपत्तये कल्पते ॥५९॥

"उक्तं च पाद्मोत्तरखण्ड एव,—

'ते सर्वे स्त्रीत्वमापन्नाः समुद्भूताश्च गोकुले ।
हरिं सम्प्राप्य कामेन ततो मुक्ता भवार्णवात् ॥'इति॥

"किन्तु (भा० १०।३३।३८) 'नासूयन् खलु कृष्णाय' इत्युक्तदिशा तदीयास्तु न तद्गृहितुमीशामासुरिति ज्ञेयम् । यच्च (भा० १०।६।३५) 'जिघांसयापि हरये स्तनं दत्त्वाप सद्गतिम्" इत्यस्य सदृशेन 'तमेव परमात्मानं जारबुद्ध्यापि' इत्यादिना साधनस्य निकर्ष-रूपमपेरभिधेयं फलस्य तु सर्वोत्तमरूपत्वं प्रतिपद्यते ॥६०॥

"तच्च युक्तम्, यतः,—

तासां कृष्णः परात्मा न तु पर इति न प्राप्नुयाज्जारतां तत्
प्रान्ते प्राप्तः पतित्वं ददुचितमिति जारमत्यापि वित्तः ।

कान्ताओं के समान अपने वाञ्छनीय को वे मुनिरूपा गोपी प्राप्त न कर पाईं । और जिस प्रकार अपने वाञ्छनीय सादृश्य (नित्यकान्ताओं की समानता) को प्राप्तकर श्रीकृष्ण को पा गईं, उस प्रकार वर्णन करने योग्य है । ऐसी स्थिति में "उन मुनिरूपा गोपियों ने उन परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण को उपपति की बुद्धि के द्वारा भी प्राप्तकर, घर में ध्यानयोग के द्वारा गुणमय (प्राकृत) देह को त्याग दिया, एवं वे तत्काल भवबन्धन से मुक्त हो गईं" यह श्रीमद्भागवत का सिद्धान्त ही समझने समझाने के लिए समर्थ है ॥५९॥

पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में कहा भी है कि—"वे सब दण्डकारण्यवासी मुनिजन स्त्रीभाव को प्राप्त होकर, गोकुल में गोपीरूप से उत्पन्न हुए थे, पश्चात् कामभाव के द्वारा श्रीकृष्ण को प्राप्तकर, संसारसागर से मुक्त हो गये" इति । किन्तु उनके प्राकृत पतियों ने "नासूयन् खलु कृष्णाय" इस उक्ति के अनुसार श्रीकृष्ण के गुणों में कोई दोषारोपण नहीं किया । और वे "किस प्रकार श्रीकृष्ण को प्राप्त हो गईं" इस प्रकार की विवेचना करने के लिए भी वे समर्थ न हुए, यह सिद्धान्त अवश्य जानने योग्य है । और "मारने की इच्छा से भी श्रीहरि को अपना स्तन देकर पूतना ने सद्गति प्राप्त कर ली" इसी वाक्य के समान "उन परमात्मा श्रीकृष्ण को उपपति बुद्धि से भी प्राप्तकर वे मुनिरूपा गोपियाँ मुक्त हो गईं" इत्यादि वाक्य के द्वारा 'अपि' शब्द की वाच्यस्वरूपा साधन की निकृष्टता, और फल की सर्वोत्तमरूपता अंगीकार की जाती है या जानी जाती है— ॥६०॥

वह उचित ही है क्योंकि—उन साधनसिद्धा मुनिरूपा गोपियों के लिए श्रीकृष्ण ही परमात्मा थे, किन्तु परपति नहीं थे । इसी कारण श्रीकृष्ण जारता को, अर्थात् उपपतिभाव को नहीं प्राप्त हो सकते । और उनके द्वारा जारबुद्धि से विचारे गये भी श्रीकृष्ण उचित बुद्धि को देते हुए, उनके प्राकृत देह के त्यागने के बाद सच्चे पतिभाव को ही प्राप्त हो गये । क्योंकि मारने की इच्छा वाली, धात्री (धाई) के समान वेष वाली, पूतना के हृदय में भी, समुचित बुद्धि अर्पण करने के कारण, श्रीकृष्ण ने अत्यन्त स्थिर वात्सल्य भाव को प्राप्त किया था । इसी प्रकार जारबुद्धि से भजन करने पर भी, मुनिरूपा गोपियों को नित्य पतिरूप में

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यद्वद् बक्यां जिघांसावपि समुचितमत्यर्पणाल्लाल्यभावं
लेभे धात्रीनिभायां स्थिरतममिह यद् युक्तितस्तत्फलं हि ॥६१॥

"तथापि (भा० १०।२९।१३)—

'उक्तं पुरस्तादेतत्ते चैद्यः सिद्धिं यथा गतः ।
द्विषन्नपि हृषीकेशं किमुताधोक्षज-प्रियाः ॥'६२॥

इत्यनुसारात् प्रेमांशेन तु तासां महदेव वैलक्षण्यमनुगतम् ॥६३॥

"न च नित्यकान्तास्वपि प्रकटलीलायां जारबुद्धिर्दृश्यत इति तस्याः श्लाघैव वाच्या ॥६४॥

"यतः, या नित्या एव कान्ता दनुजकुल-रिपो राधिकाद्या न तासां
श्लाघां सा जारताधीरचिरजनिरियात् किन्तु रागः स नित्यः ।
तां भित्त्वा विघ्नकर्त्रीं द्रुतमुदितवता तेन तं नित्यकान्तं
प्रापुस्ता नापरासामिव वपुरपरं स प्रतीक्षेत तासाम् ॥"इति॥६५॥

श्रीकृष्णरूप फल की जो प्राप्ति है, उस फल की प्राप्ति तो इस पूतना के दृष्टान्त से ही निश्चित हो गई। तात्पर्यार्थ यह है कि—जो जहर देनेवाले को भी समुचित बुद्धि देकर कृतार्थ करते हैं, फिर श्रीकृष्णप्रिया मुनिरूपा गोपियों को वे श्रीकृष्ण कृतार्थ करेंगे, इस विषय में तो कहना ही क्या है? वस्तुतः जार शब्द श्रीकृष्ण के पक्ष में साधारण जारता का वाचक नहीं है, अपितु (जरयति कामवासनामिति जारः) इस व्युत्पत्ति के अनुसार जो भक्त के हृदय की कामवासना को नष्ट करता है, ऐसा कृष्ण ही जार शब्द वाच्य है। क्योंकि वस्तु की शक्ति ज्ञान की अपेक्षा नहीं करती। जैसे पारस पत्थर अनजान में भी छूकर लोहे को सुवर्ण बना देता है, एवं अग्नि अनजान में भी जलाता ही है, इत्यादि ॥६१॥

देखो ! इसी बात को पुष्ट करते हुए श्रीशुकदेवजी ने परीक्षित् के प्रति कहा है कि—हे राजन् ! यह बात मैंने तुमसे पहले ही कह दी है कि, श्रीकृष्ण से द्वेष करता हुआ शिशुपाल भी जब सिद्धि को प्राप्त कर गया, तब श्रीहरिप्रिया गोपियों ने सिद्धि का लाभ किया इसमें तो कहना ही क्या है ? अर्थात् उनकी इष्ट-सिद्धि में तो शंका करने की आवश्यकता ही नहीं ॥६२॥

इस उक्ति के अनुसार प्रेम के अंश की अधिकता के कारण तो, उन मुनिरूपा गोपियों की महतीः विलक्षणता लक्षित होती है ॥६३॥

और प्रगटलीला में श्रीकृष्ण की नित्यकान्ता गोपियों में भी जारबुद्धि देखी जाती है, इसलिए उस जारबुद्धि की श्लाघा करनी उचित है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता ॥६४॥

क्योंकि दैत्यारि श्रीकृष्ण की श्रीराधा आदि जो नित्यकान्ता हैं; उनकी तत्काल उत्पन्न होने वाली वह जारता बुद्धि श्लाघा (प्रशंसा) को प्राप्त नहीं हो सकती। किन्तु उनका वह नित्य अनुराग ही श्लाघा को प्राप्त कर सकता है। क्योंकि विघ्न करने वाली उस जारताबुद्धि को विदीर्ण कर शीघ्र ही उत्पन्न होने वाले उनके लोकोत्तर अनुराग के द्वारा वे नित्यकान्ताएँ नित्यकान्त श्रीकृष्ण को पागईं। कारण घर में रुकी हुई मुनिरूपा गोपियों की तरह, उन राधा आदि नित्यकान्ताओं का वह लोकोत्तर अनुराग दूसरे शरीर की प्रतीक्षा नहीं कर सकता ॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेतद् विचिन्त्य स्फुटं प्रोचे,—"ततस्ततः ?" ॥६६॥

मधुकण्ठ उवाच,—"अभिसृतवतीनां विशेषो यथा—

श्रुते मुरलिकाकले निजनिजाह्वयप्रापके
समं व्रजनतभ्रुवः सपदि फुल्लदेहा बभुः।
अनङ्गमपि वर्धितं विहितवानहो यस्तदा
कथं न किल वर्धयेन्निजकलाबलेनाङ्गनाः ? ॥६७॥

"किञ्च, सत्वरप्रसारवत्त्वसत्त्वधामहायिनी। सर्वगुर्वहार्यकूटवारणातियायिनी ॥
नाथमेकमन्वनेकदारसम्पदर्पिणी। ओघमोघमन्वनन्तभक्तलोकतर्पिणी ॥६८॥
लोलकेश-शैवलाश्रिकर्णपूरचक्रिणी। पुष्पजातनिष्प्रपातशुभ्रफेनचक्रिणी ॥
उच्छलन्नवीनमीन-नेत्रनीर-गात्रिणी। अग्रिमाध्वमात्रपात्रसम्मुखानुयात्रिणी ॥६९॥
मन्दचालबाहुनालपाणिपद्मशालिनी। अच्छबालकच्छपाङ्गवत्सजन्मजालिनी ॥
जूतिधूतिकृत्कुटीरतीरधीरगामिनी। ऊरुभूरुहालिपातसम्प्रपातकामिनी ॥७०॥
काञ्चिकाञ्चिकङ्कणादिशिञ्जदम्भसङ्गिनी। प्रायशस्तु हंससंघशब्दितानुरङ्गिनी ॥
तूर्णतूर्णघूर्णनादिसंकुलाङ्गनर्तिनी। पूर्णपूर्णभावगूर्णजाड्यजातवर्तिनी ॥७१॥

इस प्रकार विचार कर स्निग्धकण्ठ स्पष्ट बोला कि—भैया ! मधुकण्ठ ! उसके आगे का प्रसङ्ग क्या है ? ॥६६॥

मधुकण्ठ बोला—श्रीकृष्ण के प्रति अभिसार करने वाली गोपियों की विशेषता, यथा—अपने अपने नाम को अपने अपने कान में पहुँचाने वाले मुरली के सुमधुर स्वर के सुनते ही, सभी व्रजाङ्गनाएँ एकसाथ तत्काल प्रफुल्लित शरीर वाली होकर देदीप्यमान हो गईं। अहो ! मुरली के जिस मधुर स्वर ने अङ्गहीन उस काम को भी जब वृद्धिको प्राप्त कर दिया, तब वह मुरली का मधुर स्वर अपनी कला के बल से गोपाङ्गनाओं को किस प्रकार न बढ़ा सकेगा ? अतः उनका शरीर प्रफुल्लित हो गया ॥६७॥

किंच अड़सठवें श्लोक से तिहत्तरवें श्लोक तक कुलक है, अर्थात् छः श्लोकों का एक सम्बन्ध है। अतः उन सब का इकठ्ठाही अर्थ लिखते हैं, यथा—नदीश्रेणी की समानता वाली यह सखियों की श्रेणी, सिन्धु के तुल्य उत्ताल तरङ्गों से युक्त अङ्गवाले, श्याम तेज के कारण सुन्दर मनोहरता वाले, निर्भीकपति-रूप माधव को शीघ्र ही प्राप्त हो गई। वह सखीश्रेणी कैसी थी उसके क्रमशः विशेषण, यथा—वह सखी-श्रेणी शीघ्रतापूर्वक फैलनेवाले आत्मिक बल के द्वारा, अपने अपने घर को त्यागनेवाली, सास ससुर आदि सभी गुरुओं के दृढ़तर निवारण का उल्लंघन करने वाली, एक प्राणनाथ को लक्ष्य करके अनेक स्त्रीरूप सम्पत्ति को अर्पण करने वाली, एवं यूथ के यूथ भक्तों को लक्ष्य करके, अनन्त भक्तजनों को तर्पित करने वाली थी। और चञ्चल केशकलापरूप शैवाल (काई) से युक्त कर्णपूर (कर्णफूल), अर्थात् मण्डलाकार कुण्डलोंवाली, केशबन्धन से गिरते हुए पुष्प समूहरूप सफेद फेन के समूहवाली, उछलते हुए नवीन मीनों की तरह नेत्रों का जो नीर उससे युक्त गात्रवाली, आगे के मार्गमात्र के आधाररूप श्रीकृष्ण के सम्मुख यात्रा करने वाली थी। और वह सखीश्रेणी मन्दचाल से युक्त बाहुनालरूप करकमलों के द्वारा शोभावाली, निर्मल बाल कच्छप (छोटा कछुआ) के समान स्तनरूप जालवाली, वेग से अपनी अपनी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वेशवस्त्रसन्निवेशचञ्चलत्वभङ्गिनी । तत्तदर्थवैपरीत्यकारिवेगसङ्गिनी ॥
यन्निमित्तमात्मसर्वसङ्गभङ्गभाविनी । यत्र सर्वनामरूपविस्मृतिश्च भाविनी ॥७२॥

श्यामधामसुष्ठुवाममेतमत्र सद्धवम् । सिन्धुतुल्यमुत्तरङ्गदङ्गमाशु माधवम् ॥
पूर्वपूर्वभिन्नयातिरुत्तराप्तसङ्गतिः । आपगालिसम्मितापि सेयमालिसंहतिः ॥७३॥

"तास्तत्र च,—

शुभंयु-वनमञ्जुले सवितृजारुवा संकुले
प्रसूनगणराजिते भ्रमरकोकिल-भ्राजिते ।
सुगन्धमरुदञ्चिते कुमुदबन्धुशोभाचिते
समस्तगुणनिश्चिते निधितया चिरं सञ्चिते ॥७४॥

स्थले मणिज-चत्वरं समधिरुह्य तं सत्वरं
विचित्रमुरलीकलं विरचयन्तमुद्यत्कलम् ।
घनाघनघनश्रियं तडिदभीषुवस्त्रप्रियं
मणिद्युतिविकस्वरं ददृशुरङ्ग दिव्यस्मरम् ॥७५॥ युग्मकम् ॥

कुटीको दूर त्याग कर यमुना तीर पर धीरे धीरे जानेवाली, अपनी अपनी जङ्घारूप वृक्षश्रेणी के पात के सम्प्रपात, अर्थात् अच्छी प्रकार चलने की कामनावाली थी। तथा काञ्ची (कोंधनी) से युक्त कंकण आदि की मधुर ध्वनि के सम्बन्धवाली, प्रायः हंससमूह के शब्द का अनुकरण करनेवाली, जल्दी जल्दी घूमघुमेर आदि से व्याप्त (युक्त) अपने अङ्ग को नचानेवाली, पूर्ण से भी पूर्ण सात्त्विक भाव के उदय से होनेवाली जड़ता के समूह से युक्त होनेवाली, वेश एवं वस्त्रों के सन्निवेश (यथास्थान धारण) करने के समय चञ्चलतारूप तरङ्गों से युक्त होनेवाली, अपने अपने स्थान पर वस्त्र भूषण आदि धारण करने की विपरीतता करने वाले वेग के संयोगवाली, जिसके निमित्त अर्थात् श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए अपने सभी प्रियजनों के सङ्ग के भङ्ग की भावनावाली, और जिस भावना में या श्यामसिन्धु में मिलते ही सर्व प्रकार के नाम एवं रूपों की विस्मृति हो जायगी, ऐसे श्यामसिन्धु के पास चलते समय पहले पहले की अपेक्षा भिन्न गति (चाल) वाली, अथवा पहले पहले विभिन्न स्थानों से आनेवाली होकर भी, पश्चात् एकभाव से एकत्र सम्मिलित होनेवाली थी ॥६८-७३॥

और वहाँ पर जाकर उन गोपियों ने कैसे स्थल पर, कैसे श्रीकृष्ण का दर्शन किया उसका वर्णन, यथा—वहाँ पर उन गोपियों ने शुभयुक्त वन से मनोहर, श्रीयमुना की कान्ति से परिव्याप्त, पुष्पसमूह से विराजित, भ्रमर कोकिल आदि से भ्राजित (दीप्त), सुगन्धमय वायु से युक्त, चन्द्रमा की शोभा से व्याप्त, समस्तगुणों से परिपूर्ण, निधिरूप से चिरकाल से सञ्चित किये हुए ऐसे स्थल में, मणियों से बने हुए एक ऊँचे चबूतरे पर शीघ्र ही चढ़कर, जिसमें अनेक प्रकार की कला (स्वर भेद) उत्पन्न हो रही हैं, ऐसे विचित्र मुरली के सुमधुर स्वर की रचना करते हुए, वर्षाऋतु मेघ की सी शोभावाले, बिजली की सी किरणों से युक्त पीताम्बर से प्रेम रखनेवाले, एवं मणियों की कान्ति से शोभायमान मूर्तिमान दिव्य काम-स्वरूप श्रीकृष्ण को देखा। यहाँ दो श्लोकों में अन्वय के कारण युग्मक है ॥७४-७५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"निर्माय कृष्णमभितः स्थितिमत्र गौरी,-पंक्तिस्तदा तमवलम्बितुमुत्कचित्ता ।
मध्ये तमालमुपलभ्य सुवर्णवर्ण,-वल्लीततिर्विलसतीति किल व्यलोकि ॥७६॥

"अथ,—

वंशीदूतिकया निमन्त्र्य कलिताः सौरभ्यधारासखी-
संघैः सादृति भूरिदूरसरणेरानायिताः सुभ्रुवः ।
प्राप्ताः स्वान्तिकमात्मरोचिरमृतान्यप्याशिताः प्रेयसा
तृप्तिं नैव ययुर्न वा विरमितं तद् दानकर्माऽमुना ॥७७॥

"प्रत्युत,—

नव्याः कलाधराः शुभ्रा भ्राजिनक्षत्रमालिकाः ।
अराललोचनाः कृष्णचकोरं तृष्णजं व्यधुः ॥७८॥

"अथ कृष्णस्तत्र सतृष्णमचिन्तयत्,—अहो ! नवतारुण्यस्य पुण्यसम्पद एता वर-लावण्यस्य मत्क्रेतव्य-नव्य-पण्यश्रेण्यस्त्रिलोकीलक्ष्म्याश्चूडामणयः स्फुरन्मन्मथस्य जीवनौषधयः कुमुदायमान-मदीयलोचनयोर्नवीनाश्चन्द्रकलाः सहावतीर्य रुचिं वितीर्य विराजन्ते ॥'७९॥

वहाँ पर गौरवर्णवाली गोपियों की पंक्ति श्रीकृष्ण के चारों ओर खड़ी होकर, उनका अवलम्बन करने को उत्कण्ठा से युक्त चित्तवाली हो गई। उस समय वह गोपी पंक्ति ऐसी दिखाई देती थी कि, बीच में तमाल वृक्ष को पाकर उसके चारों ओर सुवर्णवर्णवाली लताओं की पंक्ति ही मानो शोभा पा रही है ॥७६॥

अनन्तर वंशीरूपिणी दूती के द्वारा निमन्त्रण देकर बुलाई गईं, सुगन्धि की धारारूप सखीसमूह के द्वारा आदरपूर्वक बहुत दूर के मार्ग से लाई गईं, एवं अपने निकट आई हुईं, अतः प्रियतम श्रीकृष्ण के द्वारा अपनी कान्तिरूप अमृत का भोजन कराई गईं भी वे गोपियाँ तृप्ति को न प्राप्त हुईं, और गोपीजन-वल्लभ श्रीकृष्ण ने अपनी कान्तिरूप अमृत का दानरूप कर्म भी समाप्त न किया ॥७७॥

प्रत्युत (अपने शोभामृत के दान के बदले में) नव यौवनवाली, चन्दन आदि के द्वारा बनाई गई अनेक प्रकार की चित्रकला को धारण करने वाली, शुक्लवस्त्रों के द्वारा शुक्लवर्णवाली, देदीप्यमान मणिमय हारों को धारण करनेवाली, कुटिल नेत्रोंवाली उन गोपियों ने श्रीकृष्णरूप चकोर को अपने दर्शन के प्रति तृष्णायुक्त कर दिया। दृष्टान्त पक्ष में—चन्द्रमा की नवीन कलाओं को धारण करनेवाली, शुक्लवर्ण वाली, टेढ़े दर्शनवाली, चमकती हुई नक्षत्रश्रेणी ने काले चकोर को इच्छुक कर दिया ॥७८॥

अनन्तर श्रीकृष्ण वहाँ पर तृष्णापूर्वक विचारने लगे कि—आहा ! कैसी आश्चर्य की बात है कि—ये सब गोपियाँ तो नव यौवन के श्रेष्ठ लावण्य की पुण्य सम्पत्ति (पुण्यफल) स्वरूप हैं, एवं मेरे द्वारा खरीद ने योग्य नवीन द्रव्य की दूकानों की पंक्तिस्वरूप हैं, तीनों लोकों की शोभा की मुकुटमणिस्वरूप हैं, जागृत हुए काम की जीवनौषधिस्वरूप हैं, कुमुद पुष्प का सा आचरण करनेवाले मेरे दोनों नेत्रों के लिए तो नवीन चन्द्रकलास्वरूप हैं, और एक ही साथ अवतीर्ण होकर शोभा का वितरण करती हुईं विराजमान हैं ॥७९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्थिते,—

कृष्णाऽपाङ्गशरः साङ्गं भित्त्वाऽपाङ्गशरं मम ।
मनोरथिनमुद्भेत्तुं किल प्राविशदन्तरम् ॥८०॥

इति ताः प्रत्येकं प्रत्येतव्यं चक्रुः ॥८१॥

"वस्तुतस्तु हरेस्तासु सर्वासु लतास्विव द्वित्रलवसेवनपूर्वकमपूर्वतया भ्रमन्नेत्रभ्रमर-युगलं कमलिन्यामिव राधायां निर्बाधां स्थितिमातस्थे ॥८२॥

"आस्थितवतीति च तत्रेदं स तु विचारयामास,—

'शोभायाः शुभदा शोभा रमायाः परमा रमा ।
सेयं मल्लोचनस्यापि राधिका चारुलोचनम् ॥'८३॥

"तदेवं सति सा च तदीय-तादृशदृशः स्पर्शतः कम्पसम्पदुन्मीलनरसप्रसरवशतया क्षोभं लभमानापि तं प्रति प्रहितलोभां शोभामुवाह ॥८४॥

ऐसी स्थिति के बाद हाय ! हाय ! यह श्रीकृष्ण का कटाक्षरूपी बाण मेरे कटाक्षरूपी बाण को साङ्गोपाङ्ग भेद कर, मेरे मनरूपी रथी (योद्धा) को अधिक भेदन करने के लिए, निश्चय ही मेरे अन्तःकरण में प्रविष्ट हो गया है ॥८०॥

इस प्रकार उन प्रत्येक गोपियों ने पूर्व श्लोकोक्त विषय को अपने अपने ज्ञान के गोचर किया, अर्थात् श्रीकृष्ण के कटाक्षरूपी बाण की क्रिया प्रत्येक के ही हृदय में स्फुरित हुई ॥८१॥

वस्तुतस्तु भ्रमर जैसे कुछ काल तक सब लताओं का सेवन कर, घूमते घूमते पश्चात् कमलिनी के ऊपर ही जैसे चिरकाल तक स्थित हो जाता है, ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण का नेत्ररूपी भ्रमर-युगल भी दो तीन क्षण तक सेवनपूर्वक, लतारूप उन सब गोपियों के ऊपर अपूर्वरूप से घूमता हुआ, पश्चात् कमलिनी तुल्य राधिका के ऊपर ही बाधारहित चिरकाल तक स्थित हो गया, अर्थात् दो तीन क्षण गोपियों के सौन्दर्यरूप मकरन्द का पान कर, चिरकाल तक राधिका के सौन्दर्यरूप मकरन्द का पान करता रहा ॥८२॥

पुनः राधिका के स्थिर हो जाने के कारण, श्रीकृष्ण राधिका के उत्कर्ष के विषय में यह विचारने लगे कि—यह राधिका तो शोभा की भी शुभदायिनी शोभा है, लक्ष्मी की भी परम लक्ष्मी है, एवं मेरे नेत्रों की भी सुन्दर दर्शनशक्ति है । तात्पर्य—राधिका के दर्शन विना तो मैं भी प्रायः अन्धा सा ही रहता हूँ ॥८३॥

अतः इस प्रकार की स्थिति में, अर्थात् श्रीकृष्ण जब टकटकी लगाकर राधिका का दर्शन कर रहे थे, तब श्रीराधिका श्रीकृष्ण के उस प्रकार के नेत्रों के स्पर्श से प्राप्त कम्परूपी सम्पत्ति के द्वारा, प्रफुल्लित रसविस्तार के वशीभूत होने के कारण क्षोभ को प्राप्त होती हुई भी, श्रीकृष्ण के प्रति लोभ की प्रेरणा करने वाली शोभा को धारण करती रही ॥८४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र च प्रश्नोत्तरमयं पद्यम्,—

'स्मेरयोः प्रति विधूद्यदस्रयो, राधिकानयनयोस्तुलां वद ? ।
शारदं विकचमेचकोत्पलं, यन्मरन्दझरणोचि तत् किमु ?' ॥८५॥

"तदेवं स्थिते ताः पुरःस्थिता यद्यप्यनवद्यसंवनन-प्रवीणवेणुविद्यामदिता लज्जामुज्जहति स्म, तथाप्यवितथाभिजात्यतया नम्रताकन्या मुनिव्रतमेवानुववृतिरे ॥८६॥

"श्रीकृष्णस्तु यदा विशिष्टललनामध्यमध्यावसन्नेवमद्योतिष्ट, तदा तासां परमदुर्लभ-परिमलमात्राणामपि वैणवमधुरगीतमधुमदिततया स्वयमेव कृताभियात्राणामागतिं दृशोः पथि निर्माय सनर्मस्मितस्तद्विधां बुद्धिमुपधया लब्धशुद्धिमवधारयन्निव तन्मुखादुन्मुखानुरागजाग-रूक-वागमृतमास्वादयितुं तासु च समुत्सुकतामासादयितुं निजान्तिकस्थितियाञ्चागर्भेण स्फुरदु-पेक्षासन्दर्भेण वचसा ताः क्षोभयामास ॥८७॥ 'यथा—

महाभागा ! युष्मन्मिलनमभवन्नः शुभकृते
ततः पृच्छाम्यत्रागमनमिदमव्याहतमिति ।
तदेतावत्क्लेशादभिगमनतः संकुचितधीः
स भूयः संपृच्छे भवदभिमतं किं नु करवै ?' ॥८८॥

और इसी समय प्रश्नोत्तरसूचक श्रीकृष्णोक्त पद्य, यथा— प्रश्न–श्रीकृष्ण के सम्मुख होते ही प्रफुल्लित होनेवाले, अश्रुधारा बहानेवाले राधिका के नेत्रों की उपमा बताओ ? स्वयं उत्तर देते हुए बोले—जो मकरन्द के झरने बहाता है, वह शारदीय खिला हुआ नीलकमल, राधिका के नेत्रों के तुल्य नहीं है क्या ? ॥८५॥

ऐसी स्थिति के बाद श्रीकृष्ण के सम्मुख खड़ी होनेवाली वे गोपियाँ, यद्यपि दोषरहित वशीकरण क्रिया में प्रवीण वेणुविद्या के द्वारा, उन्मत्त होकर लज्जा को त्याग चुकी थीं, तथापि सत्य ही सद्वंश में उत्पन्न होने के नाते, नम्रता की कमनीयता के कारण मौन का ही अनुसरण करती रहीं ॥८६॥

श्रीकृष्ण तो जब विशिष्ट महिलारूप गोपियों के मध्य में बैठते ही शोभा पा रहे थे, तभी अत्यन्त दुर्लभ मनोहर गन्धमात्र से युक्त गात्रोंवाली होकर भी, वेणु के मधुरगीतरूप मधु के द्वारा मत्त होने के कारण, स्वयं ही यात्रा करनेवाली उन गोपियों के आगमन को दृष्टिगोचर करके, परिहासपूर्वक मन्दहास करके, उनकी उस प्रकार की बुद्धि को धर्म आदि की परीक्षा के द्वारा, शुद्धि को प्राप्त हुई है या नहीं, इस बात का निश्चय सा करते हुए, एवं उनके मुख से उत्पन्न अनुराग के द्वारा, जागरूक (प्रफुल्लित) वाणीरूप अमृत का स्वाद लेने के लिए, तथा उनके हृदय में उत्कण्ठा को प्राप्त कराने के लिए, उनको क्षुभित करने लग गये। जिस वाक्य के द्वारा श्रीकृष्ण ने उनको क्षुभित किया था, उस वाक्य के भीतर तो अपने पास में रहने की प्रार्थना भरी थी, एवं बाहर से उपेक्षा की रचना प्रतीत हो रही थी ॥८७॥

यथा—हे महाभाग्यशालिनी गोपियो ! हमारे मङ्गल के लिए ही तुम्हारा मिलन हुआ है। इसलिए मैं पूछता हूँ कि तुम्हारा यहाँ पर आगमन निर्विघ्नतापूर्वक तो हुआ है न ? इतने पर भी उत्तर न पाकर पुनः श्रीकृष्ण बोले—अतएव इतने भारी क्लेशपूर्वक तुम्हारे आगमन से संकुचित बुद्धि होकर, मैं पुनः तुम सबसे पूछता हूँ कि, मैं तुम्हारा कौनसा अभिमत कार्य करूँ ? ॥८८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवमत्रादरज्ञापनया ज्ञात्वाप्यज्ञानविज्ञापनया च स्वेषूपेक्षापेक्षयोरेकतरतया तदभिप्रायं प्रायशो बोद्धुमसमर्थासु तासु तत्र एवानभिव्यक्तकिञ्चिदर्थासु पुनः सनर्म च तथा वाचं प्राह,—॥८९॥

'पृच्छतोऽपि पुरतो मम भव्यं, मौनमेव कुरुथ प्रतिगीर्यत् ।
तद्व्रजवद्व्रजगृहे गृहभाजां, किं निरामयमथ प्रतिभाति ?'९०॥

"ततश्च मिथःसस्मितनिरीक्षितासु तासु पुनरुवाच,—

'तदिदं दुरभिप्रायं, बोद्धुं भवदीयमस्मि न समर्थः ।
स्वयमिह यूयं तस्मात्, कथयत सङ्कोचमुद्धूय ॥'९१॥

"पुनरतीव संकुचतीर्निरीक्ष्य योजनाविशेषश्लेषमयतयापि तथा प्रथयामास,—॥९२॥

'अथ न भवति कार्यं ब्रूथ तन्नेति बुद्धं, व्रजमनु चलचित्ता यात नाध्वं मयात्र ।
वनमिदमतिघोरं रात्रिरत्रातिघोरा, स्वयमतिशयिघोरप्राणि-वृन्दैः परीता ॥ ९३॥

अतएव इस प्रकार पूर्वोक्त श्लोक के आधे भाग में आदर की विज्ञापना से अपने प्रति कुछ भाव जानकर भी, पश्चात् "तुम्हारा कौन सा अभिमत करूँ ?" इस प्रकार अज्ञान की विज्ञापना के द्वारा अपने भक्तों पर उपेक्षा एवं अतेक्षा की एकतरता के कारण, जब वे गोपियाँ श्रीकृष्ण के अभिप्राय को प्रायः समझने में असमर्थ हो गईं, और इसीलिए जब वे कुछ भी अपने अर्थ, अर्थात् अभिधेय को या प्रयोजन को प्रकाशित नहीं कर रही थीं, तब श्रीकृष्ण पुनः परिहासपूर्वक इस प्रकार बोले— ॥८९॥

मैं तुम्हारे सामने पूछ रहा हूँ तो भी तुम सब प्रत्युत्तर देने के प्रति, मौन को ही मङ्गलमय विवेचित कर रही हो, अर्थात् मौन को ही अच्छा समझकर चुप खड़ी हो । इसलिए मैं पुनः पूछता हूँ—तुम्हारे व्रज के घरों में रहनेवाले बन्धुजनों की नीरोगता है क्या ? मुझे तो नीरोगता मालूम पड़ती है । यदि कुशलता न होती तो तुम्हारा यहाँ पर आना ही सम्भव न था ॥९०॥

तदनन्तर जब वे गोपियाँ आपस में मन्दमुस्क्यानपूर्वक देखने लग गईं, तब श्रीकृष्ण पुनः बोले—तुम्हारे इस प्रकार के दुरभिप्राय को समझने के लिये मैं समर्थ नहीं हूँ । इसलिए तुम सब यहाँ पर संकोच को त्यागकर स्वयं आने के कारण को कह दो ? ॥९१॥

श्रीकृष्ण उनको पुनः अत्यन्त संकुचित होती देखकर, योजनाविशेष से श्लेषालंकार की अधिकतापूर्वक पूर्वोक्त प्रकार से, अर्थात् उपेक्षा एवं अपेक्षाभरी रचना से अपने वाक्यों का विस्तार करने लग गये— ॥९२॥

यथा—यदि व्रज में कोई रोग नहीं है तो अपने कार्य को कहो ? यदि कहो कि उस कार्य को तो आपने जान ही लिया है, तहाँ श्रीकृष्ण कहते हैं कि—अरी गोपियो ! तुम्हारे अभिप्राय से उस कार्य को मैंने नहीं समझा है । यह सुनकर भी उनको लज्जा से मौनी देखकर बोले—हे चञ्चल चित्तवाली गोपियो ! व्रज को चली जाओ । यहाँ पर मेरे साथ मत बैठी रहो । क्योंकि यह वन भारी भयंकर है, इस वन में रात्रि भी अत्यन्त भयावनी मालूम पड़ती है, और यह रात्रि स्वयं अत्यन्त भयंकर सिंह, व्याघ्र आदि हिंसक प्राणीसमूह के द्वारा घिरी हुई है ॥९३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र आध्वमिति न यातेति वा योजना ॥९४॥

पुनस्तद्वदेव श्लेषयितुं सोपानविशेषं चकार,—'न चेदृशी स्वैरता भवादृशीनां सदृशी भवति, यतः—मातरपितर-प्रमुखाः, सहजाः पतयश्च वः सन्ति' इति ॥९५॥

"पुनः सहासमाह स्म,—'श्रूयन्तेऽपि तनूजाः' इति ॥९६॥

अत्र कथकश्चिन्तयामास,—"वृन्दापौर्णमासी-संवादगतसिद्धान्तानुसारिधिया (भा०-१०।३३।२६)—'सिषेव आत्मन्यवरुद्धसौरतः, सर्वाः शरत्काव्यकथारसाश्रयाः' इत्यनेन प्रतिपन्नस्य तत्रकीयरसस्यालम्बनवैरूप्याद्वैरस्यापन्नताभिया च तदिदं परिहसितमेवेति विद्वन्मततया व्यक्तीकरिष्यामि' इति ॥९७॥

अथ तदेव स्पष्टमाचष्ट,—

"तदेवं ताभिः सह रन्तुं कृतवंशीध्वनिः स तु सरसानां शिरोमणिर्यद्यपि तासामुत्पत्तित एव स्वमात्रसात्कृतपतिभावानामन्यत्र पतिरिति प्रतीतिर्लोकसंवदन-वशंवदतामात्रमयी

इस श्लोक में योजना की विशेषता से श्लेषालङ्कार की रचना इस प्रकार समझो—'नाध्वं' के न कार को 'यात' के साथ जोड़ दो, और आध्वं को अत्र के साथ जोड़ दो, तब 'न यात' 'अत्र आध्वं' ऐसा वाक्य बनने से यह अर्थ हो गया कि—अरी गोपियो ! तुम व्रज को मत जाओ, किन्तु यहाँ मेरे साथ ही बैठी रहो ॥९४॥

पुनः उसी प्रकार श्लेष की रचना करने के लिए सोपानविशेष, अर्थात् सीढ़ीविशेष या अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए उपायविशेष को करने लग गये। यथा—हे गोपियो ! तुम जैसियों के सम्बन्ध में ऐसी स्वतन्त्रता योग्य नहीं है। क्योंकि तुम्हारे माता पिता आदि आत्मीयजन हैं, एवं सहोदर भाई तथा पति भी विद्यमान हैं ॥९५॥

पुनः हास्यपूर्वक बोले—सुना जाता है कि तुम्हारे तो बेटा भी हैं ॥९६॥

इस विषय में कथावाचक विचार करने लगा कि—वृन्दा एवं पौर्णमासी के सम्वाद में स्थित सिद्धान्तानुसारिणी बुद्धि से "श्रीकृष्ण ने सुरत कार्य को अपने में ही अवरुद्ध करके, रस के आश्रित सभी शरत्कालीन काव्य कथाएँ सेवन की थीं" इस वचन के द्वारा जाने गये व्रजगोपी सम्बन्धी रस की आश्रया-लम्बनस्वरूप गोपियों के देह आदि की पुत्र आदि के जन्म से विरूपता हो जाने के कारण, विषयालम्बन-स्वरूप नायक की रुचि का अभाव हो जायगा, इसलिए विरसता की प्राप्ति के भय से "तुम्हारे बेटा भी सुने जाते हैं" यह कहना तो परिहासरूप ही है। अतः मैं इस बात को विद्वानों के मत के अनुसार प्रगट करूँगा ॥९७॥

अनन्तर उसी विषय को स्पष्ट बोला—अतएव इस प्रकार उन गोपियों के साथ रमण करने के लिए, वंशीध्वनि करनेवाले रसिकशिरोमणि श्रीकृष्ण ने, यद्यपि इस प्रकार निर्मल अर्थ की सम्भावना की थी कि—ये सब गोपियाँ जन्म से लेकर मेरे ऊपर ही पतिभाव समर्पण कर चुकी हैं, इसलिए अन्यत्र (अभिमन्यु आदि में) जो पतिरूप प्रतीति है, वह तो केवल लौकिक सम्वाद के विषय में अधीनतामात्र को प्रकाशित करती है, और केवल मेरे सङ्गम की कामनारूप जो व्रत है, वह दूसरे के अङ्गसङ्गमरूप विरूपता को जीत

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

केवलस्व-सङ्गम-कामनाव्रतश्चापराङ्गसङ्गमरूपविरूपतानिर्जयीति विशदमर्थं तासु स्वीय-कान्ता-भाव-समुत्पत्त्यन्यथानुपपत्त्या सम्भावितवान् ॥९८॥

"यद्यपि च तासामजातपुत्राणामपि देवरम्मन्यपुत्रादिषु पुत्रता-व्यवहारः केवलं सन्निहितबालकविषयकवत्सलता-स्वभावाकारस्तत्सम्बन्धाभिमानस्तु बहिरेवाचार इत्याप्त-वचनान्निर्धारितवांस्तथापि तत्तदुल्लेखनकर्मणा नर्ममात्रमाचरितवान् । तदाचर्य च तद्बन्धू-नामन्धायमानानामपि तदन्वेषणनिर्बन्धाद्भयं विचार्य सामर्षमिव विवक्षितमुवाच,—'कथमिह तत्तद्भयं कुरुथ' इति । अत्र च षष्ठी पञ्चमी वा समस्यते ॥९९॥

"किञ्चात्र खण्डमखण्डं च पद्यं यथायथमनूढा ऊढाभासाश्च ता दृष्ट्वाचष्टेति गम्यते । तत्रानूढाः प्रति सहजा इत्यन्तम्; ऊढाभासाः प्रति श्रूयन्तेऽपि तनूजा इत्यन्तम् । अखण्डं तु सर्वाः प्रतीति ज्ञेयम् ॥१००॥

"पुनश्चार्थध्वनिसंवलनया चित्तमान्दोलयामास,—

'दृष्टं मद्वनमत्यपूर्वकुसुमैर्दिव्यर्तुना पूजितं
द्योतैश्चर्चितमिन्दुना यमुनया चात्मानिलैर्नर्तितम् ।

लेने वाला है । क्योंकि उन सब गोपियों के ऊपर जो मेरा निजपत्नीभाव उत्पन्न हुआ है, दूसरे के अङ्ग के सङ्गम से तो उस भाव की असिद्धि ही हो जायगी ॥९८॥

और यद्यपि पुत्रोत्पत्ति से रहित उन गोपियों का भी, अपने को गोपियों के देवर माननेवाले व्यक्तियों के पुत्रादिकों के ऊपर जो पुत्र का सा व्यवहार है, वह तो केवल पास में रहनेवाले बालकों के ऊपर वात्सल्य स्वभाव के आकार वाला है, और वह पति पुत्र आदि के सम्बन्ध का अभिमान तो केवल बाहरी आचार मात्र है, स्वाभाविक नहीं । इस विषय को श्रीकृष्ण ने आप्तवाक्य से निश्चित कर लिया था, तो भी उन्होंने पति, पुत्र आदि के उल्लेखरूप कर्म के द्वारा, परिहासमात्र किया था । और उस परिहास करने के बाद अपनी माया से मोहित होने के कारण, अन्धों के समान बने हुए उन गोपियों के सम्बन्धियों के उनके ढूंढ़ने के आग्रह से भय को विचारकर, श्रीकृष्ण मानो क्रोधपूर्वक अपने वक्तव्य को बोले—अरी गोपियो ! तुम सब यहाँ पर उन उन अपने सम्बन्धियों से क्यों भय कर रही हो ? और यहाँ पर 'तत्तद्भयं' इस पद में पचमी तत्पुरुष या षष्ठी तत्पुरुष समास किया जाता है, तब यह अर्थ होगा कि—उनसे भय अथवा उनका भय ॥९९॥

किंच इस प्रसङ्ग में—"मातरपितर-प्रमुखाः" इत्यादि जो पद्य है, वह खण्ड एवं अखण्डभाव से यथायोग्य अनूढ़ा एवं ऊढ़ाभास उन गोपियों को देखकर श्रीकृष्ण ने कहा है, ऐसा जाना जाता है । ये गोपियाँ दो प्रकार की हैं—एक तो अनूढ़ा (अविवाहिता), दूसरी ऊढ़ाभास (विवाह के आभासमात्र सम्बन्ध वाली) । उन सबमें से अनूढ़ाओं के प्रति वह पद्य 'सहजाः' यहाँ तक कहा है, एवं ऊढ़ाभास गोपियों के प्रति "श्रूयन्तेऽपि तनूजाः" यहाँ तक कहा है, तथा अखण्ड (सम्पूर्ण) श्लोक—मातरपितर-प्रमुखाः, सहजाः पतयश्च वः सन्ति । श्रूयन्तेऽपि तनूजाः, कथमिह तत्तद्भयं कुरुथ ॥ इति । तो सभी गोपियों के प्रति कहा है, ऐसा जानना चाहिये ॥१००॥

अब शब्द की अभिधावृत्ति से तो श्रीकृष्ण की गोपियों में उदासीनता, एवं अर्थ की ध्वनि के द्वारा उनकी निगूढ़ प्रार्थना का वर्णन करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि—ध्वनि दो प्रकार की होती है—शाब्दिक

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सामग्रीयमुदेति देवनिचिताऽस्माकं विहारक्रमे
तस्मादेतदभावतस्तु व इह स्तव्या न वास्तव्यता ॥१०१॥

'किन्तु, दिष्टे नाप्ते तत्र गत्वा स्व-गोष्ठे, कष्टेनापि स्वीयधर्मं कुरुध्वम् ।
पत्युर्भक्तिर्बालवत्सादिपाल्य,-व्यक्तीनां यः पालनादिश्च दिष्टः ॥१०२॥

'ततः कष्टसाध्यं तं धर्मं बाध्यमानं विधायात्राविकलसर्वधर्मफले मम सुखविहारस्थले प्रविशत ।

'अन्यथा पुनरुद्यद्विधुवनमिदं भवतीनां विधुवनाय सम्पत्स्यत इति याञ्चापक्षाभिप्रायः ॥१०३॥

"पुनः स विमर्शमिव प्रोवाच,—

'अहमहह न बुध्ये स्मेति पूर्वं प्रलापं, चकर तदिह यूयं तद्विचार्य क्षमध्वम् ।
रतिविसरविलासैर्यन्त्रणादागता य,-त्तदुचितमखिलं यत् स्निग्धता मय्युपैति ॥१०४॥

तदपि च यद्वद्विरहे, प्रीतिस्तद्वन्न सान्निध्ये ।
भवति ततो गृहयानं, भवतीनामौचितीं तनुते ॥'१०५॥

एवं आर्थिक । पुनः श्रीकृष्ण आर्थिक ध्वनि के संयोग से गोपियों के चित्त को आन्दोलित, अर्थात् डाँवाँडोल करने लग गये । यथा—अरी गोपियो ! तुमने जिस मेरे वन को देखा है, वह यह श्रीवृन्दावन अपूर्व पुष्पों के द्वारा एवं दिव्य शरद्ऋतु के द्वारा पूजित है, चन्द्रमा ने अपनी चन्द्रिका से इसे चर्चित (अनुरञ्जित) कर दिया है, एवं यमुना ने अपने सम्बन्धी वायु के द्वारा इसको नचा दिया है । हमारे विहार के क्रम की उपस्थिति में, देवताओं के द्वारा सञ्चित यह पूर्वोक्त सामग्री उत्पन्न हो जाती है । इसलिए अब हमारे विहार-क्रम के अभाव से तो तुम सब को यहाँ पर निवास करना प्रशंसनीय नहीं है ॥१०१॥

किन्तु सौभाग्य से प्राप्त हुए अपने व्रज में जाकर, कष्ट से भी अपने धर्म का पालन करो । क्योंकि पति की भक्ति, एवं बालक, वत्स आदि पालन करने योग्य व्यक्तियों का लालन पालन आदि जो धर्म है, वह शास्त्र के द्वारा उपदिष्ट है ॥१०२॥

यहाँ पर श्रीकृष्ण के प्रार्थनापक्ष का अभिप्राय यह है कि—हे गोपियो ! इसलिए कष्टसाध्य उस लौकिक धर्म को ठुकरा कर, परिपूर्ण सभी धर्मों के फलस्वरूप, मेरे इस सुखमय विहारस्थल में प्रवेश करो । यदि ऐसा न करोगी तो उदय हुए चन्द्रमा से युक्त यह वन तुमको कम्पित करने के लिए समर्थ हो जायगा ॥१०३॥

पुनः श्रीकृष्ण विचारते हुए से बोले—हाय ! हे गोपियो ! मैं तुम्हारे भावको न समझ पाया, इसीलिए पहले कुछ प्रलाप (अनर्थक वचन) प्रयोग कर गया, अतः तुम सब उसको अनर्थक वचन विचार कर क्षमा कर दो । और तुम प्रीतिसमूह के विलासों के कारण, दुःखपूर्वक जो यहाँ तक आई हो, यह सब उचित ही है । क्योंकि ऐसा करने से मुझ में स्नेह का भाव उपस्थित हो रहा है ॥१०४॥

तथापि मेरे विरह में भक्त के हृदय में जिस प्रकार प्रीति उत्पन्न होती है, उस प्रकार सन्निधि में नहीं होती । इसलिए तुम सब का घर में जाना ही उचितता का विस्तार कर रहा है ॥१०५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र च प्रीतिविषयाद् दूरे स्थितिर्न युक्तेति विरोधिलक्षणया याञ्चापक्षः सङ्गम्यते ॥१०६॥

"ततश्च, पूर्वं यच्चिरतः स्पृहावलनया संकल्पमासीत् पुन-
र्वंश्याकारणया बलादुपचितं तद्भग्नमुच्चैर्यतः ।
तच्छ्रुत्वा दयिताद्वचलीकवचनं बाढं न निश्चिक्यिरे
किं न स्मः किमु वा स्म इत्यपि तदा गोपालवामभ्रुवः ॥१०७॥
तदासां निश्चलाङ्गीनां काञ्चीनामपि राजयः ।
समं समन्ततः क्लेशात्तूष्णीकामेव सङ्गताः ॥१०८॥

'ततश्च, वाष्पव्याजादासां, प्रियकृतपरिहृतिसमूढसन्तापः ।
मन्ये हृदयाम्भोरुह,-निवहः स्वरसान् मुहुश्च सुस्राव ॥'१०९॥

"तत्र चैवं विचारयामासुः,—
प्राणांस्त्यजाम दयितस्य पदे लुठाम, कुप्याम तत्र विनिवृत्य गृहं व्रजाम ।
कृष्णां विशाम च न वा कठिनायमान,-मेतं स्वभालमभिहत्य निचाययाम ॥'११०॥

"तत्र तु,—शिरःपीडा वाष्पव्यथितगलता हृद्गतमहा-
प्रकम्पः प्रत्यङ्गस्खलनमिति नानाविकृतयः ।

यहाँ पर भी "अपनी प्रीति के पात्र से दूर रहना उचित नहीं" इस विरुद्धलक्षणा के द्वारा श्रीकृष्ण का प्रार्थनापक्ष जाना जाता है ॥१०६॥

तदनन्तर उन गोपियों ने इच्छा की प्रबलता से, पहले चिरकाल से ही जो संकल्प मन में स्थिर किया था, पुनः वंशी की बुलाहट के द्वारा जो संकल्प बलपूर्वक वृद्धिको प्राप्त हुआ था, वह अन्त में एक-साथ भग्न हो गया। गोपियाँ तो उस समय प्रियतम के मुख से उस अप्रिय वचन को सुन कर "हम यहाँ पर हैं या नहीं हैं, अथवा हम जीवित हैं या मर गईं" इस बात को भी दृढ़तापूर्वक निश्चित न कर पाईं ॥१०७॥

और उस समय निश्चल अङ्गवाली उन गोपियों की कटि की मेखलाओं (करधनियों) की पंक्तियाँ भी चारों ओर से एकसाथ क्लेश के कारण मानो मौन को ही प्राप्त हो गईं ॥१०८॥

तदनन्तर प्रियतम श्रीकृष्ण के द्वारा किये गये परित्याग के कारण परिपूर्ण सन्तापयुक्त, उन गोपियों का हृदयरूपी कमलों का समूह अश्रुप्रवाह के बहाने मानो अपने मकरन्दरूप रसों को बारम्बार बहाने लग गया ॥१०९॥

गोपियाँ वहाँ पर अपने अपने मन में इस प्रकार विचारने लगीं कि—हम सब प्राण त्याग दें, अथवा प्राणप्यारे के चरण तल में लोट जायँ, किंवा उनके ऊपर क्रोध को प्रकाशित करें, या लौट कर अपने घर को चली जायँ, यमुना में प्रविष्ट हो जायँ, अथवा कठोरता करनेवाले इन श्रीकृष्ण को अपने मत्थे को फोड़कर दिखा दें ॥११०॥

उस समय तो प्रियतम के रूखेपन से युक्त होते ही गोपियों के शिर दर्द, वाष्प के कारण गले की व्यथा, हृदयवर्ती महान् कम्प, प्रत्येक अङ्ग का खिसलना, इत्यादि अनेक प्रकार के विकार उत्पन्न होकर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रिये रूक्षे जाता दलयितुममूरावृतिरे
परं तद्वक्त्रान्तःप्रसदनमगात् पालयितृताम् ॥१११॥

मसीवलितदृग्जलस्रव-तमोभिरारादुरः-
स्थलं वलितकुंकुमप्रचितिसन्ध्यमावृण्वतीः ।
अवाङ्मुखविधूर्वधूः सपदि पौर्णमासीशशि-
स्फुरन्निशि च तामसीरिव चचाय तस्मिन् हरिः ॥११२॥

"ततश्च किञ्चिदमर्षे सति,—

श्वासदीर्णमधुराधरश्रियः, कोमलांघ्रिदलकीर्णभूमयः ।
हन्त कान्तमपि तं नतभ्रुवो, विव्यधुर्नयनसायकास्त्रिभिः ॥११३॥

"तदेवं क्षोभे सति दाडिमादन्तःसक्तरक्तबीजानामिव निजानां भावानां हृदयान्निष्कुलाकृतिः स्वयमेव जाता, तथापि वैदग्धीदिग्धतया प्रियगीर्वदेव सन्दिग्धमूचुः । यदद्यापि गायन्ति,—॥११४॥ यथा—

'इममिव मा कुरु पुनरतिवादम् ।
भक्तजनान् भज मुहुरितरांस्त्यज, विभुरिव रहितविवादम् ॥ध्रु॥

उन्हीं को विदीर्ण करने के लिए चारों ओर से घेर ने लग गये केवल श्रीकृष्ण के मुख में जो प्रसन्नता थी, वही उनकी रक्षकता को प्राप्त हो गई, अर्थात् श्रीकृष्ण के मुख की प्रसन्नता ने ही, उनको दशमी दशा से बचा लिया ॥१११॥

उस स्थल पर श्रीकृष्ण ने कुंकुम संयोग के द्वारा व्याप्त अपने वक्षःस्थल को, निकटस्थित कज्जल से युक्त नेत्रों से झरते हुए जलरूप अन्धकारसमूह द्वारा ढ़कनेवाली, एवं अपने मुखरूपचन्द्र को नीचे करनेवाली गोपवधुओं को, तत्क्षण पौर्णमासी के पूर्णचन्द्र से विराजित रात्रि में भी, अन्धकारमयी रात्रियों के समान देखा ॥११२॥

उसके बाद किञ्चित् क्रोध उत्पन्न होने पर शोकजन्य गरम श्वासों के द्वारा, अपने मधुर अधरों की शोभा को नष्ट करनेवाली, एवं कोमल चरण के अँगूठा से भूमि को खोदनेवाली वे गोपियाँ अहह प्रियतम श्रीकृष्ण को भी, अपने नेत्ररूपी बाणों के अग्रभाग द्वारा विद्ध करने लग गईं ॥११३॥

अतएव इस प्रकार क्षोभ उत्पन्न होनेपर, पक कर स्वयं फटे हुए अनार के फल से भीतर में रहनेवाले रक्तवर्ण के बीज, जैसे स्वयं ही बाहर निकल पड़ते हैं, उसी प्रकार उन गोपियों के हृदय से अपने अपने भावों का बाहर निकलना स्वतः सिद्ध हो गया। तथापि चातुरी से परिपूर्ण होने के कारण, प्रियतम की वाणी के समान अच्छी प्रकार वृद्धिपूर्ण वाक्य बोलीं। जिसको आज भी लोग गाते रहते हैं ॥११४॥

गाने का अर्थ, यथा—हे प्यारे श्यामसुन्दर ! तुम पहले की तरह पुनः अतिकटु वचनों का प्रयोग न करो। श्रीनारायण भगवान् की तरह हम भक्तजनों को निर्विवाद सर्वदा सेवन करो, एवं अभक्त जनों को त्याग दो ॥ध्रु०॥ और इस संसार में पति पुत्र आदि की सेवा करना ही स्त्री जाति का अधिक धर्म है, इस

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पतिपुत्रादिकभजनमिहाधिकमिति यं वदसि विचारम् ।
स त्वय्येव हि तिष्ठतु न तु बहिरिति विमृशामः सारम् ॥'११५॥

"अनयोरर्थश्लेषोऽयमुभयमेव पक्षं विशेषयति ॥११६॥

'अथ धवसुतमुखगणतस्तव सुखमस्ति सतां हृदि यातम् ।
तदपि च न हि भवदनुसरणं भवदिच्छति युवतीजातम् ॥'११७॥

"अत्र सन्दिग्धकाकुपदं नहीति पदं तदिच्छानिर्धारणे, यद्वा, निषेधे ॥११८॥

'स्वामाशामनुवर्धय वरतनु-ततिरिह लभतां शातम् ।
सततानश्वरवर ! वरदेश्वर ! न वितनु वितनूत्पातम् ॥'११९॥

"अत्रानुवर्धयेति समेधने छेदने वा ॥१२०॥

'गृहकर्मण्यनुचित्तं सुखतनु भवता नह्यपिनद्धम् ।
चरणौ प्रचलत इह न च बलतः प्रतिगमनं किल बद्धम् ॥'१२१॥

प्रकार के जिस विचार को तुम कहते हो, वह विचार तो सब प्रकार से तुम में ही स्थित रहे, अर्थात् हम तो तुमको ही नित्यपति मानती रहें, किन्तु तुम से भिन्न बाहरी जन में वह विचार स्थिर न हो। हम तो इसी बात को साररूप से विचारती हैं ॥११५॥

गाने की पूर्वोक्त दोनों टेकों में विद्यमान यह 'अर्थश्लेष' अलङ्कार दोनों ही पक्षों को विशेषित कर रहा है, अर्थात् तुम नित्यपति हो, हम नित्यपत्नियाँ हैं, इसलिए तुम्हारे, हमारे दोनों ही पक्षों की विशेषता कर रहा है ॥११६॥

और हम आप से प्रश्न करती हैं कि—पति पुत्र आदि लोगों से जो सुख होता है, उसकी अपेक्षा तुम्हारा सुख क्या सज्जनों के हृदयङ्गम नहीं है ? अर्थात् भवदीय सुख ही साधुसम्मत सुख है। तथापि युवतीसमूह सर्वथा विद्यमान आपके अनुसरण को नहीं चाहता है ॥११७॥

यहाँ पर सन्देहयुक्त काकूक्ति का द्योतक जो 'नहि' पद है, वह इच्छा के निर्धारण अर्थ में अथवा निषेधार्थ में प्रयुक्त हुआ है ॥११८॥

हे निरन्तर अविनश्वरवर ! हे अभिलषित वर देनेवाले ईश्वर ! आप अपनी आशा को बढ़ाओ। क्योंकि आपकी आशा की वृद्धि में युवतिसमूह सुख को प्राप्त कर ले। किन्तु कामजन्य उपद्रव को मत बढ़ाओ ॥११९॥

यहाँ पर 'अनुवर्धय' यह पद वृद्धि अथवा छेदन अर्थ में प्रयुक्त है। तब भावार्थ यह निकला—अपनी आशा की वृद्धि करो, परन्तु हमारी सुन्दर आशा का छेदन भी मत करो ॥१२०॥

और हे प्राणधन ! हमारा चित्त घर के कामों को लक्ष्य करके सुखरूप हो रहा था। आप ही बताइये, क्या आपने उस चित्त को अपने गुणों में नहीं बाँध लिया है ? अपितु सुखस्वरूप होकर आपने बाँध ही लिया है। इसलिए हमारे दोनों चरण आपके चरणमूल से एक चरण भी नहीं चल रहे हैं। अतः बलपूर्वक प्रतिगमन अवरुद्ध हो गया, यह निश्चय है ॥१२१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र सुखतन्विति भवतेत्यस्य चित्तमित्यस्य वा विशेषणम्; अपिनद्धमिति बन्धनाभावे बन्धने वा; न चेति पूर्व-नहिवत्; किलेति निश्चयेऽनृते वा ॥१२२॥

'स्वभव-तापभरममृतधराधररसझरतः स्वत एव ।
नाशय यदि न हि मादृशमपि स हि संक्रमिता सखिदेव ॥'१२३॥

"अत्र स्वभवेति कामे स्वजाते वा; मादृशमित्यस्मत्सदृशे जनेऽस्मदर्थे वा ॥१२४॥

'लक्ष्मीसुखददमपि भवतः पदमहह पुलन्दीभव्यम् ।
स्पृष्टं यदवधि दृष्टं तदवधि सर्वं जगदपसव्यम् ॥'१२५॥

"अत्रापसव्यं प्रतिकूलमित्युभयपक्षेऽपि समञ्जसम्; आक्षेप-पक्षे पुलिन्दीभव्यमिति नीच-गामित्वं व्यज्यते ॥१२६॥

'लक्ष्मीर्व्रजमनु तुलसीवनमनु भवदुदयस्फुरदुदया ।
दृश्यत इति तव पदधूल्याप्लवमिच्छत्यपि पतिहृदया ॥१२७॥

यस्या वीक्षणमपि वलितक्षणपार्षदवृन्दनिधानम् ।
तद्वद्वयमपि हृदि वाञ्छामपि नह्यामः सवितानम् ॥'१२८॥

यहाँ पर 'सुखतनु' यह पद 'भवता' का या 'चित्त' पद का विशेषण है। 'अपिनद्ध' यह पद बन्धन के अभावार्थ में अथवा बन्धन अर्थ में प्रयुक्त है। अर्थात् 'अपि' के अलोपपक्ष में बन्धन के अभाव में और 'अपि' के अलोप के अभावपक्ष में बन्धन अर्थ में है। 'न च' यह पद पहले 'नहि' के समान निर्धारण अथवा निषेधार्थ में, तथा 'किल' यह पद निश्चय या असत्य अर्थ में प्रयुक्त है ॥१२२॥

और हे सखाओं के साथ क्रीडा करनेवाले ! भगवन् ! आपके द्वारा उत्पन्न हुई मानसिक ताप की अधिकता को अमृतधारी अपने अधरों के रसमय झरनों द्वारा स्वतः ही नष्ट कर दो। यदि ऐसा न करोगे तो वह ताप की अधिकता हमारे जैसों पर आक्रमण कर बैठेगी ॥१२३॥

यहाँ पर 'स्वभव' पद कामदेव या अपने से उत्पन्न अर्थ में, और 'मादृशम्' यह पद हमारे जैसे जनों पर अथवा हमारे लिए इस अर्थ में प्रयुक्त है ॥१२४॥

अहह ! हे प्राणनाथ ! लक्ष्मी को सुखदायक होकर भी भिल्लनियों का शुभजनक, आपका चरण हम सबने जब से स्पर्श किया है, तभी से दिखाई देनेवाला यह सारा जगत् ही प्रतिकूल प्रतीत होता है ॥१२५॥

यहाँ पर 'अपसव्यम्' शब्द का जो प्रतिकूल अर्थ है, वह दोनों पक्षों में ही उचित है। किन्तु आक्षेपपक्ष में 'पुलिन्दीभव्यम्' इस पद से वह आपका चरण "हम जैसी उच्चकुलोत्पन्नाओं को छोड़कर" नीचगामी है, यह अर्थ व्यञ्जित हो रहा है ॥१२६॥

हे प्राणेश्वर ! देखो, व्रज को एवं तुलसीवन को, अर्थात् श्रीवृन्दावन को लक्ष्य करके, आपके प्रादुर्भाव के कारण जिसका उदय प्रकाश पा रहा है, ऐसी वह लक्ष्मी भी यहाँ प्रत्यक्ष प्रतीत हो रही है। और निज पति में मनवाली परम पतिव्रता भी, वह लक्ष्मीदेवी आपकी चरणरज में स्नान करना चाहती है ॥१२७॥

और देखो, कृपा की बात तो दूर रहने दो। जिस लक्ष्मीदेवी के दर्शन को भी हर्षयुक्त आपके देवादि पार्षदवृन्द निधिरूप मानते हैं (वह लक्ष्मी भी आपकी सेवा के सौभाग्य में अनुरक्त है), उस लक्ष्मीदेवी की तरह, हम सब भी अपने अपने मन में (आपकी चरणधूलि में स्नान करने की) इच्छा को भी विस्तारपूर्वक बाँधे बैठी हैं ॥१२८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्रापि-शब्दः समुच्चये पूर्ववत् काक्वा निषेधे वा ॥१२६॥

'तत्त्वं सुकृपय कृतवृजिनात्यय ! तव याश्चरणे रक्ताः ।
ता भवतः स्मित-वीक्षणविस्मितचित्ताः कुरु निज-भक्ताः ॥'१३०॥

"इदमुभयत्र च योग्यम् ॥१३१॥

'अलकावृतमुख ! कुण्डलधृतसुख ! हसितविभूषितनेत्र ! ।
दत्ताभयभुजवक्षःश्रीयुज ! दास्यो वयमपि तेऽत्र ॥'१३२॥

"अत्र चापिः पूर्ववत् ॥१३३॥

'तव मुरलीकलमपि च रूपबलमनुभूयाऽभवदेव ।
द्रुमकुलमपि पुलकांकुरसंकुलमिह का नारी देव ! ॥'१३४॥

"अत्र केति कैमुत्ये निषेधे वा ॥१३५॥

'व्यक्तं व्रजभयहरलीलाचयदेवस्त्वमसि स कोऽपि ।
तन्नो निजकरमपि शिरसि च धर दासीनां भ्रमतोऽपि ॥'१३६॥

"अत्र न इति नो इति वा छेदः, उत्तरत्र पक्षे दासीनामपीत्यन्वयः ॥१३७॥

यहाँ पर 'अपि' शब्द समुच्चय अर्थ में, अथवा पहले की तरह काकूक्ति के द्वारा निषेध अर्थ में प्रयुक्त है ॥१२६॥

हे सर्वदुःख विनाशक ! प्रभो ! अतः आप अच्छी प्रकार कृपा करो। कारण—जो हम सब वनिताएँ आपके चरणों में अनुरक्त हैं, वे सब आपके मन्दहास्ययुक्त कटाक्ष द्वारा चकित चित्तवाली हो रही हैं। अतः उन हम सबको अपनी भक्त (सेविका) बना लो ॥१३०॥

पद्य का यह अंश 'आक्षेप या प्रार्थना' इन दोनों पक्षों में भी योग्य है ॥१३१॥

हे अलकावली से आवृत मुखवाले ! हे मकराकृति कुण्डल धारण करने से सुखित होनेवाले ! हे हँसी से विभूषित नेत्रोंवाले ! हे अभयप्रद भुजाओंवाले ! हे वक्षःस्थल पर स्वर्णरेखारूपिणी लक्ष्मी के संयोगवाले ! श्यामसुन्दर ! आपके इस प्रकार के दर्शन कर हम सब भी आपकी दासी होना चाहती हैं ॥१३२॥

यहाँ पर भी 'अपि' शब्द पहले की तरह समुच्चय, एवं निषेध अर्थ में प्रयुक्त है ॥१३३॥

हे देव ! आपकी मुरली की सुमधुर ध्वनि, एवं लोकोत्तर रूप के बल को भी अनुभव कर, जड़जाति वृक्षसमूह भी, जब पुलकांकुरों से व्याप्त हो गया, तब इस संसार में ऐसी कौन स्त्री है, जो कि आपकी पूर्वोक्त मुरलीध्वनि आदि का अनुभवकर पुलकिताङ्गी एवं धैर्य से रहित न होगी ? ॥१३४॥

यहाँ पर 'का' यह पद कैमुत्यन्याय के अर्थ में अथवा निषेधार्थ में प्रयुक्त है ॥१३५॥

यह बात स्पष्ट है कि व्रज के भय को हरनेवाली लीला के समूह से विशिष्ट जो कोई देव है, वह अनिर्वचनीय शक्तिसम्पन्न तुम्हीं हो। अतः हे देव ! हम जो आपकी दासी हैं, उनके मस्तक पर भ्रम से भी, अर्थात् भूलकर भी, एक बार अपने करकमल को भी तो धर दो ॥१३६॥

यहाँ पर 'नो' शब्द को 'नः' ऐसा छेदकर अस्मद् शब्द के षष्ठी के बहुवचन को 'बहुवचनस्य वस्नसौ' के द्वारा आदेश होकर बना हुआ 'नः' शब्द समझो, अथवा अव्यय 'नो' शब्द समझो। तब भावार्थ यह हुआ कि—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्थिते—

तथा विलापतापेन न तासां विव्यथे हरिः ।
यथा राधा प्रेङ्खितभ्रू-धनुरिङ्खितगाशुगैः ॥१३८॥

अथ व्यथितमानसः प्रथितभावकारुण्यतः
प्रहस्य मुदिताननः स्वक-रहस्यमुल्लासयन् ।
प्रतिस्वमनयत् प्रियां द्रुतमतिः स्वपार्श्वं बली
बलादपि बलानुजो बलयति स्म लीलां प्रति ॥१३९॥

आमृशन्नङ्गुलीः पाणिं प्रकोष्ठं बाहुमप्यथ ।
तासां हरिकरस्तृप्तिं नागाद्धनमिवाधनः ॥१४०॥

यदपि च राधा तासु, स्वमभिजुगोपायुतादिसङ्ख्यासु ।
तदपि च हरिणा स्पष्टं, दृष्टा तारासु चन्द्रलेखेव ॥१४१॥

राधा यर्हि स्वकर,-स्पृष्टा जाता मुरारातेः ।
अतिविस्मितये जज्ञे, तर्हि च सा तत्र चन्द्रलेखेव ॥१४२॥

हम दासियों के भी मस्तक पर, अथवा हम जैसी दासियों के भी मस्तक पर, भूल से भी अपने हाथ को न धरो। यह अर्थ आक्षेपपक्ष में समुचित है। और दोनों पक्षों में 'दासीनामपि' यह अन्वय है ॥१३७॥ यहाँ तक गायन का अर्थ है।

अतएव इस प्रकार की स्थिति के बाद श्रीकृष्ण उन गोपियों के विलापरूप ताप से वैसे व्यथित नहीं हो पाये, जैसे कि श्रीराधिका के द्वारा किंचित् कम्पित किये गये भ्रूरूप धनुष् से चलतेहुए नेत्ररूपी बाणों के द्वारा व्यथित हो गये ॥१३८॥

तदनन्तर विस्तृत अभिप्राय से युक्त करुणा से दुःखित मनवाले (गोपियों की उदासी दूर करने के लिए), हँसकर प्रसन्न मुखवाले, गोपियों की प्रार्थना से द्रवीभूत मतिवाले, बलवाले, एवं बलदेवजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण अपने रहस्य को उल्लासयुक्त करते हुए, प्रत्येक गोपीरूप प्रिया को अपने पास लिवा ले गये, तथा बलपूर्वक रासलीला के प्रति सम्मिलित कर लिया ॥१३९॥

जिस प्रकार निर्धन व्यक्ति धन को स्पर्श करता हुआ भी, तृप्ति का लाभ नहीं कर पाता, ठीक उसी प्रकार श्रीकृष्ण का करकमल उन गोपियों की अंगुली, हाथ, मणिबन्ध (कलाई से कुहनी के बीच का भाग) एवं भुजा को भी स्पर्श करते करते तृप्ति को प्राप्त न हुआ ॥१४०॥

यद्यपि अयुत (दश हजार) आदि अनेक संख्यावाली उन गोपियों के बीच में श्रीराधा ने लज्जा-शीलता के कारण अपने को सर्वतोभाव से छिपा लिया था, तो भी श्रीकृष्ण ने ताराओं के मध्य में चन्द्रलेखा की तरह उनको स्पष्ट देख लिया ॥१४१॥

श्रीराधिका जब श्रीकृष्ण के निज कर के द्वारा छू ली गईं, तभी वे श्रीराधिका वहाँ पर चन्द्रलेखा की तरह, श्रीकृष्ण के अत्यन्त आश्चर्य के लिए हो गईं, अर्थात् श्रीराधा ने अपने दुर्लभ स्पर्श के कारण श्रीकृष्ण को चकित कर दिया ॥१४२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गोप्यः कृष्णं तत्र कृष्णश्च राधा,-माश्लिष्योच्चैरावव्रजन्मर्मशर्म
भावश्रेण्यः स्थायिभावं स्वभावो, यद्वत् पुण्याद् वासनां पूर्वलब्धाम् ॥१४३॥

"तत्र काश्चिद्भीरुरिव निभाल्य वनपाल्यः परीहासतः परस्परमूचुः,—
'जलदे विलसति विद्युद्, बिभ्यति हृदयानि भीरूणाम् ।
किं परिहससि सखि ! त्वं, किं न हि पश्यसि पुरश्चित्रम् ? ॥१४४॥

आत्मारामा अप्यहो यस्य गन्धाद्,-ब्रह्मानन्दं बाढमाच्छादयन्ति ।
पूर्णानन्दः स स्वयं हन्त ताभिः, स्वानन्दाय क्रीडनाय प्रयेते ॥"१४५॥

अथ समापनम्,—

"ईदृगप्ययि राधे ! यस्तासां मुखनिरीक्षकः ।
त्वदुत्कर्षरसायासीदिव तासु परीक्षकः ॥"१४६॥

॥ इति श्रीगोपालचम्पूमनु प्रथमसङ्गरङ्गज-वाकोवाक्यभङ्गीसङ्गीतं नाम त्रयोविंशं पूरणम् ॥

व्यभिचारी आदि भाव की श्रेणियाँ जैसे स्थायीभाव को पाकर सुखी होती हैं, एवं स्वभाव जैसे पुण्य के द्वारा पहले जन्म में पाई हुई सुन्दर वासना को पाकर सुखी होता है, उसी प्रकार वहाँ पर गोपीश्रेणी श्रीकृष्ण को आलिङ्गन कर, एवं श्रीकृष्ण राधिका को आलिङ्गन कर, मार्मिक सुख को प्राप्त होगये ॥१४३॥

वहाँ पर कुछ सखियों को भीरु (डरपोक) सी देखकर वनदेवी परिहासपूर्वक परस्पर बोलीं—बादल की गोद में बिजली विलास कर रही है, भीरुजनों के हृदय भयभीत हो रहे हैं। अरी सखि ! तू परिहास क्यों कर रही है ? सामने ही आश्चर्य क्यों नहीं देख रही है ? ॥१४४॥

यथा—अहह ! आत्मारामजन भी जिन श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह की दिव्य गन्ध के कारण, अपने ब्रह्मानन्द को अत्यन्त आच्छादित कर लेते हैं। हाय ! वही परिपूर्णानन्दस्वरूप श्रीकृष्ण उन गोपियों के साथ अपने आनन्द के लिए क्रीडा करने को प्रयत्न कर रहे हैं ॥१४५॥

अनन्तर मधुकण्ठ प्रसङ्ग समाप्त करता हुआ बोला—हे राधिके ! जो श्रीकृष्ण इस प्रकार के पूर्वोक्त गुणयुक्त होकर भी, उन सब गोपियों के निरीक्षक बनकर, तुम्हारे उत्कर्षरूपी रस को प्रकाशित करने के लिए ही, मानो उन गोपियों पर परीक्षक बने थे। "अर्थात् इस गोपिका में राधा का सादृश्य है या नहीं", बस, इसी भाव से तुम्हारे उत्कर्ष को सिद्ध करने के लिए ही, श्रीकृष्ण ने चाव से अन्य गोपियों का मुख-मण्डल निहारा था, अन्यभाव से नहीं। तात्पर्य—सर्वोच्च प्रीतिपात्र तो तुम्हीं हो ॥१४६॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये रासलीलाप्रसंगे प्रथमसंगरंगजनितोक्तिप्रत्युक्ति-
रचना-संगीत-वर्णनं नाम त्रयोविंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ चतुर्विंशं पूरणम्

रासेऽन्तर्धाने राधा-सौभाग्य-वर्णनम्

ततः स्निग्धकण्ठ उवाच,—

"अथ संक्षेपेण वर्णितम्, यथा (भा० १०।३९।४३)—

'ताभिः समेताभिरुदारचेष्टितः, प्रियेक्षणोत्फुल्लमुखीभिरच्युतः ।
उदारहासद्विजकुन्ददीधिति,-र्व्यरोचतैणाङ्क इवोडुभिर्वृतः ॥'इति ॥१॥

"तत्र प्रथमचरणः प्रथमं श्लोकसात्क्रिययाऽलंक्रिययाऽलंक्रियया परिचर्यते ॥२॥

"कान्तस्य ताभिः स्वकरं स्पृशन् करः, सर्पन् परं चावयवं वितर्कितः ।
कीर्णश्च तस्यान्तरमन्तरं व्रजन्, दृष्टः पुनस्तज्जितकाशितां गतः ॥३॥

"अथ द्वितीयचरणः,—

"प्रियं नियुतशोऽप्यमूनं हि विलोकमानाः समं
निमेषमुपसेदिरे यदियमेव दिव्या स्थितिः ।

चौबीसवाँ पूरण

रासलीला में श्रीकृष्ण के अन्तर्हित हो जाने पर राधिका के सौभाग्य का वर्णन

इस चौबीसवें पूरण में रासलीला में राधिका के सहित श्रीकृष्ण का अन्तर्धान, एवं गोपियों का विलाप आदि वर्णित होगा ।

उसके बाद स्निग्धकण्ठ बोला—गोपी-कृष्ण सम्मेलन के बाद श्रीशुकदेवजी ने उस सम्मेलन की शोभा का संक्षेप से इस प्रकार वर्णन किया है, यथा—तारागण से परिवेष्टित पूर्णचन्द्र जैसे शोभा पाता है, उसी प्रकार प्रियतम के दर्शन के कारण प्रफुल्ल मुखवाली सब गोपियों से घिरे हुए, उदार चरित एवं उदार हास्ययुक्त, दन्तरूप कुन्दकलिकाओं की कान्तिमय किरणों से विराजित निर्विकार श्रीकृष्ण शोभा पाने लगे ॥१॥

अब इस पूर्वोक्त श्लोक में जो प्रथम चरण है, पहले उसीको श्लोक के अधीन बनाकर, अर्थात् उसके विस्तृतभाव का श्लोक बनाकर, एवं अलङ्कार आदि के द्वारा परिष्कृत कर, उसका सेवन करते हैं ॥२॥

यथा—गोपियों ने प्रियतम के हाथ को, अपने अपने हाथ को छूकर, दूसरे हृदय आदि अवयव की ओर जाता हुआ विचार कर उसे दूर फेंक दिया । और फेंका हुआ भी वह प्रिय का हाथ अवकाश पाकर, उसी हृदय आदि अवयव के बीच में जाता हुआ पुनः गोपियों ने देख लिया, अतः वह लज्जा के कारण पुनः लौट आया, एवं पराजय को प्राप्त हो गया ॥३॥

अब "प्रियेक्षणोत्फुल्लमुखीभिरच्युतः" इस द्वितीय चरण की व्याख्या, यथा—लाखों की संख्यावाली वे गोपियाँ एकसाथ प्रियतम को देखती हुईं निमेष को भी न प्राप्त कर सकीं, अर्थात् निर्निमेषनेत्रों से एकटक प्रियतम को निहारती रहीं । क्योंकि यही दिव्य अर्थात् देवताओं की सी स्थिति (मर्यादा) आश्चर्य-जनक थी । और प्रिय श्यामसुन्दर ने जो अपना दर्शनरूप विशुद्ध अमृत अर्पण किया, उसको वे एकसङ्ग

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रियेण निजमर्पितं यदवलोकशुद्धामृतं
समं बुभुजिरे पृथक् तदधिकं तु किं वर्ण्यताम् ? ॥४॥

"अथ सिंहावलोक-न्यायाद्द्वितीयतृतीयचरणौ च यथा,—

"यथा दृशं दिशि दिशि ता दधुर्मुहु,-स्तथा हरिस्तदभिमुखं दधे दृशम् ।
यदाऽन्वभूदरहितचातुरक्ष्यतां, तदाहसीत् स्फुटमसकृत् कृतक्रमम् ॥५॥

"तद्वदुत्तरार्धं च,—

"कविभिः कृष्णे शशिता, तासु च नक्षत्रता कविता ।
किन्तु स्मितमुखदीव्य,-द्विलसितवृन्दैरमी वरिताः ॥६॥

"ततश्च नाना-नर्म-कर्मठतया हठवत्तया च कृष्णेन किञ्चिदसङ्कोचे विरचिते प्रायशः सर्वावयवे चावलोचिते निचोलादिविपर्यये च परिचिते सास्रं बहु विहस्य तदिह सर्वमेव यथावत् पर्याचितमाचेरे ॥७॥

"तदेवमाचर्य ससुखमुदङ्मुखगतिचर्यया यमुनातीरवनश्रेणीं शोभयन्नेणीदृशस्ताः स्व-कान्तिभिराचकर्ष ॥८॥

पृथक् पृथक् भोजन कर गईं । अतः उस दर्शनामृत की अपेक्षा जो अधिक अधरामृत है, वह कैसे वर्णन किया जा सकता है ? ॥४॥

अनन्तर सिंहावलोकनन्याय (सिंह शिकार मारकर जब आगे बढ़ता है, तब पीछे फिर फिर कर देखा करता है । इसी प्रकार जहाँ अगली और पिछली सब बातों की एकसाथ आलोचना की जाती है, वहाँ इस उक्ती का व्यवहार किया जाता है ।) से द्वितीय तृतीय चरण की परिष्कृत व्याख्या, यथा—वे गोपियाँ जिस प्रकार प्रत्येक दिशा में बारम्बार नेत्रों को स्थापित करती थीं, उसी प्रकार श्रीकृष्ण भी उनके सम्मुख अपने नेत्रों को स्थाप्ति कर लेते थे । और श्रीकृष्ण ने जब चार आँखों की एकता का, अर्थात् 'चतुरक्षिसम्मेलन' का अनुभव किया, तब तो वे बारबार क्रमपूर्वक स्पष्ट हँसने लग गये ॥५॥

उसी प्रकार अर्थात् सिंहावलोकनन्याय के अनुसार प्रथम श्लोक का उत्तरार्ध, अर्थात् तृतीय चतुर्थ चरण भी व्याख्या द्वारा परिष्कृत किया जाता है, यथा—इस श्लोक में कवियों ने उपमा के द्वारा श्रीकृष्ण में चन्द्रभाव का, और गोपियों में नक्षत्रभाव का वर्णन किया है, किन्तु मन्दमुस्क्यानयुक्त श्रीमुख एवं शोभायमान विलासवृन्दों के द्वारा, "ये श्रीकृष्ण एवं गोपियाँ ही" अधिकरूप से वर्णित कर दिये गये हैं । क्योंकि चन्द्रमा एवं नक्षत्रों में मन्दहासविलास आदि कहाँ ? अतः इस श्लोक में उपमान की अपेक्षा उपमेय की अधिकता होने के कारण 'व्यतिरेकालंकार' है ॥६॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण ने अनेक प्रकार के हासपरिहासमयी निपुणता एवं हठीलापन के कारण, जब कुछ संकोच दूर कर दिया, प्रायः गोपियों के सभी अवयवों का दर्शन कर लिया, एवं उनके वस्त्र आदिकों की विपरीतता भी जब भली प्रकार जान ली, तब सजलनयनपूर्वक बहुत हँसकर, इसी स्थल पर सभी वस्त्र-भूषण आदिकों को यथास्थान निवेशित कर दिया ॥७॥

अतएव इस प्रकार का आचरणकर, सुखपूर्वक उत्तरदिशा की ओर गमन की चर्या के द्वारा, यमुना तीरस्थ वनश्रेणी को शोभित करते हुए, श्रीकृष्ण ने उन मृगलोचना गोपियों को अपनी शोभाश्रेणी के द्वारा आकर्षित कर लिया ॥८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र लब्धहर्षश्चन्द्रमसमपि निजदक्षिणतः समाकर्षन्निव सङ्गितयाङ्गीचकार ॥९॥

"तदनु च सर्वाभिरर्वाचीन-यौवनाभिस्तमेकमनुसरन्तीभिरतएव परस्परं सङ्गमपरिहरन्तीभिरत एव सहसानुपलब्धानुरहसकणिकाभिरत एव तन्मिलनविशेषाय कलितपुरूत्कलिकाभिः सह स हरिस्तादृशतामेव परामृशति स्म ॥१०॥

"अथान्यथानुपपत्त्या संगानसुखमेवावलम्बमानः केवलं चञ्चच्चञ्चरीकलुलित-ललित-सुकुमार-कुसुमाञ्चितं वनमेवायं सर्वगुणशाली वनमाली चञ्चति स्म ॥११॥

"किन्तु, संगानं तदिदं परस्परगुणग्रामानुभूतेः स्वतः
शर्माप्यत्र मनोरथान्तरकृतेः शश्वद्बभूवास्पदम् ।
यत्रालिङ्गन-चुम्बनादिविधये तासां हरेरप्यदः
सौख्यं लक्ष्यमभूत् परावृतिविधां चावेशिता निर्ममे ॥१२॥

"तदेतद्वर्णितं यथा श्रीबादरायणिना (भा० १०।२९।४४)—
'उपगीयमान उद्गायन् वनिता-शतयूथपः ।
मालां बिभ्रद्वैजयन्तीं व्यचरन्मण्डयन् वनम् ॥' इति ॥१३॥

और जहाँ पर हर्षित हुए श्रीकृष्ण ने, मानो चन्द्रमा को भी अपनी दाहिनी ओर आकर्षित करते हुए, सङ्गीरूप से अङ्गीकार कर लिया ॥९॥

और उसके बाद सभी नवीन यौवनवालीं, केवल श्रीकृष्ण का ही अनुसरण करनेवालीं, अतएव परस्पर के सङ्ग को न त्यागनेवालीं, अतएव सहसा अनुपलब्ध एकान्त की कणिका को प्राप्त करनेवाली, अतएव श्रीकृष्ण के मिलनविशेष के लिए अधिक उत्कण्ठा को धारण करनेवालीं, उन गोपियों के साथ विद्यमान श्रीकृष्ण, उन गोपियों की सी उत्कण्ठा का विचार करने लग गये, अर्थात् उनकी तरह स्वयं भी उत्कण्ठित हो गये ॥१०॥

तदनन्तर अन्य प्रकार के सुख की असम्भावना करके सुन्दर गानजनित सुख को ही अवलम्बन करते हुए, सर्वगुणशाली वनमाली घूमनेवाले भ्रमरों के द्वारा, छिन्न या चलाये गये मनोहर एवं सुकोमल पुष्पों से युक्त वन में ही भ्रमण करने लग गये ॥११॥

किन्तु परस्पर के गुणग्राम के अनुभव करने से यह उत्कृष्ट गीत स्वतः उपस्थित हो गया था। और इस समय सुख भी दूसरे किसी मनोरथ के करने का निरन्तर आश्रयस्वरूप हो गया था। एवं जिस सुख में आलिङ्गन चुम्बन आदि व्यापार के लिए गोपियों का एवं श्रीकृष्ण का भी गानजनित अपरिमित सौख्य ही लक्ष्य हो गया था, और उस विशुद्ध सुख में जो आवेश था, उसने आवरण के प्रकार का भी निर्माण कर दिया था ॥१२॥

श्रीशुकदेवजी ने उस प्रसङ्ग का इस प्रकार वर्णन किया है, यथा—गोपाङ्गनाओं के सैकड़ों यूथों के स्वामी श्रीकृष्ण, वैजयन्तीमाला को धारणकर, वृन्दावन को विभूषित करते हुए विचरण करने लगे। उस समय कभी गोपियाँ अपने प्रियतम के गुण एवं लीलाओं का गान करती थीं, तो कभी श्रीकृष्ण, गोपियों के प्रेम और सौन्दर्य के गीत गाते थे ॥१३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"'गानविशेषश्च' (श्रीविष्णुपुराणे) श्रीपराशरेण,—

'कृष्णः शरच्चन्द्रमसं कौमुदीं कुमुदाकरम् । जगौ गोपीजनस्त्वेकं कृष्णनाम पुनः पुनः ॥'१४॥

"तथा हि—

विधुरयमागतवान् शरदं प्रति सम्प्रति । इतवान् विधुरथ नहि भवतीः प्रति ।
माधव ! जय गोकुलवीर ! जय जय कृष्ण ! हरे ! ॥१५॥

कुमुदाकरचलनं न भवेदिति सेयम् । कौमुदिकागादिदमुन्नेयम् ।
केशव ! जय शर्मशरीर ! जय जय कृष्ण ! हरे ! ॥१६॥

कुसुमवनी मधुपैरियमञ्चति कान्तिम् । मदभीषुभिरिव भवतीः कान्तिम् ।
श्यामल ! जय हार्दसमीर ! जय जय कृष्ण ! हरे ! ॥१७॥

पुष्पितकुञ्जचये वृन्दाचितशोभा । भवदनुगतये किल कृतलोभा ।
मोहन ! जय संविदि धीर ! जय जय कृष्ण ! हरे ! इत्यादि ॥१८॥

गान की विशेषता (विष्णुपुराण में) श्रीपराशरजी ने वर्णन की है, यथा—श्रीकृष्ण अपने गायन में शरत्कालीन चन्द्रमा को, उसकी चन्द्रिका को, एवं कुमुद पुष्पों की आकरस्वरूप यमुना को गा रहे थे। किन्तु गोपियाँ तो केवल एक श्रीकृष्ण के नाम को ही बारम्बार गा रही थीं ॥१४॥

उन दोनों के गायन को देखो। किन्तु इस गाने की सब टेकों में पूर्वार्ध में श्रीकृष्ण का गायन है, एवं उत्तरार्ध में गोपियों का, यह याद रखना चाहिये। गायन का अर्थ, यथा श्रीकृष्ण बोले—इस समय यह चन्द्रमा शरद्ऋतु के प्रति आगमन कर चुका है, किन्तु मैं कृष्णरूप चन्द्रमा तुम्हारे प्रति नहीं आया हूँ क्या ? अपितु आ ही गया हूँ। गोपियाँ बोलीं—हे माधव ! आपकी जय हो। हे गोकुलवीर ! आपकी जय हो। हे कृष्ण ! हे हरे ! तुम्हारी जयजयकार हो ॥१५॥

श्रीकृष्ण-कुमुदाकर (जलाशय) का एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलना फिरना नहीं हो सकता, इसीलिए यह कुमुद पुष्पों को खिलानेवाली चन्द्रिका (चाँदनी) स्वयं सर्वत्र चली जाती है, यह बात जान लेनी चाहिये। गोपी—हे केशव ! हे सुखमयशरीर ! हे कृष्ण ! हे हरे ! तुम्हारी जयजयकार हो प्रभो ! ॥१६॥

श्रीकृष्ण—यह पुष्पों की वनी भ्रमरों के द्वारा उस प्रकार शोभा को प्राप्त हो रही है, जिस प्रकार मेरी किरणों के द्वारा तुम कान्ति को (शोभा को या अभिलाषा को) पा रही हो। गोपी—हे श्यामल ! तुम्हारी जय हो ! हे हार्दिकभाव के प्रेरक ! (हार्द शरीर पाठ में) हे प्रेममय शरीर ! हे कृष्ण ! हे हरे ! तुम्हारी जयजयकार हो ! बलिहारी प्रभो ! ॥१७॥

श्रीकृष्ण—पुष्पित (पुष्पयुक्त) निकुञ्जसमूह में वृन्दादेवी के द्वारा जो शोभा बढ़ाई गई है, वह शोभा तुम्हारा अनुगमन करने को, अर्थात् तुम्हारी सेवा के लिए निश्चय ही लोभ कर रही है। गोपी—हे मदन-मोहन ! हे संविदि धीर ! अर्थात् हे प्रतिज्ञा में धीर ! आचार में धीर ! ज्ञान में धीर ! युद्ध में धीर ! सम्भाषण में धीर ! कर्म करने में धीर ! संकेत में धीर ! नाम में धीर ! सन्तोष देने में धीर ! और बुद्धि में धीर रहनेवाले ! कृष्ण ! हे हरे ! तुम्हारी बारम्बार जयजयकार हो प्रभो ! ॥१८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं गायते प्रियाय प्रतिगृणतीषु तासु नवयुवतीषु पुनः श्रीशुकवचनातिरहस्यं यथा (भा० १०।२९।४५-४६)—

'नद्याः पुलिनमाविश्य गोपीभिर्हिमवालुकम् । जुष्टं तत्तरलानन्दिकुमुदामोदवायुना ॥१९॥

बाहुप्रसार-परिरम्भ-करालकोरु,-नीवी-स्तनालभन-नर्म-नखाग्र-पातैः ।

क्ष्वेल्यावलोक-हसितैर्व्रजसुन्दरीणा,-मुत्तम्भयन् रतिपतिं रमयाञ्चकार ॥'इति॥२०॥

"तदेतद् यथा—तदेवं भ्रामं भ्रामं जातप्रसरेऽप्यलब्धावसरे सतृष्णकृष्णसहितमहित-महिलाविसरेऽभिलषितविलसिताय विरलता न जाता ॥२१॥

"अजातायां च तस्यां कृष्णया तरङ्गकरनिकरचितमहरहरवकलितं पुलिनविशेषमेव तदुचितं प्रबलमवकलयामास ॥२२॥

"बलानुजन्मा यः खलु हिमवालुकेव वालुका यस्मिंस्तादृश इति परमशुभ्र-शुभ्रगुणतया विभ्राजते स्म ॥२३॥

"यत्रैव च तादृश-सर्वगुणपूर्णपूर्णिमानिजद्विजराजविराजमानसुषमा-सुषम-प्रतिसंक्रम-परभाग-जागरूक-महा-महसा सहसा नयनानि नाभ्युदयदयनानि भवन्ति स्म ॥२४॥

नवयुवती गोपियाँ पूर्वोक्त प्रकार से गायन करनेवाले प्यारे के उद्देश्य से जब उनकी श्लाघा कर रही थीं, तब पुनः श्रीशुकदेवजी के वचन में अत्यन्त रहस्य संघटित हुआ, यथा—सुशीतल वालुका से युक्त, एवं यमुनाजी की तरल तरङ्गों के स्पर्श से शीतल होने के कारण, सर्वानन्दप्रद और कुमुदिनी की सहज सुगन्ध से युक्त वायु के द्वारा सेवित, ऐसे यमुनाजी के पावन पुलिन में गोपियों के साथ प्रविष्ट होकर, श्रीकृष्ण ने हाथ फैलाना, आलिङ्गन करना, हाथ, चोटी, जाँघ, नीवी, और स्तन आदि का स्पर्श करना, विनोद करना, नखक्षत करना, विनोदपूर्ण चितवन से देखना, और मुसकाना आदि क्रियाओं के द्वारा, गोपियों के दिव्य कामरस को, परमोज्ज्वल प्रेमभाव को उत्तेजित करते हुए, उन्हें क्रीडा द्वारा आनन्दित कर दिया ॥१९–२०॥

श्रीमद्भागवत के इन दोनों श्लोकों की रहस्यमयी विशिष्टि व्याख्या, यथा—इस प्रकार वन में वारम्वार भ्रमण करके विशिष्ट स्नेह उत्पन्न होने पर भी, अवसर न मिलने पर तृष्णायुक्त कृष्ण के सहित, माननीय गोपमहिलाओं के समूह में, अभिलषित विलास के लिए विरलता (अलग अलग होने की भावना) उत्पन्न हुई ॥२१॥

उस विरलता (विलग भावना) के उत्पन्न न होने पर, श्रीकृष्ण ने यमुना के द्वारा अपने तरङ्गरूप करसमूह से सञ्चित एवं प्रतिदिन देखे हुए, पुलिनविशेष को ही, रासलीला के योग्य विशिष्ट बलशाली विचार लिया ॥२२॥

और कर्पूर के समान कोमल एवं शुक्लवर्ण की वालुका है जिसमें, ऐसे उस यमुनापुलिन में बलदेवजी के छोटे भाई जो श्यामसुन्दर हैं, वे भी निश्चितरूप से शुक्ल और उज्ज्वल गुण के भाव से देदीप्यमान हो गये ॥२३॥

और जिस पुलिन में उस प्रकार के सभी गुणों से परिपूर्ण पूर्णिमा के निजी सम्बन्धी चन्द्रमा की विराजमान परम शोभा की रमणीयता के प्रतिसंक्रमण से, अर्थात् संयोग से सर्वोत्कृष्ट परस्पर शोभा से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्रैव च तूलिकावदनुकूलिका वालुका वस्त्रमात्रमास्तरणमपेक्षते स्म; ॥२५॥

"यत्रैव च कलिन्द-तनया स्वयं वलितसखीनया सौगन्धिक-सुगन्ध-गन्धवाह-वहनादिना सेवां वहति स्म ॥२६॥

"तत्र चात्र श्रीकेशवः प्रवेशमनुभूय प्रतिप्रेयस्यपि युग्मीभूय बाहुप्रसारादिलीलां शीलयामास ॥२७॥

"सा चेयं परमरहस्येति रहस्येव किञ्चिद् व्यस्यते ॥२८॥

"यथा मिथस्तत्तन्मिथुनम्,—

"बाहुप्रसारमकरोत् परिरम्भणाय, बाहू तु तत्करणतां चिरमीयतुर्न ।
यो यस्य नैति वशतां स कथं नु तस्य, प्राप्नोतु साधकतमस्थितिमङ्गसैव ? ॥२९॥

कृतं च परिरम्भणं न परिहर्तुमीशावभू
बभूवतुरघारि-तत्प्रियवधूजनावात्मना ।
कथञ्चिदपि वीरुधा भवति चेत्तरोः सङ्गम-
स्तयोः कथमपृक्तता स्वयमनीहयोर्जायताम् ? ॥३०॥

प्रकाशमान महान् तेजपुञ्ज के द्वारा, नेत्रसमूह सहसा स्वेच्छापूर्वक दर्शन देने वाले नहीं हो रहे थे, अर्थात् अधिक चकाचौंध के कारण देखने में समर्थ नहीं हो रहे थे ॥२४॥

और जिस पुलिन में तूलिका (गद्दा या तोषक) के समान अनुकूल जो बालुका है, वह केवल एक वस्त्ररूप आस्तरण (बिछौना या पलङ्गपोष) की अपेक्षा कर रही थी, अर्थात् इसके ऊपर एक पलङ्गपोष मात्र बिछा देने से कोमल तोषक जैसी मालूम पड़ती थी ॥२५॥

और जहाँ पर श्रीयमुनाजी स्वयं सखी की तरह सेवा की रीति नीति को स्वीकार कर, कल्हार नामक कमलों के सुगन्ध से युक्त वायु के चलने आदि के द्वारा सेवा कर रही थी ॥२६॥

और पूर्वोक्त गुणविशिष्ट उस पुलिन में श्रीकृष्ण प्रवेश का अनुभव कर, तथा प्रत्येक प्रेयसी के प्रति युगलजोड़ी होकर, बाहुप्रसार आदि लीला का अनुशीलन करने लग गये ॥२७॥

और यह बाहुप्रसार आदि लीला परम रहस्यमयी (गोपनीय) है, अतः (ऐकान्तिक अन्तरङ्गजन के निकट) एकान्त में ही किंचिद् विस्तारित की जाती है ॥२८॥

यथा—उस श्रीकृष्ण-गोपीरूप प्रत्येक युगलजोड़ी ने परस्पर आलिङ्गन करने के लिए, अपनी अपनी दोनों भुजाएँ तो फैलाईं, किन्तु दोनों भुजाएँ तो बहुत देर तक आलिङ्गनरूप कार्य की विशेष साधकता को प्राप्त न हो पाईं । उसका दृष्टान्त यह है कि—जो वस्तु जिसके वशीभूत नहीं हो पाती, वह वस्तु उस व्यक्ति के साधकतम की अर्थात् 'करण' की स्थिति को अनायास कैसे प्राप्त हो सकती है ? ॥२९॥

और स्तम्भभाव के बाद "श्रीकृष्ण एवं उनकी प्रिय वधूजन" अर्थात् वे दोनों प्रत्येक जोड़े ही, किये हुए आलिङ्गन को मन से स्वयं त्यागने को समर्थ न हुए । क्योंकि यदि किसी प्रकार दैवयोग से वृक्ष का लता के साथ संयोग हो जाता है, तो स्वयं चेष्टारहित उन 'वृक्ष और लता' दोनों की पृथकता कैसे हो सकती है ? ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सखीनामप्यास्या-रहितसमये यत् प्रणयिनोः
परीरम्भारम्भात् प्रबलसुखमूर्च्छा समजनि ।
तयोस्तां विच्छेत्तुं परमहह नानाविलसित-
प्रतीक्षा सुप्तेव स्वयमथ जजागार परितः ॥३१॥

"ततश्च, रहसि संकुचती पुनरप्यसौ, निजकरेण हरेरकिरत् करम् ।
व्यथिततामिव तां तु विवृण्वतीं, तदनुमृष्टिमिषादयमस्पृशत् ॥३२॥
वदनं तव वृण्वते बत, भ्रमरा नानुगतास्ति काचन ।
इति लालयति स्म स च्छला,-दलकानां ततिमप्यमूमनु ॥३३॥
ऊरुस्पर्शे निरस्तेऽपि नीवीमस्पृक्षदच्युतः ।
निःशङ्क्याचकानां हि तथाचरितमीक्ष्यते ॥३४॥
कलयति संवस्त्रयति, स्वं हस्तयते स्म तस्य या रामा ।
प्रणयी स हरिस्तस्याः, स्पृशति च चोलीं वितूस्तनव्याजात् ॥३५॥
वक्षस्ते किमपि निरीक्ष्यते प्रफुल्लं, स्पर्शश्चाण्वपि सहते चलाक्षि ! यन्न ।
तस्मान्मन्नखनखरङ्गनीस्पृगेव, स्यान्नीरुक् तदिति हरिर्जहास चात्र ॥३६॥

वृन्दा आदि अन्तरङ्ग सखियों की उपस्थिति से रहित समय में "प्रत्येक श्रीकृष्ण एवं प्रत्येक गोपी" इन दोनों स्नेहीजनों के आपस में आलिङ्गन के प्रारम्भ करते ही, प्रबल सुखमयी मूर्च्छा उत्पन्न हो गई। उसके बाद अहह ! उन दोनों की उस प्रबल सुखमयी मूर्च्छा को दूर करने के लिए, केवल चुम्बन आदि अनेक प्रकार के विलासों की प्रतीक्षा, जो कि शयन सा कर रही थी, स्वयं चारों ओर से जाग पड़ी, अर्थात् मूर्च्छा दूर हो गई ॥३१॥

तदनन्तर एकान्त में भी संकुचित होती हुई गोपीरूप प्रियवधू ने, पुनः अपने हाथ से श्रीकृष्ण के हाथ को अलग फेंक दिया। किन्तु अपने आलिङ्गन द्वारा कुछ दुःख सा प्रगट करती हुई, उस गोपी को श्रीकृष्ण ने उसके हाथ के अनुमार्जन (झाड़ने पोंछने) के बहाने से पुनः छू लिया ॥३२॥

हाय ! हाय ! प्रिये ! तुम्हारे मुख को (भ्रमण करनेवाले या भ्रम देनेवाले) ये भ्रमरगण चारों ओर से घेर रहे हैं, क्या तुम्हारे साथ कोई सङ्गिनी पीछे पीछे नहीं आई है ? (जो इन भ्रमरों को दूर भगा दे) इत्यादि बातों के बहाने श्रीकृष्ण उस पर चुम्बन आदि प्यार करने लग गये, और इस प्रिया को लक्ष्य करके भ्रमर भगाने के बहाने, उसकी अलकावली को भी सँभालने लग गये ॥३३॥

जघाओं का स्पर्श दूर कर देने पर भी, निर्विकार श्रीकृष्ण ने उसके कटिवस्त्र को हठात् छू लिया। क्योंकि संसार में निःशंक याचकों की उसी प्रकार की हठमयी प्रलोभनमयी रीति देखी जाती है ॥३४॥

जो रमणी श्रीकृष्ण के साथ कलह करती है, अथवा लज्जा से अपने को वस्त्रों से ढाँकती है, या श्रीकृष्ण के हाथ को दूर फेंक देती है, वे प्रेमी श्रीकृष्ण धूली दूर करने के बहाने उसी की चोली को छू लेते हैं ॥३५॥

हे चञ्चलाक्षि ! तुम्हारा जो वक्षःस्थल थोड़े से भी स्पर्श को नहीं सहता है, वही वक्षःस्थल कुछ अपूर्वभाव से प्रफुल्लित भी दिखाई दे रहा है। इसलिए मेरे नखरूपी नखरङ्गनी (नख काटने की नहरनी) के छूते ही वह वक्षःस्थल नीरोग हो जायगा, यों कहकर श्रीकृष्ण इस प्रसङ्ग में हँस गये ॥३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

मधुसूदनतां मुखाम्बुजे, हरितां हृद्भवकुम्भिकुम्भयोः ।
गतवान् बत नन्दजः कथं, रतिनाथ-प्रभवाय नार्हति ॥३७॥

अथ यत् कथनीयतोचितं, कथितं तत् प्रथितं च किञ्चन ।
यदथाकथितं द्विकर्मकं, स्मृतिरीत्या तदवेहि पाणिनेः ॥३८॥

"इत्येवं स्थिते,—

"गोप्यस्ताः प्रतिपद्य सर्वविषयश्रेयांसमात्मप्रियं
स्वाधीनं सपदि प्रतिस्वमसकृत्तत्रातिगर्वं दधुः ।
लोकश्चेद्बहुराजराष्ट्रवसतिर्जङ्घन्ति भङ्गं तदा
तस्यान्तर्हितता हितेति किल सोऽप्यन्तर्दधे माधवः ॥३९॥

अहह ! यह और आनन्द का विषय है कि, जो नन्दकुमार प्रेयसी गोपी के मुखरूप कमल के ऊपर, भ्रमरभाव को एवं उसके दोनों स्तनरूप हाथी के मस्तक के दोनों भागों पर, सिंहभाव को प्राप्त हो गये, वे ही कामदेव की उत्पत्ति के लिए कैसे योग्य नहीं हो सकते ? इस बात को स्वयं विचार लो ॥३७॥

भगवान् पाणिनि ने 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म', 'तथायुक्तं चानीप्सितम्', 'अकथितं च' इन सूत्रों के द्वारा तीन प्रकार का कर्म स्वीकार किया है, यथा—ईप्सिततम, अनीप्सित, अकथित भेद से। इन तीनों में ईप्सिततम कर्म ही मुख्य है। अनीप्सित कर्म दो प्रकार का है—द्वेष्य एवं अनपेक्ष्य भेद से। मुख्य कर्म के उपयोगी का नाम ही ईप्सिततम है। और जो एक क्रिया में मुख्य हो, ईप्सित भी हो, वह दो प्रकार का अविवक्षित कर्म ही 'अकथित' नाम वाला है। इन तीनों कर्मों में से कहने योग्य जो मुख्यकर्म है, वह पहले श्लोक में "श्रीकृष्ण भ्रमरभाव को प्राप्त होगये" इस अंश के द्वारा कहा जाचुका है। वह कथित कर्म ही कुछ प्रथित (विख्यात) भी कर दिया है। और "श्रीकृष्ण सिंहभाव को प्राप्त हो गये" यही अनीप्सित कर्म है। कारण वही उस गोपी के भाव का उद्दीपक है, अतः वह मुख्यकर्म नहीं है। और "श्रीकृष्ण ने प्रियवधू के निकट रति की याचना की" बस, यही अकथित कर्म है। दोनों दम्पतियों का कर्म जिसमें है, ऐसा द्विकर्मक प्रयोग यद्यपि पूर्व श्लोक में स्पष्ट नहीं है, तथापि श्रीपाणिनि की स्मृति (अष्टाध्यायी) की रीति के अनुसार अर्थात् 'अकथितं च' इस सूत्र की रीति के अनुसार 'प्रियवधूं रतिं याचते' इस प्रकार जान लो ॥३८॥

अब सब गोपियों की अपेक्षा श्रीराधा का वैशिष्ट्य वर्णन करने के लिए, कारण निर्देशपूर्वक श्रीकृष्ण का अन्तर्धान वर्णन करते हैं। यथा—पूर्वोक्त प्रकार से 'बाहुप्रसार परिरम्भ' आदि प्रेममयी लीला जब हो रही थी, तभी उन सब गोपियों ने सभी विषयों में श्रेयस्कर, अपने प्यारे श्रीकृष्ण को सर्वथा अपने अधीन जानकर, प्रत्येक ने ही तत्काल बारम्बार तत्तद्विषय में अत्यन्त गर्व को धारण कर लिया। "जिस देश में बहुत से राजा हों, ऐसे देश में निवास करनेवाला जनसमुदाय, यदि बारम्बार भङ्ग को, अर्थात् पीड़ा या पराजय को प्राप्त करता रहता है, तो उस जनसमुदाय का उस देश को छोड़कर, अन्तर्धान हो जाना ही हितकारक है", ऐसा विचार निश्चयकर श्रीकृष्ण भी गर्वीली गोपियों को छोड़कर (उनके गर्व को शान्त करने के लिए) अन्तर्हित हो गये (छिप गये)। (अत्र 'जङ्घन्ति' इति यङ्लुगन्तं गम्धातोर्लटि प्रथमपुरुषे एकवचनान्तं रूपं ज्ञेयम् ।) ॥३९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तेन च विचारितं खल्विदम्,—'अहह ! मम परममुद्देश्यमेव विस्मृतदेश्यमभूत्, यतः सर्वाभिरेव निर्विशेषं रममाणे मयि रमाशिरोमणीयमाना राधापि साधारणतां गता ॥४०॥

'किञ्च, स्व-मनोरथप्रथनायां राधायाः प्रथमा प्रथमानागमनता सम्प्रति प्रतिपन्ना, तस्मान्महामह एव मम हिताय महीयते। स च शारदताविशारदतायामस्यां पौर्णमास्यां रासरस एव तूर्णं पूर्णतामर्हति ॥४१॥

एष तु सर्वासामैकमत्यप्रतिपत्त्यनुसारत एव सारतां प्रसारयति। ऐकमत्यं च प्रत्येकं साभिमानान्तरासु परासु किञ्चिन्मदुदासीनतापरं दासीकर्तुमासीदति। तस्मादशेषगुणाधिकां राधिकामादाय तिरोधाय स्थास्यामि' इति ॥४२॥

"तदेतद् विभाव्य भाव्यमर्थं साधयन् माधवस्तत्र तत्रालसकरचरणादिक्रियां प्रियां प्रियां प्रत्युवाच,—'नूनं वञ्चितकाञ्चीध्वनितया कयाचिदप्यत्र स्थीयत इति नास्थीयते, तच्च मम भवदेकानुचारिविहारितया विचारितीक्रियते, तस्मादत्यायासवत्या भवत्या स्थीयताम्। मया तु समया मृगयमाणतां निर्मथ्य नातिसमयविराममागमनीयम् ॥'४३॥

और श्रीकृष्ण ने अन्तर्धान के विषय में यह विचार किया—अहह ! राधिका के साथ विहार करना ही मेरा परम उद्देश्य था, वह तो प्रायः विस्मृत ही होगया। क्योंकि मेरे द्वारा सभी गोपियों के साथ विशेषता से रहित रमण करने पर तो, श्रीलक्ष्मी की भी शिरोमणितुल्या राधिका भी साधारणता को, अर्थात् अन्य गोपियों की समानता को प्राप्त हो गई ॥४०॥

किंच अपने मनोरथ के विस्तार के विषय में, इस समय श्रीराधिका का पहला प्रसिद्ध आगमन भी हो ही गया है। इसलिए महामहोत्सव ही मेरे हित के लिए पूजित हो रहा है। और वह महोत्सव शरत्-कालीन विषयों में विशारदता (चतुरता) से युक्त इस पौर्णमासी में, एवं रासरस में ही शीघ्र परिपूर्ण होने योग्य है ॥४१॥

किन्तु यह रासरस भी सब गोपियों की एक मति के ज्ञान के अनुसार ही श्रेष्ठता को विस्तारित कर रहा है। और वह ऐकमत्य, अर्थात् सब की मति का एकसा होना भी "मैं ही श्रीकृष्ण की प्यारी हूँ, और नहीं है" इस प्रकार के अभिमान से युक्त अन्तःकरणवाली अन्य प्रत्येक गोपी के ऊपर किंचिद् मेरी उदासीनतापरक होकर भी, उन सब को (निरभिमान बनाकर) दासी बनाने के लिए प्राप्त हो रहा है। अतः सर्वगुणाधिका राधिका को साथ लेकर अन्तर्धान होकर स्थिति करूँगा ॥४२॥

अतः इस प्रकार विचार कर, भावी प्रयोजन को सिद्ध करते हुए, श्रीकृष्ण उस उस क्रीड़ा में आलस्ययुक्त कर-चरण आदि की क्रियावाली प्रत्येक प्रिया के प्रति बोले—निश्चय ही अपनी मेखला की ध्वनि को छिपानेवाली कोई भी दूसरी रमणी यहाँ पर स्थित है, ऐसा मुझे प्रतीत नहीं होता। और इसी-लिए केवल तुम्हारा ही अनुगमन करके मेरा जो विहार हो सके, मैं ऐसा विचार कर रहा हूँ। तुम अधिक थक गई हो, अतः यहीं बैठी रहो। मैं तो पास में ही उस (चुप खड़ी हुई) रमणी को ढूँढ़ कर, अधिक समय न लगाकर शीघ्र ही आ जाऊँगा ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतदभिधाय ततस्ततः सर्वतश्चान्तर्धाय राधया सह सहसा जगाम ॥४४॥

"अथ समयकतिपयव्यत्ययमसहमाना सा सा च ततस्तत उत्थाय प्रस्थाय च तमन्विच्छन्तीति भ्रमणात् क्रमश एकद्वादितया परस्परं मिलिताः । मिलिताश्च ताः परस्परमप्रतीतितः शपथं प्रथयमानाः कृष्णपथमेवान्वेषयामासुः ॥४५॥

"किन्तु, अन्वेष्टुं कृष्णमिष्टं निकटमभिगतं चिन्तयित्वा प्रदूनाः
कर्तुं तन्नैव शेकुः परमहह गताः क्लान्तिमेता निपेतुः
स्थित्वा तद्वच्चिराय स्फुरणमयममुं प्राप्य सर्वाः समन्ता-
न्मत्वाऽन्योन्यं तमेव प्रतिहतमतयश्चक्रुरालिङ्गनादि ॥४६॥

"ततश्च, यास्तु तृष्णाकुलतया कृष्णभाववशं गताः ।
कृष्णायन्ते स्म ता एव सर्वपालकतामिताः ॥४७॥

"अथ कथञ्चिदनुसंहितबहिरर्थाः समयं गमयितुमसमर्थाः पूर्वाभ्यासवशान्निजरक्षाया वशान्निखिलसुखदशीलां बाल्यादिकतल्लीलां गातुमारब्धास्तदावेशपरिरब्धा बभूवुः ॥४८॥

"तत्र च कृष्णमन्विच्छन्त्यस्तत इतो गच्छन्त्यस्तरुवल्लीपल्लीमपि मुहुरपि पृच्छन्ति स्म, उन्मादवृत्तेरनुवृत्तेः ॥४९॥ यथा—

केवल इतना ही कहकर, वहाँ वहाँ सभी गोपियों के निकट से अन्तर्हित होकर, राधिका के साथ सहसा (तत्काल) चले गये ॥४४॥

अनन्तर कुछ समय के बीतने को न सहन करती हुई वह वह, प्रत्येक गोपी वहाँ वहाँ से उठकर, और कुछ चलकर श्रीकृष्ण के पीछे पीछे जाने की इच्छा करती हुई, भ्रमण करते करते क्रमशः एक, दो इत्यादि नियम से सभी परस्पर सम्मिलित हो गईं । मिलित होकर भी वे सब (श्रीकृष्ण मुझको छोड़कर अन्यत्र जारहे हैं) इस प्रकार के प्रत्येक के वाक्य में परस्पर अविश्वास के कारण, शपथ का विस्तार करती हुईं, श्रीकृष्ण के मार्ग का ही अन्वेषण करने लग गईं ॥४५॥

किन्तु प्रियतम श्रीकृष्ण को ढूँढ़ने के लिए उनको निकट आये विचार कर, सन्तप्त होकर किसी प्रकार भी उनको निकटस्थ करने को समर्थ न हुईं । किन्तु हाय ! हाय ! ये सब गोपियाँ तो केवल ग्लानि को पाकर भूमि पर गिर पड़ीं । इसी प्रकार बहुत देर तक भूतल पर पड़ी रह कर, पुनः स्फूर्तिमय श्रीकृष्ण को पाकर सभी गोपियाँ चारों ओर से, परस्पर को ही श्रीकृष्ण मानकर, विरह में नष्ट बुद्धि होकर, आलिङ्गन आदि करने लग गईं ॥४६॥

और तदनन्तर जो गोपियाँ श्रीकृष्ण सङ्ग की तृष्णा से व्याकुल होकर, श्रीकृष्ण के भाव के वशीभूत हो गईं, वे ही सब की रक्षा के भाव को प्राप्त होकर, श्रीकृष्ण का सा आचरण करने लग गईं ॥४७॥

उसके बाद किसी प्रकार बाह्यज्ञान का अनुसन्धान करने वाली वे गोपियाँ, समय बिताने को समर्थ न होकर, पूर्वाभ्यास के वश से अर्थात् 'यदि जीवन रहा तो फिर भी मिलने की सम्भावना है' इस प्रकार की पहली भावना के कारण, अपनी रक्षा की कामना से, सभी को सुख देने के स्वभाववाली, श्रीकृष्ण की बाल्यादि लीला गाने को प्रारम्भ कर, श्रीकृष्ण के या उनकी लीला के आवेश से संयुक्त हो गईं ॥४८॥

और वहाँ पर श्रीकृष्ण को ढूँढ़ती हुईं, अतएव इधर उधर जाती हुईं, वे गोपियाँ वृक्ष एवं लताओं की परम्परा को भी बारम्बार, श्रीकृष्ण का पता पूछती थीं । यह सब उनकी उन्माद की वृत्ति के अनुसरण का ही प्रभाव था ॥४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"लीलां गायंस्तत्तदावेशवश्य,-स्तत्तद्भावं प्राप गोपी-निकायः ।
चित्रं कृष्णावेशितामाप या या, गौराङ्गी सा कृष्णवर्णा प्रतीता ॥५०॥

अद्यापि स्मृतमुत्तपत्यहह मच्चित्तं यदेता मुहुः
पृच्छन्ति स्म हरिं वियोगविधुरा हा हा तरूनप्यहो ।
आस्तां तन्मम हृद्यरुन्तुदमिदं गीताभिरेतत्कृते
घोराद्भीतिभिरुन्मदिष्णुहृदया घोरानुकारं दधुः ॥५१॥

"तदीदृशलीलावेशः परपर-गच्छ-पृच्छाभिनिवेशतः क्रमशः प्रचितनिष्क्रमीकृतीमवाप; यत् पृच्छाभिनिवेशश्चैवमपगच्छति स्म ॥५२॥ यथा—

"कांश्चिद्विकासिकुसुमैरुपहासभावान्, कांश्चिन्नताग्रवलनैर्विमुखीकृतास्यान् ।
कांश्चिन्मदालिविरुतै रुषितोक्तियुक्तान्, मत्वा तरूंस्तदनुयोगरसाद्विरेमुः ॥५३॥

"ततश्च क्षितिमेव प्रश्नलक्षितीकृतवत्यः, ॥५४॥ यथा—

'अहो ! किमकरोस्तपः कियदिहोर्वि ! यच्छ्रीहरेः
पदस्पृगनुविन्दसे पुलकरूपनानांकुरान् ।

यथा—गोपियों का समूह श्रीकृष्ण लीला को गाता हुआ, श्रीकृष्ण के आवेश के वशीभूत होकर, उनके उन उन भावों को प्राप्त हो गया, अर्थात् तदाकार हो गया । आश्चर्य की घटना तो यह हुई कि—जो जो गोपी श्रीकृष्ण के आवेश को प्राप्त हुई, वह वह गौरवर्ण के अङ्गोंवाली होकर भी, उस समय कृष्ण के से श्यामवर्णवाली प्रतीत होती थी ॥५०॥

कथावाचक खेदपूर्वक बोला कि—हाय ! हाय ! श्रीकृष्ण के वियोग से विकल हुईं इन गोपियों ने (सचेतनों की बात तो दूर रहने दो, किन्तु) अचेतन (बाह्यचेतनाशून्य) वृक्षों से भी श्रीकृष्ण के बारे में बार बार पूछा, जिस प्रसङ्ग का स्मरण करते ही हाय ! आज भी मेरा चित्त उत्तप्त हो रहा है । उत्तप्त होने की बात तो दूर रहने दो, मेरे मन में तो मर्मच्छेदक यह बात अधिक खटकती है कि—श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए गाई गईं भयङ्कर पूतना आदि राक्षसों से भीतिमय गीतियों (गाना) के कारण, उन्मत्त हृदयवाली उन गोपियों ने तदाकार होकर, उन पूतना आदि के भयङ्कर आकार को धारण कर लिया था ॥५१॥

अतः इस प्रकार का जो लीला का आवेश था वह 'अरी सखी ! दूसरे वृक्ष के पास चल, एवं कृष्ण का पता पूछ ।' इस प्रकार दूसरे दूसरे वृक्षों से पूछने के अभिनिवेश के कारण, क्रमशः बढ़ी हुई निकलने की क्रिया को प्राप्त हो गया । जिसके कारण पूछने का अभिनिवेश (आग्रह) इस प्रकार दूर हो गया ॥५२॥

यथा—कुछ वृक्षों को विकसित हुए पुष्पों के कारण, उपहास के भाव से युक्त मानकर, एवं कुछ वृक्षों को अग्रभाग के नीचा होने के कारण, विमुख किये हुए मुखों से युक्त मानकर, तथा कुछ वृक्षों को मदमत्त भ्रमरों के शब्दों के कारण, क्रोधमयी उक्ति से युक्त मानकर, वे गोपियाँ उन से पूछने के रस से विरत (शान्त) हो गईं ॥५३॥

उसके बाद उन्होंने पृथ्वी को ही अपने प्रश्न का लक्ष्य बना लिया ॥५४॥

यथा—अहह ! हे भूदेवि ! बताइये, तुमने इस जन्म में कितने परिमाणवाला कौनसा अनिर्वचनीय तप किया है, जिसके कारण तुम श्रीहरि के चरणों का स्पर्श पा रही हो, एवं पुलकावलीस्वरूप अनेक प्रकार के अंकुरों का लाभ कर रही हो ? अच्छा, बताओ तो सही । वह रोमाञ्च आदि तुमने त्रिविक्रम

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

त्रिविक्रमजविक्रमात् किमिव तत्त्वया सम्भृतं
वराहपरिरम्भतः किमथवा क्वचित् किन्तु न ॥५५॥

पृथ्वी क्षमा च नाम्ना त्वं तत्पदाङ्कमुदङ्किता ।
तस्मात्त्वामेव तं प्रष्टुं तवेमां गतिमागताः ॥' इति ॥५६॥

"तदेवं सर्वासु तर्वादिकं पृच्छन्तीषु तत इतश्च गच्छन्तीषु तदीयं सौरभ्यं परिरभ्य जगत्प्राणेषु सन्निधानं प्रति प्रणीतप्रयाणेषु तद् वैदग्धीदिग्धस्निग्धहृदया राधासखीसमुदया हरिणीं प्रति कृतप्रणयाः सानुमोदतया हारि व्याहरन्ति स्म, ॥५७॥ (भा० १०।३०।११-१२)—

'अप्येण-पत्न्युपगतः प्रिययेह गात्रै,-स्तन्वन् दृशां सखि ! सुनिर्वृतिमच्युतो वः ।
कान्ताङ्ग-सङ्गकुच-कुंकुमरञ्जितायाः, कुन्दस्रजः कुलपतेरिह वाति गन्धः ॥५८॥

बाहुं प्रियांस उपधाय गृहीतपद्मो, रामानुजस्तुलसिकालिकुलैर्मदान्धैः ।
अन्वीयमान इह वस्तरवः प्रणामं, किं वाभिनन्दति चरन् प्रणयावलोकैः ?' ॥५९॥

भगवान् से उत्पन्न हुए पराक्रम के कारण धारण किया है क्या ? अथवा (वराह पत्नी होने के नाते) कभी अवसर वश प्राप्त हुए वराह भगवान् के आलिङ्गनमय सौख्य से धारण किया है क्या ? किन्तु हम तो कहती हैं कि वह बहुत पुराना कारण अब रोमाञ्चजनक नहीं है, यह तो हमारे प्यारे नन्ददुलारे के तात्कालिक चरण स्पर्श का ही प्रभाव मालूम पड़ता है ॥५५॥

और हे वसुन्धरे ! तुम कर्म से एवं नाम से भी पृथ्वी, अर्थात् स्थूल, एवं क्षमा हो, अर्थात् सहनशील हो। इसलिए भी श्रीकृष्ण के चरणचिह्नों से उत्पन्न हर्ष से अङ्कित प्रतीत हो रही हो। अतः हम श्रीकृष्ण को पूछने के लिए तुम्हारी ही शरण आई हैं ॥५६॥

इस प्रकार सभी गोपियाँ जब वृक्षादिकों से कृष्णविषयक प्रश्न कर रही थीं, एवं श्रीकृष्ण को ढूँढने के लिए इधर उधर जारही थीं, और श्रीकृष्ण की दिव्यसुगन्ध को स्पर्शकर वायुसमूह जब निकट ही बह रहा था, तब राधाकृष्ण की चातुरी से संयुक्त एवं स्निग्धहृदयवाली (अन्य गोपियों के साथ ही कृष्ण को ढूँढ़ने वाली) राधा की ललिता विशाखा आदि सभी सखियाँ, हरिणी के प्रति प्रेम करती हुईं, अनुमोदनपूर्वक मनोहर वाक्य बोलीं—॥५७॥

अरी सखी ! हरिणियो ! हमारे प्यारे श्यामसुन्दर के अङ्गसङ्ग से सुषमा सौन्दर्य की धारा बहती रहती है, वे कहीं अपनी प्राणप्रिया के साथ तुम्हारे नयनों को परमानन्द का दान करते हुए इधर से ही तो नहीं गये हैं ? क्योंकि देखो, देखो। यहाँ गोपीकुलपति श्रीकृष्ण की कुन्दकली की माला की मनोहर गन्ध आरही है, जो माला उनकी परमप्रेयसी के अङ्गसङ्ग से हुए कुचकुंकुम से अनुरञ्जित रहती है ॥५८॥

हे तरुवरो ! उनकी माला की तुलसी में ऐसी सुगन्ध है कि, उसकी गन्ध के लोभी मतवाले भौंरे प्रत्येक क्षण उस पर मँडराते रहते हैं। उनके एक हाथ में लीलाकमल होगा, और दूसरा हाथ अपनी प्रेयसी के कन्धे पर धरकर, हमारे प्यारे श्यामसुन्दर इधर से विचरते हुए अवश्य गये होंगे। जान पड़ता है, तुम लोग उन्हें प्रणाम करने के लिए ही झुके हो। परन्तु उन्होंने अपनी प्रेमभरी चितवन से भी तुम्हारी वन्दना का अभिनन्दन किया है या नहीं ? ॥५९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अत्र खलु एणेति पत्नीति सखीति पदत्रयेण 'हे प्रशस्तनेत्रे ! मादृशमानुषीसदृशविचार-सञ्चरितवृन्दावनक्षेत्रे ! तत्तदस्मदीय-सुखप्रख्येण सुखेन लब्धसद्विधसख्ये' ! इति व्यञ्ज्य सुखरज्यमानहृदयाः प्राहुः,—॥६०॥

'प्रियया सममच्युतः श्रीकृष्णः श्लिष्टतया तस्याः सकाशादविश्लिष्टः सन्नदसीयशोभा-कृतासङ्गैरङ्गैर्युष्माकं तादृशां दृशां केवल-स्वदर्शनजानन्दादप्यतिशयितमानन्दमुत्कर्षयन् किं युष्मत्समीपमाप ? तत्र तन्मिथुनश्लाघागर्भवचनेन हेतुं रचयन्ति,—कान्तेति । गोकुलराज-कुलतिलकस्य या कुन्दमाला, तस्याः कुत्राप्यलभ्यसौरभ्यमिह तद्भारमिलज्जवभङ्गनिभवायु-सङ्गतः प्रसरति । कीदृश्याः ? मालायाः कान्तापरमपुण्येन परमसर्वसाद्गुण्येन तस्यापि लालसस्य या परमास्पदरूपा, तस्या अङ्गसङ्गे कुचकुंकुमपङ्ककुलसंकुलायाः । अतः सन्तत-परिचयविशेषेण तत्सौरभ्यविशेषं परिरभ्य स्फुटमस्माभिस्तथा समुपलभ्यत इत्यर्थः ॥६१॥

'अथ तां तद्दर्शनजातेन हर्षेण सम्प्रति तद्वियोगजातेन तर्षेण स्थगितवचनामाशङ्क्य तेन च तयोः सङ्गममेव निष्टङ्क्य परमानन्दतस्तदीयविलासविशेषं वन्दमानास्तत्र तत्र

श्रीमद्भागवत के इन दोनों श्लोकों की विशेष मार्मिक व्याख्या करते हुए ग्रन्थकार स्वयं बोले—पहले श्लोक में 'एण', 'पत्नी', 'सखि' इन तीनों पदों के द्वारा हे प्रशस्तनेत्रे ! अर्थात् हे प्रशंसनीय विशाल नेत्रों वाली ! हे हम जैसी मानुषियों के सदृश विचार के द्वारा श्रीवृन्दावन क्षेत्र में विचरण करनेवाली ! मृगपत्नि ! 'हे सखि' शब्द की व्याख्या, यथा—हे हमारे उस उस कृष्ण दर्शनादि सुख के समान सुख के द्वारा हमारी जैसी कृष्णप्रियाओं के सख्यभाव को प्राप्त करनेवाली ! हरिणि ! इन पूर्वोक्त गुणों के कारण तू हमारी सखी हैं, क्योंकि सुखदुःख की प्राप्ति में हम तुम दोनों ही समान हैं । इस प्रकार का भाव प्रगट कर, उस मृगी के सुख से अनुरागयुक्त हृदयवाली वे राधा की सखियाँ बोलीं— ॥६०॥

हे सखि ! हरिणियो ! अच्युत (श्रीकृष्ण) अपनी प्रिया राधिका के साथ आलिङ्गित होने के कारण, उस अपनी प्रिया के पास से अलग न होकर, उसी प्रिया की अपूर्व शोभा में आसक्ति करनेवाले, अपने मनोहर अङ्गों के द्वारा तुम्हारे उस प्रकार के प्रशंसनीय विशाल नेत्रों के, केवल अपने (श्रीकृष्ण) दर्शन से उत्पन्न आनन्द से भी, अतिशय आनन्द को बढ़ाते हुए तुम्हारे पास आये थे क्या ?

और वे राधा की सखियाँ उस हरिण-हरिणी के जोड़े की प्रशंसा से युक्त वचन के द्वारा, यहाँ आने के कारण की रचना करती हैं कि कान्तेत्यादि, अर्थात् व्रजराजकुलतिलक श्रीकृष्ण की जो कुन्दमाला है, उसकी सुगन्धी कहीं भी सुलभ नहीं है, वह सुगन्धी यहाँ पर उस माला के भार से मिलते हुए वेग से तिरस्कृततुल्य वायु के सङ्ग से, चारों ओर फैल रही है । कैसी माला की गन्ध यहाँ फैल रही है, इसके उत्तररूप उसका विशेषण कहती हैं कि—कान्ता के परमपुण्य से एवं उत्कृष्ट सभी सद्गुणों के द्वारा, श्रीकृष्ण की लालसा की भी जो परम प्रेमास्पदस्वरूपा कान्ता (राधा) है, उसी कान्ता के अङ्ग में लगने पर, स्तनों पर स्थित कुंकुमपङ्क के समूह द्वारा जो माला व्याप्त थी, उसी की गन्ध यहाँ फैल रही है । अतः निरन्तर परिचयविशेष के कारण, उस माला के गन्धविशेष को ग्रहणकर, हमको भी स्पष्टरूप से उसी प्रकार की उपलब्धि (प्राप्ति) हो रही है । यह अर्थ प्रथम श्लोक का हुआ ॥६१॥

दूसरे श्लोक की व्याख्या, यथा—तदनन्तर उस हरिणी को पहले तो राधाकृष्ण के दर्शन से उत्पन्न हुए हर्ष के कारण, एवं अब उनके वियोग से उत्पन्न हुई तृष्णा से या पुनः दर्शन की पिपासा के कारण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पल्लवादिभरनम्राणां कम्राणां पुरूणां तरूणामपि तदीय-सौविदल्लादि-भृत्यविशेषभावेन तद्वन्दनमुत्प्रेक्ष्य प्रियया सह विहाररतेन तेन तेषामभिनन्दनं सन्दिहानास्तयोस्तादृशविलासावेशातिशयमाहुः,—बाहुमिति ॥६२॥

"अथ तस्यामुदासीना वदन्ति स्म,—

'लता इमाः पृच्छत या न लोकिताः, पुरा तरुश्लिष्टतयापि पुष्पिताः ।
सम्प्रत्यमूः स्पर्शवशाद् बकी-रिपोः, पुष्पान्वितास्तन्नखचित्रमत्र हि ॥'६३॥

"अथ तस्माल्लब्धविस्मये पुनरकस्मादखिलशुभपदानि तदीयपदनलिनयोरमलिनानि पदानि दधाना वसुधा सुधामिव सुधामावलिं तासामन्यासामपि तदप्रतीतिस्पृशि दृशि किरति स्म; यानि प्रेक्ष्य चामूभिरुत्प्रेक्ष्यते स्म,—॥६४॥

'इयं क्षितिर्मुनिचरिता तदुत्तरं, ददे न हीत्यवमृशती पुनर्ददे ।
ध्वजाम्बुजाद्युपवलितांघ्रिलांछन,-प्रदर्शनादिव लिखती तदागमम् ॥'६५॥

"कियद्दूरे तु ताभिस्तत्पदान्तराण्येव पदान्तराणि प्रतिपन्नानि ॥६६॥

स्थगित, अर्थात् अवरुद्ध वचनवाली समझकर, उसकी चुप्पी के कारण राधाकृष्ण के मिलन की ही तर्कना कर, परमानन्दपूर्वक उनके विलासविशेष की प्रशंसा करती हुईं, राधा की सखियाँ वहाँ वहाँ पर पत्र पुष्पादि के भार से नम्र हुए, मनोहर बहुत से वृक्षों के भी, राधाकृष्ण के अन्तःपुर के रक्षक कंचुकी आदि सेवकविशेषों के भाव से उनकी वन्दना की उत्प्रेक्षा कर, प्रिया के साथ विहार में रत रहनेवाले श्रीकृष्ण के द्वारा, उन वृक्षों का अभिनन्दन हुआ है या नहीं, इस बात का सन्देह करती हुईं, श्रीराधाकृष्ण के उस प्रकार के विलास में आवेश की विशेषता को वर्णन करती हुईं, वृक्षों के प्रति बोलीं कि—'बाहुं प्रियांस' इत्यादि । यह दूसरे श्लोक की अवतरणिकामात्र हुई। अर्थ पूर्ववत् जान लेना ॥६२॥

वहाँ पर तीन प्रकार की नायिका थीं—कुछ राधा की स्वपक्षा, कुछ विपक्षा, एवं कुछ राधा से उदासीन थीं । उन तीनों में से राधा की स्वपक्षा ललिता आदि की उक्ति के बाद, राधा के उदासीन पक्ष वाली बोलीं—अरी सखियो ! इन लताओं से तो पूछो । जो कि पहले वृक्षों से मिली हुई होने पर भी, पुष्पों से युक्त नहीं देखी थीं । इस समय तो ये सब पूतनारि श्रीकृष्ण के स्पर्श वशतः पुष्पों से युक्त देखी जा रही हैं, और इन लताओं पर तो उनके नखों के चित्र भी निश्चित दीख रहे हैं ॥६३॥

अनन्तर अकाल में ही पुष्पित लताओं के देखने से विस्मय प्राप्त हो जाने पर, पुनः अकस्मात् श्रीकृष्ण के निखिल शुभों के स्थानस्वरूप चरणकमलों के निर्मल चिह्नों को धारण करती हुई पृथिवी, उन उदासीन गोपियों की तथा अन्य सभी गोपियों की दृष्टि में "जो दृष्टि यहाँ पर श्रीकृष्ण के आने के विश्वास का स्पर्श भी नहीं करती थी" अमृत की वृष्टि की तरह, सुन्दर प्रभापुञ्ज को फेंकने लग गई । जिन चरणचिह्नों को देखकर गोपियाँ उत्प्रेक्षा करने लगीं— ॥६४॥

अरी सखियो ! देखो, यह पृथिवी मुनियों के से चरित वाली है, इसीलिए मनन एवं विचारशीला इस पृथिवी ने "मैंने गोपियों के प्रश्न का उत्तर नहीं दिया" इस प्रकार का विचार करते हुए ध्वज, कमल, आदि के चिह्नों से युक्त, श्रीकृष्ण-चरणचिह्नों के प्रदर्शन से मानो उनके यहाँ आगमन को लिखते हुए, पुनः मौनी की तरह उत्तर दे ही दिया ॥६५॥

कुछ दूर पर तो उन गोपियों ने श्रीकृष्ण के चरणचिह्नों के बीच में दूसरे चरणचिह्न देखे ॥६६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथाहि,—तदनु तस्य पदं पदमन्तरा, पदमनीदृशमादृशे परम् ।
अनतमल्पममध्यकृशं ध्वजा,-द्युपचितं विपरीतदिशि श्रितम् ॥६७॥

"तत्र चेदमनुमीयते स्म,—
'मृगाक्ष्या लक्ष्यं स्यादिह चरणचिह्नं हरिपद-
प्रसक्तं वैशिष्ट्यादपि तु नहि पूर्वत्र किमपि ।
स्फुटं तस्मात् काश्चिद् हृदि विदधदत्रार्पयदसौ
प्रसिद्धा स्तेनानां जगति हि कृताङ्कप्रशमिता ॥६८॥

असव्य-सव्यौ यूनोर्यत् पदाङ्कौ व्यतिमर्दिनौ ।
तत्तर्क्यते मिथः स्पष्टमंसन्यस्तप्रकोष्ठता ॥'६९॥

"तदेवं साधारणीनां वर्णनमाकर्ण्य राधासख्यः पुनरालपन्ति स्म,—
'परस्परकरग्रहस्फुरदमन्दखेलास्पदं, प्रमत्तकरिदम्पतिस्थिति तयोस्तु यूनोर्युगम् ।
यदत्र विजने वने विगतशृङ्खलं लीलया, विधास्यति परं महस्तदतिसुष्ठु पुष्णाति नः ॥'७०॥

यथा—देखो, उसके पश्चात् श्रीकृष्ण के प्रत्येक पदचिह्न के बीच में दूसरे प्रकार का पदचिह्न ही केवल उनको दिखाई दिया। वह पदचिह्न नवा हुआ नहीं था, अर्थात् ऊँचा था, छोटा, बीच में मोटा, एवं ध्वजा आदि चिह्नों के समूह से युक्त, तथा कृष्णचरणों की बाईं ओर सम्मिलित हो रहा था ॥६७॥

उस चरणचिह्न में गोपियों ने यह अनुमान लगाया कि—अरी सखियो ! देखो, यहाँ पर विशेषता के कारण हरिचरणों से मिला हुआ भी यह चरणचिह्न किसी मृगलोचना का ही लक्षित हो सकता है, किन्तु पहले तो कुछ भी लक्षित नहीं हुआ। इसलिए यह बात स्पष्ट है कि—श्रीकृष्ण ने किसी प्राणप्रिया को अपने हृदय पर धारण कर, अर्थात् गोद में उठाकर, यहाँ पर अर्पण कर दिया है, अर्थात् उतार दिया है। क्योंकि "किये हुए अपने चरणचिह्नों को मिटा देना" यह चोरों का व्यवहार संसार में प्रसिद्ध है। इसलिए गोद में लेकर चलते समय, प्रियतमा का चरणचिह्न नहीं बन पाया, अब उतारने के बाद बना हुआ स्पष्ट दिखाई दे रहा है ॥६८॥

और युवक-युवती, कृष्ण एवं राधा इन दोनों के दाहिने एवं बायें चरणचिह्न जिस कारण से, आपस में सटे हुए दिखाई दे रहे हैं, उसी कारण से उन दोनों की परस्पर अंसन्यस्तप्रकोष्ठता स्पष्ट ही तर्कित होती है, अर्थात् दोनों के सटे हुए चरणचिह्नों के देखने से अनुमान लगता है कि, दोनों ही दोनों के कन्धों पर हाथ धरकर, परस्पर चिपटकर चले होंगे। कुहनी से नीचे के भाग को प्रकोष्ठ कहते हैं ॥६९॥

इस प्रकार उदासीन गोपियों के वर्णन को सुनकर, राधा की सखियाँ पुनः बोलीं—अरी सखियो ! देखो, परस्पर करग्रहण के द्वारा विराजमान और उत्कृष्ट लीला का आस्पद (प्रतिष्ठा)स्वरूप, एवं प्रमत्त हस्तिदम्पति की सी स्थितिवाला, उन दोनों युवक-युवती का जोड़ा इस निर्जन वन में अपनी रहस्यमयी लीला के द्वारा, स्वाधीनतापूर्वक जिस परममहोत्सव का विधान करेगा, वह महोत्सव हमारी उत्तमरूप से पुष्टि करेगा, ऐसा प्रतीत होता है ॥७०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तत्र सुहृदां वचनम्, (भा० १०।३०।२८)—

'अनयाराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः
यन्नो विहाय गोविन्दः प्रीतो यामनयद्रहः ॥ इति ॥७१॥

अयमर्थः,—'नूनमनया परमनयया कोऽप्यनश्वरशक्तिरङ्गीकृत-भक्तभक्तिरीश्वर एव निर्बाधितमाराधितः, न तु देवतामात्रम् । स च सकलहरित्पति-पतिः श्रीहरिरेव, न च हरः सृष्टिकरश्च । हरितायामपि सर्वावतारविस्तारवान् स्वयंभगवानिति सम्भावितीभवति न चान्यस्तदंशतयापि लब्धप्रशंसः । तादृशचमत्कारकारणमप्यवतारयन्ति,—'यन्न इति । यां खलु गुणरूपमहसा सहसा निखिलहृदयं विन्दमानः श्रीगोविन्दः स्वयमयं निनाय, न तु न इव न निनाय । तत्परिपाटी च प्रत्युरसं विधाय प्रीतिरीतिपरीततया कृता, न तु तद्विपरीततया प्रीतिरपि स्मरमहःप्रवहरहःसंहततया,न तु सामान्यतामान्यतया,रहः संहननमपि शर्मसम्पदंहति-बृंहितगुणवंहिततया, न तु तदसंहिततया । तच्च सर्वगुणविस्मायिकानामप्यस्माकं त्यागजागरूक-समयत एव, न तु तद्विनिमयत इति स्वयं गच्छन्नेव निनाय' इति ॥७२॥

उसके बाद राधा की सुहृद सखियों का वचन, यथा—अवश्य ही सर्वशक्तिमान् भगवान् श्रीकृष्ण की इसने आराधना की होगी । इसीलिए इस पर प्रसन्न होकर, हम सबको छोड़कर, श्रीगोविन्द इसको एकान्त में ले गये हैं ॥७१॥

ग्रन्थकार स्वयं इस श्लोक की व्याख्या करते हैं, यथा—इस भागवतीय पद्य का यह भावार्थ है कि—अवश्य ही परमनीतिमती इस रमणीमणि ने किसी अनिर्वचनीय, अविनश्वर शक्तिसम्पन्न, एवं भक्तों की भक्ति को अङ्गीकार करनेवाले ईश्वर (सर्वनियन्ता) की ही, निरन्तर आराधना की है, किन्तु साधारण देवमात्र की नहीं ।

और वह ईश्वर भी सब दिग्पालों के पति श्रीकृष्ण ही हैं, शिव और ब्रह्मा नहीं । हरिभाव से युक्त होने पर भी, वे श्रीकृष्ण सभी अवतारों के विस्तारकारी स्वयं भगवान् (षड़ैश्वर्य परिपूर्ण) हैं, ऐसा सम्भावित होता है । उनके अंशावतार होने के नाते प्रशंसा प्राप्त करनेवाले श्रीनारायण भी इनके सदृश नहीं हैं । उस प्रकार के चमत्कार के कारणस्वरूप, श्रीकृष्ण को भी प्रेममयी गोपियाँ भूतल पर अवतरित (प्रगट) कर लेती हैं, अथवा उस प्रकार के चमत्कार के कारण को भी, अवतरणिकापूर्वक गोपियाँ कहती हैं 'यन्नो विहायेत्यादि' । गुण, रूप, एवं लोकोत्तर तेज़ के द्वारा सहसा सभी के हृदय को प्राप्त करते हुए, अर्थात् वश में करते हुए ये श्रीगोविन्द निश्चय स्वयं ही जिस प्रियतमा को ले गये, (न तु न इव न निनाय) किन्तु हमारा जैसे परित्याग कर दिया, उस प्रकार उसका परित्याग नहीं किया । उसके ले जाने की परिपाटी भी अपने वक्षःस्थल पर धारणकर प्रीति की रीति की परिपूर्णतापूर्वक प्रदर्शित कर दी, किन्तु प्रीति की विपरीततापूर्वक नहीं । प्रीति भी काममहोत्सव की बाहरी यात्रा से एकान्त में सम्मिलित होकर प्रगट कर दिखाई, किन्तु सर्वसामान्यतामयी मान्यता से नहीं (अपितु विशेषता प्रदर्शनपूर्वक) । एकान्त में मिलन भी सुखसम्पत्ति के दान से बढ़े हुए गुण के द्वारा बहुलता (अधिकता)पूर्वक ही हुआ, किन्तु उस प्रकार के सुखदान के सम्मेलन से रहिततापूर्वक नहीं । और वह उस प्रकार से ले जाना भी सब गुणों को विस्मित कर देने वाली जो हम हैं, ऐसी हम सबके त्याग के जागरणशील समय से ही हुआ. किन्तु हमारे त्यागने के समय का परिवर्तन कर कालान्तर से नहीं । इसलिए जाते जाते ही प्रियतमा को स्वयं ले गये ॥७२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवमेव मन्यामहे,—'या खलु धन्या राधाभिधा विधात्रा निःसाधारणनामगुणरूपतया निर्मिता, सैव दैवकृतानुकूल्या भवितुमर्हति। तत्र यद्यपि तादृश-भगवदाराधन-साधनतया तन्नामनिर्वचनं सचितरचनं भवेदथापि फलसम्बन्धनिर्बन्ध एव श्रेयानिति राधयति गोविन्दम्, गोविन्देन वा राध्यते इति निरुक्तिरेव युक्तिमतीति मतिगम्यम्' इति ॥७३॥

"अथ पुनस्तस्यामुदासीनाः प्रोचुः,—

'अयि कलयत एते रेणवोऽप्यत्र धन्या, यदजितपदपद्मस्पर्शभाजः स्फुरन्ति।
ध्रुवमघमपहर्तुं ब्रह्मभर्गाद्यधिकन्या, दधति शिरसि यांस्तद्दृशभाग्यं स्तवाम ॥'७४॥

"अथ काचित्तस्यां प्रतिस्पर्धिनी वर्धमानमत्सराग्निर्धूमशिखायमानं वचनमुज्जगार,—

'भवति सुखदमस्मिन् श्रीहरेरंघ्रिचिह्नं, यदि न सजति तस्या हन्त दुर्नीतिमत्याः।
कलयत बत धाष्टर्यं सुष्ठु भावत्कभोग्यं, तदधरमधुजुष्टं कुर्वती सा निलिल्ये ॥'७५॥

श्रीकृष्ण जिस प्रेयसी को गोदी में उठाकर अन्तर्धान हुए थे उसका नाम क्या था, इस अपेक्षा में राधा की सुहृदसखियाँ बोलीं कि—अतएव हम तो इस प्रकार मानती हैं कि—जो 'राधा' नामवाली सौभाग्यवती रमणी विधाता ने असाधारण नाम, गुण, रूप देकर निर्मित की है; बस, निश्चितरूप से वह ही दैवकृत अनुकूलता से युक्त होने के योग्य है। और उस राधा में यद्यपि उस प्रकार के लोकोत्तर भगवदाराधनरूप साधन होने के कारण उनके यथार्थ 'राधा' इस नाम के निर्वाचन की विधि सङ्गत हो सकती है, तथापि 'राध साध-संसिद्धौ' धातु का अर्थ—प्रयोजन सिद्धि या आराधना करना होने पर भी, 'फल के सम्बन्ध में आग्रह' यह अर्थ ही श्रेयस्कर है, इसलिए (राधयति गोविन्दम्) वह रमणी गोविन्द की आराधना करती है, अथवा (गोविन्देन राध्यते) गोविन्द ही जिसका आराधन करते हैं, अतः उसका नाम 'राधा' है। यह दोनों प्रकार की व्युत्पत्ती ही युक्तियुक्त है, अतः बुद्धि से जानने योग्य है। यहाँ तक 'अनयाराधितो' की व्याख्या हुई ॥७३॥

उसके बाद राधिका में उदासीन भाववाली नायिकाएँ पुनः बोलीं—अरी सखियो! देखो तो सही। यहाँ की तो ये रेणु भी धन्य हैं, क्योंकि ये श्रीकृष्ण के पादपद्मों के स्पर्श को पाकर विराजमान हो रही हैं। श्रीकृष्ण के अदर्शनरूप अघ, अर्थात् दुःख को दूर करने के लिए, जिन रेणुओं को 'ब्रह्मा, शिव, एवं लक्ष्मीदेवी' ये सब निश्चितरूप से अपने अपने मस्तक पर धारण करते हैं। अतः इन रेणुओं ने जिस अपूर्व-भाग्य से श्रीकृष्णदर्शन पाये, हम तो इन रेणुओं के उसी भाग्य की भूरि भूरि प्रशंसा करती हैं ॥७४॥

तदनन्तर राधा के ऊपर स्पर्धा करनेवाली कोई गोपी 'जिसके कि मन में बढ़ती हुई मात्सर्यरूप अग्नि धधक रही थी' अपने मुख से धूमशिखा के समान वचन उगलने लग गई, यथा—हाय! बड़े खेद की बात है कि—उस दुर्नीतियुक्त रमणी का चरणचिह्न यदि इस से संसक्त (सटा हुआ) न होता, तब तो इस स्थान पर विद्यमान यह श्रीकृष्ण का चरणचिह्न मुझको सुखप्रद होता। हाय! तुम उस रमणी की धृष्टता को तो अच्छी प्रकार देख वह तो तुम्हारे भोगने योग्य श्रीकृष्ण के अधररूप मधु का सेवन करती हुई छिप गई है ॥७५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तस्याः सख्यः पुनरूचुः,—

'कथमहह पदानि तानि तस्याः, सुभगतराङ्गपदानि न स्फुरन्ति ।
अपि हृदि दधदेव तां निनिन्ये, सखि ! दयितां दयितः सुजातगात्रीम् ॥'७६॥

"अथ पुनः प्रतिस्पर्धिनीनां वचनम्,—

'पश्योत्सङ्गकृताङ्गनावलयिनः कामातुरस्यासकृत्
तद् वस्त्रादिक-संवृतिप्रथनया व्यग्रस्य लक्ष्माण्यतः ।
निम्नव्यस्तपदानि माल्यधुसृणास्तीर्णानि घर्माम्भसा
भूयः सिक्ततमानि वेल्लितलताक्षेपात्तवर्त्मानि च ॥'७७॥

"अथ सखीनां वचनम्,—

'न्यग्जानुद्वयलक्षणस्य पुरतः सूक्ष्मं पदाङ्क-द्वयं
वैमुख्येन धृतं व्यनक्ति सुदृशस्तस्यास्तदूर्वोः स्थितिम् ।' इति;

"अथ स्पर्धिनीनाम्,—

'तस्मिन् गर्भकमाल्यखण्डपतनादुद्दण्डमालक्ष्यते
कामिन्याः किल कामुकेन रचिता केशस्य वेशक्रिया ॥'७८॥

इस बात को सुनकर अन्तःकरण में कुपित होकर राधा की सखियाँ पुनः बोलीं—अहह ! अत्यन्त सुन्दर ध्वज, कमल आदि चिह्नों के स्थानस्वरूप उस राधिका के पदचिह्न कैसे स्फूर्ति नहीं पा रहे हैं ? अपितु पा रहे हैं । हे सखि ! देख, प्रियतम श्रीकृष्ण उस कोमलाङ्गी प्रियतमा को अपने हृदय पर धारण करते हुए ही ले गये हैं ॥७६॥

तदनन्तर पुनः राधा से प्रतिस्पर्धा (डाह) करनेवाली का वचन, यथा—हे सखि ! अपनी गोद में ली हुई रमणी से युक्त, कामातुर, एवं बारम्बार उस रमणी के वस्त्र आदि गोपन या ढाँकने के कारण व्यग्र हुए श्रीकृष्ण के पदचिह्नों को तो नेक देख । जो पदचिह्न भार के कारण नीचे की ओर अस्तव्यस्त भाव से विक्षिप्त हो रहे हैं, माला में स्थित कुंकुम के द्वारा व्याप्त और पसीना के जल से बारम्बार अत्यन्त सिक्त हो रहे हैं, अर्थात् भीज रहे हैं, एवं किञ्चित् चलती हुई टेढ़ी लता के निक्षेप पर्यन्त मार्ग का ग्रहण करनेवाले हैं ॥७७॥

अनन्तर राधा की सखियों का वचन, यथा—अरी देखो ! नवे हुए दोनों घुटनों के चिह्न के आगे ही विमुखतापूर्वक धरे हुए उस सुलोचना राधा के सूक्ष्म सूक्ष्म दोनों चरणचिह्न, उसके श्रीकृष्ण की जङ्घाओं पर बैठने को स्पष्ट कह रहे हैं ॥इति;

पश्चात् राधा से डाह करनेवालियों का वचन, यथा—उस समय उस रमणी के केशपाश में स्थित माला के खण्ड खण्ड होकर गिर जाने के कारण, परम प्रेमी श्रीकृष्ण ने कामुक की तरह उस कामुकी के केशपाश की वेशक्रिया (वेणीगुन्थनलीला) विशेषरूप से की है, ऐसा दिखाई देता है, यह बात निश्चित है ॥७८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किञ्च, अत्राप्रगुणताबद्धा मिथ, पद्धतिपद्धतिः ।
राधामाधवयोः क्रीडां निर्व्रीडां वेदयत्यसौ ॥७९॥

"अथ ताः सनिजवृन्दया वृन्दया परिष्कृतस्य लतामन्दिरवृन्दस्य द्वारं तयोः प्रवेशद्वारं विविक्षन्ति स्म ॥८०॥

"तत्र तया समधुतया मधुरं पुष्पवृन्दं तथा प्रवेशदेशे निवेशितम्, यथा तल्लोलुभशुभंयु-मधुकरनिकरा एव दौवारिका इव निवारका जाताः ॥८१॥

"ते हि प्रवेशारम्भत एव धृतसंरम्भाः प्रविशतामभिमुखं धावन्तः स्वक-शिलीमुखता-मर्थान्तरेणापि प्रथयन्ति स्म ॥८२॥

"अथ कथञ्चन श्लथतां चिरतः प्रथयमानेषु तेषु क्रमशः सर्वास्तर्वादिपल्लववेल्लनपूर्वकमा-विद्धपद्धतितया प्रविश्य परमपूर्वं तद्धाम निशामयामासुः ॥८३॥ यथा—

"पिकप्रथितपञ्चमं भ्रमरपूर्णमन्द्रस्वरं, मरुच्चलितपल्लवप्रकटवाद्यमुद्यत्प्रभम् ।
भुजङ्गरिपुनर्तन-ज्ञपितचञ्चलावारिभृ,-द्विभावलित-तद्द्वयातुलसभासदङ्गीकृतम् ॥८४॥

किञ्च यहाँ पर घबड़ाकर टेढ़ी मेढ़ी चाल से सम्बद्ध (संयुक्त) एवं राधामाधव के परस्पर चरणों की ताड़ना से युक्त यह मार्ग उन दोनों की निःसंकोच क्रीडा को जना रहा है ॥७९॥

तदनन्तर वे सभी गोपियाँ आत्मीयजनवृन्द से युक्त वृन्दादेवी के द्वारा संशोधित लतागृह समूह के द्वार को 'राधामाधव' का प्रवेश द्वार जानकर, वहीं पर प्रवेश करने की इच्छा करने लगीं ॥८०॥

किन्तु उस तलागृह वर्ग के प्रवेश द्वार पर वृन्दादेवी ने मधुमिश्रित मधुर पुष्पवृन्द को उस प्रकार से स्थापित किया था कि, जिस प्रकार उस पुष्पमधु के लोलुप एवं शुभयुक्त मधुकरनिकर ही द्वारपालों की तरह प्रवेश करनेवालों के निवारक हो गये थे ॥८१॥

वे सब मधुकर प्रवेश के आरम्भ से ही क्रोध को धारण कर प्रवेश करनेवालों के सम्मुख दौड़ते हुए अपनी शिलीमुखता को, अर्थात् 'भ्रमर' नाम के भावको, दूसरे अर्थ के द्वारा अर्थात् बाणरूप दूसरे अर्थ के द्वारा प्रकाशित करने लग गये । 'अलिव्राणौ शिलीमुखौ इत्यमरः' ॥८२॥

उसके बाद वृन्दा की प्रेरणा से कुछ देर बाद किसी प्रकार जब वे भ्रमरगण शिथिलता का विस्तार करने लगे, अर्थात् कुछ मार्ग देने लगे, तब सभी सखियाँ तरु लता आदि कों के पत्र कम्पनपूर्वक, कुटिल मार्ग को पकड़ कर, लतागृह में प्रविष्ट होकर, वहाँ पर परम अपूर्व उस स्थान को देखने लग गईं ॥८३॥

यथा—उस लतागृह में कोकिलकुल पञ्चमस्वर का विस्तार कर रहा था, भ्रमरगण परिपूर्ण गम्भीर स्वर कर रहे थे, वायु के द्वारा कम्पित पल्लवों से वाद्यध्वनि प्रगट हो रही थी, अतः विचित्र शोभा प्रगट हो रही थी, और मयूरगणों के नृत्य से सूचित बिजली से युक्त मेघ की सी प्रभा से संयुक्त, श्रीराधा-कृष्ण-रूप युगलजोड़ी की श्रीरूपमञ्जरी आदि सेविकारूप अतुलनीय सभासदों के द्वारा, वह लतागृह अङ्गीकृत था । और उस लतागृह के सभी स्थल विचित्रपुष्पों से व्याप्त थे, बड़ी बड़ी विशाल अनेक शय्याओं से वह

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विचित्रकुसुमैश्चितस्थलमनल्पतल्पाकुलं, बहुव्यजनचामरं सुरभिवीटिकासम्पुटम् ।
सचन्द्रवरचन्दनागुरुगुरूरुपात्रान्वितं, लतागृहरहःपुरं ध्वनयति स्म ताः प्रत्यदः ॥८५॥
युग्मकम् ॥

"किञ्च,

"अयं कुसुमसञ्चयश्चरणपातजातश्रथ,-स्तदेतदपि तल्पकं विघटिताङ्गभङ्गीस्थिति ।
इदं व्यजनचामरं गलितयन्त्रजान्दोलनं, तथा सुरभिवीटिकाद्यपि विभुक्तमुक्तीकृतम् ॥८६
ततः किमिव पृच्छथ स्ववदवेत मामुज्झितं, परं द्रुतमितः परं व्रजत तत्र तं प्राप्नुत ।
अमी पिकमुखा मम स्फुटमुपेयुरुत्पित्सुतां, स्वयं भवति दुःखिते भवति कस्य वाङ्गीकृतिः ?८७
युग्मकम् ॥

"किञ्च,

इदं मृगमदावृतं घुसृणबिन्दुमन्दोक्षितं, क्षितं शयनकं ततः सपरिवृत्तिलक्ष्माप्यदः ।
परस्पर-विपर्यय-प्रथितिशालि यद्बान्धवं, कुलं कथममुष्य न स्फुरतु पारिभावी दशा ?८८

"अथ तयोर्वृत्तमनुवृत्यताम् ॥८९॥

स्वयं घिरा हुआ था, वहाँ पर बहुत से व्यजन (विजना) एवं चामर थे, सुगन्धमय पान की बीड़ियों से भरे हुए सुन्दर सुन्दर पानदान भी धरे थे, और वह लतागृह कर्पूर के सहित जो श्रेष्ठ अगुरु चन्दन, उस अगुरु चन्दन के बड़े बड़े विशालपात्रों से युक्त था । इस प्रकार की विविध सामग्री परिपूर्ण यह लतागृहरूप अन्तःपुर उन सब गोपियों के प्रति पूर्वोक्त सामग्री के कारण, साक्षात् अन्तःपुर का बोध कराने लग गया । दो श्लोकों में अन्वय के कारण यह युग्मक है ॥८४-८५॥

और देखो ! यह पुष्पों का समूह भी दोनों के चरणपात से शिथिल हो गया है, यह शय्या भी दोनों के अङ्गों के द्वारा अस्तव्यस्त स्थितिवाली मालूम पड़ती है, यहाँ पर ये व्यजन एवं चामर भी यन्त्र के द्वारा स्वयं चलने के साधन से रहित हुए पड़े हैं, तथा सुगन्धमय पान की बीड़ी आदि भी पहले भोगकर पीछे छोड़ दी हैं । इसलिए यह लतागृह अपनी दशा से हमें यह भी स्पष्ट कह रहा है कि—यहाँ पर श्रीकृष्ण नहीं हैं, अतः मुझ से किस प्रकार पूछ रही हो ? अपने समान मुझको भी त्यागा हुआ ही जानो । अतः यहाँ से शीघ्र ही दूसरे स्थान पर चली जाओ । वहीं पर श्रीकृष्ण को प्राप्त कर लो । और देखो ! ये सब कोकिल आदि भी मेरी तरह स्पष्ट उड़जाने की इच्छा कर रहे हैं । उसका दृष्टान्त, यथा—स्वयं दुःखित होने पर कौन व्यक्ति किस को अङ्गीकार कर पाता है ? अपितु नहीं । अतः वहीं पर जाना मेरा भी अभीष्ट है । यह भी युग्मक है ॥८६-८७॥

किंच कस्तूरी से व्याप्त एवं कुंकुम बिन्दुओं से कुछ सिंचित (छिड़की हुई) यह शय्या भी क्षीण हुई पड़ी है, इसलिए उन दोनों प्रिया-प्रीतम के करवट बदलने के चिह्नों से भी यह युक्त है । और उन दोनों का यह जो अन्तरङ्ग बान्धववर्ग है, वह भी परस्पर की विपरीत दशा के विस्तार से शोभायमान है । अतः इस बन्धुवर्ग की अनादर सम्बन्धिनी दशा क्यों प्रकाशित न होगी ? अपितु अपने इष्ट के विरह में यह दशा अवश्य प्रकाशित होगी ॥८८॥

अब राधा-कृष्ण के वृत्तान्त का अनुसरण करो ॥८९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यदा तु निकुञ्जपुरद्वारि प्रवेशकृतावेशानां तासां कोलाहल-विकलतावकलिता, तदा सम्भ्रमवलितेन राधाललितेन तेन ततः प्रचलनकलनाय तस्याः स्वस्य च चेलसम्भालनादिक-मारब्धम्, न तु लब्धम् ॥९०॥

"किन्तु—उत्कर्णतासमवकर्णनवस्त्रवेषा,-धानानि या विवशता निजगार तां च ।
तूर्णिर्यदा निगिरति स्म तदा मुरारि,-र्लब्धक्षणः प्रणयिनीवलितं निलिल्ये ॥९१॥

"अथाग्रिमकथाप्रथनाय परामृश्यते । न चैवमपि तासां तस्य च कामुकतासामान्यं मन्यताम् । तन्निकामकतानिवारणस्य करणस्य कारणं स्वरूपं तावन्निरूप्यते ॥९२॥

"प्रेतप्रायशरीराः, सर्वे ते कामुकाः कलिताः ।
कृष्णः सान्द्रानन्द,-स्तस्य च राधामुखाः शोभाः ॥९३॥

"यथोक्तम् (भा० १०।६०।४५)—
'त्वक्श्मश्रुरोमनखकेशपिनद्धमन्त,-र्मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्तवातम् ।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढा, या ते पदाब्जमकरन्दमजिघ्रती स्त्री ॥'९४॥

जिस समय निकुञ्ज के पुरद्वार पर प्रवेश के लिए आवेश करनेवाली उन गोपियों की कोलाहलमयी विकलता जान ली, उसी समय सम्भ्रम (जल्दबाजी) से युक्त उन राधारमण ने उस निकुञ्जगृह से चलना अङ्गीकार करने के लिए, राधिका के एवं अपने वस्त्रों के सँभालने आदि का कार्य आरम्भ तो किया, किन्तु वेग से चलने की उतावली में उसको पूरा न कर पाये ॥९०॥

किन्तु निकुञ्ज से निकल चलने की जिस विवशता ने ऊँचे कान करके उन सखियों के वचन सुनना, एवं वस्त्र वेषभूषा आदि के धारण को निगल लिया, अर्थात् स्थगित कर दिया, और चलने की शीघ्रता ने जब उस विवशता को भी निगल लिया (समाप्त कर दिया), तब अवसर पाकर श्रीकृष्ण, प्रेयसी राधिका के सहित छिप गये ॥९१॥

अब अग्रिम कथा के विस्तार के लिए कुछ मार्मिक सिद्धान्त का विचार किया जाता है, यथा—इस पूर्वोक्त प्रकार के वर्णन से उन प्रेममयी गोपियों की एवं श्रीकृष्ण की कामुकता की सी सामान्यता नहीं मानना, क्योंकि उनकी साधारण कामुकता के निवारण के असाधारण कारण एवं स्वरूप का सुन्दर निरूपण करते हैं—॥९२॥

देखो, संसार में जितने भी कामुक जीव हैं, वे सब प्रायः मृतकतुल्य शरीरवाले कहे जाते हैं (मलमूत्रादिधारी होने के कारण मनुष्यशरीर, एवं नश्वर होने से देवशरीर, ये दोनों ही मृतप्राय कहे जाते हैं) । किन्तु श्रीकृष्ण तो सच्चिदानन्दघन मूर्तिवाले हैं, और राधा आदि जो गोपियाँ हैं वे सब श्रीकृष्ण की शोभा, अर्थात् प्रभा या कलास्वरूप हैं, अर्थात् कला कलावान् में एवं प्रभा प्रभावान् (सूर्य चन्द्र आदि) में जैसे भेद नहीं होता, उसी प्रकार श्रीकृष्ण एवं गोपियों में परस्पर भेद नहीं है । अतः सामान्य कामुकता खण्डित हुई ॥९३॥

इस सम्बन्ध में श्रीरुक्मिणीजी की उक्ति हैं कि—हे सच्चिदानन्दघन ! प्राणनाथ ! जो स्त्री आपके पदारविन्द द्वन्द्व के मकरन्द को नहीं सूँघ पाती है, वह स्त्री केवल निजपति में मतिवाली अथवा सुन्दरमति-वाली होकर भी, अत्यन्त विमूढ कहने योग्य है । क्योंकि वह स्त्री तो बाहर से त्वचा, दाढ़ी, मूछ, रोम, नख, केश आदि से ढके हुए, और भीतर मांस, हड्डी, रक्त, कृमि (कीड़े), विष्ठा, कफ, पित्त, वात इत्यादि घृणित पदार्थों से भरे हुए, जीते हुए भी मृतकतुल्य पति का सेवन करती है ॥९४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'कृषिर्भू-वाचकः शब्दो णश्च निर्वृतिवाचकः । तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ॥'९५॥

'नराकृति परं ब्रह्म', (भा० १०।१४।२२) 'त्वय्येव नित्यसुखबोधतनावनन्ते' इति (भा० १०।३२।१०)—'ताभिर्विधूतशोकाभिर्भगवानच्युतो वृतः । व्यरोचताधिकं तात ! पुरुषः शक्तिभिर्यथा ॥' इति च । भावश्च न कामतां भावयते, किन्तु तन्निभप्रेमविशेषतामेव ॥९६॥ यतः,

उत्कण्ठा प्राप्तियोगः प्रतिपदमिलनाश्लेषचुम्बादिकेलिः
श्रीगोपीकृष्णयोरप्यवरतरुणयोरप्यमी तुल्यरूपाः ।
किन्तु प्राचोमिथः स्युर्निरुपधिहितता-मात्रशर्मप्रधाना-
स्तेऽर्वाचोरात्मतृप्तिप्रबलनपरतामात्रक्लृप्ताः प्रथन्ते ॥९७॥

''यथैव स्वयमेव तास्तत्प्रेमदेवता वदिष्यन्ति, (भा० १०।३१।१९)—
'यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहं स्तनेषु, भीताः शनैः प्रिय ! दधीमहि कर्कशेषु' इत्यादिना ॥९८॥

श्रीकृष्ण सच्चिदानन्दस्वरूप हैं, इसमें उपनिषद् एवं भागवत के प्रमाण, यथा—'कृष्' शब्द भूवाचक है, 'ण' कार आनन्दवाचक है, उन दोनों की एकतारूप जो परंब्रह्म है वही कृष्ण कहा जाता है (इसकी विशेष व्याख्या इस ग्रन्थ के प्रथम श्लोक की व्याख्या में है) । यहाँ पर परंब्रह्म शब्द से भी नराकृति परंब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण का ही ग्रहण है । ब्रह्माजी की उक्ति, यथा—'हे भगवन् आप अनन्त हैं, एवं आपका श्रीविग्रह नित्यसुखबोधस्वरूप है' इत्यादि । श्रीकृष्ण एवं गोपियों के अभेद में श्रीशुकदेव का वाक्य प्रमाण, यथा—'हे प्रिय परीक्षित् ! यों तो भगवान् श्रीकृष्ण अच्युत और एकरस हैं, उनका सौन्दर्य माधुर्य निरतिशय है, फिर भी विरहव्यथा से मुक्त हुई गोपियों से घिरे हुए उनकी शोभा और भी अधिक हो गई थी । ठीक वैसे ही, जैसे परमपुरुष परमेश्वर अपने नित्य ज्ञान, बल, आदि शक्तियों से सेवित होने पर और भी अधिक शोभा पाता है, इति । और भगवत् सम्बन्धी जो भाव है वह रति की अभिलाषा को उत्पन्न नहीं करता, किन्तु तत्तुल्य (रति के व्यापार के समान) प्रेम की विशेषता को ही उत्पन्न करता है ॥९५-९६॥

क्योंकि प्राकृत युवक-युवती की जिस प्रकार प्रथम दर्शन की उत्कण्ठा, मिलन का उपाय, एवं मिलने पर प्रतिक्षण मिलना, आलिङ्गन करना, और चुम्बन आदि क्रीडा होती है, उसी प्रकार गोपी एवं कृष्ण का भी दर्शनेच्छा आदि व्यापार समान रूपवाला ही प्रतीत होता है, किन्तु अप्राकृत गोपीगण एवं सच्चिदानन्दरूप श्रीकृष्ण इन दोनों प्राचीनतम युगल जोड़ी की 'चुम्बन' आदि लीलाएँ तो केवल निष्कपट हित से भरी एवं परस्पर सुख की प्रधानतामयी होती हैं । और आधुनिक प्राकृत युवक-युवती के वे उत्कण्ठा आदि सभी भाव तो, केवल आत्मतृप्ति की प्रबल तत्परता द्वारा रचित होकर विस्तारित होते हैं ॥९७॥

गोपी-कृष्ण की जिस प्रकार निष्कपट प्रेममयी लीलाएँ हुईं, उस प्रकार को आगे इसी प्रसङ्ग के गोपीगीत में, प्रेम द्वारा क्रीडा करनेवाले देव (श्रीकृष्ण) की भावस्वरूपा वे गोपियाँ स्वयं कहेंगी कि—हे प्रिय श्यामसुन्दर ! आपके जिन परम कोमल चरणारविन्द को हम भयभीत होकर अपने कठोर स्तनों पर धीरे धीरे धारण करती थीं, आप उस कोमल चरणारविन्द से ही छिप छिप कर विचरण कर रहे हो । क्या कंकड़ पत्थर आदि लगने से उसमें पीड़ा नहीं होती ? हमें तो इसकी सम्भावना मात्र से ही चक्कर आरहा है, अर्थात् हम अचेत होती जारही हैं; क्योंकि हमारे जीवनस्वरूप तो आप ही हैं, अथवा हमारा जीवन आपके लिए ही है, इत्यादि ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तस्माल्लक्षणविशेषात्तत्प्रेमविशेष एवासौ कामावशायत इति कामतयोपचर्यते, न तु वस्तुतस्तुत्तया स्मर्यते । अतस्तत्केलिश्रुतिफलश्रुतिरपि तथा विश्रुतिः, (भा० १०।३३।४०)—

'विक्रीडितं व्रजवधूभिरिदं च विष्णोः, श्रद्धान्वितोऽनुशृणुयादथ वर्णयेद् यः ।
भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं, हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः ॥' इति ॥९९॥

"तासामेष च भावविशेषतः खलु सर्वेषामपि महतां महत्तराणां महत्तमानामप्यन्वेषण-पदवीमनवच्छिन्नतया नवीकरोति ॥१००॥

"यथा च प्रथयिष्यते श्रीमदुद्धवेन, (भा० १०।४७।५८)—

'एताः परं तनुभृतो भुवि गोपवध्वो, गोविन्द एव निखिलात्मनि रूढभावाः ।
वांछन्ति यद्भवभियो मुनयो वयं च, किं ब्रह्मजन्मभिरनन्तकथारसस्य ॥' इति ॥१०१॥

इसलिए भावरूप लक्षण की विशेषता के कारण, गोपियों का यह प्रेमविशेष ही कामना की सी इच्छा करने से, उपचारमात्र के लिए काम कहा जा सकता है, किन्तु वस्तुतः गोपियों के भाव को कोई भी शास्त्र या महापुरुष कामरूप से स्मरण नहीं करता, क्योंकि 'प्रेमैव गोपरामाणां काम इत्यगमत्प्रथाम्' पद्मपुराण की इस उक्ति के अनुसार, गोपियों का प्रेम ही 'काम' नाम से प्रसिद्ध हो गया है । वस्तुतः वह प्राकृत काम नहीं है, तो भी अज्ञानियों की दृष्टि में वह काम जैसा प्रतीत होता है । अतः गोपियों के विशुद्ध प्रेममयी रासलीला के श्रवण की फलश्रुति भी उसी प्रकार से विख्यात है । यथा—हे परीक्षित् ! जो धीर (स्थिरचित्त) पुरुष व्रजयुवतियों के साथ श्रीकृष्ण के इस चिन्मय रासविलास का, गुरु एवं शास्त्रों के वचनों में विश्वासमयी श्रद्धा के साथ, बारबार श्रवण और वर्णन करता है; वह भगवान् के चरणों में प्रेमलक्षणा पराभक्ति को पाकर, बहुत शीघ्र ही अपने हृदय के रोग कामादि विकार को परित्याग कर देता है, अर्थात् कामादि दोषरहित हो जाता है ॥९९॥

और उन सब गोपियों का यह भावविशेष, निश्चय ही महद् व्यक्ति (भवभीत व्यक्ति), महत्तर व्यक्ति (मुनिगण), महत्तम व्यक्ति (श्रीउद्धव) आदिकों के भी अन्वेषण के मार्ग को, अर्थात् "यह गोपियों का सा अद्भुत विशुद्धभाव हम को कैसे और कहाँ मिले ?" इस प्रकार के अनुसन्धान के मार्ग को निरन्तर नवीन करता रहता है ॥१००॥

श्रीमान् उद्धवजी इस बात को विस्तारपूर्वक कहेंगे, यथा—इस भूतल पर केवल इन गोपियों का ही शरीर धारण करना श्रेष्ठ एवं सफल है; क्योंकि ये सर्वात्मा भगवान् श्रीकृष्ण के परम प्रेममय दिव्य महाभाव में स्थित हो गई हैं । प्रेम के जिस उच्च कोटि के भाव को संसार के भय से भीत मुमुक्षुजन, बड़े बड़े मुक्त मुनिजन, और हम भक्तजन भी चाहते रहते हैं, किन्तु हमें अभी तक वह भाव प्राप्त न हो सका । यह बात सत्य है कि, जिसको भगवान् श्रीकृष्ण की लीलाकथा के रसका चसका लग गया है, उसको कुलीनता की, द्विजाति समुचित संस्कार की, और बड़े बड़े यज्ञ यागों में दीक्षित होने की क्या आवश्यकता है ? अर्थात् पूर्वोक्त तीन प्रकार के ब्रह्मजन्मों की कोई अपेक्षा नहीं । अथवा यदि भगवान् की कथा का रस नहीं मिला, उसमें रुचि नहीं हुई तो 'अनेक महाकल्पों तक बार बार ब्रह्मा होने से ही क्या लाभ ? ॥१०१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अतएव तादृशतत्प्रेमतृष्णः श्रीकृष्णश्च तेन स्वस्य वशतामुरीकरिष्यति, (भा० १०।३२।२२)—
'न पारयेऽहं निरवद्यसंयुजां, स्वसाधुकृत्यं विबुधायुषापि वः' इत्यादिना ॥१०२॥

"तदेवं सति तासु सर्वं एवान्येऽपि गुणाः स्वत एवानुगुणा भवन्ति; (भा० ५।१८।१२)—
'यस्यास्ति भक्तिर्भगवत्यकिञ्चना, सर्वैर्गुणैस्तत्र समासते सुराः' इतिवत् ॥१०३॥

"ततश्चैवं वर्ण्यते,—
'यदमितरस-शास्त्रे व्याञ्जि वैदग्ध्यवृन्दं, तदणुमपि न वेत्तुं कल्पते कामिलोकः ।
तदखिलमपि यस्य प्रेमसिन्धौ न किञ्चि,-न्मिथुनमजितगोपीरूपमेतद् विभाति ॥'१०४॥

"तदेवं सति च सर्वासु तासु श्रीराधा पुनरसाधारणतां धारयति; यथोक्तम् (भा० १०।३०।२८)—'अनयाराधितो नूनम्' इत्यादिना ॥१०५॥

"तदेवमाकलिते निर्गलिते फलितमवकलितं क्रियते,—

अतएव उस प्रकार के अनिर्वचनीय गोपियों के प्रेम में तृष्णावाले श्रीकृष्ण भी, उसी प्रेम के द्वारा अपनी अधीनता तक स्वीकार करेंगे। यथा—हे प्रिय गोपियो! मुझसे तुम्हारा यह मिलन, यह आत्मिक संयोग सर्वथा निर्मल और निर्दोष है। यदि मैं अमर शरीर से, अमर जीवन से, अनन्त काल तक तुम्हारे प्रेम, सेवा और अपूर्व त्याग का बदला चुकाना चाहूँ तो भी, नहीं चुका सकता। मैं जन्म जन्म के लिए तुम्हारा ऋणी हूँ। तुम अपने सौम्य स्वभाव से, प्रेम से, मुझे उऋण कर सकती हो। परन्तु मैं तो तुम्हारा ऋणी ही हूँ ॥१०२॥

अतः इस प्रकार की स्थिति में, अर्थात् प्रेम की पराकाष्ठामयी स्थिति जिनको अनायास लब्ध होगई, उन गोपियों के प्रति अन्य सभी भगवत्सम्बन्धी गुण भी स्वतः ही अनुकूल हो गये थे। अर्थात् उनमें सभी श्रेष्ठ गुण स्वतः निवास करते थे। जैसे श्रीप्रह्लादजी ने भी कहा है- जिस व्यक्ति की भगवान् में भगवत्सेवा-मात्र निष्ठामयी निष्काम भक्ति है, उसके हृदय में सब देवता सभी दिव्य गुणों के सहित निवास करते हैं ॥१०३॥

इस प्रकार वे गोपियाँ सभी सद्गुणों की आश्रयस्वरूप हैं, इसीलिए भक्तितत्त्वज्ञ विज्ञजन इस प्रकार वर्णन करते हैं, यथा—देखो! रसव्यञ्जक अमित रसशास्त्र में जो भी चातुर्यसमूह व्यक्त किया है, कामी लोग उसके अणुमात्र भाग को भी समझने को समर्थ नहीं हैं। वह सम्पूर्ण चातुर्यसमूह भी जिसके प्रेमरूपी समुद्र में किंचिद् भी प्रतीत नहीं होता, वह यह कृष्ण-गोपीरूप युगल जोड़ी शोभा पा रही है ॥१०४॥

अतएव ऐसी स्थिति में उन सभी अनन्त गोपियों में श्रीराधा तो सबकी अपेक्षा महती विशेषता को धारण करती हैं। यथा—कहा भी जा चुका है कि—'अनयाराधितो नूनम्' इत्यादिरूप से (श्रीमती राधिका के पचीस विशिष्ट गुण 'श्रीउज्ज्वलनीलमणि' के श्रीराधा-प्रकरण (११-१५) में वर्णित हैं। उनका नाम निर्देश, यथा— १-मधुरा, २-नववयाः, ३-चलापाङ्गा, ४-उज्ज्वलस्मिता, ५-चारुसौभाग्यरेखाढ्या, ६-गन्धोन्मादित-माधवा, ७-सङ्गीत-प्रसराभिज्ञा, ८-रम्यवाक्, ९-नर्मपण्डिता, १०-विनीता, ११-करुणा-पूर्णा, १२-विदग्धा, १३-पाटवान्विता, १४-लज्जाशीला, १५-सुमर्यादा, १६-धैर्यशालिनी, १७-गाम्भीर्य-शालिनी, १८-सुविलासा, १९-महाभावपरमोत्कर्ष-तर्षिणी, २०-गोकुलप्रेमवसतिः, २१-जगत्श्रेणीलसद्यशाः, २२-गुर्वर्पित-गुरु-स्नेहा, २३-सखीप्रणयाधीना, २४-कृष्णप्रियावलीमुख्या, २५-सन्तताश्रव-केशवा) ॥१०५॥

अतः इस प्रकार बहती हुई रसधारा के समान कथन के पश्चात् तात्पर्यार्थ प्रकाशित किया जाता है-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'एवं राधाप्रेमधामा ययाऽसा,-वात्मारामोऽप्याप्तकामोऽप्यदभ्रम् ।
रेमे यस्मात् कामिनां कामिनीनां, न्यक्कारोऽभूदात्मनैवेति मन्ये ॥'१०६॥

"आत्मारामता ह्यत्र परमानन्दरूपतया, आत्मकामता च परमलक्ष्मीलक्षणगोपीलक्ष-वल्लभताविलक्षणतया ॥१०७॥

"अदभ्रता च ताः परित्यज्यापि तस्यामखण्डिततायां व्यज्यमानतयेति प्रसज्यते ॥१०८

"तत्र च सति,—

अन्योऽन्यानुगतिं यदप्यनुसृतौ प्रेम्णः प्रवाहौ तयो
राधामाधवयोस्तदप्यनुपदं कौटिल्यमासीदतः ।
यो गाम्भीर्यमपां जवं च दधते पूरः स हि प्रेक्ष्यते
सावर्तप्रचयस्ततः परतरः सारल्यकैवल्यवान् ॥१०९॥

"यथोक्तम् (उ० नी० १५।१०२),—

'अहेरिव गतिः प्रेम्णः स्वभाव-कुटिला भवेत् ।
अतो हेतोरहेतोश्च यूनोर्मनि उदञ्चति ॥' इति ॥११०॥

"तदेवं स्थिते तन्मयविलासविशेषो वर्ण्यते—

पूर्वोक्त कथनानुसार श्रीराधिका प्रेम की स्थानस्वरूप हैं, क्योंकि जिस राधिका के साथ आत्माराम, आप्तकाम, परंब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण भी चिरकाल तक विशेष क्रीडा करते रहे। जिस क्रीडा के द्वारा प्राकृत कामी एवं कामिनीगण को अपने आपही धिक्कार या घृणा हो गई, ऐसा मैं मानता हूँ ॥१०६॥

यहाँ पर श्रीकृष्ण की आत्मारामता तो परमानन्दस्वरूप होने के कारण है, और आप्तकामता भी परमलक्ष्मी के लक्षणों से लक्षित लाखों गोपियों की वल्लभता (प्रियतमता) की विलक्षणता के कारण है ॥१०७॥

और अदभ्रता अर्थात् रमण (क्रीडा) की अधिकता भी, उन सब गोपियों को त्यागकर भी, श्रीराधिका में श्रीकृष्ण के अखण्डितभाव के प्रकाश के कारण प्रसक्त (स्थिर) होती है ॥१०८॥

और श्रीराधा के उत्कर्ष सिद्ध हो जाने पर, उन दोनों राधा-माधव के प्रेम के दोनों प्रवाह यद्यपि परस्पर के अनुगमन का अनुसरण कर रहे थे, अर्थात् राधा का प्रेमप्रवाह श्रीकृष्ण का अनुगमन कर रहा था, और श्रीकृष्ण का प्रेमप्रवाह श्रीराधा का अनुगमन कर रहा था, तो भी वे दोनों प्रेमप्रवाह प्रतिक्षण कुटिलता को प्राप्त हो गये। क्योंकि प्रेम की गति सर्प की गति के समान टेढ़ी ही होती है। दृष्टान्त यथा— जो जल का समूह पहले गम्भीरता और वेग को धारण करता है, वही पीछे भँवरसमूह के सहित देखा जाता है। और सबसे पीछे तो सरलता से युक्त ही देखा जाता है। अर्थात् महासागर को प्राप्त कर स्थिर हो जाता है। इसी प्रकार प्रेमप्रवाह भी पीछे स्थिरता को प्राप्त हो जाता है ॥१०९॥

यह बात उज्ज्वलनीलमणि में भी कही है कि, सर्प की तरह प्रेम की गति स्वभाव से ही कुटिल होती है। अतः कारण से या अकारण ही युवक-युवती के मन में मान उत्पन्न हो जाता है ॥११०॥

इस प्रकार प्रेम की टेढ़ी गति की सिद्धि के अनन्तर प्रेममय विलासविशेष का वर्णन करते हैं, यथा—

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ईषन्मुकुलितनेत्रा तिर्यगालम्बिकण्ठी, शिथिलित-भुजयुग्मा स्तब्धसक्थीयमासीत् ।
तदपि च मधुहन्त्रा जानता स्वं कृतार्थं, मुहुरपि हसिता किं भ्रूकुटिं नापि कुर्यात् ?'११११।

"तदेवं वृत्ते वृत्ते नेतरि चानुनेतरि मानवत्तस्याः किञ्चिदहम्मानस्पर्शोऽपि सुदर्शो बभूव । यथा च तया पूर्वं नात्यूहापोहसामर्थ्यमासीदित्यधुना खल्विदं भावितम्,—

'एतावन्तं दिष्टमज्ञासिषं न, प्रेयःसङ्गात् किन्त्विदानीं तदूहे ।
प्रेयान् सर्वाः प्रोज्झ्य मामेव रम्यां, सङ्गम्यान्तःकाननं यन्निनाय ॥'११२॥

"ततश्चाग्रिमगमनाय व्यग्रेण नाथेन प्रार्थितापि सा लालित्येन किञ्चिदालस्यमपि व्यञ्जयामास ॥११३॥ यथा—

'त्वद्गात्र-स्पृष्टतामात्रश्लथाङ्गगतितां गताम् ।
स्पन्दाय चातिमन्दां मां यत्र तत्र स्वयं नय ॥'११४॥

"तदनु च तदुदासीनताधीनभावसमूहमूहमानः प्रणयवानपि प्रणयमानवानिदं सोपालम्भपरीहासलम्भमुवाच,—'कथं भवत्या मुह्यते ? मम स्कन्ध एव सनिर्बन्धमारुह्यताम्'इति॥११५

यद्यपि श्रीराधिका के नेत्र आलस्य के कारण कुछ मुंदते जा रहे थे, तन्द्रा के कारण कण्ठ भी वक्रता का अवलम्बन कर रहा था, दोनों भुजाएँ शिथिल हो गई थीं, एवं जंघाएँ निश्चेष्ट हो गई थीं, तथापि श्रीकृष्ण ने अपने को कृतार्थ जानते हुए बारम्बार उनकी हँसी की, इतने पर श्रीराधिका अपनी भ्रूकुटि क्यों न टेढ़ी करेंगी ? ॥१११॥

अतः इस प्रकार की घटना के बाद नायक श्रीकृष्ण भी जब अनुनय विनय कर रहे थे, तब राधिका के मन में मान की तरह कुछ अहंभाव का स्पर्श भी अच्छी प्रकार दृष्टिगोचर हो गया । और पहले जैसे (प्रेममयी विस्मृति के कारण) राधा के मनमें अत्यन्त ऊह (वितर्क) एवं उसका अपोह (खण्डन) करने की सामर्थ्य नहीं थी, किन्तु अब तो अहंमान के स्पर्श के कारण राधा ने वह सामर्थ्य प्राप्त कर ली, अतः मन मन में यह विचार किया कि—इतने समय तक मैं अपने सौभाग्य को भी न जान पाई, किन्तु अब तो प्रियतम के मिलने के कारण उस सर्वश्रेष्ठ सौभाग्य का अनुमान करती हूँ कि, जिसके कारण प्रियतम सब गोपियों को छोड़कर, मुझको ही सर्वश्रेष्ठ रमणीय रमणी जानकर साथ में वन के बीच में लिवा लाये ॥११२॥

उसके बाद आगे चलने के लिए व्यग्र हुए प्राणनाथ के द्वारा प्रार्थना करने पर भी, कोमलता के कारण ललितभावपूर्वक राधिका कुछ आलस्य भी व्यक्त करने लग गईं ॥११३॥

यथा—हे प्यारे मोहन ! आपके अङ्गों के स्पर्शमात्र से मेरे सारे अङ्ग शिथिल हो गये हैं, और मैं किंचिद् भी चलने को समर्थ नहीं हूँ । अतः आप मुझको जहाँ आपका मन हो, वहाँ स्वयं ले चलो ॥११४॥

तदनन्तर राधिका की उदासीनता के अधीन जो भावसमूह थे, उनका वितर्क करतेहुए, प्रीतिविशिष्ट होकर भी श्रीकृष्ण, प्रेम के मान से युक्त हो, उपालम्भपूर्वक परिहास करते हुए बोले—प्रिये ! आप क्यों मुग्ध हो रही हैं ? आग्रहपूर्वक मेरे कन्धे पर ही चढ़ जाओ ॥११५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदा च तज्जया सेर्ष्यलज्जयाधःसज्जदाननमस्याः पश्यन्नन्तर्हितवानपि सकौतुकमन्तर्हितवान् ॥११६॥

"सहसान्तर्हिते च तस्मिन् विस्मिता विस्मिता च सा विधुरहिता कुमुदिनीव विधुरिता बभूव ॥११७॥

"तत्र किल सानुलापं विललाप च,—

'हा नाथ ! हा रमण ! हा प्रियतातिकान्त !, हा हा क्व गच्छसि महाभुज ! हा क्व वासि ?
दास्यां सदा कृपणताजुषि नन्वमुष्या,-मात्मोपकण्ठमपि सूचय जीवितेश ! ॥'११८॥

"अत्रास्तु तावत्तव रूपनिरूपणं त्वन्निकटभूमिबोधघटनयापि धीरतां धारयामि' इति ध्वनितम् ॥११९॥

"ततश्च,—यद्यप्येवमपि चतुरशिरोमणिना तेन विचारितमस्ति स्म; यथा,—यद्येतस्याश्च मया परित्यागः परित्यक्ताभिः सम्प्रति प्रतीयते, मया पृथगेनया च सङ्गम्यते, तदा परस्परमासत्त्यां सत्यां महारासमहः सम्पद्यते' इति । तथापि स्नेहवशान्मूर्च्छन्तीं तामागच्छति तस्मिन्नच्छ-हृदये मृगयमाणा मृगलोचना द्रुतमागच्छन्ति स्म ॥१२०॥

उस समय उपालम्भसहित परिहास के वचनों से उत्पन्न हुई ईर्षायुक्त लज्जा के कारण, नीचे की ओर झुके हुए राधिका के मुख को देखते देखते, श्रीकृष्ण भीतर से हितैषी होकर भी, कौतुकपूर्वक अन्तर्धान हो गये ॥११६॥

श्रीकृष्ण जब सहसा अन्तर्हित हो गये, तब राधिका विस्मित हो गईं, उनके मुख की मन्द मुसकान चली गई, और चन्द्रमा से रहित कुमुदिनी की तरह, कृष्णचन्द्र के वियोग से विकल हो गईं ॥११७॥

और उस समय एक बात को बार बार कहती हुई विलाप करने लग गईं—हा नाथ ! हा रमण ! हा प्रेम के कारण अति मनोहर ! हाय ! हाय ! तुम कहाँ जा रहे हो ? हे विशाल भुजाओं वाले ! प्रियतम ! कहाँ छिपे बैठे हो ? हे जीवितेश्वर ! सदैव मन्दभागिनी इस दीन दासी पर कृपा करके अपनी निकटता की सूचना भी तो दीजिये ॥११८॥

इस श्लोक में 'आत्मोपकण्ठमपिसूचय' इस पद से "तुम्हारे रूप के निरूपण (दर्शन) की बात को तो दूर रहने दीजिये, किन्तु तुम्हारे निकट की भूमि के ज्ञान की चेष्टा के द्वारा भी, धीरता धारण कर लूँ, इतना प्रबन्ध तो कर दीजिये" यह ध्वनि निकली है ॥११९॥

तदनन्तर यद्यपि चतुरशिरोमणि श्रीकृष्ण ने उस समय इस प्रकार विचार भी किया था कि—पहले मेरे द्वारा त्यागी गईं उन चन्द्रावली आदि सब गोपियों को "मेरे द्वारा किया गया इस राधिका का परित्याग" यदि इसी समय ज्ञात हो जाय, और मेरी पृथक्ता में ही इस राधिका से उनका सम्मिलन हो जाय, तब तो परस्पर के सङ्गम (मिलनरूप) लाभ होने पर महारासोत्सव भली प्रकार सम्पन्न हो जाय । तथापि मूर्च्छित होती हुईं राधिका के निकट निर्मल हृदयवाले श्रीकृष्ण स्नेहवशात् जब तक आही रहे थे, इतने में श्रीकृष्ण को ढूँढ़ती हुई मृगनयनी सब गोपियाँ शीघ्र ही आगईं ॥१२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च सम्भ्रमतः प्रच्छन्नतां गच्छति श्रीकृष्णे,—

"एषा चम्पकमालिकात्र पतिता किं चन्द्रलेखाऽथवा
कान्तीनामधिदेवता भवति वा वृन्दावनश्रीरुत ? ।
हा कष्टं न हि चेष्टते किमियमित्युद्विग्नधीवृत्तय-
स्तामावव्रुरमूश्चमूरुनयना भृङ्गीनिभाः पद्मिनीम् ॥१२१॥

तत्रान्यास्तु सखीनिभाः समभवंस्तस्यां द्रवन्मानसाः
प्राणप्राणसमाः समानमनसः सख्यश्चितं तत्यजुः ।
यस्मिन्नास्त्यवलम्बनं किल किमप्यस्मिन् विधिः सद्विधि-
स्तादृक्षेषु विलक्षणेषु बलयत्यन्यच्च धन्यं बहु ॥१२२॥

कृष्णप्रसङ्गपरिवासितमङ्गनाना,-मङ्गं यदा तु नसि सङ्गतिमङ्गति स्म ।
सारङ्गलङ्गिमदृशः परमङ्गसङ्गा, नाचेतिषुः सवयसोऽपि तदाङ्गतुल्याः ॥१२३॥

"तदा तु—

काश्मीरार्द्रं कापि सिन्दूरलिप्तं, क्वापि च्छिन्नं क्वापि भिन्नं क्व चापि ।
अन्तःपीताच्छादनं तन्निचोलं, पश्यन् सङ्घः सङ्गिनीनां ननन्द ॥१२४॥

उसके बाद श्रीकृष्ण जब हड़बड़ाहट के कारण शीघ्रतापूर्वक छिप गये, तब "हाय ! यहाँ पर यह चम्पा की माला पड़ी है क्या ? अथवा चन्द्रलेखा पड़ी है क्या ? यह शोभामात्र की अधिष्ठात्री देवी है क्या ? अथवा वृन्दावन की मूर्तिमती शोभा ही है क्या ? हाय ! बड़े कष्ट की बात है। यह कोई शारीरिक चेष्टा क्यों नहीं करती ?" इस प्रकार कहते कहते जिनकी बुद्धि की वृत्तियाँ उद्विग्न होगईं, उन भ्रमरी के समान मृगलोचना गोपियों ने कमलिनी के समान उस राधिका को चारों ओर से घेर लिया ॥१२१॥

और वहाँ पर राधा की सखियों के समान अन्य जो गोपियाँ थीं वे भी राधिका के निमित्त मन मन में द्रवीभूत हो गईं। और जो राधिका के प्राणों के भी प्राण समान, एवं समान मनवाली ललिता आदि सखियाँ थीं, वे तो बिलकुल चेतना रहित हो गईं, अर्थात् राधिका की दयनीयदशा को देख मूर्च्छित हो गईं। जिसको किसी का भी अवलम्बन (आश्रय) नहीं, उस जन के निमित्त भी उत्तम-विधानयुक्त विधाता कोई न कोई अवलम्बन संघटित कर देता है, और उसी प्रकार के अवलम्बनरहित विलक्षण व्यक्तियों के निमित्त तो अन्य बहुत से प्रशंसनीय अवलम्बन जुटा देता है ॥१२२॥

श्रीकृष्ण के सहवास से सुवासित उन गोपाङ्गनाओं का अङ्ग, जब मृग से भी मनोहर नेत्रोंवाली राधाकी नासिका में संयोग को प्राप्त हुआ, तब केवल राधा के ही अङ्गसमूह सचेत हुए हों, सो बात नहीं, किन्तु राधा की अङ्गतुल्य सखियाँ भी सचेत हो गईं ॥१२३॥

उस समय अन्य सखियों का समूह राधिका की चूनरी (उत्तरीयवस्त्र) को देखकर आनन्दित होगया। वह चूनरी कहीं पर कुंकुम से गीली हो रही थी, तो कहीं पर सिन्दूर से लिप्त थी, एवं कहीं पर छिद गई थी, तो कहीं पर फट गई थी, और राधिका के सुवर्णतुल्य पीतवर्ण को ढ़कनेवाली थी एवं बेहोशी में उतर कर पास ही पड़ी थी ॥१२४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्वयमपि यदपि तदा सा, हरिपरिमलभागथापि तासां तु ।
आगन्तुकसुबहूनां, गात्रात्तद्भागुवाह वैलक्ष्यम् ॥१२५॥

"तदेवं सर्वा एव हृद्यसौहृद्यविस्रब्धास्तामात्मैकध्यमागतां मध्यमध्यास्य तया सह परस्परपरीरम्भबद्धाः सुदुस्तरदुःखनद्धाः पुरु रुरुदुः ॥१२६॥

"सुदुस्तरं रुदित्वा च तामसूस्तु पप्रच्छुः,—'अस्माकं खलु 'न दुःखं पञ्चभिः सह' इति कल्पेनानल्पमपि दुःखं कल्पत्वाय नाकल्पतकल्पम् । ततस्तन्नातिप्रष्टव्यं भवतीत्यनन्यगत्या भवत्यास्तु तत्त्यागः कथमिति कथ्यताम्,कथं वा विकलताहेतुः केवलता जाता,तदपि च ॥१२७

"सा पुनरनुतापविपदुत्तरमुत्तरमुवाच,—
'कुतः कथं कुत्र च तेन नीता, चकार किं वाऽहमिदं न जाने ।
अनेन हीना तु विचारयामि, स्वीयं तु दौरात्म्यमनर्थहेतुः ॥'१२८॥

"ततश्च धैर्यपर्ययतः पुनः क्रन्दनमनुविन्दमाना खिन्नतानतिभिन्नसखीकाभिः काभिश्चित् कृतसान्त्वना मार्जिताननना वेशनिवेशकृतमानना सा सममुन्नमयामासे ॥१२९॥

यद्यपि उस समय वे राधिका स्वयं भी श्रीकृष्ण के अङ्ग की मनोहर गन्ध का सेवन कर चुकी थीं, तो भी आगन्तुक (आई हुई) उन अनेक गोपियों के गात्र में से श्रीकृष्ण की मनोहर गन्ध को पाकर चकित हो गईं ॥१२५॥

अतः इस प्रकार वे सब गोपियाँ प्रिय की मित्रता में विश्वासयुक्त होकर अपने तुल्य एकभाव को प्राप्त हुईं, अर्थात् श्रीकृष्ण के वियोग में अपनी समानता को प्राप्त हुईं उन श्रीराधिका को अपने बीच में बैठाकर, उन्हीं के साथ आपस में भुजा में भुजा मिला कर, आलिङ्गनरूप प्रेमरज्जू में बँधकर, एवं वियोग-रूप महादुःख में निमग्न होकर बहुत रुदन करने लग गईं ॥१२६॥

अतिशय रुदन के बाद सभी गोपियों ने राधिका से पूछा कि—हे राधिके ! देखो, 'न दुःखं पञ्चभिः सह' अर्थात् पाँच व्यक्तियों के साथ रहने से दुःख नहीं सताता है । इस न्याय के अनुसार हमारा महान् दुःख भी हमको दुःखित करने की सामर्थ्य के लिए किंचिद् भी समर्थ न हो सका । अतः आप तो अकेली होने के कारण वियोग से अधिक दुःखी हो, इसलिए अधिक पूछना उचित नहीं । किन्तु अनन्यगतिवाली आपका उनके द्वारा त्यागना कैसे सम्भव हुआ, यह कहिये ? और विकलता का कारणरूप केवलता (अकेलापन) कैसे होगई, उसको भी कहिये ? ॥१२७॥

राधिका पुनः अनुतापरूप विपत्ति से भरा हुआ उत्तर बोली—श्रीकृष्ण मुझको कहाँ से, किस प्रकार, कहाँ पर ले आये, और उन्होंने क्या क्या किया ?यह मैं कुछ नहीं जानती हूँ । किन्तु उनसे विहीन होकर तो विचार करती हूँ कि, अपना दुरात्मापन ही अनर्थ का हेतु है ॥१२८॥

उसके बाद धैर्य से रहित हो जाने से पुनः रुदन को प्राप्त हुई राधिका को खिन्नता में समानतावाली किन्ही सखियों ने सान्त्वना देकर, उसका मुख पोंछकर, वेष को सँभालकर, उसका मानकर, शोभापूर्वक एकसाथ उठा लिया ॥१२९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तया च सममुन्नयनमयामासे,—'सम्प्रति च कुत्र स प्रतिलभ्यते' इति ॥१३०॥

"सा चोवाच,—'नातिदूरमक्रूरचेताः स तु कुतुकितया विलसति, न तु कितवतया; ॥१३१॥

"यतः, 'गोकुलराजकुमारः, शुचिरतिगम्भीरधीर्ह्रीमान् ।
तदपि च मर्यादां नः, स्वीकारायात्यजत् करुणः ॥'१३२॥

'तस्मात्तदीयचरणचरितवर्त्मानुचरणमेव नः श्रेयः ।' तदेतद्वचनं रचयमाना वनप्रचयं पुष्पावचयपरा इव विचिन्वन्ति स्म ॥१३३॥

"ततो ध्वजादिपदानि पदपद्मचिह्नानि क्रमतस्तावदमूरन्वक्रामन् यावत्तानि स्पष्टानि दृष्टानि । परतस्तु परिवीरुन्महीरुहनिविडतमारण्यधरण्यन्धतमप्रविष्टानि दृष्ट्वा न्यवर्तन्त, न च तत्रावर्तन्त ॥१३४॥

"तत्र चेदं विचारयामासुः,—'नूनमस्मज्जया लज्जया सज्जन्नसाविह सहसा न साक्षाद्भवितुमध्यवस्यति, तस्मात्तदवरोधनिरोधनिरोधाय भूरियं दूरतः परिहरणीया, परिहृत्य च सा पुलिनधरणिरेवानुसरणीया ॥१३५॥

'यत्राहमत्रास्मि, तत्रभवत्यस्तु कुत्रत्यतामिता इत्यपदेशादपत्रपामपनयन्नयमपरोक्षतां प्रपनीपद्यते ॥'१३६॥

और बैठाकर राधिका के साथ उन्होंने विचार किया कि, इस समय श्रीकृष्ण कहाँ पर पुनः उपलब्ध होंगे ? ॥१३०॥

श्रीराधिका बोली—कोमलचित्तवाले श्यामसुन्दर तो कौतुकपूर्वक पास में ही क्रीडाविलास कर रहे हैं, किन्तु धूर्ततापूर्वक नहीं ॥१३१॥

कारण—यद्यपि श्रीगोकुलराजकुमार अत्यन्त पवित्र, अत्यन्त गम्भीर बुद्धिवाले, लज्जावान् और परमदयालु हैं, तथापि मर्यादा को स्वीकार कराने के लिए, अर्थात् 'इस प्रकार का गर्व पुनः नहीं करना' यह शिक्षारूप स्थिति को अङ्गीकार कराने के लिए हमको त्याग गये ॥१३२॥

इसलिए उनके चरणों के चलने के मार्ग का अनुगमन करना ही हमारा श्रेयस्कर है । अतएव सभी गोपियाँ इसी प्रकार के वचन की रचना करती हुईं, पुष्प चुननेवालियों की तरह समस्त वन में श्रीकृष्ण को ढूँढ़ने लग गईं ॥१३३॥

तदनन्तर उन गोपियों ने ध्वज कमल आदि के आश्रयस्वरूप चरणकमल के चिह्नों का क्रमशः वहीं तक अनुगमन किया, जहाँ तक वे स्पष्ट दिखाई देते थे । उसके आगे तो अनेक लताओं से घिरे हुए वृक्षों के कारण सघन वन की भूमि में भारी अन्धकार में प्रविष्ट हुए देख कर वे वहाँ से लौट आईं, वहाँ से आगे नहीं बढ़ीं ॥१३४॥

वहीं पर यह विचार करने लगीं कि—निश्चय ही हम सब से उत्पन्न हुई लज्जा से युक्त होते हुए, श्रीकृष्ण यहाँ पर सहसा प्रगट होने के लिए उत्साह नहीं कर रहे हैं । इसलिए उनके अन्तर्धान की रुकावट को दूर करने के लिए, हम सब को यह भूमि दूर से ही त्याग देनी चाहिये । और त्यागकर वह पुलिनभूमि अनुसरण करने योग्य है ॥१३५॥

और देखो ! 'जिस समय मैं इस स्थान पर था उस समय आप सब कहाँ पर चली गई थीं ?' इस बात के बहाने हम सब से लज्जा को दूर कर अतिशय प्रत्यक्षता को प्राप्त हो जायँगे ॥१३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतद्विचार्य समाचर्य च पर्यन्वेषणास्तमुद्दिश्य दिश्यं दिश्यं वनं प्रविश्य स्वयमन्विच्छन्तमिव सञ्चरन्तं दैन्यसैन्यमयमतिगानवितानमाचरन्ति स्म" इति ॥१३७॥

तदेवं तेषां सभासदां कथासमाधेरवधये कथकः समापनमाह,—

"ईदृगेष वरः कृष्णस्तव वृन्दावनेश्वरि ! ।
त्वां विना तु परःकोटीरपि नाङ्गीचकार यः ॥"१३८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु श्रीराधासौभाग्यश्रवणसुभाग्यं
नाम चतुर्विंशं पूरणम् ॥२४॥

अथ पञ्चविंशं पूरणम्

विप्रलम्भात् कृष्णप्राप्तिः

अथ मधुकण्ठ उवाच,—"तच्च गानमवधीयताम्; यथा—

'व्रजविधो ! दशास्माकमीक्ष्यतां, व्रजविधो ! दशास्माकमीक्ष्यताम् ॥१॥

अतएव यह विचार कर और उसका पालन कर श्रीकृष्ण को ढूँढ़ते ढूँढ़ते ग्लानि को प्राप्त हुई वे गोपियाँ, श्रीकृष्ण का उद्देश्य करके प्रत्येक दिशा में जितने वन थे उन सब में प्रवेश कर, ऊँचे गाने का विस्तार करने लग गईं। वह गायन स्वयं चाहते हुए से श्रीकृष्ण के पीछे पीछे विचरण कर रहा था, और दीनता की सेनामय था ॥१३७॥

अतएव इस प्रकार उन श्रोतारूप सभासदों की कथारूप समाधि की अवधि को जताने के लिए कथावाचक समाप्तिद्योतक वचन बोला—हे वृन्दावनेश्वरि ! श्रीराधे ! तुम्हारे ये श्रीकृष्णरूप वर ऐसे अपूर्व स्नेही हैं कि, तुम्हारे विना तो जिन्होंने अन्य करोड़ों गोपियों को भी अङ्गीकार नहीं किया ॥१३८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये श्रीराधासौभाग्य-श्रवणसुभाग्यं नाम
चतुर्विंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२४॥

पचीसवाँ पूरण

विप्रलम्भ (वियोग) से श्रीकृष्ण की प्राप्ति

इस पचीसवें पूरण में गोपीजनवल्लभ श्रीकृष्ण गोपियों के लोकोत्तर गायन के वशीभूत होकर, स्वयं प्रगट होकर, उन गोपियों के शोक एवं प्रणयकोप को, मधुर सान्त्वना द्वारा शान्त करेंगे, यह वर्णन होगा।

अनन्तर मधुकण्ठ बोला—चौबीसवें पूरण के अन्त में जिस गान के विस्तार की चर्चा की थी, अब उस गान का श्रवण करो। यथा—हे गोकुलचन्द्र ! तुम हमारी दयनीय दशा को देख लो। हे व्रजचन्द्र ! तुम्हारे विरह में हुई हमारी अपूर्व अवस्था का दर्शन कर लो ॥१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

जयति तेऽधिकं जन्मना व्रजः,श्रयत इन्दिराप्यस्य भू-रजः ।
तदपि हाऽजहा नस्त्वमत्र भो !, वयमिमः कथं वान्यतां प्रभो ! ॥२॥

परमजातिभागुत्तमं स्वतः, शरदिजं च यत् पङ्कजं ततः ।
दलकुलावृतेः कान्तिदेवतां, हरसि यद् दृशा शश्वदेव ताम् ॥३॥
कथमहो वयं स्वच्छतामिता, भवितुमीश्महे तद् बहिःस्थिताः ।
अपि किल त्वया याश्चया सिताः, स्वयममूर्वरेणापि सन्दिताः ॥४॥

इति गतास्तव प्रेष्यतां पुनः, किमु तया दृशा हंसि तास्तु नः ।
यदिह शस्त्रतः केवलं वधः, स्फुरति नाक्षितस्तन्मतं त्वधः ॥५॥
बहुविधाद्भूयाद् यत्त्वयावितं, सकलगोकुलं काननान्वितम् ।
तदपि मन्महे स्वावनं यत,-स्त्वदनुरागतः सोऽपि किं हतः ? ॥६॥
कृपणपालक ! श्रीव्रजेश्वरी,-तनुज ! योग्यधीरस्ति नश्वरी ।
इति तवात्मवल्लिप्तिरिक्तता, परगपीडया भाति तिक्तता ॥७॥

हे निग्रहानुग्रहसमर्थ प्रभो ! आपके प्रादुर्भाव के कारण यह व्रज अधिक उत्कर्ष को प्राप्त हो रहा है, एवं लक्ष्मीदेवी भी इस व्रजभूमि की रज की सेवा कर रही है। हाय ! इतने पर भी तुम हम सबको यहाँ पर छोड़ गये हो। और हम सब व्रज से भिन्नता को कैसे प्राप्त होजायँ, अर्थात् आपके द्वारा सारा व्रजमण्डल ही जब उत्कर्ष पा रहा है, तब हम ही आपके द्वारा त्याग की योग्यता को कैसे प्राप्त हो रही हैं ? ॥२॥

उत्तम जातिवाला एवं स्वतः अपने गुणों से उत्तम और शरत्काल में उत्पन्न हुआ जो कमल है, अतः पत्रसमूह से घिरे हुए उस कमल के भीतर से उसकी शोभारूप देवता को निरन्तर जब तुम अपनी मोहिनी दृष्टि से हर लेते हो, तब हम सब किस प्रकार स्वच्छता से युक्त रहने को एवं आपकी उस मोहिनी दृष्टि से बाहर स्थित रहने को समर्थ हो सकती हैं ? अर्थात् जो नेत्र, कमल के हजारों पत्रों में छिपी हुई शोभा-सम्पत्ति को अनायास चुराने में चतुर है, उसी आपके नेत्र को बाहर पड़ी हुई हमको चुराने में कौनसा परिश्रम करना पड़ेगा ? फिर आपने तो हम सबको प्रार्थना करके बाँध रखा है, और व्रतपरायण इन गोपियों को स्वयं वरदान के द्वारा भी बाँध रखा है, यह बात प्रसिद्ध है ॥३-४॥

इसलिए पूर्वोक्त प्रकार से जब हम आपकी दासियाँ ही बन गईं, तब हम सबको उसी दृष्टि से क्यों मार रहे हो ? और इस संसार में "शस्त्र के द्वारा ही वध होता है, नेत्र से नहीं" यह जो मत चल रहा है वह मत तो निकृष्ट है ॥५॥

और अनेक वनों से युक्त सम्पूर्ण गोकुल की अनेक प्रकार के भय से जो आपने रक्षा की थी, हम तो उस रक्षा को भी अपनी रक्षा ही मानती हैं। कारण—आपके अनुराग से ऐसा ही प्रतीत होता है। किन्तु अब आपने उस रक्षारूप कार्य का भी वध कर दिया क्या ? अर्थात् अब दीनदुःखियों की रक्षा करनी छोड़ दी क्या ? ॥६॥

हे दीनजनपालक ! हे श्रीयशोदानन्दन ! आपमें योग्य बुद्धि तो है, किन्तु वह स्थायी नहीं है। अथवा दीनदुःखियों का पालन करनेवाली यशोदाजी के बेटा होने के नाते, आपमें योग्य बुद्धि तो है, किन्तु स्थिर नहीं है। इसलिए आत्मा की तरह आपकी जो निर्लिप्तता है, वह दूसरों को पीड़ा देने के कारण तिक्तता (तीतापन) से युक्त प्रतीत होती है ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

त्वमसि नान्यवत् कोऽपि कोपनः, स्फुरसि यत् प्रभो ! विश्वगोपनः ।
तदिह पद्मजाभ्यर्थितः स्वभूः, परमसात्वतादन्वयादभूः ॥८॥

इति तवेशितुः सुष्ठु यः करः, प्रथितसंसृतेर्भीतिभीकरः ।
शिरसि नः कुरु श्रीकरग्रहं, तमिह नान्यथा भावयाग्रहम् ॥९॥

व्रजगभीहृतौ वीर ! योषितां, शमयसि स्मितेनैव रोषिताम् ।
तदिह नान्यथा दण्डनं कुरु, प्रकटयानन-श्रीमहः पुरु ॥१०॥

यदपि ते पदं श्रीनिकेतनं, वृजिनजिन्महापुण्यकेतनम् ।
तदपि गोगणस्यानुवर्तनं, विषभृतः शिरोवर्तिनर्तनम् ॥११॥

यदधि तत्तदप्यात्तदुःस्थितिः, स्वयमभूत्ततः शान्ततात्क्षितिः ।
अहह तन्मनाङ्नस्तु वक्षसि, स्वविरहज्वले किं न रक्षसि ? ॥१२॥

मधुरलीलया कर्णरम्यया, विशदवाक्यया व्यक्तगम्यया ।
मुखसुगन्धितासात्म्यया चिरा,-त्तृषमिता वयं हन्त ते गिरा ॥१३॥

हे प्रभो ! तुम अन्य साधारणजनों की तरह कोई क्रोध करनेवाले नहीं हो, क्योंकि तुम तो विश्व के रक्षकरूप से स्फूर्ति पा रहे हो। इसीलिए तुम स्वयंभू होकर भी, ब्रह्माजी द्वारा प्रार्थित होकर, विश्व की रक्षा के लिए, श्रेष्ठ यदुवंश से अथवा परमभागवत (श्रीदेवमीढ़जी के) वंश से प्रगट हुए हो ॥८॥

इसलिए विश्व की रक्षा करनेवाले परमैश्वर्यशाली तुम्हारा जो सुन्दर करकमल है, एवं जो प्रसिद्ध संसार के भय को भी भयभीत करनेवाला है, और लक्ष्मीजी के कर को भी ग्रहण करनेवाला है, उसी कर-कमल को हमारे मस्तक पर धर दीजिये। इस विषय में हमारे आग्रह को अन्यथा न विचारिये, अथवा मस्तक पर न धरने का आग्रह न कीजिये ॥९॥

हे व्रजवासियों के भयहरण के विषय में वीरता दिखाने वाले ! वीर प्रभो ! मानिनी स्त्रियों के क्रोध को तो अपनी मन्दमुसकान से ही शान्त कर देते हो। इसलिए हम सबके ऊपर दूसरे प्रकार का दण्ड न कीजिये। किन्तु अपने श्रीमुख की शोभा का विशाल महोत्सव प्रगट कर दीजिये ॥१०॥

हे भगवन् ! तुम्हारा चरण यद्यपि शोभा का स्थान है, पाप एवं दुःखों पर विजय पाने वाला है, और महापुण्यों का निवासस्थान है, तथापि गोगण का अनुगमन करनेवाला, एवं कालियनाग के मस्तक पर नृत्य करनेवाला है ॥११॥

और कालियदमन आदि कष्टदायक विषय में अधिकार करके जो स्वयं दुर्दशा को प्राप्त हो चुका है, इसलिए वह शान्ति का स्थान है, यही कहना उचित है। अहह ! हमारा जो वक्षःस्थल तुम्हारे विरहानल से प्रज्वलित हो रहा है, उसी वक्षःस्थल पर तुम शान्ति के स्थान उसी चरण को किंचिद् भी क्यों नहीं रखते हो ? ॥१२॥

हा ! नाथ ! मधुरविलास से युक्त, कानों के लिए रमणीय, विशद् वाक्यों से युक्त, स्पष्ट ज्ञातव्य से युक्त, मुख की सुगन्धि की एकतास्वरूप, ऐसी आपकी वाणी के द्वारा हम सब बहुत देर से पिपासा (ध्यास) को प्राप्त हो गई हैं ॥१३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तव कथामृतं तप्तजीवनं, कविभिरीडितं कल्मषार्दनम् ।
प्रवितरन्ति ये तेषु दुर्जनाः, सपदि नः कृते ज्ञप्तवर्जनाः ॥१४॥

प्रहसितं तव प्रेङ्खिलोचनं, विहरणक्रमाद् भावरोचनम् ।
मुरलिकारुतं सर्वशोचनं, विपिनतस्तु नः प्राणमोचनम् ॥१५॥

चलसि यर्हि वा धेनुचारणे, दलति धीस्तु नस्तत्र कारणे ।
शिलतृणांकुरैर्यावसन्नता, किल भवत्पदोः सास्मकान् गता ॥१६॥

अहह जाज्वलत्यन्तराणि नः, स्मर निजान् जनान् दीनमानिनः ।
चरणपङ्कजं हृद्यमूदृशां, रमण ! हे त्वया धीयतां भृशम् ॥१७॥

अहह यर्हि यास्यह्नि काननं, कुटिलकुन्तलं श्रीमदाननम् ।
मुहुरपश्यतां तर्हि स क्षणः, स्फुरति सर्वदा कल्पलक्षणः ॥१८॥

किमिह तत्र वा वाच्यतां व्रजे,-न्निमिरपीह यच्छप्यते व्रजे ।
कथमहो वयं तास्तु गोपिका, न हि भवाम वा तत्र कोपिकाः ॥१९॥

और त्रिविधतापतप्त प्राणियों के जीवनस्वरूप, श्रीब्रह्मा आदि कवियों के द्वारा प्रशंसित, पाप-विनाशक, ऐसे आपके कथामृत को जो सज्जन बाँटते हैं, उनमें से दुर्जन तो वे ही हैं, जो हमारे लिए तत्काल निषेध का विज्ञापन करते हैं ॥१४॥

हे प्यारे श्यामसुन्दर ! तुम्हारा मनोहर हास्य, तुम्हारे चञ्चल नेत्र, एवं तुम्हारा विहार क्रमशः भक्तों के भाव को रुचिकर बनाता हुआ प्रेमपर्यन्त प्रकट कर देता है। आपकी मुरलीध्वनि तो सभी को शोकाकुल करनेवाली है, और वन से आती हुई मुरलीध्वनि तो हमारे प्राणों को ले बैठती है ॥१५॥

हे नाथ ! तुम जब धेनु चराने के निमित्त वन को चलते हो, तब उसके कारण तो हमारी बुद्धि विदीर्णप्राय हो जाती है। क्योंकि उस समय आपके कोमल चरणों में शिला, तृण, अंकुर आदि के द्वारा जो पीड़ा पहुँचती है, वह तो अभिन्न होने के नाते हमको ही प्राप्त हो जाती है ॥१६॥

हा ! प्राणनाथ ! आपके चरणों की वह पीड़ा याद आते ही हमारे अन्तःकरणों को अत्यन्त जला देती है। अतः अपने को दीन मानने वाले निजजनों का स्मरण तो करो प्रभो ! हे रमण ! तुम अपने उसी प्रकार के चरणकमल को हमारे हृदय पर अधिकरूप से धर दीजिये ॥१७॥

अहह ! तुम जब गोचाराणार्थ वन को जाते हो, तब तुम्हारे घुंघराली अलकोंवाले शोभायुक्त श्रीमुख को बारम्बार न देख पाने वाले, हम सब जनों को वह क्षण, सदा कल्प के समान स्फूर्ति पाता रहता है ॥१८॥

"वह क्षणभर का काल कल्प जैसा प्रतीत होता है" यह बात हमारे पक्ष में क्या कहने की योग्यता को पा सकती है ? अपितु नहीं। क्योंकि इस व्रज में तो निमिराजा को भी प्रतिक्षण शाप दिया जाता है। अहो ! उन व्रजवासियों में भी हम तो सदा दर्शन चाहनेवाली गोपियाँ हैं, तब निमेष का प्रतिबन्ध डालने वाले उस निमिराज के ऊपर कैसे कुपित न होगीं ? ॥१९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विततगोतिकाजालसन्दिताः, स्वकजनानतिक्रम्य चार्दिताः ।
करमिता महारण्यभृद्दिशि, छलमय ! स्त्रियः कस्त्यजेन्निशि ? ॥२०॥

प्रहसितं प्रिय ! प्रेमवीक्षणं, विहसितादिकं वल्गुलक्षणम् ।
बृहदुरः श्रियो धाम वीक्ष्य ते, निजविमूढताऽस्माभिरीक्ष्यते ॥२१॥

दिनलयेऽलकध्वान्तमेकतः, प्रसृतगोरजः सन्ध्यमन्यतः ।
मुखतया मतं यामिनीश्वरं, दर्शयन्मुहुर्यच्छसि स्मरम् ॥२२॥

स्व-रतिवृद्धितोऽनन्यकांक्षिणी, भवति वंशिका यत्र साक्षिणी ।
तमधर-द्रवं शोकनाशनं, वितर धीर ! भोः ! प्राणदाशनम् ॥२३॥

इति तु यत्त्वया कामकल्पनं, किल कलाबलात् तच्च कल्पनम् ।
वयमनारतं स्नेहभावनाः, कथमयामहे जातु कामनाः ॥२४॥

प्रकटता तु ते गोष्ठवासिनां, वृजिननाशिनी प्राणभासिनाम् ।
वितर नः सकृत् त्वत्स्पृहायुजां, यदिह सूदनं स्निग्धहृद्रुजाम् ॥'२५॥

हे छलिया नन्दकिशोर ! देखो, हम तुम्हारे विस्तृत वेणुगीत के जाल में फँस गई हैं, अर्थात् बँध गई हैं। अपने स्वजनों को लाँघकर तुम्हारे पास आ गई हैं, और तुम्हारे हाथ में पड़ गई हैं। अब आप ही बताइये ऐसी स्थिति में घनघोर वन से युक्त दिशा की ओर रात्रि में स्त्रियों को कौन त्याग सकता है ? ॥२०॥

हे प्रियतम ! तुम्हारे प्रिय हास्य को, प्रेमभरी चितवन को, सुन्दर लक्षणों से युक्त वाग्विलास आदि को, और लक्ष्मी का निवासस्थानरूप विशाल वक्षःस्थल को देखकर, हम तो अपनी विशेष विमुग्धता ही देख रही हैं। अर्थात् हम भी जब विमुग्ध हो जाती हैं, तब अन्य नारियों का तो कहना ही क्या है ? ॥२१॥

हे गोकुलचन्द्र ! तुम सायंकाल में एक ओर, अर्थात् ऊपर के भाग में अलकावलीरूप अन्धकार से युक्त, और नीचे के भाग में विस्तृत गोरजरूप सन्ध्या से युक्त, इस प्रकार मुखरूप से माने गये चन्द्रमा को, अर्थात् अपने मुखचन्द्र को दिखाते हुए, हमारे मनमें बारम्बार काम प्रदान करते हो ॥२२॥

अतएव हे वीर ! आपमें अपनी प्रीति बढ़ाने के कारण, अन्य विषय में अभिलाषा न करनेवाली वंशी, जिस अधरामृत में साक्षी है, एवं जो शोक को नष्ट करनेवाला है, तथा जो हम जैसे प्राणहीनों को प्राणप्रद भोजनस्वरूप है, उसी अधरामृत का दान दीजिये ॥२३॥

इसलिए हमारे ऊपर तुमने जो काम की कल्पना की है, वह भी निश्चय ही अपनी कलाकौशल के बल से ही की है, यही कहा जा सकता है। क्योंकि हम सब तो आपके ऊपर स्नेह की भावनावाली हैं, अर्थात् आपके सुख में ही सुखी रहनेवाली हैं। अतः हम अपनी कामनाओं को कदाचित् किस प्रकार प्राप्त करेंगी (यह भी आप ही जानते हो) ? ॥२४॥

और हे भगवन् ! आपका व्रजमण्डल में जो प्राकट्य (प्रगट होना) है, वह तो प्राणसमान आपके द्वारा ही प्रकाशमान व्रजवासियों के दुःख को नष्ट करनेवाला है। अतएव हे स्नेही सखे ! यहाँ पर आपमें स्नेह करनेवाले हृदय के रोगों को दूर करनेवाली जो कोई औषधी है, हम तो आप से उसी की चाहना से युक्त हैं, अतः एकबार भी तो उस औषध का हमारे लिए दान करो। तुम्हारे गुणों को कभी न भूलेंगी स्वामिन् ! ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेतदुद्गाय तदप्येतदित्याहुः, (भा० १०।३१।१९) 'यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहम्' इत्यादि ॥२६॥

अत्र चेदं गद्यम्,—यत् किल कमलतः कोमलतायुगलं तव चरणयुगलं स्तनावनु स्नेहतः संहननायेहमानाश्च वयं तावतिकर्कशाविति तर्कतश्च स्तम्भमानाः शनैरेव तयोस्तद्धीमहीति वांछामस्तदहो ! कठिनमनस्तया दुरटामटवीमनुघटयति त्वयि कूर्पादिभिस्तत् किं न व्यथते ? किन्तु व्यथत एव; यतस्तद्भावनाजुषां भवदेकायुषामस्माकं मनसि तन्मंक्षु संक्रामति। तस्मात्तदटनमेवास्माकं हृत्पीडा, तल्लालनमेव तच्छमनमिति तल्लालनमेव देहीति भावः ॥२७

"तदेवं सति—

गीतेरासीद्विपरिणमनं तर्हि तासां विलाप-
स्तस्याप्युच्चै रुदितमिति यन्नाद्भुतं तत्तु तासु।
कृष्णं द्रष्टुं प्रभवति बलाद् यस्य तृष्णातिधृष्णक्,
तस्यान्यस्याप्यहह शतधा दृश्यते तत्तदत्र ॥२८॥

"अथ तथामसृणमभृणिकमश्रु नुदतीषु रुदतीषु सुदतीषु तदनुषङ्गत एव तमसः सङ्गतः

वे गोपियाँ उच्चस्वर से यह गान गाकर अन्त में यह श्लोक भी बोलीं—'यत्ते सुजातचरणाम्बुरुहमित्यादि' इसकी स्वयं व्याख्या करते हुए ग्रन्थकार बोले—यहाँ पर इस श्लोक के भावार्थ का यह गद्य है, यथा—हे प्यारे ! श्याममुन्दर ! तुम्हारा जो चरणयुगल है, वह तो सत्य ही कमल से भी अधिक कोमलता से युक्त है, हम उसको अपने स्तनों का लक्ष्य करके उसके मिलने के लिए चेष्टा करती हुईं, किन्तु वे हमारे दोनों स्तन तो अत्यन्त कठोर हैं, इस विचार से निश्चेष्ट होती हुईं, "धीरे धीरे ही उन दोनों स्तनों पर उस परमकोमल चरणयुगल को धारण करें" ऐसी इच्छा करती हैं। अतएव हाय ! तुम्हारा मन कठोर होने के कारण, तुम जब दुःखपूर्वक भ्रमण करने योग्य वन में उसी चरणयुगल को चलाते हो, तब वह कंकड़ पत्थर आदि से व्यथित नहीं होता है क्या ? किन्तु अवश्य ही व्यथित होता है। क्योंकि उस चरणयुगल की भावना से युक्त एवं आप ही जिनके एकमात्र प्राण हैं, ऐसी हम सब गोपियों के मन में तो उन चरणों की व्यथा, संक्रामक रोग की तरह शीघ्र ही संक्रमण कर लेती है, अर्थात् आ जाती है। इसलिए उन दोनों चरणों का चलना ही हमारे हृदय की पीडास्वरूप है, एवं उनका लालन, पालन, सेवन ही हमारे हृदय की पीडा को शान्त करनेवाला है। अतः उन दोनों चरणों की सेवा को ही प्रदान कीजिये प्रभो ! यही भावार्थ है ॥२६-२७॥

अतएव ऐसी स्थिति में गाने से भी श्रीकृष्ण जब प्रगट न हुए, तब उन गोपियों के गाने का विपरिणाम (रूपान्तर अर्थात् दूसरा रूप) विलाप प्रारम्भ हो गया। उस विलाप का रूपान्तर ही ऊँचे स्वर से रोना प्रारम्भ हो गया। उनका यह ऊँचे स्वर से जो रोना है, वह प्रेममयी प्रतिमास्वरूप उन गोपियों में कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि देखो ! श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए जिस व्यक्ति के हृदय में, अति प्रगल्भ-दुर्दमनीयतृष्णा प्रबलता से उत्पन्न हो जाती है, गोपियों से भिन्न उस अन्य भक्तव्यक्ति के भी, वे ऊँचे स्वर से रोना एवं विलाप आदि यहाँ पर अहह ! सैंकड़ों प्रकार के व्यापार देखे जाते हैं ॥२८॥

उसके बाद पूर्वोक्त प्रकार से सुन्दर दन्तपंक्तिवाली वे गोपियाँ जब स्नेहपूर्वक निरंकुश (निरन्तर) अश्रु बहा रही थीं, एवं रुदन कर रही थीं, तभी उन गोपियों के रुदन के सम्बन्ध से ही शोक से युक्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

क्रमशस्तन्निशमयन्निशामयन्मुरशमनः स्वकनयनसलिल-कलिलतया नयनलक्षेणाप्यलक्षितः सहसा महसावृतः सर्वासां मध्यमध्यासितवानम्बरावृततया स्वप्रथामावृतवांश्च ॥२९॥

"एका तु तत्र तस्य मनागागमनाधिगमकमन-नयनापि पूर्ववदिदमपूर्वस्फुरणपुरस्कृत-मिति केवलं कृष्ण कृष्णेत्यलं कलकलतया कलं कलयामास ॥३०॥

"आकर्णिततद्वर्णकर्णाश्च वरवर्णिन्यस्तन्निर्णायकस्वाभ्यर्णतन्निर्वर्णनास्तूर्णमेव पूर्णता-मवापुः ॥३१॥

"महाघनघनाघनघनसङ्गमान्निदाघद्राघीयस्तयातिह्रसदोघा ह्रदिन्य इव । उभयत्र हि गतप्रायजीवनताऽभिप्रायमागता ॥३२॥

"तन्निर्वर्णनं च यथा,—

आविस्तासु बभूव नर्म तदिति व्यञ्जन् वियुज्यापि स
स्मेरः संकुचदन्तरं स्वमधियन् पीताम्बरप्रावृतः ।
कर्तुं सद्विनयं स्रगंशयुगलं हस्तद्वयेनामृशन्
स्रग्वी मन्मथमन्मथस्थितिरतिश्रीणां गतिः श्रीपतिः ॥३३॥

होकर, अन्धकारमय सघन वन से आकर, क्रमशः उनके गाने एवं रोने आदि को सुनते हुए, और उनको देखते हुए, श्रीकृष्ण अपने अपने नेत्र नेत्रजल से व्याकुल होने के कारण, गोपियों के लाखों नेत्रों से भी अलक्षित होकर, सहसा अपने तेज से आवृत होकर, सब गोपियों के बीच में आकर बैठ गये, और विशिष्ट-वस्त्रों से आवृत होने के कारण, उन्होंने गोपियों का त्यागरूपी अपनी प्रसिद्धि को छिपा लिया ॥२९॥

उन गोपियों में से एक जनी तो श्रीकृष्ण के किंचित् आगमन को जान लेने से, मनोहर नेत्रों से युक्त होकर भी, पहले की भाँति यह अपूर्व स्फूर्तिरूप पुरस्कार ही है, ऐसा मानकर कोलाहलपूर्वक केवल 'कृष्ण' 'कृष्ण' इस प्रकार मधुरध्वनि करने लग गई ॥३०॥

और उस गोपी के 'कृष्ण' 'कृष्ण' इन वर्णों के सुननेवाले कानों से युक्त अन्य सभी गुणवती गोपियाँ, उन वर्णों के निर्णायक श्रीकृष्ण को अपने पास ही देखकर, शीघ्र ही पूर्णता (कृतार्थता) को प्राप्त हो गईं ॥३१॥

पूर्णता की उपमा, यथा—ग्रीष्मऋतु की लम्बाई के कारण अत्यन्त क्षीण वेगवाली नदियाँ, जैसे बड़े बड़े आकारवाले वर्षालु बादलों के घनिष्ठ सम्बन्ध से परिपूर्ण हो जाती हैं, उसी प्रकार गोपियाँ भी, श्रीकृष्ण वियोगरूप ग्रीष्मऋतु से शुष्क प्राय होकर, पुनः घनश्याम के जीवनरूप दर्शन से परिपूर्ण हो गईं । इन नदी एवं गोपीरूप दोनों पक्षों में—गतप्राय-जीवनता अभिप्राय को प्राप्त हो गई थी । अर्थात् 'जीवन' शब्द जल एवं प्राणधारण का वाचक है, ग्रीष्म में नदियाँ प्रायः जलहीन हो जाती हैं, उसी प्रकार श्रीकृष्णविरह में गोपियाँ भी प्रायः जीवनरहित सी हो गई थीं, यही गतप्राय जीवनता का अभिप्राय है ॥३२॥

श्रीकृष्ण का दर्शन प्रकार, यथा—गोपियों से अलग होकर भी, "वह अन्तर्धान तो केवल परिहास था" यह भाव प्रकाशित करते हुए, मन्दमुसकान से युक्त होकर भी, अपने अन्तःकरण को संकुचित जानते हुए, पीताम्बर से आवृत होकर भी, उत्कृष्ट विनय को प्रदर्शित करने के लिए, माला के दोनों भागों को दोनों हाथों से स्पर्श करते हुए, अर्थात् अत्यन्त विनीत की तरह क्षमा प्रार्थना के लिए, दोनों हाथों से छूते

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, प्रियस्त्यागव्रीडाद्विदधदिव तादस्थ्यमभितः
स ताभिः कान्ताभिस्त्वरिततरमासादि परितः ।
समुद्रः सङ्कोचं समयकलितं चेद् वलयते
तदा नद्यः सद्यश्चपलगतितां सन्निदधति ॥३४॥

"तत्राहंप्रथमिकया समुपेतासु तासु प्रथमतः श्रीपराशरेण कथिता काचित्; यथा—
'काचिदायान्तमालोक्य गोविन्दमतिहर्षिता ।
कृष्ण कृष्णेति कृष्णेति प्राह नान्यदुदैरयत् ॥'३५॥—इयं भद्रानाम्नी ।

"अथ श्रीबादरायणिवर्णिता वर्ण्यन्ते,—
'काचित् करं मुरारातेराचचार निजाञ्जलौ ।
नवपल्लवपात्रान्तर्यथा कमलतल्लजम् ॥'३६॥—एषा चन्द्रावली ।

"तथा—'एका तदंघ्रिकमलं व्याजतः कुचयोर्दधे ।
लब्धवांछितनिष्पत्तिः कुर्वतीव शिवार्चनम् ॥'३७॥—एषा पद्मा ।

हुए, श्रीराधिका निर्मित कुन्दपुष्पों की माला को धारण किये हुए, कन्दर्प दर्प दलन करनेवाली स्थितिवाले, लक्ष्मी से विशिष्ट रूपवाली गोपियों के आश्रयस्वरूप, अतः मुख्यश्रीपति श्रीकृष्ण उन गोपियों के बीच में प्रगट हो गये ॥३३॥

उसके बाद गोपियों के त्यागने से उत्पन्न हुई लज्जा के कारण, सर्वतोभाव से उदासीनता सी धारण करनेवाले प्रियतम श्रीकृष्ण को उन व्रजाङ्गनाओं ने शीघ्र ही चारों ओर से घेर लिया। दृष्टान्त—समुद्र यदि कभी कालक्रम से प्राप्त हुए संकोच को धारण कर लेता है, तब एकमात्र उसीके आश्रय में रहनेवाली नदियाँ चपलता के स्वरूप को धारण कर लेती हैं, अर्थात् चपलतापूर्वक शीघ्र ही अपने पति समुद्र से जा मिलती हैं ॥३४॥

वहाँ पर "मैं पहले जाऊँगी", मैं ही पहले जाऊँगी इस क्रिया के द्वारा वे सभी गोपियाँ जब श्रीकृष्ण के पास पहुँच गईं, तब पहले विष्णुपुराण में श्रीपराशरजी ने किसी गोपी के विषय में कहा है, यथा—कोई गोपी श्रीगोविन्द को आते देखकर, अत्यन्त हर्षित होकर, केवल हे कृष्ण ! हे कृष्ण ! हे कृष्ण ! यही बोलती रही, और कुछ भी उच्चारण नहीं करती थी ॥३५॥ यह भद्रा नामक गोपी थी ।

अब श्रीशुकदेवजी द्वारा वर्णित गोपियों का वर्णन करते हैं—जिस प्रकार कोई नवीन पत्ररूपी पात्र के भीतर, अर्थात् नये पत्ते के बनाये हुए दोना में श्रेष्ठ कमल को धारण करता है, उसी प्रकार किसी गोपी ने श्रीकृष्ण के करकमल को अपनी अञ्जली में धारण कर लिया ॥३६॥ यह चन्द्रावली थी ।

तथा—वांछित सिद्धिको प्राप्त करनेवाली एक गोपी शिवजी का पूजन सा करती हुई किसी बहाने से अपने दोनों स्तनों पर श्रीकृष्ण के चरणकमल को धारण करने लग गई ॥३७॥ यह चन्द्रावली की सखी पद्मा थी ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथा—'काचिदञ्जलिनागृह्णात्तन्वी ताम्बूल-चर्वितम् ।
यदा तदीयरागस्य पात्रीवाचरति स्म सा ॥'३८॥—इयं शैव्या ।
एताश्च दक्षिणतः स्थिताः ।

"तथा—'काचिद्दधार तद् बाहुमंसे चन्दनरूषितम् ।
या देहतः स्नेहतश्च व्यानञ्ज स्व-समर्थताम् ॥'३९॥—सेयं श्यामला वामतः ।

"तथा—'अपगमितनिमेषा या तु तस्यास्यमब्जं, नयन-युगमलोन्द्रद्वन्द्वमुच्चैरपीप्यत् ।
अवकलितमकार्षीद् रूपकं तत्तदेषा, रसरसनविभूतेर्जिग्यतुस्ते तु यद्यत् ॥'४०॥
—असौ ललिता ।

"तथा—'तस्मिन् काप्यवलोकमात्रबलवल्लज्जाप्रसज्जन्मना
मीलन्नेत्रतया विचित्रपुलका चित्रायमाणा स्थिता ।
तामन्तर्वलितप्रियां प्रति ममाश्चर्यं वियोगस्थिते-
र्मध्ये योगमिहापि भोगमितवत्येषेति या चिन्त्यते ॥४१॥—एषा खलु विशाखा ।

"तथा—'प्रेमा कोपं प्रसवति वृथाप्यस्त्रमत्रास्ति नेत्रं
तच्च स्थानादचलमपि सद् विध्यदुद्भाति दूरम् ।

तथा—किसी कृशाङ्गी गोपी ने अपनी अञ्जली के द्वारा श्रीकृष्ण के प्रसादी चर्वित ताम्बूल को ग्रहण कर लिया । जब वह श्रीकृष्ण के सम्बन्धी अनुराग के पात्र का सा आचरण कर रही थी तभी ग्रहण किया ॥३८॥ यह भी चन्द्रावली की सखी शैव्या थी । ये पूर्वोक्त गोपियाँ श्रीकृष्ण की दाहिनी ओर स्थित थीं ।

तथा—जिसने देह से और स्नेह से अपनी सामर्थ्य प्रकाशित कर दी, ऐसी किसी गोपी ने चन्दन चर्चित श्रीकृष्ण की भुजा अपने कन्धे पर धर ली ॥३९॥ यह श्यामला नाम की गोपी श्रीकृष्ण के वाईं ओर थी ।

तथा—निर्निमेष दृष्टिवाली जिस गोपी ने अपने दोनों नेत्ररूप श्रेष्ठ भ्रमरयुगल को अधिक परिमाण में श्रीकृष्ण के मुखकमल का पान कराया ,इस गोपी ने उस उस रूप का यथेष्ट आस्वादन किया कि, जिस जिस रूप को उसके दोनों नेत्ररूप भ्रमरों ने श्रीकृष्ण मुखकमल के मकरन्द रस के सेवन के वैभव के कारण जीत लिया था—॥४०॥ यह ललिता थी ।

तथा—कोई गोपी तो श्रीकृष्ण के निकट उनके दर्शनमात्र से प्रबल लज्जा में निमग्न मनवाली होकर, नेत्र मूँदकर, विचित्र पुलकों से युक्त होकर, चित्रलिखी सी बैठी रह गई । और जिसको ध्यान के द्वारा अन्तःकरण में ही प्रियतम मिल गये, उस गोपी के प्रति मेरे मन में तो यही आश्चर्य उत्पन्न हो रहा है कि, यह तो वियोग.की स्थिति के बीच में योग को, एवं योग में भी अन्तःकरण में श्रीकृष्णदर्शनरूप भोग को प्राप्त हो गई । इसीलिए मैं ध्यान में जिसका स्मरण करता हूँ—॥४१॥ यह विशाखा ही थी ।

तथा—जिस लोकोत्तर चरित्रा गोपी का प्रेम व्यर्थ ही श्रीकृष्ण के ऊपर कोप धारण कर लेता है । इस कोपरूप कार्य की पूर्ति के विषय में नेत्र ही अस्त्र है । और वह नेत्ररूप अस्त्र भी अपने स्थान से न चल

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

वेधश्चासौ व्रणमपि विना श्रीहरेः क्लेशदः स्या-
देवं यस्याः किमपि चरितं तामिमां वर्णयेत् कः ॥'४२॥
—असौ तु श्रीराधा; ता एताः सम्मुखतः ।

"तथा—'कृष्णमेघागमोल्लासपल्लवद्वदन-श्रियः ।
सर्वाश्च लब्धपर्वाणः सद्यः सिद्धाः पुनर्नवाः ॥'४३॥—एताः सर्वतः ।

अतिपरिमितिशोभा-भाजनं कृष्णरूपं, नयदनुपमकान्ति यौवतं तद्विरेजे ।
इदमुपमितिशून्यं यत्तु काव्यं समाप्तं, स इह न मम दोषस्तद्धि तत्त्वं तथैव ॥४४॥

"तदेवं तासां तस्य च परस्परं परममदनमदप्रद-वदन-नयन-निलय-लीलया चन्द्रचकोर-शीलता लतावदुत्फुल्लतां गता ॥४५॥

"तथा च क्षणकतिपये लब्धक्षणप्रचये ताः सादरमादाय जलजात-जातसमीरणसमीर-सरणितरणिजा-तरलतर - तरङ्गरङ्गनिभनीरसनीड - तीर - सरसैकसैकतं पुलिनान्तरं निर्व्रीडं क्रीडन्नेव वृन्दावनदेवः सेवयामास ॥४६॥

कर दूर स्थित कृष्णरूप लक्ष्य को वेधन करता हुआ विशेष देदीप्यमान है ! और वह वेधन भी विना छिद्र किये ही, श्रीकृष्ण को क्लेशप्रद हो सकता है। इस प्रकार जिसका चरित्र अनिर्वचनीय है, ऐसी इस गोपी का कौन व्यक्ति वर्णन कर सकता है ? ॥४२॥ यह तो श्रीमती राधा ही थीं। ललिता-विशाखा-श्रीराधा ये तीनों श्रीकृष्ण के सम्मुख थीं।

तथा—श्यामवर्ण के मेघ के आगमन से पुनर्नवा नामक औषधविशेष जिस प्रकार नवीन पत्रों से उल्लसित हो जाती है, उसी प्रकार श्रीकृष्णरूप मेघ के आगमन से उल्लासयुक्त पल्लवों की तरह मुख की शोभा से युक्त होनेवालीं सभी गोपियाँ, महान् उत्सव को प्राप्तकर (पुनर्नवा पक्ष में—गाँठ को प्राप्तकर) शीघ्र ही कृतार्थ हो गईं ॥४३॥ ये सब गोपियाँ श्रीकृष्ण के चारों ओर खड़ी थीं।

उस समय परिमाणरहित शोभा के पात्रस्वरूप श्रीकृष्ण के रूप को भी अनुपम शोभा को प्राप्त कराने वाला वह व्रजयुवतियों का समूह, यमुनापुलिन में विशेष देदीप्यमान था। यह कविता उपमारहित ही जो समाप्त कर दी, वह मेरा दोष नहीं है। क्योंकि यह 'गोपी-कृष्ण'-रूप तत्त्व अनुपमेय ही है। अतः यथार्थ कहने में कोई दोष नहीं है ॥४४॥

अतएव इस प्रकार उन गोपियों का एवं श्रीकृष्ण का परस्पर अप्राकृत काम के मद को देनेवाले, मुख एवं नेत्रों की आश्रयरूप लीला के द्वारा, चन्द्र-चकोर का सा पवित्र जो स्वभाव है, वह लता की तरह प्रफुल्लित हो गया ॥४५॥

और देखो ! उत्सवसमूह को प्राप्त करानेवाले कुछ क्षण जब बीत गये, तब श्रीवृन्दावनविहारी उन गोपियों को आदरपूर्वक अपने साथ लेकर, निःसंकोच क्रीडा करते करते ही दूसरे पुलिन को सेवन करने लग गये। वह पुलिन कमलसमूह की प्रेरक वायु के मार्ग में विद्यमान यमुनाजी की अति चञ्चल तरङ्गों के विनोदतुल्य जल के पास जो तीर था, उसकी अद्वितीय (श्रेष्ठ) सरस बालुका से युक्त था ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेव खलु प्रशस्तभङ्ग-सङ्गलक्षेण हस्तलक्षेण परमधन्यया स्वयमेय रविदेव-कन्यया कञ्जकिञ्जल्कपिञ्जलतामंजुल-गन्ध-गन्धवाह - परिरब्धकोमलसिताभ्रशुभ्रवालुकाभिरतिनिश्चित-चित्तया चितम्, तत्र च शारदसुधाकरकर-निकर-सुधालिप्ततया दूरतोऽपि तमस्तोमशमनं जल-स्थलकुसुम-समुदयामोदामोदमदितमुखरमधुकरमधुरीकृतमुरीकृतवान् ॥४७॥

"उरीकृते च तस्मिन् परमोपादेये नादेये पुलिने स्मितविलसितनेत्रः स्वनाम्ना सित-शतपत्रनेत्रः सर्वासामर्वाचीनवयसां सवयसां स्वहस्त-विन्यस्त-प्रशस्तकुंकुमग्रस्त-नव-स्तन-वस्त्र-विस्तृतिकृतस्वस्तिकासनस्तत्र स्तोत्रभङ्गीसङ्गीत-कलारङ्गभूमितामवाप स तापनोदनः ॥४८॥

"यथा—ऊर्ध्वं श्लौरातपत्रं तलमनु पुलिनं हीरचूर्णाचिताङ्गं
श्रीमत् पीठं समन्तात् कुसुमवनशतं तोरणानीव यस्य ।
तं दिव्यस्वर्णवर्णव्रजकुलजरमा-राजिविभ्राजिदेहं
स्नेहश्रीकाम्यगेहं हरिमणिरुचिरं प्राणनाथं स्मरामि ॥४९॥

"ततश्च वृन्दावनसेविकाभिर्वृन्दाप्रधान-काननदेविकाभिः परमप्रयत्न-पाल्यमाल्यदिव्य-गन्ध-सन्ध-चन्द्र-चन्दन-मधुरमधुमदानुकूल-ताम्बूलाद्यं ददानाभिर्मूहूर्तार्धं वर्धमान-परिहास-विलासं प्रेयसीसहितः प्रेयान्महितमहत्तया शुशुभे ॥५०॥

श्रीकृष्ण ने उसी पुलिन को (महारास के लिए) स्वीकार कर लिया। वह पुलिन अत्यन्त स्थिर चित्त वाली परमधन्या सूर्यकन्या (श्रीयमुना) ने प्रशंसनीय तरङ्गसमूहरूप अपने लाखों हाथों के द्वारा स्वयं ही कमलों की केशर से मिली हुई मनोहर गन्ध से युक्त वायु के द्वारा आलिङ्गित, एवं कोमल कर्पूर के समान जो शुक्लवर्ण की बालुकाएँ हैं उनके द्वारा व्याप्त कर रखा था, अर्थात् ढक रखा था। और उसमें भी शरत्कालीन चन्द्रमा के किरणसमूह में स्थित सुधा से लिप्त होने के कारण, वह पुलिन दूर से ही अन्धकार समूह को दूर करनेवाला था। और जल एवं स्थल में उत्पन्न हुए पुष्पसमूह की मनोहर गन्ध से जायमान हर्ष के कारण, मतवाले एवं वाचाल भ्रमरों ने वह पुलिन सुमधुर बना रखा था ॥४७॥

और अङ्गीकार किये हुए परम उपादेय उस नदी सम्बन्धी पुलिन में मन्दहास के विलास से युक्त नेत्रोंवाले, अपने कमलनयन नाम के कारण सपेद कमल के से नेत्रों वाले, और नवीन अवस्थावाली सभी सखियों के अपने अपने हाथों के द्वारा स्थापित प्रशंसनीय कुंकुम से युक्त, नवीन स्तनों के वस्त्रों के विस्तार से रचे गये स्वस्तिक आसन को अङ्गीकार करनेवाले, तथा गोपियों के विरह सन्ताप को दूर करनेवाले श्रीकृष्ण, स्तोत्र रचना के द्वारा सङ्गीत कला के सहित रङ्गभूमि (नाट्यशाला) के भाव को प्राप्त हो गये ॥४८॥

यथा—जिनके ऊपर चन्द्रमा ही श्वेतछत्र बना हुआ है, और जिनके नीचे यमुनापुलिन में हीरा मणियों के चूर्ण से जटित अङ्गवाले शोभायुक्त आसन के चारों ओर सैकड़ों पुष्पवन ही नगर के बाहरी दरवाजे के समान शोभा पा रहे हैं, और जिनका श्रीविग्रह दिव्य सुवर्ण के से वर्णवाली गोपीरूप रमाओं की श्रेणी से विराजमान है, एवं जो स्नेह सम्पत्ति द्वारा अभीष्ट वस्तुओं के आलयस्वरूप हैं, उन इन्द्रनीलमणि से भी मनोहर प्राणनाथ श्रीकृष्ण का मैं स्मरण करता हूँ ॥४९॥

तदनन्तर विशिष्टप्रयत्न से पालन करने योग्य माला आदि के दिव्यगन्ध के संसर्ग से युक्त, कर्पूर एवं चन्दन के सहित जो मधुर मधु, उसके द्वारा आनन्द के अनुकूल ताम्बूल आदि सामग्री को धारण करनेवाली

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"शोभमानश्च निगूढमानाभिरमूभिर्व्रजचमूरुदृग्भिः संवादमक्लृप्त ॥५१॥

"ततश्च तासां वृथात्मपरित्यागदोषलब्धपोषरोषमयाभिप्रायकतया जातं चित्तशोषं मोषं नयन्तीनां तोषप्रायं व्यञ्जयन्तीनामनुनयगर्भनानाविनोदसन्दर्भवार्तां वर्तयति तस्मिन्,—

"काचित् करं चरणमस्य परा तथोरु,-मन्यावलग्नमपरा मृदु मर्दयन्ती ।
अन्तर्निगूढकुपिता बहिरच्छभावा, भ्रूलोचनप्रसृमरस्मितमभ्युवाच ॥५२॥

"केचिदेवं च वर्णयन्ति,—

'नम्रनवलनैश्चिल्लीवालैर्निगूढमृदुस्मितै,-र्ललितलपितैरन्तर्भङ्गैर्बहिर्वलितार्जवैः ।
चतुरमनसस्तस्मिन् कृष्णं प्रियं वशवर्तिनं, प्रणयनयतः प्राहुः पृक्तप्रहेलिकमङ्गनाः ॥'५३

"अयि ! चतुरपुरन्दर ! प्रहेलिकाकलिकामेकां विकाशय ॥५४॥ यथा—

"भजन्ति भजतः केचिन्नान्येऽन्यानेव केचन ।
उभयांश्चापरे केऽपि नोभयानगतीन् परे ॥५५॥

एवं वृन्दावन की सेवा करनेवाली वृन्दा आदि वनदेवियों के साथ, आधी घड़ी तक बढ़ते हुए परिहास-विलास को प्रकाशित कर, प्रेयसी गोपाङ्गनाओं के सहित प्रियतम श्रीकृष्ण प्रशसनीय महिमा के प्रकाशपूर्वक शोभा पाने लगे ॥५०॥

और सुशोभित होते हुए ही अपने अपने मनमें गुप्तरूप से मान को रखनेवाली उन व्रजाङ्गनाओं के साथ सम्वाद करने लग गये ॥५१॥

उसके बाद वृथा ही अपने परित्यागरूप दोष के कारण, पुष्टि को प्राप्त हुए क्रोधमय अभिप्राय के भावपूर्वक उत्पन्न हुए चित्त के रूखेपन को गुप्त करनेवाली, एवं बाहर से प्रायः सन्तोष को व्यक्त करनेवाली उन गोपियों के साथ, श्रीकृष्ण जब अनुनय विनय से युक्त अनेक विनोद की रचनापूर्ण बातें बना रहे थे, उसी समय कोई गोपी श्रीकृष्ण के हाथों को, कोई चरणों को, कोई दूसरी जंघाओं को, तथा अन्य कोई मध्यभाग (पीठ) आदि को कोमलतापूर्वक दबाती हुई, अन्तःकरण में गूढरूप से कुपित होकर भी, बाहर से निर्मल भाव को प्रगटकर, भौं एवं नेत्रों के सहित कोमल मन्दमुसकान के विस्तारपूर्वक बोली— ॥५२॥

इस बोलने के विषय में कुछ विज्ञजन इस प्रकार वर्णन करते हैं, यथा—उस समय वहाँ पर चतुर मनवाली कुछ गोपियाँ कटाक्षविक्षेप, भ्रूविक्षेप, गूढ मृदु मधुरहास्य, रमणीय वचन, आन्तरिक कुटिलता, बाहरी सरलता आदि से विशिष्ट होकर, अपने प्रेम के वशवर्ती प्रियतम श्रीकृष्ण के प्रति, प्रेम की नीतिपूर्वक प्रहेलिका (पहेली) से युक्त वचन बोलीं— ॥५३॥

अयि चतुरशिरोमणे ! एक पहेली की कड़ी का गुप्त अर्थ खोल दो—(व्यक्तीकृत्य कमप्यर्थं स्वरूपार्थस्य गोपनम् । यत्र बाह्यार्थसम्बद्धं कथ्यते सा प्रहेलिका ॥) ॥५४॥

यथा—कोई तो सेवा करनेवालों की सेवा करते हैं, एवं कोई कोई व्यक्ति सेवा करनेवालों की भी सेवा नहीं करते । और कोई कोई अपनी सेवा न करनेवालों की भी सेवा करते हैं, और कुछ दूसरे जन सेवा करनेवाले एवं सेवा न करनेवाले दोनों ही की सेवा करते हैं । और कोई कोई सेवा करनेवाले एवं सेवा न करनेवाले इन दोनों प्रकार के जनों की सेवा नहीं करते । अन्य कुछ व्यक्ति आश्रयहीन जनों की सेवा करते हैं । ये कौन कौन व्यक्ति कहलाते हैं ? यह हमारा प्रश्न है ॥५५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीकृष्णस्तु चित्ते तदवबुध्याभिधत्ते स्म,—

'अर्थज्ञाः कृतहन्तारो धार्मिका धर्मगार्थिनः ।
विमूढपूर्णमुक्ताश्च दयावन्तश्च ते क्रमात् ॥'५६॥

"तच्छ्रुत्वा च परस्परमसरलचिल्लिभिरभ्रूभिश्चिल्लीवल्लीवेल्लनेनेदं ज्ञापितम्,—

'चातुरीभिरिह नस्तु कर्षतो, धर्मधाम दिशतः समुज्झतः ।
निर्दयं पुनरमुष्य शिष्यते, येन नास्मदतिदुःखमीक्ष्यते ॥'५७॥

अत्र 'चातुरीभिः' इति तस्यानर्थज्ञता, 'धर्मधाम दिशतः' इत्यधार्मिकता, तदुभयाभ्यां च तदुभयरहितता, पुनः 'चातुरीभिः' इति विमूढता, 'ताभिर्नस्तु कर्षत' इति पूर्णता मुक्तता च, तत्र स्वकृतानुद्देशेन कृतहन्तृता च निषिद्धा । त्यागे चास्मद्दुःखवीक्षणाभावेन निर्दयता तु शेषितेति श्लिष्यति ॥५८॥

"स तु तदेवमवबुध्य स्वशुद्ध्यवगमनाय पुनरुवाच,—

'नाहं तेषां सदृगपि तु मां लुब्धमूहध्वमृद्धौ
प्रेम्णस्तां तद्विषयविरहं हन्त कृत्वापि वक्ष्मि ।

श्रीकृष्ण तो मन मन में (ये गोपियाँ मेरे ही मुख से मुझको अकृतज्ञ बनाना चाहती हैं) गोपियों के ऐसे भाव को समझकर बोले—देखो ! तुम्हारे प्रश्न के अनुसार वे सब क्रमशः स्वार्थपरायण, कृतघ्न, धार्मिक, धर्म को प्राप्त होनेवाले, प्रयोजन विशिष्ट, महामूर्ख (विमूढ), आप्तकाम (पूर्ण), आत्माराम (मुक्त) और दयालु कहलाते हैं ॥५६॥

श्रीकृष्ण का यह उत्तर सुनते ही आपस में टेढ़ी भौं वाली उन गोपियों ने भ्रूलता सञ्चालनपूर्वक यह विज्ञापित किया—अरी बहिनो ! देखो, हम सबको वंशीध्वनि आदि अनेक चातुरी के द्वारा इस विहारस्थल में आकर्षित करनेवाले, एवं "तुम सबको घर में रहना ही धर्म है, अतः वहीं चली जाओ" इत्यादिरूप से धर्मस्थान का उपदेश देने वाले, पुनः पास में बुलाकर भी त्यागने वाले, इन श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में यदि विचार करें तो, इनकी केवल निर्दयता ही बाकी रह जाती है, उस निर्दयता के कारण ही तो ये हमारे महान् दुःख को नहीं देख पाते ॥५७॥

इस श्लोक की स्वयं व्याख्या करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि—इस श्लोक में गोपियों ने 'चातुरीभिः' इसके द्वारा श्रीकृष्ण की 'अनर्थज्ञता' एवं 'धर्मधाम दिशतः' इसके द्वारा अधार्मिकता दूर कर दी। और 'चातुरी' एवं 'धर्मोपदेश' इन दोनों विशेषणों के द्वारा अर्थज्ञता एवं धार्मिकता इन दोनों की रहितता निषेध कर दी। पुनः 'चातुरीभिः' इसके द्वारा विमूढता, 'ताभिर्नस्तु कर्षतः' इसके द्वारा पूर्णता एवं मुक्तता निषेध कर दी। उसमें भी अपनी इच्छा से किये हुए अन्तर्धान का उल्लेख न करने के कारण कृतघ्नता निषेध कर दी। और त्यागने पर हमारे दुःखों के न देखने के कारण निर्दयता तो अवशिष्ट रह जाती है, यही भावार्थ युक्तियुक्त है ॥५८॥

श्रीकृष्ण तो पूर्वोक्त प्रकार से अपनी निर्दयता को समझकर, अपनी शुद्धि को जताने के लिए पुनः बोले—हे सखियो ! मैं पूर्वोक्त स्वार्थी आदि व्यक्तियों के समान नहीं हूँ, इसलिए तुम मुझको किसी बात का लोभी मत विचारो। मैं प्रेम की वृद्धि के विषय में उस प्रेमवर्धक स्थानस्वरूप विरह को स्वीकार करके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

युष्मान् वाच्यं किमिह मयका मायितावत् प्रतीते-
रेतद्यन्मे व्यसनमसकृन्मां च दुःखाकरोति ॥५९॥

यूयं हित्वा निखिलमनिशं कामयध्वे परं मां
मत्काम्यास्तु प्रयुतनियुतं प्रेमभेदेन सन्ति ।
तस्मान्न प्रत्युपकृतिकला-लेशकल्पं विधातुं
शक्नोमीति प्रथयत निजैः सद्गुणैरेव तुष्टिम् ॥'६०॥

"तदेवमनवद्यं कृष्णवद्यमवधार्य,—

"मनोज्ञत्वेन न परं स्वरूपत्वमिहान्वभूत् ।
बुधत्वेनापि कृष्णस्य सतृष्णोऽयं प्रिया-गणः ॥६१॥

"तत्र गीर्वाणीनामाकाशतः परिहासवाणीयम्,—

'रुचिमनु कुटिलाक्षीणां, स्तुतिमनु जिह्मं ब्रुवाणानाम् ।
माधव ! गोपवधूनां, गुणतः कस्मान्मुदं तनुषे ? ॥'६२॥

"स एको जयतान्मानमातङ्गो व्रजसुभ्रुवाम् ।
हरिणा निर्जितस्यापि यस्य वीर्याद् विभीयते ॥"६३॥

भी, उस प्रेम की वृद्धि को ही चाहता रहता हूँ । अतः मैं तुम्हारे प्रति इस विषय में और क्या कहूँ ? अधिक मीठी बातें बनाने से तो कपटीभाव की सी प्रतीति हो जायगी । इसलिए मेरी यह दुरवस्था ही मुझको एवं तुम सबको दुःखित कर रही है ॥५९॥

हे प्रेयसीप्रेमप्रतिमा गोपियो ! देखो, तुम सब तो सबको त्यागकर निरन्तर केवल मुझको ही चाहती हो, किन्तु मेरे वाञ्छनीय तो दास्य, सख्य आदि प्रेम के भेद से लाखों करोड़ों भक्त हैं । इसलिए तुम्हारी कामना केवल मुझमें होने से एवं मेरी कामना अनेक भक्तों में होने के कारण, मैं तुम्हारे प्रति प्रत्युपकार की कला के लेश के समान भी नहीं कर सकता हूँ । अतः तुम सब अपने सद्गुणों के द्वारा ही सन्तोष को विख्यात करो ॥६०॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण के अनिन्दित वचन को सुनकर, केवल कृष्ण की तृष्णा वाला यह कृष्णप्रिया गोपियों का समूह, श्रीकृष्ण के पूर्णपाण्डित्य, सत्यवादिता आदि गुणों के रहते हुए भी, उनकी मनोहरता के कारण यहाँ पर अन्य पाण्डित्य आदि का अनुभव न कर सका । सच्चे प्रेम का यही स्वरूप है ॥६१॥

वहाँ पर उस समय आकाश से देवाङ्गनाओं की यह परिहासवाणी प्रगट हुई—हे माधव ! मिलन की रुचि को लक्ष्य करके भी कुटिल नेत्रोंवाली, एवं स्तुति को लक्ष्य करके भी कुटिलतापूर्वक बोलनेवाली इन गोपियों के कौन से गुण से तुम हर्ष का विस्तार कर रहे हो ? बताओ तो सही ॥६२॥

और व्रजाङ्गनाओं का वह मुख्य मानरूप मातङ्ग (हाथी) सदा विजय को प्राप्त होता रहे । क्योंकि श्रीकृष्ण के द्वारा पराजित होने पर भी, जिस मानमातङ्ग के पराक्रम से श्रीकृष्ण भयभीत होते रहते हैं । बस, यही उसकी विचित्रता है ॥६३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ समापनम्,—

"वैदग्धीदिग्धबुद्धीद्धः सोऽयं राधे ! सखा तव ।
अलम्भूष्णुं तत्र मेने यस्त्वां तूष्णीं स्थितामपि ॥"६४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु विप्रलम्भस्तम्भन-श्रीकृष्णलम्भनं नाम
पञ्चविंशं पूरणम् ॥२५॥

अथ षड्विंशं पूरणम्

श्रीरासविलासविस्तारः

अथ स्निग्धकण्ठ उवाच,—

"सुवचनमघशत्रोः शृण्वती श्रेणिरासां, विरह-जनितदुःखं पूर्वसिद्धं व्यधावीत् ।
परमिह न तदेव व्याधुनोत् किन्तु शङ्का,-न्तरमपि यदमंस्त स्पष्टमायत्तमेतम् ॥१॥

"तदेवममूरुत्फुल्लवदन-कञ्जसदन-मंजुनयनखञ्जरीटाः स पुनर्मञ्जुलमाभासते स्म,—॥२॥

'युष्मत्कृते स्म सुचिरान्मनसास्मि दूय,-मानेन यूयमपि तस्थ मदर्थमेव ।
तस्याथ दुर्लभतमस्य मनोरथस्य, प्राप्ताविहानुरहसं महमाचराम ॥'३॥

अनन्तर प्रसङ्ग समाप्तिद्योतक वचन, यथा—हे राधे ! तुम्हारे प्यारे ये सखा श्यामसुन्दर चातुर्य-मिश्रित बुद्धि से देदीप्यमान हैं, क्योंकि जो उस गोपीमण्डल में चुप खड़ी हुई भी तुमको सबसे अधिक होनहार मानते रहे ॥६४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये वियोगदूरीकरण-श्रीकृष्णप्रापणं नाम
पञ्चविंशं पूरणं संपूर्णम् ॥२५॥

छब्बीसवाँ पूरण

श्रीरासविलास का विस्तार

अनन्तर स्निग्धकण्ठ बोला—श्रीकृष्ण के सुन्दर वचन सुनती हुई गोपीश्रेणी ने पूर्वसिद्ध अन्तर्धान निमित्त श्रीकृष्ण के विरह से उत्पन्न हुए दुःख को दूर कर लिया। और केवल विरहजनित दुःख को ही दूर नहीं किया, किन्तु भावीविरह की दूसरी शंका को भी खण्डित कर दिया, क्योंकि श्रीकृष्ण के पूर्वोक्त वचनों से इनको स्पष्टरूप से अपने अधीन ही समझ लिया ॥१॥

अतएव पूर्वोक्त प्रकार से अपने प्रियतम की प्रसन्नता के कारण खिले हुए, मुखकमलरूप गृह में मनोहर नेत्ररूप खञ्जनपक्षी है जिनके, ऐसी गोपियों के प्रति श्रीकृष्ण पुनः मनोहरतापूर्वक बोले— ॥२॥

हे प्रियतमा ! गोपियो ! देखो, मैं बहुत दिन से तुम्हारे लिए उत्तप्त मन से ही विद्यमान रहा, और तुम भी मेरे लिए ही सन्तप्त चित्त से स्थित रहीं। अब उस अत्यन्त दुर्लभ मनोरथ की प्राप्ति के निमित्त, इस दिव्य वृन्दावन में रहस्य के सहित हम तुम मिलकर महोत्सव मनावें ॥३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स च रासरसरूप एव निरूप्यते,—

"तथाहि—दीपः शारदभूरिपूरितशशी यत्रास्ति वृन्दावनं
रङ्गः श्रीव्रजनायिकाः स्वयमिमा यूयं कलाकोविदाः ।
तं चेमं समयं समेत्य मुदितः सोऽहं हरिः किं परं
कर्तास्मि क्षणमन्तरा तमपि किं रासं विना भोः प्रियाः ! ॥४॥

"इति क्षीणतमा व्रज-जलधिसम्भवाक्षीणचन्द्रमाः सर्वा अपि ताश्चकोराक्षीरषडक्षीण-युगपदालिङ्गनादिना सुखलक्षलक्षितीकृत्य बलवदादृत्य रासनृत्यविधये निर्जम्बालमस्तम्ब-जालमबन्धुरं बन्धुरं कमलबन्धुजा-पुलिनमावृत्य परस्परकरसंवलनया वलयाकाराश्चकार ॥५॥

"कृते च वलये,—

"कृष्णायाः पुलिनं गतेन रमणेनापूरि कामस्तदा
तेनामुष्य मनस्तथा प्रतिपदं तेन द्वयं चक्षुषोः ।
तेनाङ्गस्फुरदङ्गनासमुदयस्तेनाथ पूर्वं परं
सर्वं पर्व च तद् ब्रुवे किमपरं नाद्यापि विश्राम्यति ॥६॥

और वह महोत्सव भी रासरसरूप ही निरूपित हो रहा है। देखो! देश, काल, पात्र भी रासरस के अनुकूल ही दिखाई दे रहे हैं, यथा—जिस विशुद्ध व्रजमण्डलरूप स्थान में विशेष परिपूर्णमण्डलवाला शरत्-कालीन चन्द्रमा ही दीपक है, एवं श्रीवृन्दावन ही रङ्गभूमि (क्रीडास्थल) है, और सकलकलाप्रवीण ये तुम सब स्वयं श्रीव्रजनायिका बनी हुई हो। और पहले उद्देश्यमय इस समय को पाकर मैं वही तुम्हारा प्यारा दीनजनदुःखापहारी हरि भी प्रसन्न हूँ। ऐसी स्थिति में मैं उत्सव के बिना अन्य क्या कार्य करूँगा ? और हे प्रियाओ! उस उत्सव को भी रास के बिना क्या करूँगा ? ॥४॥

इस प्रकार कह कर निज जनों के शोकरूप अन्धकार को दूर करनेवाले, व्रजरूप क्षीरसमुद्र से उत्पन्न होनेवाले परिपूर्ण चन्द्ररूप श्रीकृष्णचन्द्र ने, उन चकोरलोचना सभी गोपियों को परस्पर सलाहपूर्वक एकसाथ आलिङ्गन आदि के द्वारा, लाखों प्रकार के सुखको लक्षित कराकर, अर्थात् दिखाकर, एवं अधिक आदर करके, रासमय नृत्य करने के लिए, कीचड़ से रहित, कुश काश आदि से रहित, ऊंची नीची भूमि से रहित (समतल) मनोहर यमुनापुलिन को घेर कर, परस्पर करग्रहणपूर्वक, उन गोपियों को मण्डलाकार बना दिया ॥५॥

उस मण्डल (गोलाकार) की रचना के बाद, श्रीयमुनापुलिन में विराजमान राधारमण श्रीकृष्ण ने उस समय गोपियों का मनोरथ पूरा कर दिया। उस मनोरथ ने श्रीकृष्ण के मन को परिपूर्ण कर दिया, उस परिपूर्ण मन ने श्रीकृष्ण के दोनों नेत्रों को प्रतिक्षण पूर्ण कर दिया, उन दोनों नेत्रों ने शोभायमान अङ्ग-वाले गोपाङ्गना समुदाय को परिपूर्ण कर दिया, और उस अङ्गना समुदाय ने तो पूर्वापर सम्पूर्ण महोत्सव को ही परिपूर्ण कर दिया। अतः इससे अधिक और क्या कहूँ ? श्रीकृष्ण का वह दिव्य रासलीला महोत्सव आज भी विश्राम नहीं ले रहा है, अर्थात् दिव्य दृष्टिवालों को आज भी वही नित्यरासविलास श्रीवृन्दावन में होता दिखाई देता है ॥६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्वकलितचये वलये वनमाली शोभानिचयमुपलभमानश्चिन्तयामास,—॥७॥

'उपरि यथोज्ज्वलमिन्दो,-र्वलयं पुलिनं तथा भुवि च ।
किन्तु कलङ्कस्तस्मि,-न्निर्मलरमणी-कुलान्यत्र ॥'८॥

"तदहो ! चामीकरमणिसराकारोऽयं रमणीय-रमणीवलयः प्रतियुग्ममध्यं यदि महा-मरकतायमान-नायक-सम्बध्यमानतामाबध्नाति, तदा हृद्यतामापद्यते ॥९॥

"तच्च तथा-वेशेन मत्प्रवेशेन परं सिध्यतीति निध्याय स्थितः सन्नकस्माद् यथा मनोरथाकारमेवात्मस्थितवान्, यथा स्वयमपि कथमिति तु न तत्प्रथनमवाप ॥१०॥

"ततश्च, हरिहरिणाक्षीवलितं, पुलिनं तद् वल्गु भाति स्म ।
स्वप्रतिबिम्बेनादाद्, यद्विधुबिम्बाय सारूप्यम् ॥११॥
सुहृदिन्दोः पुलिनं तत्,-पुलिनस्याभून्नतभ्रुवां प्रचयः ।
तत्प्रचयस्य च वलनं, श्रीयुतगोपालमूर्तीनाम् ॥१२॥

"यत्र च—

परस्परकरावलिग्रथितमण्डलीमण्डनी,-रनुस्वमबलामिलन्नुभयतस्तदा माधवः ।
तदीयभुजपाश्यया कलितमृष्टपृष्ठस्तथा, तदंसनिहितात्मदोरभवदेष रासोद्यमे ॥१३॥

अतः पूर्वोक्त प्रकार से स्वयं जिस मण्डल का विस्तार किया है, उस मण्डल के मध्य में शोभा के समूह को प्राप्त होते हुए, श्रीवनमाली अपने मन में विचार ने लगे— ॥७॥

जिस प्रकार आकाश में ऊपर उज्ज्वल चन्द्रमण्डल है, उसी प्रकार भूतल में भी परम उज्ज्वल यमुनापुलिन विद्यमान है। उस चन्द्रमण्डल में तो कलङ्क है, किन्तु इस पुलिन में तो निर्मल रमणीकुल विराजमान है ॥८॥

इसलिए हर्ष की बात तो यह है कि, सुवर्णमणि निर्मित हार के से आकार वाला यह रमणीय रमणीमण्डल, प्रत्येक जोड़ी के बीच में यदि महामरकतमणि के समान नायकमणि, अर्थात् मध्यमणि के द्वारा संयुक्त हो जाय, तब तो मनोहरता को प्राप्त हो जाय ॥९॥

और वह मनोहरता भी "प्रत्येक जोड़ी के बीच" उसी प्रकार के वेषवाले मेरे प्रवेश के द्वारा ही सिद्ध हो सकती है। इस प्रकार विचार कर खड़े हुए श्रीकृष्ण, अकस्मात् जिस प्रकार मनोरथ किया था, उसी प्रकार के आकार से युक्त होकर स्थित हो गये। किन्तु किस प्रकार मनोरथाकार परिणत हो गया इस ख्याति को स्वयं भी न प्राप्त हुए ॥१०॥

तदनन्तर वह सब अनेक रूप धारण आदि उनकी लीलाशक्ति के द्वारा हुआ, इसी का वर्णन करते हैं कि—उस समय श्रीकृष्ण एवं गोपियों से संयुक्त वह यमुनापुलिन मनोहर शोभा पारहा था, जिस पुलिन ने अपने प्रतिबिम्ब के द्वारा चन्द्रमण्डल के लिए समानरूपता दे दी थी ॥११॥

और उस समय वह पुलिन चन्द्रमा का मित्र हो गया था, एवं गोपियों का समूह पुलिन का मित्र, तथा श्रीकृष्ण की अनेक मूर्तियों का मिलन ही गोपीसमूह का मित्र हो गया था ॥१२॥

और जिस रासमण्डल में उस रास के उद्योग में श्रीकृष्ण उन प्रत्येक गोपियों के दोनों बगल सम्मिलित होगये, उसमें वे गोपियाँ परस्पर बाहुसमूह के द्वारा गुथीहुई मण्डली की शोभा बढ़ा रही थीं। ये

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गौरीकृष्णौ गौरीकृष्णा,-वित्थं लक्षे लक्षे युग्मे ।
वृत्ताकारे वंशीशंसी, राधासङ्गी तस्थौ मध्ये ॥१४॥

रासं प्रारभत स्वयं हरिरसौ कैशोरकं मानय-
न्नित्येवं स पराशरोऽपि भगवान् प्रावोचदुच्चैर्यतः ।
तस्माद्गोप-वधूभिरेव सफलं तज्जातमित्थं तु मे
हंहो पश्यत वच्मि वा किमपरं रोम्णां च जातं महः ॥१५॥
स विविधवनिता-वृन्दै,-र्यदपि बहुप्रेयसी तदा जज्ञे ।
तदपि च राधाज्ञप्ति,-र्मन्ये तस्यापराः कृतयः ॥१६॥

"तदेवम्,—अनङ्गमङ्गेन निजेन साङ्गं, कृत्वाधिरङ्गक्षिति सङ्गमय्य ।
अङ्गीचकाराङ्गजमङ्गहारै,-र्नव्याङ्गनासङ्गममङ्गलाय ॥१७॥

कलितकनकभासः स्मेरनेत्रा विधूति,-क्षुभितवलयवीथीशिञ्जितव्यक्ततालाः ।
विविधगतिविहारानङ्गसाराङ्गहारा, हरिहरिमणिमूर्तीरन्तरा ता विरेजुः ॥१८॥

श्रीकृष्ण भी उन गोपियों की भुजारूप रज्जू द्वारा ग्रहण की हुई निर्मल पीठ से युक्त थे, तथा उन प्रत्येक गोपियों के कन्धे पर अपनी भुजा को अर्पण किये हुए थे ॥१३॥

और "गौरी एवं कृष्ण, गौरी एवं कृष्ण" इस प्रकार गोलाकार उस लाखों की संख्यावाली युगल-जोड़ी के मण्डल के बीच में, वंशी बजानेवाले श्रीकृष्ण श्रीराधिका के सङ्गी बनकर स्थित हो गये ॥१४॥

उन रसिकशेखर श्रीकृष्णचन्द्र ने किशोरावस्था का सम्मान करतेहुए, स्वयं रास प्रारम्भ कर दिया। जिस कारण से भगवान् श्रीपराशर ने भी उच्चस्वर से विष्णुपुराण में 'सोऽपि कैशोरकवयो मानयन् मधुसूदनः' इसी प्रकार कहा है। उसी कारण से 'वह किशोरावस्था गोपाङ्गनाओं के साथ ही सफल होगई' इस प्रकार मैंने भी वर्णन कर दिया। अहह ! हे अन्तरङ्ग श्रोताओ ! मेरी ओर देखो तो सही। मैं और अधिक क्या कहूँ ? मेरे तो रोमाञ्चों का ही महोत्सव उत्पन्न होगया है--('एकादशसमास्तत्र गूढार्चिः सबलोऽवसत्' इत्युक्तदिशा एकादशभिर्वर्षैरेव सर्वा व्रजलीलाः कृताः। तत्र सप्तमवर्षवयसि गोवर्धनधारणं, अष्टवर्षवयसि रासलीला। अष्टवर्षीय-बालस्य पौगण्डमेववयः "कौमारं पञ्चमाब्दान्तं पौगण्डं दशमावधि। कैशोरमापञ्चदशात् यौवनं तु ततः परम्" इत्युक्तेः। अतः पौगण्डे कैशोरलीला असम्भाव्या । अत्र समाधानं—अचिन्त्य महिम्ना पौगण्ड एव कैशोरता सम्पादिता। अलं बहुना। अत्र विशेषजिज्ञासाचेत्तर्हि (भा० १०।२९।१।) श्रीविश्वनाथचक्रवर्ति टीकारम्भो द्रष्टव्यः) ॥१५॥

उस समय श्रीकृष्ण यद्यपि अनेक प्रकार के स्त्रीसमूह के कारण बहुप्रेयसी (बह्व्यः प्रेयस्यो यस्य) अर्थात् बहुत सी प्रियतमाओंवाले बनगये थे, तथापि राधा तो श्रीकृष्ण की ज्ञानशक्ति थी, एवं अन्य गोपियाँ उनकी क्रियाशक्ति थीं, मैं ऐसा ही मानता हूँ ॥१६॥

अतः इस प्रकार अपने अङ्ग के द्वारा अनङ्ग को भी साङ्गोपाङ्ग बना कर, रङ्गभूमि में पहुँचाकर, श्रीकृष्ण ने नवीन अङ्गनाओं के सङ्गमरूप मङ्गलाचरण के लिए, कर पादादि संचालन के सहित, काम सम्बन्धी कार्य को अङ्गीकार कर लिया ॥१७॥

उस समय देह की कान्ति से कनक की कान्तिको चुरानेवाली, प्रफुल्लित नेत्रोंवाली, चलने के कारण क्षुभित हुई चूड़ियों की पंक्ति के शब्द से स्पष्ट ताल लगानेवाली, अनेक प्रकार की गति के विहार करने-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, नवीनविनतभ्रुवां निज-नवीनकान्तच्छवी-
जुषां नटनचातुरीकुलधुरीणलीलायुजाम् ।
चलद्वलयश्रृङ्खलावलितनूपुराणां ध्वनि-
र्नटाध्व-निधि-तालतां ध्वनयति स्म यावद्दिवम् ॥१९॥

रासे शिञ्जिततालजालमुदभूत्तद्वद्यथा खेचरा-
नप्याकृक्षदहो विदूरतरतः कृत्वेव पूर्वस्थितान् ।
द्योयानाभिधमञ्चसञ्चयगता वाद्यं च गीतं च ये
सभ्यत्वं च समं मदाद्विदधतः स्वं नात्र निश्चिक्यिरे ॥२०॥

"तत्र देवीनां सङ्कल्पः,—

'पश्य पश्य,—हरिणा गानमासादि गानेन रमणीकुलम् ।
रमणीभिरथो गानं गानेन स हरिः पुनः ॥२१॥

पुलिनं विलसत्कृष्णं, कृष्णं सालिङ्गनाङ्गनं कलय ।
आङ्गनमभिनवगीतं, गीतं सङ्गीतसङ्गि सङ्गीतम् ॥'२२॥

"तत्र स्वयमारम्भे लास्यसम्भेद एव जातः ॥२३॥

वाली, अनङ्ग के साररूप अङ्ग के हारोंवाली वे सब गोपियाँ, इन्द्रनीलमणि की सी श्रीकृष्ण की मूर्तियों के बीच बीच में विराजमान हो रही थीं ॥१८॥

उसके बाद सभी गोपियाँ रासमण्डल में नृत्य कर रही थीं, उनकी नवीन भौं नव रही थीं, एवं वे अपने अपने नवीन प्रियतम की कान्ति का सेवन कर रही थीं, और वे नृत्य चातुरी के समूह की उत्कर्षमयी लीला से युक्त थीं । उनके चलते हुए कंकणों की श्रृङ्खला से मिली हुई नूपुरों की ध्वनि, नृत्यमार्ग के निधि-रूप ताल के भाव को स्वर्ग तक प्रकाशित कर रही थी ॥१९॥

अहह ! उस समय रास में भूषणों का शब्द एवं हाथों का तालसमूह उस प्रकार उत्पन्न हुआ कि, जिस प्रकार उस सामूहिक शब्द ने बहुत दूर से आकाशचारी देवादिकों को भी पूर्वस्थित जैसे करके ही आकर्षित कर लिया । और जो देव उपदेव विमान नामक अपने अपने मञ्च (शय्या)समूह पर बैठे हुए रास देख रहे थे, वे सब यहाँ पर आनन्द के कारण एकसाथ गाना, बजाना एवं सभ्य समाज का व्यवहार करते हुए, अपने स्वरूप को भी भूल गये । अर्थात् हम कौन हैं, कहाँ है ? इस बात का भी वे निश्चय न कर पाये ॥२०॥

वहाँ पर आकाशस्थ देवियों का वार्तालाप, यथा—अरी ! बहिनो ! देखो, देखो । श्रीहरि ने गायन प्राप्त कर लिया, एवं गायन ने गोपाङ्गनासमूह को प्राप्त कर लिया, तथा गोपाङ्गनाओं ने गायन को और गायन ने पुनः श्रीहरि को ही प्राप्त कर लिया, अर्थात् यह कैसा आश्चर्यमय चक्र घूम रहा है ॥२१॥

अरी ! बहन ! विलास करते हुए श्रीकृष्ण से युक्त इस पुलिन को देख, एवं गोपाङ्गनाओं के आलिङ्गन से युक्त श्रीकृष्ण को देख, और अभिनव गीत गानेवाले अङ्गनासमूह को देख, तथा सङ्गीत-शास्त्र के अनुसार अच्छी प्रकार गाये गये गीत को सुन ॥२२॥

और उस रासके आरम्भ में स्वयं नृत्य सम्मेलन भी हो गया ॥२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तद्यथाभिनयं यथा—

"अङ्गहारचलदङ्गहारिषु, स्वान्तहारिविलसद् विहारिषु ।
लास्यकारिषु च लास्यमाचरन्, भ्रूनटीघटितनेत्रनर्तकाः ॥२४॥

"तौर्यत्रिकशौर्यवराणां खेचराणां वाद्ये तूद्भूते ताण्डवमण्डलं च साभिनयम् । यथा—

उद्यद्दुन्दुभिमड्डुडिण्डिम-डमर्वाद्ये मृदङ्गं गते
वाद्ये द्योपदविद्यवाद्यनदने सद्योऽथ विद्योतिते ।
ते तद्भ्रूकुटनाट्यनीतिघटनासङ्गेन निष्कुण्ठता-
सूत्कण्ठाः पदपाणिकण्ठकटिसम्मोटालिकोटिं दधुः ॥२५॥

"तत्र च शस्त्रप्रशस्तानामिव तेषां कृतहस्तकानां पुनर्लक्ष्यादच्यव एव लक्षितः ॥२६॥

"तथाहि—हित्वा हित्वाप्यत्र हस्तालिबन्ध,-तालालम्बाहस्तकानि प्रदर्श्य ।
गौरी-श्यामा लाघवात् पूर्णमाना, रासोल्लासे तद्वदासन् पुनश्च ॥२७॥

और नृत्य सम्मेलन भी अभिनयपूर्वक हस्तचालनादि द्वारा हुआ, यथा—उस रासमण्डल में श्रीकृष्णरूप अनेक नट जब नृत्य कर रहे थे, तब अपनी अपनी भ्रुकुटीरूप नटी के साथ अपने अपने नेत्ररूप नर्तकों का सम्मेलन करनेवाली गोपियाँ भी नृत्य करने लग गईं । कृष्णरूप नर्तक अपने अपने अङ्गों के विक्षेप के कारण चलते हुए हस्त पादादि अङ्गों से मनोहर हो रहे थे, एवं चित्तको हरनेवाले विलासयुक्त विहार से विशिष्ट थे ॥२४॥

और नृत्य (नाचना), गीत (गाना), वाद्य (बजाना) आदि की शूरवीरता में श्रेष्ठ आकाशचारी देव, गन्धर्व आदि उपदेवों का वाद्य जब उत्पन्न हो गया, अर्थात् आकाश में जब देवताओं के बाजे बजने लगे, तब अभिनयपूर्वक, अर्थात् इशारा आदि के द्वारा मन के अभिप्राय प्रकटनपूर्वक मण्डलाकार नृत्य, यथा—बजने के लिए उद्यत दुन्दुभि, मड्डु (जलतरङ्ग), डिण्डिम (डुगडुगी), और डमरु आदि बाजे जब मृदङ्ग को पाकर मिल गये, और स्वर्ग में विद्यमान बाजाओं के शब्द भी जब शीघ्र ही प्रकाशित हो उठे, तब उत्कट नृत्य की नीतिमय घटना के सम्बन्ध से मौनभाव एवं सुन्दर महती उत्कण्ठा से युक्त, वे श्रीकृष्ण एवं गौराङ्गी गोपियाँ सभी हाथ, पैर, कण्ठ, कटि आदि के मोड़ने की श्रेणी के करोड़ों भेद धारण करने लगे ॥२५॥

और शस्त्रविद्या में प्रशंसनीय एवं बाण चलाने में सुनिपुण व्यक्ति जैसे लक्ष्य (निशाने) से कभी भी नहीं चूकते, उसी प्रकार वहाँ पर गोपी-कृष्णरूप मण्डल भी परस्पर धारण करने में निपुण था, अतः परस्पर करबन्धनरूप लक्ष्य से चूकता ही नहीं दीखता था ॥२६॥

देखो, रासमण्डल में अनेक गोपी-कृष्ण एक बार हस्तसमूह को परस्पर बाँधकर भी पुनः हाथों के बन्धन को छोड़कर, ताल अवलम्बनपूर्वक हाथों की क्रियाओं को दिखाकर, शीघ्रता के कारण अपने अपने चित्त की उन्नति को परिपूर्ण कर, पुनः उस रास के उल्लास में पहले की भाँति, परस्पर हाथ बाँधकर स्थित हो गये ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पुष्प-वृन्दमपतन्मुहुर्मुहुः, कृष्णगौरतनुमण्डलीमनु ।
वृष्टिरूर्ध्वमधरत्र नीरभृद्,-विद्युदालिरिति यत्र चित्रता ॥२८॥

"अत्र देवा देव्यश्च भव्यभावभवान्नव्यपरिभवात् कमलाक्षं साक्षादिव सम्बोधयन्तस्तथा योगमायाया योगतः परं स्वस्वयोग्यमन्तः समधिगम्य रम्यमिदं वाद्यकोलाहलावृतमुज्जगुः ॥२९

"तदेतदेकीकृत्यानुगीयते,—

'जय जय सद्गुणसार ! ।
जगति विशिष्टं कलयितुमिष्टं गोकुल-लसदवतार ! ॥ध्रुवम्॥३०॥
कमलभवेश्वरवैकुण्ठेश्वरपत्नीचिन्तितसेव ! ।
राजसि रासे वलितविलासे निजरमणीभिर्देव ! ॥३१॥
नटवत् परिकर ! निखिलकलाधर ! रचितपरस्परमोद ! ।
आलिङ्गनमुखवितनमहासुख ! बल्लववधुहृततोद ! ॥३२॥
व्यतिवीक्षणकृतसात्त्विकपरिवृतमण्डलमनु बहुमूर्ते ! ।
व्रजतरुणीगणरचितनयनपणसचितवशीकृतिपूर्ते ! ॥३३॥

उस समय श्रीकृष्ण एवं गौरविग्रहवाली गोपीमण्डली को लक्ष्य करके, देवताओं के द्वारा गिराया गया पुष्पसमूह बारम्बार गिर रहा था। अर्थात् आकाश से बारम्बार पुष्पों की वृष्टि हो रही थी। किन्तु जिसमें आश्चर्य की बात यही थी कि, वर्षा तो ऊपर की ओर से हो रही थी और मेघमण्डली के सहित विद्युत्श्रेणी नीचे की ओर भूमि पर थी। अर्थात् श्याममेघस्वरूप श्यामसुन्दरश्रेणी एवं बिजली के समान चमकती हुई गोपीश्रेणी भूमि पर ही तो थी ॥२८॥

इसी समय देवता और देवियाँ मङ्गलमय मनोहरभाव से उत्पन्न हुए अपने नवीन परिभव के कारण, कमलनयन श्रीकृष्ण को साक्षात् सम्बोधन करते हुए, तथा भगवत्कृपारूपिणी योगमाया के सम्बन्ध से अपने अपने योग्य उत्कृष्ट विषय को अन्तःकरण में समझकर, वाद्यों के कोलाहलपूर्वक आगे कहे जाने वाले इस रमणीय गायन को उच्चस्वर से गाने लगे ॥२९॥

उन देव एवं देवियों के इस गीत को मैं एकत्रित करके अनुगायन (पीछे गायन) करता हूँ यथा— जगत् में विशिष्ट सुख को देने के लिए गोकुल में शोभायमान अवतार लेनेवाले! एवं सद्गुणों के सार! प्रभो! आपकी बारम्बार जयजयकार हो ॥३०॥

हे देव! ब्रह्मा, शिवजी एवं विष्णुपत्नी-लक्ष्मी ये सब आपकी सेवा की चिन्ता करते रहते हैं कि, श्रीकृष्णसेवा का सुअवसर कब मिले, और आप अपनी रमणियों के सहित विलासयुक्त रास में विराजमान हो ॥३१॥

हे भक्तों की रक्षा के लिए नट की तरह प्रतिक्षण फेंट कसकर तैयार रहनेवाले! सम्पूर्ण (६४) कलाओं को धारण करनेवाले! परस्पर आनन्द की रचना करनेवाले! गोपियों के लिए आलिङ्गन आदि महासुख का विस्तार करनेवाले! एवं गोपाङ्गनाओं की व्यथा को हरनेवाले! प्रभो! आपकी जयजयकार हो। ३२॥

और हे परस्पर के दर्शन से उत्पन्न स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च आदि सात्त्विक भावों से परिवृत (युक्त) गोपीमण्डल को लक्ष्यकर अनेक मूर्ति धारण करनेवाले! प्रभो! एवं व्रज के युवतीगण के ऊपर किये गये नेत्रों के व्यवहार के सङ्ग से वशीकरण की पूर्ति करनेवाले! प्रभो! तुम्हारी बारम्बार जय हो ॥३३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चरणकञ्जधृतिकरपल्लवकृतिचिल्लीवलितविहारान् ।
मध्यभङ्गततिमणिकुण्डलगतिपुलकस्वेदविकारान् ॥३४॥
कलयति भवता घनसाम्यवता तडिदिव सर्वा ललना ।
अपि वः परिमितितरतमतामिति सेयं ज्ञपयति तुलना ॥३५॥
सुमधुरकण्ठे नृत्योत्कण्ठे तव रतिमात्रप्रीते ।
त्वत्स्पर्शामृतमदचयसंवृतचित्ते भावक्रीते ॥३६॥
युवतीजाते गीतजशातेनावृतविश्वप्रभवे ।
यस्त्वं राजसि तत् सुखभागसि नम एतस्मै प्रभवे ॥३७॥
या सह भवता विस्मयमवता स्वरजातीरतिशुद्धम् ।
गायति सेयं निखिलैर्गेयं कलयति निजगुणरुद्धम् ॥३८॥
तत उत्कर्षं वलयितहर्षं वलयति येयं गाने ।
सा श्रीराधा वलिताराधा भवता कलिता माने ॥३९॥
येयं रासे श्रमजविलासे विगलन्मल्लीवलया ।
सा भवदंसे लसदवतंसे धरति करं वरकलया ॥४०॥

और मेघ की समानता वाले आपके साथ बिजली की समानता वाली सभी, अर्थात् प्रत्येक गोपीरूप ललना एकसाथ चरणकमलों का धरना, परस्पर करपल्लव का सम्मेलनरूप कार्य, एवं भ्रूलता से युक्त विहारों को, और मध्य अङ्ग, अर्थात् क्षीण उदर के मोड़ने की श्रेणी, एवं मणिमयकुण्डलों की चाल, तथा रोमाञ्च, पसीना आदि अनेक विकारों को धारण कर रही है। अतः आप सबको मेघ एवं बिजली की समानता की जो यह तुलना (उपमा) है, वह आप सबके परिमाण के तारतम्य को जना रही है। अर्थात् गोपियों की तो बिजली के समान कृशाङ्गता को एवं आपकी मेघ के समान पुष्टाङ्गता को जना रही है। यह युग्मक है ॥३४–३५॥

और सुमधुर कण्ठवाले, नृत्य की उत्कण्ठावाले, तुम्हारी प्रीतिमात्र से प्रसन्न रहनेवाले, तुम्हारे स्पर्शरूप अमृत से उत्पन्न मदसमूह से आवृत (ढ़के हुए) चित्तवाले, सङ्गीत से उत्पन्न हुए सुख के द्वारा विश्व के स्थान को आच्छादित करनेवाले, एवं आपके भावमात्र से खरीदे हुए, ऐसे युवतीसमूह में जो तुम विराजमान हो, और उनके सुख के भागी हो, अतः निग्रहानुग्रह समर्थ ऐसे प्रभु के लिए हमारा कोटिशः प्रणाम है। यह भी युग्मक है ॥३६–३७॥

इन गोपियों में भी राधा की विशेषता, यथा–हे प्रभो ! विस्मय की रक्षा करनेवाले, अर्थात् आश्चर्य-युक्त आपके साथ जो रमणी अत्यन्त शुद्धतापूर्वक निषाद, ऋषभ, गान्धार आदि स्वरसमूह को गा रही है, यह तो सबके द्वारा गायन करने योग्य गीत को, अथवा आपको अपने गुणों से पराजित कर रही है ॥३८॥

और उसके बाद यह जो रमणी अपने गायन में हर्ष प्रकाशपूर्वक उत्कर्ष को प्रस्फुटित कर रही है, वह श्रीमती राधिका आपकी आराधना से युक्त है, अथवा आपके द्वारा आराधित है, इसीलिए आपके द्वारा विशिष्ट सम्मान में स्वीकार की गई है। अर्थात् आप भी उसका विशेष सम्मान करते हो ॥३९॥

और यह जो रमणी श्रम से जायमान विलास से युक्त रास में विराजमान है, एवं जिसकी वेणी में

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

या चांसं परिभुजपरिघं परिचुम्बति तव सविनोदम् ।
हृष्यति सेयं तन्वगणेयं यद्रोम च सामोदम् ॥४१॥

चलकुण्डलधर ! गण्डमुकुरवर ! समिषस्पर्श-विधाने ।
ताम्बूलद्रवपरिवर्ताद्द्रवमयसे चुम्बनदाने ॥४२॥

एषा नर्तनकीर्तनवर्तनशिञ्जितजातसुताला ।
तव रामानुज ! करमतुलाम्बुजमिषमाधाद्धृदि बाला ॥४३॥

अथ रासक्रमपरिवलितश्रमवनितालम्बितदेह ! ।
परितोभ्रमणकगणविश्रमणक ! समुदितपरमस्नेह ! ॥४४॥

कविकृतनिश्चयशुभ्रयशश्चय ! मालासमुदयहारिन् ! ।
जय जय जय जय, जय जय जय जय, जय जय रासविहारिन् !'इति ॥४५॥

"राजसि रासे वलितविलासे' इत्युक्तं, रूपमेवं निरूपयन्ति,—

'रूपं यन्निजनित्यसौभगशिरोरत्नं नराकृत्यसा-
वानीयात्र यदीयशक्तिविभवस्याग्र्यां स्थितिं प्रेक्षयत् ।

स्थित मल्लिका पुष्पसमूह नीचे गिर रहा है, वही रमणी इस समय कर्णभूषण से सुशोभित आपके कन्धे पर श्रेष्ठ कलापूर्वक अपना हाथ धर रही है ॥४०॥

और जो तुम्हारे कन्धे को लक्ष्य करके विनोदपूर्वक तुम्हारे भुजरूप परिघ (अर्गल) का चुम्बन कर रही है, अतः यह हर्षित हो रही है। और इसके शरीर में अनगिनती जो रोम हैं, वे भी रोमाञ्च के बहाने आनन्दपूर्वक हर्षित हो रहे हैं ॥४१॥

हे चञ्चल कुण्डल धारण करनेवाले ! श्याम ! आपके दोनों कपोल श्रेष्ठ दर्पण के समान सुन्दर हैं। और तुम बहानेपूर्वक स्पर्श करने के निमित्त चुम्बन दान करने में, ताम्बूल द्रव के परस्पर परिवर्तन के कारण परिहास को प्राप्त हो रहे हो, अर्थात् परिहास कर रहे हो ॥४२॥

हे रामानुज ! नृत्य एवं गायन करने से जो भूषणों की ध्वनि, उसी से उत्पन्न सुन्दर ताल लगानेवाली यह बाला, अनुपम कमल के तुल्य तुम्हारे करकमल को अपने हृदय पर धारण कर रही है ॥४३॥

और रास की परिपाटी के द्वारा उत्पन्न हुए परिश्रम से युक्त वनिताओं के द्वारा आश्रित देहवाले ! प्रभो ! एवं रासमण्डल के चारों ओर भ्रमण करनेवाले अपने परिवारवर्ग को विश्राम देनेवाले ! तथा अच्छी प्रकार उत्पन्न हुए परम स्नेहवाले ! भगवन् ! तुम्हारी बारम्बार जयजयकार हो ॥४४॥

हे कवियों के द्वारा निश्चित किये गये निर्मल यशसमूह वाले ! एवं वनमाला, वैजयन्तीमाला आदिकों के समुदाय को धारण करनेवाले ! रासविहारिन् ! प्रभो ! तुम्हारी निरन्तर जयजयकार हो ॥४५॥

"हे प्रभो ! तुम विलासयुक्त रास में विराजमान हो" इस प्रकार कहे गये रूप को ही विज्ञजन इस प्रकार निरूपण करते हैं, यथा—श्रीकृष्णचन्द्र ने अपने नित्य सौभाग्य के मुकुटमणिस्वरूप जिस नराकृति रूप को भूतलपर लाकर, जिस रूप की शक्ति के वैभव की सर्वश्रेष्ठ मर्यादा को दिखला दिया, आश्चर्य की बात तो यह है कि, अपने सम्पूर्ण रूप, गुण आदि को अच्छी प्रकार जाननेवाले श्रीकृष्ण भी जिस अपने रूप

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

चित्रं विस्मयते यतः स्वयमपि स्वाशेषसंवेदिता
तस्मिन् भूषणभूषणेऽप्यधुरमूः शोभां स्वया शोभया ॥'४६॥

"तदुक्तम्, (भा० ३।२।१२)—'यन्मर्त्यलीलौपयिकम्' इत्यादि, (भा० १०।३३।७)—'तत्रातिशुशुभे' इत्यादिकम् ॥४७॥

"तदेवं सति श्रीराधिकायां तु कैमुत्यमेव स्तुत्यं जातम् ॥४८॥

"युवतीजात इत्यादावेवं वर्णयन्ति,—

'तासां व्रजकिशोरीणां नित्यमप्रसवात्मनाम् ।
गुणैः सप्रसवैः पूर्णं विश्वमप्यन्वयैरिव ॥'४९॥

"या सह भवतेत्यादावुपश्लोकयन्ति च,—

'शर्वब्रह्मसुरेशमुख्यदिविषद्वृन्दानि यद्गानतः
शश्वन्मोहमयुस्तमेव दयितं कृत्वानुगं या जगौ ।
सार्धं तेन पराञ्चमत्कृतिपरास्तां निर्निमाणामपि
व्यर्थीकृत्य विविक्तरागवलनां वन्दामहे राधिकाम् ॥'५०॥

से स्वयं विस्मित हो जाते हैं, एवं जो श्रीकृष्ण का रूप भूषणों को भी विभूषित कर देता है, (अर्थात् भूषणों से श्रीकृष्ण के रूप की शोभा नहीं बढ़ती, किन्तु पहने हुए भूषणों की ही शोभा बढ़ जाती है) इस प्रकार के गुणों से युक्त श्रीकृष्ण के रूप में भी वे सब गोपाङ्गनाएँ अपनी शोभा के द्वारा शोभा को धारणकर देती हैं। अतः गोपियों के यथार्थ उत्कर्ष का कौन वर्णन कर सकता है ? ॥४६॥

तृतीय स्कन्ध में श्रीकृष्ण का वह रूप "यन्मर्त्यलीलौपयिकं" इत्यादि से पूर्वोक्त प्रकार से ही कहा गया है, तथा गोपियों के द्वारा उसी श्रीकृष्ण के रूप की शोभावृद्धि में 'तत्रातिशुशुभे ताभिः' इत्यादि रासस्थ श्लोक ही प्रमाणरूप से कहा है। अर्थात् उस रासमण्डल में भगवान् यशोदानन्दन उन गोपियों के साथ उसी प्रकार अत्यन्त सुशोभित हुए, जैसे सुवर्ण की मणियों के बीच में ज्योतिर्मय महाइन्द्रनीलमणि सुशोभित होता है ॥४७॥

अतः ऐसी स्थिति में श्रीराधिकाजी में उन सब गोपियों की अपेक्षा जो वैशिष्ट है वह तो कैमुत्यन्याय से ही प्रशंसनीय हो गया। अर्थात् उन गोपियों के द्वारा ही जब श्रीकृष्ण की शोभा बढ़ गई, तब श्रीराधिका के द्वारा उनकी सर्वोत्कृष्ट शोभा बढ़ेगी, इस विषय में तो कहना ही क्या है ? यही कैमुत्यन्याय का स्वरूप है ॥४८॥

और "हे प्रभो ! युवतीसमूह में तुम विराजमान हो" इत्यादि के विषय में मर्मज्ञ विज्ञजन इस प्रकार वर्णन करते हैं—पुत्र पौत्ररूप सन्तान से युक्त अनेक वंशों के द्वारा जैसे विश्वपूर्ण है, उसी प्रकार उत्पत्तिरहित नित्य एकरस रहनेवाली उन व्रजकिशोरी गोपियों के विस्तारयुक्त गुणों के द्वारा विश्व परिपूर्ण हो गया था ॥४९॥

और 'या सह भवता' इत्यादि पूर्वगीत के अंश के विषय में रहस्यवेत्ता श्लोकों के द्वारा इस प्रकार स्तुति करते हैं—जिन श्रीकृष्ण के गायन से शिव, ब्रह्मा, इन्द्र आदि देववृन्द बारम्बार मोह को प्राप्त हो गये थे, अर्थात् मोहित हो गये थे, उन्ही प्रियतम श्रीकृष्ण को अनुगामी बनाकर जिसने गायन किया, और उन गोपियों द्वारा गाई गई विशुद्ध राग रचना को भी व्यर्थ बनाकर श्रीकृष्ण के सहित अन्य सभी गोपियों को चमत्कारपरायण करनेवाली उन्ही श्रीराधिका की हम वन्दना करते हैं ॥५०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तामेवोद्दिश्य चलकुण्डलेत्यादौ च कवयन्ति;

"तदधररसमाचान्तं, प्रागकृत द्विर्यदेष तद्युक्तम् ।
द्विजसंस्कृतताम्बूलं, कथमद्यादन्यथा तस्याः ? ॥५१॥

"किञ्च, कृष्णः स्नेहस्य मूलं किल लसति वपूरूपमित्येवमस्मिन्-
स्ताद्दग्नन्दव्रजान्तर्जनसदसि सदैवानुभूतिप्रचारः ।
सोऽयं यासाममंस्त प्रणयमयऋणान्यात्मनि प्रेयसीनां
तासामप्यूर्ध्वमूर्ध्वप्रथितनिधिमणिं राधिकामेव नौमि ॥५२॥
राधा स्वकान्तं वशितं विधाय, निःशेषमाक्रीडति तेन सार्धम् ।
नाहं तथेतीव शिवा शिवान्त,-स्तनौ निलीनार्धतनुच्छलेन ॥५३॥

"अथवा—अर्धेनार्धेन तन्वा व्यतिमिलनवतो रुद्रयोरेष भावः
काव्यज्ञैस्तर्क्यते यः स पुनरिह मया मन्यतां भण्यमानः ।
प्रेम्णा यौ पूर्णरूपौ त्रिजगति विदितौ राधिकामाधवाख्यौ
पूर्णाङ्गत्वं तयोरप्यतितदसमयोर्नावपीत्यौचितं न ॥५४॥

और उन्ही श्रीराधिका का उद्देश्य करके 'चलकुण्डलधर' इत्यादि के विषय में रसिक कविजन वर्णन करते हैं, यथा—श्रीकृष्ण ने पहले श्रीराधिका के अधर रस का दो वार जो आचमन किया, वह युक्ति-युक्त है, क्योंकि अन्यथा (यदि दो वार आचमन न करते तो) श्रीराधिका के दाँतों के द्वारा संस्कृत ताम्बूल को कैसे खाते ? अर्थात् आचमन करके भोजन करना ही शास्त्रसङ्गत है ॥५१॥

अब दूसरी युक्ति से श्रीराधिका की विशेषता दिखाते हैं—किंच श्रीकृष्ण ही स्नेह के मूलस्वरूप हैं, एवं वे सत्य ही मूर्तिमान् होकर विलास कर रहे हैं । इन श्रीकृष्ण में इस प्रकार के अनुभव का प्रचार उस प्रकार के महास्नेही श्रीनन्दजी के व्रज के अन्तर्गत जनों की सभा में सदैव होता रहता है । एवं-गुणविशिष्ट श्रीकृष्ण भी जिन प्रेयसी गोपियों के प्रेममय ऋणों को अपने ऊपर ही मानते रहे । अतः मैं तो उन सब गोपियों के ऊपर से भी ऊपर विख्यात, निधियों की भी रत्नस्वरूप श्रीराधिका को ही नमस्कार करता हूँ ॥५२॥

श्रीराधिका अपने प्रियतम को वशीभूत करके उसके साथ सम्पूर्णरूप से निरन्तर क्रीडा करती रहती है, "किन्तु मैं उस प्रकार से नहीं" ऐसा विचार कर ही मानो पार्वती, शिवजी के शरीर के भीतर आधे शरीर के बहाने लीन हो गई है, अर्थात् लज्जा से मानो छिप गई है ॥५३॥

अथवा शरीर के आधे आधे भाग से परस्पर में सम्मिलित होनेवाले शिव-पार्वती के जिस इस भाव की काव्यज्ञ जन जो तर्कना (उत्प्रेक्षा) करते हैं, शिव-पार्वती के "अर्धनारी-नटेश्वर" होने के भाव को मैं कह रहा हूँ, उसको आप सब समझलो पश्चात् मानलो । शिव-पार्वती दोनों ही परस्पर में "प्रेम से परिपूर्णरूपवाली श्रीराधा-माधव नामक जो युगलजोड़ी तीनों लोक में विख्यात है, उस युगलजोड़ी का ही, प्रेम के पूर्णरूप होने के कारण, सारे अङ्गों की पूर्णता से युक्त रहना उचित है । अतः उस जोड़ी के अत्यन्त असमान हम तुम दोनों के लिए भी, वैसा प्रेमपूर्णाङ्गभाव अपने में मान लेना उचित नहीं है" इस प्रकार विचार कर ही मानो लज्जा के मारे, आपस में आधे आधे अङ्ग में धँस कर, अर्धनारी-नटेश्वर बन गये ॥५४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं सति,—

वाद्ये गीते च दिव्ये प्रमदशिथिलिते भूषणानामलीना-
मप्यासीद् ध्वानवर्गः प्रतिनिधिसमये तस्य तस्यापि तत्र ।
खेदे जाते तथागात् प्रबलनटकला लास्यतां येन केश-
कर्णोत्तंसावतंसप्रमुखवरसभा तद्वदुल्लास्यते स्म ॥५५॥
एवं परिष्वङ्गकराभिमर्श,-स्निग्धेक्षणोद्दामविलासहासान् ।
समं प्रियाभिर्व्यतिकृत्य नृत्यन्, व्याञ्जोदसौ सप्रतिबिम्बबिम्बम् ॥५६॥

"ततश्च, मालाः केशालिवेशान् कुचयुगलपटीर्मण्डनान्यन्यचासां-
स्यप्येता नैव शेकुः कलयितुमसकृद् रासपर्वावसाने ।
ध्याते यत्रापि सम्प्रत्यपि मुनिवितति र्विस्मरत्येव सर्वं
चित्रं तत्प्रेयसीनां तदिह भवति किं तादृशे तत्प्रसङ्गे ॥५७॥
तं दृष्ट्वाप्यथ रासमम्बरगता रामाश्च कामार्दिता
मोहं प्रापुरदभ्र तावदभितोऽप्यास्तां परं श्रूयताम् ।
चन्द्राद्यैरुपलक्षितं नभसि यद् बंभ्रम्यते सर्वदा
ज्योतिश्चक्रमिदं च विस्मयकरी चस्कम्भ यन्माधुरी ॥५८॥

अतः ऐसी स्थिति में स्वर्गीय गाने बजाने, हर्ष के कारण जब शिथिल पड़ गये, तब भूषणों का एवं भ्रमरों का शब्दसमूह होने लग गया। और गोपी एवं देवियों के प्रतिनिधि के समय में वहाँ पर वाद्य एवं गीत की खिन्नता हो जाने पर, प्रबल नृत्यकला उस प्रकार प्रकाशित हुई जिससे कि, केश एवं कानों के दोनों भूषण ही जिस में प्रमुख (प्रधान) हैं ऐसी वह सभा, गाने बजाने की तरह उल्लसित हो गई। अर्थात् केश एवं कानों के भूषण भी नाचने लग गये ॥५५॥

श्रीकृष्ण ने इस प्रकार प्रेयसी गोपियों के साथ परस्पर आलिङ्गन, हाथ से हाथ को छूना या ग्रहण करना, स्नेहपूर्वक देखना, रमणीय क्रीडा, एवं हास परिहास आदि करके नृत्य करते करते, बिम्ब एवं प्रतिबिम्ब की समानता प्रकाशित कर दी ॥५६॥

उसके बाद रासलीला की समाप्ति के समय तो ये गोपियाँ आनन्द से विह्वल हो जाने के कारण, अपनी अपनी माला, केशकलाप के जूड़ा, चोली, कंचुकी, आभूषण एवं ओढ़नी आदि अन्यान्य वस्त्रों को सँभालने के लिए समर्थ न हो सकीं। जिस लोकोत्तर रससमूहमय रासलीला का आज भी विशुद्ध हृदय से ध्यान करने पर, मुक्त मुनिगण भी सब कुछ (मैं और मेरा आदि) भूल जाते हैं। इसलिए उस प्रकार के रासप्रसङ्ग में श्रीकृष्णप्रियतमाओं को जो अपने वस्त्र आदि सँभालने की शक्ति न रही, वह कोई आश्चर्यजनक नहीं है ॥५७॥

आकाश में स्थित देवाङ्गनाएँ उस रास को देखकर मिलन की कामना से पीडित होकर मोह को प्राप्त हो गईं। और यह मोहनरूपी कार्य चारों ओर फैल गया। इस बात को तो रहने दो, दूसरी बात सुनो। देखो, आश्चर्यकारिणी रासकी जिस माधुरी ने, जो बारंबार निरन्तर आकाश में घूमता रहता है, ऐसा चन्द्र सूर्यादि ग्रहों से विशिष्ट यह तारामण्डल भी रोक दिया था ॥५८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं लीलालुब्धासु परमावेशतः सप्रियासु तासु विलुभित-क्रियासु रासविलासः समुपरराम ॥५९॥

"उपरमति च तस्मिंस्तत्तदननुसन्धानसन्धिमनु तानि मिथुनानि यथावत् कुञ्जाय कुञ्जाय पृथक् पृथगन्तर्दधिरे, ॥६०॥

"अन्तर्धाय च तत्तन्मिथुनं परस्परपरिकरपरिष्कारपरायणतामासासाद ॥६१॥

"तत्र च प्रत्येकं तेषामालिङ्गनादिसचिवं वचनादिरचनमेवासीत् ॥६२॥ यथा—

"हन्त मामन्तरा कान्तमन्तरात्तं तमस्त्वया ।
इति ब्रुवन्तं श्लिष्यन्तं तं साऽसिञ्चन्निजाश्रुभिः ॥६३॥

"ततश्च, हन्त क्रमः समजनि स्फुटमद्विहारा,-दस्या नवीनतरुपल्लवकोमलायाः ।
ज्ञातश्च हन्त न मयेति पृथक् स तासां, साश्रुर्ममार्ज मुहुराननघर्मबिन्दून् ॥६४॥

वाष्पे मृज्ये हरिर्वाष्पं स्वेदे स्वेदं तदा दधे ।
गोपालकुलसुभ्रूणां श्रमे रासविलासजे ॥६५॥

अतः इस प्रकार परम आवेश के कारण, श्रीकृष्ण के सहित वे गोपियाँ जब लीला में लुब्ध हो गईं, एवं उनकी सारी क्रियाएँ जब शिथिल हो गईं, तब रासविलास समाप्त हो गया ॥५९॥

उस रासलीला के समाप्त होते ही, वंशी के द्वारा आकर्षण आदि पूर्वानुभूत उस उस विषय के अनुसन्धान के भेद प्रभेद को लक्ष्य करके, गोपी-कृष्णरूप वह समस्त युगलजोड़ी, विधिपूर्वक अपनी अपनी कुञ्ज में पधारने के लिए पृथक् पृथक् अन्तर्धान हो गई ॥६०॥

और अन्तर्हित होते ही वह वह युगलजोड़ी परस्पर के वस्त्र भूषण आदिकों के सँभालने की तत्परता को प्राप्त हो गई ॥६१॥

और उस वेषभूषा आदि की रचना में भी उन प्रत्येक युगलजोड़ियों की आलिङ्गन आदि के सहित वचन आदिकों की रचना ही हो रही थी ॥६२॥

यथा—हाय ! प्रिये ! मुझ कान्त के बिना तुम ने अपने चित्त में महान् शोक पाया है, इस प्रकार कह कर आलिंगन करते हुए श्यामसुन्दर को उस प्रत्येक निकुञ्जस्थ गोपी ने अपने आँसुओं से भिजा दिया ॥६३॥

उसके बाद हाय ! हाय ! नवीन तरुपल्लव से भी कोमलांगी इस प्रिया को मेरे संग विहार करने से स्पष्ट ही खेद उत्पन्न हो गया है । हाय ! अब तक मैंने उस खेद को जाना भी नहीं, इस प्रकार कह कर, स्वयं भी प्रेमाश्रु बहाते हुए श्रीकृष्ण पृथक् पृथक् उन प्रत्येक गोपियों के मुख के पसीने की बूँदों को बार बार पोंछने लग गये ॥६४॥

उन गोपालकुल की अंगनाओं के रासविलास से उत्पन्न हुए परिश्रम के समय, श्रीकृष्ण अपने द्वारा पोंछने योग्य गोपी के आँसुओं के निमित्त आँसू एवं पसीना पोंछने के निमित्त, पसीना धारण कर लेते थे ॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र बहुलसामग्रीवाहिनीनां वृन्दासखीवाहिनीनां कृतप्रश्नवृन्दायां वृन्दायां व्याकुलितं श्रीकृष्णवर्णनम् ॥६६॥ यथा—

"साश्रालोकनमञ्चलानिलकृतिर्वक्त्रालकाद्युन्मृजा
गण्डान्तःपरिचुम्बनं पटयुगाधानं तनूचर्चनम् ।
ताम्बूलार्पणमत्यपूर्वमधुरालापः स्तवप्रक्रिया
सेयं रासपरिश्रमप्रशमनी कान्तासु कृष्णक्रिया ॥६७॥

"अथ कान्तावर्णनं यथा—

"वक्त्रस्मेरविलोकनं नवदलैः संवीजनं मार्दवा-
दङ्गानामभिमर्दनं विघटितस्रग्वस्त्रसंयोजनम् ।
सम्यङ्मर्मगनर्मशर्मरचनं ताम्बूलचन्द्रार्पणं
सेयं रासपरिश्रमप्रशमनी कृष्णे प्रियाणां क्रिया ॥६८॥

"ततः स्वयमागत्य प्रत्यक्षीकृत्य चान्यथामन्यमानायां तस्यां सस्मितं पुनरमूरूचुः,—॥६९

'दृष्टं देवि ! मिथो हरिव्रजवधू-द्वन्द्वव्रजेनामुना
स्वीकृत्य प्रमदात् प्रयत्नविधिना नेपथ्यमङ्गे धृतम् ।

उस समय बहुत सी सेवा सामग्री को ढोनेवाली वृन्दा की सखीरूप सेनासमूह का अनेक प्रश्न करनेवाली वृन्दा के प्रति व्याकुलतापूर्वक श्रीकृष्ण का वर्णन—॥६६॥

यथा—स्वयं सजलनयन होकर देखना, अपने अंचल से वायु करना, मुख एवं अलकावली आदि का उन्मार्जन (पोंछना), कपोलों के बीच चुम्बन करना, नीचे ऊपर के दोनों वस्त्रों को पहनाना, शरीर में चन्दन के द्वारा चित्र बनाना, ताम्बूल अर्पण करना, अत्यन्त अपूर्व मधुर वार्तालाप करना, एवं गोपी के रूप गुणादि का वर्णन करना, बस, कान्ताओं के निमित्त की गई श्रीकृष्ण की यह क्रिया उनके रासके परिश्रम को दूर करनेवाली थी ॥६७॥

अब कान्ताओं के प्रेमकृत्य का वर्णन, यथा—मन्दमुसकानपूर्वक तिरछे नैनों से देखना, नवीन पत्रों के द्वारा बीजना करना, कोमलतापूर्वक हाथ पैर आदि अंगों को दबाना, उलट-पुलट हुई माला एवं वस्त्र आदि को ठीक कर देना, अच्छी प्रकार मर्मगामी परिहासमय सुख की रचना करना, ताम्बूल के सहित कपूर देना, श्रीकृष्ण के निमित्त की गई प्रियाओं की यह क्रिया श्रीकृष्ण के रास के परिश्रम को शान्त करनेवाली थी ॥६८॥

उसके बाद स्वयं आकर और प्रत्यक्ष देखकर अन्यथा मानती हुई, अर्थात् इस गोपी-कृष्णरूप युगल-जोड़ी के बीच में ऐसी स्त्रियों के प्रवेश की सम्भावना नहीं, इस प्रकार विचारती हुई वृन्दादेवी के प्रति बहुत सी सामग्री को ढोनेवाली वे अन्तरंग सेविकाएँ पुनः मुसक्याकर बोलीं—॥६९॥

हे देवि ! वृन्दे ! यह बात हमने प्रत्यक्ष देखी है कि, श्रीकृष्ण-गोपीरूप इस युगलजोड़ी के समूह ने हमारी दी हुई वेषभूषा आदि सामग्री सहर्ष स्वीकार कर, प्रयत्न विधानपूर्वक अंग में धारण करली।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एतद्यत्र सखि ! क्षणादपगतं किं ब्रूमहे तद् वरं
गीर्नः सा भवतान्मृषा न तु रहस्तद् व्यक्तिमापद्यताम् ॥'७०॥

"अथ वृन्दा सस्मितं चेतसि चिन्तयामास,—"सत्यमाहुरिमा यत् पुनःपुनः श्रमापनोदनं सर्वेन्द्रियामोदनं शुभवेशं गानविनोद-विशेषमारभमाणानि तानीमानि मिथुनानि दृश्यन्ते ॥"७१॥

अथ स्निग्धकण्ठः समापनमाह स्म,—

"राधे ! त्वद्वल्लभः सोऽयं सर्वेषामपि दुर्लभः ।
वरीतुं त्वामन्तरङ्गामन्या गोपीर्वृतीयति ॥"७२॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु रासविलासप्रसारणं
नाम षड्विंशं पूरणम् ॥२६॥

हे सखि ! जिस ऐकान्तिक विलास में यह सारी वेषभूषा क्षणभर में दूर हो गई, उसके विषय में हम और क्या कहें ? किन्तु हम तो इसी बात को श्रेष्ठ मानती है कि, रहस्य खोलनेवाली हमारी वह वाणी भले ही मिथ्या हो जाय, किन्तु वह रहस्य व्यक्त नहीं होना चाहिये ॥७०॥

तदनन्तर वृन्दा मन्दमुस्क्यानपूर्वक चित्त में विचारने लगी—ये सेविकाएँ सत्य ही कह रही हैं। क्योंकि गोपी-कृष्णरूप ये युगलजोड़ियाँ तो श्रम को दूर करनेवाले, सब इन्द्रियों को हर्षित करनेवाले, शुभ वेश (रीति) वाले, गाने के विनोदविशेष को आरम्भ करते हुए दिखाई दे रहे हैं ॥७१॥

अनन्तर स्निग्धकण्ठ समाप्तिसूचक वचन बोला—हे श्रीराधिके ! पूर्वोक्त गुणविशिष्ट ये तुम्हारे प्राणवल्लभ सर्वसाधारण के लिए दुर्लभ होकर भी, अन्तरङ्गस्वरूपा तुमको छिपाने के लिए, अन्य गोपियों को तो मानो घेरा (वाड़) की तरह तुम्हारे चारों ओर लगा रहे हैं ॥७२॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये रासविलास-विस्तारणं नाम
षड्विंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ सप्तविंशं पूरणम्

जलकेलिर्वनभ्रमणं रासमाप्तिश्च

मधुकण्ठ उवाच,—

"अथ विलसितखेदस्वेदकुल्यायमानाः, सह हरिवरगौर्यः सूर्यपुत्रीं समीयुः ।
यदमितशतमेताः सा भजन्ती स्रवन्ती, सरभसरसपूर्तिं तत्क्षणादेव भेजे ॥१॥

अतिक्रम्य स्वमर्यादां श्यामः श्यामाश्च मां ययुः ।
इतीव यमुना श्यामा द्रागतिक्रामति स्म ताम् ॥२॥

"अथाङ्गरुचा घनद्यपला घनायमाना वाचा च चातकभणितस्तनितायमाना घनागम-लक्ष्मीरिव लक्ष्मीलक्ष्मीपतीनां सभा सा मिहिरजाप्रवाहनभसि परस्परं हस्तग्राहमवगाहमाना भासते स्म ॥३॥

"मिथःप्रहसितप्रथाकलकलः समाकर्षणं, मुहुः स्तिमितगात्रता पृथुलवेपथुप्रक्रमः ।
तदेतदथ यत् स्थितं बत जलावगाहात् पुरा, तदेवमनुमीयते समुदियाय तस्य च्छविः ॥४॥

सत्ताईसवाँ पूरण

जलक्रीडा-वनभ्रमण एवं रासलीला की समाप्ति

अनन्तर मधुकण्ठ बोला—रासविलास के अनन्तर विलास के खेद से उत्पन्न हुए पसीने के कारण, छोटी छोटी बनावटी नदियों का सा आचरण करती हुईं, श्रीकृष्ण की रमणीय वे रमणियाँ एकसाथ यमुनाजी पर पहुंच गईं । इन अगणित गोपियों की सेवा करती हुई वह यमुनानदी तत्काल वेगपूर्वक या हर्षपूर्वक रस (जल या अनुराग) की पूर्ति को प्राप्त हो गई ॥१॥

श्रीकृष्ण एवं नित्य नवयौवना गोपियाँ अपनी मर्यादा, कृष्णपक्षे—गोपियों के साथ जातिरूप योनि-सम्बन्ध, एवं गोपीपक्षे—कुल लज्जादि को त्यागकर मेरे पास आई हैं । मानो इसीलिए वह श्यामा यमुना भी शीघ्र ही अपनी मर्यादा को लाँघ गई, अर्थात् हर्षित होकर उछल पड़ी ॥२॥

तदनन्तर अपनी अपनी अङ्ग की कान्ति के द्वारा, सघन बिजली एवं मेघों का सा आचरण करने-वाली, एवं अपनी अपनी वाणी के द्वारा, चातक के से शब्द एवं मेघों की सी गर्जना करनेवाली, वर्षालक्ष्मी की सी शोभावाली, लक्ष्मीस्वरूपा गोपियों की एवं लक्ष्मीपतिस्वरूप अनन्त कृष्णरूपों की वह सभा, यमुना के प्रवाहरूप आकाश में परस्पर हाथ पकड़कर अवगाहन करती हुई, अर्थात् गोता लगाती हुई देदीप्यमान हो गई । यहाँपर गोपी-कृष्णरूप सभा को वर्षाऋतु की उपमा दी है । इसमें अनन्त गोपियों को बिजली, अनन्त कृष्णरूपों को मेघ समझना, और गोपियों की वाणी चातक के समान है, तो श्रीकृष्ण के अनेक रूपों की वाणी मेघ की गर्जना की सी है, यह समझना ॥३॥

और आपस में हासपरिहास के विस्तार के साथ सुमधुर कलकलध्वनि, आपस में खींचातानी, बारम्बार (पसीने के कारण) भीगे हुए गात्र से युक्त हो जाना, अधिक कँपकँपी का आरम्भ, अहह ! गोपी-कृष्णरूप युगलजोड़ियों के शरीर में जल में अवगाहन (गोता लगाना) से पहले ही जो चिह्न स्थित थे, उनसे यह अनुमान किया जाता है कि, मानो उस जलावगाहन की छबि ही उत्पन्न हो गई है ॥४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यदा जलं न हि विविशुर्नतभ्रुव,-स्तदामुना प्रसिषिचिरे समं तथा ।
अमुं यथा लघुगतिमत्र मेनिरे, विभूभवन्नुदकभृदश्चतीति ताः ॥५॥

जलादेवं सिषेचामूर्घनं घनरसप्रदः । विविशुर्जलमेवामूर्यथासारशरार्दिताः ॥६॥

तदावलग्नदघ्नं वार्मग्नाश्चपललोचनाः । कृष्णसारवधूरूपाः पुरस्ताद्गतिमद्विषन् ॥७॥

यदा तासां नेत्रप्रतिफलनमिश्रा झषगणा, मुहुर्नैवागच्छन् परिचितिविधानं कथमपि ।
तदा स्पर्धाबद्धा इव मृदुलमङ्गं भृशममी, स्पृशन्तो भीरूणां मुरहरदृशोः कौतुकमधुः ॥८॥

हंसा गतीश्चक्रखगाः पयोधरा,-न्मीना दृशः सारसनानि सारसाः ।
तासामुपेत्यापगता यतस्तदा, तेषां तु साम्राज्यमपूरि सर्वतः ॥९॥

मुखवृन्दं खलु तासां, कमलान्यभिभूय बभ्राजे ।
तज्जातिषु तदधिकता, विधुता वा किं निदानमस्ति स्म ॥१०॥

"ततश्च लोचननिकोचं हसन्तीषु तासु स्वयं तेन नागरचन्द्रेण प्रवर्तिता व्यात्युक्षी यथा—

नतभ्रू गोपियाँ जब जल में प्रविष्ट नहीं हुईं तभी, श्रीकृष्ण ने उन सबको एकसाथ सिक्तकर दिया, अर्थात् भिजा दिया। गोपियाँ श्रीकृष्ण को जलसिंचनरूप कार्य में जैसे शीघ्रगतिवाले मानती थीं, तैसे ही अनेक मूर्ति धारणकर जलधारण करनेवाले श्रीकृष्ण भ्रमण कर रहे हैं, यह भी मानती थीं ॥५॥

प्रगाढ रस को देनेवाले या जल को देनेवाले श्रीकृष्ण, जल में जाकर उन गोपियों को उस प्रकार अधिकरूप से सींचने लगे कि, जिस प्रकार जलधारा के सम्पातरूप बाणों से पीडित होकर वे सब जल में ही प्रविष्ट हो गईं। क्योंकि जल में निमग्न हो जानेपर धारासम्पातरूप बाणों की व्यथा नहीं होगी, यही भावार्थ है ॥६॥

उस समय कृष्णसार नामक मृगकी पत्नियाँ जैसे मृगों को आगे जाने से रोक देती हैं, तैसे ही चंचल-लोचना उन गोपियों ने कमरतक जल में धँसकर श्रीकृष्ण का सम्मुख जाना रोक दिया ॥७॥

जिस समय उन गोपियों के नेत्रों के प्रतिबिम्बों में मिली हुईं अनेक मछलियाँ बारम्बार परिचय करती हुईं भी "ये नेत्र हमारे हैं, या गोपियों के" इस प्रकार के परिचय की विधि को किसी प्रकार भी न प्राप्तकर सकीं, तब वे मछलियाँ मानो स्पर्धा के बन्धन में बँधी सी होकर, भयशील गोपियों के कोमल अङ्ग को बार बार छूती हुईं, श्रीकृष्ण के नेत्रों के कौतुक को पुष्ट करने लग गईं ॥८॥

हंसगण उन गोपियों की चाल को, चकवा पक्षी उनके स्तनों को, मछलियाँ उनके नेत्रों को, सारस पक्षी उनकी कांची (करधनी) को प्राप्त करते ही, वहाँ से चले गये। क्योंकि उस समय उन हंस आदिकों का साम्राज्य सर्वतोभाव से परिपूर्ण, अर्थात् समाप्त हो चुका था। तात्पर्य—सम्राट के सामने जैसे साधारण राजा परास्त हो जाते हैं, वैसे ही वे हंस आदि गोपियों की चाल आदि से परास्त होकर भाग गये ॥९॥

निश्चय ही उस समय गोपियों का मुखसमूह कमलों को परास्त करके विशेष शोभा पाने लगा। उनके परास्त करने में कमलों की जाति में गोपियों के मुखसमूह की अधिकता, अथवा मुखसमूह का चन्द्रभाव ही मूल कारण था ॥१०॥

उसके बाद सभी गोपियाँ जब कटाक्षपूर्वक हँस रही थीं, तब नागरचन्द्र (चतुरराज) श्रीकृष्ण के द्वारा स्वयं प्रवर्तित परस्पर जलसेचनरूप युद्ध का वर्णन, यथा—विमान में बैठी हुई देवाङ्गनाएँ परस्पर

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"मेघं विद्युद्विद्युतं चात्र मेघः, सिञ्चत्युच्चैर्मेघतुल्ये प्रवाहे ।
चित्रं चित्रं चित्रमेतत् किमेतत्, नाट्यं पश्येत्यूचिरे व्योमरामाः ॥११॥
ततश्चाकण्ठनिर्मग्ना महिलाः कमलाननाः ।
मधुसूदनसंसक्ता कमलिन्य इव स्थिताः ॥१२॥
गणे गौराङ्गीणां हरिरचितधर्षात् परिभवं
गते तत्र स्वर्णाम्बुजघनवनी निह्नुतिमदात् ।
विपर्यासो यर्ह्यस्फुरदिह च नीलाम्बुजवनी
तदा तस्यापह्नुत्यपचितिकृतेऽभूदनुपदम् ॥१३॥
अम्बुजगन्धि तथाम्बुज,-रूपं मधुयुग्यथाम्बुजं तदिव ।
तासां तस्य च वदनं, किं जलकेलावदाद्भ्रमं न मिथः ॥१४॥
कथञ्चिदपि या लब्धा हरिणाम्भोजकानने ।
किमपि व्यञ्जयामास तस्या हाहाकृतिः परम् ॥१५॥
स्मितविलसितनीलाम्भोजमासीददेका, मुखमनु हरिवक्त्रस्फूर्तिसन्दिग्धवित्ता ।
इह च वरमरन्दस्वादमासाद्य सद्यः, समरुचियुवतीभ्यः शङ्किनी स्वं जुगोप ॥१६॥

कहने लगीं कि—आश्चर्य ! आश्चर्य ! महान् आश्चर्य ! अरी बहन ! देख तो सही । यह कैसा विचित्र नाटक है कि, मेघ के समान श्यामवर्णवाले श्रीयमुनाजी के प्रवाह में बिजली मेघ को सींच रही है, एवं मेघ बिजली को विशेषरूप से सींच रहा है ॥११॥

तदनन्तर कण्ठपर्यन्त जल में निमग्न हुईं कमलमुखी गोपाङ्गनाएँ श्रीकृष्ण से संयुक्त होकर, भ्रमरों से संयुक्त कमलिनियों की तरह शोभायुक्त हो गईं ॥१२॥

गौराङ्गी गोपाङ्गनाओं का गण श्रीकृष्ण के द्वारा रचे गये धर्षण के कारण, जलयुद्ध में जब परास्त हो गया, तब सुवर्ण वर्णवाली घनी वनी ने उसको गुप्त होने का सहारा दे दिया, अर्थात् वे सब अपने से वर्णवाले कमलों में छिप गईं । और इस युद्ध में जब विपरीतता स्फूर्ति पाने लगी, अर्थात् गोपियों के द्वारा जब श्रीकृष्ण हार गये, तब नीलकमलों की वनी (सघन वन) श्रीकृष्ण की गोपन (छिपाना) रूप सेवा के लिए पद पदपर सहायक हो गई, अर्थात् श्रीकृष्ण नीलकमलों में मिलकर अपने को छिपा लेते थे ॥१३॥

इस जलक्रीडा में गोपियों के एवं श्रीकृष्ण के कमल की सी सुगन्धवाले, तथा कमल के से रूपवाले मुख ने मधु से युक्त कमल की तरह, आपस में क्या भ्रम को नहीं दिया ? अपितु दे ही दिया । अर्थात् जल में निमग्न हुए अनन्त गोपी-कृष्ण परस्पर के मुख को ही कमल समझकर भ्रान्त हो जाते थे कि, ये कमल हैं या मुख ? ॥१४॥

उस समय श्रीकृष्ण ने कमलवन में जो कोई गोपी किसी प्रकार यदि प्राप्तकर ली तो उस गोपी का केवल हाहाकार शब्द ही किसी अनिर्वचनीय सुख-दुःखरूप विषय को प्रगटकर देता था ॥१५॥

अपने मुख को लक्ष्यकर श्रीकृष्ण के मुख की स्फूर्ति के सन्देह से युक्त चित्तवाली एक गोपी ने मन्द-हास से विलसित नीलकमल को, अर्थात् श्रीकृष्ण के मुख को पा लिया । और इस मुखकमल में शीघ्र ही श्रेष्ठ मधु के आस्वाद को प्राप्तकर, अपने समान रुचिवाली युवतियों से शङ्का करके अपने को छिपा लिया ॥१६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दुर्लभं यदजनि स्वयंग्रहा,-लिङ्गनं तदिह जातमञ्जसा ।
यर्हि मग्नमनया गभीरवा,-रुज्जहार हरिरप्यमूमथ ॥१७॥

द्रुतमथ वरारामा ! वारि वक्षोजदघ्ने, युगपदयि ! भवत्यः प्राणनाथं विजेतुम् ।
स्थगितगतिकराभ्यामिच्छवः सेक्तुमुच्चैः, कथमथ बत जिग्युर्जिग्यिरे वा कथं नु ॥१८॥

पद्मिन्या मुखपद्मं मुद्रितमपि स मधुसूदनः पिबति ।
इति मिषकलया सुदृश,-श्छलितदृशस्तद्वदावरत् कृष्णः ॥१९॥

हरिणा हृदये तासां वितीर्णा नखरव्रणाः ।
अद्भुतं सहसा श्लिष्टा मदनेषुकृतव्रणाः ॥२०॥

औपजानुकभुजस्तु यदासौ, पार्श्वतीय-मुखतीयतयासीत् ।
औपकर्णिकदृशां स तदासा,-मौपनीविककरोऽप्यजनिष्ट ॥२१॥

यदा राधा वारिकेलौ सखीनां पुरतो गता ।
विनापि सेकं स तदा जडतामभजत् प्रियः ॥२२॥

श्रीकृष्ण का जो आलिङ्गन स्वयं ग्रहण करना दुर्लभ था, वह आलिङ्गन इस जल में अनायास संघटित हो गया। और श्रीकृष्ण के आलिङ्गन को प्राप्त करनेवाली यह गोपी जब गम्भीर जल में गोता लगा गई, तब श्रीकृष्ण ने भी इसको जल के ऊपर उछाल दिया ॥१७॥

अनन्तर जलक्रीडा देखनेवाली देवाङ्गनाएँ बोलीं—हे श्रेष्ठ रमणीस्वरूपा गोपियो ! आप सबने एक-साथ स्तनपर्यन्त जल में शीघ्र प्रविष्ट होकर, अपने प्राणनाथ को जीतने के लिए रुकी हुई गतिवाले अपने अपने हाथों के द्वारा विशेष सींचने की इच्छा से युक्त होकर, उनको किस प्रकार जीत लिया, और तुम्हारे प्राणनाथ ने तुमको किस प्रकार जीत लिया ? विचारनेपर दोनों ही बातें हर्षप्रद हैं ॥१८॥

अरी ! गोपी ! देख, कमलिनी का मुखकमल मुँदा हुआ था, तो भी वह भ्रमर उसका हठात् पान कर रहा है। इस प्रकार के छल की कला के द्वारा जिसके नेत्र छल लिए, ऐसी सुनैनी गोपी के साथ श्रीकृष्ण भी भ्रमर का सा आचरण करने लग गये, अर्थात् उसके मुखमधु का पान करने लग गये ॥१९॥

आश्चर्य की बात तो यह है कि, श्रीकृष्ण ने उन गोपियों के हृदयपर जो नखों के व्रण (आघात) किये थे, वे सहसा श्रीकृष्ण से मिलते ही उनके हृदय में कामबाणों के द्वारा की हुई व्यथा को देने लग गये ॥२०॥

किन्तु पास में खड़े होने के कारण, एवं मुख के निकटस्थित होने के कारण, श्रीकृष्ण जब उन गोपियों के घुटनों के पासतक फैलती हुई भुजा से युक्त हो गये, तब तो वे कर्णपर्यन्त विशाल नेत्रोंवाली उन गोपियों की नीवी के पासतक जानेवाले हाथों से युक्त हो गये। अर्थात् श्रीकृष्ण जब सम्मुख खड़े होकर उनके घुटनोंतक हाथ फैलाने लगे, तब तो धीरे धीरे उन गोपियों के कटिवस्त्र के बन्धन के पास भी हाथ फैलाने लग गये ॥२१॥

जलक्रीडा करने के निमित्त श्रीराधिका जब सब सखियों के आगे चली गईं, तब तो प्रियतम श्रीकृष्ण जल के सेक के बिना ही जडता को प्राप्त हो गये ॥२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

राधापुरःसरतया जलकेलियुद्धे, कृष्णं चकार जडमुद्यममन्तरापि ।
नैतद् विवेद वनितानिचितिर्मिथस्तु, स्वीयामजिज्ञपदसौ जितकाशितां च ॥२३॥
अलकवलयिनेत्रं कञ्जनेत्रेण कीर्णं, स्वमनु मधुपतीक्ष्णं कञ्जमुन्नीय तस्याम् ।
सभयमपगतायां तत्र सेनाधिपायां, स तु तदनुगसैन्यं प्राविशच्चाविशच्च ॥२४॥
"ततश्च, नीरकेलिभृतरागचक्षुषा,-मट्टहासनिभहासरोचिषाम् ।
मारयुद्धलसदुद्धतश्रियां, रौद्रवद् व्यजनि सोऽप्यसौ रसः ॥२५॥
ततः क्रीडायुद्धं दधदघरिपुर्नीरविहृति-
प्रथायामेकाकी व्रजयुवतिकोटीभिरभितः ।
तथा कृत्वा तीरं प्रसभमितवान् सम्प्रति यथा
पुरा कात्यायन्या भजनकृतिकन्यास्वकुरुत ॥२६॥
"ततश्च, मरालकूजिता नीरवसना नीरजाननाः ।
चञ्चद्भ्रमरका नीरजानां नाट्य इव स्थिताः ॥२७॥
अथ हा हा हासशब्दाः प्रवृत्ता नीरतीरयोः ।
एके चातकगोस्तुल्याः परेऽल्पस्तनितप्रभाः ॥२८॥

श्रीराधिका ने जलक्रीडा युद्ध में अग्रसर होकर, किसी उद्यम के बिना भी, श्रीकृष्ण को जड अर्थात् निश्चल कर दिया, किन्तु गोपियों के समूह ने आपस में इस बात को नहीं समझा। और श्रीकृष्ण ने तो ऐसा करके श्रीराधिका से अपने अभेद को एवं जयशीलता को जना दिया ॥२३॥

कमलनयन श्रीकृष्ण ने अलकावलियों से घिरे हुए अपने नेत्र को जब राधिका की ओर फेंक दिया, एवं गोपीरूप सेना की नायिका राधिका भी, अपनी ओर लक्ष्य करके आते हुए भ्रमरों से तीक्ष्ण एक कमल की तर्कना करके, जब वहाँ से भयपूर्वक दूर चली गईं, तब श्रीकृष्ण भी राधिका की अनुगामी सेना को प्राप्त हो गये और उसी में घुलमिल गये ॥२४॥

और उसके बाद जिनके नेत्र जलक्रीडा के कारण लाल या अनुराग से भरपूर हो गये थे, एवं जिनके हास्य की प्रभा अट्टहास के समान थी, तथा कामयुद्ध में जिनकी शोभा विराजमान एवं उद्धत (विशेष) हो रही थी, उन सब गोपियों का वह अपूर्वरस भी रौद्ररस के समान हो गया था ॥२५॥

तदनन्तर जलविहार के विस्तार के निमित्त अकेले ही श्रीकृष्ण करोड़ों व्रजयुवतियों के साथ चारों ओर क्रीडायुद्ध करते हुए इस समय उस प्रकार वस्त्रहरण करके वेगपूर्वक तीरपर चले गये, जिस प्रकार पहले कात्यायनी का भजन करनेवाली कन्याओं के विषय में वस्त्रहरण किया था ॥२६॥

उसके बाद हंस की सी बोलीवालीं, जलरूप वस्त्रोंवालीं, कमल के से मुखोंवालीं, एवं हिलते तथा ललाटपर लटके हुए केशोंवालीं वे सब गोपियाँ, कमल की डण्डियों की तरह जल में ही खड़ी रहीं। कमलों की डण्डियाँ भी हंसों के द्वारा ध्वनित रहती हैं, जल में वास करती हैं, कमल ही उनके मुख होते हैं, एवं भ्रमरगण उनके ऊपर भ्रमण करते रहते हैं। यह दृष्टान्तपक्ष में अर्थ हुआ ॥२७॥

तदनन्तर नीर एवं तीरपर हा ! हा ! रूप हास्य के शब्द होने लग गये। जल में स्थित गोपियों के शब्द तो चातक की सी वाणी के समान श्रीकृष्णमेघ की प्रार्थनामय थे। और दूसरे अर्थात् तीरपर खड़े हुए श्रीकृष्ण के शब्द गोपीरूप चातकों की सान्त्वनार्थ मेघ की कोमल गर्जना के तुल्य थे ॥२८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च बहुधा परिहस्य विनोदविशेषाय सख्यातिरेक-विवेकाय च द्वाभ्यां द्वाभ्यामेक-मेकमंशुकं दत्तवान्, हरिस्ताः सर्वा वस्त्रैकैकवेष्टितद्विद्विकाययष्टीरुत्थिता निरीक्ष्य प्रतिमुखं परीक्ष्य च बहु जहास ॥२९॥

"हसित्वा च तासामुत्तमुत्तमं वासस्तथा धारयन्तीनां चञ्चलतासम्भृतं तिर्यगञ्चलतासंवृतं संभवदरुणगुणं मध्ये मध्ये स्तम्भनिपुणं क्वचन क्वचन चाकस्मिकस्मितलम्भं विनापि दृगम्भः क्रन्दितेन विलोकितदम्भं विलोचनसंरम्भं लम्भं लम्भं त्रिलोकीमोहने चिकीर्षिततदीयरुचि-दोहने कुसुमासारकारिणी विमानचारिणीसंहतिः प्रशस्तवस्त्रालङ्कारमाल्यादीनां पुटीः पेटाश्च तत्पुरतः शनैः पातनमनैषीत् ॥३०॥

"कृष्णस्तु ताः सर्वस्तुताः समुन्नवस्त्राः पश्यन्नतिसमुन्नता-नन्दवश्यः स्वयमनुरज्य समुपयुज्य विभज्य च तानि वस्त्रादीनि प्रत्तवान् ॥३१॥

"तत्र प्रथमतः स्वल्पेनैव तेन तेन विच्छित्तिर्जाता ॥३२॥ यथा—

"मज्जनेन तनुरोचिराचितं, सूक्ष्मशुभ्रवसनं सतच्छवि ।
चित्रकं द्युतिविचित्रमित्यदः, प्रायवेशमरुचन् हरिप्रियाः ॥३३॥

और उसके बाद श्रीकृष्ण ने अनेक प्रकार का परिहास करके विनोदविशेष के लिए, एवं आपस की मित्रता की अधिकता की जानकारी के लिए, दो दो गोपियों के लिए एक एक वस्त्र दे दिया। पश्चात् श्रीकृष्ण एक एक वस्त्र के द्वारा परिवेष्टित दो दो कायारूप यष्टिवाली उन सब गोपियों को जल से उठती हुई देखकर, एवं प्रत्येक के मुख की परीक्षा करके अधिक हँसने लग गये ॥२९॥

और हँसकर गीले तथा उत्तम उस वस्त्र को पूर्वोक्त प्रकार से धारण करनेवालीं उन गोपियों के चंचलता से भरे हुए, टेढ़े अंचल के भाव से ढके हुए, होते हुए अरुणगुण से युक्त, एवं बीच बीच में होने-वाली रुकावट में निपुण, तथा कभी कभी कहीं कहीं आकस्मिक मन्दहास्य से युक्त, और अश्रुजल के बिना भी रोने के द्वारा दम्भ का दर्शन करानेवाले, ऐसे नेत्रों के आडम्बर को बारम्बार प्राप्तकर, चाहना के अनुसार गोपियों की रुचि को पूर्ण करनेवाले, त्रिभुवनमोहन श्रीकृष्ण के ऊपर पुष्पों की वृष्टि करनेवाली, विमानचारिणी देवाङ्गनाश्रेणी ने प्रशंसनीय वस्त्र, भूषण, माला आदिकों की डिबियाँ एवं भारी भारी पेटियाँ श्रीकृष्ण के आगे धीरे धीरे धरती पर गिरा दीं ॥३०॥

श्रीकृष्ण ने तो सभी के द्वारा प्रशंसित एवं गीले वस्त्रोंवाली उन गोपियों को देखते हुए, अत्यन्त उच्चकोटि के आनन्द के वशीभूत होकर, स्वयं अनुरक्त होकर, अपने उपयोग में लाकर, सभी को प्रसादी बनाकर, विभागकर उन वस्त्र आदिकों को सभी गोपियों के लिए दे दिया ॥३१॥

उन वस्त्रादिकों के दान के बाद पहले थोड़े से ही उस उस वस्त्रादि के द्वारा अङ्गराग किंवा शोभा हो गई ॥३२॥

यथा—श्रीकृष्णप्रियाएँ प्रायः इस प्रकार के वेष से देदीप्यमान हो गईं। स्नान के द्वारा शरीर की कान्ति बढ़ गई, शरीर की कान्ति के सहित सूक्ष्म एवं शुक्लवर्ण का वस्त्र सुशोभित हो गया, और तिलक भी शोभा से विचित्र ही दीखता था ॥३३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"बहुभिर्भूषणैस्तु तत्र तत्र मिथुने परमशोभानेत्रलोभाय जायते स्म ॥३४॥

"तथाहि—यदा सदा-नूतनवेशयौवनं, तथाविधाभिः सममीक्षते हरिम् ।
मत्वा तदा नव्यवधूवरानमून्, दिव्यो जनः पुष्प-कुलानि वर्षति ॥३५॥

"अथ वनविहाराय हरिणाक्षीणां ततिरेवमादि व्याजं व्याजहार,— ॥३६॥

'अनङ्गो नाम सेनानीः कृष्ण ! कस्तव विद्यते ?
हन्त दर्शय तं नित्यं सखीयं मां ब्रवीति यम् ॥'३७॥

"श्रीकृष्णस्तु गूढस्मितमूचिवान्; तत्र श्रीराधां प्रति यथा—

'राधे ! मैषीर्द्रष्टुमनङ्गम् ।
तस्य तु पश्य गणं कृतसत्कृतसुकृतसुलम्भितसङ्गम् ॥ध्रु॥३८॥

तरुवल्लीततिदम्पतिपल्ली भवतीमतिथीयन्ती ।
आकारयति चलन्नवपल्लवपाणिभिरात्मीयन्ती ॥३९॥

सा पुनरिह कुसुमानि किरति पथि रचयितुमास्तरचर्याम् ।
कोकिलकुलमपि तव हूतिं किल कलमनु कलयति वर्याम् ॥४०॥

अनेक भूषणों के द्वारा तो गोपी-कृष्णरूप उस उस युगलजोड़ी में नेत्रों को लुभाने के लिए परम-शोभा उत्पन्न हो गई थी ॥३४॥

देखो, देवसमूह सदा नवीन वेष एवं नित्य नवयौवन से युक्त गोपियों के सहित नित्य नवीन वेष एवं नित्य नवयौवन से युक्त श्रीकृष्ण को जब जब देखता था, तब तब इनको नवीन वर-वधू मानकर पुष्प-समूह की वर्षाकर देता था ॥३५॥

उसके बाद हरिणलोचना गोपीश्रेणी वनविहार करने के लिए छलपूर्वक इस प्रकार के वचन बोली—॥३६॥

यथा—हे प्रियतम ! कृष्ण ! तुम्हारा अनङ्ग नामक कौन सा सेनापति है ? अहह ! जिसके विषय में यह मेरी सखी नित्य ही मुझसे कहती रहती है, उसका नेक दर्शन तो करा दीजिये ? ॥३७॥

श्रीकृष्ण तो गुप्तरूप से मुसक्याकर बोले—उनमें भी श्रीराधा के प्रति, यथा—हे राधिके ! तुम अनङ्ग को देखने की इच्छा मत करो। किन्तु उस अनङ्ग के परिकर को देख लो। जिसका कि सङ्ग सत्कारपूर्वक किये गये सुकृत के द्वारा प्राप्त होता है ॥३८॥ध्रु॥

और देखो, वृक्षलतासमूहरूप जो दम्पति है, वही एक छोटा सा ग्राम है। वह छोटा सा ग्राम मानो तुमको अपना अतिथि बनाना चाहता हुआ, एवं अपने जनका सा व्यवहार करता हुआ, चलते हुए नवपल्लवरूप अपने हाथों के द्वारा तुम को बुला रहा है ॥३९॥

और वह छोटा सा ग्राम ही तुम्हारे सुख विहारार्थ मार्ग में शय्या की परिचर्या करने के लिए, पुष्पों को बखेर रहा है। और कोकिलसमूह भी सुमधुर ध्वनि का अवलम्बन करके, तुम्हारा श्रेष्ठ आह्वान-कर रहा है ॥४०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

भ्रूङ्कारेण च भेरीशब्दं भ्रमरा विदधति ससुखम् ।
शिखिशतमपि बत तनुते नर्तनमभितश्चालीप्रमुखम् ॥४१॥
निजरुचिदीपं परितः प्रथयति सोऽयं रजनीस्वामी ।
एष च पन्थाः स्वं विस्तृतवांस्त्वत्पदरजसां कामी ॥' इति ॥४२॥

"अथ सवितृसुताया धन्यवन्याप्रदेशे, विरचितबहुवेशे ता विरेजुः सकान्तम् ।
तमनु परपरस्मिन् वासरे कार्यमन्यद्, विलसितमनुकान्तं सूचयामास कान्तः ॥४३॥

अथ भ्रमरदम्पति-व्रजजनः प्रतिस्वं निजा-
लयादनुर्गति दधद्भूविकगीतवद्गीतवान् ।
अहो किमिव सोऽपि तं निजरमायुतं तद्वन-
प्रभुं प्रमितवाननुव्रजति तत्र सर्वत्र च ॥"४४॥

अथ स्निग्धकण्ठः पप्रच्छ,—

"रात्रिः किञ्चिन्मात्रशेषत्वमागाद्,-बंभ्रम्यन्ते स्मापि तस्मिन् सपत्न्यः ।
क्रीडा तृष्णा धृष्णगेवाङ्ग ! जाता, हा किं चक्रे तत्र कृष्णाङ्गनाभिः ?"४५॥

तत्र मधुकण्ठ उवाच,—"ततश्च तद्वनस्य निर्वर्णनपूर्वकं वर्णनं विधाय केलिकलापे विधीयमाने,—

और भ्रमरगण भ्रूङ्कार के साथ सुखपूर्वक भेरी (दुन्दुभि) का सा शब्द कर रहे हैं। तथा सैकड़ों मयूर भी हर्षपूर्वक चारों ओर प्रधान सखियों की तरह, चाली आदि नृत्य के भेदपूर्वक नृत्यकर रहे हैं ॥४१॥

और यह रात्रि का स्वामी चन्द्रमा अपनी कान्तिरूप दीपक को चारों ओर फैला रहा है और तुम्हारी चरणरज की कामनावाला यह मार्ग अपने आपको फैला रहा है ॥४२॥

तदनन्तर अनेक प्रकार के वेशों की रचना से युक्त, श्रीयमुनाजी के प्रशंसनीय वनसमूह के प्रदेश में वे गोपियाँ प्रियतम श्रीकृष्ण के सहित शोभा पाने लगीं। और प्रियतम श्रीकृष्ण ने भी जिस दिन रासलीला हुई थी उस दिन के पीछे "अगले अगले दिनों में दूसरा विलास करना चाहिये" यह सूचना प्रत्येक गोपी को दे दी ॥४३॥

उसके बाद भ्रमर-भ्रमरीसमूहरूप जन अपने स्थान से प्रत्येक युगलजोड़ी का अनुगमन करता हुआ, माङ्गलिक गीत की तरह गायन करने लगा। अहो ! कैसे आश्चर्य की बात है कि, वह भ्रमर-भ्रमरीसमूह-रूप जन भी, लक्ष्मीस्वरूपा अपनी गोपियों के सहित उस वृन्दावन के स्वामी श्रीकृष्ण को भली प्रकार जानता हुआ, वहाँपर सब जगह उनका अनुगमन करता रहता है ॥४४॥

अनन्तर स्निग्धकण्ठ ने पूछा कि—भैया मधुकण्ठ ! रात्रि तो किंचित्मात्र ही शेष रह गई थी, और उस रात्रि के शेषभाग में ही कृष्ण के सहित वे गोपियाँ पुनः पुनः भ्रमणकर रही थीं। उनकी क्रीडा की तृष्णा पुनः प्रबल ही होती जा रही थी। हाय ! ऐसी स्थिति में रात्रि के उस शेषभाग में श्रीकृष्ण की अङ्गनारूप गोपियों ने क्या किया ? ॥४५॥

मधुकण्ठ तत्काल बोला—तदनन्तर दर्शनपूर्वक उस वन का वर्णन करके जब अनेक क्रीडाएँ की जा रही थीं, तब श्रीकृष्ण ने प्रेयसी गोपियों के साथ परस्पर छिपे हुए जनों का अन्वेषण करनारूप जो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अन्योऽन्यं निह्नुतान्वेषणकृतिविहृतिं प्रेयसीभिर्मुरारि-
र्यां चक्रे सा रहस्तन्मिथुनमिथुनताकारणं जायते स्म ।
यत्रान्विष्यानुयाता विविधगतिवपुःस्फूर्तिना तेन या या
कुञ्जान्तस्तं गृहीत्वा पृथगपरदृशां दूरतां साञ्चति स्म ॥४६॥

कथञ्चन ददर्श या क्वचिदपीह कृष्णान्वितां
वधूं रहसि कामपि स्वयमिदंविधा काचन ।
प्रतीतिमगमन्नहि स्फुटममूं तमालान्वितां
स्फुटत्पुरटयूथिकां सपदि मन्यमाना हृदि ॥४७॥

शिञ्जितं विहगकाकली-कुलै,-र्गानमन्यभृतसम्भृतस्वरैः ।
रूपमप्यथ तमाल-चम्पक,-श्रेणिभिर्मुहुरवारि तादृशाम् ॥४८॥

यत्र सन्तमसमस्ति सन्ततं, तद्वनं न परदुर्गमं परम् ।
कुञ्जमध्यलसदोषधीश्रिया, तत्र तत्र मिथुनर्धिवर्धि च ॥४९॥

अथ रहसि गिरां विलासकम्रं, चलदमलाङ्गविकासिरोमहर्षम् ।
स्मरवलयिकलास्पृहातिलोलं, दिदिवुरलं युगलानि तानि तत्र ॥५०॥

विहार किया था; बस, वह 'आँखमिचौली'रूप विहार ही एकान्त में श्रीकृष्ण-गोपीरूप युगलजोड़ी की सुरतक्रीडा का कारण हो गया था। और जिस वृन्दावन में अनेक प्रकार की गति एवं शरीरों को प्रगट करनेवाले श्रीकृष्ण ने, जिस जिस गोपी को ढूँढ़कर प्राप्तकर लिया, वह वह गोपी श्रीकृष्ण को पकड़कर कुञ्ज के भीतर पृथक् पृथक् अन्यजनों की दृष्टि से बहुत दूर चली जाती थी ॥४६॥

एकान्त में श्रीकृष्ण से स्वयं मिली हुई जो कोई गोपी इस वन में किसी प्रकार किसी स्थानपर, श्रीकृष्ण से युक्त किसी वधू को एकान्त में यदि देख लेती थी तो भी, वह इस विश्वासपर न पहुँची कि यह गोपी ही कृष्ण से मिली हुई है, क्योंकि वह तो तत्काल अपने मनमें स्पष्टरूप से श्यामतमाल से मिली हुई खिलती हुई सुवर्ण की जूही नामक लता को ही मानती रही ॥४७॥

उस प्रकार की ऐकान्तिक क्रीडा करनेवाली उन युगलजोड़ियों के भूषण शब्द को पक्षियों के कलरवकुल ने छिपा लिया, एवं उनके गाने को कोकिलगण के परिपुष्ट स्वरों ने दबा लिया, और उनके रूप को तमाल एवं चमेली की पंक्तियों ने बारम्बार निवारणकर दिया ॥४८॥

और जिस वन में निरन्तर गाढ़ा अन्धकार है, वह वन केवल दूसरों के लिए दुर्गम ही नहीं, किन्तु निकुञ्ज के बीच में देदीप्यमान औषधी की शोभा के द्वारा, तत्तत् स्थलपर उस युगलजोड़ी की समृद्धि को भी बढ़ानेवाला हो रहा था ॥४९॥

अनन्तर उस वन में उस उस निकुञ्ज में गोपी-कृष्णरूप वे युगलजोड़ियाँ अत्यन्त क्रीडा करने लग गईं। क्रीडा करते समय उनके रमणीय वाक्यविलास होने लगे, चलते हुए निर्मल अङ्गों में रोमाञ्च विकसित हो उठे, एवं काम से युक्त चुम्बन आदि कलाओं की वाञ्छा से अति चञ्चलता हो चली ॥५०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ क्रमवशादद्भुत-भयानक-रौद्र-बीभत्स-वत्सल-करुण-वीर-हास्य-शान्त-शृङ्गाररसाः शृङ्गारानुकूलतया यथायोगं रसयितुमासादिताः ॥५१॥

"यथा—क्वचिदहीन-तुहिनमरीचिमरीचिविरोचमानकानने परिचितापरिचित-नानाविधमृग-पक्षि-वृक्षवल्ली-विलक्षणताविलोकनाय कृतपरिभ्रमणम्। क्वचिदपि मदाकुलभ्रमरकुलसंकुलगूढकुब्जङ्ग-कुसुमचय-चयनाय कम्पमानप्राणप्रणयिनीजनस्य प्रकटचाटुताघटनाय तत्र बलादिव विरचित-प्रवेशनाभिनिवेशम्। क्वचिदपि धृष्ट-षट्पददष्टता-लब्ध-कष्टस्पष्टदुष्परिहरवाष्पललनावकलनादुद्दण्डितेन सनालकेलिखरनालदण्डेन तद्दण्डनाय मकरकुण्डल-तुण्डपर्यन्तस्पर्शिशोककोकनदायमान-नेत्रपुण्डरीकम्। क्वचिदपि ललितविलासवलितानन-ललनावपुरनुभूय जुगुप्सितीकृत-स्थलकमल-स्थलावलोकनम्; क्वचिदपि शुकनिकराधिगमनीयरमणीयवाणीविलासकलनाय सलालनकलितकलकलाकलापम्; क्वचिदपि निजलीलामिलदुल्लसभावविलुलितसुललितमुकुलकुललतावकलनेन विकलतया विगलितनयनजललेशम्; क्वचिदपि

तदनन्तर क्रमपूर्वक अद्भुत, भयानक, रौद्र, बीभत्स, वात्सल्य, करुण, वीर, हास्य, शान्त एवं शृङ्गार आदि रस भी शृङ्गाररस के अनुकूल होने के कारण, यथायोग्य आस्वादित कराने के लिए लीलाशक्ति ने प्राप्त करा दिये— ॥५१॥

यथा—वे ही श्रीकृष्ण, प्रेयसीयों के साथ विलास करने लगे। इस लम्बे गद्य में 'विललास' क्रिया है, और क्रमशः अद्भुत आदि रसों के द्योतक प्रघट्टकों के अन्त में सभी क्रिया के विशेषण हैं, यह जानना। वे ही श्रीकृष्ण किसी स्थानपर पूर्णचन्द्र की किरणों से शोभायमान वन में, परिचित अपरिचित अनेक प्रकार के पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदिकों की विलक्षणता को देखने के लिए, परिभ्रमण करते करते, गोपियों के रमणकार्य के उपयुक्त हो गये थे। यहाँपर अद्भुतरस प्रकाशित हो रहा है। और कहींपर मतवाले भ्रमरसमूह से व्याप्त, एवं गुप्त निकुञ्ज के पुष्पसमूह का चयन करने के लिए, काँपते हुए प्राणप्रियारूप जन की स्पष्टरूप से चाटुता (चापलूसी) करने के लिए. उस निकुञ्ज में मानो बलपूर्वक प्रवेश के अभिनिवेश (आग्रह) की रचना करने लग गये। यहाँपर पुष्पों का भ्रमरों से व्याप्त होने के कारण, भयानकरस प्रकाशित हो रहा है। और किसी स्थानपर धृष्ट (ढीट) भ्रमरों के द्वारा काटने से प्राप्त हुए कष्ट के कारण, स्पष्ट ही दुःख से भी न दूर करने योग्य, आँसुओं से युक्त गोपाङ्गना के देखते ही, ऊपर को उठाये हुए, एवं नाल के सहित तीखे लीलाकमलरूप दण्ड के द्वारा, उन भ्रमरों को दण्ड देने के लिए, मकराकृति कुण्डलों के मुखतक स्पर्श करनेवाले, अर्थात् कर्णपर्यन्त विशालतावाले एवं प्रदीप्त रक्तकमल के से श्रीकृष्ण के नेत्रकमल लाल लाल हो गये। यहाँपर रौद्ररस झलक रहा है।

और कहीं पर मनोहर विलासों से युक्त मुखवाली रमणियों के शरीरों का अनुभव करके, घृणा के योग्य स्थलकमलों के स्थल को देखने लग गये। यहाँपर बीभत्सरस चमक रहा है।

और किसी स्थानपर शुकपक्षीसमूह के द्वारा अध्ययन करने योग्य रमणीय वाणीविलास को सिखाने के लिए, लालनपूर्वक (प्यारपूर्वक) मधुर एवं अस्पष्ट ध्वनि की कला के समूह को सिखाने लग गये। यहाँपर वात्सल्यरस है।

और कहींपर अपनी लीला से मिलते हुए चञ्चलभाव के कारण मर्दित (मिड़े हुए) सुन्दर कलिकासमूह से युक्त लताओं के देखने के कारण, उत्पन्न हुई विकलता से श्रीकृष्ण के नेत्रों से जल के बिन्दु गिरने लगे। यहाँ करुणरस टपक रहा है।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

प्रौढतासमूढगूढगर्वपर्वखर्वणाय सदम्भरम्भोरुवरूथमनु निर्व्यूढप्ररूढमारसम्प्रहारम्; क्वचिदपि मिथुन-मिथःकेलिकलानुकृति - नियति - वलित - प्रतिच्छायावलोक-कौतुकवाहितया विहित-बहुदासम् । क्वचिदपि परस्परमपरस्परस्पर्शसुखपरामर्शजातविषयजातनिवृत्ति-चित्तवृत्तितया निमीलद्विलोचनरोचमानम्; क्वचिदपि निर्यन्त्रणरमणश्रमपरतन्त्रतन्द्रायामपि तदेव रमणं भूयः समनुभूय रागसागरायमाणजागरम् । स एष केशवः प्रेयसीभिः सह विललास ॥५२॥

"भ्रमरमिह निभाल्य दत्तचुम्बं, व्रततिषु कीरमपीह दाडिमीषु ।
पुनरपि रमणो मनोजवश्य,-स्थितिरमणाय बभूव बल्लवीषु ॥५३॥

अलिरिह वदनोपदंशभासी,-न्मधुरसपानकरः सरोजिनीनाम् ।
यदजितरमणी-ततिर्निरीक्ष्य, स्फुटमभजन्मदनं विदूरतोऽपि ॥५४॥

"तच्च तच्च न वर्णयितुमात्मशक्तिं निर्वर्णये; यतः,
"तां ज्यौत्स्नीं तच्च वृन्दाविपिनमपि च तत्-कुञ्ज-वृन्दं तथा ताः
शय्या द्वे द्वे च ते ते हरि-हरिणदृशौ ताश्च सप्रेमलीलाः ।

और किसी स्थान पर बड़प्पन के कारण बढ़ी हुई गुप्त गर्वरूपी गाँठों को छोटी करने के लिए, छलयुक्त रम्भोरु गोपाङ्गनाओं के समूह को लक्ष्य करके, प्रबल कामयुद्ध की रचना करने लग गये। यहाँपर वीररस छलक रहा है।

और कहींपर गोपी-कृष्णरूप युगलजोड़ी की परस्पर क्रीडाकला के अनुकरण के नियम से युक्त प्रतिविम्ब के देखने में जो कौतुक, उस कौतुक के प्रापक होने के कारण, बहुत सा हास्य करने लग गये। यहाँ हास्यरस है। और किसी स्थानपर आपस में भिन्न भिन्न (गोपी-कृष्णरूप व्यक्तियों) के स्पर्शसुख के विचार से उत्पन्न हुए विषयसमूह से निवृत्त चित्तवृत्ति से युक्त होने के कारण, नेत्रों की अभिलाषापर्यन्त संकुचित हो गई थी। यहाँपर शान्तरस संघटित हो रहा है।

और कहींपर वाधारहित रमण करने से जो परिश्रम हुआ, उस परिश्रम के अधीन प्राप्त हुई निद्रा में भी, उस रमणसुख को दुवारा अच्छी प्रकार अनुभव करके, अनुराग के सागर की तरह जागरण संघटित हो गया था। यहाँपर शृङ्गाररस शोभा पा रहा है। श्रीकृष्ण ने प्रेयसीयों के साथ इस प्रकार विहार किया ॥५२॥

और इसी स्थानपर लताओंपर बैठकर उनको चुम्बन का दान देनेवाले भ्रमर को एवं अनार के फलोंपर आसक्त हुए शुक (तोते) को भी देखकर, रमणकर्ता श्रीकृष्ण फिर भी कामाधीन की सी स्थिति-वाले होकर, गोपियों में रमण करने को तत्पर हो गये ॥५३॥

और यहींपर कोई भ्रमर अपने मुख से काटकर कमलिनियों का मधुरस पी रहा था, जिसको देख-कर श्रीकृष्ण का रमणीगण बहुत दूर से भी, स्पष्ट ही काम की या श्रीकृष्ण की सेवा करने लग गया ॥५४॥

उस उस गूढ-विहार के वर्णन के लिए मैं अपने में शक्ति नहीं देख पा रहा हूँ। क्योंकि शरत्कालीन चन्द्र की चन्द्रिका से युक्त उस पूर्णिमा की रात्रि को, और उसी अपूर्व वृन्दावन को, उस लोकोत्तर निकुञ्ज-समूह को, तथा उन अनिर्वचनीय शय्याओं को, एवं कृष्ण-गोपीरूप उन अनेक युगलजोड़ियों को, और

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

पश्यत् पश्यन्मनो मे सपदि विषयितामुज्झदत्रानुमुह्यत्-
पश्यत् द्राग्याति तत्तद्विषयवलयतां हन्त पश्यानि केन ? ॥५५॥

"तदेतदिह सामान्यतया वर्णितम्, विशेषतः पुनरेवम्,—

अन्या वर्ण्याः सन्ति यत्र स्फुरेन्न, श्रीराधायाः कापि सौभाग्यलक्ष्मीः ।
तस्याः स्फूर्तौ वर्णनायां न शक्या, साप्येवं चेदन्यवार्ता तु दूरे ॥५६॥

"ततश्च परस्परं परपरागमनाशङ्क्या मंक्षु संकुचितलीला-विलासाः सविश्लेषं वेषं संश्लेषवलितं विधाय वल्लीगृहपल्लीनां बहिर्वर्तिसन्निवेशवेषं स्थलीविशेषं क्रमतः क्रामन्ति स्म ॥५७

"यत्र कृष्णस्याप्येकध्यमुद्बुध्यते स्म ॥५८॥

"तथा च तं क्रान्त्वा च दारुणतापदारुणप्रकाशसान्निध्यं निध्यायन्ति स्म ॥५९॥

"ततः, पूर्वस्यां दिशि काचनारुणरुचिच्छायाऽऽवृणोच्चन्द्रिकां
चन्द्रोऽप्याशु तदा पतन्निव करैरालम्बतास्ताचलम् ।
इत्थं कैरविणी-कुलं किल दरग्लानिं ययावित्यसू-
स्तद् रासाङ्कितरात्रिशान्तिविबुधा मम्लुश्च कृष्णप्रियाः ॥६०॥

प्रेमयुक्त उन नृत्य गीतादि लीलाओं को देखता देखता मेरा मन तत्काल अनुसन्धान की शक्ति को छोड़ता हुआ, पश्चात् यहींपर विमुग्ध होता हुआ, पुनः पुनः उसी लीला को देखता हुआ, शीघ्र ही तत्तद् विषयरूप असाध्य कण्ठरोग से आक्रान्त हो रहा है। हाय ! तब बताओ, मैं किसके द्वारा तत्तद् विषय को देख सकता हूँ ? ॥५५॥

इस प्रकार ग्रन्थकार सामान्य वर्णन में भी अपनी अशक्ति को दिखाकर, विशेष वर्णन में कैमुत्यन्याय दिखाते हुए कहते हैं कि—यहाँ पर यह विषय सामान्यरूप से वर्णित हुआ, किन्तु इसकी विशेषता तो इस प्रकार है—जहाँपर श्रीराधिका की कोई भी सौम्यलक्ष्मी की स्फूर्ति नहीं हो पाती, वहाँपर अन्य गोपियों का वर्णन किया जा सकता है। किन्तु श्रीराधिका की स्फूर्ति होनेपर तो, जब उनकी वह अपूर्व सौभाग्य-लक्ष्मी भी वर्णन नहीं की जा सकती, तब अन्य रूप गुण श्रीकृष्ण का वशीकार आदि के वर्णन की बात तो बहुत दूर है ॥५६॥

उसके बाद सभी गोपी-कृष्ण आपस में दूसरे जनों के आने की आशङ्का से शीघ्र ही लीलाविलासों को संकुचितकर, बेमेल हुए अपने अपने वेष को पहले की तरह सम्बन्धयुक्त बनाकर, लतागृहरूप छोटे छोटे ग्रामों के बाहर की सजी हुई विहरण के योग्य अकृत्रिम भूमिविशेष में क्रमशः टहलने लग गये ॥५७॥

जिस स्थलीविशेष में श्रीकृष्ण की भी एकरूपता ज्ञात होती थी, किन्तु बहुरूपता नहीं ॥५८॥

और उस स्थलविशेष में टहलकर दारुणतापदायक सूर्य की कान्ति की सन्निधि का ध्यान करने लग गये, या अरुणोदय के प्रकाश की समीपता को देखने लग गये ॥५९॥

तदनन्तर पूर्वदिशा में किसी अपूर्व अरुणप्रभा की शोभा ने चन्द्रिका (चाँदनी) को ढक लिया। उस समय मानो चन्द्रमा ने भी शीघ्र ही गिरते हुए की तरह अपने हाथरूप किरणों से अस्ताचल का सहारा ले लिया। इसी प्रकार कुमुदिनीसमूह भी किंचिद् ग्लानि को प्राप्त हो गया। इसी कारण रासरस से अङ्कित उस रात्रि की समाप्ति को जानती हुईं, वे सब कृष्णप्रियाएँ भी हर्ष से रहित हो गईं ॥६०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र खेचर-स्त्रीणां वचनम्,—

'नीचभाववलयी बलाद्व्रज,-न्नूर्ध्वतां निपततीति निश्चितम् ।
पश्य गोपसुमुखीमुखातिगः, पुष्करात् स्खलितवानसौ विधुः ॥६१॥

'किञ्च, अह्रियत कुवलयमाला, लीला गोपाङ्गनापाङ्गैः ।
इति किल दूनितबन्धुः, कुवलयबन्धुः पपात हा सिन्धुम् ॥६२॥

"श्रीव्रजदेवीनामपि,—

'ताराणां वृन्दमामृद्नन्नस्माकमपि सर्वतः ।
अयमाक्रमतेऽनूरुर्व्योम चाक्रामति द्रुतम् ॥६३॥

"ततश्च तासां तथाभावं विभाव्य भव्यस्वभावः स श्रीमान्नव्य-किशोरतानव्यसद्भावः प्रतिस्वमालिङ्गितानां दर्शितप्रणय-सम्पदिङ्गितानां वक्त्रकमलं स्रवदस्रं ममार्ज ॥६४॥

"सान्त्वयन्नेव चेदं सान्त्वमुवाच,—

'अच्छिन्नं समयं वहामि भुजयोरन्तः सखि ! त्वामिति
प्रत्याशा यदि सिध्यतीह तदपि स्वान्तं न मे तृप्यति ।
सिद्धौ तत्र तु विघ्नजातमतुलं बन्ध्वादिसम्भालनं
तस्माद्गेहगतेरवश्यवलने मा म्लानिरासाद्यताम् ॥'६५॥

उस समय आकाशचारिणी देवियों के वचन, यथा—जो व्यक्ति मात्सर्य आदि नीचभावरूप कङ्कण को धारण करनेवाला होकर, बलपूर्वक ऊँचे स्थानपर जाता है तो भी, नीचे ही गिर पड़ता है। यह बात निश्चित है। देखो, अहङ्कार के कारण सुमुखी गोपियों के मुख की शोभा का अतिक्रमण करनेवाला यह चन्द्रमा भी आकाश से गिर पड़ा है ॥६१॥

किंच गोपाङ्गनाओं के कटाक्षों के द्वारा कुमुदश्रेणी का विलास लज्जित हो गया है, मानो इसीलिए सन्तप्त हो गये हैं कुमुदरूप बन्धु जिसके, ऐसा वह कुमुदबन्धु (चन्द्रमा) भी हाय ! बन्धुओं के दुःख से समुद्र में गिर पड़ा है ॥६२॥

श्रीव्रजदेवियों का भी खेदमय वचन, यथा—हाय ! यह सूर्य का सारथि लँगड़ा होकर भी, ताराओं के समूह का मर्दन करता हुआ, और हम सब गोपियों के समूह को भी सब ओर से कान्तिविहीन करता हुआ, ऊपर को आ रहा है। और आकाशपर भी शीघ्र ही आक्रमणकर रहा है ॥६३॥

तदनन्तर उन गोपियों के उस प्रकार के लोकोत्तर भाव को देखकर, भव्य स्वभाववाले, एवं नवीन किशोरावस्था से युक्त प्रशंसनीय सुन्दर भाववाले श्रीमान् कृष्णचन्द्र, जो प्रत्येक अपने द्वारा आलिङ्गित हैं तथा जो प्रेमसम्पत्ति के विचित्र इशारे दिखा चुकी हैं, ऐसी उन गोपियों के अश्रुधार बहानेवाले मुखकमल का मार्जन करने लग गये ॥६४॥

और उनको सांत्वना देते हुए ही आगे कहे जानेवाले अत्यन्त मधुर वचन बोले—हे सखि ! मैं तुझको अपनी दोनों भुजाओं के बीच में सदैव धारण किये रहूँ, इस प्रकार की मेरी प्रत्याशा यदि सिद्ध हो जाय तो भी यहाँपर मेरा अन्तःकरण तृप्त नहीं होता है। उस प्रत्याशा की सिद्धि में तो "बन्धु आदि के द्वारा हमारा तुम्हारा सँभालना" इत्यादि अतुल विघ्नसमूह की सम्भावना है। इसलिए अब घर में जाने से तो अवश्य मिलन का निमित्त बन सकता है। अतः तुम ग्लानि को मत प्राप्त करो ॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इति पूर्ववदेव प्रत्येकं हस्तेन व्यतिषज्य सज्यमानविहारतया व्रजवर्त्मानुवर्तते स्म ॥६६

"यद्यपि वनितावशता,-मन्तर्यातस्तथाप्यसौ कृष्णः ।
भजति स्निग्धानन्यान्, सत्पुरुषाणामियं शैली ॥६७॥

"अथ लब्धपरस्परविच्छेदेषु च तत्तत्पल्लीवर्त्मभेदेषु प्रायेण प्राप्तगणसङ्गमत्रोटतामधिक-कोटतया भाविनीसमुदयः स्वयं न भावयितुमीशाम्बभूव ॥६८॥

"क्रमेण चात्यन्तरङ्गतत्तदङ्गनागणे गणेयतयावशिष्टे तेन सह निजनिजोपवनान्तर्वर्ति-गेहाङ्गणवर्त्मभेदमासाद्य क्षणं गमनाद् विरराम रेमे च ॥६९॥

"तत्र च—गाढोपगूढचरितं पटु चुम्बितं तद्, विश्रम्भभागभिहितं बहुमानितं च ।
तासां गतौ रचयता व्रजराज-पुत्रे,-णाकारि किं न किमितो गणनां न वेद्मि ॥७०

"ततश्च ताः सगद्गदं जगदुः,—
'सम्भावितं न बलते स्म यदस्मकाभि,-स्त्वत्प्राप्तिरत्र भवितेति तया च जातम् ।
विज्ञापनन्तु न इदं शृणु कृष्ण ! तस्मिन्, अङ्गीकृतं परिहरन्ति न जातु सन्तः ॥७१॥

इस प्रकार कहकर पहले की तरह प्रत्येक गोपी के हाथ से हाथ मिलाकर, विहार में आसक्त होकर, व्रज के मार्ग का अनुसरण किया ॥६६॥

यद्यपि ये श्रीकृष्ण अपने अन्तःकरण में गोपियों के वशीभूत हो गये थे तो भी, माता पिता आदि अन्य स्नेहीजनों की सेवा करते थे। क्योंकि सत्पुरुषों की यही शैली (स्वभाव या रीति) होती है ॥६७॥

उसके बाद परस्पर के विच्छेद को प्राप्त करानेवाले उन उन छोटे छोटे ग्रामों के भिन्न भिन्न मार्गों में, कोटि संख्या से भी अधिक गोपाङ्गनाओं का समुदाय, प्रायः प्राप्त हुए सखीगण के सङ्गम के टूटने के भाव को स्वयं विचारने के लिए समर्थ न हुआ। अर्थात् अनेक मार्गों से अनेक सखियाँ पृथक् पृथक् चली गईं, परन्तु भावावेश के कारण कोई भी इसका अनुसन्धान न कर सकी ॥६८॥

और क्रमशः अत्यन्त अन्तरङ्ग श्रीराधिका का ललिता आदि अङ्गनागण जब गिनने के योग्य अवशिष्ट रह गया, तब उसी गण के साथ अपने अपने उपवन के भीतर में विद्यमान घर के आँगनों के मार्गों के भेद को प्राप्तकर, श्रीकृष्ण ने क्षणभर चलने से विराम लिया, एवं कुछ क्रीडा भी की ॥६९॥

और उस उपवन में अन्तरङ्ग सखियों के साथ गाढालिङ्गनमय चरित की रचना करते हुए, अच्छी प्रकार चुम्बन करते हुए, "हे प्रिये ! मैं तुमको कभी नहीं त्यागूँगा" इस प्रकार विश्वासभरे कथन की रचना करते हुए, और महान् सम्मान करते हुए श्रीव्रजराजकुमार ने कौन कौन सा कार्य नहीं किया ? अपितु सभी किया। इसलिए मैं तो उन सब की गणना को नहीं जानता हूँ ॥७०॥

तदनन्तर वे गोपियाँ गद्गद होकर बोलीं—हे प्यारे श्याम ! हम सब ने कभी यह सम्भावना भी नहीं की थी कि, आपकी प्राप्ति इस दिव्यातिदिव्य निकुञ्जस्थल में हमको हो जायगी। किन्तु वह आपकी प्राप्ति तो आपकी अहैतुकी अनुकम्पा से हो गई, यह हमारा परमसौभाग्य है। किन्तु हे श्रीकृष्ण तुम्हारी उस प्राप्ति के विषय में हमारे इस विज्ञापन को सुन लो। देखो, सज्जनजन अङ्गीकार किये हुए जन को कभी भी त्यागते नहीं हैं। इस बात को याद रखना ॥७१॥

CC-0. Swami Atmanand Puri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, मिथो मिथुनमुत्तरं विरहमूहमानं मिथः
पतन्नयनवारिभिः समभिषिक्तमाश्लिष्यत ।
तदेवमखिलं वपुर्नियतमार्द्रमासीद् बहि-
स्तदस्य हृदयं पुनर्व्यजनि तादृगन्तर्बहिः ॥७२॥

"ततश्च, सहकान्तः कान्तासमुदयः शकुन्तकुलकलकोलाहलात् प्रातरिति कलितचमत्कारः कम्पसम्पत्सम्पतदस्रमजस्रभावनानिदानं कथञ्चिदेव विश्लेषमियेष ॥७३॥

"तथा विश्लिष्य च,—

"तिर्यक् पश्यन्मुहुरपि मिथस्तत्र तत्रापि सास्री-
भावाद् व्यस्रं मिथुनमथ तत् कृष्णराधादि-नाम ।
गेहं गच्छद्यदिह गमनायाऽशकन् तन्न चित्रं
धन्यानां स्यादुचितमखिलं यत्प्रयत्नं विनापि ॥७४॥

अजनि बहुव्यथतान्त,-र्बहुदयितानां वियोगतस्तस्य ।
सर्वावरकरुगन्तर,-मिव जज्ञे सा तु राधिकावियुतिः ॥७५॥

ज्यौत्स्नीं शारदिकां विहृत्य विविधं तस्मिन् बलादागतं
वीक्ष्य ब्राह्ममुहूर्तमुल्लधियश्छन्नाध्वमूर्तिक्रियाः ।

उसके पश्चात् गोपी-कृष्णरूप वह युगल परस्पर में परस्पर के अधिक विरह की सम्भावना करता हुआ, धाराप्रवाह से गिरते हुए प्रेमाश्रुओं से अच्छी प्रकार अभिषिक्त होकर, आलिङ्गन करने लग गया। इस प्रकार सारा शरीर तो बाहर से निश्चितरूप से भीग ही गया था, तो भी इस युगलजोड़ी का हृदय तो फिर भी बाहर भीतर से पहले जैसा ही हो गया ॥७२॥

तदनन्तर श्रीकृष्णरूप कान्त के सहित वह कान्तासमुदाय पक्षीकुल के मधुर कोलाहल के कारण, प्रातःकाल हो गया यह जानकर आश्चर्य से युक्त होकर, कम्परूप सम्पत्ति के सहित गिरते हुए अश्रुओं से युक्त, एवं निरन्तर भावना के मूल कारणस्वरूप वियोग को किसी प्रकार कष्टपूर्वक चाहने लगा ॥७३॥

और उस प्रकार वियुक्त होकर 'राधा कृष्ण' आदि नामवाला वह अनेक युगलस्वरूप परस्पर बार-बार टेढ़ीचाल से देखता हुआ, उसमें भी तत्तत् समय में सजलनयनों के कारण नेत्रजल से रहित होकर, अपने अपने घर में जाता हुआ भी वह अनेक युगलस्वरूप पुनः इस स्थानपर आने को जो समर्थ हुआ, वह आश्चर्य की बात नहीं है। क्योंकि भाग्यशाली पुण्यात्माओं के सभी कार्य प्रयत्न के बिना भी सिद्ध हो जाते हैं, यह उचित ही है ॥७४॥

श्रीकृष्ण के चित्त में चन्द्रावली आदि अनेक प्रियाओं के वियोग से भारी व्यथा उत्पन्न हो गई थी। किन्तु वह राधिका का वियोग तो सब रोगों को ढकनेवाला दूसरा रोगविशेष सा ही हो गया ॥७५॥

शरत्कालीन चन्द्रिका से युक्त पूर्णिमा की रात में उस पुलिन में अनेक प्रकार के विहार करके, बलपूर्वक आये हुए ब्राह्ममुहूर्त को देखकर, गोपियों की बुद्धि चञ्चल हो उठी, उनकी मूर्ति एवं सब क्रियाएँ

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्तत्केलिकलाविलासवलितस्वान्ताः स्वकान्तप्रियाः
स्वान्तस्तर्षमनन्तरीषदुदित-श्रान्तिव्रजं प्राविशन् ॥७६॥

"स एष रासोत्सवविशेषश्च निवृत्त इति बहिरेव वृत्तं नान्तः ॥७७॥ यतः,

"रासोत्सवं किल समाप्य गृहादिकृत्य,-व्यग्राश्च तन्मयतया व्रजवामनेत्राः ।
नानाविलासमयनर्तनगीतवाद्यं, साक्षादिव व्यदधतात्र च तत्तदेव ॥७८॥

नेता येषु तु रासकेलिषु भवेत् कृष्णः स्वयं नायिकाः
श्रीजैत्रव्रजसुभ्रुवो रसकथास्तत्रैव निर्लांछनाः ।
तत्तद्वर्णनमेव काव्यविबुधाः कात्स्न्र्येन कुर्युः परं
किन्तु श्रीशुकसम्मतं न यदिदं पूर्येत तैः सर्वकैः ॥"७९॥

स्निग्धकण्ठ उवाच,—"हन्त ! चत्वारस्ते कुमारकाः क्व गताः ?" मधुकण्ठ उवाच,—"पूर्वमारूढमहातरवः पश्चान्निजप्रभोः स्वगृहवर्त्मानुवर्तनमवधाय दूरचरिष्णुतया तूष्णीमेवानुवर्तिष्णुतामवापुः" इति ॥८०॥

निर्जन मार्ग में होने लगीं, उनके अन्तःकरण तत्तत् क्रीडा कलाओं के विलास से युक्त थे, ऐसी निजकान्त की प्यारी वे गोपियाँ भीतर से तो श्रीकृष्ण मिलन की तृष्णा से युक्त होकर, एवं बाहर से किञ्चित् उत्पन्न हुई विश्रान्ति से युक्त होकर व्रज में प्रविष्ट हो गईं ॥७६॥

कथावाचक महोदय अपना भाव प्रकाशित करता हुआ बोला कि—यह रासलीला का उत्सवविशेष जो समाप्त हुआ, वह तो केवल बाह्यदृष्टि से समाप्त हुआ, अन्तर्दृष्टि से नहीं ॥७७॥

क्योंकि वे व्रजाङ्गनाएँ रासोत्सव को समाप्त करके गृहादि कार्यों में व्यग्र हो गईं यह बात सत्य है, किन्तु पूर्वानुभूत रासोत्सव की तन्मयता के कारण, घर में भी उन उन अनेक प्रकार के विलासमय नाचना, गाना, बजाना आदि को साक्षात् की तरह अनुभव करती रहीं ॥७८॥

जिन रासलीलाओं में अनन्तगुण सम्पन्न श्रीकृष्ण स्वयं नायक बने हों, एवं लक्ष्मी को जीतनेवाली व्रजाङ्गनाएँ जिनमें स्वयं नायिका बनी हों, उन रासलीलाओं में ही रस की कथा निर्मल हो सकती हैं। इसलिए काव्यज्ञ पण्डितजन तो सम्पूर्णरूप से उत्कृष्टतापूर्वक तत्तद् विषयों का वर्णन ही कर सकते हैं। किन्तु शुकदेवजी की यह सम्मति नहीं है कि, वे सब काव्यज्ञ पण्डित मिलकर भी इस रासलीला के वर्णन की यथार्थ पूर्तिकर सकें। अर्थात् सम्पूर्णरूपेण रासलीला के वर्णन की किसी को भी सामर्थ्य नहीं है, यही श्रीशुकदेवजी का मत है ॥७९॥

सन्देह निवारणार्थ स्निग्धकण्ठ बोला—भैयाजी ! आपने रासलीला के आरम्भ में श्रीकृष्ण के साथ वन में जानेवाले दाम, सुदाम, वसुदाम, किंकिणी नामक चार कुमारों की चर्चा की थी, अहह ! वे चारों कुमार रास के समय कहाँ चले गये ?

मधुकण्ठ बोला—पहले तो वे एक विशाल वृक्षपर चढ़ गये थे, पीछे अपने स्वामी श्रीकृष्ण का निजी भवन के मार्ग में अनुगमन जानकर, दूर रहने के भाव को धारणकर चुपचाप रहकर ही, श्रीकृष्ण का अनुसरण करते रहे। तात्पर्य यह है कि—ये चारों कुमार श्रीकृष्ण के मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार इन चार अन्तरिन्द्रियों के मूर्तिमान्स्वरूप तन्त्रशास्त्र में कहे हैं। किन्तु श्रीकृष्ण की रहस्यमयी रासलीला में किसी इन्द्रिय की अपेक्षा नहीं है। क्योंकि श्रीकृष्ण के सभी अङ्ग समस्त इन्द्रियमय हैं (अङ्गानि यस्य

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदेवं मधुकण्ठः प्रथितमपि रासलीलावर्णनं त्रियामानियमतः संक्षिप्य तदीयसमाधेर्वि-क्षिप्यमाणतासङ्गनाय साञ्जलिर्व्यञ्जयामास,—॥८१॥

"स ईदृग्वल्लभो लब्धस्त्वया श्रीमति ! राधिके ! ।
यं भेजे रासरभसात् त्रिलोकी नायिकानिभा ॥८२॥

"अथ कञ्जनेत्रः कृताञ्जलितया प्रतीक्षितानुज्ञासारौ सूतकुमारौ स्वान्तिकमाहूय भूयः परिचस्कार निजानामङ्गानामङ्गनानामपि परिष्कारद्रव्येण ॥८३॥

"यदनु दानपर्वणा सर्व एव भासमानः सभासज्जनः प्रत्येकमेकव्यक्तिरपि क्रियालाघवाद् बहुविधनिभां व्यक्तिमवाप ॥"८४॥

ततो ब्राह्ममुहूर्ते मुहूर्तविश्रमाय सर्व एव स्व-स्वधाम जगाम ॥८५॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु रासप्रपञ्चपञ्चपूरणीपूरणं नाम
सप्तविंशं पूरणम् ॥२७॥

सकलेन्द्रियवृत्तिमन्ति, इत्यादि ब्रह्मसंहिता) । इसलिए ये चारों साक्षीरूप से दर्शन करने के लिए श्रीकृष्ण ने ही ऊँचे वृक्षपर चढ़ा दिये थे ॥८०॥

प्रसङ्ग को समाप्त करते हुए ग्रन्थकार स्वयं बोले कि—इस प्रकार मधुकण्ठ ने महान् विस्तृत रास-लीला के वर्णन को भी रात्रि की समाप्ति के नियमानुसार संक्षेप करके, रासलीला वर्णन एवं श्रवणमयी उसकी समाधि के बाहरीभाव की प्राप्ति के लिए हाथ जोड़कर यह भाव व्यक्त किया कि—॥८१॥

हे श्रीमति ! राधिके ! तुमने ऐसा अपूर्व प्रियतम प्राप्त किया है कि, नायिका के समान यह त्रिलोकी-रूप वधू रासलीला के हर्षमय वेग के कारण, जिस की निरन्तर सेवा करती रहती है ॥८२॥

तदनन्तर हाथ जोड़कर निज प्रभु की आज्ञा के सार भार की प्रतीक्षा करनेवाले, दोनों सूतकुमारों को कमलनयन श्रीकृष्ण ने अपने पास बुलाकर, जिन दिव्यद्रव्यों के द्वारा अपने अङ्गों की एवं निजाङ्गनाओं की सेवा की जाती है, उन्हीं प्रसादी द्रव्यों के द्वारा उन दोनों की सम्मानपूर्वक अधिक शोभा बढ़ा दी ॥८३॥

जिसके पश्चात् सभी सभासद्जन दानरूप उत्सव के द्वारा शोभा पाते हुए, प्रत्येक एक एक व्यक्ति होकर भी, दानक्रिया की शीघ्रता के कारण, अनेक प्रकार के व्यक्ति के समान प्रकाश पाने लगे ॥८४॥
पश्चात् सभीजन ब्राह्ममुहूर्त में मुहूर्तभर विश्राम करने के लिए अपने अपने भवन में चले गये ॥८५॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रि-विरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये रासलीलाविस्तारक-पञ्चपूरणीपूरणं नाम
सप्तविंशं पूरणं संपूर्णम् ॥२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथाष्टात्रिंशं पूरणम्

अम्बिकावन-गमनम्

(श्रीकृष्णस्य नवमवर्षीया लीला)

अथ प्रत्यहवत् प्रभातभासमानायां सभायां स्वावसरजातप्रसरः स्निग्धकण्ठः सोत्कण्ठमाह स्म,—"मधुकण्ठ ! श्रूयतामनन्तरं हरिचरितम् ॥१॥

"ततः सर्वानन्दवर्षे हरेर्नवमे वर्षे परुत्नादप्यधिकतया यत्नादैषमस्त्ये सामस्त्येन कृतविस्तारे गिरियज्ञसारे निर्वृत्ते मासकतिपये च वृत्ते विलक्षणलक्षणा शिवक्षणदातिप्रचुरं जनसमाजमाजहार ॥२॥

"किन्तु प्रायशो यशोधनादिकामनया सामानाधिकरण्यादम्बिकारण्याय सममम्बिकापतिपूजनार्थं जना वर्षं वर्षं प्रति सहर्षं गच्छन्ति, यच्छन्ति च विविधानि धनानि, किमुत तस्यां योगविशेषादसमायां समायाम् । यत्र कुतूहलावकलनादि-लीला-कल्लोलिनी-कल्लोल-लोल-श्रीगोपाल-चालित-चित्ता गोपालाः, किं बहुना, गोपालक्षितिपालचरणाश्च तद्यात्रास्पृहा पात्रतामवापुः ॥३॥

अठ्ठाईसवाँ पूरण

व्रजवासियों का अम्बिकावन में जाना, एवं श्रीकृष्ण की नौमें वर्ष की लीला

इस अठ्ठाईसवें पूरण में श्रीकृष्ण ने गोपों के सहित अम्बिकावन में जाकर सुदर्शन नामक विद्याधर को ऋषियों के शाप से मुक्ति किया, यह कथा वर्णित होगी ।

अनन्तर प्रतिदिन की तरह देदीप्यमान प्रातःकाल की सभा में अपनी कथा के अवसर में जिसको प्रेम उत्पन्न हो गया, वही स्निग्धकण्ठ उत्कण्ठापूर्वक बोला—भैया ! मधुकण्ठ ! आगे का हरिचरित श्रवण कीजिये ॥१॥

अनन्तर सभी प्रकार के आनन्दों की वर्षा करनेवाला श्रीकृष्ण का नवम वर्ष जब उपस्थित हो गया, एवं परसाल में होनेवाले गिरिराज पूजन की अपेक्षा इस नवमें वर्ष में होनेवाला, अधिक भावमय प्रयत्न के कारण, पूर्णरूप से किये गये विस्तारवाला, साररूप गिरिराज का पूजन जब निवृत्त हो गया, एवं कतिपय (कुछ) मास जब व्यतीत हो गये, तब फाल्गुन में उपस्थित हुई विलक्षण लक्षणों से युक्त शिवरात्रि ने अतिविशाल जनसमाज को अपनी ओर आकर्षित कर लिया ॥२॥

किन्तु सभी व्रजवासीजन प्रायः यश एवं धनादि की कामना करके सबकी आधाररूप पूजा की समानता के कारण, एकसाथ अम्बिकापति (शिवजी) की पूजा के लिए प्रतिवर्ष हर्षपूर्वक अम्बिकावन को जाते रहते हैं, और अनेक प्रकार के धनों का दान भी करते हैं, फिर नक्षत्र आदि के योगविशेष से अनुपम उस वर्ष में वे कितना दान करेंगे, इसका कोई अनुमान नहीं लगा सकता । और जिस शिवरात्रि की यात्रा में कौतूहल के दर्शन आदि लीलारूप नदी की तरङ्गों से चञ्चल हुए श्रीगोपालजी के द्वारा जिनके चित्त चलायमान कर दिये, वे सभी गोपाल उस अम्बिकावन की यात्रा की इच्छा के पात्र बन गये । अधिक क्या कहें ? व्रजभूमि के पालक पूज्यपाद श्रीव्रजराज भी उसी प्रकार की इच्छा के पात्र बन गये ॥३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सञ्चेरिरे च तेऽचिरेण महारम्भसम्भार-भारहारविशङ्कट-शकटवारनिःसारणया तत्र जनैर्नानासामग्रीरगर्ह्यं वह्यानडुहश्चानांसि वाहयन्तः कोलाहलकुतूहलमन्वभूवंश्च ॥४॥

"यत्र पुत्रानुरागपरिमलनिर्मलपात्री व्रजधरित्री-क्षितिपालयित्री नानागोपकलत्राणां सुखसत्रायमाणतया तैः सत्रा सत्रयात्रां चकार। किं बहुना, गो-गोकुलपालनकृते कृतेहानुपनन्दाभिनन्दादीनृते सर्व एव पर्वपूर्वं चलन्ति स्म। यत्र लाल्यभावतः सन्नन्दनन्दनावग्रजमनुव्रजतः स्म, लालकभावात्तज्जन्मानमनु च ॥५॥

"तत्र विशेषतस्तु,—

मुखकमलविराजन्नाट्यदृक्खञ्जरीटा, स्तनकनकजकुम्भभ्राजिपत्रावलीका।
चरणसरसिजानां हंसकस्वानरम्या, व्रजजनिमहिलाली तत्र भव्यं बभार ॥६॥

"ततश्च, न परं चाक्षुषमासी,-त्तद्व्रजजनचलनं विदूरतः किन्तु।
शकटघटाटननादाद्,-वादादप्यन्धवेद्यं च ॥७॥

सुराणां नृणां च प्रतिपदबहूभावमयतां, सवाद्यैर्गीताद्यैः सह कुसुमवर्षैर्जयरवैः।
मुकुन्दालोकाय प्रथितपथिकालीशबलनैः, समन्तात् संघट्टैरभिययुरमी आम्बिकवनम् ॥८॥

और वे सब विशाल आयोजन की सामग्री के भार को ढोनेवाले बड़े बड़े शकट (गाड़ी) समूह को बाहर निकालकर शीघ्र ही चल दिये। उस चलने में अनेक प्रकार की सामग्री को सेवकजनों से ढुवाते हुए, एवं प्रशंसनीय द्रव्यों को ढोनेवाले बैलों के द्वारा गाड़ियों को चलाते हुए कोलाहल के कौतूहल का अनुभव करने लग गये ॥४॥

और जिस अम्बिकावन के निमित्त पुत्रविषयक अनुरागरूप मनोहर गन्ध की निर्मल पात्रस्वरूपा, एवं व्रज को धारण करनेवाली धरती का पालन करनेवाली व्रजरानी श्रीयशोदा ने, अनेक गोपाङ्गनाओं को सदा सुख देनेवाली का सा व्यवहार करते हुए उन्हीं गोपों के साथ यात्रा कर दी। अधिक क्या कहें ? गोगण और गोकुल की रक्षा करने के लिए चेष्टा करनेवाले उपनन्द, अभिनन्द आदि को छोड़कर, सभी जन उत्सवपूर्वक चल दिये। और जिस चलने में भी नन्दजी के छोटे भाई सन्नन्द, नन्दन ये दोनों ही पोष्यभाव के कारण, नन्दजी के पीछे पीछे चल रहे थे, एवं पोषकभाव से श्रीनन्दकुमार के साथ साथ चल रहे थे ॥५॥

उस यात्रा में विशेष करके तो व्रज में उत्पन्न होनेवाली महिलाश्रेणी उस समय अनेक मङ्गल चिह्नों को धारण कर रही थी। उस महिलाश्रेणी के मुखकमलपर नेत्ररूप दो दो खञ्जनपक्षी सुन्दर नृत्य कर रहे थे, एवं उसके स्तनरूप सुवर्ण कलशोंपर केसर कस्तूरी मिश्रित चन्दन की चित्रावली प्रदीप्त हो रही थी, तथा चरणकमलों के नूपुरों के शब्द से वह महिलाश्रेणी रमणीय हो रही थी ॥६॥

उन व्रजवासीजनों का वह चलना केवल दूर से ही नेत्रगोचर नहीं हो रहा था, किन्तु बैलगाड़ियों की घटा के चलने के शब्द से एवं चलनेवालों की बातचीत से वह चलना अन्धों के भी जानने योग्य हो रहा था ॥७॥

और प्रतिक्षण अधिकता को प्राप्त होते हुए देवता एवं मनुष्यों के गाने बजाने आदि के साथ, तथा पुष्पवृष्टि एवं जय जयकारों के सहित, और श्रीकृष्णदर्शनार्थ आती हुई विख्यात पथिकश्रेणी के सम्मेलनपूर्वक चारों ओर से संघटित होकर वे सभी व्रजवासी अम्बिका के वन को चल दिये ॥८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—भ्रात्रा सत्रा हरिस्तत्रारुह्य कम्बलिवाह्याकम् ।
विचित्रमित्रग्रन्त्रीणां वृतं पृतनया ययौ ॥९॥

कदाचिदुन्नतं तत्र शकटं घटयन् पृथक् ।
अभीष्टं द्रष्टुमुत्कण्ठी स स्म सुष्ठु प्रतिष्ठते ॥१०॥

सखिबलबलवान् विहारचर्यां, पथि विदधत् कुतुकं च लोकमानः ।
मुहुरुपचरितः स्वयं जनन्या, बकरिपुराम्बिककाननं विवेश ॥११॥

"तत्र च—जंघालास्ते लक्षशो लोकसंघा,-स्तीर्थं याताः कृष्णमापुश्च दैवात् ।
तृष्णा-दीनाः पाथसस्तत्प्रयाताः, सौधीं यद्वद्वृष्टिमन्ते लभन्ते ॥१२॥

"तस्मिन्निदमद्भुतमुद्भूतमभूत्,—
उत्फुल्लनेत्रकमलं पुलकप्रसार,-शैवालमश्रुमिलदूर्मिजनप्रवाहः ।
आक्रम्य सेतुमधिगम्य सुरम्यकृष्ण,-शोभामहाम्बुधिमगाज्जलतामपीह ॥१३॥

"ततश्चाभिख्यामात्रतः कृतसर्ववशीभावस्य तस्य तदासेचनक-रूपनिरूपणात् पश्य पश्येत्येवास्मिन् पश्यति लोके कथञ्चित्-कृतनिवारणे च तस्मिन् कोलाहलकारणे व्रजवासिजनः सर्व एव यथायथमावासमाससाद ॥१४॥

उनमें भी श्रीकृष्ण तो भैया बलदेवजी सहित छोटी सी बैलगाड़ी में चढ़कर, एवं मित्रों की चित्रविचित्र छोटी छोटी गाड़ियों की सेना द्वारा घिरकर जा रहे थे ॥९॥

और श्रीकृष्ण वहाँपर कभी कभी अपनी गाड़ी को सबसे ऊँची एवं पृथक् करते हुए अभीष्ट महोत्सव को देखने के लिए अच्छी प्रकार प्रस्थान कर रहे थे ॥१०॥

मित्ररूप सेना से बलवान् श्रीकृष्ण मार्ग में खेल खिलवाड़ करते हुए, कौतुक देखते हुए, माता के द्वारा स्वयं बारंबार लालित होकर अम्बिकावन में प्रविष्ट हो गये ॥११॥

और वहाँपर प्यास से दीनजन जल के कारण चलते चलते दैवयोग से जैसे अन्त में अमृतमयी वृष्टि को प्राप्तकर लेते हैं, ठीक उसी प्रकार अतिवेग से चलनेवाले वे लाखों लोगों के झुण्ड उस अम्बिका तीर्थ में आकर, सौभाग्य से श्रीकृष्ण को पा गये ॥१२॥

वहाँपर यह बात अद्भुत हुई कि, इस तीर्थ में जनतारूपी जलप्रवाह मर्यादा को तोड़कर, श्रीकृष्ण की मनोहर शोभारूप महासमुद्र को प्राप्तकर, जलता को या प्रेम के कारण जड़ता को भी प्राप्त हो गया था। उस जनप्रवाह में खिले हुए नेत्र ही कमल थे, रोमाञ्चों का फैलाव ही शैवाल (जलकाई) था, एवं अश्रु ही मिलते हुए तरङ्ग थे ॥१३॥

तदनन्तर नाममात्र से या शोभामात्र से सबको वशीभूत करनेवाले श्रीकृष्ण के उस समय जिसके दर्शन से तृप्ति का अन्त नहीं होता, उसको आसेचनक कहते हैं, ऐसे रूप को देखते ही देखो, देखो। यह कह कर सभी लोग जब बारबार श्रीकृष्ण दर्शन कर रहे थे, एवं उस कोलाहल का कारण किसी प्रकार जब निवारण कर दिया गया, तब सभी व्रजवासीजनों ने यथायोग्य निवासस्थान को प्राप्तकर लिया ॥१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"आसद्य च पुरोहितहितसहिततया कृतस्नानदानव्यापारे श्रीव्रजराजविराजमान-समाजवारे कुतुकतस्तैर्थिकसार्थदर्शनार्थं स्नातानुलिप्तादीप्तः सखिरामारामरमणः कमनकमल-लोचनस्तत्र तत्र भ्रमणक्रममाचचार ॥१५॥

"यत्र नानादेशजानां वेशनिवेशनिर्वेशसंवेशभाषाभिनिवेश-क्रियाविनिवेशविशेषाननुभूय बहुलकुतूहलमाकलयाम्बभूव ॥१६॥

"यत्र च 'कृष्णं पश्य रामं पश्य श्रीदामानं पश्य' इत्यमी पश्यन्तः कोलाहलं बंहयामासुः ॥१७॥

"यत्र च तदीयवृन्दानि गोविन्दीय-सुन्दरतामरन्दविनिस्यन्दममन्दं नयनरसनया रसयन्ति। मोहातिशयवन्ति विहितहितसर्वस्वात्मनिवेदनं सास्रनम्रकम्रवदनं सदनसदना-दासीदन्ति च सञ्जिताञ्जलितया तस्थुः ॥१८॥

"श्रीकृष्णस्तु तदङ्गीकृत्यापि शीलवृत्त्या तदीयस्नेहं साङ्गीकुर्वन् 'मदीया एव भवद्भ्ववदीयार्था मत्प्रत्यर्पणतः प्रतिस्वं यथानिष्ठमवतिष्ठन्ताम्' इति सन्तोषयन् क्रमशो निजाश्रममेवाश्रममाजगाम ॥१९॥

और निवासस्थान को पाकर पुरोहित एवं हितैषीजनों के सहित, श्रीव्रजराज से विराजमान सभास्थ जनसमूह ने जब स्नान दानादि व्यापार कर लिया, तब कौतुक से तीर्थवासी जनसमुदाय के दर्शनार्थ मनोहर कमल के से नेत्रोंवाले श्रीकृष्ण, पहले स्नान एवं पीछे चन्दन आदि अनुलेपनके भाव से प्रदीप्त होकर, सुबल श्रीदामा आदि मित्र एवं बलरामजी के साथ उपवनों में भ्रमण करते करते तत्तत् स्थलों में भ्रमण की परिपाटी का आचरण करने लग गये ॥१५॥

और उस भ्रमण के क्रम में अनेक देशों में उत्पन्न हुए जनों के वेश (पहनावा) निवेश (सैन्य-विन्यास, शिविर, तम्बू), निर्वेश (वेतन या उपभोग), संवेश (शयन), भाषा (बोली), अभिनिवेश (आग्रह या आसक्ति), क्रिया विनिवेश (रहन सहन की परिपाटी), इत्यादि विशेषताओं का अनुभव कर अधिक कुतूहल प्रकाशित किया ॥१६॥

और उसी क्रम में कृष्ण को देख ! बलराम को देख ! श्रीदामा को देख ! इत्यादि कहकर देखते हुए वे नाना देशवासी जन कोलाहल को बढ़ाने लगे ॥१७॥

और जहाँपर अनेक देशों में रहनेवाले जनवृन्द श्रीगोविन्द की सुन्दरतारूप मधु के झरनों का नेत्ररूपी जिह्वा से विशेष स्वाद लेते हुए, अतिशय मोहित होते हुए, हितकर सर्वस्व आत्मनिवेदनकरण-पूर्वक, एवं अश्रुयुक्त नम्र व मनोहर मुख से, घर घर से निकलकर आते हुए हाथ जोड़कर खड़े हो जाते थे ॥१८॥

श्रीकृष्ण तो उनकी दी हुई सब वस्तुओं को अङ्गीकार करके भी, अपने शीलस्वभाव से उनके स्नेह को परिपूर्ण करते हुए "आप सब एवं आपकी सब वस्तुएँ मेरी ही तो हैं, किन्तु अब मेरे द्वारा प्रति अर्पण करने के कारण, अर्थात् लौटा देने से प्रत्येक वस्तु पहले की तरह यथास्थान धरी रहने दो" यों कहकर उन सबको सन्तुष्ट करते हुए, क्रमशः अनायास अपने आश्रमपर ही चले आये ॥१९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"आगम्य च सायन्तनमशनं सङ्कल्प्य मातुर्मानसमानन्देन वितत्य प्रशस्तवस्त्रमाला-लङ्कारसारं परिकृत्य सखिभिरात्मानं परिवृत्य सर्वभागवतशिवप्रदस्य भागवतपरम्परा-परमगुरोः शिवस्य वरिवस्यायां शिवरात्रियात्रिभिः पित्रादिभिरेकाग्रतया स्वमङ्गलकृते कृतजागरं स्वीय-परकीय-राजकीय-जनकीयबहलकोलाहलप्रकारं शिवागारमनु नानाविद्या-विस्मायकतया विद्यमानान् संपश्यति स्म ॥२०॥

"सर्वे व्रजजनास्तत्र कल्पवृक्षसमा बभुः ।
अधिदेव इवादीप्यद्धन्यः पर्जन्यनन्दनः ॥२१॥

"प्रभाते च प्रभाते वदान्यताप्रचाराहृतविप्रादीनामगणेयगणाय गुणगुणितान्नादिदानतः सम्मानतश्च वितानितयशसि श्रीव्रजराजसदसि तेषु तत्तीर्थयात्रिशतेषु च चिरपरिचित-चरवत् परमप्रीतिस्फीतीभावननीतितः कथमपि प्रस्थापितेषु तस्याममावस्यायां तस्मिन्नेव व्रजवसतिभिः सह पितृभ्यां लालितः स हरिर्वासतेयीमुवास ॥२२॥

"ततः सा च रात्रिर्यात्रिकजनप्राचुर्यपूर्यमाणा नासीदिति कोलाहलापगमेन ह्यस्तन-जागरक्लमेन च सुप्तिः सर्वतश्च निर्भरमेवाविर्भवति स्म ॥२३॥

"यत्र दनुजामित्रस्तु व्रीडातः क्रीडातश्च किञ्चिद्दूरगतः सखिजनजनितसुखं निद्रायते स्म ॥२४

और आते ही सायंकालीन भोजन कर, माता के मन को आनन्द से बढ़ाकर, प्रशस्त वस्त्र, माला एवं उत्कृष्ट अलंकार धारण कर, सखाओं से अपने को घेरकर, सभी भगवद् भक्तों को मङ्गलदायक, भक्तों की परम्परा के परमगुरु श्रीशिवजी की पूजा में, शिवरात्रि के यात्री माता पिता आदि के सहित, अपने अपने मङ्गल के लिए जिस मन्दिर में एकाग्रतापूर्वक जागरण किया जा रहा था, और जो स्वकीय, परकीय, राजकीय जनों के अधिक कोलाहल से पूर्ण था, ऐसे शिवमन्दिर के निकट जो व्यक्ति अनेक विद्याओं से सब को विस्मित करते हुए विद्यमान थे, उनको भली प्रकार देखने लग गये ॥२०॥

वहाँपर सभी व्रजवासीजन कल्पवृक्ष के समान शोभा पा रहे थे । और परमधन्य पर्जन्यनन्दन श्रीनन्दजी तो उनके बीच में कल्पवृक्षरूप उन व्रजवासियों के अधिष्ठातृदेव चन्द्रमा की तरह देदीप्यमान थे ॥२१॥

अनन्तर प्रातःकाल के प्रकाशित हो जानेपर व्रजराज के अतिशय दानीपन के प्रचार से आकर्षित होकर आये हुए ब्राह्मणादिकों के अगणित समुदाय के लिए, अनेक प्रकार के गुणों से युक्त अन्नादि के दान से, एवं सम्मान से विस्तृत यशवाली श्रीव्रजराज की सभा में विराजमान उन सैंकड़ों अम्बिकावन के तीर्थयात्रियों को, पहले से ही चिर परिचित की तरह, परमप्रीति से विशाल भावनामयी नीति से, किसी प्रकार प्रस्थापित कर देने के बाद, उस अमावस्या के दिन उसी अम्बिका वन में व्रजवासियों के सहित मातापिता के द्वारा लालित हुए श्रीकृष्ण रातभर निवास करते रहे ॥२२॥

अनन्तर वह रात यात्रीजनों की अधिकता से परिपूर्ण नहीं थी, इसीलिए कोलाहल के दूर हो जाने से एवं पहले दिन के जागरण के परिश्रम से, निद्रा चारों ओर प्रगाढतापूर्वक प्रगट हो गई ॥२३॥

उन सब में श्रीकृष्ण तो मातापिता की लज्जा से एवं खेल खिलवाड़ के कारण, कुछ दूर जाकर, मित्रों के द्वारा उत्पन्न हुए सुख से सो गये ॥२४॥

CC-0. Swami Atmanand Puri (Haridwar). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तस्यां निशि दिशि दिश्यपि दर्शिततमसि रहितदन्तगरः कश्चिज्जरदजगरः सर्पः सर्पन् व्रजराजचरणराजीवं निजगार ॥२५॥

"तेन च वीर्यवत्तया निगीर्यमाणे चरणे शरणेच्छुर्व्रजधरणीशः सन्ततकृष्णस्फूर्तिपूर्ति-प्रचितचित्ततया जाग्रदेव कृष्णमुद्दिश्य चुक्रोश ॥२६॥ यथा—

"कृष्ण ! कृष्ण ! बत कृष्ण ! कृष्ण हे !, तात ! मामजगरो ग्रसेत किम् ।
इत्यसौ स्मरणतस्तनूजने,-स्तस्य मोहमयभावमाययौ ॥२७॥

"अथ तत्पार्श्ववर्तिनः शूरचक्रवर्तिनश्चन्द्रहासमादाय समुत्थिताश्चन्द्रमसं ग्रसमानं राहुमिव बाहुशालिनस्तं पश्यन्तः प्रव्यथिता व्यर्थीभूततत्प्रहारप्रयासास्तदुपायान्तरमपश्यन्तश्च व्यग्रताक्रथिताः शरारुभिर्ज्वलदग्रोदग्रदारुभिर्जघ्नुः ॥२८॥

"तथाप्यत्यजति तत्राजगरे प्रथमशब्दादेव जाग्रद्व्रजराजतनूजः सुरगजराज इव धावंस्तर्ह्यवाजगाम ॥२९॥

"आगच्छतश्च तस्य स दीर्घतरदीर्घपृष्ठः पुच्छमनु वाटघटितन्यायेन चरणपल्लवस्पृष्टतां प्राप ॥३०॥

उसके बाद प्रत्येक दिशा में अन्धकार दिखानेवाली उस रात्रि में, विष से रहित दाँतोंवाला कोई बूढ़ा अजगर सर्प सरकता हुआ, श्रीव्रजराज के चरणकमल को निगल गया ॥२५॥

उस अजगर ने प्रबलतापूर्वक जब चरण को निगल लिया, तब रक्षक की इच्छावाले व्रजभूपति निरन्तर श्रीकृष्ण की स्फूर्ति की पूर्ति से व्याप्त चित्त होने के कारण, जागते ही श्रीकृष्ण को उद्देश्य कर रोते हुए पुकारने लगे— ॥२६॥

हा कृष्ण ! हा कृष्ण ! हे वत्स ! कृष्ण ! हे कृष्ण ! लाल ! तेरे रहते हुए भी, यह अजगर मुझ को लील ही जायगा क्या ? इस प्रकार कहते कहते व्रजराज अपने उस पुत्र के स्मरण के कारण मोहमय भाव को प्राप्त हो गये ॥२७॥

तदनन्तर पास में बैठे हुए श्रेष्ठ वीरगण तलवार को लेकर खड़े हो गये, एवं प्रबल भुजाओं से सुशोभित वे वीरवर चन्द्रमा को निगलते हुए राहु की तरह, उस अजगर को देखते हुए, अति दुःखी हो गये। और अपनी अपनी तलवार के प्रहार के प्रयास की व्यर्थता से दूसरे उपाय को न देखते हुए, व्याकुलता से दग्ध होकर, घातक एवं जलते हुए अग्रभाग से युक्त भयंकर काष्ठों से उसको पीटने लग गये ॥२८॥

तो भी उस अजगर ने जब नन्दजी को नहीं छोड़ा, तब उन नन्दजी की पहली पुकार से ही जागे हुए, व्रजराजकुमार ऐरावत की तरह दौड़ते हुए उसी समय आपहुँचे ॥२९॥

मार्ग में पड़ी हुई वस्तु जैसे अनायास पैर छू लेती है, उसी प्रकार के वाटघटितन्याय से मार्ग में पड़ा हुआ अत्यन्त लम्बा चौड़ा वह अजगर पूँछ की ओर, आते हुए श्रीकृष्ण के चरणपल्लव के स्पर्श के भाव को अनायास प्राप्त हो गया ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्स्पृष्टश्चायं विसृष्टतच्चरणः स्वयमकस्मात् सर्पाकारादुत्सर्पन् वपुरन्तरमन्तरेण विद्याधराकारं धारयति स्म ॥३१॥

"तत्करपल्लवस्पृष्टचरणाः श्रीव्रजराजचरणाश्च यथावद्विराजमानतामापुः ॥३२॥

"ततः साश्चर्यं कृतावलोकेषु सर्वलोकेषु सुदर्शननामधरः स तु विद्याधरचरः पुनर्लब्धस्वरूपवरस्तं प्रशंसन् स्वशापवृत्तान्तं शंसंस्तदीयां क्षमामाशंसंस्तदनुज्ञातः स्वाधिष्ठानमेव प्रतिष्ठते स्म ॥३३॥

"ये पूर्वं तत्रापत्रपामपहाय श्रीव्रजपतिपत्नीप्रभृतयः कुलस्त्रीजनाः किमुतान्ये संसृज्यमानतयानुसृत्य कृत्यमूढतामनुबभूवुः । सम्प्रति तु ते यथायथं मिथः समुपगूढाः केवलमूढरोदना बभूवुः ॥३४॥ यथा—

'तातं कृष्णश्च रामश्च कृष्णं रामं च मातरः ।
मातृश्चान्यास्तथान्योऽन्यमन्ये शिश्लिषुरुन्मदाः ॥'३५॥

"तदेवं कृतक्षपणायां क्षपायां तत्क्षणमेव तूर्णगमनमनसः सममनःसमूहमारोहन्तश्चिरगन्तव्यं पन्थानमन्तिकमिवातिक्रान्तवन्तः प्राप्तवन्तश्च निजव्रजम् ॥३६॥

उनके चरण स्पर्श करते ही उस अजगर ने श्रीनन्दजी के चरण को छोड़कर, स्वयं अकस्मात् सर्प के आकार से उठते हुए दूसरे शरीर के बिना ही, विद्याधर के आकार को धारण कर लिया ॥३१॥

पूज्यपाद श्रीव्रजराज भी श्रीकृष्ण के करपल्लवों द्वारा चरणों के छूते ही, पहले की तरह शोभा पाने लगे ॥३२॥

उसके बाद सभी लोग इस घटना को जब आश्चर्यपूर्वक देख रहे थे, तब सुदर्शन नामक वह भूतपूर्व विद्याधर पुनः अपने सुन्दर रूप को पाकर, श्रीकृष्ण की प्रशंसा करता हुआ एवं अपने शापके वृत्तान्त को कहता हुआ, उनकी क्षमा को चाहता हुआ, उनकी आज्ञानुसार अपने स्थान को ही चला गया ॥३३॥

वहाँपर पहले लज्जा को छोड़कर, श्रीव्रजरानी आदि जो कुलाङ्गनाएँ थीं, वे सब भी सम्मिलितभाव से पास में आकर जब किंकर्तव्यविमूढता का अनुभव कर रही थीं, तब अन्य साधारण स्त्रियों का तो कहना ही क्या है ? किन्तु अब तो वे सब की सब यथायोग्य परस्पर मिलती हुईं, केवल रोने को धारण करनेवाली हो गईं ॥३४॥

सभीजनों का परस्पर मिलन यथा—कृष्ण-बलदेव पिताजी को, एवं सभी माताएँ कृष्ण-बलदेव को, और अन्य स्त्रियाँ माताओं को आलिङ्गन करने लग गईं । तथा अन्य सभीजन प्रेमोन्मत्त होकर, आपस में मिलने लग गये ॥३५॥

अतएव इस प्रकार रात्रि के बीत जानेपर, तत्काल ही शीघ्र चलने में मनवाले सब व्रजवासी एकसाथ गाड़ियों के समूहपर चढ़ते हुए, बहुत देर चलने योग्य मार्ग को निकट की तरह अतिक्रमण करते हुए अपने व्रज में पहुँच गये ॥३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्रोपनन्दादयः सनन्दनं सहसमाजं श्रीमन्नन्दराजमनवद्यवाद्यगीतपरीतवेदघोषानुगत-सर्वघोषा यथायथं संसज्य नीराज्य च व्रजोपवनमावास्य स्नपनादिभिरुपास्य च तत्रैव निजगृहजनं प्रापय्य पाकं समापय्य च सर्वानेव सम्भोज्य सुखेन संयोज्य च वर्त्म-वार्तां सम्पृच्छ्य च हर्षधर्षादिकं समृच्छ्य च स्वस्ववसतिमनु वसतीं वासयामासुः ॥"३७॥

अथ समापनमाह,—

"ईदृशस्ते व्रजाधीश ! पुत्रश्चित्रयशाः शशी ।
यदंघ्रिनखरज्योत्स्ना तमः सर्वमनीनशत् ॥"३८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमन्वम्बिकावन-गमनसंविधानं
नामाष्टाविंशं पूरणम् ॥२८॥

अथैकोनत्रिंशं पूरणम्

निर्जन-विलासबाहुल्यम्

अथ रात्रिकथां पुनः स्निग्धकण्ठः प्रथयामास,—

"यदा रासाद्वासं रहसि ययुराभीरवनिता,-स्तदा शङ्कां जग्मुः स्वयमपि तु नासां गृहजनाः ।
यदन्यास्तद्रूपा व्यधित हरिमाया प्रतिगृहं, यथामीभिर्ज्ञातं निववृतिर एताः पथ इति ॥१॥

जिस व्रज में भी विशुद्ध वाद्य गीत से युक्त वेदध्वनि के सहित, अगवानी आये हुए श्रीउपनन्द आदि गोपों ने, श्रीकृष्ण के सहित एवं यात्रियों के समूह के सहित श्रीमान् नन्दरायजी से, यथायोग्य मिलकर, उनकी आरती उतार कर, व्रज के उपवन में बसाकर, स्नानादि से उनकी सेवाकर, और वहीं पर अपने सेवकवर्ग को घर भेजकर, भोजन मँगवाकर, सभी को भोजन कराकर, सुख से संयुक्तकर, मार्ग की वात पूछकर, तथा हर्ष की पराकाष्ठा आदि को प्राप्त होकर, रात्रि को अपने अपने घरपर निवास करा दिया ॥३७॥

अनन्तर कथावाचक समाप्तिद्योतक वचन बोला—हे व्रजेश्वर ! तुम्हारा पुत्र विचित्र यशवाला ऐसा अपूर्व लोकोत्तर चन्द्रमा है कि, जिसके चरणनखों की चन्द्रिका ही समस्त (बाहर भीतर के) अन्धकार को नष्ट कर देती है ॥३८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिविरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये अम्बिकावनगमन-विधाननामकं
अष्टाविंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२८॥

उन्तीसवाँ पूरण

निर्जन विलास की अधिकता

इस उन्तीसवें पूरण में प्रियतमा गोपाङ्गनाओं के साथ कौतुकपूर्ण निर्जनक्रीडा वर्णित होगी ।

अनन्तर पुनः स्निग्धकण्ठ ही वक्ता होकर, रात की कथा को विस्तारित करने लगा कि—जिस समय गोपाङ्गनाएँ रास के कारण एकान्त में निवास कर गईं, तब उनके घरवाले जन भी स्वयं शंका को नहीं प्राप्त हुए कि, हमारी गोपियाँ कहाँ गईं ? कारण—श्रीहरि की योगमाया ने प्रत्येक घर में उन गोपियों के से रूपवाली दूसरी गोपियाँ रच दी थीं, जिससे घरवाले जन यही जानते रहे कि, ये सब तो मार्ग से ही लौटकर चली आई हैं ॥१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तदनन्तररात्रिसन्ततीर्नानारसरासविलासादिभिरतिवाहयति श्रीगोविन्दे वृन्दा तु विविधसाहायकं समाहरति स्म ॥२॥ यथा—

"उपव्रजं न्यस्यति सा तमालान्, दीप्रौषधीश्च व्रजदूरदेशे ।
इत्यादि तत्राभिसृतौ सवृन्दा, वृन्दा हरेः सेवनमाचचार ॥३॥

"तदा च—अचीचकासद्विपिनान्याजीहयदिह प्रियाः ।
रासायातत्वरद्रात्रीरत्रामूरजजागरत् ॥४॥

आररम्भत रम्भोरूर्लम्भं लम्भं ततो हरिः ।
हारानिव विहारांस्तान् कारं कारं दधे हृदि ॥ युग्मकम् ॥५॥

"कदाचन चौर्यचर्यया तासां गृहमायाति, तत्रेयं दिक्,—
साहाय्ये ललितायाः, कलयन् वेशं विशाखायाः ।
विपरीते विपरीतं, हरिरविशत्तमसि वेश्म राधायाः ॥६॥

"तत्रान्धे तमसि काम्यमानवाम्यामालिं प्रत्यालिच्छलवचनम्,—
'सुसखोयति ते सुभ्रूरसौ गोपमतल्लिका ।
शपे तुभ्यं लपेयं च स्वयं सख्यमुरीकुरु ॥७॥

उसके बाद श्रीकृष्ण जब अनेक रसों से युक्त रासविलासादि के द्वारा, रासलीला के पीछे की रात्रिश्रेणी को व्यतीत कर रहे थे, तब वृन्दादेवी ने अनेक प्रकार की सहायता जुटा दी ॥२॥

यथा—अपने सेवकवर्ग के सहित वह वृन्दादेवी निविडान्धकारमय श्याम तमाल के वृक्षों को तो व्रज के निकट स्थापित कर देती थी, और प्रकाशमय प्रदीप्त औषधियों को व्रज के दूर देश में धर देती थी, इत्यादिरूप से वह अभिसार के मार्ग में श्रीहरि की सेवा करती थी ॥३॥

और उस समय विपिनों को विकसित कर देती थी, एवं कृष्णप्रियाओं को यहाँपर लिवा लाती थी, रासलीला के लिए शीघ्रता करती थी, और रातभर इन गोपियों को जगाती रहती थी। तदनन्तर श्री कृष्ण रम्भोरु प्रियाओं को बारम्बार प्राप्तकर आलिङ्गन करते थे, एवं उन लोकोत्तर विहारों को करते करते हारों की तरह हृदय में धरते रहते थे ॥४-५॥

कभी कभी श्रीकृष्ण चोरी की रीति से उन गोपियों के घर आते थे, उस आने में यह रीति थी कि—ललिता की सहायता मिलनेपर विशाखा का वेष धारण करते हुए, एवं विशाखा की सहायता मिलनेपर ललिता का वेष बनाकर, श्रीहरि अन्धकार में श्रीराधा के घर में प्रवेश करते थे ॥६॥

उस घोर अन्धकार में प्रतिकूलता की कामना करनेवाली सखी के प्रति दूसरी सखी का छलमय वचन यथा—हे सुभ्रूः ! राधिके ये ! गोपश्रेष्ठ श्रीकृष्ण तुम्हारे सम्बन्ध में सुन्दर सखाका सा व्यवहार करते हैं । अतः मैं तुम्हारे लिए शपथपूर्वक कह रही हूँ कि, तुम इन से स्वयं मित्रता अङ्गीकार कर लो ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र कथञ्चिदपि तदागमने वृद्धाभिः किञ्चिदिवावगते कुञ्जानेव स्वलीलया कञ्जलोचनस्ताभिः समं रञ्जयति ॥८॥

"तत्र तत्प्रेयस्या वृद्धाभिवञ्चनाचंचुता । यथा—

"यस्त्वां रात्रिषु वृद्धे !, मामपि देवो विभीषयते ।
स तु मन्त्रिभिरुत्कलितो, गोष्ठात् कुञ्जान् विमर्दयति ॥९॥

"तस्मादत्रान्यथा मावगास्तत्र च मागा इति ध्वनितम् ॥१०॥

"अथ सख्याः—

सत्यं जरति ! मदाल्या, वरयुजि गण्डे मकरवतंसाङ्कः ।
न मया लिखितः कुतुका,-न्न मृषामुष्याः सपत्न्या च ॥११॥

"अत्र मम सखीत्वेन तस्याश्च सपत्नीत्वेन विरोधलक्षणाप्राप्तेर्मयैव लिखित इति तया ध्वनितम् । तदनुवादिना कविना तु तस्य मृषात्वमिति ॥१२॥

"अथ व्रज एव विघ्ननिघ्नतया प्रोषितभर्तृका वर्ण्यते ॥१३॥

वहाँपर जटिला आदि वृद्धाओं को श्रीकृष्ण का आना यदि किसी प्रकार किंचित् ज्ञात सा हो गया, तब तो कमलनयन श्रीकृष्ण अपनी अलौकिक लीला के द्वारा, उन सब गोपियों के साथ निकुञ्जों को ही शोभित कर देते थे ॥८॥

उस समय कृष्णप्रेयसी राधा की वृद्धाओं को वञ्चना करने की निपुणता, यथा—हे वृद्धे ! देखो, जो देवता रात के समय तुझ को एवं मुझको भी भयभीत करता रहता है, वह तो अब मन्त्रवेत्ताओं के द्वारा हमारे गोठ से चालित होकर, निकुञ्जों को तोड़ रहा है ॥९॥

इसलिए इस घर में उस देवता की स्थिति न होने के कारण, अब कुछ अन्यथा मत समझ, और उस निकुञ्ज के पास भी मत जाना । इस प्रकार की ध्वनि इस श्लोक से निकल रही है ॥१०॥

बुढ़िया को ठगने के लिए एक सखी की चतुराई, यथा—अरी बुढ़िया ! देख, इस मेरी सखी के कुंकुम से युक्त कपोल के ऊपर, मकर के से भूषण का चिह्न है, यह बात सत्य है । किन्तु मैंने उसे कौतुक से नहीं लिखा है, इसकी सौतने लिखा है । यह बात भी मिथ्या नहीं है ॥११॥

इस श्लोक में उस सखी ने यह ध्वनित किया कि—मेरी सखी होने के नाते, और उसकी सौत होने के नाते, विरोधीलक्षणा की प्राप्ति होने के कारण, मैंने ही लिखा है । किन्तु उसका अनुवाद करनेवाले कवि ने तो उस चिह्न का, या उस सखी की ध्वनि का मिथ्यात्व ही ध्वनित कर दिया ॥१२॥

अब परकीयारूप से प्रतीत होनेवाली वस्तुतस्तु स्वकीया श्रीकृष्ण की नायिकाओं में से आठ प्रकार की नायिकाओं* का वर्णन करते हैं । व्रज में ही विघ्न की अधीनता के कारण पहले प्रोषितभर्तृका

---

*इस विषय में विशेष जानकारी के लिए श्रीलरूपगोस्वामि द्वारा संकलित 'श्रीपद्यावली' ग्रन्थ अवश्य देखने योग्य है । उसकी भाषाटीका भी इस चम्पू की टीकाकार द्वारा विरचित है, जिसमें आपको श्रीकृष्ण-महिमा, भगवत्प्रेम का सौभाग्य, भगवन्नाम माहात्म्य, भक्तवात्सल्य, भक्तों की उत्कण्ठा, वृन्दावन माहात्म्य, गोपियों का प्रबल प्रेमोत्कर्ष, श्रीराधा का पूर्वराग, सखियों का परिहास, श्रीराधा-कृष्ण की परस्पर उक्ति-प्रत्युक्ति, रास इत्यादि विषय का सरस-रसमय-सुन्दर संग्रह मिलेगा । यह ग्रन्थ अचिन्त्य, अतुलनीय, असमोर्ध्व, वैष्णवदार्शनिक सिद्धान्तमणियों का उद्घाटन करने में प्रेमलक्षणाभक्ति की मंजूषा स्वरूप है । मूल्य रुपया २.२५ । प्राप्तिस्थान—श्रीपुरुषोत्तम दास, ११७ गोपीनाथ घेरा, वृन्दावन (मथुरा), उ० प्र०

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र श्रीकृष्णस्य भावना,—

'राधां पश्यसि जल्पसि स्पृशसि च स्वात्मन्नथालिङ्गसि
स्वस्मिंस्तत्तदनुक्रियामपि तयारब्धां भजन्नन्दसि ।
विश्रम्भं न हि मन्यसे तदपि चेदन्यां दशां यामित-
स्तत्प्राप्तिं मनुषे तया कथय भो ! किन्ते सुखं सेत्स्यति ? ॥१४॥

"श्रीकृष्णं प्रति सखीवचनम्—

'भूषणमग्निप्रायं, भूषणनिभमग्निमप्यसौ राधा ।
त्वद्विरहे या कलयति, सा कथमन्यैः समाधेया ? ॥१५॥
तस्याः प्राणा भवान् सा च भवत्प्राणा इति स्फुटम् ।
एतद्वाचा लघूकर्तुं प्राणन्तीं मान्तु धिक् प्रभो ! ॥'१६॥

अथोत्कण्ठिता

"तत्र च तं प्रति सखीवचनम्,—

'तामेव प्रेरयत्युच्चैरुत्कण्ठा त्वान्तु नैति सा ।
इति तस्यामसौ कृष्ण ! वितृष्णा शर्म नाश्नति ॥१७॥

का वर्णन करते हैं । जिस का पति विदेश में हो उसी का नाम 'प्रोषितभर्तृका' है (दूरदेशं गते कृष्णे भवेत् प्रोषितभर्तृका । दूरदेशो वनादिश्च मथुरा द्वारकादि च ।। उज्ज्वलनीलमणिः, ५।८६) अर्थात् श्रीकृष्ण जब दूर देश में चले जाते थे, तब उनकी नायिका प्रोषितभर्तृका हो जाती थी । यहाँपर दूर देश से वृन्दावन के अवान्तर वन एवं मथुरा द्वारका आदि जानना ॥१३॥

प्रोषितभर्तृका के विषय में श्रीकृष्ण की भावना, यथा—

हे स्वात्मन् ! (अरे मेरे भोलेभाले मन !) तू राधा को देखता है, उसके साथ बातें करता है, उसको छूता है, एवं आलिङ्गन भी करता है । और उस राधा के द्वारा आरम्भ किये गये उन देखने आदि के अनुकरणों को भी अपने में सेवन या अनुशीलन करता हुआ आनन्दित हो रहा है । तो भी यदि तू मेरे कहने-पर विश्वास नहीं मानता है, तब क्या अन्य दशमीदशा को प्राप्त होकर, यह विचार करता है कि उसकी प्राप्ति हो जायगी ? अरे मन ! कह तो सही, उस समय उसकी प्राप्ति से तेरा कौन सा सुख सिद्ध होगा ? ॥१४॥

उसी समय श्रीकृष्ण के प्रति सखी का वचन—हे श्यामसुन्दर ! देखो, जो राधिका तुम्हारे विरह में भूषण को प्रायः अग्नि के समान, एवं अग्नि को भी भूषण के समान मानती है, तब वह दूसरे उपायों से कैसे समझाई जा सकती है ? ॥१५॥

हे प्रभो ! यह बात स्पष्ट है कि आप तो राधिका के प्राण हो, और राधिका तुम्हारे प्राण है । किन्तु इस बात को वाणी के द्वारा छोटी करने की चेष्टा करनेवाली मुझ को धिक्कार है ॥१६॥

अब उत्कण्ठिता का वर्णन, यथा— (जो नायिका निरपराध प्रियतम के ऊपर उत्सुक होकर भी, उसके पास जाने में विलम्ब करती है, भावज्ञजन उसी को विरहोत्कण्ठिता कहते हैं । अनागसि प्रियतमे चिर-यत्युत्सुका तु या । विरहोत्कण्ठिता भाववेदिभिः सा समीरिता ।। उ०नी०मणिः, ५।७६)उसीके विषयमें श्रीकृष्ण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अस्रैः कम्पैर्विवर्णच्छविकुलवलनैर्गद्गदैः रोमहर्षैः
स्वेदैः स्तम्भैर्विमोहैर्मुरहर ! दलितप्रायदेहां विधाय ।
न त्यक्तुं न ग्रहीतुं कथमपि सुशका प्राणघातावरोधा-
दुत्कण्ठा कण्ठलग्नाशनकवलनिभां तान्तु दुःखाकरोति ॥१८॥

परमगुणस्त्वं माधव !, दोषापूर्णप्रभावोऽसि ।
कथमिव तां गुणरूपा,-कृतिमधिचित्तं समादध्याः ॥'१९॥

अथाभिसारिका

"तत्र तां प्रति कस्याश्चिदुत्प्रासवचनम्,—

'सन्ध्यायां क्व नु यासि लोलनयनाप्यग्राय नैकाग्रहा
तत्राप्यग्रतमं स्थलं किमपि तच्चेतस्यलं बिभ्रती ।
सा चैषा न हि बुध्यते तव गतिर्दृष्ट्वा तमालं मुहु-
र्विष्टब्धा धृतभङ्गिसङ्गिसवयोमध्ये मुहुर्लीयसे ॥२०॥

के प्रति सखी का वचन, यथा— हे कृष्ण ! जो उत्कण्ठा उस राधिका को ही अधिक प्रेरित करती है, वह उत्कण्ठा आपके तो पासतक नहीं आती । इसीलिए वह उत्कण्ठा राधिका के ऊपर तृष्णा से रहित होकर सुख नहीं पाती है ॥१७॥

और हे मुरारे ! वह उत्कण्ठा राधिका को अश्रु, कम्प, विवर्णता की छविकुल का सम्मेलन, गद्गद. स्वर, रोमाञ्च, पसीना, स्तम्भ, एवं मूर्च्छा आदि आठ सात्त्विक भावों के द्वारा, प्रायः विदीर्ण देहवाली बना कर, न तो किसी प्रकार त्यागी जा सकती है, और न ग्रहण ही की जा सकती है, अतः प्राणघात के अवरोध के कारण, गले में अटके हुए भोजन के टूक के समान दुःखदायिनी वही उत्कण्ठा, राधिका को तो महान् दुःखी कर रही है ॥१८॥

हे माधव ! तुम परमगुणवान् हो । कटाक्षपक्ष में—केवल गुणरहित हो, और दोषा अर्थात् भुजा के द्वारा पूर्ण प्रभाववाले हो, पक्षे—दोषों के कारण तुम्हारा प्रभाव अपूर्ण है । इसलिए तुम प्रसिद्ध गुण रूप आकृतिवाली उस राधिका को अपने चित्त में किस प्रकार स्थापित कर सकते हो ? पक्षे—गौणरूप आकृतिवाली यह अर्थ है ॥१९॥

अभिसारिका का वर्णन, यथा—(जो नायिका नायक का अभिसार कराती है, अथवा स्वयं भी समयानुसार अभिसार करती है, एवं जिसका वेष चाँदनी व अँधेरी रात में गमन करने के योग्य है, अर्थात् शुल्कपक्ष में शुक्लवस्त्र एवं कृष्णपक्ष में श्यामवस्त्र हैं, वही अभिसारिका कहाती है । याभिसारयते कान्तं स्वयं वाभिसरत्यपि । सा ज्योत्स्नीतामसीयान-योग्यवेषाऽभिसारिका ॥ उ० नी० मणिः, ५।७१) उस अभिसारिका अवस्था में राधिका के प्रति किसी सखी की हँसी की बात, यथा—अरी सखी ! सन्ध्या के समय चंचल नेत्र होकर कहाँ जा रही है ? उसमें भी आगे जाने के लिए अधिक आग्रहवाली हो रही है । और उसमें भी अत्यन्त आगेवाले किसी अनिर्वचनीय स्थल को ही चित्त में अधिक धारण करती हुई यह तेरी गति (चाल) मेरे तो समझ में नहीं आती । और बारबार तमाल को देखकर विशेष निश्चल होकर, इशारे को धारण करनेवाली संग की सहेलियों में बारबार छिपती जारही है ॥२०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अम्बरमणिसंवलितं, चरमाचलमधिजगन्थ पूर्वाद्रिम् ।
शङ्के यन्निजकृत्यं, कर्तुं कृष्णान्तिकं यासि ॥'२१॥

"तत्राभिसारो यथा—

"अन्याश्चाभिसरन्ति भाववलिताः शुभ्रक्षपायां धृतैः
शुभ्रैर्वेषवरैर्विधाय पिहितं स्वं सत्यमेतद्वचः ।
तस्मिन् गोपवराङ्गनाः पुनरमूः कान्ताङ्गसङ्गस्मृते-
र्जातानन्दतया स्मितद्युतिवृतास्तेषां व्यधुर्व्यर्थताम् ॥२२॥

सामानाधिकरण्यं, तेजस्तमसो रहोकलितम् ।
कवयन्त्यपि यत् कृष्ण,-भ्रान्ति तमसि व्रजस्त्रीणाम् ॥२३॥

आरम्भादपि कम्पते हृदयकं प्रस्थानतः स्तम्भते
पादद्वन्द्वमहो मनस्यनुमिलन् देहं निरुन्धे प्रियः ।
यासां गोपनतभ्रुवामभिसृतौ तासां परं कारणं
दैवं यन्नयते तदन्तिकममूस्तं वा बलात् कर्षति ॥२४॥

मेरी दृष्टि में तो तू सूर्य से युक्त अस्ताचल को उदयाचल ही समझ बैठी है । अतः मैं तो यही शंका करती हूँ कि, तू अपना कार्य (विहार, पक्षे—स्नान आदि) करने को कृष्णान्तिक (कृष्ण के निकट, पक्षे—यमुना के निकट) जा रही है ॥२१॥

श्रीकृष्ण के निकट अभिसार का वर्णन, यथा—अन्य साधारण नायिकाएँ तो शुक्लपक्ष की रात में पहने हुए शुक्लवर्ण के वस्त्र, चन्दन, पुष्प आदि के श्रेष्ठ वेषों के द्वारा, अपने को ढककर, भाव से युक्त होकर, निज निज कान्त के निकट अभिसार करती हैं। यह बात सत्य है । किन्तु उसी शुक्लपक्ष के अभिसार में, अपने प्रियतम श्रीकृष्ण के अङ्ग-सङ्ग की स्मृति से उत्पन्न हुए आनन्द के कारण, मन्दहास्य की कान्ति से आच्छादित होकर, इन श्रेष्ठ गोपाङ्गनाओं ने तो उन शुक्लवस्त्र आदिकों के वेषों की व्यर्थता (निष्फलता) कर दी ॥२२॥

अहो आश्चर्य ! प्रकाश एवं अन्धकार की एक आधार में वर्तमानता संघटित हो गई। इसी कारण साधारण जन "व्रजाङ्गनाओं को अन्धकार में श्रीकृष्ण की भ्रान्ति हो गई" ऐसे भी वर्णन करते हैं ॥२३॥

और देखो ! जिन गोपाङ्गनाओं के अभिसार में आरम्भ से ही हृदय काँप उठता है, दोनों चरण चलने से रुक जाते हैं, मन मन में मिलते हुए प्रियतम देह को रोक देते हैं, ऐसी स्थिति में उन गोपियों के अभिसार के विषय में तो, केवल दैव ही कारण कहा जा सकता है । क्योंकि वह दैव ही इन गोपियों को श्रीकृष्ण के निकट ले जाता है, अथवा श्रीकृष्ण को ही बलपर्वक गोपियों के निकट आकर्षित कर देता है ॥२४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कदाचित् काचित् काश्चिद्दिवापि कृष्णसमीपं छलतः संवलयति । यथा—

'आलि ! पश्य परितः शिखि-वृन्दं, भीतिरीतिरहितं नटदस्ति ।
बाढमस्य विहरन्नधिमध्यं, नव्यनीरदवरः प्रतिभाति ॥'२५॥

"अत्र निर्जनत्वं मध्यस्थितकृष्णत्वं च ध्वनितम् ॥२६॥

अथ वासकसज्जा

पुष्पाण्याचिनुते विचित्य चिनुते तल्पं व्रजस्याङ्गना
यन्नास्ति त्रिजगत्यपि स्फुटमहो वैकुण्ठवीथिष्वपि ।
एवं वासकसज्जिका लसति सा छायाद्वितीया यदा
सङ्गिन्याचितसङ्गतिः पुनरसौ वेत्तीव किञ्चिन्न हि ॥२७॥

"तत्र चोत्कण्ठावश्यायां तस्यां तं प्रति सखीवचनम्,—

'तल्पं कृत्वा भवदभिगमं चिन्तयन्ती समन्ता-
त्तत्रादृष्टे भवति समयक्षेपलेशाक्षमा सा ।
चक्रे चक्राङ्कितकर ! महाकम्पसम्पद्विहस्ता
शस्ताकल्पं कृतमपि च तत् कर्णयन्ती विशीर्णम् ॥'२८॥

कभी कभी तो कोई सखी किसी सखी को, दिन में भी छल से श्रीकृष्ण के पास पहुँचा देती है, यथा—अरी सखि ! देख, यह मयूरवृन्द भय की रीति से रहित होकर, चारों ओर नृत्य कर रहा है। निश्चय ही इस मयूरवृन्द के बीच में विहार करता हुआ नूतन जलधर प्रकाशित हो रहा है ॥२५॥

यहाँपर भीति-रीतिरहित शब्द से निर्जनता एवं "अधिमध्यं नव्यनीरदवरः" इससे श्रीकृष्ण की मध्य में स्थिति प्रतिध्वनित हो रही है ॥२६॥

अब वासकसज्जा का वर्णन, यथा—(अपने को निवास करानेवाले नायक के आने के अवसर के कारण, एवं नायक मेरे पास आयेंगे इस हेतु जो नायिका अपने देह गेह को सजाती है, वही वासकसज्जा कहती है। स्ववासकवशात् कान्ते समेष्यति निजं वपुः । सज्जीकरोति गेहं च या सा वासकसज्जिका ॥ उ० नी० मणिः, ५।७६) जो व्रजाङ्गना पुष्पों को चुनती है, और चुनकर ऐसी पुष्पशय्या की रचना करती है, जो शय्या तीनों भुवनों में भी नहीं है, यह बात तो स्पष्ट है, किन्तु वैकुण्ठ की श्रेणी में भी नहीं है, यही आश्चर्य है। इस प्रकार अकेली वासकसज्जा जब शोभा पाती है, तब तो वह पुनः संगिनियों से मिलकर भी, मानो कुछ भी नहीं जान पाती ॥२७॥

वहाँपर जब वह वासकसज्जा उत्कण्ठा के वशीभूत हो जाती है, तब श्रीकृष्ण के प्रति उसकी सखी का वचन, यथा—हे चक्रपाणे ! वह मेरी सखी शय्या को रचकर चारों ओर से आपके आने की चिन्ता करती हुई, वहाँपर आपके न देखनेपर, लेशमात्र समय बिताने में असमर्थ होकर, महती कम्परूप सम्पत्ति के द्वारा व्याकुल होकर, रचे हुए उस मङ्गलमय वेषभूषा को भी फेंकती हुई नष्ट कर चुकी है ॥२८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ विप्रलब्धा

"तत्र च तं प्रति सखी-वचनम्,—

'भुक्तिं मुक्तिं च ततुते न परं भवदागमः ।
भक्तिं व्यनक्ति च व्यक्तं सुहृत्सु परमेश्वर ! ॥'२९॥

अथ खण्डिता

"तत्र च तं प्रति सखी-वचनम्,—

'कुर्यास्त्वं खण्डितां काञ्चिन्नखराद्यङ्कसङ्गतः ।
तं विना यां तथाकार्षीस्तत्र ते महती कला ॥'३०॥

"खण्डितां प्रति तस्याः सुहृदुपालम्भरचनं तद्दूतीवचनम्,—

'मानिनि ! वच्मि त्वामह,-मिह सुहृदां तव शृणोतु वृन्दं च ।
सहजा या निजवृत्ति,-र्गोविन्दे स्वयमुपास्व तामेव ॥'३१॥

"तत्र कठोरायमाणां प्रति च,—

'मानाग्निमयदृग्बाणं मुञ्च त्वं किं नु गर्वसि ।
राधे ! कृष्णश्च दृक्पर्यक्पर्जन्यास्त्रं विमोक्ष्यति ॥'३२॥

अब विप्रलब्धा का वर्णन, यथा—(संकेत करके भी दैवयोग से प्राणवल्लभ के न आनेपर जिसका चित्त व्यथित हो जाता है, विज्ञजन उसी को विप्रलब्धा कहते हैं । कृत्वा संङ्केतमप्राप्ते दैवाज्जीवितवल्लभे । व्यथमानान्तरा प्रोक्ता विप्रलब्धा मनीषिभिः ॥ उ० नी० मणिः ५।८५) उस विप्रलब्धा के विषय में श्रीकृष्ण के प्रति उसकी सखी का वचन, यथा—हे परमेश्वर ! आपका शास्त्र केवल भोग एवं मोक्ष का ही विस्तार करता है, सो बात नहीं है, किन्तु आपके स्नेही भक्तों के ऊपर प्रेमलक्षणा भक्ति को भी स्पष्टरूप से प्रकाशित कर देता है । प्रकृत पक्ष में—हे परमेश्वर ? स्नेहभरी प्रेयसी गोपियों के पास आपका आना केवल भुक्ति (सुरत) एवं मुक्ति (सुरत के अन्त) का ही विस्तार नहीं करता, किन्तु अनुरागात्मिका भक्ति को भी स्पष्ट प्रकाशित कर देता है । अतः उसको देकर अपनी सेवा को व्यक्त करो यह भाव है ॥२९॥

अब खण्डिता का वर्णन, यथा—(जिसका प्रियतम समय का उल्लंघन कर, अन्य नायिका के साथ उपभोग कर उसके भोग के चिह्नों से अंकित होकर, प्रातःकाल आवे वही खण्डिता कहलाती है । उल्लङ्घ्य समयं यस्याः प्रेयानन्योपभोगवान् । भोगलक्ष्माङ्कितः प्रातरागच्छेत् सा हि खण्डिता ॥ उ० नी० मणिः ५।८३) उस खण्डिता के विषय में श्रीकृष्ण के प्रति उसकी सखी का वचन, यथा—हे श्यामसुन्दर ! तुम नख आदि चिह्नों से चिह्नित होकर, किसी भी नायिका को खण्डितकर सकते हो । किन्तु उन नखादि चिह्नों के विना जिस नायिका को तुमने खण्डित करदिया, उसके विषय में तुम्हारी भारी कारीगरी है ॥३०॥

खण्डिता के प्रति उसकी सखियों के उपालम्भ की रचना से युक्त उसकी दूती का वचन—हे मानिनि! तुम्हारे प्रति यहाँपर मैं जो कुछ कहरही हूँ, उसको तुम और तुम्हारा सखीवृन्द भी सुन ले । तुम्हारी श्रीकृष्ण को सन्तुष्ट रखने की जो स्वाभाविक अपनी वृत्ति थी, तुम तो श्रीकृष्ण के ऊपर उसी वृत्ति की उपासना की कामना करती रहो ॥३१॥

श्रीकृष्ण के ऊपर कठोर का सा व्यवहार करती हुई खण्डिता के प्रति उसकी दूती का वचन—हे राधिके ! तू गर्व क्यों करती है ? अपने मानाग्निमय नेत्ररूपी बाण को श्रीकृष्ण के ऊपर छोड़ दे । किन्तु

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ सम्भ्रमादागतस्य नखरादिस्पर्शात् क्षतायमानरक्तिम्ना समक्तस्य कान्तस्य वचनं तस्याः प्रतिवचनं च,—

'दयिते ! दयित ! कथं त्वं, मलिनमुखी धिग् न वेत्सि हा किमिदम् ।
नखरदनक्षतमूहे, त्वयि सुप्ते सुप्तिराक्षसी चक्रे ॥'३३॥

"अथ तस्याः सख्या संवादः,—

'जलदे विलसति विद्युद्,-बिभ्यति हृदयानि भीरूणाम् ।
हससि हरिं किमु मुग्धे !, न हि हृदि चित्रं स्तुवेऽहमेतस्य ॥'३४॥

"अथ तस्याः कृष्णं प्रति,—

'आवृणुतामरुणांशु,-र्नखपदसिन्दूरचिह्नानि ।
अञ्जनमपि कृष्णाभं, तत्तु तवौष्ठः स्फुटं कुरुते ॥३५॥

पूर्वां हरितमाक्रम्य निष्क्रामन् कृष्णनीरदः ।
निह्नुते शशभृल्लेखां हरिदन्तरलज्जया ॥३६॥

याद रख, श्रीकृष्ण भी चारों ओर चलनेवाला अपना नेत्ररूपी पर्जन्यास्त्र तेरे ऊपर छोड़ देंगे । अतः मेरे कहने से मान को त्याग दे, यही भाव है ॥३२॥

तदनन्तर शीघ्रतापूर्वक आये हुए, एवं नख आदि के स्पर्श से क्षत का सा आचरण करनेवाली लालिमा से व्याप्त हुए श्रीकृष्ण का वचन एवं खण्डितानायिका राधिका का प्रत्युत्तर—श्रीकृष्ण बोले—हे प्यारी ! राधा बोली—हे प्यारे ! कृष्ण—तेरा मुख क्यों मलिन हो रहा है ? राधा—धिक्कार है, हाय ! तुम इस मलिनता के कारण को नहीं जानते क्या ? कृष्ण—हाय तेरे शरीर में ये किसके चिह्न हैं ? मैं तो नख या दन्तों के आघात की आशंका करता हूँ । राधा—नहीं, नहीं । ये चिह्न तो तुम जब सो गये थे, तब निद्रारूप राक्षसी कर गई ॥३३॥

पश्चात् राधा का अपनी सखी के साथ संवाद, यथा—राधा बोली—अरी सखि ! देख, बादल में बिजली चमक रही है, जिसको देखकर भीरुजनों के हृदय भयभीत हो रहे हैं । सखी बोली—हे मुग्धे ! श्रीकृष्ण की हँसी क्यों कर रही है ? राधा बोली—नहीं, हँसी नहीं कर रही हूँ, किन्तु मैं तो इनके हृदयपर जो नखों का चित्र है, उसकी स्तुति कर रही हूँ ॥३४॥

श्रीकृष्ण के प्रति राधिका का वाक्य—हे चतुरशिरोमणे ! आपकी प्रेयसी के द्वारा आपके शरीर में किये गये नखचिह्न, एवं सिन्दूर के चिह्नों को अरुणवर्ण की किरणोंवाला प्रातःकालिक सूर्य भले ही छिपा ले, और तुम्हारी कालीकान्ति काले अंजन को भी भले ही ढक ले, किन्तु उस अंजन को तुम्हारा लाल लाल ओष्ठ तो स्पष्ट प्रकाशित कर रहा है ॥३५॥

और देखो ! पूर्वदिशा को आक्रमण करके निकलता हुआ यह काला बादल दूसरी दिशा से होनेवाली लज्जा के कारण चन्द्रमा की रेखा को छिपा रहा है, उसी प्रकार तुम भी पहली प्रेयसी चन्द्रावली को आक्रमण करके यहाँ आते हुए, मेरी लज्जा के कारण उसके चिह्नों को छिपा रहे हो ॥३६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्त्रीभावमाकलयितुं कमठानुकारं, गच्छन्महाद्रितलमाश्रितवान् भवान् यत् ।
तच्चाजितस्य न तवानुचितं यतस्त्वं, स्वां देवतां रमयितुं सुधयोद्यतोऽसि ॥३७॥

मामपि हित्वा क्रीडसि, तामपि हित्वेति नानृतं वचनम् ।
एकं तत्र जहाते,-रन्यद्रूपं दधातेर्हि ॥३८॥
नीरसा सरसा वेति विविक्तिर्नातिकामिनाम् ।
पश्य वंश्या मुखं नायं पिबन्नुज्झति माधवः ॥'३९॥

"तत्र श्रीकृष्णस्य वचनम्,—

'राधे ! वपुषा तन्वी, कोमलहृदयातिसूक्ष्मधीरसि च ।
मानः कथमेतावा,-न्माति त्वयि तत्तु पृच्छामि ॥४०॥
मुखमब्जं तव रसना, पल्लवपत्री कथं वचः क्रूरम् ।
आम् ज्ञातं किल यस्मा,-त्तन्मूलं भाति हृद्वज्रम् ॥'४१॥

"भवतु च,—

यथा मे रोचते मानो न प्रसादस्तथा तव ।
यत्र स्वाधीनतार्व्यक्तिं कुरुषे ताडनेन च ॥४२॥

और स्त्रियों के भाव को जानने के लिए, पक्षे—मोहिनी अवतार को दिखाने के लिए कच्छप का अनुकरण करते हुए, तुमने मन्द्राचल के तल का जो आश्रय लिया था, वह अजित नामवाले तुम्हारे सम्बन्ध में अनुचित नहीं है। क्योंकि तुम अमृत के द्वारा अपनी देवता को रमण कराने को उद्यत हुए थे। अतः मेरे साथ रमण करने को उद्यत हुए तुमको वैसे चिह्न धारण करना उचित ही है, यह भाव है ॥३७॥

और तुम मुझको त्यागकर क्रीडा करते हो, एवं उस चन्द्रावली को भी धारण कर क्रीडा करते हो, यह वचन मिथ्या नहीं है। कारण—पहला एक 'हित्वा' रूप ओहाक् त्यागे धातु का है, और दूसरा 'हित्वा' डुधाञ् धारणपोषणयोः धातु का है। अर्थात् क्त्वा प्रत्यय परे रहते 'जहातेश्च क्त्वि', 'दधातेर्हिः' इन सूत्रों के द्वारा एकसा ही रूप बनता है, इसी प्रकार भावार्थ दो प्रकार का होनेपर भी, आप एकसा ही रूप बनाते रहते हो ॥३८॥

और अत्यन्त कामीजनों को यह नीरस है, अथवा सरस है, इस प्रकार का विवेक नहीं रहता। दृष्टान्त—देखो, ये वंशीवाले लक्ष्मीपति होकर भी, नीरस वंशी के मुख का पान करते हुए, उसको नहीं त्यागते हैं ॥३९॥

उसी समय श्रीकृष्ण का वचन, यथा—हे राधे ! तू शरीर से तो छोटी या क्षीण है, एवं कोमल हृदयवाली है, और अति सूक्ष्म बुद्धिवाली भी है। किन्तु मैं तो यह पूछता हूँ कि, इतना लम्बा चौड़ा मान तुझ में कैसे समा जाता है ? ॥४०॥

और तेरा मुख कमल के समान कोमल है, एवं जिह्वा नवीनपत्र के समान कोमल है, तो भी तेरे वचन ऐसे कठोर कैसे हैं ? हाँ, मैंने जान लिया। कारण—तेरा हृदयरूपी वज्र ही उस वचन की कठोरता का मूल मालूम पड़ता है ॥४१॥

अच्छा, इस बात को तो रहने दो। मेरे लिए तो तुम्हारा मान जैसे रुचिकर लगता है, तैसे प्रसन्नता नहीं। क्योंकि जिस मान में तुम वाणी के द्वारा ताड़ना करके स्वाधीनता प्रकाशित करती हो ॥४२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अर्दितोऽपि रुषा राधे ! लीलाब्जेनास्मि नार्दितः ।
हन्त मत्कण्टकैरेतत्त्वदंघ्रिसुहृदर्द्यते ॥'४३॥

"तदेवमुपवदमाने तस्मिन् पुनस्तस्या वचनम्,—

निर्वृत्यम्बुधिकुम्भजः स्थितिमहामेघावली-मारुतः
प्राणानां पवनाशनस्तनुवनीनैदाघदावानलः ।
सोऽयं ते विरहो यया बत मया सोढस्तया वा कथं
सोढुं हन्त न शक्ष्यते नवनवः पद्मापते ! दुर्नयः ?' ॥४४॥

"एवं रुदतीं सखीमालक्ष्य सखी तं प्राह,—

'अनुरागवती सन्ध्या स्वच्छोऽयं वासरस्ततः ।
स्थाने तया तस्य सङ्गो न रात्र्या मलिनात्मना ॥'४५॥

"त्वयि तु तदेतद्विपरीतं प्रतीयते, ततो न स्वच्छतेति व्यञ्जना ॥४६॥

"ततः सा मानिनी पुनस्तामाह,—

'दीपज्वाला मम हृदि गता स्नेहमुद्धूय वक्रे !
चक्रे येन प्रतिहतिमिता तं कथं निन्दसि त्वम् ? ।

और हे राधे ! तुम्हारे द्वारा क्रोध करके लीलाकमल से ताड़ित होकर भी, मैं पीडित नहीं होता हूँ । किन्तु खेद तो यह है कि, यह तुम्हारा चरणरूपी मित्र इतना कोमल है कि, मेरे रोमाञ्चों से भी पीडित हो रहा है ॥४३॥

श्रीकृष्ण एकान्त में इस प्रकार लुभाकर जब बातें कर रहे थे, तब पुनः राधिका का वचन—हा ! लक्ष्मीपते ! सुखरूप समुद्र को सोखने के लिए अगस्त्यरूप, मर्यादारूप महामेघसमूह को उड़ाने के लिए वायुस्वरूप, प्राणवायुओं को पीने के लिए सर्परूप, एवं शरीररूप वनी को जलाने के लिए ग्रीष्मकाल की दावानलस्वरूप, ऐसा यह तुम्हारा विरह जिस कठोर हृदयवाली मैंने सह लिया, हाय ! उसी प्रकार की मेरे द्वारा तुम्हारी नई नई दुर्नीति क्या न सही जा सकेंगी ? ॥४४॥

इस प्रकार कहकर रोती हुई राधिका को देखकर, उसकी सखी कृष्ण से बोली—यह सन्ध्या अनुराग से युक्त है, और यह दिन भी निर्मल है । इसलिए उस अनुरागवती सन्ध्या के साथ उस निर्मल दिन का मिलना उपयुक्त है, किन्तु मलिन आत्मावाली उस रात्रि के साथ नहीं ॥४५॥

किन्तु तुम में तो इससे विपरीतता प्रतीत हो रही है, इसलिए तुम में स्वच्छता नहीं, यह भाव व्यञ्जित हो रहा है ॥४६॥

उसके बाद वह मानिनी राधा पुनः सखी से बोली—हे टेढ़ी चाल से बोलनेवाली सखि ! जिन श्रीकृष्ण ने मेरे हृदय में स्थित दीपकरूप ज्वाला तेल को नष्ट करके उसको विनष्ट कर दिया, तू उनकी निन्दा क्यों करती है ? क्योंकि क्लेश का कारणरूप स्नेह के नष्ट हो जाने से, मैं तो तत्काल सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों से रहित ही हो जाऊँगी । और ये श्रीकृष्ण भी अनेक गोपीसमूह को पाकर, हर्ष को प्राप्त हो जायँगे । अहह ! तब किसी को क्या दुःख रहेगा ? ॥४७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

निर्द्वन्द्वाहं सपदि भवितास्म्येव सोऽप्येष नाना-
गोपीसंघात् प्रमदमयिता हन्त किं कस्य दुःखम् ?' ॥४७॥

"अथ तस्य तद्वाष्पापसारणाय व्याजरचनं वचनम्,—

'मीनादपि तन्मुक्ता,-फलमुद्भवतीति रत्नशास्त्रार्थम् ।
पश्यन्निव मम हस्त,-स्तव मुखमभियाति मानिनि ! प्रसभम् ॥'४८॥

"ततश्च सा विमुखीभवन्ती मनसीदं वदन्ती कलहान्तरिताभावमाससाद ॥४९॥

'ऐषीस्त्वं यदि मानस, मानेनामुं वशीकर्तुम् ।
वशगेऽप्यस्मिन् कृष्णे, त्यजसि न किं तं वृथाभूतम् ?' ॥५०॥

"तदा च सखी तमुवाच,—

'या तव हृदयविदारं, नखरैरकरोन्मुरारातेः ।
तां मनुषे प्रियदयितां, ज्वलति तु तस्माद्दृगस्माकम् ॥५१॥

या खलु मानममानं, दध्रे त्वन्मानजीवना दयिता ।
घटते गोपीवल्लभ !, तस्याः स्फुटमसुगमः सुगमः ॥'५२॥

अनन्तर राधिका के आँसुओं को पोंछने के लिए श्रीकृष्ण का छलकी रचना से युक्त वचन—हे मानिनि ! मछली से एवं सीप से भी मोतियों की उत्पत्ति होती है, यह रत्नपरीक्षाशास्त्र का कथन है। अतः मेरा हाथ उस रत्नपरीक्षकशास्त्र के अर्थ को देखता हुआ सा हठात् तुम्हारे मुख की ओर आरहा है। यहाँपर राधिका के नेत्र ही मछली के समान हैं, एवं अश्रु बिन्दु ही मुक्ताफल जैसे हैं, यह जानना ॥४८॥

तदनन्तर वह राधिका विमुख होती हुई मन मन में यह कहती हुई—कलहान्तरिता नायिका के भाव को प्राप्त हो गई। (या सखीनां पुरः पादपतितं वल्लभं रुषा। निरस्य पश्चात्तपति कलहान्तरिता हि सा ॥ उ० नी० मणिः, ५।८७) उसका लक्षण, यथा—"जो नायिका सखियों के सामने चरणोंपर गिरे हुए कान्त को क्रोध से त्यागकर, पीछे पश्चात्ताप करती है, वही कलहान्तरिता कहाती है" ॥४९॥

राधा का मानसिक कथन यह है—अरे मेरे मन ! तू यदि मान के द्वारा श्रीकृष्ण को वशीभूत करना चाहता है तो, श्रीकृष्ण के स्वयं वशीभूत हो जानेपर भी, उस वृथाभूत (निरर्थक) मान को क्यों नहीं त्यागता है ? ॥५०॥

उस समय राधा की सखी श्रीकृष्ण से बोली—हे मुरारे ! जिस रमणी ने नखों के द्वारा तुम्हारे हृदय को विदीर्ण कर दिया है, उसी को तुम अपनी प्रियदयिता मानते हो। बस, हमारी आँखें तो इसीलिए जलती हैं ॥५१॥

और हे गोपीजनवल्लभ ! जो रमणी सम्मान को अनादर करके धारण करती है, अथवा अपरिमित मान को धारण करती हैं, बस, वही तुम्हारे सम्मान की जीवनस्वरूप संघटित हो जाती है। यह निश्चित है। और उसी के लिए असुगम (दुर्लभ) भी तुम्हारा मिलना सुगम (सुलभ) हो जाता है। इसीलिए राधा मान किये बैठी है ॥५२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इति सखीषु पराङ्मुखीषु बहु तटस्थतां घटयन् दूरदेशीयदेशमटति स्म यदासौ, तदा तु,—

"राधाया दृष्टमानायाः सृष्टरोमाञ्चसञ्चयाः ।
वैणवध्वनिजातीया जीयासुः कीचकस्वनाः ॥५३॥

"तदेवगम्य वामाया वचनम्,—

'न वदसि परुषं रुषं न धत्से, मनसि च तत्र कथं कृतापराधे ?
हरि हरि सततं विमानिताहं, त्वयि बत शर्म कदापि नाप राधे ! ॥'५४॥

"तत्र तस्या मनःकथा,—

'मानं कुर्विति वक्ति सा प्रियसखी मानं न वेद्मि स्फुटं
कौटिल्येन यदि प्रसिध्यति स तत् कौटिल्यमेवात्र किम् ।
हा तस्य स्मितकञ्जचारुनयनं श्यामस्य मन्मानसं
द्रष्टुं वांछति हन्त कष्टमपरां स्फूर्तिं कथं गच्छतु ? ॥५५॥
आगस्कृतेऽपि तस्मै, रज्यति हृदयं खलं तदेतन्मे ।
त्यक्तुं तदपि न शक्यं, कथमिव स हरिः परित्याज्यः ?' ॥५६॥

इस प्रकार कहकर सखियों के पराङ्मुख हो जानेपर, विशेष उदासीनता की चेष्टा करते हुए, श्रीकृष्ण जब थोड़ी सी दूर के स्थानपर भ्रमण करने लग गये, तब तो जिसका मान देखा गया उस राधा के सम्बन्ध में वे छिद्रयुक्त बाँसों के शब्द ही विजय को प्राप्त हो जायँ । लीलाशक्ति के द्वारा उत्पादित वे सछिद्र वंशों के शब्द वंशी की ध्वनि के समान थे, एवं राधा के रोमाञ्चसमूह की सृष्टि करनेवाले थे ॥५३॥

उन वंश के शब्दों को उद्दीपनरूप से जानकर, कुटिल स्वभाववाली सखी का वचन—हे राधे ! देख, श्रीकृष्ण जब अपराध कर चुके हैं, तब उन के ऊपर तू कठोर वाक्यों का प्रयोग क्यों नहीं करती एवं मन मन में क्रोध को क्यों नहीं धारण करती ? हाय ! हाय ! खेद की बात तो यह है कि—मैं निरन्तर तुम्हारे द्वारा अपमानित होकर, कभी भी तुम्हारे निमित्त सुख नहीं पा सकी । (हरि हरि, शिव शिव, राम राम, इत्यादि विभक्ति प्रतिरूपक अव्यय हैं, ये सब प्रायः खेदसूचक हैं । सभी काव्यों में इनका प्रयोग देखा गया है)॥५४॥

उस समय राधिका की मानसिक कथा, यथा—वह प्रियसखी तो यह कहती है कि 'तू मान कर' । और मैं स्पष्ट ही मान करना जानती नहीं । यदि कहो कि वह मान तो कुटिलता से ही प्रसिद्ध होता है । मैं यहाँपर उस कुटिलता को भी नहीं जानती । हाय ! मेरा मन तो उन श्यामसुन्दर के मन्दहास्य से युक्त मनोहर नेत्रकमल को देखना चाहता है । हाय ! कष्ट ! वह मेरा मन दूसरे प्रकार की स्फूर्ति को कैसे प्राप्त हो सकता है ? ॥५५॥

और अपराध करनेवाले श्रीकृष्ण के लिए भी मेरा हृदय अनुराग करता है, अतः यह खल अर्थात् विचारशून्य है । मेरे द्वारा जब वह खलहृदय भी नहीं त्यागा जा सकता, तब वे श्रीकृष्ण किस प्रकार त्यागे जा सकते हैं ? ॥५६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च, बलान्मानं शिक्षयन्तीरपि तत्र सखीततीः ।
राधया सार्धमाकर्षन् जीयाद्वेणुकलस्वनः ॥५७॥

"तस्या मुखमवकलय्य तत्तदुपमाजातोयतया संशय्य स्थितवन्तं कान्तं प्रति सखीवचनम्—
'अस्मिन्नपि विधुबुद्धिं, कर्तुं मा कृष्ण ! साहसं कार्षीः ।
सर्वं जेतृ तदेतद्,-भ्रूधनुरनु नेत्रबाणमुत्क्षिपति ॥'५८॥

"ततश्च, भ्रमरीवाम्बुजारण्यं शफरीव जलाशयम् ।
कृष्णं लब्ध्वा पूर्वमेव दृष्टा साभून्न तूत्तरम् ॥५९॥

अथ स्वाधीनभर्तृका

नित्यं या याचितापि प्रियतमहरिणा नेच्छति स्पर्शमात्रं
वाचा सेयं मुहुस्तं निदिशति रसनामप्यहो संवरीतुम् ।
तन्मन्ये नूनमस्यावयवसमुदितिर्दिव्यसीधुप्रकारः
सङ्गादप्यङ्ग ! यस्य प्रभवति मुहुरुन्मादलक्ष्मीरमूदृक् ॥६०॥

उसके बाद वहाँपर राधिका को बलपूर्वक मान सिखानेवाली सखियों की टोली को, राधिका के सहित आकर्षण करती हुई वंशीध्वनि की जय हो ! ॥५७॥

राधिका के मुखको देखकर "यह कमल है या चन्द्र है ?" इत्यादि तत्तद् उपमा के भेदों के कारण, संशय करके खड़े हुए श्रीकृष्ण के प्रति, राधा की सखी का वचन—हे कृष्ण ! तुम इस राधिका के मुख में यह चन्द्रमा है, ऐसी बुद्धि करने का साहस भी नहीं करना । कारण—यह तो सब को जीतनेवाला भ्रूरूप धनुष् है, नेत्ररूपी बाण को ऊपर की ओर फेंकता रहता है । चन्द्रमा में ये बातें कहाँ हैं ? अतः यह चन्द्र से भिन्न है ॥५८॥

उसके बाद कमलवन को प्राप्तकर जैसे भ्रमरी देखी जाती है, और जलाशय को प्राप्तकर जैसे मछली देखी जाती है, उसी प्रकार वह राधिका पहले ही श्रीकृष्ण को प्राप्त करके देखी गई, किन्तु उत्तरकाल में नहीं । अथवा राधिका भ्रमरी की तरह श्रीकृष्ण के मुखकमल के मकरन्द के पान में आसक्त देखी गई । किन्तु मछली की तरह नहीं देखी गई । क्योंकि जल में धँस जाने के कारण, उसको भ्रमरी जैसा सुख नहीं मिल पाता ॥५९॥

अब स्वाधीनभर्तृका का वर्णन करते हैं—(जिसका प्रियतम अपने आधीन, एवं पास में ही रहता है वह स्वाधीनभर्तृका होती है । स्वायत्तासन्नदयिता भवेत् स्वाधीनभर्तृका । सलिलारण्यविक्रीडा-कुसुमावचयादिकृत् ॥ उ० नी० मणिः ५।९१) जो स्वाधीनभर्तृका राधिका प्रियतम श्रीकृष्ण के द्वारा नित्य प्रार्थित होनेपर, स्पर्शमात्र भी नहीं चाहती थी, अहो ! कैसा आश्चर्य ? वही राधिका आज अपनी करधनी सँभालने के लिए किंवा वस्त्र को संवरण (ढकने) के लिए वाणी के द्वारा बारबार श्रीकृष्ण को आदेश दे रही है । इसलिए मालूम पड़ता है कि, श्रीकृष्ण के अङ्गसमुदाय निश्चय ही दिव्य मादकद्रव्यविशेष हैं । हे अङ्ग ! प्रिय मधुकण्ठ ! जिस उन्मादक द्रव्यविशेष के सङ्ग के कारण, बारंबार प्रार्थनामयी उन्मादरूप सम्पत्ति राधिका जैसी ही प्रगट हो जाती है ॥६०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च—वक्ति रूपं यदा कृष्णस्तदा सा राधिकाधिकम् ।
शृणोति नैव तत्तस्य पश्यन्ती रूपमद्भुतम् ॥६१॥

"एतदनन्तरं सखीनां निभृतालापः,—

'अपि लीलायितमनया, चम्पकलतया तमालाधः ।
प्रागल्भ्यात् पुनरेतां, तदुपरि रमण-स्पृहां वेद्मि ॥'६२॥

"अथ श्रीमत्परमरूपगुरूपदेशमयस्वप्नकलितं प्रातस्तन-ललितरागसंवलितं ललिता-गीतम्,—॥६३॥

'जागरणादथ कुञ्जवरे, वीक्षितभास्कर-रुचिनिकरे ।
कान्ता-निद्रा-भङ्गकरे, अपि सङ्कुलितस्वपरिकरे ॥
मम धीर्मज्जति कंसहरे, मौलिशिखोपरि-पिंछधरे ॥ध्रुवम्॥
मुहुरुल्लासित-युवतिकरे, सममनया बहिरयनचरे ॥
घनगहनाध्वनि गमनपरे, तत्र च बहु कृतसुखवितरे ।
आशास्तम्भितविरह-गरे, धाम्नि सनातनशर्महरे ॥ इति ॥६४॥

दिनान्तरे सखीसौभाग्यम्;—

किञ्चिद्विलोक्य कुञ्जे, सख्याः प्रागल्भ्यमेकान्तात् ।
स्मेरा करमनु मुरलीं, प्रादाद् बर्हावलिं शिरसि ॥६५॥

और वहाँपर श्रीकृष्ण जब राधिका के रूप की अधिक प्रशंसा करते हैं, तब वे श्रीराधिका श्रीकृष्ण का अत्यन्त अद्भुत रूप देखती हुईं, अपने रूप की प्रशंसा नहीं सुनतीं ॥६१॥

इसके अनन्तर सखियों का रहस्यमय आलाप, यथा—अष्टसखियों में से एकजनी बोली—अरी सखियो ! देखो, तमालरूप श्रीकृष्ण के अधोभाग में चम्पकलतारूप राधिका ने भी यथेष्ठ लीला की है। पुनः ढीठता के कारण इस राधारूप चम्पकलता को उस तमाल के ऊपर क्रीडा करने की इच्छावाली समझती हूँ ॥६२॥

तदनन्तर जिसका स्वरूप परम शोभायमान है, ऐसे गुरुदेव के उपदेशमय स्वप्न के द्वारा प्राप्त, एवं प्रातःकालीन ललितराग से युक्त, ललिता सखी का गीत, यथा—गीत मूल में है । उसका भावार्थ यह है कि—जागने के अनन्तर श्रेष्ठकुञ्ज में सूर्य की कान्तिसमूह को देखनेवाले, प्रेयसी राधिका की निद्रा को भङ्ग करनेवाले, अपने परिकर का निरीक्षण करनेवाले, मस्तक के ऊपर मयूरपंख धारण करनेवाले, युवतियों के कर को बारम्बार ऊपर को करनेवाले, राधिका के साथ बाहरी वनके मार्ग में विचरण करनेवाले, सघन वन के मार्ग में जाने की आसक्ति करनेवाले, और वहींपर बहुत से सुखों का वितरण करनेवाले, पुनर्मिलन की आशा के द्वारा विरहरूपी विष को स्तम्भित करनेवाले, अपने धाम में नित्य सुख देनेवाले, कंस के प्राणों को हरनेवाले—श्रीकृष्ण में मेरी बुद्धि निमग्न हो रही है ॥६३-६४॥

दूसरे दिन सखी का सौभाग्य, यथा—किसी सखी से कुञ्ज के भीतर एकान्त स्थान पाकर सखी की किंचित् ढीठता या बुद्धिमत्ता को देखकर, मुसक्याकर उसके हाथ में तो मुरली दे दी, और मस्तकपर मयूर-पुच्छश्रेणी दे दी ॥६५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तां प्रति श्रीराधा किमपीदमाचर्य प्रोवाच,—

'शेते मञ्जुनिकुञ्जतल्पमनु स प्रेयानिति प्रेयसि !
त्वां वेणुं किल हर्तुमस्य कुतुकात् प्राहैषमस्मि द्रुतम् ।
तन्तु त्वं परिहृत्य चागतवती श्रान्तेव च प्रेक्ष्यसे
तद्वर्त्मान्यदुरीचकर्थ रभसाद् यन्मादृशां दुर्गमम् ॥'६६॥

"तदेवं तासां तस्य च प्रावृषिजकृषिवद्दैववशत एव वशे वशंवदे तदनन्तरं वसन्तपञ्चमीमनु वसन्तरागं जनयन् गोपालजनीभिर्मिलित्वा श्रीमान् गोपालः खलु खेलति स्म ॥६७॥

"तथाहि—तस्यां पञ्चम्यामुत्कण्ठितषट्पदखण्डिततुण्डमुद्राकुलमुकुलमण्डलतया प्रथममुन्मीलितेषु केषुचित् पुण्ड्रकेषु श्रीमन्माधव-राधादीनामबाधमागमनमसम्भाव्य भृशमुन्मनायमानायां वृन्दायां सुमनायमाना काचिदालिपालिरागम्य तामुल्लासितवती,—॥६८॥

'सखि वृन्दे ! कथमिव मन्दतां विन्दसे ? आगम्य रम्यमिदमवगम्यताम् ॥'६९॥

"वृन्दाह,—'कीदृशम् ?' "सा प्राह,—यादृशं भवदभिरुचितम् ।' "वृन्दाह,—'कथ्यतां तथ्यम् ।' "सा प्राह,—'काचिदाली माधवी-मण्डलमनु माधवं माधव-प्रकाशदर्शनतः समुज्जृम्भितराधाविप्रलम्भ-बाधं निभाल्य तामुल्लोलयामास । उल्लोल्य च सङ्गतश्चलन्ती सखीभिरिदं वसन्तरागेण गायन्ती वल्लभमपि लम्भयामास ॥७०॥

उसी सखी के प्रति राधिका किसीरीति का प्रकाशकर यह बोली—हे सखि ! हमारे प्रियतम मनोहर निकुञ्जमें शय्यापर शयन कर रहे हैं, इसीलिए तो हे प्यारी सखि ! मैंने कौतुक के कारण तुझको उनकी वंशी को हरण करने के लिए शीघ्र भेजा था । किन्तु तू तो उस वंशी को छोड़कर ही चली आई और थकी माँदी सी दीख रही है । इसलिए मालूम होता है कि, जो मार्ग मुझ जैसियों के लिए दुर्गम है, तूने वेग के कारण उसी दूसरे मार्ग का अवलम्बन ले लिया ॥६६॥

इस प्रकार सभी गोपियों की एवं श्रीकृष्ण की अभिलाषा वर्षा में होनेवाली खेती की तरह, दैववशतः जब वशीभूत अर्थात् परिपूर्ण हो गई, तब उसके बाद वसन्तपंचमी को लक्ष्यकर वसन्तराग को उत्पन्न करते हुए, श्रीगोपालजी गोपाङ्गनाओं से मिलकर क्रीडा करने लगे ॥६७॥

उसी पंचमी के दिन उत्कण्ठित भ्रमरों के द्वारा खण्डित हैं मुखमुद्रासमूह जिनके, ऐसी अधखिली कलिकाओं के मण्डल के कारण, कुछ वासन्ती माधवी लताएँ जब पहले ही खिल गईं, और श्रीमान् माधव एवं राधिका आदिकों के बाधारहित आगमन की संभावना न करके, वृन्दादेवी जब अधिक उन्मनी सी हो रही थी, तब सुन्दर मनवाले का सा व्यवहार करनेवाली किसी सखीश्रेणी ने आकर, वृन्दादेवी को आह्लादित कर दिया ॥६८॥

अरी सखि वृन्दे ! मन्दता को किस प्रकार प्राप्त हो रही हो? हमारे पास आकर इस रमणीय विषय को समझलो ॥६९॥

वृन्दाबोली—कैसा ? सखीश्रेणी बोली—जैसा आपको रुचिकर हो ! वृन्दा बोली—सत्य कहिये। सखीश्रेणी बोली—देखो, माधवीलताओं के समूह के पास वसन्तऋतु के स्पष्ट दर्शन के कारण, बढ़ी हुई

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"गानं यथा—'कृष्णवनं सखि ! भाति सरङ्गम् ।
भवतीमिव लघु नेतुमधीशं, सेवितमधुरससङ्गम् ॥ध्रु॥
जागरमितमिव माधविकाशतमनुकृतजृम्भाभङ्गम् ।
चुम्बति मधुपगणे कृतभङ्गि स्मारयति प्रियसङ्गम् ॥
सरसरसालजमुकुलकुलं परिपुलकयदेव सममङ्गम् ।
आकारितमिव तव कुरुते पिककुलमनुकलयदनङ्गम् ॥
त्वाञ्चेलाकलिचन्दनमरुता वासयतानुलवङ्गम् ।
कर्षति मधुरिपुमधु-पर्वोदितवीणावेणुमृदङ्गम् ॥
नीतायां त्वयि माधवि ! माधवमाधवगानतरङ्गम् ।
किरति परागचयं लोचनमिव नटयति चारुकुरङ्गम् ॥
इति सा लब्ध्वा वल्लभमनिशं मनसा वलितासङ्गम् ।
जयति निरुपमरूपिणि ! मध्ये यमुनामानसगङ्गम् ॥'७१॥

"अत्र च पद्यमेकं गद्यते,—
वनरुचिरुचिरः श्रीमान्, मदनविनोदाय नुन्नगोपीकः ।
अभितः सुरभितदेशः, सुमुखि ! विलोकस्व माधवः स्फुरति ॥७२॥

राधिका की वियोगमयी बाधा से युक्त श्रीकृष्ण को देखकर, किसी सखी ने राधिका को क्षुभित कर दिया। और क्षुभित करके भी उसीके सङ्ग चलती हुई उस सखी ने सखियों के साथ, वसन्तराग से गातेगाते, अग्रिम गाने को श्रीकृष्ण के पास भी पहुँचा दिया ॥७०॥

गान यथा—हे सखि ! देख, श्रीकृष्ण का यह वृन्दावन रङ्ग के सहित कितना सुहावना लग रहा है। तुम्हारी तरह शीघ्र ही श्रीकृष्ण को प्राप्त कराने के लिए मधुरस के समूह को सेवित कर रहा है, अर्थात् धारण कर रहा है। और इस वन में जम्हाई की तरङ्गों का अनुकरण करनेवाली, अतएव जागरण को प्राप्त होती हुईं सो सैंकड़ों माधवीलताएँ, भ्रमरगणों के चुम्बन करनेपर, इशारे कर कर मानो प्यारे के सङ्ग का स्मरण करा रही हैं। और सरस आमके वृक्षोंसे उत्पन्न कलिकासमूहवाला यह वन, एकसाथ सारे शरीर को मानो पुलकित कर रहा है, और यहाँ का कोकिलसमूह अनङ्ग को बढ़ाता हुआ तुम्हारा आह्वान सा कर रहा है। और जिसमें लवङ्गलताएँ विद्यमान हैं, तथा श्रीकृष्ण के वसन्तोत्सव में वीणा, वेणु, मृदङ्ग प्रकाशित हो रहे हैं, ऐसा यह वृन्दावन सुगन्धजनक एवं वस्त्रों को किंचित् कँपानेवाले, चन्दनवनकी वायु के द्वारा तुमको आकर्षित कर रहा है।

हे माधवि ! राधिके ! तुमको वहाँ पहुँचा देनेपर तो यह वन श्रीकृष्ण के वसन्तसम्बन्धी गान की तरङ्गों से युक्त होकर पुष्पों के परागसमूह को फैला रहा है। और सुन्दर हरिणस्वरूप अपने नेत्र को मानो नचा रहा है। हे निरुपमरूपवती ! सखि ! देख, यमुना एवं मानसीगंगा के बीच में मनसे ही जिनके मिलन की प्रार्थना की है, ऐसे प्रियतम श्रीकृष्ण को निरन्तर पाकर, श्रीराधिका जययुक्त हो रही हैं ॥७१॥

इस गाने के विषय में एक श्लोक कहा जाता है। उसका तात्पर्यार्थ यह है—हे सुमुखि ! देख तो सही, यहाँपर माधव अर्थात् वसन्त एवं श्रीकृष्ण सुशोभित हैं। दोनों ही वन की शोभा द्वारा रुचिकर हैं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं निशम्य तत्र विन्दमानां वृन्दामनु पुनरेवं दर्शयामास । यथा—

'राधा हरिरपि पुलकिवसन्तम् । गायति निजमुदमनु विकसन्तम् ॥ध्रु॥
उपदिशते दिशि दिशि गुणयन्तम् । पिकमनु पञ्चममतिचिरयन्तम् ॥
वासन्ती-मधु रहसि धयन्तम् । शंसति मधुलिहमनुगायन्तम् ॥७३॥

मधुरसमनु गानं रमयन्तम् । रसयति विनिमितमधरमयन्तम् ॥
मलयजसुरभिधुरं खञ्जन्तम् । कवयति गन्धवहं प्रसजन्तम् ॥७४॥

वाद्यगणं गुणवलितदिगन्तम् । अनुनृत्यति मदलोलदृगन्तम् ॥
चपलाघनसमरुचिमनु तं तम् । नटयति शिखिगणमपि निपतन्तम् ॥७५॥

किरति चूर्णमनु पूर्णदनन्तम् । सममालीललनाभिरनन्तम् ॥
श्रमजलकणगणमनु विलसन्तम् । वहति परागभरं रुचिमन्तम् ॥'इति॥७६॥

"अथ तावतीं गतिमप्यसहमानाः सहमाना गुरवः कुरवमाचर्य पर्यवस्थया तासां स्वतन्त्रतामावार्य सर्वतो निरोधमुद्बोधयामासुः ॥७७॥

दोनों ही श्रीमान् हैं अर्थात् शोभायुक्त हैं, दोनों ही कामक्रीडा के लिए गोपियों को प्रेरित करनेवाले हैं, एवं दोनों ही चारों ओर के प्रदेश को सुगन्धित करनेवाले हैं ॥७२॥

अतः इस प्रकार के वर्णन को सुनकर, वहाँपर आती हुई वृन्दादेवी को वही सखी पुनः इस प्रकार दिखाने लगी, यथा—राधिका एवं श्रीकृष्ण भी रोमांचित होकर, अपने हर्षको लक्ष्य करके विकसित होते हुए वसन्तराग को गा रहे हैं ॥ध्रु॥ बहुत देरतक शब्द करनेवाली कोयल को प्रत्येक दिशा में पंचमस्वर को गाने के लिए उपदेश दे रहे हैं। तथा एकान्त में माधवीलता के मधु को पीते हुए एवं अपने पीछे पीछे गाते हुए भ्रमर की प्रशंसा कर रहे हैं ॥७३॥

और गान को लक्ष्यकर सन्तुष्ट करते हुए तथा नियमपूर्वक अपने अधर की ओर आते हुए भ्रमर को मधुरस आस्वादन करा रहे हैं और चन्दन की सुगन्ध के भार से युक्त, अतएव धीरे धीरे बहते हुए, एवं अपने शरीर से लगते हुए वायु का वर्णन कर रहे है ॥७४॥

और गुणों के द्वारा दिगन्तव्यापी वाद्यसमूह को लक्ष्य करके, हर्ष के कारण चंचल कटाक्षपूर्वक नृत्य कर रहे हैं। और बिजली एवं मेघ के समान रुचिवाली उन उन वस्तुओं को एकसाथ नचा रहे हैं, तथा निकट में आते हुए मयूरगण को भी नचा रहे हैं ॥७५॥

और निरन्तर आकाश एवं पृथ्वी को पूर्ण करनेवाले चूर्ण, अर्थात् अबीर गुलाल को सखीरूप ललनाओं के सहित अधिक परिमाण में फेंक रहे हैं। और पसीने के कणसमूह के सहित अधिक विलास करते हुए शोभायमान पराग (पुष्प धूलि) के भार को धारण कर रहे हैं ॥७६॥

तदनन्तर गोपियों के गर्वयुक्त सास ससुर आदि गुरुजन उनकी उतनी रीति को भी न सहन करते हुए, कुत्सित शब्द करके अर्थात् डाट फटकार करके, विरोध के द्वारा उनकी स्वतन्त्रता को रोककर, चारों ओर से निरोध प्रगट करने लग गये ॥७७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र खलु रक्षिणीवर्गस्ताः सर्वतः समचक्षिष्ट । येन स्वंत एव कृष्णस्य च तद्वश्यता जाता । तदेवं विधुरेण सर्वत्र च तत्र विधुरे सति,—

पद्यां पश्यति वेणुमाकलयति प्रेष्यादिकं प्रेषय-
त्यन्यं कृत्स्नमुपायमाचरति यत् कान्तः सकान्तः पुरा ।
तद्गुर्वादिनिरोधबन्धविधिषु प्रौढेषु हाकर्षणं
जज्ञे निष्फलमेव येन च तयोर्मर्माणि भेदं ययुः ॥७८॥

"तत्र चोभयोर्मनः-कथा यथा,—

'न प्राग्दृष्टिरमुष्य यत् प्रियजनस्यासीत्तदुच्चैः सुखं
मन्ये सा बत साम्प्रतं समभवद्यत्तस्य तद्दुःखदम् ।
तस्य स्वस्य च या क्रमेण ममता जाताधुना सा द्वयं
चूर्णीकर्तुमथेच्छतीह किमहं कर्तास्मि कर्ता स किम् ? ॥७९॥

रात्रावद्यातिमात्रं प्रणयिजनमहं तं ददर्शाप्यसौ मां
नैतावन्मात्रमत्र प्रतिनवमदनं हन्त पस्पर्श च द्राक् ।
यद्येष स्वप्न एव स्फुरति न हि तदाप्यात्मनः प्राणरक्षां
मन्ये जाग्रद्दशा वा तदपि न हि हहा कृष्णकान्ते ! क्व नु त्वम् ॥'८०॥

जिस निरोध में रखवाली करनेवालियों का समूह उन गोपियों की सब ओर से देखभाल रखता था । जिसके कारण श्रीकृष्ण की स्वयं ही उनकी अधीनता हो गई । अतः इस प्रकार वियोग के कारण उन सभी के विकल हो जानेपर, कान्तः (श्रीकृष्ण) सकान्तः (श्रीराधिका के सहित) मार्ग को देखते हैं, वेणु बजाते हैं, सुबल, मधुमङ्गल आदि अन्तरंगसेवकों को भेजते हैं, अन्य सभी उपाय करते हैं । किन्तु राधिका के सास आदि गुरुजनों द्वारा निरोधरूप बन्धनविधियाँ जब विशेषता को धारण करने लगीं, तब तो हाय ! घासफूँस के उद्देश्य से किये गये खेती के व्यापार की तरह, मिलन के उद्देश्य से किये गये वे सबव्यापार निष्फल हो गये । जिसके कारण राधाकृष्ण दोनों के ही मर्मस्थान विदीर्ण हो गये ॥७८॥

उस प्रतिबन्ध के समय दोनों के ही मानसिक कथन, यथा—पहले इस प्रियजन का दर्शन जबतक मुझ को नहीं हुआ था, तबतक तो मैं अपने को बहुत सुखी मानता था, या मानती थी, किन्तु हाय ! अब प्रियजन का दर्शन जो अच्छो प्रकार हो गया, वह वियोग में महादुःखदायी हो रहा है । और उस प्रियजन की व मेरी क्रमशः जो ममता उत्पन्न होगई, वह ममता अब हम दोनों को ही चूर्ण करना चाहती है । अतः इस विषय में मैं क्या करूँगा एवं वह हमारा प्रियजन ही क्या करेगा ? ॥७९॥

आज की रात में मैंने उस स्नेहीजन को बहुत देरतक खूब देखा, उसने भी मुझको भरपेट देखा । केवल इतना ही नहीं, किन्तु अहह ! यहाँपर प्रत्येक नवीन कामनापूर्वक दोनों ने शीघ्र ही परस्पर स्पर्श भी किया । यदि यह पूर्वोक्त व्यापार स्वप्नसा ही स्फूर्ति पा रहा है, तो भी मैं अपने प्राणों की रक्षा नहीं समझता या नहीं समझती अथवा यह सब जागृतदशा ही स्फूर्ति पा रही है, तो भी मैं अपने प्राणों की रक्षा नहीं मानता, या नहीं मानती । हा ! हा ! हे कृष्णकान्ते ! अर्थात् हे कृष्ण की प्रिये ! पक्षान्तरे—हे श्याम-कान्तिवाले ! कृष्ण ! तुम कहाँ हो ? ॥८०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'श्यामाङ्गमन्तरा देहः सुहृदः सर्व एव च ।
अन्तर्मनोभिदस्तापं दधते वह्निजालवत् ॥'इति॥८१॥

"एवं सञ्चुक्रुधुस्ते ते रुरुधुश्च वधूर्यदा ।
तदा कृष्णस्तीर्थयात्रां तृष्णया च्छद्म निर्ममे ॥८२॥

यदा कृष्णानुरक्ताभिः सा यात्रा ताभिराकलि ।
मनोराज्यं तदा प्राज्यमचायि निरचायि च ॥८३॥
यदा प्रतस्थे गोविन्दो विन्दन् शकटमुन्नतम् ।
तदा दृक्पक्षिणां ताभिर्लक्षिता बन्धविच्युतिः ॥८४॥

रात्रिं रात्रिं वसन्ति स्म यत्र ते तत्र निश्चितम् ।
अभूदमूषु सम्प्राप्तिर्विधोर्दाक्षायणीष्विव ॥८५॥

"तथा हि,—ताभिः स्वस्य विदूरगाभिरभिसारोद्यन्मदाभिस्तदा
गत्यर्थं कृतवासकाभिरुदितप्रोल्लासितत्केलिभिः ।

और (जो स्त्री शीतकाल में उष्ण, एवं उष्णकाल में शीतल होजाती हो, उसी को श्यामा कहते हैं। शीतकाले भवेदुष्णा ग्रीष्मकाले च शीतला । तप्तकाञ्चनवर्णाभा सा स्त्री श्यामेति कथ्यते ॥) एवंगुण-विशिष्टा श्यामा (राधिका) के अङ्ग के बिना, पक्षे—श्यामसुन्दर के अङ्ग के बिना, सारा शरीर एवं सारे सुहृद् सम्बन्धीजन, मर्मस्थान का भेदन करते हुए, अग्नि की ज्वाला की तरह संताप देर हे हैं। (अत्र कृष्ण पक्षे—श्यामाया अङ्गं; राधा गोपीपक्षे—श्यामस्य श्रीकृष्णस्य अङ्गं—इति विग्रहः । सर्व इति एकवचनं वहुवचनं च। अन्तर्मनोभिद इति—अन्तर्मनोभिनत्ति इति देहपक्षे, भिन्दन्तीति सुहृत्पक्षे, क्रमशः कप्रत्ययान्तं क्विप्प्रत्ययान्तं च रूपं बोध्यं, तदन्ते सन्, सन्त इति च योज्यम्। दधते इति–देहपक्षे दधधातोः सुहृत्पक्षे धाञो रूपं ज्ञेयम्) ॥८१॥

इस प्रकार वे वे गुरुजन जब अत्यन्त क्रुद्ध हो गये, एवं अपनी अपनी बहूबेटियों को बाहर जाने से रोकने लग गये, तब श्रीकृष्ण ने गोपियों के मिलन की तृष्णा से अम्बिकावन की तीर्थयात्रा का बहाना बनाया ॥८२॥

श्रीकृष्णानुरागिणी उन गोपियों ने वह तीर्थयात्रा जब प्राप्तकर ली, तब तो उन्होंने प्रचुर मनोराज्य को देख लिया, एवं उसका दृढ निश्चय भी कर लिया ॥८३॥

श्रीकृष्णचन्द्र ऊँची गाड़ीपर चढ़कर जब तीर्थयात्रा को चल दिये, तब उन गोपियों ने अपने अपने नेत्ररूपी पक्षियों की बन्धुरूप बन्धन से मुक्ति देख ली ॥८४॥

वे सब यात्री प्रत्येक रात्रि में जहाँ जहाँ निवास करते थे, वहाँ वहाँपर अश्विनी, भरणी आदि नक्षत्ररूप दक्ष की बेटियों में चन्द्र के सम्मेलन की तरह, इन गोपियों में श्रीकृष्ण का सम्मेलन हो जाता था ॥८५॥

और उस समय श्रीकृष्ण उस मार्ग में उन सब गोपियों के साथ अनेक प्रकार की निजी लीलाएँ करते थे। वे गोपियाँ अपने सम्बन्धीजनों से बहुत दूर रहती थीं । अभिसार के लिए उनका हर्ष प्रगट हो रहा था। वे श्रीकृष्ण के पास जाने के लिए अभिलाषा करती रहती थीं। उन सभी में उल्लासयुक्त अभिमत

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

काभिश्चित् परिवञ्चिताभिररतिव्याप्ताभिरुद्वासित-
द्वन्द्वाभिर्विविधस्वकेलिमभजत्तस्मिन् स कृष्णः पथि ॥८६॥
यर्हि च तीर्थं याता, गोकुललोकास्तदा हरिर्विदधे ।
गुणजीविस्त्रीवेशं, तासामासत्तिसौख्याय ॥८७॥

"तत्र ज्योतिर्मन्त्रयोगतन्त्रविदुषीवेषो यथा,—

सर्वज्ञे किं त्रिलोक्यां सुखकरसदनं कृष्णगोष्ठं किमस्मि-
न्नाजीव्यं कृष्णगानं किमतुलविभवप्रापणं कृष्णलिप्सा ।
किं भोग्यं कृष्णरूपं परिणतिरिह का कृष्णलब्धिः समन्ता-
दित्येवं राधिकायां प्रतिवचनकृती पातु नः कृष्णदम्भः ॥८८॥

"दूतीवेशो यथा,—

कासि प्रेष्या किमीया तव तमनुगता किंगुणा तस्य तुल्या
तत्र स्यात् किं प्रमाणं विजनगृहगता पश्य मे सर्वमङ्गम् ।
इत्येवं दिग्वितानप्रणिहितवलितं सस्मितं तन्निदिष्टा
राधागीर्भङ्गिमात्रात् परिचितिमकरोदस्तु तत् काम्यवस्तु ॥८९॥

केलियाँ प्रगट हो रही थीं । उनमें से कुछ गोपियाँ सास आदि के द्वारा श्रीकृष्ण के पास जाने से वंचित थीं, तो भी उनकी कृपा से उनसे मिल जाती थीं । वे सभी घर के कामकाजों की अनिच्छा से व्याप्त थीं, और वे सुख-दुःख, भूख-प्यास आदि द्वन्द्वों को त्याग चुकी थीं ॥८६॥

और गोकुलवासी लोग जब तीर्थपर पहुँच गये, तब श्रीकृष्ण उन गोपियों के पास मिलनरूपी सुख के लिए, गुणों से अपनी जीविका चलानेवाली विदुषी, दूती, वैद्यानी, एवं मालिन आदि स्त्रियों के से वेष को धारण कर लेते थे ॥८७॥

उन सब में से ज्योतिषशास्त्र, डामर आदि मन्त्र, दूसरे द्रव्य के संयोग से सोना चाँदि आदि अनेक रूप बना देना, कठपुतली नचाना, इत्यादि जाननेवाली विदुषी का वेष, यथा—गोपियाँ बोलीं—हे सर्वज्ञे ! तीनों लोकों में सुखदायक स्थान कौन सा है ? उ०—श्रीकृष्ण का व्रजमण्डल । प्र०—इस व्रज में जीवन का अवलम्बन क्या है ? उ०—श्रीकृष्ण सम्बन्धी गायन । प्र०—अतुल वैभव प्राप्त करानेवाली कौन सी वस्तु है ? उ०—श्रीकृष्ण प्राप्ति की इच्छा । प्र०—भोग्य के योग्य कौन वस्तु है ? उ०—श्रीकृष्ण का रूप । प्र०—इस संसार में सुन्दर फल कौन है ? उ०—श्रीकृष्ण की प्राप्ति । इस प्रकार राधिका के निकट प्रत्युत्तर देने में कुशल श्रीकृष्ण का दम्भ हमारी रक्षा करे ! ॥८८॥

दूती का वेष, यथा—प्र०—अरी ! तू कौन है ? उ०—दूती हूँ ! प्र०—किसकी दूती है ? उ०—तुम्हारे जो प्यारे हैं उनकी अनुगत दूती हूँ । प्र०—तू कितने गुणोंवाली है ? उ०—तुम्हारे प्यारे के तुल्य गुणोंवाली हूँ । प्र०—उसमें क्या प्रमाण हो सकता है ? उ०—सूने घरमें चलकर मेरे सारे शरीर को देख लो । इस प्रकार की बातचीतों के विस्तार में प्रणिधानपूर्वक एवं मन्दमुसकान के सहित श्रीकृष्ण के द्वारा आदिष्ट हुई श्रीराधा ने वाणी के इशारेमात्र से श्रीकृष्ण का परिचय कर लिया । बस, हमारे लिए तो वही कामना के योग्य वस्तु हो जाय ! अर्थात् राधिका के प्रति कहे गये "तुम मेरे शरीर को देख लो" यह वाक्य ही हमारी कामना के योग्य वस्तु हो जाय ! ॥८९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं श्रीराधया तद्विरहचिन्तासंबाधयापि गततद्बाधया क्वचिदन्यथान्यथा च रजन्यन्तरे पुनः पुनरन्यबहुविधवेशं केशवं निशाम्य भणितम् ॥९०॥ यथा—

'सेयं भिषगसिताङ्गी, मम हृद्दाहं चिकित्सितुं लब्धा ।
स्पृशती सखि ! करनाडी,-मन्याङ्गं धिक् कुतः स्पृशति ? ॥९१॥

श्यामा वैणविकीयं, विदूरवासा निशार्धमुद्भूतम् ।
सख्यः स्थलमिदमल्पं, तन्मम तल्पन्तु संकुचद्भवतु ॥९२॥

कविरियमतुला भवतु, श्यामाव्यक्तिः स्वधीततद्विद्या ।
अस्माकं रह एषा, कथमिव जानाति तन्न जानामि ॥९३॥

श्यामा चित्रकरीयं, चित्रं विजने प्रकाशयति ।
मामिव कामपि यत्र, स्वतुलितपुंसान्वितां सखि ! व्यधित ॥९४॥

रहसि तदेतद्वच्मि, त्वयि सखि ! न परत्र कुत्रापि ।
ताम्बूलिकीयमसिता, मोहनमन्त्रं विजानाति ॥९५॥

इसी प्रकार दूसरी दूसरी रात में भी, पुनः पुनः दूसरे अनेक प्रकार के वेषवाले श्रीकृष्ण को देखकर श्रीकृष्ण की विरह चिन्ता से विशेष बाधित होकर भी, उनके दर्शन की बाधा से मुक्त हुई राधा ने कहीं कहीं दूसरी दूसरी प्रकार से भी कहा—॥९०॥

यथा—हे सखि ! ललिते ! देख, ये श्यामवर्णवाली वैद्यपत्नी मेरे हृदय के दाह की चिकित्सा करने के लिए उपस्थित होकर, हाथ की नाडी को स्पर्श करती करती मेरे दूसरे अङ्गको क्यों छू रही है ? अतः इसको या मुझको धिक्कार है । अर्थात् वैद्य को तो नाडी छूने का अधिकार है, अन्य अङ्गों को छूने का नहीं । अतः अनधिकार चेष्टा करने करानेवाली इसको एवं मुझको धिक्कार है ॥९१॥

अरी सखियो ! देखो, वंशी बजाने में निपुण इस श्यामा नारी का निवासस्थान बहुत दूर है, और आधीरात हो गई है, अतः इस समय यह अपने वासस्थान पर जाने में असमर्थ है । और यह हमारा स्थान भी थोड़ा सा ही है, इसलिए मेरी शय्या संकुचित हो जाय तो अच्छा हो । अर्थात् मेरी खाट को सरका कर, इसकी खाट भी, यहीं बिछा दो तो ठीक है ॥९२॥

और यह श्यामवर्णवाली विदुषी अच्छी प्रकार काव्यविद्या को, एवं चौंसठ कलाओं (विशेष विवरण उत्तरचम्पू ८।७१ में देखिये) को अध्ययन करनेवाली होने के कारण, अनुपम कवि हो सकती है । किन्तु हमारे सारे रहस्य को यह किस प्रकार जानती है, इस बात को मैं भी नहीं जानती ॥९३॥

और हे सखि ! चित्र बनानेवाली यह श्यामा नारी एकान्त में चित्र को प्रकाशित करती है । इसलिए जिस एकान्त स्थल में इसने मेरे समान किसी नारी को अपने समान रूपवाले पुरुष से संयुक्त बना दिया है । अतः यह विचित्र चित्रकार मालूम पड़ती है ॥९४॥

अरी सखि ! ललिते ! मैं तुमसे एकान्त में कहती हूँ, और दूसरे के पास कहीं भी नहीं; देख ! ताम्बूल बेचकर जीविका करनेवाली यह साँवली नारी मोहनमन्त्र को जानती है । अर्थात् इसके हाथ के ताम्बूल खाने से सभी मोहित हो जाते हैं ॥९५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सेयं मालाकारी, मूर्तिर्मालाः प्रसारयति ।
तस्य श्यामलमूर्तेः, कस्मात्पुष्पेषु-वासनां तनुते ? ॥९६॥

फलविक्रयिणी श्यामा, फलमिह विविधं प्रसारयति ।
बिल्वं केवलमथ किं, गृह्णत्यस्मान् विलोकयति ॥९७॥

सेयं श्यामा न सती, हारव्यतिहारसम्भवद्द्रव्या ।
अपरिचितापि स्वेन हि, मणिसरपरिधापनं वष्टि ॥९८॥

यदवधि तदगुरुसत्त्वं, तस्या गृह्णामि गन्धजीविन्याः ।
तदवधि गुरवो मयि सखि !, कृष्णमकृष्णं च न ब्रुवते ॥'९९॥

"अत्र श्रीवत्सलक्षणस्याप्येतदुपलक्षणं बहुरचनं वचनं लक्षणीयम्; ॥१००॥ यथा—

'सीवनविज्ञा स्वयमपि, परशिल्पानां विलोकनात्कर्त्री ।
साहं प्रणयिव्यक्ति,-र्लोकय गोपि ! स्वहृद्गतां चोलीम् ॥१०१॥

और यह मालिन के से स्वरूपवाली नारी मालाओं का विस्तार करती है,- यह तो ठीक है, किन्तु उन श्याम मूर्तिवाले श्रीकृष्ण के पुष्पों में वासना को क्यों बढ़ा रही है ? अथवा 'पुष्पेषुवासनां' यह एकपद होनेपर, यह अर्थ होगा कि—श्रीकृष्णसम्बन्धी कामवासना को क्यों विस्तारित कर रही है ? ॥९६॥

और फलों को बेचनेवाली यह श्यामा यहाँपर अनेक प्रकार के फलों का विस्तार कर रही है। पश्चात् केवल बिल्व (बेल) के फल को ही ग्रहण करती हुई हमारी ओर क्यों देखती है ? मालूम पड़ता है कि बिल्वफल के समान मेरे स्तनों का इशारा करती है ॥९७॥

और यह श्यामा नारी सती नहीं मालूम पड़ती, क्योंकि इसके शरीर में हारों के बदला-बदली के द्रव्य विद्यमान हैं। अर्थात् यह दूसरे के हार को भी अपने की तरह धारण कर लेती है; यह सती का लक्षण नहीं है। और यह अपरिचित होकर भी, मेरे गले में अपने आप मणियों के हारविशेष को पहनाना चाहती है ॥९८॥

और हे सखि ! गन्ध से जीविका चलानेवाली उस वणिकपत्नी के पास से मैं जब से अगुरु चन्दनपङ्क को ग्रहण करती हूँ, तभी से मेरे सास ससुर आदि गुरुजन, मेरे प्रति कृष्ण एवं अकृष्ण की कोई चर्चा नहीं करते। अथवा कृष्ण के प्रति ईर्ष्या के कारण, कृष्णागुरु एवं अकृष्ण चन्दन, इत्यादि कुछ भी नहीं कहते ॥९९॥

अनन्तर श्रीवत्सचिह्नधारी श्रीकृष्ण के पूर्वोक्त वेष उपलक्षणमात्र हैं। वस्तुतः इनसे भिन्न और भी बहुत सी रचना से युक्त वाक्य लक्ष्य करने चाहिये ॥१००॥

यथा—नाना वेषधारी श्रीकृष्ण बोले—हे गोपि ! मैं सिलाई के काम में चतुर होकर, दूसरों की कारीगरी के देखनेमात्र से स्वयं भी, अनेक प्रकार की कारीगरी कर लेती हूँ। ऐसी होकर भी, मैं स्नेहीजनों में ही प्रकट होती हूँ। अतः मेरे वक्षःस्थल पर मेरी बनाई हुई चोली को देख ले, यदि पसन्द आवे तो तेरे लिए भी ऐसी ही बनाकर पहना दूँगी ॥१०१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अहमिह रञ्जनकारी, श्यामाभिख्या जगद्गतख्यातिः ।
या मम वस्त्रं वस्ते, विकसति हृत्कञ्जरञ्जनाप्यस्याः ॥१०२॥

दर्पणकार्मुकविद्रुम,-मुक्ता विक्रेतुमीहसे स्पष्टम् ।
गूढं सम्पुटयुगलं, क्रेतुमहन्तु व्रजस्त्रि ! पृच्छामि ॥१०३॥

संवाहननिपुणात्मा, सुतनुरहं तव निषेवणं लिप्सुः ।
मत्स्पर्शाशजसौख्यं, सुभगे ! ब्राह्मं सुखं जयति ॥'१०४॥

"तत्र च सति—

कङ्कणकारिस्त्रीवद्,-वेशं केशवमुपेत्य याः काश्चित् ।
दक्षिणवामचरित्रं, तेनुस्ता न हि करवामहे सदसि ॥१०५॥

अन्धकारमयपक्षलक्षिता,-मम्बिकावनगतिं विधाय ताम् ।
यद्यदिष्टमभवन्मुरारिणा, मिष्टमिष्टमतनिष्ट तद्बहु ॥१०६॥

"तदेवं च सति—

कंसारेर्हृदयाब्जसम्भवदलीवीथीयमाना व्रज-
प्रेयस्यः स्फुटमन्तरान्तरपदं याताः क्रमादन्ततः ।

और मैं यहाँपर रंगरेजे के काम को भी कर लेती हूँ । मेरा नाम श्यामा है । और इसी नाम से जगत्भर में मेरी ख्याति है । जो स्त्री मेरे द्वारा रंगे हुए वस्त्र धारण करती है, उसके हृदयकमल की रंजना भी विकसित हो जाती है ॥१०२॥

हे व्रजनारि ! तुम तो स्पष्टरूप से दर्पण, धनुष्, प्रवाल, मूँगा एवं मोतियों को ही बेचना चाहती हो। किन्तु मैं तो सदा गुप्त रहनेवाले दो गोल गोल डिब्बों को खरीदने के लिए तुमसे पूछती हूँ, तुम्हारे पास बिकाऊ हैं क्या ? ॥१०३॥

और हे महाभागे ! गोपि ! मैं शरीर दबाने के काम में भी निपुण स्वरूपवाली हूँ, एवं मेरा शरीर सुन्दर तथा कोमल भी है । मैं तुम्हारी सेवा भी प्राप्त करना चाहती हूँ । और मेरे स्पर्श से जो सुख उत्पन्न होता है, वह ब्रह्म के साक्षात्कार के सुख को भी जीत लेता है ॥१०४॥

ऐसी घटना के बाद चूड़ी बनानेवाली मनिहारिन के से वेषवाले अथवा कंकण आदि भूषण बनाने-वाली स्त्री के से वेषवाले केशव के पास आकर, जिन किन्हीं गोपियों ने सरलता एवं कुटिलता के चरित्र विस्तारित किये, सभा में हम उन सबका वर्णन नहीं करते ॥१०५॥

और अन्धकारमय कृष्णपक्ष से युक्त उस अम्बिकावन में गमन करके गोपियों के मन में जो जो अपना अभीष्ट हुआ था, उसको श्रीकृष्ण ने मधुर एवं सुन्दर अभिलाषपूर्वक अधिक परिमाण में विस्तारित कर दिया ॥१०६॥

अतएव ऐसी स्थिति में इस पूरण का तात्पर्य यह है कि—श्रीकृष्ण के हृदयरूप कमल से उत्पन्न हुए पत्रों के ऊपर पंक्ति का सा आचरण करनेवाली प्रियतमा व्रजाङ्गनाएँ, अन्त से लेकर क्रमशः चन्द्रावली एवं ललिता आदि पृथक् पृथक् भीतर के स्थान को प्राप्त हो गईं । अतः ये सब गोपियाँ अप्राकृत एवं

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एवं चेद्भवतान्न तत्र च वयं सन्दिह्य विब्रूमहे
राधा यत्किल कर्णिकास्थितिमगादस्माकमत्राग्रहः ॥"१०७॥

अथ समापनम्—

"सुदर्शनस्य शापान्तकारी राधे ! सुदर्शनः ।
अतिकान्तस्तवैवातिकान्तः सोऽयं बकान्तकः ॥"१०८॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु रहःकुतूहलवहबहलरहः
क्रीडाख्यमेकोनत्रिंशं पूरणम् ॥२९॥

अथ त्रिंशं पूरणम्

शङ्खचूडवधो निर्लज्जहोलिकाक्रीडा च

अथ मधुकण्ठः प्रभातकथां क्रमतः प्रक्रमते स्म,—

"अम्बिकावनगतिर्बभूव सा, केलिकर्मणि हरेः समर्धनी ।
आगतावपि तदा पुनर्व्रजे, होलिकाप्रमदपर्वपद्धतिः ॥१॥

"तत्र च पर्वणि सर्व एव स्त्रीपुंसजनः प्रमत्तगण इव गायन्नृत्यन् युध्यन् क्रीडतीति मध्यदेशतः समुदाचारः प्रचरति; भविष्योत्तरपुराणप्रामाण्यस्य पुराणज्ञां मान्यतया ॥२॥

श्रीकृष्ण की स्वरूपशक्ति की विलासमात्र हैं यह बात शास्त्र में स्पष्ट है। यदि इस प्रकार की व्यवस्था है तो भले ही ठीक है, उस विषय में सन्देह करके हम विरुद्ध नहीं बोलना चाहते। किन्तु जो राधिका श्रीकृष्ण के हृदयरूप कमल की कर्णिका (मध्यभाग) के स्थान को प्राप्त हो गई; बस, हमारा तो उन श्रीराधिका के विषय में ही आग्रह है। हमारे ऊपर भी वे अनुग्रह करती रहें, यही करबद्ध प्रार्थना है ॥१०७॥

अब प्रसङ्ग समाप्ति प्रकाशक पद्य, यथा—हे राधिके ! बकासुरनिहन्ता तुम्हारे ये श्रीकृष्ण, अति कमनीय एवं सुन्दर दर्शनीय हैं; तथा सुदर्शननामक विद्याधर के शाप का अन्त करनेवाले हैं, और अन्यान्य कान्ताओं को अतिक्रमण करके तुमसे ही नित्य संबद्ध हैं ॥१०८॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिविरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये ऐकान्तिक-कुतूहलपूर्ण प्रचुरैकान्तिक-क्रीडाख्यं
एकोनत्रिंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥२९॥

तीसवाँ पूरण

शङ्खचूड़ का वध एवं निर्लज्ज होलिका की क्रीडा

इस तीसवें पूरण में पहले शङ्खचूड़ यक्ष का वध, पश्चात् श्रीकृष्ण बलदेव का स्व-स्व प्रेयसी गोपियों के साथ निर्लज्ज फाल्गुन का होली महोत्सव वर्णित होगा।

अनन्तर मधुकण्ठ प्रातःकालिक कथा को क्रमशः आरम्भ करने लगा—वह अम्बिकावन की यात्रा श्रीकृष्ण के क्रीडारूप कार्य में विशेष वृद्धिजनक हुई। और उस समय व्रज में आते ही पुनः होलिका के आनन्दमय पर्व की पद्धति प्रारम्भ हो गई ॥१॥

उस होली के आनन्दमय महोत्सव में स्त्री-पुरुष, आबाल-वृद्ध, सभीजन मतवाले जनसमूह की तरह गाते गाते, नाचते नाचते, युद्ध करते करते क्रीडा करते हैं। इस प्रकार का आचार मध्यदेश से प्रचलित है।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ तत्र यदा पूर्णगुणफाल्गुनपूर्णिमा-निशायां कुतुकतृष्णक् कृष्णश्च रामश्च ढुण्ढापर-पर्यायहोलिकागृहगृह्यायां भुवि रमते स्म, तदाकस्मादुत्तरस्मादागतः कश्चिद् यद्यपि गुह्यका-धिपसंग्राह्यस्तथापि गुह्यकगर्ह्यतया कंसशुभाशंसनस्तत्र क्रीडन्तीर्व्रजयुवतीः प्रति दुर्दृष्टिं विधाय तदाकर्षणं चिन्तितवान् ॥३॥

"चिन्तयन्नेव च सहसा तत्र प्रविष्टः स खलु दुर्ध्यानाविष्टस्तस्मादकस्मादङ्गनानां गणमुद-जवज्जवतः कालयामास ॥४॥

"अथ साग्रजः सोऽयं गदाग्रजस्तमसभ्यस्वभावमुपलभ्य पूर्वं तत्पर्वरसिकवैहासिकवेश-विशेषं दधृषं मन्वानः स्थगित इवासीत् ॥५॥

"ततश्च, प्रतिहरिगतिचेष्टा शङ्खचूडेन रुद्धा, दृगपि रुतिरपि द्राक् कृष्णरामेति तासाम् ।
यदयमतुलवेगद्रोहिरूपातिशब्दैः, प्रतिपदमनुवर्ती वृत्तिलोपं चकार ॥६॥

"अथ तत्र श्रीकृष्ण-वाक्यम्,—

'प्रत्यायन्त्योऽप्यतिजवभरादस्य घोरान्निवृत्ताः
पश्यन्त्यो नावपि धिगमुतस्त्रासविध्वस्तनेत्राः ।

इस आचार के सम्बन्ध में शास्त्रीय प्रमाण भी है । क्योंकि भविष्योत्तरपुराण की प्रामाणिकता प्राचीनजनों के माननीय होने के कारण, यह आचार शास्त्रीय है ॥२॥

अनन्तर वहाँपर जब पूर्णगुणों से युक्त फाल्गुन की पूर्णिमा की रात में कौतुक की तृष्णा से युक्त श्रीकृष्ण बलदेव 'ढुण्ढा' (हिरण्यकशिपु की बहिन जो प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठनेपर जल मरी) इस प्रकार के दूसरे नामवाली होली के स्थान की बाहरी भूमि में क्रीडा कर रहे थे, तभी अकस्मात् (एकाएक) उत्तरदिशा से शङ्खचूड़ नामक कोई यक्ष आ गया । यद्यपि यह यक्ष कुबेर का प्रतिपात्य था, तथापि गुह्यकजनों के द्वारा निन्दनीय होने से, यह कंस की शुभ कामना से युक्त होकर, वहाँपर खेलती हुईं व्रजयुवतियों के प्रति कुदृष्टि करके उनके आकर्षण का विचार करने लगा ॥३॥

और बुरे विचार में पड़ा हुआ वह यक्ष, विचारते विचारते ही सहसा उन व्रजाङ्गनाओं के झुण्ड में धँसकर, व्रजाङ्गनागण को उस स्थान से पशुओं की प्रेरणा की तरह वेगपूर्वक उत्तर दिशा की ओर चलाने लगा ॥४॥

तदनन्तर बलरामजी के सहित वे श्रीकृष्ण, उस यक्ष को असभ्य स्वभाववाला जानकर भी, उस धृष्ट को उस होली के उत्सव में रसिक विदूषक (मसखरा) के वेषविशेषवाला मानते हुए, पहले कुछ निश्चेष्ट से बने रहे ॥५॥

उसके पश्चात् तो शङ्खचूड़ ने उन गोपियों की श्रीकृष्ण की ओर आने की चेष्टा रोक दी, दृष्टि भी रोक दी, एवं 'कृष्ण', 'राम' इस प्रकार की पुकार भी रोक दी । क्योंकि इस यक्ष ने अतुलवेग, विकटरूप, एवं भयङ्कर शब्द के द्वारा, प्रतिक्षण अनुगामी होकर, उन गोपियों की इन्द्रियों की वृत्ति को नष्ट कर दिया था ॥६॥

अनन्तर वहाँपर श्रीकृष्ण वाक्य, यथा—भैया बलदेवजी ! देखो तो सही । हमारी ओर लौटकर आती हुईं भी ये गोपियाँ इस दुष्ट के भयङ्कर विशेष वेग से उधर ही लौट रही हैं; हम दोनों को देखती

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

क्रोशन्त्योऽपि प्रतिरुतिकृतानेन नीरुद्धशब्दाः
भ्रातस्तर्ह्यप्यहह किममू रक्षितुं न द्रवाव ?' ॥७॥

"तदेवं निश्चिन्वानौ तं भीषणारम्भतया स्तम्भयितुं विचिन्वानौ सहसा शालद्वयं सहसा त्रोटयन्तौ पुनस्तद्विटपादिकमपि प्रमोटयन्तौ सुदृढभुजाग्रजाग्रत्तद्द्वयुगलतया प्रबलतया च तावनुदुद्रुवतुः। तदनुविद्रववशादन्येऽपि संविद्रते स्म ॥८॥

"तदा च,—इत्थं न तर्कितं लौकैरनयोः शालहस्तयोः।
शालौ किं लघुतां यातौ विग्रहौ गुरुतामुत ॥९॥

"ततश्च, अग्रे शुभ्रं रौहिणेयं विधाय, श्रीगोविन्दः प्राद्रवच्छङ्खचूडम्।
कीर्तिस्तोमप्रायतां तस्य तन्व,-न्नेष प्रायस्तं पुरस्तात् करोति ॥१०॥

विलोक्य सबलं हरिं परमविक्रमं सक्रमं
विसृज्य वनिताजनं त्वरितमद्रवद्गुह्यकः।
बलस्य किल कालतामथ मृत्युतां यद्धरे-
र्युगं तदुचितं यतः स स जगाम तत्तत्कृतिम् ॥११॥

हुईं भी, इस दुष्ट के भय से व्याकुल नेत्रोंवाली होकर उधर ही लौट रही हैं; अतः हम दोनों को धिक्कार है। और हा राम! हा कृष्ण! इस प्रकार रो-रोकर, चिल्लानेपर भी, प्रतिध्वनि करनेवाले इस यक्ष ने, उन गोपियों के शब्द रोक लिए हैं। हाय! इतनेपर भी हम दोनों इन सबकी रक्षा करने के लिए क्यों नहीं दौड़ रहे हैं ? ॥७॥

इस प्रकार निश्चय करते हुए वे दोनों भाई भयङ्कर आडम्बरपूर्वक उस यक्ष को रोकने के लिए, ढूँढ़ते ढूँढ़ते सहसा बलपूर्वक शाल के दो वृक्ष तोड़ते हुए, पुनः उन वृक्षों की शाखा पत्ते आदि को चूर्ण करते हुए, सुदृढ भुजाओं के अग्रभाग में उन दोनों वृक्षों को लेकर, प्रबलतापूर्वक उसके पीछे दौड़ पड़े। उन दोनों के दौड़ने के कारण, होली में खेलने वाले और जन भी, उनके पीछे पीछे दौड़ पड़े ॥८॥

और उस समय शालवृक्ष को हाथ में लेकर दौड़ते हुए, श्रीकृष्ण बलदेव के विषय में इस प्रकार की तर्कना, सम्भावना या निश्चय न कर सके कि—दोनों शाल के पेड़ ही हलके हो गये, अथवा श्रीकृष्ण बलदेव के शरीर ही भारी हो गये ॥९॥

उसके बाद शुक्लवर्ण के रोहिणीनन्दन को आगे करके श्रीकृष्ण शङ्खचूड़ के पीछे दौड़ने लगे। ये श्रीकृष्ण शीघ्र भागने में कम नहीं हैं, तो भी श्रीबलदेवजी की कीर्तिश्रेणी की अधिकता को विस्तृत करते हुए, प्रायः श्रीबलदेवजी को ही आगे कर देते थे ॥१०॥

और वह शङ्खचूड़ बलदेवजी के सहित परमपराक्रमी श्रीकृष्ण को देखते ही, आक्रमण के सहित वनिताजन को छोड़कर शीघ्र ही भाग गया। उस समय शङ्खचूड़ ने बलदेवजी के सम्बन्ध में काल (यमराज) की, एवं श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में साक्षात् मृत्यु की जो भावना अपने मनमें मानी थी, वे दोनों ही बातें उचित हैं। कारण—राम कृष्ण दोनों ही उस समय यमराज एवं मृत्यु के कार्य को प्राप्त हो रहे थे ॥११॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तेन विसृष्टायां चाबलावलावयं बलाभिधस्तत्संवलनाय तत्र स्थितः ॥१२॥

"अथ श्रीमान् दनुजगजसिंहस्तदनुजस्तु सविक्रमं विक्रममाणः प्रहस्य स्फुटमौत्तराहस्य च तस्य दाक्षिणात्यं पलायनमवेत्य दूरेत्यं तं प्रत्यवज्ञया तरुयष्टिं हस्ताद्विभ्रष्टां चकार ॥१३॥

"विद्रुत्य लब्धसनीडः पुनरसौ विक्रीडनचतुरचित्तस्तत इतस्तं विद्राव्य चेष्टितेन वेवेष्टिस्म, नृसिंह इव हिरण्यकशिपुं रिपुं सनिग्रहमेव जग्राह च ॥१४॥

"ततस्तं हस्तरोधं गृह्णन्नह्नाय मणिगृहीतये स्फुरन्नुरसिलः करसरसिजेन तच्छिरसि कक्खटीभावविघटितदधीचिमुन्यस्थिजेन गृहीतसंग्राहसारं प्रहारमाजहार ॥१५॥

'उत्तरस्मिन्ननेहसि मृतदेहप्रतीकादानमनुत्तरम्' इतीव भ्रंशयामास च तस्य तमुत्तंसम् ।

"स पुनराततायी दुर्मायी मणिमनु प्राणानपि व्यक्तमेव त्यक्तवान् । तद्धनमात्रजीवनयात्रः खल्वसौ ॥१६॥

"ततश्च, जीवो रत्नं वेति भेदाक्षमं त,-ज्ज्योतिर्मात्रं वस्तु यक्षाद् गृहीत्वा ।
पश्यन्तीनां योषितां कंसवैरी, निन्ये कामं रामसायुज्यमेव ॥१७॥

शङ्खचूड़ के द्वारा अबलापंक्ति के छोड़ देनेपर, बल नामक वे बलरामजी तो, उनकी रक्षा करने के लिए वहीं खड़े रह गये ॥१२॥

पश्चात् दैत्यरूप हाथियों के मर्दनकारी सिंहरूप श्रीमान् श्रीकृष्ण ने तो पराक्रमपूर्वक पादक्षेप करते हुए हँसकर, एवं स्पष्ट ही उत्तरदिशा से आनेवाले उस यक्ष के दक्षिण की ओर भागने को जानकर, दूरवर्ती उस यक्ष के प्रति अवज्ञा करके, अपने हाथ से वृक्षरूपी लठिया दूर फेंक दी ॥१३॥

पुनः खेलने में चतुर चित्तवाले श्रीकृष्ण ने दौड़कर, उस यक्ष के पास पहुँच कर, उसको इधर उधर दौड़ाकर, घूमधुमेर के द्वारा घेर लिया। और श्रीनृसिंहदेव ने अपने बैरी हिरण्यकशिपु को जैसे पकड़ लिया था, उसी प्रकार निरोधपूर्वक उसको पकड़ भी लिया ॥१४॥

उसके बाद हाथ के द्वारा रोककर उस यक्ष को पकड़ते हुए, एवं शीघ्र ही उसके मस्तक की मणि को लेने के लिए स्फूर्ति पाते हुए, चौड़ी छातीवाले श्रीकृष्ण ने, कठोरता में दधीचिमुनि की हड्डियों से उत्पन्न हुए वज्र को भी तोड़ देनेवाले, अपने करकमल के द्वारा, उसके मस्तकपर मल्ल व्यक्ति के सारसंग्रहपूर्वक प्रहार किया ॥१५॥

और उसके पीछे के समय में "मृतक देह के अङ्गों को ग्रहण करना श्रेष्ठ नहीं है" ऐसे विचार कर उस यक्ष के शिरोभूषण को नीचे गिरा दिया। तथा दुष्टमायाविशिष्ट एवं आततायी उस शङ्खचूड़ ने मणि के गिरते ही स्पष्टरूप से प्राणों को भी त्याग दिया। क्योंकि उसकी जीवनयात्रा तो मणिरूप धनमात्र से चल रही थी। अर्थात् मणि के दूर होते ही, उसका मरना निश्चित था ॥१६॥

उसके बाद 'यह जीव है या रत्न' इस प्रकार के भेद के अयोग्य वह ज्योतिर्मय वस्तु यक्ष से लेकर श्रीकृष्ण ने उन गोपियों के देखते देखते स्वेच्छापूर्वक बलरामजी से ही संयुक्त कर दी। अर्थात् गोपियों का आदर न करके वह मणि श्रीबलरामजी को भेंट कर दी ॥१७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तं चाभिपन्नं मुखं व्यादाय विन्नपातं पन्नमणिं व्यापन्नं दृष्ट्वा श्रीकृष्णाभिप्रायमभिप्रयद्भिर्दिविषद्भिरुपहसितम् ॥१८॥ यथा—

'स्त्रीरत्नं पुरु परकीयमादिथास्त्वं, स्वं चूडामणिमपि हारयाञ्चकर्थ ।
अत्याक्षीर्वत निजजीवनं च धिक् त्वां, व्यादाः किं मुखमथ वक्तुमत्र यक्ष ! ॥"१९॥

तदेवं कर्णरसनया रस्यमानमाचर्य रहस्यं विहस्य च स्निग्धकण्ठः पुनः सवाष्पकण्ठमुवाच,—

"तत्क्षोभणं तद्द्रवणं तथा तद्,-विक्रीडनं तद्धननं स्व-शत्रोः ।
तद्रक्तरज्यन्मणिपाणिरोचि,-र्मय्यद्य सद्यः प्रभमस्य भाति ॥"२०॥

पुनर्मधुकण्ठ उवाच,—"तदेवं दलितचूडे शङ्खचूडे निष्पीडिते क्रीडिते च व्रीडितेन निवृत्ते कोलाहल-परम्परातः कातरताविरतप्रकृतयः सर्व एव व्रजोर्वी-पतिप्रभृतयः समागत्य विस्मित्य च तादृशदुष्टनष्टीभावतः पुनर्भयसन्देहेनास्पृष्टाः स्पष्टानन्दसन्दोहदोहास्तत्पर्वक्रीडां निर्व्रीडा इव विवव्रुः ॥२१॥

"विवृत्य च शास्त्रविप्रतिपत्ति-विप्रयोजयितृविप्रेभ्यः सूतसर्वानन्दगुण-प्रभूतसूत-मागध-वन्दिभ्यश्च परमावदानानि दानानि बहूनि चक्रुः । ताभ्यश्च शस्तवस्त्रादीनि प्रस्थापयामासुः । स्वस्थायमानाः समाजग्मुश्च कृष्णकृष्णाग्रजौ पुरस्कृत्य निजं व्रजमिति ॥२२॥

पश्चात् जिसकी मणि गिर पड़ी है, अतः मरे हुए मुख फैलाकर धरतीपर पड़े हुए, उस अपराधी यक्ष को देखकर, श्रीकृष्ण के अभिप्राय को जानते हुए, देवताओं ने उसका उपहास किया ॥१८॥

यथा—हे दुष्ट यक्ष ! तूने दूसरों के बहुत से स्त्रीरूप रत्नों को ग्रहण किया था, इसीलिए तू अपने मस्तक की मणि को भी हरा गया । पश्चात् अपने जीवन को भी त्याग गया, अब क्या कहने के लिए मुख फाड़ रहा है ? अतः तुझको धिक्कार है ॥१९॥

अतएव इस प्रकार कर्णयुगलरूप जिह्वा के द्वारा इस प्रसङ्ग का आस्वादन करके, छिपाने योग्य, हँसकर स्निग्धकण्ठ पुनः गद्गदकण्ठ होकर बोला—भैया मधुकण्ठजी ! देखो, शङ्खचूड़ के द्वारा गोपियों को क्षोभ एवं उनका हरण, फिर उसका भागना, तथा उसके साथ श्रीकृष्ण का क्रीडायुद्ध एवं उसका मारना, और इन श्रीकृष्ण के निजी शत्रु उस यक्ष के रक्त से रञ्जित जो मणि, उस मणि से युक्त जो श्रीकृष्ण का हाथ, उस हाथ की कान्ति आज भी मेरे निकट तो तत्काल जैसी प्रभावाली प्रतीत हो रही है ॥२०॥

पुनः मधुकण्ठ बोला—इस प्रकार शङ्खचूड़ का मस्तक जब विदीर्ण हो गया एवं वह मर गया, तथा लज्जा के कारण होली का खेलना जब निवृत्त हो गया, तब कोलाहल की परम्परा से हुई कातरता के कारण, जिनके मन्त्री आदि प्रकृति के जन अपने अपने कार्यों से विरत हो गये, ऐसे श्रीव्रजराज आदि सभी व्रजवासीजन, वहाँपर आकर, चकित होकर, उस प्रकार के दुष्ट के नष्ट हो जाने के कारण, पुनः भय एवं सन्देह से रहित होकर, स्पष्ट ही आनन्दसन्दोह से परिपूर्ण होकर, निर्लज्जों की तरह, उस होली के महोत्सव की क्रीडा को विस्तारित करने लगे ॥२१॥

और होलिकोत्सव की क्रीडा को विस्तृत करके, पश्चात् समन्वयपूर्वक, शास्त्रों के विरोध को दूर करनेवाले, विज्ञ ब्राह्मणों के लिए, तथा सभी के आनन्दप्रद गुणों को उत्पन्न करनेवाले, बहुत से सूत, मागध, वन्दिजनों के लिए परमनिर्मल बहुत से दान कार्य करने लग गये । और उन श्रीराधा आदि गोपियों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"एवं विचित्रविक्रीडः पुत्रस्ते गोष्ठनायक ! ।
तं क्रोधवह्नौ ढुण्ढाग्रे यक्षोरभ्रं जुहाव यः ॥"२३॥

अथात्र रात्रिकथायां मधुकण्ठस्तां होलिकाकथामेव विशेषतः सेवयामास,—॥२४॥

"शिवक्षपायामथ यापितायां, वल्गूत्सवा फाल्गुनपूर्णिमागात् ।
पक्षद्वयस्यास्य यथैव कान्तिः, पर्वद्वयस्यास्य च तद्वदस्ति ॥२५॥

हिमे गते हिमरुचिरुज्ज्वलं बभा,-वफल्गुनि स्वमहसि फल्गुपर्व च ।
न वाभवन् कथमथ तत्र गोपिका, मदोत्करादपि परिभूतगोपिका ॥२६॥

"अथ बलक्षपक्षसपक्षकैरवप्रकरशोभाकर-क्षपाकर-करनिकरकरम्बितां स्वमनोरथ-प्रथनावलम्बितां क्षपामन्वीक्ष्य सर्वास्तत्पर्वानर्वाचीनसमुदाचारगर्वान्मुदा बहिराविर्भवन्ति स्म। ॥२७॥ यथा—

"मुहुरगणितगौरवाः समन्तात्, प्रणयमदात् परिधाय दिव्यवेशम् ।
अपि बत जनतासु होलिकायां, हरिमभिसस्रुरहो व्रजस्य नार्यः ॥२८॥

के लिए प्रशंसनीय वस्त्र भूषण आदि भिजवा दिये । इस कार्य के बाद मानो स्वस्थ से होते हुए, श्रीव्रजराज आदि सभी व्रजवासी, श्रीकृष्ण बलदेव को आगे करके अपने व्रज को चले आये ॥२२॥

प्रातःकाल के कथाप्रसङ्ग को पूर्ण करता हुआ मधुकण्ठ बोला—हे श्रीव्रजराज ! तुम्हारा पुत्र ऐसी विचित्र विविध क्रीडा करनेवाला है कि, जिसने ढुण्ढा नामक होली के आगे ही उस यक्षरूप मेष (मेढ़ा) का अपनी क्रोधरूप अग्नि में हवन कर दिया ॥२३॥

अनन्तर इस रात्रि की कथा में मधुकण्ठ उस होली की कथा को ही विशेषरूप से सेवन करने लगा ॥२४॥

अनन्तर शिवरात्रि के व्यतीत होनेपर, मनोहर उत्सववाली फाल्गुन की पूर्णिमा आ गई। इस फाल्गुन के दोनों पक्षों की जैसे शोभा है, तैसे ही इन शिवरात्रि एवं होलिकारूप दोनों महोत्सवों की विशेष शोभा है ॥२५॥

शीतकाल के बीतते ही चन्द्रमा उज्ज्वलरूप से शोभा पाने लगा। और अति महान् अपने तेज में होली एवं फाग का उत्सव भी शोभा पाने लगा। उसके बाद उस महोत्सव में हर्ष या गर्व की अधिकता से, अपनी रखवाली करनेवालियों का भी तिरस्कार करनेवाली गोपियाँ कैसे सम्मिलित न होंगी ? अपितु हो ही गईं ॥२६॥

पश्चात् शुक्लपक्ष के आत्मीय कुमुदसमूह की शोभा करनेवाले, चन्द्रमा की किरणश्रेणी से युक्त, एवं अपने मनोरथ के विस्तार के आश्रय से युक्त रात्रि को देखकर, उस पर्व के प्राचीन आचार के वर्ग के कारण, सभी गोपियाँ हर्षपूर्वक घर से बाहर निकल पड़ीं ॥२७॥

यथा—अहह ! महान् हर्ष की बात है कि, सभी व्रजाङ्गनाएँ बारम्बार गौरव की गिनती न करती हुईं, प्रेममय मद के कारण दिव्य वेष धारण कर, जनता के बीच में ही, होली के उत्सव में चारों ओर से श्रीकृष्ण के पास आ गईं ॥२८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं सद्मसद्मनां सखीपद्मवरूथिनीभिः सह यूथनाथाः कवचस्थितिरचनकंचुलिकादि-वस्त्रैः सुरभिकषायमोचन-यन्त्रप्रभृतिशस्त्रैर्बहुल-काहलादि-वादित्रविचित्र-कुतूहलैः सकेलि-गालिरीतिमय-गीतिकोलाहलैः सार्वत्रिकतत्पार्वणरीत्या निर्लज्जतया सज्जतया च व्रजपुरद्वार-पुरःस्थितहोलिकायतनाग्रीयसमग्रायतप्राङ्गणविहारसङ्गररङ्गभुवि सङ्गता बभूवुः ॥२९॥

"याः खलु बलबलानुजयोर्यथास्वं पृथक् पृथगनुरागधरणाद्विभागमागतास्तत्तन्निष्ठदृष्टि-तया तिष्ठन्ति स्म ॥३०॥

"तत्र ताभिरीर्यमाणं वर्धितशौटीर्यपरिमाणं कलकलमाकलय्य जय्यतामय्यस्ता इति भावनां पर्यवसाय साहाय्याय सखिघटया कटकं सङ्घटय्य तद्वदेव सज्जतया बलबलानुजावपि वल्गु वल्गन्तौ तत्रैव गच्छतः स्म ॥३१॥

"गतौ चानवद्यवाद्यघोषेण घोषं बधिरयन्तौ प्रतिसेनामवधीरयामासतुः । येन समु-द्दीपितमानाः प्रतिसेनायमानश्च तास्तथा वाद्यतः सम्मुखतामासाद्य परितस्तानपि सर्वानति-चित्रयामासुः ॥३२॥

"यत्र प्रतिस्पर्धया वर्धमानयोस्तयोर्यूथवरूथिनीप्रमाणयोरेकत्र माधवः परत्र तु राधा राजायते स्म, जायते स्म च तेन जनानामतिविस्मयः ॥३३॥

इस प्रकार घर घर की पद्म संख्यावाली सखीरूप सेनाओं के सहित, श्रीराधिका आदि यूथेश्वरी गोपियाँ भी, कवच की सी रचनावाली कञ्चुकी आदि वस्त्रों के सहित, सुगन्धित कसैले रंग को फेंकनेवाले पिचकारी आदि शस्त्रों के सहित, नफीरी, चंग, डफ (ढप), ढोल आदि बाजाओं के विचित्र कौतूहल के सहित, और परिहासयुक्त गालियों की रीतिमय गायन के कोलाहल के सहित, सर्वत्र होनेवाली उस होली के उत्सव की रीति के अनुसार निर्लज्जतापूर्वक सजधज करके, व्रज के पुरद्वार के आगे धरी हुई होलिका के स्थान के आगे, सम्पूर्ण लम्बे चौड़े प्राङ्गण में, क्रीडायुद्ध की रङ्गभूमि में सम्मिलित हो गईं ॥२९॥

और जो गोपियाँ श्रीकृष्ण बलदेव में यथायोग्य पृथक् पृथक् अनुराग धारण करने के कारण, विभाग को प्राप्त थीं, वे सब क्रमशः श्रीकृष्ण एवं बलदेवजी के ऊपर ही अपनी अपनी दृष्टि को ठहरा कर खड़ी हो गईं ॥३०॥

उस रङ्गभूमि में उन गोपियों के द्वारा उच्चारित, एवं शूरवीरता के परिमाण से बढ़े हुए कोलाहल को सुनकर, "वे सब गोपियाँ हमारे द्वारा अवश्य जीती जा सकती हैं" इस प्रकार की भावना को निश्चित करके, अपनी अपनी सहायता के लिए सुबल, मधुमङ्गल आदि सखाओं की टोली के द्वारा गोलाकार व्यूह बनाकर, गोपियों की तरह सजधज कर श्रीकृष्ण बलदेव भी 'हो, हो, होरी' इस प्रकार की मनोहर गर्जना करते हुए, होलिकायुद्ध की उसी रङ्गभूमि में चल दिये ॥३१॥

और जाते ही ढप ढोल आदि विशुद्ध वाद्यों के शब्द के द्वारा, व्रज को बहिरा बनाते हुए, विपक्ष की सेना की अवज्ञा करने लग गये । जिस वाद्य शब्द के द्वारा जिनका गर्व प्रदीप्त हो उठा. ऐसी वे गोपियाँ भी, विपक्षी सेना का सा आचरण करती हुईं, तथा बाजे गाजे के सहित, सम्मुख होकर, उन सब ग्वालाओं को भी चारों ओर से अति चकित करने लग गईं ॥३२॥

और जहाँपर परस्पर की स्पर्धा के कारण, उन दोनों यूथरूपी सेनाओं की इयत्ता जब बढ़ती जा रही थी, तब उन दोनों सेनाओं में एक ओर श्रीकृष्ण, एवं दूसरी ओर श्रीराधिका, दोनों ही राजा का सा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तथा हि—यद्वच्छुभ्रतरप्रकीर्णकमणिच्छत्रादिकं श्रीहरे-
रासीत्तद्वदमूभिरप्रथि तदा श्रीराधिकायामपि ।
किञ्चाभ्यां न परस्परं नयनयोः प्रान्तश्च सेहे यथा
जेतृत्वं क्व नु जेयता च भविता कुत्रेति नात्रोहितम् ॥३४॥

"तदेवं परस्परमुत्साहमानतामसहमानतामप्यधिकृत्य कृतकृत्यतासमाहारयोर्मनोहरणायाभिहारविहारयोस्तयोरनीकिनीसहितयोः सर्वमहितयोः समञ्जसतामिव सञ्जयन्ती व्रजराजसवयःपुरोहित-श्वशुरावरजदारतया गन्तव्यपक्षं नर्मशर्मणा रञ्जयन्ती काचिदर्धवृद्धा तत्प्रेमसमृद्धा मध्यस्थपदवीमध्यास्य प्रगल्भतया गत्या वात्यायमाना राधावर्गमध्यात् तत्प्रतिपक्षस्य क्ष्माधवं श्रीमन्माधवं सन्निहितवती ॥३५॥

सन्निधाय च यथायथं प्रथमानस्निततया कृतेऽभिवादनेऽभिवदने च तेषां सर्वेषां शृण्वतामब्रवीत्,—॥३६॥

"अहं किल प्रज्ञा प्राज्ञा च महाधराधीशगणकृताराधाया श्रीराधाया दूतकर्मणि प्रभूततामासन्नास्मि । तदेतदवधार्यताम् ॥३७॥

व्यवहार करने लग गयें । अर्थात् सखाओं की सेना के तो श्रीकृष्ण राजा बन गये, एवं सखीसेना की राजा श्रीराधिका बन गईं । उसके कारण सभीजनों को अति आश्चर्य उत्पन्न हो गया ॥३३॥

देखो ! जिस प्रकार श्रीकृष्ण के अत्यन्त शुक्लवर्ण चामर एवं मणिमय छत्र आदि राजोचित सामग्री थी, उसी प्रकार गोपियों ने श्रीराधिका के ऊपर भी तत्काल वैसे ही छत्र, चामर आदि विस्तारित कर दिये । किंच राधा-कृष्ण दोनों ही परस्पर नेत्रों के प्रान्त को जैसे सहन नहीं कर रहे थे, उसी प्रकार उन दोनों ने "कौन से पक्ष में विजय होगी, एवं कौन से पक्ष में पराजय होगी ?" इस विषय में कुछ भी तर्कवितर्क नहीं किया ॥३४॥

अतएव इस प्रकार आपस में उत्साहमानता को (उत्साह करनेवाले के भाव को), एवं असहमानता को (सहन न करनेवाले के भाव को) अधिकार करके, कृतार्थता को बटोरनेवाले मन को हरने के लिए होलीरूप युद्ध में ललकार कर विहार करनेवाले, एवं सेना के सहित तथा सर्वजनपूजित उन दोनों राधा-कृष्णरूप राजाओं का सामञ्जस्य सा (न्याय सा) करती हुई, श्रीव्रजराज के समवयस्क पुरोहित के ससुर के छोटे भाई की स्त्री होने के नाते गन्तव्यपक्ष को, अर्थात् राधा-कृष्णरूप उभय पक्ष को परिहासमय सुख के द्वारा सुखी करती हुई, ऐसी कोई अर्धवृद्धा नारी, राधा-कृष्ण के प्रेम से समृद्ध होकर, मध्यस्थ के पथ को अङ्गीकार करके, प्रतिभा (नव नवोन्मेषशालिनी प्रज्ञा) से युक्त होने के कारण, या धृष्टता के कारण, अपनी चाल से वायुसमूह का सा आचरण करती हुई, राधिका के वर्ग के बीच से, उसके विपक्षी राजा श्रीकृष्ण के निकट उपस्थित हो गई ॥३५॥

और वह अर्धवृद्धा श्रीकृष्ण के निकट जाकर, मन्दहास्य विस्तारपूर्वक, नमस्कार-आशीर्वाद-कुशल-प्रश्न आदि सदाचार जब हो चुका, तब उन सब ग्वालबालों के सुनते सुनते ही बोली—॥३६॥

मैं सभी विषयों को अच्छी तरह जाननेवाली बुद्धिमती पण्डितानी हूँ । इसलिए बड़े बड़े भूपति जिसकी आराधना करते रहते हैं, ऐसी श्रीमती राधिकारानी के दूतसम्बन्धी कार्य में विशेषता को प्राप्त हो गई हूँ । अतः तुम सब मेरे दूतसम्बन्धी कर्म का श्रवण करो ॥३७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"इत्युक्तमात्रामेतां मधुमङ्गलः सहासमाह स्म,—'किमुक्तमवधार्यताम्' इति। "तच्छ्रुत्वा सर्वस्मिन् प्रहसति सोवाच,—॥३८॥

'बधिरोऽयं भवतां सभासत्' इति। "मधुमङ्गल उवाच,—'युक्तं तदेवं निरर्गलत्वम्, यतस्तस्या धराधीशाया वशा भवती, कस्य वान्यस्य वशा भविष्यति ?' ॥३९॥

"श्रीकृष्णस्तु सगाम्भीर्यमुवाच,—'निकाममेव निवेद्यताम्।' दूती तु तया शिष्टाचार-प्रतिपालयित्र्या विशिष्टमिदमादिष्टमित्यर्धोक्ते विष्णुविष्णिवत्युक्त्वा प्रोवाच,—'शचीजयि-तदीय-सचिववराभिरिदमादिष्टम्। सर्वत्र प्रसृमरसमज्ञामस्मदीयराज्ञीमवज्ञाय दूरतश्च किमुत पुरतश्छत्रादिकधारणं भवतामसाधारणम्॥'४०॥

"अथ कृष्णः सभाभिः सह हसित्वा प्रोवाच,—'सत्यं तदादेशतस्तदभिनिवेशं त्यजामः; किन्तु युद्धं विना राज्ञां नेदं वेदबुद्धं स्यादिति युद्धाय सन्नद्धया भवत्या भाव्यमित्येव वक्तव्यम्॥'४१॥

"अत्र मधुमङ्गलः सम्मुखः गतस्तदिदमाह स्म,—'देव ! तदिदमेव समाकर्ण्यताम्, जातितः स्त्री चास्त्री यो जनस्तस्मिन् वामतारामे नामात्रेण रामापदमागते नार्जवचर्यया

उसके इतना कहते ही मधुमङ्गल उसको हास्यपूर्वक बोला—यह तूने क्या कहा कि 'सुनिये' यह बात सुनकर जब सब हँसने लगे, तब वह दूती बोली— ॥३८॥

आपका यह सभासद् बहिरा मालूम पड़ता है। मधुमङ्गल बोला—तुम्हारी यह उच्छृङ्खलता उचित ही तो है। कारण—आप धराधीश्वरी उन राधिका के वशीभूत होकर, कटाक्षपक्षे—उनकी वशा, अर्थात् हथिनी होकर, दूसरे किसके वशीभूत होंगी ? ॥३९॥

श्रीकृष्ण तो गम्भीरतापूर्वक बोले—अजी ! स्वेच्छापूर्वक निवेदन कीजिये। तुम्हारी रानीसाहब का क्या आदेश है ? दूती तो "शिष्टाचार का प्रतिपालन करनेवाली हमारी रानी राधिका ने यह विशिष्ट आदेश दिया है कि"—इतनी आधी बात कहते ही कान छूकर 'विष्णु', 'विष्णु' इस प्रकार कहकर बोली—अपने बुद्धिकौशल से इन्द्राणी को जीतनेवाली, राधिका की श्रेष्ठ मन्त्राणी, ललिता आदिकों ने यह आदेश दिया है कि—जिनकी कीर्ति सर्वत्र फैल रही है ऐसी हमारी रानी राधिका की अवज्ञा करके, उनके परोक्ष में दूर से भी आपको राजोचित छत्र चामरादि धारण करना उचित नहीं है। फिर सामने का तो कहना ही क्या है ? ॥४०॥

अनन्तर श्रीकृष्ण सभासदों के सहित हँसकर बोले—सत्य ही उनके आदेश से छत्र चामरादि धारण के आग्रह को या आसक्ति को हम त्याग देंगे, किन्तु युद्ध किये बिना ऐसा करना राजाओं के सम्बन्ध में वेदविहित नहीं हो सकता। इसलिए आप कवच आदि धारण करके युद्ध के लिए तैयार हो जायँ। बस, यही समाचार अपनी रानी से कह देना ॥४१॥

उसके बाद मधुमङ्गल सम्मुख आकर यह बोला—हे देव ! आप मेरी एक यही बात सुन लीजिये। फिर आपके मनमें आवे सो कीजिये। देखो, जो जन जाति से तो स्त्री है, एवं अस्त्र भी धारण करता है, अतः कुटिलता के उपवनस्वरूप एवं नाममात्र से स्त्री के स्वरूप को प्राप्त हुए, ऐसे उस जन के ऊपर सीधी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कार्यमर्यते। तस्मादार्जववर्जनादूर्जस्विनस्ते वयमेव दूत्याय स्थापनीयाः प्रस्थापनीयाश्च। अस्मासु चाहमेव प्रहापणीयः, यतः कोविदोऽस्मि ॥४२॥

"दूती सहासमाह स्म,—'लालाटिक! भवान् यदि कोविदस्तर्ह्यन्यः कोऽविदः?'४३॥

"मधुमङ्गलः सोत्प्रासमुवाच,—जल्पाकि! कल्पयामि, भवती तस्याः सभाया विन्दुरस्ति, तथापि त्रयीतनोर्ममाग्रतः स्थितिरपि तव न स्थिरतां लभेत ॥'४४॥

"दूती सावज्ञमुवाच,—'विशारदाया मम पुरतः शारदस्त्वं कियद्वा वदितासि? तस्मान्नीवाकवलितमाकलय ॥'४५॥

मधुमङ्गलः सरोषं श्रीकृष्णमवलोच्य वक्ति स्म,—'परवक्तव्या खल्वियं वक्तव्या भवतीति नास्माकं वक्तव्या भवितुमर्हति; किन्तु सेयं तावदत्र निरुध्यताम्, यावदहं तद्वृत्तमवबुध्य सुध्यग्रणीर्भवन्तमवरुणध्मि ॥४६॥

"दूती सहासमुवाच,—'नूनं भवतां दूतः सोऽयमग्रत एव व्यग्रतामवाप। यन्मामत्र रुन्धन्नेव तत्र जिगमिषति, तस्मान्न मादृगिव निःशङ्कं सोऽयमिति भवतां कलङ्काय परं प्रतिपत्स्यते। युक्तमेव च तत्तदावयोः। स्वामिगुणा हि परिजनमनुयन्ति ॥'४७॥

चाल से कार्य करना सङ्गत नहीं है। इसलिए सीधेपन को त्यागकर आप, हम सब तेजस्वी महाबलिष्ठजनों को ही दूत सम्बन्धी कार्य के लिए नियुक्त कर दीजिये, और आपके विपक्षीजनों के पास भेज दीजिये। हम सब में से भी मुझको ही भिजवा देना। क्योंकि इस विषय में मैं पूरा पण्डित हूँ ॥४२॥

दूती हास्यपूर्वक बोली—हे स्वामी के ललाट को ताकनेवाले एवं काम करने में असमर्थ! कोविद! यदि आप कोविद (पण्डित) हैं, तब दूसरा कौन व्यक्ति मूर्ख है? ॥४३॥

मधुमङ्गल हँसी की बात बोला—हे जल्पाकि, अर्थात् निष्प्रयोजन अधिक बकनेवाली! देख, मैं तो कल्पना करता हूँ कि उस नारीसभा के बीच में आप ही एक विन्दु (विज्ञाता) कटाक्षपक्षे—जल की बिन्दु मात्र हो। तथापि वेदमूर्ति, पक्षे—सूर्यस्वरूप मेरे सामने तुम्हारी स्थिति भी स्थिरता को न पा सकेगी। अर्थात् सूर्य के सामने जैसे एक बिन्दु जल का ठहरना कठिन है, उसी प्रकार सकल वेदवेत्ता मेरे सामने तेरा ठहरना कठिन है ॥४४॥

दूती अवज्ञापूर्वक बोली—मैं परमनिपुण हूँ। मेरे सामने प्रतिभारहित तू कितना बोलेगा? इसलिए बोलना छोड़कर सुन। तात्पर्य—अधिक बोलेगा तो तेरा गला सूख जायगा ॥४५॥

मधुमङ्गल श्रीकृष्ण को देखकर रोषपूर्वक बोला—हे राजन्! कृष्ण! यह दूती हमारे विपक्षियों के अधीन है, अतः निन्दित है। इसलिए हमारे सामने बोलने योग्य नहीं हो सकती। किन्तु जबतक बुद्धिमानों में अग्रगण्य मैं, इनकी रानी के वृत्तान्त को समझ कर आपके पास लौट आऊँ, तब तक आप इस दूती को निरोध करके रखना। छोड़ना नहीं ॥४६॥

दूती हँसीपूर्वक बोली—राजन्! यह आपका दूत तो युद्ध होने से पहले ही व्याकुलता को प्राप्त हो गया, यह बात निश्चित है। क्योंकि मुझको यहाँ रोकता हुआ वहाँ जाना चाहता हैं। इसलिए यह दूत मेरी तरह निःशङ्क नहीं है। इस कारण यह तो केवल आपके कलङ्क के लिए प्रतिपन्न हो जायगा, अर्थात् समझ

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'भामिनि ! स्वामिगुणत्वं पुनः प्रकारान्तरेण मन्तव्यम् । सा खलु वामा, वयन्तु दक्षिणाः ?' इति ॥४८॥

"दूत्युवाच,—'यूयं खल्वपसव्याः' इति सत्यमेव, यतः स्वेषां दक्षिणतावाचित्वेऽपि प्रतिकूलतां न जहीथ ॥'४९॥

"मधुमङ्गलस्तु तदशृण्वन्निव प्रोवाच,—'महाराज ! वामात्वमेव खलु तासां बलाय न कल्पते, यस्मादबलाः ॥'५०॥

"दूत्युवाच,—'दोषज्ञाः खलु भवन्तः कथमिव गुणानुसन्धानं कुर्वन्तु ?' ॥५१॥

"मधुमङ्गल उवाच;—'दोषैकदृक् पुरोभागीत्येवं यच्छाब्दिकैर्मतम् ।
तस्मात्त्वमेव पुरतः सुधीभिस्ताभिराहिता ॥'५२॥

"दूत्युवाच,—'असङ्ख्यावतां भवतां पुरतः कथमेकसङ्ख्यावती प्रत्युत्तरं दद्याम् ? भवांस्तु तत्रानुबन्ध एव । तथापि सर्वे शृण्वन्तु—तासामबलात्वं खलु विरोधिलक्षणया, यतः शङ्खशरीरत्वमेव दृश्यते । तदेतच्च तन्मुख्यामुपलक्ष्य लक्ष्यताम्,—॥५३॥

लिया जायगा । इसलिए हम दोनों दूतों की पूर्वोक्त दशा उपयुक्त ही है, अर्थात् मेरी निःशङ्कता मधुमङ्गल की व्याकुलता उचित ही है । क्योंकि यह बात प्रसिद्ध है कि—स्वामी के गुण सेवकजनों में आ जाते हैं ॥४७॥

श्रीकृष्ण बोले—हे भामिनि ! (कोपने !) तुम्हारा कहना ठीक है, किन्तु यहाँपर स्वामी के गुणों के भाव को दूसरी तरह से मानना चाहिये । यथा—वह तुम्हारी रानी वामा (प्रतिकूल) है, और हम तो दक्षिण (सरल) हैं ॥४८॥

दूती बोली—तुम सब अपसव्य (दक्षिण एवं प्रतिकूल) हो, यह बात निश्चित सत्य है । क्योंकि तुम सब अपने जनों की दक्षिणतावाचित्व होनेपर भी, प्रतिकूलता को नहीं छोड़ रहे हो ॥४९॥

मधुमङ्गल तो उसकी बात न सुनता हुआसा बोला—हे महाराज ! उन गोपियों का वामात्व गुण ही अर्थात् प्रतिकूलता गुण ही, पराक्रम दिखाने को समर्थ नहीं है । इसी कारण ये अबला कहाती हैं ॥५०॥

दूती बोली—आप सब निश्चितरूप से दोषों को ही जाननेवाले हैं, अतः किसी के गुणों का अनुसन्धान किस प्रकार कर सकते हैं ? यह अर्थ तो हुआ कटाक्षपक्ष में । स्तुतिपक्ष में यथा—आप सब पण्डित हैं, अतः गौण कैसे हो सकते हैं ? ॥५१॥

मधुमङ्गल बोला—"केवल दोषों को देखनेवाला व्यक्ति ही अग्रसर होता है" यह शब्दार्थ के निर्णायक पण्डितों का मत है । इसी कारण राधिका आदि उन पण्डिताओं ने तू ही आगे भेज दी है ॥५२॥

दूती बोली—आप सब मूर्खों के सामने मैं प्रधान पण्डितानी कैसे प्रत्युत्तर दे सकती हूँ ? इति कटाक्षपक्षे । स्तुतिपक्षे यथा—संख्यातीत आप सबके सामने मैं एक संख्यावाली कैसे प्रत्युत्तर दे सकती हूँ ? और हे मधुमङ्गल ! उन सब सखाओं में आप तो अनुबन्ध हो, अर्थात् मुख्य के अनुयायी ही हो । तथापि सभी सुन लो । देखो ! मधुमङ्गल ने उन सबला गोपियों को भी जो अबला बताया है, उन सबका वह अबलात्व (अबलापन) तो, "राक्षसों के प्रति जैसे पुण्यजन शब्द प्रयुक्त होता है, अर्थात् पुण्यजन शब्द जैसे राक्षस को भी पर्यायवाचक होने से समझा देता है" इस प्रकार की विरोधीलक्षणा से संघटित है ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'केशाः पाशाश्चलनयनयुगं बाणयुग्मं नमद्भ्रू-
श्चापः कर्णावरिपरिदधतौ नासिका दिव्यशस्त्री ।
दन्ता वज्राण्यपरतदपरं तर्क्यमेवं तदेत-
च्छस्त्रै राधा स्वयमुदयवती को बलीयानतोऽन्यः ?' ॥५४॥

"अत्र 'को वा बलीयानतोऽन्यः' इति कृष्णमेव कटाक्षेण पश्यन्ती प्राह स्म ॥५५॥

"एवं विवदमानयोरनयोः कृष्णस्तु तया प्रस्तुतं तस्याः सौन्दर्यमवधार्य क्षणं धीरतां सन्धार्य प्रोवाच,—'दूति ! जातित एव प्रतीपदर्शिन्यसि; किं ब्रुवे ? किन्तु मदीयदूत-निर्मिता राजनीतिरियं न तु भीतिः ।' 'ततो भवतो तावदत्र स्थितिमनुभवतु, मम दूतस्तत्र गच्छतु, ततः सञ्चारकाणामाचारेण समाचारेण समाचारे लब्ध-प्रचारे यथायथमाचरितव्यम् ॥'५६॥

"पुनर्मधुमङ्गलं प्रत्युवाच,—'भद्रं स्वयमेव तत्र गम्यताम्' इति ॥५७॥

"दूत्युवाच,—'न्याये युक्तौ प्रमाणे च स्थितो मध्यस्थ उच्यते ।
परं मध्ये स्थितो यः स्यात् स मध्यस्थावरः स्मृतः ॥५८॥

वस्तुतस्तु वे सबला हैं । कारण उनका शरीर शस्त्रमय देखा जाता है । इस बात को उन सबकी मुखिया श्रीमती राधिका को उपलक्षण मानकर देख लो । अपना बोधक होकर दूसरे का जो बोध करा दे, उसको उपलक्षण कहते हैं, अर्थात् राधिका के शस्त्रमय शरीर के ज्ञान से सबका ज्ञान हो जायगा ॥५३॥

देखो ! राधिका के केश ही पाश नामक अस्त्र हैं, चञ्चल नेत्रयुगल ही दो बाण हैं, नमती हुई भ्र ही धनुष् है, दोनों कान ही चक्र के से कुण्डल को धारण करनेवाले हैं, नासिका ही दिव्य छुरी है, एवं सब दन्त भी अनेक वज्र हैं, इसी प्रकार राधिका के नख आदि दूसरें अङ्ग भी अस्त्रों की तरह तर्कना के योग्य हैं । अतएव इन पूर्वोक्त शस्त्रों के द्वारा हमारी राधिकारानी जब स्वयं उन्नति से युक्त है, तब उनसे दूसरा कौन बलिष्ठ है ? ॥५४॥

यहाँपर उस दूती ने "राधिका से भिन्न कौन बलिष्ठ है ?" इतने अंश को तो कटाक्ष के द्वारा श्रीकृष्ण को ही देखती हुई ने कहा ॥५५॥

इस प्रकार मधुमङ्गल एवं दूती दोनों जब विवाद कर रहे थे, तब श्रीकृष्ण तो उस दूती के द्वारा प्रस्तुत (वर्णित) श्रीराधिका के सौन्दर्य का श्रवण कर, क्षणभर धीरता को धारण करके बोले—हे दूति ! तू स्वभाव से ही प्रतीपदर्शिनी (प्रतिकूल देखनेवाली) एवं श्लेषपक्षे—जाति से भी नारी है, अतः तुझसे क्या कहूँ ? किन्तु मेरे दूत मधुमङ्गल के द्वारा निर्मित यह राजनीति है । भय की कोई बात नहीं है । इसलिए तुम मधुमङ्गल के आनेतक यहाँपर बैठी रहो । और मेरा दूत मधुमङ्गल वहाँपर चला जाय । उसके बाद दूतों के व्यवहार के द्वारा, सुन्दर आचरण के द्वारा, दोनों ओर का समाचार जब प्रचारित हो जाय, तब यथायोग्य व्यवहार करना ॥५६॥

श्रीकृष्ण पुनः मधुमङ्गल के प्रति बोले कि—अच्छा, तुम स्वयं ही वहाँपर चले जाओ ॥५७॥

दूती बोली—जो व्यक्ति न्याय, युक्ति एवं प्रमाण (श्रुति स्मृति आदि) में स्थित रहता है, वही मध्यस्थ कहलाता है । किन्तु जो व्यक्ति न्याय, युक्ति आदि के बिना केवल मध्य में स्थित हो जाता है, वह तो 'मध्य-स्थावर' अर्थात् बीच में खड़े होनेवाला वृक्षादिस्वरूप है, पक्षे—(मध्यस्थ-अवर) मध्यस्थों में छोटा है, अर्थात् नीच है ॥५८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सोऽयं पुनश्छेक एव, ततः शिक्षामपि नार्हतीति स्वैरमेव गच्छतु ॥'५९॥

"मधुमङ्गलस्तु 'विशस्ता खल्वियं कथं शस्तं वदतु नाम' इति निवेद्य 'यथादिशन्ति महाराजमहाशयाः' इति प्रस्थितवान्; प्रस्थाय च तासां स्थानमासीदन्नाशीराशिभिः प्रसादमासादयामास ॥६०॥

"सर्वाश्च नमस्कृत्य सस्मितं कृत्यं पृच्छन्ति स्म ॥६१॥

"मधुमङ्गलस्तु 'भवतीनामेतन्नृत्यदर्शनमेव कृत्यम्' इति प्रोच्य प्रत्युवाच,—'किञ्च भवतीनां दूती तत्र गता वर्तते ब्रूते च । अस्माकं राज्ञी सार्वभौमं भवन्तं मिलितुमिच्छति' इति । तदवधार्य विस्मयादस्माकं राज्ञा चाज्ञापितम्,—'सा खलु परानुगता जातास्तीति श्रूयते । तस्मादेतन्न श्रद्दध्याम । अतः स्वस्य स्वसा काचिदस्मासु कस्मैचन विवहनाय दीयताम् । तदा तस्याः श्रोवसीयसाय स्यात्' इति ॥६२॥

"सर्वाः सभ्रूविजृम्भमाहुः स्म,—'वाचाटतापाटवमयधूर्तताया मूर्तिरेवायं स्फुटमन्यथाकारं वदन्नस्मान् वञ्चयितुमेवानञ्चितवानस्ति, स कदाचिदेवं कद्वदायेत । सा पुनरस्माकं सञ्चारिका नेमां कुचरतामाचरेत्; किन्तु बद्धेति सम्बध्यते ॥६३॥

और यह तुम्हारा दूत पुनः केवल छेक (घर में पाला हुआ पशु-पक्षी) ही है, पक्षे—चतुर है। इसलिए शिक्षा देने योग्य या ग्रहण करने योग्य नहीं है। तो भी स्वेच्छापूर्वक भले ही वहाँ चला जाय ॥५९॥

मधुमङ्गल तो "यह दूती निश्चय ही मङ्गलशून्य है, अतः मङ्गल की बातें कैसे बोल सकती है ?" यह निवेदन कर एवं श्रीकृष्ण के प्रति "महानुभाव महाराज जैसा आदेश दें" यों कहकर चल दिया। और चलकर उन गोपियों के स्थान को प्राप्त करते हुए, मधुमङ्गल ने आशीर्वाद की श्रेणी के द्वारा उनको प्रसन्न कर दिया ॥६०॥

वे सब भी नमस्कार करके, मुसकाकर आने के कृत्य को पूछने लगीं ॥६१॥

मधुमङ्गल तो "आप सबका यह नृत्य देखना ही मेरा मुख्य काम है" इस प्रकार कहकर प्रत्युत्तर देने लगा। आप सबकी एक दूती हमारी सभा में गई है और कहती है कि—हमारी महारानी, आप सार्वभौम से मिलना चाहती हैं। यह सुनकर निश्चय कर, हमारे राजाजी ने भी विस्मयपूर्वक आज्ञा दी है कि वह तुम्हारी रानी तो दूसरे पुरुष के अनुगत हो गई है, ऐसा सुना जाता है। इसलिए हम मिलन की बात पर विश्वास नहीं कर सकते। अतः अपनी किसी बहिन को, विवाहने के लिए हम सब में से किसी के लिए यदि वे दान कर दें, तब यह सम्बन्ध तो उनके मङ्गल के लिए हो सकता है ॥६२॥

सभी भौं टेढ़ी करती हुईं बोलीं—यह दूत तो वाचालता की निपुणता से पूर्ण धूर्तता की मूर्ति ही है। स्पष्ट ही अन्य प्रकार से बोलता हुआ, हमको ठगने के लिए ही आया है। श्रीकृष्णचन्द्र कभी ऐसी बुरी बात बोल सकते हैं ? अर्थात् कदापि नहीं। और वह हमारी दूती भी इस प्रकार की दोषयुक्त भाषा का व्यवहार नहीं कर सकती। किन्तु वह श्रीकृष्ण ने बाँध ली है, ऐसी सम्भावना होती है ॥६३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"विशाखोवाच,—'यथाकारं तथाकारं वा वदतु, सोऽयं कथङ्कारं यूयमिदं विचारयथ; यतो विप्रस्यास्य कृतं खलु विप्रकृतमेव भण्यते, कथमिव प्रकृतं स्यात् ?' ॥६४॥

"मधुमङ्गल उवाच,—'को वात्र मम लाभः ?' ॥६५॥

"विशाखोवाच,—'अये ! भद्र ! विप्रलब्धमपि तथैवानुसन्धेयम् ॥'६६॥

"तदेवं प्रत्यादिष्टस्तु मधुमङ्गल उवाच,—'सर्वक्लमथमथनानां शमथदमथसत्पथप्रथनपराणामथ कथं न भवत्यस्माकमेवायं दोषः ? यत् खलु सन्ध्यनुसन्धानं एताभिस्तु युद्धमेवानुबद्धमस्ति ॥६७॥

"अथ श्रीराधिकाभिदधाति स्म,—'किंबलः संबलते भवदीयः स राजा, यस्मादेतावद्गर्वायसे ?' ॥६८॥

"मधुमङ्गल उवाच,—

'उच्चाटनं गुणगणप्रथनाद्विकृष्टि,-र्वंशीकलाद्विकलनं वररूपवृन्दात् ।
स्तम्भो विलासवलयाद्वशता च वाणी,-माधुर्यतः सुमुखि ! यस्य बली ततः कः ? ॥६९॥

'किञ्च, द्राघिष्ठक्षेपिष्ठ,-प्रेष्ठवरिष्ठस्थविष्ठबंहिष्ठाः ।
अस्मन्नृपतेः पुरतः, सर्वे गर्वेण रिच्यन्ते ॥७०॥

विशाखा बोली—यह ब्राह्मण स्वेच्छापूर्वक जैसे तैसे बोलता है तो बोलता रहे ! किन्तु तुम सब पूर्वोक्त प्रकार से क्यों विचारती हो ? क्योंकि इस ब्राह्मण का किया हुआ कार्य तो विप्रकृत अर्थात् अनादर से युक्त ही कहाता है। अतः प्रकृत (मुख्य विषय) कैसे हो सकता है ? ॥६४॥

मधुमङ्गल बोला—ऐसी बात बनाने से मेरा क्या लाभ ? ॥६५॥

विशाखा बोली—अये ! भद्र ! विप्रलब्ध, अर्थात् वञ्चित (ठगे गये) विषय को भी, विप्रकृत (अनादृत) की तरह ही अनुसन्धान कर लो ॥६६॥

मधुमङ्गल तो इस प्रकार निरस्त होकर बोला—सब प्रकार की ग्लानि को मिटानेवाले एवं शम (शान्ति), दम (इन्द्रियनिग्रह)रूप सन्मार्ग के प्रचार में लगे हुए जो हम हैं, अतः हमारा तो इस प्रकार का दोष किसी प्रकार भी नहीं है, जो कि ये गोपियाँ सन्धि के अनुसन्धान को भी युद्ध ही समझ बैठी हैं ॥६७॥

अनन्तर श्रीमती राधिका बोली—आपके वे राजा कैसे बलवान् हैं, किस प्रकार के बल से समर्थ हैं ? जिस कारण तुम इतना गर्व दिखा रहे हो ॥६८॥

मधुमङ्गल बोला—हे सुमुखि ! देखो, जिन श्रीकृष्ण के लोकोत्तर गुणगणों के विस्तार से सभी को उच्चाटन हो जाता है, जिनकी वंशी की सुमधुर ध्वनि से सभी का आकर्षण हो जाता है, जिनकी श्रेष्ठ सौन्दर्यराशि से सबको विकलता हो जाती है, जिनके क्रीडामण्डल से स्तम्भभाव हो जाता है, और वाणी के माधुर्य से सभी का वशीकरण हो जाता है। अब तुम्हीं बताओ उन श्रीकृष्ण से दूसरा कौन बलवान् है ? ॥६९॥

किंच हमारे राजाधिराज श्रीकृष्ण के सामने दीर्घतम, क्षिप्रतम, प्रियतम, उरुतम, स्थूलतम, एवं बहुलतम ये सभी प्रकार के राजा गर्व से रहित हो जाते हैं ॥७०॥

CC-0. Swami Jnanananda Giri Research Institute, Varanasi. Digitized by eGangotri

'अपि च—वृन्दिष्ठक्षोदिष्ठ,-ज्येष्ठगरिष्ठह्रसिष्ठसाधिष्ठाः ।
अस्मन्नृपतेरग्रे, विपरीताभापरीताः स्युः ॥'७१॥

"अथ श्रीराधा तु तदवधारणादन्तःप्रेमबाधां कथमपि समाधाय ललितामुखमीक्षितवती ॥७२॥

ललिता तु सविप्रलापमाललाप,—
'स वेणुर्मूकबधिरो यत्रागाद् वावदूकताम् ।
तत्रायं किं न वाग्मी स्याद् ब्रह्मवंशसमुद्भवः ?' ॥७३॥

'किन्तु यथास्माकं दूती निरुद्धा, तथा तमेतमपि निरुध्य युद्धाय सन्नह्यामः । अनन्तरन्तु परमप्रचण्डाः स्वपितृपुरोहित-पोगण्डाः समादिश्यन्ताम् । ते च स्त्रीवेशमेवास्य बलात् कुर्वन्तु । कृते च तद्वेशे श्रीव्रजराजपुरोहितभागिनेयः सोऽयं न चार्भकस्तत्र गच्छन्नस्मदीयसन्देशवर्णा-स्तत्कर्णाभ्यर्णान् करोतु—अस्माकमन्या कन्या न विद्यते, किन्तु सिंहलद्वीपाद्दीपाभा पद्मिनीय-मेका जितसर्वातिरेकाऽऽनीतास्ति, सा तु स्वयं राज्ञा परिणीयताम् । 'तत्र पद्मिनीप्रायेण दुष्कुलसद्म जेति नावज्ञातव्या,—॥७४॥

'विषादप्यमृतं ग्राह्यममेध्यादपि काञ्चनम् । नीचादप्युत्तमा विद्या स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि ॥'
इति हि स्मर्यते ॥'७५॥

और भी देखो ! हमारे भूपति के आगे श्रेष्ठतम, क्षुद्रतम, वृद्धतम, गुरुतम, ह्रस्वतम, एवं बाढतम (बहुत भला) इत्यादि प्रकार के सभी लोग विपरीत कान्ति से व्याप्त हो सकते हैं ॥७१॥

अनन्तर श्रीराधिका तो उसके वचनों को सुनकर, अन्तःकरण में उठी हुई प्रेममयी बाधा को कष्ट-पूर्वक संकुचित करके, ललिता के मुख को देखने लग गईं ॥७२॥

ललिता भी विरोधोक्तिपूर्वक बोली—देखो, रानी जू ! जहाँपर वह गूँगी बहरी वंशी भी अत्यन्त बोलनेवाले के भाव को प्राप्त हो गई, वहाँपर ब्राह्मणवंश में उत्पन्न होनेवाला यह व्यक्ति, युक्तियुक्त बोलने-वाला नहीं हो सकता क्या ? ॥७३॥

अतः इन बातों को तो रहने दो । किन्तु जैसे हमारी दूती उन्होंने रोक ली है, तैसे उनके इस दूत को रोककर हम सब भी युद्ध के लिए तैयार हो जायँ । पश्चात् अपने पिताजी के पुरोहित के परमप्रचण्ड नवकिशोर बालकों को आदेश दे दीजिये । वे भी बलपूर्वक इस मधुमङ्गल का स्त्री का सा वेष ही बना दें । स्त्रीवेष बनाने के बाद श्रीव्रजराज के पुरोहित की बहिन का बेटा जो कि अब कोई अबोध बालक नहीं है, वह वहाँपर जाते ही हमारे सन्देशमय वर्णों को श्रीकृष्ण के कानतक पहुँचा दे । यथा—हमारे दूसरी कन्या नहीं है, किन्तु सिंहलद्वीप से दीपक के समान कान्तिवाली, सब नारियों की विशेषता को जीतने-वाली, यह एक पद्मिनी मँगाई है । उसको तो स्वयं भूपति श्रीकृष्ण ही विवाह लें तो भला हो । उसमें भी "यह पद्मिनी प्रायः दुष्कुल के घर में पैदा हुई है" इस कारण इसकी अवज्ञा न कर दें ॥७४॥

कारण मनुस्मृति में कहा है कि—अमृत को विष से भी ग्रहण कर लेना चाहिये, सुवर्ण को अपवित्र विष्ठा आदि से भी ग्रहण कर लेना चाहिये, नीच व्यक्ति से भी उत्तम विद्या ले लेनी चाहिये, एवं स्त्रीरूप रत्न को दुष्कुल से भी अङ्गीकार कर लेना चाहिये ॥७५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"मधुमङ्गल उवाच,—'ननु भवत्यश्च पद्मिन्यस्तर्हि ता एव कथं कुले नार्नार्हिताः ?' ॥७६॥

ललिता सरोषमुवाच,—

'आवृता जगति पद्मिनी यया, पद्मया जितवती सदापि ताम् ।
राधिकादिरपि पद्मिनीतया, भण्यतां ततिरहो मृगीदृशाम् ॥'७७॥

"अथ श्रीराधिका हसित्वा चिल्लीचालनया लसित्वा च स्वपितृपुरोहितबालकानां पञ्चाशतं तद्वेशायादिश्य राजपुरोहितस्वस्त्रीयेण च तथा सन्दिश्य युद्धकौतुकायाभिनिविश्य तस्य स्त्रीवेशस्य पुरतः स्थितिं निर्दिश्य चामूभिश्चमूरुचक्षुश्चमूभिरभिक्रान्तवती युद्धाभिमुखतया च स्थितवती कृष्णं च मनस्याहितवती ॥७८॥

"तत्र च—अबीभषदयं होलीमवभाषदियं तथा ।
अदीदिपदसौ भावमसौ च तमदीदिपत् ॥७९॥

"ततश्च राजायमानगोकुलयुवराजस्तं निकारप्रकारं वदुमुखतः कटुनिभं कर्णपुटमानीय तां दूतीं स्वपक्षरक्षिताभिः काभिश्चित् प्रगल्भतालक्षिताभिस्तादृशस्त्रीभिः पुरुषवेशां विधाय तेन वदुना सन्दिदेश,—'तस्याः कन्यायाः सोऽयमेव धन्यो वरः' इति । "सन्दिश्य च तामपि मधुमङ्गलवत् पुरः प्रणीयाभिषेणयामास ॥८०॥

मधुमङ्गल बोला—यदि आप सब भी पद्मिनी हैं, तो वे पद्मिनी ही कुल से किस प्रकार अयोग्य हैं ? ॥७६॥

ललिता क्रोधपूर्वक बोली—जगत्भर में जिस लक्ष्मी ने पद्मिनी को अधीन कर लिया है, उस लक्ष्मी को सदैव जीतनेवाली श्रीराधिका आदि मृगलोचनाओं की श्रेणी को भी पद्मिनीरूप से निर्देश करो। अर्थात् हम सब व्रजाङ्गनाओं को साधारण पद्मिनी नहीं कहना ॥७७॥

तदनन्तर श्रीराधिका हँसकर, एवं भौं चलाने से सुशोभित होकर, अपने पिता के पचास पुरोहित बालकों को, मधुमङ्गल के स्त्रीवेष बनाने के लिए आदेश देकर, राजपुरोहित की बहिन के बेटा के द्वारा, पूर्वोक्त प्रकार से सन्देश देकर, युद्धरूप कौतुक के लिए आग्रह प्रकाशित कर, स्त्री के से वेषवाले मधुमङ्गल के सामने ही स्थिति का निर्देश कर, इन मृगलोचना गोपियों की सेनाओं के सहित, निडर होकर, बैरियों के सामने निकल पड़ी। और युद्ध के सम्मुख होकर खड़ी हो गई, तथा तन मन में श्रीकृष्ण की धारणा भी करने लग गई ॥७८॥

और वहाँपर श्रीकृष्ण अपने गण को नियुक्त करके होली की कथा कहवाने लग गये। उसी तरह श्रीराधिका भी अपनी सेना के द्वारा होली की कथा कहवाने लग गई। श्रीकृष्ण ने राधिका के भाव को उद्दीप्त कर दिया, तथा राधिका ने श्रीकृष्ण के भाव को उद्दीप्त कर दिया ॥७९॥

उसके बाद राजा का सा व्यवहार करते हुए श्रीगोकुलयुवराज भी, राजपुरोहित की बहिन के बेटे के मुख से कटुतुल्य पूर्वोक्त तिरस्कार के प्रकार को सुनकर, अपने पक्ष के द्वारा रक्षित, धृष्टता से लक्षित (युक्त) कुछ उस प्रकार की स्त्रियों के द्वारा, उस दूती को पुरुष के से वेषवाली बनाकर, उसी ब्राह्मण वटु

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं मिथः कृते नियातने तयोः काभिश्चिदन्याभिः कुतुककृते तटस्थतया तत्र सङ्कटमानाभिः प्रकटहठतया द्वयोस्तत्तद्वेशविशेषिणोः कृतसन्धे पटाञ्चलबन्धे जाते चोभयतश्च नानाहासप्रबन्धे श्रीराधापक्ष-लक्षिताभिर्मृगाक्षीभिरिदमाख्यायि,—'वर्षीयसानेन वरेणास्मत्पद्मिनीयं धर्षिता, तस्माद्युद्धार्थमुद्यमः संबध्यताम् ॥'८१॥

"ततः संबद्धेषु शुषिरादिभिः सार्धं युद्धवाद्यार्थमानद्धेषु,—

नर्माङ्गगालिरुदकक्षिपयन्त्रयुक्ति,-र्दण्डीप्रपाततनिवर्तनकेलिरीतिः ।
कान्ताकृतिव्यतिकृतग्रहणं सखीनां, साहायकं युधि बभौ हरिहोलिकायाः ॥८२॥

"चिरतश्च कृष्णकेलिकलावकलनकेवलतया विकलितस्वस्वकेलिकलहप्रलापेषु राम-श्रीदाम-सुदामादि-कलापेषु तल्लीलातृष्णक् कृष्ण एव स्वप्रेयसीभिः सह सहसाहवनिभं विहरति स्म ॥८३॥

"प्रथमं तावदसावमूश्च परस्परं स्निग्धा व्यतिषज्य व्यतिविद्धा बभूवुः ॥८४॥

के द्वारा सन्देश भिजवा दिया कि—"उस तुम्हारी कन्या के सम्बन्ध के लिए यही वर धन्य है।" सन्देश देकर पुरुषवेषधारिणी उस दूती को भी मधुमङ्गल की तरह आगे करके सेना के सहित अभिमुख (सम्मुख) चल दिये ॥८०॥

इस प्रकार परस्पर नीचे झुकाने का निमित्त बना लेनेपर, रानी-राजारूप राधा-कृष्ण के कौतुक करने के लिए वहाँपर उदासीनभाव से सम्मिलित होनेवाली कुछ अन्य स्त्रियों के द्वारा प्रगट हठपूर्वक स्त्री एवं पुरुषवेष से विशिष्ट (युक्त) मधुमङ्गल एवं दूती इन दोनों के वस्त्रों के गँठबन्धन जब कर दिये, तथा दोनों पक्षों की ओर से अनेक प्रकार के हास्यमय प्रबन्ध जब उत्पन्न हो गये, तब श्रीराधिका के पक्ष में दिखाई देनेवाली मृगलोचनाओं ने यह कहा कि—इस अत्यन्त बूढ़े वर ने हमारी इस पद्मिनी का तिरस्कार कर दिया है। अतः युद्ध के लिए उद्योग कीजिये ॥८१॥

उसके बाद वंशी आदि वाद्यों के सहित युद्ध के लिए मुरज (मृदङ्ग) आदि बाजे जब सम्मिलित हो गये, तब हास परिहास की अङ्गस्वरूप गालियाँ देना, जल फेंकनेवाले पिचकारी आदि यन्त्रों का प्रयोग करना, लठिया के द्वारा दूसरे को गिराना एवं लौटानारूप क्रीडा का व्यवहार करना, एवं गोपरमणियाँ जिस प्रकार कार्य करती थीं, उसी प्रकार की उल्टापल्टी का ग्रहण करना, इत्यादिरूप से मित्रों की सहायता श्रीकृष्ण के होलीयुद्ध में शोभा पाने लगी ॥८२॥

बहुत देरतक केवल श्रीकृष्ण की लीलाकला के दर्शन करने के कारण श्रीबलराम, श्रीदामा, सुदामा आदि ग्वालबालों के समूह ने अपनी अपनी क्रीडामय कलहप्रलाप (अनर्थकवचन) जब दूर कर दिये, तब होलीलीला के अभिलाषी केवल श्रीकृष्ण ही अपनी प्रेयसी गोपियों के साथ बलपूर्वक विहार करने लगे ॥८३॥

पहले श्रीकृष्ण एवं वे गोपियाँ स्नेहयुक्त होकर, परस्पर सम्मिलित होकर, क्रीडायुद्ध में मर्दित होने लगे ॥८४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यतः, भ्रूकार्मुका नेत्रबाणा ये तेषां मारसंयति ।
अङ्गास्त्राणां हन्त किं स्यादपराद्धपृषत्कता ? ॥८५॥

"अथ पुनर्दण्डादण्डि खण्डनपूर्वकं बाहाबाहविबहलमेवायं हरिराहवमुवाह ॥८६॥

"तथा हि— दोरान्दोलनमंगुलीपरिमलं केशग्रहं वेशनुत्-
पाण्योश्चञ्चलतां तथा परपरं वाचां विचारात् परम् ।
कुर्वंस्तत्परदारसैन्यमविशत् कृष्णस्तथा स्वं यथा
कुत्रागादिति वेद न स्म जनता साप्यस्तु नापि स्वयम् ॥८७॥

"ततश्च क्रमशः परपरातिक्रमपूर्वकमपूर्वोत्साहवृतयोः सखीभिरावृतयोरसाधारणक्रीडा-रणजवयो राधामाधवयोरेव व्यतिषङ्गः प्रसङ्गमायातः ॥८८॥

"तत्र च—यथायथं तत्कौतुकावकलनतः स्वस्वव्यापारं परित्यज्य व्यज्यमानचित्रतया चित्रायमाणा वरवर्णिन्यः सौवर्णवरणाकारतया वृण्वाना मिथस्तद्वर्णयामासुः ॥८९॥

"तथाहि गीतम्,—
'पश्य पश्य सखि ! होलीयुद्धम् ।
राधामाधवकृतमनुरहसं सुचिरं भवदनुरुद्धम् ॥ध्रु॥९०॥

कारण—कामरूप युद्ध में जो जो भ्रू रूप धनुष् एवं नेत्ररूप वाण हैं, उन सबका अङ्गरूप अस्त्रों के सम्बन्ध में निशाने से चूकनेवाले का भाव क्या हो सकता है ? अहो ! कदापि नहीं ॥८५॥

पश्चात् श्रीकृष्ण ने पुनः खण्डनपूर्वक अधिक मात्रा में इस प्रकार का होलीयुद्ध प्रवर्तित कर दिया कि, जिसमें बारम्बार दण्डों के द्वारा ही प्रहार किया जाता हो, एवं बारम्बार बाहुओं के द्वारा ही प्रहार किया जाता हो ॥८६॥

और देखो ! उस समय श्रीकृष्ण अनेक गोपियों के हाथों को फेंकते हुए अँगुलियों का मर्दन करते हुए, केशों को पकड़ते हुए, गोपियों के वेष को बिगाड़नेवाले अपने दोनों हाथों की चञ्चलता प्रगट करते हुए, तथा विचार से भी परे उत्तरोत्तर वाग्युद्ध करते हुए, पराई या शत्रुरूप स्त्रियों की सेना में उस प्रकार प्रविष्ट हो गये कि, जिस प्रकार अपने को श्रीकृष्ण की जनता भी यह न जान सकी कि—"श्रीकृष्ण कहाँ चले गये ?" उस जनता की बात तो दूर रहने दो। स्वयं श्रीकृष्ण भी नहीं जान पाये कि, मैं किस प्रकार प्रविष्ट हुआ हूँ। यहाँपर श्रीकृष्ण के वेग की अत्यधिकता व्यञ्जित हो रही है ॥८७॥

उसके बाद क्रमशः उत्तरोत्तर सबके उल्लङ्घनपूर्वक अपूर्व उत्साह से भरे हुए, अनेक सखियों से घिरे हुए, एवं असाधारण क्रीडायुद्ध में वेग से युक्त राधा-कृष्ण का परस्पर मिलन ही आसक्ति को प्राप्त हो गया ॥८८॥

और उस समय यथायोग्य उस कौतुक के देखने के कारण, अपने अपने व्यापार को छोड़कर, प्रगट होते हुए आश्चर्य के कारण, चित्रलिखी सी गोपाङ्गनाएँ राधा-कृष्ण को सुवर्णनिर्मित परकोटा के से आकार से चारों ओर से घेरती हुईं, उनके युद्ध को परस्पर वर्णन करने लगीं— ॥८९॥

उस युद्ध के वर्णन करनेवाले गीत का अर्थ, यथा—अरी ! सखि ! राधा-माधव ने जिस युद्ध की रचना की है, उस अपूर्व होलीयुद्ध को देख ! देख तो सही ! यह युद्ध तुम सबके मध्यमय एकान्त में बहुत देरतक तुम्हारे अनुरोध से ही तो हो रहा है ॥९०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

दण्डादण्डिगते परिखण्डिततरतमतो व्यतिरोधम् ।
व्यतिषङ्गनमिह भाति तडिद्घनरुचिजयलसदुद्बोधम् ॥९१॥

मस्तकवस्त्रस्खलनारम्भात् पिहिते तन्मुखयुगले ।
भ्रमरवरायितमेकेनास्मिन्नन्यस्मिन् बहु कमले ॥९२॥

भुजभुजगेन हरेर्बहुधारचि हृदि तस्याः फणलीला ।
चक्रवाकयुगगीर्णिरवाकलि यत्र मुहुः कृतिशीला ॥९३॥

अपि पुनरस्मिन्नवकलयत किल निरवनिरुहततिदेशम् ।
अभिनवकनकलतापरिवलयिततरुणतमालकुलेशम् ॥९४॥

तं युवती-कुलसाहायककृतबलराधा वशबलिनम् ।
रचयति नयति च निजविषये दिशि रभसरसादपि बलिनम् ॥९५॥

नीतं तं नवपीतपटं मृगनाभिजलैरभिषिक्तम् ।
तनुते सुतनूततिरिह वितनुप्रमदमदादतिरिक्तम् ॥९६॥

और देख, सखि ! दोनों ओर से दण्डों के द्वारा प्रहार करके जो युद्ध प्रवृत्त होता है, उसका नाम 'दण्डादण्डि' है। अतः दण्डादण्डि स्वरूप को प्राप्त हुए इस होलीयुद्ध में, श्रेष्ठता एवं अतिश्रेष्ठता के खण्डित हो जाने के कारण, प्रिया-प्रीतम दोनों का परस्पर निरोध एवं परस्पर मिलन शोभा पा रहा है। इस अवस्था को देखने से मालूम होता है कि, दोनों का युद्ध बिजली एवं मेघ की कान्ति को जीतने के कारण विलसित हो रहा है ॥९१॥

और मस्तक से वस्त्र खिसलने के आरम्भ से उन दोनों के मुखयुगल जब ढक गये, तब दोनों मुखों में से एक मुख ने कमल के समान दूसरे मुखपर श्रेष्ठ भ्रमर का सा व्यवहार प्रारम्भ कर दिया। अर्थात् अधररूप मधु पीने लग गया ॥९२॥

और श्रीकृष्ण की भुजारूप सर्प ने राधिका के हृदयपर अनेक प्रकार की फणलीला, अर्थात् करार्पण-रूप क्रीडा रच दीं। अतएव जिस हृदयरूप सरोवर में हरि भुजारूप सर्प के द्वारा स्तनरूप चकवा-चकवी के जोड़े का निगलना देखा गया। कारण—हरि के कररूप सर्प की फणलीला, युगल चक्रवाक के निगलने के स्वभाव को बार बार प्रकाशित कर रही थी ॥९३॥

और हे सखियो ! तुम इस मुखयुगल में वृक्षश्रेणी से रहित स्थान में अभिनव सुवर्णलता से परिवेष्टित तरुण तमालतरुपति का दर्शन करो ॥९४॥

और युवतीकुल की सहायता से रचे गये बल से युक्त जो राधिका है, वह श्रीकृष्ण को अपने वशवर्ती बना रही है, एवं परम बलवान् श्रीकृष्ण को भी हर्षरूप रस के कारण, अपने अधिकार की ओर ले जा रही है ॥९५॥

और बलपूर्वक राधिका के अधिकार में प्राप्त हुए, नवीन पीताम्बरधारी श्रीकृष्ण को इस होलीयुद्ध में गोपाङ्गनाश्रेणी महान् हर्षमय मद के कारण, कस्तूरीमिश्रित जल के द्वारा अत्यन्त अभिषिक्त कर रही है, अर्थात् भिजा रही है ॥९६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सेयं राधा स्वयमिह मुरलीं यद् बत हरति सयत्नम् ।
न तदद्भुतमिव यदहरदस्य प्रथमं हृन्मणिरत्नम् ॥९७॥

अथ रामादिः सखिजनता तं पश्यन्ती विनिरुद्धम् ।
सन्धिमधित्सत विसृजन्ती ताः प्रति दूतं गुणशुद्धम् ॥९८॥

रामः स यदा फाल्गुनपर्वणि देयं मेने दातुम् ।
प्रतिभुवमादायाथ तदा हरिराभिरमन्यत रातुम् ॥९९॥

जाते सन्धावखिलेनापि च शंसति दिव्ये लोके ।
निजनिजकान्तामोहविरोहणगीतिः स स विलुलोके ॥' इति॥१००॥

"एवं स्थिते परस्परं चर्चरिकारचन-निचायने विस्मायके जाते समाजद्वये च मिथः किञ्चिद्दूरं याते कस्मादप्यकस्मान्मूढधीः शङ्खचूडः समागतः स तु विगीत एवेत्यलमतित-द्विस्तरेण ॥"१०१॥

और इस युद्ध में वे ही बलिष्ठा राधिका, यत्न के सहित मुरली का जो अपहरण कर रही हैं, यह घटना कोई विशेष अद्भुत सी नहीं है। कारण—राधिका ने श्रीकृष्ण की हृदयरूप श्रेष्ठमणि को तो पहले ही चुरा लिया था। तात्पर्य—हृदय चुरानेवाले के लिए मुरली चुराना कठिन नहीं है ॥९७॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की बलराम आदि मित्ररूप जनता श्रीकृष्ण को सखियों के बीच में विशेष घिरे हुए देखकर, विशुद्ध गुणयुक्त एक दूत को, राधिका आदि गोपियों के प्रति भेजती हुई, सन्धि करने की इच्छा करने लगी ॥९८॥

तदनन्तर श्रीबलरामजी ने उस फाल्गुन के होली महोत्सव में मणि मुक्ता आदि देय वस्तु जब देनी अङ्गीकार कर लीं, तब राधिका आदि गोपियों ने भी बीच में जामिनदार को लेकर, श्रीकृष्ण का देना मान लिया ॥९९॥

इस प्रकार सन्धि हो जानेपर, सभी जनों के सहित देवता लोग भी जब प्रशंसा कर रहे थे, तब राधिका आदि असाधारण निजीकान्ताओं में विमुग्धता उत्पन्न हो जाने के कारण, जिनका गायन किया गया, वे ही श्रीहरि सबके दृष्टिगोचर हो गये ॥१००॥

इस प्रकार की स्थिति के बाद चर्चरिका नामक वाद्यविशेष, या गानविशेष की रचना का दर्शन या श्रवण जब विस्मयजनक हो रहा था, एवं 'गोपी तथा ग्वालबाल' इन दोनों का समाज जब परस्पर प्रेम-पूर्वक कुछ दूर चला गया था, तभी मूढबुद्धिवाला शङ्खचूड़ कहीं से अकस्मात् आ गया था, वह तो निन्दित ही था, अतः तिरस्कारपूर्वक मारा भी गया। जिसकी चर्चा पहले आ चुकी है। इसलिए उसके विषय में पुनः विस्तार करने की आवश्यकता नहीं है ॥१०१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ समापनम्,—

शङ्खचूडं निहतवान् यन्मणिं दत्तवानपि ।
राधे ! कान्तस्तवायं तत् कृतवांस्त्वत्कृते द्वयम् ॥"१०२॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु निर्व्रीडहोलिका-विक्रीडनं नाम त्रिंशं पूरणम् ॥३०॥

अथैकत्रिंशं पूरणम्

नानारागविचित्रचरित्रम्

(श्रीकृष्णस्य दशमवर्षीया लीला)

अथ स्निग्धकण्ठः प्रभातकथां प्रथयामास,—"तदेवं प्रतिक्षणमेव परमप्रेमलक्षणलीलां फुल्लदुल्लासतः स गोकुलबन्धुर्दशमं संवत्सरं संवलते स्म ॥१॥

"स तु नृशंसः कंसः क्रमशः सर्वेषु निर्मितनिजगर्वेषु तर्हि निस्तर्हितेषु वैरशुद्धि प्रति प्रतिगतबुद्धिः सर्वतः श्रेष्ठतया रक्षितावरिष्ट-केशिनावाहूय संरभमाणतया सभयतया चाभिहितवान्,—'मयावज्ञया नातियोग्या एव तत्र विनियोग्याः कृताः, स तु दारक इति बुद्धया; किन्तु स्फुटमसौ सर्वेषां दारक एव जातः । ततः कौसीद्यखिद्यमानतया भवन्तावनुयुज्येते, किमिह युज्यते ?' इति ॥२॥

अनन्तर प्रसङ्ग समाप्ति करनेवाला वचन, यथा—हे श्रीमति ! राधिके ! देखो, तुम्हारे नित्यकान्त श्रीकृष्ण ने शङ्खचूड़ को मार दिया, और उसकी मणि बलरामजी को दे दी । ये दोनों काम जो किये, वे तुम्हारे लिए ही किये ॥१०२॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिविरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये निर्व्रीडहोलिका-विक्रीडनं नाम
त्रिंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥३०॥

इकतीसवाँ पूरण

अनेक रागिनियों से युक्त विचित्र चरित्र तथा श्रीकृष्ण की दसवें वर्ष की लीला

इस इकतीसवें पूरण में अरिष्टासुर का वध, एवं राधाकुण्ड कृष्णकुण्ड का प्रकाश, तथा श्रीराधिका का उत्कर्ष वर्णित होगा । अनन्तर स्निग्धकण्ठ प्रातःकाल की कथा को विस्तारित करने लगा—पूर्वोक्त प्रकार से प्रतिक्षण परम प्रेमलक्षणा लीलाओं के द्वारा विकसित होते हुए, उल्लास से गोकुल के बन्धु श्रीकृष्ण ने दशमवर्ष में पदार्पण किया ॥१॥

उधर वह क्रूर कंस तो अपने गर्व का निर्माण करनेवाले पूतना आदि सभी राक्षस जब क्रमशः मारे गये, तब अपने बैर के प्रतिकार के प्रति निविष्ट बुद्धि होकर, सबकी अपेक्षा श्रेष्ठभाव से रखे हुए अरिष्टासुर एवं केशी, इन दोनों दानवों को बुलाकर, क्रोधयुक्त होकर भयपूर्वक बोला कि—"वह कृष्ण तो छोटासा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तावूचतुः,—'देव ! तदेतदेव प्रतीक्ष्य स्थिरतयाभीक्ष्णं वर्तावहे। साम्प्रतं तु साम्प्रतमाज्ञाप्यताम् । अथवा किमाज्ञापनया ? विनापि तां विनियुक्ता एव युक्तसेवकतया वयमित्युत्थाय साभ्युत्थानप्रणामं प्रस्थितयोस्तयोः कंसः शशंस,—'अरिष्टस्तावत् प्रतिष्ठताम् । इष्टापत्तिर्विपत्तितस्तु केशी च तत्प्रतिवेशी भविता ।।'३।।

"तदेतदवधाय तौ च गृहमागत्य सातत्यत एव तदर्थमाजगृहतुः ।।४।।

"अथ कदाचिल्लोहितायमाने सायं मार्तण्डरश्मिमण्डले नाम्नारिष्टः सर्वदाविषदरिष्टः सर्वत्र च रंहसा जङ्घन्यमानः सर्वाश्चाघ्ना जेघ्नीयमानः श्रीमन्तं गोष्ठद्वारान्तमाजगाम ।।५।।

"यदा हि चित्रायुतपूर्णचन्द्रां पूर्णिमामनु तूर्णितचेताः स्वसुख-वर्धनगोवर्धनविलोकनकामनया श्रीरामकनिष्ठः किञ्चिद्दूरं प्रविष्ट आसीत् ।।६।।

"ततश्च, भूकम्पक्रमणान्महीध्रचलनं तस्यागतेर्वारिभृद्-
विक्षोभं नदनान्निशाचरवरं वैकृत्यभागाकृतेः ।
तद्रूपाद्रिविनिश्चयं ककुदि वार्मुग्वृन्दसङ्घट्टना-
दुन्नीय व्रजगप्रजा दिशि दिशि द्राक् कान्दिशीक्यं गताः ।।७।।

बालक है" इस प्रकार की बुद्धि से, मैंने उसकी अवज्ञा करके, उसके मारने के निमित्त, अत्यन्त अयोग्य पूतना आदि ही नियुक्त किये थे। किन्तु वह कृष्ण तो स्पष्ट ही उन सबका विदारक ही हो गया। इसलिए आलस्य से या विजय की इच्छा से रहित होने के कारण, खेद से युक्त होकर, मैं तुम दोनों से पूछता हूँ कि—इस विषय में अब क्या करना उचित है ? ।।२।।

वे दोनों बोले—हे राजन् ! हम दोनों तो आपकी आज्ञा की प्रतीक्षा करके ही इतने दिनतक निरन्तर चुपचाप बैठे रहे। अब तो योग्य आज्ञा दीजिये। अथवा आज्ञा देने की क्या आवश्यकता है ? क्योंकि योग्यसेवक होने के नाते हम तो आज्ञा के बिना ही प्रायः नियुक्त हैं। यों कहकर उठकर उन्नति या गौरव के सहित प्रणामपूर्वक जब वे दोनों प्रस्थान के लिए तत्पर हो गये, तब कंस बोला—अरिष्टासुर प्रस्थान कर दे ! किन्तु कृष्ण को नष्ट करने में विपत्ति की सम्भावना से केशी भी उसके साथ एक स्थानपर निवास करनेवाला होगा ।।३।।

कंस की आज्ञा को धारण कर, अपने घर आकर, वे दोनों ही निरन्तर श्रीकृष्ण के अनिष्ट के लिए आग्रह करने लगे ।।४।।

अनन्तर कदाचित् सायंकाल में सूर्य का किरणमण्डल जब लाल लाल हो चला, तब सब देवताओं के लिए अशुभरूप अरिष्ट नामक असुर, सभी जगह वेगपूर्वक कुटिलगति से चलता हुआ, सभी गैयाओं की बार बार हिंसा करता हुआ, शोभायमान गोष्ठ के दरवाजे के निकट आ गया ।।५।।

जिस समय श्रीकृष्ण चित्रानक्षत्र से युक्त पूर्ण चन्द्रमावाली चैत्री पूर्णिमा को लक्ष्य कर, अपने सुख को बढ़ानेवाले श्रीगोवर्धन के दर्शन की कामना से, शीघ्रता से युक्त चित्त होकर, नन्दग्राम से थोड़ी सी दूर ही गोवर्धन के मार्ग में प्रविष्ट हुए थे, उसी समय अरिष्टासुर आया था ।।६।।

उसके बाद उस अरिष्टासुर के आने के कारण, उसके चलने से भूकम्प को, अथवा भूकम्प के सहित पादविक्षेप से पर्वतों के चलने को जानकर, उसके शब्द से बादलों के विक्षोभ को जानकर, विकृतता से युक्त

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्चित् किञ्चिन्मूत्रणादापगानां, गूथत्यागाद् गण्डशैलावलीनाम् ।
सृष्टिं कर्ता पश्यतारिष्टनामा, देवारिष्टः पर्वतात्मा प्रतीतः ॥८॥

वृषदम्भी ससंरम्भं रम्भणं यद्व्यधादसौ ।
तेनासीद्व्यक्तसन्दर्भः स्वयं गोगर्भपातिना ॥९॥

वप्रं यदापस्किरते स्म शृङ्ग-दिभिर्विकुर्वाणतया वृषः सः ।
तदाखिलं गोकुलमाशु मृद्भिः, प्रच्छन्नमासीद्वनमण्डलं च ॥१०॥

यत्र यत्र खुरमादधाति स, क्ष्मापि तत्र बलते विदीर्णताम् ।
नेत्रतुल्यबिलतः समुच्छ्रितं, वारि रोदननिभं बिभर्ति च ॥११॥

"तत्र लोकानां वचनम्,—

'जातु मातु गिरिरेष समन्ता,-दुच्चलन्नपि तथाविधमूर्तेः ।
किन्तु शृङ्ग-तलगं रवियुग्मं, हा व्यसिस्मयत गोकुललोकम्॥'इति॥१२॥

"एवमुद्घ्नता गवामुद्घान्निघ्नता च सर्वं वस्तु प्रस्तुभ्यता चारिष्टेन कृतादाक्रुष्टात् कष्टमनुस्पृष्टवन्तस्ते गोष्ठनिष्ठा गोनरप्रकृष्टाः कृष्णाय मुहुर्विक्रुष्टवन्तः ॥१३॥

उसकी भयङ्कर आकृति से उसको श्रेष्ठ निशाचर जानकर, एवं उसके कन्धेपर के डिल्लापर मेघवृन्द के संघर्षण से, उस प्रकार के पर्वत के निश्चय को जानकर, व्रज की सारी प्रजा भय के मारे शीघ्र ही प्रत्येक दिशा में भाग गई ॥७॥

और किंचित् किंचित् मूतने से नदियों की सृष्टि करनेवाला, एवं मल के त्यागने से छोटे छोटे पर्वतों की सृष्टि करनेवाला, वह अरिष्ट नामक असुर देवताओं का मूर्तिमान अरिष्ट (अशुभ) ही पर्वताकार प्रतीत हो रहा है, इसको तुम सब देख लो ॥८॥

और बैलरूप मे छिपे हुए उस कपटी असुर ने क्रोध एवं आडम्बरपूर्वक जो रँभाने का शब्द किया था, गैयाओं के गर्भ को गिराने वाले उसी शब्द के द्वारा उसकी रचना या मर्म स्वयं व्यक्त हो गया था ॥९॥

और बैल वेषधारी वह असुर हर्षित होकर अपने सींग आदि के द्वारा जब खेत की मेंड़ आदि ऊँची भूमि को उखाड़ कर इधर उधर फेंक रहा था, तब वह सारा गोकुल एवं वनमण्डल मिट्टी के द्वारा शीघ्र ही ढक गया था ॥१०॥

वह असुर जहाँ जहाँ खुर धरता था, वहाँ वहाँपर धरती फट जाती थी। और नेत्र के समान गड्ढों से उछलते हुए जल को वह धरती रोने के आँसुओं के तुल्य धारण कर लेती थी ॥११॥

वहाँपर लोगों का वचन, यथा—चारों ओर उछल कर चलता हुआ भी यह पर्वत कदाचित् परिमाण को प्राप्त हो सकता है ? किन्तु उस प्रकार की भयङ्कर मूर्तिवाले इस पर्वत के शृङ्गों के नीचे विद्यमान दो सूर्यों ने, अर्थात् असुर के सींगों के नीचे के सूर्य के समान दमदमाते दोनों नेत्रों ने, हाय ! गोकुल के सभी लोगों को विस्मित कर दिया ॥१२॥

इस प्रकार गर्व करनेवाले, श्रेष्ठ गोगण को मारनेवाले, सभी वस्तुओं को नष्टभ्रष्ट करनेवाले, अरिष्टासुर के द्वारा किये गये भयङ्कर शब्द से कष्ट का अनुभव करनेवाले, प्रधान प्रधान व्रजवासी श्रीकृष्ण को बुलाने के लिए ऊँचे स्वर से चिल्लाने लगे ॥१३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सूरतः स तु दूरतस्तेषामवगतविक्रोशनलेशमात्रः कुत्राप्यकृतयात्र इव सम्मुखत एवावतस्थे। अवस्थाय च मा भैष्टेत्यभयमुद्दिष्टं विधाय क्रोधाविष्टस्तमरिष्टमाजुहाव बलीवर्दक्रोधवर्धन-नर्दविशेषेण। तदिदन्तु तं प्रति सम्प्रति 'सुकरार्दनस्त्वमसि' इति ज्ञापनाय ॥१४

"अथ चोवाच यथा (भा० १०।३६।७)—

'सपालैः पशुभिर्मन्द त्रासितैः किमसत्तम !।
मयि शास्तरि दुष्टानां त्वद्विधानां दुरात्मनाम् ॥'इति॥१५॥

"पुनश्च, 'पिण्डीशूर ! विदूरः सन् क्रूरतां त्वं किमृच्छसि ?
सामुद्रपुर इव मां कुम्भजातं प्रपूरय ॥'इति॥१६॥

"तदिदं च तस्य गाम्मन्यस्य जिघांसया लोकानां गोत्वभ्रमापगमनया चोक्तवानिति गम्यते ॥१७॥

"किञ्च, आस्फोटनं कृतमनेन तदा यदस्मा,-दास्फोटनं समभवद्दनुजश्रुतीनाम्।
कोपं चकार स तु यद्वृषभस्तदुच्चैः, कोपं ववर्ष शिशुवन्नहि जाहसीति ॥१८॥

किन्तु वे दयालु श्रीकृष्ण तो दूर से ही उनके लेशमात्र रोने के शब्द को समझ कर, कहीं भी यात्रा न करके मानो सम्मुख ही खड़े हो गये। और खड़े होते ही "हे व्रजवासियो ! डरो मत" इस प्रकार के वचन से अभयदान देकर, क्रोध में भरकर बैल को क्रोध बढ़ानेवाले शब्दविशेष के द्वारा उस अरिष्टासुर को बुलाने लगे। नर्दनपूर्वक यह बुलाना तो इस समय अरिष्टासुर के प्रति यह बात समझाने के लिए था कि—"तू मेरे द्वारा अनायास मारा जायगा" इत्यादि ॥१४॥

पश्चात् श्रीकृष्ण बोले—अरे मूढ ! ओ अतिशय असज्जन ! तेरे जैसे दुष्ट दुरात्माओं के शासन करनेवाले मेरे रहते हुए, गोपालों के सहित इन पशुओं को उद्विग्न करने से तेरा क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? १५॥

और ओ चून के गोलेपर वीरता दिखानेवाले वीर ! तू मुझसे अत्यन्त दूर रहकर क्यों क्रूरता को प्राप्त हो रहा है ? अतः मेरे पास आकर, समुद्र के प्रवाह की तरह मुझरूप घटसमूह को, पक्षे—अगस्त्य को नेक परिपूर्ण तो कर दे, अर्थात् एक घट से पैदा होनेवाले अगस्त्यमुनि के पेट को समुद्र का प्रवाह जैसे पूर्णरूपेण नहीं भर सका, वैसे ही तुम जैसे दैत्यरूप समुद्र प्रवाह के द्वारा मेरा भरना कठिन है। क्योंकि मैं घटसमूहरूप हूँ। अतः मेरे पास आते ही तेरा मरना निश्चित है ॥१६॥

और उपमान की अपेक्षा उपमेय की अधिकता दिखाते हुए, श्रीकृष्ण ने व्यतिरेकालङ्कारपूर्वक जो पूर्वोक्त वचन कहे हैं, वे तो अपने को बैल माननेवाले उस असुर के मारने की इच्छा से, एवं "यह बैल है या असुर" लोगों के इस प्रकार के भ्रम को दूर करने के लिए ही कहे हैं, यह जाना जाता है ॥१७॥

किंच उस समय श्रीकृष्ण ने युद्ध के लिए ललकार के जो ताल ठोकी, उसके शब्द के द्वारा दैत्यों के कान फूट गये। वह अरिष्टासुर जब कोप करने लगा, तब श्रीकृष्ण ने भी बालक की तरह भारी कोप की वर्षा कर दी, पुनः अतिशय हँसी नहीं की, सो बात नहीं, अपितु पुनः पुनः हँसते भी रहे ॥१८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कृष्णः सख्युः स्कन्धदेशे स्वबाहुं, निक्षिप्यासावुद्धसन्नेव तस्थौ ।
येन क्रोधं वर्धयामास तस्य, प्रेयोवर्गाणां च सन्देहसर्गम् ॥१९॥

वृषस्त्वसौ रज इव पुच्छमार्जनी,-परिभ्रमैर्घनगणलक्षमुत्क्षिपन् ।
क्षितिं क्षतामथ खुरवज्रविज्वलत्,-खनित्रकैर्विदधदगाद्धरिं प्रति ॥२०॥

स वज्रति स्म न परमाशु विद्रवं, प्रतिद्विषत्प्रतिरुततीव्रतां प्रति ।
न केवलं हरिरिह हासमाययौ, सखापि यः परिकृततद्भुजांसकः ॥२१॥

"तादृशतया स्पष्टमविप्रकृष्टे च तस्मिन् श्रीमान् कृष्णस्तु शृङ्गद्वयमेवाभिजग्राह ॥२२॥ यथा—

शृङ्गे ये पूर्वतां नीते जयाय वृषरक्षसा ।
स्वसन्दानाय ते सृष्टे कृष्ण-दोष्णोर्वशं गते ॥२३॥

बाहुपाशसिततीव्रशृङ्गकः, स स्फुटं प्रतिमुखं सरन्नपि ।
प्रत्यगष्ट दश च क्रमान् बलाद्,-दित्यपत्यरिपुणापयापितः ॥२४॥

अयमुद्धतस्तदिह नास्ति भारता, न फलं विनोदनकलाविनोदतः ।
इति माधवः स्फुटमरिष्टमुत्क्षिप,-न्नतिरोढया बत विवृत्तिमाटिटत् ॥२५॥

ये श्रीकृष्ण तो अपने किसी सखा के कन्धेपर, अपनी भुजा धरके ऊँचे स्वर से हँसते हुए ही खड़े रहे। और उस ऊँचे हास्य के द्वारा श्रीकृष्ण ने असुर के क्रोध को बढ़ा दिया, एवं अपने मित्रवर्गों की सन्देहसृष्टि छेदन कर दी ॥१९॥

किन्तु यह वृषभासुर तो अपनी पुच्छरूप मार्जनी (झाड़ू) के घुमाने के द्वारा धूली की तरह लाखों मेघों को इधर उधर फेंकता हुआ, और वज्र की तरह जलते हुए अपने खुररूप कुदालों के द्वारा भूमि को क्षत विक्षत करता हुआ, श्रीकृष्ण की ओर दौड़ पड़ा ॥२०॥

और वह अरिष्टासुर केवल शीघ्र दौड़ने के प्रति ही वज्र का सा व्यवहार नहीं कर रहा था, अपितु निज शत्रु श्रीकृष्ण की प्रतिध्वनि की तीव्रता के प्रति भी वज्र का सा आचरण कर रहा था। इस समय केवल श्रीकृष्ण ही हास्य को प्राप्त नहीं हुए थे, अपितु वह सखा भी खूब हँस रहा था कि, जिसके कन्धेपर श्रीकृष्ण की भुजा धरी थी ॥२१॥

उस प्रकार वज्र की तरह दौड़ने के कारण वह असुर जब स्पष्ट ही अत्यन्त निकट आ गया, तब श्रीमान् कृष्ण ने दृढतापूर्वक उसके दोनों सींग पकड़ लिए ॥२२॥

यथा—उस वृषासुर ने जो दोनों सींग अपनी विजय के लिए आगे की ओर कर रखे थे, वे दोनों श्रीकृष्ण की भुजाओं के वशीभूत होकर, अपने बन्धन के लिए ही हो गये ॥२३॥

श्रीकृष्ण की भुजारूप फन्दे में बँधे हुए तीव्र सींगोंवाला एवं स्पष्टरूप से आगे की ओर आता हुआ भी वह असुर, दिति के पुत्रों के बैरी श्रीकृष्ण ने बलपूर्वक अठारह पर पीछे की ओर हटा दिया ॥२४॥

और यह असुर उद्धत (उच्छङ्खल) स्वभाव का है, अतः इसमें प्रेम के भार का भाव भी नहीं है, इसलिए इसके साथ क्रीडाकला की प्रेरणा से कुछ फल भी नहीं है, यह विचार कर श्रीकृष्ण ने अरिष्टासुर को स्पष्ट ही ऊपर को फेंकते फेंकते अत्यन्त अवज्ञापूर्वक उलटा करके डाल दिया, अर्थात उसके पैर ऊपर को एवं पीठ नीचे को करके चित पटक दिया ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

व्यवर्तत हरिक्षिप्तः परं नोक्षासुरः क्षितौ ।
हासावेशवशे क्षिप्तः स्वर्गेऽपि स्वर्गिणां गणः ॥२६॥

पपात पुच्छं भुवि शृङ्गयोर्बला,-च्छृङ्गे तु पुच्छस्य निपेततुर्भुवि ।
पृष्ठांघ्रि चैवं वृषरक्षसस्तदा, युक्तं तदस्मिन् विपरीतकारिणि ॥२७॥

तज्जा लज्जाप्युत्थिता तस्य सोऽपि, प्रत्युत्तस्थावभ्ययुंक्तापि भूयः ।
कृष्णस्त्वेनं पातयन् वामशृङ्गे,-णोत्कृत्तेनामुष्य वक्त्रं चुकुट्ट ॥२८॥

"शृङ्गोत्पाटनं घटयंस्त्विदमाचष्ट,—
'अभद्रस्यापि भवतो भद्राकृतिविधारिणः । विषाणमुण्डनाद्भद्राकृतिरेव प्रशस्यते ॥'२९॥

"अथार्द्रवसनं यथा परिनिपीडयन् जीवनं, विकर्षति जनस्तथा तमकरोदरिष्टं हरिः ।
मलानि च यदाऽकिरच्छमलमूत्ररक्तादिका,-न्यसौ परमशुद्धतामपि जगाम कैवल्यतः ॥३०॥

लयं परममागतस्तदपि यत्पदं नैर्ऋतं, ययावयमिति स्मृतं मुनिभिरेतदुच्चैः रुषा ।
प्रसूनमथ यन्मुदा ववृषुरादितेयास्तद-, प्यमित्रविलयाद्भवेदुचितमीदृशात् किं पुनः ? ॥३१॥

और श्रीकृष्ण के द्वारा फेंका हुआ वह वृषासुर ही केवल धरती पर लोटपोट नहीं हो रहा था, अपितु इसकी दुर्दशा को देखकर, हास्यरस के आवेश के वश में पड़ा हुआ देवसमूह भी, स्वर्ग में लोटपोट हो रहा था ॥२६॥

उस समय उस वृषासुर के सींगों के वल से उसकी पूँछ भूमिपर गिर पड़ी, और पूँछ के वल से दोनों सींग भूमिपर गिर पड़े। इसी प्रकार पीठ के वल से चरण एवं चरणों के वल से पीठ गिर पड़ी। विरुद्धकर्म करनेवाले इस असुर के विषय में ये सब कार्य उपयुक्त ही हैं ॥२७॥

उस अरिष्टासुर के मन में धरती में पछाड़ खाने से उत्पन्न हुई लज्जा भी खड़ी हो गई, एवं वह भी सँभलकर खड़ा हो गया, और दुबारा प्रहार करने को भी जुट गया। श्रीकृष्ण ने भी इसको पुनः गिराते ही, उखाड़े हुए बायें सींग के द्वारा उसका मुख कूट दिया ॥२८॥

उसके सींग को उखाड़ते हुए श्रीकृष्ण ने यह भी कहा कि—हे असुर ! तू अभद्र (अमङ्गलरूप) होकर भी, भद्र (बैल) की सी आकृति धारण करनेवाला है, अतः तेरे सींगों का मुण्डन कर देने से तेरी भद्र हुए पुरुष की सी, या भद्रा (गौ) की सी आकृति ही प्रशंसनीय है ॥२९॥

पश्चात् गीले वस्त्र को अच्छी प्रकार निचोड़ता हुआ पुरुष जैसे उसके जल को बाहर निकाल देता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण ने निष्पीडन करते हुए उस अरिष्टासुर को जीवन (प्राण)रहित बना दिया। और इस असुर ने भी मरते समय विष्ठा, मूत्र, रक्त आदि मल जब त्याग दिये, तब वह कैवल्य से अर्थात् मलादि की रहितता से, पक्षे—मोक्ष से परम विशुद्धता को भी प्राप्त हो गया ॥३०॥

वह असुर यद्यपि मोक्ष को प्राप्त हो गया था, तो भी "यह यमपुरी में गया" ऐसा जो श्रीशुकादि मुनियों ने उसके विषय में स्मरण किया, वह स्मरण तो केवल कृष्णद्वेषी होने के कारण, विशेष कोप से ही हुआ। पश्चात् देवताओं ने श्रीकृष्ण के ऊपर जो पुष्पों की वृष्टि की, वह भी शत्रु के नष्ट हो जाने से की। क्योंकि इस प्रकार के शत्रु के नष्ट होने से पुष्पवृष्टि के सिवाय और क्या उचित हो सकता है ? ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र च श्रीगोकुलप्राणाभिप्रायमभिप्रयद्भिस्तदेव चानुवदद्भिर्दिविषद्भिरुपहसितम्,—

'वत्सं लघुं दैत्यतयावगच्छन्, जघान बाल्येऽप्यहमुक्षदैत्य ! ।
प्रौढः कथं त्वामतिभीष्मवर्ष्म,-प्रभुं न जानानि न घातयानि ।।'इति ।।३२।।

"अत्र गोकुलजनस्य गोकुलजीवनस्य च भावमाविशन्नेव श्रीशुकदेवस्तदिदं वदति स्म (भा० १०।३६।१५)—

'एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तूयमानः स्वजातिभिः ।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः ।।'इति।।३३।।

"आयाते व्रजमच्युते रिपुजयस्वस्तिप्रशस्तीडिते
सर्वेऽप्युन्मदतां गता बहुविधं संवादमुन्निर्ममुः ।
किन्तु द्राक् पितरावमुष्य वदनं तद्वीक्ष्यमाणावमू
स्वैर्वाष्पाम्बुभिराप्लुतं ममृजतुर्विक्रुश्य मूकाविव ।।"३४।।

अथ समापनम्,—"अयं स स्तवभाक् सूनुस्तव गोपनराधिप ! ।
पुषितास्त्रिदशा येन मुषितास्त्रिदशारयः ।।"३५।।

अथ रात्रिकथायामपि स्निग्धकंण्ठ एवाभिदधे,—"एवं होलिकाप्रान्तकान्तक्रीडान्तरानुसारेणाभीरवीरसरसिजाक्षीणामक्षीणानङ्गानां वृत्तकृष्णसङ्गानां बहुधा निर्वृत्तं रात्रिवृत्तं स्वयमेव सखीभिरनुसन्धीयताम् । "वासरावसरश्रायं मदुक्तिनिदिग्धदिग्दर्शनतः परामर्शमानीयताम् ।।३६।।

और उस समय श्रीगोकुलवासियों के प्राणधन श्रीकृष्ण के अभिप्राय को जाननेवाले, एवं उसी का अनुवाद करनेवाले देवताओं ने उस असुर का उपहास किया—हे वृषासुर ! मैं बालकपन में भी एक छोटे से बछड़े को असुररूप से जानते हुए मार चुका हूँ । अतः अब किशोर अवस्थावाला मैं अतिभयंकर देहवालों में अग्रगामी तुझको कैसे नहीं जान सकूँगा, एवं कैसे नहीं मार सकूँगा ? ।।३२।।

इस विषय में गोकुलवासीजनों के एवं गोकुलजीवन श्रीकृष्ण के भाव में आविष्ट होते हुए, श्रीशुकदेवजी ने भी यह कहा है कि—इस प्रकार वृषासुर को मारकर, एवं अपनी जातिवाले गोपों के द्वारा प्रशंसित होकर, गोपियों के नेत्रों के उत्सवस्वरूप श्रीकृष्ण, बलदेवजी के सहित गोष्ठ में प्रविष्ट हो गये ।।३३।।

पश्चात् शत्रुपर विजय पाने से प्राप्त हुए मङ्गल के कारण, प्रशंसापूर्वक स्तुत हुए श्रीकृष्ण जब व्रज में आ गये, तब सभी व्रजवासी उन्मत्तता को प्राप्त होकर, अनेक प्रकार के संवाद की रचना करने लगे । किन्तु श्रीकृष्ण के माता पिता तो अपने नेत्रों के जल से व्याप्त श्रीकृष्ण के मुख को देखते हुए शीघ्र ही पोंछने लग गये । और ऊँचे स्वर से रोकर पश्चात् गूँगे से खड़े रहे ।।३४।।

प्रसङ्ग की समाप्ति का द्योतक वचन, यथा—हे गोपराज ! आपका यह प्यारा पुत्र ही स्तुति का पात्र है, क्योंकि जिसने सब देवता तो पुष्ट कर दिये, एवं देवताओं के बैरी चुरा लिए, अर्थात् नष्ट कर दिये ।।३५।।

अनन्तर रात की कथा को भी स्निग्धकण्ठ ही कहने लगा—इस प्रकार होली के प्रान्त में मनोहर दूसरी क्रीडा के अनुसार श्रीकृष्ण का सङ्ग प्राप्त करनेवाली, अक्षीणकामनावाली कमलनयनी गोपियों के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

व्यवर्तत हरिक्षिप्तः परं नोक्षासुरः क्षितौ ।
हासावेशवशे क्षिप्तः स्वर्गेऽपि स्वर्गिणां गणः ॥२६॥

पपात पुच्छं भुवि शृङ्गयोर्बला,-च्छृङ्गे तु पुच्छस्य निपेततुर्भुवि ।
पृष्ठांघ्रि चैवं वृषरक्षसस्तदा, युक्तं तदस्मिन् विपरीतकारिणि ॥२७॥

तज्जा लज्जाप्युत्थिता तस्य सोऽपि, प्रत्युत्तस्थावभ्ययुंक्तापि भूयः ।
कृष्णस्त्वेनं पातयन् वामशृङ्गे,-णोत्कृत्तेनामुष्य वक्त्रं चुकुट्ट ॥२८॥

"शृङ्गोत्पाटनं घटयंस्त्विदमाचष्ट,—
'अभद्रस्यापि भवतो भद्राकृतिविधारिणः । विषाणमुण्डनाद्भद्राकृतिरेव प्रशस्यते ॥'२९॥

"अथार्द्रवसनं यथा परिनिपीडयन् जीवनं, विकर्षति जनस्तथा तमकरोदरिष्टं हरिः ।
मलानि च यदाऽकिरच्छमलमूत्ररक्तादिका,-न्यसौ परमशुद्धतामपि जगाम कैवल्यतः ॥३०॥

लयं परममागतस्तदपि यत्पदं नैर्ऋतं, ययावयमिति स्मृतं मुनिभिरेतदुच्चैः रुषा ।
प्रसूनमथ यन्मुदा ववृषुरादितेयास्तद-, प्यमित्रविलयाद्भवेदुचितमीदृशात् किं पुनः ? ॥३१॥

और श्रीकृष्ण के द्वारा फेंका हुआ वह वृषासुर ही केवल धरती पर लोटपोट नहीं हो रहा था, अपितु इसकी दुर्दशा को देखकर, हास्यरस के आवेश के वश में पड़ा हुआ देवसमूह भी, स्वर्ग में लोटपोट हो रहा था ॥२६॥

उस समय उस वृषासुर के सींगों के बल से उसकी पूँछ भूमिपर गिर पड़ी, और पूँछ के बल से दोनों सींग भूमिपर गिर पड़े। इसी प्रकार पीठ के बल से चरण एवं चरणों के बल से पीठ गिर पड़ी। विरुद्धकर्म करनेवाले इस असुर के विषय में ये सब कार्य उपयुक्त ही हैं ॥२७॥

उस अरिष्टासुर के मन में धरती में पछाड़ खाने से उत्पन्न हुई लज्जा भी खड़ी हो गई, एवं वह भी सँभलकर खड़ा हो गया, और दुबारा प्रहार करने को भी जुट गया। श्रीकृष्ण ने भी इसको पुनः गिराते ही, उखाड़े हुए बायें सींग के द्वारा उसका मुख कूट दिया ॥२८॥

उसके सींग को उखाड़ते हुए श्रीकृष्ण ने यह भी कहा कि—हे असुर ! तू अभद्र (अमङ्गलरूप) होकर भी, भद्र (बैल) की सी आकृति धारण करनेवाला है, अतः तेरे सींगों का मुण्डन कर देने से तेरी भद्र हुए पुरुष की सी, या भद्रा (गौ) की सी आकृति ही प्रशंसनीय है ॥२९॥

पश्चात् गीले वस्त्र को अच्छी प्रकार निचोड़ता हुआ पुरुष जैसे उसके जल को बाहर निकाल देता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण ने निष्पीडन करते हुए उस अरिष्टासुर को जीवन (प्राण)रहित बना दिया। और इस असुर ने भी मरते समय विष्ठा, मूत्र, रक्त आदि मल जब त्याग दिये, तब वह कैवल्य से अर्थात् मलादि की रहितता से, पक्षे—मोक्ष से परम विशुद्धता को भी प्राप्त हो गया ॥३०॥

वह असुर यद्यपि मोक्ष को प्राप्त हो गया था, तो भी "यह यमपुरी में गया" ऐसा जो श्रीशुकादि मुनियों ने उसके विषय में स्मरण किया, वह स्मरण तो केवल कृष्णद्वेषी होने के कारण, विशेष कोप से ही हुआ। पश्चात् देवताओं ने श्रीकृष्ण के ऊपर जो पुष्पों की वृष्टि की, वह भी शत्रु के नष्ट हो जाने से की। क्योंकि इस प्रकार के शत्रु के नष्ट होने से पुष्पवृष्टि के सिवाय और क्या उचित हो सकता है ? ॥३१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अत्र च श्रीगोकुलप्राणाभिप्रायमभिप्रयद्भिस्तदेव चानुवदद्भिर्दिविषद्भिरुपहसितम्,—

'वत्सं लघुं दैत्यतयावगच्छन्, जघान बाल्येऽप्यहमुक्षदैत्य ! ।
प्रौढः कथं त्वामतिभीष्मवर्ष्म,-प्रष्ठं न जानानि न घातयानि ॥'इति ॥३२॥

"अत्र गोकुलजनस्य गोकुलजीवनस्य च भावमाविशन्नेव श्रीशुकदेवस्तदिदं वदति स्म (भा० १०।३६।१५)—

'एवं ककुद्मिनं हत्वा स्तूयमानः स्वजातिभिः ।
विवेश गोष्ठं सबलो गोपीनां नयनोत्सवः ॥'इति॥३३॥

"आयाते व्रजमच्युते रिपुजयस्वस्तिप्रशस्तीडिते
सर्वेऽप्युन्मदतां गता बहुविधं संवादमुन्निर्ममुः ।
किन्तु द्राक् पितरावमुष्य वदनं तद्वीक्ष्यमाणावमू
स्वैर्वाष्पाम्बुभिराप्लुतं ममृजतुर्विक्रुश्य मूकाविव ॥"३४॥

अथ समापनम्,—"अयं स स्तवभाक् सूनुस्तव गोपनराधिप ! ।
पुषितास्त्रिदशा येन मुषितास्त्रिदशारयः ॥"३५॥

अथ रात्रिकथायामपि स्निग्धकण्ठ एवाभिदधे,—"एवं होलिकाप्रान्तकान्तक्रीडान्तरानुसारेणाभीरवीरसरसिजाक्षीणामक्षीणानङ्गानां वृत्तकृष्णसङ्गानां बहुधा निर्वृत्तं रात्रिवृत्तं स्वयमेव सखीभिरनुसन्धीयताम् । "वासरावसरश्रायं मदुक्तिनिदिग्धदिग्दर्शनतः परामर्शमानीयताम् ॥३६॥

और उस समय श्रीगोकुलवासियों के प्राणधन श्रीकृष्ण के अभिप्राय को जाननेवाले, एवं उसी का अनुवाद करनेवाले देवताओं ने उस असुर का उपहास किया—हे वृषासुर ! मैं बालकपन में भी एक छोटे से बछड़े को असुररूप से जानते हुए मार चुका हूँ । अतः अब किशोर अवस्थावाला मैं अतिभयंकर देहवालों में अग्रगामी तुझको कैसे नहीं जान सकूँगा, एवं कैसे नहीं मार सकूँगा ? ॥३२॥

इस विषय में गोकुलवासीजनों के एवं गोकुलजीवन श्रीकृष्ण के भाव में आविष्ट होते हुए, श्रीशुकदेवजी ने भी यह कहा है कि—इस प्रकार वृषासुर को मारकर, एवं अपनी जातिवाले गोपों के द्वारा प्रशंसित होकर, गोपियों के नेत्रों के उत्सवस्वरूप श्रीकृष्ण, बलदेवजी के सहित गोष्ठ में प्रविष्ट हो गये ॥३३॥

पश्चात् शत्रुपर विजय पाने से प्राप्त हुए मङ्गल के कारण, प्रशंसापूर्वक स्तुत हुए श्रीकृष्ण जब व्रज में आ गये, तब सभी व्रजवासी उन्मत्तता को प्राप्त होकर, अनेक प्रकार के संवाद की रचना करने लगे । किन्तु श्रीकृष्ण के माता पिता तो अपने नेत्रों के जल से व्याप्त श्रीकृष्ण के मुख को देखते हुए शीघ्र ही पोंछने लग गये । और ऊँचे स्वर से रोकर पश्चात् गूँगे से खड़े रहे ॥३४॥

प्रसङ्ग की समाप्ति का द्योतक वचन, यथा—हे गोपराज ! आपका यह प्यारा पुत्र ही स्तुति का पात्र है, क्योंकि जिसने सब देवता तो पुष्ट कर दिये, एवं देवताओं के बैरी चुरा लिए, अर्थात् नष्ट कर दिये ॥३५॥

अनन्तर रात की कथा को भी स्निग्धकण्ठ ही कहने लगा—इस प्रकार होली के प्रान्त में मनोहर दूसरी क्रीडा के अनुसार श्रीकृष्ण का सङ्ग प्राप्त करनेवाली, अक्षीणकामनावाली कमलनयनी गोपियों के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा चाह श्रीपराशरः, (वि० पू० ५।५७)—

'स तथा सह गोपीभी ररास मधुसूदनः । यथाब्दकोटिप्रतिमः क्षणस्तेन विनाभवत् ।।'३७।।

यथा च श्रीशुकः, (भा० १०।३५।१)—

'गोप्यः कृष्णे वनं याते तमनुद्रुतचेतसः ।
कृष्ण-लीलाः प्रगायन्त्यो निन्युर्दुःखेन वासरान् ।।'इति।।३८।।

"तथाहि—यदा खल्वहरहरह्नः क्षयमासाद्य वाद्यगीतनृत्यं विवृत्य सहचरसङ्गिनीभिः भृङ्गिणीभिः सह स हरिर्व्रजजनस्नेहधनः स्ववेश्म प्रविशति, तदा विगतपरिमाणा विमानानुचारिणः सर्व एव सममुपर्युपरिचारिणः सह गणेन कणेहत्य स्पष्टं द्रष्टुमिच्छन्तस्तदभावलब्धकदनाः सदनान्तपर्यन्तमायान्ति । कृतवेश्मप्रवेशे तु तस्मिन् विस्मयस्थगिततया सलालसतया च तत्र तत्र चित्रायमाणा रात्रिं गमयन्ति स्म ।।३९।।

"शरणान्तरात् पुनर्यावन्निःसरति स एष शरणागतायागतानुसरणः । तदेवं यदा निःसरति, निःसृत्य च गोपगोगणसञ्चरणाय वेणुं रणयति, तदातनं चरितं गोचरतामतिचरदपि निजभावप्रभावसम्पदा चक्षुषीव रचितं विधाय श्रीमदाभीरभीरुभिरभिगीतम् ।।४०।। यथा—

अनेक प्रकार से निष्पन्न हुए रात्रि के चरित्र तो सखियाँ स्वयं अनुसन्धान कर लें। और इस दिन में होनेवाले प्रस्ताव को मेरी उक्तियों से भरे हुए दिग्दर्शन से परामर्श कर लीजिये ।।३६।।

श्रीपराशरजी ने भी कहा है, यथा—मधुसूदन श्रीकृष्ण गोपियों के साथ उस प्रकार से क्रीडा करते थे, जिस प्रकार श्रीकृष्ण के बिना गोपियों को एकक्षण भी करोड़ों वर्षों के समान हो जाता था ।।३७।।

श्रीशुकदेवजी की उक्ति, यथा—हे राजन् ! परीक्षित् ! गोचारणार्थं श्रीकृष्ण के वन में चले जानेपर, गोपियों का चित्त भी उन्हीं के साथ चला जाता था। अतः वे गोपियाँ मिलकर कृष्णलीलाओं को गाती हुईं दुःख से दिन बिताती थीं ।।३८।।

और देखो ! जब प्रतिदिन दिन की समाप्ति को प्राप्तकर वाद्य, गीत, नृत्य आदि का विस्तार करके, सहचरगणों की सङ्गिनी गैयाओं के साथ व्रजवासियों के स्नेहमात्र धनवाले श्रीकृष्ण अपने भवन में प्रवेश करते थे, तब अपरिमित एवं विमानों से चलनेवाले सभी देवगण एकसाथ ऊपर ऊपर आकाश से चलते चलते अपने गणों के सहित तृप्तिपर्यन्त स्पष्ट श्रीकृष्ण को देखना चाहते हुए, दर्शन के अभाव से क्लेश पाकर श्रीकृष्ण के भवन की सीमातक आ जाते थे। और श्रीकृष्ण के घर में प्रविष्ट हो जानेपर तो, विस्मय से स्थगित होकर, लालसापूर्वक तत् तत् स्थलोंपर चित्र लिखित से खड़े होकर रात्रि को बिताते थे ।।३९।।

शरणागत के लिए आगमन का अनुसरण करनेवाले वे श्रीकृष्ण जब तक पुनः अपने भवन के भीतर से निकलते थे, तबतक दर्शनार्थी देव चित्र लिखे से देखते रहते थे। इस प्रकार जब भवन से निकलते थे, और निकल कर गोपों के सहित गोगण को चराने के लिए वेणु बजाते थे, उस समय का चरित इन्द्रियों के गोचर न होनेपर भी, अपने भाव के प्रभावरूपी सम्पत्ति के द्वारा, प्रत्यक्ष की तरह नेत्रगोचर करके श्रीमती गोपियों ने गाया है—।।४०।।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'अवधारय सखि ! तव सखि-वृत्तम् ।
विरहिजनानां जनयति हृदयं, विदयतया बत कृत्तम् ॥४१॥
ध्रुवमिदं परपरत्रापि ॥
वामभुजाकृतवामकपोलकमुल्ललचिल्लीभासम् ।
सुकुमारांगुलिविलसितमुज्ज्वलवेणुमुखं मृदुहासम् ॥४२॥
रागकलाकुलिताखिलभूचरगानकलैरनुविद्धम् ।
व्योमगयानजनीजनमोहनमनुगमिताखिलसिद्धम् ॥'४३॥

"ततश्च मुहुरपि तावन्मात्रे तासां गानपात्रे सति वनव्रजयोर्मध्यमध्यास्य हर्षं तर्षं च धास्यन् वंशं शंसयति स्म ॥४४॥

"ततश्च ताभिर्गीतं यथा—

"चित्रं लक्ष्मीरेखासौ हृदि चपला न भवति चपला ।
मणिमम्बरमणिमनु तारावलिरपि सा राजति तरला ॥४५॥
यस्य स चायं वेणुकलोऽमृतवर्षी कलयति गव्याम् ।
सतृणकदशनामुन्नतकर्णमित्रार्थिषु भव्याम् ॥'४६॥

यथा—हे सखि ! तुम्हारे सखा श्रीकृष्ण के चरित्र को श्रवण कर। हाय ! हम जैसे विरहिजनों के हृदय को तो निर्दयतापूर्वक छिन्नभिन्न कर देता है ॥४१॥

उत्तरोत्तर के पद गायन में भी इसी टेक को जोड़ते जाना। तुम्हारा सखा बाईं भुजापर बाँये कपोल को धरकर, चंचल भ्रूयुगल से प्रभा को उत्पन्न कर रहा है। वेणु के उज्ज्वल मुख को अपनी सुकोमल अंगुलियों से सुशोभित कर रहा है, एवं मृदु हास्य भी कर रहा है ॥४२॥

और वह अपनी राग कला के द्वारा भूमिपर चलनेवाले सभी प्राणियों को व्याकुल कर रहा है, एवं गाने के मधुर शब्दों से सभी को अपने में आसक्त कर रहा है। तथा देवाङ्गनासमूह को मोहित कर रहा है, एवं सभी सिद्धजनों को अपने अनुगत कर रहा है ॥४३॥

उसके बाद बारंबार उन गोपियों के उतनी मात्रा में गान के पात्र हो जानेपर, श्रीकृष्ण वन एवं व्रज के बीच में उपस्थित होकर, गोपियों के हर्ष और अभिलाषा को पुष्ट करते हुए वंशी बजाने लगे ॥४४॥

उसके बाद गोपियों ने गान किया, यथा—अरी सखि ! तुम्हारे सखा के हृदयपर विद्युतरूपा लक्ष्मी की रेखा कभी भी चंचल नहीं होती, अपितु सदैव स्थिर बनी रहती है, यह आश्चर्य है। और सूर्यरूप कौस्तुभमणि को लक्ष्य करके वह चंचल तारावली भी, अर्थात् मुक्ताहारविशेष भी विराजमान है, यह भी बड़ा आश्चर्य है, क्योंकि सूर्य के सामने तारापंक्ति का विलास कभी नहीं होता ॥४५॥

और जिसका अमृत की वर्षा करनेवाला वह प्रसिद्ध वेणु का सुमधुर शब्द, गोसमूह को तृण के सहित दाँतोंवाला, एवं ऊँचे किये हुए कर्णरूप पानपात्रोंवाला, तथा धर्मपरायण जनों के प्रति मङ्गलरूप बना रहा है ॥४६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च अतुच्छपिच्छगुलुच्छपुष्पगुच्छधातुच्छविभिर्मल्लपरिच्छदं गच्छति स्म श्रीगोपिकानां प्रच्छन्नरमणः ॥४७॥

"तं गत्वा च सत्वरप्रथमपयःपायनाय गङ्गायमुनादिनाम्ना गाः सुविकस्वरसरसिजं सरः प्रति क्रमाद्वेणुगानतः समाकारयति तस्मिन् व्रजरमानाथे बुद्धनिजाकारण इव रुद्धप्रवाह-प्रसरतयास्थिरतामुत्कलिकामप्यनुसरति विदूरचरसरिद्विसरे च पुनरासां गीतं यथा—॥४८॥

'चन्द्रकधातुदलस्तबकादिकृतमल्लोत्तमवेषम् ।
आकारयति स गाः सरिदाली लभते तत्र विशेषम् ॥४९॥

कम्पितभङ्गभुजा किल तत्पदरज आशुग-ततिनीतम् ।
लघु सुकृतास्मादृगिव स्पृहयति विदती स्वमनभिनीतम् ॥'५०॥

"अथ तदा तदाहूतिकृतामानन्दविभूतिमारभ्य तच्चरितमुपलभ्य कदाचिद्व्रजधरित्री-शित्रीसदसि गताभिः काभिश्चन ताभिरुत्कण्ठया सुष्ठु प्रतुष्टूषमाणाभिरपि निजभावं पिधाय भावान्तरसाधारण्यं विधाय तदिदं तद्वर्णनं तन्निर्वर्णनमिवासीत् ॥५१॥

उसके बाद श्रीमती गोपियों के प्रच्छन्न (गुप्त) विलासी श्रीकृष्ण उत्तम मयूरपुच्छ के गुच्छा, पुष्पों के गुच्छा, एवं गेरु आदि धातुओं की शोभा के द्वारा मल्ल के से वेष को प्राप्त हो गये ॥४७॥

और वन एवं व्रज के बीच के स्थान में जाकर, श्रीकृष्ण शीघ्र ही पहले जल पिलाने के लिए खिले हुए कमलों से युक्त सरोवरों के निकट, वेणुगान के द्वारा क्रमशः गङ्गा, यमुना आदि नाम से गैयाओं को जब बुला रहे थे, एवं व्रज की लक्ष्मीरूपा गोपियों के स्वामी श्रीकृष्ण के द्वारा किये गये उस गैयाओं के बुलाने को मानो अपने ही बुलाने को समझनेवाला, अत्यन्त दूरवर्ती गंगा, यमुना आदि नदियों का समूह, प्रवाह का बहाव रुक जाने के कारण जब स्थिरता एवं उत्कण्ठा का भी अनुसरण कर रहा था, तब पुनः गोपियों का गीत, यथा—॥४८॥

हे सखि ! देख, श्रीकृष्ण जब मयूरपुच्छ, गेरु आदि धातु, नवीन पत्र, पुष्पों के गुच्छे आदि पदार्थों के द्वारा रचे गये उत्तम मल्लवेषपूर्वक गैयाओं को बुलाते हैं, तब नदीश्रेणी भी विशेषता को प्राप्तकर लेती है ॥४९॥

यथा—तरङ्गरूप भुजाओं को कम्पित करनेवाली, थोड़े पुण्यवाली, अतएव अपने को अयोग्य समझने-वाली, वह नदीश्रेणी वायुसमूह के द्वारा लाई गई श्रीकृष्ण की चरणरज को हमारी तरह चाहती रहती है ॥५०॥

अनन्तर उस समय श्रीकृष्ण के आह्वान से जनित आनन्द के वैभव से लेकर उनके चरित को उपलब्ध करके, कदाचित् व्रजभूमि की नियन्त्री श्रीव्रजरानी की सभा में जानेवाली कुछ गोपियों के द्वारा उत्कण्ठा के कारण अच्छी प्रकार श्रीकृष्ण की स्तुति करने की इच्छा करके भी अपने भाव को छिपाकर, दूसरे भाव की साधारणता को प्रगट कर, आगे कहा जानेवाला श्रीकृष्ण का जो वर्णन हुआ, वह तो साक्षात् दर्शन जैसा ही हुआ ॥५१॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र गानान्तरं यथा—

'आदिपुरुष इव वैभवशाली ।
अनुचरवर्णितवीर्यसमुन्नतिरयमुदयति वनमाली ॥ध्रु॥५२॥

स गवाकारणमुरलीकलमनु ततुते यत्र वनं च ।
तद्भूपान्तर्यामिस्फुरणजभावान् कलयति पञ्च ॥५३॥

पुष्पहसितमधुवाष्पनवांकुरपुलकततीरनुयातम् ।
एजन्नमदपि शाखाततिभिर्यत् किल कलयति शातम् ॥'५४॥

"तदेवमनिङ्गनामपीङ्गनामिव शश्वदिङ्गव्यङ्गं विहितवान् ॥५५॥

"अथ समासन्ने विनोदेनाह्नायवन्मध्याह्ने क्वचिन्महासरसि सरसिजसौरभसरसेन घनरसेन स्नानलीलामभिनिविश्य केवलतिलकवनमालावलितवेशभङ्गिसङ्गितापूर्वकमपूर्वे तस्मिन्नेकान्ते कुसुमितवनान्ते कान्ते महाशैलप्रान्ते पल्लवलसदुरुतरतरुतलविलसितशिलायामुपविश्य विराजन्नुन्नावारचारं प्रति भूरिदूरीभावमितेषु मित्रेषु निजसौरभरभससमुदितमुदितमधुरमधुकरनिकरगानकृतावधानस्तद्भूङ्कारकारणस्वरसारमनु कुतुककृतानुसन्धानस्तदनुसारिवेणुचारिरणितेन सुरचितसारसादिरसाधानः सोऽयं रमते स्म ॥५६॥

वहाँपर दूसरा गायन, यथा—हे सति यशोदे ! देखो, अनुचरों के द्वारा जिनके पराक्रम की समुन्नति वर्णित है, अतः आदिपुरुष नारायण की तरह अचल वैभवशाली वे वनमाली उदय को प्राप्त हो रहे हैं ॥५२

और वे वनमाली गोगण को बुलानेवाले मुरली के सुमधुर शब्द का निरन्तर विस्तार करते रहते हैं । जिसके विस्तार में श्रीवृन्दावन भी श्रीकृष्णरूप अन्तर्यामी की स्फूर्ति से उत्पन्न होनेवाले पाँच सात्त्विक भावों को धारण कर रहा है ॥५३॥

वे पाँचों भाव, यथा—वह वन पुष्पविकासरूप हास्य, मधुरूप अश्रु, नवीन अंकुररूप पुलकावली अनुसरण करता हुआ, काँपती हुई एवं नमती हुई शाखाश्रेणी के द्वारा, अपने आन्तरिक सुख को प्रकाशित कर रहा है ॥५४॥

अतएव इसी प्रकार वृक्षादि स्थावर पदार्थों की भी जङ्गम पदार्थों की सी चेष्टा प्रकाशित कर दी ॥५५

अनन्तर विनोद के सहित शीघ्रता की तरह मध्याह्नकाल उपस्थित हो जानेपर, श्रीकृष्ण किसी विशाल सरोवर में कमलों की सुगन्ध के कारण सरस जल के द्वारा स्नानलीला का अभिनिवेश करके, केवल तिलक वनमाला से युक्त वेष की रचना के संयोगपूर्वक, सङ्ग के मित्रों सहित उस अपूर्व एकान्त में, कुसुमित वन के निकट मनोहर विशाल पर्वत के प्रान्त में, पल्लवों से सुशोभित एक विशाल वृक्ष के नीचे बिछी हुई मनोहर शिलापर बैठकर विराजमान होते हुए, एवं गोसमूह को चराने के लिए, मित्रों के बहुत दूर चले जानेपर, निज अङ्ग की सुगन्ध के अतिशय आकर्षणमय वेग से सम्मिलित एवं हर्षित हुए मधुर मधुकर समूह के गाने में मन लगाकर, तथा उन्हीं मधुकरों की भुङ्कारूप ध्वनि के कारणस्वरूप षड्ज आदि स्वर के सार को (माधुर्य को) लक्ष्य कर, कौतुकवश उसी का अनुसन्धान कर, और मधुकरों के भुङ्कार के अनुसारी वेणुध्वनि के द्वारा सारस आदि पक्षियों के लिए अच्छी प्रकार रस को अर्पण कर क्रीडा करने लगे ॥५६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तच्च यथा,—रम्यतिलकनवतुलसीदलभरवनमालानिविकासी ।
निजसौरभवशमधुपगीतमनुगायति वेणुविलासी ॥५७॥
अथ सारसयुतहंसायुततततिरलमनुगम्य परीता ।
परितो न्यविशत तामाविशती रुतिमिह या हरिगीता ॥५८॥

"ततश्च ततस्ततः समागते साग्रजे समग्रे सखिवर्गे तदानीन्तन-बर्हिप्रबर्ह-बर्हादिनानावन्यनेपथ्यप्रथ्यमानशोभलोभनीयरूपवरीयस्तया प्रशस्तस्रंजीयस्तया च विस्तृतशातस्य तस्य गोचारणचरितं प्रचारणीयम् ॥५९॥

"तथाहि—क्वचिदपि क्षितिभृति वृक्षशून्यक्षितिगतपुण्यतृणं धेनुषु चरन्तीषु वह्नीयमानमाध्याह्निक-ललाटन्तपतपनतापापनोदाय वेणुं वादितवान् । यत्र बलाहकास्तत्प्रतिमल्लनिभमल्लाररागबलादाहृतास्तेषां शीतलतावलनाय बभूवुः ॥६०॥

"यच्च वाद्यमुद्भवत्पुरुगुरुगरिमगिरिद्रोणीः प्रतिध्वनयत्तत्परम्परया च सर्वमपि तथा रणयत्त्रिलोकीलोकमपि तत्कौतुकालोकनायाकर्षति स्म ॥६१॥

"तथा च सति तत्तदनुभूय भूयश्च ताभिरिदं तस्यामेव सभायां वर्णितम्,—
'धृतवनमाल्यवतंसलसद्घनवेशततिर्बलसङ्गी ।
गिरितटमनु गोचारणकारणवेणुविनोदनरङ्गी ॥६२॥

वही क्रीडा, यथा—रमणीय तिलक एवं नवीन तुलसीदलों की अधिकता से युक्त वनमाला के द्वारा अत्यन्त शोभित होनेवाले, वेणु के द्वारा विलास करनेवाले श्रीकृष्ण निज अङ्ग की सुगन्ध के अधीन हुए भ्रमरगणों के समान गायन कर रहे हैं ॥५७॥

अनन्तर सारसों से युक्त अयुत (दशहजार) संख्यावाली हंसों की श्रेणी श्रीकृष्ण का अनुगमन करके, श्रीकृष्ण के द्वारा गाई गई वेणु की जो सुमधुर ध्वनि है, उसी में आविष्ट (तदाकार) होती हुई परस्पर घिरकर श्रीकृष्ण के चारों ओर बैठ गई ॥५८॥

उसके बाद श्रीबलरामजी के सहित चारों ओर से सम्पूर्ण मित्रवर्ग के आजाने पर, तत्कालीन मयूरों में श्रेष्ठ मयूर के पंख आदि अनेक प्रकार के वन के भूषणों के द्वारा विस्तारित शोभा से युक्त मनोहर रूप की अतिशय श्रेष्ठता के कारण, एवं प्रशंसनीय माला से विशिष्ट होने के कारण, सुख का विस्तार करनेवाले श्रीकृष्ण का गोचारण सम्बन्धी चरित प्रचार करने योग्य है ॥५९॥

देखो ! किसी पर्वतपर वृक्षों से शून्य भूमिपर विद्यमान पवित्र तृण को जब गोगण चरने लग गया, तब अग्नि के समान दोपहर के सूर्य की तपन के सन्ताप को दूर करने के लिए श्रीकृष्ण वेणु बजाने लगे । और जहाँपर वंशी बज रही थी, वहींपर श्रीकृष्ण की बराबरी के मल्ल के समान मल्लार राग के बल से आकर्षित हुए मेघ, पूर्वोक्त सन्तापों की शीतलता करने के लिए आकाश में उपस्थित हो गये ॥६०॥

और वेणु का जो वाद्य था वह उत्पन्न होता हुआ, बहुत से बड़े बड़े पर्वतों की विशाल गुफाओं को प्रतिध्वनित करता हुआ, एवं उसी प्रतिध्वनि की परम्परा से सम्पूर्ण संसार को उसी प्रकार प्रतिध्वनित करता हुआ, तीनों लोक के लोगों को भी उस कौतुक को देखने के लिए आकर्षित कर रहा था ॥६१॥

ऐसी स्थिति के बाद तत्तद् विषय का अनुभव करके उन सब गोपियों ने पुनः श्रीयशोदाजी की सभा में ही यह वर्णन किया कि—धारण की हुई वनमाला एवं मयूरमुकुट से शोभायमान, वन के वेष की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विश्वं भ्रमयति कर्षति वर्षति मुदमपि घनगणहारी ।
सान्द्रच्छायामनु शीतलतनुरनुसखि सुखसञ्चारी ॥६३॥
कुसुमं वर्षन्निजरुचिवितरणसौहृदमेनमुपास्ते ।
अम्बुधरः स्फुटमुपगन्ता न च किन्तु च्छत्रमिवास्ते ॥६४॥

"ततश्च तत्रातिघने घनच्छाये विहारं विच्छायति स्म । तदेतच्च व्रजराजजायासमाजमनु साधारणसम्प्रधारणतया ताभिर्वर्णितम्; यथा—॥६५॥

'स्वसुतं कलयत केलिकलाबुधमात्मोपक्रमवेणुम् ।
विधिशिवमोहनविविधस्वरमयरागनिवर्तितधेनुम् ॥'इति॥६६॥

"तदनन्तरञ्च प्रायशः काश्चिद्व्रजदेवीर्व्रजादल्पि चापह्नुत्य व्याजं व्यज्य वा तदागमन-वर्त्मनि तदनुवर्तनाय वर्तमानास्तं पश्यन्तीः पुनरपश्यन्तीरिव दूरात् परिहरन्तीरित्थं काश्चिद्दूतिकाः परिहसन्ति,—

'मदान्धे ! राजते पिञ्छी न स पिञ्छी पुरस्तव ।
वेणुध्वानी जगत्प्राणः स जगत्प्राण एष न ॥'इति॥६७॥

श्रेणीवाले, बलदेवजी के संगवाले, पर्वत के तटोंपर गोचारण के कारणरूप वेणु के बजाने में अनुराग रखनेवाले, वेणुध्वनि के द्वारा मेघों को आकर्षित करनेवाले, वृक्षों की घनी छाया में बैठकर शीतल शरीर-वाले, एवं प्रत्येक सखा के प्रति सुख का संचार करनेवाले—श्रीकृष्ण अपनी सुमधुर वेणुध्वनि के द्वारा, सम्पूर्ण विश्व को चंचल बना रहे हैं, सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, तथा हर्ष को भी बरसा रहे हैं ॥६२-६३॥

अपनी श्यामकान्ति के वितरण (दान) करने से मित्रता करनेवाला मेघ, नन्हीं नन्हीं बूँदों को बरसाता हुआ, श्रीकृष्ण की उपासना कर रहा है, किन्तु स्पष्टरूप से उनके निकट नहीं आता हुआ भी ऊपर छत्र सा छाया रहता है ॥६४॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण वहाँपर अत्यन्त घनी घन की छाया में सुख से विहार करते हैं। उसी विहार को श्रीनन्दरानी की सभा में साधारण जनों के समर्थनपूर्वक जताने के लिए गोपियों ने इस प्रकार वर्णित किया है— ॥६५॥

अरी ! मैया यशोदा ! तुम अपने लाला का दर्शन एवं श्रवण तो करो। देखो, वह क्रीडा सम्बन्धी कलाओं में पूर्ण पण्डित है, किसी के द्वारा बिना सीखे स्वयं ही वेणु बजाना आरम्भ कर रहा है, एवं ब्रह्मा, शिव आदि विशिष्ट देवताओं को भी मोहित करनेवाली विविध स्वरमयी राग रागिनी के द्वारा धेनुगण को लौटा रहा है॥६६॥

तदनन्तर प्रायः श्रीराधिका एवं चन्द्रावली आदि कुछ व्रजदेवियाँ व्रज से बाहर निकल कर दिन में छिपकर, कोई बहाना बनाकर, श्रीकृष्ण के आने के मार्ग में उनका अनुसरण करने के लिए खड़ी होकर, श्रीकृष्ण को देखती हुई भी नहीं देखती हुई की तरह, दूर से ही मार्ग को छोड़ देती हैं। कुछ दूतियाँ उनका इस प्रकार परिहास करती हैं—हे मदान्धे ! तेरे सामने यह मयूर विराजमान है, किन्तु मयूरपिच्छधारी श्रीकृष्ण नहीं है। कारण—वेणु बजानेवाले श्रीकृष्ण तो जगत्भर के प्राण हैं, किन्तु यह मयूर तो जगत् का

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीकृष्णश्च छलेन विज्ञापयन्ति; यथा—

'ज्योत्स्नां तनोति ललितां दधते विचित्रां, शाखां दधाति निखिलं जयतीतिभंग्या ।
चन्द्रावलीश्च ललिताश्च विशाखिकाश्च, राधाश्च ताः सखिसदस्यपि सूचयन्ति ॥'६८॥

"तत्र काश्चिद्देव-पूजाव्याजेन दुष्प्रापपुष्पादिकमवचिन्वाना बहलकलहमूलतां प्रयान्ति ॥६९॥

"काश्चित्तु नव्यभव्यगव्यादिकं तदर्थमेवानयन्ति, तथापि नात्मना तस्मिन्नर्पयन्ति । तत एव कृत्रिमदानचत्वरदेशमपदेशमवरुध्य वर्त्म विनिरुध्य पृच्छन्तं तं प्रति क्रयविक्रयिकरीत्यान्यथा ख्यापयन्ति । दिव्यादपि दिव्यमेतद्विज्ञाय यज्ञपत्नीरनु कृतयत्नासु क्रयिकतामाश्रयमाणासु यज्ञभुक्पतिव्रतासु सत्याकृति-कृतिनीवाकपरीपाकमाकलय्य कृत्स्नं वस्नं च सङ्कलय्य विक्रेतव्यमिति ॥७०॥

"तत्र पुष्पावचये प्रणयिना सह वाकोवाक्यम्; यथा—

'का यूयं वनदेवताः कुरुथ किं पुष्पाणि सञ्चिन्महे
किं निर्मास्यथ देवतार्चनमतो यूयं कथं देवताः ? ।

प्राण नहीं है । अथवा यह तो सच्छिद्र बाँसों को बजानेवाला जगत्प्राण (वायु) है, किन्तु जगत् का प्राणप्यारा वह श्रीकृष्ण नहीं है ॥६७॥

और वे ही दूतियाँ छलपूर्वक श्रीकृष्ण को भी जना देती हैं कि—चन्द्रावली आदि सखियाँ इसी वन में छिपी पड़ी हैं । यथा—हे कृष्ण ! चन्द्रिका को फैला रही है, ललितभाव को धारण कर रही है, विचित्र शाखा को पकड़ रही है, सबपर विजय पा रही है । इस प्रकार के इशारे से वे दूतियाँ सखाओं की सभा में भी चन्द्रावली, ललिता, विशाखा एवं राधिका को सूचित कर रही हैं ॥६८॥

वहाँपर कुछ गोपियाँ देवपूजा के बहाने दुष्प्राप्य पुष्प आदि को चुनती हुई बहुत कलह का कारण बन रही हैं ॥६९॥

और कुछ गोपियाँ तो नवीन मनोहर नवनीत आदि पदार्थ श्रीकृष्ण के लिए ही ले आ रही हैं, तो भी स्वयं श्रीकृष्ण के प्रति अर्पण नहीं कर रही हैं । इसीलिए बनावटी दान लेने के चबूतरेपर, अर्थात् दानघाटीपर, बहाना बनाकर, उनके मार्ग को रोककर पूछते हुए श्रीकृष्ण के प्रति वे गोपियाँ क्रय विक्रय करनेवालों की तरह, अपने पदार्थों का मूल्य अधिक बता रही हैं । यथा—हमारा पदार्थ दिव्य से भी दिव्य है, अर्थात् श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ है, यह जानकर यज्ञपत्नियों को लक्ष्यकर जो यत्न कर रही हैं, वे सब देववधू (पक्षे—कृष्णवधू) वाणिज्य का अवलम्बन कर रही हैं । और कह रही हैं कि—हम तो सचाई के लिए अपने द्रव्य की साई या पेशगी के कार्य की मूल्यक्रिया, एवं मूल्य की न्यूनता अधिकता का परिणाम समझ कर, सारे मूल्य को जोड़कर, अपनी वस्तु बेचेंगी अन्यथा नहीं ॥७०॥

वहींपर पुष्प चुनते समय स्नेही श्रीकृष्ण के साथ प्रश्नोत्तरमय वार्तालाप, यथा—श्रीकृष्ण बोले—अरी ! तुम कौन हो ? गोपियाँ—पुष्प चयन कर रही हैं । श्रीकृष्ण—पुष्पों को चुनकर क्या करोगी ? गोपियाँ—देवपूजन करेंगी । श्रीकृष्ण—यदि तुम देवता होकर भी देवपूजन करोगी तो तुम किस प्रकार देवता हो ? गोपियाँ—यह देवपूजन तो हमारा क्रीडामात्र है, किसी फल के लिए नहीं है । श्रीकृष्ण—यदि

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तच्च क्रीडनमेव नः स्फुटमभूदस्माभिरीदृग्विधै-
रैकात्म्यं व इति प्रसह्य विहरन् हारी हरिः पातु वः' ॥७१॥

"कदाचिच्च,—'का यूयं वनदेवताः कुरुथ किं पुष्पाणि गृह्णीमहे
राज्यं नस्त्रिदशैर्विहापितमिदं देव्यो वनस्यात्र काः ? ।
अस्मज्जातिभिरर्पितं यदि तदाप्यस्माकमुच्चैः स्थितिः
स्यादेवं सविवादमङ्गजरणः कृष्णस्य ताभिर्बभौ ॥'७२॥

"कदाचिच्च कस्याश्चिद्दूत्या सह कृष्णस्य वाकोवाक्यम्,—
'इयं का स्त्री स्त्रीत्वं भवति कथमीषत्पदमिदं
किमस्थाने सिद्धं तव वचनमस्थानकमिदम् ।
न काकोरुद्भूतं भवति तदहो काकुरिह का
तदेवं दूतीवाग् जयति हरिणाक्ष्या हरिमनु ॥'७३॥

ऐसी बात है तब तो इसी प्रकार के भाववाले हमारे साथ तुम्हारी एकता स्पष्ट ही सिद्ध हो गई। अर्थात् 'समानशीलव्यसनेषु सख्यं' के अनुसार हमारा तुम्हारा निरपेक्ष क्रीडारूप एकसा व्यवहार होने के कारण, हमारा तुम्हारा एकसा भाव स्पष्ट हो गया। इस प्रकार कहकर हठपूर्वक गोपियों के साथ विहार करने वाले, एवं पुष्पों के हार धारण करनेवाले मनोहर श्रीकृष्ण तुम्हारी रक्षा करें— ॥७१॥

और कदाचित् श्रीकृष्ण उन्हीं से पुनः —तुम कौन हो ? गोपियाँ—हम वनदेवता हैं। श्रीकृष्ण—तुम क्या कर रही हो ? गोपियाँ—पुष्पों को ग्रहण कर रही हैं। श्रीकृष्ण—इस वन का राज्य तो देवताओं ने हमारे लिए दे दिया है, अतः यहाँपर तुम कौनसी वनदेवियाँ हो, अर्थात् तुम्हारा यहाँ क्या अधिकार है ? गोपियाँ—इस वन का राज्य तो हमारी जातिवालों ने हमारे लिए अर्पण किया है। श्रीकृष्ण—यदि ऐसी बात है तब तो हमारी स्थिति सबसे ऊँची है, अर्थात् गोपजाति में हमारी ही प्रधानता है, अतः इस वनपर हमारा ही अधिकार समुचित है। इस प्रकार विवाद करते करते गोपियों के साथ श्रीकृष्ण का कामयुद्ध शोभा पाने लगा ॥७२॥

और किसी दिन किसी प्रेयसी की दूती के साथ श्रीकृष्ण की उक्ति प्रत्युक्ति, यथा— श्रीकृष्ण— 'इयं का' अर्थात् यह स्त्री कौन है ? उत्तर—'स्त्री' है। श्रीकृष्ण—'का स्त्री' इन दोनों शब्दों को मिलाकर छलपूर्वक—तुम्हारा स्त्रीत्व कैसे सिद्ध होगा ? क्योंकि व्याकरण में ईषद् (थोड़े) अर्थ में 'किम्' शब्द के स्थान में 'का' आदेश होता है। इसलिए 'का स्त्री' शब्द का अर्थ 'ईषत् स्त्री' अथवा 'अल्प स्त्री' इस प्रकार समझ कर श्रीकृष्ण पुनः 'किम्' शब्द के स्थान में यह 'ईषत्' पद सिद्ध हो गया। दूती—'पद' शब्द का स्थान अर्थ समझ कर—तुम्हारा यह वचन 'अस्थानक' है अर्थात् इस स्थानपर उपयुक्त नहीं है, अथवा इस वचन का इस स्थानपर अवकाश नहीं है। श्रीकृष्ण—तुम्हारा 'का' पद 'कु' पद से उत्पन्न नहीं है। दूती—'काकु' शब्द का भय अर्थ मान करके—अहो ! आश्चर्य ! श्यामसुन्दर ! यहाँपर भय कौनसा है ? अतएव इस प्रकार हरिणलोचना राधिका की दूती की वाणी श्रीकृष्ण को लक्ष्य करके विजय को पा रही है, अर्थात् उत्कर्ष को प्राप्तकर रही है ॥७३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ गव्यविक्रय-व्याजतः क्रीडाविवादो यथा—

'का यूयं किल गव्यविक्रयिकिका लक्ष्मीमतीत्य स्थिति
प्राप्तानां न तदस्ति सम्भवपदं युष्माकमासां क्वचित् ।
मूल्यं तामतिपत्य तस्य विदितं तस्मान्न तद्दूषणं
दानं तर्हि ममापि तद्वदमितं दत्ताथ घट्टेशितुः ॥'७४॥

"अथ सखीन् प्रति श्रीकृष्णस्यादेशः,—

'गृह्णीध्वं पूर्वमासां फलमतुलबलाद् घट्टचर्याविघट्टं
कर्त्रीणां तस्य चान्ते वितनुत परितो रोधनं बोधनं च ।
बुध्येरन् यद्यमूर्न स्फुटतरमटवीकारया धारयिष्या-
म्येताः किंवा हरिष्ये स्वयमथ पिहिताः सम्यगन्विष्य नीवीः ॥'७५॥

"तदेवमुदित्वा मुदित्वा च तत्तदाचरितवति तस्मिन् कथञ्चिद्गृहमागत्य गत्यन्तरेण सखीषु तत् प्रख्यापयन्तीभिरिदमपि गीतम्,—

'तं शृणु मद्विधमोहनकरणम् ।
ध्वजवज्त्रांकुशकुशलपदार्पणभूरुहपुनरंकुरणम् ॥ध्रुवम्॥

दानलीला— अनन्तर दूध, दही आदि गव्यवस्तु बेचने के बहाने से क्रीडामय विवाद, यथा— श्रीकृष्ण—अरी ! तुम कौन हो ? गोपियाँ—अजी ! हम तो दूध दही बेचनेवाली हैं। श्रीकृष्ण—ये तुम सब तो लक्ष्मी को अतिक्रमण करके सर्वोच्च स्थिति को प्राप्तकर चुकी हो, इसलिए तुम सबके सम्बन्ध में वह दूध दही बेचना आदि कार्य कहीं भी सम्भावना का स्थान नहीं है। गोपियाँ—हम सबने लक्ष्मी को अतिक्रमण करके ही उस दूध दही का मूल्य जान लिया है। अर्थात् हमारे दूध दही का मूल्य आज लक्ष्मी से भी अधिक है। अतः व्रज में उसका क्रय विक्रय आदि दूषण नहीं, अपितु हमारा भूषण है। श्रीकृष्ण— यदि तुम व्यवसायिनी हो तो मैं भी घट्टपाल (घटवारिया) हूँ, मेरे काम में भी उसी प्रकार दोष की सम्भावना नहीं है; इस कारण मेरे लिए अमित दान दीजिये ॥७४॥

अब सखाओं के प्रति श्रीकृष्ण का आदेश, यथा—हे सखाओ ! देखो, मैं इनका घटवारिया हूँ, अतः मेरे लिए कर अवश्य देना चाहिये। किन्तु आज ये सब यदि कर नहीं देना चाहें तो, तुम सब घाट की परिपाटी को तोड़नेवाली इन ग्वालिनियों के पहले तो अतुल बलपूर्वक फल को, अर्थात् अधिक लाभ को छीन लो। उसके बाद इन सबको चारों ओर से रोक लो, एवं 'श्रीकृष्ण यहाँ के घटवारिया हैं' इस बात को भली प्रकार समझा दो। यदि ये तुम्हारे समझानेपर भी सुस्पष्ट न समझ सकेंगी, तब तो मैं स्वयं वनरूप कारागार के द्वारा इन सबको धारण कर लूँगा। अथवा अच्छी तरह टटोल कर छिपाये हुए इनके नीवी को, अर्थात् मूलधन को या कटिवस्त्र के बन्धन को स्वयं हर लूँगा ॥७५॥

अतः इस प्रकार कहकर, हर्षित होकर श्रीकृष्ण के तत्तत् आचरण कर लेनेपर, किसी प्रकार कष्ट से घर आकर, अपनी अपनी सखियों में उस अनुभूत विषय को दूसरी प्रकार से कहती हुईं उन गोपियों ने यह गीत भी गाया था कि—हे सखि ! हमजैसे जनों को मोहित करने के लिए, असाधारण कारणस्वरूप श्रीकृष्ण का चरित्र सुन। देख ! ध्वजा, वज्र, अंकुश आदि चिह्नों से युक्त एवं शुभप्रद अपने पदार्पण के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) - Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गजगति विहरति गायति नृत्यति वादयते च स वंशम् ।
अस्मत्पद्धतिमावृणुतेऽपि च नाथति घट्टगमंशम् ॥'७६॥

"तदेवं नौकया रमणमप्यवगमनीयम् । "यदा हि क्वचिदभ्रूश्रमूरुदृशस्तदीयसौन्दर्यसारावलोकनकुतुकिदृशः समूहव्यूहमाचर्य विहारचर्यया तमुपसद्य च परिहासतः परतश्च रणचर्यामाचरन्ति, तदा चतुराननविमोहनः स च खलु सहचरसहस्रविस्रम्भमहकरः सहचरतया सर्वतः पर्वतनिर्झरानेकीभावेनावर्ज्य स्फुटमर्ज्यमानसुखतया मध्ये तासां वामतायुजां मोहनाय कूलमुद्रुजां दुर्ध्यानकारणां दुर्निवारणां सरिद्वरां प्रवर्तयति । प्रवर्त्य च पुरुषद्वयद्वयसीयमिति व्यवसीयमानतया तस्यां नाव्यतया भाव्यायां बहुलपलाशदलमयीं महातरणिं सरणिमनु सखिभिरखिलमणिः प्रणीय कर्णधारायमाणस्ताभिरातरवितरविस्तारादिकातराभिः प्रणयमयनयतया प्रणीतकलहं बहुलविलासं निचुलितालङ्कारकलनाय कलयति ॥७७॥

"तदपि गीतं यथा—'सरितं नावं रचयति च द्रुतमस्माकं पथि तस्याम् ।
आरोहयते पारयितुं नः स्पृशति मिषादपि यस्याम् ॥'७८॥

द्वारा तृण आदि को पुनः अंकुरित कर रहे हैं, और वे गज की सी चाल से विहार कर रहे हैं, एवं गायन कर रहे हैं, नृत्य कर रहे हैं, तथा वंशी भी बजा रहे हैं। और हमारे मार्ग को रोक लेते हैं एवं जबरदस्ती घाट का कर माँगते हैं ॥७६॥

नौकालीला—इसी प्रकार नौकालीला भी जानने योग्य है, यथा—जिस समय कहींपर ये मृगनयनी गोपियाँ श्रीकृष्ण के सौन्दर्यसार के दर्शनार्थ कौतुकपूर्ण नेत्रोंवाली होकर, सखीसमूह से व्यूह की सी रचना करके, विहारचर्यापूर्वक श्रीकृष्ण के पास जाकर, पश्चात् परिहासपूर्वक क्रीडायुद्ध करने लग जाती हैं, उस समय ब्रह्मा को भी मोहित करनेवाले श्रीकृष्ण हजारों सखाओं के सहित केलिकलह करते हुए, एकसाथ मिलकर पर्वत के झरनों को एकभाव से, अर्थात् एकधारा बनाकर, एवं स्पष्ट प्राप्त होते हुए सुख के भावपूर्वक, कुटिलता से युक्त उन गोपियों को मोहित करने के लिए, किनारे को तोड़नेवाली चिन्तातीत कारणवाली कष्ट से भी अनिवार्य, ऐसी एक श्रेष्ठ नदी मार्ग में प्रवर्तित कर देते हैं। और प्रवर्तित करते ही 'यह नदी दो पुरुषों के, अर्थात् सात हाथ के परिमाण की गहरी है' इस प्रकार निश्चयपूर्वक नौका के द्वारा तरने योग्य विचारी गई उस नदी में, बहुत से पलाश (ढाक) के पत्रों से बनी हुई विशाल नौका को सखाओं के सहित पहुँचा कर, पश्चात् गोपियों के मार्ग को लक्ष्यकर, कर्णधार (मल्लाह) का सा व्यवहार करते हुए अखिलमणि श्रीकृष्ण, नौका की उतराई देने के विस्तार आदि में कातर होनेवाली उन गोपियों के साथ, प्रेममयी नीतिपूर्वक कलह एवं विविध विलास करते करते पहने हुए वस्त्र एवं आभूषणों को लेने के लिए उद्यत हो जाते हैं ॥७७॥

नौकालीलामय गीत, यथा—अरी ! सखियो ! उस श्याम की ढिठाई कहाँतक कहें ? देखो, हमारे मार्ग में शीघ्र ही तो नवीन नदी का निर्माण कर देते हैं, तथा नौका भी बना लेते हैं, और हम सबको पार करने के लिए उस नौकापर चढ़ा भी लेते हैं, जिसमें कि बीच बीच में किसी बहाने से हमारा स्पर्श भी कर लेते हैं ॥७८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ताभिरेवात्र श्लोकितं यथा—

'आरोहाय विधाय संस्तवमिलत्पर्यक्स्तवं तद्वचः-
साहाय्यं विरचय्य नः सखि ! नदीमध्यं यदा जग्मिवान् ।
वृण्वन् दुर्वितरं तदातरपणं विष्कभ्य नौकां न कां
चक्रे वक्रकलाकलापकलनां चक्राङ्कपाणिः स तु ॥'७९॥

"तदेवं साक्षात्कृतमनोरथततिः समभीप्सितगृहगतिः सखिभिश्चरितजल्पः पुनः स्नानादिरचिताकल्पस्तत्रैव च कुत्रचन तटिनीतटे कदापि यमुनानिकटे पयःपायनाय सङ्कुटितां गोघटां घटयन् क्रमशश्च गणनया गणशः प्रकटयंस्तन्मननचरितार्थतया जगौ ॥८०॥

"तच्च ताभिरनुपठितं यथा,—

'मणिमालाकृतगोगणगणनापूरणमनु सानन्दम् ।
प्रणयितरांसगभुजमुद्गानं हृतहरिणीकममन्दम् ॥
कृष्णं कलयत मोहनमन्त्रगमेणीमेणीनयनाम् ।
न यदि तदा कथमुभयव्यक्तिं वीक्षे तदपृथगयनाम् ॥'इति॥८१॥

उस नौकालीला की प्रशंसा गोपियों ने घर में भी की है, यथा—हे सखि ! देख, हम सबको नौका में चढ़ाने के लिए परिचय से मिलते हुए, एवं चारों ओर स्तुति से भरे हुए मीठे वचन बनाकर, एवं 'मैं तुमको नदी के पार उतार दूंगा' ऐसे वचन की सहायता की रचना करके, हमको नौका में चढ़ाकर जब नदी के बीच में आ गये, तब कष्ट से देने योग्य नौका की उतराई माँगते हुए, चक्र के चिह्न से युक्त करवाले श्रीकृष्ण ने नौका को रोककर, कौन कौन सी वक्र कलासमूह की रचना नहीं की ? अपितु सब प्रकार की कुटिलता की ॥७९॥

इस प्रकार वन में भी अपने मनोरथसमूह को प्रत्यक्ष करनेवाले, पुनः घर में जाने की अभिलाषा करनेवाले, मार्ग में मित्रों से वार्तालाप करनेवाले, अपने घर में जाकर पुनः स्नानादि द्वारा वेषरचना करनेवाले श्रीकृष्ण, वहींपर किसी नदी के तटपर, और कभी यमुना के निकट जलपान कराने के लिए, एकत्रित की हुई गोश्रेणी को संघटित करते हुए, क्रमशः गिनती करके, दलरूप से प्रगट करते हुए, उस अपूर्व गोगण की शोभा के मनन से चरितार्थ होकर गाना गाने लगे ॥८०॥

उस पूर्वोक्त गायन का अनुगान सभा में स्थित गोपियों ने भी किया, यथा—अरी सखियो ! मोहन-मन्त्र का गायन करनेवाले श्रीकृष्ण का दर्शन करो । देखो ! मणिमाला के द्वारा की गई अपने गोगण की गणना की पूर्ति को लक्ष्य करके आनन्द के सहित विराजमान हैं, अत्यन्त स्नेही सखा के कन्धेपर अपनी भुजा को धरे हुए हैं, उच्चस्वर से गायन कर रहे हैं, उसी गायन के द्वारा अधिक मात्रा में हरिणियों को आकर्षित कर रहे हैं । और श्रीकृष्ण के निकट आई हुई मृगी को एवं मृगलोचना इस रमणीमणि को भी देख लो । यदि कहो कि—हमें तो मृगलोचना नहीं दिखाई देती, तो मैं दो व्यक्तियों को कैसे देख रही हूँ ? क्योंकि उस रमणी की श्रीकृष्ण से पृथक् गति ही नहीं है ॥८१॥

CC-0. Swami Atulananda Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्चेतस्ततः सखिभिरखिलैः प्रणीतानीतामन्दमकरन्द-सुन्दर-कुन्ददामभिर्मुकुन्दः कृतालंकृतिर्यथा विजहार, श्रेणीकृतगोसमाहृतिर्यथा चाससार, तथा वर्णितम्, किन्तु तद्विलम्बतः कातर्यपर्याकुलायाः श्रीव्रजेश्वर्याः सभागततया स्वभावगोपनया ॥८२॥

"तथा हि—'आगतमिव हरिमचिरम् ।
कलयत सुहृदां दयया यदसौ नगमपि दध्रे सुचिरम् ॥ध्रुवम्॥
कुन्दस्रगवितकौतुकवेशं गोगोपैर्विहरन्तम् ।
मृदुमृदुमरुदनुवीजितमनुलवमखिलमनांसि हरन्तम् ॥
सुरवन्दिभिरभिवन्दितमवहिततत्कृतनर्तनवाद्यम् ।
मुनिसमुदयनुतिगुणितं गुणितानिपुणं जगदभिवाद्यम् ॥
अथ गोधनगणमनु सममनुगैस्तद्वर्णितगरिमाणम् ।
श्रमकान्तिभिरपि सुखकारिणमितवेणुकलावरिमाणम् ॥
खुररेणुप्लुतमाल्यमनोहरमीषद्घूर्णितनयनम् ।
एतं पश्यत निजजनमानदमीप्सितगव्यानयनम् ॥
कुण्डललक्ष्मीभृतपाण्डुद्युतिगण्डं गजपतिखेलम् ।
क्षणदापतिवत् प्रमुदितमुदितं प्रागधि-सन्ध्यावेलम् ॥'इति॥८३॥

उसके बाद समस्त सखाओं के द्वारा इधर उधर से बनाकर लाई हुई, उत्कृष्ट मकरन्द से सुन्दर कुन्द की मालाओं के द्वारा अलंकृत होकर, श्रीकृष्ण ने जिस प्रकार विहार किया एवं श्रेणीबद्ध गोगण को एकत्रित करके वे जिस प्रकार घर में आये, गोपियों ने उस विषय का उसी प्रकार वर्णन तो किया, किन्तु श्रीकृष्ण के आगमन के विलम्ब के कारण, कातरता से व्याकुल हुई श्रीव्रजेश्वरी के सभा में जाने के हेतु, अपने भाव को छिपाकर ही किया ॥८२॥

उस विषय का वर्णन, यथा—अरी सखियो ! शीघ्र ही आते हुए से श्रीकृष्ण का दर्शन करो। क्योंकि इन्होंने अपने बन्धुओंपर दया करके बहुत समयतक गोवर्धन पर्वत को भी धारण किया था। और देखो ! कुन्द की मालाओं के द्वारा श्रीकृष्ण का लीलावेश सुरक्षित है, वे गो एवं गोपों के साथ विहार करते आ रहे हैं। मन्द मन्द वायु के द्वारा उनका अनुवीजन हो रहा है, एवं वे प्रतिक्षण सबके मन का अपहरण कर रहे हैं। देवरूप वन्दियों के द्वारा उनकी वन्दना की गई है, देवताओं के द्वारा किये गये नृत्यवाद्य में वे सावधान हैं। मुनिसमुदाय के द्वारा उनकी स्तुति का अभ्यास किया गया है, गुणियों के भाव में वे स्वयं निपुण हैं, तथा जगद् वन्दनीय हैं। पश्चात् गोधनसमुदाय के निकट सभी सखाओं ने एक-साथ उनका गौरव वर्णित किया है, वनभ्रमण से उत्पन्न हुए परिश्रम की शोभाओं के द्वारा भी सबके सुखकारी हैं, एवं वेणुवादन की कला की श्रेष्ठता को प्राप्तकर चुके हैं। और गोगण के खुरों से उठी हुई व्रजरज से व्याप्त माला के द्वारा भी कितने मनोहर हैं, एवं दोनों नेत्रों को थोड़े थोड़े घुमा रहे हैं, निजजनों को मान देनेवाले हैं, तथा सायंकाल में व्रज में गोगण को लौटाकर लाना ही जिनका अभिलषित है, एवं-गुणविशिष्ट श्रीकृष्ण का दर्शन करो। और जिनके दोनों कपोलोंपर कनक कुण्डलों की शोभा से भरी हुई पाण्डु छवि छा रही है, गजेन्द्र के समान क्रीडा करते हुए मन्द मन्द चल रहे हैं, तथा सन्ध्या के समय

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ वैष्णवं वाराहमपि पुराणं प्रमाणमनुसृत्य गत्यन्तरं प्रत्याययिष्यामः ॥८४॥

"एवं समयनसमयानवलोकतः समयाकरणाय तद्वर्णनावगाहरोचनासु कर्णजाहविलोचनासु चेतसि रचिततदीयशोचनः श्रीकमललोचनः समागम्य यथायथमवितथरम्य-सुखधारया सर्वं सुखाकुर्वन्नपि तासां विरहदहनज्वालाविशेषावशेष-सन्तप्तभंगुरापाङ्गपत्रिसपत्राकृतस्तदप-सारणाय मुरलीकलीकलया गोधनालय-गोवर्धनाचलयोरन्तराले ता एवानन्यगतितया सङ्कलय्य निर्वृतिं परिकलय्य च वसन्तसन्ततरासाय युक्तिमुक्ति-विषयां संवलय्य तासामाशासानाना-माशां ददमानः स्वव्रजतः प्रगर्जदरिष्टकृतारिष्टकष्टतः प्रकटमाक्रुष्टं श्रुतवान् । श्रुतमात्रे च तत्र निजनिजवर्त्मना ताभिः सह सहसा व्रजमावव्राज । तदनन्तरन्तु वृत्तं पूर्वमेव वृत्तमस्ति ॥८५

तत्रेमां गाथां प्रथयन्ति,—

'गतस्य रासविक्रीडामागतस्य वृषासुरम् ।
देवैर्न दृष्टः कृष्णस्य सम्भ्रमः किमुत श्रमः ?' ॥८६॥

पूर्वदिशा में उदित होनेवाले पूर्ण चन्द्रमा की तरह विशेष हर्षित हैं। ऐसे नन्दलाल की नेक झाँकी तो कर लो ॥८३॥

अब विष्णुपुराण एवं वराहपुराण को भी प्रमाणरूप से अनुसरण करके वासन्तिकरास के लिए दूसरे प्रकार का बोध करायेंगे ॥८४॥

इस प्रकार श्रीकृष्ण के मिलन के समय को न देखने के कारण, समय बिताने के लिए पूर्वोक्त वर्णनरूप सरोवर में गोता लगाने की रुचिवालीं, कर्णपर्यन्त विशालनेत्रोंवालीं गोपियाँ जब श्रीनन्दरानी की सभा में विद्यमान थीं, तब कमलनयन श्रीकृष्ण अपने मन में उन्हीं का शोक करके शीघ्र ही वहाँपर आकर, सत्य एवं रमणीय सुखमयी धारा के द्वारा सभीजनों को यथायोग्य सुखी करते हुए भी, उन गोपियों के विरहरूप अग्नि की ज्वालाविशेष के बचे हुए अंश से सन्तप्त कुटिल कटाक्षरूप बाणों के द्वारा अत्यन्त विद्ध होकर, उस वेध की व्यथा को दूर करने के लिए, मुरली की सुमधुर ध्वनि की कला के द्वारा, गोष्ठ एवं गोवर्धन पर्वत के बीच में अनन्यगति होने के कारण, उन गोपियों को ही अपने निकट एकत्रित कर, सुख को प्राप्तकर, वसन्त में निरन्तर रासलीला के लिए बनाई हुई युक्ति को "वसन्तकाल में निरन्तर रास करना चाहिये" इस प्रकार की उक्ति के विषय से जुटाकर, पश्चात् आशा करनेवाली गोपियों की आशा का दान करते हुए, अपने व्रज की ओर से विशेष गर्जना करनेवाले, अरिष्टासुर के द्वारा किये गये अनिष्ट-रूप कष्ट से प्रगट हुए रोने के एवं बुलाने के शब्द को सुनने लग गये। उस शब्द के सुनते ही अपने अपने मार्ग से गोपियों के सहित झटपट व्रज में चले आये। आने के बाद का अरिष्टासुर वधरूप वृत्तान्त तो पहले ही बीत चुका है ॥८५॥

अरिष्ट वध के प्रसङ्ग में विज्ञजन इस गाथा को प्रकाशित करते हैं, यथा—वसन्तकालीन रासलीला में गये हुए एवं उसी बीच में वृषासुर के निकट आये हुए, श्रीकृष्ण के वेग की शीघ्रता को ही जब देवताओं ने नहीं देखा, तब उनका परिश्रम नहीं देखा। इस विषय में तो कहना ही क्या है ? ॥८६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यदा खलु रिष्टः सोऽयमरिष्टस्तदापि तदरिणा हरिणा निजाविष्टता नापकृष्टा। वीर्यस्य बहुविकीर्यमाणतामवाप्तस्य पर्याप्तविषयतां सोऽयमनासीदन् दितिसूनुरासीदिति ॥८७॥

"अनपकृष्टायाश्च तस्यां स रङ्गभूभागस्तत्सङ्गमतः सागस्क इव पार्ष्णिप्रहाराल्लम्भित-विदरतया विभागमागमितः। य एव विभागस्तीर्थतां समर्थयन्निखिलपुरुषार्थं प्रत्यव्यर्थता-मासासाद ॥८८॥

"यत्र च श्रीहरिरयं स्वयमखिलैः सखिभिर्मज्जन् सज्जनानामाचारं प्रचारयामास। पातालान्महातीर्थमिदं समुत्थितमितीत्थं व्यज्य निमज्ज्य समुन्मज्ज्य बहु विसर्ज्य च सर्वव्रज-जनतया जनितशर्मा गीतरिपुविजयकर्मा व्रजमेवावव्राज ॥८९॥

"आव्रज्य च श्रीव्रजराजादीन् प्रणय-विनयाभ्यां सुसभाज्य विश्रमणव्याजतः शय्यागृह-मासज्य सङ्केतितवेणुसंक्वणितेन परमानुरागसागरः सर्वतः श्रेयसीरमूः प्रेयसीः पूर्वकृतव्रज-व्रजबाह्यविभागमध्यां मह्यां सङ्कलय्य केनाप्यव्यज्यतया पुनरपि रासायासादितवान् ॥९०॥

और जब वह अरिष्टासुर मारा गया तब भी उसके वैरी श्रीकृष्ण ने अपने आवेश को दूर नहीं किया। क्योंकि वह दैत्य बहुत से फैलाव को प्राप्त हुए श्रीकृष्ण के पराक्रम के परिपूर्ण स्थल को प्राप्त नहीं कर सका, अर्थात् वह दैत्य श्रीकृष्ण के पूरे पराक्रम के दिखाने का पर्याप्त स्थान नहीं था, अतः श्रीकृष्ण का आवेश दूर न हुआ ॥८७॥

अतः उस आविष्टता के दूर न होनेपर वह युद्धस्थल उस दैत्य के सङ्ग से मानो अपराधयुक्त हो गया था, अतः श्रीकृष्ण ने अपनी एड़ी के प्रहार से विदीर्णता को प्राप्त होने के कारण वह विभाग को प्राप्त कर दिया। श्रीकृष्ण की एड़ी से फटा हुआ वह भूमि का विभाग, अपनी तीर्थता (पवित्रता) का समर्थन करता हुआ, धर्मार्थ-काम-मोक्षरूप समस्त पुरुषार्थ देने के प्रति सार्थकता को प्राप्त हो गया। इसी स्थान का नाम श्रीकृष्णकुण्ड या श्यामकुण्ड हो गया ॥८८॥

और जिस कृष्णकुण्ड में सभी सखाओं के सहित स्वयं स्नान करते हुए, इन श्रीकृष्ण ने सज्जनों के (पवित्र तीर्थ में स्नान करना मानवमात्र का कर्तव्य है) इस प्रकार के आचार का प्रचार कर दिया। पश्चात् यह महातीर्थ पाताल से प्रगट हुआ है, इस प्रकार उसके स्वरूप को प्रकाशित कर, उसमें गोता लगाकर, उससे अच्छी प्रकार बाहर आकर, बहुत सा दान देकर, पश्चात् व्रज की सारी जनता के द्वारा जिनका सुख उत्पन्न किया है, एवं शत्रुविजयरूप कर्म का गायन किया गया है, वे श्रीकृष्ण व्रज को ही चले आये ॥८९॥

और आते ही श्रीव्रजराज आदि वृद्धपुरुषों को प्रेम एवं विनय के द्वारा सम्मानित कर, विश्राम करने के बहाने अपने शयनभवन में आकर, परम अनुराग के सागर श्रीकृष्ण ने पहले स्वयं आगमनपूर्वक, व्रज से बाहरी विभागवाली भूमि में, संकेतविशिष्ट वेणु की ध्वनि के द्वारा, सर्वापेक्षा श्रेयसी (श्रेष्ठ) उन प्रियतमा गोपियों को एकत्रित कर, किसी को भी प्रतीत न होनेवाले प्रकार से फिर भी रासलीला के लिए प्राप्त कर लिया ॥९०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च— राधयास्वादिता यासीन्माधुरी माधवाधरे ।
सैवानुभूता मुरलीकलीखुरलिकामनु ॥९१॥

"तत्रैव च— अभिसारे चलचेला, व्रजतन्वीनां ततौ रुरुचे ।
अपि किं विजयपताका, दधिरेऽनङ्गस्य सङ्गतिं पुरतः ॥९२॥

"यत्र च पथि प्रथमलब्धनिर्गमया परमरमया निखिलकलिताराधया राधया सममेकान्तः कान्तस्य नर्म महदेव शर्म पुपोष ॥९३॥

"यदा हि चिन्तासन्तापतान्तस्वान्ता सा कान्ता तादृशविपत्तिमुत्तीर्णं तं कान्तं रहः संहितवती, तदा लज्जामर्यादामप्यसज्जन्ती परिष्वज्य व्यज्यमानस्तम्भमुखसात्त्विकसम्भवा चिरं विचाररहिततामाचरति स्म ॥९४॥

"स च तथैव तामनुचरति स्म ॥९५॥

"ततश्च सखीभिः कथञ्चन सान्त्वितयोः कान्तयोः कान्तस्तु स्वनिर्मितं तत्कुण्डं तासां दृष्टिकिर्मीरितं निर्मिमाणः सनर्म कान्तां व्याजहार,—॥९६॥

'पश्य पश्य, मम कमलाकरोऽयं सागर इव गिरिराजमासज्य कमलोद्भवं भासयिता; सुधाकर इवैकदेशस्थित्यापि निजरुचिभिः कुमुदवनं विकासयिता; दम्भोलिपाणिरिव

और वहाँपर श्रीकृष्ण के अधर में श्रीराधिका ने जिस माधुरी का आस्वादन किया था, वह माधुरी मुरली की सुमधुर ध्वनि के अभ्यास में अनुभूत होती थी ॥९१॥

और उसी स्थानपर अभिसार के समय चञ्चल वस्त्रोंवाली व्रजाङ्गनाओं की श्रेणी शोभा पा रही थी । उनको देखकर यह मालूम पड़ता था कि, मानो कामदेव की विजय पताकाएँ ही आगे की ओर सुन्दर चाल को धारण कर रही हैं क्या ? ॥९२॥

और जिस अभिसार के मार्ग में सबसे पहले निकलने का अवसर पानेवाली, परम लक्ष्मीस्वरूपा सभी के द्वारा आराधित श्रीमती राधिका के साथ, एकान्त के कारण प्रियतम श्रीकृष्ण का जो परिहास हुआ, उसने महान् सुख को पुष्ट कर दिया ॥९३॥

और चिन्तारूप सन्ताप से ग्लानि को प्राप्त हुए हृदयवाली वह कृष्णकान्ता राधिका अरिष्टासुर के साथ युद्धरूप विपत्ति से उत्तीर्ण हुए उन प्रियतम श्रीकृष्ण से जब मिल गईं, तब लज्जा की मर्यादा को भी त्यागती हुईं, प्रियतम का आलिङ्गन करके प्रकाशित होते हुए, स्तम्भ स्वेद आदि सात्त्विकभावों की उत्पत्ति से युक्त होकर, बहुत देरतक विचार से रहित जन का सा आचरण करने लगीं ॥९४॥

श्रीकृष्ण भी उसी प्रकार प्रेमविवश होकर राधिका का अनुकरण या अनुगमन करने लगे ॥९५॥

तदनन्तर सखियों के द्वारा किसी प्रकार प्रिया-प्रीतम के सान्त्वित होनेपर, प्रियतम श्रीकृष्ण तो अपने द्वारा बनाये हुए उस श्यामकुण्ड को, उन सखियों के दृष्टिगोचर करते हुए परिहासपूर्वक प्रियाजी से बोले— ॥९६॥

हे प्रिये ! देखो, देखो । श्यामकुण्ड नामक यह हमारा सरोवर सागर की तरह श्रीगिरिराज का संयोग पाकर (सागरपक्षे—मन्दराचल का संयोग पाकर) अनेक प्रकार के कमलों की उत्पत्ति को,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सदम्भोलितया विलासी; अम्भोजजनिरिव भुवनविसर्जनेन प्रभासी; त्रिपुरजिष्णुरिव सहसागर-मानशमनः; श्रीमान् विष्णुरिव परमहंसचक्राश्रयताकमनः; श्रीराम इव रोहिणी-सुखसञ्चारी; किं बहुना, श्रीरामानुज इव च शिष्टकष्टप्रद-पापारिष्टहारी। तदेतन्मया खलु कृतसुकृतप्रसरं सर इदमचिरं विरचय्य चरितार्थता लब्धा, भवत्या तु नेदृशनैपुण्यं पुण्यं कृतमिति गुण्यनु-गुणता कथमाप्स्यते ? ॥'९७॥

"अथ तस्याः सवयसस्त्विदं परिहसन्ति स्म,—'न वयं वृषघ्नतानिघ्नतया विघ्न-मवाप्ताः, येन प्रायश्चित्तत इव लोकस्य प्रायश्चित्तमाराधयामः ॥'९८॥

"कृष्णः सहासमाह स्म,—'न खल्वसौ वृषः, किन्तु वृषविरोधी वृषतामिषवानसुरः। तस्मात्तत्पक्षपातितया भवतीनामेव वृषघ्नता पर्यवस्यतीति भवतीनामेव निष्कृतिः कृतिविषय-तामर्हति। 'तत्र च 'प्रजाकृतं राजनि' इति राजनीतिन्यायेन भवदीयराजायमानायामस्यामेव सा जायमाना स्यादित्यसावेव तत्र प्रधानतयाऽवधीयते ॥'९९॥

पक्षे—कमला (लक्ष्मी) की उत्पत्ति को प्रकाशित करनेवाला है। एवं चन्द्रमा की तरह एक स्थान में स्थित होकर भी, अपनी कान्तिश्रेणी द्वारा 'कौ' (पृथिवी में) 'मुदां अवनं' (हर्षों की रक्षा को) चन्द्रपक्षे—कुमुदवन को विकसित करनेवाला है। तथा वज्रपाणि इन्द्र की तरह (सत्) उत्तम, (अम्भः) जल, (अलि) भ्रमर आदि से युक्त होकर, पक्षे—वज्र से युक्त होकर विलास कर रहा है। और कमल से उत्पन्न होनेवाले ब्रह्मा, जैसे अनेक भुवनों की सृष्टि करके शोभायमान हैं, उसी तरह यह कुण्ड भी भुवन, अर्थात् जल की सृष्टि करके विराजमान है। और त्रिपुरासुरपर विजय पानेवाले शङ्कर जैसे सहसा (एकाएक) गर (जहर) का मान शमन करनेवाले हैं, उसी प्रकार यह सरोवर भी अपनी विशालता एवं पवित्रता के कारण, सागर का मान खण्डन करनेवाला है। और श्रीमान् विष्णु जैसे परमहंस, अर्थात् जीवन्मुक्त महात्माओं के समूह के आश्रय से सुन्दर हैं, उसी प्रकार यह कुण्ड भी राजहंस चक्रवाक आदि पक्षियों का आश्रयस्वरूप होने से मनोहर है। और श्रीबलरामजी जैसे अपनी माता रोहिणी का सुख सञ्चार करनेवाले हैं, उसी प्रकार यह श्यामकुण्ड भी रोहिणी, अर्थात् धेनुमात्र के सुख का सञ्चारक है। और अधिक क्या कहूँ ? देखो, श्रीबलरामजी का छोटा भाई मैं, जैसे शिष्टजन–कष्टदायक–पापी अरिष्टासुर का विनाशक हूँ, उसी प्रकार यह कुण्ड भी शिष्टजनों को कष्टप्रद पापरूप दुःख को दूर करनेवाला है। इसलिए मैंने तो सुकृत का विस्तार करनेवाले इस सरोवर की शीघ्र ही रचना करके कृतार्थता प्राप्तकर ली। किन्तु प्रिये ! तुमने तो ऐसी निपुणता से युक्त कोई पुण्य किया नहीं, अतः गुणियों के बीच में किस प्रकार गणना प्राप्त करोगी ? ॥९७॥

अनन्तर श्रीराधिका की समवयस्क सखियाँ तो इस प्रकार परिहास करने लगीं कि—हम सब वृष को मारने की सी अधीनता से विघ्न को प्राप्त नहीं हुई हैं, जिससे कि प्रायश्चित्त के कारण की तरह प्रायः लोगों का मनोरञ्जन करें। तात्पर्य—बैल को मारकर तुमने ही पाप कमाया है, अतः तुम्हीं प्रायश्चित्त करने के अधिकारी हो, हम सब नहीं ॥९८॥

श्रीकृष्ण हास्यपूर्वक बोले—यह निश्चय ही वृष, अर्थात् धर्म या बैल नहीं था, किन्तु बैल का सा बहाना बनानेवाला यह असुर तो धर्म का एवं गोसमूह का विरोधी था। अतः उसकी पक्षपातिनी होने के कारण धर्मनाशकता तुम्हारे सम्बन्ध में ही पर्यवसान पाती है, अर्थात् पापी का पक्ष लेने से यह पाप तुम्हारे ऊपर ही लगता है। इसलिए प्रायश्चित्त करना तुम्हारा ही कर्तव्य है। और उसमें भी "प्रजा का किया

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"सख्य ऊचुः,—'भवतु, तथापि यथाकथमपि भवत्प्रसङ्गत एव सङ्गतः खल्वयं दोष इति तन्मोषकृते भवत्कृतमेवानुकर्तव्यम् ॥१००॥

'यां खलु भवन्मङ्गलतः सरसीभूतायाः सवयसः सरसी भविता, सा पुनरमरतरङ्गिणीव कृष्णाङ्गरागविलासिनी; अमृतनिधिप्रियावलिरिव बहुलताराङ्कताभासिनी; सुत्रामगृहनेत्री-वोपेन्द्रदेवरतामोदातिरेकिणी; सावित्रीमुखविचित्रश्रुतिरिव नालीकिनी; उमामूर्तिरिव गिरिराजादुद्भवधात्री; मामूर्तिरिव हरि-हृदि विलासपात्री; रामशक्तिरिव गाम्भीर्यतः प्रलम्ब-मानमदमज्जनी; किं बहुना,, राधेव राधान्तिमपूर्णविधोर्वशतासज्जनी' इति ॥१०१॥

"अथ सतृष्णः श्रीकृष्णस्तु राधा-चिबुकं करेणादरेण दराप्युन्नम्य स्मितरम्यमिदमाह स्म,—

'तद्वक्त्रं यदि को विधुः स्मितकला सा चेत् प्रभा निष्प्रभा-
स्ते दन्ता यदि भानि धिग् यदि च ते नेत्रे चकोरैरलम् ।

हुआ पाप राजा के ऊपर चढ़ता है" इस प्रकार की राजनीति के न्याय से तुम्हारी राजास्वरूप इस राधिका के ऊपर ही वह वृषघ्नता उत्पन्न हो जायगी। इस कारण उस प्रायश्चित्त करने के विषय में यह राधिका ही प्रधानरूप से निश्चित होती है, अर्थात् इसको ही प्रायश्चित्त करना चाहिये ॥९९॥

सखियाँ बोलीं—अच्छा, जो हो। तथापि यह दोष निश्चितरूप से यथाकथंचित् आपके सम्बन्ध से ही प्राप्त हुआ है। अतः उस दोष को दूर करने के लिए हमको भी आपके किये हुए कार्य का ही अनुकरण करना चाहिये ॥१००॥

और देखो, श्यामसुन्दर! आपके मङ्गल के लिए सरसता को प्राप्त होनेवाली हमारी समवयस्क सखी राधिका की जो सरसी (राधाकुण्ड नामक सरोवर) होगी, वह निश्चय ही श्रीगङ्गाजी की तरह, श्रीकृष्ण के अङ्गराग से विलास करनेवाली होगी। गङ्गापक्षे—श्यामवर्ण के अङ्गराग, किंवा श्रीयमुनाजी के अङ्गसम्बन्धी अनुराग से विलासिनी होगी। और चन्द्रमा की प्रियाश्रेणी जिस प्रकार बहुत से तारारूप अङ्गों के द्वारा विराजमान है, उसी प्रकार वह सरसी भी बहुत लोगों को तारनेंवाले अङ्ग से युक्त होकर विराजमान होगी। और इन्द्र की पत्नी शची जिस प्रकार वामनरूप देवर के भाव के कारण अतिशय हर्षयुक्त है, उसी प्रकार वह सरसी भी उपेन्द्रदेव (श्रीकृष्ण) के रत (रमण अर्थात् स्नान) से अतिशय आमोद (आकर्षक सुगन्ध) वाली हो जायगी। और गायत्री आदि विचित्र श्रुति (वेद) जैसे "न अलीकिनी" अर्थात् मिथ्या कहनेवाली नहीं हैं, उसी प्रकार वह सरसी भी 'नालीकिनी', अर्थात् कमलों से युक्त होगी। और पार्वती की मूर्ति (शरीर) जैसे गिरिराज (हिमालय) से उत्पत्ति को धारण करनेवाली है, उसी तरह वह सरसी भी श्रीगोवर्धन से उत्पत्ति धारण करनेवाली होगी। और श्रीलक्ष्मी की मूर्ति जैसे श्रीनारायण के वक्षःस्थलपर विलास की पात्र है, उसी प्रकार वह सरसी आपके हृदय में विलास की पात्र होगी। और श्रीबलरामजी की शक्ति जैसे गम्भीरता के कारण प्रलम्बासुर के मान एवं मद को नष्ट करने वाली है, उसी तरह वह सरसी भी गम्भीरता के कारण अपनी थाह पानेवाले की विशेष लम्बाई के मान मद को डुबानेवाली होगी। और अधिक क्या कहें? देखो, विशाखानक्षत्र जैसे वैशाख के अन्तिम पूर्ण-चन्द्रमा को अपने वश में कर लेता है, उसी प्रकार वह सरसी भी राधिका के निकटस्थित पूर्णचन्द्र जो श्रीकृष्ण हैं उनको भी अपने वश में करनेवाली होगी ॥१०१॥

अनन्तर श्रीराधिका को प्रसन्न रखने की लालसा से युक्त, श्रीकृष्ण तो श्रीराधिका की ठोड़ी को आदरपूर्वक अपने हाथ से थोड़ी सी ऊँची करके, मन्दमुसकान से सुन्दरतापूर्वक यह वचन बोले—पूर्णचन्द्र

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इत्थं सर्वजनादसौ सहगणं स्वं प्रत्यवज्ञा-वच-
स्त्वत्प्राशस्त्यमयं निशम्य हृदये राधे ! मुहुर्म्लायति ॥'१०२॥

"अथ पुरतश्चलित्वा क्रमतः सर्वपथीनाभिः सर्वाध्वनीनाभिः सर्वाङ्गीणकम्पाभिः सर्वाभिर्मिलित्वा विधु-विधूततमसि यामिन्यां सपर्वतः पर्वतराजमनु ऋतुराजविराजमानकाननगतं सर्वतोऽप्यधिकविलासवितनं रासमुल्लासयामास ॥१०३॥

"तत्र देवीनां वाणी,—

'इयं विद्युदिदं शक्र-धनुः सोऽयं नवाम्बुदः ।
शश्वद्घनरसं वर्षन्नमूः कर्षति चातकीः ॥'१०४॥

"तत्र वयःसौभाग्यं यथा—

कान्तिः कान्तिसमूहजातघनजिल्लावण्यमौक्तिघन-
प्रोद्यन्मौक्तिकजेतृरूपवरिमा विश्वादिकृन्मोहनः ।
एवञ्चेदजितस्य सार्वदिकता कैशोरके वा तदा
पूर्णे कः कवितामियान्नवनवास्तत्रापि यत्र श्रियः ॥१०५॥

से भी विशिष्ट राधिका का मुख यदि उदित हो जाता है तो फिर उसके सामने चन्द्रमा कौन है ? और राधिका के मुख की वह मन्दहासकला यदि उदित हो जाती है तो चन्द्रमा की प्रभा फीकी पड़ जाती है, एव राधिका की वह दन्तपंक्ति यदि उदित हो जाती है तो नक्षत्रों को धिक्कार है, तथा राधिका के वे विचित्र नेत्र यदि उदित हो जाते हैं तो फिर चकोरों की कोई आवश्यकता नहीं। इस प्रकार चन्द्रमा, सभी जनों से अपने परिकर के सहित, अपने प्रति तुम्हारी प्रशंसामय अवज्ञा के वचन को सुनकर, अपने हृदय में वारम्बार हर्षरहित हो जाता है ॥१०२॥

अनन्तर आगे की ओर चलकर क्रम क्रम से सभी मार्गों को व्याप्त करनेवालीं, सभी मार्गों में विशेष चलनेवालीं, सर्वाङ्गव्यापी कम्पवालीं सभी गोपियों से मिलकर, श्रीकृष्ण ने चन्द्रमा के द्वारा जिसका अन्धकार दूर कर दिया, ऐसी रात्रि में श्रीगोवर्धन के निकट, वसन्तऋतु से विराजमान वन में, सब रासों की अपेक्षा अधिक विलासों से विस्तृत, रासलीला को महोत्सवपूर्वक उल्लसित कर दिया ॥१०३॥

वहाँपर देवाङ्गनाओं की वाणी, यथा—यह बिजली, यह इन्द्रधनुष्, यह वही नवीनमेघ निरन्तर जल बरसाता हुआ, इन चातकियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहाँपर श्रीकृष्ण का पीताम्बर विद्युत् है, उनका भ्रूयुगल ही इन्द्रधनुष है, स्वयं ही नवमेघ हैं, तालल्यपूर्वक निरन्तर का गाना ही जल है, एव गोपियाँ ही चातकी हैं, ऐसा जानना चाहिये ॥१०४॥

उस समय की अवस्था का सौभाग्य, यथा—श्रीकृष्ण की कान्ति शोभा के समूह से उत्पन्न हुए दिव्य मेघ को भी जीतनेवाली है, उनका लावण्य भी इसी प्रकार के मेघ में प्रकाशित होते हुए मोतियों की शोभा पर भी विजय पानेवाला है, एवं रूप की श्रेष्ठता विश्व के आदिकर्ता ब्रह्मा को भी मोहित करनेवाली है। यदि श्रीकृष्ण की अल्पकिशोर अवस्था में इस प्रकार की नित्यकान्ति है, तब उस किशोरावस्था के पूर्ण होनेपर उसका यथार्थरूपेण कौन वर्णन कर सकता है ? और जिस पूर्ण किशोरावस्था में नित्य नई नई शोभाएँ उत्पन्न होती हैं, उसके विषय में तो फिर कहना ही क्या है ? ॥१०५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यथा च पुरस्त्रीजनोदितमनुमोदितं श्रीबादरायणिना, (भा० १०।४४।१४)—
'गोप्यस्तपः किमचरन् यदमुष्य रूपं, लावण्यसारमसमोर्ध्वमनन्यसिद्धम् ।
दृग्भिः पिबन्त्यनुसवाभिनवं दुरापम्-एकान्तधाम यशसः श्रिय ऐश्वरस्य ॥'इति॥१०६॥

"कान्तीनां मथनाद्भवन्तु जलदाः केचित् कदाचित् क्वचि-
त्तेऽप्युच्चैर्विलसन्ति तर्हि तडितः क्रीडन्ति चेत्तादृशाः ।
इत्थं कृष्णघने तडित्तुलनया ता वर्णयन् श्रीशुक-
स्तासामव्यभिचारिशोभयितृतां व्यानञ्ज पश्य स्फुटम् ॥१०७॥

"तथा च तेन तद्वर्णनम्, (भा० १०।३३।८)—
'पादन्यासैर्भुजविधुतिभिः सस्मितैर्भ्रूविलासै-
र्भज्यन्मध्यैश्चलकुचपटैः कुण्डलैर्गण्डलोलैः ।
स्विद्यन्मुख्यः कबररशनाग्रन्थयः कृष्ण-वध्वो
गायन्त्यस्तं तडित इव ता मेघ-चक्रे विरेजुः ॥'इति॥१०८॥

कंस की रङ्गभूमि में बैठी हुई मथुरा की स्त्रियों के कथन का श्रीशुकदेवजी ने भी अनुमोदन किया है, यथा—सखि ! पता नहीं, गोपियों ने कौन सा तप किया था ? जो कि अपने नेत्ररूप पानपात्रों से इनकी रूपमाधुरी का नित्य निरन्तर पान करती रहती हैं। इनका रूप लावण्य का सार है, अतुलनीय है, सर्वोत्कृष्ट है, वस्त्र भूषणों की अपेक्षा न करके स्वयंसिद्ध है, अथवा इनसे दूसरे जन में ऐसा रूप सिद्ध नहीं हो सकता; यह रूप प्रतिक्षण नवीन होता जाता है, अतः नित्य नूतन है। सर्वसाधारण के लिए इसका दर्शन भी दुर्लभ है। और यह रूप सम्पूर्ण यश, सौन्दर्य, ऐश्वर्य का एकान्त स्थानस्वरूप है ॥१०६॥

श्रीकृष्ण की कान्तियों का मन्थन करके यदि कदाचित् कुछ मेघ कहींपर उत्पन्न हो जायँ, और वे मेघ भी यदि अधिक विलास करें, और गोपियों की कान्ति को मथकर वैसी ही स्थिर बिजलियाँ यदि उन मेघों के साथ क्रीडा करें, तब गोपी-कृष्ण की उपमा बने। अतः इस प्रकार कृष्णरूप मेघ में विद्युत् की तुलना करके, उन गोपियों का वर्णन करते हुए, श्रीशुकदेवजी ने श्रीकृष्ण में उन गोपियों के नित्य शोभा करनेवाले भाव को स्पष्ट प्रकाशित कर दिया है। उसको देख लो ॥१०७॥

श्रीशुकदेवजी के द्वारा जो वर्णन हुआ वह इस प्रकार है—हे परीक्षित् ! नृत्य के समय गोपियाँ तरह तरह से ठुमक ठुमक कर अपने पाँव धरती थीं, कभी अपने हाथ उठाकर भाव बतातीं, तो कभी बड़े कलापूर्ण ढङ्ग से मुसकरातीं तथा कभी भौं मटकाती थीं, नाचते नाचते उनकी पतली कमर ऐसे लचक जाती थी, मानो टूट गई हो। उनके स्तन हिल रहे थे, तथा वस्त्र उड़े जा रहे थे। कानों के कुण्डल हिल हिलकर कपोलोंपर आ जाते थे। उनके मुखोंपर पसीने की बूंदें झलक रही थीं, केशों की चोटियाँ एवं नीवी की गाँठें ढीली पड़ गई थीं। इस प्रकार कृष्णप्रियतमा वे गोपियाँ उनके साथ गा गाकर नाच रही थीं। उस समय ऐसा जान पड़ता था मानो बहुत से श्रीकृष्ण तो साँवले साँवले मेघमण्डल हैं, और उनके बीच बीच में चमकती हुई गोरी गोपियाँ बिजली हैं। उनकी शोभा असीम थी। यहाँपर वृष्टि के स्थानपर स्वेदबिन्दु, एवं मेघ की गर्जना के स्थानपर सङ्गीत जानना चाहिये ॥१०८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तत्र च सम्प्रति यथा—

प्रतिक्षणममी गुणा हरिरमासु वृद्धिं गता
दिनं दिनमिति ब्रुवे किमिह सर्वदैवं स्थिते ।
नवे वयसि किन्तरामिह च तत्र वा किन्तमा-
मरिष्टशमनान्तनिश्यजनि यत्र सा चर्चरी ॥१०९॥

"रासोत्सवोऽयमपि यथा—

यदा पूर्वं वृत्तः शरदमनु रासः किल तदा, बभूवाद्यारम्भाद्विजमपि वाद्यादि सचिवम् ।
यदान्ये तत्पश्चाद्व्यरचिषत ते तर्ह्यखिलजि-,न्महासङ्गीतार्हं व्यरचि हरिराधादिभिरदः ॥११०
उपर्युडुगणः क्षितौ सुरभिचित्रपुष्पावलि-, स्तथा तदनु चन्द्रिका विविधरत्नलक्ष्मीरिह ।
स तत्र शशलाञ्छनो विमलवक्त्रसङ्घा इत-, स्तदेवमुभयोः स्थितिर्गगनरासरङ्गश्रियोः ॥१११॥

दिव्याः काननवीथयः क्षितिधनं गोवर्धनक्ष्मौणिभृ-
न्नानारत्नविलासिरासवलयं शुभ्रांशुशुभ्रा निशा ।
लक्ष्मीवन्दितलक्ष्मयोषिदुपमाचारूपमापुंलस-
ल्लास्यं राधिकयाधिकं निखिलकं तत् केन किं वर्ण्यताम् ? ॥११२॥

और उसमें भी इस समय जो विशेषता दीखती है वह, यथा—श्रीहरिप्रिया इन गोपियों में ये 'पादन्यास' आदि गुण प्रत्येक दिन में, एवं प्रतिक्षण में वृद्धि को प्राप्त हो गये। इस विषय में मैं क्या कहूँ ? क्योंकि सदैव बाल्य, पौगण्ड आदि में भी नवीन अवस्था रहनेपर, इस नवीन किशोरावस्था में पुनः क्या वर्णन हो सकता है ? और उसमें भी इस पूर्ण किशोरावस्था में कितनी विशेषता होगी, इसका वर्णन पुनः कैसे हो सकता है ? क्योंकि जिस समय अरिष्टासुर का नाश होनेवाली रात्रि में तो, वह गुणों की वृद्धि नाचने गाने की तरह हुई थी ॥१०९॥

यह वसन्तकालिक रासोत्सव का वर्णन, यथा— पहले शरदृतु में जब रासोत्सव हुआ था, तब तो प्राथमिक आरम्भ के कारण, स्वर्गीय वाद्य आदि भी सहायक हो गये थे। किन्तु उसके पश्चात् श्रीकृष्ण ने अन्य जितने भी रास रचे, तब श्रीकृष्ण एवं राधा प्रभृति गोपियों ने ही सबपर विजय पानेवाले महा-सङ्गीत के योग्य ये वाद्य आदि रचे थे ॥११०॥

रास के समय की शोभा, यथा—ऊपर तारागण था, एवं भूमिपर सुगन्धमय विचित्र पुष्पावली सुशोभित थी, तथा आकाश में चाँदनी छिटक रही थी, एवं भूतलपर अनेक रत्नों की शोभा थी, आकाश में वह अकेला चन्द्रमा था, तो इधर भूमिपर निर्मल मुखसमूहों का प्रकाश था, इस प्रकार 'आकाश एवं रास की रङ्गभूमि की शोभा' इन दोनों ही की स्थिति विचित्र थी ॥१११॥

दिव्य वन की पंक्तियाँ, भूमि का धनस्वरूप श्रीगोवर्धन पर्वत, अनेक प्रकार के रत्नों से शोभायमान रासमण्डल, पूर्णचन्द्र की चन्द्रिका से शुक्लवर्ण की रात्रि, एवं लक्ष्मी के द्वारा वन्दित चिह्नों से युक्त गोपीरूप स्त्रियों के द्वारा तथा उपमा के भी सुन्दर उपमारूप श्रीकृष्णरूप पुरुष के द्वारा शोभायमान नृत्य, और उसमें भी सम्पूर्ण साजबाज श्रीमती राधिका के द्वारा और अधिक सुशोभित था। अतः उस समस्त विषय का कौन कवि यथार्थ वर्णन कर सकता है ? ॥११२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यतः, ज्योत्स्नी सा दिद्युते सेव स रङ्गः स्वतुलाधृतः ।
सुदृशोऽमूरमूदृश्यः कृष्णः स्वोपम एव सः ॥११३॥
सौन्दर्यमिव सादृगुण्यं सर्वोर्ध्वं यत्र दीव्यति ।
सादृगुण्यमिव सौन्दर्यं राधिका साखिलाधिका ॥११४॥

"स एष एव महारासरसः किञ्चदागमकृता चावगमितः,—

'वसन्तकुसुमामोदसुरभीकृतदिङ्मुखे ।
गोवर्धनगिरौ रम्ये स्थितं रासरसोत्सुकम् ॥'इति ॥११५॥

"अथ तद्वसन्तरासविलासरजन्याः प्रातरेव सखीभिरगण्याभिः कृताराधया तदीय-साहायकसम्बाधया श्रीराधया स्वकरकमलकलिते ललिते सर्वसुखं वलयितुमुल्लले तस्मिन् पल्वले तयोः कान्तयोरलमेव सुखपरिमलः समुल्लास ॥११६॥

"तथा हि— कदाचित् कुण्डस्याम्भसि विहरते कर्ह्यपि बहिः
कदाप्यन्तः कुञ्जे क्वचनसमये रासवलये ।
समं राधादेव्या हरिरखिलसख्यालिसुखदः
पुरा तत्तन्नित्यं स्मरयति मनो नः स्वमभितः ॥११७॥

कारण चन्द्रिका से युक्त वह रासवाली चाँदनी रात्रि उसी रात्रि के समान शोभित थी, वह रास का रङ्गस्थल भी अपनी उपमा से ही पुष्ट था, अर्थात् निरुपम था। वे सुनयना गोपियाँ भी उन्हीं के समान थीं, अर्थात् निरुपम थीं। और वे श्रीकृष्ण भी अपनी उपमा से ही उपमित थे, अर्थात् उपमारहित थे। अतः अनन्वयालङ्कार परिपूर्ण उस सारे समाज को कौन प्राकृत कवि किस प्रकार वर्णन कर सकता है ? यह भावार्थ है ॥११३॥

और जिन श्रीराधिका में सौन्दर्य की तरह सद्गुणों का समूह सबसे ऊँचा विराजमान है, एवं जिनमें सद्गुणों के समूह की तरह स्वाभाविक सौन्दर्य विराजमान है, वे श्रीमती राधिका तो उस रासमण्डल में सबकी अपेक्षा अधिक थीं ॥११४॥

इस पूर्वोक्त वासन्तिक महारासरस को तन्त्रशास्त्रकार ने स्तोत्र आदि के द्वारा किंचिद् विज्ञापित किया है, यथा—वसन्तऋतु के पुष्पों की मनोहर गन्ध ने जहाँपर दिशाओं के मुखों को सुगन्धित कर दिया है, ऐसे परम रमणीय श्रीगोवर्धन पर्वत में श्रीकृष्ण रासरस के उत्सुक होकर स्थित रहे ॥११५॥

अनन्तर उस वसन्तकाल के रासविलासवाली रात्रि के प्रातःकाल ही, अगणित सखियों के द्वारा जिनकी आराधना की गई है, एवं उन्हीं की सहायता से जो जकड़ी हुई हैं, अर्थात् भरी हुई हैं ऐसी श्रीराधिका के निज करकमलों के द्वारा निर्मित, एवं सब प्रकार के सुख को उत्पन्न करने के लिए, लहराते हुए (राधाकुण्ड नामक) उस मनोहर सरोवर में, उन दोनों प्रिया-प्रीतम का अत्यन्त ही सुखरूप परिमल (मनोहर गन्ध) भली प्रकार उल्लसित हो गया ॥११६॥

देखो ! समस्त सखीश्रेणी के सुखदाता श्रीकृष्ण पहले श्रीराधिकादेवी के साथ, कभी राधाकुण्ड के जल में विहार करते थे, तो कभी बाहर विहार करते थे, एवं कभी कुंज के भीतर विहार करते थे, तो किसी समय रासमण्डल में विहार करते थे। वे ही दयालु श्रीकृष्ण अपनी उन उन नित्य वस्तुओं को चारों ओर से हमारे मन को स्मरण करा रहे हैं ॥११७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"किं बहुना ? तत्रेयमपि पुराणानां गाथा,—

'यथा राधा प्रिया विष्णोस्तस्याः कुण्डं प्रियं तथा ।
सर्वगोपीषु सैवैका विष्णोरत्यन्तवल्लभा ॥'इति॥११८॥

पुनः स्मृतिमभिनीय समापनं पद्यं निजगाद,—

"अन्योन्यं मिलनस्पृहा मिलनमप्यस्याहतिर्दानवाद्-
यस्मात्तद्धतिरात्तनर्ममिलनं कुण्डद्वयस्य क्रिया ।
सर्वासामधिमध्यमुज्ज्वलतया रासान्तरालस्थितिः
श्रीराधाऽजितयोर्मनो मम मनागद्यापि नैवोज्झति ॥"११९॥

इति वैवश्यपारवश्यमासीदन् सीदन्निव मूर्च्छामृच्छन् स्निग्धकण्ठः सर्वानेव च तत्तद्भाव-भावनान् भावयामास ॥१२०॥

"तच्च युक्तम्, यतः,

अतिपूर्वं यदपूर्वं, निजमतिदुर्लभमतीव हृद्यं च ।
वृत्तं तत् प्रतिनवतां, प्रयाति भूयोऽनुभूयमानं च ॥"१२१॥

"तदेतद्वर्णयित्वा स्निग्धकण्ठः समापनमाह स्म,—

"राधे ! त्वद्वल्लभः सत्यं सर्वैरपि सुदुर्लभः ।
सुलभोऽप्यधुना योऽयं भवत्या मन्यतेऽन्यथा ॥"१२२॥

अधिक क्या कहें ? इस विषय में पुराणों की यह गाथा भी प्रसिद्ध है कि, श्रीकृष्ण को राधिका जैसे प्रिय लगती हैं, तैसे ही राधिका का कुण्ड भी श्रीकृष्ण को प्रिय लगता है। क्योंकि सब गोपियों के बीच में श्रीकृष्ण को एकमात्र वह राधिका ही अत्यन्त प्रिय लगती हैं ॥११८॥

कथाप्रसङ्ग की समाप्ति को स्मृति में लाकर कथावाचक पुनः एक श्लोक बोला—श्रीराधिका एवं श्रीकृष्ण की सर्वप्रथम परस्पर मिलन की इच्छा, उसके बाद मिलन, पश्चात् जिस दैत्य के कारण इस मिलन का विछोह हुआ, उस अरिष्ट दैत्य का मारना, पश्चात् परिहास ग्रहणपूर्वक मिलन, उसके पश्चात् कृष्णकुण्ड एवं राधाकुण्ड का निर्माण, उसके बाद सभी गोपियों के बीच में उज्ज्वलतापूर्वक रासमण्डल में स्थिति, ये सब विषय आज भी मेरे मन को किंचिद् भी नहीं त्याग रहे हैं। अर्थात् आज भी मेरे मनोराज्य में साक्षात् से अनुभूत हो रहे हैं ॥११९॥

इस प्रकार कहते कहते विवशता की अधीनता को प्राप्त करता हुआ, एवं शिथिल सा होकर मूर्च्छा को पाता हुआ, स्निग्धकण्ठ सभी श्रोताओं को उसी भाव की भावना से युक्त करने लगा ॥१२०॥

वह उचित ही है क्योंकि जो चरित्र बहुत पहले हो चुका हो, आश्चर्यजनक हो, निजी हो, अत्यन्त दुर्लभ एवं मनोरम हो, वह चरित्र पुनः पुनः अनुभव में लानेपर प्रतिक्षण नवीनता को प्राप्त होता रहता है ॥१२१॥

इतना वर्णन करके स्निग्धकण्ठ समाप्तिद्योतक वचन बोला—हे राधिके ! तुम्हारे प्यारे श्रीकृष्ण सर्वसाधारण के लिए सुदुर्लभ हैं, यह बात सत्य है। किन्तु इस समय तुम्हारे लिए जो सुलभ हो रहे हैं, उन अपने वल्लभ को आप दुर्लभ मान रही हैं ॥१२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"अथ कथञ्चिदपि जातसान्त्वने तन्मनसान्त्वनेकविकारे पारेमनोरथ-पथमखिलशोभा-शुभपथ्य-नेपथ्यसार-तन्यमानदानतस्तौ सूतकुमारावाराधयामासुराशु राधारमणप्रभृतयः कृतसाधारणातिक्रमप्रकृतयः सदः-सदः सदयतया शुभाशीर्भिरभ्युदयमासादयामासुश्च ॥१२३॥

ततश्च पूर्वपूर्ववदेव सर्वे स्वधाम समासन्नाः स्वप्नतश्च तत्तदनुभवन्तश्चरितजागरा इव वासरादिमासादितवन्तः ॥१२४॥

॥ इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु नानारागविचित्रचरित्रचित्रमेकत्रिंशं पूरणम् ॥३१॥

अथ द्वात्रिंशं पूरणम्

(केशिदैत्यवधः)

अथ पुनः प्रातःकथां यथावत् प्रथयिष्यामः । यथा—मधुकण्ठः प्रथमतः कण्ठरवमकृत्वा मनसि निर्णिक्तमिदं विविक्तवान्,—"एतदनन्तरं यद्यपि ये खल्वस्मासु बाल्यादेव स्तुहि-कृष्णतां गतास्तेषां भगवल्लीलासुखवर्षिदेवर्षिवरचरणानां कंसं प्रति शंसनं शंसनीयतामासन्नम् । तथापि भगवल्लीलाधिकृतिमनुवर्तमानानां सर्वदोपाकुर्वाणानां न तूदाकुर्वाणानां तेषां तत्रौ-चितीमप्यनौचितीं चित्तीकुर्वन्त्यविपश्चित इति तथैवैषां परमविपश्चितामपि व्रजवासिनां

अनन्तर किसी प्रकार सान्त्वना हो जाने पर, एवं उन श्रोताओं के मनों के तो अनेक प्रेमविकार हो जानेपर, मनोरथ पथातीत अखिल शोभा द्वारा शुभ एवं हितकर वेषरचना के सारभाग द्वारा विस्तारित दान के द्वारा, अलौकिक स्वभावसम्पन्न श्रीराधारमण आदि श्रोताओं ने उन दोनों सूतकुमारों का शीघ्र ही सम्मान किया, और सभासदों ने भी दयालुतापूर्वक उन दोनों को शुभाशीर्वादों के द्वारा अभ्युदय को प्राप्तकर दिया ॥१२३॥

तदनन्तर सभी सभासद् पहले पहले दिनों की तरह अपने अपने घर पहुँच गये । और उन्होंने स्वप्न से भी उन्हीं लीलाओं का अनुभव करते हुए जागरण करनेवालों की तरह प्रातःकाल को प्राप्तकर लिया ॥१२४॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिविरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये नानारागविचित्रचरित्रचित्रं
एकत्रिंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥३१॥

बत्तीसवाँ पूरण

केशी दैत्य का वध

अनन्तर पुनः प्रातःकाल की कथा को यथाविधि विस्तारित करेंगे, यथा—मधुकण्ठ पहले मौन होकर अपने मन में इस विशुद्ध विषय को विचारने लगा कि, इसके बाद यद्यपि जो हमारे विषय में बाल्यावस्था से ही "श्रीकृष्ण की स्तुति करो" इस प्रकार बारबार कहने के भाव को प्राप्त थे, अतः भगवल्लीला के सुख की वर्षा करनेवाले पूज्यपाद देवर्षिवर्य उन्हीं श्रीनारदजी का कंस के प्रति कुछ कथन कहने की समीपता को प्राप्त हो गया है, तथापि भगवल्लीला के अधिकार का अनुसरण करनेवाले, सर्वदा श्रीहरि की सेवा करनेवाले, अतः हिंसा की सूचना न करनेवाले, श्रीनारदजी के उस कथन में मूर्खजन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

विनिश्चित-निजप्रेमजातीय-लसदद्वितीयसुखप्रकर्षाणां नातिहर्षाय स्यादिति चानिर्णेयवक्तृनाम्ना तदाम्नातव्यम्" इति ॥१॥

अथ सापलापं स्पष्टमभ्याचष्ट,—"श्रीहरिणारिष्टे विद्विष्टे विलष्टेन च कंसेन वर्षं यावन्न कश्चित् प्रस्थापितः, केशी च गच्छन् पुनः स्ववेश्म प्रवेशितः—'वृथा वैरं मा कृथाः' इति ॥२॥

"अथ मुख्यमाघकृष्णैकादश्यां कश्चिद्दिविष्ठः सार्वदिकज्ञानमहिष्ठस्तं प्रति प्रतिकूल एव सन्ननुकूल इव श्रीवसुदेवस्य रहस्यं वृत्तमनुवृत्तश्चकार ॥३॥

येन खलु रामकृष्णावपि वसुदेवसुततयोदायसाताम् । "ततश्च तत्कृतप्रतिरोधाद्धन्तुमशक्यतया वसुदेव-देवक्यौ पुनर्मंक्षु लोहशृङ्खलया कारागारे क्रुद्धेन सता सतां विरुद्धेन तेन निरुद्धे ॥४॥

"निरुध्य चार्वमतिनार्वदानवः समाहूय भूयश्च नियुक्तः । नियुक्तमात्रश्चायं व्रजाय कृतयात्रः प्रातरेव तत्रायातः, व्रजश्चारिष्टवधादधस्तान्नन्दीश्वरगिरिमारभ्य परपरस्तात् कृतवास इति दूरत एव तं लब्धवान् ॥५॥

उचितता को भी अनुचितरूप से अपने चित्त में ग्रहण करते हैं। उसी प्रकार परमविज्ञानी एवं विशेष निश्चित किये हुए प्रेम के समान श्रीकृष्णसम्बन्धी सुख से विराजमान अद्वितीय सुख की अधिकतावाले इन व्रजवासियों के सम्बन्ध में भी नारदजी का कंस के प्रति स्वयं कहना अत्यन्त हर्षप्रद न होगा, इसलिए वक्ता के नाम का निर्णय न करके कंस के प्रति गूढ रहस्य कह देना चाहिये ॥१॥

अनन्तर बात को छिपाता हुआ मधुकण्ठ स्पष्ट बोला—श्रीकृष्ण के द्वारा अरिष्टासुर के मारे जानेपर दुःखित हुए कंस ने एक वर्षतक कोई भी दैत्य श्रीकृष्ण के पास नहीं भेजा। और जाते हुए केशी को भी "वृथा बैर मत करो" यह कहकर पुनः अपने घर में ही प्रविष्ट करा दिया ॥२॥

उसके बाद प्रधान माघ मास के कृष्णपक्ष की एकादशी के दिन तीनों काल के ज्ञान से पूजित किसी स्वर्गीयजन ने, अर्थात् श्रीनारदजी ने ही, कंस के प्रति प्रतिकूल होते हुए भी अनुकूल की तरह, श्रीवसुदेवजी के "श्रीनन्दभवन में दोनों पुत्रों को गुप्तरूप से पहुँचानारूप" रहस्यमय वृत्तान्त को सूचित कर दिया ॥३॥

जिस सूचना के द्वारा श्रीकृष्ण बलदेव भी श्रीवसुदेवजी के पुत्र निश्चितरूप से सूचित हो गये। तदनन्तर वसुदेव देवकी को मारनेपर तुले हुए एवं कुपित हुए सज्जनविरोधी कंस ने स्वर्गीय नारदजी के निषेध करने से, मारना कठिन हो जाने के कारण, पुनः वसुदेव देवकी लोह की साँकल के द्वारा शीघ्र ही कारागार में निरुद्ध कर दिये ॥४॥

और दोनों को निरुद्ध करके मूढमति कंस ने घोड़ारूपी केशीदानव बुलाकर पुनः नियुक्त कर दिया। यह केशी भी नियुक्त होते ही व्रज के लिए यात्रा करके प्रातःकाल ही वहाँपर चला आया और व्रज भी अरिष्टवध के पीछे नन्दीश्वर पर्वत से लेकर परे परे केशी के निवास से युक्त था, अतः दूर से ही केशी उस व्रज को प्राप्त हो गया ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"यत्र च स प्रखरतरखरखुरघृष्टिच्छिन्नक्षोणिपृष्ठतया गोष्ठमागच्छन् सटाघटामुदस्य नभस्यभिभ्रमयन् भ्रेषवशाददभ्रभयादभ्रप्रच्छन्नतया तत्तद्वृत्तमायच्छतां विमानपरिच्छदानां विमानानुच्छादयामास पूर्वपूर्वमानानिव, यत एव निर्जराश्च ते स्फूर्जद्भूर्जस्वलतागर्जनतः सजरा इव जाताः ॥६॥

"ततश्च जङ्घालगतिलङ्घितांघ्रिपः स पुनरखर्वगर्वतः सर्वमेव धुन्वन्नर्वदानवः सिंहसंहतिरिव घर्घरितनिर्घोषमाततान ॥७॥

"आतते च निर्घोषे सम्यगर्गलितमहार्गलावर्गदुर्घट्टविकटकण्टक-कवाट-दुर्घट-निर्गममत्युदग्रं दुर्गायमाण-गरिष्ठगोष्ठविशङ्कट-कुठशाखावृतिसङ्घं सङ्घशः समुल्लङ्घितवत्यः सास्नावत्यः प्लुतगत्या सोद्भ्रमं सपद्यटवीं प्रत्येव च द्रुतं परिद्रुतवत्यः ॥८॥

"तदगणयन्नेव गोष्ठस्योपशल्यं प्रविष्टः परितश्च घोटमानः स देवद्विड्घोटकस्तु तमरिष्टमोटकमेव धोरितरीतिगत्यान्विष्टवान् ॥९॥

"अथ गवां द्रवाच्छोकाविष्टाः प्रष्ठगोष्ठपतिविशिष्टाः सर्व एव गोमिनो लोका निजान्योकांसि झगिति समुज्झन्तस्तदभिमुखमेव परमुन्मुखतया चक्रमुः । "यान् समग्रानप्यतिक्रम्य सम्यग्रभसमग्रत एव गच्छंश्छाताऽसच्छातकर्मा रामावरजन्मा राममप्यतिक्रम्याभ्यमित्रीयतया चित्रीयते स्म ॥१०॥"

और जिस व्रज में उस केशी ने अत्यन्त तीक्ष्ण से भी तीक्ष्ण अपने खुरों की रगड़ के द्वारा, भूतल को छिन्नभिन्न करके खिड़क में आते हुए, एवं अपनी गर्दन की जटाश्रेणी को ऊपर की ओर आकाश में चारों तरफ घुमाते घुमाते, यथोचित स्थान से भ्रष्ट होने के कारण अधिक भय से मेघों में छिपकर, उस केशी के उस उस चरित्र को ग्रहण करनेवाले विमानचारी देवताओं के विमानों को उनके पहले पहले अभिमानों की तरह इधर उधर भगा दिया। जिसके कारण जरा (बुढ़ापा) से रहित वे देवगण भी उस केशी की वज्र की सी तेजस्विनी गर्जना से सजरा (बुढ़ापे के सहित) की तरह हो गये ॥६॥

उसके पश्चात् अतिशय वेगवाली गति से वृक्षों को लाँघनेवाले, घोड़े की सी आकृतिवाले उस केशी दैत्य ने पुनः विशाल गर्व से सभी को कँपाते हुए, सिंहों के समूह की तरह विकट शब्द का विस्तार कर दिया ॥७॥

उस भयङ्कर शब्द के फैल जानेपर सभी गैयाएँ घबराहटपूर्वक, कुदकती हुई चाल से तत्काल वन के प्रति शीघ्र ही दौड़ पड़ीं। अच्छी तरह अड़बंगाओं की तरह लगे हुए बड़े बड़े अड़बंगासमूह से खोलने के अयोग्य, विकट कण्टकयुक्त किवाड़ों के कारण उनका बाहर निकलना कठिन था, एवं अत्यन्त ऊँचे किले की तरह विशाल खिड़क की बड़े बड़े वृक्षों की शाखाओं की जो वाड़श्रेणी थी, गैयाएँ श्रेणीपूर्वक एकसाथ उस वाड़ को भी लाँघ गईं ॥८॥

इस प्रकार के दुर्गम खिड़क को कुछ भी न गिनता हुआ, खिड़क के प्रान्तभाग में प्रविष्ट होकर चारों ओर फेरीलगाता हुआ, देवताओं का द्वेषी एवं अश्व की आकृतिवाला वह केशी, घोड़ों की पहली रीति की चाल से, अरिष्टासुर का मर्दन करनेवाले श्रीकृष्ण को ही ढूँढ़ने लग गया ॥९॥

अनन्तर धेनुओं के दौड़ने के कारण, शोक से आकुल हुए अग्रगण्य श्रीव्रजराज से युक्त सभी गोपगण, शीघ्र ही अपने अपने घरों को त्यागते हुए, ऊपर की ओर मुख करके, केवल केशी के ही सम्मुख चल दिये। और जिनके कर्म असज्जनों के सुख का छेदन करनेवाले हैं, वे ही बलरामजी के छोटे भाई श्रीकृष्ण जिन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततः समग्रव्यग्रतां गता व्रजजनाग्रण्यस्तमभिक्रममाणं प्रत्याचक्षाणास्तदेतदाचक्षत,—
'अयं वाजी वज्रत्तनुरुहततिर्व्रज्रिविजयी, निजध्वानस्फूर्जाद्विजितदिविजप्रोज्झितपथः ।
भवांश्छायाप्रायप्रभवनवतापिञ्छतुलित-, स्ततस्त्वं मा यासीः सपदि पुरतस्तस्य पुरतः ॥'११॥

"तदेवमत्याहिते प्रत्यासन्ने मातरपुत्रयोरपीदं विवदनमासीत्,—
'पुत्र ! क्व गच्छसि हयं कलयामि मातः !, प्रोद्दामदुर्व्यवसितः खलु हन्त सोऽयम् ।
किं नः करिष्यति स वा विगतस्वसादी, त्वं याहि गेहमहमस्मि विचेतनः किम् ?' ॥१२॥

"ततश्च क्षोभात् प्रोद्भावितधाष्टर्या गोष्ठाधीशमपि सेदं निर्दिष्टवती,—
'मया बाल्यान्नैव त्वयि गृहपतावुद्धुरवचः, प्रयुक्तं किन्त्वद्य प्रकटयितुमिष्टं निशमय ।
कथं न त्वं सर्वैः सह सपदि गृह्णासि पृथुकं, कथं वा नान्येऽपि प्रतिहयमयन्ति व्रजपते ! ॥'१३॥

"अनादित एव दितीकृतदितितनुजः श्रीरामानुजस्तु तदेवं वर्ण्यमानमवकर्ण्य विहस्य मातरं विश्वास्य विश्वविश्वासास्पदसुखदस्तं सासूक्षणं क्षणं निरीक्ष्य स्वमुपह्वरमानेतुमाह्वयत ॥१४

सब व्रजवासियों का अतिक्रमण करके, पश्चात् श्रीबलरामजी के भी आगे जाकर, शत्रु के अभिमुख जाकर आश्चर्य प्रकाशित करने लगे ॥१०॥

तदनन्तर सम्पूर्ण व्यग्रता को प्राप्त हुए व्रजजनों के अग्रगण्य मान्यजन, शत्रु की ओर जाते हुए श्रीकृष्ण को निषेध करते हुए, यह बोले कि—हे व्रजजनजीवन ! श्याम ! देखो, यह घोड़ा साधारण नहीं है, इसके रोमसमूह वज्र का सा आचरण कर रहे हैं, यह स्वयं इन्द्रपर विजय पानेवाला है, और यह अपने शब्द के प्रकाश से परास्त हुए देवताओं के मार्ग को भी छुड़ा देता है, और तुम तो प्रायः छाया में ही उत्पन्न होनेवाले नवीन तमालवृक्ष के समान कोमल हो, अतः तुम नन्दग्राम से सहसा उस असुर के सामने मत जाओ ॥११॥

अतएव इस प्रकार का महान् भय पास में उपस्थित होनेपर, माँ यशोदा एवं पुत्र श्रीकृष्ण का भी यह विवाद उपस्थित हुआ—यशोदा—हे पुत्र ! तू कहाँ जा रहा है ? कृष्ण—अरी माँ ! मैं घोड़ा को देख रहा हूँ । पुनः माता—हाय ! बेटा ! देख, इस घोड़े का आन्तरिक विचार या चेष्टा का प्रकार तो बहुत बुरा मालूम पड़ता है । यह निश्चय है । श्रीकृष्ण—अरी माँ ! सवारी से रहित हुआ वह घोड़ा हमारा क्या बिगाड़ करेगा ? अतः मैया तू तो घर को चली जा । क्योंकि मैं हित अनहित के विचार से शून्य कोई अचेतन हूँ क्या ? अतः विचार से ही कार्य करूँगा ॥१२॥

तदनन्तर क्षोभ के कारण धृष्टता को प्रकाशित करती हुई श्रीयशोदाजी, श्रीव्रजराज के प्रति भी यह निर्देश करने लगीं—हे स्वामिन् ! देखो, आप घर के स्वामी हो, अतः मैंने बाल्यकाल से ही आपके प्रति विनयरहित वचन का प्रयोग कभी भी नहीं किया, किन्तु आज तो मैं अपने अभीष्ट को प्रगट करने के लिए, जो कह रही हूँ उसको सुन लीजिये । हे व्रजराज ! तुम स्वयं सभी बन्धुओं के सहित इस छोटे से बालक को झटपट क्यों नहीं पकड़ रहे हो ? और उस घोड़े के प्रति दूसरे जन क्यों नहीं जा रहे हैं ? ॥१३॥

किन्तु श्रीकृष्ण तो अनादिकाल से ही दैत्यों का खण्डन करनेवाले हैं, अतः इस प्रकार के वर्णन को सुनकर, हँसकर माता को विश्वास दिलाकर, विश्वभर के विश्वासास्पद सुख के दाता होकर, क्षणभर अवज्ञापूर्वक उस दैत्य को देखकर, अपने निकट लाने के लिए उसको बुलाने लग गये ॥१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"स च पूतनारिणाहूतस्तत्तेजसाप्यन्तः परिभूतः शूरम्मन्यतया तस्मिन्नधृतः प्रथमतस्ताव-न्निजपराक्रमक्रमणाय क्रमशः प्रत्यग्गत्यनुक्रममन्थरतया विक्रममाणस्तं प्रति सम्प्रति यमुनां यावदवकाशक्षोणीं विश्राणितवान्। दूरतस्तु निजाभिद्रवस्य तेजस्विता भवेदिति क्षोणीं विश्राण्य च कृष्णं निर्धार्यतया निर्धार्य देवार्यर्वा गर्वाद्धर्यक्षलक्षस्येव गर्जितमर्जन्नरिपक्षं तर्जति स्म ॥१५॥

"ततश्च सर्वं युगपदरिरिषतीव चिकरिषतीव जिगरिषतीव च तस्मिंस्तदसहमानः सहसा सिंहनादं बृंहयन् सिंहसंहननः स च कृष्णस्तं धृष्णजमभिसाग्रहमभिग्रहमेव जग्राह। समग्र एव व्रजश्च व्यग्रतया तदनुगतिमिति स्थिते स तु तत् पश्यन्नुत्तेरिताख्यया गत्या तमेव रोषादमन्दमभ्यवचस्कन्द ॥१६॥

"यत्र— व्योम सोऽयमतियन्निराप्लवत्, तत् पिबन्निव मुखं व्यदीदरत्।
एवमंघ्रियुगलेन यद्व्यहं,-स्तच्च तत्प्रतिगतं हरिर्व्यधात् ॥१७॥

"ततश्च, द्रागुच्छलच्चरणपुच्छमतुच्छमेत,-मुच्छूनरोम-ततिगुच्छवदुन्नमय्य।
चिक्षेप चापशतक-क्षितिलक्षिताग्रे, डिण्डीरपिण्डमिव वारिधिभङ्गसङ्घः ॥१८॥

पूतनारि श्रीकृष्ण के द्वारा बुलाया हुआ देववैरी अश्वरूपधारी वह दैत्य उनके तेज से अन्तःकरण में तिरस्कृत होकर भी, वीरमानी होने के कारण, श्रीकृष्ण के निकट कम्पित न होकर, पहले अपने पराक्रम का विस्तार करने के लिए, पीछे की गति की शिथिलता के कारण पादप्रक्षेप करता हुआ, श्रीकृष्ण के प्रति यमुनाजी तक की अवकाशमयी भूमि को दे गया, पश्चात् दूर से ही अपने दौड़ने की तेजस्विता हो सकेगी इसीलिए पृथ्वी को देकर, अर्थात् श्रीकृष्ण के सामने की भूमि को छोड़कर, और श्रीकृष्ण को ही कार्यकर्ता-रूप से निश्चित करके, अहङ्कार से लाखों सिंहों की तरह गर्जना की अर्जना करता हुआ अपने शत्रुपक्ष को फटकारने लगा ॥१५॥

तदनन्तर वह दैत्य जब सबको मानो एकसाथ ही प्राप्त करना चाहता था, फेंकना चाहता था, एवं मानो निगलना ही चाहता था, तब सर्वाङ्गसुन्दर श्रीकृष्ण ने उसकी दुष्टता को न सहते हुए, एवं सहसा सिंह की सी ध्वनि बढ़ाते हुए, उस धृष्ट दैत्य को आग्रहपूर्वक ललकार कर पकड़ लिया, और समस्त व्रज-वासियों ने ही श्रीकृष्ण के पीछे पीछे जाना अङ्गीकार कर लिया। ऐसी स्थिति में वह केशी तो उन व्रजवासियों की चेष्टा को देखता हुआ "वेग से अन्धा होकर न देखता हुआ एवं न किसी की बात को सुनता हुआ" ऐसी उत्तेरित नामक गति (चाल) के द्वारा क्रोध से शीघ्रतापूर्वक श्रीकृष्ण के सम्मुख ही आगया ॥१६॥

आते समय भी वह केशी मानो आकाश को लाँघता हुआ सा कूदता हुआ, एवं मानो आकाश को पीता हुआ सा अपने मुख को फैलाने लगा। और इसी प्रकार अगले दोनों चरणों से जिस आकाश को ताड़ित कर रहा था, श्रीकृष्ण ने उस आकाश को पराङ्मुख कर दिया, अथवा दोनों चरणों द्वारा श्रीकृष्ण की जो ताड़ना करने लगा, वह ताड़ना श्रीकृष्ण ने विमुख कर दी ॥१७॥

और उसके बाद समुद्र का तरङ्गसमूह जैसे फेन के पिण्ड को दूर फेंक देता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण ने शीघ्र ही जिसके पैर एवं पूँछ ऊपर को उछल रहे थे, उस बलिष्ठ केशी को बढ़े हुए रोंगटों के गुच्छे की तरह ऊपर को करके सौ धनुष के परिमाण से लक्षित भूमि के अग्रभाग में फेंक दिया ॥१८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) : Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स लब्धसंज्ञः पुनरुत्थितस्तदा, व्यादाय वक्त्रं तरसापतद्धरिम् ।
सोऽप्यस्य वक्त्रे भुजमुत्तरं हसन्, प्रादान्महादर्दुरकस्य नागवत् ॥१९॥
दिव्याहिवत् कृष्णभुजश्च तद्गला,-वटे स्फुटं वीररसादवर्धत ।
महाविषज्वालहता इवापि तद्,-रदास्तदा पेतुरमुष्य तेजसा ॥२०॥
दन्ता निपेतुः सममिन्द्रियाण्य,-प्युद्भूतिमापुर्वपुराप कम्पम् ।
जरात्र तत्कालमुदित्य मृत्युं, प्रतीक्षमाणा किल वर्तते स्म ॥२१॥
यदास्य कण्ठं रुरुधे स तद्भुज,-स्तदाखिलाङ्गानि विदीर्णतां ययुः ।
तस्यैव शोकादिव तानि यत्परं, तदाश्रयाण्येव भवन्ति सर्वशः ॥२२॥
विशन्तं केशिनः कण्ठं कृष्ण-दोर्दण्डमेव किम् ।
जगत्प्राणाशनं मत्वा तस्य प्राणा विदुद्रुवुः ? ॥२३॥
एकं द्वारं रुद्धमेतद्गलाख्यं, मन्निष्क्रान्तौ तानि भूयांसि कुर्याम् ।
इत्थं किं तत्प्राणवर्गः समन्ता,-च्छिद्राण्याचर्याथ तस्मात् प्रतस्थे ? ॥२४॥
तस्य प्राणे निर्गते देहगेहात्, काष्णों बाहुर्निर्गतः प्राघुणाभः ।
गेहं तच्च स्वामिनं तं विनाभूत्, खण्डं खण्डं दिष्टतः किञ्च नष्टम् ॥२५॥

और वह केशी सचेत होकर जब पुनः उठ खड़ा हुआ, तब मुख फाड़कर वेग से श्रीकृष्ण की ओर दौड़ पड़ा। श्रीकृष्ण ने भी हँसते हँसते विशाल मेढ़क के मुख में सर्प की तरह, उस दैत्य के मुख में अपनी बाईं भुजा को प्रविष्ट कर दिया ॥१९॥

उस समय केशी के मुखरूप गड्ढे में, श्रीकृष्ण की भुजा दिव्य सर्प की तरह स्पष्ट ही वीररस से बढ़ने लगी। और उस भुजा के तेज से उस केशी के सारे दाँत भी मानो महाविष की ज्वाला से ताड़ित हुए की तरह धरती में गिर पड़े ॥२०॥

केशी के दाँत गिर पड़े एवं सारी इन्द्रियाँ भी एकसङ्ग निश्चेष्टता को प्राप्त हो गईं, शरीर काँपने लगा तथा उसके शरीर में बुढ़ापा तत्काल प्रगट होकर, मृत्यु की प्रतीक्षा करने लग गया ॥२१॥

श्रीकृष्ण की उस भुजा ने जब उस केशी के कण्ठ को रोक लिया, तब उसके सारे अङ्ग विदीर्ण हो गये। मानो उस कण्ठ के शोक से ही वे सब अङ्गप्रत्यङ्ग उस कण्ठ की रुकावट के ही अनुगामी हो गये ॥२२॥

उस समय केशी के कण्ठ में प्रविष्ट होते हुए, श्रीकृष्ण के भुजदण्ड को जगत्भर के प्राणनाशक ही मानकर उसके प्राण निकल भागे क्या ? ऐसी उत्प्रेक्षा हो रही थी ॥२३॥

यह कण्ठ नामक एक द्वार तो रुक गया है, अतः मेरे निकलने के निमित्त मैं बहुत से दरवाजे कर लूँ। मानो इस प्रकार विचार कर ही उस केशी का प्राणसमूह चारों ओर छिद्र करके उस देह से चल पड़ा ॥२४॥

केशी के देहरूप घर से उसके प्राण निकल जानेपर श्रीकृष्ण का हाथ (सूने घर से) अतिथि की तरह बाहर निकल पड़ा। उस समय उस केशी के प्राणरूप स्वामी के बिना वह देहरूपी घर खण्ड खण्ड हो गया। और शुभ अदृष्ट से उसका लिङ्गदेह भी नष्ट हो गया या दैवयोग से प्राकृत शरीर अदृश्य हो गया ॥२५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

केशिकण्ठावटात्तेन निरकोषि यदा भुजः । तदा स्वभावमेवाप्तः संहारे दिव्यबाणवत् ॥२६॥
अन्ते मुक्तं तेन गूथमित्युक्तं युक्तमिष्यते । तादृशां मुक्तिकृत् कृष्ण-कृपा या सातियुक्तिका ॥२७॥
द्विधाकृतं केशि-देहं वर्णयन्ति द्विधाकृतम् । जरासन्धनिभं केचित् केचित् कर्कटिकानिभम् ॥२८॥

"तदेवमश्वदैतेये वपुषा लब्धद्वैते स्वरूपेण तु लब्धाद्वैते प्रसन्नसां विकीर्णसुमनसां सुमनसां कृष्णाभिप्रायमभिप्रयतामुक्तिर्यथा—

'आस्यं व्यादाः सपदि निखिलं मद्वपुस्त्वं गरीतुं
तत्राहं तत् परिकलयितुं तद्गले बाहुमाधाम् ।
तेनैवासीर्यदि विगलितप्राणकस्तर्हि तावद्-
गर्विन्नर्वन्नहह सहसा साहसं किं न्वकार्षीः ?' इति ॥२९॥

"अथ व्रजः कलकलशब्दमब्दवत्, सृजन्मुहुर्हरिमचलं मुदावृणोत् ।
स वृष्टिवत् प्रमदजमस्रमस्रव,-ज्झरप्रभं स च तदसूत भूतले ॥३०॥

"अथ सर्वे सतृष्णा मध्यमध्यासितकृष्णाः प्रेमतारतम्यरम्यतया यथास्वमवकाशान्तरान्तर्लब्धान्त-रास्तदन्तव्यन्तरितत्वेऽपि तदनन्तरम्मन्यास्ते धन्यास्तदपरमप्यालिङ्गन्तस्तमेव मन्वाना विकार-वृन्दमविन्दंत ॥३१॥

श्रीकृष्ण ने केशी के कण्ठरूपी गड्ढे से जब अपनी भुजा निकाल ली, तब वह भुजा उपसंहार के समय दिव्य बाण (ब्रह्मास्त्र) की तरह विस्तार को छोड़कर, अपने पहले स्वभाव को प्राप्त हो गई ॥२६॥

अन्त के समय उस केशी ने मल को त्याग दिया, यह बात जो श्रीमद्भागवत में कही है, वह भी उचित ही है। क्योंकि उस प्रकार के पापियों की मुक्ति करनेवाली श्रीकृष्ण की जो कृपा है, वह युक्ति से अतीत है, अर्थात् श्रीकृष्ण की कृपा होनेपर अपवित्रता आदि दोष नहीं रहते, अतः वह सर्वप्रकार के मलों का अपहरण कर लेती हैं ॥२७॥

दो खण्ड किये हुए केशी के देह को विज्ञजन दो प्रकार से वर्णन करते हैं, यथा—कुछ जन तो जरासन्ध की तरह, एवं कोई कोई ककड़ी के फल की तरह, अर्थात् पकी फूट की तरह खिल गया ऐसा कहते हैं ॥२८॥

अतएव इस प्रकार घोड़े की आकृतिवाले केशीदैत्य के शरीर से तो दो भागों में विभक्त हो जाने पर, एवं जीवरूप से श्रीकृष्ण का सायुज्य प्राप्त हो जानेपर, प्रसन्न मनवाले, पुष्पों की वृष्टि करनेवाले, श्रीकृष्ण के अभिप्राय को जाननेवाले देवताओं की उक्ति, यथा—अरे ! दैत्य ! मेरे समस्त शरीर को निगलने के लिए ही तूने तत्काल अपना मुख फैलाया था, मैंने भी उस मुख में निगलने को देखने के लिए तेरे गले में अपनी भुजा अर्पण की थी, यदि उस भुजा के अर्पण मात्र से ही तू प्राणरहित हो गया, तब हे गर्वीले ! घोड़े ! हाय हाय ! सहसा ऐसा साहस क्यों कर बैठा ? ॥२९॥

अनन्तर मेघ की तरह बारम्बार कलकल शब्द करते हुए व्रजवासियों ने, अचल खड़े हुए श्रीकृष्ण को हर्षपूर्वक चारों ओर से घेर लिया। और वह व्रजजनसमुदाय हर्ष से जायमान अश्रुओं को वर्षा की तरह बहाने लगा, पश्चात् वही जनसमूह झरने के समान उस अश्रुप्रवाह को भूमिपर उत्पन्न करने लग गया ॥३०

तदनन्तर वे सभी व्रजवासी अभिलाषा से युक्त होकर, श्रीकृष्ण को अपने बीच में रखकर, प्रेम के तारतम्य की रमणीयता के कारण, यथायोग्य बीच बीच में अवकाश को पाकर, एवं केशी का नाश होने

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ततश्च क्षणकतिपयात् प्रतिगतबहिर्मतितया सहकृष्णाः कृष्णा-घट्टमटित्वा सस्नुः ॥३२॥ यत् खल्वद्यापि केशितीर्थतया तीर्थवर्याः पर्यवयन्ति । यस्य च भास्वत्पुत्र्याः प्रतिलोमगतिं प्रति किञ्चिन्निकटत एव कुठ-कूटघटिततटघट्टान्तरमधिष्ठाय तत्परिश्रमशमनाय विशश्रमुः । द्वितीयघट्टश्चायं चेनघट्ट इति वृद्धैश्चीरघट्ट इति चाधुनिकैरुद्घुष्यते । चेनेति विश्रमसुखस्य हि माथुरभाषा ॥३३॥

"अथ विश्रम्य च कंसभ्रंशनशंसनमिदं केशिध्वंसनमिति रम्यसुखं सम्यगवगम्य द्विगुण-फुल्लमुल्लसन्तस्तन्तन्यमानकीर्तिनर्तित-मुखैर्वन्दिमुखैर्वन्दितमन्तर्विन्दमानं श्रीगोविन्दमावृण्वन्तः श्रीमन्तं व्रजदेवमनु व्रजन्तस्ते व्रजजनाः प्रथमं गोव्रजमयोजयन् ॥३४॥

"हीही-जाते गोदुहां तत्र जाते, कार्ष्णं तत्तु प्रस्फुटं पर्यचायि ।
आसाराणां नर्दिते यद्वदुच्चै,-रम्भोदस्य स्निग्धगम्भीरशब्दः ॥३५॥

"अथ शत्रुं जितवन्तस्ते व्रजयुवराजादि-गोमन्तः प्रतिस्वं गोवृन्दमन्वितवन्तः परं व्रज-राजादय एव व्रजमाव्रजितवन्तः ॥३६॥

"कंसस्तु केशिध्वंसनमपि शृण्वन् व्यग्रमना विव्र इव गृहान्न निःससार ॥"३७॥

पर भी, उसका नाश न मानते हुए, वे धन्य व्रजजन श्रीकृष्ण से भिन्न को आलिङ्गन करते हुए भी, श्रीकृष्ण ही मानते हुए, सात्त्विक विकारसमूह को प्राप्त हो गये ॥३१॥

उसके बाद कुछ क्षणों के अनन्तर उन व्रजवासियों ने बाहरी बुद्धि को प्राप्तकर, श्रीकृष्ण के सहित यमुना के घाटपर जाकर स्नान किया ॥३२॥

जिस घाट को आज भी शास्त्रज्ञ पण्डितजन केशीघाटरूप से जानते हैं । और जिस घाट के निकट ही यमुनाजी की टेढ़ी चाल के प्रति वृक्षसमूह से युक्त दूसरे घाट का आश्रय लेकर, श्रीकृष्ण का परिश्रम दूर करने के लिए सभी ने विश्राम किया । वृद्धजन इस दूसरे घाट को 'चैनघाट' एवं आधुनिकजन 'चीरघाट' ऐसा कहके पुकारते हैं । 'चैन' यह विश्रामवाचक सुख की मथुरामण्डल की भाषा है, इसीलिए वृद्धजन चीरघाट को 'चैनघाट' कहते थे ॥३३॥

तदनन्तर कुछ देर विश्राम लेकर, यह केशी का विनाश कंस के विनाश का ही सूचक है । इसलिए अच्छी प्रकार सुन्दर सुख को जानकर, दुगुनी प्रफुल्लता से उल्लसित होते हुए, एवं अत्यन्त विस्तारित कीर्ति के द्वारा जिनके मुख नाच रहे हैं, ऐसे वन्दी आदि जनों से वन्दित सबके मध्य भाग को प्राप्त हुए श्रीकृष्ण को घेरते हुए, तथा श्रीमान् व्रजराज के निकट जाते हुए वे सब व्रजवासीजन पहले गोगण को नियुक्त करने लग गये ॥३४॥

वहाँपर गोपों के गऊओं को बुलाने के 'ही ही' नामक शब्दसमूह के उत्पन्न होनेपर, श्रीकृष्ण का वह 'ही ही' शब्द तो स्पष्ट ही उस प्रकार सब की पहचान में आता था कि, जिस प्रकार धारासम्पात के शब्द होनेपर भी, मेघ का ऊँचा एवं स्निग्ध गम्भीर शब्द पृथक् पहचान में आता है ॥३५॥

तदनन्तर शत्रु को जीतनेवाले श्रीव्रजराजकुमार आदि वे सब ग्वारिया, प्रत्येक अपनी अपनी गैयाओं के पीछे पीछे चलने लगे । केवल श्रीव्रजराज आदि ही व्रज में चले आये ॥३६॥

कंस तो केशी के विनाश को सुनते हुए भी व्यग्रचित्त होकर, नकटे की तरह लज्जा के मारे घर से बाहर नहीं निकला ॥३७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

अथ समापनम्,— "सोऽयं तव व्रजाधीश ! सुतः सूतमनोरथः ।
केशिनं चात्र यश्चक्रे यमस्य प्रतिवेशिनम् ।।"३८।।

।। इति श्रीश्रीगोपालचम्पूमनु केशिध्वंसनशंसनं नाम द्वात्रिंशं पूरणम् ।।३२।।

अथ त्रयस्त्रिंशं पूरणम्

सर्वमनोरथ-पूरणम्

अथ निशीथिनीकथायां कुण्ठः समुत्कण्ठश्च मधुकण्ठः सगद्गदं जगाद,—"तदेवं रामानुजस्य रमणीनामप्यमूषां दिनं दिनमप्यनुपरमणं रमणमतीव जीवनसमतामवाप । "यत्र समुत्कण्ठाप्यकुण्ठा जाता ।।१।।

यतः, यदपि परस्परमिलनं, हरिगोपीनां चिरान्न विच्छिन्नम् ।
तदपि न तृष्णा शान्ता, स्वाप्निकपाने यथा पिपासूनाम् ।।२।।

"तत्र तु रमणं यथा,—
अन्योऽन्यं रहसि प्रयाति मिलति श्लिष्यत्यलं चुम्बति
क्रीडत्युल्लसति ब्रवीति निदिशत्युद्भूषयत्यन्वहम् ।

अनन्तर प्रसङ्ग समाप्तिद्योतक वचन, यथा—हेव्रजराज ! जिसने यहाँ पर केशी को यमराज का निकटवर्ती बना दिया, वह तुम्हारा पुत्र सभी मनोरथों को उत्पन्न करता हुआ विराजमान है ।।३८।।

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिविरचित-श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी-भाषाटीकासहिते
श्रीगोपालचम्पूकाव्ये केशिविनाशसूचकं नाम
द्वात्रिंशं पूरणं सम्पूर्णम् ।।३२।।

तैंतीसवाँ पूरण

सब के मनोरथों की पूर्ति

इस तैंतीसवें पूरण में श्रीकृष्ण एवं उनके भक्तों के मनोहर मनोरथ की पूर्ति का वर्णन होगा ।।

अनन्तर रात्रि की कथा में असमर्थ एवं अच्छी प्रकार उत्कण्ठित हुआ मधुकण्ठ गद्गद होकर बोला—इस प्रकार श्रीकृष्ण एवं उनकी प्रियतमा गोपियों की प्रतिदिन विरामरहित जो क्रीडा थी, वह अत्यन्त जीवन की समता को प्राप्त हो गई थी और जिस क्रीडा में अच्छी प्रकार की उत्कण्ठा भी असंकुचित हो गई थी ।।१।।

कारण यद्यपि श्रीकृष्ण एवं गोपियों का परस्पर मिलन बहुत समय पर्यन्त विच्छिन्न नहीं हुआ था, तो भी स्वप्नावस्था के जलपान में प्यासे व्यक्तियों की प्यास जैसे शान्त नहीं होती, उसी प्रकार उनके परस्पर मिलन की तृष्णा शान्त न हुई ।।२।।

उस समय वहाँपर क्रीडा, यथा—गोपियाँ एवं श्रीकृष्ण दोनों ही परस्पर एकान्त में जाते हैं, मिलते हैं, आलिङ्गन करते हैं, अत्यन्त चुम्बन करते हैं, क्रीडा करते हैं, उल्लसित होते हैं, प्रेम की बातें करते हैं, "मेरे वेश की रचना करो" परस्पर इस प्रकार की आज्ञा देते हैं, एवं प्रतिदिन बारंबार नई नई वेष रचना

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

गोपीकृष्णयुगं मुहुर्बहुविधं किन्तु स्वयं नोहते
शश्वत् किं नु करोमि किं न्वकरवं कुर्वीय किं वेत्यपि ॥३॥

"उत्कण्ठायान्तु तदेव पद्यं बहुविधमित्यनन्तरमेवं पठनीयम्—

.....किन्त्वेतदेवोहते
तच्चैतन्न हि जागरस्थमपि तु स्वप्नादिचित्तभ्रमः ॥४॥

"किं बहुना ? तदनुभवे च तासां भावनेयम्,—

'उत्पत्तिरक्षणोरभितो न सत्फला, याभ्यां न तस्याद्भुतरूपमीक्षितम् ।
हा कर्णयोरप्यलमर्थदा न सा, याभ्यां श्रुतं नैव हरेः सुभाषितम् ॥५॥
हा चक्षुरादीनि हरेः समागमे, यद्यागमिष्यन् श्रवणादि कर्म च ।
तदाव्रजिष्यन् विषयीणि नाप्यमू,-न्यसूयया धिग् व्यतिदूयमानताम् ॥'इति॥६॥

"कदाचिच्च— साङ्गालिङ्गनलङ्गिमेऽङ्गवलयासङ्गेऽपि शार्ङ्गी तदा
गोपीनां स्फुरति स्म दूरगतया प्रेमापगापूरतः ।
यस्मादुत्कलिकाकलापवलना वृत्तिं बहिर्लुम्पती
स्वप्नायन्ती दिशती सतीमपि दृशि स्फूर्तिं मुहुर्लुम्पति ॥७॥

करते हैं । किन्तु स्वयं इस प्रकार का तर्क वितर्क नहीं करते थे कि—मैं निरन्तर क्या कर रहा हूँ, या कर रही हूँ? क्या कर चुका, या क्या कर चुकी ? अथवा क्या कार्य कर सकूँगा, या कर सकूँगी ? इत्यादि ॥३॥

किन्तु उत्कण्ठा उत्पन्न होनेपर तो पूर्वोक्त श्लोक के तृतीयचरण के 'बहुविध' इस पद के अनन्तर इस प्रकार पढ़ना चाहिये । उसका अर्थ, यथा—किन्तु गोपी-कृष्णरूप युगलजोड़ी यही तर्क वितर्क करती थी कि—यह हमारा एकान्त में जाना मिलना आदि कार्य जागृत अवस्था में नहीं है, किन्तु स्वप्न आदि में होने-वाला चित्त का भ्रम ही है । अतः गमन, मिलन, चुम्बन आदि भी यथार्थ नहीं है ॥४॥

विशेष क्या कहें ? देखो, उन मिलन आदि के साक्षात् अनुभव होनेपर भी, उन गोपियों की प्रेमोन्मादमयी यह भावना थी कि, हाय ! जिन हमारे नेत्रों ने श्रीकृष्ण का वह लोकोत्तर रूप नहीं देखा, उन नेत्रों का जन्म सर्वतोभाव से सुन्दर फलवाला न हो सका । और हमारे जिन दोनों कानों ने श्रीहरि का सुन्दर भाषण नहीं सुना, हाय ! उन दोनों कानों का जन्म भी अत्यन्त अर्थदायक नहीं हुआ ॥५॥

हाय ! श्रीहरि के समागम के समय हमारी चक्षु, कर्ण आदि इन्द्रियाँ यदि श्रवण आदि कर्म को प्राप्त हो जातीं, अर्थात् नेत्र सुनने का कार्य एवं कान देखने का कार्य इत्यादिरूप से यदि हमारी सभी इन्द्रियाँ सभी कार्य करने में समर्थ हो जातीं, तब तो ये चक्षु आदि इन्द्रियाँ असूया के कारण, परस्पर सन्ताप के भाव को प्राप्त नहीं होतीं । अतः असूया से परस्पर सन्तप्त होने के भाव को धिक्कार है ॥६॥

और कभी कभी तो सम्पूर्ण आलिङ्गन से मनोहर अङ्गमण्डल के सङ्ग में विद्यमान भी, श्रीकृष्ण उस समय गोपियों की प्रेममयी नदी के प्रवाह के कारण दूरवर्ती जैसे स्फूर्ति पाते थे । कारण उनकी उत्कण्ठा के समूह की जो रचना थी, वह बाहरीवृत्ति को लुप्त करती हुई, नेत्रों में विद्यमान स्फूर्ति को भी स्वप्न के तुल्य प्राप्त कराती हुई बारंबार लुप्त कर देती थी ॥७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"श्रीराधायास्तु सुतरामनिर्वचनीयमेव सर्वं तत्प्रथमतया मिथस्तन्मिथुनस्यापि ॥८॥

"तथा हि— राधाऽजानादसङ्गे दनुजविजयिनः सङ्गमारादसङ्गं
सङ्गे चैवं समन्ताद् गृहसमयसुखस्वप्नशीतादिकानि ।
एतस्या वृत्तिरेषाऽजनि सपदि यदाऽन्यद्विचित्रं तदासीत्
कान्ताकान्तस्वभावोऽप्यहह यदनयोर्वैपरीत्याय जज्ञे ॥९॥

"तदेवमतिभूमितामिते भावभूमनि तेन च सर्वाभ्यर्णतामिव याते वृत्तजाते स्वस्ववधू-निरोधाय नियुक्तपुरुजनीजनेषु च गुरुषु तदुट्टङ्कनतः कृष्णस्तु तृष्णालज्जाभ्यां सज्जन्मनाः स्वमानसमन्वेवं भावयामास ॥१०॥

'हन्त किमिदमन्तरा जातम् ? कौलीनं खलु कौलीनं जनं कौ लीनमिव करोतीति मन्मनः कञ्चन विचारमाचारञ्च न सञ्चरति । लोकश्च शोकं प्रयास्यतीति निजवर्ग्यभनु दुःखं पाणिसर्ग्यं स्वयमेवाकरवम्, ततः किं करवाणि ?' ॥११॥

किन्तु श्रीराधिका के वे समस्त दर्शन, श्रवण आदि कार्य तो अत्यन्त अनिर्वचनीय ही हो गये थे। एवं परस्पर राधा कृष्णरूप युगलजोड़ी के भी, पहले श्रीराधा के एवं पश्चात् श्रीकृष्ण के सभी भाव संघटित हुए ॥८॥

देखो ! श्रीराधिका, दैत्योंपर विजय पानेवाले श्रीकृष्ण के वियोग में मानसिक स्फूर्ति के कारण उनका संयोग जानती थीं, और श्रीकृष्ण के निकट के संयोग में भी प्रेमोन्माद के कारण उनका वियोग ही जानती थीं। इसी प्रकार संयोग एवं वियोग दोनों में ही चारों ओर घर, समय, सुख, स्वप्न तथा शीतोष्णादि द्वन्द्व जानती थीं। इन श्रीराधिका की तत्काल जब ऐसी वृत्ति उत्पन्न हो गई, तब एक दूसरा विचित्र आश्चर्य यह हुआ कि—अहह ! इन राधा-कृष्ण का कान्ता एवं स्वामी का स्वभाव भी विपरीतता के लिए हो गया था। अर्थात् कान्त का आचरण कान्ता में, एवं कान्ता का आचरण कान्त में आ गया था ॥९॥

अतएव इस प्रकार भाव की अधिकता जब अतिशय विशेषता को प्राप्त हो गई, एवं उसी भाव की अधिकता के कारण गोपी-कृष्ण का वृत्तान्तसमूह जब मानो सबके निकट ही पहुँच गया, और अपनी अपनी पुत्रवधुओं को रोकने के लिए, सास-ससुर आदि गुरुजनों ने जब बहुत से स्त्री-पुरुष नियुक्त कर दिये, तब उस रुकावट के इशारे से श्रीकृष्ण तो, तृष्णा एवं लज्जा के कारण, आसक्त मनवाले होकर, अपने मन में इस प्रकार विचार करने लगे— ॥१०॥

हाय ! हमारी एवं गोपियों की क्रीडा के बीच में यह रुकावट क्यों उत्पन्न हो गई ? यह बात भी निश्चित है कि लोकापवाद, अच्छे कुल में उत्पन्न हुए जन को पृथ्वी में मानो विलीन सा कर देता है। इसीलिए मेरा मन किसी विचार एवं कुलाचार का संचार नहीं कर पा रहा है। और उस प्रकार के आचार से जनमात्र ही शोक को प्राप्त हो जायगा। इस विचार से अपनी गोपजाति में उत्पन्न हुए जन को लक्ष्य करके मैंने स्वयं अपने हाथ के द्वारा ही दुःख की सृष्टि कर डाली। अतः अब मैं क्या करूँ ? ॥११॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"पुनः सप्रणिधानमिदं विविनक्ति स्म,—'नेदमनाचारमिव प्रतिभाति । भाति हि मम चित्तमनेन, न तु म्लानिं याति ॥'१२॥

"पुनरपि च परामर्शं,—'ताः पुनर्मम पराङ्गना एवानुभूयन्ते, न तु पराङ्गनाः । तस्माद्भवेदत्र विशेषः सन्दर्भविशेषः; यमेव खल्वहमिव लोकोऽप्ययमनिर्णीय नूनं गर्गदुर्वर्ण-नयास्मदपयानं निर्णीय च शीर्णीभवन् शङ्कया सङ्कसुकतामुरीचक्रे, येन चामूरपि नूनं स्वं धिक्कुर्वन्ति ॥१३॥

'यथा— व्रजे जातेर्जाता व्रजजनसमानप्रकृतिता
ततः कृष्णे प्रेमा तमनु सहसा तं प्रति गतिः ।
ततस्तत्रासङ्गस्तमनु विपरीतं किमपि तत्
ततो व्यक्तं तच्च प्रथय सखि ! धिक् किं नु करवै ?'इति॥१४॥

'अथ तं पराङ्गनापराङ्गनाविचारगर्भं सन्दर्भं पुनरस्मिन्निजनिजाभिलषित-कल्लोल-लोल-मत्प्रेम-कल्लोलिनी-वल्लभे मदङ्गसङ्गतमरुल्लवेनापि वेल्लति बल्लवावलये न सम्यगनु-सन्धातुं सन्धां लभामहे ॥१५॥

पुनः मनोयोगपूर्वक यह विवेचना करने लगे कि—यह मेरा आचरण, अनाचार जैसा तो नहीं प्रतीत होता । क्योंकि गोपियों के साथ विशुद्ध स्नेहरूप इस मेरे आचरण से मेरा चित्त प्रफुल्लित प्रतीत हो रहा है, किन्तु ग्लानि को नहीं पा रहा है ॥१२॥

पुनः विचारने लगे कि—वे गोपियाँ भी मेरी दृष्टि में, लक्ष्मीरूप होने से श्रेष्ठ अङ्गना ही अनुभूत हो रही हैं । किन्तु पराई स्त्रीरूप से अनुभूत नहीं हो रही हैं । अतः इस विषय में कोई प्रबन्धविशेष हो सकता है । जिस प्रबन्धविशेष को यह साधारण जनमात्र निश्चय ही मेरी तरह निर्णय न करके, और निश्चय ही श्रीगर्गाचार्य की दुर्मन्त्रणा के द्वारा, हम दोनों भाइयों के मथुरा गमन को निर्णय करके, विशीर्ण (दुःखित या क्षीण) होता हुआ शंका के कारण सङ्कसुकता (अस्थिरता) को स्वीकार कर चुका है । जिसके कारण ये गोपियाँ भी निश्चय ही अपनी आत्मा को धिक्कार देती हैं ॥१३॥

यथा—प्रत्येक गोपी अपनी अपनी सखी से कह रही है कि—हे सखि ! देख, व्रज में जन्म होने के कारण मेरा स्वभाव व्रजवासीजनों के समान सीधा हो गया । उसी भोले स्वभाव से श्रीकृष्ण में मेरा प्रेम हो गया, उस विशुद्ध प्रेम को लक्ष्य करके ही सहसा श्रीकृष्ण के प्रति जाना बन गया । उस आने जाने से ही श्रीकृष्ण में मेरी आसक्ति हो गई । पश्चात् आसक्ति के कारण कोई अनिवार्य लोकापवाद उपस्थित हो गया । उसके बाद वह विपरीत लोकापवाद प्रगट भी हो गया । अतः मुझको धिक्कार है । हे सखि ! तू ही बता, अब मैं क्या करूँ ? ॥१४॥

उसके बाद पुनः निज निज अभिलषितरूप तरङ्गों से चञ्चल मेरे प्रेमरूप नदी के लिए, समुद्रस्वरूप इस गोपीमण्डल के मेरे अङ्ग में लगी हुई वायु के लेश से भी, क्षुभित हो जानेपर तो हम "यह पराई स्त्री है, अथवा यह पराई स्त्री नहीं है", इस प्रकार के विचार से युक्त उस अभिप्राय को अच्छी तरह अनुसन्धान करने के लिए, मर्यादा को नहीं प्राप्तकर रहे हैं ॥१५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'किञ्च यदि च वास्तवतया न विद्यते दोषस्तथापि तत्कथापि प्रथयति मम सङ्कोचमिति व्रजाद्व्यवधातुमिवावदधाति मे चित्तवृत्तिः ॥१६॥

'तदेतद्व्यवधानमेव चायतामायतिशुद्धिं विधास्यति ॥१७॥

'ऋण-व्रण-कलङ्कानां काले लोपो भविष्यति' इति न्यायेन मम सम्यगनुसन्धानेन तेषां लोकानां पश्चात्तापमनु सदुपदेशग्रहणेन च ॥'१८॥

"अथ तदेतद्विभाव्य पुनः सोद्वेगं विभावयाम्बभूव,—

'हा गोष्ठं विपिनं पशून् व्रजजनं दासान् सखीन् प्रेयसी-
स्तातं मातरमप्यहो कथममूं हास्यामि राधामपि ।
मां यान्यङ्ग ! विना क्षणं कथमपि प्राप्स्यन्ति नात्मस्थितिं
यान्यन्तर्ज्वलनप्रभाणि विदधत् प्राप्स्यामि दाहप्रथाम् ॥'१९॥

"पुनर्विभाव्यात्मानमुद्दिश्याह,—

'अन्तःपुरीयसि वनेषु सखीयसि त्वं, वन्यान् मृगान्निज-तनूयसि गोपरामाः ।
दृष्टश्चकोरनयनाभिरमूभिरिन्दु,-दर्शं कथं वहसि कृष्ण ! परत्र तृष्णाम् ?' ॥२०॥

किञ्च वास्तविकरूप से तो उन गोपियों के नित्य पति होने के कारण, मेरे उनके सम्बन्ध में यद्यपि कोई दोष नहीं है, तथापि उस मिथ्या दोष की चर्चा भी मेरे सङ्कोच का विस्तार कर रही है। इसलिए मेरी चित्तवृत्ति अब कुछ दिन के लिए व्रज से व्यवधान करने के लिए, अर्थात् दूर रहने के लिए निर्णय कर रही है ॥१६॥

अतएव व्रज से मेरा यह व्यवधान ही अर्थात् दूर रहना ही, उत्तरकाल में, अर्थात् मेरे पीछे, विशाल विशुद्धि का विधायक हो जायगा, क्योंकि उस समय नित्य दाम्पत्य प्रगट हो जायगा ॥१७॥

और "ऋण, व्रण (घाव), एवं कलंक का समयपर लोप हो जायगा" इस नियम के अनुसार मेरे अच्छी प्रकार अनुसन्धान के द्वारा, एवं मेरा मिथ्यापवाद उड़ानेवाले उन लोगों के पश्चात्ताप को लक्ष्य करके, योगमाया आदि सज्जनों के उपदेश के ग्रहण करने के कारण, वह मिथ्या दोष भी नष्ट हो जायगा ॥१८॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण इस प्रकार विचार करके फिर भी उद्वेगपूर्वक चित्त में विचारने लगे कि—हाय! इस प्यारे व्रज को, वृन्दावन को, गोगण आदि पशुओं को, प्यारे व्रजवासीजनों को, रक्तक; पत्रक आदि दासों को; सुबल, श्रीदामा आदि सखाओं को; ललिता आदि प्रियतमा गोपियों को, पिता माता को, और अहह! उन प्यारी राधिका को भी किस प्रकार त्यागूंगा ? हे मेरे चित्त ! देख, जो व्रज एवं वृन्दावनादि मेरे पूर्वोक्त परिकर हैं, वे सब मेरे बिना एक क्षण भी, किसी प्रकार भी अपनी स्थिति को प्राप्त नहीं कर सकेंगे। और अग्नि के समान कान्तिवाले जिन व्रज आदि सब पदार्थों को अपने अन्तःकरण में धारण करता हुआ, में अत्यन्त दाह को प्राप्त हो जाऊँगा ॥१९॥

पुनः विचार कर अपने को ही उद्देश्य बनाकर बोले—हे कृष्ण ! तुम व्रजमण्डल के अनेक वनों में अन्तःपुर का सा व्यवहार करते हो, एवं वन में उत्पन्न होनेवाले मृगों के प्रति मित्रों का सा व्यवहार करते हो, तथा राधाप्रभृति गोपियों के प्रति अपने शरीर का सा व्यवहार करते हो, और उन चकोरनयना गोपियों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

"पुनः प्रेयसीरनुसन्धाय,—

यस्मिन्नारोपिता हारास्तासां हन्त मया हृदि ।
साम्राज्यं हा करिष्यन्ति तस्मिन्नप्यस्र-बिन्दवः ॥२१॥

"तत्र च श्रीराधामनुसन्धाय हन्त हन्तेति प्रोच्य पुनराह,—

'हा चन्द्रद्रवयुतचन्दनेन सिक्ता, राधायास्तनुलतिका मया सहार्दम् ।
सैषा मद्विरहजलोचनोदगाहा, म्लास्यन्ती प्रतपति सम्प्रतीह मां च ॥२२॥
या पूर्वमुपलब्धासीन्नवचन्द्रकलोपमा । वह्नेः शिखेव सा जाता राधा दन्दग्धि हन्मम ॥२३॥
राधाप्रेमप्राध्वमत्रागतोऽहं, हा प्राध्वः स्यामाशु सोऽहं कथं वा ।
तस्मात् प्राध्वंकृत्य धीवृत्तयोऽस्मि,-न्नेव प्राध्वं कुत्रचिन्नापरत्र ॥'२४॥

"इति क्षणं वाष्पायमाणेक्षणतया तूष्णीमासीत् । पुनश्च तथा तथा भावनव्राते जाते 'हन्त हन्त कथमहमहो क्लीवमानः पुनः शोकप्रपञ्चमञ्चामि, यतः सम्प्रति भिदूरं चित्तं न विदुरतां विन्देत' इति विचिन्तयति स्म ॥२५॥

"तदेवं सावधानं सहसा रहस्तद्विमुञ्चन् सहचर-सहचारितामापन्नः, किन्तु नाति-प्रसन्नतया ।" "एतदनन्तरमुदन्तं तु प्रातरेव प्रथयिष्यामि" इति सगद्गदं गदित्वा सहस्निग्ध-

---

के द्वारा तुम प्रतिदिन चन्द्रमा की तरह देखे गये हो, तो भी इन सबको छोड़कर दूसरे स्थानपर जाने की तृष्णा क्यों धारण कर रहे हो ? ॥२०॥

पुनः प्रेयसी गोपियों का अनुसन्धान करके बोले—हाय ! गोपियों के जिस कोमल हृदयपर मैंने अनेक प्रकार के हार पहनाये थे, हाय ! उसी हृदयपर अब मेरे वियोग में अश्रुबिन्दु अपना साम्राज्य करेंगे ॥२१॥

उन सब गोपियों के बीच में भी श्रीराधिका का अनुसन्धान करके हाय ! हाय ! इस प्रकार कहकर पुनः बोले—हाय ! राधिका की जो शरीररूप लता मैंने प्रेमपूर्वक कपूर के चूर से मिले हुए चन्दन के द्वारा सींची थी, वही राधिका की शरीररूप लता अब मेरे विरह से जायमान नेत्रजल में स्नान करके म्लान (हर्षरहित) होती हुई, इस होनेवाले विरह में मुझको भी सन्तप्त कर रही है ॥२२॥

पहले जो राधिका मैंने नवीन चन्द्र की कला के समान उपलब्ध की थी, वही राधिका आज अग्नि की शिखा के समान होकर, मेरे हृदय को अत्यन्त दग्ध कर रही है ॥२३॥

और राधिका के प्रेमबन्धन में पड़कर ही तो मैं इस व्रज में आया हूँ । अतः हाय ! वही मैं अब दूर देश के मार्ग का अवलम्बन करनेवाला कैसे हो जाऊँ ? इसलिए हे मेरी बुद्धि की वृत्तियो ! इस व्रज में ही अनुकूलता को धारण कर यहींपर बैठ जाओ । और दूसरी जगह कहीं भी जाने की चेष्टा मत करो ॥२४॥

श्रीकृष्ण इस प्रकार मन मन में कहकर आँसुओं से डबडबाते नेत्रों को धारण कर क्षणभर चुप बैठे रहे । पुनः उस उस प्रकार की भावनासमूह के प्रगट हो जानेपर, हाय ! हाय ! मैं सामर्थ्यविहीन होकर पुनः किस प्रकार शोक के विस्तार को प्राप्तकर रहा हूँ ? क्योंकि ऐसा करने से तो इस समय स्वयं विदीर्ण हुआ मेरा चित्त, जानकारी के भाव को भी न प्राप्तकर सकेगा ? इस प्रकार चिन्ता करने लग गये ॥२५॥

अतः इस प्रकार सावधानीपूर्वक उस एकान्त के विचार को सहसा त्यागते हुए, श्रीकृष्ण मित्रों के संग सम्मिलित हो गये, किन्तु अतिशय प्रसन्नतापूर्वक नहीं । "इसके आगे के वृत्तान्त को तो प्रातःकाल ही

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

कण्ठः स मधुकण्ठः स्ववाससा वदनं वसानः सशब्दं रुदन्नलब्ध-तदवसानश्चिरमासीत् ॥२६॥

चिरत एव तु तस्माद्विरम्य श्रीराधामाधवादीनपि स्वसाधारणानधिगम्य तदिदमवादीत्,—

"सुखाकुर्वन्त एवाध्वं तदिदं सुखमात्मनः ।
कथागतन्तु तद्दुःखं कथकानेव बाधताम् ॥'इति॥२७॥

"तदेवं तयोः सदनमासन्नयोः श्रीराधामाधवादयश्च पुनः स्वप्नलब्धमिव तद्दुःखं सुखपर्यवसानमुपलब्धं विधाय यथास्वमावासमासादयामासुः ॥२८॥

अथ प्रातःकथायां स्निग्धकण्ठ उवाच,—"तदेवं कंसगृह्यानन्यानन्यायभाजो निगृह्यार्व-वेशि-केशिवधात् पूर्वमहर्मुखे चालितचक्षुररविन्दः श्रीमान् गोविन्दश्चेतसि चिन्तितवान्,—'प्रायः सर्व एव हिंसिताः कंसपक्षीयाः; केशी चाद्य श्वो वाऽऽपतिष्यति । केवलं कुवलयापीडः करी वरीवर्ति । 'अन्ये चान्यायभाजः शूरम्मन्याश्चाणूरतल्लजाः कतिचिन्मल्लाश्च ॥२९॥

स तु भोजवंशध्वंसनः कंसः श्रीमद्व्रजराज-तादात्म्यविराजमानमस्मत्-पितरं श्रीमदा-नकदुन्दुभिं द्वन्द्वकारी दुन्वन्नेव वर्तते, सम्प्रति तु लोहशृङ्खलया रुन्धन्नस्तीत्यपि श्रूयते । भयातिशयमयतया च कंसः स्वयमिह न समयिष्यते ॥३०॥

विस्यात करूँगा" इस प्रकार गद्गदतापूर्वक कहकर, स्निग्धकण्ठ के सहित वह मधुकण्ठ अपने वस्त्र के द्वारा अपने मुख को ढकता हुआ, शब्दपूर्वक रोता हुआ, उस रोने के पार को न पाकर चिरकालतक रोता ही रहा ॥२६॥

बहुत देर बाद उस रुदन से विराम लेकर श्रीराधामाधव आदि श्रोताओं को भी अपने समान ही समझ कर यह बोला कि—हे श्रीराधामाधव आदि श्रोताओ ! देखो, तुम सबतो इस अपने सुख को अनुकूल करते हुए ही सभा में बैठे रहो । किन्तु वर्णन करते करते कथा में जो दुःख विद्यमान है, वह विरहजन्य दुःख तो हम जैसे कथावाचकों को ही पीड़ित करता रहे ॥२७॥

अतएव इस प्रकार कहकर उन दोनों कथावाचकों के अपने घर पहुँच जानेपर, श्रीराधामाधव आदि श्रोताजन भी पुनः स्वप्न मे पाई हुई वस्तु की तरह, अस्थिर उस वियोगजन्य दुःख को सुखरूप में परिणत हुआ उपलब्ध करके, यथायोग्य अपने अपने निवासस्थानपर पहुँच गये ॥२८॥

अनन्तर प्रातःकाल की कथा में स्निग्धकण्ठ बोला—पूर्वोक्त प्रकार से अन्याय का सेवन करनेवाले, पूतना आदि कंस के पक्षपाती अन्यान्य सभी राक्षसों का निग्रह करके, अश्ववेषधारी केशी के वध से पहले प्रभातकाल में ही, अपने नेत्रकमल को घुमाते हुए, श्रीमान् कृष्णचन्द्र अपने मन में विचारने लगे—कंस के पक्षवाले प्रायः सभी राक्षस मैंने मार दिये । और केशी दैत्य भी आज या कल आ पड़ेगा, अतः मारा जायगा । केवल कुवलयापीड़ नामक हाथी ही अच्छी तरह विद्यमान है । और अन्याय करनेवाले, अपने को शूरवीर माननेवाले कुछ मल्ल भी जीते जागते विद्यमान हैं, जिनमें चाणूर श्रेष्ठ है ॥२९॥

और भोजवंश का विध्वंस करनेवाला कलहकारी वह कंस तो, श्रीमान् व्रजराज के अभिन्नभाव से विराजमान हमारे पिता श्रीवसुदेवजी को, सन्तप्त करता हुआ विद्यमान है । इस समय तो यह भी सुना जाता है कि—वह दुष्ट, पिताजी को लोहे की साँकल के द्वारा रोकता हुआ विद्यमान है । और भय की अधिकता से परिपूर्ण होने के कारण, वह कंस इस व्रज में स्वयं नहीं आयेगा ॥३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तत्र लब्धान्तरे तत्प्रधानतास्वव्यपेक्षतया न तत्र मम गन्तव्यमस्ति । यतः पितृमुखा-वितृकः खल्वहम्, न तु स्वतन्त्रमन्त्रः, किन्तु योग्यं व्याजान्तरं मृग्यते । भवतु, यथाप्राप्तं तत् समाप्तव्यम् । तदलमलं तच्चिन्तनमलेन ॥'३१॥

"तदेतद्विचार्य च,—'हन्त हन्त ! तत्र प्रयाणे च जाते न जाने कियान् कार्यपर्याया-वरोधः स्यात्' इति; 'कथं व्रजं विना समयं गमयिष्यामि' इति । "पुनः सास्रं चिन्तयाञ्चकार,—॥३२॥

'विना मां तातः प्राग् न पिबति जलं सा च जननी
विना मामुच्छ्वासान् विसृजति बताऽसूनिव मुहुः ।
यथा तौ हा तद्वद्व्रजमनुगता विश्वजनता
तदास्तां तिर्यञ्चोऽप्यहह हृदि शल्यं विदधति ॥३३॥

'तदिदं न चाग्रजमपि वेदयितुमुत्सहे ।
'यतः, दुःखायते पुमान् कश्चित् कश्चिद्वा यः सुखायते ।
पूर्वस्मिन्न दयालुत्वं परस्मिंस्तु दयालुता ॥'३४॥

उस विषय में दूसरे कारणों का अवकाश उपस्थित होनेपर भी, उस प्रकार की प्रधानता में दूसरे की अपेक्षा न करके केवल स्वतन्त्ररूप से मेरा मथुरा में जाना उचित नहीं है । कारण—मैं भी तो पिता श्रीनन्दजी आदि से सुरक्षित हूँ, अतः स्वतन्त्र विचारवाला नहीं हूँ । किन्तु इस विषय में किसी उचित बहाने को ढूंढ़ रहा हूँ । अच्छा, जाने दो । समयपर जैसा उपस्थित होगा उसी प्रकार कार्य समाप्त कर देना चाहिये । इसलिए उस प्रकार की मलिन चिन्ता करने से कोई प्रयोजन नहीं ॥३१॥

और इस प्रकार विचारकर, हाय ! हाय ! मेरा मथुरा में जाना हो जानेपर तो न जाने कितने कार्यक्रम में रुकावट हो जायगी । इसलिए व्रज के बिना मैं अपने समय को कैसे बिताऊँगा ? इस कारण अश्रुप्रवाहपूर्वक पुनः चिन्ता करने लगे— ॥३२॥

यथा—हाय ! मेरे बिना मेरे पिता श्रीनन्दजी पहले जलपान भी नहीं करते हैं, एवं मेरे बिना देखे माँ यशोदा भी प्राणों की तरह बारम्बार लम्बे लम्बे श्वास छोड़ती रहती हैं । हाय ! जिस प्रकार वे दोनों माता पिता करते हैं, उसी प्रकार व्रज में रहनेवाली सारी जनता व्यवहार करती है । इस बात को तो रहने दो । आहा ! यहाँ के पशु पक्षी भी, मेरे बिना देखे अपने अपने हृदय में शल्य को धारण करते रहते हैं ॥३३॥

अतः इस विषय को बड़े भाई श्रीबलदेवजी के प्रति भी निवेदन करने को साहस नहीं कर रहा हूँ । कारण—जो कोई पुरुष दूसरे के प्रति दुःख निवेदन करता है, अथवा जो कोई पुरुष दूसरे के प्रति सुख निवेदन करता है, उन दोनों प्रकार के व्यक्तियों में से पहले व्यक्ति में, अर्थात् दुःखद समाचार सुनानेवाले पुरुष में दयालुता नहीं है । और दूसरे व्यक्ति में, अर्थात् सुखदायी समाचार सुनानेवाले पुरुष में दयालुता है ॥३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं प्रातर्विचारमाचर्य तदैव दैवत आपतितं केशिनं च मृत्युं प्रापय्य गोचारणाय चरणचर्यया वनं सञ्चरन्तं श्रीकान्तं क्वचिदेकान्तगतया हर्षितः श्रीमान् देवर्षिः सपदि साक्षादासेदिवान्। स चासन्नमागच्छन्तमच्छपरिच्छदं श्रीनारदं ददर्श ॥३५॥

"दृष्ट्वा च गीर्देवतादेहमिवाक्षररूपतां धरन्तम्, गङ्गाप्रवाहमिव विष्णुपदादवतरन्तम्, कैलासमिव वैष्णवलक्ष्मशिवमूर्तिम्, निजयशःस्तोममिव विविधगानकृतकर्णपूर्तिम्, क्षीरनीरनिधिमिवान्तर्वासितनारायणादिनामानम्, अमन्दकला-सान्द्रचन्द्रमसमिवान्तरङ्गतया धृतकृष्णधामानम्, शारदनीरदसमुदायमिव शर्मनेत्राप्यधारा वर्षन्तम्, भक्तिविशेषासक्तिव्यक्तनिजभक्तप्रहासमिव कृतहर्षं तं परामर्श ॥३६॥

"स च तमेवं ददर्श—सदाचरणसुष्ठुतायां साधुपद्मवत्, सदाशेषसुखदपदपृष्ठतायां कृततद्विधतनुश्रीकमठवत्, जङ्घालसत्कटकशोभितायां विजयध्वजवत्, सहजानूरुनामशस्ततायां गारुत्मतस्तम्भवत्, काकुत्मततिततायां निजव्रजतटवत्, शुभशोभावलग्नप्रह्लादकतायां नरसिंहवत्, भुवनकमलरमणीयनाभितायां सरोवरवत्, नारायणवद्वा। वरगुणरसनापीताम्बर-

---

इस प्रकार के विचार को प्रातःकाल ही करके, उसी समय दैवयोग से आये हुए केशी को मृत्यु के हवाले करके, पश्चात् गोचारण के लिए पैदल ही वन में विचरण करते हुए, श्रीपति कृष्णचन्द्र को कहींपर एकान्त में स्थित होने के कारण, हर्षित होनेवाले श्रीमान् देवर्षि नारदजी ने तत्काल साक्षात् प्राप्तकर लिया। श्रीकृष्ण ने भी निकट में आते हुए निर्मल वेषवाले श्रीनारदजी को देख लिया ॥३५॥

और उनको देखकर नारदरूप से जान लिया। सरस्वती का शरीर जैसे अकार ककारादि वर्णों के रूप को धारण करनेवाला है, उसी प्रकार श्रीनारदजी भी अक्षर रूप को, अर्थात् नित्य रूप को धारण किये हुए थे। गङ्गाजी का प्रवाह जिस प्रकार विष्णु भगवान् के चरण से अवतीर्ण हुआ है, उसी प्रकार श्रीनारद भी विष्णुपद से (आकाश से) उतर रहे थे। कैलास पर्वत जैसे वैष्णवों में प्रधान शिवजी की मूर्ति से युक्त है, वैसे ही श्रीनारद भी तुलसी, माला, तिलक आदि वैष्णवों के चिह्नों से मङ्गलमूर्ति थे। अपने अर्थात् श्रीकृष्ण के यशसमूह की तरह अनेक प्रकार के सङ्गीत के द्वारा सभी के कानों की पूर्ति करनेवाले थे। क्षीरसागर जैसे अपने भीतर श्रीनारायण आदि नामवाले शेषशायी भगवान् को निवास कराता रहता है, वैसे ही श्रीनारद भी अपने अन्तःकरण में श्रीनारायण आदि अनेक भगवन्नाम स्थापित किये हुए थे। पूर्ण सोलह कलाओं से घना चन्द्रमा जैसे अपने भीतर चिह्नरूप श्यामतेज को धारण करता है, वैसे ही श्रीनारद भी अन्तरङ्ग पार्षद होने के नाते, श्रीकृष्ण के प्रभाव को धारण किये हुए थे। शरत्कालीन मेघसमुदाय जैसे सुखदायक जल की धारा वर्षाता है, वैसे ही श्रीनारद भी श्रीकृष्ण के दर्शनजन्य सुख से नेत्रों की जलधारा वर्षा रहे थे। और भक्तिविशेष में आसक्ति के कारण प्रगट हुए अपने भक्त के उत्कृष्ट हास्य की तरह श्रीनारदजी भी आनन्द कर रहे थे ॥३६॥

श्रीनारदजी ने भी श्रीकृष्ण को इस प्रकार देखा, यथा—चरणों की सदैव सुन्दरता के विषय में, श्रीकृष्ण सुन्दर कमल के समान थे, अर्थात् श्रीकृष्ण के दोनों चरण सदैव सुन्दर दिव्य कमल के समान हैं। पक्षे—सदाचार की सुन्दरता में वे पद्मसंख्यावाले सज्जन व्यक्तियों के समान थे। सदा समस्त सुखदायक चरणों की पीठ के विषय में, पक्षे—सदैव शेषजी को सुखदायक स्थानरूप अपनी पीठ के विषय में—चरण व चरण की पीठसदृश शरीरवाले सुन्दर कच्छप के समान थे, अर्थात् श्रीकृष्ण के चरणों के ऊपर का भाग कछुआ के समान उतार चढ़ाव का था। और जङ्घा अर्थात् पींडुरीन में विराजमान कटक (कड़ुला)

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तायां नव्यरव्यंशुवत्, सन्ततमुदरश्वसनचलतायां पिप्पलदलवत्, हृदयङ्गमस्वर्णरेखाश्रीकतायां नीलमणिनिकषपट्टवत्, सद्गुणरत्नालयहृदयतायां रत्नाकरवत्, मर्यादापर्यापणभुजतायां जिष्णु-रत्नार्गलवत्, अङ्गदादिलब्धप्रवेष्टतायां कौशल्यागर्भमङ्गलवत्, रोचमानमुद्राकरतायां कल्पवल्ली-पल्लववत्, समुत्कण्टस्वररूपतायां पाञ्चजन्यवत्, द्विजताराधिराजदास्यतायां द्विजराजवत्, नासया शुकमुखसक्तिजेतृशोभितायां स्वयमेव यद्वत्, निजसत्यव्रतभक्तरोचनविलोचनतायां नवीनदिव्य-मीनवत्, चन्द्रकशोभकेशनिर्माणतायां समीरदागमसमयनीरदवत्, मकराङ्कालंकृतश्रवणतायां मकरध्वजवत्, सर्वदा सर्वत्रामृतवर्षि-शितिमूर्तिकृतपूर्तितायां पुनरमृतरश्मिवत्, रोहिणी-यशोदा-

---

की शोभा के विषय में, पक्षे—अत्यन्त वेगवाली सुन्दर सेनाओं की शोभा के विषय में, विजय की ध्वजा के समान, पक्षे—विजयसूचक पताका के समान। और दोनों घुटनों के सहित जो दोनों जङ्घा, उन दोनों की ख्याति के द्वारा स्तुति के विषय में, पक्षे—सहज (सहोदर) जो अनूरु (गरुड के बड़े भाई) के नाम की प्रशंसा के विषय में, गरुडमणिनिर्मित स्तम्भ के समान, पक्षे—गरुडरूप स्तम्भ के समान। अर्थात् श्रीकृष्ण की दोनों जङ्घा गरुडमणि के खम्भ के समान थीं। और काकुत्स्थ (नितम्ब अर्थात् कटिप्रदेश) की विशालता के विषय में, पक्षे—काकुत्स्थ अर्थात् बैलों के समूह के विस्तार के विषय में, अपने व्रज के तट के समान; अर्थात् व्रज के तट जैसे सुन्दर एवं विशाल हैं, श्रीकृष्ण के नितम्ब भी उसी प्रकार विशाल थे। और शुभ शोभा से युक्त मध्यभाग (कमर) के द्वारा सबको आह्लादित करने के विषय में, नरश्रेष्ठ के समान, पक्षे—शुभजनक शोभा में लगे हुए प्रह्लादजी के भाव के विषय में, नरसिंह के समान। और भुवनरूप कमल के द्वारा नाभिप्रदेश की रमणीयता के विषय में, श्रीनारायण के समान, अथवा जल एवं कमलों के द्वारा क्षेत्रप्रदेश की रमणीयता में सरोवर के समान, अर्थात् श्रीकृष्ण की नाभि, कमल से युक्त गम्भीर सरोवर के समान थी। और श्रेष्ठ डोरी से युक्त सुवर्ण की करधनी है जिसपर ऐसे सुन्दर पीताम्बर के भाव में, पक्षे—श्रेष्ठ पीत नामक गुणरूप रसना (जिह्वा) के द्वारा आकाश को अधीन करने के विषय में, नवीन सूर्य की किरणों के समान, अर्थात् श्रीकृष्ण का पीताम्बर उत्कृष्ट सूत्रों की डोरी से युक्त था, अतः नवीन सूर्य की किरणों के समान चमक रहा था। और निरन्तर उदर में जो श्वास वायु है उसके द्वारा चञ्चलता के विषय में, पक्षे—सदैव किंचिद् वायु द्वारा चञ्चलता में प्रसिद्ध पीपल के पत्र के समान, अर्थात् श्रीकृष्ण का उदर थोड़ी सी वायु से चलते हुए पीपल के पत्र के समान उतराव चढ़ाव का था। और मनोहर सुवर्ण रेखा की शोभा से विशिष्टता के विषय में, श्रीकृष्ण का वक्षःस्थल नीलमणि की परीक्षा के लिए कसौटी के पत्थर के समान था। उत्कृष्ट गुणरूप रत्नों के आश्रयस्वरूप हृदय के भाव में समुद्र के समान, अर्थात् समुद्र जैसे श्रेष्ठ गुणवाले रत्नों का आलय है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण का हृदय श्रेष्ठ गुणरूपी रत्नों का आलय था। और मर्यादा की रक्षारूप भुजाओं के भाव में विजयशील रत्ननिर्मित अर्गल (अड़बंगा) के समान, अर्थात् श्रीकृष्ण की दोनों भुजा मर्यादा की रक्षा के लिए इन्द्रनीलमणि से बने हुए अर्गल के समान थीं। और अङ्गद (बाजूबन्द) आदि आभूषणों के लाभ से युक्त प्रवेष्ट (बाहु) के भाव के विषय में, पक्षे—जिसके द्वारा अङ्गद आदि वानरों का लाभ हुआ ऐसी भुजा के भाव के विषय में, कौशल्यानन्दन राम के समान मङ्गलवत्, अर्थात् श्रीकृष्ण की भुजाएँ बाजूबन्द से युक्त थीं, एवं अङ्गद आदि को एकत्रित करनेवाली श्रीरामजी की भुजा के समान सबकी रक्षा में समर्थ थीं। और प्रकाशमान मुद्रिका (अँगूठी) से युक्त हाथों के भाव के विषय में, पक्षे—रुचिकर हर्ष को देनेवाली खान के भाव के विषय में, कल्पलता के पत्र जैसे रुचिकर हर्ष को देनेवाली खान से युक्त हैं, वैसे ही श्रीकृष्ण के हाथ भी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

नन्दनन्दनतायां रौहिणेयवत्, नरसिंहतासंहितसंहननतायां पुनर्नरसिंहवत्, मुहुरपूर्वमानरूपतायां पुनर्मीनमहीनवत्, पटिष्ठताविघटितबलिगर्विष्ठभावतायां वामनदेववत्, उत्पथवृषलाञ्छितवृष-निन्दकतायां जिननन्दनवत्, पयोराशिनिमज्जद्दुर्धरगोत्रसमुद्धरणधुर्यतायां पुनः श्रीकमठवत्, धरणीधरहारिविहारितायां वाराहावतारवत्, कृतवीर्यजातदुर्जन-क्षत्रक्षपणतायां भार्गवरामवत्, भावि-कालयवनसंयमनतायां विष्णुयशस्तनयवत्, लक्ष्मणचरितरचितप्रचुरसुखतायां पुनः श्रीरामचन्द्रवदिति ॥३७॥

प्रकाशमान अँगूठियों से युक्त थे। और हर्ष के सहित कण्ठ एवं स्वररूप के भाव के विषय में, पक्षे—अच्छी प्रकार उत्कण्ठाप्रद स्वर एवं रूप की विद्यमानता के विषय में, पाञ्चजन्य शङ्ख के समान, अर्थात् श्रीकृष्ण का कण्ठ एवं स्वर सर्वतोभाव से पाञ्चजन्य शङ्ख के समान था।

और (संस्कार के द्वारा) द्विजता को देनेवाले श्रेष्ठ ब्राह्मणों की दास्यता के विषय में, अथवा द्विज (दन्त), तारा (नेत्रों के तारे), पक्षे—आकाश के तारे उनसे विराजमान मुख की शोभा में, पक्षे—आस्यतायां (स्थिति के विषय में) चन्द्रमा के समान और नासिका के द्वारा शुकपक्षी के मुख की सजावटपर विजय पाने वाली शोभा से युक्तभाव के विषय में (दूसरा दृष्टान्त न होने के कारण), स्वयं अपने ही समान, अर्थात् श्रीकृष्ण की नासिका की कोई उपमा ही नहीं है। एवं भक्तों की रक्षारूप अपने सच्चे व्रत के द्वारा भक्तों को रुचिकर नेत्रों के भाव के विषय में, पक्षे—अपना सत्यव्रत नामक राजा जो पहले कल्प में भक्त था उसकी वांछापूर्ति के विषय में, नवीन दिव्य मीन के समान, भावार्थ—श्रीकृष्ण के नेत्र भक्तों की वांछापूर्ति के लिए दिव्य मत्स्य के समान थे। मोरपंख की शोभा से युक्त केश रचना के विषय में, पक्षे—चन्द्रमा को सुशोभित करनेवाले ईश, अर्थात् महादेव के निर्माण के विषय में, अच्छी प्रकार शब्द के सहित आनेवाले वर्षाकालीन मेघ के समान, और मकर के चिह्न से युक्त कुण्डलों से अलंकृत कर्णयुगल के भाव के विषय में, पक्षे—मकर के चिह्न से अलंकृत सुनने के विषय में, कामदेव के समान और सर्वदा सर्वत्र अमृत की वर्षा करनेवाली श्याममूर्ति, पक्षे—शुक्लमूर्ति के द्वारा की गई परिपूर्णता के विषय में, पुनः चन्द्रमा के समान और रोहिणी अर्थात् गोगण के एवं यशोदा तथा नन्द के आनन्द देने के विषय में, बलराम। पक्षे—रोहिणी को यश देनेवाला जो आनन्द तद्रूप पुत्रता के विषय में, क्रमशः गोगण के लिए वत्स के समान, चन्द्रपुत्र बुध के समान, एवं बलराम के समान और नरश्रेष्ठता से युक्त देह के भाव के विषय में, पक्षे—नर एवं सिंह के भाव से युक्त शरीर के भाव के विषय में, पुनः नरसिंह के समान और बारबार अपूर्व मान (सम्मान), पक्षे—(परिमाण) सम्बन्धी रूपता के विषय में, श्रेष्ठ मीन के समान और अतिशय चतुराई के द्वारा बलवानों के गर्वितभाव को दूर करने के विषय में, पक्षे—अत्यन्त छलने की चतुराई के द्वारा बलि राजा के गर्वित भाव को दूर करने के विषय में, वामनदेव के समान। कुपथ में पड़े हुए वृष (इन्द्र) के द्वारा लांछित वृष (धर्म) की निन्दकता के विषय में, और बुद्ध पक्ष में—कुपथगामी वृषल अर्थात् शूद्रों का जो आञ्छित (आयत), अर्थात् लम्बा चौड़ा धर्म उसकी निन्दकता के विषय में, बुद्धदेव के समान और कुपित इन्द्र के द्वारा बरसाये हुए समुद्रतुल्य जलसमूह में डूबते हुए व्रजवासियों को बचाने के लिए दुर्धर गोवर्धन को उठाने की अग्रगण्यता के विषय में, पक्षे—समुद्र में डूबते हुए दुर्धर मन्दराचल को अपने ऊपर धारण करने की श्रेष्ठता के विषय में, पुनः श्रीकच्छप भगवान् के समान और धरणीधर (श्रीबलरामजी) के साथ मनोहर विहार करने के विषय में, पक्षे—पृथ्वी धारणरूप मनोहर विहार करने के विषय में श्रीवराह अवतार के समान, और किये हैं पराक्रमसमूह जिन्होंने, ऐसे दुर्जन क्षत्रियों का विनाश करने के भाव में, पक्षे—कृतवीर्य-जात (सहस्रबाहु अर्जुन) आदि दुर्जन क्षत्रियों के विनाश के विषय में, श्रीपरशुराम के समान और कलिकाल

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवमेकरूप्यश्लेषेण शब्दश्लेषेण च मिथश्चिन्तितसदुपमानयोरनयोः श्रीदेवर्षिरमुं श्रीहर्षिश्रीनिधानं वेदपारायणतः स्तूयमानं विधाय वीकाशं निवेदयामास,—॥३८॥

'शमितः शमितो येन दानवोऽसौ सदानवः। स परोऽपरतां यातः सोदयोऽनुदयो भवान् ॥३९॥

अविलम्बेन ये डिम्बे हसताऽहसत त्वया। ते सर्वे पूतनापूर्वाः पूनाः पूताश्च सर्वतः ॥४०॥

गुणैरगुणतां यातस्त्वमसौ नन्दनन्दन !। बिर्भषि वसुधां चित्रं स्थित्वापि वसुधोपरि ॥४१॥

शशधरमूर्तिः शुक्ला, गङ्गा विशदा सरस्वती श्येनी।
कीर्तिस्तव तु बकान्तक !, शुभ्रा सर्वं करोति शुभ्राभम् ॥४२॥

त्वत्कीर्त्या श्वेतितः कंसोऽप्येतत् कृष्ण ! मृषोदितम्।
तत्स्पर्शस्तस्य नास्त्येव किन्तु तद्भीतिवैकृतम्' ॥४३॥

में होनेवाले म्लेच्छों का संयमन करने के विषय में, पक्षे—भावी कालयवन के विनाश के विषय में, विष्णुयशा ब्राह्मण के पुत्र कल्कि के समान और लक्ष्मण (लक्ष्मीवान्) अर्थात् शोभायुक्त चरितों की रचना के द्वारा प्रचुर (विशेष) सुख देने के विषय में, पक्षे—लक्ष्मणजी के सहित किये गये चरितों की रचना के द्वारा प्रचुर सुख के भाव विषय में, पुनः श्रीरामचन्द्र के समान। श्रीनारदजी ने इस प्रकार श्रीकृष्ण का दर्शन किया। यहाँतक ददर्श क्रिया का सम्बन्ध है ॥३७॥

अतः पूर्वोक्त प्रकार से अर्थश्लेप एवं शब्दश्लेष के द्वारा परस्पर सुन्दर उपमाओं का विचार करनेवाले, श्रीकृष्ण एवं श्रीनारदजी, इन दोनों के बीच में से श्रीदेवर्षि नारदजी श्रीजी (श्रीराधिका) को हर्षित करनेवाली शोभा के निधान श्रीकृष्ण के प्रति, वेदपारायण के द्वारा स्तुति करके स्पष्ट निवेदन करने लगे— ॥३८॥

जो केशीदानव आपके द्वारा मारा गया वह कल्याण को प्राप्त हो गया। आप सदा स्तुति को प्राप्त हैं। वह दैत्य शत्रु होकर भी शत्रुता से रहित हो गया। आप भी समानभाव से प्रकाशित हो एवं दया का अनुसरण करनेवाले हो ॥३९॥

और हे भगवन् ! पहले बालकपन में आपने शस्त्ररहित युद्ध में जो पूतना आदि राक्षस हँसते हँसते शीघ्र ही मार दिये, वे सब नष्ट होकर भी सर्वतोभाव से पवित्र हो गये ॥४०॥

हे नन्दनन्दन ! एवंगुणविशिष्ट जो आप हो सो तो प्रभो ! अनन्त दिव्य गुणों के द्वारा अगुणता (मुख्यता) को प्राप्त हो गये हो। किन्तु आश्चर्य की बात तो यह है कि, तुम पृथ्वी के ऊपर स्थित होकर भी पृथ्वी को धारण कर रहे हो। इस विरोधाभास का समाधान यह है कि—शेष रूप से पृथ्वी को धारण कर रहे हो, एवं नन्दनन्दन रूप से उसका पोषण कर रहे हो ॥४१॥

हे बकासुरनाशक ! प्रभो ! देखो, चन्द्रमा की मूर्ति शुक्ल है, श्रीगंगा भी श्वेत वर्णवाली हैं, एवं सरस्वती भी श्वेतवर्णवाली हैं, इन सबकी शुक्लता तो क्रमशः शैत्यांश में, पवित्रांश में, एवं वर्णनीय अंश में ही मानी गई है, किन्तु शुक्लवर्णवाली तुम्हारी विशुद्ध कीर्ति तो सभी को शुक्लवर्ण के समान कर रही है ॥४२॥

हे कृष्ण ! श्यामवर्णवाला कंस भी तुम्हारी कीर्ति के द्वारा श्वेतवर्ण विशिष्ट हो गया है, यह कथन मिथ्या है। कारण—आपकी कीर्ति का स्पर्श उसको प्राप्त हो नहीं है, किन्तु आपकी उस कीर्ति के भय से विकृतता ही है। अतः वह कंस भी जिस प्रकार श्वेतवर्ण का हो जाय, आपके द्वारा मुक्त होकर पवित्र हो जाय, वही उपाय करो। यह ध्वनि निकल रही है ॥४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं स्थिते तु किञ्चिन्मम निवेदनमस्ति,—

'तथा हि— प्रेमा वशयति सर्वं, खल्विति न मृषा प्रसिद्धिरुद्भाति ।
कृष्ण ! त्वमपि स यस्मा,-न्न भजसि पूर्वापरानुसन्धानम् ॥४४॥
तस्माद्विमनसमधियं,-स्त्वामहमागच्छमाच्छन्नम् ।
तां स्मारयितुमवश्यं, या सम्भविता भवल्लीला ॥४५॥
लोकेऽस्मिंस्तव भक्ता, बहवः क्रमशश्च ते पाल्याः ।
तस्मादवश्यमुदियुः, पौर्वापर्येण ता लीलाः ॥४६॥
केशिनं दितिजमश्ववेशिनं, यो जघान स भवानथाभवान् ।
तान् विधातुमपरान् सतां परा, नुच्चकैः प्रभविताखिलाविता ॥'४७॥

'तथा हि— केलिमात्रेण ते दैत्या यद्भिदेलिमतां गताः ।
पचेलिमस्तेन तापात् कंसः प्रध्वंसमेष्यति ॥४८॥
क्रूरः स नेतुं सद्यस्त्वामक्रूरं तु प्रहास्यति ।
त्वं च मात्रादिकं हित्वा यात्रां तं हन्तुमाप्स्यसि ॥'४९॥

"अथ सवैवर्ण्यं निर्वर्ण्य तथावस्थितवति तस्मिन् भावान्तरमृषिरुद्भावयन्नुवाच,—
'ततश्च सुजनरोष्टारं कंसं क्रोष्टारमिव रोषितासि ॥५०॥

अतः इस प्रकार की स्थिति में तो मेरा आपसे कुछ निवेदन है । यथा—हे कृष्ण ! "प्रेम निश्चय ही सबको वश में कर लेता है" । इस प्रकार की जो प्रसिद्धि प्रकाशित हो रही है वह मिथ्या नहीं है । क्योंकि तुम भी व्रजवासियों के प्रेम के वशीभूत होने के कारण, सर्वज्ञ होकर भी पूर्वापर का अनुसन्धान नहीं कर रहे हो । भावार्थ—यदि आप पूर्वापर का अनुसन्धान करते तो तुम्हारे माता पिता—देवकी वसुदेव को वैसा क्लेश नहीं भोगना पड़ता, परन्तु आप तो व्रजवासियों के प्रगाढ प्रेम में सब कुछ भूल गये हो ॥४४॥

इसलिए आगे जो तुम्हारी लीला अवश्य होगी उसका स्मरण दिलाने के लिए, तुमको विमनाः (उदास चित्तवाले) जानता हुआ, मैं गुप्तरूप से तुम्हारे निकट आया हूँ ॥४५॥

और इसलोक में तुम्हारे बहुत से भक्त हैं, वे सभी क्रमशः पालन करने योग्य हैं । अतः पूर्वापर के नियम से (मथुरा एवं द्वारका की) वे सब मनोहर लीलाएँ अवश्य ही प्रगट होंगी ॥४६॥

और हे प्रभो ! जिन आपने अश्ववेशधारी केशीदैत्य को मार दिया, वे ही आप सज्जनों के दूसरे कंस आदि उन वैरियों को भी विमुक्त करने के लिए, विशेष करके सभी के संरक्षक हो जाओगे ॥४७॥

और देखो, आपकी क्रीडामात्र से वे पूतना आदि सब दैत्य जो स्वयं छिन्नभिन्न भाव को प्राप्त हो गये, बस, उन्हीं दैत्यों के मरने के सन्ताप से स्वयं परिपाकदशा को प्राप्त हुआ, कंस भी विध्वंस को प्राप्त हो जायगा ॥४८॥

और वह क्रूर कंस तुमको मथुरा ले जाने के लिए शीघ्र ही अक्रूर जी को भेजेगा । तुम भी माता पिता आदि सभी बन्धुओं को त्यागकर कंस को मारने के लिए यात्रा करोगे ॥४९॥

तदनन्तर विवर्णतापूर्वक नारदजी को देखकर, श्रीकृष्ण के उसी प्रकार चुपचाप बैठे रहनेपर, श्रीनारदजी उनके भावान्तर अर्थात् क्रोध को उत्पन्न करते हुए बोले कि—तदनन्तर तुम सुजनों के मारनेवाले कंस को शृगाल (गीदड़) की तरह मार डालोगे ॥ ५०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यतः, कूपमण्डूकवत् कंसः कण्डूतिं खण्डयन्निजाम् ।
त्वत्कर्कशभुजाभोगि-सङ्घर्षं लब्धुमिच्छति ॥५१॥

'यं खलु मातरिपुरुषं पुरुषोत्तमस्त्वमिह जीवग्राहं ग्रहीष्यसि, समूलघातं हनिष्यस्यकृतकारं करिष्यसि, करग्राहं गृह्णंश्च विश्रान्तिपर्यन्तमश्रान्तिविक्रमतया विक्रक्ष्यसि ॥५२॥

'हर्षवद्भिः पाणिकर्षं निष्कर्षंस्तमनेकपम् ।
द्रक्ष्यसे पुण्डरीकाक्ष ! त्वं व्यक्तं हरितां गतः ॥५३॥

"तत्र संक्षेपार्थनिक्षेपश्चायम्,—

'अक्रूरं द्वारमात्रं विदधदथ भवान् वृष्णिधिष्ण्यानि गत्वा
भंक्त्वा त्रैयक्षचापं सपदि कुवलयापीडकं पीडयित्वा ।
मल्लान् हत्वा परश्वो दनुजजनितनुं कंसकं ध्वंसयित्वा
राज्यं दत्त्वोग्रसेनं प्रति निजजनकौ मोचयिष्यत्यवश्यम् ॥'५४॥

"अत्र पौराः पौराणिकीमिव गाथां गातारः,—

'उन्मीलन्नीलशुभ्रारुणकमलजितौ खञ्जनध्वंसिलीला-
चाञ्चल्ये सिंहसंघप्रमथनमदताव्यञ्जिनौ यस्य नेत्रे ।
चेष्टा दुर्दुष्टवृन्दप्रशमपटुकलाकल्पिनी मज्जयन्ती
पीयूषे सज्जनालीर्नववयसि वरा श्यामलः कोऽयमेति ? ॥५५॥

कारण—कूपमण्डूक (कुएँ के मेढक) के समान तुच्छ कंस अपनी खुजली को मिटाने के लिए, तुम्हारे कठोर भुजारूप सर्प से संघर्ष को प्राप्त करना चाहता है। अर्थात् सर्प से संघर्ष करनेवाले मेढक का बचना जैसे कठिन है, उसी प्रकार आपसे संघर्ष करनेवाले कंस का बचना कठिन है ॥५१॥

और तुम पुरुषोत्तम हो, अतः अपनी माता के ऊपर ही पुरुष बने हुए दुराचारी जिस कंस को, इस रङ्गमञ्च में जीते ही पकड़ लोगे, पश्चात् समूल नष्ट कर दोगे, किसी के द्वारा न किये गये की तरह कार्य करोगे, और इस कंस को अपने हाथ से पकड़ते हुए, तुम उसकी मृत्यु पर्यन्त रुकावटरहित विक्रम प्रदर्शनपूर्वक, अखाड़े में घसीटोगे ॥५२॥

और हे कमलनयन ! स्पष्ट ही सिंह के भाव को प्राप्त हुए तुम उस कंसरूपी हाथी को, अपने हाथ के द्वारा खेंचकर घसीटते हुए आनन्द से युक्त मित्रों के सहित देखोगे ॥५३॥

मथुरा में होनेवाले संक्षिप्त चरित्र का निचोड़ यह है कि—आप अक्रूर को द्वारमात्र (उपायमात्र) बनाकर, मथुरा में यदुवंशियों के स्थानोंपर जाकर, यज्ञशाला में धरे हुए शंकरजी के धनुष् को तोड़कर, तत्काल कुवलयापीड़ हाथी को मारकर, एवं चाणूर आदि मल्लों को मारकर, परसों अर्थात् आज से तीसरे दिन जिसके शरीर का जन्म द्रुमिल नामक दैत्य से हुआ है, ऐसे कंस का विध्वंस करके, पश्चात् उग्रसेनजी को राज्य देकर, देवकी वसुदेव नामक अपने माता पिता को अवश्य ही बन्धन से मुक्त करोगे ॥५४॥

इस मथुरा गमन के समय पुरवासीजन पुराणों की गाथा की तरह यह गायेंगे कि—जिसके दोनों नेत्र खिलते हुए नील, श्वेत, अरुणवर्ण के कमलों को जीतनेवाले हैं, खञ्जन के मान का मर्दन करनेवाली लीला की चपलता से युक्त हैं, एवं सिंहसमूह के मर्दन के विषय में जो हर्ष उसके भाव की सूचना करनेवाले हैं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्णः स्वगतमुवाच,—'उग्रसेनाय राज्यं दास्यामीति युक्तमेव खलूक्तम्; यतो मम व्रजागमनमेव रमणीयम् ।' प्रकाशं चाह स्म,—'ततस्ततः ?' ॥५६॥

"ऋषिरुवाच,—'ग्राम्याः पौरा नृपालाः सदसि नभसि तु स्वर्गसङ्गीतविज्ञा
देवा देवाधिनाथा विधि-शिव-विधिजास्ते वयं च स्तुवानाः ।
रक्तत्यग्दन्तिदन्तच्छविरविकरभागंसकौ लूनमल्लौ
द्रक्ष्यामो भ्रातरौ वां कवलितबलवत्कंसकं त्वामपीह ॥५७॥

'तत्र मल्लसभागतानामिदं कोलाहलकुतूहलं भविता,—
'किमिदं श्यामलं रूपं मधुरं रौद्रमेव वा ।
स्त्री चास्त्री च न यद्विद्याद् वस्त्रमस्त्रं यथायथम् ॥५८॥

'पापकंसे चापवर्गमिते—वधार्हस्यापि कंसस्य स्त्रीणां दृग्वारि-बिन्दवः ।
धरण्यां निपतिष्यन्ति द्रावयिष्यन्ति हृत्तव ॥'५९॥

"कृष्ण उवाच,—'हन्त ! तौ मम निजजनकाविति भवता कावुक्तौ ?' ॥६०॥

"ऋषिः सहासमुवाच, (भा० १०।८।१४)—

'प्रागयं वसुदेवस्य क्वचिज्जातस्तवात्मजः । वासुदेव इति श्रीमानभिज्ञाः सम्प्रचक्षते ॥'

और जिसकी श्रेष्ठ चेष्टा नवीन अवस्थारूप अमृत में सज्जनश्रेणी को निमग्न करती हुई, अत्यन्त दुष्टवृन्दों के नाश करने के विषय में चतुरकला की रचना करनेवाली है, ऐसा यह साँवलिया कौन आरहा है ? ॥५५॥

श्रीकृष्ण अपने मन मन में बोले—"मैं उग्रसेन के लिए राज्य समर्पण करूँगा" यह नारदजी ने युक्त ही कहा है, क्योंकि मेरा तो वहाँ से लौटकर व्रज में आना ही रमणीय है । पश्चात् स्पष्ट बोले—नारदजी ! आगे की भविष्यवाणी कहिये ? ॥५६॥

श्रीनारदजी—इस मथुरा में सभा में बैठे हुए ग्रामीणजन, पुरवासीजन एवं भूपालवर्ग और आकाश में स्वर्गीय संगीत के ज्ञाता तुम्बुरु आदि गन्धर्व, इन्द्र आदि देवता, एवं देवताओं के स्वामी ब्रह्मा, शिव तथा ब्रह्मपुत्र सनकादि वे सब एवं हम सब भक्त मिलकर स्तुति करते हुए, रक्त को त्यागनेवाले कुवलयापीड़ हाथी के दाँतों की छवि से सूर्य की सी किरणों का सेवन करनेवाले कन्धों से युक्त, और चाणूर आदि मल्लों को छिन्नभिन्न करनेवाले तुम दोनों भाइयों को देखेंगे । पश्चात् बलवान् कंस को मारनेवाले, तुम्हारा भी दर्शन करेंगे ॥५७॥

और वहाँपर मल्लों की सभा में बैठे हुए जनों का इस प्रकार कोलाहलमय कौतुक होगा कि—क्या यह श्यामल रूप मधुर है अथवा भयङ्कर ही है ? जिस श्यामल रूप को स्त्री एवं स्त्री से भिन्न अथवा अस्त्रधारी भी नहीं जान सकते । क्योंकि इस श्यामल रूप के वस्त्र एवं अस्त्र यथायोग्य ही हैं ॥५८॥

और पापी कंस के मुक्त हो जानेपर तो वध के योग्य होनेपर भी, कंस की स्त्रियों के नेत्रों के जलविन्दु धरतीपर गिरेंगे, एवं वे अश्रु बिन्दु तुम्हारे हृदय को पिघला देंगे ॥५९॥

श्रीकृष्ण—हाय ! नारदजी ! मथुरा में मेरे जो निजी माता पिता आपने कहे वे कौन हैं ? अर्थात् मेरे नित्य माता पिता श्रीयशोदा एवं श्रीनन्दजी के रहते हुए, वे किस प्रकार मेरे जनक हैं ? ॥६०॥

श्रीनारदऋषि हास्यपूर्वक—तुम्हारे नामकरण के समय श्रीनन्दजी के प्रति श्रीगर्गजी ने यह वचन कहा था कि—"हे व्रजराज ! यह तुम्हारा पुत्र पहले किसी जन्म में वसुदेवजी के भी उत्पन्न हुआ था, इसलिए

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) : Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

इति गर्गोक्तप्रकारौ। "कृष्णः साश्चर्यस्मितमुवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'वसुदेवादयस्तु नष्टं चिन्तामणिमिव स्पष्टं विन्दमानास्त्वां हातुं न हि सहिष्यन्ते ॥६१॥

'तव च तदनुरोधाय यदूनामितस्ततः पलायनसमवायदूनानामवरोधाय च निश्चितचित्तस्य कतिचिद्दासराणि न सावसराणि भविष्यन्ति ॥६२॥

'त्वदनुषङ्गतस्तत्र सङ्गता तदपेक्षितीकृत्य व्रजक्षितिपतिप्रभृतिव्रजजनतापि शाकटवाटपटनिवासमासत्स्यति ॥६३॥

'तथापि चिरतः कंसप्रथितव्यथतया प्राप्तवितथताया यदुराजराजधान्याः स्फुरदुग्रसेनेनाप्युग्रसेनेन दुःसमाधानं समाधानम्। स्वयं बहुप्रणिधानत एव स्यादिति क्षणमपि क्षणमलभमानश्चिरायमाणे निजव्रजप्रयाणे विचार्य रामेण सममैकचर्यवर्यया स्वजनव्रजे विराजमानं व्रजेशमुपव्रज्य स्वस्य व्रजागमनमवश्यकार्यतया निर्धार्य व्रजमेव व्राजयिष्यसि ॥'६४॥

"कृष्ण उवाच,—'हन्त ! ते किं त्यजन्त एव मामाव्रजिष्यन्ति ?' ॥६५॥

"ऋषिरुवाच,—

'नन्दादयस्तव परं महताग्रहेण, प्राप्स्यन्ति गोष्ठमथ तद्वपुषात्मना न।
दृश्यं भवेद्वपुरिति स्फुटमस्य तस्मिन्, सङ्कोचिता समुचिता न तु तद्वदात्मा ॥'६६॥

पण्डितजन इसको श्रीमान् वासुदेव भी कहते हैं" इस प्रकार की गर्गोक्ति के अनुसार वे दोनों भी तुम्हारे जनक हैं। श्रीकृष्ण आश्चर्यपूर्वक मुस्क्याकर—अच्छा, उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—श्रीवसुदेवजी आदि यादव तो तुमको नष्ट हुई चिन्तामणि की तरह स्पष्टरूप से पाकर त्यागने को समर्थ न होंगे ॥६१॥

पुनः वसुदेवजी आदि के अनुरोध के लिए,एवं कंस के डर से इधर उधर दौड़ने के सम्बन्ध के कारण सन्तप्त हुए यदुवंशियों की प्राप्ति के लिए, एवं उनको यथास्थानपर अवरुद्ध करने के लिए, निश्चित चित्तवाले तुम्हारे कुछदिन अवकाश से युक्त न होंगे ॥६२॥

और तुम्हारे साथ मथुरा में आई हुई श्रीव्रजराज आदि व्रज की जनता भी, उन दिनों की अपेक्षा करके शकटसमूह के द्वारा घिरे हुए पटगृह (तम्बू) में ही ठहरी रहेगी ॥६३॥

तो भी बहुत दिनतक कंस के द्वारा विस्तृत पीडा के भाव के कारण, व्यर्थता को प्राप्त हुई यदुवंशी राजाओं की राजधानी मथुरा का समाधान, स्फूर्तिवाली भयंकर सेनावाले उग्रसेनजी के द्वारा भी कठिन हो जायगा। पश्चात् "स्वयं अधिक चित्त की एकाग्रता से ही मथुरा का समाधान हो सकेगा" इस कारण एक क्षण भी अवसर न प्राप्त करते हुए, तुम अपने व्रजप्रयाण के विषय में देरी होनेपर विचार करके श्रीबलरामजी के सहित एक प्रकार के विचार की दृढ़ता करके, स्वजनसमुदाय में विराजमान श्रीव्रजराज के निकट जाकर, व्रजमण्डल में अपने आने को अवश्य कर्तव्यरूप से निश्चित करके, अर्थात् श्रीनन्दजी के प्रति अपने व्रज में आने के विषय में दृढ़ाकर, श्रीनन्दजी को परिकरसहित व्रज में ही भिजवा दोगे ॥६४॥

श्रीकृष्ण—हाय ! तो वे श्रीनन्दादि मुझको मथुरा में छोड़कर ही व्रज में चले आयेंगे क्या ?॥६५॥

श्रीनारदजी—श्रीनन्दजी आदि व्रजवासी तो केवल तुम्हारे महान् आग्रह से शरीर के द्वारा तो व्रज को प्राप्तकर लेंगे, किन्तु मन से नहीं, अर्थात् उनका मन तो तुम्हारे पास ही रह जायगा। क्योंकि शरीर दृश्य होता है, इसलिए तुम्हारे द्वारा किये गये उस महान् आग्रह के विषय में इस स्थूल शरीर का संकुचित

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'हन्त ! किमहं वक्ष्यामि ?' ऋषिरुवाच,—'तत्रभवता तदिदं सङ्गीर्णं गीर्णमाचरिष्यते; (भा० १०।४५।२३)—
यात यूयं व्रजं तात ! वयं च स्नेहदुःखितान् । ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम् ॥'
इति । 'तदिदमेव भवदाश्वासनं तेषां विश्वासस्य शश्वायमानतामाचरिष्यति ॥'६७॥

"कृष्ण उवाच,—'कदाहमागमिष्यामि ?' "ऋषिरुवाच—'यदा सुहृदां हृदयङ्गमं सुखमुत्पत्स्यते ।' "कृष्ण उवाच,—'तच्च कदा ?' "ऋषिरुवाच,—'तेषां सुखस्योत्पत्तये तु दूरं व्याप्तुमुन्मुखं भविता ॥६८॥

"कृष्ण उवाच,—'अहो बत ! वियतीव कियती व्याप्तिस्तत्र ?' "ऋषिरुवाच,—'तत्तत्कार्यजालतः कालक्षेपं क्षेपयत्यपि भवति यावत् कंसपक्षलक्षविध्वंसनम् यावद्भवत्पुत्रादि-विचित्रसम्पद्गणश्च सम्पत्स्यते ॥'६९॥

"कृष्ण उवाच,—'अहो महात्मन् ! महद्व्यसनं खलु मयि न्यसनमायास्यति; यतो दीर्घसूत्रता मम बन्धनाय निर्बन्धमापत्स्यते ॥'७०॥

होना स्पष्ट ही समुचित है । किन्तु उस प्रकार मन दृश्य नहीं, अतः उसका संकुचित होना भी उचित नहीं । भावार्थ यह है कि—व्रजवासियों का शरीर तो तुम्हारे आग्रह से संकुचित होकर व्रज में चला आयेगा, परन्तु उनका मन तो निःसंकोचपूर्वक तुम्हारे पास ही रह जायगा ॥६६॥

श्रीकृष्ण—हाय ! तो मैं उनको बिदा करते समय क्या कहूँगा ? श्रीनारदजी—पूजनीय आपतो इस प्रकार की प्रतिज्ञा को कथनपूर्वक आचरण करोगे कि—हे पिताजी ! तुम तो व्रज में चले जाओ । किन्तु हम दोनों भाई तो इन यदुवंशीरूप सुहृदों के सुख की व्यवस्था करके, हमारे स्नेह से दुःखित हुए हमारी जातिवाले तुम सबको देखने के लिए अवश्य आयेंगे । फिर निश्चितरूप से वहीं रहेंगे । बस, आपका यह आश्वासन ही उन व्रजवासियों के विश्वास की निरन्तरता का आचरण करेगा ॥६७॥

श्रीकृष्ण—मैं लौटकर व्रज में कब आऊँगा ? श्रीनारदजी—श्रीवसुदेव आदि सुहृदों का हृदयङ्गम सुख जब उत्पन्न हो जायगा तब आओगे । श्रीकृष्ण—वह सुख कब उत्पन्न होगा ? श्रीनारदजी—उनके सुख की उत्पत्ति के लिए तो दूरतक व्यापक होने को उन्मुख होना पड़ेगा ॥६८॥

श्रीकृष्ण—अहो ! खेद, कहिये आकाश की तरह उस सुखोत्पत्तिरूप कार्य के विषय में कितनी व्यापकता शक्ति है ? अर्थात् वह कार्य कितना लम्बा चौड़ा है ? ऋषि—उन उन कार्यसमूहों के द्वारा आपके कालक्षेप करनेपर भी, अर्थात् समय बितानेपर भी, जबतक कंस के पक्षपाती लाखों दैत्यों का विध्वंस होगा, एवं जबतक आपके पुत्रपौत्रादि विचित्र सम्पत्तिसमूह सम्पन्न होगा, तबतक उस कार्य की व्यापकता है ॥६९॥

श्रीकृष्ण—अहो ! महात्मन् ! इन बातों से तो निश्चित होता है कि, मेरे ऊपर महाविपत्ति आपड़ेगी । जिसके कारण मेरे बन्धन के लिए दीर्घसूत्रता (बहुत देर में कार्य करनेवाले का भाव) आग्रह को प्राप्त हो जायगी ॥७०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ऋषिरुवाच,—'मा तापमापद्यस्व, भवतः स्वभाव एवायम्, यत् कदाचिदन्तरङ्गाणां परिवारसङ्घानां सुखभङ्गं स्वाङ्गानामिव विषह्य बहिरङ्गाणां दुःखभङ्गं करोषि ॥'७१॥

"कृष्ण उवाच,—'भवतु, भाविकथा प्रथ्यताम् । तत्र मदीयदुर्वृत्ततामयं व्रजदुःखवृत्तं तावदास्ताम्, पुरवृत्तं पुरस्तादनुवर्त्यताम्, येनाहमुपरक्तस्तत्र निष्प्रतिभतां व्यक्तमाप्स्यामि ॥७२॥

"ऋषिरुवाच,—'साम्प्रतं तव गायत्रव्रतमेव सगर्गेण वसुदेवादियदुवर्गेण प्रथयिष्यते । यत्र च व्रजतः कर्णीरथारोहिणी रोहिणी च तत्र नेष्यते, न तु व्रजजनः कश्चित् । क्षात्रविधान-पात्रतया तन्निर्माणे तस्य निर्माणदुःखं दुःखनन्नमूलं भविता' इति ॥७३॥

"कृष्णः स्वगतमिदमधिगतवान्,—'हन्त ! प्रसङ्गतस्तद्दुःखमेवासङ्गं लभते; मन्मातृ-सङ्गिनी हि सा रोहिणी कथं तद्भङ्गिनी भविष्यति ?' इति । 'ततः कथान्तरं पृच्छाम इति स्पष्टं पप्रच्छ,—'ततस्तद्व्रताचारानन्तरं किन्तरामाचरिष्यामि ?' ॥७४॥

"ऋषिरुवाच,—'ततः सान्दीपनि-सन्दीपितविद्यासभामवन्तीमवन्तीमासाद्यानवद्यविद्या-समुदायाय भ्रातरौ युवामकातरौ सब्रह्मचारितया गौरवसंकुलतया गौरवं कुलमेष्यथः; यत्र

ऋषि—सन्ताप न कीजिये । क्योंकि आपका यही स्वभाव है कि, अपने निजी अङ्गों की तरह अन्तरङ्ग (व्रजवासी) परिवारसमूहों के सुखभङ्ग को कभी कभी सहन करके भी बहिरङ्ग (मथुरा एवं द्वारकावासी) जनों के दुःख नष्ट करते हो ॥७१॥

श्रीकृष्ण—अच्छा, रहने दो । आगे होनेवाली कथा को कहिये । उसमें भी व्रज के त्यागरूप मेरी दुर्वृत्ततामय व्रजसम्बन्धी दुःखद चरित्र को रहने दीजिये । केवल मथुरापुरी के वृत्तान्त को मेरे सामने प्रगट कीजिये । जिसके कारण मैं दुःखों से पीडित होकर वहाँपर स्पष्ट ही प्रतिभा से रहितता को प्राप्तकर लूँगा ॥७२॥

ऋषि—इस समय तो श्रीवसुदेव आदि यदुवंशीगण, श्रीगर्गाचार्य के सहित तुम्हारे यज्ञोपवीत संस्कार को सम्पन्न करेंगे । जिस यज्ञोपवीत संस्कार में परदा लगे हुए रथ में चढ़ी हुई श्रीरोहिणी व्रज से मथुरा में लाई जायँगी । किन्तु व्रजवासी कोई भी न लाया जायगा । इस संस्कार में व्रजवासियों को, न बुलाने का यही कारण था कि—क्षत्रियसमुदाय के विधान की योग्यतानुसार उस यज्ञोपवीत संस्कार की रचना देखनेपर, व्रज के जनमात्र का जो अपरिमित दुःख होगा, उसका मूल उखाड़ना कठिन हो जायगा ॥७३॥

श्रीकृष्ण अपने मन मन में यह जान गये कि—हाय ! प्रसङ्गक्रम से उस संस्कार में व्रजजनों के न आने से जो दुःख है, वह ही मेरे मन में आसक्ति का लाभ कर रहा है, कारण मेरी माता की सङ्गिनी वह रोहिणी माँ उसके सङ्ग को भङ्ग करनेवाली कैसे होगी ? अर्थात् मेरी माँ को छोड़कर अकेली कैसे मथुरा चली आयेगी ? इसलिए दूसरी कथा को पूछते हैं, इस प्रकार विचार कर स्पष्ट पूछा कि—उस यज्ञोपवीत-रूप व्रताचार के अनन्तर मैं किस प्रकार आचरण करूँगा ? ॥७४॥

ऋषि—तदनन्तर सान्दीपनि मुनि के द्वारा प्रकाशित विद्यासभा की रक्षा करनेवाली अवन्ती नगरी में जाकर, विशुद्ध विद्यासमुदाय की प्राप्ति के लिए तुम दोनों भाई अकातर (हर्षित) होकर, परस्पर ब्रह्मचर्यव्रत धारणपूर्वक गौरव से व्याप्त होकर, गुरुकुल में जाओगे । जिस गुरुकुल में गुरुदेव के एकबार कथनमात्र से सम्पूर्ण विद्या को अध्ययन और धारण करते हुए दोनों भाई चारों ओर चमत्कार फैला दोगे ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सकृन्निगदमात्रेण सर्वां विद्यामधीयन्तौ धारयन्तौ च सर्वतश्चमत्कारमर्पयिष्यथः; यत्रेदं सखेदमुपश्लोकयन्महाँल्लोकसङ्घः परस्परं सविस्मयमालोकयिष्यति; ॥७५॥ यथा—

'अङ्गं पल्लवकोमलं प्रभवनं लक्ष्मीपरार्धाश्रितं
सेव्यत्वं समसेवकायुतमनोराज्याभमुद्भ्राजते ।
यस्य श्रीरमणस्य सोऽपि नितरां वागीश्वरी-लोभनो-
ऽप्याचार्याण्युपदिष्टकाष्ठघटनं शर्म-श्रिया निर्ममे ॥'७६॥

'तदेवं चतुःषष्टिमात्रैरहोरात्रैः सर्वास्वपि कलास्वधीतिना भवता गुरुपत्नीभिक्षित-पञ्चजनभक्षित-तत्-पुत्रानयनमयदक्षिणानिवेदने चेदं लोका व्यतिवेदयिष्यन्ते; ॥७७॥ यथा—

'वस्त्वस्ति यत्तद्गुरवे प्रदीयता,-मदुर्लभं चेदथवा सुदुर्लभम् ।
नष्टं वपुर्यद्गुरुजस्य तद्वपु,-ष्मन्तं यमात् पश्य तमानिनाय सः ॥७८॥

'ततश्च, यमादपि समानेता गुर्वपत्यं त्वया यदा ।
विवदेरन्मुखे तर्हि म्रियेरन्नरयो हृदि ॥'७९॥

"कृष्णः स्वगतम्,—'न जाने, जनेन तद्वर्ण्यमानमाकर्ण्य निरवलम्बतां संवलमानानां मय्यनुकम्पासम्पातवतामम्बादीनां का दशा भविता, या सम्प्रति च मम हृत्कम्पाय सम्पद्यते ।' 'भवतु, प्रस्तावान्तरं विस्तारयामः' इति स्पष्टमाचष्ट,—'भगवन् ! कोऽसौ पञ्चजनः ?'॥८०॥

जिस गुरुकुल में खेदपूर्वक श्लोकों के द्वारा तुम दोनों की इस प्रकार प्रशंसा करता हुआ महान् जनसमुदाय परस्पर आश्चर्यपूर्वक देखेगा ॥७५॥

यथा—जिन श्रीकान्त श्रीकृष्ण का अङ्ग नवीनपत्र से भी कोमल है, जिनका शरीर शोभा की पराकाष्ठा को प्राप्त है, किंवा जिनका प्रभवन (प्रभुत्व) परार्ध संख्यावाली लक्ष्मी के आश्रित है, एवं जिनका सेव्यभाव एकसाथ अयुत (दशहजार) अर्थात् अपरिमित सेवकों के अभीष्ट वस्तु के विकाश से युक्त होकर शोभा पा रहा है। और विशेष करके सरस्वती को लुब्ध करनेवाले होकर भी, वे ही श्रीकान्त, गुरुपत्नी की आज्ञा से लकड़ी लाने के कार्य को सुखसम्पत्ति के द्वारा सम्पादन कर रहे हैं ॥७६॥

इस प्रकार केवल चौंसठ दिन में ही सभी कलाओं का, अर्थात् चौंसठ कलाओं (विशेष विवरण उत्तरचम्पू ८।७१ में देखिये) का अध्ययन करनेवाले आपके द्वारा गुरुपत्नी के द्वारा याचित, पञ्चजन नामक राक्षस के द्वारा भक्षित, ऐसे गुरुपुत्र का लानारूप गुरुदक्षिणा निवेदन के विषय में सभी लोग परस्पर यह विज्ञापन करेंगे कि— ॥७७॥

यथा—जो वस्तु गुरुदेव द्वारा माँगी गई है, वह सुलभ हो या अत्यन्त दुर्लभ हो, वह गुरुदेव के लिए दे देनी चाहिये, यह शिष्यों का धर्म है। क्योंकि देखो, गुरुपुत्र का जो शरीर नष्ट हो गया था, उस शरीर से युक्त गुरुपुत्र को यमराज से श्रीकृष्ण ले आये, एवं उसको गुरुदक्षिणा में दे दिया ॥७८॥

और उसके बाद तुम गुरुपुत्र को यमराज से भी जब ले आओगे, तब तुम्हारे बैरी केवल मुख में विवाद ही करेंगे, किन्तु हृदय में तो जल जल के मर जायेंगे ॥७९॥

श्रीकृष्ण मन मन में विचारने लगे कि—न जाने जनमात्र के द्वारा वर्णित किये गये गुरुपुत्र के लाने आदि के प्रसङ्ग को सुनकर अवलम्बनरहितता का आश्रय लेनेवाले एवं मेरे ऊपर दयासुधा बरसानेवाले माता आदि जनों की कौन सी दशा होगी ? क्योंकि जो दशा याद करने से अब भी मेरा हृदय कँपाने के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ऋषिरुवाच,—'जयविजयवत् कस्माच्चित् कारणाच्छङ्खासुरतां प्राप्तोऽसौ प्रसिद्धः शङ्खविशेष एव । त्वञ्च तदङ्गमादास्यसे ॥८१॥

किन्तु, 'यदा यदा ध्मापयिता भवान् दरं, नेत्रे तदार्द्रे इव ते भविष्यतः ।
लब्धं यशोदा-स्तनपानजं सुखं, कृपा-भरेण स्मरणप्रथावतः ॥'८२॥

"कृष्णः सोद्वेगमुवाच,—'एतद्वस्तूद्देशं विना कथान्तरं प्रस्तूयताम् ।' ऋषिरुवाच,—'किञ्चिदन्यदल्पं श्रूयताम् । वृत्तविद्यस्त्वं मथुरायामागतमात्रः श्रीमद्व्रजाय कृतयात्रस्तत्रत्य-पित्रादिभिः कृतसङ्कोचनस्तदाज्ञालङ्घनं नायत्यां मङ्गलमिति रचितविचारतया चरितशोचनः स्वानुकूल्यकैवल्यलसदुद्धवमतिविनीतमुद्धवमेवाभिनीतं मत्वा व्रजजनानामनाविजमानताजन-नाय नियोजयिष्यसि ॥८३॥

तेषां सङ्कोचत एव न च व्रजजनमात्मोपह्वरमाह्वयिष्यसि ॥८४॥

'ते ह्येवं रहस्यं संस्यन्ते, कृष्णस्य व्रजमात्रतृष्णस्य व्रजदेशे प्रवेशे पुनर्लम्भनं विप्र-लम्भतः स्तम्भनमेव लप्स्यते । व्रजजनस्यात्र प्रवेशश्च तथावेश एवेति । अथ व्रजजनः स च

लिए युक्त हो रही है । अच्छा, इस बात को रहने दो । दूसरे प्रस्ताव का विस्तार करेंगे । यह विचार कर स्पष्ट—भगवन् ! वह पञ्चजन कौन था ? ॥८०॥

ऋषि—भगवन् ! जय विजय की तरह किसी कारण से शंखासुरता को प्राप्त हुआ, वह प्रसिद्ध दक्षिणावर्त शंखविशेष ही पञ्चजन था । तुम भी (शङ्ख के आकारवाले) उसके अङ्ग को ग्रहण करोगे ॥८१॥

किन्तु आप उस शङ्ख को जब जब बजाओगे, तब तब आपके नेत्र गीले से हो जाया करेंगे । कारण उस समय आपको यह भान होगा कि मुझे श्रीयशोदा माँ के स्तनपानजन्य सुख प्राप्त हो रहा है, पश्चात् कृपा की अधिकता से उस सुख के स्मरण की परिपाटी से विशिष्ट हो जाओगे । अर्थात् यशोदा के स्तनपान की याद करोगे । क्योंकि उस शङ्ख का मुख यशोदाजी के स्तन के आकार का है ॥८२॥

श्रीकृष्ण उद्वगपूर्वक—श्रीयशोदा माँ के स्तनपानादि वस्तुओं के उद्देश्य के बिना दूसरी कथा का प्रस्ताव रखिये । ऋषि—कुछ थोड़ी सी दूसरी बात सुन लीजिये । देखो, विद्याध्ययन समाप्त करके मथुरा में आते ही, तुम शोभायमान व्रज के लिए जाने को तत्पर हो जाओगे । किन्तु मथुरावासी पिता वसुदेव आदिकों द्वारा तुम्हारा जाना संकुचित कर दिया जायगा । श्रीवसुदेवजी आदि की आज्ञा का लंघन करना भविष्य में मङ्गलजनक न होगा, ऐसा विचार करके तुम शोकाकुल हो जाओगे । पश्चात् आपकी निजी अनुकूलता में ही जिसकी एकमात्र निष्ठा है, उसी के कारण जिसका उत्सव शोभित होता रहता है, ऐसे अत्यन्त विनीत श्रीउद्धव को ही सुविज्ञ समझ कर, व्रजवासियों के उद्वेग की रहितता की उत्पत्ति के लिए, व्रज में जाने को नियुक्त कर दोगे ॥८३॥

और श्रीवसुदेवजी आदिकों के सङ्कोच से ही व्रज के जनमात्र को अपने निकट नहीं बुलाओगे ॥८४॥

वे वसुदेवजी आदि इस प्रकार के रहस्य को समझेंगे कि—केवल व्रजमात्र में तृष्णा रखनेवाले श्रीकृष्ण के व्रजप्रदेश में प्रवेश करनेपर, पुनः मथुरा में श्रीकृष्ण की प्राप्ति व्रजवासियों के वियोग के कारण रुकावट को ही प्राप्त हो जायगी । और व्रज के जनमात्र का मथुरा में प्रवेश करना भी, उसी प्रकार के आवेशवाला ही है । अर्थात् व्रज के जनमात्र में श्रीकृष्ण की आसक्ति है, अतः उसके साथ यदि चले गये तो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

स्वयमपि नायास्यति । (भा० १०।४५।२३) 'ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामः' इति रहस्यत्वद्वचनस्य भवद्भिस्तु नागम्यतामिति स्वारस्यभङ्गप्रसङ्गः स्यादिति ॥८५॥

'तथा स्वारस्यमपि तादृशतन्मन्त्रणायन्त्रणया, न तु स्वतन्त्रतया । किञ्च, तव चेतसि यः कोऽप्यन्यः सङ्कोचः सम्प्रति सम्प्रतीति विना रोचमानतां प्रतिपन्नवानस्ति, सोऽपि व्रज-भूमावाव्रजनादिवर्जने साहायकं मुहुर्निर्वाहयिता ॥८६॥

'व्रजजनं प्रति तदिदन्तु वेदवदपरतन्त्रं मन्त्रं निवेदयिष्यसि । सम्प्रति च भवतां सम्बन्धे जरासन्धादिभिः कृतानुसन्धे तत्रापि निर्बन्धात् कटकेन धाटी घटयिष्यते' इति ॥८७॥

'तथास्मिन्नुद्धव-द्वारा पित्रादिषु वाचिकपत्रिका; यथा--

'सम्बन्धाद्वः समन्तादहमपि स तथा यामि तं वृष्णि-वृन्दे
युष्माकं प्राणयोग्यप्रणयभुवि तथैवावनं संविधित्से ।
किन्त्वेषा मूर्तिरत्र स्वयमपि तु भवत्पार्श्ववर्ती ममात्मा
किं वा मूर्तिश्च तस्मिन् भवति हि भवतां स्फूर्तिरेव प्रमाणम् ॥८८॥

हमारा वियोग बना धरा है । और आपकी प्रीति का पात्र वह व्रज का जनमात्र भी आपके निकट स्वयं नहीं आयेगा । कारण श्रीनन्दजी की विदाई के समय आपने यह कहा था कि—"हम अपने जातिभाई तुम सबको देखने आयेंगे" इस प्रकार के रहस्यमय तुम्हारे वचन के "किन्तु आप कोई भी यहाँ आने का कष्ट न करें" इस प्रकार के स्वारस्य के भङ्ग का प्रसङ्ग बन जायगा । अतः कोई न आयेगा ॥८५॥

उस प्रकार का स्वारस्य (स्वरसता) भी श्रीगर्गमुनि की उस प्रकार की विचारधारा के प्रभाव से ही होगा, किन्तु स्वतन्त्रतापूर्वक नहीं । किञ्च तुम्हारे चित्त में दूसरा "मैं क्षत्रिय कन्या के साथ विवाह करूँ अथवा गोपकन्या के साथ" इस प्रकार का जो सङ्कोच इस समय उस प्रकार की प्रसिद्धि के बिना रुचिकर भाव को प्राप्त हो रहा है, वह सङ्कोच भी व्रजभूमि में आगमन आदि के निषेध में बारम्बार सहायता का निर्वाह करेगा ॥८६॥

यदि कहो कि इतने दिन तक व्रजवासी मेरे विरह में कैसे रहेंगे ? तहाँ सुनो । व्रजवासियों के प्रति तो वेद की भाँति स्वतन्त्र अपना यह विचार निवेदन करोगे कि–हे व्रजवासियो ! देखो, इस समय हमारे एवं आपके परस्पर सम्बन्ध के विषय में जरासन्ध आदि के द्वारा अनुसन्धान कर लेनेपर तो, वे व्रज में भी आग्रहपूर्वक सेना के द्वारा छलबल से आक्रमण संघटित कर देंगे । अतः इस समय हमारा तुम्हारा परस्पर कहीं भी आना जाना उचित नहीं है ॥८७॥

तथा इस व्रज में उद्धवजी के द्वारा माता पिता आदि के निकट सन्देशपत्रिका भेजोगे, यथा—हे पिताजी आदि मेरे प्यारे व्रजवासियो ! आप सबके प्रति मेरा यह नम्र निवेदन है कि—यदुवंशियों के समूह में आप सबका जैसे पिता प्रपितामह आदि अनेक रूप से चारों ओर से जो सम्बन्ध है, उसी सम्बन्ध से उसी प्रकार मैं भी उसी सम्बन्ध को प्राप्त हूँ । अतः तुम्हारे प्राणों के समान प्रेमास्पदरूप यादवसमूह में भी तुम्हारी तरह रक्षा का संविधान करना चाहता हूँ । उसमें भी विशेषता यह है कि—यह मेरा शरीर ही मथुरा में है, किन्तु मेरा आत्मा तो आप सबके निकटवर्ती ही है । अथवा हमारा शरीर एवं आत्मा (मन) दोनों ही व्रज में विद्यमान हैं । कारण इस विषय में आप सबकी स्फूर्ति ही प्रमाण है ॥८८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'किञ्च, आयास्यामीति किं जल्पेद् बद्धः प्रणयरज्जुभिः ।
येन बद्धस्तु तस्येच्छामनिच्छाञ्चानुयाति सः ॥८९॥

'श्रीवसुदेवादीनां देवद्विडुपद्रवस्य विद्रवः खलु भवदभिमत एवेति तु मया मतमेव । 'अथ पुरस्ताद्उद्धव-दर्शनमात्रेण च ते परमसुखं प्राप्स्यन्ति ॥९०॥

'यतः, अपरिचयेऽप्यवलोकाद्, भक्तं भक्तः पिपर्ति कृष्णस्य ।
स्वरमात्रात्तद्गाना,-रम्भः सुजनं प्रमोदयति ॥९१॥

'ततश्च, तव विश्लेषान्नव-नवार्तास्ते त्वद्वार्तामिव वार्तामनुवर्तमाना वार्तायमानाः शीघ्रमिव वियन्ति कियन्ति वासराणीव तं कतिचिन्मासान् वासयित्वा पर्यवसाने तद्द्वारा स्वं भावमेवापेक्ष्य मुद्रितमुखेन स्वस्तिमुखेन सन्देक्ष्यन्ति ॥९२॥ यथा—

'ईश्वरस्त्वमिति सोऽयमस्मका,-नुद्धवः समुपदिश्य गच्छति ।
पुत्र ! तत्तु न वयं स्म मन्महे, नास्मदेष भवतस्तु मर्मवित् ॥
अथवा— हन्त ! तत्र न वयं स्म मन्महे श्रीशता किमु सुते न रोचते ॥९३॥

किंच जिन व्रजजनों की प्रेमरूपी डोरियों के द्वारा बँधे हुए आप "मैं व्रज में आऊँगा" इस प्रकार कैसे कह सकते हैं। किन्तु जिस अपने कथन के द्वारा बँधे हुए वे ही आप, उन व्रजजनों की व्रजगमनरूप इच्छा का एवं मथुरा में रहने की अनिच्छा का अनुगमन करते रहते हो ॥८९॥

और श्रीवसुदेव आदिकों के असुरों के द्वारा किये गये उपद्रव का विनाश करना तो आपके अभिमत ही है, अतः मेरा भी यही मत है। तदनन्तर आगे की ओर से आते हुए उद्धवजी के दर्शनमात्र से वे सब व्रजवासी परमसुख को प्राप्त करेंगे ॥९०॥

कारण—पहला परिचय न होनेपर भी श्रीकृष्ण का जो भक्त है, वह अपने दर्शनमात्र से दर्शन करनेवाले भक्त को तृप्तकर देता है, अर्थात् पूर्णसुखी कर देता है। उसका दृष्टान्त यह है कि—गायन का जो आरम्भ है, वह पहले स्वरमात्र से, अर्थात् आलापचारी से ही, सुजनमात्र को अति हर्षित कर देता है ॥९१॥

और उसके बाद वे व्रजवासी तुम्हारे वियोग से नये नये प्रकार से आर्त होकर, अर्थात् प्रतिक्षण पीडित होकर, तुम्हारी बातचीत को ही कृषि आदि जीविका की तरह अनुसरण करते हुए, एवं नीरोगता का आचरण करते हुए, शीघ्र ही बीते हुए कुछ दिनों की तरह, उद्धवजी को कई महीनोंतक वहींपर बसाकर पश्चात् उन्हीं उद्धव के द्वारा अपने गूढभाव की ही अपेक्षा कर, अर्थात् तुम्हारे व्रज में आने की अपेक्षा करके, जिसका मुख बन्दकर दिया है, ऐसे गुप्तपत्र के द्वारा तुमको सन्देश भेजेंगे ॥९२॥

पत्र का भाव, यथा—स्वस्तिश्री प्रिय पुत्र ! शुभाशीर्वादपूर्वक विदित हो कि, तुम्हारे द्वारा भेजे हुए ये उद्धव, हमारे प्रति "तुम ईश्वर हो" ऐसा उपदेश देकर जा रहे हैं। किन्तु पुत्र ! हम तो उद्धवजी की बातों को नहीं मानते। क्योंकि ये हमारे एवं तुम्हारे वास्तविक मर्म को नहीं जानते। अथवा उद्धव की कही हुई ईश्वरता का यह भावार्थ है कि—हाय ! हम क्या उद्धवजी के उपदेश के विषय में कुछ नहीं समझते अपितु समझते हैं। क्योंकि अपने पुत्र के विषय में श्रीशता (लक्ष्मीपतिता) अर्थात् भारी धनिकता, पिता के लिए रुचिकर नहीं है क्या ? अर्थात् हमारा पुत्र ऐश्वर्यशाली हो गया तो अच्छा ही है। किन्तु वात्सल्यरसोपासक हम लोगों के पक्ष में परमेश्वरता रुचिकर नहीं है ॥९३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

किञ्च यद्यहो सुत ! भवानधीश्वर,-स्तर्ह्यपि स्फुरतु ते पदाब्जयोः ।
प्रीतिरत्र च परत्र नः सदा, कृष्णतामनु यतः सतृष्णता ॥'९४॥

"कृष्ण उवाच,—'उद्धवस्तु किं मां वक्ष्यते ?'

"ऋषिरुवाच,—'विना चन्द्रं शरल्लक्ष्मीर्विना पुष्पं मधून्नतिः ।
विना पयोदं वर्षाश्रीर्विना त्वां का व्रजस्थितिः ?' इति ॥९५॥

"कृष्णः सास्रमुवाच,—'यादवके मम विलम्बसंवलनकारणं विशेषेण च वर्णय ।' ऋषिरुवाच,—'तत्र भक्तं भजमानस्य कवचं बिभ्राणस्य शत्रून्निघ्नानस्य तव व्यासङ्गान्तरमपि लब्धान्तरतामाप्स्यति ॥'९६॥

"कृष्णः सोद्वेगमुवाच,—'हन्त ! किं तत् ?' ऋषिरुवाच,—'यत् खलु वसुदेव-स्वस्रीयाणां युधिष्ठिरादीनां धृतराष्ट्रेण दुष्टभ्रष्टराष्ट्रीकृतानां पक्षस्य पुष्टीकरणाय भविता । ते च त्वामेव परमातिष्ठमाना भक्तवश्यतां वावश्यमानस्य तव कैतवरहितभक्तिभाज इति । यदर्थं प्रथम तस्तावदभिजातमभिजातं चाक्रूरं दूततया दूरमापयिष्यसि ॥९७॥

'प्रकृतव्यासङ्गः पुनरङ्गीभूतः प्रभूत एव; यतः कंसपक्षनिर्हरणं तदापि त्वया कृताकृत-मेव वर्त्स्यति ॥९८॥

किंच हे पुत्र ! यदि तुम अधीश्वर हो तो हर्षपूर्वक तुम से हमारा यही कहना है कि—हमारी प्रीति तो इसलोक एवं परलोक में तुम्हारे चरणारविन्दों में ही स्फूर्ति पाती रहे । कारण हमारी लालसा तो सदैव कृष्ण के स्वरूप के लक्ष्यपर ही डटी हुई है, किन्तु ईश्वरता सम्बन्धी रूपपर नहीं ॥९४॥

श्रीकृष्ण—तो उद्धव व्रज से लौटकर मुझसे क्या कहेंगे ? ऋषि—जैसे चन्द्रमा के बिना शरद् की शोभा, पुष्पों के बिना वसन्त की उन्नति, एवं मेघों के बिना वर्षा की शोभा किसी काम की नहीं, उसी प्रकार आपके बिना व्रज की स्थिति भी डाँवाँडोल है, यही कहेंगे ॥९५॥

श्रीकृष्ण आँसू बहाते हुए—यदुवंश के समूह में (एवं यद् व्रजे इस पाठ में—व्रज में आने के विषय में) मेरे विलम्ब के संयोग सम्बन्ध के कारण को विशेषरूप से कहिये ? विलम्ब का कारण पूछने का तो यही तात्पर्य है कि—कारण मालूम हो जानेपर उसका शीघ्र ही निराकरण करके व्रज में लौट आयें । ऋषि—वहाँपर भक्तों की स्वभावतः सेवा करनेवाले, कवचधारण करनेवाले, एवं शत्रुओं का वध करनेवाले तुम्हारे सम्बन्ध में अन्य भक्तों का घनिष्ठ संपर्क भी अवकाश को प्राप्त हो जायगा ॥९६॥

श्रीकृष्ण उद्वेगपूर्वक—हाय ! वह कौनसा ? ऋषि—धृतराष्ट्र की प्रेरणा से दुष्ट शकुनि आदि द्वारा जो अपने राष्ट्र (देश) से भ्रष्टकर दिये गये, एवं जो वसुदेवजी की बहिन (कुन्ती) के पुत्र हैं, उन श्रीयुधिष्ठिर आदिकों से जो घनिष्ठ संपर्क है, उन्हीं के पक्ष की पुष्टि करने के लिए विलम्ब का कारण होगा । तुम भक्तों की अधीनता को ही बारंबार चाहते हो, एवं कपटरहित भक्तियुक्त हो । इसी कारण वे युधिष्ठिर आदि केवल तुम्हारा ही सहारा लेते रहेंगे । और जिन युधिष्ठिर आदिकों के पक्ष पोषणार्थ पहले से ही कुलीन, नीतिनिपुण, एवं पण्डित श्रीअक्रूरजी को दूत बनाकर मथुरा से दूर (हस्तिनापुर) भिजवाओगे ॥९७॥

और युधिष्ठिर आदि भक्तों का सङ्ग पुनः प्रधान होने के नाते विशेष ही है । कारण उस समय भी कंस के पक्ष का विनाश तुम्हारे द्वारा किया गया भी कुछ अवशिष्ट रह जायगा ॥९८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तथा हि—वराकेषु कंसपक्षीयेषु चान्येषु तीर्थकाकतां गतेषु यत् खल्वस्तिः प्राप्तिश्चेति तस्य तत्र कलत्रद्वयमस्ति । 'तत् पुनर्वैधव्येनान्धीभूतमिव स्वबन्धुजनदत्तानुसन्धीभवत्पितृतया धृताश्वासनिर्बन्धं जरासन्धं गमिष्यति ॥९९॥

'यत्र च— विस्रस्तकेशवेशाद्योस्तयोः कंसस्य भार्ययोः ।
द्रक्ष्यन्ति विहसिष्यन्ति चाङ्गानि पथिका अपि ॥१००॥

'ततस्तत्प्रेरणया जरासन्धः प्राप्तजरासन्ध इव कालरूपतावन्तं भवन्तमेव त्रयोविंशतिसंख्याभिरक्षौहिणीभिरभियास्यति ॥१०१॥

'तादृशतां भृशमविद्वान्, कीटक इव कृपीटयोनिमभियाय चाभिया मथुरां, मथन्निवावरिष्यति ॥१०२॥

'ततश्च, इन्द्रर्कद्योतकेलिं कुतुककलनया निर्मिमाणावधृष्यौ
जारासन्धं तदन्धं तम इव कटकं त्रोटयन्तौ भवन्तौ ।
एकं तं मागधेशं तम इव घृणया बाढमुत्सृज्य पर्व-
प्राप्तं सर्वं स्वभक्तं स्वमहसि दधतौ भास्यतः शश्वदेव ॥१०३॥

'एवं सप्तदशस्वप्यभिसम्पातेष्वपयातेषु कूटीकृतम्लेच्छकोटित्रयप्रकटकटकः स महाजवनः कालयवनः प्रातरेवातिदूरतः सामुद्रपूर इवालोकिष्यते, येन नीवृदेव निवृतो भविता ॥'१०४॥

देखो, कंस के तुच्छ पक्षपातियों में, एवं निन्दनीय भाव को प्राप्त हुए अन्य द्विविद आदि के रहनेपर भी, अस्ति एवं प्राप्ति नामक जो दो स्त्रियाँ कंस की हैं, वे दोनों ही विधवापन के कारण, अन्धी सी होकर, तथा निजबन्धुओं के द्वारा उनका अनुसन्धान प्राप्त करनेवाले पिता होने के नाते, उनके आश्वासन का आग्रह धारण करनेवाले जरासन्ध के निकट चली जायँगी ॥९९॥

और पिता के घर जाते समय जिनके केश वेशविशेष आदि सब अस्तव्यस्त हो गये हैं, ऐसी उन कंस की दोनों स्त्रियों के अङ्गों को पथिकजन भी देखेंगे एवं उपहास करेंगे ॥१००॥

तदनन्तर उन दोनों की प्रेरणा से जरासन्ध मानो वृद्धता के संयोग को प्राप्त हुआ सा होकर, कालरूपता को प्राप्त हुए आपके सम्मुख ही तेईस अक्षौहिणी सेना के सहित आगमन करेगा ॥१०१॥

और अपनी दाहकता को अच्छी तरह न जाननेवाला मूर्ख पतङ्गा, जैसे अग्नि के निकट दौड़कर जाता है, उसी तरह आपकी शक्ति को भी भली प्रकार न जाननेवाला जरासन्ध भी, भय से रहित होकर मथुरा के निकट आकर, उसका मन्थन सा करता हुआ उसको चारों ओर से घेर लेगा ॥१०२॥

उसके बाद कौतुक रचनापूर्वक चन्द्र सूर्य के प्रकाश की क्रीडा का निर्माण करते हुए, एवं जरासन्ध की सेना को गाढ़े अन्धकार की तरह नष्ट करते हुए तुम दोनों भाई, अकेले जरासन्ध को अवज्ञापूर्वक राहु की तरह दृढ़तापूर्वक छोड़कर, पश्चात् आपके विजय महोत्सव में सम्मिलित हुए अपने सभी भक्तों को, अपने तेज में पुष्ट करते हुए निरन्तर ही शोभा पाओगे ॥१०३॥

इसी प्रकार सत्तरह महायुद्ध बीत जानेपर, तीन करोड़ म्लेच्छों को एकत्रित कर सेना को प्रगट करनेवाला महान् वेगवाला वह प्रसिद्ध कालयवन, प्रातःकाल ही बहुत दूर से समुद्र के प्रवाह की तरह दिखाई देगा । जिसके कटक के कारण मथुरामण्डल का सारा देश ही व्याप्त हो जायगा ॥१०४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'भूरिदूरतया शात्रवपात्रतारहितः स कस्मादस्माकमहिततामाप्स्यति ? ॥१०५

"ऋषिरुवाच,—'यदुवर्गवाधितगार्ग्याराधितभर्गवरस्फुरदुपसर्गजनिसर्गत एव यादवदवं प्रति भयद्ववविसर्गनिरर्गले तस्मिन् जरासन्धानुसन्धानादेव। स चात्रावश्यमरणवश्यतामाप्स्यतीति मत्प्रेरणाच्च ॥'१०६॥

"कृष्ण उवाच'—'कथं तर्हि तस्य गर्हितस्य मरणं भविता ?' "ऋषिरुवाच,—गर्हितत्वमेव तत्त्वतः खल्वहितं कारणम्। प्रकारं चामुं सहास्यमुद्गास्यन्ति,—

'शीतं महस्तदनुसृत्य मुकुन्दमूर्ते,-र्म्लेच्छाधिराडधितमःकटु-कीटतुल्यः।
एष ज्वलज्ज्वलनवन्मुचुकुन्दतेजः,-सङ्गादलं वलितविस्मिति भस्मति स्म ॥'१०७॥

"अथ कृष्णः स्वगतमधिगतवान्,—'न जाने, योजनशतकमर्दति तस्मिन् दुर्दमदुर्जनसम्मर्दे मत्प्रमदसत्रव्रजतुल्यव्रजः परिक्षिप्ततया विक्षिप्तचित्तः कुत्र वा व्रजिष्यति ?' ॥१०८॥

"ऋषिस्तु तदभिप्रयन् प्रथयति स्म,—'काम्यकतः पश्चिमायां दिशि गिरितटगतगरिष्ठाटवीमटिष्यति; किन्तु भवता यादवानामिव व्रजभवनानामरितस्तन्निष्यमाणसन्तापसन्तानाभावाय तदिदं चिन्तयिष्यते ॥१०९॥

श्रीकृष्ण—बहुत दूर रहने के कारण हमारी शत्रुता की पात्रता से रहित वह म्लेच्छ, किस कारण हमारी शत्रुता को प्राप्त करेगा ? अर्थात् अकारण ही हमसे क्यों वैर बाँध बैठेगा ? ॥१०५॥

ऋषि—यदुवंशियों के द्वारा बाधित हुए जो गर्गगोत्री, उन गर्गगोत्रवालों के द्वारा आराधित शंकरजी के वरदान से स्फूर्ति पानेवाले उत्पात के द्वारा (कालयवन के) जन्म की सृष्टि से ही, यादवरूपी वन के प्रति भयरूप अग्नि के लगाने में उच्छृङ्खल उस कालयवन में जरासन्ध के अनुसन्धान से ही, एवं "वह कालयवन यहाँपर अवश्य ही मरण के वशीभूत हो जायगा" अर्थात् मारा जायगा। इस कारण मेरी प्रेरणा से भी वह कालयवन तुम सब यदुवंशियों से शत्रुता करने लगेगा ॥१०६॥

श्रीकृष्ण—तब उस निन्दित यवन का किस प्रकार मरण होगा ? ऋषि—उसका निन्दितभाव ही यथार्थरूप से योग्य कारण होगा। उसके मरने के अग्रिम प्रकार को उस समय के लोग हास्यपूर्वक ऊँचे स्वर से गायेंगे कि—अधिक तमोगुणी कटु (कड़वे) कीट के तुल्य एवं म्लेच्छों का सम्राट् यह कालयवन, श्रीमुकुन्द की मूर्ति के उस शीतल तेज का अनुसरण करके, जलती हुई अग्नि के समान मुचुकुन्द राजा के तेज के सङ्ग से, अत्यन्त आश्चर्य में पड़कर, भस्म का सा आचरण कर गया, अर्थात् भस्म हो गया ॥१०७॥

अनन्तर श्रीकृष्ण अपने मनमें विचारने लगे कि—सौ योजनतक पीडित करनेवाले उन दुर्दमनीय दुर्जनों के अच्छी प्रकार पीडित करनेपर, मेरे लिए आनन्ददायक जो व्रज (समूह) है, उसके तुल्य जो व्रज का जनमात्र है, वह चारों ओर दौड़धूप करने के कारण, विक्षिप्त चित्त होकर न जाने कहाँपर जायेगा ? ॥१०८॥

श्रीनारद ऋषि तो श्रीकृष्ण के मानसिक अभिप्राय को जानकर विस्तारपूर्वक कहने लगे कि—काम्यवन से पश्चिम दिशा की ओर पर्वत के तटपर विद्यमान विशालवनी में भ्रमण करेगा। किन्तु आप यदुवंशियों की तरह व्रजवासियों के भी, शत्रुओं के द्वारा विस्तारित किये गये सन्तापसमूह को दूर करने के लिए, अपने मन में यह चिन्ता करोगे कि—॥१०९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'सम्प्रति शरणागततया कृतमदनुसरणानां यादवानामवनाय युक्ततया नियुक्त इवास्मि। 'ततस्तत्र गरिष्ठं प्रकोष्ठान्तरं विधेयम्। हन्त ! यदि गोवर्धनधरणतः (भा० १०।२५।१८)— 'तस्मान्मच्छरणं गोष्ठं मन्नाथं मत्परिग्रहम्। गोपाये स्वात्मयोगेन सोऽयं मे व्रत आहितः॥' इत्यनुसृत्य कृतरक्षाणां मत्प्राणावलिलक्षाणामिव व्रजाध्यक्षाणां यद्यरयस्ते च रयाद् विघ्ननिघ्नतां करिष्यन्ति, तदा सर्वमेव खर्वं स्यात्। तेषामटवीषु गोकोटिलक्षरक्षकाणां रक्षा च प्रकोष्ठघटनया दुर्घटा ॥११०॥

'तथा—'रहीभूतमरूभूतं चक्षूभूतं मनीकृतम्।
यस्य यत् तत् कथं तेन त्यज्यतां व्यज्यतामपि ?'

इति न्यायेन तत्र सम्प्रति गमनमपि तत्रकीयसङ्कोचविशेषत एव विशेषतः प्रसह्य मह्यं न रोचते। सङ्कोचान्तरं तु तस्य नान्तरीयकमेव मन्ये। ततः सम्प्रति साक्षान्मम तत्र स्थितिमपि न लक्षयामि, तस्मात्तेषु बहिःशश्वदुदासीनताविन्यसनमेव मयि तदुदासीनतायां प्रवीणतामाचरति। तत एव शत्रवस्तत्र मद्बहिरङ्गताया जानाना गृह्णीरन्' इति ॥१११॥

इस समय शरणागतभाव से मेरा अनुसरण करनेवाले यादवों की रक्षा के लिए, मैं उपयुक्तभाव से प्रायः नियुक्त ही हूँ। अतः व्रज में व्रजवासियों की रक्षा को लिए, एक दूसरा भारी किला बनाना चाहिये। हाय ! यदि गोवर्धनधारण से "मैं ही जिसका स्वामी हूँ, एकमात्र मैं ही जिसका अवलम्बन हूँ, एवं मैं ही जिसका रक्षक हूँ, अतः उस व्रज की मैं अपनी योगमाया के बल से रक्षा करूँगा, यह मेरा दृढ़तापूर्वक धारण किया हुआ व्रत है" इस अपने व्रत का अनुसरण करके मैंने जिनकी रक्षा की है, एवं जो मेरे बहिश्चर लाखों प्राणों की श्रेणी के समान हैं, उन व्रजपति व्रजवासियों के सम्बन्ध में भी यदि वे जरासन्धादि मेरे शत्रु, वेगपूर्वक विघ्न की अधीनता कर डालेंगे, तब तो मेरा पूर्वोक्त समस्त व्रत ही छोटा पड़ जायगा। और वनों में कोटिलक्ष संख्यावाली धेनुओं की रक्षा करनेवाले उन गोपों की रक्षा, परकोटा से युक्त किले की रचना से भी कठिन प्रतीत होती है। अर्थात् किले में गोचारण नहीं हो सकता ॥११०॥

और "जिस व्यक्ति की जो वस्तु एकान्त के भाव को प्राप्त है, मर्म के भाव को प्राप्त है, नेत्र के भाव को प्राप्त है, एवं मन के भाव को प्राप्त है, अर्थात् जो वस्तु एकान्तरूप, मर्मरूप, नेत्ररूप, मनरूप हो रही है; वह व्यक्ति उस वस्तु को किस प्रकार त्याग सकता है एवं प्रगट कर सकता है ?" इस नीति के अनुसार इस समय उस व्रज में मेरा जाना भी मुझे वहाँ के संकोचविशेष के कारण ही, अधिकतर सहसा रुचिकर नहीं है। उनके शत्रुकृत पीडारूप दूसरे संकोच को तो मैं ऐकान्तिक नहीं मानता। अतः इस समय व्रज में मेरी साक्षात् स्थिति को भी मैं नहीं देख रहा हूँ। इसलिए उन सब व्रजवासियों के ऊपर निरन्तर बाहरी उदासीनता की स्थापना ही, मेरे में व्रजवासियों की उदासीनता के विषय में, निपुणता (चतुराई) का आचरण कर रही है। अतः दोनों ओर की उदासीनता के कारण ही, मेरे शत्रु उस व्रज में मेरी बहिरङ्गता को जानते हुए, व्रज को मुझ से बहिरङ्ग ही ग्रहण कर लेंगे, अतः व्रजपर चढ़ाई न करेंगे। यहाँतक श्रीकृष्ण का मानसिक विचार हुआ ॥१११॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेवं व्रजत उदासीनायमानस्य तव तादृशचिन्तामात्रेणाचिन्त्यशक्त्या द्वागेव दूरतः समुद्रान्तःपुरीविशेषस्य व्यक्त्या तत्र च यदूनां झटिति प्रसक्त्या तमुरीकरिष्यसि। तदनन्तरमेव कालयवने कालवदाचरिष्यसि, मुचुकुन्दं च प्रति मुकुन्दस्त्वं कुन्दसुन्दरदन्तकान्तिकन्दलितमन्दहासमयसमयरचन-वचनविलासतः कृपामुल्लासयिष्यसि ॥११२॥

'अथ मथुरामेव रामेण सह सहचरयदुकुमारवृतः प्रतिगत्य पत्यभाववतः पुरुधा म्लेच्छतस्तान् म्लेच्छयोधान् निधनमेव रोधयमानस्तदमानधनानि निजराजधनानीति द्वारकां हारयन्नपि म्लेच्छपरिच्छदतया मनसि नाच्छतां मंस्यसे ॥११३॥

'अथ पुनः पुनर्जात इव स राजा जराजातः पूर्वपूर्ववदेव मधुपुरीमारुन्धानस्तद्धनहर्तृणां भर्तृन् युष्मानेव प्रत्यभिगमिष्यति ॥११४॥

'ततश्च तद्धनानामवरक्षणाय निजजनानां रक्षणाय चाक्षामश्यामशुभ्रताशुभ्रवपुषौ परमपुरुषौ कुतुकविशेषादव्यञ्जितरुषौ शुभवन्तौ भवन्तौ सद्रवमपद्रवन्तौ तद्धर्षत इव वस्तुतस्तु तद्धर्षतः प्रवर्षणाख्यं गिरिमारोक्ष्यतः ॥११५॥

आगे नारदजी की उक्ति, यथा—अतः पूर्वोक्त प्रकार से व्रज से उदासीन का सा व्यवहार करते हुए, तुम्हारी उस प्रकार की चिन्तामात्र से अचिन्त्य शक्ति के प्रभाव से, शीघ्र ही मथुरामण्डल से बहुत दूर पर समुद्र के बीच में द्वारका नामक पुरीविशेष के प्रकाशित हो जाने के कारण, उसी पुरीविशेष में शीघ्र ही यदुवंशियों के पहुँचने से तुम उसी पुरीविशेष को (अपने रहने के लिए) अङ्गीकार कर लोगे। तदनन्तर ही कालयवन के ऊपर काल का सा आचरण करोगे। और उसी प्रसङ्ग में तुम मुकुन्द होकर भी, कुन्द की कलिका से भी सुन्दर अपनी दन्तपंक्ति की कान्ति से मिले हुए मन्दहासमय, एवं सदाचार की रचना से युक्त वचनों के विलास से, श्रीमुचुकुन्द के प्रति अपनी कृपा प्रकाशित करोगे ॥११२॥

पश्चात् सहचारी यदुवंशीय कुमारों से घिरकर श्रीबलरामजी के सहित मथुरा में ही आकर, कालयवनरूप स्वामी से रहित अतः अनेक प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग करते हुए, उन म्लेच्छ योद्धाओं को मृत्यु के प्रति ही अवरुद्ध करते हुए, अर्थात् उन सब यवन वीरों को मारकर, उनके अपरिमित धनों को अपने राजा उग्रसेनजी के धन हैं ऐसे मानकर, द्वारका में पहुँचाते हुए भी तुम, म्लेच्छों के उपकरणरूप आभूषणादि होने के कारण, अपने मन में निर्मलता नहीं मानोगे ॥११३॥

अनन्तर बारम्बार उत्पन्न हुए की तरह वह राजा जरासन्ध, पहले पहले की भाँति मथुरा को अवरुद्ध करता हुआ, म्लेच्छों के धन का अपहरण करनेवाले व्यक्तियों के पालन करनेवाले तुम्हारे सम्मुख ही आगमन करेगा ॥११४॥

तदनन्तर म्लेच्छों के धन की रक्षा न करने के लिए एवं अपने जनों की रक्षा करने के लिए, परिपूर्ण श्यामता एवं शुक्लता से उज्ज्वल शरीरवाले तुम दोनों परमपुरुष, कौतुकविशेष के कारण क्रोध को न प्रकाशित कर, मङ्गलयुक्त होकर, वेगपूवक दौड़ते हुए मानो जरासन्ध के दबाव से, वास्तविक तो दौड़ने के आनन्द से प्रवर्षण नामक पर्वत पर चढ़ जाओगे ॥११५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'आरुह्य च तं तु द्वयद्विः प्रसह्य दह्यमानमुज्झन्तावेकादशयोजनसमुत्तुङ्गशृङ्गादुत्प्लुत्य भूरिदूरं युवां पतिष्यथः, पतित्वा च द्वारकापतितामागमिष्यथः ॥११६॥

'स तु वां प्रतापमविदन्निजपश्चात्ताप-पाप-पादप-बीजायमानमभिशापं हृदि वापं वापं गृहमवाप्स्यति । गीर्वाणश्रेण्याकाशवाण्या तु हसिष्यते,—॥११७॥

मृधे तु विजितः पुरा त्वमसि यद्द्वयेनामुना, स सप्तदशवारकं विजित एव किं तद्गिरा ? । अहो सकुतुकद्रवे प्रकटमद्य चाजी यथा, जरासुत ! न यद्ध्रुवं तमदसीयमानर्च्छिथ ॥११८॥

"कृष्ण उवाच,—'लब्धदुर्गाणां यदुवर्गाणां बलं वा तेषां बलमेव वावलम्बनं विधाय तदापि किं व्रजं नाव्रजिष्यामि ?' ॥११९॥

"ऋषिः स्वगतमाह स्म,—'अहो ! तादृशि सङ्कोचेऽप्येतादृगस्योत्कण्ठा मादृगन्तर्बुद्धिं कुण्ठयति' इति ॥१२०॥

स्पष्टं तु स्पष्टं कारणमाचष्ट,—'एकस्मिन् कंसे ध्वंसिते बहवस्तत्सम्बन्धिबान्धवा जरासन्धवत् कंसायिस्यन्ते, कथमागमनं स्यात् ?' ॥१२१॥

"कृष्ण उवाच,—'दर्शनमात्रार्थमपि न स्यात् ।' "ऋषिः सरूक्षहासमुवाच,—'न हि, न हि ।' कृष्ण उवाच,—'कथमिव ?' "ऋषिरुवाच,—'वसुदेवाद्यनुज्ञां विनेति विज्ञापितमेव ।'

और चढ़ते ही द्वेषियों के द्वारा हठपूर्वक जलाये गये उस पर्वत को त्यागते हुए, तुम दोनों भाई ग्यारह योजन (४४ कोस) ऊँचे शिखर से कूदकर, बहुत दूर गिर पड़ोगे । और गिरकर भी द्वारका की पालकता को प्राप्त हो जाओगे ॥११६॥

किन्तु वह जरासन्ध तो तुम दोनों के प्रताप को न जानकर, निज पश्चात्तापरूपी पापवृक्ष के बीज के तुल्य अभिशाप (बुरी भावना) को अपने हृदय में बारंबार बोकर अपने घर ही पहुँच जायगा । उस समय देवश्रेणी तो आकाशवाणी के द्वारा उसका उपहास करेगी—॥११७॥

यथा—हे जरासन्ध ! इन दोनों भाइयों के द्वारा तुम जो पहले युद्ध में पराजित हुए, वही तुम सत्तरहबार क्रमशः परास्त ही हो गये, उस बात को वाणी के द्वारा कहने से क्या प्रयोजन है ? किन्तु आश्चर्य तो यही है कि, आज प्रत्यक्ष ही खिलवाड़पूर्वक दौड़ने में बकरियों की श्रेणी की तरह तुम कृष्ण बलदेव की उस चाल को नहीं प्राप्तकर पाये, यह बात निश्चित है ॥११८॥

श्रीकृष्ण—क्यों भगवन् ! जिनको द्वारकारूप दुर्ग (किला) की प्राप्ति हो गई है, उन यादवगणों के सम्बन्ध में उनका शारीरिकबल या सेनाबल ही अवलम्बन बना करके भी, मैं व्रज में नहीं आऊँगा क्या ? ॥११९॥

ऋषि अपने मन में बोले कि—अहो ! उस प्रकार के संकोच के रहते हुए भी, श्रीकृष्ण की ऐसी विचित्र उत्कण्ठा, हम जैसे विवेकियों के अन्तःकरण को भी कुण्ठित कर रही है ॥१२०॥

स्पष्ट कारण को तो स्पष्टरूप से—एक कंस का विध्वंस होनेपर बहुत से कंस के सम्बन्धी बान्धव जरासन्ध की तरह कंस का सा व्यवहार करेंगे । अतः किस प्रकार आना हो सकेगा ? ॥१२१॥

श्रीकृष्ण—क्या दर्शनमात्र के लिए भी आना न हो सकेगा ? ऋषि रूखी हँसीपूर्वक—नहीं नहीं । श्रीकृष्ण—किस प्रकार ? ऋषि—"श्रीवसुदेव आदि की अनुज्ञा के बिना" यह बात मैंने पहले ही जना

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'तर्ह्यागमनमेव न भविता।' "ऋषिरुवाच,—'भविता, किन्तु काल-विलम्बतया। भवांस्तु व्रजागमनं मनसिकृत्य विवाहकृत्यविमुखतया स्थास्यति, किन्तु तदपि व्यभिचरिष्यति ॥१२२॥

"कृष्ण उवाच,—'हन्त! किं तत्र कारणम्?' ऋषिरुवाच,—'रैवतनामा कश्चित् प्राचीनः सुराजा द्रुहिणविहिततया रौहिणेयाय यदा दुहितरं वितरिष्यति, तदा वसुदेव-देवक्यादिभिरीडितैर्विवाहाय बहुधा विहिताम्रेडितैः कृतः स च प्रयत्नस्त्वया सपत्न इव नानुमोदिष्यते ॥१२३॥

'तदेवमेव वासरशते गते कदाचित् कश्चिदुद्विजमान इव द्विजन्मा विजने सन्तं भवन्तमा-व्रजिष्यति ॥१२४॥

आव्रज्य च स धन्यात्मा पितृपरवत्याश्च परसात्कृतिमयस्वभयावृततयापावृतायमानाया भौष्मककन्यायाः सन्यायां पत्रिकां सापत्रपमिव त्वय्यर्पयिष्यति ॥१२५॥

तस्याः संक्षेपतस्त्वयमर्थविक्षेपः,—

'तव स्वभावेनाकृष्टा स्वस्य वा त्वयि केशव!।
कृष्येय चेद्बलादन्येनासून्मध्ये जहाम्यहम् ॥'इति॥१२६॥

'ततश्च मर्मस्पृशा धर्मदृशा विधर्माद्भयं भावयमानस्त्वमन्यथामन्यमानतां न लप्स्यसे। किं बहुना, विवाहमपि निर्वाहयिष्यसे ॥१२७॥

दी है। श्रीकृष्ण—तब तो व्रज में आना ही न होगा। ऋषि—होगा तो सही, किन्तु समय की विलम्बता-पूर्वक। और आप तो व्रज के आगमन को मन में धारण करके द्वारका में विवाहसम्बन्धी कृत्य से विमुख होकर स्थित रहोगे, किन्तु वह विवाह की विमुखता भी व्यर्थ हो जायगी ॥१२२॥

श्रीकृष्ण—हाय! उस विषय में क्या कारण है? ऋषि—रैवत नामक कोई प्राचीन उत्कृष्ट राजा ब्रह्माजी के द्वारा नियुक्त होकर, श्रीबलदेवजी के लिए जब अपनी रेवती कन्या का दान कर देगा, तब पूजनीय श्रीवसुदेव देवकी आदि के द्वारा बहुत प्रकार से दो तीन बार कहनेपर, तुम्हारे द्वारा किया गया भी वह विवाह निषेध का प्रयत्न, बैरी की तरह अनुमोदन नहीं किया जायगा ॥१२३॥

इसी प्रकार कहते सुनते सौ दिन बीत जानेपर, किसी दिन कोई भयभीत होता हुआ सा ब्राह्मण, एकान्त में विराजमान आपके निकट आयेगा ॥१२४॥

और आते ही वह धन्यात्मा ब्राह्मण, पिता के अधीन रहनेवाली, श्रीकृष्ण से भिन्न दूसरे को दान करनारूप अपने भय से व्याकुल होने के कारण, स्वतन्त्रता का आचरण करनेवाली, भीष्मक की कन्या (रुक्मिणी) की न्याययुक्त पत्रिका को लज्जित की तरह तुम्हें अर्पण करेगा ॥१२५॥

उस पत्रिका का संक्षेप से अर्थ का निचोड़ तो यह है कि—हे केशव! मैं तुम्हारे लोकोत्तर स्वभाव से या अपने नैसर्गिक स्वभाव से तुम्हारे में आकर्षित हो गई हूँ। यदि इसी बीच में दूसरे के द्वारा बलपूर्वक आकर्षित कर ली जाऊँगी, तब तो अपने प्राणों को ही त्याग दूँगी ॥१२६॥

उसके बाद मर्म का स्पर्श करनेवाली धर्ममयी दृष्टि के द्वारा विधर्म से भय की भावना करते हुए, तुम अन्यथा माननेवाले के भाव को नहीं प्राप्त करोगे। अधिक क्या कहें? विवाह का भी निर्वाह कर लोगे ॥१२७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यथा च लोके कथा प्रथामाप्स्यति,—

'भीष्माद्रिस्थितरुक्मिणीमणिमयश्रेणीविलोकस्पृहां
शार्दूलस्थितिमाश्रिता नृपसुतास्तावन्मदान्निर्ममुः ।
यावच्छंखनिनादगर्जदलितप्रागल्भ्यतत्तत्सभा-
मध्यध्वंसि-नृसिंहनव्यतरुणश्चक्रे मनाङ् नोद्यमम् ॥'१२८॥

'तदेवं पर्ययमागतायां मर्यादायां तादृशपर्यायतया काश्चिदन्याश्च धन्याः कन्यास्ताम-धिविन्नां प्रणयन् परिणेतासि । ताश्च भवन्तमन्तरेण न शरीरस्थितिमनुसरेयुः' इति ॥१२९॥

'तत्र सत्यभामां तावत्पाणौ प्रणेष्यसि, यत्र जाम्बवतीमपि संवलयिष्यसि, यत्र च जाम्बवान् कूकुदमुदं लप्स्यते ॥१३०॥

तथा हि समासेन कथयिष्यन्ति,—

'प्रसेने निःसेने निजसहजनौ दिव्यमणिभाग्-, गले सिंहध्वस्तेऽरचयदभिशस्तं हरिमसौ ।
यदा सत्राजित्तर्ह्यनुमृगयमाणो मणिममूं , स कन्यामृक्षेन्द्रादलभत स तस्मादपि पुनः ॥'१३१॥

'मणिमन्वेष्टुं चिररात्राय कान्तारं गते तु त्वयि परमकान्ते पुनर्निर्दरतया भल्लूकदरं प्रविष्टे द्वारकायां सुष्ठु कष्टमापतिष्यति ॥१३२॥

और लोकभर में इस प्रकार की कथा ख्याति को प्राप्त हो जायगी व्याघ्र की सी स्थिति का आश्रय करनेवाले राजपुत्र, मद के कारण, भीष्मकराजरूप पर्वतपर स्थित रुक्मिणीरूप मणिमयश्रेणी के दर्शन की इच्छा तभीतक करते रहे, जबतक शङ्ख के शब्द की सी अपनी गर्जना के द्वारा दलित (चूर्ण) करदी है प्रगल्भता जिसकी, ऐसी जो तत्तत् सभा, उस सभा के मध्य का विध्वंस करने के स्वभाववाले नरसिंहरूप नवीन तरुण ने किंचित् उद्यम नहीं किया ॥१२८॥

अतः इस प्रकार "मैं विवाह नहीं करूँगा" इस मर्यादा का व्यतिक्रम हो जानेपर, रुक्मिणी की सी परिपाटी के अनुसार (अनेक विवाह करनेपर भी), उस रुक्मिणी को अधिविन्ना (पहली पत्नी) बनाते हुए, कुछ अन्य धन्य राजकन्याओं के साथ विवाह करोगे । वे सब राजकन्याएँ आपके बिना अपने शरीर की स्थिति का भी अनुसरण नहीं कर सकेंगी ॥१२९॥

रुक्मिणी से भिन्न अन्य उन राजकन्याओं में से, पहले सत्यभामा का पाणिग्रहण करोगे । जिस सत्यभामा के विवाहप्रसङ्ग में जाम्बवती को भी सम्मिलित कर लोगे । और जिस जाम्बवती के विवाह में ऋक्षराज जाम्बवान् कुकुद व्यक्ति का सा हर्ष प्राप्त करेंगे । (जो अलंकृत की हुई कन्या को सत्कारपूर्वक देता है, उसको 'कुकुद' कहते हैं)॥१३०॥

देखो, भगवन् ! उस समय के लोग उस प्रसङ्ग को संक्षेप से यों कहेंगे कि—स्यमन्तक नामक दिव्यमणि से युक्त गलेवाले अपने सहोदर भाई प्रसेन के सेनारहित हो जानेपर, पश्चात् सिंह के द्वारा मारे जानेपर, इस सत्राजित् ने श्रीकृष्ण को जब झूठे ही कलङ्कित कर दिया, तब उस स्यमन्तकमणि को ढूँढ़ते हुए श्रीकृष्ण ने ऋक्षराज से जाम्बवती कन्यासहित उस मणि को प्राप्तकर लिया, पुनः उन्हीं श्रीकृष्ण ने सत्राजित् से भी सत्यभामा नामक कन्या के सहित उस मणि को प्राप्तकर लिया ॥१३१॥

और हे भगवन् ! उस मणि को ढूँढ़ने के लिए चिरकालतक परमरमणीयस्वरूप तुम्हारे दुर्गम मार्गयुक्त भारी वन में चले जानेपर, पुनः निर्भयतापूर्वक ऋक्षराज जाम्बवान् के बिल में प्रविष्ट हो जाने-पर तो, द्वारका में महान् कष्ट आ पड़ेगा ॥१३२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यतः, यर्हीतिर्भवतः कृष्ण ! तर्हीतिर्न तु दुर्लभा ।
अक्ष्णोरीतिस्तु लोकानां रीतिरेव तदा मता ॥'१३३॥

'प्राप्तायां सरत्नायां सत्यभामायां रत्नं पुनः स्वस्मिन्न्यर्पितेनावगीतेन सत्रा सत्राजित्येव प्रत्यर्पयिष्यसि ॥१३४॥

'यदा च पाण्डवानामुद्दण्डं दाहवृत्तमतथ्यं कथ्यमानमाकर्ण्य तूर्णमेव हस्तिनापुरं प्रस्थितौ भविष्यथः । 'तदा गर्भे सुहितस्त्वदहितः शतधन्वा तु वां दूरगौ मन्वानः प्राप्तरत्नं सत्राजितं सयत्नं सपत्नवन्निहत्य रत्नमपहृत्य तच्च कर्णेटिरटिराकारिणमक्रूरं प्रत्यपह्नुत्य ज्ञातिहत्याभीत्या कुशस्थलादवगत्य विद्रोष्यति ॥१३५॥

'अथ स्वपुरमागत्य तदधिगत्य तमेवानुपदितयानुसृत्य निहत्य च मणिमसङ्गत्य पश्चादक्रूरात् प्रतिपत्य स्वमभिदुर्जनाभिशापमार्जवान्मार्जयिष्यसि ॥'१३६॥

"कृष्णः स्वगतमुवाच,—

'सङ्गः क्वायं व्रजस्थानां मदेकप्राणताजुषाम् ।
क्व वा यदूनां सत्राजिच्छतधन्वादिशालिनाम् ?' ॥१३७॥

कारण—हे कृष्ण ! आपका जब प्रवास हो जाता है, तब अतिवृष्टि अनावृष्टि आदि उपद्रव दुर्लभ नहीं है । और उस समय आपके भक्तलोगों की आँखों का झरना, यह तो एक प्रकार का प्रचार ही माना गया है ॥१३३॥

और मणि के सहित सत्यभामा की प्राप्ति हो जानेपर, पुनः उस मणि को अपने में लगाये गये झूठे कलङ्क के सहित तुम सत्राजित् के प्रति ही प्रत्यर्पण कर दोगे ॥१३४॥

और जब तुम दोनों भाई पाण्डवों के लाक्षागृह में दाहरूप महाभयङ्कर वृत्तान्त को झूठे ही कहे हुए सुनकर शीघ्र ही हस्तिनापुर को प्रस्थान कर दोगे, तब गर्भेसुहितः (अनुचित चेष्टा करनेवाला) तुम्हारा बैरी शतधन्वा तो तुम दोनों को दूर गये हुए मानता हुआ, रत्न जिसको प्राप्त हो गया है, उस सत्राजित् को प्रयत्नपूर्वक शत्रु की तरह मारकर, मणि चुराकर, पश्चात् उसी मणि को कर्णेटिरटिराकारिणं (चपलता के कारण अनुचित चेष्टा करनेवाले) अक्रूर के पास गुप्तरूप से धरकर, जाति की हत्या के भय से कुशस्थल (द्वारका) से निकल कर भाग जायगा ॥१३५॥

तदनन्तर तुम इस समाचार को सुनकर, अपनी पुरी में आकर, शतधन्वा के व्यापार को जानकर, पीछे दौड़नेवाले की तरह उसी का अनुसरण कर, उसको मारकर, मणि को न पाकर, पश्चात् अक्रूर से पाकर, अपने को लक्ष्य करके दुर्जनों के द्वारा लगाये गये झूठे कलङ्क को सरलतापूर्वक मिटाओगे ॥१३६॥

श्रीकृष्ण अपने मनमें बोले कि—एकमात्र मुझमें ही प्राणों के समान प्रीति करनेवाले व्रजवासियों का यह विशुद्ध सङ्ग कहाँ ? एवं सत्राजित् शतधन्वा आदि कुविचारी जनों से शोभा पानेवाले यदुवंशियों का (उपद्रवमय) सङ्ग कहाँ ? अर्थात् इन दोनों के सङ्ग में महान् वैषम्य है ॥१३७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'अथवा—

भवेद्यः प्रोष्य पापीयांस्तस्य किं कर्म शर्मदम् ? ।
यद्यत् करोति तत्रैव स्नात्वा कालक एव सः ॥'१३८॥

"स्पष्टं चाचष्ट,—'कथान्तरं प्रथ्यताम् । यदनन्तरं गोष्ठस्था ममानन्तरस्था भविष्यन्ति ॥'१३९

"ऋषिरुवाच,—'तदप्यायास्यति श्रूयताम् । अथ भवता तास्तत्तदुपायमुपायंसतेति वर्ण्यमानमाकर्ण्य मृगयायां परीता रविदुहिता च त्वां वरीता । एतन्निर्वर्ण्य च जना वर्णयिष्यन्ति ॥१४०॥ यथा—

'सूर्ये जीवति तत्कन्या तमनापृच्छ्य पश्यत ।
स्वयं वृतवती कृष्णं वराकी कान्यकन्यका ?' ॥१४१॥

'अथ राजाधिदेव्या नन्दिनीं मित्रविन्दां स्वयंवरणेन भवन्तमनुविन्दमानां तत्र भ्रातृभ्यां विन्दानुविन्दाभ्यां निन्द्यमानां युद्धेन विन्दमानः परिणेतासि ॥'१४२॥

"कृष्ण उवाच,—'राजाधिदेवी खल्वानकदुन्दुभेर्भगिनीति भण्यते, सत्राजिदपि गोत्रजतया तर्हि कथमिदं लोकगर्हितमर्हिष्यति ?' ॥१४३॥

अथवा जो व्यक्ति ऐसे प्रेमियों को छोड़कर परदेश में जाकर अति निन्दनीय हो जाय, उसका कौन सा कर्म सुखदायक हो सकेगा ? और वहाँपर भी वह जो जो कार्य करता है, उसमें स्नान करनेपर भी वह मलिन ही बना रहता है ॥१३८॥

पश्चात् स्पष्ट—ऋषिजी ! दसरी कथा कहिये । जिस कार्य के अनन्तर मेरे प्यारे व्रजवासी मेरे निकटवर्ती हो जायँगे ॥१३९॥

ऋषि—वह समय भी आयेगा । सुनिये, अनन्तर "आपने उन रुक्मिणी आदि को उस उस उपाय से विवाह लिया" इस समाचार को लोगों से वर्णित हुआ सुनकर, शिकार के समय मिली हुई सूर्यकन्या कालिन्दी भी तुमको पतिरूप से वर लेगी । इस बात को देखकर एवं सुनकर लोग यह वर्णन करेंगे ॥१४०॥

यथा—देखो, आश्चर्य की बात है कि, सूर्य के जीवित रहते हुए भी उसकी कन्या कालिन्दी ने, उन अपने बाप को न पूछकर श्रीकृष्ण को स्वयं वर लिया । ऐसी स्थिति में बिचारी दूसरी कन्या ऐसी कौन है, जो कि श्रीकृष्ण के वरण को न चाहती हो ? ॥१४१॥

अनन्तर राजाधिदेवी की पुत्री मित्रविन्दा को युद्ध के द्वारा पाकर विवाहोगे । तुम जब उसके स्वयंवर में जाओगे, तब वह आप में आसक्त होकर आपको ही प्राप्त होगी, किन्तु उस प्रकार के कार्य की विन्द एवं अनुविन्द नामक उसके भाई निन्दा करेंगे कि, तू तो श्रीकृष्ण के पिता की बहिन की बेटी है, अतः यह सम्बन्ध विरुद्ध है ॥१४२॥

श्रीकृष्ण—राजाधिदेवी तो निश्चय ही हमारे पिता वसुदेवजी की बहिन कही जाती है, और सत्राजित् भी सगोत्री ही कहलाता है । तब यह लोकनिन्दित कार्य किस प्रकार योग्य होगा ? ॥१४३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

ऋषिः सहासमुवाच,—'राजाधिदेव्या इव श्रुतकीर्तेरपि सुतां भद्रामुपयंस्यसे ।' "कृष्णः ससङ्कोचलोचनमुवाच,—'तदपि कथम् ?' "ऋषिरुवाच,—'यादवप्रभवाणामयमेव कुलक्रमसमाचारः ॥'१४४॥

"कृष्णः स्वगतमुवाच,—'न खल्विदं ज्ञातेयम्, किन्तु कापेयमेव । तथापि भद्रमेवेदम् । यस्मादनेन सम्बन्धेन व्रजबन्धवस्तदिदं मंस्यन्ते । नासौ तेषां गोत्रतया स्तोत्रविषयतामात्मनि मन्यते, किन्तु गोत्रान्तरमितानामस्माकमेव' इति ॥१४५॥

"ऋषिरुवाच,—'मित्रविन्दामनु चेदं वन्दिष्यन्ते,—

यथार्थनाम्ना साम्नाता मित्रविन्दा स्वबन्धुभिः ।
स्वमित्रं विन्दमाना या तदमित्रान्निराकरोत् ॥१४६॥

'भद्रामनु च वर्णयिष्यन्ति,—

श्रुतकीर्तिः सुता-व्याजात् कीर्तिमेव व्यजायत ।
कृष्णसात्कृतितः सा तु भद्राप्यजनि विश्रुता ॥१४७॥

'अथ नाग्नजितीमप्युद्वक्ष्यसि । यत्र सप्तानां वृषभाणां युगपद्बन्धः खलु तत्पित्रा पणबन्धतया स्थापयिष्यते ॥१४८॥ तत्र च—

यदा त्वं सप्तवृषभानुद्दितानाचरिष्यसि ।
तदा त्वद्गोपतां स्मृत्वा वाष्पं मोक्ष्यामहे वयम् ॥'१४९॥

ऋषि हँसकर—राजाधिदेवी की पुत्री की तरह श्रुतकीर्ति की पुत्री भद्रा को भी विवाह लोगे। श्रीकृष्ण सङ्कोचपूर्वक नेत्रों को मीचते हुए—यह कार्य भी कैसे होगा, कारण वह भद्रा भी तो मेरी बूआ की बेटी है ? ऋषि—यदुवंश में पैदा होनेवालों का कुलपरम्परागत यही अच्छा आचार है ॥१४४॥

श्रीकृष्ण अपने मनमें—यह कर्म तो निश्चय ही जाति के भाव का नहीं है, किन्तु वानरसम्बन्धी कर्म या भाव ही है, तो भी यह अच्छा ही है। कारण—इस सम्बन्ध से व्रजवासी बन्धुगण यह विचार करेंगे कि, ये श्रीकृष्ण उन यादवों के गोत्री होकर अपने में प्रशंसनीयता नहीं मानते हैं, किन्तु दूसरे गोत्र को प्राप्त हुए हमारे गोत्री होकर ही अपने को प्रशंसनीय मानते हैं ॥१४५॥

ऋषि—मित्रविन्दा को लक्ष्य करके इस प्रकार प्रशंसा करेंगे कि, वह मित्रविन्दा तो अपने बन्धुओं के द्वारा सार्थक नाम से कहीगई है। क्योंकि जिसने अपने निजीमित्र श्रीकृष्ण को पाकर, श्रीकृष्ण के बैरियों का निराकरण कर दिया ॥१४६॥

और भद्रा को लक्ष्य करके भी वर्णन करेंगे कि—श्रुतकीर्ति ने तो बेटी के बहाने अपनी मूर्तिमान कीर्ति ही पैदा कर दी। और वह भद्रा नामक कन्या भी, श्रीकृष्ण के लिए आत्मसमर्पण करने के कारण विख्यात हो गई ॥१४७॥

अनन्तर तुम नाग्नजिती को विवाहोगे। जिसके विवाह में उसका पिता सात उद्धत बैलों का एकसाथ बाँधना ही शर्तरूप से स्थापित कर देगा ॥१४८॥

और उस विवाह में जब तुम सातों बैलों को एकसाथ बाँध दोगे, तब हम तुम्हारे गोपालपन की याद करके आँखों से प्रेमाश्रु बहायेंगे ॥१४९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'हन्त ! युष्मभ्यमपि रोचते खल्वियं मल्लीला ?' "ऋषिरुवाच,—'आस्तामस्मद्वार्ता, बाढमस्मत्पित्रेऽपि । यथा प्रार्थितम् (भा० १०।१४।३४) 'तद्भूरि भाग्यम्' इत्यादिना । तत्र च या कापि तव प्रेयसी लीला, सा तु परमश्रेयसी । यत्सम्बन्धेन भवन्मन्त्रद्वयं मन्त्रराजतया प्रचारितमावाभ्याम् ॥१५०॥ 'तथा हि—

नृपो न हरिसेविता व्ययकृती न हर्यर्पकः, कविर्न हरिवर्णकः श्रितगुरुर्न हर्याश्रितः ।
गुणी न हरितत्परः सरसधीर्न कृष्णाश्रयः, स न व्रजरमानुगः स्वहृदि सप्त शल्यानि मे ॥'१५१॥

"कृष्णः स्वगतमुवाच,—'साधीयान् ममानुभवः, स तु न सबाधीभवितुमर्हति । यतश्च न स्वानुभव एवायमनुभावश्च, तन्मनो नान्यथा मन्यस्व' इति ॥१५२॥

स्पष्टं च पृष्टवान्,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'तदेवं काव्यश्रेणीरिव नानादेश-वेशभाषारसैरेणीदृशः पाणौकृत्य पूर्वपूर्ववद्रागिणीं मद्राधिपतेरपि कन्यां सन्यायतया वर्यां भार्यावर्यां करिष्यसि । न केवला सा, तासामधराः षोडशसहस्रपरिमाणाश्चापराः ॥१५३॥

श्रीकृष्ण—हाय ! यह विवाहसम्बन्धी मेरी लीला तुम्हारे लिए भी रुचिकर है ? ऋषि—हमारी बात तो रहने दो । आपकी लीला तो हमारे पिता श्रीब्रह्माजी के लिए भी अत्यन्त रुचिकर है । यथा—उन्होंने 'तद्भूरिभाग्यं' इत्यादिरूप से आपके नित्यलीलास्थल व्रजभूमि में तृण आदि होने की प्रार्थना आपसे ही की है । और उन सब लीलाओं में तुम्हारी जो कोई भी प्रियतम लीला है, वह तो अत्यन्त मङ्गलजनक है । जिस प्रेयसीलीला के सम्बन्ध से तो हम दोनों पिता पुत्रों ने आपके 'दशाक्षर' एवं 'अष्टादशाक्षर' इन दोनों मन्त्रों को मन्त्रराजरूप से प्रचारित कर दिया है ॥१५०॥

देखो, प्रभो ! (१) जो राजा होकर भी श्रीहरि का सेवक नहीं, (२) जो मनमाना व्यय करनेवाला होकर भी हरि के अर्पण करनेवाला नहीं, (३) जो कवि होकर भी हरि का वर्णन करनेवाला नहीं, (४) जो गुरुदेव का आश्रय लेकर भी हरि के आश्रित नहीं, (५) जो गुणी होकर भी हरि के परायण नहीं, (६) जो सरस बुद्धिवाला होकर भी श्रीकृष्ण के आश्रयवाला नहीं, एवं (७) वही सरस बुद्धिवाला व्यक्ति व्रज की रमा श्रीराधिकादि गोपियों का अनुगामी नहीं,—ये सातों व्यक्ति तो मेरे हृदय में बाण की नोक की तरह प्रतिक्षण चुभते रहते हैं । (श्रीगुरुदेव का आश्रय लेकर भी श्रीहरि के आश्रित न होने में गुरु-शिष्य की अयोग्यता ही कारण है । यथा—हरै शिष्यधन शोक न हरई । सो गुरु घोर नरक में परई ॥ गली गली गुरु फिरत हैं, हमसे दीक्षा लेउ । नरक परो या स्वर्ग हो, धोती रुपिया देउ ॥ भलो भयो गुरु मर गये, चेलन परि गयो चैन । छठे महिना आवते धोती रुपया लेन) ॥१५१॥

श्रीकृष्ण मन मन में बोले कि—मेरा अनुभव अत्यन्त अधिक है । वह किसी से बाधित भी नहीं हो सकता । क्योंकि केवल अपना अनुभव ही नहीं, अपितु अपना यह प्रभाव भी किसी से बाधित नहीं हो सकता । अतः हे मेरे मन ! तू अन्यथा विचार मत कर ॥१५२॥

स्पष्टरूप से तो पूछा कि—ऋषिजी ! आगे क्या होगा ? ऋषि—इस प्रकार काव्यश्रेणी की तरह अनेक देश, वेश, भाषा एवं रसों से मनोहर मृगलोचनाओं को विवाह कर, पहले पहले की तरह अनुरागिणी एवं पतिंवरा मद्रदेश के राजाकी लक्ष्मणा नाम की कन्या को भी न्यायपूर्वक श्रेष्ठ भार्या बना लोगे । केवल वही नहीं, उन आठ पटरानियों से छोटी सोलह हजार के परिमाणवाली और कन्याएँ भी अपनी भार्या बनाओगे ॥१५३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तत्र मद्रकन्यायाः परिणयन्यायं भद्रमेवं वर्णयिष्यन्ति,—

'अत्युच्चैर्बद्धवेध्याऽप्रकटझषतनोश्छेदमाकर्ण्य पण्यं
कन्याया मद्रपातुः क्षितिपतिनियुतासाध्यमेकस्तु पश्चात् ।
दूरादागम्य पश्चादपि च विलुलुवे तां हरिर्यः स पश्चाद्-
भूत्वा तान् युक्तमार्दद् युधि तदपि मताग्रीयता तस्य चित्रा ॥१५४॥

'कन्यानां षोडशसहस्राण्युद्दिश्य च सहस्रवक्त्रतामेव देवताः प्राप्स्यन्ति ॥१५५॥

'तत्र दिग्दर्शनम्, यथा—

अथ नरकनिकाय्यं नारकं मेनिरे ता,-स्तदधिकमपि तं तु श्रीहरिर्मन्यते स्म ।
नरकहरणनामाप्यत्र यत्नातियत्नं, यदकृत यदिहासीद्व्यग्रताविद्धबुद्धिः ॥१५६॥

'नरकवधप्रक्रियां चैवं वर्णयिष्यन्ति,—

'भित्त्वा दुर्गाणि कृष्णः ससुतमुरयुतं भौममुन्मथ्य राज्ये
तत्पुत्रं स्थापयित्वा सुरनरदुहितॄर्बन्धनादुज्जहार ।
देवाम्बाकुण्डलाद्या मणिगिरिवरुणच्छत्रमुद्धृत्य तच्च
प्रत्यर्प्य क्षुद्रवृष्णः सह मणिगिरिणाप्यग्रहीत् पारिजातम् ॥१५७॥

उन सबमें से मद्रराज की कन्या के विवाह की रीतिनीति को लोग मङ्गलपूर्वक ही वर्णन करेंगे, यथा—मद्रराज की कन्या के विवाह का ऐसा प्रण था कि, बहुत ऊँचे स्थलपर बाँधे हुए एवं वेधन करने योग्य एक अदृश्य मछली के शरीर को जो छेदन कर देगा, वही कन्या विवाह लेगा। किन्तु वह मत्स्यवेध असंख्य भूपतियों के भी असाध्य होगया था। इस प्रकार के प्रण को सुनकर पश्चात् अकेले अर्जन ने दूर से आकर, बाण के द्वारा उस मछली का केवल स्पर्शमात्र किया, सबसे पीछे आकर जिन श्रीहरि ने उस मछली को छिन्नभिन्न कर दिया, उन्हीं श्रीहरि ने सबसे पीछे होकर भी युद्ध में उन सब राजाओं को उचितरूप से पीडित कर दिया, तो भी उनकी आश्चर्यकारिणी अग्रगण्यता मानी गई ॥१५४॥

और सोलह हजार कन्याओं का उद्देश्य करके देवगण सहस्रवदन के भाव को ही प्राप्त हो जायँगे ॥१५५॥

उसमें दिग्दर्शन, यथा—अनन्तर देवतागण नरकासुर के घर को नरक के समान ही मानते थे। किन्तु श्रीहरि तो उसके घर को नरक से भी अधिक मानते थे। क्योंकि नरकहरण नामवाले होकर भी श्रीहरि ने यहाँपर इस नाम के विषय में महान् प्रयत्न किया। कारण—इस नरकासुर के घर में से सोलह हजार कन्याओं को छुड़ाना, अदिति के कुण्डल एवं वरुण का छत्र आदि लाना, इनके निमित्त श्रीहरि की बुद्धि व्यग्रता से विद्ध हो गई थी ॥१५६॥

देवगण नरकवध की प्रक्रिया को इस प्रकार वर्णन करेंगे—श्रीकृष्ण ने नरकासुर के अनेक प्रकार के दुर्गों को तोड़कर, पुत्रों के सहित मुर नामक दैत्य से युक्त नरकासुर का मन्थन कर, उसके पुत्र भगदत्त को उसके राज्यपर स्थापित कर, देवता एवं मानवों की कन्याओं को कारागाररूप बन्धन से उन्मुक्त कर दिया। और देवमाता अदिति के कुण्डल आदि द्रव्य, मणिपर्वत के सहित वरुण के छत्र को लेकर, उन सब वस्तुओं को यथायोग्य देकर, पश्चात् क्षुद्र इन्द्र के मणिपर्वत के सहित पारिजात (कल्पवृक्ष) को भी बलपूर्वक ग्रहण कर लिया ॥१५७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेवं तव स्वर्गस्थविघ्नहन्तृतां तत्र च वृत्रघ्नः कृतघ्नतामवधाय वयमेवं मन्यामहे ॥१५८॥

'त्वामर्चन्ति यदा स्वर्ग्यास्तदा स्वर्गः सुरालयः ।
त्वां नार्चन्ति यदा स्वर्ग्यास्तदा स्वर्गः सुरालयः ॥१५९॥

'युक्तमेव च तत्,—

'अजनाशमसौ नष्टो जीवनाशं ननाश च ।
ऊर्ध्वशोषं स चाशुष्यत् कृष्ण ! यस्त्वत्पराङ्मुखः ॥'१६०॥

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'तदेवं तत्र सर्वस्वास्थ्यमय-गार्हस्थ्यचये प्रतिश्वस्तनं स्फुरदुपचये सति सुतसम्पत्तिरपि मतिमतीत्य प्रत्यहं प्रत्येष्यते । किं बहुना, भवद्वद्वर्षषट्कानन्तरमेव यौवनप्रपञ्चतस्तेषामपि प्रजाताः प्रजास्तावत्येव दिष्टे दृष्टयौवना भविष्यन्ति । भवान् पुनरीदृशतया परं नववयाः स्थास्यति ॥१६१॥

'तथा च पौराणी वाणी, (भा० १०।५५।९)—'नातिदीर्घेण कालेन स काष्णीं रूढ-यौवनः' इति; तं च (भा० १०।५५।२८) 'कृष्णं मत्वा स्त्रियो ह्रीताः' इति च । 'तत्र च कैमुत्यमिदमबधिरमात्राणामनवधिकमवधाननिधानपात्रायते ॥१६२॥

यथा (भा० १०।४५।१९)—

'तत्र प्रवयसोऽप्यासन् युवानोऽतिबलौजसः ।
पिबन्तोऽक्षैर्मुकुन्दस्य मुखांबुजसुधां मुहुः ॥'इति॥१६३॥

इस प्रकार तुम्हारे तो स्वर्ग में रहनेवाले देवताओं के विघ्नहरण करने के भाव को एवं उसी में इन्द्र की कृतघ्नता को निश्चित करके हम तो इस प्रकार की विवेचना करते हैं कि—स्वर्गवासी देवगण जब तुम्हारी पूजा करते हैं, तब तो स्वर्ग सच्चा सुरालय (देवालय) है । और वे ही स्वर्गवासी जब तुम्हारी पूजा नहीं करते, तब वही स्वर्ग सुरा (मदिरा) का आलय (गृह) ही है ॥१५८-१५९॥

यह भी उचित ही है कि—हे कृष्ण ! जो व्यक्ति तुमसे विमुख है, वह तो प्रायः बकरें की तरह नष्ट हो चुका, जीते ही विनष्ट हो गया, और वह तो ऊपर ही ऊपर सूख गया समझो ॥१६०॥

श्रीकृष्ण—उसके आगे क्या होगा ? ऋषि—इस प्रकार तुम्हारे सर्वस्वास्थ्यमय गृहस्थसम्बन्धी कार्यकलाप के प्रत्येक भावी दिन में वृद्धि को प्राप्त हो जानेपर, पुत्ररूप सम्पत्ति भी बुद्धि का अतिक्रमण करके प्रतिदिन बढ़ती ही प्रतीत होगी । अधिक क्या कहें ? आपकी तरह छः वर्ष के अनन्तर ही यौवन के विस्तार से, उन तुम्हारे पुत्रों के द्वारा उत्पन्न हुई वे सन्तान भी, उतने ही समय में देखे गये यौवन से युक्त हो जायँगी और आप तो पुनः केवल इसी प्रकार नवकिशोर ही स्थित रहोगे ॥१६१॥

देखो, इस विषय में श्रीमद्भागवतपुराण की वाणी भी है कि—वह कृष्णपुत्र प्रद्युम्न अल्प समय से ही यौवन को प्राप्त हो गया, और उस प्रद्युम्न को श्रीकृष्ण समझ कर स्त्रियाँ लज्जित हो गईं, और उनमें भी केवल बधिर व्यक्तियों से भिन्न सभी के लिए यह कैमुत्यन्याय अवधिरहित सावधानी के निधान का आधारस्वरूप हो रहा है ॥१६२॥

यथा—उस मथुरा में उग्रसेन आदि वृद्ध पुरुष भी अपनी अपनी नेत्ररूप इन्द्रियों के द्वारा श्रीकृष्ण के मुखारविन्द की सुधा को बारंबार पीते हुए अत्यन्त बल एवं तेज से युक्त युवा (जवान) हो गये थे ॥१६३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'एतेन श्रीमद्व्रजे तु तदतिशयात् स्फुटमेव तदतिशयः सङ्गमितः ॥'१६४॥

"कृष्ण उवाच,—'अहो ! महात्मन् ! महानयमत्ययः सम्प्रत्यपि दुरत्ययं दुःखमर्पयति । यत्तावद्विलम्बं तत्रावलम्बितास्मि । भवतु, प्रकृतं प्रक्रियताम् ॥'१६५॥

"ऋषिरुवाच,—'शम्बरेण जन्मत एव द्युम्नवत्तव गृहादपहृतस्य प्रद्युम्ननाम्नस्त्वत्पुत्रस्य सम्पराये संबद्धं तद्धननचरित्रं विचित्रतया गास्यन्ति ॥१६६॥ यथा—

'कृष्णेऽपि धृष्णुर्भवितात्र कः पुमान्, यस्तु स्वयं योद्धुममुं व्रजिष्यति ।
यदद्य जातं खलु तस्य जातकं, हृत्वा ततो मृत्युमवाप शम्बरः ॥१६७॥

'अथ प्राद्युम्निमनु चाम्नास्यन्ति,—

'ऊषां बाणस्य कन्यां रहसि गतमनेनानिरुद्धं निरुद्धं
युद्धे बुध्वा तमेतं द्रुतमभिगतवान् युध्यतोऽग्रचान्निहत्य ।
ब्रह्माण्डध्वंसदक्षज्वलनवहमहाशूलभृच्छूलपाणिं
तत्पक्षं निर्जयंस्तद्भुजबलमलुनाद्यस्तु तत्रान्यकः कः ?' ॥१६८॥

"कृष्ण उवाच,—'विस्मयः खल्वयम्, यद्विस्मरिष्याम्येव व्रजवार्ताम् ॥'१६९॥

इस कारण श्रीमान् व्रज में तो मथुरा एवं द्वारका इन दोनों पुरियों से विशेषता होने के हेतु स्पष्ट ही नवयौवन की अधिकता समुचित हो गई ॥१६४॥

श्रीकृष्ण—अहो ! महात्मन् ! यह महान् कष्टकर समय का व्यतिक्रम तो, इस समय भी दुस्तर दुःख दे रहा है कि, वहाँपर इतने विलम्ब का अवलम्बन करूँगा । अच्छा, जाने दो । मुख्यप्रसङ्ग की प्रक्रिया कहो ॥१६५॥

ऋषि—शम्बरासुर के द्वारा जन्म से ही धन की तरह तुम्हारे घर से चुराये गये, प्रद्युम्न नामक तुम्हारे पुत्र के युद्ध में गीतरूप से संबद्ध उस शम्बर के मारने के चरित्र को लोग विचित्रतापूर्वक गायेंगे ॥१६६॥

यथा—यहाँपर श्रीकृष्ण के विषय में भी ऐसा कौन पुरुष धृष्ट होगा जो कि, स्वयं श्रीकृष्ण के प्रति युद्ध करने को जायेगा । क्योंकि शम्बरासुर आज ही पैदा हुए श्रीकृष्ण के बालक को हर कर, उसी बालक से मृत्यु को प्राप्त हो गया ॥१६७॥

उसके बाद प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध को लक्ष्यकर, लोग तुम्हारी प्रशंसा करते हुए कहेंगे कि—बाणासुर की कन्या ऊषा के निकट एकान्त में पहुँचे हुए अनिरुद्ध को इस बाणासुर के द्वारा युद्ध में निरुद्ध जानकर, जो श्रीकृष्ण उसी बाणासुर के पास शीघ्र ही चले गये, और युद्ध करते हुए प्रधान प्रधान योद्धाओं को मारकर ब्रह्माण्ड के विध्वंस करने में चतुर, तृतीय नेत्ररूपी अग्नि को धारण करनेवाले, महात्रिशूलधारी शंकरजी को एवं उनके पक्षपाती महासेनापति स्कन्द आदि को पराजित करते हुए, बाणासुर की हजारों भुजाओं के बल को छिन्नभिन्न कर चुके, उन श्रीकृष्ण के विषय में दूसरा कौन टिक सकता है ? ॥१६८॥

श्रीकृष्ण—निश्चय ही आश्चर्य तो यही है जो कि, मैं व्रज की बात को भी भूल जाऊँगा ॥१६९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"ऋषिरुवाच,—'न हि, न हि; सा हि तव हितमनसि रागमयी जागरूकतामेव परामागमिष्यति। 'हन्त! तत् खलु निरन्तरमन्तर्गतम्, तत् कथमन्तर्गतमिव जायेत? किन्तु पूर्वनिर्दिष्टगुर्वनादिष्टता परं तस्मिन्निर्दिष्टविश्लिष्टिमाचरिष्यति ॥१७०॥

'तदा च कदाचन रामेण सह रहस्यवार्ता तव वर्तिष्यते। यत्र स्वगमनमनालोच्य रामः शश्वदनुशोच्य व्रजस्थानां स्मृतितः प्रच्यवमानवाष्पस्त्वया च तथानुशोचता प्रोच्यमानस्तव सन्देशं प्रवेशयन् माथुरव्रजदेशप्रवेशं गोपवेशमेवावेश्य प्राप्स्यति, प्राप्य च स यथा कथाविषयस्तथा समस्य वर्णयिष्यन्ति ॥१७१॥

'व्रजस्थानां रामः स्वसहजवियोगार्चिषि हविः, पुरा सत्यं जज्ञे पुनरिह तु जातः सुखकृती। यतस्तेषां ज्वालां स्फुरदमृतवाचा प्रशमयं-, स्तदीयां स्फूर्तिं दृग्विषयमिव चक्रे स्वबलतः ॥१७२

'किमन्यद्वा विन्यसितव्यम्। तेन तथा ते नन्दिता यथा सर्वेऽपि स्वयं सपर्वप्रायतया तं प्रार्थयामासुः ॥१७३॥

'तदुपभोगतृष्णया चिरपालित-सुकुमार-कौमार-कुसुमानां सुरवल्लीसमता-सुषमाणामलब्धचरतदीय-संश्लेषाणामाभीरकुमारीविशेषाणामङ्गीकाराय ॥१७४॥

ऋषि—नहीं नहीं। वह व्रज की बात तो तुम्हारे हितमय मन में अनुरागपूर्ण होकर उत्कृष्ट जागृत दशाको ही प्राप्त हो जायगी। हाय! जो वस्तु निरन्तर ही अन्तःकरण में रखी है, वह किस प्रकार विस्मृत हो जायगी, अर्थात् कैसे भूल में पड़ जायगी? किन्तु पहले निर्देश की गई श्रीवसुदेव आदि गुरुजनों की जो आदेश (आज्ञा) की रहितता, वही केवल उस व्रजकी बात के भूलने के विषय में निर्देश का वियोग कर देगी ॥१७०॥

और उस समय किसी दिन बलरामजी के साथ तुम्हारी गुप्त बातचीत होगी। जिस बातचीत में अपने व्रजगमन को न देखकर श्रीबलरामजी बारम्बार शोक करके व्रजवासियों की स्मृति से आँसू बहाकर, उन्हीं की तरह शोक करते हुए तुम्हारे द्वारा कथित होकर, तुम्हारे सन्देश को व्रज में प्रविष्ट कराते हुए, गोपवेश को प्रगट कर, मथुरामण्डल के अन्तर्गत व्रजदेश में प्रवेश प्राप्त करेंगे। और व्रज में प्रवेश को प्राप्तकर, वह कथा का बिषय जिस प्रकार है, विज्ञजन उसी प्रकार वर्णन करेंगे ॥१७१॥

यथा—श्रीबलरामजी पहले मथुरा गमन के समय व्रजवासियों के सम्बन्ध में अपने सहोदर श्रीकृष्ण की वियोगरूप ज्वाला में हविष्य बन गये थे, यह बात सत्य है। किन्तु पुनः श्रीकृष्ण से भी पहले इस व्रज में आकर तो सुखकारक बन गये। कारण—उन व्रजवासियों की विरहज्वाला को अमृतमयी अपनी वाणी द्वारा शान्त करते हुए, उन्होंने श्रीकृष्ण की स्फूर्ति अपनी अचिन्त्यशक्ति के प्रभाव से व्रजवासियों के मानो दृष्टिगोचर ही कर दी ॥१७२॥

और आपके सामने दूसरी कौनसी बात रखूं? देखो, श्रीबलरामजी ने उन व्रजवासियों को उस प्रकार से आनन्दित कर दिया कि, जिस प्रकार वे सब ही उत्सव की अधिकतापूर्वक स्वयं उनकी प्रार्थना करने लगे ॥१७३॥

श्रीबलरामजी के उपभोग की तृष्णा से ही, बहुत दिन से सुरक्षित सुकोमल कौमाररूप पुष्पोंवाली कल्पलताओं के समान परमशोभावाली, पहले कभी भी बलरामजी के संयोग को न प्राप्त करनेवाली, अनङ्गमञ्जरी आदि गोपकुमारियों के अङ्गीकार के लिए उनसे प्रार्थना की ॥१७४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीमान् बलदेवश्च यथावदेव तथा वलयामास। वलयित्वा च व्रजं प्रति प्रबलितानुजागमनविश्वासः स्वप्रेयसीरिहैव विहाय द्वारकामपि निश्चिन्त इव चलिष्यति। आगत्य च द्वारकां त्वामपि सान्त्वयिष्यति। त्वं तु यथाकर्तव्यावशेषं विधाय व्रजश्लेषमवाप्स्यसि ॥१७५॥

"कृष्ण उवाच,—'कियानवशेषस्तावांश्च विशेषः कथ्यताम्।' "ऋषिरुवाच,—'क्रमश एव प्रक्रमणीयः। तथा हि—व्रजं प्रति चलितवति सकलगुणभद्रे बलभद्रे पुण्ड्रकमण्डलपतिः कृत्रिमवासुदेवतया चित्रितरूपस्त्वां स्पर्धया वर्धमानगर्वः साधुक्रोधसमुद्बोधनमेवं सन्देक्ष्यति, (भा० १०।६६।५)—

'वासुदेवोऽवतीर्णोऽहमेक एव न चापरः।
भूतानामनुकम्पार्थं त्वं तु मिथ्याभिधां त्यज ॥'इति॥१७६॥

'प्रतिसन्देक्ष्यन्ति तु तं यदवः; यथा—

पुण्ड्रकेश ! स भवानभूद्धरिः, काशिराड् न किमिहाभवच्छिवः।
मित्रतामशिवतां तथासज,-न्नन्यथा प्रथितवान् स तु त्वयि ॥१७७॥

वृत्तान्तेनामुना तु त्वद्वृत्तान्तः सोऽयमीक्ष्यते।
कृतान्तेनाचिरेण त्वं कृतान्त इव वर्तसे ॥'इति॥१७८॥

श्रीमान् बलदेवजी ने भी उन गोपकुमारियों को विधिपूर्वक पत्नीरूप में अङ्गीकार कर लिया। अङ्गीकार करके पश्चात् बलदेवजी व्रजवासियों के प्रति अपने छोटे भाई श्रीकृष्ण के आने के विश्वास को दृढ़ा कर, अपनी प्रियतमा गोपियों को व्रज में ही छोड़कर, निश्चिन्त की तरह द्वारका को भी चल देंगे। और द्वारका में आते ही तुमको भी सान्त्वना देंगे। तुम तो दन्तवक्र वधरूप यथाकर्तव्यकार्य को समाप्त कर व्रज के संयोग को प्राप्त करोगे ॥१७५॥

श्रीकृष्ण—ऋषिजी ! कहिये, कर्तव्यकार्यों की उतनी विशेषता कितनी अवशिष्ट है ? ऋषि—उसका आरम्भ क्रमशः ही करना उचित है। देखो, सर्वगुणश्रेष्ठ बलभद्रजी के व्रज के प्रति चल देनेपर, पौण्ड्रकदेश का राजा बनावटीवासुदेव (श्रीकृष्ण) के से रूप से आश्चर्यमय रूपवाला होकर, तुमसे स्पर्धा के कारण बढ़ते हुए गर्व से युक्त होकर, सज्जनों के क्रोध को अच्छी प्रकार जगाता हुआ सा, तुमको इस प्रकार सन्देशा देगा कि—प्राणियों के ऊपर अनुकम्पा करने के लिए तो मैं अकेला ही वासुदेव अवतीर्ण हुआ हूँ, दूसरा कोई नहीं। अतः हे कृष्ण ! तुम अपने मिथ्या वासुदेव नाम को त्याग दो ॥१७६॥

यदुवंशी उसके प्रति यह प्रतिसन्देश देंगे कि—हे पुण्ड्रक नरेश ! यदि तुम ही वासुदेव हो गये हो, तब तुम्हारा मित्र काशीराज, काशी में शिवजी क्यों नहीं हो सका ? अतः वह काशीराज तो तुम्हारे विषय में मित्रता तथा अशिवता (अमङ्गलता) को प्राप्त होता हुआ, अन्यथा ख्याति कर गया ॥१७७॥

और तुम्हारे इस वृत्तान्त के द्वारा, हमें तुम्हारा यह वृत्तान्त (प्रकार) दिखाई देता है कि, शीघ्र ही कृतान्त (यमराज) के द्वारा तू कृतान्त इव (मरा हुआ सा) विद्यमान है, इति ॥१७८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततस्तद्वधानन्तरं त्वं तु तं तन्मित्रं काशीराजमपि प्राप्तनाशीकरिष्यसि । तयोः शिवाद्यपचितिरप्यपचितिमेव करिष्यति ॥१७९॥

'ततश्च, यदा सत्रायिता तत्र काशीश-तनयस्तदा ।
तस्मात् कष्टायमानः सन्नष्टिमुच्चैरटिष्यति ॥१८०॥

'अथ रामस्तु द्विविदं रामसेनाग्रामग्रामण्यं विदन्नपि हनिष्यति । यथा च कथयिष्यन्ति,—
'आश्रित्य रामं द्विविदः स्वेच्छया नरकं श्रितः ।
इति तन्निष्कृतिं कुर्वन् रामोऽन्यस्तमदण्डयत् ॥१८१॥

'श्रीराममुद्दिश्य च वन्दिवृन्दानि वन्दिष्यन्ते,—
'हालालोहितलोचने हलभृति व्याकोषशोणाब्जयुग्-
गङ्गाभ्रान्तिभराकरा मधुकराः कोटिर्गताः कूटताम् ।
किञ्च क्षौणिशठा हटादधरिपोस्तेजः प्रसुप्तं यश-
स्युद्बुद्धं किल वर्धितुं तदिति ते वार्धिं गतिं सङ्गताः ॥'१८२॥

"कृष्ण उवाच,—'हन्त ! महर्षे ! वाटघटितन्यायेनापि मम व्रजसम्बन्धिभिः समं समन्वयः किं न भविता ?' ॥१८३॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—तदनन्तर उस पौण्ड्रक के वध के बाद तो तुम उसके मित्र उस काशीराज को भी नाश को प्राप्त कर दोगे । उन दोनों की शिव आदि की पूजा भी हानि ही करेगी ॥१७९॥

उसके बाद पिता के मर जाने के कारण, काशीराज का बेटा सुदक्षिण, जब काशी में पाप के लिए यज्ञ करेगा, तब उस बुरे यज्ञानुष्ठान के कारण, पाप के लिए कष्ट करता हुआ, विशेष विनाश को प्राप्त हो जायगा ॥१८०॥

उसके बाद बलरामजी तो द्विविद नामक वानर को, श्रीरामजी के सेनासमूह के अग्रगण्य जानकर भी मार देंगे । विज्ञजन उसके सम्बन्ध में इस प्रकार कहेंगे कि—श्रीरामजी का आश्रय लेकर भी द्विविद स्वेच्छा से नरकासुर के आश्रित हो गया । इसलिए उसके पाप का प्रायश्चित्त करते हुए दूसरे राम (श्रीबलराम) ने उसको वध का दण्ड दे दिया ॥१८१॥

श्रीबलरामजी को उद्देश्य करके वन्दीगण इस प्रकार स्तुति करेंगे—हलधारी बलदेवजी के नेत्र मद्यपान के कारण लाल हो जानेपर, करोड़ों भ्रमरगण खिले हुए लाल कमलों से युक्त गङ्गा के भ्रम की अधिकता के आश्रित होकर, कूटता को (ढेरी के भाव को) प्राप्त हो गये, अर्थात् झुण्ड के झुण्ड एकत्रित हो गये । किञ्च कूटतां गताः (कपट के भाव को प्राप्त हुए) भूमि में जो शठ थे, वे अघारि श्रीकृष्ण के सोये हुए तेज को हठात् बढ़ाने के लिए, एवं वह तेज यश के विषय में निश्चय ही जागृत हो गया है, इसीलिए समुद्र की तरह क्षुभित हो गये ॥१८२॥

श्रीकृष्ण—हाय ! महर्षे ! जिस प्रकार मार्ग में अनेक देश के पथिकों का सम्मेलन हो जाता है, इसी नियम के अनुसार व्रजवासियों के साथ मेरा सम्मेलन नहीं होगा क्या ? ॥१८३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi ,Varanasi. Digitized by eGangotri

"ऋषिरुवाच,—'भविता; यतस्तदेव वृत्तं क्रमतः क्रमते स्म। 'तथा हि—यदा रामस्तीर्थयात्रां करिष्यति, यस्याश्चान्ते भीष्मादिशान्ततायान्ते दुर्योधनवधः सम्पत्स्यते, तस्याः प्राग् यदा कदापि सूर्योपरागः सागरवत् पर्वगरिमाणमागन्ता ॥१८४॥

यश्चैवं वर्णयिष्यते,—

'ग्रस्तसूर्येण तमसा तमसा व्यापि तद्दिनम्।
उदिते हरिवक्त्रेन्दौ स्मेराजनि कुमुद्वती ॥'इति॥१८५॥

'तदा तु—कंसप्रतापिताः सर्वे वयं याता दिशं दिशम्।
एतर्ह्येव पुनः स्थानं दैवेनासादिताः स्वसः ॥'इति॥१८६॥

'श्रीवसुदेव-वचनात् कंसवधान्नातिव्यवधानकाले कुरुभुवि सुविमलजातीया भारतीयाः प्रजाः प्रायः प्रयास्यन्ति ॥१८७॥

यत्र भीष्मयुधिष्ठिरोग्रसेनादिसंसक्तानां भवदीयमहिष्ठभक्तानां समागमः परमेष्ठिगोष्ठीमपि कनिष्ठां करिष्यति ॥१८८॥

'किं बहुना, भवानपि तत्र भविता, व्रजवासिततिरपि व्रजिता, यतः परिमिलनाय परस्परमधिकमभिकतां गतानां लक्ष्यमात्रं त्वदादिकं लक्ष्यते ॥'१८९॥

ऋषि—होगा। कारण वह मिलनका वृत्तान्तही क्रमशःवृद्धि को प्राप्त होरहा है। देखो, श्रीबलरामजी जब तीर्थयात्रा करेंगे, और जिस तीर्थयात्रा के अन्त में भीष्मादिकों के युद्ध से शान्त होने के पश्चात् दुर्योधन का वध होगा। उसी तीर्थयात्रा से पहले जब कभी भी सूर्यग्रहण समुद्र की तरह उत्सव के गौरव को प्राप्त हो जायगा, अर्थात् पूर्णिमा को समुद्र जैसे वृद्धि को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार वृद्धि को प्राप्त हो जायगा ॥१८४॥

और जिस सूर्यग्रहण का कविजन इस प्रकार वर्णन करेंगे—जिसने सूर्य को ग्रस्त कर लिया, उस राहु के कारण वह दिन अन्धकार से व्याप्त हो गया था। किन्तु श्रीहरि के मुखरूप चन्द्रमा के उदित होने पर तो दिन में भी कुमुदिनी खिल गई ॥१८५॥

और उस समय "हे भगिनि! हम सब तो कंस के द्वारा सन्तापित होकर दिशा दिशा में भटकते डोले थे। किन्तु दैवयोग से इस समय ही, पुनः अपने स्थान को प्राप्त हुए हैं" कुन्ती के प्रति श्रीवसुदेवजी के इस वचन से कंस वध के निकटवर्ती समय में ही कुरुक्षेत्र में विशुद्ध जातीवाली भारतीय प्रजा प्रायः जायगी ॥१८६-१८७॥

और जिस कुरुक्षेत्र में श्रीभीष्म, युधिष्ठिर, उग्रसेन आदि से संसर्ग रखनेवाले आपके विशिष्ट भक्तों का समागम ब्रह्माकी सभा को भी छोटी कर देगा ॥१८८॥

अधिक क्या कहें? आप भी वहाँ उपस्थित होंगे, और व्रजवासियों की टोली भी जायगी। जिसके कारण सर्वतोभाव से मिलने के लिए, परस्पर अधिक अभिलाषा को प्राप्त हुए उन सबके बीच में, "तुम्हीं हो आदि में जिसके" ऐसा लक्ष्यमात्र दिखाई देता है ॥१८९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji). Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्णः साश्रुमुवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततश्च,
यथार्कतप्तो जलबिन्दुरिन्दुना, निदाघदग्धं विपिनं पयोमुचा ।
विषार्दितं वार्भवता विलोक्यते, सङ्गात्तथा त्वद्विरही त्वया व्रजः ॥'१९०॥

"कृष्णः सगद्गदमुवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततश्च,
माता तातः पितृसहचरा भ्रातरो बन्धुवर्गा
दासा हृद्यास्तव निजजनाः केचिदन्ये च तत्र ।
प्राप्स्यन्ति त्वां भवति च भविष्यन्ति तेऽनन्यचित्ता-
स्तेष्वावेशाद् बहुषु भविता नैकचेता भवांस्तु ॥१९१॥

'ततश्च, त्वं व्रजेति-निजप्रेम गोपयन्निव वत्स्यसि ।
व्रजस्तु स्वगुणैस्तत्र सर्वप्रेयान् भविष्यति ॥१९२॥

'तत्र च— यदा यदा द्रक्ष्यति तान् भवांस्तदा, पूर्णं स्वपूर्णोनविता दृशोर्जलम् ।
भवन्तमप्येवममी यथामुना, कण्ठान्तमन्तर्हृदयं निरोत्स्यते ॥१९३॥

'तदेवं वैशाखमारभ्य वर्षा यावदतिहर्षात्त्वां निर्निमेषमेव निर्वर्णयन्तस्ते व्रजवासिनः संवत्स्यन्ति । तदन्ते सदनूकतया लब्धमूकस्थितिषु श्रीमन्नन्दादिषु तेषामानकदुन्दुभिप्रभृतीनां

श्रीकृष्ण प्रेमाश्रु बहाते हुए—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद तो सूर्य द्वारा सन्तप्त जलका बिन्दु जैसे इन्दु के द्वारा, ग्रीष्मकाल से जला हुआ वन जैसे मेघ के द्वारा, एवं कालिय के विष से पीडित जमुना जल जैसे आपके द्वारा देखा जाता है, अर्थात् उन उन वस्तुओं का कष्ट मिटाने के लिए ही, उन उन इन्दु आदि के द्वारा उन उन सूर्यतप्त जलादि का दर्शन जैसे किया जाता है, ठीक उसी प्रकार तुम्हारा विरही व्रज का जनमात्र तुम्हारे द्वारा उसी प्रकार देखा जायगा ॥१९०॥

श्रीकृष्ण गद्गद होकर—अच्छा, उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद माता पिता, तुम्हारे पिता के मित्र एवं भ्रातागण, तुम्हारे मित्रगण, दासवर्ग, एवं तुम्हारे हृदयङ्गम कुछ प्रेयसीरूप अन्य आत्मीय जन भी, वहाँ पर तुमको प्राप्त करेंगे । और वे सभी व्रजवासी तुममें अनन्य चित्त वाले हो जायेंगे । किन्तु तुम तो उन बहुत से व्रजवासियों में आवेश होने के कारण अनेक चित्त वाले हो जाओगे ॥१९१॥

और उसके बाद तुम तो वहाँपर व्रजवासिजनों के ऊपर अपने प्रेम को अत्यन्त गुप्त करते हुए से निवास करोगे । किन्तु व्रजका तो जनमात्र ही वहाँपर अपने अपूर्वगुणों के द्वारा सभी का अतिशय प्यारा हो जायगा ॥१९२॥

और उस कुरुक्षेत्र में आप जब जब उन व्रजवासियों को देखोगे, तब तब आपके नेत्रों का परिपूर्णजल बारंबार अपने को अर्थात् नेत्रों को आच्छादित कर लेगा । और उसी प्रकार वे व्रजवासी भी जब जब आपको देखेंगे, तब तब उनके नेत्रों का वह जल कण्ठपर्यन्त उनके अन्तर्हृदय को रोक लेगा ॥१९३॥

अतएव इस प्रकार वे व्रजवासी वैशाख से लेकर वर्षातक, अतिहर्ष से निमेषरहित नेत्रों से एक-टक तुम्हारा दर्शन करते हुए, कुरुक्षेत्र में निवास करेंगे । वर्षा के बाद सद्वंश एवं सुन्दर स्वभाव होने के कारण, मौनी होकर गूँगे की तरह बैठे हुए श्रीमान् नन्दादि व्रजवासियों के ऊपर, श्रीवसुदेव आदि उन

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

परमस्निग्धान्तःकरणतां विलोक्य जातपुत्रपौत्रावलोकनेन क्षितविपक्षपक्षप्रायतावकलनेन च स्वस्मिन्नविश्वस्तिन्नस्तितः समाश्वस्तिमपि विलोक्य सर्वश्लोक्यचरितः सहायीकृतबलरामोद्धव-रोहिणीकतया तैः सह निजवृन्दावन-व्रजदर्शनमेकान्ते मन्त्रणापूर्वकं विचिन्त्य निश्चित्य च श्रीमन्नन्दादीन् ससान्त्वं माथुरानेव प्रस्थापयिष्यसि ॥१९४॥

'इदमेव बादरायणिरप्याह, (भा० १०।८४।६७)—'ततः कामै पूर्यमाणः सव्रजः सहबान्धवः' इत्यादिना, (भा० १०।६५।६), 'कृष्णे कमलपत्राक्षे संन्यस्ताखिलराधसः' इति पूर्वोक्तेस्त्वदागमनतात्पर्या एव तेषां कामा इति। प्रस्थापनसमयतस्तेषां विशेषावस्थावर्णनं तु तत्तदस्माकं बुद्धिमास्तृणोतीत्यलमतिविस्तरेण ॥'१९५॥

"कृष्ण उवाच,—'अस्मदवस्थां तु वर्णय।' "ऋषिरुवाच,—'कुरुस्थलात् कुशस्थल-मागत्य स्थितः स भवान् पाण्डवराजेन राजसूयमन्त्रणायास्मद्द्वारा निमन्त्रितः सन्निन्द्रप्रस्थं प्रस्थास्यते ॥१९६॥

'ततश्च सत्वरं गत्वा भीमप्रभृतये दिक्सीमविजययशांसि दत्त्वा भीमद्वारा जरासन्धं हत्वा तत्कृतबन्धानि नृपवृन्दानि मोचयित्वा विजितेन राजव्रजेन युधिष्ठिरं रोचयित्वा राजसूयेन याजयिष्यसि ॥१९७॥ तत्र जरासन्धघातनं यथा—

यदुवंशियों के अन्तःकरण के परमस्नेही भाव को विचार कर और उत्पन्न हुए पुत्र पौत्रों के देखने के कारण, तथा शत्रुपक्ष को प्रायः विनष्ट हुआ देखने के कारण, अपने में अविश्वास के दूर हो जाने से सुखीपन को भी देखकर सभी के द्वारा प्रशंसनीय चरितवाले तुम, बलराम, उद्धव, एवं रोहिणी को सहायक बनाकर, उन्हीं के साथ एकान्त में विचारपूर्वक, अपने वृन्दावन एवं समस्त व्रज के दर्शन का स्मरण कर एवं निश्चय करके, श्रीमान् नन्दादि व्रजजनों को सान्त्वनापूर्वक मथुरा-संम्बन्धी देशों को ही प्रस्थापित कर दोगे ॥१९४॥

इसी बात को श्रीशुकदेवजी ने भी कहा है कि—"उसके बाद श्रीनन्दजी सभी मनोरथों से परिपूर्ण होकर, व्रजवासी बन्धु बान्धवों के सहित, यदुवंशियों के द्वारा बिदा होकर, व्रज में चले आये" इत्यादि। और यहाँपर कामना शब्द से "वे व्रजवासी कमलनयन श्रीकृष्ण के ऊपर अपनी सारी सम्पत्ति न्योछावर कर चुके हैं" इस प्रकार की पूर्वोक्ति के कारण उनकी कामनाएँ तुम्हारे व्रज में आने के तात्पर्य से ही भरी पड़ी हैं। और कुरुक्षेत्र की बिदाई के समय से उन व्रजजनों की उन उन विशेष अवस्थाओं का वर्णन तो हमारी बुद्धिपर परदा डाल देता है। अतः अत्यन्त विस्तार से प्रयोजन नहीं है ॥१९५॥

श्रीकृष्ण—भगवन्! हमारी अवस्था का वर्णन तो कर दो। ऋषि—कुरुक्षेत्र से द्वारका में आकर, कुछ दिन ठहर कर, आप युधिष्ठिर से राजसूय यज्ञ के विचार के लिए, मेरे ही द्वारा निमन्त्रित होकर, इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) को प्रस्थान करोगे ॥१९६॥

तदनन्तर शीघ्र ही दिल्ली जाकर, भीमसेन आदि के लिए दिशाओं की सीमातक विजय एवं यश को देकर, भीम के द्वारा जरासन्ध को मारकर, जरासन्ध के द्वारा कारागार में बँधे हुए राजाओं के वृन्द को छुड़ाकर, दिग्विजय में जीते हुए राजसमूह के द्वारा युधिष्ठिर को देदीप्यमान बनाकर, एवं आनन्दित कर, राजसूय के द्वारा अपनी पूजा करवाओगे ॥१९७॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'बन्धं बन्धं यमनु मुमुचे तं जरासन्धमेनं, हन्यामद्धा स्वयमथ यदि श्रव्यमेतन्न तर्हि ।
इत्थं कृष्ण ! त्वमिह कलयन् भीमसेनेन युद्धाद्,-धर्म्याद्दैत्यप्रकृतिममुकं घातयिष्यस्युपेत्य ॥१९८

'मिलदर्तनगिरिगर्तवर्तमाननृपाणां कृपया मोचनम्, यथा—

'कारागारान्धतामिस्रबन्धादन्धायितान्नृपान् । स्वरूपवृष्टिभिः सृष्टदृष्टीन् परिकरिष्यसि ॥१९९॥

'राजसूयम्, यथा—

निर्जित्य क्षितिपति-मण्डलानि पाण्डोः, पुत्रैस्तान्यनुगमितानि सङ्कटय्य ।
चेदीशं सदसि निहत्य तद्विरुद्धं, तेषां तद्विरचयितासि राजसूयम् ॥२००॥

यज्ञे तस्मिन् नृलोका नृपतितदधिपा विप्र-विप्रर्षिवर्याः
स्वर्गस्थाः स्वर्गपालास्त्रिदशमुनिवराः किञ्च वेधाः शिवश्च ।
दृष्ट्या श्रुत्यापि तत्तद्बहुविधभगवद्रूपवृन्दस्य विज्ञाः
पश्यन्तो रूपमेतत्तव किमपि मुहुर्विस्मरिष्यन्ति सर्वम् ॥२०१॥

'तदेवं राजसूयं सन्तान्य कुन्त्याः सन्तानान् सम्मान्य यदा द्वारकायां गन्तासि, तदा साधूनां शल्यं शाल्वं लोहमयव्योमचारिपुर्या पर्यगेव तामावार्य चञ्चूर्यमाणं दृष्ट्वा पूर्यमाणपाञ्चजन्यः सन्नातिप्रयत्नतस्तं देव-सपत्नं हनिष्यसि ॥२०२॥

दिग्विजय के प्रसङ्ग में जरासन्ध का मारना, यथा—"जिस जरासन्ध को मथुरा में सत्तरहवार युद्ध में बाँध बाँधकर मैंने स्वयं छोड़ दिया, उसी इस जरासन्ध को यदि में स्वयं साक्षात् मार डालूँ तो यह बात सज्जनों के सुनने योग्य न रहेगी" अतः हे कृष्ण ! तुम यहाँपर इस प्रकार विचार कर, धर्मयुक्त युद्ध की कल्पना करके, दैत्यों के से स्वभाववाले इस जरासन्ध को भीमसेन के द्वारा मरवा डालोगे ॥१९८॥

और अर्तन (घृणा) के सम्मेलन से युक्त पर्वत की गुफा में वर्तमान राजाओं की कृपापूर्वक बन्धन से मुक्ति, यथा—हे भगवन् ! तुम कारागाररूप अन्धतामिस्र नरकतुल्य बन्धन के कारण, अन्धे से बने हुए राजाओं को अपने रूप की वृष्टियों के द्वारा उत्पन्न दृष्टिवाले बना दोगे, अर्थात् उनकी ज्ञानदृष्टि को भी परिष्कृत कर दोगे ॥१९९॥

राजसूय का वर्णन, यथा—पाण्डुपुत्र भीमार्जुन आदि के द्वारा, तुम भूपतियों के समूह को जीतकर, एवं जीते हुए उन भूपतियों को अपने अनुगत बनाकर, पाण्डवों के विरोधी चेदीराज शिशुपाल को सभा में ही मारकर, उन पाण्डवों के उस राजसूय को सम्पन्न करोगे ॥२००॥

और उस राजसूय यज्ञ में मनुष्य लोग, मण्डलेश्वर राजा, उनके अधिपति चक्रवर्ती, ब्राह्मण, विप्रर्षिगण, स्वर्गवासी गन्धर्व आदि देवगण, इन्द्रादि देवगण, देवर्षिश्रेष्ठ, किंच ब्रह्मा और शिवजी ये सब, वामन, रामचन्द्र आदि उन उन भगवद् रूपों के समूह के दर्शन से एवं श्रवण से भी जानकार थे, तो भी तुम्हारे इस अनिर्वचनीय रूप को बारंबार देखते हुए सब कुछ भूल जायेंगे ॥२०१॥

इस प्रकार राजसूय को विस्तारित कर, कुन्ती पुत्रों को सम्मानित कर, जब द्वारका में जाओगे, तब सज्जनों के कण्टक एवं देवताओं के शत्रु उस शाल्व को, शिवजी की दी हुई लोहमयी आकाशचारिणी पुरी के द्वारा, उस द्वारकापुरी को चारों ओर से घेरकर, निन्दितरूप से घूमते हुए देखकर, पाञ्चजन्यशंख को पूरी तरह से बजाकर, अनायास मार डालोगे ॥२०२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ततश्च, क्रुध्यद्युध्यत्सौभपुरं व्योमाध्व द्वारकारुधम् ।
ध्वंसयिष्यसि तद्यद्वत् त्रिपुरं त्रिपुरान्तकृत् ॥२०३॥
'अत्र च गास्यन्ति,—'उडुम्बरे कृमिस्तावन्निजाडम्बरगर्वितः ।
यावन्न दन्तिदन्तानामन्तः पतति तत्फलम् ॥'२०४॥

"कृष्ण उवाच,—'अद्यापि कतिविलम्बा व्रजभूगतिः ?' "ऋषिरुवाच,—'आयता-वेवायाता श्रूयताम् ।' "तदेतत् प्रोच्य महर्षिणा मनसि प्रोच्यते स्म,—'एषा च कलिलोकै-विरलैरेवावकलयिष्यते । अस्या हि बहिर्मुखान् प्रत्यवगुण्ठयितुमन्तर्मुखांस्तूत्कण्ठयितुं महर्षिभिः परोक्ष-प्रायीकृतायाः खल्वस्मदादि-संवादमय्याः श्रीभागवत-भारत-पाद्मादीनामेकवाक्यता-करणत एव शक्या प्रतीतिरिति ॥२०५॥

तदिदं च किञ्चन मदुपदेशनिदिग्धं मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठाभ्यां प्राप्तकृष्णोपकण्ठाभ्यां क्षीरकण्ठाभ्यामपि स्वकण्ठादेव चम्पूद्वयमपूर्वरचनया सम्पूर्णं कुर्वद्भ्यामुत्तर-चम्पूत्तरभाग-मश्नद्भ्यां तत्तच्छास्त्रमतविस्तारणया प्रस्तोष्यते, ॥२०६॥

तदेव समस्य विचार्यते—'यदा शाल्वयुद्धमुद्बुद्धम्, तदा पाण्डवानां दुरोदरदण्ड इति वनपर्व-कथा । शाल्वस्य तु प्राणान् दण्डयित्वा मधुपुरपुरद्वारि वक्रताचण्डः सविदूरथदन्तवक्रः

उसके बाद त्रिपुरासुर का अन्त करने वाले शिवजी ने जिस प्रकार उसके तीनों पुरों का विध्वंस कर दिया था, उसी तरह तुम भी क्रोध करनेवाले, युद्ध करनेवाले, आकाशरूप मार्गवाले, द्वारका को रोकनेवाले, ऐसे सौभपुर का ध्वंस कर दोगे ॥२०३॥

कविजन सौभपुरध्वंस के सम्बन्ध में इस प्रकार गायेंगे कि—गूलर के फल में बैठा हुआ कृमि (भिनुगा) तभीतक अपने आडम्बर से गर्वित बना रहता है, जबतक वह फल, हाथी के दाँतों के बीच में नही पड़ता ॥२०४॥

श्रीकृष्ण—अभी भी व्रजभूमि में जाना कितने विलम्ब से युक्त है ? ऋषि—आयति (उत्तरकाल) में व्रजभूमि में जाना आ ही रहा है, सुनिये । इतना कहकर महर्षि अपने मन मन में बोलने लगे—श्रीकृष्ण के द्वारका से व्रज में आने को कलिकाल में होनेवाले विरले ही लोग जान सकेंगे (किन्तु सर्वसाधारण नहीं) । इतने पर भी बहिर्मुख जनों के प्रति गुप्त करने के लिए, एवं अन्तर्मुख उपासकों को तो उत्कण्ठित करने के लिए—श्रीपराशर, वेदव्यासादि महर्षियों के द्वारा प्रायः अप्रत्यक्ष कर दी गई जो व्रज में आने की वार्ता है, और जो निश्चय ही अस्मदादि अर्थात् नारदादिकों के संवादमयी है, इसकी प्रतीति तो श्रीमद्भागवत, महाभारत, एवं पद्मपुराण आदिकों की एकवाक्यता करने से ही की जा सकती है ॥२०५॥

और मेरे किञ्चित् उपदेश से वृद्धि को प्राप्त हुआ यह व्रज में आने का प्रसङ्ग, श्रीकृष्ण की समीपता को प्राप्त करनेवाले, दुग्ध के समान मधुर कण्ठवाले अथवा दूधमुँहे बालक की तरह छोटी अवस्थावाले होकर भी, अपने कण्ठ से ही अपूर्व रचनापूर्वक दोनों विशाल चम्पूग्रन्थों को सम्पूर्ण करनेवाले, और उत्तर-चम्पू के उत्तरभाग को प्राप्त करनेवाले, मधुकण्ठ–स्निग्धकण्ठ नामवाले दोनों मेरे शिष्यों द्वारा, उत्तरचम्पू के उत्तरभाग में, उन उन शास्त्रों के मतों के विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया जायगा ॥२०६॥

वही संक्षेप करके यहाँ भी विचारा जाता है, यथा—जिस समय शाल्व का युद्ध प्रगट हुआ था, उसी समय पाण्डवों के सम्बन्ध में जुए के द्वारा वनवासरूप दण्ड हुआ था । यह महाभारत के वनपर्व की कथा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

खण्डखण्डशः खण्डितश्च तेनानेन भवितेति पाद्मोत्तरखण्ड-प्रथा । तदनन्तरं च पुनर्व्रजागमनमस्य महादेव-देव्योः संवादरहस्यमये तत्रैव स्पष्टं निष्टङ्क्यते । यत् खलु सत्यसङ्कल्पतयानल्पसमज्ञाविज्ञातानाम् (भा० १०।४१।१७)—'आयास्ये' इति दौत्यकैः, (१०।४६।३४)—'आगमिष्यत्यदीर्घेण' इत्यादिबहुतराद्भगवद्भागवतानां प्रतिज्ञानुसारात् श्रीमद्भागवतेनाप्युद्भावितम् । न केवलं प्रतिज्ञामात्रं तत्र प्रतीतिपात्रीकृतम्, किन्तु तदागतिरप्यधिगतीकृता ॥२०७॥

'तथा हि प्रथमे (भा० १।११।९) द्वारकाप्रजा-वचने—'यर्ह्यम्बुजाक्षापससार भो भवान्, कुरून् मधून्वाथ सुहृद्दिदृक्षया' इति प्रत्यक्षं लक्ष्यते, न च तत्तु कालान्तरगतम् । कुरुक्षेत्र-यात्रायां हि स्फुटमस्य वचनं तस्य तत्कालतामेव रचयति । तथा हि (भा० १०।८२।४२)—

'अपि स्मरथ नः सख्यः ! स्वानामर्थचिकीर्षया । गतांश्चिरायिताञ्छत्रुपक्षक्षपणचेतसः ॥'इति॥

'विदूरथान्तशत्रुवधमेवावधिमत्र करोति नान्यदिति ॥२०८॥

तदेवं स्थिते तदनन्तरं च लब्धान्तरतया तेनानेन तेषां प्रकृतिजागोचरप्रकृतिस्वपदाविर्भावनं च तत्र पाद्म एवोद्भावितम् । तदपि ब्रह्महृदमज्जन-तदुन्मज्जनादनन्तरं तद्दर्शितवत

है । और शाल्व के प्राणों को दण्ड देकर, कुटिलता करने में अत्यन्त कोप करनेवाला दन्तवक्र, अपने भाई विदूरथ के सहित, मधुपुरी के द्वारपर इन्हीं श्रीकृष्ण के द्वारा खण्ड खण्ड करके खण्डित कर दिया जायगा । यह पद्मपुराण के उत्तरखण्ड की कथा है । और उसके पश्चात् श्रीकृष्ण का पुनः व्रज में आना, शिव-पार्वती के संवादमय रहस्य में पद्मपुराण में ही स्पष्ट दिखाई देता है । और व्रजागमन सत्यसंकल्प होने के नाते, विशाल कीर्ति द्वारा विख्यात भगवान् श्रीकृष्ण एवं भगवद्भक्त श्रीउद्धवजी की क्रमशः "मैं अवश्य व्रज में आऊँगा", इस प्रकार दूतों के द्वारा सन्देश दिया एवं "श्रीकृष्ण शीघ्र ही व्रज में आयेंगे" इत्यादि बहुत सी प्रतिज्ञाओं के अनुसार श्रीमद्भागवत ग्रन्थ ने भी निश्चितरूप से प्रगट कर दिया है । केवल प्रतिज्ञामात्र ही प्रतीति की पात्र बनाई हो, सो बात नहीं । किन्तु श्रीकृष्ण का व्रज में आना भी साक्षात् लिखकर दिखा दिया है ॥२०७॥

देखो, प्रथमस्कन्ध में द्वारका की प्रजा के वचन में स्पष्ट दिखाई देता है कि—हे कमलनयन ! तुम अपने सुहृदों के देखने की इच्छा से जब कुरुदेश में अथवा मधुपुरीसम्बन्धी देशों में जाते हो, इत्यादि । और वह व्रज में आना दूसरे समय का भी नहीं है, क्योंकि कुरुक्षेत्र की यात्रा में श्रीकृष्ण का वचन—उस व्रज के आगमन को उसी समय का बता रहा है । यथा—देखो, हे सखियो ! अपने भक्तों के प्रयोजन सिद्ध करने की इच्छा से चले जानेवाले, एव शत्रुपक्ष के नष्ट करने में चित्त लगानेवाले, अतः तुम्हारे पास आने में देरी लगानेवाले, हमको भी कभी याद कर लेती हो क्या ? इस वाक्य में विदूरथ पर्यन्त शत्रु वध ही "व्रजागमनरूप विषय में" अवधि प्रमाणित कर रहा है, और कुछ नहीं ॥२०८॥

अतः ऐसी स्थिति में विदूरथ के वध के अनन्तर अवकाश प्राप्त होने के कारण, इन्हीं श्रीकृष्ण ने उन व्रजवासियों के निकट प्रकृतिज, अर्थात् मायाबद्ध जीवों के अगोचर अपनी स्वरूपशक्ति के द्वारा अपने गोलोकधाम का प्रागट्य भी किया । यह विषय भी उस पद्मपुराण में ही प्रकटित है, और ब्रह्महृद में गोता

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एतस्य चैतदीयानाञ्चाभिप्रायेण श्रीमद्भागवतेनाभिप्रेतम्; (भा० १०।२८।११,१३,१४,१७) 'अपि नः स्वगतिं सूक्ष्माम्' इति, 'न वेद स्वां गतिं भ्रमन्' इति, 'गोपानां स्वं लोकम्' इति, 'कृष्णं च तत्र छन्दोभिः स्तूयमानम्' इत्यनेन ॥२०६॥ अतएव स्कान्दे—

'वत्सैर्वत्सतरीभिश्च सरामो बालकैर्वृतः। वृन्दावनान्तरगतः सदा क्रीडति माधवः॥'

सदा स्थितिप्रयोगश्चात्र वैकुण्ठनाथस्य ध्रुवगजेन्द्राद्यर्थमन्यत्र गमनेन वैकुण्ठ इव श्रीव्रजेन्द्र-नन्दनस्य मथुरादिगमनेन वृन्दावनेऽपि न बाध्यते ॥२१०॥

अत्रेदं विचारयामः,—

'जननीवेशसम्बन्धाभासात् पूतनिकापि सा। जननी-गतिमव्राजीदिति कैमुत्ययोगतः ॥२११॥
उपकृष्णं कृष्णघोषः सुगोगोपं तदाप्स्यति। अतिदुःखं दुष्प्रतीपं तद्गोलोकं सुशर्म च ॥२१२॥

'किञ्च,

साङ्गं यावद्वैभवं च व्रजः कृष्णं व्रजिष्यति। सकृष्णमनुकृष्णं यो धास्यते च सरामकम् ॥२१३॥
सद्वादशस्कन्धमेवं श्रीभागवतमीक्षते। यथाशक्ति बुधोऽन्यस्य शक्तिप्रति न विद्यते ॥'२१४॥

लगाकर निकलने के अनन्तर उस गोलोक को दिखानेवाले, श्रीकृष्ण के एवं उनके प्रिय व्रजजनों के अभिप्राय के अनुसार, वह भी श्रीमद्भागवत के द्वारा अभिप्रेत है, यथा—"श्रीहरि हमारे को भी अपनी सूक्ष्मगति (स्वरूप या लोक) का लाभ करायेंगे क्या ?" इत्यादि। "कर्मानुसार अनेक योनियों में घूमता हुआ जीव अपनी वास्तविक गति (स्वरूप या गन्तव्यस्थान) को नहीं जानता" इत्यादि। "श्रीकृष्ण ने गोपों को अपना लोक दिखाया" इत्यादि। "और उस गोलोक में वेदों के द्वारा स्तुति किये गये श्रीकृष्ण को देखकर व्रजवासी विस्मित हो गये" इत्यादि द्वारा ॥२०६॥

अतएव स्कन्दपुराण में भी कहा है कि—श्रीकृष्ण ग्वालबालों से घिरकर श्रीबलरामजी के सहित, श्रीवृन्दावन के मध्य में रहकर, बछड़े एवं बछड़ियों के सहित सदैव क्रीडा करते रहते हैं। इस श्लोक में वृन्दावन में सदा स्थित रहने का वाचक 'सदा' शब्द का जो प्रयोग है, वह ध्रुवजी एवं गजेन्द्र आदि भक्तों के प्रयोजन के लिए अन्यत्र जाने से वैकुण्ठनाथ का सदा वैकुण्ठ में रहना जैसे बाधित नहीं होता, उसी प्रकार श्रीव्रजराजकुमार का मथुरा आदि में जाने से भी, श्रीवृन्दावन में सदा रहना बाधित नहीं होता ॥२१०॥

पहले "गोपानां स्वं लोकं" इस उक्ति से गोलोक को गोपों का निजीधाम बताया। उसमें आश्चर्य नहीं। इस विषय में यही विचार करते हैं कि—"जननी के वेष के सम्बन्ध के आभासमात्र से वह पापिनी पूतना भी जब जननी की गति को प्राप्त हो गई, तब इसी कैमुत्यन्याय के सम्बन्ध से श्रीकृष्ण की सदैव समीपता के कारण, श्रीकृष्ण का समस्त व्रज गो गोपों की समृद्धि से युक्त, दुःखों से रहित, शत्रुओं की समृद्धि से रहित, और सम्पूर्ण सुखों से सम्पन्न, उस गोलोक को अवश्य प्राप्त करेगा। अतः उनका निजीलोक स्वतःसिद्ध है ॥२११-२१२॥

किञ्च वह व्रज साङ्गोपाङ्ग सम्पूर्ण वैभव से युक्त श्रीकृष्ण को प्राप्त करेगा, और जो व्रज श्रीकृष्ण के सदृश, श्रीकृष्ण के योग्य विषय का श्रीबलराम के सहित पोषण करेगा ॥२१३॥

बुद्धिमान् जन अपनी शक्ति के अनुसार श्रीमद्भागवत को द्वादश स्कन्धपर्यन्त इसी प्रकार के सिद्धान्तों से भरा हुआ देखता है। किन्तु भक्तिविमुख अन्य साधारण जन की तो देखने की शक्ति का लेश भी विद्यमान नहीं है ॥२१४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"तदेवं विमृष्य तु श्रीदेवर्षिः स्पष्टमाचष्ट,—'यदा त्वं राजसूयतः सुखं सम्भूय स्वालय-चलनारम्भं सम्भावयिष्यसि, तदा वक्रभावचक्रतः शक्रमपि जिगीषुर्दन्तवक्रस्त्वां केवलं सर्वचंक्रमणचक्रबलं वितर्कयन् बलेन बलेन च विनाभूतेन त्वया केवलेन गदायुद्धमध्वन्यन्विच्छन् मधुपुरीमागन्तुमुरीकरिष्यति ॥२१५॥

तामागत्य च गत्यन्तरं चिन्तयन्मन्मुखतस्तव द्वारकासम्मुखप्रस्थानं शाल्वसंस्थापनं चाऽऽस्थाय सद्यस्त्वां प्रत्येव दुःस्थात्मतया प्रस्थास्यते ॥२१६॥

'तदैव च मनोजूति-विभूतिमयेन मया कथनया निजव्रजगमनाय तदेवास्पदमास्पदं कुर्वंल्लब्धमनोरथस्तादृशदिव्यरथश्च त्वं तत्क्षणमेव मथुरापुर-द्वारि प्राप्तगतिप्रथस्तं गदावन्तं निष्क्रामन्तं द्रक्ष्यसि ॥२१७॥

लक्ष्यसि च त्वां प्रति क्रामन्तं तं प्रति गदां, लक्ष्यन्ते च प्रत्यस्त्राणीव त्वदाभिमुख्येन करूषमुख्येन तेन चैद्येनेव सात्मज्योतिष्का निष्कास्य प्राणाः ॥२१८॥

'अत्र च श्लोकः खल्वयम्—

'भीमस्याहं तुल्यसंविद् गदाया, द्वन्द्वाघाते माधवं मागधाभम् ।
जित्वा राज्यं माथुरं साधयिष्या,-म्येवं नङ्क्ष्यत्येष को दन्तवक्रः ? ॥२१९॥

इस प्रकार मनमें विचार कर श्रीदेवर्षि नारद स्पष्ट—हे भगवन् ! तुम जब राजसूय यज्ञ से सुख पाकर अपने घर को चलने के आरम्भ की सम्भावना करोगे, तब कुटिलता के चक्र से शक्र (इन्द्र) को भी जीतने की इच्छावाला दन्तवक्र, तुमको केवल सुदर्शनचक्र के बल से सबपर आक्रमण करनेवाले विचार कर, सेना एवं बलदेवजी से रहित हुए, केवल अकेले तुम से ही, मार्ग में गदायुद्ध की इच्छा करता हुआ, मधुपुरी (मथुरा) में आने के लिए अङ्गीकार करेगा ॥२१५॥

और मथुरा में आकर दूसरे उपाय का विचार करता हुआ, मेरे मुख से तुम्हारे द्वारका के सम्मुख प्रस्थान को, एवं शाल्व के वध को स्वीकार करके दुःखित चित्त होकर, तत्काल तुम्हारे प्रति ही प्रस्थान कर देगा ॥२१६॥

और उसी समय मानसिक वेग के वैभव से परिपूर्ण मेरे कथन के अनुसार अपने व्रज में जाने के लिए, उसी कृत्य को प्रतिष्ठा का आश्रय करते हुए, अपने हार्दिक मनोरथ को पाकर, उसी प्रकार के दिव्य रथवाले तुम तत्काल ही मथुरापुरी के द्वारपर गमन की प्रसिद्धि को पाकर, अर्थात् शीघ्र ही मथुरा के द्वारपर पहुँच कर, गदा से युक्त निकलते हुए उस दन्तवक्र को देखोगे ॥२१७॥

और तुम्हारे प्रति आक्रमण करते हुए उसके प्रति तुम अपनी गदा को फेंककर चलाओगे। और तुम्हारे सम्मुख होनेवाला करूषदेश का मुखिया वह दन्तवक्र भी शिशुपाल की तरह, अपनी आत्मा की ज्योति के सहित अपने प्राणों को निकाल कर, प्रत्यस्त्रों की भाँति तुम्हारे ऊपर छोड़ देगा, अर्थात् प्राणों सहित अपनी आत्मा को आपमें मिला देगा ॥२१८॥

दन्तवक्र के विनाश के विषय में यह श्लोक है, उसका भावार्थ यह है कि—गदायुद्ध के प्रहार में मैं भीम के समान आचार विचारवाला हूँ, अतः जरासन्ध के तुल्य श्रीकृष्ण को जीतकर मथुरा का राज्य सिद्ध कर लूँगा। प्रश्न—इस प्रकार की भावना करते करते कौन नष्ट हो जायगा ? उत्तर—यह दन्तवक्र ॥२१९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ततश्च, दन्तवक्र-चितावह्निप्राये क्रोधे तव स्वयम् ।
विदूरथश्च पतिता दूरतः क्रूरकीटवत् ॥२२०॥

'तदेवं दन्तवक्रं विदूरथमपि विदूरतस्तदा गदाचक्रघातं घातयित्वा स्ववचनसत्यङ्कारः स्वजनहृद्रुजामगदङ्कारः स्वीयमुखानामस्तुङ्कारः श्रीमद्व्रजविराजमानराजकुमारः स्वकव्रज-कुलमेव भवान्मथुराभवाननुयोक्ष्यते । तत्तु सर्वं प्रगाढभावमवगाढं कुरुक्षेत्रादागतेरर्वाग्भव-दागमनमर्यादाभ्यन्तरीणकालं कालमिव चालयितुं पुनरपि विधेः सुदिनायमानतां प्रतिपालयितुं सम्प्रति यमुनापारीणं जातमित्यवकलय्यानुकामीनेन निजदिव्यविमानेन समुत्तीर्य दिविषद्भिः कुसुमैरवकीर्यमाणः सहसा तद्वासश्चासत्तुमुद्योक्ष्यते ॥२२१॥

'उत्तीर्णे च त्वयि सर्वतः कीर्णेन नन्दिताशेषेण रथघर्घरितविशेषेण त्वदागमनमेव मन्वानास्त्वत्परिमलवलनेन तु निश्चिन्वानाः सर्वविधा एव त्वदेकावधानतः प्रधावनमेव तन्वानाः श्रीमन्नन्दाद्यभिधानाः सन्निधानं विनापि शिखण्डिमण्डलवदमी मार्तण्डमण्डलस्थ-मेघखण्डमिव दिव्यरथारूढं त्वामगूढं निशाम्य सम्यगूढप्रमदा बहल-कोलाहलं कलयिष्यन्ति ॥२२२॥

'कलयन्तश्च स्तम्भ-स्वेद-रोमोद्भेद-स्वरभेद-रोदन-विभेद-प्रलयमयतया स्पन्दनमप्य-विन्दमानाः स्यन्दनाद् दूरतस्तत्तदवस्था एव स्थास्यन्ति ॥२२३॥

और उसके बाद प्रायः दन्तवक्र की चिता की अग्निरूप तुम्हारे क्रोध में वह विदूरथ भी क्रूरकीट की तरह, दूर से ही स्वयं गिर पड़ेगा ॥२२०॥

इस प्रकार उस समय तुम दूर से ही गदा के द्वारा दन्तवक्र को, एवं चक्र के द्वारा विदूरथ को मार कर, "मैं व्रज में अवश्य आऊँगा" इस प्रकार के अपने वचन को सत्य करनेवाले, निजजनों के हृदयरोग की चिकित्सा करनेवाले, अपने भक्त आदिकों की प्रशंसा या रक्षा करनेवाले, एवं श्रीमान् व्रज में विराज-मान व्रजराज श्रीनन्द के कुमार आप, अपने व्रजवासियों के विषय में मथुरावासियों से ही पूछोगे । किन्तु वह समस्त व्रजजनसमुदाय तो प्रगाढभाव में गोता लगाकर, कुरुक्षेत्र से आने के पीछे एवं आपके आने की मर्यादा के भीतर के समय को, काल की तरह दूर फेंकने के लिए, और फिर भी विधाता की सुदिनकारिता की प्रतीक्षा करने के लिए, इस समय यमुनापार चला गया है । यह जानकर आप स्वेच्छाचारी अपने दिव्य विमान से उतर कर, देवताओं के द्वारा बरसाये हुए पुष्पों से आच्छादित होकर, उन व्रजवासियों के निवासस्थान को प्राप्त करने के लिए सहसा उद्योग करेंगे ॥२२१॥

और तुम्हारे उतरते ही चारों ओर फैलनेवाले, सबको आनन्दित करनेवाले, आपके रथ के घर्घर शब्दविशेष से तुम्हारे आगमन को ही मानते हुए, तुम्हारे गात्र के दिव्यगन्ध के सम्पर्क से तो निश्चय करते हुए, सर्व प्रकार से केवल तुम्हारे ध्यानसे विशेष दौड़ने का ही विस्तार करते हुए, श्रीमान् नन्द आदि वे व्रजवासीजन तुम्हारी निकटता के बिना भी, मयूरवृन्द जैसे सूर्यमण्डल में स्थित मेघखण्ड को देखता है, उसी प्रकार दिव्यरथ में चढ़े हुए तुमको प्रत्यक्ष देखकर, अच्छी प्रकार हर्ष को प्राप्त होकर बहुत कोलाहल करेंगे ॥२२२॥

और कोलाहल करते करते स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च, स्वरभङ्ग, मूर्च्छा आदि अनेक सात्त्विक दशाओं से पूर्ण होने के कारण, शरीर चलने की चेष्टा को भी नहीं प्राप्त करते हुए, वे व्रजवासी तुम्हारे रथ से दूर ही पूर्वोक्त तत्तत् अवस्थावाले ही खड़े रहेंगे ॥२२३॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'त्वं पुनः सहसा रथादवतीर्य तेषां पथा यथावीर्यं धावन् सकलगीर्वाणविकीर्यमाण-कुसुमादिवादितवादित्रादिकृतमानः सर्वथाप्यसम्भावितस्वमानः परमासक्त्या सर्वानपि तान-नर्वाचीनशक्त्या च पृथक् पृथगेव च युगपदेव च सङ्गच्छन् समालिङ्गंस्तत्तदङ्गसङ्गतं स्वाङ्गमपि न ततो भिन्नमङ्गीकरिष्यसि। 'ते च तथा शोकापनुदं दत्तमुदं त्वां लभमानाः सर्वे जन्यवस्त्वदनन्यम्मन्या भविष्यन्ति ॥२२४॥

'तथा च गास्यते,—'यदाऽऽयातः कृष्णः पुनरपि यदूनां नगरत-
स्तदा गोपाः सोऽपि प्रतिनिजमधुर्मोदनिवहम्।
व्यतिश्लिष्टा यर्हि प्रतिजनमिदं नाजनि मना-
गयं कृष्णः कृष्णः किमहमिति तर्हि स्फुटतरम् ॥२२५॥

'यतः, यद्वत् कल्यन्तिमानां सुकृतविरहिणां सत्यधर्मावतारः
पृथ्वीस्थानां महाऽवग्रहदुतवपुषां वर्षुकाब्दप्रचारः।
आकूपारह्रदानां मुनिहृतपयसां नव्यगङ्गाप्रसार-
स्तद्वद्गोष्ठस्थितानां तव विरहरुजां हन्त ते सङ्गसारः ॥२२६॥

'अथ चिराय प्रतिमावत् प्रतिस्वं लब्धत्वत्परिष्वक्तिषु व्रजजनव्यक्तिषु पूर्वमव्यक्ती-भावमापन्ना मधुमङ्गलपूर्णाभ्यर्णा पौर्णमासी सवृन्दा वृन्दा च सममप्रच्छन्नतां गच्छन्ती तु

और तुम पुनः सहसा (झटपट) रथ से उतर कर यथाशक्ति उन्हीं के मार्ग से दौड़ते हुए, सभी देवताओं के द्वारा फेंके हुए पुष्पादि एवं बजाये हुए वाद्य आदि के द्वारा सम्मानित होकर भी, "मैं सर्वेश्वर हूँ" इस प्रकार के अपने अभिमान की सर्वथा सम्भावना न कर, परम आसक्ति एवं अनादिसिद्ध अपनी अनिर्वचनीय शक्ति के द्वारा, उन सभी व्रजवासियों को पृथक् पृथक् ही एवं एक समय ही मिलते हुए, गाढालिङ्गन करते हुए, उन उनके अङ्ग से सटे हुए अपने अङ्ग को भी, उनसे अलग स्वीकार नहीं करोगे, अर्थात् उनसे मिलते ही रहोगे। और वे सब व्रज के प्राणी भी उस प्रकार से शोक को दूर करनेवाले, आनन्द को देनेवाले तुमको प्राप्त करते हुए, अपने को तुमसे अभिन्न माननेवाले हो जायँगे ॥२२४॥

कविजन उस दशा को इस प्रकार गायेंगे—श्रीकृष्ण जब यादवों की नगरी द्वारका से पुनः व्रज में चले आये, तब गोपगण एवं वे श्रीकृष्ण इन सभी ने अपने अपने प्रति आनन्दसमूह को धारण कर लिया। और जब प्रत्येक जन से परस्पर मिलने लग गये, तब तो "यह कृष्ण है कि मैं कृष्ण हूँ" इस प्रकार किञ्चिद् भी अत्यन्त स्पष्ट नहीं हो पाया ॥२२५॥

कारण—कलि के अन्त में होनेवाले पुण्यरहित जनों के सम्बन्ध में जैसे सत्ययुग के धर्म का अवतार, एवं अत्यन्त अनावृष्टि से पीडित शरीरवाले पृथ्वीस्थ जनों के सम्बन्ध में जैसे वर्षा करनेवाले मेघों का प्रचार, और जिनका जल अगस्त्यमुनि ने हर लिया था, ऐसे समुद्र से लेकर सरोवरपर्यन्त सभी जलाशयों के सम्बन्ध में जैसे नवीन गङ्गा का प्रसार आनन्दजनक है, ठीक उसी प्रकार तुम्हारे विरह के रोगी व्रज-वासियों के सम्बन्ध में, अहह! तुम्हारा सङ्गरूप रसायन भी परम आनन्दजनक है ॥२२६॥

तदनन्तर बहुत देरतक प्रतिमा की तरह प्रत्येक व्रजवासी व्यक्ति को तुम्हारा आलिङ्गन प्राप्त हो जानेपर, पहले प्रगट न होनेवाली पौर्णमासी, मधुमङ्गल को पास में लेकर, एवं अपनी सहचरियों के

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

सुखसंमूर्च्छनान्मूर्च्छामिव गताभ्यस्ताभ्यः साभ्यसूयमिव क्रमाद्बहिर्वृत्तिं यच्छन्ती तद्वनिकायां तन्निकायमुपवेशयिष्यति ॥२२७॥

'तथा च कथयिष्यन्ति,—

'कृष्णं मध्यगतं विधाय पितरौ तद्भ्रातरः स्त्रीगणा-
स्तन्मित्राणि कुटुम्बसंवलनया चान्ये चिरात् प्राप्तितः ।
मुञ्चन्तः स्फुटमश्रु तस्य सुखदञ्चारूपचारं चिरं
विस्मृत्य स्थगितक्रियाः समभवन् मूकाश्च वैस्वर्यतः ॥२२८॥

'त्वं तु तत्र स्त्रीकुमारं पुत्रपौत्रं कुब्जवामनं दासीदासमपि सर्वं यथायथं तोषयिष्यसि ॥२२९॥

'दारुकस्तु दारुवदेव दूरस्थितस्तत्प्रेमवश्यतया कौतुकमिव द्रक्ष्यति ॥२३०॥

'ततश्च तत्रासीना पौर्णमासी कुपितेवाऽऽलपिष्यति,—अहह ! किमिदमविदन्त इव कुर्वन्तः स्थ ? पथि परिश्रान्तमिमं कथमिव न विश्रान्तं कुरुथ ? ॥२३१॥

'तदेवं जातचमत्काराभ्यां त्वत्परिश्रमकातराभ्यां मातरपितराभ्यामुभयतः स्वस्वभुजया-कृतालिङ्गनमयप्रणयचेष्टितः सर्वैरेव च परितो वेष्टितः स्वगोष्ठ-प्रकोष्ठमध्यग-शकटघटाघटित-वाटमवाप्स्यसि ॥२३२॥

सहित वृन्दादेवी एकसाथ प्रगट होती हुई, सुख की परिपूर्णता से मानो मूर्च्छा सी प्राप्त हुए उन व्रजवासी व्यक्तियों के लिए 'अति सर्वत्र वर्जयेत्' के अनुसार उनके अधिक प्रेमरूपगुण में मानो दोषारोपणपूर्वक क्रमशः बाह्यचेष्टा को देती हुई, उसी वनी में उस व्रजजनसमुदाय को अच्छी प्रकार बैठा देगी ॥२२७॥

उस दृश्य को देखनेवाले जन भी कहेंगे कि—श्रीकृष्ण को मध्यस्थ बनाकर, अर्थात् बीच में बैठाकर उनके चारों ओर बैठे हुए—माता, पिता, उनके भाई, व्रजाङ्गनाएँ, श्रीकृष्ण के मित्रगण, कुटुम्ब के सम्बन्ध से आये हुए अन्य सभीजन, बहुत दिन में श्रीकृष्ण की प्राप्ति के कारण स्पष्ट ही आँसू बहाते हुए, श्रीकृष्ण के सुखदायक मनोहर सत्कार आदि उपचार को बहुत देरतक भूलकर निश्चेष्ट हो गये, और स्वरभङ्ग के कारण सभी गूँगे बन गये ॥२२८॥

और तुम तो वहाँपर स्त्री, बालक, पुत्र, पौत्र, कूबड़े, बौने, दासी, एवं दास आदि सभीजनों को यथायोग्य सन्तुष्ट करोगे ॥२२९॥

और तुम्हारा सारथि दारुक तो काष्ठ की तरह दूर बैठकर उन व्रजवासियों के प्रेम के वशीभूत होने के कारण कौतुक सा देखेगा ॥२३०॥

उसके बाद वहाँपर बैठी हुई पौर्णमासी कुपित सी होकर, सम्भाषण करेगी कि—अहह ! तुम सब अनजान की तरह यह क्या कर रहे हो ? मार्ग में थके हुए श्रीकृष्ण को विश्रान्त क्यों नहीं करते ? ॥२३१॥

इस प्रकार तुम्हारे ऐश्वर्य से चमत्कार को प्राप्त हुए, एवं तुम्हारे परिश्रम से कातर हुए, दोनों माता पिताओं के द्वारा दोनों ओर से अपनी अपनी भुजा से किये हुए तुम्हारे आलिङ्गनमयी चेष्टा से युक्त, और सभी व्रजवासियों के द्वारा चारों ओर से घिरे हुए तुम, अपने व्रज के एकस्थान के मध्य में खड़ी हुई बैलगाड़ियों की श्रेणी द्वारा घिरे हुए गृहरूप स्थान को प्राप्त करोगे ॥२३२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ततश्च ते सर्वे भवत्परिचर्यामयपरिसर्याकृतः सम्भ्रममेवाचरिष्यन्ति, न तु कार्यक्रमम् ॥२३३॥

'तथा हि— यर्ह्यागन्तास्यघहर ! चिराद् द्वारकातस्तदा ते
सर्वेऽप्येते व्रजजनिजना श्रेष्ठमध्यस्थनिघ्नाः ।
धावन्तोऽपि प्रतिदिशमहो तत्तदेकैककार्यं
कुर्वन्तोऽपि स्थगितकृततामेव यास्यन्ति हन्त ॥२३४॥
यद्यपि गोपाः सम्यक्, परिचरितुं त्वां न तर्हि शक्ष्यन्ति ।
तदपि च तत्प्रमदामृत,-भोगास्त्वामी सदैव पोक्ष्यन्ति ॥२३५॥

'तदारभ्य च—
'किं भोक्तव्यं क्वासितव्यं स्वपनीयं क्व वाऽमुना ? ।
इति मात्रादिधीयात्रा नात्रायास्यति तृप्तताम् ॥२३६॥
सखायस्ते सुखाधीना विस्मरिष्यन्ति सर्वकम् ।
स्मरिष्यन्ति तु तां त्वत्कां पुनः संश्लेष-नव्यताम् ॥२३७॥
दासाश्च तव दाशार्ह ! पुनराशां स्वमूर्तिषु ।
धास्यन्ति सेवासुधया विधास्यन्ति यदाप्लवम् ॥२३८॥
गावः प्राग्वद्भवत्स्फूर्तिप्रभावस्थिततद्दशाः ।
तद्वदेव सदैवामूर्धास्यन्ति प्रमदं त्वयि ॥२३९॥

तदनन्तर वे सब व्रजवासी, आपकी सेवारूप इधर उधर चारों ओर दौड़धूप करनेवाले होकर भी, शीघ्रता को ही करते रहेंगे किन्तु कार्यक्रम के अनुसार नहीं ॥२३३॥

और देखो, हे अघहर ! तुम जब द्वारका से बहुत दिन में लौटकर आओगे, तब ये उत्तम, मध्यम, अधमरूप सभी व्रजवासीजन, अहो ! प्रेम से प्रत्येक दिशा में दौड़ते हुए भी, तत्तत् एक एक कार्य करते हुए भी, हाय ! निश्चलभाव को ही प्राप्त हो जायँगे ॥२३४॥

यद्यपि गोपगण उस समय अच्छी प्रकार तुम्हारी सेवा करने को समर्थ न हो सकेंगे, तथापि उस सेवा में आनन्दरूप अमृत का उपभोग करके, वे गोपगण तुमको पुष्ट कर देंगे ॥२३५॥

और आपके आगमन के समय से लेकर तो इन श्रीकृष्ण को क्या खाना चाहिये, कहाँ बैठना चाहिये, एवं कहाँपर सोना चाहिये ? इस प्रकार विचारती हुई माता पिता आदि की बुद्धि की गति तृप्ति को न प्राप्त होगी ॥२३६॥

और सुबल, श्रीदामा आदि तुम्हारे सखा तुम्हारे आगमन के सुख के वशीभूत होकर, सब कुछ भूल जायँगे। किन्तु केवल तुम्हारे मिलन की उस नवीनता को ही याद करेंगे ॥२३७॥

हे दाशार्ह ! हे यदुवंशशिरोमणे ! रक्तक, पत्रक आदि तुम्हारे दासगण भी, अपनी शारीरिक स्थिति के विषय में पुनः आशा धारण करेंगे, अर्थात् पहले आपके वियोग से प्रायः मृतक से हो गये थे, किन्तु अब जीने की आशा धारण करेंगे, क्योंकि अब तो आपकी सेवारूप अमृत से नित्य स्नान करेंगे ॥२३८॥

वे गऊएँ भी पहले की तरह आपकी स्फूर्ति के प्रभाव से स्थित हुईं उसी दशा को पाकर, उसी तरह सदैव तुम्हारे विषय में हर्ष धारण करेंगी ॥२३९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

शिशवः पशवश्चैव वयांसि च पयांसि च ।
येऽन्ये हृद्या जना हृद्यास्तव तेषां तु का कथा ? ॥२४०॥

'कूर्मस्येव स्मरणानुभावेन तव तेन त्वदीयाः पूर्ववदेव हि ते स्थातारः । तथैव व्रजाद्बलदेवः कुशस्थलीमासाद्य त्वयि निवेदयिष्यति ॥२४१॥ यथा श्रीहरिवंशे—
'तथैवाध्वगवेषेण सोपश्लिष्टो जनार्दनम् । प्रत्यग्रवनमालेन वक्षसाभिविराजता ॥
उपविष्टं तदा रामं पप्रच्छ कुशलं व्रजे । बान्धवेषु च सर्वेषु गोषु चैव जनार्दनः ॥
प्रत्युवाच ततो रामो भ्रातरं साधुभाषिणम् । सर्वेषां कुशलं कृष्ण ! येषां कुशलमिच्छसि ॥'इति॥
॥२४२॥

'तदेवं स्थितेऽपि तदा तव सदा व्रजावस्थितिप्रतीतिस्तु तेषां नातिजनिष्यते । स्यन्दनं तदत्र तदवस्थमेव स्थापितमस्तीत्यनास्थाभावनया ॥२४३॥

'किञ्च, तव सवयसः प्रवयसः प्रतीदं प्रतीपमावेदयिष्यन्ति । प्रियवयस्यस्य नातिसौमनस्यं मनस्यभ्यस्यते, यतो निजतानुरागजनतासु तासु प्रागिव नानुरागं जागरमागमयति । ताश्च तथा दृष्ट्वा लगितदुःखस्थगिततया शुष्का इव तिष्ठन्ति ॥२४४॥

और व्रज के शिशु, पशु, पक्षी, यमुनाजल, भाण्डीर आदि वृक्ष भी जब आपके ऊपर प्रेम प्रदर्शित करेंगे, तब अन्य जो आपके हृदयङ्गम मनोहर गोपीगण एवं यज्ञपत्नी आदि जन हैं, उनके सम्बन्ध में तो कहना ही क्या है ? ॥२४०॥

कछुआ के बच्चे जैसे उसके स्मरण के प्रभाव से ही जीते रहते हैं, उसी प्रकार तुम्हारे व्रजवासीजन तुम्हारे द्वारका चले जानेपर भी, तुम्हारे स्मरण के प्रभाव से पहले की तरह स्थित रहेंगे । अतः व्रज से द्वारका में पहुँच कर श्रीबलदेवजी तुमसे व्रजवासियों की उसी प्रकार की सी स्थिति का निवेदन करेंगे ॥२४१॥

यथा—श्रीहरिवंशपुराण में भी कहा है कि—उसी प्रकार पथिक के से वेशवाले बलरामजी ने नवीन वनमाला से युक्त, अतः परम शोभायमान, अपने ऐसे वक्षःस्थल के द्वारा उन श्रीकृष्ण का आलिङ्गन किया। उस समय श्रीकृष्ण ने आसनपर बैठे हुए बलरामजी से व्रज के विषय में, सभी बान्धवों के विषय में, एवं गोगण के विषय में कुशलता पूछी । उसके बाद मधुरभाषी अपने भैया श्रीकृष्ण के प्रति बलरामजी ने प्रत्युत्तर दिया कि—हे भैया कृष्ण ! तुम जिनके कुशल की कामना करते हो, उन सभी व्रजवासियों का कुशल है ॥२४२॥

अतः ऐसी स्थिति बन जानेपर भी, अर्थात् आपके व्रज में आजानेपर भी, उस समय तुम्हारी सदैव व्रज में रहने की प्रतीति तो उन व्रजवासियों को अत्यन्त उत्पन्न न होगी, क्योंकि "वह आपका रथ तो यहाँपर उसी प्रकार सजा सजाया ही स्थापित कर रखा है" इस प्रकार की अनास्था की भावना से सशंक ही रहेंगे ॥२४३॥

किंच तुम्हारे सखागण, वृद्धजनों के प्रति इस प्रतिकूलता का निवेदन करेंगे कि—हमारे प्यारे सखा श्रीकृष्ण के मन में अत्यन्त सुस्थता प्रतीत नहीं होती । कारण—अपनेपन के अनुरागवाली उस व्रज की जनताओं के ऊपर ये पहले के से अनुराग को जागृत नहीं कर रहे हैं । वे समस्त जनताएँ भी इनके अनुराग की जागृति के अभाव को देखकर मानो हृदय में लगे हुए दुःख से निश्चल होकर प्रायः सूखी सी बैठी हैं ॥२४४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेतदाकर्णयन्तः प्राप्तकदनान्तरतया विवर्णवदनास्ते त्वन्मातरपितरादयः कातरताम-वाप्स्यन्ति ॥२४५॥

'त्वं तु जन्तुमात्रचित्तज्ञस्तद्विज्ञाय स्वयमेव तान् विज्ञापयिष्यसि,—कथं भवन्तो नाद्याप्यानन्दादुद्भवन्तो दृश्यन्ते ? ॥२४६॥

सर्वे तु सगद्गदं गदिष्यन्ति,—अस्माकमानन्दकारणं त्वदवधारणपदवीं विन्दत एव । 'अथ त्वं वक्ष्यसि,—बाढम्, किन्तु येन भवद्भिः सन्दिह्यते सोऽयं शताङ्गः साङ्गभवत्कार्य-सङ्गमनाय सङ्गे रक्षिततया लक्ष्यते । यथा वान्यथाऽऽज्ञापयथ, तथा प्रथयिष्यामि ॥२४७॥

एतदेव प्रागेव निवेदितं मया, (भा० १०।४५।२३)—

'यात यूयं व्रजं तात ! वयं च स्नेहदुःखितान् ।
ज्ञातीन् वो द्रष्टुमेष्यामो विधाय सुहृदां सुखम् ॥'इति॥

'ज्ञातीन्' इति युष्मन्मध्यत एवासौ वासः सम्भविष्यति, 'द्रष्टुम्' इति तत्र च युष्मद्दर्शन-मेवास्माकं पुरुषार्थ इत्यर्थः; यद्वा, 'द्रष्टुम्' इति दर्शनविषयीभवितुमित्यर्थः, (भा० १०।१४।६)-'तथापि भूमन् ! महिमाऽगुणस्य ते, विबोद्धुमर्हत्यमलान्तरात्मभिः' इत्यत्र बोधविषयीभवितु-मितिवत्, ॥२४८॥

सखाओं की ऐसी बातों को सुनते हुए, अन्तःकरण में कष्ट प्राप्त होने के कारण मलिन मुखवाले, वे तुम्हारे माता पिता आदि वृद्धजन कातरता को प्राप्त हो जायँगे ॥२४५॥

किन्तु जनमात्र के चित्त को जाननेवाले तुम तो, उनकी कातरता को जानकर, उनको स्वयं विज्ञापन करोगे कि—आप सब आज भी आनन्द के कारण उन्नत होते हुए क्यों नहीं दिखाई देते हो?॥२४६॥

वे सब तो गद्गद होकर कहेंगे कि—हमारे आनन्द का कारण तो तुम्हारे निश्चय के मार्ग को ही प्राप्त हो रहा है। तात्पर्य—तुम्हारा व्रज में रहना निश्चित हो जानेपर ही, हमारा आनन्द उन्नत हो सकता है, अन्यथा नहीं। उसके बाद तुम कहोगे कि—तुम्हारी बात ठीक है, किन्तु आप सब जिस कारण सन्देह कर रहे हैं, वह यह रथ तो साङ्गोपाङ्ग आपके कार्य की सिद्धि के लिए सङ्ग में सुरक्षित भाव से रखा हुआ दिखाई दे रहा है, अथवा तुम सब जिस प्रकार की दूसरी आज्ञा दोगे, उसी प्रकार विस्तार करूँगा ॥२४७॥

यह बात तो मैंने आपसे पहले ही निवेदन करदी थी कि—हे पिताजी ! आप व्रज को चले जाओ। हम तो सुहृदरूप यदुवंशियों को सुख देकर, हमारे स्नेह से दुःखी हुए, हमारी ही जातिवाले तुम सबको देखने आयेंगे। यहाँपर "हमारी जातिवाले" इस कथन का भाव यह है कि—यह मेरा नित्यनिवास तो तुम सबके बीच में ही अच्छी तरह से होगा। और "देखने को आयेंगे" यहाँपर यह भाव है कि—तुम्हारा दर्शन ही हमारा पुरुषार्थ है, अथवा मैं ही तुम्हारे दृष्टिगोचर होने को आऊँगा। यह अर्थ भी, 'तथापि भूमन्' इस श्लोक के 'विबोद्धुं' शब्द के "बोधगम्य होने को" इस अर्थ की तरह जानना चाहिये ॥२४८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

एतदुद्धवेन च भवत्सु समुद्बुद्धं चक्रे, (भा० १०।४६।३४-३५)—

'आगमिष्यत्यदीर्घेण कालेन व्रजमच्युतः ।
प्रियं विधास्यते पित्रोर्भगवान् सात्वतां पतिः ॥
हत्वा कंसं रङ्गमध्ये प्रतीपं सर्वसात्वताम् ।
यदाह वः समागत्य कृष्णः सत्यं करोति तत् ॥'इति॥२४९॥

'सात्वतां पतिरपि पूर्णषडैश्वर्यसम्पत्तिरपि पित्रोर्युवयोर्व्रजेशित्रोः परमसुखश्रियं सदा स्वलालनारूपं प्रियं विधास्यते । तत्राप्यच्युत एवावस्थास्यते, यतस्ततस्तो हेतोरद्यापि सत्यं शपथं करोति, कुर्वन्नेव वर्तत इत्यर्थः । तदनेनैव नयेन भवतां प्रणयर्णं विनयेय, न तु मनागपि गमनागस्त्वेन ॥२५०॥

'तथा हि— पित्रादिप्रतिरूपरूपवसुदेवादिप्रतीघातजाद्-
दुःखात् कंसविनाशनार्थमगमं शीघ्रां निवृत्तिं विदन् ।
तत्रासीत् सुहृदां मनोरथततिर्युद्धायतिर्दुर्हृदां
चैवं तद्व्यसनं समाप्य यदि च प्रागां क्व वा याम्यहम् ?' इति॥२५१॥

'ततः श्रीव्रजेश्वरानुमत्या प्रत्यासन्नाः सर्वेऽपि प्रार्थयिष्यन्ते । एवं चेदिह च तव द्वारकावदेव बहलगृहबृंहणाय स्पृहयामः । अन्यथाकरणं तु यदस्माकमधन्यतां वहतीति ॥२५२

और यह विषय उद्धव ने भी आप सबके निकट पहले ही अच्छी तरह जागृत कर दिया था कि—श्रीकृष्ण भगवान् यदुवंशियों के रक्षक हैं, अतः वे थोड़े से समय में ही व्रज में आयेंगे, और माता पिताओं का प्रिय कार्य करेंगे,और सभी यदुवंशियों के द्वेषी कंस को रङ्गस्थल के बीच में मारकर, तुम सबके निकट आकर, व्रज में आने के सम्बन्ध में श्रीकृष्ण ने जो कुछ कहा है, वह अपने वचन को अवश्य सत्य करेंगे ॥२४९॥

उद्धवजी के द्वारा कथित दोनों श्लोकों का भावार्थ यह है कि—वे श्रीकृष्ण, यदुवंशियों के पति होकर भी एवं पूर्णषडैश्वर्य सम्पत्तिवाले होकर भी, व्रजेश्वरी व्रजेश्वररूप तुम दोनों माता पिताओं के परमसुख सम्पत्तिस्वरूप सदा निज लालनपालनरूप प्रिय कार्य करेंगे । उस व्रज में भी निरन्तर ही स्थित रहेंगे, यह 'अच्युत' शब्द का भाव है । कारण—सदैव व्रज में रहने के कारण ही, श्रीकृष्ण आज भी 'सत्य' अर्थात् शपथ करते हुए ही विद्यमान हैं । अतः इस नीति के अनुसार अब तो आप सबके प्रेम के ऋण को चुकाऊँगा; किन्तु व्रज से किंचिद् भी बाहर जाने के अपराध के भाव से नहीं, अर्थात् व्रज से बाहर जाकर अपराधी नहीं बनूँगा ॥२५०॥

क्योंकि देखो, हे मेरे प्यारे व्रजवासियो ! मैं तो मेरे पिता श्रीनन्दजी आदि के समान स्वरूपवाले श्रीवसुदेव आदि की कंस के द्वारा दी हुई पीडा से उत्पन्न हुए दुःख से शीघ्र ही निवृत्ति जानता हुआ, कंस के विनाश के लिए मथुरा चला गया था । वहाँपर जाते ही श्रीवसुदेव आदि सुहृदों के मनोरथों का विस्तार हो गया, एवं शत्रुओं के युद्धों का आयति (प्रभाव) उपस्थित हो गया । इस प्रकार उस अनिष्ट को समाप्त कर मैं यदि निश्चितरूप से व्रज में आ ही गया तो अब कहाँ जाऊँ ? अर्थात् अब तो सदैव यहीं रहूँगा ॥२५१॥

श्रीनारदजी बोले कि—उसके बाद श्रीव्रजराज की अनुमति से सभी व्रजवासी तुम्हारे निकट आकर प्रार्थना करेंगे कि—यदि ऐसी ही बात है, तब तो हम यहाँपर भी द्वारका की तरह तुम्हारे बहुत से घरों

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेतदाकर्ण्य भूमिं निर्वर्ण्य त्वं तु तस्मिन्नसन्तुष्ट इव चेतसि चिन्तयितासि। 'गृह'-शब्दः खल्वेभिर्गृहिणीपर्यायतया पर्यवसायितः। तत्र च हन्त ! मम स्वान्तं कीदृशं वाऽमी विधास्यन्तीति ॥२५३॥

'अथ पुनर्विभावयितासि,—भवतु, पूर्णज्ञाना तूर्णविधाना च पौर्णमास्यत्र सर्वं शर्म निर्मास्यति न त्वन्यथाकर्मतां धास्यतीति। व्यक्तं तु वक्ष्यसि। तर्हि रोहिणीमाता रौहिणेय-भ्राता च द्वारकागारादाकारणीयौ। तावेव सर्वमवाग्भाव्यं निवेदयिष्यतः ॥२५४॥

'अथ पुनर्दारुकसारथिं प्रति प्रथयिष्यसि,—भो ! सारथे ! सरथः प्रथमानयाऽत्यन्तीनतया भवान् यदुभवनमासाद्य सद्यः श्रीमद्भ्रातरं तन्मातरं च प्रापयेति, पुनर्विचार्य वक्ष्यसि,—हन्त ! तमुद्धवमप्यानयेति ॥२५५॥

'ततस्तद्वन्दारुके दारुके पवनमनुहरमाणेन यानेन मुहूर्तमात्रार्धतस्तैः सार्धभागते तस्मिन् विस्मितमनसः श्रीमन्नन्दादयः परमानन्दाशयतया सहसा भवदागमनवदेव सहसा महसा तोद्यमानाऽऽतोद्यव्रजं तान्निजालयमानेष्यन्ति ॥२५६॥

की वृद्धि चाहते हैं। इससे अन्यथा करना तो हमारी निर्धनता या अकृतार्थता या अभागेपन को प्राप्त कर रहा है ॥२५२॥

व्रजवासियों की यह बात सुनकर भूमि को निहार कर तुम तो उनके कथनपर असन्तुष्ट से होकर, अपने चित्त में विचारोगे कि—इन व्रजवासियों ने 'बहलगृह' पद में गृह शब्द का जो प्रयोग किया है, वह तो निश्चय ही "न गृहं गृहमित्याहुर्गृहिणी गृहमुच्यते" इस नीति के अनुसार 'गृहिणी' के पर्यायरूप से समाप्त कर दिया है' अर्थात् ये सब मेरे अनेक विवाह करना चाहते हैं। और हाय ! उस विषय में ये गोप मेरे चित्त को किस प्रकार का विधान करेंगे या समझेंगे ? ॥२५३॥

उसके बाद पुनः विचारोगे कि—अच्छा, जो हो। इस विषय में पूर्णज्ञानवाली एवं शीघ्र विधान करनेवाली पौर्णमासी ही सब सुखों का निर्माण कर देगी। किन्तु कार्य के विपरीत भाव को नहीं धारण करेगी। पश्चात् स्पष्ट कहोगे कि—यदि ऐसी बात है तब तो रोहिणीमाता एवं रोहिणीनन्दन भ्राता श्रीबलदेव, ये दोनों ही द्वारका के घर से बुला लेने चाहिये। क्योंकि वे दोनों ही पीछे होनेवाले सभी कार्य का निवेदन करेंगे ॥२५४॥

पश्चात् पुनः अपने सारथि दारुक के प्रति कहोगे कि—हे सारथे ! तुम विख्यात एवं अत्यन्त चलने वाली चाल से रथ के सहित द्वारका में पहुँच कर, तत्काल श्रीमान् भैया बलरामजी को एवं उनकी माता रोहिणी को लिवा लाओ। पुनः विचार कर कहोगे कि—हे सारथे ! मेरे प्यारे उस उद्धव को भी लेते आना ॥२५५॥

तदनन्तर श्रीकृष्ण की वन्दना करनेवाला वह दारुक, पवनपर विजय पानेवाले विमान के द्वारा, केवल आधी घड़ी में ही उन सबके साथ जब आजायगा, तब चकित मनवाले श्रीमान् नन्दादि गोप परमानन्दमय अभिप्रायपूर्वक सहसा आपके आगमन की तरह बलपूर्वक महोत्सवपूर्वक सभी प्रकार के वाद्यसमूह को बजाते हुए उन सबको अपने घर लिवा लायेंगे ॥२५६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'गतेषु च दिनेषु त्रिचतुरेषु परमचतुरा रामादयस्ते व्रजस्थाऽभिरुचितमेव तुभ्यं रोचयिष्यन्ति—॥२५७॥

'येषां प्रेमगुणैर्यस्त्वं बद्धः सुष्ठुतया हरिः । तस्य तैर्विनिबद्धा ये कुर्युस्ते कथमन्यथा ? ॥२५८॥

'सर्वे च मिलित्वा निर्णेष्यन्ति मान्याः कन्याविचारम्, कात्यायन्याराधिकास्ताः कन्या धन्यादयः सन्यायतामर्हन्तीति ॥२५९॥

'रामोद्धवौ तु परमनिष्णातौ कृष्णवज्ज्ञात्वा तूष्णीमेव स्थास्यतः ॥२६०॥

'ततस्तदर्थमारम्भे लब्धसम्भेदे व्रजपतिजम्पती पूर्णमनोगती पूर्णिमाभ्यर्णमासाद्य सद्यस्तस्यां वरिवस्यापूर्वकं सर्वं निवेदयिष्यतः ॥२६१॥

'सापि वक्ष्यति,—तदपि भद्रमेव; किन्तु वर्याः परमवर्या राधादयः कथं वा न स्वीकार्याः ? ॥२६२॥

'तौ तु सवैलक्ष्यं वक्ष्यतः,—काः खलु राधिकाद्यभिधाः ? सा वक्ष्यति,—धन्यानां वृषभान्वादीनां कन्या एव । पुनस्तौ वक्ष्यतः,—सुध्यादिगुरो ! न बुध्यामहे; निःशोध्यं तु बोध्यताम् । सा तु सहासं वक्ष्यति,—यथा कात्यायन्याराधिकानां कन्यात्वमेवमन्यासां

पश्चात् तीन चार दिन बीत जानेपर, परमचतुर श्रीबलरामजी आदि आपके वे अन्तरङ्गजन, व्रजवासियों की रुचि को ही तुम्हारे लिए रुचिकर बना देंगे ॥२५७॥

और तुम संसार के बन्धनों का हरण करनेवाले हरि होकर भी, जिनकी प्रेमरूपी रज्जुओं द्वारा अच्छी प्रकार बँध गये, उन्हीं तुम्हारे प्रेमरूप रज्जुओं के द्वारा जो विशेष बँधे हुए हैं, वे आपके प्रियजन अन्यथा किस प्रकार कर सकते हैं ? ॥२५८॥

और वे सभी माननीयजन मिलकर "तुम्हारे विवाह के योग्य" कन्याओं का विचार निर्णय करेंगे कि—कात्यायनी का आराधन करनेवाली वे धन्या आदि कन्या ही नीतिपूर्वक विवाह के योग्य हैं ॥२५९॥

सभी विषयों में परमकुशल श्रीबलराम एवं उद्धव तो श्रीकृष्ण की तरह जान बूझकर चुप ही बैठे रहेंगे ॥२६०॥

तदनन्तर सम्मिलित होकर कन्याओं के निर्णय के लिए उपक्रम कर देनेपर, व्रजेश्वर एवं व्रजेश्वरी दोनों ही पूर्ण मनोरथ होकर, पौर्णमासी के पास जाकर, तत्काल पूजापूर्वक उनके प्रति सब कुछ निवेदन कर देंगे ॥२६१॥

पौर्णमासी भी कहेगी कि—"धन्या आदिकों की जो कन्यात्व की योग्यता है" वह भी मङ्गलमय ही है। किन्तु वरण करने योग्य एवं परमश्रेष्ठ राधिका आदि किस प्रकार स्वीकार करने योग्य नहीं हैं ? ॥२६२॥

वे दोनों नन्द एवं यशोदा तो आश्चर्यपूर्वक कहेंगे कि—राधिका आदि नामवाली वे कन्याएँ कौन सी हैं ? पौर्णमासी कहेगी कि—भाग्यशाली श्रीवृषभानु आदि गोपों की ही कन्याएँ हैं। पुनः वे दोनों कहेंगे कि—हे बुद्धिमानों की आदि गुरो ! पौर्णमासि ! हम नहीं समझ रहे हैं । स्वच्छरूप से अर्थात् साफ साफ समझा दीजिये । वह हास्यपूर्वक कहेगी कि—जिस प्रकार कात्यायनी का आराधन करने-

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

राधिकादिकानामपि । तौ पुनरुत्फुल्लनयनं वक्ष्यतः,—विस्पष्टं कथ्यताम्, यदि विषयमयेऽप्यस्मादृशि कृपाविषयताऽऽचर्यते ॥२६३॥

सा वक्ष्यति,—भवन्तः खल्विदं नानुभवन्त इव सन्ति । यत् पुनरद्यापि कन्या एव ता धन्याः । मायाकल्पितच्छायाप्राया एवान्यत्र परिणायिताः, तच्च स्वप्नवदेव । तस्मान्मर्यादालङ्घनपर्यायतया ता एव च शय्यादौ पर्यवसाय्यन्ते इति । किञ्च, तदिदं किञ्चन भवन्तावनु सवेदनं निवेदयामि । तास्तदेकानुरक्ता मादृशसान्त्वनया परमद्यावधि धैर्यसंपृक्ताः सम्प्रति तु त्यक्तमात्रारिक्तप्राणगात्रा भविष्यन्ति । तासां तदिदं न केवलमहमेव विदत्यस्मि, किन्तु सर्वापि व्रजजनता । तच्च पूर्वमपि किञ्चित् किञ्चिद्विशेषतस्तु कृष्णकृत-वृष्णिस्थानप्रस्थानगततदनवस्थाऽवस्थायाम्, यत इदं मुनयोऽपि वर्णयिष्यन्ति ॥२६४॥

'तत्र पूर्वं यथा (भा० १०।३५।१७)—'कुजगतिं गमिता न विदामः, कश्मलेन कबरं वसनं वा' इत्यादिना; उत्तरं तु (भा० १०।३९।२८)—'निवारयामः समुपेत्य माधवं, किं नोऽकरिष्यन् कुलवृद्धबान्धवाः' इत्युक्त्वा, (भा० १०।३९।३१) 'विसृज्य लज्जां रुरुदुः स्म सुस्वरं, गोविन्द ! दामोदर ! माधव' इत्यादिना; (भा० १०।४७।९) 'कृष्णदूते व्रजं याते

वालियों का कन्यात्व है, उसी प्रकार राधा आदिकों का भी कन्यात्व है । वे दोनों पुनः खिले हुए नेत्रपूर्वक कहेंगे कि—यदि हम जैसे पूर्ण अज्ञानियोंपर भी आप कृपापात्रता का आचरण करती हैं, तब तो स्पष्ट कह दीजिये ॥२६३॥

पौर्णमासी कहेगी कि—आप निश्चितरूप से इस बात का अनुभव न करते हुए ही विद्यमान हैं, जो कि वे भाग्यशालिनी राधिका आदि आज भी कन्या ही हैं । क्योंकि माया के द्वारा कल्पित प्रायः छायारूप राधिका आदि गोपियाँ ही दूसरी जगह विवाही गई हैं । और विवाह भी स्वप्न की तरह मिथ्या ही है । इसलिए मर्यादालंघन के क्रम के कारण, वे मायाकल्पित प्रतिबिम्बरूप गोपियाँ ही शय्या आदि के विषय में सङ्गत हो सकती हैं, किन्तु श्रीकृष्ण की नित्यप्रेयसी राधा आदिकों को परशय्या का स्पर्श नहीं हो सकता । किंच आप दोनों को लक्ष्य करके मैं वेदनापूर्वक किंचित् यह निवेदन करती हूँ कि—स्वरूपसिद्ध वे राधिका आदि कन्याएँ एकमात्र श्रीकृष्ण में अनुरक्त हैं, केवल हम जैसों की सान्त्वना से आजतक धैर्य से संयुक्त हैं, किन्तु अब तो त्यागने मात्र से प्राणरहित गात्रवाली हो जायँगी । उनके उस प्रकार के भाव को केवल मैं ही जानती हूँ, सो बात नहीं है । किन्तु व्रजकी सारी जनता जानती है । और उसको श्रीकृष्ण के मथुरा जाने से पहले भी जनता कुछ कुछ जानती थी । विशेषतापूर्वक तो श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान करनेपर उनकी जो अनवस्थामयी दशा हुई उसमें ही जान पाई । कारण—श्रीशुकदेवादि मुनिजन भी इसका वर्णन करेंगे—॥२६४॥

उसमें मथुरा जाने से पहले की अवस्था, यथा—"हाय ! स्थावरों की सी दशा को प्राप्त हुई हम मूर्च्छा के कारण अपनी चुटिया को एवं वस्त्रों को भी नहीं जान पाती हैं" इत्यादि से । उसके बाद मथुरा प्रस्थान के समय की अवस्था, यथा—अरी सखियो ! हम सब श्रीकृष्ण के निकट जाकर उनको मथुरा जाने से रोक दें । इतनेपर भी हमारे कुल के वृद्ध बान्धवगण हमारा क्या करेंगे ? इतना कहकर लज्जा त्यागकर हे गोविन्द ! हे दामोदर ! हे माधव ! इस प्रकार पुकारती हुई सुन्दरस्वर से रोने लगीं,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

उद्धवे त्यक्तलौकिकाः' इत्यादिना; (भा० १०।४७।१०) 'गतह्रियः' इत्यादिना; (भा० १०।६५।११) 'मातरं पितरं भ्रातॄन् पतीन् पुत्रान् स्वसॄरपि । यदर्थे जहिम दाशार्ह ! दुस्त्यजान्. स्वजनान् प्रभो ! ॥' इत्यादिना; (भा० १०।४७।६१) 'या दुस्त्यजं स्वजनमार्यपथं च हित्वा' इत्यादिना च ॥२६५॥

'तत्र 'पतीन् पुत्रान्' इति यदुक्तम्, तत् खलु गौणीमेव वृत्तिमनुक्रम्य, न तु मुख्यामिति भवत्प्रश्नानुक्रमेण प्रख्यास्यामि । तत्र यद्यन्यथा मन्यध्वे, तर्ह्यवमावक्ष्महे,—नरकादानीत-गुरुकुमारतया जितधर्मराजधामा राजदघजिन्नामा सोऽयमेतदनुरक्तजनोऽप्यधर्मस्य कलयापि स्प्रष्टुं द्रष्टुं च न शक्यत एव, किन्तु लज्जामात्रं तस्य तस्य च मर्यादापर्यापकमिति वस्तुतस्तु न केवलं रागत एव तास्तादृशीं गतिमागताः, किन्त्वनादिसिद्धस्वभावतया तद्वधूभावतश्चेति मन्त्र-द्रष्टारोऽपि निष्टङ्कयन्ति । तदेतद् बलरामोद्धवौ च सुष्ठु जानीत इति तावपि प्रष्टव्यौ, अन्यथा तासु तत्सन्देशहरता तयोर्न देशरूपतामासीदेत् ॥२६६॥

'पुनस्तौ वक्ष्यतः,—वत्सः किमिदमनुसन्दधाति ? सा वक्ष्यति,—स च पूर्वं किञ्चिदनुसंहितवानासीत् । उत्तरं तु सम्यग्विदन्नेवास्ते, किन्तु सम्प्रति लज्जया नावधानं सज्जयति ।

इत्यादि । और श्रीकृष्ण के मथुरा चले जाने के बाद की अवस्था, यथा—श्रीकृष्ण के दूत उद्धवजी के व्रज में आते ही उन गोपियों ने सारे लौकिककार्य त्याग दिये, इत्यादि । वे लज्जारहित हो गईं, इत्यादि । हे दाशार्ह ! हे प्रभो ! जिनके निमित्त माता, पिता, भ्राता, पति, पुत्र, बहिन, एवं दुस्त्यज स्वजनों को भी त्याग दिया, इत्यादि । और जो दुस्त्यज स्वजनों को एवं सज्जनों के मर्यादामय मार्ग को त्यागकर मुकुन्द के मार्ग का सेवन करने लगीं, इत्यादि ॥२६५॥

यदि कहो कि, उन गोपियों का दूसरे की शय्या का संसर्ग नहीं, तो पति एवं पुत्र कहाँ से आये ? तहाँ कहती हूँ कि, पूर्वोक्त श्लोक में पति एवं पुत्रादिकों का जो कथन है, वह निश्चय ही गौणी (अप्रधान) वृत्ति का आश्रय लेकर है, किन्तु मुख्य वृत्ति का आश्रय लेकर नहीं है । इस बात की भी मैं तुम्हारे प्रश्नानुसार व्याख्या करूँगी । और उन राधिका आदि गोपकन्याओं की यदि तुम पति पुत्रादि की अन्यथा व्यवस्था मानते हो, तब तो हम अभी स्पष्ट कहेंगी कि, नरक से गुरुपुत्र को लाने के कारण, जो श्रीकृष्ण धर्मराज यमके तेजको जीतनेवाले हैं, एवं जिनका 'अघजित्' नाम स्पष्ट ही विराजमान है, वे ही ये श्रीकृष्ण ऐसे निरञ्जन हैं । अतः इन श्रीकृष्ण में अनुराग करनेवाला राधिका आदि गोपकन्यारूप जन भी अधर्म के लेश के द्वारा भी छुआ एवं देखा नहीं जा सकता । किन्तु श्रीकृष्ण एवं श्रीकृष्णानुरक्त गोपीजन की लज्जामात्र ही मर्यादाकी साधक है । वास्तविक तो वे राधादि गोपियाँ केवल अनुरागसे ही उस प्रकारकी दशा को प्राप्त हुई हों, सो बात नहीं है, किन्तु अनादि सिद्धस्वभाव से और श्रीकृष्ण के वधूभाव से ही पूर्वोक्त दशा पर पहुँची हैं । इस बात को मन्त्रद्रष्टा श्रीगौतम आदि ऋषि भी, 'गौतमीय' तन्त्रादि अपने ग्रन्थों में उल्लिखित करते हैं । इस विषय को श्रीबलराम एवं उद्धव ये दोनों ही अच्छी प्रकार जानते हैं । अतः उन दोनों को भी पूछ लो । अन्यथा उन दोनों का राधिका आदि गोपियों के निमित्त श्रीकृष्ण का दूतभाव सामञ्जस्य को नहीं प्राप्त होता, अर्थात् न्यायसंगत न होता । अतः वे राधादि गोपियाँ विशुद्ध कन्या ही हैं ॥२६६॥

वे दोनों श्रीनन्द यशोदा पुनः कहेंगे कि—हमारे लाला इन गोपियों के भाव का अनुसन्धान करते हैं क्या ? पौर्णमासी कहेगी कि—वह तुम्हारा लाला पहले तो थोड़ा ही अनुसन्धान करता था, पीछे तो

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तौ वक्ष्यतः,—तासां तदर्थप्राणजिहासां किमसौ जानाति ? सा वक्ष्यति,—उक्तमेव समग्विदन्नास्त इति ॥२६७॥

'यतः पूर्वमप्युद्धवे तथा समुद्बुद्धं कृतवान्, यथा च तद्वचनं सत्यवचसश्च गास्यन्ति, (भा० १०।४६।३-६)—

'गच्छोद्धव ! व्रजं सौम्य ! पित्रोर्नौ प्रीतिमावह । गोपीनां मद्वियोगार्धिं मत्सन्देशैर्विमोचय ॥
ता मन्मनस्का मत्प्राणा मदर्थे त्यक्तदैहिकाः । मामेव दयितं प्रेष्ठमात्मानं मनसा गताः ॥
ये त्यक्तलोकधर्माश्च मदर्थे तान् बिभर्म्यहम् ॥
मयि ताः प्रेयसां प्रेष्ठे दूरस्थे गोकुलस्त्रियः । स्मरन्त्योऽङ्ग ! विमुह्यन्ति विरहौत्कण्ठ्यविह्वलाः ॥
धारयन्त्यतिकृच्छ्रेण प्रायः प्राणान् कथञ्चन । प्रत्यागमनसन्देशैर्बल्लव्यो मे मदात्मिकाः ॥'इति॥
॥२६८॥

'अत्र 'मत्सन्देशैः' इति, (भा० १०।४७।३६) 'मय्यावेश्य मनः कृष्णे विमुक्ताशेषवृत्ति यत् । अनुस्मरन्त्यो मां नित्यमचिरान्मामुपैष्यथ ॥' इति पर्यवसानैरित्यर्थः । 'मामेव दयितम्' इति, 'मे बल्लव्यः' इत्यत्र तु विशेषोऽप्यस्ति, तस्मात्तदेकव्रतजीवनव्रतानां तद्भार्याणां नान्या गतिर्न्याय्या ॥'२६९॥

अच्छी प्रकार जानता ही है । किन्तु इस समय लज्जा के कारण अवधान नहीं करता है । वे दोनों कहेंगे कि—हमारा लाला कृष्ण उन राधिका आदि गोपियों की उसी के निमित्त प्राण त्यागने की इच्छा का जानता है क्या ? वह कहेगी कि—मैंने पहले ही कह दिया है कि, अच्छी प्रकार जानता है ॥२६७॥

कारण—व्रज में आने से पहले भी उद्धव के प्रति उस प्रकार भलीभाँति जना चुका है कि, जिस प्रकार सत्य वचनवाले श्रीकृष्ण के उस वचन को मुनिजन भी गायन करेंगे । यथा—हे सौम्य ! उद्धव ! तुम व्रज में जाओ, और हमारे मातापिता के हर्ष को उत्पन्न करो । एवं मेरे सन्देशों के द्वारा गोपियों की मेरे वियोग से हुई मानसिक व्यथा को दूर करो । उन गोपियों का मन मुझ में ही लगा हुआ है, मैं ही उनका प्राण हूँ, उन्होंने मेरे लिए देहसम्बन्धी सभी खानपान त्याग दिये हैं, एवं वे मनके द्वारा मुझको ही अतिशय प्रियतम पति और आत्मा जान चुकी हैं, पा चुकी हैं । जो व्यक्ति मेरे निमित्त लौकिकधर्मों को त्याग चुके हैं, मैं उनका भरणपोषण करता हूँ । और हे प्यारे उद्धव ! प्रियतमों के भी प्रियतम मेरे दूर होते ही, वे व्रजाङ्गनाएँ मेरा स्मरण करती हुई, विरह की उत्कण्ठा से विह्वल होकर, विमुग्ध हो रही हैं । और मेरे में मन लगानेवाली मत्स्वरूपा वे गोपियाँ, मेरे लौटने के सन्देशों के कारण ही, प्रायः अत्यन्त कष्ट से किसी प्रकार प्राण धारण कर रही हैं ॥२६८॥

यहाँपर "मेरे सन्देशों के कारण" इस शब्द के अर्थ का पर्यवसान यह है कि—हे गोपियो ! सांसारिक सभी वृत्तियों से विमुक्त हुआ जो तुम्हारा मन है, उसको मुझ कृष्ण में ही लगाकर, मुझको ही नित्य स्मरण करती हुई, तुम सब शीघ्र ही मुझ को प्राप्त कर लोगी । और "मुझ प्रियतम को" एवं "मेरी गोपियाँ" इस बात में तो बहुत विशेषता है । इसलिए एकमात्र श्रीकृष्ण में अनुराग करनारूप व्रत ही जिनका जीवन व्रत है, ऐसी उन श्रीकृष्णभार्याओं की अन्य गति नीतियुक्त नहीं है ॥२६९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' ऋषिरुवाच,—'ततस्तौ भावयिष्यतः,—सत्यमस्माकं प्रकटतरेऽपि लोकधर्मघटनानर्हप्रतीकारेऽपि तासां विघटनदुःखे यदद्यापि स्नुषाकरणस्पृहा नापयाति, प्रत्युत सातत्यत एव तासु स्नुषाभानं विभाति। धर्मान्यथाभावे तु नास्माकं भावे तदुदयेत्' इति ॥२७०॥

'अथ तौ स्पष्टं वक्ष्यतः,—रहस्यमिदं लोकाः कथं मंस्यन्ते ? सा वक्ष्यति,—मायायाः स्वभावव्याप्तिरियमव्यभिचारितया लक्ष्यते, यदवश्यमायत्यां विदितरहस्यतामायातीति। तदपि प्राप्तकालतां कलयति स्म ॥२७१॥

'यतः सर्वेषामपि सत्सङ्कल्पानामुपरि प्रभवतोर्भवतोर्निगूढा या तदर्थमुत्कण्ठा, सा ह्यधुना परां कोटिमारूढा झटिति रूढकार्या भवेदेव। तौ वक्ष्यतः,—स्वीयामनन्यसम्बन्धितां ताः कथं विदन्ति ? ॥२७२॥

'सा वक्ष्यति,—पूर्वं 'स वो हि स्वामी भवति' इति दुर्वाससो वचनेनापि सम्यङ्ना-विदुः, किन्तु पश्चाद्विविदुः ॥२७३॥

'तौ वक्ष्यतः,—कथमिव ? 'सा वक्ष्यति,—उद्धवेन श्रीकृष्णाभिप्रायमनुव्यक्तीकरणात्। अत एवोक्तम्, (भा० १०।४७।२१)—'अपि बत मधुपुर्यामार्यपुत्रोऽधुनाऽऽस्ते' इति। 'तौ वक्ष्यतः,—तासां श्वशुरम्मन्यादीनां येऽनुगतास्ते प्रायेणानुतापं प्राप्स्यन्ति ॥२७४॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—वे दोनों नन्द यशोदा तो अपने मन में विचारेंगे कि—लौकिकधर्म की योजना द्वारा जिसका प्रतीकार नहीं हो सकता, राधिका आदिकों के उस विरहदुःख के सत्य ही प्रगट होनेपर, आज भी उनके ऊपर से हमारी उनको पुत्रवधू बनाने की लालसा दूर नहीं हो रही है। प्रत्युत (बल्कि) निरन्तर ही उनके ऊपर पुत्रवधू की प्रतीति प्रकाश पारही है। और दाम्पत्यभाव से रहित केवल अनुराग के भाव में तो हमारे वात्सल्यभाव में, वह पुत्रवधूभान उदित (प्रगट) नहीं हो सकता ॥२७०॥

तदनन्तर स्पष्ट कहेंगे कि—मायाकल्पित इस विवाह आदि के रहस्य को साधारण लोग कैसे मानेंगे ? तब पौर्णमासी कहेगी कि—माया की स्वाभाविक आवरणशक्ति नित्य ही दिखाई दे रही है, क्योंकि उत्तरकाल में, अर्थात् पीछे अवश्य ही जिसका रहस्य विदित हो जाता है, और वह जाना हुआ रहस्य भी समय की अपेक्षा करता है ॥२७१॥

कारण—सुन्दर सङ्कल्प (विचार) करनेवाले सभी जनों के ऊपर प्रभाव रखनेवाले, आप दोनों दम्पतियों के हृदय में, श्रीकृष्ण के साथ उन गोपियों का विवाह करने के लिए जो गुप्त उत्कण्ठा है, वह इस समय पराकाष्ठा को प्राप्त होकर, शीघ्र ही कार्यरूप में परिणत हो ही जायगी। वे दोनों कहेंगे कि—वे राधा आदि गोपियाँ श्रीकृष्ण के साथ अपने अनन्यसम्बन्ध के भाव को किस प्रकार जानती हैं ? ॥२७२॥

पौर्णमासी कहेगी कि—पहले कन्यावस्था में तो "श्रीकृष्ण तुम्हारे स्वामी हो जायँगे" दुर्वासा ऋषि के इस प्रकार के वचन से भी अच्छी तरह नहीं जान पाईं। किन्तु मथुरागमन के पश्चात् जान गई हैं ॥२७३॥

वे दोनों कहेंगे—किस प्रकार ? पौर्णमासी कहेगी—उद्धव के द्वारा श्रीकृष्ण का अभिप्राय प्रगट करने के पश्चात् जान गईं। अतएव श्रीराधिका ने कहा कि—हे उद्धवजी ! हमारे प्रियतम इस समय मथुरा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'अथ सा तु परुषमिव वक्ष्यति,—तत् किमासां परमसाध्वीनां माध्वीकवन्मधुर-स्निग्धतावलितानां दुष्कर-तरणदुःखभास्करपुष्कलतापशुष्कता सोढव्या । तथा सर्वधुरीणता-प्रवीणस्य निजकुलधुरन्धरस्य गोवर्धनधरस्य दुर्धरलज्जाभारसज्जनमनुमोदनीयम् । वस्तुतस्तु तेषामपि न सुखभङ्गप्रसङ्गः; (भा० १०।१४।३५)—'यद्धामार्थसुहृत्प्रियात्मतनयप्राणाशया-स्त्वकृते' इति श्रीब्रह्मववनात्; (भा० १०।१६।१०)—'कृष्णेऽर्पितात्मसुहृदर्थकलत्रकामाः' इति श्रीशुकववनादपि; तथा च रचनमस्माभिराचरणीयम्, यथा सर्वसुखसचनमेव स्यात् ॥२७५

'तदेतन्निरूप्य सा पुनः सहासं वक्ष्यति,—साम्प्रतं प्रततं कुतुकान्तरं भवद्भ्यां किल नावकलितम् । यत् खलु युष्मन्नन्दन आनन्दद्यूते तासां पतिम्मन्यांस्तत्पर्यन्तं सर्वं जितवान्, लज्जामेव सज्जन्न तद्गृहमानीतवानिति ॥२७६॥

'तदिदं गुप्तमपि कृतमादिवराहनामा भगवानपि स्वपुराणे साक्षितया लक्षयतीति सर्वथात्र नान्यथा मन्तव्यम् । यथा—

'द्यूतक्रीडा भगवता कृता गोपजनैः सह । पणावहासरूपेण जिता गोप्यो धनानि च ।
गोपैरानीय तत्रैव कृष्णाय विनिवेदिताः ॥इति॥२७७॥

में ही हैं । पुनः वे दोनों कहेंगे—अपने को उन गोपियों के ससुर माननेवाले व्यक्तियों के जो अनुगत व्यक्ति हैं, वे प्रायः पश्चात्ताप करेंगे कि यह क्या हुआ ? ॥२७४॥

अनन्तर वह पौर्णमासी तो मानो कठोरतापूर्वक कहेगी—तो क्या परमपतिव्रता एवं मधु की तरह मधुर स्निग्धता से युक्त उन राधा आदि गोपियों का, दुस्तर दुःखरूप सूर्य के सम्पूर्णताप द्वारा, सूख जाना सहन करने योग्य है ? तथा सबकी अपेक्षा श्रेष्ठता से निपुण, निजकुलधुरन्धर गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण के सम्बन्ध में, दुःख से धारण करने योग्य लज्जा के भार का सम्पर्क अनुमोदन करने योग्य है, और वास्तविक-रूप से विचारो तो अपने को गोपियों के ससुर माननेवालों के जो अनुगत जन हैं, "श्रीकृष्ण के साथ गोपियों का वैवाहिक सम्बन्ध होनेपर" उनके भी सुख की हानि का प्रसङ्ग नहीं बनता । क्योंकि "जिन व्रजजनों के घर, धन, मित्र, प्रियजन, आत्मा, पुत्र, प्राण, एवं समस्त अभिप्राय तुम्हारे लिए, अर्थात् श्रीकृष्ण के लिए हैं" इस प्रकार के श्रीब्रह्माजी के वचन से, एवं "व्रजवासियों ने अपनी आत्मा, सुहृदवर्ग, धन, स्त्री, एवं समस्त कामनाएँ श्रीकृष्ण के ऊपर न्योछावर कर रखी हैं" इसी प्रकार के श्रीशुकदेवमुनि के वचन से व्रजवासीमात्र की हानि का प्रसङ्ग नहीं है । और उस प्रकार की रचना हम कर देंगो कि जिस प्रकार सभी के सुखों का संसर्ग हो जाय ॥२७५॥

इस व्यवस्था का निरूपण करके पौर्णमासी पुनः हास्यपूर्वक कहेगी कि—निश्चय ही आप दोनों ने इस समय चारों ओर फैला हुआ दूसरा कौतुक नहीं सुना है, जोकि तुम्हारे लड़ैतेलाल ने आनन्दमय जूए में, अपने को राधा आदि गोपियों के पति माननेवाले, अभिमन्यु या आयनघोष आदि व्यक्तियों की आत्मापर्यन्त, सारी वस्तुएँ जीत ली हैं । केवल लज्जा प्राप्त करते हुए ही तुम्हारा लाला, उन वस्तुओं को तुम्हारे घर नहीं लाया है ॥२७६॥

अतः गुप्तरूप से किये हुए भी इस आनन्दमय जूए के प्रसङ्ग को आदिवराह नामक भगवान् भी अपने वराहपुराण में साक्षीरूप से दिखा रहे हैं । अतः इस विषय में सर्वथा अन्यथा (कल्पित) न मानो । यथा—भगवान् श्रीकृष्ण ने गोपों के साथ जुआ का खेल किया, एवं प्रत्येक दावपर हँसी हँसी के रूप से गोपों की

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तौ वक्ष्यतः,—तत्पित्रादीनां तन्मित्रादीनां वा को व्यवसायः ? 'सा वक्ष्यति,—तेऽपि मयोपदिष्टं तत्त्वीकृत्य पृष्टकृत्यास्तदिदमुद्दिष्टवन्तः,—

'अहो परस्पर्शसुभीरु यद्वपु,-र्यत् कृष्णसारप्रणयैकशर्म च ।
तासां मृगीणामिव तत्परं प्रति, प्रदित्सवो व्याधमनांसि बिभ्रति ॥२७८॥

'तौ वक्ष्यतः,—राधिकाद्याराधिकानां का वार्ता ? 'सा वक्ष्यति,—मत्पृष्टाभिस्ताभिरप्येवमादिष्टम्,—

यथा सीतादेव्या दशमुखकृतार्तिर्विपदभूद्-
यथा वा रुक्मिण्या विवहनविधिश्चेदिपकृते ।
तथा राधादीनां परगृहगतिर्या बत विपत्
कथं तस्या नित्या स्थितिरभिमता हन्त सुहृदाम् ? ॥२७९॥

'तौ वक्ष्यतः,—अथ राधिकादीनामार्तानां का वार्ता ? ॥२८०॥

'सा वक्ष्यति,—देयमधीनं कात्स्न्यें,-नाभिव्याप्त्या च तत्र कृष्णे स्वम् ।
तद्रूपं रचयित्वा, सातिप्रत्ययपदानि ता दधिरे ॥२८१॥

कन्याएँ एवं धन जीत लिये । गोपों ने भी सभी गोपकन्याएँ जुआ खेलने के स्थानपर ही लाकर, श्रीकृष्ण को समर्पण कर दीं ॥२७७॥

पश्चात् वे दोनों कहेंगे कि—उन गोपियों के पिता आदि एवं उनके बन्धु आदिकों का कौन सा व्यवसाय है ? अर्थात् वे क्या करनेपर तुले हैं ? पौर्णमासी कहेगी—वे भी मेरे उपदेश को यथार्थ मानकर, मुझसे ही अपने कर्तव्य को पूछकर, अपना यह उद्देश्य सुना चुके हैं कि–अहो ! जिन मृगियों का जो शरीर मृग से भिन्न के स्पर्श में महान् भयभीत है, एवं कृष्णसार नामक मृगविशेष के प्रेममात्र में ही सुखी है, अतः उन मृगियों के रक्षक, यदि उनको कृष्णसारमृग से दूसरे मृग के लिए देना चाहते हैं, तब तो वे रक्षकरूप दाता, व्याधों के से कठोर मन को धारण कर रहे हैं । इसी प्रकार राधिका आदिकों का जो शरीर श्रीकृष्ण से भिन्न, दूसरे पुरुष के स्पर्श से भयभीत है, एवं एकमात्र श्रीकृष्ण के साररूप प्रेम में सुखी है, अतः उनके शरीर को जो श्रीकृष्ण से भिन्न के लिए देना चाहते हैं, वे भी व्याध के समान क्रूरचित्तों को धारण कर रहे हैं ॥२७८॥

पश्चात् वे दोनों नन्द यशोदा कहेंगे—राधिका आदि की आराधना करनेवाली ललिता आदि सखियों की कौन सी बात है ? पौर्णमासी कहेगी—मेरे द्वारा पूछी हुई उन सखियों ने भी इस प्रकार कहा है कि—श्रीसीताजी के लिए जैसे रावणकृत पीडा ही विपत्ति हो गई थी, एवं रुक्मिणी को जैसे शिशुपाल के लिए विवाहरूप विधि ही विपत्ति बन गई थी, हाय ! ठीक उसी प्रकार राधिका आदिकों के लिए भी जो पराये घर में जाना है, वही विपत्ति संघटित हो गई है । हाय ! उन राधा आदि के सुहृदों को उस विपत्ति की नित्यस्थिति किस प्रकार अभिमत है ? विधाता जाने ॥२७९॥

वे दोनों नन्द यशोदा कहेंगे—अनन्तर कृष्णविरह में पीड़ित राधिका आदि गोपियों की कौन सी बात है, कहिये ? ॥२८०॥

पौर्णमासी कहेगी—जिस प्रकार पाणिनि के "विभाषा सातिः कात्स्न्यें" इत्यादि सूत्रों के अनुसार साति प्रत्यय समग्ररूप अर्थ में, अभिव्याप्ति अर्थ में, देय अर्थ में, एवं अधीन अर्थ में होता है, उसी प्रकार

CC-0. Swami Atmanand Giri (Nrabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तौ वक्ष्यतः,—ताः किं साक्षादनुयुक्ता; ? 'सा वक्ष्यति—अथ किम्, यतस्तासां मर्म-प्रकटनकर्मठतया मया पृष्टम्,—भो ! विपश्चितः ! काश्चिदेवं वदन्ति । ताः खलु कृष्णे प्रेममात्राखर्वसर्वस्वाः, प्रेमा च बलवद्विरोधिसद्भावमिलद्भयप्रयासप्रच्छादनपरिच्छदतया यथा वर्धते, न तथाऽन्यथा । 'तर्हि कथं तासामप्यन्यासामिव पतितया तत्सम्पत्तिकामना निकाम-मन्तरनुवर्तत इति ? ॥२८२॥

'तदेतदाकर्ण्य पाटलपटलसवर्णवर्णिन्यस्ता वरवर्णिन्यस्तदिदमवर्णयन्त ॥२८३॥

'हन्त ! तासामेव सविरोधस्तदवरोधः सम्भवताद्भृतीयमाना द्वितीयपतिभावना च, न पुनरन्यस्याः कस्याश्चिदपि । या खलु तदवरोधविरोधवाञ्छा, सा वा कथं प्रेमप्रथनमयी स्यादिति न बुध्यामहे । 'अस्माकम् (भा० १।११।३३)—'यद्यप्यसौ पार्श्वगतो रहोगत,-स्तथापि तस्यांघ्रियुगं नवं नवम्' इत्येव बोधविषयो भवति ॥२८४॥

'किन्तु— बुधिताः पैतृकजनता बुद्धाः श्वशुराभिमानिनो लोकाः ।
मानिताः सर्वेऽप्यस्माभिर्न मतो धर्मस्तु केनापि ॥२८५॥

राधिका आदि गोपियों ने श्रीकृष्ण के निमित्त अपनी आत्मा को तद्रूप बनाकर, अर्थात् अपने को श्रीकृष्ण के सर्वतोभाव से आत्मसात् करके, जल में लवण की तरह उन्हीं में व्याप्त होकर के, एवं आत्मदान करके, तथा अपने को उन्हीं के अधीन करके, सातिप्रत्यय के पदों को, अर्थात् चिह्नों को धारण कर लिया है ॥२८१॥

वे दोनों पुनः कहेंगे—वे राधिका आदि गोपियाँ आपने साक्षात् पूछी हैं क्या ? पौर्णमासी कहेगी—और क्या ? कारण उनके मर्म को प्रगट करने की निपुणतापूर्वक मैंने उनसे पूछा कि—हे सुविज्ञ गोपियो ! तुम्हारे विपक्षवाली कुछ नारियाँ इस प्रकार कहती हैं कि—वे राधा आदि गोपियाँ श्रीकृष्ण के ऊपर प्रेम के लेशमात्र से सर्वस्व वस्तु छोटी, अर्थात् तुच्छ करनेवाली हैं, और प्रेम भी प्रबल विरोधी की स्थिति से मिलते हुए भय, प्रयास, परदा, आवरण आदि उपकरणों के कारण जैसे बढ़ता है, उस प्रकार उन भय आदि के अभाव में नहीं बढ़ता। तब उन राधा आदिकों के अन्तःकरण में अन्य स्त्रियों की तरह, पतिरूप से श्रीकृष्ण की प्रेमसम्पत्ति की कामना किस प्रकार सम्पूर्णरूप से उपस्थित है ? ॥२८२॥

यह वचन सुनकर गुलाब के पुष्पसमूह के समान वर्णवाली वे उत्तम स्त्रियाँ यह वर्णन करने लगीं— ॥२८३॥

हाय ! उन हमारी विपक्षवाली नारियों के लिए ही श्रीकृष्ण की प्राप्ति विरोधयुक्त हो जाय, और घृणास्पद द्वितीय पति की भावना हो जाय । किन्तु दूसरी किसी की भी ये दशा न हो । और विरोध करके श्रीकृष्ण के पाने की जो इच्छा है, वह किस प्रकार प्रेम के विस्तारमयी हो सकेगी ? यह बात हम नहीं समझतीं । क्योंकि हमको तो "यद्यपि श्रीकृष्ण हमारे पास में हैं, एवं एकान्त में भी हैं, तथापि उनके चरणयुगल प्रतिक्षण नये नये ही हैं" यही बोध का विषय हो रहा है, अर्थात् हम यही जानती हैं ॥२८४॥

किन्तु हमने पितासम्बन्धी जनता समझा दी है, ससुराभिमानी लोग भी समझा दिये हैं, एवं सभी का सम्मान भी कर दिया है, किन्तु इनमें से किसी ने भी हमारे वास्तविक धर्म को नही समझा है ॥२८५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'यदस्माकं बाल्यादेव तस्मिन् निजरमणताभावनां दूरीकर्तुमाग्रहमुरीकुर्वन्ति, तस्मादस्मान्मा स्नेहपेषं पिण्ढि, किन्तु स्वाभीष्टमेव विशिण्ढि ॥२८६॥

'अथ तौ वक्ष्यतः,—भवत्या किमुद्भावितम् ? 'सा वक्ष्यति,—ततो मया हसित्वा श्वसित्वा च ताभ्यः प्रत्याशामात्रं प्रत्यासादितमस्ति । यदि भवतोरिच्छा समुच्छ्वसते, तास्तु दैवतस्तावन्निजप्राणवल्लभस्य वल्लभत्वेनालाभाल्लब्धमहादुःखास्तत्र च स्वस्यान्यहस्तपतिततया जुगुप्सितम्मन्यता-शुष्कास्तत्र च प्रियाप्रिय-विप्रकर्ष-सन्निकर्षतः प्राप्तमनोधर्षास्तत्र च निरन्तरं शङ्कमानैः पतिम्मन्यादिभिर्मङ्क्षु मङ्क्षुकृतनिवारणभर्त्सनादिनिकर्षास्ततस्तत एव च (भा० १०।२९।१०) 'दुःसहप्रेष्ठविरहतीव्रताप-'इत्याद्युक्तताद्दगवस्थाभ्योऽपि महानुरागतः पीडनाद्बहुलदहनाकारकारागारवसतिम्मन्यतया निगीर्णसर्वक्षणं क्षणमपि कल्पं मन्वानाः सम्प्रति तदीय-महाविरहवहसमयमतीत्य चात्मानं प्रति तदुपेक्ष्यतामप्युत्प्रेक्ष्य लज्जामात्रपर्यवसानमासज्य च धिक्कृतम्मन्या दशमीमपि दशां तन्वानाः । किं बहुना, बहिरन्तःसुकुमारतायामपि कौमारत एव व्याधानुविद्धस्निग्धकाननप्रत्यासत्त्यपरित्यागिमृगीवत् प्रखरदरापारपरपारवश्य-

---

कारण—हमारी बाल्यावस्था से ही श्रीकृष्ण में निजपतिस्वरूप की जो भावना है, उसको दूर करने के लिए आग्रह को अङ्गीकार कर रहे हैं । इसलिए हे भगवति ! पौर्णमासि ! तुम हम सब को स्नेह वे द्वारा मत पीसो । किन्तु अपने अभीष्ट को ही विशिष्ट कर दो ॥२८६॥

तदनन्तर नन्द यशोदा दोनों कहेंगे—आपने उनकी बात का क्या समर्थन किया ? पौर्णमासी कहेगी—उसके बाद मैंने हँसकर एवं श्वास लेकर उनके लिए प्रत्याशामात्र प्राप्त करा दी है । यदि आप दोनों की इच्छा हो तब तो शुभ हो । वे राधा आदि गोपकन्याएँ तो दैवयोग से अपने प्राणवल्लभ श्रीकृष्ण के पतिरूप से न मिलने से, महान् दुःख को प्राप्त होकर, उसमें भी अपने को दूसरे के हाथ में पड़जाने के कारण, अपने को घृणित मानने के भाव से शुष्क होकर, उसमें भी प्रिय के वियोग एवं अप्रिय के संयोग से मन में ग्लानि पाकर, और उसमें भी निरन्तर शंका करनेवाले एवं अपने को पति माननेवाले, इत्यादि व्यक्तियों के द्वारा शीघ्रातिशीघ्र किये गये अतिशय निवारण, फटकारना आदि के कष्ट को पाकर, उसके बाद पूर्वोक्त कारण से ही "प्रियतम के असह्य विरहरूप प्रचण्ड ताप से तपी हुईं, घर में मुँदी हुईं जो गोपी रासलीला में नहीं पहुँच पाईं, उनकी जैसे दुरवस्था हुई थी" उस प्रकार की अवस्थावालियों से भी महान् अनुराग से पीडित होने के कारण, और निवासस्थान को भी भारी अग्नि के से आकारवाले कारागार मानने के कारण, समस्त उत्सव को निगलनेवाले एक क्षण को भी एक कल्प मानती हुईं, और इस समय तो श्रीकृष्ण के महाविरह को प्राप्त करानेवाले समय को बिताकर, एवं अपने प्रति श्रीकृष्ण की उदासीनता की सम्भावना कर, अन्त में लज्जामात्र को पाकर, अपने को धिक्कृत मानकर, मृत्युरूप दशमीदशा का विस्तार करती हुईं, अधिक कहने से क्या प्रयोजन ? देखो, बाहर एवं भीतर दोनों प्रकार से सुकुमारता होनेपर भी, कुमारावस्था से ही व्याधों से व्याप्त, स्निग्ध वन की निकटता को न त्यागनेवाली हरिणी की तरह, प्रचण्ड भय से अपार उत्कृष्ट पराधीनता के द्वारा प्राप्त हुई, विचित्र दुरवस्था से व्याप्त होने के कारण, देखने एवं सुननेवाले सभी जनों के हृदय को कम्पित करती हुईं, वे राधा आदि गोपियाँ किसी के द्वारा उपेक्षित नहीं की जासकतीं । अर्थात् उनकी इस दशा को देखने सुननेवाला कोई साधारण जन भी उपेक्षा नहीं कर सकता । हाँ, कोई ऐसा ही निर्दयी उपेक्षा कर सकता है कि, जिसको

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

लब्धविचित्रदुर्गतिसंप्लुततया पश्यतां शृण्वतामपि हृदयं धुन्वाना रसोऽयमिति मन्यमानेन निष्करुणकौतुकेन केनचिदेवोपेक्षितुं शक्यन्ते, न पुनरन्येन ॥२८७॥

'तौ सास्रं वक्ष्यतः,—सम्प्रति ताः कां गतिं मतिञ्चासादयन्ति ? ॥२८८॥

'सा वक्ष्यति,— कुर्वन्ति मौनं क्रन्दं वा शून्यं पश्यन्ति वर्त्म वा।
कृष्णं वाञ्छन्ति मृत्युं वा तासामेवंविधा गतिः ॥२८९॥

'पुनस्तौ सास्रं वक्ष्यतः,—सम्प्रति ताः प्रति वत्सस्य का विधित्सा ? ॥२९०॥

'सा वक्ष्यति,—तदेतत् पश्चादपि निश्चीयताम् । यत् खलु प्रेयसां प्रेमा क्षेमं तद्भावनामयप्रेमानुरूपमेव स्वस्थेमानं लभते, न तु स्वाग्रहग्रहिलतामिति ॥२९१॥

'तौ वक्ष्यतः,—मन्यामहे तथाप्यस्मत्तः सङ्कोचं रोचयिष्यति ॥२९२॥

'सा वक्ष्यति,—भवतां हृदि सदा विद्योतमानः सोऽयं तदपि वेत्ति, तस्मान्नितान्तं नान्यथा करिष्यति । किं बहुना, भवदाश्रवमनु सर्वेषामेव संश्रवः प्रतिभाति, किमुत तस्य ? ॥२९३॥

'तौ वक्ष्यतः,—तर्हि गर्गनिषेधवेधस्य का चिकित्सा ? ॥२९४॥

निर्दयता से ही कौतुक है. एवं जो "यह निर्दयोपन भी एक प्रकार का रस है" ऐसा माननेवाला है । अतः इससे भिन्न कोई भी दयालु व्यक्ति उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता । अतः मैं कहती हूँ कि तुम दोनों को भी उनकी उपेक्षा करना उचित नहीं है ॥२८७॥

नन्द एवं यशोदा दोनों ही आँसु बहाते हुए कहेंगे कि—अब वे गोपियाँ कौन सी दशा को एवं बुद्धि को प्राप्त होरही हैं ? पौर्णमासी कहेगी—वे मौन को धारण करती हैं या रुदन करती हैं, कभी श्रीकृष्ण के बिना संसार को सूना देखती हैं, अथवा कभी श्रीकृष्ण के आने के मार्ग को निहारती रहती हैं । कभी श्रीकृष्ण को चाहती हैं, तो कभी उनकी प्राप्ति के अभाव में मृत्यु को चाहती हैं, उनकी इस प्रकार की दशा है ॥२८८-२८९॥

वे दोनों पुनः आँसू बहाते हुए कहेंगे—इस समय उनके प्रति हमारे लाला श्रीकृष्ण की कौन से विधान की इच्छा है ? ॥२९०॥

पौर्णमासी कहेगी—इस बात का निश्चय पीछे कर लेना । क्योंकि अतिशय प्रियजनों का जो प्रेम है, वह तो उस प्रियकी भावनामय प्रेम के अनुरूप कुशल को ही, अपनी स्थिर वस्तु कहकर लाभ करता है, किन्तु अपने आग्रह के सहित ग्राहकता को नहीं । अर्थात् अपने हठ को ग्रहण नहीं करता ॥२९१॥

वे दोनों कहेंगे—हम जानते हैं एवं मानते हैं, तथापि हम दोनों से संकाच को प्रगट करेगा ॥२९२॥

पौर्णमासी कहेगी—तुम्हारे हृदय में सदैव प्रकाशमान वह श्रीकृष्ण, उस अभिलषित विषय को भी जानता है, इसलिए वह अभीष्ट विषय को अत्यन्त अन्यथा नहीं करेगा । अधिक क्या कहूँ ? देखो, आपके अङ्गीकार के अनुसार सभी का अङ्गीकार प्रतीत हो रहा है, फिर श्रीकृष्ण के अङ्गीकार में तो कहना ही क्या है ? ॥२९३॥

वे दोनों कहेंगे—तब "मेरी सम्मति के बिना श्रीकृष्ण का विवाह नहीं करना" गर्गाचार्य के इस प्रकार के निषेधरूप रोग की क्या चिकित्सा है ? ॥२९४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'सा सहासं वक्ष्यति,—स खलु लोलानैयत्यमेव तत्रत्यदोषतयाध्यस्तवान् । स्व-यजमानहितसमीहितसहिततया, न तु परम-शुभ-निवेशवेशरूपाणामासां क्लेशलेश-प्रवेशदा सदेशता सम्भवति ॥२९५॥

'तौ वक्ष्यतः,—सम्प्रत्यस्माभिः किमिव सोपानमुपेयम् ? ॥२९६॥

'सा वक्ष्यति,—सोपानं मयाचेयम्, भवद्भिस्तु सर्व एव व्रजजना भोजनाय प्रणयेन निमन्त्र्य निमन्त्र्यन्ताम् । तर्ह्यन्तःपटीक्षेपान्नटीनामाकार इव तत् प्रकटीभविष्यति ॥२९७॥

'तौ वक्ष्यतः,—यथाज्ञापयन्ति विज्ञानामाचार्यवर्याः ॥'२९८॥

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततः सा प्रत्यक्षत एव तावभि बहुलमभिवदन्ती गृहाय प्रहापयिष्यति ॥"२९९॥

अथ कथकस्य मनःकथा—"ततश्च पूर्णिमा मनसि विविवेच,—'श्रीकृष्णलीला-यामनादिसिद्धं श्रीमद्भागवतमेव मुख्यं प्रमाणम् ।' 'तत्र या खलु रासयोगे (भा० १०।२९।१) 'योगमायामुपाश्रितः' इत्यनेन नित्यव्यक्तिस्वरूपशक्तिवृत्तिविशेषका या योगमाया तन्निर्वा-हकतया बादरायणिना समुदीरिता, सा पुनरहमेव । तत्र तेन रासं प्रकाशं परीक्षित्-परिषदि । तत्र प्राप्तमवर्णत्रितयं निरस्य रस्यतया समाहितम् । तथा सम्प्रति व्रजेऽपि

पौर्णमासी हास्यपूर्वक कहेगी—वे गर्गाचार्य तो अपने यजमान वसुदेवजी के हित की चेष्टा से युक्त होने के कारण, मथुरा में होनेवाले उपनयन आदि क्षत्रियोचित संस्कार में दोष आ जाने के भाव से, प्रगट लीला के नियम को ही स्थापित कर गये हैं । किन्तु परममङ्गलमय निवेश, वेश, एवं रूपवाली उन राधा आदियों के सम्बन्ध में क्लेश के लेशमात्र प्रवेश को देनेवाली, निषेधरूप रोग की निकटता नहीं हो सकती ॥२९५॥

वे दोनों कहेंगे—इस समय हमको कौन से सोपान (सीढ़ी) अर्थात् उपाय का अवलम्बन करना चाहिये ? ॥२९६॥

पौर्णमासी कहेगी—उपाय को जुटाना तो मेरा काम है, आप तो केवल सभी व्रजवासीजनों को भोजन के लिए प्रेमपूर्वक निमन्त्रण देकर, उनके साथ विचार करो । उसी समय भीतर का परदा हटाते ही, नटिनियों का सा आकार प्रगट हो जायगा ॥२९७॥

वे दोनों कहेंगे—विज्ञानियों की आचार्यवर्य आप जैसी आज्ञा देंगी, हमभी उसी प्रकार करेंगे ॥२९८॥

श्रीकृष्ण—ऋषिजी ! उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद तो वह पौर्णमासी उन दोनों के सम्मुख प्रत्यक्ष ही अनेक बातें करती हुई, उन दोनों को घर के लिए ही भिजवा देगी ॥२९९॥

अनन्तर कथावाचक की मानसिक कथा, यथा—उसके बाद पौर्णमासी अपने मन में विचार करने लगी कि—श्रीकृष्ण की लीला में 'अनादिकाल से सिद्ध श्रीमद्भागवत ही मुख्य प्रमाण है । उसके बीच में रासलीला के सम्बन्ध में पहले ही "श्रीकृष्ण ने योगमाया का आश्रय लेकर क्रीडा करने का विचार किया" इस वचन के द्वारा नित्य प्रकाशित स्वरूपशक्ति की वृत्तिविशेषस्वरूप जो योगमाया श्रीशुकदेवजी ने रासलीला के निर्वाहकरूप से कही है, वह तो मैं ही हूँ । और उसी में श्रीशुकदेवजी ने श्रीपरीक्षित् की सभा में स्पष्टरूप से रासलीला का वर्णन कर, एवं उस लीला में प्राप्त हुए तीन आक्षेपों का निराकरण करके

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तत्प्रसक्तमिति ज्ञात्वा मयापि समाधेयम्। तत्र (भा० १०।३३।३०) 'तेजीयसां न दोषाय' इतिवदत्रापि यद्यपि 'नरकादानीत' इत्यादिना तल्लेपसम्भावनाऽपयापितैव ॥३००॥

'अथ परदारवारसमाहारकारणानाचारश्च यथा (भा० १०।३३।३६) 'गोपीनां तत्पतीनां च' इत्येनेन यं परिहारमापितस्तथात्रापि ताश्च 'न केवलं रागत एव तादृशीं गतिमागताः' इत्यादिना तासु तदीयनित्याङ्गनाभावव्यङ्गतः स च साङ्गीकृतः ॥३०१॥

'तथापि (भा० १०।३३।३८) 'नासूयन् खलु कृष्णाय' इतिवदसूयाभासवत्तया सम्भावितास्तत्पतिम्मन्याः समाधातव्याः। तच्च तद्रहस्यं पूर्वं गुप्तमासीदिति मायाद्वारा यथागुप्तं समाहितम्, साम्प्रतं तु व्यक्तमभूदिति तथा तद्द्वारा व्यक्तमेव समाधेयम्; येन च सर्वेषामपि सर्वसमाधानमाधेयं भविता, अन्यथा तत्तत्करणं वृथापरं स्यात्' इति ॥३०२॥

अथ स्पष्टमाचष्ट,—"ऋषिरुवाच,—'दिनान्तरे तु सर्वनिमन्त्रणायां तथावृत्तान्ते वर्तिते सर्वाः साधारणमहोदयाः श्रीराधादयश्च तत्रागमिष्यन्ति; किन्तु पूर्वत एव जनसङ्गीतव्रजेश-

---

रसपूर्वक समाधान कर दिया। उसी प्रकार इस समय व्रज में भी वे आक्षेप आ लगे हैं, यह जानकर मुझे भी उनका समाधान करना चाहिये। उसमें भी "तेजस्वी जनों का कोई भी कार्य दोषजनक नहीं है" इसी तरह इस पूरण में भी २६६ गद्य में यद्यपि "श्रीकृष्ण यमालय से भी गुरुपुत्र को ले आये" इत्यादि के द्वारा आक्षेप के सम्बन्ध की संभावना प्रायः दूर ही कर दी ॥३००॥

उसके बाद श्रीमद्भागवत में जैसे परस्त्रीसमूह को एकत्रित करने का कारणरूप अनाचार "जो श्रीकृष्ण, गोपियों के एवं उनके पतियों के तथा सभी प्राणियों के अन्तकरण में विचरण करते हैं, एवं सभी के अध्यक्ष हैं, वे रासलीला से कैसे दोष भागी होंगे ?" इत्यादि के द्वारा जिस परिहार को प्राप्तकर दिया, उसी प्रकार यहाँपर भी "वे गोपियाँ केवल अनुराग से ही उस प्रकार की दशा को नहीं प्राप्त हुई हैं, किन्तु अनादिसिद्ध स्वाभाविक पतिभाव से हुई हैं" इत्यादि २६६ गद्यस्थ वचन के द्वारा, उन गोपियों में श्रीकृष्ण के नित्यसिद्ध भार्याभाव के व्यङ्ग से वह परिहार साङ्गोपाङ्ग कर दिया है। अर्थात् वे गोपियाँ श्रीकृष्ण की जब नित्यसिद्धभार्या हैं, तब परदाराभिमर्शनरूप दोष कहाँ रहा ? ॥३०१॥

तथापि "अपनी स्त्रियों को अपने ही निकट मानते हुए, व्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के लिए कोई दोषारोपण नहीं किया" इस भागवतीय समाधान की तरह, असूया के आभासवालों के भाव से सम्भावित एवं अपने को राधा आदिकों के पति माननेवाले व्यक्ति भी समाधान करने योग्य हैं, और उन गोपियों का नित्य श्रीकृष्णवधूरूप जो रहस्य गुप्त था, वह भी माया के द्वारा गुप्तरूप से समाहित (समाधान) कर दिया। किन्तु इस समय तो वह नित्यकान्तारूप रहस्य प्रगट हो गया है, अतः उसी प्रकार माया द्वारा उसका स्पष्ट ही समाधान करना उचित है। क्योंकि जिस स्पष्ट समाधान के द्वारा, सभी के सर्व प्रकार के आक्षेपों का समाधान अर्पित हो जायगा, अर्थात् गोपियों की मायामूर्तियों के साथ दूसरों का विवाह हुआ, एवं स्वरूप-शक्तिरूप गोपियों का विहार श्रीकृष्ण के नित्य प्रेयसीरूप में हुआ, यह समर्थन हो जायगा। इस प्रकार का सिद्धान्त स्वीकार न करनेपर तो, उन गोपियों का मायाकल्पितत्त्वादि करना निरर्थक ही हो जायगा ॥३०२॥

कथावाचक अपने मानसिक विचार को इस प्रकार स्थिर करके स्पष्ट बोला—श्रीनारदऋषि बोले—देखो, भगवन् ! दूसरे दिन तो सभी के निमन्त्रण के प्रसङ्ग में उस प्रकार के वृत्तान्त का वर्ताव हो जानेपर, सामान्यरूप से जिनके उत्सव का उदय हो गया, वे सभी श्रीराधा आदि गोपियाँ भी नन्दालय में आयेंगी।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

निर्मितानङ्गीकाराणामात्मनां दुःखभङ्गीसङ्गितां मंस्यन्त एव । तव च रूक्षतावीक्षणेन ताः सूक्ष्माङ्गतां गमिष्यन्ति । तत्र साम्प्रतमन्यासां स्वसमानकन्यानामङ्गीकारेण हृत्कमलेऽपि भङ्गितामापत्स्यन्ते ॥३०३॥

'तथा च भावी श्लोकः—

'दावत्रस्ता मृग-दुहितरश्चन्द्रहीनाश्चकोर्यः, स्रस्ता वृक्षान्नवकलतिका नीररिक्ताः शफर्यः ।
ऊर्जप्रान्ताद्बहिरपगता हन्त नव्याब्जनाल्यो, यद्वद्दृष्टा हरिविरहिता राधिकाद्याश्च तद्वत् ॥३०४

'तदेवं तासां कृच्छ्रायमाणानाममिताभ्यमिततादृश्वरी श्रीव्रजेश्वरी तु वाष्पपूर्णनयना पौर्णमासीं निर्वर्णयिष्यति । सा तु वदिष्यति,—सर्वे सर्वतोऽप्यन्विच्छन्तु । यथाद्यतन-निमन्त्रणतः कश्चिदपि न पश्चिमतामञ्चति' ॥३०५॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच—ततस्तदाकर्णनमात्रतः सर्वे सर्वतो निर्वर्णनाय सङ्गत्य सत्वरमेव चागत्य यथावत् कथयिष्यन्ति । तेषु काश्चिन्महिलास्तु किञ्चिदप्यप्रस्तुत्य श्रीराधिकादिकाः प्रत्यपूर्वतापूर्वं द्रक्ष्यन्ति । ततः पौर्णमासी वक्ष्यति,—किमिव पश्यथः; किमिव च किञ्चिन्न कथयथ ? ॥३०६॥

किन्तु महोत्सव में आनेपर भी, बहुत पहले से ही, सभी जनों में गाया गया, श्रीव्रजराज के द्वारा निर्माण किया गया अस्वीकार जिनका, ऐसी अपनी आत्माओं को वे गोपियाँ दुःख की मुद्रा से संयुक्त ही मानेंगी। और तुम्हारे रूखेपन को देखकर तो वे अति कृशता को प्राप्त हो जायँगी। और इसी समय अपने समान धन्या आदि अन्य कन्याओं के अङ्गीकार करने से तो, वे अपने हृदयकमल में भी कुटिलता को प्राप्त हो जायँगी ॥३०३॥

उनकी उस समय की दशा का दर्शन करानेवाला भावी श्लोक, यथा—दावानल से भयभीत मृग की बालिकाएँ (बच्चियाँ), चन्द्र से विहीन चकोरियाँ, वृक्ष से गिरी हुई नवीन लताएँ, जल से विहीन मछलियाँ, सर्वतृप्तिकारक जलाशय से बाहर आई हुई नवीनकमल की डण्डियाँ जिस प्रकार दुर्दशायुक्त देखी जाती हैं, हाय ! उसी प्रकार श्रीकृष्ण से विरहित श्रीराधिका आदि गोपियाँ भी महती दयनीय दशा से युक्त देखी गई हैं ॥३०४॥

अतएव इस प्रकार महान् कष्ट का अनुभव करती हुई, उन गोपियों की अपरिमित अभ्यमितता (रुग्णता) को देखनेवाली, श्रीव्रजेश्वरी तो आँसुओं से पूर्ण नेत्रवाली होकर, पौर्णमासी की ओर देखेगी। पौर्णमासी भी कहेगी—हे व्रजवासियो ! आप सब सर्वतोभाव से एकसाथ ही इच्छा करो। जिस प्रकार आज के निमन्त्रण में कोई भी पीछे न रह जाय ॥३०५॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद उस वचन के सुनते ही सभी व्रजवासी चारों ओर से दर्शन के लिए सम्मिलित होकर, शीघ्र ही आकर यथायोग्य कहेंगे। उन सब जनों में से कुछ महिलाएँ तो अपना किञ्चिद् भी प्रस्ताव न रखकर, श्रीमती राधिका आदिकों के प्रति अपूर्व भावपूर्वक देखेंगी। उसके बाद पौर्णमासी कहेगी—अरी ! तुम क्या देख रही हो ? और कुछ भी क्यों नहीं कह रही हो ? ॥३०६॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'ता वक्ष्यन्ति,—किमिव वक्ष्यामः, यतः सर्वैराहतं मन्येत । 'पौर्णमासी वक्ष्यति,—तथ्यञ्चेत् कथ्यताम्, मयि कृष्णमातरि च । तास्तु नीचैर्वक्ष्यन्ति,—तत्राप्येतासां राधिकादिकानां धृततुल्यतापूर्तीर्मूतीरपश्यामः । पौर्णमासी स्पष्टं वक्ष्यति,—अन्याश्च पुनरच्छं गच्छन्तु ॥३०७॥

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततो बहलकुतूहलवंहा बहुला महिलास्तत्र तत्र गत्वा ज्ञाततादृशतत्त्वाः पुनः पौर्णमास्यन्ते लब्धसत्त्वास्तद्वदेवावर्तयिष्यन्ति । वार्ता चैषा व्रजराजसभापर्यन्तं पर्यवसिष्यति । व्रजराजश्च पौर्णमासीमनु तूर्णमासाद्य प्रसाद्य च वक्ष्यति,—भगवति ! परमविस्मापनमिदमस्मान् बोधय ॥३०८॥

'पौर्णमासी वक्ष्यति,—भवत्कन्याभावाभिमानिन्यामार्यायामिदमाश्चर्यं पर्यवस्यति । भवांस्तु सर्वव्रजस्थं स्त्रीपुंसव्रजमेकसभानुगतं करोतु ॥'३०९॥

"श्रीकृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'तदेतदवधार्य ज्ञातकार्यगतिना व्रजभूपतिना तदभिहिते तथाविहिते तव हितवती पौर्णमासी महितायां तस्यामेव सभायामाहितब्रह्मासनमासीना किमपि प्रणिहितवती भविता । तदव्यवहितमेव च सिंहपृष्ठाहित-

---

वे महिलाएँ कहेंगी—हे भगवति ! हम क्या कहेंगी ? कारण हमारे कथन को सब बिलकुल मिथ्या मान लेंगे । पौर्णमासी कहेगी—यदि सत्य है तो मेरे निकट एवं श्रीकृष्ण की माता के निकट कह दो । वे धीरे धीरे कहेंगी—हम तो पहले दर्शन न होनेपर भी इन सब राधिका आदिकों की समानता को पूर्णरूप से धारण करनेवाली मूर्तियों को देख रही हैं । पौर्णमासी स्पष्ट कहेगी—दूसरी महिलाएँ पुनः प्रसन्नतापूर्वक चली जायँ ॥३०७॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—तदनन्तर अधिक कुतूहल को धारण करनेवालीं बहुत सी महिलाएँ तत्र तत्र अर्थात् राधा आदि के निकट जाकर, उस प्रकार के स्वरूप को जानकर, पुनः पौर्णमासी के निकट धैर्य को पाकर, जिस प्रकार देखा उसी प्रकार बता देंगी । और यह बात श्रीव्रजराज की सभातक पहुँच कर समाप्त हो जायगी । श्रीव्रजराज भी पौर्णमासी को लक्ष्यकर शीघ्र ही उसके निकट जाकर, उसको प्रसन्न कर कहेंगे—हे भगवति ! इस परम विस्मयजनक व्यापार को हमें समझा दो ॥३०८॥

पौर्णमासी कहेगी—यह आश्चर्य तो आपके कन्याभाव के अभिमानवाली आर्या (दुर्गा) में ही समाप्त हो जायगा, अर्थात् इस आश्चर्य को वे ही समझ कर समाप्त करेंगी । आप तो सभी व्रजवासी स्त्री-पुरुषसमूह को एक सभा में सम्मिलित कर दो ॥३०९॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—इस बात को निश्चय कर, कार्य की गति को जाननेवाले व्रजराज के द्वारा, पौर्णमासी के कथन का उसी प्रकार पालन हो जानेपर, अर्थात् सभी का निमन्त्रण हो जानेपर, तुम्हारी हितकारक पौर्णमासी उसी प्रशंसनीय सभा में, समाधि लगाने योग्य अर्पित ब्रह्मासनपर बैठकर, कुछ प्रणिधान से विशिष्ट, अर्थात् कुछ समाधि में प्रविष्ट हो जायगी । तब प्रणिधान के समय ही, जिसका पूजनीय शरीर सिंह की पीठपर स्थापित है, अर्थात् जो सिंहपर बैठी है, त्रिशूल आदि महान् आठ आयुधों से परिवेष्टित है, एवं देवीगण से सेवित है, ऐसी देवी वेगपूर्वक आकाश से अवतीर्ण होगी । और आकाश से उतरते ही, देवी होने के कारण, भूमि के स्पर्श को न जाननेवाली वह देवी, पौर्णमासी का,

CC-0. Jangamwadi Math Collection. Digitized by eGangotri

महितविग्रहा महायुधाष्टकवेष्टिता देवीगणसेविता देवी नभसः सरभसमवतरिष्यति। अवतीर्णमात्रा च पौर्णमास्या व्रजेश्वरयोः कृष्णकृष्णाग्रजयोरन्येषामपि भूमिस्पृशामभूमिस्पृग्मानिनी यथान्यायमभिवादनादिकमाकाशत एव प्रकाशयिष्यति ॥३१०॥

'ततः साश्चर्यं पर्यवलोकमानेषु तेषु देवी वक्ष्यति,—कथं वेह सन्देहः क्रियते ? पूर्वत एव तावदुभयविधा एता नापूर्वतया मन्तव्याः। पूर्वासां सजातीया द्वितीया हि योगमायाऽऽज्ञया गर्गविघ्नं निघ्नत्या मायया मया निर्मिताः; संज्ञायाश्छायावत् रत्यास्तन्मायाकल्पितावच्च ॥३११

'ताश्चेमा 'गृहगृहात् संगृह्णामि' इति तथाह्वाय सापह्नवं कुलवधूमध्ये विधाय पुनर्वक्ष्यति,—लक्ष्यतां कुलपालिकाभिरुभयविलक्षणता, यत् परमलक्ष्मीलक्ष्माणि प्रागागतानामेव लक्ष्यन्ते, नार्वागागतानाम्। तथाहि मणितत्त्वदृशामिव तादृशां दृष्टिभिरेव नेत्रानन्दकसौन्दर्यविशेषवृष्टिस्ताभ्य एव लभ्या, न त्वन्यासाम्, न च पुनराभ्यश्चाकचिक्यचिक्कणकाचतुल्याभ्यः'॥३१२॥

व्रजेश्वरी यशोदा, एवं व्रजेश्वर नन्दजी का, तथा कृष्ण बलदेव का और भूमि को स्पर्श करनेवाले अन्य पूज्य व्रजवासियों का न्यायपूर्वक, अर्थात् यथायोग्य नमस्कारादि शिष्टाचार आकाश से ही प्रकाशित कर देगी ॥३१०॥

उसके बाद उन सभी सभासदों के आश्चर्यपूर्वक देखते देखते देवी कहेगी—तुम सब इन राधा आदि गोपियों के दो दो रूपों के विषय में सन्देह क्यों कर रहे हो ? ये तो विवाह के पहले से ही दो दो प्रकार के रूपवाली हैं, अतः अपूर्वरूप से, अर्थात् आश्चर्यरूप से मत मानो। क्योंकि पहली नित्य श्रीकृष्णप्रेयसियों के तुल्य रूपवाली दूसरी छायारूप गोपियाँ, योगमाया की आज्ञा से गर्गमुनिकृत निषेधरूप विघ्न को दूर करती हुई, मैंने ही माया द्वारा बनाई थीं। उनकी द्विरूपता में दृष्टान्त, यथा—सूर्यपत्नी संज्ञा की जिस प्रकार छाया नामक दूसरी मूर्ति संज्ञा के द्वारा ही बनाई गई थी, एवं कामपत्नी रति की माया कल्पित दूसरी मूर्ति जैसे शम्बरासुर के घर में स्पष्ट ही रही, उसी प्रकार इन गोपियों के विषय में भी जानो ॥३११॥

और इन मायाकल्पित गोपियों को मैं प्रत्येक घर से इकट्ठी करती हूँ, यों कहते ही झटपट गोपनपूर्वक, अर्थात् छिपाकर कुलवधुओं के बीच में रखकर, पुनः कहेगी कि—कुलपालिका (कुलीन स्त्रियाँ) दोनों ही प्रकार की गोपियों की विलक्षणता को देख लें। कारण—सभा में पहले आई हुई नित्यप्रियाओं के ही अङ्गों में महालक्ष्मी के चिह्न दिखाई दे रहे हैं, किन्तु पीछे आनेवाली मायाकल्पित गोपियों के नहीं। क्योंकि देखो, मणि मुक्ताओं के यथार्थ तत्त्व को जाननेवाले देखते ही पहचाननेवाले परीक्षकों की सी दृष्टियोंवाली कुलीन पतिव्रताओं की दृष्टियों के द्वारा ही, नेत्रों को आनन्ददायक सौन्दर्यविशेष की वृष्टि, उन नित्यकान्ता राधिका आदिकों से ही प्राप्त हो सकती है। किन्तु चमचमाते चिकने चोपड़े काच के समान रूपवाली इन मायाकल्पित गोपियों से नहीं हो सकती। किन्तु "गुञ्जा गहहिं परशमणि खोई" के अनुसार अपरीक्षकों को जैसे चमचमाते चिकने काच के टुकड़े ही अच्छे लगते हैं, हीरा, मणि, मुक्ता नहीं। उसी प्रकार अकुलीन स्त्रियों को राधिका आदिकों के देखने से नेत्रानन्ददायक सौन्दर्यविशेष की वृष्टि प्राप्त नहीं हो सकती ॥३१२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' ऋषिरुवाच,—'अथ सर्वाभिस्तथा तदाश्चर्यं साक्षात्कार्यमाणमवधार्य तदार्याणां समज्यायां निवेदयिष्यते,—हन्त ! यथावदेव देवी वदतीति ॥३१३॥

ततः श्रीव्रजराज-वचनम्,—तर्ह्यधुना किं विधेयम् ? 'देवी वक्ष्यति—भोजने निवृत्ते मन्निर्वर्तिताः स्वस्वपतिगृहमनुवर्तन्ताम्; परास्तु कृष्णमात्रपतिसम्मतिपरायणाः स्वस्वपितृगृहम्; मया तु यमुनातटेऽष्टहस्तालये स्थास्यते, यथा यदा मातृचरणैराज्ञाप्यते, तथा तदा व्यवहर्तव्यम् ॥३१४॥

कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'तदेवमाप्रच्छनपूर्वकमापृच्छ्य प्रच्छन्नायां देव्यां सर्वेषु बल्लववलयेषु प्रह्लन्नेषु वर्णानां वरवर्णिनीभिर्वर्ण्यमानं तदाकर्ण्य भवत्पतिव्रतास्तु तत्क्षणादेव जूर्तिपरित्यक्तमूर्तिका व्यक्तनिजकान्तिस्फूर्तिकाश्च भविष्यन्ति ॥३१५॥ 'तथा हि—

राहुग्रासादिव शशिकला वारिदादृक्षमाला, वर्षाधर्षात् पुलिनरुचयः स्पर्शनाद्दीपलक्ष्म्यः ।
निष्क्रम्यासूः परपरिभवात्तत्क्षणं विन्दमानाः, कान्तिं स्वीयां नयनकदनं मोचयेयुर्जनानाम् ॥३१६

'तत्र च,— तारासु चन्द्रवलयस्य कलाः कलासु, तस्यातिचारु दधते स्फुरणं यथा श्रीः ।
गोपाङ्गनाह्वयरमासु विशाखिकादि,-सख्यः सखीषु च तथा वृषभानुपुत्री ॥'३१७॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद सभी महिलाएँ उस प्रकार से उस आश्चर्य को साक्षात् किये गये देखकर, निश्चय करके, श्रेष्ठजनों की उस सभा में निवेदन करेंगी कि—अहह ! देवी यथार्थ सत्य ही तो कह रही है ॥३१३॥

उसके बाद देवी के प्रति श्रीव्रजराज का वचन,यथा—तो अब क्या करना चाहिये ? देवी कहेगी—भोजन कार्य निवृत्त हों जानेपर, मेरे द्वारा बनाई हुईं छायारूप गोपियाँ अपने अपने पतियों के घर विद्यमान रहें । और जो श्रीकृष्ण की स्वरूपशक्ति के तुल्य हैं, एवं कृष्णमात्र को ही पति होने की सम्मति देने में तत्पर हैं, वे राधिका आदि गोपियाँ तो अपने अपने पिता के घर रहें । और मैं भी श्रीयमुनातटपर अष्टहस्त नामक स्थान में स्थित रहूँगी । पूज्यपाद श्रीयशोदा आदि माताएँ जब जैसी आज्ञा करेंगी, तब वैसा ही व्यवहार करूँगी ॥३१४॥

श्रीकृष्ण—उसके पश्चात् क्या होगा ? ऋषि—इस प्रकार सम्मानपूर्वक पूछकर देवी के अन्तर्हित हो जानेपर, सभी गोपसमूहों के सन्तुष्ट हो जानेपर, ब्राह्मणादि वर्णों की उत्तम स्त्रियों के द्वारा वर्णित पूर्वोक्त बात सुनकर, आपकी पतिव्रताएँ श्रीराधिका आदि गोपियाँ तो तत्काल ही, विरहज्वर से रहित शरीर-वाली एवं प्रकाशित निजकान्ति की स्फूर्तिवाली हो जायँगी ॥३१५॥

और देखो, राहु के ग्रास से निकली हुईं चन्द्रकलाएँ, मेघमण्डल से निकली हुईं नक्षत्रमालाएँ, वर्षा के तिरस्कार से निकली हुईं पुलिन की शोभाएँ, एवं वायु के बन्धन से निकली हुईं दीपक की शोभाएँ अपनी स्वाभाविकशोभा को पाकर, जिस प्रकार दर्शकों की नेत्रपीडा दूर कर देती हैं, ठीक उसी प्रकार दूसरों के अनादर से निकलकर, श्रीराधा आदि गोपियाँ भी तत्काल अपनी स्वाभाविकी कान्ति को प्राप्त करती हुईं, दर्शकजनों के नेत्रों की पीडा को मुक्त कर देंगी ॥३१६॥

और उनमें भी ताराओं के समूह में जैसे चन्द्रमण्डल की कलाएँ स्फूर्ति धारण करती हैं, एवं उन कलाओं के बीच में जैसे चन्द्रमण्डल की शोभा अत्यन्त रमणीय स्फूर्ति को धारण करती है, ठीक उसी प्रकार गोपाङ्गना नामक लक्ष्मियों के बीचमें, अर्थात् लक्ष्मीस्वरूपा साधारण गोपियों के बीच में, विशाखा

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' ऋषिरुवाच,—'ततो देव्यादेशवशा यथायथं ते विहितवन्त एव। तथापि विधिं विना न संग्राह्यास्ता इति श्रीव्रजराजादिभिर्विहिते च तस्मिन् विवाहविचारे भवांस्त्वग्रजस्य विवाहार्थमागृह्य तं तदर्थरक्षितकौमारा द्वारकात आगत्य कदाचित्तेन प्रसादीकृतस्वविहाराः काश्चिन्नित्यकिशोरिका विधिना च विवाह्य नैरपेक्ष्यमिवावगाह्य विगतपूर्वाशङ्कः परमललित-माधवसमयमालम्ब्यालंकृतपूर्णमनोरथाङ्कः श्रीव्रजराजगृहिणीमुहुराग्रहगृहीततया शनैरेव स्वविवाहमङ्गीकारसङ्गिनं करिष्यति ॥३१८॥

'तत्र बहुलमहसा श्रीरामविवहने जाते तं जातं समासतः समासां क्रमेव त्वत्कृतविवाहमेवं वर्णयिष्यन्ति,—

गोधुङ्न्यर्बुदगेहगेहबलवद्वाद्यानवद्यध्वनि-
प्रोल्लासिव्रजमण्डले दिविषदां वादित्रचित्रे महे।
आदान-प्रतिदान-दान-रचनोदारैः सदारैर्नरै-
र्निर्व्यूढा मुरजिद्विवाहपटली ज्ञाता न तत्तद्भिदा ॥३१९॥

आदि सखियाँ स्फूर्ति, अर्थात् विशेषता को धारण करती हैं, एवं ललिता विशाखा आदि अष्टसखियों के बीच में श्रीवृषभानुनन्दिनी अत्यन्त मनोहर स्फूर्ति को, अर्थात् शोभा को धारण करती हैं। इस श्लोक में श्रीमती राधिका का असमोर्ध्व वैशिष्ट्य सिद्ध हो गया है ॥३१७॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद देवी के आदेश के वशीभूत हुए उन व्रजवासियों ने यथायोग्य कार्य कर ही दिया। तथापि "विधि के बिना वे राधिका आदि ग्रहण नहीं करनी चाहिये" इसलिए श्रीव्रजराज आदिकों के द्वारा, इस विषय में विवाह का विचार हो जानेपर, आप तो अपने बड़े भाई श्रीबलरामजी के विवाह के लिए उनसे आग्रह करके, उन्हीं के लिए अपने कुँआरेपन को रखनेवाली, एवं द्वारका से आकर कदाचित् (भा० १०।६५।१७–द्वौ मासौ तत्र चावात्सीन्मधुं माधवमेव च। रामः क्षपासु विहरन् गोपीनां प्रीतिमावहन् ॥ इत्यादि भागवतीया कथा—अत्रानुसन्धेया।) जिनका निजविहार श्रीबलरामजी ने ही प्रसादी कर दिया है, ऐसी नित्यकिशोरी कुछ गोपियों का विवाह विधिपूर्वक श्रीबलरामजी के साथ करवाकर, अपने विवाह के लिए मानो उदासीनता का सा आश्रय लेकर, "ये गोपियाँ पर स्त्री हैं" इस प्रकार की पहली आशंका से रहित होकर, परममनोहर वसन्त के समय का अवलम्बन लेकर, पूर्णमनोरथ के चिह्नों से अलंकृत होकर, एवं श्रीनन्दरानी के बारंबार आग्रह में पड़कर, धीरे धीरे ही अपने विवाह को अपनी स्वीकृति से युक्त करोगे ॥३१८॥

उसमें भी महोत्सवपूर्वक श्रीबलरामजी का विवाह हो जानेपर, श्रीराधा आदि सभी गोपियों के सङ्ग एकसाथ हुए आपके उस विवाह को विज्ञजन संक्षेप से इस प्रकार वर्णन करेंगे—गोपों के अरब खरब संख्यावाले प्रत्येक घर में बड़े बड़े प्रबल वाद्यों की विशुद्ध मनोहर ध्वनि से विशेष उल्लासयुक्त व्रजमण्डल में, देवताओं के वाद्यों के द्वारा विचित्र महोत्सव में आदान-प्रदानरूप (विवाह में परस्पर लेना-देनारूप) दान की रचना में मधुरभाषी उदार मनुष्यों के द्वारा अपनी अपनी स्त्रियों के सहित, श्रीकृष्ण का विवाह आनन्दपूर्वक सम्पन्न हुआ, किन्तु उसके भेद प्रभेद की विशेष अवस्था किसी को ज्ञात न हुई। अर्थात् प्रत्येक घर में पृथक् पृथक्रूप से प्रगट हुए श्रीकृष्ण ने एकसाथ ही विवाह कार्य सम्पन्न किया है, इत्यादि भेद को कोई ध्यान में नहीं ला रहा था ॥३१९॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेवमङ्गीकारेण च (गी० ४।११) 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' इति भवतः समाधिः समाधीयेत ॥३२०॥

'अत्र 'ये यथा' इति ये यदिच्छयेत्येवमेव विवक्षितम् । यतश्च साधारणजनमन्वनुराग-लङ्घितलोकधर्ममर्यादासङ्घानामङ्गनान्तराणामप्यन्तर्वृत्तिस्तत्तद्गृहिणीपदस्पृहिणी दृश्यते । किमुत भवन्तमनु सन्ततप्रियाणां मायामयात्ययादेव लब्धान्यथाभावप्रायाणाम् ? (भा० १०।२१।९)—'गोप्यः किमाचरदयं कुशलं स्म वेणु,-र्दामोदराधरसुधामपि गोपिकानाम् । भुंक्ते' इति तद्वाक्यव्यक्त-तादृशाभिप्रायाणां स्वतस्तादृशाभिप्रायत्वे सत्यपि भ्रमरगीतायाम् (भा० १०।४७।२१) 'अपि बत मधुपुर्यामार्यपुत्रोऽधुनाऽऽस्ते' इत्यादौ, 'भुजमगुरुसुगन्धं मूर्ध्न्यधास्यत् कदा नु' इत्यनेन तदीयं प्रकटं तथा स्वीकारं प्रार्थयमानानां भवद्गृहिणी-भावस्पृहाबृंहणमिति स्थिते तथैव तद् योजयितुं शक्यत इति । सर्वेषामस्माकं धैर्यपर्यापण-मेवमेव भवताचरिष्यते ॥३२१॥ 'यतः,

गतानामुत्पत्त्या त्वयि रतिमपि त्वद्विवहना-, न्निरस्तानां त्वत्प्राप्त्यभिलषितसंन्यस्तजगताम् ।
अमूषामुत्कण्ठा यदि हतफला तर्हि बलतां, कथं वा विश्वासस्त्वयि मुरहरास्माकमभितः ? ॥३२२

अतः इस प्रकार के अङ्गीकार के द्वारा ही आपकी "जो भक्त मुझको जिस प्रकार, भजते हैं मैं भी उनका उसी प्रकार भजन करता हूँ" यह गीतोक्त प्रतिज्ञा समाधान हो सकती है ॥३२०॥

यहाँपर "ये यथा मां प्रपद्यन्ते" का, "ये यथा" का यह अर्थ विवक्षित है कि—जो भक्त जिस इच्छा से मेरे शरणागत होते हैं, मैं उनकी उसी इच्छा को पूरा करता हूँ । कारण—साधारणजन को लक्ष्य करके अनुराग के द्वारा जो लोक एवं धर्ममर्यादा के समूह को लाँघ चुकी हैं, ऐसी विशिष्टनायिकाओं की चित्तवृत्ति भी उन उन अनुरागी व्यक्तियों के गृहिणीपद की इच्छा करती देखी जाती है । फिर आपको लक्ष्य करके जो आपकी नित्यसिद्ध प्रिया हैं, एवं जो मायारूप रोग को लाँघने के कारण ही प्रायः तुम्हारे स्वकीयाभाव को प्राप्त हैं, उनकी चित्तवृत्ति तुमको लक्ष्य करके तुम्हारे गृहिणीपद की इच्छा करे, तो उस सम्बन्ध में कहना ही क्या है ? और देखो, जो "अरी ! गोपियो ! इस वंशी ने ऐसा कौन सा पुण्य किया है कि, जो गोपियों की निजीवस्तु श्रीकृष्ण के अधरामृत का पान कर रही है ?" इस प्रकार के अपने वाक्य द्वारा उस प्रकार के अभिप्राय को स्पष्ट कर चुकी हैं, एवं जो स्वतः इस प्रकार के, अर्थात् गृहिणीपद के अभिप्राय के रहते हुए भी भ्रमरगीत में—"हाय ! इस समय हमारे प्राणनाथ मथुरा में हैं" इत्यादि स्थल में एवं "अहो ! अगुरु की सी सुगन्धवाली अपनी भूजा को हमारे मस्तकपर कब रखेंगे ?" इस वाक्य के द्वारा स्पष्ट ही उस पत्नीभाव की प्रार्थना कर रही हैं । उन गोपियों के सम्बन्ध में आपके गृहिणी-भाव की स्पृहा का बढ़ाना ही उचित है । ऐसी स्थिति में उनकी प्रार्थना के अनुसार वह गृहिणीपद संयुक्त किया जा सकता है । इस प्रकार की लीलाओं से आप, हम सबके धैर्य की तृप्ति सिद्ध करोगे ॥३२१॥

कारण—हे कृष्ण ! श्रीराधिका आदि जो गोपियाँ जन्म से ही तुम्हारे में प्रीति को प्राप्त हैं, तथापि तुम्हारे विरह के कारण तुम्हारे विवाह के सम्बन्ध से निरस्त हैं, एवं तुम्हारी प्राप्ति की अभिलाषा से ही, जो समस्त जगत् को भली प्रकार त्याग चुकी हैं । अतः उन प्रेममयी गोपियों की उत्कण्ठा भी यदि निष्फल हो जाय, तब तुम्हारे ऊपर हमारा विश्वास सर्वतोभाव से किस प्रकार संचारित हो सकता है ? ॥३२२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Meda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'तदेतदवधाय मधुकण्ठेनामुक्तकण्ठमनुसन्धीयते स्म,—अहो ! तदेतत्पर्यन्तं फलमागताया भगवल्लीलालताया माधुर्यप्रसविता ॥३२३॥

'तथा हि— प्राग्दूरप्रियता ततो गुरुजनध्वस्तप्रयत्नात्मता
तत्पश्चाच्छ्रुतिलोकलङ्घिरभसाद् गुप्ता प्रियाङ्गीकृतिः ।
तस्माद्दूरमहावियोगचिरता तत्प्रान्तमुद्वाहतः
प्राप्तश्चेन्मिथुनं मिथो हरिरमारूपं सुखं किं परम् ?" इति ॥३२४॥

अथ प्रकृत-तत्कर्तृक-कथा । "कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'ततश्च सर्वेषां गतये दुहितुः पतये तुभ्यं कौतुकावहानि बहूनि यौतुकानि परमधन्यां निजनिजकन्यां च प्रस्थाप्य ते गोपाः सोपाध्यायाः सदा तदा ध्यायं ध्यायं दिवस्पृथिव्यावपि स्वानन्दसमुद्र-मुद्रिते करिष्यन्ति ॥'३२५॥

"कृष्ण उवाच,—'ततस्ततः ?' "ऋषिरुवाच,—'तत्र च कविलोकानां श्लोका-वेतावुदेष्यतः,—

यर्ह्यायाता व्रजनृप-गृहं राधिकाद्यास्तदासां
स्व-ज्योत्स्नाभिस्तदलमभवद्धेमधामप्रकारम् ।
गोलोकाख्यं पदमुदयिता यत्तु तस्य प्रकाश-
स्तासां श्रीणामनुगत इति द्योतनं यत्र जातम् ॥३२६॥

इस प्रकार का सिद्धान्त स्थापित करके, मधुकण्ठ ने अपने कण्ठ को बन्द कर, मन मन में अनुसन्धान किया कि—अहो ! यहाँतक फल को प्राप्त हुई भगवान् की लीलारूप लता के माधुर्य की उत्पादकता कैसी आश्चर्यजनक है ? ॥३२३॥

देखो, पहले बाल्यकालमें गोपी-कृष्णरूप प्रियजनों का परस्पर दूर रहना, उसके बाद परस्पर मिलने के सारे प्रयत्नों का सास ससुर आदि गुरुजनोंके द्वारा नाश, उसके पश्चात् वेदाचार, एवं लोकाचार को लाँघनेवाले हर्ष के वेग के कारण, गुप्तरूप से प्रिय श्रीकृष्ण का अङ्गीकार करना, तदनन्तर श्रीकृष्ण का मथुरा द्वारका आदि दूर स्थानोंपर जाने के कारण, महान् वियोग का चिरकालतक रहना, और उस प्रकार के विरह के अनन्तर यदि विवाहके द्वारा श्रीकृष्ण एवं लक्ष्मीरूप गोपियों का जोड़ा परस्पर संयोग को प्राप्त हो गया, तब इससे परे और क्या सुख हो सकता है ? ॥३२४॥

अनन्तर मधुकण्ठ के द्वारा की गई प्रसङ्गानुसारी कथा, यथा—श्रीकृष्ण—कहिये, उसके बाद क्या होगा ? ऋषि—उसके बाद सर्वसाधारण के गति एवं अपनी अपनी बेटी के पतिरूप तुम्हारे लिए हर्षदायक बहुत से दहेज देकर, एवं परमधन्य अपनी अपनी कन्या को बिदा करके, वे गोप अपने पुरोहितों के सहित उस समय का सदैव ध्यान करते करते, स्वर्ग एवं पृथिवी दोनों को ही, अपने आनन्दरूप समुद्र से परिपूर्ण प्रकाशित कर देंगे ॥३२५॥

श्रीकृष्ण—उसके बाद, उसके बाद ? ऋषि—उस प्रकार के विवाह महोत्सव के प्रसङ्ग में कविजनों के ये दोनों श्लोक उदय होंगे—जिस समय श्रीराधिका आदि गोपियाँ विवाह कराकर अपने घर से श्रीव्रज-राज नन्दजी के घर चली आईं, उसी समय नन्दालय, उनकी असाधारण अपनी कान्तियों के द्वारा सुवर्ण

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

असंख्यगणन-स्नुषागणनिवासमाकस्मिकं, कथं व्रजपती तदा विदधतुस्तथा तच्छृणु ।
गृहा इव तरुव्रजा यदिह भान्ति यावत्स्पृहं, वनान्युपवनप्रभाण्यतिसहस्रसंस्थान्यपि ॥"३२७॥

तदेतदवधाय मधुकण्ठेनामुक्तकण्ठं पुनरनुसन्धीयते स्म,—

"बाढं विवाहादिभिरसङ्कोचे विरोचमान एव गोपजातिभिर्नारीभिः सह गोपजाति-योग्यवेशधारिणस्तस्य लीलानैरन्तर्यमपि तदोचिततया पर्यालोचितं पाद्मोत्तरखण्डे दन्तवक्र-वधानन्तर-तद्व्रजागमने ॥३२८॥ यथा—

'कालिन्द्याः पुलिने रम्ये पुण्यवृक्षसमाचिते । गोपनारीभिरनिशं क्रीडयामास केशवः ॥
रम्यकेलिसुखेनैव गोपेवेशधरः प्रभुः । बहुप्रेमरसेनात्र मासद्वयमुवास ह ॥'इति॥३२९॥

किञ्च, 'यः कौमारहरः स एव हि वरस्ता एव चैत्रक्षपाः'
इत्याद्यप्यधियन् कयाचिदुदितं गोपालिकागीरिति ।
भावोन्मादज-गाननृत्यविवशः श्रीगुण्डिचापर्वसु
श्रीचैतन्यतनुर्मतं स भगवानङ्गीकरिष्यत्यदः ॥"३३०॥

के घर के समान हो गया । और उस समय गोलोक नामक स्थान प्रगट हो जायगा । जो स्थान गोकुल का प्रकाश या एक स्वरूप है, अतः उसका जो प्रकाश है वह उन राधिका आदि व्रजकी लक्ष्मियों के अधीन है, इसलिए गोकुल में ही उसका प्रकाश हो गया ॥३२६॥

यदि कहो कि—व्रजराज श्रीनन्द एवं व्रजरानी श्रीयशोदा इन दोनों ने संख्यातीत गिनतीवाली पुत्र-वधूश्रेणी का निवासस्थान उस समय अकस्मात् (एकदम किस प्रकार निर्मित किया होगा ? तब ऐसी आशंका में उनके निवासस्थान के प्रकार को सुनो । क्योंकि इस व्रजरूप गोकुल में स्वेच्छापूर्वक वृक्षसमूह भी घरों के समान शोभा पारहे हैं, और बड़े बड़े वन भी असंख्य आकारोंवाले उपवनों की सी प्रभावाले प्रकाशित हो रहे हैं । अतः सब व्यवस्था सुचारुरूप से हो गई ॥३२७॥

इस प्रकार के सिद्धान्त को स्थापित कर, अपने कण्ठ को रोककर, मधुकण्ठ ने मन मन में पुनः अनुसन्धान किया कि—हाँ, विवाह आदि के द्वारा असंकोच के प्रकाशित हो जानेपर, तत्काल ही गोपजाति की स्त्रियों के साथ गोपजाति के योग्य वेष धारण करनेवाले, श्रीकृष्ण की लीला की निरन्तरता भी पद्म पुराणके उत्तरखण्डमें दन्तवक्र के वध के अनन्तर श्रीकृष्ण के व्रजमें आनेपर, उनके पति-पत्नीभाव के उचित-रूप से पर्यालोचित की है ॥३२८॥

यथा—पुण्यमय वृक्षों से व्याप्त रमणीय यमुनापुलिन में, श्रीकृष्ण गोपाङ्गनाओं के सहित निरन्तर क्रीडा करते थे । और गोपवेष धारण करनेवाले प्रभु श्रीकृष्ण ने इस यमुनापुलिन में मनोहर विहारसुख के द्वारा ही, बहुत प्रेमरस से दो मास निवास किया था ॥३२९॥

किंच "जिस श्यामसुन्दर ने हमारी कुमारावस्था को हर लिया, वे ही हमारे वर हैं, एवं वे ही चैत्र-मास की मनोहर रात्रियाँ हैं" इत्यादिरूप से किसी रमणी के द्वारा कहे गये इस पद्य को, किसी गोपी की वाणी है, ऐसे जानते हुए, एवं भावमय उन्माद से उत्पन्न हुए गान नृत्य के विवश होकर, श्रीकृष्णचैतन्य शरीरधारी भगवान् श्रीकृष्ण, श्रीगुण्डिचायात्रा के महोत्सवों में इस योग्य मत को अङ्गीकार करेंगे ॥३३०॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तदीदृगेव भाविनि विदग्धमाधव-ललितमाधवाह्वये पूर्वोत्तर-नाटकद्वये सर्वरचनायाः परमफलतया सर्वान्ते प्रकारान्तरेणावकल्पते,—

'तवात्र परिमृग्यता किमपि लक्ष्म साक्षादियं, मया त्वमुपसादिता निखिललोकलक्ष्मीरसि ।
यथा जगति चञ्चता चणकमुष्टिसम्पत्तये, जनेन पतिता पुरः कनकवृष्टिरासाद्यते ॥'३३१॥

इति श्रीकृष्णवाक्यादिना;

'सख्यस्ता मिलिता निसर्गमधुरप्रेमाभिरामीकृता
यामीयं समगंस्त संस्तववती श्वश्रूश्च गोष्ठेश्वरी ।
वृन्दारण्यनिकुञ्जधाम्नि भवता सङ्गोऽप्ययं रङ्गवान्
संवृत्तः किमतः परं प्रियतरं कर्तव्यमत्रास्ति मे ?' ॥३३२॥

इति पूर्णमनोरथाङ्क-पूरक-श्रीराधावाक्यपर्यन्तेन ग्रन्थेन ॥३३३॥

तदिदमेव श्रीमद्भगवद्भक्तिरसामृतसिन्धुनिधिरूप-श्रीमदुज्ज्वलनीलमणावपि सर्वरस-परिपाटीपूर्तिसारमूर्ति-समृद्धिमदाख्यसम्भोगतया दर्शितम् ॥३३४॥

अतः इसी प्रकार का दाम्पत्य, श्रीरूपगोस्वामी के द्वारा भविष्यत् में निर्मित होनेवाले, 'श्रीविदग्ध-माधव', 'श्रीललितमाधव' नामक पहले—दूसरे, दोनों नाटकों में समस्त रचना के परमफलस्वरूप से सभी के अन्त में, रुक्मिणी-सत्यभामा आदिकों का, चन्द्रावली-राधिका आदिरूप से कल्पित होता है, यथा—मैंने तुम्हारे किसी अनिर्वचनीय चिह्न को ढूँढ़ते हुए यहांपर साक्षात् तुम्हीं प्राप्त करलीं । तुम समस्त भुवनों की शोभा हो, अर्थात् तुम्हारी प्राप्ति भी सौभाग्य से ही हुई है । यथा—एक मुट्ठी चने की सम्पत्ति पाने के लिए, संसार में भटकते हुए दरिद्रीजन को जैसे सामने पड़ी हुई सुवर्ण की वृष्टि प्राप्त हो जाती है, उसी प्रकार तुम (राधिका) पा गई हो ॥३३१॥

इस प्रकार के श्रीकृष्ण के वाक्य आदि व्यवहार से, श्रीसत्यभामा का श्रीराधारूप से ही प्रकाश है। श्रीराधिका के वाक्य से नित्यदाम्पत्य का समर्थन, यथा—हे प्यारे श्यामसुन्दर ! जो स्वाभाविक मधुरप्रेम से अतिशय मनोहर की गई हैं, वे ललिता विशाखा आदि सखियाँ मिल ही गईं । और यह भगिनी चन्द्रा-वली भी मिल गई, एवं चिरकाल से परिचित यह सास श्रीव्रजेश्वरी भी प्राप्त हो गईं । श्रीवृन्दावन के निकुञ्जस्थल में रङ्गराग हासपरिहास से विशिष्ट यह सङ्ग भी आपके साथ हो ही गया । अतः इस विषय में इससे दूसरा मेरा और कौनसा अत्यन्त प्रिय कार्य करना शेष है ? अर्थात् कोई नहीं ॥३३२॥

इस प्रकार पूर्णमनोरथ नामक अङ्क की पूर्ति करनेवाले श्रीराधिका के वाक्यपर्यन्त ग्रन्थ के द्वारा पूर्वोक्त नित्यदाम्पत्य सूचित हुआ है ॥३३३॥

और यह नित्यदाम्पत्य ही 'श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु' ग्रन्थ की निधिस्वरूप 'श्रीउज्ज्वलनीलमणि' ग्रन्थ में भी सर्वरसों की परिपाटी की पूर्ति की सारमूर्तिस्वरूप समृद्धिवान् नामक सम्भोग के रूप से प्रदर्शित किया है ॥३३४॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

तेषामुपासना-वासना चेदृश्येव तदीयश्लोकेनावलोक्यते,—

'गोपेशौ पितरौ तवाचलधर ! श्रीराधिका प्रेयसी
श्रीदामा सुबलादयश्च सुहृदो नीलाम्बरः पूर्वजः ।
वेणुर्वाद्यमलंकृतिः शिखिदलं नन्दीश्वरो मन्दिरं
वृन्दाटव्यपि निष्कुटः परमतो जानामि नान्यत् प्रभो ! ॥'इति॥३३५॥

अथ पुनः श्रीकृष्ण-नारद-संवादं मधुकण्ठः कण्ठतः प्रकटयामास,—"ऋषिरुवाच,—'तदेवं मासद्वितये सर्वेषामेव परमानन्देन लब्धव्यत्यये दत्तव्रजोद्धवः कदाचिद्भूवान् रामोद्धवाभ्यां समं सम्मन्त्र्य श्रीव्रजमहेन्द्रादीन् परमगौरवादामन्त्र्य निवेदयिष्यति,—अधुना यद्याज्ञा राज्ञामाज्ञायेत, तदा स्यन्दनोऽयं सदारुको द्वारकां विन्देत ॥३३६॥

'अथ परमहृदयालुतामयदयालुरसौ श्रीव्रजराजस्तु वक्ष्यति,—यथा तत्र श्रीमद्भ्रातृप्रभृतीनां भृतिभुक्पर्यन्तानां दुःखं न स्यात्तथा च प्रथनीयम् ॥३३७॥

'भवान् वक्ष्यति,—सर्वथा सर्वेषामादृत्यास्तत्रभवतां भृत्यास्तत्र प्रद्युम्नादयः प्रद्योतन्त एव; तथापि भवतामपूर्तिश्चेत्तदा भवदाराधनवशतयाऽस्मन्मूर्तिव्यूहमपि तत्र नारायणः पारयिष्यति ॥३३८॥

पूर्वोक्त ग्रन्थकार पूज्यपाद श्रीरूप गोस्वामीजी की उपासना की वासना भी ऐसी ही, अर्थात् राधाकृष्ण की नित्यदाम्पत्यमयी ही उन्हीं के श्लोक से देखी जाती है, यथा—हे गोवर्धनधारिन् ! गोपेश्वरी श्रीयशोदा एवं गोपेश्वर श्रीनन्द, ये दोनों ही तुम्हारे नित्यसिद्ध मातापिता हैं, श्रीमती राधिका ही नित्यप्रेयसी हैं, श्रीदामा एवं सुबल आदि ही अनन्त सखा हैं, श्रीबलराम ही बड़े भ्राता हैं, वेणु ही तुम्हारा वाद्य है, मोरपंख ही मुख्य अलंकार है, नन्दीश्वर पर्वत अर्थात् नन्दग्राम ही तुम्हारा भवन है, और श्रीवृन्दावन ही तुम्हारे घर का उपवन है। हे प्रभो ! इनसे परे मैं और कुछ नहीं जानता हूँ ॥३३५॥

अनन्तर मधुकण्ठ अपने कण्ठ से पुनः श्रीकृष्ण-नारद संवाद को प्रगट करने लगा—देवर्षि नारद बोले—भगवन् ! इस प्रकार परमानन्दपूर्वक सभी के दो मास बीत जानेपर, व्रज में उत्सव को देनेवाले आप कदाचित् श्रीबलराम एवं उद्धवजी के साथ विचार कर, श्रीव्रजराज आदिकों को परमगौरवपूर्वक सम्बोधित करके निवेदन करेंगे कि—पिताजी ! आप गोलोक के राजा हैं, अतः अब यदि आप की आज्ञा हो जाय तो, दारुक नामक सारथि के सहित यह रथ द्वारका में पहुँच जाय ॥३३६॥

पश्चात् परममनोहर स्वभाव से परिपूर्णदयालु वे श्रीव्रजराज तो कहेंगे कि—द्वारका में जिस प्रकार मेरे भ्राता श्रीवसुदेवजी से लेकर, वेतनभोगी सेवकोंतक, किसी को भी दुःख न हो, उसी प्रकार कार्य का विस्तार करो ॥३३७॥

आप कहेंगे—पिताजी ! सभी के सर्वथा आदरणीय एवं पूज्यपाद आपके प्रद्युम्न आदि सेवक देदीप्यमान ही हैं, तथापि यदि आपके कार्य की अपूर्ति दिखाई देती है, तो आपकी आराधना के वशीभूत होने के कारण, श्रीनारायणभगवान् 'वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध' रूप हमारी चतुर्व्यूह मूर्ति को भी, कार्य सिद्धयर्थ सिद्ध कर देंगे ॥३३८॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'पुनर्व्रजराजो वक्ष्यति,—रोहिणीरामवदयमुद्धवश्चास्मदेकसम्पदुद्धवस्तस्मादयमपि तथाचरणीयः ॥३३९॥

'भवान् वक्ष्यति,—यत्र भवदिच्छा, तद्वा किं न सेत्स्यति ? किन्त्वाज्ञान्तरं ज्ञापय ॥३४०॥

'व्रजराजो वक्ष्यति,—जैवातृक ! भवतामक्रूरादिरचितेनातिचिरं भवता विरहेण चिराय तर्वन्तिमः सर्व एव जीवः सुष्ठु दुर्जीवनमवाप; ततो न किमपि प्रत्येति । ततस्त्वद्विरहपरिहाराय नान्यजनलोचनगोचरः स्यामिति प्रार्थयते । ततो निःशलाकमालयविशेषं संश्लेषय ॥३४१॥

'भवान् वक्ष्यति,—हन्त ! वृन्दावन एव तादृशं प्रकाशवृन्दं वर्तते । यत् खलु ब्रह्महृदे निमज्ज्य पुनस्तस्मादुन्मज्ज्य च भवद्भिः पूर्वमप्यपूर्वं दृष्टमस्ति । शताङ्गस्यास्य कामङ्गामितया तत्प्रवेशितापि प्रतिवेशीयते । ततो यथाज्ञाप्यते प्राज्ञानां राज्ञा ॥३४२॥

'व्रजराजो वक्ष्यति,—वत्स ! तदेव प्रच्छन्नं वनं गच्छामः । ततः सप्रतिश्रवश्रवणं भवान् वक्ष्यति,—यथा महेच्छानामिच्छा, तथैव सेत्स्यति ॥३४३॥

पुनश्च तिर्यगवेक्ष्य पार्श्वलक्ष्यं दारुकमादेक्ष्यसि,—सारथे ! तथा रथं प्रथय, यथा सर्व एव व्रजस्तत्रान्तर्भवंस्तद्धाम प्रविशंश्च धामग्रामतः स्ववासिनामपि दृगारामतां नासीदति ॥३४४

पुनः श्रीव्रजराज कहेंगे कि—रोहिणी एवं बलराम की तरह यह उद्धव भी, हमारी समस्त सम्पत्ति का एकमात्र उत्सवस्वरूप है । अतः इसके प्रति भी उसी प्रकार व्यवहार करना चाहिये, अर्थात् इसको भी हमारे निकट ही रखना उचित है ॥३३९॥

आप कहेंगे—जिस कार्य में आपकी इच्छा हो, वह क्यों न सिद्ध होगा ? किन्तु दूसरी आज्ञा दीजिये ॥३४०॥

श्रीव्रजराज कहेंगे—हे दीर्घायुष्मन् ! लाल ! अक्रूर आदि के द्वारा रचे गये, एवं चिरकालतक होनेवाले रोहिणी बलराम आदि तुम्हारे विरह के कारण व्रज के वृक्षोंपर्यन्त सम्पूर्ण जीवनमात्र ही महान् दुःखमय जीवन को प्राप्त हो गया था । अतः कोई व्रजवासी तुम्हारे यहाँ निरन्तर रहने के विषय में विश्वास नहीं कर रहा है । इसलिए व्रजका जीवमात्र तुम से यह प्रार्थना करता है कि—तुम्हारे विरह को दूर करने के लिए मैं दूसरे जनके नेत्र गोचर न होऊँ । इसलिए पुत्र ! परमपवित्र ऐकान्तिक किसी स्थानविशेष को प्राप्त कराओ, जहाँपर तुम्हारा वियोग न हो ॥३४१॥

आप कहेंगे कि—अहह ! श्रीवृन्दावन में ही उस प्रकार का प्रकाशसमूह है । जो कि ब्रह्महृद में निमग्न होकर, पश्चात् उससे बाहर निकल कर, आप सभी व्रजवासियों ने पहले भी, अपूर्व स्थान देखा था । और इस हमारे रथ के स्वेच्छाचारी होने के कारण, उस प्रकाशसमूह में प्रवेश करना भी, निकटवर्ती की तरह आचरण करता है । इसलिए विज्ञानियों के राजाधिराज आपकी जैसी आज्ञा हो, वैसा ही होगा ॥३४२॥

श्रीव्रजराज कहेंगे—पुत्र ! उसी गुप्तवन में चलें । तदनन्तर अङ्गीकारपूर्वक श्रवण करते हुए आप कहेंगे—बड़े अभिप्रायवाले आप जैसे महाशयों की जैसी इच्छा, उसी प्रकार कार्य सिद्ध होगा ॥३४३॥

पुनः तिरछी नजर से देखकर, बगल में दीखनेवाले दारुक को आदेश दोगे कि—हे सारथे ! हमारे रथ को उस प्रकार विस्तारित करो, जिस प्रकार व्रज का समस्त जनमात्र ही उसमें समाता हुआ, उसी

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

'अथ तेन सूतेन तु तथाकृतप्रथे रथे सर्व एव व्रजप्राणिव्रजः स्वैरं निविशमानस्तं देशं प्रविवेश ॥३४५॥

'तदेवं सति— उत्सर्पज्ज्योतिरालीविभववशतया तं रथं तूर्ध्वभाजं
चर्माक्षा मेनिरे तह्यु परिगततया तत्पदोपासकाश्च ।
कृष्णाब्रह्महृदात् प्रागपि मुरजयिना लम्भिता गोमिनो यां
तां वृन्दारण्यमध्ये गतिमिह सुगतास्तद्विदश्चार्वपश्यन् ॥३४६॥

तत्र पर्जन्यवर्याश्च ये गताः प्रागदृश्यताम् । द्रक्ष्यन्ते तेऽपि तत्रैव तदाश्चर्यं भविष्यति ॥३५७॥

'ततश्च, वृन्दारण्ये सकल्पद्रुमविविधलतामञ्जुकुञ्जादिधन्ये
घोषे चिन्तामणीन्द्र-प्रथितनिलयताचित्तवृत्तिप्रमोषे ।
रामाद्यैः कामधुग्गव्यनुगतिकुतुकी लक्षलक्ष्मीप्रकार-
श्रीगोपीप्राणसारः स जयति नितरां गोपगोप्तुः कुमारः ॥"३४८॥

अथ स्निग्धकण्ठ उवाच,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच,—"तदेवमन्यं च वृत्तान्तं वर्णितवान् । श्रीमान् व्रजसुखवर्षी देवर्षिश्च परस्परं हर्षितां प्रपन्नः सवाष्परोमहर्षादिभिः सम्पन्नः स्निग्धसंवादविच्छेदतः परिखिद्य शनैरेव च विच्छिद्य स्वस्व-वर्त्मानुवर्तते स्म ।

गोलोकधाम में प्रवेश करता हुआ, एवं अपने तेजपुञ्ज के द्वारा स्वर्गवासियों के भी नेत्रों की रमणीयतारूप से प्रत्यक्ष न हो सके ॥३४४॥

तदनन्तर उसी दारुक सारथि के द्वारा उसी प्रकार विस्तारित किये गये रथमें, व्रजका सम्पूर्ण प्राणी-समूह स्वेच्छापूर्वक प्रविष्ट होता हुआ, उसी गोलोक प्रदेश में प्रविष्ट हो गया ॥३४५॥

इस प्रकार गोलोक में प्रवेश करनेपर चर्मचक्षुवाले प्राकृतिक जन, ऊपर को फैलते हुए तेजपुञ्ज के वैभव के वशीभूत होने के कारण, उस रथ को ऊपर के सातों लोकों को प्राप्त मानने लगे । श्रीकृष्ण के चरणोपासक भक्तजन उस समय रथ को वैकुण्ठगत मानने लगे । पहले भी श्रीकृष्ण ने यमुनाजी के ब्रह्महृद के द्वारा सभी गोप जिस गोलोक की गति (स्वरूप) को पहुँचा दिये थे, इस समय वे ही गोप वृन्दावन के बीच में उसी गति को सुखपूर्वक प्राप्त हो गये । उस गोलोक को अच्छी प्रकार जाननेवाले गोपगण उस गति को, अर्थात् प्राप्य अपने लोक को उत्तमरूप से देखने लग गये ॥३४६॥

वहाँपर व्रजराज के पिता श्रेष्ठ श्रीपर्जन्य आदि जो पहले अदृश्य हो गये थे, वे भी वहीं दिखाई देंगे । यही आश्चर्य होगा ॥३४७॥

और उसके बाद कल्पवृक्ष एवं अनेक प्रकार की लताओं के सहित मनोहर निकुञ्ज आदि से प्रशंसनीय श्रीवृन्दावन के मध्य में, श्रेष्ठ चिन्तामणियों के द्वारा विस्तारित भवनों के कारण, चित्तवृत्ति को चुरानेवाले, गोपों के निवासरूप गोलोक में, श्रीबलराम आदि सखाओं के सहित, कामधेनुरूप गोगण के अनुगमन करने के कौतुकी, लाखों लक्ष्मियों के समान शोभावाली गोपियों के प्राणधनस्वरूप, एवं गोपों के रक्षक श्रीव्रजराज के कुमार, श्रीकृष्ण अत्यन्त उत्कर्ष को प्राप्त हो रहे हैं । उनकी सदा जय हो ॥३४८॥

तदनन्तर स्निग्धकण्ठ बोला—भैयाजी ! उसके बाद क्या होगा ? मधुकण्ठ बोला—इसी प्रकार श्रीनारदजी ने दूसरा वृत्तान्त का भी वर्णन किया । पश्चात् व्रज के सुखों की वर्षा करनेवाले श्रीमान् कृष्णचन्द्र एवं श्रीमान् देवर्षि नारदजी, दोनों ही परस्पर हर्षित होकर, प्रेमाश्रुओं के सहित रोमाञ्च आदि से

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीमद्व्रजेन्द्रनन्दनस्तु तत्कथापर्यन्तानन्देन पर्याप्तः सर्वं तद्दुःखजातमाच्छन्नतामापन्नमेव चकार। तत्र भगवन्तः श्रीदेवर्षिचरणा यद्यद्भाविततया समुद्भावितवन्तस्तत् सर्वमभूदेव ॥३४९

"तदनन्तरमपि यथा व्रजस्य राज्ञानुज्ञापितम्; तथा वासुदेवप्रसादाद्वसुदेवप्रवीणानां तद्वर्त्मवीक्षादीनानां दारुककथित-तत्तद्वृत्ताभोगभोगपीनानां स्वल्पकालतामापकमायाधीनानां तदागमनाशया बहिरेवासीनानां तदिष्टसिद्धिरिन्धाम्बभूवेति ॥"३५०॥

तदेवमाकर्ण्य सर्वेऽपि सभासदः प्रोचुः,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच,—"ततश्च सर्वसुखारामाभ्यां श्रीरोहिणीरामाभ्यां गोपोचितवेषाद्यभिनिवेशलब्धसखिगणप्रवेशोद्धवेनोद्धवेन च सार्धमस्मिन्नेव गोलोकनामके परमदुरवलोके लोके परमविभववतां भवतां मध्ये विभवन्नेव सोऽयं विराजते ॥"३५१॥

पुनः सर्वेऽप्यूचुः,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच,-"ततश्च सर्वतः प्रसरदमन्द-भवदानन्दकल्लोललोलन्मनस्तया वयमप्यागम्य भवद्भूवदीयकृपामात्रगम्यं रम्यं वासवर्यमजर्यसङ्गममासादयाम ॥"३५२॥

युक्त होकर, स्नेह भरे संवाद के विच्छेद के कारण, विशेष खेद पाकर, धीरे धीरे अलग होकर, अपने अपने मार्ग का अनुसरण करने लगे। श्रीमान् व्रजराजनन्दन ने तो गोलोक प्राप्ति की कथापर्यन्त के आनन्द से परिपूर्ण होकर, व्रजवासियों के विरह से उत्पन्न हुए सम्पूर्ण उस दुःखसमूह को आवृत कर लिया, अर्थात् ढक लिया। उस कथाप्रसङ्गमें भी उत्पत्ति प्रलय आदि के ज्ञान से सम्पन्न, पूज्यपाद देवर्षि श्रीनारदजी महाराज ने जो जो चरित्र, आगामीरूप से उत्थापित किया था, वह सम्पूर्ण चरित्र हो ही गया है ॥३४९॥

उसके बाद श्रीव्रजराज ने भी जैसे अनुज्ञा दी, उसी प्रकार श्रीकृष्ण के अनुग्रह से श्रीवसुदेवजी हैं प्रवीण जिनमें, एवं श्रीकृष्ण के आने के मार्ग को देखने से जो पल पलपर दीन हो रहे थे, और दारुकके द्वारा कहे हुए श्रीकृष्ण के उस उस वृत्तान्त की परिपूर्णता के सेवन से जो मोटे हो गये थे, तथा जो थोड़े से समय के भाव की ज्ञापक माया के, अर्थात् श्रीकृष्ण की इच्छारूप कृपा के अधीन थे, और श्रीकृष्ण के आगमन की आशा से जो द्वारकापुर से बाहर ही बैठे थे, उन द्वारकावासियों की इष्टसिद्धि प्रकाशित हो गई ॥३५०॥

इस प्रकार के चरित्र को सुनकर, सभी सभासद् बोले—उसके बाद क्या हुआ कहिये ? मधुकण्ठ बोला—उसके बाद सभी के सुखों की विश्रामभूमिस्वरूप श्रीरोहिणी एवं श्रीबलरामजी के सहित, और गोपोचित वेषभूषा आदि में अभिनिवेश के कारण, श्रीकृष्ण के मित्रमण्डल में प्रवेश प्राप्त करने से जिनको उसत्व प्राप्त होता है, ऐसे श्रीउद्धवजी के साथ, अभक्तों के लिए सर्वथा अदृश्य, गोलोक नामक इसीलोक में परमवैभवशाली आप सबके बीच में, अपने माधुर्यादिगुण से योग्यता को प्राप्त होते हुए, वे ही श्रीकृष्ण विराजमान हैं ॥३५१॥

पुनः सभी बोले—उसके बाद, उसके बाद ? मधुकण्ठ बोला—चारों दिशाओं में फैलते हुए आप सबके महान् आनन्द की तरङ्गों से चञ्चलचित्त होने के कारण हम भी यहाँ आकर, आप एवं आप सब व्रजवासियों के भक्तों की कृपामात्र से प्राप्य, अविनाशी संयोग से युक्त, रमणीय श्रेष्ठ निवासस्थान को प्राप्त कर सके हैं ॥३५२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीव्रजराज उवाच,—"कथं कथमिति कथ्यताम् ।" मधुकण्ठ उवाच,—"पूर्वं तावदस्मदीयानां दुष्प्रारब्धवशादद्यश्वश्चिरचलिषयात्राऽऽशुयात्रायां विलम्बनमासीत् । तत्र च सति श्रीमद्व्रजप्राणस्य यदुषु संक्रमणमवकर्ण्य प्राणवियोजनमिवासीत्, चिराय तु व्रजे तत्प्रतिसंक्रमणञ्चाकर्ण्य सद्यश्चलितुमुद्यमे कृतप्रक्रमे तदनुगतव्रजजनस्य तस्य मर्त्यलोकालोकपथादन्तर्धानमवधार्य वारिधिप्रवेशमुद्यच्छतां दयावर्षिश्रीदेवर्षि-चरणाचरितनिदेशमुपनिषत्कृत्य जीविकाकृत्य च श्रीवृन्दावनागमनं जातम् । जाते चागमने तत्तत्पदं कृष्णरूप्यक्रीडास्पदतया निरूप्य मूर्च्छानन्तरं जागरमृच्छतामस्माकमकस्मादत्रानुप्रवेशः कथं जात इति न याथातथ्यं प्रथयितुं शक्यते स्म ॥"३५३॥

सर्वे साश्चर्यमूचुः,—"ततस्ततः ?" मधुकण्ठ उवाच,—"ततो भवच्चरणराजीवलोकनतः पुनर्जीवनलाभोपक्रमेण क्रमेण च भवदुपसेवनाय श्रीगोपाल-पूर्वचम्पूं सम्पूर्णयन्तस्तदिदं सुदिनाहमासीसदामेति किंवान्यत् कथनीयम् ?" ॥३५४॥

तदेतदुक्त्वा समापनमिदं पद्यं निगद्य पणायति स्म,—

"सोऽयं गोपेन्द्र ! पुत्रस्तव महितमहीयःसु शश्वन्महीय्य-
स्त्वन्नानाबन्धुतानामपि विविधतया बन्धुताबद्धबुद्धिः ।

श्रीव्रजराज बोले—इस गोलोक में तुम सब कैसे कैसे आये हो, सो कहो ? मधुकण्ठ बोला—पहले तो हमारे खोटे प्रारब्ध के कारण, आज चलेंगे या कल चलेंगे, इस प्रकार की इच्छा से युक्त चला चली की शीघ्र यात्रा में विलम्ब हो गया था, और उस विलम्ब के होते ही, व्रज के प्राण श्रीमान् श्रीकृष्ण का (मथुरा में जाकर) यदुवंशियों में मिलना सुनकर, हमारे प्राण निकल से गये थे । बहुत समय के बाद व्रज में श्रीकृष्ण के प्रतिसंक्रमण (लौटकर आने) को सुनकर, शीघ्र चलने के लिए उद्यम के आरम्भ करनेपर, श्रीकृष्ण के अनुगत व्रजवासियों का मर्त्यलोक के दर्शनमार्ग से अन्तर्धान सुनकर, निश्चय कर हम सब (प्राण त्यागने के लिए) समुद्र में प्रवेश का उद्योग कर रहे थे, इतने में ही (हमारे सामने प्रगट हुए) दया की वर्षा करनेवाले पूज्यपाद देवर्षि श्रीनारदजी द्वारा दी हुई आज्ञा को, उपनिषद् की तरह प्रमाण मानकर, जीविका की तरह जीवन का उपाय मान करके, हमारा श्रीवृन्दावन में आगमन हो गया । और आगमन के हो जानेपर, उस उस स्थान को श्रीकृष्ण की भूतपूर्व क्रीडा का आश्रयरूप से देखकर, पहले मूर्च्छा को, पश्चात् जागरण को प्राप्त होते हुए, हम लोगों का इस गोलोक में अकस्मात् अनुप्रवेश किस प्रकार हो गया, यह बात यथार्थरूप से नहीं कही जा सकती ॥३५३॥

सभी आश्चर्यपूर्वक बोले—उसके बाद, उसके बाद ? मधुकण्ठ बोला—उसके बाद आप सबके चरणकमलों के दर्शन से, पुनः जीवन लाभ के उपक्रम के द्वारा, क्रमशः आपकी सेवा करने के लिए, 'श्रीगोपालचम्पू' की पूर्वचम्पू को सम्पूर्ण करते हुए, हम आज इस सुन्दर दिन को प्राप्त कर पाये हैं। अतः और कौन सा चरित्र कहने योग्य है ? सो आज्ञा दीजिये ॥३५४॥

मधुकण्ठ इतना कहकर समाप्तिसूचक अग्रिम श्लोक को बोलकर स्तुति करने लगा—हे गोपेन्द्र ! यह जो तुम्हारा पुत्र है, वह पूजनीय व्यक्तियों में जो श्रेष्ठ व्यक्ति हैं, उन सब में भी निरन्तर पूजनीय है। और तुम्हारे साथ जिन व्यक्तियों की नानाप्रकार की बन्धुता (मित्रता) है, उनके साथ भी तुम्हारे पुत्र की बुद्धि अनेक प्रकार से बन्धुता में बद्ध है । और शिव ब्रह्मा आदि देवताओं के अन्तःकरण में यावत् ध्येय

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

यस्माल्लब्धा भवन्तः शिवकमलभवाद्यन्तरध्येयवर्गाद्-
दूरं धाम प्रभावं विभवमपि महाप्रेममाधुर्यमत्र ॥"३५५॥

तदेतदुक्त्वा भ्रातरं प्रत्युवाच,—

"गोपालयशसा स्पृष्टं यन्मृष्टं सूतजन्म च । तत्तु स्पर्शमणेर्जातं जातरूपमयोऽपि नः ॥३५६॥

"तथा हि— अत्र श्रीव्रजराजराजितसभामध्ये क्रमध्येयता-
साध्ये श्रीहरिरेष रामसहितः प्रत्यक्षतामागतः ।
तत्रापि स्वकथा-प्रथां कथयितुं नः सम्यगादिष्टवान्
कारुण्यं किमथास्य वर्ण्यमसकृत् पुण्यं च किं नः सखे ! ?"३५७॥

तदेवं श्रीव्रजदेवकुमार-सुकुमारमुखमभिपश्यन्नंकुरवत्पुलककुलसंकुल-कलेवरताबलेन पुनर्जुनतामर्जयन्निव ततश्च स्तम्भसम्भजनमतिगम्भीरकम्पसम्पत्-सम्पतन-साम्प्रततया लुम्पन् पतन्निव पुनश्च निर्निमिषतानिर्मित-सुपर्वतामात्मनि पर्वन् पूर्वावस्थामवस्थापयन्निव समनन्तरं च लब्धप्रपञ्च-नवनवदलवलयवलित-वल्गुपुट-शोभालोभाकर-करसम्पुटमनूनवाष्पनव्यदिव्य-प्रसूनपूर्णं कुर्वन्नुपहरन्निव सस्निग्धकण्ठः स मधुकण्ठः पूर्ववदेव पूर्वदेव-मात्रा-रुचिकरं वरं वरयामास,—॥३५८॥

ज्ञेय पदार्थवर्ग है, उससे भी दूर, अर्थात् अलभ्य सर्वोपरि प्रभावशाली गोलोकधाम को, आप सब जिस कृष्ण से ही प्राप्त हो गये हो, एवं इस गोलोक में लोकोत्तर ऐश्वर्य एवं लोकोत्तर महाप्रेम के माधुर्य को भी जिस कृष्ण के द्वारा प्राप्त हो गये हो, वही अनिर्वचनीय श्रीकृष्ण तुम्हारा वशवर्ती पुत्र है । अतः आप ही स्तुति करने योग्य हैं ॥३५५॥

इतना कहकर अपने छोटे भाई स्निग्धकण्ठ के प्रति बोला—भैया ! देखो, हमारा तुम्हारा जो सूत-कुल का जन्म है, वह श्रीगोपालजी के यश से स्पर्श पाकर, केवल पवित्र ही नहीं हुआ, अपितु वह स्पर्शमणि (पारस पत्थर) के स्पर्श से लोहे की तरह सुवर्ण (पक्षे—सुन्दरवर्णवाला) भी बन गया है ॥३५६॥

देखो, भैया ! सर्वप्रथम श्रीगोलोक ध्येय है, पश्चात् परकोटाओं के सहित सात कक्षाओं से सुसज्जित श्रीव्रजराज आदि का अन्तःपुर ध्येय है, उसके पीछे यह सभा ध्येय है । अतः इस गोलोक में इस प्रकार के क्रम की ध्येयता के साध्य एवं श्रीव्रजराज से विराजमान इस सभा के बीच में, श्रीबलरामजी के सहित ये श्रीकृष्ण हमें साक्षात्कार को प्राप्त हो गये । और उसमें भी अपनी कथा की प्रथा (परिपाटी या प्रसिद्धि) को कहने के लिए हमको स्वयं अच्छी प्रकार आज्ञा दी । अतः इन श्रीहरि की दयालुता और हमारा पुण्य बारंबार वर्णन किया जा सकता है क्या ? कदापि नहीं ॥३५७॥

अतएव इस प्रकार श्रीव्रजराजकुमार के सुकुमार श्रीमुख को सर्वतोभाव से देखता हुआ, मधुकण्ठ स्निग्धकण्ठ के सहित अंकुरों की तरह पुलकावली से व्याप्त, शारीरिक बल के कारण मानो पुनः यमलार्जुनभाव को प्राप्त करता हुआ, अर्थात् रोमाञ्चित होने के कारण "पहले नारदजी के शाप से प्राप्त हुए यमलार्जुन वृक्ष की तरह" स्थावरभाव को प्राप्त होता हुआ, उसके बाद अत्यन्त गम्भीर कम्परूप सम्पत्ति की धारा के औचित्य के कारण, स्तम्भभाव की प्राप्ति का लोप करता हुआ, अर्थात् दूर करता हुआ, गिरता हुआ सा पुनः निर्निमेषभाव से निर्मित देवभाव को (देवत्व को) अपने में प्राप्त करता हुआ, एवं स्थिरचित्तवाली पहली सी अवस्था को अपने में स्थापित करता हुआ, और तदनन्तर विस्तार को प्राप्त हुए नये नये पत्रसमूह से युक्त, मनोहर पत्रपुट (दोना) की शोभा को लुभाने के उत्पत्ति स्थानस्वरूप,

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

"वाणी कंसरिपो ! तवानुकथनं कर्णौ कथाकर्णनं
हस्तौ सन्ततसेवनं हृदयमप्युत्कण्ठया धारणम् ।
शीर्षं गोकुलवस्तुमात्रनमनं दृष्टी समस्तव्रज-
प्रेष्ठानां स्थितिवीक्षणं च भजतां नौ नैव तत्तद्बहिः ॥"३५९॥

तदेवं लब्धभक्तिप्रपञ्चं तं च तं च कुञ्चन्मनसं भूयो भूय आहूय प्रमदव्रजविराजमानः श्रीमान् व्रजराजः सभाजन-भाजनतया निजसमीपमापयामास, समुपवेशयामास च; तेन च सर्वमपि समाजं शर्मणा भ्राजयामास ॥३६०॥

ततश्च, पुण्ड्रं पूर्वाङ्गचर्चा निजमणिवलितालंकृतिर्दिव्यताम्बू-
लाग्र्यं प्राग्र्य-स्व-वस्त्रव्रततिरिति बहु स्वात्मनैवोपयुज्य ।
गन्त्र्यो वाहाः समन्तात् परिजनजनताः स्पृह्यगृह्यादिवस्तू-
न्येतान्यन्यैः समर्प्य द्वयमभिहितवान् श्रीलगोलोकराजः ॥३६१॥

"अद्यारभ्यानुपाल्येत लाल्येन भवतोर्द्वयम् ।
अस्य मात्रा तथा माता तद्वत् पित्रा मया पिता ॥"३६२॥

अपने करसम्पुट (अञ्जलि) को परिपूर्ण अश्रु बिन्दुरूप नवीन दिव्यपुष्पों से पूर्ण सा करता हुआ, एवं उस अञ्जलि को मानो श्रीकृष्ण के चरणों में भेंट करता हुआ, पूर्वदेवमात्रा (असुर—विनाशक) श्रीकृष्ण से पहले की तरह अपना मनभाया वर माँगने लगा ॥३५८॥

यथा—हे कंसारे ! हम दोनों भाइयों की वाणी तुम्हारी कथा कहने को प्रवृत्त होती रहे, एवं कर्ण-युगल तुम्हारी कथा का श्रवण करते रहें, दोनों हाथ निरन्तर सेवा करते रहें, हमारा हृदय भी उत्कण्ठा-पूर्वक तुमको धारण करता रहे, हमारा मस्तक गोकुल की वस्तुमात्र को नमस्कार करता रहे, एवं हमारे दोनों नेत्र समस्त व्रजवासियों के अतिशय प्रियपदार्थों का मर्यादापूर्वक दर्शन करते रहें, यही वरदान दीजिये, प्रभो ! किन्तु इससे भिन्न विषय को हम दोनों की तत्तत् इन्द्रियाँ कभी भी सेवन न करें, यही प्रार्थना है ॥३५९॥

इस प्रकार भक्ति के विस्तार को प्राप्त करनेवाले, एवं अतिशय नम्रता से संकुचित मनवाले, मधुकण्ठ एवं स्निग्धकठ को बारंबार बुलाकर, हर्षसमूह से विराजमान श्रीमान् व्रजराज ने, सम्मान के पात्र होने के कारण अपने निकट प्राप्त करा लिया, एवं दोनों को अच्छी प्रकार बैठा लिया । इस प्रकार के सम्मान के द्वारा सभास्थित सारे समाज को सुख से विराजमान कर दिया ॥३६०॥

और उसके बाद तिलक, नाभि से ऊपर के सारे शरीर की शोभा की सामग्री, अपनी प्रसादीमणियों से युक्त अलंकार, दिव्य एवं श्रेष्ठ ताम्बूल, श्रेष्ठ श्रेष्ठ अपने वस्त्रों की श्रेणी, इत्यादि बहुत सी वस्तु अपने आप समर्पण कर, तथा अनेक गन्त्री (छोटी छोटी बैलगाड़ी), अनेक घोड़े, चारों ओर सेवा करनेवाले सेवक-वर्ग, एवं वांछनीय घर के कार्य के योग्य अनेक वस्तुएँ, अन्य सेवकों के द्वारा दिलवा कर, श्रीमान् गोलोक-राज श्रीनन्दजी ने दोनों कथावाचकों से कहा—॥३६१॥

देखो, भाइयो ! आज से लेकर तुम दोनों का लालन पालन तो हमारे लाला श्रीकृष्ण करेंगे, एवं श्रीकृष्ण की माता तुम्हारी माता का पालन करेगी, तथा उसी प्रकार श्रीकृष्ण का पिता, अर्थात् मैं, तुम दोनों के पिता का पालन करूँगा ॥३६२॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

जयध्वनियुतास्तदा ववृषुरुद्धताः सद्धनं, यथा बत सदःसदस्तदवगाह्यं बाह्यं गृहम् ।
तथा तरगता यतश्चपलमेव तत्-पूरितं, स्थलं किल कृतक्रियं व्यसृजदात्मलब्धान् जनान् ॥३६३

तदेवं कथासातौ दत्तसातौ मधुकण्ठ-स्निग्धकण्ठौ सदैव लब्धकृष्णोपकण्ठौ च तद्विलास-विलोकनोत्कण्ठौ प्रतिक्षणममन्दपरमानन्दमनुविन्दमानावेव विराजेते ॥३६४॥

अत्र पूर्वमापाततः सुदुर्बोधताशङ्कया यद्यपि न वर्णितस्तथाप्यस्यां श्रीगोलोककृतप्रभायां सभायां शान्तवेशतया पुरोधसां मध्यसंबध्यमानासनः सुखाकृतसर्वस्वजनः सर्वेषामग्रण्यः श्रीमान् पर्जन्यः पर्जन्य इव सर्वसुखं वर्षन्नासीत् । वरीयसी वरीयसी चान्तःसभायां तथा लब्धप्रभा समवर्तत । श्रीमानुद्धवश्च सर्वेषामुद्धव एवाजनीति सर्वजनीनं सुखं कियद्वर्णनीयम् ? ॥३६५॥

रहस्यं पुनरिदं रस्यमानं विधीयताम् ॥३६६॥

वृन्दारण्याभिधाने सरसि सरसिजश्रेणिलक्ष्मीषु गोपी-
ष्वेका राधाभिधा सा विभवति सततं दिव्यसौगन्धिकश्रीः ।
भ्राम्यन् यामेव लब्धुं व्रजपतितनयश्चार्वमूर्वर्त्मवृत्तीः
सर्वा निर्माय यस्यामलिरिव कलया केलिमुच्चैस्तनोति ॥३६७॥

आहा ! कैसा आनन्द का विषय है कि, उस समय सभी सभासद् हर्ष से उद्धत होकर जय जयकार करते करते, सभा के बाहर के घर में, अर्थात् बरामदे में आकर, जिस प्रकार श्रेष्ठ धन की वर्षा करने लगे, उसी प्रकार सभा के भीतरवाले व्यक्ति जिस दानको देखकर, शीघ्र ही श्रेष्ठ धन से भरे हुए स्थान में आकर खड़े हो गये । और वह स्थल ही मानो हाथ का इशारा करता हुआ अपने आप आये हुए जनों को दान देने लगा ॥३६३॥

इस प्रकार कथा समाप्त हो जानेपर, सभी को सुख देकर मधुकण्ठ एवं स्निग्धकण्ठ दोनों ही, सदैव के लिए श्रीकृष्ण की समीपता पाकर, श्रीकृष्ण के लीलाविलासों को देखने के लिए उत्कण्ठित होकर, प्रतिक्षण महान् परमानन्द को प्राप्त करते हुए सभा में ही विराज रहे हैं ॥३६४॥

इस ग्रन्थ में पहले सभा के वर्णन प्रसङ्ग में, आपाततः अत्यन्त समझ में न आने की आशंका से यद्यपि श्रीपर्जन्यबाबा का बैठना वर्णन नहीं किया था, तथापि श्रीगोलोक की शोभाकारिणी इस सभा में, शान्त वेष से पुरोहितों के बीच में आसन लगाकर, सभी आत्मीयजनों को सुख के अनुकूल वनाकर, सभी के अग्रगण्य श्रीमान् पर्जन्यबाबा मेघ की तरह, सभी सुखों की वर्षा करते हुए विराजमान थे । और अत्यन्त श्रेष्ठ वरीयसी नामक श्रीपर्जन्यबाबा की धर्मपत्नी भी, अन्तःपुर की सभा में उसी प्रकार शान्त वेष से शोभा को प्राप्त होकर विराजमान थीं । और श्रीमान् उद्धव तो सभी के उत्सवरूप ही हो गये थे । अतः सर्वजन हितकारक सुख कितना वर्णन किया जा सकता है ? ॥३६५॥

किन्तु सभी श्रोता वक्ता इस अग्रिम रहस्य का रसास्वादन करें ॥३६६॥

देखो, यह श्रीवृन्दावन नामक वन ही मानो दिव्य सरोवर के समान है । इसमें ललिता, विशाखा, चन्द्रावली आदि अनन्त व्रजलक्ष्मी ही मानो विकसित कमलश्रेणी के समान हैं, इन सब गोपियों के बीच में, दिव्यकमल की सी शोभावाली एक वे श्रीमती राधा नामक दिव्यकमलिनी ही, निरन्तर उत्कर्ष को प्राप्त हो रही हैं । और भ्रमर जिस प्रकार साधारण कमलों को त्यागकर कमलिनी में ही विहार करता है, उसी प्रकार व्रजराजनन्दन श्रीकृष्ण जिन श्रीराधिका को प्राप्त करने के लिए ही, भ्रमण करते करते

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

श्रीकृष्ण ! कृष्णचैतन्य ! ससनातनरूपक ! । गोपाल ! रघुनाथाप्त ! व्रजवल्लभ ! पाहिमाम्॥ ३६८

संवत्पञ्चकवेदषोडशयुतं शाकं दशेष्वेकभाग्-, जातं यर्हि तदाखिलं विलिखिता गोपालचम्पूरियम् ।
वृन्दाकाननमाश्रितेन लघुना जीवेन केनापि तद्-, वृन्दाकाननमेव सम्भृतिकलां धत्तां समन्तादिह
॥३६९॥

प्रायः सर्वा हरेर्लीलाः क्रमशः सूचिता मया । यथास्वं लब्धरुचिभिरुपास्यन्तां महात्मभिः॥३७०॥

इति श्रीश्रीमन्माध्वगौडेश्वरसंप्रदायाचार्यवर्येण हस्तामलकवन्निजहृदयविन्यस्तसमस्तसद्ग्रन्थ-
तात्पर्येण वेद-वेदाङ्ग-षड्दर्शनेतिहास-पुराण-स्मृति-वाकोवाक्य-काव्यालंकारादि-
निखिलशास्त्रपारावाराऽवारपारीणेन सन्देहग्रन्थिच्छेदनसमर्थेन वैष्णव-
सिद्धान्तसाम्राज्यसंरक्षकेन श्रीमद्रूप-सनातनानुगतेन
श्रीमद्वल्लभात्मजेन जीवजीवातुना
श्रीजीवगोस्वामिना विरचितायां

श्रीमद्गोपालपूर्वचम्प्वां सर्वमनोरथपूरणं नाम त्रयस्त्रिंशं पूरणं सम्पूर्णम् ॥३३॥

रमणीय भाव से उन सब गोपियों को, मार्ग की पाथेयरूप बनाकर या सोपानश्रेणीरूप (सीढ़ी की पंक्तिरूप) बनाकर, चौसठ कला (विशेष विवरण उत्तरचम्पू ८।७१ में देखिये) से उपलक्षित होकर, जिन श्रीमती राधिका में ही विशेषतापूर्वक क्रीडा का विस्तार करते रहते हैं ॥३६७॥

ग्रन्थसमाप्ति में भी ग्रन्थकार मङ्गलाचरण करते हैं—हे श्रीकृष्ण ! हे श्रीकृष्णचैतन्य ! हे श्रीसनातनगोस्वामि-सहित श्रीरूपगोस्वामिन् ! हे श्रीगोपालभट्टगोस्वामिन् ! हे श्रीरघुनाथदास गोस्वामिन् ! हे आप्तव्रजवल्लभ ! मेरी रक्षा करो प्रभो ! (इसकी विशेष व्याख्या आरम्भ में है) ॥३६८॥

ग्रन्थकार ग्रन्थकी समाप्ति के समय का निरूपण करते हैं—जिस समय विक्रम संवत् १६४५ एवं शकाब्द १५१० प्रारम्भ हो गया, उसी समय श्रीवृन्दावन का आश्रय लेनेवाले किसी छोटे से जीवने (यह ग्रन्थकार की दैन्योक्ति है) स्तुतिपक्ष में तो—'लघु क्षिप्रमरं द्रुतं' एवं 'त्रिष्विष्टेऽल्पे लघुः' अमरकोष के इस प्रमाण के अनुसार यह अर्थ होगा कि—शीघ्रतापूर्वक रचना करनेवाले, एवं भक्ति का गूढ रहस्य प्रतिपादन करने के कारण, भक्तों के इष्टस्वरूप एवं जीवनरूप श्रीजीव गोस्वामीजी महाराज ने यह गोपालचम्पू सम्पूर्णरूप से लिख दी थी, इस ग्रन्थ में श्रीवृन्दावन ही चारों ओर से परिपूर्णता की पुष्टि धारण करता रहे ॥३६९॥

ग्रन्थकार पाठकों से निवेदन करते हैं कि—मैंने श्रीकृष्ण की सभी लीलाएँ प्रायः क्रम से ही सूचित की हैं । अतः दास्य, सख्य, वात्सल्य आदि रसों में रुचि को प्राप्त करनेवाले महात्माजन यथायोग्य स्वेच्छापूर्वक उन उन लीलाओं की उपासना करें, अर्थात् उन उन लीलाओं का सेवन करें ॥३७०॥

इति श्रीवनमालिदासशास्त्रिणा विरचितायां श्रीकृष्णानन्दिनी-
नाम्नी भाषाटीकायां सर्वमनोरथपूरणं नाम त्रयस्त्रिंशं
पूरणं सम्पूर्णम् ॥३३॥

कैशोरविलासः सम्पूर्णः ।

श्रीगोपालपूर्वचम्पूः सम्पूर्णा ।

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

टीकाकार का नम्र निवेदन—

श्रीकृष्णानन्ददासानुचरविरचिता टीकिकेयं समाप्ता
भक्तानां सौख्यदात्री प्रतिपदममलप्रेमपीयूषपात्री ।
दृष्ट्वेमां गद्यपद्यप्रकटनचतुरां भावुका ! भावसिन्धौ
स्नात्वा पूर्वं ततो मां स्नपयत कृपया बालकं मातृकेव ॥१॥
यान् यान् भावान् स्फोरयामासुरस्या,- श्चम्पा मेऽन्तर्जीवगोस्वामिपादाः ।
ते ते न्यस्ताष्टीकिकायां मयास्यां, वर्षं यावत् पूर्तिपात्रं गतायाम् ॥२॥
स्वान्तः सुखाय लिखिता ननु टीकिकेयं, स्यादेव भिन्नजनतासुखशान्तिहेतुः ।
सेतुः स्वकावतरणाय विनिर्मितोऽपि, स्यादेव भिन्नजनतातरणाय हेतुः ॥३॥
श्रीकृष्णानन्दिनीनाम्नी भाषाटीकाऽऽप्तनिर्वृतिः ।
यन्नाम्ना निर्मिता सेयं सोऽयं नित्यं प्रसीदतु ॥४॥
स्वाचार्यवर्यकरपंकजयुग्ममध्ये, चम्पूरियं सविवृतिः परिकल्प्यते नु ।
गोलोकगोऽपि सुविलोक्य च दिव्यदृष्ट्या, दृष्ट्याऽऽद्रया स्वकरुणां मयि स प्रकुर्यात् ॥५॥

भावार्थ :—पूज्यपाद गुरुदेव श्री श्री १०८ श्री कृष्णानन्ददासजी महाराज के कृपापात्र (वनमालिदा नामक) एक लघुतर अनुचर के द्वारा विरचित यह (पूर्व गोपालचम्पू की) भाषाटीका सम्पूर्ण हो गई। य टीका रसिक भक्तों के लिए परमसुखदायिनी है, एवं पद-पद पर निर्मल प्रेमरूपपीयूष की पोषिका है हे भावुक सज्जनो ! आपके श्रीचरणों में मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि, प्रथम तो श्रीगोपालचम्पू के गद्य ए पद्यों के भाव को प्रगट करने में चतुर इस टीका को देखकर, भावरूपी सिन्धु में स्वयं गोता लगाक तदनन्तर भावमयी माता जैसे अपने बालक को स्नान कराती है, उसी प्रकार मुझ बालक को भी भावसि में कृपया स्नान करा देना ॥१॥

पूज्यपाद श्रीजीवगोस्वामीजी महाराज ने मेरे अन्तःकरण में इस पूर्वगोपालचम्पू के जिन जि भावों को स्फुरित किया है, मैंने एक वर्ष में परिपूर्ण होनेवाली इस भाषाटीका में उन्हीं उन्हीं भावों स्थापित कर दिया है ॥२॥

यह टीका मैंने स्वान्तः सुखाय लिखी थी, तो भी मुझ से भिन्न जनता के भी सुख एवं शान्ति क हेतु हो ही जायगी। उसमें दृष्टान्त यह है कि—केवल अपने पार होने के लिए बनाया गया भी सेतु (पुल) बनानेवाले व्यक्ति से भिन्न जन समुदाय के भी पार जाने का कारण बन ही जाता है ॥३॥

श्रीकृष्ण को आनन्दप्रद होने के कारण, या "नामैकदेशे नाममात्रग्रहणं" इस न्याय के अनुसा 'श्रीकृष्णानन्ददास' नामक हमारे श्रीगुरुदेव को आनन्ददायिनी होने के नाते—'श्रीकृष्णानन्दिनी' नामवाल यह भाषाटीका, आप्तजनों को परमसुखदायिनी है। अतः यह टीका जिनके नाम से बनाई गई, वे श्रीकृष एवं हमारे पूज्य गुरुदेव मुझ दीन हीन पर नित्य प्रसन्न होते रहें ॥४॥

अब व्याख्या सहित इस पूर्वचम्पू को मैं अपने श्रीगुरुवर्य के दोनों करकमलों में सादर समर्पित करत हूँ। इस समय दिव्यधाम श्रीगोलोक में विराजमान भी मेरे श्रीगुरुदेव दिव्य दृष्टि से इसका अवलोक करके स्नेहमयी दृष्टि से मेरे ऊपर अपनी अहैतुकी कृपा करते रहें। यही मेरी उनके श्रीचरणों में करब प्रार्थना है ॥५॥

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri

CC-0. Swami Atmanand Giri (Prabhuji) . Veda Nidhi Varanasi. Digitized by eGangotri